भुवनाध्वा के रूप में चिन्तन से मन का लय हो जाना	५६	४३
अध्व-प्रक्रिया से शिवतत्त्व का ध्यान करना	५७	४६
संसार को शून्यता में लीन करना	५८	४७
अंतःकरण में दृष्टि का स्थापन	५९	४७
मध्य भावना		
दृष्टि-बन्धन भावना का निरूपण	६०	४८
निरालम्ब भावना का वर्णन	६१	४८
ध्येयाकार भावना	६२	४९
शाक्ती भूमिका–समग्र शरीर व जगत् को चिन्मय विचारना	६३	५०
अन्तर व बाह्य वायुओं का संघट्टन	६४	५०
सम्पूर्ण जगत् को आत्मानन्द से परिपूर्ण मानना	६५	५१
मायीव प्रयोग (कुहन प्रयोग) महानन्द की प्राप्ति	६६	५१
प्राणायाम-विवेचन		

	कारिका	पृष्ठाङ्क
इन्द्रिय-छिद्रों के निरोध तथा प्राण-शक्ति के उत्थान से 'परमसुख'	६७	५२
विषस्थान तथा वह्निस्थान के मध्य में मन को स्थित करने से परम शिव की प्राप्ति	६८	५५
सुख भावना		
स्त्री-संसर्ग के आनन्द से ब्रह्मतत्त्व की अनुभूति	६९	५६
स्त्री जन्य पूर्वानुभूत सुखों के स्मरण द्वारा परमानन्द की अनुभूति	७०	५७
धन एवं बन्धु-बान्धव के मिलने से उत्पन्न आनन्द का ध्यान	७१	५८
भोजन और पान से उत्पन्न आनन्द का ध्यान	७२	५८
संगीतादि विषयों के आस्वादन में तन्मयता	७३	५९
मनोवांछित संतोष की प्राप्ति के साधनों में मन की स्थिरता	७४	६०
मनोगोचर अवस्था द्वारा परादेवी का प्रकाशन (शांभवी भूमिका)	७५	६२
सूर्य-दीपक आदि तेज से चित्रित आकाश में दृष्टि को स्थित करना	७६	६२
क्रमदर्शन की मुद्राएँ		
करङ्किणी, क्रोधना, लेलिहाना, भैरवी और खेचरी आदि मुद्राओं का विवेचन	७७	६३
कटि-प्रदेश वाले आसन द्वारा ध्यान	७८	६७
कक्षाकाश में मन को स्थिर करना	७९	६७
स्थूलरूप विषय में दृष्टि को स्तब्ध कर मन को निराश्रित बनाना (भैरवी भूमिका)	८०	६७
जिह्वा को मुँह के बीच में रखकर हकार का उच्चारण करना	८१	६७
शयनासन लगाकर शरीर को निराधार समझना	८२	६८
चंचल आसन पर बैठने पर भी मानस भाव को शांत रखना	८३	६९
निर्मल आकाश में दृष्टि को स्तब्ध करना	८४	६९
तिमिर भावना		
भैरवत्व की भावना करना	८५	६९
ज्ञान, प्रकाश तथा तम (जाग्रत्, स्वप्न व सुषुप्ति) को भैरव रूप समझना	८६	७०

	कारिका	पृष्ठाङ्क
तैमिरी धारणा का निरूपण	८७	७२
नेत्र निमीलित कर काले स्वरूप (अंधकार) का चिन्तन करना	८८	७३
इन्द्रिय निरोध मात्र से अद्वितीय शून्य में प्रवेश	८९	७३
अनुत्तर (अकार) तत्त्व का विवेचन		
बिन्दु विसर्ग रहित मात्र अकार का जप	९०	७३
विसर्ग युक्त वर्ण का ध्यान कर चित्त को आधार रहित करना	९१	७७
अपनी आत्मा का आकाश सदृश चिन्तन	९२	७९
सूची-नोक द्वारा अङ्ग भेदन कर वहाँ चेतना का संयोग	९३	८०
चित्तादि विकल्पों से मुक्ति	९४	८०
माया, कला, इच्छा प्रभृति का विवेचन		
विभिन्न तत्त्वों के विभिन्न धर्मों का आकलन	९५	८०
इच्छा के उत्पन्न होते ही उसका शमन	९६	८१
इच्छा, ज्ञान और क्रिया के सदृश स्वयं का अस्तित्व न होना	९७	८५
इच्छा अथवा ज्ञान को आत्मा समझना	९८	८५
आधार के बिना ज्ञान को भ्रमात्मक समझना	९९	८६
सारे शरीरों को चैतन्यधर्मा आत्मा समझना	१००	८७
कामादि आसक्तियों के समय बुद्धि को स्थिर करना	१०१	८८
सारे संसार को इन्द्रजालमय या चित्रकर्म के समान समझना	१०२	८८
सुख और दुःख के मध्य अवशिष्ट तत्त्व को पहचानना	१०३	८८
अहम्भाव (विश्वात्मता)		
'मैं सर्वत्र विद्यमान हूँ' इस भावना का ध्यान	१०४	८९
विषय-विज्ञान और इच्छादि को शून्य मानना	१०५	९१
ग्राह्य-ग्राहक रूप की सभी प्राणियों में सामान्य प्रतीति	१०६	९२
जाग्रदादि चार अवस्थाएँ तथा त्रिविध शरीर		
स्वशरीर सदृश परशरीर में भी संवित्ति का अनुभव	१०७	९४
मन को निराधार कर विकल्प-कल्पनों का त्याग	१०८	९६
प्रत्यभिज्ञा के द्विविध स्वरूप		

	कारिका	पृष्ठाङ्क
सर्वज्ञ, सर्वकर्त्ता, व्यापक और परमेश्वर की स्वयं में प्रतीति	१०९	९७
जल की तरंगों और सूर्य के प्रकाश में भैरव की ही भङ्गिमाओं का ध्यान	११०	९८
शरीर द्वारा विश्राम की स्थिति में निर्विकल्प अवस्था का उदय	१११	९९
अशक्ति आदि द्वारा पदार्थों में शक्ति के समावेश से क्षोभ को मिटाना	११२	९९
नेत्रों की स्तब्धता द्वारा कैवल्योत्पत्ति	११३	९९
सिद्धासन द्वारा अच् और हल् रहित अकार के उच्चारण से ब्रह्म में प्रवेश	११४	९९
कूपाकाश और महाकाश की एकता का अविकल्प बुद्धि द्वारा ध्यान	११५	१००
सप्तविध समाधि		
बाह्य तथा आभ्यन्तर विषयों में सर्वत्र चैतन्य संविद्रूप का ध्यान	११६	१००
बाह्याभ्यन्तर इन्द्रियों द्वारा अभिव्यक्त पदार्थों में चैतन्य की अनुभूति (भरितावस्था)	११७	१०३
भय-शोक-क्षुधादि अवस्था में ब्रह्म सत्तामयी अवस्था का अनुभव (शाम्भवी भूमिका)	११८	१०४
देखे पदार्थों का स्मरण कर स्वशरीर को आधारहीन बनाना	११९	१०४
वस्तु से दृष्टि लौटाकर उसके ज्ञान को चित्त में लौटाना	१२०	१०५
भक्ति-विवेचन		
शाङ्करी शक्ति का नित्य ध्यान	१२१	१०५
एक वस्तु का ध्यान करते हुए अन्य वस्तुओं में शून्यता का ध्यान	१२२	१०५
शुद्धि व अशुद्धि का स्वरूप		
शुद्धि-अशुद्धि तथा शुचि-अशुचि का विचार नहीं करना	१२३	१०८
साधारण मनुष्यों में भैरव के अद्वैत का दर्शन	१२४	१११
शत्रु और मित्र तथा मान और अपमान में समदृष्टि द्वारा ब्रह्म की परिपूर्णता की अनुभूति	१२५	११२
रागद्वेष से मुक्त भावना की प्राप्ति	१२६	११३

	कारिका	पृष्ठाङ्क
शून्यता का विवेचन		
अज्ञेय, अग्राह्य तथा अभाव रूपों में भैरव की भावना करना	१२७	११४
ब्रह्माकाश में मन की स्थिरता द्वारा आकाश से परे अशून्य में प्रवेश	१२८	११६
इच्छित वस्तुओं से मन का निरोध कर उसे निश्चल बनाना	१२९	११६
भैरव के स्वरूप का निरूपण		
सर्वत्र व्यापक एवं सर्वशक्तिदाता भैरव शब्द का निरन्तर उच्चारण	१३०	११७
'मैं' और 'मेरा' इत्यादि बोधादि विकल्पों से रहित होना	१३१	१२०
नित्य, निराधार, व्यापक, सर्वेश्वर आदि शब्दों का प्रतिक्षण ध्यान	१३२	१२२
इन्द्रजाल धारणा का वर्णन	१३३	१२३
शून्य स्वरूप का वर्णन	१३४	१२३
बन्ध और मोक्ष की व्यवस्था		
संसार को बुद्धि का प्रतिबिम्ब मानना	१३५	१२५
इन्द्रियों का त्याग कर आत्मनिष्ठ होना	१३६	१२७
जीवन्मुक्ति का विवेचन		
ज्ञान और ज्ञेय का एकीकरण	१३७	१२८
मानस, चेतना, प्राणशक्ति और जीवात्मा के परिक्षीण होने पर भैरवावस्था की प्राप्ति	१३८	१३०
निस्तरंग उपदेशों द्वारा व्यक्ति का ज्ञानी हो जाना	१३९	१४०
११२ धारणाओं में से किसी एक द्वारा स्वयं भैरव हो जाना या शाप व अनुग्रह जैसी शक्तियों की प्राप्ति	१४०	१४१
जीवन्मुक्त अवस्था की प्राप्ति	१४१	१४१
जप, पूजा, होम आदि के विषय में देवी का प्रश्न		
जप और जपकर्त्ता के सम्बन्ध में देवी का प्रश्न	१४२	१४१
ध्याता, पूजक, होम और याग के सम्बन्ध में प्रश्न	१४३	१४२
इन प्रश्नों का भैरव द्वारा उत्तर	१४४	१४२

	कारिका	पृष्ठाङ्क
जप और जपनीय का स्वरूप	१४५	१४२
ध्यान का स्वरूप	१४६	१४३
अजपा जप-विधि		
अन्तःकरण-चतुष्टय का चिदाकाश में लय होना ही पूजा है	१४७	१४३
किसी एक धारणा स्थिति ही तृप्ति है	१४८	१४५
होम का स्वरूप	१४९	१४५
याग का स्वरूप	१५०, १५१	१४६
वास्तविक स्नान का स्वरूप	१५२	१४७
बाह्य पूजा की निस्सारता (पूज्य-पूजक का अभेद)	१५३	१४७
प्राणापान स्वरूप परावस्था	१५४	१४७
जीव द्वारा परम भैरवता की प्राप्ति	१५५	१४७
श्वास-प्रश्वास स्वरूप जप की प्राणान्त में दुर्लभता	१५६	१४७
ग्रन्थ की फलश्रुति		
अध्यात्मशास्त्र की गोपनीयता	१५७	१५६
उपदेश प्रदान करने से पूर्व पात्रता-अपात्रता का विचार	१५८	१५६
अस्थिर वस्तुओं के त्याग से परमपद की प्राप्ति	१५९	१५६
प्राणों से भी श्रेष्ठ परमामृत	१६०	१५६
देवी द्वारा शंकाओं के समाधान की प्राप्ति तथा शिव के साथ एकीकरण	१६१–१६३	१५७
श्लोकानुक्रमणिका		१५९

परिशिष्ट

(क) शब्दानुक्रमणिका	१६३
(ख) संस्कृत टीका व हिन्दी व्याख्या में उद्धृत श्लोकानुक्रमणिका	१७५
(ग) विवृति और कौमुदीकार की कारिकाओं में पाठभेद	१८०
(घ) सहायक ग्रन्थ-सूची	१८३

श्रीः

विज्ञानभैरवः

श्रीक्षेमराजाचार्यविरचितविवृतिभागोत्तरं श्रीशिवोपाध्यायविरचितविवृत्युपेतः
श्रीबापूलाल'अञ्जना'-विरचितकारिकानुवाद-विवृतिभागस्थहिन्दीव्याख्योपेतः

भीरूणामभयप्रदो भवभयाक्रन्दस्य हेतुस्ततो
हृद्धाम्नि प्रथितश्च भीरवरुचामीशोऽन्तकस्यान्तकः ।
भीरं वायति यः स्वयोगिनिवहस्तस्य प्रभुर्भैरवो
विश्वस्मिन्भरणादिकृद्विजयते विज्ञानरूपः परः ॥ १ ॥
स्वैरिस्वच्छस्फुरद्धाभिर्भासिताण्वाद्युपायतः ।
स्वोन्मेषाच्छाम्भवावेशं दर्शयन्तीं शिवां श्रये ॥ २ ॥
आम्नायाद्यमृतैः सिञ्चन्त्यन्तेवासिमनोऽवनीः ।
जयत्यतुलतापच्छिद्गुरुगीरम्बुदावली ॥ ३ ॥
धीमन्दराचलवलत्परमागमाब्धे-
रुल्लास्यते किमपि यत्परमामृतं तत् ।
जीवच्छिवत्वमधिगन्तुममुत्र सद्भिः
सञ्चर्व्यतामविरतं परशक्तिपूतैः ॥ ४ ॥

इह श्रीमान् चिद्भैरवः पूर्णाहंविमर्शात्मपरशक्तस्फुरत्ताभित्तावन्तःकृतानन्तावान्तरसर्गादिप्रपञ्चपूर्वपूर्वदशानिमेषणवशोन्मिषदुत्तरोत्तरावस्थेच्छाज्ञानक्रियाशक्तिसारानाश्रितसदाशिवेश्वरपदावभासनस्वरूपो बीजभूतैतद्दशागोपनासतत्त्वग्राहकतच्छक्तितत्पश्यन्त्यादिभूम्याभासपुरःसरमेयाभासान्तस्फुरणया जगद् व्यवस्थामिव निमिषद्वैखर्यादिवशोन्मिषदीश्वरादिस्फुरणया अनुग्रहनिमज्जितमितमातृतच्छक्त्युन्मज्जितरुद्रयामलसमावेशमुन्मीलयति — इत्यद्वयनयेषु पञ्चकृत्यकारितोच्यते भगवतः । तत्र पश्यन्त्यादिपदे द्योतनादिसतत्त्वा संविद्देवी प्रबुध्यमानतया प्रष्ट्री स्वा परभैरवाभिन्ना पराभूमि सदा स्वाभासामप्यन्तर्बाह्याक्षागोचरत्वात् परोक्षामिव, पश्यन्त्यादिकालापेक्षया तु भूतामिव, तत्तद्रुद्रक्षेत्रज्ञतत्तत्प्राणांशांशिकापेक्ष्यकल्पावधिकदिनमासान्वयाभावाद् अद्यतनीमिव यावदावेष्टुमामृशति तावत् 'सुप्तोऽहं किल बिललाप' इतिवत् अहमेव

संविद्देवी पश्यन्त्यादिपदे प्रबुभुत्सुरस्फुटस्फुरितपराभट्टारिकैक्यचकासद्रहस्यमुवाचाममर्श। एवं प्रबुद्धा सती नैराकाङ्क्ष्यात् 'भिया सर्वं रवयति' इति निरुक्तभैरवरूपा अहमेवोवाचेति—

श्री देव्युवाच—'श्रुतं देव.....' इत्यादेः।

भैरव उवाच—'साधु साधु' इत्यादिकमभ्यस्य 'सर्वत्रिशक्तिभेदानां हृदयं ज्ञातमद्य च' इत्यन्तस्य शास्त्रस्य परसम्बन्धप्राणतैव। तदित्थं परसम्बन्धसतत्त्वं श्रीविज्ञानभैरवाभिधायि 'इत्युक्त्वानन्दिता देवी कण्ठे लग्ना शिवस्य तु' इत्यन्तेऽभिधास्यमानत्वात् विज्ञानभैरवावेशप्रयोजनत्वात् तदभिधानमेवेदं शास्त्रम्, तन्त्रावतारकहृद्दभूमिमश्नुवाना पराभट्टारिका उचितवचनरचनाक्रमेण वस्तुपूर्वकमुपक्षिपति।

देवी उवाच—

श्रुतं देव मया सर्वं रुद्रयामलसम्भवम्।
त्रिकभेदमशेषेण सारात्सारविभागशः॥ १॥
अद्यापि न निवृत्तो मे संशयः परमेश्वर।

हे देव विश्वावद्योतनक्रीडनादिसतत्त्व स्वात्मन्, समस्तरुद्राविरुद्रतच्छक्तिसामरस्यात्मनो यामलात्—

'अदृष्टविग्रहाच्छान्ताच्छिवात्परमकारणात्।
ध्वनिरूपं विनिष्क्रान्तं शास्त्रं परमदुर्लभम्॥'

इत्याम्नायोक्तेः सम्भवो यस्य तत्, अर्थात् शास्त्रं सर्वं त्रिकस्य परादिशक्तित्रयसारनर-शक्ति-शिवात्मनस्तत्त्वत्रयस्य भेदो ज्ञानक्रियाप्राधान्येतरादिप्रतिपादनेन भिद्यमानता यत्र, तदपि अशेषेण—सामस्त्येन श्रुतम्। कथं 'सारात्सारविभागशः'—

'वेदादिभ्यः परं शैवं शैवाद्वामं तु दक्षिणम्।
दक्षिणात्परतः कौलं कौलात्परतरं त्रिकम्॥'

इतिस्थित्या तावत् त्रिकशास्त्रं सारम्। तत्रापि सिद्धा-मालिन्युत्तरादि क्रमात्क्रमं ज्ञानप्रकर्षोपदेशोत्कर्षात् उत्कृष्टम्, अद्यापि च न मे संशयः शान्त इति॥ १½॥

भगवान् शिव 'आगम' शास्त्रों में प्रतिपादित कर्म, उपासना और ज्ञान भेद से 'यामलादि' ग्रन्थों में प्रतिपादित रहस्य को ज्ञान-रूप में शैवदर्शन के अद्वय तत्त्व को प्रतिपादित करने की इच्छा से शक्ति द्वारा किये हुए प्रश्नों के रूप में स्वयं (शिव) आत्मतत्त्व के प्रतिपादनार्थ ग्रन्थ प्रारम्भ करते हैं—

अनुवाद—**देवी बोली**—हे देव ! मैंने आपके 'रुद्रयामल' (शास्त्र) में प्रतिपादित सार का भी सार, जो त्रिक भेद है, उसको विभागशः सम्पूर्ण सुना । पर हे परमेश्वर ! अब भी मेरा सन्देह निवृत्त नहीं हुआ ॥ १ ॥

व्याख्या—हे देव ! आप विश्व को प्रकट कर उसमें क्रीडा करते हुए अनादि सत् तत्त्व स्वरूप हो, सम्पूर्ण रोगों को द्रवित करने के कारण रुद्र कहलाते हैं, और उस रुद्र-शक्ति के सामरस्य से 'यामल' बन कर संसार के सम्मुख आते हैं, जैसा कि शास्त्रों में कहा गया है—

'अदृष्टविग्रहाच्छान्ताच्छिवात्परमकारणात् ।
ध्वनिरूपं विनिष्क्रान्तं शास्त्रं परमदुर्लभम् ॥'

अर्थात् जिसका शरीर दृष्टिगोचर नहीं है, ऐसे परमकारण शिव से परमदुर्लभ 'ध्वनि रूप' शास्त्र उत्पन्न हुआ है । अर्थात्—

'रुद्रयामलात् सम्भवा यस्य तत् रुद्रयामलयम् ।'

आशय यह है कि अदृष्ट रुद्र शक्ति-रूप, शान्त परम-शिव से उत्पन्न होने वाले परम दुर्लभ शास्त्र जो कि 'शिव' 'शक्ति' और 'सदाशिव' इस 'त्रिशक्ति' से उत्पन्न होने वाला इच्छा, ज्ञान और क्रियाशक्ति-प्राधान्य 'शिवाद्वेद अद्वय प्रतिपादक सम्पूर्ण शास्त्र और उसमें भी सार का भी सार जो 'त्रिक' शास्त्र है, वह मैंने आपके द्वारा सुना । उसमें भी 'सिद्धमालिनी' उत्तरादि क्रमशः ज्ञान के प्रकर्ष से उत्कृष्ट उद्देश्य-प्रतिपादन करने के कारण सर्वोत्कृष्ट है । यथा—

'वेदादिभ्यः परं शैवं शैवाद् वामं तु दक्षिणम् ।
दक्षिणात् परतः कौलं कौलात् परतरं त्रिकम् ॥'

'वेदादि शास्त्रों के ज्ञान से शैवशास्त्र का ज्ञान उत्कृष्ट है, शैवशास्त्र से भी वाम-मार्ग उत्कृष्ट है, वाम से दक्षिण उत्कृष्ट है, दक्षिण से भी कौलमार्ग उत्कृष्ट है तथा कौलमार्ग से त्रिक परमोत्तम है ।'

ये सम्पूर्ण मार्ग विधिवत् आपके द्वारा सुने हैं । फिर भी हे प्रभो ! मेरा सन्देह आज भी शान्त नहीं हुआ है ॥ १½ ॥

तमेव च संशयमधिगतचरानेकशास्त्रार्थपर्यालोचनप्रवणया धिया नवावान्तरग्रन्थिमुद्घटयति, किमिवात्र तत्त्वं स्यादित्याशयेन—

किं रूपं तत्त्वतो देव ? शब्दराशिकलामयम् ॥ २ ॥
किं वा नवात्मभेदेन भैरवे भैरवाकृतौ ।
त्रिशिरोभेदभिन्नं वा किं वा शक्तित्रयात्मकम् ॥ ३ ॥
नादबिन्दुमयं वापि किं चन्द्रार्धनिरोधिकाः ।
चक्रारूढमनच्कं वा किं वा शक्तिस्वरूपकम् ॥ ४ ॥

भैरवाकृतौ संसारघट्टनस्वरूपे भैरवभट्टारके, तत्त्वदृष्ट्या शब्दराशेरादि-क्षान्तस्य याः कला अनुत्तरानन्देच्छादिविमर्शशक्तयः क्रोडीकृताशेषवाच्य-वाचकमयजगत्स्फाराः ताः प्रकृतं रूपं यस्य बोधभैरवस्य विमर्शशक्त्यात्मक-त्वात् तत् किं स्यात् रूपम् ? किं वा प्रकृत्यादि-शिवान्तनवतत्त्वावमर्शयुक्त्या विमृष्टषडध्व-नवात्ममन्त्रराजस्वभावतया रूपं स्यात् ? किं वा त्रिशिरोभेदे त्रिशिरस्तन्त्रे भिन्नं क्रोडीकृताखिलनरादितत्त्वत्रयामर्शि निर्दिष्टविशिष्टमन्त्रा-त्मकम् ? किं तदधिष्ठातृपरादिशक्तित्रयात्मकम् ? यदि वा सर्वमन्त्रचक्र-सामान्यवीर्यात्मकविश्ववाच्याविभागप्रकाशरूपबिन्द्वशेषवाचकाविभागपरामर्श-मयनादात्मकम् ? अथैतद् बिन्दुनादप्रपञ्चरूपार्धचन्द्रनिरोधिकास्तत्त्वतो भैरवे रूपं स्यात् ।

तत्र सर्ववाच्याभिन्नप्रकाशात्मनो बिन्दोर्नादीभवतः किञ्चिद्वाच्यप्राधान्य-शान्तावर्धचन्द्ररूपता, ततोऽपि वेद्यकौटिल्यविगमे स्पष्टरेखात्मा निरोधिका, मितयोगिनां नादानुप्रवेशस्य, इतरेषां तु भेददशावेशस्य निरोधात् तथाख्या, बहुवचनमत्राद्यर्थं नादान्तशक्तिव्यापिनीसमनाख्या नादोर्ध्वकला लक्षयति, तत्र नादस्यैव शब्दव्याप्तेः शाम्यत्तायां सुसूक्ष्मध्वन्यात्मा नादान्तः, प्रशान्तौ तु ह्लादात्मस्पर्शव्याप्त्युन्मेषरूपा शक्तिः, सैव देहानवच्छेदाद् व्योमव्याप्त्यासादाद् व्यापिनी, समस्तभावाभावात्मवेद्यप्रशान्तौ मननमात्रात्मककरणरूपबोधमात्रा-वेशे समना, इत्येतदर्धचन्द्रादिमन्त्रकलारहस्यम् । एवं मातृकामन्त्रतद्वीर्यतत्प्र-मेयमुखेन विमृश्य ध्येयमहामन्त्रमुखेनापि भगवद्रूपं विमृशति 'चक्रेति' जन्मादि-चक्रेष्वारूढं लिपिध्यानेनैव न्यस्तम्, अनच्कं ह-कलात्म नादमयं किं रूपम् ? यद्वा प्रशान्ताशेषकौटिल्यसुस्पष्टशक्तिस्वरूपं भैरवे किं रूपम् ? इति ॥ २-४ ॥

अनुवाद—हे भगवन् ! यह वास्तविक स्वरूप किस प्रकार का है—यह तत्त्व से समझाइए । क्या यह स्वरूप 'शब्द राशि कलात्मक (शब्दब्रह्मात्मक)' है ? अथवा 'नवतत्त्वात्मक' है ? किंवा सच्चिदानन्दस्वरूप पूर्ण ब्रह्म-भाव भूत पंचकृत्य स्वभावभूत चैतन्यतत्त्व में 'नर-शक्ति' और शिवात्मरूप से त्रिशिरोभेदभिन्न रूप का है ? अथवा 'मातृ' 'मान' और 'मेय' व्यापार रूप जन्य 'इच्छा' 'ज्ञान' और 'क्रिया' शक्ति स्वरूप है ? ॥ २-३ ॥

किंवा नाद बिन्दु स्वरूप है ? अथवा अंगभूत अर्द्धचन्द्र निरोधात्मक व्यापाररूप है ? अथवा 'षट् चन्द्राकार' 'षट् पत्रात्मक' चक्रों में स्थित मातृस्वरूप है, जो कि स्वरवर्णों से रहित है ? अथवा 'कुण्डलिनी' स्वरूप है ? ॥ ४ ॥

व्याख्या—संसार-रचना में प्रवृत्त भैरव को तत्त्व दृष्टि से समझने पर विचार करें—तो क्या यह सृष्टि 'अकार' से लेकर 'क्षकार' तथा 'वर्णमाला रूप' है ? जो कि सर्वोत्कृष्ट आनन्द की इच्छा 'विमर्शशक्ति' के द्वारा सारे संसार को अपने भीतर

समाहित करती हुई वर्णमाला के रूप में प्रकट होती है। तथा 'विमर्शशक्ति' के नाम से कही जाती है। अथवा प्रकृति से लेकर शिव-पर्यन्त विचारयुक्ति के द्वारा 'षडध्व' तथा त्रिशिरोभेद त्रिशिरतन्त्र के अनुसार 'मनुष्य' 'शक्ति' और 'शिव' ये त्रितत्त्वात्मक है, जिसने कि संसार को अपने भीतर समाहित कर लिया है? अथवा 'माता' 'मान' और 'मेय' रूप व्यापार त्रयात्मक है? किंवा इच्छा ज्ञान और क्रियात्मक है? वा 'नादबिन्दुमय शिवशक्त्यात्मक' शब्द प्रत्यय स्वरूप 'ज्ञान' 'क्रिया' और 'आत्मा' रूप है? अथवा ओंकार के अंग 'अकार' 'ऊकार' 'मकार' अथवा नाद बिन्दु तथा निरोधशक्ति 'अर्द्धचन्द्राकार रूप' है? किंवा षट्चक्र के पत्रों में स्थित क्, ख्, ग्, घ् इत्यादि स्वरवर्ण रहित मात्रिकावर्ण स्वरूप है? किंवा शक्तिस्वरूप ही यह संसार है, जिसको 'समना' कहते हैं?

इत्थं ध्येयमहामन्त्रतच्छक्तिमुखेनापि विमृश्य सर्वोत्तरानुत्तरपराशक्तिमुखेनापि विश्रष्टुमाह—

परापरायाः सकलम् अपरायाश्च वा पुनः।
पराया यदि तद्वत् स्यात् परत्वं तद्विरुध्यते ॥ ५ ॥
न हि वर्णविभेदेन देहभेदेन वा भवेत्।
परत्वं निष्कलत्वेन सकलत्वे न तद्भवेत् ॥ ६ ॥

श्रीपरात्रिंशकादौ मन्त्रविशेषध्येयविशेषात्मकं यत् पराभट्टारिकायाः सकलं रूपमुक्तं तत् परापरादेव्याः, यद्वा तस्या अपि परांशप्राधान्यात् तदनुपपत्तौ अपरादेव्याः एव भवतीति सम्भाव्यते। यदि तु पराभट्टारिकाया अपि तदिष्यते, तत् परत्वं नाममात्रेण स्यात्। वर्णविशेषेण सितादिना, अक्षररूपेण च, देहभेदेन आकृतिविशेषेण द्वादशान्तादिशारीरस्थानविशेषाश्रयेण न वा परत्वं प्रकृष्टत्वं भवति, अपि तु कलनाशून्यत्वेन, सकलत्वे तु तद्भवति इत्यसम्भाव्यमेव ॥ ५-६ ॥

एवं समग्रागमार्थहृदयविमर्शिना विचारेणाभिमुखीकृतप्रायतत्त्वार्था संविद्देवी स्वां सम्पूर्णविज्ञानभैरवरूपतामाविविक्षुराह—

प्रसादं कुरु मे नाथ ! निःशेषं छिन्धि संशयम् ॥

मायामहामायाकालुष्यप्रशमनिर्मलीकृतं स्वं रूपं मम प्रकटय निःशेषमिममेकमेव नवपर्वाणं संशयं शमय।

इत्थमामर्शनवशोन्मिषन्निराकाङ्क्षा स्वस्वभावोक्तरूपा देव्येव प्राप्तभैरवभावा उक्तनीत्या उवाच, सर्वस्य चेदृश्येव प्रायः सर्वव्यवहारेष्वपि स्वयं प्रश्न-

प्रतिवचनचतुरा संवित्, इह तु अनुत्तरार्थविषया इति विशेषः। तदुक्तं श्रीस्वच्छन्दे—

'गुरुशिष्यपदे स्थित्वा स्वयं देवः सदाशिवः।
पूर्वोत्तरपदैर्वाक्यैस्तन्त्रं समवतारयत्॥'

इति यदुवाच तत् 'साधु साधु' इति स्वप्रतिभाश्लाघापूर्वं प्रस्तौति।

अनुवाद—अथवा परात्रिंशिका आदि ग्रन्थों में उल्लिखित मंत्र विशेष के द्वारा 'परादेवी' का सकल रूप है? अथवा 'परादेवी' का सकल रूप है? अथवा यों कहिए कि उसमें ही परांश प्रधान होने के कारण उत्पत्ति नहीं हो सकती, अतः अपरादेवी ही मुख्य ध्येयरूप है। यदि परादेवी का भी अभेदरूप होने से नाम मात्र से ही उसमें परत्व है, तब वह भी अपरादेवी के समान ही हुआ तो परत्व वास्तविक रूप से विरुद्ध हुआ॥ ५॥

वर्ण-भेद अथवा देह-भेद मात्र से यह भेद नहीं हो सकता। क्योंकि यदि ऐसा भेद स्वीकार किया जाय तो निष्फल होने से परत्व और सकल होने से अपरत्व हो जायेगा॥ ६॥

हे प्रभो! कृपा करके मेरे इस संदेह का निराकरण कीजिए॥ ६½॥

व्याख्या—वर्णों का स्वर-व्यंजन युक्त उच्चारण करने योग्य जो रूप है, वह 'परा-शक्ति' कहलाती है। जैसे 'ओं नमः श्रीविद्यापादुकाभ्यः'—यह 'अपराशक्ति' का रूप हुआ। वही पृथक्-पृथक् उच्चारण करने पर 'परापरा' रूप हो जायेगा। 'क्' 'ख्' 'ग' 'घ्' इत्यादि स्वररहित व्यंजन पराशक्ति का रूप है। और वे ही स्वरसहित ओं नमः इति 'अपरा' का रूप है। क्योंकि स्वतंत्र शक्ति ही पारूप है और यदि वह क्रमपूर्वक सृष्टि-रचना की इच्छा करती है तो 'अपरा' रूप है। और जब क्रम में रख दी जाती है तो 'परापरा' का रूप हो जाती है, जैसा कि 'तंत्रालोक' में कहा गया है—

'स्वातन्त्र्यशक्तिः क्रमसंसिसृक्षा क्रमात्मता चेति विभोर्विभूतिः।
तदेव देवीत्रयमन्तरास्तामनुत्तरं मे प्रथयत् स्वरूपम्॥'

अर्थात् क्रम सृजन अवस्था में स्वातन्त्र्यशक्ति, क्रमसंसिसृक्षा और क्रमात्मकता—ये व्यापक परमात्मा की त्रिमूर्तियाँ हैं। ये तीनों शक्तियाँ ही 'त्रिदेवी' है। इसलिए आगे का स्वरूप कृपा करके मुझे बतलाइए। क्योंकि इस प्रकार प्रतिपादन किया हुआ 'अपराशक्ति' और 'परापराशक्ति' का स्वरूप समान होने के कारण यदि सदृश है, तो परत्व इन दोनों से विरुद्ध है। 'परापरा' और अपरा भेद की उपपत्ति के कारण पराशक्ति में इन दोनों का अभेद स्वभाव है। इसीलिए 'परा' स्वरूप में परत्व विरुद्ध हो जायेगा और परपरा में सकलरूप ही जानने योग्य रहने के कारण समुदाय के मध्य में गिर जाने से परापरा में कोई भेद नहीं रहेगा। यहाँ 'पर' और परापरा में अभेदता आ जाने के कारण विरुद्ध दोष होगा।

यह एक विभाग विमर्श स्पर्श करने से अथवा एक का दूसरे से भेदत्याग से, प्रमेयत्याग से उत्पन्न होने वाले प्रमाता तत्त्व अहं भावना से जो कुछ वास्तविक परमात्म तत्त्व है, उसको (अर्थात् एक ही परमात्मा तत्त्व जो स्वयंप्रकाश है) समझाइए। जिससे दर्पण में प्रतिबिम्बित यह सम्पूर्ण संसार उस अद्वैततत्त्व से अभिन्न है और वह मुझसे अभिन्न है, ऐसा मेरा वास्तविक स्वरूप मुझे निर्णीत हो जाय तथा जिससे भेद-भावना दूर होकर आत्मा और जगत् की एकता से अभेदभाव प्रतिपादित हो सके, ऐसी युक्तिपूर्वक विवेचना कीजिए।

माया और महामाया द्वारा फैलाई हुई मलिनता का शमन करके मेरे परमविशुद्ध शरीर को प्रकट कीजिए और इन नौ प्रकार के संदेहों को मिटाइए ॥ ५-६½ ॥

भैरव उवाच—

साधु साधु त्वया पृष्टं तन्त्रसारमिदं प्रिये ॥ ७ ॥
गूहनीयतमं भद्रे ! तथापि कथयामि ते ।

हे प्रिये ! परानन्दतृप्तिप्रथापरे ! अत एव भद्रे ! कल्याणिनि ! यत् पृष्टं त्वया सर्वशास्त्रसारभूतं वस्तु, तदतिरहस्यत्वाद् गूहनीयतममपि ते अनुत्तमपदसमावेशौन्मुख्येन योग्यायाः, कथयामि इति प्रतिजानीते ॥ ७½ ॥

इस प्रकार स्व-स्वभावस्वरूपा देवी, जिसने कि ईश्वरभाव को प्राप्त कर लिया है, उसके संदेह को शांत करते हुए भैरव ने कहा—

अनुवाद—हे प्रिये ! तुमने यह अतिश्रेष्ठ प्रश्न मेरे सामने रखा है। हे भद्रे ! जो अत्यन्त गोपनीय व सम्पूर्ण तत्वों का सार है, फिर भी तेरे सामने कहता हूँ ॥ ७½ ॥

तत्र हेयहापनपूर्वमुपादेयं हृदि प्ररोहयति—

यत्किञ्चित्सकलं रूपं भैरवस्य प्रकीर्तितम् ॥ ८ ॥
तदसारतया देवि ! विज्ञेयं शक्रजालवत् ।
मायास्वप्नोपमं चैव गन्धर्वनगरभ्रमम् ॥ ९ ॥
ध्यानार्थं भ्रान्तबुद्धीनां क्रियाडम्बरवर्तिनाम् ।
केवलं वर्णितं पुंसां विकल्पनिहतात्मनाम् ॥ १० ॥

सम्प्रति तावदियती योग्यतैषामुत्पद्यतामिति, न तु तत्त्वबुभुत्सून् प्रति एतदुक्तम् ॥ ८-१० ॥

'हानोपादानं' पुरस्सर वस्तु को हृदयंगम करते हुए पुनः कहते हैं—

अनुवाद—हे देवी ! त्रिकतंत्रों में सकल और निष्कल-जैसा भैरव का स्वरूप बतलाया गया है, सब निस्सार है। उन सबको तुम इन्द्रजालिक के समान मायिक स्वप्नतुल्य और गन्धर्वनगर के समान ही भ्रमात्मक समझो। वह तो क्रिया के आड-

म्बर में फँसे हुए भ्रांत बुद्धि वालों के लिए है। साथ ही जिनकी आत्मा विकल्पों में फँसी हुई है; उनके ध्यान को केन्द्रित करने के लिए ही 'वह' वर्णन किया गया है, जिससे कि 'उनमें इतनी योग्यता आ जाय, जिससे वे बाद में वास्तविक स्वरूप को समझ सकें ॥ ८-१० ॥

यतः—

तत्त्वतो न नवात्मासौ शब्दराशिर्न भैरवः ।
न चासौ त्रिशिरा देवो न च शक्तित्रयात्मकः ॥ ११ ॥
नादबिन्दुमयो वापि न चन्द्रार्धनिरोधिकाः ।
न चक्रक्रमसम्भिन्नो न च शक्तिस्वरूपकः ॥ १२ ॥

स्वात्मभैरव एव परमार्थतोऽकथ्योऽपि यः काञ्चित्कल्पनामाश्रित्य—

'स्वातन्त्र्यामुक्तमात्मानं स्वातन्त्र्यादद्वयात्मनः ।
प्रभुरीशादिसङ्कल्पैर्निर्माय व्यवहारयेत् ॥'

इति प्रत्यभिज्ञानिरूपितनीत्या उपदिदिक्षाविषयीकृतः स न प्रश्नितनवात्म-शब्दराश्याद्यष्टकस्वरूपः ॥ ११-१२ ॥

अनुवाद—क्योंकि तत्त्वतः भैरव न तो नवात्मा (नवशक्तिस्वरूप) है, और न शक्तित्रयस्वरूप है। न वह त्रिशिरा है न नादबिन्दुस्वरूप है। न अर्द्धचन्द्रस्वरूप है और न निरोधिका (स्पष्ट रेखा) ही। न (षट्) चक्रात्मक है और न (वर्ण) चक्रात्मक और न (कुण्डलिनी आदि) शक्तिस्वरूप ही ॥ ११-१२ ॥

किमर्थं तर्हि तत्र तत्र तथा तथोक्त इत्याशङ्कां कृन्तति—

अप्रबुद्धमतीनां हि एता बालविभीषिकाः ।
मातृमोदकवत् सर्वं प्रवृत्त्यर्थमुदाहृतम् ॥ १३ ॥

न प्रकर्षेण बुद्धा तीव्रशक्तिपातेन पूता तावन्मात्रोपासोन्मुखीभूता मति-र्येषां, तेषामेता नवात्मादिरूपणाः कदभिनिवेशप्रशमाय बालविभीषिका इव। यथा बालानामवस्त्वभिनिवेशो मिथ्याविभीषिकाभिरपास्यते तथा सांसारिक-कर्मानुष्ठाननिरतानां विषयाग्रहग्रह एतैर्विभीषिकाप्रकारैः। किञ्च यथा माता मोदकदानेन बालं सत्कर्मणि प्रवर्तयति तद्वत्सिद्धिसाधनप्रदर्शनेन भगवदाराधने जनः प्रवर्त्यते क्रमात्क्रममासादयितुं परभैरवभावमिति ॥ १३ ॥

हे प्रभो ! जब आप उस भैरव के स्वरूप को अवर्णनीय बतला रहे हैं तो तंत्र-शास्त्रों में जहाँ-तहाँ 'उसका' वर्णन क्यों किया गया है ? मैंने तंत्रान्तरों में उसके स्वरूप को पढ़ कर ही प्रश्न किया था। इस शंका का उत्तर देते हुए भैरव पुनः कहते हैं—

अनुवाद—नासमझ लोगों के लिए ये बच्चों को डराने जैसी बाते हैं। यह सब प्रवृत्ति के लिए माता के मोदक की तरह बतलाया जाता है।

व्याख्या—जैसे कि बालक का अवस्तु (जैसे कि चंदामामा को माँगना) में अभिनिवेश झूठे डरों द्वारा दूर किया जाता है, उसी प्रकार सांसारिक कर्मों में लगे हुए लोगों का विषय के प्रति आग्रह डर दिखला कर दूर किया जाता है। और जैसे एक माता बच्चे को कड़वी औषध पिलाने के लिए बच्चे से कहती है—'यह दवा पी ले, मैं लड्डू दूँगी।' यह मिथ्या लड्डू भी जिस प्रकार हितकर औषध पिलाने की सत्प्रवृत्ति के लिए होता है, उसी प्रकार सिद्धि साधनों के प्रदर्शन द्वारा प्रभु की आराधना में व्यक्तियों को प्रवृत्त किया जाता है, क्रमशः वे परम भैरव के स्वरूप का साक्षात्कार करते हैं ॥ १३ ॥

यद्येतत् सकलं भैरवस्वरूपं तर्ह्युच्यतां निष्कलं तत्, यत् पराशक्तिविषय-संशयनिर्णोदनमपि भविष्यति इदं तदुच्यते—

दिक्कालकलनोन्मुक्ता देशोद्देशाविशेषिणी ।
व्यपदेष्टुमशक्यासावकथ्या परमार्थतः ॥ १४ ॥
अन्तः स्वानुभवानन्दा विकल्पोन्मुक्तगोचरा ।
यावस्था भरिताकारा भैरवी भैरवात्मनः ॥ १५ ॥
तद्वपुस्तत्त्वतो ज्ञेयं विमलं विश्वपूरणम् ।

अन्तरिति पूर्णाहन्तायां, स्वानुभवः स्वप्रकाश आनन्द एव रूपं यस्यास्तादृशी, अत एवामूर्तित्वात् पूर्वापरदिक्कालकलनाशून्या, देशेन दूरासन्नादिना उद्देशेन च इदन्तानिर्देश्येन लक्षणीयेन रूपेण न विद्यते विशेषो यस्यास्तादृशी, अत एव व्यपदेष्टुमशक्या मध्यमाजल्पाविषया, अतश्चाभिधित्सागोचरत्वाभावादकथ्या वैखर्याप्यव्यावर्णनीया, परमार्थतो वास्तवेन रूपेण, कल्पनया त्वदूरविप्रकर्षेण उक्तनीत्या व्यपदेश्या कथ्या च, तदाह। यावस्थेति अवस्थातु-भैरवरूपस्यात्मनो ममाव्यतिरिक्ता शक्तिरवस्था, भरितोऽशेषविश्वाभेद-चमत्कारमय आकारः स्वरूपं यस्याः सा तादृशी, तदेव च तत्त्वतः परमार्थतो विमलं स्वभित्त्याभासितजगदनाच्छादितं, विश्वपूरणमशेषावभासकं वपुः स्वरूपं ज्ञेयं, न त्वन्यदाकृत्यादि ॥ १४–१५½ ॥

अनुवाद—दिशा और काल के व्यापार से मुक्त दूर या समीप के भेद से रहित प्रतिपादन के अयोग्य यह तत्त्वतः अनिर्वचनीय है। वास्तव में भीतर ही भीतर अपने अनुभवमात्र से आनन्द देने वाली और संकल्प-विकल्प से मुक्त होकर अनुभूत होने वाली जो परिपूर्ण आकार वाली अवस्था है, वही भैरवी शक्ति है। इस प्रकार विश्व को भरने वाले, विमल भैरव वास्तविक स्वरूप को जानना चाहिए ॥ १४-१५½ ॥

एवं परस्वरूपं तत्त्वतो विमृश्य यदुक्तं क्रियाडम्बरेति तत् प्रमाणी-करोति—

एवंविधे परे तत्त्वे कः पूज्यः कश्च तृप्यति ॥ १६ ॥

पूज्यपूजकपूजानां तर्पकादीनां च चिदानन्दैकघनपरमार्थत्वात् ॥ १६ ॥

अनुवाद—इस प्रकार के परमतत्त्व के होने पर कौन पूज्य होगा और कौन तृप्त ? ॥ १६ ॥

तदित्थं पराभट्टारिकाविषयः संशयः प्रशान्त एवेत्याह—

एवंविधा भैरवस्य यावस्था परिगीयते ।
सा परा पररूपेण परादेवी प्रकीर्तिता ॥ १७ ॥

परिगीयते इति परिच्छेदार्थं गीयते, भेदेन परं व्यवह्रियते वस्तुतोऽस्या भैरवैक्यात्, सैषा प्रोक्तेन पररूपेण परा प्रकृष्टा सती परादेवीति, न तु नाम-मात्रेण निर्वस्तुकेनेत्याशयशेषः ॥ १७ ॥

इस प्रकार भैरवीशक्ति के सम्बन्ध का प्रश्न शांत हो जाने पर असंदिग्ध हो गया है, अतएव कहते हैं—

अनुवाद—भैरव की यही अवस्था परा है, जिसे पर होने से परादेवी कहा गया है ॥ १७ ॥

ननु भैरवस्यावस्था स्वरूपमेव न तु कालादिकृता उक्तयुक्त्या काचिद् दशास्ति, तद् भैरव एव भैरवीत्युक्तं भवति ? बाढं प्रतिज्ञातमित्याह—

शक्तिशक्तिमतोर्यद्वत् अभेदः सर्वदा स्थितः ।
अतस्तद्धर्मधर्मित्वात् परा शक्तिः परात्मनः ॥ १८ ॥

शकनं शक्तिः सामर्थ्यं विश्वनिर्माणादिकारिभैरवस्वरूपमेव । तदिति तस्य शक्तिमतः सम्बन्धिना सर्वज्ञता-सर्वकर्तृता-सर्वात्मतादिना धर्मेण धर्मिणी शक्तिः परस्य चिदानन्दैकघनस्यात्मनः ॥ १८ ॥

अब प्रश्न यह उपस्थित होता है कि भैरव की एक अवस्था विशेष ही 'परादेवी' के रूप में कही गई है न कि दूर-समीप पहले या पीछे दिशाकालादि के द्वारा विभिन्न स्थितियों में जाने योग्य कोई दशा है ? ऐसा कहने पर उत्तर देते हैं कि वास्तव में यही बातें हैं—

अनुवाद—जैसे शक्ति और शक्तिमान का सदा अभेद रहता है, उसी प्रकार परमात्मा की शक्ति उस (परमात्मा के) धर्म (सर्वज्ञत्वादि) से युक्त होने के कारण परादेवी कहलाती है ॥ १८ ॥

एतद् दृष्टान्तप्रमुखं घटयति—

न वह्नेर्दाहिका शक्तिर्व्यतिरिक्ता विभाव्यते ।
केवलं ज्ञानसत्तायां प्रारम्भोऽयं प्रवेशने ॥ १९ ॥

न विभाव्यते विचार्यापि नोपलभ्यते, ज्ञानसत्तायां वह्नि जिज्ञासोर्वह्नि-ज्ञप्तौ यत्प्रवेशनं प्रवेशना तत्र, अयमिति दाहोपलब्धिवशपरिच्छिन्नदाह-शक्त्यात्मा वह्निस्वभावः प्रारम्भः, तन्मुखेन पाचकत्वाद्यनन्तशक्त्यात्मशक्ति-मत्स्वरूपपरिगतेः, उक्तञ्च प्रत्यभिज्ञायाम्—

'फलभेदादारोपितभेदः पदार्थात्मा शक्तिः' इति ॥ १९ ॥

इसी वस्तु को दृष्टांत में घटाकर दिखलाते हैं—

अनुवाद—वह्नि की दाहात्मिका शक्ति वह्नि के अतिरिक्त कुछ भी नहीं है। यह ज्ञान की सत्ता में प्रवेश करने के निमित्त प्रारम्भ मात्र है ॥ १९ ॥

व्याख्या—ज्ञानसत्ता में वह्नि को जानने की इच्छा करने पर जो वह्नि ज्ञान में प्रवेश करता है, तब वह जलाने की शक्ति का अनुभव करके ही यह निर्णय कर पाता है—'यह वह्नि है'। प्रथमोपलब्धि दाहात्मिका शक्ति होती है, उसके बाद उसे वह्नि से पाचन शक्ति, भस्मीकरण शक्ति आदि अनेक शक्तियों की उपलब्धि है। 'ईश्वर-प्रत्यभिज्ञा' में इसी आशय से स्पष्ट कहा गया है—

'फलभेदादारोपितभेदः पदार्थात्मा शक्तिः ।'

अर्थात् फल के भेद से जिसमें भेद आरोपित किया जाता है, ऐसे पदार्थ स्वरूप ही शक्ति का स्वरूप है ॥ १९ ॥

दार्ष्टान्तिकयोजनयाह—

शक्त्यवस्थाप्रविष्टस्य निर्विभागेन भावना ।
तदासौ शिवरूपो स्यात् शैवी मुखमिहोच्यते ॥ २० ॥

पराशक्तिरूपामवस्थां यदा प्रविशति वक्ष्यमाणोपायैः समाविशति उप-देश्योऽणुः, तदास्य निर्विभागेन भावना भवति—शक्तेः शिवाभेदात्, तदा स लब्धशाक्तबलः प्रशस्ततमशिवरूपो भवत्येव, यतः शिवस्येयं शैवी शक्तिः, मुखं प्रवेशोपायद्वारमिहागमेषूच्यते ॥ २० ॥

इसी की पुष्टि में दूसरा दृष्टांत प्रस्तुत है—

अनुवाद—इस शैव दर्शन में 'पराशक्तिरूप' अवस्था में प्रवेश करता है तो आगे बतलाए हुए उपायों से जब 'अणुरूप' का उपदेश प्राप्त कर लेता है तब निर्विभाग भावना दृढ़ होती है, तब उस बल को प्राप्त कर जीव शिवस्वरूप बन जाता है। क्योंकि शिव की यह पराशक्ति शिवतत्त्व में प्रवेश करने का प्रधान द्वार है ॥ २० ॥

एतत् स्फुटदृष्टान्ताभ्यां हृदयङ्गमीकरोति—

यथालोकेन दीपस्य किरणैर्भास्करस्य च ।
ज्ञायते दिग्विभागादि तद्वच्छक्त्या शिवः प्रिये ।। २१ ।।

यथा आलोकेन प्रकाशेन दीपस्य शिखात्मनो, भास्करस्य च मरीचिभिरेवात्मीयैर्दिग्विभागसन्निवेशादि ज्ञायते, न तु अन्येन दीपादिना, तद्वत् स्फुरत्तारूपया स्वशक्त्यैव शिवः स्वात्मा ज्ञायते प्रत्यभिज्ञायते समाविश्यते इत्यर्थः ।।

इसको दृष्टान्त से स्पष्ट करते हैं—

अनुवाद—हे प्रिये ! जैसे प्रकाश से दीपक का और किरणों से सूर्य की दिशा का विभाग पता चल जाता है, उसी प्रकार शक्ति के द्वारा शिव का ।। २१ ।।

एवं परास्वरूपे निर्णीते तदुपलब्ध्युपायजिज्ञासया श्रीदेव्युवाच—

देवदेव त्रिशूलाङ्क ! कपालकृतभूषण ! ।
दिग्देशकालशून्या च व्यपदेशविवर्जिता ।। २२ ।।
यावस्था भरिताकारा भैरवस्योपलभ्यते ।
कैरुपायैर्मुखं तस्य परादेवी कथं भवेत् ।। २३ ।।
यथा सम्यगहं वेद्मि तथा मे ब्रूहि भैरव ! ।

देवानां ब्रह्माद्यनाश्रितान्तानां द्योतनादिसतत्त्वकरणरूपाणां च देव स्वामिन् ! स्वातन्त्र्यशक्तिस्फारितेच्छाद्यरात्रयात्मकत्रिशूलाङ्क ! समस्तवाच्यवाचकात्मकजगत्खण्डरूपकपालैश्चैतन्यस्वातन्त्र्याभिव्यञ्जकत्वात् कृतभूषण भ्राजमानानाच्छादितस्वरूप ! दिगित्यादिना भैरवस्येत्यन्तेन प्राग्विभक्तपराशक्तिस्वरूपमनूद्य तदनुप्रवेशप्रकाशनायाह—उपलभ्यत इत्यादि, उपायैरिति बहुवचनमुपलब्धुरणोः प्राणदेहबुद्धिशून्याश्रयोच्चार-करण-ध्यान-वर्ण-स्थानकल्पनाभेदात्, सार्वात्म्यभावनादिशुद्धविकल्पनानात्वात्, अविकल्पोपायवैचित्र्याच्च आणव-शाक्त-शाम्भवोपायनानात्वं वक्ष्यमाणं कटाक्षयति, मुखं तस्येति शैवी मुखमिह, इति यच्छक्तेर्मुखत्वमुक्तं तन्निर्णीतनीत्या भगवदेकात्मनः तस्याः शक्तेः कथमित्येतदुभयप्रश्नितं 'यथा अहं वेद्मि तथा भैरव ! ब्रूहि'—मामामर्शयेति यावत् ।। २२-२३½ ।।

इस प्रकार पराशक्ति के स्वरूप का निर्णय हो जाने पर उसकी प्राप्ति किस प्रकार की जा सकती है । इस अभिप्राय से देवी ने प्रश्न किया—

अनुवाद—हे देवाधिदेव, त्रिशूलधारी, कपाल का आभूषण धारण करने वाले, दिशा, देश और काल की कल्पना से शून्य तथा किसी प्रकार के संकेत से नहीं बतलाने योग्य परिपूर्ण आकार वाली भैरव की अवस्था (पराशक्ति कही जाती है) का किन उपायों से साक्षात्कार हो सकता है ? जिससे कि वह मुझे ठीक प्रकार से समझ में आ जाय । भैरव ! कृपा कर वह उपाय बतलाइए ।। २२-२३½ ।।

इत उत्तरं श्रीशिवोपाध्यायकृता विवृतिः ।

एवं प्रश्नितवस्तुनिर्णयाय क्रमेण भूमिकाज्ञानानि प्रकाशयति—

श्रीभैरव उवाच—

ऊर्ध्वे प्राणो ह्यधो जीवो विसर्गात्मा परोच्चरेत् ।
उत्पत्तिद्वितयस्थाने भरणाद्भरिता स्थितिः ॥ २४ ॥

योऽयमूर्ध्वं इति हृदो द्वादशान्तं यावद् वहन् प्राणः, यश्चाधो जीवो द्वादशान्ताद् हृदन्तमपानः, एषा परादेवी उच्चरेत्, सततं स्वयमुच्चरन्ती स्थिता, कीदृशी विसर्गोऽन्तर्बहिर्भावकरणरूपो विमर्श आत्मा यस्याः सा अप्राणाद्यशाक्तस्पन्दोन्मेषा—तदाच्छुरणेन विना नियतप्राणप्रवाहायोगात् । तदुक्तं श्रीस्वच्छन्दे—

'प्राणः प्राणमयः प्राणो विसर्गापूरणं प्रति ।' इति ।

यत एवमत उत्पत्तिद्वितयस्य बाह्याभ्यन्तरोत्पादद्वयस्य यत् स्थानं हृद् द्वादशान्तश्च, तत्र भरणादिति नित्योन्मिषदाद्यस्फुरत्तात्मभैरवीयशक्त्युपलक्षणाद् भरिता स्थितिः भैरवताभिव्यक्तिर्भवतीति यावत् ।

अथ च ऊर्ध्वं इति सर्वेन्द्रियप्रसरेषु प्राणो विषयानुप्राणकः सूक्ष्मप्राणप्रवाहः, यश्चाधो जीवः स्वीकृतसर्वविषयो विशन्नपानः स एवोक्तयुक्त्या परा उच्चरेत्—सततं चकास्ति, ततो ग्राह्योत्पत्तिस्थाने हृदि ग्राहकोत्पत्तिस्थाने च मेयसङ्घट्टपदे । भरणादिति प्राग्वत् ।

किञ्च, ऊर्ध्वं इति प्राणापानोन्मेषपदे प्राणोऽशेषवाचकानुप्राणकोऽकारः, अध इति अन्ते जीवः सकार इत्यादि सान्तो मातृकागतो वर्णपुञ्जः, सैषा विसर्गात्मा प्रान्तदर्शितहकारकलात्मना नादरूपा परा उच्चरेत्—मातृकाचक्रक्रमेणाशेषवाच्यवाचकान्तं जगदुल्लङ्घ्य गच्छति—स्वौजसा भेदपदमभिभूय स्फुरतीति यावत्, अतश्च उत्पत्तिद्वितयस्थाने अकार-हकारौ विमृश्य शिवशक्तिसङ्घट्टः । हृदि द्वादशान्ते चेति प्राग्वत् ।

अपि च, ऊर्ध्वं इति उत्कृष्टतया प्राणो विश्वानुप्राणक इच्छाज्ञानक्रियाप्रसरः, अध इति इदन्ताविमृश्यतया निकृष्ट ईषणीयज्ञेयकार्यात्मा जीवः, सोमरूपतया संसारिणां जीवितस्थितिहेतुः, सैषा भगवती परा शक्तित्रयात्मना परापरेणापरेण च रूपेणोच्चरेत्—उत्कृष्टतयैव चरन्ती विश्वाभेदस्फुरत्तया प्रसरन्ती सदा स्थितेति कृत्वा उत्पत्तौ मेयपदे, द्वितयशब्दवाच्ये प्रकाश्यप्रकाशकसङ्घट्टरूपे प्रमाणपदे, स्थान इति तदुभयविश्रान्तिधाम्नि प्रमातृपदे, भरणात्

'त्रिषु चतुर्थं तैलवदासेच्यम्' (शि० सू० ३।२०) इति दृष्टचा पराभट्टारिकात्मतुर्यानन्दाप्लावनात् भरिता स्थितिः ।

अन्यच्च, ऊर्ध्वं इति मायान्ताध्वोपरि प्राणोऽनुप्राणकं शुद्धाशुद्धाध्वव्यापि शिवशक्तितत्त्वं, तस्यैव चाधो जीवः स्वीकृतमायादितत्त्वग्रामं नरशब्दवाच्यमात्मतत्त्वं यावत्, सैषेत्थं परा उच्चरेत् —शैवी स्वातन्त्र्यशक्तिरेवेत्थं जृम्भते । तेन उत्पत्तिद्वितयस्थाने उत्पद्यमानशुद्धाशुद्धाध्वद्वये भरणात् पराशक्तिव्याप्त्या सर्वसर्वमयत्वभावनया तत्सामरस्यापादनाद्भरिता स्थितिः । अत्र व्याख्याने श्रीपरोक्तमन्त्रव्याप्तिरनुसर्तव्या ।

अपरम्, ऊर्ध्वं प्राणोऽनुत्तराकुलात्मनश्चिद्धाम्नः स्वयमुन्मिषन् हकारः, अधो जीवः सकारो विसर्गात्मा विसर्जनीयानुप्राणितो यः, सैषा हानसमादानहंसीरूपा परैव उच्चरति, अत एव 'अहं सः' इति स्वात्मप्रत्यभिज्ञानविमर्श इवात्रोपलभ्यते । यत एवमतः उत्पत्तिद्वितयस्थाने हकारसकारोदयहृद्द्वादशान्तस्थानयोर्भरणात् तद्वर्णविमर्शपरिशीलनयुक्तितः शक्तिबलासादनाद् भैरवीभावो भवति । एवमत्र प्रथमद्वितीययोर्व्याख्यानयोरविकल्पस्वरूपपरिशीलनात्मा शाम्भवावेश उपक्षिप्तः । चतुर्थपञ्चमयोः सर्वाहम्भावभावनात्मकशुद्धविकल्पावमर्शरूपः शाक्तः । तृतीयषष्ठयोर्वर्णविशेषावमर्शप्रधान आणवः । यदुक्तं मालिनीविजये—

'अकिञ्चिच्चिन्तकस्यैव गुरुणा प्रतिबोधतः ।
उत्पद्यते य आवेशः शाम्भवोऽसावुदाहृतः ।।
उच्चाररहितं वस्तु चेतसैव विचिन्तयन् ।
यं समावेशमाप्नोति शाक्तः सोऽत्राभिधीयते ।।
उच्चारकरणध्यानवर्णस्थानप्रकल्पनैः ।
यो भवेत् स समावेशः सम्यगाणव उच्यते ।।'

शाम्भवसमावेशस्यार्थो यथा—

'अकिञ्चिच्चिन्तकस्येति विकल्पानुपयोगिता ।
तया च झटिति ज्ञेयसमापत्तिर्निरूप्यते ।।
सा कथं भवतीत्याह गुरुणातिगरीयसा ।
ज्ञेयाभिमुखबोधेन द्राक्प्ररूढत्वशालिना ।।
तृतीयार्थे तसि व्याख्या वा वैयधिकरण्यतः ।
आवेशश्चास्वतन्त्रस्य स्वतद्रूपनिमज्जनम् ।।
परतद्रूपता शम्भोराद्याच्छक्त्यविभागिनः ।
तेनायमत्र वाक्यार्थो विज्ञेयः प्रोन्मिषत्स्वयम् ।।

मातारमधरीकुर्वत् स्वां विभूतिं प्रदर्शयत् ।
आस्ते हृदयनैर्मल्यातिशये तारतम्यतः ॥
ज्ञेयं द्विधा च चिन्मात्रं जडं चाद्यं च कल्पितम् ।
इतरत्तु तथा सत्यं तद्विभागोऽयमीदृशः ॥
जडेन यः समावेशः स प्रतिच्छन्दकाकृतिः ।
चैतन्येन समावेशस्तादात्म्यं नापरं किल ॥
तेनाविकल्पा संवित्तिर्भावनाद्यनपेक्षिणी ।
शिवतादात्म्यमापन्ना समावेशोऽत्र शाम्भवः ॥
अविकल्पपथारूढो येन येन पथा विशेत् ।
धरासदाशिवान्तेन तेन तेन शिवीभवेत् ॥
निर्मले हृदये प्राग्रस्फुरद्भूम्यंशभासिनि ।
प्रकाशे तन्मुखेनैव संवित्परशिवात्मता ॥
एवं परेच्छाशक्त्यंशसदुपायमिमं विना ।
शाम्भवाख्यं समावेशममन्यन्त निरासिनः ॥' इति ॥ २४ ॥

इस प्रकार प्रश्न का निर्णय हो जाने पर 'भूमिका-ज्ञान' को प्रकट करते हुए श्रीभैरव ने कहा—

अनुवाद—हे प्रिये ! उर्ध्व में (अर्थात् हृदय से द्वादशान्त-पर्यन्त) प्राण है और अधः (अर्थात् द्वादशान्त से हृदय-पर्यन्त नीचे आने वाला वायु) अपान है, परा का ही यह स्पन्दन अन्तः और बाह्य उन्मेष करने वाली दो प्रकार की (बाह्य एवं आभ्यन्तर) उत्पत्तियों के स्थान (हृदय तथा द्वादशान्त) को भरने के कारण भरिता-वस्था है, जो भैरव की अभिव्यक्ति करती है ।

व्याख्या—हृदय से द्वादशान्त तक चलने वाला वायु प्राण कहा जाता है और जो 'जीव' द्वादशान्त से हृदय-पर्यन्त चलता है, वह अपान कहलाता है । यह 'प्राण' और 'अपान' की गमनागमन क्रिया परादेवी कहलाती है । वह नित्य श्वास-प्रश्वास के द्वारा अक्षरोच्चारण करती हुइ विद्यमान है । यह भीतर-बाहर, निर्गम-प्रवेश रूप तथा प्राणापान से रहित केवल स्पन्दोत्पत्ति मात्र जिसका स्वरूप है, वह पराशक्ति है । जैसा कि स्वच्छन्दतंत्र में कहा गया है—

'प्राणः प्राणमय प्राणो विसर्गपूरणं प्रति ।'

अर्थात् प्राण प्राणमय है और अपान अपानमय है । यह प्राणापान का आगम-निर्गम ही 'आपूरण' कहलाता है । इसी को भरिता-स्थिति या पराशक्ति के नाम से कहा गया है । क्योंकि प्राणापान की उत्पत्ति बाह्य-आभ्यन्तर उत्पादन से हृदय और बाह्य-द्वादशान्त में भरने के कारण ही भरिता कहलाती है और नित्य उन्मीषित होने के कारण स्फुरण करती हुई 'भैरवी-शक्ति' 'भरिता-स्थिति' या भैरवताभिव्यक्ति के नाम से कही गयी

है। सम्पूर्ण इन्द्रियों में विषयों का संचार करने वाला सूक्ष्म प्राणप्रवाह 'ऊर्ध्व' कहलाता है तथा 'जीव' जिसने सर्व विषयों के भीतर प्रवेश पा लिया है, वह भीतर सूक्ष्म प्रवाह का संचार करता हुआ अपान के नाम से कहा गया है। वही भीतर प्रवेश करता हुआ सूक्ष्म अपान का संचार पराशक्ति कहलाता है। अतः ग्राह्य सूक्ष्म-प्राण-प्रवाह को ग्रहण करने वाला स्थान हृदय और ग्राहक उत्पत्ति-स्थान को ग्रहण करने वाला द्वादशान्त कहलाता है तथा दोनों स्थानों में संचार करने वाला वायु उन्मेष या संघट्ट पद से प्रतिपादित किया जाता है।

इस प्रकार प्राण और अपान को भरने के कारण ही भरिता-शक्ति कहलाती है। प्राण और अपान 'उन्मेष' और 'पद' के नाम से कहे गये हैं। अतः समग्र वाचक वर्णों के भीतर अनुप्राणित होने वाला अकार 'ऊर्ध्व' कहलाता है। और अंतिम वर्ण (अर्थात् सकार, वा सान्त मातृकागत वर्णसमुदाय) 'अधः' कहलाता है। इस प्रकार अकार से सकार तक और सकार से अकार तक गमनागमनात्मिका शक्ति, जिसके अन्त में 'हकार' दिखलाया गया है, तथा जो कलनात्मा नाद-रूप है 'परा' कहलाती है। वह मातृकाचक्र के क्रम से वाच्य और वाचक के अन्तर्गत सम्पूर्ण जगत् में संचार करती है, जो अपने तेज से भेदक पदों को दबाकर उन्मीषित होती है। इसीलिए दोनों उत्पत्ति के स्थान 'अकार' और 'हकार' का विचार करने पर 'शिव' और शक्ति का संघटन (हृदय और द्वादशान्त के भीतर जो निरन्तर होता है) भरिताशक्ति या पराशक्ति कहलाती है। (अथवा) उत्कृष्ट होने के कारण और सारे संसार में प्राण-शक्ति का संचार करने के कारण इच्छा ज्ञान और क्रिया का प्रसार 'ऊर्ध्व' कहलाता है। तथा विमर्श शक्ति के कारण निकृष्ट अर्थात् इच्छा करने योग्य ज्ञेय रूप कार्यात्मा जीव है।

वह सोमरूप होने के कारण संसार के प्राणियों की जीवित स्थिति का कारण है, वही 'अधः' कहलाता है। इसी प्रकार शक्ति त्रयात्मा-परा अपरा और परापरा के रूप में भगवान् की तीनों शक्तियाँ ही भरिता कही जाती हैं। ये उत्कृष्ट होने के कारण 'स्फुरणा' रूप से सम्पूर्ण विश्व में फैलती हुई ईश्वर की उत्पत्ति के समय में 'उन्मेष' और स्थिति के समय में 'पद' शब्द से प्रतिपादित की गई है। इस प्रकार प्रकाश्य और प्रकाशक रूप से संघट्टात्मक स्थान (हृदय और द्वादशान्त) प्रमाण और 'प्रमातृ' से परिपूर्ण करने के कारण यह पराशक्ति के नाम से तुर्यावस्था के आनन्द से प्लावित होने के कारण भरितास्थिति कही गयी है।

जैसा कि 'शिवसूत्र' में भी कहा गया है—

'त्रिषु चतुर्थं तैलवदासेच्यम्'। (३।२०)

अर्थात् परा, अपरा और परापरा शक्ति से अभिन्न जैसे तिल में तेल रहता है, उसी प्रकार इस त्रिशक्ति में व्याप्त रहने वाली चतुर्थ शक्ति तुर्या (जो केवल आनन्द-मय है) ही भरिताशक्ति है और उसी को पराशक्ति कहते हैं। और भी 'ऊर्ध्व'

शब्द से माया-पर्यन्त चलने का मार्ग 'प्राण' कहलाता है। वह शुद्ध-अशुद्ध अध्व में व्यापक होकर शिवशक्ति रूप से संचार करता है, जिसे ऊर्ध्व कहते हैं। मायिक तत्त्व समुदाय को ग्रहण कर लेने के कारण जीव नर शब्द से वाच्य होकर अभिमुख आता है। इसी प्रकार वह प्राणवायु का प्रवेश-निर्गम हृदय और द्वादशान्त दोनों स्थानों में उत्पन्न होने वाला शुद्धाध्व और अशुद्धाध्व दो मार्गों से व्याप्त पराशक्ति को सर्वसर्व-मयत्व भावना से सामरस्य उत्पन्न करने के कारण 'भरितास्थिति' है। परातंत्र में कहे गये मंत्रों का अनुसरण करना इस स्थिति की प्राप्ति में प्रथम स्थान है।

अथवा 'अनुत्तराकुलात्माचित्तधाम' में स्वयं उन्मीषित होने वाला 'हकार' 'ऊर्ध्व' है और 'सकार' (विसर्गस्वरूप विसर्जनीय से अनुप्राणित) अधः (अर्थात् जीव) स्वरूप है। यह हानोपादान रूप 'हँसी' ही परादेवी है। इसीलिए 'अहं सः' मैं वही हूँ, इस प्रकार का आत्मप्रत्यभिज्ञान विमर्श के समान उपलब्ध होता है। क्योंकि उत्पत्ति के दोनों स्थानों में 'हकार' और 'सकार' के उदय होने के कारण तथा हृदय और द्वादशान्त दोनों स्थानों को भरने के कारण उन वर्णों में विमर्श के परिशीलन की युक्ति से शक्ति का बल प्राप्त होता है, वही भैरवीभाव है। इस प्रकार इस कारिका की पहली व दूसरी व्याख्याओं के अनुसार अविकल्पस्वरूप परिशीलनात्मक शांभव आदेश दिया गया है। चौथी और पाँचवीं व्याख्याओं में 'सम्पूर्ण मैं हूँ' ऐसा सर्वव्यापक भावनात्मक शुद्ध विकल्प विमर्श स्वरूप शाक्तभाव बतलाया गया है। तीसरी व छठी व्याख्याओं में वर्णविमर्श प्रधान 'आणवमार्ग' का निरूपण किया गया है। मालिनीविजय-तंत्र में भी इसका विस्तार से वर्णन है॥ २४॥

अधुना स्वतः सिद्धाः पूरककुम्भकरेचकाः प्राणस्यावस्थाविशेषाः सर्वेषां सकल-प्रलयाकलादीनां प्रमातृणामयत्नेन सम्भवन्ति। यथा—

'बाह्योन्मुखत्वं प्राणानां यद्धृदम्भोजकोटरात्।
स्वैरमेवात्तयत्नानां तं धीरा रेचकं विदुः॥
द्वादशाङ्गुलपर्यन्तं बाह्यमाक्रमतां हृदः।
प्राणानामङ्गसंस्पर्शो यः स पूरक उच्यते॥
अपानेऽस्तङ्गते प्राणो यावन्नाभ्युदितो हृदि।
तावत्सा कुम्भकावस्था योगिभिर्यानुभूयते॥'

इत्यादिना प्राणापानदशायामेवारोहावरोहक्रमे तच्चिन्तावहितैर्योगिभिर्भूयते इति यद्योगशास्त्रेषु प्रतिपादितं तद्विषयावधानमुपदिशति—

मरुतोऽन्तर्बहिर्वापि वियद्युग्मानिवर्तनात्।
भैरव्या भैरवस्येत्थं भैरवि व्यज्यते वपुः॥ २५॥

मरुतः प्राणस्यापानस्य चान्तर्बहिश्च यद्वियद्युग्मं—हृदाकाशो द्वादशान्तश्च यद्वियद्द्वयं, ततोऽनिवर्तनात् प्रत्यावर्तनाभावेन क्षणमात्रमन्तर्मुखत्वेनावस्थानात्

प्राणापानयोर्द्वयोरस्तंगतत्वात् भैरवीस्वरूपस्य भैरवस्य वपुः 'अन्तः स्वानुभवानन्दा' इत्यारभ्य 'तद्वपुस्तत्त्वतो ज्ञेयं विमलं विश्वपूरणम्' इति कृतलक्षणं धर्मिधर्मात्मकत्वेन शिवशक्तिद्वैधं प्रकाशविमर्शस्वरूपं परमार्थत एकमेव तत्त्वं प्रकटीभवेत्, एतदुक्तं भवति—हृदि स्थितात्पद्मयन्त्रात् प्राणस्योदयः, बहिर्द्वादशाङ्गुलपर्यन्ते आकाशे प्राणस्यास्तं गतिः । एवं बाह्याद् द्वादशान्तादपानोदयः, हृत्पद्मयन्त्रे त्वपानस्यास्तम् । एवमनवरतम्—

'बाह्यानाभ्यन्तरांश्चैतान् कुम्भकादीननारतम् ।
प्राणापानस्वभावान् स्वान् बुद्धवा भूयो न जायते ।।
गच्छतस्तिष्ठतो वापि जाग्रतः स्वपतोऽपि वा ।
एते न रोधमायान्ति प्रकृत्या हि चलोऽनिलः ।।'

इत्याद्युक्तनीत्या सर्वेषां प्रमातृणां पशुपक्षिमृगादीनां च सर्वदा सर्वत्र रात्रिन्दिवमष्टौ प्राणायामाः स्वतः सिद्धाः पुरुषप्रयत्नानपेक्षाः । ते च—

'स्वस्वभावतया बुद्धा यदि स्युस्तर्हि मोक्षदाः ।
यत्करोति यदश्नाति बोधेनैतानुस्मरन् ।।
कुम्भकादीन्नरः सोऽन्तस्तत्र कर्ता न किञ्चन ।'

इत्युक्तेः । ते च यथा—हृत्कमलाद्बहिर्मुखत्वं स्वेच्छयैव यत् प्राणस्य सा प्राणरेचकावस्था १ । हृदयात् सकाशाद् बहिर्द्वादशाङ्गुलपर्यन्तं निःसरतां प्राणानामङ्गसंस्पर्शः पूरकः २ । बहिःप्रदेशात् पुरुषप्रयत्नं विनैवापाने प्रत्यावृत्ते सति योऽङ्गप्रपूरणस्पर्शः सोऽपि पूरकः ३ । अपाने प्रलीने सति हृदयात् प्राणोऽपि योवन्नाभ्युदितस्तावत्कालं कुम्भकावस्था ४ । अस्यामवस्थायां योगिनामेवानुभव इति प्राणवायुः सदा देहाद् बहिरन्तश्च प्राणायामपरः । एवमपानोऽप्यनिशं बहिरन्तश्चापानायामवान्, यथा बहिराकाशेऽस्तङ्गते प्राणे यावन्नोद्गतोऽपानो भवेत् तावत्कालं बहिः पूरकावस्था अपानस्य १ । तथा अपानस्य द्वादशान्तादुत्थाय यद्रूपपीनत्वं सोऽपि बहिः पूरकः २ । तथा बहिर्द्वादशाङ्गुलपर्यन्तप्रदेशेऽपानस्य मृदन्तरस्थानिष्पन्नघटवद्या स्थितिः सा कुम्भकावस्था अपानस्य ३ । उदयं विना यदपानस्यान्तर्मुखत्वं स बाह्यरेचकः ४ इति प्राणपूरकापानपूरकद्वैध्येऽष्टौ प्राणायामाः । एतान् स्वस्वभावत्वेन जानीयात् । हृत्कण्ठतालुललाटरन्ध्रद्वादशान्ताः प्राणगतिविषयाः । हृत्कन्दाननसङ्कोचविकासद्वादशान्ता अपानगतिविषयाः । क्षणमस्तङ्गतप्राणमपानोदयरहितमयत्नसिद्धं यद्बाह्यस्थं कुम्भकं, तथा क्षणमस्तङ्गतापानं प्राणोदयरहितमयत्नसिद्धमन्तःस्थकुम्भकं यत्, तदेव परमं पदं मध्यरूपत्वात् । एतदेव मध्यंवासिष्ठे ब्रह्मदर्शने भुसुण्डोपाख्याने—

'एतत्तदात्मनो रूतं शुद्धैषा सा परैव चित् ।
एतत्तत्सततताभासमेतत् प्राप्य न शोचते ॥
अस्तं गतवति प्राणे त्वपानेऽभ्युदयोन्मुखे ।
बहिः कुम्भकमालम्ब्य चिरं भूयो न शोचति ॥
अपानेऽस्तं गते प्राणे किञ्चिदभ्युदयोन्मुखे ।
अन्तःकुम्भकमालम्ब्य चिरं भूयो न शोचति ॥'

इत्यादिना योगिगम्यप्राणापानमध्यदशाविश्रान्त्या द्वयोरनिवर्तनात् प्रत्यावृत्त्य-भावेन तत्तुटि-लव-क्षणमात्रमन्तर्मुखत्वात् मध्यदशाविर्भावः ॥ २५ ॥

अब स्वतःसिद्ध पूरक, कुम्भक और रेचक रूप प्राणायाम की अवस्थिति विशेष का वर्णन करते हैं, जिससे सभी लोगों को सम्पूर्ण प्रलय-पर्यन्त कलना का प्रत्यक्ष हो सके। प्राण और अपान की दशा में आरोह और अवरोह के क्रम से उस पराशक्ति का चिन्तन करने में योगी जिस क्रिया के द्वारा दत्तचित्त हो जाता है, उस (क्रिया) का प्रतिपादन विषयावधान पूर्वक करते हैं—

अनुवाद—भैरवि ! वायु (प्राण तथा अपान) का भीतर और बाहर व्यापक जो आकाश (हृदयाकाश तथा द्वादशान्त) है, उससे न हटने के कारण भैरव का वह तत्त्व प्रकट होता है ॥ २५ ॥

व्याख्या—प्राण और अपान रूप वायु के भीतर-बाहर हृदयाकाश और द्वादशान्ताकाश से, आवर्तन-प्रत्यावर्तन के रूप से और क्षणमात्र अन्तर्मुख होकर अवस्थित होने से जो स्थिति होती है, वह भैरवरूप भैरवी या भैरवीरूप भैरव के रूप में कही जाती है। वह अन्तःकरण में स्वानुभव से आनन्द मात्र स्वरूप वाली है। यह धर्मी और धर्म के रूप से शिवशक्ति या प्रकाश-विमर्श स्वरूप होते हुए भी परमार्थतः एक ही तत्त्व को प्रकट करती है। यहाँ इस रूप में कहा जा सकता है कि हृदय में स्थित जो 'हृदयपद्मरूप यन्त्र' है, उससे प्राणवायु का उदय होता है। वह (प्राणवायु) बाहर बारह अंगुल पर्यन्ताकाश में संचार करता है, तब तक प्राण कहलाता है। बारह अंगुल के बाद प्राणगति के अस्त हो जाने पर क्षणमात्र के लिए, जब तक उसमें अपान गति उत्पन्न न हो तब तक जो अवस्था रहती है, वह भैरवस्वरूप है। क्षणमात्र के बाद जब वह अपान गति को धारण कर लेता है और भीतर जाने लगता है, तब बाहर द्वादशान्त आकाश से अपान का उदय होने के बाद हृदयाकाश में पहुँचने तक उसमें अपानत्व रहता है। हृदय में पहुँचने के बाद अपानत्व शक्ति के नष्ट हो जाने पर और प्राणवायु की उत्पत्ति के पूर्व जो शून्याकार स्थिति रहती है, वह 'भैरवी-स्वरूप' है।

इसी प्रकार जब उसमें पुनः प्राणशक्ति उत्पन्न हो जाती है और वह द्वादशान्त तक आता है और प्राणत्व नष्ट हो जाने के कारण क्षणमात्र के लिए भैरवस्थिति में

रहकर फिर अपानत्वग्रहण कर लेता है, तब 'प्राणापान' के 'निर्गम-प्रवेश' के मध्य में जो स्थितियाँ आती हैं, वे (स्थितियाँ) भैरवीस्थिति के स्वरूप के समान और भैरवीस्थिति भैरवस्थिति के स्वरूप के समान है। इस प्रकार पुरुष-प्रयत्न की अपेक्षा न रखते हुए भी स्वतःसिद्ध प्रकृति द्वारा आठ प्राणायाम प्रत्येक प्राणी के प्रतिदिन हो जाया करते हैं। उन प्राणायामों को ही जो स्व-स्वभाव से होने वाले हैं, कोई प्राणी समझ ले तो वे स्वयं मोक्षप्रद हुआ करते हैं। व्यक्ति जो कुछ करता है वह करता रहे, को कुछ भी खाता है, वह खाता रहे, किन्तु ज्ञान के साथ इनका स्मरण करता हुआ कुम्भकावस्था में रहकर वास्तव में वह कुछ नहीं करता। ऐसा शास्त्रों में कहा गया है—

'जो प्राण और अपान स्वभाव वाले हैं और निरन्तर चलते रहने वाले हैं, इन कुम्भकों को समझ कर मनुष्य पुनः जन्म-मरण के चक्कर में नहीं पड़ता। चलते हुए या खड़े हुए, जगते हुए या सोते हुए ये किसी के भी रुकते नहीं हैं, क्योंकि वायु प्रकृत्ति से ही चल है।

उन प्राणायामों का क्रम इस प्रकार है—जो हृदय-कमल से बहिर्मुख होकर स्वतः से ही प्राणवायु की गति उत्पन्न होती है, वह प्राणवायु की 'रेचक' अवस्था है। हृदय से बाहर निकलते हुए प्राणवायु का प्रत्येक अंग से स्पर्श होना, यह प्राणवायु की प्रथम 'पूरक अवस्था' है। बाहर के प्रदेश से बिना किसी प्रयत्न के जब वायु प्रत्यावर्तन करता है, तो प्रत्येक अंग का स्पर्श करता हुआ हृदयाकाश-पर्यन्त जाता है, वह भी अपानवायु की 'पूरक अवस्था' है। जब तक प्राणवायु का उदय नहीं होता, तब तक की उस अवस्था का नाम 'कुम्भकावस्था' है। इस अवस्था में योगियों के अनुभव मात्र से गम्य प्राणवायु सदा देह के बाहर और भीतर भ्रमण करता हुआ प्राणायाम में तत्पर रहता है। इसी प्रकार अपानवायु भी भीतर और बाहर 'अपानायाम' करता रहता है। जैसे बाहर के 'आकाश' में प्राणवायु के अस्त होने पर जब तक अपान वायु का उदय नहीं होता, तब तक की अवस्था 'अपान कुम्भक' है, जैसे मिट्टी के भीतर रहा हुआ घड़ा। कपाल आदि बनकर मिट्टी का अंत होने पर भी जब तक कपाल संजोग न हो, तब तक घटत्व की उत्पत्ति नहीं होती है। और वह अवस्था न मिट्टीरूप है, और न घटरूप। इसी प्रकार वह अवस्था न प्राण-रूप है, न अपान रूप। वही अवस्था अपानवायु की 'कुम्भकावस्था' है।

अपान का अन्तर्मुखत्व होना बाह्य रेचक है और द्वादशान्त से हृदय-पर्यन्त जाने वाली गति बाह्यपूरक है। इस प्रकार प्राणायाम और अपानायाम रूप आठ प्रकार का प्राणायाम प्रकृति-सिद्ध है, जो प्रत्येक चैतन्य प्राणी के शरीर में प्रतिदिन होता रहता है। हृदय, कंठ, तालु, ललाट और द्वादशान्त ये सभी प्राण की गति के विषय हैं। यही बात 'वासिष्ठ' भूषण्डोपाख्यान के बाह्यदर्शन विषय में कही गई है। 'हृदय-कमल' के संकोच और विकास के कारण द्वादशान्त-पर्यन्त अपानगति के विषय हैं। क्षण भर के लिए अस्तंगत प्राण अपान उदय होने के पूर्व तक जिस निर्विकल्प अवस्था में रहता है

वह बाह्यकुम्भक है तथा क्षण भर के लिए अस्त होने वाला अपानवायु जब तक प्राणवायु का उदय न हो, उतने समय तक बिना प्रयत्न सिद्ध 'अन्तः कुम्भकावस्था' है।

मध्यविकासेन प्राणापानयोः प्रवेशनिर्गमाभावमाह—

न व्रजेन्न विशेच्छक्तिर्मरुद्रूपा विकासिते।
निर्विकल्पतया मध्ये तया भैरवरूपता ॥ २६ ॥

मरुद्रूपा शक्तिर्न व्रजेत्—हृदो द्वादशान्तं न यायात्, न च विशेत्—द्वादशान्तात् हृदयं न गच्छेत्, केवलं मध्ये मध्यनाडीधाम्नि विकल्पहान्युपायतो विकासिते सति। अत्रायं भावः—दर्शनादीनां सर्वशक्तीनां समूहं स्वे स्वे विषये युगपद्भावेन प्रक्षिप्य स्वं स्वभावं स्पन्दतत्त्वात्मकं तदाधारमवलोक्य निर्विकल्पतया निमीलनोन्मीलनसमाधितायुगपद्व्यापकमध्यभूम्यवष्टम्भादध्यासितैतदुभयविसर्गारणिविगलितसङ्कल्पभावाक्रमविस्फारितकरणचक्रतया—

'अन्तर्लक्ष्यो बहिर्दृष्टिर्निमेषोन्मेषवर्जिता।
एषा वै भैरवी मुद्रा सद्यस्तत्पददायिनी ॥'

इति भैरवी मुद्रानुप्रविष्टत्वे जाते सति मरुद्रूपा शक्तिर्न बहिः प्रसरेत्, नान्तः प्रविशेत्, एवंविधया तया भैरवरूपता भवेत्, तया प्रशमितप्राणापानभावाभिव्यक्तभैरवीयरूपतया भैरवरूपधारी योगी भवति, एतत् श्लोकद्वयं मध्यमधामाश्रया आणवी भूमिः ॥ २६ ॥

अनुवाद—वायुशक्ति न (हृदय से द्वादशान्त तक) जाये और न (द्वादशान्त से हृदय में) प्रवेश करे बल्कि मध्य (अर्थात् मध्यनाड़ी) में विकल्पविहीन होकर विकसित हो जाय तो उससे भैरवमुद्रा बनती है ॥ २६ ॥

व्याख्या—हृदय से द्वादशान्त-पर्यन्त न तो द्वादशान्त से हृदय में जाये न हृदय से द्वादशान्त में आये, इस प्रकार मध्यनाड़ी के भीतर संकल्प-विकल्प से रहित अवस्था में यह स्थिति ही भैरत्व को देने वाली है—

'अन्तर्लक्ष्यो बहिर्दृष्टिर्निमेषोन्मेषवर्जिता।
एषा वै भैरवी मुद्रा सद्यस्तत्पददायिनी ॥'

भैरवीमुद्रा में प्रविष्ट हो जाने पर वायु की शक्ति प्रवेश-निर्गम रूप व्यापार से रहित होकर रहती है। इसी अवस्था का नाम 'भैरवरूपता' है। अथवा जिसमें प्राणापान क्रिया के अभाव की अभिव्यक्ति होती है, वही 'भैरवीरूप' होकर प्रकाश में आता है। उस भैरवीरूप शक्ति से युक्त होकर ही योगी भैरवी मुद्रा सिद्ध हो जाने पर 'मध्यमधाम' में आश्रय करने के कारण 'आणवभूमि' के रूप में साधक की स्थिति होती है।

इन २४, २५ व २६ वीं कारिकाओं में बतलाई क्रमशः पहली, दूसरी और तीसरी धारणा 'आणवीभूमि' कहलाती है ॥ २६ ॥

कुम्भिता रेचिता वापि पूरिता वा यदा भवेत् ।
तदन्ते शान्तनामासौ शक्त्या शान्तः प्रकाशते ।। २७ ।।

रेचिता सती कुम्भिता, बहिः पूरिता वा कुम्भिता अन्तर्यदा मरुद्रूपा शक्तिर्भवति, तदा तदन्ते यदेति अभ्यासात् प्रशान्तकुम्भकावस्थोदये भेदोपशमात् शान्ताख्या असौ शक्तिः, शान्तः परमस्वभावः नामरूपातीतः प्रकाशतेऽभिव्यक्तप्रथो भवति ।। २७ ।।

अनुवाद—प्राणापान वायु की शक्ति रेचक पूरक के द्वारा जब कुम्भित की जाय, उसके अन्त में वह शान्त नामा शक्ति अवस्था में रहती है, उसी से शान्तरूप प्रकाशित होता है ।। २७ ।।

व्याख्या—'रेचक' करने पर बाहर निकलकर प्राणवायु जब तक प्राणत्व को छोड़ने के बाद अन्तःप्रवेश करने के लिए अपानत्व को ग्रहण नहीं करता है, वह मध्य में स्थित 'कुम्भिकाशक्ति' है । और जब भीतर प्रवेश पाने के लिए 'अपानवायु' अपानत्व को त्याग कर प्राणत्व को ग्रहण नहीं करता, तब उसके मध्य में 'कुम्भितावस्था' है । यही भैरव या भैरवी अवस्था है, जिसे 'शान्ता शक्ति' (भी) कहते हैं । इसे शान्ताशक्ति इसलिए कहा गया है क्योंकि यह शांत, परमस्वभाव और नाम रूप से अतीत है । इसकी अभिव्यक्ति होना ही परमतत्त्व का ज्ञान होना है । इसी बात को 'प्रत्यभिज्ञा' में भी स्पष्ट कहा गया है[1] ।

यह प्राणवायु विच्छिन्न होकर अर्थात् प्राणत्व को त्याग कर कुछ काल तक रुकने के बाद अपानत्व को ग्रहण करता है तथा अपानत्व को ग्रहण कर, हृदयाकाश में पहुँचकर, अपानत्व को त्याग कर, प्राणत्व को नहीं ग्रहण करता है । इन दोनों बिन्दुओं के मध्य में क्षण भर के लिए विश्रान्ति रूप विमर्श का अनुभव होता है । 'वही मैं हूँ' ऐसा अनुभव होना यही 'भैरव-भैरवी रूप अवस्था' कही गई है ।

आ मूलात्किरणाभासां सूक्ष्मात् सूक्ष्मतरात्मिकाम् ।
चिन्तयेत् तां द्विषट्कान्ते शाम्यन्तीं भैरवोदयः ।। २८ ।।

आ मूलात्—आ जन्माधारात् द्वादशान्तं यावत्, किरणाभासां मरीचिरूपां क्रमात्क्रमं तनुतामाश्रयन्तीं तां मरुच्छक्तिं चिन्तयेत् ध्यायेत्, कीदृशीं द्विषट्कान्ते द्वादशान्ते शाम्यन्तीम्, इत्थं सुसूक्ष्मतमस्यापि ध्येयाकारस्य ध्यानप्रकर्षोत्थापितस्यागलनाद् भैरवस्वरूपता भवति ।। २८ ।।

अनुवाद—आधारचक्र से द्वादशान्त चक्र-पर्यन्त किरण रूप में प्रकाशित होती हुई, क्रमशः सूक्ष्मता को धारण करती हुई, जो प्राणापान वायु की शक्ति है, उसका चिन्तन

---

१. 'इदमित्यस्य विच्छिन्नविमर्शस्य कृतार्थता ।
या स्वस्वरूपे विश्रान्तिर्विमर्शः सोऽहमित्ययम् ।।'

करते हुए ध्यान करना चाहिए, जो कि द्वादशान्त में जाकर शान्त होती है। इस प्रकार अत्यन्त सूक्ष्म ध्येय-स्वरूप ध्यान के आधिक्य से उत्थापित वह भैरवस्वरूप को अभिव्यक्ति करने वाली है ॥ २८ ॥

व्याख्या—यह किरण रूप से प्रकाशमान, सूक्ष्म से सूक्ष्म 'मूलाधार' से द्वादशान्त चक्र तक चढ़नेवाली और द्वादशान्त में जाकर प्राणत्व का त्याग कर अपानोदय के पूर्व 'भैरवरूप' को प्राप्त करने वाली, अति सूक्ष्म आकार के भी नष्ट हो जाने पर उसके बाद प्राप्त होने वाली 'भैरवावस्था' है। यह पाँचवीं धारणा है ॥ २८ ॥

एतदेव प्रपञ्चयति—

उद्गच्छन्तीं तडिद्रूपां प्रतिचक्रं क्रमात्क्रमम् ।
ऊर्ध्वं मुष्टित्रयं यावत् तावदन्ते महोदयः ॥ २९ ॥

तामेव शक्तिं तडिद्रूपां विद्युद्वत् चलद्दीप्त्योज्ज्वलां प्रतिचक्रं कन्दादिब्रह्मरन्ध्रान्तचक्रेभ्यः क्रमात्क्रमम् उद्गच्छन्तीमुल्लसन्तीं चिन्तयेत्, यावत् परं विश्वपूरकं ऊर्ध्वं मुष्टित्रयं द्वादशान्तधाम तावत् महाभैरवैकात्मतोदयः ॥२९॥

इसके आगे छठी धारणा बतलाई जा रही है—

अनुवाद—वह बिजली के समान प्रकाशवाली, प्राणवायु की शक्ति मूलाधार से क्रमशः प्रतिचक्र में दौड़ती हुई, बारह अंगुल ऊँचे तक जा रही है—ऐसा चिन्तन करना चाहिए। जब तक कि अपने में सम्पूर्ण विश्व को समा लेने वाले महाभैरवत्व का उदय नहीं हो ॥ २९ ॥

व्याख्या—मूलकन्द से ब्रह्मरन्ध्र-पर्यन्त ऊपर उठती हुई, विद्युल्लता के समान देदीप्यमान स्वरूप वाली, बढ़ती हुई प्राणवायु की चित्त (चैतन्य) शक्ति जब द्वादशान्त के अन्त में पहुँचती है, तब महान् प्रकाश का उदय होता है; तब—'यह मेरा स्वरूप है'—इस प्रकार अवमर्श होता है। इसीलिए भगवान् श्रीकृष्ण ने गीता में कहा है—'मैं ही सबकी उत्पत्ति का कारण हूँ और मुझसे ही सारे संसार की प्रवृत्ति चलती है[1]।

और भी 'प्रत्यभिज्ञातंत्र' में इसका स्पष्ट निरूपण किया गया है—

'यह सब मेरा वैभव है', इस प्रकार जानता हुआ विश्वात्मा के विकल्पों के प्रसार होने पर भी वह जीव महेशता को प्राप्त हो जाता है[2] ॥ २९ ॥

क्रमद्वादशकं सम्यग् द्वादशाक्षरभेदितम् ।
स्थूलसूक्ष्मपरस्थित्या मुक्त्वा मुक्त्वान्ततः शिवः ॥ ३० ॥

---

१. 'अहं सर्वस्य प्रभवो मनः सर्वं प्रवर्तते ।' (गीता)

२. सर्वो ममायं विभव इत्येवं परिजानतः ।
विश्वात्मनो विकल्पानां प्रसरेऽपि महेशता ॥ (प्रत्यभिज्ञा)

जन्माग्र-मूल-कन्द-नाभि-हृत्-कण्ठ-तालु-भ्रूमध्य-ललाट--ब्रह्मरन्ध्र--शक्ति-व्यापिन्याख्यं यत्क्रमाणां चक्राणां द्वादशकं, क्रमेण कुटिलाकृत्यनाहतेन युक्तं यदेतदेव द्वादशकं, तत् सम्यगिति क्रमेणादिविसर्गान्तैर्द्वादशाक्षरै रञ्जितं, षण्ठस्वरवर्जं द्वादश स्वरभेदाः, प्रत्येकं 'स्वाभाविकं चलं दीप्तम्' इति—स्थित्या आदौ ध्यानं स्फुटीकृतम्, ततः स्पन्दमानं, ततोऽपि ज्योतीरूपतां प्राप्तम्, स्थूलं सूक्ष्मं परमित्यभिधीयते, इति सोपानपदक्रमं मुक्त्वा मुक्त्वा परित्यज्य अन्ततोऽन्ते परमशिवभावः ॥ ३० ॥

अब सातवीं धारणा बतलाते हैं—

अनुवाद—क्रमशः अकारादि द्वादश स्वरों के द्वारा, द्वादशचक्रों को भेदन करता हुआ, स्थूल और सूक्ष्म परिस्थितियों को छोड़ते-छोड़ते अन्त में जीव शिव रूप बन जाता है ॥ ३० ॥

व्याख्या—अभिप्राय यह है कि जन्माग्र (अकुलचक्र) मूल, कन्द, नाभि, हृदय, कण्ठ, तालु, भूमध्य, ललाट, ब्रह्मरंध्र, शक्ति और व्यापिनी नाम के बारह चक्र मनुष्य की गुदा से लेकर मस्तक-पर्यन्त क्रमशः ऊपर से ऊपर स्थित है। इन बारह चक्रों में 'शण्डस्वर' (ए, ऐ, ओ, औ) को छोड़कर अकार से लेकर विसर्गान्त बारह स्वर से क्रमशः भेदन करता हुआ साधक स्वभाव से ही, जो दीप्त और चल है,[1] ऐसा ध्यान करता हुआ, इन चक्रों का भेदन करे—तब इस स्पन्दन से ज्योति को प्राप्त करके सूक्ष्म, स्थूल और परमरूप को प्राप्त करने के लिए सीढ़ी-दर-सीढ़ी क्रमशः एक-एक को छोड़ता हुआ अन्त में 'परमस्वभाव' को प्राप्त होता है। तत्पश्चात् ज्योति को प्राप्त होता है। ये दोनों 'सूक्ष्म' और 'पर' के नाम से कहे गये हैं। इससे मनुष्य सर्व-विजयी और सर्वत्र प्रकाशमान् होता हुआ परमार्थतः शिवरूप से प्रकाशित होता है[2] ॥ ३० ॥

खेचरीमुद्रामाह—

तयापूर्याशु मूर्धान्तं भङ्क्त्वा भ्रूक्षेपसेतुना ।
निर्विकल्पं मनः कृत्वा सर्वोर्ध्वे सर्वगोद्गमः ॥ ३१ ॥

तया जन्मादिचक्राक्रमणशक्त्या प्राणाख्यया अर्धचक्रात्मिकया मूर्धान्तं

---

१. स्वाभाविकं दीप्तं चलम् ।

२. विवृत्ति में कहा गया है—

(क) इति सोपानपदक्रमं मुक्त्वा मुक्त्वा परित्यज्य अन्ततोऽन्ते परमशिवभावः ।
(क्षेमराज)

(ख) सर्वजित्वात् सर्वत्रावभासकः शिव एव प्रकाशते परमार्थतः ।
(शिवोपाध्याय)

द्वादशान्तमापूर्य, तथा तमेव द्वादशान्तं भ्रूक्षेपसेतुना भ्रूभेदनक्रमेण सेतुनेव वारिप्रवाहं गुरूपदेशयुक्त्या भङ्क्त्वा, तदनन्तरं निर्विकल्पं मनः कृत्वा, सर्वोर्ध्वे द्वादशान्तादप्यूर्ध्वं परमाकाशे सर्वव्यापकत्वं स्यात् ॥ ३१ ॥

अब आठवीं भूमिका द्वारा खेचरी मुद्रा का साधन बतलाते हैं—

अनुवाद—उस प्राणशक्ति के द्वारा तथा भ्रूभेदन के सेतु से उस द्वादशान्त को तोड़कर, मन को विकल्प रहित करके, सबसे ऊपर (द्वादशान्त आकाश से भी ऊपर) सर्वव्यापकता का उदय होता है[1] ॥ ३१ ॥

शिखिपक्षैश्चित्ररूपैर्मण्डलैः शून्यपञ्चकम् ।
ध्यायतोऽनुत्तरे शून्ये प्रवेशो हृदये भवेत् ॥ ३२ ॥

मयूरस्य पतत्राणि आधारत्वेनैषां सन्ति एतादृशैश्चित्ररूपैश्चन्द्रकैर्दीप्यमानैरपि अन्तर्बहिः शून्यरूपैः सादृश्येन शून्यपञ्चकमूर्ध्वाधोमध्यपार्श्वद्वयस्थितं पञ्चेन्द्रियेषु शून्यरूपत्वं वा हृदये ध्यायतः परमाकाशसमावेशो भवेत् । शिखिपक्षचित्ररूपैरिति पाठे त्वयमर्थः—शिखिपक्षवच्चन्द्रकवच्चित्ररूपैः रूपरसादिग्रहणात् नानारूपैः मण्डलैः, मण्डं रससारं लान्तीदृशि मण्डलानीन्द्रियाणि तैः शून्यपञ्चकं तन्मात्रत्वेनाव्यक्तत्वात् शून्यरूपं विषयपञ्चकं शब्दादिरूपं ध्यायतोऽनुत्तरे शून्ये भैरवरूपे प्रवेशः समावेशो भवेदिति ॥ ३२ ॥

अब नवीं धारणा वर्णित है—

अनुवाद—रंगीन मयूरपंखों की तरह मण्डलों (इन्द्रियों अथवा तन्मात्राओं) को पंचक शून्य मानकर हृदय में ध्यान करते हुए (योगी) का प्रवेश अनुत्तर शून्य में होता है ॥ ३२ ॥

ईदृशेन क्रमेणैव यत्र कुत्रापि चिन्तना ।
शून्ये कुड्ये पर पात्रे स्वयं लीना वरप्रदा ॥ ३३ ॥

ईदृशेन क्रमेण हानादानरूपेण, आक्रमेण, गुदाधार-जन्म-कन्द-नाभि-हृत्कण्ठ-तालु-भ्रूमध्य-लालट-ब्रह्मरन्ध्र-शक्ति-व्यापिन्यन्तं यत्र कुत्रापि स्वात्मनोऽन्यत्र स्वात्मवत् परत्रापि व्योम्नि प्राकारभाजनादौ, यद्वा परे पात्रे निर्मलचित्ते शिष्यादौ चिन्तना स्मरणा, स्वयं लीना अहर्निशं स्वदेहान्तः क्रमद्वादशकारोहणगाढतरध्यानावमर्शनबलात् स्वयमेव लीना सती स्मृतिः वरप्रदा भवेत्—परप्रकाशोदयात्मकोत्कृष्टवस्तुप्रदायिनी भवति । यदुक्तम्—

---

१. जिस प्रकार मयूरपंख चित्र होने के कारण गन्धर्वनगर की भाँति शून्य होते हैं, उसी प्रकार पाँचों इन्द्रियों और पाँचों तन्मात्राओं को शून्य समझने के कारण ही अनुत्तरशून्य में उनका प्रवेश होता है ।

'सर्वोत्तीर्ण रूपं सोपानपदक्रमेण संश्रयतः ।
परतत्त्वरूढिलाभे पर्यन्ते शिवमयीभावः ॥' इति ।

चिन्तनात् इति पाठे तु पूर्वोक्तां मरुच्छक्तिं प्रथमान्तत्वेन विपरिणमय्य मरुच्छक्तिः मण्डूकप्लुत्या अनुवर्तनीया, तेन चिन्तनात् होतोः मरुच्छक्तिः शून्ये बाह्ये कुड्यादौ वा स्वयं लीना सती वरप्रदेत्यन्वयः, बाह्यशून्यकुड्यादिकेऽपि स्वात्मवपुषीव प्राणशक्तिक्रमद्वादशकं चिन्तनीयमिति तात्पर्यम् ॥ ३३ ॥

अब साधक को आगे बढ़ने के लिए दसवीं धारणा निरूपित है—

अनुवाद—इस प्रकार क्रम से जहाँ कहीं भी शून्य प्राकार, अथवा किसी पात्र में चिन्तना होती है, तो उसमें स्वतः लीन प्राणशक्ति वरप्रदा बन जाती है ॥ ३३ ॥

व्याख्या—इसी क्रम से त्याग और ग्रहण के द्वारा गुदा, मूलाधार, जन्म, कन्ध, नाभि, हृदय, कण्ठ, तालु, भ्रूमध्य, ललाट, ब्रह्मरंध्र, शक्ति और व्यापिनी चक्र में चाहे कहीं भी, अथवा किसी भी स्थान में अपनी आत्मा से अन्य स्थान पर, आत्मा के समान की स्थानान्तर में—जैसे आकाश में, अन्य व्यक्ति में, पात्रादि में अथवा उत्तम पात्र, निर्मलचित्त वाले शिष्यादि में चिन्तन करता हुआ, अहर्निश साधना में लीन, अपने शरीर में ही द्वादश चक्र में चढ़ने से, अत्यन्त गाढ़ ध्यान के विचार बल से, स्वयं लीन हो जाने पर जो स्मृति उत्पन्न होती है, वह वरप्रदा (अर्थात् पर प्रकाश के उदय होने के कारण प्राप्त होने वाली उत्कृष्ट वस्तु को देने वाली) होती है। जैसा शास्त्रों में कहा गया है—'सम्पूर्ण चक्रों से पार होकर सोपानक्रम से उत्तरोत्तर उन्नत चक्र का आश्रय करने वाला साधक परमतत्त्व पर चढ़कर अन्त में शिवमय हो जाता है।'

अभिप्राय यह है कि इस प्रकार पूर्वोक्त प्राणायाम रूप वायु की शक्ति को शरीर के द्वादश चक्रों में ध्यान करते हुए अथवा वृक्ष या किसी अन्य सत्पात्र शिष्य में ध्यान करते हुए क्रमशः द्वादश चक्रों का चिन्तन करना चाहिए। जब साधक व्यापिनी चक्र को पार कर लेगा, तब स्वयं शिवस्वरूप हो जायेगा। जैसा कि स्पन्दकारिका में भी कहा गया है—

'जिससे सर्वमय जीव सर्वभाव उत्पन्न होने के कारण संवेदन रूप से तादात्म्य प्रतिपत्ति को प्राप्त हो जाता है, उससे शब्द और अर्थ के चिन्तन से उसके शरीर में ऐसी कोई अवस्था नहीं रह जाती है, जो शिवस्वरूप नहीं है। भोक्ता ही भोग्य रूप बन जाता है और उसकी सर्वदा ऐसी ही स्थिति बनी रहती है, और सभी अवस्थाओं में उसका ज्ञान ऐसा ही रहता है, मानों उसने यह सारा जगत् खेल के लिए बनाया है। जगत् को इस प्रकार देखता हुआ सभी संशयों से मुक्त होकर वह योगी शिवस्वरूप विचरण करता है[1] ॥ ३३ ॥

---

१. 'यस्मात्सर्वमयो जीवः सर्वभावसमुद्भवात् ।
तत्संवेदनरूपेण तादात्म्यप्रतिपत्तितः ॥

कपालान्तर्मनो न्यस्य तिष्ठन्मीलितलोचनः ।
क्रमेण मनसो दाढर्यात् लक्षयेल्लक्ष्यमुत्तमम् ॥ ३४ ॥

शिरःकपालमध्ये यदन्तश्छिद्रमस्ति तदन्तरे मनो न्यस्य, कपालरन्ध्रस्थिते स्वप्रकाशे प्रभास्वरे ज्योतिषि आलम्बने धारणाध्यानसमाधीन् सम्पादयित्वा (सम्पाद्य) कूणितनेत्रः स्थितः सन् उत्तमं लक्ष्यं लक्षयेत् ।

'मूर्ध्नज्योतिषि सिद्धदर्शनम् ।' (योगसूत्र, पा० ३ सू० ३१)

इति न्यायात् । यद्वा—

'कशब्देन पराशक्तिः पालकः शिवसंज्ञया ।
शिवशक्तिसमायोगं कपालं परिपठ्यते ॥'

इति तन्त्रकोशयुक्त्या कपालान्तः प्रकाशविमर्शस्वरूपमध्ये—

'शक्तयोऽस्य जगत् कृत्स्नं शक्तिमांस्तु महेश्वरः ।'

इति नीत्या शिवशक्तिमयं सर्वं जगत्, इति-विमर्शविषयं मनो न्यस्य, मीलित-लोचनः सङ्कुचितभेददृष्टिः सन् सर्वोत्तमं लक्ष्यं पश्यतीत्यर्थः ॥ ३४ ॥

अब ग्यारहवीं धारणा वर्णित है—

अनुवाद—कपाल के भीतर मन को लगाकर नेत्र बन्दकर बैठा हुआ योगी क्रम से मन को दृढ़ता के कारण उत्तम लक्ष्य को देखे ॥ ३४ ॥

व्याख्या—सिर और कपाल के भीतर छो छेद हैं, उसे 'कपालछिद्र' कहते हैं । उसमें प्रकाश अर्थात् चमकती हुई ज्योति है । योगी उसमें धारणा से ध्यान को समाधिस्थ करके टेढ़े नेत्र के द्वारा उत्तम लक्ष्य को देखे । तब उसे सिद्धों के दर्शन होंगे । जैसा कि पातंजलयोगसूत्र में निरूपित है—

'मस्तक की ज्योति में संयम करने से सिद्धों के दर्शन होते हैं ।'

अथवा यों कहा जाय—'क' शब्द से पराशक्ति और 'पालक' शब्द का अर्थ शिव है, इस प्रकार शिवशक्ति का समायोग कपाल कहलाता है । ऐसा तंत्रालोक की उक्ति से—'कपाल के भीतर प्रकाश और विमर्शरूप से शक्ति ही सारा जगत् है और शक्ति-मान् (वह) महेश्वर है'—इस नीति से सारा जगत् शिवशक्तिमय है । इस प्रकार के विमर्श में मन लगाकर तथा नेत्र बंद करके संकुचित भेद दृष्टि बनाकर सबसे उत्तम लक्ष्य को देखना चाहिए ॥ ३४ ॥

तेन शब्दार्थचिन्तासु न सावस्था न या शिवः ।
भोक्तैव भोग्यभावेन सदा सर्वत्र संस्थितिः ॥
इति वा यस्य संवित्तिः क्रीडात्वेनाखिलं जगत् ।
सम्पश्यत् सततं युक्तो जीवन्मुक्तो न संशयः ॥' (स्पन्दकारिका)

मध्यनाडी मध्यसंस्था बिससूत्राभरूपया ।
ध्यातान्तर्व्योमया देव्या तया देवः प्रकाशते ॥ ३५ ॥

मध्यनाडी सुषुम्नाख्या, मध्यसंस्था हृदयमध्यस्था भवतीत्यन्वयः, सूक्ष्मत्वात् मृणालसूत्रतुल्यरूपया ध्यातं चिन्तितमन्तर्व्योम चिदाकाशात्मकं यस्यां सा, तथाविधया देव्या देवः प्रकाशः प्रकाशते, मध्यनाड्यामन्तश्चिदाकाशात्मकं शून्यमेवास्ति, तस्मात् प्राणशक्तिर्निःसरति—इति विमर्शेन प्रकाशप्रादुर्भावः, यद्वा मध्यनाडी मध्यसंस्था चासौ बिससूत्राभरूपा च मध्यनाडी मध्यसंस्थबिसरूपा च इति विशेषणोभयपदः समासः, तया एवंविधया मरुच्छक्त्या तन्मध्यचिन्तिताकाशया देवः प्रकाशते ॥ ३५ ॥

अब बारहवीं धारणा निरूपित है—

अनुवाद—मध्यनाड़ी अर्थात् सुषुम्ना मध्य (हृदय) में स्थित है, उसका कमलनाल के सूत्र के समान सूक्ष्म चिदाकाशत्मिका देवी का ध्यान करने पर शिव प्रकाशित होता है ॥ ३५ ॥

व्याख्या—मध्यनाड़ी सुषुम्ना हृदय-चक्र में स्थित है। सूक्ष्मता के कारण वह मृणाल-तन्तु सदृश एवं भीतर से पोली है। उसमें चिदाकाश है। उस सुषुम्ना के भीतर पराशक्ति का ध्यान करने से प्राण-शक्ति बाहर निकलती है, इस विमर्श से प्रकाश का प्रादुर्भाव होता है, उस प्रकाश में 'परमशिव' के दर्शन होते हैं। जैसा कि स्पन्दकारिका में भी कहा है[1]—'जब उस महाकाश में, जिसमें सूर्य और चन्द्र का प्रकाश भी विलीन हो जाता है, सुषुप्ति अवस्था के सदृश ऐसी विशेष जागृत अवस्था होती है, जिसमें गुप्त शिवतत्त्व आविर्भूत होता है ॥ ३५ ॥

कररुद्धदृगस्त्रेण भ्रूभेदाद् द्वाररोधनात् ।
दृष्टे बिन्दौ क्रमाल्लीने तन्मध्ये परमा स्थितिः ॥ ३६ ॥

अङ्गुष्ठतर्जन्यादिक्रमेण कराभ्यां रुद्धानि दृगुपलक्षितानि मुखरन्ध्राणि येन तादृशस्य योगिनोऽस्त्रेण भ्रूमध्यस्थग्रन्थिविदारणात् हेतोर्बिन्दौ दृष्टे क्रमादेकाग्रताप्रकर्षात् लीने संविद्गगने एव मध्येऽस्य योगिनः परमा स्थितिः भैरवाभिव्यक्तिः स्यादित्यर्थः। अयमत्रान्वयः—कररुद्धदृगस्त्रेण करणेन यद् द्वाररोधनं द्वारस्थगनं तस्मात् हेतोर्यो भ्रूभेदस्तस्माद्धेतोः बिन्दुदर्शनम्। यद्वा द्वारं ब्रह्मद्वारं तस्य रोधनं स्थगनं भ्रूमध्यकृतमेव ततो हेतोः—भ्रूमध्यग्रन्थि-

---

१. तदा तस्मिन्महाव्योम्नि प्रलीनशशिभास्करे ।
सौषुप्तपदवन्मूढः प्रबुद्धः स्यादनावृत्तः ॥' (स्पन्दकारिका)

विदारणात् हेतोः परसंविद्दर्शनम् । अथवा रोधनादिति ल्यब्लोपे पञ्चमी, तेन सर्वद्वाररोधनं कृत्वा भ्रूग्रन्थिविदारणात् संवित्प्रकाशः ॥ ३६ ॥

जब साधक इन बारह धारणाओं की साधना को समाप्त कर ले, तब उसके द्वारा आगे १३वीं धारणा इस प्रकार की जानी चाहिए—

अनुवाद—हाथ के अँगूठे और अँगुलियों से नेत्र को बन्द करके भ्रूचक्र का भेदन करे, तब उसको बिन्दुदर्शन होगा तो उसे अपने भीतर परमस्थिति प्राप्त होगी ॥३६॥

व्याख्या—जब योगी अँगूठे और अँगुलियों द्वारा क्रमशः मुख के सारे छिद्रों को बन्द करके इस प्रकार के साधन द्वारा भ्रूमध्य की ग्रन्थि का भेदन करता है, तब उसे ज्योतिबिन्दु का दर्शन होता है ॥ ३६ ॥

धामान्तः क्षोभसम्भूतसूक्ष्माग्नितिलकाकृतिम् ।
बिन्दुं शिखान्ते हृदये लयान्ते ध्यायतो लयः ॥ ३७ ॥

धाम्नो लोचनवर्तिनस्तेजसः, अन्तः क्षोभेण अत्यन्तनिष्पीडनादिनां सम्भूतं सूक्ष्माग्नितिलकाकृतिं नयनरश्मिरूपं बिन्दुं द्वादशान्ते हृदि च ध्यायतो, लयान्ते गलितविकल्पे पर्यवसाने, तेजस्तत्त्वसमावेशः स्यादित्यर्थः । यद्वा धाम्नो दीपादितेजसो योऽन्ते निर्वाणताप्राप्तिसमये क्षोभः—चाञ्चल्यं, ततः सम्भूतं सूक्ष्माग्नितिलकाकृतिं बिन्दुं शिखान्तादौ ध्यायतः ॥ ३७ ॥

अब १४वीं धारणा निरूपित है—

अनुवाद—धाम (अर्थात् नेत्रगत तेज) के क्षोभ से उत्पन्न सूक्ष्म चिंगारी के समान बिन्दु का द्वादशान्त तथा हृदय में ध्यान करते हुए विकल्पों के विनाश हो जाने पर (परमतत्त्व में साधक का) लय हो जाता है ॥ ३७ ॥

व्याख्या—तात्पर्य यह है कि नेत्रवृत्ति तेज को अँगुलियों द्वारा इन्द्रियों के द्वारों को बन्द करके क्षोभ उत्पन्न करने पर जो बिन्दुरूप प्रकाश दिखलाई देता है, उस तेज बिन्दु में ध्यानावस्थित द्वादशान्तचक्र से हृदयचक्र-पर्यन्त ध्यान करते-करते, जब अपने अन्तःकरण (मन) को उसमें लीन कर देता है, और जब मन निर्विकल्पावस्था में पहुँच जाता है, तब साधक उस 'तेजबिन्दु स्वरूप शिव' में लय होकर तदाकार हो जाता है ॥ ३७ ॥

अनाहते पात्रकर्णेऽभग्नशब्दे सरिद् द्रुते ।
शब्दब्रह्मणि निष्णातः परं ब्रह्माधिगच्छति ॥ ३८ ॥

पात्रे कर्णौ यस्य तस्मिन्, न पात्रे कर्णौ यत्र तादृशि अन्तरुपलभ्ये इति केचित्, तत्त्वतो हि अनाहतध्वनिः कर्णगोचर एव श्रूयते इति साधकाः, सरिद्वद् द्रुते वेगवाहिनि । यद्वा परिश्रुते इति पाठे परितः समन्तात् सर्वेषु प्रदेशेषु

निर्गलिते श्रवणगोचरं गते इत्यर्थः। अभग्नशब्दे अहर्निशं विच्छेदनरहित-शब्दने, अनाहते न केनचित् आहते स्वरसत एवोत्थिते, नादभट्टारकात्मनि शब्दब्रह्मणि यो निष्णातः कृतधारणाध्यानसमाधिः, स परं ब्रह्माप्नोति ब्रह्मैव भवतीत्यर्थः। अविच्छिन्नानाहतध्वनिविषयचित्तैकाग्र्यतया परमाकाशस्वरूपा-विर्भावः॥ ३८॥

अब पन्द्रहवीं धारणा बतलाई जा रही है—

अनुवाद—अनाहत, श्रवणगोचर, अविच्छिन्न ध्वनिवाले एवं नदी के वेग के समान शब्दब्रह्म में निष्णात (योगी) परब्रह्म प्राप्त कर लेता है॥ ३८॥

व्याख्या—योग्यताशाली कर्णविवरों में आधाररहित उत्पन्न अविच्छिन्न ध्वनि नदी के प्रवाह के सदृश प्रवाहमान रहती है और सम्पूर्ण प्रदेश में निरन्तर सुनाई देती है। उसका ध्यान करते हुए उसमें लीन होता हुआ साधक परब्रह्म को प्राप्त कर लेता है। कहीं-कहीं पर 'अपात्रकर्णे' यह पाठ भी मिलता है। उनके मत में जिस अन्तर्ध्वनि के श्रवणार्थ ये स्थूल कर्णपात्र नहीं है, ऐसे शब्दब्रह्म में निष्ठापूर्वक ध्यान करता हुआ साधक नदी के प्रवाह के सदृश अविच्छिन्न प्रवाहमान शब्दब्रह्म के प्रवाह में द्वादशान्त से हृदय तक और हृदय से द्वादशान्त तक चिन्तन करते हुए तन्मय होकर शब्दब्रह्म में लीन हो जाता है (ब्रह्मभाव को प्राप्त होता है)॥ ३८॥

प्रणवादिसमुच्चारात्प्लुतान्ते शून्यभावनात्।
शून्यया परया शक्त्या शून्यतामेति भैरवि॥ ३९॥

प्रणवादयः प्रणवप्रकाराः, आदिशब्दः प्रकारे, यथा—वेदप्रणव ओंकारः, शिवप्रणवः हूंकारः, मायाप्रणवः ह्रींकार इत्यादिबहवः प्रकारास्तन्त्रेषु उद्दिष्टाः, तेषां समुच्चारो ह्रस्वदीर्घप्लुतभेदेनोच्चारः। तथा चाथर्वशिखोपनिषत्—

> 'यावसाने चतुर्थ्यर्धमात्रा सा विद्युद्वती सर्ववर्णा
> पुरुषदैवता, स हि एष ओंकारश्चतुरक्षरश्चतुष्पाद-
> श्चतुरक्षरमात्रः स्थूलमेतद्ह्रस्वो दीर्घः प्लुतः।'

इति।

> 'ओं ओं ओं इति त्रिरुक्त्वा चतुर्थः शान्तात्मा
> प्लुतप्रयोगेण समस्तमोमिति प्रयुज्य आत्मज्योतिः
> सकृदावर्त्य।'

इति गुर्वक्षरेषु शून्यपात्रध्वनिवत् दीर्घकालमुच्चरितो यः प्लुतो मात्रात्रय-परिमितो वर्णः, एवंविधप्लुतान्ते प्लुतविश्रान्तौ बिन्द्वादिप्रमेयानारोहेण शून्य-भावनात् शून्यया वेद्यशून्यतामाप्तया पराशक्त्या शून्यतामेति—भेदशून्यपर-भैरवतामाप्नोति, अर्धमात्रायाः प्लुतोच्चारणेन हि सूक्ष्मा ध्वनयो बिन्द्वर्ध-

चन्द्राद्या निष्पन्ना भवन्ति, अत एव समुदायशक्त्या अखण्डं ब्रह्म बोधयति प्लुतोच्चारणमिति प्लुतं कृत्वापि यदन्ते शून्यमुच्चारयितुमशक्यमूर्ध्वार्धमात्रात्मकमखण्डचिन्मात्रस्वरूपं तदपि समस्तमन्ते भवति। प्रणवार्थस्तु अकार-उकार-मकारास्तस्य परब्रह्मणो व्यस्तत्वेन वाचकाः चतुर्थेनार्धमात्रास्वरूपेणाक्षरेण समस्तं ब्रह्मतत्त्वं वक्ति प्रणवः—

'तस्य वाचकः प्रणवः।' (योगसूत्र, पा० १ सूत्र २)

इति न्यायात् सर्वविकारातीतं तुरीयं धामाखण्डचैतन्यात्मकमेकं तत्त्वमर्धमात्राया विषयः यत्र परामर्शनीयनिष्ठविशिष्टरूपतास्थगनमेव परामर्शौचित्यस्य जीवितं, तत्र समस्तभावनिर्भरात्मकसंविन्मयपरमेश्वरपरामर्शादौ—

'वाक्यार्थे पदवचनं वर्णवचनं तदंशांशवचनम्।'

इति वा न्यायेन प्रणवादिबीजपिण्डतदंशगतमेव, प्रत्युत मुख्यं वाचकत्वमिति परिपूर्णाद्वितीयपरमशिववाचकः प्रणव इति निर्णयः। यच्छ्रीमान् पुष्पदन्तः—

'त्रयीं तिस्रो वृत्तीस्त्रिभुवनमथो त्रीनपि स्वरा-
नकाराद्यैर्वर्णैस्त्रिभिरभिदधत्तीर्णविकृति ।
तुरीयं ते धाम ध्वनिभिरवरुन्धानमणुभिः
समस्तं व्यस्तं त्वां शरणद गृणात्योमिति पदम् ॥ ३९ ॥' इति ।

अब सोलहवीं धारणा का निरूपण है—

अनुवाद—प्रणव का उच्चारण करता हुआ तथा प्लुतोच्चारण के अन्त में शून्यभाव में धारणा करता हुआ, शून्यात्मिका परमशक्ति की सहायता से, हे भैरवि ! शून्यभाव को प्राप्त हो जाता है ॥ ३९ ॥

व्याख्या—प्रणवादि समुच्चारात्—यहाँ पर 'आदि' शब्द प्रकार वाचक है। वेद का प्रणव-ओंकार, शिव प्रणव हूँकार, माया प्रणव ह्रींकार इत्यादि अनेक प्रकार के प्रणव तंत्रशास्त्र में बतलाये गये हैं। ह्रस्व से अर्धमात्रा, अर्धमात्रा से बिन्दु, बिन्दु से नाद, नाद से शून्य, शून्य से परा में और परा से शून्य भाव में परमभैरवत्व को प्राप्त होता है।

ये अर्द्धमात्रा के प्लुतोच्चारण करने से उत्पन्न होने वाली सूक्ष्मध्वनियाँ बिन्दु अर्द्धचन्द्रादि के रूप में उत्पन्न होती हैं। इसीलिए शब्द समुदाय शक्ति से अखण्ड ब्रह्म का बोध कराती हुई प्लुत कहलाती है। और वह प्लुत के अन्त में शून्य का उच्चारण करने में असमर्थ होकर ऊर्ध्वारि मात्रा के रूप में अखण्डचिन्मय मात्रा का स्वरूप बन कर अन्त में परिपूर्णता को प्राप्त होती है।

प्रणव का अर्थ तो 'उकार' और 'मकार' है, जो व्यस्त रूप से परब्रह्म का प्रतिपादक है। इसीलिए पातंजलयोगसूत्र (१।२) में कहा गया है—'तस्य वाचकः

प्रणवः' इस न्याय से सम्पूर्ण विकारों से चतुर्थावस्था अखण्ड चैतन्यस्वरूप तत्त्व अर्द्ध-मात्रा का विषय है। जिस जगह स्थित विशिष्ट रूप से शब्द-स्थगन होने पर परामर्श-पूर्वक चिन्तन करना ही उसका जीवन है। सम्पूर्ण भावों से परिपूर्ण संवित्मय परमेश्वर का विचार करने पर वाक्यार्थ में पद, वर्ण, वचन, उनके अंश और अंश का भी निर्वचन इस न्याय से, प्रणव आदि बीजपिण्ड का अंशगत प्रत्युत मुख्यतः वाचकत्व परिपूर्ण परमशिव ही उसका निर्णय करने पर वाचक सिद्ध होता है। जैसा कि अथर्वशिखोपनिषद् में भी कहा गया है—

जो अन्त में चौथी अर्द्धमात्रा है, वह विद्युत्वेग से समस्त वर्णों में पुरुषदेवता के रूप में अवस्थित है। वही ओंकार चार अक्षर, चार पाद और चतुराक्षर मात्रा से, स्थूल रूप से ह्रस्व, दीर्घ और प्लुत ओम्, ओम् २, ओम् ३, इस प्रकार तीन बार उच्चारण करके शांतात्मा चतुर्थावस्था को प्लुत रूप में करने पर समस्त वर्ण ओम् ५ (इस तरह उच्चरित होता है) उच्चारण करता हुआ सूक्ष्म ध्वनियाँ उत्पन्न करता है और क्रमशः शून्य में लीन हो जाता है।

इसी प्रकार इस प्रणव की उपासना का वर्णन 'शिवमहिम्नस्तोत्र' में भी उपर्युक्त प्रकार से ही वर्णित है ॥ ३९ ॥

यस्य कस्यापि वर्णस्य पूर्वान्तावनुभावयेत् ।
शून्यया शून्यभूतोऽसौ शून्याकारः पुमान्भवेत् ॥ ४० ॥

पूर्वान्ताविति उच्चिचारयिषाविरामौ, शून्यानुगततया भावयेत्, शून्ययेति प्राग्वत्, पुमान् अन्तः शून्याकारः निवृत्तदेहादिप्रमातृताभिमानः ॥ ४० ॥

अब सत्रहवीं धारणा निरूपित है—

अनुवाद—किसी भी वर्ण को लेकर उसके आदि-अन्त का चिन्तन करना चाहिए। शून्य से उत्पन्न होकर जैसे वह शून्य होता है, वैसे ही साधक को भी अपने आपको शून्याकार बना लेना चाहिए ॥ ४० ॥

व्याख्या—प्रथम तो वर्णोच्चारण की शिक्षा, तत्पश्चात् उसके अन्त का अनुभव, पुनः गुरुकृपा से वर्णविराम के अन्त में जिस स्थान में उसका लय होता है, उसका निश्चय, तदनन्तर शरीर के भीतर स्थित नाड़ीचक्र की परीक्षा; तत्पश्चात् शून्य से भी शून्य तत्त्व में ओम् का निश्चय करना और उस ओंकार को ब्रह्म में विलीन करना। तब जाकर कहीं साधक 'शून्यातिशून्यावस्था' को प्राप्त होगा। यह सब वृत्तान्त गन्धर्वनगर के तुल्य है, अतएव सभी नश्वर है। आगे की अवस्था ही ब्रह्म-स्वरूप है, जो बुद्धि से परे है ॥ ४० ॥

तन्त्र्यादिवाद्यशब्देषु दीर्घेषु क्रमसंस्थितेः ।
अनन्यचेताः प्रत्यन्ते परव्योमवपुर्भवेत् ॥ ४१ ॥

तन्त्रीः आदिरवयवो येषां तानि तन्त्र्यादीनि, तानि च तानि वाद्यानि वादनीयद्रव्याणि, शततन्त्री-परिवादिनी-तुम्बवीणादीनि तेषां ये शब्दाः मूर्च्छनात्मकाः स्वराः, क्रमस्थित्या दीर्घेषु बहुलेषु तेषु विषये योऽनन्यचेताः तदालम्बनचित्तवृत्तिसन्तानयुक्तः तत्तच्छब्दैकाग्रतया परमाकाशतनुर्भवेत्, प्रत्यन्ते तच्छब्दनिवृत्तौ आलम्बनान्तरानुदये परव्योमसमावेशः, दीर्घता अत्रानन्यचेतस्त्वोचितो हेतुः ॥ ४१ ॥

अब अठारहवीं धारणा वर्णित है—

अनुवाद—सितार आदि वाद्यों के शब्दों में क्रमपूर्वक स्थिति होने पर दीर्घकाल तक जब अनन्यचित्त होकर साधक विचार करता है, तब अविच्छिन्न काल में क्रमशः उच्चारण करने पर यह नादचिन्तन साधक को परमाकाश रूप बना देता है ॥४१॥

व्याख्या—अभिप्राय यह है कि सितार, सारंगी आदि वाद्य-यन्त्रों से उठने वाले स्वरात्मक शब्द मूर्च्छना के रूप में क्रमबद्ध स्थित होने पर अनन्यचित्त से क्रमबद्ध नाना राग उत्पन्न करते हैं और उनमें तदाकार चित्तवृत्ति वाला साधक एक समय पर क्षणभर के लिए समपरस्थिति होकर अत्यन्त आनन्द का अनुभव करता है। उसी प्रकार ओंकारादि प्रणव का उच्चारण करने से उत्पन्न होने वाले नाद का अनुसंधान करने वाला साधक निरन्तर अभ्यास करने पर नाद के लय होने पर क्षण भर के लिए परमाकाश रूप बन जाता है। इस समय उसका आकाशतत्त्व लय होकर शून्य में सत्ता होकर स्वयं परब्रह्मस्वरूप शून्यात्मक बन जाता है ॥ ४१ ॥

पूर्वं स्थूलवर्णक्रमानन्तरं बिन्द्वादिप्रमेयानारोहेण प्लुतोच्चारान्ते शून्यभावनामुक्त्वा अधुना सूक्ष्ममन्त्रार्धमात्रात्मारोहदशायां प्लुतान्ते शून्यधारणामाह—

पिण्डमन्त्रस्य सर्वस्य स्थूलवर्णक्रमेण तु ।
अर्द्धेन्दुबिन्दुनादन्तः शून्योच्चाराद्भवेच्छिवः ॥ ४२ ॥

पिण्डमन्त्रः ह्-स्-र्-क्षादिरूपः, अस्य स्थूलो वर्णक्रमः हकारात् प्रभृति षष्ठस्वरान्तः, अस्य नवात्मकस्य परं बिन्दुस्ततोऽर्धचन्द्रः अनन्तरं नादः एतस्य स्वकीयछायापुरुषदर्शनादिसमये बिन्द्वर्द्धचन्द्रनादानामन्ते पर्यवसाने शून्यरूपात् प्लुतोच्चारात् परमशिवीभावः। स्थूलवर्णक्रमेणेति विशेषणे तृतीया, तेन स्थूलवर्णक्रमेणोपलक्षितस्य पिण्डमन्त्रस्येत्यर्थः। यद्यपि अकारादीनां प्लुतोच्चारसम्भवः तथापि उवर्णनिष्पन्नप्लुतोच्चारस्य बाहुल्यं शास्त्रप्रसिद्धत्वं च। यदाह पाणिनिः—

'ऊकालोऽज्-ह्रस्वदीर्घप्लुतः।' (१।२।२७)

इति। अन्ये तु आहुः नाभ्यादिद्वादशान्तं यावत् प्रणवमात्रासोपानेषु आरोह-

क्रमम्—नाभौ अकारं, हृदि उकारम्, आनने मकारं, भ्रूमध्ये बिन्दुं, ललाटे अर्द्धचन्द्रं, ललाटोर्ध्वे निरोधिनीं, शिरसि नादं, ब्रह्मरन्ध्रे नादान्तं, शक्तिं त्वक्स्थां, व्यापिनीं शिखामूलस्थां, शिखास्थां समनां, शिखान्तस्थाम् उन्मनामुल्लङ्घ्य द्वादशान्तं यावत् षोडश भूमिका अपि उल्लङ्घ्य सप्तदशे निरञ्जने द्वादशान्तस्थे परमशिवे व्योमाकारे स्वमात्मानं भावयेत्—इत्येवं लक्षणं कलादीक्षासम्प्रदायमुपदिशति 'पिण्डमन्त्रस्य' इति, अत्र बिन्दुर्द्धचन्द्रनादान्तेति पठनीयं, बिन्दोरनन्तरं हि अर्द्धचन्द्रोच्चारः, एवं शरीरं षट्चक्राधारं, तद्रूपो यो मन्त्रः प्रणवाख्यः, 'सोहं' रूपो वा, सोहम्–इत्यत्र सकारहकाररूपहलो लोपे ओमित्यवशिष्यते, यतोऽयं नाभ्यादिद्वादशान्तं यावत् पिण्डे विभक्तः अतः पिण्डमन्त्रः ओङ्कारः, सोहमित्यजपागर्भितः हृदयविषयेऽत्यर्थं ध्वनति । यदुक्तं–

'ओमिति स्फुरदुरस्यनाहतं गर्भगुम्फितसमस्तवाङ्मयम् ।
दन्ध्वनीति हृदि यत्परं पदं तत्सदक्षरमुपास्महे महः ।।'

इति । हृत्कण्ठतालवादिक्रमेण स्वा द्वादश मात्रा अकाराद्या उन्मन्यन्ताः स्थानान्तरेषु नाभ्यादिषु शिखान्तावधिषु विभज्य स्थितः, तस्य यः स्थूलो वर्णक्रमः—उच्चार्याक्षरपरिपाटी, नाभिहृदाननेषु हि मात्रात्रयस्य उच्चार्यत्वात् स्थूलत्वं, बिद्वन्तानां स्थूलवर्णानामुच्चारणकालो मात्रा, बिन्द्वादिसमनान्तानामर्द्धमात्रा, तदूर्ध्वे तु परमशिवस्थानं, तया स्थूलाक्षरानुपूर्व्या उपलक्षितस्य पिण्डमन्त्रस्य बिन्दुर्द्धचन्द्रनादान्तशून्याः, अत्र निरोधिनी-नाद-शक्ति-व्यापिनी-समना अनुक्ता अपि द्रष्टव्याः, शून्याशब्देन तु उन्मनी उक्तैव, तेनायमर्थः—बिन्दुर्द्धचन्द्र-निरोधिनी-नाद-नादान्त-शक्ति-व्यापिनी–समनोन्मनीनामुच्चारात् द्वादशमात्रोच्चारणकालभावनया शिव एव भवेत् । यद्वा अकारादिसमनान्तानां मात्राणां शून्योच्चारात् शून्यताविमर्शनात् उन्मनारूपपरमशिवीभावो भवेत्, समनान्तस्य विश्वस्य हेयत्वाद् उन्मनापरतत्त्वसमावेश उपादेयः । उन्मनादीनां लक्षणानि आह नेत्रतन्त्रे—

'सा शक्तिः परमा सूक्ष्मा उन्मना शिवरूपिणी ।
अस्तित्वमात्रमात्मानं क्षोभ्यं क्षोभयते यदा ।।
समना सा विनिर्दिष्टा शक्तिः सर्वाध्ववर्तिनी ।
क्रोडीकरोति या विश्वं संहृत्य सृजते पुनः ।।
कुण्डलाख्या महाशक्तिस्तृतीयाप्युपचर्यते ।
ध्वनिरूपो यदा स्फोटस्त्वदृष्टाच्छिववविग्रहात् ।।
प्रसरत्यतिवेगेन ध्वनिनापूरयञ्जगत् ।
स नादो देवदेवेशः प्रोक्तश्चैव सदाशिवः ।।'

अत्र नादान्तोऽप्यनुप्रविष्टः—

'ध्वनिरध्वगतो यत्र विश्राम्यत्यनिरोधितः ।
निरोधिनीति विख्याता सर्वदेवनिरोधिका ॥
निरुद्धस्य महेशत्वमहिमा न प्रवर्तते ।
असङ्ख्यातास्तु कोटयो वै मन्त्राणां तत्र संस्थिताः ॥
लभते तत्प्रविष्टा वै .... ।'

या चेयं निरोधिकाख्या मान्त्री कला—

'..... ..... स बिन्दुश्चेश्वरः स्मृतः ।
यदा शिवामृतं मूर्ध्नि पतति सृष्टिकारणम् ॥
आप्यायस्तु भवेत् तेन सोऽर्द्धचन्द्र इति स्मृतः ।'

एष चार्द्धेन्दुः बिन्दुपदाद् ऊर्ध्वमारोहताम्—

'संहारः सर्वभूतानां ....'

नादादवरोहतां तु—

'..... सृष्टिकारणमेव च ॥
मकारो ह्यत्र वै रुद्रो वर्णसङ्घट्ट उत्तमः ।
यदा स्थितिं तु लभते स्वोन्मुखं सृष्टिकारणम् ॥
प्रतिष्ठाख्य उकरस्तु विष्णुः साक्षाद्भवत्यसौ ।'

इति ॥ ४२ ॥

पूर्वकारिका में स्थूलवर्णों के क्रम के बाद बिन्दु आदि प्रमेय में आरोहण न होने तक प्लुत के उच्चारण के अन्त में शून्य भावना का साधन बतलाया गया था । अब सूक्ष्म मन्त्र को अर्द्धमात्रात्मक रूप आरोह दशा में प्लुत का अन्त होने पर शून्य की धारणा का वर्णन १९वीं धारणा के रूप में निरूपित है—

अनुवाद—हे देवी ! पिण्ड मंत्र के स्थूलवर्णों के क्रम से उच्चारण के बाद अर्द्धेन्दु, बिन्दु, नाद और नादान्त के बाद शून्योच्चारण से मनुष्य शिवस्वरूप बनता है ॥४२॥

व्याख्या—'पिण्ड मंत्र' जिन्हें 'कूट' कहा करते हैं, जैसे ह् स् र् क्ष् आदि रूप में तंत्र-ग्रन्थों में दिखलाए गए हैं । इसका स्थूल वर्णक्रम हकार से छठे वर्ण पर्यन्त नौ प्रकार का है । उससे बिन्दु, तत्पश्चात् अर्द्धचन्द्र, उससे आगे नाद, तथा स्वकीय छाया के दर्शनादि के समय पुरुष बिन्दु अर्द्धचन्द्र और नाद के अन्त में समाप्त होने पर शून्य रूप होकर पुनः प्लुत का उच्चारण करने पर उसके लय होने की अवस्था में परम-शिव भाव को प्राप्त होता है ।

यद्यपि अकारादि वर्णों से भी प्लुतोच्चारण सम्भव था, परन्तु उससे न करके उकार से प्लुत के उच्चारण का बोध कराया गया है । यह प्रक्रिया शास्त्रों में बहुतायत से प्रसिद्ध होने के कारण की गई है । वस्तुतः प्रत्येक स्वर पशुपक्षी 'प्रकृति' से

उच्चारण करते हैं और ब्राह्ममुहूर्त में मुर्गा ह्रस्व, दीर्घ और प्लुत का तथा नाद का उच्चारण नादान्त पर्यन्त करता है। इसीलिए वैयाकरणाचार्य पाणिनी ने भी—'अकालोऽज्-ह्रस्वदीर्घप्लुतः'—कहकर उकार से ही ह्रस्व, दीर्घ और प्लुत उच्चारण मात्रा का निरूपण किया है और वह प्रकृतिक पशुपक्षी के द्वारा अतिशुद्ध मात्रा में अनुकरण करने के लिए साधक की साधनावस्था में अतीव सुलभ और सहायक होती है।

अन्य आचार्यों ने तो नाभि से लेकर द्वादशान्तचक्र-पर्यन्त जितने भी चक्र हैं, उसमें चढ़ने के लिए प्रणव को ही सीढ़ी माना है और आरोह क्रम से नाभि में अकार, हृदय में उकार, मुख में मकार, भ्रूमध्य में बिन्दु, ललाट में अर्द्धचन्द्र, ललाट के ऊपर निरोधिनी, सिर में नाद, ब्रह्मरन्ध्र में नादान्त को, त्वचा में पराशिक्ति को, शिखामूल में व्यापिनी को, शिखा में समना को तथा शिखान्त में स्थित उन्मना का उल्लंघन करके द्वादशान्त में प्रवेश की १६वीं भूमिका को पार करके, १७वीं स्थिति निरंजन द्वादशान्त के भीतर स्थित है। वहाँ पर स्थित परमशिव आकाशस्वरूप है। ऐसी अपनी आत्मा की भावना करनी चाहिए। इस प्रकार कलादीक्षा सम्प्रदाय के अनुसार इस धारणा का उपदेश दिया जाता है। यहाँ पिण्ड मंत्र में बिन्दु, अर्द्धचन्द्र, नादान्त, बिन्दु के बाद अर्द्धचन्द्रोच्चारण—इस क्रम से सारा शरीर षट्चक्राधार रूप होकर जो प्रणव मंत्र 'सो हम्' रूप से यहाँ जपा जाता है, वह सकार और हकार के लोप होने पर 'ओम्' के रूप में शेष रह जाता है, जिससे कि यह नाभि से द्वादशान्त पर्यन्त पिण्ड में विभक्त होता है। अतः ओंकार ही पिंडमंत्र कहा गया है।

'सोऽहम्' इस 'अजपा' मंत्र से गर्भित 'ओंकार' हृदय के भीतर अतिमात्रा से ध्वनित होता रहता है। जैसा कि शास्त्रों में कहा गया है—

'हृदयचक्र में बिना किसी प्रेरणा के ओंकार का जप होता रहता है। जिसके गर्भ में सम्पूर्ण शब्दशास्त्र व्याप्त है तथा हृदय में निरन्तर ध्वनि करते रहने के कारण उस परम पद ओंकार का—वही सत्य है, वही अक्षर है—इस प्रकार तेज के रूप में हम सदैव उसी का ध्यान करते हैं। हृदय, कण्ठ, तालु क्रम से अपनी द्वादश मात्रा अकार से लेकर उन्मनी पर्यन्त प्रत्येक स्थल में नाभि से लेकर शिक्षा पर्यन्त, विभागों में स्थित, ओंकार की इस स्थूल वर्णक्रम उपासना से उच्चारण की जाने वाली परम्परा नाभि, हृदय और मुख में (क्रमशः) 'अ', 'उ' और 'म्' के रूप में उच्चरित होती हुई स्थूल भावना है। 'बिन्दु' से लेकर 'समना' पर्यन्त अर्द्धमात्रा और उसके ऊपर 'परमशिव' का स्थान है। उसके द्वारा स्थूलाक्षर के आनुपूर्वी से उपलक्षित पिण्डमंत्र का बिन्दु, अर्द्धचन्द्र नादान्त और शून्य—इसमें निरोधिनी, नाद, शक्ति, व्यापिनी, समना और अनुक्ता आदि भी द्रष्टव्य है। शून्या शब्द से तो उन्मनी कही ही है। अतः इसका स्पष्टार्थ बिन्दु, अर्द्धचन्द्र, निरोधिनी, नाद, नादान्त शक्ति, व्यापिनी, समना और उन्मनी आदि के उच्चारण से द्वादश मात्रा उच्चारण काल की भावना से साधन करता हुआ मनुष्य शिवस्वरूप बन जाता है। अथवा 'अकार' से

'समना' पर्यन्त मात्राओं का शून्य रूप उच्चारण करने से, शून्य विमर्श से, उन्मना रूप परमशिव भाव प्राप्त होता है, क्योंकि समनान्त साधन संसार रूप होने से हेय है। केवल उन्मना रूप जो परमतत्त्व है, उसमें प्रवेश करना ही उपादेय है। जिसके लक्षण नेत्रतंत्र में निम्न रूप में वर्णित हैं—

वह सूक्ष्म पराशक्ति उन्मना शिवस्वरूप है, उसका अस्तित्व क्षोभ करते समय क्षोभ्य वस्तु के रूप में ही आत्मा में आभासित होता है। उसी का नाम समना है, जो सभी मार्गों में सदा गतिशील है, और सम्पूर्ण विश्व को अपने भीतर समा लेती है तथा पुनः उत्पन्न कर देती है। वह 'कुण्डलिनी' नामक महाशक्ति है, जो तृतीया के रूप में भी व्यवहार में लायी जाती है तथा उसके द्वारा शिव के शरीर से ध्वनि के रूप में स्फोट रूप से प्रादुर्भूत होता है, और वह अतिवेग से सम्पूर्ण जगत् को परिपूर्ण करता हुआ अत्यन्त वेग से उस देवदेव महादेव के नादस्वरूप सदाशिव के नाम से कहा गया है।

इसके भीतर नादान्त शक्ति भी समाविष्ट हो चुकी है। ध्वनि के मार्ग में गया हुआ नादान्त जहाँ पर बिना रोके हुए विश्राम करता है, उस शक्ति का नाम निरोधिनी है। वह सभी देवताओं का निरोध करने में समर्थ है। उस निरोधिनी शक्ति सम्पन्न महेश्वर की महिमा अवर्णनीय है। उस महेश्वर में असंख्य कोटि मंत्रों की सत्ता है। जो उसमें प्रवेश करता है वही उस शक्ति को पाता है। यही निरोधिका नामिका मंत्रशक्ति की कला है और वही बिन्दु महेश्वर कहलाता है। जब यह शिवामृत मस्तक पर गिरता है, तो सृष्टि का कारण बनता है और जो इससे परिप्लावित होता है, वह अर्द्धचन्द्र कहलाता है। यही अर्द्धचन्द्र बिन्दुपात से ऊपर चढ़ता है, तब संहार नाम धारण करता है और वही सभी भूतों का कारण है तथा वही नाद का अवरोहरण सृष्टि का कारण बनता है। मकार यहाँ पर रूद्र है, जो उत्तम वर्ण संघट्टन से उत्पन्न होता है। जब यह स्थिति को पा जाता है, जो अपने अभिमुख होकर सृष्टि का कारण बन जाता है तथा जब यह ठीक स्थान पर प्रतिष्ठित होता है तो पालन करने के कारण 'उकार' रूप से समक्ष आता है॥ ४२॥

निजदेहे सर्वदिक्कं युगपद्भावयेद्वियत्।
निर्विकल्पमनास्तस्य वियत्सर्वं प्रवर्तते॥ ४३॥

एकाग्रमनाः सर्वासु दिक्षु पुरतो दक्षिणे वामे पृष्ठतश्च अक्रमेण शून्यं भावयेत्, ततस्तस्य परमाकाशसमावेशः॥ ४३॥

पूर्वोक्त प्रकारों में जब साधक १९वीं धारणा को प्राप्त कर लेता है, तत्पश्चात् उस परम शून्य की इस धारणा का अभ्यास करना चाहिए—

अनुवाद—विकल्प विहीन होकर अपने शरीर में सभी दिशाओं में व्याप्त आकाश की एक साथ भावना करते ही समग्र आकाश उस (साधक) के समक्ष प्रकाशित हो जाता है। (अर्थात् साधक का परमाकाश में समावेश हो जाता है।)॥ ४३॥

व्याख्या—अभिप्राय यह है कि संकल्प-विकल्प से रहित एकाग्र मन से सभी दिशाओं में निर्विकल्प आकाश वाली भावना बनाते हुए, जब मन निर्विषयक हो जाता है, और शून्य से अभेदभाव हो जाता है, तब उस अवस्था को परमशून्य कहते हैं। उसमें आत्मा भी शून्याकार ही भासमान होती है। जैसा कि प्रत्यभिज्ञातंत्र में कहा गया है—

'जो चित्त माया को छोड़कर भिन्न रूप में प्रकाश में आता है तथा देह, बुद्धि और प्राण आकाश के समान मन में कल्पित किये जाते हैं, उसका मैं प्रमाता हूँ'—इस प्रकार के विमर्श से अन्य भावों के अपोह हो जाने पर परप्रतियोगी होकर वही विकल्प निर्विकल्प के समान अवभासित होता है[1]। वह शून्यातिशून्यावस्था शिवतत्त्व है; ऐसी भावना करनी चाहिए। जैसा कि वहीं पर प्रत्यभिज्ञातंत्र में कहा है—'जब तक आत्मा की प्रलयकला शून्यादि अबोध रूप हैं, तब तक उनमें 'कार्मण', 'आणव' 'मायिक' मल भी रहते हैं और जब शून्य रूप हो जाता है तो ये मल शमित हो जाते हैं[2] ॥ ४३ ॥

पृष्ठशून्यं मूलशून्यं युगपद्भावयेच्च यः।
शरीरनिरपेक्षिण्या शक्त्या शून्यमना भवेत् ॥ ४४ ॥

ऊर्ध्वाधःशून्यभावनया निराश्रयदेहसम्पत्तौ शरीरनिरपेक्षणीयत्वं शक्तेः ॥

अब तक की ये बीसों धारणाएँ परा धारणाएँ थीं। अब अपरा धारणाएँ वर्णित हैं—

अनुवाद—जब साधक आगे और पीछे के शून्य का एक साथ चिन्तन करता है तब शरीर निरपेक्ष शक्ति के द्वारा (उस साधक का) मन शून्य हो जाता है ॥४४॥

पृष्ठशून्यं मूलशून्यं हृच्छून्यं भावयेत् स्थिरम्।
युगपन्निर्विकल्पत्वान्निर्विकल्पोदयस्ततः ॥ ४५ ॥

पृष्ठे ऊर्ध्वे प्रमातृरूपं शून्यतया भावयेत् मूलमपि अधोदेशात्मकं प्रमेयं तदपि शून्यमिति भावयेत्, हृच्छून्यं हृदयमध्येऽपि प्रमाणात्मके शून्यतां भावयेत् भावकस्यापि हृदो मध्यवर्तिनः शून्यतात्राधिका, स्थिरमिति क्रियाविशेषणं, निर्विकल्पस्य चिद्घाम्नः उदय अभिव्यक्तिः। श्रीवासुदेवोऽप्याह—

---

१. 'चित्तत्वं मायया हित्वा भिन्न एवावभाति यः।
देहे बुद्धावथ प्राणे कल्पिते नभसीव वा ॥
प्रमातृत्वेनाहमिति विमर्शोऽन्यव्यपोहनात्।
विकल्प एव स परप्रतियोग्यवभासजः ॥

२. 'शून्याद्यबोधरूपास्तु कर्तारः प्रलयाकलाः।
तेषां कार्ममलोऽप्यस्ति मायीयस्तु विकल्पितः ॥'

'ऊर्ध्वशून्यमधःशून्यं मध्ये शून्यं निराश्रयम् ।
त्रिशून्यं योऽभिजानाति स भवेत् कुलनन्दनः ॥'

इति । कुलं देहादिशक्त्यन्तं परमाकाशत्वनिष्पादनेनानन्दमयं करोतीत्यर्थः ।४'५।

अब २२वीं धारणा कही गई है—

अनुवाद—ऊर्ध्व शून्य (प्रमातृरूप) मूल शून्य (प्रमेयरूप) तथा मध्य शून्य (प्रमाणरूप) का स्थिर चिन्तन करे तब एक साथ निर्विकल्पता के कारण निर्विकल्प (चैतन्यधाम) का उदय होता है ॥ ४५ ॥

जैसा कि भगवान् वासुदेव ने कहा है—'ऊर्ध्व, अधः और मध्य में अर्थात् प्रमाण, प्रमेय और प्रमाता रूप त्रिपुरी को जो निराधार शून्यमय जान लेता है, वह 'कुल' अर्थात् शरीर में शक्ति-पर्यन्त तत्त्वों को आनन्दमय (अर्थात् शिवमय) बना लेता है ॥ ४५ ॥

तनूदेशे शून्यतैव क्षणमात्रं विभावयेत् ।
निर्विकल्पं निर्विकल्पो निर्विकल्पस्वरूपभाक् ॥ ४६ ॥

तनूशब्द ऊकारान्तः 'स्त्रियां मूर्तिस्तनुस्तनूः' इति अमरः, तनूदेशे परिमितग्राहकपदे शून्यतैव इत्येतावन्मात्रं क्षणमल्पकालमपि निर्विकल्पं कृत्वा भावयेत्, किं कथम् ? ऊर्ध्वाधरादिशून्यभावनया इत्याशयः, निर्विकल्प इति निरालम्बनताप्रतिपत्त्या अनाहितत्रासः ॥ ४६ ॥

अब २३वीं धारणा कही गई है—

अनुवाद—शरीर के भीतर क्षणमात्र के लिए शून्यता मात्र का चिन्तन करता हुआ साधक स्वयं निर्विकल्प होकर सभी तत्त्वों को निर्विकल्प रूप से देखता है ॥४६॥

व्याख्या—अभिप्राय यह है कि शिवतत्त्व के अतिरिक्त यह दृश्यमान संसार कुछ भी नहीं है । चैतन्य के विलास से चित्रकार के द्वारा चित्रित चित्र के समान यह सम्पूर्ण जगत् साधक के समक्ष कल्पनामात्र है । जैसा कि सिद्धान्तमुक्तावली में कहा है—'सम्पूर्ण दृश्यमान जगत् जो कि द्वैत के रूप में मेरे समक्ष आता है, उसे चित्र के समान जानता हूँ । मैं ही अकेला अनेक रूपों में होकर उपस्थित हो जाता हूँ । उस अद्वितीय, अनन्त, केवल सुखस्वरूप आत्मा को सभी प्रपंच के जली हुई रस्सी के समान उसी का स्मरण करता हूँ ।'[1] अतः यह सारा प्रपंच गन्धर्वनगर या इन्द्रजाल के समान प्रत्यक्ष होता है, जो वस्तुतः कुछ नहीं है ॥ ४६ ॥

---

१. 'पश्यामि चित्रमिव सर्वमिदं द्वितीयं तिष्ठामि निष्कलवदेक अनेकरूपः ।
आत्मानमद्वयमनन्तसुखैकरूपं स्मरामि दग्धरशनामिव सुप्रपञ्चम् ॥
आश्चर्यमप्यनुभवामि करस्थबिल्ववतुल्यं शरीरमहिनिर्लुयनीव वीक्षे ।
एवं च जीवनमपि प्रतिभासनं च निःश्रेयसोऽधिगमनं च मम प्रसिद्धम् ॥'
—सिद्धान्तमुक्तावल्याम्

सर्वं देहगतं द्रव्यं वियद्व्याप्तं मृगेक्षणे ।
विभावयेत् ततस्तस्य भावना सा स्थिरा भवेत् ॥ ४७ ॥

प्रोक्तशून्यभावना यस्य न झगिति हृदयमध्यास्ते, स देहगतमस्थिमांसादि सर्वं द्रव्यं वियता व्याप्तं विशेषेण भावयेत्, तदनन्तरं तस्य संयमिनः सा भावना उपादेयशून्यवासना दृढा भवेत् ॥ ४७ ॥

अनुवाद—देह में रहने वाला सम्पूर्ण द्रव्य (अस्थि-मांसादि) आकाश से व्याप्त है। मृगेक्षणे (साधक) इस (बात) का विशेष रूप से चिन्तन करे तो उसकी भावना स्थिर हो जायेगी ॥ ४७ ॥

देहान्तरे त्वग्विभागं भित्तिभूतं विचिन्तयेत् ।
न किञ्चिदन्तरे तस्य ध्यायन्नध्येयभाग्भवेत् ॥ ४८ ॥

देहान्तरे स्वस्मिन् देहविषये त्वग्लक्षणो यो विशिष्टो बंहिष्ठो भागः तं भित्तिभूतं जडबाह्यभित्तिकल्पं भावयेत्, तस्य चान्तर्न किञ्चिदस्ति इति ध्यायन्नपि अध्येयभाक् परव्याप्तिरूपः स्यात्—पुर्यष्टकप्रमातृभावोपशमात् ॥

अब २५वीं धारणा वर्णित है—

अनुवाद—शरीर की त्वचा का जो (बाह्य) विभाग है, उसे दीवार के समान समझे कि उसके भीतर कुछ नहीं है। यह ध्यान करने से साधक अध्ये (परमव्याप्ति) को पा लेता है ॥ ४८ ॥

हृद्याकाशे निलीनाक्षः पद्मसम्पुटमध्यगः ।
अनन्यचेताः सुभगे परं सौभाग्यमाप्नुयात् ॥ ४९ ॥

हृदि भवे हृद्ये, हारिणि च आकाशे प्राणापानान्तरालपदे, निलीनमक्षं मनस्तद्द्वारेण चान्येन्द्रियचक्रं यस्य तादृक्, ऊर्ध्वाधरगतपद्मसम्पुटमध्यं गतो—भावनयानुप्रविष्टः, ऊर्ध्वगतं पद्मं प्रमाणं, अधरगतं प्रमेयं, तयोर्मध्ये चिन्मात्राख्ये प्रमातरि स्वस्वरूपे स्थितः, अत एव नान्यस्मिंश्चिन्मात्रातिरिक्ते चेतो यस्य तादृशः सन्, परं सौभाग्यं–विश्वेश्वरतास्वरूपं परमानन्दं विकासेन स्पृहणीयतां प्राप्नोत्येव, प्रमेयादिरूपस्य संसारस्य निमेषोन्मेषात्मकसङ्कोचविकासधर्मकत्वात् पद्मसम्पुटेन रूपणा, चित्प्रकाशतामभिनिविशमानं चित्तं तदाच्छुरितं विश्वं पश्यतीत्यर्थः ॥ ४९ ॥

अब २६वीं धारण कही गई है—

अनुवाद हृदयाकाश में जिसकी आँखें गड़ी हुई हैं, जो पद्मसम्पुट के बीच विराजमान है, जिसका मन किसी दूसरे में नहीं लगा है (ऐसा साधक) हे सुन्दरि, परम सौभाग्य को पा लेगा ॥ ४९ ॥

व्याख्या—मनोहर हृदयाकाश में अर्थात् प्राण और अपान के मध्य जिसका चित्त तथा इन्द्रियसमूह ऊर्ध्व, अधः और मध्य अर्थात् द्वादशान्त, नाभि और हृदयचक्र में संचरण करता हुआ प्रमाण, प्रमेय और प्रमातृ तथा प्रमातृस्वरूप में स्थिर होकर चैतन्य के अतिरिक्त और कोई तत्त्व नहीं है, ऐसी भावना करता हुआ साधक स्वयं विश्वेश्वर स्वरूप धारण कर परमानन्द को प्राप्त करता है, क्योंकि प्रमेयादि रूप संसार के निमेषोन्मेष का संकोच-विकास रूप द्वादशान्त से नाभिचक्र-पर्यन्त भ्रमण करने के कारण चैतन्यतत्त्व के प्रकाश में चित्त ही जगत् के रूप से भासमान होता है। अतः वह उस विश्व को हस्तामलकवत् देखता है ॥ ४९ ॥

सर्वतः स्वशरीरस्य द्वादशान्ते मनो लयात् ।
दृढबुद्धेर्दृढीभूतं तत्त्वलक्ष्यं प्रवर्तते ॥ ५० ॥

सर्वतो रोमकूपान्तरेषु अपि चैतन्यदेवस्य प्रवेशेन शरीरे द्वादशान्तो योऽस्ति तत्र दृढीभूतं प्राप्तैकाग्र्यं मनो, लयात् विश्रान्तेर्हेतोः, दृढबुद्धेः योगिनः, तत्त्व-लक्ष्यं परतत्त्वप्रकाशं प्रवर्तते–प्रसरति ॥ ५० ॥

अनुवाद—अपने शरीर के सभी ओर से द्वादशान्त में मन के लीन हो जाने से स्थिर बुद्धि वाले योगी के स्थिर मन में परमतत्त्व प्रकाशित होता है ॥ ५० ॥

यथा तथा यत्र तत्र द्वादशान्ते मनः क्षिपेत् ।
प्रतिक्षणं क्षीणवृत्तेर्वैलक्षण्यं दिनैर्भवेत् ॥ ५१ ॥

यथा तथा इति स्वरसोदितेन येन तेन संवित्प्रसरणप्रकारेण, यत्र तत्र इति पूर्वोक्तेषु मध्यात् यस्मिन् तस्मिन् प्रदेशे द्वादशान्ते, प्रतिक्षणं मुहुर्मुहुः, मनः क्षिपेत् एकाग्रीकुर्यात्, इत्थं क्षीणवृत्तेः प्रशान्तचाञ्चल्यस्यास्य, दिनैरिति–अल्पेनैव कालेन, वैलक्षण्यम्–असामान्यपरभैरवरूपता भवति, 'यथा यथा यत्र यत्र' इति पाठे तु येन येन प्रकारेण यस्मिन् यस्मिन् विषये मनोनिक्षेपणं तथा तथा तत्र तत्र वैलक्षण्यं भवेदित्यन्वयः ॥ ५१ ॥

अनुवाद—ज्यों-ज्यों और जैसे-जैसे साधक अपने मन को प्रतिक्षण द्वादशान्त (चक्र) में स्थिर करता है, त्यों-त्यों प्रतिक्षण उसकी वृत्तियाँ क्षीण होती हैं और कुछ दिनों में ही वैलक्षण्य (असामान्य भैरवावस्था) प्रकट हो जाती है ॥ ५१ ॥

कालाग्निना कालपदादुत्थितेन स्वकं पुरम् ।
प्लुष्टं विचिन्तयेदन्ते शान्ताभासस्तदा भवेत् ॥ ५२ ॥

ओं र-क्ष-र-य-ऊं तनुं दाहयामि नमः इति दक्षिणवादाङ्गुष्ठात् कालाग्नि-रुद्रमुत्थितं ध्यात्वा तज्ज्वालया शरीरं भस्मीभूतं भावयेत् इत्येतदाह—'काला-

ग्निना' इति, कालपदात्-दक्षाङ्गुष्ठात्, स्वकं पुरम्-आत्मीयं देहमेव गुग्गुलम्, शरीरदाहादिचिन्तनयुक्त्या आत्मभावनया दग्धं ध्यायेत्। एषोऽप्याणवोपायः ॥ ५२ ॥

अनुवाद—दाहिने पैर के अँगूठे से उत्पन्न कालाग्नि से अपने शरीर को जला हुआ ध्यान करे, तब योगी को शान्त प्रकाश होता है ॥ ५२ ॥

व्याख्या—जब साधक दाहिने पैर के अँगूठे से 'ओं-र-क्ष-र-य-ऊँ' मंत्र का जाप करता हुआ (जिसे कालाग्निरुद्र कहते हैं) तथा उस पैर के अँगूठे से उठती हुई ज्वाला से शरीर भस्म हो रहा है, ऐसी भावना करता हुआ मनुष्य (योगी) शान्त प्रकाश प्राप्त करता है, अर्थात् वह शिवस्वरूप हो जाता है। यह आणवी भूमिका है ॥ ५२ ॥

एवमेव जगत्सर्वं दग्धं ध्यात्वा विकल्पतः।
अनन्यचेतसः पुंसः पुंभावः परमो भवेत् ॥ ५३ ॥

कालाग्निना उत्थितेन, सर्वमिति—देहस्थं बाह्यस्थं च, परमः पुंभावः—अपरिमितप्रमातृभैरवता, इति पूर्वोक्तधारणार्थ एव दृढीकृतः, परं तु पूर्वं स्वपुरदाहचिन्तनमुक्तम् इह सर्वजगद्दाहभावना इति विशेषः ॥ ५३ ॥

अनुवाद—इसी प्रकार सम्पूर्ण संसार को विकल्पों से जला हुआ समझ कर अनन्य चित्त वाले पुरुष (योगी) का परमपुरुष भाव हो जाता है ॥ ५३ ॥

स्वदेहे जगतो वापि सूक्ष्मसूक्ष्मतराणि च।
तत्त्वानि यानि निलयं ध्यात्वान्ते व्यज्यते परा ॥ ५४ ॥

निजदेहविषये, अथवा सर्वस्य जगतः सम्बन्धीनि यानि सूक्ष्माणि सूक्ष्मतराणि च तत्त्वानि—प्रकृतिमहदहङ्कारादीनि, तथा पृथिव्यादीनि तद्विकारभूतानि मांसादीनि च यानि सन्ति तेषां निलयं-स्वस्वकारणेषु मृतिदशायां लयं ध्यात्वा, पर्यन्ते परादेवी प्रकटीभवेत्, 'तत्त्वानि यातानि लयम्' इति पाठे तु सर्वतत्त्वानि लयं यातानि नष्टप्रायाणि एव इति ध्यात्वा पराभट्टारिकाविर्भावः ॥ ५४ ॥

अनुवाद—अपने शरीर तथा सम्पूर्ण जगत् में व्याप्त सूक्ष्म और सूक्ष्मतर तत्त्व (प्रकृति से महत् तत्त्व अहंकारादि तथा उनके विकार स्थूल पंचभूतादि जितने भी तत्त्व) अपने-अपने कारण में लय हो जाने वाले हैं, ऐसा ध्यान करने पर 'परादेवी' का प्रकाश होता है ॥ ५४ ॥

पीनां च दुर्बलां शक्तिं ध्यात्वा द्वादशगोचरे।
प्रविश्य हृदये ध्यायन्मुक्तः स्वातन्त्र्यमाप्नुयात् ॥ ५५ ॥

प्राणशक्तिमादौ पीनां-पीवरां, ततः क्रमेण कृशां-सूक्ष्मां भवन्तीं, प्राणायामविधिना द्वादशान्ते ध्यात्वा, हृदये च यो ध्यायन् स स्वतन्त्रपरमेश्वररूपः स्यात् ॥ ५५ ॥

अनुवाद—प्राणशक्ति प्रारम्भ में स्थूल और अन्त में सूक्ष्म होती हुई साधक के द्वादशान्तचक्र में प्रवेश हो रही है, ऐसा हृदय में ध्यान करता हुआ साधक उससे मुक्त होकर स्वातंत्र्य को प्राप्त होता है ॥ ५५ ॥

भुवनाध्वादिरूपेण चिन्तयेत् क्रमशोऽखिलम् ।
स्थूलसूक्ष्मपरस्थित्या यावदन्ते मनोलयः ॥ ५६ ॥

स्थूलसूक्ष्मपरात्मकभुवनाध्वादिषट्कस्वभावं जगत् ध्यायेदित्याह—'भुवनाध्वेति' अत्रायमर्थः—वर्ण-मन्त्र-पद-कला-तत्त्व-भुवनाख्यस्य षडध्वनोऽपि परसूक्ष्मस्थूलरूपतावस्थितवाचकतद्वाच्याभासरूपक्रियाशक्तिस्फारस्वरूपत्वम्, तत्राप्यभेदेन विश्वं विमृशन्ति वर्णाः, भेदाभेदाभ्यां मन्त्राः, भेदेन पदानि, पूर्वः पूर्वश्चाध्वा उत्तरत्र व्यापकतया स्थितः, उत्तर उत्तरः पूर्वत्र व्याप्यतयान्तर्भूतः इति सर्वं सर्वत्रास्ति, अत एव गर्भीकृतेतराध्वपञ्चकैकाध्वशुद्धिस्तत्र तत्र शास्त्रे चोदिता । तदुक्तं श्रीस्वच्छन्दे—

'भुवनव्यापिता तत्त्वेष्वनन्तादिशिवान्तके ।
व्यापकानि च षट्त्रिंशन्मन्त्रवर्णपदात्मकाः ॥
तत्त्वान्तर्भाविनः सर्वे वाच्यवाचकयोगतः ।
कलान्तर्भाविनस्ते वै निवृत्त्याद्याश्च ताः स्मृताः ॥'

इत्यनन्तादिशिवान्तं यानि भुवनानि तद्व्याकत्वं तत्त्वेषु, तानि च तत्त्वानि व्यापकानि षट्त्रिंशत्, ये तु अन्ये त्रयोऽध्वानः—मन्त्र-वर्ण-पदात्मकाः, पञ्चाशत् पदानि नवात्मसम्बन्धीनि एकाशीतिः, ते च सर्वे तत्त्वान्तर्भाविनः तत्त्वानि अन्तर्भावयन्ति इति कृत्वा, कथं वाच्यवाचकयोगतः तत्त्वादीनि वाच्यानि मन्त्रादयो वाचकाः, कलाशोधनदीक्षायाः प्रस्तुतत्वात् । तदन्तर्भावं तावत् पञ्चाध्वनामाह—'कलान्तर्भाविन' इति । अस्य सर्वाध्वग्रन्थस्यायं पिण्डार्थः—परमेश्वरश्चिदानन्दघनः स्वतन्त्रभट्टारकः उन्मनाख्यया स्वस्वातन्त्र्यशक्त्या शून्यादिक्षित्यन्तमनन्तं वाच्यवाचकरूपं स्वभित्तौ स्वानधिकमपि अधिकमिव युगपत् अवभासयति, तत्र वाचकं ग्राहकभागावस्थितं परसूक्ष्मस्थूलभेदेन वर्ण-मन्त्र-पदात्मकं त्रिधा, वाच्यमपि ग्राह्यभागाभिनिविष्टं कला-तत्त्व-भुवनात्मकं तथैव । वर्णा हि अभेदविमर्शसाराः किञ्चित्स्थौल्येन भेदाभेदविमर्श-नादात्मकमन्त्ररूपताम् आश्रित्य ततोऽपि स्थौल्येन भेदविमर्शावगमकपदरूपतया भान्ति । एवं वाच्यरूपा पारमेश्वरी कलाख्या शक्तिः उत्तरोत्तरवैशिष्ट्येन

भुवनात्मतां गृह्णाति । वस्तुतश्च इयम् अक्रमैव पारमेश्वरी शक्तिः स्फुरति, तत्रापि च स्वस्वातन्त्र्यात् दर्पणनगरवत् क्रममपि आदर्शयति । क्रमेऽपि च पूर्वं पूर्वम् उत्तरत्र व्यापकतया स्थितं मृदिव घटादौ, उत्तरं उत्तरं तु पूर्वत्र शक्त्यात्मना स्थितं वृक्ष इव स्वबीजे इति सर्वं सर्वात्मकमेव । अत एव पञ्चतत्त्वदीक्षायाम् अनाश्रिततत्त्वपर्यन्ता भूतव्याप्तिर्भविष्यति । एवं च एकैकोऽपि प्रमाता भावो वा, वस्तुतः षडध्वरूपारमेशशक्तिमय-आदि-हान्तपरामर्शसारा-हन्ताविश्रान्तिसतत्त्वः परभैरवरूप एव । एवं भुवनादिषडध्वात्मकं सर्वं जगत् विमृश्य, तत्र स्थूलतरं किञ्चित्स्थूले विगाल्य, तं च सूक्ष्मे विलीनं कृत्वा, तं च परे चिन्मात्रबोधे, इत्थम् अध्वप्रक्रियया शैवतत्त्वविमर्शात्मिकया महोदयः इत्यर्थः । तत्तत् तत्त्वलयक्रमेणापि शून्यताभावना इयम् उक्ता—

'भुवनादित्रयं वाच्यं पदादिवाचकं त्रयम् ।
शक्तिरेतच्चाध्वषट्कं शक्तिमांस्तु महेश्वरः ॥'

इति सङ्ग्रहः ॥ ५६ ॥

अनुवाद—भुवनाध्वा के रूप में सब कुछ का स्थूल, सूक्ष्म और पर की स्थिति में क्रमशः तब तक चिन्तन करे, जब तक कि मन का लय न हो जाय ॥ ५६ ॥

व्याख्या—स्थूल, सूक्ष्म और कारण रूप भुवनाध्वा से लेकर छः अध्वों में क्रमशः ध्यान करना चाहिए । अभिप्राय यह है कि वर्ण, मन्त्र, पद, कला, तत्त्व और भुवन ये छः मार्ग हैं । इन छः अध्वाओं में परम सूक्ष्म स्थूल रूप से अवस्थित जो वाचक तथा वाच्य के आभास रूप से क्रिया-शक्ति का स्पन्दन होता है, उसी के स्वरूप का ध्यान करे, क्योंकि उसी में अभेद रूप से सम्पूर्ण जगत् का चिन्तन निहित है । वे वर्ण-भेदाभेद से मंत्र रूप बन जाते हैं और भेद रूप से पद बन जाते हैं । ये सभी पूर्व-पूर्व अध्वा ३ हैं तथा उत्तरोत्तर व्यापक स्थिति में आते हैं । उत्तरोत्तर पूर्व-पूर्व में व्यापक बनकर अन्तर्भाव होते जाते हैं । अतः यह सम्पूर्ण जगत् सर्वत्र व्याप्त है । इसीलिए एक अध्वा दूसरे अध्वा को गर्भित करके स्थित होने से···प्रथम अध्वा दूसरे ५ अध्वाओं को भी गर्भित करके स्थित है । इस प्रकार यह षडध्व शोधन की प्रक्रिया शास्त्रों में बतलाई गई है । जैसा कि स्वच्छन्दतंत्र में भी कहा है—'तत्त्वों में भुक्तों की व्याप्यता आकाश से शिवतत्त्व-पर्यन्त हैं । ३६ तत्त्व, मंत्र, मंत्रों के वर्ण और पद व्यापक हैं । ये सभी सांसारिक पदार्थ वाच्य-वाचक योग से तत्त्वों में अन्तर्भूत होते हैं । ये तत्त्व कला में अन्तर्भूत होते हैं और वह कला निवृत्ति आदि नाम से प्रसिद्ध है ।

इस प्रकार अनन्त से लेकर शिव-पर्यन्त जितने भुवन हैं, उन सभी में तत्त्वों की व्यापकता है । वे सभी व्यापक तत्त्व ३६ हैं और जो दूसरे ३ अध्वा हैं, वे मंत्र, वर्ण और पद रूप से ५० पद है । नवात्मेश्वर सम्बन्धी तत्त्व ८१ हैं । वे सभी तत्त्वों के

भीतर अन्तर्भूत होने वाले तत्त्व हैं। साथ ही उनका अन्तर्भाव वाच्य-वाचक योग से होता है। उनमें तत्त्व वाच्य है और मंत्रादि वाचक। 'कला-शोधन दीक्षा' में प्रस्तुत किए गये हैं। उसके भीतर पाँच अध्वाओं का अन्तर्भाव होने के कारण वे 'कलान्तर-भावी' कहलाते हैं। इस सवाध्व ग्रन्थ का पिण्डार्थ है—'परमेश्वर' सच्चिदानन्दघन स्वयं स्वतन्त्र हैं। वह उन्मनाख्य शक्ति से शून्य से लेकर पृथ्वी पर्यन्त अनन्त रूप से वाच्य-वाचक रूप बन कर अपनी ही भित्ति पर, जो उससे अधिक नहीं है—उसको अधिकवत प्रतिबिम्बित करता हुआ दिखलाई देता है। उसमें वाचक ग्राहक भाग में अवस्थित परम सूक्ष्म और स्थूल भेद से वर्ण, मंत्र और पदात्मक तीन प्रकार से वाच्य होने पर भी ग्राह्य भाग में अभिनिविष्ट होकर कलातत्त्व और भुवनात्मक रूप से प्रतिबिम्बित होता है। अभेद के विचार का सार ही वर्ण है, जो कुछ स्थूल भेदाभेद विमर्श के रूप नादात्मक मंत्ररूपता को धारण करता है। उससे भी जब स्थूलविमर्श में उतरते हैं तो वह भेद-विमर्श के कारण पद रूप में सामने आते हैं। इस प्रकार वाच्य रूप जो परमेश्वर की शक्ति है, वह कलाशक्ति उत्तरोत्तर विशिष्टता को धारण करती हुई भुवनात्मकता को प्राप्त हो जाती है।

वस्तुतः तो इसका क्रम बतलाया जाना भी कठिन है। यह परमेश्वर की कला-रूपा शक्ति अक्रम से ही भासमान होती है, क्योंकि क्रम बदलने में भी इसकी स्वतंत्रता है। जैसे दर्पण की शक्ति नगर को दिखलाने के लिए स्वतन्त्र होती है, उसी तरह इसमें भी कोई क्रम नहीं है। क्रम बाँध लेने पर भी यह पूर्व-पूर्व शक्ति में उत्तरोत्तर व्यापक होकर स्थिति रहती है, जैसे कि मिट्टी घड़े में व्यापक होकर रहती है। उत्तरोत्तर शक्तियाँ पूर्व-पूर्व शक्तियों में व्यापक होकर स्थित रहती हैं, जैसे कि वृक्ष बीज में स्थित होता है। अतः स्पष्ट रूप से सिद्ध है कि सभी सर्वत्र सर्वात्मा के रूप में है। इसीलिए पंचतत्त्व दीक्षा में—'अनाश्रित दीक्षा पर्यन्त भूतों की व्याप्ति होती है' ऐसा बतलाया गया है। और इसी प्रकार एक-एक प्रमाता या एक-एक भाव वस्तुतः षडध्वा के फैलाव के रूप में परमेश्वर की शक्तिमय अकार लेकर हकार पर्यन्त वर्ण-विमर्श सम्पूर्ण अहन्ता विश्रान्ति पर्यन्त सत् तत्व है और वह परमेश्वरस्वरूप ही है। इसी प्रकार भुवनादि जो छः अध्वा हैं, तदात्मक सारे जगत् का विचार करता हुआ स्थूलतर को सूक्ष्म में और स्थूल को सूक्ष्म में विलीन करके सूक्ष्म को परमेश्वर की चिन्मात्र बोधकला में लय करे। इस प्रकार अध्व प्रक्रिया से शैवमत विमर्शात्मक क्रिया तक लय करने पर मनुष्य के सामने उस महान् चैतन्यशक्ति (परमेश्वर) का आविर्भाव होता है।

तत्त्वों का तत्त्वों में लय करने से उस महान् शून्यता की भावना का उदय होता है। उसके साधन के प्रकारों का वर्णन यहाँ किया गया है, उसका संक्षेप इस प्रकार है—'भुवनादि तीन तत्त्व वाच्य और पदादि तीन तत्त्व वाचक हैं। इस प्रकार शक्ति ही छः अध्वा के रूप में प्रकट होती है। ये छः प्रकार की शक्तियाँ जिसके भीतर हैं

वह शक्तिमान महेश्वर कहलाता है।' इस प्रकार षडध्व शोधन की प्रक्रिया से अध्वातीत होने वाला साधक शिवस्वरूप हो जाता है। ऐसा मालिनीविजयतंत्र[1] में उल्लिखित है ॥ ५६ ॥

अस्य सर्वस्य विश्वस्य पर्यन्तेषु समन्ततः ।
अध्वप्रक्रियया तत्त्वं शैवं ध्यात्वा महोदयः ॥ ५७ ॥

शिवः प्रकाशविमर्शात्मा परमेश्वरः, तस्य इदं 'शैवं तत्त्वं' स्वरूपं 'ध्यात्वा, महोदयः' प्रकाशाभिव्यक्तिः। तेन भुवनतत्त्वकलात्मको वाच्यवर्गः प्रकाश-परमार्थः, वर्णमन्त्रपदस्वरूपो वाचकसमूहः विमर्शवपुः इति उभयसंसर्गारणि-स्वभावः उन्मेषनिमेषशक्तिद्वययौगपद्यानुभवचमत्कारं ध्यायेत्। भुवनादि-अध्वपर्यन्तेषु हि जगतः शिवाद् विना न किञ्चित् इति जग्रद्रूपं त्यक्त्वा, शिव-मेव ध्यायतो महोदयः स्यात्। उक्तं च कर्मकाण्डक्रमावल्याम्—

'त्रयीसप्तचतुर्युग्ममये त्रितयवर्त्मनि ।
स्थितो यः शक्तिसहितः स जयत्यमृतेश्वरः ॥'

इति। अयम् अत्र उपाध्यायोपदिष्टोऽर्थः—प्रथमम् अनुत्तरेच्छोन्मेषलक्षणा 'त्रयी' ह्रस्वरूपा, तत आनन्देशनोर्मिषण्डस्वररूपं सप्तकं, चत्वारः सन्ध्यक्षर-वर्णाः, 'युग्मम्' अनुस्वारविसर्जनीयलक्षणम्, 'तन्मये' तत्स्वरूपे षोडशकलात्म-पुरुषस्वभावे, 'त्रितयवर्त्मनि'—वर्ण-मन्त्र-पदस्वरूपाध्वत्रये वाचकरूपे अभेद-भेदाभेदाश्रयभूते, 'यो' मृत्युञ्जयः कालदेहापहारी बोधात्मा परमेश्वरः, 'शक्तिसहितः' कलाख्यया स्वशक्त्या तत्त्वभुवनरूपतां गृह्णन्त्या मिलितः। एतेन कला-तत्त्व-भुवनलक्षणस्य अध्वत्रयस्य वाच्यत्वं सूचितम्। एवंविधस्य अध्वषट्कस्य पर-सूक्ष्म-स्थूलरूपत्वं ज्ञेयम्, वाच्यस्य वाचकान्तर्भूतत्वेन पृथक् निर्देशाभावात् त्रितयवर्त्मनि इत्युक्तम्, शेषं पूर्वोक्तमेव इति अलम् ॥ ५७ ॥

अनुवाद—इस सम्पूर्ण विश्व के चारों ओर अध्वप्रक्रिया से शिवतत्त्व का ध्यान करते हुए साधक के हृदय में परमशैवतत्त्व उदित होता है ॥ ५७ ॥

व्याख्या—अभिप्राय यह है कि प्रकाश विमर्श रूप परमेश्वर के इस शैवतत्त्व के स्वरूप का ध्यान करने पर साधक के शरीर में प्रकाश की अभिव्यक्ति होती है। इससे यह सिद्ध होता है कि कलात्मक भुवन तत्त्व वाच्य वर्ग है, प्रकाश परमार्थ है और पदस्वरूप मंत्रवर्ण वाचक है। ये समुदाय-त्रय ही विमर्श का शरीर है। द्वादशान्त तथा नाभिचक्र ये दोनों संसर्गात्मक अरणि हैं। उन्मेष और निमेष दोनों शक्तियों का एक साथ अनुभव करना—यह प्रकाश रूप है। इसीलिए भुवन से अध्व पर्यन्त सम्पूर्ण जगत् शिव के अतिरिक्त कुछ भी नहीं है। इसमें से जगत् रूप का त्याग करके शिव

१. अध्वातीतो भवेच्छिवः। (मालिनीविजय)

रूप का ध्यान करते हुए साधक के हृदय में ज्ञान का उदय होता है। जैसा कि कर्मकाण्डकर्मावली नामक ग्रन्थ में कहा गया है—'तीनों वेद, छः अध्वा और चारों अवस्थाएँ तथा दोनों चक्र—इन तीनों मार्गों में अवस्थित शक्ति पर्यन्त सदाशिव का ध्यान करता हुआ वह अमृतेश्वर (अर्थात् शिव) बन जाता है।' इस जगह उपाध्याय का संकेत निम्नस्थ है—सर्वप्रथम अनुत्तर इच्छा का उन्मेष ही जिसका लक्षण है, उस अवस्था का नाम त्रयी है जो ह्रस्व-स्वरूप (सूक्ष्मावस्था) है। उसके बाद आनन्द ही जिसका अनुभव में प्राप्त होने वाला स्वरूप है, ऐसे सात 'षण्ड-स्वर' हैं, वे सप्तक कहे गये हैं और चार सन्ध्यक्षर-वर्ण, युग्म, अनुस्वार और विसर्जनीय में षोडशकलात्मक पुरुष मार्ग में, त्रितया मार्ग में, वर्ण, मंत्र और पद स्वरूप तीनों अध्वों में, जो कि अभेद, भेदाभेद और भेद के आश्रयभूत हैं, उसका चिन्तन करते हुए मनुष्य मृत्युंजय होता है। (अर्थात् काल–देह का अपहरण कर सकती है) वह बोध स्वरूप परमेश्वर है ॥ ५७ ॥

इदानीं बाह्यशून्यतालम्बनक्रमेण आदिशति—

विश्वमेतन्महादेवि शून्यभूतं विचिन्तयेत् ।
तत्रैव च मनो लीनं ततस्तल्लयभाजनम् ॥ ५८ ॥

'विश्वम्' इति जगत्, 'शून्यभूतं' शून्यातिशून्यताम् आप्तम्। तत्र लयः तन्मयीभावः ॥ ५८ ॥

अनुवाद—इस सम्पूर्ण संसार को शून्यमय विचार करे, और वहीं मन को लीन करता रहे तो साधक उस शून्य में लय होकर तन्मयता को प्राप्त कर लेता है ॥ ५८ ॥

व्याख्या—यह सम्पूर्ण जड़-चेतनात्मक जगत् वस्तुतः कुछ भी नहीं है। गन्धर्व-नगर या इन्द्रजाल के तुल्य मिथ्याध्यास से उत्पन्न होने के कारण असत् है। जब वस्तु ही नहीं है तो उसके नाम-रूपादि भी सभी काल्पनिक ही हैं। सद् वस्तु तो स्वतः प्रकाशमान चैतन्यमात्र है। इस प्रकार ध्यान करने वाला इस लययोग के अभ्यास का पात्र है ॥ ५८ ॥

घटादिभाजने दृष्टिं भित्तीस्त्यक्त्वा विनिक्षिपेत् ।
तल्लयं तत्क्षणाद् गत्वा तल्लयात् तन्मयो भवेत् ॥ ५९ ॥

अन्तःसुषिरे वस्तुनि पार्श्वानि त्यक्त्वा दृष्टिं क्षिपेत्, तत्रैव लयात् विश्रान्तेः, परब्रह्मसमाविष्टो भवेत् ॥ ५९ ॥

अनुवाद—जैसे मनुष्य भित्ति को छोड़कर घटादि पात्रों पर दृष्टि स्थापित करता है, उसी प्रकार अन्तःकरण में रहने वाली वस्तु पर दृष्टि जमा कर यदि पार्श्व भाग (हृदय तथा द्वादशान्त) को छोड़कर दृष्टि स्थापित करे, तो वहीं पर विलीन होकर विश्रान्ति को प्राप्त कर लेता है। (अर्थात् परमेश्वर में बिलीन हो जाता है) ॥५९॥

दृष्टिबन्धनभावनाम् आह—

निर्वृक्षगिरिभित्त्यादिदेशे दृष्टिं विनिक्षिपेत् ।
विलीने मानसे भावे वृत्तिक्षीणः प्रजायते ॥ ६० ॥

'निर्वृक्षादिदेशः' शून्या दिक्, तत्र दृङ्निक्षेपात् 'मानसे भावे' चित्तस्वरूपे, आलम्बनाभावात् 'विलीने' गलिते सति, योगी 'वृत्तिक्षीणः' क्षीणसमस्तवृत्तिः महाप्रकाशरूपो भवति ॥ ६० ॥

अब दृष्टिबंधन भावना का वर्णन करते हैं—

अनुवाद—वृक्ष, पर्वत, भित्ति आदि से रहित शून्य में दृष्टि को स्थापित करे, उससे मानस-संस्कार विलीन हो जाने पर (योगी) क्षीण वृत्ति वाला हो जाता है ।

व्याख्या—वृक्ष, वन, पर्वतादि से रहित केवल शून्य मानसाकाश में निरालम्ब रूप से विलीन होने पर क्षीण वृत्ति वाले योगी ब्रह्म समाविष्ट होकर ब्रह्मतत्त्व को प्राप्त कर लेते हैं (अर्थात् ब्रह्ममय हो जाते हैं) और कलाख्य नामक स्वशक्ति से त्रिभुवरूपता में मिलता है, इससे कलातत्त्व भुवन लक्षण है, अध्वत्रया वाच्य है, ऐसा बोध होता है । इस प्रकार छहों अध्वों को परम सूक्ष्म और स्थूल रूप समझना चाहिए । वाच्य वाचक के अन्तर्भूत रहने के कारण उसका पृथक् निर्देश न कर केवल त्रितय मार्ग ही कहा गया है । जैसा कि मालिनीकल्पोत्तर ग्रन्थ में भी कहा है—'छह अध्वों को त्यागकर, इन्द्रियमण्डल पर विजय प्राप्त कर तथा कारणों से निवृत्त होकर कृतकृत्य होने वाला वह पुरुष पृथ्वी पर सूर्य के समान शोभित होता है'[1] ॥ ६० ॥

निरालम्बभावनाम् आह—

उभयोर्भावयोर्ज्ञाने ध्यात्वा मध्यं समाश्रयेत् ।
युगपच्च द्वयं त्यक्त्वा मध्ये तत्त्वं प्रकाशते ॥ ६१ ॥

भावद्वयस्य प्रतीतिकाले 'मध्यम्' अन्तरालं तद्भावद्वयावच्छेदहेतुं शून्यं ध्यात्वा उपलभ्य, सम्यग् ऐकाग्र्येण 'आश्रयेत्' । तत एव च तद्भावद्वयं 'युगपत् त्यक्त्वा' अनालोचनेन परिहृत्य, योगिनः तत्र मध्ये, तत्त्वं-परं धाम व्यज्यते ॥ ६१ ॥

अब निरालम्बभावना कहते हैं—

अनुवाद—दोनों भावों की प्रतीति के काल में जो मध्य भाग रहता है, उस अवस्था का आश्रय लेने पर और एक साथ दोनों भावों का त्याग कर देने पर, मध्य भाग में परमतत्त्व का प्रकाश होता है ॥ ६१ ॥

---

१. अध्वषट्कादि सन्त्यज्य जित्वा चेन्द्रिय मण्डलम् ।
कारणैः कृतकृत्योऽसौ राजते सूर्यवद् भुवि ॥ (मालिनीकल्पोत्तरे)

व्याख्या—अभिप्राय यह है कि यह घट है, यह पट है, इत्यादि अनेक प्रकार की ज्ञातव्य वस्तुओं के समुदाय का सार समझकर यह ज्ञाता है, यह ज्ञान है, यह ज्ञेय है—ऐसी कल्पना करके ज्ञाता और ज्ञेय भाव का त्याग कर ज्ञान रूप एक भाव में (जो कि शून्य रूप है) भावत्यागलक्षणा से चित्त की एकाग्र वृत्ति करके मनुष्य शिवस्वरूप बन जाता है ॥ ६१ ॥

ध्येयाकारभावनाम् आह—

भावे न्यक्ते निरुद्धा चित् नैव भावान्तरं व्रजेत् ।
तदा तन्मध्यभावेन विकसत्यति भावना ॥ ६२ ॥

'न्यक्ते' अन्तर्हिते—अदृष्टे 'भावे' पदार्थे त्रिनेत्रचतुर्भुजाद्याकारे ध्येयवस्तुनि, 'चित्' चेतना 'निरुद्धा' अभ्यासपाटवेन नितरां रुद्ध्वा स्थापिता सती, 'भावान्तरम्' अन्यपदार्थं दृष्टदेहघटादिकं 'नैव व्रजेत्' । न्यक्तं-ब्रुडितं, तिरोहितम्-अन्तर्हितम् इति वेदभाष्यकारः । 'न्यक्तम्' इति छान्दसः प्रयोगः । 'भावे व्यक्ते' इति पाठे तु अकारप्रश्लेषेणापि 'अव्यक्ते' इति पूर्वोक्त एव अर्थः । एवं सालम्बनध्यानयोगे अपि—

'ध्यातृध्याने परित्यज्य क्रमाद् ध्येयैकगोचरम् ।
निवातदीपवच्चित्तं समाधिरभिधीयते ॥'

इति योगशास्त्रनीत्या ध्यातृध्याने विहाय, ध्येयनिरालम्बनशून्यमध्यधामविश्रान्तेः उपेयत्वात्, 'तयोः' व्यक्ताव्यक्तयोः भावयोः 'मध्यभावेन' न किञ्चिद्रूपमध्यधामविश्रान्त्या 'भावना' मध्यदशाविश्रान्तिसंस्कारः, अतिशयेन 'विकसति' उद्बोधम् आयाति, तेन व्यक्ताव्यक्तभावद्वयादिमध्यान्तदशाव्यापकतद्द्वयैकानुसन्धातृचिन्मात्ररूपमध्यविश्रान्तिः भवेत् इत्यर्थः ॥ ६२ ॥

अब ध्येयाकार भावना कहते हैं—

अनुवाद—अदृष्ट पदार्थ में निरुद्ध चित्त दूसरे पदार्थ में नहीं जायेगा और चित्त के भावान्तर में नहीं जाने पर उस समय मध्यस्थ भाव से उत्कृष्ट भावना की अभिव्यक्ति होती है ॥ ६२ ॥

व्याख्या—तीन नेत्र, चार भुजाएँ, भ्रू, दृष्टि इत्यादि आकृति वाले, ध्यान करने योग्य, इष्टदेव के स्वरूप वस्तु में जब भाव डूब जाते हैं, तो चित्तवृत्ति निरुद्ध हो जाती है । अभ्यास के चातुर्य से अत्यन्त निरुद्ध चित्तवृत्ति पुनः भावान्तर में नहीं जाती । इस प्रकार सालम्बन ध्यान में भी उसके मध्यगत ज्ञान रूप भावना में स्थित रहने वाले योगी में उत्कृष्ट भावना उत्पन्न होती जाती है । अर्थात् उसका विशाल मन ईश्वरमय हो जाता है । योगशास्त्र के अनुसार—'जिस समय ध्याता और ध्यान का त्यागकर ध्येय मात्र ही क्रम से जिसकी दृष्टि के सामने रहता है, उस समय

साधक का चित्त 'निर्वातस्थदीपशिखा' के समान निश्चल होता है। उस अवस्था का नाम ही समाधि है। जिससे व्यक्त-अव्यक्त दोनों भाव आदि, मध्य और अन्त अवस्था में व्यापक होकर (उन दोनों को एकाकार में लीन करने वाले) चिन्मय स्वरूप में विश्रान्ति हो जाती है ॥ ६२ ॥

पुनः शाक्तीं भूमिकाम् आह—

सर्वं देहं चिन्मयं हि जगद्वा परिभावयेत् ।
युगपन्निर्विकल्पेन मनसा परमोदयः ॥ ६३ ॥

आ पादात् केशान्तं 'सर्वं देहं चिन्मयं' प्रत्यंशं चिदेकरूपम्, 'युगपत्' अक्रमं 'जगत् वा' सर्वं 'निर्विकल्पेन मनसा' स्फुरच्चिच्चमत्कारव्याप्त्या, परितः अन्तर्बहिश्च 'भावयेत्' ।

'प्रकाशमानं न पृथक् प्रकाशात्, अन्यथा चेत्यमानत्वानुपपत्तेः ।'
इति न्यायात् प्रकाशः प्रकाशते इति भावयेत् ॥ ६३ ॥

अब शक्ति की भूमिका कहते हैं—

अनुवाद—सम्पूर्ण शरीर अथवा जगत् को चिन्मय विचारते हुए एक साथ निर्विकल्प मन से भी परमतत्त्व का उदय होता है ॥ ६३ ॥

व्याख्या—पैर से लेकर केश तक पूरे शरीर को चिन्मय विचार करने से अथवा एक साथ बिना किसी क्रम से सम्पूर्ण जगत् को चिन्मय चिन्तन करने से विकल्प रहित मन से भीतर और बाहर सर्वत्र चिन्मय भावना करते हुए साधक के मन में परम तत्त्व का उदय होता है। प्रकाशमान वस्तु प्रकाश से पृथक् नहीं होती है। इसी न्याय से परम प्रकाश का उदय होता है।

वायुद्वयस्य सङ्घट्टादन्तर्वा बहिरन्ततः ।
योगी समत्वविज्ञानसमुद्गमनभाजनम् ॥ ६४ ॥

'अन्तः' हृदये, 'बहिः' द्वादशान्ते, 'अन्ततः' प्रवेशनिर्गमनयोः पर्यवसाने प्राणापानसङ्घट्टम् अनुल्लिखितभेदं निर्गमप्रवेशविनाकृतं शून्यकल्पं ध्यात्वा (योगिनः) समदृष्टित्वम् उदियात् ॥ ६४ ॥

अनुवाद—भीतर और बाहर (अर्थात् हृदय और द्वादशान्त में) दो वायुओं (प्राण तथा अपान) संघट्ट होने से योगी समत्व विज्ञान के आविर्भाव का पात्र बनता है ॥ ६४ ॥

व्याख्या—अभिप्राय यह है कि अन्तः अर्थात् हृदयचक्र में, बहिः अर्थात् द्वादशान्त चक्र में, अन्ततः अर्थात् प्रवेश और निर्गमन करता हुआ, अन्त में प्राण और अपान के संघर्ष से अनुल्लिखित (लिखने में न आये ऐसी) अवस्था का भेदन करता हुआ,

शून्य तुल्य निर्गम और प्रवेश का ध्यान करने से योगी के हृदय में 'समत्व' का उदय होता है ॥ ६४ ॥

सर्वं जगत्स्वदेहं वा स्वानन्दभरितं स्मरेत् ।
युगपत् स्वामृतेनैव परानन्दमयो भवेत् ॥ ६५ ॥

'स्वानन्दभरितं' त्यक्तविषयात्मानन्दं, 'स्वामृतेनैव' स्वानन्देन भरितं स्वानन्दभरितं स्वकीयचिदानन्दपूर्णं 'सर्वं' चिन्तयेत् ।

'पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात् पूर्णमुदच्यते ।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते ॥'

इति वाजसनेयब्राह्मणश्रुतेः । इह आश्यानचिद्रसरूपस्य जगतोऽपि भासनात्—

'सर्वं देहं चिन्मयं हि .... ।'

इति पूर्वस्याः प्रकाशधारणायाः सकाशात् विशेषः ॥ ६५ ॥

अनुवाद—इस सम्पूर्ण जगत् अथवा अपने शरीर को आत्मानन्द से परिपूर्ण है, ऐसी युगपद् धारणा से उत्पन्न होने वाले आत्म अमृत से (साधक) परमानन्दमय हो जाता है ॥ ६५ ॥

व्याख्या—सम्पूर्ण जगत् को तथा स्वशरीर को भी स्वात्मानंद चिन्मयामृत से परिपूर्ण, सच्चिदानन्दघन के रूप में ध्यान करते हुए समूहालम्बन भावना से चिन्तन करते हुए योगी परमानन्दमय हो जाते हैं । यथा वाजसनेय ब्राह्मण में उद्धृत है—

पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात् पूर्णमुदच्यते ।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते ॥

'यह आत्मा पूर्ण है, यह जगत् भी पूर्ण है और पूर्ण से ही पूर्ण की व्याख्या की जाती है तथा पूर्ण में से पूर्ण को लेने पर पूर्ण ही शेष रहता है ।' यहाँ पर सम्पूर्ण जगत् चिद्रसरूप है, ऐसी भावना करने से पूरा शरीर चिन्मय स्वरूप है, यह भी अन्यत्र कहा गया है । पूर्व को प्रकाश की धारणा की अपेक्षा इसमें यही विशेषता है । आनन्द से ही सभी प्राणी उत्पन्न होते हैं, आनन्द में ही विचरण करते हैं और आनन्द में ही लय हो जाते हैं । इस प्रकार की दृष्टि धारण करता हुआ मनुष्य कृतकृत्य हो जाता है ॥ ६५ ॥

कुहनेन प्रयोगेण सद्य एव मृगेक्षणे ।
समुदेति महानन्दो येन तत्त्वं प्रकाशते ॥ ६६ ॥

'सद्य एव' विस्मयजनकः, 'कुहनप्रयोगः' अद्भुतमायाप्रयोगः, ऐन्द्रजालिक-रचितमायीयोद्यान-तत्स्थितचित्रकुसुमवृक्षादितत्स्थस्वात्मविहरणस्वाङ्गच्छेदन-पुनस्तत्संयोजनादि-अत्यद्भुतत्वजनककुहनप्रयोगदर्शने योगिनो निर्विकल्पावस्था तत्क्षणमेव भवेत् इत्यर्थः ॥ ६६ ॥

अनुवाद—'हे मृगेक्षणे ! मायीव प्रयोगों के द्वारा जो तुरन्त महान् आनन्द उत्पन्न होता है, उससे (भी) परमतत्त्व प्रकाशित होता है ॥ ६६ ॥

व्याख्या—आश्चर्यजनक कुहनन प्रयोग अर्थात् मायिक प्रक्रियाएँ—'किसी मनुष्य के हाथ-पैर काटते हुए दिखलाना, काल्पनिक वृक्षों में पुष्पादि पुष्पित करना और अपने अंगों को काटकर पुनः जोड़ देना—ऐसे अद्भुत आश्चर्य उत्पन्न करने वाले प्रयोगों को देखने पर भी योगी को निर्विकल्पावस्था तत्क्षण प्राप्त हो जाती है ॥६६॥

अधुना प्राणापानगतिविच्छेदविधियोगाभ्यासकालेऽपि परमानन्दावाप्तिः स्वयमेव यदा भवेत् तदुपदेशम् आह—

सर्वस्रोतोनिबन्धेन प्राणशक्त्योर्ध्वया शनैः ।
पिपीलस्पर्शवेलायां प्रथते परमं सुखम् ॥ ६७ ॥

श्रोत्र-चक्षुर्नासा-मुख-गुह्योपस्थरन्ध्रनिरोधेन, आधारात् द्वादशान्तं यावद् ऊर्ध्वं क्रमेण वहन्त्या 'प्राणशक्त्या' द्वादशान्ते आत्मविषयानुभवसमये 'पिपीलस्पर्शवेलायां' पिपीलिकाया इव शनैः चरतः प्राणस्य यः 'स्पर्शः' जन्माग्रादिसकाशात् मूलकन्दादिस्थानस्पर्शः । तद्वेलायां हि योगिनः परीक्षन्ते—अमुतः स्थानात् उत्थाय अद्य अदः स्थानं प्राणः प्राप्तः इति । अत्र इयं योगशास्त्रप्रक्रिया श्रीभगवता पतञ्जलिना निगदिता—

'बाह्याभ्यन्तरस्तम्भवृत्तिर्देशकालसङ्ख्याभिः
परिदृष्टो दीर्घसूक्ष्मः ।' (२।५०)

इति श्वासप्रश्वासयोः प्राणापानधर्मयोः या गतिः—पुरुषप्रयत्नम् अन्तरेण स्वाभाविकप्रवहणं, क्रमेण युगपच्च पुरुषप्रयत्नविशेषेण तस्या विच्छेदो निरोधः प्राणायामः । तस्मिन् सति—

'श्वासप्रश्वासयोः गतिविच्छेदलक्षणः प्राणायामः ।' (२।४९)

इति हि उक्तम् । बाह्यगतिनिरोधरूपत्वात् बाह्यवृत्तिः पूरकः, आन्तरगतिनिरोधरूपत्वाद् आन्तरवृत्तिः रेचकः । कैश्चित्तु बाह्यशब्देन रेचकः, आन्तरशब्देन च पूरको व्याख्यातः, युगपत् उभयगतिनिरोधः स्तम्भः, तद्वृत्तिः कुम्भकः । तदुक्तम्—'यत्र उभयोः श्वासप्रश्वासयोः सकृदेव विधारकात् प्रयत्नाद् अभावो भवति, न पुनः पूर्ववद् आपूरणप्रयत्नौघविधारणम्, नापि रेचनप्रयत्नौघविधारणम्, किं तु यथा तप्ते उपले निहितं जलं परिशुष्यत् सर्वतः सङ्कोचम् आपद्यते'—एवम् अयमपि मारुतो वहनशीलो बलवद्विधारकप्रयत्नावरुद्धक्रियः शरीर एव सूक्ष्मभूतोऽवतिष्ठते, न तु पूरयति येन पूरकः, न तु रेचयति येन रेचकः इति । त्रिविधोऽयं प्राणायामः 'देशेन, कालेन, सङ्ख्यया च

परीक्षितो दीर्घसूक्ष्मसंज्ञो भवति' यथा घनीभूतस्तूलपिण्डः प्रसार्यमाणो विरलतया दीर्घः सूक्ष्मश्च भवति, तथा प्राणोऽपि देशकालसङ्ख्याधिक्येन अभ्यस्यमानो दीर्घो दुर्लक्षतया सूक्ष्मोऽपि सम्पद्यते। तथाहि—हृदयात् निर्गत्य नासाग्रसम्मुखे द्वादशाङ्गुलपर्यन्ते देशे श्वासः परिसमाप्यते, तत एव च परावृत्त्य हृदयपर्यन्तं प्रविशन्ती स्वाभाविकी प्राणापानयोः गतिः, अभ्यासेन तु क्रमेण नाभेः आधारात् वा निर्गच्छति, नासान्तश्चतुर्विंशत्यङ्गुलपर्यन्ते षट्त्रिंशदङ्गुलपर्यन्ते वा देशे समाप्यते। एवं प्रवेशोऽपि तावान् अवगन्तव्यः। तत्र बाह्यदेशव्याप्तिः निवाते देशे इषीकादिसूक्ष्मतूलक्रियया अनुमन्तव्या, अन्तरपि पिपीलिकास्पर्शसदृशेन स्पर्शेनानुमन्तव्या,–सा इयं देशपरीक्षा। तथा निमेषक्रियावच्छिन्नस्य कालस्य चतुर्थो भागः क्षणः, तेषाम् इयत्ता अवधारणीया, स्वजानुमण्डलं पाणिना त्रिः परामृश्य छोटिकावच्छिन्नः कालो मात्रा, ताभिः षट्त्रिंशन्मात्राभिः प्रथम उद्घातो मन्दः, स एव द्विगुणीकृतो द्वितीयो मध्यः, स एव त्रिगुणीकृतः तृतीयः तीव्रः इति। नाभिमूलात् प्रेरितस्य वायोर्विरिच्यमानस्य शिरसि अभिहननम् उद्घातः इति उच्यते, सा इयं कालपरीक्षा। सङ्ख्यापरीक्षा च प्रणवजपावृत्तिभेदेन वा श्वासप्रवेशगणनया वा। यद्यपि कुम्भके देशव्याप्तिः न अवगम्यते, तथापि कालसङ्ख्याव्याप्तिः अवगम्यते एव। स खल्वयं प्रत्यहम् अभ्यस्तो दिवसपक्षमासादिक्रमेण देशकालप्रचयव्याप्तितया दीर्घः, परनैपुण्यसमधिगमनीयतया च सूक्ष्मः, प्राणस्य सूक्ष्मीभवनं मनःप्रशान्तिप्रयोजनं, मनःशान्त्या प्राणशान्तिः, प्राणशान्त्या विकल्पक्षयः इति कष्टयोगस्यापि निर्विकल्पदशाप्राप्तिः प्रयोजनम् इति अलम्। तदेतदुक्तम्—पिपीलस्पर्शवेलायां देशकालादिपरीक्षया परानन्दावाप्तिः इत्यर्थः ॥ ६७ ॥

अब प्राणापान की गति-विच्छेदन के अभ्यास से भी स्वयं परमानन्द-प्राप्ति हो जाती है, उस अभ्यास का उपदेश करते हैं—

अनुवाद—सम्पूर्ण (इन्द्रिय) छिद्रों का निरोध करके प्राणशक्ति को धीरे-धीरे ऊपर उठाना उस समय मूलकन्दादि स्थानों में जब चींटी की गति के समान स्पर्श होता है, तभी (साधक) परम सुख को प्राप्त होता है ॥ ६७ ॥

व्याख्या—श्रोत्र, चक्षु, नासिका, मुख, गुदा और उपस्थ (लिंग) आदि इन्द्रियों के छिद्रों को रोककर मूलाधार से द्वादशान्त पर्यन्त उर्ध्वगति से चलती हुई प्राणवायु की शक्ति द्वादशान्त में जाती है। उस समय चींटी की गति के तुल्य सूक्ष्म गति से चलता हुआ प्राणवायु मूलाधार से द्वादशान्तचक्र तक गति करता है। उस समय योगी को आभास होता है कि मेरा प्राणवायु अमुक चक्र से अमुक चक्र तक पहुँच चुका है। इस प्रकार योगशास्त्र की प्रक्रिया से श्वास-प्रश्वास के द्वारा बिना किसी पुरुष

प्रयत्न के प्राणवायु की गति स्वाभाविक क्रम से होती है। जब पुरुष स्वप्रयत्न से उसका निरोध करता है—उसे 'प्राणायाम' कहते हैं। वह बाह्यगति-निरोध रूप बाह्य वृत्ति है—उसे 'पूरक' कहते हैं तथा आभ्यन्तरगति-निरोध 'रेचक' कहलाता है। कुछ लोगों ने बाह्यगति-निरोध को 'रेचक' और आभ्यन्तरगति-निरोध को 'पूरक' भी कहा है तथा 'रेचक' 'कुम्भक' उभयगति-निरोध को 'कुम्भक' कहा है। यथा शास्त्रान्तरों में कहा है—'जहाँ श्वास-प्रश्वास दोनों की गति एक साथ धारण की जाय ऐसे प्रयत्न से जो श्वास-प्रश्वास का अभाव उत्पन्न होता है, न कि पहले की तरह पूरक प्रयत्न समूह के विधारण करने से अथवा रेचक प्रयत्न विधारण करने के प्रयत्न से। किन्तु जैसे तपे हुए पत्थर या लोहे पर रखा हुआ जल सूखकर सब ओर से संकोचता को प्राप्त होता है, उसी प्रकार यह प्रवहणशील वायु बलपूर्वक धारण करने के प्रयत्न से अवरुद्ध होकर शरीर के भीतर ही सूक्ष्म होकर स्थित रहता है। उस अवस्था में न तो यह 'पूरक' रहता है न 'रेचक'। तब वह कुम्भक कहलाता है।

इस प्रकार पूरक, कुम्भक और रेचक तीनों प्रकार का प्राणायाम देश, काल और संख्या से परीक्षित दीर्घ अथवा सूक्ष्म होता है। जैसे जमा हुआ रूई का गोला फैलाने पर विरल, दीर्घ अथवा सूक्ष्म हो जाता है, उसी प्रकार यह प्राणवायु भी देश, काल और संख्या की अधिकता से अभ्यास किया जाने पर दीर्घ अथवा सूक्ष्म हो जाता है तथा हृदय से निकल कर नासिकाग्र भाग के समक्ष द्वादश अंगुलपर्यन्त प्रदेश में समाप्त होता है। वहाँ से लौटकर हृदय-पर्यन्त प्रवेश करता हुआ वायु जब अपान रूप से भीतर उतरता है, अपानख को त्यागता है और अभ्यास के क्रम से नाभि के आधार चक्र से निकलता है तथा नासिका पर्यन्त, २४ अंगुल पर्यन्त अथवा ३६ अंगुल पर्यन्त देश में समाप्त होता है। इसी प्रकार प्रवेश के समय में भी उतना ही समझा जाना चाहिए। वहाँ पर बाह्यदेश में उसकी व्याप्ति निर्वात प्रदेश में अतिसूक्ष्म रूई के कण के सदृश उसका अनुमान करना चाहिए। इसी प्रकार आभ्यन्तर का भी चींटी के स्पर्श मात्र से इसका अनुमान किया जाना चाहिए। इस अनुमान करने का नाम 'देश-परीक्षा' है। इस प्रकार एक निमेष में होने वाली क्रिया के समान जो काल है उसका चतुर्थांश क्षण कहा जाता है तथा उन क्षणों के द्वारा इस प्राणवायु के निरोध के काल की गति का अनुमान करना चाहिए। अपने घुटने के मण्डल पर हाथ को तीन बार फिराया जाय, उतने समय का नाम 'छोटिका' है। जो छोटिकावच्छिन्न काल है वह मात्रा है तथा ३६ मात्राओं से उत्पन्न होने वाला प्रथमोद्घात 'मन्द' कहलाता है। वही 'मन्द' द्विगुणित किया तो वह मध्यम काल 'द्वितीय' कहा जायेगा। इस प्रकार त्रिगुणित मन्दकाल 'तृतीय' अर्थात् तीव्र कहलाता है। नाभिमूल से प्रेरित वायु का जब विरेचन किया जाय तो वह सिर में टकराता है। वह उद्घात कहलाता है। इस प्रकार यह काल परीक्षा है। तथा प्रणव जपादि के भेदवृत्ति से जो संख्या लगायी जाती है अथवा श्वास के प्रवेश की गणना से जो संख्या लगाई जाती है वह भी एक प्रकार की 'काल-परीक्षा' ही है।

यद्यपि 'पूरक' तथा 'रेचक' की संख्या की परीक्षा उक्त प्रकार से परिगणित हो सकती है, तथापि कुम्भकावस्था में उसकी व्याप्ति का आभास होना असंभव है; फिर भी काल की व्याप्ति की संख्या का ज्ञान अवश्य होता है। वह प्रतिदिन अभ्यास करने पर दिन, पक्ष, मासादि क्रम से देश, काल, समुदाय की व्याप्ति से दीर्घ और परम निपुणता के अवगमन से सूक्ष्म समझा जाता है। प्राण का सूक्ष्म होना मन को शान्ति देने का प्रयोजन है। मन की शांति से प्राण की शांति होती है और प्राण की शांति से विकल्प क्षय होते हैं। यह कष्ट योग भी निर्विकल्प अवस्था प्राप्ति का कारण हो सकता है। पिपीलिका स्पर्श तुल्य समय में देशकालादि की परीक्षा के समय परमानन्द की प्राप्ति होती है। ऐसा शास्त्रों में भी कहा गया है तथा भगवान् पतंजलि ने भी कहा है ॥ ६७ ॥

मध्यविकासकारणं शक्तिसङ्कोच-शक्तिविकासोपायम् आह—

वह्नेर्विषस्य मध्ये तु चित्तं सुखमयं क्षिपेत् ।
केवलं वायुपूर्णं वा स्मरानन्देन युज्यते ॥ ६८ ॥

अनुप्रवेशक्रमेण सङ्कोचभूमिः वह्निः, नासापुटोर्ध्वस्पन्दनक्रमोन्मिषत्सूक्ष्म-प्राणशक्त्या भ्रूभेदनक्रमासादितोर्ध्वकुण्डलिनीपदे तद्विश्रान्तिरूपसङ्कोचस्थानं विषस्थानं प्रसरयुक्त्या विकासपदम्। अधः कुण्डलिन्यां षष्ठवक्त्रगुह्याधार-रूपायां प्राणशक्ति प्रगुणीकृत्य, प्रसररूपो विकासः तन्मूल-तदग्र-तन्मध्यभूमि-स्पर्शावेशः। अनयोः वह्निविषयोः मध्ये–मध्यनाड्यां सृष्टिग्रन्थिभूतायाम् आनन्दमयं मनः भावनया क्षिपेत्–चिन्तयेत्। वायुनिर्गमप्रवेशधारणां विहाय मध्यभूते उन्मेषभट्टारके तन्निर्गमप्रवेशकारणे तद्द्वयैकानुसन्धात्रात्मके तद्धार-णया आनन्दमयं चित्तं क्षिपेत्। केवलम् आरोहावरोहविषयसम्बन्धरहितं वायुपूर्णं च मध्यनाडीस्थिताक्रमोच्चारानच्चकलात्मकप्राणशक्तिभरितं च। ततः स्मरानन्दमयो भवेत्, स्मरानन्देन कामानन्देन युज्यते। सर्वविषयविस्मार-कारणत्वात् कामानन्दस्य आनन्दान्तरेभ्यः परत्वम्।

यद्वा, वह्निः मेढ्रात् ऊर्ध्वं नाभ्यधोऽङ्गुलानां चतुष्टये अग्निर्नाम पवना-धारः षोडशपवनाधारमध्ये गणितः। विषनामा पवनाधारो मेढ्रमध्ये ज्ञेयः। तयोः पवनाधारयोर्मध्ये सुखमयचित्तनिक्षेपणम्। श्रुतमतप्रकारैव भावना कर्तव्या इति हि योगिसम्प्रदायः। ततः कामानन्दावाप्तिः। षोडशाधारास्तु कुलाम्नाये कथिताः—

'मेढ्रस्याधः कुलो ज्ञेयो मध्ये तु विषसंज्ञितः।
मूले तु शाक्तः कथितो बिन्दुनादप्रवर्तकः॥

अग्निसंज्ञस्ततश्चोर्ध्वमङ्गुलानां चतुष्टये ।
नाभ्यधः पवनाधारो नाभावेव घटाभिधः ।।'

इत्यादि । इयं स्थानध्यानाश्रया आणवी भूः ।। ६८ ।।

अब मध्य विकास के कारण संकोच विकासादि उपायों को बताया जा रहा है—

अनुवाद—आग और विष के बीच चित्त को आनन्दमय अथवा केवल वायुपूर्ण बनाये रखना (चित्त की यह अवस्था) कामजन्य आनन्द के लिए उपयुक्त नहीं है ।। ६८ ।।

व्याख्या—जहाँ नासापुट से प्राणवायु के निर्गम और प्रवेश के द्वारा भ्रूचक्र के भेदन के लिए उठती हुई 'कुण्डलिनी' का संकोच स्थान है और जहाँ जाकर कुण्डलिनी विश्राम करती है, उसे 'विषस्थान' कहते हैं तथा नीचे की ओर छठे मुँह आधारचक्र के भीतर प्राणशक्ति प्रगुणित होकर प्रसरण करने लगती है, उस मूलाधार चक्र का भाग और उसके मध्य भूमि में जहाँ-जहाँ स्पर्श का अनुभव होता है, उसका नाम 'वह्नि स्थान' है । इस प्रकार वह्नि और विषय के मध्य भ्रूचक्र के भीतर जहाँ 'सृष्टिनाड़ी' का मध्य है, उस 'सृष्टि ग्रन्थिभूत चक्र' में आनन्दमय मन को भावना के द्वारा चिन्तन करने से केवल आरोह-अवरोह विषय से सम्बन्धित वायु से परिपूर्ण मध्यनाड़ी में स्थित अच्-कला से रहित और प्राणशक्ति से परिपूर्ण उस स्थान के स्मरण से मनुष्य कामानन्दमय हो जाता है । उसे ही 'परानन्द' कहा जाता है । सम्पूर्ण विषयों को विस्मरण कराने के कारण ही यह कामानन्द दूसरे विषयों से परे माना गया है । अथवा लिंग से ऊपर और नाभि से नीचे चार अंगुल जो पवन का आधार स्थल है, उसी का नाम 'अग्नि' है । जो सोलह वायु के आधारों का मध्य गिना गया है, और जो लिंग के मूल में वायु का आधार है, उसको 'विषस्थान' कहते हैं । इन दोनों 'वायु' के मध्य सुखमय चित्त की धारणा के द्वारा चिन्तन करने से कामानन्द की प्राप्ति होती है ।

ये सोलह आधार 'कुलामनाय' नामक ग्रन्थ में इस प्रकार निरूपित किये गये हैं—लिंग के नीचे 'कुल' है और मध्य में 'विष', मूल में शाक्तचक्र जो बिन्दु और नाद का प्रवर्तक है । अग्निचक्र इससे चार अंगुल ऊँचा है, जो नाभि के पवन का आश्रय है । वही नाभि के भीतर घट के नाम से अभिहित किया जाता है । यह 'स्थान ध्यानाश्रय नामक आणवी भूमिका' है । ऐसा योगियों का सम्प्रदाय है ।।६८।।

शक्तिसङ्गमसङ्क्षुब्धशक्त्यावेशावसानिकम् ।
यत्सुखं ब्रह्मतत्त्वस्य तत्सुखं स्वाक्यमुच्यते ।। ६९ ।।

शक्तिसङ्गमः स्त्रीसङ्गः, तेन सङ्क्षुब्धः सम्प्रवृत्तः, शक्त्यावेशः आनन्दशक्तिसमावेशः, तदावसानिकं तत्पार्यन्तिकम् ।

'न सृष्टिर्जायते लिङ्गान्न भगान्नापि रेतसः।
आनन्दोच्छलिता शक्तिः सृजत्यात्मानमात्मना ॥'

इति उक्तरीत्या स्त्रीसङ्गानन्दाविर्भूतानन्दशक्तिसमावेशान्ते यत् घण्टचनुरणनरूपं ब्रह्मतत्त्वस्य सुखं परब्रह्मानन्दः, त्यक्तस्त्रीपुरुषद्वैतपर्यालोचनं स्वात्ममात्रनिष्ठं, तत् सुखं स्वकमेव स्वाक्यम् (स्वार्थे ष्यञ् चातुर्वर्ण्यत्रैलोक्यादिवत्) आत्मन एव सम्बन्धि, न अन्यत आयातं भावयेत्। स्त्रीसङ्गस्तु अभिव्यक्तिकारणमेव, यतः स्वक एव स आनन्दः, ततश्च स्त्रीसङ्गेन य आनन्दः अनुभूयते तामेव स्त्रियं ध्यात्वा आनन्दमयो भवेत् इति भावः। उक्तञ्च—

'जायया सम्परिष्वक्तो न बाह्यं वेद नान्तरम्।
निदर्शनं श्रुतिः प्राह मूर्खस्तं मन्यते विधिम् ॥'

इति। विश्वस्फुरणशक्तिसङ्गमसङ्क्षुब्धा या चिच्छक्तिः तस्या य आवेशः इति केचित् ॥ ६९ ॥

अनुवाद—स्त्री-संग से संक्षुब्ध शक्ति के आवेश पर्यन्त जहाँ आनन्दशक्ति का समावेश होता है, वहाँ तक जो ब्रह्मतत्त्व के सदृश सुख मनुष्यों को होता है, वह सुख भी आत्मा का ही है ॥ ६९ ॥

व्याख्या—स्त्री-संग से संक्षुब्ध होकर, आनन्दशक्ति के समावेश पर्यन्त जो सुख उपलब्ध होता है, वह सुख भी आत्मानन्द रूप ही है। इसीलिए कहा भी है—'न तो सृष्टि लिंग से उत्पन्न होती है और न भग से और न ही वीर्य से, किन्तु आनन्दोल्लास से उल्लसित शक्ति अपने आप आत्मा से ही आत्मा का सृजन करती है। स्त्री-संग तो केवल उसकी अभिव्यक्ति का कारण है। अतः स्त्री-संग से जिस आनन्द का अनुभव होता है (उस स्त्री के बिना भी) उसी स्त्री का ध्यान कर आनन्दमग्न हो जाओ। कहा भी है—'स्त्री के आलिंगन करने पर न तो मनुष्य बाह्य वस्तु को जानता है न आन्तरिक वस्तु को। इस प्रकार बाह्य-आभ्यन्तर शून्य होने का नाम ही विवाह-विधि है'—ऐसा वेदों में कहा गया है। जो बाह्य विधि को विधि मानते हैं, वे मूर्ख हैं ॥ ६९ ॥

लेहनामन्थनाकोटैः स्त्रीसुखस्य भरात्स्मृतेः।
शक्त्यभावेऽपि देवेशि भवेदानन्दसम्प्लवः ॥ ७० ॥

लेहनं वक्त्रासवास्वादनं, परिचुम्बनम् इति यावत्। मन्थनं प्रधानाङ्गविलोडनम् आलिङ्गनं वा। आकोटः पुनः पुनर्मर्दनं नखक्षतादि वा। शक्त्यभावः स्फुटस्त्र्यादीनां कारणानामभावः। शक्त्यभावेऽपि इत्यनेन स्वकीय एव स आनन्दः तत्सम्मुखीभावेन आयातो, न पुनः तत्र स्त्री कारणम् इति स्वयमेव आत्मानं सानन्दमयं ध्यायेत् इत्यर्थः। लेहनाद्यैः स्त्रीसुखस्य स्मरणभरात्

आनन्दः इति । भरात् स्मर्यमाणो हि स स्पर्शः तत्स्पर्शक्षेत्रे च मध्यमाकृत्रिम-पराशक्तिनालिकाप्रतिबिम्बितः उन्मुखशाक्तस्पर्शाभावेऽपि तदन्तर्वृत्तिशाक्त-स्पर्शात्मकवीर्यक्षोभकारी भवति इति अभिनवगुप्तपादाः ॥ ७० ॥

अनुवाद—हे देवेशि ! लेहन (मुखासव का आस्वादन), मन्थन (आलिंगन), अकोट (पुनः पुनः मर्दन, नख क्षतादि) आदि स्त्री के साथ (पूर्वानुभूत) सुख के स्मरण से स्त्री के अभाव में भी सुख की बाढ़ आ जाती है ॥ ७० ॥

व्याख्या – यह स्मरण मात्र से अनन्त शक्ति (पराशक्ति) के प्रतिबिम्ब होने के कारण ही शक्ति के स्पर्शाभाव में भी अन्तर्वृत्ति से कल्पित शक्ति का स्पर्श करना वीर्य क्षोभ का कारण होता है, और उससे प्राप्त होने वाला आनन्द भी आत्मानन्द ही है । ऐसा 'अभिनवगुप्तपाद' का मत है ॥ ७० ॥

आनन्दे महति प्राप्ते दृष्टे वा बान्धवे चिरात् ।
आनन्दमुद्गतं ध्यात्वा तल्लयस्तन्मना भवेत् ॥ ७१ ॥

स्फुटस्त्र्यादिशक्तिभावे सति महानन्दप्राप्तिः इत्यर्थः । दारिद्र्याद्युपद्रुतस्य कस्यचिद् अनन्तनिष्कण्टककोशप्राप्तेः महान् आनन्दः तस्मिन् प्राप्ते सतीत्यर्थः । चिरकालं प्रवासात् आगते इष्टे बान्धवे पुत्रमित्रादौ प्राप्ते सति आनन्दम् उद्गतं ध्यायेत्, उद्गतमात्रमेव गृहीत्वा तद्ध्यानान्तर्मनस्कत्वेन आनन्दे एव विश्रान्तः स्याद् इत्यर्थः ॥ ७१ ॥

अनुवाद—(अकस्मात् प्रभूत धन पाने पर दरिद्र व्यक्ति भी) महान् आनन्द की प्राप्ति होने पर अथवा चिरकाल के बाद बन्धु-बान्धव के मिलन से उत्पन्न होने वाले आनन्द का ध्यान कर तल्लीन एवं तन्मय हो जाता है ॥ ७१ ॥

जग्धिपानकृतोल्लासरसानन्दविजृम्भणात् ।
भावयेद्दुरितावस्थां महानन्दस्ततो भवेत् ॥ ७२ ॥

क्षुदतिशयनिवर्तकयत्किञ्चिन्मात्रभक्ष्यादिभक्षणं जग्धिः, पिपासातिशय-निषेधकशीतलजलादेः मधुरक्षीरादेर्वा आस्वादनं पानं, ताभ्यां प्रतिग्रासं प्रतिसिक्तं प्रतिबिन्दु तुष्टिपुष्टिक्षुन्निवृत्त्याख्यकार्यत्रयहेतुभ्यां कृता ये उल्लासरसानन्दाः, करचरणादीनां स्वाङ्गानां स्पर्शनादिविमर्शनेन उच्चैः द्योतनम् उल्लासः, सर्वासु स्थूलसूक्ष्मगर्भनाडीषु शुष्कताया अभावे स्नेहार्द्रतालक्षणो रसः, भोजनाद्यभावे हि नाडीनां रूक्षता जायते, तद्भावे तु रसवितननम्, तदनन्तरम् आनन्दः, अहंविमर्शसञ्चेतनं रसरूपो वा आनन्दः इति वा ।

'रसो वै सः रसं ह्येवायं लब्ध्वानन्दी भवति ।'

इति श्रुतेः, तस्य 'विजृम्भणात्' सर्वगात्रविषयविकसनात् हेतोः स्वदेह-पूर्णतादशां भावयतो महानन्दप्राप्तिः इत्यर्थः। ये तु रसनीयवीरद्रव्यपानाव-दंशचर्वणादिना आनन्दविकासात् भरितावस्थाम् अभिदधति, तत्र अत्युन्माद-विधायिभावकवलने स्वानन्ददशावमर्शनविषये सहृदया एव प्रमाणम् इति त एव प्रष्टव्याः,–तादृग्दशायां तत्त्वचिन्ता किम् अस्ति इति। यदि पुनः तत्रापि तेषाम् अवहितचित्तत्वं भवेत् तर्हि तेऽतिधन्याः सर्वपूज्याः सर्वनमस्कार्या महा-चाराः इति तान् न निन्देत्, किं तु नमस्येत्।

'न निन्देदथ वन्देत वीरद्रव्यपरान्नरान्।'

इत्युक्तेः ॥ ७२ ॥

अनुवाद—भोजन और पान से उत्पन्न उल्लास, रस और आनन्द के विजृम्भण से पूर्णता की अवस्था की भावना करे, उससे महान् आनन्द होगा ॥ ७२ ॥

व्याख्या—भूख तथा प्यास की निवृत्ति करने वाले भक्ष्य, भोज्य, लेह, पेय और चोष्य अन्नादि तुष्टि, पुष्टि और क्षुत से निवृत्त होकर के शरीर में रस का वर्द्धन कर आनन्द उत्पन्न करते हैं और नाड़ियों की रूक्षता मिट जाती है। इसी प्रकार यदि मनुष्य सांसारिक भोग में आसक्त रह कर भी उस रसमय परमात्मा की आन-न्दावस्था (जिसे भरितावस्था कहते हैं) को प्राप्त कर लेता है, तो उस वीर का वह पान भक्ष्य और चर्वण भी परमात्मा की भरितावस्था को प्राप्त करने में समर्थ होने के कारण धन्य व स्तुत्य है। इसीलिए शास्त्रों में कहा गया है—'वीर पुरुषों के मद्यपान करते हुए और विषयासक्त रहते हुए भी उनकी निन्दा नहीं करनी चाहिए, प्रत्युत प्रशंसा ही करनी चाहिए। उपनिषदों में भी 'रस' के सम्बन्ध में ऐसा ही कहा गया है ॥ ७२ ॥

गीतादिविषयास्वादासमसौख्यैकतात्मनः।
योगिनस्तन्मयत्वेन मनोरूढेस्तदात्मता ॥ ७३ ॥

गीतं गायनम्—ऊर्ध्वमध्याधोग्रामत्रयस्थस्वरावृत्त्या उच्चारणं, हालाक-पाठकनिर्वर्तितं शब्दनम् इति यावत्, आदिशब्देन स्पर्शरूपरसादिग्रहणम्, तेन शब्दादिविषयाणां यत् आस्वादनं श्रवणेन्द्रियवृत्त्या गीतशब्दग्रहणं तच्चमत्क-रणम्, एवम् अतिसुन्दररूपवद्दर्शनचमत्कारः, तथा मधुरादिरसचर्वणास्वादः, तस्मात् हेतोः यत् असमम् अनुपमं–स्वानुभवगम्यं सौख्यम्, तेन या एकता, तद्रूपः आत्मा यस्य योगिनः, तस्य मनोरूढेः हेतोः यत् तन्मयत्वं–शाक्तस्पर्शा-वेशः, तेन हेतुना तदात्मता–परब्रह्ममयत्वापत्तिः। एषापि शाम्भवी भूः ॥७३॥

अनुवाद—संगीतादि विषयों के आस्वाद के अनुपम आनन्द से एकरूप योगी

का तन्मय होने से होने वाली मानस स्थिरता के कारण शिवात्मकता हो जाती है ॥ ७३ ॥

यत्र यत्र मनस्तुष्टिर्मनस्तत्रैव धारयेत् ।
तत्र तत्र परानन्दस्वरूपं सम्प्रवर्तते ॥ ७४ ॥

मनस्तुष्टिः इति मनसः प्रमोदः, न तु मनःक्षोभो वक्ष्यमाणः । यस्मिन् यस्मिन् वस्तुनि मनोहरे कामिनीवदनकमलादौ मनः सज्जते, तत्रैव धारयेत् स्थिरं कुर्यात् मनः, न तु मनोनियमनम् अकृत्वा नानाविधविकल्पक्षोभैः स्वात्मानं योगारूढत्वदशाया अधः पातयेत् । मनसो धारणमपि इत्थं कामादिक्षोभं प्रशमय्य, अत्र नितम्बिनीसुन्दरकायमन्दिरे 'चिदानन्दात्मकः शिवोऽहम् अस्मि, ममैव इयं भङ्गिः' इति यथाशक्ति, न पुनः केवलकामपरतन्त्रतया करचञ्चत्कुचपरपरिमर्दन-पेशलकोमलकुन्तलकर्षणललनाविरचितचक्षुःकूणन-बाहूद्धूनन-सीत्कृतिबोधन-त्वरितसभाजन-मानन-स्वरचितवेणीग्रहण-वशीकृत-पश्चात्ग्रीवानवरतप्रेङ्खोलनसन्दर्शन-प्रसृतोत्क्षेपण-करनखलेखन-रदनोद्वर्तितमञ्जुकपोलद्वन्द्वोच्चुम्बन-सक्थिश्लेषण-स्वप्रोथद्वयपृथुलविघट्टन-श्यामारक्ताधरभव-षष्ठवर्णप्लुतसम्बोधन-दीपितमन्मथवह्निचुट्टङ्कितप्रजननतेजन-यष्टि-प्रक्षेपण-सङ्घट्टन-रेतःसिञ्चनपर्यन्तक्षोभविधानेन आत्मानं गर्ते पातयेत् । यदुक्तम् अत्रैव अग्रे—

'कामक्रोधलोभमोहमदमात्सर्यगोचरे ।
बुद्धिं निस्तिमितां कृत्वा····· ॥'

इति कामादिक्षोभं स्वात्मनि प्रशमय्य, एकाग्रां निश्चलां मतिं विधाय, तत् तत्त्वं सामान्यस्पन्दात्मकं प्रत्यवभ्रष्टुम् अवशिष्यते इति भावः । तत इह मनस्तुष्टिः इति मनो नियच्छेत् इति च सूक्तम् । अन्यथा तु तत्रभवज्जगद्गुरुवासुदेववचनव्याघातापत्तेः । यथा—

'त्रिविधं नरकस्येदं द्वारं नाशनमात्मनः ।
कामः क्रोधस्तथा लोभस्तस्मादेतत्त्रयं त्यजेत् ॥
एतैर्विमुक्तः कौन्तेय तमोद्वारैस्त्रिभिर्नरः ।
आचरत्यात्मनः श्रेयस्ततो याति परां गतिम् ॥'

(गीता अ० १६ श्लो० २१-२२)

इति । तथा—

'यदा क्षोभः प्रलीयेत तदा स्यात्परमं पदम् ।' (१।९)

इति स्पन्दोपदेशानर्थक्यापत्तेश्च । रूपातिशयं दृष्ट्वापि स्वशक्त्यनुसारेण पूतः असक्तो भवेत्, न तु अपवित्रः । मुमुक्ष्वभिप्रायेण अयम् अर्थो निर्वाहितः ।

मुक्तानां तु एवंविधक्षोभकल्लोलोदयदशा नैव भाविनी, तेषां समाधिषट्क-परिपाकलब्धनित्यसमाधिसाक्षात्कारः। समाधिषट्कलक्षणम् अग्रे व्याख्यास्यामः। सप्तमश्च नित्यसमाधिसाक्षात्काररूपः। समाधिश्च व्याख्यास्यते, एतदभिप्रायेण अग्रे वक्ष्यति—

'यत्र यत्र मनो याति बाह्ये वाऽभ्यन्तरेऽपि वा।
तत्र तत्र शिवावस्था व्यापकत्वात् क्व यास्यति॥'

तथा—

'चलित्वा यास्यते कुत्र सर्वं शिवमयं यतः।'

इति।

'देहेऽपि विस्मृते यस्य चिद्विमर्शस्य भावनात्।
महात्मनो विरक्तस्य भोगासङ्गो न रोचते॥'

इति उक्तत्वात् देहाभिमान एव भोगासक्तिजनकः, मुक्तस्य तु तदपायात् भोगविषयारुचिरेव, यदि कदाचित् तस्यापि प्रारब्धकर्मशेषवशात् जातु अपि सम्भवेत्, तत् कादाचित्कमेव जगति, न तु सर्वत्र प्रायिकम् इति न कश्चिद् दोषः॥ ७४॥

अनुवाद—जहाँ-जहाँ मन को संतोष प्राप्त होता है, वहीं धारणा के द्वारा मन को लगाना चाहिए; वहीं परमानन्द का स्वरूप प्रकाशित होता है॥ ७४॥

व्याख्या—जहाँ-जहाँ सुन्दर वस्तु पर मन जाता है, उसे वहीं स्थिर करके—'यह मैं सुन्दर रूप में शिवस्वरूप दिखलाई दे रहा हूँ' ऐसी धारणा करनी चाहिए अर्थात् शय्या पर आई हुई स्त्री के हाव, भाव, कटाक्ष तथा शारीरक सौन्दर्य में भी साधक को—'यह मैं परम शिव इस रूप में कितना सुन्दर आनन्दमयी बना हुआ हूँ' इस प्रकार की भावना से मन को स्थिर करना चाहिए, न कि विक्षोभ उत्पन्न कर मन में चाञ्चल्योत्पत्ति को अवसर देना चाहिए। इससे मन संतुष्ट होकर शांति प्राप्त करेगा। यदि साधक ऐसी धारणा नहीं करेगा, तो फिर भगवान् कृष्ण द्वारा बतलाये हुए 'घोरनरक' में गिरने से कभी नहीं बच पायेगा। जैसा कि कहा है—'काम, क्रोध और लोभ ये तीनों नरक के द्वार हैं और आत्मा का विनाश करने वाले हैं। हे कौन्तेय! इन तीनों अंधकार द्वारों से वर्जित मनुष्य ही अपनी आत्मा का कल्याणप्रद मार्ग ढूँढ़ सकते हैं और उस पर चलते हुए स्वात्मकल्याण साधन कर सकते हैं।

अतः पूर्वोक्त प्रकार से कामिनी के हाव-भाव मे भी ईश्वर का ही सौन्दर्य प्रकट हो रहा है। इस प्रकार मन को स्थिर कर जब चित्त का विक्षोभ शांत हो जाता है, तो मनुष्य परमपद को प्राप्त कर लेता है। ये सब साधन मुमुक्षु के निर्वाह हेतु बतलाए गये हैं। मुक्त पुरुषों के लिए तो ऐसी अवस्था ही सामने नहीं आती, क्योंकि उनके मन में विक्षोभ की लहरें ही उत्पन्न नहीं होती। उनके मन में तो छः प्रकार की

समाधि का परिपाक हो जाने के कारण साक्षात्कार रूप सप्तम समाधि प्राप्त हो जाने पर मन के सारे विक्षोभ शांत हो जाते हैं। इन छः प्रकार की समाधियों का वर्णन हम आगे करेंगे। इसी अभिप्राय से आगे कहा जायेगा—'जहाँ-जहाँ मन जाता है, चाहे बाहर जाए या आभ्यन्तर जाए, उन सभी स्थानों पर व्यापक शिवावस्था का चिन्तन करना चाहिए। उस व्यापक अवस्था से अतिरिक्त कोई स्थान ही नहीं है, तो फिर मन अन्यत्र जायेगा कहाँ? क्योंकि जब सब कुछ शिवमय है, तो उसके लिए चलकर जाने के लिए अन्यत्र कोई स्थान ही नहीं है। देह विस्मृति होने पर भी चैतन्य विमर्श की भावना के कारण उस विरक्त महात्मा को भोग की आसक्ति अच्छी नहीं लगेगी।' ऐसा आचार्यों ने कहा है कि देहाभिमानियों को ही भोगासक्ति होती है। मुक्त पुरुष में तो देहाभिमान न होने के कारण भोग विषय की रुचि ही उत्पन्न नहीं होती। कदाचित् किसी योगी के प्रबल प्रारब्ध कर्म शेष रह जाने के कारण भोगासक्ति हो जाय तो वह अपवाद स्वरूप ही है। परमार्थतः योगी भोगासक्ति रहित ही होते हैं ॥ ७४ ॥

अनागतायां निद्रायां प्रणष्टे बाह्यगोचरे।
सावस्था मनसा गम्या परा देवी प्रकाशते ॥ ७५ ॥

अनागतायां निद्रायां-चित्तवृत्तेः तमश्छादने, बाह्ये च विषयपञ्चके विनष्टदर्शने, या अवस्था निरावरणा मध्येऽस्ति, सा मनसा गम्या-स्वसंविदवष्टम्भस्वीकार्या, तथा सति सैव परादेवीत्वेन भाति इति एषापि शाम्भवी भूः।

तथा च वासिष्ठे दर्शने—

'निद्रादौ जागरस्यान्ते यो भाव उपजायते।
तं भावं भावयन्साक्षादक्षयानन्दमश्नुते ॥'

इति ॥ ७५ ॥

अनुवाद—निद्रा के न आने पर तथा बाह्य विषयों का दर्शन नष्ट हो जाने पर जो मनोगोचर अवस्था है, वही परादेवी के रूप में प्रकाशित होती है ॥ ७५ ॥

व्याख्या—यह शांभवी भूमिका है। यथा वासिष्ठ दर्शन में भी कहा गया है—'निद्रा के आदि में तथा जाग्रतावस्था के अन्त में जो भाव उत्पन्न होते हैं, उस भाव का चिन्तन करता हुआ मनुष्य साक्षात् अक्षय आनन्द का अनुभव करता है ॥७५॥

बाह्यसूर्यादितेजश्छुरिताकाशालम्बनाम् आणवीं ध्यानभूमिम् आह—

तेजसा सूर्यदीपादेराकाशे शबलीकृते।
दृष्टिर्निवेश्या तत्रैव स्वात्मरूपं प्रकाशते ॥ ७६ ॥

दिवसे ऊर्ध्वाधःस्थबाह्यमहाकाशे दिनातपप्रकाशेन कर्बुरीभूते, रात्रौ चन्द्रज्योत्स्नया शवले चन्द्रमण्डलान्तः तद्बाह्ये च महाकाशे, तथा गृहैकदेश-स्थदीपमण्डलान्तर्बहिर्व्यापके कोष्ठाकाशे—तज्ज्वालाप्रकाशेन चित्रे दृष्टिं बद्ध्वा निर्निमेषदृष्टिबन्धनसतत्त्वसंयमात् स्वात्मरूपम्—स्वस्वरूपं सर्वं भुवन-जातं चिद्घनाकारं ज्ञानदृष्ट्या पश्यति। तथाहि आह भगवान् पतञ्जलिः—

'भुवनज्ञानं सूर्ये संयमात्' (पा० ३ सू० २५)

'चन्द्रे ताराव्यूहज्ञानम्' (पा० ३ सू० १६)

इति। तेजश्छुरितत्वं विना केवलनिर्मलाकाशमात्रालम्बनम्। दृष्टिबन्धनं तु अग्रे वक्ष्यति—

'आकाशं विमलं पश्यन् कृत्वा दृष्टिं निरन्तराम्।'

इति। यद्वा सूर्यादिसंयमकालेऽपि स्वस्वरूपचिदाकाशैकीभाव एव स्वात्म-रूपप्रकाशनं, तदेव हि मुख्यं फलम् उपादेयतमत्वात्, भुवनादिज्ञानं तु अवान्तर-फलं धारणायाः, इत्यलम्॥ ७६॥

अनुवाद—सूर्य तथा दीपक आदि के तेज से चित्रित आकाश में दृष्टि को लगाना चाहिए। वहीं स्वात्म स्वरूप प्रकाशित होता है॥ ७६॥

व्याख्या—साधक दिन में ऊपर या नीचे स्थित बाह्य महाकाश में आतप के प्रकाश से चितकबरा होने पर तथा रात्रि में चन्द्रमा की चाँदनी से चन्द्रमण्डल के भीतर और बाहर महाकाश में शवलित होने पर, तथा घर के एक देश में रखे हुए दीपमण्डल के अन्दर व बाहर व्यापक कमरे के आकाश में उसकी ज्वाला के प्रकाश से प्रकाशित चित्र पर दृष्टि को बाँधने से निर्निमेष दृष्टि बँधन करके तत्त्व पर संयम करने से स्वात्मरूप सर्वभुवनत्रय को चैतन्याकाश में ज्ञान दृष्टि से देखता है। जैसा कि भगवान् पतंजलि ने अपने योगसूत्र में कहा है—'सूर्य में संयम करने से त्रिभुवन का ज्ञान तथा चन्द्र में संयम करने से ताराव्यूह का ज्ञान। इस प्रकार तेज के अभाव में भी केवल निर्मल आकाश मात्र में दृष्टि-बंधन कर धारणा करने का उपाय आगे बतलाया जायेगा—वस्तुतः तो निर्मल आकाश में ही धारणा करनी चाहिए। जिससे आकाश से भी व्यापक शिवतत्त्व का साक्षात्कार होगा।' किसी-किसी आचार्य का तो यह मत है कि सूर्य, चन्द्र और दीपक में धारणा करने पर भी उस धारणा के साथ महाकाश की धारणा को भी साथ ही करनी चाहिए, जिससे चिदाकाश की भावना के कारण आत्मप्रकाश होगा। यह आत्मप्रकाश प्राप्त करना ही भावना बंधन का मुख्य उद्देश्य है। भुवनत्रयादि ज्ञान तो इसके अवान्तर फल हैं। धारणा का मुख्य फल तो आत्मसाक्षात्कार करना ही है॥ ७६॥

करङ्किण्या क्रोधनया भैरव्या लेलिहानया।
खेचर्या दृष्टिकाले च परावाप्तिः प्रकाशते॥ ७७॥

करङ्किण्या–विगतचेष्टं करङ्कमात्रं शवमिव विश्वं पश्यन्त्या, क्रोधनया–क्रोधव्यग्रया, भैरव्या–दृक्शक्त्या, लेलिहानया–भोक्तुमेकाग्रया, खेचर्या—दूरम् आकाशदर्शनार्थं प्रसृतया मुद्रया उपलक्षिते दृष्टिसमये परादेवीप्रकाशनम्, श्रीव्योमेशी-वामेश्वरी-इत्यादिशब्दवाच्यायाः निष्कलादेव्याः सात्म्यम् । पाञ्चभौतिकं शरीरं परमाकाशे या विश्रामयति सा करङ्किणी इति ज्ञानसिद्धानां मुद्रा, चतुर्विंशतितत्त्वकं मान्त्रे वपुषि या क्रोडीकरोति सा क्रोधिनी इति मन्त्रसिद्धानां मुद्रा, स्वस्मिन् या सर्वं संहरते सा भैरवी इति मेलापसिद्धानां मुद्रा, पूर्णत्वेन या सर्वं पुनः पुनः आस्वदते सा लेलिहाना इति शाक्तसिद्धानां मुद्रा, शक्तिव्यापिन्यादिषु खेषु सदा चरति या सा खेचरी इति सा शाम्भवसिद्धानां मुद्रा । तदुक्तम्—

'करङ्किणी क्रोधिनी च भैरवी लेलिहानिका ।
खेचरी चेति मुद्रा याः पञ्चात्मकतया स्थिताः ।।
यो ज्ञानमन्त्रमेलापशाक्तशाम्भवभेदतः ।
क्रमस्तस्य यथा सङ्ख्यमेताभिः सर्वथान्वयः ।।'

इति । करङ्को–देहः, करङ्कानुभवात् करङ्किणी । स्वात्माधारसम्भवात् क्रोधिनी । स्वरूपसंहरणात् भैरवी । वासनात्मकपुर्यष्टकविलापनात् लेलिहाना । निरावरणत्वेन बोधगगनस्वरूपप्रतिष्ठानात् खेचरी ।

'इयं सा परमा मुद्रा ह्यापातालाच्छिवावधि ।
तर्पयित्वा जगत्सर्वं निजसंस्थानतः स्थिता ।।'

इति । निष्क्रयानन्दनाथस्तु कराङ्किण्या इति पठति । यथा—

'करास्त्रयोदशाकाराः सर्वाक्षक्षोभवृत्तयः ।
अङ्कं तु निर्निकेतायाः संविदो देहविस्तरः ।।
एतत्कराङ्कमाख्यातं तस्य ग्रासादनावृतम् ।
निष्करङ्कं समुद्दिष्टं निरालम्बं परं वरम् ।।'

इति । एतद्विस्तरस्तु यथा—प्रथमनभःसमुद्रात् महाकौलात् अकुलरूपिणी या शक्तिलहरी परेण रूपेण गदिता, सैव सूक्ष्मेण रूपेण अकुलात् कुलपञ्चकरूपतया क्रमेण आश्यानतां प्राप्ता सती एकैव श्रीव्योमेश्वरी, निष्कलापि सकलस्वरूपेण रमणशीला त्रिजगति वृन्दचक्रपर्यन्ते सदैव आद्या सर्वकालं स्फुरति, स्फार्यमाणापि एकैव स्थिता, सैव ईषद्विकस्वरत्वेन परमनभःसमुद्रात् मयूराण्डरसवत् खेचर्यादिचतुष्टयं गर्भीकृत्य प्रथमतरस्पन्दरूपा लहरी श्रीवामेश्वरी प्रसृता, इयमेव आदिकोटिः, दिव्यौघचक्रपञ्चकस्फारिणी वृन्दचक्रनायिका श्रीवामेश्येव सर्वं सर्वात्मकम्--इति न्यायात् वृन्दचक्रे पञ्चधा पातनिकाक्रमेण

शाम्भव-शाक्त-मेलाप-मन्त्र-ज्ञानभेदात्मकेन श्रीवामेशी-खेचरी-भूचरी-संहारिणी-रौद्रचधिष्ठितेन चतुःषष्टियोगिनीरूपा। ताश्चतुःषष्टियोगिन्योऽभेदेन यत्र वर्तन्ते सा रौद्रेश्वरीभूमिगता पञ्चषष्टितमा सर्वमङ्गलमङ्गला राज्ञी भगवती, सैव परधाराधिरूढा सामरस्यभूः। तद्यथा--आदिवर्णस्वराः षोडशस्वरत्वेन ज्ञानसिद्धाः, कादि-मकारपर्यन्तं व्यञ्जनपञ्चविंशकं मन्त्रसिद्धाः, द्वादशधा स्वरव्यञ्जनमिश्रिता मात्राः प्रणवकला वा मेलापसिद्धाः, यकारादि हकार-पर्यन्तम् अष्ट शाक्तसिद्धाः, आदिवर्णस्य रौद्रचन्ताः कलाः चतस्रः शाम्भव-सिद्धाः। ता इत्थं कथिता रहस्यशास्त्रे--

'आदौ यस्य शिरो रौद्री वक्त्रं वामा प्रकीर्तिता।
अम्बिका बाहुरित्युक्ता ज्येष्ठा चैवायुधे स्थिता॥'

इत्यादिना। आदिवर्णः चतुःषष्टिधात्वेन ज्ञानमन्त्रमेलापशाक्तशाम्भव-सिद्धानां वाच्यानां वाचकत्वेन अन्तः परामर्शयति। इत्थं वृन्दचक्रं वर्णक्रमेण प्रतिपादितम्। संवित् क्रमस्तु श्रीवामेश्या अक्रमेण प्रत्यावृत्त्या—

'ज्ञानं खकौलार्णवमूर्मिरूपं स्वबोधविश्रान्तिविमर्शमन्त्रः।
मेलापसिद्धाः स्वविमर्शशून्यं शाक्तं महासंहृति शाम्भवं खम्॥'

इति सिद्धयोगिनीसम्प्रदाययुक्त्युपदेशः। वृन्दचक्रनिर्णयस्तु बहुधा भट्टारककृत-प्राकृतत्रिंशकाविवरणे विचार्यः इत्यलम्॥ ७७॥

अनुवाद—करंकिणी, क्रोधनी, भैरवी, लेलिहाना और खेचरी मुद्राओं के द्वारा देखते समय परम प्राप्ति का मार्ग प्रकाशित होता है॥ ७७॥

व्याख्या—'व्योमेशी' 'वामेश्वरी' अथवा 'निष्कला' देवी से इन मुद्राओं की समता बतलाते हुए शाक्तदर्शन में मंत्रशास्त्र द्वारा इनकी उपासना की जाती है। पंच-भौतिक शरीर जब परमाकाश में विश्राम करता है, उस अवस्था को 'करंकिणी' कहते हैं। ज्ञानसिद्ध मुद्राओं में २४ तत्त्वों का मात्रिक शरीर में एकीकरण करने पर जो अवस्था उत्पन्न होती है, उस अवस्था का नाम ही 'क्रोधिनी' है। और मंत्रसिद्ध पुरुष मुद्राओं द्वारा अपने आप में सम्पूर्ण विश्व का जब संहार कर लेता है तो उस अवस्था का नाम भैरवी है। और जब मेलापसिद्ध मुद्राओं द्वारा इन धारणाओं का पुनः पुनः आस्वादन करता है तो वह 'लेलिहाना' कही जाती है। साथ ही शाक्तसिद्ध मुद्राओं द्वारा शक्ति का प्रसरण करके आकाशों में सदा भ्रमण करने की जो अवस्था प्राप्त कर लेते हैं, वह 'खेचरी' है।

ये सभी मुद्राएँ शाम्भव सिद्धों को प्राप्त होती हैं। जैसा कि शास्त्रों में कहा गया है—'योगी ज्ञान, मंत्र, मेलाप, शाक्त तथा शांभव भेद से करंकिणी, क्रोधिनी, भैरवी, लेलिहाना और खेचरी इन मुद्राओं को प्राप्त करके स्थित रहता है। इन सभी का क्रमशः अन्वय होता है'। 'करंक' नाम देह का है और करंक अनुभव से प्राप्त होने

वाली ज्ञानजन्य मुद्रासिद्धि को 'करंकिणी कहते हैं। अपनी आत्मा का आधार इस आधारचक्र से उपन्न होने के कारण मंत्रशक्ति से होने वाली 'क्रोधिनी' मुद्रा कही जाती है। स्वरूप में संवरण करने के कारण 'भैरवी' और वासनात्मक पूर्यष्टक को अपने भीतर लय करने के कारण 'लेलिहाना' तथा निवारण बोधाकाश स्वरूप में स्थित होने की स्थिति का नाम 'खेचरी' है। जैसा कि और भी कहा है—'यह खेचरी मुद्रा पाताल से लेकर शिव-पर्यन्त सम्पूर्ण तत्त्वों को तृप्त करती हुई सम्पूर्ण जगत् को अपने भीतर समाविष्ट कर लेती है।' श्रीनिष्क्रियानन्दनाथ ने तो 'करंकिणी' आदि की व्याख्या इस प्रकार की है—'सम्पूर्ण इन्द्रियों के क्षोभ से उत्पन्न होने वाली, बिना स्थान के देह के विस्तार रूप संवित् को अंक में दबाकर १३ अवस्थाएँ आती हैं, वे ही 'कर' कहे गए हैं। इन करों की संज्ञा को ग्रसित करने से अनावृत हुई अवस्था निष्करंक कहलाती है, जो परम निराश्रय है। इनका विस्तार इस प्रकार है—सर्वप्रथम आकाश-समुद्र से महाकौलमार्ग से अकुल रूपिणी शक्ति की लहर 'पर' रूप के साथ बतलाई गई है। वही सूक्ष्म रूप से अकुलचक्र से उठकर, कुलपंचक के रूप से क्रमशः अनुभव को प्राप्त होती हुई, एक ही श्रीव्योमेश्वरी निष्कला होती हुई सकल स्वरूप से रमणशील होकर त्रिलोक में सदैव सर्वकाल स्फुरित होती हुई विस्तार को प्राप्त हुई भी एक ही रूप से प्रतीत होने के कारण 'आद्या' कहलाती है। वह अधखिली (कुछ-कुछ विकसित हुई) परमाकाश समुद्र से मयूरी के अंडे के रस के समान खेचरी आदि चारों अवस्थाओं को अपने भीतर समाविष्ट करके प्रथम स्पन्दन के रूप में जो लहर उठती है 'वामेश्वरी' कहलाती है और यही आदि कोटि की है। यही वामेश्वरी शक्ति दिव्यौघ रूप पाँच चक्रों में विस्तार को प्राप्त करती हुई इस चक्रवृन्द की नायिका श्रीवामेश्वरी सबको सर्वात्मरूप से इस वृन्दचक्र में ५ प्रकार से संपात-क्रम से शांभव, शाक्त, मेलापक, मंत्र और ज्ञान के भेद से खेचरी, भूचरी, संवाहरिणी और रौद्री आदि ६४ योगनियों के रूप से प्रत्यक्ष में आती है। ये ६४ योगिनियाँ अभेद रूप से जहाँ निरन्तर विहार करती रहती हैं, वह ६५वीं रौद्रेश्वरी नामिका शक्ति है। इसी को सर्वमंगला, राज्ञी अथवा सामरस्य भूमि की परधारारूढा भगवती नामिका भी कही जाती है, जिनका क्रम इस प्रकार है—प्रथम तो वर्ण स्वर है, जिनकी संख्या १६ है। यही षोडष स्वर 'ज्ञानसिद्धावस्था' कहे गये हैं। क् से म् पर्यन्त २५ व्यंजनों को 'मंत्रसिद्धावस्था' कहा गया है। १२ प्रकार की स्वर-व्यंजन मिश्रित मात्राएँ अथवा ओंकार की कलाएँ 'मेलापसिद्धावस्था' कही गयी हैं। य् से ह् पर्यन्त चारों कलाएँ 'शांभवसिद्धावस्था' कही जाती है, जिनको रहस्यशास्त्र में इस प्रकार बतलाया गया है—'जिसका सिर रौद्री है, मुख वामा है, भुजा अम्बिका है और आयुध ज्येष्ठा है।' आदि वर्ष ६४ प्रकार के हैं। वे ही ज्ञान, मंत्र, मेलाप, शाक्त और शांभव सिद्धों के वाचक होकर अन्तःकरण का परामर्श कराते हैं। इस प्रकार 'वृन्दचक्र' वर्णक्रम से प्रतिपादित किया गया है। श्रीवामेशी ने संवित् क्रम अक्रम से प्रत्यावृत्ति करके बतलाया है—'ज्ञान कोलार्णव मूर्ति रूप है और विमर्श स्वबोध

विश्रान्ति रूप। स्वविमर्शशून्य रूप मेलाप सिद्धावस्था है। महासंहार रूप अवस्था शाक्तावस्था है। महाकाश के समान व्यापकावस्था कहलाती है'। इसका विस्तार 'सिद्धयोगिनीसम्प्रदाय युक्त्युपदेश' नामक ग्रन्थ में वर्णित है ॥ ७७ ॥

मृद्वासने स्फिजैकेन हस्तपादौ निराश्रयम् ।
निधाय तत्प्रसङ्गेन परा पूर्णा मतिर्भवेत् ॥ ७८ ॥

कोमले चैलाद्यासने स्थितस्य एककटीप्रोथेन उपलक्षितस्य, निराधारं यथा भवति तथा हस्तपादौ च कृत्वा तादृगासनप्रकृष्टतरस्थित्या सर्वाङ्गेषु प्रत्यंशं साकल्येन चेतयन्ती, विगलिततमोरजस्का सात्त्विकी मतिर्भवेत्। इयम् आणवी भूः ॥ ७८ ॥

अनुवाद—कोमल आसन पर एक कटि प्रदेश से बैठकर हाथ-पाँव को निराधार रखे। इस प्रकार के आसन से परम और पूर्ण बुद्धि बनती है ॥ ७८ ॥

उपविश्यासने सम्यक् बाहू कृत्वार्द्धकुञ्चितौ ।
कक्षव्योम्नि मनः कुर्वन् शममायाति तल्लयात् ॥ ७९ ॥

अर्द्धकुञ्चितौ – सामिकुञ्चितौ। कक्षव्योम्नि—उभयकक्ष्याकाशे ॥ ७९ ॥

अनुवाद—आसन पर भली-भाँति बैठकर, बाहों को आधी समेट कर कक्षाकाश में मन को स्थिर करता हुआ योगी तल्लीनता के कारण शांति को प्राप्त कर लेता है ॥ ७९ ॥

भैरवीं भूमिम् आह—

स्थूलरूपस्य भावस्य स्तब्धां दृष्टिं निपात्य च ।
अचिरेण निराधारं मनः कृत्वा शिवं व्रजेत् ॥ ८० ॥

स्थूलरूपस्य–घटदेहादेः, स्तब्धां–निरुन्मेषनिमेषां, दृष्टिं निपात्य, च शब्दात् अन्तर्लक्ष्यां च कृत्वा, निराधारं–परिहृतविकल्पं यथा भवति तथा कृत्वा ॥ ८० ॥

अब भैरवी भूमिका बतलाई जा रही है—

अनुवाद—स्थूलरूप विषय (घट-देहादि) में दृष्टि को स्तब्ध (उन्मेष-निमेष रहित) तथा आन्तर् करके (साधक) शीघ्र ही मन को निराश्रित बनाकर शिव को पा लेता है ॥ ८० ॥

मध्यजिह्वे स्फारितास्ये मध्ये निक्षिप्य चेतनाम् ।
होच्चारं मनसा कुर्वंस्ततः शान्ते प्रलीयते ॥ ८१ ॥

मध्ये-अन्तराले एव, जिह्वा यस्य, ईदृशे विस्फारिते आस्ये सति, संङ्कुचितमुखमध्ये बुद्धिं निक्षिप्य, होच्चारं-अनच्कहकारमात्रोच्चारं, मनसैव कुर्वन् शान्तो भवेत् । उच्छ्वासे हं, निःश्वासे सः ।

'सकारेण बहिर्याति हकारेण विशेत् पुनः ।'

इति उक्तनीत्या अस्यां खेचरीमुद्रायां सकारस्य बहिर्निगमनाभावात् 'होच्चारम्' इति उक्तम् । अत्र भ्रूमध्ये दृष्टिबन्धनं कृत्वापि इति शेषः । यदुक्तं विवेकमार्तण्डे—

'कपालकुहरे जिह्वा प्रविष्टा विपरीतगा ।
भ्रुवोरन्तर्गता दृष्टिर्मुद्रा भवति खेचरी ॥'

इति । भगवान् कृष्णद्वैपायनोऽपि आह—

'स्पर्शान् कृत्वा बहिर्बाह्यांश्चक्षुश्चैवान्तरे भ्रुवोः ।
प्राणापानौ समौ कृत्वा नासाभ्यन्तरचारिणौ ॥'

इत्यादि ॥ ८१ ॥

अनुवाद—फैले हुए मुँह में जीभ को बीच में ही रख कर, बुद्धि फेंक कर मन से ह का उच्चारण करते रहने से शांति में लीन हो जाता है ॥ ८१ ॥

व्याख्या—अभिप्राय यह है कि मुख को विस्फारित करके जिह्वा को मुख के भीतर अधर में स्थित करे, तथा संकुचित मुख के भीतर बुद्धि को लगाकर बिना स्वर के 'हकार' का उच्चारण मन से करे तो साधक परमशान्तावस्था में लीन हो जाता है । जैसा कि कहा गया है—'सकार के उच्चारण से प्राणवायु बाहर निकलता है और हकार के उच्चारण से प्राणवायु भीतर गमन करता है । इस नीति के अनुसार इस खेचरी मुद्रा मे सकार का उच्चारण न होकर भीतर प्राणवायु के गमन के कारण हकार मात्रा का ही उच्चारण होता है । इस अवस्था में दृष्टि को भ्रू के मध्य में स्थिर करना बहुत आवश्यक है । जैसा कि विवेकमार्तण्ड में बलताया है—'जिह्वा को कपाल कुहर (छिद्र) में लगा कर दृष्टि को भौंहों के मध्य में स्थिर करने की अवस्था का नाम 'खेचरीमुद्रा' है ।' भगवान् व्यास ने भी कहा है—'बाह्य स्पर्शों से एकदम अलग होकर भ्रूमध्य के भीतर दृष्टि को स्थिर करना चाहिए । तथा नासिका के भीतर चलने वाले प्राण और अपान वायु को समान बना कर बैठना चाहिए' ॥ ८१ ॥

आसने शयने स्थित्वा निराधारं विभावयन् ।
स्वदेहं मनसि क्षीणे क्षणात् क्षीणाशयो भवेत् ॥ ८२ ॥

अजिन-कौशेय-चक्रालात-तूलपटी-मखमल्लशीतलपट्टमयोपधानास्तरण-शय्योत्तरच्छदसंवलनसमकालमेव आनन्दमयदशोद्भूतौ चित्ते क्षीणे सति स्वदेहमपि निराधारं विभावयन्, स्वदेहावमर्शस्यापि गलनात् आस्तरणाद्या-

श्रयरहितमेव स्ववपुर्विमृशन्, सद्य एव क्षीणाशयो-निर्वासनो भवेत् इत्यर्थः ॥ ८२ ॥

अनुवाद—शयनासन लगाकर अपने शरीर को निराधार समझने से मन का क्षय हो जाने पर क्षण भर में सभी आशय क्षीण हो जाते हैं ॥ ८२ ॥

चलासने स्थितस्याथ शनैर्वा देहचालनात् ।
प्रशान्ते मानसे भावे देवि दिव्यौघमाप्नुयात् ॥ ८३ ॥

अतिचञ्चले गन्त्रीगजतुरगादियानासने उपविष्टस्य तद्यानादिकृतदेहचलत्तया, यद्वा स्वयमेव शनैः देहचालनेन मनसः सत्तायां प्रशान्तायां परमाकाशचिदानन्दप्रवाहाप्तिः ॥ ८३ ॥

अनुवाद—चंचल आसन पर बैठने पर अथवा देह को धीरे-धीरे चालित करने पर भी जब मानसभाव शांत रहता है तो हे देवि ! (योगी को) दिव्य धाम की प्राप्ति होती है ॥ ८३ ॥

आकाशं विमलं पश्यन् कृत्वा दृष्टिं निरन्तराम् ।
स्तब्धात्मा तत्क्षणाद् देवि भैरवं वपुराप्नुयात् ॥ ८४ ॥

निरन्तरां-व्यवधानरहिताम् उन्मेषनिमेषाभावात् । स्तब्धात्मा-निश्चलदेहः । शेषं निगदव्याख्यातम् ॥ ८४ ॥

अनुवाद—आकाश को निर्मल देखता हुआ दृष्टि को उन्मेष-निमेष रहित करके स्तब्ध भाव को प्राप्त होने वाला योगी तत्काल भैरवस्वरूप को प्राप्त हो जाता है ॥ ८४ ॥

लीनं मूर्ध्नि वियत् सर्वं भैरवत्वेन भावयेत् ।
तत्सर्वं भैरवाकारस्तेजस्तत्त्वं समाविशेत् ॥ ८५ ॥

'लीनं गमयतीत्युक्तेर्लिङ्गनिर्वचनं यतः ।
हृदये ब्रह्मरन्ध्रे च वियल्लीनं परे पदे ॥
तदप्यन्तःकृताशेषसृष्टभावसुनिर्भरम् ।
भेदभावकमायीयतेजोंऽशग्रसनाच्च तत् ॥
सर्वसंहारकत्वेन कृष्णं तिमिररूपधृत् ।'

इति मालिनीवार्तिकनीत्या सर्वं जगत् मूर्ध्नि मुख्यभूते हृदयब्रह्मरन्ध्राख्ये, वियत्-आकाशरूपं तिमिररूपं वा, अन्तःकृतसर्वभावपरिपूर्णं, सर्वसंहारकत्वात् कालरूपं च आकाशमयमेव चिन्तयेत्, तदनु तस्य सर्वस्य भैरवाकृतिपरप्रकाशतत्त्वसमावेशः । सर्वस्य उक्तलक्षणकृष्णरूपत्वचिन्तनेन परप्रकाशात्मता

अद्भुतं फलम्। तेजस्तत्त्वं-चित्प्रकाशरूपं समाविशेत् अर्थात् योगी इति। एषा प्रागुक्तशून्यभावनाविकल्पना आणवी भूः ॥ ८५ ॥

अनुवाद—सम्पूर्ण आकाश को मस्तक में लय करके भैरवत्व की भावना से प्रभावित होता हुआ योगी सभी को भैरवाकार करके तैजस् तत्त्व में समावेश कर जाता है ॥ ८५ ॥

व्याख्या—जैसा कि मालिनीविजयवार्तिक में कहा गया है—'योगी नीले, पीले, हरे, सभी प्रकार के आकाशों को लय युक्ति के द्वारा हृदय के भीतर तथा बाह्य रंध्र में स्थित परमाकाश में लय करता हुआ, उस आकाश को भी सृष्टिकर्ता शिव में लय करता हुआ, विभेद की भावना उत्पन्न करने वाले मायीव अंश को भी तेज के द्वारा ग्रसित करता हुआ सर्वसंहारक होने के कारण तिमिररूप कृष्ण आकाश में लीन हो जाता है।' उसी क्रम से सम्पूर्ण जगत् को मस्तक के भीतर मुख्य रूप से स्थित ब्रह्मरन्ध्र आकाश में लीन करके सम्पूर्ण भावों से परिपूर्ण जगत् को संहार क्रम से उस परमाकाश में लीन होता हुआ चिन्तन करे। ऐसा चिन्तन करने के पश्चात् परम प्रकाशतत्त्व भैरव रूप में समाविष्ट हो जाता है और योगीचित्त प्रकाश में लय हो जाता है। यह भी पूर्व बतलाई हुई आणवी भूमि के समान ही प्रकारान्तर से आणवी भूमि में प्रवेश का साधन है ॥ ८५ ॥

किञ्चिज्ज्ञातं द्वैतदायि बाह्यालोकस्तमः पुनः।
विश्वादि भैरवं रूपं ज्ञात्वानन्तप्रकाशभृत् ॥ ८६ ॥

किञ्चिन्मात्रं घटकुड्यादिकं ज्ञानविषयीकृतं भेदप्रथाप्रदं जाग्रदवस्थागोचरम्, तथा बाह्यानां पदार्थानां जाग्रत्संस्कारजातानाम् आलोकः-प्रकाशः स्वप्नावस्थाविषयः, पुनः-भूयः, तमः-अज्ञानभोगः सुप्तिस्थः, तथा एतदवस्थात्रयाभिमानि चैतन्यं विश्वादि, आदिशब्देन तैजसप्राज्ञादीनां ग्रहणम्। अत्र इयं वेदान्तशास्त्रप्रक्रिया-मायाविद्यात्मकद्विप्रकारा गुणत्रयसाम्यावस्था प्रकृतिः, विशुद्धसत्त्वप्रधाना माया, मलिनसत्त्वप्रधाना अविद्या, मायाप्रतिबिम्बितश्चिदात्मा अहम् इदं सर्वं जानामि करोमि च इति सर्वज्ञत्वादिगुणाश्रय ईश्वरः, स च एकः—अहं कर्ता, अहं भोक्ता इत्यादि—अविद्याप्रतिबिम्बितः चिदात्मा, तत्परतन्त्रो जीवः, स तु देवतिर्यगादिभेदेन अनेकः। आतिवाहिकाख्यलिङ्गशरीरविषयाहमभिमानिनो जीवाः, सुखी अहं, दुःखी अहं, क्षुधितोऽहं, तृषितोऽहम्—इत्यादीन् अन्तःकरणधर्मान् स्वात्मनि अध्यस्यन्तः तैजससंज्ञकाः। कारणशरीरशब्दवाच्याया अविद्यायाः पृथक्-पृथक् अहमभिमानिनो जीवाः प्राज्ञाः इत्युच्यन्ते। एकैकस्थूलशरीरगोचरस्थूलकृशत्वाद्यहमभिमानवतां तैजसानामेव विश्वसंज्ञा। उक्तलक्षणमायोपाधिकः

परमेश्वरः सकलसूक्ष्मशरीरविषयाहमभिमानेन हिरण्यगर्भसंज्ञः। अस्यैव सकलस्थूलशरीराहमभिमानेन वैश्वानरसंज्ञा। प्राज्ञानां तु अविद्याविषयाहमभिमानेन सुषुप्तौ भोगः, अविद्यायाः तत उत्थाय, मूढोऽहम् आसम्, माम् अहं न जानामि इत्यादिप्रत्यवमर्शः। परमेश्वरस्य पुनरेतेषां सर्वेषां प्राज्ञानाम् अहमेव कर्ता इति तदध्यासेन अविद्याभिमानो, न तु साक्षात्-सर्वज्ञत्वादिधर्मकत्वात्। ईश्वरस्यापि प्रलयकाले योगनिद्राप्रसक्तिदशायां स्वान्तःकृता अविद्या वासनारूपेण स्थितैव, अन्यथा कूटस्थदशायाः सकाशात् कर्तृत्वाद्यभिमानात्मिकाविद्यानिःसरणेन जीवदशाप्रादुर्भावः कथङ्कारं भवेत्। एतत् सर्वं-विश्वतैजसादिप्रपञ्चजातं भैरवरूपं तुरीयस्वरूपं ज्ञात्वा अनन्तप्रकाशरूपो भवेत्।

'सर्वं खल्विदं ब्रह्म।'

इति श्रुतिरेतच्छ्लोकार्थेऽनुकूला ॥ ८६ ॥

अनुवाद—भेद उत्पन्न करने वाले विषय का ज्ञान (जाग्रत्), बाह्य का प्रकाश (स्वप्न) तथा तम (सुषुप्ति) विश्व आदि[1] को भैरवरूप समझकर अनन्त प्रकाश को प्राप्त कर लेता है ॥ ८६ ॥

---

१. जाग्रत्, स्वप्न और सुषुप्ति इन तीन अवस्थाओं से तादात्म्य स्थापित करने वाले प्रमाता 'विश्व' तैजस् और प्राज्ञ कहलाते हैं। इनका विस्तृत वर्णन माण्डूक्योपनिषद् तथा गौड़पादकारिका में इस प्रकार है—

जागरितस्थानो बहिःप्रज्ञः सप्ताङ्ग एकोनविंशतिमुखः स्थूलभुग्वैश्वानरः प्रथमः पादः।

स्वप्नस्थानोऽन्तःप्रज्ञः सप्ताङ्ग एकोनविंशतिमुखः प्रविविक्तभुक् तैजसो द्वितीयः पादः।

यत्र सुप्ता न कञ्चन कामं कामयते न कञ्चन स्वप्नं पश्यति तत्सुषुप्तम्। सुषुप्तस्थान एकीभूतः प्रज्ञानघन एवानन्दमयो ह्यानन्दभुक् चेतोमुखः प्राज्ञस्तृतीयः पादः।

एष सर्वेश्वर एष सर्वज्ञ एषोऽन्तर्याम्येष योनिः सर्वस्य प्रभवाप्ययौ हि भूतानाम्। —माण्डूक्योपनिषद् १।३-६

बहिःप्रज्ञो विभुर्विश्वो ह्यन्तःप्रज्ञस्तु तैजसः।
घनप्रज्ञस्तथा प्राज्ञ एक एव त्रिधा स्मृतः॥
विश्वो हि स्थूलभुग् नित्यं तैजसः प्रविविक्तभुक्।
आनन्दभुक् तथा प्राज्ञस्त्रिधा भोगं निबोधतः॥
—गौडपादकारिका १।१।३

—परमार्थसार (शोध-निबन्ध); श्रीमती कमला द्विवेदी, पृ० ६२-६३ से उद्धृत।

व्याख्या—अभिप्राय यह है कि घट, कटक, कुण्डल आदि ज्ञानगोचर होने वाले, भेद प्रथा के देने वाले, जाग्रतवस्था-गोचर तथा बाह्य पदार्थों के जागृत् होने वाले संस्कारों के प्रकाश से प्रकाशित, स्वप्नादि अवस्था विषयक अज्ञान, भाग, सुषुप्ति तथा अवस्थात्रयाभिमानी चिन्मय विश्व आदि शब्दों के द्वारा तैजस् प्राज्ञ आदि का बोध ग्रहण होता है। यहाँ पर वेदान्तशास्त्री की यह प्रक्रिया बतलाई गई है, जिसका विस्तार इस प्रकार है—माया और अविद्यात्मक ये दो प्रकार यहाँ प्रचलित हैं। सत्त्व, रज और तम तीनों गुणों की साम्यावस्था का नाम प्रकृति है। विशुद्धसत्त्व प्रधान 'माया' कही गई है तथा मलिनसत्त्व प्रधान 'अविद्या'। माया प्रतिबिम्बित चिदात्मा—'मैं यह सब जानता हूँ', मैं यह सब करता हूँ'—इत्यादि सर्वज्ञत्वादि गुण का आश्रय 'ईश्वर' कहलाता है। 'वह एक है', 'मैं करता हूँ', 'भोगता हूँ' इस प्रकार अविद्या प्रतिबिम्बित चिन्मय आत्मा विद्या से पृथक्-पृथक् अहमाभिमानी जीवन 'प्राज्ञ' कहलाता है। वह 'जीवन' देव तिर्यक् और मनुष्यादि भेद से अनेक प्रकार का है। अतिवाहिक लिंग शरीर विषयक अभिमानवान् 'जीव' कहलाते हैं। 'मैं सुखी हूँ', मैं दुःखी हूँ', 'मैं भूखा हूँ' इस प्रकार के अन्तःकरण के धर्मों को अपने भीतर अध्यास करने से 'तेजस्' कहलाता है। कारण शरीर शब्द से संबोधित होने वाली अविद्या के द्वारा अलग-अलग अहंताभिमानी जीवन 'प्राज्ञ' कहलाते हैं। एक-एक स्थूल शरीर के द्वारा गोचर होने वाले स्थूल, कृश, स्वस्थ आदि अभिमान वाले तेजस् जीव ही 'विश्व' कहलाते हैं। उपरोक्त लक्षणवाली माया से आवृत परमेश्वर सकल सूक्ष्म शरीर विषयक अहंताभिमान से 'हिरण्यगर्भ कहलाता है। इसी हिरण्यगर्भ को स्थूलशरीराभिमान से आवृत होने पर 'वैश्वानर' संज्ञा से अभिहित किया जाता है। 'प्राज्ञ' जीवों को अविद्याविषयक अहंताभिमान से सुषुप्ति अवस्था में भोग कर अविद्या का असर नहीं पड़ता, क्योंकि वह सर्वज्ञत्वादि धर्मवान् है, किन्तु ईश्वर में भी प्रलयकाल में योगनिद्रावस्था में वासना रूप से अविद्या की स्थिति रहती है। यदि ऐसा न हो तो कूटस्थ दशा में कर्तृत्व-भोक्तृत्वाभिमान वाली अविद्या के निकल जाने के बाद 'जीव' दशा का प्रादुर्भाव कैसे हो सकता है? यह संपूर्ण विश्व तेजस् प्राज्ञ आदि प्रपंच समूह को तुरीयावस्था रूप भैरवस्वरूप को जानकर अनन्तप्रकाश रूप बन जाता है, तब उसे 'सर्वं खल्विदं ब्रह्मः'—इस प्रकार यह दिखलाई देने वाला कि सब कुछ ब्रह्म है, ब्रह्म के अतिरिक्त कुछ नहीं है—ऐसा बोध होता है। यह 'तैमिरी-धारणा' का सूत्रपात है॥ ८६॥

एवम् अद्भुतरूपतैमिरीधारणाप्रस्तावेन बाह्यां तिमिरधारणाम् आह—

एवमेव दुर्निशायां कृष्णपक्षागमे चिरम्।
तैमिरं भावयन् रूपं भैरवं रूपमेष्यति॥ ८७॥

एवमेव इति पूर्वोक्ततिमिरवत्। दुर्निशायां मेघच्छन्ननिशायाम्। एष्यति प्राप्स्यति। इयम् अक्ष्णोरुन्मीलनेन तिमिरभावना उक्ता॥ ८७॥

अब इस 'तैमिरीधारणा' को बतलाया जा रहा है—

अनुवाद—इस प्रकार कृष्णपक्ष की मेघाच्छादित रात्रि में चिरकाल तक अन्धकार के स्वरूप का चिन्तन करता हुआ (योगी) भैरवरूप को प्राप्त कर लेता है ॥ ८७ ॥

निमीलनेन भावनाम् आह—

एवमेव निमील्यादौ नेत्रे कृष्णाभमग्रतः ।
प्रसार्य भैरवं रूपं भावयंस्तन्मयो भवेत् ॥ ८८ ॥

एवमेव कृष्णपक्षदुर्निशाद्यभावेऽपि, 'आदौ नेत्रे निमील्य, कृष्णाभं तमोरूपं भैरवं भावयन्, पश्चादपि नेत्रे प्रसार्य कृष्णाभं भैरवरूपं भावयन् प्रकाशमयो भवेत् ॥ ८८ ॥

अनुवाद—इसी प्रकार नेत्रों को निमीलित करके अपने सामने फैले हुए काले रूप का चिन्तन करता हुआ, उसको भैरवस्वरूप समझकर प्रकाशमय भैरव बन जाता है ॥ ८८ ॥

अन्तर्मुखाविकल्पोपायां शाम्भवीं भूमिम् आह—

यस्य कस्येन्द्रियस्यापि व्याघाताच्च निरोधतः ।
प्रविष्टस्याद्वये शून्ये तत्रैवात्मा प्रकाशते ॥ ८९ ॥

व्याघातात् बाह्याभिभावककृतात्, निरोधात् तु स्वरसोत्थात् प्रायत्निकात् वा, समनन्तरमेव अद्वये शून्ये प्रविष्टस्य-अन्तर्मुखपदे निरूढस्य, तत्रैव परं चैतन्यं प्रकाशते ॥ ८९ ॥

अनुवाद—किसी भी इन्द्रिय के नष्ट हो जाने से अथवा निरोध मात्र कर लेने से अद्वितीय शून्य में प्रवेश करने वाले योगी को अन्तर्मुख होने पर वहीं परम चैतन्य तत्त्व का प्रकाश प्राप्त होता है ॥ ८९ ॥

अबिन्दुमविसर्गं च अकारं जपतो महान् ।
उदेति देवि सहसा ज्ञानौघः परमेश्वरः ॥ ९० ॥

बिन्दुः अविभागसंवेदनम्-अद्वैतज्ञानम्, विसर्गो भेदप्रथासर्जनक्रिया-ब्राह्म्यादिशक्तिरूप-ककाराद्यक्षरसृष्टिरूपः, तद्रहितम् अकारं प्रथमाक्षरम्, अविद्यमानः कारः करणं यस्य तत्, एवंविधम् अकिञ्चिच्चिन्तनात्मकम् अनुत्तरं विमृशतः, तत्क्षणमेव अनेकज्ञानप्रसरस्रष्टा परमेश्वरः प्रादुर्भवति । अत्र—

'एकमेवाद्वितीयं ब्रह्म ।'
'सर्वं खल्विदं ब्रह्म ।'

इति एकत्वं द्वितीयत्वं च अनुत्तरे अवाङ्मनसगोचरे न योग्यं निरुत्तरत्वेन किञ्चिन्मात्रपरामर्शस्यापि अभावात्, अनुत्तरपदस्थस्य—

'अवचनेनैव प्रोवाच स ह तूष्णीं बभूव ।'

इति श्रुत्यर्थं एतदनुकूलः । अविसर्गञ्च अकारञ्च इत्यत्र—

'एकधर्मिणो वा सवर्णे प्रकृतिः ।'

इति परिभाषया सन्धेरभावः ।

'धित्कां च तं च मदनं च इमां च मां च ।'

'माता यस्य उमा देवी ।'

इत्यादिवत् । इमां नैरुत्तरीं दशां सञ्चेत्य श्रीभगवत्पादैरपि सिद्धान्तितम् ।

'न चैकं तदन्यद् द्वितीयं कुतः स्यात्
न वा केवलत्वं न चाकेवलत्वम् ।
न शून्यं न चाशून्यमद्वैतकत्वात्
कथं सर्ववेदान्तसिद्धं ब्रवीमि ॥'

इति । अम्—इति उच्चाररहितं, अः—इति उच्चारहीनं च अकारमात्रं कुम्भकस्थस्य जपतः इति केचित् । द्वयसम्पत्तिकारस्तु वामननाथो विवृत्यन्तरम् आह, यथा—

'अहङ्कारमयी भूमिर्बुद्धिभूमेः परा हि सा ।
तया व्याप्तमिदं विश्वं ज्ञाता सैव विमुक्तिदा ॥
संविद्रूपा परा शक्तिरभिन्ना परमेश्वरात् ।
ज्ञानशक्तिः पुनः सैव मन्त्ररूपा प्रदर्श्यते ॥
अहङ्कारः स्मृतो मन्त्रः शिवशक्त्यात्मरूपकः ।'

अयम् अहङ्कारः अपरिमिताहं भूमिः, पूर्णाहन्ता इत्यर्थः ।

'यदत्राद्यमवर्णाख्यं स शिवः परमेश्वरः ॥
नादबिन्द्वात्मकं यच्च सा शक्तिरैश्वरी स्मृता ।
द्वयमेतत्समाख्यातं बीजभूतं चराचरे ॥
अज्झलाद्याश्च ये वर्णास्तेऽनेनैव हि मुद्रिताः ।
शब्दब्रह्मेति तत्प्राहुर्योगिनस्तत्त्वचिन्तकाः ॥
अप्राणमस्वरं ध्यात्वा पश्यन्त्या निर्विभागया ।
चिन्मात्रामर्शयोगेन निलीनः स्यात्परे पदे ॥
तथाहि सिद्धैरादिष्टं क्वचित्सिद्धान्तसङ्ग्रहे ।
नाभेरूर्ध्वं वितस्तिस्तु कण्ठाधस्तात्षडङ्गुलम् ॥
हृदयं मध्यदेशे तु हृन्मध्ये कमलं स्मृतम् ।

पद्ममध्ये स्थिता सूक्ष्मा कर्णिका त्रिपथोपगा ॥
तन्मध्ये संस्थितो ह्यात्मा ह्यकारादिस्वरूपधृत् ।
अकारान्तः परं सूक्ष्मं चिन्मात्रस्पन्दलक्षणम् ॥
तस्याप्युपासा विज्ञानभैरवे कथिता यथा ।
अबिन्दुमविसर्गं च ..... ॥'

इत्यादि ।

'आत्मस्थाने निराधारा द्वितीया शक्तिरैश्वरी ।
बीजभूता कुण्डलिनी सार्द्धत्रिवलयात्मिका ॥
प्राणशक्तिरियं देहे हकाराख्या नदत्यलम् ।
कर्णान्तर्विवरे योगी स्थगित्वा लक्षयेत्स्फुटम् ॥
बिन्दुरूपा भ्रुवोर्मध्ये संसारजननी शिवा ।
लक्ष्यते योगिभिर्नित्यं भ्राजमाना स्वतेजसा ॥
तस्य बिन्दोस्तु चन्द्राकौ वामदक्षिणनेत्रयोः ।
निराश्रयौ तु तौ कृत्वा विशेद् ब्रह्म सनातनम् ॥'

इति ॥ ९० ॥

अनुवाद—बिन्दु विसर्ग रहित केवल अकार को जपता हुआ योगी महान् ज्ञान घन परमेश्वर का सहसा साक्षात्कार कर लेता है ॥ ९० ॥

व्याख्या—बिन्दु अविभक्त चिन्तन (अद्वैतज्ञान) को कहते हैं । विसर्ग-भेद प्रथा उत्पादन-क्रिया—बाह्यादि शक्तिरूप ककारादि सृष्टिरूप, इन दोनों तत्त्वों से रहित (मिलित संवेदन और विभिन्न संवेदन रूप भेदों से रहित) अकार है । वही प्रथम अक्षर है । इसे अकार इसलिए कहते हैं—'कारः करणं तत् नास्ति सः अकारः' । क्योंकि सारे करणों से रहित चिन्तनात्मक अनुत्तर विमर्श करते हुए अनेक ज्ञानों का प्रसार करने वाले सृष्ट परमेश्वर का प्रादुर्भाव होता है । इस अवस्था में—'एकमेवाद्वितीयं ब्रह्म' तथा 'सर्वं खल्विदं ब्रह्म' ऐसा भाव उत्पन्न हो जाता है । इस प्रकार एकत्व चिन्तन करने वाले को द्वितीय भाव या द्वैतभाव अनुत्तर विमर्श में वाणी और मन के प्रत्यक्ष होने योग्य नहीं रहता । अर्थात् द्वैत सम्बन्धी कोई विचार-विमर्श उस अवस्था में नहीं होता है । इस अवस्था को प्राप्त होने के बाद योगी बिना वाणी के भी बोलता है और स्वयं चुपचाप बैठा रहता है । इसी निरुत्तरीय दशा का संकेत करते हुए भगवान् शंकराचार्य ने कहा है—'उससे भिन्न एक भी नहीं है तो दूसरा कहाँ से आएगा । उस अवस्था में न केवलत्व है और न अकेवलत्व; न शून्य है और न अशून्य । अद्वैतावस्था होने के कारण मैं, उस अवस्था को सर्ववेदान्तसिद्ध है, ऐसा भी कैसे कह सकता हूँ । इसी प्रकार कुछ अन्य विद्वानों का मत है कि 'अहम्' इस प्रकार के उच्चारण से रहित और 'अः' इस प्रकार के उच्चारण से रहित, केवल कुम्भकावस्था में

जप करते हुए, अकार मात्र का उच्चारण करते हुए मनुष्य परमतत्त्व को प्राप्त कर लेता है। जैसा कि द्वय-सम्पत्तिकार वामननाथ ने अपनी विवृत्ति में लिखा है—'बुद्धि की भूमिकाओं में सबसे परे अहंकार की भूमिका है। उस भूमिका के द्वारा यह सारा विश्व व्याप्त है। उसका ज्ञान ही मुक्तिदाता है। संवित् रूप जो पराशक्ति है वह परमेश्वर से अभिन्न है, उसी को मनुष्य ज्ञानशक्ति भी कहा करते हैं। अब मन्त्ररूपा शक्ति का भी वर्णन करते हैं कि अहंकार ही मंत्र कहा गया है, जो शिव-शक्त्यात्मक स्वरूप है'। यह अहंकार ही 'अपरिमिताहं भूमि' है। मनुष्य इसी को पूर्णहन्ता कहते हैं। जैसा कि कहा है—'यहाँ पर जो आद्यवर्ण अकार है, वही परमेश्वर 'शिव' है और जो नाद और बिन्दु स्वरूप है, वह ईश्वरी शक्ति है'।[1] इस चराचर जगत् के ये दोनों बीजभूत हैं। अच्, हल् आदि जितने भी वर्ण है, सबका प्रादुर्भाव इन दोनों से ही हुआ है। तत्त्वचिन्तक योगी इसी को शब्दब्रह्म कहते हैं। बिना प्रमाण के पश्यन्ती वाणी के द्वारा अविभक्त ध्यान करता हुआ चिन्मयावमर्श के द्वारा लय को प्राप्त होने वाला योगी परमपद में लीन होता है।

---

१. तुलना कीजिए—

शिवः स्वतन्त्रदृग्रूपः पञ्चशक्तिसु निर्भरः।
स्वातन्त्र्याभासितभिदा पञ्चधा प्रविभज्यते॥ —तन्त्रालोक ६-४८

तथा—आत्मैव सर्वभावेषु स्फुरन्निर्वृत्तचिद्वपुः।
अनिरुद्धेच्छाप्रसरः प्रसरत् क्रियः शिवः॥ —शिवदृष्टि

तथा—सर्वव्यापकताभूमिर्ज्ञैत्वकर्तृकत्व सम्मता।
निजाभासचमत्कारमयी शिवदशा स्मृता॥ —विज्ञानेन्दुकौमुदी

तथा—एवं सर्वपदार्थानां समेत शिवता स्थिता।
परापरादिभेदोऽत्र श्रद्धानेरुदाहृतः॥ —शिवदृष्टि

तथा—प्रत्यभिज्ञाहृदय में शिव को ही 'स्वतन्त्रा चिति' कहा गया है—
'चितिः स्वतन्त्रा विश्वसिद्धिहेतुः'। —प्रत्यभिज्ञाहृदय सू०।

तथा—शिव-सृष्टि, स्थिति, संहार, तिरोभाव तथा अनुग्रह नामक पञ्चकृत्य निरन्तर करता रहता है—

नमः शिवाय सततं पञ्चकृत्यविधायिने।
चिदानन्दघनस्वात्मपरमार्थावभासिने॥

—प्रत्यभिज्ञाहृदय का मंगलपद्य।

तथा—शिव-तत्त्व के सम्बन्ध में ईश्वरप्रत्यज्ञाविमर्शिनी भी उल्लेखनीय है, जिसमें शिवतत्त्व को ज्ञान तथा क्रिया का अवियोग और क्रिया द्वारा समग्र विश्व को धारण करने वाला कहा गया है—

'तदेतदवियुक्तज्ञानक्रियारूपक्रियाद्वारेण सकलतत्त्वराशिगतसृष्टिसंहारशतप्रतिबिम्बसहिष्णु यत्तदुपदेशभावनादिशु तथाभासमानमनायासमपि वस्तुतः शिवतत्त्वमित्युक्तम् भवति। —भास्करी, भा० २, पृ० २१६

सिद्धान्तसंग्रह में कहीं-कहीं सिद्धों के द्वारा इस मत का आदेश दिया गया है। नाभि से ऊपर एक बालिस्थ तथा कण्ठ से नीचे छः अंगुल मध्यदेश में हृदय के भीतर हृदय-कमल है। उस कमल में स्थित सूक्ष्मकर्णिका में तीन मार्गों से जाने वाली नाड़ियाँ हैं। उसके भीतर अकारादि स्वरूप से आत्मा विद्यमान है। चिन्मय का स्पन्दमात्र ही जिसका लक्षण है ऐसा परम सूक्ष्म अकार ही है। उसकी उपासना भी बिन्दु-विसर्ग रहित अकार की उपासना विज्ञानभैरव में बतलाई गई बिन्दु-विसर्ग रहित अकारोपासना के समान है। और भी कहा है—'आत्मा के स्थान में निराधारा दूसरी ईश्वरीया शक्ति स्थित है, जो इन सब धारणाओं की बीजभूता कुण्डलिनी के रूप में साढे तीन ओटे लगाकर स्थित है। यही शरीर में प्राणशक्ति है। वह हकार के रूप सदा शब्दायमान होती रहती है। इसे यदि देखना चाहें तो श्रवणेन्द्रिय के छिद्रों को बन्द करके स्पष्ट देख लेना चाहिए, कि दोनों भ्रुवों के मध्य में, बिन्दु के रूप से, अपने तेज से देदीप्यमान इस विश्वजननी शक्ति को योगी नित्य देखता है। वह उस बिन्दु में चन्द्र और सूर्य को वामदक्षिण नेत्र के भीतर निराश्रय स्थित करके सनातन ब्रह्म में नित्य प्रवेश करे ॥ ९० ॥

वर्णस्य सविसर्गस्य विसर्गान्तं चितिं कुरु।
निराधारेण चित्तेन स्पृशेद् ब्रह्म सनातनम् ॥ ९१ ॥

निराधारेण प्रक्षीणवेद्येन, विविधसर्गस्वभावयुक्तस्य वर्णजातेः ककाराद्यक्षररूपस्य ब्राह्म्यादिशक्तिसमूहस्य पशुभावोपकरणस्य विसर्गस्य अन्तो यथा भवति तथा, अन्तर्मुखस्वस्वभावविमर्शनाधिक्यात् तत्समावेशेन तन्मयीभावा-

---

तुलना कीजिए—

शिव और शक्ति का चन्द्र-चन्द्रिका तथा वह्नि तथा दाहात्मिका शक्ति की भाँति नित्य तादात्म्य माना गया है—

शक्तिश्च शक्तिमद्रूपाद् व्यतिरेकं न वाञ्छति।
तादात्म्यमनयोर्नित्यं वह्निदाहिकयोरिव ॥

—बोधपञ्चदशिका श्लोक–३

आचार्य शंकर ने भी इसी अभिप्राय को व्यक्त किया है—

शिवः शक्त्या युक्तो यदि भवति शक्तः प्रभावितुम्।
न चेदेवं देवः न खलु कुशलः स्पन्दितुम् ॥

—आनन्दलहरी–१

विश्व की सिसृच्छा ही शिव का शक्तिभाव है—

स एव विश्वमेषितुं ज्ञातुं कर्तुं चोन्मुखो भवन्।
शक्तिस्वभावः कथितो हृदयत्रिकोणमधुमांसलोल्लासः ॥

—महार्थमंजरी पृ० ४० (त्रिवेन्द्रम्)

पादनस्वरूपतया, चिंतिं कुरु बुद्धिं विधेहि, ततः संवेदनस्य निराश्रयत्वे सति परब्रह्मस्पर्शो नित्यः ।

अथ च—

'विसर्गस्यैव विश्लेष इति सप्तदशी कला ।
क्वचिदष्टादशी सैव पुनः प्रक्षोभयोगतः ॥
अनुत्तरस्याकारस्य परभैरवरूपिणः ।
अकुलस्य परा येयं कौलिकी शक्तिरुत्तमा ॥
स एवायं विसर्गस्तु तस्माज्जातमिदं जगत् ।
तस्य प्रक्षोभयोग्यत्वं प्रक्षोभकलनोदयः ॥
प्रक्षोभपूर्णताभावादक्रमस्य क्रमोनता ।
इति षट्कस्वरूपात्मविसर्गान्दोलनोदितम् ॥
अनुत्तरस्वभावत्वादाद् यस्यैव विजृम्भितम् ।
स एव भगवानन्तर्नित्यं प्रस्फुरदात्मकः ॥
अन्तःस्थसर्वभावौघपूर्णमध्यमशक्तिकः ।'

इति उक्तनीत्या विसर्गस्वरूपे चिंतिं कुरु । सप्तमीपाठेन अयम् अर्थः—सर्वोऽयं मातृकाप्रपञ्चोऽकुलस्य शिवबिन्दुनामधेयस्य शक्तिरूपो विसर्गः इत्यर्थः ।

'विसर्गः कौलिकी शक्तिस्तज्जोऽयं मातृकोदयः ।'

इति उक्तत्वात् । ज्ञानामृतरसायने च—

'मात्रार्द्धमात्रात् परमं तदर्द्धाच्च परं परम् ।
तत्त्वातीतं परं तत्त्वमभावं भावमाश्रितम् ॥'

तथा—

'अत्र प्रकाशमात्रं यत्स्थिते धामत्रये सति ।
उक्तं बिन्दुतया शास्त्रे शिवबिन्दुरिति स्मृतः ॥
अनुत्तरं परं धाम तदेवाकुलमुच्यते ।
विसर्गस्तस्य नाथस्य कौलिकी शक्तिरुच्यते ॥'

तस्या एव आदिक्षान्तोत्पत्तिः इति ॥ ९१ ॥

अनुवाद—विसर्ग युक्त वर्ण का ध्यान (साधक) ऐसे करे कि विसर्ग (विविध बाह्य सृष्टि) का अन्त हो सके । (तथा) आधार रहित चित्त से सनातन ब्रह्म का स्पर्श करे ॥ ९१ ॥

व्याख्या—संवेदन संस्कारों को क्षय करके निराधार मन से उस ब्रह्म का चिन्तन करना चाहिए, जिसका अनेक प्रकार की सृष्टि को उत्पन्न करने के स्वभाव वाले वर्ण, समय, वर्णसमूह, ब्राह्मी आदि शक्ति स्वरूप में वर्णन करते हैं । जो पशुभाव का

का कारण है, उस सृष्टि के उत्पादन का अन्त हो जाय तथा अन्तर्मुखी स्वभाव के विचार के आधिक्य से उसमें समाविष्ट होकर तन्मय स्वभाव को प्राप्त हो जाय, ऐसी बुद्धि उत्पन्न करनी चाहिए। इस प्रकार निराश्रय चिन्तन सिद्ध होने पर नित्य परब्रह्म का स्पर्श रहेगा।

इसे और अधिक स्पष्ट करते हुए कहा गया है—'विसर्ग का विश्लेषण करना ही सत्रहवीं कला है। वही सत्रहवीं कला मन के प्रक्षोभ के योग से अठारवीं हो जाती है। इस प्रकार अनुत्तर अकार का उच्चारण परमभैरव स्वरूप है। यह 'अकुलचक्र' की 'पराशक्ति' और 'कौलिकीशक्ति' कहलाती है। यह वही 'विसर्ग' है, जिससे सम्पूर्ण जगत् उत्पन्न होता है। उसके 'प्रक्षोभ' को ही 'प्रक्षोभकलना' का उदय माना जाता है; जिससे धीरे-धीरे क्रम नष्ट हो जाता है। इस प्रकार छः स्वरूपों वाला सारा विसर्गान्दोलन बतलाया गया है। जिसके आगे कोई स्वभाव नहीं है। उस अनुत्तर स्वभाव वाले अकार का ही यह सब प्रपंच है। वही अन्तःप्रविष्ट नित्य प्रस्फुरणात्मक भगवान् है, जो अपने ही भीतर स्थित सम्पूर्ण भावनाओं की पूर्ण शक्ति है। इस प्रकार के विसर्ग स्वरूप में बुद्धि को स्थिर करना चाहिए। यह सारा अकुलचक्र का मातृ-प्रपंच शिव 'बिन्दु' के नाम से और शक्ति 'विसर्ग' के नाम से कहा जाता है। ऐसा शास्त्रों में भी कहा है—विसर्ग कौलिकी शक्ति है, और उससे उत्पन्न होनेवाला यह मातृका का प्रपंच है'। ज्ञानामृतरसायन में भी कहा है—'माया, आधी मात्रा और उससे आगे भी (उसकी) अर्द्ध मात्रा परमतत्त्व है। वह अभाव भाव को आश्रित करके तत्त्वातीत के रूप में स्थित है'। और भी कहा है—यहाँ पर तीनों धाम में स्थित होने पर जिस प्रकाशमात्र की प्रतीति होती है, उसे शास्त्रों में बिन्दु कहा गया है। वह 'बिन्दु' शिवबिन्दु कहलाता है। अनुत्तर परम स्थान जिसके आगे कुछ भी नहीं है, उसी का नाम 'अकुल' है। उस शिव का विसर्ग ही कौलिकी शक्ति है। उस कौलिकी शक्ति के द्वारा ही 'अ' से 'क्ष' तक के वर्णों की उत्पत्ति होती है ॥९१॥

व्योमाकारं स्वमात्मानं ध्यायेद् दिग्भिरनावृतम्।
निराश्रया चितिः शक्तिः स्वरूपं दर्शयेत् तदा ॥ ९२ ॥

दिग्भिः अनावृतं विश्वव्यापिनम्। व्योमाकारम् इति अनाकृति, न तु तुच्छम् ॥ ९२ ॥

अनुवाद—अपनी आत्मा को आकाश के समान, जो दिशाओं से भी घिरा हुआ नहीं, चिन्तन करना चाहिए। तब निराश्रय चित्त-शक्ति स्वयं अपना रूप दिखायेगी।

व्याख्या—जैसा कि शास्त्रों में कहा गया है—'मैं ही परम हंस हूँ और सबसे परे रहने वाला परमात्मा हूँ'[1] ॥ ९२ ॥

---

१. 'अहमेव परो हंसः परमात्मा परात्परः।'—स्वच्छन्दतन्त्रम्।

किञ्चिदङ्गं विभिद्यादौ तीक्ष्णसूच्यादिना ततः ।
तत्रैव चेतनां युक्त्वा भैरवे निर्मला गतिः ॥ ९३ ॥

किञ्चिदङ्गम् अङ्गुल्यङ्गुष्ठादिकं, निशितसूचीकण्टकादिना प्रथमं छित्त्वा, तदनन्तरं तत्रैव चेतनां संविदं युक्त्वा संयोज्य, सूच्यादिव्यथानुभवितृचेतना-शक्तिसमाहितस्य भैरवविषयं निर्मलं ज्ञानं भवत्येव ॥ ९३ ॥

अनुवाद—सर्वप्रथम किसी अंग को नोक वाली सूई आदि द्वारा भेदन करके वहाँ पर चेतना का संयोग करने पर भैरव की निर्मल प्राप्ति होती है ॥ ९३ ॥

व्याख्या—तीक्ष्ण शस्त्रों द्वारा छेदन किये हुए अंगों में जो प्रतीति होती है, उसको सहन करने की शक्ति चेतना कहलाती है। जैसा कि भगवद्गीता में कहा गया है—'मैं अछेद्य हूँ, अदाह्य हूँ, अक्लेद्य हूँ और अशोष्य हूँ'।[1] इस प्रकार की जो संवेदना शक्ति है, जिसमें अहन्ता का भाव उत्पन्न होता है उसे भैरव रूप जानना चाहिए ॥ ९३ ॥

चित्ताद्यन्तःकृतिर्नास्ति ममान्तर्भावयेदिति ।
विकल्पानामभावेन विकल्पैरुज्झितो भवेत् ॥ ९४ ॥

चित्तादिकम् अन्तःकरणं नास्ति मद्देहान्तर इति भावयेत् इति सम्बन्धः ॥

अनुवाद—चित्तादि अन्तःकरण मेरे अन्दर नहीं है, यह भावना करे। विकल्पों के न रहने पर (योगी) विकल्पों से छूट जाता है ॥ ९४ ॥

गुणा गुणेषु वर्तन्ते, मम किम् आयातम् इति स्वात्मनि औदासीन्यधारणाम् आह—

माया विमोहिनी नाम कलायाः कलनं स्थितम् ।
इत्यादिधर्मं तत्त्वानां कलयन्न पृथग्भवेत् ॥ ९५ ॥

विशेषेण भेदप्रथात्मकेन पुरुषं मोहयति इति मायाया एव मोहनत्वं धर्मो, न मम, कलायाः कलातत्त्वस्य किञ्चित्करणं धर्मः, विद्यातत्त्वस्य किञ्चिद् वेदनं धर्मः इत्यादि सर्वेषां तत्त्वानां धर्मं विमृशन् पुरुषः पृथक् न भवेत्, किं तु विवेकज्ञानात्मकाभेदख्यातिमान् भवेत्। प्रकृतिपुरुषविवेकज्ञानात् मोक्षः इति निर्वाहितम् ॥ ९५ ॥

अनुवाद—माया मोहन करने वाली है,[2] 'कुछ करना' कला (तत्त्व) में पाया

---

१. 'अच्छेद्योऽयमदाह्योऽयमक्लेद्योऽशोष्य एव च ।' —भगवद्गीता ।

२. मोहयति अनेन शक्तिविशेषेण इति वा माया शक्तिः ।
—ईश्वरप्रत्यभिज्ञाविमर्शिनी १।३५

जाता है, इसी प्रकार (विभिन्न) तत्त्वों के (विभिन्न) धर्म का आकलन करता हुआ (पुरुष)[1] केवल योगी नहीं रहता (अपितु अभेदज्ञानी हो जाता है) ॥ ९५ ॥

मायातत्त्व के संबंध में द्रष्टव्य—

माया च नाम देवस्य शक्तिरव्यतिरेकिणी ।
भेदावभास स्वातन्त्र्य तथा हि तया कृतः ॥ —तन्त्रालोक ६।११६
'माया विभेदबुद्धिर्निजांशजातेषु विकल्पशिल्पनि ।
मायेति लोकपतेः परमस्वतन्त्र्यस्य मोहिनी शक्तिः ॥'
—महार्थमंजरी, श्लोक १७ पृ० ४६

इयमेव हि तस्य स्वातन्त्र्योत्कर्षकाष्ठा यत् स्वात्मावभासैकात्मजीवितजाति-भेदप्रभेदवैचित्र्योत्पादनप्रावीण्यम्—येन अतिदुर्घटकारी परमेश्वर इत्याद्युद्घोष्यते···। माया व्यतिरेकेण भेदप्रथा पारमार्थस्य प्रपञ्चस्य अभावः तदभावे च तत्प्रतियागिकस्य परमेश्वरस्य ऐश्वर्यानुपत्तिरिति किञ्चिदपि ऊहयेत् तदियं माया नाम तस्य उत्कृष्टं स्वातन्त्र्यम् । —महार्थमंजरी टीका पृ० ४७

माया प्रथम भेद प्रथा है, जो समग्र भावी भेदों को गर्भित करने के कारण परा निशा है ।

आद्यो भेदावभासो यो विभागमनुपेयिवान् ।
गर्भीकृतानिन्तभा विविभासा सा परानिशा ॥ —तन्त्रालोक ६।११६

वह भेदरूपिणी है, जड़ है, क्योंकि इसके सभी कार्य जड़ हैं । विश्व का बीज होने के कारण व्यापिका है । सूक्ष्म है क्योंकि बोधगम्य है, शिवशक्ति से अभिन्न होने के कारण नित्य है तथा सृष्टि का मूल कारण है—

सा जडा भेदरूपत्वात् कार्या चास्या जडं यत् ।
व्यापिनी शिवहेतुत्वात् सूक्ष्मा कार्यकल्पनात् ॥
शिवशक्त्यविनाभावात् नित्यैका मूलकारणम् ॥ —तन्त्रालोक ६।११७

१. (क) द्रष्टव्य परमार्थसार का १६वाँ शोधनिबन्ध, श्रीमती कमला द्विवेदी पृ० ३३ ।

साथ ही पुरुषतत्त्व के संबंध में उल्लेखनीय अवतरण—कलाविद्याकालरागनियति-भिरोतप्रातो माययापहृतैश्वर्यसर्वस्वः सन् पुनरपि प्रतिवितीर्ण तत्सर्वस्वराशिमध्यगत-भागमात्र एवं भूतोऽयं मितः प्रमाता भाति इदानीमिदं किञ्चिज्जानानः, इदं कुर्वाणोऽत्र रक्तः, अमैव चयः सोऽहम् ।

—विमर्शिनी (भास्करी) भाग २ पृ० २२८

इदमेव च पञ्चविशं पुंसत्वमित्युच्यते यत् श्रीपूर्णशास्त्रेषु पुमानिति अणुरित पुद्गलमिति चोक्तम् । —तन्त्रालोक टीका भाग ६, पृ० १६५

पर एव प्रकाशः स्वस्वातन्त्र्यात् स्वं रूपं गोपयित्वा यदा सङ्कुचितात्मतामव-भासयति तदा सकल एवायं भेद व्यवहार समुल्लसेत् । —वही पृ० १५६

झगितोच्छां समुत्पन्नामवलोक्य शमं नयेत् ।
यत एव समुद्भूता ततस्तत्रैव लीयते ॥ ९६ ॥

माया ग्रहीत सङ्कोचः शिवः पुंस्त्वमुच्यते ।
—अनुत्तरप्रकाशपंचाशिका, श्लोक २२

महार्थमंजरी टीका में कहा गया है कि विश्व नाटक के नट शंभु की विश्व नाट्य के लिए उन्मुख होने पर भूमिका का ग्रहण ही पुरुषावस्था का पुरुषत्व है—

तस्य च विश्वनाट्याद्येभिनयोन्मुखस्य भूमिकावलम्बनलक्षणेनार्धनया अवस्था सा पुरूषो भवति । —महार्थमंजरी पृ० ५१

(ख) परमार्थसार में इन पाँचों कञ्चुकों का क्रम है—काल, कला, नियति, राग, विद्या ।

'अनुत्तरप्रकाशपञ्चाशिका' का क्रम है—'कला, विद्या, राग, काल, नियतिबन्ध उच्यते ।'

ईश्वरप्रत्यभिज्ञाविमर्शिनी में क्रम है—काल, विद्या, कला राग तथा नियति । —देखिए, भास्करी भाग २, पृ० २३७-३८ ।

तन्त्रालोक में कहा गया है कि विद्या, राग, नियति तथा काल कला ये कार्य है, इस प्रकार कला प्रथम तत्त्व होगा । विद्या रागोऽथ नियतिः कालश्चैतच्चतुष्टयम् । कलाकार्यम् । —तन्त्रालोक ६।१६१

पाँचों कञ्चुकों का संक्षिप्त परिचय इस प्रकार है—

कालक्रममासूयन् प्रमातरि विजृम्भमाणस्तदनुसारेण प्रमेयेऽपि प्रसरति, योऽहं कृशोऽभवं स स्थूलो वर्तम्, भविष्यामि स्थूलतरः, इत्येवमात्मानं देहरूपं क्रमवन्तमिव परामृशस्तत्सहचारिणि प्रमेयेऽपि भूतादिरूपं क्रमं प्रकाशयति अस्य शून्यादेर्जडस्य विद्या किञ्चिज्ज्ञत्वोन्मीलनरूपा बुद्धिदर्पणसङ्क्रान्तं भावराशिं नीलसुखावादिं विविनक्ति । कला किञ्चित् कर्तृत्वोपोद्बलनमयी कार्यमुद्भावयति, किञ्चित् जानमि, किञ्चित् करोमीति । अत्र चांशेतुल्येऽपि किञ्चित्वे कस्यादिदमेव किञ्चित् इत्यत्रार्थमत्रिस्वं गरूपः प्रमातरिदेहादौ प्रमेये च गुणाद्यारोपणमय इव रागी व्याप्रियते ।···अत्रैव कस्यात्रिण्वङ्गः इत्ययमथा नियत्या नियम्यत इति ।
—ईश्वरप्रत्यभिज्ञाविमर्शिनी, भास्करी भाग २, पृष्ठ २३७-३८

'षट्त्रिंशत् तत्त्वसन्दोह' का श्लोक ७ भी दृष्टव्य है—

सम्पूर्णकर्तृकायाः वह्नयः सन्ति शक्तयस्तस्य ।
सङ्कोचात् कलादिरूपेण रूढयन्त्येव ॥

पाँचों तत्त्वों में क्रम-भेद का मुख्य कारण पुरुष भेद के अनुसार प्रतीति भेद है । —स्वच्छन्दतन्त्र टीका भाग ६ पृ० ४६-४७ ।

(ग) कलातत्त्व के सम्बन्ध में—

षड्विंशतितत्त्वसन्दोह । —श्लोक ७

अवलोक्य अन्तर्मुखत्वेन विमृश्य, इच्छां पुत्राद्येषणाम् इदं मे स्यात् इत्येवम्प्रकाराम् एषणां समुत्पन्नाम्—अमूर्तादपि चिन्मात्रात् मायाकृतक्षोभवशात् उद्भूतां दृष्ट्वा, शीघ्रं शान्तिं प्रापयेत्। अमूर्तो हि चिन्मात्रात्मा मध्येऽज्ञानेनैव प्रकटितेच्छः, चिन्मात्रस्य निराकारत्वात् नास्ति इच्छा, परन्तु इष्यमाणम् एषणादिकं वा अविद्यैव इति दृष्ट्या शान्तेच्छो भवेत्। यतो यस्मात् अविद्ययैव उद्भूता इच्छा, अविद्या हि आकाशात्मिका, ततस्तत्रैव लीना भवेत्, तेन हि निर्विकल्पदशाप्राप्तिः। इच्छायाः शान्तिनयनासम्भवे तु पूर्वपदार्थेच्छानन्तरम् इष्यमाणविषयं चिन्तान्तरं भवेदेव इति चेत्, तर्हि—

'एकचिन्ताप्रसक्तस्य'। (स्प० ३ उ० ९ का०)

इति-नयेन उन्मेषधारणाभ्यासेन इष्यमाणविषयद्वयम् उपशान्तमेव स्यात्। तस्माद् विषयद्वयचिन्ताद्वयान्ते व्यापकतया अनुभूयमानमुन्मेषमेव ध्यायेत्। तेन उन्मेषात् उद्भूता एका चिन्ता, तस्मिन्नेव अन्यापि लीयते, इति चिन्ताद्वयैकानुसन्धातृधारणाबलात् द्वयमपि क्षीयते। यदभिप्रायेण—

'न चित्तं निक्षिपेद् दुःखे·····।'

इति।

'यत्र यत्र मनो याति तत्तत् तेनैव तत्क्षणम्।
परित्यज्य····· ····· ···॥'

तन्त्रालोक—६ पृ० १३६, व १४२
नियति के संबंध में—
परात्रवेशिका पृ० ९,
मालिनीविजयोतन्त्र १।२९,
तन्त्रालोक भाग ६ पृ० ६०
तन्त्रालोक टीका पृ० ४६
षड्विंशतितत्त्वसंदोह पृ० १२
रागतत्त्व के संबंध में मालिनीविजयोत्तरतन्त्र १-२८
तन्त्रालोक भाग ६ पृ० १५७
ईश्वरप्रत्यभिज्ञाविमर्शिनी भा० २ पृ० २३८
विद्या-तत्त्व के सम्बन्ध में षड्विंशतितत्त्वसन्दोह का श्लोक ९ द्रष्टव्य है।
श्रीक्रमोदय ने इन पाँचों कञ्चुकों को पाश कहा है—
रागो-माया-कला विद्या नियतिः काल एव च॥
पञ्चकृत्याश्रयाः सर्वपाशाश्चेति प्रकीर्तिताः॥
पाँचों तत्त्वों और उनके कञ्चुक होने के सम्बन्ध में महार्थमञ्जरी की टीका भी उल्लेखनीय है—महार्थमञ्जरी टीका,,पृ० ४९।

इत्यादि उपदेक्ष्यति अग्रे, तत् साधु उक्तम्—'यत एव समुद्भूता ततस्तत्रैव लीयते।' इति। तेन यत उन्मेषरूपात् स्पन्दभट्टारकात् उद्भूता, ततः तस्मिन्नेव लीयते। यदुक्तं वसुगुप्तपादैः—

'एकचिन्ताप्रसक्तस्य यतः स्यादपरोदयः।
उन्मेषः स तु विज्ञेयः स्वयं तमुपलक्षयेत्॥'

(स्प० ३ उ० ९ का०)

इति॥ ९६॥

अनुवाद—ज्यों ही इच्छा उत्पन्न हो, उस (इच्छा) को देखते ही वहीं शमन कर देना चाहिए। क्योंकि जहाँ से (वह) उत्पन्न हुई है वहीं लय हो जाती है॥

व्याख्या—इच्छा के उत्पन्न होते ही अन्तर्मुख होकर विचार करना चाहिए। क्या पुत्र प्राप्ति की इच्छा हुई है—इस प्रकार की एषणा के उत्पन्न होते ही, अमूर्त अवस्था में ही चिन्मात्र माया कृत क्षोभ से उत्पन्न होने वाली जातमात्र एषणा को देखते ही शीघ्र ही उसका शमन करना चाहिए। अभिप्राय यह है अमूर्तरूप चिन्मात्र आत्मा के भीतर अज्ञान से ही इच्छा उत्पन्न होती है। इसी लिए विचार करना चाहिए कि जब चिन्मात्रा निराकार है, तो उससे उत्पन्न हुई इच्छा भी निराकार है, तथापि इष्यमाण एषणा को भी अविद्या होने से शान्तेच्छ हो जाना चाहिए। क्योंकि जिस अविद्या से इच्छा उत्पन्न हुई है, वह भी अविद्या ही है और उसका स्वरूप विचार करें तो वह आकाशात्मक है। इसलिए वह आकाश में ही लीन हो जायेगी।

कहते हैं कि यदि इच्छा को शान्त करना असम्भव हो तो पूर्व पदार्थ में इच्छा के बाद इष्यमाण विषय की एक चिन्तान्तर (इच्छान्तर) उत्पन्न हो जायेगी। ऐसी अवस्था प्राप्त होने पर स्पन्दकारिका में बताये गये क्रम के अनुसार—एकचिन्ता प्रसक्त न्याय से, उन्मेष धारणा के अभ्यास से इष्यमाण विषयक दोनों एषणाएँ उपशान्त हो जायेंगी। इसीलिए विषयद्वय की चिन्ता के अन्य में व्यापक होने के कारण अनुभूति में आने वाले उन्मेष पर ही ध्यान करना चाहिए। उससे उन्मेष से उत्पन्न होने वाली चिन्ता उसी में लय होकर दूसरी चिन्ता भी उसी में लय हो जायेगी। दोनों चिन्ताओं का एक साथ अनुसन्धान कर धारणा करने के बल से दोनों ही क्षय हो जायेगी। इसी अभिप्राय से—'चित्त को दुःख में नहीं डालना चाहिए। जहाँ-जहाँ मन जाता है उसको उसी तत्क्षण परित्याग करना चाहिए' इत्यादि उपदेश करते हुए यह बहुत ही उत्तम कहा गया है कि—जहाँ से ये उत्पन्न हुई है, वहीं पर इनका लय भी होता है। अर्थात् जिस निमेष से ये उत्पन्न होती है उसी स्पन्दभट्टारक के भीतर लय हो जाती है।'[1] जैसा वसुगुप्तपाद ने भी कहा है—'एक चिन्ता में लगे हुए पुरुष को, जहाँ दूसरी चिन्ता उत्पन्न होती है, उसी का नाम उन्मेष है। उन्मेष होने पर साधक को सर्वप्रथम उन्मेष को ही देखना चाहिए। कि यह क्यों उत्पन्न हुआ?'

---

१. 'यद् एव समुद्भूता ततस्तत्रैव लीयते।'

यदा ममेच्छा नोत्पन्ना ज्ञानं वा कस्तदास्मि वै ।
तत्त्वतोऽहं तथा भूतस्तल्लीनस्तन्मना भवेत् ॥ ९७ ॥

ज्ञानम् इति क्रियाया उपलक्षणम्, इच्छाज्ञानक्रियाणाम् अनाविर्भावे अहमेव नास्मि, किन्तु चिदानन्दरूप एव अस्ति इत्यर्थः । चिन्निर्वृतीच्छाज्ञानक्रिया हि आत्मनः शक्तयो वस्तुतः सर्वासु दशासु, न पुनः तस्मिन्नेव समये, तथाभूतः चिदानन्दात्मकः ॥ ९७ ॥

अनुवाद—जब मेरी इच्छा और ज्ञान (क्रिया) उत्पन्न नहीं है तो मैं स्वयं भी नहीं हूँ । उस अवस्था में (केवल चिदानन्द मात्र है) तत्त्वतः स्वयं भी वैसा होकर तल्लीन और तन्मय हो जाता है ॥ ९७ ॥

व्याख्या—इच्छा ज्ञान और क्रिया रूप सन्दोह के उत्पन्न होने पर—'मैं करता हूँ' 'मैं चलता हूँ' इत्यादि ज्ञान या क्रिया उत्पन्न होती है । वह ज्ञान या क्रिया वस्तुतः अहं स्वरूप है और जब मनुष्य उसमें लय हो जाता है, तब तन्मय हो जाता है । यह गुरुओं का उपदेश है। जैसा कि स्पन्दकारिका में कहा है—इच्छा ज्ञान और क्रिया के द्वारा गुणों का स्पन्दन (प्रवाह) सामान्य स्पर्शमात्र का आश्रय करने से आत्मलाभ को प्राप्त कर लेते हैं, क्योंकि विवेक के साथ निरन्तर अभ्यास करने से ये ज्ञान के अपरिपन्थी हो जाते हैं[1] । ये अप्रबुद्ध बुद्धि वाले के लिए स्वस्थिति को स्थापित करने के लिए उद्योग करते हैं । अत्यन्त दुस्तर घोर संसार मार्ग में उसे ढकेल देते हैं । अतः निरन्तरर उद्योगशील रह कर स्पन्दतत्त्व के विवेचन के लिए जागृत रहना चाहिए । जिससे अपने वास्तविक स्वरूप को शीघ्र ही प्राप्त कर सकेंगे[2] । इत्यादि वर्णन से यह और भी स्पष्ट हो जाता है ॥ ९७ ॥

इच्छायामथवा ज्ञाने जाते चित्तं निवेशयेत् ।
आत्मबुद्ध्यानन्यचेतास्ततस्तत्त्वार्थदर्शनम् ॥ ९८ ॥

इच्छायां जातमात्रायाम्, अथवा ज्ञाने जाते सति, विषयसङ्कल्पं विहाय, आत्मैव एतत् इति बुद्ध्या चित्तं निक्षिपेत्, तेनैव परमार्थज्ञानं भवेत् ।

'अयम् आत्मा ब्रह्म' ।

इति श्रुतेः । सालम्बापरपर्यायसाकारभावना इयम् ॥ ९८ ॥

---

१. 'गुणादिस्पन्दनिष्यन्दाः सामान्यस्पन्दसंश्रयात् ।
लब्धात्मलाभाः सततं स्युर्न्यस्यापरिपन्थिनः ॥

२. 'अप्रबुद्धधियस्त्वेते स्वस्थितिस्थगनोद्यताः ।
पातयन्ति दुरुत्तारे घोरे संसारवर्त्मनि ॥
अतः सततमुद्युक्तः स्पन्दतत्त्वविवित्तये ।
जाग्रदेव निजं भावमचिरेणाधिगच्छति ॥' —स्पन्दे

अनुवाद—इच्छा अथवा ज्ञान के उत्पन्न होते ही उन्हे आत्मा समझकर चित्त को उसी में लगाये ऐसे अनन्यचेता (योगी) को इस प्रकार परमार्थ का साक्षात्कार होता है ॥ ९८ ॥

व्याख्या—इच्छा के उत्पन्न होते ही अथवा ज्ञान के उत्पन्न होते ही, विषय संकल्प का त्यागकर— 'यह आत्मा का ही स्पन्दन है' इस प्रकार का चिन्तन करना चाहिए, क्योंकि उसी से परमार्थ ज्ञान की उत्पत्ति होगी। इसमें 'अयं आत्मा ब्रह्म' या यह आत्मा ब्रह्मस्वरूप है—इस वेद-वचन के आधार पर यह साकार भावना है। 'सर्वं खलु इदं ब्रह्म' का प्रतीक है ॥ ९८ ॥

ज्ञानमेव क्षणिकं सन्तानस्वरूपं, न तु तस्य कश्चित् ज्ञाता आधारः इति सौगतदर्शनं कटाक्षयन्, उपदिशति शाक्तोपायम्—

निर्निमित्तं भवेज्ज्ञानं निराधारं भ्रमात्मकम् ।
तत्त्वतः कस्यचिन्नैतदेवम्भावी शिवः प्रिये ॥ ९९ ॥

यत् इदं घटादिज्ञानं तत् निराश्रयं—स्थिरस्य कस्यचिद् आत्मनो घटादेराधारस्य वा अवास्तवत्वात्, अत एव निर्हेतुकं—चक्षुरालोकादिनिमित्तस्यापि अवास्तवत्वात्, भ्रमात्मकं मायावशोत्थितं विकल्पात्मकत्वात्—ज्ञानव्यतिरिक्तस्य अन्यस्य अभावात्। स इव अयं घटः इति संवेदनं तु योऽयं—वितस्तायाः प्रवाहः इतिवत् भ्रान्तिरेव इत्यर्थः। एवं भावनापरः शिवः एव ॥ ९९ ॥

अब क्षणिक ज्ञान परम्परा ही आत्मा का स्वरूप है। कोई ज्ञाता इसका आधार नहीं है—इस प्रकार के बौद्धदर्शन पर कटाक्ष करते हुए शाक्तोपाय बतलाया जा रहा है—

अनुवाद—(स्थायी) आधार के बिना ज्ञान निर्हेतुक होने के कारण भ्रमात्मक है। तत्त्वतः यह किसी का नहीं है, ऐसा सोचने वाला, प्रिये ! 'शिव' हो जाता है ॥९९॥

व्याख्या—यह घट है, यह पट है—यह ज्ञान यदि क्षणिक विज्ञान रूप हो और इसका कोई स्थिर आश्रय भी नहीं हो तो यह उत्पन्न होने वाला ज्ञान अवास्तविक होने के कारण बिना हेतु का हो जायेगा। 'नेत्र' और 'प्रकाश' आदि निमित्त भी क्षणिक होने के कारण अवास्तविक और मायिक ही रहेंगे, क्योंकि इस मत में ज्ञानादि भिन्न अन्य वस्तु के अभाव के कारण कोई आश्रय नहीं हो सकता है। तब फिर क्षणिक ज्ञानादि भी काल्पनिक ही रहेंगे। 'यह वही घट है, जिसे मैंने पहले देखा था'—यह भावना भी 'यह वही वितस्ता का प्रवाह है'—के समान ही भ्रान्तिजनक होगी।

अतः इस प्रकार की भावना में आश्रय शिव ही आश्रय हो सकता है और उसका आधार भी वही है ॥ ९९ ॥

चिद्धर्मा सर्वदेहेषु विशेषो नास्ति कुत्रचित् ।
अतश्च तन्मयं सर्वं भावयन् भवजिज्जनः ॥ १०० ॥

चित् ज्ञानं, क्रिया वा धर्मो गुणो यस्य सः चिद्धर्मा—चेतनः—

'धर्मादनिच् केवलात्' । (पा० व्या० ५।४।१२४)

इति अनिच् । सर्वदेहेषु हस्तिपिपीलिकादिशरीरेषु, कीटादिसदाशिवान्तं नास्ति कश्चिद् भेदः । तन्मयं—चिन्मयं चैतन्यस्य साधारणत्वात् । यदुक्तं ब्रह्मदर्शने—

'यैव चिद्गगनाभोगभूषणे व्योम्नि भास्करे ।
धराविवरकोशस्थे सैव चित्कीटकोदरे ॥'

इति । भावयन् इति निर्विशेषं ब्रह्म सर्वत्र अस्ति इति बोधमेवं धारयन्, न तु श्वश्वपाकादिना सह उपवेशनभोजनादिकं व्यापारम् आचरन् इति ज्ञानप्रकर्ष एव उक्तः, अन्यथा—

'बुद्धाद्वैतसतत्त्वस्य यथेष्टाचरणं यदि ।
शुनां तत्त्वदृशां चैव को भेदोऽशुचिभक्षणे ॥'

इति ॥ १०० ॥

अनुवाद—सभी शरीरों में चैतन्य धर्मा आत्मा ही व्याप्त है, उससे विशेष अन्य कहीं नहीं है । अतः सभी (ज्ञान, क्रिया) ईश्वरमय है—इस प्रकार भावना करता हुआ मनुष्य (योगी) संसार पर विजय प्राप्त करता है ॥ १०० ॥

व्याख्या—चिन्मय ज्ञान या क्रिया ही जिसका गुण है अर्थात् चेतनधर्मा प्राणी सभी शरीरों में (अर्थात् हाथी से लेकर चींटी पर्यन्त शरीरों में अथवा कीटादि से लेकर शिव पर्यन्त में कोई भेद नहीं है, क्योंकि चेतनधर्म सभी में समान रूप से है । इस प्रकार की भावना करते हुए सर्वत्र निर्विशेष ब्रह्म को देखने वाला योगी उत्कर्ष ज्ञान के प्रकर्ष को प्राप्त होता है । इसका अभिप्राय यह है कि 'कुत्ते से लेकर चाण्डाल पर्यन्त सर्वत्र चैतन्य धर्म को देखने वाला योगी है, न कि कुत्ते और चाण्डाल के साथ खाने वाला (योगी है) । इसीलिए ब्रह्मदर्शन में कहा गया है 'जो चैतन्याकाश में स्थित सूर्य में, पृथ्वी के बिल के भीतर स्थित कीट आदि में समान दृष्टि रखता है, वह योगी है । अथवा अद्वैत सत् तत्त्व के ज्ञाता योगी में तथा यथेष्टाचार करने वाले सामान्य जीवों में अन्तर क्या रहेगा ? यदि अपवित्र वस्तु खाने वाले कुत्ते में और योगी में भी समान व्यवहार किया जाय ॥ १०० ॥

इदानीम् अतिशयितकामक्रोधाद्यवस्थासु स्वरसत एव समस्तापरवृत्तिक्षयमया यदि स्पन्दतत्त्वविविक्तये समद्युक्ता झगिति अन्तर्मुखीभवन्ति योगिनः, तत् समीहितम् अचिरेणैव लभन्ते । अयोगिनस्तु अत्र मूढा एव, तस्मात् एतद्

वृत्तिक्षयपदं सञ्चेत्य झगिति कूर्माङ्गसङ्कोचयुक्त्या क्रोधसंशयवृत्तीः प्रशमय्य महाविकासव्याप्तियुक्त्या प्रहर्षधावनवृत्तीर्विस्फार्य अभिमुखीभूतनिजस्पन्द-शक्तिविमर्शवता योगिना भाव्यम् इति उपदिशति—

कामक्रोधलोभमोहमदमात्सर्यगोचरे ।
बुद्धिं निस्तिमितां कृत्वा तत्तत्त्वमवशिष्यते ॥ १०१ ॥

कामादिरूपे गोचरे तदास्पदे अरिषड्वर्गे, अवतरण्युक्तनीत्या एकाग्रां बुद्धिं स्वसंविदं विधाय तत् तत्त्वम् अवशिष्यते। कामादिविषये तदैकाग्र्यप्रकर्षात् अपहारितबाह्यविषयाश्लेषं चिदानन्दमयत्वमेव जायते इति वृत्त्यन्तरम्। एषा निर्विकल्पौपयिकी शाम्भवी भूः ॥ १०१ ॥

अनुवाद—'काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मात्सर्य में बुद्धि को जाने से रोक लेने पर वही परम तत्त्व बचा रहता है ॥ १०१ ॥

व्याख्या—अभिप्राय यह है कि कामादि विषयों में मनुष्य की एकाग्रता बहुत शीघ्र ही हो जाती है। अतः कामादि आसक्तियों के समय बुद्धि को स्थिर कर, बाह्य विषयों में से हटाकर निरोध करने वाली वृत्ति का निरन्तर चिन्तन करने पर साधक की वृत्ति चिदानन्दमय हो जायेगी ॥ १०१ ॥

इन्द्रजालमयं विश्वं व्यस्तं वा चित्रकर्मवत् ।
भ्रमद्वा ध्यायतः सर्वं पश्यतश्च सुखोद्गमः ॥ १०२ ॥

विश्वं ग्राह्यग्राहकात्मकं जगत्। भ्रमत् इति नावारूढस्य गच्छत् तरु-पर्वतवत् जन्मादि ॥ १०२ ॥

अनुवाद—सम्पूर्ण विश्व को इन्द्रजाल मय अथवा चित्रकर्म के समान विकीर्ण अथवा घूमता हुआ ध्यान करने से और देखने से सुख का उदय होता है ॥ १०२ ॥

न चित्तं निक्षिपेद् दुःखे न सुखे वा परिक्षिपेत् ।
भैरवि ज्ञायतां मध्ये किं तत्त्वमवशिष्यते ॥ १०३ ॥

सुखदुःखयोः विषये चित्तस्थापनं न विधेयम्—अहं सुखी अहं दुःखी इति। शुद्धे स्वात्मनि अन्तःकरणधर्मान् सुखदुःखादीन् अध्यस्य न स्थेयं, किं तु ज्ञायतां त्वया—स्वयमेव विचारय मध्ये किं तत्त्वम् अवशिष्यते इति। सुखदुःखयोः मध्ये यत् तत्त्वं तत्साक्षिभूतं तदनुसन्धातृ एकं चित्तत्त्वम्, ऐकाग्र्येण तदेव विमृश इत्यर्थः ॥ १०३ ॥

अनुवाद—न तो चित्त को दुःख में डालना चाहिए और न सुख में ही। भैरवि ! जानना तो यह चाहिए कि (दोनों के) बीच क्या तत्त्व बचा रहता है ॥ १०३ ॥

इदानीं पूर्णाहन्ताग्रहणेन देहाद्यहन्ताहानेन चिदानन्दव्याप्तिम् उपदिशति—

विहाय निजदेहास्थां सर्वत्रास्मीति भावयन् ।
दृढेन मनसा दृष्ट्या नान्येक्षिण्या सुखी भवेत् ।। १०४ ।।

निजदेहे आस्थां–स्वदेहे प्रमातृतां विहाय सर्वमहम् इति सदाशिवेश्वरवत् न तु—

'चिद्धर्मा·····।'

इति उक्तचिन्मात्रात्मशिववत्, दृढेन–निःसंशयेन, मनसा चित्तेन, तथा दृष्ट्या स्वसंविदा, नान्येक्षिण्या प्रोक्तवस्तुविमर्शैकाग्रतया, भावयन्, सुखी भवेत् । अत्र शिवशक्तिसामरस्यात्मनि विश्वाहम्भावे बहुशो व्याचक्षिरे, ईदृशोऽहम्भावोऽपि तत्त्वमञ्जरीकारेण अपह्नुतो, यत् सौगतमतानुमोदनरसिकेन संवादितम्—

'यतस्ततो वास्तु भयं यद्यहं नाम किञ्चन ।
अहमेव न किञ्चिच्चेद्भयं कस्योपजायते ।।'

इति । यदाहुः सौगता अपि—

'सत्यात्मनि परसंज्ञा स्वपरविभागे च रागविद्वेषौ ।
अनयोः सम्प्रतिबद्धाः सर्वे दोषाः प्रजायन्ते ।।'

इति । विमर्शदीपिकायां तु—

'विश्वात्म विश्वोत्तीर्णं च स्वतन्त्रं दिव्यमक्षरम् ।
अहमित्युत्तमं तत्त्वं समाविश्य बिभेति कः ।।'

इति प्रतिपन्नम् । पूर्वगुरुणापि—

'एककोऽहमिति संसृतौ जनस्त्राससाहसरसेन खिद्यते ।
एककोऽहमिति कोऽपरोऽस्ति मे इत्थमस्मि गतभीर्व्यवस्थितः ।।'

इत्यादिना प्रतिग्रन्थं भगवान् अहं-रूप एव परामृष्टः । श्रीह्रस्वनाथेन हर्षदत्तसूनुनापि—

'अहङ्कारमयी भूमिः·····।'

इत्यादिना अद्वयसम्पत्तौ । परिमिताहम्भावस्तु परिहरणीयः । तदुक्तं तपस्विराजेन—

'सुविषममतादंष्ट्राविदलितजनधैर्यशोणितपिपासुः ।
अहमिति पिशाच एष त्वत्स्मृतिमात्रेण किङ्करीभवति ।।'

इति ।। १०४ ।।

अनुवाद—अपने शरीर के प्रति आस्था का त्याग कर 'मैं सर्वत्र विद्यमान हूँ, इस प्रकार की भावना करते हुए दृढ़ मन से एकाग्र दृष्टि द्वारा चिन्तन करने पर मनुष्य सुखी हो जाता है ॥ १०४ ॥

व्याख्या—आस्था को त्याग कर अपने शरीर में—'सब कुछ मैं ही हूँ, सदाशिव ईश्वर[1] के समान सर्वत्र व्यापक हूँ'—इस प्रकार चिन्मय आत्मशिवतत्त्व में निस्संदिग्ध चित्त से स्वसंवित् दृष्टि के द्वारा अन्य सभी दृश्य वस्तुओं को नहीं देखते हुए चिन्मय तत्त्व का एकाग्रता से चिन्तन करते हुए मनुष्य सुखी हो जाता है। यहाँ शिवशक्ति सामरस्यात्मक 'विश्वाहम्' भाव की अनेक प्रकार से व्याख्या करते हैं। ऐसे अहंभाव को भी तत्त्वमंजरीकार ने गोपन करके बौद्धमत का उपदेश दिया है—'यदि मैं कुछ वस्तु हूँ, तो जहाँ का भी भय उत्पन्न हो सकता है, किन्तु यदि मैं ही कुछ नहीं हूँ तो फिर भय किसे उत्पन्न होगा'। इस प्रकार बौद्धों ने भी कहा है—'जब हमारा अस्तित्व है तो संसार में कोई दूसरा हो सकता है और जब दो होंगे तब ही स्व और पर दो विभाग हो सकेंगे। परापर विभाग होंगे तब ही रागद्वेष उत्पन्न हो सकते हैं। अर्थात् रागद्वेष की उत्पत्ति के द्वारा ही सारे दोष उत्पन्न हो सकते हैं। विमर्श-दीपिका में भी ऐसा ही कहा है—'आत्मतत्त्व सारे विश्व में व्याप्त है। वह स्वतंत्र, दिव्य तथा अक्षर (अविनाशी) है। उसी को अहं तत्त्व कहते हैं। उसमें समा जाने पर कौन डरेगा।' तात्पर्य यह है कि वहाँ शोक, मोह और राग-द्वेष कैसे हो सकते हैं, जब (साधक) सारे जगत् को आत्मस्वरूप समझने लगता है। पूर्व गुरुओं द्वारा भी

---

१. सदाशिवतत्त्व के सम्बन्ध में यह अंश द्रष्टव्य है—

तत्र प्रोन्मीलितमात्रचित्रकल्पतया इदमंशस्यास्फुलात् इच्छाप्राधान्यम्। तथा च सदाशिवतत्त्वे अहन्ताच्छादितास्फुटेन्तामयं यादृशं परापररूपं विश्वं ग्राह्यं तादृगेव श्रीसदाशिवभट्टारकाधिष्ठितो मन्त्रमहेश्वराख्यः प्रभातवर्गपरमेश्वरेच्छावकाल्पितथाव-स्थानः। —प्रत्यभिज्ञाहृदय सं० ३ का वृत्तिभाग।

ईश्वरप्रत्यभिज्ञाविमर्शिनी में सदाशिव को सादाख्य तत्त्व कहा गया है, जिसके आनन्तर ज्ञान दशा का प्राधान्य रहता है—

यद्यप्येकमेव शिवतत्त्वं तथापि तदीयमेव स्वातन्त्र्यं स्वात्मनि स्वरूपभेदं तावत् प्रतिबिम्बकल्पतया दर्शयति—'ततश्चान्तरी ज्ञानरूपा या दशा तस्या उद्रैकाभासने सादाख्यम्' सदाख्यायां भव्यम्। यतः प्रभृति सदिति प्रख्या।

—द्रष्टव्य भास्करी, भा० २, पृ० २१७-१८

इसके पूर्व शक्ति आदि की अवस्था में असत् प्रतियोगी को नहीं माना जा सकता। इसीलिए शक्तितत्त्व का महाशून्य का अतिशून्य भी कहा है। उपर्युक्त संदर्भ में भास्करकंठ का व्याख्यान उल्लेखनीय है—

सदिति प्रख्या, सदिति प्रसिद्धिः। अतः पूर्वं हि शक्त्यादौ असदित्यनेन प्रतियोगिता परिमितीकृता सताविन युक्तेति भावः।

—भास्करी, भाग २, पृ० २१८

इसका समर्थन किया गया है—'मैं अकेला कौन हूँ'—ऐसा विचार करने पर मनुष्य संसार से त्रास पा सकता है और भास से बचने के लिए कष्ट भी उठाता है, लेकिन जब यह भावना हो जाय कि—'सम्पूर्ण विश्व में मैं ही अकेला हूँ, मुझसे अन्य कोई है ही नहीं, ऐसा विचार कर लेने मात्र से निर्भय होकर रहता है।'[1] इत्यादि अनेक ग्रन्थों में भगवान् ने अहं रूप का परामर्श करने का उपदेश दिया है। इसी प्रकार हरदत्त के पुत्र हृस्वनाथ ने भी अद्वयसम्पत्ति में ऐसा ही वर्णन किया है। उनका मत है–'परिमित अहंभाव को त्याग कर व्यापक अहंभाव को ग्रहण करना चाहिए। तपस्वीराज का भी मत है—'हे प्रभो! अत्यन्त विषम ममतारूपी दाढ़ से फाड़कर मनुष्यों के धैर्यरूपी शोणित को पीने की इच्छा वाला यह अहंकार रूपी पिशाच तुम्हारी स्मृति मात्र से दास बन जाता है॥ १०४॥

घटादौ यच्च विज्ञानमिच्छाद्यं वा ममान्तरे।
नैव सर्वगतं जातं भावयन्निति सर्वगः॥ १०५॥

सर्वत्र परिदृश्यमानं यद् घटादौ विज्ञानं, यत् च मदन्तरे इच्छादिकं,

---

१. द्रष्टव्य—परमार्थसार की का० ५२ पृष्ठ ७५ : शोध-निबन्ध; परमार्थसार, श्रीमती कमला द्विवेदी :

इस प्रकार तत्त्वसमूह के भावना द्वारा शिवमयता पा लेने पर सब कुछ को ब्रह्म देखने वाले को क्या शोक और क्यों मोह—

इत्थं तत्त्वसमूहे भावनया शिवमयत्वमत्रियाते।
कः शोकः को मोहः सर्वं ब्रह्मावलोकयतः॥

तुलना कीजिए—

यस्मिन् सर्वाणि भूतानि आत्मैवाभूद् विजानतः॥
तत्र को मोहः कः शोकः एकत्वमनुपश्यतः॥

—ईशावास्योपनिषत्, ७

तरित शोकमात्मवित्। —छान्दोग्य, ७।१।३
शोकं मोहं जरां मृत्युमत्येति। —बृहदारण्यकोपनिषत् ३।५।१
आनन्दं ब्रह्मणो विद्वान् न बिभेति कुतश्चन।
—तैत्तिरीयोपनिषद्, २।९
अयमेव वै जनकप्राप्तोऽसि। —बृहदारण्यकोपनिषद् ४।२

तथा—

आत्मनो न कुतश्चन बिभेति सर्वं हि तस्य निजरूपम्।
नैव च शोचिति यस्मात् परमार्थे नाशिता नास्ति॥

—परमार्थसार ५७

तत् सर्वं जातमेव न भवति इति शून्यरूपतया भावयन्, सर्वगः स्यात् इति अन्ये।

अस्मदीयो विवेकस्तु यथा—घटादौ विषये यत् अस्मदादेर्विषयिणो ज्ञानम्, इच्छाद्यं वा यत् च अस्ति, यत् ममैव अन्तरे हृदयमध्ये नैव, किं तु सर्वगतं जातं तत् भवति इति अन्वयः। एव-कारो भिन्नक्रमः स तु मम इति अनन्तरं बोद्धव्यः। सर्वेषां घटादीनामपि अस्मदादिविषयं ज्ञानं इच्छाद्यं वा अस्ति तेन किं जातं, घटादयोऽपि जानन्ति अस्मदादि-ज्ञानेन, तथा सदाशिवादिरपि क्रिमिपर्यन्तं मदात्मना जानाति इच्छति वा, क्रिमिरपि अस्मदादिप्रभृति सदाशिवान्तं जानाति इच्छति च इति ज्ञानक्रियात्मकं सर्वं सर्वात्मकम् इत्थं भावयन् धारणां कुर्वन् सर्वगतो भवेत्। यदुक्तं सोमानन्दपादैः शिवदृष्टौ—

'घटो मदात्मना वेत्ति वेद्म्यहं च घटात्मना।
सदाशिवात्मना वेद्मि स वा वेत्ति मदात्मना॥
नानाभावैः स्वमात्मानं जानन्नास्ते स्वयं शिवः।'

इति॥ १०५॥

अनुवाद—घटादि (विषय) में जो विषयी का विज्ञान है और जो इच्छा आदि है, वह केवल मेरे में ही नहीं, अपितु सभी में विद्यमान है[1]—यह सोचने वाला सर्वगामी हो जाता है॥ १०५॥

व्याख्या—घटादि विषय में जो अस्मद् विषयक ज्ञान, इच्छा और क्रिया है, वह केवल मेरे ही भीतर है, यह बात नहीं; अपितु सभी व्यक्तियों में हैं। इसी प्रकार घटादिकों को जो अस्मद्विषयक ज्ञान है, वह भी केवल घटादिकों का ही नहीं, किन्तु सभी का है—ऐसी भावना करने से मनुष्य सर्वव्यापक परमात्मा को सहज ही में जान लेता है। इसी को 'सोमानन्दपाद' ने 'शिवदृष्टि' नामक ग्रन्थ में स्पष्ट कहा है—'घट मुझे मेरी आत्मा के रूप में जानता है और मैं घट को घटात्मा रूप से जानता हूँ। मैं सदाशिव को सदाशिवात्मा रूप में जानता हूँ। इस प्रकार नाना भाव-नाओं से आत्मा आत्मा को जानता हुआ स्थित है॥ १०५॥

ग्राह्यग्राहकसंवित्तिः सामान्या सर्वदेहिनाम्।
योगिनां तु विशेषोऽस्ति सम्बन्धे सावधानता॥ १०६॥

---

१. इस कारिका के तीन पदों का भिन्न अर्थ इस प्रकार है—घटादि का विज्ञान तथा मेरे भीतर विद्यमान इच्छादि—यह सब हैं ही नहीं (अर्थात् विषय विज्ञान और इच्छादि शून्यात्मक हैं)।

सर्वदेहिनां सदाशिवादिकीटान्तानां, सामान्या निर्विशेषा। योगिनां तु पुनः सावधानता ग्राहकरूपाविस्मरणम् ॥ १०६ ॥

अनुवाद—ग्राह्य-ग्राहक की प्रतीति सभी प्राणियों में सामान्य रूप से होती है। योगियों की विशेषता यह है कि वे इस (ग्राह्य और ग्राहक के) सम्बन्ध में (ग्राहक का विस्मरण न करने के कारण) सावधान होते हैं ॥ १०६ ॥

व्याख्या—सभी प्राणियों का सदाशिव से लेकर कीट-पर्यन्त ग्राह्य-ग्राहकभाव सम्बन्ध से जो ज्ञान उत्पन्न होता है, वह सामान्य है (एक ही प्रकार का है), किन्तु योगियों में यह विशेषता है कि—'मैं ग्राहक हूँ और मेरा स्वरूप ऐसा है'—इसका विस्मरण नहीं होता। तात्पर्य यह है कि 'मैं आकृति को ग्रहण करने वाला हूँ' और 'दूसरे दिखलाई देने वाले दृश्यमात्र हैं। अतः ये सब अनित्य और नाशवान् हैं, और मैं नित्य और अविनाशी हूँ।' इस प्रकार की सावधानी बनी रहती है। यही योगियों की विशेषता है ॥ १०६ ॥

स्ववदन्यशरीरेऽपि संवित्तिमनुभावयेत्।
अपेक्षां स्वशरीरस्य त्यक्त्वा व्यापी दिनैर्भवेत् ॥ १०७ ॥

स्वकीयशरीरापेक्षां विहाय केवलं संविन्मात्रम् अन्यशरीरेऽपि अन्यदीय-बाह्यदेहेऽपि अनुगतं भावयेत्—स्वशरीराविनाकृतं संविद्रूपं बाह्ये परकाये विमृशेत्, येन—

'तद्बुद्धयस्तदात्मानस्तन्निष्ठास्तत्परायणाः।'

इत्यादिना विदेहकैवल्यसिद्धिः।

'विद्याविनयसम्पन्ने ब्राह्मणे गवि हस्तिनि।'

इति सर्वत्र ब्रह्मदर्शनमाहात्म्यात् महाविदेहकैवल्यं सिद्धयेत्। ततः पर-कायप्रवेशादिना तत्तन्नानाविधसात्त्विक्यादियोनिविषये तत्तत्कर्माचरणेच्छया विहरणसुखं योगिनो जायते। कथं? स्वदेहानपेक्षं संविद्रूपम् अनुवृत्तं परत्र भावयेत् इति उपमानमाह—स्ववत् इति। यथा स्वात्मनि स्वशरीरापेक्षां त्यक्त्वा स्वसंविद्रूपविमर्शनं भवति, तद्वत् अन्यशरीरे जीवद्भूते मृते वा संविद्रूपानुगतिभावना, इत्यत्र स्वेच्छैव योगिनः प्रमाणं, सजीवे वशिता-यत्रकामावसायितादिसिद्धिप्रादुर्भावफलम्, मृतेऽपि कस्मि-श्चिद्राजदेहादौ स्वसंविद्विमर्शनबलात् तत्कायप्रवेशेन तत्तत्क्रीडाविधान-मेव प्रयोजनम्। एतदुक्तं भवति—शरीरापेक्षा कदाचिदपि संविद्रूपस्य नास्ति कुतः संविद्रूपस्य सर्वत्र अनुगतत्वात् शरीराणाम् अननुगमेन व्यतिरेकात् यथा स्वप्ने चिदात्मनोऽनुवृत्तिः स्वप्नसाक्षित्वेन स्फुरणात्, स्थूलदेहस्य तु व्यावृत्तिरप्रतीतेः, सुषुप्तौ चिन्मात्रानुवृत्तिः—सुषुप्ता-

वस्थासाक्षित्वेन स्फुरणात्, अन्यथा सुप्तः कः ? इति प्रश्ने दत्ते तव किम् उत्तरं स्यात् इति आत्मनोऽनुवृत्तिरेव, लिङ्गदेहस्य तु व्यावृत्तिः—गाढनिद्रायां सुषुप्तौ आभासमात्रपदार्थदर्शनगन्धमात्रस्यापि अनुपलब्धेः। एवं समाध्यवस्थायां तुरीयदशायां शुद्धचिदानन्दस्फुरणावस्थानेन आत्मनोऽनुवृत्तिः—समाहितत्वात् तस्य, सुषुप्त्युपलक्षितस्य कारणदेहरूपस्य अज्ञानस्य अप्रतीतेर्व्यावृत्तिः इत्यर्थः। एवम् अवस्थाचतुष्टये देहत्रयस्य अननुवृत्तत्वात् आत्मनः संविद्रूपस्य तु सर्वावस्थासु अनुवृत्तेः तत्तद्देहापेक्षां विहायापि स्वातन्त्र्यम् इति सर्वं सूक्तम्—

'अपेक्षां स्वशरीरस्य..... ।'

इत्यादि। परमार्थतस्तु—स्ववत् स्वीयदेहवत्, अन्यशरीरेऽपि सर्वत्र प्रमेयपटलजाते—

'स्वाङ्गकल्पेषु भावेषु पत्युर्ज्ञानं क्रिया च या।' (प्रत्य० ४।१।४)

इत्यादिनीत्या स्वावयवभूते सर्वदेहसमूहे चेतनाम् अनुभावयेत्। कथं ? स्वशरीरापेक्षां त्यक्त्वा चिन्मात्ररूपस्य मम सर्वत्र तुल्यस्थितत्वेन निखिलं जगत् ममैव वपुः, न तु एकदेशावयवतुल्यः अयं देहवराकः, एतस्मिन् देहावयवे नष्टेऽपि अन्ये सर्वे देहा मम सन्त्येव इति किमनेन, इत्थं ममताविषयीकृतां स्वशरीरापेक्षां त्यजेत्, अन्यथा अवयवान्तरनिःसृतकण्ठमात्रस्थितप्राणमृतप्रायशवतुल्यो भवेत्। एतद्वर्णना तु विरूपाक्षपञ्चाशिकायाम्—

'उत्क्रम्य विश्वतोऽङ्गात् तद्भागैकतनुनिष्ठिताहन्तः।
कण्ठलुठत्प्राण इव व्यक्तं जीवन्मृतो लोकः॥'

इति। तस्मात् परत्र शरीरापेक्षसंवित्त्यनुगतत्वभावनेन कतिपयैः दिनैः एव सर्वव्यापको भवेत्॥ १०७॥

अनुवाद—दूसरे के शरीर में भी अपने शरीर की भाँति संवित्ति का अनुभव करने से तथा अपने शरीर की अपेक्षा को छोड़ देने से कुछ दिनों में ही (योगी) व्यापक बन जाते हैं[1]॥ १०७॥

व्याख्या—अपने शरीर की अपेक्षा का त्याग कर केवल संवित् मात्र का चिन्तन करता हुआ, दूसरे के बाह्य शरीर में भी उस संवित्ज्ञान को लगाने से साधक (योगी) स्वशरीर की सहायता के बिना भी दूसरे के शरीर में होने वाले ज्ञान को समझ जायेगा। ऐसी स्थिति में साधक—'उसी में बुद्धि लगाकर तन्निष्ठ होकर तादात्म्य की प्राप्ति कर लेगा। जिससे 'विदेहकैवल्यसिद्धि' प्राप्त होगी। जैसा कि गीता में भी कहा है—'विद्या और विनय से युक्त ब्राह्मण में, गाय में, हाथी में, कुत्ते में और

१. तुलना कीजिए—परमार्थसार का० १००; शोधनिबन्ध, श्रीमती कमला द्विवेदी, पृ० १३६।

चाण्डाल में सर्वत्र ब्रह्मदर्शन करने का माहात्म्य जो 'महाविदेहकैवलसिद्धि' कहलाता है, प्राप्त कर लेगा। इसके बाद परकाया-प्रवेश आदि अनेक सिद्धियाँ प्राप्त कर, सात्त्विक योनि वाले प्राणी में प्रवेश कर उनके कर्मों के आचरण की इच्छा करते हुए योगी सर्वत्र विहार करने योग्य बन जाता है।

किस प्रकार योगी स्वदेह की सहायता के बिना भी संवित् के रूप का चिन्तन करता हुआ अन्य शरीर में भावना करता है। इस विषय को उपमा से बता रहे हैं—स्व-वत् अर्थात् स्व-शरीर में जैसा अनुभव करता है, वैसा उसे पर-शरीर में भी अनुभव होगा। जैसे स्व-शरीर में भी स्व-शरीर की अपेक्षा त्यागकर केवल संविद् रूप ज्ञान का विमर्शन होता है, उसी प्रकार पर-शरीर में भी जीवित रहते हुए या मरने पर संवित् रूप अनुगमन की भावना में योगियों की इच्छा ही प्रमाण है। इस प्रकार जीवित शरीर में प्रवेश करने वाला योगी दूसरे की कामना को जान लेने की सिद्धि प्राप्त कर लेता है तथा मृत शरीर में प्रवेश करने से उसके क्रीड़ा के विधान को जान लेने की सिद्धि प्राप्त कर लेता है। ये ही इसके दो प्रयोजन हैं। इससे यह सिद्ध होता है कि ज्ञान का आश्रय आत्मा है, न कि शरीर। क्योंकि संविद् रूप से सभी शरीरधारियों में अनुगत होने के कारण उस ज्ञान की उपलब्धि होने में कोई व्यतिरेक नहीं है। जैसे स्वप्नावस्था में चिन्मय आत्मा के साथ अनुव्रत होकर स्वप्न साक्षी के रूप में सारे स्वप्न संसार को देखता है और स्थूल देह के अभाव में भी सम्पूर्ण प्रतीति का अनुभव करता है। इसी प्रकार स्थूल शरीर की अपेक्षा का त्यागकर केवल संवित्मात्र का चिन्तन करने वाला योगी चिन्मय मात्र में मन की वृत्ति जोड़ने से पर-शरीर के अनुभव को भी प्राप्त कर लेता है। उस योगी को न तो स्वयं के स्थूल शरीर की अपेक्षा रहती है, न पर-स्थूल शरीर की।

यदि यह कहा जाय कि बिना शरीर के ज्ञान कैसे होगा? तो इसके उत्तर में कहते हैं—सुषुप्ति अवस्था में जो स्फुरण होता है अर्थात् 'मैं सुख से सोया'—इस प्रकार जाग्रद् अवस्था का अनुभव बिना शरीर के कैसे हुआ? क्योंकि सुषुप्ति में शरीर का केवल चिन्मय संवित्मात्र से सम्बन्ध रहता है। स्थूल-सूक्ष्म शरीर से सम्बन्ध छूट जाते हैं। जैसे स्थूल-सूक्ष्म शरीर के अभाव में भी चित् संवित् सुषुप्ति अवस्था का साक्षी है, उसी प्रकार अन्य शरीरों में भी चिन्मय संवित् में संयम कर लेने पर योगी तद्गत भावनाओं और विचारों को जान लेता है। आत्मसंवित् में स्थूल, सूक्ष्म और कारण शरीर की निवृत्ति हो जाने पर भी समाधि अवस्था में मनुष्य को तीनों देहों के नष्ट हो जाने पर भी संविद्रूप ज्ञान बना रहता है। इसीलिए सुषुप्ति अवस्था में कारण शरीर के निवृत्त हो जाने पर भी 'मैं सुखपूर्वक सोया'—यह ज्ञान होता है।[1] क्योंकि आत्मेतरानपेक्षित ज्ञान का उदय होना ही परमतत्त्व को पहचान लेना है।

---

१. जागरण और स्वप्न के भेद के सम्बन्ध में निम्नखिलित कारिकाएँ उल्लेखनीय हैं—

वस्तुतः तो स्वशरीर में जैसा ज्ञान होता है, आत्मचिन्तन करने वाले को अन्य शरीर में भी वैसा ही प्रमेयपटल ज्ञान हो जाता है। जैसा कि प्रत्यभिज्ञातंत्र में कहा गया है–'अपने अंग के समान ही चिन्भाव में विचार करने पर बिना क्रिया के भी वैसा ही ज्ञान उत्पन्न होता है। इस नीति के अनुसार अपने अवयवभूत सभी देहों में (भी) चेतना का अनुभव करें। क्योंकि चिन्मात्र से 'मैं सर्वत्र स्थित हूँ'—ऐसी भावना करने से—'सारा जगत् मेरा ही शरीर है, न कि एक देश में रहने वाले इस स्थूल शरीर में बँधा हुआ हूँ। यह विचारा शरीर नष्ट हो भी जाय और इसके अवयवों के नष्ट होने पर भी, मेरे सारे दूसरे शरीर विद्यमान हैं ही, तो इससे मुझे क्या प्रयोजन है, इस प्रकार देहाभिमानेषणा भी नष्ट हो जायेगी। इस प्रकार अन्य शरीरों में ममत्व उत्पन्न कर योगी शरीर की अपेक्षा को भी त्याग देता है। जिससे अवयवान्तर निरपेक्ष, कण्ठ मात्र स्थित प्राण वाला होकर मृतप्रायः (शवतुल्य हो जाता है, इसका वर्णन 'विरूपाक्षपञ्चाशिका में किया गया है––'संसार रूपी शरीर से ऊपर उठकर उसके एक भाग के शरीर मात्र में अहन्ता का निश्चय कर गले में परिभ्रमण करते हुए प्राण के समान मनुष्य जीवित होते हुए भी संसार में मृततुल्य प्रतीति में आता है। इस प्रकार उस परमसंवित् में, दूसरे शरीरों में भी संवित् चिन्तन रूप भावना से योगी कुछ ही दिनों में सर्वव्यापक हो जाता है' ॥ १०७ ॥

निराधारं मनः कृत्वा विकल्पान्न विकल्पयेत् ।
तदात्मपरमात्मत्वे भैरवो मृगलोचने ॥ १०८ ॥

मनोभावपथेऽप्यक्षविषयत्वेन विभ्रमात् ।
स्पष्टावभासा भावानां सृष्टिः स्वप्नपदं मतम् ॥
सर्वाक्षगोचरत्वेन या तु बाह्यतया स्थिरा ।
सृष्टिः साधारणी सर्वप्रमातृणां स जागरः ॥

—ईश्वरप्रत्यभिज्ञाकारिका ३।२।१६-१७

इस पर अभिनवगुप्त की विमर्शिनी भी द्रष्टव्य है—

सुषुप्ति का निरूपण करते हुए अभिनवगुप्त ने उसके दो भेद अपवेद्य या शून्य तथा संवेद्य बतलाये हैं, तथा उसका प्रलयादि तथा जागरण और स्वप्न से भी भेद स्पष्ट किया है। देखिए—ईश्वरप्रत्यभिज्ञाविमर्शिनी, भास्करी भाग २, पृ० २६५

उन्होंने प्रथम तीन अवस्थाओं जाग्रत्, स्वप्न तथा सुषुप्ति को हेय कहा है, क्योंकि इनमें वेद्य का संपुट या अस्फुट अवभास रहता है तथा उनके संस्कार शेष रहते हैं तथा सुख-दुःखादि के अनुभवों का छुटकारा नहीं मिलता—

सुषुप्तादौ तु संस्काररूपत्वात्स्फुटत्वेद्योल्लासस्फुटवेद्यावभास अपरस्य भेदस्य विद्यमानत्वात् अस्ति सुखदुःखादि वैचित्र्यम् इति हेयतैव । —वही पृ० २७६

त्यक्तबाह्यान्तरलम्बनं मनः कृत्वा सङ्कल्पकला यदा न विकल्पयेत्, तदा जीवात्मपरात्मभावे भैरव एव। सङ्कल्पकलया जीवत्वं, निर्विकल्पदशया ब्रह्मत्वम् इत्यतो विकल्पान् न विदध्यात् ॥ १०८ ॥

अनुवाद—मन को निराधार करके विकल्प कल्पनाओं का सर्वथा त्याग कर देना चाहिये। हे मृगलोचने ! ऐसी अवस्था प्राप्त होने पर जीवात्मा और परमात्मा दोनों भैरवस्वरूप हो जाते हैं ॥ १०८ ॥

व्याख्या—(जब योगी) बाह्यान्तर मन की कल्पना स्थिर करके विचलित नहीं होने दे तब जीव और ईश्वर दोनों परमात्मा ही हो जाते हैं, क्योंकि संकल्प की कल्पना जीव और निर्विकल्प दशा में वही ब्रह्म कहलाता है। इसीलिए विकल्प नहीं करना चाहिए ॥ १०८ ॥

'सोऽहं ममायं विभव इति प्रत्यभिजानतः।
विश्वात्मनो विकल्पानां प्रसरेऽपि महेशता ॥'

इति उक्तनयेन सोऽहं शुद्धबोधस्वरूपः, जगच्च इदं मदीयः स्फारः इति द्विविधां प्रत्यभिज्ञां दर्शयन्, प्रथमं सोऽहम् इति प्रतीकं व्याचष्टे—

सर्वज्ञः सर्वकर्ता च व्यापकः परमेश्वरः।
स एवाहं शैवधर्मा इति दाढर्चाद्भवेच्छिवः ॥ १०९ ॥

शिवस्य अयं शैवो धर्मः—स्वच्छस्वातन्त्र्यादिः यस्य सः शैवधर्मा, स एव अहम् अहमेव स इति असन्दिग्धत्वेन भावनात् शिवता। इयं शाक्ती भूः ॥

'मैं वही हूँ, यह समस्त जगत् मेरी कल्पना मात्र है' इस प्रकार की भावना करने से विश्वात्मा के विकल्प मात्र में फैला हुआ यह समग्र विश्व मेरा ही स्वरूप है, ऐसी भावना करने पर—'मैं स्वयं महेश्वर हूँ। इस प्रकार शुद्ध बोध रूप' 'मैं तथा यह जगत् मेरा ही विस्तार है'—इस प्रकार की दो प्रत्यभिज्ञाएँ दिखलाते हुए 'वही मैं हूँ'—ऐसी प्रथम भावना की व्याख्या कर दिखला रहे हैं—

अनुवाद—'सर्वज्ञ, सर्वकर्ता, व्यापक, परमेश्वर, शिवधर्मवाला वह मैं ही हूँ, इस प्रकार की दृढ़ भावना से मनुष्य शिव बन जाता है ॥ १०९ ॥

व्याख्या—शिव सम्बन्धी धर्म ही शैवधर्म कहलाता है। जिसके भीतर स्वच्छ स्वातन्त्र्यादि गुण है, वही शिवधर्मा है। 'वही मैं हूँ' और 'मैं ही वह हूँ' ऐसी असन्दिग्ध भावना से मनुष्य शिव बन जाता है। यह 'शाक्तभूमिका' है[1] ॥१०९ ॥

---

१. ये शाक्तादि भूमिकाएँ 'परमार्थसार' में इस प्रकार स्पष्ट की गई हैं—पृथ्वी से लेकर माया तक का विश्व भेदमय है, उसका समावेश भेदाभेदमयी भूमिका में होता है, शाक्तभूमिका का समावेश अभेदमयी शांभवभूमि में होता है। शांभवभूमि भरे हुए सागर के समान है, जिसमें शाक्तभूमिका महाप्रवाह की भाँति बहती रहती है, उससे समुद्र तरंगित होता रहता है, शैव और शाक्त दोनों जब समरस हो जाते हैं

ममायं विभवः इति प्रत्यभिज्ञांशं विवृणोति—

जलस्येवोर्मयो वह्नेर्ज्वालाभङ्गचः प्रभा रवेः ।
ममैव भैरवस्यैता विश्वभङ्गचो विभेदिताः ॥ ११० ॥

विश्वभङ्गचः संसारविच्छित्तिलहर्यो, विभेदिताः सञ्जातभेदाः इत्येवं परिजानतः, सोऽहं, अहं स इत्येकेन प्रकारेण, ममायं विभवः इति प्रकारान्तरेण प्रत्यभिजानतः इति अन्वये इति एवकारौ निपातौ प्रत्यभिज्ञाद्वैधं सूचयतः, अन्यथा प्रकारार्थस्यैव भावात् अनयोः पौनरुक्त्यम् आपतेत् । ये तु 'सर्वो ममायम्, सर्गो ममायम् इत्यादि पाठान्तरं कल्पयन्ति ते पण्डितम्मन्याः—

'स एवाहं शैवधर्मा ··· ····· ··· ।'
'ममैव भैरवस्यैता ··· ··· ··· ··· ।'

इति पृथक् धारणाद्वयार्थं पद्यद्वयं परमेश्वरोपदिष्टं दृष्ट्वापि मूढाः । न हि पृथगात्मा नाम पशुः कश्चिदन्योऽप्यहम्, अपि तु यः प्रकाशात्मा स एव अहम्, स च अहमेव, न तु अन्यः कश्चित् इति सोऽहम् इति प्रतीकं प्रत्यभिज्ञासूत्र-विमर्शिनीकारेण विवृतम् । तथा ममायं विभवः इति द्वितीयं प्रत्यभिज्ञांशं विवृणुता अतो विकल्पसृष्टिरपि मम स्वातन्त्र्यलक्षणो विभवः इत्येवमात्मकं च प्रकटीकृतम् । सहृदयजनेन तदग्रे दर्शितं तन्मुखविषयचपेटापातनमिव अनुभूय स्वयमेव अत्यन्तं स्फुटिता भवेयुः इति सिद्धा द्विविधा प्रत्यभिज्ञा ॥ ११० ॥

अनुवाद—लहरें जल का, ज्वालाएँ अग्नि का और प्रकाश सूर्य का अंग है (अतः तरंगे जल रूप, ज्वाला अग्निरूप और प्रभा सूर्यरूप है, उससे भिन्न नहीं है) उसी प्रकार मुझ (चैतन्यरूप) भैरव से उत्पन्न होने वाला यह तरंग (रूप) विश्व (भी) अभिन्न है ॥ ११० ॥

व्याख्या—अनेक भेदों से युक्त संसार की सभी लहरें मेरा ही स्वरूप हैं, ऐसा विचार कर 'मैं वह हूँ' और 'वह मेरा स्वरूप है' तथा यह सारा जगत् मेरा ही वैभव है—इस प्रकार प्रकारान्तर प्रत्यभिज्ञान करता हुआ योगी दो प्रकार की प्रत्य-भिज्ञाएँ करता है। पहली प्रत्यभिज्ञा—'मैं वही शैवधर्मा हूँ' तथा दूसरी प्रत्यभिज्ञा—'मुझ भैरव के द्वारा बना हुआ ही यह विश्व है' । भगवान् के द्वारा उपदिष्ट इन दोनों प्रत्यभिज्ञाओं को देखते हुए भी जो पण्डितम्मन्य आत्मा नाम का पशु कोई अन्य है ।

तो वहीं पर संवित् का सार या हृदय है । यही शैवदर्शन के अनुसार अन्तिम पूर्ण परम अद्वय की स्थिति है, जिसमें सभी भेद, भेदाभेद और अभेद की भूमिकाएँ सर्वात्मना समरस हो जाती हैं । द्रष्टव्य परमार्थसार का० ४१, शोधनिबन्ध श्रीमती कमला द्विवेदी पृ० ७३ ।

और मैं प्रकाशात्मा वह भी मैं ही हूँ, दूसरा कोई नहीं है। इस प्रकार की सोऽहं प्रतीक की प्रत्यभिज्ञा की सूत्रविमर्शिनीकार ने इस प्रकार की व्याख्या की है। तथा उन्होंने ही 'मेरा यह वैभव है' इस दूसरे प्रत्यभिज्ञांश को विवृत किया है। अतः विकल्प सृष्टि भी मेरा स्वतंत्र लक्षण हैं—इस रूप में प्रकट किया है। इस पर सहृदय-जन को स्वयं विचार कर लेना चाहिए, जिससे उनके हाथ से ही उनके मुँह पर चप्पल लग जायेगी और वास्तविक तत्त्व सम्मुख आ जाएगा ॥ ११० ॥

भ्रान्त्वा भ्रान्त्वा शरीरेण त्वरितं भुवि पातनात् ।
क्षोभशक्तिविरामेण परा सञ्जायते दशा ॥ १११ ॥

पूजकदशायां, जङ्घालपान्थदशायां वा प्रद्युम्नपीठादिपरिदक्षिणाङ्गेन अहर्निशं मार्गभ्रमणदाढर्याभ्यासोपकारकेण स्वदेहेन परिभ्रम्य, अन्ते शीघ्रं भुवि पातनात् अर्थात् शरीरस्य भुवि स्थितस्य सतो वेगशक्तेर्विरामे परा निर्विकल्पदशा प्रादुर्भवति ॥ १११ ॥

अनुवाद—शरीर को घुमा कर और शीघ्रता से धरती पर गिरा कर वेग शक्ति के विराम से परम (निर्विकल्प) दशा हो जाती है ॥ १११ ॥

व्याख्या—पूजक दशा में अथवा पांथावस्था में प्रद्युम्न पीठादि पर स्थित होने से, रात-दिन मार्ग-परिभ्रमण का दृढ़ाभ्यास करने से, स्वदेह को घुमा-घुमाकर जब विश्राम के लिए भूमि पर स्थिर करता है, अर्थात् शरीर के पृथ्वी पर स्थिर बैठने पर—वेग शक्ति के विश्राम होने पर मनुष्य के शरीर में निर्विकल्प अवस्था का उदय होता है ॥ १११ ॥

आधारेष्वथवाऽशक्त्याऽज्ञानाच्चित्तलयेन वा ।
जातशक्तिसमावेशक्षोभान्ते भैरवं वपुः ॥ ११२ ॥

ज्ञानविषयेषु द्रव्येषु असामर्थ्येन वा यः चित्तलयः अज्ञानात् ज्ञानादेरभावतो यः चित्तप्रलयः तेन वा कृत्वा, यो जातः शक्तौ अनाश्रिताख्यायां समावेशः तेन क्षोभान्ते चञ्चलताविरामे सति 'भैरवं वपुः' पूर्वोक्तस्वानुभवानन्दा-वस्थारूपं भवति ॥ ११२ ॥

अनुवाद—अशक्ति अथवा अज्ञान अथवा चित्तलय से पदार्थों में जो शक्ति का समावेश होता है, उसका क्षोभ मिट जाने पर भैरवस्वरूप प्रकट होता है ॥ ११२ ॥

सम्प्रदायमिमं देवि शृणु सम्यग्वदाम्यहम् ।
कैवल्यं जायते सद्यो नेत्रयोः स्तब्धमात्रयोः ॥ ११३ ॥
सङ्कोचं कर्णयोः कृत्वा ह्यधोद्वारे तथैव च ।
अनच्कमहलं ध्यायन्विशेद् ब्रह्म सनातनम् ॥ ११४ ॥

अधोद्वारे पायुरन्ध्रे स्वपार्ष्णिना पीडनं कृत्वा, अहलं हल्रहितम्, ऐश पाठोऽयम् । शेषं स्पष्टम् ॥ ११३-११४ ॥

अनुवाद—हे देवि ! इस सम्प्रदाय (उपाय) को सुनो, जिसे मैं विधिवत् कहता हूँ । इसमें नेत्रों के स्तब्ध करने मात्र से तुरन्त कैवल्योत्पत्ति हो जाती है ॥ ११३ ॥

अधोद्वार को वाम पाँव की एड़ी से गुदा और लिंग के बीच के भाग को दबाकर, दक्षिण पाँव को एड़ी को लिंग के ऊपर रखकर बैठना चाहिए । पुनः कान के दोनों छिद्रों को बंद कर बिना अच् और हल् के केवल आकार अक्षर का उच्चारण करे इससे (योगी) सनातन ब्रह्म में प्रवेश कर जाता है ॥ ११४ ॥

व्याख्या—सिद्धासन द्वारा मूलबंध लगाकर, ठुड्डी को कंठकूप के भीतर लगाकर, दोनों अंगूठों से दोनों कान के छिद्रों को बंद कर, दोनों कनिष्ठिकाओं से नासिका के दोनों छिद्रों को बंद करना चाहिए । दोनों हाथों की शेष तीन-तीन अंगुलियों से दोनों नेत्रों को बंद करना चाहिए और दृष्टि को भ्रूमध्य में लगाकर परावाणी से नाभि से लेकर कण्ठ-पर्यन्त आकार का उच्चारण करना चाहिए । इस प्रकार अभ्यास करने पर साधक में ईश्वरप्रत्यभिज्ञा का उदय होता है । यह बात 'शेषं स्पष्टं' द्वारा आचार्य क्षेमराज ने अभिव्यक्त की है ॥ ११३-११४ ॥

कूपादिके महागर्ते स्थित्वोपरि निरीक्षणात् ।
अविकल्पमतेः सम्यक् सद्यश्चित्तलयः स्फुटम् ॥ ११५ ॥

कूपः प्रहिः, आदिना गिरिश्रृङ्गादेः ग्रहणम् । महागर्ते वृहत्सुषिरे कूपादौ स्थित्वा, सामीप्यं सप्तम्यर्थः । वटे गावः सुशेरते इतिवत् महाश्वभ्रादिसमीपे स्थित्वा, ऊर्ध्वमेव कूपाद्याकाशनिश्चलदृष्टयवलोकनात् हेतोः, अविद्यमानो विकल्पो यस्याः सा तथाविधा मतिः यस्य तस्य निर्विकल्पबुद्धेः भावकस्य तत्क्षणमेव चित्तप्रशान्तिः निश्चितम् । बहुव्रीहिगर्भो बहुव्रीहिः ॥ ११५ ॥

अनुवाद—कूपादि गहरे गड्ढे के समीप स्थित होकर अविकल्प बुद्धि से ठीक तरह से कूपाकाश और महाकाश की एकता को देखते हुए अविकल्प बुद्धि साधक का चित्त तत्काल ही चैतन्य में लीन हो जाता है ॥ ११५ ॥

व्याख्या—यहाँ 'कूप' शब्द से पृथ्वी के भीतर का गड्ढा और 'आदि' शब्द से पर्वत के शिखर आदि का ग्रहण है । बहुत बड़े छिद्र यथा कूपादि के समीप बैठकर नीचे से ऊपर तक के आकाश को निश्चल दृष्टि से देखना चाहिए । तब विकल्प रहित बुद्धि वाले साधक के हृदय में निश्चयेन तत्क्षण ही प्रशान्त हुए चित्त में चिन्मयावस्था की उपलब्धि होती है ॥ ११५ ॥

यत्र यत्र मनो याति बाह्ये वाभ्यन्तरेऽपि वा ।
तत्र तत्र शिवावस्था व्यापकत्वात् क्व यास्यति ॥ ११६ ॥

यस्मिन् यस्मिन् नीले सुखादौ च मनो—विकल्पः, संवेदनं याति प्रसरति, तत्र तत्र स्फुरत्संवित्सतत्त्वे शिवस्य चित्प्रकाशस्य अवस्था अवस्थानं क्व यास्यति न क्वचित् गमिष्यति। अत्र हेतुः व्यापकत्वात् इति। दिक्कालाकारैः प्रकाशसारत्वात् प्रकाशमानैः प्रकाशात्मनः स्वात्मभैरवस्य अनवच्छेदात् इत्यर्थः। इयम् अवस्था तु योगशास्त्रे समाधिषट्कपरिपाकलब्धो नित्यसमाधिः साक्षात्काररूपोऽयत्नायत्तः सप्तमः समाधिरुक्तः। तथा च तत्रैव समाधिषट्कलक्षणम् उक्तम्, यथा—समाधिर्नाम चित्तस्य अखण्डात्माद्वयब्रह्मतामात्रेण स्थिरीभावः, स तु बहिरन्तर्वा विधेयः। तत्र हृदयान्तः कर्तव्यः समाधिः द्विविधः—सविकल्पक-निर्विकल्पकभेदात्। सविकल्पोऽपि द्वेधा—दृश्यसम्पृक्तः शब्दसम्पृक्तश्च। तत्र दृश्यसम्पृक्तस्य समाधेर्लक्षणं वाक्यसुधायाम्—

'कामाद्याश्चित्तसादृश्यात्तत्साक्षित्वेन चेतनाम्।
ध्यायेद् दृश्यानुविद्धोऽयं समाधिः सविकल्पकः॥'

इति। अयं स्थूलः सविकल्पकः समाधिः। सूक्ष्मं सविकल्पकं द्वितीयं समाधिमाह तत्रैव—

'असङ्गः सच्चिदानन्दः स्वप्रभो द्वैतवर्जितः।
अस्मीति शब्दविद्धोऽयं सविकल्पसमाहितः॥'

इति। एवं यत्नतः क्रमेण समाधिद्वयसम्पत्तौ स्वयमेव भवन्तं निर्विकल्पसमाधिम् आह—

'स्वानुभूतिरसावेशाद् दृश्यशब्दानुपेक्ष्य तु।
निर्विकल्पः समाधिः स्यान्निवातस्थलदीपवत्॥'

इति च। एवं सविकल्पौ द्वौ, निर्विकल्पक एकः इति त्रयः समाधयः। एतत् समाधित्रयं सूर्यचन्द्राकाशादिबाह्यालम्बनं व्युत्पादयति—

'हृदीव बाह्यदेशेऽपि यस्मिन्कस्मिंश्च वस्तुनि।
समाधिराद्यः सन्मात्रे नामरूपपृथक्स्थितः॥'

इति दृश्यानुविद्धसविकल्पकः समाधिः। शब्दानुविद्धं सविकल्पकं समाधिम् आह तत्रैव—

'अखण्डैकरसं वस्तु सच्चिदानन्दलक्षणम्।
इत्यविच्छिन्नचिन्तेयं समाधिर्मध्यमो भवेत्॥'

इति। अत्रापि केवलब्रह्माकारत्वात् मनसो निश्चेष्टनिर्विकल्पकः समाधिर्यथा—

'स्तब्धीभावरसास्वादात्तृतीयः पूर्ववन्मतः।
एतैः समाधिभिः षड्भिर्नयेत्कालं निरन्तरम्॥'

इति। एतच्छ्लोकप्रतिबिम्बस्तु तत्रैव—

'देहाभिमाने गलिते विज्ञाते परमात्मनि।
यत्र यत्र मनो याति तत्र तत्र समाधयः ॥'
इति ॥ ११६ ॥

अनुवाद—'जहाँ-जहाँ मन जाता है, चाहे बाह्य विषयों अथवा आभ्यन्तर विषयों में, उन सभी अवस्थाओं में शिवावस्था व्यापक होने के कारण बनी ही रहेगी (कहीं अन्यत्र न जा सकेगी ?) ॥ ११६ ॥

व्याख्या—जिस किसी नीले, पीले और हरे रंग वाले बाह्य पदार्थों में अथवा भीतरी सुख-दुःखादि आभ्यान्तर पदार्थों में मन संवेदन करे, वहाँ चिन्मय संवित्‌रूप शिव का ध्यान करना चाहिए। तब मन चित् को छोड़ कर कहीं भी नहीं जा सकेगा। क्योंकि दिशा काल आदि व्यापक आकृति के सदृश प्रकाश का सारभूत प्रकाश चिन्मय आत्मा रूप भैरव से भिन्न शिव में कोई पदार्थ नहीं है। योगशास्त्र में छः प्रकार की समाधियों के परिपक्वावस्था में प्राप्त होने पर नित्य समाधि रूप यह सप्तमावस्था साक्षात्कार रूप में बिना प्रयत्न से उत्पन्न होने वाली है। इसे ही सप्तम समाधि कहा गया है। जिन छः समाधियों के लक्षण योगशास्त्र में बतलाए गए है, वे इस प्रकार हैं—चित्त की उस चिन्मय आत्मा के साथ अखण्डाद्वैत भाव से स्थिरीभूत होकर अद्वैतब्रह्म-सत्ता के रूप में प्रतीत होने वाली अवस्था विशेष को 'समाधि' कहते हैं। वह बाह्य और आभ्यन्तर रूप से दो प्रकार की है। वहीं हृदय के भीतर की जाने वाले अंतः समाधि भी दो प्रकार की है—(१) सविकल्प और (२) निर्विकल्प। उनमें से सविकल्प समाधि—१. दृश्य पदार्थों से मिश्रित और २. शब्द मिश्रित दो प्रकार की होती है। उनमें से दृश्य मिश्रित समाधि का लक्षण वाक्यसुधा में इस प्रकार बतलाया गया है—चित्त के सदृश कामना से और साक्षी चिन्मय का ध्यान करने से उनके साथ अनुबिद्ध समाधि 'सविकल्पसमाधि' कहलाती है। यह 'स्थूल सविकल्पसमाधि' है। तथा दूसरी 'सूक्ष्म सविकल्पसमाधि' का लक्षण इस प्रकार है—'असंग, सच्चिदानंद द्वैतवर्जित स्वयं समर्थ आत्मा स्वरूप व्यापक तत्त्व 'मैं ही हूँ'—इस प्रकार शब्दमात्र से अनुबिद्ध सविकल्पसमाधि सूक्ष्म सविकल्पसमाधि है।' इस प्रकार प्रयत्न के साथ दो प्रकार की समाधियों की सम्पत्तियों को प्राप्त कर लेने पर मनुष्य निर्विकल्पसमाधि में प्रवेश करता है। उसका लक्षण है—'स्वानुभूति के रसावेश में दृश्य शब्द की अपेक्षा को त्यागकर निर्वात स्थल पर स्थित दीपशिखा के समान निश्चल होकर बैठना ही निर्विकल्पसमाधि है।' सविकल्प के दो भेद तथा एक निर्विकल्प, कुल मिलाकर तीन समाधियाँ हुईं। ये तीनों ही समाधियाँ सूर्य, चन्द्र और आकाश इन बाह्यालम्बनों को प्रतिपादित करती हैं। हृदय के समान बाह्य देश में किसी वस्तु में समाधि करने से सन्मात्रावस्था नामरूप से पृथक् होकर रहती है, वह 'दृश्यानुबिद्ध सविकल्पसमाधि' है। यह चौथी समाधि है। शब्दानुबिद्ध बाह्य सविकल्पसमाधि है, इसका वर्णन इस प्रकार है—अखण्ड है, इस प्रकार अविच्छिन्न चिन्तन से जो समाधि उत्पन्न होती है, वह 'बाह्यशब्दानुविद्ध सविकल्प' समाधि

पाँचवी है। यह बाह्य समाधियों के भीतर मध्य की है। इसमें भी केवल ब्रह्माकार स्वरूप होने से मन को चेष्टा रहित निर्विकल्पावस्था का अनुभव होता है। इस प्रकार बाह्य पदार्थों में मन को निश्चेष्ट निर्विकल्पावस्था में होने वाली छठी समाधि का लक्षण बतलाया जा रहा है—'मन को निश्चेष्ट स्तब्ध करके आभ्यन्तर निर्विकल्प समाधि के समान ही बाह्य पदार्थों में भी मन को विकल्प रहित बनाकर स्थिर करना इसे बाह्य निर्विकल्प समाधि कहते हैं'। इस प्रकार छहों समाधियों द्वारा निरंतर आत्मतत्त्व का चिन्तन करते हुए योगियों को स्वकाल यापन करना चाहिए।

अब उपरोक्त कारिका में प्रतिपादित सातवीं निर्विकल्पसमाधि का वर्णन करते हैं—'देहाभिमान के नष्ट हो जाने तथा परमतत्त्व को पहचान लेने के बाद जहाँ-जहाँ मन जाता है, साधक के लिए वहीं समाधि उपलब्ध होती है'। अभिप्राय यह है कि मन जिस विषय में जाता है, चाहे वह बाह्य हो या आभ्यन्तर, सर्वत्र चिन्मय सत्तत्त्व का चिन्तन करने के कारण योगी को सर्वत्र आत्मसत्त्व के अतिरिक्त अन्य किसी वस्तु का भान ही नहीं रहता। इसी अवस्था का नाम सप्तम समाधि है। स्पन्दकारिका की २८वीं, २९वीं और २०वीं कारिकाओं में ऐसा ही वर्णन मिलता है॥ ११६॥

यत्र यत्राक्षमार्गेण चैतन्यं व्यज्यते विभोः।
तस्य तन्मात्रधर्मित्वाच्चिल्लयाद्भूरितात्मता॥ ११७॥

यत्र यत्र नीलसुखादौ अक्षमार्गेण चक्षुरादिसुषिरमार्गेण प्रभोः परभैरवस्य आत्मनः चैतन्यं चित्प्रकाशः अभिव्यज्यते स्फुरति, तस्य नीलादेः तन्मात्रधर्मित्वात् चैतन्यातिरेके चेत्यत्वाभावापत्तेः दर्पणमात्रात्मकविचित्रप्रतिबिम्बवत् प्रकाशस्थचैतन्यमात्रस्वभावत्वं विमृश्य विश्वभित्तिभूतायां चितौ एव यो लीयते तस्य परभैरवतैव। यथा घनीभूतः प्रकाश एव सूर्यमण्डलं जातं, तथा चिदेव हि आश्यानीभूता जगदात्मना भाति इति आम्नायः॥ ११७॥

अनुवाद—जहाँ-जहाँ इन्द्रिय मार्गों के द्वारा उस परमात्मा के चैतन्य की अभिव्यक्ति होती है, उस (परमात्मा) के धर्मी होने के कारण चिति में विश्रान्ति के द्वारा भरितावस्था (भैरवावस्था) हो जाती है॥ ११७॥

व्याख्या—जहाँ-जहाँ नील-पीतादि बाह्य पदार्थों में तथा सुख-दुःखादि आभ्यन्तर पदार्थों में चक्षु आदि इन्द्रिय मार्गों अथवा अन्तःकरण के मार्ग के द्वारा परमभैरव आत्मा का चैतन्य चित्प्रकाश अभिव्यक्त होता है, उन नील-पीतादि या सुख-दुःखादि चैतन्यमात्र धर्मी होने के कारण, जैसे प्रतिबिम्ब के कारण दर्पणादि गर्त होते है, वे सभी प्रकाशस्थ चैतन्य मात्र स्वभाव वाले होते हैं। उसी प्रकार बाह्याभ्यन्तर इन्द्रियों के द्वारा अभिव्यक्त होने वाला पदार्थ भी चैतन्यमात्र का ही धर्म है। अतः सारे जगत् की मूल भित्ति चित्त के लय होने पर सभी परम भैरवस्वरूप हो जाते हैं। जैसे

घनीभत प्रकाश सूर्यमण्डल कहलाता है, उसी प्रकार प्रकाशीभूत यह जगत् भी आत्म-रूप ही है, ऐसा शास्त्रीय सिद्धान्त है ॥ ११७ ॥

क्षुताद्यन्ते भये शोके गह्वरे वा रणाद् द्रुते ।
कुतूहले क्षुधाद्यन्ते ब्रह्मसत्तामयी दशा ॥ ११८ ॥

समीपगा इति पाठान्तरम् । ब्रह्मसत्ता अनवच्छिन्नचिदानन्दस्फुरत्ता समीपगा निकटस्थितैव इति । तां तत्र तत्र अवसरे विमृश्य सुप्रबुद्धः समाविशेत्, अप्रबुद्धः पुनरत्र मूढ एव इति । एषा शाम्भवी भूः ॥ ११८ ॥

अनुवाद—छींक आदि के होने पर, भय, शोक में, अथवा गहरे गड्ढे में, युद्ध से भागने पर, कौतूहल की स्थिति में तथा क्षुधादि के अन्त में मनुष्य को ब्रह्मसत्तामय अवस्था[1] की उपलब्धि होती है ॥ ११८ ॥

व्याख्या—अनवच्छिन्न, चिदानन्द स्फुरणा के समीपवर्ती अवस्था वाले तथा भय, शोक, गह्वर तथा युद्ध-भूमि से भागे हुए मनुष्य को कुतूहल जनक वस्तु तथा क्षुधादि के अन्त में रही हुई अवस्था का ज्ञानी बन कर विवेकपूर्वक विचार करने पर ब्रह्म सत्ता के सदृश ही प्रतीति होती है । अप्रबुद्ध होकर इन्हें प्रमादवश देखने पर इनकी प्रतीति नहीं होगी । वस्तुतः उपरोक्त अवस्था में मनुष्य शाम्भवी भूमिका में होकर विचरण करता है ॥ ११८ ॥

वस्तुषु स्मर्यमाणेषु दृष्टे देशे मनस्त्यजेत् ।
स्वशरीरं निराधारं कृत्वा प्रसरति प्रभुः ॥ ११९ ॥

स इति, तत् इति स्मृतिज्ञानेन वेद्यमानेषु पदार्थेषु अनुभवज्ञानविषये स्वाधारभूते मनः त्यजेत् प्रक्षिपेत्—अनुभवपूर्वकत्वात् स्मृतेः । स्वदेहं निरालम्बनं विधाय, अनुभवरूपः प्रभुः स्मरणानुभवयोः स्मर्यमाणानुभूयमानयोश्च एकानुसन्धात्रात्मा प्रसरति प्रादुर्भवति ॥ ११९ ॥

अनुवाद—पदार्थों का स्मरण करते हुए, देखे हुए आधार में मन को फेंके (क्योंकि) अपने शरीर को आधारहीन बनाकर (अनुभव) प्रभु उदित होता है ॥ ११९ ॥

---

१. ब्रह्मसत्तामय अवस्था के लिए ब्रह्मसूत्र-शांकरभाष्य (नि० सा०) पृ० ६ का यह अवतरण द्रष्टव्य है—

अस्ति तावद् ब्रह्म नित्यशुद्धबुद्धमुक्तस्वभावं सर्वज्ञं सर्वशक्तिसमन्वितं ब्रह्मशब्दस्य हिव्युत्पाद्यमानस्य नित्यशुद्धत्वादयोऽर्थाः प्रतीयन्ते बृहतेर्धातोरर्थानुगमात् सर्वस्यात्मत्वाच्च, ब्रह्मास्तित्वप्रसिद्धिः । सबाह्यात्मास्तित्वं प्रत्येति, न नाहमस्मीति । यदि हि नात्मास्तित्वप्रसिद्धिः स्यात् सर्वा लोलो नाह्यस्मीति प्रतीयात् ।

—परमार्थसार, शोधनिबन्ध, श्रीमती कमला द्विवेदी पृ० ७५ से उद्धृत

क्वचिद्वस्तुनि विन्यस्य शनैर्दृष्टिं निवर्तयेत् ।
तज्ज्ञानं चित्तसहितं देवि शून्यालयो भवेत् ॥ १२० ॥

कस्मिंश्चित् वस्तुनि दृष्टिम् अक्षिरूपां निक्षिप्य, कञ्चित् पदार्थं दृष्ट्वा इत्यर्थः । शनैः शनैः तस्य पदार्थस्य ज्ञानं तद्विषयसङ्कल्पसहितं निवर्तयेत् शून्य-भावनया अन्तर्लक्ष्यबहिर्दृष्टिन्यायेन वा, तेनैव शून्ये आलयो--विश्रान्तिः यस्य एवं-विधः संयमी भवेत् । देवि शून्यलयो भवेत् इति पाठान्तरम् ॥१२०॥

अनुवाद--किसी वस्तु में दृष्टि लगाकर, धीरे-धीरे उसे वहाँ से लौटाना चाहिए तब उस (वस्तु) के ज्ञान का चित्त के साथ लौटाने से, हे देवि ! शून्य में विश्रान्ति होती है ॥ १२० ॥

व्याख्या—किसी वस्तु में दृष्टि को स्थिर करने पर उस पदार्थ का स्वरूप सामने आता है । धीरे-धीरे उस पदार्थ के ज्ञान को तथा तद्विषयक संकल्पों को एकदम चित्त से निकालने पर, शून्यभावना द्वारा बहिर्दृष्टि होते हुए भी अन्तर्लक्ष्य होकर, मनुष्य शून्य स्थान में संयम करने से तन्मय हो जाता है, तब निर्विकल्प अवस्था का उदय होता है ॥ १२० ॥

भक्त्युद्रेकाद्विरक्तस्य यादृशी जायते मतिः ।
सा शक्तिः शाङ्करी नित्यं भावयेत्तां ततः शिवः ॥ १२१ ॥

भक्तिरिति--

'न पादपतनं भक्तिर्व्यापिनः परमेशितुः ।
भक्तिर्भावस्वभावानां तदेकीभावभावनम् ॥'

इति कृतलक्षणा । उद्रेकः आधिक्यम् ॥ १२१ ॥

अनुवाद—भक्ति के उद्रेक से विरक्त पुरुष की जैसी बुद्धि हो जाती है, वही शांकरी शक्ति है । उसका नित्य ध्यान करे तो (साधक) शिव हो जाता है ॥१२१॥

व्याख्या—जिसके हृदय में परमेश्वर की भक्ति व्याप्त है । उसका कहीं भी पतन होना संभव नहीं है, क्योंकि भक्तिभाव से भावित अन्तःकरण वाले प्राणी ईश्वर से ऐक्य भाव की भावना करते हुए ईश्वरमय हो जाते हैं । अतः उनका उत्थान और पतन सम्भव नहीं ॥ १२१ ॥

वस्त्वन्तरे वेद्यमाने शनैर्वस्तुषु शून्यता ।
तामेव मनसा ध्यात्वा विदितोऽपि प्रशाम्यति ॥ १२२ ॥

कस्मिंश्चित् एकस्मिन् वस्तुनि ज्ञायमाने, सर्ववेद्येषु तदन्येषु बाह्याभ्यन्त-रेषु वस्तुषु वेद्यमानेष्वपि शून्यता भावनीया, शून्यता तत्कालम् अनाभासनम् ।

तामेव वेद्याभावात्मकचित्प्रकाशरूपां शून्यतां मनसा निर्विकल्पसंविदा ध्यात्वा विमृश्य विदितोऽपि वेदनात् अपि प्रशाम्यति--शान्तब्रह्मस्वरूपो भवति। विदि-शब्द इकारान्तो भेदप्रथारूपज्ञानवाचकः। तज्ज्ञानं तद्वस्त्वनुभवः चित्त-सहितं तद्वासनायुक्तं क्वचिद्वस्तुनि इत्यत्र एकपदार्थमात्रं दृष्ट्वा तदनु तद्विषय-सङ्कल्पज्ञानादिनिवर्तनम् उक्तम्। इह पुनर्वेद्यमानवस्तुज्ञानानन्तरं सर्ववेद्येष्वपि ज्ञायमानेषु शून्यताभावनया तद्वेदनादपि प्रशान्तिलक्षणो विशेषः॥ १२२॥

अनुवाद—किसी एक वस्तु का ज्ञान करते हुए (दूसरी बाह्य और आभ्यन्तर) वस्तुओं में शून्यता करनी चाहिए (अर्थात् दूसरी वस्तुएँ उस समय मानहीन हो)। इस (शून्यता) का मन से ध्यान करके योगी तथा जानकार भी (अर्थात् ज्ञान से भी) शान्त हो जाता है[1]॥ १२२॥

व्याख्या—किसी एक वस्तु का ज्ञान होने पर सभी जानने योग्य अन्य वस्तुओं के बाहर तथा भीतर निराकार आत्मतत्त्व व्याप्त है, ऐसी भावना करनी चाहिए। ऐसा अभ्यास करने पर साधक को तत्काल अनाभास स्थिति प्राप्त होगी। यदि उसी वेद्य वस्तु के अभावात्मक चित्प्रकाशरूप शून्यता का मन से निर्विकल्प ज्ञान से ध्यान करता हुआ साधक विचार करेगा, तो विदित होने पर उसकी वेदना शांत हो जायेगी।

(अर्थात् शांत ब्रह्म रूप हो जायेगा)। वेदना—भेद प्रथा रूप ज्ञानवाचक इकारान्त विदि शब्द से वेदना शब्द बना है। इसीलिए वह भेद ज्ञान युक्त होता हुआ भी चित्त सहित भेदवासना से युक्त शब्द का शब्दज्ञान चिन्मय ईश्वर में लय होकर, संकल्प-विकल्प ज्ञान से रहित होकर अद्वैत रूप बन जायेगा। ऐसी अवस्था में साधक के हृदय की क्या दशा होती है। इस विषय को आचार्यों ने 'समाचारपटल' रहस्य-शास्त्र के १८वें अध्याय में इस प्रकार निरूपित किया है—'इस अवस्था में पहुँचने पर न तो शुद्धि है और न अशुद्धि। न भक्ष्याभक्ष्य का विचार है। न द्वैत है न अद्वैत। न लिंग पूजा है न उसका त्याग है। न अपरिग्रह है न परिगह। न जटा भस्म लगाना ही उसका कारण है और न उसका त्याग करना ही कारण है। न व्रतादि आचरण करना आवश्यक है न किसी तीर्थ क्षेत्र में प्रवेश करने की आवश्यकता है। न किसी समय के पालन करने की आवश्यकता है। न दूसरे चिह्नादि या स्वरूप धारण करने की आवश्यकता है। न नाम रूप गोत्र प्रवर आदि की आवश्यकता है। इस रहस्य को जान लेने के पश्चात् विधि-निषेध कुछ भी नहीं है। न किसी विधि के पालन की आवश्यकता है, न निषेध के पालन की। योगी की इस मार्ग में तत्त्व-चिन्तन करते हुए चैतन्य तत्त्व में अपने को स्थिर करने (इस एक कार्य) के अतिरिक्त कोई कर्त्तव्य नहीं है। अतः यह ज्ञान जिस प्रकार भी स्थिर हो जाय, वही उसके लिए आचरणीय है। इसी बात की मन में धारणा करते हुए वसिष्ठ ने इसका पूरा अभ्यास किया था।

---

१. शून्यता के ध्यान से वेद्य और वेदन हो जाता है।

समाधिनिष्ठ योगी कर्म करे या न करे, निश्चल चित्त हो जाने के बाद विषयों का उपभोग करके पहली प्रत्यभिज्ञा—'मैं वही शिव धर्म वाला हूँ' तथा दूसरी प्रत्यभिज्ञा—'मुझ भैरव के द्वारा बना हुआ ही यह विश्व है' ये दोनों प्रत्यभिज्ञाएँ भगवान् द्वारा उपदिष्ट हैं। इन दोनों प्रत्यभिज्ञाओं को देखते हुए भी जो पंडितम्मन्य आत्मा नाम का पशु कोई अन्य है। और प्रकाशात्मा वह भी मैं ही हूँ दूसरा कोई नहीं है—इस प्रकार की 'सोऽहं प्रतीक' की प्रत्यभिज्ञासूत्रविमर्शिनीकार ने व्याख्या की है। 'मेरा यह अनुभव है' इस दूसरे प्रत्यभिज्ञांश को विवृत्त किया है। अतः विकल्प सृष्टि मेरा स्वतंत्र लक्षण है, इस रूप में प्रकट किया है। इस पर सहृदयजन को स्वयं ही विचार कर लेना चाहिए, जिससे उनके हाथ से ही उनके मुँह पर चपत लग जायेगी और भी जैसे कमल का पत्ता जल में रहते हुए भी उससे निर्लिप्त रहता है, उसी प्रकार साधक योगी भी सभी वैषयिक दोषों से निर्लिप्त रहता है। उसके लिए पेय-अपेय सभी 'जल' है। भक्ष्य-अभक्ष्य सभी 'पृथ्वी' है। सुरूप-कुरूप सभी 'तेज' है। इस प्रकार निर्दोष ब्रह्म ही सर्वव्यापक है, ऐसा अभ्यास नित्य ही करना चाहिए। जैसे मंत्रों से रक्षित पुरुष को विष-भक्षण करने पर भी उसका 'जहर' नहीं चढ़ता है, वैसे ही विषय-भोग करता हुआ भी योगी विषय-दोष से निर्लिप्त रहता है। संसार में अपवित्र वस्तु क्यों है, शरीर पाँच भौतिक है, और शुद्ध-अशुद्ध वस्तुएँ सब ही 'पाँच भौतिक हैं' अतः न कोई वस्तु अशुद्ध है, न ही शुद्ध। सभी वस्तुएँ चित्त–चैतन्य आत्मा का प्रतिबिम्ब मात्र है। अतः सर्वत्र ईश्वर बुद्धि से देखने वाले योगी के लिए किसी भी तरह के नियमों के पालन की आवश्यकता नहीं है। केवल चित्त विमर्श ही विचारणीय है॥ १२२॥

'अत्र नाथः समाचारं पटलेऽष्टादशेऽभ्यधात्।
नात्र शुद्धिर्न चाशुद्धिर्न भक्ष्यादिविचारणम्॥
न द्वैतं नापि चाद्वैतं लिङ्गपूजादिकं न च।
न चापि तत्परित्यागो निष्परिग्रहतापि वा॥
सम्परिग्रहता वापि जटाभस्मादिसङ्ग्रहः।
तत्त्यागो न व्रतादीनां चरणाचरणं च यत्॥
क्षेत्रादिसम्प्रवेशश्च समयादिप्रपालनम्।
परस्वरूपलिङ्गादिनामगोत्रादिकं च यत्॥
नास्मिन्विधीयते किञ्चिन्न चापि प्रतिषिध्यते।
विहितं सर्वमेवात्र प्रतिषिद्धमथापि वा॥
किं त्वेतदत्र देवेशि नियमेन विधीयते।
तत्त्वे चेतः स्थिरीकार्यं सुप्रयत्नेन योगिना॥
तच्च गम्यं यथैव स्यात्स तथैव समाचरेत्।
एतन्मनसि सन्धाय वसिष्ठेन स्फुटं कृतम्॥

समाधिमथ कर्माणि मा करोतु करोतु वा ।
तत्त्वे निश्चलचित्तस्तु भुञ्जानो विषयानपि ॥
न संस्पृश्येत दोषैः स पद्मपत्रमिवाम्भसा ।'

अस्य योगिनः

'पेयापेयं स्मृता आपो भक्ष्याभक्ष्यं तु पार्थिवम् ।
सुरूपं च विरूपं च तत्सर्वं तेज उच्यते ॥
निर्दोषं हि समं ब्रह्म तत्स्फुटं नित्यमभ्यसेत् ।
विषापहारिमन्त्रादिसन्नद्धो भक्षयन्नपि ॥
विषं न मुह्यते तेन तद्वद्योगी महामतिः ।
अशुद्धं हि कथं नाम देहाद्यं पाञ्चभौतिकम् ॥
प्रकाशतातिरिक्ते किं शुद्धयशुद्धी हि वस्तुनि ।'

इति रहस्यशास्त्रोक्तनीत्या शुद्धयशुद्धिविकल्पं विहाय केवलचिद्विमर्शो निर्वाह्यः इत्याह--

किञ्चिज्ज्ञैर्या स्मृता शुद्धिः साऽशुद्धिः शम्भुदर्शने ।
न शुचिर्ह्यशुचिस्तस्मान्निर्विकल्पः सुखी भवेत् ॥ १२३ ॥

किञ्चिन्मात्रबोधयुक्तैः धर्मशास्त्रज्ञैः या शुद्धिः मृज्जलादिना शुद्धभावः स्मृता सा शम्भुदर्शने पारमेश्वरतत्त्वसाक्षात्कारे सति अशुद्धिः अशौचमेव--वक्ष्यमाणात् हेतोः । यद्वा शम्भुदर्शने परमेश्वरभाषिते शास्त्रे किं तु साऽशुद्धिः, न शुचिः न नैर्मल्यं निर्देशस्य भावप्रधानत्वात्, सा अन्यशास्त्रोक्ता शुद्धिः न शुचिः न शुद्धत्वं, किं तु हि अशुचिः, हिः अवधारणे हेतौ वा अशुद्धतैव । मृदादिशुद्धेः तत्त्वज्ञानं प्रति अकिञ्चित्करत्वेन अनङ्गत्वात् । यदुक्तं महा-गुरुभिः--

'मृज्जलादिविशुद्धोऽपि न पवित्रो बहिर्मुखः ।
बहिर्निर्मलमध्यस्थपुरीषकलशादिवत् ॥'

इति । अशुद्धिः इति पूर्वम् अभिधाय, तदनु 'न शुचिः' इति उक्त्वापि पुनः 'हि अशुचिः' इति अशुचिपौनरुक्त्यं तत्त्वज्ञानानुपयोगित्वदाढर्यप्रतिपादनार्थं, मृदादिशुद्धेः कर्माङ्गत्वात् तदधिकारिणि सा भवतु । यदुक्तम्--

'अस्नातस्तु पुमान्नार्हो जप्याग्निहवनादिषु ।
स्नातोऽधिकारी सर्वत्र दैवे पित्र्ये च कर्मणि ॥'

इति । एतत् तु न क्वचित् उक्तम्--

'तदा ज्ञानाधिकारोऽस्ति मृज्जलादिशुचिर्यदा ।'

इति। तत्त्वज्ञानं प्रति मृदादिशुद्धेः प्रतिबन्धकत्वं न भवति इत्यतः सापि अस्तु इति चेत्, भवतु एतत्--ज्ञानप्रतिबन्धकत्वाभावात्, परन्तु ज्ञानं निरपेक्षं न कर्मवत् शुद्ध्यपेक्षम्। वयं तु जानीमहे--मृदादिना देहनैर्मल्ये क्रियमाणे, देह-दर्शने जाते तत्सुन्दरतादिदर्शनेन तदभिमानोऽपि तत्त्वज्ञानिनो भवेदपि अन्त-र्मुखत्वविस्मृत्या बहिर्मुखतापत्तेः। ज्ञानिनस्तु तथा स्थितिर्विधेया यथा वारंवारं चिद्विमर्शघनाभ्यासात् देहादिविस्मरणमेव भवेत्, स तु कदाचिदपि देहं न पश्यति। यदुक्तं श्रीभागवते—

'देहं च नश्वरमवस्थितमुत्थितं वा।
सिद्धो न पश्यति यतोऽध्यगमत्स्वरूपम् ॥'

इति। यदि न तत्त्वज्ञानोपकारिणी मृदादिशुद्धिः, तत्कथं भगवता गीतम्—

'आचार्योपासनं शौचं स्थैर्यमात्मविनिग्रहः।'

इत्यादिना। शौचमपि तत्त्वज्ञानम् इति चेत् सत्यं, मान्त्र-भौमाग्नेय-वायव्य-दिव्य-वारुण-मानसभेदेन सप्तविधं स्नानं स्कन्दपुराणे अभिहितम्—

'आपो हि ष्ठेति वै मान्त्रं..... ।'

इति आरभ्य—

'वारुणं चावगाह्यं तु मानसं विष्णुचिन्तनम्।'

इति पर्यन्ते सर्वस्नानफलभूतं मुख्यं मानसस्नानम् उक्तम्, इत्यतः केवलवारुण-स्यापि स्नानान्तरतुल्यत्वात्, प्रत्युत तस्यापि गौणत्वात् शौचपदेन विष्णुचिन्त-नात्मकं मुख्यं स्नानं किं न वक्तुं शक्येतापि, इति विनिगमनाग्रहाङ्गीकरणं न साधु। धर्मशास्त्रोक्तत्वात् वारुणविधानं धर्मः, इति चेत् हन्त, तर्हि धर्मत्वाभ्यु-पगमात् परमधर्मः तत्त्वज्ञानात्मा मृदादिशुद्धिधर्मात् अभीष्टतरः। यदुक्तं याज्ञ-वल्क्यस्मृतावेव—

'इज्याचारदमाहिंसादानस्वाध्यायकर्मणाम्।
अयं स परमो धर्मो यद्योगेनात्मदर्शनम् ॥'

इति। अन्यच्च अक्रियमाणायामपि मृदादिशुद्धौ परमात्मनो न काचित् हानिः-निराकारत्वेन आकाशतुल्यत्वात्, क्रियमाणायामपि न काचित् वृद्धिः। देहस्तु मृदादिशुद्धोऽपि मलिन एव, हि यस्मात् अन्यशास्त्रोक्ता अशुद्धिरेव। तस्मात् मृदादिशौचविनाकृतोऽपि निर्विकल्पज्ञानेन सति मनःशौचे त्यक्तमनोमलः सुखी भवेत् ॥ १२३ ॥

अनुवाद—अल्पज्ञ पुरुष जिसे शुद्धि कहते हैं, वह शांभव दर्शन में अशुद्धि के रूप में ही मानी गयी है। अतः कुछ भी न पवित्र है, और न अपवित्र, केवल निर्विकल्प ही सुखी है॥ १२३ ॥

व्याख्या—आशय यह है कि धर्मशास्त्रों में शरीर की शुद्धि मिट्टी, जल आदि के द्वारा बतलाई गयी है। परमतत्त्व का साक्षात्कार कराने वाले इस शांभव दर्शन में तो नहीं के बराबर होने से अपवित्र के तुल्य ही है। मिट्टी आदि से की गई शुद्धि का तत्त्वज्ञान से कोई सम्बन्ध न होने से वह शुद्धि भी अशुद्धि ही है। जैसे महागुरुओं ने कहा है—मिट्टी तथा जल से की गई शुद्धि से पवित्र शरीर वाले प्राणी भी आत्मा से बहिर्मुख होने पर निर्मल घट में भरे हुए मलमूत्र के समान अपवित्र ही हैं। उसी प्रकार जिसका अंतःकरण अपवित्र है अर्थात् ज्ञान से बहिर्मुख है तथापि वह शास्त्र प्रतिपादित शरीर शुद्धि करके बैठा हुआ है, वह व्यक्ति उसी तरह अपवित्र है, जैसे वह मूत्र-पुरीषादि से भरा बाहर से निर्मल वह घट। और भी शास्त्रों में कहा है—मनुष्य मंत्र जाप, अग्निहोत्रादि में स्नान करने के पश्चात् ही (जपादि) कर्म का अधिकारी माना जाता है। चाहे वे कर्म 'देवतोद्देश्यक हो या पितरोद्देश्यक। किन्तु ऐसा कहीं भी कहा गया है कि बिना स्नानादि शुद्धि के ही कोई ज्ञान का अधिकारी हो सकता है।

परन्तु मेरे विचार से तो निर्मल देह को देख कर, उसकी सुन्दरता में देहाभिमान होने पर अन्तर्मुख की विस्मृति होने से बहिर्मुखी वृत्ति की जागृति का भय है। अतः ज्ञानी को तो ऐसी स्थिति ही उत्पन्न करनी चाहिए जिससे चैतन्य का बारम्बार घनी-भूत अभ्यास हो। साथ ही देहविस्मृति भी बनी रहे। अन्तर्मुख प्राणी कभी देह की तरफ देखता भी नहीं। जैसा कि भागवत में कहा गया है—'जिस सिद्ध ने स्वरूप का ज्ञान प्राप्त कर लिया है, वह इस नश्वर शरीर को बैठे हुए या खड़े हुए भी देखना पसंद नहीं करता है'। कुछ लोग कहते हैं–यदि बाह्य शुद्धि तत्त्वज्ञान में उपयोगी नहीं है तो भगवान् ने गीता में ऐसा क्यों कहा है—आचार्य की उपासना करना, शौच (अर्थात् बाह्य शुद्धि करना), स्थिरता रखना और आत्मा पर निग्रह रखना तत्त्वज्ञानोप-योगी है।

कुछ लोग ऐसा कहते हैं—यह तो बिल्कुल सत्य है, परन्तु केवल बाह्य जल का स्नान ही स्नान नहीं है, किन्तु स्कन्दपुराण में ७ प्रकार के स्नान बतलाये गए हैं—

१. मांत्र (अर्थात् मंत्र से)
२. भूमि से,
३. अग्नि से,
४. वायु से,
५. वरुण (जल) से,
६. मन से और
७. दिव्य स्नान।

इनमें अंतिम (दिव्य) मानस स्थानों का मूलभूत स्नान मानस-स्नान करने पर सभी स्थान गौण हो जाते हैं। अतः मुख्य विष्णु चिन्तन (स्नान) ही योगी के लिए

शौच शब्द का अर्थ है। अतः शौच शब्द बाह्य शक्ति के अर्थ में दिया गया है। ऐसा तर्क करना असंगत है। यदि कोई कहता है कि धर्मशास्त्र में कहा है—'वारुण स्नान ही धर्म है' तो उन्हें विचारना चाहिए कि धर्म की अपेक्षा तत्त्वज्ञान स्वरूप परमधर्म का स्थान बाह्य शक्ति शुद्धि की अपेक्षा बहुत ऊँचा है। जैसा कि याज्ञवल्क्य ने कहा है—यज्ञ, सदाचार, इन्द्रियदमन, वेदाध्ययन से सत्कर्म है। ये धारण करने योग्य होने से धर्म कहे जाते हैं। परन्तु योगाभ्यास द्वारा आत्मदर्शन करना परमधर्म माना गया है। और भी मृदादि शुद्धि न करने पर परमात्मा को कोई हानि नहीं पहुँचती, क्योंकि निराकार होने के कारण वह आकाश स्वरूप माना गया है। अतः बाह्यशुद्धि करने पर भी उसमें किसी प्रकार वृद्धि नहीं होती। देह तो मिट्टी आदि से शुद्ध करने पर भी मलिन ही है। इसी से अन्य शास्त्रों में प्रतिपादित सारी शुद्धियाँ अशुद्धियाँ ही हैं। अतः मिट्टी आदि के द्वारा शुद्धि न करने पर भी निर्विकल्प ज्ञान से मन को पवित्र कर लेने पर साधक (योगी) मनोमलत्यक्त निर्मल मन वाला सर्वत्र सुख का अनुभव करता है ॥ १२३ ॥

सर्वत्र भैरवो भावः सामान्येष्वपि गोचरः।
न च तद्व्यतिरेकेण परोऽस्तीत्यद्वया गतिः ॥ १२४ ॥

सर्वत्र सर्वेषु प्रदेशेषु भावो भैरवः—सत्स्वरूपो विज्ञात्रात्मा, न तु बौद्धादिवत् ज्ञेयशून्यरूपः, सामान्यजनेषु विवेकहीनेषु अपि गोचरो ग्राह्य—सर्वेषां प्रमातृणां सकलप्रलयाकलादीनाम् अहं जानामि करोमि इत्याद्यहं-विमर्शस्य स्फुटतया स्फुरणात्, न तु भैरवव्यतिरेकेण अन्यः कश्चित् अस्ति इति अहं विमर्शस्य ऐक्यम्। अहं-रूप एव परमेश्वरः, स तु प्रकट एव, किम् आणवाद्युपायत्रयेण, नहि स्फुटतरस्य उपायान्वेषणम् उचितम्। यदुक्तम्—

'उपायजालं न शिवं प्रकाशयेद्
घटेन किं भाति सहस्रदीधितिः।
विवेचयन्नित्थमुदारदर्शनः
स्वयं प्रकाशं शिवमाविशेत्क्षणात् ॥'

इति। तथा संवित्प्रकाशेऽपि—

'अपरोक्षे भवत्तत्त्वे सर्वतः प्रकटे स्थिते।
यैरुपायाः प्रतन्यन्ते नूनं त्वां न विदन्ति ते ॥'

इति। महार्थमञ्जर्याञ्च—

'यं जानन्ति जडा अपि जलहार्योऽपि यं विजानन्ति।
यस्यैव नमस्कारः स कस्य स्फुटो न भवति कुलनाथः ॥'

इति। श्रुतिरपि—

'उतैनं गोपा अदृशन्नुतैनमुदहार्यः ।
उतैनं विश्वा भूतानि स दृष्टो मृडयाति नः ॥'

इति ॥ १२४ ॥

अनुवाद—साधारण मनुष्यों में भी सर्वत्र भैरवभाव ही दिखलाई पड़ता है। उसे छोड़कर दूसरा कोई है ही नहीं, यह है अद्वैतमार्ग[1] ॥ १२४ ॥

व्याख्या—प्रत्येक विवेकी साधक को सर्वत्र विज्ञात्री आत्मा का चिन्तन करने से सत्तास्वरूप अद्वैतात्मा के ज्ञान का प्रत्यक्ष होता है, क्योंकि सम्पूर्ण प्रलय-कलादिकों को 'मैं जानता हूँ', 'मैं करता हूँ' इत्यादि अहन्ता विमर्श की प्रत्यक्ष स्फुरणा नहीं होती। अतः संसार के सभी दृश्य पदार्थों में उसी चैतन्य का विलास होने से तथा अहं रूप परमेश्वर का प्रत्यक्षीकरण होने के कारण अन्य आणिवादि उपायों का भी कोई प्रयोजन नहीं है। स्पष्ट गोचर होने वाले पदार्थों में उपायान्तर का अन्वेषण करना भी उचित नहीं है। जैसा कि कहा है—'उपाय समुदायों से शिव का प्रकाश नहीं हो सकता। क्योंकि क्या कहीं घट से सूर्य का प्रकाश होता है? इस प्रकार विचार करते हुए उदार दृष्टि से देखने पर सर्वत्र क्षण भर में स्वतः शिवतत्त्व का स्वयं प्रकाश हो जाता है।' इसी प्रकार संवित्प्रकाश में भी कहा है—'हे भगवन्! अपरोक्ष तत्त्व के सर्वत्र प्रकटस्थित होने पर भी जो व्यक्ति उपायान्तर का उपयोग करने के लिए उपायान्तर का प्रयत्न करता है, वह अवश्य ही कभी तुम्हें प्राप्त नहीं कर सकता'। महार्थमंजरी में भी इस प्रकार लिखा है—'जड़ पुरुष भी जिसको जानते हैं पानी भरने वाली औरतें भी जिसको जानती हैं, वह कुलस्वामी किसको प्रत्यक्ष नहीं होता? ऐसे स्फुट प्रत्यक्ष होने वाले कुल स्वामी के लिए मेरा नमस्कार'। वेदों में भी कहा है—'उस शिव को ग्वालों ने भी देखा है, पानी भरने वालों ने भी देखा है तथा संसार का प्राणी मात्र जिसका प्रत्यक्ष करता है, हमें भी वह दृश्यमान शिव प्रत्यक्ष-गोचर है ॥ १२४ ॥

शाक्तीं भूमिम् उपदिशति—

समः शत्रौ च मित्रे च समो मानावमानयोः ।
ब्रह्मणः परिपूर्णत्वादिति ज्ञात्वा सुखी भवेत् ॥ १२५ ॥

---

१. तुलना कीजिए—

परमार्थसार—५९ का०,

अतिगूढहृदयगन्धप्ररूढपरमार्थरत्नसञ्चयतः ।
अहमेवेति महेश्वरभावे का दुर्गतिः कस्य ॥

विस्तृत व्याख्या के लिए द्रष्टव्य परमार्थसार शोधनिबन्ध श्रीमती कमला द्विवेदी, का० ५०, पृ० ९१।

अनुवाद—ब्रह्म परिपूर्ण है। अतः (योगी) शत्रु और मित्र में तथा मान और अपमान में समान रहकर इस ज्ञान से सुखी रहता है ॥ १२५ ॥

व्याख्या—भगवद्गीता में भी भगवान् ने ऐसा ही कहा है—'विद्या और विनय से युक्त ब्राह्मण, गाय, हाथी, कुत्ते और चाण्डाल में पण्डितजन समदर्शी होते हैं।'[1] ऐसा ही शांतरस निदर्शन में भी कहा गया है—'सर्प और हार में, पुष्पशय्या में तथा चट्टान में, मणि और मिट्टी के ढेले में, बलवान् शत्रु और मित्र में, घास और व्यभिचारि में समान दृष्टि से देखते हुए पुण्यारण्य में शिव-शिव उच्चारण करते हुए दिन व्यतीत होंगे, ऐसा समय कब आयेगा।[2] इसी प्रकार सिद्धान्तमुक्तावली में भी कहा गया है—'जिस साधक का मन क्षण भर के लिए भी ब्रह्म विचार में स्थैर्य पा लेता है, उसने सभी तीर्थों में स्नान कर लिया, सारी पृथ्वी दान में दे दी, हजारों यज्ञ कर लिए और संसार से अपने सभी पितरों का भी उद्धार कर लिया। अधिक क्या कहें, वह प्राणी त्रैलोक्य में पूजनीय है।[3] अभिप्राय यह है कि इच्छाज्ञान और क्रिया के उल्लास चैतन्यमय सारे विश्व के प्रपंच को समझते हुए मनुष्य सुखी हो जाता है ॥ १२५ ॥

शाम्भवीं भूमिम् उपदिशति—

न द्वेषं भावयेत् क्वापि न रागं भावयेत् क्वचित्।
रागद्वेषविनिर्मुक्तौ मध्ये ब्रह्म प्रसर्पति ॥ १२६ ॥

प्रसर्पति विकसति ॥ १२६ ॥

अनुवाद—न कहीं द्वेष रखें और न कहीं राग। इस प्रकार राग-द्वेष से मुक्त होने पर ब्रह्म दोनों के मध्य प्रकाशित होता है ॥ १२६ ॥

व्याख्या—सर्प, सिंहादि क्रूर प्राणियों में द्वेष और कटक-कुण्डलादि में अनुराग की दोनों ही भावनाओं का त्याग करने पर तथा रागद्वेष-मुक्त भावना के प्राप्त होने पर दोनों के मध्य ब्रह्मभावना की प्रतीति होकर सामने आती है ॥ १२६ ॥

---

१. विद्याविनयसम्पन्ने ब्राह्मणे गवि हस्तिनि।
शुनि चैव श्वपाके च पण्डिताः समदर्शिनः ॥' —भगवद्गीता

२. 'अहौ वा हारे वा कुसुमशयने वा दृषदि वा।
मणौ वा लोष्टे वा बलवति रिपौ वा सुहृदि वा ॥
तृणे वा स्त्रैणे वा समदृशो यान्तु दिवसाः ।
कदा पुण्येऽरण्ये शिवशिवशिवेति प्रलपतः ॥

३. 'स्नातं तेन समस्ततीर्थं सलिले दत्ता च सर्वावनि-
र्यज्ञानां च कृतं सहस्रमखिला देवाश्च सन्तर्पिताः।
संसाराच्च समुद्धृताः स्वपितरस्त्रैलोक्यपूज्योऽप्यसौ
यस्य ब्रह्मविचारणे क्षणमति स्थैर्यमनः प्राप्नुयात् ॥'

—सिद्धान्तमुक्तावली

यदवेद्यं यदग्राह्यं यच्छून्यं यदभावगम् ।
तत्सर्वं भैरवं भाव्यं तदन्ते बोधसम्भवः ॥ १२७ ॥

यत् अवेद्यं ज्ञेयदशानास्पदम्, अनुपादेयम्, यत् शून्यम् —

'सर्वालम्बनधर्मैश्च सर्वतत्त्वैरशेषतः ।
सर्वक्लेशाशयैः शून्यं न शून्यं परमार्थतः ॥'

इति उक्तस्वरूपम्—

'सावस्था काप्यविज्ञेया मादृशां शून्यतोच्यते ।
न पुनर्लोकरूढ्यैव नास्तिक्यार्थानुपातिनी ॥'

इति उक्तत्वात् यदेव वेद्यस्य अग्रहणं तदेव शून्यत्वं, तेन सुगतसुतभाविता शून्यभूरन्या, देवीनयोपासिनां च अन्या । एतदेव विमर्शदीपिकायां ध्वनितम्—

'स्वतन्त्रं परिपूर्णं च शिवाख्यं शून्यधाम तत् ।
तत्त्वानि यत्र लीयन्ते यस्मात्समुदयन्ति च ॥
तत्त्वेश्वरास्ततो जातास्तत्रैव निवसन्ति च ।
क्षीयन्ते किल तत्रैव शिवाख्ये शून्यधामनि ॥
दर्शनान्तरदृष्टानि यानि शून्यान्तराण्यपि ।
तेषामुत्पत्तिविलयौ शिवशून्ये सदोदिते ॥
न तदस्ति न यत्तत्र न तदस्ति न यत्र तत् ।
अन्तर्बहीरूपतया ततोऽन्यन्नोपपद्यते ॥
उपेयमितरन्नास्ति स्वातन्त्र्यात् परमे नये ।
तदनादृत्य गाहन्ते सौगताः शून्यतां जडाः ॥'

इति स्वातन्त्र्यस्वरूपं तच्छून्यं, यथा यदभावगं गगनकुसुमादिष्वपि सत्तास्फूर्ति-प्रदत्वेन महासामान्यरूपम्—

'सा स्फुरत्ता महासत्ता देशकालाविशेषिणी ।'

इति उक्तत्वात्—

'नमामः सर्वसामान्यं रूपं तत्पारमेश्वरम् ।'

इति उक्तेश्च, तत् एव सर्वस्वरूपं भैरवं भाव्यम्—भैरवत्वेन भावनीयम्, तद्भावनाप्रकर्षेण पर्यन्ते सम्यक् बोधो भवेत् । अभावव्यापकं महासत्तास्वरूपं च प्रकटीकृतं महेश्वरानन्दपादैः—

'कः सद्भावविशेषः कुसुमाद्भवति गगनकुसुमस्य ।
यत्स्फुरणानुप्राणो लोकः स्फुरणं च सर्वसामान्यम् ॥'

इति । सद्भावः सत्त्वम् तस्मात् विशेषो—भेदः असद्भावोऽसत्त्वम् इति यावत् ।

कोऽसद्भावो गगनपुष्पस्य सतः कुसुमात्--न कश्चित् इत्यर्थः । अत्र हेतुमाह—यत्स्फुरणानुप्राण इति ॥ १२७ ॥

अनुवाद—जो अपने जानने योग्य नहीं है, अथवा ग्रहण करने योग्य नहीं है, जो शून्य रूप है अथवा अभाव रूप से प्रतीत होता है । सभी की भावना करने पर इस (भावना) के अन्त में होने वाला बोध ब्रह्मबोध का कारण है ॥ १२७ ॥

व्याख्या—ज्ञान दशा में जो अवेद्य है, अर्थात् ज्ञान दशा में जिसका स्पन्दन नहीं होता है जो अनुपादेय और शून्य है । जैसा कि कहा है—'सभी आलम्बन धर्मों वाला, सभी तत्त्वों से परिपूर्ण, सभी क्लेश कर्मविपाक और आशय से शून्य है, तथा परमार्थतः जो शून्य नहीं है, ऐसा तत्त्व ही व्यापक तत्त्व है । वह कोई अनिर्वचनीया अवस्था है, जो हम जैसे मनुष्यों के द्वारा शून्यदशा के नाम से अभिव्यक्त की जाती है । न कि नास्तिक पुरुषों की तरह लोक में प्रसिद्धि को प्राप्त हुई अभावात्मक अवस्था को शून्य कहते हैं । ऐसा प्रतिपादन करने के कारण जिस वेद्य वस्तु का हम इन्द्रियों के द्वारा ग्रहण नहीं कर सकते हैं, उसे हम शून्यावस्था कहते हैं । बौद्धों के द्वारा निर्णीत शून्य-भूमिका कुछ अलग है और आगमशास्त्र में बतलाई गई शून्यभूमिका कुछ अलग । इस तथ्य का विवेचन विमर्शदीपिका में प्राप्त होता है—'वह शिव नामक शून्य स्थान है जो स्वतंत्र और परिपूर्ण है, उस स्थिति में जाकर सभी तत्त्व लय हो जाते हैं । तथा उसी से सभी तत्त्वों का प्रादुर्भाव होता है । सभी तन्त्रेश्वर भी वहीं से उत्पन्न होते हैं और वहीं निवास करते हैं । तथा क्षय होकर सभी उसी शून्यमय शिवतत्त्व में लीन हो जाते हैं । दर्शनान्तरों में दिखलाए गए शून्य तत्त्व भी सदा उदित होने वाले इस शिव-शून्य में ही उत्पन्न होते हैं और इसी में लीन हो जाते हैं । वहाँ जो वस्तु नहीं है, वह कहीं नहीं है । और संसार में जो वस्तुएँ है वे सभी वहाँ हैं । बाह्याभ्यन्तर रूप से ऐसी कोई भी वस्तु जगत् में नहीं है जो उस शिवशून्य में नहीं है । उस परमार्थ सत्य का उपमेय अन्यत्र कहीं नहीं है । उसका अनादर करके जड़ बुद्धि वाले बौद्ध धर्मावलम्बी शून्यता का प्रतिपादन करते हैं, परमार्थतः यह उचित नहीं है' ।

इस प्रकार स्वतन्त्र स्वरूप उस शिवशून्य का, परमार्थतः अभावगत शून्यता आकाशकुसुम में होती है । इसकी सत्ता स्फूर्तिदायक होने से महान् व्यापक स्वरूप की है । जैसा कि कहा है—'वह प्रस्फुरित होने वाली एक विलक्षण महासत्ता है जो देश और काल के बंधन में नहीं है' । और भी कहा गया है—'मैं उस परमात्मा के सर्व-मान्य, व्यापक और परमेश्वर स्वरूप को प्रणाम करता हूँ' । इस प्रकार सर्वव्यापक स्वरूप भैरवतत्त्व की भावना करनी चाहिये । उस भावना की उत्कट अवस्था में प्राप्ति हो जाने पर यथार्थ बोध उत्पन्न हो जायेगा । इस प्रकार व्यापक अभाव महासत्ता स्वरूप है । इसी तथ्य को महेश्वरानंद ने प्रकट किया है—'आकाशपुष्प का वास्तविक पुष्प से क्या भेद है—(अर्थात् कुछ भी नहीं), क्योंकि वास्तविक पुष्प की स्फुरणा को देखकर ही आकाशपुष्प की स्फुरणा का उदय होता है । इस प्रकार स्फुरणा होने

में लौकिक-पुष्प व आकाश-पुष्प की स्फुरणा में पुष्प स्फुरणा रूप सामान्य धर्म अखण्ड अनुस्यूत रहता है'। अतः दोनों में कोई अन्तर नहीं है ॥ १२७ ॥

नित्ये निराश्रये शून्ये व्यापके कलनोज्झिते ।
बाह्याकाशे मनः कृत्वा निराकाशं समाविशेत् ॥ १२८ ॥

नित्यत्वादिविशेषणप्रतिपादितव्याप्तिके बाह्यगगने मनो विमर्शात्मकं ज्ञानं कृत्वा समापन्नं विधाय निरालम्बनचिदुदये सति, आकाशात् निष्क्रान्तम् अशून्यं धाम समाविशति इति शाक्त्येवेयं भूः ॥ १२८ ॥

अनुवाद—नित्य, निराश्रय, शून्य, व्यापक और सम्पूर्ण कल्पनाओं से युक्त बाह्याकाश में मन को स्थिर करके आकाश से भी परे अशून्य स्थान में प्रवेश करना चाहिये ॥ १२८ ॥

यत्र यत्र मनो याति तत्तत् तेनैव तत्क्षणम् ।
परित्यज्यानवस्थित्या निस्तरङ्गस्ततो भवेत् ॥ १२९ ॥

यत्र यत्र विषये मनः चाञ्चल्यात् याति, तत्तत् वस्तु तेनैव अविकल्पसंवेदनेन मनसा तत्क्षणं परिहृत्य, पुनरपि गतं चेत् पुनरपि प्रत्याहृत्य--

'उभयाधीनश्चित्तवृत्तिनिरोधः।' (पा० १ सू० १२)

इति पतञ्जलिनीत्या--

'अभ्यासेनैव कौन्तेय वैराग्येण च गृह्यते।'

इति भगवत्सम्भाविते चित्तवृत्तिनिरोधे वैराग्याभ्यासयुगलदाढर्यात् मनसो निरालम्बनताप्राप्तियुक्त्या परभैरवावेशवान् भवेत्। उक्तं च गीतासु--

'यतो यतो निश्चरति मनश्चञ्चलमस्थिरम्।
ततस्ततो नियम्यैतदात्मन्येव वशं नयेत्॥' (६।२७)

इति ॥ १२९ ॥

अनुवाद—जहाँ-जहाँ मन जाता है, वहीं उसको तत्क्षण निर्विकल्पावथा में पहुँचा कर हटाना चाहिये। इस प्रकार बार-बार विषयों से मन को हटाने से मन निश्चल (तरंगहीन) हो जाता है ॥ १२९ ॥'

व्याख्या—चांचल्य के कारण जहाँ-जहाँ मन जाता है, वहाँ-वहाँ मन को निर्विकल्प संवेदना द्वारा तुरन्त उसका संवरण करना चाहिये। यदि फिर भी जाता है तो उसे खींचकर लाया जाना चाहिये। इस प्रकार दोनों पक्षों से चित्त की वृत्ति को रोकने पर धीरे-धीरे वह रुकने लग जायेगा। जैसा कि पातंजलयोगसूत्र में कहा गया है। भगवान् कृष्ण ने भी गीता में ऐसा ही कहा है–'यह चंचल मन चित्त-वृत्तियों का मन्थन करने वाला होने पर भी अभ्यास तथा वैराग्य के द्वारा वश में किया जा सकता है'। यह मन अत्यन्त चँचल है। अतः चित्तवृत्ति के निरोध से, वैराग्य और अभ्यास दोनों

की दृढ़ता से और निरालम्बन रूप प्राप्ति की युक्ति से परम भैरव में आविष्ट किया जा सकता है। जैसा कि गीता के छठे अध्याय में कहा गया है—'यह अस्थिर चंचल मन जहाँ-जहाँ जाता है, वहीं से उसे पकड़ कर आत्मा में लगाना चाहिये, जिससे वह वश में आ जाता है ॥ १२९ ॥

भया सर्वं रवयति सर्वदो व्यापकोऽखिले ।
इति भैरवशब्दस्य सन्ततोच्चारणाच्छिवः ॥ १३० ॥

भा ऐ र व—इति अक्षरचतुष्कस्य अयमर्थः—अनुत्तररूपोऽकारः, इच्छारूपः इकारः, अनुत्तरविश्रान्तिरेव आनन्दः, इच्छायां विश्रान्तिः ईशनम्—तेन एष क्रियाशक्तेः प्रारम्भः आकार ईकारश्च, भा संविद्रूपः प्रकाशः, इच्छा ईशनं च आनन्दवपुषि अनुत्तरपरधामनि च प्राग्भाविनि स्वरूपात् अप्रच्याविनि यदा अनुप्रविशति तदा अ आ इ ई—इत्येतत् एकारतया सम्पद्यते। अनुत्तरानन्दयोः इच्छायां प्रसरणेन एकारोत्पत्तिः, तत्रापि पुनरनुत्तरानन्दसङ्घट्टात् ऐकारोत्पत्तिः। अत एव सन्ध्यक्षरसंज्ञा एकार-ऐकारयोः। अत एव—

'अवर्ण इवर्णे ए।'

इत्यनेन अ आ ए—इत्येतत्, अकार-एकारयोः एकादेशेन अथवा आकार-एकारयोः एकादेशेन ऐ-भावः इति संवित्प्रकाशः शवलीभूतः। सा इयं स्फुटा क्रियाशक्तिः, स्फुटक्रियाशक्तिमत्त्वम् ऐकारार्थः। अत एव एकाक्षरकोशे—

'.....ऐकारः स्यान्महेश्वरः।'

इति उक्तम्। तेन भैरवपदस्य अयमर्थः—भया संवित्प्रकाशरूपया ऐकारः क्रियाशक्तिमान् महेश्वरः सर्वं रवयति विमृशति इति भैरवः इति एतदेव अभिधेयम्। यद्वा भया ज्ञानात्मिकया शक्त्या ऐकारेण माहेश्वर्यव्यञ्जिकया क्रियाशक्त्या सर्वं विमृशति। यदुक्तं प्रत्यभिज्ञायाम्—

'.....जडभूतानां प्रतिष्ठा जीवदाश्रया।
ज्ञानं क्रिया च भूतानां जीवतां जीवनं मतम् ॥' (१।१।४)

इति। अर्थान्तरं तु द्वितीयपादेन आह—सर्वदो व्यापकोऽखिले इति। तया भया सर्वं शुभाशुभं राति ददाति सर्वं वाति अनुगच्छति व्यापकतया इति भैरवः—

'ईश्वरप्रेरितो गच्छेत्स्वर्गं वा श्वभ्रमेव वा।'

इति हि उपनिषत्, इति अहर्निशम् उच्चारणात् परमशिवीभावो भवति। एतदुच्चारणमाहात्म्यं श्रीमदभिनवगुप्तपादैः दर्शितम्—

'आत्मन्येव नमामि नाम विसरद्रोमाञ्चरेखाङ्कुरा-

क्रान्त्या किं च दवीयसीरपि दिशो जानामि रुन्धे हठात् ।
यन्मे भैरव भैरवेति रटतो हृद्ग्रन्थिविस्फोटन-
त्रुट्यत्पाशवपाशपञ्जरभरः कायोऽप्यनन्तायते ॥'

इति । अत्र स्वदेहे अमानम् अप्रभवनम्, अतिदूराणां काष्ठानां बलात् आक्रमण-ज्ञानं, त्रुट्यत्पशुसम्बन्धि पाशपञ्जरत्वं स्वकायस्य पराकाशायमानत्वं विना न सम्भवति इत्यतः–कायोऽप्यनन्तायते इति उक्तम् । समस्ततादात्म्यभावनया जीवन्मुक्ततायां परमेश्वरैकरूपतावेशात् परसिद्धिलाभः, यन्मया स्तुतं– आत्म-न्येव नमामि इति । एतत्तु विवृतिविमर्शिन्याम् अभिनवगुप्तपादैः दर्शितम् । इयं करङ्किणी मुद्रा ।

'अनन्तं सुरवर्त्म खम् ।'

इत्यमरः । कायोऽपि मोक्षायते इति पाठान्तरम् ।

केचित्तु भ्रियात्सर्वं रवयति इति पठन्ति, तत् न साधु– यदि भृरवः इत्यादिपदसिद्धिः स्यात् तर्हि एतत् सङ्गच्छेत । यद्यपि प्रचुरपुस्तकेष्वपि एष पाठोऽस्ति, तथापि धारणपोषणार्थो भरतिः कतमदक्षरमपेक्ष्य योजनीयः—न तावत् भैरवपदमध्यात् भैकारापेक्षो भरतिः रेफापेक्षो वा वकारापेक्षो वा । समुदायपक्षे तु नहि 'भर' इत्यर्णयुगस्य भरणादिकं वकारमात्रस्य रवणार्थत्वं युक्तिमत् प्रथमं वर्णद्वयं संयोज्य पुनर्वकारस्य पूर्वसङ्गतरेफसंयोजनेन काका-क्षिन्यायापादनं न युक्तम्—कष्टकल्प्यत्वेन कल्पनागौरवात् । भरण-रवण-वम-नार्थो भैरवः इति चिरन्तनार्थोऽपि न युक्तिसहो—भैरवपदस्यैव सिद्धत्वात्, ऐकारस्य सुषिरपातो वकारवत् भैरवपदासिद्धिः । अन्यच्च द्वितीयचरणे तु परमेश्वरेणैव सर्वदत्वम् अखिले व्यापकत्वं विवृतम् । तत् राति-वाति-क्रियायुग-लार्थो द्वितीयपादोक्तः क्षेमराजादिभिः न चेतितो, यतो विज्ञानोद्द्योतमङ्गल-श्लोकप्रारम्भे भरणाद्यर्थ एव प्रकटीकृतः । सर्वधारकः, सर्वपोषकः, सर्वप्रदः, सर्वव्यापी, भैरवः इति मूलग्रन्थाभिधेयं विचार्य भीरूणामभयप्रदो भैरवः, तथा भवभयाक्रन्दस्य कारणं, भीरवरुचाम् ईशः, भानि नक्षत्राणि ईरयति चालयति इति भेरः कालः तं वायति इत्यादिस्वकपोलकल्पितस्वचातुर्यमात्र-नैपुण्यप्रदर्शनविषये गजनिमीलनविधा इयम् । तदत्र सारासारार्थविवेकविषये सहृदया एव प्रमाणम् –इति क्षन्तव्यं गुरुभिः । एतज्जनकृतवर्णचतुष्काक्षर-योजनार्थस्तु तन्त्रालोकसारप्रदर्शितनयेनैव ज्ञेयः ॥ १३० ॥

अनुवाद—हे देवि ! सर्वत्र व्यापक भय के कारण संवित्प्रकाश से संचालित करने वाला, सर्वशक्तिमान् भैरव शब्द का निरन्तर उच्चारण करते हुए मनुष्य (साधक) भैरवस्वरूप हो जाता है ॥ १३० ॥

व्याख्या—भैरव शब्द में चार अक्षर हैं—भा-ऐ-र-व इति । इन चारों अक्षरों का अर्थ इस प्रकार है–अकार अनुत्तर है, इकार इच्छा रूप है, अनुत्तर में विश्रान्ति होना यही आनन्द है, इच्छा में विश्रान्ति होना ही ईषणा है, जिससे 'ईषणम् एषः' इस व्युत्पत्ति से क्रियाशक्ति का बोध होता है । आकार और ईकार का प्रारम्भ ये दोनों भास्वररूप अर्थात् संवित्प्रकाश का बोध कराते हैं । और इच्छा आनन्द रूप शरीर में अनुत्तर परमधाम के पूर्वभावी स्वरूप वाली होने से कभी च्युत नहीं होने वाली भावना है । इनका अनुप्रवेश होने पर 'अ', 'आ', 'इ', 'ई' मिलकर एकाकारता को प्राप्त हो जाते हैं । अनुत्तरानन्द का इच्छा में प्रवेश होने से 'एकार' की उत्पत्ति होती है । उसमें भी पुनः अनुत्तरानन्द के संघट्टन से ऐकार की उत्पत्ति होती है । अतएव 'एकार' और 'ऐकार' ये दोनों सन्ध्यक्षर हैं । इससे 'अ', 'आ', और 'ए' ये तीनों अकार और एकार के एकादेश से अथवा आकार और एकार के एकादेश से ऐकार उत्पन्न होता है, जिसका अर्थभाव है । वह संवित्प्रकाश से शबलीभूत (मिश्रित) होकर स्फुट क्रिया शक्ति का वाचक बन जाता है, इसीलिए एकाक्षरकोष में एकार का अर्थ महेश्वर कहा गया है । और भी भैरव पद का यह अर्थ होता है—संवित्प्रकाश रूप शक्ति एकार और क्रिया शक्तिमान महेश्वर इन सब को विमर्श रूप में प्रकट करने वाला भैरव कहलाता है ।[1] जैसा कि प्रत्यभिज्ञातंत्र में कहा गया है–'जड़भूत वर्णों की जीवदात्री प्रतिष्ठा के द्वारा ज्ञान, क्रियाभूत जीवन देने से इनमें जीवता मानी गयी है' । इस प्रकार जीवनदात्री शक्ति से युक्त शुभाशुभ कर्मफल को देने के कारण और सबको प्रेरित करने के कारण भैरव कहा जाता है । जैसा कि उपनिषदों में भी कहा गया है—'ईश्वर से प्रेरित जीव स्वर्ग या नरक में जाता है' । ऐसे परमशिव भाव को प्राप्त भैरव शब्द का निरन्तर उच्चारण करता हुआ परमशिव बन जाता है ।

'भैरव' शब्द के उच्चारण का माहात्म्य अभिनवगुप्त पाद ने भी बतलाया है—'मैं आत्मा में ही नमस्कार करता हूँ, वह नमस्कार व्यापक होता हुआ रोमांचक रेखा के अंकुरित होने से ही अभिव्यक्त होता है और अत्यन्त दूर तक फैली हुई दिशाओं को भी मैं बलपूर्वक रोक सकता हूँ, इस प्रकार समझता हूँ । मेरे 'भैरव-भैरव' उच्चारण से हृदय की ग्रन्थियों को भेद कर उसके द्वारा टूटते हुए पशुभाव के पाश समुदाय से मुक्त हुआ मेरा यह शरीर एक होते हुए भी अनन्त के रूप में प्रत्यक्ष आता है । इस प्रकार अपने वास्तविक सिद्धान्त का प्रतिपादन कर अन्य आचार्यों द्वारा विपरीत अर्थ भी किए गए हैं, वे सब युक्तिहीन होने के कारण उपेक्ष्य हैं । जैसा कि मंगलाचरण के प्रारंभ में ही 'भरणात् भैरवः स्मृतः' इस तरह भरणार्थक रूप से भैरव शब्द की व्याख्या की गई है । अर्थात् सबको धारण करने वाला, सबका पोषक, सब कुछ देने

---

१. भया संवित्प्रकाशरूपया ऐकारः क्रियाशक्तिमान् महेश्वरः सर्वं रवयति विमृशति इति भैरवः इति एतदेव अभिधेयम् । यद्वा भया ज्ञानात्मिकया शक्त्या ऐकारेण माहेश्वर्यव्यञ्जिकया क्रियाशक्त्या सर्वं विमृशति । —क्षेमराज विवृत्ति

वाला, सर्वव्यापी, इत्यादि रूपों में मूलग्रन्थ में ही विचार किया गया है। 'भीरुओं को अभय देने वाला'—इत्यादि भैरव शब्द के अर्थ बतलाए गये हैं। भव-भय से आक्रन्द्रित होने के कारण तथा प्रकाश शक्ति का स्वामी होने के कारण भी भैरव कहा गया है। 'भचक्र' अर्थात् नक्षत्र चक्र को प्रेरित करने के कारण काल का नाम 'भैरः' हैं। उस काल को प्रेरित करने वाला भी भैरव कहलाता है। इत्यादि अनेक परिभाषाएँ कपोल-कल्पनाओं अथवा बुद्धिचातुर्य की निपुणताओं के प्रदर्शन मात्र हैं। अतः इस विषय में सार-आसार का विवेक सहृदय-पुरुष के लिए स्वयं विचारणीय है। तथा मेरी यह धृष्टता गुरुजनों के लिए क्षम्य है। मैंने इन ४ अक्षरों की योजना का अर्थ करके भैरव शब्द की जो व्याख्या की है, वह तंत्रालोकसार नामक ग्रन्थ में बतलाए मार्ग के अनुसार ही है ॥ १३० ॥

अहं ममेदमित्यादिप्रतिपत्तिप्रसङ्गतः ।
निराधारे मनो याति तद्ध्यानप्रेरणाच्छमी ॥ १३१ ॥

अहं, मम इदम्—इत्यादिन्यूनाहन्ताज्ञानप्रसङ्गेनापि निराधारे वस्तुनि प्रबुद्धगोचरे पूर्णाहंभाव एव मनो याति - अहं-विमर्शस्य अत्रुटितत्वेन निर्विशेषत्वात्। परमानन्दात्मकत्वं तु आत्मनो न कदाचित् विच्छिद्यते - पूर्णाहं-विमर्शस्य परमात्मत्वेन सर्वत्र सत्त्वात्। अप्रबुद्धादीनां सर्वेषाम् एक एव आत्मा, सर्वे हि स्वात्मन्येव रागिणः, स्वात्मप्रेमैव परमेश्वरभजनम्—

'प्रेमैव ब्रह्म केवलम्।'

इति उक्तत्वात्। अहं-विमर्शस्य न्यूनतापूर्णतादिना विच्छेदाभावात् प्रबुद्धात्मा अप्रबुद्धात्मा वा आनन्दस्वभाव एव। अतो महेश्वरानन्दादिभिः विद्यायां वाप्यविद्यायां स्वानन्दसत्तया स्वात्मविषयं परं प्रेम न कदाचित् हीयते इति उक्तम्। यथा —

'नन्वात्मनः प्रियार्थं सर्वस्य प्रियत्वं भणति श्रुतिः।
तस्मादानन्दस्वभाव आत्मा मुक्तोऽप्यमुक्तो वा ॥'

इति।

'मा न भूवं हि भूयासमिति प्रेमात्मनीक्ष्यते।
अतस्तत्परमं तेन परमानन्दतात्मनः ॥'

इति।

'त्वमेवात्मेश सर्वस्य सर्वश्चात्मनि रागवान्।
इति स्वभावसिद्धां त्वद्भक्तिं जानञ्जयेज्जनः ॥'

इति। तस्मात् न कश्चित् अप्रबुद्धो न कश्चित् प्रबुद्धः सुप्रबुद्धो वा, किं तु स्वतन्त्रः परमेश्वर एव तथा तथा भाति। अबोधबोधसम्बोधकल्पनया तत्स्वातन्त्र्यं विघटते, अतो बोधादिविकल्परहितत्वेन शान्तो भवेत् ॥ १३१ ॥

अनुवाद—'मैं' और 'मेरा यह' इत्यादि ज्ञान के प्रसंग से भी मन निराधार (वस्तु अर्थात् पूर्ण अहं) में प्रविष्ट होता है। इस प्रकार उसके ध्यान की प्रेरणा से शान्ति को प्राप्त कर लेता है ॥ १३१ ॥

व्याख्या—'मैं' और 'मेरा यह' इत्यादि न्यूनाहंता ज्ञान के प्रसंगों में भी निराधार वस्तुओं में और प्रबुद्ध पूर्णाहंता भाव—बुद्धि में मन के जाने पर भी अहंताविमर्श के अखण्ड रहने के कारण ज्ञानावस्था की अहंता में और अज्ञानावस्था की अहंता में कोई अन्तर नहीं है, परमानन्द तो सर्वत्र आत्मा का ही है। इसीलिए किसी भी अवस्था में उसका वियोग नहीं हो सकता। ज्ञानी और अज्ञानी की आत्मा एक ही है। तथा अपनी आत्मा में ही सभी स्नेह करते हैं। आत्मा में स्नेह करना ही परमेश्वर भजन है। शास्त्रों में भी 'प्रमेव ब्रह्म केवलम्' ऐसा कहा गया है। अतः अहंता-विमर्शता का न्यूनता और पूर्णता से कोई भेद नहीं है। ज्ञानी या अज्ञानी आनन्द स्वभाव मात्र हैं। अतः महेश्वरानंद आदि विद्वानों ने विद्या और अविद्या में आत्मानंद सत्ता-रूप परम-प्रेम को सर्वत्र समान रूप से व्याप्त देखा है। क्योंकि आत्मा विषयक प्रेम कहीं पर भी अविद्यमान नहीं होता। वेदों में भी आत्मा के प्रिय के लिए ही सभी प्रिय होते हैं, ऐसा कहा गया है। इसलिए आत्मानंद स्वभाव वाला चाहे मुक्त हो या बद्ध, आत्मा में प्रेम रखना दोनों में समान है। और भी कहा गया है—मैं न उत्पन्न हुआ था, न उत्पन्न होऊँगा, इस प्रकार आत्मा के विषय में परमानन्दमय आत्मप्रेम होता है। वह ज्ञानी और अज्ञानी के समान ही होता है।

तथा हे प्रभो ! तुम्हीं सम्पूर्ण जगत् के स्वामी हो, सभी मनुष्य आत्मा में अनुराग करते हैं, इस प्रकार स्वभावसिद्ध आत्मा को जानने वाला मनुष्य ही तुम्हारा भक्त है। अतः न कोई ज्ञानी है, न कोई अज्ञानी और न कोई श्रेष्ठ ज्ञानी है, किन्तु स्वतंत्र परमेश्वर ही सर्वत्र अबोध, बोध और संबोध रूप कल्पना से स्वातंत्र्य शक्ति के रूप में सामने आता है। इसलिए बोधादि विकल्पों से रहित हो जाने पर सब कुछ अविनाशि आत्मा है। इस प्रकार का शांत भाव साधक के हृदय में जागृत हो जाता है।

अविनाशी, व्यापक, विश्वम्भर, वासुदेव हरि का शाश्वत कीर्तन-भजन मात्र करते हुए कलियुग में साधक मोक्ष प्राप्त कर लेता है।[1] ॥ १३१ ॥

---

१. बन्ध और मोक्ष के स्वरूप के लिए द्रष्टव्य परमार्थसार का० ३२-३३,

देहप्राणविमर्शनधीनान नमः प्रपञ्चयोगेन।
आत्मनं वेष्ट्यते चित्रं जालेन जालकार इव ॥
स्वज्ञानविभवभासनं योगेनोद्वेष्टयेन्निजान्मातम्।
इति बन्धमोक्षचित्रां क्रीडां प्रतनोति परमशिवः ॥

इस कारिका में विवेचित विषय की तुलना के लिए निम्नलिखित अवतरण उल्लेखनीय है—

'अविनाशी वासुदेवो विष्णुर्विश्वम्भरो हरिः ।
इत्थं कीर्तनमात्रेण कलौ मोक्षो हि शाश्वतः ॥'

इति पाञ्चरात्रमतं कटाक्षेण प्रमाणयन् शाक्तीं भूमिम् आह—

नित्यो विभुर्निराधारो व्यापकश्चाखिलाधिपः ।
शब्दान् प्रतिक्षणं ध्यायन् कृतार्थोऽर्थानुरूपतः ॥ १३२ ॥

'चैतन्यविशिष्टं शरीरात्मा' इति चार्वाकाः । नैयायिकादयो ज्ञानादिगुणगणाश्रयं बुद्धितत्त्वप्रायमेव आत्मानं संसृतो मन्यते । अपवर्गं तु तदुच्छेदे शून्यप्रायम्, अहं प्रतीति प्रत्येयः सुखदुःखाद्युपाधिभिः तिरस्कृतः आत्मा इव मन्वानाः मीमांसकाः अपि बुद्धावेव निविष्टाः । ज्ञानसन्तान एवं तत्त्वम् इति सौगाता बुद्धिवृत्तिषु एव पर्यवसिताः । प्राण एव तत्र आत्मा इति केचिद् श्रुत्यन्तविदः । असदेव इदमासीत् इत्यब्रह्मवादिनः शून्यभुवमतमाहूय स्थिताः । माध्यमिकापि एवमेव । परा प्रकृतिः भगवान् वासुदेवः तद्विस्फुल्लिङ्गप्राया एवं जीवाः इति पाञ्चरात्राः । परस्याः प्रकृतेः परिणामाभ्युपगमान् अव्यक्ते एव अभिनिविष्टाः ।

सङ्ख्यादयस्तु विज्ञानकलप्रायां भूमिमवलम्बन्ते । सदेव इदमग्रमासीत् इति ईश्वरतन्त्रत्वपदमाश्रिता अपरे श्रुत्यन्तविदः । शब्दब्रह्ममयं पश्यन्तीरूपमात्मज्ञत्वम् इति श्रीसदाशिवपदमध्यासिताः ।

बुद्धितत्त्वे स्थिता बौद्धा गुणेष्वेवाहूताः स्थिताः ।

स्थितावेदविदः पुंस्यव्यक्ते पाञ्चरात्रिकाः । विश्वोत्तीर्णमात्मत्वमिति । तान्त्रिकाः विश्वमयम् इति कुलाद्याम्नायनिविष्टाः विश्वोत्तीर्णं शिवमयं चेति त्रिकादिदर्शनविदः ।

—प्रत्यभिज्ञाहृदय सूर की वृत्ति ।

देहमात्रं चैतन्यविशिष्टमात्मेति प्रकृता जना लोकायतिकाश्च प्रतिपन्नाः । इन्द्रियाण्येव चेतनान्यात्मेत्यपरे । मनो मन्यते । विज्ञानमात्रं क्षणिकमित्येके । शून्यमित्यपरे । अस्तिदेहादित्यतिरिक्तः संसारी कर्ता भोक्तेत्यपरे । भोक्तैव केवलं न कर्तेत्येके । अस्ति तद्व्यतिरिक्तः ईश्वरः सर्वज्ञः सर्वशक्तिरिति केचित् । आत्मा स भोक्तुरित्यपरे ।

—शाङ्करभाष्य (नि० सा०)

तथा—

सदानन्दकृत वेदान्तसार में श्रुति-वाक्यों का आधार लेकर चार्वाक आदि के आत्मसम्बन्धी मतों का विवेचन भी द्रष्टव्य है—

अतिप्राकृतस्तु 'आत्मा वै जायते पुत्रः' इत्यादि श्रुतिः—पुत्र आत्मेति वदति । चार्वाकस्तु स्थूलं शरीरमात्मेति वदति । अपरश्चार्वाकः प्राण आत्मेति वदति । अन्यस्तु चार्वाकः—मन आत्मेति वदति । बौद्धस्तु—बुद्धिरात्मेति वदति ।

प्रभाकरतार्किकौ तु अज्ञानमात्मेति वदति । भाट्टस्तु—अज्ञानोपहितं चैतन्यमात्मेति वदति । अपरो बौद्धः—शून्यमात्मेति वदति । —वेदान्तसार पृ० ७२-७९

विभुः परमेश्वरो नित्यत्वादिस्वरूपः इति अर्थानुगुण्येन तान् शब्दान् मुहुः चिन्तयन् कृतकृत्यो भवति इत्यर्थः। भट्टनारायणेनापि नामकीर्तनमाहात्म्यं स्तवचिन्तामणौ पदे पदे अभिहितम्—

'नामापि ध्यायतां ध्यानैः किमन्यालम्बनैः फलम्।'

इत्यादिना ॥ १३२ ॥

इस प्रकार के पाञ्चरात्र मत का संकेत करते हुए 'शाक्तभूमिका' का अवतरण दिया जा रहा है—

अनुवाद—नित्य, निराधार, व्यापक, सर्वेश्वर, इन शब्दों (नामों) का प्रतिक्षण ध्यान करते हुए (साधक) अर्थ के गुणानुसार कृतार्थ हो जाता है ॥ १३२ ॥

व्याख्या—व्यापक परमेश्वर, नित्य, अखण्ड सच्चिदानन्द स्वरूप है, इस प्रकार अर्थानुसंधानपूर्वक शब्दों का बार-बार चिन्तन करते हुए साधक कृतकृत्य हो जाता है। भट्टनारायण ने भी नाम-कीर्तन के माहात्म्य का वर्णन करते हुए अपने स्वचिन्तामणि ग्रन्थ में पद-पद पर इस तथ्य को लिखा है; तथा स्पन्दकारिका में भी ऐसा ही कहा गया है ॥ १३२ ॥

द्वैतप्रपञ्चज्ञानं भ्रम एव, इति वेदान्ताभिमताम् इन्द्रजालधारणाम् आह—

अतत्त्वमिन्द्रजालाभमिदं सर्वमवस्थितम्।
किं तत्त्वमिन्द्रजालस्य इति दार्ढ्याच्छमं व्रजेत् ॥ १३३ ॥

अतत्त्वं निस्तत्त्वरूपम्, अत एव इन्द्रजालतुल्यम्। किं तत्त्वं—न किञ्चिदित्यर्थः। अतः सर्वम् इदमिन्द्रजालवत् प्रतीयते, न वस्तुसत् इत्यर्थः ॥१३३॥

द्वैत प्रपंच ज्ञान केवल भ्रममात्र है, ऐसी वेदान्ताभिमत इन्द्रजालधारणा का वर्णन करते हुए कहा जा रहा है—

अनुवाद—यह सब इन्द्रजाल के समान तत्त्वहीन है, इन्द्रजाल का भला क्या होगा, इस (विचार) को दृढ कर लेने से साधक शान्ति को प्राप्त कर लेता है ॥१३३॥

आत्मनो निर्विकारस्य क्व ज्ञानं क्व च वा क्रिया।
ज्ञानायत्ता बहिर्भावा अतः शून्यमिदं जगत् ॥ १३४ ॥

बोधात्मकस्य चिदात्मनो निर्विभागत्वेन निर्विकारत्वात् ज्ञानं क्व, क्व च वा क्रिया, ज्ञानक्रिये विकार एव, तदायत्ता बाह्याः पदार्थाः, अतः सर्वम् इदं शून्यमेव ध्यायेत्। यदुक्तं चन्द्रज्ञाने—

'अध ऊर्ध्वं दिशः सर्वा भूमिरापोऽनलस्तथा।
वायुश्च खं मनो बुद्धिरहङ्कारश्च ये गुणाः ॥

सर्वं शून्यं निरालम्बं तत्र सर्वं प्रतिष्ठितम् ।
यत्किञ्चित्सकलं भावरूपं तन्त्रेषु वर्णितम् ॥
तदसारतरं चन्द्र मायास्वप्नोपमं स्थितम् ।
भ्रान्तिं त्यजस्व वै पुत्र सर्वं शून्ये प्रतिष्ठितम् ॥
शून्यात् प्रवर्तते शक्तिः शक्तेर्वर्णाः प्रजज्ञिरे ।
वर्णेभ्यश्च तथा मन्त्रा मन्त्रेभ्यः सृष्टिरव्यया ॥
तस्माच्छून्यं जगद्ध्यायेद्यन्न नश्येत् कदाचन ।' इति ।

अतश्च ज्ञेयकार्यादिरूपं जगदपि न किञ्चित् इति निरूढशुद्धसंविदोऽनुत्तरभाव-प्राप्तिः । इति शाक्ती भूः ॥ १३४ ॥

अनुवाद—('गुणकृत विकार) ज्ञान अथवा क्रिया का निर्विकार आत्मा में होना संभव नहीं है, बाहर के जितने भी भाग हैं, वे सभी ज्ञान के अधीन हैं । अतः सारा जगत् शून्य हैं ॥ १३४ ॥

व्याख्या—बोधात्मक चिन्मय आत्मा का विभाग होना संभव नहीं है, क्योंकि वह निर्विकार है । ऐसी अवस्था में विकार रूप ज्ञान या क्रिया का उसमें होना किसी भी प्रकार संभव नहीं है । साथ ही सभी बाह्य पदार्थ ज्ञान और क्रियाजन्य होते हैं । ज्ञान और क्रिया से रहित वस्तु में बाह्य पदार्थों की सत्ता किसी भी प्रकार हो नहीं सकती । अतः यह सारा दृश्य जगत् शून्यमात्र है, ऐसा ही ध्यान निरन्तर करना चाहिए ।

जैसा कि चन्द्रज्ञान में कहा गया है—ऊपर से नीचे तक की सारी दिशाएँ, पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश, मन, बुद्धि और अहंकार ये सारे गुण हैं । ये सभी निरालम्ब महाशून्य में प्रतिष्ठित होने से जो कुछ भावरूप शास्त्रों में वर्णन किया हुआ है; हे चन्द्र ! वह सब सारहीन है और मायिक इन्द्रजाल के तुल्य अथवा स्वप्न सृष्टि के समान स्थित है । हे पुत्र ! भ्रान्ति को छोड़कर ऐसी भावना करो कि सारा जगत् शून्य मे प्रतिष्ठित है । शून्य से ही शक्ति प्रवृत्त होती है, शक्ति से वर्ण, वर्ण से मन्त्र और मन्त्र से अव्यय सृष्टि की उत्पत्ति होती है । अतः सारे जगत् का शून्य रूप से ध्यान करो, जो शून्य कभी भी विनाश को प्राप्त होने वाला नहीं है । अतः यह दृश्यमान् जगत् शून्य के अतिरिक्त कुछ भी नही है, ऐसे दृढ़ शुद्ध संवित् के द्वारा ही है । ज्ञान और क्रिया आदि शक्तियों के योग से उत्पन्न होने वाली कल्पना से दूर रहे । निर्विकल्प आत्मा में जगत् इन्द्रजालवत् प्रतीत होता है । जैसा कि मालिनी-विजय में भी कहा गया है—'जगत्कर्ता महाशून्य परमशिव की समवाय शक्ति इच्छा के रूप में जब सृष्टि का प्रारंभ करना चाहती है, तब वह एक होने पर भी अनेक रूप धारण कर लेती है । उसका प्रसार किस प्रकार का है, उसे कहा जा रहा है । अतः सुनो—ज्ञेय

वस्तु इससे भिन्न नहीं है, ऐसा सुनिश्चित है। इस प्रकार का बोध कराने वाली शक्ति को ज्ञानशक्ति कहते हैं; तथा यह सब इस प्रकार हो जाय—वह कार्योन्मुखी प्रवृत्ति क्रिया के रूप में निर्देश की जाती है। इस प्रकार ज्ञान और क्रिया के रूप में दो प्रकार की शक्ति उत्पन्न होकर अनेक प्रकार की शक्ति उत्पन्न हो जाती है। उसमें हेतु पदार्थ की उपाधि है। जैसे चिन्तामणि रत्न से इच्छित वस्तुएँ संकल्प मात्र से ही प्राप्त हो जाती हैं, वैसे ही संकल्प मात्र से ही अनेक ज्ञान और क्रियाएँ उत्पन्न हो जाती हैं। वहाँ पहले तो यह मातृभाव को धारण कर दो प्रकार की बनती है, फिर नौ प्रकार की बनकर पुनः ५० प्रकार की बन जाती है।[1] इत्यादि रूप से इस चैतन्य संवित् का विस्तार-विलास अनन्त रूप धारण कर लेता है ॥ १३४ ॥

न मे बन्धो न मोक्षो मे भीतस्यैता विभीषिकाः ।
प्रतिबिम्बमिदं बुद्धेर्जलेष्विव विवस्वतः ॥ १३५ ॥

मम चिन्मात्ररूपस्य न बन्धो, मोक्षो वा—देशकालाद्यपरिच्छिन्नत्वात्, परिच्छिन्नस्यैव बन्धमोक्षभावात्, केवलम् एताः बन्धमोक्षादिकल्पना मायाशक्तिवशात् अपरामृष्टस्वरूपस्य भीतस्यैव—

'द्वितीयाद् वै भयं भवति'

इति द्वैतत्रस्तस्य, न तु चिदद्वैतपरामर्शशीलस्य विभीषिकाः चटकभीत्युत्पादनशालिरक्षणार्थाः पलालपुरुषाद्याः। तत्त्वज्ञानिनस्तु किं करिष्यन्ति एताः अनेन बन्धनम्, इदं न कर्तव्यम्, इदं कर्तव्यम्, अनेनैव मोक्षः, इत्याद्याः कल्पनाः—

'निस्त्रैगुण्ये पथि विहरतां को विधिः को निषेधः।'

इति शुकमुन्युपदेशात्। उक्तं च कल्हणकविना—

---

१. 'या सा शक्तिर्जगद्धातुः कथिता समवायिनी ।
इच्छात्वं तस्य सा देवि सिसृक्षोः प्रतिपद्यते ॥
सैकापि सत्यनेकत्वं यथा गच्छति तच्छृणु ।
एवमेतदिति ज्ञेयं नान्यथेति सुनिश्चितम् ॥
ज्ञापयन्ती जगत्यत्र ज्ञानशक्तिर्निगद्यते ।
एवं भवत्विदं सर्वमिति कार्योन्मुखी यदा ॥
जाता तदैव तद्वत्कुर्वत्यत्र क्रिया मता ।
एवं यथा द्विरूपैव पुनर्भेदैरनेकधा ॥
अर्थोपाधिवशाद्याति चिन्तामणिरिवेश्वरी ।
तत्र तावत्समापन्ना मातृभावं विभिद्यते ॥
द्विधा च नवधा भेदैः पञ्चाशद्धा च मालिनी ।'

'शालीन्पलालपुरुषोऽवति यः कृशानु-
दग्धाननश्चटकपेटकभीतिदानैः ।
त्रातुं स एव विहितो विपिने विदध्यात्
किं तत्र भञ्जनकृतां वनकुञ्जराणाम् ॥' इति ।

यथा सूर्यस्य बिम्बमेव प्रतीपं जलमध्ये अस्ति, तथा बुद्धिरेव परिमित-विषया—बद्धोऽहं मुक्तोऽहम् इत्याकारा प्रतीपा इति मम किम् आयातं, बुद्ध्या-द्यवभासकत्वेन तदतीतत्वात्—इति बुद्धिमेव त्यजेत् ॥ १३५ ॥

अनुवाद—न तो मेरा बन्धन होता है, न ही मोक्ष । ये तो डरे हुए को डराने वाले साधन हैं । यह संसार बुद्धि का प्रतिबिम्ब है, जैसे जल में सूर्य का ॥ १३५ ॥

व्याख्या—जैसा कि परमार्थसार में कहा गया है—'माया को स्वीकार कर लेने के कारण बाध मलिन होकर पुरुष बन जाता है, जो पशु है ।[1] मुझ चिन्मय आत्मा का न बंध है और न मोक्ष । क्योंकि देश और काल से अपरिच्छिन्न होने के कारण बंध और मोक्ष की व्यवस्था होना असंभव है । यह तो केवल मायाशक्ति के अधीन अविचार के द्वारा उत्पन्न द्वैत रूप अज्ञान ही है । और वह इन्द्रजालवत् या स्वप्न-संसारवत् मिथ्या होने से भूसे के द्वारा बनाये हुए 'चंचा पुरुष' के तुल्य है । अतः तत्त्वज्ञानी के लिए ये सभी क्या कर सकते हैं ? इससे बंधन होगा, इससे मोक्ष होगा, ये सभी कल्पनाएँ मात्र ही तो है । यह सारी व्यवस्था त्रिगुणात्मक है । त्रिगुणातीत मार्ग में विचरते हुए मनुष्य के लिए न कोई विधि है और न कोई निषेध । कल्हण कवि ने कहा है—'अंगारे से जले हुए मुखवाली चिड़ियों को भय उत्पन्न करने के कारण साल के पलाल से बना हुआ चंचा पुरुष खेतों की रक्षा करता है, इसीलिए जंगल में उसका निर्माण किया जाता है । परन्तु उस चंचा पुरुष से चिड़ियाँ ही डर सकती हैं, सारे जंगल को तोड़-मरोड़ कर नष्ट करने वाले जंगली हाथी के लिए वह चंचा पुरुष किस काम का है ? जैसे सूर्य की किरणों का प्रतिबिम्ब ही जल के भीतर है, उसी प्रकार 'मैं बद्ध हूँ', 'मैं मुक्त हूँ' इस प्रकार के विपरीत विचार भी बुद्धि के आयास मात्र से उत्पन्न होने से असत् हैं । इसी बात को परमार्थसार में स्पष्ट रूप में कहा गया है[2] ॥ १३५ ॥

---

१. 'माया परिग्रहवशाद् बोधो मलिनः पुमान् पशुर्भवति ।—परमार्थसार का० १६

२. 'गच्छति गच्छति जल इव हिमकरबिम्बं स्थिते स्थितिं याति ।
तनुकरणभुवनवर्गे तथायमात्मा महेशानः ॥—प० सा० ७

तुलना कीजिए—

आत्मा के भ्रम के कारण ही असत् होने पर भी धर्म-अधर्म, स्वर्ग-नरक, जन्म-मृत्यु, सुख-दुःख, वर्ण-आश्रम आदि प्रतीत होते हैं—

तद्वद् धर्माधर्मस्वर्निरयोत्पत्ति-मरण-सुखदुःखम् ।
वर्णाश्रमादि चात्मन्यादपि विभ्रमबलाद्भवति ॥'—परमार्थसार का० ३०

अन्तःकरणत्यागम् उक्त्वा बाह्यकरणत्यागधारणाम् आह—

इन्द्रियद्वारकं सर्वं सुखदुःखादिसङ्गमम् ।
इतीन्द्रियाणि सन्त्यज्य स्वस्थः स्वात्मनि वर्तते ॥१३६॥

सम्बध्यमानसुखदुःखादिमयं सर्वम् इन्द्रियद्वारायातम्, न तु मम चिदात्मनो वास्तवम् इत्यतो हेतोः इन्द्रियाणि परित्यजेत् । इन्द्रियाणाम् एष एव सम्यक् त्यागो—यत् स्वस्थत्वं स्वरूपावस्थितत्वम् ।

'एते हि चिद्विलासान्ता मनोबुद्धीन्द्रियादयः ।'

इति उक्तनयेन स्वस्वरूपचिन्मात्रविलासज्ञानम् इन्द्रियाणां स्वस्थत्वं वर्तते । वर्तते इति लिङर्थे लट् । ततश्च आत्मसंस्थ एव तिष्ठेत ॥ १३६ ॥

अन्तःकरण त्याग देने पर, अब बाह्य इन्द्रियों के त्यागने की धारणा निरूपित है—

अनुवाद—सारे सुख-दुःखादि का संगम इन्द्रियों के द्वारा ही होता है । अतः इन्द्रियों को त्याग कर आत्मनिष्ठ होने पर साधक स्वस्थ हो जाता है[1] ॥' १३६ ॥

शांकरभाष्य में भी उल्लेख है—

तथाहि 'ब्राह्मणो यजेत' इत्यादीनि शास्त्राणि आत्मनि वर्णाश्रमवयोऽवस्थादिविशेषाध्यासमाश्रित्य प्रवर्तन्ते । अध्यासो नाम अतस्मिंस्तद्बुद्धिरित्यवोचाम् । तद्यथा—पुत्रभार्यादिषु विकलेषु सकलेषु वा अहमेव विकलः सकलो वेत्ति बाह्यधर्मानात्मनि अध्यस्यति । तथा देहधर्मान्—'स्थूलोऽहं', 'कृशोऽहं', 'गौरोऽहं' तिष्ठामि, गच्छामि, लङ्घयामि चेति । तथेन्द्रियधर्मान्—मूकः कारणः क्लीबः बधिरः अन्धोऽहमिति । तथा अन्तःकरणधर्मान्—कामसङ्कल्पविचिकित्साध्यवसायादीन् । एवमहम्प्रत्ययिनम् अशेषस्वप्रचारसाक्षिणि प्रत्यगात्मनि अध्यस्य, तञ्च प्रत्यगात्मानं सर्वसाक्षिणं तद्विपर्येणान्तःकरणादिषु अध्यस्यति ।

—ब्रह्मसूत्र-शांकरभास्य (नि० सा०) पृ० ३-४, २५ कारिका के अंत में दी हुई टिप्पणी भी देखिए ।

१. प्रस्तुत कारिका के सम्बन्ध से निम्नलिखित उल्लेखनीय है—

'सुखदुःख-मोहमात्रं निश्चयसङ्कल्पनाभिमानाच्च ।
प्रकृतिरेवान्तःकरणं बुद्धिमनोहङ्कृति क्रमशः ॥'

अर्थात् सुख-दुःख मोहात्मिका प्रकृति है और निश्चयसंकल्प और अभिमान से क्रमशः बुद्धि, मन और अहंकार है ।

तथा—

'श्रोत्रं त्वगक्षि रसनाघ्राणं बुद्धीन्द्रियाणि शब्दादौ ।
वाक्पाणि-पाद-पायूस्थं कर्मेन्द्रियाणि पुनः ॥'

शब्दादि विषयों के लिए श्रोत्र, त्वक्, आँख, रसना और घ्राण बुद्धीन्द्रियाँ है ।

—परमार्थसार का० १९-२०

व्याख्या—जगत् में प्रतीत होने वाले सुख-दुःखादि सभी इन्द्रियों के द्वारा ही उपलब्धि में आते हैं। मुझ चैतन्य आत्मा में वस्तुतः सुख और दुःख लेशमात्र भी नहीं है। अतः इन्द्रियों के त्याग का यही उत्तम प्रकार है कि आत्मा में अपनी स्थिति को दृढ़ किया जाय। यह सारा जगत् चिन्मय के विलास मन और इन्द्रियों के द्वारा उत्पन्न हुआ है, अतः ये मुझ में नहीं है, न इनका कोई वास्तविक अस्तित्व ही है। इस प्रकार आत्मनिष्ठ होकर रहने पर ये सभी स्वतः नष्ट हो जाते हैं। इसे इस प्रकार भी कह सकते हैं—दृष्ट, दृश्य और दर्शन में भेद-बुद्धि त्यागने पर मनुष्य आत्मस्थ हो जाता है। इस अवस्था में साधक को किसी प्रकार सुख-दुःख का अनुभव नहीं होता और वही हमारा वास्तविक स्वरूप है ॥ १३६ ॥

ज्ञानप्रकाशकं सर्वं सर्वेणात्मा प्रकाशकः।
एकमेकस्वभावत्वात् ज्ञानं ज्ञेयं विभाव्यते ॥ १३७ ॥

सर्वं प्रकाश्यं वेद्यं वस्तुजातं ज्ञानप्रकाशकम् अस्ति।
'कृत्यल्युटो बहुलम्।' (पा० व्या० ३।३।११३)
इति ज्ञानपदस्य कर्तरि प्रयोगेन ज्ञानं वेदकात्मा प्रकाशको यस्य तदेवंविधम् वेदकप्रकाश्यं वेद्यम् इत्यर्थः। वेदकसाध्यं वेद्यत्वम् उक्त्वा वेद्यसाध्यं वेदकत्वम् आह—सर्वेणात्मा इति। सर्वेण वेद्यजातेन आत्मा वेदकः प्रकाशकारी भवति। वेद्यम् ऋते किमपेक्षं वेदकत्वं वेदकस्य, वेदकः इति कस्य वेदकः इत्यर्थः। अतो वेद्य एव जीवितं ददाति वेदकस्य इति। वेद्यत्वं वेदकत्वस्वरूपं, वेदकत्वं वेद्यत्वात्म—एकप्रकृतिकत्वात्। अतो ज्ञानं वेदकं, ज्ञेयं वेद्यम् एकमेव तत्त्वं विशेषेण भावयेत्। यदुक्तम्—

'यावन्न वेदका एते तावद् वेद्याः कथं प्रिये।
वेदकं वेद्यमेकं तु तत्त्वं नास्त्यशुचिस्ततः ॥'

विस्तृत व्याख्या के लिए देखिए—शोधनिबन्ध, परमार्थसार : श्रीमती कमला द्विवेदी पृ० ४१।

तथा—

प्रकृति भोग्य, दृश्य या वेद्य है, जिसका सृजन कलातत्त्व से होता है—

'वेद्यमात्रं स्फुटभिन्नप्रधानं सूयते कला।'

—तन्त्रालोक, भाग ६, पृ० १७१

तथा—

'त्रयोविंशतिधा मेधं यत्कार्यकारणात्मकम्।
तस्याविभागरूप्येके प्रधानं मूलकारणम् ॥'

—ईश्वरप्रत्यभिज्ञाविमर्शिनी (भास्करी भाग २) पृ० २३९

इति । किञ्च—

'प्रकाशमानं न पृथक्प्रकाशात् स च प्रकाशो न पृथग्विमर्शात् ।
नान्यो विमर्शोऽहमिति स्वरूपात् अहंविमर्शोऽस्मि चिदेकरूपः ॥'

इति नीत्या प्रकाशकं ज्ञानं न आत्मनः पृथक्, सर्वशब्दवाच्यं ज्ञेयजातं ज्ञानात् न पृथक् इति ऐक्यं भावयेत् ॥ १३७ ॥

अनुवाद—समग्र ज्ञेय ज्ञाता द्वारा प्रकाशित होता है, सबके द्वारा आत्मा (ज्ञाता) प्रकाशित होता है । अतः ज्ञाता ओर ज्ञेय एक स्वभाव के होने से एक ही समझे जाते हैं[1] ॥ १३७ ॥

व्याख्या—सम्पूर्ण दृश्यमात्र का प्रकाशक ज्ञान है और ज्ञान सारे वस्तु जगत् ज्ञान का प्रकाश है । 'ज्ञायते इति ज्ञानम्' तथा कृत्यल्युटो बहुलम्' (पा० ३।३।११३) पाणिनि के इस सूत्र से कर्ता में 'ल्युट्' होकर 'ज्ञा' धातु से 'ज्ञान' शब्द निष्पन्न होता है, जिसका अर्थ ज्ञान कराने वाला होता है । तब 'ज्ञानं प्रकाशको यस्य तज्ज्ञान-प्रकाशकम्' । अर्थात् ज्ञान के द्वारा प्रकाशित होने वाला यह अर्थ होगा, जो वेदक-सादृश्य वेद्य स्वरूप है, इसी प्रकार वेद्य-साद्य वेदक भी है । अतः सब का प्रकाशन ज्ञान है और ज्ञान की प्रकाशक सारी वस्तुएँ हैं । इससे सिद्ध होता है कि वेद्य और वेदक अभिन्न स्वरूप है । ऐसा चिन्तन करने से मनुष्य एक तत्त्व की साधना को दृढ़ कर सकता है । जैसा कि आचार्यों ने कहा है—'जब तक ये वेदक वस्तुएँ नहीं हैं, तब तक वेद्य वस्तुएँ कहाँ से आयेंगी । हे प्रिये ! वेद्य और वेदक दोनों तत्त्वों को एक ही समझना चाहिए । इनकी एकता को समझ लेने के बाद कोई अपवित्र नहीं है । जैसा कि आचार्यों ने कहा है—'वह प्रकाशमान वस्तु विमर्श से पृथक् नहीं है । अहं-प्रतीति से विमर्श भिन्न नहीं है और अहंता-प्रतीति चिन्मय से भिन्न नहीं है । इस नीति से प्रकाश और प्रकाशक दोनों अभिन्न हैं । प्रकाशक ज्ञान आत्मा से पृथक् नहीं है और सर्व शब्द से प्रतीत होने वाला सारा ज्ञेय ज्ञान से पृथक् नहीं है । इस प्रकार ऐक्य भाव से चिन्तन करना चाहिए ॥ १३७ ॥

तुलनीय—

'अध्यवसाया बुद्धिः'—सांख्यकारिका, पृ० २३ ।

'अभिमानोऽहङ्कारः'—वही पृ० २४ ।

'उभयात्मकमत्र मनः सङ्कल्पमिन्द्रियं च साधर्म्यात्'—वही पृ० २७ ।

द्रष्टव्य—वहीं पर उद्धृत पृ० ४१ (शोधनिबंध) ।

दश इन्द्रिय एवं त्रिविध अन्तःकरण के संक्षिप्त प्रतिपादन के लिए अभिनवगुप्त की ईश्वरप्रत्यभिज्ञाविमर्शिनी (भास्करी २) पृ० २४१ पर ।

१. सब कुछ ज्ञान से प्रकाशित है और आत्मा ही प्रकाशक है, अतः एक स्वभाव के कारण ज्ञान (प्रकाश) ज्ञेय (प्रकाश) में दिखलायी देता है ।

अधुना निर्विकल्पदशाप्राप्त्यर्थं पूर्वोक्तद्वादशोत्तरशतशून्यभूमिषु, एकस्यामपि विश्रान्तानां प्रमातृणां यावज्जीवं जीवन्मुक्तितायां, देहपाते पुनस्तेषां विदेहमुक्तिः—पारमेश्वरस्वरूपाभेदात् तत्तुल्यता,

'न तस्य प्राणा उत्क्रामन्ति अत्रैव समवलीयन्ते ।'

इति उपनिषत्प्रामाण्यात् निष्कलब्रह्मोपासकानां न कुत्रचित् गतागतं पशुप्रमातृषु स्वर्गनिरयगमनमिव, सकलब्रह्मध्यायिषु अर्चिरादिमार्गगमनमिव उत्क्रान्तिरपि तेषां नैव भवेत् । किन्तु निष्कलब्रह्मोपासकप्राणानां तप्तकटाहप्रक्षिप्तजलबिन्दुवत् तत्रैव लयो, यत् स्थानम्—

'जिज्ञासारहितं शुद्धं निर्विकल्पं परं पदम् ।'

यदाह कठवल्ल्युपनिषत्—

'यदा पञ्चावतिष्ठन्ते ज्ञानानि मनसा सह ।
बुद्धिश्च न विचेष्टेत तामाहुः परमां गतिम् ॥'

इति परमगतिशब्दप्रतिपादितम् पूर्वोक्तलक्षणभैरवशरीरमेव तेषां स्वतः सिद्धं, न पुनः प्रेत्य बाह्यतिलान्नमध्वादिपिण्डसाधनापेक्षा कार्ममलावृताणुसङ्घवत्, एतत् सर्वम् अभिप्रेत्य आह—

मानसं चेतना शक्तिरात्मा चेति चतुष्टयम् ।
यदा प्रिये परिक्षीणं तदा तद्भैरवं वपुः ॥ १३८ ॥

मानसं सङ्कल्पात्मकं, चेतना बुद्धिः, शक्तिः प्राणाख्या, आत्मा एतदुपहितः परिमितप्रमाता, एतत् चतुष्टयं यदा परिक्षीणं चिच्चमत्कारम् आपन्नं तदा तत् पूर्वोक्तं भैरवं वपुः 'अन्तः स्वानुभवानन्दा' इत्यादिकम् । यद्येवं तर्हि कर्तृत्वज्ञातृत्वे प्रमीतस्यापि जीवन्मुक्त्यवस्थायामिव कथं न उपलभ्येते ? इति चेत्, रहस्यं शृणु—स्वतन्त्रो नित्यः परमेश्वरः, तस्य एतदेव स्वातन्त्र्यं यद्—देहेन्द्रियादिभिः जीवदशाभ्युपगमे क्रीडनकैः खेलनं कदाचित् स्वस्वरूपविश्रान्त्या बाह्यस्पन्दनं परित्यज्य प्रतिष्ठितस्पन्दाभ्युपगमः सुषुप्त्यादिवत्, पिण्डपातानन्तरं अक्षुब्धा निष्क्रियावस्था हि स्वतन्त्रेण परात्मना अभ्युपगता इत्यतो ज्ञातृत्वाद्यनुपलब्धिः । इयमेव अवस्था श्रीभगवद्गीतासु—

'तथा देहान्तरप्राप्तिर्धीरस्तत्र न मुह्यति ।' (२।१४ भगवद्गीता)

इति मालामन्त्रावसरे भैरववपुःस्वरूपा देहान्तरप्राप्तिरेव द्वैपायनेन निर्दिष्टा । उक्तं च भैरवस्रोतसि अनुत्तरभट्टारके—

'मृतचेष्टस्य पिण्डस्य न किञ्चिदुपलभ्यते ।
सुखं दुःखं न चैवास्ति परमानन्दभावनात् ॥

जिज्ञासारहितं स्थानं यत्र देवो निरञ्जनः ।
अकालकलनाहेतुर्गमागमविवर्जितः ॥
निरालम्बो निरुत्साहः शून्यभूतः शिवः स्वयम् ।
संज्ञानाशेन निर्जीवसंज्ञा सा व्योमरूपिणी ॥'

तथा तत्रैव देवीं प्रति वचनान्तरम्—

'विचरामि न चैकाकी कदाचिच्छून्यरूपता ।
सर्वं सर्वमयश्चाहं तद्रमेऽहं त्वया सह ॥
कदाचिदीदृशं विश्वं दृश्यमेतदितीरितम् ।'

इति । अनेन अभिप्रायेण जैमिनीया अपि अन्त्येष्टिसमये निर्जीवस्यापि पिण्डस्य विष्णुसम्बन्ध्येकविंशतिस्नानानि वितरन्ति, अन्यथा—

'अविनाशी वा अरे अयमात्मा ।
'नित्यो नित्यानाम् ।'
'न जहाति मृतं चापि सर्वव्यापि धनञ्जयः ।'

इत्येवमादीनि वाक्यानि अप्रमाणानि स्युः । तस्मात् पञ्चत्वेऽपि भैरवं वपुः निर्विकल्पमेव, इति न कश्चिद् दोषः । जयरथोऽपि एतद्रहस्यनयनिष्ठितानां तीर्थादिकमपि अनुपयुक्तमेवाह, यदुक्तं स्तोत्रे—

'बहुलमहसि बोधे प्रोच्छलत्येकरूपे
जननमरणभाषां कातराः कल्पयित्वा ।
अविदितपरमार्थास्तीर्थदेवालयादि-
श्रयणमुपदिशन्तो हन्त नापत्रपन्ते ॥'

इति । तत एतन्मार्गश्रद्धावतां विवेकिनां जीवन्मुक्तिरपि तृणमिव भासते, का कथा पशुदर्शनजीवितभूताया अन्त्येष्टिवार्तायाः, यत् स्तोत्रेऽपि—

'नयकलनया यस्योद्भूते विवेकपरामृते
तृणमिव न सा जीवन्मुक्तिर्गता गणनीयताम् ।
प्रमयसमये प्रत्यासन्ने स्वसंविदि संस्फुरन्
अभिलषति नैवान्त्येष्टचाद्याः क्रियाः पशुकल्पिताः ॥'

इति । मृतस्य पिण्डरचनापि उपहास्यैव । यदुक्तम्—

'प्राग्जन्मकोटिसमुपार्जितदुष्कृतौघ-
खेदावहं कमपि पिण्डमवैति जन्तुः ।
ऊर्ध्वोर्ध्वशासनरतोऽपि गुरुर्मृताय
तस्मै समर्पयति पिण्डमिति प्रमादः ॥'

इति । एतन्नयावलम्बिनो मरणं जीवितं च तुल्यतया इत्याह । मरणं जीवितं च देहस्यैव, न तु आत्मनः—

'जीवापेतं वाव किल इदं म्रियते न जीवो म्रियते ।'

इति श्रुतेः । एतन्निस्तरङ्गोपदेशमध्यात् एकयापि धारणया नैश्चल्ये सति, अस्य योगिनो द्विविधा दशा—जीवन्मुक्तिः सति देहे, पिण्डपातानन्तरं तु विदेहमुक्तिः इति । तत्र यावत् जीवावस्थायां मानसादिचतुष्टयं परिक्षीणमेव, सर्वत्र सर्वदा चिन्मात्रावहितत्वेन तच्चमत्कारापन्नत्वात् सर्गस्य, देहपाते तु शान्तबोधाख्यं देहान्तरमेव परमेश्वरस्वरूपत्वात्, न तु अन्यदेहान्तरप्राप्तिरुत्क्रम्यते, न हि सर्वगतस्य आत्मनः उत्क्रान्तिः सम्भवति । यदुक्तं वीरयामले—

'उत्क्रान्तिर्विद्यते यस्य तस्य स्यान्मानकल्पना ।'

मानं परिच्छेद इत्यर्थः ।

'अमाने शून्यनिर्भासे कस्योत्क्रान्तिः क्व च क्रमेत् ।।
यदि सर्वगतो देवो वदोत्क्रम्य क्व यास्यति ।
अथासर्वगतो देवो घटतुल्यस्तदा भवेत् ।।'

इति । इति प्रेत्य मुक्तिः जीवन्मुक्तस्यैव, न तु देहाभिमानिनः कर्मजडस्य, तस्य मलिनवासनाश्रयत्वेन परलोकगमनमेव, श्राद्धपिण्डदानादिकं तदुपयोग्येव, यद् देहाभिमानवासना श्रीमदाचार्याभिनवगुप्तपादैः दर्शिता वार्तिके—

'अस्ति मे पिण्डदोऽद्याहं पिण्डदानक्रमात्तथा ।
प्राप्नोम्यवयवाभोगं पूर्णदेहोऽस्मि सुस्थितः ।।
अदृष्टक्रियया पुत्रशिष्यस्वात्मादिकल्पितया ।
स्वर्गभाग्यहमत्यन्तमात्तसद्भोगसुस्थितः ।।
नास्ति मे पिण्डदः कश्चित्स्वयं चास्म्यतिदुष्कृती ।
न मे त्रातास्ति कुत्रापि पतामि नरकार्णवे ।।'

इति । स्वसंवित्स्फार एव तथा तथा स्वर्निरयफलको भ्रान्त्यैव, न तु तत्त्वतः । इति अलम् अप्रकृतेन ।। १३८ ।।

निर्विकल्प अवस्था प्राप्ति के लिए पूर्वकथित ११२ प्रतिपादक भूमिकाओं में से किसी एक भी भूमिका में विश्रान्ति प्राप्त करने वाला प्रमाता जीवन्मुक्त अवस्था को प्राप्त कर लेता है और देहपात के बाद भी परमेश्वर के स्वरूप से अभेद हो जाने के कारण विदेहमुक्त होकर ईश्वर-तुल्य बन जाता है ।[1]

---

१. जीवन्मुक्त के संबंध में परमार्थसार की कारिका उल्लेखनीय है—

'जिसकी ज्ञान-ग्रन्थि खुल चुकी है, संदेह समाप्त हो गया है, भ्रान्ति तिरस्कृत हो गई हैं, पुण्य और पाप नष्ट हो गये हैं, वह शरीर के साथ संबंध होने पर भी मुक्त होता है—

'भिन्नज्ञानग्रन्थिर्गतसन्देहः पराकृतभ्रान्तिः ।
प्रक्षीण्य पुण्यपापौ विग्रहयोगेऽप्यसौ मुक्तः ।।' —परमार्थसार का० ६१

उसके प्राण उछल-कूद नहीं करते, वहीं शान्त और लीन हो जाते हैं—ऐसा उपनिषद् के प्रमाण से सिद्ध है। अतः निष्कल ब्रह्म की उपासना करने वाले का कहीं भी आवागमन नहीं होता।[1] जैसा कि पशु-प्रमाता का स्वर्ग-नरकादि में आवागमन रहता है। 'सारी वस्तुएँ ब्रह्म-स्वरूप हैं'—ऐसा ध्यान करने वाले साधक को 'अर्चिस् मार्ग' या 'धूममार्ग' से होने वाले आवागमन की गंधमात्र भी उत्पत्ति नहीं होती।

इसी सम्बन्ध में कुछ अवतरण उल्लेखनीय है—

'जीवन्मुक्तो नाम स्वस्वरूपाखण्डज्ञानेन तज्ज्ञानबाधनद्वारा स्वस्वरूपाखण्डब्रह्मणि साक्षात्कृते ज्ञान-तत्कार्यसञ्चितकर्मसंशयविपर्ययादिनामपि बाधितत्वादखिलसम्बन्ध-रहितो ब्रह्मनिष्ठः।' —वेदान्तसार पृ० १२३

'यदा तु शुद्धविद्याशक्त्यासङ्कोचविकासोऽस्य विलाप्यते तदा मुच्यतेऽसौ वै न च देहपाते अस्य मुक्तिरपितु जीवतोऽपि।'

—स्वच्छन्दतन्त्र-टीका भाग ६, पटल १२, पृ० ५२

तुर्य तथा तुर्यातीत दोनों अवस्थाएँ जीवन्मुक्ति हैं, जो आगमशास्त्र में समावेश कहलाती है—

"यदा तूक्तगुरूपदेशादिदिशा तेनैवाहम्भावेन स्वातन्त्र्यात्मना व्यापकत्वनित्यत्वादि-धर्मपरामर्शमात्मनि विद्धता ततः शून्यादेः प्रमेयादुन्मज्जमेवास्यते तदा तुर्यातीतावस्था। यदापि यदापि परामृष्टः तथाभूतवैभवादिनित्यैश्वर्यसम्भेदेनेवाहम्भावेन शून्यादिदेह-धात्वन्तं सिद्धरसयोगेन विद्यते। तदास्यां तुर्यदशायां तदपि प्रमेयतामुज्झतीव। सेयं द्वयमपि जीवन्मुक्तावस्था समावेश इत्युक्ता शास्त्रे। सम्यगावेशनमेव हि तत्र प्रधानम्, न सिद्धये तूपदेशान्तराणि यथा गीतायाम्—'मय्यावेश्य मनो ये माँ' (१२।२) इति 'अथावेशयितं चित्रम्' (१२।९) इत्यादि च। × × × देहपाते तु परमेश्वरः एवैकरसः। इति कः कुत्र कथं समाविशेत्। तदेतन्मुख्यत्वं समावेशस्य लक्षणं भेदं देहस्थितोऽपि पतिः इति 'मुक्तः' इति शास्त्रेषूक्तः।'

—ईश्वरप्रत्यभिज्ञाविमर्शिनी (भास्करी २, पृ० २५७-५९)

'एष प्रमाता मायान्धः संसरीकर्मबन्धनः।
विद्याभिज्ञापितैश्वर्याश्छिद्धनो मुक्त उच्यते॥'

—ईश्वरप्रत्यभिज्ञा कारिका (३।२।२)

+ + + 'स पुनर्जन्मबन्धविरहाद् देहेऽपि स्थिति मुक्त इति व्यपदेश्ययोग्यः। पतिते तु शिव एकधनः इति कः कुतो मुक्तः। भूतपूर्वगत्या तु प्रमात्रन्तरापेक्षया मुक्त शिव इति व्यवहारः।' —वही, विमर्शिनी।

१. 'न तस्य प्राणा उत्क्रामन्ति अत्रैव समवलीयन्ते।' —उपनिषद्

'न खल्वेष वर्तयन् यावदायुषं ब्रह्मलोकमभिसम्पद्यते न च पुनरावर्तते।'

ब्रह्म के संबंध में शांकरभाष्य का यह संदर्भ उल्लेखनीय है—

'अस्ति तावद् ब्रह्म नित्यशुद्धबुद्धमुक्तस्वभावं सर्वज्ञं सर्वशक्तिसमन्वितं ब्रह्मशब्द-स्य हि व्युत्पाद्यमानस्य नित्यशुद्धत्वादयोऽर्थाः प्रतीयन्ते बृहतेर्धातोरर्थानुगमात्। सर्वस्य

किन्तु जैसे तप्त कढ़ाह (तवे) पर डाले हुए जल का छींटा जल कर वहीं तद्रूप हो जाता है, उसी प्रकार साधक के मन का वेग वहीं आत्मा में लय हो जाने के कारण गमनागमन रहित हो जाता है। कहा भी है—जिज्ञासा रहित शुद्ध निर्विकल्प अवस्था ही परमपद है।[1] जैसा कि कठवल्ली उपनिषद् में भी कहा गया है—जिस समय मन के साथ पाँचों इन्द्रियजन्य ज्ञान शांत होकर स्थिर हो जाता है तथा उसकी बुद्धि भी कोई चेष्टा नहीं करती है, उस गति को भी परम गति कहा जाता है।[2]

इस प्रकार की अवस्था का नाम भैरव शरीर है। उनका स्वतःसिद्ध यह ज्ञान नष्ट होकर फिर बाह्य वस्तुओं में साधनान्तर की अपेक्षा नहीं करता, जैसा कि कार्मण और आणव मल से आवृत प्राणी का[3]। इस सारी वार्ता को ध्यानस्थ करके कहा जा रहा है—

आत्मत्वाच्च ब्रह्मास्तित्वप्रसिद्धिः। सर्वो ह्यात्मास्तित्वं प्रत्येति, न नाहमस्मीति। यदि हि नात्मास्तित्वप्रसिद्धिः स्यात् सर्वा लोको नाहमस्मीति प्रतीयात्।'

—ब्रह्मसूत्र-शांकरभाष्य (नि० सा०) पृ० ६

तुलना कीजिए—

'तद्ब्रह्म परं शुद्धं शान्तमभेदात्मकं समं सकलम्।
अमृतं सत्यं शक्तौ विश्राम्यति भावस्वरूपायाम्॥'

—परमार्थसार, का० ४३

१. 'जिज्ञासारहितं शुद्धं निर्विकल्पं परं पदम्। ··· ··· (?)
क्षीयन्ते चास्य कर्माणि तस्मिन् दृष्टे परावरे॥'

—मुण्डकोपनिषद् २।२।९

'परम-पद' के सन्दर्भ में बृहदारण्यक उपनिषद् भी तुलनीय है—

'न दृष्टेर्द्रष्टारं पश्येनं श्रुतेः श्रोतारं शृणुयान्न मतेर्मन्तारं मन्वीथा न विज्ञातेर्विज्ञातारं विजानीया एष त आत्मा सर्वान्तरोऽतोऽन्यदार्तम्।' —३।४।२

तथा—

'तद्वा एतदक्षरं गार्गि अदृष्टं द्रष्ट्रश्रुतं श्रोतृ अमतं मन्तृ अविज्ञातं विज्ञातृ नान्यदतोऽस्ति द्रष्टृ नान्यदतोऽस्ति श्रोतृ नान्यदतोऽस्ति मन्तृ नान्यदतोऽस्ति विज्ञातृ एतस्मिन्नु खल्वक्षरे गार्गि आकाश ओतश्च प्रोतश्चेति।' —३।८।११

२. 'यदा पञ्चावतिष्ठन्ते ज्ञानानि मनसा सह।
बुद्धिश्च न विचेष्टेत तामाहुः परमां गतिम्॥' —कठवल्ली उपनिषद्

३. तीनों मलों का विवेचन अन्यत्र निम्नांकित है—

मलस्वरूपः—

'अज्ञानं किल बन्धहेतुरुदितः शास्त्रे मलं तत्स्मृतम्।' —तन्त्रसार आ० १ पृ० ५
'मलमज्ञानमिच्छन्ति संसाराङ्कुरकारणम्।' —तन्त्रालोक भाग १ पृ० ५८

अनुवाद—हे प्रिये ! संकल्प-विकल्पात्मक मानस, चेतना (बुद्धि), प्राणशक्ति तथा जीवात्मा—ये चारों जिस समय परिक्षीण हो जाते हैं, तब वह भैरव अवस्था होती है ॥ १३८ ॥

'योग्यतामात्रमेवैतत् भावव्यच्छेदसङ्ग्रहे ।
मलस्तेनास्य न पृथक् तत्त्वभावोऽस्ति रागवत् ॥' —तन्त्रालोक ५ पृ० ५७
'स्वात्मप्रच्छादनक्रीडामात्रमेव मलं विदुः ।'
—मालिनीविजयवार्तिक काण्ड २, १८६ पर

आणवमलः—

'सङ्कोच एव पुंसामाणवमलमित्युक्तप्रायम् ।'
—स्वच्छन्दतंत्रटीका पृ० ५१९
'स्वातन्त्र्यहानिर्बाधस्य स्वातन्त्र्यस्याप्यबोधता ।
द्विधाणवं मलमिदं स्वस्वरूपापहानितः ॥'
—ईश्वरप्रत्यभिज्ञाकारिका (भास्करी २ पृ० २४८)
'संविद्रूपे न भेदोऽस्ति वास्तवो यदपि ध्रुवे ।
तथाप्यावृत्तिनिर्ह्रादितारतम्यात् स लक्ष्यते ॥' —वही

मायीवमलः—

'भिन्नवेद्यप्रथात्रैनं मायाख्यं जन्मभोगदम् ।'
—ईश्वरप्रत्यभिज्ञाकारिका (भास्करी २) पृ० २४८
'शरीरभुवनाकारा मायीव प्रकीर्तितः ।'
—तन्त्रालोक १।५६

कार्ममलः—

'देवादीनां च सर्वेषां भाविनां त्रिविधं मलम् ।
तथापि कार्म नैवैकं मुख्यं संसारकारणम् ॥'
—ईश्वरप्रत्यभिज्ञाकारिका ३।२।१० (भास्करी २) पृ० २५३
'कर्मकस्तु शरीराणि विषयः करणानि च ।'
—वही उद्धृत पृ० २५५

त्रिविधमलः—

'अप्रतिहतस्वातन्त्र्यरूपा इच्छाशक्तिः सङ्कुचिता सती अपूर्णम्मन्यतारूपम् आणवमलम् । ज्ञानशक्तिः क्रमेण सङ्कोचाद् भेदे सर्वज्ञत्वस्य किञ्चिज्ज्ञत्वप्राप्तः अन्तःकरणबुद्धीन्द्रियतापत्तिपूर्वम् अत्यन्तं सङ्कोचग्रहणेन भिन्नवेद्यप्रथारूपं मायीवमलम् । क्रियाशक्तिः क्रमेण भेदे सर्वकर्तृत्वस्य किञ्चित्कर्तृत्वाप्तः कर्मेन्द्रियरूपसङ्कोचग्रहणपूर्वकम् अत्यन्तं परिमिततां प्राप्ता शुभाशुभमनुष्ठानमयं कार्ममलम् ।' —प्रत्यभिज्ञाहृदय पृ० ६०

स्वातन्त्र्यहानिरूप 'आणव मल' 'विज्ञानकेवल' में, स्वातन्त्र्य का अबोधरूप 'आणव मल' 'प्रलयाकल' (जिनमें कार्ममल भी रहता है और विकल्प से मायीव भी)

व्याख्या—संकल्पात्मक मानस, चेतनात्मक बुद्धि, शक्त्यात्मक प्राण और आत्मा इन चारों से आवृत चिन्मय परिमित प्रमाता इस अंतःकरणचतुष्टय को परिक्षीण करके चित्-चमत्कार रूप अवस्था को प्राप्त कर लेने पर, वह अवस्था अन्तःस्वानुभवानन्दा है। यदि ऐसा है तो कर्तृत्व, ज्ञातृत्व अवस्था में जैसी प्रतीति जीव को होती है वैसी प्रतीति मुक्त्यावस्था में क्यों नहीं होती है? ऐसा प्रश्न करने पर समझाते हुए कह रहे हैं—वहा ऐसी प्रतीति नहीं होती है, इसका रहस्य सुनो—परमेश्वर नित्य और स्वतंत्र है। उसका स्वातन्त्र्य यह है कि देह-इन्द्रियादि के संयोग से जीव दशा को प्राप्त कर कदाचित् छोटा बच्चा खिलौनें से खेला करता है।[1]

में तथा देवादि सभी संहारी प्रमाताओं में त्रिविध मल और मुख्यतः कार्ममल पाया जाता है। इस संबंध में ईश्वरप्रत्यभिज्ञाकारिका ३-२-६-१० (भास्करी २) पृ० २५०-२५५ द्रष्टव्य हैं।

देखिए—परमार्थसार-शोधनिबन्ध : श्रीमती कमला द्विवेदी, पृ० ४७।

१. परमेश्वर नित्य और स्वतंत्र है। बन्धन और मोक्ष परमशिव की विचित्र लीला है—

'स्वज्ञानविभवमासनयोगेनोद्वेष्टयेन्निजात्मानम्।
इति बन्धमोक्षचित्रां क्रीडां प्रतनोति परमशिवः॥'

—विशेष द्र० परमार्थसार-शोधनिबन्ध, (का० ३३) श्रीमती कमला द्विवेदी, पृ० ५६।

'देवः स्वतन्त्रश्चिद्रूपः प्रकाशात्मा स्वभावतः।
रूपं प्रच्छादनक्रीडा योगादणुरनेकशः॥'

—तन्त्रालोक, भाग ८ आ० १३, १०३

परम शिव के इस स्वातंत्र्य, जिससे कि वे दोनों तरह से बंधन व मोक्ष का संसार व अपवर्ग का आश्चर्यमय (विचित्र क्रीड़ा) खेलते रहते हैं, यह शिव का स्वभाव ही है—

'लोकवन्तु लीलाकैवलम्।' —ब्रह्मसूत्र (२।१।३३)

'यथा लोके कस्यचिदाप्तैषणस्य राज्ञो राजामात्यस्य वा व्यतिरिक्तं किञ्चित् प्रयोजनमभिसन्धाय केवलं लीलारूपाः प्रवृत्तयः क्रीडा-विहारेषु भवन्ति। यथा चोच्छ्वासप्रश्वासादयोऽनभिसन्धाय बाह्यं किञ्चित् प्रयोजनं स्वभावादेव केवलं प्रवृत्तिर्भविष्यति। यद्यप्यस्माकमियं जगद्बिम्बरचना गुरुतरसम्भवेवाभाति तथापि परमेश्वरस्य लीलैव केवलेयम्, अपरिमितशक्तित्वात्।' —शाङ्करभाष्य, वही

सांख्यदर्शन में लीला-व्यापार पुरुष नहीं अपितु प्रकृति-नटी करती है, पुरुष का बंध-मोक्ष नहीं होता, प्रकृति ही अपने को बाँधती-छोड़ती रहती है—

'रङ्गस्य दर्शयित्वा निवर्तते नर्तकी यथा नृत्यात्।
पुरुषस्य तथात्मानं प्रकाश्य विनिवर्तते प्रकृतिः॥' —सांख्यकारिका, ५९
'तस्मान्न बध्यतेऽद्धा न मुच्यते नापि संसरति कश्चित्।
संसरति बध्यते मुच्यते च नानाश्रया प्रकृतिः॥' —वही

और स्वयं स्व-स्वरूप में विश्रान्ति करके बाह्य स्पन्दन का त्याग कर स्पन्द में स्थित होता है। इसी प्रकार सुषुप्त्यादि अवस्था में या शरीर त्यागने के अनन्तर अक्षुब्ध निष्क्रियावस्था में स्वतंत्र परमात्मा रूप से अनुमत ज्ञातृत्वादि युक्त अवस्था है। वह भैरवस्वरूप है। उस अवस्था को प्राप्त कर लेने पर आत्मानन्दातिरिक्त कोई स्पन्द उसमें नहीं रहता है। तब फिर भिन्न प्रतीति का होना आत्मस्पन्दन में संभव नहीं है। जैसा कि भगवद्गीता में भी कहा गया है—इस शरीर में बाल, यौवन और वार्धक्य अवस्थाएँ क्रमशः एक के समाप्त होने पर दूसरी प्राप्त होती है। उस अवस्था के नाश की चिन्ता या अन्य अवस्था की प्राप्ति के आनन्द की अनुभूति मनुष्य को विशेष रूप से प्रतीत नहीं होती। इसी प्रकार देहान्तर-प्राप्ति भी अवस्था-प्राप्ति के समान ही है, इसी से धीर पुरुष देहान्तर-प्राप्ति के समय भी मोह को प्राप्त नहीं होता।

इसी प्रकार मालामन्त्र के समय भैरव-स्वरूप शरीर भी देहान्तर-प्राप्ति है। 'भैरव स्तोत्र' नामक ग्रन्थ में अनन्तभट्टारक ने भी इसी प्रकार का विवेचन किया है—चेष्टाहीन मृत शरीर को किसी भी वस्तु की उपलब्धि नहीं होती। उस शरीर में परमानन्द भाव होने के कारण सुख-दुःख का अनुभव भी नहीं होता। जहाँ पर निरंजन देव स्थित है, वह स्थान जिज्ञासा से कालकलना और आवागमन से तथा उत्साह से रहित होता है। यह शून्यावस्था स्वयं शिवस्वरूप है। संज्ञा (प्रतीति) के न होने के कारण उसका नाम निर्जीव है और वह अवस्था आकाशस्वरूप है।[1] इसी प्रकार वहाँ देवी के प्रति और भी कहा है—हे देवि ! मैं शून्यरूपता के कारण कभी

सृष्टि-निमित्त के संबंध में कुछ गौडपादकारिकाएँ भी उल्लेखनीय हैं—

'विभूतिं प्रसवं त्वन्ये मन्यन्ते सृष्टिचिन्तकाः।
स्वप्नमाया सरूपेति सृष्टिरन्यैर्विकल्पिता॥
इच्छामात्रं प्रभोः सृष्टिरिति सृष्टौ विनिश्चिताः।
कालात्प्रसूतिं भूतानां मन्यन्ते कालचिन्तकाः॥
भोगार्थं सृष्टिरित्यन्तं क्रीडार्थमिति चापरे।
देवस्यैष स्वभावोऽयमाप्रकामस्य का स्पृहा॥'

—गौडपादकारिका १।७-८।

१. 'मृतचेष्टस्य पिण्डस्य न किञ्चिदुपलभ्यते।
सुखं दुःखं न चैवास्ति परमानन्दभावनात्॥
जिज्ञासारहितं स्थानं यत्र देवो निरञ्जनः।
अकालकलनाहेतुर्गमागमविवर्जितः॥
निरालम्बो निरुत्साहः शून्यभूतः शिवः स्वयम्।
संज्ञानाशेन निर्जीवसंज्ञा सा व्योमरूपिणी॥'

यह परमतत्त्व संज्ञा की प्रतीति में नहीं आता, क्योंकि यह प्रमाणगम्य नहीं है। इस सम्बन्ध में निम्नलिखित उद्धरण द्रष्टव्य है—

भी एकाकी विचरण नहीं करता हूँ, सर्वमय हूँ, सम्पूर्ण जगत् मेरा ही स्वरूप है, इसी-लिए मैं ऐसे संसार में तुम्हारे साथ रमण करता हूँ, उस समय यह दृश्य के रूप में अभिहित किया जाता है। इसीलिए मीमांसक अन्त्येष्टि के समय निर्जीव प्राणी के लिए भी पिण्डदान तथा विष्णु सम्बन्धी २१ स्नानादि कराते हैं। अन्यथा—'यह आत्मा अविनाशी, नित्यों का भी नित्य है, सर्वव्यापी है और धनंजय नामक प्राणवायु मृत शरीर को भी नहीं त्यागता है।' इत्यादि वाक्य अप्रमाण हो जायेंगे। अतः मरने पर भी निर्विकल्पावस्था में भैरव शरीर प्राणी का रहता है। इसीलिए ऐसा करना संगत ही है। इस रहस्यमय स्थिति में रहने वाले साधकों के लिए तीर्थादिक भी अनुपयुक्त है। ऐसा स्तोत्र में वर्णन किया गया है। 'अत्यन्त तेजस्वी ज्ञानबोध के तीव्र वेग से प्रवाहित होते रहने पर भी मनुष्य ही जन्म-मृत्यु की भावना की कल्पना करते हैं तथा परमार्थ तत्त्व को नहीं समझते हुए तीर्थयात्रा, देवालयों में गमन आदि का आश्रय लेते हुए भी लज्जित नहीं होते। इसका बडा खेद हैं'।[1] अतः इस भाग में श्रद्धा रखने वाले विवेकी, जीवन्मुक्त प्राणी मुक्ति को भी तृणवत् तुच्छ

'कर्तरि ज्ञातरि स्वात्मन्यादि सिद्धे महेश्वरे।
अजडात्मा निषेधं वा सिद्धिं वा विदधीत कः॥'

—ईश्वरप्रत्यभिज्ञाकारिका १।१।१

'इह क ईश्वर कीदृशे कीदृशेन प्रमाणेन अस्ति इति ज्ञानलक्षणां सिद्धिं, नास्तीति ज्ञानलक्षणं वा निषेधं कुर्यात्?' —वही,

'तमेतमविद्याख्यमात्मानात्मनोरितरेतराध्यासं पुरस्कृत्य सर्वं प्रमाणप्रमेयव्यवहारा लौकिका वैदिकाश्च प्रवृत्ताः, सर्वाणि च शास्त्राणि विधिप्रतिषेधा मोक्षपराणि। उच्यते, देहेन्द्रियादिषु अहं ममाभिमानरहितस्य प्रमातृत्वानुपपत्तौ प्रमाणप्रवृत्त्यानुपपत्तेः न हीन्द्रियाण्यनुपादाय प्रत्यक्षादिव्यवहारः सम्भवति। न चाधिष्ठानमन्तरेण इन्द्रियाणां व्यवहारः सम्भवति। न चानध्यस्तात्मभावेन देहेन कश्चिद् व्याप्रियते। न चैतस्मिन् सर्वस्मिन् असति असङ्गत्यात्मनः प्रमातृत्वमुपपद्यते। न च प्रमातृत्वन्तरेण प्रमाण-प्रवृत्तिरस्ति तस्मादविद्यावद् विषयाण्येव प्रत्यक्षादीनि प्रमाणानि शास्त्राणि च।'

—शाङ्करभाष्य (नि० सा०) पृ० २-३

'सर्वस्यात्मत्वाच्च ब्रह्मास्तित्वप्रसिद्धिः।
सर्वाश्रयात्मास्तित्वं प्रत्येति, न नाहमस्मीति॥' —वही पृ० ६

'येनेदं सर्वं विजानाति तं केन विजानीयात्···विज्ञातारमरे केन विजानीयात्।'

—बृहदारण्यक उपनिषद् ४।५।१५

१. 'बहुलमहसि बाधे प्राच्छलत्येकरूपे
जननमरणभाषां कातराः कल्पयित्वा।
अविदितपरमार्थास्तीर्थदेवालयादि-
श्रयणमुपदिशन्तो हन्त नापत्रपन्ते॥'

—?

मानते हैं। तब फिर उनके सामने पशु-दर्शन प्रतिपादित अन्त्येष्टि आदि की बात ही क्या है ?

स्तोत्रों में भी इसी बात का प्रतिपादन है—नेत्रकलना से जिसके हृदय में विवेक रूपी परामृत का उद्भव हो चुका है, वे मनुष्य जीवन्मुक्ति को तृणवत् समझते हैं। अंतिम समय के आसन्न होने पर वे स्वसंवित् ज्ञान में प्रवाहित होते हुए, पशु लोगों के द्वारा अन्त्येष्टि आदि क्रिया की भी अभिलाषा नहीं रखते। उनके सिद्धान्त से तो मृतपुरुष के लिए किये जाने वाले पिण्ड-रचनादि उपहास योग्य हैं। पूर्व के करोड़ों

प्रस्तुत अवतरण की तुलना के लिए परमार्थसार की निम्नलिखित कारिकाएँ द्रष्टव्य है—

'अज्ञानतिमिरयोगादेकमपि स्वयं स्वभावमात्मानम्।
ग्राह्यग्राहकनाना वैचित्र्येणावबुध्येत ॥'

—परमार्थसार, का० २५

अज्ञानतिमिर के संयोग के कारण एक होने पर भी अपने आत्मस्वभाव के ग्राह्य (विषय-प्रमेय) तथा ग्राहक (प्रमाता-विषयी) के विविध वैचित्र्य से समझ में आने लगता है।

तथा—

'रज्वां नास्ति भुजङ्गस्त्रासं कुर्वन् च मृत्युपर्यन्तम्।
भ्रान्ते महती शक्तिर्न विवेक्तुं शक्यते नाम ॥'

रस्सी में साँप नहीं है, परन्तु मरने तक डर बनाए रहता है, भ्रान्ति की शक्ति महान् है, जिसका विवेचन करना संभव नहीं है। —वही २८

तथा—

'तद्वद् धर्माधर्मस्वर्निरयोत्पत्ति-मरण-सुख-दुःखम्।
वर्णाश्रमादि चालन्यदपि विभ्रमबलाद्भवति ॥'

उसी प्रकार धर्म-अधर्म, स्वर्ग-नरक, जन्म-मृत्यु, सुख-दुःख, वर्ण-आश्रम आदि असत् होते हुए भी आत्मा के भ्रम के कारण प्रतीत होते हैं। —वही, श्लोक २९

तथा—

'एतत्तदन्धकारं यद्भावेषु प्रकाशमानतया।
आत्मानतिरिक्तेष्वपि भवत्यनात्माभिमानीयम् ॥' —वही, श्लोक ३०

'तिमिरादपि तिमिरमिदं गण्डस्योपरि महानयं स्फोटः।
यदनात्मन्यपि देहप्राणादावात्ममानित्वम् ॥'—वही, श्लोक ३१

यह (भ्रान्ति) वह अन्धकार है, जो पदार्थों में प्रकाशवान् होने से अभिन्न (पदार्थों) को भी अनात्मा समझता है। यह मोहरूपता अन्धकार (अन्धेपन) में भी वह अन्धकार (अन्धापन) और छाले पर वह बड़ी फुन्सी है कि अनात्मा देह-प्राणादि में आत्मा का अभिमान होता है।

जन्मों में उपार्जित पाप-समूह को किसी पिण्डदान को लेकर जन्तु (जीव) शान्ति का आश्रय लेना चाहता है। वहाँ तक तो ठीक है, लेकिन ऊपर से ऊपर के शासन में विहार करने वाला गुरु (ज्ञानी) भी मुर्दे के लिए पिण्डदान करते हैं। यह कितना बड़ा प्रमाद है ? अतः इस मार्ग से शरीर त्यागने वाले जीवों के लिए जीवन और मरण दोनों तुल्य ही है। क्योंकि जन्म और मरण दोनों शरीर के ही होते हैं, न कि आत्मा के। जैसा कि श्रुति में कहा है—'यह शरीर जीव से रहित होकर ही मरता है, जीव कभी नहीं मरता। इन क्रमबद्ध उपदेशों के द्वारा ही एक धारणा जिसकी निश्चल हो गयी है, उस योगी के लिए दो ही दशाएँ सामने रहती है—(१) जीवन्मुक्त अवस्था को भोगना है तथा (२) देहपात के अनन्तर विदेह मुक्ति की अवस्था का भोग करना है। वहाँ जब तक जीवितावस्था में मानसादि अंतःकरणचतुष्टय परिक्षीण होता है, तब तक सर्वत्र सदा चिन्मय मात्र तत्त्व से, उसके चमत्कार से प्रभावित सृष्टि का अनुभव करता है। देहपात होने पर तो उसका शांतबोध नामक देहान्तर है, जो परमेश्वर-स्वरूप है, न कि देहान्तर प्राप्त करता है।

सर्वगत आत्मा का उत्पन्न होना संभव नहीं है। जैसा कि 'वीरयामलः' में कहा है—'उसी प्राणी का उत्क्रमण होता है जिसके परिच्छेद की कल्पना होती है। शून्य-निरभाषा में मानरहित होकर कौन प्राणी जन्म-मरण की उत्क्रान्ति में पड़ता है। आप ही बतलाइए, सर्वगत आत्मा उत्क्रमण करने कहाँ जायगी ? यदि वह असर्वगत है तो वह तो घटतुल्य हो गयी। अतः सर्वगत आत्मा की जन्म-मृत्यु नहीं होती है। मरकर भी मुक्ति जीवन्मुक्त की ही होती है, देहाभिमानी की नहीं। क्योंकि कर्म-बन्धन से जड़ता को प्राप्त हुए प्राणी का मलिन वासना का आश्रय होने से परलोक-गमन होगा ही। इसीलिए उस प्राणी के लिए पिण्डदानादि करना उपयुक्त ही है। क्योंकि वह देहाभिमान वासना है। जैसा कि अभिनवगुप्तपाद ने भी कहा है—'आज मेरा पिण्डदान करने वाला है तथा उस पिण्डदान के क्रम से मैं अवयव के आभोग को प्राप्त करूँगा और सुस्थित होकर पूर्ण देहवाला बनूँगा। पुत्र या शिष्य के द्वारा रचित अदृष्ट क्रिया से मैं स्वर्ग प्राप्त करूँगा तथा अत्यन्त उत्तम भोगों को प्राप्त कर सुखी रहूँगा; और साथ ही मेरा कोई पिण्डदान करने वाला नहीं है, अतः मैं स्वयं भी अत्यन्त पापी हूँ। मेरा कहीं कोई रक्षक नहीं है। अतः नरक में गिरूँगा' इत्यादि कथन अपने संवित् के स्फुरण मात्र हैं। अतः स्वर्ग-नरक की कल्पना भी भ्रान्तिमात्र ही है, न कि तत्त्वतः। अब इन अप्रासंगिक बातों के विचारों को यहीं विश्राम देना चाहिए ॥ १३८ ॥

एतद् उपसंहरति—

निस्तरङ्गोपदेशानां शतमुक्तं समासतः।
द्वादशाभ्यधिकं देवि ! यज्ज्ञात्वा ज्ञानविज्जनः ॥ १३९ ॥

द्वादशाभ्यधिकं शतं द्वादशोत्तरशतम् ॥ १३९ ॥

अनुवाद—हे देवि ! बारह ऊपर सौ निस्तरंग उपदेश संक्षेप में बतला दिये हैं, जिन्हें जानकर व्यक्ति ज्ञानी हो जाता है[1] ॥ १३९ ॥

अत्र चैकतमे युक्तो जायते भैरवः स्वयम् ।
वाचा करोति कर्माणि शापानुग्रहकारकः ॥ १४० ॥

अत्र च एकतमे—एतेषु उपदेशेषु मध्ये एकस्मिन्नपि, युक्तः समाहितः, वाचा, न पुनः प्रयत्नेन इत्यर्थः ॥ १४० ॥

अनुवाद—इनमें से एक (उपदेश) में भी लग जाये तो स्वयं भैरव बन जाता है, वह वाणी से काम करने लगता है, शाप तथा अनुग्रह करने वाला हो जाता है ॥

अजरामरतामेति सोऽणिमादिगुणान्वितः ।
योगिनीनां प्रियो देवि ! सर्वमेलापकाधिपः ॥ १४१ ॥
जीवन्नपि विमुक्तोऽसौ कुर्वन्नपि च चेष्टितम् ।

अनुवाद—हे देवि ! ऐसा साधक अणिमा आदि आठ प्रकार की सिद्धियों के गुणों से युक्त हो जाता है, (तथा ज्ञान, क्रिया, आनन्द आदि शक्ति रूप) योगिनियों का प्रिय होकर सभी वर्णों का अधिपति बन जाता है तथा अजरता और अमरता को पा लेता है । वह जीवित रहता हुआ और काम करता हुआ भी मुक्त है ॥ १४१½ ॥

श्रीदेवी उवाच

इदं यदि वपुर्देव परायाश्च महेश्वर ! ॥ १४२ ॥
एवमुक्तव्यवस्थायां जप्यते को जपश्च कः ।

इदम् इति उक्तरीत्या सर्वमयव्यवस्थायां सत्यां, जप्यते को जपश्च कः—भेदस्य अभावात् ॥ १४२½ ॥

अनुवाद—देवी ने कहा—महेश्वर ! यदि यह शरीर परा का हो जाता है तो पहले बतलायी हुई (सर्वमयता की) अवस्था में किसका जप होता है ? और जप (करने वाला) कौन होता है ? ॥ १४२½ ॥

---

१. ज्ञानी का कर्म फलवान् नहीं होता, परमार्थसार में यज्ञ के दृष्टांत से इसकी पुष्टि की गयी है—

'इति युक्तिभिरपि सिद्धं यत्कर्म ज्ञानिनो न सफलं तत् ।
न ममेदमपि त्वस्यति दाढर्यतो नहि फलं लोके ॥'

—परमार्थसार, ६७

'इत्थं सकलविकल्पान् प्रतिबुद्धो भावनासमीरणतः ।
आत्मज्योतिषि दीप्ते जुह्वज्ज्योतिर्मयो भवति ॥' —वही पर ६८

ध्यायते को महानाथ पूज्यते कश्च तृप्यति ॥ १४३ ॥
हूयते कस्य वा होमो यागः कस्य च किं कथम् ।

महानाथ हे देव ! कस्य वा किमर्थम् ॥ १४३½ ॥

अनुवाद—हे महानाथ ! ध्यान किसका होता है ? पूजा किसकी होती है ? और कौन तृप्त होता है ? हवन किसका है ? होम क्या है ? और याग किसका होता है ?

व्याख्या—हे प्रभो ! जब सब एक ही होता है, तब फिर कर्ता और क्रिया एक होने से द्वैत भाव ही नहीं रहता ? ॥ १४३½ ॥

श्रीभैरव उवाच

एषात्र प्रक्रिया बाह्या स्थूलेष्वेव मृगेक्षणे ॥ १४४ ॥
भूयो भूयः परे भावे भावना भाव्यते हि या ।
जपः सोऽत्र स्वयं नादो मन्त्रात्मा जप्य ईदृशः ॥ १४५ ॥

प्रक्रिया जपादिका । परे भावे विश्वपूरणे स्वस्वभावे या भावना विमर्शना—

'अहमेव परो हंसः शिवः परमकारणम् ।'

(स्व० ४ प० श्लो० ३९५)

इत्यादिरूपा भाव्यते सम्पाद्यते ॥ १४४ ॥

स एव नादः अकृतकाहंविमर्शात्मा जपनीयो देवः । या भावना निष्पाद्यते स जपः इति अन्वयः । जप्यम् आह स्वयं नादो मन्त्रात्मा इति—

'पृथङ्मन्त्रः पृथङ्मन्त्री न सिद्ध्यति कदाचन ।'

इति न्यायात् । अत्र सूक्ष्मवस्तूपदेशमये शास्त्रे ॥ १४५ ॥

अनुवाद—भैरव बोले—'हे देवि ! यह बाह्य प्रक्रिया स्थूल के प्रति ही होती है । बारम्बार परम भाव में जो भावना की जाती है, वही यहाँ (सर्वमयी भूमिकाएँ) जप है । स्वयं नाद मन्त्रात्मा जपनीय ही होता है[1] ॥ १४४–४५ ॥

---

१. प्रस्तुत कारिका के संदर्भ में परमार्थसार की यह कारिका तुलनीय है—

समस्त भुवनावली को, तत्त्वक्रम की कल्पना को और इन्द्रिय-समूह को जो अन्तर्बोध में परिवर्तित कर देता है, वही इसका जप है—

'भुवनावलीं समस्तां तत्त्वक्रमकल्पानामथाक्षगमनम् ।
अन्तर्बोधे परिवर्तयति यत्सोऽस्य जप उदितः ॥'

—परमार्थसार-शोधनिबन्ध : श्रीमती कमला द्विवेदी, पृ० ११२ ।

व्याख्या—अहंता का विमर्श न करने वाला देवता जपनीय है, वह भी नादस्वरूप है और उससे नाद-रूप-भावना निकलती है, वह भी जप ही है। इस रूप में जप और जप्य दोनों नादरूप मंत्रात्मा होने से पृथक् नहीं रहते। इस प्रकार मंत्र और मंत्री पृथक् नहीं है। इस प्रकार यह शास्त्रोक्त वस्तूपदेश है ॥ १४४–४५ ॥

ध्यानं हि निश्चला बुद्धिर्निराकारा निराश्रया।
न तु ध्यानं शरीराक्षिमुखहस्तादिकल्पना ॥ १४६ ॥

निश्चला प्ररूढा, निराकारा नानोल्लेखशून्या, निराश्रया कन्दहृद्द्वादशान्ताद्याश्रयहीना ॥ १४६ ॥

अनुवाद—निराकार और निराश्रय बुद्धि का निश्चल होना ही ध्यान है,[1] न कि शरीर के इन्द्रिय, मुख, हस्त आदि का योग ॥ १४६ ॥

व्याख्या—निश्चल का अर्थ है—प्ररूढ़ और निराकार। वह नाम और उल्लेख से शून्य है। निराश्रय का अर्थ है—कन्द, हृदय द्वादशान्तादि आश्रय से रहित ॥१४६॥

अपरत्र बाह्योपकरणपूर्वा पूजा, अस्मिन् दर्शने तु निर्विकल्पदिव्यपदावेशात् अन्यत् न अर्चनम् इत्याह—

पूजा नाम न पुष्पाद्यैर्या मतिः क्रियते दृढा।
निर्विकल्पे परे व्योम्नि सा पूजा ह्यादरालयः ॥ १४७ ॥

महाव्योम्नि परचित्प्रकाशे, आदरात् श्रद्धाप्रकर्षात्, यो लयो विश्रान्तिः, सा यस्मात् पूजा तस्मात् पुष्पाद्यैः नाम न पूजा ॥ १४७ ॥

जप के सम्बन्ध में उल्लेखनीय है—

'संयम्येन्द्रियग्रामं प्रोच्यरेन्नादमान्तरम्।
एष एव जपः प्रोक्तो न तु बाह्यजपो जपः ॥' —जपसूत्र, पृ० ३८
'तज्जपस्तदर्थं भावनम्।' —योगसूत्र १।२८

१. प्रस्तुत कारिका के संदर्भ में परमार्थसार की यह कारिका तुलनीय है—

'विचित्र रूपों की सृष्टि ही ध्यान है।'

क्योंकि वह ईश्वर अविनाशी है, अतः ज्ञानी विचित्र रूपों की सृष्टि का ध्यान करता रहता है। जिसके परमार्थस्वरूप का आलेखन संकल्प से होता है, वही ध्यान है—

'ध्यानमनस्तमितं पुनरेव हि भगवान् विचित्ररूपापि।
सृजेति तदैव ध्यानं सङ्कल्पालिखितसत्यरूपत्वम् ॥'
—परमार्थसार, का० ७७ विशेष द्रष्टव्य—शोधनिबन्ध पृ० १११

योगसूत्रकार ने 'यथाभिमतध्यानाद्वा' (१।१४) के द्वारा ध्यान को चित्तस्थैर्य का साधन माना है।

दूसरे शास्त्रों में बाह्य उपकरणों से जो पूजा लिखी है, इस दर्शन में तो निर्विकल्प दिव्य पद के आवेश का वर्णन होने से आत्मेतर कोई अर्चना ही नहीं है, अब इसको ही निरूपित कर दिखलाते हैं—

अनुवाद—हे देवि ! पुष्पादि के द्वारा की गई पूजा का नाम 'पूजा' नहीं है। आदरपूर्वक परमाकाश में, निर्विकल्पावस्था में बुद्धि को स्थिर करना, जिससे अंतःकरणचतुष्टय का चिदाकाश में लय हो जाय, इसी का नाम 'पूजा' हैं[1] ॥ १४७ ॥

---

१. प्रस्तुत कारिका के सम्पूर्ण संदर्भ की तुलना परमार्थसार की निम्नलिखित कारिकाओं से की जा सकती है—

छत्तीस तत्त्वों से भरा हुआ, शरीर की रचना रूपी गवाक्षों से परिपूर्ण, अपना या दूसरे का शरीर अथवा घटादि ही उसके लिए देवता का घर है—

'षट्त्रिंशत्तत्त्वभूतं विग्रहरचनागवाक्षपरिपूर्णम् ।
निजमन्येदथ शरीरं घटादि वा तस्य देवगृहम् ॥'

—परमार्थसार का० ७४

और वहाँ परमात्मा महाभैरव शिव देवता, जो अपनी शक्ति से युक्त है, को आत्मपरामर्शरूप विमल द्रव्यों से पूजा करता रहता है—

'तत्र च परमात्ममहाभैरवविशदेवता स्वशक्तियताम् ।
आत्मामर्शनविमलद्रव्यैः परिपूजयन्नास्ते ॥'

—परमार्थसार, का० ७५

तुलनीय—

'यत्किञ्चिन्मानसाह्लादि यत्र क्वापीन्द्रियास्थितौ ।
योज्यते ब्रह्म तद्धाम्नि, पूजोपकरणं हि तत् ॥'

—तंत्रालोक जि० ३ आ० ४, पृ० १२२

तथा—

संकेतपद्धति ग्रन्थ में कहा गया है—

'न पूजा बाह्यपुष्पादिद्रव्यैर्या प्रथिताऽनिशम् ।
स्वे महिम्नद्वये धाम्नि सा पूजा या परा स्थितिः ॥'

श्रीमत् शंकराचार्य-विरचित मानसपूजास्तोत्र के एक श्लोक में भी किञ्चित् इसी भाव का आभास मिलता है—

'आत्मात्वं गिरजा मतिः सहचराः प्राणाः शरीरं गृहं
पूजा ते विषयोपभोगरचना निद्रा समाधिस्थितिः ।
सञ्चारः पदयोः प्रदक्षिणविधिः स्तोत्राणि सर्वागिरो
यद्यत् कर्म करोमि तत्तदखिलं शम्भो तवाराधनम् ॥'

भगवान् शंकराचार्य की इस उक्ति का मूल श्रीपूर्वआगमशास्त्र में इस प्रकार देखने में आता है—

अत्रैकतमयुक्तिस्थे योत्पद्येत दिनाद्दिनम् ।
भरिताकारता सात्र तृप्तिरत्यन्तपूर्णता ॥ १४८ ॥

एकतमयुक्तिस्थे योगिनि इति शेषः ॥ १४८ ॥

अनुवाद—यहाँ बतलायी हुई (११२) युक्तियों में से किसी एक युक्ति में संलग्न होकर (स्थित होकर) उत्तरोत्तर जो भरितावस्था, अत्यन्तपूर्णता या तृप्ति उत्पन्न होती है (वही 'पूजा' है) ॥ १४८ ॥

महाशून्यालये वह्नौ भूताक्षविषयादिकम् ।
हूयते मनसा सार्धं स होमश्चेतनास्रुचा ॥ १४९ ॥

महाशून्यस्य शून्यातिशून्यपदस्य आ समन्तात् लयो यत्र परतत्त्वात्मनि वह्नौ, तत्र भूतेन्द्रियविषयभुवनतत्त्वादिरूपं सकलं जगत्, तद्विभागकल्पना-हेतुना सह, चेतना विश्वानुसन्धात्री शक्तिरेव स्रुक् तया हूयते यत्, स होमः अग्नौ हविर्दानम् इत्यर्थः ।

'चितिः स्रुक् चित्तमाज्यम् ।'

इत्यादिश्रुतिः । स होमः स्रुक् च चेतना इति पाठान्तरम् ॥ १४९ ॥

अनुवाद—परम शून्यात्मक वह्नि में मन के साथ भूत, इन्द्रिय तथा विषय का बुद्धि स्रुच[1] से हवन ही होम है[2] ॥ १४९ ॥

'द्रवद्रव्यसमायोगात् स्नपनं तस्य जायते ।
गन्धपुष्पादिगन्धस्य ग्रहणं यजनं स्मृतम् ॥
षड्रसास्वादनं तस्य नैवेद्याय प्रजायते ।
यमेवोच्चारयेद् वर्णः स जपः परिकीर्तितः ॥'

संविदुल्लास ग्रन्थ में—

'विश्वं मूर्तिर्वैखरी नाममाला
यस्यैश्वर्यं देशकालातिलङ्घि ।
तद्भक्तानां स्वैरचारः सपर्या
स्वेच्छाशास्त्रं स्वस्वभावश्च मोक्षः ॥'

१. हवन में द्रव्य-सामग्री डालने की लकड़ी का बना हुआ चम्मच स्रुच कहा जाता है ।

२. कारिका के सम्पूर्ण संदर्भ की तुलना के लिए परमार्थसार की यह कारिका उल्लेखनीय है—

पूजा के अन्त में अग्निहोत्र होता है, वह ज्ञानी का किस प्रकार होना चाहिए—
बाहर (बाह्य) और अन्दर (अन्तर) की कल्पना रूप भेदमहाबीज के समूह को अत्यन्त प्रदीप्त अग्नि में अर्पण करने वाले उस (ज्ञानी) का होम बिना प्रयत्न के होता है ।

व्याख्या—शून्यातिशून्य अर्थात् महाकाश से भी बड़ा जो आत्मतत्त्व है, उसके भीतर सम्पूर्ण प्रकारों से लय हो जाना, उस परम तत्त्व रूप वह्नि में पंचमहाभूत, इन्द्रियाँ और इन्द्रियों के विषय, सम्पूर्ण भुवन तत्त्वादि के सहित जगत्, जो कि विभाग-कल्पना का कारण है, ऐसे मन के साथ चेतना रूप स्रुच अर्थात् विश्व का अनुसंधान करने वाली शक्ति रूप स्रुच से जो हवन किया जाता है, वही होम है। जैसा कि वेदों में कहा गया है—'चेतना स्रुच है और चित्त घी है' ॥ १४९ ॥

यागोऽत्र परमेशानि तुष्टिरानन्दलक्षणा।
क्षपणात् सर्वपापानां त्राणात् सर्वस्य पार्वति ॥ १५० ॥
रुद्रशक्तिसमावेशस्तत्क्षेत्रं भावना परा।
अन्यथा तस्य तत्त्वस्य का पूजा कश्च तृप्यति ॥ १५१ ॥

यागो देवपूजा ॥ १५० ॥

पशुप्रमातुः, रुद्रप्रमातृणां पतिरूपाणां या शक्तिः अनाश्रिताख्या तस्यां समावेशः तन्मयीभवनं तदेव क्षेत्रम् इति अन्वयः। हेतुरूपेण क्षेत्रपदं निर्वक्ति—क्षपणात् इति। तत् क्षेत्रं न पुनः कुरुक्षेत्रादि ॥ १५१ ॥

अनुवाद—हे देवि! इस शास्त्र में आनन्दलक्षणा तुष्टि ही याग है, सारे पापों को क्षय करके साधक को बचाने वाली रुद्र शक्ति का आवेश ही क्षेत्र है, जो परा भावना के नाम से कही गयी है। हे पार्वती! अन्यथा उस तत्त्व की पूजा करना क्या है और पूजा करने से तृप्त होने वाला कौन है? ॥ १५०-५१ ॥

व्याख्या—पशु-प्रमाताओं और रुद्र-प्रमाताओं की जो शक्ति है, वह अनाश्रिता के नाम से वर्णित है। उसमें तन्मयीभाव हो जाना, यही क्षेत्र शब्द का अर्थ है, क्योंकि हेतुरूप से वही क्षेत्र कुरुक्षेत्र आदि है ॥ १५०-५१ ॥

यागक्षेत्रादि किं कथम् इति देवीप्रश्नविषये आदिशब्दग्राह्यं स्नानमपि निर्दिशति—

'बहिरन्तरपरिकल्पमभेदबीजनिचयमर्पयतः ।
तस्यातिदीप्ततप्तसंविज्ज्वलने यत्नाद् विना भवति होमः ॥'

—परमार्थसार, का० ७६

विशेष द्रष्टव्य—शोधनिबन्ध-परमार्थसार : श्रीमती कमला द्विवेदी, पृ० ११० पर।

तुलनीय—

श्री भट्टवीरवामनक ने कहा है—'जिसमें द्वैत का वन ईन्धन है, मृत्यु ही महापशु है उस अलौकिक यज्ञ से नित्य हवन किया करते हैं?।'

तथा—

'महाशून्यालये वह्नौ भूताक्षविषयादिकम्।
हूयेत मनसा सार्धं, स होमः स्रुक् स चेतनम् ॥—स्वच्छन्दतन्त्र जि० १ पृ० ८७

स्वतन्त्रानन्दचिन्मात्रसारः स्वात्मा हि सर्वतः ।
आवेशनं तत्स्वरूपे स्वात्मनः स्नानमीरितम् ॥ १५२ ॥

स्वात्मस्वरूपे आवेशनमेव मुख्यं स्नानम् इति भावः ॥ १५२ ॥

'पूजा क्षेत्रादि क्या है ?'—देवी के इस प्रश्न में आदि शब्द से स्नानादि का ग्रहण है, इसीलिए स्नान क्या है, यह बतलाया जा रहा है—

अनुवाद—हे देवि ! आत्मा पूर्णतः चिन्मात्र, स्वतंत्र तथा आनन्द घन सर्वव्यापी है, ऐसी आत्मा के स्वरूप में समापत्ति ही आत्मा का स्नान माना गया है ॥ १५२ ॥

यैरेव पूज्यते द्रव्यैस्तर्प्यते वा परापरः ।
यश्चैव पूजकः सर्वः स एवैकः क्व पूजनम् ॥ १५३ ॥

यैः इति कुसुमादिभिः अलिबलिपिशितादिभिश्च । परापरः इति परादेव्या सहितः परः परमेश्वरः । अतः क्व पूजनम् ? उक्तपारमार्थिकपूजाव्यतिरेकेण न किञ्चित् अन्यत् पूजनादि इत्यर्थः ॥ १५३ ॥

अनुवाद—जिन द्रव्यों से परापर की पूजा की जाती है और पूजा करने वाला है वह एक ही है, अतः पूजा कैसी ? ॥ १५३ ॥

व्याख्या—जिन पुष्पों के द्वारा तथा मद्य-मांसादि की बलियों से पूजा की जाती है, वह परादेवी सहित परमेश्वर उन पूजाद्रव्यों से पृथक् नहीं है, तो फिर पूजन किसका किया जाय ? क्योंकि पूजा के द्रव्य भी पूजक-स्वरूप ही हैं । पूज्य-पूजक द्वैत भाव के बिना पूजा संभव नहीं है; और जब परादेवी सहित परमेश्वर एक ही आत्मा है, तब पूजा कौन करे और किसकी ? क्योंकि पूज्य-पूजक अलग नहीं है । अतः इस अवस्था में केवल उस परादेवी सहित परमेश्वर का ज्ञान प्राप्त कर लेना ही पूजा है, यही पूजक है और यही पूज्य भी है ॥ १५३ ॥

व्रजेत् प्राणो विशेज्जीव इच्छया कुटिलाकृतिः ।
दीर्घात्मा सा महादेवी परक्षेत्रं परापरा ॥ १५४ ॥
अस्यामनुचरन् तिष्ठन् महानन्दमयेऽध्वरे ।
तया देव्या समाविष्टः परं भैरवमाप्नुयात् ॥ १५५ ॥
षट् शतानि दिवा रात्रौ सहस्राण्येकविंशति ।
जपो देव्याः समुद्दिष्टः प्राणस्यान्ते सुदुर्लभः ॥ १५६ ॥

'ऊर्ध्वे प्राण' इति सकार-हकारजपात्मिकां परां देवीम् उपक्रान्ताम् 'होच्चारं मनसा कुर्वन्' इति हंसोच्चारं मनसा कुर्वन् शान्ते प्रलीयते इति

मध्ये अभिहितां, पुनः सर्वेषु श्लोकेषु चतुर्थचरणेषु फलभूतां शून्यभूमिं प्रज्ञा-पारमितां निर्विकल्पावस्थां श्लोकत्रयेण अन्ते उपसंहरति—व्रजेत्प्राण इत्यादि। प्राणः 'सः' इत्येवंरूपः प्रकाशो व्रजेत् बहिः निःसरेत्, जीवः 'अहम्' इत्येव-म्प्रकारः क्षपारूपः, प्राणस्य बहिर्निःसरणे अपानस्य अन्तःप्रवेशने जीवात्मता सम्भवति इति सम्भावनायां लिङ्। जीवस्य प्राणान्तर्वर्तित्वात्, प्राणस्य हकार-लिपिवत् कुटिलाकृतित्वात् जीवोऽपि कुटिलः, प्रत्यावृत्य अन्तःप्रवेशाभावे जीव एव न स्यात् इति अपानदशैव जीवप्रादुर्भावः इत्यतो 'विशेत् जीवः' इति उक्तम्। वक्रत्वमपि तस्य स्वतन्त्रपरमेशेच्छयैव। कुण्डलिन्या अधोमुख्याः सार्धत्रिवलयाकारत्वात् तदन्तःस्था प्राणशक्तिरपि कुटिला। प्राणान्तर्वर्ती आकाशो बालाग्रशतभागानाम् अन्तिमो भागः परमसूक्ष्मो निराकृतिः। आधार-वक्रतया आधेयस्यापि उपचारात् वक्रत्वम्, न तु तत्त्वतः इति प्राण एव कुटिलः। हृदयाकाशसंविन्मात्रात् जीवदशोद्भूतिः—

'प्राक् संवित्प्राणे परिणता।'

इति श्रुतेः। पूर्णाहंविमर्शसंविन्मात्रात् न्यूनदेहाभिमानि जीवत्वम्, महाकाशत्वे सति घटाद्याकाशोद्भूतिवत्। इडायां वामनाड्यां संवलनात्, पिङ्गलायां दक्ष-नाड्यां वलनात् प्राणशक्तेः द्विवलयाकारत्वम्। सुषुम्नाख्या मध्यनाडी तु सार्ध-मात्रात्मकत्वात् सार्धा। प्राणस्य हृदाकाशात् आरोहणेन प्राणात्मकतया 'हम्' इति, द्वादशान्तात् अवरोहणेन अपानदशया 'स' इति वर्णद्वयोत्पत्तिः। जीवस्य जीवत्वमेतद्वर्णद्वयव्यक्तभाषणेन—

'हंस-हंसेति मन्त्रेण जीवो जपति सर्वदा।'

इति, उक्तत्वात् जीव एव जपति, न तु परमेश्वरः—हंस इति मन्त्रेण न्यूनाभि-मानघटनात्, ईश्वरदशायां तु पूर्णाहन्तात्मकतया 'अहं सः, सोऽहम्, अहम् इदम्' इत्यादिविमर्शाच्छुरितत्वात् इदं त्याज्यम्, इदम् उपादेयम्, इदं मम, न इदं मम इति हान-समादानधर्मित्वात् हंसत्वम्। एवं चिदर्करश्मिविकासे दिन-प्रकाशः प्राणः, तत्सङ्कोचेन रात्रिरपानः। एवं स-हयोः धर्माधर्मयोः, दीर्घ-ह्रस्वयोः, दिनक्षपयोः, अग्नीषोमयोः मूलभूता हृदाकाशसंवित् शून्यभूमिः परा देवी विज्ञानतन्त्रे सर्वसाधारणा फलभूता निर्दिष्टा। एतस्या विततरूपत्वं दर्शा-यति 'दीर्घात्मा सा महादेवी परक्षेत्रं परापरा।' इति। सा महादेवी महदम्ब-रैकप्रकाशस्वरूपा संविद् गगनचरी प्रमातृप्रमेयप्रमाणगामिनी 'स-ह'-इति वर्ण-द्वयसत्ताप्रदा तद्विश्रान्तिभाजनं, तन्मूर्धाकाशस्थत्वात् तटस्थरूपत्वेन स्थिता तत्पार्श्वस्थान्तर्बहिष्करणविसर्गकर्त्री अजपा—अव्यपदेश्यापि सती विततता-कृतिर्भवति। तस्या एव विस्तारो द्वैतसम्पत्तिर्दिनक्षपात्मिका। सैव परं क्षेत्रं

सर्वपाशानाम् क्षपणात्, सर्वस्य त्राणात् तीर्थभूमिर्वा सा, न तु कुरुक्षेत्रादि क्षेत्रम् । इयं परापरा दशा—भेदाभेदात्मकतया अहम् इति प्राधान्येन, इदम्-इति गुणीकारेण, अर्थतः तच्छब्दास्मच्छब्दयोः अभेदः, तत्तया मत्तया निर्देशेन भेदश्च इति परापरात्वम् । स्फुटवाच्यहकार-सकारान्तर्गर्भिता परा देवी अन्तः-प्रवेशदशायां हं-कारस्य मस्तकोर्ध्वे—

'अम् इत्यनुस्वारः ।'

इति कृतलक्षणानुस्वाररूपा केवलबिन्दुतया अजप्या । एवं बहिःनिःसरण-दशायां सः-कारपार्श्वे—

'अः इति विसर्जनीयः ।'

इति कृतलक्षणविसर्जनीयात्मिका अकारं विना बिन्दुद्वयस्य अनुच्चार्यत्वात् अजपा । एवं वर्णक्रमेण अजपात्वम् । संवित्क्रमेण तु संवित्प्रकाशेन सर्वशब्द-स्फुरणम् । तत्स्फुरणं तु न केनचिदपि सम्भवति—संविदन्तराभावेन स्वप्रकाश-त्वात्, स्वप्रकाशस्य च परप्रकाशानपेक्षत्वात् प्रदीपस्य प्रदीपान्तराभाववत् । ननु जीवोऽस्ति हंसमन्त्रजीवः, तन्मन्त्रमात्रविमर्शानुसरणेन तस्य पूर्णाहंविमर्शः कथं जायते ? इति चेत् ब्रूमः—अत्राहुः महेश्वरानन्दपादाः—

'यदि निजहृदयोल्लासं निर्णेतुं नित्यनिष्कलमिच्छा ।
मध्यतुटिस्त्रुटितव्या अस्तङ्गतयोः सोमसूर्ययोस्तर्हि ।।'

इति । सोमः अपानो—हकारः सकलवेद्यवर्गपोषकत्वात्, ज्ञातृत्वात् सकारात्मा सूर्यः हङ्कार-सः कारयोः अस्तङ्गतयोः सतोः मध्यतुटिः उद्धर्तव्या-माणिक्य-मालिन्यादिवत् । सकारस्य अस्तङ्गमनं स्वहृदये विसर्जनीये हकारस्य च स्वहृदयसम्पुटीकरणलक्षणे अनुस्वारे यदा विश्रान्तिः तदा मध्यमा तुटिः—विभज्यावस्थानक्षणलक्षणो यः कालखण्डः स उत्त्रुटितव्यः, तदानीम् 'अहं सः' इति विमर्श उत्पद्यते । हंसमन्त्रश्लिष्टः अहं सः, सोऽहम् इति महामन्त्रः, स एव विमृष्टव्यः स्वात्मप्रत्यभिज्ञानोपायत्वात् ।

जयरथस्तु—स-हाभ्यां—सकार-हकाराभ्यां जातो जपः सहजोऽकृत्रिमः ।

'स-हौ क्षपादिनामानावधरोत्तरचारिणौ ।
परस्परद्वेषरतौ मत्तौ नागहुडोपमौ ।।
कस्तौ रोधयितुं शक्तो वीर्यं मुक्त्वास्वरं महत् ।'

इति । अत्र क्षपादिनामानौ इति क्षपा-दिनाभ्याम् आ समन्तात् मननं ज्ञानं ययोः इति यथाक्रममपानस्य प्राणस्य च क्षपया दिनेन च शास्त्रीयो व्यपदेशः । यदाशयेन वीरावलिकुले—

'सितासितौ दीर्घह्रस्वौ धर्माधर्मौ दिनक्षपे ।
क्षीयेते यदि तद्दीक्षा व्याप्त्या ध्यानेन योगतः ॥'

इति । शुक्लो दिनम्, कृष्णा रात्रिः । प्रकाशविकासेन दिनस्य दीर्घता, तत्सङ्कोचेन रात्रिर्ह्रस्वा । वेदोक्तविध्यधिकारबाहुल्यात् धर्मत्वं दिनस्य, रात्रेस्तु तदनधिकारात् अधर्मता । त्रयीतनुत्वं सूर्यस्यैव, न तु चन्द्रस्य । कुम्भकावस्थया प्राणापानयोः प्रशान्तिः योगिनाम् अभीष्टैव, अत एव क्षीयेते तौ इति उक्तम् । अन्यथा हि वृथायुर्हरणम् अनवरतजन्ममरणप्रवाहकारणं विदध्याताम् । श्रुतिस्मृतिषु तु दिनक्षपयोः श्वत्वेन निर्देशः कृतः, मृत्युदूतत्वात् आयुर्हरणात् जनहिंसकत्वाच्च । तथा च ब्राह्मणम्—

'एतौ वै यमश्वौ यमस्य श्वानौ यदहोरात्रे ताविदं
मनुष्याहरणावन्तःप्राणप्रवेशेनोपसृजन्तौ प्रवहतः ॥'

इति । तथा यमसूक्तं च—

'यौ ते श्वानौ यम रक्षितारौ चतुरक्षौ पथिरक्षी नृचक्षसौ ।
ताभ्यामेनं परिदेहि राजन् स्वस्ति चास्मा अनमीवं च देहि ॥
उदनसावसुतृपा उदुम्बलौ यमस्य दूतौ चरतो जनाँ अनु ।
तावस्मभ्यं दृशये सूर्याय पुनर्दातामसुमद्येह भद्रम् ॥'

चतुरक्षौ चतुरपरिवर्तिनौ–दिनात् अनन्तरं रात्रिः तस्या अनन्तरं दिवसः इति, एवम् अविच्छिन्नपरिवर्तिनौ इत्यर्थः । शकन्ध्वादिवत् चतुरक्षौ इति रूपम्, चतुरं निपुणं चक्रभ्रमणं ययोः तौ इति विग्रहः, चक्रवाचकौ हि अक्षशब्दः, चक्रेण परिवर्तनं लक्ष्यते, चतुरचक्रौ—

श्वानौ द्वौ श्यावशबलौ वैवस्वतकुलोद्भवौ ।
ताभ्यां पिण्डं प्रदास्यामि स्यातां मे तावहिंसकौ ॥'

क्षेमराज (उद्योत टी.)	स्वच्छन्दतन्त्र सं० मधुसूदन कौल, काश्मीर संस्कृत ग्रन्थावली भाग १ : १९२१, भाग २ : १९२३, भाग ३ : १९२६, भाग ४ : १९२९, भाग ५ : १९३०, भाग ५ बी : ११३३, भाग ६ : १९३५
—	ज्ञानार्णव आनन्द आश्रम, पूना १९१२

S. N. Sankar.

जौहरी प्रिन्टर्स. वाराणसी

विज्ञान भैरव

व्रजवल्लभ द्विवेदी

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivedi (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

विज्ञानभैरवः

अन्वयार्थ-रहस्यार्थव्याख्याद्वय (संस्कृत-हिन्दी) संबलितः

व्याख्याकारः

व्रजवल्लभद्विवेदः

सांख्ययोगतन्त्रविभागे

संपूर्णानन्दसंस्कृतविश्वविद्यालये

विभागाध्यक्षचर आचार्यश्च

वाराणसी

मोतीलाल बनारसीदास

दिल्ली :: वाराणसी :: पटना :: मद्रास

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

© मोतीलाल बनारसीदास

भारतीय संस्कृत व साहित्य के प्रमुख प्रकाशक एवं विक्रेता

मुख्य कार्यालय : बंगलो रोड, जवाहरनगर, दिल्ली–७

शाखाएँ : • चौक, वाराणसी–१ (उ० प्र०)

• अशोक राजपथ, पटना–४ (बिहार)

• ६, अप्परस्वामि कोयिल स्ट्रीट्, मद्रास–४

प्रथम संस्करण : वाराणसी, १९७८

द्वितीय संस्करण : वाराणसी, १९८४

मूल्य : रु० [illegible] जिल्द

[illegible] जिल्द

श्री नरेन्द्र प्रकाश जैन, मोतीलाल बनारसीदास, बंगलो रोड,
जवाहरनगर, दिल्ली–७ द्वारा प्रकाशित तथा
वर्द्धमान मुद्रणालय, जवाहरनगर कॉलोनी, वाराणसी द्वारा मुद्रित ।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

आशीर्वचन

स्वामी मुक्तानन्द

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)



स्वामी मुक्तानन्द

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

आशीर्वचन

सदियों से भारत जगत् का आध्यात्मिक गुरु रहा है। आज भी भारत से अन्य देशों में आध्यात्मिकता का प्रसार हो रहा है। भारत की आध्यात्मिकता परम्परागत है और सदा अबाधित रही है। इस परम्परा में तंत्रशास्त्र का विशिष्ट और सर्वोच्च स्थान है क्योंकि अध्यात्म के अन्तिम लक्ष्य के स्वरूप और अनुभव का ज्ञान तथा उसको प्राप्त कराने वाले उपायों और प्रक्रियाओं की जानकारी उसमें मिलती है। आजकल देश-विदेश में शांति और सत्य की खोज करने वाले लोगों में तंत्रशास्त्र के प्रति रुचि बढ़ रही है किन्तु दुर्भाग्य से इस महत्त्वपूर्ण शास्त्र को गलत समझकर कुछ व्यक्ति गुरु बन बैठे हैं, तंत्र सिखाते हैं और तंत्र के बारे में पुस्तकें भी लिखते हैं। इससे अध्यात्म-जगत् के जिज्ञासुओं की बड़ी हानि हो रही है। वे तंत्रशास्त्र के रहस्यमय यौगिक उपायों के सच्चे ज्ञान से वंचित हो रहे हैं। ऐसी स्थिति में तांत्रिक शैवदर्शन की योगपद्धति के वास्तविक स्वरूप को समझानेवाले प्रामाणिक एवं प्राचीन ग्रंथों का व्याख्या-सहित प्रकाशन अत्यन्त आवश्यक हो गया है। अतः यह अति आनन्द का विषय है कि शैवागम के दुर्लभ ग्रंथ 'विज्ञान भैरव' का हिन्दी-व्याख्या के साथ प्रकाशन हो रहा है।

वस्तुतः कश्मीर के तन्त्र 'शैवागम' का दर्शन सर्वोत्कृष्ट है। उसके अनुसार यह सारा जगत् असत्य या मिथ्या नहीं है किन्तु चित् शक्ति का ही विलास है। अतः यह चेतन है, शिव है, भैरव है और शिव-शक्ति का सामरस्य रूप परम तत्त्व है। चित् शक्ति अपनी परम स्वतन्त्रता से अपने में से ही नानाविध जगत् की रचना करती है और उसमें अनुस्यूत होकर रहती है। अतः जड़ और चेतन वही है, ग्राहक और ग्राह्य भी वही है। एक में से अनेक और अनेक में से एक होने की उसमें सामर्थ्य है।

मानव में भी यही शक्ति निहित है किन्तु अन्तर में क्रियाशील न होने से वह इससे अनभिज्ञ है। इसी शक्ति को जगाना तन्त्रशास्त्र का उद्देश्य है। जब तक शक्ति जागृत नहीं होती है तब तक मानव 'शक्तिदरिद्रः ससारी' है। किन्तु अपनी शक्ति का विकास होते ही वह शिव ही बन जाता है। शक्ति जागृत करने के अनेक उपाय हैं। उनमें श्रेष्ठ उपाय 'गुरुकृपा' है। गुरु की कृपा से शक्ति का जागरण सरल हो जाता है और भैरव समावेश से व्यापक शिवावस्था प्राप्त होती है। यह मानव का अपना चिदात्म स्वरूप है। इस अवस्था में वह अनुभव कर लेता है कि गुरु और शिष्य, पूजक और पूज्य, साधक और साध्य, द्रष्टा और दृश्य वह स्वयं है और योग की अनेक अनुभूतियां सब कुछ एक परम शिव या भैरव ही है। इस प्रकार उसकी भेद में भी अभेद दृष्टि रहती है, जैसा कि 'विज्ञान-भैरव' में कहा गया है––

'ग्राह्यग्राहकसंवित्तिः सामान्या सर्वदेहिनाम्
योगिनां तु विशेषोऽयं सम्बन्धे सावधानता।'

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

यही तो सब तन्त्रों का सार है, शैवागम की दृष्टि है, अनुपाय की प्रक्रिया है जिसका उपदेश इस ग्रन्थ में भैरवरूप शिव जी ने भैरवी देवी को दिया है। अतः 'विज्ञान भैरव' शिवोपनिषद् है, मन्त्रतुल्य है, शैवमतावलम्बियों के लिए परमादरणीय और प्रमाणरूप है।

इस दर्शन के विद्वान् श्री द्विवेदीजी ने विज्ञान भैरव की जो जनता सुलभ सरल हिन्दी व्याख्या की है इसके लिये मैं उनको धन्यवाद देता हूं।

इस दिशा में मोतीलाल बनारसीदास ग्रंथप्रकाशन का जो कार्य कर रहे हैं वह प्रशंसनीय है और उनका भी स्वागत करता हूं। ऐसे ग्रन्थों की व्याख्या केवल हिन्दी में ही नहीं, विज्ञानवादी जगत् के लिए अंग्रेजी में भी परम आवश्यक है। तन्त्रालोक, ग्रन्थ भी व्याख्यासहित जनता को उपलब्ध हो, ऐसी मेरी हार्दिक कामना है। इस कार्य में विद्वज्जन अवश्य ध्यान देंगे, ऐसी आशा है। तन्त्र के इस पुनरुत्थान में सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं अन्य सहयोगियों का परिश्रम तथा समय-दान अवश्य फलीभूत होगा। यह जनसेवा और शास्त्र-सेवा ही नहीं, भैरव-सेवा है जिससे शिवजी का प्रसाद प्राप्त होगा और शिवशक्तिपातरूप भगवती कृपा को आकर्षित करने वाली सेवा तपस्या रूप होगी। इति आशीर्वाद।

गुरुदेव सिद्धपीठ
गणेशपुरी (थाणा)

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

संस्कृत एवं संस्कृति के उन्नायक
विद्वानों के परम अनुरागी
डॉ० मर्रि चेन्ना रेड्डी के
करकमलों में सादर
समर्पित

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

विषय-सूची

उपोद्घात १–४९

प्रस्तुत संस्करण—पृ० २, ग्रन्थ का स्वरूप—३, ग्रन्थ और व्याख्याकारों का काल—४, विज्ञानभैरव क्या है ?—५, परमतत्त्व विषयक प्रश्न—७-१२ (शब्दराशिमय–८, नवात्मा–९, त्रिशिरोभैरव–९, शक्तित्रयात्मक–९, नादबिन्दुमय–९, प्रणवकलामय–१०, चक्रारूढ या अनच्क–११, शक्तिस्वरूप–१२), परमतत्त्व का स्वरूप—१३, धारणाओं का वर्गीकरण—१४, त्रिविध उपाय और समावेश—१५-२० (आणव उपाय—१५, शाक्त उपाय—१७, शाम्भव उपाय—१८, त्रिविध समावेश—१८), अनुपाय प्रक्रिया—१९, प्राणशक्ति या प्राणकुण्डलिनी–२०, सुषुम्णा (मध्यधाम)—२१, मध्यविकास—२२, द्वादशआधार—२३, द्वादशान्त—२४, प्राण और अपान—२५, प्राणायाम—२८, क्षोभ—२८, विकल्प—२९, अपोहन—२९, विज्ञान—३० शून्य—३०, शून्यषट्क—३१, योगशास्त्र क्या है ?—३२, षडंग योग—३३, योगवासिष्ठ—३५, विज्ञानभैरव का मुख्य तात्पर्य—३६, योगशास्त्र का भविष्य—३७, कृतज्ञता ज्ञापन—४४ ।

द्वितीय संस्करण ४६

विज्ञानभैरव एवं व्याख्या १–१७६

अनुबन्ध-चतुष्टय १

प्रश्नोत्तरतत्त्वनिर्णय ३

ग्रन्थोपक्रम (ग्रन्थावतार) ६

परमतत्त्व विषयक आठ प्रश्न ९

परादि शक्तित्रय विषयक प्रश्न १२

सकल स्वरूप की असारता १५

परमतत्त्व के निष्कल स्वरूप की परमार्थता १७

शिव-शक्ति के स्वरूप का निर्णय १९

परावस्था की प्राप्ति का उपाय क्या है ? २२

क्रमशः ११२ धारणाओं का उपदेश २४

प्राणापान विषयक प्रथम धारणा के षड्विध अर्थ २५

अष्टविध प्राणायाम २९

नाद (शब्दब्रह्म) भावना ४२

प्रणव-पिण्डमन्त्र भावना ४३

शून्य भावना ५०

षडध्व की भावना ५९

मध्यभावना ६५

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

प्राणायामविवेचन	७२
सुखभावना	७७
क्रमदर्शन की मुद्राएँ	८६
तिमिरभावना	९५
अनुत्तर (अकार) तत्त्व विवेचन	९९
माया, कला, इच्छा प्रभृति का विवेचन	१०४
अहंभाव (विश्वात्मता)	११२
जाग्रदादि चार अवस्थाएँ तथा त्रिविध शरीर	११७
प्रत्यभिज्ञा के द्विविध स्वरूप	११९
सप्तविध समाधि	१२४
भक्ति विवेचन	१२९
शुद्धि और अशुद्धि का स्वरूप	१३१
शून्यता का विवेचन	१३७
भैरव के स्वरूप का निरूपण	१४०
शून्य के स्वरूप का वर्णन	१४४
बन्ध और मोक्ष की व्यवस्था	१४६
जीवन्मुक्ति का विवेचन	१५०
पिण्ड का विवेचन	१५२
जप-पूजा-होम आदि के संबन्ध में देवी का प्रश्न	१५७
जप-ध्यान-पूजा-तर्पण-होम-याग-क्षेत्र-स्नान आदि का परमार्थ स्वरूप	१५९
अजपा जप-विधि	१६७
ग्रन्थ की फलश्रुति	१७४
श्लोकार्धानुक्रमणी	१७७–१८१
ग्रन्थग्रन्थकार-मतमतान्तरसूची	१८२–१८६
शब्दानुक्रमणी	१८७–१९८

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

उपोद्घात

श्रद्धेय गुरुचरण श्रीगोपीनाथ कविराजजी को योगशास्त्र के तीन ग्रन्थ परम प्रिय थे। ये हैं—पातंजल योगसूत्र का व्यास-भाष्य, विज्ञानभैरव और विरूपाक्षपंचाशिका[1]। उनके यहाँ इन ग्रन्थों का बार-बार पाठ होता था। इन ग्रन्थों में से व्यास-भाष्य के अनेक संस्करण और अनुवाद प्रकाशित हो चुके हैं। योगशास्त्र के पाठकों के समक्ष आज यह विज्ञानभैरव का संस्करण अन्वयार्था नाम की संक्षिप्त संकलित संस्कृत व्याख्या और रहस्यार्था नाम की विस्तृत हिन्दी टीका के साथ प्रस्तुत किया जा रहा है। अभिनवगुप्त ने इस ग्रन्थ को [2]आगम, [3]शिव-विज्ञानोपनिषद् और [4]रुद्रयामलसार के नाम से उद्धृत किया है। अभिनवगुप्त रचित परमार्थ-सार के टीकाकार [5]योगराज ने इसको शैवोपनिषद् कह कर उद्धृत किया है। [6]अमृतानन्द योगी इसको विज्ञानभैरवभट्टारक और [7]महेश्वरानन्द विज्ञानभट्टारक के नाम से स्मरण करते हैं। अद्वयसम्पत्तिकार वामननाथ, स्पन्दप्रदीपिकाकार उत्पल वैष्णव, अभिनवगुप्त के प्रमुख शिष्य स्वच्छन्दतन्त्र, नेत्रतन्त्र प्रभृति ग्रन्थों के टीकाकार क्षेमराज प्रभृति विद्वानों ने बड़े आदर

---

१. विद्याचक्रवर्ती कृत विवृति के साथ यह ग्रन्थ पहले (ई० १९१० में) त्रिवेन्द्रम् संस्कृत ग्रन्थमाला में प्रकाशित हुआ था, जो कि अब उपलब्ध नहीं होता। इस ग्रन्थ पर अत्यन्त अनुराग होने के कारण ही श्रद्धेय कविराजजी ने तन्त्रसंग्रह के प्रथम भाग के प्रथम ग्रन्थ के रूप में इसको पुनः प्रकाशित कराके सुलभ बना दिया है। यह ध्यान देने की बात है कि शिवपुराण की छठी कैलाससंहिता (१९।४४) में यह ग्रन्थ उद्धृत है।

२. ई० प्र० वि० वि०, भा० १, पृ० २८७; भा० २, पृ० २१४, ४२७।

३. वहीं, भा० २, पृ० ४०५।

४. वहीं, भा० ३, पृ० २८५; इस ग्रन्थ के प्रथम श्लोक में 'रुद्रयामल' शब्द आया है और ग्रन्थ के अन्त में १६०वें श्लोक में देवी कहती है कि आज मैंने रुद्रयामल तन्त्र के सार को समझ लिया है। इसीलिये इस ग्रन्थ को 'रुद्रयामलसार' नाम दे दिया गया, ऐसा प्रतीत होता है। परात्रिंशिका के अन्त में भी रुद्रयामल शब्द आया है। रुद्रयामल तन्त्र का नाम नित्याषोडशिकार्णव (४।५९) में स्पष्ट उल्लिखित है। टीकाकारों के अनुसार १।१५ और ४।६२ में भी इसी ग्रन्थ का उल्लेख है। यह एक अत्यन्त महत्त्वपूर्ण प्राचीन तान्त्रिक ग्रन्थ है। प्राचीन मातृकाओं के आधार पर इसके समालोचनात्मक संस्करण की अत्यन्त आवश्यकता है। तभी परात्रिंशिका, विज्ञानभैरव, नित्याषोडशिकार्णव प्रभृति ग्रन्थों के साथ इस ग्रन्थ का तुलनात्मक अनुशीलन किया जा सकता है।

५. परमार्थसारटीका, योगराज कृत, पृ० १४८, १५१।

६. योगिनीहृदयदीपिका में अनेक स्थलों पर।

७. महार्थमंजरी की परिमल व्याख्या में अनेक स्थलों पर।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

के साथ प्रमाण के रूप में इसको उद्धृत किया है। इस प्रकार यह ग्रन्थ योगशास्त्र एवं आगमशास्त्र का एक उज्ज्वल रत्न है। इसकी प्रतिपाद्य विषयवस्तु का संक्षिप्त परिचय प्रथम श्लोक की व्याख्या में तन्त्रावतार शीर्षक के अन्ततंत (पृ० ६-७) दिया गया है। यहाँ सर्वप्रथम प्रस्तुत संस्करण के सम्बन्ध में कुछ कह देना आवश्यक है।

प्रस्तुत संस्करण

काश्मीर ग्रन्थमाला के ८-९ ग्रन्थांक के रूप में दो टीकाओं के साथ इस ग्रन्थ का प्रकाशन संवत् १९७५ में श्रीनगर से हुआ था। इनमें से प्रथम टीका (विवृति) शिवोपाध्याय की और दूसरी (विज्ञानकौमुदी) भट्ट आनन्द की है। क्षेमराज ने भी विज्ञानोद्योत नाम की व्याख्या इस पर लिखी थी। महेश्वरानन्द ने महार्थमंजरी की स्वोपज्ञ परिमल टीका (पृ० १४६-१४७) में इसका उल्लेख किया है, किन्तु आज यह उपलब्ध नहीं होती। शिवोपाध्याय की विवृति के [1]अन्तिम श्लोकों (पृ० १४३) से मालूम होता है कि उनके समय में १ से २४ श्लोक तक की ही क्षेमराज की व्याख्या उपलब्ध थी। इससे आगे के ग्रन्थ की कागज या भूर्जपत्र पर लिखी हुई कोई पुस्तक उनको नहीं मिली। कालरूपी घुन ने उसको चाट लिया अथवा वह अग्नि को समर्पित कर दी गई, इस बात को तो भगवान् ही जानते हैं। विज्ञानोद्योत के इस उपलब्ध अंश को शिवोपाध्याय की व्याख्या में सम्मिलित कर लिया गया है और उक्त संस्करण के पृ० १६ पर लिखा गया है कि अब इसके आगे शिवोपाध्याय की विवृति आरम्भ होती है। वस्तुतः इस वाक्य को प० २१ पर होना चाहिये था, जहाँ से कि २५वें श्लोक की व्याख्या प्रारम्भ होती है, क्योंकि शिवोपाध्याय के ही कथन के अनुसार 'ऊर्ध्वे प्राणः' इस चौबीसवें श्लोक तक की व्याख्या क्षेमराज की कृति है।

इस तरह से श्रीनगर संस्करण में इस ग्रन्थ की तीन टीकाओं का समावेश है।[2] क्षेमराज ने स्पन्दनिर्णय प्रभृति ग्रन्थों में विज्ञानभैरव के श्लोकों को उद्धृत कर उनकी व्याख्या की है। शिवोपाध्याय की व्याख्या में उन अंशों का भी उचित समावेश मिलता है। इससे ऐसी प्रतीति होने लगती है कि शिवोपाध्याय के समय में भी विज्ञानोद्योत विद्यमान था।

हमने अपने संस्करण को प्रस्तुत करने में मुख्य सहायता इसी संस्करण से ली है। खेद है कि भाषा की अनभिज्ञता के कारण हम इस ग्रन्थ के फ्रेंच संस्करण से कोई सहायता न ले सके। जैसा कि पहले कहा गया है विज्ञानभैरव के श्लोक प्रमाण के रूप में अनेक ग्रन्थों

---

१. श्रुतं देव मयेत्यादिप्रश्नग्रन्थार्थबन्धनम्।
ऊर्ध्वे प्राणादिपद्यान्तं क्षेमराजकृतं शुभम्॥
ततः परमुपाध्यायकुशकाशावलम्बनम्।
यद्वृत्तिग्रन्थकाकलपुस्तकं हस्तगोचरम्॥
भूर्जात्मकं वा नायातं जग्धं कालघुणेन तत्।
दग्धं वा वह्निना च्छिन्नमत्र साक्षी महेश्वरः॥

२. विमर्शदीपिका के सम्बन्ध में आगे पृ० ३१ की १ टिप्पणी देखिये।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

में उद्धृत हैं और कुछ स्थलों पर उनकी प्रकारणानुकूल व्याख्या भी की गई है। लगभग आधे से अधिक श्लोक इस तरह के मिलते हैं। इन सभी स्थलों का टिप्पणियों में उल्लेख कर दिया गया है। पाठ-भेद के संकलन में और दोनों व्याख्याओं में भी इन उद्धरणों से और उद्धृत स्थलों से आवश्यक सहायता ली गई है।

संस्कृत की अन्वयार्था टीका में उक्त तीनों व्याख्याओं से सरलतम पंक्तियों को चुनकर और आवश्यकता के अनुसार उनमें नाममात्र का परिवर्तन कर अन्वय के अनुसार सजो कर रखा गया है, जिससे कि श्लोक का अर्थ सरलता से समझा जा सके। कुछ विवादास्पद स्थलों में टीकाओं के परस्पर विरोधी विचारों में समन्वय स्थापित करने का भी प्रयास किया गया है।

रहस्यार्था टीका का प्रधान आधार क्षेमराज और शिवोपाध्याय की व्याख्या है। कुछ श्लोकों के निगूढ अभिप्राय का इनमें विस्तार से वर्णन किया गया है। इन श्लोकों को उद्धृत करने वाले आचार्यों ने भी इनके अन्तस्तल में प्रविष्ट होने का प्रयत्न किया है। इन सबकी सहायता से राष्ट्रभाषा हिन्दी में इन श्लोकों के छिपे अभिप्राय को प्रकट करने का प्रयत्न किया गया है। इसीलिये इसका नाम रहस्यार्था रखा गया है।

पाठ-संकलन में शिवोपाध्याय के पाठ को 'क' संकेत से और भट्ट आनन्द के पाठ को 'ख' संकेत से दिखाया गया है। जिन स्थलों में यहाँ के श्लोक उद्धृत हैं, उनसे भी पाठ-संकलन किया गया है। इनके संकेत के रूप में उस उस ग्रन्थ का प्रथम अक्षर लिया गया है। पाठ-संकलन की टिप्पणियों में देवनागरी अंकों का और अन्य टिप्पणियों में रोमन अकों का उपयोग हुआ है। पाठ-संकलन के बाद पास में ही स्थल निर्देश वाली टिप्पणियाँ दी गई हैं, जिससे कि उक्त स्थल का पाठ-संकलन किस-किस ग्रन्थ से किया गया है, इसको जानने में सुविधा हो।

प्रायः प्रत्येक दर्शन और सम्प्रदाय के अपने पारिभाषिक शब्द होते हैं। उस उस दर्शन और सम्प्रदाय के विषय में लिखते समय इन शब्दों का प्रयोग अनिवार्य रूप से करना पड़ता है। प्रयोग-स्थल में ही इनके अभिप्राय को समझाने का प्रयत्न किया जाय तो इससे भाषा के प्रवाह में बाधा पड़ती है। अतः ऐसे पारिभाषिक शब्दों के अभिप्राय को स्पष्ट करने के लिये यहाँ पर्याप्त मात्रा में टिप्पणियों का उपयोग किया गया है। यदि पाठकों का इससे कुछ भी लाभ हुआ तो यह सारा प्रयत्न सार्थक माना जायगा।

ग्रन्थ का स्वरूप

शिवोपाध्याय की टीका के अनुसार इस ग्रन्थ में १६३ और भट्ट आनन्द की टीका के अनुसार १६१ श्लोक हैं। भट्ट आनन्द की टीका में ७७ संख्या के बाद के श्लोक में ७९ संख्या लगा दी गई है। इस तरह से भट्ट आनन्द ने वस्तुतः १६० श्लोकों की ही व्याख्या की है। शिवोपाध्याय के ४४वें श्लोक के उत्तरार्ध और ४५वें श्लोक के पूर्वार्ध की, ८४वें और १४४वें श्लोक की व्याख्या भट्ट आनन्द ने नहीं की। यह उचित भी है, क्योंकि 'निस्तरङ्गोप०'

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

(श्लोक १३६) प्रभृति श्लोक में धारणाओं की संख्या ११२ बताई गई है। यह निश्चित संख्या भट्ट आनन्द की व्याख्या के अनुसार ही पूरी होती है। शिवोपाध्याय की व्याख्या में इनकी संख्या बढ़ गई है। अतः प्रस्तुत संस्करण में उक्त तीनों श्लोकों का समावेश नहीं किया गया है। इस तरह से यहां श्लोकों की संख्या १६० ही होनी चाहिये, किन्तु हैं १६१ श्लोक। इसका कारण यह है कि १५३वें श्लोक में 'सकारेण' इस पंक्ति का समावेश क्षेमराज द्वारा शिवसूत्रविमर्शिनी में उद्धृत वचन के अनुसार किया गया है। श्लोकों का क्रम भी उस उद्धरण के अनुसार ही रखा गया है। इन सभी छोटी-मोटी बातों का विवरण पाठ-संकलन वाली टिप्पणियों में देखना चाहिये।

ग्रन्थ और व्याख्याकारों का काल

विज्ञानभैरव प्रश्न-प्रतिवचनात्मक शैली में लिखा गया एक आगम ग्रन्थ है[1]। प्रश्न देवी अथवा भैरवी करती है और उसका उत्तर भगवान् भैरव देते हैं। इस तरह से इस ग्रन्थ का प्रादुर्भाव रुद्रयामल भाव से, शिव और शक्ति के सामरस्य से होता है। प्रथम श्लोक की व्याख्या में इस पर पर्याप्त प्रकाश डाला गया है। ग्रन्थ के अन्तिम श्लोक के अनुसार इसमें रुद्रयामल तन्त्र का सार संगृहीत है। रुद्रयामल तन्त्र का प्राचीन स्वरूप आज उपलब्ध नहीं है, अतः उसके प्रादुर्भाव के काल के सम्बन्ध में हम कुछ भी कहने की स्थिति में नहीं हैं। विज्ञानभैरव का प्राचीनतम उल्लेख वामननाथ के अद्वयसम्पत्तिवार्त्तिक में मिलता है। संवित्प्रकाश आदि ग्रन्थों के रचयिता वामनदत्त और वामननाथ अभिन्न व्यक्ति हैं। इनके सम्बन्ध में हम लुप्तागमसंग्रह के द्वितीय भाग के [2]उपोद्घात में विस्तार से विचार करेंगे। [3]'कश्मीरेतिहासः' नामक ग्रन्थ की समालोचना में हमने बताया है कि कश्मीर के प्रसिद्ध आलंकारिक आचार्य तन्त्रशास्त्र के भी मर्मज्ञ विद्वान् रहे हैं। उसी परम्परा को यदि स्वीकार किया जाय तो हम आलंकारिक वामन को अद्वयसम्पत्तिकार वामननाथ से अभिन्न मान सकते हैं। आलंकारिक वामनाचार्य को कश्मीर के राजा जयापीड (७७९-८१३ ई०) के मन्त्री वामन से अभिन्न माना जाता है। अद्वयसम्पत्तिकार को भी उनसे अभिन्न मान लेने पर ई० आठवीं शताब्दी के अन्त तक विज्ञानभैरव का प्रादुर्भाव हो चुका था, ऐसा मान लेने में कोई बाधा नहीं प्रतीत होती।

आधुनिक इतिहासज्ञ कश्मीर के आगम ग्रन्थों के आविर्भाव का काल ई० सातवीं-आठवीं शताब्दी में ही मानते हैं। 'जलस्येवोर्मयः' (श्लो० १०८) इत्यादि श्लोक की व्याख्या में शिवोपाध्याय ने ईश्वरप्रत्यभिज्ञाकारिका के आधार पर विज्ञानभैरव की दो धारणाओं की रचना की बात कही है। इस कथन का खण्डन हम वहीं कर चुके हैं। ईश्वरप्रत्यभिज्ञा के रचयिता भट्ट उत्पल हैं। इनका समय ई० नवीं शताब्दी का अन्तिम भाग और दसवीं शताब्दी

---

१. काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की मातृकाओं (पृ० २२०, ७६६) में सिद्धयोगीश्वर इस ग्रन्थ के प्रवक्ता माने गये हैं।

२. यह उपोद्घात अब प्रकाशित हो चुका है। पृ० ६५-६६ देखिये।

३. द्रष्टव्य—सारस्वती सुषमा, व० २८, अ० १, पृ० ७२-७३, संवत् २०३०।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

का प्रारम्भिक भाग माना गया है। विज्ञानभैरव को भट्ट उत्पल का परवर्ती ग्रन्थ कथमपि नहीं माना जा सकता।

'नोर्ध्वे ध्यानं प्रयुञ्जीत' (८।४१-४४) प्रभृति नेत्रतन्त्र के और 'न सक्तमिह चेष्टासु' (उप० ६९।२-७) प्रभृति योगवाशिष्ठ के श्लोकों में विज्ञानभैरव उपदिष्ट कुछ स्थूल भावनाओं का निषेध है। इससे विज्ञानभैरव का प्रादुर्भाव इन दोनों ग्रन्थों से पहले हुआ, ऐसा कहा जा सकता है।

व्याख्याकारों में से क्षेमराज के सम्बन्ध में पर्याप्त लिखा जा चुका है[1]। उसको यहाँ दुहराने की आवश्यकता नहीं है। भट्ट आनन्द और शिवोपाध्याय भी कश्मीर के ही निवासी हैं। इनके संबन्ध में कुछ अधिक ज्ञात नहीं होता। भट्ट आनन्द ने अपनी टीका के [2]अन्त में (पृ० ६३) ग्रन्थ की समाप्ति का काल कलि संवत् ४७७४ की चैत्र प्रतिपदा बताया है। सं० २०३४ के आरंभ में कलियुग के ५०७८ वर्ष बीत चुके हैं। तदनुसार भट्ट आनन्द ने आज से ३०४ वर्ष पूर्व, अर्थात् वि० १७३० में अपनी टीका समाप्त की थी। इस तरह से ई० १७वीं शताब्दी के अन्तिम भाग में उनकी स्थिति माननी चाहिये।

शिवोपाध्याय की स्थिति अठारहवीं शताब्दी में[3] मानी गई गई है। ये कौशिक गोत्र के थे और सुन्दरकण्ठ[4] के शिष्य थे। कश्मीर[5] के राजा सुखजीवन के राज्यकाल में इन्होंने इस व्याख्या को पूरा किया था। इसके अतिरिक्त इनके अनेक ग्रन्थ उपलब्ध होते हैं। जैसे कि— परमार्थसारसंग्रहटीका, बहुरूपगर्भटीका, उपनयनतन्त्र, विद्यामन्त्रप्रकरण, पञ्चायतनपद्धति, कूष्माण्डभाष्य, उचिवाहविधितन्त्र। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की प्रवेश सूचियों में हमें ये नाम उपलब्ध हुए हैं। इनकी परीक्षा अपेक्षित है।

विज्ञानभैरव क्या है ?

यहाँ स्वाभाविक प्रश्न उठता है कि यह विज्ञानभैरव क्या है ? इस ग्रन्थ का यह नाम क्यों रखा गया ? क्षेमराज के विज्ञानोद्योत के मंगल श्लोक में इनका उत्तर मिलता है। वहाँ विज्ञानभैरव का स्वरूप इस तरह से बताया गया है—

---

१. इस प्रसंग में लुप्तागमसंग्रह द्वितीय भाग उपोद्घात (पृ० ७, टि० २) देखिये।

२. वेदसप्तर्षिवेदान्त्ययुगाब्दमधुपक्षतौ।
विज्ञानकौमुदीमेतां भट्टानन्दो व्यकासयत्॥

३. द्रष्टव्य—श्रीजगदीशचन्द्र चटर्जी कृत काश्मीर शैविज्म, पृ० ३८, सन् १९६२ संस्करण।

४. द्रष्टव्य—शिवोपाध्याय कृत विवृति, पृ० १४३-१४४।

५. सुखजीवनाभिधाने रक्षति काश्मीरमण्डले नृपतौ।
अगमन्निःशेषत्वं विज्ञानोद्योतसंग्रहः सुगमः॥ (पृ० १४४)

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

भीरूणामभयप्रदो भवभयाक्रन्दस्य हेतुस्ततो
हृद्धाम्नि प्रथितश्च भीरवरुचामीशोऽन्तकस्यान्तकः ।
भीरं वायति यः स्वयोगिनिवहस्तस्य प्रभुर्भैरवो
विश्वस्मिन् भरणादिकृद् विजयते विज्ञानरूपः परः ॥

अभिनवगुप्त ने तन्त्रालोक (१।९५-१००) में बृहस्पतिपाद कृत शिवतनुशास्त्र के श्लोकों को उद्धृत कर बताया है कि इनमें अन्वर्थ नामों से भगवान् भैरव की स्तुति की गई है। 'भया सर्वं रवयति' (श्लो० १२७) इस श्लोक और उसकी व्याख्या में भी 'भैरव' पद का विश्लेषण किया गया है। इन सब का अभिप्राय यह है कि भैरव इस विश्व का भरण, रवण और वमन करने वाला है। वह इस संसार का भरण-पोषण करता है, सृष्टि और संहार करता है। ऐसा करके वह स्वयं भी पुष्ट होता है, [1]प्रसन्न होता है। यह संसारी जीवों को अभय-दान करने वाला है। संसारी जीवों के आक्रन्द (छटपटाहट) का कारण भी यही है और त्राहि-त्राहि पुकारने वाले भक्त जनों के हृदय में प्रकट होकर उनका उद्धार भी यही करता है, अर्थात् निग्रह और अनुग्रह ये दोनों भगवान् भैरव के ही व्यापार हैं। इसीलिये यह पंचकृत्यकारी कहलाता है। यह काल का भी काल है। इसीलिये इसको कालभैरव कहते हैं। यह कालवंचक योगियों के चित्त में समाधि दशा में स्फुरित होता है और अज्ञानी जीवों के हृदय में भी बाह्य और आन्तर इन्द्रियों (करणों) की अधिष्ठात्री देवियों (खेचरी, गोचरी, दिक्चरी और भूचरी) के रूप में, जो कि संविद्देवीचक के नाम से प्रसिद्ध हैं, प्रकट होता है। भगवान् का यह स्वरूप महाभयानक है और परम सौम्य भी।

यह भैरव विज्ञानस्वरूप है, बोधात्मक है, चिदात्मक है। सभी स्थानों में, बाह्य और आन्तर सभी पदार्थों में भावस्वभाव (सत्स्वभाव) विज्ञानात्मा का भान (ज्ञान) विवेकहीन सामान्य जन को भी होता है। 'मैं जानता हूँ, मैं करता हूँ' इस तरह के अहंविमर्श की प्रतीति सभी को होती है। ये सारे विमर्श भैरवविमर्श से भिन्न नहीं हैं, इसलिये ये सारे विमर्श एक ही हैं। विज्ञानात्मा भैरव से भिन्न और कुछ भी नहीं है। घट-पट आदि के ज्ञान का कोई आधार नहीं है, क्योंकि विज्ञानभैरव से भिन्न घट-पट, चक्षु, आलोक (प्रकाश), इन्द्रिय प्रभृति की कोई वास्तविक सत्ता नहीं है। ये सब कुछ भ्रमात्मक हैं, माया के कारण उत्पन्न हैं, अत एव विकल्प-स्वरूप हैं, क्योंकि विज्ञान के अतिरिक्त अन्य किसी पदार्थ की वास्तविक सत्ता नहीं है।

---

१. जगच्चित्रं समालिख्य स्वेच्छातूलिकयात्मनि।
स्वयमेव समालोक्य प्रीणाति भगवान् शिवः ॥
योगिनीहृदयदीपिका (पृ० ६४) में उद्धृत इस वचन में बताया गया है कि भगवान् शिव की अपनी इच्छा (स्वातन्त्र्य शक्ति) ही तूलिका है। इस तूलिका से वह इस संसार को ही अपने में चित्रित करते हैं। चित्रित करने के बाद वह स्वयं ही इसको देख कर प्रसन्न होते हैं।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

इस तरह से अन्ततः सब कुछ चिन्मात्र, विज्ञानात्मक ही सिद्ध होता है। इस चिदात्मक विज्ञान के अतिरिक्त अन्य किसी की भी वास्तविक सत्ता नहीं है। यह चिदात्मक विज्ञान चींटी से लेकर सदाशिव पर्यन्त सभी जीवों में समान रूप से विद्यमान है। इसलिए सभी पदार्थ सर्वात्मक माने जाते हैं। व्याख्या में स्थान-स्थान पर इस सर्वात्मकता का प्रतिपादन किया गया है।

नील, सुख प्रभृति बाह्य अथवा आन्तर भावों में चक्षु, मन प्रभृति बाह्य अथवा आन्तर इन्द्रियों के माध्यम से सर्वत्र वह विज्ञानभैरव ही, परभैरव स्वरूप परमेश्वर का चित्प्रकाश ही अभिव्यक्त होता है। यदि इसको विज्ञान (चैतन्य) से अतिरिक्त माना जाय तो इसकी चेत्यता, अर्थात् ज्ञानविषयता भी नहीं बन सकेगी, ये ज्ञान के विषय भी न हो सकेंगे। दर्पण में प्रतिबिम्बित हो रहे नाना प्रकार के आभास जैसे दर्पणमात्र स्वभाव हैं, दर्पण के अतिरिक्त इनकी कोई सत्ता नहीं है, दर्पण के कारण ही इनकी प्रतीति होती है, उसी तरह से प्रकाशात्मक शिव में स्थित चैतन्यमात्र स्वभाव ही यह सारा जगत् है, प्रकाशात्मक चैतन्य से अतिरिक्त इसकी कोई सत्ता नहीं है, चैतन्य (विज्ञान) के कारण ही यह भासित हो रहा है। जैसे घनीभूत प्रकाश ही सूर्यमंडल है, उसी तरह से घनीभूत चिच्छक्ति ही जगत् के रूप में भासित होने लगती है। इसका अभिप्राय यह है कि जैसे घनीभूत (जमा हुआ) घृत अथवा हिम (बर्फ) ही पिघल कर तरल बन जाता है, उसी तरह से घनीभूत चिच्छक्ति ही जगत् का रूप धारण कर लेती है। तरल पदार्थ जैसे घन द्रव्य से भिन्न नहीं है, उसी तरह से यह जगत् भी उस चिच्छक्ति (विज्ञानभैरव) से अतिरिक्त नहीं है। बौद्ध दर्शन के विज्ञान से यह विज्ञान इस रूप में भिन्न है कि यह क्षणिक नहीं है और न ज्ञेय-शून्य ही है, क्योंकि घट-पट प्रभृति सभी ज्ञेय पदार्थों में भाव-स्वभाव विज्ञानभैरव का स्वरूप अनुवृत्त रहता है।

इस प्रकार हम कह सकते हैं कि 'विज्ञानभैरव' पद प्रकाश-विमर्शात्मक शिव और शक्ति के सामरस्य का बोधक है। इस परमार्थ स्थिति तक पहुँचाने के लिये प्रस्तुत ग्रन्थ में ११२ धारणाओं का उपदेश किया गया है, अतः ग्रन्थ का नाम भी विज्ञानभैरव रख दिया जाय, यह सर्वथा उचित ही है।

परम तत्त्व विषयक प्रश्न

विज्ञानभैरव ही वस्तुतः परम तत्त्व है, इस बात को स्वीकार करके ही प्रस्तुत ग्रन्थ का आरंभ होता है। देवी का संशय भैरव के स्वरूप को लेकर उठता है कि उसका वास्तविक स्वरूप क्या है? देवी भगवान् शिव के सामने [1]आठ विकल्प उपस्थित करती है और पूछती है

१. 'चक्रारूढमनच्कं वा' यहाँ दो अलग-अलग विकल्प मानने पर प्रश्नों की संख्या ९ हो जाती है। किन्तु शिव ने आठ ही विकल्पों का निषेध किया है, अतः प्रश्न भी आठ ही माने जाने चाहिये। आधार कुण्डलिनी और प्राण कुण्डलिनी दोनों ही चक्रारूढ तत्त्व हैं, अतः इनको एक ही मानना उचित है। अनच्क पद से प्राण कुण्डलिनी के पृथक् उल्लेख की गतार्थता ब्राह्मणवशिष्ठ न्याय से की जा सकती है। ब्राह्मणों को निमन्त्रित किया

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

कि इनमें से विज्ञानभैरव का वास्तविक स्वरूप क्या है ? भगवान् शिव इन सभी स्वरूपों को नकार जाते हैं। इन प्रश्नों के सामान्य स्वरूप का विश्लेषण व्याख्या में कर दिया गया है। अतः यहाँ उन प्रश्नों से संबद्ध कुछ विशिष्ट विषयों पर ही विचार किया जायगा। ऐसा प्रतीत होता है कि इन प्रश्नों के माध्यम से तत्कालीन विभिन्न आगम शास्त्रों में प्रचलित परम तत्त्व के विभिन्न स्वरूपों पर प्रकाश डाला गया है।

१. शब्दराशिमय

[1]कुलदर्शन में, जिसकी व्याख्या शाम्भव उपाय के नाम से तन्त्रावलोक के तृतीय आह्निक में विस्तार से की गई है, अनुत्तर तत्त्व से ही सारी सृष्टि का उन्मेष माना गया है। अनुत्तर (अकार) तत्त्व से ही स्वर-व्यंजनात्मक मातृका की और उससे सारे जगत् की सृष्टि होती है। अकार को अकुल कहा जाता है और विसर्ग है कौलिकी शक्ति। इस कौलिकी शक्ति से और इसकी अष्ट मातृका रूप कलाओं से यह सारा जगत् व्याप्त है। यह अकुल तत्त्व शब्दब्रह्म स्वरूप है। परा, पश्यन्ती, मध्यमा और वैखरी वाणी के क्रम से शब्द और अर्थ के रूप में यही भासित होता है। इस प्रकार पहले प्रश्न के [2]शब्दराशिमय शब्द से कुल दर्शन और व्याकरण दर्शन की पार्श्व भूमि में विकसित सभी संप्रदायों का ग्रहण किया जा सकता है।

गया तो उसमें वशिष्ठ को भी निमन्त्रण मिल ही गया। अलग से वशिष्ठ के नाम लेने का अभिप्राय उनकी महत्ता में है। इसी तरह से यहाँ अनच्क पद का पृथक् उल्लेख प्राण कुण्डलिनी के महत्त्व का सूचक है।

१. शिवोपाध्याय ने ८९ वें श्लोक की व्याख्या (पृ० ८०-८१) में कुलदर्शन का संक्षिप्त परिचय दिया है। तदनुसार अनुत्तर अकार अकुल तत्त्व और विसर्ग कौलिकी शक्ति है। इसी को शिवबिन्दु भी कहते हैं। इस शिवबिन्दु रूप विसर्ग से ही सारे जगत् की सृष्टि होती है। इस विषय को तन्त्रालोक में ही देखना चाहिये। प्रस्तुत ग्रन्थ में ६५ और ६६ संख्या की धारणाएँ कुलदर्शन पर, विशेष कर अनुत्तर अकार पर आधृत हैं। अकार को चतुष्कल भट्टारक कहा जाता है। रौद्री, वामा, ज्येष्ठा, अम्बा ये अकार की चार कलाएँ हैं। महानयप्रकाश (पृ० २९-३०) में संकेतपद्धति के आधार पर इनका वर्णन मिलता है। संकेतपद्धति के ये श्लोक अर्थरत्नावली (पृ० ३५), योगिनीहृदयदीपिका (पृ० १७०) प्रभृति अनेक ग्रन्थों में उद्धृत हैं। यहाँ (पृ० ९८) भी इसका एक श्लोक देखा जा सकता है।

२. स्वच्छन्दतन्त्र (भा० १, पृ० ६) की व्याख्या में क्षेमराज ने अह् प्रत्याहार स्वरूप मातृका चक्र को भगवान् शब्दराशि के नाम से सम्बोधित किया है, क्योंकि इसी के गर्भ में सारे संसार के समस्त शास्त्र विद्यमान हैं। सभी शास्त्र इन्हीं की सहायता से प्रगट होते हैं (अकारहकारप्रत्याहारात्मा गर्भीकृताशेषविश्वसमग्रशास्त्रप्रसरप्रथमाङ्कुररूपो भगवान् शब्दराशिः)।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

२. नवात्मा

नेत्रतन्त्र में नवात्म मन्त्रराज (मृत्युंजय भट्टारक) को ही परम तत्त्व माना गया है। योगिनीहृदयदीपिका (पृ० २५७) में भी स्वच्छन्दसंग्रह नामक ग्रन्थ के प्रमाण पर नवात्म मन्त्र का उद्धार किया गया है। तन्त्रालोककार (१।१११) ने और उसके टीकाकार जयरथ ने ब्राह्मी प्रभृति आठ मातृकाओं के मध्यवर्ती भैरव स्वरूप को नवात्मा बताया है। अन्यत्र [1]वामा प्रभृति शक्तियों के स्वरूप श्रीचक्र को नवात्मा कहा गया है। महानयप्रकाश के टीकाकार शितिकण्ठ ने श्रुति[2] के वचन को उद्धृत कर नवात्मस्वरूप महार्थ (परम तत्त्व) की व्याख्या की है। दूसरे प्रश्न में इन्हीं में से किसी नवात्मस्वरूप की चर्चा माननी चाहिये।

३. त्रिशिरोभैरव

त्रिशिरोभैरव तो निश्चित ही इसी नाम के तन्त्र के द्वारा प्रतिपादित परम तत्त्व है। इस ग्रन्थ का उल्लेख तन्त्रालोक और उसकी टीका में अनेक स्थलों पर हुआ है।

४. शक्तित्रयात्मक

नर-शक्ति-शिवात्मक तत्त्वत्रय का नेत्रतन्त्र के २१वें अधिकार में वर्णन मिलता है और परा-परापरा-अपरात्मक शक्तित्रय का प्रत्यभिज्ञा दर्शन के ग्रन्थों में। परा प्रभृति शक्तियों का वर्णन तन्त्रालोक में भी मिलता है और स्वयं विज्ञानभैरव में भी। इसकी व्याख्या पृ० १२-१३ पर देखी जा सकती है। इच्छा-ज्ञान-क्रियात्मक अथवा मातृ-मान-मेयात्मक शक्तित्रय का प्रतिपादन त्रिपुरा सम्प्रदाय के ग्रन्थों में मिलता है। देवी के इस चौथे प्रश्न का सम्बन्ध इन्हीं में से किसी सम्प्रदाय से हो सकता है।

५. नादबिन्दुमय

पाँचवाँ प्रश्न नाद और बिन्दु के सम्बन्ध में किया गया है। प्रपंचसार, शारदातिलक, रत्नत्रय प्रभृति ग्रन्थों में नाद और बिन्दु को शिव और शक्ति से उसी तरह से अभिन्न माना गया है, जैसे कि प्रकाश और विमर्शात्मक शिव तथा शक्ति से शब्द और अर्थ को अभिन्न माना जाता है। शास्त्रों की नादरूपता के सम्बन्ध में पृ० ७ पर एक टिप्पणी दी गई है। प्रणव की १२ मात्राओं में भी बिन्दु और नाद की स्थिति है। नादभट्टारक[3] और प्राणशक्ति के नदन व्यापार की भी ग्रन्थ में यथास्थान चर्चा हुई है। आगम और तन्त्र की विभिन्न शाखाओं

---

१. द्रष्टव्य—नित्याषोडशिकार्णव, उपोद्घात, पृ० ९१-९२।

२. स एव नवात्मेति व्यवहृतः। तथा च श्रुतौ—"सावित्रनाचिकेतचातुर्होत्रिकमन्त्रोपधान-क्रमेण अधश्चिति-मध्यमचिति-उत्तमचितिभिश्च तस्य चयनस्य शिरसा अंसद्वयेन पक्षद्वयेन श्रोणिद्वयेन पुच्छेन च—इत्यष्टानां मध्यगो नवम आत्मा उपधातव्यः" (पृ० १८)। इस श्रुति का स्थल अन्वेषणीय है।

३. नादभट्टारक, मन्त्रभट्टारक, विज्ञानभैरवभट्टारक, मृत्युञ्जयभट्टारक प्रभृति में प्रयुक्त भट्टारक शब्द अतिशय आदर का सूचक है।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

में नाद और बिन्दु की अपनी-अपनी व्याख्याएँ हैं। नादकारिका[१] में नाद को मालिनी, महामाया, समना, अनाहत बिन्दु, अघोषा वाक्, ब्रह्मकुण्डलिनी बताया है। त्रिपुरा दर्शन[२] में भगवती त्रिपुरसुन्दरी के निष्कल स्वरूप की स्थिति महाबिन्दु में मानी गई है। नाद और बिन्दु शब्द के प्रसंग में नित्याषोडशिकार्णव के उपोद्घात (पृ० ६३ और ९३) में हमने कुछ लिखा है। इस विषय पर भविष्य में विस्तृत विवेचन करने का हमारा विचार है[३]। प्रस्तुत प्रश्न में पूछा गया है कि क्या यह परम तत्त्व नाद-बिन्दुमय है ?

६. प्रणवकलामय

छठा प्रश्न अर्धचन्द्र, निरोधिका (निरोधिनी) प्रभृति से सम्बद्ध है। प्रणव की १२ कलाओं के प्रसंग में इनका ग्रन्थ में जहाँ-तहाँ उल्लेख हुआ है। प्रणव की १२ कलाओं का विवेचन स्वच्छन्दतन्त्र (४।२५४-२८६) में एकादशपदिका के प्रकरण में और नेत्रतन्त्र के २१वें अधिकार (पृ० २८५-२९६) में भी मिलता है। इनमें से बिन्दु से लेकर उन्मना पर्यन्त ९ कलाओं का प्रणव के समान कामकला प्रभृति बीजाक्षरों, नवात्म प्रभृति पिण्ड[४] मन्त्रों तथा ह्रींकार (शाक्त प्रणव), हूँकार (शैव प्रणव) प्रभृति बीज मन्त्रों के उच्चारण में भी होता है। योगिनीहृदय के 'दीपाकारोऽर्धमात्रश्च' से लेकर 'तथोत्मनी। निराकारा'[५] (१।२८-३५) पर्यन्त श्लोकों में इनका आकार, स्वरूप, उच्चारण काल और स्थान वर्णित है। योगिनीहृदय के आधार पर यह विषय वरिवस्यारहस्य में भी प्रतिपादित है। इस ग्रन्थ के अडयार संस्करण के अन्त में दिये गये एक चित्र में इनके आकार को दिखाया गया है।

योगिनीहृदय के अनुसार **बिन्दु** का स्वरूप दीपक के समान प्रभास्वर है। ललाट में गोल बिंदी के रूप में इसकी भावना की जाती है और इसका उच्चारण काल [६]अर्धमात्रा है।

---

१. "सिद्धो नादः परसुमङ्गला मालिनी महामाया। समनाऽनाहतबिन्दुरघोषा वाग् ब्रह्मकुण्डलिनीतत्त्वम्॥ विद्याख्यं चेत्युक्तस्तैस्तैः शब्दैस्तदागमेष्वित्थम्।" शतरत्नसंग्रह (पृ० ४०) में नादकारिका के नाम से उद्धृत ये पंक्तियाँ अष्टप्रकरण में मुद्रित नादकारिका में उपलब्ध नहीं होतीं। इसके लिये लु० सं० उपोद्घात (पृ० १३९, टि० १) देखिये।

२. द्रष्टव्य—योगिनीहृदयदीपिका (१।२७-२८)।

३. लु० सं० उपोद्घात (पृ० १३९-१४३) मूल एवं टिप्पणियों में नाद और बिन्दु विषयक सामग्री देखिये।

४. पिण्ड मन्त्र, बीज मन्त्र आदि के परिचय के लिये नित्याषोडशिकार्णव का उपोद्घात (पृ० ६९, टि० २) द्रष्टव्य।

५. योगिनीहृदय में प्रथम पटल के ३४वें श्लोक के बाद 'निराकारा महाबिन्दौ तदूर्ध्वं शून्य एव च' इस श्लोकार्ध की स्थिति मानी जानी चाहिये। दीपिका में इसकी व्याख्या मिलती है।

६. 'अर्धमात्रास्थिता' (१।७४) प्रभृति दुर्गा सप्तशती के श्लोक की व्याख्या (गुप्तवती) में भास्करराय ने—"अनुच्चार्या अर्धचन्द्रनिरोधिन्यादिष्वन्यष्टकरूपा" ऐसा कह कर अर्धमात्रा में ही इन सबकी स्थिति मानी है।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

ह्रस्व स्वर का उच्चारण काल 'मात्रा' कहलाता है। इसका आधा काल **बिन्दु** के उच्चारण में लगता है। **अर्धचन्द्र** का आकार बिन्दु के आधे भाग के जैसा होता है। दीपक के समान प्रभास्वर स्वरूप के अर्धचन्द्र की भावना बिन्दुस्थान ललाट में ही कुछ ऊपर की ओर की जाती है। इसका उच्चारण काल मात्रा का चतुर्थ भाग है। **निरोधिका** (निरोधिनी) का आकार तिकोना है। यह चांदनी के समान चमकता है। इसका उच्चारण काल मात्रा का आठवाँ भाग है। उज्ज्वल मणि के समान कान्ति वाले **नाद** का आकार दो बिन्दु और उसके बीच में खिची सीधी रेखा के समान है। इसका उच्चारण काल मात्रा का सोलहवाँ भाग है। विद्युत् के समान कान्ति वाले **नादान्त** का आकार हल सरीखा है और इसकी बायीं तरफ एक बिन्दु रहता है। इसका उच्चारण काल मात्रा का बत्तीसवाँ भाग है। दो बिन्दुओं में से बायें बिन्दु से एक सीधी स्थिर रेखा खींचने पर **शक्ति** की आकृति बनती है। **व्यापिका** (व्यापिनी) का आकार बिन्दु के ऊपर बने त्रिकोण का सा है। एक सीधी रेखा के ऊपर और नीचे बिन्दु बैठा देने से **समना** का और एक बिन्दु के ऊपर सीधी रेखा खींचने से **उन्मना** का आकार बनता है। शक्ति से लेकर समना पर्यन्त कलाओं का स्वरूप द्वादश आदित्यों के एक साथ उदित होने पर उत्पन्न हुए प्रकाश के समान है। शक्ति का उच्चारण काल मात्रा का ६४वाँ भाग, व्यापिका का १२८वाँ भाग, समना का २५६वाँ भाग और उन्मना[1] का ५१२वाँ भाग होता है। अन्य आचार्यों के मत से उन्मनी कला मन से अतीत[2] होती है। अतः इसका कोई आकार नहीं होता। विज्ञानभैरव के ४२वें श्लोक में 'शून्या' शब्द से उन्मनी का ही ग्रहण किया गया है।

७. चक्रारूढ या अनच्क

सातवाँ प्रश्न है कि वह परम तत्त्व चक्रारूढ है या अनच्क ? सार्धत्रिवलय भुजगाकार कुलात्मिका कुण्डलिनी मूलाधार में सोई रहती है। जाग्रत् होने पर यह सुषुम्णा मार्ग से षट्-चक्रों का भेदन कर सहस्रार स्थित अकुल चक्र में विराजमान शिव के साथ सामरस्य लाभ

१. द्रष्टव्य—पं० श्रीगोपीनाथ कविराज कृत 'तान्त्रिक वाङ्मय में शाक्त दृष्टि' (पृ० ३०८)। योगिनीहृदय के टीकाकारों में यहाँ मतभेद है। भास्करराय ने समना और उन्मना का भी उच्चारण काल मात्रा का २५६वाँ भाग ही माना है। अमृतानन्द ने उन्मना को निराकारा, अर्थात् निरुच्चारा माना है। यह उचित नहीं प्रतीत होता, क्योंकि प्रस्तुत स्थल में सकल, सकल-निष्कल और निष्कल स्वरूपों का वर्णन है। उन्मना पर्यन्त सकल-निष्कल स्वरूप है और यहाँ उन्मना का आकार भी वर्णित है। जब आकार वर्णित है, तो उसका उच्चारण काल भी होना ही चाहिये और प्रकरण के अनुसार उन्मना का उच्चारण काल समना से अधिक सूक्ष्म होना चाहिये। उन्मना में मन की स्थिति नहीं रहती, ऐसा मानना भी उचित नहीं है। वस्तुतः उन्मना में मन का लय हो जाता है, इसीलिए उसको उन्मना कहते हैं। हमारे मत से 'मनोन्मन्यास्तथोन्मनी' इस पद का सम्बन्ध निराकार (निष्कल) महाबिन्दु से होना चाहिये।

२. द्रष्टव्य—तान्त्रिक वाङ्मय में शाक्त दृष्टि, पृ० ३०८।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

करती है। तन्त्र और योगशास्त्र के सभी पाठक षट्चक्रों और उनमें विद्यमान वर्णों की स्थिति से परिचित हैं। पूर्णानन्द के षट्चक्रनिरूपण में और सौन्दर्यलहरी की लक्ष्मीधरा टीका में इनका विशद विवेचन मिलता है। नाडीचक्र प्रभृति षट्चक्रों का निरूपण नेत्रतन्त्र (७।२८-२९) में भी है। किन्तु विज्ञानभैरव में इनकी कोई चर्चा नहीं है। इनके स्थान पर यहाँ बारह चक्रों या क्रमों की चर्चा आई है। इस विषय पर आगे विचार किया जायगा।

इन चक्रों की मूलाधार या हृदय से लेकर द्वादशान्त पर्यन्त भावना की जाती है। मूलाधार में जैसे कुण्डलिनी का निवास है, उसी तरह से हृदय में भी सार्धत्रिवलया प्राण-कुण्डलिनी रहती है। मध्यनाडी सुषुम्णा के भीतर चिदाकाश (बोधगगन) रूप शून्य का निवास है। उससे प्राणशक्ति निकलती है। इसी को अनच्क कला भी कहते हैं। इसमें अनच्क (अच् =स्वर से रहित) हकार का निरन्तर नदन होता रहता है। यह नादभैरव की उन्मेष दशा है, जिससे कि प्राणकुण्डलिनी की गति ऊर्ध्वोन्मुख होती है, जो श्वास-प्रश्वास, प्राण-अपान की गति की भी कारण स्वरूप है और जहाँ इनकी एकता का अनुसन्धान किया जा सकता है। मध्यनाडी स्थित बिना क्रम के स्वाभाविक रूप से उच्चरित होने वाली यह प्राणशक्ति ही अनच्क कला कहलाती है। अजपा जप में इसी का स्फुरण होता है। प्राण और अपान व्यापार से भिन्न, श्वास-प्रश्वास प्रक्रिया से अलग, स्वाभाविक रूप से निरन्तर चल रहे प्राण (हृदय) के स्पन्दन व्यापार (धड़कन) को ही यहाँ अनच्क कला कहा गया है। स्पन्दकारिका में प्रतिपादित स्पन्द तत्त्व यही है। वामननाथ ने भी इसका वर्णन किया है। (पृ० १०१)। नेत्रतन्त्र (सप्तम अधिकार) में सूक्ष्म उपाय के प्रसंग में प्राण-चार के नाम से इसकी व्याख्या की गई है। इस तरह से सातवें प्रश्न का अभिप्राय यह है कि क्या परम तत्त्व का स्वरूप मूलाधार या हृदय में स्थित कुण्डलिनी शक्ति से अभिन्न है ?

८. शक्तिस्वरूप

आठवाँ और अन्तिम प्रश्न है कि क्या यह तत्त्व शक्तिस्वरूप है ? शिवदृष्टि की टीका (पृ० ९४) में उत्पल ने शक्तिपारम्यवादी स्वयूथ्य (अपने गोल के) संप्रदाय का उल्लेख किया है। उनके मत से संवित्स्वरूपा शक्ति ही परम तत्त्व है। इस संप्रदाय में यह परम शक्ति ही शिव को शास्त्रों का उपदेश करती है।[1] क्रमदर्शन में शक्ति को ही परम तत्त्व माना गया है। क्रमदर्शन के आगम ग्रन्थ शक्ति के द्वारा शिव को उपदिष्ट हैं। प्रस्तुत अन्तिम प्रश्न में इसी शक्ति के संबन्ध में पूछा गया है कि क्या यही परम तत्त्व है।

ऊपर शक्ति के परा, परापरा और अपरा ये तीन भेद बताये गये हैं। इनके संबन्ध

---

१. शाक्त उपाय के प्रतिपादक शास्त्र को क्रम दर्शन कहा गया है। अनेक स्थानों पर इसकी चर्चा हो चुकी है। ७६ वें श्लोक की व्याख्या में इस पर पर्याप्त प्रकाश डाला गया है। ५३-५८ धारणाएँ क्रम दर्शन का अनुवर्तन करती हैं।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

में भी देवी पुनः प्रश्न करती है कि परापर और अपरा का [1]सकल स्वरूप बन सकता है, किन्तु परा देवी को भी यदि सकल (साकार) माना जायगा तो उसका परत्व ही नष्ट हो जायगा। अतः परा का स्वरूप निष्कल (निराकार) ही मानना पड़ेगा और जब यह निष्कल है, तब पूजा, ध्यान आदि की स्थिति कैसे बन सकेगी ? क्योंकि पूजा आदि तो सकल स्वरूप की ही की जा सकती है ?

परम तत्त्व का स्वरूप

इन प्रश्नों के उत्तर में भगवान् शिव कहते हैं कि इन्द्रजाल या माया से निर्मित अथवा स्वप्न में देखी गई वस्तु की जैसे कोई वास्तविक सत्ता नहीं है, उसी तरह से भगवान् के सकल स्वरूप की भी कोई सत्ता नहीं है। मिथ्या आडम्बर में रुचि रखने वाले अज्ञानी जीवों के लिये ही शास्त्रों में सकल स्वरूप वर्णित है। भगवान् शिव ऊपर वर्णित सभी स्वरूपों को नकार देते हैं और कहते हैं कि अज्ञानी जीवों को गलत रास्ते पर जाने से रोकने के लिये शास्त्रों में सकल स्वरूप का वर्णन किया गया है। भगवान् के निष्कल स्वरूप का वर्णन नहीं हो सकता। यह तो निर्विकल्प बोधस्वरूप है। केवल स्वानुभवगम्य है। यह सारा विश्व उसी का विलास है। ऐसी स्थिति में उससे भिन्न किसी की परमार्थ सत्ता न होने से कौन किसकी पूजा करेगा और कौन किस पर अनुग्रह करेगा ? भगवान् भैरव का यह परमार्थ स्वरूप ही परा देवी का निष्कल-स्वरूप है। अग्नि और उसकी दाहक शक्ति जैसे अलग-अलग नहीं है, उसी तरह से बोधभैरव और उसकी परा शक्ति भी अलग अलग नहीं है। जैसे दाहक शक्ति की सहायता से अग्नि की पहचान हो जाती है, उसी तरह से परा शक्ति की सहायता से शिव को भी पहचाना जा सकता है। शिव की यह परा शक्ति शिव तक पहुँचने का मुख (द्वार) है। जैसे मुख को देखकर व्यक्ति पहचाना जाता है, उसी तरह से परा शक्ति की सहायता से शिव का स्वरूप पहचान में आता है। जैसे दीपक या सूर्य के प्रकाश से हमको दिशाओं का ज्ञान होता है, उसी तरह से [2]शक्ति से शिव का ज्ञान होता है।

भगवान् भैरव के इतना कहने पर देवी उनके द्वारा प्रतिपादित परम तत्त्व की प्राप्ति का उपाय पूछती है कि किन उपायों का सहारा लेकर परा देवी की सहायता से उस परम

---

१. यावदुच्चार्यते वाचा यावल्लेख्येऽपि तिष्ठति।
तावत् स सकलो ज्ञेयो निष्कलो भेदवर्जितः॥
स्वच्छन्दतन्त्र (७।२३८-२३९) के इस श्लोक में बताया गया है कि जब तक इसका उच्चारण किया जा सकता है और जब तक इसको लिखा जा सकता है, या चित्रित किया जा सकता है, तभी तक यह सकल रहता है। निष्कल स्वरूप भेदातीत है। इसका अभिप्राय यह है कि सकल स्वरूप ही भेदातीत स्थिति में पहुँच कर निष्कल हो जाता है।

२. शिव और शक्ति के स्वरूप के संबन्ध में ग्रन्थ की व्याख्या करते समय पर्याप्त लिखा जा चुका है। अब यहाँ उसको दोहराने की आवश्यकता नहीं है।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

तत्त्व तक पहुँचा जा सकता है ? इसके उत्तर में भगवान् शिव ११२ धारणाओं का उपदेश करते हैं ।

धारणाओं का वर्गीकरण

११२ धारणाओं को विज्ञानभैरव (श्लोक ११६) में 'निस्तरंग उपदेश' के नाम से कहा गया है । इनके लिये धारणा शब्द का प्रयोग भट्ट आनन्द ने किया है । उन्होंने धारणा शब्द का अर्थ कहीं नहीं दिया । दर्शन ग्रन्थों में इस शब्द के अनेक तरह के अर्थ किये गये हैं । सर्वदर्शनसंग्रह में अन्य अर्थों के साथ एक अर्थ यह भी दिया है कि [1]नाभिचक्र, हृदय पुण्डरीक, नासाग्र प्रभृति आध्यात्मिक स्थानों में, हिरण्यगर्भ, इन्द्र, प्रजापति प्रभृति इष्ट देवों के सकल स्वरूप में अथवा बाह्य देश में अन्य सभी विषयों से हटाकर चित्त को स्थिर करना ही धारणा कहलाती है । विज्ञानभैरव की धारणाओं में इस लक्षण की पूरी संगति बैठती है ।

प्रत्यभिज्ञा दर्शन में स्वात्मस्वरूप की प्रत्यभिज्ञा (पहचान) के लिये चार उपाय वर्णित हैं । ये हैं—आणव, शाक्त, शाम्भव उपाय और चौथा अनुपाय । टीकाकारों ने प्रायः सभी धारणाओं का इन्हीं चार उपायों में समावेश किया है । वास्तव में देखा जाय तो इसमें प्रायः सभी पूर्ववर्ती यौगिक पद्धतियों का सुन्दर संग्रह किया गया है । भगवद्गीता और त्रिपिटकों में प्रतिपादित प्राणापान[2] प्रक्रिया आदि का, [3]शून्यवाद और [4]विज्ञानवाद का, [5]कुल और [6]क्रम दर्शन में प्रकाशित योग विधियों का ही नहीं, [7]शब्दयोग, [8]नादयोग, [9]हठयोग में प्रदर्शित विधियों का ही नहीं, अपितु [10]बालकों की चक्करघानी, [11]क्रान्तिकारियों की सी सहन-

---

१. "नाभिचक्र-हृदयपुण्डरीक-नासाग्रादावाध्यात्मिके हिरण्यगर्भ-वासव-प्रजापतिप्रभृतिके बाह्ये वा देशे चित्तस्य विषयान्तरपरिहारेण स्थिरीकरणं धारणा" (आनन्दाश्रम संस्करण, पृ० १४०) ।

२. धारणा संख्या १-४, २८-२९, ४१ देखिये ।

३. धारणा संख्या २०-२३,३४,६४,६७,७७,९४,९६ द्रष्टव्य ।

४. धारणा संख्या ७४ देखिये ।

५. धारणा संख्या ६५-६६ द्रष्टव्य ।

६. धारणा संख्या ५३-५८ देखिये ।

७. धारणा संख्या १७-१८ देखिये ।

८. धारणा संख्या १५-१६, १९ द्रष्टव्य ।

९. धारणा संख्या ३,८, १३-१४, ५२,८८ द्रष्टव्य ।

१०. धारणा संख्या ८६ देखिये ।

११. धारणा संख्या ६८ द्रष्टव्य ।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

शक्ति की परीक्षा, [1]अद्भुत, [2]भयानक, [3]आनन्द दायक स्थितियाँ, [4]तिमिर भावना, [5]चलासन प्रभृति में भी धारणा को स्थिर करने की बात यहाँ कही गई है और बताया गया है कि इनमें से किसी एक भी धारणा में मन को स्थिर करने पर व्यक्ति जीवन्मुक्त हो जाता है। जीवन्मुक्ति से अभिप्राय यहाँ विश्वाहन्ता के विकास से है। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि विज्ञानभैरव भारतीय मनीषा के द्वारा बटोरी गई सभी उत्कृष्ट मणियों का एक उज्ज्वल संग्रह है। यहाँ हम सबसे पहले उपाय-चतुष्टय का परिचय प्रस्तुत करते हैं।

त्रिविध उपाय और समावेश

उच्चारकरणध्यानवर्णस्थानप्रकल्पनैः ।
यो भवेत् स समावेशः सम्यगाणव उच्यते ।।
उच्चाररहितं वस्तु चेतसैव विचिन्तयन् ।
यं समावेशमाप्नोति शाक्तः सोऽत्राभिधीयते ।।
अकिञ्चिच्चिन्तकस्यैव गुरुणा प्रतिबोधतः ।
जायते यः समावेशः शाम्भवोऽसावुदाहृतः ।।

मालिनीविजय तन्त्र (२।२१-२३) के इन तीन श्लोकों में संक्षेप में आणव, शाक्त और शाम्भव उपाय तथा उनकी सहायता से प्राप्त होने वाली त्रिविध समावेश (समाधि) दशाओं का वर्णन किया गया है। अभिनवगुप्त ने तन्त्रालोक में तृतीय से लेकर द्वादश आह्निक तक अत्यन्त विस्तार से और तन्त्रसार (पृ० १०-११४) में अपेक्षाकृत कम विस्तार से, महेश्वरानन्द ने महार्थमंजरी की चार कारिकाओं (५६-५९) तथा उनकी परिमल व्याख्या (पृ० १३८-१५३) में संक्षेप में इस विषय को समझाया है। इन्हीं ग्रन्थों के आधार पर ऊपर के श्लोकों की व्याख्या करते हुए हम यहाँ इनका अत्यन्त संक्षिप्त परिचय देते हैं।

आणव उपाय

उच्चार, करण, ध्यान, वर्ण और स्थान-कल्पना का अभ्यास आणव उपाय है। इनमें से किसी एक के अभ्यास से प्राप्त होने वाली एकाग्रता को आणव समावेश दशा कहते हैं।

अणु अर्थात् परिमित प्रमाता परिमित स्वरूप वाले बुद्धि, प्राण, देह, देश, प्रभृति को उपाय के रूप में स्वीकार करता है, इसलिये इसको आणव उपाय कहा जाता है। इनमें से ध्यान बुद्धि का व्यापार है। प्राण स्थूल और सूक्ष्म के भेद से दो प्रकार का होता है। स्थूल प्राण का व्यापार उच्चार है। यह प्राण आदि की वृत्तियों के रूप में प्रकट होता है। सूक्ष्म प्राण को वर्ण शब्द से कहा जाता है। शरीर के अंगों को किसी विशेष प्रकार की स्थिति में

---

१. धारणा संख्या ४२,८९,९२ देखिये।
२. धारणा संख्या १०५ देखिये।
३, धारणा संख्या ४०,४५-५० देखिये
४. धारणा संख्या ६०-६३ द्रष्टव्य।
५. धारणा संख्या ५९ द्रष्टव्य।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

रखने का नाम करण है। घट-स्थापन, मण्डल-निर्माण, मंदिर, मूर्ति, चित्र आदि की रचना जैसी विधियों का समावेश स्थान-कल्पना में होता है। अपि च, सगुण स्वरूप में चित्त की एकाग्रता को ध्यान कहते हैं। [1]प्राण, अपान आदि वायु की श्वास-प्रश्वास, क्षुत्[2] (छींक) प्रभृति वृत्तियाँ उच्चार[3] कहलाती हैं। प्राण के उच्चार के साथ स्वाभाविक रूप से उच्चरित होने वाले[4] सकार और हकार वर्ण कहे जाते हैं। ये सभी वर्णों और मन्त्रों का बोध कराते हैं। अथवा वर्ण शब्द [5]काले-पीले आदि रंगों का भी बोधक है।

त्रिशिरोभैरव के आधार पर तन्त्रालोक (भा० ३, आ० ५, पृ० ४३८-४४३) में करण के सात भेद बताये गये हैं। इनके नाम हैं—ग्राह्य,[6] ग्राहक, संवित्ति, [7]संनिवेश, व्याप्ति,[8] आक्षेप और त्याग। तन्त्रालोक के १६ वें आह्निक में ग्राह्य और ग्राहक का, ११ वें आह्निक में संवित्ति का, १५ वें आह्निक में व्याप्ति का, २९ वें आह्निक में त्याग और आक्षेप का और ३२ वें आह्निक में संनिवेश (मुद्रा) का विस्तार से वर्णन किया गया है। जिज्ञासु जनों को इनका वहीं अवलोकन करना चाहिये।

[9]प्राणशक्ति, अर्थात् हृदय के स्पन्दनात्मक सामान्य व्यापार में, शरीर में विद्यमान नाडियों तथा चक्रों में तथा बाहर लिंग, चत्वर, प्रतिमा प्रभृति में स्थान-कल्पना की विधि संपन्न की जाती है। सामान्य स्पन्द तत्त्व के उन्मेष के बाद ही उनमें षडध्व का स्फुरण होता

---

१ प्राण और अपान की श्वास-प्रश्वास प्रक्रिया पर १-४, २८-२९, ४१ धारणाएँ वर्णित हैं।

२. धारणा संख्या ९२ का क्षुत् प्रभृति से संबन्ध है।

३. स्वच्छन्दतन्त्र की टीका (प० ७, पृ० ३०६) में क्षेमराज ने किसी मुद्रा (करण) या बन्ध में बैठकर मन्त्र के जप करने को उच्चार बताया है (उच्चारः करणबन्धादिपूर्वं मन्त्रोदीरणम्)।

४. इस स्थिति को अजपा जप कहा गया है। प्राणापान अथवा प्राणशक्ति से संबद्ध धारणाओं में इसकी अनुभूति होती है। पृ० २७, ४५, ७६, ९१-९२, १६६-१७३ में इस विषय पर पर्याप्त विचार किया गया है।

५. धारणा संख्या ६३ में कृष्ण वर्ण की भावना वर्णित है। तिमिर भावना (६०-६२ धारणाएँ) का भी इसी में समावेश किया जा सकता है। बौद्ध योगशास्त्र में कसिण भावना के अन्तर्गत नील, पीत प्रभृति कसिणों का उल्लेख मिलता है। द्रष्टव्य—बौद्ध-धर्म-दर्शन, पृ० ७६।

६. धारणा संख्या ८१ द्रष्टव्य। इस धारणा का उल्लेख विज्ञानभैरव के ही श्लोक में सामान्य सा परिवर्तन कर योगवासिष्ठ (नि० पू० ४३।८) में भी किया गया है।

७. धारणा संख्या ३, ८, १३-१४, ५२-५८, ८८ द्रष्टव्य।

८. धारणा संख्या २४, ३०, ३९, ७९-८०, ८२-८५, ९०-९१, ९३, ९८, ११०-११२ द्रष्टव्य।

९. धारणा संख्या ५-८, १०, ३१, ४३-४४ द्रष्टव्य।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

है। कार्यकारण स्थल में क्रम से और कुहनप्रयोग (इन्द्रजाल से निर्मित पदार्थ) आदि में अक्रम से सभी पदार्थों की कलना करने वाला परमेश्वर का काल नामक स्वरूप सबसे पहले भासित होता है। भगवान् का स्वरूप अभेदावस्था में काली शक्ति और भेदावस्था में प्राणशक्ति के नाम से जाना जाता है। संवित्स्वरूपा काली शक्ति में अपनी इच्छा से क्रम और अक्रम रूप से नाना रूपों में भासित होने के लिये क्रिया शक्ति का उन्मेष होता है। इस क्रिया शक्ति का प्रथम उन्मेष प्राण व्यापार है। 'प्राक् संवित् प्राणे परिणता' कल्लट के इस वचन में यही बात प्रतिपादित है। यह प्राणशक्ति अपने प्राण, अपान आदि पाँच रूपों में जीव को आप्यायित किये रहती है। इसी के रहने पर यह चेतन कहलाता है। इस क्रिया शक्ति के पूर्व भाग में कालाध्वा और उत्तर भाग में देशाध्वा की स्थिति है। कालाध्वा में पर, सूक्ष्म और स्थूल रूप वर्ण, मन्त्र और पद की तथा देशाध्वा में कला, तत्त्व और भुवन की स्थिति है। शब्द और अर्थ स्वरूप शिव और शक्ति में व्याप्यव्यापक भाव से पर, सूक्ष्म और स्थूल रूप से विद्यमान वर्ण, पद, मन्त्र और कला, तत्त्व, भुवन नामक षडध्व का विवेचन हम ५५-५६ संख्या के श्लोकों की व्याख्या में कर चुके हैं। इस तरह से प्रक्रिया भेद से यहाँ देशाध्वा और कालाध्वा के रूप में षडध्व का प्रतिपादन किया गया है। यह सारा षडध्वात्मक जगत् इस क्रिया शक्ति का ही उन्मेष है। सारे षडध्वात्मक जगत् में बाहर-भीतर सब जगह प्राणशक्ति का स्पन्द सतत प्रवृत्त है, तो भी हृदय प्रभृति स्थानों में ही इसके स्फुरण की अनुभूति होती है। [1]प्राणशक्ति के स्फुरण में ईश्वर की शक्ति, जीव की शक्ति और उसका प्रयत्न इन तीनों की उपयोगिता है। हृदय प्रभृति स्थानों में स्पन्दमान इस प्राणशक्ति में चित्त को विलीन कर देना भी स्थान-कल्पना नामक आणव उपाय का अंग है। इसी तरह से शरीर के भीतर विद्यमान नाडी, चक्र प्रभृति स्थानों में और लिंग, चत्वर, प्रतिमा आदि में चित्त को नियोजित करना भी स्थान-कल्पना के अन्तर्गत है। वस्तुतः बुद्धि, प्राण देह प्रभृति की कोई पारमार्थिक सत्ता नहीं है। ये सब विकल्पात्मक हैं। तो भी इनके सहारे [2]परमार्थ स्वरूप तक पहुँचा जा सकता है। इन विकल्पात्मक स्थूल उपायों को ही यहाँ आणव उपाय कहा गया है।

शाक्त उपाय

सत्तर्क, सदागम और सद्गुरु की सहायता से जब साधक उक्त उच्चार, करण प्रभृति विकल्प व्यापारों का शोधन कर लेता है, अर्थात् इन सब में स्वात्मस्वरूप का ही दर्शन करने लगता है, तो उसके चित्त में विश्वाहन्ता का विकास होता है। वह जान जाता है कि यह सारा विश्व मेरा ही स्वरूप है, मेरा शुद्ध स्वात्मस्वरूप तो इससे भी परे है। इस तरह

---

१. धारणा संख्या ११२ द्रष्टव्य।

२. अपारमार्थिकेऽप्यस्मिन् परमार्थः प्रकाशते। (तन्त्रा० ५।७)
बुद्धौ प्राणे तथा देहे देशे या जडता स्थिता।
तां तिरोधाय मेधावी संविद्रश्मिमयो भवेत्॥
(तन्त्रा० ५।१० विवेक में उद्धृत)

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

सार्वात्म्य भावना के सहारे साधक के चित्त में शुद्ध[1] विकल्पों की सृष्टि होने लगती है, अर्थात् वह सभी जागतिक पदार्थों को अपने शुद्ध स्वरूप से पृथक् नहीं देखता, उन सब में अपने शुद्ध स्वरूप की ही भावना करता है।

शाम्भव उपाय

यह सारा जगत् शिवमय है, विज्ञानभैरव स्वरूप है। यह जगत् बोधगगन में उसी प्रकार प्रकाशित हो रहा है, जैसे कि दर्पण में मुँह का प्रतिबिम्ब दिखाई पड़ता है। जिसकी कोई स्वतन्त्र सत्ता नहीं है और जो किसी दूसरे पदार्थ में संक्रान्त होकर ही प्रकाशित होता है, उसको प्रतिबिम्ब[2] कहते हैं। जैसे कि दर्पण आदि में दिखाई पड़ने वाली प्रतिकृति की कोई स्वतन्त्र सत्ता नहीं है और दर्पण आदि में संक्रान्त होने पर वह दिखाई पड़ती है। बिम्ब की स्वतन्त्र सत्ता होती है। यह बिना किसी की सहायता के प्रकाशित होता है। जैसे कि मुख स्वयं भासित होता है। इसको प्रकाशित करने के लिये दर्पण जैसे पदार्थ की आवश्यकता नहीं पड़ती। यह विश्व भी दर्पण में प्रतिबिम्बित नगरी के समान शिवमय दर्पण में भासित हो रहा है।

यहाँ एक स्वाभाविक प्रश्न उठता है कि दर्पण में भासित हो रहा प्रतिबिम्ब (मुख की प्रतिकृति) बिना बिम्ब (मुख) के प्रकाशित नहीं होता। इसी तरह से दर्पणस्थानीय शिव में प्रकाशित हो रहे प्रतिबिम्बस्थानीय इस जगत् के बिम्ब की भी सत्ता होनी चाहिये। आप यह बताइये कि यह बिम्बस्थानीय पदार्थ क्या है? शास्त्रकारों ने इसका उत्तर यह दिया है कि वस्तु के स्वभाव के संबन्ध में प्रश्न करना व्यर्थ है। आग गरम होती है। पानी ठंडा होता है। यह इनका स्वभाव है। इस तरह से शिव का यह स्वभाव है कि वह अपने में ही अपने विज्ञानमय स्वरूप को जगत् के रूप में भासित होने देता है। ईश्वर की स्वातन्त्र्य शक्ति का ही यह सारा खेल है कि शिवमय दर्पण में बिना किसी बिम्ब की सत्ता के भी यह जगत् रूपी प्रतिबिम्ब भासित होता है। इस दृष्टि से विचार करने पर शिव के निर्विकल्प स्वरूप के अतिरिक्त इस जगत् की कोई वास्तविक सत्ता नहीं है। इस निर्विकल्प शून्य[3] स्थिति में अपने चित्त को समाहित करने का प्रयास ही शाम्भव उपाय है।

त्रिविध समावेश

इन तीनों उपायों के उदाहरण के रूप में २४ वें श्लोक की छः प्रकार की व्याख्या की गई है। उनको और यथास्थान दी गई टिप्पणियों को देखने से इन उपायों के स्वरूप को

---

१. धारणा संख्या ३९, ७०-७६, ९७ द्रष्टव्य।

२. तन्त्रसार में अभिनवगुप्त ने प्रतिबिम्ब का लक्षण यह किया है—"यद् भेदेन भासितुमशक्तमन्यव्यामिश्रत्वेनैव भाति तत् प्रतिबिम्बम्, मुखरूपमिव दर्पणे" (पृ० १०)। तन्त्रालोक में बिम्ब का लक्षण इस प्रकार है—"अन्यामिश्रं स्वतन्त्रं सद्भासमानं मुखं यथा" (३।५३)।

३. धारणा संख्या ३६, ८४-८५, ८७, १०१-१०८, ११०-११२ देखिये।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

समझने में सहायता मिलेगी। इन उपायों का सहारा लेकर साधक आणव, शाक्त और शाम्भव स्वरूप में समाविष्ट हो जाता है। भगवद्गीता (९।२३ तथा १२।३-५) में बताया गया है कि अन्य देवताओं की उपासना करने से और अक्षर ब्रह्म की उपासना करने से भी भगवत्पद की ही प्राप्ति होती है, किन्तु इनमें अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसी तरह से आणव प्रभृति विभिन्न उपायों का सहारा लेने पर भी साधक को एक ही परम पद की प्राप्ति होती है। फल की प्राप्ति में कोई भेद नहीं रहता। उपायों के अनुष्ठान में ही तरतमभाव रहता है। उपायों की भिन्नता में शक्तिपात के तीव्र, मध्य, मन्द आदि भेदों को ही कारण माना जाता है। ऐसा कहा जा सकता है कि मन्द शक्तिपात होने पर आणव उपाय का, मध्य शक्तिपात में शाक्त उपाय का और तीव्र शक्तिपात में शाम्भव उपाय का सहारा लेने में साधक समर्थ हो जाता है। इन सबका प्रयोजन स्वात्मस्वरूप में प्रतिष्ठित होना है। अनुपाय प्रक्रिया से भी वही स्वात्मस्वरूप प्रकाशित होता है और आणव उपाय से भी। इस प्रकार आलम्बन का भेद होने पर भी समावेश दशा में कोई भेद नहीं रहता। आणव समावेश, शाक्त समावेश और शाम्भव समावेश दशा एक ही है। उपायों के भेद के कारण समावेश दशा में भेद आरोपित कर लिया जाता है। इसी अभिप्राय को व्यक्त करते हुए अभिनवगुप्त ने तन्त्रसार (पृ० ४३) में कहा है—

नैषां परफलविधौ कापि हि भिदा।

अनुपाय प्रक्रिया

अनुपाय पद की निरुक्ति हम व्याख्या (पृ० ३) में कर चुके हैं। वहाँ यह भी बता चुके हैं कि सिद्ध साहित्य में प्रचलित 'सहज' शब्द को हम अनुपम शब्द का पर्याय मान सकते हैं। किन्तु इस कथन को सिद्ध करने के लिये प्रमाण अपेक्षित हैं।

तन्त्रसार (पृ० ८-९) में अनुपाय प्रक्रिया का विवेचन इस तरह से किया गया है—तीव्र शक्तिपाद के होने पर साधक गुरु के एक बार के उपदेश से ही नित्योदित समावेश दशा में लीन हो जाता है। उपाय के रूप में वह षड़ंग[1] योग में प्रतिपादित तर्क नामक अंग का सहारा लेता है। वह सोचता है कि स्वयंप्रकाश स्वात्मस्वरूप ही तो परमेश्वर है। इसके लिए किसी उपाय की क्या आवश्यकता है? यह स्वात्मस्वरूप नित्य, स्वयं-प्रकाश, निरावरण तत्त्व है। इसलिये किसी उपाय से इसके स्वरूप की प्राप्ति (लाभ) या प्रतीति (ज्ञप्ति) होगी, अथवा किसी आवरण को हटाया जायगा, इन सब बातों का कोई प्रसंग नहीं है। इस स्वात्म-स्वरूप में लीन (अनुप्रवेश) होने का भी कोई प्रसंग नहीं है, क्योंकि शुद्ध स्वात्मस्वरूप के अतिरिक्त उसमें प्रविष्ट होने वाले की अलग से कोई सत्ता नहीं है। फिर उपाय भी तो उससे अलग नहीं है। इसलिए यह सारा जगत् चिन्मात्र सार है। काल इसकी कलना नहीं कर सकता। देश इसको परिच्छिन्न नहीं कर सकता। उपाधि इसका कुछ बिगाड़ नहीं सकती। इसकी कोई आकृति नहीं है। शब्दों की सहायता से इसको समझा नहीं जा सकता और न किसी प्रमाण की

१. षडंग योग और तर्क का परिचय आगे दिया जा रहा है।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

ही यहाँ प्रवृत्ति हो सकती है। स्वतन्त्र, आनन्दघन यह स्वात्मस्वरूप ही काल से लेकर प्रमाण पर्यन्त ऊपर बताये गये सभी तत्त्वों को स्वरूप प्रदान करने वाला है। मैं इस स्वात्मस्वरूप से भिन्न नहीं हूँ और इस अहमात्मक स्वात्मस्वरूप में ही यह सारा विश्व प्रतिबिम्बित हो रहा है। इस तरह की प्रत्यभिज्ञा के जाग्रत् होने पर साधक नित्योदित पारमेश्वर स्वरूप में समा-[1] विष्ट हो जाता है। इसके लिये मन्त्र, पूजा, ध्यान, चर्या आदि की कोई आवश्यकता नहीं रहती।

इस प्रकरण का उपसंहार अभिनवगुप्त ने इस श्लोक के साथ किया है—

उपायजालं न शिवं प्रकाशयेद् घटेन किं भाति सहस्रदीधितिः।
विवेचयन्नित्थमुदारदर्शनः स्वयंप्रकाशं शिवमाविशेत् क्षणात्॥

इसकी व्याख्या हम पृ० १३५ पर कर चुके हैं।

श्लो० १२०-१२१ की व्याख्या में मालिनीविजय प्रभृति ग्रन्थों के प्रमाण पर इस अनुपाय प्रक्रिया का विशद विवेचन किया गया है। स्वच्छन्दतन्त्र, संकेतपद्धति, तन्त्रालोक, महार्थमंजरी प्रभृति अनेक ग्रन्थों में इसका प्रतिपादन किया गया है। आगे हम यह सिद्ध करने का प्रयास करेंगे कि उपक्रम, उपसंहार प्रभृति षड्विध लिंग की मीमांसक पद्धति से इस शास्त्र का विनियोग अनुपाय प्रक्रिया के प्रतिपादन में ही है। इस प्रकार यह स्पष्ट है कि यह अनुपाय प्रक्रिया सहज योग से भिन्न नहीं है।

अभिनवगुप्त प्रभृति ने इन उपायों का जिस तरह का विस्तृत विवेचन प्रस्तुत किया है, उसके आधार पर हम यह कह सकते हैं कि उन्होंने आणव उपाय में क्रम और कुल दर्शन से भिन्न समस्त तान्त्रिक और यौगिक विधियों का समावेश किया है। शाक्त उपाय के रूप में क्रमदर्शन की, शाम्भव उपाय के रूप में उन्होंने कुलदर्शन की व्याख्या की है और प्रत्यभिज्ञा दर्शन को अनुपाय प्रक्रिया माना है।

हमने ऊपर बताया था कि यहाँ प्रदर्शित सभी धारणाओं का उक्त उपाय-चतुष्टय में समावेश किया जा सकता है, किन्तु इस ग्रन्थ में अन्य अनेक योग-विधियों का भी समावेश है। उपर्युक्त प्रतिपादन से हमारी यह बात पुष्ट हो जाती है। अब हम विज्ञानभैरव में वर्णित धारणाओं के प्रमुख विषयों का यहाँ वर्णन करना चाहते हैं। सबसे पहले हम प्राणशक्ति को लेते हैं।

प्राणशक्ति या प्राणकुण्डलिनी

अनच्क पद की और आणव उपाय की व्याख्या के प्रसंग में प्राणशक्ति के सम्बन्ध में कहा जा चुका है। इसको कुण्डलिनी इसलिये कहते हैं कि मूलाधार स्थित कुण्डलिनी की तरह इसकी भी आकृति कुटिल होती है। जिस प्राण वायु का अपान अनुवर्तन करता है, उसकी गति

---

१. धारणा संख्या ४१,९७-९९,१०९ देखिये।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

हकार की लिखावट की तरह टेढ़ी-मेढ़ी होती है । अतः प्राणशक्ति अपनी इच्छा से ही प्राण के अनुरूप कुटिल (घुमावदार) आकृति धारण कर लेती है । प्राणशक्ति की यह वक्रता (कुटिलता= घुमावदार आकृति) परमेश्वर की स्वतन्त्र इच्छा-शक्ति का ही खेल है। प्राणशक्ति का एक लपेटा वाम नाडी इडा में और दूसरा लपेटा दक्षिण नाडी पिंगला में रहता है । इस तरह से उसके दो वलय (घेरे) बनते हैं । सुषुम्णा नाम की मध्य नाडी सार्ध कहलाती है । इस प्रकार यह प्राण-शक्ति भी सर्धत्रिवलया है । वस्तुतः मूलाधार स्थित कुण्डलिनी में भी प्राणशक्ति का ही निवास है, किन्तु हृदय में उसकी स्पष्ट अभिव्यक्ति होने से ब्राह्मणवशिष्ठ न्याय से उसका यहाँ पृथक् उल्लेख कर दिया गया है । इसका प्रयोजन अजपा (हंस गायत्री) जप को सम्पन्न करना है । इस विषय पर ग्रन्थ में विशेष कर १५१ वें श्लोक की व्याख्या में पर्याप्त लिखा जा चुका है ।

भर-पेट भोजन-पानी पाने से मोटी अकल के आरामतलबी आदमी का शरीर ही नहीं, प्राणशक्ति भी मोटी हो जाती है । बाद में सद्गुरु का उपदेश पाकर जब वह योगाभ्यास में लग जाता है, कुम्भक प्रभृति प्राणायामों का अभ्यास करता है, तो धीरे-धीरे उसके शरीर के मोटापे के साथ ही प्राणशक्ति भी कृश होती जाती है, सूक्ष्म से सूक्ष्मतर हो जाती है। श्रोत्र, चक्षु, नासिका, मुख, गुह्य, उपस्थ प्रभृति प्राण और अपान आदि वायुओं के निकलने के मार्गों को रोक देने पर वायु की गति ऊपर की ओर उठने लगती है । मूलाधार में अथवा हृदय में विद्यमान प्राणशक्ति यौगिक पद्धति के अनुसार सुषुम्णा मार्ग से अथवा मध्यदशा के विकास के कारण द्वादशान्त तक जाते-जाते अत्यन्त सूक्ष्म होकर अन्त में प्रकाश में विलीन हो जाती है । आधार से लेकर द्वादशान्त पर्यन्त क्रमशः धीरे-धीरे ऊपर की ओर उठ रही इस प्राणशक्ति के द्वादशान्त में प्रविष्ट हो जाने पर स्वात्मस्वरूप का अनुभव होने लगता है । योगशास्त्र की परिभाषा में इसको[1] पिपीलस्पर्श वेला कहा जाता है, जिसमें कि प्राण के ऊपर उठते समय जन्माग्र से लेकर मूल, कन्द प्रभृति स्थानों का स्पर्श होने पर उसी तरह की अनुभूति होती है, जैसी कि देह पर चींटी के चलने से होती है । इसी अवस्था में योगी इसकी परीक्षा कर पाते हैं कि प्राण आज अमुक स्थान से चलकर अमुक स्थान तक उठा । इस स्थिति तक पहुँच जाने पर योगी का चित्त परम आनन्द से भर जाता है और वह इसी अन्तर्मुख वृत्ति में रम जाता है ।

सुषुम्णा (मध्यधाम)

मध्यनाडी सुषुम्णा[2] की अभी चर्चा आई है । इसी को शून्यातिशून्य पदवी और

---

१. धारणा संख्या ४३ देखिये ।

२. तन्त्रालोक (५।१२१) में आणव उपाय के प्रसंग में लिंग पद की व्याख्या की गई है । इसकी व्याख्या करते हुए जयरथ ने एक श्लोक उद्धृत किया है, जिसके अनुसार उपस्थ को सौषुम्न पद माना गया है—

आनन्दस्यन्दि यद् गीतं सर्वप्रसवकारणम् ।
उपस्थाख्येयमेतत्तु सौषुम्नं रूपमुच्यते ॥

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

मध्यधाम कहा जाता है । वस्तुतः मध्यधाम सुषुम्णा को शून्य और शिवतत्त्व को शून्यातिशून्य कहते हैं । मध्यधाम या मध्यदशा को शून्यस्वभाव इसलिये कहा जाता है कि यहाँ ज्ञाता-ज्ञान-ज्ञेय, प्रमाता-प्रमाण-प्रमेय प्रभृति त्रिपुटियों की कोई सत्ता नहीं बची रहती । मध्यधाम के लिए शून्यातिशून्य शब्द का प्रयोग लाक्षणिक है । इसका मुख्य प्रयोग शिवतत्त्व और उसकी अभिव्यक्ति के स्थान द्वादशान्त के लिए ही किया जाता है । सुषुम्णा नामक मध्यनाडी शून्यातिशून्य धाम द्वादशान्त में जाकर लीन हो जाती है, अतः इसको भी शून्यातिशून्य धाम कह दिया जाता है । इस शून्यातिशून्य स्वभाव मध्यधाम में विश्रान्ति ही योगी के लिए उपेय (प्राप्तव्य) है ।

हृदय के मध्य में इसका निवास है । यह कमलनाल में विद्यमान अत्यन्त सूक्ष्म तन्तुओं के समान कृश आकार वाली है । इस मध्यनाडी के भीतर चिदाकाशरूप शून्य का निवास है । उससे प्राणशक्ति निकलती है । साधक जब मध्यनाडी की सहायता से चिदाकाश में प्रविष्ट होता है, तब सोम और सूर्य अर्थात् अपान और प्राण अथवा मन और प्राण सुषुम्णा में अपने आप विलीन हो जाते हैं । प्राण और अपान के मध्यवर्ती धाम सुषुम्णा (मध्यनाडी) में जिसका आन्तर और बाह्य इन्द्रियचक्र (मन और उससे नियन्त्रित चक्षुरादि इन्द्रियाँ) लीन हो जाता है और जो ऊर्ध्व स्थान और अधर स्थान में विद्यमान पद्मों के संपुट के मध्य में भावना के बल से प्रविष्ट हो गया है, अर्थात् ऊर्ध्वगत प्रमाणरूपी पद्म और अधःस्थित प्रमेय रूपी पद्म के मध्य में चिन्मात्र प्रमाता के अपने स्वरूप में स्थित हो जाता है और इसीलिए चिन्मात्रता के अतिरिक्त अन्य किसी वस्तु में जिसका चित्त संलग्न नहीं है, वह योगी स्वात्मस्वरूप में प्रतिष्ठित हो जाता है । यहाँ प्रमेय रूप संसार का निमेष और उन्मेष व्यापार पद्मदल के संकोच और विकास के तुल्य है । इसीलिये इसकी पद्मसंपुट से तुलना की गई है ।

मध्यविकास

प्राण और अपान के आधारभूत स्थान आन्तर आकाश हृदय और बाह्य आकाश द्वादशान्त में प्रत्यावृत्ति के अभाव में एक क्षण के लिये उसको वृत्ति अन्तर्मुख हो जाती है । तब ऐसी प्रतीति होती है कि मानों प्राण और अपान कहीं विलीन हो गये हैं । इस स्थिति को मध्यदशा के नाम से जाना जाता है । इस मध्यदशा का जब विकास किया जाता है, तब धीरे-धीरे उसकी भेद-दृष्टि (दूसरे से अपने को अलग समझने का स्वभाव) घटती जाती है और उसकी बाह्य और आन्तर इन्द्रियाँ अन्तर्मुख हो जाती हैं । क्रमशः उसका प्राणचार (प्राण और अपान की गति) मध्यनाड़ी सुषुम्णा में लीन हो जाता है और तब परा शक्ति भैरवी से अभिन्न रूप में विद्यमान भगवान् भैरव का स्वरूप प्रकाशित हो उठता है । हृदय, कण्ठ, तालु, ललाट, ब्रह्मरन्ध्र और द्वादशान्त में प्राण की गति रहती है और हृदय-कमल, मुख का संकोच-विकास तथा द्वादशान्त—ये अपान की गति के स्थान हैं । इनमें एक क्षण के लिए प्राण के अस्त हो जाने पर और अपान का उदय न होने पर बिना प्रयत्न के बाह्य कुम्भक की प्राप्ति होती है । इसी तरह से एक क्षण के लिए अपान के अस्त हो जाने पर और

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

प्राण का उदय न होने पर बिना प्रयत्न के अन्तः कुम्भक की प्राप्ति होती है। यह मध्यदशा ही परम पद कहलाती है। प्राण-अपान की इस मध्यदशा को योगी हो जान सकते हैं। एक तुटि, लव अथवा क्षण के लिये भी अन्तर्मुख हो जाने पर योगी में इस मध्यदशा का विकास हो जाता है और तब प्राण और अपान की पुनः प्रत्यावृत्ति नहीं होती, अर्थात् वह मुक्त हो जाता है। यह प्राणात्मक और अपानात्मक शक्ति हृदय से द्वादशान्त तक न तो जायगी और न द्वादशान्त से हृदय की ओर वापस ही लौटेगी, जब कि मध्यनाडी का धाम (स्थान) विकल्प हानि रूप उपाय से विकसित कर दिया जाय। प्राण और अपान की गति के शान्त हो जाने से, हृदय और द्वादशान्त में प्राण और अपान की अस्पन्द अवस्था में स्थिति हो जाने से [1]मध्यदशा का विकास होने पर साधक अपने भैरवीय स्वरूप को पहचान लेता है। वह साक्षात् भैरव हो जाता है। ६७वें श्लोक की व्याख्या में इस विषय को अधिक विस्तार से समझाया है। प्रत्यभिज्ञाहृदय के १८वें सूत्र में विकल्पक्षय प्रभृति मध्यविकास के उपाय बताये गये हैं। स्पन्दकारिका में उन्मेष दशा के नाम से इसका वर्णन किया गया है। ग्रन्थ में अनेक स्थलों पर इसकी व्याख्या हो चुकी है।

द्वादश आधार

तन्त्रशास्त्र में ऋ ॠ ऌ ॡ ये चार स्वर षण्ढ (नपुंसक) कहे गये हैं, अतः ध्यान आदि में इनका उपयोग नहीं किया जाता। सोलह स्वरों में से इन चार षण्ढ स्वरों को निकाल देने पर इनकी संख्या १२ रह जाती है। इन बारह स्वरों की जन्माग्र, मूल, कन्द, नाभि, हृदय, कण्ठ, तालु, भ्रूमध्य, ललाट, [2]ब्रह्मरन्ध्र, शक्ति और व्यापिनी—इन बारह चक्रों या आधारों में भावना करनी चाहिये। इन्हीं बारह स्थानों में अन्य धारणाओं का भी विधान है। किन्तु इनके नामों में अन्तर मिलता है। जैसे कि पृ० ३७ पर जन्माग्र और मूल शब्द के स्थान पर गुदाधार और जन्म ये नाम मिलते हैं, किन्तु पृ० ७२ पर जन्माग्र, मूल, कन्द यही क्रम स्वीकृत है। पृ० ३३ पर हृदय से या जन्माधार से द्वादशान्त पर्यन्त प्राणशक्ति की गति मानी गई है, पृ० ३३ पर ही कन्द से ब्रह्मरन्ध्र तक, पृ० ३५ पर जन्माग्र से द्वादशान्त तक और पृ० ७२ पर आधार से द्वादशान्त तक प्राण की गति मानी गई है। इनमें जन्माग्र और जन्म तथा मूल और गुदाधार शब्द पर्यायवाची हैं। नेत्रतन्त्र (७।१-५) की व्याख्या में क्षेमराज ने अंगुष्ठ,

---

१. मध्यमधाम (सुषुम्णा) में मध्यदशा के विकास के लिये १२, २५-२७ संख्या की धारणाएँ देखनी चाहिये। मध्यदशा का विकास अन्य स्थितियों में भी होता है। इसके लिये ३७-३८, ५१, ७८, १०० धारणाएँ देखिये।

२. प्रस्तुत ग्रन्थ में द्वादश आधारों में ब्रह्मरन्ध्र को दसवाँ स्थान दिया गया है और द्वादशान्त की स्थिति इन सबके ऊपर है। व्याख्या में पृ० ३६ और ४५ पर ब्रह्मरन्ध्र पद को द्वादशान्त का पर्यायवाची मान लिया गया है। इसकी संगति सम्प्रदाय भेद से बैठाई जा सकती है।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

गुल्फ, जानु, मेढ्र, पायु, कन्द, [1]नाडि, जठर, हृदय, कूर्मनाडी, कण्ठ, तालु, भ्रूमध्य, ललाट, ब्रह्मरन्ध्र और द्वादशान्त ये सोलह आधार गिनाये हैं। इनके अनुसार जन्माग्र या जन्म मेढ्र का तथा मूल या गुदाधार पायु का पर्यायवाची है। योगिनीहृदय के टीकाकार अमृतानन्द (पृ० ५९) और भास्करराय ने कन्द को सुषुम्णा नाडी का मूल स्थान और उसमें रहने वाली कुण्डलिनी शक्ति का पर्यायवाची माना है। ब्रह्मरन्ध्र के ऊपर यहाँ शक्ति और व्यापिनी का स्थान माना गया है। योगिनीहृदय (१।२५-३४) में अकुल, विष, वह्नि, शक्ति, नाभि, अनाहत (हृदय), विशुद्धि, लम्बिकाग्र, भ्रूमध्य (आज्ञा) के ऊपर ललाट में क्रमशः एक दूसरे के ऊपर बिन्दु, अर्धचन्द्र, रोधिनी, नाद, नादान्त, शक्ति, व्यापिनी, समना और उन्मना की स्थिति मानी गई है। शिवोपाध्याय ने इस विषय को अधिक स्पष्ट किया है। प्रणव की बारह कलाओं की स्थिति बताते हुए वे कहते हैं कि अकार की नाभि में, उकार की हृदय में, मकार की मुख में, बिन्दु की भ्रूमध्य में, अर्धचन्द्र की ललाट में, निरोधिनी की ललाट के ऊर्ध्व भाग में, नाद की शिर में, नादान्त की ब्रह्मरन्ध्र में, शक्ति की त्वक् में, व्यापिनी की शिखा के मूल में, समना की शिखा में और उन्मना की स्थिति शिखा के अन्तिम भाग में है। शिवोपाध्याय ने यहाँ (पृ० ३७) सोलह भूमियों का उल्लेख किया है। ऊपर गिनाये गये सोलह आधारों से इनकी कोई संगति नहीं बैठती। कुलागम संमत सोलह आधारों की चर्चा ६७वें श्लोक में आई है। इनका विस्तृत वर्णन भी नेत्रतन्त्र (७।१-५) की क्षेमराज कृत व्याख्या में मिलता है। नामों में भिन्नता होते हुए भी इनका क्रम योगिनीहृदय से मिलता है। अधिक जानकारी के लिये इस विषय को वहीं देखना चाहिये।

द्वादशान्त

प्राण और अपान की गति की जिस स्थान पर उत्पत्ति होती है अथवा जहाँ जाकर रुक जाती है, उसको हृदय और द्वादशान्त कहते हैं। बाह्य और आन्तर शिव द्वादशान्त और शक्ति द्वादशान्त के भेद से द्वादशान्त की स्थिति मानी गई है। कभी-कभी शून्यातिशून्य मध्यधाम, अर्थात् सुषुम्णा नाडी को भी द्वादशान्त कहा जाता है। जैसा कि ४९वें श्लोक की व्याख्या में किया गया है। तन्त्रालोक (५।७१) की टीका में [2]सभी नाडियों के अग्र भाग में

१. नाडि के स्थान पर नाभि शब्द अधिक संगत प्रतीत होता है। अथवा नाभि सभी नाडियों का केन्द्र स्थल है, अतः इसी अभिप्राय को व्यक्त करने के लिये यहाँ नाभि को नाडि शब्द से अभिहित किया गया है।

२. "सर्वनाडीनामग्रगोचरे प्रधाने पार्यन्तिके वा विषये द्वादशान्ते।" द्वादशान्त पद की व्याख्या करते हुए शिवोपाध्याय कहते हैं—"सर्वतो रोमकूपान्तरेष्वपि चैतन्यदेवस्य प्रवेशेन शरीरे द्वादशान्तो योऽस्ति" (पृ० ४३) इसके अनुसार शरीर के प्रत्येक रोमकूप में द्वादशान्त की स्थिति मानी गई है। यहाँ द्वादशान्त पद का प्रयोग लाक्षणिक है। जैसे मुख्य द्वादशान्त की स्थिति द्वादश आधारों के अन्त में है, इसी तरह सभी नाडियों के अन्त (रोमकूप) में भी प्राणशक्ति की स्थिति है। अतः यहाँ विद्यमान प्राणशक्ति को भी द्वादशान्त कह दिया जाय तो कोई अनौचित्य नहीं है।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

द्वादशान्त की स्थिति मानी गई है। [1]हकार की उत्पत्ति हृदय में और सकार की उत्पत्ति द्वादशान्त में मानी जाती है।

हृदय स्थित कमलकोश में प्राण का उदय होता है। नासिका मार्ग से बाहर निकल कर यह बारह अंगुल चल कर अन्त में आकाश में विलीन हो जाता है। इसी लिये बाह्य आकाश योगशास्त्र में द्वादशान्त के नाम से प्रसिद्ध है। द्विषट्कान्त, मुष्टित्रयान्त या शिखान्त शब्द द्वादशान्त के पर्यायवाची हैं। नेत्रतन्त्र (८।४१) की टीका में क्षेमराज ने तथा तन्त्रालोक (५।८९-९१) की टीका में जयरथ ने द्वादशान्त पद का अर्थ ऊर्ध्व द्वादशान्त किया है, जिसकी कि स्थिति शिखा के अन्त में है। इसमें उन्मना शक्ति का निवास है। इस प्रकार इस शास्त्र में द्वादशान्त की स्थिति ब्रह्मरन्ध से पृथक् मानी गई है। इसको द्वादशान्त इस लिये कहते हैं कि द्वादश आधारों के अन्त में इसकी स्थिति है।

निर्विकल्प योगी द्वादशान्त के भी ऊपर स्थित परमाकाश में जब पहुँच जाता है, तो सर्वात्मता का विकास हो जाता है, वह अनुत्तर शून्य में लीन हो जाता है। योगिनीहृदय (१।२७, ३४) में इसको महाबिन्दु कहा गया है। वहां आज्ञाचक्र तक की स्थिति को सकल, उन्मना पर्यन्त स्थिति को सकल-निष्कल और महाबिन्दु को निष्कल माना गया है। इस निष्कल स्वरूप में भगवती त्रिपुरसुन्दरी निवास करती है। यही वह शक्ति तत्त्व है, जिसकी कि सहायता के बिना शिव निष्प्राण (शव) रहता है। इसी निष्कल स्वरूप को प्रस्तुत ग्रन्थ में पराशक्ति और शिव का मुख कहा गया है। इस निष्कल (परा) शक्ति की सहायता से ही शिव स्वरूप की अभिव्यक्ति हो सकती है।

प्राण और अपान

ऊपर हृदय से बाह्य द्वादशान्त तक जाने वाला प्राण और नीचे बाह्य द्वादशान्त से हृदय तक आने वाला जीव नामक अपान, यह प्राणशक्ति का उच्चारण है। प्राणशक्ति इनका निरन्तर उच्चारण करती रहती है, अर्थात् प्राण और अपान के रूप में स्पन्दित होती रहती है। स्वच्छन्दतन्त्र[2] में प्राण और अपान को प्राणशक्ति का विसर्ग और आपूरण व्यापार बताया गया है। तदनुसार प्राण का अर्थ है श्वास छोड़ना और अपान का अर्थ है श्वास लेना। पालि बौद्ध वाङ्मय में इनके लिये आनापान (आश्वास-प्रश्वास) शब्द प्रयुक्त है। किन्तु वहां इनके

१. "हकारस्तु स्मृतः प्राणः स्वप्रवृत्तो हलाकृतिः" (४।२५७) स्वच्छन्दतन्त्र के इस वचन में स्वाभाविक रूप से निरन्तर नदन करने वाले हलाकृति प्राण को ही हकार कहा गया है। अनच्क हकार की आकृति वाले प्राण का यह नदन व्यापार ही हंसोच्चार कहलाता है। इसी को अनाहत ध्वनि अथवा नादभट्टारक भी कहा जाता है। यही हृदय का स्वाभाविक स्पन्दन व्यापार है। ५७ वीं धारणा में इसी का वर्णन किया गया है।

२. प्राणापानमयः प्राणो विसर्गापूरणं प्रति।
नित्यमापूरयन्नेव प्राणिनामुरसि स्थितः॥
प्राणनं कुरुते यस्मात् तस्मात् प्राणः प्रकीर्तितः। (७।२५-२६)

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

अर्थ के विषय में विवाद है, जिसको कि चर्चा पृ० २९-३० की टिप्पणी में की गई है। योगभाष्य में वायु के आचमन (ग्रहण) को श्वास और निःसारण को प्रश्वास बताया गया है। विज्ञान-भैरव में प्राण और अपान शब्द का योगभाष्य संमत (श्वास-प्रश्वास) अर्थ करने से भ्रम हो सकता है।

आचार्य बुद्धघोष का कहना है कि बालक माता की कोख से बाहर आता है तो पहले भीतर की हवा बाहर जाती है और पीछे बाहर की हवा भीतर प्रवेश करती है इसके अनुसार आश्वास (आन = प्राण) वह वायु है, जिसका कि निःसारण होता है और प्रश्वास वह वायु है, जिसका कि ग्रहण होता है। विज्ञानभैरव के 'ऊर्ध्वे प्राणः' प्रभृति श्लोक में प्राण और अपान शब्द का यही अर्थ स्वीकृत है। ऊर्ध्व और अधः शब्द का अर्थ पहले और बाद में किया जाना चाहिये। पहले प्राण बाहर निकलता है और बाद में अपान का प्रवेश होता है। अपान को जीव इसलिये कहा जाता है कि प्राण के बाहर निकलने के बाद अपान जब शरीर में पुनः प्रविष्ट होता है, तभी वह बोध हो सकता है कि शरीर में जीवात्मा विद्यमान है। अपान के प्रवेश न करने पर शरीर शव कहा जायगा। अपान के कारण ही शरीर में जीवात्मा की स्थिति बनी रहती है, अतः स्वाभाविक है कि अपान को जीव के नाम से जाना जाय।

ऊपर उद्धृत स्वच्छन्दतन्त्र भी इसी स्थिति को मान्यता देता है। "प्राणापानौ समौ कृत्वा" इस गीता वचन में भी यही अर्थ स्वीकृत है। इसका उल्लेख हम पृ० ९२ की टिप्पणी में कर चुके हैं। श्रीधरी टीका में प्राण और अपान के लिये उच्छ्वास और निश्वास शब्द प्रयुक्त हैं। लोक व्यवहार में संकेत (शक्ति=समय) के अनुसार शब्दों के अर्थ बदलते रहते हैं। कभी-कभी ये परस्पर विरोधी अर्थों में भी प्रयुक्त होने लगते हैं। जैसा कि प्राण और अपान और उनके पर्यायवाची श्वास-प्रश्वास शब्दों के सम्बन्ध में यहाँ देखा जाता है। इन शब्दों का हृदय स्थित प्राण वायु और पायु स्थित अपान वायु से कोई सम्बन्ध नहीं है, किन्तु प्राणशक्ति की श्वास-प्रश्वास प्रक्रिया से इनका सम्बन्ध है। [1]प्राणशक्ति की प्राण,

१. ईश्वरप्रत्यभिज्ञाकार ने 'प्राणापानमयः प्राणः' (३।२।१९) इत्यादि में प्राण प्रभृति पाँच वायुओं का वर्णन करते हुए प्राण वायु को प्राणापानमय माना है। वस्तुतः यहाँ पर प्राण वायु के लिये प्राण शब्द का प्रयोग लाक्षणिक है, क्योंकि प्राण वायु की स्थिति केवल प्राणापानमय प्राण में है, जब कि प्राणशक्ति की स्थिति पूरे शरीर में है। अथवा सामान्य स्पन्द को प्राणशक्ति का तथा प्राणापान को प्राण वायु का व्यापार मानना उचित होगा। प्राण वायु में भी प्राणशक्ति का आरोप इस लिये किया जा सकता है कि प्राणा-पान व्यापार के चलते रहने पर ही सामान्य स्पन्द भी चलता रहता है। किन्तु इतना ध्यान रखना चाहिये कि प्राणापान व्यापार के आरम्भ होने से पहले और अन्त में भी मुख्य स्पन्द की ही स्थिति रहती है। स्पन्दनिर्णय (पृ० ४०-४१) में बताया गया है कि विज्ञानभैरव के ७०, ९९, और ११६ संख्या के श्लोकों में स्पन्द तत्त्व सम्बन्धी धारणाएं वर्णित हैं।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

अपान प्रभृति पाँच या दस वृत्तियाँ इनसे भिन्न हैं । अतः प्रस्तुत ग्रन्थ में ऊपर उद्धृत प्रमाणों के अनुसार प्राण और अपान शब्दों का संबन्ध प्राणशक्ति की विसर्ग (त्याग) और आपूरण (ग्रहण) क्रियाओं से ही मानना चाहिये ।

पृ० ९२ पर बताया गया है कि प्राण की उच्छ्वास दशा में स्वाभाविक रूप से हं का तथा निश्वास दशा में सः का उच्चारण होता है । इस बात को पुष्ट करने के लिये 'सकारेण बहिर्याति' प्रभृति विज्ञानभैरव के श्लोक को उद्धृत किया गया है । तदनुसार यह प्राण सकार के साथ बाहर निकलता है और हकार के साथ अपान पुनः प्रविष्ट होता हैं । यहाँ प्रश्न उठता है कि हंसगायत्री में विद्यमान सकार प्राण और प्रकाश (सूर्य अथवा दिन) का प्रतिनिधित्व करता है तथा हकार जीव (अपान) तथा क्षपा (रात्रि) का, तो स्वच्छन्दतन्त्र में प्रतिपादित इस स्थिति से संगति कैसे बैठेगी कि प्राण निरन्तर अनाहतनाद रूप अनच्क हकार का उच्चारण (हंसोच्चार) करता रहता है । शक्तिसंगम तन्त्र में "हकारेण बहिर्याति सकारेण विशेत् पुनः" (१ ३.७८) ऐसा पाठ है । इसका उत्तर ८० वें श्लोक की व्याख्या में दे दिया गया है कि खेचरी मुद्रा की साधना में जिह्वा के तालु प्रदेश में रहने से सकार का बहिर्गमन नहीं होने पाता, अर्थात् सकार का उच्चारण नहीं हो सकता । अतः उस अवस्था में केवल स्वर रहित हकार का उच्चारण होता है । इसका अभिप्राय यह है कि नादात्मक अनच्क हकार का उच्चारण प्राणशक्ति का व्यापार है । इसको स्वच्छन्दतन्त्र में हंसोच्चार कहा गया है । हंसगायत्री के अंगभूत सकार और हकार का उच्चारण प्राण वायु की प्राण और अपान शक्तियों का व्यापार है । प्राण के बाहर निकलते समय ही सकार का उच्चारण होता है । इस व्याख्या के अनुसार शक्तिसंगम के वचन की कोई संगति नहीं बैठती । किन्तु १५१ वें श्लोक की व्याख्या में बताया गया है कि मध्यनाडी सुषुम्णा के सहारे प्राण जब हृदयाकाश से ऊपर की ओर चढ़ता है, तब 'हं' वर्ण की उत्पत्ति होती है और जब वह द्वादशान्त से उतरता है, तो उसकी अपान दशा में 'सः' वर्ण उत्पन्न होता है । इस कथन की पृष्ठभूमि में शक्तिसंगम के वचन की संगति इस प्रकार बैठाई जा सकती है कि प्राण हकार के उच्चारण के साथ हृदय से बाहर निकल कर द्वादशान्त में प्रविष्ट होता है और अपान सकार के उच्चारण के साथ पुनः हृदय में प्रविष्ट होता है । हंसगायत्री का आध्यात्मिक स्वरूप भी यही है । इसका विवेचन यहाँ अनेक श्लोकों की व्याख्या में विशेष कर १५१ वें श्लोक की व्याख्या में किया जा चुका है ।

१५२ वें श्लोक में सकार और हकार के संमिलन से महानन्द की उत्पत्ति की बात कही गई है । इसका अभिप्राय यह है कि उक्त प्रक्रिया के अभ्यास से "प्राणापानौ समौ कृत्वा" इस भगवद्गीता के वचन के अनुसार प्राण और अपान की गति जब समान हो जाती है, मध्यनाडी सुषुम्णा के माध्यम से द्वादशान्त में विलीन हो जाती है , तो सच्चिदानन्दघन स्वात्मज्योति प्रकाशित हो उठती है । साधक स्वात्मस्वरूप में लीन हो जाता है ।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

प्राणायाम

प्राण की पूरक, कुम्भक और रेचक अवस्थाएँ स्वाभाविक रूप से बिना प्रयत्न के निरन्तर गतिशील रहती हैं। हृदय स्थित कमलकोश में प्राण का उदय होता है। नासिका मार्ग से बाहर निकल कर यह बारह अंगुल चलकर अन्त में आकाश में विलीन हो जाता है। यह बाह्य आकाश योगशास्त्र में बाह्य द्वादशान्त के नाम से प्रसिद्ध है। प्राण की इस स्वाभाविक गति को रेचक कहते हैं। बाह्य द्वादशान्त में अपान का उदय होता है और नासिका मार्ग से ही चलकर यह हृदय स्थित कमलकोश में विलीन हो जाता है। अपान की यह स्वाभाविक आन्तर गति पूरक कही जाती है। प्राण द्वादशान्त में और अपान हृदय में क्षण मात्र के लिये विलीन हो जाता है। यही प्राण की कुंभक अवस्था है। बाहर और भीतर दोनों स्थलों में निष्पन्न होने से इसके बाह्य और आन्तर ये दो भेद होते हैं। इस तरह से प्राणशक्ति की ये चार क्रियाएँ बिना प्रयत्न के निरन्तर गतिशील हैं। अर्थात् प्राण और अपान की यह चतुर्विध गति पुरुष के प्रयत्न के बिना निरन्तर स्वाभाविक रूप से चलती रहती है। पुरुष जब अपने विशेष प्रयत्न से मध्यदशा के विकास के लिये क्रमशः अथवा एकाएक इसकी गति को रोकता है, इस पर अपना नियन्त्रण स्थापित करना चाहता है, तो प्राण और अपान की गति की यह अवरोध प्रक्रिया योगशास्त्र में प्राणायाम के नाम से जानी जाती है। २५, ६६ और ८८ वें श्लोक की व्याख्या में प्राणायाम के सम्बन्ध में विस्तार से विचार किया गया है।

सहज योग में प्राणायाम के इस आयास साध्य अभ्यास की आवश्यकता नहीं रहती। वहाँ तो श्वास-प्रश्वास प्रक्रिया के माध्यम से निरन्तर चल रहे प्राण के आयाम (विस्तार) का केवल सूक्ष्म निरीक्षण किया जाता है। जैसा कि २५वें श्लोक की व्याख्या में बताया गया है।

क्षोभ

मन की चंचलता को क्षोभ कहते हैं। ७३वें श्लोक में मन की किसी भी आह्लादात्मक स्थिति में धारणा के अभ्यास की विधि बताई गई है। शर्त यह है कि यह आह्लादात्मक स्थिति क्षोभ से न पैदा हुई हो। शिवोपाध्याय (पृ० ६३) ने क्षोभ दशा का विस्तार से वर्णन किया है। इस स्थिति को हेय माना गया है। स्पन्दकारिका में कहा गया है कि क्षोभ दशा का विराम हो जाने पर ही परम पद की प्राप्ति होती है। काम, क्रोध आदि से उत्पन्न होने वाले सभी आवेग क्षोभ कहलाते हैं। इनके शान्त होने पर ही निर्विकल्प स्वात्मस्वरूप प्रकाशित होता है। क्षोभ की उत्पत्ति विकल्प दशा में ही होती है। विकल्प व्यापार के शोधन के प्रसंग में प्रशस्तिभूतिपाद ने कहा है कि इस संसार में अपनी सुन्दर, लुभावनी आकृति के कारण मन को आह्लादित कर देने वाले जो भी पदार्थ दिखाई पड़ते हैं, उन सब में मेरा अपना ही स्वरूप तो प्रकाशित हो रहा है, वह सब मैं ही तो हूँ, इस तरह से अपनी स्थिति को पुष्ट करना ही सज्जनों का पुनीत कर्तव्य है। सभी पदार्थों में इस तरह से स्वात्मस्वरूप की भावना से मन का क्षोभ (चंचलता) शान्त हो जाता है।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

६९वें श्लोक की व्याख्या में अभिनवगुप्त के प्रमाण से बताया गया है कि उन्मुक्त बाह्य शाक्त स्पर्श के अभाव में भी आन्तर शाक्त स्पर्श के कारण वीर्य का क्षोभ, आनन्दोदय अवस्था की अभिव्यक्ति होती है। इस स्थिति में भी बाह्य क्षोभ की शान्ति अपेक्षित है। तभी लौकिक आनन्द से विलक्षण आनन्दोदय अवस्था, ब्रह्मानन्द दशा का प्रादुर्भाव हो सकता है। ७५, ८६-८७, ९०-९१ और १०३ संख्या की धारणाओं में इस बाह्य क्षोभ की शान्ति के लिये ही उपाय वर्णित है।

विकल्प

बाह्य नील-पीत (घट-पट) आदि से लेकर शून्य पर्यन्त सभी पदार्थ विकल्प स्वरूप माने गये हैं। अहं परामर्श दो प्रकार का होता है—शुद्ध और मायीय। इनमें से शुद्ध परामर्श विश्व से अभिन्न रूप में विद्यमान संविन्मात्र में अथवा विश्व की छाया से असंस्पृष्ट स्वच्छ आत्मा में होता है। मायीय अथवा अशुद्ध परामर्श वेद्यस्वरूप देह, बुद्धि, प्राण, शून्य आदि को अपना आलम्बन बनाता है, अर्थात् इन्हीं को अपना स्वरूप मान बैठता है। इनमें से शुद्ध परामर्श में किसी प्रतियोगी (विरोधी) पदार्थ की सत्ता न रहने से कोई भी अपोहनीय (त्याज्य) नहीं है। घट प्रभृति बाह्य पदार्थ भी उस प्रकाशस्वरूप परम तत्त्व से ही अपना अस्तित्व बनाते हैं, अतः वे उससे अभिन्न ही हैं, उसके विरोधी नहीं। इस अवस्था में जब कोई स्थिति अपोहनीय नहीं है, तो वह विकल्प कैसे हो सकती है? इसके विपरीत अशुद्ध (मायीय) परामर्श से वेद्यरूप शरीर प्रभृति में उससे भिन्न देह आदि का और घट प्रभृति का भी व्यपोहन (व्यवच्छेद = भेद) विद्यमान है। इसी भेद दशा की प्रतीति को विकल्प के नाम से जाना जाता है।

अपोहन

परमार्थतः अपोहन व्यापार की कोई स्थिति नहीं है, किन्तु जागतिक व्यवहार का संचालन ज्ञान, स्मृति और अपोहन नाम की शक्तियों के सहारे चलता है। "मत्तः स्मृतिर्ज्ञानमपोहनं[1] च" (भ०गी० १५।१५), "स्यादेकश्चिद्वपुर्ज्ञानस्मृत्यपोहनशक्तिमान्" (ई०प्र० १।३।७) इत्यादि वचनों में इन्हीं व्यापारों की चर्चा की गई है। बौद्ध दर्शन में भी एक पदार्थ से दूसरे पदार्थ को अलग करने के लिये, एक पदार्थ से दूसरे पदार्थ का भेद बताने के लिये अपोह की कल्पना की गई है। बौद्ध विज्ञानवाद और शून्यवाद में भी विज्ञान अथवा शून्य के अतिरिक्त सभी जागतिक पदार्थ विकल्प स्वरूप ही माने गये हैं।

---

१. काश्मीरी लेखकों के सिवाय अन्य सभी टीकाकारों ने अपोहन का अर्थ ज्ञान और स्मृति का प्रमोष किया है। रामानुजाचार्य के मत का उल्लेख षडंग योग के प्रकरण में तर्क पर विचार करते समय किया जायगा।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

विज्ञान

विज्ञानभैरव संमत विज्ञान की व्याख्या पहले की जा चुकी है, किन्तु ७४वीं धारणा बौद्ध संमत विज्ञान को अपना विषय बनाती है। विज्ञानवादी बौद्ध दार्शनिक मानते हैं कि घट आदि के ज्ञान का कोई आधार नहीं है, क्योंकि वस्तुतः किसी स्थिर आत्मा अथवा घट आदि वस्तुओं की कोई वास्तविक सत्ता नहीं है। चक्षु, आलोक (प्रकाश) आदि पदार्थों की भी वास्तविक सत्ता नहीं है। इसलिये यह सब कुछ भ्रमात्मक है, अत एव विकल्पस्वरूप है। 'यह वही घट है' इस तरह का ज्ञान 'यह वही गंगा का प्रवाह है' इस ज्ञान की तरह भ्रमात्मक ही माना जायगा। अर्थात् गंगा के प्रवाह में जैसे 'यह वही प्रवाह है' यह प्रत्यभिज्ञा भ्रान्ति-कल्पित है, उसी तरह से घट, पट, देवदत्त आदि की प्रत्यभिज्ञा को भी भ्रमात्मक ही मानना चाहिये। इस तरह से अन्ततः सब कुछ विज्ञानात्मक ही सिद्ध होता है। इस विज्ञान के अतिरिक्त अन्य किसी की भी सत्ता वास्तविक नहीं है।

शून्य

शून्य और शून्यातिशून्य (महाशून्य) शब्दों का यहाँ अनेक अर्थों में प्रयोग हुआ है। आणव उपाय और मध्यनाडी सुषुम्णा के प्रसंग में आये इन शब्दों की व्याख्या पहले की जा चुकी है। स्वच्छन्दतन्त्र (७।५७) की टीका में क्षेमराज ने शून्य को माया का और शून्यातिशून्य को महामाया का बोधक माना है। समना पर्यन्त [1]अर्धमात्रा की स्थिति शून्य में और उन्मना की स्थिति शून्यातिशून्य पदवी में मानी गई है। मध्य धाम सुषुम्णा और शिव तत्त्व के अर्थ में भी क्रमशः शून्य और शून्यातिशून्य शब्दों का प्रयोग मिलता है। ३५वें श्लोक में मध्यनाडी के भीतर चिदाकाश रूप शून्य का निवास माना गया है। ३९वें श्लोक में शून्यातिशून्य के उच्चारण का तात्पर्य उन्मना पर्यन्त पिण्ड मन्त्र के उच्चारण के अभ्यास से है। ४२वें श्लोक में उन्मना की स्थिति शून्यावस्था में मानी गई है और उसको 'शून्या' कहा गया है। इसी स्थल पर शिव तत्त्व को शून्यातिशून्य बताया है। ४९वें श्लोक में द्वादशान्त पद का अर्थ शून्यातिशून्य मध्यधाम, अर्थात् सुषुम्णा नाडी किया है। कुण्डलिनी शक्ति अथवा प्राणकुण्डलिनी मध्यनाडी सुषुम्णा के सहारे द्वादशान्त नामक शून्यातिशून्य धाम में पहुँचती है। इसलिये औपचारिक रूप से यहाँ उसको भी शून्यातिशून्य कह दिया गया है। वस्तुतः इस शब्द का मुख्य प्रयोग द्वादशान्त धाम या उसमें अभिव्यक्त होने वाले शिवस्वरूप के लिये ही होता है। ६१वें श्लोक में मध्य धाम को शून्य स्वरूप बताया है और १४६वें श्लोक में महामाया शक्ति को महाशून्य, अर्थात् शून्यातिशून्य पदवी कहा है।

विज्ञानभैरव संमत शून्य तत्त्व परमार्थतः अभावात्मक नहीं है, किन्तु [2]सभी आलम्बन धर्मों से, सभी तत्त्वों से और सभी क्लेशाशयों ये शून्य पदार्थ को ही 'शून्य' कहा गया है।

---

१. दुर्गा सप्तशती की टीका में भास्करराय ने भी अर्धचन्द्र प्रभृति आठ ध्वनियों को अर्धमात्रात्मक और अनुच्चार्य माना है।

२. "सर्वालम्बनधर्मैश्च सर्वतत्त्वैरशेषतः। सर्वक्लेशाशयैः शून्यं न शून्यं परमार्थतः॥" शैवागम

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

इस तरह से किसी अवर्णनीय, अविज्ञेय अवस्था (स्वातन्त्र्य शक्ति) को ही शाक्त और शैव मत में शून्यता माना गया है। इसका विवरण १२४वें श्लोक की व्याख्या में विमर्शदीपिका[1] के और १३१वें श्लोक की व्याख्या में चन्द्रज्ञान[2] के प्रमाण पर विस्तार से किया गया है। १५१वें श्लोक की व्याख्या में परा देवी को निरावरण भगवती प्रज्ञा पारमिता कहा गया है। प्रज्ञा पारमिता स्वरूप शून्यभूमि का ही इस विज्ञानभैरव तन्त्र में परमशिव ने परा शक्ति के रूप में सर्वत्र उपदेश किया है। ११२ धारणाओं के प्रतिपादक प्रत्येक श्लोक के चतुर्थ चरण में परा देवी का निष्कल स्वरूप आलोकित हो उठता है। बौद्ध दर्शन में इस शून्यभूमि को ही मोक्ष मान लिया गया है, किन्तु यह स्मरण रखना चाहिये कि इस ग्रन्थ में परा शक्ति को शिवस्वरूप की प्राप्ति के लिये मुख (द्वार) माना है। इस विषय का विवेचन पहले किया जा चुका है।

शून्यषट्क

३२वें श्लोक में शून्यषट्क की और ४४वें श्लोक में शून्यत्रय की भावना का विधान है। स्वच्छन्दतन्त्र (४।२८९-२९६) और योगिनीहृदय (३।१७७-१७८) में शून्यषट्क का विवरण मिलता है। ३२वें श्लोक की व्याख्या में योगिनीहृदयदीपिका के अनुसार ह्रीं बीज में छः शून्यों की स्थिति का विवरण दिया जा चुका है। दीपिकाकार ने बताया है कि छः शून्यों का स्वरूप विज्ञानभैरव के ३२वें श्लोक से जानना चाहिये। स्वच्छन्दतन्त्र में पहले ऊर्ध्व शून्य, अधः शून्य और मध्य शून्य ये तीन शून्य प्रतिपादित हैं। ४४वें श्लोक की टीका में उद्धृत वासुदेव के वचन में भी ये ही तीन शून्य गिनाये गये हैं। क्षेमराज ने नादान्त पर्यन्त समस्त पाशों के क्षय के कारणभूत शक्ति पद को ऊर्ध्व शून्य, हृदय को अधः शून्य और कण्ठ, तालु, भूमध्य, ललाट, ब्रह्मरन्ध्र को मध्य शून्य माना है। व्यापिनी में चतुर्थ, समना में

संमत शून्य का लक्षण बताने वाला यह श्लोक शिवोपाध्याय द्वारा उद्धृत है (पृ० ११०)। नील-पीत, घट-पट प्रभृति बाह्य और सुख-दुःख प्रभृति आन्तर पदार्थों को आलम्बन धर्म कहा जाता है। योगसूत्र (२।३) में अविद्या, अस्मिता, राग, द्वेष और अभिनिवेश—ये सब क्लेश माने गये हैं। क्लेशाशय का तात्पर्य इन्हीं के संस्कारों (वासनाओं) से है, जो कि चित्त में संचित रहते हैं। योगसूत्र (१।२४) में ही ईश्वर को क्लेश, कर्म, विपाक और आशय से मुक्त माना है।

१. तान्त्रिक साहित्य (पृ० ५९६) में शिवोपाध्याय कृत विज्ञानभैरव की टीका का नाम विमर्शदीपिका बताया गया है। शिवोपाध्याय ने विज्ञानभैरव की अपनी टीका (पृ० ११०-१११) में विमर्शदीपिका का नाम लेकर ये श्लोक उद्धृत किये हैं। अतः विमर्श-दीपिका इससे भिन्न एक स्वतन्त्र ग्रन्थ है।

२. चन्द्रज्ञान और चन्द्रज्ञानविद्या के परिचय के लिये नित्याषोडशिकार्णव का उपोद्घात (पृ० २६-२७) तथा तान्त्रिक साहित्य (पृ० २०४-२०५) देखिये।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

पंचम और उन्मना में षष्ठ शून्य की स्थिति मानी गई है। ये सभी शून्य सामय (सहेतुक) माने गये हैं। इनका परित्याग कर सप्तम शून्य में लीन होने का साधक को प्रयत्न करना चाहिये। यह सप्तम शून्य परम सूक्ष्म है, सभी अवस्थाओं से अतीत है। वस्तुतः यह चिदानन्दघन परमशिव तत्त्व शून्य नहीं है, तो भी इसको शून्य कह दिया जाता है। शून्य अभावात्मक होता है। इस शिवतत्त्व को शून्य इसलिये कहा जाता है कि यहाँ आकर सभी जागतिक पदार्थों का क्षय (अभाव) हो जाता है। इस तरह से अभावात्मक शून्यों की संख्या छः ही है। यह सप्तम शून्य अभावात्मक नहीं है। अतः इसके कारण अभावात्मक शून्यों की संख्या में वृद्धि न होने से शास्त्रों में छः ही शून्य माने गये हैं। वस्तुतः शिवतत्त्व महासत्तात्मक, प्रकाशात्मक, परम शान्त कोई स्वरूप है। पूर्वोक्त सभी शून्यों में यह व्याप्त है, अर्थात् यही एक तत्त्व उपाधि के भेद से सभी शून्यों में वर्तमान है।

इस प्रकार हमने यहाँ विज्ञानभैरव में वर्णित धारणाओं के सभी प्रमुख विषयों का संक्षेप में स्पष्टीकरण किया है। हमने प्रारम्भ में ही बताया है कि यह एक योगशास्त्र का ग्रन्थ है। अब हम इस विषय पर विचार करते हैं कि यह योगशास्त्र क्या है ?

योगशास्त्र क्या है ?

आस्तिक-नास्तिक, वैदिक-अवैदिक, सभी भारतीय दर्शनों में अपने अन्तिम लक्ष्य तक पहुँचने में योगशास्त्र की सहायक भूमिका स्वीकार की गई है। प्रत्येक दर्शन में परम तत्त्व के निरूपण के साथ-साथ उस स्थिति तक पहुँचने के लिये शरीर और मन की शुद्धि आवश्यक मानी गई है। शरीर और विशेष कर मन की शुद्धि यौगिक प्रक्रिया के आधार पर ही की जा सकती है। अतः अनिवार्य रूप से प्रत्येक दर्शन में योग का निरूपण पाया जाता है। प्रत्येक दर्शन की विशेष यौगिक प्रक्रिया भी हो सकती है, किन्तु कुछ सामान्य नियम सर्वत्र एक स्वर से मान्य हैं, जिनका कि पातंजल योगसूत्र में विस्तार से प्रतिपादन किया गया है। इस प्रकार योगशास्त्र को हम सर्वसामान्य अथवा आज की भाषा में धर्म-निरपेक्ष शास्त्र कह सकते हैं, जिसमें कि बिना किसी धार्मिक या लिंग-जाति आदि के भेद-भाव के मानव मात्र के शारीरिक परिष्कार के साथ-साथ मन के भी परिष्कार का मार्ग दिखाया गया है।

आज कल योग शब्द को पातंजल योग दर्शन तक ही सीमित कर दिया गया है, किन्तु वास्तव में बात ऐसी नहीं है। भारतवर्ष में विविध योग-सम्प्रदाय समय-समय पर प्रचलित हुए हैं। उनमें से कुछ अब भी प्रचलित हैं और अनेक नामशेष हो गये हैं। मोहेंजोदड़ो और हड़प्पा की खुदाई में सिन्धु-सभ्यता के अवशेष प्राप्त हुए हैं। इनमें प्राचीन भारतीय योगपद्धति के अनेक चिह्न मिलते हैं। श्वेत से लेकर लकुलीश पर्यन्त २८ पाशुपत योगाचार्यों की और इनमें से प्रत्येक के चार-चार शिष्यों, अर्थात् ११२ योगियों की नामावली अनेक पुराणों में उपलब्ध है। पालि त्रिपिटक में, विशेषतः परवर्ती काल के विशुद्धिमग्गो और अभिधम्मत्थसंगहो जैसे ग्रन्थों में विशिष्ट यौगिक पद्धति के दर्शन होते हैं। तान्त्रिक षडंग योग का शैव, वैष्णव और बौद्ध तन्त्रों में प्रायः समान रूप से वर्णन मिलता है। मत्स्येन्द्रनाथ

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

के द्वारा आविष्कृत कौलिक योग-विधि में पिण्ड, पद, रूप और रूपातीत—इन चार तत्त्वों का वर्णन है। यह योग-विधि जैन योगशास्त्र के ग्रन्थों में भी मिलती है। कुण्डलिनी योग का बौद्ध वज्रयानी साहित्य में भी नामान्तर से वर्णन मिलता है। षोडश नित्याओं की उपासना और प्राण-चार विधि में कालचक्र यान का और त्रिक दर्शन की अनुपाय प्रक्रिया में सहज यान का स्वरूप देखा जा सकता है। गोरक्ष प्रभृति नाथ योगियों के सम्प्रदाय में नेति, धौति प्रभृति यौगिक षट्कर्म विधियों तथा विविध बन्धों का परिचय मिलता है। इन्हीं सब यौगिक विधियों की शाखा-प्रशाखाएँ भारतवर्ष के विविध भागों में सहज, अवधूत, बाउल, पंचसखी, सन्त, सिक्ख, दरवेश प्रभृति नामों से आज भी प्रचलित हैं। इस पूरी परम्परा का समावेश योगशास्त्र में होता है।

महर्षि पतंजलि के द्वारा प्रतिपादित अष्टांग योग का उपयोग मुख्यतः चित्त की वृत्तियों को, अर्थात् मन को नियन्त्रित करने के लिए किया जाता है। योग की सर्वोत्तम परिभाषा भी यही मानी जा सकती है। अष्टांग योग के अभ्यास से मनुष्य न केवल शारीरिक चेष्टाओं, किन्तु मन की नाना प्रकार की वृत्तियों पर भी अपना नियन्त्रण स्थापित कर लेने में समर्थ हो जाता है।

बौद्ध, वैष्णव और शैव तन्त्र ग्रन्थों में अष्टांग योग के स्थान पर षडंग योग का विधान है। इसमें पातंजल योग के यम, नियम और आसन—इन तीन अंगों को छोड़ दिया गया है। बौद्ध तन्त्रों में अनुस्मृति को और वैष्णव, शैव तन्त्रों में तर्क को योग के अंग के रूप में मान्यता मिली है। योग के क्षेत्र में ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह आदि उत्कृष्ट मानवीय गुणों को अपने में समेटे हुए यम-नियम नाम के अंगों का निष्कासन भारतीय इतिहास की एक शोचनीय घटना रही है। इसीलिए [1]म० म० पी० वी काणे को लिखना पड़ा कि तान्त्रिक षडंग योग से यम-नियम को इस लिये छोड़ दिया गया कि ये पंच मकार वाली दृष्टि के विरुद्ध पड़ते थे। हम आसनों के बिना योग की कल्पना ही नहीं कर सकते। योग के अंग के रूप में यम, नियम और आसन शारीरिक और मानसिक परिष्कार की पहली सीढ़ी हैं, जब कि षडंग योग का प्रयोजन मनुष्य की रागात्मक वृत्तियों का परिष्कार करना था।

षडंग योग

अनुपाय प्रक्रिया में बताया गया है कि यहाँ साधक उपाय के रूप में केवल सत्तर्क का सहारा लेता है। षडंग योग में तर्क को भी योग का अंग माना गया है। शैव, वैष्णव, बौद्ध सभी सम्प्रदायों में षडंग योग की चर्चा मिलती है। गुह्यसमाज तन्त्र (१८।१४०) में प्रत्याहार, ध्यान, प्राणायाम, धारणा, [2]अनुस्मृति और समाधि—ये छः योग के अंग माने गये हैं।

१. धर्मशास्त्र का इतिहास (हिन्दी संस्करण), पंचम खण्ड उत्तरार्ध, पृ० २९-३०।

२. अनुस्मृति का अर्थ 'बार बार स्मरण' अथवा अनुरूप स्मृति है। पालि अभिधर्म साहित्य में इसका विस्तार से वर्णन मिलता है। संक्षिप्त परिचय के लिए आचार्य नरेन्द्रदेव कृत ग्रन्थ 'बौद्ध-धर्म-दर्शन' का पाँचवाँ अध्याय देखिये।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

श्रद्धेय पं० गोपीनाथ कविराज के ग्रन्थ 'भारतीय संस्कृति और साधना' (पृ० ५३७-५४०) में इस विषय पर अनेक बौद्ध तन्त्र ग्रन्थों की सहायता से अच्छा प्रकाश डाला गया है। भगवद्गीता के भास्कर भाष्य (पृ० १२७) में प्रत्याहार, ध्यान, प्राणायाम, धारणा, तर्क और समाधि ये छः अंग गिनाये गये हैं। यहाँ अनुस्मृति के स्थान पर तर्क नाम आया है। तन्त्रालोक के टीकाकार जयरथ ने षडंग योग का उल्लेख किया है। वहाँ का क्रम इस प्रकार है—प्राणायाम, ध्यान, प्रत्याहार, धारणा, तर्क और समाधि। विष्णुसंहिता में प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, तर्क, समाधि और ध्यान—यह क्रम मिलता है। विष्णुसंहिता (३०।६१-७२) में विस्तार से इनका विवरण भी मिलता है। इनमें तर्क के सिवाय अन्य अंग पातंजल योग संमत ही हैं। इनके क्रम में भिन्नता मिलती है, किन्तु सर्वत्र तर्क को समाधि के साथ रखा गया है।

मालिनीविजय (१७।१८) और तन्त्रालोक (४।१५) में योग के सभी अंगों में [1]तर्क को श्रेष्ठ बताया गया है। विष्णुसंहिता[2] (३०।६९-७०) में कहा गया है कि धारणा में जब चित्त संलग्न हो, तब अन्वय और व्यतिरेक की सहायता से किया गया निश्चय ही तर्क कहलाता है। भारतीय वाङ्मय में सत्तर्क को बहुत पहले प्रतिष्ठा प्राप्त हो चुकी थी। निरुक्त[3] में बताया गया है—ऋषियों की परम्परा के समाप्त हो जाने पर मनुष्यों ने देवताओं से पूछा कि अब हमारे बीच ऋषि का कार्य कौन करेगा? इसके उत्तर में देवताओं ने मनुष्य को तर्क शक्ति दी कि अब यही तुम लोगों के लिए ऋषि का कार्य करेगी। धर्मशास्त्रकारों[4] ने भी शास्त्रों के अविरोधी सत्तर्क को मान्यता दी है। उपर्युक्त स्थल पर (पृ० १५-२०) तन्त्रालोक के टीकाकार ने अनेक शास्त्रीय प्रमाणों के आधार पर शास्त्रानुरोधी सत्तर्क की प्रतिष्ठा की है। उनका कहना है कि तर्क को अप्रतिष्ठित तभी माना जाता है, जब कि यह शास्त्रविरुद्ध हो।

जयरथ ने ऊह को तर्क का ही पर्याय माना है। मृगेन्द्रागम के योगपाद[5] में योग

---

१. योगाङ्गत्वे समानेऽपि तर्को योगाङ्गमुत्तमम्।

२. अन्वयव्यतिरेकाभ्यां यस्माद् यदुपलभ्यते।
धारणादिषु कालेषु स तर्कः संप्रकीर्तितः॥

३. "मनुष्या वा ऋषिपूत्क्रामत्सु देवानब्रुवन् को न ऋषिर्भविष्यतीति। तेभ्य एनं तर्कमृषिं प्रायच्छन्" (१३।१२)।

४. आर्षं धर्मोपदेशं च वेदशास्त्राविरोधिना।
यस्तर्केणानुसन्धत्ते स धर्मं वेद नेतरः॥ (मनु० १२।१०६)

५. प्राणायामः प्रत्याहारो धारणा ध्यानवीक्षणे।
जपः समाधिरित्यङ्गान्यङ्गी योगोऽष्टमः स्वयम्॥३॥

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

के अंग के रूप में वीक्षण (अभिवीक्षण) परिगणित है। उसी को [1]ऊह भी कहा गया है और उसका प्रयोजन भी बताया गया है। बौद्ध पालि-वाङ्मय तथा तन्त्रों में वर्णित अनुस्मृति और अभिवीक्षण में पर्याप्त समानता है। वृत्तिकार नारायण कण्ठ ने यहाँ ऊह की पुष्टि में स्वायम्भुवागम को भी उद्धृत किया है। भगवद्गीता (१५।१५) के भाष्य में रामानुजाचार्य ने [2]अपोहन शब्द को ऊह का पर्यायवाची भी माना है और इसकी परिभाषा यह की है—ऊह का कार्य यह देखना है कि किसी भी प्रमाण की प्रवृत्ति सही ढंग से हो रही है या नहीं ? प्रमाण-प्रवर्तक सामग्री की परीक्षा करना भी इसी का कार्य है। इस तरह से ऊह प्रमाणों का अनुग्राहक ज्ञान है। स्पष्ट है कि आगम और तन्त्रशास्त्र में ही नहीं, पूरे भारतीय वाङ्मय में तर्क या ऊह की प्राचीन काल से प्रतिष्ठा चली आ रही है। विज्ञानभैरव में "सम्बन्धे सावधानता' (श्लोक १०४) कह कर इस स्थिति की ओर इंगित किया गया है। योगवासिष्ठ (नि० पू० ४३।८) में भी यह स्थिति चर्चित है।

अतः हम विज्ञानभैरव की अनुपाय प्रक्रिया (सहज समाधि) से पूर्णतः प्रभावित ग्रन्थ योगवासिष्ठ के सम्बन्ध में कुछ कहना चाहते हैं।

योगवासिष्ठ

भारतीय वाङ्मय में योगवासिष्ठ का विशिष्ट स्थान है। इस ग्रन्थ पर डॉ० भीखनलाल आत्रेय ने प्रशंसनीय परिश्रम किया है। उसका कहना है कि ई० सप्तम शताब्दी के आरम्भ से पूर्व योगवासिष्ठ अवश्य ही वर्तमान रहा होगा। डॉ० एस० एन० दास-गुप्त ने भी अपने भारतीय दर्शन के इतिहास के द्वितीय खण्ड में योगवासिष्ठ के सम्बन्ध में अपने विचार प्रकट किये हैं। उनका लिखना है कि योगवासिष्ठ के लेखक सम्भवतः गौडपाद अथवा शंकर के समकालीन, सम्भवतः ८०० ई० के आस-पास अथवा उनके एक शतक पूर्व विद्यमान थे। प्रायः सभी आधुनिक और प्राचीन विद्वानों ने योगवासिष्ठ को वेदान्त का ग्रन्थ माना है। डॉ० दासगुप्त इस पर बौद्ध विज्ञानवाद का प्रभाव तो मानते हैं, किन्तु शैव दर्शन की स्पन्द या प्रत्यभिज्ञा शाखा से इसके सम्बन्ध की कोई चर्चा नहीं करते। प्राण के प्रसंग में शिवसूत्रविमर्शिनी और विज्ञानभैरवविवृति को अवश्य उन्होंने उद्धृत किया है।

योगवासिष्ठ का दूसरा नाम मोक्षोपाय है। विज्ञानभैरव के समान ही योगवासिष्ठ में भी बन्ध और मोक्ष की परमार्थ सत्ता नहीं मानी गई है। वस्तुतः इस ग्रन्थ पर मालिनीविजय (जो कि अभिनवगुप्त के अनुसार त्रिक या प्रत्यभिज्ञा दर्शन का आधार ग्रन्थ है), विज्ञानभैरव, स्पन्दकारिका प्रभृति ग्रन्थों का स्पष्ट प्रभाव है। स्पन्दकारिका के प्रथम श्लोक की प्रथम पंक्ति

---

१. ऊहोऽभिवीक्षणं वस्तुविकल्पानन्तरोदितः ॥८॥
यदा वेत्ति पदं हेयमुपादेयं च तत्स्थितेः।
तत्पोषकं विपक्षं च यच्च तत्पोषकं परम् ॥९॥

२. अपोहनम् ऊहनं वा। ऊहनमूहः। ऊहो नामेदं प्रमाणमित्थं प्रवर्तितुमर्हतीति प्रमाण-प्रवृत्यर्हताविषयं सामग्र्यादिनिरूपणजन्यं प्रमाणानुग्राहकं ज्ञानम्।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

की इस ग्रन्थ में अनेक बार आवृत्ति हुई है । इस ग्रन्थ के उपशम[1] प्रकरण पर विज्ञानभैरव का सर्वाधिक प्रभाव है । स्पन्द, समता, पौरुष प्रयत्न (ज्ञान या शक्ति), बन्ध-मोक्ष, प्रबुद्ध, संप्रबुद्ध, अप्रतिबुद्ध, कलङ्काङ्क, सत्तासामान्य, उच्छून, चिदग्नि, महासत्ता, चिदर्क, भरितात्मता, शक्ति-पात, ब्रह्मसत्ता, जीवन्मुक्ति, पुर्यष्टक प्रभृति शब्दों की व्याख्या पूरी तरह से उक्त शास्त्रों की परिभाषाओं का ही अनुसरण करती है । इस तरह से इस पूरे ग्रन्थ का विनियोग [2]अनुपाय प्रक्रिया (सहज योग) के प्रतिपादन में ही है । तन्त्रशास्त्र में[3] शास्त्र, गुरु और स्वयं अपनी प्रतिभा से ज्ञान की प्राप्ति की बात कही गई है । किन्तु योगवासिष्ठ का कहना है कि [4]शास्त्र या गुरु के वचन से आत्मा का बोध (ज्ञान) नहीं होता, इसका ज्ञान तो स्वयं अपने बोध से ही होता है । इस तरह से सत्तर्क को ही यहाँ सर्वोपरि स्थान दिया गया है ।

योगवासिष्ठ के विषय में एक बात और ध्यान देने योग्य है । अभिनन्द पण्डित ने अपने लघुयोगवासिष्ठ में निर्वाण प्रकरण के पूर्वार्ध पर्यन्त ग्रन्थ का ही संक्षेप प्रस्तुत किया है । मूल ग्रन्थ में भी पूर्वार्ध प्रकरण के अन्त में ग्रन्थ समाप्ति के सभी चिह्न उपलब्ध हैं । अतः ऐसा प्रतीत होता है कि इस ग्रन्थ में निर्वाण प्रकरण का उत्तरार्ध बाद में जोड़ा गया है ।

विज्ञानभैरव का मुख्य तात्पर्य

हमने बताया है कि विज्ञानभैरव में पूर्ववर्ती सभी तान्त्रिक योगविधियों का संग्रह किया गया है, किन्तु अन्ततः इसका विनियोग अनुपाय प्रक्रिया (सहज समाधि) के प्रतिपादन में है ।

---

१. "न बहिर्नान्तरे नाधो नोर्ध्वमर्थे न शून्यके" (५५।१६), "सावस्था भरिताकारा"(६४।४७), "न सक्तमिह चेष्टासु न चिन्तासु न वस्तुषु । नाकाशे नाप्यधो नोर्ध्वं न दिक्षु वित-तासु च ।। न बहिर्विपुलाभोगे न चैवेन्द्रियवृत्तिषु । नाभ्यन्तरे न च प्राणे न मूर्धनि न तालुनि ।। न भ्रूमध्ये न नासान्ते न मुखे न च तारके । नान्धकारे न चाभासे न चास्मिन् हृदयान्तरे ।। न जाग्रति न च स्वप्ने न सुप्ते न च निर्मले । नासिते न च वा पीतरक्तादौ शबले न च ।। न चले न स्थिरे नादौ न मध्ये नेतरत्र च । न दूरे नान्तिके नाग्रे न पदार्थे न चात्मनि ।। न शब्दस्पर्शरूपेषु न मोहमदवृत्तिषु । न गमागमचेष्टासु न कालकलनासु च ।।" (६९।२-७) । इन वचनों में से द्वितीय विज्ञानभैरव के १५ वें श्लोक का तृतीय चरण है । इसकी यहाँ अनेक स्थलों पर आवृत्ति हुई है। अन्य दो उद्धरणों में विज्ञानभैरव में वर्णित अनेक धारणाओं का उल्लेख है ।

२. "वर्णधर्माश्रमाचारशास्त्रयन्त्रणयोज्झितः । निर्गच्छति गतज्जालात् पञ्जरादिव केसरी ।।" (नि० पू० १२२।२), "तनुं त्यजतु वा तीर्थे श्वपचस्य गृहेऽथवा" (नि० पू० १२२।११) इत्यादि वचनों में सिद्धों की सहज प्रक्रिया के स्पष्ट दर्शन होते हैं ।

३. "त्रिप्रत्ययमिदं ज्ञानम्", "गुरुतः शास्त्रतः स्वतः" इत्यादि वचन ग्रन्थ की पृ० २ की ३री टिप्पणी में उद्धृत हैं ।

४. शास्त्रार्थैर्बुध्यते नात्मा गुरोर्वचनतो न च ।
बुध्यते स्वयमेवैष स्वबोधवशतः स्वतः ।। (नि० पू० ४१।१५)

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

उपक्रम, उपसंहार आदि षड्विध लिंग से ग्रन्थ के तात्पर्य का निर्णय किया जाता है। इस ग्रन्थ के उपक्रम में "एवंविधे परे तत्त्वे कः पूज्यः कश्च तृप्यति" ऐसा कह कर इस सहज समाधि की ओर इंगित किया गया है और बाद की ११२ धारणाओं के प्रतिपादक प्रत्येक श्लोक के चतुर्थ चरण में इसी सर्वात्मक स्थिति को प्रकाशित किया गया है। अन्त में पूजा, जप आदि की आध्यात्मिक व्याख्या प्रस्तुत करते हुए इस ग्रन्थ का उपसंहार सहज समाधि स्थिति की स्थापना में ही किया गया है। इस प्रकार योगवासिष्ठ के समान यह ग्रन्थ भी मुख्यतः अनुपाय प्रक्रिया या सहज योग का प्रतिपादक है। सहज समाधि या अनुपाय प्रक्रिया का संक्षिप्ततम अर्थ यह है कि मन की स्वाभाविक प्रवृत्तियों पर बिना जोर-जबर्दस्ती के सहज रूप में नियन्त्रण स्थापित कर स्वरूप-साक्षात्कार का प्रयत्न किया जाय। रागात्मिका वृत्ति का परिष्कार इसका उद्देश्य था। यह दुःख की बात है कि इस उत्कृष्ट प्रक्रिया की भी परिणति उच्छृंखलता में हो गयी थी।

योगशास्त्र का भविष्य

तन्त्रशास्त्र और योगशास्त्र की आजकाल पूरे विश्व में बड़ी चर्चा है। किन्तु इससे आने वाले खतरे की ओर हमें अभी से सावधान हो जाना चाहिये। ब्रह्मचारी योगियों और तान्त्रिकों की पहुँच देश के बड़े-बड़े राजनीतिज्ञों तक है। इसको उलट कर भी कह सकते हैं कि ये राजनीतिज्ञ इनको बड़ी श्रद्धा और आदर की दृष्टि से देखते हैं। विदेशों में भारतीय योगशास्त्र का डंका बजाने वाले योगियों की भी कोई कमी नहीं है। यह बात सही है कि तन्त्रशास्त्र ने और उससे अनुप्राणित योगशास्त्र ने वर्ण, लिंग, जाति, संप्रदाय, देश आदि की सीमा को लांघकर मानव मात्र को इसका अधिकारी बताया है, किन्तु ऐसा करते समय उसमें कुछ दोष भी आ गये हैं। प्राचीन भारत में गृहस्थ ऋषि को सर्वाधिक प्रतिष्ठा प्राप्त थी, किन्तु बाद में स्थिति बदल गई। गृहस्थ ऋषि का स्थान भिक्षु, मुनि और संन्यासी ने ले लिया। ऋषि गृहस्थ रहते हुए भी सभी एषणाओं से मुक्त था, किन्तु भिक्षुओं, मुनियों और संन्यासियों के इर्द-गिर्द मठों और मन्दिरों के रूप में सभी एषणाओं का एक रहस्यात्मक ताना-बाना बुने जाने लगा और इसी पृष्ठभूमि में रहस्यात्मक शास्त्रों का भी आविर्भाव हो गया। उपनिषदों को रहस्य शास्त्र कहा जाता था, किन्तु औपनिषदिक रहस्य एक अलौकिक तत्त्व था। तान्त्रिक योगियों ने इस अलौकिक तत्त्व को तो सत्तर्क और स्वात्मप्रत्यभिज्ञा द्वारा रहस्य के आवरण से मुक्त कर स्वात्मस्वरूप अथवा जीवन्मुक्त अवस्था के रूप में प्रतिष्ठित किया, लेकिन उसके स्थान पर उन्होंने लौकिक जीवन को ही रहस्यों में ढक दिया। मनुष्य की रागात्मिका वृत्ति का प्रशमन तान्त्रिक अवधारणाओं का एक लक्ष्य माना जा सकता है, किन्तु विगत सहस्राधिक वर्षों से तन्त्रशास्त्र का रहस्यवाद महज अपनी कुंठाओं को छिपाने का एक बीभत्स प्रयास रहा है। तन्त्रशास्त्र के रहस्यवाद को औपनिषदिक रहस्यवाद से भी ऊँचा दर्जा दिलाने का प्रयास किया जाता रहा है और आज भी यह प्रयास रुका नहीं है।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

अपने शरीर में त्वचा (चमड़ी) के रूप में जो बाहरी भाग विद्यमान है, उसकी भित्ति (दीवाल) के समान जड़ पदार्थ के रूप में भावना करे। उस त्वचा से आवृत शरीर के भीतर कुछ भी साररूप नहीं है, ऐसा ध्यान करते करते उस साधक को परतत्त्व का साक्षात्कार हो जाता है। इसका अभिप्राय यह है कि पंचीकरण प्रक्रिया से पंच महाभूतों के परस्पर संबद्ध होने पर यह शरीर उत्पन्न होता है। यह स्थूल शरीर नाशवान् है, हाथी के कान की तरह अत्यन्त चंचल है, एक स्थान पर स्थिर नहीं रह पाता। इसमें न कभी स्थिरता थी, न है और न भविष्य में ही रहेगी। इसी तरह से इस शरीर के साथ दिशाओं के विभाग आदि की भी सत्ता नहीं है। इसका यह दक्षिण भाग है, यह उत्तर भाग है, यह सब कल्पना-प्रसूत होने से असत् है और निर्जीव दीवाल की तरह है। केवल प्रमाता ही सत्स्वभाव है, इस बात को जो व्यक्ति ठीक तरह से जानता है, वही ज्ञानी कहलाता है। इसलिये कि उसका [1]पुर्यष्टक के साथ प्रमातृभाव उपशमित, शान्त हो जाता है ॥४७॥

---

१. दि°–ख०। २. मात्रं-ख०। ३. °न्न-ख०।

1. पुर्यष्टक एक पारिभाषिक शब्द है। शास्त्रों में इसके अनेक अर्थ किये गये हैं। संक्षेप में सांख्य-संमत सूक्ष्म शरीर से इसकी तुलना की जा सकती है। स्पन्द-कारिका (श्लोक ४९)

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

[धारणा–२५]

[1]हृद्याकाशे निलीनाक्षः पद्मसंपुटमध्यगः ।
अनन्यचेताः सुभगे परं सौभाग्यमाप्नुयात् ॥४८॥

हे सुभगे, हृदि भवे हृद्ये, हारिणि च आकाशे प्राणापानान्तरालपदे निलीनाक्षः, निलीनमक्षं मनस्तद्द्वारेण चान्येन्द्रियचक्रं यस्य तादृक्, पद्मसंपुटमध्यगः ऊर्ध्वाधरगत-पद्मसंपुटमध्यंगतो भावनयाऽनुप्रविष्टः। ऊर्ध्वगतं पद्मं प्रमाणम्, अधरगतं प्रमेयम्। तयोर्मध्ये चिन्मात्राख्ये प्रमातरि स्वस्वरूपे स्थितः। अत एव अनन्यचेताः, नान्यस्मिन्-श्चिन्मात्रातिरिक्ते चेतो यस्य तादृशः सन्, परं सौभाग्यं विश्वेश्वरतास्वरूपं परमानन्दम्, आप्नुयात् प्राप्नुयात्। हृत्पद्मे बद्धबाह्याभ्यन्तरेन्द्रियचक्रस्य बाह्यविषयोपरमादाभ्यन्त-रोदयः संभवेदित्यर्थः। प्रमेयादिरूपस्य संसारस्य निमेषोन्मेषात्मकसंकोचविकासधर्म-कत्वात् पद्मसंपुटेन रूपणा ॥४८॥

हे सुभगे, हृदय में उत्पन्न हुए मनोहर आकाश में, अर्थात् प्राण और अपान के मध्यवर्ती[2] स्थान में जिसका आन्तर और बाह्य इन्द्रियचक्र (मन और उससे नियन्त्रित चक्षुरादि इन्द्रियां) लीन हो जाता है और जो ऊर्ध्व स्थान और अधर स्थान में विद्यमान पद्मों के संपुट के मध्य में भावना के बल से प्रविष्ट हो गया है, अर्थात् ऊर्ध्वगत प्रमाण रूपी पद्म और अधःस्थित प्रमेय रूपी पद्म के मध्य में चिन्मात्र प्रमाता के अपने स्वरूप में स्थित हो जाता है और इसी लिये चिन्मात्रता के अतिरिक्त अन्य किसी वस्तु में जिसका चित्त संलग्न नहीं है, वह योगी विश्वेश्वरता रूप सौभाग्य के, परमानन्द के, विकसित हो जाने से अत्यन्त स्पृहणीय अवस्था को प्राप्त कर लेता है। अर्थात् बाह्य विषयों का उपराम हो जाने से उसमें आन्तर प्रकाश की अभिव्यक्ति हो जाती है। वहां प्रमेयादि रूप संसार का निमेष और उन्मेष व्यापार पद्मदल के संकोच और विकास के तुल्य है, इसीलिये इसकी पद्मसंपुट से तुलना की गई है। चित्त जब चित्प्रकाश से भर जाता है, तो वह चित्प्रकाश से परिव्याप्त इस सारे विश्व को

में पंच तन्मात्रा, मन, अहंकार और बुद्धि की समष्टि को पुर्यष्टक बताया गया है। तन्मात्रा को विषयों (प्रमेय) का तथा अन्तःकरण को प्रमाण का उपलक्षक (प्रदर्शक) मान कर इस पंक्ति का यह सरल अर्थ किया जा सकता है कि ज्ञानी पुरुष की दृष्टि में प्रमाण और प्रमेय की कोई सत्ता न रह जाने से उसका संकुचित प्रमाता का स्वरूप तिरो-हित हो जाता है और निरावरण स्वात्मस्वरूप (शुद्ध प्रमाता = पर प्रमाता का स्वरूप) प्रकट हो जाता है।

1. यह श्लोक शिवसूत्रविमर्शिनी (पृ० १६) और प्रत्यभिज्ञाहृदय (पृ० ८९) पर उद्धृत है।
2. प्राण और अपान के मध्यवर्ती स्थान से यहां सुषुम्ना (मध्य) नाड़ी अभिप्रेत है। बाह्य और आन्तर इन्द्रियचक्र का, प्रमाण और प्रमेय व्यापार का, इसी में लय हो जाता है। हृदय के मध्य में इसकी स्थिति मानी गई है।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

देख सकता है। "हृदये चित्तसंघट्टाद् दृश्यस्वापदर्शनम्" (१।१५) इस शिवसूत्र में, "स च सर्वेषु भूतेषु भावतत्त्वेन्द्रियेषु च। स्थावरं जङ्गमं चैव चेतनाचेतनं स्थितम्॥ अध्वानं व्याप्य सर्वं तु सामरस्येन संस्थितम्।" (४।३०७-३०८) स्वच्छन्दतन्त्र के इन श्लोकों में तथा "तथा स्वात्मन्यधिष्ठानात् सर्वत्रैव भविष्यति" (श्लो० ३९) इस स्पन्दकारिका में यही विषय प्रतिपादित है॥४८॥

[धारणा–२६]

सर्वतः स्वशरीरस्य द्वादशान्ते मनो[1]लयात्।
दृढबुद्धेर्दृढीभूतं तत्त्वलक्ष्यं प्रवर्तते॥४९॥

सर्वतो रोमकूपान्तरेष्वपि चैतन्यदेवस्य प्रवेशेन स्वशरीरस्य द्वादशान्ते स्वकीये शरीरे द्वादशान्तो योऽस्ति तत्र मनोलयात् मनसो लयात् वासनाक्षयात्, अथवा द्वादशान्ते शून्यातिशून्ये मध्यधाम्नि सुषुम्णायां मनसो लयात् दृढबुद्धेर्योगिनः, दृढीभूतं प्राप्तै-काग्र्यं तत्त्वलक्ष्यं परप्रकाशरूपं प्रवर्तते प्रसरति॥४९॥

अपने शरीर में, सब तरफ से रोमकूपों के भीतर भी, चैतन्यस्वरूपी देवता के प्रविष्ट हो जाने से शरीर स्थित द्वादशान्त में एकाग्रता-प्राप्त मन दृढ़तापूर्वक प्रविष्ट हो जाता है। अथवा द्वादशान्त, अर्थात् सुषुम्णा नामक मध्यनाडी के शून्यातिशून्य धाम में यह लीन हो जाता है। द्वादशान्त में लीन हो जाने के कारण मन की वासनाओं का क्षय हो जाने से योगी का चित्त एकाग्रता की ओर दृढ़तापूर्वक बढ़ता जाता है और अन्ततः वह विश्रान्ति दशा में पहुँच जाता है, जहाँ कि उसके हृदय में परतत्त्व का प्रकाश आलोकित हो उठता है। "सौषुम्णेऽध्वन्यस्तमितो हित्वा ब्रह्माण्डगोचरम्" (श्लो० २४) इस स्पन्दकारिका की विभिन्न व्याख्याओं में इस विषय का विस्तार अवलोकनीय है॥४९॥

[धारणा–२७]

[1]यथा तथा यत्र तत्र द्वादशान्ते मनः क्षिपेत्।
प्रतिक्षणं क्षीणवृत्तेर्वैलक्षण्यं दिनैर्भवेत्॥५०॥

यथा तथेति स्वरसोदितेन येन तेन संवित्प्रसरप्रकारेण, यत्र तत्रेति पूर्वोक्तेषु यस्मिन् तस्मिन् प्रदेशे, द्वादशान्ते प्रतिक्षणं मुहुर्मुहुः, मनः क्षिपेत् एकाग्रीकुर्यात्। इत्थं क्षीणवृत्तेः प्रशान्तचाञ्चल्यस्य अस्य, दिनैरल्पेनैव कालेन, वैलक्षण्यम् असामान्यभैरवताऽ-भिव्यक्तिर्भवेत् स्यादेव। 'यथा यथा यत्र यत्र' इति पाठे तु येन येन प्रकारेण यस्मिन् यस्मिन् विषये मनोनिक्षेपणं तथा तथा तत्र तत्र वैलक्षण्यं भवेदित्यन्वयः॥५०॥

---

१. °नो–क०।

1. तन्त्रालोकविवेक (भा० ३, आ० ५, पृ० ३७८) तथा प्रत्यभिज्ञाहृदय (पृ० ८९) में यह श्लोक मिलता है।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

साधक योगी स्वाभाविक रूप से उठते हुए संविद्, अर्थात् ज्ञान के जिस किसी भी प्रकार को पूर्वोक्त स्थानों के बीच में से जिस किसी भी प्रदेश से द्वादशान्त में ले जाकर वहाँ प्रति क्षण बार-बार मन को एकाग्र करने का प्रयत्न करे। ऐसा करने से मन की वृत्तियों के क्षीण हो जाने से उसकी चंचलता शान्त हो जाती है और वह योगी थोड़े ही समय में अपने भीतर विलक्षणता का, अर्थात् असामान्य परभैरव के स्वरूप की अभिव्यक्ति का, अनुभव करने लगता है। 'यथा यथा यत्र यत्र' इस पाठ में जिस जिस प्रकार से जिस जिस विषय में मन को लगाया जाता है, उसी उसी प्रकार से वहाँ वहाँ वैलक्षण्य का आविर्भाव होता है, इस तरह का अन्वय किया जाता है। तन्त्रालोक के—

शाक्ते क्षोभे कुलावेशे सर्वनाडयग्रगोचरे।
व्याप्तौ सर्वात्मसंकोचे हृदयं प्रविशेत् सुधीः॥ (५।७१)

इस श्लोक में 'सर्वनाडयग्रगोचरे' इस पद से इसी स्थिति का वर्णन किया गया है। सभी नाडियों के अग्रभाग में द्वादशान्त की ही स्थिति मानी जाती है॥५०॥

[धारणा–२८]

[1]कालाग्निना कालपदादुत्थितेन स्वकं पुरम्।
प्लुष्टं विचिन्तयेदन्ते शान्ताभा[2]सस्तदा भवेत्॥५१॥

कालपदाद् दक्षिणपादाङ्गुष्ठाद् उत्थितेन कालाग्निना स्वकं पुरम् आत्मीयं देहमेव गुग्गुलम् "ॐ र क्ष र य ऊं तनुं दाहयामि नमः" इति मन्त्रोच्चारपूर्वकं शरीर-दाहादिचिन्तनयोगयुक्त्या आत्मभावनया प्लुष्टं विचिन्तयेन् दग्धं विभावयेत्। तदा अन्ते स योगी शान्ताभासो भवेद् अभिव्यक्तस्वात्मस्वरूपः स्यात्। 'शान्ताभासः प्रजायते' इति पाठे योगिनश्चिन्मयमूर्तिमान् विभावसुः प्रकाशत इत्यर्थः॥५१॥

"ॐ र क्ष र य ऊं तनुं दाहयामि नमः" इस मन्त्र का उच्चारण करते हुए कालपद, अर्थात् दाहिने पैर के अँगूठे से उठती हुई कालाग्नि का ध्यान करके, उसकी ज्वाला से मेरा पूरा शरीर भस्म हो गया है, ऐसी भावना करे। यहाँ अपने शरीर को ही गुग्गुल समझे। गुग्गुल जैसे अग्नि में भस्म हो जाती है, उसी तरह से साधक अपने शरीर के संबन्ध में भी, वह कालाग्नि में जल गया है, इस तरह की भावना करे। पुर शब्द गुग्गुल का भी पर्यायवाची है और यद् शब्द देह का भी बोधक होता है। यहाँ इस श्लिष्ट पद के प्रयोग का यह अभिप्राय है कि गुग्गुल जैसे जल कर सर्वत्र सुगन्धि फैला देता है और वातावरण को विषाक्त कीटाणुओं के प्रभाव से निर्मुक्त कर देता है, उसी तरह से उक्त भावना के अभ्यास से साधक सभी

---

१. °पुरा°–ख०। २. °सः प्रजायते–ख० शि० म०।

1. यह श्लोक शिवसूत्रविमर्शिनी (पृ० ३८) और महार्थमंजरीपरिमल (पृ० ११२) में विद्यमान है।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

मलों (दोषों) से निर्मुक्त होकर अपने शान्त स्वरूप को प्राप्त कर लेता है, अर्थात् उसके समक्ष चिन्मय मूर्तिमान् अग्नि प्रकाशित हो उठती है। महार्थमंजरी की—

शोषो मलस्य नाशो दाह एतस्य वासनोच्छेदः।
आप्लावनं तनूनां ज्ञानसुधासेकनिर्मिता शुद्धिः ।। (४४ श्लो०)

इस गाथा में प्राणायाम के अभ्यास से शोष, दाह और आप्लावन की प्रक्रिया के आधार पर साधक के देह को अमृतमय बना देने की बात कही गई है। 'देवो भूत्वा देवं यजेत्' इस विधिवाक्य की सिद्धि के लिए इसी प्रक्रिया का सहारा लिया जाता है। भूतशुद्धि और प्राण-प्रतिष्ठा के माध्यम से भी इसी स्थिति तक पहुँचा जाता है। "शरीरे संहारः कलानाम्" (३।४) इस शिवसूत्र में भी यही बात वर्णित है ।।५१।।

[धारणा–२९]

एवमेव जगत्सर्वं दग्धं ध्यात्वा विकल्पतः।
अनन्यचेतसः पुंसः पुंभावः परमो भवेत् ।।५२।।

एवमेव कालपदादुत्थितेन कालाग्निना देवस्थं बाह्यस्थं च सर्वं जगद् विकल्पतो दग्धं ध्यात्वा नामरूपतः प्लुष्टं विभाव्य वर्तमानस्य अनन्यचेतसो निर्विकल्पचित्तस्य पुंसो योगिनः परमः पुंभावो भवेत् अपरिमितप्रमातृभैरवता प्रकाशते। अत्र पूर्वोक्त-धारणार्थं एव दृढीकृतः, परन्तु पूर्वं स्वपुरदाहचिन्तनमुक्तम्, इह सर्वजगद्दाहभावनेति विशेषः ।।५२।।

इसी तरह से कालपद से उठी कालाग्नि की ज्वाला से देह के भीतर और बाहर वर्तमान सारे जगत् के सभी पदार्थ भस्म हो गये हैं, ऐसी भावना का अभ्यास करने वाले, अनन्यचित्त, निर्विकल्प स्वभाव, योगी के हृदय में परम पुंभाव (पुरुषार्थ), अर्थात् अपरिमित प्रमाता के रूप में वर्तमान भैरव का स्वरूप आविर्भूत हो जाता है। एक प्रकार से यहाँ पूर्वोक्त धारणा की ही पुष्टि की गई है, किन्तु इनमें अन्तर इतना है कि पहले श्लोक में केवल अपने शरीर के भस्म हो जाने की भावना बताई गई है और इसमें सारे जगत् के दाह की भावना वर्णित है ।।५२।।

[धारणा–३०]

स्वदेहे जगतो वापि सूक्ष्मसूक्ष्मतराणि च।
तत्त्वानि यानि निलयं ध्यात्वान्ते व्यज्यते परा ।।५३।।

स्वदेहे निजदेहविषये संबद्धानि, जगतो वापि अथवा सर्वस्य जगतः संबन्धीनि यानि सूक्ष्माणि सूक्ष्मतराणि च तत्त्वानि प्रकृतिमहदहङ्कारादीनि तथा पृथिव्यादीनि तद्विकारभूतानि च यानि सन्ति, तेषां निलयं स्वस्वकारणेषु मृतिदशायां लयं ध्यात्वा अन्ते पर्यन्ते परा देवी व्यज्यते प्रकटीभवति। 'तत्त्वाति यातानि लयम्' इति पाठे तु सर्वतत्त्वानि लयं यातानि नष्टप्रायाण्येवेति ध्यात्वा पराभट्टारिकाविर्भावो भवेदित्यर्थः।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

अयमत्र तात्पर्यार्थः—मयूराण्डरसन्यायेन परा देवी सर्वमेतदन्तःस्थितमेव बहिः प्रकाशयति। अनया धारणया सर्वभेदाभेदगलनायां साधकः परोदयः स्यादेवेति ॥५३॥

अपने देह में वर्तमान अथवा इस सारे जगत् में विद्यमान जो सूक्ष्म से सूक्ष्मतर प्रकृति, महान्, अहङ्कार प्रभृति तथा पृथिवी प्रभृति पंच महाभूत और उनके विकारभूत मांस, अस्थि आदि तत्त्व हैं, उनके विषय में ये अपने-अपने कारणों में लीन हो रहे हैं, इस तरह की भावना करने पर अन्त में परा देवी प्रकाशित हो जाती है। 'तत्त्वानि यातानि लयम्' ऐसा भी पाठ मिलता है। इसका अर्थ यह है कि सभी तत्त्व अपने-अपने कारणों में लीन हो गये हैं, प्रायः नष्ट हो गये हैं, इस तरह की भावना करने से परा देवी प्रकट हो जाती है। इसका अभिप्राय यह है कि परा भट्टारिका ही मयूराण्डरस न्याय[1] से अपने भीतर वर्तमान इस पूरे जगत् को बाहर प्रकाशित कर देती है। जो साधक इस बात को समझ कर परा देवी में ही सारे जगत् को समर्पित कर देता है, तो सभी भेदों और उपभेदों के विगलित हो जाने से वह परम उदय की अवस्था को प्राप्त कर लेता है ॥५३॥

[धारणा-३१]

[2]पीनां च दुर्बलां [1]शक्तिं ध्यात्वा द्वादशगोचरे।
प्रविश्य हृदये ध्याय[2]न् मुक्तः[3] स्वातन्त्र्यमाप्नुयात् ॥५४॥

शक्तिं प्राणशक्तिम्, आदौ पीनां पीवराम् अन्नपानादिभोजनदिशा पीनत्वं प्राप्ताम्, ततः क्रमेण दुर्बलां कृशां गुरूपदेशमार्गेण कुम्भकादिना सूक्ष्मां भवन्तीं द्वादशगोचरे द्वादशान्ते ध्यात्वा, हृदये प्रविश्य च ध्यायन् साधको मुक्तः सन् स्वातन्त्र्यमाप्नुयात् स्वतन्त्रपरमेश्वरस्वरूपः स्यात् ॥५४॥

भर पेट भोजन-पानी पाने से मोटी अकल के आरामतलबी आदमी का शरीर ही नहीं, प्राण शक्ति भी मोटी हो जाती है। बाद में सद्गुरु का उपदेश पाकर जब वह योगाभ्यास में लग जाता है, कुम्भक प्रभृति प्राणायामों का अभ्यास करने लगता है, तो धीरे-धीरे उसके शरीर के मोटापे के साथ ही प्राण-वायु भी कृश होती जाती है, सूक्ष्म से सूक्ष्मतर होती जाती है। इसी सूक्ष्म प्राणशक्ति का द्वादशान्त स्थान में और हृदय में भी प्रविष्ट होकर जो साधक ध्यान करता है, वह मुक्त होकर अपनी स्वाभाविक स्वतन्त्र स्थिति को प्राप्त कर लेता है, अर्थात् उसमें परमेश्वर की स्वातन्त्र्य शक्ति, जो कि उसका अपना ही स्वरूप है,

---

१. चंव–त०। २. °येत् सुप्तः स्वाच्छन्द्य°–त०। ३. स्वप्न°–स्प०।

1. इस न्याय का अभिप्राय यह है कि मयूर (मोर) के अण्डे के रस में किसी प्रकार की विचित्रता के न रहते हुए भी जैसे उससे रंग-विरंगे पक्षी (मोर) की उत्पत्ति होती है, उसी तरह से परा शक्ति से भी इस चित्र-विचित्र जगत् की सृष्टि होती है।

2. यह श्लोक स्पन्दनिर्णय (पृ० ५६) और तन्त्रालोक तथा उसकी टीका विवेक (भा० ९, आ० १५, पृ० २४०, २४३) में मिलता है।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

पूर्णतया अभिव्यक्त हो जाती है। "यथेच्छाभ्यर्थितो धाता" इस स्पन्दकारिका की व्याख्या करते हुए क्षेमराज ने स्पन्दनिर्णय (पृ० ५५-५६) में इस स्थिति की अधिक स्पष्ट व्याख्या की है। अभिनवगुप्त ने भी तन्त्रालोक (१५।४८०-४८१) में विज्ञानभैरव के इस श्लोक को प्रमाण रूप में उद्धृत कर शिष्यदीक्षा के प्रसंग से इसको जोड़ा है कि इस धारणा के अभ्यास से गुरु शिष्य के अन्तःकरण में प्रविष्ट होकर उसमें आध्यात्मिक शक्ति का संचार करता है ।।५४।।

[धारणा–३२]

[1]भुवनाध्वादिरूपेण चिन्तयेत् क्रमशोऽखिलम् ।
स्थूलसूक्ष्मपरस्थित्या यावदन्ते मनोलयः ।।५५।।

भुवनाध्वादिरूपेण भुवन-तत्त्व-कला-मन्त्र-पद-वर्णाख्यो यः षोढा [2]वाच्यवाचक-रूपोऽध्वा शब्दार्थमयस्तस्याध्वनः स्थूलसूक्ष्मपररूपतया क्रमशोऽखिलं जगत् चिन्तयेत्, यावदन्ते तत्रैव मनोलयः पराकाष्ठावगतिः स्यात् ।।५५।।

भुवन, तत्त्व, कला, मन्त्र, पद और वर्ण—ये तन्त्रशास्त्र में षडध्व के नाम से प्रसिद्ध हैं। वस्तुतः यह वाच्य और वाचक के रूप में विद्यमान शब्द और अर्थ का ही विस्तार है। शब्द से वर्ण, पद और मन्त्र की और अर्थ से कला, तत्त्व, भुवन की उत्पत्ति होती है। स्थूल, सूक्ष्म और पर रूप में विद्यमान इन षडध्वों से क्रमशः यह सारा जगत् व्याप्त है। योगी इस भावना का तब तक अभ्यास करता रहे, जब तक कि अन्ततः उसका मन इसी में लीन नहीं हो जाता।

इस विषय को कुछ विस्तार से समझने की आवश्यकता है। तान्त्रिक दीक्षा में षडध्व की शुद्धि अनिवार्य मानी जाती है। प्रायः सभी ग्रन्थों में, विशेष कर शैवागम के ग्रन्थों में, इसका विस्तार से वर्णन मिलता है। वस्तुतः यह सारा जगत् पर, सूक्ष्म और स्थूल रूप में, वाचक और वाच्य के रूप में, शब्द और अर्थ के रूप में प्रतीत हो रहे उस विश्वातीत और विश्वात्मक परब्रह्म की क्रियाशक्ति का ही विस्तार मात्र है। शब्दब्रह्म ही षडध्व के रूप में परिणत होता है। इनमें से वर्ण का इस विश्व के साथ अभेदात्मक, मन्त्र का भेदाभेदात्मक और पद का भेदात्मक संबन्ध रहता है। इसमें पहला अध्व उसके बाद के अध्व में व्यापक रूप से रहता है और बाद का अध्व अपने पहले अध्व में व्याप्य रूप से रहता है। इस तरह से ये सभी अध्व परस्पर व्याप्यव्यापकभाव से सब में स्थित हैं। इसीलिये शास्त्रों में जहाँ-तहाँ

---

1. शिवसूत्रविमर्शिनी (पृ० ३८) और महार्थमंजरी की परिमल टीका (पृ० ७१, १४२) में यह उद्धृत है।
2. शब्द और अर्थ के वाच्यवाचकभाव संबन्ध का निरूपण पृ० ६ की पहली टिप्पणी में किया जा चुका है।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

पाँच अध्वों को अपने भीतर समेटे किसी एक अध्व की शुद्धि का विधान मिलता है। जैसा कि स्वच्छन्दतन्त्र के—

अध्वावलोकनं पश्चाद् व्याप्यव्यापकभेदतः।
भुवनव्यापिता तत्त्वेष्वनन्तादिशिवान्तके ।।
व्यापकानि च षट्त्रिंशन्मन्त्रवर्णपदात्मकाः।
तत्त्वान्तर्भाविनः सर्वे वाच्यवाचकयोगतः ।।
कलान्तर्भाविनस्ते वै निवृत्त्याद्याश्च ताः स्मृताः। (४।९५-९७)

इन श्लोकों में यह विषय प्रतिपादित है। यहाँ व्याप्यव्यापकभाव के आधार पर षडध्व की भावना का प्रतिपादन किया गया है। अनन्त से शिव पर्यन्त भुवनों में सर्वत्र तत्त्व व्यापक रूप से रहते हैं। ये व्यापक तत्त्व ३६ होते हैं। इनसे अतिरिक्त मन्त्र, वर्ण और पदात्मक अन्य तीन अध्व हैं। इनमें से वर्ण ५० तथा नवात्मसंबन्धी पद ८१ प्रकार के हैं। क्रमशः इनमें तत्त्व प्रभृति का अन्तर्भाव हो जाता है, क्योंकि तत्त्व प्रभृति वाच्य और मन्त्र प्रभृति वाचक कहलाते हैं। कलाध्वा के शोधन की प्रधानता के आधार पर यह क्रम प्रतिपादित है। इस प्रक्रिया से कलाध्वा में ही अन्य सभी अध्वों का अन्तर्भाव हो जाता है और यह कलाध्वा निवृत्ति आदि के भेद से पाँच प्रकारों में विभक्त है। इस विषय को हमने "वैष्णवेषु तदितरेषु चागमेषु षडध्वविमर्शः"[1] नामक निबन्ध में विस्तार से समझाया है।

इसको संक्षेप में इस तरह से समझा जा सकता है—चिदानन्दघन परम स्वतन्त्र परमेश्वर अपनी उन्मना नाम की स्वातन्त्र्य शक्ति की सहायता से शून्य से लेकर पृथ्वी पर्यन्त इस अनन्त जगत् को एक साथ प्रकाशित कर देता है। वाच्यवाचकरूप में विभक्त इस जगत् को यद्यपि वह अपने स्वरूप (स्वात्मभित्ति) में ही प्रकाशित करता है, अतः वास्तव में इनमें कोई भेद नहीं होता, किन्तु वह इसमें भेद-बुद्धि को भी पैदा कर देता है। यह वाचक अर्थात् ग्राहक के रूप में विद्यमान जगत् पर, सूक्ष्म और स्थूल रूप में क्रमशः[2] वर्ण, मन्त्र और पद के रूप में तीन तरह से विभक्त हो जाता है। इसी तरह से वाच्य भी ग्राह्य स्वरूप में प्रविष्ट होकर पर, सूक्ष्म और स्थूल रूप में क्रमशः कला, तत्त्व और भुवन का रूप धारण कर लेता है। पर-स्वभाव वर्ण अभेद विमर्श को पैदा करने वाले हैं। ये जब कुछ स्थूलता की ओर

1. द्रष्टव्य—सारस्वती सुषमा, व० १७, अ० १-२, पृ० १७९-२००; तन्त्रयात्रा, पृ० १४-३४।
2. तन्त्रालोक (६।३४-३५) में भी यही क्रम वर्णित है। शैवागमों में षडध्व का क्रम इस प्रकार दिया गया है—वर्ण, पद, मन्त्र और कला, तत्त्व, भुवन। वहाँ ५० वर्णों के बाद व्योमव्यापी प्रभृति ८१ पदों का विस्तार से वर्णन मिलता है और मुख्य मन्त्रों की संख्या ११ ही मानी गई है। षडध्व की शुद्धि में सर्वत्र प्रायः यही क्रम मान्य है। मन्त्रों का स्वरूप वाक्यों के सदृश है, अतः व्याकरण की दृष्टि से भी वर्ण और पद के बाद ही मन्त्र की स्थिति मानी जाय, यही उचित प्रतीत होता है। पूर्वोक्त क्रम को भी मन्त्र की नादात्मकता को स्वीकार कर मान्य किया जाता है।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

बढ़ते हैं, तो सूक्ष्मस्वभाव भेदाभेद दृष्टि के प्रतिनिधि नादात्मक मन्त्र के रूप में अभिव्यक्त होते हैं। पुनः आगे बढ़ने पर स्थूल-स्वभाव भेद दृष्टि को पैदा करने वाले पदों का आविर्भाव होता है। इसी तरह से वाच्यरूपा पारमेश्वरी कला-शक्ति उत्तरोत्तर स्थूल-स्वरूप को धारण करती हुई अन्ततः भुवनाध्व का रूप धारण करती है। वास्तव में यद्यपि परमेश्वर की इस शक्ति का स्फुरण बिना क्रम के ही होता है, तथापि अपनी स्वातन्त्र्य शक्ति की सहायता से यह दर्पण में दिखाई पड़ने वाले विभिन्न प्रतिबिम्बों की भाँति उनमें क्रम का आभास भी कराती है। जब क्रम का आभास होने लगता है, तो उसमें पहले आविर्भूत हुआ पदार्थ बाद में आविर्भूत हुए पदार्थ में व्यापक रूप से उसी तरह से विद्यमान रहता है, जैसे कि घट में मृत्तिका व्यापक रूप से रहती है। बाद में आविर्भूत होने वाला पदार्थ अपने पूर्ववर्ती कारण पदार्थ में शक्ति के रूप में उसी तरह से छिपा रहता है, जैसे कि वृक्ष अपने बीज में छिपा रहता है। इस तरह से विश्व के सभी पदार्थ एक दूसरे से परस्पर संबद्ध हैं, अतः कहा जा सकता है कि सभी[1] पदार्थ सर्वात्मक हैं। इस तरह से प्रत्येक प्रमाता अथवा भाव में वस्तुतः षडध्व का विस्तार देखा जा सकता है और यह सब कुछ परमेश्वर की स्वातन्त्र्य शक्ति का ही विलास है। अकार से लेकर हकार पर्यन्त वर्णों का परामर्श जब परिपक्व हो जाता है, तो उसका अहन्ता में विश्राम होता है। पर भैरव का ही यह सारा खिलवाड़ है। इस तरह से भुवन आदि षडध्व के रूप में इस जगत् का ही विस्तार होता है, ऐसा विचार कर स्थूलतर का स्थूल में, स्थूल का सूक्ष्म में और सूक्ष्म का पर भाव में, अर्थात् चिन्मात्र के बोध में विलयन कर देना चाहिये। इस अध्वशोधन की प्रक्रिया के आधार पर शिव तत्त्व के स्वरूप का विमर्श (चिन्तन) करने से साधक का चित्त विलीन हो जाता है। इस पूरे प्रकरण को शिवोपाध्याय ने—

भुवनादित्रयं वाच्यं पदादिवाचकं त्रयम्।
शक्तिरेतच्चाध्वषट्कं शक्तिमांस्तु महेश्वरः॥

इस एक श्लोक में संगृहीत कर दिया है, अर्थात् भुवन प्रभृति तीन अध्व वाच्य वर्ग में और पद आदि तीन वाचक वर्ग में प्रविष्ट हैं। यह अध्वषट्क स्वातन्त्र्य शक्ति का ही विस्तार है और इस शक्ति का अधिपति महेश्वर है, परभैरव शिव स्वयं इसका अधिष्ठाता है। महार्थमंजरीकार महेश्वरानन्द ने—

यदध्वनां च षट्कं तत्र प्रकाशार्थलक्षणमर्धम्।
विमर्शशब्दस्वभावमर्धमिति शिवस्य यामलोल्लासः॥२७॥

---

1. सभी पदार्थों की सर्वात्मकता का विवेचन "घटादौ" (श्लो० १०३) इत्यादि कारिका की व्याख्या के अवसर पर किया गया है। इस विषय को अधिक विस्तार से समझने के लिये शिवदृष्टि के प्रथम और पंचम आह्निक के इस विषय से संबद्ध अन्तिम अंश का और महार्थमंजरी की गाथा ३२-३३ की परिमल टीका का अवलोकन करना चाहिये।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

स्थूलतरेष्वपि प्रेक्षध्वं भूतेषु खस्य निर्मलावस्थाम् ।
षट्त्रिंशिकातिलङ्घी कीदृशो भवतु सोमनाथः सः ॥५७॥

इन दो कारिकाओं की स्वनिर्मित परिमल व्याख्या में इसी विषय पर अन्य दृष्टिकोणों से भी विचार किया है ॥५५॥

[धारणा-३३]

[1]अस्य [1]सर्वस्य विश्वस्य पर्यन्तेषु समन्ततः ।
अध्वप्रक्रियया तत्त्वं [2]शैवं ध्यात्वा महोदयः ॥५६॥

अस्य सर्वस्य विश्वस्य पर्यन्तेषु समन्ततोऽध्वप्रक्रियया शैवं तत्त्वं ध्यात्वा अध्व-षट्केषु भुवनाध्वादिषु सामान्यतया विशेषतया वा न किमपि प्रकाशविमर्शात्मकशिवतत्त्वं विना सारभूतमिति षडध्वशोधनप्रक्रियया विज्ञाय महोदयः प्रकाशाभिव्यक्तिः परम-शिवावभासः स्यात् ॥५६॥

प्रकाश और विमर्श स्वरूप परमेश्वर ही शिव है । शैव तत्त्व उस शिव के स्वरूप को कहते हैं । शिव के इस स्वरूप का ध्यान करने पर साधक का महान् उदय हो जाता है, अर्थात् उसमें प्रकाश का आविर्भाव हो जाता है । इसलिये कि भुवन, तत्त्व और कलात्मक वाच्य वर्ग प्रकाश से आविर्भूत है और वर्ण, मन्त्र एवं पदस्वरूप वाचक वर्ग विमर्श से उद्भूत है । दो अरणियों (लकड़ियों) के संसर्ग से जैसे अग्नि पैदा होती है, उसी तरह से इन दोनों के संसर्ग से यह सारा जगत् आविर्भूत होता है । उन्मेष और निमेष नामक दो शक्तियों की सहायता से ही शिव इस जगत् की सृष्टि और संहार करता रहता है । इस षडध्वमय जगत् का स्वरूप शिव के स्वरूप को छोड़कर दूसरा कुछ भी नहीं है, अतः जगत् के स्वरूप को छोड़कर केवल शिव का ध्यान करने वाले योगी का महान् उदय हो जाता है, अर्थात् उसको परमशिव का साक्षात्कार प्राप्त हो जाता है । शिव के इस स्वरूप की व्याख्या कर्मकाण्डक्रमावली के निम्न श्लोक में मिलती है—

[2]त्रयीसप्तचतुर्युग्ममये त्रितयवर्त्मनि ।
स्थितो यः शक्तिसहितः स जयत्यमृतेश्वरः ॥

अर्थात् यह अमृतेश्वर मृत्युंजय भट्टारक शिव प्रथमतः अनुत्तर (अ), इच्छा (इ) और उन्मेष (उ) स्वरूप तीन ह्रस्व स्वरों के रूप में और बाद में आनन्द (आ), ईशन (ई), ऊर्मि (ऊ) तथा षण्ढ स्वर (ऋ ॠ ऌ ॡ) स्वरूप सात स्वरों के रूप में, तब चार सन्ध्यक्षरों

---

१. विश्वस्य सर्वस्य–तवि० । २. ध्यात्वा शैवं–ख० ।

1. तन्त्रालोकविवेक (भा० ७, आ० १२, पृ० ९५) में यह श्लोक मिलता है ।

2. सोमशम्भु कृत कर्मकाण्डक्रमावली के तीन संस्करण प्रकाशित हुए हैं । उनमें यह श्लोक कहीं उपलब्ध नहीं होता ।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

(ए ऐ ओ औ) के रूप में और अन्ततः अनुस्वार और विसर्जनीय इन दो स्वरों के रूप में, अर्थात् षोडश कलात्मक पुरुष के स्वभाव में परिणत होता है। उस अमृतेश्वर शिव का यह त्रयीसप्तचतुर्युग्ममय, षोडश कलात्मक स्वरूप बाद में वर्ण, मन्त्र और पद नामक अध्वत्रय में, जो कि वाचक के रूप में इस संसार के समस्त भावों के साथ अभेद, भेदाभेद और भेद दृष्टि से वर्तमान रहते हैं, प्रविष्ट हो जाता है। इस स्थिति में उसका अपनी कला नामक शक्ति की सहायता से तत्त्व, भुवन और कला नामक अध्वत्रय में प्रविष्ट हुई शक्ति से साक्षात्कार हो जाता है, जो कि वाच्य अध्वा के नाम से शास्त्रों में प्रसिद्ध है। इस शक्तिस्वरूप वाच्य अध्वा के साथ वाचक अध्वा के रूप में परिणत यह कालभक्षक, कालवंचक, मृत्युंजय भट्टारक (अमृतेश्वर) ही इस सारे संसार को जीतकर, अपने में समेट कर अपने सर्वोत्तम परप्रकाशमय स्वरूप में सदा विराजमान रहता है। यद्यपि यह शिव और शक्ति का परिणाम षडध्व के रूप में होता है, किन्तु वाच्य अध्वा का अन्तर्भाव वाचक अध्वा में मान लिया जाता है। इस तरह से 'त्रितयवर्त्मनि' शब्द से षडध्व का ग्रहण किया जाता है। अथवा यह भी कहा जा सकता है कि वाच्य और वाचक प्रत्येक अध्वा त्रितयात्मक है। फलितार्थ यह हुआ कि इस षडध्वप्रक्रिया का सहारा लेकर साधक अपनी महोदय अवस्था तक, स्वरूप-साक्षात्कार तक पहुँच सकता है। इस विषय को तन्त्रालोक के द्वादश आह्निक में अभिनवगुप्त ने—

आसंवित्तत्त्वमाबाह्यं योऽयमध्वा व्यवस्थितः।
तत्र तत्रोचितं रूपं स्वं स्वातन्त्र्येण भासयेत् ॥४॥

इत्यादि श्लोकों में विस्तार से समझाया है ॥५६॥

[धारणा-३४]

विश्वमेतन्महादेवि शून्यभूतं विचिन्तयेत्।
तत्रैव च मनो लीनं ततस्तल्लयभाजनम् ॥५७॥

हे महादेवि, एतत् सर्वं विश्वं चराचरभूतं जगत् शून्यभूतं[1] शून्यातिशून्यतामाप्तं न किञ्चित्, गन्धर्वनगरादितुल्यमध्यासात्मकमसदित्याद्याख्यं नामरूपादिहीनं मायागहनं च विचिन्तयेत् विभावयेत्। तत्रैव च मनः स्वात्मनश्चित्तं लीनं कुर्यात्। तत एवं करणेन तल्लयभाजनं तत्र लयस्तन्मयीभावस्तस्य भाजनं पात्रं जायते। साधकः स्वप्रकाशात्मस्वरूपो भवतीति भावः ॥५७॥

हे महादेवि, साधक को ऐसा विचार करना चाहिये कि यह सारा चराचर जगत् शून्यभूत है, अर्थात् कुछ भी नहीं है। यह गन्धर्वनगर के तुल्य अध्यासात्मक, कल्पना प्रसूत, अत एव असत् है। यह नाम और रूप आदि से रहित मायाकलित है। इसी के साथ अपने मन को भी इसी भावना में लीन कर देना चाहिये। ऐसा करने से वह साधक लय का भाजन

1. शून्यातिशून्य पद की व्याख्या पृ० ४८ की टिप्पणी में देखनी चाहिये। प्रस्तुत प्रकरण में इस शब्द का प्रयोग अत्यन्त असत् अर्थ में किया गया है। ५८वें श्लोक की व्याख्या में शून्यातिशून्य शब्द का प्रयोग पूर्वोक्त अर्थ में हुआ है।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

हो जाता है, अर्थात् उक्त भावना के अभ्यास से यह जो स्वप्रकाशात्मक सत्तत्त्व उसके अपने स्वरूप में अभिव्यक्त हो गया है, उसी में उसका पूर्व-कल्पित रूप विलीन हो जाता है। तब साधक का स्वरूप में तन्मयीभाव हो जाता है ॥५७॥

[धारणा–३५]

घटादिभाजने दृष्टिं भित्तीस्त्यक्त्वा विनिक्षिपेत् ।
तल्लयं तत्क्षणाद् गत्वा तल्लयात्तन्मयो भवेत् ॥५८॥

घटादिभाजनेऽन्तःसुषिरे घटादिवस्तुनि भित्तीस्त्यक्त्वा दक्षिणोत्तरपार्श्वादि विहाय दृष्टिं विनिक्षिपेत् । धारणायाऽनया साधकस्तत्क्षणात् तस्मिन्नाकाशे लयं गत्वा तस्याकाशस्यापि लयात् परमशून्यातिशून्ये विश्रान्तेस्तन्मयो भवेत् परब्रह्मसमाविष्टः सन् ब्रह्मैव सम्पद्यते ॥५८॥

भीतर से पोले (खाली) घट आदि पदार्थों में अगल-बगल की दीवारों को छोड़कर अपनी दृष्टि को सीधे उस पात्र के भीतर स्थित शून्यता में लगावे। घट प्रभृति के भीतर का आकाश विभिन्न आकारों में विभक्त हो जाता है। आकाश की इन विभाजक दीवारों की उपेक्षा कर योगी यह भावना करे कि घट आदि पात्रों के भीतर के आकाश को इस अनन्त शून्य से दीवारें अलग नहीं कर सकतीं। इस तरह से घट स्थित आकाश में साधक का चित्त जब विश्राम-लाभ कर लेता है, तो उसको शून्यातिशून्य में मेरा मन विलीन हो गया है, ऐसी भावना करनी चाहिये। इससे साधक परब्रह्मभाव में समाविष्ट हो जाता है, स्वयं ब्रह्म बन जाता है ॥५८॥

[धारणा–३६]

[1]निर्वृक्षगिरिभित्त्या[1]दिदेशे दृष्टिं विनिक्षिपेत् ।
[2]विलीने मानसे भावे वृत्तिक्षीणः प्रजायते ॥५९॥

निर्वृक्षगिरिभित्त्यादिदेशे निर्वृक्षदेशे मरुस्थलादौ शून्यदिगादौ वा, गिरौ पर्वतादौ तुङ्गादिविषयादौ, भित्त्यादिदेशे च दृष्टिं विनिक्षिपेत् दृङ्निक्षेपं कुर्यात्। भावनयाऽनया मानसे भावे चित्तस्वरूपे तत्तदालम्बनाभावाद् विलीने गलिते सति योगी वृत्तिक्षीणः क्षीणसमस्तवृत्तिः प्रजायते महाप्रकाशस्वरूपो भवति, ब्रह्मैव संपद्यत इत्यर्थः ॥५९॥

वृक्षरहित प्रदेश मरुभूमि में अथवा शून्य दिशाओं में, पर्वत के शिखर अथवा किसी भी ऊँचे स्थान में और भित्ति (दीवाल) आदि प्रदेशों में अपनी दृष्टि को जमाने का, स्थिर करने

---

१. °दौ–प० । २. नि°–ने० ।

1. ईश्वरप्रत्यभिज्ञाविवृतिविमर्शिनी (भा० २, पृ० ३११) में 'निर्वृक्षगिरिभित्त्यादि' इतना अंश और (पृ० ४२७) में तथा परात्रिंशिका (पृ० १३६) में प्रथम पंक्ति मिलती है। नेत्रतन्त्रोद्योत (भा० १, पृ० २००) में पूरा श्लोक मिलता है।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

का, अभ्यास करे। इस भावना के अभ्यास से साधक की दृष्टि में शून्यता समाने लगती है। ऐसी अवस्था में आलम्बन के अभाव में मानस भाव, अर्थात् चित्त के स्वरूप के विगलित हो जाने पर योगी की समस्त वृत्तियाँ क्षीण हो जाती हैं और उसमें महाप्रकाश का आविर्भाव ह जाता है, अर्थात् वह स्वयं ब्रह्मस्वरूप हो जाता है। "बहिरकल्पिता वृत्तिर्महाविदेहा ततः प्रकाशावरणक्षयः" (यो० सू० ३।४३) इस सूत्र में वर्णित चित्त की स्थिति को 'महाविदेहा' नाम दिया है, जिसमें कि सब तरह के आवरणों का क्षय हो जाता है और प्रकाशात्मक स्वरूप आलोकित हो उठता है। अभिनवगुप्त ने परा-त्रिंशिका की व्याख्या (पृ० १३६) में तथा ईश्वरप्रत्यभिज्ञाविवृतिविमर्शिनी (भा० ३, पृ० ३११ एवं ४२७) में इस श्लोक के पूर्वार्ध को उद्धृत कर साधक के भैरव-बोध में अनुप्रवेश की बात को अच्छी तरह से समझाया है ॥५९॥

[धारणा–३७]

[1]उभयोर्भावयोर्ज्ञाने[1] ध्यात्वा[2] मध्यं समाश्रयेत्।
युगपच्च द्वयं त्यक्त्वा मध्ये तत्त्वं प्रकाशते ॥६०॥

उभयोर्भावयोर्ज्ञाने भावद्वयस्य प्रतीतिकाले मध्यमन्तरालं तद्भावद्वयावच्छेदहेतुं शून्यं ध्यात्वा उपलभ्य तं समाश्रयेत् सम्यग् ऐकाग्र्येण आश्रयेत्। तत एव च तद्भावद्वयं युगपत् त्यक्त्वा अनालोचनेन परिहृत्य योगिनस्तत्र मध्ये तत्त्वं परं धाम व्यज्यते। अयं भावः—घटोऽयं पटोऽयं तटोऽयमित्यादिनानात्वेन वेद्यराशिपतितस्य सारं विज्ञाय तन्मध्ये च अत्र कश्चिद् वेदकोऽस्तीति ज्ञातृत्वावगमं कृत्वा तेन च ज्ञातृ-ज्ञान-ज्ञेयादिनानात्वेन अनानात्वं विधाय विभागकल्पनात्यागाद् ऐकाग्र्यमेव प्रमातृतत्त्वाख्यं निर्विकल्पदशामयं "तत्त्वमसि" (छा० ६।८।७) इत्यादिवाक्यसमुत्पन्नमासाद्य परं धाम प्रविशति ॥६०॥

दो भावों की प्रतीति के समय में इन दोनों के मध्य में स्थित शून्य को ध्यान के द्वारा पकड़ कर उसमें चित्त को एकाग्रता के अभ्यास द्वारा स्थिर कर दे। इसके स्थिर हो जाने पर एक साथ उक्त दोनों भावों का [2]अनालोचनात्मक पद्धति से परित्याग कर दे। इस भावना के

---

१. °नं–ई०। २. ज्ञात्वा–ख० ने० तवि० ई०।

1. नेत्रतन्त्रोद्योत (भा० १, पृ० २०१) तथा तन्त्रालोकविवेक (भा० १, आ० १, पृ० १२७ में यह उपलब्ध है। ईश्वरप्रत्यभिज्ञाविवृतिविमर्शिनी (भा० ३, पृ० ३४६) में 'उभयो-र्भावयो र्ज्ञानं ज्ञात्वा मध्यम्' केवल इतना अंश मिलता है।

2. "शब्दादिषु पञ्चानामालोचनमात्रमिष्यते वृत्तिः" (श्लो० २८) सांख्यकारिका की इस कारिका में श्रोत्र प्रभृति पाँचों बुद्धीन्द्रियों का प्रथम व्यापार आलोचनात्मक माना गया है, अर्थात् इन इन्द्रियों से पहले अपने-अपने विषयों का निर्विकल्पात्मक प्रत्यक्ष होता है। "अस्ति ह्यालोचनज्ञानं प्रथमं निर्विकल्पकम्" भट्ट कुमारिल के श्लोकवार्त्तिक के इन श्लोकों में भी, जिनको कि सांख्यतत्त्वकौमुदी में वाचस्पति मिश्र ने २७वीं कारिका की व्याख्या में उद्धृत किया है, इस निर्विकल्पक प्रत्यक्ष और उसके बाद होने वाले सविकल्पक

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

अभ्यास से भावनिर्मुक्त शून्य में चित्त के लीन हो जाने के कारण उसमें परम तत्त्व की अभिव्यक्ति हो जाती है। इसका अभिप्राय यह है कि यह घट है, यह पट है, यह तट है, इत्यादि नाना प्रकार की प्रतीतियों के आधार पर वेद्य (ज्ञेय) रूप में भासित हो रही वस्तुओं के सार को समझ कर कि इन सब के मध्य में ज्ञाता के रूप में विद्यमान तत्त्व एक ही है और इसी से ज्ञाता, ज्ञान और ज्ञेय के ये नाना प्रकार (भेद) केवल कल्पना से प्रसूत है, वस्तुतः यह सब एक ही तत्त्व का विस्तार है, योगी नानात्व का परिहार करके, अर्थात् विभाग (भेद) कल्पना का परित्याग करके चित्त को एकाग्र करने का अभ्यास करता है। बाद में इस भावना में चित्त के स्थिर हो जाने पर यह सब प्रमाता (ज्ञाता) के अतिरिक्त कुछ भी नहीं है, इस तरह से निर्विकल्प दशा का सहारा लेकर साधक "तत्त्वमसि" (छा० ६।८।७) इत्यादि उपनिषद् वाक्यों में उपदिष्ट पद्धति से अपने (प्रमाता के) वास्तविक स्वरूप को जान लेता है। यह स्थिति ही परम धाम में प्रवेश के नाम से यहाँ वर्णित है।

पहले २५–२६ संख्या के श्लोकों में [1]प्राण और अपान की मध्य-दशा का विकास कर उसमें चित्त को स्थिर करने की भावना का उपदेश किया गया है। यहाँ दो भावों के मध्य में मध्य-दशा के विकास की बात वर्णित है। "प्राणापानमयः" (३।२।१९) इस ईश्वरप्रत्यभिज्ञा-कारिका की विवृतिविमर्शिनी (भा० ३, पृ० ३४६) में अभिनवगुप्त ने "एकचिन्ताप्रसक्तस्य" (४१ श्लो०) इस स्पन्दकारिका के श्लोक के साथ विज्ञानभैरव के प्रस्तुत श्लोक को भी उद्धृत कर इस स्वात्मविश्रान्ति दशा का विश्लेषण किया है। नेत्रतन्त्र के "नोर्ध्वे ध्यानं प्रयुञ्जीत" (८।४१-४३) इत्यादि श्लोकों की व्याख्या करते हुए क्षेमराज ने तो निरालम्ब भावना के उदाहरण के रूप में प्रस्तुत श्लोकों को उद्धृत कर "अकिञ्चिच्चिन्तकस्य" (मा० २।२३) इत्यादि वचनों के आधार पर इस भावना के परित्याग की ही बात कही है। इसका अभि-प्राय यही है कि शाम्भव उपाय के अवलम्बन की सामर्थ्य प्राप्त हो जाने पर फिर आणव उपाय का सहारा न लिया जाय ॥६०॥

[धारणा-३८]

[2]भावे [1]न्यक्ते निरुद्धा चिन्नैव भावान्तरं व्रजेत्।
तदा तन्मध्यभावेन विकसत्यति भावना ॥६१॥

---

१. त्य°–ख० स्प० ने० ई० तवि०।

प्रत्यक्ष का विवेचन मिलता है। प्रकृत धारणा में इन्द्रियों के इस आलोचनात्मक व्यापार में प्रवृत्त होने वाली वृत्तियों का निरोध कर लिया जाता है, भैरवी मुद्रा के सहारे विषयों को देखते हुए भी अनदेखा कर दिया जाता है और इस तरह से अनालोचनात्मक पद्धति से भावों का परित्याग हो जाता है।

1. प्राण और अपान के संबन्ध में पृ० २९-३० पर दी गई टिप्पणी देखनी चाहिये। इस विषय पर अनेक प्राचीन ग्रन्थों के आधार पर उपोद्घात में विचार किया जायेगा।

2. स्पन्दनिर्णय (पृ० ६२), नेत्रतन्त्रोद्योत (भा० १, पृ० २०१), ईश्वरप्रत्यभिज्ञाविवृति-

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

न्यक्तेऽन्तर्हितेऽदृष्टे, भावे पदार्थे त्रिनेत्रचतुर्भुजाकारे ध्येयवस्तुनि, चित् चेतना, निरुद्धा अभ्यासपाटवेन नितरां रुद्धा स्थापिता सती, भावान्तरम् अन्यपदार्थं दृष्टदेह-घटादिकं नैव व्रजेत्। 'भावेऽव्यक्ते' इति पाठे तु अकारप्रश्लेषेणापि 'अव्यक्ते' इति पूर्वोक्त एवार्थः। 'भावेऽत्यक्ते' इति चाप्यकारप्रश्लेषेण अत्यक्ते स्वीकृते इत्यर्थः। तदा तयोः व्यक्ताव्यक्तभावयोः, मध्यभावेन न किञ्चिद्रूपमध्यधामविश्रान्त्या, भावना मध्य-दशाविश्रान्तिसंस्कारः, अति अतिशयेन, विकसति उद्बोधमायाति। अद्भुतफुल्ल-न्यायेन[1] मनश्चातिविकासत्वं यायात्, ब्रह्मैव संपद्यत इति भावः ॥६१॥

न्यक्त अर्थात् अन्तर्हित = अदृष्ट (कभी नहीं देखे गये) तीन नेत्र, चार भुजा आदि से युक्त शंकर, विष्णु आदि इष्ट ध्येय पदार्थों में चेतना को अभ्यास के सहारे स्थापित कर लेने पर वह पहले देखे गये शरीर, घट, पट आदि बाह्य पदार्थों की ओर आकृष्ट नहीं होती। यहाँ न्यक्त यह छान्दस प्रयोग है। वेदभाष्यकारों ने [2]न्यक्त का अर्थ ब्रुडित (डूबा हुआ), तिरोहित या अन्तर्हित किया है। 'भावे न्यक्ते' के स्थान पर 'भावेऽव्यक्ते' अथवा 'भावेत्यक्ते' ऐसे पाठ भी मिलते हैं। यहाँ सन्धि के नियमों के अनुसार 'भावेऽव्यक्ते' तथा 'भावेऽत्यक्ते' इस तरह से अकार का प्रश्लेष[3] मानना चाहिये। इस तरह से अव्यक्त का अर्थ अदृष्ट और अत्यक्त का अर्थ स्वीकृत होगा, अर्थात् किसी अदृष्ट भाव में, इष्टदेव के रूप में स्वीकृत भाव में, चेतना को लगा देने पर वह फिर किसी दूसरे भाव की तरफ उन्मुख नहीं होती। योगशास्त्र में इसी स्थिति को 'समाधि' कहा गया है—

विमर्शिनी (भा० ३, पृ० ३४६), तन्त्रालोकविवेक (भा० १, आ० १, पृ० १२७; भा० ११, आ० २९, पृ० ८५) में यह उद्धृत है। ई० वि० वि० में केवल प्रथम चरण ही मिलता है।

1. कमल, गुलाब आदि के खिले हुए फूल को देखकर हमारे मन की कली खिल उठती है। उसी तरह से किसी भी अनोखी वस्तु को देख कर हमारे मन की यही स्थिति होती है। अद्भुतफुल्ल न्याय से इसी स्थिति की ओर इंगित किया गया है। "कुहनेन प्रयोगेण" (श्लो० ६५) इस श्लोक में भी इसी तरह की स्थिति में धारणा को केन्द्रित करने की बात कही गई है।

2. वैदिक पदानुक्रमकोश की सहायता से ज्ञात होता है कि न्यक्त पद तैत्तिरीय संहिता, तैत्तिरीय ब्राह्मण, शतपथ ब्राह्मण आदि में आया है। उक्त स्थलों के मुद्रित भाष्यों में कहीं भी ऐसा अर्थ नहीं मिला। इसी से मिलता-जुलता अर्थ अवश्य मिलता है। जैसे कि—"न्यक्तं निमग्नं विस्मृतम्" (तै० सं० १।५।२।४ पर सायण का भाष्य)।

3. सन्धि के नियमों के अनुसार जब अकार या आकार पूर्व पद के साथ प्रश्लिष्ट हो जाता है, जुड़ जाता है, तो ऐसे स्थलों पर उनके लोप को दिखाने के लिये क्रमशः ऽ ऽऽ इस तरह के अवग्रह चिह्न लगाये जाते हैं। इन चिह्नों को देख कर सरलता से जाना जा सकता है कि यहाँ अकार या आकार प्रश्लिष्ट है।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

ध्यातृध्याने परित्यज्य क्रमाद् ध्येयैकगोचरम् ।
निवातदीपवच्चित्तं समाधिरभिधीयते ॥ (पञ्चदशी १।५५)

अर्थात् ध्याता और ध्यान को छोड़कर अभ्यास की परिपक्वता के कारण जब चित्त केवल ध्येय को ही अपना विषय बनाता है, तब वह उसी तरह से स्थिर हो जाता है, जैसे कि पवनरहित स्थान में दीपक स्थिर रहता है। चित्त की इसी अवस्था को 'समाधि' कहा जाता है। योगशास्त्र प्रतिपादित इस प्रक्रिया के अनुसार ध्याता और ध्यान को छोड़कर केवल ध्येय की आलम्बन रहित, शून्य स्वभाव, [1]मध्यम धाम में विश्रान्ति ही योगी के लिये उपेय (प्राप्तव्य) है। इसीलिये व्यक्त और अव्यक्त भाव के बीच में, रूपरहित स्वभावरहित मध्यम धाम में, चित्त की विश्रान्ति हो जाने से भावना (इस मध्य-दशा में विश्रान्ति का संस्कार) भलीभांति विकसित हो जाती है, उद्बुद्ध हो जाती है। अर्थात् इस संस्कार के उद्बुद्ध होने से व्यक्त और अव्यक्त इन दोनों भावों के बीच की अवस्था में इन दोनों दशाओं का एक रूप में अनुसन्धान करने वाली चिन्मात्रस्वरूपा विश्रान्ति की प्राप्ति होती है। उस अवस्था में किसी अद्भुत वस्तु को देखकर हुई चित्त की उत्फुल्ल दशा के समान साधक का चित्त हर्षातिरेक से खिल उठता है और उसी में उसको अपने स्वात्मस्वरूप का बोध होता है, वह स्वयं ब्रह्मस्वरूप हो जाता है।

इस श्लोक को भी अभिनवगुप्त एवं क्षेमराज ने पूर्व श्लोक के साथ उद्धृत किया है। तन्त्रालोक में—

ईदृक्तादृक्प्रायप्रशमोदयभावविलयपरिकथया ।
अनवच्छिन्नं धाम प्रविशेद् वैसर्गिकं सुभगः ॥ (२९।११८-११९)

अनवच्छिन्न वैसर्गिक धाम के नाम से चित्त की इसी उत्फुल्ल दशा में प्रवेश की बात वर्णित है। साथ ही क्षेमराज ने स्पन्दनिर्णय में "एकचिन्ताप्रसक्तस्य" (श्लोक ४१) इस श्लोक की व्याख्या के प्रसंग में भी उन्मेषावस्था के रूप में चित्त की इसी विकासावस्था को समझाया है ॥६१॥

[धारणा-३९]

[2]सर्वं देहं चिन्मयं हि जगद् वा परिभावयेत् ।
युगपन्निर्विकल्पेन मनसा[1] परमोदयः[2] ॥६२॥

---

१. °सः—ख०। २. °मा गतिः-ख०, °द्भवः-शि०।

1. इस शब्द की पहले एकाधिक स्थलों पर व्याख्या की जा चुकी है। मध्यम धाम या मध्य-दशा को शून्यस्वभाव इस लिये कहा जाता है कि यहां ज्ञाता-ज्ञान-ज्ञेय, प्रमाता-प्रमाण-प्रमेय प्रभृति त्रिपुटियों की कोई सत्ता नहीं बची रहती। ७२ संख्या की कारिका में भी मेय, मान आदि की शान्त दशा का वर्णन है।

2. स्वच्छन्दतन्त्र की उद्योत टीका (भा० ३, प० ७, पृ० ३१२) में इस श्लोक की प्रथम पंक्ति और शिवसूत्रविमर्शिनी (पृ० १७) में पूरा श्लोक मिलता है।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

आपादात् केशान्तं सर्वं देहं जगद् वा सर्वं चिन्मयं प्रत्यंशं चिदेकरूपं युगपत् अक्रमं निर्विकल्पेन मनसा स्फुरच्चिच्चमत्कारव्याप्त्या परिभावयेत् परितः अन्तर्बहिश्च भावयेत्। अनया धारणया "प्रकाशमानं न पृथक् प्रकाशात्"[1] इति न्यायेन परमोदयो भवति, प्रकाशः प्रकाशत इति भावः। 'मनसः परमा गतिः' इति पाठे मनस उत्कर्षरूपा परमा गतिर्भवतीत्यर्थः ॥६२॥

पैर से लगाकर चोटी तक अपने पूरे देह की, इसके प्रत्येक अंश की, अथवा इस सारे जगत् की एक साथ अक्रम रूप से चिन्मय स्वरूप में भावना करे। इस तरह की भावना से मन के निर्विकल्प हो जाने से भीतर और बाहर चित् के चमत्कार की अभिव्यक्ति हो जाने पर सब तरफ केवल प्रकाश ही प्रकाश बच रहता है, अर्थात् "प्रकाशमान वस्तु, शरीर या जगत्, प्रकाश स्वभाव परमतत्त्व से भिन्न नहीं है" इस न्याय के अनुसार मन की निर्विकल्पक दशा में सभी वस्तुओं के प्रकाश रूप में परिणत हो जाने पर योगी की परमोदय अवस्था अभिव्यक्त हो जाती है। 'मनसः परमा गतिः' इस पाठ में इसका अर्थ होगा कि मन की गति उत्कर्ष की ओर बढ़ जाती है।

क्षेमराज ने "शुद्धतत्त्वानुसंधानाद्वाऽपशुशक्तिः" (१।१६) इस शिवसूत्र की व्याख्या करते हुए विज्ञानभैरव के इस श्लोक के साथ स्पन्दकारिका के—

इति वा यस्य संवित्तिः क्रीडात्वेनाखिलं जगत्।
संपश्यन् सततं युक्तो जीवन्मुक्तो न संशयः ॥

इस श्लोक को भी उद्धृत किया है। स्वच्छन्दतन्त्र के 'तत्त्वाध्वधर्मनिर्मुक्तः····सर्वं शिवमयं स्मरेत्" (७।२४२-२४४) इत्यादि श्लोकों में भी यही विषय प्रतिपादित है ॥६२॥

[धारणा– ४०]

[2]सर्वं जगत् स्वदेहं वा स्वानन्दभरितं स्मरेत्।
युगपत् स्वामृतेनैव परानन्दमयो भवेत् ॥६३॥

सर्वं जगत् स्वदेहं वा स्वानन्दभरितं त्यक्तविषयानन्देन स्वकीयेनानन्देन भरितं स्वकीयचिदानन्दपूर्णं स्मरेत् चिन्तयेत्। भावनयाऽनया भावको युगपत् सहसा स्वामृतेनैव परानन्दमयो भवेत्। "आनन्दाद्ध्येव खल्विमानि भूतानि जायन्ते, आनन्देन जातानि जीवन्ति, आनन्दं प्रयन्त्यभिसंविशन्तीति" (तै० उ० ३।६) इति दृष्ट्या कृतकृत्यो भवेदिति भावः। "इह आश्यानचिद्रसरूपस्य जगतोऽपि भासनात् "सर्वं देहं चिन्मयं हि" (श्लो० ६२) इति पूर्वस्याः प्रकाशधारणायाः सकाशाद् विशेषः" इति शिवोपाध्यायः। वस्तुतस्तु पूर्वं चिन्मयी, अत्र चानन्दमयी धारणा प्रदर्शिता ॥६३॥

१. शिवोपाध्यायेन पूर्वं 'वायुद्वयस्य' ततश्च 'सर्वं जगत्' इति श्लोको व्याख्यातः।

1. पूरा श्लोक 'ज्ञानप्रकाशकं सर्वं' (१३४) की व्याख्या में उद्धृत है। वहीं इसका अर्थ भी किया गया है।

2. शिवसूत्रविमर्शिनी (पृ० १८, ६४) और महार्थमंजरीपरिमल (पृ० ११२) में यह श्लोक उद्धृत है।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

इस सारे जगत् में अथवा अपने शरीर में, बाहरी विषयों के आनन्द से अलग अपने भीतरी स्वाभाविक आनन्द से यह सब परिपूर्ण है, इस तरह की भावना करे। इस भावना के अभ्यास से योगी सहसा उस अमृतमय स्वाभाविक आनन्दमय अवस्था में प्रविष्ट हो जाता है, जिसका कि वर्णन उपनिषदों में मिलता है। तैत्तिरीय उपनिषद् में बताया गया है कि आनन्द से ही ये सब भूत (पदार्थ) उत्पन्न होते हैं, उसी की सहायता से पैदा होकर जीते हैं और प्रलय की अवस्था में उसी में लीन हो जाते हैं। इस स्थिति को पा लेने पर योगी कृतकृत्य हो जाता है। प्रस्तुत भावना में चिद्रस की आश्यान (घन=जमी हुई) अवस्था के रूप में जगत् का भी आभास होता रहता है, अतः यही पूर्व धारणा से इस धारणा की विशेषता है, ऐसा शिवोपाध्याय कहते हैं। वस्तुतः पूर्व श्लोक में चिन्मयी और इसमें आनन्दमयी धारणा वर्णित है। अतः स्पष्ट ही ये दोनों धारणाएं एक दूसरे से भिन्न हैं।

"लोकानन्दः समाधिसुखम्" (१।१८) और "चित्तस्थितिवच्छरीरकरणबाह्येषु" (३।३९) इन दोनों शिवसूत्रों की व्याख्या करते हुए क्षेमराज ने प्रस्तुत श्लोक को उद्धृत किया है। महेश्वरानन्द ने "शोषो मलस्य नाशो०" (श्लोक ४४) इत्यादि पूर्व उद्धृत गाथा में प्राणायाम के प्रसंग में 'आप्लावन' शब्द की व्याख्या करते समय इस श्लोक का उदाहरण दिया है ॥६३॥

[धारणा–४१]

वायुद्वयस्य संघट्टादन्तर्वा बहिरन्ततः।
योगी समत्वविज्ञानसमुद्गमनभाजनम् ॥६४॥

अन्तः हृदये, बहिः द्वादशान्ते, वा च, वाशब्दोऽत्र चकारार्थः। वायुद्वयस्य प्राणापानरूपस्य संघट्टात् योजनात्। अन्ततः प्रवेशनिर्गमयोः पर्यवसाने प्राणापानसंघट्टमनुल्लिखितभेदं निर्गमप्रवेशविनाकृतं शून्यकल्पं ध्यात्वा योगी प्रबुद्धः समत्वविज्ञानेन समदृष्ट्या समुद्गमनभाजनं रहस्यस्थानपर्यवसायिप्राणापानादिगोचरः स्यात्। परमसिद्धिभाग् भवेदिति भावः ॥६४॥

आन्तर स्थान हृदय और बाह्य स्थान द्वादशान्त में प्राण और अपान रूप दो वायुओं के संघट्ट से, अर्थात् इनकी हृदय और द्वादशान्त में अन्तः प्रवेश और बहिः (बाहर) निर्गमन काल की समाप्ति हो जाने पर, अन्ततः उस शून्यकल्प अवस्था का ध्यान करने पर, जिसमें कि प्राण और अपान के संघट्ट की अलग से प्रतीति नहीं हो पाती, योगी [1]प्रबुद्ध हो जाता है, उसमें समत्व दृष्टि का विकास हो जाता है। योगी में सर्वत्र समत्व बोध का उदय होने से सर्वत्र समान (एक सी) दृष्टि रखने से वह प्राण और अपान की भेद-स्थिति की जिस रहस्यमय स्थान में समाप्ति हो जाती है, उस साम्यावस्था को तो वह जान ही लेता है, साथ ही जागतिक सभी पदार्थों को भी वह इसी तरह से उस रहस्यात्मक परमतत्त्व में विलीन कर लेता है, अर्थात्

1. प्रबुद्ध प्रभृति शब्दों के विषय में १२८वें श्लोक की अन्तिम टिप्पणी द्रष्टव्य।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

अपने से अभिन्न रूप से देखने लगता है और इस समता-दृष्टि के विकसित होने से वह परम सिद्धि को प्राप्त कर लेता है। तन्त्रालोक के—

समता सर्वदेवानामोवल्लीमन्त्रवर्णयोः।
आगमानां गतीनां च सर्वं शिवमयं यतः॥ (४।२७४–२७५)

इस श्लोक की व्याख्या करते हुए जयरथ ने तथा महार्थमंजरीपरिमल (पृ० १६८) में महेश्वरानन्द ने समता-दृष्टि के बोधक त्रिकशासन के निम्न दो श्लोकों को उद्धृत किया है—

समता सर्वभावानां वृत्तीनां चैव सर्वशः।
समता सर्वदृष्टीनां द्रव्याणां चैव सर्वशः॥
भूमिकानां च सर्वासामोवल्लीनां तथैव च।
समता सर्वदेवानां वर्णानां चैव सर्वशः॥

अर्थात् जगत् के सभी भावों, वृत्तियों, दृष्टियों, द्रव्यों, भूमिकाओं, ओवल्लियों, देवताओं और वर्णों में सब तरह से एक सी दृष्टि रखना ही समता दृष्टि कहलाती है। तन्त्रालोककार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि सब कुछ शिवमय है, अतः इस समता-दृष्टि का उदय हो, यह स्वाभाविक है। ऊपर की भावना के अभ्यास से इसी समता-दृष्टि का विकास होता है॥६४॥

[धारणा–४२]

[1]कुहनेन प्रयोगेण सद्य एव मृगेक्षणे।
समुदेति महानन्दो येन तत्त्वं [1]प्रकाशते॥६५॥

हे मृगाक्षणे, कुहनप्रयोगः विस्मापकाद्भुतमायादिप्रयोगः, ऐन्द्रजालिकरचितमायीयोद्यान–तत्स्थितचित्रकुसुमवृक्षादितत्स्थस्वात्मविहरण-स्वाङ्गच्छेदन–पुनस्तत्संयोजनादि–अतिविस्मयजनकप्रयोगस्तेन कुहनेन प्रयोगेण सद्य एव विस्मयभरितो महानन्दः समुदेति, तथैवेदृशान् कुहनप्रयोगान् भावयतो योगिनस्तत्क्षणं परमानन्दोदयस्वरूपा निर्विकल्पावस्था समुदेति, येन तत्त्वं परमभैरवस्वरूपं प्रकाशतेऽभिव्यक्तीभवति॥६५॥

हे मृगनयनि, कुहन प्रयोग (जादू का खेल) मनुष्य के मन में तत्काल विस्मय पैदा करता है। जादूगर जब अपने जादू से जादुई बगीचा बनाता है, उसमें विचित्र फल-फूलों से लदे वृक्ष दिखाई देने लगते हैं; उस बगीचे में वह बिहार करता दिखाई पड़ता है, बाद में दिखाई पड़ता है कि उसके हाथ-पैर आदि अंग कट-कट कर गिर रहे हैं, फिर दिखाई पड़ता है कि वे पुनः आपस में जुड़ गये हैं। इन सब आश्चर्यजनक कार्यों को देखकर देखनेवाले का मन उस समय कुछ क्षण के लिये अद्भुत आनन्द से सराबोर हो जाता है। इसी तरह की अद्भुत आनन्द से परिपूर्ण मिथ्या परिस्थितियों पर अपनी भावना को केन्द्रित करने वाले योगी के चित्त में

१. विभाव्यते–तवि०।

१. तन्त्रालोकविवेक (भा० ३, आ० ५, पृ० ३७९) में यह मिलता है।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

तत्काल परम आनन्द का उदय होने से वह निर्विकल्प दशा में आरूढ़ हो जाता है, जिससे कि उसका पर भैरव स्वरूप प्रकट होने लगता है। तन्त्रालोक के पूर्वोक्त "शाक्ते क्षोभे०" (५।७१) इत्यादि श्लोक में 'अग्रगोचर' पद की व्याख्या करते हुए जयरथ ने इस श्लोक को उद्धृत किया है ॥६५॥

[धारणा–४३]

सर्वस्रोतोनि[1]बन्धेन प्राणशक्त्योर्ध्वया शनैः ।
पिपी[2]लस्पर्शवेलायां प्रथते परमं सुखम् ॥६६॥

सर्वस्रोतोनिबन्धेन श्रोत्रचक्षुर्नासामुखगुह्योपस्थरन्ध्रनिरोधेन, ऊर्ध्वया प्राणशक्त्या, [1]आधाराद् द्वादशान्तं यावदूर्ध्वं क्रमेण वहन्त्या प्राणशक्त्या, द्वादशान्ते आत्मविषयानुभवसमये, पिपीलस्पर्शवेलायां पिपीलिकाया इव शनैश्चरतः प्राणस्य यः स्पर्शो जन्माग्रादिसकाशान्मूलकन्दादिस्थानस्पर्शस्तद्वेलायाम्, अस्यां हि वेलायां योगिनः परीक्षन्ते—अमुतः स्थानादुत्थाय अद्य अदः स्थानं प्राणः प्राप्त इति, परमं सुखं प्रथते योगिनः परानन्दावाप्तिर्भवति, अन्तर्मुखारामो भवतीत्यर्थः ॥६६॥

श्रोत्र, चक्षु, नासिका, मुख, गुह्य, उपस्थ प्रभृति प्राण और अपान आदि वायुओं के निकलने के मार्गों को रोक देने पर वायु की गति ऊपर उठने लगती है। आधार से लेकर द्वादशान्त पर्यन्त क्रमशः धीरे-धीरे ऊपर की ओर उठ रही इस प्राण-शक्ति के द्वादशान्त में प्रविष्ट हो जाने पर स्वात्मस्वरूप का अनुभव होने लगता है। योगशास्त्र की परिभाषा में इसको पिपीलस्पर्शवेला कहा जाता है, जिसमें कि प्राण के ऊपर उठते समय जन्माग्र से लेकर मूल, कन्द प्रभृति स्थानों का स्पर्श होने पर उसी तरह की अनुभूति होती है, जैसी कि देह पर चींटी के चलने से होती है। इसी अवस्था में योगी इसकी परीक्षा कर पाते हैं कि प्राण आज अमुक स्थान से चलकर अमुक स्थान तक उठा। इस स्थिति तक पहुँच जाने पर योगी का चित्त परम आनन्द से भर जाता है और वह इसी अन्तर्मुख वृत्ति में रम जाता है।

भगवान् पतंजलि ने योग की इस प्रक्रिया का वर्णन 'श्वासप्रश्वासयोर्गतिविच्छेदः प्राणायामः' और 'बाह्याभ्यन्तरस्तम्भवृत्तिर्देशकालसंख्याभिः परिदृष्टो दीर्घसूक्ष्मः' (२।४९–५०) इन दो सूत्रों में किया है। इनका अभिप्राय यह है कि प्राण और अपान वायु के धर्म श्वास और प्रश्वास पुरुष के प्रयत्न के बिना निरन्तर स्वाभाविक रूप से गतिशील बने रहते हैं। पुरुष जब अपने विशेष प्रयत्न से क्रमशः अथवा एकाएक इनकी गति को रोकता है, तो प्राण और अपान की गति की यह अवरोध प्रक्रिया योगशास्त्र में प्राणायाम के नाम से जानी जाती है। यह प्राणायाम पूरक, रेचक और कुम्भक के भेद से तीन तरह का होता है।

---

१. °रोधे° –ख० । २. °लिकास्पर्शमात्रात्–खटी० ।

1. आधार से द्वादशान्त पर्यन्त स्थानों का वर्णन २८ से ३० संख्या के श्लोकों की व्याख्या के प्रसंग में किया जा चुका है। उपोद्घात में भी इस विषय पर विचार किया जायगा। वहीं जन्माग्र, आधार आदि शब्दों की भी स्पष्ट व्याख्या की जायगी।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

शिवोपाध्याय ने यहां अपनी व्याख्या में बताया है कि प्राण की बाह्य गति का निरोधक होने से बाह्य वृत्ति वाला प्राणायाम पूरक, प्राण की अन्दर की गति का निरोधक होने से आन्तर वृत्ति वाला प्राणायाम रेचक कहलाता है। आगे वे लिखते हैं कि कुछ लोग [1]बाह्य शब्द से रेचक और आन्तर शब्द से पूरक प्राणायाम का ग्रहण करते हैं। ऐसा लिखते हुए वे इस द्वितीय मत के प्रति अपनी अरुचि प्रकट करते हैं। किन्तु भाष्यकार व्यास, वाचस्पति मिश्र, भोजदेव प्रभृति व्याख्याकारों ने द्वितीय मत को ही स्वीकार किया है। प्राण और अपान की बाह्य और आन्तर गति का एक साथ निरोध कर देने पर स्तम्भ वृत्ति वाला कुम्भक प्राणायाम संपन्न होता है। जैसा कि वाचस्पति मिश्र ने प्रस्तुत सूत्र के व्यासभाष्य की टीका करते हुए लिखा है— जहां श्वास और प्रश्वास दोनों का, एक साथ ही रोक देने के कारण, अभाव हो जाता है, अर्थात् इस अवरोधक प्रयत्न के कारण फिर वह न तो सांस भरने में ही समर्थ होता है और न सांस छोड़ने में ही, किन्तु जैसे तपे हुए पत्थर पर पानी पड़ने से वह वहीं सूख जाता है, उसी तरह से श्वास-प्रश्वास के रूप में पवन का प्रवहमान यह प्रवाह भी बलवान् अवरोधक प्रयत्न से अवरुद्ध होकर शरीर में ही सूक्ष्म रूप से विलीन हो जाता है। उस समय पूरकता के अभाव में यह पूरक और रेचकता के अभाव में रेचक भी नहीं कहला सकता।

यह तीनों प्रकार का प्राणायाम देश, काल और संख्या से परीक्षित होकर 'दीर्घसूक्ष्म' नाम से अभिहित होता है। अर्थात् जैसे भली भाँति दबाई गई रुई की गाँठ छोटी सी दिखाई पड़ती है, किन्तु उसमें से निकाल कर रुई को फैला देने पर वह बहुत जगह घेरती है, उसी तरह से प्राण भी दुर्लक्ष्य होने से यद्यपि अत्यन्त सूक्ष्म रहता है, किन्तु देश, काल और संख्या के अनुसार क्रमशः प्राणायाम का अभ्यास बढ़ाने से वह अत्यन्त विस्तृत हो जाता है। फैलाई हुई रुई को जैसे फिर गाँठ में बाँध देने पर वह थोड़ा ही स्थान घेरती है, उसी तरह से प्राणायाम के अभ्यास से उस प्राण को पुनः सूक्ष्म किया जा सकता है। उक्त तीनों प्रकार के प्राणायामों में देश, काल और संख्या की अधिकता और अल्पता के आधार पर प्राण दीर्घ और सूक्ष्म रूप में परिणत होता रहता है। अतः प्राणायाम की यह विधि 'दीर्घ-सूक्ष्म' कही जाती है।

देश-परीक्षा की विधि यह है—हृदय से निकल कर श्वास नाक के सामने बारह अंगुल तक जाकर समाप्त हो जाता है। वहीं से लौट कर यह पुनः हृदय में प्रवेश करता है। यह प्राण और अपान की स्वाभाविक गति है। प्राणायाम का विधिपूर्वक अभ्यास करने से प्राण की यह गति क्रमशः नाभि अथवा मूलाधार से निकलने लगती है और नाक से बाहर २४ अंगुल तक अथवा ३६ अंगुल तक पहुँच जाती है। इसी तरह से वहाँ से पुनः लौटकर वह नाभि अथवा मूलाधार तक पहुँचती है। इनमें से नासिका के बाहर प्राण की गति कहाँ तक पहुँची, इसकी परीक्षा किसी निवात (पवन रहित) स्थान में तिनके में रुई लपेट कर की

1. जैसा कि पृ० २९-३० की टिप्पणी में लिखा गया है, इस विषय पर उपोद्घात में विचार किया जायगा। पृ० २९-३० की टिप्पणी में पालि-साहित्य में उपलब्ध इस तरह के परस्पर विरोधी विचारों का उल्लेख किया गया है।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

जा सकती है। निवात स्थान में रुई में अपने आप स्पन्दन नहीं होगा। इसको नासिका के सामने रखने पर प्राण की गति जितनी दूर तक पहुँचेगी, उतनी दूर तक रुई में स्पन्दन का अनुभव होगा। इस तरह से अभ्यास के द्वारा प्राण की गति में कितना विस्तार हुआ, इस बात का सहज में अनुमान हो जायगा। इसी तरह से भीतर प्राण की गति का कहाँ तक विस्तार हुआ, इसका अनुमान प्राण की भीतर की शरीर पर चींटी के चलने सरीखी गति के स्पर्श से किया जा सकता है। प्राण की गति के विस्तार की ही भाँति उसके संकोच की भी परीक्षा इसी विधि से की जा सकती है।

काल-परीक्षा इस तरह से सम्पन्न होती है—पलक झपने में जितना समय लगता है, उसका चतुर्थ भाग क्षण कहलाता है। निमेष आदि क्रियाओं से परिच्छिन्न होने से, नापे जाने के कारण, काल परिमित हो जाता है। वाचस्पति मिश्र ने मात्रा की परिभाषा यह की है कि अपने घुटनों को हाथ से तीन बार छूकर चुटकी बजाने में जितना समय लगता है, उसको मात्रा[1] कहा जाता है। इस तरह की ३६ मात्राओं का पहला उद्घात मृदु कहलाता है। इसको दुगुना कर देने पर दूसरा उद्घात मध्य तथा तिगुना कर देने पर तृतीय उद्घात तीव्र कहलाता है। नाभि के मूल से उठकर बाहर की ओर जाने वाली वायु का शिर पर आघात उद्घात के नाम से जाना जाता है।

प्रणव के जप की आवृत्ति के द्वारा अथवा श्वास की गति के प्रवेश की गणना करके संख्या-परीक्षा की जाती है।

भेद-बुद्धि को बढ़ावा देने वाले घट, कुड्य (भित्ति=दीवाल) प्रभृति जाग्रत् अवस्था में प्रतीत हो रहे जिस किसी पदार्थ को, जाग्रत् अवस्था के संस्कारों से उत्पन्न बाह्य पदार्थों का ज्ञान कराने वाले स्वप्नावस्था के विषयों को, तथा सुषुप्ति अवस्था के विषय तम (अज्ञान) को एवं इन तीनों अवस्थाओं के अभिमानी विश्व, तैजस और प्राज्ञ नाम से प्रसिद्ध चैतन्य को भैरव रूप में, अर्थात् तुरीय (चतुर्थ) रूप में जानकर, यह सब उस तुरीय अवस्था के अभिमानी भैरव का ही सर्वविध विकास है, इस बात को पूरी तरह से समझ लेने पर साधक योगी अनन्त प्रकाश से परिपूर्ण हो जाता है ।

---

१. °त्वा–ख० । २. ध्या°–ख० ।

1. अभिनवगुप्त कृत मालिनीवार्त्तिक (पृ० ३७) में कुछ परिवर्तनों के साथ ये पंक्तियाँ मिलती हैं ।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

श्लोक की यह व्याख्या वेदान्त की प्रक्रिया के अनुसार की गई है। वेदान्त शास्त्र की दृष्टि से प्रस्तुत विषय को इस प्रकार समझा जा सकता है—सत्त्व, रज और तम—इन तीन गुणों की साम्यावस्था को प्रकृति कहते हैं। माया और अविद्या के भेद से यह दो तरह की होती है। माया में विशुद्ध सत्त्व की प्रधानता रहती है और अविद्या में मलिन सत्त्व की। अर्थात् माया में केवल सत्त्व गुण की प्रधानता रहती है और अविद्या में यह सत्त्व गुण रज और तम से मलिन हो जाता है। चिदात्मा का जब माया में प्रतिबिम्ब पड़ता है, तो उस समय 'मैं इस सारे जगत् को जानता हूँ और बनाता हूँ' इस तरह से सर्वज्ञत्व आदि गुणों से विशिष्ट ईश्वर की अभिव्यक्ति होती है। यह ईश्वर एक ही है। वही चिदात्मा जब अविद्या में प्रतिबिम्बित होता है, तो उसे 'मैं कर्ता हूँ, मैं भोक्ता हूँ' इस तरह की प्रतीति होने लगती है। तब यह जीव कहलाता है। यह स्वतन्त्र न होकर परतन्त्र है, अर्थात् ईश्वर के नियन्त्रण में रहता है। देव, तिर्यक् आदि के भेद से यह अनेक प्रकार का होता है।[1] आतिवाहिक नामक लिंग शरीर में 'यह मैं हूँ' इस तरह का अभिमान रखने वाले जीव 'मैं सुखी हूँ, मैं मैं दुःखी हूँ, मैं भूखा हूँ, मैं प्यासा हूँ' इस तरह से अन्तःकरण के स्वभावों को अपना स्वभाव मान लेते हैं, अर्थात् सुख, दुःख, भूख, प्यास ये सब वस्तुतः अन्तःकरण, शरीर आदि के धर्म हैं, आत्मा के नहीं; अविद्या के कारण जीव इनको अपनी आत्मा के धर्म मान लेते हैं। ये जीव तैजस कहलाते हैं। कारण शरीर के नाम से कही जाने वाली अविद्या में 'यह मैं ही हूँ' इस तरह का अलग-अलग अभिमान रखने वाले जीव 'प्राज्ञ' कहलाते हैं। एक एक स्थूल शरीर को लेकर 'मैं मोटा हूँ, मैं दुबला हूँ' इस तरह का अभिमान रखने वाले जीव 'विश्व' कहे जाते हैं। ऊपर बताये गये लक्षण वाला मायोपाधिक परमेश्वर सारे स्थूल शरीरों को अपना ही मानता है और 'हिरण्यगर्भ' कहलाता है। वही ईश्वर जब सारे स्थूल शरीरों को अपना मानता है, तो उसको 'वैश्वानर' कहा जाता है। प्राज्ञ जीव अविद्या को अपना स्वरूप मानते हैं। इस स्वरूप का ज्ञान उन्हें सुषुप्ति अवस्था में स्पष्ट होता है। जब वह सुषुप्ति अवस्था से उठता है, तब 'मैं उस समय मूढ़ हो गया था', 'मैं अपने को भी नहीं जानता' इस तरह की प्रतीति होती है। परमेश्वर की अविद्याविषयक प्रतीति इससे भिन्न प्रकार की होती है। वह मानता है कि 'सभी प्राज्ञों का मैं ही कर्ता हूँ'। इस तरह से प्राज्ञों के कर्ता के रूप में उसमें अविद्याविषयक अभिमान होता है, साक्षात् नहीं, क्योंकि वह तो सर्वज्ञ है। प्रलय अवस्था में जब ईश्वर योगनिद्रा में निमग्न हो जाता है, तब भी अविद्या उसमें वासना के रूप मे विद्यमान रहती है। यदि ऐसा न हो तो कर्तृत्व आदि का अभिमान पैदा करने वाली अविद्या के न रहने से ब्रह्म अपनी कूटस्थ दशा से कैसे जीव दशा को प्राप्त कर सकता है? इस प्रकार "सर्वं खल्विदं ब्रह्म" (छा० उ० ३।१४।१) इस श्रुति के अनुसार विश्व, तैजस, प्राज्ञ प्रभृति चेतन और इनके अतिरिक्त सारा अचेतन जगत् भी उस ब्रह्म का ही,

---

1. लिंग शरीर को आतिवाहिक इसलिए कहा जाता है कि इसी के सहारे आत्मा एक शरीर को छोड़कर दूसरे शरीर में प्रवेश करती है। "अतिवाहे इहलोकात् परलोकप्रापणे नियुक्त आतिवाहिकः" आतिवाहिक शब्द की इस व्युत्पत्ति से यही अर्थ निकलता है।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

परभैरव तुरीय स्वरूप का ही विस्तार है, ऐसा जानकर साधक अनन्त प्रकाश से आलोकित हो उठता है।

वस्तुतः इस श्लोक में भी प्रस्तुत तिमिर भावना का ही प्रकारान्तर से विधान किया गया है। प्रारम्भ में द्वैत दृष्टि के आधार पर किसी बाह्य स्थूल आलम्बन को धारणा का विषय बनाया जाता है। बाद में उसको छोड़कर बाह्य चन्द्र, सूर्य प्रभृति के प्रकाश पर धारणा स्थिर की जाती है। अन्त में उसको भी छोड़कर तिमिर में दृढ़ भावना का अभ्यास किया जाता है। इन सब स्वरूपों में परभैरव का स्वरूप ही विद्यमान है, इस भावना के अभ्यास से योगी स्वयं अनन्त प्रकाशस्वरूप भैरव हो जाता है ॥८४॥

[धारणा–६२]

[1]एवमेव दुर्निशायां कृष्णपक्षागमे चिरम्।
तैमिरं[1] भावयन्[2] रूपं भैरवं रूपमेष्यति ॥८५॥

एवमेव पूर्वोक्ततिमिरभावनावत्, कृष्णपक्षागमे दुर्निशायाम्, मेघच्छन्ना रात्रि-र्दुर्निशा, तस्यामन्धतामिस्रमहातामिस्रतामिस्ररूपायाम्, चिरं तैमिरं रूपं कालश्याम-लादि भयङ्कररूपं भैरवमुद्रितं भैरवमुद्राङ्कितं भयङ्करत्वाददृश्यं भावयन् योगी भैरवं रूपम् एष्यति प्राप्स्यति। तद्रूपस्य अत्याश्चर्यकारित्वादक्षयानन्दमाप्नुयादित्यर्थः। इयमक्ष्णोरुन्मीलनेन तिमिरभावना उक्ता ॥८५॥

पूर्व श्लोकों में बताई गई तिमिर भावना के समान ही कृष्ण पक्ष की घनघोर काले बादलों से भरी रात्रि में चिर काल तक तिमिर स्वरूप की भावना करे। मेघ से आच्छन्न रात्रि को दुर्निशा कहा जाता है। अन्धकार के गाढ़े और हलकेपन के कारण यह अन्धतामिस्र, महातामिस्र और तामिस्र के नाम से अभिहित होती है। इस घने अन्धकार में काले-सांवले रंग का कोई भयंकर स्वरूप आँखों के सामने एकाएक आ जाय, तो डर के मारे आदमी की घिग्घी बंध जाती है, वह उस स्वरूप को पूरी तरह से देख भी नहीं पाता। इस भयंकर अन्धकारमय स्वरूप में अपनी धारणा को केन्द्रित करना ही यहाँ तिमिर भावना कही गई है। यह परभैरव का ही अत्यन्त भयंकर स्वरूप माना जाता है। इसमें भावना को स्थिर करने से योगी को भैरव स्वरूप की प्राप्ति हो जाती है, अर्थात् उसमें अक्षय आनन्द की अभिव्यक्ति हो जाती है और इसके कारण उसके सभी तरह के सांसारिक भय शान्त हो जाते हैं। इस भावना का अभ्यास करते समय योगी अपनी आँखों को खुली रखता है ॥८५॥

[धारणा–६३]

[2]एवमेव निमील्यादौ नेत्रे कृष्णाभमग्रतः।
प्रसार्य भैरवं रूपं भावयंस्तन्मयो[3] भवेत् ॥८६॥

---

१. भावयेद् भैरवं रूपं भावयद्भिर्दुराभिदम्–मा०। २. °येद्–ख० म०। ३. °येत्त°–ख०।

1. महार्थमंजरीपरिमल (पृ० १४०) और मालिनीवार्त्तिक (पृ० ३७) में देखिये।

2. नेत्रतन्त्र की क्षेमराज कृत व्याख्या (भा० १, पृ० २००) में देखिये।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

अथाक्षणोर्निमीलनेन भावनामाह—एवमेव कृष्णपक्षदुर्निशाद्यभावेऽपि आदौ स्वनेत्रे निमील्य अग्रतः कृष्णाभं तमोरूपं भैरवं भावयन् पश्चात् नेत्रे प्रसार्यापि कृष्णाभं भैरवरूपं किमेतदित्याश्चर्यकारि, एतदेव भैरवं रूपमिति भावयन् तन्मयः प्रकाशमयो भवेत् ॥८६॥

इस श्लोक में निमीलन भावना को बताया गया है, अर्थात् आँख बन्द करके इस भावना का अभ्यास किया जाता है। कृष्ण पक्ष की घनी अँधियारी रात के न होने पर साधक को चाहिये कि वह अपनी आँखें बन्द कर ले और अपने सामने भयानक घने काले अन्धकार की भावना करे। इस भावना का अभ्यास बढ़ाने पर उसको आँखें खोल देने के बाद भी भगवान् भैरव का यह भयंकर स्वरूप ही भासित होता रहता है। अन्ततः उसकी भयंकरता समाप्त हो जाती है और अत्यन्त आश्चर्यजनक प्रकाशमय भैरव स्वरूप की प्रतीति होने लगती है।

"नोर्ध्वे ध्यानं प्रयुञ्जीत" (८।४१-४४) इत्यादि श्लोकों की व्याख्या करते हुए क्षेमराज ने नेत्रतन्त्रोद्योत में अक्षि-निमीलन धारणा का निषेध करते हुए इसी श्लोक का उदाहरण दिया है ॥८६॥

[धारणा–६४]

यस्य कस्येन्द्रियस्यापि[2] व्याघाताच्च निरोधतः ।
प्रविष्टस्याद्वये शून्ये तत्रैवात्मा[3] प्रकाशते ॥८७॥

यस्य कस्यापि इन्द्रियस्य व्याघाताद् विरुद्धसमुच्चयाद् बाह्याभिभावककृतात्, निरोधतः निरोधात् स्वरसोत्थात् प्रायत्निकाद् वा, अद्वये द्वयरहिते शून्ये तत्त्वे प्रविष्टस्य अन्तर्मुखपदे निरूढस्य, तत्रैव आत्मा परं चैतन्यं प्रकाशते ॥८७॥

जिस किसी भी इन्द्रिय का बाह्य विषयों से संपर्क दो तरह से टूट जाता है। या तो बाहरी विरोधी पदार्थों के जुट जाने से उसकी शक्ति क्षीण या नष्ट हो जाती है, जैसे कि सूर्य के प्रकाश से चौंधिया जाने पर कुछ क्षणों तक आँखों से कुछ दिखाई नहीं पड़ता; या कभी-कभी चेचक आदि के प्रकोप से आँखों की ज्योति नष्ट हो जाती है। इसी तरह से स्वाभाविक रूप से अथवा प्रयत्नपूर्वक इन्द्रियों को बाह्य विषयों की ओर प्रवृत्त होने से रोका जा सकता है। इन दोनों ही स्थितियों में इन्द्रियों का बाह्य विषयों से संपर्क छूट जाने पर साधक अन्तर्वृत्ति हो जाता है, उसकी द्वैत दृष्टि दब जाती है और सर्वत्र अद्वय तत्त्व का उन्मेष हो उठता है, वह सर्वत्र स्वात्मस्वरूप परम तत्त्व का ही दर्शन करने लगता है। अर्थात् बाह्य विषयों के न रहने से इन्द्रियाँ खाली-खाली सी हो जाती हैं, शून्यावस्था में प्रविष्ट हो जाती हैं। इस खालीपन में भावना को दृढ़ करने पर, चित्त की अन्तर्मुखता को स्थिर कर लेने पर,

---

१. य°–ख०। २. °दौ–ख०। ३. °दै°–ख०।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

साधक के चित्त में चैतन्य[1] आत्मा प्रकाशित हो उठती है ॥८७॥

[धारणा–६५]

अबिन्दुमविसर्गं च अकारं जपतो महान् ।
उदेति देवि सहसा ज्ञानौघः परमेश्वरः ॥८८॥

बिन्दुः अविभागसंवेदनमद्वैतज्ञानम्, विसर्गः भेदप्रथासर्जनक्रियारम्भो ब्राह्म्यादिशक्तिरूपककाराद्यक्षररूपः, तद्रहितम् अकारं प्रथमाक्षरम् अविद्यमानः कारः कारणं यस्य तत् एवंविधम् अकिञ्चिच्चिन्तनात्मकमनुत्तरं विमृशतस्तत्क्षणमेवानेकज्ञानप्रसरस्रष्टा परमेश्वरः प्रादुर्भवति ।

अथवा 'अं' इत्यत्र 'अः' इत्यत्र च बिन्दुविसर्गौ परित्यज्य कुम्भकस्थस्य 'अ' इत्येवमेव केवलं जपतः सहसा तत्क्षणमेव परमेश्वरो ज्ञानौघ उदेति सर्वविकल्पराहित्येन विकल्पादीन् संत्यज्य यत् शिष्यते तदेव भवतीत्यर्थः ॥८८॥

विभाग अर्थात् भेद रूप से प्रतीत न होना ही अद्वैत ज्ञान है । इस अद्वैत ज्ञान को यहाँ 'बिन्दु' नाम दिया गया है । विसर्ग भेद ज्ञान की सृष्टि करता है, क्योंकि ककार प्रभृति अक्षरों की सृष्टि विसर्ग से ही होती है, जिनकी कि ब्राह्मी प्रभृति शक्तियाँ अधिष्ठातृ देवता हैं । इस द्वैत और अद्वैत ज्ञान से रहित, अर्थात् दोनों प्रकार के ज्ञानों से अतीत अकार को, जो कि वर्णमाला का पहला अक्षर है, जिसका 'अविद्यमानः कारः कारणं यस्य तत्' इस व्युत्पत्ति के आधार पर कोई कारण नहीं है और जो सभी प्रकार की चिन्तन प्रक्रिया से मुक्त है, उस अनुत्तर अकार का विमर्श करने वाले योगी के चित्त में तत्क्षण अनेक ज्ञानों के विविध आकारों के स्रष्टा परमेश्वर प्रकट हो जाते हैं । "एकमेवाद्वितीयं ब्रह्म" (छा० उ० ६।२।१), "सर्वं खल्विदं ब्रह्म" (छा० उ० ३।१४।१) इत्यादि श्रुतियाँ परमेश्वर के एकत्व, अद्वितीयत्व को ही बताती हैं । वाणी और मन जहाँ नहीं पहुँच सकते, उस अनुत्तर तत्त्व में द्वित्व की कल्पना कैसे हो सकती है ? अकार को अनुत्तर या निरुत्तर इसलिये कहा जाता है कि इसके बाद कोई तत्त्व नहीं बचता, जिसमें कि इसका लय हो । अर्थात् मातृका की सृष्टि अकार से ही होती है और पूरी मातृका का संहार भी अकार में ही होता है । ऐसा कोई वर्ण अकार के बाद नहीं है, जिसमें कि इसका लय हो या जिससे इसकी सृष्टि हो । अतः अकार को [2]अनुत्तर या निरुत्तर कहना उचित ही है । इसी तरह से ब्रह्म भी अनुत्तर या निरुत्तर माना

1. विकल्पावस्था में चिति ही चित्त के रूप में परिणत हो जाती है और निर्विकल्पावस्था में चित्त पुनः अपने चिति स्वरूप में प्रतिष्ठित हो जाता है । इस विषय का विवेचन प्रत्यभिज्ञाहृदय के "चितिरेव चेतनपदादवरूढा चेत्यसंकोचिनी चित्तम्" (५) और "तत्परिज्ञाने चित्तमेवान्तर्मुखीभावेन चेतनपदाध्यारोहाच्चितिः" (१३) इन दो सूत्रों में किया गया है ।

2. पालि साहित्य में अनुत्तर पद भगवान् बुद्ध का वाचक है । बौद्ध तान्त्रिक वाङ्मय में अनुत्तर योग की चर्चा आती है । ऐसे स्थलों में अनुत्तर पद का प्रयोग सर्वोत्तम के अर्थ में हुआ है ।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

जाता है। "नेति नेति" (बृह० उ० ३।९।२६) इत्यादि श्रुतियाँ इस तत्त्व का प्रतिपादन निषेध मुख से ही कर पाती हैं, क्योंकि सभी द्वैत वस्तुओं का निषेध कर देने पर जो बच रहता है, वही अद्वय तत्त्व अनुत्तर या निरुत्तर ब्रह्म के नाम से जाना जाता है। अतः यह उचित ही है कि अनुत्तर अकार में धारणा की स्थिरता से अनुत्तर ब्रह्म की प्रतीति हो।

श्लोक का दूसरा अर्थ यह किया जाता है—अं और अः इन दोनों स्वरों के बिन्दु और विसर्ग को छोड़कर, जो कि पूरक और रेचक प्राणायाम के प्रतीक हैं (अं का उच्चारण करते समय प्राण का पूरण और विसर्ग का उच्चारण करते समय प्राण का रेचन होता है, यह बात अनुभव से सिद्ध है) कुम्भक प्राणायाम में स्थित होकर केवल अकार का जप करने वाले योगी के चित्त में सहसा परमेश्वर प्रकट हो जाते हैं, जिससे कि चित्त में [1]ज्ञान-समुद्र के लहराने से सभी विकल्पों का नाश हो जाता है। संचित विकल्पों का नाश हो जाने से और नये विकल्पों की उत्पत्ति न होने से परमेश्वर के ज्ञानमय स्वरूप के अतिरिक्त कुछ भी नहीं बच रहता। अतः इस धारणा के अभ्यास से साधक ज्ञानस्वरूप हो जाता है, क्योंकि अन्त में सभी विकल्पों से अतीत यही स्वरूप बचा रहता है।

विज्ञानभैरव के इस श्लोक की अद्वयसम्पत्तिकार वामननाथ ने एक भिन्न प्रकार की व्याख्या की है। उनका यह कहना है—

> "बुद्धिरूपी भूमि के ऊपर [2]अहंकारमयी भूमि है। इस अहंकार से यह सारा जगत् भरा हुआ है। इस अहंकार भूमि का सही ज्ञान हो जाने पर प्राणी मुक्त हो जाता है। इसी को संवित् स्वरूप वाली पराशक्ति कहा जाता है, जो कि परमेश्वर से कभी अलग नहीं रहती। इसी को ज्ञानशक्ति कहा जाता है और यही मन्त्रशक्ति के रूप में प्रतीत होने लगती है। शिव और शक्ति से अभिन्न स्वरूप वाला अहंकार ही मन्त्र कहलाता है। यही अहंकार अपरिमित अहन्ता, अर्थात् [3]पूर्णाहन्ता के रूप में परिणत

---

1. पहले ७६ वीं कारिका की व्याख्या में इस विषय पर प्रकाश डाला जा चुका है।
2. सांख्य दर्शन के अनुसार आरोह क्रम में मन, अहंकार और बुद्धि—यह तत्त्वों का क्रम है। इसके विपरीत प्रस्तुत स्थल में अहंकार को बुद्धि से ऊपर माना गया है। अहंकार शब्द का प्रयोग यहाँ सांख्यसंमत अर्थ में न होकर विमर्श दशा के अर्थ में किया गया है। प्रकाशात्मक शिव की इस विमर्श दशा में ही यह सारा जगत् अन्तर्लीन है, छिपा हुआ है। विमर्श शक्ति ही इस सारे जगत् को उन्मीलित (प्रकट) करती है। प्रत्यभिज्ञा-हृदय के "स्वेच्छया स्वभित्तौ विश्वमुन्मीलयति" (२) इस सूत्र में यही बात कही गई है। इसी अभिप्राय के अन्य अनेक वचन शास्त्रों में मिलते हैं। महार्थमञ्जरीपरिमल (पृ० ६१, ८८) में भी अहंकार की प्रधानता बताई गई है।
3. अपरिमित अहन्ता, अर्थात् पूर्णाहन्ता ही विरूपाक्षपंचाशिका प्रभृति शास्त्रों में विश्वाहन्ता के नाम से प्रसिद्ध है। इस विषय की विवेचना हमने "तान्त्रिक योग की चरमोपलब्धिः विश्वाहन्ता" शीर्षक निबन्ध में की है। यहाँ भी १०२ संख्या के श्लोक की व्याख्या में इसकी संक्षिप्त चर्चा की जायगी।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

हो जाता है।

मातृका अर्थात् वर्णमाला का पहला अक्षर अकार है। वह परमेश्वर शिव से अभिन्न है। यह जब नाद और बिन्दु से संयुक्त हो जाता है, तो वह ईश्वर की शक्ति कहलाता है। यह शिव और शक्तिमय अकार इस सारे अचर और चर, स्थावर और जंगम जगत् का बीज माना जाता है, अर्थात् बीज से वृक्ष की तरह शिवशक्तिमय अकार से सारे विश्व की सृष्टि होती है। स्वर और व्यंजन सभी वर्ण इसी से व्याप्त हैं, अर्थात् इन सबमें अकार किसी न किसी रूप में विद्यमान है। इसीलिये यथार्थ तत्त्व की खोज में लगे योगी इसको शब्दब्रह्म के नाम से पुकारते हैं। प्राण और स्वर के रूप में जो अभी परिणत नहीं हुआ है, उस अकार का निर्विभाग (विभाग रहित) अवस्था में विद्यमान पश्यन्ती की सहायता से चिन्मात्र स्वरूप में चिन्तन करने वाला योगी परम पद में प्रविष्ट हो जाता है, स्वात्मस्वरूप में विलीन हो जाता है।

शास्त्रों में आचार्यों ने[1] इस बात को इस तरह से स्पष्ट किया है—नाभि से एक वितस्ति (बित्ता) ऊपर और कंठ से छः अंगुल नीचे हृदय विद्यमान है। इस हृदय के बीच के भाग में एक कमल है। इस कमल के बीच में तीन कोनों वाली कर्णिका है। इस कर्णिका के मध्य भाग में अकार का स्वरूप धारण कर आत्मा रहती है। इस अकार के भीतर अत्यन्त सूक्ष्म तत्त्व निवास करता है, जिसमें कि चित् तत्त्व का निरन्तर स्फुरण होता रहता है। विज्ञानभैरव के "अबिन्दुमविसर्गं च" इत्यादि श्लोक में इसी चित् तत्त्व की उपासना का विधान है।

आत्मा के उसी निवास स्थान में ईश्वर की शक्ति भी निवास करती है, जिसको कि कुण्डलिनी कहते हैं। इसी का संयोग होने पर शिव सृष्टि करने में समर्थ होते हैं। अतः यह विश्व की जननी है। यह कुण्डलिनी शक्ति साँप की तरह साढ़े तीन लपेटे खाकर बिना किसी आधार के यहाँ बैठी रहती है। इसी को प्राणशक्ति कहा जाता है। यह शक्ति शरीर में हकार रूपी नाद के स्वरूप में सदा नदन करती रहती है। योगी अपने दोनों कानों को बन्द कर इसके नदन व्यापार को सुन सकता है। यह शक्ति भ्रूमध्य में बिन्दु के रूप में निवास करती है। सारे संसार की यही मंगलमयी जननी है। अपने तेज से प्रकाशित इस बिन्दु रूप शक्ति का योगी नित्य दर्शन करते हैं। उस बिन्दु के चन्द्र और सूर्य वाम और दक्षिण नेत्र हैं। इनको आश्रय हीन कर, अर्थात् विषयों से हटा कर, योगी परम पद अर्थात् ब्रह्म में प्रविष्ट हो जाता है।"

---

1. प्रस्तुत उद्धरण में वामननाथ ने विज्ञानभैरव और सिद्धादिष्ट सिद्धान्तसंग्रह की चर्चा की है। तान्त्रिक साहित्य (पृ० ७०१) के अनुसार किसी सिद्धान्तसंग्रह का उल्लेख पुरश्चर्यार्णव में हुआ है। वामननाथ और उनके ग्रन्थ आदि के सम्बन्ध में लुप्तागमसंग्रह के द्वितीय भाग के उपोद्घात में विचार किया गया है। देखिये पृ० १५, ६५–६६ तथा अन्यत्र भी।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

संक्षेप में इसका अभिप्राय यह हुआ कि अकार अर्थात् परम शिव के नाद और बिन्दु अवस्था से अतीत शुद्ध स्वरूप का चिन्तन करने पर साधक सनातन ब्रह्मस्वरूप में विलनि हो जाता है ॥८८॥

[धारणा–६६]

वर्णस्य[1] सविसर्गस्य विसर्गान्तं[2] चितिं कुरु ।
निराधारेण चित्तेन स्पृशेद् ब्रह्म सनातनम् ॥८९॥

निराधारेण प्रक्षीणवेद्येन चित्तेन सविसर्गस्य विसर्गसहितस्य वर्णस्य अकारस्य विसर्गान्तं चितिं कुरु विविधसर्गस्वभावयुक्तस्य वर्णजातेः ककाराद्यक्षररूपस्य ब्राह्म्यादिशक्तिसमूहस्य पशुभावोपकरणस्य विसर्गस्य अन्तो यथा भवति तथा अन्तर्मुखस्वभावविमर्शनाधिक्यात् तत्समावेशेन तन्मयीभावापादनस्वरूपतया बुद्धिं विधेहि । ततः संवेदनस्य निराश्रयत्वे सति सनातनं ब्रह्म विशेत्, नित्यः परब्रह्मस्पर्शाविर्भावः स्यात् । 'विसर्गान्ते' इति सप्तम्यन्तपाठे त्वयमर्थः—सर्वोऽयं मातृकाप्रपञ्चोऽकुलस्य शिवबिन्दुनामधेयस्य शक्तिरूपो विसर्ग इति तस्मिन् विसर्गे बुद्धिं विधेहीति ॥८९॥

किसी जानने लायक वेद्य वस्तु के अभाव में चित्त निराधार हो जाता है । चित्त की इस अवस्था में विसर्ग के साथ आद्य वर्ण अकार में अपनी धारणा को स्थिर करे । अकार के द्वारा नाना प्रकार की सृष्टि करने में ककार प्रभृति अक्षरों का और उनकी अधिष्ठात्री ब्राह्मी प्रभृति मातृकाओं का सहयोग रहता है । इन्हीं की सहायता से अज्ञानी जीव का सारा व्यवहार चलता है । अतः यह सारी सृष्टि भी विसर्ग के नाम से ही जानी जाती है । इसका अन्त किये बिना स्वात्मस्वरूप की अभिव्यक्ति नहीं हो सकती । अनुत्तर अकार विसर्ग की सहायता से ही सभी ककार प्रभृति वर्णों की और सारे जगत् की सृष्टि करता है, अतः इस विसर्ग का अकार में उपसंहार करने पर ही इस सारी सृष्टि का उपसंहार हो सकता है । प्रस्तुत धारणा में अकार की इस उपसंहार दशा में ही निराधार चित्त को स्थिर करने का अभ्यास किया जाता है, जिससे कि अपने अन्तर्मुख स्वभाव का गहराई से चिन्तन करने से साधक अपने स्वरूप में समाविष्ट हो जाता है । जब वह अपने स्वरूप में समाविष्ट होता है, तो उसके अपने स्वाभाविक स्वरूप के अभिव्यक्त हो जाने से उसका अब तक का काल्पनिक स्वरूप उसी में लीन हो जाता है, उसी आकार को धारण कर लेता है । उसकी अलग से कोई सत्ता नहीं रह जाती । साधक जब अपनी चित्त-वृत्ति को भी तदाकार बना लेता है, तब संवेदन अर्थात् ज्ञान का कोई बाह्य आलम्बन न रहने से उसका परब्रह्म स्वरूप में नित्य समावेश हो जाता है । 'विसर्गान्ते' ऐसा पाठ मानने पर उसका अर्थ यह होगा—यह सारा स्वर-व्यंजनात्मक मातृका का विस्तार, सभी वर्णों की उत्पत्ति शिवबिन्दु नामक शक्ति से ही होती है । यह कौलिकी शक्ति विसर्ग नाम से जानी जाती है । इसी से सारी वर्णमाला का विकास होता है । इस

---

१. सविसर्गस्य वर्णस्य–ख० । २. °न्ते–ख० ।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

विषय को समझने के लिए विस्तार की अपेक्षा है। कुल प्रक्रिया का विवेचन करते समय इस विषय पर उपोद्घात में विचार किया जायगा।

भट्ट आनन्द ने इस श्लोक की व्याख्या इस तरह से की है— अं और अः (बिन्दु और विसर्ग) से अकार को निकाल देने पर केवल बिन्दु (ं) और विसर्ग (ः) ही बच रहेंगे। बिना आधार (अकार) के इनको समझ पाना कठिन है। योगी जब इनमें धारणा करते हुए अपने चित्त को भी इसी तरह से निराधार, निर्विषय बना लेता है, तो उसको परम निर्वृति (मोक्ष) प्राप्त हो जाती है। पहले श्लोक में बिन्दु और विसर्ग से रहित 'अकार' में धारणा का और इस श्लोक में अकार से रहित निराधार बिन्दु अथवा विसर्ग में धारणा का विधान है। यह इन दोनों धारणाओं में स्पष्ट भेद है ॥८९॥

[धारणा–६७]

व्योमाकारं स्वमात्मानं ध्यायेद् दिग्भिरनावृतम्।
निराश्रया चितिः शक्तिः स्वरूपं दर्शयेत् तदा ॥९०॥

यदा व्योमाकारमित्यनाकृतिं न तु तुच्छम्, स्वमात्मानं दिग्भिर्नीलपीतादिभिरुपाधिभिरनावृतं विवर्जितम्, विश्वव्यापिनमिति यावत्, कृत्वा ध्यायेत्, तदा चितिशक्तिर्निराश्रया सती स्वं रूपं दर्शयेत् ॥९०॥

आकाश की कोई आकृति न रहने पर भी जैसे उसकी सत्ता मानी जाती है, उसी तरह से जिस व्योमाकार अर्थात् निराकार, शून्यस्वभाव स्वात्मस्वरूप में यहाँ धारणा को स्थिर करने का विधान है, वह भी अलीक, तुच्छ, मिथ्या न होकर केवल किसी भी प्रकार की आकृति से रहित ही माना जाता है। इस नील, पीत आदि उपाधियों से रहित, अर्थात् विश्वव्यापी स्वात्मस्वरूप में धारणा को स्थिर कर देने पर चिति शक्ति बाह्य आलम्बनों से मुक्त होकर अपने सहज स्वरूप को दिखा देती है, अर्थात् साधक अपने स्वरूप में प्रतिष्ठित हो जाता है। स्वच्छन्दतन्त्र में [1]"अहमेव परो हंसः परमात्मा परात्परः" (४।३९९) इत्यादि ग्रन्थ में इस स्थिति का वर्णन किया गया है ॥९०॥

[धारणा–६८]

किञ्चिदङ्गं विभिद्यादौ तीक्ष्णसूच्यादिना ततः।
तत्रैव चेतनां[1] युक्त्वा[2] भैरवे[3] निर्मला गतिः ॥९१॥

आदौ प्रथमं किञ्चिदङ्गम् अङ्गुल्यङ्गुष्ठादिकं तीक्ष्णसूच्यादिना निशितसूचीकण्टकादिना विभिद्य छित्वा ततस्तदनन्तरं तत्रैव चेतनां संविदं युक्त्वा संयोज्य भैरवे

---

१. °ना–ख०। २. °क्ता–ख०। ३. °वी–ख०।

1. यह पाठ भट्टानन्द की टीका में मिलता है (पृष्ठ ३७)। शिवोपाध्याय ने "अहमेव परो हंसः शिवः परमकारणम्" (पृ० १३०) ऐसा पाठ स्वीकार किया है। मुद्रित स्वच्छन्दतन्त्र (भा० २, प० ४, पृ० २५३) में भी यही पाठ मिलता है।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

निर्मला गतिः, स्यादिति शेषः। तीक्ष्णसूच्यादिना अग्निना वा शरीरं प्रमथ्य तत्सहनादिना या सहनशक्तिः सैवात्र चेतनेत्यभिधीयते। सूच्यादिव्यथानुभवितृचेतनाशक्तिसमाहितस्य भैरवविषयं निर्मलं ज्ञानं भवत्येवेति भावः ॥९१॥

अपने अंगुली, अंगूठे आदि किसी अंग को तीखी सुई अथवा कांटे[1] आदि से पहले बींध दे। उसके बाद उसी स्थान में अपनी चेतना, अर्थात् संवित् को जोड़ देने पर, उस सूची आदि के बींधने से उत्पन्न पीड़ा का अनुभव करने वाली चेतना शक्ति में समाहित योगी के चित्त में भैरवविषयक निर्मल ज्ञान उत्पन्न हो जाता है। तीखी सुई आदि से बींधने पर अथवा आग से जला देने पर शरीर के उस अंग में तीव्र पीड़ा होने लगती है। इस पीड़ा को सहन करने की शक्ति यहाँ 'चेतना' कही गई है। इस चेतना शक्ति में, अर्थात् किसी भी पीड़ा को सहन करने की शक्ति में अपने चित्त को समाहित करने वाला योगी अपने निर्मल बोधभैरव स्वरूप को पहचान लेता है ॥९१॥

[धारणा–६९]

चित्ताद्यन्तःकृतिर्नास्ति ममान्तर्भावयेदिति[1]।
विकल्पानामभावेन[2] विकल्पैरुज्झितो भवेत् ॥९२॥

ममान्तः मद्देहान्तः, चत्तादिकमन्तःकरणं नास्तीति भावयेत्, अस्त्यपि नास्त्येवेत्येवं बाह्यविषयोपरमाद् दृढभावनः स्यात्, ततो विकल्पानामभावेन विकल्पैरुज्झितस्त्यक्तो निर्विकल्पतया शुद्धचैतन्यो भवेत् ॥९२॥

मेरे शरीर के भीतर चित्त आदि अन्तःकरणों की कोई सत्ता नहीं है, ऐसी भावना करे। शरीर के भीत त आदि के रहते हुए भी जब यह भावना की जायगी कि उनकी कोई सत्ता नहीं है, तो अन्तःकरण की वृत्तियों के अभाव में बाह्य विकल्पों की भी कोई सत्ता नहीं रह जायगी। इस भावना का दृढ़ता से अभ्यास करने पर विकल्पों की सत्ता के न रह जाने से साधक इन बाह्य विकल्पों से मुक्त होकर निर्विकल्प दशा में प्रविष्ट हो जायगा, उसका शुद्ध स्वात्मचैतन्य अभिव्यक्त हो जायगा ॥९२॥

[धारणा–७०]

[2]माया विमोहिनी नाम कलायाः कलनं स्थितम्।
इत्यादिधर्मं तत्त्वानां कलयन्न[3] पृथग् भवेत् ॥९३॥

---

१. °द्यदि–ख०। २. °वेऽपि–ख०। ३. °यन् ना–ख०।

1. क्रान्तिकारी भगतसिंह, चन्द्रशेखर आजाद प्रभृति के विषय में यह प्रसिद्ध है कि वे अपनी सहन शक्ति की परीक्षा के लिये जलती मोमबत्ती की लौ पर अपने हाथ के मांसल भाग को उस समय तक टिकाये रखते थे, जब कि वह जल कर टप-टप नीचे गिरने लगता था। प्रस्तुत श्लोक में भी लगभग इसी प्रकार की स्थिति में धारणा को स्थिर करने का विधान है।
2. ई० प्र० वि० वि० (भा० १, पृ० ८०) में इसका पहला चरण और वहीं (भा० ३, पृ० २८५) इस श्लोक का पूर्वार्ध रुद्रयामलसार के नाम से उद्धृत है।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

विशेषेण भेदप्रथात्मकेन स्वरूपेण पुरुषं मोहयतीति मायाया एव मोहनत्वं धर्मो न मम, कलायाः कलातत्त्वस्य, कलनं किञ्चित्करणं धर्मः, विद्यातत्त्वस्य किञ्चिद् वेदनं धर्म इत्यादि सर्वेषां तत्त्वानां धर्मं कलयन् विमृशन् पुरुषः पृथग् न भवेत्, किन्तु विवेकज्ञानात्मकाभेदख्यातिमान् भवेत्। 'ना पृथग् भवेत्' इति पाठे इत्येवं कलयन् ना पुरुषः पृथग् भवेत् सर्वोत्तीर्णः कूटस्थः स्यादित्यर्थः ॥९३॥

माया तत्त्व से मोहित होकर जीव परस्पर एक दूसरे को भिन्न समझने लगते हैं। अतः भेद-दृष्टि का विस्तार करना माया का धर्म है, शुद्ध चैतन्य का नहीं। इसी प्रकार कला तत्त्व का धर्म कुछ करना है, विद्या तत्त्व का धर्म कुछ जानना है। इसी तरह से सभी तत्त्वों के धर्मों के विषय में विचार करने वाले योगी की स्थिति अलग से नहीं रह जाती, किन्तु इस विवेक ज्ञान के सहारे वह अभेद [1]ख्याति से युक्त हो जाता है। प्रकृति और पुरुष के विवेक ज्ञान से कैवल्य का आविर्भाव सांख्य दर्शन को अभिप्रेत है। इस भावना के अभ्यास से माया प्रभृति के विभेदक स्वरूपों से अलग होकर योगी अपने कैवल्यात्मक स्वात्मस्वरूप में प्रतिष्ठित हो जाता है। 'ना पृथग् भवेत्' ऐसा पाठ मानने पर इसका अर्थ यह होगा कि इस प्रकार की धारणा में चित्त को स्थिर करने वाला मनुष्य पृथक् हो जाता है, अर्थात् इन विभेदक दृष्टियों से ऊपर उठकर शुद्ध, कूटस्थ, सर्वोत्तीर्ण स्वात्मस्वरूप में प्रतिष्ठित हो जाता है। प्रथम कारिका की व्याख्या करते समय अभिनवगुप्त ने ईश्वरप्रत्यभिज्ञाविवृतिविमर्शिनी (भा० १, पृ० ८०) में माया शक्ति का अर्थ स्पष्ट करते हुए इस श्लोक का प्रमाण दिया है ॥९३॥

[धारणा–७१]

झगितीच्छां समुत्पन्नामवलोक्य शमं नयेत्।
यत एव समुद्भूता ततस्तत्रैव लीयते ॥९४॥

इच्छां पुत्राद्येषणाम् इदं मे स्यादित्येवंप्रकारामेषणां समुत्पन्नाम् अमूर्तादपि चिन्मात्राद् मायाकृतक्षोभवशादुद्भूताम् अवलोक्य दृष्ट्वा तामन्तर्मुखत्वेन विमृश्य झगिति शीघ्रं शमं नयेत् शान्तिं प्रापयेत्। अमूर्तो हि चिन्मात्रात्मा मध्येऽज्ञानेनैव प्रकटितेच्छः। चिन्मात्रस्य निराकारत्वान्नास्ति इच्छा, परन्तु इष्यमाणमेषणादिकं वाऽविद्यैवेति दृष्ट्वा शान्तेच्छो भवेदिति तात्पर्यम्। यतो यस्माद् अविद्यात एव समुद्भूता इच्छा, अविद्या हि आकाशात्मिका, ततस्तत्रैव लीयते लीना भवति, तेन हि

1. दर्शन शास्त्र में ख्याति शब्द प्रतीति या ज्ञान के अर्थ में प्रयुक्त होता है। अभेद ख्याति का अर्थ है अद्वय बोध। सब कुछ शिवमय ही है, उसके भिन्न कुछ भी नहीं है, इस तरह की एकाकार प्रतीति ही यहां अभेद ख्याति कही गयी है। भ्रान्त ज्ञान के अर्थ में भी ख्याति शब्द प्रयुक्त होता है। अपूर्णता ख्याति का अर्थ है भ्रमवश अपने पूर्ण स्वरूप का ज्ञान न होना। भारतीय दर्शन में छः प्रकार की ख्याति मानी गई है। इनका स्वरूप बहुत ही संक्षेप में हमने महार्थमंजरी के उपोद्घात (पृ० ठ-ड) में बताया है।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

निर्विकल्पदशाप्राप्तिः। एवमन्तर्मुखतया विमृश्य यत एव क्षोभमयान्मनस उत्थिता तत्रैव शमं नयेत् प्रापयेत्, ततस्तत्रैव लीयते तदा स्वयमेव ब्रह्म सम्पद्यत इत्यर्थः ॥९४॥

अमूर्त चिन्मात्र स्वात्मस्वरूप में भी माया के क्षोभ के कारण [1]पुत्र, धन, यश आदि की मुझे प्राप्ति हो, इस तरह की भाँति-भाँति की इच्छाओं की उत्पत्ति होते देखकर अपनी अन्तर्मुखी वृत्ति से उसको वहीं शीघ्र शान्त कर दे। वास्तव में प्रारंभ और अन्त में भी यह अमूर्त आत्मा चिन्मात्रस्वरूप ही है। बीच में अज्ञानवश इसमें एषणाएँ पैदा हो जाती हैं। चिन्मात्र स्वरूप तो निराकार है, उसमें इच्छाएँ नहीं हो सकतीं। इष्यमाण (इच्छित वस्तु) और एषणा (इच्छा) यह सब अविद्या ही है, इस तरह की दृष्टि का उन्मेष होने पर साधक की सारी इच्छाएँ शान्त हो जाती हैं। जिस अविद्या से ये इच्छाएँ पैदा होती हैं, वह अविद्या आकाशस्वरूप है, शून्यस्वभाव है, अतः इस शून्य भावना का अभ्यास करने से वे इच्छाएँ अन्ततः आकाश में ही लीन हो जाती हैं और योगी का निर्विकल्प स्वात्मस्वरूप मात्र बच रहता है। अर्थात् साधक की जब सब वृत्तियाँ अन्तर्मुख हो जाती हैं, तो उसकी सब इच्छाएँ भी, जो कि मन के क्षोभ के कारण उत्पन्न हुई थीं, उसी तरह से मन में ही विलीन हो जाती हैं, जैसे कि प्रक्षुब्ध सागर से उठी लहरें सागर के शान्त हो जाने पर उसी में लीन हो जाती हैं। इन वृत्तियों के लीन हो जाने पर योगी शान्त समुद्र के समान अपने प्रशान्त स्वात्मस्वरूप में प्रतिष्ठित हो जाता है, ब्रह्म बन जाता है।

यदि इच्छा शान्त न होती दिखाई दे तो उसके लिये स्पन्दकारिका में प्रदर्शित उपाय का सहारा लेना चाहिये। "एकचिन्ताप्रसक्तस्य" (श्लो० ४१) इत्यादि स्पन्दकारिका के श्लोक में 'उन्मेष' दशा का वर्णन है। उसका अभिप्राय यह है कि मनुष्य जब किसी एक चिन्ता में पड़ा रहता है, तभी उसमें दूसरी चिन्ता का आविर्भाव हो जाता है। जिस क्षण में एक चिन्ता से दूसरी चिन्ता में चित्त प्रविष्ट होता है, वही क्षण 'उन्मेष' कहलाता है। इस उन्मेष क्षण में दोनों चिन्ताओं को विलीन कर देना चाहिये, अर्थात् पहली चिन्ता के विलय क्षण में ही चित्त को स्थिर कर लेना चाहिये। ऐसा करने से आगे की चिन्ता का उत्थान ही नहीं होगा और पहली चिन्ता के विलीन हो जाने से चित्त उस क्षण में वृत्ति-शून्य हो जायगा, "न चित्तं निक्षिपेत्" (श्लो० १०१), "यत्र यत्र मनो याति" (श्लो० १२६) इत्यादि धारणाओं में इसी स्थिति को आलम्बन बनाया गया है। इस उन्मेष क्षण में धारणा को स्थिर कर देने से सारी इच्छाएँ जहाँ से उत्पन्न होती हैं, वहीं विलीन हो जाती हैं, अर्थात् जिस उन्मेष स्वरूप स्पन्द तत्त्व से ये इच्छाएँ पैदा होती हैं, उसी में ये विलीन भी हो जाती हैं। इस उन्मेष दशा का वर्णन करने वाला स्पन्दकारिका का यह महत्त्वपूर्ण श्लोक पहले ही उद्धृत कर दिया गया है ॥९४॥

1. पुत्रैषणा, वित्तैषणा और लोकैषणा के भेद से एषणा (इच्छा) के तीन भेद माने गये हैं। इन तीनों एषणाओं से मुक्त व्यक्ति ही वास्तविक ब्राह्मण है, ऐसा उपनिषदों में प्रतिपादित है (बृह० उ० ३।५।१)। मनुस्मृति (२।१६२) में भी ब्राह्मण के लिये संमान से दूर रहने का विधान है।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

[धारणा-७२]

यदा ममेच्छा नोत्पन्ना ज्ञानं वा कस्तदाऽस्मि वै।
तत्त्वतोऽहं तथाभूतस्तल्लीनस्तन्मना भवेत् ॥९५॥

यदा मम इच्छा न उत्पन्ना, ज्ञानं वा न उत्पन्नम्। ज्ञानमिति क्रियाया उपलक्षणम्। क्रिया च नोत्पन्ना। तदा कोऽस्मि ? इच्छाज्ञानक्रियाणामनाविर्भावेऽहमेव नास्मि, किन्तु चिदानन्दरूप एवास्तीत्यर्थः। तदेवाह—तत्त्वतो वस्तुतः, तथाभूतश्चिदानन्दात्मक एवाहम् इति भावनयाऽनया तस्मिन् चिदानन्दस्वरूपे लीनस्तन्मना भवेत् तन्मयश्चिदानन्दमयो भवेत् ॥९५॥

इस श्लोक में ज्ञान पद क्रिया का भी बोध कराता है, अतः इसका अर्थ यह होगा कि जब मेरे अन्दर इच्छा, ज्ञान और क्रिया में से किसी की भी उत्पत्ति नहीं होगी, तो उस स्थिति में मेरा स्वरूप क्या होगा ? अर्थात् इनके अभाव में अहन्ता, ममता, इदन्ता की कोई भी स्थिति नहीं बन सकती, किन्तु उस अवस्था में तो चित् और आनन्द स्वरूप की ही स्थिति रहती है। इसलिये साधक को सदा इसी स्थिति की भावना करनी चाहिये कि वास्तव में मैं चित् और आनन्द स्वरूप ही हूँ। इस धारणा के अभ्यास से योगी उस चिदानन्द स्वरूप में ही लीन हो जाता है और अनन्तः स्वयं उसका चिदानन्दमय स्वरूप अभिव्यक्त हो जाता है। स्पन्दकारिका में इस स्थिति को इस प्रकार स्पष्ट किया है—

गुणादिस्पन्दनिष्यन्दाः सामान्यस्पन्दसंश्रयात्।
लब्धात्मलाभाः सततं स्युर्ज्ञस्यापरिपन्थिनः ॥
अप्रबुद्धधियस्त्वेते स्वस्थितिस्थगनोद्यताः।
पातयन्ति दुरुत्तारे घोरे संसारवर्त्मनि ॥
अतः [1]सततमुद्युक्तः स्पन्दतत्त्वविविक्तये।
जाग्रदेव निजं भावमचिरेणाधिगच्छति ॥ (१९-२१ श्लो०)

अर्थात् सत्त्व, रज, तम आदि गुण तथा महत्, अहङ्कार, तन्मात्रा, इन्द्रिय, पंच महाभूत आदि सभी पदार्थ और इनके कारण प्रादुर्भूत होने वाली सुख, दुःख, मोह आदि की लहरें —ये सब अनन्त विशेषताओं को अपने में समेटे हुए स्पन्द तत्त्व से ही उठती हैं, इस बात को जानने वाले योगी के मार्ग में ये सब वस्तुएँ रुकावट नहीं डाल पातीं, उसके स्वरूप को नहीं ढक पातीं। इसके विपरीत [2]अप्रबुद्ध मनुष्य के स्वात्मस्वरूप को ढक कर ये वृत्तियाँ उसको घोर दुस्तर संसार-समुद्र में गिरा देती हैं। इसलिये जो व्यक्ति इस स्थिति को समझ

---

1. स्पन्द तत्त्व के स्वरूप को समझने के लिये निरन्तर प्रयत्नरत रहने की बात यहाँ बताई गई है। इसीलिये "उद्यमो भैरवः" (१।५) इस शिवसूत्र में उद्यम को भैरव का ही स्वरूप माना गया है। योगवासिष्ठ में अनेक स्थलों पर पुरुषार्थ की बड़ी महिमा गाई गई है।
2. अप्रबुद्ध आदि शब्दों के अर्थ के लिये १२८वें श्लोक की व्याख्या के अवसर पर की गई टिप्पणी देखनी चाहिये।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

कर स्पन्द तत्त्व के स्वरूप को जानने के लिये निरन्तर क्रियाशील रहता है, उद्योग करता रहता है, वह जाग्रदवस्था में ही अपने निज स्वभाव को प्राप्त कर लेता है, अर्थात् जीवन्मुक्त हो जाता है। प्रस्तुत धारणा के अभ्यास से भी योगी इसी स्थिति को प्राप्त करता है ॥९५॥

[धारणा –७३]

[1]इच्छायामथवा ज्ञाने जाते चित्तं निवेशयेत् ।
[2]आत्मबुद्धयाऽनन्यचेतास्ततस्तत्त्वार्थदर्शनम् ॥९६॥

अत्रापि ज्ञानं क्रियाया उपलक्षणम्। इच्छायां जातमात्रायाम्, ज्ञाने वा जाते सति, क्रियायां वा समुत्पन्नायाम् अनन्यचेताः विषयसंकल्पं विहाय आत्मबुद्धया आत्मैवैतदिति बुद्धया चित्तं निवेशयेत् निक्षिपेत्। ततस्तत्त्वार्थदर्शनं तयैव भावनया परमार्थज्ञानं भवेत्। सर्वस्मिन् स्वात्मरूपदृढभावनयाऽनन्यचेतसस्तत्त्वार्थदर्शनं स्यादेवेति भावः ॥९६॥

इस श्लोक में भी ज्ञान पद क्रिया का भी बोध कराता है। इच्छा, ज्ञान अथवा किसी क्रिया के उत्पन्न होने के साथ ही अपने चित्त को उसी में स्थिर करके अन्य सभी प्रकार के विषयों के संकल्प का परित्याग कर दे, 'यह सब कुछ आत्मा ही है' इस प्रकार की दृढ़ भावना से इच्छा, ज्ञान अथवा क्रिया में ही अपने चित्त को स्थिर कर अन्य सभी बाह्य विषयों से अपने चित्त को हटा ले। "सर्वं खल्विदं ब्रह्म" (छा० ३।१४।१), "अयमात्मा ब्रह्म" (बृ० २।५।१९) इन श्रुतिवचनों के अनुसार सभी सांसारिक वस्तुओं में जब योगी का चित्त स्वात्मस्वरूप को ही देखते लगता है, तो इस भावना के दृढ़ होने पर परमार्थ तत्त्व का ज्ञान हो जाता है। इसका अभिप्राय यह है कि जब योगी सभी पदार्थों को अपना ही रूप मानकर एकाग्र चित्त से उनमें अपनी धारणा को स्थिर कर देता है, तो उसको परमार्थ तत्त्व का परिज्ञान हो जाता है। इस श्लोक में सालम्बन अर्थात् साकार भावना का विधान है। नेत्रतन्त्र (८।४१-४४) में [2]अनुत्तर योग का विवेचन करते समय अनेक प्रकार की धारणाओं का निषेध किया गया है। क्षेमराज ने इसकी व्याख्या करते हुए सालम्बन भावना के उदाहरण के रूप में प्रस्तुत श्लोक को उद्धृत किया है ॥९६॥

[धारणा–७४]

[3]निर्निमित्तं[4] भवेज्ज्ञानं [4]निराधारं भ्रमात्मकम् ।
तत्त्वतः कस्यचिन्नैतदेवंभावी शिवः प्रिये ॥९७॥

---

१. तत्र–ने०। २. °तः स्यादात्म°–ने०। ३. निराधारं–त०। ४. निर्निमित्तं–त०।

1. नेत्रतन्त्र की उद्योत टीका (भा० १, पृ० २०१) में यह श्लोक मिलता है।

2. जैसा कि पृ० ९९ की २ टिप्पणी में बताया गया है, अनुत्तर योग का बौद्ध तान्त्रिक ग्रन्थों में विशेष वर्णन मिलता है। नेत्रतन्त्र में वर्णित पर योग अनुत्तर योग ही है, क्योंकि यह स्थूल और सूक्ष्म योग की अपेक्षा उत्कृष्ट है।

3. तन्त्रालोकविवेक (भा० ३, आ० ५, पृ० ३७९) में यह उपलब्ध है।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

हे प्रिये, यदिदं घटादिज्ञानं तद् निराधारं निराश्रयम्, तत्त्वतः स्थिरस्य कस्यचिदात्मनो घटादेराधारस्य वाऽवास्तवत्वात्। अत एव निर्निमित्तं निर्हेतुकम्, तत्त्वतश्चक्षुरालोकादिनिमित्तस्याप्यवास्तवत्वात्। भ्रमात्मकं मायावशोत्थितम्, विकल्पात्मकत्वात्, तत्त्वतो ज्ञानव्यतिरिक्तस्यान्यस्याभावात्। स एवायं घट इति संवेदनं तु सोऽयं गङ्गाया प्रवाह इतिवद् भ्रान्तिरेवेति भावः। अस्ति हि सर्वं चिन्मात्रम्, चिद्व्यतिरिक्तस्यान्यस्याभादित्येवं भावनादाढर्यात् शिव एव स्यादिति ॥९७॥

हे प्रिये, यह जो घट आदि का ज्ञान है, उसका कोई आधार नहीं है, क्योंकि वस्तुतः किसी स्थिर आत्मा अथवा घट आदि वस्तुओं की कोई वास्तविक सत्ता नहीं है। इसी लिये यह निर्हेतुक भी है, क्योंकि चक्षु, आलोक (प्रकाश) आदि पदार्थों की भी वास्तविक सत्ता नहीं है। इसी लिये यह सब कुछ भ्रमात्मक है, माया के कारण उत्पन्न है। अत एव विकल्पस्वरूप है, क्योंकि ज्ञान के अतिरिक्त अन्य सभी वस्तुओं का अभाव है। 'यह वही घट है' इस तरह का ज्ञान 'यह वही गंगा का प्रवाह है' इस ज्ञान की तरह भ्रमात्मक ही माना जायगा। अर्थात् गंगा के प्रवाह में जैसे 'यह वही प्रवाह है' यह प्रत्यभिज्ञा भ्रान्ति-जन्य है, उसी तरह से घट, पट, देवदत्त आदि की प्रत्यभिज्ञा को भी भ्रमात्मक ही मानना चाहिये। इस तरह से अन्ततः सब कुछ चिन्मात्र, विज्ञानात्मक ही सिद्ध होता है। इस चिदात्मक विज्ञान के अतिरिक्त अन्य किसी की भी सत्ता नहीं है, इस तरह की भावना का दृढ़ता से अभ्यास करने से साधक शिव हो जाता है। तन्त्रालोक (५।७१) में यह स्थिति 'सर्वात्म-संकोच' के नाम से वर्णित है और टीकाकार ने इस स्थिति के उदाहरण के रूप में इसी श्लोक को प्रस्तुत किया है ॥९७॥

[धारणा–७५]

[1]चिद्धर्मा[१] सर्वदेहेषु विशेषो नास्ति कुत्रचित्।
अतश्चयं तन्म सर्वं भावयन् भवजिज्जनः ॥९८॥

चिद् ज्ञानं क्रिया वा धर्मो गुणो यस्य स चिद्धर्मा चेतनः, सर्वदेहेषु हस्तिपिपीलिकादिशरीरेषु सामान्यतया वर्तते, कीटादिसदाशिवान्तं नास्ति कुत्रचित् कश्चिद् विशेषः। अतश्च चैतन्यस्य साधारणत्वात् तन्मयं चिन्मयं सर्वं भावयन् निर्विशेषं ब्रह्म सर्वत्रास्तीति बोधमेवं धारयन् जनो भवजित् दुस्तरसंसारोत्तीर्णो भवति। 'चिद्धर्माः' इति पाठे देवासुरनरतिर्यगादिमूर्तिषु चिद्धर्माः सामान्येन सन्तीति न तत्र विशेषोऽस्ति कुत्रचित्। देहादेरेव विशेषोऽस्ति न तु चितेरिति भावयतः सर्वत्र चिदेव जृम्भतेऽनुभवदाढर्यादित्यर्थः ॥९८॥

चित् अर्थात् ज्ञान अथवा क्रिया जिसका धर्म है, वह चेतन प्राणी चिद्धर्मा कहलाता है। यहाँ "धर्मादनिच् केवलात्" (५।४।१२४) इस पाणिनि सूत्र से अनिच् प्रत्यय होता है।

---

१. °र्माः–ख०।

1. शिवसूत्रविमर्शिनी (पृ० ३) पर यह श्लोक मिलता है।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

हाथी और चींटी आदि छोटे-बड़े सभी प्राणियों के शरीरों में, अर्थात् कीट से लेकर सदाशिव पर्यन्त सभी प्राणियों में चैतन्य की दृष्टि से कोई विशेष भेद नहीं है। अतः यह सब चिन्मय ही है, क्योंकि चैतन्य इन सब का साधारण धर्म है। इस तरह से सभी प्राणियों में चिन्मय निर्विशेष ब्रह्म विद्यमान है, इस भावना का दृढ़तापूर्वक अभ्यास करने वाला साधक इस संसार को जीत लेता है, इस दुस्तर संसार-सागर को पार कर लेता है। 'चिद्धर्माः' ऐसा पाठ मानने पर इसका अर्थ यह होगा कि देव, असुर, मनुष्य, पशु, पक्षी, स्थावर, जंगम आदि सभी मूर्तियों में चिति (चैतन्य) समान रूप से विद्यमान है, चैतन्य की दृष्टि से इनमें परस्पर कोई विशेषता नहीं है। विशेषता केवल शरीरों की है, चिति की नहीं। इस तरह से चैतन्य-सामान्य सर्वत्र स्फुरित हो रहा है, इस अनुभव को दृढ़ता से अपनी भावना का आधार बनाने वाला योगी दुस्तर संसार-सागर को पार कर लेता है, उसको सर्वत्र चिन्मात्रस्वरूप ब्रह्म की प्रतीति होने लगती है। "चैतन्यमात्मा" (१।१) इस शिव-सूत्र की व्याख्या करते हुए क्षेमराज ने इस श्लोक को प्रस्तुत किया है ॥९८॥

[धारणा–७६]

[1]कामक्रोधलोभमोहमदमात्सर्यगोचरे ।
बुद्धिं निस्तिमितां कृत्वा तत्तत्त्वमवशिष्यते ॥९९॥

कामक्रोधादिषु मात्सर्यपर्यन्तेषु अरिषड्वर्गेषु बुद्धिं स्वसंविदं निस्तिमितामेकाग्रां विकारानधिगमान्निष्पन्दां कृत्वा विधाय तत् तत्त्वं चिन्मात्रस्वरूपमवशिष्यते। कामादिविषये चित्ते ऐकाग्र्यप्रकर्षादपहारितबाह्यविषयाश्लेषं चिदानन्दमयमेवाविर्भवतीत्यभिप्रायः ॥९९॥

काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद और मात्सर्य ये छः चित्तगत दोष शास्त्रों में अरिषड्वर्ग के नाम से प्रसिद्ध हैं। इन चित्त-वृत्तियों में से किसी एक उत्कट चित्त-वृत्ति में धारणा को स्थिर कर देने पर अन्य समस्त वृत्तियां शान्त हो जाती हैं। इसी स्थिति में योगी को निरन्तर स्पन्दनशील स्वात्मस्वरूप के विवेक में लग जाना चाहिये, जिससे कि उसकी वृत्ति पुनः बहिर्मुख न हो। ऐसा करने से उसकी बुद्धि एकाग्र हो जाती है, बाह्य विषयों का संपर्क छूट जाने से निश्चल (स्थिर) और विकारशून्य हो जाती है। इस प्रकार की वृत्ति-क्षय दशा को जगा कर योगी अपनी उत्कट काम, क्रोध आदि वृत्तियों को उसी तरह से शान्त कर लेता है, जैसे कि कछुआ अपने अंगों को भीतर समेट लेता है। भगवद्गीता (२।५८) में स्थितप्रज्ञ का लक्षण बताते समय इसी स्थिति की ओर इंगित किया गया है। इस स्थिति में योगी का केवल चित् स्वरूप बच रहता है। अर्थात् काम, क्रोध आदि विषयों में चित्त की एकाग्रता के बढ़ जाने पर जब अन्य बाह्य विषयों से उसकी बुद्धि का संपर्क छूट जाता है, तब साधक का चिदानन्दमय बोधस्वरूप अभिव्यक्त हो उठता है। स्पन्दकारिका के—

---

1. स्पन्दनिर्णय (पृ० ४०) पर यह श्लोक उद्धृत है।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

अतिक्रुद्धः प्रहृष्टो वा किं करोमीति वामृशन् ।
धावन् वा यत्पदं गच्छेत् तत्र स्पन्दः प्रतिष्ठितः ॥ (श्लो० २२)

इस श्लोक में भी इस स्थिति का वर्णन मिलता है, जिसकी कि व्याख्या पहले ही की जा चुकी है। स्पन्दनिर्णय (पृ० ४०-४१) में क्षेमराज का कहना है कि प्रस्तुत धारणा की ही तरह "आनन्दे महति प्राप्ते" (श्लो० ७०) और "क्षुताद्यन्ते" (श्लो० ११६) इन दोनों स्थलों में भी इस स्पन्द तत्त्व में प्रतिष्ठित होने की ही विधि बताई गई है ॥९९॥

[धारणा–७७]

[1]इन्द्रजालमयं विश्वं न्यस्तं वा चित्रकर्मवत् ।
भ्रमद्वा[१] ध्यायतः सर्वं पश्यतश्च सुखोद्गमः ॥१००॥

विश्वं ग्राह्यग्राहकात्मकमिदं सर्वं जगद् ज्ञानानुभवयुक्त्या निश्चितया बुद्धया इन्द्रजालनिभं मायानिर्मितम्, पटादिषु चित्रकर्मवत् न्यस्तं कल्पितम्, नावारूढस्य भ्रमद् गच्छत्तरुपर्वतादिवद् भ्रान्तिकल्पितं वा ध्यायतः पश्यतश्च सुखोद्गमः अक्षयसुखाविर्भावो भवति । 'भ्रमतः' इति पाठे भ्रमन्नपि ध्यायन्नपि पश्यन्नपीति योज्यम् ॥ १००॥

यह सारा विश्व यद्यपि ग्राह्य और ग्राहक के रूप में दिखाई पड़ता है, किन्तु अनुभव और तर्क के द्वारा परिष्कृत बुद्धि से जब इसके स्वरूप पर विचार किया जाता है तो ये सब इन्द्रजाल (जादू के खेल) की तरह माया से निर्मित; कपड़े, कागज आदि पर बनाये चित्र के समान कल्पित; अथवा नाव आदि सवारी पर चढ़ कर चलने पर जैसे वृक्ष-पर्वत आदि चलते हुए से नजर आते हैं, उसी तरह से भ्रमपूर्ण, कल्पना से प्रसूत (उत्पन्न) मालूम पड़ते हैं। इस सही स्थिति का ज्ञान हो जाने पर और उसी में अपने ध्यान को केन्द्रित कर देने पर योगी के चित्त में अक्षय सुख का आविर्भाव हो जाता है। 'भ्रमतः' यह पाठ मानने पर इसका अर्थ होगा कि साधक जब अपने स्पन्द स्वरूप मे प्रतिष्ठित हो जाता है, तो वह भ्रमण करे, ध्यान करे अथवा देखे, उनमें अक्षय सुख की स्थिति सदा बनी रहती है। "शाक्ते क्षोभे" (५।७१) इत्यादि तन्त्रालोक के श्लोक की व्याख्या करते हुए जयरथ ने इस श्लोक को भी उद्धृत किया है ॥१००॥

[धारणा–७८]

न चित्तं निक्षिपेद् दुःखे न सुखे वा परिक्षिपेत् ।
भैरवि [२]ज्ञायतां मध्ये किं तत्त्वमवशिष्यते ॥१०१॥

हे भैरवि, सुखदुःखयोर्विषये चित्तस्थापनं न विधेयम्—अहं सुखी, अहं दुःखीति। शुद्धे स्वात्मनि अन्तःकरणधर्मान् सुखदुःखादीनध्यस्य न स्थेयमिति भावः।

---

१. भ्रमतो–ख०, भ्रमाद्वा–त०। २. ध्या°–ख०।

1. तन्त्रालोकविवेक (भा० ३, आ० ५, पृ० ३८०) में इसको देखा जा सकता है।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

किन्तु ज्ञायतां त्वया स्वयमेव विचारय त्वम्, मध्ये किं तत्त्वमवशिष्यत इति। सुखदुःखयोर्मध्ये यत् तत्त्वं तत्साक्षिभूतं तदनुसन्धातृ एकं चित्तत्त्वम्, ऐकाग्र्येण तदेव विमृश इति तात्पर्यम्। 'ध्यायताम्' इति पाठे हे भैरवि, चित्तैकाग्र्यं विधाय किं तत्त्वमवशिष्यत इति ध्यायतां तन्मध्ये ध्यानमध्ये भैरवोदयः स्यादित्यर्थः ॥१०१॥

हे भैरवि, अपने चित्त को न तो सुख के विषय में ही स्थापित करे और न दुःख के विषय में ही कि मैं सुखी हूँ या दुःखी हूँ। शुद्ध स्वात्मा में अन्तःकरण के धर्म सुख-दुःख आदि की कल्पना करनी चाहिये, किन्तु योगी को यह स्वयं विचार करना चाहिये कि इन दोनों के बीच में कौन सा तत्त्व बच रहता है ? सुख और दुःख के बीच में जो तत्त्व है, वही साक्षीभूत, सुख-दुःख का अनुसन्धाता, एक चित् तत्त्व है। एकाग्र भाव से योगी को उसी चित् तत्त्व पर अपने चिन्तन को केन्द्रित कर देना चाहिये। 'ध्यायताम्' ऐसा पाठ मानने पर इसका अर्थ यह होगा कि हे भैरवि, चित्त को एकाग्र करने पर सुख और दुःख के बीच में जो तत्त्व बच रहता है, उसमें अपने ध्यान को केन्द्रित कर देने वाले योगियों को उसी ध्यान में भैरव स्वरूप की अभिव्यक्ति हो जाती है ॥१०१॥

[धारणा–७९]

विहाय निजदेहास्थां सर्वत्रा[1]स्मीति भावयन्[2]।
दृढेन मनसा दृष्टया नान्येक्षिण्या सुखी भवेत् ॥१०२॥

निजदेहे आस्थां स्वदेहे प्रमातृतां न देहोऽहमित्यादिना विहाय, सर्वत्रास्मीति सर्वमिदमहमेवेति सदाशिवेश्वरादिवन्न तु 'चिद्धर्मा' (श्लो० ९८) इत्युक्तचिन्मात्रात्मशिववत्, दृढेन निःसंशयेन, मनसा चित्तेन, तथा दृष्ट्या स्वसंविदा नान्येक्षिण्या प्रोक्तवस्तुविमर्शैकाग्रया भावयन् सुखी भवेत् ॥१०२॥

अपने शरीर में आस्था, प्रमातृभाव को छोड़कर, अर्थात् मैं केवल इस देह में ही नहीं हूँ, किन्तु सदाशिव अथवा ईश्वर की तरह सर्वत्र मैं ही हूँ, सब कुछ मैं ही हूँ, इस भावना का अभ्यास करे। संशय रहित चित्त से तथा अपनी संवित्ति के बल पर, जो कि उक्त स्वरूप के विमर्श (विचार) में स्थिर है, अन्य किसी वस्तु का चिन्तन नहीं करती, इस भावना के विकास में लगा योगी सुखी हो जाता है। 'चिद्धर्मा' इत्यादि कारिका में सभी शरीरों में चिति की भावना का उपदेश दिया गया है। उसके विपरीत यहाँ अपने देह के अभिमान को छोड़कर सभी शरीरों में अपनी प्रमातृता, अपनी सत्ता के विकास की भावना का विधान है। इन दोनों धारणाओं का यह स्पष्ट अन्तर है।

प्रस्तुत श्लोक में यह स्पष्ट किया गया है कि शिव और शक्ति का अपनी आत्मा के साथ सामरस्य संपादन करने वाले योगी के चित्त में समस्त विश्व के साथ अहंभाव की अभिव्यक्ति होती है, अर्थात् वह अपने को विश्वस्वरूप समझने लगता है। विश्वाहन्ता के

---

१. °मस्मीं–ख०। २. °येत्–ख०।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

विकास की यह प्रक्रिया विरूपाक्षपञ्चाशिका जैसे शास्त्रों में भी वर्णित है। तत्त्वमंजरीकार इस तरह के अहंभाव को भी स्वीकार नहीं करते। वे बौद्ध मत का अनुमोदन करने में रस लेते हुए से कहते हैं—

यतस्ततो वाऽस्तु भयं यद्यहं नाम किञ्चन।
अहमेव न किञ्चिच्चेद् भयं कस्योपजायते॥

अर्थात् यदि मैं कुछ होऊँ, तब मुझे इधर-उधर, जहाँ-तहाँ से भय हो सकता है। यदि मैं ही कुछ नहीं हूं, तो फिर भय किसको पैदा होगा। इसविचार से बौद्ध विद्वान् सहमत हैं, जब कि वे कहते हैं—

सत्यात्मनि परसंज्ञा स्वपरविभागे च रागविद्वेषौ।
अनयोः संप्रतिबद्धा सर्वे दोषाः प्रजायन्ते॥
(प्र० वा० १।२२१-२२२)

अर्थात् अपनी आत्मा के रहने पर दूसरी आत्मा की बात उठती है। यह अपना है, यह पराया है, ऐसी कल्पना हो जाने पर अपने से राग और दूसरे से द्वेष उत्पन्न होने लगता है। समस्त प्राणियों में इस राग और द्वेष से जुड़े हुए ही अन्य समस्त छोटे-छोटे दोष उत्पन्न होते हैं।

इसके विपरीत विमर्शदीपिका में इस अहंभाव की एक अलग व्याख्या की गई है। जैसे कि—

विश्वात्म विश्वोत्तीर्णं च स्वतन्त्रं दिव्यमक्षरम्।
अहमित्युत्तमं तत्त्वं समाविश्य बिभेतिः कः॥

अर्थात् विश्वात्मक होते हुए भी विश्वोत्तीर्ण, स्वतन्त्र, दिव्य, अक्षर तत्त्व ही 'अहम्' नाम से कहा जाता है। इस प्रकार के 'अहम्' तत्त्व में धारणा स्थिर हो जाने पर भय किसको छू सकता है? किसी आचार्य ने ठीक ही कहा है—

एककोऽहमिति संसृतौ जनस्त्राससाहसरसेन खिद्यते।
एककोऽहमिति कोऽपरोऽस्ति मे इत्थमस्मि गतभीर्व्यवस्थितः॥

अर्थात् इस संसार में जब मनुष्य यह सोचता है कि मैं अकेला हूँ, मेरा कोई सहायक नहीं है, तब वह भयभीत रहता है। किन्तु जब वह यह सोचता है कि मैं अकेला ही तो इस संसार में हूँ, यह सब कुछ मुझ से अलग छोड़े ही है, तब वह निर्भय होकर रहता है। इस प्रकार आगमशास्त्र में अहंभाव को भगवत्स्वरूप ही माना गया है। अद्वयसम्पत्तिकार वामननाथ के द्वारा प्रतिपादित अहंभाव की व्याख्या पहले (श्लो० ८८) की जा चुकी है। इस प्रकार यह अहंभाव उपादेय है, त्याज्य नहीं।

परिमित अहन्ता का, अहंकार का तो त्याग होना ही चाहिये। जैसा कि तपस्विराज ने कहा है—

सुविषममममतादंष्ट्राविदलितजनधैर्यशोणितपिपासुः।
अहमिति पिशाच एष त्वत्स्मृतिमात्रेण किङ्करीभवति॥

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

अर्थात् अहंकार की ममता रूपी बड़ी तीखी डाढ़ें होती हैं। इनकी पकड़ में आने पर मनुष्य का धैर्य छूट जाता है। तब यह अहंकार रूपी पिशाच उस मनुष्य का रक्त चूसने लगता है, अर्थात् उसकी सद्बुद्धि पर आवरण डाल देता है। किन्तु मनुष्य जब भगवान् की शरण में पहुँच जाता है, तो यही पिशाच उसका सेवक बन जाता है। भगवान् ने भगवद्गीता[1] के सोलहवें अध्याय में आसुरी सम्पत्ति के रूप में इस अहंकार रूपी पिशाच का बड़ा हृदयहारी वर्णन किया है ॥१०२॥

[धारणा–८०]

घटादौ यच्च विज्ञानमिच्छाद्यं वा ममान्तरे ।
नैव सर्वगतं जातं भावयन्निति सर्वगः ॥१०३॥

सर्वगतं सदा सर्वत्र सर्वास्ववस्थासु परिदृश्यमानं यद् घटादौ विज्ञानं घटोऽय-मित्यादिनाऽनुभूयमानम्, यच्च ममान्तरे इच्छादिकम् एवं करोमीत्यादिना प्रतीयमानम्, तत्सर्वं जातमपि किमपि न भवति, निःसारत्वादिति भावयन् सर्वगः सर्वत्र प्रकाशस्वरूपः, स्यादिति शेषः।

अथवा घटादौ विषये यदस्मदादेर्विषयिणो ज्ञानमिच्छाद्यं वा यदस्ति तन्ममै-वान्तरे हृदयमध्ये नैव, किन्तु सर्वगतं जातं तद्भवतीत्यन्वयः। एवकारो भिन्नक्रमः, स तु 'मम' इत्यनन्तरं बोद्धव्यः। सर्वेषां घटादीनामप्यस्मदादिविषयं ज्ञानमिच्छाद्यं वाऽस्ति। तेन किं जातम् ? घटादयोऽपि जानन्त्यस्मदादिज्ञानेन, तथा सदाशिवादिरपि क्रिमिपर्यन्तं मदात्मना जानाति इच्छति वा, क्रिमिरप्यस्मदादिप्रभृति सदाशिवान्तं जानाति इच्छति चेति ज्ञानक्रियात्मकं सर्वं सर्वात्मकमिति भावयन् धारणां कुर्वन् सर्वगतो भवेत् ॥१०३॥

सदा, सर्वत्र, सभी अवस्थाओं में दिखाई पड़ने वाला 'यह घट है' इस प्रकार का बाह्य घट प्रभृति पदार्थों का अनुभव और मेरे भीतर प्रतीत हो रहे, 'मैं ऐसा करता हूँ' इस प्रकार के इच्छा प्रभृति भाव, वे सब निःसार होने से पैदा होते हुए भी कुछ नहीं हैं। अतः उनकी शून्य रूप में भावना करने पर योगी सर्वत्र व्याप्त हो जाता है, सभी स्थितियों में प्रकाश-स्वरूप हो जाता है।

अथवा इस श्लोक की दूसरी व्याख्या इस तरह से की जा सकती है—घट आदि विषय में भी अस्मदादि विषयी का भान अथवा इच्छा प्रभृति भावों का उदय होता है, अर्थात् वह केवल मेरे हृदय में ही नहीं होते, किन्तु उनकी प्रतीति तो सर्वत्र घट-पट आदि में भी होती है। यहाँ 'नैव' के साथ जुड़े हुए एवकार को 'मम' के साथ जोड़ना चाहिये। तब श्लोक का अन्वय इस तरह से होगा—ममैव अन्तरे न, (किन्तु) सर्वगतं जातम्। तदनुसार ही यह

---

1. भगवद्गीता में इस आसुरी सम्पत्ति का वर्णन 'आसुरं पार्थ मे शृणु' इस छठे श्लोक से लेकर 'आसुरीं योनिमापन्नाः' इस बीसवें श्लोक तक विस्तार से किया गया है।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

दूसरा अर्थ किया गया है। घट-पट आदि सभी पदार्थों में अस्मदादि विषयक ज्ञान अथवा इच्छा प्रभृति भाव विद्यमान हैं, यह कह कर आप क्या सिद्ध करना चाहते हैं ? इससे हम यह सिद्ध करना चाहते हैं कि हमारे ज्ञान के घट आदि में संक्रान्त हो जाने से वे भी ज्ञानवान् हो जाते हैं। सदाशिव प्रभृति जैसे क्रिमि-कीट पर्यन्त सभी पदार्थों को अपने से अभिन्न मानते हैं और उनको चाहते हैं, उसी तरह क्रिमि-कीट भी अस्मदादि से लेकर सदाशिव पर्यन्त सभी को जानते हैं और उनको चाहते हैं। ज्ञान और क्रिया की इस समानता के आधार पर जगत् के सभी पदार्थ सर्वात्मक हैं। इस तरह की धारणा का अभ्यास करने वाला योगी सर्वत्र व्याप्त हो जाता है। यही विषय सोमानन्द की शिवदृष्टि में भी प्रतिपादित है—

घटो मदात्मना वेत्ति वेद्म्यहं च घटात्मना ॥
सदाशिवात्मना वेद्मि स वा वेत्ति मदात्मना ।
नानाभावैः स्वमात्मानं जानन्नास्ते स्वयं शिवः ॥

(५।१०५-१०६, १०९)

सभी भावों की सर्वात्मकता का प्रतिपादन शिवदृष्टि के प्रथम और पंचम आह्निक के अन्त में विस्तार से किया गया है। यह वहीं अवलोकनीय है ।।१०३।।

[धारणा–८१]

[1]ग्राह्यग्राहकसंवित्तिः सामान्या सर्वदेहिनाम् ।
योगिनां तु विशेषोऽयं[1] संबन्धे सावधानता ॥१०४॥

सर्वदेहिनां सदाशिवादिकीटान्तानाम् इदं ग्राह्यम् अयं ग्राहक इत्यादिना यो व्यवहारः स सामान्य एव। यदेको जानाति तदपरोऽपि जानातीति नात्र कश्चन विशेष इति भावः। परन्तु योगिनामयमेव विशेषः—सम्बन्धे ग्राह्यग्राहकस्वरूपावधारणे सावधानता ग्रहीतृरूपाविस्मरणम् ॥१०४॥

सदाशिव से लेकर कीट पर्यन्त सभी प्राणियों में यह वस्तु ग्राह्य है और यह प्रमाता उसका ग्राहक है, इस तरह का व्यवहार समान रूप से विद्यमान है। इनके संवेदन (ज्ञान) में परस्पर कोई विशेषता या विलक्षणता नहीं है, क्योंकि किसी वस्तु को एक प्रमाता जिस तरह से देखता है, दूसरा प्रमाता भी उसी तरह से देखता है। यह तो योगियों की ही विशेषता है कि वे सम्बन्ध के प्रति अधिक सावधान रहते हैं, अर्थात् ग्राह्य और ग्राहक के स्वरूप का अवधारण करते समय उनको अपने चित् स्वरूप की कभी विस्मृति नहीं होती और वे इस

१. °षोऽस्ति–क०।

1. शिवसूत्रविमर्शिनी (पृ० १८, ६८), महा० परि० (पृ० १५४), तन्त्रा० वि० (भा० ७, आ० १०, पृ० १४०), ई० प्र० वि० वि० (भा० १, पृ० ७७; भा० २, पृ० ४०५), प्रत्यभिज्ञाहृदय (पृ० ३८) में यह श्लोक उद्धृत है। नेत्रतन्त्र० (भा० २, पृ० ३७), ई० प्र० वि० वि० (भा० २, पृ० ५०; भा० ३, पृ० ३०, ५२) में केवल चतुर्थ चरण उद्धृत है।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

बात में सदा सावधान रहते हैं कि मैं स्मर्ता हूँ, सदा प्रकाशस्वरूप हूँ तथा मुझसे भिन्न सब कुछ वेद्य (ज्ञेय) है, अनित्य है, अत एव असत् कहलाता है। यह सत् और असत् वस्तु का विवेक कभी योगी से अलग नहीं होता।

यह श्लोक, विशेष कर इसका चतुर्थ चरण अनेक ग्रन्थों में उद्धृत है। इससे इस श्लोक की महत्ता सिद्ध होती है। यह सावधानी लौकिक कार्यों को पूरा करने के लिए भी जब अत्यन्त आवश्यक है, तब योगी के लिए तो इसकी उपयोगिता के विषय में कहना ही क्या! कहा जा सकता है कि किसी भी कार्य की सिद्धि के लिए सावधानी पहली शर्त है ॥१०४॥

[धारणा–८२]

स्ववदन्यशरीरेऽपि संवित्तिमनुभावयेत्।
अपेक्षां स्वशरीरस्य त्यक्त्वा व्यापी दिनैर्भवेत् ॥१०५॥

स्ववत् स्वीयदेहवत्, अन्यशरीरेऽपि स्वावयवभूते सर्वदेहसमूहे संवित्ति चेतनां स्वकीयामहन्ताम्[2] अनुभावयेत्। कथम्? स्वशरीरस्य अपेक्षां त्यक्त्वा चिन्मात्ररूपस्य मम सर्वत्र तुल्यस्थितित्वेन निखिलं जगन्ममैव वपुः, न तु एकदेशावयवतुल्योऽयं देहवराकः, एतस्मिन् देहावयवे नष्टेऽप्यन्ये सर्वे देहा मम सन्त्येवेति किमनेन? इत्थं ममताविषयोकृतां स्वशरीरापेक्षां त्यक्त्वा कतिपयैर्दिनैरेव सर्वव्यापको भवेत् ॥१०५॥

बाहर ऐसी कोई वस्तु नहीं है, जो कि उससे भिन्न हो। इस उत्कृष्ट शाक्त दर्शन में इस शून्य से भिन्न कोई उपेय नहीं है। स्वतन्त्र शिव तत्त्व ही वस्तुतः शून्य नाम से यहाँ जाना जाता है। इस शिव तत्त्व का अनादर कर बौद्ध दार्शनिक शून्यता का निरूपण गलत तरीके से करते हैं।

वस्तुतः यह शून्य शिव की स्वातन्त्र्य शक्ति का ही विलास है। यह शून्य रूप स्वातन्त्र्य शक्ति से संवलित शिव तत्त्व आकाश-कुसुम जैसी अलीक वस्तुओं की भी सत्ता का बोध करा देने में समर्थ होने से महासामान्य रूप होता है। प्रत्यभिज्ञाकारिका (१।५।१४) में इस स्वातन्त्र्य शक्ति की स्फुरत्ता को ही महासत्ता बताया गया है। स्तवचिन्तामणि (श्लो० ६) में यह परमेश्वर का सर्वसामान्य स्वरूप माना गया है। अभाव को भी अपना विषय बनाने वाले इस महासामान्य का वर्णन महार्थमंजरीकार ने इस तरह से किया है—

कः सद्भावविशेषः कुसुमाद्भवति गगनकुसुमस्य।
यत्स्फुरणानुप्राणो लोकः स्फुरणं च सर्वसामान्यम् ।। (श्लो० ३२)

अर्थात् सामान्य पुष्प से आकाशकुसुम की क्या विशेषता है कि एक की सत्ता और दूसरे की असत्ता प्रतीत होती है? किसी वस्तु की स्फुरत्ता के आधार पर ही व्यक्ति भाव और अभाव का बोध करते हैं। यह स्फुरत्ता गगन-कुसुम और सामान्य-कुसुम में समान है, अतः इनमें ऐसी कोई भी विशेषता नहीं प्रतीत होती कि जिसके आधार पर इनमें भेद किया जा सके। इसका अभिप्राय यह है कि भावात्मक और अभावात्मक सभी पदार्थों में परमेश्वर की स्वातंत्र्य शक्ति महासत्ता और स्फुरत्ता के रूप में अनुस्यूत है। अतः इस स्वातन्त्र्य शक्ति संवलित शिव के अतिरिक्त शून्यता का बौद्धसंमत चतुष्कोटिविनिर्मुक्त लक्षण बन ही नहीं सकता, क्योंकि यह सारा जगत् सदात्मक ही है। इसमें सदात्मक कोटि के अतिरिक्त अन्य कोटियों के स्फुरण का कोई प्रसंग ही नहीं है।

इस विवेचन के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि "यतो वाचो निवर्तन्ते" (तै० उ० २।४), "न तत्र सूर्यो भाति" (कठो० ५।१५), "आनन्दाद्धचेव खल्विमानि भूतानि जायन्ते" (तै० उ० ३।६) इत्यादि श्रुतियों में यह प्रतिपादित किया गया है कि यह सारा जगत् ब्रह्मस्वरूप ही है। श्रुति प्रतिपादित इस स्थिति में अपने अनुभव को दृढ़ करने पर साधक के चित्त में सर्वत्र भैरव-बोध का ही स्फुरण होने लगता है और इस तरह से सर्वत्र ब्रह्म-दृष्टि का विकास होने से वह स्वयं ब्रह्म बन जाता है।।१२४।।

[धारणा–१०२]

नित्ये निराश्रये शून्ये व्यापके कलनोज्झिते।
बाह्याकाशे मनः कृत्वा निराकाशं[1] समाविशेत् ।।१२५।।

नित्ये निराश्रये शून्ये व्यापके कलनोज्झिते बाह्याकाशे वाह्यगगने मनो विमर्शात्मकं ज्ञानं कृत्वा समापन्नं विधाय निरालम्बनचिदुदये सति निराकाशम् आकाशा-

१. °शे–ख०।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

न्निष्क्रान्तमशून्यं धाम समाविशेत् । नित्यत्वादिविशेषणप्रतिपादितव्याप्तिके बाह्याकाशे शून्यधारणातिशयेन तदभ्यासातिशयाच्छून्यातिशून्यभूतं यद्धाम तत्रैव योगी समाविशतीति भावः ॥१२५॥

नित्य, निराश्रय, शून्य, व्यापक और कलना अर्थात् इयत्ता से रहित सर्वत्र व्याप्त बाह्य आकाश में विमर्शात्मक ज्ञान से सम्पन्न मन को समाहित करने पर साधक के चित्त में धीरे-धीरे निरालम्बन चिच्छक्ति का, घट, नील, सुख आदि विकल्पों से अतीत शुद्ध निर्विकल्पक ज्ञान का उदय होने लगता है । इस धारणा के अभ्यास से अन्ततः वह निराकाश अशून्य धाम में, अर्थात् शिव तत्त्व में समाविष्ट हो जाता है । पूर्व श्लोक की व्याख्या में शिव तत्त्व को शून्यता का धाम अर्थात् आश्रय-स्थान बताया गया था । अतः यह उचित ही है कि शून्यता का यह धाम शिव तत्त्व स्वयं अशून्य अर्थात् महासामान्य, महासत्ता स्वरूप माना जाय । इसका अभिप्राय यह है कि नित्यत्व आदि विशेषणों से जिसकी सर्वव्यापकता प्रतीत होती है, उस बाह्य आकाश में भी योगी जब शून्यता की भावना को दृढ़ करता है कि यह भी कुछ नहीं है, तो इस भावना के अभ्यास को बढ़ाने पर उसके चित्त में सभी बाह्य आलम्बनों का अभाव हो जाने से वह योगी शून्यता के आश्रयभूत अतिशून्य अर्थात् अशून्य शिव तत्त्व में समाविष्ट हो जाता है ॥१२५॥

[धारणा–१०३]

यत्र यत्र मनो याति तत्तत् तेनैव तत्क्षणम् ।
परित्यज्यानवस्थित्या निस्तरङ्गस्ततो भवेत् ॥१२६॥

यत्र यत्र विषये मनश्चाञ्चल्याद् याति तत्तद् वस्तु तत्सर्वम्, तेनैव अविकल्पसंवेदनरूपेण मनसा तत्क्षणं परित्यज्य परिहृत्य, पुनरपि गतं चेत् पुनरपि प्रत्याहृत्य, अनवस्थित्या चित्तवृत्तिनिरोधे सति वैराग्याभ्यासयुगलदाढर्ज्यान्मनसो निरालम्बनताप्राप्तियुक्त्या, ततो निस्तरङ्गो भवेत् परभैरवावेशवान् परभैरवस्वरूपवान् भवेत् ॥१२६॥

अपनी चंचलता के कारण मन जहाँ-जहाँ भी जाता है, उन सब विषयों से उसको निर्विकल्पक संवेदन के माध्यम से तत्काल हटा ले कि वस्तुतः उन विकल्पों की कोई वास्तविक सत्ता नहीं है । हटा लेने के बाद भी यदि वह फिर वहीं चला जाता है, तो उसको पुनः वहाँ से हटाने का निरन्तर अभ्यास करता रहे, जब तक कि वह पूर्णतः प्रत्याहृत नहीं हो जाता, अपने वश में नहीं आ जाता । जैसा कि गीता के—

यतो यतो निश्चरति मनश्चञ्चलमस्थिरम् ।
ततस्ततो नियम्यैतदात्मन्येव वशं नयेत् ॥ (६।२६)

इस श्लोक में प्रतिपादित है । इस तरह से अपने चित्त की वृत्तियों की विषय-प्रवणता को रोक कर तथा वैराग्य और अभ्यास के द्वारा चित्त को एकाग्र बना कर उसको निरालम्बन, (निर्विकल्पक) समाधि में स्थिर कर दे । योगी के इस समाधि दशा में स्थित हो जाने पर वह निस्तरंग हो जाता है, अर्थात् सांसारिक विषय-विकल्पों के कारण उसके चित्त-समुद्र में तब

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

किसी प्रकार का क्षोभ (चंचलता) नहीं उठता। इस स्थिति के स्थिर हो जाने पर वह परभैरव स्वरूप में समाविष्ट हो जाता है।

अभ्यास और वैराग्य दोनों की सहायता से चित्त के निरोध की बात "अभ्यास-वैराग्याभ्यां तन्निरोधः" (१।१२) इस योगसूत्र में तथा "अभ्यासेनैव कौन्तेय वैराग्येण च गृह्यते" (६।३५) इस भगवद्गीता के वचन में भी प्रतिपादित है। 'यत्र यत्र' (श्लो० ७३, ११३-११४) इत्यादि श्लोकों में मन जिस विषय की ओर आकृष्ट हो, उसी में धारणा को स्थिर करने की बात कही गई थी। यहाँ गीता के उपदेश के अनुसार मन के निरोध की बात बताई गई है ॥१२६॥

[धारणा–१०४]

[1]भया[1] सर्वं [2]रवयति सर्वदो[3] व्यापकोऽखिले।
इति भैरवशब्दस्य [4]सन्ततोच्चारणाच्छिवः ॥१२७॥

भैरवपदान्तर्गतस्य 'भा ऐ र व' इत्यक्षरचतुष्कस्यायमर्थः—भया संवित्प्रकाश-रूपया, ऐकारः क्रियाशक्तिमान् महेश्वरः, सर्वं रवयति विमृशतीति भैरवः। यद्वा भया ज्ञानात्मिकया शक्त्या, ऐकारेण माहैश्वर्यात्मिकया क्रियाशक्त्या, सर्वमखिलमिदं विश्वं विमृशतीति भैरवः। 'भिया' इति पाठे भिया भयेन अवति रक्षति नीलानीलसुखासुख-वेद्यराशेः सर्वस्याहमिति विमर्शनादित्यसौ भैरवः। सर्वदो व्यापकोऽखिले। तया भया सर्वं शुभाशुभं राति ददातीति सर्वदः, सर्वं वाति अनुगच्छति व्यापकतयेति व्यापकः, अखिले संसारे व्यापकतयाऽवस्थितो भैरव इत्येवमर्थानुसन्धानपूर्वकं भैरवशब्दस्य सन्त-तोच्चारणात् अहर्निशमुच्चारणेन साधको बाह्याभ्यन्तरे सर्वत्र 'अहमस्मि' इत्यनुभव-दार्ढ्याधिगमात् शिवः संपद्यते, साधकस्य परमशिवीभावोऽभिव्यज्यते। समस्तादात्म्य-भावनया जीवन्मुक्तायां परमेश्वरैकरूपतावेशात् परसिद्धिलाभ इति तात्पर्यम्। तथा च "न सावस्था न या शिवः" (स्प० २९) इत्यादिना एतदाम्नातमस्ति ॥१२७॥

'भैरव' पद में स्थित 'भा ऐ र व' इन चार अक्षरों के अर्थ को विस्तार से समझने की आवश्यकता है। अकार अनुत्तर स्वरूप और इकार इच्छारूप है। अनुत्तर में विश्रान्ति आनन्द अर्थात् आकार और इच्छा में विश्रान्ति ईशन अर्थात् ईकार कहलाती है। इसी लिये आकार और ईकार में क्रिया-शक्ति का व्यापार चल पड़ता है। भा संवित्स्वरूप प्रकाश को कहते हैं। इच्छा और ईशन अर्थात् इकार और ईकार जब आनन्दस्वरूप आकार और उसके पूर्व में विद्यमान अनुत्तर धामरूप अकार में प्रविष्ट होते हैं, तो ये एकार का रूप धारण कर लेते हैं, अर्थात् अनुत्तर और आनन्द का इच्छा या ईशन में प्रसार होने पर एकार की उत्पत्ति

---

१. भिया–ख० स्त०, भ्रियात्–त० ई०। २. रच°–त०। ३. °गो–ख०। ४. सत°–त०।

1. तन्त्रालोकविवेक (भा० १, आ० १, पृ० १४३; भा० ३, आ० ५, पृ० ४४८), स्तव-चिन्तामणिटीका (पृ० २८) और ईश्वरप्रत्यभिज्ञाविवृतिविमर्शिनी (भा० २, पृ० २१४) में यह श्लोक उद्धृत है।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

होती है। इस एकार के साथ अनुत्तर या आनन्द का पुनः संघट्ट (सन्धि) होने पर ऐकार की उत्पत्ति होती है। इस संघट्ट (सन्धि) से होने वाली उत्पत्ति के कारण ही एकार और ऐकार सन्ध्यक्षर कहलाते हैं। इस संघट्ट के कारण ही संवित् का प्रकाश एक दूसरे में मिल-कर नाना रूप धारण कर लेता है। यहाँ आकर क्रिया-शक्ति का व्यापार स्फुट (स्पष्ट) हो जाता है। क्रिया-शक्ति की स्फुटता ही ऐकार का अर्थ है। अक्षरों के अर्थों के इस विश्लेषण के आधार पर भैरव पद का अर्थ यह होगा—ऐकार रूप क्रिया-शक्ति से संयुक्त महेश्वर अपने संवित् प्रकाश रूप स्वभाव से सारे पदार्थों का विमर्श करता है, अथवा अपनी भा अर्थात् ज्ञानात्मिका शक्ति से और ऐकार अर्थात् माहैश्वर्य की अभिव्यञ्जिका क्रिया-शक्ति से अखिल विश्व का विमर्श करता है, अतः इसको भैरव कहा जाता है। 'भिया सर्वं रवयति' ऐसा पाठ मानने पर भैरव पद का अर्थ यह होगा कि नील आदि बाह्य और सुख आदि आन्तर समस्त वेद्य राशि को अपने से अभिन्न बताकर यह भगवान् भैरव समस्त प्राणियों को भय से मुक्त कर देते हैं। "द्वितीयाद्वै भयं भवति" (बृ० उ० १।४।२) इस श्रुति के अनुसार अपने से भिन्न किसी दूसरी वस्तु से ही भय हो सकता है। अपने से भिन्न जब कोई दूसरी वस्तु है ही नहीं, तब भय किससे होगा? इस तरह से साधक के चित्त में अभेद बोध की उत्पत्ति कर भैरव उसको भय से मुक्त कर देता है। भैरव पद का अर्थान्तर द्वितीय पाद से इस तरह से स्पष्ट होता है—उस भा अर्थात् संवित्प्रकाश रूप शक्ति की सहायता से यह भैरव सभी तरह के शुभ और अशुभ कर्मों का फल देता रहता है और सभी पदार्थों में व्यापक अन्तर्यामी के रूप मे अनुस्यूत रहता है। जैसा कि [1]"ईश्वरप्रेरितो गच्छेत् स्वर्गं वा श्वभ्रमेव वा" इस वचन में प्रतिपादित है। इस तरह से भैरव शब्द के उक्त अर्थों का अनुसन्धान करते हुए जो साधक रात-दिन इसका उच्चारण करता रहता है, उसके चित्त में बाह्य और आभ्यन्तर सभी पदार्थों के प्रति यह सब कुछ मैं ही हूँ, इस तरह के दृढ अनुभव की अनुस्यूति निरन्तर चलती रहने से भावना में दृढता आने पर वह स्वयं शिव बन जाता है, साधक का परमशिव स्वभाव प्रकट हो जाता है। इसका तात्पर्य यह है कि साधक जब सभी जागतिक आन्तर-बाह्य भावों में अपने तादात्म्य का विस्तार कर लेता है, तो वह जीवन्मुक्त हो जाता है। तब वह स्वयं परमेश्वर स्वरूप में समाविष्ट हो जाता है और इस तरह से परम सिद्धि को प्राप्त कर लेता है। इसी लिये शास्त्रों में बताया गया है कि ऐसी कोई अवस्था नहीं है, जिसमें कि शिव न प्रकाशित हो रहा हो ॥१२७॥

---

1. "अज्ञो जन्तुरनीशोऽयमात्मनः सुखदुःखयोः। ईश्वरप्रेरितो गच्छेत् स्वर्गं वा स्वभ्रमेव वा ॥" यह श्लोक महाभारत के वनपर्व (३०।२८) के अतिरिक्त अन्य अनेक पुराण प्रभृति ग्रन्थों में भी उपलब्ध होता है। इसका अभिप्राय यह है कि अज्ञानी जीव अपने सुख-दुःख के विधान में भी असमर्थ है। वह ईश्वर से प्रेरित होकर ही स्वर्ग अथवा नरक में जाता है।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

[धारणा–१०५]

अहं [1]ममेदमित्यादिप्रतिपत्तिप्रसङ्गतः ।
निराधारे मनो याति तद्ध्यानप्रेरणाच्छमी ॥१२८॥

अहम्, मम इदम्—इत्यादिन्यूनाहन्ताज्ञानप्रसङ्गेनापि निराधारे वस्तुनि प्रबुद्धगोचरे पूर्णाहंभाव एव मनो याति, अहंविमर्शस्यात्रुटितत्वेन निर्विशेषत्वात् । परमानन्दात्मकत्वमात्मनो न कदाचिद् विच्छिद्यते, पूर्णाहन्ताविमर्शस्य परमात्मत्वेन सर्वत्र सत्त्वात् । अप्रबुद्धादीनां सर्वेषामेक एवात्मा, सर्वेऽपि स्वात्मन्येव रागिणः । तस्मान्नात्र कश्चिदप्रबुद्धो न कश्चित् प्रबुद्धः संप्रबुद्धो वा, किन्तु स्वतन्त्रः परमेश्वर एव तथा तथा सर्वत्र भाति । अबोधबोधसंबोधकल्पनया तत्स्वातन्त्र्यं विघटते । अतो बोधादिविकल्परहितत्वेन शान्तो भवेत् । "नेह नानास्ति किञ्चन" (बृ० उ० ४।४।१९) इति श्रुतिवचनानुसारं तद्ध्यानाभ्यसनेन प्रेरणात् अहंविमर्शबाधिगमात् शमी शान्तद्वन्द्वोऽवाप्तपरनिर्वाणो जायत इत्यर्थः ॥१२८॥

यह मैं हूँ, यह मेरा है, इस तरह के परिमित अहन्ता के ज्ञान से भी, जो कि समझदार व्यक्ति को प्रतीत होने वाली पूर्ण अहन्ता दशा के ज्ञान से भिन्न नहीं है, अन्ततः निराधार वस्तु में ही मन जाता है, क्योंकि अहंस्वरूप का विमर्श वहाँ भी समान रूप में अनुस्यूत रहता है । आत्मा का परमानन्दस्वरूप स्वभाव कभी भी विच्छिन्न नहीं होता । पूर्णाहन्ता का विमर्श ही तो परमात्मा का परमानन्द स्वरूप है और वह पूर्णाहन्ता सर्वत्र विद्यमान है । अज्ञानी हो या ज्ञानी सबकी आत्मा एक ही है । सभी अपनी आत्मा में अनुराग रखते हैं । अतः अपनी आत्मा के साथ होने वाले इस अनुराग को ही परमेश्वर का भजन मान सकते हैं । शास्त्रों में प्रेम को ही ब्रह्म माना गया है । न्यूनता और पूर्णता के आधार पर स्वात्मस्वरूप के विमर्श का विच्छेद या प्रादुर्भाव नहीं माना जा सकता । अतः ज्ञानी हो या अज्ञानी, वह रहेगा आनन्दस्वभाव ही । इसी लिये महेश्वरानन्द प्रभृति ने यह बताया है कि जीव अविद्या में पड़ा हुआ हो या उससे मुक्त हो, वह अपनी आनन्दात्मक स्थिति के कारण स्वात्मविषयक परम प्रेम से कभी विलग नहीं होता, जैसा कि महार्थमंजरी के इस श्लोक में वर्णित है—

नन्वात्मनः प्रियार्थं सर्वस्य प्रियत्वं भणति श्रुतिः ।
तस्मादानन्दस्वभाव आत्मा मुक्तोऽप्यमुक्तो वा ॥ (श्लो० ५५)

"आत्मनस्तु कामाय सर्वं प्रियं भवति" (बृ० उ० २।४।५) यह श्रुति बताती है कि मनुष्य अपनी कामनाओं की पूर्ति के लिये सब से प्रेम करता है । इसलिये मुक्त हो या बद्ध आत्मा सदा आनन्दस्वभाव ही है । पञ्चदशी नामक वेदान्त ग्रन्थ में भी बताया गया है—

मा न भूवं हि भूयासमिति प्रेमात्मनीक्ष्यते ।....
अतस्तत्परमं तेन परमानन्दतात्मनः ॥ (१।८-९)

---

१. मम मये°–ख० ।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

अर्थात् मेरी स्थिति सदा रहे, ऐसा न हो कि मैं कभी न रहूँ, इस तरह का प्रेम आत्मा में देखा जाता है। इस आत्मप्रेम से बढ़कर और कोई प्रेम नहीं है, अतः आत्मा को परमानन्द-स्वभाव मानना पड़ता है। भट्ट उत्पल ने भी अपनी स्तोत्रावली में कहा है—

त्वमेवात्मेश ! सर्वस्य सर्वश्चात्मनि रागवान्।
इति स्वभावसिद्धां त्वद्भक्तिं जानन् जयेज्जनः॥ (१।७)

अर्थात् हे स्वतन्त्र प्रभु, आप ही प्रत्येक पुरुष की आत्मा हैं और प्रत्येक पुरुष अपनी आत्मा से अनुराग रखता है। इस प्रकार स्वभावतः, अर्थात् अनायास ही होने वाली आपकी भक्ति को जो भक्त अपनी समावेश दृष्टि से जान लेता है, वह इस संसार को जीत लेता है।

इस दृष्टि से विचार करने पर यहाँ न तो कोई अज्ञानी ही है और न कोई ज्ञानी अथवा परम ज्ञानी ही है, किन्तु स्वतन्त्र परमेश्वर ही इन सभी रूपों में भासित होता रहता है। अज्ञानी, ज्ञानी और परम ज्ञानी की कल्पना से उस परमेश्वर का स्वातन्त्र्य नष्ट हो जाता है। इसलिये [1]अप्रबुद्ध, प्रबुद्ध, सुप्रबुद्ध आदि विकल्पों से मुक्त होकर साधक को शान्तभाव से स्वात्मस्वरूप का चिन्तन करते रहना चाहिये। इसका अभिप्राय यह है कि "इस जगत् में नाना पदार्थों की कोई सत्ता नहीं है" इस श्रुति वचन के अनुसार मन को निराधार (निर्विकल्प) बना कर अपने परमार्थ स्वरूप के ध्यान का अभ्यास करने से चित्त शान्त हो जाता है, उसको एक प्रकार का बल प्राप्त होता है, जिससे कि साधक के सभी प्रकार के द्वन्द्व शान्त हो जाते हैं और उसको परम निर्वाण की प्राप्ति हो जाती है॥१२८॥

[धारणा–१०६]

नित्यो विभुर्निराधारो व्यापकश्चाखिलाधिपः।
शब्दान् प्रतिक्षणं ध्यायन् [१]कृतार्थोऽर्थानुरूपतः॥१२९॥

विभुः परमेश्वरः, नित्य-निराधार-व्यापक-अखिलाधिपत्वादिरूप इति अर्थानुरूपतः अर्थानुसन्धानपूर्वकं तान् शब्दान् प्रतिक्षणं मुहुर्मुहुः ध्यायन् चिन्तयन् कृतार्थः कृतकृत्यो भवति। जानामि, करोमीत्यत्रैव मुक्तस्वभावः स्यादिति भावः॥१२९॥

स्वतन्त्र-स्वभाव प्रभु परमेश्वर नित्य, निराधार, व्यापक और सारे जगत् का स्वामी है, इस तरह से नित्य आदि शब्दों के अर्थ का बार-बार अनुसन्धान करते हुए जो साधक

---

१. प्रकृतार्थो-ख०।

1. अप्रबुद्ध, प्रबुद्धकल्प, प्रबुद्ध, सुप्रबुद्धकल्प और सुप्रबुद्ध—इन पाँच प्रकार के प्रमाताओं का विवेचन विरूपाक्षपंचाशिका की ४१-४४ कारिकाओं में किया गया है। स्पन्दकारिका के १७, १९-२०, २५, ४४ संख्या के श्लोकों में अप्रबुद्ध, प्रबुद्ध और सुप्रबुद्ध का स्वरूप वर्णित है। इन शब्दों की चर्चा पहले भी हो चुकी है।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

अपने चित्त को एकाग्र कर लेता है, वह कृतकृत्य हो जाता है। अर्थात् सर्वज्ञता आदि गुणों से विशिष्ट शिव ही सर्वत्र व्याप्त है, उससे भिन्न किसी भी वस्तु की कोई सत्ता नहीं है, वही सब कुछ करता है, इस तरह से ईश्वर के ऐश्वर्यबोधक नामों के अर्थ का चिन्तन करने वाला योगी धीरे-धीरे यह जान जाता है कि यह सारा ऐश्वर्य मेरा ही है। मुझसे भिन्न किसी की कोई सत्ता नहीं है, सर्वज्ञता, सर्वकर्तृता आदि गुण भी मेरे ही है। यह स्वाभाविक बात है कि इस स्थिति पर पहुँच जाने पर वह सभी प्रकार के विकल्पों से मुक्त हो अपने स्वरूप में प्रतिष्ठित हो जाय। स्पन्दकारिका के 'गुणादिस्पन्द' इत्यादि श्लोकों में इसी स्थिति का वर्णन मिलता है। इन श्लोकों को उद्धृतकर उनकी व्याख्या पहले (पृ० १०७) की जा चुकी है। नामकीर्तन का माहात्म्य भट्ट नारायण की स्तवचिन्तामणि में अनेक स्थलों पर (श्लो० १९,७९,८२) वर्णित है। इनका यही अभिप्राय है कि बिना अर्थ का चिन्तन किये ईश्वर के केवल नाम मात्र के उच्चारण से भी मानव मोक्ष पर्यन्त सिद्धि प्राप्त कर लेता है। यही प्रस्तुत धारणा का भी प्रतिपाद्य है ॥१२९॥

[धारणा–१०७]

अतत्त्वमिन्द्रजालाभमिदं सर्वमवस्थितम्।
किं तत्त्वमिन्द्रजालस्य[2] इति दार्ढ्याच्छमं व्रजेत् ॥१३०॥

इदं सर्वं जगत्, अतत्त्वं निस्तत्त्वरूपम्, असारमिति यावत्। अत एव इन्द्रजालाभम् इन्द्रजालतुल्यमवस्थितं वर्तते। इन्द्रजालस्य किं तत्त्वम्? न किञ्चिदित्यर्थः। अतः सर्वमिदमिन्द्रजालवत् प्रतीयमानं जगन्न वस्तुसदिति भावनादार्ढ्यात् साधकः शमं व्रजेत्। सद्वस्तुव्यपदेश्यं प्रमातृतत्त्वमितो भिन्नमेवेति भावनाबलेन तत्त्वविदो निर्वाणपदावाप्तिर्भवेदिति भावः ॥१३०॥

यह सारा जगत् निस्तत्त्व है, अर्थात् सारहीन है। इसी लिये इसकी स्थिति इन्द्रजाल के समान है, जादूगर की बनाई हुई चीजों की भाँति है। जादूगर अपने जादू से, हाथ की सफाई से जिन वस्तुओं को जिस रूप से दिखाता है, क्या उनकी कोई वास्तविक सत्ता है? नहीं। जैसे उनकी कोई वास्तविक सत्ता नहीं है। उसी तरह से यह प्रतीयमान जगत् भी वास्तविक नहीं है। इस परमार्थ दृष्टि में जो साधक अपनी भावना को दृढ़ करता है, वह शान्त समाधि में लीन हो जाता है। अर्थात् परमार्थसत् नाम से जाना जाने वाला प्रमातृतत्त्व इस इन्द्रजाल तुल्य संसार से सर्वथा पृथक् है; अपनी भावना के आधार पर इस वस्तुस्थिति को समझने वाला तत्त्ववेत्ता निर्वाण पदवी को प्राप्त कर लेता है ॥१३०॥

[धारणा–१०८]

आत्मनो निर्विकारस्य क्व ज्ञानं क्व च वा क्रिया।
ज्ञानायत्ता बहिर्भावा अतः शून्यमिदं जगत् ॥१३१॥

आत्मनो निर्विकारस्य बोधात्मकस्य चिदात्मनो निर्विभागत्वेन निर्विकारत्वात्

---

१. °वं व्य°–ख०। २. चेति–ख०।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

ज्ञानं क्व, क्व च वा क्रिया। ज्ञानक्रिये विकारे एव। विकारयोरनयोर्निर्विकारे चिदात्मनि स्थितिर्नैव भवितुमर्हति। बहिर्भावाः सर्वे बाह्याः पदार्था ज्ञानायत्ता एव प्रतिभान्ति, अतो ज्ञानक्रिययोर्विकारभूतयोर्वस्तुतोऽभावादिदं सर्वं जगत् शून्यमेव ध्यायेत्। एवं ज्ञेयकार्यादिरूपं जगदपि न किञ्चिदिति निरूढशुद्धसंविदोऽनुत्तरभावप्राप्तिरिति तात्पर्यम्। ज्ञानक्रियादिशक्त्ययोगाज्ज्ञेयादिकल्पना कुतः? न कुतश्चन। अतो निर्विकल्पात्मकस्य निर्विकल्पमेवेदं जगत् प्रतिभासत इति भावः ॥१३१॥

बोधात्मक चिदात्मा निर्विभाग होता है, अर्थात् बोध की चिद्घनता के कारण उसमें विभाग की कल्पना नहीं की जा सकती। इसीलिये वह निर्विकार है। चिदात्मा के निर्विकार होने से इसमें ज्ञान और क्रिया की स्थिति नहीं रह सकती, क्योंकि ये दोनों भी तो विकार ही हैं। बाह्य पदार्थ की सत्ता ज्ञान और क्रिया पर ही आधृत है। अतः ज्ञान और क्रिया के अभाव में यह सारा जगत् शून्यस्वभाव ही माना जायगा, अर्थात् इसकी कोई पारमार्थिक सत्ता नहीं मानी जायगी। चन्द्रज्ञान नामक आगम ग्रन्थ में शून्य के स्वरूप का वर्णन इस तरह से किया गया है—

अध ऊर्ध्वं दिशः सर्वा भूमिरापोऽनलस्तथा।
वायुश्च खं मनो बुद्धिरहङ्कारश्च ये गुणाः ।।
सर्वं शून्यं निरालम्बं तत्र सर्वं प्रतिष्ठितम्।
यत्किञ्चित् सकलं भावरूपं तन्त्रेषु वर्णितम् ॥
तदसारतरं चन्द्र मायास्वप्नोपमं स्थितम्।
भ्रान्तिं त्यजस्व वै पुत्र सर्वं शून्ये प्रतिष्ठितम् ॥
शून्यात् प्रवर्तते शक्तिः शक्तेर्वर्णाः प्रजज्ञिरे।
वर्णेभ्यश्च तथा मन्त्रा मन्त्रेभ्यः सृष्टिरव्यया ॥
तस्माच्छून्यं जगद् ध्यायेद्यन्न नश्येत् कदाचन।

अर्थात् नीचे, ऊपर, सभी दिशाएँ, भूमि, जल, अग्नि, वायु, आकाश, [1]मन, बुद्धि, अहंकार तथा सत्त्व, रज, तम आदि गुण—ये सब निरालम्ब, निराधार, शून्यस्वभाव हैं। शून्य में ही इन सबकी स्थिति है। शास्त्रों में भावरूप में वर्णित सभी पदार्थ नितान्त सारहीन हैं। हे चन्द्र, इनकी स्थिति इन्द्रजाल से कल्पित वस्तुओं जैसी अथवा स्वप्न में दिखाई पड़ने वाली वस्तुओं की सी क्षणिक एवं अवास्तविक है। हे पुत्र, तुम अपने इस भ्रम को दूर कर दो कि

---

1. मन, बुद्धि अहंकार—यह क्रम पूर्व वर्णित (पृ० १००) अद्वयसम्पत्तिवार्त्तिक के अनुसार है। सांख्य-संमत क्रम होगा—मन, अहंकार और बुद्धि। अहंकार शब्द के अर्थ के भेद के कारण ऐसा होगा। इसका विवेचन पहले (पृ० १००-१०१) व्याख्या और टिप्पणी में किया जा चुका है।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

इनकी कोई पारमार्थिक सत्ता है। वस्तुतः परिदृश्यमान सभी पदार्थ शून्य में प्रतिष्ठित हैं, अर्थात् शून्यस्वरूप हैं। इस शून्य से ही शक्ति की प्रवृत्ति होती है। शक्ति से वर्ण पैदा होते हैं। वर्णों से मन्त्र और मन्त्रों से यह कभी नष्ट न होने वाली सृष्टि होती है। इसलिये इस जगत् की शून्य के रूप में ही उपासना करना चाहिये। ऐसा करने वाला साधक कभी नष्ट नहीं होता।

इस तरह से ज्ञान और क्रिया के विषय के रूप में, ज्ञेय और कार्य के रूप में भासित हो रहे इस जगत् की कोई वास्तविक सत्ता नहीं है, इस वस्तुस्थिति का ज्ञान जिसको भली भाँति हो गया है, उसको अनुत्तर भाव की, पारमार्थिक शिवस्वरूप की अधिगति (प्राप्ति) हो जाती है। जब ज्ञान और क्रिया की ही कोई वास्तविक स्थिति नहीं है, तो उनके विषय के रूप में प्रतीत हो रहे ज्ञेय, कार्य आदि पदार्थों की कल्पना कहाँ से होगी ? अर्थात् आधार के अभाव ये सब स्वयं कुछ भी सिद्ध नहीं हो पावेंगे। इस भावना के दृढ़ हो जाने पर निर्विकल्प स्वभाव योगी के चित्र में यह सारा जगत् निर्विकल्प रूप में ही भासित होता है। अर्थात् उसके चित्त में निर्विकल्प शिवभाव की अभिव्यक्ति हो जाती है ॥१३१॥

[धारणा–१०९]

[1]न मे बन्धो न मोक्षो मे [1]भीतस्यैता बिभीषिकाः।
प्रतिबिम्बमिदं बुद्धेर्जलेष्विव विवस्वतः ॥१३२॥

मम चिन्मात्ररूपस्य न बन्धो मोक्षो वा, देशकालाद्यपरिच्छिन्नत्वात्, परिच्छिन्नस्यैव बन्धमोक्षभावात्। केवलमेता बन्धमोक्षादिकल्पना मायाशक्तिवशादपरामृष्टस्वरूपस्य भीतस्यैव "द्वितीयाद्वै भयं भवति" (बृ० उ० १।४।२) इति द्वैतत्रस्तस्यैव, न तु चिदद्वैतपरामर्शशीलस्य। बिभीषिका चटकभीत्युत्पादनशालिरक्षणार्थाः पलालपुरुषाद्याः। तत्त्वज्ञानिनस्तु किं करिष्यन्त्येताः—अनेन बन्धनम्, इदं न कर्तव्यम्, इदं कर्तव्यम्, अनेनैव मोक्षः—इत्याद्याः कल्पनाः। यथा विवस्वतः सूर्यस्य प्रतिबिम्बमेव प्रतीपं जलमध्येऽस्ति, तथा बुद्धिरेव परिमितविषया बद्धोऽहं मुक्तोऽहमित्याकारा प्रतीपेति मम किमायातम्, बुद्ध्याद्यवभासकत्वेन तदतीतत्वादिति बुद्धिमेव परित्यजेत् ॥१३२॥

मैं तो चिन्मात्रस्वरूप हूँ। अतः देश, काल आदि से परिच्छिन्न न होने के कारण मैं न तो किसी बन्धन में ही पड़ता हूँ और न उस बन्धन से मुझे किसी तरह का कोई छुटकारा ही मिलना है। परिच्छिन्न वस्तु में ही बन्ध और मोक्ष का व्यवहार होता है। यह सब बन्ध-मोक्ष आदि की कल्पना केवल उसी के लिये है, जो कि माया के कारण अपने स्वरूप को ठीक से न समझ पाने से भयभीत है। श्रुति में कहा गया है कि दूसरे से भय होता है। अतः द्वैत के भय से त्रस्त व्यक्ति के लिए ही बन्ध-मोक्ष आदि की कल्पना उसी तरह से की गई है, जैसे

---

१. बाल°–ख०।

1. तन्त्रालोक विवेक (भा० २, आ० ३, पृ० २७) में यह श्लोक उद्धृत है।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

कि खेत के बीच में पक्षियों से अनाज की रक्षा के लिये फूस का आदमी बना कर खड़ा कर दिया जाता है। चिद्घन, अद्वय तत्त्व को जिसने परमार्थ रूप में समझ लिया है, उस योगी के लिये यह बन्ध-मोक्ष की व्यवस्था कुछ भी नहीं है। इस कार्य को करने से मनुष्य बन्धन में पड़ता है, अतः इसको नहीं करना चाहिये; इस कार्य को करने से मोक्ष मिलता है, अतः इसका अनुष्ठान अवश्य करना चाहिये; तरह की सारी बातें तत्त्वज्ञानी की दृष्टि से कोरी कल्पनाएं हैं, जैसा कि कहा गया है—

निस्त्रैगुण्ये पथि विचरतां को विधिः को निषेधः।

अर्थात् त्रिगुणातीत पथ पर विहार करने वाले, विचरण करने वाले योगियों के लिये विधि क्या है और निषेध क्या ? इसका अभिप्राय यह है कि ऐसे मनीषी विधि और निषेध की सीमा से ऊपर उठ जाते हैं। महाकवि कल्हण ने एक सुन्दर सुभाषित के रूप में इसी भाव को व्यक्त किया है—

शालीन् पलालपुरुषोऽवति यः कृशानु-
दग्धाननश्चटकपेटकभीतिदानैः।
त्रातुं स एव विहितो विपिने विदध्यात्
किं तत्र भञ्जनकृतां वनकुञ्जराणाम् ॥

अर्थात् फूस का बनाया गया मुझौसा आदमी, जिसका कि मुँह आग से जलाकर काला कर दिया गया है, खेत में खड़ा कर दिया जाय तो वह पक्षियों को डरा कर उनसे अनाज की रक्षा कर सकता है, किन्तु वह जंगलों में भी तोड़-फोड़ मचा देने वाले हाथियों का क्या बिगाड़ लेगा ? इसका अभिप्राय यह है कि जैसे यह पलाल-पुरुष मतवाले हाथी का कुछ भी नहीं बिगाड़ सकता, उसी तरह से बन्ध-मोक्ष का भय भी ज्ञानी पुरुष को भयभीत नहीं कर सकता। वह तो समझता है कि जैसे सूर्य ही जल के बीच में प्रतिबिम्ब के रूप में उलटा भासित होता है, उसी तरह से परिमित विषय वाली बुद्धि ही 'मैं बद्ध हूँ, मैं मुक्त हूँ' इत्यादि आकारों में परिणत होती रहती है। इससे मेरा क्या बनता-बिगड़ता है ? ये सब कल्पनाएँ बुद्धि आदि में ही भासित होती हैं, चिदात्मा तो इनसे अतीत है। अतः साधक को इन भयजनक कल्पनाओं से भरी बुद्धि का परित्याग कर देना चाहिये। तभी वह अपने स्वाभाविक स्वात्मस्वरूप में प्रतिष्ठित हो सकता है ॥१३२॥

[धारणा–११०]

इन्द्रियद्वारकं सर्वं सुखदुःखादिमङ्गमम्[1]।
इतीन्द्रियाणि संत्यज्य स्वस्थः स्वात्मनि वर्तते ॥१३३॥

संबध्यमानसुखदुःखादिमयं सर्वमिन्द्रियद्वारायातम्, न तु मम चिदात्मनो वास्तवमिति हेतोरिन्द्रियाणि परित्यजेत्। इन्द्रियाणामेष एव सम्यक् त्यागो यत्

---

१. °गतम्–ख०।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

स्वस्थत्वं स्वरूपावस्थितत्वम् स्वस्वरूपचिन्मात्रविलासज्ञानमिन्द्रियाणां स्वस्थत्वं वर्तते। 'वर्तते' इति लिङर्थे लट्। ततश्च आत्मसंस्थ एव तिष्ठेतेत्यर्थः। द्रष्टा दृश्यं दर्शनं चेति भेदकल्पनात्यागादात्मनि स्वस्थः स्वात्मैव भवतीति भावः ॥१३३॥

इस चिदात्मा से संबद्ध से प्रतीत हो रहे सुख, दुःख आदि सभी व्यापार इन्द्रियों के माध्यम से ही प्राप्त होते हैं, ये सब चिदात्मा के वास्तविक धर्म नहीं हैं। इसलिये इन आरोपित धर्मों से छुटकारा पाने के लिये इन्द्रियों का ही परित्याग कर देना चाहिये। चित्त के अपने स्वरूप में प्रतिष्ठित हो जाने पर अपने आप इन्द्रियों से छुटकारा मिल जाता है। जैसा कि योगवासिष्ठ में कहा गया है—

एते हि चिद्विलासान्ता मनोबुद्धीन्द्रियादयः। (६ पू०।७८।३१)

अर्थात् चिद्विलास की, चित्स्वरूप की अभिव्यक्ति होने पर मन, बुद्धि और इन्द्रियों का खेल खतम हो जाता है। श्लोक में 'वर्तते' पद में लट् लकार का प्रयोग लिङ् के अर्थ में किया गया है, अतः वर्तते का अर्थ होगा वर्तेत, अर्थात् रहे। अभिप्राय यह है कि द्रष्टा, दृश्य और दर्शन इस तरह की भेद कल्पनाओं का आधार ये इन्द्रियाँ ही हैं। जब उक्त धारणापद्धति से चिद्विलास में इनका उपसंहार हो जाता है, तो वे अपने स्वरूप में प्रतिष्ठित हो जाती हैं। अतः साधक को चाहिये कि वह उक्त भावना के अभ्यास से भेद कल्पना का परित्याग कर स्वात्मस्वरूप में भली भाँति प्रतिष्ठित होने के लिये निरन्तर सचेष्ट रहे ॥१३३॥

[धारणा–१११]

[1]ज्ञानप्रकाशकं[2] सर्वं[3] सर्वेणात्मा प्रकाशकः।
[4]एकमेकस्वभावत्वाज्ज्ञानं ज्ञेयं[5] विभाव्यते ॥१३४॥

सर्वं प्रकाश्यं वेद्यं वस्तुजातं ज्ञानप्रकाशकमस्ति। "कृत्यल्युटो बहुलम्" (३।३।११३) इति ज्ञानपदस्य कर्तरि प्रयोगेण ज्ञानं वेदकात्मा प्रकाशको यस्य तदेवंविधम्, वेदकप्रकाश्यं वेद्यमित्यर्थः। वेदकसाध्यं वेद्यत्वमुक्त्वा वेद्यसाध्यं वेदकत्वमित्याह–सर्वेणात्मेति। सर्वेण वेद्यजातेन आत्मा वेदकः प्रकाशकारी भवति। वेद्यमृते किमपेक्षं वेदकत्वं वेदकस्य ? वेदक इति कस्य वेदक इत्यर्थः। अतो वेद्यमेव जीवितं ददाति वेदकस्येति विभावनीयम्। एवमेकस्वभावत्वाद् वेद्यत्वं वेदकत्वस्वरूपं वेदकत्वं च वेद्यत्वस्वरूपमिति एकप्रकृतिकत्वाद् ज्ञानं वेदकं ज्ञेयं च एकमेव तत्त्वमिति विशेषेण भावयेत्। प्रकाशकं ज्ञानं नात्मनः पृथक्, सर्वशब्दवाच्यं ज्ञेयजातं ज्ञानान्न पृथगित्यैक्यं

---

१. °नं–शि० २. °र्वमात्मा चैव–ख० शि०। ३. एव°–ख०, अनयोरपृथग्भावाज्ज्ञाने ज्ञानी प्रकाशते–शि०। ४. ज्ञेये–ख०।

1. शिवसूत्रविमर्शिनी (पृ० ३७) में यह श्लोक उद्धृत है।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

भावयेदिति भावः। अथवा न किमपि प्रकाशाद् व्यतिरिक्तं भाति, वर्तते वेति सर्वं चिन्मयमेव विभाव्य यज्ज्ञानं तदेव ज्ञेयादीति तत्त्वज्ञाननिष्ठः संभवतीति भावः ॥१३४॥

सभी प्रकाश्य, अर्थात् वेद्य वस्तुएँ ज्ञान से प्रकाशित होती हैं। यहां 'कृत्यल्युटो बहुलम्' इस पाणिनि सूत्र के आधार पर ज्ञान शब्द कर्ता के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है। अतः 'वेदक स्वरूप ज्ञान जिसका प्रकाशक है' इस व्युत्पत्ति के आधार पर यह अर्थ होता है कि सभी वेद्य वस्तुएँ वेदक अर्थात् आत्मा में प्रकाशित होती हैं। इस तरह वेदक आत्मा के कारण प्रतीत हो रही वेद्य वस्तुओं की बात कह कर अब यह वेदक आत्मा भी वेद्य वस्तु के अधीन है, इस बात को दूसरे पाद (चरण) में बताया गया है कि सब वेद्य वस्तुओं के रहने से ही आत्मा वेदक अर्थात् उनका प्रकाशक हो सकता है। बिना वेद्य वस्तुओं के वेदक आत्मा की वेदकता (प्रकाशकता) कहाँ से आवेगी ? यह वेदक आत्मा किसको प्रकाशित करेगा ? इसलिये यह मानना पड़ेगा कि वेद्य वस्तु ही वेदक (प्रकाशक) आत्मा को स्वरूप प्रदान करती है। इस तरह से वेद्य वेदकस्वरूप और वेदक वेद्यस्वरूप होने से दोनों की प्रकृति एक ही है, अतः साधक को इस बात का सावधानी से विचार करना चाहिये कि ज्ञान की वेदकता और ज्ञेय की वेद्यता में वस्तुतः एक ही तत्त्व भासित हो रहा है। जैसा कि निम्न श्लोक में बताया गया है—

[1]यावन्न वेदका एते तावद् वेद्याः कथं प्रिये।
वेदकं वेद्यमेकं तु तत्त्वं···· ···· ····॥

प्रकाश्य और प्रकाशक की एकता निम्न श्लोक में भी प्रदर्शित है—

प्रकाशमानं पृथक् प्रकाशात्
स च प्रकाशो न पृथग् विमर्शात्।
नान्यो विमर्शोऽहमिति स्वरूपाद्
अहंविमर्शोऽस्मि चिदेकरूपः॥

अर्थात् प्रकाशमान वस्तु प्रकाश से पृथक् नहीं है और वह प्रकाश विमर्श से कभी अलग नहीं होता। यह विमर्श भी स्वात्मस्वरूप (मैं हूँ) से भिन्न नहीं होता। अतः विमर्श-स्वरूप एवं चिदात्मक तत्त्व मैं ही हूँ। इसका अभिप्राय यह है कि प्रकाशक ज्ञान आत्मा से भिन्न नहीं है और सभी शब्दों से बोधित होने वाले ज्ञेय पदार्थ भी ज्ञान से पृथक् नहीं हैं। इस तरह से ज्ञान और ज्ञेय की एकता की भावना करने से साधक स्वात्मस्वरूप में प्रतिष्ठित हो जाता है। अथवा इसका यह भी अर्थ किया जा सकता है कि 'प्रकाशमानं' इत्यादि वचन के अनुसार प्रकाश से अतिरिक्त किसी भी वस्तु का न तो ज्ञान ही होता है और न वह वस्तु विद्यमान ही है। इस लिये—"ज्ञानं ज्ञेयं तथा ज्ञाता त्रितयं नास्ति वास्तवम्" इस वचन के अनुसार ज्ञान, ज्ञेय और ज्ञाता—ये तीनों वास्तव में कुछ नहीं है, किन्तु प्रकाश के कारण ही यह सब कुछ भासित हो रहा है। इस लिये सब कुछ चिन्मय है, ऐसी भावना करने से

1. शिवसूत्रविमर्शिनी (पृ० ४) में यह श्लोक उच्छुष्मभैरव का बताया गया है।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

तत्त्वज्ञानी को यह प्रतीत होने लगता है कि जो ज्ञान है, वही ज्ञेय अथवा ज्ञाता भी है। सब कुछ प्रकाशात्मक शिवमय है। इस प्रकार के ज्ञान का उन्मेष होने पर साधक शिव बन जाता है ॥१३४॥

[धारणा-११२]

[1]मानसं चेतना शक्तिरात्मा चेति चतुष्टयम्।
यथा प्रिये परिक्षीणं तथा तद्भैरवं वपुः ॥१३५॥

हे प्रिये, मानसं संकल्पात्मकं मनः, चेतना बुद्धिः, शक्तिः प्राणाख्या, आत्मा एतदुपहितो जीवः परिमितप्रमाता-इत्येतच्चतुष्टयं यदा परिक्षीणं चिच्चमत्कारतामापन्नं तदा तत् पूर्वोक्तं भैरवं वपुः परभैरवस्वरूपम्, व्यज्यत इति शेषः। एतच्चतुष्टयमुपाधिमयं मायीयोपाधिगलनाद् यदा क्षीयते, तदा चिच्छेषतया हिमनिर्मुक्तभास्करवत् प्रकाशमानः प्रकाश एवावशिष्यत इति दृढानुभवसमधिगमात् साक्षाद् भैरव एव भवतीति भावः ॥१३५॥

हे प्रिये, संकल्पात्मक मन, चेतनात्मक बुद्धि, प्राणनामक शक्ति और इनसे उपहित परिमित प्रमाता—ये चारों जब सब तरह से विलीन हो जाते हैं, अर्थात् जब ये साधक को चिति के चमत्कारमात्र प्रतीत होने लगते हैं, तब वह "अन्तः स्वानुभवानन्दा" (श्लो० १५) इत्यादि ग्रन्थ से पूर्व प्रतिपादित भैरव स्वरूप को प्राप्त कर लेता है। इसका अभिप्राय यह है कि साधक जब इन चारों स्थितियों को माया की उपाधि (उपज) मान लेता है, तो माया की अलीकता के आधार पर इन चारों स्वरूपों की स्थिति क्षीण हो जाती है और केवल चिति बच रहती है। इस स्थिति में साधक हिम (कुहरे) से निर्मुक्त सूर्य के समान मायीय आवरणों से निर्मुक्त चिति के प्रकाश से आलोकित हो उठता है, प्रकाशमय बन जाता है। अर्थात् इस तरह की भावना का दृढ़ अभ्यास करने पर साधक साक्षात् भैरव हो जाता है।

इस प्रकार यहाँ निर्विकल्प अवस्था की प्राप्ति के लिये ११२ धारणाओं का वर्णन किया गया है। इनमें से किसी एक धारणा में चित्त को एकाग्र करने वाला साधक जीवन पर्यन्त [2]जीवन्मुक्त दशा में रहता है और मृत्यु के उपरान्त विदेह-मुक्ति को प्राप्त करता है, अर्थात् परमेश्वर के स्वरूप से उसका स्वरूप अभिन्न हो जाने से वह ईश्वर बन जाता है। "न तस्य प्राणा उत्क्रामन्ति, अत्रैव समवलीयन्ते" (बृ० उ० ४।४।६) इस बृहदारण्यक श्रुति के अनुसार निष्कल ब्रह्म की उपासना करने वाला जीव कहीं आता-जाता नहीं है। पशु प्रमाता (अज्ञानी जीव) जैसे स्वर्ग या नरक में जाता है, अथवा जैसे सकल ब्रह्म का उपासक अर्चिरादि

1. स्पन्दनिर्णय (पृ० २३) और शिवसूत्रविमर्शिनी (पृ० ५१) में यह श्लोक प्रमाण रूप से उद्धृत है।
2. विदेह-कैवल्य को ही विदेह-मुक्ति कहा जाता है, जिसकी कि चर्चा पहले (पृ० ११६) आ चुकी है। आगे भी (पृ० १५२ और १५४-१५५ में) जीवन्मुक्ति और विदेह-मुक्ति की व्याख्या की गई है।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

मार्ग से ब्रह्मलोक में जाता है, उस तरह की गति अर्थात् उत्क्रमण निष्कल ब्रह्म के उपासक का नहीं होता, किन्तु उसके प्राण तो गरम तवे पर पड़ी पानी की बूँद की तरह वहीं लीन हो जाते हैं। यही स्थिति शास्त्र में—"जिज्ञासारहितं शुद्धं निर्विकल्पं परं परम्" जिज्ञासा रहित शुद्ध निर्विकल्पक परम पद के नाम से कही गई है। कठोपनिषद् में इसका वर्णन इस प्रकार किया गया है—

यदा पञ्चावतिष्ठन्ते ज्ञानानि मनसा सह।
बुद्धिश्च न विचेष्टति तामाहुः परमां गतिम्॥ (२।३।१०)

अर्थात् जब जीव की पाचों ज्ञानेन्द्रियां मन के साथ स्थिर (निश्चल=निष्क्रिय) हो जाती हैं और बुद्धि भी काम करना बन्द कर देती है, तो इसी स्थिति को परम गति कहा जाता है। यहाँ 'परम गति' शब्द से प्रतिपादित स्थिति और पहले बताये गये भैरव के स्वरूप में (भैरवी मुद्रा अथवा शाम्भवी मुद्रा में) कोई अन्तर नहीं है। यह स्थिति निष्कल ब्रह्म के उपासकों के लिये स्वतः सिद्ध है। इसके लिये मरने के बाद तिल, अन्न, मधु (शहत) आदि मिलाकर बनाये गये पिण्डों को देने की जरूरत नहीं रहती। इनकी आवश्यकता तो कार्म [1]मल से आवृत पशु (अज्ञ) जीवों के लिये ही है। सहज भाव से निष्कल ब्रह्म के उपासक साधक के लिये पूजा, जप, ध्यान आदि की परिभाषाएँ भी बदल जाती हैं, जैसा कि अभी आगे बताया जायगा।

यहाँ स्वाभाविक प्रश्न उठता है कि जैसे साधक की जीवन्मुक्ति दशा में कर्तृत्व और ज्ञातृत्व की प्रतीति होती है, उसी तरह से मृत व्यक्ति में भी इनकी उपलब्धि क्यों नहीं होती ? इसका उत्तर यह है कि परमेश्वर नित्य एवं स्वतन्त्र है। उसका स्वातन्त्र्य यही है कि जब यह जीवदशा को प्राप्त कर लेता है, तो यह देह, इन्द्रिय प्रभृति खिलौनों से खेलने लगता है और जब कभी अपने स्वरूप में विश्रान्ति ले लेता है, तो वह बाह्य स्पन्दों का परित्याग कर स्वात्म-स्पन्द में ही प्रतिष्ठित हो जाता है, जैसा कि सुषुप्ति प्रभृति दशाओं में होता है। जब शरीर छूट जाता है, तो उस समय परात्मा अपने स्वातन्त्र्य के कारण कभी क्षुब्ध न होने वाली निष्क्रिय अवस्था को स्वीकार कर लेता है, अतः उस समय ज्ञातृत्व, कर्तृत्व आदि की उपलब्धि नहीं होती। जैसा कि भैरवस्रोत के ग्रन्थ अनुत्तरभट्टारक में कहा गया है—

---

1. तत्त्वप्रकाशकार ने १८ वीं कारिका में मल का लक्षण बताया है कि मल एक है और अनेक प्रकार की शक्तियों से युक्त है। यह पुरुष की ज्ञान और क्रिया शक्ति को उसी तरह से ढक लेता है, जैसे कि भूसी चावल को और कालिमा तांबे को ढके रहती है। इस तरह से द्वैतवादी शैवों के यहाँ मल आत्मा में रहने वाला द्रव्यविशेष माना गया है। अद्वैतवादी दार्शनिक ऐसा नहीं मानते। वे संसार के अनादि कारण अज्ञान को ही मल कहते हैं। यह मल तीन तरह का होता है—आणव, मायीय और कार्म। अणु (जीव) गत अज्ञान ही उसके परमार्थ स्वरूप को ढक लेता है। इसी को आणव मल कहते हैं। माया शक्ति के अधीन मल मायीय तथा पुण्य और पाप कर्मों की वासना से उत्पन्न मल कार्म मल कहलाता है।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

मृतचेष्टस्य पिण्डस्य न किञ्चिदुपलभ्यते ।
सुखं दुःखं न चैवास्ति परमानन्दभावनात् ।।
जिज्ञासारहितं स्थानं यत्र देवो निरञ्जनः ।
अकालकलनाहेतुर्गमागमविवर्जितः ।।
निरालम्बो निरुत्साहः शून्यभूतः शिवः स्वयम् ।
संज्ञानाशेन निर्जीवसंज्ञा सा व्योमरूपिणी ।।

अर्थात् प्राण-पखेरु के उड़ जाने से जिसकी सारी चेष्टाएँ समाप्त हो गई हैं, ऐसे मृत शरीर को कुछ भी बोध नहीं होता, न तो उसको सुख का अनुभव होता है और न दुःख का ही, क्योंकि वह तो परम आनन्द की भावना में लीन हो गया है। वह उस जिज्ञासारहित स्थान पर पहुँच जाता है, जहाँ पर कि काल की कलना और आवागमन से रहित, निरालम्ब, निरुत्साह, शून्यस्वरूप, निरंजन देव शिव स्वयं निवास करते हैं। संज्ञा के नष्ट हो जाने पर शरीर निर्जीव हो जाता है, किन्तु इस दशा में वह आकाश के समान सर्वत्र व्याप्त हो जाता है। इसी प्रसंग में शिव ने देवी को यह भी कहा है—

विचरामि न चैकाकी कदाचिच्छून्यरूपता ।
सर्वं सर्वमयश्चाहं तद् रमेऽहं त्वया सह ।।
कदाचिदीदृशं विश्वं दृश्यमेतदितीरितम् ।

अर्थात् मैं कभी अकेला नहीं रहता, तब भी कभी-कभी शून्य स्वरूप हो जाता हूँ। मैं सब कुछ हूँ। यह सब कुछ मेरा ही स्वरूप है। मैं जब तुम्हारे साथ विहार करता हूँ, तभी कदाचित् यह जगत् दृश्य के रूप में परिणत हो जाता है।

देहपात के अनन्तर भी देह में आत्मा की स्थिति मानने के ही कारण जैमिनीय शाखा वाले अन्त्येष्टि संस्कार के समय निर्जीव पिण्ड में भी विष्णुसंबन्धी २१ स्नानों का विधान करते हैं। ऐसा न मानने पर "अविनाशी वा अरेऽयमात्मा" (बृ० उ० ४।५।१४), "नित्यो नित्यानाम्" (क० उ० २।२।१३), "न जहाति मृतं चापि सर्वव्यापी घनञ्जयः" (यो० चू० उ० २६) इत्यादि वचन प्रामाणिक नहीं रह जायँगे। इस लिये मृत्यु के उपरान्त भी भैरव शरीर निर्विकल्पक अवस्था में विद्यमान रहता है, इस बात को मानने में कोई दोष नहीं प्रतीत होता।

इस निर्विकल्पक भैरवावस्था में नित्य प्रविष्ट होने से इस रहस्य मार्ग का अनुसरण करने वाले व्यक्तियों के लिये तीर्थाटन आदि कर्मकाण्ड अनावश्यक हैं, इस बात को निम्न श्लोक में जयरथ ने भी कहा है—

बहुलमहसि बोधे प्रोच्छलत्येकरूपे
जननमरणभाषां कातराः कल्पयित्वा ।
अविदितपरमार्थास्तीर्थदेवालयादि-
श्रयणमुपदिशन्तो हन्त ! नापत्रपन्ते ।।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

अर्थात् महान् महिमाशाली एकरस बोधभैरव की विद्यमानता में भी कायर आदमी जन्म और मरण की कल्पना करके उससे मुक्ति पाने के लिये, परमार्थ तत्त्व का ज्ञान न होने से, तीर्थयात्रा, देवदर्शन आदि उपायों का उपदेश करते हुए लज्जित नहीं होते, हाय ! इससे बढ़कर दुःख की बात और क्या हो सकती है ?

इस रहस्य मार्ग में श्रद्धा रखने वाले विवेकी पुरुष तो जीवन्मुक्ति को भी तुच्छ समझते हैं, तब वे पशुदर्शन की प्राणभूत अन्त्येष्टि संस्कार जैसी बातों की उपेक्षा कर दें, तो इसमें आश्चर्य की बात ही क्या है ? जैसा कि निम्न श्लोक में बताया गया है—

नयकलनया यस्योद्भूते विवेकपरामृते
तृणमिव न सा जीवन्मुक्तिर्गता गणनीयताम् ।
प्रमयसमये प्रत्यासन्ने स्वसंविदि संस्फुरन्
अभिलषति नैवान्त्येष्टद्याद्याः क्रियाः पशुकल्पिताः ।।

अर्थात् रहस्य शास्त्रों का अभ्यास करने से जिसको विवेकरूपी परम अमृत दशा प्राप्त हो गई है, उसको यह जीवन्मुक्ति तृण की तरह तुच्छ लगती है । मृत्यु का समय समीप आने पर अपने संवित्स्वरूप में विचरण करने वाला योगी पशुशास्त्रों में विहित अन्त्येष्टि संस्कार जैसे क्रियाकलापों की अभिलाषा नहीं रखता । मृत व्यक्ति को पिण्ड दान करने की बात भी उपहासास्पद है । जैसा कि कहा गया है—

प्राग्जन्मकोटिसमुपार्जितदुष्कृतौघ-
खेदावहं कमपि पिण्डमवैति जन्तुः ।
ऊर्ध्वोर्ध्वशासनरतोऽपि गुरुर्मृताय
तस्मै समर्पयति पिण्डमिति प्रमादः ।।

अर्थात् पहले के करोड़ों जन्मों में इकट्ठे हुए पाप कर्मों के कारण प्राणी इस दुःख-दायी पिण्ड (शरीर) को पाता है । जब यह मर जाता है, अर्थात् जब इस पिण्ड से पिण्ड छूट जाता है, तब इस सर्वोत्कृष्ट शिवशास्त्र का अनुसरण करने वाला गुरु भी पुनः उसको पिण्ड देने की बात करे, तो इससे बढ़ कर प्रमाद की बात और क्या हो सकती है ?

इस रहस्यशास्त्र का अभ्यास करने वाले साधक के लिये जन्म और मरण एक सरीखे हैं । ये जन्म-मरण शरीर के धर्म हैं, आत्मा के नहीं । भगवद्गीता के द्वितीय अध्याय में इस विषय को विस्तार से समझाया गया है । छान्दोग्य श्रुति के निम्न वचन में भी यही बात कही गई है—"जीवापेतं वाव किलेदं म्रियते न जीवो म्रियते" (छा० उ० ६।११।३) । अर्थात् जीव (प्राण) से रहित शरीर को ही मरा हुआ कहा जाता है, जीव (आत्मा) कभी नहीं मरता ।

शान्त-तरंग समुद्र के समान मन को निश्चल कर देने वाली ऊपर उपदिष्ट ११२ धारणाओं में से किसी एक धारणा के अभ्यास से मन के निश्चल हो जाने पर योगी के चित्त में दो प्रकार की दशाएँ उत्पन्न होती हैं—देह के रहते जीवन्मुक्ति तथा देह के छूट जाने पर

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

विदेह-मुक्ति, जिनका कि अभी ऊपर निर्देश किया जा चुका है। इनमें से जीवन्मुक्ति दशा में मन, बुद्धि, प्राणशक्ति और आत्मा (परिमित अहन्ता)—ये चारों स्थितियाँ नष्ट हो जाती हैं, क्योंकि जीवन्मुक्त योगी सर्वत्र सदा चिन्मात्र दशा में ही सावधानी से पड़ा रहता है और यह समझता है कि यह सारा जागतिक प्रपंच उस चिति का ही चमत्कार है। इस स्थूल देह के छूट जाने पर उसको शान्त बोधस्वरूप दूसरे दिव्य देह की प्राप्ति होती है, क्योंकि वह तो परमेश्वर स्वरूप ही हो जाता है। उसको इस दूसरे देह तक उत्क्रमण की, (जाने की) आवश्यकता नहीं पड़ती, क्योंकि आत्मा तो सर्वत्र व्याप्त है, वह जायगा कहाँ? जैसा कि वीर-यामल में कहा गया है—

उत्क्रान्तिर्विद्यते यस्य तस्य स्यान्मानकल्पना।
अमाने शून्यनिर्भासे कस्योत्क्रान्तिः क्व च क्रमेत्॥
यदि सर्वगतो देवो वदोत्क्रम्य क्व यास्यति।
अथासर्वगतो देवो घटतुल्यस्तदा भवेत्॥

अर्थात् जिसकी उत्क्रान्ति हो, अर्थात् जो कहीं अन्यत्र जाता हो, उसको परिच्छिन्न ही मानना पड़ेगा। अपरिच्छिन्न, शून्यस्वभाव आत्मा की उत्क्रान्ति कैसे हो सकती है? वह जायगा भी कहाँ? यदि परमेश्वर सर्वगत है, तो यह बताया जाय कि वह कहाँ जायगा? अब यदि वह असर्वगत माना जाता है, तब तो वह घड़े की तरह जड़ हो जायगा।

मृत्यु के उपरान्त मुक्ति जीवन्मुक्त की ही होती है, देह को आत्मा मानने वाले और कर्मकाण्ड के अनुष्ठान में लगे रहने वाले अज्ञानी को यह मुक्ति नहीं मिल सकती। उसकी वासनाएँ मलिन हैं, अतः वह परलोक में ही जायगा। श्राद्ध करना, पिण्ड दान करना आदि उसी के लिये सहायक हो सकते हैं। देह में आत्मा के इस अभिमान की वासना का वर्णन श्रीमदाचार्य अभिनवगुप्त ने मालिनीवार्त्तिक में इस प्रकार किया है—

अस्ति से पिण्डदोऽद्याहं पिण्डदानक्रमात्तथा।
प्राप्नोम्यवयवाभोगं पूर्णदेहोऽस्मि सुस्थितः॥
अदृष्टक्रियया पुत्रशिष्यस्वाम्यादिक्लप्तया।
स्वर्गभाग्यहमत्यन्तमात्तसद्भोगसुस्थितः॥
नास्ति मे पिण्डदः कश्चित् स्वयं चास्म्यतिदुष्कृती।
न मे त्रातास्ति कुत्रापि पतामि नरकार्णवे॥ (पृ० ९९)

अर्थात् मुझे पिण्ड दान करने वाला कोई है। प्रतिदिन पिण्ड दान मिलने के ही कारण धीरे-धीरे एक अवयव का आकार प्राप्त करता हुआ अन्त में मैं सम्पूर्ण देह से परिपूर्ण सुव्यवस्थित हो गया हूँ। पुत्र, शिष्य, स्वामी आदि के द्वारा सम्पादित सत्कर्मों से उत्पन्न अदृष्ट के कारण आज मैं स्वर्ग का अधिकारी हो गया हूँ और अच्छे कर्मों का फल भोग रहा हूँ। मुझे कोई पिण्ड देने वाला नहीं है और मैं स्वयं बड़ा पापी हूँ। मेरा कोई रक्षक नहीं है। मैं घोर नरक में पड़ने वाला हूँ।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

वस्तुतः यह अपनी संवित्ति का ही माहात्म्य है कि इस तरह से भ्रान्तिवश व्यक्ति स्वर्ग और नरक की कल्पना कर लेता है। इसमें वास्तविकता कुछ भी नहीं है। जिस व्यक्ति को इस स्थिति का ज्ञान हो जाता है, वह उक्त धारणाओं में से किसी एक में अपने मन को एकाग्र कर कृतकृत्य हो जाता है, अपने स्वरूप में प्रतिष्ठित हो जाता है, उसका परमार्थ भैरव स्वरूप प्रकट हो जाता है। ॥१३५॥

निस्तरङ्गोपदेशानां शतमुक्तं समासतः।
द्वादशाभ्यधिकं देवि यज्ज्ञात्वा ज्ञानविज्जनः ॥१३६॥

हे देवि, इत्थं मया समासतः संक्षेपेण [1]निस्तरङ्गोपदेशानां स्थिरधारणोपदेशानां स्वात्ममात्रविश्रान्तिप्रदानां द्वादशाभ्यधिकं शतं द्वादशोत्तरशतमुक्तम्। एतदेव विज्ञाय जनो ज्ञानविद् भवति साक्षाद् भैरवसारूप्यमवैतीति तात्पर्यम् ॥१३६॥

देवी के द्वारा पूछे गये प्रश्नों का समाधान प्रस्तुत कर इस प्रकरण का उपसंहार करते हुए भगवान् भैरव कहते हैं कि हे देवि, इस तरह से मैंने संक्षेप में यहाँ ११२ निर्विकल्पक धारणाओं का उपदेश किया है। ये सभी धारणाएँ साधक के चित्त को निस्त ंग (स्थिर) बना देने वाली हैं, जिससे कि उसकी स्वात्मस्वरूप में प्रतिष्ठा हो जाती है। इन धारणाओं को ठीक से समझ लेने पर मनुष्य ज्ञानी हो जाता है, अर्थात् साक्षात् भैरव बन जाता है ॥१३६॥

अत्र चैकतमे युक्तो जायते भैरवः स्वयम्।
वाचा करोति कर्माणि शापानुग्रहकारकः ॥१३७॥

अत्र च एकतमे एतेषु उपदेशेषु मध्ये एकस्मिन्नपि युक्तः समाहितः, एतासु धारणास्वन्यतमनिष्ठावान् मायीयोपाधिसंवलितवेद्यराशिपतितेन्द्रियगणोऽपि, वाचा कथनमात्रेण, न पुनः प्रयत्नेनेत्यर्थः, शापानुग्रहादिकार्याणि करोति। तत्रापि तथैव समाध्येकीभावनया तत्तदुज्झित्य निस्तरङ्गप्रकाशवान् स्वयं साक्षाद् भैरवो भवतीति निश्चयः ॥१३७॥

ऊपर बताये गये उपदेशों में से किसी एक में भी समाहित हो जाने वाला साधक, अर्थात् इन धारणाओं में से किसी एक का भी निष्ठापूर्वक अभ्यास करने वाला योगी, भले ही इस मायामय उपाधि से आविर्भूत जागतिक प्रपंच में रम रहा हो, बिना प्रयत्न के वचन मात्र से सब कुछ कर सकता है, किसी को भी शाप या वरदान देने में समर्थ हो सकता है। इस प्रकार की सामर्थ्य के आ जाने पर भी जो साधक इसका उपयोग न कर निरन्तर समाधि

---

1. तन्त्रालोकविवेककार जयरथ ने 'निस्तरङ्ग' शब्द का अर्थ 'स्वात्मस्वरूप में विश्राम ले लेने के कारण शान्तस्वरूप' (निस्तरङ्गा स्वात्ममात्रविश्रान्त्या शान्तरूपेत्यर्थः—भा० ३, आ० ५, पृ० ३९९) ऐसा किया है। इन धारणाओं के अभ्यास से भी साधक स्वात्म-स्वरूप में प्रतिष्ठित हो जाता है। अतः इन धारणाओं को निस्तरंग उपदेश बताना उचित ही है।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

में लीन बना रहता है, उसके चित्त में निस्तरंग (स्थिर) स्वात्मस्वरूप की अभिव्यक्ति हो जाती है, वह स्वयं साक्षात् भैरव बन जाता है, यह ध्रुव सत्य है ॥१३७॥

अजरामरतामेति सोऽणिमादिगुणैर्युतः[1] ।
योगिनीनां प्रियो[2] देवि सर्वमेलापकाधिपः[3] ॥१३८॥
जीवन्नपि विमुक्तोऽसौ कुर्वन्नपि न[4] लिप्यते ।

हे देवि, स साधकः, उक्तधारणाभ्यासदाढर्येन अजरामरताम् एति प्राप्नोति, अणिमादिगुणैर्युतः सन् विज्ञानात्मकसोमपानाद् योगिनीनां ज्ञानक्रियानन्दादिशक्तीनां प्रियः सर्वमेलापकाधिपो भवति सकलस्यास्य वेद्यवेदकादिराशेः खिलीकृतस्वभावोऽत्यन्त-निर्मलचिद्वपुरद्वैतप्रकाशमयः परमात्मा भैरवः संपद्यत इति तात्पर्यार्थः । असौ स साधकः, जीवन्नपि विमुक्तो जीवन्मुक्त एव । पश्यन्नपि, शृण्वन्नपि, जिघ्रन्नपि इत्यादि चेष्टितं कुर्वन्नपि न लिप्यते । कर्माणि कुर्वन्नपि तत्फलैर्न लिप्यत इति भावः ॥१३८॥

श्रुति में देवताओं ने कहा है कि "सोमरस का पान कर हम अमर हो गये हैं" । जैसे देवगण सोमरस का पान कर अजर-अमर हो गये, उसी तरह से ऊपर बताई गई धारणाओं में दृढ़ अभ्यास से प्राप्त हुए विज्ञान रूपी सोमरस का पान कर योगी अजर और अमर हो जाता है । उसको अणिमा प्रभृति सिद्धियाँ प्राप्त हो जाती हैं । वह [1]योगिनियों का, ज्ञान-क्रिया-आनन्द प्रभृति शक्तियों का स्वामी हो जाता है और सभी मेलापकों का अधिपति बन जाता है । इसका तात्पर्य यह है कि वह योगी इस जगत् की सभी वेद्य (ज्ञेय) और वेदक (ज्ञापक) वस्तुओं को तिरस्कृत कर अत्यन्त निर्मल चिन्मय शरीर को धारण कर अद्वय, प्रकाश-मय परमात्मा, अर्थात् साक्षात् भैरव बन जाता है । इस प्रकार का साधक जीवन्मुक्त कहलाता है । वह देखना, सुनना, सूँघना, प्रभृति क्रियाकलापों को करता हुआ भी उनमें लिप्त नहीं होता, उनमें रस नहीं लेता । जैसा कि भगवान् ने गीता में कहा है—

पश्यञ्छृण्वन्स्पृशन् जिघ्रन्नश्नन्गच्छन्स्वपन्श्वसन् ॥
प्रलपन् विसृजन् गृह्णन्नुन्मिषन्निमिषन्नपि ।....
ब्रह्मण्याधाय कर्माणि सङ्गं त्यक्त्वा करोति यः ।
लिप्यते न स पापेन पद्मपत्रमिवाम्भसा ॥ (५।८-१०)

---

१. °णान्वितः—क० । २. प्रभुर्दे°—ख० । ३. °कारकः—ख० । ४. च चेष्टितम्—क० ।

1. कौल मत में साधक को वीर अथवा सिद्ध और साधिका को योगिनी कहा जाता है । सिद्धों और योगिनियों के संघट्ट को मेलापक कहते हैं । ११२ प्रकार की धारणाओं में से किसी एक का भी सहारा लेकर योगी इस मेलापक का अधिपति हो जाता है, सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त कर लेता है, सिद्धों और योगिनियों का सारा समुदाय इसी के निर्देश के अनुसार चलता है । योगिनीप्रिय और मेलापकाधिप इन दो शब्दों का यही साम्प्रदायिक अर्थ है ।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

कर्मफल की आकांक्षा को छोड़कर जो साधक इन्द्रियों की विषयों के प्रति स्वाभाविक प्रवृत्ति में रस नहीं लेता, वह उनके फल से उसी प्रकार लिप्त नहीं होता, जैसे कि जल में रहते हुए भी कमलपत्र जल से लिप्त नहीं होता। यही बात स्पन्दकारिका में भी कही गई है—

गुणादिस्पन्दनिष्यन्दाः सामान्यस्पन्दसंश्रयात्।
लब्धात्मलाभाः सततं स्फुर्जस्यापरिपन्थिनः॥ (श्लो० २९)

अर्थात् अपने भीतर अनन्त विशेषताओं को छिपाये हुए सामान्य स्पन्द से ही सत्त्व, रज, तम, महत्, अहंकार आदि की तथा उनके कारण उत्पन्न होने वाले सुख-दुःख आदि की स्थिति बन पाती है। इस बात को भलीभाँति जानने वाले ज्ञानी के लिये यह गुणों की सृष्टि उसके सहज स्वभाव को, स्वात्मस्वरूप को छिपाने में कभी समर्थ नहीं हो सकती।

इन प्रमाणों से यह सिद्ध होता है कि इस प्रकार का योगी कर्म करता हुआ भी उनसे लिप्त नही होता। यही बात "न कर्म लिप्यते नरे" (ई० उ० २) इस श्रुति में बताई गई है॥१३८॥

श्रीभैरवी[१] उवाच

इदं यदि वपुर्देव परायाश्च महेश्वर॥१३९॥
एवमुक्तव्यवस्थायां जप्यते को जपश्च कः।
ध्यायते को महादेव[२] पूज्यते कश्च तृप्यति॥१४०॥
हूयते कस्य वा होमो याग[३]क्षेत्रादि किं कथम्।

हे देव प्रकाशमान महेश्वर, यदि पराया देव्या इदमेव उक्तरीत्या भवता प्रतिपादितं वपुः स्वरूपम्, एवं तु सर्वं परादेवीमयमेवेति सर्वमयव्यवस्थायां सत्याम्, जप्यते को जपश्च कः? जप्यजापकादिभेदानामपि वस्तुतस्तदाऽभावात्। हे महादेव, एवं सति को ध्यायते, कः पूज्यते, कश्च तृप्यति? कश्च हूयते, किमर्थं वा होमो[1] यागो वा कस्य कृते क्रियते? ॥१३९-१४०॥

अपने परा देवी विषयक प्रश्न के उत्तर में देवी ने ११२ धारणाओं का उपदेश सुना, जिसमें से कि किसी एक धारणा में भी चित्त को समाहित करने पर साधक स्वात्मस्वरूप में

---

१. °देवी—क०। २. °नाथ—क०। ३. यागः कस्य च—क० ख०।

1. खड़े होकर वौषट् शब्द के उच्चारण के साथ किये गये हवन को याग और बैठ कर स्वाहाकारपूर्वक किये गये हवन को होम कहते हैं। द्रष्टव्य—कात्यायन श्रौतसूत्र (१।२। ६-७)। सात्वतसंहिता (२।३६) के भाष्य में बिम्ब प्रभृति में भगवान् की पूजा को याग और अग्नि में दी गई आहुति को होम कहा गया है।

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

प्रतिष्ठित हो जाता है। देवी को पुनः शंका उठती है कि जब सब कुछ परादेवीमय ही है, तो हे देव, हे महेश्वर, आप यह बताइये कि जप करने वाला और जप भी तो परा देवी का ही स्वरूप हुआ, तब इनकी अलग से सत्ता कैसे मानी जायगी ? इसी प्रकार हे महादेव, यदि साधक सर्वमय हो जाता है, तो साधक का और परा शक्ति का स्वरूप अभिन्न हो जायगा। इस अवस्था में भेद के न रहने पर किसका ध्यान किया जायगा ? किसकी पूजा की जायगी ? किसको तृप्त किया जायगा ? किसके लिये होम किया जायगा ? याग किसके लिये किया जायगा ? होम या याग का स्वरूप क्या होगा और वह कैसे सम्पन्न होगा ? जब सब कुछ परादेवीमय, स्वात्मस्वरूपमय ही है, तब ध्याता और ध्येय का, पूज्य और पूजक का तथा इसी प्रकार तर्पणीय और तर्पक आदि का भेद भी कहाँ रहेगा ? जिनकी कि शास्त्रों में विस्तार से चर्चा की गई है।

आगे १४८वें श्लोक में भगवान् भैरव ने क्षेत्र को भी परिभाषा दी है। तदनुसार देवी के प्रश्न में भी उसका समावेश आवश्यक है। अतः 'यागः कस्य च किं कथम्' इसके स्थान पर 'यागक्षेत्रादि किं कथम्' यह पाठ उचित प्रतीत होता है। इसका अर्थ यह होगा कि सबकी अभिन्नता में याग और क्षेत्र (तीर्थाटन अथवा किसी विशेष तीर्थ में निवास) की भी अलग से क्या स्थिति रहेगी और इनका स्वरूप किस प्रकार बनेगा ? देवी सभी परिमित प्रमाता साधकों के हित को ध्यान में रखकर इन प्रश्नों को पूछती है कि जब सब कुछ विज्ञान भैरव स्वरूप ही है, तब विभिन्न शास्त्रों में प्रतिपादित जप, पूजा, यज्ञ, तीर्थाटन आदि की क्या उपयोगिता है ? आराध्य और आराधक को भिन्न मानने में ही इनकी सार्थकता हो सकती है। अद्वय दृष्टि में तो इनकी कोई उपयोगिता प्रतीत नहीं होती ॥१३९-१४०॥

श्रीभैरव उवाच

एषाऽत्र प्रक्रिया बाह्या स्थूलेष्वेव मृगेक्षणे ॥१४१॥

हे मृगक्षणे, एषा प्रक्रिया जपपाठपूजाध्यानहोमदानतीर्थाटनादिका प्रकृष्टा क्रिया अत्र परमतत्त्वे, परतत्त्वदृष्ट्येति यावत्, बाह्या स्थूला इति च कथ्यते। स्थूलदृष्टिमभिलक्ष्य एता जपपूजादिका क्रिया उपदिष्टा इति भावः ॥१४१॥

स्वात्मस्वरूप भैरव देवी के इन प्रश्नों का अलग-अलग उत्तर देने से पहले संक्षेप में एक ही वाक्य में उत्तर देते हैं कि हे मृगनयनि ! जप, पाठ, पूजा, ध्यान, होम, यज्ञ-याग, तीर्थाटन प्रभृति विविध कर्मकाण्डीय विधियों का विस्तार इस परम तत्त्व की दृष्टि से न होकर बाह्य स्थूल दृष्टि के आधार पर किया गया है। अर्थात् जो योगी स्वात्मस्वरूप में प्रतिष्ठित हो गया है, उसके लिये इन बाह्य स्थूल क्रियाओं की कोई उपयोगिता नहीं है, किन्तु जप, पूजा आदि की उपयोगिता उन्हीं के लिये है, जिनकी कि दृष्टि स्थूल है, जिनकी अद्वय दृष्टि अभी विकसित नहीं हुई है, इस सारे जगत् को एकाकार स्वात्मस्वरूप में प्रतिष्ठित नहीं देख पाती ॥१४१॥

Courtesy: Shri Tarun Dwivedi, Surviving Son of Late Vraj Vallabh Dwivediji (15 Jul 1926 - 17 Feb 2012)

[1]भूयोभूयः परे भावे भावना भाव्यते हि या ।
जपः[1] सोऽत्र स्वयं नादो मन्त्रात्मा जप्य[2] ईदृशः ॥१४२॥

परे भावे विश्वपूरणे स्वस्वभावे भूयोभूयः पौनःपुन्येन या भावना विमर्शना "अहमेव परो हंसः शिवः परमकारणम्" (स्व० ४।३९९) इत्यादिरूपा भाव्यते संपाद्यते, स जपः। अत्र अस्मिन् शास्त्रे सूक्ष्मवस्तूपदेशमये भावनैव जपपदेनाभिधीयते। जप्यमाह—स्वयं नादो मन्त्रात्मा अकृतकाहंविमर्शात्मा, [2]"पृथङ्मन्त्रः पृथङ्मन्त्री न सिध्यति कदाचन" इति न्यायात्, ईदृश ईदृशजपविषयः, जप्यो जपनीयो देवः। सोऽहं ब्रह्मेति शब्दस्यानाहताख्यस्य श्रवणाज्जपः, ईदृङ्मन्त्रात्मतया जपाङ्गश्च जप्य इति तात्पर्यम् ॥१४२॥

सूक्ष्मतम वस्तुओं का उपदेश देने वाले इस शास्त्र में परभाव, अर्थात् इस विश्व के पूरक स्वस्वभाव में जो भावना की जाती है, स्वच्छन्दतन्त्र के अनुसार "मैं इस जगत् का परम कारण परम हंस, प्राणमय शिव हूँ" इस प्रकार से दिन-रात स्वाभाविक रूप से प्रवर्तमान अपने प्राणमय अजपा स्वरूप का विमर्श, चिन्तन करने का जो उपदेश किया जाता है, तदनुरूप मैं ही ब्रह्म हूँ, मैं ही शिव हूँ, इस अनाहत नादरूपी शब्द (सोहम्, हंसः) की निरन्तर भावना को ही यहाँ जप कहा जाता है। जपनीय मन्त्र भी स्वयं नादात्मक ब्रह्म ही है, जिसमें कि अपने अकृत्रिक अहमात्मक स्वरूप का निरन्तर परामर्श होता रहता है। श्रीकण्ठीसंहिता में बताया गया है कि मन्त्र और मन्त्री अर्थात् मन्त्र, मन्त्र का जप करने वाला और मन्त्र की अधिष्ठात्री देवता—ये कभी अलग-अलग नहीं माने जाते। अतः भावनात्मक जप का विषय यह नादात्मक मन्त्र ही माना जाता है, जिसमें कि साधक को परम तत्त्व के साथ अपनी प्रत्यभिज्ञा की स्पष्ट प्रतीति होने लगती है।

चतुर्थो हेतुः पदम् व्यवहारार्थकम्। पद्यते हि व्यवहाराङ्गमर्थस्तेन[१] सर्गादौ पटादिनिर्माणे नैपुण्यं कुविन्दादीनां वाग्व्यवहारश्च परमेशं विना नैव सम्भवतीत्येश्वरः सिद्ध्यति। अनुमानाकारश्चेत्थम्– पटादिनिर्माणनैपुण्यं पटादिशब्दव्यवहारश्च, स्वतन्त्रपुरुषविश्रान्तः, व्यवहारत्वात्, निपुणतरशिल्पि-निर्मितापूर्वशिल्पवत्, देवदत्तादिशब्दव्यहवहारवच्चेति।

अपरे पदम् ईश्वरवाचकं प्रणवेश्वरेशानादिपरं मन्वते। एतेषां नयेऽनुमानप्रकारोऽयम् –यद् वैदिकं प्रणवेश्वरेशानादिकम्, तत्सार्थकम्, अविगानेन श्रुत्यादिषु प्रयुज्यमानत्वात्, घटादिपदवत्। अन्यच्च, वैदिक-मस्मत्पदम्, स्वातन्त्र्येण प्रयोक्तृवचनम्, अस्मत्पदत्वात्, लौकिकवदिति।

पञ्चमो हेतुः प्रत्ययो विश्वासार्थकः समाश्वासहेतुप्रामाण्यपरः।

---

१. अर्थात् वेदानां व्याख्यानं (धर्माधर्मानुष्ठानम्) तदर्थानुष्ठानस्य निश्चलत्वं तन्निदानमनुष्ठातणां मतिचलनेऽपि तदनुष्ठानमादिशब्दार्थः।

अनुमानप्रयोगस्त्वेवम्– आगमसम्प्रदायोऽयम्, कारणगुणपूर्वकः, प्रमाणत्वात्, प्रत्यक्षवदिति। अथवा वेदाः, वक्तृयथार्थज्ञानपूर्वकाः, प्रमाणशब्दत्वात्, तादृशलौकिकवाक्यवत्। वेदजन्या वा शाब्दप्रमा, वक्तृयथार्थधीजन्या, शाब्दप्रमात्वात्, लौकिकवाक्यजप्रमावदिति।

परेषां मते प्रत्ययशब्दो लिङादिप्रत्ययपरः पुमभिप्रायार्थकः। अनुमानाकारस्त्वेवमनुसन्धेयः – वैदिको लिङादिः, सः स्वतन्त्रवक्तृनियोगाभिधायकः, लिङादित्वात्, राजशासनवदिति।

षष्ठो हेतुः श्रुतिः अनुपलभ्यमानामूलान्तरत्वे सति महाजनपरिगृहीतवाक्यात्मा वेदः। अनुमानप्रयोगस्त्वत्र – वेदाः, सर्वज्ञेन प्रणीताः, वेदत्वात्, न यदेवं न तदेवं यथा कुमारसम्भवादिः। यद्वा, वेदकर्त्ता, सर्वज्ञः, वेदकर्तृत्वात्, यो न सर्वज्ञो नासौ वेदकर्त्ता, अहमिव। अयं व्यतिरेकी हेतुः परेशस्वरूपसाधकः।

अन्येषां नये श्रुतिः विष्णुसंहिता रुद्राध्यायरूपा परमेश्वरस्वरूपाविष्करणे प्रमाणमिति तात्पर्यम् विद्यते। अत्रानुमानप्रयोगस्त्वेवम् – श्रुतिः सम्पूर्णो वेदः, स हि स्रष्टृत्वेन पुरुषसूक्ते उपास्यत्वेन रूपेणेश्वरं सर्वत्र प्रतिपादयन् स्रष्टृत्वादिरूप ईश्वरे प्रमाणम्, तत् प्रतिपादकत्वात्, स्वर्गनरकादिप्रतिपादकवेदवाक्यवदिति।

सप्तमो हेतुः वाक्यं वेदवाक्यपरम्। अनुमानाकारस्त्वेवम् – वेदवाक्यानि, पौरुषेयाणि, वाक्यत्वात्, अस्मदादिवाक्यवदिति। अयमन्वयी हेतुः परमेश्वरस्वरूपसाधकः।

अन्येषां सिद्धान्ते वाक्यं स्वर्गकामादिवाक्यपरम् बोध्यम्। मतेऽस्मिन् तावदनुमानाकार एवम्– स्वर्गकामादिवाक्यम्, वाक्यार्थज्ञानपूर्वकम्, सतात्पर्यकवाक्यत्वात्, अस्मद्वाक्यवदिति। एवं वैदिकवाक्यार्थज्ञानाश्रयतया परमेश्वरस्वरूपसिद्धिः।

अष्टमो हेतुः सङ्ख्याविशेषो द्व्यणुकत्र्यणुकपरिमाणजनकद्वित्वत्रित्वादिसङ्ख्याविशेषपरः स्वीक्रियते। अनुमानप्रकारश्चेत्थम् – सङ्ख्याविशेषो द्व्यणुकपरिमाणयोरसमवायिकारणम् परमाण्वोर्द्व्यणुकेषु च समवेता त्रित्वसङ्ख्या, अपेक्षाबुद्धिजन्या, अनेकसङ्ख्यात्वात्, सम्प्रतिपन्नवदिति।

अन्ये तु सङ्ख्या समाख्या कठकलापादिरूपा, सा च तत्तद्रूपेण तत्तच्छाखाध्ययनाधीना तत्र च परमेश्वरादन्यो न क्षमः।[१] अनुमानप्रयोग-स्त्वेवमवसेयः – स्याम्, अभूवम्, भविष्यामीतरकृतपुरुषानभिहिता, सा च उत्तमपुरुषाभिहिता स्वतन्त्रवक्तृगोचरा, उत्तमपुरुषाभिहितत्वात्, लौकिकवदिति।

विश्वविदव्ययसाधकेषु एतेषु हेतुषु प्रथमेन कार्यत्वहेतुना क्षित्यादौ घटवत् सकर्त्तृकत्वानुमानेन जगन्निर्मातृपुरुषधौरेयसाधनं तावत् तत्त्वचिन्ता-मणिकाराः श्रीमन्तो गङ्गेशोपाध्याया अनुमाननिरूपणानन्तरं ईश्वरानुमानप्रकरणे प्रतिजानते। चिन्तामणिग्रन्थं व्याकुर्वता आलोकटीकाकृता श्रीजयदेवमिश्रेण जगन्निर्मातृपुरुषधौरेयपदघटकजगत्पदार्थं कार्यजातमिति स्पष्टम् निर्दिष्टम्।

यदा क्षित्यादिः पक्षत्वेनोपन्यस्य कार्यत्वहेतुना सकर्त्तृकत्वं साध्यते तदायं प्रश्नः चिन्तामणौ श्रीमता गङ्गेशेन समुत्थापितः यत् क्षित्यादिः प्रत्येकं पक्षः सम्भवति न वा? समादधता पुनः मणिकारेण प्रोक्तं यत् क्षित्यादिः प्रत्येकं पक्षः न सम्भवति तस्य स्वशब्देनाभिधातुम-शक्यत्वादिति। प्रस्तुतं समाधानमिदं विशदयता आलोककारेणोच्यते– प्रतिज्ञाकाले स्वस्वपदेन तावदभिधानस्याशक्यत्वादित्युपलक्षणम्। तावता-मनन्तत्वादभिधानस्यानेकसमयसाध्यतया तावत्पर्यन्तानुविधेय-स्थेय-प्रतिवादिनामाकाङ्क्षा-सत्त्वासम्भवाच्चेत्यपि द्रष्टव्यम्।

क्षित्यादेः प्रत्येकस्य पक्षत्वनिरसनार्थं चिन्तामणौ 'स्वशब्देनाभि-धातुमशक्यत्वात्' इत्येवं प्रस्तुतो हेतुः सहजतया अर्थावबोधे क्षमो न भवति, परं यदा जयदेवमिश्ररचिताया व्याख्यायाः साहाय्यं गृह्यते तदा; यदि क्षितेः, अङ्कुरस्य, पर्वतस्य समुद्रादेर्वा पृथिवीत्वादिजातिमतः प्रत्येकस्य पक्षत्वं स्वीक्रियते तर्हि वादिप्रतिवादिनोः मध्ये ईश्वरसत्तामधिकृत्य जायमाने शास्त्रार्थे वादिना आस्तिकेन क्षितिः सकर्त्तृका, अङ्कुरः सकर्त्तृकः, पर्वतः सकर्त्तृकः, समुद्रः सकर्त्तृकः, इत्येवं स्व-स्वपदेन (क्षितिपदेन, अङ्कुरपदेन, पर्वतपदेन समुद्रादिपदेन) तावतां समेषां क्षित्यङ्कुर-पर्वत-समुद्रादीनामभिधान-स्याशक्यत्वेन प्रतिज्ञावाक्यप्रयोग एव न सम्भवतीति तथ्यं करतलामलकवत्

१. पदं नाम पद्यते गम्यते व्यवहाराङ्गमर्थोऽनेनेति व्युत्पत्या व्यवहारः।
–न्या.कु.का., बोधिनी, पृ. ५४८

सुस्पष्टं भवति।

आलोकव्याख्यागतेन अग्रेतनेन वाक्येन चिन्तामणेराशयः इतोऽप्यधिकः स्पष्टो भवति। पृथिवीत्वादिजातिमतां क्षित्यङ्कुरपर्वतसमुद्रादीनां तावदानन्त्यात् अनन्तानामेतेषामभिधानस्य च नानाशक्तिज्ञानसाध्यतया शक्तिज्ञानमुखेन च क्षित्यादेः प्रत्येकस्य प्रतिज्ञावाक्यरूपेण प्रयोगः क्रियते चेद् एतावत् लम्बमानात्मके काले अनुविधेयस्य राज्ञः, स्थेयस्य मध्यस्थस्य प्रतिवादिनो नास्तिकस्य च सभायां सकाङ्क्षता एव न सम्भवतीति प्रत्येकस्य पक्षत्वखण्डने, द्वितीयोऽपि हेतुः विज्ञातो भवति।

'नापि मिलितं पक्षः एकरूपाभावात्' इति अग्रेतना चिन्तामणेः पङ्क्तिः। पूर्ववाक्यसन्दर्भानुरोधेन नापि क्षित्यादिः मिलितं पक्षः, एकरूपाभावात् इति द्वितीयं वाक्यं निर्गलति।

'मिलितम्' इति पदस्यार्थं 'एकपक्षतावच्छेदकावच्छिन्नम्' विधाय आलोककारेणार्थो नितरां स्फीततां नीतः। फलतः क्षित्यादेः अर्थात् क्षित्यङ्कुरपर्वतसमुद्रादीनां मिलितानां पक्षत्वमसम्भवि, एकस्य पक्षतावच्छेदकधर्मस्यानुगतस्यासम्भवादिति चिन्तामणितात्पर्यमञ्जसा निर्धायते। एकस्य पक्षतावच्छेदकरूपस्याभावादेव सकर्तृकत्वाऽसकर्तृकत्वविचारारम्भकसंशयविषयः सकर्तृकः कार्यत्वाद् अथवा सकर्तृकत्वासकर्तृकत्वविवादविषयः, सकर्तृकः, कार्यत्वात्, इत्येवमप्यनुमानं न कर्तुं शक्यते संशयविषये विवादविषये वा पक्षे विद्यमानस्य विषयत्वस्वरूपस्य पक्षतावच्छेदकधर्मस्याप्यननुगतत्वात्। किञ्च वादिनः प्रतिवादिनश्च यथाक्रमं सकर्तृकत्वासकर्तृकत्वयोर्विनिश्चयात् सकर्तृकत्वासकर्तृकत्वयोः संशयो विवादो वा नैव सम्भवति फलतः एतादृशसंशयविवादविषययोः पक्षत्वप्रश्न एव न समुदेतीति विशेषतोऽवधेयम्।

मा भवतु वादिप्रतिवादिनोः संशयः परं वादिप्रतिवादिनोः जायमानस्यानुमानस्य समानबलत्वेन मध्यस्थस्य तु संशयः सहजतया भवत्येव फलतो मध्यस्थसंशयविषयस्यैव पक्षत्वं सम्भवतीत्यपि न चिन्तनीयम् यतो वादिप्रतिवादिनोः सकर्तृकत्वासकर्तृकत्वानुमानाभ्याम् मध्यस्थस्य संशयो भवति अथवा मध्यस्थस्य प्रश्नान्तरं वादिप्रतिवादिनोरनुमानं भवतीति दिशा-

न्योन्याश्रयप्रसङ्गस्य दुरुद्धरत्वात्।

एवमेव कदाचित् वादिप्रतिवादिनोः घटे उदाहरणभूतेऽपि सकर्तृकत्वासकर्तृकत्वयोः संशयः सम्भवति। एवं प्रत्येकं संशये विवादात् ईश्वरानुमानेऽर्थान्तरापत्तिः समापततीति ज्ञेयम्।

एतादृशोऽर्थः सम्बद्धचिन्तामणेरिदम्प्रथमतया समीक्षणेन प्रतिफलति परं यदा जयदेवमिश्रकृतस्यालोकस्य दिग्दर्शकं व्याख्यानं समालोच्यते तदा चिन्तामणेरर्थो वस्तुतोऽत्यन्तं स्पष्टो भवति। आलोककाराश्चिन्तामणिग्रन्थिं शिथिलयितुं 'ननु संशयविवादौ विशेषणतयोपलक्षणतया वा पक्षतावच्छेदकौ तत्र नाद्य इत्याह, 'वादिनोरिति' नान्त्य इत्याह, 'घटेऽपीति' तथा चांशतः सिद्धसाधनमिति भावः।

आलोककर्तुः एवं विवेचनेन सकर्तृकत्वासकर्तृकत्वारम्भकसंशय-विषयस्य एवंविधविवादविषयस्य वा यदि पक्षत्व[१] स्वीक्रियते तदा पक्षतावच्छेदकं संशयविषये विवादविषये वा विषयितासम्बन्धेन विद्यमाना विषयता अर्थात् संशयो विवादो वा पक्षतास्वरूपः पक्षतावच्छेदकोऽयञ्च पक्षतावच्छेदको धर्मो नानुगत एकरूपो वा परिणामतः पक्षतावच्छेदक-संशयविवादविशिष्टस्य पक्षस्य क्षित्यादेः सुग्रहत्वं नास्तीति नितरां स्फीतं तिष्ठतीत्यवधेयम्।

ईश्वरानुमानव्याजेन केचन पक्षा अनुमानप्रक्रियासम्बद्धा अपि अत्रालोककृता समालोचिताः, ते नूनं विदुषां समुपकारका इति मे दृढा मतिः। यथा पक्षसमे पर्वतातिरिक्ते स्थले साध्यसन्देहस्य विद्यमानत्वात् हेतौ साध्याभावसामानाधिकरण्यसंशयस्य सुलभत्वेन निश्चयात्मको व्याप्तिग्रहो नोत्पत्तुमर्हति, यदि व्यभिचारनिश्चयो व्याप्तिग्रहप्रतिबन्धको भवति न तु व्यभिचारसंशय इति सिद्धान्तः स्वीक्रियते तदा व्याप्तिनिश्चयो व्यभिचार-निश्चयस्वरूपप्रतिबन्धकाभावात् कथञ्चिदुत्पन्नोऽपि व्याप्तिग्रहः, अप्रामाण्य-ज्ञानास्कन्दितत्वात् बाध्येत, अप्रामाण्यज्ञानानास्कन्दितस्यैव व्याप्तिग्रहस्यानुमिति-जनने सामर्थ्यस्वीकारादिति प्रश्नः सहजतया समुदेति। प्रश्नममुं समादधता

१. समाख्यापि च शास्त्राणां नाद्यप्रवचनादृते। —न्या.कु.का., आमोद, पृ. ५४८
सध्यसंशयः पक्षता, सिषाधयिषाविरहविशिष्टसिद्ध्यभावः वा पक्षता।

ग्रन्थकारेण प्रोक्तं, यदेवं सति महानसे सपक्षेऽपि धूमे व्याप्तेर्वह्निनिरूपिताया ग्रहो न स्यात्, धूमे व्यभिचारसन्देहाद् धूमे जायमानस्य व्याप्तिग्रहस्याप्रामाण्य-शङ्काकवलितत्वस्वीकारादिति। कदाचिदत्र सञ्जातोऽपि व्याप्तिग्रहः सन्दिग्ध-वह्निकपर्वतापर्वतधूमवतामेकधर्माभावेनापक्षत्वात् बाध्येत।

सन्दर्भेऽस्मिन्नन्ते सिद्धान्तितं यदनुमितिविषयसाध्यसन्देहवति[१] हेतुनिश्चयो न दोषाय कल्पते किन्तु गुणायैव साध्यसंशयस्वरूपपक्षता-सञ्जकत्वादिति।[२] एवं सिद्धान्तानभ्युपगमे तु अनुमानमात्रोच्छेदप्रसङ्गो वज्रलेपायमानः स्यात्। एतावतैतदपि निर्गलति यत् **पक्षातिरिक्तस्थले साध्यसन्देहवति हेतुनिश्चयो भवति दोष** इति।[३] आलोककारास्त्वत्र अनुमित्यन्यथानुपपत्त्या पक्षधर्मिकसाध्यसंशयान्यसाध्याभाववद्गामित्वसंशयस्य अर्थाद् हेतौ साध्याभाववद्वृत्तित्वसंशयस्य व्याप्तिग्रहप्रतिबन्धकत्वमभ्युप-गच्छन्तीति विशेषतोऽवधेयम्।[४]

साम्प्रतं आञ्जस्येन एतन्निर्धारयितुं पार्यते यत् "निश्चित-साध्याभाववति विपक्षे हेतोर्वृत्तित्वमेव व्यभिचारः" एतादृशस्य व्यभिचारस्य च निश्चय एव व्याप्तिधीप्रतिबन्धकः, एतादृशस्य च निश्चयस्य प्रकृते पक्षेऽसम्भवान्नास्ति काचित् व्याप्तिग्रहोत्पत्तिविषयिणी समस्या इति।

एवमनुमानप्रमाणेनेश्वरसिद्धौ के के पक्षा विशेषतोऽवधेया इति विचार्य केचन रोचकाः शास्त्रीया विषया लोकसामान्यविज्ञेया अपि

---

१. साध्यसन्देहवति अनुमितिविषयसन्देहवतीत्यर्थः, न तु व्यापकसन्देहवतीत्यर्थो व्यतिरेकिणि तस्यादोषत्वादिति ध्येयम्। तत्त्व.चि.आ.ईश्वरानुमानप्रकरणम्, पृ.२२

२. किन्त्विति, पक्षतासञ्जकत्वादिति भावः। तत्रैव, पृ.२२

३. अथ पक्षसमे साध्याभावसामानाधिकरण्यसंशयाद् हेतौ व्याप्तिग्रह एव नोत्पद्यते उत्पन्नोऽपि वा बाध्यते इति चेत्, तर्हि महानसेऽपि धूमे व्याप्तिग्रहो न स्यात्, भूतोऽपि वा बाध्येत सन्दिग्धवह्निकपर्वतापर्वतधूमवतामेकधर्माभावेनापक्षत्वात्। **तस्मात् साध्यसन्देहवति हेतुनिश्चयो न दोषः, किन्तु गुण एव,** अन्यथानुमानमात्र-मुच्छिद्येत। पक्षादन्यत्र तद्दूषणम्। तत्त्व.चि. ईश्वरानुमानप्रकरणम्, पृ. २२-२३

४. अन्यथेति, तथाचानुमित्यन्यथानुपपत्त्यैव तादृशसंशयान्यसाध्याभाववद्गामित्वसंशयस्य प्रतिबन्धकत्वं न तु तस्येत्यर्थो बोध्यः। तत्त्व.चि.आ.ईश्वरानुमानप्रकरणम्, पृ.२२

समुपस्थाप्येश्वरप्रकरणे श्रीमता गङ्गेशोपध्यायेन समीक्षिता आलोककारेण च साधु समालोचिताः।

यथा मानवसामान्यसमीहितः पक्ष ईश्वरमधिकृत्य समुपस्थितो भवति यद्यदीश्वरस्य शरीरं नास्ति तर्ह्यशरीरात् परमेश्वरात् कथं वेद-घटादिशब्दव्यवहारसम्प्रदायः प्रवर्तत इति। यतो नैयायिकाः, ईश्वररचिता वेदाः, घटादीनि वस्तूनि परमेश्वरेणैव तावदादौ निर्मितानि घटादिपदार्थमुद्दिश्य घटादिपदव्यवहारश्च परेशेनैवादौ प्रवर्त्तित इत्यभ्युपयन्ति। सहजस्यास्य प्रश्नस्य समाधानं कुर्वता चिन्तामणिकारेण प्रोक्तं यद् अदृष्टोपगृहीतभूतभेदात् मीनशरीरोत्पत्तौ जातायां, अदृष्टवदात्मसंयोगात् अथवा अदृष्टसहकृत-प्रयत्नवदीश्वरसंयोगात्, विवक्षासहितात् सकलवेदार्थज्ञानात्, मीनकण्ठताल्वादि-क्रिया तज्जन्यसंयोगाद् वेदोत्पत्तिः। एवं कुलालादिशरीरावच्छेदेन अदृष्टसहकृत-प्रयत्नवदीश्वरसंयोगाद् ईश्वरबुद्धीच्छासहितात् प्रयत्नोत्पत्तौ सकलघटानुकूल-व्यापाराद् घटोत्पत्तिः। एवं प्रयोज्यवृद्धप्रयोजकवृद्धभावादिमच्छरीरावच्छेदेन अदृष्टसहकृतेश्वरज्ञानेच्छाप्रयत्नादेव वाग्व्यवहारो जायते तदन्वेतद्व्यवहारदर्शी बालो व्युत्पाद्यते, अयमेव खलु आप्तपरम्परायां भूतावेशन्यायः प्रोच्यते।[१]

यथा प्रेतात्मनः शरीरं न भवतीति लोकसिद्धं तथ्यम्। यद्यपि प्रेतयोनिसमुत्पन्नानामपि वायवीयं शरीरं भवतीति सिद्धान्तः परं वायवीयं शरीरमेतेषां मानवीयपार्थिवशरीरवत् किमपि कर्त्तुं व्यवहर्त्तुं समर्थो नैव भवति। अत एव यदा प्रेतात्मनां भवति काचिद् विवक्षा, चिकीर्षा वा तदा इमे मानवशरीरमेव प्रायः प्रभावयन्ति आवेशयन्ति वा। यथा सूर्यप्रकाशो दीपप्रकाशं स्वोपस्थित्याऽभिभवति तथैव प्रेतात्मोपस्थितिः प्रेतस्य प्रयत्नविशेषाद् जीवात्मानमप्यभिभवति अथ च जीवात्मा स्वशरीरे स्थितोऽपि निष्प्रभावः, यथा प्रेतः प्रयतते तथाश्चर्यकरं विलक्षणं भूतभविष्यद्विषयं याथातथ्येनोपदिशति व्यवहरति च। तथैव ईश्वरोऽप्यशरीरी मीन-कुलाल-प्रयोज्यप्रयोजकवृद्ध-शरीरं सकलजीवादृष्टसहकृत-स्वप्रयत्नविशेषवदात्म-(परमात्म)संयोगरूपसामान्यकारणात्, विवक्षासहित-वेदार्थज्ञानात्, बुद्धीच्छासहित-सकलघटजनकव्यापाराद्,

---

१. भूतावेशेति, शरीरं यस्य भोगं जनयति तदीयं, ईश्वरस्य च न भोग इत्यस्मदादि-भोगावच्छेदकशरीर एवेश्वरप्रयत्नादिना चेष्टा, भूताविष्टशरीरे भूतप्रयत्नवदित्यर्थः।

ज्ञानेच्छाप्रयत्नादेव च यथाक्रमं प्राभाव्य मीनादिशरीरमाध्यमेन क्रमानुरोधेनैव सृष्ट्यादौ - वेदसम्प्रदायं, घटोत्पत्तिं वाग्व्यवहारञ्च करोतीति विज्ञेयम्।

यथा लोके देवनागरीलिप्यादिना मौनिश्लोकमनुमाय कश्चन जनः पठति तथा सर्गान्तरोत्पन्नतत्त्वज्ञानवता सर्गादावुत्पन्नेन मन्वादिना भोगार्थं सर्वज्ञेश्वराभिप्रायस्थो वेदः साक्षात्कृत्य तावदनूद्यते ततोऽग्रिमसम्प्रदायः प्रवर्तते। स एव च मन्वादिः कायव्यूहं विरच्य घटादिवाग्व्यवहारमपि प्रवर्तयतीति केषाञ्चिदभिमतं न श्रद्धेयम्, प्रत्येकं सर्गारम्भे अनन्तानां सर्वज्ञानां कल्पने महद्गौरवापाताद् एतेषां सर्वज्ञानामेव क्षित्यादिकर्तृत्वसम्भवेन चेश्वरानुमानस्याप्रासङ्गिकत्वाच्च। एतावता सर्गादौ सर्गान्तरसिद्धा योगिन एव क्षितिकर्तृत्वेनाभ्युपेया इत्यपि कथनं परास्तं तिष्ठतीति ध्येयम्। अत्र सर्गादावनन्तसर्वज्ञसिद्धिरनुमानभिन्नेन प्रमाणेन सिद्ध्यतीत्यसम्भवात् न वक्तुं शक्यते, अनुमानप्रमाणेन क्षित्यादिकर्तृग्राहकेण कार्यत्वादिहेतुना चानन्तसर्वज्ञयोगिनः सर्गादिकर्तारः सेत्यस्यन्तीति कथनमप्यापातरमणीयमेव अनादिद्व्यणुकादिकार्यप्रवाहस्य कार्यत्वहेतुना सकर्तृकत्वानुमानादेकस्यैव सर्वज्ञस्य लाघवतर्कसहकारात् प्रसिद्धेः।

घटादिशब्दे यः शक्तिग्रहः स ईश्वरज्ञानमूलक इति स्वीकारे प्रयोज्यव्यापारमहिम्नाऽनुमिते घटज्ञान ईश्वरमूलके घटशब्दस्य कारणत्वग्रहो भ्रमः स्यात्, ईश्वरमूलकस्येश्वरीयज्ञानस्य नित्यत्वात्। प्रयोज्यव्यापारानुमितज्ञाने (ईश्वरीये) घटशब्दकारणत्वग्रहः (प्रयोज्यव्यापारानुमितं घटज्ञानं घटशब्दजन्यम् इत्याकारकः) भ्रम एतादृशभ्रमजन्यघटशब्दशक्तिग्रहस्य भ्रमत्वेन समग्रमेव शाब्दं ज्ञानं भ्रमः स्यात्, शाब्दज्ञानस्यास्य मूले भ्रमपरम्पराया जागरूकत्वात्।

शाब्दज्ञाने जायमानाया भ्रमत्वापत्तेर्निरसनार्थं शाब्दग्रहमूले यः सर्वज्ञः स्वीक्रियते तस्यानित्यत्वाभ्युपगमस्तु नोचितः, प्रयोज्यव्यापारानुमितमिदं घटविषयकं ज्ञानं घटपदजन्यमिति ज्ञानस्य घटशब्दशक्तिग्रहकारणस्य भ्रमत्वे सिद्धेऽपि 'घटपदं घटशक्तम्' इति ज्ञानस्य, विषयाबाधात् यथार्थत्वप्रसिद्धेः।

भ्रममूलकत्वेनास्य शक्तिज्ञानस्य भ्रमत्वमनुमेयमिति तु रिक्तं वचः। 'घटपदं घटशक्तम्' इति ज्ञानांशे व्यधिकरणप्रकाराभावेन बाधात्, बाधित-विषयत्वस्य च भ्रमत्वानुमाने उपाधित्वाच्चेति विशेषतोऽवधेयम्।[१]

एतस्मादेव कारणाद् घटमानयेति शब्दश्रवणानन्तरं सूत्रसञ्चारा-धिष्ठितदारुपुत्रकेण क्रियमाणस्य घटानयनव्यवहारस्य दर्शनात् बालो घटपदे व्युत्पद्यते, एतादृशसूत्रसञ्चाराधिष्ठिताचेतनदारुपुत्रकव्यवहारमूलकशाब्दज्ञानमपि न भ्रम एतस्यापि भ्रमत्वे प्रयोज्यव्यवहारादिदानीं व्युत्पत्तिर्नोपपद्येत, किमयं प्रयोज्यश्चेतनव्यवहाराद् व्युत्पन्नोऽचेतनव्यवहाराद्वेति संशयस्य वज्रलेपायमान-त्वादिति। एतावता भ्रममूलिका व्युत्पत्तिः संशयमूलिका वेति नैव चिन्तनीयम्, व्युत्पत्तेः प्रमात्वमव्याहतं चेत् सर्वमवदातं तिष्ठत्येव।

एवं वेदादिसम्प्रदायप्रवर्त्तकत्वेनेश्वरे सिद्धे श्रुतिस्मृतिप्रमाणाभ्याम-पीश्वरः सिद्ध्यतीति आञ्जस्येन विज्ञातं भवति। तथा च प्रकरणेऽस्मिन्–

"विश्वतश्चक्षुरुत विश्वतोमुखो विश्वतो बाहुरुत विश्वतस्पात्। सं बाहुभ्यां धमति सं पतत्रैर्द्यावाभूमी जनयन्देव एकः।।" इत्यादि श्रुतयः "उत्तमः पुरुषस्त्वन्यः परमात्मेत्युदाहृतः। यो लोकत्रयमाविश्य विभर्त्त्यव्यय ईश्वरः।।" इत्यादि स्मृतयश्च मानत्वेन नूनमनुसन्धेया इति ध्येयम्।

यद्यपि मुक्तावल्यां विश्वनाथपञ्चाननभट्टाचार्या अत एवोपमान-चिन्तामणौ शक्तिसादृश्यादीनामतिरिक्तपदार्थत्वमाशङ्क्य निराकृतमिति निर्दिशन्ति परमुपमानचिन्तामणौ एतादृशः प्रसङ्गो नोपलभ्यते परमत्रेश्वरानुमान-चिन्तामणौ ईश्वरे, क्षिति-वेद-घटादिशब्दव्यवहारादिकार्येण शक्तिस्तावदनुमीयत

---

१. अथेश्वरज्ञानमूलकशब्दशक्तिग्रहे प्रयोज्यव्यापारानुमितघटज्ञाने घटशब्दस्य कारणत्वग्रहो भ्रमः स्यात् तदीयज्ञानस्य नित्यत्वात्। तथा च जन्यघटशब्दशक्तिग्रहस्य भ्रमत्वेन सकलशाब्दज्ञानं भ्रमः स्यात् भ्रमपरम्परामूलकत्वात्।
अनित्यसर्वज्ञमूलकशाब्दग्रहे न चायं दोष इति चेत्। न।
व्यापारानुमितमिदं घटज्ञानं घटपदजन्यमितिज्ञानस्य शब्दशक्तिग्रहकारणस्य भ्रमत्वेऽपि घटपदं घटशक्तमिति ज्ञानस्य यथार्थत्वाद् विषयाबाधात्।
न च भ्रममूलत्वेनास्य भ्रमत्वमनुमेयम्। तदंशे व्यधिकरणप्रकाराभावेन बाधात्-बाधितविषयत्वस्योपाधित्वाच्च। तत्त्व.चि. ईश्वरानुमानप्रकरणम्, पृ. ८५

इति प्रश्नः समुपस्थापितः सयुक्ति निरस्तश्चेति दरीदृश्यते। तथा चात्र प्रस्तुतो ग्रन्थोऽनुसन्धेयः–

स्यादेतद् ईश्वरच्छक्तिरपि कार्येणैवानुमीयते, तथा हि यादृशादेव करतलानलसंयोगद्दाहो दृष्टस्तादृशादेव प्रतिबन्धकसत्त्वे सति न जायते, अतो यदभावात् कार्याभावस्तदभ्युपेयं वह्न्यादौ, तेन विना तदभावायत्तदाहाभावानुपपत्तेरिति व्यतिरेकमुखेन शक्ति-सिद्धिः।

एवमत्र बहुधा शक्तिसाधनं पूर्वपक्षरूपेणोपन्यस्य चिन्तामणिकारास्ता-वदत्र शक्तेरतिरिक्तपदार्थत्वेन स्वीकरणं सयुक्ति निराकुर्वन्ति। पुनः आधेयशक्तिमपि स्वीकर्त्तुं बहुधा युक्तिमुपन्यस्य प्रबलाभिर्युक्तिभिस्तिर-स्कुर्वन्तीति चिन्तामणिग्रन्थालोडनेन परिस्फुरति। विस्तरभियात्र ते सर्वे तर्का नोपस्थाप्यन्ते।

एवं व्यवस्थितस्वरूपकः परमेश्वरः कथं संसारं सर्जयति? साधकेष्वष्टहेतुषु स्वीकृतः क्रमो वैज्ञानिको न वा? किं न्यायवैशेषिकैः साधितः परमेश्वरो लोकेऽपि सम्मत इत्येवं विधाः सहजा जिज्ञासा अन्यत्रापि समाधानमुखेन निबद्धाः कौतूहलोपशमधिया संक्षिप्य विनोदाय तावदत्र मधुरेण समापयेदिति धिया पर्यन्ते प्रस्तूयन्ते।

संसारिणां सुखदुःखनिष्पत्तये महाकालस्वरूपस्य महेश्वरस्य करुणया सर्जनेच्छा सञ्जायते। सिसृक्षानन्तरमनन्तेष्वात्मसु संसारिषु समवेता वृत्तिलब्धा लब्धवृत्तयश्च ये अदृष्टविशेषास्तदनुरोधेनात्मपरमाणुसंयोगेभ्य इदम्प्रथमतया पवनपरमाणुषु कर्म समुत्पद्यते। समुत्पन्ने कर्मणि परमाणूनां पारस्परिकसंयोगेभ्यो द्व्यणुकादिप्रक्रमेणाकाशे समुत्पन्नो तिर्यग्गमनस्वभावो महान् वायुः द्रव्यान्तरानुत्पत्तेरप्रतिहतवेगत्वाद् भृशं कम्पमानस्तिष्ठति।

पवनोत्पत्यनन्तरं यतो वायुः स्पर्शवान् परमवेगवाँश्चातो गुरुत्वप्रतिबन्धकताया आधारभूतो भवति अत एतस्मिन् पवन आप्येभ्यः परमाणुभ्यस्तेनैव द्व्यणुकादिक्रमेण महान् सलिलनिधिरुत्पन्नो भृशं प्लवमानस्तिष्ठति पवनवेगात्।

सलिलनिधेरुत्पत्तेरनन्तरं महोदधावेव पार्थिवेभ्यः परमाणुभ्यो द्व्यणुकादिक्रमेणैव महापृथ्वी, महती प्राधम्यात् सम्पूर्णतया संहता निविडावयवा अविशीर्णतया जनिं लभते। पुनः पृथिव्युत्पत्तेरनन्तरं तैजसेभ्यः परमाणुभ्यस्तेनैव द्व्यणुकादिप्रक्रमेण महाँस्तेजोराशिः समुत्पन्नः, अनभिभवादतिशयेन दीप्यमानश्चकास्ति। अनेन क्रमेण सङ्कल्पमात्रात्, कुलालादिवत् कायव्यापारादिमनपेक्ष्य जगदुत्पद्यते। तैजसानां परमाणूनां पार्थिवाणुसाहित्येनाण्डस्य हिरण्मयत्वं विवक्षितम्।

एतस्मिन्नण्डे चत्वारि वदनानि कमलानीव यस्य तं सर्वेषां लोकानां पितामहं शरीरिणामाद्यं ब्रह्माणं सकलैरधस्तनैर्भूतलादिभिः उपरितनैर्भुवादिलोकैः सहितमुत्पाद्य प्रजासर्गे विनियुङ्क्ते "त्वमेवं कुर्वि"ति।

एवं सृष्टिरियं द्विकर्तृका फलतो महेश्वरस्यापि कर्तृत्वम् सुसिद्ध्यति। न च महेश्वरे कर्त्तरि किं ब्रह्मणेति वाच्यम्। शरीरान्वयव्यतिरेकानुविधायिकार्यत्वेन तस्याप्याकृष्यमाणत्वात्। अतिशयेन ज्ञानवैराग्यैश्वर्यसम्पन्नो यद्यज्ञः स्यात् समर्थोऽपि न कुर्यात्। यदि च विरागी न भवेत्, कर्माणि नारुन्ध्यात्। फलतः प्रजानां कृतहानमकृताभ्यागमश्च स्यात्। यद्यनीश्वरो भवेज्जानतोऽप्यस्यापेक्षितं न सिद्ध्येत्। यतस्तु त्रितयसम्पन्नस्ततः प्राणिनां यानि कर्माणि तेषां विविधं विपाकं परमेश्वरः साधु विजानातीति समायाति।

भारतीय योग परम्परा में सात्विक आहार की उपादेयता

प्रो. आर.पी. पाठक एवं अमिता पाण्डेय भारद्वाज

भारतीय परम्परा में मनुष्य के शारीरिक, मानसिक, संवेगात्मक और अध्यात्मिक उन्नयन में सात्विक भोजन को बहुत महत्त्वपूर्ण स्थान दिया गया है। 'अन्नं वै प्राणः' अन्न ही प्राण है। अन्न से मन और तन की संकल्पना की गयी है। कलयुग में सात्विक भोजन की परिभाषा ही बदल गयी है। आज के युग में सात्विक भोजन में अण्डे को भी सम्मिलित कर दिया गया है जो गलत है। जबकि लहसुन-प्याज को सात्विक भोजन में वर्जित माना गया है। प्रायः देखने में सात्विक भोजन की चार शृंखलायें सामने आती हैं। पहली शृंखला में अण्डे, लहसुन-प्याज को भी सात्विक माना गया है क्योंकि इनमें औषधीय युग विद्यमान होते हैं। दूसरी शृंखला में अण्डे को छोड़कर लहसुन-प्याज को सात्विक माना गया है। तीसरी शृंखला के सात्विक भोजन के सेवन में अन्न को छोड़कर अन्य सभी वस्तुयें आती हैं। जैसे दूध, दही, सब्जी आदि। इसके बारे में चरक संहिता में व्यापक प्रकाश डाला गया है।

शास्त्रानुसार भोजन तीन प्रकार का माना गया है यथा– सात्विक, राजसिक एवं तामसिक।



इनमें सात्विक भोजन के सेवन में केवल उन्हीं व्यंजनों को माना गया है जो बिना अग्नि के प्रयोग से खायी जाते हैं जैसे कच्चा दूध, फल, सब्जियाँ इत्यादि। इनमें नमक और चीनी आदि का सेवन भी वर्जित माना गया है। शरद्, शीत व शीशिर ऋतुओं में कन्दमूल, कचालू,

व आलू को भूनकर खाया जा सकता है।

राजसिक भोजन वस्तुत: निम्न व्यंजनों के प्रयोग से माना गया है। जैसे पंचमेवे, दालों में राजमा, उड़द, मसूर, अरहर, अण्डा, माँस, मछली, लहसुन, प्याज, दही इत्यादि। फलों में अनार, अंगूर, सेब, केला इत्यादि। जबकि सात्विक फलों की श्रेणी में बेल, पपीपा, नारियल, अमरूद आदि तथा तामसिक फलों में आम व खरबूजा मुख्य माने गये हैं।

तामसिक भोजन लगभग राजसिक भोजन की तरह होते हैं लेकिन इसमें बासी, अखाद्य एवं दूषित भोजन आदि आते हैं।

भारतीय उपनिषदों में अन्नमय कोष पर बहुत प्रकाश डाला गया है। यदि प्रतिज्ञापूर्ण और उचित ढंग से पालन किया जाए तो कोई भी व्यक्ति नीरोग होकर आनन्दमय जीवन यापन कर सकता है। अन्नमय कोष का अर्थ है– "जैसा अन्न वैसा मन" अर्थात् जैसा अन्न ग्रहण किया जायेगा वैसा मन का लक्षण होगा। पंच कोषों में (अन्नमय कोष, प्राणमय कोष, विज्ञानमय कोष और आनन्दमय कोष) जैसे अन्नमय कोष ही मुख्य माना गया है क्योंकि अन्य सभी कोषों का यह आधार है।

'पंच कोषों की संकल्पना सीढ़ी'

उपनिषद् का कथन है कि अन्नमय कोष को साध लेने वाला व्यक्ति नीरोग होकर मृत्यु को भी अपने नियन्त्रण में कर लेता है। भारतीय योग परम्परा में ऐसा उल्लेख मिलता है कि सतयुग, त्रेता व द्वापर युग में योगी और ऋषि आदि अन्नमय कोष को साधने के लिए तीव्र, प्रगाढ़ और कठिन अभ्यास किया करते थे लेकिन इस कलयुग में

अन्नमय कोष को साधने की बात तो दूर इसके नाम से भी लोग परिचित नहीं हैं जिसके फलस्वरूप हमारी जीवन यात्रा भी कम होती जा रही है। हमे यह पता ही नहीं है कब, क्या, खाना चाहिए? बस खाते ही जा रहे हैं और जीवन पूर्ण कर विदा होते जा रहे हैं। स्वादिष्ट भोजन स्वास्थ्यकर भोजन कदापि नहीं हो सकता है। इसीलिए आज अधिकांश लोग रोगग्रस्त और तनावपूर्ण जीवन जी रहे हैं।

अन्नमय कोष ठीक होने पर व्यक्ति नीरोग, पुष्ट शरीरधारी बनेगा। वह आत्म-शासक बन सकेगा अर्थात् नियमों तथा मर्यादा के भीतर रहने वाला व्यक्ति बन सकेगा। अन्नमय कोष के अन्तर्गत उपनिषद् हमें आदेश देता है कि मनुष्य मात्र को कब, कैसा और कितना भोजन करना चाहिए। यहाँ 'कब' का तात्पर्य 'यम' से है अर्थात् भोजन के नियमों से है। यमानुसार हर व्यक्ति को वैसे तो उन सात्विक व्यंजनों का सेवन करना चाहिए जो प्राकृतिक अवस्था में हों। जैसे दूध, फल, हरी सब्जियाँ इत्यादि। या अग्नि में भूने हुए पदार्थ जैसे कन्दमूल, आलू, शकरकन्द, हरा चना, छोलिया इत्यादि। तीसरी श्रेणी का सात्विक भोजन वह है जिसमें सात्विक व्यंजनों को घी, तेल इत्यादि से पकाकर खाया जाता है। ऐसी स्थिति में यम का आदेश है कि कोई भी पकाया हुआ व्यंजन तीन घण्टे के भीतर खा लेना चाहिए। अन्यथा उन व्यंजनों में विषैले कीटाणु उत्पन्न हो जाते हैं जिसके कारण वह व्यंजन विषाक्त हो जाता है। दूसरा यम हमें यह बतलाता है कि किसी अन्य के हाथ का बना हुआ भोजन नहीं करना चाहिए। बाजार और बाहर का भोजन तो पूर्ण रूप से वर्जित माना गया है। यम के चौथे आदेश में हमें इस बात का पता चलता है कि हमें भोजन कब और किस अवधि में करना चाहिए। इस निर्देश में दिन में केवल दो बार ही भोजन करना चाहिए जिसका अन्तराल आठ घण्टे का होना चाहिए। भोजन करने के अनियमित अन्तराल आधार पर योगी भी रोगी कहे गये हैं–

एक बार खाये योगी दो बार खाये भोगी
और तीन बार खाये रोगी।

अर्थात् योगी को एक बार ही आहार लेने का आदेश है। योग परम्परा में पहला भोजन सूर्योदय के पश्चात् तीन घण्टे के भीतर हो जाना चाहिए क्योंकि इस समय सूर्य की रश्मियाँ हमारी जठारग्नि को प्रदीप्त कर देती हैं। दूसरा भोजन सूर्यास्त से पूर्व हो जाना चाहिए क्योंकि सूर्यास्त के पश्चात् हमारी जठाराग्नि मन्द पड़ जाती है। भोजन की मात्रा सूक्ष्म होनी चाहिए। सूक्ष्म भोजन में भूख के अनुसार यदि हम चार रोटी खानी की क्षमता रखते हैं तो केवल दो रोटी ही खाने चाहिए ताकि उदर के शेष भाग में पानी और हवा के भ्रमण की जगह बनी रहे। हमारे पेट के एक भाग में ही भोजन होना चाहिए, तभी स्वस्थ रह सकते हैं।



लेकिन यम का पालन न करते हुए हम अपने पेट के तीनों भागों में भोजन भर लेते हैं और एक भाग में पानी, जिससे हम अस्वस्थ रहते हैं। अधिकांश लोग यम के विरुद्ध भोजन करते हैं जिसके कारण वे सदा रोगमय जीवन व्यतीत करते हैं।

भारतीय योग परम्परा में भोजन ग्रासानुसार करना चाहिए। आयु की प्रथमावस्था अर्थात् ब्रह्मचर्य अवस्था में चौंसठ ग्रास भोजन करने का आदेश है। ये चौसठ ग्रास दोनों समय के भोजन के लिए हैं। द्वितीय अवस्था अर्थात् गृहस्थ अवस्था में एक समय में सोलह ग्रास भोजन करना चाहिए। इसी प्रकार तृतीय व चतुर्थ अवस्था वृद्धावस्था में एक समय में आठ ग्रास भोजन करने का आदेश है। अन्नमय कोष में जो सबसे महत्त्वपूर्ण बात कही गयी है उसमें भोजन करने से पूर्व ईश्वर अथवा इष्टदेव को भोग लगाने की परम्परा है। यह भोग लगाने का आदेश दो प्रकार का है– अपूर्ण व पूर्ण। **अपूर्ण आदेश में** भोजन करने से पूर्व शिव-पार्वती का मानसिक उच्चारण कर लेना चाहिए।

अन्नपूर्णे सदापूर्णे शंकर प्राणवल्लभे।
ज्ञानवैराग्य सिद्धयर्थं भिक्षां देहि च पार्वती॥

ब्रह्मार्पणं ब्रह्महविर्ब्रह्माग्नौ ब्रह्मणाहुतम्।
ब्रह्मैव तेन गन्तव्यं ब्रह्मकर्म समाधिनः॥

पूर्ण आदेश में भोजन करने से पूर्व निम्न प्रक्रियाओं का पालन विधि-विधान से करना चाहिए।

त्वदीयं वस्तु गोविन्द तुभ्यमेव समर्पये।
गृहाण सुमुखो भूत्वा प्रसीद परमेश्वर॥

इस मंत्र का उच्चारण करते हुए अन्न में तुलसी दल छोड़कर जल सहित अन्न भगवान नारायण को अर्पण करें, फिर दोनों हाथों से अन्न को ऊपर से आवृत कर निम्नलिखित मंत्र का पाठ करें–

ॐ नाभ्या आसीदन्तरिक्षँ शीर्ष्णौ द्यौः समवर्तत।
पद्भ्यां भूमिदिशः क्षोत्रान्तथा लोकां अकल्पयन्॥
(यजु. ३१/१३)

परमेश्वर की नाभि से अन्तरिक्ष, सिर से द्यू लोक, पैरों से भूमि और कानों से दिशाओं की उत्पत्ति हुई। इस प्रकार परमात्मा ने समस्त लोकों की रचना की। तदन्तर "ॐ अमृतोपस्तरणमसि स्वाहा"–इस मंत्र से आचमन करके आगे लिखे हुए पाँच मंत्रों से क्रमशः एक-एक को पढ़कर एक-एक ग्रास अन्न (बेर या आँवले के फल के समान हो) मुँह में डालें।

- ॐ प्राणाय स्वाहा।
- ॐ अपानाय स्वाहा।
- ॐ व्यानाय स्वाहा।
- ॐ समानाय स्वाहा।
- ॐ उदानाय स्वाहा।

इसके पश्चात् पुनः आचमन करके मौन होकर यथाविधि ध्यानपूर्वक, रुचिपूर्वक, सात्विक भोजन करें, क्योंकि उपर्युक्त विधि-विधान हमारी योग परम्परा में जीवन्त है। इसके साथ ही साथ हमें प्रकृति के साथ अपने को जोड़कर रखना चाहिए जितना ही हम प्रकृति से दूर होते

जायेंगे उतने ही अस्वस्थ होंगे। कहा भी गया है–

सब रोगों की चार दवा।
पृथ्वी, धूप, पानी और हवा॥

भारतीय योग का आदेश है कि धरती, सूर्य, जल और ताजी हवा के सम्पर्क में हमें ऋतु के अनुसार सदैव रहना चाहिए।

सूचना प्रौद्योगिकी के इस युग में मनुष्य का संपर्क मशीन और मनी से अधिक हो गया है। इसलिए हम अपने जीवन को जटिल बनाते जा रहे हैं। योग की परम्परा में सात्विक भोजन की महनीयता को भूलते जा रहे हैं। योगासन, प्राणायाम आदि तो कर रहे हैं लेकिन यौगिक भोजन नहीं ले रहे हैं आहार पर प्रहार कर रहे हैं। भोजन को भूख के साथ नहीं भोग के साथ जोड़ चुके हैं। पेट को कचरे का डिब्बा मात्र मानकर भरते जाते हैं और जब अतिशय हो जाता है तो रोगग्रस्त होकर चिकित्सक के पास रोग निदान के लिए जाते हैं। यदि हम सात्विक आहार लेने का प्रण कर लें, प्रकृति के साथ आत्मीयता स्थापित कर लें। साकारात्मक सोच स्थापित कर लें तथा भोजन पर नियन्त्रण कर लें तो 'जीवेम शरद: शतम्' का उद्घोष सार्थक सिद्ध हो सकेगा।

भारतीय होने के नाते भारतीय योग परम्परा में सात्विक भोजन की उपादेयता को अंगीकार कर अपने जीवन में उतारें तथा आनन्दमय, सरल शान्तिमय जीवन की ओर अग्रसर होने का प्रयास करें इसके लिए शाकाहारी और सात्विक बनना होगा। आइए योगमय जीवन में सात्विक बनने का संकल्प लें।

संदर्भ ग्रन्थ सूची

१. यजुर्वेद – चौखम्बा प्रकाशन वाराणसी (२०१०)
२. शिव पुराण – गीताप्रेस गोरखपुर
३. सात्विक भोजन – पतंजलि योग केन्द्र हरिद्वार
४. चरक संहिता – चौखम्बा वाराणसी
५. पाठक, आर.पी.(२०१०) भारतीय परम्परा में शैक्षिक चिंतन, कनिष्का प्रकाशन अंसारी रोड, दरियागंज नई दिल्ली
६. स्वास्थ्य जीवन की कला, (२००८) केन्द्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद्, संस्थागत क्षेत्र, पंखा रोड, जनकपुरी, नई दिल्ली।

योगदर्शन के परिप्रेक्ष्य में विशिष्टाद्वैत वेदान्त

प्रो. केदार प्रसाद परोहा

योगशास्त्र के प्रवर्तक भगवान् पतञ्जलि समाधि, साधन, विभूति कैवल्य इन चार पादों (भागों) में सूत्रात्मक-पद्धति से योगशास्त्र की रचना की है। **प्रथमपाद** में चित्तवृत्तिनिरोधात्मक भावना एवं अभ्यास वैराग्य रूपी साधन से समाधि प्राप्त करना है। **द्वितीयपाद** में समाधि की सिद्धि के लिये अष्टाङ्गयोग की साङ्गोपाङ्ग साधना है। **तृतीयपाद** में योगविभूति से परिपूर्ण होकर सिद्धि प्राप्त करने की प्रक्रिया है। **चतुर्थपाद** में कैवल्य या स्वरूप-प्रतिष्ठा की स्थिति की प्राप्ति का वर्णन है। योगदर्शन के इन चार समाधियों की तरह गीता में चार प्रकार के भक्तों का उल्लेख अर्जुन को सम्बोधित करते हुये भगवान् कृष्ण ने कहा है।[१] विशिष्टाद्वैतवेदान्त में भी भक्ति, प्रपत्ति एवं शरणागति ही सर्वोपरि है। अतः योगदर्शन के सिद्धान्तों की सापेक्षता इसमें निहित है।

किसी भी शास्त्रीय विषयों को समझने के लिये वेदों का अध्ययन, श्रवण, मनन एवं निदिध्यासन परमावश्यक है। वेद तीन काण्डों में विभाजित हैं। (१) कर्मकाण्ड (२) उपासनाकाण्ड (३) ज्ञानकाण्ड। वेद के कर्मकाण्ड भाग में कर्म-सुकौशल को योग कहते हैं। वेद के उपासना काण्ड में चित्तवृत्तियों के निरोध को योग कहते हैं। वेद में ज्ञानकाण्ड के अनुसार जीवात्मा और परमात्मा के परस्पर मिलन को योग कहते हैं।[२] सम्पूर्ण योग को जानने, समझने के लिये वेद के इन क्रमों को इस प्रकार से देखना चाहिये वेद के **कर्मकाण्ड** भाग का अन्तिम लक्ष्य निष्काम होकर कर्म करना और कर्म करते हुये कर्म बन्ध

---

१. चतुर्विधा भजन्ते मां जनाः सुकृतिनोऽर्जुन।
आर्तो जिज्ञासुरर्थार्थी ज्ञानी च भरतर्षभ। श्रीमद्भगवद्गीता, ७/१६,

२. (अ) योगः कर्मसु कौशलम्। – श्रीमद्भगवद्गीता – २/५०
(ब) योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः। – पातञ्जलयोगदर्शन – १/२

न से मुक्त होना ही उसका स्वरूप है। **उपासनाकाण्ड** का अभिप्राय अन्त:करण की चित्तवृत्तियों को साधना के द्वारा निरुद्ध कर परमात्मा के स्वरूप का अनुभव करना है। **ज्ञानकाण्ड** का अन्तिम लक्ष्य अविद्या जनित अज्ञान को विद्या की कृपा से दूर करके आत्मज्ञान करते हुये परमात्मा और जीवात्मा के भेद का जो मिथ्याज्ञान है उसको दूरकर जीवात्मा और परमात्मा की अद्वैतसिद्धि करना ही योग है। वेद के तीनों काण्डों के अनुसार योग के सिद्धान्तों का यही रहस्य है। समस्त धर्म-कर्म, योग, ज्ञान, वैराग्य तथा भक्ति आदि सत्कर्म वेदों के द्वारा निर्दिष्ट हैं। यहाँ तक की भविष्य में होने वाले ज्ञान-विज्ञान तथा कला-साहित्य का वेदों में ही उत्स प्राप्त होता है।[१]

योगमूलक कुछ वैदिक मन्त्रों में योग शब्द का अर्थ है जोड़ना अथवा युक्त करना, समाहित अथवा एकाग्र होना, अपने आत्मा को परमात्मा के साथ युक्त करना ही योग है। योगभाष्य के रचयिता महर्षिव्यास कहते हैं, पूर्ण एकाग्रता से परमात्मा में समाहित चित्त होना, अर्थात् समाधि की अवस्था प्राप्त कर लेना ही योग है। योग शब्द साध न और साध्य दोनों का वाचक है। ऋग्वेद के एक मन्त्र में यह शब्द इन्हीं अर्थों में प्रयुक्त हुआ है। पूर्ण ज्ञानी का जीवन-यज्ञ, देवता के प्रकाश के बिना सफल नहीं होता। अत: ज्ञानियों को अपनी बुद्धि व कर्मों का योग करना चाहिये। उनकी बुद्धि उस देव के साथ तदाकार हो जाती है और वह कर्मों में भी ओतप्रोत हो जाता है।[२] योग के इस प्रधान लक्षण का प्रतिपादन यजुर्वेद के ११वें अध्याय के प्रथम पाँच मन्त्रों में अत्यन्त स्पष्ट और सरल शब्दों में किया गया है। सबको उत्पन्न करने वाला परमात्मा पहले हमारे मन और बुद्धि की वृत्तियों को तत्व की प्राप्ति कराने के लिए अपने दिव्य स्वरूप में लगायें। जिससे हमारी इन्द्रियों का प्रकाश बाहर न जाकर बुद्धि और मन की स्थिरता में सहायक हो, हमारा मन निरन्तर भगवान् की आराधना में लगा रहे हम

१. भूतं भव्यं भविष्यं च सर्वं वेदात् प्रसिध्यति। – मनुस्मृति, १२/९७

२. यस्मादृते न सिध्यति यज्ञो विपश्चितश्चन।
स धीनां योगमिन्वति। – ऋग्वेद, १/१८/७

भगवत्प्राप्त जनित अनुभूति के लिये पूर्ण शक्ति से प्रयत्नशील रहें।[१] परमात्मा से प्रार्थना करें कि हमारे मन को बुद्धि से संयुक्त करके हमें प्रकाश प्रदान करने के लिए प्रेरणा करें, ताकि हम उन परमेश्वर का साक्षात्कार करने के लिए ध्यान करने में समर्थ हों, मन बुद्धि, इन्द्रियों में प्रकाश फैलता रहे, निद्रा, आलस्य, अकर्मण्यता आदि दोष हमारे ध्यान में विघ्न पैदा न करें।[२] वैदिक योग साधना का ध्येय है आत्मा का परमात्मा के साथ ऐक्य होना, उसके लिए साधक की अभीप्सा यही होती है। हे परमात्मा हम तुम एक हो जायें हमारे लिए आपका आशीर्वाद सत्य सिद्ध हो जाए।[३] प्राचीन या अर्वाचीन सभी योगमार्ग वेदमूलक हैं। वेदों में योग के मूलभूत सूत्रों का शिवसंकल्प-सूक्त में रूप से सबके कल्याण की कामना की गयी है। हृदय के समस्त भावों एवं सम्पूर्ण कामनाओं को भगवान् की ओर मोड़ देने से, उनके साथ सारुप्य, साधर्म्य, सायुज्य एवं ऐकात्म्य का योग सहजतया प्राप्त हो जाता है। भागवत महापुराण में स्पष्ट रूप से यह प्रतिपादित है कि काम, क्रोध, भय, स्नेह, ऐक्य और सौहार्द के भावों एवं वृत्तियों को जो लोग नित्य निरंतर भगवान् के साथ ही जोड़े रहते हैं, वे उनके साथ सहज ही तन्मयता प्राप्त कर लेते हैं।[४] वेद सम्पूर्ण संसार के प्राचीनतम ग्रन्थ हैं। वेद के दो विभाग हैं– मन्त्र और ब्राह्मण – "मन्त्र- ब्राह्मणात्मकोवेद:" मन्त्रों के संग्रह का नाम 'संहिता' है। मन्त्रों के विनियोग आदि विषयों को बतलाने वाले ग्रन्थ को ब्राह्मण ग्रन्थ कहा जाता है। ब्राह्मणों का अन्तिम भाग "आरण्यक" कहलाता है आरण्यकों का अंश "उपनिषद्" के नाम से जाना जाता है,

---

१. युक्तेन मनसा वयं देवस्य सवितु: सवे। स्वर्ग्याय शक्त्या।। – यजुर्वेद, ११.२

२. युक्त्वाय सविता देवान्स्वर्यतो धिया दिवम्।
वृहज्ज्योति: करिष्यत: सविता प्र सुवाति तान्।। – यजुर्वेद, ११.३

३. यदग्ने स्यामहं त्वं त्वं वा घा स्या अहम्। स्युष्टे सत्या इहाशिष:। –ऋग्वेद, ८/४४/२३.

४. कामं क्रोधं भयं स्नेहमैक्यं सौहृदमेव च।
नित्यं हरौ विदधतो यान्ति तन्मयतां हि ते।।–श्रीमद्भागवत् महापुराण–पूर्वार्द्ध १०-२९-१५

उपनिषदों की व्याख्यायें समस्त दार्शनिक करते हैं। यह वेदान्त वेद का सारभूत विषय है। वेदान्त विषय का ज्ञान आचार्य प्रवर परमाधिकार प्राप्त अपने शिष्यों को ही प्रदान करते थे। अत: समस्त रहस्य वेद के उपनिषदों में सम्पूर्ण रूप से प्राप्त होते हैं।

उपनिषद् साहित्य में कठ, मुण्डक, श्वेताश्वतर, बृहदारण्यक आदि उपनिषदों में योग की पर्याप्त चर्चा की गयी है, किन्तु केवल "योग-विषय" से सम्बन्ध रखने वाली बीस उपनिषदों का एक संग्रह है, "योगोपनिषद्संग्रह" के नाम से प्रकाशित है। "योगराजोपनिषद्" योग का आर्ष ग्रन्थ है। विद्वज्जन इस ग्रन्थ को प्राचीनतम मानते हैं, इसमें योग का विषयवस्तु अच्छी तरह से चर्चित है। युज् धातु का प्रयोग मनस् शब्द के साथ करने से जो योग बनता है यही अर्थ ऋग्वेद में भी मिलता है। किन्तु स्पष्ट रूप से कठोपनिषद् में योग शब्द का प्रयोग इस प्रकार से हुआ है कि जब पञ्चज्ञानेन्द्रियां मन सहित आत्मा में स्थिर होकर बैठती हैं, तब बुद्धि में कोई चेष्टा नहीं होती उस अवस्था को परमगति कहते हैं। इसी प्रकार की स्थिरता से इन्द्रिय-धारणा अर्थात् अन्तर्मुखी होने को योग कहते हैं। तब उस समय योगी प्रमाद रहित हो जाता है।[१]

उपनिषदों में योग को "आध्यात्मयोग" भी कहा गया है। संहिता एवं ब्राह्मण ग्रन्थों में क्रिया योग का भी प्रयोग मिलता है, जिससे सिद्धियाँ प्राप्त होती हैं। सम्भव है जब मोक्षप्राप्ति की अवधारणा बनी होगी तब अध्यात्म योग का प्रयोग होने लगा होगा, इस योग का पूर्ण रूप उपनिषदों में प्राप्त होता है। कठोपनिषद् में कहा गया है कि वह देव इतना तेजस्वी है कि देखा नहीं जा सकता, जो गूढ़-गहन स्थान में स्थित होकर, वह गुहा में बैठा हुआ गह्वर में रहने वाला है। उसको अध्यात्मयोगाधिगम के

---

१. यदा पञ्चावतिष्ठन्ते ज्ञानानि मनसा सह।
बुद्धिश्च न विचेष्टति तामाहु: परमां गतिम्।।
तां योगमिति मन्यन्ते स्थिरामिन्द्रियधारणाम्।
अप्रमत्तस्तदा भवति योगो हि प्रभवाप्ययौ।। – कठोपनिषद्, २/३/१०-११.

द्वारा जानकर धीर पुरुष-हर्ष और शोक को त्याग देता है।[१]

योग शब्द का प्रयोग दर्शन में क्रियात्मक योग के लिये ही है। परन्तु "योग" उपनिषदों में दोनों अर्थों में प्रयुक्त होता है। इसका उदाहरण श्वेताश्वतरोपनिषद में स्पष्ट रूप से दिखायी देता है। यथा शरीर को त्रिरुन्नत अर्थात् छाती, गर्दन, सिर को उन्नत एवं सम करके मन सहित इन्द्रियों को हृदय में स्थिर करके ब्रह्मरूपी नौका से योगी, समस्त भयानक भयावह प्रवाहों को पार करते हुए, इस शरीर में प्राणों को अच्छी तरह से निरोध करके चित्त को एकाग्र करता है, और जब प्राण क्षीण होने लगे तब नासिका द्वारों में श्वास को छोड़े साथ में यह ध्यान रखे कि घोड़े रूपी इन्द्रियों को लगाम लगाते हुये मन को योगी अप्रमत्त होकर धारण करे, फिर ध्यान रूपी मन्थन से अत्यन्त गूढ़ सा जो आत्मा है उसे देखने का स्पष्ट निर्देश दिया गया है।[२] यह योग के दोनों स्वरूपों को दर्शाता है। इस योग की परम्परा अति प्राचीन है। इसका प्रमाण गीता में भगवान् कृष्ण ने स्वयं अर्जुन को सावधान करते हुये, सूर्य से इक्ष्वाकु तक की चर्चा करके, योग साधना का ज्ञान प्रदान करते हैं।[३]

वैदिक ग्रन्थों में प्राणविद्या का महत्त्वपूर्ण स्थान है। उपनिषदों में भी प्राणोपासना अनेक भावनाओं के द्वारा भिन्न-भिन्न प्रकार से कही

---

१. तं दुर्दर्शं गूढमनुप्रविष्टं, गुहाहितं गह्वरेष्ठं पुराणम्।
अध्यात्मयोगाधिगमेन देवं, मत्वा धीरो हर्षशोकौ जहाति।। – कठोपनिषद्, १/२/१२.

२. क. त्रिरुन्नतं स्थाप्य समं शरीरं हृदीन्द्रियाणि मनसा सन्निवेश्य।
ब्रह्मोडुपेन प्रतरेत विद्वान् स्रोतांसि सर्वाणि भयावहानि।।
प्राणान् प्रपीड्येह संयुक्तचेष्टः, क्षीणे प्राणे नासिकयोच्छ्वसीत।
दुष्टाश्वयुक्तमिव वाहमेनं, विद्वान् मनोधारयेताप्रमत्तः।।–श्वेताश्वतरोपनिषद्, २/८/९.
ख. ध्याननिर्मथनाभ्यासाद् देवं पश्येन्निगूढवत्। –श्वेताश्वतरोपनिषद्, १/१४

३. इमं विवस्वते योगं प्रोक्तवानहमव्ययम्।
विवस्वान्मनवे प्राह मनुरिक्ष्वाकवेऽब्रवीत।।
एवं परम्पराप्राप्तमिमं राजर्षयो विदुः।
स कालेनेह महता योगो नष्टः परन्तप। – श्रीमद्भगवद्गीता, ४/१-२.

गयी है। योग में प्राणों का प्रत्यक्ष सम्बन्ध प्राणायाम से भी है। प्राचीन तथा अर्वाचीन सभी उपनिषद मोक्ष के दो उपाय बतलाते हैं– **मनोजय** एवं **प्राणजय।** इन्द्रियों से विषय वासनाओं के क्षीण हो जाने की प्रक्रियाओं को **मनोजय** कहते हैं। प्राणायाम आदि क्रियाओं यथा श्वास-प्रश्वासों के माध्यम से प्राण पर विजय प्राप्त होती है, उसे **प्राणजय** कहते हैं। अत: प्राणों पर विजयी होने से मनोजय स्वत: प्राप्त हो जाता है। यही कारण है कि 'योग' में प्राणायाम अत्यन्त महत्त्व का विषय है।

प्राणायाम से समस्त नाड़ियों की शुद्धि होती है, शुद्ध नाड़ियों से राजयोग की प्रक्रिया प्रारम्भ हो जाती है। कठोपनिषद् के अनुसार जब योगसाधना में तन्मय योगी प्राणायाम के द्वारा प्राण को ऊपर ले जाता है और अपान को भी उसी ओर फेंकता है, दोनों वायुवों के मिलते ही तब उस समय मध्य में रहने वाला जीव का परमात्मा से साक्षात्कार होता है, तभी उसे विश्वेदेवगण भी सम्मान करते हैं।[१] मुण्डकोपनिषद् में भी एक वाक्य मिलता है, कि प्रजाओं अर्थात् इन्द्रियों एवं दश प्राणों के साथ सम्पूर्ण चित्त में वह आत्मा व्याप्त है, जो विशुद्धचित्त में ही विशेष रूप से प्रकट होता है।[२] योगतत्ववेत्ता पूज्यपाद महर्षियों ने योग साधना की चार स्वतन्त्र शैलियों का उपदेश दिया है– (१) मन्त्रयोग (२) हठयोग (३) लययोग (४) राजयोग। इन चारों शैलियों से योगी का जीवन महत्वपूर्ण बन जाता है तथा इसी के माध्यम से योगी सर्वोत्तम लक्ष्य को प्राप्त करता है। साथ ही ऋषियों ने मोक्ष मार्ग से भगवत् प्राप्ति के लिये आठ सोपानों का स्वरूप दर्शाया है। ये सोपान अर्थात् सीढ़ियाँ हैं यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान, समाधि। इसी को अष्टाङ्ग योग या हठयोग भी कहा जाता है। मन्त्रयोग के ज्ञाता पूज्यपाद आचार्यों ने मन्त्रयोग के साधनों को सोलह भागों में विभाजित किया है।

१. ऊर्ध्वं प्राणमुन्नयत्यपानं प्रत्यगस्यति।
मध्ये वामनमासीनं विश्वे देवा उपासते।। – कठोपनिषद्, २/२/३.

२. प्राणैश्चित्तं सर्वमोतं प्रजानां, यस्मिन् विशुद्धे विभवत्येष आत्मा।
–मुण्डकोपनिषद्, ३/१/९.

जैसे– दिव्यशुद्धि, स्थानशुद्धि, मन्त्रजप, स्तुति, न्यास आदि। मन्त्रयोग के ध्यान को स्थूल ध्यान कहते हैं, यह ध्यान सगुणोपासना और अवतारोपासना के अनुसार कई प्रकार का होता है। मन्त्रयोग की समाधि को महाभाव समाधि कहते हैं।[१] हठयोग का सिद्धान्त यह है कि स्थूल शरीर एवं सूक्ष्म शरीर एक ही भाव में गुम्फित है। जिसके कारण एक का प्रभाव दूसरे पर पूर्ण रूप से बना रहता है। अर्थात् स्थूल शरीर को सूक्ष्म शरीर में योगी अपने आप को स्थिर करते हुये जिस योग की प्राप्ति करता है, उसे हठ योग के नाम से जाना जाता है। योगनिष्णात् आचार्यों ने हठयोग को सात अङ्गों में विभक्त किया है। यथा– नेति, धौति, वस्ति, बाघी, कुञ्जल, शङ्खप्रक्षालन आदि षट्कर्म, आसन, मुद्रा, प्रत्याहार, प्राणायाम, ध्यान, समाधि को हठयोग कहते हैं। हठयोग के माध्यम से जो ध्यान किया जाता है, उसको ज्योतिर्ध्यान कहते हैं। हठ योग के द्वारा लगने वाली समाधि को महाबोध-समाधि कहते हैं।[२]

समाधि का वर्णन अनेक स्थलों में प्राप्त होता है। श्वेताश्वतरोपनिषद् में ऋषि कहता है कि जिस प्रकार कोई भी "तेजोमय बिम्ब" धूल से

---

१. भवन्ति मन्त्रयोगस्य षोडशाङ्गानि निश्चितम्।
यथा सुधांशोर्जायन्ते कलाः षोडश शोभनाः।।
भक्तिः शुद्धिश्चासनं च पञ्चाङ्गस्यापि सेवनम्।
आचारधारणे दिव्यदेशसेवनमित्यपि।।
प्राणक्रिया तथा मुद्रा तर्पणं हवनं बलिः।
यागो जपस्तथा ध्यानं समाधिश्चेति षोडश।।
– योगशास्त्र, योगतत्त्वाङ्क, पृ. १३५.

२. (क) षट्कर्मासनमुद्राः प्रत्याहारश्चप्राणसंयामः।
ध्यानसमाधी सप्तैवाङ्गानि स्युर्हठस्य योगस्य।। योग.,योगतत्त्वाङ्क,पृ.१३७
(ख) षटकर्मानसनमुद्राः प्रत्याहारश्च प्राणसंयामः।
ध्यानसमाधी सप्तैवाङ्गानि स्युर्हठस्य योगस्य।
षट्कर्मणा शोधनं च आसनेन भवेद् दृढम्।
मुद्रया स्थिरता चैव प्रत्याहारेण धीरता।।
प्राणायामाल्लाघवं च ध्यानात् प्रत्यक्षमात्मनः।
समाधिना त्वलिप्तत्वं मुक्तिश्चैव न संशयः।। योग.,योगतत्त्वाङ्क,पृ.१३७

धूसरित हुआ हो उसे स्वक्ष करने पर वही चमकने लगता है। ठीक उसी प्रकार उस आत्मतत्व को देखकर देही एकावस्था को प्राप्त करके कृतार्थ होता जाता है, और वीतशोक हो जाता है। परन्तु जब वह देही आत्मतत्व से ब्रह्मतत्व को प्रकाशयुक्त दीप की रीति से देखता है, तब वह आत्मतत्त्व को अज, ध्रुव, सर्वतत्त्व, विशुद्ध जानकर सब पाशों से मुक्त हो जाता है।[१] औपनिषदिक योग बड़े ही महत्व का विषय है। एक तो संहिताओं में आया हुआ निगूढ़ योग है। दूसरे विभिन्न सम्प्रदाय, मतानुरूप विकसित योग है। जीवात्मा और परमात्मा के मिलन को ही योग कहते हैं। इस प्रकार भगवत्प्राप्ति के उद्देश्य की सिद्धि के लिये वेदों शास्त्रों और अनुभवसिद्ध महात्माओं के द्वारा आधिकारिक भेद के अनुसार कर्मयोग, सांख्ययोग, अष्टाङ्गयोग, मन्त्रयोग, हठयोग, लययोग, राजयोग, जपयोग, बुद्धियोग, महाभावयोग, पूर्णयोग, भक्तियोग इत्यादि अनेकानेक उपाय और साधन बताये गये हैं, वे सभी अपने-अपने सिद्धान्तानुसार महत्वपूर्ण तथा प्रधान हैं। परन्तु विचार करने पर दृढ़ता से यह कह सकते हैं कि वेदों का सर्वस्व सारभूत उपनिषद् है, तथा उपनिषदों का निचोड़ वेदान्त है। सभी वेदान्त की धाराओं में विशिष्टाद्वैत वेदान्त का सर्वोपरि स्थान है। सम्पूर्ण योगों की चरमपरणति ईश्वर प्रणिधान अर्थात् परमात्मा की प्राप्ति है। यह प्राप्ति विशिष्टाद्वैत में शरणागति-प्रपत्ति से होती है।[२] जिसे भगवान् श्रीकृष्ण स्वयं श्रीमद्भगवद् गीता में अर्जुन को उपदेश देते हुये कहते हैं कि आसक्ति का त्याग करके सिद्धि-असिद्धि में समत्त्व भाव से स्थित होकर कर्मों को करो

---

१. यथैव बिम्बं मृदयोपलिप्तं, तेजोमयं भ्राजते तत् सुधान्तम्।
तद्वाऽऽत्मतत्त्वं प्रसमीक्ष्य देही, एकः कृतार्थो भवते वीतशोकः।।
यदाऽऽत्मतत्त्वेन तु ब्रह्मतत्त्वं, दीपोपमेनेह युक्तः प्रपश्येत्।
अजं ध्रुवं सर्वतत्त्वैर्विशुद्धं, ज्ञात्वा देवं मुच्यते सर्वपाशैः।।
—श्वेताश्वतरोपनिषद्, २/१४-१५.

२. भक्तिप्रपत्तिसुपीत ईश्वरो मुक्तिदायकः। अतो भक्तिप्रपत्ती हि मुक्तौ परमकारणम्।
अनन्यसाध्ये स्वाभीष्टे महाविश्वासपूर्वकम्। तदेकोपायता याञ्चा प्रपत्तिः शरणागतिः।।
— वेदान्तकारिकावली, ७/९.

क्योंकि समता को ही योग कहा जाता है।[१] इस प्रकार समत्व का भाव जब हृदय में उत्पन्न हो जाएगा, उस समय लज्जा, भय, मान, बड़ाई और आसक्ति को त्यागकर एवं शरीर और संसार में अहंता-ममता से रहित होकर केवल एक परमात्मा को ही परम आश्रय, परमगति और सर्वस्व समझना तथा अनन्यभाव से अतिशयश्रद्धापूर्वक भगवत्भक्ति से प्रेमपूर्वक निरन्तर भगवान् के नाम, गुण प्रभाव और स्वरूप का चिन्तन करते रहना तथा उन्हें स्मरण रखते हुये उनकी आज्ञानुसार कर्त्तव्य कर्मों का निःस्वार्थ भाव से परमेश्वर की प्राप्ति के लिये पवित्र आचरण करते रहना चाहिये। यही भाव "सब प्रकार से परमात्मा के शरण में" जाना है।[२] भगवद्वाक्यों से ऐसा लगता है कि विशिष्टाद्वैतवेदान्त का यह सिद्धान्त योग दर्शन में वर्णित 'योग' को लेकर अत्यन्त निकट है। क्योंकि समस्त योगों का पर्यवसान परमात्मा की प्राप्ति होने पर ही है। शरणागति के समान अन्य कोई सरल सुगम एवं सुखसाध्य साधन नहीं प्रतीत होता। अतः साधारणतया शरणागति योग में समस्त योगों का समन्वय है। शरणागति का अर्थ यह है कि मन-वाणी, शरीर से अपने आपको भगवान् के चरणों में समर्पण कर देना ही शरणागति, प्रपत्ति है। भगवान् भी कहते हैं– जो एक बार भी शरण में आकर मुझसे रक्षा की प्रार्थना करता हुये यह कहता है कि–

त्वमेवमाता च पितात्वमेव। त्वमेवबन्धुश्चसखा त्वमेव॥
त्वमेवविद्या द्रविणंत्वमेव। त्वमेवसर्वं मम देव देव॥

यह शरणागति-प्रपित्त एवं भक्ति का परम मन्त्र है। उस समय मैं उन समस्त प्राणियों को जो समर्पण भाव रखते हैं भय से मुक्त कर अभय कर देता हूँ, यह मेरा व्रत है।[३] वास्तव में भगवान् का वचन

---

१. योगस्थः कुरु कर्माणि सङ्गं त्यक्त्वा धनञ्जय।
सिद्ध्यसिद्ध्योः समो भूत्वा समत्त्वंयोग उच्यते॥ –श्रीमद्भगवद्गीता, २/४८.

२. तमेव शरणं गच्छ सर्वभावेन भारत।
त्वत्प्रसादात्परां शान्तिं स्थानं प्राप्स्यसि शाश्वतम्॥–श्रीमद्भगवद्गीता, १८/६२.

३. सकृदेव प्रपन्नाय तवास्मीति च याचते। अभयं सर्वभूतेभ्यो ददामेतद् व्रतं मम।
– वाल्मीकि रामायणम्, युद्धकाण्ड, १८/२३.

शरणागति योग का मूलमन्त्र माना जाता है। आचार्य गोस्वामी तुलसीदास जी के द्वारा रचित "रामायण" रामचरितमानस ग्रन्थ तो शरणागतिपरक ही है। इसमें एक दृष्टान्त है कि भरत जी ने भगवान् रामजी के प्रति जिस भाव को प्रकट किया वह भाव शरणागति से परिपूर्ण है। अतएव भगवान् पापी या पुण्यात्मा सबके लिये सर्वदा सरल एवं सुगम हैं।[१] अतएव परमात्मा को सर्व समर्थ और सर्वश्रेष्ठ समझकर उनके प्रति अपने आपको समर्पित कर देना ही प्रपत्ति है। इस प्रकार से भक्त तथा योगी के जीवन में भगवत्प्राप्ति करना ही मुख्य लक्ष्य है। ऐसी स्थिति में हमारे द्वारा किये हुये कर्म बन्धन रूपी नहीं होते। परन्तु जब मनुष्य कर्मों में ममता, आसक्ति, अहंता और फल की कामना रखता है, तब ये कर्म बन्धनकारक हो जाते हैं। अत: कर्मफल भोगने के लिए "पुनरपि जननं पुनरपि मरणम्" वाले भाव में रहना पड़ता है। अतएव भक्तों एवं योगियों को समझना चाहिये कि सम्पूर्ण जगत् परमात्मा का है, समस्त पदार्थों के स्वामी भगवान् ही हैं, और हम स्वयं भी परमात्मा के हैं, हमारे द्वारा जो भी कुछ यज्ञ, दान, जप, तप, व्रत सेवा, पूजा, ब्रह्मचर्य, योग आदि की प्रक्रियायें या जो भी कर्म बन जाते हैं, वे सभी कर्म परमात्मा के लिये ही समर्पित हैं। इस प्रकार का भाव रखने वालों के लिये भगवान् स्वयं कहते हैं कि शरण में आये हुये जीवों के समस्त बन्धन, चिन्ता, दु:ख दूर करते हुये अभय एवं निर्भय करता हूँ। सम्पूर्ण धर्मों, कर्तव्य-कर्मों, फल-कामनाओं, अहंता-ममताओं और मोहासक्तियों को त्यागकर केवल एकमात्र समस्त योगों की सम्पूर्ण क्रिया तथा मुक्ति-साधनों में परमश्रेष्ठ मुझ परमात्मा की शरणागति-प्रपत्ति रूपी योग को जो अपना लेता है वही

---

१. (क) अर्थ न धरम न काम रुचि गति न चहऊं निरबान।
जनम-जनम रति रामपद यह बरदानु, न आन।। – रामचरितमानस २/२०४
(ख) कूर कुटिल खल कुमति कलंकी। नीच निसील निरीस निसंकी।
तेउ सुनि सरन सामुहें आये। सकृत प्रनामु किहें अपनाए।
–रामचरितमानस, २/२९९/२-३.

योग है, एवं वही सर्वोत्तम योगी है।[१] अतः सर्वोत्तम योग की साधना से सम्पूर्ण समर्पण भावना के साथ जीव भगवान् के शरण में जाता है। विशिष्टद्वैत वेदान्त सिद्धान्त का वैशिष्ट्य ही भक्ति, शरणागति, प्रपत्ति है।[२] अतः योगदर्शन में जीवात्मा एवं परमात्मा का साक्षात् अनुभव ही योगी के योग की पराकाष्ठा है।

---

१. (क) सर्वधर्मान्परित्यज्य मामेकं शरणं ब्रज।
अहं त्वा सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मा शुचः।। –श्रीमद्भगवद्गीता, १८/६६.
(ख) अनन्यचेताः सततं यो मां स्मरति नित्यशः।
तस्याहं सुलभः पार्थ नित्ययुक्तस्य योगिनः।। –श्रीमद्भगवद्गीता, १८/१४.

२. अनन्यसाध्ये स्वाभीष्टे महाविश्वासपूर्वकम्।
तदेकेपायता याञ्चा प्रपन्निः शरणागति।। वेदान्तकारिकावलीविमर्श, पृष्ठ १४१

जैनाचार्याणां दृष्ट्या योगस्य स्वरूपम्

डॉ. कुलदीपकुमारः

योगः कल्पतरुः श्रेष्ठो योगश्चिन्तामणिः परः।
योगः प्रधानं धर्माणां योगः सिद्धेः स्वयं ग्रहः॥
कुण्ठीभवन्ति तीक्ष्णानि मन्मथास्त्राणि सर्वथा।
योगवर्गावृते चित्ते तपश्छिद्रकराण्यपि॥
अक्षरद्वयमप्येतच्छूयमाणं विधानतः।
गीतं पापक्षयायोच्चैर्योगसिद्धैर्महात्मभिः॥

भारतीयदार्शनिकाध्यात्मिकपरम्परायां योगसाधनापद्धतेः परमोत्कृष्ट-स्थानं वर्तते। सम्पूर्णभारतीयवाङ्मये योगसाधना मुक्तकण्ठेन स्वीक्रियते। सा योगसाधना वैदिकदर्शनस्य श्रमणदर्शनस्य वा अस्तु नाम किन्तु कतिपयसन्दर्भेषु समानतायां विद्यमानायाम् अपि द्वयोः परस्परं कापि विशिष्टता प्रतीयते। यस्याः मौलिकी सांस्कृतिकी च दृष्टिः स्पष्टं विद्योतते। अनयोः अयमेव तावत् भेदविशेषो यत् केनचित् योगस्य प्रयोगः अध्यात्मस्य उन्नतभूमिकार्थं कृतः केनचित् तु व्यवहारस्य, केनचिद् वा अध्यात्म-व्यवहारयोः। परन्तु सम्प्रति इदं स्पष्टं विलोक्यते यत् योगस्य प्रयोगः केवलं शरीरार्थम् एव क्रियते, तथा च संस्कृतभाषायाः 'योगः' शब्दः आंग्लभाषायाः 'योगा' इति शब्देन परिणमितः जातः, यः किल चिन्तायाः विषयः।

उपनिषत्सु योगः ब्रह्मसाक्षात्काराय क्रियेति वर्णितः। भगवद्गीतायां **'योगः कर्मसु कौशलम्'**[१] इत्युक्तम्। योगदर्शने महर्षिपतञ्जलिना चित्तवृत्तीनां निरोधः एव योगः इति उक्तः। यथा– **'योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः।'**[२] तथा च बौद्धदर्शने **बौधिसत्त्वप्रपयित्री क्रिया एव योगः** इति उक्तम्। जैनदर्शने

---

१. श्रीमद्भगवद्गीता, अध्यायः २, श्लोकः ४८।
२. पातञ्जलयोगदर्शनम्, १/२।

तु जैनाचार्यैः आत्मशुद्धिकारिका क्रिया योगः इति उक्तम्।

अतः इदमेव स्पष्टं वक्तुं शक्यते यत् सर्वैः भारतीयदार्शनिकैः, चिन्तकैः, मनीषिभिः, प्रबुद्धमुनिभिः योगः काचिद् महत्त्वपूर्णा क्रियेति स्वीकृतम्। अस्मिन् योगे नैकप्रकाराणि ध्यानानि, तपांसि च समाविष्टानि भवन्ति। परन्तु योगस्य अस्य एकमेव लक्ष्यम् आत्मविकासः एव।

योगशब्दस्य व्युत्पत्तिः, पर्यायवाचिनश्च–

योगशब्दस्य व्युत्पत्तिः भवति यत् युज् धातोः घञ् प्रत्यये कृते सति योगशब्दः निष्पन्नः। युज् धातोः अर्थद्वयम् – एकः योगपरकः अपरस्तु समाधिमानसिकस्थितादिपरः।

पाणिनीयव्याकरणानुसारं 'युज्' समाधौ इति (दिवादिगणीयः युज्यते)[१] युक्तिः युक्ते तथा च 'युज' संयमने धातोः रूपाणि चलन्ति। 'युज्' समाधौ धातो घञ् प्रत्यये कृते सति समाधिरूपः अर्थः निष्पद्यते तथा च युजिर् योगे इति धातोः योजनं, संशोधनं वा इत्यादयः अर्थाः भवन्ति।

प्रसिद्धेन जैनाचार्येण हरिभद्रसूरिणा योगस्य निरुक्तिपरकः अर्थः युजिर् योगे इति स्वीकृतः। तदनुसारेण यः आत्मानं केवलज्ञानादिना परमसात्त्विकचेतनया सह योजयति सः योगः यथा–

युज्यते वाऽनेन केवलज्ञानादिना आत्मेति योगः।[२]

योगशब्दस्य पर्यायवाचिनः – संयोगः, सम्पर्कः, युक्तिः, उपायः, नियमः, विधानम्, सूत्रम् उपयुक्तता, वशीकरणम्, ध्यानम्, चित्तवृत्तिनिरोधः, निर्वाणम्, अवधानम्, समाधिः इत्यादयः योगशब्दस्य पर्यायवाचिनः।

योगस्य स्वरूपम्

मोक्ष एव चरमं लक्ष्यं जीवानाम् इति जैनाचार्याः। मोक्षप्राप्तिकारण-क्रियारूपः योग इति तेऽपि। जैनागमेषु मोक्षस्य प्रयोजनभूतसप्ततत्त्वेषु 'संवर' तत्त्वस्य प्रयोगः विद्यते। यः एकः पारिभाषिकशब्दविशेषः। यथा–

---

१. पाणिनीयधातुपाठः, ४/६८, हेमचन्द्रधातुमाला, गण-४।

२. जैन योग सिद्धान्त और साधना, उपोद्घात्, पृष्ठ-२५ पर उद्धृत।

'आस्त्रवनिरोधः एव संवरः।'[१] **'आस्त्रवनिरोधः संवरः।'**[२]

जैनदर्शने आचार्यैः कर्मास्त्रवस्य कर्मबन्धस्य च पञ्चहेतवः उपदिष्टाः यथा –**'पंच आसवदारा पण्णत्ता, तं जहा–मिच्छतं, अविरई, पमाया, कसाया, जोगा।**[३]

मिथ्यादर्शनाविरतिप्रमादकषाययोगबन्धहेतवः।[४]

अर्थात् मिथ्यात्वम्, अविरतिः, प्रमादः, कषायः, योगश्च कर्मबन्ध-हेतवः। एतेषु मिथ्यात्वं, कषायः, योगश्च इति त्रयः प्रमुखाः। प्रस्तुतप्रसङ्गे इदं स्पष्टम् अभिधातुम् उचितं यत् योगदर्शने या चित्तवृत्तिः उक्ता सा जैनाचार्यैः आस्त्रवरूपयोगनाम्ना अभिहितः। अतः वक्तुं शक्यते यत् योगदर्शने प्रयुक्तः योगशब्दः संवरशब्दश्च इति उभौ समानार्थकौ। योगस्य परिभाषा लक्षणञ्च जैनदर्शने एवं यथा–

'तिविहे जोए पण्णत्ते, तं जहा–मणजोए, वइजोए, कायजोए।'[५] **'कायवाङ्मनः कर्मयोगः।**[६] **'सः आस्त्रवः।'**[७]

अर्थात् मनवचनशरीराणां क्रियाभिः उत्पन्नम् आत्मप्रदेशानां कम्पनं येन कर्मपरमाणूनां बन्धनं सम्भवति सः योगः, स एव योगास्त्रवोऽपि।

आचार्यकुन्दकुन्दानुसारेण समस्तविपरीताभिनिवेशानां त्यागपूर्वकं जिनेन्द्रदेवकथिततत्त्वैः आत्मानं भावयित्वा निजस्वभावे स्थितिरेव योगः। यथा–

विवरीयाभिणिवेसं परिचत्ता जोण्हकहिततच्चेसु।
जो जुंजदि अप्पाणं णियभावो सो हवे जोगो।।[८]

---

१. उत्तराध्ययनसूत्रम्, २९/११।
२. तत्त्वार्थसूत्रम्, ९/१।
३. समवायांगसूत्रम्, ५/४।
४. तत्त्वार्थसूत्रम्, ८/१
५. स्थानांगसूत्रम्, ३/१/१२४।
६. तत्त्वार्थसूत्रम्, ६/१।
७. तत्त्वार्थसूत्रम्, ६/२।
८. नियमसारः, गाथा-१३९।

आचार्यदेवनन्दिपूज्यपादाः योगस्वरूपं स्पष्टयन्तः लिखन्ति यत् – अहं यद् रूपं पश्यामि, तत् सर्वथा अज्ञम्। यो ज्ञाता सोऽपि अदृश्यः अतः अहं किं निर्णेष्यामि। एवं प्रकारेण बाह्यवचनवृत्तित्यागपूर्वकं अन्तर्वृत्तेः सम्पूर्णः त्याग एव कर्तव्यः अयमेव संक्षेपेण परमात्मप्रकाशको योगः। यथा–

एवं त्यक्त्वा बहिर्वाचं त्यजेदन्तरशेषतः।
एषः योगः समासेन प्रदीपः परमात्मनः॥
यन्मया दृश्यते रूपं तन्न जानाति सर्वथा।
जानन्न दृश्यते रूपं ततः केन ब्रवीम्यहम्॥[१]

आचार्यहरिभद्रसूरेरनुसारेण मोक्षतत्त्वेन सह संयोगकारकधर्मव्यापारः एव योगः। यथा– **'मोक्खेण जोयणाओ जोगो।'**[२] अनेन एव योगबिन्दुः इति ग्रन्थे एवमुक्तं यत् धार्मिकक्रियाकलापः, आध्यात्मिकभावना, समतायाः विकासः, मनोविकाराणां दायः, मनोवचनकायसम्पादकधार्मिकक्रियाकलापश्च श्रेष्ठः योग इति।[३] अतः इदं कथयितुं शक्यते यत् अनेन आचार्येण सर्वेऽपि आत्मविशुद्धिकारकाः उपायाः योगशब्देन उक्ताः। एवमपि आचार्यहेमचन्द्रेण योगः मोक्षस्य कारणमिति उक्त्वा तस्य ज्ञानदर्शन-चारित्रात्मकत्वम् उपदिष्टम्। यथा–

चतुर्वर्गेऽग्रणी मोक्षो योगस्तस्य कारणम्।
ज्ञानश्रद्धानचारित्ररूपं रत्नत्रयं च सः॥[४]

एभिः वचनैः इदं स्पष्टतया सिद्ध्यति यत् जैनाचार्यैः योगोपरि गूढगम्भीरचिन्तनानि दर्शितानि। वस्तुतः निवृत्तिप्रधानं जैनदर्शनं चतुर्षु पुरुषार्थेषु तुरीयस्य मोक्षस्य प्राप्तिरेव तेषां चरमं लक्ष्यम्। तदपि आत्मसाक्षात्कारेण सम्भवति। अतः जैनाचार्याणां दृष्ट्या प्रत्येकं क्रियाकलापस्य एकमेव मुख्योद्देश्यं भवति यत् येन-केन प्रकारेण जीवस्य आत्मसाक्षात्कारः सम्भवेत्।

---

१. समाधितन्त्रम्, श्लोकः १७ व १८
२. योगविंशिका, गाथा-१।
विभिन्नपुराणेषु सः, तद्, तानि, तान्, पूर्ववत्, यथापूर्वमित्यादीनि उत्पत्तौनिरोधे च केवलमाकारपरिवर्तनं भवति। कियत्सु स्थलेषु आसीत्, पुरा आदिपदैर्गुणसाम्यतमोमय-एकार्णवान् संकेतयित्वा वर्तमाने काले सर्गस्य वर्णनं कृतमस्ति। एभिर्वणनैरतीतानागतवर्तमानां पारस्परिक सिद्धिर्भवति। अत एव सांख्ये कालस्य पृथक् स्थितिर्न स्वीकृतास्ति। एतेन स्पष्टमस्ति यत कालः कार्यस्यावस्थाद्योतकोऽस्ति। एवं सर्गप्रतिसर्गयोख्यवहितवर्णनेन विकासवादो व्यवस्थापितः। उपयुक्तैवित्वेचनैः व्यक्तं भवति यद् ब्राह्मप्रति-सञ्चरानन्तरं प्राकृतप्रतिसञ्चरो भवति।[१] पृथिव्यां वर्तमानस्य चराचरस्य लयानन्तरं पृथिव्या लयो जले भवति। एतदवधिवर्णनं ब्राह्मप्रतिसंचरं प्रोच्यते। अयं कल्पान्ते भवति। एतदनन्तरं गन्ध-रस-रूप-स्पर्शाः क्रमशः स्वस्वकारणेषु विलीयन्ते। अयं प्राकृतिकप्रलयो द्विपराद्धिकश्चोच्यते। महाभारते ब्राह्मप्रति-सञ्चरः पुराणानुरूप एवास्ति।[२]

इदं वर्णनं पद्म-वायु-ब्रह्म-ब्रह्माण्ड-मार्कण्डेय-पुराणेषु सविस्तर-मुपलभ्यते।[३] ब्रह्मपुराणे शतवार्षिक्या अतीवोन्ग्राया अनावृष्ट्या वर्णनं विस्तृतरूपेणास्ति। अनया सर्वाणि पार्थिवानि सत्त्वानि भूमित्वं प्राप्नुवन्ति। समुद्रादयः शुष्काः भवन्ति। सप्तदिवाकरा आपातालतलं त्रैलोक्यं भस्मसा-त्कुर्वन्ति। पृथ्वी कर्मपृष्ठाकृतिर्भवति। अयमेव नैमित्तिकः प्रतिसञ्चरः प्रोच्यते। सर्वेषु पुराणेषु संकोच-विस्ताराभ्यामेवविधं वर्णनमुपलभ्यते। एतदनन्तरं प्रलयकालीनमूष्माणं शान्त्वयितुं वारिदानामुत्पत्तिर्वर्णिता। एत अपि प्रलयकालीना वारिदा कथ्यन्ते। स्थावरजंगमेषु नष्टेषु सर्वत्रान्धकारो भवति। सर्गवर्णनात्

१. पृथिव्यां यानि भूतानि जंगमानि ध्रुवाणि च।
तान्येवाग्रे प्रलीयन्ते भूमित्वमुपयान्ति च।। (म.भ. १२/३३३/३)

२. ब्रह्मपुराणे २३० अध्याये

३. ब्रह्मपुराणे २३१ अध्याये

पूर्वमेतदेव तमः, तमसीव, तमः परा इत्यादिभिः इंगितम्। प्रलयकालीना मेघा शतवर्षपर्यन्तं निरन्तरं वर्षन्ति।

मार्कण्डेयपुराणे अष्टादशप्रकाराः लयवारिदा उक्ताः। तदनन्तरं प्राकृतसर्गस्य[१] वर्णनमस्ति। अत्र लय-प्रलय-प्रतिसर्ग-प्रतिसञ्चरा एकार्थकाः कथिताः सन्ति। क्रमशः स्वस्वकारणेषु प्रकृतीनां प्रलयात् प्राकृतप्रलयः प्रोच्यते। अन्ते सर्वप्रलयस्थानं परमव्यक्तं त्रिगुणसाम्यावस्थायां प्रकृतिः पुरुषश्चेति स्वे-स्वे स्वरूपे व्यवतिष्ठेते।

एवं ब्राह्मसर्ग-प्राकृतसर्ग-प्राकृतप्रतिसर्गसम्बन्धे पुराणेषु प्राय ऐक्यमतमस्ति। इदं देवनिरपेक्षं शुद्धमाध्यात्मिकं वर्णनमुच्यते। अत्र तत्त्वानां रूपे क्रमे एव विशेषबलं दत्तमस्ति यदा आदितत्त्वमन्तिमतत्त्वं च एकोऽधिदेवः स्वीक्रियते, तदा तद् अधिदैविकं वर्णनं कथ्यते। अद्यावधि विद्वद्भिः पुराणानां तत्त्वदर्शनमेतद्रूपेणोपस्थापितम्। पुराणेषु शुद्धध्यात्मिकविवेचने केषाञ्चिदपि विदुषां ध्यानं नाकृष्टमस्ति।

प्रलयस्य वर्णनं प्रायः प्रत्येकपुराणेषु जातमस्ति।[२] तत्तत्पुराणेषु विशिष्टशब्दाः प्रयुक्ताः सन्ति। यथा अन्तरप्रलयो ब्रह्मपुराणे, उपसंहृतिः विष्णुपुराणे, आभूतसंप्लव उदाहृतः। श्रीमद्भागवते निरोधः, संस्था उपसंहृतिः एकार्णवावस्था, तत्त्वप्रतिसंयमः, वायुपुराणे प्रतिसंक्रमः, प्रतिसंचरः, प्रतिसंसर्गः, संप्लवः, विष्णुपुराणे श्रीमद्भागवते च प्रलयश्चतुर्विधः प्रोक्तोस्तिः।[३] सर्वेषां

---

१. यदा तु प्रकृतौ याति लयं विश्वमिदं जगत्।
तदोच्यते प्राकृतोऽयं विद्वद्भिः प्रतिसंचरः।। (मा.पु. ४३/३)

२. (क) ब्र.पु. (३३१/१-१३)
(ख) वि.पु. (६/३/१-७, ६/१०/४)
(ग) वा.पु. (१००/१३२-१३५)
(घ) भा.पु. (१२/४)
(ङ) कू.पु. (२/४५-४६)
(च) ग.पु. (१-२२५/४-२१)
(छ) ब्र.पु. (३/१२८-१८)

३. नैमित्तिकः प्राकृतिको नित्य आत्यन्तिको लयः।
संस्थेति कविभिः प्रोक्ता चतुर्धास्य स्वभावतः।। (मा.पु. १२/७/१६)

भूतानां चतुर्धा प्रलयो भवति। तत्र नैमित्तिकप्रलय एव ब्राह्मप्रलयः।[१] यत्र जगत्पतिः ब्रह्मा कल्पान्ते शयनं करोति स प्राकृतप्रलयः। प्राकृतप्रलये ब्रह्माण्डं प्रकृतौ लीयते। ज्ञानद्वारा परमात्मनिलय आत्यन्तिकप्रलयः, अहोरात्रं भूतानां जायमानः क्षयो नित्यप्रलयः प्रोच्यते।

४. सृष्टिप्रलययोः रहस्यम्

मार्कण्डेयपुराणे सृष्टिप्रकरणमतिगहनं विद्यते। सर्गाविर्भावरहस्य-ज्ञानान्तरमेव दृश्यरहस्य ज्ञानं भवितुमर्हति।[२] सृष्टिस्तावच्चतुर्विधा भवति-प्राकृतिकी सृष्टिः, ब्राह्मी सृष्टिः, मानसी सृष्टिः, मैथुनी सृष्टिश्च।[३] तत्र सर्वप्रथमं ब्रह्मप्रकृतौ अव्यक्तावस्थातो व्यक्तावस्थामधिगतायां सृष्ट्यामनन्त-कोटिब्रह्माण्डव्यापकस्य ब्रह्मण ईक्षणातो या सृष्टिः प्रादुर्भवति, सा प्राकृतिकी प्रथमा सृष्टिः कथ्यते, यतो हि सा प्रकृत्या स्वभाव नैव भवति। तदनन्तरं ब्रह्माविष्णुमहेशात्मकस्य मूर्तित्रयस्याविर्भावो भवति। इमे त्रय एव प्रतिब्रह्माण्डं सगुणा ब्रह्मणः प्रतिनिधयः ईश्वरा उच्यन्ते।[४] तत्र ब्रह्मणः सकाशाद् द्वितीया ब्राह्मी सृष्टिरुत्पद्यते। ततो ब्रह्मणो मानसपुत्रैः प्रजापतिभिः देवदानव-मानवादीनां विस्तीर्णा तृतीया मानसीसृष्टिरुत्पद्यते। तदनन्तरं उद्भिज्ज-स्वेदजाण्डजजरायुजमानवेषु स्त्रीपुरुषसंयोगजन्या चतुर्थी मैथुनीसृष्टिरुत्पद्यते, या बैजीसृष्टिरुच्यते। तत्र ब्राह्मयामानस्याश्च सृष्टेः रहस्यमन्तर्दृष्टयो योगिन एवानुभवन्ति, न साधारणजनाः तद्रहस्यमवगन्तुं पारयन्ति। ब्राह्मयां मानस्याञ्च सृष्टावेव वेदाविर्भावः पुराणप्राकृट्यं च भवति।[५]

---

१. अष्टौ वर्ष सहस्राणि दिव्यया संख्यया युतम्।
द्विपञ्चाशत् तथाऽन्यानि सहस्राण्यधिकानि तु।।
चतुर्दशगुणो ह्येष कालो ब्राह्ममहः स्मृतम्।
तस्यान्ते प्रलयः प्रोक्ता ब्राह्मो नैमित्तिको बुधैः।। (मा.पु. ४३/३८)

२. पद्मावसानसमये निशासुप्तोत्थितः प्रभुः।
सत्त्वोद्विक्तस्तदा ब्रह्मा शून्यं लोकमवैक्षत।। (मा.पु. ४४/३)

३. देवाद्याः स्थावरान्ताश्चप्रजाब्रह्मांश्चतुर्विधाः।
ब्रह्मणतः कुर्वतः सृष्टिं जज्ञिरे मानसास्तदा।। (मा.पु. ४५/३)

४. सत्त्वोद्रेकास्ततो देवा मुखतस्तस्य जज्ञिरे।। (मा.पु. ४५/७)

५. ब्रह्मणतः सृजतः पूर्वं सत्याभिध्यायिनस्तथा।

सत्वगुणाधिदेवो भगवान् विष्णुर्यदा क्षीरसागरे योगनिद्रानिगूढनयनो भवति, तदा तदीयनाभिकमल आविर्भूय रजोगुणाधिदेवो ब्रह्मदेवः सृष्टिचक्रं चालयति विस्तारयति च। योगयुक्तान्तःकरणेन ब्रह्मणा प्रथमं मानसी सृष्टिः क्रियते, तदैव भगवतो ब्रह्मणोऽन्तःकरणात् ऋषीणां अन्तःकरणेष्वा-नन्दानुगतसमाधिद्वारैव वेदानामाविर्भावो भवति। विचारानुगतसमाधिद्वारा च पूर्वकल्पीयगाथानां भावरूपेण पुराणात्मना प्राकट्यमपि विज्ञानसिद्धमेव। तत्र वेदा यथावच्छब्दद्वारा पुराणानि च भावद्वारैवाविर्भावमासादयन्तीति सर्वसिद्धः पन्थाः।

प्रलयस्य क्रमः

य उत्पद्यते तस्यावश्यकमन्तो भवतीति नियमानुसारं सृष्टेः अनन्तरं जगतः प्रलयावस्थाऽपि समागच्छ-उत्पत्तिसमयेऽनुलोमक्रमेण यत्तत्वं यत उत्पद्यते, प्रलयसमये विलोमक्रमेण तत्तत्वं प्रलीयते।

एवं सृष्टिक्रमतो लयक्रमो विपरीत उपलभ्यते। सृष्टिसमये यत्तत्वं यस्मात्तत्वादुत्पद्यते, लयसमये तत्तत्वं तस्मिन्नेव स्वकारणे विलीयते। यथा पञ्चमहाभूतानि स्वकारणेषु पञ्चतन्मात्रेषु लीयन्ते। पञ्चतन्मात्राणि एकादशे-न्द्रियाणि च स्वकारणेऽहंकारे लीयन्ते। स च स्वकारणे महत्तत्वे, महांश्च स्वकारणे प्रकृतौ लीयते। प्रकृतिर्न कुत्रापि लीयते।[१]

सृष्टिप्रलयविचारणायामादावन्ते चैका प्रकृतिरेवावशिष्टं सांख्य-दर्शनानुसारं पुरुषस्य न किमपि कार्यं विद्यते, किन्तु तन्मते प्रकृतिरेव कर्त्री, पुरुषस्तु पुष्करपलाशवन्निर्लेपः। तच्छायापत्या जडायां प्रकृतौ चेतनता गच्छति, यया सा चेतनवज्जगन्निर्माणकार्ये प्रवृत्ता भवति।[२]

१. आत्तगन्धा ततो भूमिः प्रलयत्त्वाय कल्प्यते।
महदादेर्विकारस्य विशेषान्तस्य संक्षये।।
स्वयमाचरिते तस्मिन् प्रवृत्ते प्रतिसंचरे। (मा.पु. ४६/१)

२. (क) नाहो न रात्रिर्न नभो न भूमिः
नासीत्तमो ज्योतिरभूच्च नान्यत्।
श्रोत्रादिबुद्ध्यानुपलभ्यमेकं
प्राधानिकं ब्रह्मपुंमास्तदासीत्।। (वि.पु. २/२३)
(ख) तद्वासिनोऽपि तापेन जनलोकं प्रयान्ति वै।
एकार्णवे च त्रैलोक्ये ब्रह्मा स्वपिति वै निशि।। (मा.पु. ४३/४१)

श्रीमद्भगवद्गीतायां सांख्ययोगतत्त्वविवेचनम्

डॉ. राजनाथत्रिपाठी

सांख्ययोगः दर्शनेषु अतिप्राचीनतमः। सर्वत्र शास्त्रेषु निरूपणात् प्रमाणप्रत्ययाच्च नात्र कश्चित्सन्देहः। तत्र-तत्र दर्शनेषु द्वैविध्यं भजते, केवलज्ञानदर्शनं केचन च तत्त्वदर्शनमाहुः। भारतीयवाङ्मये चतुर्दश-अष्टादशविधा वा भेदाः। उक्तञ्च पुराणेषु–

अङ्गानि वेदाश्चत्वारो मीमांसा न्यायविस्तरः।
पुराणं धर्मशास्त्रं च विद्या ह्येताश्चतुर्दशा॥–मनुस्मृतिः।

पुराणन्यायमीमांसा धर्मशास्त्राङ्गमिश्रिताः।
वेदाःस्थानानि विद्यानां धर्मस्य च चतुर्दश॥ यज्ञस्मृतिः।

अङ्गानि वेदाश्चत्वारो मीमांसा-न्यायविस्तरः।
धर्मशास्त्रं पुराणञ्च विद्या ह्येताश्चतुर्दश॥

आयुर्वेदो धनुर्वेदो गन्धर्वश्चेति च त्रयम्।
अर्थशास्त्रं चतुर्थन्तु विद्या ह्यष्टादशैव ताः॥ विष्णुपुराणम्।

शब्दशास्त्रमहाभाष्ये तु ब्राह्मणेन निष्कारणं
षडङ्गो वेदोऽध्येयो ज्ञेयश्च॥

कौटिल्याऽर्थशास्त्रे हि–'आन्विक्षिकी त्रयी वेदा दण्डनीतिश्च शाश्वती। इत्याद्युक्त्या अष्टादशविद्याभेदाः कथिताः। किञ्च महाकवि-कालिदासेनापि रघुवंशमहाकाव्ये पञ्चमाध्याये वरतन्तुशिष्यः कौत्सः चक्रवर्ति-सम्राजेन रघुणा गुरुदक्षिणां प्राप्तुमायातः तदोक्तम् 'उपात्तविद्यो गुरुदक्षिणार्थी कौत्सः प्रपेदे वरतन्तुशिष्यः इत्युक्तौ प्रसिद्धटीकाकार आचार्यमल्लिनाथो व्याख्याति–"उपात्ता विद्या येनाऽसौ उपात्तविद्यः। विद्या द्वेधा परा अपरा च,

चत्वारो वेदाः, षडङ्गानि, चतुरुपाङ्गानि। इत्येवं विद्याङ्गानि शास्त्रेषु निगदितानि।

सांख्यं हि भारतवर्षस्य सुप्रसिद्धेषु दर्शनशास्त्रेषु महोदधिकल्पमेकं दुरवगाहं शास्त्रं तत्र प्रवेशसौकार्याय गीतायां निरूपितं सांख्ययोगतत्त्व-ज्ञानमावश्यकम्।

शास्त्रं नाम भारतीयवाङ्मयस्य पूज्यतमः शब्दः। स च शास्ति यद् अथवा शास्यते येनेति व्युत्पत्योऽनुशिष्ट्यार्थकशास्' धातोर्निष्पन्नोऽनुशासन-क्षमं व्यवस्थितं वाक्यसमहूमभिधत्ते। तथा च यः शब्दराशिर्मानवस्य लौकिकं पारलौकिकमाध्यात्मिकं वा हितं तत्साधनं च शास्ति तच्छास्त्रम्। तच्च प्रतिपाद्यपारतन्त्र्येण वैविध्यमापाद्यमानमायुर्वेदशास्त्रमर्थशास्त्रं संगीतशास्त्रं शब्दशास्त्रं धर्मशास्त्रं दर्शनशास्त्रं योगशास्त्रमित्यादिरूपेण बहुप्रकारं प्रथते।

दर्शनशब्दः प्राधान्येन भावल्युडन्तः करणल्युडन्तश्च प्रयुज्यते, तत्प्रकृतिभूतो 'दृश्' धातुर्मुख्यतया लौकिकं चाक्षुषप्रत्यक्षमाचष्टे, किन्तु विस्तृते संस्कृतवाङ्मये प्राप्यमाणानां तत्प्रयोगाणां पर्यालोचनेन विस्पष्टबोध-रूपसाक्षात्कारस्तदर्थः प्रतीयते। विस्पष्टता च विषयताविशेषो निरूपकतया प्रत्यक्षत्वनियतो धर्मः। आत्मन ईदृशदर्शनोपार्जन एव मानवजीवनस्य सार्थक्यम्।

तथा च दर्शनशिखामणिभूतं सांख्यशास्त्रं योगशास्त्रं च भगवता कृष्णेनार्जुनाय प्रोक्तम्–

'तद्धैतद्घारे आङ्गिरसः कृष्णाय देवकीपुत्रायेति' छान्दोग्योपनिषदि।

सांख्ययोगौ पृथग्बालाः प्रवदन्ति न पण्डिताः।
एकमप्यास्थितः सम्यगुभयोर्विन्दते फलम्॥[१]
एकं सांख्यं च योगञ्च यः पश्यति स पश्यति॥
तत्कारणं सांख्ययोगाधिगम्यम्॥

इत्यादीनि भगवद्गीतावाक्यानि च सङ्गच्छन्ते। न च तदानीं कापिलं सांख्यशास्त्रं नासीदिति वाच्यम्, तत्रैवोपनिषदि (अध्याये)। 'ऋषिं प्रसूतं कपिलं यस्तमग्रे', पुनश्च गीताशास्त्रे 'सिद्धानां कपिलो मुनिः'[२] इत्याद्युक्त्या

१. गीतायाम् ५/४
२. गीतायाम् १०/२६

कापिलस्यैव सांख्यशास्त्रस्य श्रद्धेयत्वेन सर्वसम्मतत्वात्।

तच्च साङ्ख्यशास्त्रं 'समाससूत्रम्' 'सूत्रषडध्यायी चेति' द्विविध-मुपलभ्यते। तयोराद्यमेव हि नारायणावतारभगवन्महर्षिकपिलप्रणीतमन्त्रस्य वैश्वानरावतारमहर्षिकपिलविरचितस्य षडध्यायात्मकस्य बीजभूतमिति समाससूत्रटीकायां सर्वोपकारिण्यामुक्तम्। एतस्य समाससूत्रस्य समस्ततत्त्वानां सकल- षष्टितन्त्रार्थानां च सूचकत्वात् सकलसाङ्ख्यतीर्थमूलत्वं तीर्थान्तराणि चैतत्प्रपञ्चभूतान्येवेति वृद्धाः।

वस्तुतस्तु सेश्वरं निरीश्वरं च साङ्ख्यशास्त्रं द्विविधम्। निरीश्वरं सांख्यशास्त्रं ईश्वरकृष्णकृत 'सांख्यकारिकायामुपादितम् एतदेव सांख्य-प्रवचनभाष्ये सांख्यरहस्ये चोक्तम्। श्रीमद्भागवतमहापुराणे, श्रीमद्भगवद्-गीतायां च सेश्वरं सांख्यश्शास्त्रमुक्तम्। अत एकत्र सांख्यं अन्यत्र च योग इति पदेन स्थापितम्। सांख्ये पञ्चविंशतितत्त्वानि योगे च षड्विंशति तत्त्वानि निरूपितानि, सांख्यशाास्त्रे सर्वनियन्तारमीश्वरं स्वीकृत्य तद्योगशास्त्र-मुच्यते। 'क्लेशकर्मविपाकशयैपरपरामृष्टः पुरुषविशेष ईश्वरः'[1] इत्याद्युक्ति-भिरीश्वरतत्त्वं स्वीकृतम्।

इदमपि ध्येयं यत्- 'तत्त्वमसि इत्युपनिषद्वाक्यमाश्रित्य शैवः परमेश्वरं शिवतत्त्वमेवोनिषद्वाक्ये तत् पदेन परमेश्वरशिवसम्बोधनं स्वीकृत्य गीतायाः षडाध्यायाः कर्मयोगः 'तत्फलयोगपूर्वकं सकलवैचित्र्य-वैविध्यजगन्निमितम्, जगदिति जीवानां कर्म निर्धारितं, तदनुसारेणा जीवलोकः कर्मनिरपेक्षं कर्मयज्ञं क्रियमाणं मोक्षप्रदं लभते। किञ्च संसारं आगत्य स्वजीवनाय किश्चित् कर्म अक्रियमाणं सत् जगद्गह्वरे निपतति। भगवता शिवेन मानवस्योद्धाराय जीवे कर्मशक्तिर्दत्ता। अतः सांख्ययोगदर्शने कर्मोपासनायां बहवोऽर्था गर्भिताः। एतस्मादेव कारणात् स्व-स्वकर्मवशाल्लोकः प्रवर्तते। एतदेव गूढविषयो भगवता कृष्णेन गीतायाः प्रथमतः षडाध्यायेषु उपदिष्टः। तथाहि-

1. योगदर्शनम्-समाधिपादः १/२३, २४
2. गीता २/५

कर्मजं बुद्धियुक्ता हि फलं व्यक्त्वा मनीषिणः।
जन्मबन्धविनिर्मुक्ताः पदं गच्छन्त्यनामयम्।।[2] इति

कामं फलेप्सुभिः सर्वकामः (इच्छित्फलानि) प्राप्यन्ते न वा इत्यत्र सन्देहः, परं यः पुमान् स्वेच्छाभूतसर्वकामान् परित्यज्य ममत्वरहितः निःस्पृहश्च कर्मोपासनमनुतिष्ठते स एव कर्मयोगी शान्तिं प्राप्नोति। तदुक्तम्–

विहाय कामान्यः सर्वान्पुमांश्चरति निःस्पृहः।
निर्ममो निरहङ्कारः स शान्तिमधिगच्छति।।[1]

अपरं च कर्मणि प्रवृत्तौ भगवान् श्रीकृष्णोऽर्जुनायोपदिशति, बुद्धि-विक्रमद्वारा रणाङ्गणे प्रवर्त्तनाय भगवतः सङ्केतं विज्ञाय ज्ञानयोगस्योपेक्षामनु-भवन्नर्जुनः संदेहकोटौ निपतति। एताञ्शङ्कां समाधाय भगवान् पुनः प्रबोधयति। हे अर्जुन! इह संसारे द्विविधा योगिनो जायन्ते, एके ज्ञानयोगिनोऽपरे कर्मयोगिनः। कर्मयोगः पातञ्जलयोगः स चाष्टविधः, यम-नियम-आसन-प्राणायाम-प्रत्याहार-ध्यान-धारणाः समाधिश्च। समाधिरपि द्विधा सम्प्रज्ञातसमाधिः असम्प्रज्ञातसमाधिश्च। सम्प्रज्ञातसमाधौ कालेन उत्थाय योगी लोकमप्यनु-भवति, पुनः पुनश्चैषा क्रिया प्रवर्तते परं निर्वातदीपशिखा इव योगी यदा असंप्रातसमाधौ प्रविशति तदा उत्थिते जागरिते ध्येयविषयमवलम्ब्य वर्तते। तथोक्तम्–

लोकेऽस्मिन् द्विधा निष्ठा पुरा प्रोक्ता मयानघ।
ज्ञानयोगेन संख्यानां कमयोगेन योगिनाम्।।[2]

अत एव ज्ञानयोग-क्रियायोगपदेन द्विविधा योगसिद्धिर्जायते। पातञ्जलयोग (क्रियायोग) सांख्ययोगयोरभेदे सत्यपि द्विधा विभागो भवति। क्रियायोगे चित्तवृत्तेः निरन्तरमभ्यासवैराग्याभ्यां निरोधः सम्भवति परं क्रियायोगस्य द्वितीयमार्गे ज्ञानयोगे मूलकारणं प्रकृतिः सा च परिणामिनी। यथा गवां पयः पानेन वत्सविवृद्धिः तथैव जडायाः प्रकृत्याः परिणामो जायते। एतत्सत्यं, परमागमदर्शने वैष्णवदर्शने, पातञ्जलयोगे शाक्तागमे च चितिः, ईश्वरो, परमेश्वरः, लक्ष्मीनारायणश्च परं कारणं जायन्ते, तेषां

१. गीतायाम् २/७१
२. तत्रैव ३/३

कृपाप्रसादं विना न किमपि सम्भवति। अतश्चेतनमीश्वरः परा वा अवश्यं स्वीकर्तव्यम्। तेषां सचेतनात् तस्यैच्छैव सर्वं जगत् प्रवर्तते निवर्तते च। एतस्मादेव कारणादीश्वरः (श्रीकृष्णः) शिवो वा जगत्कारणं जायते।

'तत्त्वमसी'ति श्रुतिपदेन 'तत्' पदार्थमादाय गीतायाः प्रथमतः षडाध्यायाः वेदस्य काण्डत्रयेषु कर्मकाण्डव्याख्यानभूता राजन्ते। अत्राध्यायेषु अर्जुनं प्रति प्रवृत्ते महाभारतयुद्धे पाण्डवोऽर्जुनः क्षत्रियः सन् योद्धुं नेच्छति तत्सन्यासपूर्वकं कर्मन्यासं फलं, परित्यज्य कर्मप्रवृत्तये प्रेरयति योगात्मा भगवान् श्रीकृष्णः।

'त्वं' पदं किमिति विज्ञानाय उपासनप्रधानाः सप्ताध्यायादाराभ्य द्वादशाध्यायान्तं दिव्यदृष्टिप्रदानद्वारा अर्जुनायोपदिष्टाः। का चोपासनोपासनमिति वेति प्रश्ने वदति करुणावरुणालयो योगात्मा भगवान्–

मय्यासक्तमनाः पार्थ योगं युञ्जन्मदाश्रयः।
असंशयं समग्रं मां यथा ज्ञास्यसि तच्छृणु।।[१]

योगिनामपि सर्वेषां मद्गतेनान्तरात्मना।
श्रद्धावान्भजते यो मां स मे युक्ततमो मतः।।[२]

इति प्रश्नबीजमुपन्यस्य स्वयमेवेदृशं मदीयं तत्त्वमेव मद्गतान्तरात्मा स्यादित्येतद्विवक्षुर्भवावानुवाच–मयीति। मयि वक्ष्यमाणविशेषणे परमेश्वर आसक्तं मनो यस्य स मयासक्तमना हे पार्थ, योगं युञ्जन्मनः समाधानं कुर्वन्मदासक्तोमनो यस्य स मय्यासक्तमना हे पार्थ, योगं युञ्जमानः समाधानं कुर्वन्मदाश्रयोऽहमेव परमेश्वर आश्रयो यस्य स मदाश्रयः। यो हि कश्चित्पुरुषार्थेन केनचिदर्थी भवति स तत्साधनं कर्माग्निहोत्रादि तपो दानं वा किञ्चिदाश्रयं प्रतिपद्यते, अयं तु योगी मामेवाश्रयं प्रतिपद्यते हित्वान्यत्साधनान्तरं मय्यासक्तमना भवति। यस्त्वेमेवंभूतः सन्नसंशयं समग्रं समस्तं विभूतिबलशक्त्यैश्वर्यादिगुणसंपन्नं मां यथा येन प्रकारेण ज्ञास्यसि संशयमन्तरेणैव भगवानिति तच्छृणूच्यमानं मया इत्याह भवाञ्छङ्कराचार्यः।

---

१. श्रीमद्भगवद्गीता–७/११

२. तत्रैव ६/४७

प्रथमषडाध्यायेषु 'तत्' पदोपादनाय 'धर्मक्षेत्रे-कुरूक्षेत्रे इत्यत्र धर्म-पद-व्यञ्जनेन युधिष्ठिरादिपाण्डवा धर्मयोद्धारः य धर्मयुद्धाय मामका इति पदेन धृतराष्ट्र-दुर्योधनादि अधर्मपदवाच्याः पापकर्मसिद्धये युद्धाय कृतोत्साहा इति। अत आह स्वावतारकारणं श्रीकृष्णः।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥
परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम्।
धर्मसंस्थापनार्थाय सम्भवामि युगे युगे॥[१]

अत उक्तं भवति–

तत्र तु प्रथमे काण्डे कर्मतत्त्यागवर्त्मना।
त्वं पदार्थो विशुद्धात्मा सोपपत्तिर्निरूपितः॥ इति।

तत्र प्रथमाध्यायादारभ्य षडान्ताः अध्यायाः क्रमशः–

१. अर्जुनविषादयोगः जगदुद्दिर्षोर्भगवतो गीताशास्त्रावतारः।

२. द्वितीये सांख्ययोगः, तत्साधनं कर्म, तत्फलं तत्त्वशुद्धिः, तत्फलं ज्ञानमिति ज्ञानयोग उपपादितः।

३. तृतीयेऽध्याये कर्मयोगः कथितः। अत्रोपायभूतां कर्मनिष्ठां प्रधानेनोपसंहृत्य ज्ञाननिष्ठोपेयेति वर्णितम्।

४. ब्रह्मार्पणयोगाख्ये चतुर्थेऽध्याये स्वस्यानीशत्वबाधेन भक्तिश्रद्धे दृढ़ीकृत्य धीहेतोः कर्मनिष्ठाया उपसंहारः कृतः।

५. कर्मसंन्यासयोगे नामके पञ्चमाध्याये ऽनेकसाधनाभ्यासनिष्पन्नं मुक्तिसाधनं स्वस्वरूपपरिज्ञानमुक्तम्।

६. आत्मसंयमनाम्नि षष्ठेऽध्याये स्पर्शान्कृत्वेति श्लोकत्रय-विवरणादिध्यानयोगस्य बहिरन्तराङ्गसाधनाधिकारिणां लक्षणमुक्तम्।

किञ्च सप्तमाध्यायं प्रारभ्य द्वादशान्तके 'त्वं' पदार्थात्मकेष्वध्यायेषु

७. 'ज्ञानयोगाख्ये' सप्तमेऽध्यायेऽत्र यन्निष्ठया ब्रह्मवित्तिष्ठति तद्ब्रह्म किं लक्षणं कथं वा तत्र स्थातव्यमिति निरूपणं कृतं विद्यते।

८. अक्षरब्रह्मयोगाख्येऽध्याये ब्रह्मादीनां स्वरूपविवेचनपूर्वकं प्रयाणकाले मुमुक्षोः कर्तव्यध्यातव्ययोर्निरूपणं विहितम्। तदुच्यते–

द्वितीये भगवद्भक्तिनिष्ठावर्णनवर्त्मना।
भगवान्परमानन्दस्तत्पदार्थोऽवधार्यते॥ इति।

९. नवमे 'राजविद्याराजगुह्ययोग उपपादितः। परब्रह्मस्वरूपं तस्य सृष्ट्यादिषु साक्षित्वादिधर्मा उपासनभेदाश्च कथिताः।

१०. विभूतियोगाख्ये दशमेऽध्याये मन्दप्रज्ञमुमुक्षोरुपासनासिद्धयै स्वोपास्तेः फलं भगवतो भक्तानुग्राहकत्वं विभूतयश्च वर्णिताः।

११. एकादशे विश्वरूपदर्शनमित्यध्याये भगवता स्वस्थमाया-विजृम्भितं विश्वरूपमखिलसृष्ट्यादिक्रियाप्रकाशननिरूपणं कृतम्।

१२. एवं हि द्वादशेऽध्याये भक्तियोगे सगुणनिर्गुणोपासकानां तारतम्यं विशेषतश्च तयोः पृथक्-पृथक् साधनं निरूपितम्।

'असि' इति क्रियापदं प्रस्थापनाय ज्ञानकाण्डं त्रयोदशाध्यायादारभ्य अष्टादशान्ताध्यान्तं विवरितम्। तदुच्यते–

तृतीये च तयोरैक्यं वाक्यार्थो वर्ण्यते स्फुटम्।
एवमप्यत्र काण्डानां संबन्धोऽस्ति परस्परम्॥ इति धिया

१३. त्रयोदशे 'क्षेत्रक्षत्रज्ञविभागयोगे' अनात्मात्मशब्दार्थयोः प्रकृति-पुरुषयोर्विवेचनं विविक्तस्यात्मनो ब्रह्मणैकत्वं निगदितम्।

१४. चतुर्दशेऽध्याये 'गुणत्रयविभागयोगः' उक्तः। प्रकृतेर्गुणविभागः गुणस्वरूपं परस्पराभिभावकत्वं तत्फलभेदश्च निगदितः।

१५. 'पुरुषोत्तमयोगः' पञ्चदशाध्याये क्षराक्षरविलक्षणं पुरुषोत्तमाख्यं ब्रह्म तदनुसंधानं तत्र महतां प्रवृत्तिस्तत्फलं चोपपादितम्।

१६. षोडषात्मके 'दैवासुरसम्पद्विभागयोगे' तु उभयसंपदोः स्वरूपनिरूपणपूर्वकं तयोर्हेयोपादेयव्यवस्था दृश्यते।

१७. 'श्रद्धात्रयविभागयोगाख्यः' सप्तदशाध्यायः। अत्र त्रिविधासु

---

१. भगवद्–४/७-८

सात्त्विकाहारस्तपोयज्ञादियुजो शमादिसंपत्त्या मोक्षाधिकारी भवति योगी इत्युक्तम्।

१८. अष्टादशेऽध्यायः 'मोक्षसंन्यासयोगात्मकः'। अत्राध्याये त्यागसंन्यासयोरैक्यं काम्यादिनिषिद्धयोस्त्याज्यत्वं नित्ययज्ञादीनां नियमेनाचरणं त्यागस्य सात्त्विकादिभेदः नैष्कर्म्यसिद्धिलक्षणज्ञानस्य कर्मणो धृतेः बुद्धेः सुखस्य च सात्त्विकादिभेदभिन्नत्वं, ब्राह्मणादीनां कर्माणि तद्गताज्ञानं, ज्ञाननिष्ठा ब्रह्मप्राप्तिश्चेत्येते विषया अत्राध्या सूक्ष्मत्वेन बह्वर्थकत्वेन च निरूपिता इति प्राज्ञा विभावयान्तु।

एवं गीतायां 'तत्त्वसीति' श्रुतिवाक्यं सांख्ययोगतत्त्वानां प्रबोधकं सन् तत्त्वज्ञानाय प्रवृत्तम्। तत्त्वं श्रीकृष्णः, श्रीकृष्णस्य हृदये तत्त्वत्वेन भगवाँच्छिव एवेति तत्' 'त्वं' 'असि' इत्यत्र शिवतत्त्वमेव प्रोद्घाटितं भवतीति श्रीकृष्णस्य हृदयम्।

अत उक्तम्–

अर्जुन उवाच

नष्टो मोहः स्मृतिर्लब्धा त्वत्प्रसादान्मयाच्युत।
स्थितोऽस्मि गतसंदेहः करिष्ये वचनं तव॥[1]

अयंभावः– भगवदनुग्रहात् स्वरूपकृतार्थताकथनेन भगवन्तं परितोषयिष्यन्नर्जुनः (जीवः शिवतामापन्नः) उवाच। नष्टो मोहोऽज्ञानजन्यः समस्तसंसारहेतुः सागर इव दुस्तरः नष्टः नाशगतः, स्मृतिश्च त्वत्प्रसादान्मया-लब्धा, अच्युताभिन्नत्वात्स्वस्वरूपात् कदाप्यप्रच्युतः जरामरणादिवर्जितकर्तृत्व-भोक्तृत्वादिविनिर्मुक्त इत्यात्मतत्त्वविषया सर्वग्रन्थ्यादिविप्रमोक्षहेतुभूता स्मृतिर्लब्धेति सूचयन संबोधयति अच्युतेति। 'स्वयंज्यातिषि प्रत्यगभिन्ने ब्रह्मण्यविद्याभ्रमं विद्यापनयति नाविदितं 'प्रकाशतीति' बोधयितुं स्मृतिर्लब्धेति व्यक्तम्। अज्ञानसंमोहनाशः आत्मस्मृतिप्रतिलाभश्चेत्येतावदेव सर्वशास्त्रज्ञान-फलमित्यनेन प्रश्नप्रतिवचनेन निश्चितं दर्शितम्।

वस्तुतस्तु 'शिवोऽहं', 'भैरवोऽहम्' इत्यनेन स्थितिसंहारनिग्रहानुग्रह-कारित्वं वेदयति श्रीकृष्णज्ञानप्रभावितोऽर्जुनः (जीवः) इति। एतेन श्रीकृष्णहृदयं

1. श्रीमद्–१८/७३

शिवतामापन्नम्। तेन हृदयेनोपदिष्टा ज्ञानग्रन्थिः अर्जुनस्यापगता। तथोक्तं श्रुतौ–

भिद्यते हृदयग्रंथिः द्विद्यन्ते सर्वसंशयाः।
क्षीयन्ते चास्य कर्माणि तस्मिन्दृष्टे परावरे॥ इति।

तत्र को मोहः कः शोक एकत्वमनुपश्यतः इत्यादयः। अतः आत्मतत्त्वे गतसन्देहः मुक्तसंशयः त्वच्छाशने स्थिोऽस्मि। श्रीविष्णोः, श्रीरामस्य, श्रीकृष्णास्य शिवं प्रति भक्तिः प्रथिता। भजनेन तदाकाराकारचित्तवृत्तौ विष्णु-राम-कृष्णादीनां शिवमया शिवभक्तिश्च सम्पन्ना। तद्यथा महामाहेश्वरोऽभिनवगुप्तः–

य एष विततस्फुरद्विविधभावचक्रात्मकः,
परस्परविभेदवद्विषयतामुपगच्छति।
यदेकमयभावनावशत एत्यभेदान्वयं
स शम्भुरशिवापहो जयति बोधभासां निधिः॥ इति।

किञ्च–

सप्तद्वीपा धरेयं सगिरिवनजलालोकपालाः
सलोका ब्रह्माण्डे सन्ति यस्मिन्सलिलद्याभुगासुवृते तत्प्रधानात्।
यस्मादव्यक्तसंज्ञाद्भवति गुणमयाद् वेदवेद्यः परो य-
स्तस्मान्नारायणं तं सुविमलमभयं शंकरं नौमि सत्यम्।

इत्यादय।

योग-मनोविज्ञानम्

डॉ. विजय श्रीवास्तव

भारत के ऋषि मुनि सत्य के द्रष्टा तो थे ही, साथ ही वे मानव मनोविज्ञान के भी सुदक्ष ज्ञाता थे। 'मनोविज्ञान' या 'मन का विज्ञान' आत्मोन्नति चाहने वाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए आकर्षण का विषय है। मन का नियन्त्रण किये बिना व्यक्ति अथवा समाज के गुणात्मक विकास का बुनियादी काम कभी भी सुचारू रूप से सम्पन्न नहीं हो सकता। चाहे वह विकास अभ्युदयात्मक हो या फिर नि:श्रेयसात्मक; दोनों ही विकसन प्रक्रियाओं में मन का विशेष एवं अपरिहार्य योगदान होता है।

योगदर्शन का मुख्य उपदेश है प्रकृति पुरुष का भिन्न ज्ञान हो जाना और पुरुष का जड़ प्रकृति से निवृत्त होकर अपने स्वरूप में स्थित हो जाना। सांख्य-योग की भाषा में यही कैवल्य है। योगदर्शन के आरंभ में ही दूसरा और तीसरा सूत्र–'योगाश्चित्तवृत्तिनिरोध:'। तथा 'तदा द्रष्टु: स्वरूपेऽवस्थानम्'[२] अर्थात् 'चित्त की वृत्तियों का निरोध योग है और चित्त निरुद्ध हो जाने पर द्रष्टा की अपने रूप में स्थिति हो जाती है। इतने में ही योगदर्शन का मौलिक विषय पूरा हो जाता है। यहाँ ध्यातव्य है कि इन दोनों ही मौलिक सूत्रों का सीधा सम्बन्ध मन के विज्ञान से है। वस्तुत: जिसे सूत्रकार ने चित्त कहा है वह अन्त:करण ही है जिसे कार्य भेद से चित्त-बुद्धि-अहंकार-मन कहा जाता है।

अन्त:करण जब विचार करता है तो वह 'मन' है, जब तक करता है और विभिन्न वृत्तियों में खोज करता है तब वह 'चित्त' है, यही अन्त:करण जब निर्णय कराता है तो 'बुद्धि' एवं जब स्वीकार करता है तो

---

१. योगाश्चित्तवृत्तिनिरोध:। (समाधिपाद/२)

२. तदा द्रष्टु: स्वरूपेऽवस्थानम्। (समाधिपाद/३)

'अहंकार' के नाम से जाना जाता है।

योगशास्त्र में अंत:करण सामान्य को चित्त कहा गया है। भीतरी ज्ञान का साधन अंत:करण है। यही योगदर्शन का चित्त है। जैसे पानी में तरंगें उठती हैं, वैसे चित्त में वृत्तियाँ उठती हैं। वृत्ति का अर्थ है घेराव, मन की एक विशेष स्थिति। चित्त में निरन्तर विचारों का परिवर्तन होता रहता है। हर परिवर्तन वृत्ति है। ऐसी असंख्य वृत्तियाँ होती हैं। इनका रुक जाना ही योग है। ध्यान रखना चाहिए कि इन असंख्य मानसिक वृत्तियों का केवल निरोध होता है विनाश नहीं। अतएव दूसरे शब्दों में कह सकते हैं कि योग मानसिक तरंगों का संयम है।

इन मानसिक तरंगों का संयमन वायु को वश में लाने के समान दुष्कर है चाहे वह महाबाहु अर्जुन सदृश पराक्रमवान पुरुष ही क्यों न हो।[१] किन्तु इस दुष्कर मनोनिग्रह को दुष्कर या कठिन ही समझना चाहिए असम्भव नहीं। सुनिर्धारित तरीके से मानसिक वृत्तियों का निग्रह सर्वथा सम्भव है।

योग के इसी सुनिर्धारित एवं मनोवैज्ञानिक तरीके को भगवान श्री कृष्णजी ने 'अभ्यास एवं वैराग्य' इन दो शब्दों में अभिव्यक्त कर दिया है।[२] भारत के सभी सन्त महात्माजन युगों युगों से समवेत स्वर में यही कहते हैं कि मन को वश में करने का 'अभ्यास और वैराग्य' के अतिरिक्त दूसरा कोई उपाय नहीं है।[३]

निस्सन्देह अभ्यास और वैराग्य ही मन के निग्रह का रहस्य है किन्तु प्रश्न यह है कि इन दोनों को जीवन में लाया कैसे जाय? इनके लिए सर्वप्रथम हमें मन के विज्ञान को समझना पड़ेगा तदनन्तर कुछ साधन प्रणालियाँ सीखकर उन पर निरन्तर चलते रहना होगा। इस प्रक्रिया

---

१. चञ्चलं हि मन: कृष्ण प्रमाथि बलवद्दृढम्। तस्याहं निग्रहं मन्ये वायोरिव सुदुष्करम्।। (गी./६/३४)

२. अभ्यासवैराग्याभ्यां तन्निरोध: (समाधिपाद/१२)

३. असंशयं महाबाहो मनो दुर्निग्रहं चलम्। अभ्यासेन तु कौन्तेय वैराग्येण च गृह्यते।। (गी./६/३५)

में निराशा और हतोत्साह को पृथक् ही रखना होगा– यह तो हुआ अभ्यास। इस अभ्यास में मन की तरंगों को केवल साक्षी एवं द्रष्टा भाव से देखते हुए उन्हें आने जाने देना चाहिए; उन विचार पुञ्जों के साथ किसी भी प्रकार का राग या द्वेष न अनुभव करते हुए समत्व[६] एवं तितिक्षा[७] की स्थिति में रहना चाहिए। धीरे-धीरे यह दशा द्रष्टा एवं दृश्य को पृथक् कर देती है। द्रष्टा के विवेक-ज्ञान में पिण्ड से ब्रह्माण्ड तक सारा जड़ दृश्य नीरस और निष्प्रयोज्य हो उठता है। सभी वृत्तियों के लीन हो जाने से द्रष्टा चेतन अपने स्वरूप में स्थित होता है। अविद्या के अभाव से प्रकृति-पुरुष संयोग का अभाव हो जाता है, यही दु:खों का नाश है और यही चेतन पुरुष का कैवल्य है।[८]

इस योग को मनोवैज्ञानिक एवं व्यवस्थित स्वरूप प्रदान करते हुए महर्षि पतञ्जलि ने इसके आठ अङ्ग बतलाए हैं।[९] योग सम्बन्धी शास्त्र कहते हैं कि मन के निग्रह के लिए साधक को पञ्चयमों[१०] एवं पञ्चनियमों[११] का अनुवर्तन अपने जीवन में अवश्य करना चाहिए। इन दसों का सीधा सम्बन्ध व्यक्ति के मन के साथ होता है। मन में सर्वाधिक विक्षोभ तभी उत्पन्न होता है जब हम इनके विपरीत का वर्तन करते हैं। मन में किसी के प्रति हिंसा, छल, कपट, मैथुन या चोरी का भाव लेकर ध्यान लगाना पाखण्ड के अतिरिक्त कुछ भी नहीं। यही कारण है कि इनकी एकान्तिक एवं आत्यन्तिक निवृत्ति को ध्यान में रखकर ही योगसूत्रकार ने इन्हें जाति, देश, काल और समय से अनवच्छिन्न सार्वभौम महाव्रत[१२] कहा है। इन सार्वभौमिक महाव्रतों के साथ ही महर्षि

---

६. समत्वं योग उच्यते

७. मात्रा स्पर्शास्तु कौन्तेय शीतोष्णसुखदु:खदा:।
आगमापायिनोऽनित्यास्तांस्तितिक्षस्व भारत।। (गी./२/१४)

८. तदभावात्संयोगाभावो हानं तद्दृशे: कैवल्यम्। (साधनपाद/२५)

९. यमनियमासनप्राणायामप्रत्याहारधारणाध्यान समाध्योऽष्टावङ्गानि। (साधनपाद/२९)

१०. अहिंसा सत्यास्तेय ब्रह्मचर्या परिग्रहा यमा:। (साधनपाद/३०)

११. शौचसन्तोषतप:स्वाध्यायेश्वरप्रणिधानानि नियमा:। (साधनपाद/३२)

१२. जाति-देश-काल-समय-अनवच्छिन्ना: सार्वभौमा: महाव्रतम्। (साधनपाद/३१)

पतञ्जलि ने साधक के लिए व्यक्तिगत व्रतों के अनुपालन को भी अपरिहार्य माना है। शौच, संतोष, तथा-स्वाध्याय और ईश्वर की शरणागति साधक के व्यक्तिगत उन्नायक नियम हैं। इस प्रकार यम और नियम आत्मशोधन की मनोवैज्ञानिक प्रक्रियाएँ हैं जो मन वाणी और कर्म के विकारों को सर्वथा नष्ट कर देती हैं और व्यक्ति को आत्मज्ञता का अधिकारी[१] बना देती हैं।

यम-नियम-सिद्धि के पश्चात् व्यक्ति को आसन की सिद्धि करनी चाहिए। आसन का अर्थ है एक विशेष अंग-विन्यास जिसमें साधक सुखपूर्वक विलंब तक योग, ध्यान एवं साधना में बैठा रह सके। यहाँ सूत्रकार साधक को अमुक आसन में बैठने के लिए बाँधते नहीं अपितु स्वतन्त्र रखते हैं। उनका मनोविज्ञान यह है कि साधक सिर, ग्रीवा तथा रीढ़ को एक सिधाई में रखकर जिस भी आसन में बिना हिले डुले लम्बे समय तक सुखपूर्वक बैठा रह सके वही आसन या बैठने का ढंग सही है। 'आसन' का दूसरा अर्थ है बैठने का आधार वस्त्र, गद्दे, चटाई आदि। यह बहुत मोटा, कोमल या अधिक कड़ा नहीं होना चाहिए, अपितु मध्यवर्ती होना चाहिए। ध्यातव्य है कि आसन शारीरिक स्तर तक ही सीमित होता है जिसका प्रभाव अवश्यरूपेण मनोनिग्रह पर पड़ता है किन्तु आधुनिक सन्दर्भों की भाँति इसे ही साध्य या योग की पूर्णता के रूप में स्वीकारना अनुचित है।

योग के चतुर्थ अंग प्राणायाम का भी विशेष मनोविज्ञान है। जब हमारा मन विक्षिप्त होता है, तो हमारी साँस जल्दी-जल्दी और अनियमित रूप से चलने लगती है। मन को शान्त करने का एक उपाय है श्वास प्रश्वास को नियमित करना। गहरे श्वास-प्रश्वास का अभ्यास मन को स्थिर करने में सहायक होता है। उल्लेखनीय है कि जिस प्रकार अन्नमय कोश[२] के लिए शारीरिक व्यायाम की उपयोगिता है उसी प्रकार 'प्राणों

१. अधिकारी तु विधिवदधीत वेदवेदाङ्गत्वेनाप ततोऽधिगताखिलवेदार्थो ऽस्मिन जन्मनि जन्मान्तरे वा काम्यनिषिद्धवर्जनपुरस्सर नित्यनैमित्तिकप्रायश्चितोपासननुष्ठानेन निर्गत निखिल कल्मषतया नितान्त निर्मल

२. अन्नमय कोश, वेदान्तसार

का व्यायाम' प्राणमय कोश[१] को परिपुष्ट करता है एवं तत्तत् प्राणों को तत्तत् स्थानों पर स्थापित करता हुआ मनोनिग्रह में सहायक होता है। वस्तुत: प्राणों का असंतुलन या संतुलन मन के असंतुलन एवं संतुलन से साक्षात् सम्बद्ध है।

अगला योगाङ्ग प्रत्याहार भी मन का ही विज्ञान है। प्रत्याहार[२] वह रोक है जिसके फलस्वरूप इन्द्रियाँ अपने विषयों के सम्पर्क में नहीं आ पातीं और मानो नियन्त्रित मन के स्वभाव का अनुवर्तन करती हैं। ऐसी दशा में इन्द्रियाँ अपने विषयों को न लेकर, उन्हें न ग्रहण कर, अपने संचालन केन्द्र चित्त की तरफ लौट आती हैं और शान्त चित्त के समान वे भी शान्त हो जाती हैं। सूत्रकार कहना चाहते हैं कि यम-नियमादि का पालन करने से चित्त संयत हो जाता है। चित्त के चंचल होने से इन्द्रियाँ चंचल होती थीं। किन्तु अब चित्त संयत हो गया तो इन्द्रियाँ अपने विषयों से विरत हो गयीं और वे संयत चित्त के स्वरूप का अनुकरण करने लगीं और उसी के समान वे भी संयत हो गयी, यही प्रत्याहार है। इन्द्रियों का अपना आहार छोड़ देना प्रत्याहार है। जैसे राजा मधुमक्खी के उड़ने पर सभी मधुमक्खियाँ उड़ जाती हैं और उसके बैठने पर बैठ जाती हैं, वैसे चित्त के निरूढ़ हो जाने पर इन्द्रियाँ निरूढ़ हो जाती हैं।[३]

शेष योगाङ्गों धारणा-ध्यान और समाधि की अवस्था में चित्त का अपरिहार्य एवं अवियोज्य योगदान है। शरीर के भीतर हृदय, कंठ, तालु, त्रिकुटी आदि या शरीर के बाहर किसी महापुरुष के चित्रादि में चित्त को बाँधना धारणा है।[४] उसी में मनोवृत्ति का एक रस चलना ध्यान है। एकतानता का अर्थ है लगातार बने रहना। अर्थात् धारणा में लगातार बने रहना ध्यान है। ध्यानस्य अवस्था में शरीर के भीतर या बाहर जहाँ कहीं

---

१. प्राणमण कोश, वेदान्तसार

२. स्वविषयासम्प्रयोगे चित्तस्वरूपानुकार इवेन्द्रियाणां प्रत्याहार:।

३. यथा मधुकरराजं मक्षिका उत्पन्तमनूत्पतन्ति, निविशमानमनुनिविशन्ते तपेन्द्रियाणि चित्तनिरोधे निरुद्धानीत्येष: प्रत्याहार:।

४. देशबन्ध: चित्तस्य धारणा।। (विभूतिपाद/१)

भी चित्तवृत्ति रोकने के लिए धारणा करें– उसी में चित्त का प्रवाह तैल-धारावत् बना रहता है।[१] अन्ततः वह ध्यान ही जब ध्येय मात्र के रूप में प्रतीत होता है और चित्त का स्वरूप शून्य के समान हो जाता है, यही समाधि है। इस प्रकार किसी एक बिन्दु पर मन को ठहराना धारणा है। उस पर 'मन' को निरन्तर प्रवाहित करते रहना ध्यान है और आगे चलकर जब ध्येय ही की प्रतीति हो, अर्थात् जिसमें हमने धारणा की है, केवल वही लक्ष्य मे दिखे और जो चित्त का प्रवाह ध्यान के रूप में चल रहा है, वह अपने रूप में शून्य के समान हो जाय, केवल ध्येय की प्रतीति हो, यह समाधि है।[२]

निष्कर्ष हम कह सकते हैं कि योग मन का उत्कृष्टतम विज्ञान है, जिसके व्यावहारिक अनुशीलन के अभाव में योगशास्त्र में प्रवेश दुष्कर ही नहीं असम्भव है। अतः योग का आत्मसात मन के धरातल पर उतरकर ही किया जा सकता है।

---

१. तत्र प्रत्ययैकतानता ध्यानम्। (विभूतिपाद/२)

२. तदेवार्थमात्रनिर्भासं स्वरूपशून्यमिव समाधिः। (विभूतिपाद/३)

श्रीमद्भगवद्गीता और सांख्ययोगतत्त्व

डॉ. कृष्णचन्द्र चौरसिया

भारतीय मनीषियों के लिए मानव जीवन महत्त्वपूर्ण था और वे मानव जीवन को व्यर्थ नष्ट कर देना उचित नहीं समझते थे उनकी दृष्टि सत्य के अनुसंधान में लगी रहती थी। सत्य क्या है? इसको जानने के लिए ऋषि-मुनि निरन्तर उद्योगशील रहते थे। भारतीय सांस्कृतिक परम्परा ऋषियों-मुनियों ने साक्षात्कार स्वरूप जो प्राप्त किया वही दर्शन कहलाया। दर्शन मनुष्य के जीवन रूपी प्रयोगशाला में अनुसन्धान किया हुआ सत्य है। यह अनुसन्धान उपनिषदों के आविर्भावकाल तक आते-आते आत्मदर्शन हो गया। यहाँ ध्यातव्य है कि सर्वप्रथम पुरुषार्थ अमृतत्त्व (धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष) की प्राप्ति ही मानव-जीवन का एकमात्र लक्ष्य था, किन्तु अवान्तरकाल में रुचि, शक्ति, अभ्यास आदि के भेद से तत्त्व के विषय में ज्यों-ज्यों विचार होते गये त्यों-त्यों दर्शन के भी भेद प्रभेद होते गये। परिणामत: यह वह समय आ गया जब भेद के अन्तर्गत अवान्तर भेद होने से अधिकाधिक दार्शनिक सम्प्रदाय देश में उत्पन्न हो गये। जिसे चार्वाक, लोकायत, न्याय, वैशेषिक, सांख्य, योग, मीमांसा, जैन, बौद्ध इत्यादि नामों से जाना गया।

भारतीयदर्शन में सांख्यदर्शन के प्रवर्तक कपिलमुनि को बतलाया जाता है। श्रीमद्भगवद्गीता में कपिलमुनि को भगवान् की विभूति कहा गया है। सांख्य शब्द का अर्थ है– सम्यक् ख्यानम् अर्थात सम्यक् विचार। इसी को विवेक-बुद्धि कहा गया है। सांख्य-दार्शनिकों का मन्तव्य है कि आत्मा अविद्या के आवरण से आच्छन्न रहती है, इसीलिए आत्मा को अपने विशुद्ध चैतन्यमय नित्य स्वरूप का ज्ञान नहीं हो पाता। इसी अज्ञान के कारण दु:खमय जगत् की सत्ता है। आत्मा त्रिगुणातीत है और अविद्या त्रिगुणात्मिका। आत्मा को अविद्या से पृथक् करना आवश्यक है क्योंकि इस पृथक्करण के बिना जगत् के भौतिक दु:खों की आत्यन्तिक निवृत्ति

सम्भव नहीं है। पृथक्करण के इस सिद्धान्त को 'विवेक ख्याति' कहते हैं। यह विवेक-बुद्धि जिस दर्शन से प्राप्त होती है, उसे सांख्यदर्शन कहा जाता है। 'न हि सांख्यसमं ज्ञानम्' इस उक्ति द्वारा दार्शनिकों ने प्रशंसा भी किया है कि यथार्थ ज्ञान तो सांख्य में ही है, ऐसा ज्ञान दूसरे शास्त्र में नहीं है। जो जिज्ञासु होते हैं, जो विद्वान् हैं, जिन्हें दु:ख निवृत्ति की इच्छा है, उन सभी को सांख्यदर्शन की आवश्यकता है।

सांख्यदर्शन में आध्यात्मिक दु:ख, आधिभौतिक दु:ख तथा आधिदैविक दु:ख की निवृत्ति को चरम लक्ष्य माना गया है। ध्यातव्य है कि सभी प्रकार के दु:खों से मुक्ति ज्ञान या विवेक के द्वारा ही सम्भव है। ज्ञान-प्राप्ति के लिए सांख्यदर्शन में तत्त्वज्ञान का विवेचन किया गया है। यहाँ २५ तत्त्वों में पुरुष, प्रकृति, महत्, अहङ्कार, मन, पञ्चकर्मेन्द्रिय (श्रोत्र, त्वक्, चक्षु, जिह्वा और घ्राण) पञ्चतन्मात्रा (शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गन्ध) पञ्चमहाभूत (पृथ्वी, जल, तेज, वायु और आकाश) हैं। इसके अतिरिक्त सांख्यदर्शन में तत्त्व चिन्तन करते समय कार्य-कारण के सम्बन्ध पर भी विचार किया गया है–

असदकरणादुपादानग्रहणात् सर्वसंभवाभावात्।
शक्तस्य शक्यकरणात् कारणभावाच्चसत्कार्यम्।।[१]

अर्थात् जो असत् (अविद्यमान) है वह सत् किसी प्रकार भी नहीं हो सकता। उपादान के ग्रहण से ही कार्य की सत्यता सिद्ध होती है। सब कारणों से सब कार्यों की उत्पत्ति असम्भव है। शक्ति सम्पन्न (शक्त) कारण से शक्ति सम्पन्न (शक्त) वस्तु की उत्पत्ति अनुभव-सिद्ध विषय है। कार्य कारण से भिन्न नहीं है अर्थात् कार्य और कारण वास्तव में एक ही वस्तु की भिन्न-भिन्न दशाओं के नाम हैं।

श्रीमद्भगवद्गीता में सांख्यदर्शन की धारणा निहित है। महाभारतान्तर्गत भीष्मपर्व के २३ वें अध्याय से ४०वें अध्याय पर्यन्त श्रीमद्भगवद्गीता है; जिसमें ७४५ श्लोक है। इनमें ६२० श्लोक भगवान् श्रीकृष्ण, ६७ श्लोक

---

१. ईश्वरकृष्णकृत सांख्यकारिका, ९

संजय, ५७ श्लोक अर्जुन तथा ०१ श्लोक धृतराष्ट्र के द्वारा कहा गया है।

षट्शतानि सविंशानि श्लोकानां प्राह केशवः।
अर्जुनः सप्तपञ्चाशत् सप्तषष्टि तु संजयः।।
धृतराष्ट्र श्लोकमेवं गीताया मानमुच्यते।[१]

श्रीमद्भगवद्गीता में वेद, वेदाङ्ग, पुराण, धर्मशास्त्र का सार समाहित है[२], जिसमें तथ्य यह है कि महाभारत युद्ध के भीषण परिणामों की कल्पना कर कुरुक्षेत्र युद्धस्थल में अर्जुन का रोम काँपने लगा। हाथ से गांडीव धनुष गिरा जा रहा था। त्वचा भी बहुत जलने लगी। मन भ्रमित-सा होने लगा.....ऐसी अवस्था पाकर अर्जुन युद्ध से विमुख होने लगा[३] तो लीलाधारी भगवान् श्रीकृष्ण ने उसे अपने हृदय की दुर्बलता त्यागकर युद्ध में डँटे रहने को कहा। इसके माध्यम से भगवान् श्रीकृष्ण ने मानव जीवन के वास्तविक कर्त्तव्य का स्मरण कराया। इसके माध्यम से भारत को कर्म, उपासना, भक्ति और ज्ञान रूपी मंजुल संगम में स्नान कराया। भगवान् श्री कृष्ण बोले, हे अर्जुन! तू न शोक करने योग्य मनुष्यों के लिए शोक करता है और पण्डितों की वाणी बोलता है, परन्तु जिसके प्राण चले गये, उनके लिए और जिनके प्राण नहीं गये हैं

---

१. महाभारत भीष्मपर्व – ४३/४-५

२. अष्टादशपुराणानि धर्मशास्त्राणि सर्वशः।
वेदाः साङ्गास्तथैकत्र भारतं चैकतः स्थितम्।।
श्रूयतां सिंहनादोऽयमृषेस्तस्य महात्मनः।
अष्टादशपुराणानां कर्तुर्वेदमाहोदधेः।।
महाभारत, स्वर्गा. पर्व – ५/४६-४७

३. कृपया परयाविष्टो विषीदन्निदमब्रवीत्।
दृष्ट्वेमं स्वजनं कृष्ण युयुत्सुं समुपस्थितम्।।
सीदन्ति मम गात्राणि मुखं च परिशुष्यति।
वेपथुश्च शरीरे मे रोमहर्षश्च जायते।।
गाण्डीवं स्रंसते हत्वात्त्वक्चैव परिदह्यते।
न च शक्नोमयवस्थातुं भ्रमतीव च मे मनः।।
श्रीमद्भगवद्गीता – २/२-३

उनके लिए भी पण्डित जन शोक नहीं करते।[१]..... अर्जुन के अहङ्कार का पूर्णतः नाश हो गया तो वह शिष्यत्व रूप में भगवान् श्रीकृष्ण के शरणागत को प्राप्त हुए। भगवान् श्रीकृष्ण भी अर्जुन के घोर अज्ञानान्धकार को हटाने के लिए ज्ञान, कर्म और उपासना के आधार से सांख्ययोगतत्त्व प्रकट किया। सांख्ययोग को ज्ञानयोग के नाम से जाना जाता है। यह शरीरधारी जीव कौन है? यह शरीरधारी जीव कहाँ से आया? यह शरीरधारी जीव क्यों आया? यह शरीरधारी जीव कहाँ जायेगा? इत्यादि जो विचार-सरणि सांख्ययोग विषय सामग्री है; उसे भगवान् श्रीकृष्ण गीता के माध्यम से बतलाते हैं कि हे अर्जुन! तू न शोक करने योग्य मनुष्यों के लिए शोक करता है– अशोच्यानन्वशोचस्त्वम्। वस्तुतः संसार में दो चीजें हैं– सत् और असत्। शरीरी सत् है और शरीर असत् है अर्थात् शरीरी अविनाशी है तो शरीर विनाशी है। अविनाशी का कभी विनाश नहीं होता, इसलिए वह शोक का विषय नहीं बनता। विनाशी का हर क्षण विनाश होता है, वह एक क्षण भी स्थायी रूप से नहीं रहता। इसलिए वह भी शोक का विषय नहीं बनता।[२] गीता कहती है कि जिसकी मृत्यु होती है, वह तुम नहीं हो। तुम ज्ञाता और शरीर ज्ञेय है।[३] तुम सर्वदेशीय हो[४] और यह शरीर एक देशीय है।[५] तुम चिन्मय लोक के निवासी हो, शरीर जड़ संसार का निवासी है[६] अर्थात् तुम निरन्तर अमरता में रहते हो और शरीर निरन्तर मृत्यु में रहता है। एतादृश शरीर को लेकर शोक, चिंता, भय आदि नहीं करना चाहिए। कुमार, युवा और वृद्धावस्था

१. कुतस्त्वा कश्मलमिदं विषमे समुपस्थितम्।
अनार्यजुष्टमवर्ग्यम् कीर्तिकरमर्जुन।।
क्लैब्यं मा स्म गमः पार्थ नैतत्त्वय्युपपद्यते।
क्षुद्रं हृदयदौर्बल्यं त्यक्त्वोतिष्ठ परन्तय।।
श्रीमद्भगवद्गीता – २/२-३

२. श्रीमद्भगवद्गीता – २/११-३०

३. श्रीमद्भगवद्गीता – १३/०१-०६

४. नित्यः सर्वगतः- श्रीमद्भगवद्गीता – २/२४

५. येन सर्वमिदं ततम् – श्रीमद्भगवद्गीता – २/१७

६. श्रीमद्भगवद्गीता – १५/७

तो मात्र शरीरधारियों के शरीरों की होती है, शरीरी की नहीं। धीर पुरुष (सत्-असत् का बोध) ऐसे विषय में मोहित नहीं होते हैं– नासतो विद्यते भावो नाभावो विद्यते सत:। उभयोरपि दृष्टाऽन्तस्त्वनयोस्तत्त्व-दर्शिभि:।। अविनाशि तु तद्विद्धि येन सर्वमिदं ततम्। विनाशमव्ययस्यास्य न कश्चित्कर्तुमर्हति।।[१]

यही नहीं; भगवान् श्रीकृष्ण ने कहा कि हे महाबाहो! सम्पूर्ण कर्मों के सिद्धि के पाँच हेतु अधिष्ठान, कर्त्ता, करण, चेष्टा और देव है–

पञ्चैतानि महाबाहो कारणानि निबोध मे।
सांख्ये कृतान्ते प्रोक्तानि सिद्धये सर्वकर्मणाम्।।[२]

शरीर और जिस देश में यह शरीर स्थित है, ये दोनों अधिष्ठान है। सम्पूर्ण क्रियाएँ प्रकृति और प्रकृति के कार्यों के द्वारा ही होती हैं किन्तु अविवेकी पुरुष प्रकृति से होने वाली क्रियाओं को अपना मान लेता है और स्वयं को कर्ता मानने लगता है।[३] इसका तात्पर्य है कि प्रकृति और पुरुष– इन दोनों में केवल प्रकृति में ही क्रियाएँ होती हैं, पुरुष में नहीं। प्रकृति के साथ तादात्म्य करने से ही पुरुष उन क्रियाओं को कर्ता मान लेता है। पंचकर्मेन्द्रिय, पंचज्ञानेन्द्रिय (बहि:करण) मन, बुद्धि और अहङ्कार (अन्त: करण) ये १३ करण है। इन करणों की अलग-अलग चेष्टाएँ होती हैं–

क्रं.सं.	करण	चेष्टाएँ
१	वाक्	बोलना
२	पाणि	आदान-प्रदान करना,
३	पाद	चलना-फिरना,
४	पायु	मल का त्याग करना,
५	उपस्थ	मूत्र का त्याग करना,

१. श्रीमद्भगवद्गीता – २/१६-१७
२. श्रीमद्भगवद्गीता – १८/१३-१४
३. श्रीमद्भगवद्गीता – ३/२७, २८, ५/९, १३/२१, २९

६	श्रौत्र	सुनना,
७	त्वक्	स्पर्श करना,
८	चक्षु	देखना,
९	जिह्वा	रसास्वादन करना,
१०	घ्राण	सूँघना,
११	मन	मनन करना,
१२	बुद्धि	निश्चय करना
१३	अहङ्कार	मैं ऐसा हूँ ऐसा अवबोधित होना

सम्पूर्ण कार्यों की सिद्धि में ५वा हेतु का नाम 'दैव' है। यहाँ 'दैव' नाम संस्कारों का है। मनुष्य जैसा कर्म करता है वैसा ही संस्कार उसके अन्तःकरण पर पड़ता है। शुभकर्म का शुभ संस्कार होता है ओर अशुभकर्म का अशुभ संस्कार होता है। वे संस्कार आगे कर्म करने की स्फुरणा पैदा करते हैं। यहाँ पाँच हेतु का कारण यह है कि आधार के बिना कोई भी कार्य कहाँ किया जायेगा? कर्ता के बिना क्रिया कौन करेगा? क्रिया के साधन (करण) होने से ही कर्ता क्रिया करेगा। इस प्रकार कर्ता अपने-अपने संस्कारों के अनुसार ही क्रिया करेगा। संस्कारों के बिना क्रिया नहीं कर सकेगा। श्रीमद्भगवद्गीता का यह तथ्य सांख्ययोग का तत्त्व है।

सांख्ययोगतत्त्व विवेक-विचार की प्रधानता को गीता में स्वीकार किया गया है। इहलौकिक जगत् में जितने भी कर्म होते हैं वे सभी पाँच हेतुओं से ही होते हैं। अहङ्कार से मोहित अन्तःकरण वाला अपने को कर्त्ता मान लेता है परन्तु गुण विभाग और कर्मविभाग के तत्त्व को जानने वाला ज्ञानयोगी सम्पूर्ण गुण ही गुणों में बरत रहे, ऐसा समझकर उनमें आसक्त नहीं होता।[१] ध्यातव्य है कि सभी प्राणियों का शरीर तीन गुण (सत्त्व, रज और तम) पञ्चमहाभूत, पञ्चकर्मेन्द्रिय, पञ्चज्ञानेन्द्रिय, पञ्च

१. श्रीमद्भगवद्गीता – ३/१६-१७

विषय और मन सहित चौबीस तत्त्वों से बना होता है, जिसमें चेतन रूप में बैठा हुआ जीवात्मा २५वाँ तत्त्व है। जीवात्मा ही द्रष्टा, साक्षी, पुरुष आदि नामों से जाना जाता है। शरीर के नाश के साथ जीवात्मा का नाश नहीं होता है। चौबीस तत्त्वों के समूह में ही जन्म, वृद्धि, जरा और मरण के लक्षण रहते हैं किन्तु इनके सम्बन्ध से जीवात्मा भी इन्हीं चार लक्षणों तथा चार पुरुषार्थों से सम्बन्धित कहा जाता है। विषयों में आसक्त हुआ जीवात्मा जब आसक्तिरहित होकर विषयों से निवृत हो जाता है तो वह मुक्त कहलाता है। चौबीस तत्वों में तीन गुण को मूल प्रकृति अव्यक्त, माया, प्रधान आदि नामों से जानते हैं शेष इक्कीस तत्त्वों को इसी मूल प्रकृति अव्यक्त, माया, प्रधान आदि नामों से जानते हैं शेष इक्कीस तत्त्वों को इसी मूल प्रकृति का विकार कार्य करते हैं। २५वाँ तत्त्व जीवात्मा केवल मात्र देखने वाला ही है। वह कार्य या विकास से बिलकुल ही अलग है किन्तु इस रहस्य को नहीं जानने वाला अज्ञानी सुख-दु:ख प्रदान करने वाला कर्तृत्वाभिमान में लगा रहता है। ज्ञानी इस बन्धन से छूटा रहता है। वह शरीर से होने वाले सम्पूर्ण कर्मों को प्रकृति द्वारा किया हुआ देखता है यही जीवन्मुक्ति है।[२] श्रीमद्भगवद्गीता कायिक, वाचिक और मानसिक शुद्धि के लिए भी कहती है–

देवद्विजगुरुप्राज्ञपूजनं शौचमार्जवम्।
ब्रह्मचर्यमहिंसा च शरीरं तप उच्यते॥
अनुद्वेगकरं वाक्यं सत्यं प्रयहितं च यत्।
स्वाध्यायमभ्यसनं चैव वाङ्मयं तप उच्चयते॥
मनः प्रसादः सौम्यत्वं मौनमामविनिग्रहः।
भावसंशुद्धिरित्येतत्तपो मानसमुच्यते॥[३]

इसका तात्पर्य है कि शरीर, वाणी और मन से केवल शास्त्रविहित जो कर्म ही किये जाय वह तप है। यह तप ही सांख्ययोग का

१. श्रीमद्भगवद्गीता – २/२३-२५
२. श्रीमद्भगवद्गीता – १८/६२
३. श्रीमद्भगवद्गीता – १८/१४-१६

विवेक-विचार है। विवेक विचार से मोह मिट जाता है। जैसा कि भगवान् कृष्ण कहते हैं कि निष्कामभाव से किया हुआ तप सात्त्विक होता है। यह सात्त्विक तप बाँधने वाला नहीं होता है अपितु मुक्ति प्रदान करने वाला होता है। राजस् एवं तामस् तप बाँधने वाले होते हैं। यही नहीं, यहाँ विवेक-विचार की प्रधानता है–

तत्रैव सति कर्तारमात्मानं केवलं तु यः।
पश्यत्यकृतबुद्धित्वान्न स पश्यति दुर्मतिः॥
पश्य नाहङ्कृतो भावो बुद्धिर्यस्य न लिप्यते।
हत्वापि स इमॉल्लोकान्न हन्ति न निबध्यते॥[१]

अर्थात् जिस पुरुष के अन्तःकरण में 'मैं कर्त्ता हूँ' ऐसा भाव नहीं है तथा जिसकी बुद्धि सांसारिक पदार्थों में और कर्मों में लिप्तता नहीं होती है, वह पुरुष इन सब लोकों को मारकर भी वास्तव में न तो मरता है और न ही पाप से बँधता है।

पदार्थों में और कर्मों में लिप्तता नहीं होती है, वह पुरुष इन सब लोकों को मारकर भी वास्तव में न तो मरता है और न ही पाप से बँधता है।

१. श्रीमद्भगवद्गीता – १८/१६-१७

व्याधिनिवारणे योगविद्यायाः योगदानम्

देवेन्द्रसिंहः

योगविद्या हि मानवस्य सर्वतः सर्वाङ्गीणोन्नतये कारणं भवति तथा लौकिकपारलौकिकोभयविधकल्याणस्य कारणम्। तथा तादृशीमेव जीवनचर्यामुपदिशति, अतो यदि योगशास्त्रे दैनन्दिनजीवनस्याङ्गभूतमिति मत्वा तदनुसारिणी योगचर्यां यदि कश्चिदाचरति तदा सः सर्वदा जीवने स्वस्थं एव तिष्ठति दीर्घजीवनं च प्राप्नोति, रोगास्तस्य नश्यन्ति।

पाश्चात्यसिद्धान्तानुसारेण यथा प्रवृत्तिर्दृश्यते यद्यपि रोगाणां सम्प्राप्तिरेव भवेत् तदनन्तरं तेषां चिकित्सा विधेया। परन्तु भारतीयदर्शनस्यानुसारेण योगशास्त्रस्यायुर्वेदशास्त्रस्य चायं दृढ़तमः सिद्धान्तः।

यद् रोगाणां सम्प्राप्तिरेव यथा न भवेत्तथा आचरणीयं तथा व्यवहरणीयम्। अतो मानवस्य जीवनं एव तादृशं भवेद् येन सः कदापि कथमपि रुग्णो न स्यात्। अत एव आयुर्वेदशास्त्रस्य प्रयोजनम्। पूर्वं 'स्वस्थस्य स्वास्थ्यलक्षणम्'। तदनन्तरं यदा कदाचित् मिथ्याहारविहारेण यद्यातुरः स्यात्तदा 'विकारप्रशमनम्' इति प्रतिपादितम्। योगे च मिथ्याहार-विहारस्य सर्वथा परिहार एव हठयोगादिग्रन्थेषु प्रतिपादितः। तत्राहारविहारकृते भूयान् विचारं योगोपनिषत्सु वेदेषु तथा प्रायशः सर्वेष्वपि राजयोगहठयोगादि-ग्रन्थेषु कृतो वर्तते। अत एवायुर्वेदऔषधस्यापि द्वैविध्यं प्रतिपादितम्। एकं 'स्वस्थस्योर्जस्करम्' द्वितीयं 'आतुरस्य रोगनाशकरम्'। भारतीयशास्त्रेष्वाहारविषये तस्य प्रतिकूलतानुकूलताविषये सर्वैः स्वप्रकृतिमनुकूलमेवाहारं भवितव्यमिति विषये बहुशो बहुविचारः कृतः शास्त्रेषु। यतोहि आहारनियमनयेव रोगाणां शमनं करोति। अयञ्चापरोऽपि पूर्णविचारणा कृता वर्तते यतोहि शरीरमनसोः उभयोः परस्परापेक्षत्वं स्वीकृतम्। यतोहि मनसः स्वास्थ्यं शरीरस्वास्थ्यं विना न सम्भवति। अत आधुनिकमनोविज्ञानेन अपि प्राणिनः सर्वाः क्रियाः मनोशारीरिकी क्रियाः उच्यते। अत एव योगशास्त्रेषूभयविधस्वस्थतायै

यमनियमाद्यष्टयोगानां विधानं कृतम्। यतोहि मोक्षसाधनमात्मसाक्षात्कारसाधना वाऽन्यापि काचन क्रिया अस्वस्थेन शरीरेण कर्तुं न शक्यते। अत 'आसनेन रुजं हन्ति' प्राणायामैश्च मनस स्वास्थ्यं लभन्ते, तथा सदाचारणेन ध्यानाभ्यासादिनाम्ना दोषसाम्यता अत एवायुर्वेद लभ्यते, अत एवायुर्वेदे स्वस्थस्य परिभाषैवंरूपेण कृता वर्तते यत् तस्य वातपित्तकफश्चेति त्रयो धातव: दोषा: वा समा: जठराग्निश्च यस्य सम्यक्क्रियाशीला तथा धातुमलादिनां क्रिया यस्य शरीरे सम्यक्रूपेण प्रचलति तथात्मेन्द्रियमनसां प्रसन्नता यस्य विद्यते सैव स्वस्थ इत्युच्यते। अस्य कारणमेतदेव यत् जीवितस्य परिभाषा आयुर्वेदे योगानुसारेण चापि–

शरीरेन्द्रियसत्त्वात्मसंयोगे धारि जीवितम्[१]

अस्मिन् विषये मनुना प्रोक्तं यत् ऋषयो प्रतिदिनं सन्ध्योपासनेन दीर्घजीवनमवाप्नुयु:। वर्तमाने योगस्य महत्त्वं बहुधा दृश्यते, आसनेन प्राणायामेन नैका: दुर्गमकण्टकादि रोगा: नश्यन्ति। सम्पूर्णदेशे योगस्य प्रचारप्रसारं च भवति विद्यालयेषु विश्वविद्यालयेषु नैकेषु संस्थानेषु योगकेन्द्रा संस्थापिता वर्तन्ते। सम्प्रतियोगाचार्येण रामदेवमहोदयेन उत्तराखण्ड- स्थितहरिद्वारे पतञ्जलियोगपीठम् स्थापितम्। यत्र-तत्र सर्वत्र योगप्रशिक्षणकेन्द्राणां आयोजनं तै: क्रियते। देहलीनगरे मोरारजीदेसाईयोगकेन्द्रम्, केन्द्रीययोग- प्राकृतिक- चिकित्सानुसन्धानपरिषदश्च भारतसर्वकारेण संस्थापिता। श्रीलाल- बहादुरशास्त्रिराष्ट्रियसंस्कृतविद्यापीठेऽपि योगविज्ञानकेन्द्रमस्ति, तत्रापि स्नातकोत्तरयोगप्रशिक्षणं भवति। योगस्य गहनं महत्त्वं न केवलं भारतीया: अपितु वैदेशिका: अपि स्वीकृतवन्त:। विदेशेष्वपि योगकेन्द्राणि वर्तन्ते तत्र असंख्यजना: योगमाचरन्ति स्वस्था च भवन्ति। शाकाहारभोज्य- विषयेऽपि योगस्य महत्त्वं वर्तते। न केवलं भारतदेशे अपितु कनाडा, अमेरिका, ब्रिटेन इत्यादिषु देशेषु सहस्रजना: योगाभ्यासादनन्तरं मांसाहारं परित्यज्य शाकाहारपथमाचरन्ति। कथनस्यास्य तात्पर्यमिदमस्ति योग: औषधि: वर्तते, शारीरिकं मानसिकं रोगनिवारणाय च सहायक:।

---

१. चरकसूत्रम् १/४२

आयुर्वेद और योग में सम्बन्ध

वैद्य रविन्द्र नाथ मिश्रा
चिकित्सा अधिकारी, पलहीपट्टी, वाराणसी

योग की तरह आयुर्वेद के उत्स को भी प्राचीन भारत में खोजा जा सकता है। इन दोनों विज्ञानों का सामान्य भाषा और लक्ष्य रहे हैं अर्थात् प्रयोक्ता के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास करना इसका लक्ष्य था। योग का उपचारात्मक पक्ष आयुर्वेद है लेकिन योग एक आध्यात्मिक परम्परा है और आयुर्वेद इसी के साथ उपजा है। आप योग की सहायता से अपने मस्तिष्क और शरीर को आत्मबोध के लिये तैयार कर सकते हैं। यह परम्परा के साथ स्वीकृत करने का साधन है।

आयुर्वेद इस आध्यात्मिक यात्रा को सुखद बनाने में सहायता करता है। यह मस्तिष्क और शरीर के बीच में संतुलन और सामाञ्जस्य बनाने में सहायक है। योग और आयुर्वेद आपस में इस तरह से अनस्यूत हैं कि एक के बिना दूसरे को समझना मुश्किल है। आयुर्वेद की सहायता से यौगिक साधना योग मुद्राओं जैसे आसन, प्राणासन, मन्त्रोचार आदि को करने में उचित रूप से सक्षम होता है। आयुर्वेद चिकित्सक विशिष्ट जड़ीबूटियों, खान-पान एवं रहन-सहन के सहायता से शारीरिक दुर्बलता को दूर रखने में मदद करता है।

इसलिये योग और आयुर्वेद का समन्वित अध्ययन प्रत्येक विद्या के लिये जीवनी शक्ति का काम करता है। यह दोनों विद्या जीवन को पूर्णतया विकसित करने एवं गहराई से समझने में मदद करता है।

पश्चिमी देशों में योग एक प्रचलित शब्द हो गया है और वहाँ पर प्रत्येक शहर, मोहल्लों में योग विद्या की कक्षाएँ चलायी जा रही हैं। कई लौकिक प्रवृत्तियाँ यौगिक आसनों के साथ जुड़ गयी। यौगिक आसन योग के वृहद् मंदिर में प्रवेश करने का पक्ष मात्र है न कि सम्पूर्ण रूप

से योग है जैसे कि आजकल आसन समझा जा रहा है। अधिकतर लोग जो कि यौगिक क्रियाओं का सम्पादन करते हैं अन्ततः योग के गहनतम पक्ष की ओर मुड़ जायेंगे जैसे धारणा, ध्यान और समाधि।

इस तरह योग की सहायता से पश्चिमी देश आज बहुत तेजी के साथ आयुर्वेद से परिचित होता जा रहा है। यह प्राकृतिक चिकित्सा की एक विशेष प्रणाली है। जिसमें औषधि जड़ीबूटियों का प्रयोग किया जाता है। आयुर्वेदिक जड़ीबूटियाँ अधिकतर पंसारी की दुकानों पर मिल जाती है। कई लोकप्रिय पत्र और पत्रिकाएँ आयुर्वेद के बारे में सूक्ष्मतम् सूचनाएँ प्रदान करती है। इस प्रकार आयुर्वेद का वाह्य पक्ष जड़ीबूटियों तथा संयमित आहार-विहार के द्वारा शरीर को स्वस्थ रखने की प्रणाली है जबकि आन्तरिक पक्ष सूक्ष्म शरीर तथा मस्तिष्क को स्वस्थ रखने की प्रणाली है जबकि आन्तरिक पक्ष सूक्ष्म शरीर तथा मस्तिष्क को स्वस्थ रखने का साधक है। प्राचीन काल से योग हमेशा ही जीवन के आध्यात्मिक पक्ष को विकसित करता रहा है। यह मनुष्य को आत्म साक्षात्कार की ओर प्रेरित करता है। निश्चित तौर पर आयुर्वेद शारीरिक और मानसिक स्थितियों में सामञ्जस्य बनाने का कार्य करता है। एक चिकित्सा पद्धति के रूप में आयुर्वेद योग को एक विशिष्ट पद्धति के रूप में स्वीकार करता है। क्रिया पक्ष एवं ज्ञानपक्ष दोनों दृष्टियों से आयुर्वेदिक पद्धति यौगिक ही है। इस मापदण्ड के आधार पर दोनों उपचार पद्धतियाँ एक दूसरे को गहन रूप से प्रभावित करती हैं। आयुर्वेद यौगिक क्रियाओं को समझता ही नहीं बल्कि आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति और मनोविज्ञान के ऊपर उसके प्रभाव को भी स्वीकार करता है। इस प्रकार योग आयुर्वेद के महत्व और प्रभाव को अपने मौलिक क्रियाओं के साथ जोड़कर अपनी उपचारात्मक क्रियाओं को समुन्नत करता है।

यदि आप योगाभ्यास करते हैं तो आपने शायद ही यह अनुभव किया है कि कुछ आसन आपके मन और शरीर को किस प्रकार प्रभावित करते हैं। कुछ आसन इतने सरल है कि वह आपके मन को

प्रसन्न कर देते हैं जबकि कुछ इतने कठिन है कि आपको निराश कर देते हैं। इस प्रकार के शारीरिक और मानसिक अनुभव आपको अपने यौगिक आसनों को चुनने में सहायक होते हैं, मनुष्यों में विविधता है इसलिये योग में भी विविधता है। आयुर्वेद प्राचीन भारत में एक सम्माननीय पेशा था जो कि राज्य द्वारा सहायता और सामर्थ्य पाकर लोगों का उपचार करता था। जिन लोगों ने भी योगाभ्यास के लिये उनको अपने जीवनशैली, विश्वास और स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण बनी। आयुर्वेद को अंग्रेजी जीवन के ज्ञान के रूप में परिभाषित किया गया है जो कि नजदीकी रूप से योग से जुड़ा हुआ है। आयुर्वेद किसी व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को स्वस्थ बनाये रखने का विज्ञान है जबकि योग क्रियाओं द्वारा व्यक्ति आंतरिक बोध को प्राप्त करते हुये अपने को सर्वोच्च शक्ति से जोड़ लेता है।

योग और आयुर्वेदिक पद्धतियाँ एक-दूसरे के बिना अधूरी हैं और यदि कोई व्यक्ति योग को चुनता है तो उसके साथ-साथ आयुर्वेद को भी देखना होगा। प्राचीन वैदिक संहिताओं में आयुर्वेद और योग का उल्लेख किया गया है।

हठयोग जो कि योग का ही एक प्रचलित अंग है में आयुर्वेदिक समन्वय को अध्यात्मिक उत्कृष्टता प्रदान करने में सहायता प्रदान करता है। प्राचीन काल से योग एक अनुप्रयुक्त विज्ञान है जबकि आयुर्वेद स्वास्थ्य लाभ में सहायक है। ये दोनों विद्याएँ एक दूसरे के लिये स्पष्ट रूप से जुड़ी हुई हैं। कुछ लोग विश्वास करते हैं कि ये दो अलग-अलग विद्याएँ हैं जबकि कुछ लोग ऐसा मानते हैं कि यह एक ही विद्या है। योग और आयुर्वेद में एक ओर समानता है ये दोनों भारतीय दर्शन की सांख्य दर्शन से सम्बन्धित हैं। प्राचीन भारतीय उपचार पद्धति के अनुसार सभी संवेशी जीवन उर्जा के तीन स्तरों पर पाये जाते हैं– वात, पित्त और कफ। इन उर्जाओं को त्रिदोष कहा जाता है। मानव इन्हीं उर्जाओं के द्वारा निर्मित है। व्यक्ति विशेष के लिये इन संयोजकों को प्रकृति के रूप में जाना जाता है। भौतिक परिवेश तथा खान-पान एवं ऋतुचक्र परिवर्तन के

प्रभाव से व्यक्ति के शरीर में इन उर्जाओं में बदलाव आ जाता है। जिसे कि विकृति कहा जाता है और इस विकृति को दूर करने में योग और आयुर्वेद का समन्वित प्रयोग सफल रहता है।

यह उपरोक्त त्रिदोष पंचभूतों से सम्बद्ध है जो कि हमारी पृथ्वी पर पाये जाते हैं जैसे कि– वात– हवा, पृथ्वी,

पित्त– अग्नि, जल

कफ– जल, पृथ्वी

जब दोषों में बदलाव आता है तब मनुष्य का शरीर प्रभावित होता है। जब वात का शरीर में असंतुलन होता है तो यह तांत्रिक तंत्र को बड़ी आँत के प्रतिरक्षा तंत्र को और जोड़ों को प्रभावित करता है। तब पित्त की मात्रा शरीर में बढ़ जाती है तब यह छोटी ऑत के साथ–साथ रक्त, नेत्रा प्लीहा, चर्म, थाईराईड और यकृत को प्रभावित करता है जब कफ की मात्रा अत्यधिक बढ़ जाती है तब पेट तथा फेफड़ों सम्बन्धित रूप का कारण बनता है। आयुर्वेद शरीर में इन तीनों दोषों को दूर करके उनमें परस्पर संतुलन स्थापित करने का कार्य करता है। जिससे कि यह शरीर में समउपातिक रूप से रहे। आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति का एक और आधार है जो कि प्रकृति के तीन गुणों सत्व, रज और तम के नाम से जाना जाता है। जो तत्त्व स्पष्ट, सुरक्षित और हवादार हैं वे सात्त्विक माने जाते हैं और वे तत्त्व जो कि प्रकाश, अनुभव से जुड़ी होती है और जिनकी वजह से स्वस्थ मस्तिष्क ईश्वर के साथ जुड़ता है उसे सत्व कहते हैं और इन गुणों के विपरीत जो गुण है उन्हें हम रजोगुण कहते हैं। रजोगुण कई तरह से मन को प्रभावित करते हैं जैसे–घृणा, ईर्ष्या, विषाद, भय और क्रोध। तामसिक चरित्र किसी भी तत्त्व के अत्यधिक नकारात्मक पक्षों को सम्मिलित करता है। तामसिक मनोवृति का फैलाव आत्महत्या से लेकर नशाखोरी और अवसाद से लेकर हिंसात्मक प्रवृत्ति तक देखी जा सकती है। गुण समूहों में तामसगुण सर्वाधिक खतरनाक है।

कोई व्यक्ति अगर आयुर्वेद के विषय में बेहतर जानकारी चाहता है तो योग के इस विविध अध्यायो के बारे में जानना चाहिये

जैसे–

अध्यात्मयोग	भक्तियोग	गुरुयोग
राजायोग	मंत्रयोग	आयंगरयोग
कृपालूयोग	कौलयोग	मंत्रयोग
जपयोग	कुंडलिनीयोग	राजयोग
हठयोग	महायोग	संपुटयोग
लम्बीकायोग	पातञ्जलयोग	सप्तांगयोग
सांख्ययोग	शिवानंदयोग	विक्रमयोग
(ix) परोपकार की चेष्टा– दूसरों पर उपकार करने की इच्छा ही 'परोपकार' कही जाती है। साधक को प्रत्येक क्षण दूसरों की भलाई ही करनी चाहिए।

---

१. श्रीमद्भागवतमहापुराण, ग्यारहवाँ स्कन्ध १९/३९

२. श्रीमद्भागवतमहापुराण, ग्यारहवाँ स्कन्ध १९/४०

(x) सन्तोष– इसका यौगिक अर्थ है भली प्रकार "प्रसन्नता", "तुष्टि"। दुख उपस्थित होने पर भी मन में किसी प्रकार का भी क्षोभ न होना ही 'सन्तोष' है। अत: स्वत: प्राप्ति स्थिति में जिस मनुष्य का मन सन्तुष्ट रहे, ऐसी बुद्धि को ऋषिगण सुखकारक 'सन्तोष' कहते हैं।

(xi) गुरुसेवा– 'गुरु' शब्द अपने आप में एक ऐसा पवित्र नाम है जिसके लिए वाणी भी असमर्थ साबित होती है। जिस प्रकार मन को वश में करने के लिए भगवद्भक्ति का उदय होता है उसी प्रकार मन का वशीकरण गुरु की कृपा से होता है। इस विषय में वेदों, उपनिषदों और पुराणों में भी नाना प्रकार से गुरु सेवा पर जोर दिया गया है। श्रीमद्भागवतमहापुराण में "गुरु महिमा" के विषय में लिखा है–

विजितहृषीकवायुभिरदान्तमनस्तुरगं
य इह यतन्ति यन्तुमतिलोलमुपायखिद:।।
व्यसनशतान्विता: समवहाय गुरोश्चरणं।
वणिज इवाज सन्त्यकृतकर्णधरा जलधौ।।[१]

(ग) आसन– यह योग का तीसरा अंग है। शुद्ध, पवित्र तथा एकान्त स्थान में आसन लगाना चाहिए। भागवतकार ने 'कल्पितासन' का स्थान-स्थान में संकेत दिया है। श्रीमद्भागवतमहापुराण में आसन के स्कन्ध में कहा गया है–

शुचौ देशे प्रतिष्ठाय विजितासन आसनम्।
तस्मिन् स्वस्ति समासीन ऋजुकाय: समभ्यसेत्।।[२]

अर्थात् 'शुचि देश में आसन लगाकर आसन को जीते, पश्चात् स्वस्तिकासन लगाकर सीधा शरीर करके अभ्यास करें। अत: भागवतकार ने एक आसन के प्रति आदर दिखाया गया, नहीं मालूम पड़ता। स्थान-स्थान पर टीकाकारों के संकेत से पद्म अथवा सिद्ध आसनों की ओर निर्देश जान पड़ता है।

---

१. श्रीमद्भागवतमहापुराण, दशवाँ स्कन्ध ८७/३३
२. श्रीमद्भागवतमहापुराण, तीसरा स्कन्ध २८/०८

(घ) प्राणायाम– प्राणों का आयाम योग का चौथा अंग है। पूरक, कुम्भक तथा रेचक के माध्यम से प्राण के मार्ग को शुद्ध करने का उपदेश दिया गया है।

प्राणस्थ शोधयेन्मार्गं पूरकुम्भकरेचकैः।।[१]

पुराणों में प्राणायाम दो प्रकार का बताया गया है–

१. अगर्भ प्राणायाम– जिस प्रणायाम में जप तथा ध्यान के बिना ही, मात्रा के अनुसार प्राणायाम किया जाता है उसे 'अगर्भ प्राणायाम' कहते हैं।

२. सगर्भ प्राणायाम– जिस प्रणायाम में जप तथा ध्यान आवश्यक होता है, उसे 'सगर्भ प्रणायाम' कहते हैं। पुराणों में 'सगर्भ प्रणायाम' को श्रेष्ठ माना है और उसे करने का भी निर्देश दिया है। शिवमहापुराण की वायवीय संहिता के उत्तरखण्ड के अध्याय सैंतालीस में दोनों के भेद तथा उपयोग का अच्छा वर्णन है।[२] विष्णुमहापुराण में 'अगर्भ' को अबीज तथा 'सगर्भ' को 'सबीज' प्राणायाम कहा गया है।[३] अतः प्रणायाम को तीनों कालों में प्रातः, मध्याह्न तथा सांय करने और दस बार प्राणायाम का उपदेश दिया है। यदि इस नियम से प्रणायाम किया जाए तो एक मास से पूर्व ही साधक पवन को वश में कर लेता है।

एवं प्रणवसंयुक्तं प्राणमेव समभ्यसेत्।
दशकृत्वास्त्रिषवणं मासादर्वाग् जितानिलः।।[४]

(ङ) प्रत्याहार– आसन, असंग तथा श्वास को जीतकर साधक को अपनी इन्द्रियों को उनके तत्तद्विषयों से खींचना चाहिए। इस कार्य में मन के द्वारा निश्चय बुद्धि की सहायता से मनुष्य को अपनी

---

१. श्रीमद्भागवतमहापुराण, ग्यारहवाँ स्कन्ध १४/३३
२. शिवमहापुराण, वायवीयसंहिता, उत्तरखण्ड ४७/३३–३४
३. विष्णुमहापुराण, छठा अंश ७/४०
४. श्रीमद्भागवतमहापुराण, ग्यारहवाँ स्कन्ध १४/३५

इन्द्रियों को विषयों से खींचकर उन्हें एक स्थान पर रखने का प्रयास करना चाहिए।

निच्छेद्विषयेभ्योऽक्षान्मनसा बुद्धिसारथिः।
मनः कर्मभिराक्षिप्तं शुभार्थे धारयेद्धिया॥[१]

योगदर्शन में भी 'प्रत्याहार' का अर्थ है, इन्द्रियों का संयम करने के फलस्वरूप उनका विषयोन्मुख न होना। इसके फलस्वरूप चित्त में विषयों की प्रतिच्छाया न होकर आत्मबिम्ब भाव उभरकर आता है। इस प्रकार इन्द्रियों का संयम ही 'प्रत्याहार' कहा गया है।

स्वविषयासम्प्रयोगेचिन्तस्य स्वरूपा-
नुकार इव इन्द्रियाणां प्रत्याहारः॥[२]

अतः प्रत्याहार की साधना के क्रम में इन्द्रियों को बाह्य विषयों से हटाकर उन्हें आत्मोन्मुख करके आत्मा में ही दिव्यगन्धों, दिव्यरसों, दिव्य रूपों, दिव्य स्पर्शो और दिव्य शब्दों के आस्वादन की भावना करनी होती है।

(च) धारणा– मन को एक वस्तु में टिकाने का नाम 'धारणा' है। भगवान् के दो कण हैं– स्थूल और सूक्ष्म। इन्हीं को विष्णुमहापुराण में मूर्त अथवा 'विश्व' तथा अमूर्त 'सत्' रूप बतलाया गया है।[३] श्रीमद्भागवतमहापुराण में विहित 'धारणा' के दो भेद हैं–

१. वैराज धारणा– स्थूल होने के कारण मूर्त रूप में मन आसानी से लगाया जा सकता है। इस 'धारणा' का नाम 'वैराजधारणा' है।

२. अन्तर्यामि धारणा– अपने शरीर के भीतर ऊर्ध्वमुख, विकसित अष्टदल वाला तथा कर्णिका युक्त ध्यान धरें। कर्णिका में क्रमशः सूर्य, चन्द्रमा तथा अग्नि के मण्डल को रखें। इस अग्नि के

---

१. श्रीमद्भागवतमहापुराण, दूसरा स्कन्ध ०१/१८
२. योगदर्शन २/५४
३. विष्णुमहापुराण, छठा अंश ०६/०७

भीतर आनन्दकन्द श्रीवृन्दावनचन्द्र वनमालाधारी की मोहिनी मूर्ति का ध्यान करें। भगवान् के इस सुहावने रूप का जैसा वर्णन भागवतकार करते हैं, वैसा अन्यत्र मिलना दुर्लभ है।

(छ) ध्यान– किसी वस्तु विशेष में अनुस्यूत रूप से मन धारणा धारण करें। प्रत्यय की एकतानाता हो, तो उसे 'ध्यान' कहते हैं। भागवतकार ने ध्यान के विषय में बहुत कुछ कहा है कि जब हृत्कर्णिका में भगवान के समग्र शरीर की धारणा निश्चल हो जाए, तब प्रत्येक अंग का 'ध्यान' करना चाहिए। अंगों का क्रम 'पादादि' यावत् हसितं गदाभृतः' (चरणों से लेकर हँसते हुए मुख तक) है। भगवार के पैर से आरम्भ कर ऊपर बढ़ता जाए और अन्त में मुख की मन्द मुस्कान के ऊपर अपना 'ध्यान' लगा दें।

सञ्चिन्तयेद्भगवतश्चरणारविन्दं।
वज्राङ्कुशध्वजसरोरुहलाञ्छनाढ्यम्॥
उत्तुंगरक्तविलसन्नखचक्रवाल।
ज्योत्स्नाभिराहतमहद्हृदयान्धकारम्॥[१]

(ज) समाधि– ध्यान के बाद समाधि का ही स्थान है। भक्ति से द्रवीभूत हृदयवाला, आनन्द से रोमांचित, उत्कण्ठा से आँसुओं की धारा में नहाने वाला, भगवान का भक्त अपने चित्त को ध्येय पदार्थ से उसी भाँति अलग कर देता है, जिस प्रकार मछली के मारे जाने पर मछुआ बडिश (काँटे) को अलग कर देता है। 'समाधि' चुपचाप रहने का नाम नहीं है, सब आशाओं रूपी तृणों को भस्म करने वाली तत्त्वज्ञानरूपी अग्नि का नाम 'समाधि' है। 'समाधि' उस प्रज्ञा का नाम है, जिसमें चित्त स्थिर हो, नित्य तृप्त हो और पदार्थों के असली रूप का ज्ञान हो। विषयों के प्रति किसी भी प्रकार की तृष्णा न रहने का नाम 'समाधि' है। इसलिए पुराणकर्त्ता वेदव्यास ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि योग का उद्देश्य–'कायाकल्प' नहीं, शरीर को केवल दृढ़ बनाना नहीं,

---

१. श्रीमद्भागवतमहापुराण, तीसरा स्कन्ध २८/२१

प्रत्युत उसका प्रधान ध्येय श्रीभगवान् में चित्त लगाना है, भगवत् परायण होना है–

केचिद् देहमियं धीराः सुकल्पं वयसि स्थिरम्।
विधाय विविधोपायैरथ युंजन्ति सिद्धये॥
न हि तत् कुशलादृत्यं तदायासो ह्यपार्थकः।
अन्तवत्त्वाच्छरीरस्य फलस्येव वनस्पतेः॥[१]

–:उपसंहारः–

योग वह आध्यात्मिक विद्या है जो जीवात्मा का परमात्मा के साथ संयोग कराने की प्रक्रिया बतलायी है। योग वह परमार्थ विद्या है जो जीव को इन्द्रियगोचर बाह्य प्रपञ्च से मुक्त कर अखण्ड आनन्द, परम शान्ति, अनन्त ज्ञान, अनन्त सुख और अनन्त जीवन आदि स्वाभाविक गुणों से युक्त परमात्मा के साथ उसका संयोग कर देता है। श्रीमद्भागवतमहापुराण में कहा गया है कि योग साधनों के द्वारा श्रद्धापूर्वक अभ्यास, चित्त को बार-बार एकाग्र करते हुए ईश्वर में सच्चा भाव रखने वाला, भगवत् कथा श्रवण करने से, समस्त प्राणियों में समभाव रखने, किसी से वैर न करने, आसक्ति का त्याग, ब्रह्मचर्य, मौन-व्रत और बलिष्ठ स्वधर्म से जिसे ऐसी स्थिति प्राप्त हो गयी है कि–प्रारब्ध के अनुसार जो कुछ मिला है उसी में सन्तुष्ट रहता है। परिमित भोजन करता है, सदा एकान्त में रहता है, शान्त स्वभाव है, सबका मित्र है, दयालु और धैर्यवान् है, प्रकृति और पुरुष के वास्तविक स्वरूप के अनुभव से प्राप्त हुए तत्वज्ञान के कारण स्त्री-पुत्रादि सम्बन्धियों के सहित जिसमें अहं भाव नहीं है, जो परमात्मा के अतिरिक्त और कुछ नहीं देखता, वह आत्मदर्शी नेत्रों से सूर्य को देखने की भाँति अपने शुद्ध अन्तःकरण द्वारा परमात्मा का साक्षात्कार कर उस अद्वितीय ब्रह्मपद को प्राप्त हो जाता है।

अन्यत्र भी श्रीमद्भागवतमहापुराण में भक्तियोग को परम पुरुषार्थ अथवा साध्य कहा गया है। इसके द्वारा पुरुष तीनों गुणों (सत्व, रजस्,

१. श्रीमद्भागवतमहापुराण, ग्यारहवाँ स्कन्ध २८/४१-४२

तमस्) को लांघकर ईश्वर भाव को अथवा भगवत् प्रेम-रूप, अप्राकृत स्वरूप को प्राप्त हो जाता है। इसलिए सब प्रकार के योगसाधन का एकमात्र अभीष्ट फल यही है कि साधक की संसार में आसक्ति का अभाव हो जाये।

एतावनेव योगेन समग्रेणेह योगिनः।
युज्यतेऽभिमतो ह्यर्थो यदसङ्गस्तु कृत्स्नशः॥[१]

१. श्रीमद्भागवतमहापुराण, तीसरा स्कन्ध ३२/२७

भारतीयदर्शनेषु सांख्ययोगतत्त्वनिरूपणम्

विष्णुशङ्करमहापात्रः
शोधच्छात्रः अद्वैतवेदान्तविभागः

"दृश्यते अनेन इति दर्शनम्" इति दर्शनशब्दस्य व्युप्तत्तिः भवति। दर्शनशास्त्रस्य अर्थः किम्? शास्त्रशब्दस्य व्युत्पत्तिः आगमग्रन्थे प्राप्यते–

शासनात् शंसनात् शास्त्रं शास्त्रमित्यभिधीयते।
शासनं द्विविधं प्रोक्तं शास्त्रलक्षणवेदिभिः।
शंसनं भूतवस्त्वेकविषयं न क्रियापरम्।[१]

भारतीयदर्शने द्वे विभागे स्तः। आस्तिकदर्शनं नास्तिक दर्शनं च आस्तिकदर्शने ईश्वरस्य सत्ता ग्रहणं भवति। नास्तिकदर्शने ईश्वरस्य सत्ता ग्रहणं न भवति। आस्तिकः यथा १. साख्यं, २. योगः, ३. न्यायः, ४. वैशेषिकः, ५. पूर्वमिमांसा, ६. उत्तरमीमांसा। नास्तिक दर्शनं चेति १. चार्वाकः, २. जैनः, ३. बोधदर्शनं, १. माध्यमिकः, २. सौत्रान्तिकः, ३. वैभाषिकः, ४. योगाचारश्च। सांख्यदर्शनस्य रचयिता आचार्यः कपिलः भवति। उपनिषदा संकेतितः सिद्धान्तः शास्त्रीयविवेचनं सर्वप्रथमं भवति। साख्यं शब्दःसम्यक् पूर्वकः ख्याङ् धातुः भवति। अर्थात् सम्यक् ख्यानम् वा सम्यक् विचारः वा सम्यक्ज्ञानं भवति। सांख्यदर्शने सम्यक्ज्ञानं प्रदानं कृत्वा नाम सांख्यं भवति। सांख्यस्य अर्थो भवति विवेकज्ञानं। प्रकृति पुरुषविषयस्य अज्ञानं। या संसारस्य प्रधानता सांख्यदर्शने भवति। पञ्चशिख्याचार्यस्य मतानुसारेण एकमेव दर्शनम् 'ख्यातिरेव दर्शनम्' अर्थात् विवेकख्यातिः या सांख्यदर्शनद्वारा प्राप्ता भवति। तस्य एकमात्रं दर्शनं भवति। श्रुतिः, स्मृतिः, रामायणं, महाभारतादयः प्राचीनग्रन्थाः सांख्ययोगस्य विचारधाराः। उपनिषदीयसांख्यस्य च योगस्य स्पष्टं उल्लेखं प्राप्यते।

---

१. भारतीयदर्शन – पृ. ३

'तत्त्वसमासः' साख्यदर्शनस्य आदिग्रन्थो भवति। प्रकृतिपदार्थयोर्मध्ये कारणकार्यभावसम्बन्धो विद्यते। प्रकृतिः कारणरूपाऽस्ति। बुद्धिः अहकारः पञ्चतन्मात्राणि एकादशेन्द्रियाणि, पञ्चमहाभूतानि कार्यरूपाणि भवन्ति। एतेषां कार्याणां सत्ता उत्पत्तिपूर्वकत्त्वात् अस्ति, न वा इति प्रश्नमाधारीकृत्य बहुमतं प्रचलति। यथा असतः सत् जायते इति बौद्धाः स्वीकुर्वन्ति। सतःअसज्जायते इति नैयायिकानां वैशेषिकानां च मतम्। वेदान्तिनां मते तु जगदिदं सद् ब्रह्मणः विवर्त्तरूपमिति। परन्तु सांख्याः एतन्मतत्रयं न स्वीकुर्वन्ति। उल्पत्तेः पूर्वं कार्यं स्वकारणे सद्रूपेण वर्तते एव। कारणव्यापारेण कार्यमभिव्यक्तं भवति। सतः भावात्मकात् त्रिगुणात् नित्यात् त्रिगुणात्मकमेव सत्कार्यम् जायते। अतः सांख्यमते प्रकृतिं साधयितुं सत्कार्यवादः प्रतिपादितः तथा–

असदकरणादुपादानग्रहणात् सर्वसम्भवाभावात्।
शक्तस्य शक्यकरणात् कारणभावाच्च सत्कार्यम्।।[१]

सांख्यदर्शनसय मतानुसारेण असतः उत्पत्तिः असत्, सत् न भवति। 'असत् सत् न भवति' केवलः तार्किकदृष्टिः अर्थात् भाषा विश्लेषणदृष्ट्या सत्। यद् असत् किं सत् भवति? यत् असत् भवति तत् सत् न भवति। सांख्यमतानुसारेण तिले तैलं, दुग्धस्य दधि कारणं व्यापारस्य पूर्वं निश्चयो भवति। उप्तत्तेः अर्थः सर्वदा अभिव्यक्तिः वा आविर्भावः, विनाशस्य अर्थः तिरोभावः भवति। वालुकातः तैलोत्पत्तिः न भवति। सांख्ये सत्कार्यवादः अस्मिन् संसारे जनाः आधिभौतिकं, आध्यात्मिकं आधिदैविकादित्रितापैः प्रपीडिताः सन्तः निवसन्ति। एतेषां दुःखानां क्षयार्थं पञ्चविंशतितत्त्वानां ज्ञानमावश्यकम्। सत्कार्यवादोऽत्र समर्थितः।

नास्ति साख्यसमं ज्ञानं, नास्ति योगसमं बलम्।
अत्र वः संशयो मा भूत्, ज्ञानं सांख्यं परं स्मृतम्।।
संख्यां प्रकुर्वते चैव, प्रकृतिं च प्रचक्षते।
तत्त्वानि च चतुर्विंशतिः, तेन सांख्यं प्रक्रीर्तितः।।[२]

१. सांख्यकारिका–९

२. संस्कृतशास्त्रमञ्जूषा – पृ. ४२०

सांख्यमतानुसारं पञ्चविंशतितत्त्वानि सन्ति। यथा– १. महत्, २. अहंकार, ३. शब्दतन्मात्रम्, ४. स्पर्शतन्मात्रम्, ५. रूपतन्मात्रम्, ६. रसतन्मात्रम्, ७. गन्धतन्मात्रम्, ८. चक्षुज्ञानेन्द्रियम्, ९. श्रोत्रज्ञानेन्द्रियम्, १०. घ्राणज्ञानेन्द्रियम्, ११. रसनज्ञानेन्द्रियम्, १२. त्वक्ज्ञानेन्द्रियम्, १३. वाक्कर्मेन्द्रियम्, १४. पाणिकर्मेन्द्रियम्, १५. पादकर्मेन्द्रियम्, १६. पायुकर्मेन्द्रियम्, १७. उपस्थकर्मेन्द्रियम्, १८. आकाशमहाभूतम्, १९. वायुमहाभूतम्, २०. अग्निमहाभूतम्, २१. जलमहाभूतम्, २२. पृथ्वीमहाभूतम्, २३. मनः एकादशेन्द्रियम्, २४. मूलप्रकृतिः, २५. पुरुषः। प्रकृतिः अचेतना, पुरुषः चेतनः भवति। प्रकृतिः सक्रिया, पुरुषः निष्क्रियः भवति। प्रकृति त्रिगुणात्मिका, पुरुषगुणातीतः भवति। प्रकृति परिणामी एवं पुरुषः अपरिणामी भवति। प्रकृतिः ज्ञेया च पुरुष ज्ञाता भवति। सांख्यमतानुसारेण आनन्दः स्वरूपः न भवति। अपितु पुरुषः वा आत्मास्वरूपंवर्णनंकृते सांख्यकारिकायां ईश्वरकृष्णः कथयति–तस्माच्च, विपर्यासात् सिद्धं साक्षित्वमस्य, पुरुषस्य कैवलं माध्यस्थं द्रष्टृत्वमकर्तृभावश्च। पुरुषः निस्त्रैगुण्यः साक्षीस्वरूपः भवति।

पुरुषस्य अस्तित्वं सिद्धं कृत्वा ईश्वरकृष्णस्य उक्तिः यथा–

संघातपरार्थत्वात् त्रिगुणादिविपर्ययादधिष्ठानात्।
पुरुषोऽस्ति भोक्तृभावात् कैवल्यार्थं प्रवृत्तेश्च।।[१]

साख्यकारिकायाम् ईश्वरकृष्णः 'प्रमेयसिद्धिः' इति प्रमाणस्य आवश्यकता भवति। प्रमाणमाध्यमेन प्रमेयस्य वास्तवं ज्ञानं सम्भवं भवति। सांख्यस्य पञ्चविंशतितत्त्वस्य ज्ञानं दुःखस्य आत्यन्तिकनिवृत्तिः एकान्तः प्रयोजनमेवं ज्ञानं प्रमाणः व्यतिरेकः सम्भवः नास्ति। सांख्यदर्शनं द्वैतवादी दर्शनं भवति। पुरुषः च प्रकृतिः उभयोः अत्र स्वतंत्रं मौलिकं तत्त्वरूपेण स्वीकृतम् भवति। मात्रपुरुषः निरवयवः च चैतन्यरूपी भवति। सांख्यदर्शने नानाविधा असंगतिः असामञ्जस्यं भवति। सांख्यदर्शनम् एकं सूक्ष्मं तर्कमूलकयुक्तिभित्तिकः दर्शनं भवति।

---

१. सांख्यकारिका– १७

आत्मतत्त्वस्य व्याख्यानमाध्यमेन साख्यंदर्शनं भारतीयदर्शनस्य मणिः।[१]
सांख्यदर्शनस्य समग्रभारतीयदर्शने एकं विशिष्टस्थानं वर्तते।

१. येन त्वंशेन न वियद्येतेनेष्टमेव सांख्ययोगस्मृत्योः सावकाशत्वम्। तद् यथा– "असगो ह्ययं पुरुषः।" (बृ. ४/३-१६)
पुरुषस्य विशुद्धत्वं निर्गुणपुरुषनिरूपणेन सांख्ये अभ्युपगम्यते। (ब्रह्मसूत्रभाष्यम् – २/२/३)

प्रधानस्य जगत्कारणत्वनिरासः

श्री आलोककुमारः

ज्ञानमेव मोक्षकारणमिति सर्वदर्शनप्रसिद्धिः। विशेषतः वेदान्तिनां जगत्कारणभूतब्रह्मणः ज्ञानं मोक्षहेतुरिति विशेषः। तथा च श्रुतिवाक्यानि- पृथगात्मानं प्रेरितारञ्च मत्वा जुष्टस्ततस्तेनामृतत्वमेति, आत्मानं चेद्विजानीयात्, तरति शोकमात्मवित्, ब्रह्मविदाप्नोति परम्, ब्रह्म वेद ब्रह्मैव भवतीत्यादीनि। श्रुतिश्च जगत्कारणभूतब्रह्मैवं लक्षयति – यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते येन जातानि जीवन्ति यत्प्रयन्त्यभिसंविशन्ति तद्विजिज्ञासस्व तद्ब्रह्म इति। ब्रह्म चातीन्द्रियम्। बृहत्त्वात् बृंहणत्वाच्च ब्रह्म ब्रह्म कथ्यते। बृहत्त्वं बृंहणत्वञ्च परस्परवस्तुवस्त्वन्तरेऽनन्ते परिलक्ष्यते। एकस्य शब्दस्य नानार्थ- प्रतिपादकत्वं लोकप्रसिद्धं तदनुगुणं ब्रह्मशब्दोऽप्यनेकार्थवाचकः। तथा च ब्रह्मशब्दः प्रधानादिषु पदार्थेष्वपि स्वप्रवृत्तिनिमित्तिं भजते। सांख्याः प्रधानं जगत्कारणमिति स्थापयन्ति, वेदान्तिनश्च चेतनविशेषं तद्ब्रह्म जगत्कारणमिति प्रतिष्ठापयन्ति। तदेव प्रधानस्य जगत्कारणत्वनिरसनपूर्वकब्रह्मजग- त्कारणत्वविचारः शारीरकब्रह्ममीमांसासूत्रेषु बहुषु स्थलेषु प्राप्यते। ईक्षत्यधि- करणनामकाधिकरणे प्रधानस्य जगत्वकारणत्वनिरासः कृतस्तद्यथामति श्रीभाष्यकारभगवद्रामानुजाचार्यभाषितः विव्रियतेऽत्र लेखे।

छान्दोग्योपनिषद्येवं श्रूयते- सदेव सोम्येदमग्र आसीदेकमेवाद्वितीयम्, तदैक्षत बहु स्यां प्रजायेयेति तत्तेजोऽसृजत इत्येवम्। तत्राऽयं संशयो जायते यत् सच्छब्दवाच्यं जगत्कारणभूतं परोक्तमानुमानिकं प्रधानमुत सर्वज्ञं सर्वशक्तिसमस्तहेयप्रत्यनीककल्याणैकतानं परं ब्रह्मेति। आपाततश्च प्रधानमित्येव भाति, यतो हि सदेव सोम्येदमग्र आसीदेकमेवेत्यत्रेदंशब्दवाच्यं सत्त्वरजस्तमोमयं चेतनभोग्यभूतमाकाशादिविविधरूपविकारावस्थं वस्तु कारणावस्थं ज्ञायते। कारणमेवावस्थान्तररूपकार्यरूपतां भजते। तथा च

नियमविशेषः 'यत्स्वमानं च कार्यानस्थं वत्स्वभावं तदेव द्रव्यं कारणमिति। तश्च कार्याचात्र सत्त्वादिमयमत एव गुणासाम्यावस्थं प्रधानमेव कारणरूपम्। तदेव प्रधान- मित्यारभ्य.....'अतो न प्रधानं जगत्कारणमि।' यद्द्रव्यं यत्स्वभावं च कार्यावस्थं तत्स्वभावं तदेव द्रव्यं कारणावस्थमिति। ततश्च कार्यञ्चात्र सत्त्वादिमयमत एव गुणासाम्यावस्थं प्रधानमेव कारणरूपम्। तदेव प्रधानं सकलविशेषोपसंहतं सच्छब्देन व्यपदिश्यते। तस्मादेव कार्यकारणयोर- नन्यत्वरूपसत्कार्यवादस्यापि स्थितिः सम्भवति। कार्यकारण- योरनन्यत्व- कारणादेवैकविज्ञानेन सर्वविज्ञानमपि श्रुत्युक्तं सम्भवति। मृत्पिण्ड- दृष्टान्ताश्च समन्वयं यान्ति। तथा च श्रुतिषु श्रूयमाणजगत्कारणत्वादि- वाक्यानां परमऋषिभूतकपिलेनार्थसमन्वयात् प्रधानमेव जगत्कारणम्। इति जगत्कारणत्वेन प्रधानस्य प्रतिपादितत्वे समधीयते – ईक्षतेर्नाशब्दम् इति। यस्मिन् शब्द एव प्रमाणं न भवति तदशब्दमिति कथ्यते तदेवानुमानिकं प्रधानमुच्यते। किन्तु तत्प्रधानं जगत्कारणरूपं भवितुमर्हति यतो हि सच्छब्द- वाच्यसंबन्धिव्यापारविशेषाभिधायिनः ईक्षतिधातोः तत्रैव श्रूयते यथा– तदैक्षत बहु स्यां प्रजायेय इति। अचेतनं प्रधानं ईक्षणक्रियायोगवद् भवितुं नार्हति। तथा च ईक्षणक्षमश्च चेतनविशेषः सर्वज्ञः सर्वशक्तिसंपन्नः पुरुषोत्तमशब्दवाच्यः स एव सच्छब्दवाच्यश्च भवितुमर्हति। न केवलमत्र प्रकरणे ईक्षणपूर्विका सृष्टिः श्रूयतेऽपि तु सर्वत्र सृष्टिप्रकरणेष्वपि। तथा च वाक्यानि – स ईक्षत लोकान् नु सृजा[१], स इमाल्लोकान् असृजत[२] इत्यादीनि।

मुख्येक्षणत्वस्य चेतनविशेषे सिद्धेऽपि गौणेक्षणत्वं प्रधाने आक्षिप्तुं शक्यते। तथा च प्रमाणम्– तत् तेज ऐक्षत- ता आप ऐक्षन्त इति गौणेक्षणासाहचर्यत्वश्रवणात्। तथा च गौणत्वमुखेन प्रधाने जगत्कारणत्व- प्रतिष्ठाप्यते इति चेन्न। गौणश्चेन्नात्मशब्दात्।[३] प्रधानस्य गौणसाहचर्यत्वेऽपि सतः ईक्षणव्यपदेशः सृष्टिनियतपूर्वावस्थाभिप्रायो गौण इति न सम्भवति यतो हि सच्छब्दप्रतिपादितस्यात्मशब्देन वेदे व्यपदिष्टत्वात् – ऐतदात्म्यमिदं

१. ऐतरोयोपनिषत् १-१
२. प्रश्नोपनिषत् ६-३, ४
३. ब्रह्मसूत्रम्-१-१-६

तत् सत्यम् स आत्मा इति। अत्रात्मत्वेन चेतनाचेतनप्रपञ्चस्योपदिष्टत्वेना-चेतने प्रधाने न सङ्गच्छते। हन्ताहमिमास्तिस्रो देवता अनेन जीवेनात्मनानुप्रविश्य नामरूपे व्याकरवाणि इति नामरूपव्याकरणश्रुतिरपि सर्वभूतेषु परमात्मानु-प्रवेशादेव तेषां तेजःप्रभृतीनां भूतानां तत्तन्नामव्यपदेश्यत्वं सम्भवतीति प्रतिपादयति। अत्र श्रुतौ विद्यमानेक्षणं मुख्यरूपमेव। अतो न प्रधानं जगत्कारणम्।

सन्निष्ठपुरुषाणां मोक्षोपदेशोऽपि श्रुतौ परिलक्ष्यन्ते। ततश्च सच्छब्द-वाच्यः चेतनविशेष ईश्वर एव। तन्निष्ठस्य मोक्षोपदेशात्।[१] तत्त्वमसि-वाक्योपदेशसमये सदात्मकत्वानुसन्धानमुपदिश्य तन्निष्ठस्य शरीरपात-मात्रान्तरायो ब्रह्मसम्पत्तिलक्षणो मोक्ष इत्युपदिश्यते। तथा च तदात्मकत्वानु-सन्धानत्वप्रतिपादनादेवाचेतनं प्रधानं जगत्कारणत्वेन नोपदिश्यत इति जायते। यदि च प्रधानमेव जगत्कारणत्वरूपसच्छब्दाभिहितं स्यात् तदा तदात्मक-त्वस्य मोक्षविरोधित्वात् हेयत्वेनैवोपदेश्यं स्यात् किन्तु तथा न क्रियतेऽतश्च सूत्रितं –हेयत्वावचनाच्च।[२] प्रतिज्ञाविरोधात्[३] च प्रधानं जगत्कारणं भवितुं नार्हति। तथा च चेतनवर्गस्य प्रधानकार्यत्वाभावावगमेन प्रधानविज्ञानेन चेतनवर्गविज्ञानं न भवितुमर्हति। स्वाप्ययात्[४] च न प्रधानं जगत्कारणं भवति। सुषुप्तिकाले जीवः कारणतत्त्वे विलीनो भवति। चेतनजीवस्य कारणचेतनं प्रधानं भवितुं नार्हति। अत एवाचेतने प्रधाने चेतनस्य जीवात्मनः लयः भवितुं नार्हति। अतः सच्छब्दवाच्यं न प्रधानम्। सृष्टिसम्बन्धिवाक्यानां प्रवृत्तिः परमात्मसमानार्थत्वादेव न प्रधानं जगत्कारणम्। सूत्रितञ्च गतिसामान्यात्[५] इति। बह्वीषूपनिषत्सु सच्छब्दवाच्यस्यात्मत्वेन नामरूपयो-र्व्याकृतत्वं सर्वशक्तित्वं सर्वज्ञत्वं निरस्तनिखिलदोषत्वकल्याणगुणाकारत्वादि-कञ्च श्रूयन्ते।

---

१. तत्रैव १-१-७
२. तत्रैव १-१-८
३. तत्रैव १-१-९
४. ब्रह्मसूत्रम्-१-१-१०
५. तत्रैव १-१-११

योग मनोविज्ञानम्

प्रवीण मैठाणी

योग एवम् ध्यान का मानसिक उन्नयन में योगदान

योग भारतवर्ष की अपनी एक विशिष्ट सम्पत्ति है, जिसका भारतीयों ने विज्ञान की भाँति अनुशीलन किया है तथा इस योग परम्परा को उन्नति के शिखर पर पहुँचाया है, काय एवं चित्त के मतों से निर्मुक्त कर पुरुष की आध्यात्मिक उन्नति एवं सर्वाङ्गीण विकास का होना योग का मुख्य प्रतिपादित व्यावहारिक कार्य एवं गुण है।

योग– योग शब्द की व्युत्पत्ति संस्कृत भाषा के "युज्" धातु से हुई है, जिसका अर्थ है, युक्त करना, जोड़ना या मिलाना, विभिन्न आचार्यों ने अपने ग्रन्थों में योग की अनेक परिभाषा दी है।

महर्षि पतञ्जलि– "योगश्चित्तवृत्ति निरोधः" अर्थात् मन की वृत्तियों का दमन करना।

योग भाष्य– "योगः समाधिः स च सार्वभौमिश्रितस्य धर्मः" अर्थात् योग समाधि को कहते हैं, जिसे चित्त का सार्वभौम धर्म कहते हैं।

भगवद्गीता– गीता में भगवान श्री कृष्ण के द्वारा योग का अर्थ समझाते हुए कहा गया है, "समत्वं योगमुच्यते" अर्थात् समत्व जीवात्मा और परमात्मा के एकीकरण का नाम योग है।

सामान्य अर्थ में– जो व्यक्ति शरीर इन्द्रिय मन के समस्त बन्धनों से रहित शुद्ध आत्मा के दर्शन करना चाहते हैं और जन्म मृत्यु के चक्र से मुक्ति पाना चाहते हैं, उनके लिए योग एकमात्र उपयोगी साधन है।

योग का महत्व– योग जीवन को अच्छी तरह समझने और उसे अच्छी तरह जीने की कला में पारंगत करता है, हमारे जीवन के सभी पक्षों तथा शरीर के सर्वाङ्गीण विकास के सभी आयामों को योग क्रियाएँ पूर्ण रूप से प्रभावित करती हैं।

योग के प्रकार– योग विभिन्न प्रकार का होता है,



इसी प्रकार पतञ्जलि मुनि ने योग के आठ अंग माने हैं, जिसे अष्टांग योग भी कहते हैं,

यम– यह पाँच प्रकार का संयम है,

१. अहिंसा = मन, वचन और कर्म से किसी प्राणी की हिंसा न करना,

२. सत्य = मन, वचन और कर्म से सत्य का पालन करना

३. अस्तेय = मन, वचन और कर्म से किसी वस्तु का अपहरण न करना

४. अपरिग्रह = विषयी भोगार्थ पदार्थों का संग्रह न करना।

५. ब्रह्मचर्य = यौन संयम तथा धैर्य रखना।

नियम– यह भी पाँच प्रकार का होता है।

१. शौच– शरीर और चित्त की शुद्धि, जो मानसिक उत्पादन बढ़ाता है

२. सन्तोष– आवश्यकता से अधिक इच्छा न करना

३. तप– भूख प्यास सर्दी दु:खादि द्वन्दों को सहन करना

४. स्वाध्याय– शास्त्रों का स्वयं अध्ययन एवं चिन्तन

५. प्रणिधान– ईश्वर का ध्यान एवं स्मरण

आसन– यह शरीर का संयम है, ध्यान के लिए वही आसन उत्तम है, जिससे शरीर का सुख और चिन्तन की स्थिरता बनी रहती है।

प्राणायाम– यह प्राणवायु का श्वास प्रश्वास का संयम है, जो मन को शान्त एवम् स्थिर रखता है, पूरक, कुम्भक, रेचक इसके प्रकार हैं।

प्रत्याहार– यह इन्द्रियों का संयम है, इन्द्रियाँ स्वभाव से ही विषयोन्मुख होती हैं, इसमें सत्व गुण को अपनाने में जोर दिया जाता है, बाह्य विषयों से हटाकर भीतर मन के वश में रखना प्रत्याहार कहलाता है।

उपर्युक्त पाँच अङ्ग योग के बहिरङ्ग साधन हैं,

धारणा– वर्तमान में चित्तवृत्तियों का स्थिर बना ही ध्यान है।

समाधि– विक्षेपों को हटाकर चित्त का एकाग्र होना अर्थात् जहाँ पर ध्यान ध्येय वस्तु के आवेश से मानो अपने स्वरूप से शून्य हो जाता है, और ध्येय वस्तु का आकार ग्रहण कर लेता है, वह समाधि कहलाता है।

मनोवैज्ञानिक महत्त्व– योग के द्वारा शारीरिक स्वास्थ्य ही नहीं अपितु उत्तम मानसिक स्वास्थ्य को प्राप्त करने की पूरी-पूरी सहायता मिलती है, एकाग्रचित्त एवम् ध्यान का स्थिर होना व्यक्ति में मानसिक स्तर को अर्थात् उसकी चिन्तन शक्ति के लिए उपर्युक्त पृष्ठभूमि उजागर करने में पृष्ठपोषण करता है, इसके अतिरिक्त मानसिक शक्तियों के विकास में एक प्रवाह धारा को बढ़ावा मिलता है, योग से व्यक्तियों को अत्यधिक लाभ है, व्यक्ति के व्यक्तित्व संवर्धन में योग ही एकमात्र नितान्त लाभकर क्रिया है, मनुष्य के संवेगों का अध्ययन तथा उसका उपचारात्मक निदान औषधि से नहीं होता अपितु इसकी एकमात्र औषधि योग ही है, मनुष्य के मानसिक विक्षेपों का निदानात्मक उपचार भी यौगिक क्रिया अर्थात् योग ही है, इसके अतिरिक्त गीता में बुद्धि के भागों में से एक बुद्धि सात्विक्ता का वर्णन है, जिसे समझने एवं आत्मसात् करने के लिए योग ही एक मात्र साधन है, इसके अतिरिक्त मनुष्य की

कुण्ठा निराशा इत्यादि का निदान भी योग द्वारा सम्भव है, इसलिए शायद दया या निश्चित तौर पर एक यौगिक पुरुष एक अच्छा मनोवैज्ञानिक बन सकता है।

ध्यान– ध्यान शब्द "धै" धातु से बनता है, जिसका अर्थ है चिन्तन या मनन करना।

"चित्त में आत्म तत्व का चिन्तन ही ध्यान है।"

गोरक्ष संहितानुसार– जो अपने चित्त में आत्म तत्व का चिन्तन करे उसका वह चिन्तन ध्यान कहलाता है।

महर्षि पतञ्जलि के अनुसार– "तत्र प्रत्यैक तानता ध्यान", अर्थात् जहाँ चित्त को ठहराया जाए उसमें वृत्ति का एक जैसा बना रहना ही ध्यान है,

सामान्यार्थ में हम कह सकते हैं कि योगी अपने शरीर, प्राण, मन पर संयम करके चित्तवृत्तियों को पूरी तरह नियन्त्रित करना ही ध्यान है।

ध्यान के प्रकार–

ध्यान तीन प्रकार का होता है



स्थूल ध्यान– जब दिखाई पड़ने वाला या न दिखाई पड़ने वाला किसी मूर्त्तिमय इष्ट देवता जैसे राम कृष्ण इत्यादि को अपने मानसिक चक्षुओं से देखने का अभ्यास किया जाता तो वह मानसिक उन्नयन को बढ़ाता है।

सूक्ष्म ध्यान– किसी मूर्ति या चित्र के बिना परमात्मा के निराकार रूप का ध्यान परमात्मा का ध्यान करता है, सूक्ष्म ध्यान में साधक बिन्दुमय बध कुंडलिनी शक्ति का चिन्तन मानसिक उन्नयन को उजागर करता है।

ज्योतिर्मय ध्यान– सुषुम्ना नाड़ी के नीचे के भाग अर्थात् मूलाधार में कुंडलिनी शक्ति विद्यमान होती है, जिसे ध्यान के द्वारा जागृत किया जाता है, इस प्रकार का वध चिन्तन भी मानसिक उन्नयन को बढ़ाता है।

निष्कर्ष– योग एवं ध्यान से व्यक्ति के शरीर में स्वस्थ आत्मा का निवास होता है, भौतिक युग में मनुष्य के व्यस्ततम क्रियाकलापों की वजह से वह अपने नैतिक सामाजिक व्यवहारों को पीछे छोड़कर आगे बढ़ने की चाह में मानसिक रोगी बनता जा रहा है, मानसिक तनाव एवम् उसके उन्नयन के लिए योग एवम् ध्यान की मुद्राओं के द्वारा दूर किया जा सकता है, जो कि आधुनिक परिप्रेक्ष्य में बहुत सिद्ध हो रहे हैं, अतः योग एवम् ध्यान से व्यक्ति के व्यक्तित्व में तथा उसके मानसिक उन्नयन में वृद्धि स्तर हमें प्राप्त होता है।

संदर्भ ग्रन्थसूची

१. योग सूत्र – महर्षि पतञ्जलि, संस्करण-२००८

२. भारतीय दर्शन – आचार्य बलदेव उपाध्याय, संस्करण-१९९७

३. श्रीमद्भगवद्गीता – गीताप्रेस गोरखपुर

४. योग शिक्षा – एस.के.मंगल, संस्करण-२००५

५. भारतीय दर्शन – चन्द्रधर शर्मा
आलोचन व अनुशीलन संस्करण – १९९०

औपनिषद् ज्ञान एवं पाश्चात्य चिन्तन पर इसका प्रभाव

मेघराजमीणा

भारतीय मनीषियों के ज्ञानविज्ञान की आधारशिला वेद है। वेद समस्त विद्याओं का मूल है। शिक्षा, कल्प, व्याकरण, दर्शन, ज्योतिष, संगीत आदि शास्त्रों का उद्गम वेद से ही माना जाता है[१] क्योंकि वेद का प्रत्येक वाक्य उस सर्वज्ञ ईश्वर का वचन है तथा बुद्धिपूर्वक उक्त है।[२] वेद के अन्तिम भाग उपनिषद् हैं। वेद के पश्चात् भारतीय ज्ञान परम्परा में प्रस्थानत्रयी ने प्रकाशस्तम्भ का कार्य किया है। भारतीय विचारशास्त्र के लिए सर्वश्रेष्ठ उपजीव्य ग्रन्थ होने के कारण उपनिषद् प्रस्थानत्रयी के अन्तर्गत श्रुतिप्रस्थान के रूप में गृहीत है–

१. श्रुति प्रस्थान–उपनिषद्

२. स्मृतिप्रस्थान–श्रीमद्भगवद्गीता

३. न्यायप्रस्थान–ब्रह्मसूत्र[३]

स्वामी विवेकानन्द ने उपनिषदों की महत्ता का वर्णन करते हुए कहा है–

उपनिषदों का प्रत्येक पृष्ठ मुझे शक्ति का सन्देश देता है। यह विषय विशेष रूप से स्मरण रखने योग्य है, समस्त जीवन में मैंने महाशिक्षा प्राप्त की है– उपनिषद् कहते हैं हे मानव तेजस्वी बनो,

१. शास्त्रयोनित्वात्। ब्रह्मसूत्र शांकरभाष्य १/३

२. तद्वचनादाम्नायस्य प्रामाण्यम्। बुद्धिपूर्वा वाक्यकृतिर्वेदे। वैशेषिक सूत्र, १/१/३ तथा ६/१/१

३. Personality in the bhagavadgita, P.1.31

वीर्यवान बनो, दुर्बलता को त्यागो।"[१]

पाश्चात्य विचारक शोपेनहावर ने भी उपनिषद् की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा है–

çIn the whole world there is no study so beneficial and so elevating as that of the Upanisad. It has been the solace of my life, it will be the solace of my death."[२]

उपनिषद् शब्द की व्युत्पत्ति एवं अर्थ– उपनिषद् शब्द 'उप' तथा 'नि' उपसर्गों से युक्त 'सद्' (षदलृ) धातु में क्विप् प्रत्यय जोड़ने से निष्पन्न होता है। सद् धातु के तीन अर्थ हैं– विशरण, गति और अवसादन।[६]

(१) विशरण का अर्थ है– विशीर्ण करना, शिथिल करना अर्थात् उपनिषद् वह है जो ब्रह्म के विषय में अनादिकालीन आत्मस्थ अज्ञान को निर्बाध, नि:संशय और नितान्तरूप में शिथिल कर दे अथवा जो जीव को ब्रह्म के समीप नि:संशय पहुँचाये वह 'उपनिषद्' है।

(२) गति का अर्थ है प्राप्त करना– अर्थात् जीव को ब्रह्म के समीप पहुँचाना, इन दोनों के बीच में दूरी उत्पन्न करने वाले ब्रह्म-जीव ऐक्य के अज्ञान और तन्मूलक भ्रम को दूर करके जीव में ब्रह्मैक्य का सम्पादन करने वाले ज्ञान का नाम 'उपनिषद्' है।

(३) अवसादन का अर्थ है उन्मूलन करना– अर्थात् जो अनादिकाल से प्रवर्त्तमान आत्म-संसार-संबंध का नितराम् अवसादन करे, वह 'उपनिषद्' है।[४]

शंकराचार्य की उपनिषद् की व्युत्पत्ति के विषय में उनके कथन

---

१. विवेकानन्द साहित्य, पञ्चम भाग, पृ.सं. १३२

२. Sharma C.D. A Critical Survey of Indian Philosophy, London, 1960.पृ. 18

३. सदेर्धातोर्विशरण गत्यवसादनार्थस्योपनिपूर्वस्य क्विप्रत्ययान्तस्यरूपमिदमुपनिषदिति। शंकराचार्य:, कठोपनिषद्भाष्य पृ. १२

४. वैदिक, वेदवती, उपनिषद् युगीन संस्कृति, पृ.सं. १-२

से स्पष्ट है कि इस शब्द का अर्थ गुरु के निकट बैठकर शिष्य के द्वारा प्राप्त ज्ञान है। कठोपनिषद् पर अपने भाष्य की भूमिका में इस शब्द की व्युत्पत्ति का विवेचन करते हुए शंकराचार्य ने उपनिषद् शब्द का अर्थ विद्या बताया है–

"केन पुनरर्थयोगेन उपनिषच्छब्देन विद्योच्यते इत्युच्यते। ये मुमुक्षवो दृष्टानुश्रविक-विषयवितृष्णा: सन्त उपनिषच्छब्दवाच्यां वक्ष्यमाणलक्षणां विद्याम् उपसद्योपगम्य, तन्निष्ठतया निश्चयेन शीलयन्ति तेषामविद्यादे: संसारबीजस्य विशरणात्, हिंसनात्, विनाशनादित्यनेनार्थयोगेन विद्या उपनिषदित्युच्यते।"[१] औपनिषद् चिन्तन के अनुसार ब्रह्मतत्त्व (आत्मतत्त्व) का ज्ञान ही परम कोटि का ज्ञान है। ब्रह्म चेतनस्वरूप है, सच्चिदानन्द है। ब्रह्म सत्-चित्-आनन्द स्वरूप है।[२] वह समस्त जगत् का प्रकाशक है और स्वयं प्रकाशमान है।[३] उपनिषदों में ब्रह्माण्ड के संचालक, व्यवस्थापक के रूप में चेतनतत्त्व ब्रह्म की सत्ता कारण रूप में स्वीकृत है। सृष्टिकर्त्ता को सृष्टि की उत्पत्ति, स्थिति एवं संहार का पूर्ण ज्ञान है। वह अपनी इच्छा से स्वयं को जगत् के रूप में प्रकट करता है, इसके लिए उसने तप किया है। वह ब्रह्म इसी में अनुप्रविष्ट हो गया।[४] सृष्टि के संचालन में उस ब्रह्म का तप ज्ञानमय है, बिना ज्ञान के वह व्यवस्थापक नहीं हो सकता।[५] वह शुद्ध चेतना की अवस्था में अपनी शक्ति माया से एकीभूत होकर सृष्टि का कारण स्वरूप है।[६] वही माया के माध्यम से जगत् के रूप में स्वयं को अभिव्यक्त करता है। औपनिषद् चिन्तन में चेतना को अन्तर्यामी कहा गया है। बृहदारण्यकोपनिषद् में कहा गया है कि जो समस्त भूतों के अन्तर्गत रहकर उनका नियमन

---

१. कठोपनिषद् शांकरभाष्य ईशादि नौ उपनिषद् पृ. १७४

२. सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म। तैत्तिरीयोपनिषद् २/१/१

३. तदेव ज्योतिषां ज्योति:। बृहदारण्यकोपनिषद् ४/४/१६

४. सोऽकामयत। बहु स्यां प्रजायेयेति। स तपोऽतप्यत।...तत्सृष्टवा तदेवानुप्राविशत्। तैत्तिरीयोपनिषद्।

५. यस्य ज्ञानमयं तप:। मुण्डकोपनिषद् १/१/८

६. आनीदवातं स्वधया तदेकं तस्माद्धान्यन्न पर किञ्चनाम। नासदीयसूक्त-२

करता है, वह तत्त्व आत्मा ही है जिसे अन्तर्यामी वा अमृतत्त्व कहते हैं। चेतना ही वह तत्त्व है जो समस्त भूतों का नियमन करता है।[१]

औपनिषद् चिन्तन में आत्मज्ञान को जीवन का सार बताते हुए कहा गया है कि जिसने उस आत्मतत्त्व को इस जन्म में जान लिया तब तो ठीक है, यदि इस जन्म में नहीं जाना तो विनाश ही विनाश है। धीर लोग संसार के एक-एक भूत, एक-एक पदार्थ जड़, चेतन पर चिन्तन करके इसी परिणाम पर पहुँचे हैं कि मूल तत्त्व वही है। ऐसे धीर लोग मृत्यु के अनन्तर इस लोक से अमृत हो जाते हैं।[२]

तैत्तिरीयोपनिषद् में विज्ञान (विशिष्ट ज्ञान) की महिमा का वर्णन करते हुए बताया गया है कि जो विज्ञान ही ब्रह्म ऐसा मानता है उसे सम्पूर्ण भोगों की प्राप्ति हो जाती है–

विज्ञानं यज्ञं तनुते। कर्माणि तनुतेऽपि च। विज्ञानं देवाः सर्वे। ब्रह्म ज्येष्ठमुपासते। विज्ञानं ब्रह्म चेद्वेद। तस्माच्चेन्न प्रमाद्यति। शरीरे पाप्मनो हित्वा।[३]

विज्ञान यज्ञ का विस्तार करता है और वही कर्मों का भी विस्तार करता है। सम्पूर्ण विद्वान लोग विज्ञान ब्रह्म की उपासना करते हैं। जो विज्ञान को ब्रह्म मानकर उससे प्रमाद नहीं करता वह शरीर के सब पापों को त्यागकर समस्त कामनाओं को प्राप्त कर लेता है।

स्वामी जीतात्मानन्द ने अपनी पुस्तक Holistic Science and Vedanta में कहा है कि इस वैश्विक प्रक्रिया (Cosmic Process) का व्यवस्थापक व नियन्ता चेतन तत्त्व शिव है। ब्रह्माण्ड की

---

१. य पृथिव्यां तिष्ठन् पृथिव्या अन्तरो यं पृथिवी न वेद यस्य पृथिवी शरीरं यः पृथिवीमन्तरो यमयत्येष त आत्मान्तर्याम्यमृतः बृहदारण्यकोपनिषद् ३/३/३

२. इह चेदवेदीदथ सत्यमस्ति न चेदिहावेदीन्महती विनष्टिः।
भूतेषु भूतेषु विचित्य धीराः प्रेत्यास्माल्लोकादमृता भवन्ति।। केनोपनिषद्, २/५

३. तैत्तिरीयोपनिषद्, २/५/१

प्रत्येक क्रिया का नियन्ता और ज्ञाता वह अन्तर्यामी है।[१] केनोपनिषद् में प्रेरक के रूप में चेतन तत्त्व का वर्णन करते हुए कहा गया है कि ज्ञान ही चित्त शुद्धि एवं अमृतत्त्व प्राप्ति का साधन है।[२] हमारा समस्त ज्ञान अन्त:करण (इन्द्रिय, मन, बुद्धि) के द्वारा होता है। मन आदि अचेतन पदार्थ भी किससे इच्छित एवं प्रेरित होकर अपने-अपने विषयों से चेतन की भाँति अन्वित देखे जाते हैं?[३] इस सम्बन्ध से किसी चेतन अधिष्ठाता से ही उनका अन्वय होता है। आत्मा में ही सभी इन्द्रियों के प्रकाशन, नियंत्रण की शक्ति है, वही श्रोत्र का श्रोत्र, मन का मन, वाणी का भी वाणी, प्राण का भी प्राण एवं चक्षु का भी चक्षु है।[४]

औपनिषद् ज्ञान का पाश्चात्य चिन्तन पर प्रभाव – औपनिषद् ज्ञान का सम्पूर्ण पाश्चात्य चिन्तन पर स्पष्ट प्रभाव परिलक्षित होता है। पाश्चात्य विचारक शोपेनहावर ने उपनिषदों की महत्ता का वर्णन करते हुए कहा था कि समस्त संसार में उपनिषदों जैसा कल्याणकारी और आत्मा को उन्नत करने वाला कोई और ग्रन्थ नहीं है। ये सर्वोच्च प्रतिभा के प्रसून हैं। देर-सवेर ये लोगों की आस्था का आधार बनकर रहेंगे। शोपेनहावर की मेज पर उपनिषदों की एक लैटिन प्रति रहती थी और ये सोने से पहले उसमें से ही अपनी प्रार्थनाएँ किया करते थे।[५] उपनिषदों में आधुनिक विज्ञान के अनेक सिद्धान्तों का विवेचन मिलता है–

The Upanisadic thought was introduced to the western world in the first half of 10th century and this thought influenced scholars of different discipline

१. Creation is the appearance of name and form on the infinite Brahman, which is of the nature of Absolute Existence-Consciousness-Bliss, (Holistic Science and Vedanta, p.üø)

२. विद्यया विन्दतेऽमृतम। केनोपनिषद्, २/४

३. ॐ केनेषितं पतति प्रेषितं मन:। केन प्राण: प्रथम: प्रेति युक्त:।
केनेषितां वाचमिमां वदन्ति चक्षु: श्रोत्रं क उ देवो युनक्ति।। केनोपनिषद्, १/१

४. श्रोत्रस्य श्रोत्र मनसो मनो यद्वाचो ह वाचं स उ प्राणस्य प्राणश्चक्षुरतिमुच्य धीरा: प्रेत्यास्माल्लोकादमृता भवन्ति। केनोपनिषद्, १/२

५. राधाकृष्ण, उपनिषदों का संदेश, पृ.सं. १४

especially modern scientists. John Archibald Wheeler (1911), a Princeton University physicist, expresses his view about the Upanisads:

My wonderful mentor, Niels Bohr, had gone into deep interest into the Upanishads - more, he told me, in the questions that in the answers. I like to think that someone will trace out how the deepest thinking of India made its way to Greece and form there to the philosophy of our times.[1]

The answer lies in the great effort of Schopenhauer, who went through the first Latin translationm of Abraham Hyacinthe Anquetil-Duperron on Qupnek'hat Upanisad published in 1801 and 1802, in two volumes and made in his own philosophy. Friedrich Max Muller writes:

Schopenhauer not only read this translation carefully, but he make no secret of it, that his own philosophy is powerfully impregnated by the fundamental doctrine of the Upanishads.[2] Schopenhauer's analtsis and presentation of Upanisadic thought in western terminology attracted a number of modern scientists. Erwin Schrodinger, one of the founding scientists of Quantum Physics, goes on sayng:

I had accepted a post as a lecturer in theoretical physics in Czernowitz and had already envisaged spending all my free time acquiring a deeper knowledge of philosophy, having just discovered Schopenhauer, who introduced me to the Unified Theory of the Upanishads.[3]

---

१. Jitatmananda üúúö; Wheeler's letter published on the second flap.

२. Muller 2011, p. 12.

३. Schordinger 2010, p 1.

उपनिषदों का मुख्य प्रतिपाद्य है ब्रह्मात्मैक्य। जीव वस्तुत: ब्रह्म ही है। उपनिषदों के विचार में सृष्टि के कण-कण में चेतना व्याप्त है।[१] भौतिकी के नोबेल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक जगदीश चन्द्र बोस ने १० मई, १९०१ ई. को विज्ञान जगत् के सामने यह सिद्ध किया कि मनुष्य (human), धातु (Metal), पौधा (Plant) तीनों में चेतना (Consciousness) होती है।

विज्ञान जगत् में आगे चलकर यह विचार सहन पारिस्थितिकीय अध्ययन के रूप में सामने आया। १९७३ ई. में नार्वे के पर्यावरण वैज्ञानिक आर्ने नैस (Arne Naess) ने अपने चिन्तन में पाया कि सांख्य-दर्शन में वर्णित प्रकृति से व्यक्त सभी पदार्थों में अन्तर्सम्बन्ध और अन्तर्निर्भरता है। आर्ने नैस ने चेतना को Ecological-Self कहा–

Care flows naturally if the 'self' is widened and deepened so that protection of free nature is felt and conceived as protection of ourselves.... just as we need no morals to make us breathe...(so) if your 'self' in the wide sense embraces another being, you need to moral exhortation to show care... you care for yourself without feeling any moral pressure to do it... If really is like it is experienced by the ecological self, our behaviour naturally and beautifully follows norms of strict environmental ethics.p[२]

इस सम्बन्ध में उपनिषदों के विचार के अनुरूप आर्ने नैस प्रकृति (जीव) एवं स्व (चेतना) दोनों को ही मानते हैं–

Within the context of deep ecology, the view that values are inherent in all of living nature is grounded in the deep ecological or spiritual, experience that nature and the self are one. This expension of the self all the

---

१. सर्वं खल्विदं ब्रह्म। छान्दोग्योपनिषद्, ३/१९/१

२. Capra, Fritjof, Deep Ecology - A new paradigm, The Web of Life, p.12

way to the identification with nature is the grounding of deep ecology, as Arne Naess clearly recognizes.[१]

आधुनिक भौतिकी में ऊर्जा का विचार चेतना से सम्बद्ध है। आइन्सटाइन के सूत्र $E=mc^2$ के अनुसार भौतिक पदार्थ चेतन तत्त्व (ऊर्जा) में परिवर्तनीय है। आइन्सटाइन ने भी स्वीकारा है कि व्यवस्थित ज्ञान के बिना ब्रह्माण्ड का अस्तित्त्व संभव नहीं है। अत: जगत ब्रह्म (Energy) की ही अभिव्यक्ति है स्वामी जीतात्मानन्द ने भी इसी तथ्य को उद्घाटित करते हुए कहा है–

Energy (Çakti) and Consciousness (Chit) are one : this is the basic finding of Vedaúnta....can you separate the fire from its burning power? You can't. Neither can you... seperate Brahman from Çakti.... Energy is the expression of Will and willing comes only when there is a Consciousness behind it.[ü]

Concept of Energy – इस ऊर्जा का स्रोत चेतन तत्त्व ही है। उपनिषदों के अनुसार सृष्टि की उत्पत्ति Energy से होती है। Energy दो रूपों में मानी गयी है–

(१) Pure state of Energy – पर ब्रह्म। ऊर्जा का यह रूप पूर्ण प्रकाश, शुद्ध चैतन्य रूप है।

(२) Functional state of Energy– अपर ब्रह्म, माया या ईश्वर। यह कार्यरूप ऊर्जा है जो सृष्टि प्रक्रिया में आधारभूत तत्त्व है।

Energy comes from Consciousness.... Consciousness is the root of all Energy.[ý]

---

१. Capra, Fritjof, Deep Ecology - A new paradigm, The Web of Life, p. 11

२. Jitatmanad, Swami, Holistic Science and Vedanta, p.28

३. Ramakrishna Mission, Philosophy and Science : An Exploratory Approach to Consciousness, P. 335

इस Energy को ही Unified Field कहते हैं, जहाँ से सृष्टि का आरम्भ माना जाता है। इरविन श्रोडिंजर के अनुसार Unifield Field के सिद्धान्त का बीज भी उपनिषदों में निहित है।[१] औपनिषद् चिन्तन में अद्वैत तत्त्व की सत्ता है– एकमेवाद्वितीयं ब्रह्म।[२] आधुनिक वैज्ञानिकों ने इसे Unifield Field अर्थात् सभी शक्तियों का केन्द्र कहा है, यही Energy है अर्थात् चेतना का पुँज है। यहाँ चेतना को सर्वव्यापी माना गया है।[३] इसका स्वरूप इन्द्रिय, मन आदि के द्वारा जानना असंभव है।[४] इसे महा रहस्य कहा है, वैज्ञानिक भी सत्ता के विषय में निश्चित नहीं है। इसी संदर्भ में हाइजनवर्ग ने Theory of Uncertainity का सिद्धान्त दिया।

मैक्स प्लांक भी सत्ता (चेतना) के सम्बन्ध में उपनिषदों से प्रभावित है–

In answer to the question çDo you think that Consciousness can be explained in terms matter and its law?" Max Plank answered that 'He did not'... Everything that we talk about, Everything that we regard as existing postulates Consciousness.[५]

उपर्युक्त विश्लेषण के बाद यह सिद्ध होता है कि औपनिषद् ज्ञान भारतीय ज्ञान परम्परा का आधार स्तम्भ है। इस परम्परा में अभेदात्मक ज्ञान के द्वारा अद्वैत-तत्त्व का प्रतिपादन किया गया है। आधुनिक विज्ञान के अनेक सिद्धान्तों का मूल बीज उपनिषदों में निहित होने के साथ उनका समग्र-रूप से विवेचन किया गया है।

---

१. Schodinger, Erwin, What is life, P. 169

२. छान्दोग्योपनिषद्, ६/२/१

३. एको देव: सर्वभूतेषु गूढ: सर्वव्यापी सर्वभूतान्तरात्मा।
कर्माध्यक्ष: सर्वभूताधिवास: साक्षी चेता केवलो निर्गुणश्च। श्वेताश्वतरोपनिषद्, ६/११

४. नैवा वाचा न मनसा प्राप्तुं शक्यो न चक्षुसा। कठोपनिषद्, ६/१२

५. Jitatmanand, Swami, Modern Physics and Vadanda, P.45

सन्दर्भ-ग्रन्थ-सूची (Bibliography)

- ईशादि नौ उपनिषद्, शाङ्करभाष्यार्थ, गीताप्रेस, गोरखपुर, (सं. २०६६.)
- एकादशोपनिषद्, सत्यव्रत सिद्धान्तालंकार, विजयकृष्ण लखनपाल प्रकाशन, दिल्ली, २०१०.
- बृहदारण्यकोपनिषद्, शाङ्करभाष्यार्थ, गीताप्रेस, गोरखपुर, सं. २०६७.
- कुमार, शशिप्रभा, वैदिक अनुशीलन, विद्यानिधि प्रकाशन, दिल्ली, १९९८.
- रानाडे, आर.डी, उपनिषद् दर्शन का रचनात्मक सर्वेक्षण, राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, जयपुर, १९७१.
- राधाकृष्णन, उपनिषदों का संदेश, राजपाल एण्ड सन्ज, दिल्ली, १९५१.
- वैदिक, वेदवती, उपनिषद् वाङ्मय: विविध आयाम, नाग पब्लिशर्स, दिल्ली, १९९७
- Jitatmanand, Swami, Holistic Science and Vedanta, Bombay, Bharitiya Vidya Bhawan
- Jitatmanand, Swami, 200ö, Modern Physics and Vedanta, Bombay, Bharitiya Vidya Bhawan
- Naess, Arne, 1.9, Ecology, Community and Lifestyle, outline of An Ecology, Cambridge University Press.

श्रीमद्भगवद्गीतायां सांख्ययोगः

रामभद्रत्रिपाठी

भारतीयदार्शनिकपरम्परायां सांख्यशास्त्रस्य महत्स्थानं परिलक्ष्यते यथा ज्ञानं च लोके यदिहास्ति किञ्चिद् सांख्यागतं तच्च महन्महात्मनः[1]। सांख्योगेन जीनवस्य दृश्यमानस्य वैषम्यस्य समाधानं त्रिगुणात्मकप्रकृतेः प्रतिष्ठाद्वारा क्रियते। सांख्याचार्यस्य प्रकृतिकारणवादस्य महान् गुणः अयमस्ति यत् पृथक् पृथक् धर्म्यमाणानां सत्त्वरजस्तमस्त्वानां अधारे जगति वैषम्यस्य समाधानं न्याययुक्तः बुद्धिगम्यश्च प्रतीयते।

सांख्यदर्शने सृष्टेः उत्पत्तिः परमात्मना न मत्वा अपितु विकासात्मकप्रक्रियारूपेण अवगम्यते, सृष्ट्या बहुविधपरिवर्तनेन अनेकावस्थायाञ्च भूत्वा वर्तमानस्वरूपः प्राप्यते। सांख्ययोगः दृश्यमानविश्वं प्रकृतिपरकविश्वमूलकं मन्यते, सांख्यदृष्ट्या केवलचेतनेन अचेतनेन वा पदार्थेन अस्य चिदचिदात्मक जगतः संतोषप्रदव्याख्या न कर्तुं शक्यते। अतः लौकायतिकादिवत् जडसम्प्रदायवत् केवलजडपदार्थो एव न, अपितु जगति प्राप्यमाणजडचेतनपदार्थयोः मूलरूपेण जडप्रकृतिश्चिन्मात्रपुरुषश्च एतयोः द्वयोः एव सत्ता मन्यते। सत्त्वरजस्तमसादिगुणानां साम्यावस्था एव जड़प्रकृतिः, एते गुणाः 'बलं च गुणवृत्तम्' इति न्यायानुसारं प्रतिक्षणपरिणामिनः सन्ति। अनेन प्रकारेण सांख्यानुसारं सम्पूर्णविश्वं त्रिगुणात्मकप्रकृतेः परिणामः एव विद्यते। वेदांतवत् विवर्तो, असत् कार्यम्, मिथ्याविलासो वा नास्ति। एतेन प्रकारेण प्रकृतिः पुरुष इव अजा नित्या च, विश्वं प्रकृतेः परिणामस्वरूपसत्कार्यत्वेन बाह्ययथार्थवादी वस्तुवादी वा इदं सांख्यदर्शनम्। किन्तु जडबाह्ययथार्थवादः भोग्यत्वात् कस्यापि चेतनाभावे अपार्थकः अर्थशून्यो निष्प्रयोजनो वा, अतः अस्यै सार्थकतायै साांख्यचेतनपुरुषं आत्मानं वा मनुते इति हेतोः अध्यात्मवादीदं सांख्यम्।

१. महाभारतशान्तिपर्व 301/109

संख्या शब्दात् अण् प्रत्यये सांख्य इति शब्दः तस्य सांख्यसम्बन्धी इत्यर्थः, संख्याशब्दस्य व्युत्पत्तिः सम् ख्या अच् टाप् इत्यनेन भवति, अस्यार्थो भवति सम्यक् ख्यातिः, साधुदर्शनम्, सत्यविज्ञानम् वा। सांख्याचार्याणाम् इयं सम्यक् ख्यातिः तेषां इदं सत्यं ज्ञानं व्यक्ताव्यक्तद्विविधरूपेण अचित्तत्त्वेन पुरुषरूपचित्त्वस्य पृथग्ज्ञाने निहितः अस्ति। प्रपञ्चे सक्तपुरुषः वस्तुतस्तु असक्तो एव। तस्मिन् सक्तो लिप्तो वा दृश्यमाणेऽपि वस्तुतः अनासक्तः निर्लिप्तः एव। सांख्ये पञ्चविंशतितत्त्वानां सत्यसिद्धान्तानां ज्ञानेन वर्णनेन अस्य शास्त्रस्य मुख्योद्देश्यं पुरुषस्य शुद्धज्ञानं चतुर्विंशतितत्त्वानां शुद्धज्ञानेन कर्त्तव्यम्। एवं तस्य पुरुषस्य अन्येभ्यो चतुर्विंशतितत्त्वेभ्यो भिन्नतां च दर्शयित्वा तस्य मुक्तिरपि कर्त्तव्या। सांख्यशास्त्रं सम्पूर्णविश्वं निर्जीवप्रधानम् प्रकृतेःविकासश्च मन्यते। पुरुषः सर्वथा निर्लिप्तः निष्क्रियश्च दर्शकः। यथा–

षोड़शकस्तु विकारो न प्रकृतिर्न विकृतिः पुरुषः।[१]

पुरुषः न कस्यापि प्रकृतिः उदासीनत्वात, न कस्यापि विकृतिः नित्यत्वादिति। मूलप्रकृतिपुरुषयोः बहुविधसमानता दृश्यते। यथा गीतायाम्–

अव्यक्ताद्व्यक्तयः सर्वाः प्रभवन्त्यहरागमे
रात्र्यागमे प्रलीयन्ते तत्रैवाव्यक्तसंज्ञके।
भूतग्रामः सः एवायं भूत्वा भूत्वा प्रलीयते
रात्र्यागमवशः पार्थः प्रभवत्यहरागमे॥[२]

अव्यक्तप्रकृत्याः एव सम्पूर्णचराचरभूतगणाः उत्पद्यन्ते अव्यक्ते एव च लीनाः जायन्ते।

पुनश्च तस्माद्व्यक्तादपि विलक्षणः द्वितीयः यः सनातनः अव्यक्तभावः सः परमदिव्यः पुरुषः समस्तभूतानाम् नाशेऽपि न विनश्यति।

---

१. सांख्यकारिका पृ. 12, श्लो. 3

२. श्रीमदभगवद्गीता अ. 8, श्लो. 18,19

परस्तस्मात्तु भावोऽन्योऽव्यक्तोऽव्यक्तात् सनातनः।
यः सः सर्वेषु भूतेषु नश्यत्सु न विनश्यति॥[१]

सांख्यशास्त्रीयेषु चतुर्विंशतितत्त्वेषु प्रकृतेः संसारहेतुत्वं पुरुषस्य प्रकृतेः परत्वं, तयोः विवेज्ञानस्य मोक्षप्रदत्वं च गीतायाम् उक्तम्।

मूलप्रकृतिरविकृतिर्महदाद्याः इत्यादिना अस्मिन् सांख्यशास्त्रे पञ्चविंशतितत्त्वानि सन्ति। तत्र पञ्चविंशः पुरुषस्तु नित्यो न च किमपि कार्य करोति, न चासौ कस्यापि विकारो। चतुर्विंशतत्त्वञ्च प्रकृतिः सैव मूलप्रकृतिः प्रधानमिति चोच्यते। सापि नित्या अतो न कस्यापि विकृतिः यथा –

प्रकृतिं पुरुषं चैव विद्ध्यनादी उभावपि।
विकारांश्च गुणांश्चैव विद्धि प्रकृतिसंभवान्॥[२]

मूलतः तत्त्वद्वयस्य मन्यमानः सांख्ययोगः परिणामिप्रकृतेः परिणामस्वरूपे त्रयोविंशतिः अवांतरतत्त्वानि मन्यते। अवशिष्टानि त्रयोविंशतिस्तत्त्वानि प्रकृतेरेवोत्पद्यन्ते,

महाभूतान्यहंकारो बुद्धिरव्यक्तमेव च।
इन्द्रियाणि दशैकं च पञ्च चेन्द्रियगोचराः॥[३]

तदयं सृष्टिक्रमः प्रकृतेर्महान् (बुद्धतत्त्वं) उत्पद्यते। महतोऽहंकारः। अहङ्कारात् शब्दस्पर्शरूपरसगन्धाः तन्मात्राणि, मनः, पञ्चज्ञानेन्द्रियाणि, पञ्चकर्मेन्द्रियाणि चोत्पद्यन्ते।

पञ्चतन्मात्रैश्च पञ्चस्थूलभूतानि आकाशादीनि समुत्पद्यन्ते। तदेव पञ्चविंशतिरेव तत्त्वानीति। सांख्यशास्त्रीयतत्त्वसमुदायस्य चतस्रो विधाः कश्चिदर्थः प्रकृतिरेव न विकृतिः कश्चिर्थोः विकृतिरेव, न प्रकृतिः। कञ्चिदर्थः प्रकृतिरपि विकृतिरपि च। कश्चिच्च न कस्यापि प्रकृतिर्नापि

---

१. सांख्यकारिका पृ. 18, श्लो. 20
२. श्रीमदभगवद्गीता अ. 13, श्लो. 29
३. श्रीमदभगवद्गीता अ. 13, श्लो. 5

कस्यचिद्विकृतिः। तत्र मूलप्रकृतिः प्रकृतिरेव न हि कस्यापि सा विकारः। निखिलस्य कार्यसङ्घातस्य सैव मूलं न त्वस्या मूलान्तरं (कारणान्तरं) किमप्यस्ति। मूलप्रकृतेस्तस्या अपि मूलान्तरस्य स्वीकारेऽनवस्थाप्रसङ्गात्। सा मूलप्रकृतिः अविकृतिरिति[1]।

प्रकृतयश्च विकृतयश्च प्रकृतिविकृतयः ताः सप्तैव महत्तत्वं अहङ्कारमुत्पादयति इत्यऽहङ्कारस्य प्रकृतिः, मूलप्रकृतेश्च विकृतिः। एवमहङ्कारः तत्त्वं तन्मात्राणाम्, एकादशेन्द्रियाणाञ्च प्रकृतिः, महत्तत्वस्य च विकृतिः। एवं पञ्चतन्मात्राणि तत्त्वानि आकाशदिस्थूलभूतानां जनकानीति। पुनश्च षोडशानां संङ्घः षोडशकः। पञ्चमहाभूतानि, मनः, पञ्चज्ञानेन्द्रियाणि पञ्चकर्मेन्द्रियाणि चेति षोडशतत्त्वानि विकृतय एव, न तु कस्यापि प्रकृतिर्भूतानीति

कार्यकरणकर्तृत्वे हेतुः प्रकृतिरुच्यते।
पुरुषः सुखदुखानां भोक्तृत्वे हेतुरुच्यते॥
पुरुषः प्रकृतिस्थो हि भुङ्क्ते प्रकृतिजान्गुणान्।
कारणं गुणसङ्गोऽस्य सदसंद्योनिजन्मसु॥[2]

प्रकृतिपुरुषविषये अनादिशब्दप्रयोगः अत्र क्रियते सर्वत्र विकृतयः त्रिगुणाश्च प्रकृत्या एव उत्पन्नाः सुखदुःखयोः भोक्तृत्वे हेतुः पुरुषः एव कथ्यते। प्रकृतिस्थः पुरुष एव प्रकृतेः गुणानां भोगं करोति पुनश्च सदसद्योनिषु जन्मनः कारणं भवति। तस्य गुणानां संग एव। अस्मिन् देहे स्थितः परमपुरुषः साक्षी इति हेतोः उपद्रष्टा यथार्थसम्मतिं ददादीति हेतोः अनुमन्ता सर्वेषां धारणं पोषणञ्च करोतीति हेतोः भर्ता, जीवरूपत्वात् भोक्ता, सर्वेषां महदीश्वरत्वात् महेश्वरः, शुद्धसच्चिदानन्दघनः अस्तीति हेतोः परमात्मा इति व्यवहारः। गुणैः सह तं पुरुषं यो जानाति तस्य पुनर्जन्म न भवतीति। यथोक्तम्–

---

१. सांख्यकारिका पृ. 11, श्लो. 13 से

२. श्रीमद्भगवद्गीता अ. 13, श्लो. 23

उपद्रष्टानुमन्ता च भर्त्ता भोक्ताः महेश्वरः।
परमात्मेति चाप्युक्तो देहेस्मिन् पुरुषः परः
य एवं वेत्ति पुरुषं प्रकृतिं च गुणैःसह
सर्वथा वर्तमानोऽपि न स भूयोऽभिजायते।[१]

गीतायां सांख्यतत्त्वमेव ज्ञानयोगरूपेण कथ्यते। यत्र संख्यानां प्रकृतीत्यादीनाम् ज्ञानेन योगः भवति परमात्मनः परब्रह्मणः इत्यत्र भावः।

ध्यानेनात्मनि पश्यन्ति केचिदात्मानमात्मना।
अन्ये सांख्येन योगेन कर्मयोगेन चापरे।।[२]

सांख्ययोगीनाम् विवेकस्य विवेकेन सदसतोः निर्णयः भवति 'सत्' नित्यः, सर्वव्यापकः, स्थिरः, अचलः, अचिन्त्यः अस्ति, 'असत्' चलः, अनित्यो, विकारी, परिवर्तनशीलः अस्ति एतादृशेन विवेकेन विचारेण वा प्रकृत्याः प्रकृतेः कार्यात् च पूर्णरूपेण स्वं भिन्नं ज्ञात्वा परमात्मत्त्वस्य अनुभवं करोति।

प्रकृतिः नर्तकी इव रङ्गयित्वा इति कथनेन प्रकृतिः स्वभोगं पुरुषाय ददाति स्वरूपं पुरुषस्य पुरतः प्रकटयति येन पुरुषस्य कैवल्यं भवेत्, अतः पुरुषस्य भर्त्ता भोक्ता महेश्वर इति कथनं साभिप्रायेण उक्तम्। तां प्रकृतिं क्षेत्रमिति कथनेन पुरुषस्य ज्ञानाय भोगाय कैवल्याय च प्रवृत्तिरिति भावः, अयं प्रतिभाति। क्षेत्रस्य ज्ञानात् परमेव क्षेत्रज्ञस्य आत्मज्ञानं भविष्यति तस्मात् कैवल्यम्। भोगाय प्रवृत्तिरित्यत्र शङ्का भवति चेत् यथा सोहि पुरुषः उदासीनः कथं तस्य प्रवृत्तिः तर्हि समाधानं दीयते यत् तत्र प्रवृत्तिः न तु पुरुषस्य अपितु प्रकृतेरेव प्रवृत्तिः तस्य पुरतः सा स्वं रूपं स्वयमेव प्रदर्शयति येन पुरुषः कैवल्यं प्राप्नुयात्।

श्रीमखगवद्गीतायां सांख्यदर्शनस्य त्रिगुणात्मकसिद्धान्तः अत्यन्त-सुन्दररीत्या प्रस्तुतः, 'त्रिगुणात्मिका प्रकृतिः नित्यपरिणामिनी अस्ति' तस्याः गुणत्रयेण सदैव कश्चन परिणामः उत्पाद्यते, पुरुषः अकर्ता अस्ति 'सांख्यस्य

---

१. श्रीमद्भगवद्गीता अ. 13, श्लो. 24
२. श्रीमद्भगवद्गीता अ. 13, श्लो.

अयं सिद्धान्तः गीतायां निष्कामकर्मयोगस्य आवश्यकाङ्गत्वेन स्वीकृतः।

समं सर्वेषु भूतेषु तिष्ठन्तं परमेश्वरम्।
विनश्यत्स्वविनश्यन्तं यः पश्यति सः पश्यति॥[1]

विनश्यत्सु भूतेषु विनाशरहितं परमेश्वरं यः पश्यति सः एव यथार्थं पश्यति, तस्य फलमस्ति यत्-

समं पश्यन्हि सर्वत्र समवस्थितमीश्वरम्।
न हिनस्त्यात्मनात्मानं ततो याति परां गतिम्॥[2]

सर्वत्र समं ईश्वरं पश्यन् परमगतिं प्राप्नोति, 'वासुदेवः सर्वमिति' तस्य भावः सर्वत्र भवति। महाभारते तु इत्थं लिखितमस्ति यथा -

योऽन्यथा सन्तमात्मानमन्यथा प्रतिपद्यते।
किं तेन न कृतं पापं चौरेणात्मापहारिणा॥[3]

यः अन्यप्रकारकोऽविनाशी जायमानोऽपि आत्मानं विनाशि- रूपेण मन्यते, सो हि आत्मघाती चौरः, कथं न पापः कृतः?

प्रकृत्यैव च कर्माणि क्रियमाणानि सर्वशः।
यः पश्यति तथात्मानमकर्त्तारं स पश्यति॥[4]

सर्वाः क्रियाः प्रकृत्या एव कृत्या, आत्मानं तु अकर्तृरूपेण यः पश्यति सः एव यथार्थं पश्यति।

सांख्ययोगमेव ज्ञानयोगरूपेण मन्यते श्रीभगवान् कृष्णरूपेण परमगतिप्राप्त्यै इदमेव साधनत्वेन स्वीकुरुयते, आत्यन्तिकनिवृत्यै अयमेव अत्यन्तमृजुमार्गः। जडवत् प्रकृतिं ज्ञात्वा तस्य लयस्य क्रमः सृष्टेः क्रमश्च, पुरुषस्य प्रकृतेः परत्वञ्च ज्ञात्वा सरलतया केवलरूपेण पुरुषमवगत्य कैवल्यस्य प्राप्तिर्भवत्येव। तेनैव आत्यन्तिकनिवृत्तिः भवति। सुखदुखयोः

---

१. श्रीमदभगवद्गीता 13-27
२. श्रीमदभगवद्गीता 13-28
३. महाभारत उद्योग पर्व 41/37
४. श्रीमदभगवद्गीता 13-28

समत्वं तदानीमेव भवति, वेदान्ते तु प्रकृतेः ब्रह्मरूपदर्शने विवर्तरूपदर्शने अनुभवे च काठिन्यं वर्तते। ज्ञानेन बहुमार्जनीयं मनः तत्र । परन्तु सांख्ययोगे तथा काठिन्यं नास्ति विचारे अनुभवे वा योगीनां कर्मयोगीनां ज्ञानिनां भक्तियोगीनाञ्च सांख्यदर्शनमत्यन्तप्रियम् अस्त्येव।

पुनश्च

यावत्संजायते किञ्चित्सत्त्वं स्थावरजङ्गमम्।[1]
क्षेत्रक्षेत्रज्ञसंयोगात्तद्विद्धि भरतर्षभ॥
नान्यं गुणेभ्यः कर्त्तारं यदा दृष्टानुपयश्यति।
गुणेभ्यश्च परं वेत्ति मद्भावं सोऽधिगच्छति॥[2]

यस्मिन् समये दृष्टा गुणत्रयव्यतिरिक्तः अन्यः कर्ता नास्तीति जानाति तदानीमेव त्रिगुणेभ्यः व्यक्तिः रिक्तेभ्यः परं सच्चिदानन्दघनस्वरूपं परमात्मतत्त्वं जानाति तस्मिन् समये स एव स द्रष्टा ऐक्यभावं प्राप्नोति।

गुणानेतानतीत्य त्रीन्देही देहसमुद्भवान्।
जन्ममृत्युजरादुःखैर्विमुक्तोऽमृतमश्नुते॥[3]

अयं पुरुषः शरीरस्य उत्पत्तेः कारणरूपान्त्रिगुणान् उल्लङ्घ्य जन्म,-मृत्यु,-जरा,-व्याधिभ्योऽन्यदुःखेभ्योश्च मुक्तो भूत्वा अमृतत्त्वं प्राप्नोति।

---

१. श्रीमदभगवद्गीता 13-16
२. श्रीमदभगवद्गीता 14-19
३. श्रीमदभगवद्गीता 14-20

योगदर्शने विभूतिस्वरूपविमर्शः

राजेशकुमारः

योगेन योगो ज्ञातव्यो योगो योगात् प्रवर्तते।
योऽप्रमत्तस्तु योगेन स योगो रमते चिरम्॥

मनुष्याः यावद् आध्यात्मिकं सत्यं नानुभवन्ति, तावत् तस्य चित्तं कलुषितं भवति। बुद्धिश्च दूषिता एव तिष्ठति। आत्मनः सत्यतायाः अनुभवः शुद्धचित्तेनैव भवति। योग-दर्शनानुसारं मोक्षप्राप्तिः आत्मज्ञाननैव सम्भवति। परन्तु आत्मज्ञानं तदैव भवितुमर्हति यदा मनसः सर्वे दूषितविचाराः विनश्येयुः मनश्च पूर्णशान्तं स्थिरञ्च स्यात्। चित्तस्य शुद्धये आत्मप्रकाशोपलब्धये च योगदर्शनेन अष्टविधानि साधनानि निर्दिष्टानि। यानि योगाङ्गानि प्रोच्यन्ते–

यमनियमासनप्राणायामप्रत्याहारधारणाध्यानसमाधयोऽष्टावङ्गानि[१]

एषु अष्टाङ्गेषु आदितः पञ्च सम्प्रज्ञातसमाधेः बहिरङ्गसाधनानि अन्त्यानि च त्रीणि अन्तरङ्गसाधनानि सन्ति। अत एव **"त्रयमन्तरङ्गं पूर्वेभ्यः"**[२] इति योगसूत्रम्। तदपि अन्तरङ्गसाधनत्रयमसम्प्रज्ञातसमाधेः बहिरङ्गं भवति। एषु अष्टसु योगाङ्गेषु आद्या यमादयः पञ्च सन्ति बहिरङ्गभूताः यतो हि तेषां विशेषतया सम्बन्धः बाह्यक्रियाभिरेवास्ति। शेषाः त्रयः धारणाध्यानसमाधयः सन्ति अन्तरङ्गभूताः, एषां सम्बन्धः केवलं अन्तःकरणेनैव भवति। अत इमानि अन्तरङ्गानि उच्यन्ते। परम् अन्तिमानि च त्रीणि सम्प्रज्ञातसमाधेरन्तरङ्गानि, परं तानि अपि असम्प्रज्ञातसमाधेः बहिरङ्गानि एव ज्ञेयानि। यथा यमादयो बहिर्जगत् सम्बन्धनिबन्धत्वाद् अन्तर्जगतो

१. योगसूत्रम्-२/२९
२. योगसूत्रम्-३/७

बहिरङ्गानि। तथैव धारणादयोऽपि त्रयोऽसम्प्रज्ञातस्य समाधे बहिरङ्गानि एव ज्ञेयानि।

तदपि बहिरङ्गं निर्बीजस्य[१]

धारणाध्यानसमाधिरित्येतत्त्रयस्य तत्र तत्र विनियुज्यमानस्य लाघवार्थं भगवता पतञ्जलिना **"त्रयमेकत्र संयमः"**[२] इत्यनेन सूत्रेण परिभाषितः संयम इति। अर्थात् एकस्मिन् विषये क्रियमाणानि "धारणाध्यानसमाधय इति" त्रीणि साधनानि संयम इत्युच्यते। एवं च धारणाध्यानसमाधिनां एकविषयतया संयम इति परिभाषा भवति। तस्य संयमस्य अतिसूक्ष्म-व्यवहितानामर्थानां प्रत्यक्षीकरणसामर्थ्यं जायते। यथा ज्ञानकर्मणोः मुक्तिं प्रति ज्ञानस्य अन्तरङ्गत्वं तथैव यमनियमासनप्राणायामप्रत्याहारेभ्यः साधनेभ्यः संयमाख्यं धारणाध्यानसमाधित्रयं सम्प्रज्ञातस्य समाधेरन्तरङ्गं साधनमस्ति।

तथाचोक्तं योगकारिकायाम्–

सम्प्रज्ञातस्य पञ्चभ्यो ह्यन्तरङ्गमिदं त्रयम्।
निर्बीजस्य च तत् त्रयं बहिरङ्गं समीरितम्॥[३]

भौतिक दृष्टि से जननेंद्रियों को काम-वासना एवं रति प्रवृत्ति के लिए उत्तरदायी माना जाता है, पर वैज्ञानिक गहन अन्वेषण से यह तथ्य सामने आता है कि नर-नारी के प्रजनन केंद्रों का सूत्र-संचालन मेरुदंड के सुषुम्ना केंद्र से होता है। यह केंद्र नाभि की सीध में है। हैनरी आस्ले कृत नोट्स आन फिजियोलॉजी, ग्रंथ में इस संदर्भ में विस्तृत प्रकाश डाला गया है। उसमें उल्लेख है कि नर-नारियों के प्रजनन अंगों के संकोच एवं उत्तेजना का नियंत्रण मेरुदंड के लंबर रीजन (निचले क्षेत्र) में स्थित केंद्रों से होता है। इस दृष्टि से कामोत्तेजना के प्रकटीकरण का उपकरण मात्र जननेंद्रिय रह जाती हैं। उसका उद्गम तथा उद्भव केंद्र सुषुम्ना संस्थान में होने से, वह कुंडलिनी की ही एक लहर सिद्ध होती है। यह प्रवाह जननेंद्रिय की ओर उच्च केंद्रों को मोड़ देने की प्रक्रिया ही इस महाशक्ति की साधना के रूप में प्रयुक्त होती है।

नैपोलियन हिल ने अपनी पुस्तक 'थिंक एंड ग्रो रिच' में कामशक्ति के संबंध में महत्त्वपूर्ण प्रकाश डाला है। वे सैक्स एनर्जी को मस्तिष्क और शरीर दोनों को समान रूप से प्रभावित करने वाली एक विशेष शक्ति मानते हैं। यह मनुष्य को प्रगति की दिशा में बढ़ चलने के लिए प्रेरणा देती है।

सामान्यतः उसका उभार इंद्रिय मनोरंजन मात्र बनकर समाप्त होता रहता है। जमीन पर फैले हुए पानी की भाप भी ऐसे ही उड़ती और बिखरती-भटकती रहती है, पर यदि उसका विवेकपूर्ण उपयोग किया जा सके, तो भाप द्वारा भोजन पकाने से लेकर रेलइंजन चलाने जैसे असंख्यों उपयोगी काम लिए जा सकते हैं। कामशक्ति के उच्चस्तरीय सृजनात्मक प्रयोजन अनेकों हैं। कलात्मक गतिविधियों में काव्य जैसी कल्पना, संवेदनाओं में दया, करुणा एवं उदार आत्मीयता को साकार बनाने वाली सेवा साधना में—एकाग्र तन्मयता से संभव

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

होने वाले शोध प्रयत्नों में प्रचंड पराक्रम के रूप में प्रकट होने वाले, शौर्य साहस में, गहन आध्यात्मिक क्षेत्र से उद्‌भूत श्रद्धा-भक्ति में उसे नियोजित किया जा सकता है।

कामेच्छा एक आध्यात्मिक भूख है। वह मिटाई नहीं जा सकती। निरोध करने पर वह और भी उग्र होती है। बहते हुए पानी को रोकने से वह धक्का मारने की नई सामर्थ्य उत्पन्न करता है। आकाश में उड़ती हुई बंदूक की गोली स्वयमेव शांत होने की स्थिति तक पहुँचने से पहले जहाँ भी रोकी जाएगी, वहाँ आघात लगाएगी और छेद कर देगी। कामशक्ति को बलपूर्वक रोकने से कई प्रकार के शारीरिक और मानसिक उपद्रव खड़े होते हैं। इस तथ्य पर फ्राइड से लेकर आधुनिक मनोवैज्ञानिकों तक ने अपने-अपने ढंग से प्रकाश डाला है और उसे सृजनात्मक प्रयोजनों में नियोजित करने का परामर्श दिया है। एक ओर से मन हटकर दूसरी ओर चला जाए। एक का महत्त्व गिराकर दूसरे की गरिमा पर विश्वास कर लिया जाए, तो आकांक्षा एवं अभिरुचि का प्रवाह मोड़ने में विशेष कठिनाई उत्पन्न नहीं होती। ब्रह्मचर्य का वैज्ञानिक स्वरूप यही है। अतृप्तिजन्य अशांति से बचने तथा क्षमता का सदुपयोग करके सत्परिणामों का लाभ लेने का एक ही उपाय है, कि कामेच्छा-प्रवृत्ति को सृजनात्मक दिशा में मोड़ा जाए।

कलात्मक प्रयोजनों में संलग्न होने से उसके भौतिक लाभ मिल सकते हैं। अध्यात्म क्षेत्र में उसे भाव-संवेदना के लिए 'भक्ति भावना' के रूप में तथा प्रबल पुरुषार्थ की तरह तपोमयी योग साधना में लगाया जा सकता है। दोनों का समन्वय कुंडलिनी जागरण प्रक्रिया में समन्वित पद्धति के रूप में किया जा सकता है। सहस्रार चक्र भक्तिभावना का और मूलाधार चक्र प्राण-संधान का केंद्र है। दोनों की प्रसुप्त स्थिति को समाप्त कर साहसिक संवेदना उभारना, कुंडलिनी जागरण प्रक्रिया अपनाने से सहज संभव हो सकता है।

धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष यह जीवन के चार परम प्रयोजन हैं। काम का अर्थ सामान्यतः रति-कर्म समझा जाता है। यह रसानुभूति

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

दो पूरक तत्त्वों के मिलन द्वारा उपलब्ध होती है। ऋण और धन विद्युत् प्रवाह मिलने से गति उत्पन्न होती है। रयि और प्राणतत्त्व के मिलन से सृष्टि के प्राणि उत्पादनों की सृष्टि होती है। प्रकृति-पुरुष की तरह नर और नारी को भी परस्पर पूरक माना गया है। मानवीय सत्ता में भी दो पूरक सत्ताएँ काम करती हैं। इन्हें नर और नारी का प्रतिनिधि मानते हैं। नारी सत्ता मूलाधार में अवस्थित कुंडलिनी है और नरतत्त्व सहस्रार स्थित परब्रह्म है। इन्हीं को शक्ति और शिव भी कहते हैं। इनका मिलन ही कुंडलिनी जागरण का लक्ष्य है। इस संयोग से उत्पन्न दिव्यधारा को भौतिक क्षेत्र में ऋद्धि-सिद्धि और आत्मिक क्षेत्र में स्वर्ग-मुक्ति कहते हैं। आत्म साक्षात्कार एवं ब्रह्मनिर्वाण का लक्ष्य भी यही है।

अथर्ववेद में भगवान् के काम-रूप से जीवन में अवतरित होने की प्रार्थना की गई है।

यास्ते शिवास्तन्वः काम भद्रायाभिः सत्यं भवति यद्वृणीषे। ताभिष्ट् वमस्माँ अभि संविशस्वान्यत्र पापीरपवेशया धियः। —अथर्ववेद

हे परमेश्वर, तेरा काम-रूप भी श्रेष्ठ और कल्याण कारक है, उसका चयन असत्य नहीं है। आप काम-रूप से हमारे भीतर प्रवेश करें और पापबुद्धि से छुड़ाकर हमें निष्पाप उल्लास की ओर ले चलें।

कुंडलिनी महाशक्ति की प्रकृति का निरूपण करते हुए शास्त्रकारों ने उसके लिए 'काम-बीज' एवं 'काम-कला' दोनों शब्दों का प्रयोग किया है। इन शब्दों का अर्थ कामुकता, काम-क्रीड़ा या काम- शास्त्र जैसा तुच्छ यहाँ लिया गया है। इस शक्ति से प्राकृतिक उत्साह एवं उल्लास उत्पन्न करना है। यह शरीर और मन की उभयपक्षीय अग्रगामी स्फुरणाएँ हैं। यह एक मूल प्रकृति हुई, दूसरी पूरक प्रकृति। मूलाधार को काम-बीज कहा गया है और सहस्रार को 'ज्ञान-बीज'। दोनों के समन्वय से विवेकयुक्त क्रिया बनती है। इसी पर जीवन का सर्वतोमुखी विकास निर्भर है। कुंडलिनी साधना से इसी सुयोग-संयोग की व्यवस्था बनाई जाती है।

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

प्रत्येक शरीर में नर और मादा दोनों ही तत्त्व विद्यमान हैं। शरीरशास्त्रियों के अनुसार प्रत्येक प्राणी में उभयपक्षीय सत्ताएँ मौजूद हैं। इनमें से जो उभरी रहती हैं, उसी के अनुसार लिंग-प्रकृति बनती है। संकल्पपूर्वक इस प्रकृति को बदला भी जा सकता है। छोटे प्राणियों में उभयलिंगी क्षमता रहती है। वह एक ही शरीर से समयानुसार दोनों प्रकार की आवश्यकताएँ पूरी कर लेते हैं।

मनुष्यों में ऐसे कितने ही पाए जाते हैं, जिनकी आकृति जिस वर्ग की है, प्रकृति उससे भिन्न वर्ग की होती है। नर को नारी की और नारी को नर की भूमिका निभाते हुए बहुत बार देखा जाता है। इसके अतिरिक्त लिंग परिवर्तन की घटनाएँ भी होती रहती हैं। शल्य क्रिया के विकास के साथ-साथ अब इस प्रकार के उलट-पुलट होने के समाचार संसार के कोने-कोने से मिलते रहते हैं। अमुक नर नारी बन गया और अमुक नारी ने नर के रूप में अपना गृहस्थ नए ढंग से चलाना आरंभ कर दिया।

दोनों में एक तत्त्व प्रधान रहने से ढर्रा चलता रहता है, पर एकांगीपन बना रहता है। नारी कोमलता, सहृदयता, कलाकारिता जैसे भावात्मक तत्त्व का नर में जितना अभाव होगा, उतना ही वह कठोर, निष्ठुर रहेगा और अपनी बलिष्ठता, मनस्विता के पक्ष के सहारे क्रूर-कर्कश बनकर अपने और दूसरों के लिए अशांति ही उत्पन्न करता रहेगा। नारी में पौरुष का अभाव रहा, तो वह आत्महीनता से ग्रसित, अनावश्यक संकोच में डूबी, कठ-पुतली या गुड़िया बनकर रह जाएगी। आवश्यकता इस बात की है कि दोनों ही पक्षों में संतुलित मात्रा में रयि और प्राण के तत्त्व बने रहें। कोई पूर्णतः एकांगी बनकर न रह जाए। जिस प्रकार बाह्य जीवन में नर-नारी सहयोग की आवश्यकता रहती है, उसी प्रकार अंतःक्षेत्र में भी दोनों तत्त्वों का समुचित विकास होना चाहिए, तभी एक पूर्ण व्यक्तित्व का विकास संभव हो सकेगा। कुंडलिनी जागरण से उभयपक्षीय विकास की पृष्ठभूमि बनती है।

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

मूलाधार चक्र में काम-शक्ति को स्फूर्ति, उमंग एवं सरसता का स्थान माना गया है। इसलिए उसे काम-संस्थान कहते हैं। जहाँ-तहाँ उसे योनि संज्ञा भी दी गई है। नामकरण जननेंद्रिय के आकार के आधार पर नहीं, उस केंद्र में सन्निहित 'रयि' शक्ति को ध्यान में रखकर किया गया है।

आधाराख्ये गुदास्थाने पंकजं च चतुर्दलम्।
तन्मध्ये प्रोच्यते योनिः कामाख्या सिद्धवंदिता।।

—गोरक्ष पद्धति

गुदा के समीप मूलाधार कमल के मध्य 'योनि' है। उसे कामाख्या पीठ कहते हैं। सिद्ध योगी इसकी उपासना करते हैं।

अपाने मूलकंदाख्यं कामरूपं च तज्ज गुः।
तदेव वह्निकुंडस्यात् तत्त्वकुंडलिनी तथा।।

—योग राजोपनिषद्

मूलाधार चक्र में कंद है। उसे काम-रूप, काम-बीज, अग्निकुंड कहते हैं। यही कुंडलिनी का स्थान है।

देवी ह्येकाग्रासीत्। सैव जगदंडमसृजत।
कामकलेति विज्ञायते शृंगारकलेति विज्ञायते।

—बृहवृचोपनिषद् १

उसी दिव्यशक्ति से यह जगत् मंडल सृजा। वह उस सृजन से पूर्व भी थी, वही काम-कला है। सौंदर्य-कला भी उसी को कहते हैं।

यत्तदगुह्यमिति प्रोक्तं देवयोनिस्तु सोच्यते।
अस्यां यो जायते वह्नि कल्याणप्रदउच्यते।।

—कात्यायन स्मृति

गुह्य स्थान में देव योनि है। उससे जो अग्नि उत्पन्न होती है, उसे परम कल्याणकारिणी समझना चाहिए।

आधारं प्रथमं चक्रं स्वाधिष्ठानं द्वितीयकम्।
योनिस्थानं द्वयोर्मध्ये कामरूपं निगद्यते।।

—गोरक्ष पद्धति

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

पहला चक्र मूलाधार है, दूसरा स्वाधिष्ठान। दोनों के मध्य योनि स्थान है। उसे काम-रूप भी कहते हैं।

कामीकलां कामरूपां चिकित्वा नरो जायते काम रूपश्च कामः।

—त्रिपुरोपनिषद्

यह महाशक्ति काम-रूप है। उसे काम-कला भी कहते हैं। जो उसकी उपासना करता है, सो कामरूप हो जाता है। उसकी कामनाएँ फलवती होती हैं।

सहस्रार को कुंडलिनी विज्ञान में महालिंग की संज्ञा दी गई है। यहाँ भी जननेंद्रिय आकार की नहीं, वरन् उस केंद्र में सन्निहित प्राण पौरुष का ही संकेत है।

तत्रस्थितो महालिंगः स्वयंभूं सर्वदासुखी।
अधोमुखः क्रियावांश्च कामबीजो न चालितः।।

—काली कुलामृत

ब्रह्मरंध्र में वह महालिंग अवस्थित है। वह स्वयंभू और सुख स्वरूप है, इसका मुख नीचे की ओर है। वह निरंतर क्रियाशील है।

काम बीज द्वारा उत्तेजित होता है।

स्वयंभूलिंगतन्मध्ये सरंध्रं पश्चिमावलम्।
ध्यायेच्च परमांशक्ति शिवं श्यामलसुन्दरम्।।

—शाक्तानंद तरंगिणी

ब्रह्मरंध्र के मध्य स्वयंभू महालिंग है। इसका मुख नीचे की ओर है। वह श्यामल सुंदर है। उसका ध्यान करें।

काम-बीज और ज्ञान-बीज के मिलने से जो आनंदमयी परम कल्याणकारी भूमिका बनती है। उसमें मूलाधार और सहस्रार का मिलन संयोग ही आधार माना गया है। इसी मिलाप को साधना से सिद्धि कहा गया है। इस स्थिति को दिव्य मैथुन की संज्ञा भी दी गई है।

सहस्रारो परिविन्दौ कुंडल्या मेलनं शिवे।
मैथुनं शयनं दिव्यं यतीनां परिकीर्तितम्।।

—योगिनी तंत्र

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

पार्वती सहस्त्रार में जो कुल और कुंडलिनी का मिलन होता है, उसी को यतियों ने दिव्य मैथुन कहा है।

परशक्त्यात्ममिथुनसंयोगानंद निर्जराः।
मुक्तात्ममिथुनंतत् स्यादितरं स्त्रीनिवेषका।।

—तंत्र सार

आत्मा को परमात्मा को प्रगाढ़ आलिंगन में आबद्ध करके परम रस का आस्वादन करना यही यतियों का मैथुन है।

सुषुम्नाशक्ति सुदृष्टा जीवोऽयं तु परः शिवः।
तयोस्तु संगमे देवैः सुरतं नाम कीर्तितम्।।

—तंत्र सार

सुषुम्ना शक्ति और ब्रह्मरंध्र शिव है। दोनों के समागम को मैथुन कहते हैं।

यह संयोग आत्मा और परमात्मा के मिलन, एकाकार की स्थिति भी उत्पन्न करता है। जीव को योनि और ब्रह्म को वीर्य संज्ञा देकर, उनका संयोग भी परमानंददायक कहा गया है—

एष बीजी भवान् बीजमहं योनिः सनातनः।

—वायु पुराण

जीव ने ब्रह्म से कहा—आज बीज हैं। मैं योनि हूँ। यही क्रम सनातन से चला आ रहा है।

शिव और शक्ति के संयोग का रूपक भी इस संदर्भ में दिया जाता है। शक्ति को रज और शिव को बिंदु की उपमा दी गई है। दोनों के मिलन के महत्त्वपूर्ण सत्परिणाम बताए गए हैं।

विन्दुः शिवो रजःशक्तिश्चन्द्रोबिन्दू रजोरविः।
अनयोः संगमादेव प्राप्यते परमं पदम्।

—गोरक्ष पद्धति

बिंदु शिव और रज शक्ति। यही सूर्य-चंद्र हैं। इनका संयोग होने पर परम पद प्राप्त होता है।

विन्दुः शिवो रजः शक्तिरुभयोर्मिलनात् स्वयम्।

—शिव संहिता १।१००

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

बिंदु शिव रूप और रज शक्ति रूप है। दोनों का मिलन स्वयं महाशक्ति का सृजन है।

योनिर्वेदी उमादेवी लिंगपीठं महेश्वर।

—लिंग पुराण

योनि वेदी उमा है और लिंग पीठ महेश्वर।

जातवेदाः स्वयं रुद्रः स्वाहा शर्वार्धकामिनी।
पुरुषाख्यो मनुः शंभुः शतरूपा शिवप्रिया।।

—लिंग पुराण

जातवेदा अग्नि स्वयं रुद्र हैं और स्वाहा अग्नि महाशक्ति है। उत्पादक परम पुरुष शिव हैं और श्रेष्ठ उत्पादनकर्त्री शतरूपा एवं शिवा है।

अहं बिंदु रजः शक्तिरुभयोर्मेलनं यदा।
योगिनां साधनावस्था भवेद्दिव्यं वपुस्तदा।।

—शिव संहिता ४। ८७

शिव रूपी बिन्दु, शक्ति रूपी रज इन दोनों का मिलन होने से योग साधक को दिव्यता प्राप्त होती है।

ब्रह्म का प्रत्यक्ष रूप प्रकृति और अप्रत्यक्ष भाग पुरुष है। दोनों के मिलने से ही द्वैत का अद्वैत में विलय होता है। शरीरगत दो चेतन धाराएँ रयि और प्राण कहलाती हैं। इनके मिलन-संयोग से सामान्य प्राणियों को उस विषयानंद की प्राप्ति होती है, जिसे प्रत्यक्ष जगत् की सर्वोपरि सुखद अनुभूति कहा जाता है। ऋण और धन विद्युत् घटकों के मिलन से चिनगारियाँ निकलतीं और शक्ति-धारा बहती है। पूरक घटकों की दूरी समाप्त होने पर सरसता और सशक्तता की अनुभूति प्रायः होती रहती है। चेतना के उच्चस्तरीय घटक मूलाधार और सहस्रार के रूप में विलग पड़े रहें, तभी तक अंधकार की, नीरसता की, गतिहीनता की स्थिति रहेगी। मिलन का प्रतिफल संपदाओं और विभूतियों के ऋद्धि और सिद्धि के रूप में सहज ही देखा जा सकता है। इन उपलब्धियों की अनुभूति में आत्मा-परमात्माा का मिलन होता

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

है और उसकी संवेदना ब्रह्मानंद के रूप में होती है, इस आनंद को विषयानंद से असंख्य गुने उच्चतर का माना गया है।

शिव-पार्वती विवाह का प्रतिफल दो पुत्रों के रूप में उपस्थित हुआ था। एक का नाम गणेश, दूसरे का नाम कार्तिकेय। गणेश को 'प्रज्ञा' का देवता माना गया है और स्कंद को शक्ति का। दुर्दांत, दस्यु, असुरों को निरस्त करने के लिए, कार्तिकेय का अवतरण हुआ था। उनके इस पराक्रम ने संत्रस्त देव समाज का परित्राण किया। गणेश ने मांसपिंड मनुष्य को सद्ज्ञान, अनुदान देकर उसे सृष्टि का मुकुटमणि बनाया। दोनों ब्रह्मकुमार शिवशक्ति के समन्वय के प्रतिफल हैं। शक्ति कुंडलिनी—शिव सहस्रार दोनों का संयोग कुंडलिनी जागरण कहलाता है। यह पुण्य-प्रक्रिया संपन्न होने पर अंतरंग ऋतंभरा प्रज्ञा से और बहिरंग प्रखरता से भर जाता है। प्रगति के पथ पर इन्हीं दो चरणों के सहारे जीवनयात्रा पूरी होती है और चरमलक्ष्य की पूर्ति संभव बनती है।

गणेश जन्म के समय शिवजी ने उनका परिचय पार्वती को कराया और उसे उन्हीं हाथों में सौंप दिया। इसका विवरण वामन पुराण में इस प्रकार आया है—

यस्माज्जातस्ततो नाम्नः भविष्यति विनायकः।
एष विघ्नसहस्त्राणि देवादीनां हनिष्यति।।
पूजयिष्यन्ति देवाश्च देवि लोकाश्चराचराः।
इत्येवमुक्त्वा देव्यास्तु ददतांस्तनयं स हि।।

—वामन पुराण

इस ज्ञानपुत्र का नाम विनायक गणेश ही होगा। यह देवों के सहस्रों विघ्नों का हनन करेगा। हे देवि ! सब चर-अचर लोक और देवगण इसकी पूजा करेंगे। इतना कहकर शिव ने वह पुत्र देवी को दे दिया था।

स्कन्दोऽथवदनाद्वह्नेः शुभ्रात्षड्वदनोऽरिहा।
निश्चक्रामोद्भुतो बालो रोग शोक विनाशनः।।

—पद्म पुराण

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

तब छह मुख वाले कुमार स्कंद उत्पन्न हुए। वे अद्‌भुत और शोक-संताप विनाशक थे।

आद्य शंकराचार्य कृत 'सौंदर्य लहरी' में षट्‌चक्रों एवं सातवें सहस्रार का वर्णन है और उस परिकर को कुंडलिनी क्षेत्र बताया है।

मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपूर, अनाहत और विशुद्ध चक्रों को, पाँच तत्त्वों का प्रतीक माना है और आज्ञाचक्र तथा सहस्रार को ब्रह्म चेतना का प्रतिनिधि बताया है। पाँच तत्त्वों का वेधन करने पर किस प्रकार कुंडलिनी शक्ति की पहुँच ब्रह्मलोक तक होती है और परब्रह्म के साथ 'विहार' करती है, इसका वर्णन ६वें श्लोक में इस प्रकार है—

महीं मूलाधारे कमप मणिपूर हुतवहः
स्थितं स्वाधिष्ठाने ह्रदि मरुतमाकाशमुपरि।
मनोऽअपि भ्रूमध्ये सकलमपिभित्वा कुलपथं,
सहस्त्रारे पद्मे सहरहसि पत्या विहरसि।।

अर्थात्—हे कुंडलिनी, तुम मूलाधार में पृथ्वी को, स्वाधिष्ठान में अग्नि को, मणिपूर में जल को, अनाहत में वायु को, विशुद्ध में आकाश को वेधन करती हुई आज्ञाचक्र में मन को प्रकाश देती हो, तदुपरांत सहस्रार कमल में परब्रह्म के साथ विहार करती हो।

अवाप्य स्वां भूमिं, भुजगनिभमध्युष्टवलयं।
स्वमात्मानं कृत्वा, स्वपिषि कुल कुण्डे कुहरिणि।।

—सौंदर्य लहरी १०

सर्पिणी की तरह कुंडली मारकर तुम्हीं मूलाधार चक्र के 'कुल कुंड' में शयन करती हो।

अविद्यानामन्तस्तिमिरमिहिरोद्दीपनकरी।
जड़ानां चैतन्य, स्तवक मकरन्द स्रुति शिरा।।
दरिद्राणां चिंतामणिगुणनिका जन्य जलधौ।
निमग्नानां दंष्ट्रा, मुरसि कुवराहस्य भवती।।

—सौंदर्य लहरी

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

अज्ञानियों के अंधकार का नाश करने के लिए तुम सूर्य रूप हो, तुम्हीं बुद्धिहीनों में चैतन्यता का अमृत बहाने वाली निर्झरिणी हो, तुम दरिद्री के लिए चिंतामणि माला और भवसागर में डूबने वालों का सहारा देने वाली नाव हो, दुष्टों के संहार करने में तुम वाराह भगवान् के पैने दाँतों जैसी हो।

सौंदर्य लहरी के ३६ से ४१ वें श्लोकों में षट्चक्रों के जागरण और कुंडलिनी उत्थान की प्रतिक्रिया का वर्णन है। इन श्लोकों में कहा गया है कि, मूलाधार में विश्व-वैभव, स्वाधिष्ठान में शांति शीतलता, मणिपूर में अमृत वर्षा, अनाहत में 'ऋतंभरा प्रज्ञा और अठारहों विद्या' विशुद्ध में आनंददायिनी दिव्यज्योति' की सिद्धियाँ भरी हैं। आज्ञाचक्र में शिवत्व और सहस्रार में महामिलन का संकेत है। इन उपलब्धियों का समन्वय इतना महान् है, जिसे ऋषित्व एवं देवत्व भी कहा जा सकता है। अपूर्णता से आगे चलकर पूर्णता प्राप्त कर सकना इसी मार्ग का आश्रय लेने से संभव होने की बात इन श्लोकों में की गई है।

कुंडलिनी महाशक्ति के अनुग्रह से स्वयं आद्य शंकराचार्य किस प्रकार सामान्य द्रविड़ बालक से महामानव बन सके, इसका उल्लेख करते हुए उन्होंने स्वानुभूति इस प्रकार व्यक्त की है—

तवस्तन्यं मन्ये धरणि धरकन्ये हृदयतः।
पथः पारावारः परिवहति सारस्वतमिव।।
दयावत्या दत्तं द्रविडशिशुरास्वाद्य तवयत्।
कवीनां प्रौढ़ानामजनि कमनीयः कवयिता।।

—सौंदर्य लहरी

तेरे स्तनों से बहने वाले ज्ञानामृत पय-पान करके, यह द्रविण शिशु (शंकराचार्य) प्रौढ़ कवियों जैसी कमनीय काव्य रचना में समर्थ हो गया।

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

अखंड आनंद की प्राप्ति

सांसारिक भोगों में एक विचित्र आकर्षण होता है। यही कारण है, वे मनुष्य को सहज ही अपनी ओर खींच लेते हैं। किंतु इससे भी अद्‌भुत बात यह है कि, यह जितनी ही अधिक मात्रा में प्राप्त होते जाते हैं, मनुष्य का आकर्षण उतना ही, उनकी ओर बढ़ता जाता है और शीघ्र ही वह दिन आ जाता है, जब मनुष्य इनमें आकंठ डूबकर नष्ट हो जाता है। सांसारिक भोगों की ओर अशक्त की भाँति विवश होकर खिंचते रहना ठीक नहीं। मनुष्य को अपना स्वामी होना चाहिए। इस प्रकार यंत्रवत् प्रवृत्तियों के संकेत पर परिचालित नहीं होते रहना चाहिए। संयम मनुष्य की शोभा ही नहीं, शक्ति भी है। अपनी इस शक्ति को काम में लाकर, विनाशकारी भोगों के चंगुल से उसे अपनी रक्षा करनी ही चाहिए। मनुष्य जीवन अनुपम उपलब्धि है। इस प्रकार सस्ते रूप में उसका ह्रास कर डालना न उचित है और न कल्याणकारी।

यह निर्विवाद सत्य है कि, भोगों की अधिकता मनुष्य की शारीरिक, मानसिक और आत्मिक तीनों प्रकार की शक्तियों का ह्रास कर देती है। भोग जिनमें भ्रमवश मनुष्य आनंद की कल्पना करता है, वास्तव में विषरूपी ही होते हैं। यह रोग युवावस्था में ही अधिक लगता है। यद्यपि उठती आयु में शारीरिक शक्तियों का बाहुल्य होता है, साथ ही कुछ न कुछ जीवनतत्त्व का नवनिर्माण होता रहता है। इसलिए उस समय उसका कुप्रभाव शीघ्र दृष्टिगोचर नहीं होता। किंतु अवस्था का उत्थान रुकते ही इसके कुपरिणाम सामने आने लगते हैं। लोग अकाल में वृद्ध हो जाते हैं। नाना प्रकार की कमजोरियों और व्याधियों के शिकार बन जाते हैं। चालीस तक पहुँचते-पहुँचते सहारा खोजने लगते हैं, इंद्रियाँ शिथिल हो जाती हैं, और जीवन एक भार बन जाता। शरीर का तत्त्व वीर्य जो कि

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

मनुष्य की शक्ति और वास्तविक जीवन कहा गया है, अपव्यय हो जाता है, जिससे सारा शरीर एकदम खोखला हो जाता है।

ईसामसीह जीवन भर ब्रह्मचारी रहे। ऊँचे उठे हुए बुद्धिजीवी लोग अधिकतर संयमी जीवन ही बिताने की चेष्टा किया करते हैं। वैज्ञानिक, दार्शनिक, विचारक, सुधारक तथा ऐसी ही उच्च चेतना वाले लोग संयम का ही जीवन जीते दृष्टिगोचर होते हैं।

गृहस्थ आश्रम में संतानोत्पादन का बहाना लेकर भोगपूर्ण जीवन बिताने वाले गृहस्थाश्रम का सही मंतव्य नहीं समझते। सृष्टि क्रम को स्थिर रखने के लिए दांपत्यजीवन की अनिवार्यता स्वीकार अवश्य की गई है। तथापि उसमें भी संयम का महत्त्व कम नहीं किया गया है। धर्म-कर्तव्य के रूप में संतान-सृजन और बात है और कामुकता के वशीभूत होकर दांपत्यजीवन को भोग का माध्यम बना डालना भिन्न बात है। उस प्रकार के आचरण को संसार के सभी विद्वान् तथा विवेकशील व्यक्तियों ने अनुचित तथा मानवजीवन को नष्ट करने वाला बतलाया है। वेद भगवान् ने तो यहाँ तक कहा है कि, 'ब्रह्मचर्येण तपसा देवा म मुमुपाध्रत' ब्रह्मचर्य के प्रभाव से मनुष्य बलवान् तथा शक्तिवान् ही नहीं बनता, वरन् मृत्यु तक को जीत सकता है।

ब्रह्मचर्य की महिमा बतलाते हुए छांदोग्योपनिषद् में तो यहाँ तक कहा गया है—"एक तरफ चारों वेदों का उपदेश और दूसरी तरफ ब्रह्मचर्य—यदि दोनों को तोला जाए तो ब्रह्मचर्य का पलड़ा, वेदों के उपदेश के पलड़े के बराबर रहता है।"

विषयों का निषेध करते हुए, भगवान् ने गीता में स्पष्ट कहा है—

"ये हि संस्पर्शजा भोगा दुःखयोनय एव ते।
आद्यन्तवन्त कौन्तेय न तेषु रमते बुधः।।"

जो इंद्रिय तथा विषयों के संयोग से उत्पन्न होने वाले सब सुख हैं, यद्यपि वे विषयी पुरुष को सुख रूप प्रतीत होते हैं, किंतु

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

वास्तव में होते वे दुःख के ही हेतु हैं और नाशवान् भी। इसलिए हे कुंती पुत्र अर्जुन ! बुद्धिमान् व्यक्ति, उनमें आसक्त और लिप्त नहीं होते।

न केवल धर्मशास्त्रों में ही, अपितु लौकिक शास्त्रों में भी ब्रह्मचर्य की महिमा का बखान किया गया है। आयुर्वेद संबंधी ग्रंथ चरकसंहिता में कहा गया है—

"सतामुपासनं सम्यगसतां परिवर्जनम्।
ब्रह्मचर्योपवासश्च नियमाश्च पृथग्विधाः।।"

सज्जनों की सेवा, दुर्जनों का त्याग, ब्रह्मचर्य, उपवास, धर्म-शास्त्र के नियमों का ज्ञान और अभ्यास आत्मकल्याण का मार्ग है।

यही नहीं कि भारतीय मनीषियों ने ही जीवन में ब्रह्मचर्य-संयम का गुण गाया हो, विदेशी विचारकों ने भी इसकी कम प्रशंसा नहीं की है। प्रसिद्ध जीवशास्त्री डॉ० क्राउन एम० डी० ने लिखा है—

"ब्रह्मचारी यह नहीं जानता कि, व्याधिग्रस्त दिन कैसा होता है ? उसकी पाचनशक्ति सदा नियंत्रित रहती है और उसको वृद्धावस्था में भी बाल्यावस्था जैसा आनंद आता है।"

अमेरिका के प्रसिद्ध प्राकृतिक चिकित्सक डॉ० बेनीडिक्ट लुस्टा का कथन है, "जितने अंशों तक जो मनुष्य ब्रह्मचर्य की विशेष रूप से रक्षा करता है, उतने अंशों तक वह विशेष महत्त्व का कार्य कर सकता है।"

"सिद्ध संत स्वामी रामतीर्थ और योगी अरविंद ने वीर्य का वैज्ञानिक महत्त्व प्रकट करते हुए, अपने अनुभव इस प्रकार व्यक्त किए हैं, "जैसे दीपक का तेल, बत्ती के द्वारा ऊपर चढ़कर प्रकाश के रूप में परिणित होता है, वैसे ही ब्रह्मचारी के अंदर का वीर्य सुषुम्ना नाड़ी द्वारा प्राण बनकर ऊपर चढ़ता हुआ ज्ञान-दीप्ति में परिणत हो जाता है। रेतस् (वीर्य) का जो तत्त्व रति करने के समय काम में लगता है; जितेंद्रिय होने से वह तत्त्व, प्राण, मन और शरीर

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

की शक्तियों को पोषण देने वाले एक दूसरे ही महत्त्वपूर्ण तत्त्व में बदल जाता है।

अपने पिता आशुतोष शिवजी को प्रसन्नचित्त जानकर कुमार संभव ने उनके पास जाकर पूछा—तात ! आपने जिस प्रकार दुर्लभ साधनाएँ की, वैसा साहस किसी में न हो और वह सिद्धियों का स्वामित्व तथा ब्रह्म को प्राप्त करना चाहता हो, तो उसे क्या करना चाहिए ? वह सरल उपाय आप हमें बताने की कृपा करें। लोककल्याण की इच्छा रखने वाले भगवान् शंकर ने बताया—

सिद्धे बिंदौ महायत्ने किं न सिद्धयति भूतले।
यस्य प्रसादान्महिमा, ममाप्येतादृशो भवेत्।।

वत्स ! उसका एक उपाय है अखंड-ब्रह्मचर्य अर्थात् जिसने यत्नपूर्वक अपने वीर्य को सिद्ध कर लिया है उसके लिए इस पृथ्वी में कुछ भी दुर्लभ नहीं रह जाता। सिद्ध वीर्य पुरुष तो मेरे समान समर्थ हो सकता है।

वीर्य तत्त्व के बारे में इन पंक्तियों में जो कुछ कहा गया है, उसकी यथार्थता का अनुमान तो ब्रह्मचर्यव्रती जीवन बिताकर ही किया जा सकता है, पर अब उसकी यथार्थता वैज्ञानिक भी मानने लगे हैं और कहते हैं कि, वीर्य-कीट जिस सुरक्षित घोल में रखे जाते हैं, उसी से अनुमान किया जा सकता है कि वीर्य सृष्टि का कितना महत्त्वपूर्ण तत्त्व है। वीर्य एक प्रकार का रसायन है। वीर्यकीट उसमें रहने वाले जीवाणु होते हैं। वीर्य में तरल पदार्थ ७५ प्रतिशत जल, ५ प्रतिशत फास्फेट आफ लाइम, ४ प्रतिशत चिकनाई, ३ प्रतिशत प्रोटीन ऑक्साइड तथा शेषभाग फास्फेट, फास्फोरस, सोडियम क्लोराइड आदि पदार्थ होते हैं। पुरुष के शुक्र कीट (स्पर्म) तथा स्त्री के डिंब (ओवम) का उत्पादन पुरुष के अंड कोष तथा स्त्री के अंडाशय में होता है। यहाँ से एक प्रकार का रस, जो कि वीर्य रसायन का एक प्रकार का "प्लाज्मा" होता है, स्रवित होता है, जो सारे शरीर में ओज और तेजस् की भाँति छाया रहता है। यह तेजस् ही परस्पर आकर्षण का कारण होता है। जिस शरीर

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

में वीर्य की प्रचुर मात्रा होती है, वह काले-कुबड़े होने पर भी आकर्षक लगते हैं। कहते हैं अष्टावक्र ने जो शरीर में आठ स्थानों से टेड़ा था—अपनी संयमशक्ति द्वारा मुख-मंडल पर वह तेजस्विता अर्जित करली थी कि, महाराज जनक भी उसकी ओर देखकर हतप्रभ हो उठे थे।

पुरुषों के शरीर में पौरुष और स्त्रियों के शरीर में स्त्रीत्व के लक्षणों का कारण यह वीर्य ही होता है, जिसे आयुर्वेद की भाषा में अंतःवीर्य की संज्ञा दी है।

आधुनिक विज्ञान इतना विकसित हो जाने पर भी वीर्य की उत्पत्ति का कोई सिद्धांत निश्चित नहीं कर पाया। सामान्य रासायनिक रचना के अतिरिक्त उन्हें इतना ही पता है कि, वीर्य का एक कोश (स्पर्म) स्त्री के डिंब (ओवम) से मिल जाता है। यही वीर्य कोश पुनःउत्पादन प्रारंभ कर देता है और अपनी तरह के तमाम कोश माँ से प्राप्त आहार द्वारा कोश विभाजन प्रक्रिया (एक से दो, दो से चार, चार से आठ) के अनुसार विभक्त होता चला जाता है। कहना न होगा कि वीर्य का परमाणु चेतना का सर्वाधिक सूक्ष्म अंश है, इनकी लंबाई १/१६०० से १/१७०० इंच तक होती है, जिसमें न केवल मनुष्य शरीर वरन् विराट् विश्व के शक्ति बीज छिपे होते हैं। सृष्टि की परंपरा की क्षमता भी, इन्हीं बीजों में होती है। उसकी शक्ति का अनुमान किया जाना कठिन है।

प्राचीनकाल के योगियों ने अपनी सूक्ष्म दृष्टि से बिना किसी वैज्ञानिक यंत्र के महत्त्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त की थीं। आज वह विज्ञान द्वारा सही सिद्ध होती हैं। उदाहरण के लिए, वही वीर्य-कोश जो स्त्री के अंड में पहुँचा था—गर्भधारण के बाद जब विकसित होना प्रारंभ करता है, तब वे बीज कोश मस्तिष्क में ही संचय होते हैं, क्योंकि गर्भ में संतान का सिर नीचे की ओर होता है। जन्म के समय १० रत्ती वीर्य बालक के ललाट में होता है, ऐसा भारतीय तत्त्वदर्शियों का मत है। यही कारण है कि, बच्चा विशुद्ध परमहंस

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

जैसी प्रकृति का, विशुद्ध आनंदवादी, निश्चिंत और केवलोऽहं होता है।

६ से १२ वर्ष तक वीर्यशक्ति भौहों से उतरकर कंठ में आ जाती है। प्रायः इसी समय बच्चे के स्वर में भारीपन और कन्याओं के स्वर में सुरीलापन आता है। अभी तक लगभग दोनों की ही ध्वनि एक जैसी होती थी, अब बच्चे के स्वर में पुरुषोचित लक्षण झलकने लगते हैं। इस आयु में वीर्य में विपरीत लिंग का आकर्षण पैदा होने लगता है, अतएव बालक-बालिकाओं का संपर्क अलग-अलग कर दिया जाना चाहिए। आज की सहशिक्षा तो इस दृष्टि से बच्चों के जीवन में कुठाराघात जैसा है। परस्पर समीपता से कच्चा वीर्य-मंथन प्रारंभ कर सकता है, जिसके कारण युवकों को जीवन भर स्वप्नदोष, वीर्यपात और शीघ्र-स्खलन की बीमारियाँ लद जाती हैं, जो न केवल उसे स्वास्थ्य की दृष्टि से वरन् मानसिक दृष्टि से भी हीन बना देती हैं।

११ से १६ वर्ष तक की आयु में वीर्य मेरुदंड से होता हुआ उपस्थ की ओर बढ़ता है और धीरे-धीरे मूलाधार चक्र में अपना स्थान बना लेता है। काम-विकार पहले मन में आता है, उसके बाद तुरंत ही मूलाधार चक्र उत्तेजित हो उठता है, उसके उत्तेजित होने से वह सारा ही क्षेत्र—जिसमें कि कामेंद्रिय भी सम्मिलित होती हैं उत्तेजित हो उठती हैं। ऐसी स्थिति में ब्रह्मचर्य को सँभालना कठिन हो जाता है। २४ वर्ष तक की आयु में यह वीर्य मूलाधार चक्र में से सारे शरीर में इस प्रकार व्याप्त हो जाता है जैसे—

यथा पयसि सर्पिस्तु, गूढश्चेक्षौ रसो यथा।
एवं हि सकले काये शुक्रं तिष्ठति देहिनाम्।।

अर्थात्—जिस प्रकार दुग्ध में घी, तिल में तेल, ईख में मीठापन तथा काष्ठ में अग्नितत्त्व सर्वत्र विद्यमान रहता है, उसी प्रकार वीर्य सारे शरीर में व्याप्त रहता है।

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

यदि २५ वर्ष की आयु तक आहार-विहार को दूषित नहीं होने दिया गया और ब्रह्मचर्य खंडित न हुआ, तो इस आयु में शक्ति की मस्ती और विचारों की प्रफुल्लता देखते ही बनती है। ऐसे बच्चे प्रायः जीवन भर स्वस्थ रहते हैं। काम-विकार से घिरे बच्चों को दमित वासना का संकट हो सकता है। जिस बालक के मस्तिष्क में मातृभाव रहा, काम-वासना प्रदीप्त नहीं होने पाई, उसे दमितवासना की तो कल्पना भी नहीं आएगी, वरन् ऐसा सोचने वाले उसके सम्मुख कीटतत्त्व जैसे हीन बुद्धि लगेंगे। प्रफुल्लता, मानसिक उन्मुक्तता, साहस, निर्भयता, वाक्-विनोद का अपने आप में उतना आनंद है जितना संभोग में। संभोग का आनंद तो थोड़ी देर तक का है, पर यदि वीर्य अच्छी तरह शरीर में बच गया है, तो वह आनंद जीवन के हर क्षेत्र में उत्साह और सफलता के रूप में सर्वत्र लिया जा सकता है।

उपस्थ में आए स्थूल वीर्य को ऊर्ध्वरेता बनाकर पुनः उसी ललाट में लाना, जहाँ से वह मूलाधार तक आया था, योगविद्या का काम है। कुंडलिनी साधना में विभिन्न प्राणायाम साधनाओं द्वारा सूर्य चक्र की ऊष्मा को प्रज्वलित कर (ईंधन बनाकर) इस वीर्य को पकाया जाता है और उसे सूक्ष्मशक्ति का रूप दिया जाता है, तब यह फिर उसकी प्रवृत्ति ऊर्ध्वगामी होकर मेरुदंड से ऊपर चढ़ने लगती है। साधक उसे क्रमशः अन्य चक्रों में ले जाता हुआ, फिर से ललाट में पहुँचाता है। शक्ति बीज का मस्तिष्क में पहुँच जाना और सहस्रार चक्र की अनुभूति कर लेना ही ब्रह्म निर्वाण है। ऐसे व्यक्ति को ही भगवान् शिव ने अपने समान सिद्ध और पूर्ण योगी बताया है।

कठिन योगसाधनाएँ न करने पर भी जो लोग वीर्य को अखंड रख लेते हैं, वे अपने अंदर शक्ति का अक्षय भंडार अनुभव करते हैं और कुछ भी कर सकने की क्षमता रखते हैं। प्रज्ञावान् आत्माएँ उसके लिए गर्भधारण के समय से सचेष्ट रहती हैं और वीर्य को अधोमुखी नहीं होने देकर, उसे ऊर्ध्वगामी बनाने का

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

प्रयत्न करती रहती हैं। सामाजिक कर्तव्यों के पालन द्वारा भी ऐसा संभव है, पर उसके लिए आज की पारिवारिक परिस्थितियों से लेकर शिक्षा पद्धति तक में परिवर्तन करना पड़ेगा। वीर्य सृष्टि का मूल उपादान है, उसकी सामर्थ्य को समझा जाना चाहिए, उसकी रक्षा की जानी चाहिए तथा ऊर्ध्वरेता के लाभों से लाभान्वित होकर मनुष्य की यथार्थता को समझना और पाना चाहिए। जो अपने वीर्य की रक्षा कर लेते हैं। एक भी बूँद बरबाद नहीं होने देते थे, वे कोई भी इच्छा करें, कभी अधूरी नहीं रह सकती। भले ही उसे लोग योग सिद्ध समझें, पर है यह सब सिद्ध-बिंदु का चमत्कार। यह शक्ति और सिद्धि ही हमें समर्थ और अपराजेय बना सकती है और कोई दूसरी शक्ति नहीं। अखंड आनंद की प्राप्ति इसी से संभव है।

❐ ❐

मुद्रक : युग निर्माण योजना प्रेस, मथुरा (उ. प्र.)

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

प्रकाशक—
वैदिक-साहित्य प्रचारिणी सभा,
देहली।

मुद्रक—
ला० सेवाराम चावला
चन्द्र प्रिंटिंग प्रेस, देहली।

प्रकाशक का वक्तव्य

दिक साहित्य प्रचारिणी सभा की ओर से यह सातवीं पुस्तक पाठकों की सेवा में भेंट है। माननीय ग्रन्थकार के नाम से आर्य-संसार ही नहीं, सभी विज्ञ जनता सुपरिचित है। उनका पारायण विशद है, चिन्तन गहन है, अध्ययन गम्भीर है। योग जैसे असाधारण विषय की जितनी सुन्दर, हृदय-स्पर्शी एवं व्यावहारिक व्याख्या इस ग्रन्थ में मिलती है उतनी अन्यत्र—अब तक के छपे हुये किसी भी ग्रन्थ में—नहीं मिलती। प्रत्येक मनुष्य, जिसे ज़रा भी योगाभ्यास की ओर रुचि है, वह इस ग्रन्थ के लखाये हुए मार्ग पर आरूढ़ होकर अनायास ही अपने चरम लक्ष्य तक पहुँच सकता है। हिन्दी जगत् में अब तक इसके जोड़ी का कोई शास्त्र नहीं है। इसमें योग की आवश्यकता योग का ज्ञान, योग का मर्म, योग की भक्ति, योग की सफलता के साधन जिस प्रकार बतलाये गये हैं; वह सर्वथा पूर्ण और उपादेय हैं, और उनका चमत्कारिक प्रभाव सहज ही पाठक की दृष्टि में आलोकित होने लगता है।

श्री पूज्य स्वामी जी ने यह अमूल्य वस्तु सभा को प्रदान की है। मैं इस महती कृपा के लिये अत्यन्त आभारी हूँ। प्रत्येक आत्मार्थी, प्रत्येक नर-नारी जो अपने को जानने, समझने, अपने अन्तर की अद्भुत शक्तियों को विकसित करने की चाह रखता है, इस उज्ज्वल ग्रन्थ रत्न को पाकर अपने को कृतार्थ समझेगा। मैं ऐसे सब जिज्ञासुओं को, ऐसे सब योग-प्रेमियों को, इसे आग्रहपूर्वक सप्रता हूँ।

श्री सेठ बैजनाथ जी भरतिया भिवानी निवासी ने इस पुस्तक के छपाने का समस्त भार अपने ऊपर लेकर इस सभा को बहुत कुछ प्रोत्साहन दिया है। अतएव मैं उनको हृदय से धन्यवाद देता हूँ।

प्रधान

वैदिक साहित्य प्रचारिणी सभा

देहली

१।१।३६

द्वितीय संस्करण की भूमिका

लगभग २ वर्ष हुए जब प्रस्तुत पुस्तक पाठकों के सामने उपस्थित की गई थी इस अल्प समय में ही प्रथमावृत्ति की सब प्रतियाँ समाप्त हो गईं और यह द्वितीय संस्करण उनके सामने उपस्थित किया जा रहा है। इससे सिद्ध है कि पाठकों ने इसे अपनाया है। यद्यपि इस संस्करण में प्रस्तुत रूप से और भी कुछ परिवर्तन करने का विचार था परन्तु समयाभाव से ऐसा नहीं किया जा सका है। केवल प्रथम संस्करण में जो प्रेस सम्बन्धी त्रुटियाँ रह गई थीं वे यथासम्भव दूर कर दी गई हैं।

—नारायण स्वामी

विषय सूची

(उपोद्घात)

सं०	विषय	पृष्ठ
१	योग का लक्षण	१
२	योग और पश्चिमीय विद्वान्	१
३	महर्षि पतञ्जलि और योग	२
४	जीवात्मा और उसका कर्तृत्व	२
५	योगदर्शन की शिक्षा	४
६	सांसारिक सुख का कारण	४
७	चित्त का निरोध क्यों करना चाहिये ?	५
८	चित्त और उसकी वृत्तियाँ	६
९	आत्मा रूपी गङ्गा और नहर	७
१०	चित्त की एकाग्रता	८
११	योग के आठ अंग	१०
१२	(१) यम	१०
१३	अहिंसा	११
१४	सत्य	१२
१५	अस्तेय	१२
१६	ब्रह्मचर्य्य	१२
१७	अपरिग्रह	१२

सं०	विषय	पृ०
१८	(२) नियम	१३
१९	शौच	१३
२०	सन्तोष	१३
२१	तप	१३
२२	स्वाध्याय	१३
२३	प्रणिधान	१३
२४	(३) आसन	१३
२५	आसन की एक और उपयोगिता	१४
२६	प्राण और अपान पर एक वैज्ञानिक दृष्टि	१४
२७	मिताहार	१५
२८	कार्बोनिक एसिड के निर्माता तत्व	१५
२९	गुफाओं में रह कर अभ्यास करना	१६
३०	कम बोलना अथवा मौनावलम्बन	१६
३१	चित्त की एकाग्रता की उपयोगिता	१७
३२	एक परीक्षण	१७
३३	अधिक बैठने की आदत से भूख कम होती है	१७
३४	जलाशय के किनारे अभ्यास की उपयोगिता	१८
३५	पहाड़ पर अभ्यास करने की उपयोगिता	१८
३६	शीतल जल-पान	१८
३७	अधिक मोटेपन की अनुपयोगिता	१८
३८	अधिक भोजन से आयु का ह्रास	१९
३९	१२ औंस रोटी की निर्माता वस्तु	२०

सं०	विषय	पृष्ठ
४०.(४)	प्राणायाम	२०
४१	प्राणायाम और शारीरिकोन्नति	२१
४२	हृदय का स्थूल कार्य्य	२१
४३	फेफड़े का कार्य्य	२२
४४	हृदय की धड़कन	२३
४५	फेफड़े में शुद्ध वायु न पहुँचने के परिणाम	२३
४६	प्राणायाम से कार्बोनिक एसिड के निकलने में कमी	२४
४७	जप से भूख में कमी	२५
४८	एक उदाहरण	२५
४९	मेंढक और प्राणायाम	२६
५० (५)	प्रत्याहार	२७
५१ (६)	धारणा	२८
५२ (७)	ध्यान	२८
५३ (८)	समाधि	२९
५४	अष्टांग योग का परिणाम	३०
५५	योग के दो भेद	३०
५६	समापत्ति और उसके ४ भेद	३०
५७	योग की विभूति	३१
५८	पहली विभूति	३२
५९	विभूति की व्याख्या	३३
६०	दूसरी विभूति	३४
६१	चौथी विभूति	३४

सं०	विषय	पृष्ठ
६२	नवमीं विभूति	३४
६३	दसवीं विभूति	३५
६४	बेतार की तारवर्की की स्थूल कार्य्य-प्रणाली	३५
६५	विभूति का विवरण	३८
६६	शरीर और यन्त्र की समता	३९
६७	तेरहवीं विभूति	४०
६८	चित्त की वृत्तियों का निरोध	४१
६९	चित्त की वृत्तियों के रोकने के कुछ एक सहायक साधन	४१
७०	आसन सिद्धि का अभिप्राय	४२
७१	योगाभ्यास का क्रियात्मक रूप-यमों का साधन	४३
७२	श्रद्धा	४४
७३	नियमों का अभ्यास	४६
७४	आसन का अभ्यास	४६
७५	प्राणायाम का अभ्यास	४७
७६	प्रत्याहार	४९
७७	धारणा	५०
७८	चित्त की एकाग्रता के प्रारम्भिक अभ्यास	५१
७९	ध्यान	५३
८०	समाधि	५४
८१	जप	५६
८२	जप की पहली सूरत-गुण वृद्धि	५६
८३	जप की दूसरी सूरत-परमात्म-प्रत्यक्ष	५७

सं०	विषय	पृष्ठ
८४	जप और प्राणायाम	५८
८५	अन्तःकरण	५९
८६	पञ्चकोश	६१
८७	दशचक्र	६२
८८	नाड़ी संधान	६२
८९	पहला विभाग	६२
९०	दूसरा सहानुभावी विभाग	६३
९१	दश चक्रों का विवरण	६४
९२	भोजन	६६
९३	ध्यान देने योग्य कुछ बातें	६७
९४	चेतावनी	६८

विषय-सूची

योग दर्शन

सं०	विषय	पृष्ठ
१—समाधि—पाद		
(१)	योग का उद्देश्य	१
(२)	वृत्तियों के रूप	७
(३)	वृत्तियों के निरोध के साधन	११
(४)	समाधि के भेद	१५
(५)	समाधि की सिद्धि के दर्जे	१७
(६)	ब्रह्म-निरूपण	२०
(७)	योग के विघ्न	२३
(८)	चित्त की एकाग्रता के साधन	२७
(९)	समाधि और उसके भेद	३१
२—साधन—पाद		
(१०)	क्रिया योग	३७
(११)	क्लेश निवृत्ति के साधन	३७
(१२)	कर्म	४१
(१३)	ये सब दुःख ही हैं	४३
(१४)	दुःख जो दूर करना चाहिये	४५
(१५)	दुःख के कारण	३६
(१६)	चिकित्सा	५०

सं०	विषय	पृष्ठ
(१७)	चिकित्सा के साधन	५०
(१८)	अष्टांग-योग	५३
(१९)	यम	५४
(२०)	नियम	५५
(२१)	यम और नियम के फल	५६
(२२)	आसन	६४
(२३)	प्राणायाम	६५
(२४)	प्रत्याहार	६८

३—विभूति—पाद

(२५)	धारणा	७०
(२६)	ध्यान	७०
(२७)	समाधि	७०
(२८)	वृत्तियों के निरुद्ध होने से पहली बात	७१
(२९)	परिणाम-विवरण	७३
(३०)	विभूति	७७
(३१)	विवेकज ज्ञान और कैवल्य	१०३

४—कैवल्य—पाद

(३२)	सिद्धि और चित्त	१०५
(३३)	कर्म और वासना	१०८
(३४)	विज्ञानवादियों का खण्डन	११३
(३५)	आत्म-साक्षात्कार	१२०

उपोद्घात

॥ ओ३म् ॥

"उपोद्घात

योग का लक्षण

"युज्" धातु से योग शब्द सिद्ध होता है. जिस (धातु) के अर्थ मिलना, जुलना आदि के हैं। "युज्यतेऽसौयोगः" । जो युक्त करे, मिलावे उसे योग कहते हैं। योग दर्शन के भाष्यकार महर्षि व्यास ने "योगस्समाधि" कहकर योग को समाधि बतलाया है जिसका भाव यह है कि जीवात्मा इस उपलब्ध समाधि के द्वारा सच्चिदानन्द स्वरूप ब्रह्म का साक्षात्कार करे। भगवद्गीता में श्रीकृष्ण ने "योगः कर्मसु कौशलम्"[1] कहकर कर्म में कुशलता और दक्षता का नाम योग ठहराया है।

योग और पश्चिमी विद्वान्

कतिपय पश्चिमी और पश्चिमी दृष्टिकोण रखने वाले विद्वानों ने योग को चित्त की एकाग्रता के द्वारा अन्तःकरण और शरीर से पृथक् हुए आत्मा का साक्षात्कार करना बतलाया है[1]। परन्तु डाक्टर रेले ने योग के लक्षण इस प्रकार किये हैं:—"योग उस विद्या को कहते हैं जो मनुष्य के अन्तःकरण को इस योग्य बना देवे कि वह उच्च स्फुरणों के अनुकूल होता हुआ संसार में हमारे

(१) असली शब्द ये हैं:—"Self Concentration with a view to seeing the Soul as it looks when it is abstracted from Mind and Matter." (Mysterious Kundalini P. 10)

चारों ओर जो असीम सज्ञान व्यापार हो रहे हैं उनको बिना किसी की मदद के जाने, ग्रहण करे और बचावे"[२]। डाक्टर रेले ने इस अन्तिम लक्षण को सबसे अधिक अपने अनुकूल समझा है।

महर्षि पतञ्जलि और योग

इस प्रकार अनेक विद्वानों ने अपने-अपने ढङ्ग से योग की परिभाषायें की हैं, परन्तु योगियों के मुकुटमणि, योगि शिरोमणि पतञ्जलि ने योग की परिभाषा इस प्रकार की है:—**योगश्चित्त-वृत्तिनिरोधः**[३]। अर्थात् योग चित्त की वृत्तियों के रोक देने का नाम है। चित्त की वृत्तियाँ क्या हैं? उनके रोकने का भाव क्या है? इन प्रश्नोंके समझे बिना परिभाषा का भाव समझा नहीं जा सकता। इन प्रश्नों के समझने से पहले यह समझ लेना उपयोगी होगा कि चित्तकी इन वृत्तियों के रोकने की जरूरत क्यों होती है?

जीवात्मा और उसका कर्तृत्व

योग दर्शन, ईश्वर जीव और प्रकृति तीनों की स्वतन्त्र सत्ता स्वीकार करता है। इनमें से जीव है जिसके कर्तृत्व में सहायता देने के लिए इस दर्शन की रचना हुई है। वेद में ईश्वर को

---

(२) डाक्टर रेले के शब्द ये हैं:—"Yoga is the science which raises the capacity of the human mind to respond to higher vibrations, and to perceive, catch and assimilate the infinite conscious movements going on arround us in the Universe. (The mysterious Kundalini by Dr. Vasant G. Rele. p. 10 & 11)

(३) योग दर्शन १।२

"वाचिव्याहृतायाम्" कहा गया है। अर्थात् ईश्वर वाच्य के वाचक व्याहृति 'भूर्भुवःस्वः' हैं। भू सत्तायाम् धातु से 'भूः' सत् के अर्थ से और भुवः का अर्थ अवचिन्तने धातु से चित्त है और स्वः आनन्द को कहते हैं। इस प्रकार 'भूर्भुवः स्वः' के अर्थ सच्चिदानन्द हैं। 'भूर्भुवः स्वः' अथवा सच्चिदानन्द शब्द पर विचार करने से जीव के कर्तृत्व का उद्देश्य निश्चित हो जाता है। सत् प्रकृति को कहते हैं, सत्+चित् जीव का नाम है, सच्चिदानन्द ईश्वर को कहते है। सचित जीव की एक ओर प्रकृति का गुण सत् और दूसरी ओर ब्रह्म का स्वरूप आनन्द है। प्रश्न यह है कि जीव को अपने कर्तृत्व का उद्देश्य, किस को प्राप्त करना, बनाना चाहिये ? सत् जो प्रकृति का गुण है वह जीव को पहले ही से प्राप्त है इसलिये प्राप्त की प्राप्ति का यत्न व्यर्थ है परन्तु ब्रह्म का स्वरूप 'आनन्द' जीव को अप्राप्त है इसलिये जीव के कर्तृत्व का अन्तिम उद्देश्य आनन्द को प्राप्त करना ठहरता है। उस (जीव) के पूरे उद्देश्य को इस प्रकार कह सकते हैं।

"प्राप्त संसार (प्रकृति रूप जगत्) को इस प्रकार काम में लाना चाहिये कि जिससे वह अन्त में आनन्द स्वरूप ब्रह्म की प्राप्ति का साधन बन जावे।" आत्मा के स्वाभाविक गुण ज्ञान और प्रयत्न हैं। जीव का यह ज्ञान और प्रयत्न (कर्म) रूप, पुरुषार्थ जीव के बाहर (जगत्) में भी काम करता है और जीवके अन्दर भी। जब वह बाहर काम करता है

१ देखो यजुर्वेद अध्याय ८ मन्त्र ५४

तब उसका नाम बहिर्मुखी वृत्ति होता है और जब अन्दर काम करता है तब उसका नाम अन्तर्मुखी वृत्ति होता है। जीव चूँकि प्रयत्नशील है इसलिये दोनों वृत्तियों में से एक न एक सदैव जारी रहती है। यदि बहिर्मुखी बन्द होती है तो स्वयमेव अन्तर्मुखी वृत्ति काम करने लगती है और जब अन्तर्मुखी वृत्ति बन्द होती है तब बहिर्मुखी वृत्ति स्वतः अपना काम जारी कर देती है। बहिर्मुखी वृत्ति जब जारी रहती है तब जीव अन्तःकरणों के माध्यम से जगत् में इन्द्रियों द्वारा काम किया करता है परन्तु अन्तर्मुखी वृत्ति होने पर वह आत्मानुभव और परमात्मदर्शन किया करता है।

योग दर्शन की शिक्षा

महामुनि पतंजलि ने अपने कल्याणकारी दर्शन में उपर्युक्त उद्देश्य को लक्ष्य में रखते हुए, इसीलिये शिक्षा यह दी है कि जगत् को इस प्रकार काम में लाओ कि जिससे यह भी अधिक से अधिक काम की वस्तु सिद्ध हो और अन्तिम उद्देश्य की पूर्ति का साधन भी बन सके। इसके लिये उन्होंने दो कर्त्तव्य बतलाये हैं:—

पहला कर्त्तव्य—चित्त की वृत्तियों को एकाग्रित करना। चित्त के इस प्रकार एकाग्र हो जाने से मनुष्य को, संसार अधिक से अधिक सुखदायक बन सकता है।

सांसारिक सुख का कारण

सांसारिक सुख की तह में घुसने से पता लगता है कि दुनियाँ में सुख जिसे कहते हैं वह न अच्छे अच्छे स्वादिष्ट भोजनों में है, न

अच्छी अच्छी क़ीमती पोशाकों के पहनने में है और न संसार के अन्य विषयों में। सुख असल में चित्त की एकाग्रता में है। भोजनादि जिस विषय के साथ भी चित्त लग जाता है, वह विषय सुखदाई प्रतीत होने लगता है और जिस विषय के साथ चित्त नहीं लगता वह रूखा सूखा निस्सार सा प्रतीत होने लगता है। एक मनुष्य अपने अनुकूल अत्यन्त स्वादिष्ट भोजन करते हुए उसका आनन्द ले रहा है, परन्तु अचानक पुत्र की मृत्यु की ख़बर सुनने और चित्त के भोजन से हट कर पुत्र की स्मृति की ओर चले जाने से अब वह भोजन सुखदाई नहीं रहा। अब उसका एक एक लुक़्मा गले में अटकता है। कारण स्पष्ट है; अब चित्त भोजन के साथ नहीं रहा। अस्तु! योग दर्शन ने चित्त की एकाग्रता की उपयोगिता बतलाते हुये शिक्षा यह दी है कि इस चित्त की एकाग्रता को इस प्रकार काम में लाना चाहिये कि जिससे उसका मुँह चित्त के निरोध की ओर फेरा जा सके।

चित्त का निरोध क्यों होना चाहिये?

जब तक चित्त एकाग्रित रहता है, तब तक चित्त की वृत्तियाँ अपने काम में लगी हुई हैं और तत्परता के साथ अपना काम कर रही हैं। यहाँ तक आत्मा की बहिर्मुखी वृत्ति ही काम करती है। चित्त की एकाग्रता बहिर्मुखी वृत्ति की सीमा के अन्तर्गत ही है। परन्तु उद्देश्य अन्तर्मुखी वृत्ति का जागृत करना है। उसके जागृत करने या काम में लाने का साक्षात् साधन अज्ञात है।

इसलिये असाक्षात् साधन से काम लिया जाया करता है और वह असाक्षात् साधन यह है कि चित्त की वृत्तियों का निरोध करके बहिर्मुखी वृत्तिका काम बन्द कर दिया जावे। इसीलिये योग दर्शन में चित्त की वृत्तियों में निरोध का विधान किया गया है। बहिर्मुखी वृत्ति के बन्द होने से अन्तर्मुखी वृत्ति स्वयमेव जागृत होकर अपना काम करने लगती है।

चित्त और उसकी वृत्तियाँ

चित्त को यदि एक सरोवर मानें तो उस सरोवर में उठी हुई लहरों को चित्त की वृत्तियाँ मानना पड़ेगा। इस चित्त रूपी सरोवर का एक किनारा बुद्धि से मिला हुआ आत्मा रूपी गंगा की ओर है और उसका दूसरा विरोधी किनारा इन्द्रियों से मिला हुआ जगत् की ओर है। चित्त रूपी सरोवर में उठने वाली वृत्ति रूपी लहरें पाँच प्रकार की हैं—(१) प्रमाण अर्थात् प्रत्यक्ष, अनुमान और आगम (आप्तोपदेश) (२) विपर्य्यय अर्थात् मिथ्या ज्ञान (३) विकल्पअर्थात वस्तु शून्य कल्पितनाम (४) निद्रा सोना (५) स्मृति अर्थात् पूर्व श्रुत और दृष्ट पदार्थ का स्मरण*। चित्त में जितनी अच्छी वा बुरी वृत्तियाँ हो सकती हैं, वे सभी इन्हीं पाँच प्रकारों के अन्तर्गत हुआ करती हैं। इन वृत्तियों को समष्टिरूप से अच्छा या बुरा नहीं कह सकते। इनमें दोनों प्रकार की बातें सम्मिलित हैं। परन्तु हैं ये सब की सब इन्द्रियों के माध्यमसे जगत् की ओर

* देखो योग दर्शन १। ६

जाने वाली। ऊपर जो कुछ वर्णन हुआ है उसको एक चित्र से जो नीचे दिया गया है भली प्रकार समझा जा सकेगा:—

आत्मा रूपी गंगा और उसकी नहर

चित्र में (क) चिन्ह वाली आत्मा रूपी गंगा है—(ख) उसकी नहर है—(ग) बुद्धि



अर्थात् बहिर्मुखी वृत्ति रूपी नहर का प्रारम्भ है। (च) चित्त

रूपी सरोवर और (घ) उसकी वृत्ति रूपी लहरें हैं। (छ) इन्द्रियाँ और (ज) इन्द्रिय विषय रूप संसार है। (झ) गंगा और नहर के पुल के फाटक जिनके खोलने और बन्द करने से पानी चाहे गंगा की धारा में बहाया जा सकता है चाहे नहर में भेजा जा सकता है। चित्त की वृत्तियों से निरुद्ध होने का भाव यह है कि (झ) रूपी पुल के फाटकों में से वे फाटक बन्द हो गये जिनमें होकर गंगा का, वहिर्मुखी वृत्ति रूप जल, गंगा की नहर रूपी जगत् में जाया करता था। इसका मतलब यह हुआ कि चित्त की वृत्तियों के निरुद्ध हो जाने से अब आत्मा की वहिर्मुखी वृत्ति बन्द होगई। इसका अनिवार्य परिणाम यह निकलता है कि आत्मा की अन्तर्मुखी वृत्ति जागृत हो गई। गंगा का जल यदि नहर में न जायगा तो आवश्यक है कि गंगा अपनी धारा में बहे। बस योग के अद्वितीय आचार्य्य महामुनि पतंजलि का आशय इस योग दर्शन की रचना से केवल इतना ही था कि चित्त की वृत्तियों के निरोध द्वारा आत्मा की वहिर्मुखी वृत्ति को बन्द करके उसकी अन्तर्मुखी वृत्ति को जागृत कर दें। योग दर्शन में जितने भी साधन बतलाये गये हैं वे इसी परिणाम पर पहुँचाने के अचूक साधन हैं।

चित्त की एकाग्रता

अच्छा, यदि चित्त की वृत्तियों के निरुद्ध हो जाने ही से योगी

के उद्देश्य की पूर्त्ति हो सकती है तो फिर चित्त की एकाग्रता का बीच में अड़ंगा किस लिये लगाया गया। उत्तर स्पष्ट है कि चित्त को एकाग्र किये बिना, निरुद्ध नहीं कर सकते। एक उदाहरण से यह बात स्पष्ट हो जावेगी। एक अत्यन्त चञ्चल और खिलाड़ी बालक है। अनेक प्रकार के खेलों में सदैव व्यग्र रहता है। इष्ट यह है कि इस बालक को इन खेलों से हटा कर शिक्षा प्राप्ति के श्रेष्ठ कार्य में लगाया जावे। बालक से जब यह कहते हैं कि तुम इन खेलों को छोड़ दो तो वह हूँ, हां, कह कर बात टाल देता है परन्तु अपनी शरारत से बाज नहीं आता। अब क्या करना चाहिये? एक बुद्धिमान् गुरु, जिसने मनुष्य स्वभाव का भली भाँति अध्ययन किया था, मिल जाता है। उस गुरु ने बालक के साथ खेलना शुरु करके उसे रज़ामन्द कर लिया कि उसके बहुसंख्यक खेलों में से सब से अच्छे एक खेल को खेलें और बाकी सबको छोड़ देवें। बालक ऐसा ही करने लगा। बालक का अब जब कि एक ही खेल रह गया तो वह गुरु के कहने से कभी कभी उसे भी छोड़ देने लगा। अन्त में कुछ काल के बाद उससे वह खेल भी छूट गया और वह अनेक अच्छे कामों में लग गया। चित्त का भी ठीक यही हाल है, उसकी चञ्चलता को छुड़ा कर जब तक उसे एक काम में नहीं लगाते तब तक उससे सब कुछ छूट जाना अत्यन्त कठिन काम है। इसीलिये चित्त को एकाग्र करना निरुद्ध करने के लिये अनिवार्य्य था। अब प्रश्न यह है कि अच्छा, इस चित्त को एकाग्र किस प्रकार किया जावे?

योग के आठ अङ्ग

योग दर्शन में इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिये आठ अंगों का विधान किया गया है। वे अंग इस प्रकार हैं:—(२) यम,(२) नियम, (३) आसन, (४) प्राणायाम, (५) प्रत्याहार, (६) धारणा, (७) ध्यान और (८) समाधि।

योग के ये आठ अंग किस प्रकार चित्त की एकाग्रता के साधन हैं, यही बात है जो यहां प्रकट की जाती है:—

१—यम

कर्म विज्ञान का यह प्रारम्भिक पाठ है कि मनुष्य को यह समझ लेना चाहिये कि सुख दुःख प्राप्ति के दो साधन होते हैं। एक मनुष्य के अपने कर्म फल और दूसरा अन्यों के कर्म। इसीलिये मनुष्य के दो कर्तव्य ठहराये गये हैं कि वह अपने को भी अच्छा बनावे और अपने को अच्छा बनाने के साथ ही अन्योंको भी अच्छा बनावे[1]। एक मनुष्य अपने को कितना ही अच्छा क्यों न बना लेवे परन्तु यदि उसके पड़ोसी बुरे हों तो वह कभी सुख और शांति से नहीं रह सकता उसे सदैव अपने पड़ोसी के दुष्ट कर्मों से दुखी होना पड़ेगा। यदि कोई व्यक्ति योग की प्रक्रिया को काम में लाना चाहता है तो यह अत्यन्त आवश्यक है कि उसके चारों ओर शांति

---

१ आर्य्यसमाज के १० वें नियम में इसीलिये प्रकट किया गया है कि मनुष्य को अपनी ही उन्नति में सन्तुष्ट नहीं होना चाहिये किन्तु सब की उन्नति में अपनी उन्नति समझनी चाहिये।

का वातावरण हो अन्यथा वह कुछ भी नहीं कर सकता। इसी लिये योग के आठ अंगों में सब से पहले शान्ति का वातावरण उत्पन्न करने का विधान किया गया है। उस वातावरण के उत्पन्न करने का साधन "यम" है। यम के अन्तर्गत ५ बातें हैं जिनको आचरण में लाने से वायु-मंडल सुधरा करता है:—(१) अहिंसा (२) सत्य (३) अस्तेय (४) ब्रह्मचर्य (५) अपरिग्रह।

अहिंसा—मन, वाणी और क्रिया से किसी भी प्राणी को तकलीफ़ न देना। योगी जब पूर्ण रूप से अहिंसक हो जाता है तब उसके प्रति समस्त प्राणी वैर का त्याग कर देते हैं। अमरीका के तपस्वी थौरियो के लिये लिखा है कि जब वह वाल्डन नामक झील के किनारे रहता हुआ अहिंसा का अभ्यास करता था[2] तो उसके शरीर से शहद की मक्खियाँ लिपट जाती थीं, परन्तु कोई उसे डसती न थी, बिच्छू पाँवों से चिपट जाते थे परन्तु वे भी उसे डंक नहीं मारते थे। इसी प्रकार की बात, महाकवि बाण ने अपने प्रसिद्ध ग्रन्थ "हर्ष चरित" में लिखी है। उसने एक जगह लिखा है कि एक बार राजा हर्षवर्धन एक तपो-भूमि में गया जहाँ का आचार्य दिवाकर था और जहाँ अनेक ब्रह्मचारी शिक्षा पाते थे, वहाँ राजा ने देखा कि उन अहिंसक गुरु शिष्यों के प्रभाव से सिंहों ने उनके लिये हिंसा वृत्ति को त्याग

---

१ योग दर्शन २। ३५

2 Walden by Thoreau.

दिया था और वे उनकी तपोभूमि में उसी प्रकार रहते थे जैसे पाले हुए घरेलू कुत्ते।

सत्य—मन, वचन और क्रिया तीनों में सत्य के प्रतिष्ठित होने से योग दर्शन के भाष्यकार व्यास के लेखानुसार, योगी की वाणी अमोघ हो जाती है और फिर वह जो कुछ भी कहता है वह सत्य ही हो जाता है। यदि वह किसी को कह दे कि तू धार्मिक हो जा, तो वह धार्मिक हो जाता है इत्यादि।[1]

अस्तेय—मन, वाणी और क्रिया किसी से भी चोरी न करना और न चोरी की भावना रखना।

ब्रह्मचर्य—शरीर में उत्पन्न हुये रक्त वीर्य की रक्षा करते हुये लोकोपकारक विद्याओं का अध्ययन करना। मनुष्य के भीतर ब्रह्मचर्य से "मातृवत्परदारेषु" की भावना उत्पन्न होकर योगी को संसार के लिये निर्दोष बना देती है।

अपरिग्रह—धन के संग्रह करने, रखने और खोये जाने, धन की इन तीन अवस्थाओं को दुःखजनक समझ उससे अधिक, जिससे जीवन यात्रा पूरी हो सके, धन की इच्छा न करना अपरिग्रह कहा जाता है।

योगी इन पाँच बातों पर आचरण करने से अपने को इस योग्य बना लेता है कि जिससे उसे दूसरे के कर्मों से दुखी न होना पड़े।

---

१ देखो योग दर्शन २। ३६ का व्यासभाष्य।

(२) नियम—

अपने कर्म के फल से भी दुखी न होना पड़े इस लिये योगी को नियमों का पालन करना चाहिये। वे नियम ये हैं:—

शौच—बाह्य और अन्तःकरणों को शुद्ध रखना।

सन्तोष—पुरुषार्थ से जो कुछ प्राप्त हो उस से अधिक की इच्छा न करना और अन्यों के धनादि को अपने लिये लोष्टवत् समझना।

तप—शीतोष्ण, दुःख सुखादि को एक जैसा समझते हुये नियमित और संयमित जीवन व्यतीत करना।

स्वाध्याय—ओङ्कार का श्रद्धा-पूर्वक जप करना और वेद, उपनिषदादि उद्देश्य साधक ग्रन्थों का निरन्तर अध्ययन करना।

ईश्वर प्रणिधान—ईश्वर का प्रेम हृदय में रखते और ईश्वर को अत्यन्त प्रिय और परम गुरु समझते हुये, अपने समस्त कर्मों को उसके अर्पण करना।

ये पांच नियम हैं। इनके पालन करने से मनुष्य अपने को इस योग्य बना लेता है कि अधर्म और पाप से सम्पर्क न रख सके। इन ५ यमों के पालन करने से मनुष्य नियमों के पालन करने में समर्थ हुआ करता है और नियमों के पालने से यमों के अनुकूल आचरण रखने में अभिरुचि बढ़ा करती है।

(३) आसन—

आसन सुख पूर्वक बैठने को कहते हैं। यद्यपि आसनों की

संख्या ८४ कही जाती है और उनमें से प्रत्येक की उपयोगिता भी है परन्तु राजयोग में आसन सुख पूर्वक बैठने ही का नाम है जिससे वह किसी आयन्दे की, की जाने वाली क्रिया में, विघ्न-कारक न हो सके।

आसन की एक और उपयोगिता—और वह उपयोगिता यह है कि वह भूख के कम लगने का कारण होता है। इसके समझने के लिये यह समझ लेना आवश्क है कि प्राण और अपान की, इस सम्बन्ध में, उपयोगिता, अनुपयोगिता क्या है ?

प्राण और अपान पर एक वैज्ञानिक दृष्टि—जो श्वास बाहर जाता है उसे प्राण (Expired Air) कहते हैं और जो अन्दर आता है उसे अपान (Inspired Air)। प्राण में कारबोनिक एसिड गैस (Carbonic Acid) की औसत आयः ४·२८ फीसदी होती है। दिन की अपेक्षा रात्रि में यह शरीर से अधिक निकल जाता है। भूख की इच्छा, अनिच्छा, कारबोनिक एसिड गैस के शरीर से अधिक और कम निकलने पर निर्भर होती है। शरीर के हिलने जुलने' व्यायाम करने, चलने फिरने, भोजन करने आदि से, बैठे रहने की अपेक्षा, यह गैसशरीर से अधिक निकल जाती और इसीलिये भूख अधिक लगती है। भूख, प्यास की इच्छा भी अभ्यास में बाधक हुआ करती है इसीलिये योग का तीसरा अंग आसन (बिना किसी प्रकार की गति किये, शान्ति के साथ एक ढंग से बैठे रहना) ठहराया गया है जिससे भूख भी बाधक न हो सके। पातंजल योगाभ्यास

के लिये पद्मासन अन्य आसनों की अपेक्षा अधिक उपयोगी सिद्ध हुआ है।

मिताहार—भोजन करने के बाद कारबोनिक एसिड के शरीर से निकलने की मात्रा, भोजन न करके भूखा रहने की अपेक्षा, अधिक बढ़ जाती है। सीक्वीन (Sequin) एक विद्वान् के अनुभव में यह बात आई है कि जब वह उपवास करता था तो केवल १२१० घन इञ्च शुद्ध वायु (Oxygen) काम में आता था परन्तु भोजन करने के बाद पाचन क्रिया के मध्य १६०० घन इञ्च प्राण प्रद (Oxygen) व्यय हुआ। कारबोनिक एसिड के शरीर से कम निकलने के उद्देश्य ही से जिससे भूख बाधक न हो सके योगी कभी उपवास भी करता है और कभी अल्पाहार ग्रहण करता है और मिताहारी (नियमित आहार वाला) तो उसे सदैव होना ही चाहिये। कोई कोई अभ्यासी दिन में कुछ भी नहीं खाते केवल रात्री में थोड़ा सा भोजन किया करते हैं। ऐसे योगी नक्त-भोजी कहलाते हैं।

कारबोनिक एसिड के निर्माता तत्व——जिस कारबोनिक ऐसिड गैस के शरीर से अधिक निकल जाने से भूख अधिक लगा करती है वह १२ अंश कार्बन और ३१ अंश प्राणप्रद (Oxygen) वायु से मिल कर बना करता है। यह यदि वायु में चार या पांच भी प्रति-शतक हो तो ऐसी वायु में कोई चीज़ भी न जल सकेगी। अस्तु अधिक प्राण-प्रद के काम में

आने का अभिप्राय यही हुआ कि कारबोनिक एसिड शरीर से अधिक निकला।

गुफाओं में रह कर अभ्यास करना।— उष्ण ऋतु की अपेक्षा शीतकाल में, शीतोष्ण (Temperature) में शीत की अधिकता से भी कारबोनिक एसिड, शरीर से अधिक निकलता है और इसीलिये भूख भी अधिक लगा करती है। इसी कारण से पुराने योगी, मांद में रहने वाले पशुओं की भांति, गुफाओं में रहा करते थे क्योंकि जितना भी बाहर का शीतोष्ण, प्राणियों के भीतरी शीतोष्ण के निकट होगा उतनी ही भूख कम लगेगी। कारण स्पष्ट है कि ऐसे बाह्य शीतोष्ण में शीत की मात्रा अधिक नहीं हो सकती, इसलिये भूमध्य रेखा के समीपवर्ती रहने वालों की अपेक्षा ध्रुव देश के समीपवर्ती प्राणियों को भूख की इच्छा अधिक हुआ करती है। एक बात और भी है और वह यह कि जो स्थान चारों ओर से घिरे होते हैं जैसे गुफा, उनमें रहने वाले, कारबोनिक एसिड, उन स्थानों में, रहने वालों की अपेक्षा जो चारों ओर से खुले रहते हैं, कम खर्च करते हैं। इसी लिये उन्हें भूख भी कम सताती है। इन कारणों से योगियों को छोटे द्वार वाली गुफाओं में रहना अधिक रुचिकर होता है।

कम बोलना अथवा मौनावलम्बन।— यदि मनुष्य चुप रहे तो उसकी अपेक्षा, नियत समय में बोलने अथवा उच्च स्वर से बोलने वाले, अधिक कारबोनिक एसिड व्यय करते हैं इसीलिये

योगी मौन रहना अपने लिये अधिक अच्छा समझते हैं। इससे भी वे भूख की चिन्ता से मुक्त रहते हैं।

चित्त की एकाग्रता की उपयोगिता—चित्त से काम लेने की अपेक्षा उसे स्थान विशेष, भ्रूमध्यादि में एकाग्रित कर देने से भी कारबोनिक एसिड कम खर्च होता है इसलिये योगियों को चित्त की एकाग्रता का अभ्यास करने से भी भूख का कष्ट कम हो जाता है।

एक परीक्षण—पृथ्वी के सूखे भाग में रहने वाला एक जन्तु विशेषतः "बोम्बस" [Bombus] जाति में से था, आध घण्टे तक शान्ति से गति शून्य रहा। फल यह हुआ कि उसके श्वास गहरे और लम्बे हो गये। उन श्वासों की मात्रा एक मिनट में ८५ रही। वह जन्तु इसी हालत में १४० मिनट जब रह चुका तब उसके श्वासों की संख्या एक मिनट में केवल ४६ रह गई। इसके बाद १८० मिनट गुजरने पर उसके श्वास गिनती में आने के अयोग्य हो गये।"[१]

अधिक बैठने की आदत से भूख कम हो जाती है—चलने फिरने और शारीरिक परिश्रम करने की अपेक्षा, चुपचाप बैठ कर कुछ न करने या दिमाग़ी काम करने से, भूख कम लगने

१ इस परीक्षण का उल्लेख किसी ग्रन्थ से जो (Natural History) पर था, डाक्टर पाल ने अपने एक निबन्ध में किया है (A Treatise on the Yoga Philosophy by Dr. N. C. Paul p. 4 & 5).

लगती है क्योंकि इससे श्वास की संख्या कम हो जाने से कार-बोनिक एसिड के खर्च होने की मात्रा भी कम हो जाती है। जिन लोगों को बैठने का अधिक काम रहता हो उन्हें भोजन सदैव कम करना चाहिये और भोजन में दूध या ऐसी ही कोई हलकी और दस्तावर गिज़ा खानी चाहिये।

जलाशय के किनारे अभ्यास की उपयोगिता—पृथ्वी के उस भाग में जहाँ नमी अधिक हुआ करती है, वहाँ के रहने वाले सूखे भाग में रहनेवालों की अपेक्षा कारबोनिक एसिड कम खर्च करते हैं। इसीलिये उन्हें भूख भी कम तकलीफ़ देती है। मनु ने अपने धर्म शास्त्र में इसीलिये जलाशय के किनारे सन्ध्या आदि के करने का विधान किया है।

पहाड़ पर अभ्यास की उपयोगिता—समुद्र के धरातल की अपेक्षा उससे ऊँचे स्थान पहाड़ आदि में, वहाँ के रहने वाले कारबोनिक एसिड कम व्यय करते हैं इसलिये पहाड़ तपस्या और अभ्यास के लिये अधिक उपयोगी स्थान समझे जाते हैं।

शीतल जल पान—जो लोग ठण्डा पानी अधिक पिया करते हैं वे कारबोनिक एसिड अधिक खर्च किया करते हैं इसी लिये अभ्यास करने वाले अल्पाहार के साथ अल्प जल ही पान किया करते हैं।

अधिक मोटेपन की अनुपयोगिता—जो लोग अधिक मोटे और भारी होते हैं वे भी अधिक कारबोनिक एसिड खर्च करते हैं और इसीलिये उन्हें अधिक और अनावश्यक भूख लगा

करती है। योग शास्त्र की अपेक्षा,सम्पत्ति शास्त्र की दृष्टि से, ऐसे लोग, किसी देश के लिये, अधिक हानिकारक होते हैं। कई आदमियों का भोजन यह अकेले ही चट कर जाते हैं और उसके बदले में काम कम से कम करते या कर सकते हैं। योगी अपने को सदैव हल्का और चुस्त इसी लिये बना लिया करते हैं कि जिस से भूख कम तक़लीफ दे।

अधिक भोजन से आयु का ह्रास—अधिक भोजन करने से मनुष्य की आयु भी कम हो जाती है। इतिहास गवाही देता है कि औस्तन जो लोग अल्पाहारी थे उनकी आयु अधिक हुई। उदाहरण के लिये देखिये:—

सं०	नाम व्यक्ति	आयु
(१)	सेन्ट एन्थोनी (St. Anthony)	१०५ वर्ष
(२)	जेम्स दी हरमिट (James the Hermit)	१०४ ,,
(३)	अरसेनियस जो राजा अरकेडियस का शिक्षक था (Arsenius, tutor of the Emperor Arcadius) ...	१२० ,,
(४)	साइमन (Simon the Stylite)	११२ ,,
(५)	रोमोल्ड (Romauld)	१२० ,,

डाक्टर पाल ने कैसियन [Cassian] के हवाले से लिखा है कि इन लोगों का भोजन २४ घण्टे में १२ औंस रोटी और पर्याप्त मात्रा में जल था।

१२ औंस रोटी के निर्माता वस्तु—इस १२ औंस रोटी में क्या क्या और कितनी-कितनी वस्तुयें होती थीं उनका विवरण इस प्रकार है:—

(१) जल	२३०४	ग्रेन
(२) कार्बन (Carbon)	१५३४.८	,,
(३) प्राणप्रद वायु (Oxygen)	१५२४	,,
(४) हाईड्रोजन (Hydrogen)	२०५.२	,,
(५) ना ट्रोजन (Nitrogen)	७२	,,
(६) नमक	१२०	,,

अतः स्पष्ट है कि २४ घण्टे में उपर्युक्त पुरुषों ने १५०० ग्रेन से कुछ अधिक कारबोनिक एसिड खर्च किया और ६ बार से कम एक मिनट में श्वास लिया। कम भोजन करने या बिल्कुल न करने से श्वास की संख्या कम हो जाती है जैसा कि कहा जा चुका है, शरीर का ह्रास भी कम हो जाता है और इसीलिये आयु की वृद्धि होती है।

आसन के प्रकरण में ऊपर जो कुछ कहा गया है उस से आसन की उपयोगिता भली भाँति प्रकट होती है। अब प्राणायाम पर विचार कीजिये।

(४) प्राणायाम

योगांगों में प्राणायाम की बड़ी उपयोगिता है। योग दर्शन में बतलाया गया है कि प्राणायाम से प्रकाश पर जो तमादि का

आवरण आ जाता है वह क्षीण हो जाता है[1] और प्रत्याहार आदि आगे के अङ्गों के सिद्ध करने की योग्यता भी आ जाती है[2]। प्राणायाम से इनके सिवा शारीरिक और मानसिक उन्नति भी होती है जिसका विवरण नीचे दिया जाता है:—

प्राणायाम और शारीरिकोन्नति—प्राणायाम से शारीरिक उन्नति किस प्रकार होती है इस बात के जानने के लिये एक दृष्टि शरीर के अन्दर होने वाले अनिच्छित कार्य्यों में से, हृदय और फेफड़े के कार्य्यों पर, डालनी चाहिये।

हृदय का स्थूल कार्य—समस्त शरीर से अति सूक्ष्म नलियाँ हृदय में आती हैं और हृदय से समस्त शरीर में जाया करती हैं। पहली नलियाँ "शिरा" और दूसरी "धमनि" कहलाती हैं। शिराओं का काम यह है कि समस्त शरीर से अशुद्ध रक्त शुद्ध होने के लिये हृदय में लाया करें। हृदय, उस रक्त को, फेफड़े द्वारा, शुद्ध करता है और शुद्ध रक्त को, धमनियों के द्वारा, समस्त शरीर में, भेज दिया करता है। रक्त अशुद्ध क्यों होता है? इस का कारण यह है कि समस्त शरीर व्यापार में उसका प्रयोग होता है। शुद्ध रक्त में कुछ चमक लिये हुये अच्छी सुरखी होती है परन्तु शरीर-व्यापार में आने से वह अशुद्ध हो जाता है और उस में कुछ मैलापन आ जाता है। शुद्ध रक्त में (Oxygen) काफ़ी मात्रा में रहता है। काम में आने से यह मात्रा कम होकर उस

१ योग दर्शन २। ५२

२ योग दर्शन २। ५३

की जगह एक विषैली वायु (Carbonic Acid Gas) रक्त में आ जाती है और इसी परिवर्तन से रक्त का रंग मैला, स्याही माइल हो जाता है। हृदय में जब अशुद्ध रक्त शिराओं के द्वारा पहुँचता है तो हृदय उसे फेफड़े में भेजता है।

फेफड़े का काम—यहीं से फेफड़े का काम शुरू होता है। फेफड़े स्पंज की भांति असंख्य छोटे छोटे घटकों (Cells) का समुदाय है। एक शरीर-वैज्ञानिक ने हिसाब लगाया है कि लम्बाई चौड़ाई मात्र में फैला देने से फेफड़ा १४००० वर्गफ़ीट जगह घेरेगा। ये घटक एक मांस पेशी (डायेफ्राम=Diaphragm) की चाल से खुलते और बन्द होते रहते हैं। जब ये घटक खुल जाते हैं तब एक ओर से तो हृदय से अशुद्ध रक्त और दूसरी ओर से श्वास के द्वारा लिया हुआ शुद्ध वायु दोनों उन्हें भर देते हैं। प्रकृति का एक विलक्षण नियम उनमें काम करता है। उस नियम के वशीभूत होने से जिसमें जो वस्तु नहीं होती वह दूसरे से खींच लेता है। रक्त में तो शुद्ध वायु (Oxygen) नहीं होता वह उसे श्वास के द्वारा आये हुए वायु में से अलग कर लेता है। और श्वास द्वारा लिये हुये वायु में कार्बन वायु नहीं होता। वह उसे अशुद्ध रक्त में से ले लेता है। इसका परिणाम यह होता है कि रक्त में से कार्बन वायु के निकल जाने और शुद्ध वायु के आ जाने से वह शुद्ध हो जाता है। इस प्रकार शुद्ध हुआ रक्त धमनियों के द्वारा शरीर में चला जाता है और अशुद्ध हुई वायु निःश्वास के द्वारा बाहर निकल जाती है। यह कार्य प्रतिक्षण हुआ करता है।

हृदय की धड़कन—हृदय से रक्त का शुद्ध होने के लिये फेफड़े में एक बार जाना और फेफड़े से शुद्ध होकर रक्त का हृदय में वापिस आ जाना, इन्हीं दो क्रियाओं से हृदय की धड़कन बनती है। औसतन एक मिनट में ७२ ऐसी धड़कनें, एक प्रौढ़ पुरुष के हृदय में, हुआ करती हैं। विशेष अवस्थाओं में, आयु के न्यूनाधिक होने आदि कारणों से, धड़कनों की संख्या भी न्यूनाधिक हो जाया करती है। २४ घन्टे में इस प्रकार, एक शरीर-शास्त्रज्ञ के हिसाब से, २५२ मन रक्त हृदय से शुद्ध होने के लिये आता और इतना ही शुद्ध होकर फेफड़े से हृदय में वापिस चला जाता है। इस धड़कन की आवाज "लूब+डप" शब्दों के उच्चारण जैसी होती है।

फेफड़े में शुद्ध वायु न पहुंचने का परिणाम—अस्तु! अब विचारणीय बात यह है कि यदि हृदय से रक्त शुद्ध होने के लिये फेफड़े में जावे परन्तु श्वास द्वारा पर्याप्त वायु फेफड़े में न पहुँचे या सब कोषों [घटकों] में जहाँ रक्त पहुँच चुका है, शुद्ध वायु न पहुँचे तो उसका परिणाम क्या होगा।

फेफड़े के मुख्यतया तीन भाग हैं (१) ऊपरी भाग जो प्रायः गर्दन तक है (२) मध्य भाग जो दोनों ओर हृदय के इधर उधर हैं (३) निम्न भाग जो "डाये फ्राम" के ऊपर दोनों ओर हैं। साधारण रीति से जो श्वास लिया जाता है वह पूर्ण श्वास नहीं होता इसीलिये फेफड़े के सब भागों, अथवा सब भागों के

समस्त घटकों में नहीं पहुँचता तो ऊपरी भाग फेफड़े का रोगी होना शुरू हो जाता है और अन्त में वह "ट्यूबर क्यूलोसिस" (Tuberculosis) जैसे रूप को ग्रहण कर लेता है, इसी प्रकार फेफड़ों के मध्य और निम्न भागों के रोगी हो जाने से खाँसी, श्वास, निमोनिया और जीर्ण-ज्वरादि अनेक रोग, जो फेफड़ों से सम्बन्धित हैं, होने लगते हैं। इस प्रकार पर्याप्त वायु फेफड़ों में न पहुँचने से जहाँ एक ओर फेफड़े से सम्बन्धित रोग उत्पन्न होते हैं तो दूसरी ओर रक्त शुद्ध नहीं होने पाता और यह बिना शुद्ध हुए, अशुद्ध रक्त हो हृदय में लौट कर वहाँ से समस्त शरीर में धमनियों के द्वारा फैल जाता है। बार बार इस प्रकार दूषित रक्त के शरीर में फैलने से मामूली खाज से लेकर कुष्ट रोग तक हो जाया करते हैं। इन सब दुष्परिणामों से बचने के लिये आवश्यक है कि प्राणायाम के द्वारा फेफड़ों के समस्त भागों में, वायु बहुतायत से पहुँचा करे। जिससे उन्हें भी पुष्ट बनाया जावे और रक्त को भी उपर्युक्त दोषों से पृथक रक्खा जावे।

प्राणायाम से कारबोनिक एसिड के निकलने में कमी—प्राणायाम के सम्बन्ध में एक विद्वान् ने जिसका नाम वीरार्ट (Vierordt) था अनेक परीक्षण किये और उन परीक्षणों का फल यह निकला कि जब मनुष्य निःश्वास रहा तो कारबोनिक एसिड गैस बहुत कम मात्रा में उसके शरीर से निकली[1] जिसका

1 A Treatise on the Yoga Philosophy by N. C. Paul P. 8-14.

फल स्वाभाविक रीति से यह हुआ कि वह भूख के कष्ट से मुक्त रहा।

जप से भूख में कमी—प्राणायाम के साथ जप भी किया गया। जप चाहे प्राणायाम के साथ किया गया या विना प्राणायाम के परन्तु था वह मानसिक ओ३म् का जप, तो प्रत्येक दशा में फल यह निकला कि कारबोनिक एसिड गैस कम मात्रा में निकली। उपवास के बाद जिस क्रिया से भूख कम से कम लगती है वह ओ३म् का मानसिक जप है। यदि मनुष्य प्रतिदिन १२००० बार ओ३म् का जप किया करे तो उसे बहुत थोड़े भोजन की जरूरत रह जाती है। जप से कुम्भक की अवधि भी बढ़ती है और जिन शब्दों से भी कुम्भक की मात्रा बढ़ती है वह मूर्च्छोत्पादक (Hypnotic word) समझे जाते हैं। डक्टर रैकलिफ़ (Dr. Radcliff) का कहना है कि एक लड़का ४५० बार "कप (Cup) शब्द के उच्चारण करने से सो गया। जप की अवस्था में केवल ८ औंस रोटी-दाल खाना भूख के निवारणार्थ पर्याप्त समझा गया है। अनेक बार परीक्षण करने से भी ऐसा ही प्रमाणित हुआ है।

एक उदाहरण—एक बच्चे का शीतोष्ण, जिसके श्वास जल्द जल्द चला करते हैं १०२·५ (F) होता है परन्तु एक बूढ़े आदमी का, जिसके लिये कम भोजन की जरूरत हुआ करती है शीतोष्ण (Temperature) केवल ९९·५ (F) होता है। एक चिड़िया जिसका टेम्प्रेचर १०६ से १०९ तक होता है, केवल

1. A Treatise on the Yoga by H.C. Paul p. 13

तीन दिन बिना भोजन के जिन्दा रह सकती है परन्तु एक साँप जो चिड़िया की अपेक्षा थोड़ी गर्मी रखता है, थोड़ा पुरुषार्थ करता है और इसीलिये थोड़ी कारबोनिक एसिड निकालता है, ३ मास और इससे भी अधिक बिना भोजन के जीवित रह सकता है। इसी प्रकार प्राणायाम का जितना भी अधिक अभ्यास होगा उतनी ही कम भूख लगेगी और आयु की वृद्धि भी होगी।

मेंढक और प्राणायाम—कुछ एक प्राणियों के नाम यह दिखलाने के लिये अङ्कित किये जाते हैं कि वे एक मिनट में कितने श्वास लेते हैं:—

सं०	नाम प्राणी			कितने श्वास एक मिनट में लेते हैं
१	कबूतर	—	—	३४
२	मामूली चिड़िया	—	—	३०
३	बतख	—	—	२१
४	बन्दर	—	—	३०
५	मनुष्य	—	—	१२
६	सुअर	—	—	३६
७	कुत्ता	—	—	२८
८	बिल्ली	—	—	२४
९	बकरी	—	—	२४
१०	घोड़ा	—	—	१६
११	मेंढक	—	—	३

इस चित्र से प्रकट है कि मेंढक सब से कम श्वास लेता है।

मेंढ़क के लिये, विद्वानों ने बतलाया है कि वह ११० वर्ष तक जीवित रहता है। नवम्बर के मध्य में यह ज़मीन के नीचे चला जाता है और फिर ५ मास के बाद अप्रेल के मध्य में निकलता है। इस प्रकार यह ५ मास तक बिना भोजन और बिना श्वास के रहा करता है।

(५) प्रत्याहार—

इन्द्रियों का अपने विषयों से पृथक् हो जाना प्रत्याहार कहलाता है। इन्द्रियों का अपने विषयों से पृथक् होने का अर्थ यह है कि आत्मा का सामर्थ्य जो बहिर्मुखी वृत्ति द्वारा चित्त और इन्द्रियों के माध्यम से व्यय हो रहा था अब काम में आने से रुक गया और रुक कर आत्मा में लौट गया। इसीलिये प्रत्याहार का उद्देश्य योग जगत् में आत्म-शक्ति का एकत्रीकरण समझा जाता है। आत्म-शक्ति शरीर से पृथक् होकर, शरीर में, जो ममता मनुष्य जोड़े रखता है, उसे दूर कर देने का कारण बन जाती है और तब योगी शरीर को आत्मा से पृथक्, आत्मा के हाथ का शस्त्रवत्, समझने लगता है और अपना अधिकार समझता है कि उसे जब चाहे, हाथ की वस्तु की तरह, पृथक् कर दे। जब योगी यम, नियम का पालन करते हुये भोजनादि की व्यवस्था, योगियों की मर्यादानुकूल, रखने लगता है और प्राणायाम का अभ्यास करते हुये १० मिनट तक श्वास रोके रखता है तब उसको अपनी इन्द्रियों पर अधिकार हो जाता है। और वह धारणा के अभ्यास करने में समर्थ होता है।

(६) धारणा—

चित्त का किसी केन्द्र पर केन्द्रित कर देना, धारणा कही जाती है। जो शक्ति प्रत्याहार के अभ्यास से एकत्रित हुई है उसे नाभि-चक्र, नासिका के अग्रभागादि पर लगा देना धारणा है। प्रत्याहार से इन्द्रियों पर अधिकार होता है तो धारणा से मन अधिकृत हुआ करता है। जब प्राणायाम का अभ्यास इतना अधिक बढ़ जाता है कि योगी २१ मिनट ३६ सेकिण्ड बिना श्वास के रह सके तब इससे अनायास धारणा की सिद्धि हो जाती है। धारणा की सिद्धि से, 'ध्यान' के अभ्यास करने के योग्य, योगी हो जाता है।

(७) ध्यान —

योगदर्शन में, धारणा में ज्ञान का एकसा बना रहना, ध्यान कहा गया है। [1]इसका तात्पर्य यह है कि जिस लक्ष्य पर चित्त एकाग्र हुआ है, इस एकाग्रता का ज्ञान, एकसा (निरन्तर) बना रहे। सांख्य के आचार्य्य महामुनि कपिल ने ध्यान की परिभाषा एक दूसरे प्रकार से की है। उन्होंने "ध्यान निर्विषयं मनः[2]।" सूत्र के द्वारा मन के निर्विषय होने का नाम ध्यान बतलाया है। परन्तु भाव दोनों का एक ही है। जब मन किसी लक्ष्य पर एकाग्र हो रहा है तब निश्चित है कि वह निर्विषय है क्योंकि "युग पज्ज्ञानानुत्पत्तिर्मनसोलिङ्गम्[3]" की व्यवस्थानुसार, मन एक समय में, दो विषयों को, ग्रहण नहीं कर सकता। विषय का अभिप्राय,

(१) योगदर्शन ३।२। (२) सांख्य दर्शन। (३) न्याय दर्शन १।१।१६।

साधारणतया, इन्द्रिय विषय ही होता है, इसलिये जब मन किसी लक्ष्य पर एकाग्रित है और एकाग्रता में निरन्तरता है, तब यह योग दर्शनानुसार ध्यान है और इस ध्यान में मन निर्विषय है। सांख्य दर्शन में यही बात इस प्रकार वर्णित है कि जब मन निर्विषय है तो वह ध्यान की अवस्था में है। स्पष्ट है कि भाव दोनों का एक ही है। प्राणायाम का अभ्यास इतना हो जाने पर जिससे योगी ४३ मिनट १२ सेकिण्ड श्वास रोके रक्खे, यह ध्यान की अवस्था योगी को प्राप्त हो जाती है।

(८) समाधि—

ध्यानावस्था में ध्याता, ध्यान और ध्येय इन तीनों का ज्ञान योगी को बना रहता है, परन्तु जब यह हालत हो जाती है कि ध्याता भूल जाता है कि वह ध्याता है और यह भी कि ध्यान रूपी कोई क्रिया वह कर रहा है, इसका भी उसे ज्ञान नहीं रहता और केवल ध्येय ही उसके लक्ष्य में रह जाता है, तब इस अवस्था का नाम समाधि कहा जाता है। इस अवस्था में योगी को दुःख, सुख, शीतोष्णादि का कुछ भी ज्ञान नहीं रहता, अब उसकी दृष्टि में न कोई मित्र है न शत्रु। न किसी बात में वह अपना मान समझता है और न अपमान। सोना, चाँदी, मिट्टी के ढेले से अधिक प्रतिष्ठा की वस्तु उसके लिये बाक़ी नहीं रह जाती। प्राणायाम के द्वारा जब एक घण्टा २६ मिनट और २४ सेकिण्ड तक योगी बिना श्वास के रहने लगता है, तब उसे समाधि की सिद्धि हो जाती है।

अष्टांग योग का परिणाम

जब इस प्रकार से योगी अष्टांग योग का अभ्यास करता है तब इससे उसका चित्त स्थिर रीति से एकाग्र हो जाता है और इस चित्त की एकाग्रता से उसे सम्प्रज्ञात योग की सिद्धि हो जाती है।

योग के दो भेद

योग के दो भेद हैं (१) सम्प्रज्ञात (२) असम्प्रज्ञात। इन्हीं को सबीज और निर्बीज समाधि भी कहते हैं। सम्प्रज्ञात योग के समझने के लिये, इस योग के चार भेदों को, समझना चाहिए। इन भेदों का समष्टि नाम "समापत्ति" है।

समापत्ति और उसके चार भेद

जब चित्त की वृत्ति क्षीण हो जाती है और वह स्फटिकमणि के सदृश, निर्मल होकर ग्रहण (इन्द्रिय), ग्रहीता (अहङ्कार विशिष्ट-आत्मा) और ग्राह्य (इन्द्रियों के विषय) में, स्थित होती हुई उन्हीं के से रूप को प्राप्त हो जाती है, तब इस अवस्था का नाम योग दर्शन की परिभाषा में समापत्ति होता है, इस (समापत्ति) के चार भेद हैं:—

(१) सवितर्का—चित्त का किसी स्थूल पदार्थ (वृक्ष, गौ आदि) को तदाकारता प्राप्त कर लेने पर जब तक शब्द अर्थ और इन दोनों के मेल से जो ज्ञान होता है, उनके विकल्प का ज्ञान रहे तो वह सवितर्का है।

(२) निर्वितर्का—जब उसी स्थूल पदार्थ की तदाकारता होने पर केवल अर्थ का ज्ञान रह जावे तब निर्वितर्का समापत्ति कही जाती है।

(३) सविचारा—जब किसी सूक्ष्म वस्तु (सूक्ष्म भूत अथवा प्रकृति) की तदाकारता के साथ शब्द अर्थ और ज्ञान का विवेक बाक़ी रहे तब सविचारा।

(४) निर्विचारा—और जब केवल अर्थ का ज्ञान बाक़ी रह जावे तब निर्विचारा समापत्ति कही जाती है।

इन चारों भेदों की सिद्धि होने पर सम्प्रज्ञात या सबीज समाधि की सिद्धि हो जाती है। भेदों पर दृष्टिपात करने से स्पष्ट है कि इन में, चित्त की एकाग्रता, स्थूल या प्रकृति पर्यन्त सूक्ष्म विषयों तक, सीमित रहती है अर्थात् आत्मा की बहिर्मुखी वृत्ति ही काम करती रहती है। जब तक यह अवस्था चित्त की रहती है, तब तक चित्त एकाग्रता की सीमा में रहता है। चित्त की एकाग्रता की सीमा भी निर्विचारा समापत्ति में, इस जगह तक है, जहां चित्त अलिंग (प्रकृति) में एकाग्र हो जाता है।[1] इस के बाद चित्त की एकाग्रता और एकाग्रता का लक्ष्य, सूक्ष्म विषय दोनों की समाप्ति होकर, आत्मा की बहिर्मुखी वृत्ति का क्षेत्र भी समाप्त हो जाता है। इस के बाद चित्त के निरोध की सीमा का प्रारम्भ होता है। इस सीमा में घुसने से पहिले, जो योग्यता योगी को, सम्प्रज्ञात योग की सिद्धि से, प्राप्त हो जाती है उसका कुछ उल्लेख कर दिया जावे तो अच्छा होगा। इस योग्यता का नाम योगदर्शन में विभूति रक्खा गया है।

योग की विभूति

योग की विभूति समझने से पहले संयम शब्द को समझ

१ देखो योग दर्शन १ । ४५

लेना आवश्यक है। चित्त की एकाग्रता की योग्यता के भेद से, जो दरजे, योगी के हो जाते हैं, वे तीन हैं :—

(१) धारणा की योग्यता वाले।

(२) ध्यान की योग्यता वाले।

(३) समाधि की योग्यता वाले।

इन तीनों योग्यताओं को एक साथ काम में लाने का नाम ही संयम है।[1] संयम कर सकने वाले योगी की, योग्यता के सम्बन्ध में, यह समझ लेना चाहिये कि जगत् में जो काम किये जा सकते हैं; चाहे उन्हें कोई साधारण पुरुष (अयोगी) असंभव ही क्यों न समझता हो, वे सभी काम, सम्प्रज्ञात समाधि सिद्ध योगी द्वारा, किये जा सकते हैं। उदाहरण के लिये कतिपय विभूतियों का यहां उल्लेख किया जाता है :—

पहली विभूति[2]—कहा गया है कि तीनों परिणामों[3] में संयम करने से अतीत (भूत) और अनागम (भविष्य) का ज्ञान योगी को हो जाता है[4]। साधारण स्त्री पुरुषों के लिये यह बात असम्भव समझी जाती है परन्तु योगी के लिये सर्वथा

(१) योग दर्शन ३। ४।

(२) योग दर्शन की टीका में, जो विभूतियों की संख्या पढ़ी है, उन्हीं के अनुसार, यहाँ जिस विभूति का भी उल्लेख किया जायगा, उन पर, संख्या, डाली जायंगी।

(३) योग दर्शन ३। १३

(४) योग दर्शन ३। १६

सम्भव है। संसार में, सम्भव— असम्भव शब्दों का प्रयोग, प्रयोग करने वाला, अपनी योग्यता को, लक्ष्य में रख कर ही किया करता है। एक बलशाली पुरुष के लिये २५—३० मन का पत्थर, अपनी छाती पर रख लेना, सम्भव है परन्तु एक निर्बल पुरुष के लिये, यह काम असम्भव है, अस्तु!

विभूति की व्याख्या—विभूति की सम्भावना समझने के लिये अतीत और अनागत शब्दों का भाव समझ लेना चाहिये। मनुष्य के अन्तःकरणों में, चित्त, वासना, स्मृति और संस्कारों का भंडार है। अन्तःकरण का, सविस्तार विवरण, आगे दिया जायगा। चित्त में, ये स्मृति और वासना आदि जन्म जन्मान्तर से, संगृहीत रहती हैं। सूक्ष्म शरीर की, स्थूल शरीर के साथ, मृत्यु न होने से, वह चित्त बराबर हजारों लाखों वर्ष से, जीवात्मा के साथ, बना रहता है और इसलिये अतीत (भूत) काल की स्मृति आदि भी, उस में, बनी रहती है। साधारण पुरुष उन्हें नहीं जान सकता परन्तु संयम करने से योगी के लिये, चित्त की स्मृति आदि का, पुराना भंडार ऐसा ही प्रत्यक्ष हो जाता है जैसे संसार के अन्य वर्तमान पदार्थ।

अनागत की सत्ता, फल अथवा कार्य्य-रूप में, होती है और उस का कारण, मनुष्य के वर्तमान और भूतकालिक किये जा रहे और किये गये कर्म, हुआ करते हैं। मनुष्य जितने भी कर्म करता है वे सब भी चित्त में अङ्कित रहते हैं और इन्हीं को कर्म की रेखा कहते हैं। योगी संयम द्वारा चित्त को साक्षात

कर के उन्हें और उन के द्वारा आयन्दे होने वाले इष्ट या अनिष्ट को भली प्रकार जान लिया करता है। इस प्रकार अतीत और अनागत दोनों का ज्ञान योगी को हो जाया करता है। इस में कुछ भी असम्भवता या अस्वाभाविकता नहीं है। अवश्य कोई भी योगी अतीत और अनागत का उतना ज्ञान प्राप्त नहीं कर सकता है जितना ईश्वर को है, सो इसका दावा भी, विभूति सूचक सूत्र में, नहीं किया गया है।

दूसरी विभूति—दूसरी विभूति यह है कि योगी को अन्य प्राणियों (पशु पक्षी आदि) की बोली का ज्ञान हो जाता है। यह कुछ वर्तमान विलक्षण बात नहीं है। अनेक विद्वान्, जिन्होंने, अपना समय, पशु पक्षियों के विवरण जानने में, व्यय किया है, बहुत से पशु पक्षियों की बोली, समझने लगते हैं।

चौथी विभूति—दूसरों के चित्त का ज्ञान प्राप्त कर लेना योगियों के लिये तो कुछ भी दुस्तर नहीं है जब कि आकृति विद्या (Science of facial expression) आदि के जानने वाले अयोगी विद्वान् भी, बहुत सी बातें, दूसरों के चित्त की इन विद्याओं की सहायता से जान लिया करते हैं।

नवमी विभूति—"सूक्ष्म, व्यवहित (आड़ में रहने वाली, चीज़ें) और दूर का ज्ञान हो जाना।" ये सूक्ष्म और व्यवहितादि शब्द, आँखों की योग्यता को कसौटी मानकर बनाये गये हैं। आँखों की रोशनी के लिये दीवार मनुष्य-शरीर आदि बाधक हैं। और वे आँख के प्रकाश को रोक लेते हैं उसे

पार नहीं जाने देते। परन्तु ऐसी रोशनी हैं जिनके लिये शरीरादि बाधक नहीं हैं जैसे "ऐक्स-रे" (X-Ray) जब योगी इतना शक्ति-सम्पन्न हो जाता है कि मन और चित्तादि से उसी प्रकार काम ले सके जैसे कि आँखों से लिया जाता है तब उसके लिये शरीर और दीवार आदि की आड़ नहीं रहा करती और उसे सूक्ष्म, दूर और आड़में होने वाली वस्तुओं का ज्ञान होजाया करता है।

दसवीं विभूति—"सूर्य में संयम करने से भुवन का ज्ञान हो जाता।" शरीर के अन्दर, जो रीढ़ की हड्डी में, नाड़ी हैं उसे सुषुम्णा या ध्रुव और उसके इधर उधर जो नाड़ियां हैं उन्हें इडा और पिंगला कहते हैं। इन्हीं का पारिभाषिक नाम ध्रुव, चन्द्र और सूर्य है, इन्हीं नाड़ियों में से सूर्य नाड़ी में संयम करने से भुवन का ज्ञान होजाता हैं। यह बात कुछ भी आश्चर्य्य की नहीं रहती यदि बेतार की तारवर्क्की (Wireless telegraphy) की कार्य्य-प्रणाली को समझ लिया जावे। उसका बहुत स्थूल रूप यहां दिया जाता है।

बेतार की तार वर्क्की की स्थूल-कार्य्य प्रणाली—इस कार्य्य प्रणाली का सुगमता से ज्ञान हो जाय इसके लिये चित्र (ज) और (ट) देखिये:—

१—"अ,क,ख" बेतार की तारवर्क्की का खम्भा है। "त, ।," दूसरा खम्भा है जहाँ खबर भेजनी है।


अ
वायु
वायु
वायु
वायु
वायु
चित्रट
क
त
वायु
वायु
वायु
वायु
चित्रज
थ
न
प
ब
द
च
छ
ख
ग

२—अ क वायु में सीधा खड़ा रहता है, उसका सिरा (अ) ऐसे मसाले से भर दिया जाता है जिस से बिजली इस रास्ते से खम्भे से निकल न सके।

३—"घ" जहाँ बहुत वेग के साथ बिजली पैदा होती है।

४—च और छ वे पुरजे हैं जहाँ बिजली की चोटें उत्पन्न होती हैं अर्थात् ऊपर का पुरजा 'च' नीचे के पुरजे 'छ' से इतने वेग से टकराता है कि प्रति क्षण अनेक चोटें उत्पन्न होती रहती हैं।

५—ग. पृथिवी है और ख के द्वारा "अ क" का सम्बन्ध पृथिवी से है। "अ क" एक तरफ वायु से और दूसरी ओर पृथिवी से सम्बन्धित है।

६—"घ" में विद्युत् उत्पन्न होता है और उसी विद्युत् से "च," "छ" से टकराकर, शीघ्रता से, चोटें मारता है। इन चोटों के प्रभाव से उत्पन्न हुआ विद्युत "अ क" तक "द, ध, न" के रास्ते से पहुँच कर नीचे ऊपर घूमने लगता है। यदि अ क की नोक 'अ' खुली होती तो बिजली, उधर से निकल कर, वायु में चली जाती,- परन्तु उसके बन्द होने के कारण, यह विद्युत्, उसी अ,क खम्भे में वेग पकड़ता है और अत्यन्त वेगवान होजाने पर "अ,क" खम्भे के चारों ओर वृत्ताकार होकर घूमने लगता है जैसा चित्र (ट) में दिखाया गया है। "अ क" में धनात्मक(Positive) और ऋणात्मक (Negative) बिजलियां, एक दूसरे के बाद, घूमा करती हैं। इसी विद्युत

में जो समाचार कि "त थ" में भेजना है, वह मौजूद रहता है। वायु में भी दोनों प्रकार का विश्वव्यापी विद्युत् रहता ही है। इस लिये "अ,क" के चारों ओर घूमने वाला सन्देशपूर्ण विद्युत्, वायुवाले विद्युत् में, होकर "त थ" के चारों ओर उपरोक्त प्रकार से घूमने वाले विद्युत् में पहुँच जाता है और इस प्रकार वह सन्देश पूर्ण विद्युत् "त थ" खम्भे में पहुँच जाता है जैसा कि चित्र (ज) में दिखाया गया है। और सन्देश जहां भेजना था वहां वह ले लिया जाता है।

विभूति का विवरण

यह है तेतार के तारवर्क्षी की कार्य्य प्रणाली। इसको लक्ष्य में रखते हुये, जब हम शरीर पर, दृष्टि डालते हैं तो वह भी विद्युत् का एक यन्त्र कहा जा सकता है। मनुष्य के मस्तिष्क और हृदय में से एक ओर धनात्मक, और दूसरी ओर ऋणात्मक विद्युत् बहता और उत्पन्न होता रहता है। पृथ्वी और सूर्य्य में उपस्थित ऋणात्मक और धनात्मक विद्युत्, शरीर के विद्युत् को खींचते रहते हैं। प्राणायाम करते हुये जब बल पूर्वक रेचक और देर तक ठहरने वाला बाह्य-कुम्भक किया जाता है, और दुहराया तिहराया जाता है तब शरीर पसीना पसीना हो जाता है, नसें तड़पने लगती हैं, रक्त में उबाल सा आने लगता है, चेहरा सुर्ख हो जाता है, हृदय की धड़कन मध्यम पड़ने लगती है, नब्ज छूटने सी लगती है और हृदय तथा मस्तिष्क दोनों में विद्युत् का वेग बहुत बढ़ जाता है। इस अवस्था को प्राप्त हुये शरीर की तुलना तेतार की तारवर्क्षी यन्त्र से करो।

शरीर और यन्त्र की समता

सुषुम्णा का निचला भाग मूलाधार पृथ्वी स्थानीय है और यहीं से इडा और पिंगला (चन्द्र+सूर्य्य) एक दूसरे को काट कर मस्तिष्क की ओर चलती हैं। इन नाड़ियों को "अ,क,ख" स्कन्ध स्थानी समझें। इनकी ऊपरी नोक अ "ब्रह्मरन्ध्र" चक्र है। जिस "घ" प्रकार में विद्युत् उत्पन्न होकर "अ,क,ख" में पहुँचता है इसी प्रकार, योगी, प्राणायाम के द्वारा, उदय होते हुये सूर्य्य से, विद्युत् ग्रहण करने के अभ्यास से, बहु मात्रा में विद्युत् ग्रहण करता तथा उसमें रेचक और पूरक द्वारा चोट लगने के सदृश, वेग उत्पन्न करता इस वेग में आये हुये विद्युत् को, कुण्डलिनी मुद्रा के अभ्यास से, योगी सूर्य्य, चन्द्र और ध्रुव नाड़ियों में ब्रह्मरन्ध्र की ओर भेजता है। इस अभ्यास को करते हुये योगी, गीता के निम्न वाक्यानुकूल, अपने शरीर के सभी द्वारों को जहां से विद्युत और प्राण बाहर जा सकते थे, बन्द किये रखता है:—

सर्वद्वाराणि संयम्य मनो हृदि निरुध्य च।
मूर्ध्न्याधायात्मनः प्राणमास्थिता योग-
धारणाम्॥ (गीता ८। १२)

जिस प्रकार "अ" नोक के बन्द होने से विद्युत् की चोटों के निकलने का मार्ग बन्द रहता है इसी प्रकार इन सूर्य्य, चन्द्र और ध्रुव, शरीर में खड़ी नाड़ियों के द्वार, बन्द होने से विद्युत् बाहर न जाकर इन्हीं नाड़ियों और शरीर के चारों ओर घूम कर

वायु में रहने वाले विश्वव्यापी विद्युत् से मेल करके, उनके अन्तर्गत जो भी क्रियायें, होती हैं अथवा जो कुछ उनके अन्दर निहित होता है, उन सब परोक्ष की बातों का ज्ञान प्राप्त कर लेता है। इन क्रियाओं के साथ योगी, अपनी धारणा, ध्यान और समाधि से उत्पन्न शक्ति को भी सूर्य्यादि नाड़ियों में (संयम द्वारा) लगा कर, इन क्रियाओं में, सीमा और अत्यन्त उत्तेजना भी पैदा कर देता है जिससे इष्ट सिद्धि में और भी अधिक सुलभता हो जाती है। अतः स्पष्ट है कि सूर्य्य नाड़ी में संयम करके योगी शरीर से बाहर परोक्ष रूपी भवन का ज्ञान प्राप्त कर लिया करता है।

ग्यारहवीं और बारहवीं विभूतियों में आये तारा व्यूह का अर्थ शरीरस्थ सूक्ष्मात्सूक्ष्म नाड़ी हैं जो इन्हीं सूर्य, चन्द्र और ध्रुव नाड़ियों से मिल कर नाड़ी गुच्छक (Nervous System) और सूर्य्यादि चक्र (Plaxus) बनाती हैं जिनका और जिनकी गति आदि का ज्ञान, इन्हीं चक्रों द्वारा, सूर्य, चन्द्र और ध्रुव नाड़ियों में संयम से, योगी को हो जाया करता है।

तेरहवीं विभूति नाभि, शरीर का केन्द्र, समझी और मानी जाती है। केन्द्र में संयम करने से शरीर रचना का ज्ञान हो जाना स्पष्ट ही है। अन्य विभूतियों के सम्बन्ध में जो ज्ञातव्य था वह सूत्रों की व्याख्या में अङ्कित किया जा चुका है। सम्प्रज्ञात समाधि सिद्ध योगी की अपूर्व योग्यताओं का वर्णन करने के बाद, अब असम्प्रज्ञात योग की ओर चलना चाहिये और देखना चाहिये कि चित्त की वृत्तियों का निरोध, किस प्रकार किया जा सकता है।

चित्त की वृत्तियों का निरोध

जिस समय, चित्त की वृत्तियों की, एकाग्रता हो जाने से, मन और इन्द्रियां, योगी के वश में हो जाती हैं, तब वह अपनी उपलब्ध सामर्थ्य से, मन और इन्द्रियों के काम को बन्द करके, जागृतावस्था को, सुषुप्तावस्थावत् बना देता है। इसका फल यह होता है कि मन और इन्द्रिय दोनों का, काम रुक जाने से, आत्मा की बहिर्मुखी वृत्ति का काम बन्द हो जाता है। दोनों वृत्तियों में से, एक न एक सदैव जारी रहती हैं, जैसा पहला कहा जा चुका है, इसलिये बहिर्मुखी वृत्ति के बन्द होने का अनिवार्य्य फल यह होता है कि अन्तर्मुखी वृत्ति जागृत हो जाती है। इस अन्तर्मुखी वृत्ति के जागृत होने का तात्पर्य यह है कि चित्त की वृत्तियां निरुद्ध हो गईं। इतना जान लेने पर अब यह बतलाने चेष्टा की जाती है कि साक्षात् साधन, चित्त की वृत्तियों के रोकने के, क्या हैं ?

चित्त की वृत्तियों के रोकने के कुछ एक सहायक साधन

किस साधन से कौन सी वृत्ति निरुद्ध हो जाती है, अब यह बतलाया जाता है:—

चित्त की वृत्तियां ५ हैं। उनमें से

(१) स्मृति वृत्ति का निरोध, आसन की सिद्धि और प्राणायाम के अभ्यास से, होता है।

(२) निद्रावृत्ति का निरोध, प्रत्याहार और धारणा के अभ्यास से, होता है।

(३) विकल्प वृत्ति का निरोध, ध्यान से, होता है।

(४) विपर्यय वृत्ति का निरोध, समाधि से, होता है। इस प्रकार इन ४ वृत्तियों के निरुद्ध हो जाने से, पांचवीं प्रमाण वृत्ति स्वयमेव निरुद्ध हो जाती है।

वृत्तियों के निरोध का कोशों पर प्रभाव

(१) स्मृति वृत्ति के विरोध से, अन्नमय कोष का आवरण, बाधा रहित हो जाता है।

(२) निद्रा वृत्ति के निरोध से, प्राणमय कोष निर्दोष हो जाता है।

(३) विकल्प वृत्ति के निरोध से, मनोमय कोष का परित्याग हो जाता है।

(४) विपर्यय वृत्ति के निरोध से, विज्ञानमय शरीर परित्यक्त हो जाता है।

इस प्रकार बचा हुआ केवल आनन्दमय कोष होता है जो अन्त में शरीर के साथ छूट जाता है।

वृत्तियों के निरोध होने पर योगांगों का अवस्थाओं पर प्रभाव

(१) प्राणमय से, जागृत अवस्था पर।

(२) प्रत्याहार से, स्वप्नावस्था पर।

(३) धारणा से, सुषुप्तावस्था पर।

(४) ध्यान से मूर्च्छावस्था पर।

(५) समाधि से, मृत्यु पर।

अधिकार प्राप्त करके योगी स्वेच्छया अपने स्वरूप (आत्म स्वरूप) में प्रतिष्ठित होता है ।

आसन की सिद्धि का अभिप्राय

स्मृति के निरोध के लिये आसन की सिद्धि की बात ऊपर कही गई है । जहां तक राजयोग का सम्बन्ध है, आसन साधने के लिये अनेक प्रकार के आसनों के अभ्यास की जरूरत नहीं है किन्तु पद्मासनादि में से किसी एक आसन में ४ घण्टे ४८ मिनट या कम से कम ३ घण्टा ३६ मिनट पर्यन्त बिना दुःख और बिना किसी अंग के हिलाये बैठे रहना, यह आसन की पूर्वाङ्ग सिद्धि है । इसके बाद अन्नमय (स्थूल) शरीर का संयमन करके उसी आसन में, बिना गिरे (लेटे), सो सकना यह आसन की अन्तिम सिद्धि है ।

चित्त की वृत्तियों के निरोध पर्यन्त विवरण देने के बाद अब यह बतला देना आवश्यक है कि किस प्रकार कोई नया आदमी जिसे योगाभ्यास करने की इच्छा हो, अभ्यास कर सकता है ।

योगाभ्यास का क्रियात्मक रूप, यमों का साधना

सब से पहली बात, जो जिज्ञासु में होनी चाहिए, और जिसके बिना, कोई भी, योग की दुनियाँ में, दाखिल नहीं हो सकता, श्रद्धा है । किसी पुरुष को भी, जिसका हृदय श्रद्धा से शून्य है, योग नहीं आ सकता ।

श्रद्धा

श्रद्धा किसे कहते हैं। श्रद्ध (श्रत्+धा) सचाई के धारण करने का नाम है। सचाई का ज्ञान तर्क से हुआ करता है और ज्ञान होने पर उसे हृदय में धारण कर लेना, श्रद्धा कहलाता है। हृदय में धारण कर लेने का अभिप्राय यह है कि मनुष्य उस के विपरीत आचरण न कर सके। श्रद्धा रखते हुये सब से पहले, यमों के हृदय में धारण करने का, अभ्यास करना चाहिये। अभ्यास किस प्रकार हो? यमों में से एक अहिंसा को लेकर, वह प्रकार बतलाया जाता है:—

(१) सब से पहिले अहिंसा के ग्रहण और धारण करने की प्रबल इच्छा मनुष्य के हृदय में होनी चाहिये।

(२) उसे ऐसे ग्रन्थों का अध्ययन करते रहना चाहिये जिस में अहिंसा की श्रेष्ठता बतलाते हुये, हिंसा के दोष दिखलाये गये हों।

(३) अभ्यासी जहाँ रहता हो वहाँ मोटे अक्षरों में "अहिंसा परमो धर्मः"। इस या ऐसे ही वाक्यों को, आमने सामने, इधर उधर, चारों ओर मोटे काग़ज पर लिख कर टाँग ले, जिस से बिना इच्छा के, अनायास, अभ्यासी की दृष्टि, उस पर पड़ती रहे।

(४) प्रातः काल उठते ही, बिस्तर छोड़ने से पहले, उसे अहिंसा पालन रूप व्रत को धारण करते हुये, ईश्वर से प्रार्थना करनी चाहिये कि उस का प्रयत्न सफल हो। उसे उच्च स्वर से

३ वार यह उच्चारण करना चाहिये कि "मैंने अहिंसा पालने का व्रत लिया है; मैं कदापि कोई कार्य्य उस व्रत के विपरीत न करूँगा"। और समयों में भी इस व्रत का स्मरण करते रहना चाहिये।

(५) रात्रि में सोते समय फिर उपर्युक्त वाक्य को, उस के एक एक शब्द को, भली प्रकार ध्यान में रखते हुये, उच्च स्वर से, उच्चारण कर के, ईश्वर से, उस की पूर्ति की प्रार्थना, करते हुये, सो जाना चाहिये, इस प्रकार, कि सोते समय के अन्तिम विचार, यही हों।

कम से कम एक मास तक, इस क्रिया को, इसी प्रकार काम में लाना चाहिये। इस के बाद अहिंसा के साथ सत्य को शामिल कर के पूरे दूसरे मास में अहिंसा और सत्य दोनों के, सम्मिलित व्रत के ग्रहण करने की चेष्टा, करनी चाहिये। जो अहिंसा परक वाक्य कमरे में चारों ओर लगाये गये थे अब उस के स्थान में यम परक पूरे सूत्र को जिस में पाँचों यमों का वर्णन है[1] लगा लेना चाहिये। इस बात का पूरा पूरा ध्यान रखना चाहिये कि कोई काम इस व्रत के विपरीत न हो। यदि कभी भूल से कोई विपरीत कार्य्य हो जाय तो उस का उसी दिन प्रायश्चित्त कर लेना चाहिये[2] दो मास बीतने पर अब

(१) सूत्र ३० पाद (२)

(२) ऐसे अवसरों पर दो प्रकार के प्रायश्चित्त उपयोगी होते हैं। (क) या तो एक दिन उपवास कर लिया जाय (ख) या रात्रि में दो घण्टे सार्थक गायत्री मन्त्र जप लिया जावे।

पाँचों यमों को अपने वृत्त में सम्मिलित कर के उन सब का उपर्युक्त भाँति अभ्यास करे। यह अभ्यास (सम्पूर्ण) तीसरे मास तक जारी रखना चाहिये। यह यमों का प्रारम्भिक अभ्यास है।

नियमों का अभ्यास

यम के अभ्यास में ३ मास व्यतीत कर के, ३ मास नियमों के अभ्यास में, इस प्रकार व्यतीत करने चाहियें कि यम वाले सूत्र के साथ नियम वाले सूत्र को[1] शामिल कर के अब चौथे मास से, व्रत में, दोनों सूत्रों को, सम्मिलित कर के, समस्त उपर्युक्त क्रियायें दोनों सूत्रों के सम्बन्ध में करनी चाहियें। इस प्रकार छः मास तक, तो पूर्ण तत्परता से, ये अभ्यास करने चाहियें। उस के बाद इस बात को सदैव ध्यान में रखना चाहिये कि यम और नियम के विपरीत आचरण करने से अभ्यासी कभी योगी नहीं बन सकता, इसलिये उन्हें (यम नियमों को) सदैव ध्यान में रखते हुए दूसरी क्रियायें करनी चाहियें।

आसन का अभ्यास

यम और नियमों के अभ्यास के साथ साथ ही आसन और प्राणायाम दोनों का अभ्यास किया जा सकता है। आसन का अभ्यास पद्मासन[2] से शुरू करो। पद्मासन से बैठ कर बिना हिले

(१) देखो योग दर्शन पाद २ सूत्र ३२।

(२) यदि किसी को किसी कारण से यह पद्मासन अनुकूल न

जुले, बिना शरीर की स्थिति बदले, जितनी देर बैठ सकते--हो बैठो। जब न बैठ सको तब आसन भंग करके, किसी प्रकार से भी बैठ कर दो चार मिनट आराम लेकर, फिर उसी आसन का अभ्यास शुरू कर दो। कम से कम दो घण्टे तक यह अभ्यास करते हुए देखो कि कितनी बार तुम्हें आसन भंग करने के लिये विवश होना पड़ा। दूसरे दिन इच्छा रक्खो कि उससे कम मात्रा में आसन भंग हो। इसी प्रकार उत्तरोत्तर आसन के भंग होने की मात्रा, कम करते करते यहाँ तक पहुँच जाओ, कि दो घण्टे में, एक बार भी आसन भंग न करना पड़े। जब दो घण्टे, एक आसन से बैठने का अभ्यास पूरा हो जावे, तब इस अभ्यास को बढ़ा कर कम से कम इतना कर लेना चाहिये कि जिससे ३ घंटा ३६ मिनट तक एक आसन से बैठा जा सके। इतना अभ्यास कर लेने से आसन सिद्ध हुआ समझा जा सकता है।

प्राणायाम का अभ्यास

आसन के अभ्यास के साथ साथ ही प्राणायाम का अभ्यास भी शुरू किया जा सकता है। अच्छा तो यह होता है कि एक घण्टा एक आसन से बैठने का अभ्यास कर लेने के बाद प्राणायाम शुरू किया जावे। प्राणायाम का अभ्यास इस प्रकार करना चाहिये कि पहले केवल रेचक का अभ्यास किया जावे अर्थात् नियमित आसन से बैठ कर मुँह बन्द रखते हुए नाक से श्वास

हो तो वह अन्य किसी सुगम आसन से बैठ कर यह अभ्यास कर सकता है। शीर्षासन आदिकों की गणना, सुगम आसनों में, नहीं है।

निकाल दो, कुछ क्षणों के बाद फिर निकाल दो। इस प्रकार बीच बीच में बहुत थोड़ा थोड़ा अवकाश दे दे कर श्वास निकालते रहो, जब इसमें असाधारणता न मालूम पड़े, तब इसे छोड़ कर पूरक (श्वास भीतर लेजाने) का अभ्यास करो और यह भी रेचक की तरह थोड़ा थोड़ा अवकाश देकर, बराबर करते जाओ। जब इसमें भी असाधारणता न मालूम पड़े तो इसे छोड़ कर अब पूरा प्राणायाम करना शुरू कर दो। इस प्रकार कि पहले रेचक करो और रेचक करके बाह्य कुम्भक करते हुए बिना श्वास लिये रहो। जब चित्त घबड़ाने लगे तब पूरक करके आभ्यन्तर कुम्भक रखते हुए श्वास को भीतर ही रोके रक्खो। जब भीतर और अधिक श्वास न रोका जा सके तब फिर रेचक करते हुए दूसरा प्राणायाम शुरू करदो। इस प्रकार प्रारम्भ में यह अभ्यास १५ मिनट से शुरू करके क्रमशः बढ़ाते हुए एक घण्टे तक पहुँचाओ और यत्न करो कि आभ्यन्तर कुम्भक तीन मिनट तक हो जावे। इतना हो जाने पर समझना चाहिए कि अभ्यासी का प्राणायाम की दुनियां में प्रवेश हुआ और अब वह अनेक प्रकार के प्राणायाम कर सकता है। प्राणायाम की जरूरत समाधि पर्यन्त रहती है। जो चित्र नीचे दिया जाता है उससे प्रकट होगा कि प्राणायाम में कितनी उन्नति कर लेने से अभ्यासी प्रत्याहार आदि योग के अन्तिम अंगों की सिद्धि कर सकता है। प्राणायाम की प्रत्येक क्रिया के साथ, ओ३म् का मानसिक जप करते रहना चाहिये। इस जप का विवरण आगे दिया जायगा।

सं०	योगाङ्ग	पूरक	कुम्भक	रेचक
(१)	प्राणायाम	१२ सेकिंड	३२४ सेकिंड	२४ सेकिंड
(२)	प्रत्याहार	"	६४८ "	"
(३)	धारणा	"	१२९६ "	"
(४)	ध्यान	"	२५९२ "	
(५)	समाधि	"	५१८४ "	"

नोट (२)—रेचक और पूरक का अभ्यास इसप्रकार करना चाहिए जिस से वे उपर्युक्त अवधि ही में पूरे हुआ करें। १५-२० दिन में, ध्यान रखने से, यह होजाया करता है। पूरक और रेचक की मात्रा, आरम्भ में कम की जासकती है परन्तु उनमें नित्यत यही रहनी चाहिए।

नोट (३) कुम्भक की मात्रा, ५१८४ सेकिंड अथवा एक घण्टा २६ मिनट २४ सेकिंड हो जाने पर, समाधि लगना प्रारंभ हो जाता है।

प्रत्याहार—प्रत्याहार का शब्दार्थ पीछे खींच लेना, पीछे हटा लेना, इन्द्रिय-दमन आदि है। यहाँ योग-दर्शन में इस अंग का उद्देश्य यह है कि आत्मा की शक्ति, जो बहिर्मुखी वृत्तिद्वारा, समस्त इन्द्रियों और शरीर के अन्य अंगों में फैली हुई है, उसे एकत्रित करलेना। जिस का फल यह होता है कि इन्द्रियों का अपने विषयों से समागम बन्द हो जाता है और इस प्रकार इन्द्रियां निगृहीत हो जाती हैं। इसकी सिद्धि के दो साधन हैं।

(१) प्राणायाम का अभ्यास बढ़ा कर इतनी योग्यता रेचक पूरक और कुम्भक की कर लेनी चाहिए जो ऊपर वाले चित्र में, प्रत्याहार के सामने, अंकित हैं।

(२) अभ्यासी को, अपने हृदय को, निम्नांकित भावों से भर लेना चाहिए।

(क) मैं आत्मा हूँ। शरीर मेरे कार्यों का साधन औजार की तरह मेरे अधिकार में है।

(ख) मैं शरीर से पृथक् हूँ और शक्ति, विचार और चेतना का केन्द्र हूँ।

(ग) मैं अमर हूँ। मेरा कभी नाश नहीं हो सकता।

समय समय पर सोते जागते, उठते बैठते, चलते फिरते सदैव इनका स्मरण करते रहना चाहिए जिस से अभ्यासी को इनका निश्चयात्मक ज्ञान होने लगे। प्राणायाम की पूर्ति और इन तीनों विचारों का, निश्चयात्मक ज्ञान होजाने से, अभ्यासी अनुभव करने लगता है कि उसका इन्द्रियों पर अधिकार है और यह कि इन्द्रियों का उनके विषयों से सम्बन्ध टूटा हुआ है।

धारणा—धारणा की पूर्ति के लिए ३ प्रकार के अभ्यास का करना आवश्यक है :—(१) प्राणायाम का अभ्यास बढ़ाते २ पूरकादि की मात्रा उतनी कर लेने से, जो उपर्युक्त चित्र में धारणा के सामने अंकित है, चित्त, भली भांति एकाग्रित हो जाता है।

(२) निम्न भावों से हृदय को पूरित करके उनके प्रति श्रद्धा उत्पन्न करनी चाहिये जिससे उनकी सत्यता में कुछ भी सन्देह बाक़ी न रहे।

(क) मैं स्वतन्त्र आत्मा हूं। चित्तादि अन्तःकरण मेरे कार्यों के साधन औज़ार की तरह हैं।

(ख) मैं अन्तःकरण से पृथक् हूँ और उसका स्वामी हूं।

(ग) मैं अमर हूँ समस्त शक्तियों का केन्द्र हूँ। मैं कदापि नहीं मर सकता।

(३) चित्त की एकाग्रता के, कुछ के प्रारम्भिक अभ्यास करके, उन बातों में चित्त लगाना चाहिये जिनका वर्णन योग दर्शन के पहले पाद में ३२ से लेकर ३८ वें सूत्र तक में है।

चित्त की एकाग्रता के प्रारम्भिक अभ्यास—ये अभ्यास दो प्रकार के हैं (१) स्थूल (२) सूक्ष्म। स्थूल अभ्यास यह है कि किसी दीवार या बोर्ड आदि पर एक रुपये के बराबर निशान हरे रंग से बना लो (देखो चित्र (क) पृष्ठ ५२) और उसको नियम से प्रति दिन एक घण्टा या जितना अधिक सम्भव हो चित्त लगा कर देखो और उसे लक्ष्य बनाकर देखते हुए, यत्न करो कि तुम्हारे चक्षुओं की एक एक प्रकाश किरण, उस लक्ष्य के भीतर हो जावे और उस लक्ष्य के बाहर कुछ न दिखाई दे। ३ मास तक अभ्यास करने से, इसमें सफलता होने लगती है। जब (क) लक्ष्य के बाहर कुछ न दिखाई दे तब वही अभ्यास क्रमशः ख, ग, घ, च, छ और ज में करना चाहिये जब यहां तक उन्नति हो जावे



कि (ज) विन्दु के बाहर कुछ न दिखाई देवे तब इस स्थूल अभ्यास को समाप्त समझ कर, इसके बाद का सूक्ष्म अभ्यास करना चाहिये। यह सूक्ष्म अभ्यास यह है कि चित्र (क) को आंख बन्द करके चिन्तन करो। जब अच्छी तरह से यह चित्र जहन में आ जावे तब इसके दो टुकड़े करके, एक को छोड़कर, दूसरे अर्ध चन्द्राकार टुकड़े पर, चित्त लगाओ। जब वह कल्पना में ऐसा ही स्पष्ट हो जावे जैसा लक्ष्य (क) था तब फिर उसके भी दो ख्याली टुकड़े करके उनमें से एक को छोड़ दो और दूसरे टुकड़े पर चित्त लगाओ। जब यह टुकड़ा भी वैसा ही स्पष्ट हो जावे जैसा लक्ष्य (क) था तब फिर इसके भी दो टुकड़े करो। इसी प्रकार टुकड़े करते और एक को छोड़कर दूसरे टुकड़े में चित्त लगाते जाओ। यहां तक कि लक्ष्य (क) का सौवां ($\frac{1}{100}$) टुकड़ा तुम्हें इतना ही स्पष्ट दिखाई देने लगे जैसा लक्ष्य (क), तब समझना चाहिये कि यह सूक्ष्म अभ्यास भी पूरा होगया। इन प्रारम्भिक अभ्यासों के करने से चित्त के एकाग्र कर लेने की कुंजी अभ्यासी के हाथ आ जाती है। अब जिस वस्तु में भी, चित्त एकाग्र करना चाहोगे, हो जायगा। जप से भी चित्त एकाग्र हो जाता है उसका आगे वर्णन होगा।

ध्यान—धारणा के अभ्यासों से चित्त एकाग्र हो जाता है। यह एकाग्रता जब बराबर बनी रहती है तब इसी समावस्था का नाम ध्यान हो जाता है। उसको इस प्रकार समझना चाहिये कि प्रत्याहार और धारणा के अभ्यासों से, अभ्यासी का,

इन्द्रिय और अन्तःकरण दोनों पर, अधिकार हो जाता है। ध्यान की अवस्था प्राप्त होने के लिये अन्तः और बाह्य दोनों करणों का काम बन्द करना चाहिये। जब इनका काम बन्द हो जाता है तब आत्मा की बहिर्मुखी वृत्ति का काम भी, मानों बन्द हो जाता है तब अन्तर्मुखी वृत्ति स्वयमेव जागृत होकर अपना काम करने लगती है और उस समय अभ्यासी का आत्मा अपने स्वरूप में प्रतिष्ठित हो जाता है। इसी अवस्था को प्राप्त कर लेना ध्यान है। धारणा के अभ्यासों तक जितनी क्रियायें बतलाई गई हैं उन सभी का सम्बन्ध अन्तः और बाह्य करणों से रहता है परन्तु ध्यान की सीमा में पहुंचने के अर्थ यह हैं कि इन सब, दोनों प्रकार के करणों का काम बन्द हो गया और ध्यानावस्था में पहुंचने का, इसीलिये, अर्थ यह है कि अब अभ्यासी आत्मरत हो कर आत्मक्रीड़ा में लग गया। इस अवस्था तक पहुंचाने या ध्यानावस्था लाने के लिये प्राणायाम और जप भी साधन हैं। जब अभ्यासी रेचक पूरकादि का इतना अभ्यास कर लेता है जो ऊपर दिए हुए चित्र में ध्यान के सम्मुख अङ्कित हैं तब भी उससे बहिर्मुखी वृत्ति बन्द होकर ध्यानावस्था में आने के द्वारा, अन्तर्मुखी वृत्ति का काम, जो केवल आत्मा से सम्बन्धित है प्रारम्भ हो जाता है। जप की बात आगे कही जायगी।

समाधि—आत्मरत हो कर जिस आत्मक्रीड़ा का प्रारम्भ ध्यानावस्था में अभ्यासी करता है उसकी पूर्ति इस समाधि की अवस्था में हो जाती है। इसका भी साक्षात् अभ्यास प्राणायाम

और जप के सिवा और कुछ नहीं है। एक घण्टा या उससे भी अधिक जब योगी बिना श्वास लिये रहने लगता है तब समाधि अवस्था का प्रारम्भ हो जाता है। यदि समाधि घण्टों ही नहीं रहती बल्कि दिनों और सप्ताहों तक पहुँचती है[१]। इसका अधिक

(१) बिहार (पटना) के मेडीकल कौलिज में, जो मेडीकल ज्यूरिस प्रूडेन्स (Eedical Jurisprudence) पढ़ाया जाता है, उसमें एक परीक्षण का उल्लेख है:—१८८६ ई० में देहली में डाक्टर एच० सी० सैन और उनके भाई म० चन्द्रसेन म्यूनिसिपल सेक्रेटरी ने एक योगी की, जो पद्मासन से समाधि की अवस्था में बैठा हुआ था, जाँच की। नवज़ बिलकुल बन्द थी, हृदय की धड़कन का भी कुछ चिह्न अवशिष्ट नहीं था। उस योगी को, इसी हालत में उठाकर एक ईंटों से बनी हुई कोठरी में रख दिया गया और देहली के सिटी मजिस्ट्रेट ने, कोठरी का ताला लगाकर उस पर अपनी मुहर कर दी। ३३ दिन बीतने के बाद कोठरी खोली गई। योगी उसी अवस्था में बैठा हुआ मिला परन्तु उसके चेहरे से मौत के चिह्न दिखाई देते थे। उसकी खाल कड़ी हो गई थी। वह कोठरी से निकाला गया और मुँह से शहद मला गया और शरीर की तेल से मालिश की गई। सायंकाल को कुछ जीवन के चिह्न दिखाई देने लगे। उसको एक चम्मच दूध पिलाया गया। कई दिन वह मामूली भोजन करने योग्य हो गया और इस जाँच के कई वर्ष बाद तक वह ज़िन्दा देखा गया था।

(Premature Burial by W. Tebb 1896 P. 44 & 45 puoted in the Lyon's Medical Jurisprudence for India by L. A. Waddell C. B. p. 79)

वर्णन करना व्यर्थ है। उपनिषद् के शब्दों में इतना ही कह देना काफी है:—

समाधिनिर्धूतमलस्य चेतसो निवेशितस्यात्मनि
यत्सुखं भवेत्। न शक्यते वर्णयितुं गिरा तदा
स्वयन्तदन्तःकरणेन गृह्यते॥ (मैत्र्युपनिषद् ६।३४)

अर्थात् मलों के दूर होने पर समाधिस्थ होकर आत्मरत होने से जो आनन्द प्राप्त होता है वह वाणी से नहीं कहा जा सकता, यह तो स्वयं अन्तःकरण से ग्रहण किया जाता है। अस्तु! क्रियात्मक योग का वर्णन करने के बाद, जप का कुछ वर्णन कर देना आवश्यक है।

जप

जप का आरम्भ योगाभ्यास में प्रारम्भ ही से किया जाता है। इसकी दो सूरतें हैं। प्रारम्भ में तो जप गुण-वृद्धि के लिये किया जाता है और अन्त में वाच्य को हृदय में प्रत्यक्ष करने के लिये। दोनों का विवरण कुछ खोलकर नीचे दिया जाता है:—

जप की पहली सूरत गुण वृद्धि—इस पहली सूरत वाले जप के लिये ईश्वर के ऐसे गुण वाचक नामों को छाँट लिया जाता है जिन गुणों की मनुष्य में आने की सम्भावना होती है। उदाहरण के लिये मित्र, वरुण, आर्य्यमा, ओम् आदि नामों का जप किया जा सकता है क्योंकि इन नामों से ईश्वर की समदृष्टता, श्रेष्ठता

न्याय और रक्षा आदि गुणों का प्रभाव, जप कर्ता की आत्मा पर, पड़कर वार बारके अभ्याससे, वे गुण उसमें आ जाया करते हैं। परन्तु सविता, (रचयिता) सर्वज्ञ, सर्वव्यापक, फलदाता आदि नामों की, जप के लिये, सार्थकता नहीं है। क्योंकि इन नामों से जो गुण प्रकट होते हैं, उनकी मनुष्यों में आने की सम्भावना नहीं है*। इसलिये जप को पहली सूरत यह है कि उससे अर्थ के चिन्तन द्वारा चित्त की एकाग्र किया जावे और अपने में, साथ साथ, गुण वृद्धि भी, की जावे।

जप की दूसरी सूरत परमात्म प्रत्यक्ष—जप की दूसरी सूरत यह है कि वाचक के अर्थ (वाच्य) को हृदय में देखा जावे। यह जप की अत्यन्त उत्कृष्ट और अन्तिम सूरत है। इस अवस्था तक पहुँचने के लिये जप असाधारण मात्रा में किया जाता है। यह असाधारण मात्रा प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि के भेदों से चार हिस्सों में वँटी हुई है—(१) प्रत्याहार की सिद्धि के लिये यदि ओम् का मानसिक जप लगातार एक आसन से ९६००० वार किया जावे तो सफलता हो सकती है। इसी प्रकार धारणा के लिये १४४०००

---

* राम, कृष्ण आदि का नाम, यदि ईश्वर के नाम ठहराये भी जा सकें, तो भी इनकी जप के लिये कुछ भी उपयोगिता नहीं है। कृष्ण के अर्थ काले आदि के हैं, इस गुण के मनुष्य में लाने का प्रश्न भी नहीं हो सकता। राम के अर्थ ("रमन्ते योगिनो यस्मिन् स रामः" की व्युपक्ति से) सर्व व्यापक या सर्वाधार भी किये जावें तव भी यह गुण मनुष्य में नहीं आ सकता।

ध्यान के लिये १७२८००० और समाधि के लिये २८७३६००० बार जपने से योगी सफल मनोरथ हुआ करता है। जप की मर्य्यादा यह नहीं है कि इतनी विस्तृत संख्या कोई गिने, किन्तु नियम के साथ १००० बार सार्थक ओम् का जप करके देख लिया जाता है कि कितना समय इस जप में लगा और इसी हिसाब से पूरे जप की समाप्ति की अवधि निकाल कर जप शुरू करने से पहले भली भाँति समझ लिया जाता है कि इतने काल तक जप में बैठना है। छः घण्टे लगातार एक आसन से बैठकर जप करने से मन की चञ्चलता दूर होकर वह बिलकुल शिथिल और इन्द्रियों से काम लेने से, उदासीन सा हो जाता है। बस इसके बाद जितनी देर भी अधिक बैठा जाता है उससे उतना ही अधिक आत्मिक कल्याण हुआ करता है।

जप और प्राणायाम

प्राणायाम की प्रत्येक क्रिया के साथ ओम् का मानसिक जप किया जाया करता है। जितना ही अधिक जप किया जाता है उतनी ही अधिक कुम्भक की मात्रा बढ़ती जाती है। इस प्रकार प्राणायाम से जप और जप से प्राणायाम की उपयोगिता बढ़ती है। ओंकार का जप ही सर्वश्रेष्ठ जप है इसीलिये योगाचार्य्य पतञ्जलि और इसीलिये वेद ने भी "ओं कृतो स्मर" (हे जीव ओम् का जप कर) के द्वारा ओंकार के जप का विधान किया है। अस्तु! यहाँ तक पहुँचने के बाद अन्तः और बहिः वृत्तियों को समझने के लिये अन्तःकरणों का समझ लेना आवश्यक है:—

अन्तःकरण

अन्तःकरण इच्छा-शक्ति की प्रेरणानुसार काम करते हैं।

१—इच्छा शक्ति=इच्छा नहीं अपितु शक्ति है। (ईश्वर में यही शक्ति है=ईक्षण+तप)

२—इच्छा शक्ति का विकास उससे काम लेने से होता है। (सन्ध्या में उसका प्रयोग)

इच्छा से काम लेने से तत्काल परिणाम निकलता है।

३—इच्छा शक्ति के विकास से मनुष्य में समता आती है। समता =वासना + चेष्टा का अभाव।

४—इच्छा शक्ति सहस्र दल में मस्तिष्क के ठीक ऊपर रहती है। शक्ति से नीचे बुद्धि (मेधा) का स्थान है। उससे नीचे (मस्तिष्क के मध्य में) साधारण (तार्किक) बुद्धि का स्थान है। वक्ष में हृदय से ठीक ऊपर मन (इन्द्रियों के नियंता) की जगह है। हृदय और नाभि के बीच में चित्त रहता है। इसके नीचे सूक्ष्म-प्राण रहते हैं।

५—इच्छा शक्ति (Will) इन अन्तःकरणों के द्वारा काम करती है।

१ बुद्धि के द्वारा	=विचार+ज्ञान
२ मन ,,	=इन्द्रिय व्यापार
३ चित्त ,,	=भाव (Emotion)+वासना
४ प्राण ,,	=भोग के लिये।

जब इन्द्रियों का काम ठीक चलता है तब शक्ति के काम में बाधा न पड़ने से शक्ति का विकास और वृद्धि होती है। परन्तु इसके लिये आवश्यक है कि तामसिक उदासीनता और राजसिक (अनियमित) कर्तृत्व से बचते रहें।

६—चित्त जब प्राण शेष ६ के व्यापार में दखल देता है तो इन्द्रियों की गुलामी होती है।

जब चित्त शेष ३ के व्यापार में दखल देता है तो भावुकता पढ़कर मन+बुद्धि बेकार होते हैं।

जब मन शेष ३ काम में दखल देता तो वह, केवल इन्द्रिय ज्ञान ही से सब की नाप तौल करता है।

जब बुद्धि (तर्क) उच्च बुद्धि (ज्ञान) में दखल देती है तब श्रद्धा और भक्ति का ह्रास होता है।

जब बुद्धि (उच्च) तर्क के काम में दखल देती है तब मनुष्य अन्धविश्वासी बनता है।

इसलिये आवश्यक है कि प्रत्येक अन्तःकरण अपनी सीमा में रहकर अपना ही काम करे। ये समस्त अन्तःकरण आत्मा की बहिर्मुखी वृत्ति के स्टेशन हैं। इन्हीं के द्वारा इच्छाशक्ति* काम करती है। इसी बहिर्मुखी वृत्ति का रोक देना योग का अन्तिम उद्देश्य है। योग का यही कार्य्य पंच कोशों के एक दूसरे विभाग के द्वारा भी वर्णन किया जाता है उसका विवरण इस प्रकार है।

---

* इच्छा शक्ति आत्मा की उस शक्ति का नाम है। जिसके द्वारा आत्मा कुछ करने या न करने का निर्णय किया करता है।

पञ्च कोश

अन्नमय, प्राणमय, और मनोमय कोशों को, विज्ञानमय कोश, आनन्दमय कोश से, पृथक् करता है। विज्ञानमय कोश मानो एक दीवार है जो इन दोनों को पृथक् पृथक् रखता है। पहले ३ कोश (अन्नमय, प्राणमय और मनोमय) मन तक समाप्त हो जाते हैं। विज्ञानमय कोश बुद्धिसे सम्बन्धित है और उस के आगे कारण-शरीर स्थानीय आनन्दमय कोश है, जिसका सम्बन्ध केवल ईश्वरोपासना से है। योग का काम यह है कि ऐसा वातावरण पैदा करदे कि जिससे जो लहर (Vibration) पहले तीन कोशों की ओर से उठती है उन्हें, बुद्धि की जागृति का कारण बनाते हुए, आनन्दमय कोश ग्रहण कर लेवे। प्रारम्भिक अवस्था में, अभ्यासी के लिये, योग का काम यह है कि उसके हृदय में ईश्वर का वह उच्च प्रेम पैदा कर के, जो सांसारिक वासनाओं और प्रलोभनों से सर्वथा पृथक् हो और जो मानस सरोवर में ऐसी लहर पैदा करने का कारण बन जावे जो इन्द्रियों की ओर जाने वाली न हो किन्तु अपने भीतर बुद्धि की ओर चलने वाली हो। इस लहर के द्वारा इच्छा और वासनाओं की दुनियाँ (मनोमय-कोश) का सम्बन्ध, आनन्द और मेल (Harmony) के जगत् (आनन्दमय कोश) के साथ, जुड़ जाता है। यह लहर अन्त में आनन्दमय कोश में जाकर समाप्त हो जाती है और अपनी समाप्ति के साथ ही बहिर्मुखी वृत्ति को भी समाप्त कर देती है और यही योग का अन्तिम ध्येय हुआ करता है।

दश चक्र

अन्तःकरण के उपर्युक्त विवरण के साथ ही चक्रों (Plexuses) का हाल जान लेना भी आवश्यक है। कुण्डलिनी की जागृति का कारण इन्हीं चक्रों में, प्राण पहुंचना है। चक्रों को वैज्ञानिक रूप समझा जा सके, इसके लिये शरीर के अन्तर्व्यापार का कुछ हाल जान लेना आवश्यक है :—

नाड़ी सन्धान—(Nervous system) दो भागों में विभक्त है (१) मस्तिष्क मेरु दण्ड विभाग (The cerebro-spinal system) (२) सहानुभावी विभाग (The Sympathetic system)। पहला विभाग मस्तिष्क से लेकर रीढ़ की हड्डी (Spinal cord) और उसकी शाखाओं से सीमित है। समस्त इन्द्रिय व्यापार इस विभाग के द्वारा होता है।

दूसरा विभाग छाती, पेट और पेट के नीचे के भागों तक है और शरीर का अन्तर्व्यापार इस विभाग का काम है।

पहला विभाग

मस्तिष्क के ३ भाग हैं (१) मुख्य मस्तिष्क (cerebrum) जो खोपड़ी के ऊपर वाले अगले, मध्य और पिछले भागों में रहता है।

(२) दूसरा मस्तिष्क (cerebellum) जो खोपड़ी के नीचे वाले पिछले भाग में रहता है।

(३) तीसरा मस्तिष्क (Medula oblongata) जो मेरु दण्ड का ऊपरी भाग है और दूसरे मस्तिष्क के सम्मुख आगे से शुरू हो जाता है ।

मुख्य मस्तिष्क (पहला मस्तिष्क) बुद्धि Intelleect की गोलक है ।

दूसरा मस्तिष्क इच्छानुवर्तिनी मांस पेशियों Voluntary muscles) में गति का संचार करता है । वह चित्त का गोलक है ।

तीसरे मस्तिष्क या मेरु-दण्ड के छोर और मुख्य मस्तिष्क से ज्ञान तन्तुयें (Cranial nerves) निकलकर और भिन्न भिन्न शाखाओं में विभक्त हो कर शिर, प्रत्येक इन्द्रिय छाती पेट तथा श्वास लेने से सम्बन्धित सभी अवयवों में फैल जाते हैं:—

रढ़ की हड्डी में जो नाली (Spinal canal) ऊपर से न ः तक गई है, जिस में गुद्दी भरी रहती है और जिस को मेरु दण्ड (Spinal cord or spinal marrow) कहते हैं, उस में से थोड़ी दूर से ये शाखायें (सन्देशतन्तु) फूटती हैं और तन्तु जाल द्वारा शरीर के प्रत्येक अंग प्रत्यङ्ग में फैल जाती हैं ।

मेरुदण्ड टेलीफ़ोन का मुख्य तार (Telephone cable) है और तन्तु जाल (Emerging nerves) उस से सम्बन्धित निजू-तारों के सदृश हैं ।

दूसरा सहानुभावी विभाग

इस दूसरे विभाग में नाड़ी गुच्छक (Ganglia) की दो

(१) नाड़ी गुच्छक गुद्दी की ढेरी है जिस में नाड़ी घटक भी

शृंखलायें (Double chain of ganglia) मेरुदण्ड के दहने बायें दोनों ओर हैं (बाईं ओर वाली=इडा और दहिने ओर वाली=पिंगला)। इन दो शृंखलाओं के सिवा शिर, गले, छाती और पेट में भी नाड़ी गुच्छक फैले हुए हैं। ये गुच्छक परस्पर तन्तुओं (Philasments) द्वारा नये रहते हैं। और मस्तिष्क मेरु विभाग से भी ज्ञान और शक्ति तन्तुओं (Motor and sensory nerves) द्वारा सम्बन्धित रहते हैं। इन्हीं ढेरों (Ganlia) से असंख्य तन्तु निकल कर शरीर के अवयवों और रुधिर की नालियों इत्यादि में जाल की तरह फैले रहते हैं। कई स्थानों पर ये तन्तु एकत्रित होकर मिल जाते हैं। जिन्हें नाड़ी ग्रन्थिचक्र (Plexuses) कहते हैं।

दश चक्रों का विवरण

इन चक्रों में प्राणायाम से उत्तेजना पहुंचती है। ये चक्र इस प्रकार हैं:—

(१) मूलाधार चक्र—गुदा के पास है। इस में उत्तेजना प्राप्त होने से वीर्य स्थिर और अभ्यासी ऊर्ध्व-रेता बनता है।

(२) स्वाधिष्ठान चक्र—मूलाधार से चार अंगुल ऊपर है। इस में उत्तेजना पहुंचने से प्रेम और अहिंसा के भाव जागृत होते हैं। शरीर से रोग और थकावट दूर होकर स्वस्थता लाभ होती है।

शामिल है। Aganglion is a mass of nervous matter including nerve cells).

(३) मणि पूरक चक्र—ठीक नाभि स्थान में है। इस के उत्तेजित होने से शारीरिक और मानसिक दुःख कम हो जाते हैं। मन स्थिर होने लगता है और आत्मा अपने को शरीर से पृथक् अनुभव करने लगता है।

(४) सूर्य्य चक्र—(Solar plexus) यह चक्र पेट के ऊपर हृदय की धुकधुकी के ठीक पीछे, रीढ़ की हड्डी के दोनों ओर रहता है इसका अधिकार भीतरी सभी अवयवों पर है। प्राण का कोष इसी चक्र में रहता है। इस पर चोट लगने से मनुष्य तत्काल मर जाता है[1]। मस्तिष्क प्राण के लिये इसी चक्र का आश्रय लेता है। यह चक्र पेट का मस्तिष्क समझा जाता है।

(५) मनश्चक्र—आमाशय से कुछ ऊपर। प्राणायाम में कुम्भक से इस को उत्तेजना मिलती है। तार्किक मनन-शक्ति और इस शक्ति वाले मस्तिष्क का विकाश इस से हुआ करता है।

(६) अनाहत चक्र—हृदय स्थान में है। हृदय के समस्त व्यापार इस से नियमित हुआ करते हैं।

(७) विशुद्धि चक्र—कण्ठ में है। कण्ठ के मूल में जहाँ दोनों ओर की हड्डियाँ आती हैं, बीच में अङ्गूठे के बराबर

---

(१) पहलवान कुश्ती के समय इसी पर पेट लगा कर प्रतिद्वन्दी को बलहीन कर दिया करते हैं।

नर्म जगह होती है वही इस चक्र का स्थान है। इस पर संयम करने से वाह्य जगत् की विस्मृति और आन्तरिक कार्य का प्रारम्भ होता है। तारुण्य और उत्साह प्राप्त होता है।

(८) आज्ञा चक्र—दोनों भुओं के मध्य में है। इस से शरीर पर प्रभुत्व, नाड़ी और नसों में स्वाधीनता आती है।

(९) सहस्रार चक्र—तालु स्थान के ऊपर है और समस्त शक्तियों का केन्द्र है।

(१०) भ्रमर गुहा ललाट) चक्र—ललाट के ऊर्ध्व भाग में है।[1] सं०, २, ५, ६, और ९ वें चक्रों को क्रमशः, इन्हें, इनके बाद के चक्रों में, सम्मिलित समझ कर अनेक जगह, छः ही चक्र बतलाये गये हैं।

भोजन

मांस, मछली, प्रत्येक प्रकार के नशे, तेल, प्याज, मिर्च, खटाई आदि योगी के लिए अभक्ष्य पदार्थ से हैं। दूध, चावल, जौ, गेहूं मुख्य रीति से उस के भोज्य हैं। आसन अधिक करने वालों के लिये केवल दूध उपयोगी भोजन है। नमक यदि न खाया जाय तो अधिक अच्छा है, अन्यथा थोड़ी मात्रा में खाया जा सकता है।

---

[1] इन चक्रों में उत्तेजना पहुँचाने के लिये कुण्डलिनी के जागृत करने के अभ्यास किये जाते हैं। राज योग से उनका कोई सम्बन्ध नहीं इसलिये उनका यहाँ उल्लेख नहीं किया गया।

ध्यान देने योग्य कुछ बातें

(१) क्रियात्मक योग का विवरण जो ऊपर दिया गया है, यथासम्भव यत्न किया गया है कि सुगमता से समझा जासके और उसके अनुसार कार्य्य किया जासके। फिर भी कुछ कठिनताओं का आना स्वाभाविक है उनकी निवृत्ति के लिए जानकारों की सम्मति लेनी आवश्यक है।

(२) कई सुगमता-प्रिय कहा करते हैं कि राजयोग में यम नियम के पालन करने का बड़ा झंझट है। इस पचड़े को दूर करना चाहिए। माँग और पूर्ति (Demand & supply) साथ साथ चलती है। इस (यम नियम की) पचड़ दूर करने की माँग ने उसकी पूर्ति करने वाले भी पैदा कर दिये। इस समय कई सम्प्रदाय बन गये जिन्होंने उस (यम नियम वाले) पचड़े को दूर कर दिया और सुगम तरीके चित्त की एकाग्रता के बतला दिये। उनमें से कुछेक का यहाँ उल्लेख किया जाता है :—

(क) शब्द सुनना—कानों को मोम लगी हुई रुई से बन्द करलो और सुनने की इच्छा से शान्त होकर बैठ जाओ। कुछ नाद सुनाई देने लगेगा। प्रारम्भ में वह गूँ, गाँ की भांति ही होता है परन्तु कुछ सप्ताह अभ्यास करने पर वह अच्छे सुरीले बाजे की आवाज की तरह सुनाई देने लगता है। और उस ओर चित्त लगने से, कुछ शान्ति सी प्रतीत होने लगती है इसी प्रकार भीतरी प्रकाश का देखना है। आंख बन्द करके

प्रकाश देखने की दशा से बैठ जाओ और चित्त उसी ओर लगाये रक्खो। पहले कुछ चमक दिखाई देगी उसके बाद प्रकाश दिखाई देने लगेगा।

चेतावनी

इस प्रकार से शब्द सुनने और प्रकाश देखने आदि की क्रियायें सुगम तो जरूर हैं परन्तु उनका मनुष्य के आचार से कुछ भी सम्बन्ध नहीं है। एक चोर और व्यभिचारी भी इन शब्दादि को उसी प्रकार सुन सकता है जिस प्रकार एक सदाचारी। परन्तु राजयोग की विशेषता यही है कि उसे चरित्रहीन नहीं प्राप्त कर सकता। वह योग दो कौड़ी का भी नहीं है जिसमें समय लगने और पुरुषार्थ व्यय करने से अभ्यासी सदाचारी भी, न बन सके। इस लिए योग के अभ्यास की इच्छा करने वालों को चाहिए कि इस सुगम-प्रियता को छोड़ कर अपने को श्रेष्ठ बनाने ही की सद्भावना से प्रेरित हों और ऐसे ही मार्ग का आश्रय लें जिससे उनका कल्याण हो।

अन्तिम शब्द

योग-दर्शन पूर्वी मनो-विज्ञान है। इसकी विशेषता यह है कि इसमें ऐसे अभ्यास बतलाये गये हैं जिन से मनुष्य अधिकसे अधिक शारीरिक, मानसिक और आत्मिक उन्नति कर सकता है। यदि कोई योग के अन्तिम अंग तक नहीं पहुँचना चाहता तो कुछ हर्ज नहीं है। वह थोड़े से थोड़ा समय, दिन में न सही रात्रि ही में सही, निकाल कर, यम नियमों में से किसी भी एक का जो उसको अधिक से अधिक रुचिकर हो अभ्यास कर

सकता है। उसी एक बात को सिद्ध कर लेना उसके कल्याण का कारण बन जायगा। उस एक बात के सिद्ध कर लेने का मतलब यह होगा कि उस व्यक्ति का हृदय आत्मा की आवाज को सुनता है। याद रक्खो वहाँ शान्ति नहीं रहती और न रह सकती है जहाँ आत्मा की आवाज नहीं सुनी जाती। मनुष्य जब गाढ़ निद्रा में आकर सो जाता है तो वह यदि दुःखि है तो अपने को दुःखी नहीं समझता, यदि रोगी है तो अपने को रोगी नहीं समझता, यदि वह राजा या रङ्क है तो अपने को राजा या रङ्क नहीं समझता। निष्कर्ष यह है कि वह निद्रा के आनन्द में इतना मग्न है कि दुनियां की कोई चीज भ उसे दुःखी या सुखी नहीं बना सकती। यही अवस्था उस अभ्यासी की हो जाती है जो प्रभु के प्रेम में मग्न है और जिसका चित्त उसकी भक्ति में लीन हो रहा है। इस अभ्यासी को भी अब कोई वेदना वेदना नहीं है, कोई सुख सुख नहीं है। वह इन सब से ऊँचा हो चुका है। योग-दर्शन चाहता है कि दुनियां की अशान्तियों से घबराये हुए व्यक्ति थोड़ा अभ्यास करके, इस शान्ति का भी स्वाद चख लिया करें। और इसी का संकेत उसने "ईश्वरप्रणिधानाद्वा" में किया है। गाढ़ निद्रा की शान्ति तो तम का परिणाम होती है। परन्तु यह ईश्वर प्रेम की शान्ति सत्व का फल होती है। इससे मन प्रफुल्लित होता है, आत्मा में बल आकर उसे उत्कृष्ट बनाता है। संसार के सभी प्राणी उसे ईश्वर के अमृत पुत्र के रूप में दिखाई देते हैं। उसे जितनी शान्ति

रात्रि में रहती है उतनी ही दिन में भी। उसके लिये इन दोनों में अब कुछ अन्तर नहीं है आहा! वे कैसे सौभाग्यशाली हैं जिन्होंने इस रस को चखा या चख रहे हैं !! ईश्वर करे कि इस रसास्वादन की इच्छा अनेक बहिनों और भाइयों को पैदा हो। एवमस्तु !

शमित्योऽम्

बलिदान भवन देहली
माघ कृष्णा ६
संवत् १९८८ वि०

नारायण स्वामी

योग-दर्शन

सभाष्य

योग-रहस्य

समाधि-पाद

(१) योग का उद्देश्य

अथ योगानुशासनम् ॥ १ ॥

अर्थः—(अथ) अब (योग) योग का (अनुशासनम्) आदेश करते हैं।

व्याख्या—"युज्यतेऽसौ योगः।" जो युक्त करे मिलावे उसे योग कहते हैं।

महर्षि व्यास ने योग को "योगस्समाधि" समाधि बतलाया है जो चित्त की विशेष अवस्थाओं में प्राप्त होती है। चित्त की ५ अवस्थायें हैं:—(१) क्षिप्र—जिसमें चित्त की वृत्तियाँ अनेक

---

(१) दर्शन वेदों के उपाङ्ग कहलाते हैं। योगदर्शनकार ने वेद मंत्रों में वर्णित मूल-शिक्षा (योग) का इस दर्शन में विस्तार किया है। उदाहरण के लिये कुछेक वेद मन्त्र यहाँ उद्धृत करते हैं:—

युञ्जानः प्रथमं मनस्तत्त्वाय सविता धियः।
अग्नेर्ज्योतिर्निचाय्य पृथिव्या अध्याभरत् ॥ १ ॥
युक्तेन मनसा वयं देवस्य सवितुः सवे।
स्वर्ग्याय शक्त्या ॥ २ ॥

सांसारिक विषयों में गमन करती है (२) मूढ़-जिसमें चित्त कर्तव्या कर्तव्य को भूल कर मूर्खवत् हो जाता है। (३) विक्षिप्त—जिसमें

युक्त्वाय सविता देवान्त्स्वर्य्यतो धिया दिवम् ।
बृहज्ज्योतिः करिष्यतः सविता प्रसुवाति तान् ॥ ३ ॥
युञ्जते मन उत युञ्जते धियो विप्रा विप्रस्य बृहतो
विपश्चितः । विहोत्रा दधे वयुना विदेक इन्मही देवस्य
सवितुः परिष्टुतिः ॥ ४ ॥
युजे वां ब्रह्म पूर्व्यं नमोभिर्विश्लोक एतु पथ्येव सूरः ।
शृण्वन्तु विश्वे अमृतस्य पुत्रा आये धामानि दिव्यानि
तस्थुः ॥ ५ ॥ (यजुर्वेद अध्याय ११ मन्त्र १-५)

अर्थः—(सविता) ऐश्वर्य चाहने वाला मनुष्य (तत्वाय) तत्व के लिये (प्रथम) पहले (मनः) मन को (युञ्जानः) युक्त करता हुआ (अग्नेः) प्रकाश वाले ईश्वर के (ज्योतिः) प्रकाश को (निधाय्य) निश्चय करके (पृथिव्याः) भूमि (अधि) पर (आभरत्) अच्छे प्रकार धारण करे ॥ १ ॥

(वयम्) हम (युक्तेन) योग में लगाये हुए (मनसा) मन (शक्त्या), और उपलब्ध सामर्थ्य से (सवितुः) जगत् के उत्पादक (देवस्य) ईश्वर के (सवे) यज्ञ=ऐश्वर्य में (स्वर्ग्याय) सुख प्राप्ति के लिए (प्रवेश करें) ॥ २ ॥

(सविता) वह ईश्वर (तान्) ऐसे (देवान्) विद्वानों को (प्रसुवानि) उत्पन्न करे (यतः) जो (युक्त्वाय) मन को योग

चित्त व्याकुल और व्यग्र हो जाता है। (४) एकाग्र—जिसमें चित्त की वृत्तियां अनेक विषयों की ओर से खिंच कर एक ओर लग जाती हैं (५) निरुद्ध—जिस में चित्त की वृत्तियां चेष्टा-रहित हो जाती हैं।

नोट (१)—प्रथम की ४ अवस्थाओं में सत, रज और में लगाकर (सविता) श्रेष्ठ (धिया) बुद्धि से (दिवम्) दिव्य गुण (स्वः) सुख (बृहत्) महान् (ज्योतिः) प्रकाश को (करिष्यतः) प्राप्त करें ॥३॥

(विप्रा) बुद्धिमान् (होत्रा) दानी (बृहतः) महान् (विपश्चितः) ज्ञानी (वयुनावित्) उत्कृष्ट ज्ञान युक्त योगी (एकः) उस अद्वितीय (सवितुः) जगत्कर्ता (विप्रस्य) ज्ञानी (देवस्य) ईश्वर की (इत्) ही (मही) श्रेष्ठ (परिष्टुतिः) स्तुति को (युंजते मनः) मन (उत) और (युंजते धियः) बुद्धि को उस में लगाकर (विदधे) धारण करें ॥४॥

(शृण्वन्तु) सुनो (विश्वे) समस्त (अमृतस्य पुत्राः) अमृत पुत्रो! (ये) जिन (दिव्यानि) ईश्वर के दिव्य धामों को योगी जन (अन्तस्थ) अच्छे प्रकार प्राप्त होते हैं। उसी (पूर्व्यं) पूर्व ऋषियों से सेवित (ब्रह्म) ईश्वर को (श्लोकः) सत्य वाणी से युक्त हो कर मैं (नमोभिः) सत्कार=नम्रता के साथ (युजे) साक्षात् करता हूँ (वाम्) तुम (योग के अनुष्ठान करने और कराने वाले) दोनों (सूरेः) योगियों को (पथ्येव) उत्तमगति के अर्थ (एतु) प्राप्त होवे।

तमोगुण का संसर्ग रहता है, परन्तु ५ वीं अवस्था में इन गुणों का संस्कार-मात्र रह जाता है। इसी अवस्था को प्राप्त होकर योगी "निस्त्रैगुण्य" कहलाता है।

नोट (२)—क्षिप्त, मूढ़ और विक्षिप्त अवस्थाओं में योग नहीं हो सकता! एकाग्र अवस्था में योग होता है, उसे सम्प्रज्ञात योग कहते हैं, वह ४ प्रकार का होता है। देखो इसी पाद का सूत्र २०। निरुद्ध अवस्था में असम्प्रज्ञात योग होता है।

योगश्चित्तवृत्तिर्निरोधः ॥२॥

अर्थ—योग चित्त की वृत्तियों के रोकने को कहते हैं।

व्याख्या—चित्त का तीन प्रकार का स्वभाव (शील) होता है (१) प्रख्या=दृष्ट वा श्रुत पदार्थों का विचार (२) प्रवृत्ति=उन पदार्थों (विषयों) के साथ सम्बन्ध (३) स्थिति=विषयों (उन पदार्थों) में स्थिति। "प्रख्या" ३ प्रकार का है:—(१) जब चित्त अधिकतर सत्व-गुण से युक्त होता है तब केवल ईश्वर का चिन्तन करता है (२) जब सत्व-गुण के साथ रजोगुण भी चित्त में अधिक होता है, तब योगी धर्म और वैराग्य का चिन्तन करता है।

नोट—योगी, इस अवस्था को, "परं प्रसंख्यात" कहते हैं।

(३) जब चित्त अधिकतर तमोगुण युक्त होता है तब अधर्म अज्ञान, और विषयासक्ति का चिन्तन करता है।

जो ज्ञान (चित्त) शक्ति परिणामों से रहित, और शुद्ध होती है वह 'सत्व-गुण' प्रधान होती है। उस में रजो-गुण और

तमोगुण का सर्वथा अभाव (तिरोभाव) हो जाता है। परन्तु चित्त इस वृत्ति से भी उपरत (विरक्त) हो जाता है तब इसे भी त्याग देता है। उस समय केवल सत्व गुण के संस्कार के आश्रय से रहता है। उसी संस्कार शिष्ट दशा को असम्प्रज्ञात योग अथवा निर्विकल्प समाधि कहते हैं। असम्प्रज्ञात समाधि में ध्येय के सिवा कुछ भी प्रतीति नहीं होती—

तदा द्रष्टुः स्वरूपेऽवस्थानम् ॥ ३ ॥

अर्थ—तब द्रष्टा (देखने वाले) की अपने रूप में स्थिति हो जाती है।

व्याख्या—कैवल्य = मोक्ष में जिस प्रकार ज्ञान शक्ति रहती है उसी प्रकार निर्विकल्प (असम्प्रज्ञात) समाधि में भी यह (ज्ञान) शक्ति रहती है परन्तु उस समय द्रष्टा (जीव) का ज्ञेय, केवल अपना रूप (आत्म-सत्ता) होता है। द्रष्टा का तीन प्रकार से वर्णन किया जाता है:—

(१) द्रष्टा = चित—विषयों की ओर न जाकर वृत्तियों के निरुद्ध हो जाने से अपने रूप में ठहरा हुआ चित्त।

(२) द्रष्टा = जीवात्मा अपने रूप में ठहरी हुई स्थिति वाला जीव।

(३) द्रष्टा = परमात्मा—जब जीवात्मा अपने रूप में स्थित होने की अपेक्षा आनन्द कन्द, प्रज्ञानघन, सच्चिदानन्द स्वरूप परमात्मा का साक्षात्कार चाहता है तब उसी चराचर के] द्रष्टा (साक्षी) परमात्मा के स्वरूप में उसकी स्थिति हो जाती है।

दूसरे पक्ष के सम्बन्ध में एक शंका की जाती है कि जब नेत्र अपने को नहीं देख सकता तब जीव किस प्रकार अपने रूप का द्रष्टा हो सकता है ? समाधान इसका यह है कि स्थूल दृष्टि से जीव बाह्य विषयों को और सूक्ष्म (दिव्य) दृष्टि से अपने रूप और परमात्मा को देखता है। इस दूसरे देखने को अनुभव (निदिध्यासन) कहते हैं।

वृत्तिसारूप्यमितरत्र ॥४॥

अर्थ—(इतरत्र) अन्य अवस्थाओं में (वृत्तिसारूप्यम्) वृत्तियों के समान रूप होता है।

व्याख्या—निरुद्ध अवस्था के सिवा अन्य अवस्थाओं में जीव चित्त की वृत्ति के रूप को धारण कर लिया करता है।

आत्मा चित्त और चित्त की वृत्तियों से पृथक् है। जब जीवात्मा किसी वस्तु के देखने आदि की इच्छा करता है, तब नेत्रादि के द्वारा, उसकी प्रेरणा से, चित्त की वृत्ति, बाहर निकल कर दृश्य वस्तु के रूप में परिणत हो जाती है और इस प्रकार पदार्थाकार हुई चित्त वृत्ति, जिस मार्ग से बाहर गई थी उसी के द्वारा, चित्त (अन्तःकरण) में और चित्त के द्वारा जीव तक पहुँच जाती है और इस प्रकार ज्ञेय वस्तु का ज्ञान जीव को हो जाया करता है। वृत्ति और वृत्तिमान में समवाय सम्बन्ध होने से चित्त ही वृत्ति रूप कह दिया जाया करता है। चित्त अयस्कान्त मणि (चुम्बक पत्थर) के सदृश है जो यदि रोका न जावे तो लोहे के सदृश विषयों को अपनी ओर खींच लिया करता है इसलिये

उसके निरोधकी जरूरत है। परन्तु जीव स्फटिक मणि (बिल्लोर) की भांति है जो स्वयं तो सदैव शुद्ध रहता है परन्तु बाहर से देखने वालों को, समीपस्थ रूप रंग वाले पदार्थ के सदृश रूप रंग वाला प्रतीत हुआ करता है। इसी बाह्य और स्थूल दृष्टि से जीव को चित्त वृत्ति का रूप धारण करलेने वाला कहा और समझा जाया करता है।

(२) वृत्तियों के रूप

वृत्तयः पञ्चतय्यः क्लिष्टाक्लिष्टाः ॥ ५ ॥

अर्थ—वृत्तियां पांच प्रकार की हैं, वे क्लिष्ट और अक्लिष्ट भेद से दो प्रकार की होती हैं।

व्याख्या—क्लेश (आधिभौतिक, आधिदैविक और आध्यात्मिक दुःखों) का हेतु, वृत्तिको, (जिस से संचित, क्रियमाण और प्रारब्ध रूप कर्म फल उत्पन्न होते हैं) क्लिष्ट वृत्ति कहते हैं, और जिसमें केवल आत्मख्याति अर्थात् सांसारिक विषयों से विरक्ति पूर्वक, ईश्वर का चिन्तन होता है, अथवा जो वृत्ति गुणाधिकार (सतोगुण, रजोगुण और तमोगुण के संसर्ग) से रहित हो, वह अक्लिष्ट कहलाती है—अथवा जो दुःखस्थल में उत्पन्न हों वे क्लिष्ट और जो सुखस्थल में उत्पन्न हो वे क्लिष्ट कहलाती हैं।

प्रत्येक वृत्ति से तदनुकूल संस्कार उत्पन्न होते हैं। पुनः वे संस्कार उसी वृत्ति को उत्पन्न करते हैं। वृत्ति फिर संस्कार को और संस्कार फिर वृत्ति को। अक्लिष्ट वृत्ति और उससे बने

संस्कार चक्र मोक्ष प्राप्ति तक का कारण होते हैं परन्तु काम, क्रोध, लोभ, मोहादि से संबन्धित क्लिष्ट वृत्तियों में फंसने से मनुष्य दुःख चक्र में पड़ जाता है और अनेक प्रकार के क्लेश भोगता है।

प्रमाण–विपर्यय–विकल्प–निद्रा–स्मृतयः ॥ ६ ॥

अर्थ—वे ५ ये वृत्तियें हैं। (१) प्रमाण=यथार्थ ज्ञान का साधन (२) विपर्यय=मिथ्या ज्ञान (३) विकल्प=वस्तु शून्य, कल्पित नाम, यथा "खपुष्प" (आकाश का फूल) (४) निद्रा= सोना (५) स्मृति=पूर्व श्रुत वा दृष्ट पदार्थ का स्मरण।

इन वृत्तियों का व्याख्यान आगे सूत्रों में स्वयं दर्शनकार ने किया है:—

प्रत्यक्षाऽनुमानाऽऽगमाः प्रमाणानि ॥७॥

अर्थ— उन (५ वृत्तियों) में से (१) प्रत्यक्ष (२) अनुमान (३) और आगम, प्रमाण वृत्तियाँ हैं।

(१)प्रत्यक्ष—आँख, कान आदि इन्द्रियों द्वारा चित्तकी वृत्तियों का बाहर हो, बाह्य विषय (वस्तु) से संयोग कर और तदाकार हो उसी मार्ग से लौटकर चित्तद्वारा आत्मा को उस वस्तु का ज्ञान कराना, प्रत्यक्ष कहलाता है।

(२) अनुमान—अनुमेय (जिस पदार्थ का अनुमानकरना हो) पदार्थ को समान जाति वालों में मिलाने और भिन्न जातीय पदार्थों से पृथक करने वाले सम्बन्ध को प्रकाशित करने वालीवृत्ति को अनुमान कहते हैं। जैसे. चद्र और तारे घूमते हैं परन्तु हिमालय पर्वत गमन क्रिया रहित है इस लिए चद्र और तारों को

देश देशान्तर में देखने और हिमालय को अन्यत्र कहीं न देखने से निश्चय हो गया कि हिमालय गति रहित है। इसीको अनुमान कहते हैं।

(३) आगम—आप्त (सत्यवक्ता और धर्म-तत्त्ववेत्ता) पुरुष के देखे और अनुमान किये हुए, विषय का शब्दों द्वारा उपदेश आगम वृत्ति कहलाती है।

विपर्ययो मिथ्याज्ञानमतद्रूपप्रतिष्ठम् ॥८॥

अर्थ—(अतद्रूप) वस्तु के स्वरूप से भिन्न स्वरूप में (प्रतिष्ठम्) ठहरने वाला मिथ्या-ज्ञान 'विपर्यय' कहलाता है।

व्याख्या—अन्य वस्तु में अन्य वस्तु का ज्ञान मिथ्या ज्ञान कहाजाता है—इसी को अविद्या=विपरीत ज्ञान भी कहते हैं। इस विपर्यय वृत्ति के ५ भेद हैं:—(१) अविद्या (२) अस्मिता (३) राग (४) द्वेष (५) अभिनिवेश[1]। इनका व्याख्यान आगे किया गया है (देखो साधन-पाद के सूत्र ३ से ६)।

शब्दज्ञानानुपाती वस्तुशून्यो विकल्पः ॥९॥

अर्थ—शब्द ज्ञान (मात्र) पर (अनुपाती) गिरने वाला (परन्तु) वस्तु से शून्य 'विकल्प' कहलाता है। जैसे—वन्ध्या पुत्र (बाँझ का लड़का), 'खपुष्प'= आकाश का फूल।

---

(१) इन्हीं ५ भेदों को कवि ने इस प्रकार लिखा है:—

तमो मोहो महामोहस्तामिस्रोऽन्धसंज्ञकः।
अविद्या पञ्चपर्वेषा सांख्ययोगेषु कीर्तिता॥

अर्थात्—अविद्या (मिथ्या ज्ञान) के ५ पर्व सांख्य और योग में वर्णित हैं:—(१) तमस् (२) मोह (३) महामोह (४) तामिस्र (५) अन्ध

अभावप्रत्ययालम्बना वृत्तिर्निद्रा ॥१०॥

अर्थ—अभाव के (प्रत्यय) ज्ञान का (आलम्बना) आश्रय लेनी वाली वृत्ति निद्रा है।

व्याख्या—जागृत कर्तृत्व का अभाव होने से निद्रा को अभाव का सहारा लेनी वाली वृत्ति कहा गया है परन्तु इस का अभिप्राय यह नहीं है कि वह ज्ञान शून्य वृत्ति है। मनुष्य सोकर उठता है और अनुभव करता है कि मैं सुख पूर्वक सोया। यदि निद्रा ज्ञान शून्य ही वृत्ति होती तो सुख पूर्वक सोने का ज्ञान किस प्रकार हो सकता था।

अनुभूतविषयाऽसम्प्रमोषः स्मृतिः ॥११॥

अर्थ—(अनुभूत विषयः) अनुभव में आये विषय का (असम्प्रमोषः) न खोया जाना 'स्मृति' कहलाता है।

व्याख्या—किसी वस्तु की स्मृति का अभिप्राय उस वस्तु के ज्ञान की स्मृति से हुआ करता है। बिना वस्तु ज्ञान के वस्तु की स्मृति असम्भव है। महामुनि व्यास के मतानुसार स्मरण में तीन कारण होते हैं:—

(१) राग अर्थात् सुख निमित्त (२) द्वेष अर्थात् दुःख निमित्त (३) मोह अर्थात् अविवेक। ग्राह्य विषय में प्रसन्नता पूर्वक जो बोध उत्पन्न होता है वह "प्रत्यय" कहलाता है। वह प्रत्यय अथवा ग्राह्य विषय और प्रमाण जिन के द्वारा पदार्थ ग्रहण किया जाता है; ये दोनों अपने समान संस्कार उत्पन्न करते हैं। वह संस्कार (नेत्रांजनवत्) अपने समान ही अनुभूत विषय और उस के

ज्ञान की स्मृति को उत्पन्न करता है परन्तु उस स्मृति में भी बोध रूप बुधि है।* यह बुद्धि और स्मृति दोनों दो दो प्रकार की हैं:—(१) 'भावित स्मर्तव्य'—स्वप्नावस्था में जो जागृत अवस्था के अनुभूत पदार्थों की स्मृति होती है वह 'भावित स्मर्तव्य' स्मृति और बुद्धि कहलाती है। (२) जागृत अवस्था में जो स्वप्नावस्था के पदार्थों की स्मृति होती है उसे 'अभावित स्मर्तव्य' स्मृति और बुद्धि कहते हैं। समस्त स्मृति इन पांचों वृत्तियों के अनुभव से होती हैं। इन वृत्तियों के निरोध हो जाने पर ही योग हो सकता है।

(३) वृत्तियों के निरोध के साधन

अभ्यासवैराग्याभ्यां तन्निरोधः ॥ १२ ॥

अर्थ—(चित्त-वृत्तियों के बार बार रोकने के) अभ्यास और वैराग्य से उन (चित्त की वृत्तियों) का निरोध होता है।

व्याख्या—चित्त रूपी नदी की दो धारायें हैं:—(१) विवेक भूमी में बहती हुई कल्याण (कैवल्य) सागर में गिरती है (२) अविवेक और विषय भूमी में बहती हुई अधमे सागर में गिरति है। जब ईश्वर के निरन्तर चिन्तन, सत्य के धारण, शास्त्र के अभ्यास और वैराग्य से दूसरी धारा सूख जाती है तब पहली धारा द्विगुण वेग से बहती है और चित की वृत्तियाँ निरुद्ध हो जाती हैं।

---

*विषय ग्रहण के ज्ञान को बुद्धि कहते हैं।

तत्र स्थितौ यत्नोऽभ्यासः ॥ १३ ॥

अर्थ—उन (अभ्यास) और वैराग्य दोनों में से (चित्त के) स्थिर करने के यत्न को अभ्यास कहते हैं।

व्याख्या—चित्त को वृत्ति रहित करके उसके ठहराने को स्थिति कहते हैं। उस स्थिति के प्राप्त करने के लिये परमध्येय परमेश्वर में उत्साह और दृढ़ता के साथ चित्त लगाना चाहिये। विघ्न बाधाओं से न कभी दुखी होना चाहिये और न चित्त में ग्लानि लानी चाहिये। इस प्रकार निरन्तर यत्न करने से वह स्थिति प्राप्त हो जाती है। इसी यत्न का नाम अभ्यास है।

स तु दीर्घकालनैरन्तर्यसत्कारासेवितोदृढ़भूमिः ॥ १४॥

अर्थ—वह (अभ्यास) सत्कार (श्रद्धा) के साथ लगातार चिरकाल पर्यन्त सेवन करने से दृढ़ भूमि (जड़ पकड़े हुए)! हो जाता है।

व्याख्या—तप, ब्रह्मचर्य्य और श्रद्धा के साथ जब उस अभ्यास को निरन्तर बहुत काल तक सेवन करते हैं तब वह (अभ्यास) जड़ पकड़ जाता है।

दृष्टाऽऽनुश्रविकविषयवितृष्णस्य वशीकारसंज्ञा वैराग्यम् ॥ १५ ॥

अर्थ—देखे और सुने विषयों की तृष्णा से रहित (चित्त का) वशीकार वैराग्य कहाता है।

व्याख्या—सुन्दर स्त्री, उत्तम अन्न पान आदि (दृष्ट) देखे और स्वर्ग की प्राप्ति, दिव्य विषयों का उपभोग आदि (आनुश्रविक) सुने हुये विषयों से सर्वथा तृष्णा रहित होकर चित्त को वश में कर लेने का नाम वैराग्य है। सांसारिक विषयों से वैराग्य उत्पन्न करने के लिये यह आवश्यक है कि मनुष्य उनके दोषों को बार २ अपनी दृष्टि में लाता रहे। क्यों मनुष्य को इन विषयों की ओर जाना चाहिये ? क्या इनसे तृष्णा की निवृत्ति हो सकती है ? ययाति ने इन प्रश्नों का बड़ा सुन्दर उत्तर दिया है:—

महाभारत में कथा आई है कि ययाति शुक्राचार्य के शाप से बूढ़ा होगया परन्तु फिर उनकी कृपा से जवान हो गया और उसने चिरकाल तक विषयोपभोग करके अन्त में कहा:—

न जातु कामः कामानामुपभोगेन शाम्यति ।
हविषा कृष्णवर्त्मेव भूय एवाभिवर्धते ॥

[महा० अ० ७५-४६]

अर्थात् विषयों के उपभोग से शान्ति नहीं होती किन्तु जैसे घृत डालने से अग्नि की ज्वाला बढ़ा करती है इसी-प्रकार भोग से तृष्णा बढ़ती रहती है। भर्तृहरि के ये वाक्य यहां कैसे अच्छी तरह जुड़ जाते हैं:—

भोगा न भुक्ता वयमेव भुक्तास्तपो न तप्तं वयमेव तप्ताः।
कालो न यातो वयमेव यातास्तृष्णा न जीर्णा वयमेव जीर्णाः॥

आर्थात् भोगों को हमने नहीं भोगा किन्तु हम ही भोगे गये।

तप नहीं तपे गये किन्तु हम ही तपे गये। समय नहीं कटा किन्तु हम ही कट गये। तृष्णा जीर्ण नहीं हुई किन्तु हम ही जीर्ण हो गये।

सांख्याचार्य्य ने भी कहा है:—

न दृष्टात्तत्सिद्धिर्निवृत्तेत्यनुवृत्तिदर्शनात्।

अर्थात् दुःखों की निवृत्ति रूप सिद्धि सांसारिक (दृष्ट) पदार्थों से नहीं हो सकती क्योंकि उनसे दुःख निवृत्ति होते ही पुनः दुःख की अनुवृत्ति होना देखा जाता है। अर्थात् भूख की निवृत्ति के लिये मनुष्य भोजन करता है परन्तु भोजन के बाद ही फिर भूख लगनी शुरू हो जाती है।

अस्तु ? इस प्रकार विषयों के दोष पर बार बार दृष्टि रखने से उनसे वैराग्य होने लगता है।

तत्परमपुरुषख्यातेर्गुणवैतृष्ण्यम् ॥ १६ ॥

अर्थ—उस परमेश्वर के कीर्तन से गुणों में तृष्णा नहीं रहती।

व्याख्या—वैराग्य की पूर्णता तब होती है जब मनुष्य के हृदय में, ईश्वर प्रेम, अंकुरित होता है। ज्यों ज्यों यह प्रेम बढ़ता जाता है त्यों त्यों मनुष्य तृष्णा-रहित होता जाता है और तृष्णा ज्यों ज्यों जीर्ण होती जाती है मनुष्य का हृदय त्यों त्यों वैराग्य का मन्दिर बनता जाता है। वैराग्य दो प्रकार का होता है:—(१) प्रत्यक्ष गुणों से उपरत (वैरागी होना (२) अप्रत्यक्ष गुणों से उपरत होना। पहली विरागता के साधन ज्ञान और कर्म दोनों हैं परन्तु दूसरी विरागता—अप्रत्यक्ष गुणों से उपरति का साधन केवल ज्ञान है इसी

लिये महामुनि व्यास ने उसे "तज्ज्ञानप्रसादमात्रम्" कहा है। योगी जब दूसरी उपरति को प्राप्त कर लेता है तब उसका हृदय ईश्वर प्रेम से इतना उत्कृष्ट हो जाता और उपासना की वह उस उच्च गति को प्राप्त करलेता है जिस में व्यास के शब्दों में योगी समझने लगता है कि :—

"प्राप्तम् प्रापणीयम्", "क्षीणाः क्लेतव्याः क्लेशाः"।

"छिन्नः श्लिष्टपर्वा भवसंक्रमः।"

अर्थात् "जिस की मुझे इच्छा थी उसे पा लिया।" जिनको मैं दूर करना चाहता था वे क्लेश दूर हो गये।" "जिसकी गाँठें सटी हुई थीं, ऐसी संसार रूपी बेड़ी, कट गई।" इसी ज्ञान की उत्कृष्ट अवस्था का नाम वैराग्य है।

(४) समाधि के भेद

वितर्कविचारानन्दास्मितारूपानुगमात् संप्रज्ञातः ॥१७॥

अर्थ—वितर्क, विचार, आनन्द और अस्मिता के रूप को, क्रम पूर्वक, प्राप्त करने से, सम्प्रज्ञात समाधि (की सिद्धि) होती है।

व्याख्या:—(१) वितर्कानुगत—चित्त के स्थिर करने में स्थूल आश्रय लेना। जैसे—घट के कारण मृत्तिका, मृत्तिका के कारण अणु को लक्ष्य बनाना और फिर उस के कारण परमाणु पर स्थूल दृष्टि रखना।

(२) विचारानुगत—चित्त के स्थिर करने में सूक्ष्म आश्रय लेना यथा—शरीर के अन्तर्गत सूक्ष्म अवयवों का विचार करना और

विचारते हुये रजोवीर्य से चेतना की उत्पत्ति असाध्य समझ कर जगत्-कर्ता में अपनी स्थिति का संपादन करना।

(३) आनंदानुगत— स्थूल और सूक्ष्म पदार्थों (सं० १,२) का यथार्थ ज्ञान प्राप्त करने और अपने को उन सब से पृथक् जानने से जो संतोष (शान्ति या आनन्द) होता है उसे आनन्दानुगत योग कहते हैं।

(४) अस्मितानुगत—एक जीव ही जिस में विचार्य्य रहता है वह ज्ञान अस्मिता कहलाता है।

सम्प्रज्ञात योग इन चारों के अनुगत (आश्रित या अधीन) है। इन में से पहला (सवितर्क) स्थूल आश्रय सहित, दूसरा वितर्क रहित और विचारसहित, तीसरा वितर्क और विचाररहित और आनन्द सहित, चौथा वितर्क; विचार और आनन्द रहित केवल अपने स्वरूप (अहम्=जीव) के विचार सहित होता है।

विरामप्रत्ययाभ्यासपूर्वः संस्कारशेषोऽन्यः ॥१८॥

अर्थ—जिस में (पूर्व विराम प्रत्यय) चित्त-वृत्तियों के अवसान मात्र का अभ्यास करते करते (संस्कारशेष) संस्कार मात्र शेष रह जाते हैं वह (अन्यः) दूसरा (असम्प्रज्ञात) योग है।

व्याख्या—चित्त की समस्त वृत्तियों के अवसान (अन्त) का नाम "विराम" है। विराम प्रत्यय (ज्ञान) के अभ्यास करते २ जब ऐसी अवस्था आजाती है जिसमें चित्तकी वृत्तियों के केवल संस्कार शेष रह जाते हैं वह असम्प्रज्ञात समाधि है। संस्कार उस गुणको

कहते हैं जो निमित्त के नाश होने पर किंचिन्मात्र शेष रह जाता है। असम्प्रज्ञात समाधि को निवृत्ति निराश्रय समाधि भी कहते हैं। इसीलिए महर्षि व्यास के लेखानुसार इसका उपाय "निर्वस्तुक आलम्बन" है। अर्थात् अत्यन्त वैराग्य के साथ, निराकार ईश्वर के आश्रय में दृढ़ता प्राप्त करना ही, इस का साधन है। इस साधन को काम में लाने से चित्त अथवा चित्त की वृत्तियों का अभाव सा भान होने लगता है। यह असम्प्रज्ञात (निर्बीज) समाधि दो प्रकार की है :—

(१) भवप्रत्यय (२) उपाय प्रत्यय।

(५) समाधि की सिद्धि के दर्जे

भवप्रत्ययो विदेहप्रकृतिलयानाम् ॥१९॥

अर्थ—(विदेह) जो देह (की ममता) छोड़ देते और जो प्रकृति में लय हो जाते हैं उन्हें "भवप्रत्यय" नामक (असम्प्रज्ञात) समाधि की सिद्धि होती है।

व्याख्या-विदेह निराकार ईश्वर को भी कहते हैं, अतः विदेहलय का भाव यह हुआ कि वे योगी जो ईश्वर में लीन हो जाते हैं। प्रकृतिलय का भाव यह है कि योगी ने शरीर की ममता इतनी छोड़ दी है मानो उसका शरीर, अपने कारण प्रकृति में, लीन होचुका है। ऐसे योगी ही प्रकृतिलय कहलाते हैं। विदेह का अर्थ यह नहीं है कि शरीर रहित हो जाना जैसा कि कई टीकाकार करते हैं। जनक को भी तो विदेह कहते हैं। क्या वह शरीरधारी नहीं था ?

"भव" नाम जगत् का है, "भव" जन्म को भी कहते हैं। भवप्रत्यय का तात्पर्य्य यह है कि वह योगी जिसे शरीर की तो सुध नहीं है परन्तु केवल इतना ज्ञान है कि उस का जन्म हुआ था या वह जगत् में है। व्यास जी ने लिखा है कि ये भव-प्रत्यय-समाधि-सिद्ध होगी, अपने संस्कार से, चित्त द्वारा मोक्ष का सा आनन्द भोगते हैं। जब तक चित्त निरुद्ध रहता है, तबतक आनन्द भोगते हैं, परन्तु जब चित्त इस निरुद्धावस्था से लौटकर अपने अधिकार से प्राकृत पदार्थों में लग जाता है, तब वह आनन्द बाक़ी नहीं रहता।

श्रद्धावीर्य्यस्मृतिसमाधिप्रज्ञापूर्वक इतरेषाम् ॥२०॥

अर्थ—(विदेह और प्रकृतिलयों के सिवा) अन्यों को श्रद्धा, वीर्य, स्मृति, समाधि और प्रज्ञा से (उपाय प्रत्यय नामक दूसरा असम्प्रज्ञात योग सिद्ध) होता है।

व्याख्या—उपायप्रत्यय वह योग है जो उपाय (पुरुषार्थ) से प्राप्त किया जाता है। उपाय के साधन पाँच हैं :—

१—श्रद्धा=सचाई का धारण करना [श्रत् सत्यं दधाति या सा श्रद्धा (निरुक्त)] मनुष्य के भीतर सत्य (योग) का प्रेम उत्पन्न होकर जब वह (प्रेम) इतना तीव्र हो जाता है कि वह उस सत्यता को आचरण में लाने के लिये विवश सा हो जाता है तब उसके भीतर श्रद्धा उत्पन्न होती है। यह श्रद्धा, योगी की माता के समान, रक्षा करती है। इस श्रद्धा से योगी के भीतर विश्वास और आह्लाद उत्पन्न होता है। उस विश्वास और आह्लाद से योगी वीर्यवान् (शक्ति और उत्साह संपन्न) होता है। वीर्यवान् होने से उसके भीतर स्मृति जागृत होती

है और पवित्र पुनीत स्मरण आ आ कर योगी के हृदय को उत्साह से भर देते हैं। इस प्रकार उत्साह से भरा हुआ योगी अपने चित्तको समाहित पाता है। इस प्रकार चित्त के समाहित होने से उसके भीतर प्रज्ञा (बुद्धि=सत्यासत्य विवेक करने वाली शक्ति) का प्रकाश होता है। इस प्रकाश से यथार्थ ज्ञान हो कर योगी तत्वज्ञानी बनता है। इस प्रकार प्रज्ञा और विवेक के निरन्तर अभ्यास और वैराग्य से योगी को इन उपायों द्वारा असंप्रज्ञात योग की सिद्धि होती है। ये उपाय-प्रत्यय-सिद्ध योगी तीन प्रकार के होते हैं:—(१) मृदूपाय=अल्प उपाय वाले (२) मध्योपाय=अर्थात् मध्यम उपाय करने वाले (३) अधिमात्रोपाय=अर्थात् उत्तम उपाय करने वाले।

तीव्रसंवेगानामासन्नः॥२१॥

अर्थ—तीव्र अच्छे वेग वालों को (असम्प्रज्ञात योग)समीप है।

व्याख्या—मृदूपाय योगी भी, तीन प्रकार के होते हैं:—

(१) मृदु-संवेग—जिन की क्रिया की गति या संस्कार लघु वा शिथिल है।

(२) मध्य-संवेग—जिन की क्रिया की गति या संस्कार मध्यम है।

(३) तीव्र-संवेग—जिन की क्रिया की गति या संस्कार उत्तम है।

ये भेद योगियों के, तप, श्रद्धा आदि क्रियाओं में, अल्प वा तीव्र वेग दिखलाने के कारण से, होते हैं। ऐसेही तीन तीन भेद अन्य मध्योपाय और अधिमात्रोपाय के भी, समझने चाहिएँ।

मृदुमध्याऽधिमात्रत्वात्ततोऽपि विशेषः ॥२२॥

अर्थ—(तीव्र-संवेग के भी) मृदु, मध्य, अधिमात्र (रूपी तीन तीन भेद) होने से भी विशेष (शीघ्रतर और शीघ्रतम उपायप्रत्यय योग प्राप्त होता) है।

व्याख्या—तीव्र-संवेग के ये जो तीन भेद हैं इन में से उत्तरोत्तर योग की प्राप्ति में शीघ्रता होती है अर्थात् मृदूपाय तीव्र-संवेग की अपेक्षा, मध्योपाय तीव्र-संवेग वाले योगी को, उपाय प्रत्यय समाधि की सिद्धि, शीघ्र होती है और अधिमात्रोपाय तीव्र-संवेग वाले को, उस से भी अधिक शीघ्र योग सिद्ध होता है।

ईश्वरप्रणिधानाद्वा ॥२३॥

अर्थ—अथवा ईश्वर की भक्ति विशेष से (समाधि की सिद्धि होती है)

व्याख्या—जो मनुष्य ईश्वर के प्रेम और चिन्तन में निमग्न होकर उसी में लीन हो जाते हैं तो इससे उन को समाधि की सिद्धि हो जाया करती है।

ब्रह्म-निरूपण

क्लेशकर्मविपाकाशयैरपरामृष्टः पुरुषविशेष ईश्वरः ॥२४॥

अर्थ—क्लेश, कर्म, कर्मफल और वासनाओं से (अपरामृष्ट) असंबद्ध पुरुष विशेष, ईश्वर कहलाता है।

व्याख्या—क्लेश=पाँच क्लेश—अविद्या, अस्मिता, राग, द्वेष अभिनिवेश।

कर्म=शुभाशुभ कर्म।

विपाक=कर्मफल।

आशय=कर्म और कर्मफल से उत्पन्न वासना, जो जन्म का कारण, हुआ करती है।

पुरुष (जीव) का सम्बन्ध इन क्लेश, कर्म आदि से अन्तःकरण के द्वारा होता है परन्तु ईश्वर जो पुरुष=जीव नहीं किन्तु पुरुष विशेष है, उस का इन से साक्षात् या असाक्षात् किसी प्रकार से भी, सम्बन्ध नहीं। जीव निमित्त विशेष से मन और इन्द्रिय के द्वारा कर्म किया करता है। परन्तु ईश्वर को इस प्रकार के निमित्त प्रभावित नहीं कर सकते। क्योंकि उसके ज्ञान कर्म और बल सभी स्वाभाविक हैं जैसा कि उपनिषद् में कहा गया है "स्वाभाविकी ज्ञानबलक्रिया च"। "केवल-जन[1]" अर्थात् मुक्त जीव भी, इन क्लेशादि से मुक्त, होते हैं तो क्या वे भी पुरुष विशेष (ईश्वर) हो सकते हैं? उत्तर ये है कि नहीं। क्योंकि वे पहले बन्धन में थे। उन की मुक्ति और बन्धन दोनों नैमित्तिक होते हैं परन्तु ईश्वर, स्वभाव ही से, शुद्ध बुद्ध, मुक्त स्वरूप है।

तत्र निरतिशयं सर्वज्ञबीजम्[2]॥२५॥

---

(१) जैन विद्वान अपने तीर्थंकरों को भी "केवलीजन" कहते हैं।

(२) स्वामी हरिप्रसाद ने अपनी वैदिक वृत्ति में इस सूत्र के पाठ में "सर्वज्ञबीजम्" के स्थान में "सर्वज्ञबीजम्" पाठ माना है—अर्थ तो प्रायः व्यास आदि टीकाकारों ने सार्वज्ञबीजम् के ही किये हैं परन्तु

अर्थ—उस (ईश्वर) में (सर्वज्ञबीजम्) संपूर्ण ज्ञान के निमित्त की (निरतिशयम्) अत्यन्ता (सीमा) भी है।

व्याख्या—सर्वज्ञ किसे कहते हैं ? व्यास ने उत्तर दिया है कि जिस में (सर्वज्ञबीजम्) सर्वज्ञता का निमित्त (निरतिशयम्) अतिशय (अत्यन्ता) से रहित अर्थात् समीम हो जाय वह सर्वज्ञ है। भाव इसका यह हुआ कि ईश्वर पूर्णज्ञानी है। कोई ज्ञान ऐसा नहीं जो उसमें न हो और उससे बाहर नहीं हो।

स एष पूर्वेषामपि गुरुः कालेनाऽनवच्छेदात् ॥ २६ ॥

अर्थ—वह यह (ईश्वर) पूर्व ऋषियों का भी गुरु है और काल से विभक्त नहीं होता।

व्याख्या—ऋषि दो प्रकार के होते हैं। १—देव्य-ऋषि २—श्रुत-ऋषि। इन में देव्य ऋषि वे होते हैं जिन को ईश्वर की ओर से जगत् के प्रारम्भ में ज्ञान मिला करता है और श्रुत ऋषि वे हैं जो पहले ऋषियों तथा उन के प्रचलित किये हुये ज्ञान (वेद) की शिक्षा से ऋषि बना करते हैं। इन्हीं को वेद में पूर्व और नूतन ऋषि कहा गया है[2]। इस सूत्र में ईश्वर को पहले ऋषियों का भी गुरु बतलाया

सूत्र में प्रयुक्त "सर्वज्ञबीजम्" ही आर्ष पाठ प्रतीत होता है क्योंकि स्वामी हरिप्रसाद को छोड़ कर प्रायः सभी ने 'सर्वज्ञबीजम्' ही पाठ माना है।

(१) देखो ऋग्वेद मंडल १० सूक्त ७१

(२) अग्निःपूर्वेभिऋषिभिरीड्यो नूतनैरुत। स देवां एह वक्षति। ॥ऋ० १०। १ २॥

अर्थ—वह अग्नि पूर्व (पहले) नूतन (पहलों के बाद हुये) ऋषियों से स्तुति के योग्य है। वह देवों को प्राप्त करता है।

है। मनुष्यों में कालकृत सीमा होती है इसलिये उनके वास्ते यह प्रश्न बना रहता है कि उनका गुरु कौन है। परन्तु ईश्वर काल-कृत सीमा से बद्ध नहीं इसीलिये उसे पूर्व ऋषियों का गुरु कहा है।

तस्य वाचकः प्रणवः ॥ २७ ॥

अर्थ—उस (ईश्वर=वाच्य (का वाचक प्रणव (ओम्) है।

व्याख्या—ईश्वर वाच्य और ओम् वाचक है। अर्थात् ईश्वर अर्थ है और ओम् शब्द है। शब्द, अर्थ और उनका सम्बन्ध नित्य होते हैं इसलिये ईश्वर और ओम् का वाच्य वाचक सम्बन्ध भी नित्य है।

तज्जपस्तदर्थभावनम् ॥ २८ ॥

अर्थ—उस (ओम्) का जप और उस (ओम्) के अर्थ (ईश्वर) का अनुभव।

व्याख्या—क्यों जप करना चाहिये? इसका उत्तर यह है कि जप करने से ईश्वर के दिव्यगुणों का प्रभाव जपने वालों के हृदय पर पड़ता है और पर्याप्त जप से वह गुण उपासक में आ भी जाते हैं।

मनुष्य यदि प्राणायाम के साथ स्थिर आसन होकर तीन घण्टे निरन्तर जप करे और चित्त को ईश्वर के अनुभव करने में लगाये रक्खे तो यह अनुभूत बात है कि उसका चित्त ठहर जाता है।

(७) योग के विघ्न

ततः प्रत्यक् चेतनाऽधिगमोऽप्यन्तरायाभावश्च ॥ २९ ॥

अर्थ—उस (ईश्वर प्रणिधान और उसके साधन सार्थक

जप) से प्रत्यक चेतना का ज्ञान और (अन्तराय) विघ्नों का अभाव हो जाता है।

व्याख्या—प्रत्यक् शब्द का अर्थ भीतर है। इन्द्रियों से जो ज्ञान होता है वह (प्राक्) केवल बाहर का ज्ञान होता है परन्तु 'प्रणिधान" से (प्रत्यक्) भीतर का ज्ञान होता है अर्थात् आत्मा की अन्तर्मुखवृत्ति जागृत हो जाती है। योग की क्रिया करते हुए जिन विघ्नों का योगी को सामना करना पड़ता है उनका विवरण अगले सूत्र में दिया है।

व्याधि-स्त्यान-संशय-प्रमादालस्याविरति-भ्रान्ति दर्शनालब्ध-भूमिकत्वानवस्थितत्वानि चित्त-विक्षेपास्तेऽन्तरायाः ॥ ३० ॥

अर्थ—(१) व्याधि, (२) स्त्यान, (३) संशय, (४) प्रमाद, (५) आलस्य, (६) अविरति, (७) भ्रान्ति-दर्शन, (८) अलब्धभूमिकत्व, और (९) अनवस्थितपन; ये चित्त के विक्षेप करने वाले विघ्न हैं।

व्याख्या—चित्त के विक्षेप, स्वयं योग के विघ्न नहीं हैं किन्तु चित्त की वृत्तियों के साथ मिल कर, विघ्नकारक हो जाते हैं। यदि चित्त की वृत्तियां सुप्त या निरुद्ध हों तो ये विघ्न, बाधा नहीं डाल सकते। विक्षेप ये हैं:—

(१) व्याधि—रोगादि, शरीर के वीर्य और रस आदि के बिगड़ने से शरीर में विकलता उत्पन्न हो जाती है।

(२) स्त्यान—जिसमें चित्त दुष्ट कर्म करने का चिन्तन करता है अथवा जिसमें कर्म रहित होने की चेष्टा करता है।

(३) संशय—जो दोनों विरोधी-पक्षों का खंडन व समर्थन

करे जिससे मनुष्य द्विविधा में पड़ जाता है कि कोई विशेष काम करे या नरे।

(४) प्रमाद—योग के साधन (उपायों) का चिन्तन न करना।

(५) आलस्य—शरीर वा चित्त के भारीपन से, चेष्टा रहित हो जाना।

(६) अविरति—चित्त का, विषय के संसर्ग से, आत्मा को मोहित वा प्रलोभित कर देना।

(७) भ्रान्तिदर्शन—मिथ्याज्ञान, कुछ का कुछ देखना या समझना।

(८) अलब्धभूमिकत्व योग या समाधि की भूमियों का प्राप्त न होना।

(९) अनवस्थितत्व—योगभूमियों को प्राप्त होकर भी चित्त का स्थिर न होना।

इन्हीं को "नवयोगमल" "योग के प्रति-पक्षी" अथवा "योगान्तराय" अर्थात् "योग के विघ्न" भी कहते हैं।

दुःखदौर्मनस्याङ्गमेजयत्वश्वासप्रश्वासा विक्षेपसह-भुवः ॥३१॥

अर्थ—(१) दुःख (२) दौर्मनस्य, (३) अंगमेजयत्व, (४) श्वास और (५) प्रश्वास; ये विक्षेपों के साथ होने वाले (उपविघ्न वा विघ्नों के साथी) हैं।

व्याख्या—(१) दुःख तीन प्रकार के हैं—(क) "आध्यात्मिक"

अर्थात् मन और शरीर के रोग, (ख) "आधिभौतिक" जो दूसरे प्राणियों (व्याघ्र, चोर आदि) से होते हैं (ग) "आधिदैविक" जो इन्द्रियों की चञ्चलता, मन के विकार और अशुद्धता आदि से होते हैं। (२) इच्छा की पूर्ति न होने से मन में जो क्षोभ उत्पन्न होता है उसे "दौर्मनस्य" कहते हैं। (३) आसन के स्थिर न होने से शरीर का हिलना जुलना "अंगमेजयत्व" कहलाता है (४) बाहर के वायु का नासिका के छिद्रों द्वारा भीतर जाना "श्वास" और (५) उसी का बाहर निकलना "प्रश्वास" कहलाता है। ये उपविघ्न विक्षिप्त चित्त वालों ही को होते हैं।

तत्प्रतिषेधार्थमेकतत्त्वाभ्यासः ॥३२॥

अर्थ—उन (विघ्न और उपविघ्नों) को दूर करने के लिये एक तत्त्व का अभ्यास करे।

व्याख्या—व्यास जी ने चित्त का लक्षण इस प्रकार किया है:—"एकमनेकार्थमवस्थितं चित्तम्" अर्थात् जो एक होने पर अनेक विषयों में स्थित है वह चित्त है। चित्त के अनेक विषयों की ओर जाने का नाम ही विघ्न है। इसीलिये सूत्र में कहा गया है कि एक तत्त्व (अद्वितीय ब्रह्म) का आश्रय लेने से चित्त को एकाग्र करे। चित्त यद्यपि चञ्चल है परन्तु सांसारिक विषयों में उसे एकाग्र होते हुये देखा जाता है इसीलिये उसे ओम् के जपादि में लगाकर भी एकाग्रित किया जा सकता है। इस प्रकार चित्त के एकाग्र करने अथवा विघ्नोपविघ्नों के दूर करने के लिये

एक क्रिया मेरे अनुभव में आई है और वह न केवल मुझे अनुकूल पड़ी किन्तु जिस जिस को भी मैं ने बतलाया उन्हें भी लाभदायक सिद्ध हुई। वह क्रिया यह है:—मनुष्य जिस समय कोई भी अभ्यास करना चाहे तो एकांत में किसी शांत स्थान पर बैठ कर ईश्वर को हृदय में साक्षी रूप समझते हुये प्रतिज्ञा करे कि मैं अमुक क्रिया करूंगा और पूरा किये बिना किसी अवस्था में भी उसे न छोड़ूंगा। इस प्रतिज्ञा को प्रातः-सायं प्रतिदिन दो समय दुहरा लेना चाहिये और अन्य समय में भी उसका चिन्तन करते रहना चाहिये। यदि इतना यत्न करते हुये भी विघ्न उपस्थित हो तो उस मनुष्य को चाहिये कि यह विचार करते हुये कि मैं अपनी प्रतिज्ञा को तोड़ कर पातकी बनना चाहता हूं, अपने को खूब लज्जित करे और मलामत भी करता जाय। ऐसा करने से उस व्यक्ति के हृदय में, अपनी प्रतिज्ञा भङ्ग करने के लिये, अपने से ग्लानि उत्पन्न होगी और वह भविष्य के लिये बहुत सावधान होकर यत्न करेगा कि अब अपनी प्रतिज्ञा को फिर भङ्ग न करे। योग-दर्शन के वार्तिककार ने एक तत्व का भाव कोई स्थूल लक्ष्य बतलाया है परन्तु वेदादि सत्शास्त्र ईश्वर के एकत्व का प्रतिपादन करते हैं इसलिये एकतत्व का अर्थ हमने अद्वितीय ब्रह्म ही किया है।

(८) चित्त की एकाग्रता के साधन

मैत्रीकरुणामुदितोपेक्षाणां सुखदुःखपुण्यापुण्यविषयाणां भावनातश्चित्तप्रसादनम् ॥३३॥

अर्थ—सुखी पुरुषों में मित्रता, दुखियों पर करुणा, पुण्यात्माओं पर हर्ष और पापियों में उपेक्षा की भावना से चित्त निर्मल होता है।

व्याख्या—मैत्री, करुणा और हर्ष से चित्त में उत्साह और शान्ति रहती है और पापियों की उपेक्षा करने से मनुष्य क्रोध से बचता है। उत्साह, शान्ति और क्रोध के अभाव से चित्त की एकाग्रता शीघ्र होने लगती है। यह चित्त के स्थिर करने का पहला उपाय है।

प्रच्छर्दन विधारणाभ्यां वा प्राणस्य ॥३४॥

अर्थ—अथवा प्राण को (प्रच्छर्दन) बलपूर्वक बाहर निकालने और (विधारण) रोकने से (भी चित्त स्थिर होता है)।

व्याख्या—चित्त के स्थिर करने का दूसरा उपाय प्राणायाम है, प्राणायाम से प्राण वश में होता है और प्राण के वश में होने से चित्त भी ठहरने लगता है[1]।

दिव्या वा विषय प्रवृत्तिरुत्पन्ना मनसः स्थिति निबन्धनी ॥३५॥

अर्थ—अथवा (दिव्य) विषय वाली चित्त की वृत्ति उत्पन्न होकर मन की स्थिति को बांधने वाली होती है।

व्याख्या—नासिका को अग्र भाग में, समस्त शक्ति के साथ, चित्त लगाने से दिव्य गन्ध का अनुभव होने लगता है उसे "गन्ध-प्रवृत्ति" कहते हैं। जिह्वा के अग्र भाग में चित्त लगाने से रस का अनुभव, तालु में चित्त लगाने से रूप का (दिव्यदृष्टि), जिह्वा के

(१) प्राणायाम का विस्तार पूर्वक वर्णन साधन पाद के सूत्र ४९,५० तथा ५१ की व्याख्या और उपोद्घात में है।

मध्य भाग में चित्त लगाने से स्पर्शानुभव (दिव्य-स्पर्श), जिह्वा के मूल-भाग (जड़) में चित्त लगाने से शब्द-ज्ञान (दिव्य-श्रवण-शक्ति) होने लगता है। इस प्रकार रस, रूप, स्पर्श और शब्द-प्रवृत्तियाँ उत्पन्न हो कर चित्त को स्थिर और संशय को दूर करती हैं। शास्त्र की शिक्षाओं में निश्चयात्मक बुद्धि उत्पन्न करने के लिये, अभ्यासी के लिये आवश्यक है कि इन दिव्य विषयों में से, कम से कम एक की सिद्धि कर लेवे जिससे शास्त्र की शिक्षाओं के लिये उसके हृदय में सन्देह न रहे और श्रद्धा पैदा हो जावे। यह उत्पन्न हुई श्रद्धा, माता के सदृश, योगी की रक्षा करती है। यह चित्त के स्थिर करने का तीसरा उपाय है।

विशोका वा ज्योतिष्मती ॥ ३६ ॥

अर्थ—अथवा शोक से रहित और प्रकाशयुक्त प्रवृत्ति (उत्पन्न हो कर मन की स्थिति को बाँधने वाली होती है)।

व्याख्या—हृदय कमल में जब प्राण धारण किया जाता है तब योगी की बुद्धि प्रकाशयुक्त और आकाश के समान विस्तृत (संकोच रहित) हो जाती है। उस (बुद्धि) में स्थिर होने से सूर्य्य, चन्द्र और मणियों के प्रकाश के समान जाज्वल्यमान ज्ञान प्राप्त होता है। इस अवस्था में उसकी दशा तरंग रहित महासागर के समान, शान्त और निश्चेय होती है और वह प्रभु-प्रेम में मग्न रहने लगता है। इस प्रवृत्ति को प्रकाशयुक्ता (ज्योतिष्मती) प्रवृत्ति कहते हैं। यह चित्त के स्थिर करने का चौथा उपाय है।

वीतरागविषयं वा चित्तम् ॥ ३७ ॥

अर्थ—अथवा राग रहित चित्त (स्थिर हो जाता है)।

व्याख्या—किसी वस्तु को प्राप्त करके उसके रखने की इच्छा का नाम राग है। राग से वासना बनती है और वह वासना बंधन का हेतु होती है। उस वासना के चक्र से छूटने का साधन वीत राग होना ही है। यह चित्त के स्थिर करने का पांचवाँ उपाय है।

स्वप्न-निद्रा-ज्ञानालम्बनं वा ॥ ३८ ॥

अर्थ—अथवा स्वप्नज्ञान और निद्राज्ञान का आश्रय लेने से (चित्त स्थिर हो जाता है)।

व्याख्या—स्वप्न में बाह्य विषयों का ज्ञान नहीं रहता और निद्रा (सुषुप्ति) में बाह्य और अभ्यन्तर दोनों का ज्ञान नहीं रहता। यही स्वप्न और सुषुप्ति की सी अवस्था, जागृत में योगी को, मन को निर्विषय करते हुये, बनानी चाहिये तब चित्त ठहर जाता है। यह छठा उपाय चित्त स्थिर करने का है।

यथाभिमतध्यानाद्वा ॥ ३९ ॥

अर्थ—अथवा जो अभिमत (इच्छानुकूल) हो उसका ध्यान करने से (भी चित्त स्थिर हो जाता है)।

व्याख्या—हृदय कमल, नासिकाग्रभाग, नाभिचक्र, ब्रह्मरन्ध्र आदि में जो अधिक से अधिक रुचि के अनुकूल हो उसमें चित्त लगाने से भी चित्त ठहर जाता है। यह सातवाँ उपाय चित्त के स्थिर करने का है।

परमाणुपरममहत्वान्तोऽस्यवशीकारः ॥ ४० ॥

अर्थ—परमाणु और परम महत्त्व तक इस (चित्त) का वशीकार हो जाता है।

व्याख्या—जब उपर्युक्त सात उपायों में से किसी को काम में लाकर योगी चित्त को स्थिर करने में सफलता प्राप्त कर लेता है तब उसका अधिकार हो जाता है कि चाहे तो चित्त को परमाणु जैसी सूक्ष्म से सूक्ष्म वस्तु में लगावे या किसी बड़ी से बड़ी वस्तु में।

(६) समाधि और उसके भेद

क्षीणवृत्तेरभिजातस्येव मणेर्ग्रहीतृग्रहणग्राह्येषु तत्स्थतदञ्जनता समापत्तिः ॥ ४१ ॥

अर्थ—जिसकी वृत्तियाँ क्षीण हो गई हैं, ऐसे (चित्त)के ग्रहीता, ग्रहण और ग्राह्य में (तत्स्थ) स्थिर होकर, स्फटिक मणि के सदृश, (तदञ्जनता) उन्हीं के स्वरूप को प्राप्त (तदाकार) हो जाना समापत्ति (कहलाता है)।

व्याख्या—इस सूत्र में 'समापत्ति' का लक्षण किया गया है। अभिजात (उत्तम जाति के) स्फटिक मणि में, अपना कोई रंग नहीं होता परन्तु उसमें गुण यह होता है कि उसके समीप जिस प्रकार के रंग की भी कोई वस्तु हो वह उसी रंग की दिखाई देने लगती है। उसके समीप यदि 'जवा कुसुम' सुर्ख रंग के फूल को रक्खें तो वह सुर्ख ही सुर्ख दिखाई देने लगती है, इसी प्रकार नीले

पीले आदि रंगवाली किसी वस्तु के समीप रखने से वह वैसी ही दिखाई देने लगती है। इसी प्रकार चित्त प्रमाण, विपर्यय, विकल्प आदि अपनी पाँचों वृत्तियों से (देखो सूत्र ६) क्षीण होकर, स्फटिक मणि के तुल्य, निर्मल और स्वच्छ हो जाता है। तब ग्रहीता (अहङ्कार विशिष्ट आत्मा) ग्रहण (इन्द्रियाँ) और ग्राह्य (इन्द्रियों के विषय) जिसमें भी उसे लगावें वह उसी के आकार या स्वरूप को धारण करने लगता है। चित्त की इसी अवस्था का नाम समापत्ति' है। यह समापत्ति चार प्रकार की है।

तत्र शब्दार्थज्ञानविकल्पैः संकीर्णा सवितर्का समापत्तिः ॥ ४२ ॥

अर्थ—उनमें जो शब्द, अर्थ और ज्ञान के विकल्पों से मिश्रित हो वह सवितर्का समापत्ति है।

व्याख्या—इन चार समापत्तियों के दो ग्रूप (श्रेणियाँ) हैं:—(१) एक सवितर्का और निर्वितर्का का जो स्थूल विषयों से सम्बन्धित है। (२) दूसरा सविचारा और निर्विचारा जो सूक्ष्म विषयों से सम्बन्धित है। उनमें से प्रथम पहले ग्रूप का वर्णन करते हैं। स्थूल विषयों पर विचार करने के लिये एक 'गो' की कल्पना करो इसमें तीन बातें हैं गो शब्द, उसका अर्थ (पशुविशेष) और इन शब्द और अर्थ को मिलाने से जो कुछ समझा जाता है वह ज्ञान। यदि योगी गो में चित्त लगावे और चित्त लगानेसे जब तक उसके चित्त में इन तीनों के विकल्प रहें अर्थात् ये तीनों (शब्द, अर्थ और ज्ञान)

भिन्न भिन्न प्रतीत होते रहें तब तक उस समाधि को सवितर्का कहेंगे। परन्तु जब समाधिस्थ बुद्धि में अर्थमात्र का ज्ञान रह जाता है तब उसे निर्वितर्का समापत्ति कहते हैं। अगले सूत्र में उसका वर्णन है:—

स्मृतिपरिशुद्धौ स्वरूपशून्येवार्थमात्रनिर्भासा निर्वितर्का ॥४३॥

अर्थ—स्मृति के मार्जित होने पर अपने स्वरूप से शून्य सी, अर्थ मात्र का जिस में भान हो; वह निर्वितर्का (समापत्ति है)।

व्याख्या—स्मृति के मार्जित (शुद्ध) होने का तात्पर्य यह है कि उसने बाह्य ग्राह्य विषयों की ओर काम करना छोड़ दिया है इसलिये अभ्यासी को, वस्तु के शब्द की, स्मृति नहीं रहती और इसीलिये शब्द और अर्थ से जो ज्ञान होता है वह भी नहीं रहता और चित्त इस प्रकार ग्रहणात्मक रूप को त्याग देता है और अपने स्वरूप में, ग्रहणात्मक वृत्तियों के निश्चेष्ट हो जाने से, शून्य सा हो जाता है। अब केवल अर्थ (ग्राह्य विषयाकार) स्वरूप से भान होने लगता है। इसी अवस्था का नाम निर्वितर्का समापत्ति होता है।

एतयैव सविचारा निर्विचारा च सूक्ष्मविषया व्याख्याता ॥४४॥

अर्थ—इस ही (प्रकार) से सूक्ष्म विषय वाली सविचारा और निर्विचारा (समापत्ति) व्याख्यान की गई (समझनी चाहिये)।

व्याख्या—जिस प्रकार किसी स्थूल विषय पर चित्त लगाने और शब्द, अर्थ और ज्ञान तीनों के बोध बने रहने को सवितर्का समापत्ति और केवल अर्थ ज्ञान रह जाने को निर्वितर्का समापत्ति कहते हैं। इसी प्रकार किसी सूक्ष्म विषय पर चित्त लगाने और शब्द, अर्थ और ज्ञान तीनों के बोध बने रहने को "सविचारा" और उसी सूक्ष्म विषय के केवल अर्थाकार ज्ञान को "निर्विचारा समापत्ति" कहते हैं। अर्थात् जो किसी (शब्दादि के) आलम्ब से समाधि है वह सविचारा और निरालम्ब अर्थाकार होना, निर्विचारा।

सूक्ष्म विषयत्वं चालिङ्गपर्यवसानम् ॥४५॥

अर्थ—और सूक्ष्म विषय, अलिंङ्ग (चिह्नरहित कारणावस्था वाली प्रकृति) तक है।

व्याख्या—पञ्च स्थूल भूत और उन के कार्य स्थूल विषय कहलाते हैं। इन पञ्च स्थूल भूतों के बाद सूक्ष्म भूत (शब्द, अर्थ, रूप, रस, गंध), अहङ्कार, महत्तत्त्व और सत, रज, तम, की साम्यावस्था वाली प्रकृति तक सूक्ष्म विषय की सीमा है।

ता एव सबीजः समाधिः ॥४६॥

अर्थ—वे ही (चार प्रकार की समापत्ति) सबीज समाधि (कही जाती हैं)।

व्याख्या—स्थूल अर्थ से (१) सवितर्का (२) निर्वितर्का और सूक्ष्म अर्थ से (३) सविचारा और (४) निर्विचारा, चार प्रकार की समाधि है। इन्हें सबीज इसलिये कहते हैं कि इन में चित्त एकाग्र होता है निरुद्ध नहीं।

निर्विचारवैशारद्येऽध्यात्मप्रसादः ॥ ४७ ॥

अर्थ—निर्विचार (समाधि) के नैर्मल्य में (अध्यात्म) बुद्धिसत्व प्रसन्न=निर्मल हो जाता है।

व्याख्या—बुद्धिसत्व, रजोगुण और तमोगुण के आवरण से रहित होने और केवल सतोगुण में स्थित होने से निर्मलता प्राप्त कर लेता है और यह निर्मलता तब स्थिर हो जाती है जब योगी, प्रकृति पर्यन्त समस्त सूक्ष्म ग्राह्य विषयों का, प्रत्यक्ष कर लेता है।

ऋतम्भरा तत्र प्रज्ञा ॥ ४८ ॥

अर्थ—इसमें प्रज्ञा (बुद्धि) ऋतम्भरा कही जाती है)

व्याख्या- उस निर्मल हुए बुद्धि सत्व (सूत्र ४७) को ऋतम्भरा इस लिये कहते हैं कि वह बुद्धि निर्भ्रम और केवल पूर्ण सत्य को, धारण करने वाली हो जाती है।

श्रुतानुमानप्रज्ञाभ्यामन्यविषया विशेषार्थत्वात् ॥ ४९ ॥

अर्थ—(यह निर्मल ऋतम्भरा प्रज्ञा) विशेष अर्थ वाली होने से, श्रुत (शास्त्र) और अनुमान की प्रज्ञा से, भिन्नविषया (है)।

व्याख्या—शास्त्र और अनुमान की प्रज्ञा से, केवल श्रवण, दर्शन और मनन होता है परन्तु ऋतम्भरा प्रज्ञा से निदिध्यासन (अनुभव या साक्षात् या चखकर स्वाद लेना) भी। इसी लिये उसको पहलि प्रज्ञा से भिन्नविषया कहा गया है।

तज्जः संस्कारोऽन्यसंस्कारप्रतिबन्धी

अर्थ— इस (ऋतम्भरा प्रज्ञा) से उत्पन्न हुआ संस्कार अन्य संस्कारों को दूर कर देने वाला (होता है)।

व्याख्या—इस समाधिज प्रज्ञा (ऋतम्भरा) से उत्पन्न हुए संस्कार विषय वासना के संस्कारों को, नष्ट कर देते हैं। उनके नष्ट होने से विषय वासना का ज्ञान भी बाकी नहीं रहता। ये (ऋतम्भरा वाले संस्कार, समाधिज बुद्धि (ऋतम्भरा) को पैदा करते हैं, उससे फिर वही संस्कार उत्पन्न होकर फिर वही समाधिज बुद्धि पैदा होती है। यही क्रम चलता रहता है।

तस्यापि निरोधे सर्वनिरोधान्निर्बीजसमाधिः ॥ ५१ ॥

अर्थ—उस (ऋतम्भरा वाले संस्कार) के भी रोक देने पर सब के रुक जाने से, निर्बीज (असंप्रज्ञात) समाधि (की सिद्धि हो जाती है)।

व्याख्या—ऋतम्भरा प्रज्ञा से जो संस्कार उत्पन्न होते हैं वे, उक्त प्रकार की दृष्टि से निरोधज होते हैं। इन निरोधज संस्कारों के बार बार उत्पन्न होने से निरोध बल इतना बढ़ जाता है कि वे अपने जन्म दाता निरोधज संस्कार का भी, निरोध करने लगते हैं। जब इस प्रकार निरोध के बार २ अभ्यास से निरोधज संस्कार भी नष्ट हो जाते हैं, तब सबीज (सम्प्रज्ञात) समाधि का बीज भी नष्ट हो जाता है। उस (बीज) के नष्ट होने से निर्बीज समाधि की, स्वयमेव सिद्धि हो जाती है। इसी को असम्प्रज्ञात योग की प्राप्ति कहते हैं।

इति प्रथमः समाधिपादः।

पहला समाधि पाद समाप्त हुआ।

साधन-पाद

(१०) क्रिया योग

तपःस्वाध्यायेश्वरप्रणिधानानि क्रिया योगः ॥१॥

अर्थ—तप, स्वाध्याय और ईश्वर प्रणिधान (ईश्वर-प्रायणता) क्रिया योग है।

व्याख्या—कष्टों का प्रसन्नत से सहना, नियमित जीवन बनाना, समय विभागानुसार काय करना, तप कहलाता है। कर्म और क्लेश, वासना और उन वासनाओं से बने विषय जाल, और चित्त की मलिनता, बिना तप के दूर नहीं होती।

ओम् के पवित्र जप और वेद उपनिषदादि सत्शास्त्रों के नियम पूर्वक अध्ययन तथा आत्म निरीक्षण को स्वाध्याय कहते हैं। निष्काम भावना से कर्म करना और उन्हें ईश्वर के अर्पण करना तथा ईश्वर के आश्रय को दृढ़ता से ग्रहण करना और उसके प्रेम में मग्न रहना ईश्वर प्रणिधान है। इस प्रकार इन तीनों तप आदि को काम में लाने से, क्रिया योग की सिद्धि, होती है।

(११) क्लेश निवृत्ति के साधन

समाधिभावनार्थः क्लेशतनूकरणार्थश्च ॥२॥

अर्थ—(वह क्रिया योग) समाधि के उत्पन्न करने और क्लेशों के कम करने के लिए (प्रयुक्त होता है)।

व्याख्यान—क्रिया योग के प्रयोग में लाने के दो उद्देश्य होते हैं:—(१) समाधि को प्राप्त करना, (२) क्लेशों को कम करना। योगाग्नि ही से क्लेशों के बीज जलकर उत्पन्न होने के अयोग्य हो जाते हैं।

अविद्याऽस्मिता रागद्वेषाऽभिनिवेशाः पञ्चक्लेशाः ॥३॥

अर्थ—अविद्या, अस्मिता, राग, द्वेष और अभिनिवेश ये पाँच क्लेश हैं।

नोट—इनकी व्याख्या स्वयं दर्शनकार ने आगे के (५—९) सूत्रों में की है।

अविद्या क्षेत्रमुत्तरेषां प्रसुप्त तनु विच्छिन्नोदाराणाम् ॥४॥

अर्थ—प्रसुप्त, तनु, विच्छिन्न और उदार (अवस्था में रहने वाले) अगले (अस्मिता आदि चार) क्लेशों का क्षेत्र अविद्या है।

व्याख्या—क्लेशों की चार अवस्थायें हैं:—(१) 'प्रसुप्तता'—जिसमें क्लेश सोये से रहते हैं। (२) 'तनुता'—जिस में क्लेश सूक्ष्म रहते हैं। (३) विच्छिन्नता—जिस में क्लेश सजातीय वा विजातीय क्लेशों से दबे रहते हैं। (४) 'उदारता'—जिसमें क्लेश पूर्ण रूप से काम में आ रहे हैं। इन में से जो योगी विदेह प्रकृतिलय हैं (देखो सूत्र १९ प्रथम पाद) उन के क्लेश प्रसुप्त (सोये हुए) रहते और वे उन्हें कुछ भी क्लेशित नहीं कर सकते और जो क्रिया योगी हैं (देखो सूत्र २ इसी पाद का) उनके क्लेश 'तनुता' (सूक्ष्म) अवस्था में रहते हैं। बाक़ी जो दो क्लेशों की 'विच्छिन्नता' और 'उदारता' की अवस्थायें

हैं, इनमें सांसारिक विषय वासनाओं में फँसे हुये नर नारी रहा करते हैं।

अनित्याऽशुचिदुःखाऽनात्मसु नित्य शुचि सुखात्मख्यातिरविद्या ॥ ५ ॥

अर्थ—अनित्य में नित्यता, अशुचि में शुचिता, दुःख में सुख और अनात्मा (जड़) में आत्मापन (चेतना की भावना करना) अविद्या है।

व्याख्या—मिथ्या (विपरीत) ज्ञान का नाम अविद्या है। जो चीज़ नित्य नहीं है जैसे जगत्, राज्य, सम्पत्ति आदि, उन्हें नित्य समझना, जो वस्तु अपवित्र हैं उन्हें पवित्र मानना, जो विषय भोगादि दुःख हैं उन्हें सुख ठहराना और जड़ को चेतन समझना अविद्या है।

दृग्दर्शनशक्त्योरेकात्मतेवास्मिता ॥ ६ ॥

अर्थ—दृष्टा और दर्शन शक्ति को एक मानना "अस्मिता" (कहलाता है)।

व्याख्या—दृष्टा जीवात्मा है और दर्शन शक्ति (देखने का साधन) बुद्धि और अन्य अन्तःकरण हैं, इनमें अभेद ज्ञान रखना अर्थात् जीवात्मा और अन्तःकरणों को एक ही (अभिन्न) समझने को अस्मिता कहते हैं।

सुखानुशयी रागः ॥ ७ ॥

अर्थ—सुख (अनुभव करने) के पीछे रहने वाली अभिलाषा का नाम राग है।

व्याख्या—जिन वस्तुओं या विषयों से मनुष्य संसार में सुखोपभोग करता है उनके रखने या पुनः काम में लाने की इच्छा उसके भीतर रहा करती है। उसी इच्छा को राग कहते हैं।

दुःखानुशयी द्वेषः ॥ ८ ॥

अर्थ—दुःख (भोगने) के बाद पीछे रहने वाली घृणा को द्वेष कहते हैं।

व्याख्या—जिन वस्तुओं से संसार में मनुष्य को दुःख हुआ करता है उनसे जो भाव भोक्ता में घृणा या क्रोध के रूप से छाया रहता है उसी (भाव) का नाम द्वेष है।

स्वरसवाही विदुषोऽपि तथा रूढोऽभिनिवेशः ॥ ९ ॥

अर्थ—स्वरस (पूर्व जन्म में मरने के दुःख) के साथ बहने वाला, (मूर्ख के) समान विद्वानों पर भी चढ़ा हुआ (क्लेश) अभिनिवेश कहलाता है।

व्याख्या—पिछले जन्म में भोगे, दुःख और सुख से उत्पन्न द्वेष और राग, मनुष्य के अन्तःकरण में वासना के रूप में मौजूद रहते हैं। उन्हीं दुःखों में से मरने का भी एक दुःख है। प्रत्येक प्राणी ने उनका पिछले जन्म में अनुभव किया है, इसीलिये उससे डरता भी रहता है। इसी मृत्युके भयका नाम अभिनिवेश क्लेश है।

ते प्रति प्रसव हेयाः सूक्ष्माः ॥ १० ॥

अर्थ—वे (क्लेश) अपने कारण में (हेयाः) हटाने चाहिये सूक्ष्म होने पर।

व्याख्या—इन पञ्च क्लेशों के हटाने का उपाय, इस सूत्र में बतलाया गया है कि पहले उन्हें क्रिया योग से (देखो सूत्र२ इसी पाद का) हलका करना चाहिये जब वे हलके (सूक्ष्म) हो जावें तब उन्हें उनके (प्रति प्रसव) उत्पत्ति स्थान (कारण) में लौटा देना चाहिये।

ध्यान हेयास्तद्वृत्तयः ॥ ११ ॥

अर्थ—उन क्लेश वृत्तियों को ध्यान से हटाना चाहिये।

व्याख्या—क्लेश की जिन वृत्तियों का अल्प व्यवहार है वे स्थूल वृत्ति और जिनका व्यवहार अधिक है वे सूक्ष्म वृत्ति कहलाती हैं। जिस प्रकार मैले वस्त्र से पहले स्थूल मल छुड़ाया जाता है उसके बाद सूक्ष्म मल, क्योंकि उसके छुड़ाने के लिये विशेष यत्न करना पड़ता है। इसी प्रकार चित्त से इन क्लेश वृत्तियों को, जो स्थूल हैं उन्हें शुद्ध विचार से और जो सूक्ष्म हैं उन्हें ध्यान (चित्त की एकाग्रता) से दूर करना चाहिये।

(१२) कर्म

क्लेश मूलः कर्माशयोऽदृष्टाऽदृष्ट जन्म वेदनीयः ॥ १२ ॥

अर्थ—क्लेश का मूल, दृष्ट और अदृष्ट जन्मों के कर्मों की वासनायें हैं (ऐसा) जानना चाहिये।

व्याख्या—वर्तमान जन्म को दृष्ट और बीते हुये जन्मों को अदृष्ट कहते हैं। मनुष्य जैसा कर्म करता है उससे उसी प्रकार की वासना बनती है औ यह वासना मनुष्य के चित्त में, कर्म की रेखा के रूप में रहा करती है। मनुष्य का चित्त जन्म जन्मान्तर की वासनाओं का भण्डार हुआ करता है। मनुष्य जितने भी क्लेश भोगता है उनका कारण वे वासनायें ही हुआ करती हैं। इसी व्यवस्था का संकेत इस सूत्र में किया गया है।

सति मूले तद्विपाको जात्यायुर्भोगाः ॥ १३ ॥

अर्थ—मूल के रहते हुये उनका फल (१) जाति (योनि), (२) आयु और (३) भोग (होते हैं)।

व्याख्या—क्लेश का मूल वासनायें होती हैं, यह बात कही जा चुकी हैं, उसी मूल (कर्म वासना समूह) के चित्त में रहने से उन (कर्मों) का फल जाति, आयु और भोग के रूप में कर्त्ता को मिला करता है। जाति का अभिप्राय मनुष्य, पशु-पक्षी आदि योनियों से है। आयु की नाप तोल वर्षों पर नहीं किन्तु श्वासों की संख्या से की जाती हैं। मनुष्य अपनी आयु, मिले हुये जन्म में, अपने अच्छे बुरे कर्मों के द्वारा घटा बढ़ा सकता है। सुकर्म से आयु बढ़ती है, दुष्कर्म (नशे व्यभिचार आदि) से आयु का ह्रास होकर, अकाल ही में, मृत्यु हो जाती है। भोग पर भी मनुष्य के वर्तमान कर्म का प्रभाव पड़ा करता है। कर्म फल से प्राप्त भोग रूप रोग, चिकित्सा शास्त्र के अनुकूल विधान करने से समय से पहले कम या दूर हो जाता है।

ते ह्लाद परिताप फलाः पुण्याऽपुण्य हेतुत्वात् ॥१४॥

अर्थ—वे (जाति, आयु और भोग) पुण्य और पाप रूप कारण से; हर्ष और शोक रूप फल वाले (होते हैं)।

व्याख्या—कर्मों के फल जाति, आयु और भोग के रूप में होते हैं। ये अच्छे बुरे दोनों प्रकार के होने से, दुःख और सुख का कारण, होते हैं। दुःख बुरी वस्तु होने से त्यागने योग्य होना ही चाहिये। परन्तु सुख तो अच्छी वस्तु है, इसलिये ग्रहण करने योग्य है। तो इस अंश में तो ये (जाति, आयु और भोगरूप) भोग अच्छे ही समझे जाने चाहिये। इसका उत्तर अगले सूत्र में दिया जाता है।

(१३) ये सब दुःख ही हैं

परिणामतापसंस्कार दुःखैर्गुणवृत्ति विरोधाच्च दुःखमेव सर्वं विवेकिनः ॥१५॥

अर्थ—ज्ञानी पुरुष को तो परिणाम-दुःख, ताप दुःख और संस्कार-दुःख तथा गुण वृत्तियों के विरोध से सब दुःख ही हैं।

व्याख्या—दुःख और सुख का लक्षण इस प्रकार किया जाता है:—

"या भोगेन्द्रियाणां तृप्तेः उपशांतिः तत्सुखम्।" अर्थात् जो भोग करनेवाली इन्द्रियों की तृप्ति की शांति है वही सुख है।

"या लौल्यादनुपशांतिस्तत्दुःखम्।" अर्थात् जो (विषय की इच्छा से इन्द्रियों की) चञ्चलता से अशान्ति होती है वही दुःख

है। ये लक्षण स्पष्ट कर रहे हैं कि इन्द्रियों की विषय भोगसे तृप्ति अथवा उनकी इच्छा की अपूर्त्ति ही, सुख और दुःख, कही जाती है। इन लक्षणों से स्पष्ट है कि संसार में जिसे सुखकहते हैं वह भी इन्द्रियों के भोग ही का नाम है। परन्तु विवेकी पुरुष इन्हें सुख नहीं समझता अपितु दुःख ही मानता है। उसके कारण ये हैं—

परिणाम दुःख—संसार के जितने भी भोग्य (भोजन वस्त्रादि हैं सभी परिणामी हैं। स्वच्छ वस्त्र क्षण क्षण में मैला होता रहता है, युवावस्था घड़ी घड़ी में बुढ़ापे से परिवर्तित होती रहती है जिस पत्नी को रूप, यौवन सम्पन्ना देखकर पति प्रसन्न होता था वह रूप और यौवन पल-पफ में क्षीण हो रहा है। निष्कर्ष यह है कि सांसारिक भोग कोई भी ऐसा नहीं जिसमें परिवर्तन न होता हो। इसीलिये सुख की समस्त सामग्री, परिणाम दुःख मिश्रित होने से, दुःख ही कही जा सकती है।

ताप-दुःख—मनुष्य जब सुखों का उपभोग करता है तब उसके हृदय में उन सुखों के बाधक साधनों से द्वेष रहता है, द्वेष से चित्त सदैव संतापित होता है। यहः संताप स्वयमेव दुःख है। इस लिये सुखों में, दूसरा दुःख जो मौजूद रहा करता है, वह ताप दुःख है।

संस्कार दुःख—मनुष्य जब पुण्य कर्म करता है तो उससे उसे सुख मिलता है। इस सुख से संस्कार (वासना) उत्पन्न होता है। उस संस्कार (वासना) की स्मृति से उसमें राग, राग से प्रवृत्ति

(फिर उसी कर्म के करने की इच्छा), प्रवृत्ति से कर्म उससे फिर वही वासना, राग, प्रवृत्ति और कर्म। इस संसार चक्र से मनुष्य का छूटना, सुख की इच्छा छोड़े बिना, सम्भव नहीं इसलिये इस चक्र की फँसावट, ज्ञानी पुरुषों के लिये, बन्धन रूपी दुःख ही है।

गुण प्रवृत्ति—गुण "सत्", "रज", "तम" तीन हैं और ये तीनों परस्पर विरोधी हैं। एक की प्रबलता में शेष दो सदैव विरोध करते रहते हैं। इस प्रकार, जब तक गुणों की प्रवृत्ति मनुष्य के हृदय में बाकी रहती है, यह देवासुर संग्राम मनुष्य के भीतर जारी ही रहता है। योगी जब तक निस्त्रैगुण्य नहीं होता इस संग्राम रूपी दुःख से बच नहीं सकता। अतः अब यह बात साफ़ हो गई कि विवेकी को संसारिक सुख भी दुःख ही है। ये दुःख, काल की दृष्टि से, तीन अवस्थाओं में रहा करते हैं:— (१) भूत दुःख, (२) वर्तमान दुःख (३) अनागत (भावी) दुःख। इनसे बचने के लिये मनुष्य का कर्त्तव्य क्या है:—

(१४) दुःख जो दूर करना चाहिये

हेयं दुखःमनागतम् ॥ १६ ॥

अर्थ—(जो) दुःख अनागत (अर्थात् अभी आया नहीं है परन्तु आ सकता) है (वही) हटाने के योग्य है।

व्याख्या—जो दुःख मिल चुका है उसके हटाने का विचार व्यर्थ है, जो दुःख वर्तमान काल में मिल रहा है, वह भी, भूत

काल में किये हुये कर्मों का फल होने से, अनिवार्य है। भावी, दुःख हमारे वर्तमान काल के कर्मों के फल रूप होते हैं इस लिये वर्तमान काल के कर्मों को ठीक करके वह भावी (अनागत) दुःख हटाये जा सकते हैं। उसी के हटाने का यत्न करना चाहिये।

(१५) दुःख के कारण

द्रष्टा दृश्ययोः संयोगो हेय हेतुः ॥ १७ ॥

अर्थ—द्रष्टा और दृश्य का संयोग हेय का हेतु (है)।

व्याख्या—द्रष्टा जीवात्मा है और दृश्य प्रकृति से उत्पन्न हुये शरीरादि कार्य हैं। इनके संयोग ही से (हेय) संसार के दुःख उत्पन्न हुआ करते हैं। इसलिये यह आवश्यक है कि द्रष्टा दृश्य, और इनके संयोग की निवृत्ति रूप प्रतिकार (चिकित्सा) समझ लिया जावे।

प्रकाश क्रिया स्थितिशीलं भूतेन्द्रियात्मकं भोगापवर्गार्थं दृश्यम् ॥ १८ ॥

अर्थ—प्रकाश, क्रिया और स्थिति शील, पञ्चभूत और इन्द्रिय स्वरूप, भोग और मोक्ष प्रयोजन वाला (पदार्थ) दृश्य (कहलाता है

व्याख्या—प्रकृति के ३ गुणों में सत्व गुण का शील (स्वभाव) प्रकाश, रजोगुण की क्रिया और तमोगुण की स्थिति (अक्रियत्व) है। इनमें से रज, और तम भोगार्थ और सत्व मोक्षार्थ है। इन तीन गुणों के कार्य, संसार के सभी पदार्थ, दृश्य कहलाते हैं।

यद्यपि सभी कार्य इन गुणों के आधीन हैं और ये गुण बुद्धि में रहते हैं तथापि फल रूप मोक्ष और भोग का भोक्ता जीवात्मा ही है। इसका कारण यह है कि यदि प्रकृति के इन ३ गुणों का सम्पर्क जीवात्मा से न रहे तो फिर ये कुछ नहीं कर सकते क्योंकि उनमें जड़ता है। उनमें जो कुछ भी कर्तृत्व है उसका कारण वह चेतना का प्रकाश है जो जीवात्मा के सम्पर्क से उनमें आ जाया करता है। इसलिये असली कारण कर्तृत्व और भोक्तृत्व का जीवात्मा ही है। मन, बुद्धि आदि सेना रूप उसके साधन ही कहे जा सकते हैं। जिस प्रकार सेना के कर्तृत्व का श्रेय राजा ही को मिला करता है, इसी प्रकार जीवात्मा, जो इन समस्त अन्तः और बाहिः करणों का राजा रूप ही है, कर्ता और भोक्ता कहा जाता है।

विशेषाऽविशेषलिङ्गमात्राऽलिङ्गानि गुणपर्वाणि ॥ १६ ॥

अर्थ—विशेष, अविशेष, लिंगमात्रा, अलिंग (प्रकृति के) गुणों की ४ अवस्थायें हैं।

व्याख्या—(१) विशेष=५ स्थूल भूत+१० ज्ञान व कर्मेन्द्रिय+१ मन कुल १६।

(२) अविशेष=५ तन्मात्रा (शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध)+१ अहङ्कार कुल ६।

(३) लिंगमात्रा=१ महत्तत्त्व।

(४) अलिंग=मूल प्रकृति।

योग २४।

यही २४ पदार्थ सांख्य को भी अभिमत हैं। यहाँ तक दृश्य का स्वरूप वर्णन किया गया है। अब द्रष्टा का लक्षण करते हैं:—

दृष्टा दृशि मात्रः शुद्धोऽपि प्रत्ययाऽनुपश्यः ॥ २० ॥

अर्थ दृष्टा दृशि (ज्ञान) मात्र है और शुद्ध भी, (और) प्रत्ययों के अनुसार देखने (जानने) वाला है।

व्याख्या—आत्मा को गुणी और उसके ज्ञान को गुण कह कर दोनों में संवाय सम्बन्ध कहना भी दर्शनकार को इष्ट नहीं है। किन्तु ज्ञान मात्र कहने का तात्पर्य यह है कि जीवात्मा ज्ञान स्वरूप है। स्वरूप, सत्ता (ज्ञान=वस्तुतत्त्व=Thing in itself) को कहते हैं और जो उस सत्ता में न्याय, दया आदि के सदृश होते हैं, वे गुण कहलाते हैं। सूत्र का भाव यह है कि ज्ञान दृष्टा (आत्मा) का गुण नहीं किन्तु उसकी सत्ता व स्वरूप है, प्रत्यय का तात्पर्य्य बुद्धि को हुई प्रतीतियों से है। प्रत्यय के अनुसार देखने (जानने) का मतलब यह है कि आत्मा (जीव) शुद्ध होने से अपने सांनिध्य मात्र से उन प्रतितियों (प्रत्ययों) को, जो बुद्धि को होती रहती है, साथ ही साथ देखने (जानने) वाला होता है।

तदर्थ एव च दृश्यस्याऽऽत्मा ॥ २१ ॥

अर्थ—दृश्य (प्रकृति) का आत्मा=स्वरूप केवल दृष्टा के लिये है।

व्याख्या—जगत् में प्रकृति विकृत होकर जो अनेक वस्तुयें उत्पन्न किया करती है वे सभी जीवात्मा के लिये होती हैं। प्रकृति के अपने लिए कुछ नहीं होता। यदि यह कहा जावे कि जीवात्मा जब मुक्त हो जाता है तब उसके लिये यह कुछ भी नहीं होता इसका उत्तर इस प्रकार दिया जाता है:—

कृतार्थं प्रति नष्टमप्यनष्टं तदन्यसाधारणत्वात् ॥२२॥

अर्थ—कृतार्थ के प्रति नष्ट भी अन्यों के प्रति सामान्यतया अनष्ट है।

व्याख्या— जो जीव कृतार्थ (मुक्त) हो गये हैं, उन के लिए यद्यपि प्राकृतिक भोग नष्ट हैं परन्तु अन्यों के लिये तो जो अभी मुक्त नहीं हुए, ये सभी भोग उपयोगी हैं। संसार में मुक्त और बद्ध दोनों प्रकार के जीव सदैव रहा करते हैं इसलिए प्रकृति की सर्वथा अनुपयोगिता कभी नहीं होती।

स्व स्वामी शक्त्योः स्वरूपोपलब्धि-हेतुः संयोगः ॥२३॥

अर्थ—स्व (प्रकृति) और स्वामी (जीव) की शक्तियों के स्वरूप की उपलब्धि का हेतु संयोग है।

व्याख्या—स्व=प्रकृतिरूपी मिलकीयत=भोग्य,

स्वामी=जीवरूपी मालिक=भोक्ता

प्रकृति जड़ है और पुरुष (जीव) चेतन होने से जड़ प्रकृति पर अपना अधिकार रखता है और इसीलिए सूत्र में उसे मालिक कहा गया है।

दृष्टा (जीव) और (दृश्य) प्रकृति के संयोग से जो दृश्य पदार्थों की प्राप्ति होती है उसी का नाम भोग है। इस भोग की प्राप्ति संयोग से होती है, जिसका सूत्र में उल्लेख है। इस संयोग से भोग्य (प्रकृति) और भोक्ता (पुरुष) की शक्तियों का स्वरूप प्रकट हो जाता है। प्रकृति की शक्ति के प्रकट होने का भाव

यह है कि सांसारिक पदार्थ अधिक से अधिक भोग्य होने के योग्य हो जावें और पुरुष की शक्ति के प्रकट होने का तात्पर्य यह है कि वह अधिक से अधिक भोक्ता बनने की योग्यता वाला हो जावे। जब दोनों की शक्तियाँ इस प्रकार प्रादुर्भूत होकर संयुक्त होती हैं तब इसी संयोग से बन्धन की उत्पत्ति होती है। जब पुरुष स्वयमेव प्रकृति से मेल कर के संयोग और संयोग से बन्धन पैदा किया करता है तो वह आखिर यह करता क्यों है ?

तस्य हेतुरविद्या ॥२४॥

अर्थ—उस (संयोग) का हेतु अविद्या है।

व्याख्या—बन्धन के कारण संयोग को, पुरुष (भोक्ता) अविद्या अर्थात् अपने मिथ्या ज्ञान से पैदा करता है।

(१६) चिकित्सा

तदऽभावात्संयोगाऽभावो हानंतद्दृशेः कैवल्यम् ॥२५॥

अर्थ—उस (अविद्या) के अभाव से संयोग का अभाव (होता है और वही) हान दृष्टा (पुरुष) का मोक्ष है।

व्याख्या—उस अविद्या से मनुष्य किस प्रकार बचे ? सूत्र में उस की चिकित्सा (हान) यह बतलाई गई है कि उस को दूर करना चाहिए। उसके अभाव होने से, उस से उत्पन्न संयोग का अभाव होगा और उसी संयोग के अभाव का नाम मोक्ष है।

(१७) चिकित्सा के साधन

विवेक ख्यातिरविप्लवा हानोपायः ॥२६॥

अर्थ—स्थिर विवेक ख्याति हान का उपाय है।

व्याख्या—पहले सूत्र में हान (इलाज) यह बतलाया गया है कि अविद्या की निवृत्ति की जावे। अब बतलाते हैं कि उस चिकित्सा के लिए आप को किया करना चाहिये।

विवेक ख्याति उस विवेक (ज्ञान) को कहते हैं जो बुद्धि, चित्त आदि दृश्य पदार्थों के, आत्मा से भिन्न होने से, सम्बन्धित है। वह उपाय यह है कि मनुष्य के भीतर, दृश्य पदार्थों से आत्मा की भिन्नता का ज्ञान, स्थिर रीति से रहने लगे। जब मिथ्या ज्ञान इस विवेक ख्याति के निरन्तर अभ्यास से, दग्ध-बीज हो जाता है तब तमोगुण और रजोगुण के प्रभाव नष्ट हो जाते हैं और उस समय सत्वगुण के प्रकाश में स्थित योगी का ज्ञान प्रवाह शुद्ध और निर्मल हो जाता है। मिथ्या ज्ञान के दूर होने से विवेक ख्याति दृढ़ होती है और विवेक ख्याति के क्रमशः दृढ़ होते रहने से मिथ्या ज्ञान (अविद्या) दूर होने लगता है। यही उपाय है जिसका अभ्यास होना चाहिये।

तस्य सप्तधा प्रान्त भूमिः प्रज्ञा ॥ २७ ॥

अर्थ—उस (विवेक ख्याति वाले) की सात प्रकार की प्रान्त भूमि वाली प्रज्ञा हो जाती है।

व्याख्या—प्रान्त भूमि, "प्रान्त" कहते हैं दूसरे किनारे को—"भूमि" का तात्पर्य योग भूमि से है। प्रान्त भूमि का अभिप्राय यह है कि योगी उस अवस्था को पहुँच जावे जिसमें उसकी प्रज्ञा

परले किनारे तक पहुँचने वाली हो जावे। वे ७ प्रकार की प्रज्ञा (बुद्धि) ये हैं:—

प्रज्ञा विमुक्ति

(१) ज्ञेय शून्यावस्था। अर्थात् जो जानना था जान लिया अब कुछ ज्ञातव्य बाकी न रहने से जिज्ञासा का अन्त हो गया।

(२) हेय शून्यावस्था। अर्थात् जो कुछ छोड़ने योग्य था अविद्या आदि ५ क्लेशों को छोड़ दिया अब कुछ छोड़ने योग्य (हेय) बाकी नहीं रहा। इसलिए छोड़ने की इच्छा (जिज्ञासा) का भी अन्त हो गया।

(३) प्राप्य-प्राप्त-अवस्था। अर्थात् प्राप्य (हान) जो कुछ था पा लिया अब कुछ प्राप्तव्य बाकी न रहने से प्रेप्सा=प्राप्त करने की इच्छा का भी अन्त हो गया।

(४) चिकीर्षा शून्यावस्था। अर्थात् ज्ञान का उपाय कर चुका अब कुछ कर्तव्य शेष न रहने से करने की इच्छा (चिकीर्षा) का भी अन्त हो गया।

इन चारों का एक नाम प्रज्ञा की विमुक्ति है।

चित्त विमुक्ति

(५) बुद्धि सत्व कृतार्थता। अर्थात् बुद्धि आदि (अन्तःकरणों) का कार्य समाप्त हो गया।

(६) गुणलीनता। अर्थात् प्रकृति के, अन्तःकरण रूप में परिणत हुये गुण, अपने कारण (प्रकृति) में लीन हो गये।

(७) आत्म स्थिति। प्रकृति के तीनों गुणों से बाहर होकर आत्मा की अपने स्वरूप में स्थिति हो गई। अब यह जीव) आत्मा, परमात्मा को साक्षात् करेगा। अब कुछ बाकी नहीं रहा।

इन तीनों को चित्त की विमुक्ति कहते हैं।

(१८) अष्टांग योग

योगाङ्गानुष्ठानादशुद्धिक्षये ज्ञानदीप्तिराविवेक ख्यातेः ॥२८॥

अर्थ—योग के (आठ) अंङ्गों के अनुष्ठान से, अशुद्धि के क्षय होने पर, विवेक ख्याति पर्यन्त ज्ञान का प्रकाश होता है।

व्याख्या—मनुष्य के हृदय में शुद्धि और अशुद्धि दोनों का समावेश होता है। अशुद्धि रहने से तम और रज गुणों से हृदय भरपूर रहता है परन्तु शुद्ध हो जाने पर केवल सत्वगुण का प्रकाश उनमें रहने लगता है। इसलिये अशुद्धि के क्षय के लिये योग के यमनियमादि ८ अङ्गों का अनुष्ठान करना चाहिये। इन नियमों के अनुष्ठान से अशुद्धि दूर होकर ज्ञान का प्रकाश होते होते वह अन्तिम ज्ञान जिसे विवेक ख्याति कहते हैं योगी के हृदय में आकर हृदय को प्रकाशित कर देता है।

यम नियमाऽऽसन प्राणायाम प्रत्याहार धारणा ध्यान समाधयोऽष्टावङ्गानि ॥ २९ ॥

अर्थ—(१) यम, (२) नियम, (३) आसन, (४) प्राणायाम, (५) प्रत्याहार, (६) धारणा, (७) ध्यान, (८) समाधि; ये (योग के) आठ अङ्ग हैं।

नोट—इनमें से प्रत्येक अङ्ग की व्याख्या आगे के सूत्रों में है।

(१६) यम

अहिंसा सत्याऽस्तेय ब्रह्मचर्याऽपरिग्रहा यमाः ॥३०॥

अर्थ—(१) अहिंसा, (२) सत्य, (३) अस्तेय, (४) ब्रह्मचर्य, (५) अपरिग्रह, ये ५ यम कहलाते हैं।

व्याख्या—विषयों से, मन सहित इन्द्रियों के उपरत करने का नाम यम है। (१) मन, वचन और कर्म से किसी को पीड़ा न देना **अहिंसा**, (२) मन, वाणी और कर्म से वही सोचना, कहना और करना जो अन्तरात्मा के अनुकूल हो **सत्य**, (३) पराये धन के लेने का मन, वचन और कर्म से यत्न न करना= **अस्तेय**, (४) इन्द्रिय संयम करते हुये वीर्य रक्षा करना **ब्रह्मचर्य** और (५) भोग साधनों के संग्रह के लोभ से मुक्त होना **अपरिग्रह** कहलाता है।

जाति देश काल समयानवच्छिन्नाः सार्वभौमा महाव्रतम् ॥३१॥

अर्थ—(वे यम) जाति, देश, काल और समय से न कटने वाले सार्वभौम (आलमगीर) महाव्रत हैं।

व्याख्या—जाति देशादि से न कटने का अभिप्राय यह है कि इनके द्वारा ये अहिंसा आदि महाव्रत संकुचित न किये जावें।

जाति के द्वारा सङ्कोच—गो और ब्राह्मण को न मारेंगे अन्यों को मारें तो कुछ हर्ज नहीं।

देश के द्वारा सङ्कोच—ब्रज में रह कर वहाँ शिकार न करूँगा। अन्य स्थलों के लिए यह पावन्दी नहीं है।

काल के द्वारा सङ्कोच—एकादशी को मांस न खाऊंगा। अन्य तिथियों में खाना निषिद्ध नहीं है।

समय के द्वारा सङ्कोच—अपने बनाये नियम और की हुई अपनी प्रतिज्ञा के विपरीति हिंसा न करूँगा। कल्पना करो एक आदमी ने प्रतिज्ञा कर रक्खी है कि अपने लिए किसी प्राणी का वध न करूँगा परन्तु अन्यों के लिए वध करने में दोष नहीं है।

इस प्रकार जाति आदि के द्वारा सङ्कोच का फल यह होता है कि अहिंसा आदि सर्व देश और सर्व काल में पालनीय नहीं रहते और तब इनको महाव्रत भी नहीं कह सकते।

(२०) नियम

शौच सन्तोष तपः स्वाध्यायेश्वर प्रणिधानानि नियमाः ॥३२॥

अर्थ—(१) शौच, (२) सन्तोष, (३) तप, (४) स्वाध्याय और (५) ईश्वर प्रणिधान; ये (पाँच) नियम हैं।

व्याख्या—(१) बाहर और भीतर शरीर और मन आदि को पवित्र रखना **शौच**, (२) तत्परता से किये हुये कर्म का

जो फल मिले उस से अधिक का लोभ न करना **सन्तोष**, (३) गरमी, सरदी आदि द्वन्द्वों का सहन करते हुये, समय विभागानुसार सभी कामों का करना **तप**, (४) ओम् का जप और वेदोपनिषदादि सद्ग्रन्थों का अध्ययन **स्वाध्याय** और (५) निष्कामभावना से कर्म करते हुए उन्हें ईश्वरार्पण करना ईश्वर **प्रणिधान** कहलाता है।

(२१) यम और नियम के फल

वितर्कबाधने प्रतिपक्ष भावनम् ॥३३॥

अर्थ—वितर्क के हटाने में प्रतिपक्ष की भावना (करनी चाहिये)।

व्याख्या—वितर्क=विरोधी तर्क। अहिंसा आदि यम और शौचादि नियमों में जब मनुष्य के भीतर इस के विरोधी विचार उत्पन्न हों तो उन्हें उन (विरोधी विचारों) के विरुद्ध भावना कर के हटाना चाहिये। विरुद्ध भावना का भाव यह है कि मनुष्य अपने भीतर ग्लानि पैदा करे और अपने को धिक्कारे कि मैंने निश्चय किया था कि अहिंसा आदि का पालन करूँगा अब मैं स्वयं उन्हें तोड़ रहा हूँ। अपनी प्रतिज्ञा का भङ्ग कर के मैं अपने को पातकी बना रहा हूं।

इत्यादि—वितर्क के उदाहरण:—

[१] "क" ने मुझे गाली दी है इसलिये मैं उसे अवश्य मारूँगा।

(२) 'ख' ने मना करने पर भी 'ग' पर नालिश करदी है इसलिये मैं झूंठी गवाही देकर उसका अभियोग खारिज करा दूंगा।

(३) 'क' ने मेरा धन चुरा लिया है इसलिये मैं भी उसकी चोरी करके उसे ठीक करूंगा।

(४) इस रूपवती का तो सतीत्व नष्ट ही करूंगा।

(५) जितना धन 'क' के पास है उतना धन तो कहीं न कहीं से मेरे पास आही जाना चाहिये।

(६) आज तो सरदी अधिक है इसलिये न नहाऊंगा।

(७) हम तो सन्तोषी जीव हैं इसलिये पुरुषार्थ की हमको क्या जरूरत है।

(८) आज कुछ अच्छा पदार्थ पाकशाला में बना है इसलिये समय से कुछ पहले ही भोजन करना अच्छा है।

(९) जी नहीं चाहता कि इस समय कुछ पढ़ें इसलिये आज स्वाध्याय न सही।

(१०) सब कर्म ईश्वरार्पण करना व्यर्थ है। ईश्वर को भला किसने देखा है। इत्यादि।

वितर्का हिंसादयः कृत कारितानुमोदिता, लोभक्रोध मोहपूर्वका मृदु-मध्याऽधिमात्रा दुखाऽज्ञानाऽनन्त फला इति प्रतिपक्षभावनम् ॥३४॥

अर्थ—हिंसादि वितर्क (१) कृत, (२) कारित,(३) अनुमोदित। (१) लोभ, (२) क्रोध, (३) मोह पूर्वक। (१) मृदु, (२) मध्य, (३) अधिमात्र भेद वाले हैं, जिनके फल दुःख और अज्ञान अनन्त हैं। इसलिये (इनका) प्रतिपक्ष (विरोध) करना चाहिये।

व्याख्या—यम और नियम में वर्णित अहिंसादि १० बातों के विरुद्ध, हिंसा, असत्य, स्तेयादि १० वितर्क हैं। कृत (जो स्वयं किया जावे), कारित, (जो दूसरों से कराया जावे) और अनुमोदित (अन्यों के द्वारा की हुई हिंसा का समर्थन)। भेद से प्रत्येक वितर्क (हिंसा आदि) तीन तीन प्रकार के हैं।

अब इन तीन २ भेदों के, लोभ, क्रोध और मोह भेदों से, फिर तीन २ भेद हो जाते हैं—जैसे एक हिंसा वितर्क को लें तो इसके ३ भेद कृत, कारित और,अनुमोदित होते हैं, अब ये तीन भेद लोभ, क्रोध और मोह के संपर्क से फिर तीन २ प्रकार के होकर नौ (९) हो गये। अब ये ९ भेद फिर मृदु (हलका), मध्य (मृदु से अधिक परन्तु अधिमात्रा से कम) और अधिमात्रा (सबसे अधिक) भेद से तीन २ प्रकार के होकर २७ हो गये। इसी प्रकार असत्य और अस्तेय आदि वितर्कों के भेद से बहुत भेद वितर्कों के होकर अनन्त अज्ञान और दुःख का कारण हो जाते हैं। इसी हेतु से सूत्र में आदेश किया गया है कि इनका प्रतिपक्ष (विरोध) करना चाहिये जिससे इन वितर्कों से छुटकारा पाकर अभ्यासी अहिंसा आदि में प्रतिष्ठित होकर उनसे लाभ उठा सके।

अहिंसा प्रतिष्ठायां तत्सन्निधौ वैर त्यागः ॥३५॥

अर्थ—अहिंसा में (निश्चलता पूर्वक) स्थित होने पर उस (अहिंसक योगी) के समीप (सभी प्राणियों का) वैर छूट जाता है।

व्याख्या—छोटे बालक सर्वथा निर्दोष होते हैं। उनकी भीतरी अहिंसा आदि (निर्दोषता) की झलक, उन (बच्चों) की भोली आँखों, उनके भोले चेहरे की आकृति आदि से देखने वालों को, आ जाया करती है। कई बार देखा और सुना गया है कि इसी प्रकार के बालकों को भेड़िये उठा ले गये परन्तु उनकी अहिंसा पूर्ण आँखों को देखते ही भेड़िये के भीतर से हिंसा वृत्ति जाती रही और ऐसे बच्चों को मरने की जगह, उन (भेड़ियों) ने रक्षा की, पाला और पाल पोस कर बड़ा किया। ऐसे ही भेड़िये के द्वारा पाला हुआ एक १३-१४ वर्ष का बालक, इटावा के कलेक्टर द्वारा, आर्य्य समाज बरेली के अनाथालय में लाया गया था। उसे मैंने भी देखा था। उस में अधिकतर बातें भेड़ियों की, चबड़-चबड़ कर पानी पीना आदि, उस समय भी बाक़ी थीं। मनुष्य का हृदय भी अहिंसा के अभ्यास से ऐसा ही निर्दोष हो जाता है और तब उसके साथ भी कोई वैर नहीं करता।

सत्य प्रतिष्ठायां क्रियाफलाऽऽश्रयत्वम् ॥३६॥

अर्थ—सत्य में स्थित होने पर क्रिया और फल का आश्रय हो जाता है।

व्याख्या—जब अभ्यासी सत्य के आचरण से मन, वाणी और क्रिया तीनों प्रकार से सत्य में स्थित हो जाया करता है तब

क्रिया और उस क्रिया के फल दोनों का आश्रय स्थान उसकी वाणी हो जाती है अर्थात् जो वह कह देता है वैसा ही हो जाता है। व्यास ने लिखा है कि ऐसे सत्यवादी की वाणी अमोघ (सफल) हो जाया करती है। वह यदि किसी (पापी) को कह देवे कि धार्मिक होजा, तो अवश्य वह पाप छोड़ कर धार्मिक हो जावेगा।

अस्तेय प्रतिष्ठायां सर्वरत्नोपस्थानम् ॥३७॥

अर्थ—चोरी न करने (की मर्यादा) में स्थित हो जाने पर सब रत्न प्राप्त होने लगते हैं।

व्याख्या—मनुष्य की जब नियत ठीक हो जाती है और मन, वाणी और क्रिया, किसी प्रकार से भी वह दूसरे के धन में लोभ नहीं करता तो ऐसे निर्लोभी पुरुष को किसी प्रकार की भी कमी नहीं रहती और सभी वस्तुयें उसे स्वयमेव प्राप्त होने लगती हैं।

ब्रह्मचर्य प्रतिष्ठायां वीर्यलाभः ॥३८॥

अर्थ—ब्रह्मचर्य में प्रतिष्ठित होने पर वीर्य का लाभ होता है।

व्याख्या—ब्रह्मचर्य के नियमानुकूल आचरण करने से अतिशय वीर्य की प्राप्ति होती है और ऐसा ब्रह्मचारी सब कुछ कर सकने में समर्थ हो जाता है।

अपरिग्रहस्थैर्ये जन्मकथन्तासंबोधः ॥३९॥

अर्थ—अपरिग्रह में स्थिर होने से जन्म क्यों कर हुआ इस का बोध हो जाता है।

व्याख्या—जन्म जन्मान्तर के संस्कार, वासना और स्मृति का भण्डार चित्त है। मरने पर चित्त का बिगाड़ कुछ नहीं होता। ज्यों का त्यों बना रहता है। शुद्ध संस्कार वाले बालक, जब तक वे सांसारिक छल छिद्र से रहित रहते हैं, अपने पहले जन्म का हाल बतला दिया करते हैं। पीछे सांसारिक लोभ और मोह का आवरण पड़ जाने से उसे भूल जाया करते हैं। चित्त का अध्ययन करने के लिये उस आवरण का हटा देना आवश्यक है। अहिंसा, सत्य, अस्तेय और ब्रह्मचर्य सम्पन्न होने के बाद जब अभ्यासी लोभ को भी त्याग दिया करता है तब उसका हृदय शुद्ध और चित्त आवरण रहित हो जाता है और फिर उसको अपने पहले जन्म का हाल जान लेने में कोई कठिनता नहीं होती।

शौचात्स्वाङ्ग जुगुप्सा परैरसंसर्गः ॥ ४० ॥

अर्थ—शौच से अपने अङ्ग से घृणा (होती है) और अन्यों से संसर्ग छूट जाता है।

व्याख्या—योगी शौच के अभ्यास से जब हृदय को शुद्ध और पवित्र कर लेता है तब उसे मल मूत्रादि, अनेक अपवित्र वस्तुओं के भण्डार अपने शरीर से भी घृणा होने लगती है। जब वह इस प्रकार अपने ही शरीर को निन्दित समझने लगता है तब अन्यों के, ऐसे ही निन्दित शरीर से किस प्रकार संसर्ग रख सकता है।

सत्त्वशुद्धि सौमनस्यैकाग्र्येन्द्रियजयाऽऽत्मदर्शन योग्यत्वानि च ॥ ४१ ॥

अर्थ—सत्व (बुद्धि) की शुद्धि, मन का अच्छा-पन, (चित्त की) एकाग्रता, इन्द्रिय का जीतना और आत्मा के दर्शन (साक्षात्कार करने) की योग्यता भी (शौच से होती है)।

व्याख्या—बाह्य और अभ्यन्तर शुद्धि की स्थिरता से, योगी की बुद्धि निर्मल हो जाती है। बुद्धि की निर्मलता से मन भी शुद्ध हो जाता है और मन की शुद्धता चित्त की चञ्चलता को दूर कर देती है जिससे वह एकाग्र होने लगता है। मन की शुद्धि और चित्त की एकाग्रता से इन्द्रियें उसके वश में हो जाती हैं और इन सब से उसके भीतर आत्म-साक्षात्कार करने की योग्यता, दूसरे शब्दों में, आत्मा की अन्तर्मुखी वृत्ति के जागृत करने की योग्यता आ जाती है।

सन्तोषादनुत्तम सुखलाभः ॥ ४२ ॥

अर्थ—सन्तोष से अनुत्तम सुख प्राप्त होता है।

व्याख्या—अनुत्तम शब्द के दो अर्थ हैं। एक जो उत्तम न हो, दूसरा जिससे बढ़ कर कोई उत्तम न हो। यहां यही दूसरा अर्थ अभिप्रेत है। सन्तोष से मनुष्य तृष्णा रहित हो जाता है और तृष्णा रहित होने से जो सुख प्राप्त होता है उसकी उपमा किसी भी सुख से नहीं दी जा सकती। एक जगह कहा है:—

यच्च काम सुखं लोके यच्च दिव्य महत्सुखम्।
तृष्णा क्षय सुखस्यैतेनार्हतः षोड़शीं कलाम्॥

अर्थात् संसार में जो काम सुख है और जो अन्य महान् दिव्य सुख है, वे तृष्णाक्षय सुख की सोलहवीं कला (अंश= भाग) के समान भी नहीं।

कायेन्द्रियसिद्धिरशुद्धि क्षयात्तपसः ॥ ४३ ॥

अर्थ—तप से शरीर और इन्द्रिय की सिद्धि और अशुद्धि का क्षय होता है।

व्याख्या—तप के अनुष्ठान से अशुद्धि (मल) क्षीण हो जाती है और अशुद्धि के क्षीण हो जाने से काय (देह) सिद्धि (अणिमादि। सूत्र ४४ तथा ४५ विभूतिपाद) और इन्द्रिय सिद्धि (दूर श्रवण, दिव्यदर्शनादि। सूत्र ४० आदि विभूति पाद) हो जाती है।

स्वाध्यायादिष्टदेवता संप्रयोगः ॥ ४४ ॥

अर्थ—स्वाध्याय से इष्ट (मन चाहे) देवता का मेल होता है।

व्याख्या—देवता वेद मन्त्रों के विषय (Subject) को कहते हैं। जब वेदादि सद्ग्रन्थों का स्वाध्याय किया जाता है तो उससे मन्त्रों में वर्णित अनेक विद्याओं का ज्ञान हो जाता है।

समाधि-सिद्धिरीश्वर प्रणिधानात् ॥ ४५ ॥

अर्थ—ईश्वर प्रणिधान से समाधि की सिद्धि होती है।

व्याख्या—जब योगी जो कुछ भी करता है, ईश्वरार्पण करके ही करता है और अपना-पन कुछ नहीं रखता तब उसे संप्रज्ञात समाधि की सिद्धि हो जाती है।

(२२) आसन

स्थिर सुखमासनम् ॥ ४६ ॥

अर्थ—जिसमें स्थिर सुख हो वह आसन (कहलाता है)।

व्याख्या—आसन के अनेक भेद हैं और उनकी अनेक उपयोगितायें भी हैं परन्तु राज योग में आसन का तात्पर्य यह है कि योगी पद्मासन आदिकों में से किसी ऐसे आसन से बैठे जिससे उसे स्थिर रीति से सुख मालूम हो।

प्रयत्न शैथिल्यानन्त समापत्तिभ्याम् ॥ ४७ ॥

अर्थ—प्रयत्न की शिथिलता और अनन्तों के सामुख्य में आने से आसन की सिद्धि होती है।

व्याख्या—आसन की सिद्धि के लिये दो बातों की जरूरत है:-

(१) प्रयत्न की शिथिलता—आसन करने वाले को क्रिया शून्य सा बन जाना चाहिये। जिससे शरीर किसी प्रकार से भी हिल जुल न सके। (२) अनन्त का अभिप्राय अनन्त पशु-पक्षियों से है जिनके सामुख्य में आने से अनेक प्रकार के आसन उनसे सीखे जाते हैं जैसे मयूरासन, कुक्कुटासन, उष्ट्रासन इत्यादि। दूसरा भाव अनन्त का विभुत्व से है जैसे कोई सर्व देशी (सर्वव्यापक) वस्तु हिल जुल नहीं सकती इसी प्रकार अनन्त (ईश्वर आकाशादि) को लक्ष्य में रखते हुए उसी प्रकार का गति शून्य अपने को बनाना चाहिये।

ततो द्वन्द्वाऽनभिघातः ॥ ४८ ॥

अर्थ—उस (आसन की सिद्धि) से द्वन्द्वों की चोट नहीं लगती।

व्याख्या—द्वन्द्व=गरमी सरदी आदि के क्लेशों से, आसन की सिद्धि द्वारा, योगी बच जाया करता है।

(२३) प्राणायाम

तस्मिन्सति श्वासप्रश्वासयोर्गतिविच्छेदः प्राणायामः ॥ ४९ ॥

अर्थ—उस (आसन) के स्थिर होजाने पर श्वास और प्रश्वास की गति रोकना प्राणायाम है।

व्याख्या—श्वास=बाहर की वायु का भीतर ले जाना।

प्रश्वास=भीतर की वायु का बाहर निकालना। इनकी गति रोक देना अर्थात् न श्वास भीतर लें और न बाहर निकालें, प्राणायाम कहलाता है। प्राण वायु का नाम है, आयाम कहते हैं फैलाने, विस्तार देने को। प्राणायाम का भाव यह है कि दोनों प्रकार के श्वासों का विस्तार देना अर्थात् उन्हें देर देर में भीतर लेना और बाहर निकालना।

बाह्याभ्यन्तरस्तम्भ वृत्तिर्देशकालसंख्याभिः परिदृष्टो दीर्घसूक्ष्मः ॥ ५० ॥

अर्थ—(१) बाह्य (२) आभ्यन्तर (३) स्तम्भवृत्ति (३ प्रकार

का प्राणायाम) देश काल और संख्या से देखा हुआ दीर्घ और सूक्ष्म होता है।

व्याख्या—(१) बाह्य-श्वास का बाहर निकाल देना, इसी को रेचक कहते हैं, (२) आभ्यन्तर=पूरक, श्वास का भीतर ले जाना, स्तम्भवृत्ति=कुम्भक, बाहर या भीतर न ले जाकर प्राण को जहाँ का तहाँ रुका रहने देना। इन तीनों में से प्रत्येक प्राणायाम तीन तीन प्रकार का होता है। (१) देशपरिदृष्ट=समीप या दूर के वायु का खींचना, २) काल परिदृष्ट=समय की विशेष मात्रा में श्वास का लेना या निकालना (३) संख्या परिदृष्ट= संख्या विशेष में श्वास का लेना या निकालना। ये सभी प्राणायाम दीर्घ (विस्तृत) भी होते हैं और सूक्ष्म भी।

बाह्याभ्यन्तरविषयाक्षेपी चतुर्थः ॥ ५१ ॥

अर्थ—बाहर और भीतर (दोनों देशों में) आक्षेप करने (फेंकने) वाला चौथा प्राणायाम है।

व्याख्या—श्वास को बाहर निकाल कर बाहर ही रुका रहने देना बाह्य कुम्भक और श्वास को भीतर ले जाकर भीतर ही रुका रहने देना आभ्यन्तर कुम्भक कहा जाता है। इस चौथे प्राणायाम का तीसरे से अन्तर यह है कि तीसरा बिना रेचक या पूरक के श्वास का जहाँ का तहां रोक देना है परन्तु चौथे में पूरक या रेचक के बाद श्वास रोका जाता है।

ततः क्षीयते प्रकाशावरणम् ॥ ५२ ॥

अर्थ—उस (प्राणायाम के सिद्ध होने) से प्रकाश पर पड़ने वाला परदा हट जाता है।

व्याख्या—मनुष्य के भीतर जो सत्व गुण है उस पर तमस् और रजस् का परदा पड़कर उसे ढांप दिया करता है जिससे मनुष्य में अनेक दोप आ जाते हैं परन्तु प्राणायाम के अभ्यास से रजस् और तमस् गुणों का ह्रास होकर सत्व की वृद्धि होती है और मनुष्य उन दोपों से मुक्त हो जाता है। जैसा मनुस्मृति में भी कहा है:—

दह्यन्ते ध्मायमानानां धातूनां हि यथा मलाः।
तथेन्द्रियाणां दह्यन्ते दोषाः प्राणस्य निग्रहात्॥

॥ मनु० ६। ७१ ॥

अर्थात्—जैसे अग्नि में, धोंके हुये (स्वर्णादि) धातुओं के मल दग्ध हो जाते हैं इसी प्रकार प्राण के रोकने (प्राणायाम) से इन्द्रियों के दोप दग्ध हो जाते हैं।

धारणासु च योग्यता मनसः ॥ ५३ ॥

अर्थ—धारणा (के अभ्यास कर सकने) में मन की योग्ता हो जाती है।

व्याख्या—धारणा चित्त के एकाग्र करने को कहते हैं। इस धारणा की योग्यता प्राणायाम के सिद्ध होने से, हो जाती है। इस सूत्र में आये धारणा शब्द में प्रत्याहार को सम्मिलित समझना चाहिये क्योंकि प्रत्याहार के अभ्यास के बाद ही धारण के अभ्यास

शुरू किये जाते हैं। तात्पर्य यह है कि प्रत्याहार और धारणा दोनों की योग्यता प्राणायाम से हो जाती है।

(२४) प्रत्याहार

स्वविषयासंप्रयोगचित्तस्य स्वरूपाऽनुकार इवेन्द्रियाणां प्रत्याहारः ॥ ५४ ॥

अर्थ—इन्द्रियों का अपने विषय से मेल न होना और चित्त के स्वरूप का अनुकरण सा करने लगना प्रत्याहार (कहाता) है।

व्याख्या—प्रत्याहार कहते हैं पीछे हटने को। यहाँ इन्द्रियों का अपने विषय से पीछे हटना अभिप्रेत है। जब चित्त का इन्द्रियों से मेल होता है तब इन्द्रियाँ अपने २ विषय की ओर चलती हैं। यदि मेल न हो तो इन्द्रियाँ भी अपने २ विषय से मेल न रक्खेंगी। सूत्र का भाव यह है कि जब चित्त इन्द्रियों से मेल न रखकर अपने स्वरूप में स्थित हो तब उसकी निरुद्धावस्था होती है। बस चित्त की इसी निरुद्धावस्था का अनुकरण करके जब इन्द्रियाँ भी अपने २ विषय से मेल न रखकर निरुद्ध हो जावें तो इस अवस्था को प्रत्याहार कहेंगे।

ततः परमा वश्यतेन्द्रियाणाम् ॥ ५५ ॥

अर्थ—इस (प्रत्याहार की सिद्धि) से इन्द्रियाँ पूर्णतया वश में हो जाती हैं।

व्याख्या—चित्त की एकाग्रता इन्द्रियों के विषयों में न होकर जब अन्य ओर हो जाती है तब न चित्त विषयों की ओर जाता है और न इन्द्रियाँ। इस प्रकार चित्त का इन्द्रियों सहित विषयों की ओर न जाना जितेन्द्रियता कही जाती है। यही जितेन्द्रियता प्रत्याहार से प्राप्त हो जाती है।

इति द्वितीयः साधनपादः।

द्वितीय साधनपाद समाप्त हुआ।

विभूति पाद

(२५) धारणा

देशबन्धश्चित्तस्य धारणा ॥ १ ॥

अर्थ—चित्त का (किसी) देश में बाँधना धारणा (कहलाता है)।

व्याख्या—अपने शरीर के नाभि-चक्र, हृदय-कमल, भ्रूमध्य, नासिका के अग्रभाग, जिह्वा के अग्रभाग या ब्रह्म-रन्ध्र (मूर्धा) अथवा किसी बाह्य-विषय में चित्त का, वृत्तियों के माध्यम से, ठहराना धारणा कहाता है।

(२६) ध्यान

तत्र प्रत्ययैकतानता ध्यानम् ॥ २ ॥

अर्थ—उस (धारणा) में प्रत्यय (ज्ञान) का एक सा बना रहना ध्यान कहा जाता है।

व्याख्या—देश विशेष (नाभि-चक्रादि) में चित्त का ठहरना धारणा कहा गया है। यह चित्त का ठहराव जब स्थिर हो जावे और ध्येय का ज्ञान एक जैसा बना रहे और दूसरा किसी प्रकार का ज्ञान चित्त में न आवे तो इस अवस्था का नाम ध्यान कहा जायगा।

(२७) समाधि

तदेवार्थमात्रनिर्भासं स्वरूपशून्यमिव समाधिः ॥ ३ ॥

अर्थ—उसी (ध्यान) में जब अर्थ (ध्येय) मात्र का प्रकाश रह जावे और (ध्याता) अपने रूप से शून्य सा हो जावे तो उसे समाधि (कहेंगे)।

व्याख्या—ध्यान और समाधि में अन्तर यह है कि ध्यान में ध्याता, ध्यान और ध्येय इन तीनों का ज्ञान योगी को रहता है; परन्तु समाधि में अर्थ (ध्येय) मात्र का प्रकाश रह जाता है। ध्याता और ध्यान न रहते हों यह नहीं होता। ये रहते जरूर हैं परन्तु इनका स्वरूप शून्य सा हो जाता है। ध्याता पर ध्येय के स्वभाव का पूर्ण आवेश हो जाता है। इस आवेश का फल यह होता है कि ध्याता को अपनी सुध बुध नहीं रहती और वह केवल ध्येय के प्रकाश ही में निमग्न और तल्लीन सा हो जाता है।

(२८) वृत्तियों के निरुद्ध होने से पहली बातें

त्रयमेकत्र संयमः ॥ ४ ॥

अर्थ—तीनों (धारणा, ध्यान और समाधि) एकत्रित होकर संयम (कहलाते हैं)।

व्याख्या—इन तीनों को किसी एक लक्ष्य पर लगाना, योग दर्शन की परिभाषा में, संयम करना कहलाता है।

तज्जयात्प्रज्ञाऽऽलोकः ॥ ५ ॥

अर्थ—उस (संयम) के जय (सिद्ध होने) होने से प्रज्ञा का आलोक (प्रकाश) हो जाता है।

व्याख्या—धारणा, ध्यान और समाधि के अभ्यास और इन तीनों के किसी एक ध्येय पर लगा सकने की योग्यता प्राप्त हो जाने से योगी की बुद्धि निर्मल हो जाती है और उस (प्रज्ञा के नैर्मल्य) से योगी ऐसे काम ले सकता है जो साधारण बुद्धि वालों को आश्चर्य में डालने वाले होते हैं।

तस्य भूमिषु विनियोगः ॥ ६ ॥

अर्थ—उस (संयम) का भूमियों में विनियोग (होता है)।

व्याख्या—संयम करने की योग्यता, अभ्यास से, बढ़ती है। अभ्यास बार-बार एक ही काम के करने से पूरा होता है। पहले सब से नीचे दरजे का अभ्यास करे, इसके बाद क्रमशः ऊँचे दरजे का अभ्यास करता और बढ़ाता जावे। उन्हीं दरजों को योग-दर्शन की परिभाषा में भूमि कहते हैं। विनियोग के अर्थ लगाना, काम में लाना आदि हैं। तात्पर्य यह हुआ कि योग की शक्ति, योग की भूमि में, लगाई जाती है तभी उसकी वृद्धि होती है।

त्रयमन्तरङ्गं पूर्वेभ्यः ॥ ७ ॥

अर्थ—(ये) तीन (धारणा, ध्यान और समाधि) पहलों (यम नियमादि) से अन्तरङ्ग हैं।

व्याख्या—यम से प्रत्याहार पर्यन्त वहिरङ्ग और इनकी अपेक्षा धारणा, ध्यान और समाधि अन्तरङ्ग हैं।

तदपि वहिरङ्गं निर्बीजस्य ॥ ८ ॥

अर्थ—तो भी (उपर्युक्त तीनों धारणा, ध्यान और समाधि) निर्बीज (या असम्प्रज्ञात समाधि) का वहिरङ्ग है।

व्याख्या—धारणा, ध्यान और समाधि ये साक्षात् साधन सबीज या सम्प्रज्ञात समाधि के हैं परन्तु निर्बीज या असम्प्रज्ञात समाधि के ये असाक्षात कारण ही कहे जा सकते हैं। इसीलिये इन्हें निर्बीज समाधि की अपेक्षा वहिरङ्ग कहा गया है।

(२६) परिणाम विवरण

व्युत्थाननिरोधसंस्कारयोरभिभवप्रादुर्भावौ निरोधक्षणचित्तान्वयो निरोधपरिणामः ॥ ६ ॥

अर्थ—व्युत्थान संस्कार का छिपना और निरोध संस्कार का प्रकट होना और निरोध क्षण के चित्त से जिनका सम्बन्ध हो, उसे निरोध परिणाम कहते हैं।

व्याख्या—व्युत्थान के अर्थ विरोधाचरण के हैं। योग-दर्शन में व्युत्थान चित्त की क्षिप्त, मूढ़ और विक्षिप्त भूमियों को कहते हैं।

जिस समय चित्त निरुद्ध होता है तब ये व्युत्थान दब जाया करते हैं।

ये दोनों (व्युत्थान और निरोध) चित्त के धर्म हैं जिनमें से एक के उदय होने पर दूसरा अस्त हो जाया करता है। चित्त के तीन परिणाम हैं (१) निरोध परिणाम (२) समाधि परिणाम (३) एकाग्रता परिणाम। इनमें से इस सूत्र में पहले निरोध परिणाम का लक्षण किया गया है। जब चित्त का व्युत्थान संस्कार दब जाता है और चित्त निरुद्ध होकर संस्कार मात्र रह जाता है

तो चित्त की इस परिवर्तित संस्कार-शेष अवस्था को निरोध-परिणाम कहते हैं ।

तस्य प्रशान्तवाहिता संस्कारात् ॥ १० ॥

अर्थ—संस्कार से उस (चित्त) की प्रशान्त-वाहिता होती है ।

व्याख्या—जब व्युत्थान संस्कार दब जाता है और निरोध संस्कार प्रकट हो जाता है तो इससे चित्त निर्मल होकर शान्त हो जाता है ।

सर्वार्थतैकाग्रतयोः क्षयोदयौ चित्तस्य समाधिपरिणामः ॥ ११ ॥

अर्थ—चित्त की सर्वार्थता (सब विषयों में लगा रहना) का क्षय और एकाग्रता का उदय होना समाधि परिणाम कहलाता है ।

व्याख्या—जब चित्त की ऐसी अवस्था हो जावे कि वह प्रत्येक विषय की ओर न जाकर किसी एक केन्द्र पर एकाग्रित हो जावे तो चित्त की इस एकाग्रित अवस्था का नाम समाधि परिणाम होता है ।

ततः पुनः शान्तोदितौ तुल्यप्रत्ययौ चित्तस्यैकाग्रता-परिणामः ॥ १२ ॥

अर्थ—शान्त बीते हुये को कहते हैं और उदित वर्तमान को, शान्त प्रत्यय वह ज्ञान है जो चित्त में पहले का है और उदित प्रत्यय वह ज्ञान है जो चित्त में अब आया है । जिस अवस्था में यह दोनों ज्ञान (शान्त और उदित) एक जैसे होकर रहने लगें तो चित्त की इस परिवर्तित अवस्था का नाम एकाग्रता परिणाम है ।

एतेन भूतेन्द्रियेषु धर्मलक्षणाऽवस्थापरिणामा व्याख्याताः ॥ १३ ॥

अर्थ—इससे (पञ्च) भूतों और इन्द्रियों में धर्मपरिणाम, लक्षण परिणाम और अवस्थापरिणाम (भी) कहा गया (समझो)।

व्याख्या—ऊपर जो चित्त के तीन परिणाम कहे गये हैं ऐसे ही पञ्चभूतों और इन्द्रियों में भी, धर्म, लक्षण और अवस्था भेद से, तीन परिणाम होते हैं जिन्हें धर्मपरिणाम, लक्षणपरिणाम और अवस्थापरिणाम कहतेहैं। इन तीनों परिणामों का विवरण इस प्रकार है:—

पाँच भूत और इन्द्रियां सभी सत्व, रज और तम भेद से त्रिगुणात्मक हैं। परिणाम इन्हीं गुणों में हुआ करता है। परिणाम का अर्थ यह है कि एक गुण को छोड़कर दूसरे का धारण करना। इनमें पहला **धर्म-परिणाम** है। जैसे पांच भूतों में से एक भूत पृथ्वी का परिणाम मनुष्य, पशु और पक्षियों के शरीर तथा घर घटादि हैं दूसरा परिणाम **लक्षण परिणाम** है। इस परिणाम का कारण काल भेद है, जैसे पूर्व शरीर, वर्त्तमान शरीर और भविष्यत् शरीर। धर्म-परिणाम इस परिणाम से पृथक् नहीं रहता बल्कि धर्म-परिणाम ही काल भेद से लक्षण परिणाम हो जाता है। तीसरा **अवस्था परिणाम** जैसे पुराना घर, नया घर, जवान आदमी, बूढ़ा आदमी इत्यादि।

योगाचार्य लक्षण परिणाम के भविष्यत् परिणाम को साक्षात् रूप से, नहीं परन्तु शक्ति-रूप से अवस्थित मानते हैं। उन्होंने उदाहरण दिया है कि पीपल, वट और आम आदि के बीज से अवसर पाकर क्रम पूर्वक पीपल, वट और आम आदि के ही वृक्ष बनेंगे। इसका मतलब यह है कि भावी वृक्ष शक्ति रूप से वर्त्तमान बीज में उपस्थित हैं और यह ठीक है।

शान्तोदिताव्यपदेश्यधर्मानुपाती धर्मी ॥ १४ ॥

अर्थ—शान्त (बीते हुये), उदित (वर्त्तमान) और अव्यपदेश्य (बतलाने या निर्देश करने के अयोग्य = भविष्यत् धर्मों में गिरने (वा रहने) वाला धर्मी (कहलाता है)।

व्याख्या—बने हुये, बनते हुये और बनने वाले प्रत्येक घड़े में मिट्टी मौजूद रहती है। इसीलिये घड़ा धर्म और मिट्टी धर्मी है। प्रकृति के जितने भी विकार महत्तत्व से लेकर स्थूल भूत पर्यन्त हैं; इनमें से जो भी मिट्टी के सदृश धर्मी होंगे वे सभी सापेक्ष धर्मी ही कहे जावेंगे। निरपेक्ष धर्मी तो केवल कारण रूप प्रकृति ही है। एक बात इस धर्म और धर्मी के सम्बन्ध में याद रखने योग्य है कि अन्य दर्शनों में गुण गुणी को प्रायः धर्म और धर्मी कहा गया है परन्तु योग दर्शन में धर्म और धर्मी शब्द कार्य और कारण के लिये प्रयुक्त हुये हैं।

क्रमान्यत्वं परिणामान्यत्वे हेतुः ॥ १५ ॥

अर्थ—क्रम भेद परिणाम भेद में हेतु है।

व्याख्या—क्रम भेद का भाव यह है कि कपाससे रुई निकाली गई, रुई से सूत बना और सूत से वस्त्र तय्यार हुआ। तो यहाँ वस्त्र तक पहुँचने में यह जितना क्रम-भेद हुआ वही क्रम-भेद अनेक परिणामों का कारण है। कपास से रुई, फिर रुई से सूत, फिर सूत से वस्त्र ये तीन (धर्म) परिणाम क्रम भेद से ही हुए हैं। ये भेद धर्म परिणाम के हैं इन्हों में काल और अवस्था भेद से अनेक लक्षण-परिणाम और अवस्था-परिणाम होते हैं। इन अन्तिम परिणामों का कारण भी वही क्रम-भेद है।

(३०) विभूति

पहली विभूति

परिणामत्रयसंयमादतीतानागतज्ञानम् ॥ १६ ॥

अर्थ—तीनों परिणामों के संयम से अतीत (भूत) और अनागत (भविष्यत्) का ज्ञान होता है।

व्याख्या—संसार के तीनों कालों में होने वाले समस्त पदार्थ इन्हीं तीन (धर्म, लक्षण और अवस्था) परिणामों के अन्तर्गत रहते हैं। जब योगी इन्हीं (तीन) परिणामों में संयम करेगा तो उसको उस पदार्थ के, जिससे ज्ञान के लिये उसने संयम किया है, भूत और भविष्यत् का ज्ञान हो जायगा। ऊपर कहा जा चुका है (देखो सूत्र १३ की व्याख्या) कि भविष्यत्, शक्ति रूप से, वर्तमान में मौजूद रहता है ऐसी दशा में भविष्यत् के ज्ञान हो जाने का आश्चर्य ही क्या हो सकता है? यहां से उन विभूतियों

(सिद्धियों) का वर्णन शुरू हुआ है जिन्हें योगी-जन प्राप्त कर लिया करते हैं। संयम करने का अभिप्राय अपनी समस्त (धारणा, ध्यान और समाधि से उपलब्ध) आत्मशक्तियों को किसी एक विषय में लगा देने से है।

दूसरी विभूति

शब्दार्थप्रत्ययानामितरेतराध्यासात्संकरस्तत्प्रविभागसंयमात्सर्वभूतरुतज्ञानम् ॥ १७ ॥

अर्थ—शब्द, अर्थ और प्रत्यय (ज्ञान) में अन्य में अन्य का अभ्यास (अशुद्ध कल्पना) करने से सब सङ्कर (एकमेव) हो जाते हैं। (परन्तु) उनके विभाग (शब्द, अर्थ और ज्ञान) में संयम करने से सब की बोली का ज्ञान हो जाता है।

व्याख्या—शब्द वाचक जैसे जल, अर्थ वाच्य अर्थात् वह पतली चीज़ जिसके पीने से प्यास शान्त होती है और ज्ञान चित्त की वृत्तियों की तदाकारता। ये तीनों पृथक् २ अपनी २ सीमा रखते हैं। साधारण लोग जो इस सीमा को नहीं समझते एक की जगह दूसरे का प्रयोग करते हैं, परन्तु योगी, यथार्थ ज्ञानी होने से, तीनों की पृथक् २ सीमाओं को जानता है, वह शब्द, अर्थ और उनके सम्बन्ध की नित्यता को भी जानता है। सम्बन्ध की नित्यता के कारण शब्द से अर्थ पृथक् नहीं किया जा सकता। जब योगी किसी शब्द में, चाहे वह मनुष्य की बोल चाल का शब्द हो अथवा पशु पक्षियों का, संयम करता है तो उसे उस

शब्द का अर्थ ज्ञान हो जाता है और इस प्रकार वह प्रत्येक प्राणी की बोली समझ सकता है।[1]

तीसरी विभूति

संस्कारसाक्षात्करणात्पूर्वजातिज्ञानम् ॥ १८ ॥

अर्थ—संस्कार के साक्षात् करने से पूर्व जाति (जन्म) का ज्ञान (हो जाता है) ।

व्याख्या—मनुष्य का सूक्ष्म शरीर जो मन, बुद्धि और चित्तादि का समुदाय होता है, मृत्यु होने पर स्थूल शरीर के नष्ट हो जाने से, नष्ट नहीं होता सूक्ष्म शरीर में चित्त, जन्म जन्मान्तर के रिकार्ड के रूप में होता है। उसमें तीन चीजें होती हैं (१) स्मृति (२) वासना (३) संस्कार। (१) जन्म जन्मान्तर का प्राप्त ज्ञान स्मृति रूप में रहता है, (२) किये हुये अच्छे बुरे कर्म वासना के रूप में (फल प्राप्ति के लिये) और (३) जन्म जन्मान्तर के पड़े हुये प्रभाव (Impressions) संस्कार के रूप में चित्त में रहते हैं। अनेक बालक जिनके अच्छे संस्कार होते हैं, पिछले जन्म

---

(१) किपलिङ्ग ने अपनी जङ्गल बुक में लिखा है कि एक मनुष्य जिसको उसने मौगली (Mowgli) लिखा है वह भेड़ियों से उनकी भाषा बोलकर बातचीत किया करता था (Jungle book by Kipling)। स्टूअर्ट (Stewart) महोदय एक दूसरे व्यक्ति हैं, जिनका हाल इङ्गलैण्ड के (Daily Hearld) में छपा है, जो भेड़ियों से न केवल बातचीत करते थे बल्कि उनके साथ खेलते भी थे। (Vide Leader Dated 5-9-1931.)

का हाल बता दिया करते हैं परन्तु ज्यों-ज्यों वे बड़े होते जाते हैं त्यों-त्यों उनकी नैसर्गिक शुद्धता कम होने लगती है, और उनके अन्तःकरणों पर माया और मोह का आवरण पड़ने लगता है। इसका फल यह होता है कि पिछले जन्म का चित्त रूप रिकार्ड (लेख पत्र) साथ होते हुये भी उसे जान नहीं सकते । परन्तु जब योगी उस आवरण को, अपनी उपलब्ध शुद्धता और यथार्थ-ज्ञता से हटा दिया करता है तब वह चित्त रूपी पट्टिका के पढ़ने के योग्य होकर अपने पिछले जन्म का हाल जान लिया करता है। योग दर्शन के इस सूत्र में स्मृति वासना और संस्कार सब का, एक नाम संस्कार दिया गया है। संस्कार के साक्षात करने का भाव उपर्युक्त आवरण का चित्त से हटा देना मात्र है।

चौथी विभूति

प्रत्ययस्य परचित्तज्ञानम् ॥ १९ ॥

अर्थ—प्रत्यय के (साक्षात् करने से) दूसरों के चित्त का ज्ञान (हो जाता है)।

व्याख्या—मनुष्य के चित्त की प्रवृत्ति कि वह राग युक्त है या दोष युक्त, उसके चेहरे, उसकी आँखों आदि से, अनुभवी पुरुषों को अथवा उन विद्वानों को, जिन्होंने आकृति विद्या (Seience of Facial Expressiou) का अध्ययन किया है,- ज्ञात- हो- जाया करती है। अनुभव और आकृति-विद्या के अध्ययन दोनों से योगी की शक्ति जिससे वह संयम करता है, अधिक होती है, इसलिये

योगी को पराये चित्त का प्रकार समझने में कुछ भी कठिनता नहीं होती। अवश्य योगी यह नहीं जान सकता कि किसी दूसरे के चित्त की प्रवृत्ति किस विषय (धन-स्त्री आदि) की ओर है क्योंकि योगी ऐसे विषयों में संयम नहीं कर सकता क्योंकि इसमें उसके पतन होने का भय है।

पांचवीं विभूति

कायरूपसंयमात्तद्ग्राह्यशक्तिस्तम्भे चक्षुःप्रकाशासंप्रयोगेऽन्तर्धानम् ॥ २० ॥

अर्थ—काय (शरीर) के रूप में संयम करने से उस शरीर की ग्राह्य शक्ति रुक जाने और उस (शरीर के रूप) का आँख के प्रकाश से संयोग न रहने पर (योगी) अन्तर्धान (हो सकता है)।

व्याख्या—जहाँ आँखों में देखने की शक्ति है वहाँ रूपवाली वस्तुओं में दिखाई देने की योग्यता (ग्राह्य शक्ति) भी होती है यदि वह योग्यता न हो या न रहे तो फिर कोई उस रूप वाली वस्तु को नहीं देख सकता। योगी अपने शरीर के रूप में संयम करके उसकी (शरीर के रूप से दिखाई देने की योग्यता) ग्राह्यशक्ति को रोक देता है। फल उसका यह होता है कि कोई दूसरा उस (योगी) को नहीं देख सकता। यही योगी का अन्तर्धान होना है।

छठी विभूति

सोपक्रमं निरुपक्रमं च कर्म, तत्संयमादपरान्तज्ञानमरिष्टेभ्यो वा ॥ २१ ॥

अर्थ—कर्म (के) सोपक्रम और निरुपक्रम (दो भेद) हैं उस (कर्म) में संयम करने अथवा अरिष्टों से मृत्यु का ज्ञान हो जाता है।

व्याख्या—आयु नियत करने वाले कर्म के दो भेद हैं। (१) सोपक्रम, जो शीघ्र फल देने वाले और (२) निरुपक्रम, जो देर से फल देने वाले होते हैं। आयु इन्हीं कर्मों का फल होती है इसलिये कारणरूप, किये हुये कर्म के भेदों में, संयम करने से, कार्य्यरूप मृत्यु का ज्ञान, हो जाता है।

अरिष्ट तीन प्रकार के हैं (१) आध्यात्मिक अर्थात् भीतर के घोष (अनहद शब्द) के सुनने का अभ्यास होते हुये, उनका, कान बन्द कर लेने पर भी सुनाई न देना (२) आधिभौतिक अर्थात् भयप्रद सूरतों वा मरे हुये अपने सम्बन्धियों का इस प्रकार से दिखाई देना कि मानों वे सामने ही खड़े हैं (३) आधिदैविक अर्थात् आकाशस्थ नक्षत्र वा तारों का उलटा पुलटा दिखाई देना। अरिष्ट का अर्थ वे बुरे चिह्न हैं जो मरने से पहले दिखाई देने लगते हैं। इसलिये इन अरिष्टों से भी मृत्यु का ज्ञान हो जाता है।

सातवीं विभूति

मैत्र्यादिषु बलानि ॥२२॥

अर्थ—मैत्री आदि में संयम करने से बल (प्राप्त हो जाता है)।

व्याख्या—पहले पाद के ३३ वें सूत्र में मैत्री, करुणा, मुदिता और उपेक्षा, इन चार भावनाओं का वर्णन किया गया है। इनमें से

प्रथम तीन में संयम हो सकता है। उन में संयम करने से योगी को मैत्र, करुणा और मुदिता का बल प्राप्त हो जाता है। उपेक्षा में संयम इसलिये नहीं हो सकता कि कोई भी अनिष्ट वस्तु, पाप आदि, योगी के संयम का विषय नहीं बन सकती। उपेक्षा करने का भाव भी यही है कि योगी उन (पापियों) से पृथक् रहना चाहता है।

आठवीं विभूति

बलेषु हस्तिबलादीनि ॥२३॥

अर्थ—बलों में (संयम करने से) हाथी आदि के बल (प्राप्त) हो जाते हैं।

व्याख्या—हाथी, सिंह आदि जिसके बल में भी संयम किया जावेगा उसी का बल योगी को प्राप्त हो जावेगा। योगी यम नियम का पालन करके जिसमें ब्रह्मचर्य्यादि अनेक दिव्य-बल-प्रद नियम सम्मिलित हैं, स्वयमेव अत्यन्त बलवान् होता है फिर संयम के द्वारा उसके लिये और भी बल बढ़ा लेना क्या कठिन बात है?

नवमी विभूति

प्रवृत्त्यालोकन्यासात्सूक्ष्मव्यवहितविप्रकृष्टज्ञानम् ॥२४॥

अर्थ—प्रवृत्ति के आलोक (प्रकाश) को (उनमें) रखने से सूक्ष्म व्यवहित (आड़ में रहने वाले पदार्थ) और दूर का ज्ञान (हो जाता है)।

व्याख्या—पहले पाद के सूत्र ३६ में ज्योतिष्मती प्रवृत्ति की बात कही गई है। उसी प्रवृत्ति के प्रकाश को सूक्ष्म, दृष्टि से ओझल

और दूर के पदार्थ के साथ संयुक्त करने से योगी को उनका ज्ञान हो जाता है।

दसवीं विभूति

भुवनज्ञानं सूर्ये संयमात् ॥२५॥

अर्थ—भुवन का ज्ञान सूर्य में संयम करने से (हो जाता है)।

ग्यारहवीं विभूति

चन्द्रे ताराव्यूहज्ञानम् ॥२६॥

अर्थ—चन्द्र में (संयम करने से) नक्षत्रों की स्थिति (Position) का ज्ञान (हो जाता है)।

बारहवीं विभूति

ध्रुवे तद्गतिज्ञानम् ॥२७॥

अर्थ—ध्रुव में (संयम करने से) उन (नक्षत्रों) की गति का ज्ञान (हो जाता है)।

सूत्र २५, २६ और २७ की व्याख्या—इन सूत्रों में सूर्य, चन्द्र और ध्रुव का अर्थ बाह्यसूर्य चन्द्रादि नहीं है किन्तु इनका अभिप्राय आन्तरिक सूर्य चन्द्रादि से है। शरीर में तीन नाड़ियां इड़ा, पिंगला और सुषुम्णा हैं। इनमें से इड़ा जो शरीर के दक्षिण भाग से शुरू होकर ऊपरी उत्तरी भाग तक जाती है वह सूर्य। और पिंगला जो शरीर के बायें भाग से प्रारम्भ हो ऊपरी दक्षिण भाग तक गई है वह चन्द्र और इन दोनों के मध्य खड़ी नाड़ी, जो रीढ़ की हड्डी से होकर गई है, ध्रुव कहलाती है। किस प्रकार

इनमें संयम करने से भुवन, नक्षत्र और नक्षत्रों की गति का ज्ञान होता है इसके समझने में, वेतार के तार बरकी की कार्यप्रणाली समझने से सुगमता होती है। इसलिए उसका विवरण उपोद्घात में दिया गया है। मनुष्य शरीर ब्रह्मांड का सूक्ष्म रूप है। इसलिए भुवन शरीर को भी कहते हैं और वाह्य ब्रह्मांड को भी। सुषुम्णा नाड़ी शरीर की मुख्य नाड़ी है और जितने (सूर्यादि) चक्र हैं वे सब इसी में हैं। इसलिए इस नाड़ी में संयम करने से समस्त शरीर का भी ज्ञान हो जाता है और शरीर के बाहर का भी। शरीर के अन्तर्गत के ज्ञान में, समस्त नाड़ी जो नक्षत्र स्थानी हैं, और उनकी गति के प्रकार आदि का सभी ज्ञान सम्मिलित हैं।

तेरहवीं विभूति

नाभिचक्रे कायव्यूहज्ञानम् ॥२८॥

अर्थ—नाभि-चक्र में (संयम करने से) शरीर की बनावट ज्ञान हो जाता है।

व्याख्या—शरीर त्रिदोष वात, पित्त और कफ़ और सात धातु (१) त्वचा, (२) चर्म, (३) मांस, (४) स्नायु, (५) अस्थि, (६) मज्जा (चर्बी), और शुक्र का समुदाय है। नाभि केन्द्र को कहते हैं। शरीर का केन्द्र होने ही से नाभि, "नाभि-चक्र" कहलाता है। इस चक्र में संयम करने से योगी को समस्त शरीर का, कि वह किस प्रकार उपर्युक्त वस्तुओं से बना और उनका संग्रह है, ज्ञान हो जाता है।

चौदहवीं विभूति

कण्ठकूपे क्षुत्पिपासानिवृत्तिः ॥२९॥

अर्थ—कंठ कूप में (संयम करने से) भूख प्यास की निवृत्ति (होजाती है)।

व्याख्या—जिह्वा के नीचे सूत के समान एक नश है उस तंतु के अधो भाग में कंठ, और कंठ के अधो भाग में कूप (छिद्र) है जहां उदान वायु रहता है। किये हुए भोजनादि को यही वायु आमाशय में पहुँचाता है और जब आमाशय ख़ाली होता है तो उसकी खबर भी यही (उदान) वायु देता है। कंठ कूप में संयम करने से उदान का काम रुका रहता है, काम रुकने का अभिप्राय यह है कि वहे अब भूख प्यास की ख़बर नहीं दे सकता। जब तक ख़बर न हो मनुष्य भूख प्यास की चिन्ता से निवृत्त रहता है। इसलिए जब तक योगी संयम किये रहेगा उसे भूख प्यास तकलीफ़ न दे सकेंगी।

पन्द्रहवीं विभूति

कूर्मनाड्यां स्थैर्यम् ॥३०॥

अर्थ—कूर्म नाड़ी में (संयम करने से) स्थिरता (होती है)।

व्याख्या—कंठ कूप के नीचे वक्षःस्थल में, कछुए के आकार की, एक नाड़ी है, उसी को कूर्म नाड़ी कहते हैं। उसमें संयम करने से योगी का चित्त स्थिर हो जाता है।

सोलहवीं विभूति

मूर्द्धज्योतिषि सिद्धदर्शनम् ॥ ३१ ॥

अर्थ—मूर्धा की ज्योति में (संयम करने से) सिद्धों का दर्शन होता है।

व्याख्या—शिर में कपाल (खोपड़ी) के भीतर एक अत्यन्त प्रकाशमान छिद्र होता है उसमें संयम करने से योगी के चेहरे की आकृति इस प्रकार की हो जाती है जिससे, योग में निपुण व्यक्ति, उसे देख कर समझ ले कि वह योगाभ्यासी है और इस प्रकार समझ लेने पर उस अभ्यासी से, सिद्धि प्राप्त योगी, मिलने में संकोच नहीं करते जैसा कि अयोगियों से, वे सदैव किया करते हैं। यही सिद्ध दर्शन का तात्पर्य है।

सतरहवीं विभूति

प्रातिभाद्वा सर्वम् ॥ ३२ ॥

अर्थ—अथवा प्रातिभ ज्ञान (Intuitinal insight) से प्रत्येक वस्तु का (ज्ञान हो जाता है)।

व्याख्या—'भा' प्रकाश को कहते हैं। प्रतिभा वह प्रकाश (ज्ञान) जो भीतर से उत्पन्न हो। इसी प्रतिभा से प्रतिभ शब्द बनाया गया है। प्रातिभ के अर्थ भी वही हैं जो प्रतिभा के हैं। अर्थात् वह ज्ञान जो भीतर (आत्मा की अन्तर्मुखी वृत्ति) से उत्पन्न हो। इस ज्ञान के उत्पन्न होने का तात्पर्य यह है कि आत्मा प्राकृतिक आवरण से मुक्त होगया और अब स्वयमेव ज्ञान प्राप्त

करता है किसी अन्तः या बाह्य करण की, ज्ञानोपलब्ध करने में, उसे अपेक्षा नहीं। ऐसी अवस्था प्राप्त हो जाने पर आत्मा के लिए, बिना किसी प्रतिबन्ध के, जो चाहे वह प्रत्यक्षवत् हो जाता है। व्यास ने अपने भाष्य में लिखा है कि मस्तिष्क में एक तारा (स्थान विशेष) है जो प्रतिभा उत्पन्न करता है इसीलिए उसे प्रातिभ कहते हैं। उसी प्रातिभ पर संयम करने से योगी सब कुछ जान लिया करता है। इसका भी तात्पर्य यही है कि भीतर से ज्ञान (Intuitional insight) उत्पन्न किया जावे।

अठारहवीं विभूति

हृदये चित्तसंवित् ॥३३॥

अर्थ—हृदय में संयम करने से चित्त का ज्ञान (हो जाता) है।

व्याख्या—हृदय कमलाकार एक पिंड है। चित्त उसी में रहता है। इसलिये उस पिंड में संयम करने से उसके भीतर रहने वाले चित्त का साक्षात् ज्ञान योगी को हो जाता है। चित्त के साक्षात् होने का तात्पर्य यह है कि उसके भीतर रहने वाली वासना आदि का ज्ञान योगी को हो गया।

उन्नीसवीं विभूति

सत्त्वपुरुषयोरत्यन्तासङ्कीर्णयोः प्रत्ययाऽविशेषो भोगः परार्थत्वात्स्वार्थसंयमात्पुरुषज्ञानम् ॥३४॥

अर्थ—बुद्धि और पुरुष (जीव) में (एक दूसरे से जो) अत्यन्त भिन्न हैं, अभेद ज्ञान (दोनों को एक समझना) भोग कहलाता है। यह भोग पदार्थ है, स्वार्थ में संयम करने से जीव का ज्ञान हो जाता है।

व्याख्या—बुद्धि और पुरुष प्रकार की दृष्टि से एक दूसरे से सर्वथा भिन्न हैं। बुद्धि जड़ है परन्तु पुरुष (जीव) चेतन है। बुद्धि में चेतना का प्रकाश जीव ही से आता है जब कि जीव स्वयमेव चेतना प्रकाश युक्त है। परन्तु सांसारिक भोगों को भोगते हुये इन दोनों की भिन्नता को विसार दिया जाता है और बुद्धि अथवा मन अपने को जीव ही समझने लगता है। और जीव भी रज और तम की अधिकता से भिन्नता के विचार पर स्थिर सा नहीं रहता और इस प्रकार बुद्धि और जीव के अभिन्नता ज्ञान ही से भोग की सृष्टि रची जाती है। स्पष्ट है कि ये भोग इन्द्रियों और अन्तःकरण द्वारा ही साक्षात् रीति से भोगे जाते हैं। जीव को तो असाक्षात् भोक्ता ही कहा जा सकता है। इसलिये भोग पदार्थ हुआ। जब इस बुद्धि भोग्य और भोग साधनों से सर्वथा भिन्न जीव इस पदार्थ भोग का त्याग करके अपने ही अर्थ में संयम करता है अर्थात् संयम का विषय स्वयमेव जीव बन जाता है तब उस संयम से जीव अपने स्वरूप का ज्ञान प्राप्त कर लेता है।

बीस से पचीसवीं विभूति

ततः प्रातिभश्रावणवेदनाऽऽदर्शाऽऽस्वादवार्त्ता जायन्ते ॥ ३५ ॥

अर्थ—उस (आत्म स्वरूप का ज्ञान हो जाने) के बाद प्रातिभ, श्रावण, वेदना, आदर्श, आस्वाद और वात (ये ६ सिद्धियां) प्राप्त हो जाती हैं।

व्याख्या—**प्रातिभ** दूर तथा आड़ में रहने वाली वस्तुओं का ज्ञान हो जाना, **श्रावण** दिव्य शब्द सुनने की योग्यता, **वेदना** दिव्य स्पर्श ग्रहण शक्ति, **आदर्श** दिव्य रूप ग्रहण कर सकना, **आस्वाद** दिव्य रस का ज्ञान और **वार्त्ता** दिव्य गन्ध ग्रहण की योग्यता। ये ६ विभूतियां और भी, आत्मस्वरूप का ज्ञान हो जाने पर, योगी को प्राप्त हो जाती हैं।

ते समाधावुपसर्गा व्युत्थाने सिद्धयः ॥ ३६ ॥

अर्थ—वे (उपयुर्क्त ६ सिद्धियाँ) समाधि में तो विघ्न हैं (परन्तु) व्युत्थान में सिद्धियां हैं।

व्याख्या—ये उपयुर्क्त ६ सिद्धियाँ स्थिर चित्त वाले योगी का जब यह कैवल्य समाधि लगाता हो, विघ्न रूप हैं क्योंकि उनसे ईश्वर दर्शन में विघ्न पड़ता है परन्तु उन योगियों को जिन्हें केवल चित्त के एकाग्र करने की योग्यता प्राप्त हुई है और जो व्युत्थान (समाधि से जाग उठने की सी अवस्था) में रहते हैं, अवश्य सिद्धियाँ हैं।

छब्बीसवीं विभूति

बन्धकारणशैथिल्यात्प्रचारसंवेदनाच्च चित्तस्य परशरीरावेऽऽशः ॥ ३७ ॥

अर्थ—चित्त के बन्धन का कारण शिथिल और प्रचार

(मार्ग) का ज्ञान हो जाने से (चित्त) पराये शरीर में प्रवेश हो सकता है।

व्याख्या—चित्त (मन) अत्यन्त चंचल है उसके एक शरीर (स्थूल) में स्थित रहने का कारण कर्म का बंधन है। जब धारणा ध्यान और समाधि के अभ्यास से योगी, सकाम कर्म छोड़ कर केवल निष्काम कर्म का आश्रय लेता है, तो वासनाओं के न बनने से, (सकाम) कर्म का बन्धन शिथिल होजाता है, और संयम से योगी चित्त के चलने का मार्ग (नाड़ी) जान लेता है तब उसके चित्त में अपने से भिन्न शरीर में जाने की योग्यता प्राप्त होजाती है। चित्त के परशरीर में प्रवेश का अभिप्राय यह है कि योगी अपने चित्त को, दूसरे शरीर में भेज कर उस (दूसरे शरीर) का हाल जान लेता है, यह अभिप्राय नहीं है कि दूसरे शरीर को अपने चित्त के अनुसार चलाने लगता है हां कुछ काल (क्षण) के लिए तो यह भी सम्भव है।

सत्ताईसवीं विभूति

उदानजयाज्जलपङ्ककण्टकादिष्वसङ्ग उत्क्रान्तिश्च ॥३८॥

अर्थ—उदान (कंठ में रहने वाले प्राण)के जीत लेने से जल, कीचड़ और कांटे आदि से असङ्ग (रहता है) और (इच्छानुसार) उत्क्रान्ति (मरना) होती है।

व्याख्या—पांच प्राणों में से उदान वह है जिसका स्थान कंठ है और जो बंधन ग्रस्त मनुष्य की आत्मा को मरने पर दूसरे शरीर में ले जाया करता है। इस उदान में संयम करने से

मनुष्य का शरीर बहुत हलका हो जाता है और उदान पर उस (योगी) का अधिकार भी हो जाता है।

शरीर के हलके होने से उसे जल, कीचड़ आदि का भय नहीं रहता। वह सुगमता से उन्हें उलंघन कर लेता है और उदान पर अधिकार होने से, आत्मा, उसके बन्धन से, स्वतन्त्र हो जाता है और योगी इच्छानुसार अपने आत्मा को शरीर से निकालता है और इस प्रकार अपनी आयु भी बढ़ा सकता है।

अठ्ठाईसवीं विभूति

समानजयाज्ज्वलनम् ॥ ३९ ॥

अर्थ—समान (नाभिस्थ प्राण) के जय से, तेजस्विता (आ जाती है)।

व्याख्या—नाभि चक्रशरीर का केन्द्र है इस पर अधिकार हो जाने से, योगी की तेजस्विता, बढ़ जाती है। इस पर अधिकार, "समान प्राण" में संयम करने से हो जाता है।

उन्तीसवीं विभूति

श्रोत्राकाशयोः सम्बन्धसंयमाद्दिव्यं श्रोत्रम् ॥४०॥

अर्थ—श्रोत्रेन्द्रिय और आकाश के सम्बन्ध में संयम करने से दिव्य शब्द सुनाई देने लगते हैं।

व्याख्या—श्रोत्रेन्द्रिय और शब्द दोनों का कारण आकाश (Ether) है। जब इस कार्य्य और कारण भाव में योगी संयम करता है तो आकाश में उपस्थित ऐसे सूक्ष्म और मधुर शब्दों को,

जिन्हें साधारणतया कानों से नहीं सुन सकते और जिन्हें दिव्य शब्द भी कहते हैं, सुनने लगता है। शरीर के अन्तर्गत होने वाले घोष को भी दिव्य शब्द कहते हैं, उनको भी कान से कोई नहीं सुन सकता। उनके सुनने के लिये भी कान को बन्द कर लेना ही पड़ता है।

तीसवीं विभूति

कायाकाशयोः सम्बन्धसंयमाल्लघुतूलसमापत्तेश्चाकाशगमनम् ॥ ४१ ॥

अर्थ—शरीर और आकाश (Space) के सम्बन्ध में संयम करने और लघु (हलके) तूल (रुई के फोये) में समापत्ति (संयम करने) से आकाश गमन (की सिद्धि हो जाती है)।

व्याख्या—शरीर और आकाश (अवकाश) में आधाराधेयभाव सम्बन्ध है। उस सम्बन्ध में संयम करने और रुई के फोये सदृश किसी हलकी वस्तु में संयम करके, तदाकारता प्राप्त हो जाने से, योगी का शरीर बहुत हलका हो जाता है और हलका होकर जल या मकड़ी के जाले तक पर चलने में कोई कठिनता नहीं होती। अनेक सरकसों में देखा गया है कि अभ्यास करने से, सरकस के खिलाड़ी तार पर वाईसिकल चला सकते हैं; स्वयं दौड़ सकते हैं, फिर योगी के संयम और अभ्यास से, आकाश गमन की योग्यता प्राप्त हो जाने में आश्चर्य ही क्या हो सकता है।

इकतीसवीं विभूति

बहिरकल्पिता वृत्तिर्महाविदेहा ततः प्रकाशाऽऽवरणक्षयः ॥ ४२ ॥

अर्थ—(शरीर से) बाहर अकल्पिता-वृत्ति महा-विदेहा (कहलाती है) उससे प्रकाश के आवरण का नाश हो जाता है।

व्याख्या—यत्न पूर्वक शरीर से बाहर हो जाने वाली मन की वृत्ति 'कल्पिता' कहलाती है, परन्तु विना यत्न के जो मन की वृत्ति बाहर रहने लगती है उसे 'अकल्पिता' कहते हैं। इस अकल्पिता वृत्ति को महा विदेहा भी कहे जाने का कारण यह है कि यह शरीराभिमान शून्या होती है अर्थात इसे शरीर की अपेक्षा नहीं होती। इस (अकल्पिता) वृत्ति के प्रादुर्भूत हो जाने से, रजो गुण और तमोगुण मूलक आवरण दूर हो जाते हैं।

बत्तीसवीं विभूति

स्थूलस्वरूपसूक्ष्मान्वयार्थवत्त्वसंयमाद् भूतजयः ॥ ४३ ॥

अर्थ—(पञ्च महाभूतों) स्थूल, स्वरूप, सूक्ष्म, अन्वय और अर्थवत्व में संयम करने से महाभूत जीते जाते हैं।

व्याख्या—(१) स्थूल—पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश की स्थूलता।

(२) स्वरूप—पृथ्वी का काठिन्य, जल का गीलापन, अग्नि की उष्णता, वायु की गति और

आकाश का अनावरण (न रुकना) स्वरूप है।

(३) सूक्ष्म—स्थूल भूतों को पञ्चतन्मात्रा=शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गन्ध यह सूक्ष्म हुये।

(४) अन्वय=सत्व, रज और तम भेद से त्रिगुणान्वयिनी पृथ्वी, इसी प्रकार त्रिगुणान्वयी जल, अग्नि और आकाश ये ५ अन्वय हुये।

(५) अर्थवत्व—५ भूतों का भोग मोक्ष रूप अर्थ वाला होना अर्थवत्व है।

ये २५ रूप पञ्च महाभूतों के हुये। इनसे बाहर भूतों का भूतत्व और कुछ नहीं है। इसलिये जब योगी इन पञ्चभूतों के उपर्युक्त २५ रूपों में संयम करता है तो उसका, प्रकृति के विकार, इन ५ भूतों पर, अधिकार हो जाता है, यही भूत जय का अभिप्राय है।

तेंतीसवीं से व्यालीसवीं तक विभूति

ततोऽणिमादि प्रादुर्भावः कायसम्पत्तद्धर्मानभिघातश्च ॥४४॥

अर्थ—उस (भूत जय) से अणिमादि का प्रादुर्भाव, देह की संपदा (ऐश्वर्य) और उन (५ भूतों) के धर्मों (कार्यों) के चोट से बचाव हो जाता है।

व्याख्या—५ महाभूतों के अधिकृत हो जाने से (सूत्र ४३), योगी को, १० सिद्धियां और भी, प्राप्त हो जाती हैं।

(१) अणिमा=देह को सूक्ष्म कर लेना।

(२) लघिमा=शरीर को हलका कर लेना।

(३) महिमा=शरीर को बढ़ा सकना।

(४) प्राप्ति=जिस पदार्थ को चाहे प्राप्त कर लेना।

नोट—५ भूतों के स्थूल रूप में संयम करने से ये ४ विभूतियां प्राप्त होती हैं।

(५) प्राकाम्य=बिना रुकावट के इच्छा का पूरा होना।

नोट—यह सिद्धि, पंच भूतों के स्वरूप में संयम करने से, सिद्ध होती है।

(६) वशित्व=५ महाभूतों और भौतिक पदार्थों का अपने वश में कर सकना।

नोट—यह भूतों के सूक्ष्म रूप में संयम करने का फल है।

(७) ईशित्व=शरीर और अन्तःकरणों का अधिकार में हो जाना।

नोट—यह विभूति अन्वय में संयम करने से प्राप्त होती है।

(८) यत्र कामावसायित्व=प्रत्येक संकल्प का पूरा हो जाना।

नोट—यह सिद्धि अर्थवत्त्व में संयम करने से प्राप्त होती है।

---

(१) इन अणिमादि ८ विभूतियों के सिवा भोजवृत्ति में "गरिमा" (भारी हो सकना) नाम की एक नवीं विभूति और लिखी है परन्तु वह "महिमा" के अन्तर्गत आ जाती है इस लिये उसे पृथक् नहीं लिखा गया।

(९) काय सम्पत्—इसका विवरण आगे के ४५वें सूत्र में दिया गया है।

(१०) तद्धर्मानभिघात = पञ्च महाभूतों के कार्य, योगी के लिए विघ्नकारक नहीं होने पाते।

रूपलावण्यबलवज्रसंहननत्वानि कायसंपत् ॥ ४५ ॥

अर्थ—रूप, लावण्य और वज्र संहननत्व का नाम काय-संपत् है।

व्याख्या—मुखाकृति का अच्छा होना रूप और सौंदर्य का नाम लावण्य है। वज्र के तुल्य शरीर के अंग प्रत्यंग का दृढ़ होना "वज्रसंहननत्व" कहलाता है और तीनों गुणों का एक नाम कायसंपत् है।

तेतालीसवीं विभूति

ग्रहणस्वरूपास्मितान्वयार्थवत्त्वसंयमादिन्द्रियजयः ॥४६॥

अर्थ—ग्रहण, स्वरूप, अस्मिता, अन्वय और अर्थवत्व में संयम करने से इन्द्रिय-जय होता है।

व्याख्या—(१) इन्द्रियों की, देखने, सुनने और सूंघने आदि वृत्तियों को, "ग्रहण" कहते हैं। (२) इन्द्रियों के गोलक और उनकी बाह्य बनावट, "स्वरूप" कही जाती है। (३) मैं देखता हूं, मैं सुनता हूँ इत्यादि अहङ्कार रूप भावना का नाम अस्मिता है। (४) इन्द्रियों के साथ लगे हुये तीन गुण सत्व, रज और तम अन्वय कहे जाते हैं। (५) भोग मोक्ष रूप फल अर्थवत्व कहा

जाता है। इन पांच के अन्तर्गत इन्द्रियों से सम्बन्धित प्रत्येक बात आ गई। इसलिये इनमें संयम करने से, योगी का, इन्द्रियों पर अधिकार, हो जाता है।

चवालीस से छियालीस तक, ३ विभूतियां

ततो मनोजवित्वं विकरणभावः प्रधानजयश्च ॥ ४७ ॥

अर्थ—उस (इन्द्रिय जय) से मनोवेग, विकरणभाव (होता है) और प्रकृति भी जीती जाती है।

व्याख्या—(१) मनोजवित्व=मन के समान शरीर का वेग-वान होना।

(२) विकरण भाव=इन्द्रियों से काम न लेकर भी इन्द्रियों के इष्ट विषय को प्राप्त कर लेना (Un-instrumental perception) विकरण भाव कहलाता है।

(३) प्रकृति पर यथेष्ट अधिकार प्राप्त कर लेना 'प्रधान जय' कहा जाता है।

ग्रहण में संयम करने से मनोजवित्व, स्वरूप में संयम का फल विकरण भाव और शेष तीन अस्मिता, अन्वय और अर्थ वत्व में संयम करने से प्रधान जय की प्राप्ति होती है।

नोट—इन तीनों (मनोजवित्व, विकरण भाव और प्रधान जय) सिद्धियों का, एक सम्मिलित नाम "मधु प्रतीक" है।

सैंतालीसवीं और अड़तालीसवीं विभूति

सत्त्वपुरुषान्यताख्यातिमात्रस्य सर्वभावाधिष्ठातृत्वं सर्वज्ञातृत्वं च ॥ ४८ ॥

अर्थ—सत्व (बुद्धि) और पुरुष (जीव) के भेद ज्ञान का (फल) सब भावों का अधिष्ठाता और सर्वज्ञ होना है।

व्याख्या—बुद्धि जड़ और आत्मा से प्रकाश पाने पर भी ससीम ज्ञान और शक्ति वाली रहती है परन्तु आत्मा (जीव) अप्राकृतिक, चेतन और स्वरूप से शुद्ध, निर्मल और स्वयं प्रकाश वाला है। जब मनुष्य आत्मा का अध्यारोप बुद्धि में करता और बुद्धि को आत्मा समझने लगता है तो इसका फल यह होता है कि बुद्धि की जड़ता, ससीमता आदि का आवरण बुद्धि और आत्मा के बीच में आ जाने से मनुष्य अधिक अल्पज्ञता का अनुभव करने लगता है। परन्तु जब इन बुद्धि और आत्मा के भेद का निश्चयात्मक ज्ञान हो जाता है तब योगी की बुद्धि और आत्मा के बीच से उपर्युक्त आवरण हट जाता है। तब आत्मा, अपने उपास्य परमात्मा में, लवलीन होकर, उसके गुण सर्वभाव अधिष्ठातृत्व और सर्वज्ञातृत्व को प्राप्त कर लिया करता है। ईश्वर के गुणों सर्व-अधिष्ठातृत्व और सर्वज्ञातृत्व के प्राप्त कर लेने का मतलब यह नहीं है कि जहां तक इन गुणों का सम्बन्ध है, उस जीव और ईश्वर में, कुछ अन्तर नहीं रहा। क्योंकि ईश्वर में तो ये गुण नित्यता रखते हैं और उसका इन से समवाय सम्बन्ध है परन्तु जीव में इनकी अनित्यता होती है, इसलिये जीव का, इन गुणों से संयोग सम्बन्ध है। ईश्वर की तरह जीव सर्वाधार और सर्वज्ञ भी नहीं होता—विभूति का अभिप्राय अन्य साधारण अयोगियों की अपेक्षा योगी का अधिक आधार और ज्ञान वाला होता है।

नोट—इन दोनों सिद्धियों का सम्मिलित नाम "विशोका" है क्योंकि इनके प्राप्त हो जाने से मनुष्य शोक रहित हो जाता है।

तद्वैराग्यादपि दोषबीजक्षये कैवल्यम् ॥४९॥

अर्थ—उस (विभूति) से भी वैराग्य हो जाने और दोष के बीज का क्षय हो जाने से कैवल्य (मुक्ति) हो जाती है।

व्याख्या—तब योगी सूत्र ४८ में कहे अनुसार सर्वभाव, अधिष्ठातृत्व और सर्वज्ञातृत्व को अपने उपास्यदेव से प्राप्त कर लेता है तब उसका प्रेम, प्रभु की ओर, और भी अधिक बढ़ने लगता है और प्राकृतिक (इन्द्रिय विषयों से) सुख उसे निस्सार जँचने लगते हैं। इसका फल यह होता है कि भविष्य में नवीन दोष बीज (वासना) नहीं उत्पन्न होता और जो इस समय है वह क्षीण हो जाते हैं। इस प्रकार वासना के अभाव से भावी जन्म का अभाव होकर योगी आवागमन के चक्र से छूट जाता है। इसी का नाम कैवल्य (मोक्ष) की प्राप्ति है और जब तक वर्तमान शरीर और जीवन रखता है वह मुक्त जीव कहलाता है।

स्थान्युपनिमन्त्रणे सङ्गस्मयाऽकरणं पुनरनिष्ट-प्रसङ्गात् ॥५०॥

अर्थ—स्थानियों (समीप रहने वालों) के निमन्त्रण में, फिर अनिष्ट न लगने (के भय) से संग और स्मय (घमण्ड)-नहीं करना चाहिये।

व्याख्या—(१) सवितर्का, (२) निर्वितर्का, (३) सविचारा और (४) निर्विचारा समाधियों की योग्यता की दृष्टि से चार

प्रकार के योगी होते हैं। इन में से प्रथम श्रेणी के योगी तो प्रारम्भिक अभ्यास वाले होते हैं, इन्होंने पर चित्तादि के जानने की योग्यता अभी प्राप्त नहीं की। इन्हें तो अयोग्य समझ कर कोई निमन्त्रण ही नहीं देता। द्वितीय श्रेणी के योगी वे हैं जिन्होंने, निर्वितर्का समाधि द्वारा, मधुमती ऋतंभरा प्रज्ञा को पाकर पञ्चभूतों और इन्द्रियों पर विजय प्राप्ति का यत्न जारी कर रक्खा है। इन्हीं को गृहस्थ नर नारी आदर सत्कार पूर्वक निमंत्रण देते हैं। तृतीय श्रेणी के योगी वे हैं जिन्होंने स्वार्थ संयम से विशोका विभूतियों को प्राप्त कर लिया है। चतुर्थ श्रेणी के योगी वे हैं जिन्होंने मधुमती, मधुप्रतीका और विशोका विभूतियों को प्राप्त करके उनसे भी वैराग्य प्राप्त कर लिया है। इनमें तीसरे और चौथे श्रेणी के योगियों को पूर्ण जितेन्द्रिय होने से किसी प्रकार से भी पतित होने का भय नहीं है। यह सूत्र केवल द्वितीय श्रेणी के योगियों से सम्बन्धित है। उन्हीं के लिये कहा गया है कि यदि उन्हें निमन्त्रण दिया जावे तो नम्रता के साथ उसे अस्वीकार कर देवे और उस संग से अपने को बचाये रक्खे। परन्तु यह समझ कर कि बहुत लोग उसे निमन्त्रण देते हैं, अभिमान भी न करे क्योंकि जहाँ वह सङ्ग उसके लिये हानिकारक नियम है उसी प्रकार यह अभिमान भी हानिकारक है। क्योंकि यह नियम है कि जब मनुष्य अपने को बड़ा समझने लगता है तभी उसकी भावी उन्नति रुक जाती है।

उनचासवीं विभूति

क्षणतत्क्रमयोः संयमाद्विवेकजं ज्ञानम् ॥५१॥

अर्थ—क्षण और उसके क्रम में संयम करने से विवेकजज्ञान (प्राप्त हो जाता है)।

व्याख्या—समय के परमाणु का नाम क्षण है। एक क्षण के बाद दूसरे, तीसरे क्षण के बराबर आते रहने को क्रम कहते हैं। असल में, समय वस्तु शून्य और केवल बुद्धि की निर्माण की हुई एक वस्तु है। परन्तु व्यवहार में प्रायः सभी लोग वस्तु के सदृश मानते हैं और प्रत्येक प्राकृतिक वस्तु उसके अन्तर्गत रहती है और उसके परिणाम भी क्षण और उनके क्रम के भीतर ही हुआ करते हैं। अपरिणामी केवल आत्मा और परमात्मा है। विवेकज ज्ञान का भाव यह है कि आत्मा को प्राकृतिक पदार्थों शरीर, चित्त और बुद्धि आदि से पृथक् समझा जावे। जिस समय योगी क्षण और उनके क्रम में संयम करता है तो उसे प्राकृतिक पदार्थों की यथार्थ सीमा, परिणामी होने के कारण, ज्ञात हो जाती है और अपरिणामी होने से आत्मा को वह इन से पृथक् समझने लगता है, इसका निश्चयात्मक ज्ञान हो जाना ही विवेकज ज्ञान कहलाता है।

जातिलक्षणदेशैरन्यताऽनवच्छेदात्तुल्ययोस्ततः प्रतिपत्तिः ॥५२॥

अर्थ—जाति, लक्षण और देश से भिन्नता का निश्चय न कर सकने से दो तुल्य (पदार्थों) में उस (विवेकज ज्ञान) से (भिन्नता का) ज्ञान हो जाता है।

व्याख्या—गाय और घुलघुल के भेद का ज्ञान जाति से होता है। दो गायों में भेद, उनके रंग आदि रूप लक्षण से होता है। परन्तु जब रंग आदि (लक्षण) भी समान हों तब उनमें देश से अन्तर होता है कि एक गाय मथुरा की ओर की है और दूसरी रूहतक प्रान्त की। परन्तु जब देश भी दोनों का एक हो और जाति, लक्षण और देश तीनों में से किसी से भी उन में भिन्नता न की जा सके तब विवेकज ज्ञान से उनकी भिन्नता जानी जाया करती है। इसी प्रकार सूक्ष्म से सूक्ष्म पदार्थ अणु और परमाणुओं की भिन्नता का ज्ञान भी विवेकज ज्ञान वाले योगी को हो जाता है।

(३१) विवेकज ज्ञान और कैवल्य

तारकं सर्वविषयं सर्वथा विषयमक्रमं चेति विवेकजं ज्ञानम् ॥ ५३ ॥

अर्थ—तारक (स्वयमेव उत्पन्न ज्ञान), सब को विषय बनाने वाले (Omni-objective), सब प्रकार से विषय बनाने वाले (Semper-objective) और क्रम की अपेक्षा रहित (Simultaneous) ज्ञान को विवेकज ज्ञान कहते हैं।

व्याख्या—विवेकज ज्ञान का लक्षण यह है कि उसमें चार बातें होनी चाहियें—(तारक—तारक का शब्दार्थ आंख की पुतली है; जिस प्रकार पुतली में स्वयमेव प्रकाश होता है इसी प्रकार जो ज्ञान, बिना सिखलाये और उपदेश किये, स्वयमेव उत्पन्न होता है उसे तारक कहते हैं। (२) सबको विषय बनाने

का अभिप्राय यह है कि प्रत्येक बात को बिना किसी रोक टोक के जान सकना। (३) प्रत्येक बात को उसके प्रत्येक पहलू से जान सकना। (४) क्रम की अपेक्षा रहित हो कर एक ही समय में कई बातों को जान सकना। मन में युगपत ज्ञान अर्थात् एक समय में एक से अधिक विषय के ज्ञान व ग्रहण को होना संभव नहीं बतलाया जाता है परन्तु विवेकज ज्ञान उत्पन्न कर लेने के योग्य हो जाने पर, योगी, इस नियम के भी बंधन से मुक्त हो जाता है।

सत्त्वपुरुषयोः शुद्धिसाम्ये कैवल्यम् ॥ ५४ ॥

अर्थ—सत्त्व (बुद्धि) और पुरुष (जीव) की शुद्धि समान होने पर कैवल्य (मोक्ष) हो जाता है।

व्याख्या—जब बुद्धि से अज्ञान और अविद्या दूर हो जाती है तो उससे राग द्वेषादि की भी निवृत्ति हो जाती है। इन (रागादि) के निवृत्त होने से वासनोत्पादक सकाम कर्म छूट जाते हैं। इन (सकाम) कर्मों के छूटने से जन्म छूट जाता और जन्म के छूट जाने से दुःखों की अत्यन्त निवृत्ति होकर मोक्ष हो जाती है। जब योगी की बुद्धि इसी क्रम से इसी अन्तिम ध्येय की ओर चलने लगती है तो जब वह सकाम कर्मों की निवृत्ति तक पहुँच जाती है तो उसकी निर्मलता ऐसी ही होने लगती है जैसे कि आत्मा की। बस इसी मार्ग पर और एक दो स्टेशन चलने से बुद्धि और आत्मा दोनों सर्वतोभावेन शुद्ध और निर्मल हो जाते हैं और ऐसा योगी जीवन-मुक्ति और शरीर छोड़ने के बाद मुक्त हो जाता है।

इति तृतीयः विभूतिपादः ।
तीसरा विभूति पाद समाप्त हुआ।

कैवल्य पाद

(३२) सिद्धि और चित्त

जन्मौषधिमन्त्रतपस्समाधिजाः सिद्धयः ॥ १ ॥

अर्थ—जन्म, औषधि, मन्त्र, तप और समाधि से उत्पन्न हुई, ये (पांच) सिद्धियां हैं।

व्याख्या—पांच सिद्धियाँ संसार में पाई जाती हैं।

पहली सिद्धि

जन्म से प्राप्त होती है जैसे पशुओं का पानी में तैरना, पक्षियों का आकाश में उड़ना आदि।

दूसरी सिद्धि

औषधि के द्वारा अनेक रोगों का दूर हो जाना अथवा सोमरस पान से शरीर को पुनः युवा बना लेना आदि।

तीसरी सिद्धि

मन्त्र के जप से होती है; चित्त की एकाग्रता आदि।

चौथी सिद्धि

तपस्वी जीवन बनाने से प्राप्त होती है जिसका वर्णन द्वितीय पाद के ४३ वें सूत्र में है। अर्थात् तप के द्वारा अशुद्धि के क्षय हो जाने से शरीर और इन्द्रियों की सिद्धि प्राप्त होती है।

पांचवीं सिद्धि

समाधि से होती जिसका वर्णन विभूति पाद में किया गया है।

जात्यन्तरपरिणामः प्रकृत्यापूरात् ॥ २ ॥

अर्थ—प्रकृति के चारों ओर से आकर (शरीर में) भर जाने से जात्यन्तर परिणाम हो जाता है।

व्याख्या—जात्यन्तर परिणाम यह है जिस प्रकार का शरीर और अन्तःकरण जन्म से किसी व्यक्ति को मिला है उनमें, औषधि सेवन, सात्विक भोजन के ग्रहण करने और समाधि के द्वारा अनेक विभूतियों के प्राप्त कर लेने से इतना अपूर्व परिवर्तन हो जाता है कि परिवर्तित शरीर, जन्म से मिले शरीर से सर्वथा भिन्न मालूम होने लगता है। जात्यन्तर परिणाम का यह मतलब नहीं है कि मनुष्य से पशु या पशु से मनुष्य हो जाता है।

निमित्तमप्रयोजकं प्रकृतीनां, वरणभेदस्तु ततः क्षेत्रिकवत् ॥ ३ ॥

अर्थ—(औषध सेवन आदि) निमित्त प्रकृतियों का प्रयोजक (प्रेरक) नहीं (परन्तु) उस (उस औषध सेवनादि) से वरण भेद, किसान के समान अवश्य हो जाता है।

व्याख्या—वरण-भेद रुकावट दूर हो जाने को कहते हैं। ये औषध सेवनादि पांच निमित्त (देखो इसी पाद का पहला सूत्र) प्रकृतियों की प्रेरणा नहीं करते कि वह बाहर से आकर योगी के शरीर में प्रविष्ट हो जावे, इनका काम केवल यह है कि बाहर की प्रकृतियों के शरीर में दाखिल होने में जो रुकावट होती है उसे दूर कर दें। जिस तरह किसान एक

क्यारी से दूसरी क्यारी में जब पानी पहुँचाना चाहता है तो पानी के साथ कोई यत्न नहीं करता कि वह दूसरी क्यारी में चला जावे बल्कि दूसरी क्यारी में पानी के जाने में जो मेंड़ रूपी रुकावट होती है, मेड़ को तोड़ कर उस रुकावट को दूर कर देता है। उस रुकावट के दूर हो जाने से, पानी स्वयमेव दूसरी क्यारी में पहुँच जाता है। इसी तरह शरीर से रुकावट दूर हो जाने से बाहर की प्रकृति शरीर में स्वयमेव दाखिल हो जाती है।

निर्माण चित्तान्यस्मितामात्रात् ॥४॥

अर्थ—केवल अस्मिता (अहङ्कार) से चित्तों की (उत्पत्ति होती है)।

व्याख्या—चित्तों का उपादान कारण अहङ्कार है। इसी (अहङ्कार) से अनेक चित्तों को योगी उत्पन्न कर लेता है।

प्रवृत्तिभेदे प्रयोजकं चित्तमेकमनेकेषाम् ॥५॥

अर्थ—एक चित्त अनेक चित्तों का भिन्न भिन्न प्रवृत्ति में प्रयोजक (प्रेरक) होता है।

व्याख्या—असली चित्त जो सूक्ष्म शरीर का एक अङ्ग है प्रत्येक व्यक्ति के साथ रहा करता है। योगी शक्ति-शाली होता है इसलिये वह असली एकचित्त के सिवा और भी अनेक चित्त, चित्तों के उपादन (Material Cause) अहम् तत्व से उत्पन्न कर लिया करता है परन्तु इन चित्तों को भिन्न भिन्न कार्यों (प्रवृत्तियों) में लगाना उस असली एक चित्त ही के अधीन रहता है। योग-दर्शन में चित्त शब्द मन और चित्त दोनों के लिये प्रयुक्त हुआ है।

चित्त स्मृति, वासना और संस्कारों का भंडार है, मन का कार्य भिन्न भिन्न संकल्पों का उत्पन्न करना है। इस सूत्र में जो चित्त की उत्पत्ति लिखी है वह केवल प्रवृत्ति के लिहाज से लिखी गई है। अर्थात् ऐसे चित्त की उत्पत्ति का भाव केवल इतना है कि भिन्न भिन्न प्रवृत्ति वाले चित्तों का उत्पन्न कर सकना।

तत्र ध्यानजमनाशयम् ॥६॥

अर्थ—उन (उत्पन्न चित्तों) में से ध्यान द्वारा उत्पन्न हुआ चित्त आशय (वासना) रहित होता है।

व्याख्या—जो चित्त, समाधि की सिद्धि प्राप्त कर लेने के बाद, उसी समाधि से उत्पन्न होता है वह वासना रहित होता है। वासना सकाम कर्म से उत्पन्न होती है। जब योगी समाधि लगा सकने के दर्जे में पहुँच जाता है तब उसके भीतर सकामता नहीं रहती। उसकी प्रवृत्ति सकामता शून्य होती है। इसलिये उनका प्रवृत्ति रूप चित्त वासना रहित होता है। सूत्र में प्रयुक्त ध्यान शब्द समाधि के लिये प्रयुक्त हुआ है।

(३३) कर्म और वासना

कर्माऽशुक्लाऽकृष्णं योगिनस्त्रिविधमितरेषाम् ॥७॥

अर्थ—योगी के कर्म पाप पुण्य रहित (होते हैं) परन्तु अन्यों के तीन प्रकार के।

व्याख्या—योगी निष्काम होता है इसलिये उसके कर्मों को न पाप कह सकते हैं न पुण्य। किन्तु वे इन दोनों से ऊँचे होते हैं। पाप

पुण्य, दुःख सुखादि द्वन्द्वों का सम्बन्ध प्राकृतिक भोगों से है। योगी इन भोगों से कोई सम्बन्ध नहीं रखता इसलिये उसके कर्म भी इनसे असम्बन्धित होते हैं, परन्तु जो अन्य साधारण पुरुष हैं उनके कर्म तीन प्रकार के होते हैं—(१) शुक्ल=पुण्य, (२) कृष्ण=पाप, (३) शुक्ल कृष्ण (पाप पुण्य)=मिश्रित। उदाहरणार्थ—अहिंसा सत्यादि सात्विक कर्म=पुण्य, (२) मद्य, मांस का सेवनादि तामस कर्म=पाप (३) रजोगुणी कर्म जिनमें पाप और पुण्य दोनों मिश्रित हैं।

ततस्तद्विपाकानुगुणानामेवाऽभिव्यक्तिर्वासनानाम् ॥ ८ ॥

अर्थ—उन (तीन प्रकार के उपर्युक्त कर्मों) में उन्हीं के फलानुकूल गुणों वाली वासनाओं का प्रादुर्भाव होता है।

व्याख्या—योगियों से भिन्न पुरुषों के कर्म तीन प्रकार के ऊपर कहे गये हैं। उन कर्मों के जैसे भी अच्छे, बुरे फल होते हैं उन्हीं के अनुकूल वासनाओं की अभिव्यक्ति होती है अर्थात् यदि एक व्यक्ति ने चोरी की है तो इस दुष्ट कर्म के फलानुसार ही वासना बनेगी। इस प्रकार से बनी हुई वासना का काम यह होता है कि जिस कर्म की वह वासना होती है उसी कर्म के फिर करने की प्रेरणा करती रहती है। साधारण जन सकामता प्रिय होते हैं इसलिये उनके कर्मों से वासनाओं का बनना अनिवार्य है। वासना से कर्म, कर्म से फल, फलानुसार फिर वही वासना सकाम कर्म करके इस चक्र से निकलना सम्भव नहीं।

जातिदेशकालव्यवहितानामप्यानन्तर्यं स्मृतिसंस्कारयोरेकरूपत्वात् ॥ ९ ॥

अर्थ—जाति, देश और काल से व्यवहित (पृथक् या दूर) होने पर भी, स्मृति और संस्कार के एक रूप होने से, (वासनाओं में) निरन्तरता रहती है।

व्याख्या—जाति से फ़ासिला होने का अभिप्राय यह है कि जब वासनायें बनी थीं उसके बाद अनेक जन्म बीत गए हों। इस प्रकार से चाहे अनेक जन्म (जाति) बीच में आ चुके हों अथवा देश से व्यवधान (फ़ासिला) हो गया हो अथवा सैकड़ों वर्ष बीत चुके हों तब भी वासनायें निरन्तर बनी रहती हैं और इस प्रकार उनके निरन्तर बने रहने का कारण यह है कि स्मृति और संस्कार दोनों एकसे बने रहते हैं। इस निरन्तरता के रखने पर भी वासनायें तिरोहित सी रहती हैं। परन्तु जब कोई अभिव्यञ्जक (प्रगट करने वाला) कारण आकर उपस्थित होता है तो वे झट प्रकट हो जाती हैं। अवश्य जब विरोधी वासनायें किसी एक वासना को दबा लेती हैं तब अभिव्यञ्जक कारण उपस्थित होनेपर भी वह प्रकट नहीं होती।

तासामनादित्वं चाशिषो नित्यत्वात् ॥ १० ॥

अर्थ—उन (वासनाओं) की अनादिता है, आशिष के नित्य होने से।

व्याख्या—आशिष (कल्याण की इच्छा) के नित्य होने का

तात्पर्य यह है कि मनुष्य में अपने कल्याण की इच्छा सदैव बनी रहती है। इस इच्छा के सदैव बने रहने का कारण वासनाओं का मौजूद होना है। इसीलिए वासनाओं को, सूत्र में अनादि कहा गया है। अनादित्व का तात्पर्य प्रवाह से अनादिता का है। कहा जा चुका है कि सकाम कर्म कर्त्ता सदैव अपने लिए शुभ फलकी इच्छा किया करता है, यह फलेच्छा, फल मिलनेपर, वासना पैदा करती है, वासनासे फिर वही फलेच्छा उत्पन्न होती है। यह चक्र बराबर इसी प्रकार से जन्म जन्मान्तर से चला आता है और मुक्ति होने पर्यन्त बराबर इसी तरह चलता रहेगा। मोक्ष की अवधि कितनी ही लम्बी क्यों न हो, फिर भी वह हद वाली ही होती है और उस अवधि के बीतने पर फिर जीव को संसार में आना ही पड़ता है। संसार में आने और संसार में रहने की इच्छा होने पर फिर उसी वासना के पुराने जाल में फंसना पड़ता है, इसीलिए वासना प्रवाह से अनादि कही जाती है।

हेतुफलाश्रयालम्बनैः संगृहीतत्वादेषामभावे तदभावः ॥११॥

अर्थ—हेतु, फल, आश्रय और आलम्बन से (वासनायें) संगृहीत होती हैं। (इसलिए) इन (हेतु आदि) के अभाव से उन वासनाओं का भी अभाव हो जाता है।

व्याख्या—(१) हेतु, क्लेश और कर्म को कहते हैं, (२) फल नाम जाति, आयु और भोग का है, (३) अधिकार सहित चित्त, वासनाओं का भण्डार होने से, आश्रय कहलाता है, और (४)

इन्द्रियों के विषयों को आलम्बन कहते हैं। इन हेतु आदि ४ कारणों के उपस्थित होने से वासनायें उत्पन्न होती हैं इसलिये इन्हीं के अभाव से वासनाओं का भी अभाव हो जाता है। इनके अभाव होने ही से मोक्ष की प्राप्ति होती है इसलिये निष्कर्ष यह है कि केवल मोक्ष हो जाने ही पर वासनाओं का अभाव होता है।

अतीताऽनागतं स्वरूपतोऽस्त्यऽध्वभेदाद्धर्माणाम् ॥ १२ ॥

अर्थ—अतीत (भूत) और अनागत (भविष्यत्) की सत्ता धर्मों के भेद से होती है।

व्याख्या—ऊपर के सूत्र में जो हेतु आदि के अभाव से वासना का अभाव कहा गया है उसका तात्पर्य यह नहीं है कि हेतु आदि अथवा वासना का अत्यन्ताभाव हो जाता है किन्तु भाव यह है कि ये हेतु आदि और वासना अतीत हो जाती हैं। जिस प्रकार वर्त्तमान की सत्ता है इसी प्रकार भूत और भविष्यत् की भी सत्ता वास्तविक रीति से है। एक उदाहरण से यह बात स्पष्ट होजावेगी। देवदत्त कथा कह रहा है यह वर्त्तमान की एक घटना है। कथा समाप्त हो जाने के बाद यह घटना वर्त्तमान काल से निकल कर भूतकाल में चली जायगी और तब कहेंगे कि देवदत्त कथा सुना रहा था। स्वरूप में अवश्य अन्तर आ गया सही परन्तु यह कोई नहीं कह सकता कि "देवदत्त कथा सुना रहा था।" यह घटना असत्य या निर्मूल थी। इसीलिए भूतकाल की सत्ता स्वीकार करनी पड़ती है। भविष्यत् में इस घटना का रूप यह होगा कि "देवदत्त

कथा सुनावेगा। भविष्यत काल की यह बात वर्त्तमानकाल में परिवर्त्तित हुई और अन्त में भूतकाल में चली गई। इसीलिये भविष्यतकाल की भी सत्ता का मानना अनिवार्य है। चूंकि भूत और भविष्यत की वास्तविक सत्ता है इसलिये वासना का वर्तमान में अभाव हो गया सही परन्तु उसके अतीत-काल में चले जाने से उसका अत्यन्ताभाव नहीं हुआ। मोक्ष प्राप्ति के लिये इतना काफ़ी है कि वर्तमानकाल में चित्त वासनारहित हो। इसलिये वासना के अत्यन्ताभाव न होने से भी, मुक्ति की प्राप्ति में बाधा का कारण, वह नहीं हो सकती।

ते व्यक्तसूक्ष्मा गुणात्मानः ॥ १३ ॥

अर्थ—वे (धर्म) व्यक्त और सूक्ष्म गुण स्वरूप हैं।

व्याख्या—व्यक्त वर्त्तमान को कहते हैं और भूत तथा भविष्यत् का नाम सूत्र में सूक्ष्म है। इसलिये सूत्र का भाव यह है कि प्रकृति के तीन गुणों सत, रज और तम के प्रभाव से प्रकृति का जितना भी कार्य्य महत्तत्वादि के रूप में है और जिन्हें (सूत्र १२ में) धर्म कहा गया है। वे दो अवस्थाओं में रहते हैं :—(१) व्यक्त=वर्तमान (२) सूक्ष्म=भूत तथा भविष्यत्।

(३४) विज्ञानवादियों का खंडन

परिणामैकत्वाद्वस्तुतत्त्वम् ॥ १४ ॥

अर्थ—परिणाम के एक होने से वस्तु तत्व (वस्तु का एकत्व) है।

व्याख्या—सरसों, तेल निकालने की मशीन आदि के संयोग का परिणाम तेल है इसी प्रकार तेल, बत्ती, लेम्प और दिया-सलाई के मेल का परिणाम जलता हुआ लेम्प है । इसी प्रकार प्राकृतिक पदार्थों के त्रिगुणात्मक होने पर भी उनका परिणाम वह पदार्थ जिस रूप में वह मौजूद है एक ही होता है।

वस्तुसाम्ये चित्तभेदात्तयोर्विविक्तः पन्थाः ॥ १५ ॥

अर्थ—वस्तु के एक होने पर भी चित्त के भेद से उन दोनों (चित्त और ज्ञेय वस्तु) का मार्ग है।

व्याख्या—आचार्य्य ने इस सूत्र में इस शंका का समाधान किया है कि विज्ञान (चित्त) ही एक वस्तु है और वही कारण रूप से अनेक नामों से कहा और माना जाता है । आचार्य्य का समाधान यह है कि चित्त के भेद से एक ही वस्तु अनेक रूपों में देखी और मानी जाती है । जैसे स्त्री एक वस्तु है उससे पति के चित्त को सुख, सपत्नी के चित्त को दुःख और संन्यासी के चित्त को वैराग्य होता है । यदि स्त्री रूप वस्तु, चित्त से भिन्न स्वतन्त्र सत्ता वाली न होती तो उपर्युक्त अनेक चित्त वाले व्यक्ति उसे (स्त्री को) भिन्न-भिन्न रूप में न देख सकते। अतः स्पष्ट है कि चित्त और ज्ञेय पदार्थ भिन्न-भिन्न स्वतन्त्र सत्ता वाले हैं।

न चैकचित्ततन्त्रं वस्तु तदप्रमाणकं तदा किं स्यात् ॥१६॥

अर्थ—वस्तु एक चित्त-तन्त्र (अर्थात् एक ही चित्त के आधीन) नहीं है। जब उस (वस्तु) में प्रमाण (चित्त) न लगा हो तब क्या हो ?

व्याख्या—यही नहीं कि चित्त ही एक वस्तु हो बल्कि यह भी कि वस्तु एक ही चित्त के आधीन भी नहीं रहती। यदि घट से हट कर चित्त पट में लग जावे तो क्या घट बिना चित्त के है? यदि हो तो अन्यों को उस घट की उपलब्धि कैसे होती है? क्योंकि माना तो यह था कि वस्तु एक ही चित्त के आधीन है। इसलिये स्पष्ट हो गया कि वस्तु एक ही चित्त के आधीन भी नहीं।

तदुपरागापेक्षित्वाच्चित्तस्य वस्तु ज्ञाताऽज्ञातम् ॥१७॥

अर्थ—चित्त के वस्तूपरागापेक्षित होने से वह (वस्तु) ज्ञात और अज्ञात होती है।

व्याख्या—किसी वस्तु के दृष्टि के सामने होने से उसका जो प्रभाव दृष्टि पर पड़ा करता है उसे उपराग कहते हैं। वस्तु के जानने के लिये चित्त को इसी उपराग की अपेक्षा होती है। यदि वस्तु का उपराग है तो वह जान ली जाया करती है। यदि नहीं तो वह फिर नहीं जानी जा सकती।

सदा ज्ञाताश्चित्तवृत्तयस्तत्प्रभोः पुरुषस्याऽपरिणामित्वात् ॥ १८ ॥

अर्थ—चित्त की वृत्तियां सदा ज्ञात रहती हैं। उस (चित्त) के स्वामी पुरुष (जीवात्मा) के अपरिणामी होने से।

व्याख्या—चित्त को, परिणामी होने से, वस्तु का ज्ञान प्राप्त करने के लिये, उसके सामने होने की अपेक्षा होती है। परन्तु चित्त के स्वामी (जीव) को इस प्रकार की कोई आवश्यकता

नहीं। वह अपरिणामी है, और सदैव इसीलिये चित्त की वृत्तियों का ज्ञाता रहता है।

न तत्स्वाभासं दृश्यत्वात् ॥ १६ ॥

अर्थ—वह (चित्त) दृश्य होने से स्वयं प्रकाश नहीं।

व्याख्या—द्रष्टा होने से जीवात्मा, ज्ञान और चेतना का प्रकाशवाला है। परन्तु दृश्य वस्तु, प्राकृतिक होने से जड़ और चेतना के प्रकाश से शून्य होती है। चित्त भी दृश्य है इसलिये वह भी जड़, ज्ञान और चेतना के प्रकाश से रहित है।

एकसमये चोभयाऽनवधारणम् ॥ २० ॥

अर्थ—एक समय में दोनों ग्रहण भी न हो सकेंगे।

व्याख्या—यदि आत्मा की स्वतन्त्र सत्ता स्वीकार न की जावे और चित्त ही को सब कुछ माना जावे जैसा कि कुछ अनात्मवादी कहते हैं तो उसका फल यह होगा कि चित्त और उसके विषय घटपटादि का एक समय में ग्रहण न हो सकेगा। चित्त और उसके विषय घटपटादि दोनों प्राकृतिक होने से जड़ हैं और परिणामी भी। एक चित्त ने एक विषय को ग्रहण करना चाहा। जिस समय चित्त ने चाहा उस क्षण के बाद चित्त भी बदल गया और जिस वस्तु को ग्रहण करना चाहा वह भी बदल गई। इस प्रकार क्षण-क्षण में चित्त और उसके विषय घटपटादि के बदलते रहने से दोनों का एक समय में ग्रहण न हो सकेगा। परन्तु ग्रहण होता है। इसलिये मानना पड़ेगा कि जीवात्मा चित्त से भिन्न और अपरिणामी है।

चित्तान्तरदृश्ये बुद्धिबुद्धेरतिप्रसङ्गः स्मृतिसंकरश्च ॥२१॥

अर्थ—(यदि) एक चित्त को (चित्तान्तर) अन्य चित्त का दृश्य माने तो चित्त का चित्त मानना रूप अतिप्रसङ्ग (अनवस्था-दोष) होगा और स्मृति का संकर (गड़बड़) हो जायगा।

व्याख्या—यदि अनात्मवादी यह पक्ष उपस्थित करें कि एक चित्त को दूसरे चित्त का द्रष्टा मानें तो फिर उस द्रष्टा चित्त को भी दृश्य होना पड़ेगा और उसका द्रष्टा एक तीसरे चित्त को मानना पड़ेगा। इसी प्रकार जो जो द्रष्टा होगा, उसे दृश्य और उसके लिये पृथक्-पृथक् अन्य चित्तों को द्रष्टा स्वीकार करना पड़ेगा और इस प्रकार चित्त का चित्त और फिर उसका चित्त मानना रूप अनवस्था दोष होगा। इसके सिवा दूसरा दोष यह आवेगा कि स्मृति में भी गड़बड़ हो जायगा। चित्त-स्मृति का भण्डार है। चित्त के द्रष्टा और फिर दृश्य बनने रूप चक्र में आने से स्मृति भी संकरत्व को प्राप्त होगी। इसलिये इन दोषों से बचाव का तरीका यही है कि आत्मा की स्वतन्त्र सत्ता स्वीकार की जावे।

चितेरप्रतिसंक्रमायास्तदाकारापत्तौ स्वबुद्धिसंवेदनम् ॥२२॥

अर्थ—चेतन और अपरिणामी (जीवात्मा) के उस (चित्त) के आकार को प्राप्त होने पर अपने चित्त का ज्ञान होता है।

व्याख्या—चित्त के आकार वाला जीवात्मा के हो जाने का यह अभिप्राय नहीं है कि सचमुच आत्मा अपने स्वरूप को

छोड़ चित्ताकार बन जाता है। अभिप्राय केवल यह है कि जिस प्रकार स्फटिक मणि शुद्ध और बिना किसी रङ्ग के केवल श्वेत होता है परन्तु जब उसके पास लाल, पीले, हरे इत्यादि किसी रंग के भी फूल रख देते हैं तो वह मणि उसी रंग का दिखाई देने लगता है। इसी प्रकार जीवात्मा तो शुद्ध, रङ्ग और आकार से रहित, अप्राकृतिक है परन्तु चित्त के समीप होने से, मणि की तरह, वह चित्त में चित्ताकार वाला सा प्रतीत होने लगता है। चित्त का आत्मा में इस प्रकार आभास होने से, आत्मा को चित्त का यथार्थ ज्ञान हो जाया करता है।

द्रष्टृदृश्योपरक्तचित्तं सर्वार्थम् ॥२३॥

अर्थ—द्रष्टा और दृश्यों से उपरक्त (रंगा हुआ) चित्त सर्वार्थ (प्रतीति वाला होता है)।

व्याख्या—चित्त जिस समय द्रष्टा (जीवात्मा) से उपरक्त होता है तब वह द्रष्टा प्रतीत होने लगता है और जब दृश्यों से उपरक्त होता है तब दृश्य मालूम होने लगता है। इन दोनों से एक साथ उपरक्त होने से चित्त को सर्वार्थ (समस्त दृश्य पदार्थों) का ज्ञान होता है। इस प्रकार चित्त को द्रष्टा और दृश्य दोनों से उपरक्त होकर दोनों के रूप में प्रतीत होने से बौद्धादि मतों के विद्वान् चित्त ही को सब कुछ समझने लगते हैं और उस (चित्त) से भिन्न द्रष्टा (जीव) और दृश्य (जगत्) का मानना अनावश्यक समझते हैं परन्तु यह उनका भ्रममात्र

है क्योंकि द्रष्टा (जीव) और दृश्य (जगत्) से उपरक्त न होने पर चित्त का मूल्य, मिट्टी के एक तुच्छ ढेले से बढ़ कर कुछ नहीं।

तदऽसंख्येयवासनाभिश्चित्तमपि परार्थं संहत्य-कारित्वात् ॥ २४ ॥

अर्थ—वह (चित्त) असंख्य वासनाओं से चित्रित (अनेक रंगवाला) भी परार्थ है (अन्यों=द्रष्टा और दृश्य के साथ) जुड़ कर काम करने वाला होने से।

व्याख्या—कर्त्ता को, "स्वतन्त्रः कर्त्ता" के नियमानुसार, कर्म में स्वतन्त्र होना चाहिये परन्तु चित्त स्वतन्त्रता से कुछ नहीं कर सकता। उस पर यदि द्रष्टा का प्रभाव न पड़े तो वह स्वयमेव कुछ नहीं कर सकता और यदि दृश्य वस्तुओं का संनिधान न हो तो उसे जगत् की किसी वस्तु का भी ज्ञान नहीं हो सकता। इसलिये जब चित्त की यह दशा है कि द्रष्टा और दृश्य के साथ जुड़े (मेल हुये) बिना कुछ नहीं कर सकता तो मानना पड़ेगा कि वह पर (जीव) के अर्थ ही है और जो कुछ यह करता है जीव की प्रेरणा से और जीव के लिये ही करता है। इसलिये कुछ विद्वानों का यह मानना कि वही (चित्त ही) सब कुछ है ठीक नहीं।

मनुष्य जब कर्म करता है तब वह कर्म वासना के रूप में चित्त में अंकित हो जाता है। यह वासनाओं की रेखायें कर्मों की विभिन्नता के लिहाज से तरह तरह के रंग वाली होती हैं और इन्हीं को कर्म की रेखा कहते हैं। जिसके लिये लोकोक्ति

है कि "कर्म की रेखा टरे न टारे"। सूत्र में कहा गया है कि इन वासनाओं से रंग विरंगा होने पर भी, चित्त कर्तृत्व में स्वतन्त्र नहीं है, क्योंकि स्वतन्त्रता से, जीव की प्रेरणा विना, कुछ नहीं कर सकता।

(३५) आत्म साक्षात्कार

विशेषदर्शिन आत्मभावनाविनिवृत्तिः ॥ २५ ॥

अर्थ—विशेष दर्शिन को आत्मभाव भावना की निवृत्ति हो जाती है।

व्याख्या—योग दर्शन में, 'विशेष-दर्शिन' जीवात्मा और चित्त के निश्चयात्मक भेद-ज्ञान रखने वाले को कहते हैं। इसी विशेष-दर्शिन के दर्शन का नाम विशेष-दर्शिन है। "आत्मभाव भावना" इन विचारों को कहते हैं कि मैं कौन हूँ ? कहाँ था ? किस प्रकार यहाँ आया हूँ ? इत्यादि। जिस समय योगी, अपनी विशेष दृष्टि, से जीवात्मा और चित्त का विभेदक निश्चयात्मक ज्ञान प्राप्त कर लेता है तब वह, मैं कौन था ? कहां से आया ? इत्यादि प्रश्नों की जानकारी की इच्छा से मुक्त हो जाता है। वह समझने लगता है कि मरना जीना, आना जाना, इन सब बातों का सम्बन्ध केवल चित्त और शरीर से है और मैं (आत्मा) इनसे सर्वथा भिन्न, अजर और अमर हूँ। मरने जीने का मुझ से कोई सम्बन्ध ही नहीं। इसलिये फिर मुझे इस प्रकार की चिन्ता क्यों करनी चाहिये ! इसी का नाम आत्मभाव की निवृत्ति है।

तदा विवेकनिम्नं कैवल्यप्राग्भारं चित्तम् ॥२६॥

अर्थ—तब विवेक से गंभीर हुआ चित्त कैवल्य (मोक्ष) की ओर फिर जाता है।

व्याख्या—आत्मभाव भावना के निवृत्त होने पर, चित्त, विवेक अर्थात् इस ज्ञान से कि जीवात्मा और चित्त (अन्तःकरण) एक दूसरे से सर्वथा भिन्न हैं, भर जाता है, और ऐसा विवेक पूर्ण चित्त का झुकाव, मोक्ष की ओर हो जाता है और उसकी वृत्तियाँ विषयों से पृथक् रहने लगती हैं।

तच्छिद्रेषु प्रत्ययान्तराणि संस्कारेभ्यः ॥२७॥

अर्थ—उस (विवेक प्रत्यय) के छिद्रों में संस्कारों से अन्य प्रत्यय (होते हैं)।

व्याख्या—विवेक प्रत्यय ऊपर बतलाया जा चुका है कि जीवात्मा और अन्तःकरणका एक दूसरे से सर्वथा भिन्न समझना है। जब इस विवेक में छिद्र (विघ्न) उत्पन्न होते हैं अर्थात् विवेक ढीला ढाला सा हो जाता है तब विवेक में इस प्रकार की शिथिलता आजाने पर पुराने विषय-वासना के संस्कार जागृत हो उठते हैं और उन से भी अनेक छिद्र (विघ्न) उत्पन्न हो जाते हैं।

हानमेषां क्लेशवदुक्तम् ॥२८॥

अर्थ—उनका हान (त्याग) क्लेश के समान कहा गया।

व्याख्या—क्लेशों के दूर करने की विधि द्वितीय पाद के आरंभ में (देखो सूत्र २ से १० तक) वर्णित है उन्हीं उपायों से इन उत्पन्न हुए छिद्रों (विघ्नों) को भी दूर करना चाहिए।

प्रसंख्यानेप्यकुसीदस्य सर्वथा विवेकख्यातेर्धर्ममेघः समाधिः ॥२९॥

अर्थ—प्रसंख्यान में भी लालच न करने वाले (योगी) को विवेकख्याति की पूर्णता से धर्ममेघ नाम वाली समाधि (की सिद्धि हो जाती है)।

व्याख्या—अन्तःकरण और शरीर से जीवात्मा को सर्वथा पृथक् समझने का नाम प्रसंख्यान है। जब योगी को प्रसंख्यान का भी लोभ बाक़ी नहीं रहता और वह पूर्ण त्यागी और वैरागी हो जाता है, तब उसकी विवेक ख्याति, पूर्णता को प्राप्त हो जाती है, और योगी पूर्ण निष्काम हो जाता है, और उसका—विवेक एक रस बना रहता है। इस अवस्था का नाम विवेक-ख्याति की पूर्णता है। इस पूर्णता प्राप्त विवेक-ख्याति से योगी को, धर्ममेघ समाधि की सिद्धि हो जाती है, इस समाधि की प्राप्ति का फल मोक्ष है। महर्षि व्यास के लिखे क्रमानुसार योगी "सम्प्रज्ञात" योग की सिद्धि कर लेने पर, उससे आगे बढ़कर 'प्रसंख्यान' की सिद्धि करता है और प्रसंख्यान के सिद्ध हो जाने पर धर्ममेघ समाधि को प्राप्त कर लिया करता है—इस धर्ममेघ समाधि के संस्कारों से "व्युत्थान" संस्कार बिलकुल दब जाते हैं और योगी निर्बीज समाधि की ओर चलने लगता है।

ततः क्लेशकर्मनिवृत्तिः ॥३०॥

अर्थ—तब क्लेश और कर्म निवृत्त हो जाते हैं।

व्याख्या—क्लेश का पहले वर्णन हो चुका है। कर्म का तात्पर्य पुण्यापुण्य कर्म से है जो सुख दुःख रूपी (द्वन्द्व) फल देने वाले होते हैं। आत्मा शुद्ध है, निर्मल है। परन्तु इन्हीं क्लेश और कर्मों का आवरण, उसके जगत् में कर्म के साधन-रूप अन्तःकरणों पर पड़ जाता है। तब आत्मा विवश सा हो जाता है। परन्तु जब इस धर्ममेघ समाधि की सिद्धि हो जाती है तब वह आवरण उठ जाता है और चित्त भी मलिनता-रहित हो जाता है। अब शुद्ध आत्मा, रास्ते की बाधा हट जाने से, अपने अन्तिम ध्येय की ओर चल पड़ता है।

तदा सर्वावरणमलापेतस्य ज्ञानस्यानन्त्याज्ज्ञेय-मल्पम् ॥ ३१ ॥

अर्थ—तब सब आवरण और मल से पृथक् हुये ज्ञान के अनन्त होने से ज्ञेय अल्प (थोड़ा) रह जाता है।

व्याख्या—इस दर्जे पर पहुँचे हुये योगी का ज्ञान निर्मल और अनन्त (अन्य अयोगियों की अपेक्षा बहु मात्रा वाला) होता है। रजोगुण और तमोगुण का आवरण (परदा) अब उस ज्ञान से हट चुका है और क्लेश तथा वासना का मल भी दूर हो चुका है। अब योगी इस स्थिति में है कि उसके लिये जानने की बातें बहुत थोड़ी बाक़ी रह गई हैं। अधिकतर बातों को वह अपने विस्तृत ज्ञान से जान लिया करता है। जानने योग्य जो रह गया है उसका सम्बन्ध जगत् से नहीं किन्तु सर्वज्ञ और

असीम शक्तिवाले ईश्वर की ही कुछ बातें हैं जिन्हें वह नहीं जान सका है। जगत् के सम्बन्ध में ऐसी कोई मुख्य बात नहीं जिसे वह न जान सकता हो।

ततः कृतार्थानां परिणामक्रमसमाप्तिर्गुणानाम् ॥३२॥

अर्थ—तब कृतार्थ गुणों के परिणाम क्रम की समाप्ति हो जाती है।

व्याख्या—जब योगी का ज्ञान विस्तृत हो जाता और ज्ञेय अल्प रह जाता है तब उस (योगी) से सम्बन्धित प्रकृति के गुण, तत्व, रज और तम भी, कृतार्थ हो जाते हैं अर्थात् इनमें विषमता नहीं रहतीं और विषमता न होने से प्रतियोगिता भी जाती रहती है अर्थात् रज और तम में से कोई भी उस व्यक्ति पर आधिपत्य जकाने का यत्न नहीं करते। ऐसी अवस्था प्राप्त गुणों में अदल बदल भी नहीं होतां अर्थात् ये गुण अब किसी प्रकार से भी योगी के काम में बाधा नहीं डाल सकते।

क्षणप्रतियोगी परिणामापरान्तनिर्ग्राह्यः क्रमः ॥ ३३ ॥

अर्थ—क्षण का प्रतियोगी (विरोधी) परिणाम के अपरान्त से ग्रहण करने के योग्य "क्रम" (कहलाता है)।

व्याख्या—ऊपर सूत्रों में जिस 'क्रम' की बात कही गई है उस (क्रम) की परिभाषा में बतलाया गया है कि क्रम वह है जो क्षण में वस्तुओं के स्वरूप को बदलता रहता है और जो अपरान्त अर्थात् सब से अन्त में होने वाले परिणाम से

ग्रहण किया जाता है। क्रम सिलसिले को कहते हैं। किसी सिलसिले का प्रारम्भ एक विशेष क्षण से होता है और उसकी समाप्ति एक दूसरे क्षण में होती है। पहले क्षण को, जहाँ से क्रम शुरू होता है पूर्वान्त और अन्तिम क्षण को जहाँ वह क्रम समाप्त होता है उत्तरान्त या अपरान्त कहते हैं। क्रम की समाप्ति पर ही उस क्रम की सत्ता निर्भर समझी जाती है। इसलिये सूत्र में कहा गया है कि क्रम सबसे अन्त में होने वाले परिणाम से ग्रहण किया जाता है और क्रम का काम यह है कि वह पदार्थों के स्वरूप को क्षण-क्षण में बदलता रहता है।

पुरुषार्थशून्यानां गुणानां प्रतिप्रसवः कैवल्यं स्वरूप-प्रतिष्ठा वा चितिशक्तिरिति ॥ ३४ ॥

अर्थ—पुरुषार्थ शून्य गुणों का अपने कारण में लीन हो जाना शक्ति का अपने स्वरूप में स्थिति हो जाना कैवल्य है।

व्याख्या—जब योगी सत, रज, और तम प्रकृति के गुणों से काम लेना छोड़ देता है तब उनके रहने का कोई प्रयोजन बाकी नहीं रहता। इसलिये वे अपने कारण (प्रकृति) में लौट जाते हैं और तब चिति शक्ति (जीवात्मा) अपने स्वरूप में प्रतिष्ठित हो जाती है। अर्थात् आत्मा की बहिर्मुखी वृत्ति बन्द होकर अन्तर्मुखी वृत्ति जागृत हो जाती है, इसी अवस्था का

नाम कैवल्य (मोक्ष) है। कैवल्य अवस्था को इसलिये कहते हैं कि आत्मा इसमें तनहा र. ". है। प्रकृति के समस्त गुण अपने कारण में चले जाते हैं।

इति चतुर्थः कैवल्यपादः।

चौथा कैवल्य पाद समाप्त हुआ।

FIRST CHAPTER

THE TANTRA SHASTRA

- Definitions of Tantrashastra
- Stream and branches of Tantrashastra
- Time or age of Tantrashastra
- Pada system
- Bhavas
- Acharas
- Mantras
- Present condition of Tantrashastra

2. THE TANTRA SHASTRA

Tantra is a very broad term. It may suggest any kind of knowledge : the Vedic, the pre-vedic and the non-vedic knowledge and represent all sorts of creeds, cults, occults, religions, philosophies, disciplines of life, politics, economics, commerce, arts, science (organic or inorganic), physical and mental, metaphysical and spiritual. So to say Tantra covers all types of knowledge of Bharatiya heritage. Technically it points out an Bharatiya treatise which encompasses all the branches of Bharatiya knowledge, by the name of 'Agama'.

Definitions of Tantrashastra

The word Tantra is derived from the dhatu 'Tan' the meaning is to spread. Tantra is that (scripture) by which knowledge is spread.

'तन्यते विस्तार्यते अनेनेति तन्त्रम्'

The suffix 'Tra' is from the root 'to save'. So the meaning of Tantra becomes. The knowledge which is spread saves the beings.

The Kamikagama (कामिकागम) of Shiva Sidhanta Tantratara patala says –

तनोति विपुलानर्थान् तत्त्वमन्त्रसमन्वितान् ।
त्राणं च कुरुते यस्मात् तन्त्रमित्यभिधीयते ॥

[The Shastra which spreads the great knowledge concerning Tatva and Mantra and even protects is known as Tantrashastra.]

The Tantrashastra or the Agama has two main streams: they are –

1. Agama (आगम)

2. Nigama (निगम)

1. Agama said to have been told by Shiva to Girija and honoured by Vasudeva (वासुदेव) as the verse –

आगतं शिववक्त्रेभ्यो गतं च गिरिजामुखे ।
मतं च वासुदेवस्य तस्मादागम उच्यते ॥

2. A similar definition is given also to the word Nigama which is very akin to Agama, that is

निर्गतो गिरिजावक्त्रात् गतं च गिरीशश्रुतम् ।

मतश्च वासुदेवस्य निगमः परिकथ्यते ।।

We come across the most secular and universal definition of Agama in the 'Pingalamatam' (पिंगलामतम) of the Bruhadrathayamala (बृहद्रथयामल) that defines Tantra as a treatise which covers the whole span of knowledge. The syllable 'ā' (आ) denotes and the root 'gam' (गम) indicates that is to be known. That is the word Tantra indicates the totality of the human knowledge and the wisdom.

As it directs and protects it is called 'Shastra'. In simple words it can be called 'ज्ञान' because it brings everything within the preview of knowledge and leads man to the goal of knowledge. As it expands the span of knowledge and saves people thereby it is known to the wise men by the name of Tantra, that is

आ भागस्तु समन्ताच्च गमयतीति गमो मतः ।
शस्यते त्रायते यस्मात् तस्माच्छास्त्रमुदाहृतम् ।।

and

ज्ञायते नयते येन ज्ञानं तेनाभिधीयते ।
तनुते त्रायते नित्यं तन्त्रमित्थं विदुर्बुधाः ।।

The particular stream of Tantra that deals with Evolution, Astrology, the conduct of life, order, discipline and

manners of all classes and castes and the nature and characteristics of ages is called Yamala, that is

सृष्टिश्च ज्योतिषाख्यानं नित्यकृतप्रदीपनम् ।
क्रमसूत्रं वर्णभेदो जातिभेदस्तथैव च ।
युगधर्मश्च संख्यातो यामलस्याष्टलक्षणम् ।।

–वाराहीतन्त्र

The Varahi tantra further classifies Damara into six grades –

1. Yogadamara (योगडामर)

2. Shivadamara (शिवडामर)

3. Durgadamara (दुर्गाडामर)

4. Saraswata Damara (सारस्वत डामर)

5. Brahmadamara (ब्रह्मडामर)

6. Gandharvadamara (गंधर्वडामर)

Each of them particularly deals with special study and culture, prevalent in practice among those particular sects and systems. Agama, Nigama and Damara are the three main streams of Tantric culture virtually indicate the three grades of people following the Tantric discipline and culture. These three streams are successively dominated by the three basic

elements ‘Sattva (Intellignece), Rajas (Action) and Tamas (Ignorance). Tantra is meant for intellectually advanced people. Yamala is prescribed for the man of activity and Damara is for people of lesser intelligence.

Streams and Branches of Tantra

In Bharat there are many religions and many divisions of worshippers naming their way of practice with different names. We have Smartas, Vaishnavas, Shaktas, Shaivas, Ganapatas, Souras so forth with sub divisions of these worships. It is very difficult or some times impossible to make hard and fast differentiations between the sects which share much in common and have been influenced by one another. In fact universality of much of religions practices and philosophy is an established truth in Bharat. The same doctrine might have been told by other person in different place and in different time. Observing this, in general we can say that “Religion has many things overlaping”. The same philosophy and practices worked out in different ways again and again.[1] But in Bharat, where there was, and there is no any pressure or strict rule over prohibiting any new sect, in contrast to other

western countries, religion grew like a big plant. In Bharatiya sects and Religions there is much in common to all sects and much is not common to all. As a result in Tantrashastra we have many different sub divisions. They are -

a) Shakta tantras (शाक्त तंत्र)

b) Shaiva tantras (शैव तंत्र)

c) Vaishnava tantras (वैष्णव तंत्र)

The Tantrashastra is said to have come out of five mouths of Shiva and that is why it is called the Panchamnaya (पंचाम्नाय). Tantra narrates the process of evolution, re evolution, selection of Mantras, places of Gods and holy shrines, rights and duties of four Ashramas, construction of Yantras, origin of vegetation, planets, mythology, description of treasure, austerities, conduct of life, characteristics of males and females, duties of kings, charity, character of different ages (times), jurisprudence, Philosophy. That is –

सर्गश्च प्रतिसर्गश्च मन्त्रनिर्णय एव च।
देवतानां च संस्थानं तीर्थानां चैव वर्णनम् ।
तथैवाश्रम धर्मश्च विप्रसंस्थानमेव च।
संस्थानं चैव भूतानां यन्त्राणां चैव निर्णयः ।
उत्पत्तिर्विविधानां च तरूणां कल्पसंज्ञितम् ।

संख्यानं ज्योतिषां चैव पुराणाख्यानमेव च ।

कोशस्य कथनं चैव व्रतानां परिभाषणम् ।

शौचाशौचस्य चाख्यानम् नरकाणां च वर्णनम् ।

हरचक्रस्य चाख्यानम् स्त्रीपुंसोश्चैव वर्णनम् ।

राजधर्मो दानधर्मो युगधर्मस्तथैव च ।

कथ्यते व्यवहारश्च तथा चाध्यात्मवर्णनम् ।

इत्यादिलक्षणैर्युक्तं तन्त्रमित्यभिधीयते ।

The Tantrashastra is classified into four grades:

1) The general

The general topics of the Tantrashastra are History, Mythology, Mathematics, Poetry, Drama, Prosody and Science of sound. This branch can be studied by the people coming of all levels of society.

2) The special

The Vedic religion, Upanishads, Studies in Mantra, Sutra text, Logic, Metaphysics and allied branches and other systems and science are the special studies

3) The common

The common group which requires special training under specialized teacher includes the Soura tantra, the Shiva tantra (including the Shakta tantra), the Pancharatra (पांचरात्र) (Vaishnava tantra), the Vimala tantra, the Atharva tantra (dealing with science and miracles as described or discussed in the Atharvaveda), Sankhya and Yoga systems, Buddhism, Jainism, Charvakism etc.

4) Subjects of exceptionally special cadre

The subjects of Tantra which come under exceptionally special group are studied in a particular tradition, time place and with special aptitude. The Bhairava tantra, the Vajrayana, the Guhya tantra, the Samayachara tantra, the Bhuta (Damara) tantra etc..

In addition to these four groups of Tantra, there is the Laukika tantra which makes the streams of complete Tantric studies. The complete Tantrashastra is therefore according to Brahmayamala –

1. लौकिक The laukika (Mundane)
2. वैदिक The Vedic
3. अध्यात्म The Adhyatma

4. अतिमार्ग The Atimarga (The super natural)

5. आथर्वण The Aatharvana (arts and science of Atharvaveda)

It may be noted that the entry of the Atharva-Shastra is a later event of the Vedic history and the special fascination to the Aatharvan Shastra of the Tantric culture is a significant trait of cultural confluence. That is explained in Jayadrathayamala ch.1 shloka 1....

सामान्यं च विशेषं च साधारणं विशेषतः ।

विशेषतरसत्यं च शास्त्रमुक्तं चतुर्विधम् ।

इतिहासपुराणानि गणितं काव्यनाटकम् ।

छंदांसि शब्दशास्त्राणि सामान्यविषयाणि तु ।

सर्वेषां वर्णिकानां तु सामान्यश्रवणादिना ।

श्रुतिस्मृत्युपनिषदो मन्त्रसूत्रप्रकल्पनम् ।

आन्वीक्षकं च विज्ञानं साधारणविशेषणम् ।

योज्यन्ते ..... ज्ञायन्ते नाधिकारिणः ।

सौरं शैवं पांचरात्रं प्रमाणं विमलं मतम् ।

विशेषाख्यं यतस्तन्त्रं विशेषसमयात् स्थिते ।

भैरवं वज्रयानं च गुह्याद् युक्तं समाख्यम् ।

भौततन्त्रादितन्त्रं च विशेषात्तरमुच्यते ।

एवं चतुर्विधं शास्त्रं लौकिकाद्याञ्च पञ्चधा ।

लौकिकं वैदिकाध्यात्ममतिमार्गमथर्वणम्

फलभेदविभिन्नं च शास्त्रमेवं तु पञ्चधा ।

–जयद्रथयामल प्रथम षट्क अ. ३५

The Tantrashastra believes that eighteen branches of the so called Bhrahmanic study had come out of the mouth of Lord Shiva and they are open to all castes on condition of their intellectual maturity but not on the basis of their particular caste.

Truth is greater than 'ism; Tantra does neither belittle this age of Kali, this Samsara (mundane world) nor it dreams of the other world, but endeavors to drink the nectar of life and believe and let others allow to believe that this universe of ours is not unreal, not a mist of mystery. As God Shiva had manifested himself into the eight phenomenal forms (astamurti)[2] and thirty-six elements the universe is real. His aim of life is not to see him face to face to be in him or her and to attain the summum bonum of Soham or Saham.[3]

In addition to sixty four principal Tantras current in practice, there are at least 343 Upa tantras also. According to the Shaktisangama शक्तिसंगम tantra of which following are found in practice. They are....

1. बौद्ध तन्त्र The Bauddha-tantra,
2. कापिल तन्त्र The Kapila-tantra,

The Tantras told by Jaimini, Vasistha, Kapila, Narada, Garga, Pulastya, Bhargava, Yajnavalkya, Bhrugu, Shuka, Bhruhaspati and others.[4]

The principal tantras as stated above sometimes represent a group of tantras by a single name.[5] The Phetkarini tantra फेत्कारिणी तन्त्र , for example, is the collection of at least ten minor tantras i.e.

1. उन्मत्तभैरव The Unmattabhairava
2. नारसिंह The Narasimha
3. डामर भैरव तन्त्र The Damara Bhairava
4. शिवाकार तन्त्र The Shivakara
5. मालिन्यादि तन्त्र The Malinyadi
6. असितांगादि तन्त्र The Asitangadi

7. यामल तन्त्र The Yamala

8. सिद्धयोगेश्वर तन्त्र The Sidhayogeshwara

9. योगिनी तन्त्र The Yogini jala

10. अंबर तन्त्र The Ambara tantra[6]

Similarly the Damara which ordinarily means charm magic and miracle has also its own six branches.

1. The Yogadamara of 23,533 verses.

2. The Shivadamara of 11007 verses.

3. The Durgadamara of 11503 verses.

4. The Saraswatdamara of 9905 verses.

5. The Brahmadamara of 7105 verses.

6. The Gandharvadamara --

This branch mainly deals with magic and science and has 60060 verses.

There is not a single way of life, system of thought, discipline and code of conduct, creed, cult, faith of religion which does not come under purview of the Tantrashastra. The complete Tantrashastra may be classified into two groups –

1. The Brahmanic Tantras

2. The non Brahmanic Tantras

The Shabaramnaya (शाबराम्नाय) tantra, the Dravidamnaya (द्रविडाम्नाय) tantra, the Kubjika tantra etc. may come under the second group found in the aboriginal and backward tribes, castes and sects all over the Bharat sub-continent.

As we go deep into the Tantra Sahitya, we can feel the wideness and all-pervasiveness of the Shastra. Some times this sahitya seems to be vast than the Vedic sahitya also. Many old tantra literature books have not been found yet. As it is said the number of "the tantra books or literature was more than one lack in number" was the opinion of Avalon. According to the Varahi tantra, Deva (देव) Brahma (ब्रह्म) and Patal (पटल) are the three lokas and the total number of tantra shlokas in these lokas is nine lacks. In Bharata we could still found one lack shlokas. The Boudha tantras are also found in large number. Some of them are very old and set to have belonged to 1st century B.C.

The oldest type or branch of the tantra is Agama. In Agamas we generally can see four Padas namely :

1. ज्ञान पाद Jnana pada,

2. योग पाद Yoga pada,

3. चर्या पाद Charya pada, and

4. क्रिया पाद Kriya pada.

In these Agamas they have discussed both the Dwaita and Adwaita philosophy in detail. The Shivagama शिवागम the Rudragama रुद्रागम and Bhairavagama भैरवागम are the major Agamas. All of the basic Agamas are not found yet, but the Agamas what we have got today are also more in number. Following are the Agamas given in the groups.

Ten Shivagamas :

1. प्रणव आगम (Pranava Agama)

2. योग आगम (Yoga Agama)

3. चिन्त्य आगम (Chintya Agama)

4. कारण आगम (Karana Agama)

5. अजित आगम (Ajit Agama)

6. सुदीप्त आगम (Sudipta Agama)

7. सूक्ष्म आगम (Sukshma Agama)

8. सहस्र आगम (Sahasra Agama)

9. सुप्रभेद आगम (Suprabheda Agama)

10. अंशुमान आगम (Anshuman Agama)

Eighteen Rudragamas :

1. विजय आगम (Vijaya Agama)

2. विश्वास आगम (Vishwasa Agama)

3. पारमेश्वर आगम (Parameshwara Agama)

4. प्रोद्गीत आगम (Prodgita Agama)

5. मुखबिंब आगम (Mukhabimba Agama)

6. सिद्ध आगम (Siddha Agama)

7. संतान आगम (Santana Agama)

8. नारसिंह आगम (Narasimha Agama)

9. चंद्रांशु आगम (Chandranshu Agama)

10. वीरभद्र आगम (Virabhadra Agama)

11. स्वायंभुव आगम (Swayambhuva Agama)

12. विरक्त आगम (Virakta Agama)

13. कौरव्य आगम (Kauravya Agama)

14. मुकुट आगम (Mukuta Agama)

15. किरण आगम (Kirana Agama)

16. गलित आगम (Galita Agama)

17. आग्नेय आगम (Agneya Agama)

18. The name of the 18th Agama has not yet been found.

Sixty four Bhairavagamas

The names of all these Bhairavagamas are listed in 'Shrikanthi Samhita'. Bhairavagamas have eight branches and each branch has eight Agamas in it. They are –

I. Bhairavashtaka (भैरवाष्टक)

1. स्वच्छन्द आगम (Swacchanda Agama)

2. चण्ड आगम (Chanda Agama)

3. क्रोध आगम (Krodha Agama)

4. उन्मत्त आगम (Unmatta Agama)

5. असिताङ्ग आगम (Asitanga Agama)

6. महोच्छवास आगम (Mahochhwasa Agama)

7. कपालीश आगम (Kapalisha Agama)

8. Not known

II. Yamalashtaka (यामलाष्टक)

1. ब्रह्मयामल (Brahmayamala)

2. विष्णुयामल (Vishnuyamala)

3. स्वच्छन्दयामल (Swachhandayamala)

4. रुरुयामल (Ruruyamala)

5. अथर्वयामल (Atharvayamala)

6. रुद्रयामल (Rudrayamala)

7. वेतालयामल (Vetalayamala)

8. Not known

III. Matashtaka (मत्ताष्टक)

1. रक्त (Rakta Agama)

2. लंपट (Lampata Agama)

3. लक्ष्मी (Lakshmi Agama)

4. चालिका (Chalika Agama)

5. पिंगला (Pingala Agama)

6. उत्फुल्लक (Utphullaka Agama)

7. बिंबाद्य (Bimbadya Agama)

8. Not known

ब्रह्माण्डका आयुर्निर्णय.	१६१५—१६१९
नैमित्तिक प्रलय वर्णन	१६१९—१६२२
प्राकृतिक प्रलय वर्णन	१६२२—१६२६
ऋषि, देवता और पितृतत्त्व	१६२७–१६७०
अध्यात्म-अधिदैव-अधिभूत-शक्तित्रयानुसार ऋषि-देवता-पितरों का स्वरूपकथन ...	१६२७—१६३४
सृष्टिकर्ता ब्रह्माका स्वरूप तथा उनकी पूजा क्यों नहीं होती है इसका तत्त्ववर्णन ...	१६३४—१६३९
देवियोंका स्वरूप तथा देवोंके साथ उनका सम्बन्ध निर्णय	१६३९— १६४७
देवताओंके स्वरूप तथा संख्या आदिके विषयमें वेदादि शास्त्रोंका प्रामाण्य निरूपण...	१६४७—१६५५
देवताओंके नित्य-नैमित्तिक भेद तथा नैमित्तिक देवताओंका स्वरूप कथन	१६५५—१६५९
दैवराज्य तथा देवताओंके विषयमें बौद्धादि शास्त्रोंका भ्रमनिराकरण	१६५९—१६६१
जन्मान्तरप्रदान कार्यमें देवता और पितरोंका सम्बन्ध निर्णय तथा इस विषयमें टीकाकारोंका भ्रमनिराकरण	१६६१—१६६३
नित्य पितरोंका स्वरूप तथा कार्यनिर्णय	१६६३—१६६८
नित्य ऋषियोंके स्वरूप, सम्प्रविभाग, नैमित्तिक अवतार तथा क्रियाकलाप वर्णन	१६६८—१६७०

विषय	पृष्ठ.
अवतारतत्त्व	१६७१–१८९५
वेदादि शास्त्रसम्मत अवतार लक्षण निर्णय	१६७१—१६७५
भगवत्कलाविकाशके तारतम्यानुसार उद्भिज, स्वेदज, अण्डज, जरायुज पशु योनियोंमें शक्तिविकाशमहिमा वर्णन	१६७६—१६८१
मनुष्य योनियोंमें विभूतिरूपसे भगवत्कलाविकाश तथा विभूतियोंका धर्मोन्नतिकर कार्यकलाप वर्णन	१६८२—१६८६
नौ कलासे अवतार कोटिका विज्ञान तथा अवतारोंका भेदकथन	१६८६—१६९३
अवतारके प्रकट होनेमें अध्यात्म, अधिदैव, अधिभूतरूपी कारणत्रय वर्णन	१६९३—१७००
मत्स्यावतार वर्णन	१७००—१७०३
कूर्मावतार वर्णन	१७०३—१७०८
वाराहावतार वर्णन	१७०८—१७१४
नृसिंहावतार वर्णन	१७१४—१७२२
वामनावतार वर्णन	१७२२—१७२७
परशुरामावतार वर्णन	१७२७—१७२९
राम सीताके प्रकट होनेका कारण वर्णन	१७२९—१७३४
रामावतार वर्णन	१७३४—१७४३
श्रीरामचन्द्रके आदर्शचरित्रकी विस्तृत समालोचना तथा उनके चरित्रके विषयमें अर्वाचीन जनोंकी विविध शंकाओंका समाधान	१७४३—१७७९
रामसहायक वानरादिकोंका स्वरूप तथा बालिवधरहस्य कथन	१७७९—१७८४
सीताचरित्रका पातिव्रत्य मूलक अपूर्व आदर्श वर्णन	१७८४—१८१०
पूर्णावतारके साथ अंशावतारके स्वरूप तथा क्रिया कलापके विषयमें विविध भेद वर्णन	१८१०—१८१४
कृष्णावतारके प्रकट होनेका कारण वर्णन	१८१४—१८१९
कृष्ण बलराम जन्मकथन	१८१९—१८२२

विषय.	पृष्ठ.
कृष्णावतारके साथ व्रजबालक, व्रजगोपिका आदियोंका प्राक्तन दैवसम्बन्ध तथा श्रीकृष्णार्जुनका पूर्वजन्म कथन ...	१८२२—१८३१
कृष्ण बलरामावतार लीला वर्णन	१८३२—१८४१
कृष्णावतारमें कर्मयोगरहस्य कथन	१८४२—१८५७
कृष्णावतारमें उपासनायोगरहस्य कथन	१८५७—१८६१
कृष्णावतारमें ज्ञानयोगरहस्य कथन	१८६१—१८६७
बुद्धावतार वर्णन	१८६७—१८७४
कल्क्यवतार वर्णन	१८७५—१८७९
दशावतारोंके विषयमें वेदादि शास्त्रोंका प्रामाण्य निरूपण	१८८०—१८८७
विशेष अविशेष नित्यावतार वर्णन	१८८७—१८९०
ऋषि और देवताओंका अवतार वर्णन	१८९०—१८९३
अवतारतत्त्वमें सिंहावलोकन	१८९३—१८९५

ओंतत्सत्।

श्रीधर्म्मकल्पद्रुम।

पञ्चम खण्ड।

पञ्चम समुल्लास।

प्राण और पीठतत्त्व।

आत्मा और जीवतत्त्वका वर्णन करके जिस सूक्ष्मशक्तिके प्रतापसे दृश्य जगत्में आत्मा और जीवभावका विकाश देखनेमें आता है उसका तत्त्व निर्णय किया जाता है। इस सूक्ष्म शक्तिका नाम प्राण है और जहाँ दैवी प्राणका विकाश होता है उसको पीठ कहते हैं। 'प्राण' शब्दके कहनेसे सामान्यतः जो पञ्च स्थूल वायुओंमेंसे प्राणवायु है, वही प्राण है ऐसा विचार होने लगता है, सो ठीक नहीं है, क्योंकि प्राण नामक सूक्ष्म शक्ति स्थूलप्राण, अपान, समान, उदान और व्यान नामक पञ्चवायु और उनके विकाररूप धनञ्जय कृकरादि सब स्थूलवायुओं की सञ्चालक है, वह स्वयं स्थूल पदार्थ नहीं है; अति सूक्ष्म शक्ति मात्र है। स्थूलप्राण पाञ्चभौतिक स्थूलशरीरका उपादान है और प्रत्येक शरीरमें सञ्चालकरूपसे अवस्थित सूक्ष्म प्राण सूक्ष्मशरीरका उपादान है। यह अपञ्चीकृत पञ्चतत्त्वोंके मिलित रजोंऽशसे उत्पन्न हुआ है, यही वेदान्तशास्त्रका सिद्धान्त है। यथा—

"एतेषां समष्टिराजसांशात्प्राणादिपञ्चवायवः सम्भूताः"

सूक्ष्म पञ्चतत्त्वोंके समष्टिराजसांशसे पञ्च प्राणकी उत्पत्ति होती है। एक

ही प्राणशक्तिको पञ्चप्राण इसलिये कहा जाता है कि हृदय, नाभि, कण्ठ आदि पञ्चदेशमें अवस्थित पञ्च स्थूल प्राण अपानादि वायुओंको सञ्चालित करनेके लिये एक सूक्ष्मशक्ति प्राण भी पञ्चधा विभक्त होकर प्राणशक्ति, अपानशक्ति आदि नामसे हृदय, नाभि आदि पाँच स्थानों पर प्रतिष्ठित है। यथा श्रुतिः—

"अहमेवैतत्पञ्चधात्मानं प्रविभज्य एतद्बाणमवष्टभ्य विधारयामि"

प्राण ही अपनेको पञ्चधा विभक्त करके प्राणापानादि स्थूल वायुओंके नियमन द्वारा शरीरको धारण करता है। यही सूक्ष्मशरीरके उपादानरूप स्थूल पञ्चवायुसञ्चालनकारी व्यष्टिदेहावच्छिन्न प्राणका स्वरूप है। अब इस व्यष्टि-देहगत प्राणशक्तिका उत्पत्तिनिदान तथा समष्टिशरीरके साथ इसका क्या सम्बन्ध है और समष्टिव्यष्टि प्राण द्वारा समष्टिव्यष्टि जगत्की परिचालना किस किस प्रकारसे सम्पादित होती है सो नीचे क्रमशः बताया जाता है।

प्राणकी धराधारिका सूक्ष्मशक्तिके विशेषस्वरूपज्ञानमें असमर्थ होनेपर भी अनेक पाश्चात्य पण्डितोंने स्थूलजगत्के सञ्चालनमूलमें जो एक सर्वव्यापिनी सूक्ष्मशक्तिका समावेश और उसी सूक्ष्मशक्तिके घनीभाव द्वारा ही स्थूलजगत्की सृष्टिका क्रम माना है सो उल्लिखित सूक्ष्म प्राणशक्तिका ही आधिभौतिक विकाशमात्र है अर्थात् पाश्चात्य दर्शनशास्त्रसमूह केवल प्राणमयी सूक्ष्मजगत्की शक्तिविशेषतक अनुभव कर सके हैं; आगे नही जा सके हैं। पाश्चात्य विज्ञानके अनुसार परमाणु संघातसे सृष्टि और परमाणुओंके विश्लेषणसे मूर्त्त वस्तुओंका ध्वस होकर प्रलय— ये दोनों परिणाम ही उल्लिखित स्थूलपदार्थान्तर्गत सूक्ष्मशक्तिके आविर्भाव तिरोभावके अधीन हैं। सुप्रसिद्ध पाश्चात्य पण्डित हर्बर्ट स्पेन्सरने उसी सूक्ष्मशक्तिके दो रूप वर्णन किये हैं। एक जड़ रूप और दूसरा जड़रूपके आश्रयसे विविध क्रियाकारी जड़ान्तर्गत सूक्ष्मरूप। पाश्चात्य वैज्ञानिक पण्डितोंके मतानुसार समस्त स्थूल जड़वस्तु ही सूक्ष्मशक्तिका रूपान्तरमात्र है। उनके मतमें स्पन्दनात्मिका सूक्ष्मशक्ति ही स्पन्दित होती होती घनीभावको धारण करके स्थूल होजाती है। लार्ड केल्विन् आदि कई एक आधुनिक पाश्चात्य विज्ञानवित् पण्डितोंका यह सिद्धान्त है कि मूर्त्त पदार्थोंके उपादानभूत परमाणुसमूह सर्वव्यापी तरल पदार्थ 'ईथर' (Ether) का ही आवर्त्तनपरिणाम मात्र है और इसी ईथर सम्बन्धीय विज्ञानको सूक्ष्मतर दृष्टिसे देखकर हर्बर्ट स्पेन्सर, स्टैलो आदि कई एक पण्डितोंने यह सिद्धान्त किया है कि वही शक्ति जो सूक्ष्मा-

वस्थामें दृष्टिपथमें नहीं आतीहै, स्थूलावस्थामें देखनेमें आजाती है और अमूर्त्त अवस्थामें जो शक्ति केवल क्रियात्मिकारूपसे अनुमान की जाती है, वही शक्ति मूर्त्तावस्थाको प्राप्त होकर क्रियात्मक और जडात्मक दोनों ही भावोंमें उपलब्ध हो जाती है—यह सब उल्लिखित घनीभाव विज्ञानका ही फलमात्र है। प्रत्येक स्थूल वस्तुको ही हम लोग करणात्मक और कार्यात्मक दोनों भावोंमें सम्मिलित देखते हैं। अग्नि, विद्युत् आदि स्थूल पदार्थोंमें करणात्मक अंशका प्राधान्य तथा जलीय और पार्थिव पदार्थोंमें कार्यात्मक या जडभावका प्राधान्य है। सूक्ष्मावस्थासे स्थूलभावमें आते समय शक्ति और शक्तिके आश्रय रूप जडांशका घनीभाव होना आवश्यक है। इसलिये प्रत्यक्ष शक्तिको हम जडोपादानके आश्रयसे ही कार्य करती देखते हैं, परन्तु जिसको जड़ोपादान कहते हैं वह भी सूक्ष्मशक्तिका ही आकारभेदमात्र है। पाश्चात्य पण्डित स्टैलो साहबका यह सिद्धान्त है कि कार्यकारिणी शक्ति क्रियारहित दशामें प्रसुप्तभावसे (Dormant) रहती है और यही प्रसुप्ता शक्ति कार्यदशामें स्पंदिता होकर प्रत्यक्ष वस्तु-रूपमें परिणत हो जाती है, उस समय शक्तिकी करणात्मक और कार्यात्मक दो दशाएँ हो जाती हैं। इसी शक्तिको किसी किसी पाश्चात्य पण्डितने दिव्याग्नि (Divine fire) कह कर इसीसे स्थूलजगत्की उत्पत्ति बताई है। नैहारिक सिद्धान्त (Nebulus theory) जिसका वर्णन सृष्टितत्त्व नामक आगेके अध्यायमें किया जायगा, उसके अनुसार जिस स्पन्दनात्मिका शक्तिके प्रभावसे नैहारिक अवस्थागत अणुसमूह सङ्घातको प्राप्त होकर स्थूल दृश्य संसारके उपादान बनते हैं वह स्पन्दनात्मिका शक्ति इसी दिव्यशक्तिका नामा-न्तरमात्र है ऐसा पाश्चात्य पण्डितोंने कहा है। उस सिद्धान्तके अनुसार जब समस्त नीहार अव्यक्त अवस्थासे व्यक्तावस्थामें आते हैं उस समय उनमें अणु-परमाणुओंका सामञ्जस्यके अनुसार सन्निवेश, पूर्वकल्पके अनुसार सौरजगत्के अन्तर्गत विविध ग्रहोपग्रहोंका निज निज निर्दिष्ट कक्षाओंमें स्थापन इत्यादि धराधारिणी, समताविधायिनी समस्त क्रियाएँ ही उल्लिखित सूक्ष्मशक्ति-के नियमित स्पन्दनकी फलरूप हैं। इस प्रकारसे समस्त स्थूलजगत्के सञ्चा-लनमूलमें सूक्ष्मशक्तिकी क्रियाकारिताके रहस्यको पाश्चात्य पण्डितोंने भी अनु-मान कर लिया है।

इससे आगे पाश्चात्य पण्डित हल्मन् साहबने यह भी अनुमान किया है कि समष्टि और व्यष्टि जगत्में जितनी कार्यकारिणीशक्तियाँ दृष्टिगोचर होती हैं वे

सभी एक मौलिक महाशक्तिकी रूपान्तरमात्र हैं। उनके मतानुसार क्रियमाण प्रवृत्तिशक्ति, साध्याकर्षण प्रवृत्तिशक्ति, स्थितिस्थापक प्रवृत्तिशक्ति, आणविक आकर्षण प्रवृत्तिशक्ति, रासायनिक प्रवृत्तिशक्ति, ताडित् प्रवृत्तिशक्ति, चौम्बकाकर्षण प्रवृत्तिशक्ति, समन्तात् प्रसरणशील प्रवृत्तिशक्ति ये सभी एक मौलिक महाशक्तिको भिन्न भिन्न प्रकारके स्पन्दन द्वारा भिन्न भिन्न भावमें विकाशमात्र हैं। हर्वर्ट स्पेन्सरने शक्तिकी क्रियाकारिणी और प्रसुप्तावस्थाके भेद बताते समय इसी विश्वव्यापिनी मौलिक महाशक्तिका उल्लेख करके अन्तमें कहा है कि 'समस्त दृश्य विकारके मूलमें इस प्रकारकी एक महाशक्तिका होना निश्चय है किन्तु वह महाशक्ति इन्द्रियातीत और परमसूक्ष्म होनेसे जानी नहीं जा सकती है।' प्राचीन पूज्यपाद महर्षिगण-प्रणीत आर्यशास्त्रोंकी यही महिमा है कि हर्वर्ट स्पेन्सर जैसे श्रीशक्तिसम्पन्न, गवेषणापरायण पण्डितोंने अप्राप्य कहकर जहाँ पर छोड़ दिया है वहींसे प्रारम्भ करके ऋतम्भरा प्रज्ञा द्वारा विश्वव्यापिनी विश्वनियन्त्री उसी महाशक्तिका पूरा पता लगाकर मुमुक्षुजनोंके लिये उन्होंने उसे करतलामलकवत् बता दिया है जिसका वर्णन आगे किया जायगा। प्रोफेसर वार्थेजने भी स्थूल शारीरिक और रासायनिक शक्तियोंसे इस सूक्ष्मशक्तिका भेद बताकर हर्वर्ट स्पेन्सरके द्वारा आविष्कृत विज्ञानकी प्रतिध्वनि की है। पाश्चात्य पण्डित वायकाट् साहबने अनुसन्धान द्वारा निर्द्धारित किया है कि वही शक्ति 'जीवनीशक्ति' के नामसे जीवोंकी पेशियोंमें रहती है और पण्डित लियोनेल साहबने जीवोंकी उत्पत्तिके उपादानस्वरूप प्रोटोप्लाजम् (Protoplasm) विज्ञानकेसाथ इसी जीवनीशक्तिका सम्बन्ध बताया है। इस प्रकार विचारके सूत्रको आश्रय करके अन्तमें आस्तिक पाश्चात्य पण्डित वालेस साहबने 'जगत्सञ्चालिनी समस्त सूक्ष्मशक्तिके मूलमें श्रीभगवान्की इच्छाशक्ति ही विद्यमान होगी' ऐसा अनुमान करके आस्तिकताका परिचय प्रदान किया है। उन्होंने कहा है—"यदि यह बात ठीक है कि शक्ति ही स्थूलजगत्में अन्तर्निहित होकर समस्त कार्यको कर रही है तो प्रश्न यह होता है कि वह शक्ति क्या वस्तु है? इस प्रकारके प्रश्नके उत्तरमें कहना पड़ेगा कि मौलिकरूपसे अभिन्नताप्राप्त दो शक्तियां संसारमें विद्यमान हैं। उनमेंसे एक शक्ति आकर्षण, विकर्षण, माध्याकर्षण, तडित् आदि रूपसे दृश्य संसारमें प्रकाशमान है और दूसरी शक्तिके विषयमें विचार करनेसे यही सिद्धान्त होता है कि सबकी मूलभूत वह भगवान्की इच्छाशक्ति ही है।"

इस प्रकारसे अनुमान द्वारा अनेक पाश्चात्य पण्डितोंने स्थूल और सूक्ष्मशक्ति पर विचार किया है परन्तु किसी के द्वारा भी इस महाशक्तिका अनुभव ठीक ठीक निश्चित नहीं हुआ है। हर्वर्ट स्पेन्सर आदि पण्डितोंने तो उसे 'अनधिगम्य' (incomprehensible) कह कर छोड़ ही दिया है और वालेस' आदिने कुछ कुछ आस्तिकतामूलक अनुमान करनेपर भी उसके अस्तित्वके विषयमें 'यदि' ही रक्खा है। अतः उल्लिखित प्रमाणोंके द्वारा यह विषय सिद्ध होता है कि पाश्चात्य पण्डितोंने 'शक्तिविज्ञान'के विषयमें अनेक गवेषणाका परिचय देनेपर भी उनमें योगसुलभ ऋतम्भरा प्रज्ञाका अभाव होनेसे उनकी सारी गवेषणाएँ अनुमानमूलिका और संशयात्मिका हैं। अब नीचे अतीन्द्रियतत्त्ववेत्ता पूज्यपाद महर्षियोंने इस प्राणशक्तिके विषयमें स्वकीय अनुभवोंके द्वारा क्या क्या सिद्धान्त प्रतिपादित किये हैं सो क्रमशः बताये जाते हैं।

पूज्यपाद महर्षियोंके विस्तृत मतोंका वर्णन करनेके पहले हमारे शास्त्रोक्त स्थूल, सूक्ष्म, कारण और तुरीयरूपी चतुर्विध शक्तिका जो विस्तारित वर्णन हम तन्त्रशास्त्र नामक अध्यायमें कर आये हैं उस शक्ति-विज्ञानकी ओर पाठकका ध्यान दिलाया जाता है। उन्हीं स्थूलशक्ति, सूक्ष्मशक्ति, कारणशक्ति और तुरीयशक्तिरूपिणी विश्वजननी महाशक्तिके चतुर्विध अङ्गोंमेंसे केवल स्थूलशक्ति और सूक्ष्मशक्ति इन दोनों विभागोंको ही पश्चिमी दार्शनिकगण समझ सके हैं और कारणशक्ति तथा तुरीयशक्तिका वे कुछ भी पता अभी तक नहीं लगा सके हैं यह स्वतः ही सिद्ध होता है। इस अध्यायमें जो प्राणतत्त्व और पीठतत्त्वका वर्णन किया जायगा उसका भी सम्बन्ध केवल प्राणमय कोषसे ही है अर्थात् इस अध्यायका सब विषय सूक्ष्मशक्ति और स्थूलशक्तिसेही सम्बन्ध रखता है। इस सिद्धान्तपर ध्यान रखकर पाठकोंको प्राणतत्त्व और पीठतत्त्वका रहस्य समझना उचित होगा। यहाँ यहभी समझने योग्य है कि प्रपञ्चमयी सृष्टिके जो पांच कोष हैं, यथा–अन्नमय कोष, प्राणमय कोष, मनोमय कोष, विज्ञानमय कोष और आनन्दमय कोष, इन पांचों कोषोंमेंसे केवल अन्नमय कोष और प्राणमय कोषकी जो शक्तियाँ हैं उन्हींको केवल पाश्चात्य विद्वान्गण देख सके हैं।

प्रथमतः हर्वर्ट स्पेन्सर आदि पाश्चात्य वैज्ञानिकोंने प्राणशक्तिको दो भागोंमें विभक्त करके 'घनीभूत बाह्यप्राण ही जड़ वस्तु है और तदन्तर्गत सूक्ष्म प्राण उसका सञ्चालक है' ऐसा जो कहा है उसीके अनुरूप आर्यशास्त्रमें भी प्रमाण मिलता है। सृष्टितत्त्वके विज्ञानपर संयम करनेसे यही सिद्धान्त होता है कि

आकाशसे वायु, वायुसे अग्नि, अग्निसे जल और जलसे पृथ्वी इस प्रकारसे क्रमानुसार तत्त्वोंका आविर्भाव सूक्ष्मशक्तिके घनीभाव द्वारा स्थूलता-प्राप्तिका ही परिचायक है। परमात्माकी शक्तिरूपसे जो प्रकृति प्रकट होती है वह अव्यक्तावस्थामें अतिसूक्ष्म शक्तिरूपा है। परन्तु परिणामविधिके अनुसार वही सूक्ष्मशक्ति क्रमशः पञ्चीकरण द्वारा घनीभाव को प्राप्त होकर स्थूलविश्वके आकारको धारण कर लेती है और उसी स्थूलविश्वके मध्यमें भी संञ्चालिनी सूक्ष्मशक्तिरूपसे उसी शक्तिका एक भाग विराजमान रहता है। इस प्रकारसे आर्य्यशास्त्रानुमोदित समस्त सृष्टि क्रिया ही शक्तिका विलासमात्र है। श्रुतिमें:-

'अग्निसोममयं जगत्'

समस्त संसार शक्ति और अन्नमय है ऐसा कहकर उल्लिखित विज्ञानको ही स्पष्ट किया है। श्रीभगवान् शंकराचार्यने इसी शक्तिविज्ञानको परिस्फुट करनेके लिये बृहदारण्यकभाष्यमें लिखा है:—

"सर्व एव द्विप्रकारः। अन्तःप्राण उपष्टम्भको गृहस्थेव स्तम्भादिलक्षणः प्रकाशकोऽमृतः बाह्यश्च कार्यलक्षणोऽप्रकाशकः उपजनापायधर्मकस्तृणकुशमृत्तिकासमो गृहस्थेवासत्यशब्दवाच्यो मर्त्यः। तेनामृतशब्दवाच्यः प्राणश्चाच्छन्नः। स एव च प्राणो बाह्याधारभेदेषु अनेकधा विस्तृतः।"

विश्वसंसारके समस्त पदार्थ दो तरहके होते हैं। एक अन्तरांश और दूसरा बाह्यांश। अन्तरांशका नाम प्राण है और बाह्यांशका नाम जड़ है। प्राणांश गृहके स्तम्भादिकोंकी तरह बाह्यांशका धारक है, वह प्रकाशक अमृत और अविनाशी है, जड़ बाह्यांश कार्यलक्षण, प्रकाशहीन और उत्पत्तिविनाशशील है। वह गृहके तृणमृत्तिकादिकी तरह असत्पदवाच्य और भौतिक है। इसी भौतिक जडांशके द्वारा सूक्ष्म प्राणांश आच्छन्न रहता है। सूक्ष्म प्राणांश पुनः बहिराधारोंके भेदसे अनेकधा विस्तृत है। प्राणांश करणात्मक और जडांश कार्यात्मक है। अन्यपक्षमें "अरा इव रथनाभौ प्राणे सर्वं प्रतिष्ठितम्" अर्थात् रथनाभिमें अरा (आरा) की तरह प्राणके द्वारा ही समस्त अन्नमय स्थूलजगत्-की प्रतिष्ठा है, ऐसा कहकर श्रुतिने प्राणके द्वारा भी अन्नका पोषण होता है, यह विज्ञान सिद्ध किया है। अतः सिद्धान्त यह निकला कि अग्नि और सोम या प्राणांश और जडांशमें परस्परापेक्षित्व विद्यमान है। सम्भव है कि पाश्चात्य

दर्शनोमें स्थूलपदार्थको मैटर (Matter) और प्राणको फोर्स (Force) कह कर इसी प्रकारसे दोनोंके परस्परापेक्षित्व सम्बन्धका अनुमान किया है और इसी फोर्सके आविर्भाव तिरोभावके अनुसार स्थूलपदार्थगत आणविक आकर्षण-विकर्षणका तारतम्य निर्द्धारित किया है। श्रीभगवान् शंकराचार्यने भी बृहदारण्यकभाष्यमें इस विज्ञानको प्रतिपादित करके कहा है:—

"कार्यात्मके नामरूपे शरीरावस्थे
क्रियात्मकस्तु प्राणस्तयोरुपष्टम्भकः"

कार्यात्मक जड़ पदार्थ नाम और रूपके द्वारा स्थूल शरीरको आश्रय करता है और करणात्मक सूक्ष्मप्राण उसका धारक है। अतः प्राच्य और प्रतीच्य दर्शनोंके सम्मिलित मतानुसार यह सिद्धान्त निर्णय हुआ कि जड़ पदार्थ सूक्ष्मशक्तिका ही घनीभावमात्र है और सूक्ष्म प्राणशक्ति इसी घनीभूत जडपदार्थको आधार बनाकर उसीके बीचमें प्रच्छन्न रहकर समस्त जड़जगत्की परिचालना किया करती है। त्रिकालदर्शी महर्षियोंने अपनी योगशक्तिके द्वारा सूक्ष्मजगत्के प्राणमय, मनोमय, विज्ञानमय और आनन्दमय कोषोंका जो विस्तृत स्वरूप वर्णन किया है उनमेंसे प्राणमय कोषका कुछ स्वरूप इस तरहसे पश्चिमी दार्शनिक पण्डितगण अनुभव करनेमें समर्थ हुए हैं।

अब परमात्माकी इच्छाशक्तिसे समष्टि और व्यष्टिगत विश्वविधात्री प्राणशक्तिकी उत्पत्तिका विज्ञान प्रतिपादित किया जाता है। छान्दोग्यश्रुतिमें लिखा है, यह विश्व संसार सङ्कल्पका ही परिणाम मात्र है। यथा:—

"तानि ह वैतानि सङ्कल्पैकायनानि संकल्पात्मकानि सङ्कल्पे प्रतिष्ठितानि समकल्पतां द्यावापृथिवी समकल्पेतां वायुश्चाकाशश्च समकल्पतामापश्च तेजश्च"

समस्त दृश्य जगत् सङ्कल्प अर्थात् परमात्माकी इच्छाशक्तिके द्वारा ही उत्पन्न होता है। द्युलोक, पृथ्वीलोक, वायु, आकाश, अग्नि, जल आदि समस्त ही उनकी सङ्कल्पमूलक इच्छाशक्तिके द्वारा प्रकट हुए हैं।

'सोऽकामयत एकोऽहं बहु स्याम्' 'कामस्तदग्रे समवर्त्तत'

इत्यादि श्रुतिओंके द्वारा भी दृश्य प्रपञ्चका विस्तार परमात्माकी इच्छाशक्तिसे ही होता है, ऐसा सिद्ध होता है। महाप्रलयानन्तर सृष्टिके प्राक्कालमें पूर्वकल्पानुसार इस प्रकारसे सृष्टिकी स्वतः इच्छा उत्पन्न होनेसे ही प्राणशक्ति-

का विकाश होता है, जिसके अनन्तर पाञ्चभौतिक स्थूल सृष्टिका परिणाम होता है। अतः यह सिद्धान्त निश्चित हुआ कि समष्टिदृश्य संसारके विकाशके मूलमें प्राणशक्ति ही कारणरूप है जिसकी उत्पत्ति परमात्माके सिसृक्षासंकल्प द्वारा होती है। विशेषतः स्थूलशरीर और सूक्ष्मशरीरका सम्बन्ध प्राणमय कोष-के द्वारा ही होता है, यह तो स्वतः सिद्ध है। इसीलिये श्रुतिमें प्राणके साथ परमात्माका घनिष्ट सम्बन्ध बतानेके लिये कहा गया है:—

"स ईक्षांचक्रे कस्मिन्नहमुत्क्रान्ते उत्क्रान्तो भविष्यामि
कस्मिन् वा प्रतिष्ठिते प्रतिष्ठास्यामीति स प्राणमसृजत"

'किसके रहनेसे मैं रह सकता हूँ और किसके निकल जानेसे मैं निकल जाऊँगा' ऐसा सोचकर परमात्माने प्राणकी सृष्टि की। अतः परमात्माके साथ प्राणका अति घनिष्ट सम्बन्ध है, यह सिद्ध हुआ। श्रीभगवान्के सङ्कल्पसे उत्पन्न इसी ब्रह्माण्डव्यापिनी सूक्ष्मप्राणशक्तिके प्रतापसे सृष्टिदशामें पञ्चीकरणविधिके अनुसार पृथिवी, जल, अग्नि आदि स्थूल पञ्च महाभूतोंकी उत्पत्ति होती है। इसी सूक्ष्म समष्टिप्राणशक्तिकी प्रेरणासे अणु-परमाणुके अन्तर्गत आकर्षणशक्तिके प्रबल होनेसे सृष्टिकालमें परमाणुसंघात द्वारा स्थूल पदार्थोंकी उत्पत्ति होती है और इसी सूक्ष्म समष्टिप्राणशक्तिकी प्रेरणासे अणु परमाणुओंके अन्तर्गत आकर्षण और विकर्षण शक्तिके सामञ्जस्य द्वारा ब्रह्माण्डकी स्थितिदशामें सूर्य-चन्द्रसे लेकर समस्त ग्रह उपग्रह आदियोंकी निज निज कक्षामें नियमित स्थिति और आवर्त्तन क्रियाकी परिचालना होती है और समस्त जड पदार्थ कठिन, तरल अथवा वायवीय रूपमें निज निज प्रकृतिके अनुसार अवस्थित रह सकते हैं। इस प्रकारसे समष्टिब्रह्माण्डकी सृष्टि तथा स्थितिक्रियाके मूलमें सूक्ष्म प्राणशक्ति निहित है और उसीकी नियामिका शक्तिके प्रभावसे सुजला, सुफला, शस्यश्यामला वसुन्धरा नयनाभिरामा होकर ब्रह्माण्डनियन्ता श्रीभगवान् परमात्माकी अलौकिक महिमाको प्रकट कर रही है। दृश्यप्रपञ्चके व्यष्टिभावमें विकाशके साथ साथ यही समष्टि-प्राणशक्ति पञ्चप्राणरूपमें प्रत्येक जीवके शरीरमें विस्तारको प्राप्त हो जाती है और क्रियाभेद तथा स्थानभेदानुसार प्राण, अपान, समान आदि नामोंको धारण करके समस्त स्थूलशरीरोंकी रक्षा और परिचालना करती है और यही सूक्ष्म प्राणशक्ति विविध परिणामको प्राप्त होकर विश्वके भीतर अन्तर्निगूढ़ नाना तेजरूपमें प्रकाशित होती है। यथा ऋग्वेदमें:—

अग्ने यत्ते दिवि वर्चः पृथिव्यां यदोषधीष्वप् स्वायजत्र।
येनान्तरिक्षमुर्वाततन्थतेषः स भानुरर्णवो नृचक्षाः॥

द्युलोकमें जो तेज है, पृथिवीमें जो तेज है, ओषधिसमूहमें जो तेज है, अरणिकाष्ठ तथा वनस्पति आदिमें जो तेज विद्यमान है, जलमें जो उव नामक तेज है और अन्तरीक्षमें जो तेज व्याप्त है ये सभी परमात्मासे उत्पन्न शक्ति के विविध विकाश मात्र हैं। और भी ऋग्वेदमें:—

"अप्स्वग्ने सधिष्टरसौषधीरनुरुध्यसे, गर्भे सञ्जायसे पुनः।"

जो शक्ति जलमें प्रवेश करती है, वही पुनः ओषधिके भीतर समाविष्ट होती है और वही पुनः गर्भमें उत्पन्न होती है। इन सब शक्तियोंका मूलकारण क्या है इसके उत्तरमें प्रश्नोपनिषद्में कहा है:—

" भगवन् कुत एष प्राणो जायते ? आत्मन एष प्राणो जायते। "

परमात्मासे ही प्राणशक्तिकी उत्पत्ति होती है जो स्थूल सूक्ष्म समस्त संसारमें उल्लिखित रूपसे विस्तृत हो जाती है। और भी केनोपनिषद्में—

" स उ प्राणस्य प्राणः "

वे प्राणके भी प्राण हैं क्योंकि प्राणकी उत्पत्ति उन्हींसे होती है। और भी प्रश्नोपनिषद्में—

प्रजाकामो वै प्रजापति स तपोऽतप्यत स तपस्तप्त्वा मिथुनमुत्पादयते रयिं च प्राणं चेत्येता मे बहुधा प्रजाः करिष्यत इति।

प्रजाकी इच्छा करके प्रजापतिने तप किया जिससे द्वान्द्वसृष्टि उत्पन्न हुई—एक रयि, दूसरा प्राण। इन दोनोंके सम्मेलनसे समस्त प्रजा उत्पन्न हुई। अतः यह बात सिद्ध हुई कि रयि अर्थात् जड वस्तु (Matter) और प्राण अर्थात् सूक्ष्म शक्ति (Force) दोनों ही की उत्पत्ति प्राणसे होती है। श्रुतिमें अधिष्ठातृत्वभेदसे रयि और प्राणके साथ चन्द्रमा और सूर्यका सम्बन्ध बताया है। यथा—प्रश्नोपनिषद्में—

" आदित्यो ह वै प्राणो रयिरेव चन्द्रमा रयिर्वा एतत्सर्वं यन्मूर्तं चामूर्तं च तस्मान्मूर्त्तिरेव रयिः। "

सूर्य शक्तिके अधिष्ठाता होनेसे प्राणरूप हैं और चन्द्र अन्नके पोषक होनेसे रयिरूप हैं। संसारमें मूर्त्त अमूर्त्त समस्त वस्तु ही रयि है अर्थात्

जड़ पदार्थके अन्तर्गत है। इस प्रकार कह कर अन्तमें यह सिद्धान्त श्रुतिने निकाला है कि जड़चेतनात्मक समस्त संसारको अनुप्राणित करनेके लिये जो कुछ प्राणशक्तिकी आवश्यकता होती है सो श्रीभगवान्‌से उत्पन्न होकर प्राणके आधाररूप सूर्यके द्वारा ही दशदिशामें विकीर्ण होती है। यथा—प्रश्नोपनिषद्में—

"अथादित्य उदयन् यत्प्राचीं दिशं प्रविशति तेन प्राच्यान् प्राणान् रश्मिषु सन्निधत्ते। यद्दक्षिणां यत्प्रतीचीं यदुदीचीं यदधो यदूर्ध्वं यदन्तरा दिशो यत्सर्वं प्रकाशयति तेन सर्वान् प्राणान् रश्मिषु सन्निधत्ते। स एष वैश्वानरो विश्वरूपो प्राणोऽग्निरुदयते। विश्वरूपं हरिणं जातवेदसं परायणं ज्योतिरेकं तपन्तं, सहस्र-रश्मिः शतधा वर्त्तमानः प्राणः प्रजानामुदयत्येष सूर्यः।"

प्रातःकाल जिस समय सूर्यदेव पूर्व दिशाको निज किरण जालसे आच्छन्न करते हैं उस समय उक्त दिशामें प्राण प्रवाह उनकी रश्मिके द्वारा विकीर्ण होता है। उस प्रकार क्रमशः जब सूर्यदेव दश दिशाओंको किरण जालसे परिपूर्ण करते हैं तो समस्त संसारमें उनकी प्रखर रश्मिके द्वारा प्राण-प्रवाह तीव्र वेगसे प्रवाहित होने लगता है। इस प्रकारसे वैश्वानर, विश्वरूप, किरण-माली, जातप्रज्ञ, सर्वाधार, ज्योतिःस्वरूप, तापप्रवहणशील, दिवाकर, स्वकीय सहस्र सहस्र किरण जालको सर्वत्र विस्फारित करके जगज्जीवोंके प्राणरूपसे आकाशमें उदित होते हैं। सूर्यके साथ इस प्रकारसे समष्टि प्राणका सम्बन्ध होनेसे ऋतुओंका परिवर्त्तन, शस्य-समृद्धिका विस्तार, विश्वसंसारकी रक्षा तथा विलय सभी समष्टि प्राणकी शक्तिसे ही होता है इसमें कोई भी सन्देह नहीं है। इसीलिये श्रुतिमें कहा है—

इन्द्रस्त्वं प्राण तेजसा रुद्रोऽसि परिरक्षिता।
त्वमन्तरिक्षे चरसि सूर्यस्त्वं ज्योतिषां पतिः॥
यदा त्वमभिवर्षसि अथेमाः प्राणते प्रजाः।
आनन्दरूपास्तिष्ठन्ति कामायान्नं भविष्यति॥
प्राणस्येदं वशे सर्वं त्रिदिवे यत्प्रतिष्ठितम्।
मातेव पुत्रान् रक्षस्व श्रीश्च प्रज्ञां च विधेहि नः॥

हे प्राणरूप परमात्मा, तुम निज तेजसे रुद्ररूप होकर संसारका नाश करते हो, पुनः सौम्यरूप धारण करके संसारकी रक्षा भी करते हो। तुम ही ज्योतिःपति सूर्यरूपसे अन्तरीक्षमें विचरण करते हो। तुम्हारी कृपासे संसारमें मेघ वर्षण करता है जिससे इच्छानुसार अन्न उत्पन्न होकर प्रजाओंका आनन्द-वर्द्धन होता है। इहलोक तथा स्वर्गलोकमें जो कुछ है सभी प्राणकी शक्तिके वश और उसीके द्वारा उत्पन्न होते हैं। इसीलिये प्राणसे यही प्रार्थना होती है कि जिस प्रकार स्नेहमयी जननी सन्तानोंकी रक्षा करती है उस प्रकारसे प्राण भी संसारकी रक्षा करें और जीवोंको आह्न ज्ञात्रादि समस्तश्री तथा प्रज्ञाका प्रदान करें।

प्रकृति और पुरुष दोनोंके सम्बन्धसे सृष्टि प्रकट होती है। जिनमेंसे पुरुषको निर्लिप्त, निःसङ्ग और निष्क्रिय कहा है और प्रकृति ही परिणामिनी और जगत्की सृष्टिस्थितिलय करनेवाली है ऐसा कहा है। प्रकृति जब पुरुष अथवा ब्रह्ममें विलीन रहती है वही प्रकृतिकी तुरीयावस्था है। उस अवस्थाके विषयके साथ प्रकृत विषयका कोई सम्बन्ध नहीं है। इसी कारण प्रकृतिकी तुरीयावस्था साम्यावस्था भी कहाती है। आनन्दमय, विज्ञानमय, मनोमय, प्राणमय और अन्नमय इन पांच कोषोंमेंसे अन्नमय कोषका सम्बन्ध रयि अर्थात् मूर्त्त पदार्थोंके साथ है। दूसरी ओर आनन्दमय कोष, विज्ञानमय कोष और मनोमय कोषोंका सम्बन्ध क्रियाशील अवस्थासे अतीत है और केवल प्राणमय कोष ही क्रियाशील होनेसे उसीके साथ प्राणका सम्बन्ध है। इस विषयको और भी दूसरी तरहसे समझा जा सकता है कि शक्तिके चार भेद जो पहले कहे गये हैं उनमेंसे तुरीयशक्तिका सम्बन्ध पुरुषके अर्थात् ब्रह्मके साथ और स्थूलशक्तिका सम्बन्ध अन्नमय कोषके साथ है। कारण शक्तिका सम्बन्ध आनन्दमय कोष, विज्ञानमय कोष और मनोमय कोषके साथ है। केवल सूक्ष्मशक्तिका ही सम्बन्ध प्राणमयकोषके साथ है। प्राणमयकोषकी प्राणशक्ति ही सूक्ष्मजगत् और स्थूलजगत्का सम्बन्ध मिलाती है। समष्टि और व्यष्टि प्राण ही सूक्ष्म देवराज्य और स्थूल स्थावरजङ्गमात्मिका सृष्टिकी रक्षा करता है और उसका सब कार्य यथावत् चलाता है। प्राणमयकोषकी सहायतासे ही जीव जन्म लेता है और जीवित रहता है तथा मृत्युको प्राप्त होकर नाना प्रकारके लोकोंमें जाकर सदसत् फल भोग करता है। क्रियाका जितना सम्बन्ध है सो सब प्राणमयकोषसे ही है ऐसा कहा जा सकता है। प्राण ही शक्तिका

प्रधान विकाशस्थल है। प्राणकी इस प्रकार धराधारिणी शक्तिके विषयमें छान्दोग्य श्रुतिमें भी लिखा है—

"यथा वा अरा नाभौ समर्पिता एवमस्मिन् प्राणे सर्वं समर्पितं प्राणः प्राणेन याति प्राणः प्राणं ददाति प्राणाय ददाति प्राणो ह पिता प्राणो माता प्राणो भ्राता प्राणः स्वस्रा प्राण आचार्यः प्राणो ब्राह्मणः।"

जिस प्रकार रथचक्रकी नाभिके ऊपर समस्त चक्रदण्ड (आरा) स्थित रहते हैं उसी प्रकार प्राणके ऊपर ही समस्त विश्व संस्थापित रहता है, प्राणके आश्रयसे ही संसारमें प्राणक्रिया होती है, प्राणका आदान प्रदान प्राणशक्तिके ही प्रभावसे होता है, प्राण ही पिताकी तरह विश्वजनक, माताकी तरह विश्व-पालक, भ्राताकी तरह विश्वकी समता विधानकारी, भगिनीकी तरह विश्वके भीतर स्नेहसञ्चारकारी, आचार्यकी तरह विश्वनियन्ता और ब्राह्मणकी तरह विश्वपवित्रकर है। यही सब श्रुतिकथित प्राणशक्तिकी परम महिमा है। जिस प्रकार सम्राट्की राजशक्ति समस्त साम्राज्यके भीतर विविधरूपसे विकाशको प्राप्त होकर साम्राज्यकी रक्षा करती है, उसी प्रकार समष्टि प्राणकी महाशक्ति भी समस्त जीव शरीरमें व्याप्त होकर जीवशरीरका स्वास्थ्य विधान और यथाकर्म गतिविधान करती है। यथा—

यथा सम्राडेवाधिकृतान्विनियुङ्क्त एतान् ग्रामानेतान् ग्रामानधितिष्ठस्वेत्येवमेवैष प्राण इतरान् प्राणान् पृथक् पृथगेव सन्निधत्ते।

पायूपस्थेऽपानं चक्षुः श्रोत्रे मुखनासिकाभ्यां प्राणः स्वयं प्रातिष्ठते मध्ये तु समानः। एष ह्येतद्धुतमन्नं समं नयति तस्मादेताः सप्तार्चिषो भवंति।

हृदि ह्येष आत्मा। अत्रैतदेकशतं नाडीनां तासां शतं शतमेकैकस्या द्वासप्ततिर्द्वासप्ततिः प्रतिशाखानाडीसहस्राणि भवन्त्यासु व्यानश्चरति।

अथैकयोर्ध्व उदानः पुण्येन पुण्यं लोकं नयति पापेन पापमुभाभ्यामेव मनुष्यलोकम्।

जिस प्रकार सम्राट् निज अधीनस्थ कर्मचारियोंको भिन्न भिन्न ग्राम या नगरोंमें प्रतिष्ठापित करके उनके द्वारा तत्तत्स्थानोंका शासन कार्य सम्पादन कराते हैं उसी प्रकार समष्टि प्राण भी अपने अंशसे उत्पन्न इतर प्राणोंको जीव शरीरके भिन्न भिन्न स्थानोंमें प्रतिष्ठापित करके जीव देहके आवश्यकीय विविध कार्योंका परिचालन कराते हैं। अपान पायु और उपस्थदेशमें रहकर कार्य करता है, प्राण चक्षु श्रोत्र और मुखनासिकामें रहकर दर्शन श्रवणादि कार्य करता है, समान नाभिदेशमें रहकर भुक्त अन्नोंका समताविधान करता है, इस प्रकार सप्तज्वालामें व्याप्त होकर प्राण ही भिन्न भिन्न रूपसे समस्त कार्य करते हैं। हृत्पुण्डरीकमें आत्माका स्थान है। वहांपर १०१ प्रधान नाडियां (Minute nerves) हैं। इन प्रधान नाडियोंमें प्रत्येकके पुनः सौ सौ भेद हैं। पुनः उनके ७२००० भेद हैं। इस प्रकारसे हृदय देशसे हजारों नाडियां समस्त शरीरमें व्याप्त हैं। इन सभोंमें सूर्यसे रश्मियोंकी तरह व्यानका सञ्चार रहता है। सन्धिस्थान, स्कन्धदेश, मर्मस्थान और विशेषतः प्राणापान वृत्तिके बीचमें व्यानका विशेष कार्य रहता है। इन सब नाडियोंमेंसे जो ऊर्द्ध्वगामी सुषुम्ना नाडी है उसके द्वारा ऊँचा होकर उदान पादतलसे मस्तक पर्यन्त विस्तृत होकर जीवोंको पुण्यकर्मानुसार स्वर्गादि पुण्यलोकोंमें पापकर्मानुसार नरकादि पाप लोकोंमें और समभावापन्न कर्मानुसार मनुष्य लोकमें ले जाता है। इस प्रकारसे समष्टि और व्यष्टि समस्त जगत्में प्राणकी धराधारिका शक्ति कार्य करती है जिसके प्रभावसे अनादि अनन्त विश्वसंसारकी सर्गस्थिति-क्रिया यथानियम समष्टि कर्मानुसार सञ्चालित हुआ करती है।

अब इस प्राणशक्तिकी प्रसुप्ति, विलय तथा विषमताके द्वारा समष्टि ब्रह्माण्डमें क्या क्या परिमाण प्रकट होता है सो बताया जाता है। समष्टि प्राणकी प्रेरणा द्वारा ही सृष्टि क्रियाका सञ्चालन होनेसे सहस्र युगान्तमें जब ब्रह्मदिवाका अवसान होकर ब्रह्मरात्रि आजाती है, उस समय समष्टि अन्तः-करणरूपी ब्रह्माजीके शरीरकी प्रसुप्तिके साथ साथ सूक्ष्म समष्टि प्राणकी भी प्रसुप्ति हो जाती है। इसलिये उस समय क्रियाकारिणी शक्तिके अभावसे समष्टि ब्रह्माण्डमें समस्त स्पन्दन बन्द होकर नैमित्तिक प्रलय अर्थात् खण्ड-प्रलयका उदय होता है जिसका वर्णन समस्त शास्त्रमें पाया जाता है। इसी प्रकारसे ब्रह्माजीकी शतवर्षकी आयु समाप्त होनेपर जब ब्रह्मा जगत् कारण ब्रह्ममें विलीन हो जाते हैं उस समय उनके सूक्ष्म समष्टि प्राण भी ब्रह्ममें विलीन

हो जाते हैं जिससे समष्टि ब्रह्माण्डका समस्त दृश्य नष्ट होकर प्राकृतिक प्रलय अर्थात् महाप्रलयका उदय होता है। इसी समष्टि प्राणशक्तिके नियत स्पन्दनका ही अवश्यम्भावी परिणाम है कि, अणु परमाणुमें नित्य परिवर्तनरूप नित्यप्रलय सदा ही संसारमें संघटित हो रहा है। इस प्रकारसे नित्यप्रलय, नैमित्तिक प्रलय तथा प्राकृतिक प्रलय ब्रह्माण्ड प्रकृतिके अन्तर्गत तीनों प्रलयोंके साथ समष्टि प्राणशक्तिकी अमोघ क्रियाकारिताका घनिष्ट सम्बन्ध विद्यमान है। केवल इतना ही नहीं है अधिकन्तु आत्यन्तिक प्रलय अर्थात् मुक्तिके सम्पादनमें भी प्राणशक्ति सर्वथा कार्यकारिणी होती है। प्रश्न श्रुतिमें लिखा है—

यच्चित्तस्तेनैष प्राणमायाति प्राणस्तेजसा युक्तः।
सहात्मना यथासङ्कल्पितं लोकं नयति ॥

मृत्युकालमें अन्तःकरण और इन्द्रियवृत्ति दुर्बल हो जानेके कारण जीव प्राणको ही आश्रय करता है और प्राण उदानशक्तिके द्वारा युक्त होकर कर्मानुसार जीवको भिन्न भिन्न योनिमें ले जाता है। जीवकी ऊर्द्ध्वगतिके विषयमें प्राणशक्तिकी कार्यकारिता क्या है इसके लिये श्रुति कहती है—

"तस्य हृदयस्याग्रं प्रद्योतते तेन प्रद्योतेनैष आत्मा निष्क्रामति"
"शतं चैका च हृदयस्य नाड्यस्तासां मूर्द्धानमभिनिःसृतैका तयोर्द्ध्वमायन्नमृतत्वमेति"।

पुण्यात्मा पुरुषकी मृत्युके समय उनका हृदयाग्रदेश प्राणशक्तिके प्रभावसे दीप्तिमान् हो उठता है और उसी दीप्तिके साथ उनका आत्मा निकलता है। हृदयमें जो १०१ प्रधान नाडियां हैं उनमेंसे ऊर्द्ध्वगामिनी सुषुम्ना नाडीको आश्रय करके प्राणशक्ति ही पुरुषको अमृतमय ऊर्द्ध्वलोकमें ले जाती है। इस तरह प्राणके प्रभावसे पुण्यात्मा पुरुष उत्तरायण गति द्वारा ऊर्द्ध्वलोगमें जा कर अन्तमें दुर्लभ मुक्ति पदको प्राप्त करते हैं। जिस समय जीव अपने प्राणके साथ विश्वप्राणका सम्बन्ध तथा एकतानताको समझकर अपने व्यष्टि प्राणको समष्टि प्राणमें लवलीन कर सकता है, जिस समय समष्टि प्राणकी गम्भीर सृष्टि स्थिति विधायिनी अलौकिकी लीलाको जीव अनुभव कर लेता है उसी समय जीवको अमृतत्व प्राप्ति होजाती है जिसके लिये प्रश्नोपनिषद्में लिखा है—

य एवं विद्वान् प्राणं वेद न हास्य प्रजा हीयतेऽमृतो भवति तदेष श्लोकः।

उत्पत्तिमायतिं स्थानं विभुत्वं चैव पञ्चधा।
अध्यात्मं चैव प्राणस्य विज्ञायामृतमश्नुते॥

उल्लिखित रूपसे प्राणके स्वरूपको जो विद्वान् जान लेते हैं इहलोकमें उनकी प्राणहानि नहीं होती है और शरीर नाशके अनन्तर उनको अमृतत्व प्राप्ति होती है। प्राणकी उत्पत्ति, आगमन, प्राणापानादि रूपसे सर्वत्र व्यापकता और अध्यात्म स्वरूपको जानकर जीव शिवत्वको प्राप्त करता है। उस समय जीवकी समस्त व्यष्टि सत्ता समष्टि सत्तामें मिलकर ब्रह्मीभूत हो जाती है और इसीलिये विविधविलासप्राप्त व्यष्टि प्राण भी अनन्ताकाशविहारी जगच्चक्रके जीवनरूप समष्टिप्राणमें उस समय विलीनताको प्राप्त हो जाता है। यथा मुण्डकश्रुतिमें—

गताः कलाः पञ्चदश प्रतिष्ठा देवाश्च सर्वे प्रतिदेवतासु।
कर्माणि विज्ञानमयश्च आत्मा परेऽव्यये सर्व एकीभवन्ति॥

विदेह मुक्तिके समय पञ्चकर्मेन्द्रिय, पञ्चज्ञानेन्द्रिय और पञ्चप्राण तत्तत्समष्टि सत्तामें, इन्द्रियाधिष्ठात्री देवतागण तत्तत्समष्टि देवसत्ताओंमें, व्यष्टि कर्म महाकाशास्थित समष्टि कर्ममें और जीवात्मा अव्यय परब्रह्ममें लय होकर एकीभावको प्राप्त होजाते हैं। यही सूक्ष्म प्राणशक्तिके साथ नित्य, नैमित्तिक, प्राकृतिक और आत्यन्तिक नामक चतुर्विध प्रलयका अमोघ सम्बन्ध है। यह बात मन्त्रयोग नामक प्रबन्धमें पहिलेही प्रतिपादित की गई है कि—स्थूल प्रकृतिमें नियमानुसार विभक्त पञ्चभूतोंके सामञ्जस्य (Balance of elements) के द्वारा ही स्थूल संसारमें स्वास्थ्यरक्षा, ऋतुओंका ठीक ठीक परिवर्त्तन, महामारी आदि उपद्रवोंका अभाव और शस्यसमृद्धिकी भी वृद्धि हुआ करती है और जिस प्रकार जीव शरीरके अन्तर्गत पञ्चतत्त्वोंहीमें वैषम्य उत्पन्न होने पर जीव शरीरका स्वास्थ्य बिगड़ कर उसमें रोग उत्पन्न होता है ठीक उसी प्रकार समष्टि शरीरके अन्तर्गत पञ्चतत्त्वोंमें वैषम्य उत्पन्न होनेपर उसका भी स्वास्थ्य बिगड़कर समष्टि शरीरमें नाना प्रकारके रोग उत्पन्न होते हैं। जब सूक्ष्म प्राणही स्थूल पञ्चभूतोंके सञ्चालक हैं तो यह बात स्वतः सिद्ध है कि जिस प्रकार व्यष्टि शरीरके पञ्चभूतोंमें विषमता उत्पन्न होनें पर तत्सञ्चालक व्यष्टि प्राणमें भी विकार उत्पन्न होता है उसी प्रकार समष्टि शरीरके अन्तर्गत पञ्चभूतोंमें भी विषमता उत्पन्न होनेपर उनके सञ्चालक सूक्ष्म समष्टि प्राणमें भी

विकार उत्पन्न होगा । प्राण ही जब शरीरका मूलाधार है तो पापाचार, अनाचार आदि द्वारा प्राणमें विकार उत्पन्न होनेसे वीर्यभङ्ग, स्वास्थ्यभङ्ग, वातपित्त कफमें विषम प्रकोप और तज्जनित अनेक रोग शरीरमें उत्पन्न हो जायँगे इसमें सन्देह ही क्या है ? ठीक उसी प्रकार अप्राकृतिक विज्ञानोन्नति, समष्टि जीवोंमें महापाप आदि द्वारा संसारमें कभी कभी जब समष्टि प्राणका विकार होजाता है तभी अतिवृष्टि, अनावृष्टि,दुर्भिक्ष, महामारी और संग्राम आदि सृष्टिनाशकारी दुर्घटनाएँ संघटित होने लगती हैं जिसके लिये महर्षि वशिष्ठजीने कहा है:—

" विराड् धातुविकारेण विषमस्पन्दनादिना ।
तदंगसम्भवस्यास्य जनजालस्य वैषमम् ॥
दुर्भिक्षावग्रहोत्पातमानयति । "

विश्वव्यापी समष्टि प्राणमें विकार उत्पन्न होनेपर उसके विषम स्पन्दन द्वारा विश्ववासी जीवोंके भीतर भी विषमता उत्पन्न होजाती है जिसके परिणाम रूपमें दुर्भिक्ष, धूमकेतु आदिका उदय और महामारी, संग्राम आदि उपद्रव देखनेमें आते हैं । राजाके कर्मके साथ प्रजाके भाग्यका विशेष घनिष्ठ सम्बन्ध होने से राजाके पापके द्वारा भी समष्टि प्राण अर्थात् हिरण्यगर्भके हृदयमें विषमताजनित पीडा उत्पन्न होकर समस्त राष्ट्रके भीतर अतिवृष्टि, अनावृष्टि, ऋतुविपर्यय, महामारी, दुर्भिक्ष, प्लेग, महासंग्राम आदि अनेक प्रजा नाशकारी दुर्घटनाओंकी उत्पत्ति होजाती है, जिसके विषयमें अनेक प्रमाण ' राजा और प्रजाधर्म ' नामक प्रबन्धमें पहिले ही दिये जा चुके है । प्राणकी सहायतासे ही दैवलोकमें अगणित देवतागण अपना अपना कार्य सम्पादन करते हैं । प्राणकी सहायतासे ही देवतागण ब्रह्माण्ड और पिण्डमें एकतान सम्बन्ध रखकर ब्रह्माण्ड और पिण्ड दोनोंकी क्रियायें ठीक ठीक चलाते हैं । दैवी जगत्में प्राणमें विकार उत्पन्न होनेसे ही देवासुर संग्राम संघटित हुआ करता है और प्राणकी समता रहनेसे देवताओंका प्राबल्य बना रहता है और दैव कार्योंमें बाधा नहीं होने पाती है । इसी प्रकारसे सर्वशक्तिमान् श्रीभगवान्की अलौकिकी इच्छाशक्तिसे अखिल विश्वमें विकाश प्राप्त सूक्ष्म समष्टि प्राणकी धराधारिणी मधुर लीला साधकजनोंके ज्ञाननेत्रमें प्रतिभासित हुआ करती है ।

अब जीवशरीरमें पञ्चधा विभक्त इस समष्टि प्राणकी व्यष्टिशरीरगत कार्यकारिताका वर्णन किया जाता है। व्यष्टिशरीरमें प्राणकी परमश्रेष्ठताके विषयमें एक सुन्दर आख्यायिका छान्दोग्योपनिषद्में मिलती है। यथा—

"ते ह प्राणाः प्रजापतिं पितरं एत्योचुर्भगवन् को नः श्रेष्ठ इति तान् होवाच यस्मिन् व उत्क्रान्ते शरीरं पापिष्ठतरमिव दृश्यते स वः श्रेष्ठ इति। सा ह वागुच्चक्राम सा संवत्सरं प्रोष्य पर्येत्योवाच कथमशकतर्त्ते मज्जीवितुमिति यथा कला अवदन्तः प्राणन्तः प्राणेन पश्यन्तश्चक्षुषा शृण्वन्तः श्रोत्रेण ध्यायन्तो मनसैवमिति प्रविवेश ह वाक्। चक्षुर्होच्चक्राम तत्संवत्सरं प्रोष्य पर्येत्योवाच कथमशकतर्त्ते मज्जीवितुमिति यथाऽन्धा अपश्यन्तः प्राणन्तः प्राणेनावदन्तो वाचा शृण्वन्तः श्रोत्रेण ध्यायन्तो मनसैवमिति प्रविवेश ह चक्षुः। श्रोत्रं होच्चक्राम तत्संवत्सरं प्रोष्य पर्येत्योवाच कथमशकतर्त्ते मज्जीवितुमिति यथा बधिरा अशृण्वन्तः प्राणन्तः प्राणेन वदन्तो वाचा पश्यन्तश्चक्षुषा ध्यायन्तो मनसैवमिति प्रविवेश ह श्रोत्रम्। मनो होच्चक्राम तत्संवत्सरं प्रोष्य पर्येत्योवाच कथमशकतर्त्ते मज्जीवितुमिति यथा बाला अमनसः प्राणन्तः प्राणेन वदन्तो वाचा पश्यन्तश्चक्षुषा शृण्वन्तः श्रोत्रेणेवमिति प्रविवेश ह मनः। अथ ह प्राण उच्चिक्रमिष्यन्स यथा सुहयः पड्वीशशंकून् संखिदेदेवमितरान् प्राणान् समखिदत्तंहाभि समेत्योचुर्भगवन्नेधि त्वन्नः श्रेष्ठोऽसि मोत्क्रमीरिति। अथ हैनं वागुवाच यदहं वसिष्ठोऽस्मि त्वं तद्वसिष्ठोऽसीत्यथ हैनं चक्षुरुवाच यदहं प्रतिष्ठोऽस्मि त्वं तत्प्रतिष्ठोऽसीति। अथ हैनं श्रोत्रमुवाच यदहं सम्पदस्मि त्वं तत्सम्पदसीत्यथ हैनं मन उवाच यदहमायतनमस्मि त्वं तदायतनमसीति। न वै वाचो न चक्षूंषि न श्रोत्राणि न मनांसीत्याचक्षते प्राणा इत्येवाचक्षते प्राणो ह्येवैतानि सर्वाणि भवन्ति।"

किसी समय प्राणके साथ इन्द्रियोंका श्रेष्ठत्वके विषयमें विवाद हुआ था। प्राण और इन्द्रियोंने प्रजापतिके समीप जाकर पूछा "भगवन्! हममेंसे सर्व-श्रेष्ठ कौन है?" प्रजापतिने उत्तर दिया—"तुममेंसे जिसके निकल जाने पर शरीर मृतवत् हो जायगा वही सबसे श्रेष्ठ होगा।" प्रजापतिके ऐसा कहने पर सर्व प्रथम वागिन्द्रिय निकल गई परन्तु एक वर्षके बाद लौटी और आकर देखा कि शरीर जीवित है। आश्चर्य होकर वागिन्द्रियने शरीरसे पूछा "तुम कैसे जीते रहे" उत्तर यह मिला "जैसे मूक लोग बात नहीं कर सकते किन्तु प्राणके द्वारा प्राणन क्रिया, चक्षुके द्वारा दर्शन, श्रोत्रके द्वारा श्रवण और मनके द्वारा चिन्ता करके जीते रहते हैं ऐसा मैं भी जीता रहा।" इससे वागिन्द्रियको पता लगा कि वह सर्वश्रेष्ठ नहीं है और उसने अपने स्थानमें प्रवेश किया। तदनन्तर चक्षुरिन्द्रिय निकली और एक वर्षके बाद आकर देखती है कि शरीर जीता है। पूछने पर उत्तर यह मिला कि जिस प्रकार अन्धे लोग न देख सकने पर भी प्राण द्वारा प्राणन, वागिन्द्रिय द्वारा कथन, श्रोत्र द्वारा श्रवण और मन द्वारा मनन करके जीते रहते हैं ऐसा मैं भी जीता रहा। इससे चक्षुको जान पड़ा कि वह सर्वश्रेष्ठ नहीं है और उसने अपने स्थानको ग्रहण किया। तदनन्तर श्रोत्रेन्द्रिय निकली और एक वर्षके बाद आकर जब देखा कि शरीर जीवित है तो पूछा कि ऐसा कैसे हुआ। उत्तर यह मिला कि जिस प्रकार बधिर लोग कानसे न सुन सकने पर भी प्राणके द्वारा प्राणन, चक्षुके द्वारा दर्शन, वाक्के द्वारा कथन और मनके द्वारा चिन्तन करके जीवित रहते हैं इस प्रकार मैं भी जीता रहा। इससे श्रोत्रेन्द्रियका दर्प चूर्ण हुआ और वह अपने स्थान पर प्रवेश कर गई। तदनन्तर मन निकला और एक वर्ष घूम धामकर आ देखा कि उसके अभावसे भी शरीर जीता है। विस्मित होकर पूछा कि ऐसा किस तरहसे हुआ। उत्तर मिला कि जिस प्रकार अमनस्क बालक सङ्कल्प आदि न करने पर भी प्राणके द्वारा प्राणन, चक्षुके द्वारा दर्शन, श्रोत्र द्वारा श्रवण और वाक्के द्वारा कथन करके जीवित रहता है उस प्रकार मैं भी जीवित रहा। इससे मनका भी अभिमान टूट गया और वह अपने स्थल पर जा घुसा। तदनन्तर प्राणने निकलनेकी चेष्टा की। प्राणोत्क्रमणकी चेष्टामात्रसे ही समस्त इन्द्रियोंमें विकलता आ गई और शरीर मृत होने लगा। इसपर सब इन्द्रियोंने मिलकर प्राणको कहा 'भगवन्! आप ही सबसे श्रेष्ठ हैं; आप न निकलिये।" तदनन्तर पृथक् पृथक् इन्द्रियोंने प्राणकी स्तुति की। वागिन्द्रियने कहा "भगवन्! मेरी जो कुछ

श्रेष्ठता है सो आप ही की है।" चक्षुने कहा "मेरी जो कुछ प्रतिष्ठा है सो भी आप ही की है।" श्रवणने कहा "मेरी जो कुछ सम्पत् है सो आप ही की है।" मनने कहा "मेरा जो कुछ विस्तार है सो आपहीका है।" वाक्, चक्षु, श्रोत्र, मन आदि किसीमें कोई शक्ति नहीं है। सब प्राणकी ही परमशक्तिसे शक्तिमान् और कार्यकारी हैं। प्राण ही सब कुछ हैं। इस प्रकारसे श्रुतिने व्यष्टिशरीरगत प्राणकी सर्वश्रेष्ठता और परममहिमा प्रकट की है। इसी श्रुतिके रहस्यको लेकर प्रश्नोपनिषद्में पुनः प्राणकी स्तुति की गई है। यथा—

"तान् वरिष्ठः प्राण उवाच। मा मोहमापद्यथाहमेवैतत्पञ्चधात्मानं प्रविभज्यैतद् बाणमवष्टभ्य विधारयामीति तेऽश्रद्दधाना बभूवुः। सोऽभिमानादूर्ध्वमुत्क्रामत इव तस्मिन्नुत्क्रामत्यथेतरे सर्व एवोत्क्रामन्ते तस्मिंश्च प्रतिष्ठमाने सर्व एव प्रातिष्ठन्त। तद्यथा मक्षिका मधुकरराजानमुत्क्रामन्तं सर्वा एवोत्क्रामन्ते तस्मिंश्च प्रतिष्ठमाने सर्वा एव प्रातिष्ठन्त एवं वाङ्मनश्चक्षुः श्रोत्रं च ते प्रीताः प्राणं स्तुन्वन्ति।"

अभिमानग्रस्तइन्द्रियोंको वरिष्ठ प्राणने कहा कि "इस प्रकारसे अहङ्कार-मुग्ध मत हो। मैं ही अपनी सत्ताको पञ्चधा विभक्त करके समस्त शरीरमें व्याप्त होकर शरीरकी रक्षा करता हूँ।" अपनी ओर इतर इन्द्रियोंकी उपेक्षा देखकर जब प्राणने उनको यथोचित शिक्षा देनेके अर्थ शरीर परित्याग करना चाहा तो सब इन्द्रियां उसके साथ साथ विवश होकर निकलने लग पड़ीं और उसके स्थिर होने पर स्थिर हो गईं। जिस प्रकार मधुकरराजके निकलने के साथ ही साथ अन्यान्य समस्त मधुकर निकल जाते हैं और उनके प्रतिष्ठित रहने पर ठहरे रहते हैं, इसी प्रकारसे समस्त इन्द्रियोंने प्राणकी सत्ताके साथ अपनी अपनी सत्ताओंका अधीनतामूलक सम्बन्ध जान कर प्रीत हो प्राणकी स्तुति की। अतः यह सिद्धान्त निश्चय हुआ कि पञ्चतत्त्वात्मक व्यष्टि शरीरमें प्राणही सर्वश्रेष्ठ है। व्यष्टि प्राणके साथ व्यष्टिशरीर रक्षाका क्या सम्बन्ध है सो समष्टि प्राणके साथ समष्टि ब्रह्माण्डकी रक्षाका सम्बन्ध जाननेसे ही मालूम हो सकता है क्योंकि जिस प्रकार समष्टि ब्रह्माण्डकी स्थूल सूक्ष्म स्थिति केवल समष्टि प्राण पर ही निर्भर करती है ठीक उसी प्रकार व्यष्टि शरीरकी

स्थूल सूक्ष्म स्थिति भी केवल व्यष्टि प्राण पर ही निर्भर करती है। अणु परमाणुओंमें आकर्षण विकर्षणका प्राक्तनानुसार जिस प्रकार सामञ्जस्य है और उसके द्वारा तरह तरहके पिण्ड शरीर संसारमें देखनेमें आते हैं उस आकर्षण विकर्षणके समताविधानके मूलमें व्यष्टिप्राण शक्ति ही कार्य्यकारिणी होती है। प्राण ही हृदयमें रहकर जीवकी श्वास प्रश्वास क्रियाका सञ्चालन करता है, अधोदेशमें रहकर पायु और उपस्थेन्द्रिय सम्बन्धीय समस्त व्यापारोंका यथावत् विधान करता है, नाभिमें रहकर परिभुक्त अन्नकी समताका सम्पादन करता है, कण्ठ देशमें रहकर स्वरादिका प्रकाश करता है और समस्त शरीरमें व्यानरूपमें विस्तृत होकर रक्त, मांस, मज्जा, अस्थि, पेशी, स्नायु आदिओंके यथावत् सन्निवेश द्वारा शरीरकी समता रक्षा करता है। प्राणके विकारसे ही शरीरमें सकल प्रकारके रोग उत्पन्न होते हैं और उदरामय, धातु रोग, पक्षाघात, वातव्याधि, धनुष्टङ्कार, शिरःपीड़ा, स्वरभङ्ग, क्षयरोग, यक्ष्मा, मिरगी, अस्थिपेशी आदिका अपने अपने स्थानसे हट जाना आदि कठिन कठिन व्याधियोंके द्वारा जीव शरीर ग्रस्त होकर मृत्यु ग्रासमें पतित होता है। यहां तक कि प्राण ही वायुरूपसे पित्त और रक्तके मध्यवर्ती होनेके कारण जिस प्रकार रजोगुण ही सत्त्वगुण और तमोगुणके क्रिया सम्पादनमें सहायक होता है उसी प्रकार प्राणरूपी वायु, पित्त और कफकी क्रियाओंका समताविधान करता है। शरीरस्थ वायु पित्त कफमें वायु ही प्राणरूप है। उद्भिज्ज हो, स्वेदज हो, अण्डज हो, जरायुज हो या मनुष्य हो जिस किसीके जिस अङ्ग या प्रत्यङ्गसे प्राण उत्क्रान्त होता है वही अङ्ग प्रत्यङ्ग शुष्क और मृत हो जाता है यथा श्रुतिमें—

"यस्मात्कस्माच्चाङ्गात्प्राण उत्क्रामति तदेतच्छुष्यति"

जिस किसी अङ्गसे प्राण निकल जाता है वही अङ्ग शुष्क हो जाता है। केवल अङ्ग ही क्यों प्राणशक्तिके रहनेके कारण ही जीवशरीर जीवित रह सकता है। शरीरमें प्राणके रहनेसे ही आत्मा रह सकता है अन्यथा आत्माको भी शरीरको छोड़ देना पड़ता है। गर्भमें जिस समय मनुष्यशिशु या पशुशावक रहता है उस समय स्थूल श्वास प्रश्वास क्रिया न रहने पर भी प्राण अवश्य गर्भस्थ शिशुके शरीरमें रहता है अन्यथा गर्भमें शरीर सड़ जाता है। जगत् की जाग्रदशामें जितने प्रकारकी शक्तिओंका विकाश देखनेमें आता है वे सब प्राणशक्तिके प्रभावसे हैं। वीर पुरुषोंमें वीरताकी शक्ति, मनस्वी जनोंमें मनकी

शक्ति, मेधावी पुरुषोंमें मेधाशक्ति, मस्तिष्कवान् पुरुषोंमें मस्तिष्ककी शक्ति, चिन्ताशील जनोंमें चिन्ताशक्ति, बलवान् पुरुषोंमें स्थूल शरीरकी शक्ति, तेजस्वी पुरुषोंमें तेजकी शक्ति ये सब प्राणशक्तिके ही प्रभावसे प्रकृतिके भिन्न भिन्न विभागके द्वारा विलसित होती हैं। प्राणायाम आदि योगक्रियाओंके द्वारा प्राण शक्तिको ही पुष्ट करके योगिगण अनेक प्रकारकी सिद्धियोंका लाभ, दूसरेका रोगनिवारण तथा विविध चमत्कार दिखानेमें समर्थ हो सकते हैं। मारण, वशीकरण, सम्मोहन, मेस्मेरिजम्, हिप्नोटिजम् आदि क्रियायें भी प्राणकी शक्तिके द्वारा ही की जाती हैं। प्राणकी शक्तिको ही एकाग्र करके पीठ आदिकी साधना, शवसाधना आदि करनेकी विधि तन्त्रशास्त्रमें पाई जाती है, जिसका विस्तारित विवरण आगे किया जायगा। पाषाण आदि आधारके द्वारा विविध दैवीशक्ति तथा भगवच्छक्तिके आकर्षण करनेकी जो विधि 'मन्त्रयोग' प्रबन्धमें बताई गई है उसमें भी श्रद्धाशक्ति, क्रियाशक्ति तथा मन्त्रशक्तिके मूलमें प्राणशक्ति ही निहित है। मन ही प्राणशक्तिके द्वारा प्रेरित होकर उन सब क्रियाओंके सम्पादनमें समर्थ होता है। योगदर्शनके विभूतिपादमें जो परकायाप्रवेश आदि सिद्धियां लिखी गई हैं वे सभी प्राणशक्तिकी सहायतासे ही की जाती हैं। शास्त्रोंमें जो ब्रह्मास्त्र और नाना प्रकारके दिव्यास्त्रोंका वर्णन है वे सभी प्राणशक्तिकी सहायतासे चलाये जाते थे। चञ्चल मनका सर्वत्र परिभ्रमण, निशदिन नाना प्रकार सङ्कल्प विकल्प और बुद्धिका परिणामविचार तथा दूरदर्शितापूर्ण दृष्टि ये सभी प्राणशक्तिके प्रतापसे सिद्ध होते हैं। दुर्बलप्राण व्यक्ति सदाही दुर्बल रहते हैं और सबलप्राण व्यक्ति अतिशय बलवान् रहते हैं। मन, प्राण और वीर्यका अतिघनिष्ठ सम्बन्ध रहने से प्राणके वशीकरण द्वारा मनुष्य मनको भी वश करके श्रीभगवान्के चरणसरोजमें लवलीन हो सकते हैं। प्राणके वशीकरण द्वारा वीर्यधारणपरायण पूर्ण नैष्ठिक ब्रह्मचारी बनकर ब्रह्मलोक प्राप्ति, उपकुर्वाण ब्रह्मचारी बनकर संसारमें सुसन्तानकी उत्पत्ति, इहलोक और परलोक सम्बन्धीय सकल प्रकारकी उन्नति प्राणकी ही महिमाकी प्रकाशक है। ये ही सब जगत् की जाग्रदशामें व्यष्टि प्राणके प्रभावसे अनुष्ठेय कार्यकलाप हैं। संसारमें समस्त वेदोंका प्रकाश और वेदगान प्राणके प्रभावसे ही होता है। यथा श्रुति—

अरा इव रथनाभौ प्राणे सर्वं प्रतिष्ठितम् ।
ऋचो यजूंषि सामानि यज्ञः क्षत्रं ब्रह्म च ॥

रथनाभिमें अरा (आरा) की तरह प्राणमें सबकी प्रतिष्ठा है। ऋक्, यजु, साम, यज्ञ, क्षत्र और ब्रह्म सभी प्राणके द्वारा ही अवलम्बित हैं। और भी बृहदारण्यकमें—

"एष उ वा उद्गीथः प्राणः" "प्राणेन चोद्गायत्"

प्राण ही उद्गीथ है, प्राणके प्रतापसे ही उच्च वेद गान, सामगान तथा प्रणवगान होता है। केवल वेदगान ही नहीं परन्तु समस्त स्वरोंकी उत्पत्ति प्राणशक्तिके द्वारा ही होती है। शास्त्रमें लिखा है —

आत्मा बुद्ध्या समेत्यार्थान् मनो युङ्क्ते विवक्षया।
मनः कायाग्निमाहन्ति स प्रेरयति मारुतम्॥
मारुतस्तूरसि चरन् मन्द्रं जनयति स्वरम्॥

आभिमानिक आत्मा किसी विषयको बुद्धिके द्वारा संगृहीत करके मनको उसके प्रकाश करनेके लिये प्रेरणा करता है। तदनन्तर मन कायाग्नि अर्थात् प्राणको आघात करता है। प्राणमें आघात लगने पर प्राण स्पन्दित होकर स्थूल वायुको उत्तेजित करता है और वही स्थूलवायु वक्ष, कण्ठ, तालु आदि स्थानोंमें भ्रमण करके नाना प्रकारके शब्दोंको निःसारण करता है। अतः यह प्रमाणित होता है कि प्राणके द्वारा ही शब्दकी उत्पत्ति होती है। दुर्बलप्राण मनुष्य स्वरका उच्चारण और गान ठीक ठीक नहीं कर सकता है और इसलिये वेदमन्त्रोंका भी उच्चारण उसके द्वारा ठीक ठीक न हो सकनेसे ऐसे मनुष्योंसे यज्ञक्रिया, सामादिगान भी ठीक ठीक नहीं हो सकता है। इसी कारण पूर्वोल्लिखित श्रुतिमें वेद और यज्ञादिका सम्बन्ध प्राणसे माना गया है। इस प्रकारसे समस्त जाग्रदवस्थाके साथ प्राणक्रियाका मौलिक सम्बन्ध विद्यमान है। जाग्रदशाकी तरह स्वप्नावस्थामें भी व्यष्टिप्राणकी कार्यकारिता देखनेमें आती है। स्वप्नावस्थामें संस्कारानुसार मन जो इधर उधर दौड़ता और नाना प्रकारकी क्रियाओंको करता रहता है सो व्यष्टि प्राणकी शक्तिसे ही कर सकता है। प्राण ही मनके भीतर विविध स्वप्नराज्य स्थापनके लिये शक्ति प्रदान करता है जिससे उस दशामें जन्मान्ध भी, कमललोचन बन जाता है और चिरभिकारी भी असीमसम्पत्तिसम्पन्न राजराजेश्वर बन जाता है। अतः स्वप्नदशामें भी प्राणकी अपूर्व कार्यशक्ति है इसमें सन्देह नहीं। तदनन्तर सुषुप्ति दशामें जब समस्त इन्द्रियोंके व्यापार निरस्त होकर इन्द्रियशक्ति

अन्तःकरणमें और अन्तःकरण कारण शरीरमें लय हो जाता है और जीवात्मा स्थूल सूक्ष्म शरीरोंके प्रति अभिमानको भूलकर कारणशरीरके साथ ब्रह्ममें लय हो—

"सुषुप्तिकाले सकले विलीने तमोभिभूतः सुखरूपमेति"

इस श्रौतसिद्धान्तानुसार तमोभिभूत भावमें ही ब्रह्मानन्दका उपभोग करता रहता है, उस समय जीवात्मासे लेकर स्थूल शरीर पर्यन्त सभी तमो मोहित (बेहोश) हो जानेपर भी केवल परम करुणामय चिरजितेन्द्रिय प्राण ही जाग्रत् रह कर पिता जिस प्रकार सन्तानकी रक्षा करते हैं उस प्रकारसे समस्त शरीरकी रक्षा करता है। यही सुषुप्ति दशामें प्राणकी अलौकिक कार्य-कारिता है जिसके लिये प्रश्नोपनिषद्में कहा है—

स यदा तेजसाऽभिभूतो भवति। अत्रैष देवः स्वप्नान्न पश्यति अथैतदस्मिन् शरीरे एतत्सुखं भवति। स यथा सोम्य वयांसि वासो वृक्षं संप्रतिष्ठन्त एवं ह वै तत्सर्वं पर आत्मनि संप्रतिष्ठते। प्राणाग्नय एवैतस्मिन्पुरे जाग्रति।

सुषुप्तिदशामें पित्ताख्य सौरतेजके द्वारा अन्तःकरण अभिभूत होजाने पर उसकी स्वप्नदशा नष्ट हो जाती है। उस समय जिस प्रकार रात्रिकालमें समस्त पक्षी अपने अपने निवास वृक्षमें आश्रय ग्रहण करते हैं उसी प्रकार अन्तःकरण सहित जीवात्मा परमात्मामें आश्रय ग्रहण करते हैं, जिससे अविद्या-सम्वलित होने पर भी आनन्दरूप परमात्मामें विलीनताके कारण सुषुप्ति दशामें जीवको परमानन्द मिलता है। उस समय समस्त इन्द्रियां, समस्त अन्तःकरण और जीवात्मा पर्यन्त गाढ़ सुषुप्तिके परमशान्तिमय अङ्कमें विश्राम-लाभ करते हैं। केवल निरलस गुडाकेश पञ्चरूपधारी प्राण ही प्रहरीकी तरह अपनी पञ्चमूर्त्तिके द्वारा शरीरकी रक्षा करते हैं जिसके लिये उपनिषद्में और भी कहा गया है कि—

' प्राणेन रक्षन्नवरं कुलायम् "

प्राणके ऊपर ही शरीर रक्षाका भार छोड़ कर जीवात्मा सुषुप्तिके समय परमानन्द भोगमें निमग्न हो जाते हैं। इस प्रकारसे सुषुप्तिदशामें व्यष्टिप्राणके द्वारा शरीरकी रक्षा होती है। तदनन्तर साधनशुद्ध, परिपुष्ट, परमतेजीयान् प्राण तुरीय दशामें अपनी सत्ताको विस्तार करते हुए महाप्राणके गाढ आलि-

ङ्गनमें आवद्ध हो कर जीवकी दीन जीवत्वदशाको विदूरित करके उसे किस प्रकार चिदानन्दमय शिवत्वका अधिकारी कर देते हैं सो इससे पूर्व ही वर्णन कर दिया गया है। यही जाग्रत्, स्वप्न, सुषुप्ति और तुरीय दशामें करुणामयी व्यष्टि प्राणशक्तिकी परम महिमा है।

अब प्राण किस प्रकारसे सूक्ष्म राज्यके साथ स्थूलराज्यका सम्बन्ध स्थापन करता है उसका कुछ विस्तारित विज्ञान कहा जाता है। सूक्ष्मराज्य दैवराज्यको कहते हैं और स्थावर जङ्गमात्मक यह परिदृश्यमान संसार स्थूल-राज्य है। समष्टि जगत्में सूक्ष्मराज्यका विस्तार मनोमय कोषसे आनन्दमय कोष तक है। सर्वोत्तम आनन्दमय कोषके साथही विष्णुलोक शिवलोक आदि उन्नत लोकोंका सम्बन्ध है। अन्नमय कोषही स्थूल संसार है और यह हम पहले ही सिद्ध कर चुके हैं कि प्राणमय कोष ही स्थूल और सूक्ष्मको मिलाने वाला है। स्थूल अन्नमय कोषमें जब सूक्ष्म दैवराज्यका सम्बन्ध स्थापन किया जाता है तब अन्नमय कोषमें जो देवताओंके ठहरनेके उपयोगी आसन या आधार बन जाता है उसको पीठ कहते हैं। पीठ प्राणमय ही है।

प्राणशक्तिकी साधारणतः दो दशा होती हैं। एकको आकर्षणशक्ति कहते हैं और दूसरीको विकर्षणशक्ति। आकर्षणशक्ति अपनी ओर खिंचती है और विकर्षणशक्ति दूसरी ओर हटाती है। जगत्की इन दोनों शक्तियोंको पश्चिमी विद्वानोंने भी अनुभव किया है। पश्चिमी विज्ञानमें इन दोनों शक्तियोंको Attraction एवं Repulsion कहते हैं। समस्त ब्रह्माण्डमें और सब पिण्डों में ये दोनों शक्ति परिव्याप्त हैं। आकर्षण और विकर्षण इन दोनों शक्तियोंके सामञ्जस्यका ही यह फल है कि सब ग्रह नक्षत्र आदि अपने अपने कक्षमें स्थित रहते हैं। इन दोनों शक्तियोंके समानरूपसे स्थापित होनेसे जो आवर्त्त (Circle) बनता है उसीको पीठ कहते हैं। एक ग्रह जब सूर्यके द्वारा आकर्षित और विकर्षित होकर अपने ही आकर्षण और विकर्षणकी सहायतासे आवर्त्त बना लेता है उसी आवर्त्तको उस ग्रहका पीठ समझना उचित है और उस ग्रहके अधिष्ठाता देवताका अधिकार उसी आवर्त्त तक विस्तृत होता है। उदाहरणरूपसे समझ सकते हैं कि बृहस्पति ग्रहने इसी आकर्षण और विकर्षण शक्तिकी सहायतासे जो एक कक्ष बना लिया है जितनी दूरमें वह कक्ष विस्तारको प्राप्त हुआ है वहां तक बृहस्पति देवका पीठ समझा जायगा। जिस प्रकार मनुष्य विना पृथ्वीरूपी आधारके न बैठ सकता है और न खड़ा रह सकता

है, उसी प्रकार सूक्ष्म राज्यस्थित देवतागण विना पीठके ठहर नहीं सकते। इसी सिद्धान्तके अनुसार मन, मन्त्र आदिकी सहायतासे सोलह प्रकार दिव्यदेशोंमें समष्टि आकर्षण और विकर्षण शक्तिकी सहायतासे पीठ स्थापनपूर्वक देवताओंका आह्वान किया जाता है। सोलह प्रकारके दिव्यदेश क्या हैं सो मन्त्रयोग नामक अध्यायमें पहले ही बताया गया है। पीठ जितना पवित्र और प्रबल होता है उसी प्रकारके उन्नत देवता उस पीठमें आह्वान किये जा सकते हैं और जबतक मूर्त्ति आदिमें उक्त प्रकार पीठ वर्त्तमान रहता है तबतक दैवजगत्की कला भी उक्त मूर्त्ति आदि दिव्यदेशमें प्रकाशित रहती है। इस प्राणावर्त्तरूपी पीठके समझनेके लिये इस प्रकारका उदाहरण देना ठीक होगा कि यदि दो पदार्थ ऐसे आमने सामने रक्खे जायँ कि दोनोंमें आकर्षण और विकर्षण शक्ति विद्यमान हो तो एकका आकर्षण दूसरेको खींचेगा और दोनोंकी विकर्षणशक्ति दोनोंको धक्का देगी। इस प्रकारसे दोनोंकी आकर्षणशक्ति और दोनोंकी विकर्षणशक्ति परस्परमें मिलकर एक चक्राकार आवर्त्त (circle) प्राणमय कोषमें बन जायगा। उसी प्राणावर्त्तको पीठ कहते हैं और वह आवर्त्त अर्थात् पीठ देवताओंके ठहरनेका स्थान होगा। इसी वैज्ञानिक सिद्धान्तकी सहायतासे नित्य और नैमित्तिक देवताओंका पीठ बनाकर उनकी स्थापना की जाती है। इसी वैज्ञानिक सिद्धान्तके अनुसार पृथिवी भरमें नाना पीठस्थान और तीर्थादिका आविर्भाव आर्यशास्त्रोंमें माना गया है। तीर्थोंका रहस्य विस्तारितरूपसे और किसी अध्यायमें कहा जायगा।

इस प्रकारके दैवी पीठकी सहायतासे इस संसारमें सब दैवकार्य सम्पादित होते हैं। स्त्री पुरुषके सम्बन्धसे जो गर्भाधान होकर स्त्रीके गर्भमें एक दूसरे जीवकी उत्पत्ति होती है, वह भी इसी प्रकारके दैवी पीठकी सहायतासे ही हुआ करता है। जगदुत्पादक कामकी स्वाभाविक प्रेरणा द्वारा मैथुनकालमें स्त्री और पुरुषके अन्तःकरणमें तन्मयता आजाती है और इस प्रकारसे उभयके शरीरकी आकर्षण और विकर्षण शक्ति द्वारा प्रथम तो दोनोंके शरीरव्यापी पीठकी उत्पत्ति होती है और पुनः पुरुषकी आकर्षणशक्ति परास्त हो जानेपर स्त्री गर्भमें पीठकी स्थापना हो जाती है। इसी कारणसे सनातनधर्मशास्त्रमें स्त्री सम्बन्धको अति पवित्र कार्य करके वर्णन किया गया है और सन्तानोत्पत्तिके अतिरिक्त वृथा मैथुनको पापजनक करके सिद्ध किया गया है। इसी कारण श्रीभगवान्ने गीतामें कहा है—

"धर्माविरुद्धो भूतेषु कामोऽस्मि भरतर्षभ ।"

हे अर्जुन ! धर्मसे अविरुद्ध अर्थात् धर्मसाधनके लक्ष्यसे स्त्री सम्बन्धरूपी जो काम है सो मैं हूँ । इस दशाके होते ही दम्पतिके शरीरमें पीठका आविर्भाव हो जाता है । पीठका आविर्भाव होते ही देवतागण और जन्म लेनेकी उपयोगी आत्माएँ वहां खिंची आती हैं । देवतागण उन आत्माओंके प्रेरक होते हैं । अनेक स्थानमें देवतागण पीठकी पवित्रताके कारण स्वाभाविकरूपसे आकृष्ट होते हैं क्योंकि पीठ देवताओंके विश्रामका स्थान होनेसे इस प्रकारका आकर्षण स्वतः सिद्ध है । प्रत्येक स्त्रीपुरुष-सम्बन्धजनित पीठमें अनेक आत्माएँ खिंचती हैं परन्तु जिस आत्माके कर्मके साथ उक्त सङ्गमयुक्त नारीके गर्भका कर्मसम्बन्ध है वोही आत्माएँ उस नारीगर्भमें ठहर जातीं हैं और बाकी आत्माएँ तथा देवतागण स्व स्व स्थानपर लौट जाते हैं । यही कारण है कि हमारे शास्त्रमें गर्भाधान संस्कार एक सबसे आदि और उत्तम संस्कार माना गया है और यही कारण है कि पूज्यपाद महर्षियोंने धर्मविरुद्ध मैथुनका सर्वथा निषेध किया है ।

जिस प्रकार देवता आदियोंके आविर्भाव करनेके लिये शास्त्रोक्त मन्त्र आदिकी सहायतासे उपासक और देवताके अन्तरात्माकी आकर्षण और विकर्षणशक्तिके समन्वय द्वारा सोलह दिव्यदेशोंमें दैवी पीठकी उत्पत्ति होकर देवताओंका उस पीठमें आविर्भाव हो जाता है उसी प्रकार और भी अनेक प्रकारसे पीठकी उत्पत्ति होती है । भेद इतना ही है कि यदि पीठकी पवित्रताकी रक्षा न की जाय तो पीठमें निम्नश्रेणीके देवता या प्रेत आदि उपदेवताके सम्बन्ध हो जानेसे पीठकी कार्यकारिता नष्ट हो जाती है । यही कारण है कि यज्ञादि कर्मकाण्डोंमें और उपासनाके विभिन्न साधनोंमें दिक्बन्धकी आवश्यकता होती है अर्थात् इसी भयसे यज्ञभूमिकी दसों दिशाओंमें दैवी रक्षकोंका आविर्भाव करके पीठकी सुरक्षाके लिये दिक्बन्ध किया जाता है । दिक्बन्ध करनेसे उक्त प्रकारके क्षुद्र देवता या उपदेवता अपने क्षुद्र स्वभावके अनुसार यज्ञादिमें विघ्न नहीं डाल सकते हैं ।

क्रियाका प्रधान स्थान प्राणमय कोष है तौ भी क्रियाकी उत्पत्ति करनेकी विभिन्नता रहनेके कारण प्राणमय क्रियाकी शैली भी अनेक प्रकारकी है । बुद्धिका कार्य भी कार्य है, मनका कार्य भी कार्य है परन्तु प्राणके

कार्यके साथ क्रियाका अति स्थूल सम्बन्ध विद्यमान है। अन्नमय कोषमें जो कार्य होता है वह भी प्राणमय कोषकी सहायतासे ही होता है। इस कारण क्रियाशक्तिके विचारसे प्राणमयकोष ही सर्वप्रधान है। इसी कारण शास्त्रोंमें इस प्रकारका प्रमाण मिलता है कि प्राणके निरोध होनेसे केवल व्यष्टि केन्द्रमें ही नहीं अधिकन्तु समष्टि केन्द्रमें भी क्रिया निरुद्ध हो जाती है। यथा— श्रीमद्भागवतमें—

तस्मिन्नभिध्यायति विश्वमात्मनो
द्वारं निरुध्यासुमनन्यया धिया।
लोका निरुच्छासनिपीडिता भृशं
सलोकपालाः शरणं ययुर्हरिम्॥
नैवं विदामो भगवन् प्राणरोधं
चराचरस्याखिलसत्त्वधाम्नः।
विधेहि तन्नो वृजिनाद्विमोक्षं
प्राप्ता वयं त्वां शरणं शरण्यम्॥
मा भैष्ट बालं तपसो दुरत्यया—
न्निवर्त्तयिष्ये प्रतियात स्वधाम।
यतो हि वः प्राणनिरोध आसी—
दौत्तानपादिर्मयि सङ्गतात्मा॥

परम भागवत ध्रुवने श्रीविष्णुध्यानपरायण होकर समस्त विश्वको अपने भीतर एकाग्र करके जिस समय प्राण निरोध किया उस समय उनके प्राण निरोधसे समस्त संसारका श्वास निरुद्ध होकर संसार की क्रिया बन्द होने लगी जिससे देवताओंने व्याकुल हो श्रीविष्णुकी शरण ली और उनसे प्रार्थना की कि "हे भगवन्! हम लोगोंको पता नहीं लगता कि क्यों समस्त विश्वका प्राण निरोध होकर क्रियाशक्ति बन्द हो रही है। आप इस दुःखसे संसारको मुक्त करें।" इस प्रकार प्रार्थना करनेपर श्रीविष्णु भगवान्ने देवताओंसे कहा कि परम तपस्वी ध्रुवने श्वास निरोध द्वारा समस्त विश्वकी प्राणशक्तिको अपने भीतर आकर्षण कर लिया है, इसीसे समस्त जीवोंको भीषण

कष्ट और विश्व संसारकी क्रियाशक्ति नष्ट हो रही है। यही प्राणके साथ क्रियाका अवश्यम्भावी मौलिक सम्बन्ध है।

जिस प्रकार बुद्धितत्त्वमें प्रधानतः दो प्रकारकी क्रिया होती है—एक मनके अवलम्बनसे बुद्धिका कार्य और दूसरा केवल बुद्धिके प्राधान्यसे बुद्धिका कार्य; इसी कारण बुद्धिके दो भेद कहे गये हैं—एकका नाम धारणा और दूसरेका नाम प्रतिभा और जिस प्रकार मनमें भी दो प्रकारकी क्रिया प्रधानरूपसे होती है—एक प्राणमयकोषको सङ्गमें लेकर और दूसरी केवल मनकी सहायतासे। उसी मनोमय कोषके सम्बन्धसे जो प्राणकी क्रिया किसी जीव पिण्डमें हो अर्थात् एकके मनोमय कोषका प्रतिविम्ब दूसरे शरीरके मनोमय कोषपर पड़कर उसको आच्छन्न करे और ईश्वरकी इच्छाके अनुसार उधरके प्राणमय कोषमें क्रिया उत्पन्न करे उसको योगशास्त्रमें सम्मोहन (hypnotism) कहते हैं। पूर्व कहे हुए विज्ञानके अनुसार प्रधानतः जैसे मनकी क्रियाके दो भेद हैं और बुद्धिकी क्रियाके दो भेद हैं, उसी प्रकार अन्नमय कोषके भी दो भेद कहे जा सकते हैं। जब कहीं पीठकी उत्पत्ति हो वहां पर जब पीठकर्त्ताके मानसिक संस्कारके अनुसार कार्य हो वह एक प्रकार की दशा है और जब वहां पीठकी स्वाधीनताके अनुसार कार्य हो वह दूसरे प्रकारकी दशा है। भेद इतना ही है कि पीठकर्त्ताकी इच्छाशक्तिके अधीन पीठ रहनेसे उसमें दैवी शक्तिका आविर्भाव नहीं होने पाता है और पीठकर्त्ता जब अपनी इच्छाशक्तिके अधीन पीठको नहीं रखता है और पीठ स्वाधीन रहता है, तब उक्त पीठमें दैवी शक्तिका आविर्भाव हो सकता है। पीठमें जब पीठकर्त्ताकी इच्छाशक्ति और क्रियाशक्ति दोनों काम करती हो तो स्वतः ही उसमें बाहरसे किसी दैवी शक्तिके आजानेका कोई अवसर नहीं रहता और पीठकर्त्ता अपने मनोमय और प्राणमय कोषकी सहायतासे उक्त पीठमें जैसा चाहे वैसा कार्य कर सकता है। यहां तक कि दैवी जगत्के सञ्चालक देवतागणकी क्रियामें भी इस प्रकारसे बलात्कार किया जा सकता है। तन्त्रशास्त्रमें तथा अथर्ववेदमें इसी विज्ञानको अवलम्बन करके मारण, वशीकरण, मोहन, उच्चाटन आदि अनेक क्षुद्र सिद्धियोंका वर्णन किया गया है। उक्त क्षुद्र सिद्धियोंके मूलमें भी यही पीठ विज्ञान विद्यमान है। यद्यपि उक्त सिद्धियोंके प्राप्त करनेके जो साधन हैं उनमें इस पीठ विज्ञानका वर्णन कुछभी नहीं पाया जाता है, परन्तु उस प्रकारके साधनमें जो जो क्रियाएँ वर्णित हैं उनसे इस प्रकारके पीठोंकी उत्पत्ति होजाती

है और इसी प्रकारसे एक केन्द्रसे दूसरे केन्द्रमें जाकर मारण, वशीकरण आदि क्रिया प्रकट होजाती है। वास्तवमें प्राणशक्तिके द्वारा ही ये सब कार्य हुआ करते हैं। पश्चिमी देशोंमें जो सम्मोहन (hypnotism) विद्या नई निकली है, किसी किसी पाश्चात्य देशमें इस विद्याके सिखानेके लिये शिक्षालय भी स्थापित किया गया है, सो इन सब पश्चिमी विद्याओंके साथ आध्यात्मिक उन्नतिका कोई भी सम्बन्ध न रहनेसे भी ये लौकिक सिद्धिप्रद विद्याएँ इस पीठोत्पत्ति विज्ञानसे ही सम्बन्ध रखती हैं। इस सम्मोहन विद्याके द्वारा ऐसे अलौकिक कार्यसमूह होते हैं कि जिन असम्भव कार्योंको देखकर अति आश्चर्यान्वित होना पड़ता है। उदाहरण रूपसे कहा जाता है कि ऐसा बालक कि जो वृक्षपर चढ़ना कभी नहीं जानता है इस विद्याके प्रयोग द्वारा अति उच्च वृक्षपर चढ़ जाता है और अलौकिक कार्यसमूह भी करता है ऐसा देखा गया है। अदालतमें झूठी गवाही दिलानेका उदाहरण तो इस विद्याके द्वारा अनेक पाये गये हैं, जिनके अनेक मुकद्दमें अदालत में मौजूद हैं।

प्राणविनिमय (Mesmerism) क्रिया एक अद्भुत रहस्यपूर्ण क्रिया है जिसकी शक्तियोंको देखकर दैवराज्यमें विश्वासरहित पश्चिमी विद्वान्गण भी चकित हुए हैं। इस विद्याके अनुसार पीठकर्त्ताको किसी दूसरे मनुष्यके मन और प्राणको अपनी ओर आकर्षित करना पड़ता है। सुकौशलपूर्ण क्रिया द्वारा यह कार्य किया जाता है। हस्तचालन द्वारा प्राणशक्ति प्रयोग करके और मन्त्रोंकी सहायतासे प्राणशक्ति प्रयोग करकेयह साधन किया जाता है और ईस प्रकारके प्रयोगसे पीठकर्त्ता पीठोपयोगी पात्र या पात्री (medium) के शरीरमें पीठ उत्पन्न करनेमें समर्थ होता है। पीठोत्पत्तिकी इस दशामें पूर्व कथित दो प्रकारके भेदके अनुसार दो प्रकारके कार्य प्रायः देखनेमें आते हैं। पीठदशाप्राप्त पात्रमें या तो केवल वही क्रिया होती है जो पीठकर्त्ता इच्छा करे। इस दशामें वह पीठस्थ पात्र (medium) किसी प्रकारके देवता या उपदेवताके आवेशसे रहित रहता है। परन्तु यदि पीठकर्त्ता अपनी इच्छा शक्तिको उस प्रकारसे प्रयोग न करे तो पीठदशाप्राप्त पात्रमें आह्वान करनेसे परलोकगत आत्मा अथवा देवताओंका आवेश हो सकता है। परन्तु इस दशामें भय अनेक हैं। सनातनधर्मके याज्ञिक विज्ञानके अनुसार दिग्बन्ध द्वारा उस पीठकी सुरक्षा न होनेसे पीठकी इस स्वाधीन दशामें निम्न श्रेणीके देवता अथवा उपदेवता (प्रेत) आदिका आवेश उस पात्रपर होजाना सर्वथा

सम्भव है। इसी शैलीके रूपान्तरमें भारतवर्षकी अनेक शूद्र जातियोंमें प्रेत और क्षुद्र देवताओंके आवेश नर या नारियोंके देहमें करानेकी रीति भारतवर्षके अनेक देशोंमें अबभी प्रचलित है। यही कारण है कि इस प्राणविनिमय योगमें प्रथमतः सफलता दिखाई देनेपर भी फलतः अधिक कार्य्य होना प्रायः देखनेमें नहीं आता है। पश्चिमी विद्वानोंने इस विद्याकी विशेष चर्चा की है और उन्होंने बहुतसे साधनोंके द्वारा प्रेतलोकके साथ अपना सम्बन्ध कर दिखाया है। परन्तु मन्त्रशास्त्रका अभाव, योगके आध्यात्मिक लक्ष्यका अभाव और दिग्बन्ध द्वारा पीठकी सुरक्षाकी शैलीका अभाव होनेसे इस विद्याके द्वारा दैवराज्यके साथ वे सम्बन्ध स्थापन करनेमें असमर्थ हुए हैं। तन्त्रशास्त्रमें जो इस विद्याका रहस्य बहुधा पाया जाता है सो बहुत ही उत्तम शैलीसे पूर्ण देखनेमें आया है। बटुक, कुमारी, योग्य शिष्य या शिष्याके शरीरमें मन्त्रयोगकी सहायतासे पीठस्थापन करनेकी रीतियाँ तन्त्रोंमें वर्णित हैं। वे सब इसी पीठ विज्ञानके अन्तर्गत हैं। भेद इतनाही है कि पश्चिमी विद्या अमन्त्रक और अध्यात्म विज्ञानसे रहित है और तन्त्रोक्त यह शैली समन्त्रक, अध्यात्मभावयुक्त और योगमार्गके क्रियासिद्धांशके अनुकूल है। इसी कारण शास्त्रोक्त साधनों में विघ्नकी सम्भावना कम है।

आर्य्यशास्त्रोक्त शवसाधन और चितासाधन आदिकी जो साधन प्रणाली है सो भी इसी पीठ विद्याके अन्तर्गत है। उसकी साधारण विधि यह है कि विशेष लक्षणयुक्त और विशेष जातिका शव जो विशेष काममें और विशेष रीतिसे मृत हुआ हो, ऐसे अखण्डित शवको स्थान विशेषमें ले जाकर दिग्बन्धादिसे दस दिशाओंकी रक्षा करते हुए शवमें विशेष क्रियाके द्वारा पीठोत्पत्ति की जाती है। प्राणमय कोषकी अतुलनीय शक्तिके द्वारा जब वह शव पीठरूपमें परिणत होजाता है तब उस शवरूपी पीठमें साधक अपने इष्टदेव अथवा अन्य किसी उपास्य देवके आविर्भावका प्रयत्न करता है। अखण्डित और सद्योमृत शवके सब यन्त्रादि अवयव (organs) पूर्ण रहनेके कारण वह शव पीठ बनते ही जीवित मनुष्य की नाईं क्रिया करने लगता है। उसके मुखसे वार्त्तालाप द्वारा अनेक दैवरहस्य प्रकट हुआ करते हैं और साधकको अनेक सिद्धि भी प्राप्त हो सकती है। यह साधन प्रणाली बहुत ही उत्तम होने पर भी इसमें भी विघ्न अनेक हो सकते हैं। यदि दिग्बन्ध ठीक न हो, यदि साधक आध्यात्मिक शक्तिके विचारसे

दुर्बल हो, यदि साधक भयभीत हो जाय अथवा साधनका क्रियासिद्धांश असम्पूर्ण हो तो उस शवमें प्रेतादि उपदेवताका आवेश होना सम्भव है। शव में पीठकी उत्पत्ति तो हो जायगी, परन्तु पीठकी सुरक्षा न होनेसे और साधक में योग्यताकी कमी रहनेसे वह पीठ प्रेतोंके द्वारा आक्रान्त हो जायगा। जैसे कोई उत्तम स्थान होनेसे नागरिकगण वहां स्वयं उपस्थित होते हैं, ऐसे ही पीठकी उत्पत्ति होते ही पहले प्रेतादि उसमें आकृष्ट होते हैं। प्रेतोंमें विषय-वासनाकी तीव्रता रहनेके कारण उनमें मनुष्योंके साथ सम्बन्ध स्थापन करने-की स्वाभाविक इच्छा रहती है। यही कारण है कि पीठोंकी यदि सुरक्षा न हो तो उसमें प्रेतोंका आवेश होना स्वतःसिद्ध है। विशेषतः मनुष्यलोकके साथ ही प्रेतलोकका निकट सम्बन्ध रहनेके कारण उनका शीघ्र ही पीठमें आ जाना सुगम है जिसका विस्तारित विवरण 'श्राद्ध और प्रेततत्त्व' नामक अध्यायमें किया जायगा। किसी स्थानमें यदि चण्डाल आदिका निवास हो वहां जिस प्रकार ब्राह्मणादि श्रेष्ठ मनुष्य जानेकी इच्छा नहीं करते हैं उसी प्रकार प्रेतादि द्वारा आक्रान्त पीठमें देवताओंका आना असम्भव है। जब प्रेत पीठमें आ जाता है तो नाना उपद्रव, मिथ्या जल्पना कल्पना आदि उस पीठ द्वारा हुआ करती है। परन्तु शास्त्रोक्त विधिके अनुसार पीठकी शुद्धि और पीठ स्थानकी सुरक्षा होनेपर और साधककी साधनप्रणालीकी योग्यता रहने पर उस शवरूपी पीठमें दैवीशक्तिका आवेश हो जाता है इसमें सन्देह नहीं है। इस विषयमें शास्त्रीय प्रमाण। यथा—भावचूड़ामणिमें:—

शून्यागारे नदीतीरे पर्वते निर्जनेऽपि वा।
बिल्वमूले श्मशाने वा तत्समीपे वनस्थले॥
अष्टम्याञ्च चतुर्दश्यां पक्षयोरुभयोरपि।
भौमवारे तमिस्रायां साधयेत् सिद्धिमुत्तमाम्॥
माषभक्तञ्च बल्यर्थं धूपदीपादिकं तथा।
तिलाः कुशाः सर्षपाश्च स्थापनीयाः प्रयत्नतः॥
यष्टिविद्धं शूलविद्धं खड्गविद्धं जले मृतम्।
वज्रविद्धं सर्पदष्टं चाण्डालञ्चाभिभूतकम्॥
तरुणं सुन्दरं शूरं रणे नष्टं समुज्ज्वलम्।

पलायनविशून्यन्तु संमुखे रणवर्त्तिनाम् ॥
धूपेन धूपितं कृत्वा गंधादिना विलिप्य च ।
कुशशय्यां परिष्कृत्य तत्र संस्थापयेच्छवम् ॥
द्वादशांगुलमानानि यज्ञकाष्ठानि दिक्षु च ।
संस्थाप्य पूजयेत्तत्र क्रमादिन्द्रादिदेवताः ॥
चलच्छवाद्भयं नास्ति भये जाते वदेत्ततः ।
यत्प्रार्थय बलित्वेन दातव्यं कुञ्जरादिकम् ॥
दिनान्तरे च दास्यामि स्वनाम कथयस्व मे ।
इत्युक्त्वा संस्कृतेनैव निर्भयश्च पुनर्जपेत् ॥
ततश्चेन्मधुरं वक्ति वक्तव्यं मधुरं ततः ।
ततः सत्यं कारयित्वा वरञ्च प्रार्थयेत्ततः ॥

शून्यगृह, नदीतीर, पर्वत, निर्जनस्थान, बिल्वमूल, श्मशान अथवा श्मशान समीपस्थ वनप्रदेशमें शवसाधन करना चाहिये। कृष्ण अथवा शुक्ल-पक्षीय अष्टमी और चतुर्दशी तिथिमें मङ्गलवारकी रात्रिको शवसाधन करनेसे उत्तमा सिद्धि प्राप्त होती है। बलिके लिये माषभक्त और पूजाके लिये धूप, दीप, तिल, कुश और सर्षप रखना चाहिये। लाठी त्रिशूल अथवा खड्गके आघातसे जिसका प्राण छूटा हो, जलमें डूबकर वज्रपातसे अथवा सर्पदंशनसे जिसकी मृत्यु हुई हो इस प्रकारके चण्डालजातीय मनुष्यका शव साधनमें प्रशस्त है। शव तरुणवयस्क और सुन्दराङ्ग होना चाहिये। सम्मुख संग्राममें पलायन न करके जिसने प्राण दिया है ऐसा शव भी साधन कार्यमें प्रशस्त है। शवको धूपसे धूपित और गन्धादिकोंसे सुगन्धित करके कुशासन बिछाकर उसपर पूर्वकी ओर सिर करके स्थापन करना चाहिये। तदनन्तर जपस्थानकी दस दिशाओंमें द्वादश अङ्गुलिपरिमित अश्वत्थादि यज्ञीयकाष्ठ प्रोथित करके पूर्वादि क्रमसे इन्द्रादि दशदिक्पालोंकी पूजा करनी चाहिये। शवके हिलने पर डरना नहीं चाहिये, यदि डर हो तो उसको कहना चाहिये कि "दिनान्तरमें कुञ्जरादि ईप्सित बलिप्रदान किया जायगा, अब अपना नाम कहो।" ऐसा कहकर निर्भय हो पुनः जप करना चाहिये। तदनन्तर यदि मधुर शब्दसे शव बोलने लगे तो स्वयं भी मधुर शब्दसे बोलकर उसको प्रतिज्ञाबद्ध कराके पश्चात् वर प्रार्थना

करनी चाहिये। इस प्रकारसे गुरूपदिष्ट प्रक्रिया द्वारा शवसाधनामें पीठकी उत्पत्ति की जाती है।

पीठोत्पत्तिके अन्य कई एक उपाय कई एक सम्प्रदायोंमें प्रचलित हैं जिनको पीठासन नामसे अभिहित कर सकते हैं। वर्त्तमान पाश्चात्य विद्वज्जनोंमें एक अमन्त्रक पीठासनकी शैली प्रचलित है जिसको अङ्गरेजी भाषामें (Table rapping) कहते हैं। इस साधनकी प्रक्रिया यह है कि, दो तीन पांच अथवा ततोधिक व्यक्ति किसी पवित्र स्थानमें बैठकर एक त्रिपदयुक्त टेबल्के चारों ओर गोलाकारमें स्थित हो टेबल् पर अपने हाथ रखते हुए परस्परके हाथ स्पर्श करके एक ही ध्यानमें मग्न हो जाते हैं। तदनन्तर उस पीठासनमें चेतन-शक्तिका आविर्भाव होकर उसमें स्वतः ही क्रियाकी उत्पत्ति हो जाती है और सङ्केतके द्वारा प्रश्नोत्तरका कार्य भी होने लगता है। इस साधनशैलीके द्वारा यूरोपके विद्वान्गण अनेक अलौकिक रहस्योंका आविष्कार कर रहे हैं। यूरोपके विद्वानोंमें यह विश्वास है कि, इस शैलीके द्वारा पीठ उत्पन्न करके प्रेत तथा परलोकगत सब प्रकारके आत्माओंको उस पीठमें बुलाया जा सकता है। इस प्रकारकी शैलीसे सफलता अति सुगम उपायके द्वारा ही देखनेमें आती है। तिपाईमें परिणत पीठके द्वारा तिपाई अपने आप हिलने लगती है और प्रश्न करने पर सङ्केतके द्वारा उत्तर भी प्रकट होने लगता है। यहांतक चमत्कार होता है कि, उस पीठका स्पर्श किये हुए मनुष्योंमेंसे कोई मनमें यदि प्रश्न करे तो, उसका भी उत्तर मिलता है। पीठको स्पर्श करके बैठे हुए मनुष्योंको छूकर यदि कोई अन्य व्यक्ति मनमें प्रश्न करे तो उसका भी उत्तर मिलता है। तिपाई इधरसे उधर चलने भी लगती है। यूरोपीय इस शैलीके अनुसार और भी कई प्रकारके यन्त्र देखनेमें आते हैं जिनमें से एक प्रकारके यन्त्रका नाम (plan-chet) है। ऐसे यन्त्रोंमें भी इसी शैलीके अनुसार प्राणमय क्रियाका प्रकट होना देख पड़ता है और उसमें भी पूर्वोल्लिखित सब कार्य होने लगते हैं। परन्तु भेद इतना ही है, कि इन सब अमन्त्रक कार्योंमें शास्त्रीय उपासनाविधिके अनुसार अथवा कर्मकाण्डकी शैलीके अनुसार पवित्रता सम्पादन और दिक्-बन्ध आदिकी रीति न रहनेसे पीठकी पवित्रताका अभाव हो जाता है और पवित्रताके अभावसे और पीठकी सुरक्षाके अभावसे ऐसे पीठोंमें दैवीशक्तियों-का आविर्भाव होना सुसाध्य नहीं है। यहांतक कि, ऐसे अमन्त्रक पीठोंमें केवल प्रेतादिकका आना ही प्रायः सम्भव है। यह शैली यूरोपकी भारतवर्षके लिये

कोई नवीन नहीं है। इसी ढङ्गकी शैलियां भारतवर्षकी अशिक्षित प्रजामें अनेक रूपान्तरमें प्रचलित थीं और अब भी हैं। उदाहरणरूपसे कहा जाता है कि, अब भी मारवाड़-प्रदेशकी स्त्रियोंमें एक ऐसी ही पीठोत्पत्तिकी शैली प्रचलित देखनेमें आती है। दो स्त्रियां परस्परके हाथोंको आड़े-टेढ़े (cross) ढङ्गसे परस्परमें पकड़ कर चारों हाथोंके बीचमें एक छोटा कुम्भ जलसे भर कर स्थापन करती हैं और पीठोत्पत्तिकारिणी दोनों स्त्रियोंके ध्यानस्थ हो बैठी रहने पर कुछ देरके बाद चारों हाथोंके साथ कुम्भका हिलना अनुभव करने लगती हैं और तदनन्तर हिलावके इशारेसे प्रश्नका उत्तर प्राप्त किया करती हैं। यूरोपके (table-rapping) के साथ इस प्रणालीकी समानता है। इन सब शैलियोंको पीठासनकी शैली कह सकते हैं। ये सभी क्रियाएँ प्राणमय कोषकी सहायतासे ही प्रकट होती हैं।

यूरोप आदि पाश्चात्य देशोंकी पीठोत्पन्नकारी शैलियोंमेंसे एक शैली ऐसी है कि, जिसमें चार पांच या ततोधिक मनुष्य चक्राकार होकर बैठते हुए आपसमें एक दूसरेका हाथ पकड़ते हुए एक ही ध्यानमें मग्न रहते हैं। ऐसा करने पर कुछ देरके अनन्तर उक्त बैठे हुए मनुष्योंमेंसे एक व्यक्ति ज्ञानरहित हो जाता है और उस व्यक्तिमें किसी आत्माका आवेश हो जाता है। आवेश-प्राप्त वह व्यक्ति बहिर्ज्ञानशून्य होकर बोलने लगता है। ऐसी शैलीके भी अमन्त्रक शैली होनेसे ऐसी प्रणालीके द्वारा प्रेतादिकोंका आवेश होना अधिक सम्भव है। यूरोपकी यह शैली नवीन नहीं है। इसी प्रकारकी रूपान्तरित चक्रकी शैली यूरोपीय फ्री मेशन आदि सम्प्रदायोंमें अति प्राचीनकालसे प्रचलित है। हिन्दू-जातिमें इस प्रकारकी समन्त्रक अधिदैवभावसे भावित शैली तान्त्रिक सम्प्रदायमें चिरकालसे प्रचलित देखनेमें आती है। शक्ति-उपासकगणकी वामाचार उपासना-पद्धतिमें जो भैरवीचक्र, श्रीचक्र, ब्रह्मचक्र आदि सात प्रकारके चक्रकी विधि तन्त्रशास्त्रमें देखनेमें आती है सो इसी प्रकारके विज्ञानकी पोषक है। यूरोपीय शैलीसे यह तान्त्रिक शैली सर्व प्रकारसे अधिक उपकारी, अधिक भयरहित और आस्तिकतापूर्ण है इसमें सन्देह नहीं। परन्तु कालप्रभावसे तन्त्रोक्त ये चक्रकी शैलियां अब लक्ष्यभ्रष्ट होकर बिगड़ गयी हैं।

तन्त्रोक्त इस विज्ञानको कुछ स्पष्ट करनेके लिये कहा जा सकता है कि इस प्रकारके तान्त्रिक उपासना-चक्रका एक अधीश्वर होता है जिसको चक्रेश्वर कहते हैं। उसी चक्रेश्वरके अधीन होकर तान्त्रिकगण एक उपासनाके उप-

योगी स्थानमें उपस्थित रहकर साधन करते हैं। सप्त प्रकारके चक्रोंमेंसे किसी किसीमें केवल पुरुष और किसी किसी चक्रमें स्त्री-पुरुष—उभयका समावेश रहता है। चक्रदीक्षासे दीक्षित पुरुष अथवा स्त्री-पुरुषगण चक्रेश्वरके अधीन रहकर एक ही उपास्य देवताकी उपासनामें तत्पर होते हैं। चक्रके समयमें चक्रकी सब क्रियाएँ उपासनाकी अङ्ग समझी जाती हैं। चक्रमें प्रवृत्त सब व्यक्ति अपने अपने मनको केवल अपने उपास्य देवताके चरणोंमें संलग्न रखते हैं। ऐसी दशामें वह चक्र वास्तवमें अधिदैव चक्ररूपमें परिणत हो जायगा, इसमें सन्देह ही क्या है? ऐसे चक्रोंमें चक्राविष्ट देवताकी इच्छा अथवा आज्ञा प्रकट होनेकी दो शैलियाँ प्रायः शास्त्रमें पायी जाती हैं। यदि चक्रेश्वर उन्नत अधिकारका व्यक्ति हो तो वह स्वयं चक्रके लक्षणोंको देखकर ही फलाफल कह सकता है। दूसरी शैली यह है कि, चक्रमें प्रविष्ट यदि किसी स्त्री-पुरुषमेंसे कोई आवेशको प्राप्त हो तो उससे प्रत्यक्षरूपसे जिज्ञासा द्वारा फलाफल निर्णय हो सकता है। ये सब शैलियां पीठ-विज्ञान के अनुसार प्राणमय कोषकी सहायतासे सुसम्पन्न हुआ करती हैं। तन्त्रशास्त्रोक्त इस चक्रकी शैली यदि यथाविधि अनुष्ठित की जाय तो इसमें प्रेतादिकोंका आवेश होना सम्भव नहीं है। हां, यदि काम-लोभादिके वशीभूत होकर ऐसी शास्त्रोक्त शैलीको अविधिपूर्वक करके साधकगण स्वयं ही निरङ्कुश होकर प्रेत-सदृश बन जाय तो, प्रेतावेश होना सम्भव ही है।

पीठ उत्पन्न करनेकी जितने प्रकारकी शैलियाँ हैं या हो सकती हैं उन सब शैलियोंमेंसे अपने अन्तःकरणके बलसे अपने ही शरीरमें पीठ उत्पन्न करनेकी प्रणाली सबसे भयरहित, सबसे अधिक उपयोगी और सर्वाङ्ग-सम्पूर्ण है। यूरोपके विद्वान्‌गण यद्यपि इस प्रणालीकी पूर्णताको ठीक ठीक समझ नहीं सके हैं, परन्तु वहांके जो उच्चाधिकारी हैं वे इसको Self Mesmerism कहते हैं और इस प्रणालीकी प्रशंसा करते हैं। यूरोपीय प्राण-विनिमय-शास्त्रके विद्वानों-मेंसे कोई कोई उच्चाधिकारी इसका कुछ थोड़ासा रहस्य कुछ कुछ अनुभव करके अपने शरीरपर कुछ कुछ क्रिया प्रकट कर सकते हैं—ऐसा उनके ग्रन्थोंसे प्रमाण मिलता भी है। परन्तु यूरोपीय विद्वान्‌गण न तो हमारे दार्शनिक तत्त्वोंसे परिचित हैं और न हमारे अधिदैव-राज्यसे सुपरिचित हैं; इस कारण इस सर्वोत्तम शैलीकी पूर्णताको वे हृदयङ्गम करनेमें असमर्थ हैं, इसमें सन्देह नहीं। हमारे आर्यशास्त्रोंमें प्राणायाम द्वारा मनको निर्मल करके तदनन्तर

नाना प्रकारके न्यासोंकी सहायतासे अपने शरीरमें पीठ उत्पन्न करनेकी जो प्रणाली प्रचलित है; यद्यपि उसका ठीक ठीक रहस्य बहुत थोड़े उपासक ही जानते हैं; परन्तु विशुद्धान्तःकरण, देवताकी कृपा, प्राणायाम और विभिन्न न्यासोंकी सहायतासे जो उपासकके द्वारा अपने शरीरमें पीठ उत्पन्न करनेकी शैली तन्त्रशास्त्र और योगशास्त्रमें कही गई है अथवा जिस क्रियाको उन्नत योगिगण बहुत सुगमतासे कर सकते हैं वह शैली सर्वोत्तम है, इसमें सन्देह नहीं है। इस अधिदैव रहस्यसे पूर्ण पीठ-विज्ञानके मूलमें सर्वव्यापक भगवान्‌की सर्वव्यापक महाशक्तिकी अधिदैव सत्ता कैसे विद्यमान है सो हम पहले कह चुके हैं। ब्रह्माण्ड और पिण्ड—दोनोंके एकही सम्बन्धसे सम्बद्ध होनेके कारण ब्रह्माण्डकी अधिदैव शक्ति पिण्डमें स्वतः ही सम्बन्धयुक्त रहती है। केवल सर्वव्यापक सूर्यशक्ति, अग्नि मय होनेके कारण, वह सूर्यशक्तिकी अग्नि जैसे आतसी कञ्चकी सहायतासे ही केन्द्रीभूत होकर एक विशेष केन्द्रमें दाहिका शक्तिको उत्पन्न करती है ठीक उसी प्रकार अधिदैव-भावमय भगवत्शक्ति उसी मनुष्यदेहमें प्रत्यक्ष कार्य दिखाने लगती है जिस देहमें पीठोत्पत्ति हो जाती है। मनुष्यका अन्तःकरण भाव, वृत्ति, इन्द्रिय और विषयके संयोगसे विषयवत् बना रहता है। इसीको योगिराज पतञ्जलिजीने :—

"वृत्तिसारूप्यमितरत्र।"

इस सूत्रसे वर्णन किया है। इस सूत्रका तात्पर्य यह है कि, साधारण मनुष्योंमें विषयका प्रभाव, इन्द्रिय और वृत्ति की सहायतासे उन जीवोंके अन्तःकरणमें सर्वदा बने रहनेसे, सर्वसाधारण मनुष्योंका अन्तःकरण वैषयिक वृत्तिके रूपमें बना रहता है अर्थात् साधारण वैषयिक मनुष्य वैषयिक वृत्तियोंके पुञ्जरूप हैं इससे अतिरिक्त और कुछ नहीं। यदि योगसाधनकी सहायतासे विज्ञानमय कोषको अपने स्थानपर स्थित रक्खा जाय तो, मलिन बुद्धि उत्पन्न न होनेसे मलिन बुद्धिके प्रभावसे मनोमय कोषपर जो दबाव पड़ता था सो नहीं पड़ेगा। प्राणायाम आदि साधनसे मनोमय कोषकी विशुद्धता स्थापित होगी। तब मन वृत्तिसारूप्यको छोड़कर निर्मल हो जायगा। दूसरी ओर नानाप्रकारके न्यासोंकी सहायतासे अन्नमय कोषकी पवित्रता बना दी जायगी और साथही साथ प्राणमय कोषको पीठ उत्पन्न करनेके लिये उपयुक्त बना दिया जाय तो उस समय प्रकृति माताकी स्वाभाविक

कृपासे वह योगी अपने प्राणमय कोषको विराट् प्राणमय कोषके साथ एक सम्बन्धसे सम्बद्ध करके अपने शरीरमें पीठ बनानेमें समर्थ हो जायगा। यही अलौकिक पीठ-विज्ञानका सूक्ष्मातिसूक्ष्म विज्ञान है। पीठ-विज्ञानका विस्तारित रहस्य आर्य्यशास्त्रके अनेक स्थलोंमें गुप्त-रूपसे पाया जाता है। इस विषयका कुछ वर्णन श्रीसूर्यगीतासे नीचे उद्धृत किया जाता है। यथा—सूर्यगीतामें भक्त महर्षियोंके प्रति सगुणब्रह्म सूर्य भगवान्‌की उक्तिः—

पञ्चकोषेषु शक्तिर्मे तथा तिष्ठति नित्यशः।
न पश्यन्ति तु तां शक्तिमज्ञानोपहता नराः॥
यावतीं गौढतां याति साधकः साधनाध्वनि।
तावत्स पञ्चकोषानां साहाय्यान्मां प्रपद्यते॥

मेरी शक्ति पञ्चकोषोंमें प्रकट रहती है। केवल अज्ञानके कारण मेरे सशक्ति रूपका मनुष्यगण अनुभव नहीं कर सकते। साधक साधन-राज्यमें जितना अग्रसर होता जाता है उतना ही वह अपने पञ्च कोषोंकी सहायतासे मेरी शक्तियोंका अनुभव यथाक्रम किया करता है।

सूक्ष्मेण दिव्यलोकेन स्थूललोकस्य देहिनः।
सम्बन्धकारको ज्ञेयः कोषः प्राणमयश्चरः॥
यदि प्राणमये कोषे पीठं स्थापयितुं क्षमः।
कथञ्चित् स च मे शक्तिं दैवीमनुभवत्यसौ॥
पञ्चकोषा अपि व्यष्टिसमष्ट्योर्भेदतः सदा।
ऐक्यमेवाश्रयन्तीति ततः श्रोतुं त्वमर्हसि॥
समष्टिरूपकोषस्य रहस्यं व्यष्टिकोषके।
आविर्भवति नित्यं तन्नात्र कार्या विचारणा॥
यदा कुण्डलिनी शक्तिराविर्भवति साधके।
तदा स पञ्चकोषे मत्तेजोऽनुभवति ध्रुवम्॥

सूक्ष्म दिव्यलोक और स्थूल जीवलोक—दोनोंके मध्यमें सम्बन्ध स्थापन करनेवाला प्राणमय कोष है। यदि साधक प्राणमय कोषमें किसी प्रकारसे पीठ-स्थापन करनेमें समर्थ हो तो, वह मेरी दैवी शक्तियोंका अनुभव करनेमें

समर्थ होता है। पञ्चकोष व्यष्टि और समष्टि-रूपसे एकत्व सम्बन्धसे युक्त हैं। इस कारण मेरे समष्टि पञ्च कोषोंका रहस्य व्यष्टि पञ्च कोषोंमें प्रकट हो जाता है। साधकमें जब कुलकुण्डलिनीरूपिणी मेरी पराशक्तिका अभ्युत्थान होता है तभी वह ज्ञानवान् योगिराज पञ्चकोषोंमें मेरे तेजका प्रत्यक्ष अनुभव कर सकता है।

द्रव्यमन्त्रमनःशुद्ध्या तथा तच्छक्तियोगतः ।
स्थूलेऽपि दिव्यदेशेऽस्मिन् पीठाविर्भूतिरिष्यते ॥
पीठसाहाय्यमाश्रित्य तीर्थ-प्रस्तर-विग्रहे ।
आविर्भवति मे शक्तिर्दैवीत्येतद्धि निश्चितम् ॥
तीर्थानि दिव्य-देशाश्चाप्यनेके परिकीर्तिताः ।
कर्मोपास्तिप्रभावेण स्थूललोकेऽपि साधकाः ॥
एवं विधानां पीठानां प्रतिष्ठां कुर्वते सदा ।
उपास्तिः सात्त्विकत्वादिभेदेन त्रिविधा मता ॥
तद्वत्पीठाश्रयं प्राप्य ऋषीन्देवान् पितॄंस्तथा ।
असुरान् शक्तिभूतान्मे प्रत्यक्षं वीक्षते मुदा ॥

द्रव्यशुद्धि, मन्त्रशुद्धि और मनकी शुद्धिसे तथा इन तीनोंकी शक्तिके एकत्र होनेसे स्थूल दिव्य देशोंमें पीठका आविर्भाव हो जाता है। पीठकी सहायतासे ही प्रस्तरादिनिर्मित विग्रह और तीर्थादिकोंमें मेरी दैवी शक्तियोंका आविर्भाव हुआ करता है। दिव्य देशों और तीर्थादिकोंके अनेक भेद हैं। कर्मकाण्ड और उपासनाकाण्डकी सहायतासे स्थूल लोकमें उपासकगण इस प्रकारके पीठ-स्थापन किया करते हैं और उपासनाके सात्त्विक, राजस और तामस भेदसे पीठकी सहायतासे वे मेरी प्रत्यक्ष शक्ति ऋषि, देवता, पितर, असुर और प्रेतादिकोंका दर्शन किया करते हैं।

सत्त्वादिगुणभेदेन साधकस्य समीहया ।
एतासां मम शक्तीनां दर्शनं त्रिगुणं पृथक् ॥
साधकानामथ स्थूललोके पीठप्रतिष्ठया ।
मां द्रष्टुं मद्विभूतीर्वा कुमारीवटुविग्रहाः ॥

मुद्राशवाग्नियन्त्राणि वपुः स्त्रियं तथैव च।
मुख्यावलम्बनान्याहुरष्टैवैतानि सर्वथा ॥
तत्रापि देवरूपाणि तत्त्वानामग्नितत्त्वकम्।
मुख्यावलम्बनं प्राहुस्तत्त्वमध्यगतं हि तत् ॥
तथा मुद्रा मता लोके स्त्रीपुंस्तदुभया त्रिधा।
इयं मुद्रा तु बहुभिश्चक्रशब्देन चोच्यते ॥

तीन गुणोंके अनुसार ये तीनों दर्शन साधकको पृथक् पृथक् इच्छाके अनुसार हुआ करते हैं। स्थूल राज्यमें पीठ-स्थापन करके मेरी शक्ति और अन्यान्य मेरी विभूतियोंका दर्शन करनेके लिये कुमारी, वटुक, विग्रह, मुद्रा, शव, अग्नि, यन्त्र और निज शरीर—ये आठ सबसे प्रधान अवलम्बन हैं। देवताओंका मुख्य रूप और पञ्च तत्त्वोंका मध्यतत्त्वरूपी अग्नि अति शुद्ध अवलम्बन है। मुद्राके तीन भेद हैं:—एक केवल स्त्रियोंकी सहायतासे, दूसरा केवल पुरुषोंकी सहायतासे और तीसरा स्त्रीगण और पुरुषगण—उभयकी सहायतासे मुद्राका प्रयोग किया जाता है। मुद्राका दूसरा नाम चक्र भी है।

तस्यापि भेदाः सप्तेति विदुः केचन योगिनः।
यन्त्राण्यप्यप्यमितान्याहुर्योगिनो यन्त्रवेदिनः ॥
पीठोत्पन्नकरेष्वेषु साधनेष्वष्टकेष्वपि।
योगिनोन्तर्निजं देहं साधनोत्तममीरितम् ॥
अष्टासु कारणेष्वेषु द्रव्यमन्त्रविशुद्धितः।
मनसः संयमेनापि कोषे प्राणमये ध्रुवम् ॥
पीठमुत्पद्यते तस्मिन् कोषे तत्र प्रतिष्ठिते।
आविर्भवन्ति मे सर्वाः शक्तयस्तत्र निश्चितम् ॥
किन्तु द्रव्यमनःशुद्धिमन्त्रशुद्ध्याद्यभावतः।
तथोपासनया चापि दिग्बन्धादिप्रयत्नतः ॥
पीठस्थानस्य रक्षा चेत्समीचीना भवेन्नहि।
तथोक्तस्य च यागस्य पवित्रत्वाद्यभावतः ॥
बह्वस्तत्र जायन्तेऽन्तराया असुरैः कृताः ॥

किसी किसी योगिराजने चक्रके सात भेद भी किये हैं। यन्त्र भी अनेक प्रकारके हैं। परन्तु पीठ उत्पन्न करनेके सम्बन्धमें योगी साधकके लिये निज शरीर ही सबसे उत्तम, सहल और सुसाध्य अवलम्बन है। इन आठों अवलम्बनोंमें द्रव्यशुद्धि, मन्त्रशुद्धि और मनकी एकाग्रतासे प्राणमय कोषमें उत्पन्न पीठके स्थापन होनेपर उस पीठमें मेरी शक्तियोंका आविर्भाव हो जाता है। परन्तु त्रिविध शुद्धि न होनेसे अथवा उपासनाकी सहायतासे दिग्बन्ध द्वारा उक्त स्थानकी सुरक्षा और उक्त यज्ञकी पवित्रता सम्पादन न करनेसे अनेक आसुरी विघ्न होनेकी सम्भावना है।

मनःसंयमिनो वक्ष्मि युष्मद्भव्याय साम्प्रतम् ।
नास्त्यस्मात्सुगमः पन्थाः निर्भयश्चाप्यथोत्तमः ।
योगिनो जगतश्चास्य श्रेयः संपादनेहया ॥
पीठं संस्थाप्य मां वापि मच्छक्तीर्द्रष्टुमिच्छतः ।
स्वान्तःकरणमेवास्य साधनं चोत्तमोत्तमम् ॥
तत्त्वज्ञाः पुरतो वोऽहं जगच्छ्रेयोऽभिलाषया ।
अतिगूढं रहस्यं तच्छ्रूणुध्वं यद् ब्रवीम्यहम् ॥

हे मनके जय करने वाले ! मैं तुम्हारे कल्याणके लिये कहता हूँ कि, सबसे सुगम, भयरहित और पूर्ण उपाय यही है कि, योगी यदि जगत्कल्याणकी इच्छासे पीठ-स्थापन-पूर्वक मेरा अथवा मेरी शक्तियोंका दर्शन करना चाहे तो अपना अन्तःकरण ही सबसे श्रेष्ठ अवलम्बन है। हे तत्त्वज्ञ ! मैं जगत्के कल्याणके लिये तुमसे यह अति गूढ़ रहस्य कह रहा हूँ।

वाङ्मनोऽगोचरा या मे शक्तेर्भेदाः क्रमेण ह ।
चत्वार ईरिता स्थूलसूक्ष्मकारण-भेदतः ॥
चतुर्थस्तु तुरीयः स्याज्ज्ञानरूपो न संशयः ।
निश्चलो हि ममाङ्गे स सततं तिष्ठति ध्रुवम् ॥
या च कारणरूपा मे तृतीया शक्तिरस्ति सा ।
ब्रह्मविष्णुमहेशानां जनयित्री मता परा ॥
द्वितीयस्याश्च सूक्ष्माया: साहाय्येन त्रयस्त्विमे ।

ब्रह्माण्डजनिराधानास्थितिनाशकरा मता ॥
स्थूलात्तु दृश्यमानेऽत्र संसारेऽनन्तरूपतां।
कुर्वती चापि वैचित्र्यं व्याप्नोत्यप्यऽखिलं जगत् ॥

मेरी अवाङ्मनसगोचर शक्तिके चार भेद हैं। उनके नाम यह हैं:— स्थूल, सूक्ष्म, कारण और तुरीय। ज्ञानरूपा तुरीयशक्ति सदा निश्चलरूपसे मेरे ही अङ्गमें स्थित रहती है। मेरी कारणरूपा शक्ति ब्रह्मा, विष्णु और महेशकी जननी है। मेरी सूक्ष्म शक्ति की सहायतासे ब्रह्मा, विष्णु और महेश पृथक् पृथक् रूपसे ब्रह्माण्डके सृष्टि, स्थिति और लयके कार्यको किया करते हैं और मेरी स्थूल शक्ति स्थूलपरिदृश्यमान जगत्में परिव्याप्त रहकर जगत्की अनन्तता और विचित्रताका सम्पादन किया करती है।

इयं तु सप्तधा भिन्ना योगिभिर्दृश्यते सदा।
अस्या एव हि मे शक्तेराधारेष्वष्टसु ध्रुवम् ॥
साहाय्येनैव दिव्यानां पीठानामुद्भवः स्मृतः।
प्रोक्ताः सर्वे इमे भेदाश्चिच्छक्तेरेव मे मताः ॥
पीठसाहाय्यतश्चैवं भक्तिमानुक्तसाधकः।
सूक्ष्मसम्बन्धितामेत्य दृष्ट्वा शक्तीर्मम श्रयेत् ॥
तथा मे ज्ञातशो लोके विभूतीः परिदृश्य च।
कृतकृत्यत्वमेवैतीत्येतज्ज्ञानीत निश्चितम् ॥
इह यावन्ति तीर्थानि तानि पीठानि संजगुः।
पीठशक्तियुतान्यत्र सन्ति तीर्थान्यनेकशः ॥

इस स्थूल शक्तिके भी सात भेद हैं जिनका पूर्ण दर्शन योगिगण ही कर सकते हैं। इसी कारण स्थूल शक्तिकी सहायतासे आठ स्थूल अवलम्बनोंमें दिव्य पीठोंका आविर्भाव हुआ करता है। मेरी अद्वितीय चिन्मयी महाशक्तिके ही ये सब भेद हैं। इस प्रकार पीठकी सहायतासे भक्तिमान् उपर्युक्त साधक सूक्ष्म राज्यसे सम्बन्ध स्थापन करके मेरी सब प्रकारकी शक्तियोंका दर्शन और मेरी विभूतियोंका साक्षात्कार करके कृतकृत्य हो सकता है। जितने तीर्थ हैं वे सब पीठ हैं। ऐसे पीठ-शक्तियुक्त तीर्थ अनेक प्रकारके होते हैं।

केषुचित्तीर्थदेशेषु शक्तिर्मे संततं स्थिता ।
केषुचित्तु यथाकालं भक्तिश्रद्धायुता नराः ॥
आराधयन्ति तावद्धि मम शक्तिर्विनिश्चिता ।
कतिचिद्भक्तवश्यानि तीर्थानि तस्य भक्तितः ॥
आविर्भवन्ति तत्रैव तिष्ठन्ति च तदिच्छया ।
यथा सर्वेषु कायेषु गवाँस्तिष्ठति गोरसम् ॥
तथापि गोस्तनादेव स्रवतीति विनिश्चितम् ॥
तथैव मामिका शक्तिर्विद्यमानाऽपि सर्वतः ।
नित्यनैमित्तिकैः पीठैराविर्भवति भूतले ॥

कुछ तीर्थ ऐसे हैं जिनमें मेरी शक्ति नित्यरूपसे विराजमान रहती है। कुछ तीर्थ ऐसे हैं कि, जिनमें श्रद्धावान् उपासकगण जबतक एकत्र होते रहते हैं तबतक उनमें शक्ति विद्यमान रहती है और कुछ तीर्थ ऐसे हैं जो केवल मेरे भक्तोंकी इच्छाशक्तिसे प्रकट होते हैं और उनकी स्थिति भी मेरे भक्तोंके ही अधीन है। जिस प्रकार दुग्ध रसरूपसे गौके सम्पूर्ण-शरीरमें व्याप्त रहनेपर भी स्तन द्वारा क्षरित होता है, उसी प्रकार मेरी पूर्णशक्ति सर्वत्र समानरूपसे व्याप्त रहनेपर भी नित्य और नैमित्तिक पीठोंके द्वारा प्रकाशित होकर जगत्का कल्याण किया करती है। यही सर्वशक्तिमान् परमात्माकी अलौकिकी इच्छा-शक्तिसे समुत्पन्न समष्टिव्यष्टिभावमय प्राण और पीठकी अपार महिमा है जिसके परम गूढ़ तत्त्वको हृदयङ्गम करनेसे साधक अनायासही संसारसिन्धुका अतिक्रमण करके नित्यानन्दमय ब्रह्मपदमें विराजमान हो सकते हैं।

अन्नपानेन्धनमयो रसप्राणविवर्द्धनः ।
यो धारयति भूतानि तस्मै प्राणात्मने नमः ॥

पञ्चम समुल्लासका तृतीय अध्याय समाप्त हुआ ।

द्वितीय अध्याय

वेदों में प्राणतत्त्व

1. ऋग्वेद में प्राणतत्त्व
2. यजुर्वेद में प्राणतत्त्व
3. सामवेद में प्राणतत्त्व
4. अथर्ववेद में प्राणतत्त्व

द्वितीय अध्याय
वेदों में प्राणतत्त्व

(क) ऋग्वेद में प्राणतत्त्व

सम्पूर्ण वैदिक वाङ्मय में ऋग्वेद सबसे प्राचीन माना गया है। ऋग्वेद काण्ड की दृष्टि से ज्ञान काण्ड माना गया है। ऋग्वेद में अनेक विषयों के ज्ञान का भण्डार है। इनमें हमें प्राण के विषय में भी ज्ञान प्राप्त होता है। चारों वेदों में (ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद) में से सबसे प्राचीन ग्रन्थ ऋग्वेद ही है। अनेक पुराणों आदि में 'पतञ्जलि' के 'महाभाष्य' में ऋग्वेद की 21 शाखाओं का उल्लेख है।

'ऋग्वेद' के प्रत्येक सूक्त के अपने ऋषि, देवता और छन्द हैं। आधुनिक समालोचकों के अनुसार ये ऋषि मन्त्रों के रचयिता थे।

'ऋग्वेद' के प्रत्येक सूक्त का अपना एक देवता है, जिसमें उस देवता की स्तुति की गयी है। 'ऋग्वेद' के कुछ प्रमुख देवता निम्नलिखित हैं–

1. इन्द्र
2. अग्नि
3. वरुण
4. मरुत्
5. विष्णु
6. सूर्य
7. सविता
8. मित्र
9. उषस्
10. सोम
11. पूषन्
12. वात्
13. वास्तोष्पति
14. वाक्
15. रुद्र
16. यम
17. पर्जन्य
18. अश्विन्
19. द्यावापृथिवी
20. विश्वेदेव
21. अपस्
22. पुरुष
23. हिरण्यगर्भ
24. अदिति
25. बृहस्पति
26. सरित आदि

ऋग्वेद 'हिन्दू-धर्म' का सबसे प्राचीन ग्रन्थ है। इसमें सभी प्रकार के सामाजिक, पारिवारिक, संस्कारित, धार्मिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक, वैज्ञानिक और साहित्यिक आदि विषयों की विस्तृत जानकारी प्राप्त करायी गयी है।

ऋग्वेद में अनेक विषयों के ज्ञान का भण्डार है। इसलिये इसमें हमें 'प्राण' के विषय में भी ज्ञान प्राप्त होता है जो इस प्रकार है–

प्राण की उत्पत्ति

ऋग्वेद में प्राणतत्त्व की उत्पत्ति का स्पष्ट उल्लेख है। हिरण्यगर्भ सूक्त में सृष्टि की उत्पत्ति तथा अनेक क्रियाओं का वर्णन है। सृष्टि के समय जब हिरण्यमय अण्ड के गर्भभूत प्रजापति को धारण करने वाले जल सर्वत्र व्याप्त हो गये। तब उस गर्भभूत प्रजापति से एक तत्त्व 'असु' उत्पन्न हुआ।[1] यह प्राण ही सब प्राणियों में स्थित हुआ और इसके कारण ही वे प्राणी कहलाये। हिरण्यगर्भ ऐसे प्राणयुक्त और निमेष युक्त प्राणियों का राजा हुआ और वह ही द्विपद चतुष्पद पर शासन करता है।[2]

प्राण की पाँच वृत्तियाँ

सृष्टि के क्रम में कब, किससे और क्या उत्पन्न हुआ यह बताने वाले पुरुष सूक्त में बताया गया है कि इस विराट् पुरुष के मन से चन्द्रमा, चक्षु से सूर्य, मुख से अग्नि और प्राण से वायु उत्पन्न हुआ[3] क्योंकि प्राण नामक तत्त्व विराट् पुरुष का था। चूँकि वह वायु से पहले ही विद्यमान था और फिर उसी प्राण से वायु उत्पन्न हुआ। प्राण ही जीवन का मुख्य तत्त्व है और अपानादि उसके अन्य रूप हैं। यह संकेत भी ऋग्वेद में मिलते हैं। दसवें मण्डल के 189वें सूक्त का दूसरा मन्त्र इसी बात को उजागर करता है। सूक्त की ऋषिका है सार्पराज्ञी और देवता है सूर्य। मन्त्र इस प्रकार है–'इस (सूर्य) की रोचमाना दीप्ति प्राण से अपान करती हुई शरीर में अन्दर विचरण करती है। महान् सूर्य द्यौलोक को प्रकाशित करता है।'[4] सायण ने प्राण और उसकी क्रिया प्रणाली की व्याख्या की है।

---

1. आपो ह यद्बृहतीर्विश्वमायन्
   गर्भं दधाना जनयन्तीरग्निम्।
   ततो देवानां समवर्ततासुरेकः
   कस्मै देवाय हविषा विधेम।। ऋग्वेद, 10/129/7
2. यः प्राणतो निमिषतो महित्वैक इद्राजा जगतो बभूव।
   य ईशे अस्य द्विपदश्चतुष्पदः कस्मै देवाय हविषा विधेम।। वही, 10/121/3
3. चन्द्रमा मनसोजातश्चक्षोः सूर्यो अजायत।
   मुखादिन्द्रश्चाग्निश्च प्राणाद्वायुरजायत।। वही, 10/90/13
4. अन्तश्चरति रोचनास्य प्राणादपानती।
   व्यख्यन्महिषो दिवम्।। वही, 10/189/2

मुख्य प्राण की प्राणादि पाँच वृत्तियाँ हैं जिनमें नाड़ियों के द्वारा वायु का उर्ध्व निर्गमन प्राण कहलाता है। वायु का अवाङ्मुखनयन अपानन कहलाता है। सूर्य की दीप्ति प्राण से अपानन करती हुई शरीर के अन्दर विचरण करती है। यही प्राण प्रक्रिया है।[1]

असु

इनके अतिरिक्त ऋग्वेद में एक स्थान पर असु शब्द **अग्नि** के लिए, अर्थात् अग्नि की ज्वालाओं के लिए भी प्रयुक्त हुआ है। ऋग्वेद के भाष्यकार 'आचार्य वैद्यनाथ शास्त्री ने असु शब्द का प्रयोग **प्राणों को तृप्त** करने वालों के लिए प्रयुक्त किया है।[2]

पाँच स्थानों पर असुनीति[3] शब्द विभिन्न अर्थों में प्रयुक्त हुआ है। ऋ०10/12/4 में सायण ने असु शब्द का अर्थ प्रज्ञा किया है और असुनीति का अर्थ प्रज्ञा द्वारा की गई स्तुति किया है। ऋ०10/15/14 में असुनीति का अर्थ प्राणों का नेता 'अन्तरात्मा' किया है। ऋ०10/16/2 में असुनीति से तात्पर्य प्रेत के प्राणों के अपनयन से है। तथा ऋ०10/59/5 और 6वें मन्त्र में असुनीति का अर्थ प्राणों को ले जाने वाली देवी से है। विभिन्न प्रसंगों के अनुसार असुनीति का अर्थ चाहे जो भी हो पर असु शब्द का अर्थ प्राण ही है।

सार यह है कि ऋग्वेद में प्राण अथवा असु शब्द का प्रयोग यद्यपि बहुत कम है पर इससे इसका महत्त्व कम नहीं हो जाता। बीज यद्यपि देखने में छोटा होता है, पर शक्ति का केन्द्र वही होता है जिससे पल्लवित होकर वृक्ष-फूल-फल आदि होते हैं। ऋग्वेद को आधार बनाकर ही 'प्राण' की व्याख्या उत्तरोत्तर ग्रन्थों में होती गई और प्राण का महत्त्व बढ़ता चला गया।

ऋग्वेद में प्राण शब्द का उल्लेख बहुत कम स्थानों पर या कह सकते हैं कि केवल चार स्थानों पर हुआ है जबकि इस शब्द का ही पर्यायवाची 'असु' शब्द इससे लगभग तीन गुणा ज्यादा प्रयुक्त हुआ है। यूँ तो ऋग्वेद में कई छोटी-छोटी अकिंचन वस्तुओं की जैसे उलूखल-मुसल, अक्ष, मण्डूक आदि की भी देवता के रूप में स्तुति हुई है। आश्चर्य इस बात का है कि प्राण जैसे महत्त्वपूर्ण तत्त्व का ऋग्वेद में उल्लेख तो है, पर देवता

---

1. देवो यन्मर्तान्यजथाय कृण्वन्त्सीद्धोता प्रत्यङ् स्वमसुं यन्। ऋग्वेद, 10/12/1
2. वही, 10/12/4, 10/15/14, 10/16/2, 10/59/56
3. ये अग्निदग्धा ये अग्निदग्धा
   मध्ये दिवा स्वधयान मादयन्ते।
   तेभि स्वराकसुनीतिमेतां
   यथावशं तन्वे कल्पयस्व।। वही, 10/15/14

के रूप में एक भी सम्पूर्ण सूक्त 'प्राण' की स्तुति में नहीं है। प्राण की तरह ही एक अन्य तत्त्व 'असु' का उल्लेख भी है और प्राण तथा असु को एक ही तत्त्व बताया गया है। फिर भी इन दो शब्दों में निहित इस तत्त्व के स्वरूप का वर्णन बहुत ही कम है। प्राण और 'असु' एक तत्त्व हैं यह तथ्य ऋग्वेद के दसवें मण्डल के 59वें सूक्त के पाँचवें, छठे और सातवें मन्त्र से ज्ञात होता है। पाँचवें मन्त्र में 'असुनीति (प्राणों की नेत्री देवी)', छठे मन्त्र में 'असुनीति' और 'प्राण' और सातवें में 'असु' शब्दों के एक ही प्रसंग में एक ही अर्थ में प्रयोग होने से प्राण और असु का समानार्थक होना ज्ञात होता है।

प्राण जीवन का आधार

ऋग्वेद के कुछ मन्त्रों में प्राण को जीवन का आधारभूत तत्त्व माना गया है। प्रथम मण्डल के एक मन्त्र में अग्नि को आयु के लिए प्राण समान बताया गया है। 'यह अग्नि धन के समान चयनीय, सूर्य के समान दर्शयिता, आयु के लिए प्राण के समान, पुत्र के समान हितकारी, गतिमान् अश्व के समान भर्ता, जल के समान प्रीणयिता, शुचि विशिष्ट प्रकाशयुक्त वनों को जलाता है।' एक अन्य मन्त्र में इन्द्र के लिए कहा गया है कि उसने देवताओं को जीतने की इच्छा करने वाले असुर के प्राण लेकर उदकों को प्रेरित किया।[2]

ऋग्वेद के एक अन्य मन्त्र में पितरों को प्राणों का रक्षक बताया गया है। 'अवर' उत्तम और मध्यम पितर उत्तम छवि प्राप्त करें और हमारे प्रति सौम्य हों। जो पितर वृक समान हिंसक नहीं थे, जो ऋतज्ञ थे और हमारे प्राणों के रक्षक थे, वे आह्वानों में हमारी रक्षा करें।[3] प्राण ही जीवन का आधार है जिसके रहने पर ही हम सूर्य के दर्शन कर सकते हैं। अर्थात् 'प्राण' रहने पर ही अगला दिन देखा जा सकता है। यह बात इस मन्त्र से स्पष्ट होती है–'यम के दूत दो कुत्ते जनों को लक्ष्य करके घूमते हैं। वे दोनों चौड़ी नाक वाले दूसरों के प्राणों से तृप्त होने वाले, विस्तृत बल वाले सूर्य के दर्शन के लिए भद्र प्राण को पुनः हमें दे।[4]

---

1. रयिर्न चित्रा सुरो न संदृगायुर्न प्राणो नित्यो न सुनुः।
   तक्वा न भूर्णिर्वना सिषक्ति पयो न धेनुर्शुचिर्विभावा।। ऋग्वेद, 1/66/1
2. वही, 2/22/4
3. उदीरतामवर उत्परास उन्मध्यमाः पितरः सोम्यासः।
   असुं य ईयुरवृका ऋतज्ञास्ते नोवन्तु पितरो हवेषु।। वही, 10/15/01
4. उरूणसावसुतृपा उदुम्बलौ यमस्य दूतौ चरतो जनाँअनु।
   तावस्मभ्यं दृशये सूर्याय पुनर्दातामसुमद्येह भद्रम्।। वही, 10/14/12

ऋग्वेद में इस बात का स्पष्ट संकेत है कि 'प्राण' नामक तत्त्व सृष्टि से पहले विद्यमान नहीं था। ऋषि दीर्घतमा दृष्ट एक सूक्त में ऋषि ने संकेत दिया है कि सृष्टि से पहले 'असु' अथवा प्राण नहीं था। प्रपंच की कालायत्तता (कालक्रम) का प्रतिपादन करके उस सृष्टि के कारणभूत परमेश्वर के विषय में कहते हैं। प्रथम उत्पन्न (अर्थात् सृष्टि से पहले अथवा अव्याकृत अवस्था में उत्पन्न प्रपंच को) अस्थियुक्त शरीर के कार्यभाव को प्राप्त अस्थिरहिता (प्रकृति) धारण करती है, यह किसने देखा है? भूमि सम्बन्धी (स्थूल शरीर), असुः (प्राण अर्थात् सूक्ष्म शरीर), रक्त (अर्थात् सप्तधातूपलक्षित शरीर), आत्मा (इन सबसे सम्बद्ध चेतन तत्त्व) कहाँ थे (अर्थात् ये सब सृष्टि से पहले नहीं थे)? उस समय कौन (प्रष्टा) किसी विद्वान् को पूछने गया था (अर्थात् कोई नहीं)?[1] प्रस्तुत मन्त्र परमात्मा और माया को सृष्टि पूर्व अवस्था की ओर संकेत करता है, जब अस्थियुक्त शरीर, प्राण और यहाँ तक की जीवात्मा भी अविद्यमान थे।

---

1. को ददर्श प्रथमं जायमान
मस्यन्वन्तं यदनस्था बिभर्ति।
भूम्या असुरसृगात्मा क्वस्वित्।
को विद्वाँसमुपगात् प्रष्टुमेतत्।। ऋग्वेद, 1/164/4

(ख) यजुर्वेद में प्राणतत्त्व

'यजुर्वेद' का महत्त्व यज्ञों और कर्मकाण्डों के कारण है। इसमें अध्यात्म यज्ञ और कर्ममय यज्ञ दोनों का वर्णन किया गया है। 'यजुष' शब्द का अर्थ है–पूजा या यज्ञ। इस प्रकार यजुर्वेद पूजा के विधि-विधानों का ग्रन्थ है।

'यजुर्वेद' को अध्वर्यु का वेद कहा जाता है। यज्ञों को सुचारु रूप से सम्पादित करने के लिए चार ऋत्विजों की व्यवस्था की गयी है–1. होता, 2. अध्वर्यु, 3. उद्गाता तथा 4. ब्रह्मा।

शुक्ल और कृष्ण यजुर्वेद

'यजुर्वेद' दो प्रकार का है–'शुक्ल यजुर्वेद' और 'कृष्ण यजुर्वेद'। शुक्ल यजुर्वेद में केवल यज्ञ सम्बन्धी मन्त्रों का संग्रह है, परन्तु कृष्ण यजुर्वेद में मन्त्रों के साथ-साथ इनके विनियोग को भी समझाया गया है।

यजुर्वेद में 'प्राणतत्त्व' के विषय में अधिक नहीं बताया गया है, परन्तु कुछ ही मन्त्रों में इसके विषय में बड़े सुन्दर प्रकार से समझाया गया है।

प्राण, अपान, व्यान, उदान और समान

मुझे प्राण, अपान, व्यान, नाग, कूर्म आदि नाम के वायु, स्मरण करने वाली शक्ति, निश्चयकारिणी बुद्धि, वाग्-इन्द्रिय, संकल्प-विकल्प करने वाली शक्ति, देखने वाली इन्द्रिय, कर्णेन्द्रिय, ज्ञानेन्द्रियों का बल और कर्मेन्द्रियों का कौशल उदान, समान, धनंजय आदि अन्य वायुएँ धारण, श्रवण, अहंकार प्रत्यक्ष प्रमाण, सामयिक मान आदि पदार्थ भी आत्मसामर्थ्य, ज्ञानाभ्यास और उपासना से मुझे प्राप्त हों।[1]

हंसरूपी प्राण

जैसे हंस जलों के बीच में साररूप अंश को विशेष रूप से पान कर लेता है, वैसे ही शुद्ध ब्रह्म में विद्यमान योगी अपने समस्त सांसारिक दुःखों का नाश करने में समर्थ, परम हंस प्राण के बल से ज्ञानों और कर्मों में से ही ब्रह्मानन्द रसों का पान करता है।[2]

प्राण, अपान और व्यान की स्थिति

(प्राणाय) भीतर से बाहर आने वाला निःश्वास 'प्राण' है। बाहर से भीतर जाने वाला

---

1. प्राणश्च मऽपानश्चमे व्यानश्च मेऽसुश्च मे चित्तं च मेऽआधीतं च मे वाक् च मे मनश्च मे चक्षुश्च मे श्रोत्रं च मे दक्षश्च मे बलं च मे यज्ञेन कल्पन्ताम्।। यजुर्वेद, 18/2
2. वही, 19/74

उच्छ्वास अपान है। अथवा नाभि तक संचरण करने वाला श्वासोच्छ्वास 'प्राण' है। नाभि से गुदा तक व्याप्त एवं नीचे की तरफ के मलों को बाहर करने वाला 'अपान' है। इन दोनों को योगक्रिया से वश में करना चाहिए। इसी प्रकार शरीर के शिर, बाहू, जंघा आदि अन्य अंगों में व्यापक प्राण 'व्यान' है।[1]

(प्राणाय, अपानाय, व्यानाय स्वाहा) **प्राण, अपान** और **व्यान** इन तीनों शरीर के प्राणों को उत्तम रीति से प्रयोग करो और उनको उत्तम सामर्थ्य प्राप्त हो।[2]

सात विषयों को दिखाने वाले पाँच ज्ञानेन्द्रिय, मन और बुद्धि शरीर में प्रति विषय ज्ञान के लिए स्थापित है और वे सातों बिना प्रमाद के इस आश्रय शरीर की रक्षा करते हैं। वे सातों सूक्ष्म व्यापनशील प्राण शयन करने वाले पुरुष के दृष्टा आत्मा को प्राप्त हो, उसी के भीतर लीन हो जाते हैं। उस समय भी आत्मा में स्वपन अर्थात् लीन न होने वाले निद्रारहित हो सदा साथ रहने वाले देव दिव्यगुणयुक्त 'प्राण' और 'अपान' गति करते हैं।[3] उसी प्रकार इस राष्ट्र रूप शरीर में सात द्रष्टा विद्वान् पुरुष भिन्न-भिन्न पदों पर स्थापित किये जायें। वे सातों आप्त पुरुष असावधान दशा में प्रजाजन के रहते हुए भी समस्त पदार्थों के दर्शन करने वाले मुख्य पुरुष को प्राप्त रहते हैं और उस समय भी सज्जनों के कार्य में अधिष्ठित कभी भी सोने या प्रमाद न करने वाले दो विद्वान् पुरुष नियुक्त हों।

(साधिपतिकेभ्य:) अधिपति, आत्मा या मन के सहित शरीर में विद्यमान प्राणों के समान राष्ट्र में अपने अधिपति अध्यक्षों के सहित (प्राणेभ्य:) राष्ट्र को चेतन रखने वाले प्रजाजन को (स्वाहा) अन्न आदि प्राप्त हो।[4]

अन्न और औषधियों द्वारा प्राण की वृद्धि

(वाचे) वाणी के सुधार और उसकी उत्तम शिक्षा के लिए (प्राणाय प्राणाय) दायें बायें प्राणों की स्वच्छता और बल के लिए दायें बायें आँखों की उत्तम शक्ति के लिए दायें बायें कानों की श्रवण शक्ति के लिए उत्तम अन्न खाओ।[5]

यह अग्निस्वरूप पूर्व दिशा से और सबका मूल कारण प्राण का प्राण स्वयं सत्-रूप

---

1. प्राणाय स्वाहा अपानाय स्वाहा व्यानाय स्वाहा। यजुर्वेद, 22/23
2. वही, 23/18
3. वही, 34/55
4. ॥ओऽम्॥ स्वाहा प्राणोभ्य: साधिपतिकेभ्य:। यजुर्वेद, /1/
5. वाचे स्वाहा प्राणाय स्वाहा प्राणाय स्वाहा। वही, /3/

से विद्यमान था उसका ही यह सामर्थ्य स्वरूप (प्राण) प्राण है। इसी से वह 'भुव' का अपत्य होने से 'भौवायन' कहाता है। प्राण से उत्पन्न होने वाला प्राणों का आश्रय 'वसन्त' है। बसन्त सबको बसाने वाले तत्त्व से 'गायत्री' प्राणों की रक्षा करने वाली शक्ति या वाणी उत्पन्न हुई गायत्री शक्ति से अर्थात् प्राणरक्षक बल उत्पन्न हुआ गायत्र बल से 'उपांशु' नाम प्राण उत्पन्न हुआ। उपांशु प्राण से त्रिवृत् नामक प्राण उत्पन्न होता है। त्रिवृत् नाम प्राण से रथन्तर नाम प्राण का बल है, जिससे इन्द्रियों में बाह्य विषय ग्रहण किये जाते हैं। उन सबका प्रवर्त्तक और दृष्टा सब प्राणों में मुख्य रूप से बसने वाला 'प्राण वसिष्ठ' कहाता है। हे चितिशक्ते! प्रजा के पालक मुख्य प्राण द्वारा वशीकृत तुझ द्वारा मैं प्रजाओं के प्राण को वश में करता हूँ।[1]

'हे प्रभो! मुझ प्रजागण के प्राण की रक्षा कर, मेरे अपान की रक्षा कर, मेरे व्यान की रक्षा कर, मेरे चक्षु को विस्तृत दर्शन शक्ति से प्रकाशित कर, मेरे श्रोत्र को श्रवण समर्थ कर जलों के समान प्राणों को सेचन कर, औषधियों को पुष्ट कर, दो पाँव के मनुष्य की रक्षा कर, चौपायों की रक्षा कर, द्यौलोक से वृष्टि को प्रेरित कर।'[2]

परमेश्वर से प्राण रक्षा की कामना

यजुर्वेद में ईश्वर से प्राण, अपान और व्यान की रक्षा की कामना के लिए कहा, 'हे परमेश्वर! हे स्वामिन्! मेरी आयु की रक्षा कर, मेरे प्राण का पालन कर, मेरे अपान की रक्षा कर, मेरे व्यान की रक्षा कर, मेरी आँखों का पालन कर, मेरे कानों का पालन कर मेरी वाणी को तृप्त कर, मेरे मन को प्रसन्न कर, मेरे आत्मा या देह की रक्षा कर (मे) मुझे ज्ञान ज्योति प्रदान कर।'[3]

यजुर्वेद में प्राण को सब इन्द्रियों के साथ महत्वपूर्ण रूप से स्वीकार किया गया है। मन्त्र कहता है–'शयन के बाद मेरा मन मुझे पुनः प्राप्त होता है और 'प्राण' मुझे पुनः प्राप्त होता है। चक्षु मुझे फिर प्राप्त होता है। मुझे श्रोत्र कान पुनः प्राप्त होता है। समस्त

---

1. अयं पुरो भुवस्तस्य प्राणो भौवायनो वसन्तः प्राणायनो गायत्री वासन्ती गायत्र्यै गायत्रं गायत्राद्वपाः शुरूपाऽशोस्त्रिवृत् त्रिवृतो रथन्तरं वसिष्ठऽऋषिः। प्रजापतिग्रहीतया त्वया प्राणां ग्रहामि प्रजाभ्यः। वही, 13/54
2. प्राणं मे पाह्यमानं मे पाहि व्यानं मे पाहि चक्षुर्मऽउर्व्या बिभाहिश्रोत्रं मे श्लोकय। अपः पिन्वाषधीर्जिन्व द्विपादव चतुष्पात् पाहि दिवो वृष्टिमेरय।। यजुर्वेद, 14/8
3. आयुर्मे पाहि प्राणं मे पाह्यपानं मे पाहि व्यानं मे पाहि चक्षुर्मे पाहि श्रोत्रं मे पाहि वाचं मे पिन्व मनो मे जिन्वात्मानं मे पाहि ज्योतिर्मे यच्छ। वही, 14/7

नर देहों में प्राणों के नेतारूप से विद्यमान जीवात्मा अविनाशी शरीर का स्वामी अग्रणी राजा के समान है।'[1]

यजुर्वेद में प्राणों को शुद्ध करने का मन्त्र भी प्राप्त है–'जिस प्रकार स्त्री स्वयंवर के अवसर पर पति को कहती है और इसी प्रकार गुरुजन अपने शिष्यों को भी कहते हैं। मैं तेरी वाणी को शुद्ध करती हूँ। मैं तेरे 'प्राण' को शुद्ध करती हूँ।'[2]

शक्तिशाली प्राण–प्राण के शक्तिशाली बनाने का निर्देश दिया गया है–'हे मनुष्य! तेरा मन शक्तिशाली हो, तेरी वाणी, प्राण, चक्षु, कान ये समस्त इन्द्रियाँ शक्तिमान् हों।'[3]

अन्नमय प्राण–यजुर्वेद में अन्न से प्राण को पुष्ट करने के विषय में कहा गया है–'परस्पर के आदान-प्रतिदान तथा प्रजापति रूप यज्ञ से सब प्रजाओं का दीर्घ जीवन स्वस्थ बना रहे, एक-दूसरे के अन्न आदि दान से 'प्राण' पुष्ट हों।'[4]

यजुर्वेद में श्री पं० जयदेव शर्मा के अनुसार प्राण और व्यान को इस प्रकार कहा गया है–अब राजा अपने अधीन नियुक्त पुरुषों को अपने राष्ट्ररूप शरीर के अंगमान कर इस प्रकार कहता है। जिस प्रकार शरीर में मुख्य 'प्राण' है। वह आत्मा से उतरकर है। उसी प्रकार आत्मा के समान राजा के समीप का पद 'उपांशु' कहा है। 'हे उपांशों! उपराज हे सभाध्यक्ष! तू तेज का देने वाला है। तू मेरे शरीर में प्राण के समान राष्ट्र में मुख्य कार्य के लिए उद्योग कर हे मुझे बल देने वाले शरीर में व्यान के समान मेरे राष्ट्र-व्यापक प्रबंध के तेज की वृद्धि के लिए उद्योग कर, हे बल के अधिकारी पुरुष! शरीर में 'उदान' वायु के समान आक्रमणकारी बल की वृद्धि के लिए तू उद्योग कर।'[5]

पं० जयदेव शर्मा के अनुसार प्राण, अपान को इस प्रकार कहा है। समस्त संसार की प्राण रक्षा के लिए दु:ख निवारण के लिए विविध व्यवहारों के लिए उत्तम बल प्राप्ति के लिए प्रतिष्ठा और सच्चरित्रता की रक्षा के लिए तेरी राजा और पति भी बड़ी सुख सामग्री

---

1. पुनर्मन: पुनरायुर्मऽआगन् पुन: प्राण: पुरात्मा मऽआगन् पुनश्चक्षु: पुन: श्रोत्रम्भऽआगन्। वैश्वानरोऽअद-ब्धस्तूपाऽअग्नि: पातु दुरितादवद्यात्।। वही, 4/15
2. वाचं ते शुन्धानि प्राणं ते शुन्धामि। वही, 6/14
3. मनस्तऽआप्यायतां वाक्तऽआप्यायतां प्राणास्तऽआप्यायताञ्चक्षुस्तऽआप्यायताꣳ श्रोत्रं तऽआप्यायताम्। वही, 6/15
4. आयुर्यज्ञेन कल्पतां प्राणो यज्ञेन कल्पतां। यजुर्वेद, 9/21
5. प्राणाय मे वर्चोदा वर्चसे पवस्व व्यानाय मे वर्चोदा वर्चसे पवसवो दानाय मे वर्चोदा वर्चसे पवस्व। वही, 7/27

से और अति शान्तिदायक कल्याणकारिणी गृहादि समृद्धि से रक्षा करें, पालन करें, तू भी उस देवस्वरूप पति या राजा के संग अग्नि के समान तेजस्विनी होकर दृढ़ता से विराजमान हो।[1]

यजुर्वेद में स्वामी दयानन्द सरस्वती के अनुसार प्राण, अपान और व्यान को इस प्रकार कहा गया है–'हे स्त्री! जो विज्ञानयुक्त तेरा पति बड़ी सुख प्राप्त कराने हारी क्रिया और प्रकाशयुक्त अत्यन्त सुखदायक कर्म के साथ सम्पूर्ण जीवन के हेतु प्राणदुःखों की निवृत्ति अनेक प्रकार के उत्तम व्यवहारों की सिद्धी उत्तम बल सत्कार और धर्म का आचरण करने के लिए जिस तेरी सन्मुख होकर रक्षा करे सो तू उस दिव्यस्वरूप पति के साथ जैसे कार्य कारण का सम्बन्ध है। वैसे निश्चल हो के प्रतिष्ठायुक्त हो।'[2]

हे स्त्री! जैसे यह प्रथम होनेवाला अग्नि है। उसका सिद्ध कारण से रचा हुआ जीवन का हेतु प्राण प्राणों की रचना हेतु सुगन्धि आदि में बसाने हारा वसन्त ऋतु का जिसमें व्याख्यान हो वह गाते हुए का रक्षक गायत्री यंत्रार्थ ईश्वर गायत्री मन्त्र का गायत्री छन्द गायत्री से समीप से ग्रहण किया जाय उस जप से कर्म उपासना और ज्ञान के सहित वर्तमान फल उस तीन प्रकार के फल से रमणीय पदार्थों से तारने हारा सुख और अतिशय करके निवास का हेतु सुख प्राप्त कराने हारा विद्वान् अपने सन्तानों के रक्षक पति को ग्रहण करने वाली तेरे साथ सन्तानोत्पत्ति के लिए जलयुक्त जीवन का ग्रहण करते हैं। वैसे तेरे साथ मैं सन्तान होने के लिए बल का ग्रहण करता हूँ।[3]

हे पते वा स्त्रि! तू बहुत प्रकार की उत्तम क्रिया से मेरे नाभि से ऊपर को चलनेवाले प्राणवायु की रक्षा कर मेरे नाभि के नीचे गुह्येन्द्रिय मार्ग से निकलने वाले अपान वायु की रक्षा कर, मेरे विविध प्रकार की शरीर की संधियों में रहने वाले व्यान वायु की रक्षा कर, मेरे नेत्रों को प्रकाशित कर मेरे कानों को शास्त्रों के श्रवण को प्राप्त हो, मनुष्यादि दो पगवाले प्राणियों की रक्षा कर, चार पग वाले गौ आदि की रक्षा कर और जैसे सूर्य अपने प्रकाश से वर्षा करता है वैसे घर के कार्यों को अच्छे प्रकार प्राप्त कर।[4]

हे स्त्री वा पुरुष! तू शरद् ऋतु में मेरी अवस्था की रक्षा कर, मेरे प्राण की रक्षा

---

1. विश्वस्मै प्राणायापानाय व्यानायोदानाय प्रतिष्ठायै चरित्राय। अग्निष्ट्वाभिपातु मह्या स्वस्त्या छर्दिषा शन्तमेन तथा देवतायाऽङ्गिरस्वद् ध्रुवा सीद। वही, 13/19
2. वही, 13/19
3. वही, 13/54
4. वही, 14/8

कर, मेरे अपान वायु की रक्षा कर, मेरे व्यान की रक्षा कर, मेरे नेत्रों की रक्षा कर, मेरे कानों की रक्षा कर, मेरी वाणी को अच्छी शिक्षा युक्त कर, मेरे मन को तृप्त कर, मेरे चेतन आत्मा की रक्षा कर और मेरे लिए विज्ञान का दान कर।[1]

जिसके सम्बन्ध वा कृपा से मुझ को जो विज्ञान साधक मन उमर फिर प्राप्त होता है। मुझ को शरीर का आधार प्राण फिर प्राप्त होता है। सब में व्यापक सब के भीतर की सब बातों को जानने वाले परमात्मा का विज्ञान प्राप्त होता मुझको देखने के लिए नेत्र फिर प्राप्त होते और शब्द को ग्रहण करने वाले कान प्राप्त होते हैं। वह हिंसा करने अयोग्य शरीर वा आत्मा की रक्षा करने और शरीर को प्राप्त होनेवाला अग्नि वा विश्व को प्राप्त होनेवाला परमेश्वर हम लोगों को निन्दित पाप से उत्पन्न हुए दुःख वा दुष्ट कर्मों से पालन करता है।[2]

हे शिष्य! मेरी शिक्षा से तेरा मन पर्याप्त गुणयुक्त हो तेरा प्राण बलादि गुणयुक्त हो तेरी दृष्टि निर्मल हो तेरे कर्ण सद्गुण व्याप्त हों तेरा जो दुष्ट व्यवहार है वह दूर हो और जो तेरा निश्चय है वह पूरा हो। इस प्रकार से तेरा समस्त व्यवहार शुद्ध हो और प्रतिदिन तेरे लिए सुख हो। हे प्रवर अध्यापक! आप इस शिष्य की रक्षा कीजिए और व्यर्थ ताड़ना मत कीजिए। हे पशस्ताध्यापिके! तू इस कुमारिका शिष्या की रक्षा कर और इसको अयोग्य ताड़ना मत दे।[3]

हे मनुष्यो! तुम्हारी अवस्था ईश्वर की आज्ञा पालन से निरन्तर समर्थ होवे, जीवन का हेतु बलकारी प्राण धर्मयुक्त विद्याभ्यास से समर्थ होवे, नेत्र प्रत्यक्ष विषय के शिष्टाचार से समर्थ हो, कान संवाद से समर्थ हो और पूछना संवाद से समर्थ हो। यज् धातु का अर्थ ब्रह्मचर्यादि के आचरण से समर्थित हो जैसे हम लोग सब के पालने हारे ईश्वर के समान धर्मात्मा राजा के पालने योग्य सन्तानों के सदृश होवें तथा विद्वान् हुए जीवन-मरण से छटे मोक्ष-सुख को अच्छे प्रकार प्राप्त होवें।[4]

हे यथायोग्य विद्या पढ़ने पढ़ाने रूप यज्ञकर्म करनेवाले! आप मेरे हृदयस्थ जीवन के हेतु प्राणवायु और वेदविद्या के प्रकाश के लिए पवित्रता से वर्त्ते हे ज्ञानदीक्षित के देने वाले! जाठराग्नि के समान आप मेरे सब शरीर में रहने वाले पवन और अन्न आदि पदार्थों के

---

1. यजुर्वेद, 14/17
2. वही, 4/15
3. वही, 6/15
4. वही, 9/21

लिए पवित्रता से प्राप्त होवें। हे विद्याबल देने वाले! आप श्वास से ऊपर को आनेवाले उदान-संज्ञक पवन और पराक्रम के लिए ज्ञान दीजिए। हे सत्य बोलने का उपदेश करने वाले! आप मेरी वाणी और प्रगल्भता के लिए प्रवृत्त होयिये, विज्ञान देने वाले आप मेरे बुद्धि और आत्मबल की उन्नति और अच्छे बोध के लिए शिक्षा कीजिए। हे शब्दज्ञान के देने वाले यज्ञपति! आप मेरे शब्द ग्रहण करने वाले कर्णेन्द्रिय के लिए शब्दों के अर्थ और सम्बन्ध का उपदेश करें। हे सूर्य और चन्द्रमा के समान अतिथि और पढ़ाने वाले आप दोनों मेरे नेत्रों के लिए शुद्ध सिद्धान्त के प्रकाश को प्राप्त हो।[1]

मेरा हृदय जीवनमूल और कण्ठ देश में रहने वाला पवन मेरा नाभि से नीचे को जाने और नाभि में ठहरने वाला पवन मेरे शरीर की सन्धियों में व्याप्त और धनञ्जय जोकि शरीर के रुधिर आदि को बढ़ाता है। वह पवन मेरा नाग आदि प्राण का भेद तथा अन्य पवन मेरी स्मृति अर्थात् सुधि रहनी और बुद्धि मेरा अच्छे प्रकार किया हुआ निश्चित ज्ञान और रक्षा किया हुआ विषय मेरी वाणी और सुनना मेरी संकल्प विकल्प रूप अन्तःकरण की वृत्ति अहङ्कारवृत्ति मेरा जिससे कि मैं देखता हूँ वह नेत्र और प्रत्यक्ष प्रमाण मेरा जिससे कि मैं सुनता हूँ वह कान और प्रत्येक विषय पर वेद का प्रमाण मेरी चतुराई और तत्काल भान होना तथा मेरा बल और पराक्रम ये सब धर्म के अनुष्ठान से समर्थ हैं।[2]

जिन मनुष्यों ने जो पवन भीतर से बाहर निकलता है उसके लिए योगविद्यायुक्त क्रिया जो बाहर से भीतर को जाता है। उस पवन के लिए वैद्यक विद्यायुक्त क्रिया जो विविध प्रकार के अंगों में व्याप्त होता है। उस पवन के लिए वैद्यक विद्यायुक्त वाणी जिससे प्राणी देखता है उस नेत्र इन्द्रिय के लिए प्रत्यक्षप्रमाणयुक्त वाणी, जिससे सुनता है उस कर्णेन्द्रिय के लिए शास्त्रज्ञ विद्वान् के उपदेशयुक्त वाणी जिससे बोलता है उस वाणी के लिए सत्यभाषण आदि व्यवहारों से युक्त बोलचाल तथा विचार का निमित्त संकल्प और विकल्पवान् मन के लिए विचार से भरी हुई वाणी प्रयोग की जाती अर्थात् भलीभाँति उच्चारण की जाती है, वे विद्वान् होते हैं।[3]

हे माता दादी वा परदादी कोई घोड़े के समान शीघ्रगामी जन जिस सुखग्राही मनुष्य को बसाने वाली उत्तम कल्याण करने हारी लक्ष्मी को ग्रहण कर सोता है, वह मुझे नहीं अपने वश में लाती। इससे मैं प्राण के पोषण के लिए सत्य-वाणी दुःख के हटाने के लिए

---

1. यजुर्वेद, 7/27
2. वही, 18/2
3. वही, 22/23

सुशिक्षित वाणी और सब शरीर में व्याप्त होने वाले अपने आत्मा के लिए सत्य वाणी को युक्त करता हूँ।[1]

जो विषयों अर्थात् शब्दादि को प्राप्त कराने वाले पाँच ज्ञानेन्द्रिय मन और बुद्धि ये सात ऋषि इस शरीर में प्रतीति के साथ स्थिर हुए हैं। वे ही सात जैसे प्रमाद अर्थात् भूल न हो वैसे ठहरने के आधार शरीर को रक्षा करते वे सात जीवात्मा को प्राप्त होते हैं। उस लोक प्राप्ति समय में जिनको स्वप्न कभी नहीं होता जीवात्माओं की रक्षा करने वाले और स्थिर उत्तम गुणों वाले प्राण और अपान जागते हैं।[2]

---

1. वही, 23/18
2. वही, 34/55

(ग) सामवेद में प्राणतत्त्व

चारों वेदों में 'सामवेद' का अपना विशेष महत्त्व है। 'साम' के ज्ञान के विना वेदों का ज्ञान अधूरा रहता है।

चारों वेदों में चार प्रकार की विषयवस्तु का प्रतिपादन किया गया है–ज्ञान, कर्म, उपासना और विज्ञान। 'ऋग्वेद' ज्ञान का यजुर्वेद कर्म का, 'सामवेद' उपासना का और 'अथर्ववेद' विज्ञान का।

'सामवेद' का संकलन यज्ञों में मन्त्रों का गान करने के लिए किया गया था। अर्थात् सामवेद मुख्य रूप से परमेश्वर की उपासना का प्रतिपादन करने वाला ग्रन्थ है या तृतीय वेद है।

साम का अर्थ

'साम' का अर्थ है सुन्दर, सुखद वचन। संगीत को सबसे अधिक सुखकर और आनन्ददायक समझा जाता है। अत: 'साम' का अर्थ भी संगीत या गान ही समझना चाहिए।

'सा' और 'अम्' को मिलाकर साम् रूप निष्पन्न होता है। 'सा' का अर्थ है ऋचा और 'अम्' का अर्थ 'स्वर' है। 'सा' के साथ 'अम्' के सम्बद्ध होने पर 'साम्' रूप बनता है।

सामवेद के भाग

सामवेद दो भागों में विभक्त है–पूर्वार्चिक और उत्तरार्चिक। पूर्वार्चिक चार काण्डों में विभक्त है–

1. आग्नेयकाण्ड
2. ऐन्द्रकाण्ड
3. पावमानकाण्ड और आरण्यकाण्ड।

उत्तरार्चिक 9 प्रपाठकों में विभक्त है। ये प्रपाठक अध्यायों और अर्धकों में विभक्त हैं।

सामवेद 'साम' का वेद है इसलिए इसमें अधिकतर 'साम' के विषय में ही बतलाया गया है। 'प्राणतत्त्व' के विषय में तो एक-दो ही स्थानों पर बतलाया गया है।

सामवेद के पूर्वार्चिक में प्राण को पूर्ण करने वाला भी कहा गया है, कहा है कि– ज्ञानों की वर्षा करने वाला, अत्यन्त ज्ञानी परमेश्वर, रात्रि, दिन और उषा का प्रकाशक, नदियों को वृष्टि द्वारा, पूरा करना अथवा नदियों को प्राण देने वाला परमेश्वर घट-घट में व्यापक हो रहा है। वह जीव के हृदय में प्रकट होता है और स्तुतियों द्वारा उपदेश करता है।[1]

1. वृषा मतीनां पवते विचक्षण: सोमो अहनां प्रतरीतोषसांदिव:। प्राणा सिन्धूनां कलशां अचिक्रददिन्द्रस्य हार्द्याविशन्मनीषिभि।। सामवेद, पूर्वार्चिक, 9/6

एक अन्य प्राण में प्राणों को प्राणाधार बतलाते हुए कहा है कि भूमिस्थों का प्राणाधार तथा प्रशंसनीय परमेश्वर सत्य-ज्ञान की दीप्ति को प्रेरित करता हुआ समस्त उत्तम पदार्थों में व्यापक हो रहा है और वह कार्य तथा कारण रूप दोनों प्रकार के संसार में व्यापक है।[1]

सामवेद में प्राण और अपान

प्राण और अपान आदि क्रियाओं का संचालन करता हुआ इस परमात्मा का प्रकाश विश्व में व्यापक हो रहा है। महान परमेश्वर सूर्य आदि प्रकाशक पदार्थों को प्रकाशित भी करता है।[2]

प्राणों को जीवन का संचार करनेवाला या सब में जीवन फूँकनेवाला तथा वेद वाणियों का पुत्रस्वरूप विद्वान् पुरुष परमेश्वर के विधान को जानता हुआ सारी प्रियचित्त को विचलित करने वाली वस्तुओं का ज्ञान और वैराग्य से तिरस्कार करता है।[3]

प्रस्तुत मन्त्र पूर्वार्चिक में भी आ चुका है, वहाँ प्राण का अर्थ पूर्ण करने वाला और यहाँ इसका अर्थ जीवन देने वाला बताते हुए कहा है–'इन्द्रियों में शक्ति देनेवाला, ज्ञान आदि का दृष्टानाड़ियों में जीवन देनेवाला जीवात्मा मन की सारी शक्तियों के साथ हृदय में प्रविष्ट होता हुआ संसार को पवित्र करता है और परमेश्वर की दी हुई 64 कलाओं का उपदेश करता है।[4]

सामवेद के इन सभी मन्त्रों में आया प्राण शब्द अपने सर्वप्रसिद्ध अर्थ जीवन संचार (श्वास) से ही जुड़ा प्रतीत होता है। इस प्राण-तत्त्व के दो भेदों का कौथुम शाखा में दो स्थानों पर उल्लेख मात्र है।

सामवेद में प्राण का अधिक वर्णन प्राप्त नहीं होता है, इसलिए जो सामग्री उपलब्ध हो सकी वह सब आपके समक्ष उपस्थित है।

---

1. प्राणा शिशुर्महीनां हिन्वन्नृतस्य दीधितिम्। विश्वा परि प्रिया भुवदध द्विता।। वही, 10/5
2. अन्तश्चरति रोचनास्य प्राणादपानती। व्यख्यमहिषो दिवम्।। सामवेद, पूर्वार्चिक, 5/5
3. वही, उत्तरार्चिक, 6-3-1
4. वही, 3-5-1

(घ) अथर्ववेद में प्राणतत्त्व

प्रसिद्ध चारों वेदों में चौथा वेद 'अथर्ववेद' है। अथर्ववेद के मन्त्रों को 20 काण्डों में संघटित किया गया है, ये काण्ड सूक्तों में विभक्त हैं, और सूक्तों में मन्त्र हैं। काण्डों का विभाजन प्रपाठकों में भी हुआ है, जैसे 20 काण्डों में 48 प्रपाठक हैं। 'अथर्ववेद' के लगभग (1200) मन्त्र 'ऋग्वेद' से लिए गये हैं।

अथर्ववेद 'प्राणतत्त्व' की दृष्टि से बड़ा ही महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ है क्योंकि वेदों में सबसे अधिक यदि 'प्राणतत्त्व' का वर्णन है तो वह अथर्ववेद में ही है। बल्कि प्राणतत्त्व से सम्बन्धित एक सम्पूर्ण सूक्त भी अथर्ववेद में प्रसिद्ध है।

अथर्ववेद में प्राणतत्त्व को बड़े सुन्दर ढंग से समझाया गया है।

प्राणशक्ति–

अथर्ववेद में सूर्य किरणों के बारे में बताया गया है कि दिन में यह शरसूर्यकिरणों से अपने में प्राण-शक्ति लेता है और इस प्रकार हमें शतवर्षपर्यन्त शक्तिशाली बनाता है क्योंकि यह शर प्राणशक्ति का संचार करनेवाला है। यह जो शर है उसका प्रयोग शरीर को निरोग बनाता है।[1]

वसु और ज्योति की प्राप्ति–

अथर्ववेद के प्रथम काण्ड के नौंवे सूक्त में वसु और ज्योति की प्राप्ति प्राणों के द्वारा बतायी गयी है। जैसे-इस डाँवाडोल न होनेवाले व्यक्ति में प्राणशक्ति को धारण करें, वह स्वस्थ शरीरवाला और प्राणशक्ति-सम्पन्न होकर ही तो यज्ञादि उत्तम कर्मों में प्रवृत्त हो सकेगा। इस प्राणशक्तिसम्पन्न पुरुष को इन्द्र, पोषण की देवता, द्वेष-देवता, स्नेह की देवता, अग्रगति की देवता और सब दिव्य भावनाएँ भी सर्वोत्कृष्ट ज्योति में, अर्थात् परमात्मा में धारण करें। ये जितेन्द्रियता (इन्द्र), शक्ति का पोषण (पूषा), वरुण-निर्द्वेषता, स्नेह (मित्र), अग्रगति (अग्नि), गुणों का आदान (आदित्य) व दिव्य भावनाएँ प्रभु-प्राप्ति के साधन हैं।

प्राणशक्ति-सम्पन्न शरीर में जितेन्द्रियता आदि को धारण करके हम प्रभु को प्राप्त कर सकते हैं।[2]

---

1. विद्याशरस्य पितरं वरुणं शतवृष्ण्यम्।
   तेना ते तन्वे3शं करं पृथिव्यांतेनिषेचनं बहिष्टे अस्तुबालिति। अथर्ववेद, 1-3-1
2. अस्मिन्वसु वसवो धारयन्तिन्द्रः पूषा वरुणो मित्रो अग्निः।
   इममादित्या उत विश्वे च देवा उत्तरस्मिन् ज्योतिषि धारयन्तु।। वही, 1-9-1

उत्तम 'नाकलोक' का अधिरोहण–

इस मन्त्र के अनुसार प्राणशक्ति व प्रभु की ज्योति को प्राप्त करके हम लोकहित के लिए ज्ञान का प्रसार करें। उस ज्ञान से लोगों के मस्तिष्क, शरीर व हृदय को हम सुन्दर बनाने का प्रयत्न करें। लोक काम, क्रोध, लोभ को जीतने की भावना से भरे हों। इस लोकहित के द्वारा हम स्वर्ग के अधिकारी बने हैं।[1]

प्राणों से श्रेष्ठ पद की प्राप्ति–

सर्वज्ञ प्रभो जिस सर्वोत्कृष्ट ज्ञान से जितेन्द्रिय पुरुष के लिए आप्यायनों को, शक्तियों के वर्धन को आप भरते हैं। प्राणों को अपने वश में करके एवं प्राणमयकोश में वीर्य भरकर पुरुष को उन्नत करके, ज्ञान से ही सारा आप्यायन होता है एवं श्रेष्ठ पद की प्राप्ति होती है।[2]

प्राणसाधना एवं मरुतों की कल्याणकारिता–

अथर्ववेद के प्रथम काण्ड के 26वें सूक्त में प्राणों के बारे में बताया गया है कि प्राण हमें उच्च स्थान से न गिरने देनेवाला है। प्राणसाधना हमें सदैव उच्चस्थिति में रखती है। इससे हममें दैवीभावों की वृद्धि होती है। प्राणसाधना से मनुष्य का स्वास्थ्य ऐसा उत्तम बनता है कि उसकी त्वचा सूर्य की भाँति चमकने लगती है। प्राणसाधना हमें सूर्यमण्डल का भेदन करके ब्रह्मलोक में ले-जानेवाली होती है। ये प्राण हमारे शरीरों को निरोग, मनों को निर्मल तथा मस्तिष्क को दीप्त बनाकर विस्तृत सुखों को देनेवाले होते हैं।[3]

प्राणसाधना से अपना व सन्तानों का स्वास्थ्य–

प्राणसाधना से हम नैर्मल्य को सिद्ध करके हम अपने व सन्तानों के स्वास्थ्य को प्राप्त करनेवाले हों। देव बनकर, हम आधिदैविक आपत्तियों से बचें। यह प्राणसाधना हमें चित्तवृत्ति-निरोध के द्वारा 'अथर्वा' बनाती है। 'अथ अर्वाङ्' हम अन्तर्मुखी वृत्तिवाले बनते हैं, साथ ही हममें वीरता का संचार होता है।[4]

---

1. अस्य देवाः प्रदिशि ज्योतिरस्तु सूर्यो अग्निरुत वा हिरण्यम्।
   सपत्ना अस्मदधेर भवन्तूत्तमं नाकमधि रोहयेयम्।। वही, 1-9-2
2. येनेन्द्राय समभरः पयांस्युत्तमेन ब्रह्मणा जातवेदः।
   तेन त्वमग्र इह वर्धयेमं सजाजानां श्रैष्ठय आ धेह्योनम्।। अथर्व०, 1-9-3
3. यूयं नः प्रवतो नपान्मरुतः सूर्यत्वचसः। शर्म यच्छाथ सप्रथाः।। वही, 1-26-3
4. सुषूदत मृज्य मृडया नस्तनूभ्यो भयस्तोकेभ्यस्कृधि।। वही, 1-26-4

दीर्घ जीवन के लिए चार महत्त्वपूर्ण बातें–

दीर्घ जीवन के लिए आवश्यक है कि (1) महाभूत शरीर में ठीक प्रकार से अनुपात में हों, (2) माता-पिता, आचार्य आदि का सम्पर्क ठीक रहे, (3) शरीर में इन्द्रियाँ 'हुतभाग' देव कहलाती हैं। ये शरीर में आहुत किये गये भोजन का सेवन करती हैं। इससे ही इनका पोषण होता है। प्राण 'आहुताद्' कहलाते हैं। ये बिना थके निरन्तर कार्य करते चलते हैं तथा (4) अन्तःकरण पच्चक की प्रेरणा ठीक चले।[1]

सबका प्राण

देखने में तो ऐसा ही लगता है कि पृथिवी इन सब वनस्पतियों को जन्म देती है और द्युलोक से होनेवाली वृष्टि उन वनस्पतियों के उगने का कारण बनती है। पृथिवी इन वनस्पतियों की माता है और वो द्युलोक में इस शक्ति को कौन रखता है तो विचारशील पुरुष इस परिणाम पर पहुँचते हैं कि इनमें शक्ति-स्थापन करनेवाला कोई और है-वही 'ब्रह्म' है। वही प्राणों का प्राण है। ब्रह्म ही द्युलोक को उग्र और पृथिवी को दृढ़ बनाता है। प्रभु से शक्ति प्राप्त करके ही ये द्यावापृथिवी इन वीरूधों को प्राणित करनेवाले होते हैं, अतः वस्तुतः प्राणित करनेवाला तो प्रभु ही है। ये सब वनस्पतियाँ प्राणित होकर प्रभु की ही महिमा को प्रकट कर रही हैं।[2]

निर्भय प्राण–

अथर्ववेद के दूसरे काण्ड के 15वें सूक्त के प्रथम मन्त्र में प्राण को निर्भय बताया गया है। कहा है जैसे **द्युलोक और पृथिवी लोक** भयभीत नहीं होते हैं अतएव हिंसित नहीं होते उसी प्रकार हे मेरे प्राण! तू भी मत डर। द्युलोक वृष्टि के द्वारा पृथिवी का पोषण करता है और पृथिवी यज्ञों द्वारा पार्थिव पदार्थों को द्युलोक में भेजती है। ये दोनों लोक इसी प्रकार परस्पर सम्बद्ध हैं, जैसे शरीर में 'मस्तिष्क और शरीर'। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ शरीर मस्तिष्क का निवास होता है और मस्तिष्क का स्वास्थ्य शरीर को स्वस्थ बनाता है। जैसे एक घर में बच्चों के माता-पिता का परस्पर सम्बन्ध है, उसी प्रकार द्युलोक 'पिता' और पृथिवी 'माता'। मस्तिष्क व शरीर के समन्वय से शरीर स्वस्थ बनता है। माता-पिता

---

1. येषां प्रयाजा उत तानुयाजा हुतभागा आहुतादश्च देवाः।
   येषां वः पञ्च प्रदिशो विभक्तास्तान्वो अस्मै सत्रसदः कृणोमि।। वही, 1-30-4
2. इदं जनसो विदथ महद् ब्रह्मा वदिष्यति।
   न तत्पृथिव्यां नो दिवि येन प्राणन्ति वीरूधः।। अथर्व०, 1-32-1

के समन्वय में सन्तान सुन्दर बनती है। उसी प्रकार मिले हुए द्युलोक व पृथिवी लोक हिंसित नहीं होते। जिस प्रकार मिले हुए द्युलोक व पृथिवी लोक भयरहित व अहिंसित हैं, इसी प्रकार मेरा प्राण भी अहिंसित व निर्भय हो। भय में ही हिंसा है। भय शरीर को विध्वस्त करता हुआ मस्तिष्क को समाप्त कर देता है।[1]

अथर्ववेद के ही एक अन्य मन्त्र में प्राण को **दिन और रात** के समान निर्भय बतलाया गया है। कहा है–जैसे दिन और रात नहीं डरते वैसे ही तू भी हे प्राण! मत डर। दिन और रात्रि परस्पर सम्बद्ध हैं। दिन का सूर्य अस्त होता हुआ रात्रि के समय अपने प्रकाश को अग्नि में रख देता है और दिन का प्रारम्भ होने पर पुनः सूर्य को लौटा देती है। इस प्रकार परस्पर सम्बद्ध ये दिन और रात निर्भय व अहिंसित हैं। दिन में जितना अधिक परिश्रम किया जाये रात्रि उतनी ही रमयित्री हो जाती है। रात्रि में नींद ठीक आ जाए तो दिन में मनुष्य जागृति के साथ कार्य करता है। इस प्रकार परस्पर सम्बद्ध ये दिन और रात निर्भय व अहिंसित हैं, हमारा प्राण भी इसी प्रकार निर्भय व अहिंसित हो। हम दिन व रात्रि के सम्बन्ध का ध्यान करते हुए अपने प्राण को दिन व रात्रि की सन्धिवेला में वशीभूत करने का प्रयत्न करें। ऐसा करने से ये प्राण निर्भय और अहिंसित होगा।[2]

इसी प्रकार इसी सूक्त के तृतीय मन्त्र में प्राण को **सूर्य और चन्द्र** के समान भी निर्भय व अहिंसित कहा गया है। कहा है–सूर्य और चन्द्र अपने मार्ग पर चलते हुए कभी भयभीत नहीं होते, इसी प्रकार–हे मेरे प्राण! तू भी भयभीत मत हो। सूर्य और चन्द्र भी रात और दिन के समान सम्बद्ध होकर चलते हैं। नासिका का बायाँ स्वर 'चन्द्रस्वर' कहलाता है और दायाँ स्वर 'सूर्यस्वर'। जिस प्रकार इनका परस्पर सम्बन्ध है, उसी प्रकार सूर्य और चन्द्र का सम्बन्ध है। सूर्य की एक किरण ही चन्द्र को प्रकाशित करती है। सूर्य औषधियों का परिपाक करता है और चन्द्र उनमें रस का संचार करता है। सूर्य सब औषधियों में अग्नितत्त्व की स्थापना करता है और चन्द्रमा सोमतत्त्व की। इस प्रकार सूर्य और चन्द्र मिलकर पूर्णता पैदा करते हैं। मेरा प्राण भी सूर्य व चन्द्रतत्त्वों को अपने में बढ़ाते हुए निर्भय व अहिंसित हों। केवल सूर्य जगत् को झुलसा देगा, केवल चन्द्र जमा देगा। दोनों का समन्वय

---

1. यथा द्यौश्च पृथिवी च न विभीतो न रिष्यतः।
   एवा मे प्राण मा विभेः।। वही, 2-15-1
2. यथाहश्च रात्री च न विभीतो न रिष्यतः।
   एवा मे प्राण मा विभे :।। अथर्व०, 2-15-2

संसार की ठीक गति का कारण है। इसी प्रकार मेरा जीवन भी इन दोनों तत्त्वों के मेलवाला हो।[1]

15वें सूक्त के चतुर्थ मन्त्र में प्राण की तुलना ज्ञान और बल से की गयी है। जैसे ज्ञान और बल मिलकर भयभीत नहीं होते हैं और हिंसित नहीं होते। उसी प्रकार–हे मेरे प्राण! तू भी भयभीत मत हो। एक राष्ट्र में ब्राह्मणों व क्षत्रियों का समन्वय आवश्यक है। केवल ब्राह्मणों वाला राष्ट्र सुरक्षित नहीं होता। केवल क्षत्रियों वाला राज्य कभी उन्नत नहीं होता। आपस में झगड़ों से ही वह समाप्त हो जाता है। शरीर में ज्ञान और बल दोनों की ही आवश्यकता होती है। निर्भयता व अहिंस्यता के लिए ब्राह्मणत्व व क्षत्रियत्व का मेल आवश्यक है। क्षत्र व बल द्वारा हम कर्म करते हैं तो ब्रह्म व ज्ञान उन कर्मों को पवित्र कर देता है।[2]

अगले मन्त्र में प्राण को कृषि के समान निर्भय और अहिंसित बतलाया गया है। ये सत्य और कृषि भयभीत नहीं होते न हिंसित होते हैं। कृषि में श्रम है और प्रकृति के साथ सम्पर्क है। इसमें यथासम्भव सत्यपूर्वक ही आजीविका चलती है। मन में सत्य है तो हाथों में कृषि है। सत्य का पालन करनेवाला कृषि द्वारा ही जीविका प्राप्त करने का ध्यान करता है। इसमें वह दूसरों की हानि न करके जीवन-यात्रा चलाता है। निर्भय जीवन (प्राण) के लिए मन में सत्य और हाथों में श्रम हो।[3]

छठे मन्त्र में प्राण को भूत और भव्य के समान कहा गया है। कहा है जैसे हम भूत से भविष्यत् का निर्माण करने वाले बने। भूत से शिक्षा लेकर वर्तमान में सन्मार्ग का आक्रमण करते हुए भविष्य को उज्ज्वल बनाएँ।[4]

दीर्घजीवन तथा दोषों को दूर करने वाले प्राण अपान

16वें सूक्त के प्रथम मन्त्र में दीर्घजीवन के लिए प्राण अपान का होना बतलाया गया है। हे प्राण और अपान! आप दोनों मुझे मृत्यु से बचाओ। 'अपान' दोषों को दूर करता

---

1. यथा सूर्यश्च चन्द्रश्च च विभीतो न रिष्यतः।
   एवा मे प्राण मा विभेः।। वही, 2-15-3
2. यथा ब्रह्म च क्षत्रं च न विभीतो न रिष्यतः।
   एवा मे प्राण मा विभेः।। वही, 2-15-4
3. यथा सत्यं चानृतं च न विभीतो न रिष्यतः।
   एवा मे प्राण मा विभेः।। अथर्व०, 2-15-2
4. यथा भूतं च भव्यं च न विभीतो न रिष्यतः।
   एवा मे प्राण मा विभेः।। वही, 2-15-6

है और प्राण शक्ति का संचार करता है। इस प्रकार हम प्राणापान की क्रिया से हम मृत्यु का शिकार नहीं होते। मैं सदा अपने को यही प्रेरणा दूँ कि प्राणापान की शक्ति के वर्धन से मैं मृत्यु को अपने से दूर रखूँगा।

प्राणापान की शक्ति के वर्धन से हम दीर्घजीवी बनें। ये प्राण और अपान हमें मृत्यु व रोगों से बचाते हैं।[1]

दीर्घ जीवन के लिए प्राणापान की अनुकूलता

अथर्ववेद के दूसरे काण्ड के 28वें सूक्त के तीसरे मन्त्र में प्रभू से ये प्रार्थना की गयी है कि हे प्रभो! प्राणापान की अनुकूलता तथा मित्रों, अमित्रों से अभय हमें दीर्घजीवी बनाएँ एवं इस पृथिवी पर जो उत्पन्न हो चुके हैं एवं जो उत्पन्न होंगे उस नवजात को न अपान छोड़े, न प्राण छोड़े। प्राणापान के ठीक होने पर वह दीर्घजीवी बने। न ही अमित्र वध करने वाले हों, नहीं मित्रों की अधिकता हो क्योंकि मित्रों की अधिकता भी हमारे अधिक समय का हरण कर लेती है और कई बार स्वस्थ रहने के लिए हम आवश्यक कार्यों को नहीं कर पाते।[2]

प्राणसाधना से देवयान मार्ग द्वारा स्वर्ग

प्रस्तुत मन्त्र के द्वारा प्राणसाधना से उत्तम स्वास्थ्य बतलाया गया है। प्रकृष्ट ज्ञान वाले अपना पालन और पूरण करने वाले लोग शरीर में सर्वत्र गति करते हुए प्राण को सब अङ्गों से निरुद्ध करें–इसे सब अंगों में विचरण करने से रोककर अपने में ही स्थापित करें। इस प्रकार प्राण निरोध के द्वारा ही हे जीव! तू प्रकाश को प्राप्त हो। प्राण निरोध से 'स्थूल', 'सूक्ष्म' और 'कारण'–सब शरीर ठीक हों। प्राणनिरोध से देवयान मार्गों से स्वर्ग को प्राप्त कर। प्राणनिरोध से सब वासनाओं का विनाश होता है और उत्तम प्रवृत्ति होकर मनुष्य स्वर्ग को प्राप्त करता है। हमारे तीन कर्त्तव्य हैं–(क) ज्ञान प्राप्त करें। (ख) अपना पालन व पूरण करें। (ग) प्राणसाधना द्वारा 6 प्राण को वश में करें। सदा ज्ञान-प्राप्ति में लगे रहने से हम प्रकाश को प्राप्त करेंगे। हमारा दृष्टिकोण सुलझा हुआ होगा और हम सन्तान, धन व यश में फँसेंगे नहीं। प्राणसाधना से हम चित्तवृत्ति का निरोध होने से देवयान मार्ग से चलेंगे और स्वस्थ शरीर व मस्तिष्क बनेंगे। दोनों में से एक के भी ठीक न रहने पर हम चिकित्सालय अथवा पागलखाने में होंगे। दोनों के स्वस्थ रहने पर ही हम घर पर स्वर्ग-सुख

---

1. प्राणापानौ मृत्योर्मा पातं स्वाहा।। वही, 2-16-1
2. त्वमीशिषे पशूनां पार्थिवानां ये जाता उत वा ये जनित्राः।
   मम प्राणो हासान्मो अपानो मेमं मित्रा वधिषुर्मो अमित्रा।। अथर्व०, 2-28-3

का आनन्द अनुभव करते हैं।[1]

सर्वरोगनाशक प्राण-अपान शक्ति–

अथर्ववेद के तृतीय काण्ड में प्राणापानों को दीर्घ-जीवन और सर्वरोगों को दूर करने वाली शक्ति कहा गया है। कहा है प्राण तथा अपानशक्ति शरीर में आधायक प्राण तथा दोषों को दूर करने वाली अपानशक्ति शरीर में इस प्रकार प्रविष्ट होकर स्थित हों, जैसे कि शकट का वहन करने वाले दो बैल अपने निवास-स्थान गोष्ठ में प्रवेश करते हैं एवं मृत्यु के कारणभूत ये विलक्षण रोग विशेषरूप से दूर चले जायें। स्वाभाविक मृत्यु से भिन्न जिन रोगों को सौ संख्यावाला कहते हैं, ये सौ के सौ रोग प्राणापान की शक्ति से दूर हो जायें।[2]

प्राण साधना से शतायु–

इसी काण्ड के अगले मन्त्र में पूर्ण सौ वर्ष के जीवन की प्रार्थना है–'हे प्राण व अपानशक्ते! आप दोनों यहाँ शरीर में ही रहो, यहाँ से तुम दोनों दूर मत जाओ। यहाँ रहते हुए आप दोनों इस शरीर के सब अंगों को पूर्ण जरावस्थापर्यन्त धारण करने वाले होओ एवं प्राण और अपान शरीर को पूर्ण सौ वर्ष तक शक्तिशाली बनाये रक्खें।[3]

अथर्ववेद के ही तीसरे काण्ड के 13वें सूक्त के 5वें मन्त्र में जल को प्राणों को बढ़ाने वाला कहा गया है। जैसे–ये जल स्तुत्य एवं कल्याणकारक हैं। अग्निकुण्ड में आहुतरूप डाला हुआ घृत भी जलरूप ही हो जाते हैं। ये जल निश्चय ही अग्नि व सोमतत्त्वों को धारण करते हैं और चन्द्रकिरणों के सम्पर्क से सोमतत्त्व को धारण करनेवाले होते हैं। मधुर रस से संपृक्त जलों का रस रोगकृमियों के लिए अतितीक्ष्ण है। यह पर्याप्त गमनवाला कभी क्षीण न होनेवाला है। यह रस प्राणशक्ति के साथ अथवा चक्षु आदि इन्द्रियों के साथ तथा वर्चस् के साथ मुझे प्राप्त हो एवं मुझे प्राण व वर्चस् प्राप्त कराए।[4]

---

1. प्रजानन्तः प्रति गृछन्तु पूर्वे प्राणमङ्गेभ्यः पर्याचरन्तम्।
   दिवं गच्छ प्रति तिष्ठा शरीरैः स्वर्गं याहि पथिभिर्देवयानैः।। वही, 2-34-5
2. प्र विशतं प्राणापानवनड़ाहाविव ब्रजम।
   व्यान्ये यन्तु मृत्यवो यानाहुरितरान् छतम्।। वही, 3-11-5
3. इहैव स्तं प्राणापानौ मापगातमितो युवम्।
   शरीरमस्याङ्गानि जरसे वहतं पुनः।। अथर्व०, 3-11-5
4. आपो भद्रा घृतमिदाप आसन्नग्रीषोमौ ब्रिभ्रत्याप इत्ताः।
   तीव्रो रसो मधुपृचामरंगम आ मा प्राणेन सह वर्चसा गमेत्।। वही, 3-13-5

प्राणसाधना से वर्चस्विता की प्राप्ति

इस मन्त्र में बताया गया है कि प्राणसाधना से वर्चस्विता की प्राप्ति होती है। अग्नि से प्रार्थना है कि सब पदार्थों में विद्यमान हे अग्ने! जो तेरा तेज आहुति के द्वारा बहुत होता है–घृत की आहुति से अग्नि चमक उठती है। जितना तेज इस प्राणशक्ति का संचार करनेवाले सूर्य का है और जितना तेज हाथी का है, उतना ही तेज मुझमें ये प्राणापान करें। ये प्राणापान शरीर में रेत का कणरूप जलों का निर्माण करनेवाले हैं। इन रेत:कणरूप जलों के निर्माण द्वारा ही ये हमारे शरीर में शक्ति का आधान करते हैं।

प्राणसाधना से ही रेत:कणों के रक्षण के द्वारा हम इस प्रकार तेजस्वी बनते हैं जैसेकि 'आहुत अग्नि' तेजस्वी होता है। जैसे सूर्य दीप्त है।[1]

प्रस्तुत मन्त्र के द्वारा ज्ञात कराया गया है कि भ्रष्ट राजा के द्वारा भी प्राणों का नाश हो जाता है जैसे कहा है–कररूप धनों का विनियोग राष्ट्रभूमि को उन्नत करने व राष्ट्र के वातावरण को अच्छा बनाने में करना चाहिए। राजा धनों का विनियोग भोग-विलास में करके अपनी प्राणशक्ति को क्षीण न कर ले। वह आत्मतत्त्व से दूर हो जाए। भोग-प्रवण राजा प्रजा से दूर हो जाता है।[2]

प्राण साधना से उत्तम जठराग्नि तथा मन–

इस मन्त्र में प्रार्थना की गयी है कि भोजन के पाचन का हेतुभूत जठराग्नि चक्षु आदि इन्द्रियों को संश्लिष्ट, स्वस्थ व कार्यसमर्थ करता है। मन प्राण के संयम से संहित (एकाग्र) होता है। इस प्रकार मैं पाप व रोग से पृथक् होकर उत्कृष्ट आयुष्य से संहित होऊँ। वस्तुत: जठराग्नि का ठीक रहना और मन का न भटकना ही पापों व रोगों से पार्थक्य का साधन बनता है तथा उत्कृष्ट जीवन को प्राप्त कराता है।[3]

इस मन्त्र में कामना की गयी है कि देववृत्ति के पुरुष, सब सामर्थ्यों से युक्त सारे प्राणदायी तत्त्वों से युक्त सूर्य को अपने प्राणों के साथ सम्प्रेषित करते हैं। इसी प्रकार मैं

---

1. यत्ते वर्चो जातवेदोबृहद्भवत्याहुते:। यावत्सूर्यस्य वर्च आसुरस्य च हस्तिन:।
   तावन्मे अश्विना वर्च आ धत्तां पुष्करस्रजा।। वही, 3-22-4
2. भूमिष्ठा प्रति गृहात्वन्तरिक्षमिदं महत्।
   माहं प्राणेन मात्मना मा प्रजयाप्रतिगृह्य वि राधिषि।। अथर्व०, 3-29-8
3. अग्नि: प्राणान्त्सं दधाति चन्द्र: प्राणेन संहित:।
   व्यरहं सर्वेण पाप्मना वि यक्ष्मेण समायुषा।। वही, 3-31-6

पापों व रोगों से दूर होकर अपने को उत्कृष्ट दीर्घजीवन से सम्पर्क का साधन बनता हूँ। अर्थात् मैं सूर्य के सम्पर्क में रहता हुआ अपने में प्राणशक्ति का संचार करूँ और निष्पाप, निरोग व दीर्घजीवन प्राप्त करूँ।[1]

प्रस्तुत मन्त्र में एक बालक को आशीर्वाद देते हुए कहा गया है–हे बालक! तू प्रशस्त जीवनवाले, दीर्घजीवन को उत्पन्न करनेवाले लोगों के प्राण से जीवन को धारण कर, तू मृत मत हो। मैं भी इन आयुष्मान् आयुष्कृत पुरुषों के समान प्राणशक्ति को उत्पन्न करता हुआ सब पापों व रोगों से पृथक् होऊँ और उत्कृष्ट दीर्घजीवन को प्राप्त करूँ।[2]

जीवित रहने वालों के प्राण से हे प्राणवान् पुरुष! तू जीवित रह। तू प्राणों का त्याग मत कर। और मैं भी सब पापों व रोगों से पृथक् होकर उत्कृष्ट दीर्घजीवन को प्राप्त करूँ। मरियल से न हों।[3]

गाढ़ निद्रा में सब अङ्ग बिल्कुल निश्चेष्ट हो गये हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि कोई मनुष्य घोड़े बेचकर सो गया है। यह गाढ़ निद्रा स्वास्थ्य के लिए अत्युत्तम होती है। आँख को व प्राण (घ्राण) को निद्रा से निश्चल किया है।[4]

प्राणसाधना से सब पीड़ाओं का अन्त–

ज्ञान, बल व ऐश्वर्यरूप तीन शिखरों वाला–इन तीनों के दृष्टिकोण से शिखर पर स्थित ब्रह्माण्ड को गति देनेवाला वह प्रभु जब हिमवान् के उपरि भाग में प्रादुर्भूत होते हैं तो सब पीडाओं को नष्ट करता हुआ होता है। सब बीमारियों को आहित करनेवाली बीमारियों को वे प्रभु नष्ट करते हैं। शरीर में मेरूदण्ड ही मेरू पर्वत कहलाता है। इसके शिखर पर हिम के समान एक श्वेत पदार्थ है, अतः इसे हिमवान् कहा जाता है। प्राणसाधना करता हुआ पुरुष इस हिमवान् मेरू पर्वत में स्थित आठ चक्रों में से ऊपर-और-ऊपर इन प्राणों का संयम करता है। प्राणसाधना से मेरुदण्ड के शिखर पर सहस्रारचक्र में प्राणनिरोध होने

---

1. प्राणेन विश्वतोवीर्यं देवाः सूर्यसमैरयन।
   व्यरहं सर्वेण पाप्मना वियक्षमेण समायुषा।। वही, 3-31-7
2. आयुष्मतामायुष्कृतां प्राणेन जीव मा मृथाः।
   व्यरहं सर्वेण पाप्मना वि यक्ष्मेण समायुषा।। वही, 3-31-8
3. प्राणेन प्राणतां प्राणैहैव भव मा मृथाः।
   व्यरहं सर्वेण पाप्मना वि यक्ष्मेण समयुषा।। अथर्व०, 3-31-9
4. एजदेजदजग्रभं चक्षुः प्राणमजग्रभम्।
   अङ्गान्यजग्रभं सर्वा रात्रीणामतिशर्वरे।। वही, 4-5-4

पर ऋतम्भरा प्रज्ञा का विकास होता है। इस समय प्रभु-दर्शन होकर सब पीड़ाओं का अन्त हो जाता है।[1]

प्राणापन से स्वस्थ व निष्पाप जीवन–

प्राण और अपान वायुएँ शरीरों में संचरण करती हैं। इनमें से एक प्राण तो स्पन्दनशील स्वेद के अयनों पर्यन्त गतिवाला होता है तथा दूसरा अपान शरीर से बाहर बारह अंगुल परिमित स्थान तक संचारवाला होता है। इनमें एक प्राण बल प्राप्त कराता है और दूसरा अपान जो पाप और दोषों को दूर करता है।[2]

वेद में प्राणवायु को दोष-निवारण औषधि का नाम दिया गया है। कहा है–हे वायो! तू ही सब व्याधियों की निवर्तक है। सब इन्द्रियों का दूत की भाँति समीपवर्ती होता हुआ उनके पोषण के लिए सारे शरीर को व्याप्त करके गतिवाला होता है, अतः हे विश्वभेषज वात! तू इन इन्द्रियों को निर्दोष बना।[3]

वाणी आदि इन्द्रियों के अधिष्ठातृभूत् अग्नि आदि देव उस-उस इन्द्रिय की कार्यक्षमता देते हुए इस पुरुष को रक्षित करें तथा देह में अवस्थित प्राण, अपान, व्यान ठीक कार्य करें तथा पृथिवी आदि पाँचों भूत ठीक स्थिति में होते हुए हमारे शरीर को निर्दोष बनायें।[4]

अमृत व प्राणस्वरूप वृष्टिजल–

अथर्ववेद के चतुर्थ काण्ड के एक मन्त्र में 'वृष्टिजल' को अमृत व प्राणस्वरूप कहा गया है। कहा है मेघस्थ जलों के शरीरों से ऐक्य को प्राप्त हुआ–एक हुआ, जो विद्युद्रूप अग्नि है व औषधियों का अधिपति होता है। वह प्रत्येक उत्पन्न मेघ में विद्यमान विद्युद्रूप अग्नि-आकाश से अमृततुल्य वृष्टिजल को जोकि प्रजाओं के लिए प्राणरूप है, उसे हमारे लिए प्राप्त कराए। ये मेघजल प्रजाओं के लिए प्राणरूप ही होता है।[5]

---

1. यदाञ्जनं त्रैककुदं जातं हिमवतस्परि।
   यातूंश्च सर्वाञ्जम्भयत्सर्वाश्च यातुधान्यऽः।। वही, 4-9-9
2. द्वाविमौ वातौ वात आ सिन्धोरा परावतः।
   दक्षं ते अन्य आवातु व्यश्न्यो वातु यद्रपः।। वही, 4-13-3
3. आ वात वाहि भेषजं वि वात वाहि यद्रपः।
   त्वं हि विश्वभेषज देवानां दूत ईयसे।। अथर्व०, 4-13-3
4. त्रायन्तामिमं देवास्त्रायन्तां मरुतां गणाः।
   त्रायन्तां विश्वा भूतानि यथायमरपाअसत्।। वही, 4-13-4
5. अपामग्निस्तनूभिः संविदानो य ओषधीनामधिपा बभूव।
   स नो वर्ष वनुतां जातवेदाः प्राणं प्रजाभ्यो अमृतं दिवस्परि।। वही, 4-15-10

प्राणसाधना से बल का रक्षण व बल-प्राप्ति–

हमें प्राणों के महत्त्व को समझना चाहिए, ये प्राण ही हमारे बल का रक्षण करते हैं। सुनियन्त्रित अश्वों के समान लक्ष्य-स्थान पर पहुँचाकर ये हमारा कल्याण करते हैं। ये हमें प्राणसाधना द्वारा पापों से मुक्त करते हैं। प्राणसाधना हमारे दोषों का दहन करती है। जिससे हमें बल की प्राप्ति होती है।[1]

अथर्ववेद का प्राण सूक्त–

प्राणाय नमो यस्य सर्वमिदं वशे।

यां भूतः सर्वस्येश्वरो यस्मिन्त्सर्वं प्रतिष्ठितम्।। अथर्व०, 11-4-1

अर्थात् उस प्राण के लिए नमस्कार है, जिस प्राण के अधीन यह सब जगत् है, जो सबका ईश्वर है और जिसमें सब समाया है।

इसका आशय है कि प्राण शक्ति के आधीन सम्पूर्ण जगत है, प्राण के आधार से ही सब ठहरा है, प्राण की सबका अधिकारी है, इसलिए प्राण की उपासना करनी चाहिए। जिस प्रकार शरीर में प्राण के आधार से सब शरीर, अंग, अवयव तथा इन्द्रिय रहे हैं, उसी प्रकार विश्व के सम्पूर्ण पदार्थ विश्वव्यापी प्राण के आधार से रहे हैं।

अन्तरिक्षस्थ प्राण–

इस मन्त्र में भी प्राण को नमस्कार करते हुए कहा है–हे प्राण! गर्जना करनेवाले तुझे नमस्कार है। बादलों में नाद करने वाले तुझे प्रणाम है। बिजलीरूप प्राण के लिए नमन है। वर्षा करनेवाले प्राण के लिए नमस्कार है।[2]

अथर्ववेद में बताया गया है कि प्राणशक्ति जो विश्व में व्याप्त है, वह बादलों में भी है और वह वृष्टि द्वारा भूमि पर आती है, इसलिए उस शक्ति का सत्कार करना चाहिए। इस प्राण को ही अन्तरिक्षस्थप्राण कहा गया है।

औषधियों में प्राण का कार्य–

अथर्ववेद के प्राणसूक्त में प्राण को औषधी भी कहा गया है। कहा है–प्राण जब बादलों की गर्जना द्वारा औषधियों को बुलाता है, तब वे गर्भवती होती हैं, गर्भ धारण करके

---

1. मरुतां मन्वे अधि मे ब्रुवन्तु प्रेमं बाजं वाजसाते अवन्तु।
   आशूनिव सुयमानह ऊतये ते नो मुञ्चन्त्वहंस।। वही, 4-27-1
2. नमस्ते प्राण क्रन्दाय नमस्ते स्तनयित्नवे।
   नमस्ते प्राण विद्युते नमस्ते प्राण वर्षते।। अथर्व०, 11-4-2

प्राणसाधना से बल का रक्षण व बल-प्राप्ति–

हमें प्राणों के महत्त्व को समझना चाहिए, ये प्राण ही हमारे बल का रक्षण करते हैं। सुनियन्त्रित अश्वों के समान लक्ष्य-स्थान पर पहुँचाकर ये हमारा कल्याण करते हैं। ये हमें प्राणसाधना द्वारा पापों से मुक्त करते हैं। प्राणसाधना हमारे दोषों का दहन करती है। जिससे हमें बल की प्राप्ति होती है।[1]

अथर्ववेद का प्राण सूक्त–

प्राणाय नमो यस्य सर्वमिदं वशे।

यां भूतः सर्वस्येश्वरो यस्मिन्त्सर्वं प्रतिष्ठितम्।। अथर्व०, 11-4-1

अर्थात् उस प्राण के लिए नमस्कार है, जिस प्राण के अधीन यह सब जगत् है, जो सबका ईश्वर है और जिसमें सब समाया है।

इसका आशय है कि प्राण शक्ति के आधीन सम्पूर्ण जगत है, प्राण के आधार से ही सब ठहरा है, प्राण की सबका अधिकारी है, इसलिए प्राण की उपासना करनी चाहिए। जिस प्रकार शरीर में प्राण के आधार से सब शरीर, अंग, अवयव तथा इन्द्रिय रहे हैं, उसी प्रकार विश्व के सम्पूर्ण पदार्थ विश्वव्यापी प्राण के आधार से रहे हैं।

अन्तरिक्षस्थ प्राण–

इस मन्त्र में भी प्राण को नमस्कार करते हुए कहा है–हे प्राण! गर्जना करनेवाले तुझे नमस्कार है। बादलों में नाद करने वाले तुझे प्रणाम है। बिजलीरूप प्राण के लिए नमन है। वर्षा करनेवाले प्राण के लिए नमस्कार है।[2]

अथर्ववेद में बताया गया है कि प्राणशक्ति जो विश्व में व्याप्त है, वह बादलों में भी है और वह वृष्टि द्वारा भूमि पर आती है, इसलिए उस शक्ति का सत्कार करना चाहिए। इस प्राण को ही अन्तरिक्षस्थप्राण कहा गया है।

औषधियों में प्राण का कार्य–

अथर्ववेद के प्राणसूक्त में प्राण को औषधी भी कहा गया है। कहा है–प्राण जब बादलों की गर्जना द्वारा औषधियों को बुलाता है, तब वे गर्भवती होती हैं, गर्भ धारण करके

---

1. मरुतां मन्वे अधि मे ब्रुवन्तु प्रेमं बाजं वाजसाते अवन्तु।
   आशूनिव सुयमानह ऊतये ते नो मुञ्चन्त्वहंस।। वही, 4-27-1
2. नमस्ते प्राण क्रन्दाय नमस्ते स्तनयित्नवे।
   नमस्ते प्राण विद्युते नमस्ते प्राण वर्षते।। अथर्व०, 11-4-2

वे बहुत संख्या में उत्पन्न होती हैं।[1]

अर्थात् इस अन्तरिक्षस्थ प्राण का कार्य देखने योग्य है, वृष्टि से औषधियाँ तथा वृक्ष बढ़ते हैं और आनन्द से प्रसन्न होती हैं।

प्राण से पशुओं को आनन्द–

जब प्राण वृष्टि से इस बड़ी पृथिवी को सींच देता है, तब पशु आनन्दित होते हैं और कहते हैं कि अब हमारी वृद्धि निश्चय से होगी।[2] अर्थात् वृष्टि द्वारा जो प्राण शक्ति भूमि पर आती है, उससे सभी जीव-जन्तुओं की वृद्धि भी होती है और वे आनन्दित भी होते हैं।

वृष्टि द्वारा सींची गयी औषधियाँ प्राण से बोलीं कि हमारी आयु को तूने निश्चय बढ़ाया है और हमको सुगन्धित किया है।[3] अर्थात् वृष्टि द्वारा अन्तरिक्षस्थ प्राण प्राप्त होकर सब औषधियाँ अपनी-अपनी सुगन्ध से युक्त होकर जीवित रहती हैं।

व्यक्ति में प्राण का कार्य–

व्यक्ति प्राण को नमस्कार करते हुए कहता है कि हे प्राण! आनेवाले, जानेवाले, स्थिर हुए तथा बैठने वाले, तुझे नमस्कार हो। हे प्राण श्वांस लेनेवाले, अपान छोड़ने वाले और बाहर जानेवाले तथा पास आनेवाले तुझे नमस्कार हो। सर्वरूप तुझे नमन हो।[4] अर्थात् 1. आयत, 2. तिष्ठत्, 3. परायत् और 4. आसीन–ये चार नाम क्रमशः 1. पूरक, 2. कुम्भक, 3. रेचक और 4. बाह्य कुम्भक के हैं।

श्वास और उच्छ्वास के वाचक 1. प्राणत्, 2. ये दो शब्द हैं। प्राण की दो गतियाँ हैं–1. अन्दर से बाहर जाना तथा 2. बाहर से अन्दर आना। इनके सूचक शब्द उक्त मन्त्र

---

1. यत् प्राण स्तनयित्नुनाऽभिक्रन्दत्योषधीः।
   यत् प्राण ऋतावगतेऽभि क्रन्दत्योषधीः।। वही, 11-4-3-4
2. यदो प्राणो अभ्यवर्षीद्वर्षण पृथिवीं महीम्।
   पश्वस्तत्प्रमोदन्ते महो वै ने भविष्यति।। वही, 11-4-5-
3. अभिवृष्टा औषधयः प्राणेन सम्वादिरन्।
   आयुर्वै नः प्रातीतरः सर्वा नः सुरभीरकः।। अथर्व०, 11-4-6-
4. नमस्ते अस्त्वायते नमो अस्तु परायते।
   नमस्ते प्राण तिष्ठत आनायोतते नमः।।
   नमस्ते प्राण प्राणते नमो अस्त्वपानते।
   पराचीनाय ते नमः सर्वस्मै त इनं नमः।। वही, 11-4-7-8

में 1. पराचीन तथा 2. प्रतीचीन हैं। इन शब्दों से प्राणायाम की विधि का पता लग सकता है। इसका अनुभव करके शरीर में प्राण का महत्त्व जानना चाहिए और प्राणायाम द्वारा उसको स्वाधीन करना चाहिए।

प्रस्तुत मन्त्र में प्राण से जीवन के लिए दान माँगते हुए कहा है कि हे प्राण! जो तेरी प्रिय और जो प्रीतिकारक तेरी तनु है, जो तेरा औषधीगुण है, उसका हमें जीवन के लिए दान दो।[1] अर्थात् प्राण के अन्दर ही प्रेमानन्द की शक्ति है। प्राण होने तक ही किसी के साथ प्रेम-व्यवहार हो सकता है तथा प्राण के अन्दर दिव्य औषधीगुण है। प्राण ही 'दिव्यवैद्य' है। यह शरीर में रहता हुआ सब रोगों को नष्ट करता है। जिस समय यह चला जाता है, तब किसी वैद्य की कोई औषधी कार्य नहीं करती है।

सर्वरक्षक प्राण–

प्राण प्रजाओं को अनुकूलता रहने तक ही ढक लेता है। जिस प्रकार पिता अपने प्रिय पुत्र को वस्त्रादि देता है। प्राण ही सबका ईश्वर है, जो श्वास लेता है, या जो श्वास नहीं लेता है।[2] अर्थात् जिस प्रकार पिता प्रिय पुत्र को ही वस्त्र, अन्नादि पदार्थ देता है, उसी प्रकार अनुकूल व्यवहार करने वाले मनुष्य को ही प्राण दीर्घ जीवन प्रदान करता है। यह प्राण स्थावर जंगम का सुस्थिति का हेतु है।

प्राण की उपासना–

अथर्ववेद के प्राणसूक्त में प्राण की उपासना के विषय में कहा है कि प्राण ही मृत्यु है और प्राण ही जीवन की शक्ति है। इसलिए सब देव अर्थात् इन्द्रियादिक प्राण की उपासना करते हैं। सत्यवादी मनुष्य को प्राण ही उत्तम लोक में स्थापन करता है।[3] अर्थात् प्राण जाने से मृत्यु और प्राण रहने तक जीवन होता है इसलिए सम्पूर्ण इन्द्रियगण प्राण के आधीन हैं तथा पृथिव्यादि देवता भी प्राण के आधीन हैं। सत्य भाषणादि-सत्यनिष्ठा के कारण मनुष्य में जो आत्मिक बल बढ़ता है, वह प्राण के कारण ही है। इस हर मनुष्य को प्राणायाम द्वारा प्राण की उपासना करनी चाहिए।

---

1. या ते प्राण प्रिया तनूर्यो ते प्राण प्रेयसी।
   अथो यद्भेषजं तव तस्य नो धेहि जीवसे।। वही, 11-4-9-
2. प्राणः प्रजा अनुवस्ते पिता पुत्रमिव प्रियम्।
   प्राणो ह सर्वस्येश्वरो यच्च प्राणति यच्चं न।। अथर्व०, 11-4-10-
3. प्राणो मृत्युः प्राणस्तक्मा प्राणं देवा उपासते।
   प्राणो ह सत्यवादिनमुत्तमे लोक आ दधत्।। वही, 11-4-11-

प्राण ही विशेष तेजस्वी है, प्राण ही प्रेरक है, प्राण ही सूर्य और चन्द्रमा है, प्राण को ही प्रजापति कहते हैं इसलिए सब प्राण की उपसना करते हैं।[1]

पृथिवी सूर्यचन्द्रादि देवताओं में भी प्राण की शक्ति है, यह देखकर ही प्राण का महत्त्व जानना चाहिए।

प्राण से पुनर्जन्म–

प्राणसूक्त में प्राण के पुनर्जन्म की चर्चा करते हुए बताया है कि मनुष्य गर्भ के अन्दर श्वास लेता है, उच्छ्वास छोड़ता है। हे प्राण! जब तू प्रेरणा अनुमोदन देता है तब ही वह फिर उत्पन्न होता है।[2] अर्थात् गर्भ के अन्दर भी यह प्राणी जीवन लेता है, अर्थात् इसको गर्भ में भी प्राण मिलता है, और इससे अपान दूर होता है।

प्राण को मातरिश्वा भी कहते हैं। वायु को ही प्राण कहा जाता है। भूत, भविष्य और वर्तमान सब कुछ प्राणों में ही प्रतिष्ठित है।[3] अर्थात् 'मातरिश्वा' शब्द के दो अर्थ हैं–1. आकाश में व्याप्त तथा 2. माता के अन्दर गर्भ में रहने वाला। प्राण की प्रेरणा से ही पुरुष पुनर्जन्म लेता है। गर्भ में जो बालक रहता है उसको प्रेरणा करने वाला प्राण ही होता है।

आथर्वणी चिकित्सा–

अथर्ववेद में आथर्वणी चिकित्सा का वर्णन प्राप्त है। एक मन्त्र में इस चिकित्सा के विषय में बताया है कि हे प्राण! जब तक तू प्रेरणा करता है, तब तक आथर्वणी, अंगिरसी, दैवी और मनुष्यकृत औषधियाँ फल देती हैं।

इस मन्त्र में चार चिकित्साओं का वर्णन है–1. **आथर्वणी चिकित्सा** वह होतीं है जो योगबल से होती है। 'थर्व' नाम मन की चंचलता का है, 'अ-थर्व' नाम चित्त की स्थिरता का है। योगद्वारा चित्तवृत्तियों का निरोध करके मनस्थैर्य से जो बल प्राप्त होता है, उस मानसिक बल से जो चिकित्सा होती है, उसे आथर्वणी चिकित्सा कहते हैं।

---

1. प्राणो विराट प्राणो देष्ट्री प्राणं सर्व उपासते।
   प्राणो ह सूर्यश्चन्द्रमाः प्राणमाहुः प्रजापतिम्।। वही, 11-4-12-
2. अपानति प्राणति पुरुषो गर्भे अन्तरा।
   यदा त्वं प्राण जिन्वस्यथ स जायते पुनः।। वही, 11-4-14
3. प्राणमाहुर्मातरिश्वानं वातो ह प्राण उच्यते।
   प्राणे ह भूतं भव्यं च प्राणे सर्वं प्रतिष्ठितम्।। अथर्व०, 11-4-15

2. **आंगिरसी चिकित्सा**–शरीर के अंगों में जो रस होता है उसे अंगरस कहते हैं। मन द्वारा उसको प्रवृत्त करके आरोग्य सम्पादन करने की चिकित्सा का नाम यह है।

3. **दैवी-चिकित्सा**–जल, वायु सूर्यकिरण, विद्युत आदि दैवी शक्तियों द्वारा जो चिकित्सा होती है, उसे दैवी चिकित्सा कहते हैं।

4. **मनुष्याज चिकित्सा** वह होती है जो मनुष्य आदि जन, वैद्य आदि औषधि प्रयोग से करते हैं।[1]

प्राणों की वृष्टि–

जब प्राण वृष्टि द्वारा इस बड़ी पृथ्वी पर जल सिंचन करता है तब औषधियाँ उत्पन्न होती हैं और जड़ी-बूटी आदि में उत्पन्न हो जाती हैं। वृष्टिरूपी प्राण पाकर औषधियों और वनस्पतियों की वृद्धि होती है।[2]

प्राण को स्वाधीन करने वाले की योग्यता–

अथर्ववेद में इस मन्त्र के द्वारा प्राणों को स्वाधीन करने की योग्यता की चर्चा की गई है। कहा है–हे प्राण! जो तेरे इस महत्त्व को जानता है और जिसमें तू दृढ़ ठहरा है, उसके लिए उत्तम लोक में सब भेंट लावें।[3]

प्राण का महत्त्व जो मनुष्य जानता है और जिनमें प्राणायामादि अभ्यास द्वारा प्राण स्थिर हुआ है, उसकी योग्यता इतनी होती है कि सब अन्य लोग उस योगी का सत्कार करने लगते हैं, इसलिए हरएक को इस प्राण का महत्त्व जानकर अपने अन्दर प्राण को स्थिर करना चाहिए।

हे प्राण! जिस प्रकार तेरे लिए ये सब प्रजाएँ भेंट अर्पण करती हैं। इसी प्रकार उसके लिए भी भेंट लावें कि जो बड़ी कीर्तिवाला तुझे सुनें।[4] अर्थात् सब ही प्राणी प्राण की उपासना करते हैं। यदि वे प्राण के साथ न रहेंगे तो जीवित ही कैसे रहेंगे। सब लोग प्राण

---

1. आथर्वणीराङ्गिरसीर्दैवीर्मनुष्यज उत।
   ओषधयः प्र जायन्ते यदा त्वं प्राण जिन्वसि।। वही, 11-4-16
2. यदा प्राणो अभ्यवर्षीद्वर्षेण पृथिवीं महीम्।
   ओषधयः प्र जायन्तेऽथो याः काश्च वीरूधः।। वही, 11-4-17
3. यस्ते प्राणेदं वेद यस्मिंश्चासिप्रतिष्ठितः।
   सर्वे तस्मै बलिं हरानमुपमुष्मिल्लोक उत्तमे।। अथर्व०, 11-4-18
4. यथा प्राणबलि हृतस्तुभ्यं सर्वाः प्रजा इमाः।
   एवा तस्मै बलिं हरान् यस्त्वा शृणवत्सुश्रव।। वही, 11-4-19

का जीवन के साथ सम्बन्ध जानते ही हैं जो प्राण का महत्त्व अनुभव से जानता है, उस योगी का सब लोग सत्कार करते हैं।

प्राणरूपी हंस का रूप–

एकं पादं नोत्खिदतिसलिलद्धंस उच्चरन। यदंग स तमुत्खिदेन्नैवाद्य न श्वः स्यान्न रात्रीनाह स्यान्नन्यच्छेत् कदाचन। अथर्व०, 11-4-21

अर्थात् जल से हंस ऊपर उठता हुआ एक पाँव को नहीं उखाड़ता है। हे प्रिय! यदि वह उस पाँव को उखाड़ेगा तो न तो आज और न कल होगा। न रात्रि और दिन भी नहीं होगा। और न ही कभी प्रभात होगा।

अर्थात् यहाँ जल का तात्पर्य हृदय के मानस सरोवर का जल है, जिस मानस सरोवर अर्थात् हृदय में प्राण स्नान करता है। मानस सरोवर का प्राण ही हंस है। श्वास रूप से प्राण हृदय में जाता है और मानस सरोवर में डुबकी लगाता है। पश्चात् वहाँ से ऊपर उठता है और उच्छ्वास से बाहर आता है। इस बाहर आने के समय वह अपना एक पाँव मानस सरोवर के जल में ही रखता है, और दूसरे पाँव को बाहर खींच लेता है। यदि वह जिस समय भी बाहर दोनों पैर खींच लेगा, तो उसी समय 'मृत्यु' हो जायेगी। 'मृत्यु' होने के पश्चात् दिन, रात्रि, आज-कल, प्रभात और सायं आदि भावना कहाँ होंगी?

इस मन्त्र में जो हंस का स्वरूप बताया है, वह अपने अन्दर का ही स्वरूप है। इसे इस मन्त्र में बताया गया है–

अष्टाचक्रं वर्तत एकनेमि सहस्राक्षरं प्र पुरो नि पश्चा।
अर्धन विश्वं भुवनं जजान यदस्यार्धं कतमः स केतुः।। अथर्व०, 11-4-22

अर्थात् आठ चक्रों से युक्त, सहस्र अथवा हजारों अविनाशी धाराओं से पूर्ण और एक केन्द्र वाला यह प्राणयन्त्र आगे और पीछे होता रहता है। इसने आधे से ही सब भुवन उत्पन्न किया है और जो इसका शेष अर्ध है वह कौन सा चिह्न है? इस विषय में अथर्ववेद में बताया है कि शरीर में हृदयस्थानीय मानस सरोवर के पीछे एक पर्वत है, जिसका नाम मेरू पर्वत, मेरूदण्ड अथवा पृष्ठवंश है। इसमें आठ चक्र हैं, उनका नाम मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपूरक, सूर्य अनाहत, विशुद्धि, आज्ञा और सहस्रार हैं। एक ही नाभि में इसका मध्य केन्द्र है, और प्रत्येक चक्र के सैंकड़ों आरे चारों दिशाओं में जाते हैं। इस प्रकार यह 'मज्जातन्तु-संस्थान' अपने शरीर में है।

यो अस्य विश्वजन्मन ईशे विश्वस्य चेष्टतः।
अन्येषु क्षिप्रद्यन्वने तस्मै प्राण नमोस्तु ते।। अथर्व०, 11-4-6

अर्थात् प्रस्तुत मन्त्र में प्राण को नमन करते हुए कहा गया है कि हे प्राण! सबको जन्म देने वाले हलचल करने वाले इस जगत् का स्वामी है तथा अन्यों में शीघ्र गति देने वाले तुझको नमस्कार हो अर्थात् हलचल करने वाले सब प्राणियों का प्राण ही स्वामी है। यह सम्पूर्ण अन्य पदार्थों को भी प्रेरित कर रहा है। इसका विश्वव्यापक कार्य देखना चाहिए।

अर्थात् जो प्राण सब जन्म लेनेवाले और हलचल करने वाले सब प्राणिमात्र का ईशन कर रहा है तथा जो आलस्यरहित है। आत्मा के साथ संयुक्त होने के कारण धैर्यमय है। वह प्राण मेरे साथ ठहरा रहे।

प्राण सब प्राणियों का स्वामी है। इसलिए इनको 'प्राणी' कहते हैं। प्राण न होगा तो प्राणी भी नहीं होगा। यह प्राण जन्म से मरने तक अपना कार्य करता है। इसलिए यह आलस्यरहित है। इसकी सुस्ती का ही नाम मृत्यु है। इसका एक भाग स्थूल शरीर में कार्य करता है और दूसरा आत्मा के साथ रहता है। आत्मा के साथ रहने के कारण ही यह प्राण अधिक से अधिक बल रखता है। इस प्रकार बलवान् प्राण अपने अन्दर रहे। यह हर एक की इच्छा होना स्वाभाविक ही है।[1]

उर्ध्व: सुप्तेषु जागार ननु तिर्यङ् नि पद्यते।

न सुप्तमस्य सुप्तेष्वनु शुश्राव कश्चन्।। अथर्व०, 11-4-25

सबके सोनेपर भी यह प्राण खड़ा रहकर जागता है। कभी नहीं तिरछा होकर लेटता है। सबके सोने पर इस प्राण का सोना किसी ने भी सुना नहीं।

अर्थात् सब प्राणी थक जाने पर सो जाते हैं, परन्तु उनके सो जाने पर भी यह प्राण खड़ा रहकर जागता और पहरा करता है। जैसे इतर प्राणी थक जाने पर लेट जाते हैं, उस प्रकार यह प्राण कभी भी लेटता नहीं। अर्थात् विश्राम न करता हुआ सदा अपना कार्य करता रहता है। सब अन्य इन्द्रियाँ थक जाती हैं। उस प्रकार यह कभी थकता नहीं और न कभी विश्राम लेता है। उसके थकने और विश्राम लेने का तात्पर्य मृत्यु ही है। जन्म से मृत्यु तक यह विश्राम न लेते हुए अपना कार्य करता है।

हे प्राण! पृथक् मत हो मुझसे भिन्न अर्थात् दूर तू न होगा। पानी के गर्भ के समान दीर्घ जीवन के लिए अपने में तुझको बाँधता हूँ।

अर्थात् प्राण शरीर से पृथक् नहीं होना चाहिए क्योंकि वैसा पृथक् होने से मृत्यु

---

1. यो अस्य सर्वजन्मन ईशे सर्वस्य चेष्टत:।
   आतन्द्रो बह्मणा धीर: प्राणो मानु तिष्ठतु।। अथर्व०, 11-4-24

ही होगा मनुष्यों को दीर्घ जीवन प्राप्त करना है। इसलिए प्राणायाम द्वारा प्राण का बल बढ़ाकर प्राण को मानो अपने अन्दर बाँधकर रखना चाहिए ताकि वह शीघ्र दूर न हो सके। 'मैं प्राणशक्ति को अपने अन्दर बढ़ाऊँगा। मुझसे प्राण शीघ्र पृथक् नहीं होगा, मैं प्राण को बाँधकर अपने अन्दर रखूँगा। मैं प्राणायाम से प्राण का बल अपने अन्दर बढ़ाऊँगा', इस प्रकार की भावना मन में स्थिर करने से आत्मविश्वास बढ़ने के कारण प्राण का भी बल बढ़ जाता है। यह उपदेश मन्त्र के वाक्यों में स्पष्ट है।

जीवन के लिए जैसी जल की, उससे भी प्राण की आवश्यकता है। यह बात यहाँ स्पष्ट होती है।

प्रयत्न करने से अपने अन्दर प्राण का बल बढ़ाया जा सकता है और प्राण के बल की वृद्धि करने से अपमृत्यु को दूर किया जा सकता है। अर्थात् पुरुषार्थ से आयुष्य की वृद्धि होना सम्भव है। यह बात इन मन्त्रों के वाक्यों का विचार करने से स्पष्ट हो जाती है।[1]

यथा द्यौश्च पृथिवी च न बिभीतो न रिष्यतः।
एवा मे प्राण मा बिभेः।। अथर्व० 2-15-1

अर्थात् प्राण से इस प्रकार की कामना की गई है कि जिस प्रकार द्युलोक और पृथिवी डरते नहीं इसलिए हिंसित नहीं होते। इसी प्रकार हे मेरे प्राण! तू मत डर।

जिस प्रकार दिन और रात्रि नहीं डरते इसलिए हीन नहीं होते, इसी प्रकार हे मेरे प्राण! तू मत डर।[2]

जिस प्रकार सूर्य और चन्द्र डरते नहीं इसलिए हानि को नहीं प्राप्त होते, इसी प्रकार हे मेरे प्राण! तू मत डर।[3]

यथा ब्रह्म च क्षत्रं च न बिभीतो न रिष्यतः।
एवा मे प्राण मा बिभेः।। अथर्व० 2-15-4

अर्थात् प्रस्तुत मन्त्र में प्राण से एक शूरवीर की भाँति निडर होने की कामना करते हुए कहा है कि हे प्राण! जिस प्रकार ज्ञान और ज्ञानी शौर्य और शूरवीर नहीं डरते, इसलिए

---

1. प्राण मा मत्पर्यावृतो न मदन्यो भविष्यसि।
   अपां गर्भमिव जीव से प्राण बघ्नामि त्वा मयि।। वही, 11-4-26
2. यथाहश्च रात्रि च न बिभीतो न रिष्यतः।
   एवा मे प्राण मा बिभेः।। अथर्व०, 2-15-2
3. यथा सूर्यश्च चन्द्रश्च न बिभीतो न रिष्यतः।
   एवा मे प्राण मा बिभेः।। वही, 2-15-3

नष्ट-भ्रष्ट नहीं होते, इस प्रकार हे मेरे प्राण! तू मत डर।

जैसे जिस प्रकार सत्य और अत्यन्त सरलता, ये कभी डरते नहीं, इसलिए विनष्ट नहीं होते इसी प्रकार हे मेरे प्राण! तू मत डर।[1]

स्थिर प्राण और अपान–

अथर्ववेद में एक स्थान पर प्राण से यह कामना की गई है कि हे प्राण! मुझे न छोड़े और अपान भी मुझे छोड़कर दूर न जावें। प्राण और अपान मेरे अन्दर उत्तम बलवान बनकर रहें।[2]

वाणी और प्राण की शक्ति–

1. वाणी द्वारा ऋग्वेद की शरण लेता हूँ, 2. मन द्वारा यजुर्वेद की शरण लेता हूँ, 3. प्राण द्वारा सामवेद की शरण लेता हूँ तथा 4. श्रोत्र इन्द्रिय द्वारा अथर्ववेद की शरण लेता हूँ। मेरे अन्दर वाणी और बल ऐक्य और बल तथा प्राणशक्ति का बल स्थिर होवे।

अर्थात् मैं अपनी वाक् शक्ति को क्रमशः ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद में पूर्णतया लगाता हूँ जिससे मेरे अन्दर वाणी का बल, ऐक्य का सामर्थ्य और प्राण का प्रभाव स्थिर होकर बढ़े।

वेदों के अध्ययन से मन, प्राण आदि की पवित्रता होकर उनकी शक्ति विकसित होती है। यह नियम ध्यान में रखकर वेदाध्ययन द्वारा ज्ञानप्राप्ति करके ज्ञान द्वारा अपनी सब शक्तियों की पवित्रता, शुद्धता और पूर्णता करने का यत्न करना चाहिए।[3]

ओदन का स्वरूप–

प्राणमय अन्न का रूप बतलाते हुए अथर्ववेद में बताया गया है कि 'उस अन्न का सिर बृहस्पति और मुख ज्ञान है। द्युलोक और भूलोक–ये दो कान हैं। सूर्य और चन्द्र ये दो आँखें हैं और उसके प्राण और अपान सप्त ऋषि हैं।'[4]

---

1. यथा सत्यं चानृतं च न बिभीतो न रिष्यतः।
   एवा मे प्राण मा बिभेः।। वही, 2-15-5
2. मा मां प्राणो हासीन्मो अपानोऽवहाय परा गात्। वही, 16-4-3
3. ऋचं वाचं प्रपद्ये मनो यजुः प्रपद्ये साम प्राणं प्रपद्ये चक्षुः श्रोत्रं प्रपद्ये।
   वागोजः सहौजो मयि प्राणाऽपानौ।। अथर्व०, 36/1
4. तस्यौदनस्थ बृहस्पतिः शिरो ब्रह्म मुखम् द्यावापृथिवी श्रोत्रे
   सूर्याचन्द्रमसावक्षिणी सप्त ऋषयः प्राणापनः।। वही, 11-3(पर्याय)।

ज्ञान द्वारा प्राणों का रक्षण–

अथर्ववेद में बतलाया गया है कि 'प्रजापति परमात्मा से उत्पन्न हुए सब ही पदार्थ पृथक्-पृथक् अपने अन्दर प्राणों को धारण करते हैं। ब्रह्मचारी में रहा हुआ ज्ञान उन सबका रक्षण करता है।[1]

प्राण, अपान, व्यान और ज्ञान–

अथर्ववेद कहता है–चमकनेवाला ज्ञान ब्रह्मचारी धारण करता है। इसलिए उसमें सब देव रहते हैं। वह प्राण, अपान, व्यान, वाचा मन हृदय ज्ञान और मेधा को प्रगट करता है। इसलिए हे ब्रह्मचारी! हम सब में चक्षु, श्रोत्र, यश अन्न वीर्य रुधिर और पेट पुष्ट करो।

उत्तम उपदेश द्वारा ब्रह्मचारी सब जनता को सदाचार की शिक्षा देकर उनको सन्मार्ग में प्रवृत्त करे।[2]

प्राण और निर्ऋति–

हे प्राण! हमारे प्राण का रक्षण करो। हे जीवन! हमारे जीवन को सुखमय करो। हे अनियम! अनियम के पाशों से हमें बचाओ।

अर्थात् अपनी प्राण-शक्ति का संरक्षण करना चाहिए, अपने जीवन को मंगलमय बनाना चाहिए। निर्ऋति के जालों से बचाना चाहिए। 'ऋति' का अर्थ 'प्रगति, उन्नति सन्मार्ग, उत्कर्ष अभ्युदय, योग्यता, सत्य सीधा मार्ग, संरक्षण पवित्रता इतना है। इसके विरुद्ध जो कुछ अपवित्र है, वह 'निर्ऋति' नाम से वेद में प्रसिद्ध है। इस निर्ऋति अर्थात् अनियम से ही सब दुःख और कष्ट होते हैं। इस कारण इस निर्ऋति के अनियम युक्त मार्ग से जाना किसी को योग्य नहीं है।

ऋत अथवा ऋति के नियमों से प्राण का बढ़ाना और निर्ऋति अथवा अवनति के कारणों को दूर करना यही उन्नति का सीधा नियम है। अज्ञानी मनुष्य निर्ऋति के पाशों में बाँधे जाते हैं, परन्तु ज्ञानी मनुष्य उन पाशों को तोड़कर स्वतन्त्रता से अपनी उन्नति करते हैं।[3]

---

1. पृथक् सर्वे प्राजापत्याः प्राणानात्मसु बिभ्रति।
   तान्त्सर्वान् ब्रह्म रक्षति बह्मचारिण्याभृतम्।। वही, 11-5-(7)
2. ब्रह्मचारी ब्रह्म भ्राजद्बिभर्ति तस्मिन्देवा अधिविश्वे सयोताः।
   प्राणापानौ जनयन्नाह्यानं वाचं मनो हृदयं ब्रह्म मेधाम्।।
   चक्षुः श्रोत्रं यशो अस्मासु धेह्यन्नं रेतो लोहितमुदरम्।। वही, 11-5-7
3. प्राण प्राणं त्रायस्वासो असवे मृड्।
   निर्ऋते निर्ऋत्या नः पाशेभ्यो मुञ्च।। अथर्व०, 19-44

यजुर्वेद में भी एक स्थान पर कहा गया है कि तू मेरे प्राण अपान चक्षु श्रोत्र आदि का संरक्षक है। मेरे वाणी के दोष दूर करने वाला तथा मन को शुद्ध और पवित्र करने वाला है।[1]

यजुर्वेद में प्राण, उदान, व्यान के विषय में बतलाया गया है कि तू धान्य है। इसलिए देवों को धन्य करो, प्राण उदान और व्यान के लिए तेरा स्वीकार करता हूँ,[2] आयुष्य के लिए दीर्घ मर्यादा धारण करता हूँ। मेरे प्राण, व्यान और उदान के तेज की वृद्धि के लिए शुद्ध बनो।[3]

प्राण की ऊर्ध्व गति–

इसका मस्तिष्क और हृदय एक करके सीकर पवित्र स्थितप्रज्ञ योगी सिर के ऊपर मस्तिष्क से परे प्रेरित होता है।

अर्थात् 1. मस्तिष्क और हृदय को एक बनाकर सम उन्नत रखना और 2. पवित्र बनकर मस्तिष्क के परे अर्थात् तर्क की भूमि से परे कूदना, ये दो उपदेश इस मन्त्र में अत्यन्त महत्त्वपूर्ण आ गये हैं। किसी अन्य धर्मग्रन्थ में इस प्रकार इस बात को साफ नहीं किया है कि जो हृदय और मस्तिष्क को एक करने के लिए बताया है। मस्तिष्क का कार्य तर्क-वितर्क-कुतर्क करना है और हृदय का कार्य भक्ति करना है। दोनों की सम उन्नति से उन्नति और विषमता से हानि होती है।[4]

इस मन्त्र का 'अ-थर्वा' शब्द स्थितप्रज्ञ योगी का वाचक है। यह योगी अपने प्राण को मस्तिष्क में चढ़ाता है और आत्मानन्द का अनुभव लेता है। इस स्थिति को प्राप्त करने के लिए भी हृदय और मस्तिष्क को सम उन्नत करना आवश्यक है।

वेद कहता है कि–जो उपासक भक्त अमृत से वेष्टित ब्रह्म की नगरी को जानता है और ब्रह्म और ब्रह्मजनित इतर देवता चक्षु, प्राण और प्रजा देते हैं। चक्षुरादि इन्द्रिय, प्राण

---

1. प्राणपा मे अपानपाश्चक्षुष्पाः श्रोत्रपाश्च मे।
   वाचो मे विश्वभेषजो मनसोऽसि विलायकः।। यजु०, 20-34
2. धान्यमसिधिनुहि देवान् प्राणाय त्वेदानाय।
   त्वा व्यानाय त्वा।। दीर्घामनु प्रसितिमायुषेधां।। वही, 1-20
3. प्राणाय मे वर्चोदा वर्चसे पवस्व व्यानाय मे वर्चोदा वर्चसे।
   पवस्वो दानाय मे वर्चोदा वर्चसे पवस्व।। वही, 7-27
4. मूर्धानयस्य संसीव्याथर्वा हृदयं च यत्।
   मस्तिष्कादूर्ध्वः प्रैरयत् पवमानोऽधि शीर्षतः।। अथर्व०, 10-2-26

अर्थात् आयु वृद्धावस्था के पूर्व छोड़ते जो ब्रह्म की नगरी को जानता है।[1]

निडर प्राण–

यथा भूतं च भव्यं च न बिभीतो न रिष्यतः।
एवा मे प्राण मा विभेः।। अथर्व०, 2-15-6

जिस प्रकार भूत और भविष्य डरता नहीं इसलिए नष्ट नहीं होता, इसी प्रकार हे मेरे प्राण! तू मत डर।

इस सूक्त में स्पष्ट कहा है कि डर ही नाश का हेतु है। इसीलिए हर एक को निर्भय होकर धर्म-कार्य करना चाहिए। डरने से शक्ति की क्षीणता होती है और निर्बलता आती है। अर्थात् जो बारंबार डरते हैं, उनका मन अत्यन्त कमजोर होता है और मन अशक्त होने पर उस पुरुष में बल बढ़ने की संभावना ही नहीं है।

वैदिक धर्म के स्त्री पुरुषों को यह सूक्त मनन करने योग्य है। यह सूक्त कहता है कि 'देखो! पृथिवी और द्युलोक, सूर्य और चन्द्र आदि सब इसलिए बलवान हैं कि वे नहीं डरते हैं। यदि उसमें भीति उत्पन्न होगी तो उसकी स्थिति नहीं रहेगी। इस प्रकार जो ब्राह्मण और क्षत्रिय नहीं डरते हैं, वे ही शक्तिशाली होते हैं। परन्तु जो डरते हैं, वे क्षीण बल हो जाते हैं। इसलिए प्रत्येक मनुष्य निडर होकर धर्म कार्य करें, आगे बढ़े और उन्नति प्राप्त करे'। तात्पर्य यह है कि वैदिक धर्मी मनुष्य सत्य धर्म के पालन के लिए निडर होना चाहिए। अतः गृहस्थी स्त्री-पुरुषों को उचित है कि वे अपने बाल-बच्चों को बालपन में ऐसी शिक्षा दें कि वें निडर होकर बढ़ें और उनके मन में किसी प्रकार का डरपोकपन न रहे।

प्राण और वायु–

ये दो वायु हैं। एक वायु हृदय तक चलता है। दूसरा बाहर तक चलता है। एक वायु तुझे बल देवे और दूसरा सब दोषों को दूर ले जावे।

श्वास और उच्छ्वास ये दो वायु हैं। जो अन्दर जाने वाला श्वास है, वह बल देता है और जो बाहर जाने वाला उच्छ्वास है वह दोषों को दूर हटाता है। इस प्रकार दोष दूर करने और बल बढ़ाने के कारण प्राणी जीवित रहते हैं और बढ़ते हैं।[2]

---

1. न वै तं चक्षुर्जहाति न प्राणो जरसः पुरा।
पुरं यो ब्रह्मणो वेद यस्याः पुरुष उच्यते।। वही, 10-2-30

2. द्वाविमौ वातौ वात आ सिंधोरा परावतः।
दक्षं ते अन्य आ वातु परान्यो वातु यद्रूपः।। ऋग्वेद, 10-137-2

प्राण का मार्ग–

मेंढे के समान लड़ने वाला संरक्षक प्राण, वायु वीर्य के लिए नाक में रखा है। श्वास उच्छ्वास रूप, दोनों प्राणों से प्राण का अमृतमय मार्ग बना है। स्थिर स्तुतियों के द्वारा प्रवाह मयी सुषुम्ना नाड़ी सर्व शरीर व्यापक व्यान प्राण को तथा नासिका के साथ सम्बन्ध रखने वाले अन्य प्राणों को प्रकट करती है।

स्पर्धा करने वाले शत्रु के साथ युद्ध करके उसका पराजय करने वाला मेंढा होता है। यही प्राण का, कार्य अपने शरीर में सब व्याधियों और शरीर के सब शत्रुओं के साथ लड़कर शरीर का आरोग्य नित्य स्थिर रखने का बड़ा कार्य करने वाला महावीर अपने शरीर में मुख्य प्राण ही है। यह रोगों के साथ मेंढे के समान लड़ता है। 'अवि' शब्द का धात्वर्थ 'रक्षक' है। जो सब प्रकार से रक्षा करता है। वह 'अवि' इस शरीर की रक्षा प्राण द्वारा होती है। इसलिए इस प्राण का यहाँ महत्त्व है। मनुष्य का स्वास्थ्य आरोग्य, बल, आयु उत्साह आदि सब प्राण पर ही निर्भर है। हरएक मनुष्य को चाहिए कि वह अपने अन्दर प्राणशक्ति का बल बढ़ावे और रोगों के साथ युद्ध करके उनका पराभाव करके स्वास्थ्य संपादन द्वारा अपना आयु और आरोग्य प्राप्त करे।[1]

प्राण धारण की रीति–

हे असुनीते! यहाँ हमारे अन्दर पुनः चक्षु प्राण और भोग धारण करो। सूर्य का उदय हम बहुत देर तक देख सके। हे अनुमते! हम सब को सुखी करो और हमको स्वास्थ्य से युक्त रखो।

'असुकी नीति' अर्थात् 'प्राण' धारण करने की रीति जब ज्ञात होती है। तब चक्षु की शक्तिहीन होने पर भी पुनः उत्तम दृष्टि प्राप्त की जा सकती है। प्राण जाने की संभावना होने पर भी पुनः प्राण की स्थिरता की जा सकती है। भोग-भोगने की अशक्यता हो सकती है।

'असुनीति' अर्थात् प्राण धारण करने की रीति जानने से और उसका अनुष्ठान करने से प्राण की शक्ति बढ़ती है। श्वास, उच्छ्वास तथा अन्दर और बाहर 'कुम्भक' इनका विचार असुनीति अथवा प्राण नीति के शास्त्र में होता है। प्राण का सम्बन्ध हरएक मनुष्य के साथ होने से हरएक को इस असुनीति शास्त्र का अध्ययन और विचार करना चाहिए और हरएक को इस शास्त्र के नियम जानकर तदनुसार अनुष्ठान द्वारा अपने प्राण का बल बढ़ाना चाहिए।

---

1. अविर्न मेषो नसि वीर्याय प्राणस्य पंथा अमृतो गृहाभ्याम्।
   सरस्वत्युपवाकैर्व्यानं नस्यानि बहि र्बदरैर्जजान।। यजुर्वेद 19-90

इस मन्त्र में 'असु-नीति' के साथ 'सूर्य' का सम्बन्ध वर्णित हुआ है। सूर्य से ही प्राणशक्ति प्राप्त होती है और दीर्घ आयु भी वही देता है। सूर्य प्रकाश को छोड़ कर असुनीति अनुष्ठान हो ही नहीं सकता, इसलिए प्राणधारण की रीति का विचार और अनुष्ठान करने वाले अपने आपको सूर्य प्रकाश से न रखे।[1]

---

1. असुनीते पुनरस्मासु चक्षुः पुनः प्राणमिह नो धेहि भोगं।
   ज्योस्पश्येम सूर्यमुच्चरतमनुमते मृल्या नः स्वस्ति।। ऋग्वेद, 10-59-6

अथर्वा ऋषि का वेद अथर्ववेद है। अथर्वा का अर्थ है–अचंचल अर्थात् स्थिरचित्त योगी। इसीलिए अथर्ववेद का मुख्य प्रतिपाद्य अध्यात्म और योगसाधना है। वैदिक संहिताओं, ब्राह्मण और आरण्यक ग्रन्थों में प्राण की महिमा का गान किया गया है। किन्तु योगसाधन को महत्त्व देने के कारण अन्य संहिताओं की तुलना में अथर्ववेद संहिता में प्राणविषयक विवेचन अपेक्षाकृत अधिक हुआ है। इस संहिता में ही प्रसिद्ध प्राण-सूक्त (11-4-) उपलब्ध होता है। इसके अतिरिक्त तीन सम्पूर्ण सूक्त और एक मन्त्र 'प्राण' को समर्पित है।

संहिता के पन्द्रहवें 'व्रात्य' काण्ड के तीन पर्याय सूक्त (15-17) भी प्राण अपान और व्यान की व्याख्या करने के कारण इस दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है। सम्पूर्ण संहिता में प्राण, प्राणापानौ आदि के कई दूसरे संदर्भ भी हैं जो अन्य देवताओं या अन्य विषयक सूक्तों में उपलब्ध है। प्राण तत्त्व के अथर्ववेदीय चिन्तन में सहायक हैं। यहाँ प्राण के समक्ष या समान अर्थ को प्रकट करने वाले वायु, वात, आत्मा, असु आदि कुछ शब्द व्यवहृत हुए हैं। द्रष्टव्य है कि प्राण सूक्तों को छोड़कर जहाँ प्राण विद्या की स्वतन्त्र रूप से प्रतिष्ठा की गयी है। अन्यत्र अधिकतर प्राण की चर्चा आयु या वायु के साथ हुई है।

अथर्ववेद में प्राणशक्ति को समस्त शक्तियों में प्रमुख शक्ति माना गया है। जिस प्रकार समष्टि में प्राण का शासन है। उसी प्रकार व्यष्टि में प्राण का आधिपत्य है। प्रकृति में देवता प्राण के वश में हैं तो शरीर में इन्द्रियाँ उसी के नियन्त्रण में हैं। प्राणे सर्वे प्रतिष्ठतम्। (11-4-15) ऋषि वैदर्भि भार्गव का उद्घोष है। प्राण ही मनुष्य को जीवित और सचेष्ट रखता है।

प्राण का स्वरूप–प्राण सूक्त के आधार पर–

अथर्ववेदीय प्राणसूक्त के छब्बीस मन्त्रों में बड़े ही विस्तार से प्राणतत्त्व के स्वरूप और महत्त्व का प्रतिपादन किया गया है जिससे प्राणोपासना की विधि भी प्रदर्शित हो जाती है। 'प्राणसूक्त' प्राणविषयक अथर्व वैदिक उपदेशों का सुन्दर निदर्शन है। उसके सारांश को प्रस्तुत करके ही अथर्ववेदीय दृष्टि में प्राण के स्वरूप को समझा जा सकता है। प्राण के अधीन ही सब कुछ है। प्राण ही सर्वश्रेष्ठ है।

व्यान–

अथर्ववेद में व्यानाय शब्द द्वारा व्यान (वि+आनाय) वायु का उल्लेख प्राप्त होता है।

---

1. अथर्व०, 2-15, 2-16, 2-17, 6-10-1
2. वही, 6-41-2

यह व्यान वायु सम्पूर्ण शरीर में व्याप्त रहती है। पं० हरिशरण सिद्धान्तालंकार ने व्यान के विषय में लिखा कि ऊर्ध्व और अधोवृत्ति के व्याग से उस वायु का शरीर में ठहरना व्यान कहलाता है।

पं० जयदेव शर्मा के अनुसार ऊपर-नीचे दोनों ओर की गति न करके प्राण का स्थिर रहना व्यान कहलाता है। कण्ठ से नाभि तक की वायु शक्ति को व्यान कहा है।

अपान–

पाँच प्रकार के प्राणों में यह भी उतना महत्त्वपूर्ण माना जाता है। अपान वायु का निर्माण नासिका द्वारा अन्दर लेने वाली वायु से ही होता है। यह वायु फेफड़ों में पहुँच कर शुद्ध होकर शरीर के अन्य प्रमुख स्थानों में विशेष रूप से स्थित होकर निश्चित कार्य करती है। उनके कार्य के अनुसार ही वायु का नामकरण किया गया है। यह अपान वायु शरीर के समस्त दूषित पदार्थों को बाहर करने में पूर्णरूप से सहयोगी होती है।

अथर्ववेद में अपान वायु का स्पष्ट उल्लेख प्राप्त होता है। षष्ठ काण्ड के 41वें सूक्त के दूसरे मन्त्र में 'अपानाय' का शब्द प्राप्त होता है। अथर्ववेद के भाष्यकार पण्डित हरिशरण सिद्धान्तालंकार ने अपानाय का अर्थ इस प्रकार लिखा–

अपानाय– मुख नासिका से बाहिर विनिर्गत वायु का फिर अन्तःप्रवेश अपान में व्यापार कहलाता है। तथा पं० जयदेव शर्मा के अनुसार–

आध्यात्म शक्ति से अपान– मुख नासिका से बाहर के वायु को पुनः भीतर लेना।[1] नाभि से उदर तंक की शक्ति अपान है।

यहाँ पर जो अपान वायु के विषय में पं० हरिशरण सिद्धान्तालंकार जबकि अपानाय का अर्थ अ+पानाय-अर्थात् जो पान करने के योग्य न हो वो अपान कहलाता है।

सायण के अनुसार–

प्राणाय–

प्राण के विषय में अथर्ववेद में अनेक स्थानों पर उल्लेख प्राप्त हुआ है अथर्ववेद के षष्ठ सर्ग के 41वें सूक्त के दूसरे मन्त्र में प्राणाय शब्द का उल्लेख हुआ। उसका अर्थ है प्राण के लिए।

पं० हरिशरण के अनुसार प्राणाय (प्राण के लिए) हम (हविषा) दानपूर्वक अदन के

---

1. अपानाय व्यानाय प्राणाय भूरिधायसे।
   सरस्वत्या उरूव्यचे विधेम हविषा वयम्।। अथर्व०, 6-41-2

द्वारा (विधेम) प्रभु का पूजन करते हैं।

यहाँ पर चतुर्थी विभक्ति के एकवचन का प्रयोग हुआ है। यहाँ पर प्राण के लिए हवन, यज्ञ करना अनिवार्य बताया गया है। आज तो हवन यज्ञ की अत्यन्त आवश्यकता है क्योंकि मनुष्यों के द्वारा वायु-प्रदूषण, जल प्रदूषण आदि अनेक प्रकार के प्रदूषण नित्य-प्रति उत्पादित हो रहे हैं। इस कारण से शुद्ध श्वास लेने में कठिनाई हो रही है और अनेक प्रकार के असाध्य रोगों की उत्पत्ति हो रही है। कोई भी इस वायु प्रदूषण को दूर करने के उपाय नहीं कर रहा है। नित्यप्रति वनों को काटे जाने से जंगलों के समाप्त होने से जो प्रकृति स्वयं शुद्धता का कार्य करती थी उसमें मनुष्य भी बाधित हो रहा है, परन्तु इस मन्त्र में शुद्धतापूर्वक प्राण के संचालन के लिए हवन-यज्ञ को वरीयता दी है।

परमेशमुखोद्भूतज्ञानचन्द्रमरीचिछुपं

श्रीमालिनीविजयोत्तरतन्त्रम्

कुलपतेः प्रो.राममूर्तिशर्मणः प्रस्तावनया विभूषितम्



भाषाभाष्यकारः सम्पादकश्च

डॉ. परमहंसमिश्रः 'हंसः'

सम्पूर्णानन्द-संस्कृत-विश्वविद्यालयः

वाराणसी

YOGATANTRA-GRANTHAMĀLĀ

[Vol. 31]

ŚRĪ MĀLINĪ-VIJAYOTTARATANTRA

With the Hindi Commentary

By

DR. PARAMHANS MISHRA 'HANS'

FOREWORD BY

PROF. RAMMURTI SHARMA

VICE-CHANCELLOR

EDITED BY

DR. PARAMHANS MISHRA 'HANS'

VARANASI

2001

Research Publication Supervisor—
Director, Research Institute
Sampurnanand Sanskrit University
Varanasi.

❐

Published by—
Dr. Harish Chandra Mani Tripathi
Director, Publication Institute
Sampurnanand Sanskrit University
Varanasi-221 002.

❐

Available at—
Sales Department,
Sampurnanand Sanskrit University
Varanasi-221 002.

❐

First Edition, 500 Copies

Price : Rs 500/-

❐

Printed by—
VIJAYA PRESS
Sarasauli, Bhojubeer
Varanasi.

ISBN : 81-7270-047-4

योगतन्त्र-ग्रन्थमाला

[३१]

श्रीमालिनी-विजयोत्तरतन्त्रम्

डॉ. परमहंसमिश्रकृतेन 'नीरक्षीरविवेक'-हिन्दीभाष्येण

कुलपतेः प्रो.राममूर्तिशर्मणः प्रस्तावनया च विभूषितम्

सम्पादकः

डॉ. परमहंसमिश्रः 'हंसः'

वाराणस्याम्

२०५८ तमे वैक्रमाब्दे १९२३ तमे शकाब्दे २००१ तमे खैस्ताब्दे

अनुसन्धान-प्रकाशन-पर्यवेक्षकः —
निदेशकः, अनुसन्धान-संस्थानस्य
सम्पूर्णानन्द-संस्कृत-विश्वविद्यालये
वाराणसी।

❐

प्रकाशकः —
डॉ. हरिश्चन्द्रमणित्रिपाठी
निदेशकः, प्रकाशनसंस्थानस्य
सम्पूर्णानन्द-संस्कृत-विश्वविद्यालये
वाराणसी-२२१००२

❐

प्राप्ति-स्थानम् —
विक्रय-विभागः,
सम्पूर्णानन्द-संस्कृत-विश्वविद्यालयस्य
वाराणसी-२२१००२

❐

प्रथमं संस्क — ५०० प्रतिरूपाणि
मूल्यम् – ५०० रूप्यकाणि

❐

मुद्रकः —
विजय-प्रेस
सरसौली, भोजूबीर
वाराणसी।

ISBN : 81-7270-047-4

प्रस्तावना

संस्कृतवाङ्मये वर्णमालाविज्ञानं द्विधाविभक्तमित्यपरोक्ष एव विषयो विज्ञातृणाम्। वर्णानि भगवत्याः परायाः स्पन्दनान्येव वैखर्यां सुस्फुरन्ति। देवी वाचं प्रथममयजन्त। तामेव विश्वोल्लासे समुल्लसन्तीं प्राणिनः प्रवदन्ति। वागात्मिकेयं पयस्विनी धेनुः पयोरूपिणीं भावसम्प्रेषणप्रेरिकामूर्जां जीवने दधाति विदधाति चेति।

पराया वाचश्चमत्काराण्येव सन्ति वर्णानि। षट्त्रिंशत्तत्त्वानां व्यक्ताव्यक्तरूपाणां वाचकान्येतान्येव सन्ति। तन्त्रे सम्यगेवोक्तं यत्—

या सा शक्तिर्जगद्धातुः कथिता समवायिनी सैव सिसृक्षोः परमेश्वरस्येच्छाशक्तिरूपेण, एतदिदमीदृगेवेति ज्ञापयन्ती ज्ञानशक्तिरूपेण, इदं वस्तु एवं भवत्विति प्रकुर्वती क्रियाशक्तिरूपेण समुल्लसति। अर्थोपाधिवशाच्चिन्तामणिरिवेश्वरीयं भेदानन्त्यं बिभर्त्ति।

बीजयोनिरूपेण द्विधात्वं, वर्णभेदतो नवधात्वं प्रतिवर्णविभेदत्वेनेयं शतार्धकिरणोज्ज्वला शक्तिः पञ्चाशद्धात्वमङ्गीकरोति। तत्र 'अ'कारादयः षोडश स्वरा भैरववाचका बीजरूपाः, ककारतः क्षकारपर्यन्तं चतुस्त्रिंशद्वर्णा भैरवीशक्तिवाचकाः सन्ति। प्रतिवर्णविभेदे मातृशक्तिसमुल्लासाद् इयं वागात्मिका स्फूर्त्तिर्मातृका इति समुदीर्यते।

वर्णमालाया द्वितीया प्रथा 'मालिनी'त्युच्यते। मिमीते माययति वा विश्वोल्लासं सर्वमिति मा+ल+इनि+ङीप्-विभक्तिसमवायान्निष्पन्नेयं मालिनी भिन्नयोनिः शब्दराशिरूपा वर्णमालाऽस्ति। वर्णदृष्ट्या तु पञ्चाशद्धात्वं स्वीकरोति, तदपि मातृकाभावतः पृथक् प्रथमानतां प्रथयति। मातृकाया औपासनिको मन्त्रो 'ह्रीं अक्ष ह्रीं' भवति। मालिन्यास्तु 'ह्रीं न फ ह्रीं' इति। नकारात् फकारान्तं प्रसरन्त्या अस्याः क्रमस्त्वेवम्—न,ऋ, ॠ, ऌ, ॡ, थ, च, ध, ई, ण, उ, ऊ, ब, कवर्ग, इ, आ, व, भ, य, ड, ढ, ट, झ, ञ, ज, र, ट, प, छ, ल, आ, स, विसर्ग (:), ह, ष, क्ष, म, श, अं, त, ए, ऐ, ओ, औ, द, फ इति।

इत्थं मालिनीप्राधान्ये ग्रन्थेऽस्मिन् समुद्घुष्टं शिवेनैव यत्—

यथेष्टफलसंसिद्ध्यै मन्त्रतन्त्रानुवर्त्तिनाम् ।
विशेषविधिहीनेषु न्यासकर्मसु मन्त्रवित् ।।
न्यसेच्छाक्तशरीरार्थं भिन्नयोनिं तु मालिनीम् ।।

शाक्तशरीरसमुत्पादयित्री मालिनीयं विद्या सर्वातिशायिनी विद्येति वक्तुं शक्यते।

विश्वस्मिन् वर्त्तमानासु प्रचलितास्वप्रचलितासु च नेदृशं वर्णविज्ञानं विकसितं वर्त्तते, न वा दृश्यते कुत्रापि। वर्णेषु वर्णेषु वर्त्तमानाः शक्तयः विश्वोल्लासं कया विधया विदधति, केषु केषु रूपेषु ता व्यज्यन्त इति सर्वमस्मिन् तन्त्रग्रन्थे सन्दृब्धमिति ध्रुवम्।

ग्रन्थस्यास्य कस्याञ्चिदपि विश्वभाषायामनुवादादिकं किमपि नासीत्। एतस्यां परिस्थितौ **डॉ. परमहंसमिश्र**महोदयेन यत् कृतं **'नीर-क्षीर-विवेक-भाषाभाष्यम'**स्य तन्त्रागमवाङ्मये मूर्धन्यस्य नैयून्याविष्कारविश्रुतस्य ग्रन्थस्य तत् सत्यं चमत्कार एवेति निश्चप्रचम्।

मिश्रमहोदयाः श्रीतन्त्रालोकस्य तन्त्रागमवाङ्मयविश्वकोषस्य विश्रुता भाष्यकाराः पथिकृतो विद्वांसः सन्ति। साधकशिरोमणीनामेतेषामागमिक रहस्योल्लासेऽभिनवालोकललामतायाः प्रकाशिकया लेखन्या यदलेखि भावनामयं भाष्यम्, निखिलं खलु खनिरेव चिन्तामणीनां मणिद्वीपस्येति समर्थतया वक्तुं शक्यते।

सन्दर्भेऽस्मिन् **डॉ. परमहंसमिश्रमहोदयं** साधुवादसहस्रैः सभाजयामि। आयतौ चैवमेव चिद्रसचिन्तामणिचयनेन तन्त्रसपर्यामाजीवनं विधास्यन्ति मिश्रमहोदया इत्याशासे।

महतोऽस्य प्रकाशनस्य श्रेयःसाधकाः **श्रीमन्तो डॉ. हरिश्चन्द्रमणि-त्रिपाठि**महाभागा आशीराशिभिरभिषिच्यन्ते। शुभाशीर्वादास्पदाश्च प्रकाशन-संस्थानस्य सर्वे सहयोगिनश्चावसरेऽस्मिन् सुस्मर्तव्याः सन्ति। सर्वैरेतैः कार्येऽस्मिन् स्वकीयानि निर्व्यूढान्युत्तरदायित्वानीति। मुद्रापकं **श्रीगिरीशचन्द्रञ्च** स्मरामि शुभाशंसनञ्च तस्य विदधामि। अन्ते च ग्रन्थमिमं सान्नपूर्णाय श्रीविश्वेश्वराय समुपहरामीति शम्।

राममूर्ति शर्मा

वाराणस्याम्
ज्येष्ठपूर्णिमायाम्,
वि.सं. २०५८

राममूर्तिशर्मा
कुलपतिः
सम्पूर्णानन्द-संस्कृत-विश्वविद्यालयस्य

स्वात्मविमर्श

मालिनीविजयोत्तरतन्त्र का उत्स

मातृविहीन को माँ मिल जाय, यह सौभाग्य का विषय माना जाता है। श्रीतन्त्रालोक के आठवें खण्ड के अन्त में मैंने 'स्वात्मनिवेदनम्' में लिखा है—

सा गता मां जगन्मातुः समर्प्य पदपद्मयोः।
मातृहीनोऽपि पुत्रोऽस्मि पराम्बायाः कृपास्पदः॥

पराम्बा का कृपास्पद होने का सौभाग्य मुझे मिला। माँ ने मुझे षाण्मातुर (जिसकी एक नहीं छः छः मातायें हों, उसकी) मनोज्ञता से संयुक्त कर दिया। यद्यपि कार्त्तिकेय षाण्मातुर कहलाते हैं; किन्तु पार्वतीनन्दन भी उनका एक विशेषण है। वे हमारी माँ के ही पुत्र हैं। उनमें और मुझमें कुछ साम्य और भी है। वे महासेन और सेनानी भी कहलाते हैं। मैं भी स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी हूँ। वे शक्तिधर हैं। मैं शक्ति का साधक हूँ। वे शास्त्र सुनते और सुनाते हैं। मैं तन्त्र-शास्त्र का भाष्य कर लोगों में पहुँचाता हूँ। इस तरह श्रीमालिनीविजयोत्तरतन्त्र ने मुझे कुमार कार्त्तिकेय का अनुगत भाई बना दिया है। मैं परम प्रसन्न हूँ।

इस आदिम तन्त्र को 'मालिनीविजयोत्तरतन्त्रम्' को संज्ञा प्रदान करने वाले श्री कार्त्तिकेय ही हैं। उन्होंने स्वयं ऋषियों से कहा—

'इति वः सर्वमाख्यातं मालिनीविजयोत्तरम्'[1]।

तथा ग्रन्थ के अन्त में यह उल्लेख भी है कि,

'कार्त्तिकेयात्समासाद्य ज्ञानामृतमिदं महत्।
मुनयो योगमभ्यस्य परां सिद्धिमुपागताः'[2]॥

वस्तुतः यह कथा कैलाश की देवपरिषद् को जिज्ञासा का निष्यन्द है। परमेश्वर के मुखारविन्द मकरन्द रूप अमृत का प्रवाह कैलाश पर्वत पर उन्मुक्त भाव से प्रवहमान था। सनत्कुमार, सनक, सनातन, सनन्दन, नारद, अगस्त्य, संवर्त्त और अन्य मनीषियों में वरिष्ठ मुनीश्वर वशिष्ठ आदि मनोयोग-

---

१. मा० वि० २१।४१।
२. तदेव—२१।४९।

पूर्वक इस अमृत रस का आस्वादन कर रहे थे। योगविद्या के रहस्यों को समझने के उद्देश्य से किये गये उनके विनम्र अनुरोध को स्वीकार कर तारकान्तक शिव प्रसन्न थे।

वातावरण बड़ा पावन और प्रेरक था। अत्रि के नेत्र से निष्पन्न चन्द्र यहाँ शिरोभाग पर विराजमान था। परमेश्वर की इच्छा से वह ज्ञान का चन्द्र बनकर यहाँ रहस्य रश्मियों को विकीर्ण कर रहा था। ज्ञानचन्द्र की मरीचियाँ 'मालिनी-विजयोत्तरतन्त्र' के रूप में चतुर्दिक् चैतन्य की चेतना का चमत्कार भर रही थीं।

मनीषियों के साथ वहीं माता पार्वती भी थीं। उन्होंने भी सिद्धयोगीश्वरी मत और मालिनी मत आदि के सम्बन्ध में कुछ जिज्ञासायें प्रस्तुत की थीं। वहीं क्रौञ्चहन्ता, तारकजित् कार्त्तिकेय भी थे। इस श्रुति समारोह का रस वे भी ले रहे थे।[1] आद्योपान्त उन्होंने इस अमृत को आत्मसात् किया था।

कार्त्तिकेय से ही यह रहस्य मुनियों को प्राप्त हुआ था। देवी पार्वती ने परमेश्वर से योगविधि सम्बन्धी प्रश्न किया था। परमेश्वर ने उसके उत्तर में मन्त्रों के लक्षण के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला था। इस उत्तर से ऋषि चकित थे। कार्त्तिकेय से पूछने पर उन्होंने ही ऋषियों के सन्देह की निवृत्ति की। इस तरह पूरा श्रीमालिनीविजयोत्तरतन्त्र ऋषियों को श्रवणगोचर हो सका।

मालिनीविजयोत्तरतन्त्र सर्वप्रथम महेश्वर अघोर[2] परमेश्वर से तारकान्तक शिव ने सुना था। दूसरी बार[3] परमेश्वर शिव ने देवसभा में उमा देवी को सुनाया और तीसरी बार कार्त्तिकेय ने ऋषि परम्परा को इस कथामृत से अभिषिक्त किया। वही कार्त्तिकेय द्वारा प्राप्त यह तन्त्र मालिनीविजयोत्तर-तन्त्र है।

शास्त्र की संज्ञा

कार्त्तिकेय ने इस शास्त्र का नामकरण मालिनीविजयोत्तरतन्त्रम् किया है।[4] इस ग्रन्थ के अन्तःसाक्ष्य के आधार पर कुछ तथ्य और उक्तियाँ इस सम्बन्ध में एक वैचारिक विकल्प प्रस्तुत करती हैं।

१. तारकान्तक से ऋषियों ने योगमार्ग विधि के सम्बन्ध में पूछा था। भगवान् ने महेश्वर अघोर को प्रणाम कर उन्हीं अघोर के मुख से उद्गत मालिनी-विजयोत्तरतन्त्र को सुनाया था—

---

१. मा० वि० ४।३; २. तदेव—१।६-१।१४;
३. तदेव—१।१३। ४. तदेव २३।४१;

प्रत्युवाच प्रहृष्टात्मा नमस्कृत्य महेश्वरम्[1]।
शृणुष्वं संप्रवक्ष्यामि सर्वसिद्धि-फलप्रदम् ॥
मालिनीविजयं तन्त्रं परमेशमुखोद्गतम्।
भुक्तिमुक्तिप्रदातारं ···· ···· ···· ··· ··· ···· ॥

२. अमरार्चित उमेश को प्रणाम कर उस समय देवी पार्वती ने कहा था—

स्वस्थानस्थमुमादेवी प्रणिपत्येदमब्रवीत्।
सिद्धयोगीश्वरीतन्त्रं नवकोटिप्रविस्तरम् ॥
यत्त्वया कथितं पूर्वं भेदत्रयविसर्पितम्।
श्रीमालिनीविजये तन्त्रे कोटित्रितय-लक्षिते ॥
योगमार्गस्त्वया प्रोक्तः सुविस्तीर्णो महेश्वर!
भूयस्तस्योपसंहारः प्रोक्तो द्वादशभिस्तथा ॥

अर्थात् पार्वती के अनुसार योगमार्ग सिद्धयोगीश्वरी तन्त्र के माध्यम से सुनाकर पुनः उसी को शिव ने मालिनीविजयोत्तरतन्त्र के रूप में संक्षेप में सुनाया था। पुनः बारह हजार मन्त्रों में उसका संक्षेप किया। वह भी अल्पबुद्धि लोगों द्वारा आत्मसात् नहीं हो पा रहा था। इसलिये पार्वती ने उसका भी संक्षेप करने के लिये प्रार्थना की थी। यह संक्षेप की बात भी दोनों की एकता का संकेत करती है।

३. पार्वती के उक्त कथन के उत्तर में भगवान् शिव ने कहा था—

शृणु देवि प्रवक्ष्यामि सिद्धयोगीश्वरीमतम्।
यन्न कस्यचिदाख्यातं मालिनीविजयोत्तरम् ॥ (मा० १।१३)

४. इस प्रकार शुद्ध (मोक्ष) और अशुद्ध (बन्ध) दो भावों के भेद से इन्द्रियों के प्रभाव का सिद्धयोगीश्वरी मन्त्र में वर्णन किया गया[2]।

५. सिद्धयोगीश्वरी मतानुसार ध्यान से सर्वमन्त्रोपलक्षणा सिद्धि होती है[3]।

६. स एव मन्त्रदेहस्तु सिद्धयोगीश्वरीमते[4]।

७. भगवान् शिव कहते हैं कि, देवि! मैंने इस तरह यह सिद्धयोगीश्वरी मत तुम्हें सुनाया[5] और इसके तुरत बाद कार्त्तिकेय कहते हैं कि, ऋषियों! मैंने तुम्हें यह मालिनीविजयोत्तरतन्त्र सुनाया[6]।

---

१. मा० वि० १।६-७ २. तदेव—१५।४५; ३. तदेव—१७।३३;
४. तदेव—१८।३८; ५. तदेव—२३।३८; ६. तदेव—२३।४१;

इन कथनों और उपकथनों से सिद्धयोगीश्वरी तन्त्र का ही परम संक्षेप रूप कोई खण्ड मालिनीविजयोत्तरतन्त्र है, यह सिद्ध हो जाता है। भगवान् शिव की उक्ति—

'शृणु देवि प्रवक्ष्यामि सिद्धयोगीश्वरीमतम्।
यन्न कस्यचिदाख्यातं मालिनीविजयोत्तरम्[1] ॥

भी इन दोनों का एक होना ही सिद्ध करती है।

श्रीतन्त्रालोककार श्रीमदभिनवगुप्तपादाचार्य ने सिद्धयोगीश्वरी तन्त्र का द्वितीय, तृतीय, एकादश, सप्तदश, ऊनविंश, त्रयोविंश, पंचविंश और अष्टाविंश आह्निकों में खुलकर प्रयोग किया है। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि, उनके समय में सिद्धयोगीश्वरी तन्त्र का बृहत् स्वरूप प्रचलित था। आज एक तरह से यह अनुपलब्ध ही है। ज्ञात हुआ है कि एशियाटिक सोसाइटी, कलकत्ता के ग्रन्थागार में इसकी एक दुर्लभ पाण्डुलिपि है। श्री शीतला प्रसाद उपाध्याय, उपाचार्य योगतन्त्र विभाग सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी के अनुसार नेपाल राज्य के राज्य ग्रन्थागार में भी इसकी एक प्रति है।

इस प्रकार इसके 'पृथक् अस्तित्व' 'इसके एकत्व' और 'सिद्धयोगीश्वरी तन्त्र का ही यह कोई अंश है', ये तीनों तथ्य विचारणीय हैं। सिद्धातन्त्र, सिद्धामत और सिद्धान्त शासन ग्रन्थों के सम्बन्ध में भी गवेषणा आवश्यक है।

विशेषतः विद्वद्वर्ग द्वारा यह विचारणीय है कि, सिद्धयोगीश्वरी तन्त्र और मालिनीविजयोत्तरतन्त्र दोनों एक ही महान् ग्रन्थ के दो भागों में बँटे हुए रूप हैं? क्या दोनों अलग होकर भी एक हैं?

मातृका मालिनी का अन्तर

मातृका—मालिनी एक अभिनव मातृका है। मातृका के ५० वर्ण प्रसिद्ध हैं। 'अ' से विसर्ग तक के १६ वर्ण स्वर वर्ण हैं और क से स तक ३३ वर्ण मिलकर ४९ वर्ण होते हैं। 'क्ष' को चक्रेश्वर वर्ण कहते हैं। इस तरह कुल मिलाकर पचास वर्ण मातृका के माने जाते हैं। सोलह स्वर वर्ण बीज वर्ण हैं और शेष ३४ व्यंजन योनिवर्ण हैं। बीज और योनिवर्णों के संयोग से सारा वाङ्मय प्रसार प्राप्त करता है। मातृका नाम पड़ने का कारण निम्नवत् है—

१. अवर्ग की अधिष्ठात्री देवी महालक्ष्मी हैं।

२. कवर्ग की अधिष्ठात्री देवी कमलोद्भवा ब्राह्मी हैं।

३. चवर्ग में महेशानी देवी का अधिष्ठान है।

---

१. मा० वि० १।१३।

४. टवर्ग में कुमारिका अर्थात् कौमारी देवी उल्लसित हैं।

५. तवर्ग में नारायणी देवी अधिष्ठित हैं।

६. पवर्ग में वाराही माता का अधिष्ठान माना जाता है।

७. यवर्ग (य र ल व) में ऐन्द्री अधिष्ठित रहती हैं।

८. शवर्ग (श ष स ह) में चामुण्डा देवी का अधिष्ठान माना जाता है।

इस तरह, १. महालक्ष्मी, २. ब्राह्मी, ३. माहेशी, ४. कौमारी, ५. नारायणी (वैष्णवी), ६. वाराही, ७. ऐन्द्री और ८. चामुण्डा नामक मातृशक्तियाँ इसमें निवास करती हैं। इसी आधार पर आठ वर्गों में विभाजित पूरी वर्णमाला मातृका मानी जाती है[1]।

मालिनी—मालिनी की एकमात्र परिभाषा का उल्लेख करते हुए भगवान् कहते हैं—

न्यसेच्छाक्तशरीरार्थं भिन्नयोनिं तु मालिनीम्[2]।

अर्थात् भिन्नयोनि मातृका को मालिनी कहते हैं। मातृका में योनिवर्ग सात वर्गों में विभक्त होने पर भी वर्गानुकूल परिगणित होती है। वही मालिनी भिन्नयोनि वाली होती है। योनि भिन्नता वर्णों पर ही आधारित होती है। वर्णों में ही सारे तत्त्व और उनकी शक्तियों के सत्त्व उल्लसित हैं। इनका शरीर के अवयवों पर न्यास करने से दिव्यता का सम्पूर्ण आधार हो जाता है।

मातृका क्रम से सभी वर्ण प्रचलित हैं। मालिनी का वर्णक्रम इस प्रकार है। यहाँ वर्ण क्रम, तत्त्व, न्यास के अङ्ग और वर्णशक्ति क्रम प्रदर्शित हैं—

क्रमाङ्क	मालिनीवर्ण सोलह अक्षर	तत्त्व	न्यास के अङ्ग स्थान	वर्ण शक्तियों की संज्ञा
१.	न	शिव तत्त्व	शिखा	नादिनी
२-५	ऋ ॠ ऌ ॡ	,,	शिरोमाला	कला–१. निवृत्ति, २. प्रतिष्ठा, ३. विद्या, ४. शान्ता
६.	थ	,,	शिर का अग्रभाग मस्तक	सती उमा
७.	च	,,	तृतीय नेत्र	चामुण्डा
८.	ध	,,	नेत्र	प्रियदर्शिनी

१. स्वच्छन्द तन्त्र १।३४-३६, मा० वि० ३।१०-१५।

२. मा० वि० ३।३६, ४।११, ४।१४।

९.	ई	,,	दोनों नेत्रों का मध्य	गुह्यशक्ति
१०.	ण	,,	दोनों कान	नारायणी
११.	उ	,,	कर्णाभूषण बाँयाँ	मोहिनी
१२.	ऊ	,,	दक्ष भूषण	प्रज्ञा
१३.	ब	,,	वक्त्र	अव्ययावच्छिणी
१४-१६.	कखग	सदाशिव	दन्तपङ्क्ति	क-कङ्कटा,
१७-१८.	घङ	ईश्वर		ख-कालिका, ग-शिवा
				घ-घोरघोषा, ङ-शिविरा
१९.	इ	सद्विद्या	जिह्वा	माया
२०.	अ	मन्त्रमहेश्वर	वाक्	वागीश्वरी
२१.	व	मन्त्रेश्वर	कण्ठ	शिखिवाहनी
२२.	भ	मन्त्र	दक्षस्कन्ध	भीषणी
२३.	य	विज्ञानाकल	वामस्कन्ध	वायुवेगा
२४.	ड	कलाकल	दक्षबाहु	लाभ-
२५.	ढ	प्रलयाकल	वामबाहु	विनायकी
२६.	ठ	सकल	दोनों हाथ	पूर्णिमा
२७.	झ	प्रकृति	दाहिनो अङ्गुलियाँ	झङ्कारी
२८.	ञ	अहंकार	वाम अङ्गुलियाँ	कुन्दना
२९.	ज	बुद्धि	शिखा शूल	जयन्ती
३०.	र	मन	शूल दण्ड	दीपनी
३१.	ट	घ्राण	शूल कपाल	पारमेश्वरी
३२.	प	जिह्वा	हृदय	पावनी
३३.	छ	स्पर्श त्वक्	दक्ष स्तन	छगली
३४.	ल	चक्षु	वाम स्तन	पूतना
३५.	आ	श्रोत्र	क्षीर	मोटरी
३६.	स	उपस्थ	जीव	परमात्मा
३७-३८.	विसर्गः ह	पाद	पञ्चप्राण	इच्छाशक्ति

३९.	ष	पाणि	उदर	लम्बिका
४०.	क्ष	वाक्	नाभि	संहारिका
४१.	म	गन्ध	नितम्ब	महाकाली
४२.	अनुस्वार	रस	शुक्र	भैरवी
४३.	श	रूप	गुह्य	कुसुमायुधा
४४.	त	स्पर्श	उरुयुग्म	तारा
४५.	ए	शब्द	दक्षजानु	ज्ञाना
४६.	ऐ	आकाश	वामजानु	क्रिया
४७.	ओ	वायु	दक्षजंघा	गायत्री
४८.	औ	तेज	वामजंघा	सावित्री
४९.	द	जल	दक्षप्रपद	दहनी
५०.	फ	धरातत्त्व	वामप्रपद	फेत्कारिका[1]

इस प्रकार पचास वर्ण राशि (शब्द राशि) के स्थान, तत्त्व और उन पर न्यस्य देवताओं की यह तालिका मालिनीविजयोत्तरतन्त्र के तीसरे अधिकार के श्लोक ३७ से ४१ तक की सूची में अङ्कित है। इसे भिन्न योनि अर्थात् बीज और योनि के पारस्परिक मेल से बनी वर्णमाला मानते हैं। श्रीमालिनीविजयोत्तर तन्त्र के अनुसार बीजयोनि से उत्पन्न रुद्रशक्ति के आश्रय से प्रवर्त्तमान वाचकों की अनन्त संख्यायें स्वीकार्य हैं[2]।

सर्वशास्त्रार्थ को अपने रहस्यमय अन्तर्गर्भ में धारण करने वाली इस मालिनी-विद्या के द्वारा परमेश्वर शिव ने अघोर भट्टारक को बोध प्रदान किया था। इस विद्या से संप्रबुद्ध होकर योनि वर्णों को बीज शक्तियों के प्रभाव से क्षुब्ध कर उसी के समान श्रुति वाले पृथक् वर्णों को उत्पन्न कर दिया। इन्हीं वर्णों से सारा का सारा वाङ्मय वेद, शास्त्र, उपनिषद्, स्मृति, पुराण आदि समुत्पन्न हुए और अनवरत उत्पन्न हो रहे हैं।

शिवशक्ति के अनन्त भेदों के रहते कार्य भेद से इसके तीन भेद होते हैं— १. अपरा, २. परा और ३. परापरा शक्ति।

१. अपरा घोरतरी शक्ति है। यह रुद्र रूप अणुओं को जो स्वयं विषयों में ही लीन रहते हैं, उन्हें और नीचे से नीचे गहराइयों में गिराने का काम करती है।

---

१. मा० वि० ३।२५ ; २. तदेव—३।५२।

२. परापरा—मिली जुली आसक्ति उत्पन्न करने वाली तथा मुक्तिमार्ग का निरोध करने वाली घोर शक्ति है।

३. पराशक्ति शिवधाम पर पहुँचाने का पावन कार्य करती है। यह अघोर शक्ति मानी जाती है। इसके बीजमन्त्र के उच्चारण मात्र से सारे मन्त्र संमुखीन हो जाते हैं।[१]

त्रिक दर्शन की मूल भित्ति रूप इन तीन शक्तियों का प्रतिपादक श्रीमालिनी-विजयोत्तरतन्त्र नामक यह तन्त्र परमेश्वर के मुखारविन्द का परम पावन मकरन्द है[२]। इससे भुक्ति और मुक्ति हस्तामलकवत् उपलब्ध होते हैं। इसे परमेश्वर के मुख से उद्भूत ज्ञानचन्द्र की मरीचि रूप मानते हैं।[३] यह १. हेय और २. उपादेय विज्ञान से स्वाध्याय में संलग्न साधकों को परमार्थ रूप से परिचित कराता है।

इसके अनुसार मल (आवरक तत्त्व) कर्म, माया और मायीय यह शाश्वत संसरणशील संसार ही हेय माने जाते हैं। इसके अतिरिक्त १. शिव, २. शक्ति, विद्येश्वर, मन्त्र और मन्त्रेश्वर सभी उपादेय श्रेणी में आते हैं।

यह ध्यान देने की बात है कि, इस तन्त्र के अनुसार सर्वज्ञ, सर्वकर्तृत्व सम्पन्न परमेश्वर ने सृष्टि की इच्छा होने पर सर्वप्रथम आठ विज्ञान-केवलों को उत्पन्न किया था। उन्हें क्रमशः १. अघोर, २. परमघोर, ३ घोररूप, ४. घोरमुख, ५. भीम, ६. भीषण, ७. पिबन और ८. वमन कहते हैं। ये सभी १. स्थिति, २. ध्वंस, ३. रक्षा और ४. अनुग्रह करने में समर्थ हैं[४]।

इस शास्त्र के अनुसार संसार के अङ्कुर का एकमात्र कारण मल है। वहीं मोक्ष का एकमात्र कारण ज्ञान माना जाता है।[५] माया व्यापिनी शक्ति है। माया की बड़ी पुत्री का नाम कला है। कला से लेकर पृथ्वी पर्यन्त यह संसार मण्डल है।[६] इसको जीतकर माया से भी ऊपर उठने के लिये हेयोपादेय विज्ञान का ज्ञान आवश्यक है।

योगसिद्धि के लिये भुवन माला के रूप में विस्तृत इस संसार मण्डल को जानना भी आवश्यक है।[७] भगवान् शङ्कर ने तो यहाँ तक घोषित किया है कि,

> यः पुनः सर्वतत्त्वानि वेत्त्येतानि यथार्थतः।
> स गुरुर्मत्समः प्रोक्तो मन्त्रवीर्यप्रकाशकः॥ (मा० वि० २।१०)

---

१. मा० वि० ४।१५-१७; २. तदेव—१।७; ३. तदेव—१।१।
४. तदेव—३।१९-२०; ५. तदेव—१।२३; ६. तदेव—१।३३।
७. तदेव—१।८।

ऐसे गुरुवर्य मन्त्रों की वीर्यवत्ता के प्रकाशक होते हैं। उन पर रुद्रशक्ति का समावेश शाश्वत रहता है। इसके लक्षण भी उनमें दीख पड़ते हैं। १. रुद्र में भक्ति, २. मन्त्रसिद्धि, ३. सर्वसत्त्ववशित्व, ४. प्रारब्ध कार्य निष्पत्ति, ५. कवित्व और ६. सर्वशास्त्रार्थवेतृत्व।

इस समावेश के मुख्य रूप से १. भूत समावेश (पंचविध) २. तत्त्व समावेश (त्रिंशत् विध) ३. मन्त्रसमावेश (दशविध) ४. आत्म समावेश (त्रिविध) ५. शक्ति या शाक्त समावेश (द्विविध) कुल मिलाकर पचास भेद होते हैं।[1]

पचास प्रकार के आणव, पचास प्रकार के शाक्त और पचास प्रकार के शाम्भव कुल मिलाकर एक सौ पचास भेद इस समावेश के होते हैं। इस तरह यह कहा जा सकता है कि, ब्रह्माण्ड का यह जागतिक उल्लास शुद्ध और अशुद्ध दो प्रकार का है। ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र और ईश्वर चार इसके पति रूप में प्रसिद्ध हैं। इस प्रकार इन स्वामियों से व्याप्त यह संसार मण्डल छः अध्वाओं (१. कला, २. तत्त्व, ३. भुवन, ४. वर्ण, ५. पद और ६. मन्त्र) से भरा हुआ है। इसे षडध्व दृष्टि कहते हैं। इसी आधार पर इसे षडध्व दर्शन भी कहते हैं। इसमें १. अपरा, २. परापरा और ३. परा इन तीन शक्तियों की व्याप्ति के कारण इसे त्रिक दर्शन भी कहते हैं। इस दर्शन के सर्वोच्च तत्त्व शिव हैं। कहा गया है कि,

निष्प्रपञ्चो निराभासः शुद्धः स्वात्मन्यवस्थितः।
सर्वातीतः शिवो ज्ञेयः यं विदित्वा विमुच्यते[2]॥

शिव की तीन मुख्य शक्तियाँ हैं—१. सिसृक्षु परमेश्वर की इच्छा शक्ति, २. यह इस प्रकार का है—इस रूप में ज्ञेय का ज्ञापन करने वाली ज्ञान शक्ति। ज्ञानविषयक इस दर्शन की मान्यता भी मननीय है। यह त्रिविध ज्ञान की चर्चा करता है।[3] १. श्रुत, २. चिन्तामय और ३. भावनामय। इसी तरह १. सम्प्राप्त, २. घटमान, ३. सिद्ध और ४. सिद्धतम भेद से ज्ञानी भी चार प्रकार के माने गये हैं। यह वस्तु इस प्रकार की हो, इस भाव से वैसा ही बना देने वाली क्रिया शक्ति ही शिव की तीसरी शक्ति है।

यह क्रिया शक्ति अर्थोपाधिवश तीन भागों में विभक्त होती है। १. बीज योनि भेदमयी, २. वर्ग भेद से नौ वर्गों वाली (अ क च ट त प य श और क्ष) और ३. मालिनी (पचास वर्णविभेद वाली)[4]।

---

१. मा० वि० २।१९-१६, २. तदेव—२।४२।
३. तदेव—४।२८-३३; ४. तदेव—३।१०-१५।

बीज स्वर सोलह होते हैं और ये रुद्रबीज माने जाते हैं। इनमें अधिष्ठित १६ अमृत आदि रुद्र भी माने जाते हैं।

योनि रूप व्यंजन ३४ होते हैं। इनसे समुत्पन्न जय, विजय आदि ३४ रुद्रांश भी माने जाते हैं।[१]

इनसे विभिन्न मन्त्रों की सृष्टि होती है। जैसे—१. ब्रह्मशिरस्[२] २. शिखा मन्त्र, ३. पुरुष्टुत्[३] मन्त्र, ४. पाशुपत[४] मन्त्र, ५. अपरा मन्त्र, ६. परापरा मन्त्र और ७. परामन्त्र। इन सब में परामन्त्र ही सर्वश्रेष्ठ मन्त्र माना जाता है। इस एक बीज-मन्त्र में पार्थिव, प्राकृत, मायीय, शाक्त और शैव नामक पाँच अण्डकटाहों को विजय कर लेने की शक्ति है। इसीलिये इस मन्त्र को शास्त्र में 'पञ्चपिण्डनाथ' कहते हैं। परात्रीशिका शास्त्र में इसकी व्यापक व्याख्या की गयी है।[५]

श्रीमालिनीविजयोत्तरतन्त्र समस्त अध्वा वर्ग पर अपना स्वतन्त्र दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। विशेष रूप से कालाग्नि भुवन में अवीचि कुम्भीपाक और रौरव भुवनों की विशेषतः प्रयत्नपूर्वक शुद्धि का संकेत देते हुए यह तन्त्र ग्रन्थ कूष्माण्ड भुवन की शुद्धता और उसके अन्तर्गत आने वाले रसातल इत्यादि सात पातालों की शुद्धि का ही समर्थक है। हाटक भुवन भी इसी शुद्धता के क्रम में परिगणित हैं।

इसके ऊर्ध्वभाग में भूमण्डल की चर्चा की गयी है।[६] यहीं सप्तद्वीपों और अर्णवों से संयुक्त पृथिवी के मध्य में देवताओं का आश्रय मेरु अधिष्ठित है[७]। इसके ऊर्ध्व-ऊर्ध्व भाग में भुवः, स्वः, महः, जनः, तपः और सत्यलोक प्रतिष्ठित हैं। इनमें १४ प्रकार के भूत समूह निवास करते हैं। भुवन वर्णन, प्रत्यष्टक, स्थाण्वष्टक, देवयोन्यष्टक, योगाष्टक आदि के बाद मायातत्त्व, विद्यातत्त्व आदि भुवनों की संख्या के क्रम में कुल एक सौ अट्ठारह भुवनों की चर्चा इस शास्त्र में की गयी है।[८]

इस दर्शन के अनुसार शरीर का अन्यतम महत्त्व स्वीकृत है। शरीर में सभी तत्त्वों का न्यास इसमें स्वीकृत है। श्रीतन्त्रालोककार भगवान् अभिनव ने भी इसका वर्णन इसी आधार पर किया है।[९] ८४ अङ्गुल के शरीर में अङ्गुल गणना के अनुसार सभी तत्त्व यथास्थान इसमें प्रदर्शित हैं।

---

१. मा० वि० ३।२०-२४ ; २. तदेव—३।६२ ; ३. तदेव—३।६४।
४. तदेव—३।६५ ; ५. तदेव—४।२५; ६. तदेव—५।५; ७. तदेव—५।५।
८. तदेव—५।३३ ; ९. तदेव—६।१, श्रीतन्त्रालोक-१५।२८४-२८५।

साधना के आधार

सर्वप्रथम मुद्रा के माध्यम से यौगिक कर्म को हृदय में मन्त्र द्वारा सम्पृक्त करने का पूरा विवेचन किया है।[१] याग सदन में विशेष न्यास पद्धतियों द्वारा भैरव सद्भाव का विशेष आयोजन इस शास्त्र में नितान्त अपेक्षित माना गया है।[२] इसके अतिरिक्त मातृसद्भाव से उत्तम सिद्धि की विधि में उतारने का निर्देश है। साथ ही रुद्रशक्ति समावेश के सन्दर्भ के प्रकरण में परा, परापरा, अपरा देवियों की आत्मपूजा का रहस्य भी प्रतिपादित है। मुख्य रूप से तीन शूल शृङ्गों की पूजा के समन्त्रक साधना के निर्देश दिये गये हैं। खेचरी मुद्रा द्वारा इनकी सिद्धि सरल मानी जाती है। अधिवासन, मण्डल रचना और होम आदि के विधान साधना के अङ्ग रूप में ही स्वीकृत हैं।

इस शास्त्र की मुख्य क्रिया अध्वा शोधन है। इसके बाद ही दीक्षा का विधान है। इस दीक्षा के द्वारा शिष्य स्वात्मशिवत्व को जागृत कर द्वादशान्त में प्रवेश करने का अधिकारी होता है।[३] दीक्षा में अभिषेक का महन्महत्त्व है। अभिषेक के अनन्तर ब्रह्मशिरस् आदि मन्त्रों के जप द्वारा स्वात्मशुचिता की प्रक्रिया अपनायी जाती है। मातृका बीज मन्त्र 'ह्रीं अक्षत्रौं' और मालिनी बीज मन्त्र 'ह्रीं न फ ह्रीं' इन दोनों मन्त्रों से साधक अपने शरीर को शक्तिमूर्त्ति में परिवर्त्तित कर लेता है।[४]

गुरुदेव द्वारा शिवहस्त विधि द्वारा शिष्य पर शक्तिपात के विधान का इसमें विस्तारपूर्वक वर्णन किया गया है। योगाभ्यास की विधि पूरी तरह इसी शास्त्र से अन्य शास्त्रों में ली गयी है। वारुणी, पार्थिवी, आग्नेयी, वायवी धारणाओं और आकाशीय धारणाओं का यह अनूठा शास्त्र है। इन धारणात्मक साधनाओं द्वारा व्यक्ति विश्वविजयी बन सकता है। पञ्चमहाभूत धारणाओं के साथ ही तन्मात्र धारणाओं का निर्देश उनकी साधना की विशेष विधियाँ इस शास्त्र की अपनी देन मानी जा सकती हैं। इनके अतिरिक्त महागर्वकरी धारणा आदि ऐसी विधियाँ यहाँ प्रदर्शित हैं, जिनसे दिव्य ज्ञान का अनिवार्यतः प्रवर्त्तन हो जाता है।[५] चित् शक्ति के दर्शन और शैवसंवित्ति की समापत्ति की साधना की जो विधि यहाँ वर्णित है, वह अन्यत्र दुर्लभ है।[६] शिवज्ञानात्मक योगविधि इसी शास्त्र की विशेष विधि है।[७]

---

१. मा० वि० ७।३५-३६ ; २. तदेव—८।३४ ; ३. तदेव—९।७७।
४. तदेव—१०।३६-३७ ; ५. तदेव—२६।६४।
६. तदेव —१८।३६-४० ; ७. तदेव—१८।७०-७१।

अभिन्न साधना, वाक्सिद्धि (१९।८,८७), योगिनो मेलक, (२१) तत्त्वभाव संवित्ति, विज्वरत्व सिद्धि, मृत्युनाश विधि, शास्त्रज्ञान, उच्छिन्न शास्त्रज्ञान, विद्येश्वरत्व, सात दिन में अपूर्व सिद्धि (१९।६२), उर्वशी सिद्धि, पुष्टि, रिपुनाश, उत्साह, योगिनियों द्वारा ज्ञान प्राप्ति की साधना, रुद्रशक्ति समावेश साधना, पराक्रान्त परासन साधना, मृत या जीवत् शरीर में प्रवेश विधि (२१।९-१०), स्वादाकृष्टि विधि, प्रतिमा चालन विधि, सर्वत्र प्रवेश विधि, सद्यः प्रत्ययकर प्रयोग, चन्द्राकृष्टिकर प्रयोग, चन्द्रबिम्ब में परादर्शन प्रयोग, त्रैलोक्यवशीकरण योग (२१।१३), सूर्याकृष्टिकर योग, खेचरता सिद्धि (२२।१८), त्रिशूल प्रयोग, दूरश्रवण विज्ञान, विषक्षयकरप्रयोग, सर्वसिद्धिकर प्रयोग, स्वप्न विज्ञान, सर्वज्ञता इत्यादि साधना की विधियाँ विस्तारपूर्वक इसमें बतायी गयी हैं। ये साधनायें एक ओर विश्वोत्तीर्णता की व्याप्ति का वरदान देने वाली हैं और दूसरी ओर विविध प्रकार के ऐश्वर्य से सम्पन्न बनाकर भोगवाद की सिद्धि करने वाली हैं। इस तरह यह कहा जा सकता है कि, यह तन्त्र भोगवाद के साथ मोक्ष का भी समान रूप से साधक है। इसकी दार्शनिक दृष्टि निष्प्रपञ्च, निराभास, शुद्ध स्वात्म में प्रतिष्ठित सर्वातीत शिव के साक्षात्कार में समर्थ है, तो दूसरी ओर यह घोषणा करती है कि, 'तत्समानबलो भूत्वा भुङ्क्ते भोगान् यथेप्सितान्'। इसमें सर्वसिद्धिकर प्रयोगों की कमी नहीं है।

भगवान् स्वयम् अन्त में देवी पार्वती से कहते हैं कि—

इत्येतत् कथितं देवि सिद्धयोगीश्वरीमतम्।
नातः परतरं ज्ञानं शिवाद्यवनिगोचरे।
य एवं तत्त्वतो वेद स शिवो नात्र संशयः॥

अर्थात् इस शास्त्र से बढ़कर ज्ञानप्रद इस विश्वात्मक विस्तार में कोई शास्त्र नहीं है। इसी शास्त्र का अभ्यास कर मुनियों ने परासिद्धि प्राप्त की थी। श्रीमदभिनवगुप्तपादाचार्य ठीक ही कहते हैं—

न तदस्तीह यन्न श्रीमालिनीविजयोत्तरे।
देवदेवेन निर्दिष्टं स्वशब्देनाथ लिङ्गतः॥

वशाष्टादशवस्वष्टभिन्नं यच्छासनं विभोः।
तत्सारं त्रिकशास्त्रं हि तत्सारं मालिनीमतम्[1]॥

महामाहेश्वर अभिनवगुप्तपादाचार्य की यह उक्ति श्रीमालिनीविजयोत्तरतन्त्र के महत्त्व का ही प्रतिपादन करती है।

---

१. श्रीतन्त्रालोक—१।१७-१८।

मालिनी महेश्वर की मनोज्ञा महाशक्ति है। यद्यपि यह पूर्णाहन्ताविमर्शमयी अभेद सद्भाव भव्यता से भरी हुई है, फिर भी इसमें देशकालाकार सक्रियता की सिद्धि भेदवादिता के रूप में भी प्रतिबिम्बित है।

महामाहेश्वर की स्वातन्त्र्य शक्ति ही देवीयामल में कालकर्षिणी रूप से विमृष्ट है। वही परमहंसों की शिशुता को सहलाने वाली अनुग्राहिका महाशक्ति है। श्रीमालिनीविजयोत्तरतन्त्र में वही मातृसद्भावमयी महाशक्ति के रूप में प्रतिपादित है।

हिमानी अपने अमृतद्रव रूप में परिवर्त्तित होने के लिये प्रकृति की स्वात्मानुशासित सक्रियता की प्रतीक्षा करती है। विश्वात्मक प्रकाश की तेजस्विता रश्मिरथी के अनुग्रह की ग्राहिका बनकर विश्वप्राण को अनुप्राणित करने के उद्देश्य से विकीर्ण हो जाने को आकुल रहती है।

ऐसे अवसर की अपेक्षा स्वयं महाकाल को भी रहती है। कुछ ऐसे क्षण काल की उस कला का साक्षात्कार करने के लिये व्याकुल रहते हैं, जब प्रतिभा का पीयूष विश्व पर ज्ञानविज्ञान की पीयूष-वर्षा के रूप में बरसने का मन बना लेता है।

तब ब्रह्मवाद का वैलक्षण्य ऋषियों के मस्तिष्क में अभ्यावर्षण द्वारा उतर जाता है और परावाक् औपनिषदिकता का आकार ग्रहण कर लेती है। तब ऋक्, यजुष् और साम का निःस्वन आकाश में शिंजित हो जाता है। तब कैलाश के अधोश्वर महेश्वर को मूकता परा, पश्यन्ती और मध्यमा के मार्ग से वैखरी का रूप ग्रहण कर लेती है। तब शिवानी शैवसद्भाव और मातृसद्भाव के यामल मेलापक को अस्तित्व का रूप दे देती है। आद्या शक्ति सृष्टिशक्ति का आश्रय बन जाती है। तब अभिव्यक्ति की दृष्टि से 'चित्' सत् बन जाता है, आनन्द की दृष्टि से चित् चेतना के स्वरस का रसास्वाद बन जाता है। स्वरूपानन्द का स्रोत उद्वेलित हो उठता है। स्वाभाविकी स्वातन्त्र्य शक्ति शिव के मुखारविन्द मकरन्द से विनिःसृत ज्ञान को मरीचियों के रूप में हिमानी पर फैल जाती है। उसे देखने वहाँ देववृन्द उपास्थित रहते हैं। मृडानी उस अमृत को पीने के लिये उद्यत रहती है और ज्ञान की गंगा का प्रवाह आगम बनकर वाङ्मय को अभिषिक्त कर जाता है। तब पराशर के माध्यम से व्यास इस धरा धाम पर अवतरित हो जाते हैं। तब गणपति मनीषियों के संविद् समुद्र को उच्छलित करने लगते हैं। ज्ञानचन्द्र की मरीचियों को अमृतधारा के महाप्रवाह में विश्व भी अभिषिक्त हो जाता है—मालिनीविजयोत्तरतन्त्र का यही उद्भव-क्रम है।

अन्त में सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति विश्रुत मनीषी विद्वान् **प्रो० राममूर्ति शर्मा** का मैं आभार व्यक्त करता हूँ। इस विश्वविद्यालय के उत्कर्ष में इनकी महती भूमिका अविस्मरणीय है ।

सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के प्रकाशन-निदेशक **डॉ० हरिश्चन्द्र मणि त्रिपाठी** की ज्ञानचन्द्र मरीचियाँ प्रकाशन संस्थान के माध्यम से विश्व को संस्कृत मनीषा से मनोज्ञ बना रही हैं। मैं इनके उत्तरोत्तर उत्कर्ष का आशीर्वाद दे रहा हूँ ।

इस अवसर पर प्रिय आगमिक-रहस्यान्वेषी आत्मीय श्री शीतला प्रसाद उपाध्याय को अनन्त आशीर्वाद दे रहा हूँ ।

मुद्रक श्री गिरीश चन्द्र, व्यवस्थापक विजय प्रेस, वाराणसी को मेरे स्नेह-भरे शुभाशीर्वचन ।

गुरुचरणचञ्चरीक
परमहंसमिश्र
ए ३६, बादशाहबाग
वाराणसी

षट्तिला
२०५७

विषयक्रमः

प्रथमोऽधिकारः	पृष्ठाङ्काः
१. मङ्गलाचरण, श्रीमालिनीविजयोत्तरतन्त्र का उत्स, तारकान्तक-जिज्ञासु देवमहर्षि संवाद	१-४
२. उमादेवी का सिद्धयोगोश्वरी तन्त्र और मालिनीविजयोत्तरतन्त्र विषयक प्रश्न	५-६
३. अघोर से (हेयोपादेय विज्ञान सिद्ध) इस तन्त्र की प्राप्ति का कथन और उपादेय षट्क	७-८
४. हेयचतुष्क और इसके त्याग का फल	९-१०
५. सृष्टिसर्वज्ञ की इच्छा से सर्वप्रथम शिव द्वारा आठ विज्ञान केवलों की सृष्टि	१०-११
६. मन्त्र, मन्त्रेश्वर, मन्त्रमहेश्वर, विज्ञान केवल, प्रलय केवल और सकल सृष्टि	११-१२
७. मल (अज्ञान) की संसाराङ्कुर कारणता, धर्माधर्मात्मक कर्म, भोगेच्छा का कारण ईश्वरेच्छा, सकल पुरुष की भोगेच्छा की पूर्ति के लिये मन्त्रमहेश्वर द्वारा माया में प्रवेश कर जगत् की सृष्टि	१२-१३
८. माया की परिभाषा, कला की उत्पत्ति, कला के प्रभाव से पुरुष का सकलत्व, विद्या, राग, की उत्पत्ति और परिभाषा	१३-१४
९. नियति और काल की उत्पत्ति और परिभाषा, कला से अव्यक्त (प्रधान) और इसके गुणों से बुद्धि, बुद्धि से त्रिधा अहङ्कार, तैजस अहङ्कार से मन, वैकारिक अहंकृति से इन्द्रियाँ और तामस अहङ्कार से तन्मात्राओं की सृष्टि, ज्ञान और कर्मेन्द्रियाँ, कला से क्षिति पर्यन्त संसारमण्डल	१४-१५
१०. एक सौ अट्ठारह रुद्रों की मन्त्रेश्वर पद पर नियुक्ति, ब्रह्मा इत्यादि पर भी इनका नियन्त्रण, ब्रह्मादि स्तम्ब पर्यन्त जगत्, साढ़े तीन करोड़ मन्त्र शिव द्वारा ही नियुक्त, शान्ता शक्ति का सुपरिणाम	१६-१७

११. रुद्रशक्ति समाविष्ट शिष्य का शिव के अनुग्रह से सद्गुरु के शरण में प्रस्थान, शाङ्करी दीक्षा से मरणोपरान्त मुक्ति १७-१८

१२. योग दीक्षा से शाश्वत पद की प्राप्ति, शुद्ध स्वात्म में अवस्थान, गुरु और साधक का कर्त्तव्य १८-१९

१३. हेयोपादेय विज्ञान रूप ज्ञेय सर्वस्व के ज्ञान से सर्वसिद्धि २०

द्वितीयोऽधिकारः

१४. धरादि तत्त्व प्रपञ्च, पाञ्चदश्य-सिद्धान्त, जल तत्त्व से मूलपर्यन्त तत्त्व, पुरुष से कलापर्यन्त तेरह तत्त्व भेद, विज्ञानकेवल के नवभेद, मन्त्र के सात, मन्त्रेश्वर के पाँच, मन्त्रमहेश्वर तीन, और अभेद शिव तत्त्व २१-२३

१५. भुवन माला का ज्ञान और उसका सुपरिणाम, सर्वतत्त्वज्ञ शिवरूप का मन्त्रवीर्य प्रकाशकत्व, शाश्वत रुद्रशक्ति समावेश और उसके चिह्न २३-२५

१६. रुद्रशक्ति समावेश के १. भूत, २. तत्त्व, ३. आत्म, ४. मन्त्र और ५. शक्ति रूप पाँच भेद, कुल पञ्चाशत्प्रकारता २५-२६

१७. आणव, शाक्त और शाम्भव समावेश, समावेश के भेद, संवित्तिफल-भेद निषेध, जाग्रत्स्वप्नादि भेद से सर्वावेश क्रम का ज्ञान २७-२८

१८. स्वरूप, शक्ति और सकलात्मक जाग्रत्, स्वप्न सुषुप्ति बोध, तुर्यबोध, तुर्यातीत ज्ञान, मन्त्र मन्त्रेश्वर विज्ञानाकल प्रलयाकल इत्यादि के स्वरूप २९-३१

१९. (जाग्रदादि अवस्थाओं) के संज्ञा भेद, अध्वाभेद, विज्ञानाकल पर्यन्त आत्मतत्त्व, ईश्वर पर्यन्त विद्यातत्त्व और शेष शिवतत्त्व ३२-३४

२०. अण्डचतुष्टय, निवृत्ति कला धारिका शक्तिमयी पृथ्वी, पृथ्वी तत्त्व के कालाग्नि से वीरभद्र पर्यन्त सोलह भुवन, प्रतिष्ठा रूप आप्यायनी कला के ५६ भुवन, बोधिनी विद्या कला के वर्ण, तत्त्व और २८ भुवन तुर्याकला, तीन तत्त्व एक पद और १८ भुवन आदि षड्विध अध्वा शुद्धाशुद्ध जगत्, पतिचतुष्टय और ऊर्ध्व की परिभाषा ३५-३८

तृतीयोऽधिकारः

२१. शिवादि वस्तु के श्रवण की पार्वती की इच्छा, वाचक मन्त्र, इच्छा शक्ति और ज्ञेय की परिभाषा ३९-४०

२२. ज्ञानशक्ति, क्रियाशक्ति, अर्थोपाधि और इसके द्वारा दो, नौ और पचास भेदों का प्रकल्पन, बीज स्वर और योनि व्यंजन, शतार्ध-किरणोज्वला मातृका शक्ति ४१-४२

२३. बीजरूप शिव, योनिरूप शक्ति, योन्यात्मक शक्तिमयता, बीजरूप शिव की वाचिका वर्गाष्टक और माहेश्वर्यादि शक्तियाँ ४३-४४

२४. षोडश बोजों के वाचक षोडश रुद्र, शक्तिरूप ३४ योनिवर्णों के वाचक ३४ रुद्र, अनन्त भेद, अघोर का परमेश्वर द्वारा उद्बोधन, वर्णोत्पत्ति का रहस्य ४४-४६

२५. साधकेन्द्रों की सिद्धि के आधार, रुद्राधिष्ठित सभी वर्ण, वर्णों से वेदादिवाङ्मय का प्रवर्त्तन, कार्य भेद से शिवशक्ति का त्रैविध्य, अपरा परापरा और पराशक्ति भेद, शम्भु की एकमात्र शाङ्करी शक्ति ४७-४८

२६. शाक्तशरीरार्थ मालिनीन्यास, मालिनी के क्रमिक वर्ण और न्यास के अंग ४९-५१

२७. विद्या और मन्त्रों का उद्धार, परापरा, अपरा और परा-मन्त्रोद्धार-प्रक्रिया, परामन्त्र के उच्चारण मात्र से मन्त्रसाम्मुख्य, परामन्त्र की अधिकारिकता ५१-५४

२८. आठ योगिनियाँ, सप्तैकादशवर्णात्मिका विद्या, विद्याङ्ग हृदय मन्त्र, ब्रह्मशिरस् मन्त्र, रुद्राणी, पुरुष्टुत्, पाशुपत मन्त्र ५५-५६

२९. पद्मचक्र, इन्द्रादि वाचक वर्ण, ऋषियों को योग-मन्त्र विषयक जिज्ञासा का कार्त्तिकेय द्वारा समाधान, योगी की परिभाषा, योग के विना शाङ्करी दीक्षा की अधिकारिता का निषेध, शिवदीक्षा से मुक्ति, अभिन्न और भिन्न योनि मालिनी के अङ्ग न्यास, तत्त्व न्यास, ५७-६३

चतुर्थोऽधिकारः

३०. परापरा, अपरा और परा मन्त्रों के तत्त्वक्रम से पदों के स्वरूप ६४-६६

३१. ज्ञानी और योगी का मोक्षप्रदत्व। श्रुत, चिन्तामय, और भावनामय, तीन प्रकार के ज्ञान और इनकी परिभाषायें, चतुर्विध ज्ञानवान्, चतुर्विध योगी ६६-७०

पञ्चमोऽधिकारः

३२. भुवनाध्वाक्रम, अवीचि, कुम्भीपाक और रौरव, पाताल, भूर्भुवः स्वर्लोक, चतुर्विध भूतग्राम क्रम, कालाग्नि भुवन, सौम्यादि भुवन, शतरुद्र

भुवन, पत्यष्टक, गुह्याष्टक, पवित्राष्टक, स्थाण्वष्टक, देवयोन्यष्टक, योगाष्टक, पुरुष, विद्या, कला, काल तत्त्व के भुवन ७१-७६

३३. अशुद्ध विद्या, ईश्वर और सकल तत्त्वों के कुल ११८ भुवन, इनकी शुद्धि अशुद्धि ७६-७८

षष्ठोऽधिकारः

३४. ज्ञान दीक्षा में वस्तु व्यवस्थिति, षट्त्रिंशत्तत्त्व भेद से न्यास, पञ्च-तत्त्व न्यास, तत्त्वविधि, कालाग्नि से वीरभद्रपुर पर्यन्त पुरषोडशक, गुल्फान्त न्यास ७८-८२

३५. ८४ अङ्गुल शरीर में अङ्गुल भेद से तत्त्व व्याप्ति, अपर, परापर और परविधि, प्रधान व्याप्ति, ध्वन्यात्मक और वर्णात्मक भेद, पद, मन्त्र और कालादि का त्रितयत्व, न्याससयुक्त गुरुदीक्षा का उपसंहार ८२-८६

सप्तमोऽधिकारः

३६. मुद्रा वर्णन क्रम में २६ मुद्राओं का क्रमिक वर्णन ८७-९५

अष्टमोऽधिकारः

३७. क्रम, यागसदन प्रक्रिया, अष्टविध स्नान, यागसदन प्रवेश विधि, द्वारपति पूजन, प्रवेश समय, शिष्य स्वरूप, शिवबिन्दुवत्स्वात्मचिन्तन, विद्यामूर्त्तिप्रकल्पन, नवात्मक पिण्डविधि, ९६-१०३

३८. वक्त्रप्रकल्पन में न्यास और मूर्त्यङ्ग प्रकल्पन से दीक्ष्य की दिव्यता १०३-१०४

३९. भैरव सद्भाव न्यास, १. मूर्त्तिन्यास, २. सृष्टि ३. त्रितत्त्व, ४. अष्टमूर्त्ति, ५. भैरवसद्भाव और ६. अङ्ग न्यासात्मक षोढान्यास, शाक्त न्यास, १०४-१०५

४०. परादित्रितय न्यास, अघोर्याद्यष्टक न्यास, मातृसद्भाव न्यास, रुद्रशक्ति समावेश की प्रतिष्ठा, अङ्गप्रकल्पन, यामल न्यास, पञ्चविध न्यास, याग द्रव्य प्रोक्षण और शोधन १०५-११०

४१. स्वात्मपूजन, अन्तःकृति प्रक्रिया, मानस याग प्रक्रिया ११०-११६

४२ त्रिशक्तिक एकदण्डात्मक त्रिशूल, शाम्भव, शाक्त और और आणव शूल का ज्ञान आवश्यक, शक्ति चक्र का पृथक् याग, खेचरी मुद्रा और अवनीतल से उत्पतन, महास्त्र से धान्यादि निक्षेप, पञ्चगव्य, भूमि संप्रोक्षण, ११६-११८

४३. वास्तुयाग प्रक्रिया में मातृका पूजन, होम जप, कलश (प्रधान) स्थापन, इन्द्रादि पूजन, वार्धानी की अविच्छिन्न धारा, कुण्ड प्रयोग अग्नि आनयन, चरु पाक आदि ११८-१२४

४४. अन्तःकृति की अपर प्रक्रिया १२५-१२७

४५. स्वप्नविचार, शुभ, अशुभ स्वप्न, निष्फल चेष्टा का निषेध, समय श्रावण और विसर्जन, सामय कर्म समापन १२७-१३०

नवमोऽधिकारः

४६. अधिवासन, सूत्रास्फालन पूर्वक मण्डल निर्माण की विस्तृत विधि, गुरुकृत संकल्प (श्लो० ३७) सितोष्णीष धारण, शिवहस्त विधि, आलम्भन, ग्रहण, योजन, विनियोग, पाशच्छेद, शिष्य द्वारा स्वात्म-शिवत्व भावन १३०-१४४

४७. इतराध्व विधि, अध्वाशोधन के पश्चात् दीक्षा, शैवात्मभावमय चिन्तन, शिष्य मण्डल और वह्नि का एकत्वभावन, स्वव्याप्ति ध्यान, पाशपञ्जर का बन्ध, यजन, तर्पण और अन्य कार्य, गर्भाधान, १४४-१४७

४८. पिबनी पूर्वक मन्त्र और परामन्त्रों से दश आहुतियाँ, अपरा से पाशच्छेद, भुवनेश का आवाहन और उनसे प्रतिबन्ध निराकरण की प्रार्थना, उत्क्षेपण, मध्याहुति, पाशुपत, विलोमादिविशुद्ध्यर्थ पाशुपतमन्त्र से आहुतियाँ, वागीशी विसर्जन, बाहुपाशच्छेदन १४७-१४९

४९. माया, विद्यादि सकलान्त पिबन्यष्टक संयोजन, निष्कल में परा कार्य, सकलान्त विशुद्धि और शिखाच्छेद, शिष्य का आत्मस्थीकरण, गुरु द्वारा शिष्य का परतत्त्व में नियोजन शिवयोग विधि, सर्वाध्व संशुद्धि १४९-१५२

दशमोऽधिकारः

५०. योग्य शिष्य का साधना प्रक्रिया में नियोजन, सकर्मकाण्ड सर्वराजोपचारपूर्वक अभिषेचन, मन्त्रप्रदान विधि, आचार्य का अभिषेक, मन्त्र-सिद्ध्यर्थं मन्त्रव्रत का आचरण, विद्येश्वर जप, तर्पण, रुद्राणी, पुरुष्टुत महापाशुपतादि मन्त्र जप, माँस मदिरादि द्रव्यों के विकल्प, अर्घ्यदान पुनः जप, जपफल १५३-१५९

५१. वीरचित्तविधि, योगेश्वरी शुभागमन, तदनुकूल विनम्र आचरण से लाभ, आचार्य द्वारा मौनव्रत, त्रिशक्तिपरिमण्डल याग, चीर्णव्रत मन्त्री का निग्रहानुग्रह सामर्थ्य, १५९-१६१

५२. ह्रीं अक्षह्रीं, ह्रीं नफह्रीं मन्त्र न्यास से शक्तिमूर्त्ति, प्रक्रियापूर्त्ति, १६१-१६२

एकादशोऽधिकारः

५३. भुक्ति-मुक्तिकरी दीक्षा, सद्यःप्रत्ययकारिका दीक्षा में कुल मण्डल आदि के अप्रयोग का निर्देश, यागसदन में प्रवेश, महामुद्रा प्रयोग, मालिनी का अनुलोम विलोम प्रयोग, शक्ति से अमृतत्त्व नयन परासंपुटित मालिनी का प्रयोग, गणपति पूजन, माहेश्वरी पूजन कुलशक्ति विनिवेश, १६३-१६६

५४. सर्वयोगिनी चक्राधिप प्रयोग, वीराष्टक यजन, श्रीकारपूर्वक नामकरण, शिवहस्तविधि, चरु, १६ अङ्गुल का दन्तकाष्ठ, शक्तिपात परीक्षण, कुलेश याग, शिष्य के शोधन के विविध प्रयोग, अनामय शक्ति की शिवसमाहिति का चिन्तन, १६६-१७०

५५. शक्तिपात से शिष्य में आनन्द, उद्भव, कम्प, निद्रा, घूर्णि के लक्षण, उपलवत् त्याज्य शिष्य, १७०-१७२

५६. पृथक् तत्त्व विधि से दीक्षा, कुलक्रमेष्टि मुमुक्षु-बुभुक्षु के विभिन्न प्रयोग, अष्टदीप प्रयोग, शंख में शिवपूजन, शिवहस्त विधि से अभिषेक, अधिकारार्थ आचार्य दीक्षा का स्वरूप, मोक्षप्रद गुरु, स्वक्रिया सम्पादनार्थ गुरु का आदेश १७२-१७४

द्वादशोऽधिकारः

५७. योगाभ्यास विषयक देवीप्रश्न, भूगृह, गुहा, निर्जन, निःस्वन, निर्बाध स्थान, लक्ष्यवेध, चित्तवेध प्रक्रिया से योगाभ्यास, षोढालक्ष्यभेद, एकफलवान् चित्तभेद, १७४-१८०

५८. गुरु द्वारा कृतावेश विधिक्रम योगी के योगाभ्यास का पृथक् विधान, २७ दिन के अभ्यास से गुरुत्व, छः मास में वज्रदेहत्व, नवनाग पराक्रमत्व, पार्थिवी धारणा का द्वितीय प्रयोग, तृतीय प्रयोग, चतुर्थ प्रयोग, पञ्चमप्रयोग, अन्य विभिन्न प्रयोग और बुभुक्षु के फलवासनानुसार दीक्षा का आदेश, योजित होने के अनन्तर वहाँ से अनिवर्त्तन का अनुभव १८०-१८६

त्रयोदशोऽधिकारः

५९. (अ) वारुणी धारणा के प्रयोग और फल, सप्ताह, मास, वर्ष, तीन वर्ष प्रयोग के फल, जल के ऊपर सव्यापार चिन्तन का फल, जलावरण विज्ञान की अनुभूति, जलोपरि निर्व्यापार प्रयोग से जलतत्त्वेश

का दर्शन, जलावरण संभूत विद्येश्वरत्व की प्राप्ति, कुल पञ्चदश भेदमयी वारुणी धारणा १८७-१९२

(आ) आग्नेयी धारणा—सप्ताह प्रयोग, तीन वर्ष में अग्नि की समानता, त्रिकोण मण्डलारूढ़ अनुचिन्तन सव्यापारादि भेद के फल, सप्ताह मास छः मास तीन वर्ष के प्रयोग के फल, विभिन्न प्रयोग १९२-१९६

(इ) वायवी धारणा, छः मास, तीन वर्ष, के प्रयोग के फल १९६-१९९

(ई) व्योमधारणा—पहली विधा (श्लोक ४४), मासपर्यन्त प्रयोग के फल, छः मास, तीन वर्ष में व्योम ज्ञान, विभिन्न प्रयोग और फल, १९९-२०२

६०. भूतावेश साधना, धारणा पञ्चक सिद्धि के अन्य फल, एक धारणा की सिद्धि के बाद ही दूसरी में प्रवेश का आदेश, विविध सिद्धियों का निश्चय २०२-२०४

चतुर्दशोऽधिकारः

६१. तन्मात्रधारणायें और उनके फल—

अ–गन्धतन्मात्र धारणा श्लोक १–१०

आ–रसतन्मात्र धारणा श्लोक ११–१८

इ–रूप तन्मात्र धारणा श्लोक १९–२७

ई–स्पर्श तन्मात्र धारणा श्लोक २८–३३

उ–शब्द तन्मात्र धारणा श्लोक ३४–४३ २०५-२१६

पञ्चदशोऽधिकारः

६२. इन्द्रिय धारणा और फल—

अ–वाग्धारणा (श्लोक २-६) आ–पाणि प्रयोग (श्लोक ७-९) इ–चरणधारणा प्रयोग (१०-११) ई–वायुधारणा प्रयोग (१२-१३) उ–लिङ्गधारणा (१४-१५) ऊ–रसनाधारणा (१६-१९) ऋ–घ्राणधारणा (२०-२३) ॠ–चक्षु धारणा—(२४-२९) ए–त्वक् प्रयोग (३०-३३) ऐ–श्रोत्रेन्द्रिय (३४-३६) ओ–मनोवती (३७-४७) २१७-२३२

षोडशोऽधिकारः

६३. अ–गर्वमयीधारणा, आत्मदेहधारणा और फल (१-७)
आ–बुद्धितत्त्व की धारणा (८-१२) इ–दिव्यदृष्टि सिद्धि (१३)
गुणज्ञान सिद्धि (१४) हृदय में सूर्यध्यान से सिद्धि (१५-१६)

६४. क्षमादि तत्त्वों की धारणायें—पृथ्वी से ईश्वरपदान्त धारणायें और इनके फल (श्लोक १७-६८) २३३-२५४

सप्तदशोऽधिकारः

६५. प्राणायाम—पञ्चधा (१. पूरक, २. कुम्भक, ३. रेचक, ४. अपकर्षक, और ५. उत्कर्षक) इनकी परिभाषायें, तीन प्रकार के प्राणायाम, (अधम, मध्यम और ज्येष्ठ) प्राणायाम योग की चार धारणायें (शिखी, अम्बु, ईश और अमृत), हेयोपादेय विज्ञान का लाभ, समान रूप से योगाङ्गत्व, मनोध्यान (भावनामय शवासन प्रयोग, शाश्वत पद की प्राप्ति, २५५-२६१

६६. कालरात्रिरूप मर्मनिकृन्तनी धारणा और उसके प्रयोग, अन्य वायु भ्रमण योग प्रयोग २६२-२६५

अष्टादशोऽधिकारः

६७. लिङ्ग पूजन के सन्दर्भ में निर्देश, आध्यात्मिक लिङ्ग ही पूज्य, लिङ्ग में चराचर लीनता। हृदय के स्पन्दन में चित्तकी समाहिति, कम्प, उद्भव आदि को अनुभूति, हृदय से ब्रह्मरन्ध्र पर्यन्त उत्थित लिङ्ग में सर्वमन्त्र समुदाय का दर्शन, छः माह में सर्वसिद्धि, शैवमहालिङ्ग, लिङ्ग विज्ञान, इस से अधिष्ठित सभी मन्त्र २६६-२७०

६८. रौद्रभाव से योग का फल, कृत्रिम योग, हृदय में दीप्ति दर्शन, दिव्य ज्ञान, ललाटाग्र तेजोदर्शन का सुफल २७०-२७२

६९. शक्त्यावेश के मास मात्र अभ्यास का फल, शाक्त तेज का दर्शन, इन्द्रियार्थ विज्ञान की उपलब्धि, निश्चल मन से तन्मयता के फल-स्वरूप सर्वगतभावोपलब्धि २७२-२७४

७ . जीवका लयस्थान ध्यातव्य, चिच्छक्ति का दर्शन २७४-२७५

७१. सिद्धयोगीश्वरी मत, शिवसंवित्ति में चित्त का स्थिरीकरण, दिव्य चिह्न दर्शन, ब्रह्मरन्ध्र प्रवेश और स्नपन की अनुभूति २७५-२७७

७२. यजन, नैवेद्य, जप, होम, ध्यान आदि की वैचित्र्यानुभूति, हृदय या द्वादशान्त में मन का स्थिरीकरण, सर्वज्ञता का फल २७७-२७९

७३. नाभिकन्द से शिखावधि रश्मि रूप का दर्शन और विकास, संवित्ति का उदय और सर्वज्ञता का वरदान, इसके अभ्यास से श्रेयः सिद्धि, न्याय पूर्वक ज्ञानोपार्जन उचित २७९-२८१

७४. विज्ञानापहृति श्लोक (५८-६६) गुरु द्वारा विशोधन की सम्भावना, प्रायश्चित्त के प्रकार, गुरु की शिष्य पर कृपा, अकार्य से निवारण, न मानने पर गुरु द्वारा एकान्त सेवन, शास्त्र की प्रक्रिया का ज्ञान, २८१-२८८

एकोनविंशोऽधिकार:

७५. अभिन्न मालिनी साधन, आदि में कुलचक्र का यजन, पराशक्ति का १ लाख जप, छः लाख जप, दशांश होम, वाक्सिद्धि रूप फल (श्लो०१८) नगर में पांचरात्रि पत्तन में तीन रात, ग्राम में एक रात का निवास, कुल विज्ञान, मन्त्रदेवता का ज्ञान और अपने नाम से पूज्यापूज्य का ज्ञान, स्ववर्ग्य समय का अनुचिन्तन— २८८-२९३

७६. स्वकुल, देशकुल आदि के अनुसार व्यवहार, गुप्ताचार, दृढ़व्रत साधन द्वारा योगिनी मेलन साधन और सिद्धि, ग्राम पत्तन नगरविषयक अन्य मत, लोकयात्रा का परित्याग, नाभिचक्र में कुलात्मक ध्यान, योगिनी कुल का अविर्भाव, २९३-२९६

७७. यकाराद्यष्टक चिन्तन, योगिनी पद की इच्छा से साधना का स्वरूप, पिण्डस्थ बुद्ध, अकस्मात् महामुद्रा का ज्ञान, प्रबुद्ध स्थिति, सुप्रबुद्ध, कादिहान्ताक्षर चिन्तन, षोडशार, ७२ हजार नाडिचक्र के ध्यान से पिण्ड, पिण्डस्थ, पदस्थ, पद, सर्वतोभद्र साधना प्रक्रिया और फल, २९६-३०१

७८. रूपस्थ साधना, रूपातीत, कुलचक्र व्याप्ति, वर्णभेद, हृदय में शक्ति का स्वरूप चिन्तन और उसका फल, उच्छिन्न शास्त्रों का भी ज्ञान विद्येश्वरत्व समान सिद्धि, ३०१-३०५

७९. प्रतिवर्ण विभेद साधना, शरीर में अङ्गानुसार वर्ण ध्यान और साधना, वर्णव्याप्तिजज्ञानोपलब्धि ३०५-३०६

८०. समस्त अक्षर पद्धति साधना और फल, पिण्डाकृष्टिकरी साधना, वश्यादि प्रयोगों के परिणाम, अक्षमालिका निर्माण, पराबीज पुटित मन्त्र जप, इसके विविध मारणादि प्रयोग, ३०६-३१२

८१. वाक्सिद्धि, मालिनी का उत्कीलन चिन्तन, विश्व का उसके द्वारा वेष्टन, वश्य की सर्वोत्तम साधना, एकवर्ष की साधना का फल, दिव्यशक्तियों द्वारा अपने-अपने ज्ञान का दान, कौलिक विधि का उपसंहार ३१२-३१७

विंशोऽधिकारः

८२. शाक्तविज्ञान का आरम्भ, पिण्ड ही शरीर, शरीर का वैशिष्ट्य, पद की परिभाषा, रूप की परिभाषा, रूपातीत साधना का स्वरूप, और फल, साधना में आनन्द आदि का लक्षण, स्थूल पिण्डादि के उपाश्रय में चार भेद, भौतिक, आतिवाहिक के फल, पद, रूपोदयाति विज्ञान (श्लो० १९) ३१७-३२३

८३. प्रकाशकरणी अवस्था, रूपस्थ, ज्ञानोदयावस्था, रूपातीत अवस्था, अन्य भेद, त्रिविध, चतुर्विध भेद, पिण्डादि भेद से शिवज्ञान, परार्ण चिन्तन, सात दिवसों में रुद्रशक्तिसमावेश, लक्षण, अभ्यास परित्याग का निषेध, एक वर्ष में योगसिद्धि, मातृसद्भाव, रतिशेखर ध्यान ३२३-३२८

८४. अघोर्याद्यष्टक ध्यान, माहेशी आदि, अमृतादि रुद्रों के दर्शन का फल, प्राणस्थ रुद्र का परासन, आसन विज्ञान, द्वादशार चक्र, अष्टार ध्यान-स्मरण, २५० भेद भिन्न चक्र और इनको साधना, ३२८-३३०

८५. द्वादश शक्ति और शक्तिमन्त, षण्ठ वर्जित द्वादश देवियों से अधिष्ठित स्वर, षोडशार के शक्ति शक्तिमन्त, अष्टार के शक्तिमन्त, तीन अष्टक, बिन्दु रूप मकार, षडर मन्त्र, शक्ति और शक्तिमन्त, अकारादि क्षकारान्त वर्ण और उनकी शक्तियों का योगियों और मन्त्रजापकों द्वारा साधन, ३३०-३३५

एकविंशतितमोऽधिकारः

८६. व्याधियों और मृत्युनाशक शिवज्ञानामृत का षोडशार में स्मरण, रसना का लम्बिका में संयोजन, नमकीन लार थूक कर स्वादु का आस्वादन, छः मास की साधना से मृत्युजित् अवस्था की प्राप्ति, दूसरी संक्रान्ति अवस्था, मृत या जीवित शरीर में प्रवेश की साधना, निरोध, घट्टन, प्रतिमा संचलनादि लक्षण, संक्रान्ति, भेदमयी साधना का स्वरूप, स्वदेह रक्षण अनिवार्यतः आवश्यक, ३३५-३४१

८७. सद्यः प्रत्ययकारक प्रयोग, चन्द्राकृष्टिकर प्रयोग, चन्द्रबिम्ब में आप्यायनकरी देवी के दर्शन, मुख में आकर्षण, निगरण, सुपरिणाम, दूसरा प्रयोग ३४१-३४६

द्वाविंशतितमोऽधिकारः

८८. सूर्याकृष्टिकर प्रयोग, साधना के स्वरूप और सुफल रूप सिद्धयोगीश्वरेश्वरत्व की प्राप्ति, अन्यसुफल, खेचरत्व की प्राप्ति ३४७-३५२

८९. फादिनान्त मालिनी प्रयोग, साधना, त्रिशूल प्रयोग और मेदिनी त्याग रूप फल, विद्या से स्थान का आवेष्टन व फल, लाभ, छः मास तक मेदिनी त्याग, छः मास की साधना और खेचरी पतित्व प्राप्ति, खगेश्वरी मुद्रा, पर्यङ्कासन प्रयोग, वस्तु दर्शन फल, स्वस्तिकासन प्रयोग और साधना व फल ३५२-३५६

त्रयोविंशतितमोऽधिकारः

९०. सद्योपलब्धि जनक प्रयोग अनावृतध्वनिश्रवण फल, पक्षिगणध्वन्यर्थ-ज्ञान, दूरश्रवण विज्ञान, ग्रहण प्रयोग, संवित्तिसमुदय, मासपर्यन्त साधना का फल, छः मास की साधना ३५७-३६०

९१. जाति प्रयोग, आसन, बीजमन्त्र, दशदल कमल के पत्र, केशर, कर्णिका के बीज के साथ शक्तियों का अवस्थान, अग्निमण्डल, सूर्य प्रमाण मण्डल और सोम प्रमेय मण्डल, इनमें बीजाक्षर प्रयोग ३६०-३६२

९२. अनुत्तासन योग और छः नमः आदि जातियाँ, प्रायश्चित्तादि में अखण्ड माला का प्रयोग, सदा भ्रमणशील साधकों के लिये विलक्षण प्रयोग द्वयक्षरा विद्या का सार्वत्रिक और सार्वकालिक प्रयोग, इस विद्या से स्थानवेष्टन व फल ३६२-३६५

९३. एक लाख जप और फल, विषक्षयकरी विद्या के रूप में इसका प्रयोग, स्त्री वशीकरण में प्रयोग ३६५ ३६६

९४. षडुत्थासन संस्थान प्रयोग और फल, सर्वचक्र विधि, हृच्चक्र प्रयोग साधन फल, सुप्तज्ञान में इसका उपक्रम, सिद्धयोगीश्वरी मत ३६६-३६८

९५. इससे बढ़कर कोई ज्ञान नहीं की घोषणा, इसका ज्ञाता साक्षात् शिव, सर्वथा योगरत साधकों को ही यह ज्ञान उपादेय, कार्त्तिकेय से इस ज्ञानामृत की उपलब्धि, उपसंहार, ३६८-३७१

९६. ग्रन्थसमाप्ति ३७१-३७१

स्वात्मनिवेदनम्

नैष्कल्यं परमाद्भुतं सुविपुलं दिव्यं प्रकाशात्परं,
तादात्म्येऽन्वभवं भवं स्वविभवं स्वात्मन्यहोऽवस्थितः ।
तच्छक्त्या स्फुरिता सदैव सुखदा वैश्वात्म्यविद्योतिता,
विद्या वन्द्यपदारविन्दयुगला सा मालिनी मोदताम् ॥ १ ॥

या सा शम्भुमुखेन्दु-सारसुधया विभ्राजिता विश्रुता,
विज्ञानात्मकभिन्नयोनिमहिता मां मालिनीमातृका ।
नीर-क्षीर-विवेक भाष्यरचनां रोचिष्णुतारोचिताम्,
भाषायां सुविधित्सया श्रुतिधरं पुत्रं कृतार्थं व्यधात् ॥ २ ॥

सोहं संविदधामि तस्य कृपया भाष्यं स्वभाषामयं,
तन्त्राणां चितिचारुतार्चितचिदानन्दप्रदानां मुदा ।
तस्मिन्नेव शुभक्रमकलाकल्पे प्रकल्पे स्वयम्
मालिन्याः विजयोत्तरस्य विहितं भाष्यं प्रियं प्रस्तुतम् ॥ ३ ॥

पुत्रोहं 'फ' उदार मिश्रतनयः सोहं शिवोपासकः,
माता मे परमाम्बिका सहृदया काली परापूर्विका ।
पत्नी सूर्यमणिः सदाशयतया मां सेवते स्नेहतः,
आस्ते हृद्यतया हृदि सदा दीक्षागुरुः लक्ष्मणः ॥ ४ ॥

राजानकं परं देवं
सद्गुरुं लक्ष्मणाभिधम् ।
स्मरामि कृपया यस्य
चित्ते मे स्फुरिता चितिः ॥ ५ ॥

परमेशमुखोद्भूतज्ञानचन्द्रमरीचिरूपम्

श्रीमालिनीविजयोत्तरतन्त्रम्

डॉ. परमहंसमिश्रविरचितनीरक्षीरविवेकभाष्यसंवलितम्

श्रीमालिनीविजयोत्तरतन्त्रम्

अथ प्रथमोऽधिकारः

जयन्ति जगदानन्दविपक्षक्षपणक्षमाः ।
परमेशमुखोद्भूतज्ञानचन्द्रमरीचयः ॥ १ ॥

सौः

परमेशमुखोद्भूतज्ञानचन्द्रमरीचिरूपम्

श्रीमालिनीविजयोत्तरतन्त्रम्

डॉ० परमहंसमिश्रविरचित-नीर-क्षीर-विवेक-भाष्यसमन्वितम्

प्रथमोऽधिकारः

[१]

'जयन्ति' क्रिया ग्रन्थ के प्रारम्भ में सर्वजयनशीलता के माङ्गलिक महाभाव का उद्भावन कर रही है। जीवन में 'जय' को प्रक्रिया का अन्यतम महत्त्व है। महादेव विश्व के आराध्य हैं। उनमें भी 'दिव्' धातुगत विजिगीषा को सर्वातिशायिनी सक्रियता विद्यमान है। जीवन में 'जय' का वरदान जगदानन्द को उपलब्ध करा देता है।

'जगदानन्द' एक पारिभाषिक शब्द है। प्राण का व्यापार 'उच्चार' कहलाता है। उच्चार सर्वप्रथम हृदय के शून्य में विश्रान्त रहता है। इसके इस अवस्थान के सन्दर्भ में प्राण, अपान, समान, उदान और व्यान के उदय का अनुसन्धान साधक करता है। शून्य से लेकर व्यान पर्यन्त जितनी विश्रान्तियाँ होती हैं, वे आनन्द की भूमियाँ मानी जाती हैं। ये छः होती हैं। इन्हें १. निजानन्द, २. निरानन्द, ३. परानन्द, ४. ब्रह्मानन्द, ५. महानन्द और ६. चिदानन्द की भूमियाँ कहते हैं। विश्रान्तियों में उल्लसित इन आनन्दों की भी पृथक्-पृथक् परिभाषायें हैं।

इन आनन्द भूमियों का अनुसन्धान साधना का विषय है। साधक को इस तथ्य का अनुभव हो जाता है कि, इनका एक आन्तर-विश्रान्ति-परमार्थरूप उदयास्तमयरहित परम अनुसन्धाता भी है। उसे ही शास्त्र 'जगदानन्द' कहते हैं[१]। श्रीमदभिनवगुप्तपादाचार्य के परमगुरु शम्भुस्वरूप श्रीशम्भुनाथ ने इस रहस्य का उद्घाटन किया था[२]।

जगदानन्द का विपक्ष—

यह एक आश्चर्य जैसा हो लग रहा है कि, जो समस्त आनन्द भूमियों का अन्तर्विश्रान्तिपरमार्थरूप अनुसन्धाता है, जो उदयास्त मयरहित शाश्वत वेद्यता-विधायक है, उसका भी विपक्ष, शास्त्र से समर्थित है। उदयास्तमय समन्वित सूर्य का विपक्ष तो प्रकल्पित है। पर उदयास्तमय रहित जगदानन्द के विपक्ष के सम्बन्ध में स्वयं श्रीमदभिनवगुप्तपादाचार्य कहते हैं—

"श्रीमालिनीविजयोत्तर तन्त्र में अधिकार संख्या १ से लेकर अधिकार १७ पर्यन्त जितना कहा गया है, वह उन साधकों के हित के उद्देश्य से कहा गया है, जो अनुत्तर शिव पद की प्राप्ति के लिये साधनारत हैं। उन्हें यहाँ यही बताने का प्रयत्न किया गया है कि, यह सारा भेदप्राण प्रपञ्च जगदानन्द का विपक्ष है।"[३]

वास्तविकता यह है कि, संवित्स्वातन्त्र्य के फलस्वरूप ही प्राणियों में फलभोग की आकांक्षा उत्पन्न होती है। इसलिये अनुत्तर शिवपद को तादात्म्यसिद्धि की साधना में रत साधक को धरा से लेकर शिवपर्यन्त सारे भेदप्राण-प्रपञ्च का ज्ञान भी आवश्यक होता है। तभी हेयोपादेय विज्ञान के माध्यम से वस्तुस्थिति स्पष्ट हो पाती है।

शैवतादात्म्य सिद्धि के लिये इस प्रपञ्च रूप विपक्ष का क्षय अनिवार्य रूप से आवश्यक होता है। विना भेद-प्राणता-प्रधान प्रपञ्च के संहार के जगदानन्द का शाश्वतिक आनन्द उपलब्ध नहीं हो सकता। इसके विनाश में सक्षम तत्त्व एकमात्र ज्ञान ही माना जाता है। ज्ञान प्रकाश रूप होता है।

शास्त्र के अनुसार भेदमयता अज्ञान है। अज्ञान अन्धकार है। अन्धकार का विनाश विना प्रकाश रश्मियों के नहीं हो सकता। उन रश्मियों का परिचय स्वयं भगवान् शिव के मुखारबिन्द से निःसृत ज्ञानचन्द्र की मरीचियों के रूप में ज्ञानियों

१. श्रीत० आ० ५।४४-५१ ;
२. श्रीत० आ० ५।५२;
३. मालिनीविजयवार्त्तिकम् ११।३५।

जगदर्णवमग्नानां तारकं तारकान्तकम् ।
सनत्कुमारसनकसनातनसनन्दनाः ॥ २ ॥
नारदागस्त्यसंवर्तवशिष्ठाद्या महर्षयः ।
जिज्ञासवः परं तत्त्वं शिवशक्त्युन्मुखोकृताः ॥ ३ ॥

को प्राप्त है। उन्हीं मङ्गलमरीचियों का मङ्गल महोत्सव उनकी जय-जयकार से सम्पन्न हो रहा है।

चन्द्र सोमतत्त्व का प्रतीक है। चन्द्र की मरीचियाँ जब प्राण सूर्यप्रभा में भासमान 'शुचि' नामक वह्निशिखा के सम्पर्क में आती हैं, उसी क्षण निष्पन्न अमृत द्रव से साधक का अभिषेक हो जाता है। यही अवस्था विपक्ष-क्षपण-क्षम अवस्था होती है। वे मङ्गलमरीचियाँ जयनशील हों, जिनसे इस अनुत्तर तत्त्व का प्रस्रवण हो सके। इसी माङ्गलिक सद्भाव भव्यता में मालिनी का अवतरण विश्व के आवरण का निराकरण करे, यही प्रार्थना है ॥ १ ॥

ग्रन्थ के ग्रथन का सन्दर्भ एक अध्यात्म-गर्भ ऐतिहासिक आख्यान से सम्बद्ध है। मन्त्रों के दर्शन करने वाले अनुत्तर तत्त्व के आमर्शक 'ऋषि' कहलाते थे। शतपथ ब्राह्मण में उल्लेख है कि 'तदेनान् तपस्यमानान् स्वयं ब्रह्म अभ्यानर्षत्। तद् एतेषाम् ऋषित्वं सिद्धम्'। ऋषित्व की सिद्धि हो जाने पर ये मन्त्रों का साक्षात्कार कर सकते थे। इनमें भी 'म' रूप शिव और 'ह' रूप प्राण तत्त्व के विमर्शक महर्षि कहलाते थे। जिस आदिम सर्ग के समय इस आकर ग्रन्थ रत्न का उद्भव अपने पूर्व रूप में था, उस समय के विश्वविश्रुत महर्षि, देवाधिदेव तारकान्तक के सान्निध्य में परमतत्त्व की जिज्ञासा के समाधान के लिये उपस्थित हुए थे। उनके नाम इस प्रकार थे—

१. सनत्कुमार, २. सनक, ३. सनातन, ४. सनन्दन, ५. नारद, ६. अगस्त्य, ७. संवर्त्त और ८. वशिष्ठ। इन आठों के अतिरिक्त उनके साथ अन्य जिज्ञासु महर्षि भी थे। आदि शब्द से उनके होने का स्वाभाविक आकलन हो जाता है। इन इन लोगों ने सम्यक् रूप से आराध्य की अभ्यर्थना की। वे यह जानते थे कि, भगवान् भूतभावव संसाररूपी समुद्र में डूब रहे सभी का उद्धार करने में समर्थ हैं।

जब तक व्यक्ति ज्ञान-विज्ञान पराङ्मुख रहता है, अज्ञान के अन्धकार में निमग्न होना, उसकी नियति बन जाती है। सौभाग्यवश सत्तर्क का उदय हृदय में

समभ्यर्च्य विधानेन ते समूचुः प्रहर्षिताः ।
भगवन्योगसंसिद्धिकाङ्क्षिणो वयमागताः ॥ ४ ॥

सा च योगं विना यस्मान्न भवेत्तमतो वद ।
ऋषिभिर्योगमिच्छद्भिः स तैरेवमुदाहृतः ॥ ५ ॥

होता है और वह जिज्ञासु बनकर गुरु के शरण में प्रस्थान करता है। यह उसकी शिवशक्ति सामरस्यानुभूति की ओर उन्मुखता मानी जाती है। इसी उन्मुखता के फलस्वरूप प्रत्यभिज्ञान का प्रकाश उसे उपलब्ध हो जाता है।

उक्त ऋषि समुदाय भी इसी श्रेणी का प्रातिनिध्य करता था। उन्मुखीकृत था। शिवशक्ति समाराधन में तत्पर था। 'कृत' का 'क्त' प्रत्यय यह उद्घोषणा कर रहा है कि, उन पर शिवशक्ति की कृपा थी। उसी से वे प्रेरित थे। यही कारण था कि, वे सभी 'सर्वज्ञ' की शरण में उपस्थित थे। उनके हर्ष की सीमा नहीं थी। वे अत्यन्त प्रहर्षित थे। जिसके दर्शन के लिये तपी तपस्या करते हैं, उनका स्वयं साक्षात्कार कर रहे थे ॥ २-३ ॥

विधि पूर्वक पूजा करने के उपरान्त उन्होंने स्वयं निवेदन किया—

भगवन्! हम सभी योग मार्ग के पथिक हैं। यात्रा का उद्देश्य परम गन्तव्य की अधिगति है। हमें यह निवेदन करने में तनिक भी संकोच नहीं है कि, हम सम्यक् प्रकार को योग सिद्धि से अभी तक वञ्चित हैं। उसी की आकांक्षा से हम यहाँ आये हैं। हम यह अनुभव करते हैं कि, जब तक योग की प्रक्रिया में सातत्य-मयी सक्रियता का व्यवधान रहता है, योग नहीं हो पाता। इसके विना सम्यक् सिद्धि असंभव है। अतः भगवन्! आप शरणागत वत्सल हैं। हमें आप वह 'योग' बतायें, जिससे सम्यक् रूप से शैव महाभाव सद्भाव संभूति सामरस्यमयी योग की सिद्धि हो सके। योग संसिद्धि जिस 'योग' से हो, हमें वही बताकर अनुगृहीत करें। श्लोक ५ में 'योग' शब्द 'योगविधि' और शिवशक्तितादात्म्य सिद्धि दो अर्थों में प्रयुक्त है। इस पर विशेष ध्यान देना चाहिये। वे योग मार्ग से परिचित होकर वहाँ उपस्थित थे। वे तत्त्व-ज्ञान प्राप्त करना चाहते थे। उनकी यह इच्छा थी कि, भगवान् भूतभावन द्वारा हमें स्वतः वह तत्त्व उपलब्ध हो जाय। इस प्रकार श्रद्धा संपूरित विनम्र प्रार्थना से संप्रार्थित भगवान् भूतभावन रूप गौरवपूर्ण विश्व-गुरु को ऋषि शिष्यों ने विश्वमयता को कृतार्थ करने का अवसर प्रदान कर दिया ॥ ४-५ ॥

प्रत्युवाच प्रहृष्टात्मा नमस्कृत्य महेश्वरम् ।
शृणुध्वं संप्रवक्ष्यामि सर्वसिद्धिफलप्रदम् ॥ ६ ॥
मालिनीविजयं तन्त्रं परमेशमुखोद्गतम् ।
भुक्तिमुक्तिप्रदातारमुमेशममरार्चितम् ॥ ७ ॥
स्वस्थानस्थमुमा देवी प्रणिपत्येदमब्रवीत् ।
सिद्धयोगेश्वरीतन्त्रं [1]नवकोटिप्रविस्तरम् ॥ ८ ॥

प्रहृष्टात्मा तारकान्तक शिव ने महादेव महेश्वर[2] को मन ही मन नमन किया और ऋषियों के प्रत्युत्तर में उन्होंने कहना प्रारम्भ किया। उन्होंने कहा—ऋषियों, आप ध्यानपूर्वक मेरी बातों का श्रवण करें। मैं आप के समक्ष उस तत्त्व का उद्घाटन करने जा रहा हूँ, जिसे स्वयं महेश्वर के मुखारविन्द से मकरन्द रस के समान पान करने का सौभाग्य मुझे प्राप्त हुआ था। यह समस्त सिद्धियों को प्रदान करने वाला आपानक रस है। इस परावाक् को आकार ग्रहण करने वाली अमृतमयी शब्द राशि का नाम मालिनीविजय[3] है। यह विश्वतारक मन्त्र है। साधना के लिए इसका अन्यतम महत्त्व है।

ऋषिप्रवर्ग और तारकान्तक प्रयुक्त इस कथोपकथन के साथ एक अवान्तर कथानक का सन्दर्भ भी यहाँ प्रस्तुत है। तारकान्तक ने कहा—ऋषिगों! मैं जो कुछ कहने जा रहा हूँ, वह मेरा स्वोपज्ञ कथन नहीं है। यह परमेश्वर के मुखारविन्द से विनिःसृत शास्त्र है। उस प्रसङ्ग को भी मैं आप लोगों के समक्ष स्पष्ट कर देना चाहता हूँ।

ऋषियों! एक बड़ा ही सुन्दर स्वर्ण अवसर था, जब भगवान् परमेश्वर अपने ही स्थान पर अवस्थित थे। कैलाश शिखरासीन महेश्वर को एकान्त में इस प्रकार स्वात्म सद्भाव भूषित अवस्था में देख देवतावृन्द भी वहाँ आ पहुँचा। उन्होंने उनकी पूजा अर्चना की। स्वयम् एक ओर विनत और सश्रद्ध आसीन हो गये। मुमुक्षुओं को मोक्ष और भोगेच्छुओं को भोग प्रदान करने का अनुग्रह करने वाले वे उमेश अत्यन्त प्रसन्न थे। इस अवसर का लाभ उठाते हुए भगवती उमा ने विशेष रूप से पति के चरणों में अपनी प्रणिपात-प्रथा का अर्पण किया और बिना कुछ अन्तराल दिये उन्होंने अपने हृदय के उद्गार अभिव्यक्त करने प्रारम्भ किये॥ ६-८ ॥

---

१. सं० शतकोटिप्रविस्तरमिति पाठः ;
२. श्रीत० ३।१९६ ; ३. श्रीत० ३।१९९

यत्त्वया कथितं पूर्वं भेदत्रयविसर्पितम् ।
मालिनीविजये तन्त्रे कोटित्रितयलक्षिते ॥ ९ ॥
योगमार्गस्त्वया प्रोक्तः सुविस्तीर्णो महेश्वर ।
भूयस्तस्योपसंहारः प्रोक्तो द्वादशभिस्तथा[1] ॥ १० ॥
सहस्रैः सोऽपि विस्तीर्णो गृह्यते नाल्पबुद्धिभिः ।
अतस्तमुपसंहृत्य समासादल्पधीहितम् ॥ ११ ॥
सर्वसिद्धिकरं ब्रूहि प्रसादात्परमेश्वर ।
एवमुक्तस्तदा[2] देव्या प्रहस्योवाच विश्वराट् ॥ १२ ॥
शृणु देवि प्रवक्ष्यामि सिद्धयोगीश्वरीमतम् ।
यन्न कस्यचिदाख्यातं मालिनीविजयोत्तरम् ॥ १३ ॥

उन्होंने कहा—प्राणेश्वर परमेश्वर ! आप बड़े ही कृपालु हैं। आपने कृपा कर विश्ववाङ्मय को अनन्त सारस्वत चिन्तारत्नों से सदैव भरा है। नौ करोड़ मन्त्रों से समन्वित आप ने ही सिद्ध योगीश्वरी तन्त्र का कथन किया था। वह तीन भेदों से भूषित तन्त्र अपने असीम विस्तार में पूरी तरह परिपूर्ण था। आपने तीन करोड़ मन्त्रों से लक्षित मालिनीविजयतन्त्र अनुसार के योग मार्ग का सविस्तर वर्णन किया था। आपने इतने विस्तार को दृष्टिगत रखते हुए बारह सहस्रों में उसका उपसंहार भी किया था। सामान्यजनों के लिये जिनकी बुद्धि का वकास नहीं हुआ है, ऐसे लोगों के लिये ये बारह हजार श्लोक भी दुरूह थे। उन्हें पूरी तरह अवगम नहीं किया जा सकता था।

इसलिये, परमेश्वर मेरी एक विनम्र प्रार्थना है। आप कृपा कर एक बार फिर उसका उपदेश कर अनुगृहीत करें। समास पद्धति में अल्प बुद्धि के साधारण अधिकारियों की श्रेयः सिद्धि के उद्देश्य से ऐसा प्रवचन कर दें, जिससे सबके उद्देश्य को सरलतया सिद्धि हो सके। उमा के इस अनुरोध को सुनकर परमेश्वर प्रसन्न हो उठे। उनके अधरों पर स्मिति रेखा का उल्लास हो गया और विश्वाराध्य विश्वराट् ने कहा कि, हे दिव्यता की दिव्यमूर्ति उमे ! मैं तुम्हारा अनुरोध स्वीकार करता हूँ। मैं उसी सिद्धयोगीश्वरी मत का कथन करूँगा। यह सिद्ध योगेश्वरी मत ही मालिनीविजयोत्तर तन्त्र है। यह तथ्य आज तक किसी को ज्ञात नहीं था। वही मैं यहाँ कहने जा रहा हूँ ॥ ९-१३ ॥

---

१. तं० द्वादशभिस्त्वत इति पाठः ; २. तं० उक्तस्तत इति पाठः

मयाप्येतत्पुरा प्राप्तमघोरात्परमात्मनः ।
उपादेयं च हेयं च विज्ञेयं परमार्थतः ॥ १४ ॥

शिवः शक्तिः सविद्येशा मन्त्रा मन्त्रेश्वराणवः ।
उपादेयमिति प्रोक्तमेतत्षट्कं फलार्थिनाम् ॥ १५ ॥

परमेश्वर ने कहना प्रारम्भ किया—देवि उमे! इस तत्त्व का उद्घाटन देवाधिदेव 'अघोर'[1] ने हमसे किया था। पञ्चवक्त्र परमेश्वर के प्रथम शक्तिमन्त अघोर ही है। साथ ही अघोराष्टक के प्रथम अधिपति भी यही हैं। मालिनी विजय के अनुसार ये स्वयं परमात्मा रूप में मान्य हैं। उनके अनुसार—१. उपादेय और २. हेय विज्ञान को परमार्थिक रूप से जानना साधक का सर्वोपरि कर्त्तव्य है॥ १४॥

हेय और उपादेय विज्ञान का एक प्रकार से पारमार्थिक वर्गीकरण स्वयं महेश्वर कर रहे हैं। उसके अनुसार उपादेय विज्ञान का प्राधान्य स्वीकार करते हुए उसका प्रथम उल्लेख शास्त्रीय दृष्टि से आवश्यक है—

१. उपादेय तत्त्व—

परमेश्वर कहते हैं कि, देवि उमे!

१. शिव, २. शक्ति, ३-४. सविद्येश (सदाशिवः ईश्वरश्च), ५. मन्त्र, ६. मन्त्रेश्वर।

ये छः उपादेय तत्त्व हैं। उपादेय तत्त्व परमार्थतः विज्ञेय हैं। इन पर क्रमशः विचार करना परमावश्यक है॥ १४॥

१. शिव—परमार्थ वस्तुतः परम तत्त्व ही होता है। वही परम तत्त्व शिव है। इसे महेश्वर, परमेश्वर या परम शिव भी कहते है। परम शिव प्रकाश रूप होता है किन्तु प्रकाश मात्र नहीं होता। जो प्रकाश प्रकाशमात्र होता है, वह जड़ होता है। जैसे सूरज, चाँद, विद्युत् तारक और खद्योत के प्रकाश। ये स्वयं अपनी प्रकाशता से अपरिचित हैं। प्रकाश रूप शिव वह परम प्रकाश है, जिसमें 'विमर्श' भी होता है। उसमें अकृत्रिम 'अहं' का विस्फुरण होता रहा है। इस विस्फुरण को विमर्श, स्फुरता, महासत्ता, स्पन्द और परमेश्वर का हृदय' कहते हैं। कहते हैं कि, प्रकाश निर्विमर्श नहीं हो सकता। इसलिये उस विश्व प्रकाशक, ३६ तत्त्वात्मक शक्तिमान् को ही शिव मानते हैं। यह उपादेय वर्ग का सर्वप्रधान तत्त्व है।

---

१. श्रीत० ३०।२४।

२. शक्ति—यह परमेश्वर की हृदय है। यह शिव से भिन्न नहीं है किन्तु यह इदं से रहित 'अहं' रूप में भासमान शिव में अहं के साथ इदं को भी स्पन्दित करती है।

इदन्ता का स्पन्दन सर्जन नहीं, अपितु अस्फुट सृजन का आभिमुख्य मात्र होता है। चित् या परासंवित् दशा में 'अहम्' और 'इदम्' अभिन्न होते हैं। शून्यातिशून्य दशा में शक्ति इदन्ता का निषेध कर अहंता में ही विश्रान्त रहती है। वह परम शिव भी अनाश्रित शिव दशा होती है। जब वही शिव स्वात्म में अभिन्न रूप से अवस्थित विश्व का इच्छा, क्रिया और ज्ञान रूप चित् के उच्छलन से आनन्द को ओर उन्मुख होता है, उस समय उसकी शक्तिमान् की ओर स्वातन्त्र्यमयी उन्मुखता होतो है। यही शक्ति है। यह परमेश्वर से नित्य अविच्छिन्न तत्त्व शक्ति संज्ञा से विभूषित होती है।

सविद्येश—(मन्त्र, मन्त्रेश्वर और अणु)।

महामाहेश्वर रामेश्वर झा ने विद्येश्वरों को माया-मलान्वित माना है। साथ ही इन्हें सर्वज्ञ भो लिखा है। श्री झा जी के अनुसार एकमात्र माया मल से अन्वित विद्येश्वर हैं। श्री महेश्वरानन्द ने महार्थमञ्जरी की कारिका संख्या १० के स्वोपज्ञ भाष्य में यह स्पष्ट शिखा है कि 'एक मलाः विज्ञानाकलाः' किन्तु आगे विद्येश्वरों के सम्बन्ध में भी यह व्यक्त किया है कि, 'मायीयमात्रानुबन्धादेकमलत्वमेव'। इस तरह विद्येश्वर और विज्ञानाकल दो ऐसे प्रमाता हैं, जो मात्र मायीय मल से अन्वित होते हैं। किन्तु इन्हें 'तत्त्वों' को श्रेणी में परिगणित नहीं करते। श्रीमहामाहेश्वर अभिनवगुप्त इन्हें ध्वस्त कञ्चुक मानते हैं।[1]

तत्त्व रूप में शिव और शक्ति के बाद सदाशिव, ईश्वर और सद्विद्या ही मान्य हैं। सदाशिव तत्त्व के प्रमाता को मन्त्रमहेश्वर, ईश्वर तत्त्व के प्रमाता को मन्त्रेश या विद्येश्वर भी मानते हैं। जिस अवस्था में मलों के क्षीणतार्थ-औन्मुख्य की अवस्था होती है, वही अवस्था मन्त्रप्रमाता की होती है। ये सभी परिमित श्रेणी के ऊपर के प्रमाता अर्थात् अपरिमित तत्त्वों के अन्तर्गत माने जाते हैं।

प्रस्तुत मालिनीविजय में मन्त्रमहेश्वर की गणना नहीं की गयी है। उसका कारण यह है कि, मन्त्रमहेश्वर क्षीयमाण मलत्व की अवस्था है। वहाँ उपादेय भाव का ही अभाव है। इसी तरह उपादेयों में अणुओं की गणना भी यहाँ महेश्वर ने की है। यह एक विचारणीय बात है। अणु सकल पुरुष माने जाते हैं। अणुत्व दशा में ही साधना द्वारा मलत्रय दाह का अन्तर्विमर्श सम्भव होता है। इसलिये

१. श्रीत० १०।१००

मलः कर्म च माया च मायीयमखिलं जगत् ।
सर्वं हेयमिति प्रोक्तं विज्ञेयं वस्तु निश्चितम् ॥ १६ ॥

इनकी उपादेयता है। वस्तुतः संकुचित शिव रूप अणु को भगवान् अघोर ने उपादेय घोषित किया है। इस प्रकार १. शिव, २. शक्ति, ३. विद्येश्वर, ४. मन्त्रेश्वर, ५. मन्त्र और ६. अणु इनका एक समुदाय, जिसे शास्त्रकार ने 'षट्' कहा है। यह उपादेय रूप में परिगणित है ॥ १५ ॥

हेय विज्ञान—

हेय रूप में भगवान् महेश्वर ने जिनकी गणना की है, वे इस प्रकार हैं—

१. मल, २. कर्म और ३. माया तथा ४. मायीय यह प्रपञ्च, जिसे 'जगत्' की संज्ञा से विभूषित किया गया है, ये सभी हेय हैं, यह हेय चतुष्क निश्चित रूप से विज्ञेय हैं। इनकी जानकारी के अभाव में साधना बाधित हो जाती है।

१. **मल**—'मलमज्ञानमिच्छन्ति' यह महामाहेश्वर अभिनवगुप्त पाद का मन्तव्य है। स्वयम् इस शास्त्र के इसी अधिकार का तेईसवाँ श्लोक इस अभिनव मन्तव्य का मूल मन्त्र हैं। महार्थ मञ्जरीकार ने कारिका संख्या १० के स्वोपज्ञ भाष्य में इसी श्लोक को उद्धृत किया है। प्रत्यभिज्ञाहृदय के सूत्र सात में शिव भट्टारक का वर्णन करते हुए उसे 'त्रिमय' कहा है। शिव का आणव, कार्म और मायीय मलावृतत्व ही मल द्वारा त्रिवृतत्व और त्रिमयत्व है।

२. **कर्म**—कर्म के सम्बन्ध में इसी अधिकार के श्लोक २४ में कहा गया है कि, 'धर्माधर्मात्मकं कर्म, सुखदुःखादिलक्षणम्, अर्थात् धर्म और अधर्ममय कर्म होते हैं। सुख और दुःख ही इनके लक्षण हैं। व्यक्ति कर्म करता है। धर्म और अधर्म का आचरण करता है। उससे उसे सुख या दुःख की प्राप्ति होती है। भोग की आकांक्षा भी उसमें उत्पन्न होती है। यह सब ईश्वरेच्छा पर ही निर्भर है।

३. **माया**—भोगेच्छुओं के भोग साधन की संसिद्धि के लिये मन्त्रराट् स्वयं माया में प्रवेश कर 'जगत्' को उत्पन्न करते हैं। यह एक है, व्यापक तत्त्व है। निष्कला, अनाद्यनन्ता, शिवेशानी, व्ययहीना के रूप में शास्त्रों में मान्य है। यही कला तत्त्व को उत्पन्न करती है।

४. **मायीय जगत्**—

इसी अधिकार के श्लोक २५ में यह स्पष्ट उल्लेख है कि, मन्त्रराट् ने जगत् को माया में प्रवेश कर उत्पन्न किया था। अतः सम्पूर्ण जगत् मायीय माना जाता

एतज्ज्ञात्वा परित्यज्य सर्वसिद्धिफलं लभेत् ।
तत्रेशः सर्वकृच्छान्तः सर्वज्ञः सर्वकृत्प्रभुः ॥ १७ ॥
सकलो निष्कलोऽनन्तः शक्तिरप्यस्य तद्विधा ।
स सिसृक्षुर्जगत्सृष्टेरादावेव निजेच्छधा ॥ १८ ॥

है। इस तरह १. मल, २. कर्म, ३. माया और ४. मायोय जगत् ये सारे हेय श्रेणो में आते हैं। ऐसो स्थिति में यह स्पष्ट रूप से कहा जा सकता है कि, प्रत्येक साधक के लिये हेयोपादेय वस्तु अवश्य रूप से विज्ञेय हैं। यही हेयोपादेय विज्ञान है। मालिनीविजयोत्तर तन्त्र का यह मुख्य निर्दश है कि. इस शास्त्र के अध्येता को हेयोपादेय विज्ञान का पूर्ण ज्ञाता होना चाहिये ॥ १६ ॥

इस विज्ञान से अच्छो तरह परिचय हो जाने पर सर्वप्रथम साधक यह निश्चित रूप से निर्णीत कर पाता है कि, क्या परित्याग योग्य है। परित्याज्य का परित्याग कर भोग और मोक्ष रूप समस्त सिद्धियाँ उनके लिये हस्तामलककत् हो जातो हैं। साधक सबका यथेच्छ फल भो प्राप्त कर पाता है।

साधक शिष्य को विज्ञान को गहराइयों को ओर ले चलते हुए भगवान् तारकान्तक ऋषियों को इस तन्त्र को वैज्ञानिकता का सार तत्त्व निर्दिष्ट कर रहे हैं। भगवान् कहते हैं कि, ईशान शिव १. सर्वकृत अर्थात् सर्वकर्त्तृत्व सम्पन्न हैं। २. वे शान्त और ३. अनन्त हैं। ४. वे सर्वज्ञ हैं और ५. प्रभु अर्थात् कर्त्तुमकर्त्तु-मन्यथाकर्त्तुं समर्थ हैं। उन्हें कलाओं से समन्वित होने को स्थिति में ६. सकल और कलारहित अवस्था में ७. निष्कल कहते हैं। कहीं किसी प्रकार से अन्त न होने पर उन्हें ८. अनन्त कहते हैं। संक्षेप में शक्ति का परिचय देते हुए परमेश्वर स्पष्ट कर रहे हैं कि, यह परमेश्वर ईश की विधा है। विधा शब्द निर्मिति, रीति, प्रकार और विमर्शमयी स्फुरत्ता अर्थ में प्रयुक्त होता है। इसी के साथ 'तृच्' प्रत्यय लगा देने पर विधाता शब्द निष्पन्न होता है। वस्तुतः विधाता को हो विधा होती है। इसलिये शक्ति को ईश को विमर्शमयी स्फुरत्ता के अर्थ में यह 'विधा' को विशेष संज्ञा प्रदान की गयो है।

सृष्टि की आदि कारण ईश की 'इच्छा' शक्ति ही है। अपनो इच्छा से ही सृष्टि के आदि में कुछ सिसक्षा के कारण वे सिसृक्षु बनकर यह सोचने लगे कि, क्या किया जाय ? तुरत शक्ति का स्फुरण हुआ कि, कुछ ऐसी वस्तु हो, जो स्फुरण-शीलता के शाश्वत धर्म से संयुक्त हो, निरन्तर गतिशोल हो, 'निरन्तरं गच्छति' इस अन्वर्थ में 'जगत्' हो। अतः यहो अन्तर्विमर्श स्फुरित हुआ।

विज्ञानकेवलानष्टौ बोधयामास पुद्गलान् ।
अघोरः परमो घोरो घोररूपस्तदाननः ॥ १९ ॥
भीमश्च भीषणश्चैव वमनः पिवनस्तथा ।
एतानष्टौ स्थितिध्वंसरक्षानुग्रहकारिणः ॥ २० ॥
मन्त्रमन्त्रेश्वरेशत्वे[1] संनियोज्य ततः पुनः ।
मन्त्राणामसृजत्तद्वत्सप्त कोटीः समण्डलाः ॥ २१ ॥
सर्वेऽप्येते महात्मानो मन्त्राः सर्वफलप्रदाः ।
आत्मा चतुर्विधो ज्ञेयस्तत्र विज्ञानकेवलः ॥ २२ ॥

इसके लिये परमात्मा ने विज्ञानकेवल रूप ८ पुद्गल वर्ग को प्रेरित किया। यहाँ 'बोधयामास' क्रिया प्रेरित करने अर्थ में ही प्रयुक्त है। 'पुद्गल' शब्द पशु अणु और अबोध अर्थों में प्रयुक्त होता है। यहाँ विज्ञानाकल के विशेषण के रूप में प्रयुक्त है। वस्तुतः जिन्हें हम पुद्गल पशु और अणु या जड कहा करते हैं, इनमें जो अजडभागांश रूप 'चित्' तत्त्व है, वह शाश्वत अनावृत रहता है। विज्ञानाकल के उस अंश में जो अनावृत भागांश है, वह विज्ञानमय होता है[2]। केवल एकमल समन्वित होने के कारण ही विज्ञानाकल को पुद्गल कहा गया है।

इन विज्ञानाकलों के नाम इस प्रकार हैं—१. अघोर, २. परमघोर, ३. घोर रूप, ४. घोरमुख, ५. भीम, ६. भीषण, ७. वमन और ८. पिवन।

ये आठों सृष्टि, स्थिति और संहार रूप अनुग्रह करने के अधिकारी माने जाते हैं ॥ १७-२० ॥

इन्हें मन्त्र और मन्त्रेश्वर पदों पर भगवान् ने नियुक्त कर दिया। तत्पश्चात् सात करोड़ मन्त्रों और मण्डलों की रचना की ॥ २१ ॥

मन्त्रों की शक्ति का पूर्ण सञ्चार उन्होंने स्वयं इन मन्त्रों में कर दिया। इन्हें महान् आत्मभाव प्रदान किया। ये मन्त्र सभी प्रकार के फल प्रदान करने में समर्थ हैं। स्वयं परमेश्वर का आत्मभाव चार प्रकार का माना जाता है[3]। इस सन्दर्भ में 'विज्ञानकेवल' की चर्चा पहले की गयी है ॥ २२ ॥

---

१. प० त्री० मन्त्रमहेश्वरेशत्वे इति पाठः ;
२. श्रीत० १।१३७ ; ३. प्रत्यभिज्ञाहृदयम् सूत्र ७

मलैकयुक्तस्तत्कर्मयुक्तः प्रलयकेवलः ।
मलमज्ञानमिच्छन्ति संसाराङ्कुरकारणम् ॥ २३ ॥

धर्माधर्मात्मकं कर्म सुखदुःखादिलक्षणम् ।
ईश्वरेच्छावशादस्य[1] भोगेच्छा संप्रजायते ॥ २४ ॥

भोगसाधनसंसिद्धयै भोगेच्छोरस्य मन्त्रराट् ।
जगदुत्पादयामास मायामाविश्य शक्तिभिः ॥ २५ ॥

विज्ञानकेवल मात्र मायीय मल से युक्त होता है। प्रलयकेवल मायीय और कार्म दो मलों से युक्त होते हैं। मल की परिभाषा बतलाते हुए भगवान् कह रहे हैं कि, 'अज्ञान' को ही मल कहने की प्रथा है। सभी इसी परिभाषा को चाहते हैं अर्थात् इसका समर्थन करते हैं। यह संसाररूपी अङ्कुर का कारण माना जाता है। वास्तव में अङ्कुर बीज से निकलता है और वह वृक्ष बन जाता है। इस तरह स्वात्म विस्मरण रूप अज्ञान ही जिसे शास्त्र 'मल' कहते हैं, यही जगत् का बीज है। इसी से संसरण का अङ्कुर उत्पन्न होता है और यही प्रपञ्च विस्तारयुक्त होकर वृक्ष हो जाता है ॥ २२-२३ ॥

कर्म धर्म और अधर्म रूप होता है। इससे सुख और दुःख का अनुभव प्राप्त होता है। यही धर्म और अधर्म के लक्षण हैं। भोगेच्छु में भोग की इच्छा ईश्वरेच्छा पर ही निर्भर है। इच्छा ईश्वर की ही शक्ति है। जीव भाव में भी इसका आसूत्रण ईश्वर से रहता है। अतः किसी इच्छा के उत्पन्न होते ही ईश्वर का स्मरण कर उसी पर इच्छा पूर्त्ति का भार दे देना चाहिये। स्वयम् को इसका अधिकारी नहीं मानना चाहिये ॥ २४ ॥

शक्तियों द्वारा माया में प्रवेशकर जगत् की संरचना का एक और भी सदुद्देश्य है। भोग की इच्छा, भोग का सुख और भोग साधनों की संसिद्धि ये सभी जागतिक आनन्दवाद के चमत्कार हैं। भोगी में भोग की प्रबल इच्छा में, भोग के सुख में और उसकी सिद्धि के अन्तराल में ईश्वर की इच्छा ही प्रेरिका शक्ति के रूप में विद्यमान है। इस ईश्वर की इच्छा का अनुसन्धान करना आवश्यक है। जगत् को उत्पन्न करने में भोगपूर्त्ति के आनन्दवाद में उलझना नहीं चाहिये, वरन् मन्त्रराट् के कर्त्तृत्व का उसी के स्तर पर ध्यान करना चाहिये ॥ २५ ॥

---

१. क० पु० वशात्तस्येति पाठः

सा चैका व्यापिनीरूपा निष्कला[1] जगतो निधिः ।
अनाद्यन्ता शिवेशानी व्ययहीना च कथ्यते ॥ २६ ॥

असूत सा कलातत्त्वं यद्योगादभवत्पुमान् ।
जातकर्तृत्वसामर्थ्यो विद्यारागौ ततोऽसृजत् ॥ २७ ॥

विद्या विवेचयत्यस्य कर्म तत्कार्यकारणे ।
रागोऽपि[2] रञ्जयत्येनं स्वभोगेष्वशुचिष्वपि ॥ २८ ॥

वह माया जिसमें शक्तियों द्वारा प्रवेश कर अनन्त रूप मन्त्रमहेश्वर जगत् को उत्पन्न करते हैं, वह माया 'एक' ही शक्ति है । सर्वव्यापक तत्त्व हैं। इसके मूल रूप में कला नहीं रहती । अत एव यह निष्कला है । यह संसार की निधि है। न इसका अन्त है और न आदि ही हैं। इसे शिवा और ईशानी शक्ति भी कहते हैं। यह अव्यय तत्त्व है । कभी क्षीण नहीं होती ॥ २६ ॥

[3]माया ने ही कला[4] तत्त्व को उत्पन्न किया । कला के योग से पुरुष सकल हो गया । अर्थात् पुरुष तत्त्व को उत्पत्ति होती है। पुरुष में कर्मरूप जातकर्तृत्व-सामर्थ्य भगवान् के वरदान रूप में प्राप्त हुआ है । जातकर्तृत्व का अर्थ किंचित्कर्तृत्व है। इसके बाद विद्या और राग उत्पन्न हुए। इस प्रकार माया से कला और कला से विद्या और राग को माया ने उत्पन्न होने के लिये प्रेरित किया ॥ २७ ॥

विद्या के कार्य—

पुरुष कार्य करता है । विद्या इसका विवेचन करती है। कर्म क्रिया रूप होता है। क्रिया से कार्य उत्पन्न होता है । कार्य के अवश्यंभावी कारण भी होते हैं।

इस कार्य कारण भाव का विवेचन विद्या पर ही निर्भर है। माया का तीसरा पुत्र 'राग'[5] है। यह अशुचि रूप अशुद्ध भोगों में भी अणु को अनुरंजित करता है। राग का कार्य ही रंजन करना है। पूर्णता में नित्यतृप्त भगवान् को भोग को रंजकता से प्रभावित कर रागशक्ति विशिष्ट आसक्ति का आवरण भी डालता है।

---

१. क० पु० निष्कलस्य स्वभावजेति ; ख० पु० निष्कलस्य शिवात्मन इति पाठः ; "निष्कला" इत्यारभ्य 'कथ्यते' इत्यन्तःपाठ घसंज्ञपुस्तकात्पूरितः ;
२. क० मु० रागोऽनुरञ्जयतीति पाठः ;
३. श्रीत० ९।१७२ ; ४. तदेव ९।१७४ ; ५. श्रीत० ९।२०० ;

नियतिर्योजयत्येनं स्वके कर्मणि पुद्गलम् ।
कालोऽपि कलयत्येनं तुट्यादिभिरवस्थितः ॥ २९ ॥

तत एव [1]कलातत्त्वादव्यक्तमसृजत्ततः ।
गुणानष्टगुणां तेभ्यो धियं [2]धीतोऽप्यहङ्कृतम् ॥ ३० ॥

तत्त्रिधा तैजसात्तस्मात्मनोऽक्षेशमजायत ।
वैकारिकात्ततोऽक्षाणि तन्मात्राणि तृतीयकात् ॥ ३१ ॥

वस्तुओं के ग्रहण, प्रापण, संरक्षण, समुपभोग की आंशिक तृप्ति को ही सब कुछ मानकर रागरक्त हो जाता है ॥ २८ ॥

'नियति' माया की चौथी सन्तति है। माया की पुत्री माया के गुणों का भरपूर प्रयोग करने में समर्थ है। यह विशिष्ट कार्य मण्डलों में योजित करने में पूरी तरह दक्ष है। किंचित्कर्तृत्व और अल्पज्ञान को अपने ऊपर आरोपित कर रागरक्त शिव को भाव, अभाव में अवभासित कार्यों में नियोजित करने का ही यह फल है कि, यह स्वात्म स्वरूप का संस्मरण कभी कर ही न सके।

और काल की तो बात ही मत पूछिये। माया की अन्तिम किन्तु नित्यत्व के संकोच का उत्तरदायित्व ग्रहण करने वाला कञ्चुक अकाल पुरुष को भी काल-कवलित कराने में समर्थ है। कलनात्मक तुटि, लव, निमेषादि त्रैकालिक काल प्रबाह की क्रमिकता के अनुभव से अभिभूत शिव को काल से कीलित कर आनन्द-नर्त्तन करता है ॥ २९ ॥

इस तरह माया ने कला, विद्या, राग, नियति और काल रूप कञ्चुकों के कलुषकलङ्क पङ्क से इस विश्व प्रपञ्च को अंचित कर ही विश्राम नहीं लिया वरन् उसने कलातत्त्व से 'अव्यक्त' को उत्पन्न कर डाला। अव्यक्त से सत्त्व, रज और तम की उत्पत्ति हुई। ये तीनों गुण कहलाते हैं। गुणों से आठ गुनी प्रबल बुद्धि का सृजन किया। पाँच कञ्चुक और त्रिगुण के अष्टकोदित गुण धर्म का विवेचन करने वाली बुद्धि अष्टगुणा है, यह उसकी क्रमिकता से सिद्ध है। बुद्धि से अहङ्कार को उत्पन्न किया ॥ ३० ॥

अहङ्कार तीन प्रकार का होता है। १. तैजस, २, वैकारिक और ३. तामस[1]। तैजस अहङ्कार से मन उत्पन्न हुआ। तैजस अहङ्कार में ज्ञान शक्ति, वैकारिक में

---

१. क० ख० तत्त्वमव्यक्तमिति पाठः ; २. क० ख० ग० पु० अहंकृतिमिति पाठः ;
३. श्रीमद्भागवतमहापुराण, २।५।२४

श्रोत्रं त्वक्चक्षुषी जिह्वा घ्राणं बुद्धीन्द्रियाणि तु ।
कर्मेन्द्रियाणि वाक्पाणिपायूपस्थाङ्घ्रयः क्रमात् ।। ३२ ।।

कलादिक्षितिपर्यन्तमेतत्संसारमण्डलम् ।
समुद्रादि[1] जगत्कृत्स्नं परिवर्तयतीच्छया ।। ३३ ।।

क्रियाशक्ति और तामस में द्रव्यशक्ति का समावेश है। तैजस अहङ्कार से मन उत्पन्न हुआ। यह अक्षेश माना जाता है। अक्ष इन्द्रियों को कहते हैं। यह इन्द्रियों का स्वामी है। इससे युक्त रहने पर ही इन्द्रियाँ अपना काम कर पाती हैं। मातृकाओं का प्रत्याहार भी अक्ष है। सहस्रार तक मातृकायें हैं। वहीं तक मन रहता है। उन्मना में मन विगलित हो जाता है।

वैकारिक अहङ्कार से इन्द्रियाँ उत्पन्न हुई। साथ ही तामस अहङ्कार से पाँच तन्मात्रायें उत्पन्न हुई। ये पाँचों इस प्रकार हैं—१. रूप, २. रस, ३. गन्ध, ४. स्पर्श और ५. शब्द। श्रीमद्भागवत में इसका वर्णन प्रक्रियान्तर पर आधारित है[2] ॥ ३१ ॥

श्रोत्र, त्वक्, चक्षु, जिह्वा, नासिका रूप—पाँच बुद्धीन्द्रियाँ तथा वाक्, पाणि, पायु, उपस्थ और चरण—ये पाँच कर्मेन्द्रियाँ मानी जाती है ॥ ३२ ॥

इस तरह तत्त्वों के क्रम में पाँच महाभूतों की गणना के साथ कला से लेकर अन्तिम पञ्चमहाभूत क्षिति पर्यन्त[3] संसार मण्डल माना जाता है। संसार का अन्तिम तत्त्व पृथ्वी ही है। पृथ्वी में स्थूल घन तत्त्व पार्थिव और द्रव तत्त्व आप्य दोनों का प्रत्यक्ष समावेश है। समुद्र उसी आप्यतत्त्व का प्रतीक है। समुद्रादि शब्द अप्राकरणिक नहीं है। 'ऋतं च सत्यं च' इस वैदिक मन्त्र में 'ततः समुद्रोर्णवः' प्रकरण में समुद्र से संवत्सर की उत्पत्ति मानी गयी है। इस लिए समुद्रादि[4] यह जो संसार है, यही नश्वर जगत है, इसे अपनी इच्छा शक्ति से भगवान् भूत भावन परिवर्त्तित करते रहते हैं। वस्तुतः इस संसार का संहार तात्त्विक परिवर्त्तन रूप ही है। विनाशात्मक नहीं और यह सब भगवान् की इच्छा पर ही निर्भर है ॥ ३३ ॥

---

१ ख० ग० पु० समुद्राद्यमिति पाठः ;
अ. श्रीत० ९।२३० ;
२. श्रीमद्भागवत २।५।२५ ;
३. श्रीत० १०।९७ ; ४. श्रीत० १०।९७, ९।२७

भेदः परः कलादीनां भुवनत्वेन यः स्थितः ।
असृजत्तमसावेव भोगिनां भोगसिद्धये ।। ३४ ।।
इत्यनेन कलाद्येन धरान्तेन समास्थिताः ।
पुमांसः सकला ज्ञेयास्तदवस्थाजिघांसुभिः ।। ३५ ।।
अवस्था त्रितयेऽप्यस्मिंस्तिरोभावनशीलया ।
शिवशक्त्योभयाक्रान्ता[1] प्रकुर्वन्ति विचेष्टितम् ।। ३६ ।।
एवं जगति सर्वत्र रुद्राणां योग्यतावशात्[2] ।
अङ्गुष्ठमात्रपूर्वाणां शतमष्टादशोत्तरम् ।। ३७ ।।
अनुगृह्य शिवः साक्षान्मन्त्रेशत्वे नियुक्तवान् ।
ते स्वगोचरमासाद्य भुक्तिमुक्तिफलार्थिनाम् ।। ३८ ।।

कला इत्यादि तत्त्वों के भेदों की चर्चा शास्त्रों में है। भगवान् कहते हैं कि, पार्वति ! वे भेद भुवनों के रूप में जाने जाते हैं । इनकी संरचना भी भोगियों की भोगसिद्धि के लिये स्वयम् उसी ने की है ।। ३४ ।।

भेद का यह विस्तार 'कला' से लेकर 'धरा' पर्यन्त माना जाता है[3] । इसमें अवस्थित पुरुष तत्त्व 'सकल' माने जाते हैं[4] । यह भेदवाद का ही विस्तार है। जो इसके विनाश के अभिलाषी हैं, वे इस तथ्य को पूरी तरह जानते हैं कि, भेदवाद से प्रभावित पुरुष 'सकल' ही कहे जा सकते हैं क्योंकि ये 'कला' से ही समन्वित हैं। इस प्रकार तैजस, वैकारिक और तामस अवस्थाओं की इस तिरोधान पूर्ण प्रक्रिया में सकलों का सारा विचेष्टित अर्थात् व्यापार शिवशक्ति के उभयात्मक प्रभाव का ही परिणाम है ।। ३५-३६ ।।

इस प्रकार इस जगत् में सर्वत्र रुद्रों को कर्तृत्व शक्तिरूप योग्यता के अनुसार ही सारा व्यवहारवाद घटित होता है। इन रुद्रों को संख्या पहले एक सौ अट्ठारह थी। इनकी आकृति अङ्गुष्ठ मात्र की ही थी। इनके ऊपर भगवान् शिव ने महान् अनुग्रह किया और इन्हें मन्त्रेश के पद पर नियुक्त कर दिया। उन्होंने जो कुछ साक्षात्कार किया, उसके अनुसार फलार्थियों को फल प्रदान करना प्रारम्भ किया।

---

१. ख० पु० शक्त्युभयेति पाठः ; २. ख० पु० कर्तृतावशादिति पाठः ;
३. श्रीत० १०।९७-१०१ ; ४. श्रीत० १०।९८-९९

ब्रह्मादीनां प्रयच्छन्ति स्वबलेन समं फलम् ।
ऋषिभ्यस्तेऽपि ते चानु मन्वन्तेभ्यो महाधिपाः ॥ ३९ ॥

हेयोपादेयविज्ञानं कथयन्ति शिवोदितम् ।
ब्रह्मादिस्तम्बपर्यन्ते जातमात्रे जगत्यलम् ॥ ४० ॥

मन्त्राणां कोटयस्तिस्रः सार्धाः शिवनियोजिताः ।
अनुगृह्याणुसंघातं याताः पदमनामयम् ॥ ४१ ॥

एवमस्यात्मनः काले कस्मिंश्चिद्योग्यतावशात् ।
शैवी संबध्यते शक्तिः शान्ता मुक्तिफलप्रदा ॥ ४२ ॥

इसी क्रम में ब्रह्मा आदि को भी उन्होंने अपने बल और प्रभाव से फल भोग निर्धारित किया। ब्रह्मा आदि ने ऋषियों को और ऋषियों ने मन्वन्तर प्रतिनिधियों को फल की व्यवस्था की। ये सभी इस दृष्टि से 'महाधिप' श्रेणी में आते हैं ॥ ३७-३९ ॥

इस विश्वात्मक विस्तार की जागतिक उत्पत्ति का यह परम परिवेश ब्रह्म से 'स्तम्ब' पर्यन्त व्याप्त है। भगवान् शिव द्वारा कहे गये हेयोपादेय विज्ञान का भरपूर सदुपयोग इसी जगत् में किया जा सकता है। 'अलम्' अव्यय यह स्पष्ट करता है कि, पूरी तरह यहीं के लिये यह महाविज्ञान है, जिसे भगवान् ने 'हेयोपादेय विज्ञान' की संज्ञा दी है[3] ॥ ४० ॥

इसमें शिव द्वारा नियोजित साढ़े तीन करोड़ मन्त्र हैं। ये अणुता से प्रभावित पुद्गल पशु वर्ग पर अनुग्रह करते हैं। स्वयम् अनामय पद को प्राप्त करते हैं ॥ ४१ ॥

आत्मा का इस प्रकार आवरण से आविल स्वरूप में और काल की कलनात्मकता के सन्दर्भ में कहीं किसी से उसकी योग्यता के फलस्वरूप शैवी शक्ति का सम्पर्क सध जाता है। यह सौभाग्य का विषय है कि, इस सम्पर्क के कारण सारा प्रपञ्च शान्त हो जाता है। इसीलिये उस शक्ति को शान्ता शक्ति कहते हैं। यह मुक्ति का फल प्रदान करने वाली मानी जाती है ॥ ४२ ॥

---

१. श्रीत० ८।२४४

तत्संबन्धात्ततः कश्चित्तत्क्षणादपवृज्यते ।
अज्ञानेन सहैकत्वं कस्यचिद्विनिवर्तते ॥ ४३ ॥

रुद्रशक्तिसमाविष्टः स यियासुः शिवेच्छया ।
भुक्तिमुक्तिप्रसिद्ध्यर्थं नीयते सद्गुरुं प्रति ॥ ४४ ॥

तमाराध्य ततस्तुष्टाद्दीक्षामासाद्य शाङ्करीम् ।
तत्क्षणाद्वो[1]पभोगाद्वा देहपाता[2]च्छिवं व्रजेत् ॥ ४५ ॥

इस शान्ता शक्ति के महाप्रभाव से चमत्कार घटित हो जाता है। उसका सम्बन्ध होते ही उसी समय अविलम्ब वह वैराग्यवान् हो जाता है और अपवर्ग उसके लिये हस्तामलकवत् हो जाता है। उसी में कुछ पुरुषों का केवल अज्ञान का एकत्व ही विनिवृत्त हो पाता है। यह उसकी योग्यता का ही परिणाम होता है। अभी तक अज्ञान के अन्धकार में पड़ा हुआ था। अज्ञान के इस सम्पर्क से उसकी निवृत्ति होते ही ज्ञान की रश्मियाँ उसके स्वरूप को उद्घाटित कर देती हैं ॥ ४३ ॥

यह रुद्रशक्ति के समावेश का ही सुपरिणाम है कि, वह समाविष्ट होकर यह सोचने को विवश हो जाता है कि, अपने स्वरूप को पहचानने और अच्छी तरह जानने के लिये हमें गुरु के पास जाना चाहिये। इस भाव को 'यियासा' कहते हैं। गुरु को पाने का प्रबल अभिलाष ही 'यियासा' है। जिसे 'यियासा' होती है, उसे 'यियासु' कहते हैं। यह भी शिव की इच्छा पर ही निर्भर है। इस शिवेच्छा के द्वारा वह मुक्ति भुक्ति की विशिष्ट सिद्धि के लिये सद्गुरु-शरण में पहुँचा दिया जाता है[3] ॥ ४४ ॥

सद्गुरु की शरण में वह पहुँचता है। उनकी आराधना कर उन्हें प्रसन्न कर देता है। वे इसकी सेवा से सन्तुष्ट हो जाते हैं। उस पर शाङ्करी दीक्षा द्वारा शक्तिपात करते हैं। अब वह शाङ्करी दीक्षा से दीक्षित हो जाता है। यदि शक्तिपात तीव्र होता है, तो वह तत्क्षण जीवन्मुक्त हो जाता है। अथवा दीक्षा के प्रभाव से विश्व का उपभोग करता हुआ मरणोपरान्त शिवता को समुपलब्ध हो जाता है ॥ ४५ ॥

---

१. ख० पु० उपयोगाद्वेति पाठान्तरम् ; २. क० पु० पाते शिवमिति पाठः ;
३. श्वेत० २।१२-५

योगदीक्षां समासाद्य ज्ञात्वा योगं समभ्यसेत् ।
योगसिद्धिमवाप्नोति तदन्ते शाश्वतं पदम् ॥ ४६ ॥
अनेन क्रमयोगेन संप्राप्तः परमं पदम् ।
न भूयः पशुतामेति शुद्धे स्वात्मनि तिष्ठति ॥ ४७ ॥
आत्मा चतुर्विधो ह्येष पुनरेष चतुर्विधः ।
आचार्यत्वादिभेदेन शुद्धात्मा परिपठ्यते ॥ ४८ ॥
नित्यादित्रितयं कुर्याद्गुरुः साधक एव च ।
नित्यमेव द्वयं चान्यो यावज्जीवं शिवाज्ञया ॥ ४९ ॥

शाङ्करी दीक्षा के अतिरिक्त कुछ लोग शाङ्कर योग दीक्षा प्राप्त करते हैं। इसे शिवभक्ति सम्पन्न योग कहते हैं। इस योग का अभ्यास कर उसमें परम सिद्धि प्राप्त करते हैं। इस शिवभक्ति योग सिद्धि के परिणामस्वरूप अन्त में शाश्वत शैवधाम की प्राप्ति का सौभाग्य उन्हें अधिगत हो जाता है ॥ ४६ ॥

यह अभ्यास की क्रमिकता का ही सुपरिणाम है—शाङ्करी दीक्षा में सम्पन्नता, पुनः शिवभक्ति योग सम्पन्नता और शाश्वत शैव धाम की उपलब्धि रूप परम पद की प्राप्ति। यह सब जीवन की चरितार्थता ही है। इस प्रकार इस सर्वोच्च धाम में प्रवेश प्राप्त कर लेने वाला पुनः पशुता का परिवेश नहीं प्राप्त कर सकता अर्थात् शिव पद से उसकी अधोगति नहीं होती। वह शुद्ध स्वात्मस्वरूप में अवस्थित हो जाता है ॥ ४७ ॥

यहाँ तक जिन तथ्यों का वर्णन किया गया है और जिस तत्त्ववाद की व्याख्या की गयी है, उससे यह स्पष्ट हो गया है कि, आत्मा चार प्रकार का होता है। यह चतुष्क भी चार प्रकार का विस्तार प्राप्त करता है। इसमें आचार्य आदि भेद परिगणित है। शुद्ध स्वात्म में अधिष्ठित हो जाने पर 'शुद्धात्मा' संज्ञा से विभूषित होता हैं ॥ ४८ ॥

नित्या आदि योगमार्ग का त्रिक अनुशासन गुरु और साधक शिष्य सब को निरन्तर और नियमित रूप से सम्पन्न करना चाहिये। इसी तरह दीक्षा का द्विविध अभ्यास अवश्य करना चाहिये, जिससे ज्ञानयोग और भक्तियोग की अनवरत क्रिया सम्पन्न कर आत्मा का शुद्ध स्तर प्राप्त हो सके। जीवनपर्यन्त अनवरत साधना का आदेश भगवान् शङ्कर का ही है। इस आज्ञा का पालन करना साधक और गुरु का परम कर्त्तव्य है ॥ ४९ ॥

उपादेयं च हेयं च तदेतत्परिकीर्तितम् ।
ज्ञात्वैतज्ज्ञेयसर्वस्वं [1]सर्वसिद्धचरहो भवेत् ॥ ५० ॥

इति श्रीमालिनीविजयोत्तरे प्रथमोऽधिकारः ॥ १ ॥

इस प्रकार इस अधिकार में जितनी बातें निर्दिष्ट हैं, वे दो भागों में विभक्त की जा सकती हैं—१. उपादेय भाग और २. हेय भाग। पशुता और पशुता के हेतु सभी हेय तथा शुद्धात्मा में अवस्थान, यही उपादेय भाग की कर्त्तव्य शीलता है। इसका जानना अत्यन्त अनिवार्यतः आवश्यक है। यह ज्ञेय सवस्व माना जाता है। इन विज्ञानों का ज्ञाता समस्त सिद्धियों का अधिकारी बन जाता है। सिद्धि के लिये 'अर्ह' अर्थात् योग्य हो जाता है ॥ ५० ॥

परमेशमुखोद्भूतज्ञानचन्द्रमरीचिरूप श्रीमालिनीविजयोत्तरतन्त्र के
'हेयोपादेय विज्ञान' नामक प्रथम अधिकार का
डॉ० परम हंस मिश्र कृत नीरक्षीर विवेक नामक हिन्दी भाष्य अभिसम्पन्न।
ॐ नमः शिवायै ॐ नमः शिवाय ॥ १ ॥

---

१. क० ख० सिद्धिफलं लभेत् इति पाठः

अथ द्वितीयोऽधिकारः

अथैषामेव तत्त्वानां धरादीनामनुक्रमात् ।
प्रपञ्चः कथ्यते लेशाद्योगिनां योगसिद्धये ॥ १ ॥
शक्तिमच्छक्तिभेदेन धरातत्त्वं विभिद्यते ।
स्वरूपसहितं तच्च विज्ञेयं दशपञ्चधा ॥ २ ॥

ह्सौः

परमेशमुखोद्भूतज्ञानचन्द्रमरीचिरूपम्

श्रीमालिनीविजयोत्तरतन्त्रम्

डॉ० परमहंसमिश्रविरचित-नीर-क्षीर-विवेक-भाषाभाष्यसमन्वितम

द्वितीयोऽधिकारः

[२]

इस अधिकार का प्रारम्भ 'अथ' अव्यय शब्द से कर रहे हैं। अथ प्रारम्भवाची अव्यय है। हेयोपादेय विज्ञान के निर्देश के बाद यहाँ से प्रपञ्च रूप इस विश्व विस्तार की चर्चा कर रहे हैं। कला से क्षिति पर्यन्त तत्त्वों के क्रम में धरा को अन्तिम तत्त्व माना गया है। धरा से प्रारम्भ करने के कारण धरा आदि तत्त्वों के अनुक्रम को अपना कर इन तत्त्वों का विस्तार पूर्वक कथन कर संक्षेप से ही, अर्थात् भेदों का लेश मात्र ही निर्देश करने की बात कर रहे हैं। इसका उद्देश्य भी इसी श्लोक में भगवान् ने व्यक्त कर दिया है। वे कहते है—'योगिनां योग सिद्धये'—अर्थात् योग की प्रक्रिया में अभ्यास पूर्वक प्रवृत्त योग-साधकों के योग की सिद्धि में सहायता ही इस कथन का उद्देश्य है। इसी के लिये त्रिकशास्त्रीय यह उपक्रम है[1] ॥ १ ॥

धरा तत्त्व शक्ति और शक्तिमान् भेद से द्विधा विभिन्न है। स्वरूप सहित यदि इसका आकलन करें, तो यह पन्द्रह भेद भिन्न आकलित होता है। शिव से

---

१. श्रीत० १०।२-३

शिवादिसकलात्मान्ताः शक्तिमन्तः प्रकीर्तिताः ।
तच्छक्तयश्च विज्ञेयास्तद्वदेव विचक्षणैः ॥ ३ ॥
एवं जलादिमूलान्तं तत्त्वव्रातमिदं महत् ।
पृथग्भेदैरिमैर्भिन्नं विज्ञेयं तत्फलेप्सुभिः ॥ ४ ॥
अनेनैव विधानेन पुंस्तत्त्वात्तु[1] कलान्तिकम् ।
त्रयोदशविधं ज्ञेयं रुद्रवत्प्रलयाकलाः ॥ ५ ॥
तद्वन्मायापि विज्ञेया नवधा ज्ञानकेवलाः ।
मन्त्राः सप्तविधास्तद्वत्पञ्चधा[2] मन्त्रनायकाः ॥ ६ ॥

सकल पर्यन्त सात शक्तिमन्त तत्त्व माने जाते हैं। इनकी शक्तियों के सहित आकलित करने पर ये चौदह भेद भिन्न हो जाते हैं। इसमें स्वरूप का परिकल्पन करने पर यह पन्द्रह भेदता स्पष्ट हो जाती है। इसे पाञ्चदश्य[3] सिद्धान्त कहते हैं। स्वरूप[4] का अर्थ यहाँ स्वरूपसत् (धरारूपगत) चिन्मय तत्त्व माना जाता है। विचक्षण विज्ञपुरुषों के द्वारा यहां ज्ञेय और वेद्य तात्त्विकता पर विशेष विचार करने योग्य है। वस्तुतः जब सकल शिवान्त शक्तिमन्तों में शक्ति भाव का उद्रेक होता है, तो एक प्रकार की पृथक् वेद्यता की अनुभूत विचक्षणों को होने लगती है। इसी का सांकेतिक निर्देश भगवान् ने किया है कि, यह उन्हीं के द्वारा विज्ञेय है। साधारण मनुष्य को अनुभूति के रहस्यात्मक गाम्भीर्य का ऐसा अनुभव नहीं हो पाता। वेद्यताजनित भेद में चौदह भेद सहित स्वरूपसत् भेद से पन्द्रह भेद मान्य हैं। यही पांचदश्य का तात्पर्य है॥ २-३ ॥

इसी तरह 'जल' से प्रारम्भ करने पर और मूल अर्थात् प्रधान तत्त्व पर्यन्त विचार करने पर भी ये महत् भेद स्पष्ट रूप से प्रतिभासित होते हैं। इनकी साधना के फल की इच्छा रखने वालों को यह विशेष विचार करना चाहिये कि, उससे स्वात्म परिष्कार किस प्रकार सम्भव है[5] ॥ ४ ॥

यह एक दिशा निर्देश है। इस क्रम से विचार करने पर यह स्पष्ट हो जाता है कि, पुरुष तत्त्व से कला तक मात्र तेरह भेद ही संभव हैं। प्रलयाकल तक रुद्रवत् अर्थात् ११ भेद होते हैं। इसी प्रकार माया का भेद सम्भव है। इसी तरह

---

१. तं० पुंस्तत्त्वात्तत्कलान्तकमिति पाठः ; २. तं० पञ्च मन्त्रविनायका इति पाठः ;
३. श्रोत० आ० १०।६-७, १०१-११२, २९४ ;
४. तदेव १०।३ ; ५. तदेव १०।५

त्रिधा मन्त्रेश्वरेशानाः शिवः साक्षान्न भिद्यते ।
भेदः प्रकथितो लेशादनन्तो विस्तरादयम् ॥ ७ ॥

एवं भुवनमालापि भिन्ना भेदैरिमैः स्फुटम् ।
विज्ञेया योगसिद्ध्यर्थं योगिभिर्योगपूजिता ॥ ८ ॥

एतेषामेव तत्त्वानां भुवनानां च शाङ्करि ।
य एकमपि जानाति सोऽपि योगफलं लभेत् ॥ ९ ॥

यः पुनः सर्वतत्त्वानि वेत्त्येतानि यथार्थतः ।
स गुरुर्मत्समः प्रोक्तो मन्त्रवीर्यप्रकाशकः ॥ १० ॥

विज्ञानकेवल मात्र ९ भेद भिन्न होते हैं। 'मन्त्र' सात प्रकार के, मन्त्रेश्वर मात्र पाँच प्रकार के ही होते हैं। मन्त्रमहेश्वर तीन प्रकार के होते हैं। इन भेदों पर विचार करते हैं, तो यह निश्चय प्रतीत होने लगता है कि, शिव में साक्षात् कोई भेद नहीं होता। यह अभेद रूप से शाश्वत उल्लसित तत्त्व स्वयं निष्कल और अभिन्न भाव से भासित प्रकाश तत्त्व है।[1]

यह लेशमात्र भेद का कथन है। परमार्थ रूप से विचारणीय है। जहाँ तक भेद के विस्तार का प्रश्न है, यह अनन्त है और शिवेच्छा से ही समुद्भूत होता है ॥ ५-७ ॥

इसी प्रकार भुवन माला अर्थात् अनन्त भुवनों का यह अम्बार इन्हीं और इसी प्रकार के भेदों से भिन्न हैं[2]। योग की सिद्धि के लिये योगियों द्वारा इनकी जानकारी आवश्यक मानी जाती है। ये योगमार्ग में आदर की दृष्टि से देखे जाते हैं और निश्चित रूप से जानने योग्य हैं ॥ ८ ॥

भगवान् शिव कहते हैं कि, देवि पार्वति ! तुम विश्व को कल्याण-विधायिनी माँ शक्ति हो। तुम्हें मैं यह स्पष्ट कर देना चाहता हूँ कि, भेदों प्रभेदों के इस आनन्त्य में से यदि कोई साधक भक्त शिष्य एक भेद भी अच्छी तरह जान लेता है, वह भी शिव-योग का फल प्राप्त करने का अधिकारी हो जाता है। जो साधक योगी इस अनन्तता को तात्त्विक रूप से जान लेता है, वह तो देवि ! सचमुच मेरे

---

१. श्रीत० १०।५–'शिवो न भिद्यते स्वैकप्रकाशघनचिन्मयः' ;
२. तदेव १०।१५१

स्पृष्टाः [1]संभाषितास्तेन दृष्टाश्च प्रीतचेतसा ।
नराः पापैः प्रमुच्यन्ते सप्तजन्मकृतैरपि ॥ ११ ॥
ये पुनर्दीक्षितास्तेन प्राणिनः शिवचोदिताः ।
ते यथेष्टं फलं प्राप्य पदं [2]गच्छन्त्यनामयम् ॥ १२ ॥
रुद्रशक्तिसमावेशस्तत्र नित्यं प्रतिष्ठितः ।
सति तस्मिंश्च चिह्नानि तस्यैतानि विलक्षयेत् ॥ १३ ॥

समान ही हो जाता है । वह यथार्थ रूप से ज्ञानवान् होता है और ज्ञानवान् ही गुरु कहलाता है ।[3] ऐसे गुरुजनों के द्वारा मन्त्रों के वीर्य का प्रकाशन हो सकता है ॥ ९–१० ॥

ऐसे गुरुदेव के द्वारा छू लिये जाने पर, सम्यक् रूप से परस्पर विचारों का आदान-प्रदान कर लेने से तथा मात्र प्रीति पूर्वक प्रसन्न मुद्रा से देख लेने से भी सामान्य मनुष्य भी पापों से छुटकारा पा जाते हैं । भले ही वे पाप इस जन्म के न होकर सात जन्मों के ही क्यों न हों । यह ज्ञानवान् गुरु का गौरव है ॥ ११ ॥

ऐसे परम सिद्ध भगवान् शिवस्वरूप गुरुदेव से जो भाग्यशाली दीक्षा प्राप्त कर लेता है, वह धन्य हो जाता है । वस्तुतः शिव की प्रेरणा से प्रेरित होकर ही गुरु और शिष्य दीक्षा प्रक्रिया से सम्पृक्त होते हैं । जो कुछ भी हो शिव की प्रेरणा से दीक्षा प्राप्त करने वाले पुरुष यथेष्ट रूप से विश्वोपभोग करते हैं और अन्त में अनामय पद को भी प्राप्त कर लेते हैं ॥ १२ ॥

रुद्र शक्ति का समावेश ऐसे गुरुदेव में स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता रहता हैं । रुद्रशक्ति समावेश को 'भवभक्ति' की संज्ञा से विभूषित करते हैं ।[4] गुरु में ये चिह्न विशिष्ट शिष्य भाँप लेते हैं । उन विशिष्ट चिह्नों को ध्यान पूर्वक देखना चाहिये । इसी से उनकी झलक मिलती है और सद्गुरु की पहचान हो जाती है ॥ १३ ॥

---

१. ख० पु० संभाविता इति पाठः ;
२. ख० पु० गच्छन्ति परमं पदमिति पाठः ;
३. श्रीत० २८।१८७,३८९,३९४ ; ४. श्रीत० ३।२९१

तत्रैतत्प्रथमं चिह्नं रुद्रे भक्तिः सुनिश्चला
द्वितीयं मन्त्रसिद्धिः स्यात्सद्यः प्रत्ययकारिका ॥ १४ ॥

सर्वसत्त्ववशित्वं च तृतीयं लक्षणं स्मृतम् ।
प्रारब्धकार्यनिष्पत्तिश्चिह्नमाहुश्चतुर्थकम् ॥ १५ ॥

कवित्वं पञ्चमं ज्ञेयं सालङ्कारं मनोहरम् ।
सर्वशास्त्रार्थवेत्तृत्वमकस्माच्चास्य जायते ॥ १६ ॥

उनमें पहला लक्षण है—रुद्र में सुनिश्चला[1] भक्ति। यह अनुग्रह के अधिकार का पहला लक्षण माना जाता है। प्राथम्येन उक्त होने के कारण यह प्रधान लक्षण माना जाता है। विना इसके गुरु में यह अधिकार नहीं होता कि, वह शिष्य के ऊपर [2]अनुग्रहरूप शक्तिपात करें और शिष्य का उद्धार कर सकें।

उनमें दूसरा चिह्न यह होता है कि, उसे मन्त्रों की सिद्धि होती है। मन्त्रों के प्रयोग से शिष्य को तत्काल यह विश्वास हो जाता है कि, ये गुरुदेव मन्त्र सिद्ध हैं। इनके प्रयोगों से और इनकी दीक्षा के प्रभाव से हमारा तत्काल उद्धार सम्भव है ॥ १४ ॥

गुरु में तीसरा अलौकिक लक्षण सभी प्राणियों के ऊपर उनका वशित्व-भाव है। जो व्यक्ति ऐसे गुरुदेव के सम्पर्क में आते हैं, वे उनके मानो वश में ही हो जाते हैं। यह उनके महान् व्यक्तित्व का प्रभाव होता है। उनका चौथा लक्षण है—प्रारब्ध कार्य निष्पत्ति। जिस काम को वे हाथ में लेते हैं, वह अवश्य पूरा होता है। यहाँ निष्पत्ति शब्द सिद्धि अर्थ में प्रयुक्त है। कारण और कार्य की पूर्ति गुरु के महाप्रभाव का परिणाम होता है। यह सबके द्वारा नहीं होता। बहुत लोग कार्य प्रारम्भ करते हैं और उनमें ऐसे विघ्न आते हैं, जिनसे कार्य सिद्धि में बाधा पड़ जाती है। यह उत्तम लक्षण नहीं माना जाता ॥ १५ ॥

सिद्ध गुरु का पाचवाँ लक्षण उनमें कवित्व शक्ति का समुल्लास है। कविता के माध्यम से वे वाङ्मय पुरुष का सर्वदा शृङ्गार करते रहते हैं और सरस्वती की आराधना में प्रभावी रूप से तत्पर रहते हैं, उनकी कविता में माधुर्य का मनोहारी समावेश होता है तथा अलङ्कारों से अलङ्कृत भाव-प्रवाह का प्राभाव्य होता है।

---

१. श्रीत० १३।७१,१३।११८;
२. श्रीत० ३।२९०,४।५९

रुद्रशक्तिसमावेशः पञ्चधा परिपठ्यते ।
भूततत्त्वात्ममन्त्रेशशक्तिभेदाद्वरानने ॥ १७ ॥

पञ्चधा भूतसंज्ञस्तु तथा त्रिंशतिधा परः ।
आत्माख्यस्त्रिविधः प्रोक्तो दशधा मन्त्रसंज्ञकः ॥ १८ ॥

द्विविधः शक्तिसंज्ञोऽपि ज्ञातव्यः परमार्थतः ।
पञ्चाशद्भेदभिन्नोऽयं समावेशः प्रकीर्तितः ॥ १९ ॥

उनका छठाँ लक्षण 'सर्वशास्त्रार्थवेत्तृत्व' है। ऐसे महान् 'पदवाक्यपारावार-पारीण' और 'सर्वतन्त्रस्वतन्त्र' संज्ञाओं से विभूषित किये जाते हैं। यह गुण बड़े परिश्रम के बाद आया हो, ऐसी कोई बात नहीं, अपितु अकस्मात् शैवानुग्रह सिद्धि के कारण हो जाता है ॥ १६ ॥

जहाँ तक श्लो० १३ में कहे गये रुद्रशक्ति के समावेश का प्रश्न है, इसे पाँच प्रकार से स्वाध्याय का विषय बनाते हैं। वे इस प्रकार हैं—१. भूत, २. तत्त्व, ३. आत्म, ४. मन्त्र और ५. ईशशक्ति। ये पाँच प्रकार के समावेश सभी साधकों की विभिन्न श्रेणियों में दृष्टिगोचर होते हैं। इनके अनेक प्रकार के भेद होते हैं। जैसे इस तालिका से व्यक्त होता है—

रुद्रशक्तिसमावेश

१	२	३	४	५
↓	↓	↓	↓	↓
भूत	तत्त्व	आत्म	मन्त्र	शक्ति
|	|	|	|	
पञ्चधा	त्रिंशतिधा	त्रिविध	दशविध	द्विविध
५	३०	३	१०	२

इस प्रकार पाँच प्रकार के भूत समावेश, ३० प्रकार के तत्त्व समावेश, तीन प्रकार आत्म समावेश, दश प्रकार के मन्त्र समावेश और दो प्रकार के शाक्त समावेशों को मिलाकर कुल ५० प्रकार के समावेश होते हैं ॥ १७-१९ ॥

आणवोऽयं समाख्यातः शाक्तोऽप्येवंविधः स्मृतः ।
एवं शाम्भवमप्येभिर्भेदैर्भिन्नं विलक्षयेत् ॥ २० ॥

उच्चारकरणध्यानवर्णस्थानप्रकल्पनैः[1] ।
यो भवेत्स समावेशः सम्यगाणव उच्यते ॥ २१ ॥

उच्चाररहितं वस्तु चैतसैव विचिन्तयन् ।
यं समावेशमाप्नोति शाक्तः सोऽत्राभिधीयते ॥ २२ ॥

अकिञ्चिच्चिन्तकस्यैव गुरुणा प्रतिबोधतः ।
जायते[2] यः समावेशः शाम्भवोऽसावुदाहृतः[3] ॥ २३ ॥

यह पाँच और पचास भेद भिन्न समावेश आणव समावेश माना जाता है। शाक्त समावेश भी इसी प्रकार के भेदों में विभक्त किया जा सकता है। जहाँ तक शाम्भव समावेश का प्रश्न है, उसमें भी यह पञ्चाशद् भेद भिन्नता आकलित कर सकते हैं ॥ २० ॥

आणव समावेश पाँच प्रकार से व्यक्ति को प्रभावित करता है। १. उच्चार, २. करण, ३. ध्यान, ४. वर्ण और ५. स्थान प्रकल्पन।[4] इन पाँचों प्रकार के समावेशों के लक्षण के अनुसार इनको पहचान कर इनके माध्यम से शाम्भव समावेश में प्रवेश का प्रयास साधक अनवरत रूप से करता है। यह आणव समावेश का स्वरूप और इसका महत्त्व है। अणु को समाविष्ट करने के कारण इसे 'आणव' कहते हैं ॥ २१ ॥

जिस अवस्था में साधक उच्चार[5] अर्थात् प्राणापानवाह पर विजय प्राप्त कर लेता है, उस समय वस्तु सत् को चेतस्[6] स्तर पर ही अपने चिन्तन का विषय बना लेता है। उस स्तर पर वह एक विशिष्ट समावेश में अवस्थित होता है। इसमें इच्छा और ज्ञान शक्तियों का प्राधान्य होता है।[7] इसे शाक्त समावेश कहते हैं ॥ २२ ॥

---

१. ग० पु० विकल्पनैरिति पाठः ;
२. वि० भै० उत्पद्यते य आवेश इति पाठः ;
३. ग० पु० उदीरित इति पाठः ;
४. श्रीत० आ० १।१६८-१७० ;
५. श्रीत० ५।१८;
६. प्रत्यभिज्ञाहृदयम् (सू० ५)
७. तदेव (सू० ५,७)

सार्धमेतच्छतं प्रोक्तं भेदानामनुपूर्वशः ।
संक्षेपाद्विस्तरादस्य परिसंख्या न विद्यते ॥ २४ ॥
संवित्तिफलभेदोऽत्र न प्रकल्प्यो मनीषिभिः ।
भेदोऽपरोऽपि संक्षेपात्कथ्यमानोऽवधार्यताम् ॥ २५ ॥
जाग्रत्स्वप्नादिभेदेन सर्वावेशक्रमो बुधैः ।
पञ्चभिस्तु परिज्ञेयः [1]स्वव्यापारात्पृथक् पृथक् ॥ २६ ॥

अब एक ऐसी अवस्था आती है, जहाँ चिन्तन भी समाप्त हो जाता है। उच्चार पर विजय प्राप्त कर चिन्तन के अपरम्पार ऊर्मिल पारावार को भी पार कर साधक प्रतिबोध की गौरवशाली प्रकाशमयता को आत्मसात् (प्राप्त) कर लेता है। उस समय विमर्श भी मानो प्रकाश में समाहित हो जाता है। यह परमेश्वर का प्रकाश धाम होता है। उस समावेश को शाम्भव समावेश कहते हैं। शैवोधाम को पाकर साधक धन्य हो जाता है[2] ॥ २३ ॥

श्लोक १९ में केवल पञ्चाशद् भेद भिन्न समावेश का कथन है किन्तु उच्च स्तर पर विकसित अवस्था में विचार करने पर यह सार्धशत अर्थात् डेढ़ सौ भेद भिन्न परिलक्षित होता है। यह भी संक्षेप दृष्टि से भेद की परिकल्पना पर आधारित है। विस्तार से इसका आकलन करने पर इसकी अनन्त भेद भिन्नता का आकलन होता है। उसकी कोई परिसंख्या नहीं होती ॥ २४ ॥

मनीषियों का यह कर्त्तव्य है कि, संवित्ति के सान्दर्भिक सक्रियता के फलों पर ध्यान दें, क्योंकि संवित् स्वातन्त्र्य के प्रभाव से उल्लसित इस विश्ववैचित्र्य को उपाय मानकर उपेय रूप शिव का ही परिकल्पन उचित है। इस तथ्य का 'संवित्प्रकाश' नामक ग्रन्थ में श्रीवामनदत्त नामक आचार्य ने बड़े विस्तार के साथ वर्णन का विषय बनाया है[3]। इस सम्बन्ध में इसके अतिरिक्त अन्य प्रकार के अनेक भेदों की परिकल्पना शास्त्रों में की गयी है। वहाँ उनका संक्षेप में कथन किया जा रहा है। इनकी अवधारणा भी अनिवार्यतः आवश्यक है ॥ २५ ॥

स्वात्म व्यापार के स्वानुभूत तथ्यों के आधार पर पृथक्-पृथक् जाग्रत् स्वप्न आदि पाँच[4] आवेशों की क्रमिकता पर भी ध्यान देना चाहिये। बुद्धिशाली व्यक्तियों

---

१. ख० पु० भेदैश्चान्यैः पृथगिति पाठः ;
२. श्रीत० ४।१६८ ; ३. श्रीत० ५।१५४ ;
४. श्रीत० १०।२२८-२२९—"जाग्रत् स्वप्नं सुषुप्तं च तुर्यं च तदतीतकम्"

तत्र स्वरूपं शक्तिश्च सकलश्चेति तत्त्रयम् ।
इति जाग्रदवस्थेयं भेदे पञ्चदशात्मके ॥ २७ ॥

अकलौ द्वौ परिज्ञेयौ सम्यक् स्वप्नसुषुप्तयोः ।
मन्त्रादितत्पतोशानवर्गस्तुर्य इति स्मृतः ॥ २८ ॥

को इस पर विशेष ध्यान देना चाहिये कि, इन अवस्थाओं में जीव पर जो आवेश रहता है, जीवन पर उसका क्या प्रभाव पड़ता है। इसकी जानकारी अवश्य होनी चाहिये। यह भी परिज्ञेय तथ्य है ॥ २६ ॥

भेदपाञ्चदश्य की चर्चा की जा चुकी है। इसमें स्वरूप, शक्ति और सकल रूप त्रितय जिस अवस्था में उल्लसित रहता है; उसे जाग्रत् अवस्था कहते हैं। यहाँ सकल एक प्रमाता है। विना प्रमाता के इसका भान ही असम्भव है। जाग्रत् अवस्था अधिष्ठेय अवस्था होती है। अधिष्ठाता के संवेदन में यह स्फुरित होती है। इस दृष्टि से प्रमाता, प्रमेय, प्रमाण और प्रमा का सामग्रीवाद जिस अवस्था में स्फुरित होता है, वही जाग्रत् अवस्था मानी जाती है ॥ २७ ॥

स्वप्न और सुषुप्ति अवस्था में दो अकलों का परिगणन प्रमाता के रूप में करते हैं। यह अवस्था जाग्रत् की विपर्यय रूप होती है।[1] इसमें लयाकल प्रमाता ही भोक्ता या प्रमाता माना जाता है। प्रलयाकल अवस्था में आणव और कार्म दो मल काम करते हैं। मायीय मल न होने से शरीर भाव की उपलब्धि इन्हें नहीं होती।

जहाँ तक सौषुप्त का प्रश्न है, इसमें जिस अकल का निर्देश भगवान् इस कारिका में कर रहे हैं, उसे विज्ञानाकल[2] कहते हैं। ईश्वर प्रत्यभिज्ञा (३।२।१३) के अनुसार इसमें ज्ञय शून्यता होती है। ज्ञानाकल पर ज्ञेयशून्यता का साम्राज्य छाया रहता है।

इसी तरह तुर्य अवस्था में मन्त्र, मन्त्रेश्वर व मन्त्रमहेश्वर प्रमाता के रूप में मान्य हैं। यह ध्यान देने की बात है कि, अवेदन-संवेदन के स्तरीय उत्कर्ष की स्थिति में ही सकल-प्रमाता मन्त्र, प्रलयाकल-प्रमाता मन्त्रेश्वर और विज्ञानाकल-प्रमाता मन्त्रमहेश्वरत्व पद को प्राप्त कर लेते हैं। वे जिस अवस्था में आ जाते हैं, वही तुर्यदशा है ॥ २८ ॥

---

१. शीत० १०।२९०; २. ई० प्र० ३।२।७

शक्तिशम्भू परिज्ञेयौ तुर्यातीते वरानने ।
त्रयोदशात्मके भेदे स्वरूपमकलावुभौ ॥ २९ ॥

मन्त्रमन्त्रेश्वरेशानाः शक्तिशम्भू च कीर्तितौ ।
प्रलयाकलभेदेऽपि स्वं विज्ञानकलावुभौ ॥ ३० ॥

मन्त्रमन्त्रेश्वरेशानाः शक्तीशावपि पूर्ववत् ।
नवधा कीर्तिते भेदे स्वं मन्त्राः मन्त्रनायकाः ॥ ३१ ॥

तुर्यातीत दशा सर्वोच्च स्तरीयतामयी दशा मानी जाती है । इसमें शिव और शक्ति ही प्रमाता माने जाते हैं। महामाहेश्वर अभिनवगुप्तपादाचार्य ने इसका बड़ा सुन्दर वर्णन श्रीतन्त्रालोक में किया है। उनके अनुसार अद्वैत तत्त्व के आतिशय्य की अनुभूति के स्तर पर जब अशेष भेदवाद विगलित हो जाता है। प्रखर प्रकाश रूप घनतामिस्रमय आडम्बर ध्वस्त हो जाता है, उसे तुर्यातीत अवस्था कहते हैं।[1] इस तरह के आकलन में यह पूरा पाञ्चदश्य सिद्धान्त चरितार्थ हो जाता है। शक्ति और शिव को पृथक् करने पर पाञ्चदश्य का रूप त्रायोदश्य मात्र रह जाता है। इसमें भी स्वरूप के आकलन को महत्त्व दिया जाता है। इसके बाद अर्थात् स्वरूप के साथ सकल, लयाकल, विज्ञानाकल, मन्त्र, मन्त्रेश्वर, मन्त्र-महेश्वर सबकी गणना की जाती है। इसको कलना इस प्रकार की जानी चाहिये।

प्रथमतः—

१. प्रमातृता के अभाव में १ स्वरूप दशा छः शक्तिमन्तों और उनकी ६ शक्तियाँ कुल मिलाकर (स्वरूप १ शक्तिमन्त ६+शक्ति ६=१३) तेरह भेद होते हैं। यह त्रायोदश्य भेद की अवस्था है ॥ २९ ॥

२. प्रलयाकलदशा में प्रलयाकलता ही जब मेय हो जाती है, उस समय (५ मन्त्र + ५ उनकी शक्तियाँ + १ स्वरूप कुल मिलाकर ग्यारह भेदभिन्नता हो जाती है ॥ ३० ॥

३. इसी तरह विज्ञानाकल अवस्था में इसके मेय की स्वरूप की १ स्थिति, ४ शक्तिमन्त और ४ शक्तियों के योग से नौ भेद ही परिगणित होते हैं। यह तीन शक्तिमन्तों (पुरुषों) के भेद का स्वरूप है ॥ ३१ ॥

---

१. श्रीत० १०।२९७,३०३

तदीशाः शक्तिशम्भू च पञ्चावस्थाः प्रकीर्तिताः ।
पूर्ववत्सप्तभेदेऽपि स्वं मन्त्रेशेशशक्तयः ॥ ३२ ॥

शिवश्चेति परिज्ञेयाः पञ्चैव वरवर्णिनि ।
स्वं शक्तिः स्वनिजेशाना शक्तिशम्भू च पञ्चके ॥ ३३ ॥

त्रिके स्वं शक्तिशक्तीच्छाशिवभेदं विलक्षयेत् ।
सव्यापाराधिपत्वेन तद्धीनप्रेरकत्वतः ॥ ३४ ॥

इच्छानिवृत्तेः स्वस्थत्वादभिन्नमपि[1] पञ्चधा ।
इति पञ्चात्मके[2] भेदे विज्ञेयं वस्तु कीर्तितम् ॥ ३५ ॥

---

४. मन्त्रदशा में प्रमातृ भाव रहता है। इसके मेय हो जाने पर मात्र स्वरूपावस्थान में इसे मन्त्रस्वरूप मानते हैं। यह १ भेद होता है। इसके साथ मन्त्र, मन्त्रेश्वर, मन्त्रमहेश्वर और इनकी शक्तियाँ मिलकर ६+१=७ भेद हो जाते हैं। ये सात भेद मन्त्र के हैं।

५. मन्त्रेश्वर में स्वरूप+शक्ति शक्तिमन्त के ४ भेद मिलकर पाँच भेद होते हैं ॥ ३२-३३ ॥

६. मन्त्रमहेश्वर के मेय हो जाने पर स्वप्रकाश परमशिव ही प्रमाता रूप से मान्य हैं। स्वरूप+शिव+शक्ति का त्रैध, बोध की उच्च[3] अवस्था मानी जाती है। यहाँ पर यह विशेष रूप से ध्यातव्य है कि, प्रथम दशा में प्रमाता का प्रमातृत्व सव्यापार अर्थात् सक्रिय होता है और उसमें संप्रभुता का आधिपत्व भी निहित होता है। दूसरी अवस्था में हीन प्रेरकता की स्थिति होती है। क्योंकि इच्छा से ही सक्रियता और प्रेरकता रह सकती है। जब इच्छा की निवृत्ति होती है, उसे तीसरी उच्च दशा मानते हैं। इसके बाद स्वात्म में अवस्थित होने की आत्मस्थ स्थिति बनती है। परिणामतः भेद की समाप्ति हो जाती है। यह अभेद अद्वय स्थिति सर्वोच्च स्थिति मानी जाती है। यह आत्मस्थ से भी उच्चतम दशा है। इस पञ्चात्मकता में प्रवेश करना रहस्य वेत्ता साधक के ही वश की बात है। अब तक जिस वस्तु का कथन किया गया है, यह सब विज्ञेय वस्तु हैं ॥ ३४-३५ ॥

---

१. त० अभिन्न चेति इति पाठः ; २. क० पु० पञ्चात्मभेदेनेति पाठः ;
३. श्रीत० १०।१०५–११३

भूयोऽप्यासामवस्थानां संज्ञाभेदः प्रकाश्यते ।
पिण्डस्थः सर्वतोभद्रो जाग्रन्नाम द्वयं मतम् ॥ ३६ ॥

द्विसंज्ञं स्वप्नमिच्छन्ति पदस्थं व्याप्तिरित्यपि ।
रूपस्थं तु महाव्याप्तिः सुषुप्तस्यापि तद्द्वयम् ॥ ३७ ॥

प्रचयं रूपातीतं च सम्यक् तुर्यमुदाहृतम् ।
महाप्रचयमिच्छन्ति तुर्यातीतं विचक्षणाः ॥ ३८ ॥

पृथक्तत्त्वप्रभेदेन भेदोऽयं समुदाहृतः ।
सर्वाण्येव हि तत्त्वानि पञ्चैतानि यथा शृणु ॥ ३९ ॥

इन अवस्थाओं की भी पृथक्-पृथक् संज्ञायें हैं। इसे संज्ञा भेद सन्दर्भ कह सकते हैं। भगवान् शिव स्वयम् इस मुख्य भेद भूमि का प्रकाशन कर रहे हैं। सर्व प्रथम जाग्रत् के सम्बन्ध में यह स्पष्ट कर रहे हैं कि, इस दशा की दो संज्ञायें हैं— १. पिण्डस्थ[1] और २. सर्वतोभद्र। ये दोनों अन्वर्थ नाम हैं, जिनसे जाग्रत् अवस्था की व्यापकता का बोध हो जाता है ॥ ३६ ॥

स्वप्न की दो संज्ञायें होती हैं—१. पदस्थ और २. व्याप्ति। सुषुप्त की १. रूपस्थ और महाव्याप्ति। तुर्य की १. प्रचय और २. रूपातीत। तन्त्रालोक में लोक, योग और प्रसंख्यान की दृष्टि से इसके तीन नामों का उल्लेख है। जैसे—

अवस्थायें	१—स्वप्न	२—सुषुप्त	३—तुर्य
१. लोकदृष्टि (लौकिकी)	जाग्रत्स्वप्न	जाग्रत्सुषुप्त	जाग्रत् तुर्य
२. योगदृष्टि (यौगिक)	पदस्थ	रूप	रूपातीत
३. प्रसंख्यानदृष्टि (ज्ञान)	व्याप्ति	महाव्याप्ति	प्रचय

तुर्य के प्रचय और रूपातीत दो नामों का उल्लेख मालिनीविजय की इस कारिका में है। विचक्षण पुरुष तुर्यातीत दशा को महाप्रचय कहते हैं। उक्त भेद-प्रभेद पृथक् पृथक् तत्त्वों के ही भेद-प्रभेद के अनुसार माने गये हैं। ये सारे तत्त्व भी पाँच भागों के कारण ही भेद-प्रभेद सम्पन्न होते हैं। भगवान् शिव माँ पार्वती को इन्हें सुनने को प्रेरित करते हुए इस तत्त्ववाद का आगे प्रवर्त्तन कर रहे हैं ॥३७-३९॥

---

१. श्रीत० १०।२४१–२४५; २. श्रीत० १०।२४६

भूततत्त्वाभिधानानां योगोऽधिष्ठेय [1]इष्यते ।
पिण्डस्थमिति तं प्राहुः पदस्थमपरं विदुः ॥ ४० ॥

मन्त्रास्तत्पतयः सेशा रूपस्थमिति कीर्त्यते ।
रूपातीतं परा शक्तिः सव्यापाराप्यनामया ॥ ४१ ॥

निष्प्रपञ्चो निराभासः शुद्धः स्वात्मन्यवस्थितः ।
सर्वातीतः शिवो ज्ञेयो यं विदित्वा विमुच्यते ॥ ४२ ॥

चतुर्विधं तु पिण्डस्थमबुद्धं बुद्धमेव च ।
प्रबुद्धं सुप्रबुद्धं च पदस्थं च चतुर्विधम् ॥ ४३ ॥

गतागतं सुविक्षिप्तं संगतं सुसमाहितम् ।
चतुर्धा [2]रूपसंज्ञं तु ज्ञातव्यं योगचिन्तकैः ॥ ४४ ॥

श्लोक १७ में उक्त भूत और तत्त्वात्मक समावेश की जो संज्ञायें दी हुई हैं, इनका योग अधिष्ठेय योग माना जाता है। इसे पिण्डस्थ कहते हैं। अपर अर्थात् आत्म को पदस्थ कहते हैं[3] ॥ ४० ॥

मन्त्र, मन्त्रेश्वर और मन्त्रमहेश्वर रूपस्थ कहलाते हैं।[4] जहाँ तक पराशक्ति का प्रश्न है, उसे रूपातीत कहते हैं। यह व्यापारवती होने पर भी अनामय दशा मानी जाती है ॥ ४१ ॥

इसी तरह शिखरतत्त्व, शिव जिसे विचक्षण पुरुष निष्प्रपञ्च, निराभास, शुद्ध और स्वात्मस्थ कहते हैं, उसे सर्वातीत संज्ञा से विभूषित करते हैं। उक्त सभी भेद प्रभेदों के मेयात्मक विज्ञान से ऊपर उठकर जो साधक सर्वातीत विज्ञान का वेत्ता बन जाता है, वह उसे जानते ही मुक्त हो जाता है[5] ॥ ४२ ॥

पिण्डस्थ को चार प्रकार का माना जाता है। क्रमशः इनके नाम इस प्रकार हैं—१. अबुद्ध, २. बुद्ध, ३. प्रबुद्ध और ४. सुबुद्ध। इसी तरह पदस्थ भी चार प्रकार के माने जाते हैं ॥ ४३ ॥

---

१. ग० पु० उच्यते इति पाठः ; २. तं० रूप संस्थमिति पाठः ;
३. श्रीत० १०।२८४ ; ४. तदेव १०।२८५ ;
५. श्रीत० १०।२८६

उदितं विपुलं शान्तं सुप्रसन्नमथापरम् ।
मनोन्मनमनन्तं च सर्वार्थं सततोदितम् ॥ ४५ ॥
प्रचये तत्र संज्ञेयमेकं तन्महति स्थितम् ।
इत्येवं पञ्चधाध्वानं त्रिधेदानीं निगद्यते ॥ ४६ ॥
विज्ञानाकलपर्यन्तमात्मतत्त्वमुदाहृतम् ।
ईश्वरान्तं च विद्याख्यं शेषं शिवपदं विदुः ॥ ४७ ॥
एवं भेदैरिमैर्भिन्नस्तत्राध्वा परिकीर्तितः ।
युगपत्सर्वमार्गाणां प्रभेदः प्रोच्यतेऽधुना ॥ ४८ ॥

रूप भी चार प्रकार के होते हैं। उन्हें क्रमशः १. गतागत, २. सुविक्षिप्त, ३. संगत और ४. सुसमाहित[1] संज्ञाओं से विभूषित करते हैं। यह रहस्ययोग के चिन्तन में रत रहने वाले लोगों को ज्ञात होता है। ज्ञात न होने से गुरु द्वारा इसको अवश्य जान लेना चाहिये ॥ ४४ ॥

१. उदित, २. विपुल, ३. शान्त, ४. सुप्रसन्न, ५. मनोन्मन, ६. अनन्त, ७. सर्वार्थ—ये प्रचय की संज्ञायें हैं।

यहाँ जिस सततोदित[2] संज्ञा का उल्लेख है, वह तन्महसि अर्थात् महाप्रचय की संज्ञा है। श्रीतन्त्रालोक के अनुसार सततोदित शब्द तुर्यातीत को सर्वव्यापकता को व्यक्त करता है। वस्तुतः उसमें कोई भेद नहीं होता। इस प्रकार यहाँ तक समावेश मार्ग के पञ्चधा विस्तार को प्रकट किया गया है ॥ ४५-४६ ॥

इसके बाद त्रिधाविस्तार[3] का वर्णन कर रहे हैं—

विज्ञानाकल पर्यन्त आत्मतत्त्व माना जाता है। ईश्वर पर्यन्त विद्यातत्त्व और शेष शिवतत्त्व। यह त्रितत्त्व का विस्तारात्मक रहस्य है। वस्तुतः एक तत्त्व की दृष्टि से परमशिव ही शिखर तत्त्व माने जाते हैं[4] ॥ ४७ ॥

इस प्रकार यह अध्वा अर्थात् तत्त्वमार्ग का विस्तार वर्णित किया गया है। इसी को एक, तीन और पाँच को भेद-भिन्नता मानते हैं।[5] इस कथन के बाद युगपत् अर्थात् एक साथ ही यहाँ सभी मार्गों के भेदप्रभेद का कथन करने जा रहे हैं ॥ ४८ ॥

---

१. तदेव १०।२५२ ; २ श्रीत० आ० १०।२७७-२८३ ;
३. श्रीत० ११।३४ ; ४. श्रीत० ११।३४-३५; ५. श्रीत० १।२९६

पार्थिवं प्राकृतं चैव मायीयं शाक्तमेव च ।
इति संक्षेपतः प्रोक्तमेतदण्डचतुष्टयम् ॥ ४९ ॥

पृथग्द्वयमसंख्यातमेकमेकं पृथक् पृथक् ।
आद्यं धारिकया व्याप्तं तत्रैकं तत्त्वमिष्यते ॥ ५० ॥

एकमेकं पृथक् क्षार्णं पदार्णमनुषु स्मरेत् ।
कालाग्निभुवनाद्यावद्वीरभद्रपुरोत्तमम् ॥ ५१ ॥

वस्तुतः अण्डचतुष्टय के परिवेश में ही सभी मार्ग पल्लवित पुष्पित होते हैं। अतः सभी मार्गों से सम्बद्ध प्रभेद यहाँ कहे जा रहे हैं। ये अण्ड चार होते हैं— १. पार्थिव, २. प्राकृत, ३. मायीय और ४. शाक्त। पार्थिव अण्ड निवृत्तिकला से सम्पृक्त है। प्रतिष्ठा कला प्रकृति (अव्यक्त) में, विद्या कला माया में और शान्ता शक्तितत्त्व में उल्लसित हैं। इन्हें क्रमशः १. पार्थिव, २. प्राकृत, ३. मायीय और ४. शाक्त अण्ड कहते हैं।[1] संक्षेप में केवल इनका कथन मात्र यहाँ किया गया है ॥ ४९॥

अण्ड एक प्रकार के आवरण होते हैं। इनमें ही भुवन विभाग रूपी कार्य होते हैं। अण्ड कारण रूप माने जाते हैं। इन चारों में आदि के दो अर्थात् पार्थिव और प्राकृत असंख्यात रूप से विस्तार युक्त हैं। इनके पृथक् वर्गीकरण के कारण प्रत्येक पृथक्-पृथक् अपने अस्तित्व में सुरक्षित हैं। जैसे पार्थिव अण्ड पर विचार करने पर यह समझ में आता है कि, निवृत्ति में पृथिवी एक मात्र तत्त्व है। इसकी शक्ति का नाम धारिका शक्ति है। यह दिखलायी नहीं पड़ती किन्तु धरा तत्त्व धारिका से व्याप्त होता है। जैसे धरा में धारिका शक्ति है, इसी तरह इसमें निवृत्ति कला का भी आधान होता है। इसका अर्थ हुआ कि, तत्त्वों में जो गुण होते हैं, तदनुकूल ही उनके नाम भी होते हैं। इसी तरह कुछ अन्य विशिष्ट गुण भी होते हैं। उसके कारण अन्य तत्त्वों से उसका व्यवच्छेद या व्यावर्त्तन भी होता है ॥ ५० ॥

व्यञ्जनों में एक-एक स्वतन्त्र वर्ण होते हैं। व्यंजनों के प्रत्याहार रूप 'क्ष' वर्ण का अस्तित्व पृथक् घोषित किया जाता है। आदि में 'क' वर्ण और अन्त 'ष' वर्ण मिलकर 'क्ष' वर्ण की रचना करते हैं। सम्पूर्ण व्यंजन वर्णों का यह प्रत्याहार वर्ण है। इसे चक्रेश्वर भी कहते हैं[2]। इसे महामाहेश्वर अभिनव गुप्त ने 'सर्वसंयोग ग्रहणात्मा' की संज्ञा से विभूषित किया है। इसे विभु कहा है।[3] श्री तन्त्रालोक

---

१. श्रीत० ११।८; २. तदेव—३।१८१; ३. तदेव ६।२३६

पुरषोडशकं ज्ञेयं षड्विधोऽध्वा प्रकीर्तितः ।
आप्यायिन्या द्वितीयं च तत्र तत्त्वानि लक्षयेत् ॥ ५२ ॥

(११।४९) ४९ में इसकी चर्चा है। यही वर्ण १ पद और १ मन्त्र के साथ अपना महत्त्वपूर्ण स्थान रखता है। इसकी तीन अर्धमात्रायें शरीर के ८४ अंगुल के विभाग पूरी करने के साथ 'एकाशीतिपदा देवी' के कथन को भी चरितार्थ करतीं हैं। वर्ण तो यह स्वयं है ही, इसके तीन पद भी अर्धमात्राओं के द्वारा स्पष्ट भासित होते हैं। साथ ही इसमें मन्त्र शक्ति का भी आधान है। अनुत्तर शिव-तत्त्व रूप ककार शक्ति रूप विसर्ग ही क्षकार संघट्ट है। इस तरह इसे कूटबीज मन्त्र भी कहते हैं।[1] अतः १ पद, १ वर्ण और १ मन्त्र के मोक्षार्थ के स्मरण का निर्देश भगवान् शङ्कर दे रहे हैं। क्रोधराज, विद्याराज आदि मन्त्रों का यह आदि वर्ण मन्त्र है।[2] 'क' अनुत्तर तत्त्व का प्रतिनिधित्व करता है। इसी तरह 'सकार' विसर्ग रूप होने से पद, वर्ण और मन्त्र रूप तीन अध्वा वर्ग के बीज भी इसमें विद्यमान हैं। यह निवृत्तिकला में एक पद, एक मन्त्र और एक मात्र वर्ण है। इसी के अन्तराल में सोलह पुरों का परिकल्पन मनीषी करते हैं।

पार्थिव अण्ड में धारिका शक्ति के वर्णन सन्दर्भ में धरा के धृति-क्षेत्र में पुरषोडशक अर्थात् १६ पुरों की चर्चा कर रहे हैं। भगवान् शिव कहते हैं कि, [3]कालाग्नि भुवन से वीरभद्र[4] भुवन तक १६ भुवन होते हैं। यहाँ तक तीन अध्वा का प्रभाव क्षेत्र माना जाता है।[5] इन भुवनों के नाम क्रमशः इस प्रकार हैं— १. कालाग्नि, २. नरकेश, कूष्माण्ड, ३. पातालेश, हाटक, ४. भूतलेश ब्रह्मा, ५. मुनिलोक, ये पाँच रुद्रभुवन कहलाते हैं। ६. अनन्त, ७. कपालीश, ८. अग्नि, ९. यम, १०. नैर्ऋत, ११. बल, १२. शीघ्र, १३. निधीश्वर, १४. विद्येश्वर, १५. शम्भु। इसके साथ ही १६वाँ वीरभद्र भुवन। इसे ही पुरुषोडशक कहते है। इसकी कलना निवृत्ति कला में ही की जाती है।

आप्यायनी प्रतिष्ठा कला को कहते हैं। निवृत्ति के बाद ही इस कला का प्रभाव-क्षेत्र प्रारम्भ हो जाता है। प्रतिष्ठा कला इसी आप्यायनी शक्ति से विश्व को स्थिति प्रदान करती हैं। वहाँ कौन-कौन से तत्त्व होते हैं, उनको परिलक्षित करना चाहिये ॥ ५१-५२ ॥

---

१. श्रीत० ३।१८० ; २. श्री स्वच्छन्द तन्त्र १।७८।८५ ;
३ श्रीत० ८।१६५; स्व०तन्त्र १०।८६०; १०।११-२९, श्रीत० ६।१७१ ;
४ स्व०तन्त्र १०।१०४२ ; ५. श्रीत० ८।४३७-४४०, ११।२१

त्रयोविंशत्यबादीनि तद्वद्वाद्यक्षराणि च ।
पदानि पञ्च मन्त्राश्च षट्पञ्चाशत्पुराणि च ॥ ५३ ॥
तत्त्वानि सप्त बोधिन्या तच्चतुर्था पुराणि च ।
तृतीये सप्त वर्णाः स्युः पदमन्त्रद्वयं द्वयम् ॥ ५४ ॥
उत्पूयिन्या चतुर्थं तु तत्र तत्त्वत्रयं विदुः ।
वर्णत्रयं मन्त्रमेकं पदमेकं च लक्षयेत् ॥ ५५ ॥
अष्टादश विजानीयाद्भुवनानि समासतः ।
शिवतत्त्वं परं शान्तं कला तत्रावकाशदा ॥ ५६ ॥
स्वरषोडशकं मन्त्रं पदं चैकं विलक्षयेत् ।
इत्येवं षड्विधोऽध्वा स समासात्परिकीर्तितः ॥ ५७ ॥

उन्हीं तत्त्वों का कथन भगवान् इस श्लोक में कर रहे हैं। उनके अनुसार प्रतिष्ठा कला में अप्तत्त्व से लेकर अव्यक्त पर्यन्त अग्नि+नयन=२३ तत्त्वों का परिगणन होता है। ह से लेकर क्ष् पर्यन्त २३ वर्ण भी इसमें परिगणित हैं। इसमें ५ मन्त्र, ५ पद और ५६ भुवनों का उल्लेख भगवान् शङ्कर ने किया है ॥ ५३ ॥

बोधिनी विद्या कला को कहते हैं। इसमें सात तत्त्व, सात वर्ण, दो मन्त्र और दो ही पद भी होते हैं। इसके भुवनों की संख्या २८ है।[1] इसमें पुर की संख्या वसु ८ और असि २ की वामपरिगणना के अनुसार २८ भुवन निर्धारित हैं ॥ ५४ ॥

उत्पूयिनी तुर्या शान्ता कला की पर्याय है। इसमें तीन तत्त्व, एक पद, एक मन्त्र और तीन वर्ण होते हैं। इसे पवित्री भी कहते हैं। 'पूञ् पवने' धातु से निष्पन्न यह शब्द जाड्य आदि असार आवरणों का निराकरण कर साधक को पावनता की ओर प्रेरित करता है। इसमें भुवनों की संख्या अट्ठारह मानी जाती है। संक्षेप से इस प्रकार उत्पूयिनी का वर्णन यहाँ किया गया है।

शान्ता कला के अनन्तर शान्त्यतीता कला आती है। स्वयं श्री भगवान् शिव 'परं शान्तं' शब्द से परिभाषित करते हैं। शान्त्यतीता को यहाँ अवकाशदा कला से संज्ञापित करते हैं। इसमें सोलह स्वर ही वर्ण रूप से गृहीत हैं। मन्त्र और पद ये दोनों एक ही होते हैं। इसमें किसी भुवन का आकलन नहीं होता। मात्र शैवोधाम का महावकाश ही सर्वत्र व्याप्त रहता है। इस प्रकार वर्ण, पद, मन्त्र, कला, तत्त्व और भुवन विभाग क्रम से छह प्रकार के अध्वा यहाँ तक वर्णन के विषय बनाये गये हैं ॥ ५५-५७ ॥

---

१. श्रीत० ११।५२

शुद्धाशुद्धं जगत्सर्वं ब्रह्माण्डप्रभवं यतः ।
तस्माच्छुद्धमिमैः शुद्धैर्ब्रह्माण्डैः सर्वमिष्यते ॥ ५८ ॥
ब्रह्मा विष्णुश्च रुद्रश्च ईश्वरश्चेति सुव्रते ।
पृथगेतेषु बोद्धव्यं शान्तं पतिचतुष्टयम् ॥ ५९ ॥
यो हि यस्माद्गुणोत्कृष्टः स तस्मादूर्ध्वं उच्यते ।
एतत्ते कथितं सर्वं किमन्यत्परिपृच्छसि ॥ ६० ॥

इति श्रीमालिनीविजयोत्तरे तन्त्रे व्याप्त्यधिकारो द्वितीयः ॥ २ ॥

यह सारा जगत् ब्रह्मरूप शैव अण्ड से ही निष्पन्न (प्रादुर्भूत) होता है। यह सितासित होने से शुद्ध और अशुद्ध दोनों प्रकार का होता है। शुद्ध अध्वा में पाँच मुख्य तत्त्व परिगणित हैं। अशुद्ध अर्थात् सितेतर सृष्टि में माया अनन्तेश्वर को कर्त्ता बनाकर धरापर्यन्त ३१ तत्त्वों का विस्तार करा देती है। इसमें पतिचतुष्टय की परिकल्पना है। भगवान् कहते हैं कि, १. ब्रह्मा, २. विष्णु, ३. रुद्र, और ४. ईश्वर ही ब्रह्माण्डाधिपति माने जाते हैं। स्वयपुः शुद्धि में अध्वा भी शुद्ध हो जाते हैं। यह सिद्धान्त वाक्य है कि, जो गुणों में उत्कृष्ट होता वही श्रेष्ठ और उससे अपेक्षाकृत ऊर्ध्व ही होता है। भगवान् शङ्कर कह रहे हैं कि,

पार्वति ! तुम्हारे प्रश्नों के उत्तर में इस प्रकार की शास्त्रीय चर्चा सम्पन्न हुई। इसके अतिरिक्त यदि तुम कुछ पूछना चाहती हो, तो उसका भी उत्तर देने के लिए मैं तैयार हूँ ॥ ५८-६० ॥

षडध्व विज्ञान की तालिका—

क्रम	कला	तत्त्व	भुवन	वर्ण	पद	मन्त्र
१.	निवृत्ति	१	१६	१	१	१
२.	प्रतिष्ठा	२३	५६	२३	५	५
३.	विद्या	७	२८	७	२	२
४.	शान्ता	३	१८	३	१	१
५.	शान्त्यतीता	१+१=२	०	१६	१	१
	याग	३६	११८	५०	१०	१०

परमेशमुखोद्भूतज्ञानचन्द्रमरीचिरूपश्रीमालिनीविजयोत्तरतन्त्रका
षडध्वविज्ञान रूप द्वितीय अधिकार का
डॉ० परमहंसमिश्रकृत नीर-क्षीर-विवेक भाषा भाष्य परिसम्पन्न
॥ ॐ नमः शिवायै ॐ नमः शिवाय ॥

अथ तृतीयोऽधिकारः

एवमुक्ता महादेवी जगदानन्दकारिणा ।
प्रणिपत्य पुनर्वाक्यमिदमाह जगत्पतिम् ॥ १ ॥

एवमेतन्महादेव नान्यथा समुदाहृतम् ।
यथाख्यातं तथा ज्ञातमादितः समनुक्रमात् ॥ २ ॥

शिवादिवस्तुरूपाणां वाचकान्परमेश्वर ।
साम्प्रतं श्रोतुमिच्छामि प्रसादाद्वक्तुमर्हसि ॥ ३ ॥

स्हौः

परमेशमुखोद्भूतज्ञानचन्द्रमरीचिरूपम्

श्रीमालिनीविजयोत्तरतन्त्रम्

डॉ० परमहंसमिश्रकृत नीरक्षीर-विवेक भाषा भाष्य संवलितम्

तृतीयोऽधिकारः

[३]

महेश्वर द्वारा इस प्रकार अभिमन्त्रित करने पर देवी महादेवी पार्वती के हृदय में आनन्द का महासमुद्र उद्वेलित हो उठा। उन्होंने यह अनुभव किया कि, विश्वेश्वर शिव हमें 'जगदानन्द' से ओतप्रोत करना चाहते हैं। उनकी बातें सुनकर श्रद्धा और ग्राहिका शक्ति की प्रतीक पार्वती ने उनको सर्वप्रथम प्रणिपात पूर्वक प्रणाम किया। तदनन्तर जगदीश्वर से उन्होंने इस तरह कहना प्रारम्भ किया—

महादेव ! आपने इस प्रकार अध्व विज्ञान का जो चित्र खींचा है, वह ध्रुव सत्य है। वह अन्यथा नहीं हो सकता है। आप द्वारा व्यक्त इस महत्त्वपूर्ण विज्ञान को आज तक किसी ने व्यक्त नहीं किया था। आदि से लेकर यहाँ तक आपने जो कुछ क्रमिक रूप से कहा है, मैंने उसे उसी क्रम और उसी रूप में मन्त्रवत् धारण कर लिया है। यथार्थ रूप से मैंने उसे ज्ञात भी कर लिया है—यह विश्वास मैं आपको दिला रही हूँ।

इत्युक्तः स महेशान्या जगदार्तिहरो हरः ।
वाचकानवदन्मन्त्रान्पारम्पर्यक्रमागतान् ॥ ४ ॥
या सा शक्तिर्जगद्धातुः कथिता समवायिनी ।
इच्छात्वं तस्य सा देवि सिसृक्षोः प्रतिपद्यते ॥ ५ ॥
सैकापि सत्यनेकत्वं यथा गच्छति तच्छृणु ।
एवमेतदिति ज्ञेयं नान्यथेति सुनिश्चितम् ॥ ६ ॥

भगवन् ! अब मेरी यह इच्छा है कि, शिव से लेकर समस्त वस्तु सत् के वाचक तत्त्वों को आप से ही मैं सुनूँ। परमेश्वर ! आप मेरे ऊपर प्रसन्न हैं। मैं पूर्णतया ग्राहिका शक्ति से सम्पन्न होकर यह तथ्य आप से सुनने को तत्पर हूँ। कृपा कर इस रहस्य का उद्घाटन कर हमें अनुगृहीत करें ॥ १-३ ॥

महेशानी माता पार्वती के द्वारा इस प्रकार प्रार्थित महेशान भगवान् हर जो समस्त विश्व की व्यथा और वेदना तथा पीड़ा का करुणा पूर्वक हरण करते रहते हैं, वे उनकी अभ्यर्थना से प्रसन्न हो उठे। उन्होंने परम्परा से चले आने वाले प्रचलित वाचक मन्त्रों के विषय में बतलाना प्रारम्भ कर दिया। सर्वप्रथम उन्होंने जगत् के धारण, निर्माता, प्रणेता, पालक, रचयिता [धा+तृच्] शिव की समवायिनी शक्ति के सम्बन्ध में स्पष्ट किया कि, वह समवायिनी शक्ति सिसृक्षु अर्थात् सृष्टि के सर्जन की समीहा के आधार भगवान् को इच्छा के रूप में ही प्रतिपन्न होती है। यहाँ 'इच्छात्वं' साङ्केतिक प्रयोग से यह भी अभिव्यक्त कर दिये हैं, कि वह स्वातन्त्र्यमात्रसद्भावा इच्छा शक्ति[1] तुम्हीं हो। यहाँ सिसृक्षु शब्द में सन्नन्त के माध्यम से पूर्व में इच्छा की विद्यमानता का बोध होता है। सिसृक्षु में जो इच्छा है, उस इच्छात्व की पश्चात् प्रतिपत्ति की बात शिव नहीं कर रहे हैं। उनके कहने का तात्पर्य है कि, उनमें समवायिनी रूप में से जो शक्ति विमर्श रूप से पहले से ही है, वही इच्छा भाव में उल्लसित हो जाती है ॥ ५ ॥

यद्यपि वह एक है, फिर भी अनेकत्व का वरण करती है। वह इस आनन्त्य को किस प्रकार प्राप्त करती हैं, वही वास्तविक ज्ञेय वस्तु है। मैं तुमसे यह स्पष्ट कर देना चाहता हूँ। ध्यानपूर्वक तुम इसे सुनो। 'एवम् एतत्' 'यह ऐसा ही है' यह जानकारी अनिवार्यतः आवश्यक है। यही जानने योग्य है—ज्ञेय है। जो ऐसा ही है, वह अन्यथा नहीं हो सकता। यह सुनिश्चित सत्य है। यही ज्ञेय है। भगवान्

---

१. श्रोत० १०।१७,

ज्ञापयन्तो जगत्यत्र ज्ञानशक्तिर्निगद्यते ।
[1]एवंभूतमिदं वस्तु भवत्विति यदा पुनः ॥ ७ ॥
जाता तदैव तत्तद्वत्कुर्वत्यत्र क्रियोच्यते ।
[2]एवं सैषा द्विरूपापि पुनर्भेदैरनेकताम्[3] ॥ ८ ॥

लोट् लकार मध्यम पुरुष एक वचन का प्रयोग कर भगवती के सुनने के एकमात्र अधिकार का अभिव्यञ्जन कर रहे हैं। साथ ही उनको ग्राहिका शक्ति की अप्रस्तुत प्रशंसा भी ॥ ६ ॥

यहाँ तक 'इच्छा शक्ति' का संक्षेप रूप से कथन करने के उपरान्त 'ज्ञान शक्ति' का समुदीरण कर रहे हैं। जब सृष्टि की समीहा में उच्छलन होता है और निर्मिति की स्फुरता प्रादुर्भूत होती है, उस समय यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से उठ खड़ा होता है कि, यह बनने को उद्यत वस्तु कैसी हो? इसी ऊहापोह को दूर कर वस्तु-स्वरूप को निर्धारित करने वाली शक्ति स्फुरित होती है। वह कहती है—इदं वस्तु एवं भूतं भवतु' अर्थात् यह भवितव्य वस्तु इस प्रकार की रूपरेखा और आकार-प्रकार वाली बने। अत्र अर्थात् इस वैचारिक सन्दर्भ में वह शक्ति उस वस्तु का ज्ञापन करती है। ज्ञापन करने के कारण ही उसे शास्त्र ज्ञानशक्ति कहते हैं। इसी शक्ति के द्वारा वह जानता है और वैसा ही करता भी है। इच्छा शक्ति ही करण बन जाती है। इसी से जानता और करता है[4] ॥ ७ ॥

इच्छा शक्ति के माध्यय से वस्तु के उन्मिषत् स्वरूप का ज्ञानशक्ति द्वारा निर्धारण होने पर उसे उस रूप में परणित करने के लिये 'तद्वत् कुर्वती' अर्थात् उसी तरह सम्पन्न करने के लिये वह जो कुछ करने लगती है, उसे करने वाली शक्ति ही क्रिया शक्ति कहलाती है। इस प्रकार इच्छा शक्ति ज्ञापयन्तो अवस्था में ज्ञान शक्ति और कुर्वती अवस्था में क्रिया शक्ति कहलाती है। इन दो रूपों में आकर यह द्विरूपा तो हो जाती है किन्तु इसके अन्य भी भेद प्रभेद होते हैं। इन भेदों के आधार पर यह अनेकता प्राप्त कर लेती है ॥ ८ ॥

---

१ स्व० प्र० एवंभूतमिद सर्वमिति कार्योन्मुखो यदा इति पाठः ;
२. क० पु० एवमेषेति पाठः ;
३. क० पु० भेदैरनन्तामिति पाठः ;
४. 'तया वेत्ति करोति च' श्रीत० १०।१७ ;
५. स्व० १२।१२०४-१२०६

अर्थोपाधिवशाद्याति चिन्तामणिरिवेश्वरी ।
तत्र तावत्समापन्ना[1] मातृभावं विभिद्यते ॥ ९ ॥

द्विधा च नवधा चैव पञ्चाशद्धा च मालिनी ।
बीजयोन्यात्मकाद्भेदाद् द्विधा बीजं स्वरा मताः ॥ १० ॥

कादिभिश्च स्मृता योनिर्नवधा वर्गभेदतः ।
[2]प्रतिवर्णविभेदेन शतार्धकिरणोज्ज्वला ॥ ११ ॥

सर्व शक्तिमती भगवती जिस अनेकता को प्राप्त करती है, उसका प्रधान कारण अर्थोपाधि है। चिन्तामणि की यह विशेषता होती है कि, वह चित्त के अनुसार अनेक रूपों में साधक बुभुक्षुओं की चिन्ता पूरी करती हैं। उसी तरह यह भी जिस अर्थ का चिन्तन साधक करता है, तदनुकूल यह स्वयं व्यक्त होती रहती है। उस रूप में समापन्ना यह शक्ति विभेद को प्राप्त कर अनेकता को अपना लेती है। इसका एक क्रिया विशेषण इसमें 'मातृभावं' दिया गया है। मातृभाव के दो अर्थ हैं—१. शक्ति भाव और २. प्रमात्री भाव। दोनों दृष्टियों से इसकी अनेकता सिद्ध होती है ॥ ९ ॥

पहले तो यह द्विधा रूप में विभक्त होती है। इसी तरह इसका नवधा निर्धारण होता है। फिर यही ५० रूपों में अपने को ढाल लेती हैं। उस समय वह 'मातृका' और 'मालिनी' संज्ञा से विभूषित होती है। इसका द्विधात्व बीज और योनि रूपों में व्यक्त हो जाता है। जितने भी स्वर वर्ण हैं, सभी बीजाक्षर कहलाते हैं[3] ॥ १० ॥

जहाँ तक योनि वर्णों का प्रश्न है, भगवान् कहते हैं कि, 'कादिभिश्च स्मृता योनिः' अर्थात् 'क' से लेकर 'क्ष' पर्यन्त जितने व्यञ्जन हैं, उन्हें योनि कहते हैं। यह नव प्रकार की होती है। इस भेद के कारण 'वर्ग' हैं और वर्ग भी नव ही होते हैं। जैसे—१. कवर्ग, २. चवर्ग, ३. टवर्ग, ४. तवर्ग, ५. पवर्ग, ६. यवर्ग, ७. शवर्ग ८. अवर्ग और ९. चक्रेश्वर 'क्ष'—यह योनिवर्ग है। इसकी संख्या नव होती है। 'क' से लेकर 'क्ष' तक ३४ वर्ण योनि वर्ण माने जाते हैं। प्रतिवर्ण विभेद के आधार पर सोलह स्वर वर्णों और ३४ व्यञ्जनों को मिलाकर ५० वर्णों की मातृका शतार्ध किरणों से उज्वला की संज्ञा से विभूषित की जाती है।

---

१. शि० वि० समापन्नमातृभावा इति पाठः ; २. शि० वि० पृथग्वर्णविभेदेनेति पाठः ;
३. श्रीत० ३।२३३

बीजमत्र शिवः शक्तिर्योनिरित्यभिधीयते ।
वाचकत्वेन सर्वापि शम्भोः शक्तिश्च शस्यते ॥ १२ ॥

वर्गाष्टकमिह ज्ञेयमघोराद्यमनुक्रमात् ।
तदेव शक्तिभेदेन माहेश्वर्यादि चाष्टकम् ॥ १३ ॥

वस्तुतः ये सभी वर्ण प्रकाशात्मिका परावाक् से पश्यन्ती की रश्मिमाला में उतर कर मध्यमा में अव्यक्त रूप से उन्मिष्यमाण होते हुए वैखरी भाव में अपनी उज्ज्वलता का प्रसार करने में समर्थ हो जाते हैं। मातृका के ये बीज और योन्यात्मक वर्ण अपनी अर्थ प्रसर की सरणी में भाव का प्रकाशन ही तो करते हैं। इसलिये मातृका 'शतार्धकिरणोज्ज्वला' मानी जाती है—यह कथन सत्य की कसौटी पर खरा उतरता है ॥ ११ ॥

बीज स्वयं साक्षात् शिव ही हैं। इसी तरह योनि शब्द शक्ति अर्थ में ही व्यवहृत होता है। योन्यात्मक शक्तिमत्ता बीजात्मक शिव की वाचिका बनने का सौभाग्य प्राप्त करती है। यह ध्यान देने की बात है कि शक्ति स्वयं शिव की ही शक्ति है। वाच्यार्थ, व्यंग्यार्थ और तात्पर्यार्थ से वाचिका का कार्य निर्वहन करती है ॥ १२ ॥

योनि को शक्ति की संज्ञा से भी विभूषित करते हैं। इसके आठ वर्ग प्रसिद्ध ही हैं। बीज का एक वर्ग पृथक् परिभाषित है, जो सोलह स्वर वर्णों से समन्वित है। उसकी स्वरूप रेखा इस तरह प्रकल्पित की जा सकती है।

क्रम सं०	वर्ग	वर्ण	पुरुष भाव की संज्ञा	शक्ति भाव संज्ञा
१.	अवर्ग	१६	शम्भु बीजभाव	योनि शक्ति
	वर्गाष्टक			
२. १	कवर्ग	५	अघोर	माहेश्वरी
३. २	चवर्ग	५	परमघोर	ब्राह्मी
४. ३	टवर्ग	५	घोररूप	कौमारी
५. ४	तवर्ग	५	घोरमुख	वैष्णवी
६. ५	पवर्ग	५	भीम	ऐन्द्री
७. ६	यवर्ग	४	भीषण	याम्या
८. ७	शवर्ग	४	वमन	चामुण्डा
९. ८	चक्रेश्वर	१	पिबन	योगीशी

माहेशी ब्राह्मणी चैव कौमारी वैष्णवी तथा ।
ऐन्द्री याम्या च चामुण्डा योगीशी चेति ता मताः ॥ १४ ॥

शतार्धभेदभिन्नानां तत्संख्यानां वरानने ।
रुद्राणां वाचकत्वेन कल्पिताः परमेष्ठिना ॥ १५ ॥

तद्वदेव च शक्तीनां तत्संख्यानमनुक्रमात् ।
सर्वं च कथयिष्यामि तासां भेदं यथा शृणु ॥ १६ ॥

अमृतोऽमृतपूर्णश्च अमृताभोऽमृतद्रवः ।
अमृतौघोऽमृतोर्मिश्च अमृतस्यन्दनोऽपरः ॥ १७ ॥

अमृताङ्गोऽमृतवपुरमृतोद्गार एव च ।
अमृतास्योऽमृततनुस्तथा चामृतसेचनः ॥ १८ ॥

तन्मूर्तिरमृतेशश्च सर्वामृतधरोऽपरः ।
षोडशैते समाख्याता रुद्रबीजसमुद्भवाः ॥ १९ ॥

श्लोक संख्या ११ के अनुसार बीज और योनि को मिलाकर नव वर्ग और श्लोक १३ के अनुसार योनि के आठ वर्ग होते हैं। यही विवरण ऊपर दिया गया है। अघोर आदि को अघोराष्टक और शक्तियों को माहेश्वर्यादि अष्टक कहते हैं। अघोरादि का उल्लेख प्रथम अधिकार के श्लोक १९-२० में भी किया गया है। शक्तियों के नाम—१. माहेश्वरी, २. ब्राह्मणी, ३. कौमारी, ४. वैष्णवी, ५. ऐन्द्री, ६. साम्या ७. चामुण्डा और ८. योगीशी है ॥ १३-१४ ॥

बीज और योनि वर्णों की संख्या शतार्ध भेद भिन्ना अर्थात् ५० मानी जाती है। परमेष्ठी द्वारा कल्पित इनके बीजाक्षर ही १६ रुद्रों के वाचक वर्ण हैं ॥१५॥

इसी तरह शक्ति वर्णों की संख्या भी इतनी ही है ये शाक्त रुद्रों के वाचक माने जाते हैं। भगवान् शङ्कर कहते हैं कि, मैं स्वयम् इनके नाम वर्णों की संख्या के अनुसार कहने जा रहा है। तुम इन्हें ध्यान से सुनो ॥ १६ ॥

रुद्र बीज समुद्भूत १६ रुद्रों के नाम वर्णानुसार इस प्रकार हैं—१. अ–अमृत, २ आ–अमृतपूर्ण, ३. इ–अमृताभ, ४. ई–अमृतद्रव, ५. उ–अमृतौघ, ६. ऊ–अमृतोर्मि, ७ ऋ–अमृतस्यन्दन, ८. ॠ–अमृताङ्ग, ९. ऌ–अमृतवपु, १०. ॡ–अमृतोद्गार, ११. ए–अमृतास्य, १२. ऐ–अमृततनु, १३. ओ–अमृतसेचन १४. औ–

जयश्च विजयश्चैव जयन्तश्चापराजितः ।
सुजयो [1]जयरुद्रश्च जयकीर्तिर्जयावहः ॥ २० ॥
जयमूर्तिर्जयोत्साहो जयदो जयवर्धनः ।
बलश्चातिबलश्चैव बलभद्रो बलप्रदः ॥ २१ ॥
बलावहश्च बलवान् बलदाता बलेश्वरः ।
नन्दनः सर्वतोभद्रो भद्रमूर्तिः शिवप्रदः ॥ २२ ॥
सुमनाः स्पृहणो दुर्गो भद्रकालो मनोनुगः ।
कौशिकः कालविश्वेशौ सुशिवः कोप एव च ॥ २३ ॥
एते योनिसमुद्भूताश्चतुस्त्रिंशत्प्रकीर्तिताः ।
स्त्रीपाठवशमापन्ना एत एवात्र शक्तयः ॥ २४ ॥
बीजयोनिसमुद्भूता रुद्रशक्तिसमाश्रयाः ।
वाचकानामनन्तत्वात्परिसंख्या न विद्यते ॥ २५ ॥

अमृतमूर्त्ति, १५. अं—अमृतेश, १६. अः—सर्वामृतधर। ये १६ स्वर बीज वर्णों के साथ उनसे ही उत्पन्न रुद्रों के नाम हैं। ये भी १६ ही अमृतमय रुद्र हैं ॥ १८-१९ ॥

योनि समुद्भूत ३४ रुद्रों का क्रम इस प्रकार है—१. क—जय, २. ख—विजय, ३. ग—जयन्त, ४. घ—अपराजित, ५. ङ—सुजय, ६. च—जयरुद्र, ७. छ—जयकीर्त्ति, ८. ज—जयावह, ९. झ—जयमूर्त्ति, १०. ञ—जयोत्साह, ११. ट—जयद, १२. ठ—जयवर्धन, १३. ड—बल, १४. ढ—अतिबल, १५. ण—बलभद्र, १६. त—बलप्रद, १७. थ—बलावह, १८. द—बलवान्, १९. ध—बलदाता, २०. न—बलेश्वर, २१. प—नन्दन, २२. फ—सर्वतोभद्र, २३. ब—भद्रमूर्त्ति, २४. भ—शिवप्रद, २५. म—सुमना, २६. य—स्पृहण, २७. व—दुर्ग, २८. र—भद्रकाल २९. ल—मनोनुग, ३०. श—कौशिक, ३१. ष—काल, ३२. स—विश्वेश, ३३. ह—सुशिव, ३४. क्ष—कोप।

ये वर्णों के क्रमानुसार शाक्त रुद्र हैं। योनि वर्णों से उत्पन्न ये स्त्री पाठ वशीभूत माने जाते हैं। इसीलिये इन्हें शक्ति रूप अर्थात् शाक्त कहते हैं ॥ २०-२४ ॥

बीज और योनि से निष्पन्न रुद्रशक्ति का आश्रय ग्रहण करने वाले वाचकों

---

१. क० पु० जयभद्र इति पाठः ।

सर्वशास्त्रार्थगर्भिण्या इत्येवंविधयानया ।
अघोरं बोधयामास स्वेच्छया परमेश्वरः ॥ २६ ॥
स तया संप्रबुद्धः सन्योनिं विक्षोभ्य शक्तिभिः ।
तत्समानश्रुतीन्वर्णांस्तत्संख्यानसृजत्प्रभुः ॥ २७ ॥

की कोई सीमा निर्धारित नहीं की जा सकती । ये अनन्त होते हैं । इसी आनन्त्य के कारण इनके परिगणन की कोई आवश्यकता नहीं होती। इसीलिये भगवान् स्पष्ट घोषित करते हैं कि, इनकी कोई परिसंख्या नहीं होती ॥ २५ ॥

परमेश्वर की कृपा का यह महत्त्वपूर्ण प्रतिफल है, एक तरह का यह वरदान ही है कि, उन्होंने स्वेच्छा से एक ऐसी प्रवचन-विधा अपनायी, जिसमें उनकी इच्छा का पुट था । उसमें सारे शास्त्रों के रहस्यार्थ ओत-प्रोत थे । यह विधि उद्बोधन प्रदान करने की विशिष्ट विधि है, जिसमें सभी रहस्य भरे पड़े रहते हैं । श्लोक के 'अनया' और 'एवं विधया' शब्दों के द्वारा इस पर विशेष बल दिया गया है । 'स्वेच्छा' शब्द में किसी से प्रेरित होकर नहीं, अपितु स्वयं सबकी श्रेयः सिद्धि की आकांक्षा से ही परमेश्वर ने 'अघोर' को उद्बोधित किया था। इस श्लोक का 'अघोर' शब्द विज्ञान केवलों के अघोराष्टक का अघोर[1] तत्त्व है । स्वयं परमेश्वर ने अघोर परमेश्वर से यह ज्ञान प्राप्त किया था, वे 'अघोर'[2] परमेश्वर को भी उद्बोधित करने वाले उच्च श्रेणी के रुद्र हैं ॥ २६ ॥

स्वेच्छा से प्रवर्तित परमेश्वर को प्रेरणा प्रदान करने वाली वाणी से सम्यक् रूप से विशिष्ट अर्थों की रहस्यभरी वाक्यावली से बोध को प्राप्त कर सके। अर्थात् संबुद्ध हो गये । पूरी तरह रहस्यार्थ के अवबोध से कृतार्थ हो गये । अघोर ने अघोर शक्तियों अर्थात् माहेशी आदि के माध्यम से योनि की व्यञ्जना धारा को विक्षुब्ध किया । योनि रूप अमृत में क्षोभ (स्पन्दन) उत्पन्न किया । परिणाम स्वरूप उसी की समानतामयी श्रुति वाले उतनी ही संख्या के वर्णों को उत्पन्न किया । पहले लिखा गया है कि, योनि समुद्भूत ३४ शक्तिमन्त[3] भी उत्पन्न किये गये थे। उन्हीं के समान, उन्हीं के अर्थों से संवलित, उतनी संख्या में ही वर्ण भी उत्पन्न हुए ॥ २७ ॥

---

१. मा० वि० १।१९ ; २. मा० वि० १।१४ ;
३. मा० वि० ३।२०-२४

ते[1] तैरालिङ्गिताः सन्तः सर्वकामफलप्रदाः ।
भवन्ति साधकेन्द्राणां नान्यथा वीरवन्दिते ॥ २८ ॥

तैरिदं सन्ततं विश्वं सदेवासुरमानुषम् ।
तेभ्यः शास्त्राणि वेदाश्च सम्भवन्ति पुनः पुनः ॥ २९ ॥

अनन्तस्यापि भेदस्य शिवशक्तेर्महात्मनः ।
कार्यभेदान्महादेवि त्रैविध्यं समुदाहृतम् ॥ ३० ॥

विषयेष्वेव संलीनानधोऽधः पातयन्त्यणून् ।
रुद्राणून्याः समालिङ्गच घोरतर्योऽपराः स्मृताः ॥ ३१ ॥

ये वर्ण जय आदि शक्तिमन्त रुद्रों से आलिङ्गित होते हैं अर्थात् प्रतिवर्ण अपने रुद्र की शक्ति से ओत-प्रोत होता है। परिणामस्वरूप इनमें अर्थात् इन वर्णों में प्रयोक्ता के सभी कामों की पूर्ति की शक्ति होती है। ये वर्ण सारी कामनाओं के कल्पवृक्ष ही हैं। साधक शिरोमणि इन वर्णों की इन शक्तियों को पहचानते हैं। अनुकूल वर्णों के प्रयोग से इच्छित फल की प्राप्ति करने में समर्थ हो जाते हैं। भगवान् शिव माँ पार्वती को सम्बोधित करते हुए कह रहे हैं कि, वीर-वन्दिते! हे सिद्धों द्वारा प्रार्थित देवि! यह मेरा कथन ध्रुव सत्य है। कभी अन्यथा नहीं हो सकता ॥ २८ ॥

इन्हीं सर्वरुद्रशक्ति समन्वित वर्णों से इस देव, असुर और मनुष्य रूप प्राणिवर्ग से भरे पूरे विश्व का निर्माण होता है। संसार की संरचना के मुख्य उपादान ये वर्ण ही हैं। इन्हीं से ये सारे शास्त्र, ये वेद अर्थात् समस्त ज्ञान राशि के प्रतीक वाङ्मय मूल ग्रन्थ भी बारम्बार इन्हीं वर्णों से पुनः पुनः उद्भूत होते रहते है ॥ २९ ॥

महात्मा शिव और उनकी शक्ति सर्वशक्तिमयी। इच्छा के अनन्त-अनन्त भेदों की विस्तारवादिता को यदि कार्य की दृष्टि से देखा जाय, तो यह सिद्ध होता है कि, इनमें अर्थात् इस आनन्त्य में भी त्रैविध्य ही ओत-प्रोत है ॥ ३० ॥

इसी त्रैविध्य का विवरण प्रस्तुत कर रहे हैं। भगवान् कहते हैं कि, पार्वति! शिव शक्तियाँ तीन प्रकार से इस विश्व में व्याप्त हैं। १. घोरतरा अपरा शक्ति, २. घोरा परापरा शक्तियाँ और ३. अघोरा परा शक्ति। यहीं कह रहे हैं—

---

१. क० पु० तैस्तैरिति पाठः ।

मिश्रकर्मफलासक्तिं पूर्ववज्जनयन्ति याः ।
मुक्तिमार्गनिरोधिन्यस्ताः स्युर्घोराः परापराः ॥ ३२ ॥

पूर्ववज्जन्तुजातस्य शिवधामफलप्रदाः ।
पराः प्रकथितास्तज्ज्ञैरघोराः शिवशक्तयः ॥ ३३ ॥

एताः सर्वाणुसंघातमपि निष्ठा[धिष्ठाय]यथा स्थिताः ।
तथा तें कथिताः शम्भोः शक्तिरेकैव शाङ्करी ॥ ३४ ॥

---

१. अणु, पशु, पुद्गल जड़जीव मलों से आवृत रहने के कारण अनवरत विषयों में संलोन रहते हैं। इनके उद्धार का सौभाग्य बड़ा दुर्लभ है। ऐसे विषय रस में आपादमस्तक डूबे हुए जीवों को और नीचे ही नीचे गिराने में सर्वदा तत्पर रहने वाली कुछ शक्तियाँ होती हैं। यद्यपि ये भी मातृशक्तियाँ[1] ही कही जाती हैं। ये रुद्राणुओं से आलिङ्गनबद्ध रहती हैं। इन्हें घोरतरा अपरा शक्ति कहते हैं ॥ ३१ ॥

कुछ अच्छा और कुछ बुरा फलप्रद मिश्र कर्म होता है। मिश्र कर्म फलासक्ति जीव को भोग की ओर ही प्रवृत्त करती है। इसका परिणाम यह होता है कि, मुक्ति मार्ग में अवरोध उत्पन्न होता है। मुक्ति मार्ग पूरी तरह फलासक्ति रहित होता है। भोगेच्छु की आसक्ति भोग में होती है। भोग में स्वभावतः कुछ अच्छा भी और कुछ बुरा भोग मिलता है। इस प्रकार की भोगासक्ति को उत्पन्न करने वाली शक्तियों को घोराशक्ति कहते हैं। इन्हें परापरा भी कहते हैं ॥ ३२ ॥

३. पहले की तरह प्राणि मात्र के लिये मुक्ति के मार्ग को प्रशस्त करने वाली, शिवधाम रूपी फल प्रदान करने वाली शक्तियों को विज्ञ और रहस्यदर्शी योगमुक्त पुरुष अघोरा कहते हैं। इन्हें 'परा' शक्ति भी कहते हैं। इस प्रकार १—घोरतरा अपरा, २—घोरा परापरा और ३—अघोरा पराशक्तियों का त्रैविध्य ही इस विश्व में परिलक्षित होता है ॥ ३३ ॥

ये शक्तियाँ समस्त अणु वर्ग को स्वात्म में अधिष्ठित कर अपने रूप में अवस्थित रहती हैं। हे पार्वती, ये जैसे अपना कार्य सम्पादित करती हैं, और जैसी हैं, उसे यथावत् तुम्हारे समक्ष मैंने कहा है। तुम्हें यह ध्यान रखना चाहिये कि, इस त्रैविध्य के बावजूद शम्भु की एक ही मुख्य शक्ति है। उसी शक्ति की संज्ञा 'शाङ्करी' है। वह शाश्वत रूप से एक ही होती है ॥ ३४ ॥

---

१. श्रीत० १९।२११; २. श्रीत० ८।१८

अस्या वाचकभेदेन भेदोऽन्यः संप्रचक्ष्यते ।
यथेष्टफलसंसिद्धचै मन्त्रातन्त्रानुवर्तिनाम् ॥ ३५ ॥

विशेषविधिहीनेषु न्यासकर्मसु मन्त्रवित् ।
न्यसेच्छाक्तशरीरार्थं भिन्नयोनिं तु मालिनीम् ॥ ३६ ॥

न शिखा ऋॠ ऌॡ च शिरोमाला थ मस्तकम् ।
नेत्राणि च ध वै नासा ई समुद्रे णुणू श्रुती ॥ ३७ ॥

वाचक की दृष्टि इस शाङ्करी शक्ति के अन्य भेद भी होते हैं। यह भेद विभेद परम्परा से प्राप्त हैं और विज्ञजनों द्वारा उनका आख्यान भी होता रहता है। मन्त्रों और विभिन्न तन्त्रों का अनुवर्त्तन करने वाले साधक शिरोमणि जानते हैं कि, इन वाचक भेदों का प्रयोग विशिष्ट फल की सिद्धि के लिए किया जाता है। इनके प्रयोग से यथेष्ट फल की सिद्धि अवश्य होती है ॥ ३५ ॥

मन्त्रवेत्ता गुरु स्तरीय ज्ञानवान् पुरुष दीक्षा के अवसर पर इसका प्रयोग करते हैं। दीक्ष्य की परीक्षा लेने के उपरान्त गुरु को यह अनुभव होता है कि, शिष्य के वर्त्तमान शरीर को शाक्त शरीर बनाना आवश्यक है। अभी यह विशेष विधियों की विज्ञता से या विधि प्रयुक्त शक्तिमत्ता से रहित है। अतः वह दीक्ष्य के शरीर पर न्यास विधि अपनाता है। शाक्त शरीर के निर्माण के लिए भिन्न योनि मालिनी का न्यास दीक्ष्य के शरीर पर करना अनिवार्यतः आवश्यक माना जाता है। इसी लिये भगवान् शिव ने [1]'न्यासेत्' क्रिया का प्रयोगक विधि पर बल दिया है ॥ ३६ ॥

न्यास का मालिनी क्रम—

१	२	३	४	५
	मालिनी वर्ण	न्यासाङ्ग	त्रिशिरोभैरव क्रम	शक्तिनाम
१.	न	शिखा	शिखाग्र	नादिनी
२.	ऋ ॠ ऌ ॡ	शिरोमाला→निवृत्ति, प्रतिष्ठा विद्या		
			शान्ता कलायुक्त	कला ४
३.	थ	मस्तक	शिरोऽग्र	सती उमा
४.	च ध	दक्षनेत्र च	नेत्र	चामुण्डा,
		वामनेत्र ध		प्रियदर्शिनी

---

१. श्रीत० २९।२०१-२१०

बकवर्गइआ वक्त्रदन्तजिह्वासु वाचि च ।
वभयाः कण्ठदक्षादिस्कन्धयोर्भुजयोर्डढौ ॥ ३८ ॥
ठो हस्तयोर्झञौ शाखा ज्रटौ शूलकपालके ।
पहृच्छलौ स्तनौ क्षीरमा स जीवो विसर्गयुक् ॥ ३९ ॥
तत्परः कथितः प्राणः षक्षावुदरनाभिगौ ।
मशंताः कटिगुह्योरुयुग्मगा जानुनी तथा ॥ ४० ॥

५. ई	नासा	नासा-नेत्र मध्य	गुह्यशक्ति
६. ण उ ऊ	श्रुति (दक्ष-वाम)		मोहिनी, नारायणी
७. ब, कवर्ग	वक्त्र, दन्त,	(बदन) दन्तपंक्ति	वज्रिणो, (कङ्कटा) काली, शिवा
इ, आ	जीभ, वाक्	३ जीभ अ वाक	घोरघोषा शिविरा) ५, इ–माया अ–वागीश्वरी
८. व, भ, य	कण्ठ,	दक्ष स्कन्ध (भ) वाम स्कन्ध (य)	तदेव
९. ड ढ	दक्ष वाहु वाम वाहु	दक्षवाम बाहु	लाभविनायकी
१०. ठ	दोनों हस्त	दोनों हाथ	पूर्णिमा
११. झ ञ	झ दक्षाङ्गुलि, ञ वामाङ्गुलि	दक्षवामाङ्गुलि	झङ्कारी कापालिनी
१२. ज र ट	ज-शूल शिखा र-शूलदण्ड ट-शूलकपाल	×	ज--जयन्ती र--दीपनी ट--परमेश्वरी
१३. प	हृदव	तदेव	प—पावनी
१४. स	दक्ष स्तन	तदेव	छागली
१५. ल	वाम स्नन	तदेव	पूतना
१६. आ	स्तन क्षीर	तदेव	मोटरी
१७. स	आत्मा जीव	तदेव	परमात्मा

एऐकारो तथा जङ्घे तत्परौ चरणौ दफौ ।
अतो विद्याश्च मन्त्राश्च समुद्धार्या यथा शृणु ॥ ४१ ॥
सबिन्दुकां दक्षजङ्घां ततो वाचं प्रकल्पयेत् ।
तथैव जङ्घया युक्तं चतुर्थं दशनं ततः ॥ ४२ ॥
दक्षजानुयुतं दण्डं प्राण दण्डस्थमीर्युतम् ।
पृथग् हृद्दण्डकटिगा द्विजदण्डौ च पूर्ववत् ॥ ४३ ॥
उत्थितं बिन्दुयुक्प्राणं पूर्ववद्दशनं ततः ।
दण्डं केवलमुद्धृत्य वाममुद्रान्वितं पुनः ॥ ४४ ॥

---

१८. ह	प्राण	तदेव	अम्बिका
१९. ष	उदर	तदेव	लम्बिका
२०. क्ष	नाभि	तदेव	संहारिका
२१. म	नितम्ब, कटि		महाकाली
२२. श	गुह्य		कुसुमायुधा
२३ अं	शुक्र, ऊरू		भैरवी
२४. त	उरु, दक्षवाम		तारा
२५. ए ऐ दक्षवाम जानु ए ऐ ओ औ			ज्ञाना ए, क्रिया ऐ) गायत्री ओ, सावित्री औ
२६. द फ	और (जङ्घा दक्षवाम)		द–दहनी, फ–फेत्कारिणी

ये मालिनी के शब्द राशि रूप भिन्न योनि के वर्ण हैं। इस चित्र तालिका में प्रत्येक वर्ण की शक्ति का नाम भी दे दिया गया है। उनके न्यासाङ्ग भी स्पष्टतया यहाँ अङ्कित हैं। इसके बाद मालिनी वर्णों के वर्णों की विद्या और मन्त्रोद्धार की विधि के सम्बन्ध में भगवान् ने अपने वदनारविन्द से मकरन्द की वर्षा की है ॥ ३७-४१ ॥

सबिन्दुका दक्षजङ्घा=ओं, ततो वाचं=अ, जङ्घा से युक्त चतुर्थ दशन=घो, दक्षजानु युत दण्ड=रे प्राण—ह दण्डस्थ=ह्र, ई युतम्=ह्रीः, पृथक् हृत्=प, दण्ड=र, कटि=म, पूर्ववत् द्विजदण्ड=घोरे, उत्थित बिन्दुयुक्त प्राण=हुं। इस कूट बीजोद्धार से 'ओं अघोरे ह्रीः परमघोरे हुं' यह मन्त्र प्रत्यक्ष होता है।

दक्षजानुयुतं हृच्च प्राणं जीवात्मना युतम् ।
दशनं पूर्ववन्न्यस्य दण्डं केवलमेव च ॥ ४५ ॥

नितम्बं वक्षमुद्रेतं द्वितीयं जिह्वया द्विजम् ।
सनासं दक्षशिखरं नितम्बं केवलं ततः ॥ ४६ ॥

पुनस्तथैव शिखरं जठरं केवलं ततः ।
दक्षजानुयुतं कर्णं कण्ठं केवलमेव च ॥ ४७ ॥

नितम्बं केवलं न्यस्य हृदयं जिह्वया युतम् ।
वक्त्रं केवलमुद्धृत्य प्राणमाद्येन जानुना ॥ ४८ ॥

शूलदण्डचतुष्कं च तत्राद्यं द्वयसंस्थि[मुस्थि]तम् ।
वामपादं च तस्यान्ते कपालं पतितं न्यसेत् ॥ ४९ ॥

ततः परमघोरान्तं पाद्यकाद्ये च पूर्ववत् ।
परापरा समाख्याता अपरा च प्रकथ्यते ॥ ५० ॥

मन्त्रोद्धार का यही स्वरूप निर्धारित है। इसके बाद पूर्ववत् दशन=घो, ततः दण्ड=र=घोर, वाममुद्रान्वित दक्षजानु हृत्=रूपे प्राण=विसर्ग जीवात्मायुतं=हः पूर्ववत् दशन—घो, केवल दण्ड=र, नितम्ब म, दक्षमुद्रा उ=मु, जिह्वा से युक्त द्विज = खि, सनासा दक्षशिखर (स्कन्ध) भी, नितम्ब = म=भीम । पुनः तथैव शिखर=भी, जठर=ष, दक्षजानु युत कर्ण=णे=भीषणे, कण्ठ=व, नितम्ब=म (=वम), हृदयं=प, जिह्वा=इ (पि) वक्त्रं—ब (पिब) इतने का उद्धार करके, प्राण आद्यजानु के साथ=हे। शूल उ, दण्डचतुष्क=र र (रु रु) र र। इसमें आद्यदण्ड उ से मिले हुए हैं। वामपाद=फ, इसके अन्त में कपाल=ट=फट् का न्यास करना चाहिये ॥ ४२-४९ ॥

इसके बाद परमघोर के अन्त में आने वाला बीज 'हुं' होना चाहिये। इसके बाद पाद्य=ह और काद्य=विसर्ग=हः रहना चाहिये। इसके साथ पूर्ववत् 'फट्' का योजन करना चाहिये। इस पूरे मन्त्र को परापरा मन्त्र कहते हैं। यह पूरा मन्त्र उद्धार के बाद इस तरह साक्षात्कार का विषय बनता है—

अघोरान्तं न्यसेदादौ प्राणं बिन्दुयुतं पुनः ।
वाममुद्रान्वितं न्यस्य पाद्यं [1]काद्येन पूर्ववत् ।। ५१ ।।

अपरेयं समाख्याता रुद्रशक्ति परां शृणु ।
मन्त्राः संमुखतां यान्ति ययोच्चारितमात्रया ।। ५२ ।।

कम्पते गात्रयष्टिश्च द्रुतं चोत्पतनं भवेत् ।
मुद्राबन्धं च गेयं च शिवारुदितमेव च ।। ५३ ।।

अतीतानागतार्थस्य कुर्याद्वा कथनादिकम् ।
वामजङ्घान्वितो जीवः पारम्पर्यक्रमागतः ।। ५४ ।।

ओम् अघोरे ह्रीः परमघोरे हुं, घोर रूपे हः, घोरमुखि भीमे भोषणे वम पिब हे रुरु, रर फट्, हुं हुः फट्। इसमें १९ पद होते हैं। परापरा देवी के इस दिव्य मन्त्र से साधकों का परमकल्याण होता है[2]। भीमे को मन्त्रोच्चार के समय भीम ही बोलना चाहिये ॥ ५० ॥

अपरा मन्त्र—अघोरान्त कूट बीज 'ह्रीः'। इसका सर्वप्रथम न्यास करना चाहिये। पुनः प्राण=ह, विन्दु युत और वाममुद्रा से अन्वित होने पर 'हुं' कूट-बीज का उद्धार होता है। इसके बाद पूर्ववत् पाद्य काद्य=फट् का प्रयोग करते हैं। इस तरह पूरा मन्त्रोद्धार होता है—ह्रीः हुँ फट्। ह्रीः (शक्त्यण्ड) 'हुँ मायाण्ड' और फट् (पृथ्व्यण्ड+प्रकृत्यण्ड) इस प्रकार अपरा में चार अण्ड व्याप्त रहते हैं। यह अपरा मन्त्र है[3] ॥ ५१½ ॥

परामन्त्र[4]—इस मन्त्र के उच्चारण करते ही सारे मन्त्र सम्मुखी भाव में आ जाते हैं। इसके जप करने से साधक की गात्रयष्टि में अर्थात् शरीर एक प्रकार का आनन्दप्रद प्रकम्पन भी प्रारम्भ हो जाता है। यह सिद्धि का लक्षण माना जाता है। मन्त्र का आवेश सिद्ध होने पर शरीर उछलने भी लग सकता है। उस समय की विशेष जागरूता अत्यन्त अपेक्षित है। मुद्राबन्ध अपने आप सिद्ध हो जाता है। उस समय कुछ गान सम्बन्धी उच्छलन भी साधक में देखा जाता

---

१. ग० पाद्यकाद्ये चेति पाठः ।
२. श्रीत० १६।२१६-२१७, तद्देव ३०।२०-२१ ।
परापरामन्त्र प्रयोग विधि—१७।४२-४४ ।
३. श्रीत० ३०।२६ ; ४. श्रीत० ३०।२७ ।

परेयमनया सिद्धिः सर्वकामफलप्रदा ।
नाशिष्यायं प्रदेयेयं नाभक्ताय कदाचन ॥ ५५ ॥
रुद्रश्च रुद्रशक्तिश्च गुरुश्चेति त्रयं समम् ।
भक्त्या प्रपश्यते यस्तु तस्मै देयं वरानने ॥ ५६ ॥
शिष्येणापि तदा ग्राह्या यदा संतोषितो गुरुः ।
शरीरद्रव्यविज्ञानशुद्धिकर्मगुणादिभिः ॥ ५७ ॥
बोधितस्तु यदा तेन गुरुणा हृष्टचेतसा ।
तदा सिद्धिप्रदा ज्ञेया नान्यथा वीरवन्दिते ॥ ५८ ॥

है। शिवा की तरह आवेशित ध्वनि भी हो सकती है। उसी आवेश में अतीत अर्थात् सुदूर भूतकाल की बातें अथवा जो अभी भविष्य में आनेवाली हैं, अनागत हैं, उनका कथन भी वह करने लग जाता है। वामजङ्घन 'औ' और उसके साथ जोव 'स' और पारम्पर्य क्रम से आगत अर्थात् प्रयुक्त प्राणशक्ति और इच्छा शक्ति रूप विसर्ग—कुल मिलाकर यह पराविद्या मानी जाती है। इससे परासिद्धि प्राप्त होती है। वरन् यह सत्य वचन है कि, यह सर्व फलप्रदा विद्या है। इसे उसे प्रदान करना चाहिये, जो योग्य शिष्य हो। अभक्त अर्थात् भक्तिहीन व्यक्ति को इसे नहीं देना चाहिये ॥ ५२-५५ ॥

रुद्र, रुद्रशक्ति और गुरुदेव की समान स्तरीयता—

यह तन्त्र यह उपदेश करता है कि, रुद्र, रुद्रशक्ति और गुरुदेव में कोई अन्तर नहीं होता। ये तीनों समान रूप से आराध्य हैं। जो इन तीनों में समान भक्तियुक्त होता है, वह श्रेष्ठ शिष्य और जिज्ञासु होता है, वही इस मन्त्र का अधिकारी है। उसे ही इस परामन्त्र की दीक्षा देनी चाहिये ॥ ५६ ॥

शिष्य का भी यह परम कर्त्तव्य है कि, जब गुरुदेव पूर्णरूप से सन्तुष्ट हो जाँय, तभी इस मन्त्र को ग्रहण करें। गुरु को सन्तुष्ट करने के लिये शारीरिक सेवा ही पर्याप्त नहीं है। यथाशक्ति दक्षिणा के रूप में द्रव्य का अर्पण भी करना चाहिये। वित्तशाठ्य का प्रयोग नहीं करना चाहिये। विज्ञानशुद्धि भी अत्यन्त अपेक्षित है। गुरुवर्य से जो ज्ञान प्राप्त हो रहा हो, उसमें विकार की सम्भावना नहीं होनी चाहिये। अपने कर्मों से और गुणों से भी गुरुदेव को प्रसन्न रखना चाहिए ॥ ५७ ॥

परापराङ्गसंभूता योगिन्योऽष्टौ महाबलाः ।
पञ्च षट् पञ्च चत्वारि द्वित्रिद्व्यर्णाः क्रमेण तु ॥ ५९ ॥
ज्ञेयाः सप्तैकादशार्णा एकार्धार्णद्वयान्विता ।
जीवो दीर्घस्वरैः षड्भिः पृथग्जातिसमन्वितः[1] ॥ ६० ॥
विद्यात्रयस्य गात्राणि ह्रस्वैर्वक्त्राणि पञ्चभिः ।
ओंकारैः पञ्चभिर्मन्त्रो विद्याङ्गहृदयं भवेत् ॥ ६१ ॥

श्लोक ५५ में परासक्ति के प्रतीक मन्त्र की महत्ता का प्रतिपादन कर यह निर्देश दिया गया है कि, यह सर्वातिशायी महत्त्वपूर्ण मन्त्र अनधिकारी को नहीं देना चाहिये। उसी सम्बन्ध में भगवान् यह भी स्पष्ट कर रहे हैं कि, यह विद्या सातिशय प्रसन्न गुरुदेव अपनी हार्दिक हर्ष दृष्टि शिष्य की योग्यता का परिष्कार करने के उपरान्त प्रसन्नचित्त होकर ही इसका बोध कराते हैं। गुरु द्वारा ही यह शिष्य को बोधित होती है। उसी समय सिद्धिप्रदा हो सकती है। हे वीरों द्वारा वन्दित परमेश्वरी पार्वती बिना गुरु के द्वारा बोधित यह यह महाविद्या सिद्धि नहीं देती ॥ ५८ ॥

परापरा देवी के अङ्गों से ही समुत्पन्न आठ मत्त बलशालिनी योगिनियाँ साधकों के अभीष्ट साधन में सहायता करती हैं। इसमें वर्णों का क्रम ५, ६, ५, ४, २, ३, २ हैं। इस क्रम के अन्त में एकार्ध वर्णद्वय भी अन्वित किये जाते हैं। यही आठ योगिनी वर्ण हैं। श्रीतन्त्रालोक के सोलहवें आह्निक के श्लोक २२२-२२३ के सन्दर्भ में और आह्निक तीस के श्लोक २५-२७ के सन्दर्भ में ये श्लोक उद्धृत हैं। वहाँ भी इन मन्त्रों का पूर्ण विश्लेषण प्रस्तुत है ॥ ५९-६० ॥

इसके अतिरिक्त 'जीवः' अर्थात् 'स' वर्ण छह दीर्घ स्वरों के साथ सां सीं सूं सैं सौं सः इस रूप में पृथक् जाति पदों के साथ ही न्यास विधि में समायोजित किया जाता है। मन्त्राभिधान कोश में जीव का अर्थ 'ह' भी किया गया है। उसके अनुसार हां हीं हूँ हैं हौं हः ये रूप भी जातियों के साथ न्यस्त किये जाते हैं। जैसे—सां हृदयाय नमः। हीं शिरसे स्वाहा आदि छः स्थानों पर न्यस्त करना चाहिये। हमारी दृष्टि में यहाँ 'स' वर्ण का ही जीवार्थ में प्रयोग उचित है।

---

१. क० ख० पु० जातिविभेदत इति पाठः

ओं अमृते तेजोमालिनि स्वाहापदानि[दवि]भूषितम् ।
एकादशाक्षरं प्रोक्तमेतद्ब्रह्मशिरः प्रिये ॥ ६२ ॥
वेदवेदिनि हूँफट् च प्रणवादिसमन्विता[1] ।
रुद्राण्यष्टाक्षरा ज्ञेया शिखा विद्यागणस्य तु ॥ ६३ ॥
वज्रिणे वज्रधराय स्वाहान्तं प्रणवादिकम् ।
एकादशाक्षरं वर्म पुरुष्टुतमिति स्मृतम् ॥ ६४ ॥
[2]इलीपदं पशुशब्दं च हूँफडन्तं भवादिकम् ।
एतत्पाशुपतं प्रोक्तमर्धसप्ताक्षरं परम् ॥ ६५ ॥

तीन विद्यायें परा, परापरा और अपरा ही मानी जाती हैं। इनके पाँच ह्रस्व स्वर ही वक्त्र माने जाते हैं। ॐकार के साथ इन ह्रस्व वर्णों का प्रयोग करने पर 'विद्याङ्गहृदय' मन्त्र बनता है[3]। जैसे—ओं सं हृदयाय नमः, इत्यादि इनका पञ्चवक्त्र रूप में न्यास भी किया जाता है ॥ ६०½-६१ ॥

'ओं अमृते तेजोमालिनि (देवि) स्वाहा' इन पदों से भूषित एकादशाक्षर मन्त्र 'ब्रह्मशिरस्' मन्त्र माना जाता है। श्रीमालिनीविजयोत्तर तन्त्र का स्पष्ट रूप से नामोल्लेख करते हुए महामाहेश्वर अभिनव गुप्त ने इसकी चर्चा की है[4]। इसमें देवि सम्बोधन का उल्लेख नहीं है ॥ ६२ ॥

आदि में प्रणव रूप ओंकार से समन्वित 'वेदवेदिनि' हूँ फट्' युक्त 'ओं वेदवेदिनि हूँ फट्' यह महत्त्वपूर्ण अष्टाक्षर मन्त्र रुद्राणी को सम्बोधित करते हुए भगवान् शिव कहते हैं कि, यह 'शिखा' संज्ञक मन्त्र माना जाता है। यह विद्या शक्तियों के शक्ति शरीर की शिखा रूप ही है ॥ ६३ ॥

एक ऐसा ही पुरुष्टुत् मन्त्र भी प्रसिद्ध है। आदि में ओङ्कार का प्रयोग कर 'वज्रिणे वज्रधराय स्वाहा' का उच्चारण कर मन्त्रोद्धार करते हैं। इसे 'वर्म' अर्थात् कवच रूप माना जाता है। इसको सिद्ध करने पर साधक शक्तिकवच से सुरक्षित हो जाता है ॥ ६४ ॥

ओङ्कार का आदि में प्रयोग कर 'इलीं' बीज का प्रयोग करें। पुनः 'पशु' हुं फट् का प्रयोग करना चाहिये। इसे 'पाशुपत' मन्त्र कहते हैं। यह सात अक्षरों

---

१. ग० पु० युता शिखेति पाठः ;
२. ग० पु० इलशब्दमिति पाठः ;
३. श्रीत० ३०।३६-३७;
४. श्रीत० ३०।३८

लरटक्षवर्यैर्दीर्घैः समायुक्तैः सबिन्दुकैः ।
इन्द्रादीन्कल्पयेद्ध्रस्वैस्तदस्त्राणि विचक्षणः ॥ ६६ ॥

तद्वन्नासापयोभ्यां तु कल्प्यौ विष्णुप्रजापती ।
स्वरावाद्यतृतीयौ तु वाचकौ पद्मचक्रयोः ॥ ६७ ॥

इति [1]मातृगणः प्रोक्तः सर्वकामफलप्रदः ।
योगिनां योगसिद्धयर्थं किमन्यत्परिपृच्छसि ॥ ६८ ॥

इति श्रीमालिनीविजयोत्तरतन्त्रे मन्त्रोद्धाराधिकारस्तृतीयः ॥ ३ ॥

का मन्त्र है किन्तु सातवाँ अर्धाक्षर होता है। अतः इसे 'अर्धसप्ताक्षर' मन्त्र माना जाता है। यह पर अर्थात् सर्वातिशायी महत्त्व का मन्त्र माना जाता है। इसे महामाहेश्वर अभिनवगुप्त ने 'रसवर्णक' अर्थात् छः अक्षरों वाला ही माना है ॥ ६५ ॥

पहले 'ल', 'र', 'ट', 'क्ष', 'व', 'य', 'स' और 'ह' इन आठ वर्णों पर बिन्दु लगाना चाहिये और दीर्घ स्वरों से युक्त करना चाहिये। ये इन्द्र आदि के वाचक माने जाते हैं। इन्द्र आदि आठ कपाल या दिगधिपति माने जाते हैं। ये आठों सबन्दिुक दीर्घाक्षर उन्हीं के क्रमशः प्रतीक हैं। विचक्षण पुरुष इन्हीं के सबिन्दुक ह्रस्ववर्ण को उनका अस्त्र मानते हैं ॥ ६६ ॥

आठ दिगधिपतियों के साथ दो और देवों की गणना होती है। निर्ऋति के पास अनन्त (विष्णु) और ईशान के साथ ब्रह्मा की प्रतिष्ठा भी चक्र में की जाती है। इसलिये भगवान् शिव कहते हैं कि, नासा (ई) और पय (आ) इन दोनों बीज स्वरों पर बिन्दु लगाकर क्रमशः विष्णु और ब्रह्मा की प्रकल्पना कर लेनी चाहिये[2]। आदि स्वर 'अकार' और तृतीय स्वर 'उकार' ये दो पद्मचक्र के वाचक हैं। पद्मचक्र से ही सारे लोकपाल सम्बद्ध हैं। इस विराट् विश्वरूप पद्मचक्र का समन्वय कर साधक सिद्धि की ओर अग्रसर हो जाता है ॥ ६७ ॥

---

१. ग० पु० मन्त्रगण इति पाठः ;
२. श्रीत० ३०।४३-४३

भगवान् भूतभावन ने भवानी से कहा कि, देवि ! मैंने तुम्हारे समक्ष यह रहस्य उद्घाटित किया। मातृचक्र की गुणवत्ता का प्रकल्पन इस प्रकार स्पष्ट कर दिया गया है। इनकी जानकारी से योगियों के योग की सिद्धि होती है। अब इसके बाद आप जो भी पूछना चाहती हैं—पूछिये। मैं उत्तर के लिये प्रस्तुत हूँ ॥ ६८ ॥

परमेशमुखोद्भूत ज्ञानचन्द्रमरीचिरूप श्रीमालिनीविजयोत्तरतन्त्र

का

डॉ० परमहंस मिश्र कृत नीर-क्षीर विवेक भाषा-भाष्य संवलित

'मन्त्रोद्धार' नामक तीसरा अधिकार सम्पन्न ॥ ३ ॥

॥ ॐ नमः शिवायै ॐ नमः शिवाय ॥

अथ चतुर्थोऽधिकारः

अथैतदुपसंश्रुत्य मुनयो मुदितेक्षणाः ।
प्रणम्य क्रौञ्चहन्तारं पुनरूचुरिदं वचः ॥ १ ॥

योगमार्गविधिं देव्या पृष्टेन परमेष्ठिना ।
तत्प्रतिज्ञावताप्युक्तं किमर्थं मन्त्रलक्षणम् ॥ २ ॥

सौः

परमेशमुखोद्भूतज्ञानचन्द्रमरीचिरूपम्

श्रीमालिनीविजयोत्तरतन्त्रम्

डॉ० परमहंसमिश्रविरचित-नीर-क्षीर-विवेक-भाषा-भाष्य-समन्वितम्

चतुर्थोऽधिकारः

[४]

परमेश्वर के मुखारविन्द से निष्यन्द मकरन्द रूप इस अमृत-भारती का श्रवण कर मननशील मुनियों की आँखें प्रसन्नता से खुली की खुली रह गयीं। अपलक नयनों को विस्मयमयी मुद्रा में मानों ज्ञान-विज्ञान की तरङ्गें प्रकाशमान हो रही हों। उन्होंने क्रौञ्चवध से प्रसिद्ध सिद्धामतवादसिद्ध कार्त्तिकेय को अपना प्रणाम अर्पित किया और पुनः इस प्रकार अपनी जिज्ञासा को उपस्थापित किया।

उन्होंने कहा—देव! परमेष्ठी से देवी ने केवल योगविधि विषयक प्रश्न ही पूछा था। परमेष्ठी शिव ने यह प्रतिज्ञा भी की थी कि, अच्छा है। योगविधि विषयक प्रश्नों का मैं समाधान कर रहा हूँ। ऐसी अवस्था में भी भगवान् भूतभावन ने मन्त्र लक्षण रूप नये विषय की अवतारणा क्यों की[1]? ॥ १-२ ॥

---

१. श्रीत० १६।२८८-२९०।

एवमुक्तः स तैः सम्यक्कार्तिकेयो महामतिः ।
इदमाह वचस्तेषां सन्देहविनिवृत्तये ॥ ३ ॥
योगमेकत्वमिच्छन्ति वस्तुनोऽन्येन वस्तुना ।
यद्वस्तु ज्ञेयमित्युक्तं हेयत्वादिप्रसिद्धये ॥ ४ ॥
द्विरूपमपि तज्ज्ञानं विना ज्ञातुं न शक्यते ।
तत्प्रसिद्धयै शिवेनोक्तं ज्ञानं यदुपवर्णितम् ॥ ५ ॥
सबीजयोगसंसिद्धयै मन्त्रलक्षणमप्यलम् ।
न चाधिकारिता दीक्षां विना योगेऽस्ति शाङ्करे ॥ ६ ॥

इस प्रकार मुनियों के निवेदन के उपरान्त श्रीकार्त्तिकेय ने अपनी भावना इस प्रकार व्यक्त की। वे इस विद्या के पारङ्गत महामनीषी देवपुरुष थे। उन्होंने मुनियों के सन्देह को इस प्रकार निराकृत किया और कहा कि, मुनिवृन्द! वस्तुतः योगसिद्धि में मन्त्रों की सर्वातिशायिनी उपयोगिता एवं महत्ता है। योग का यह प्रसिद्ध लक्षण ही है कि, 'एक वस्तु का दूसरी वस्तु से एकत्व ही योग है'। वस्तु ज्ञेय होते हैं। यह सभी शास्त्र कहते हैं। ज्ञेय जानने योग्य होते हैं। जिन वस्तुओं को हम जानते हैं, उनमें कई प्रकार की एकता भी प्रतीत होती है। कुछ विपरीत स्वभाव वाले भी वस्तु होते हैं। इस प्रकार अनुकूल वेद्यता और प्रतिकूल वेद्यता के कारण यह भी ज्ञात होता है कि, अमुक वस्तु हेय है और यह उपादेय है। हेयोपादेय विज्ञान जीवन को उत्कर्ष की ओर अग्रसारित करने के लिये अनिवार्यतः आवश्यक है। इस तरह यह ज्ञान द्विरूपता को प्राप्त करता है। यह ज्ञाता के ऊपर निर्भर करता है कि, इस द्विरूपता को समझे। विना जाने यह समझ में आने वाली बात भी नहीं है। इसलिये वस्तु विज्ञान को विशेष सिद्धि के लिये भगवान् शिव ने यह प्रक्रिया अपनायी और योगसिद्धि-विधि के सन्दर्भ में मन्त्रों के सम्बन्ध में भी प्रकाश डालने का अनुग्रह किया। प्रसिद्धि का एक अर्थ आगम[1] भी होता है। प्रसिद्धि उपजीव्य होती है। इससे आगम का अभ्युपगम होता है। इस अर्थ में श्लोक में 'प्रसिद्धि' शब्द से आगमिकता के अध्याहार की प्रतीति भी यहाँ हो रही है॥ ३-५॥

सबीज योग की सिद्धि के लिये मन्त्रों के लक्षण की जानकारी भी पर्याप्त सहायक होती है। मन्त्र दीक्षा के अन्तर्गत ही दिये जा सकते हैं। यह भी सुनिश्चित

---

१. श्रीत० १७।१, ३५।१

क्रियाज्ञानविभेदेन सा च द्वेधा निगद्यते ।
द्विविधा सा प्रकर्तव्या तेन चैतदुदाहृतम् ॥ ७ ॥
न च योगाधिकारित्वमेकमेवानया भवेत् ।
अपि मन्त्राधिकारित्वं मुक्तिश्च शिवदीक्षया ॥ ८ ॥
श्रुत्वा चैतत्पतेर्वाक्यं रोमाञ्चितशरीरिणी ।
इदमाह पुनर्वाक्यमम्बा मुनिवरोत्तमाः ॥ ९ ॥

है कि, शाङ्कर योग में दीक्षा के विना अधिकारिकता नहीं होती। दीक्षा के बाद ही शाङ्कर योग में प्रवेश का अधिकार प्राप्त होता है[१]। योग की सिद्धि मन्त्र-ज्ञान के माध्यम से सरलता पूर्वक सम्भव है। पहले जो भी ब्रह्मशिर इत्यादि मन्त्र कहे गये हैं, उन सभी का योग की सिद्धि में आत्यन्तिक महत्त्व है ॥ ६ ॥

इस सन्दर्भ में भगवान् यह भी स्पष्ट कर रहे हैं कि, मूलतः यह दीक्षा भी दो प्रकार की ही होती है—१. क्रियायोग दीक्षा और २. ज्ञानयोग दीक्षा। इस भेदोक्ति से यह स्पष्ट हो जाता है कि, दीक्षा के विना न क्रियायोग ही आ सकता है और न ही ज्ञानयोग की जानकारी हो सकती है। श्रीकार्त्तिकेय ने कहा—यही मुख्य कारण है कि, भगवान् ने इसी सन्दर्भ में यह मन्त्र लक्षण रूप रहस्य-बोध कराने का अनुग्रह किया है[२] ॥ ७ ॥

यहाँ एक और रहस्योद्घाटन कर रहे हैं। कार्त्तिकेय कहते हैं कि, दीक्षा से मात्र शाङ्करयोग-सिद्धि का ही अधिकार नहीं मिलता अपितु इससे मन्त्र ग्रहण, मन्त्रसिद्धि और मन्त्र प्रयोग का भी अधिकार प्राप्त होता है। इसके अतिरिक्त यह भी निश्चित है कि, शिवयोग की दीक्षा से मुक्तिकामी व्यक्ति मुक्ति को उपलब्ध हो जाता है[३]। यह दीक्षा का ही महत्त्व है। मन्त्राधिकार और मोक्षाधिकार मिलना जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि है ॥ ८ ॥

कार्त्तिकेय ने वही बात स्पष्ट की थी, जिसे भगवान् शङ्कर ने शिवा से कहा था। माँ पार्वती भगवान् की इन बातों को सुनकर और इनके महत्त्व का आकलन कर रोमाञ्चित हो उठीं थीं। श्रीकार्त्तिकेय ने मुनियों से कहा कि, मुनियो ! तत्काल स्थितप्रज्ञ होकर स्थिरबुद्धि परमाम्बा पार्वती ने भगवान् के समक्ष अपनी जिज्ञासा का इस प्रकार अभिव्यञ्जन किया ॥ ९ ॥

---

२. श्रीत० १६।२९०-२९१ ; ३. तदेव १६।२९१½ ; ४. तदेव १६।२९३

अभिन्नमालिनीकाये तत्त्वानि भुवनानि च ।
कलाः पदानि मन्त्राश्च यथावदवधारिताः ॥ १० ॥

भिन्नयोनिस्तु या देव त्वयोक्ता मालिनी मम ।
तस्या अङ्गे तथैतानि संस्थितानि तथा वद ॥ ११ ॥

एवमुक्तो महादेव्या भैरवो भूरिभोगदः ।
स्फुरद्धिमांशुसन्तानप्रकाशितदिगन्तरः ॥ १२ ॥

सुरासुरशिरोमौलिमालालालितशासनः ।
उवाच मधुरां वाचमिमामक्लेशिताशयाम् ॥ १३ ॥

पार्वती ने कहा —भगवन् ! मालिनी के दो स्वरूपों की बात आपने की थी— १. अभिन्न मालिनी और २. भिन्न मालिनी। भिन्न मालिनी को भिन्नयोनि मालिनी भी कहते हैं। आपके कथनानुसार अभिन्न मालिनी की अनाकलनीय काया में सभी तत्त्व, सभी भुवन, सारी कलायें, पद और मन्त्र भी यथावत् अवधारित हैं।

हे देव जिसे भिन्नयोनि मालिनी कहते हैं, उसके अङ्गों में यह षडध्व (कला, तत्त्व और भुवन तथा पद, मन्त्र और वर्ण) आकलित किये जाते हैं, उनका जिस प्रकार इसके अङ्गों में अवस्थान है, उसकी पूरी जानकारी हमें देने की कृपा करें ॥ १०-११ ॥

इस प्रकार माँ पार्वती द्वारा पूछे जाने पर भगवान् शङ्कर प्रसन्न हो उठे। उस समय वे अपने भैरवीभाव से भव्य दीख रहे थे। उनका भूरि भोगप्रद स्वरूप दया से ओत-प्रोत था। उनके शिरोभाग में शोभायमान चन्द्र की चाँदनी से सारा दिग्दिगन्त चाँदी की राजत रश्मियों से प्रकाशमान था। इन विशेषताओं से विशिष्ट भूतभावन भैरव के चरणों में सारे सुरासुर समुदाय के शिर भय और भक्तिभाव से अर्पित थे। उनका सब पर समान रूप से शासन था। ऐसे देवाधिदेव महादेव ने कहना प्रारम्भ किया। कितनी माधुर्य्य भरी वह माहेश्वर की वाणी थी, इसका अनुभव माँ पार्वती ने किया था। इसीलिये महादेव की यह उक्ति मधुमती भूमिका में विनिःसृत सृष्टिसाम को पुलकित करने वाली मानी जाती है। इसी से यह स्पष्ट हो जाता है कि, देवाधिदेव की वह दिव्य व्याहृति शाङ्कर भक्तियोग सम्पन्न साधकों के आशय हृदय या भावजगत् को आनन्द से उद्वेलित कर जागतिक

या मया कथिता देवि भिन्नयोनिस्तु मालिनी ।
तदङ्गे संप्रवक्ष्यामि सर्वमेतद्यथा स्थितम् ॥ १४ ॥

फे धरातत्त्वमुद्दिष्टं दादिझान्तेऽनुपूर्वशः ।
त्रयोविंशत्यबादीनि प्रधानान्तानि लक्षयेत् ॥ १५ ॥

ठादौ च सप्तके सप्त पुरुषादीनि पूर्ववत् ।
इङघेषु त्रयं विद्याद्विद्यातः सकलावधि ॥ १६ ॥

शिवतत्त्वे गकारादिनान्तान् षोडश लक्षयेत् ।
कलाः पदानि मन्त्राश्च भुवनानि च सुन्दरि ॥ १७ ॥

क्लेशों के विनाश में समर्थ थी। महादेव की दिव्यवाणी निश्चय ही क्लेशिताशय को भी अक्लेशिताशय करने वाली थी क्योंकि वह स्वयम् अक्लेशिताशय ही थी ॥ १२-१३ ॥

उन्होंने कहना प्रारम्भ किया - देवि ! मैंने आप से यह अभी-अभी कहा था कि, मालिनी जो भिन्नयोनि मानी जाती है[1], इसके अङ्गों में तत्त्वों का न्यास कैसे होता है, इसको मैं यथावत् स्पष्ट रूप से व्यक्त कर रहा हूँ ॥ १४ ॥

इसे इस तालिका के माध्यम से सरलता पूर्वक समझा जा सकता है—

क्रम	अक्षर	तत्त्व	
१.	फ	धरा तत्त्व	१ तत्त्व
२.	द मे झ पर्यन्त तेइस वर्ण	अप्तत्त्व प्रधान पर्यन्त	२३ तत्त्व
३.	ठ से सात वर्ण ढ, ऊ, व भ, य और अ पर्यन्त सात पुरुष आदि		सात तत्त्व
४.	अ के बाद इ ङ और घ में विद्यादि सकलपर्यन्त		तीन तत्त्व
५.	शक्ति सहित शिव तत्त्व में ग से न पर्यन्त १६ वर्ण आते हैं।		दो तत्त्व

इस प्रकार वर्णों के क्रम से तत्त्वों का न्यास होता है। पचास मालिनी वर्णों में तत्त्वों की व्याप्ति का यही क्रम शास्त्र-सिद्ध रूप से मान्य है ॥ १५-१६½ ॥

जहाँ तक कला, पद, मन्त्र और भुवनों का प्रश्न है, पार्वति देवि! पहले की तरह ही इनकी व्याप्ति माननी चाहिये। इनको संख्या और वर्णों के भेद के आधार

---

१. श्रीत० १५।१३५-१३६ ।

पूर्ववद्वेदितव्यानि तत्संख्यार्णविभेदतः ।
विद्यात्रयविभागेन यथेदानीं तथा शृणु ॥ १८ ॥

निष्कले पदमेकार्णं त्र्यर्णैकार्णमिति[1] द्वयम् ।
सकले तु परिज्ञेयं पञ्चैकार्णद्वयं द्वये ॥ १९ ॥

चतुरेकाक्षरे द्वे च मायादित्रितये मते ।
चतुरक्षरमेकं च कालादिद्वितये मतम् ॥ २० ॥

पर ही इसका आकलन करना चाहिये । इसमें तीन विद्याओं की स्थिति का ध्यान भी आवश्यक है । देवि ! मैं उन्हें क्रम पूर्वक कहने जा रहा हूँ । तुम इस आकलन को ध्यान पूर्वंक सुनो ॥ १७-१८ ॥

अपरा और परापरा मन्त्रों के तत्त्वक्रम से पदों के स्वरूप आगम में किस प्रकार निर्धारित किये गये है, इसका विश्लेषण भगवान् शिव कर रहे हैं ।

परापरा मन्त्र—

१. निष्कल तत्त्व में शिव और शक्ति की गणना को जाती है । इसमें केवल 'ओम्'[1] यह एक वर्ण वाला पद ही गृहीत है ।

२. सदाशिव तत्त्व में दो पद गृहीत हैं—१. त्र्यर्ण=[2]अघोरे और २. एकार्ण=ह्रीः[1] ।

३. ईश्वर और शुद्ध विद्या दोनों में पाँच वर्णों वाला पद '[4]परमघोरे' और एकार्ण अर्थात् एक वर्ण वाले पद 'हुं' [5]गृहीत हैं । निष्कल की दृष्टि से सदाशिव, ईश्वर और शुद्ध विद्या सकल तत्त्व हैं ।

४. मायादित्रितय में माया कला और अशुद्ध विद्या का क्रम आता है । इसमें—

क. माया में चतुरक्षर पद अर्थात् 'घोररूपे' [6]प्रयुक्त होता है ।

ख. कला में और अशुद्ध विद्या में भी एकाक्षर मिलाकर दोनों पद प्रयुक्त होते हैं, अर्थात् 'घोररूपे हुः[7]' पदों की गणना साथ ही की जातो है ।

५. कालादि द्वितय अर्थात् काल और नियति तत्त्वों के अन्तर्गत एकमात्र चतुरक्षर पद ही गृहीत है । वह पद 'घोरमुखि'[8] है ।

---

१. क० पु० मयेति पाठः ।

रञ्जके द्व्यर्णमुद्दिष्टं प्रधाने त्र्यर्णमिष्यते ।
बुद्धौ देवाष्टकव्याप्त्या पदं द्व्यक्षरमिष्यते ॥ २१ ॥

ततः पञ्चाष्टकव्याप्त्या द्व्येकद्विद्व्यक्षराणि तु ।
विद्यापदानि चत्वारि सार्धवर्णं तु पञ्चमम् ॥ २२ ॥

[1]एकैकसार्धवर्णानि त्रीणि तत्त्वे तु पार्थिवे ।
[2]पुंरागे सर्वमन्यच्च वर्णमन्त्रकलादिकम् ॥ २३ ॥

सार्धेनाण्डद्वयं व्याप्तमेकैकेन पृथग्द्वयम् ।
अपरायाः समाख्याता व्याप्तिरेषा विलोमतः ॥ २४ ॥

---

६. रञ्जक अर्थात् राग और पुरुष तत्त्व में द्व्यर्ण अर्थात् दो वर्णों वाला पद 'भीम'[8] गृहीत करते हैं ।

७. प्रधान में त्र्यर्ण अर्थात् तीन अक्षरों वाला 'भोषण'[10] पद गृहीत है । यह शास्त्र कहते हैं ।

८. बुद्धि में पञ्चाष्टक अर्थात् पाँच पद के आठ वर्ण मिला देने से और देवाष्टक के दो वर्ण मिला देने से 'पिव हे रुरु फट् और वम, पद आते हैं । इस तरह इसमें क्रमशः 'वम[11] पिव[12] हे[13] रुरु[14] रर[15] फट्[16]' इतने पद गृहीत हैं । वम के बाद द्वि, एकद्विद्वि वर्ण का क्रम अपनाया गया है । श्रीतन्त्रालोक ३०।२३ के अनुसार इसमें हुं[17] हः[18] फट्[19] भी जोड़ते हैं । इस तरह १९ पदों में ३८ अक्षर वाला यह परापरा मन्त्र माना जाता हूँ । विद्यापद के रूप में १२, १३, १४, १५ एवं १६वें पद मान्य हैं । हुँ हः फट् ये तीन पार्थिव तत्त्व के अक्षर हैं । पुरुष और रागतत्त्व के सम्बन्ध में 'सर्वमन्यच्च' वर्णमन्त्रकलादि का निर्देश विश्लिष्ट नहीं है ॥ १९-२३ ॥

अपरा मन्त्र—

सार्ध अर्थात् फट् से पार्थिवाण्ड और प्रकृत्यण्ड व्याप्त हैं । एक-एक से अर्थात् हः और हुँ इन एकाक्षर पदों से पृथक् दो अण्ड अर्थात् मायाण्ड और शक्त्यण्ड व्याप्त हैं । यह अपरा विद्या का मन्त्र उक्त चार अण्डों को ही व्याप्त करता है । यह पूरा मन्त्र 'ह्रीः हुँ फट् इस रूप में उद्धृत होता है ॥ २४ ॥

---

१. क० ख० ग० एकद्विसार्धेति पाठः ।
२. ग० पु परारङ्गे इति पाठः ।

सार्णेनाण्डत्रयं व्याप्तं त्रिशूलेन चतुर्थकम् ।
सर्वातीतं विसर्गेण पराया व्याप्तिरिष्यते ॥ २५ ॥
एतत्सर्वं परिज्ञेयं योगिना हितमिच्छता ।
आत्मनो वा परेषां वा नान्यथा तदवाप्यते ॥ २६ ॥
द्वावेव मोक्षदौ ज्ञेयौ ज्ञानी योगी च शाङ्करि ।
पृथक्तात्र ··· बोद्धव्यं फलकाङ्क्षिभिः ॥ २७ ॥
ज्ञानं तत्त्रिविधं प्रोक्तं तत्राद्यं श्रुतमिष्यते ।
चिन्तामयमथान्यच्च भावनामयमेव च ॥ २८ ॥

परामन्त्र—

केवल स वर्ण में पार्थिवाण्ड, प्रकृत्यण्ड और मायाण्ड ये तीन अण्ड व्याप्त होते हैं। त्रिशूल अर्थात् 'औ' वर्ण से शक्त्यण्ड व्याप्त होता है और सर्वातीत शिवाण्ड विसर्ग से व्याप्त होता है। यह परामन्त्र की व्याप्ति मानी जाती है। इसका बीज मन्त्र पञ्चपिण्डनाथ कहलाता है। स्वाध्यायशील साधक उसका ऊहन करके जप करें। तन्त्र शास्त्र का यह सर्वोच्च और परम रहस्यात्मक बीजमन्त्र माना जाता है। इसे लिखे हुए को पढ़ने की अपेक्षा स्वयम् ऊहन करें अथवा गुरु मुखारविन्द से सुनकर अपने शिष्यत्व को पुरस्कृत करें ॥ २५ ॥

भगवान् शिव कहते हैं कि, ऊपर जो कुछ हमने कहा है, इसे आत्मकल्याण में निरत योगियों को अवश्य जानना चाहिये। इससे अपना हित तो सिद्ध होता ही है, अन्य व्यक्तियों का भी परमार्थ सिद्ध हो जाता है। इसके जाने विना 'तत्' अर्थात् तत्त्व भाव की प्राप्ति नहीं हो सकती ॥ २६ ॥

वस्तुतः इस विश्व में मोक्ष को उपलब्ध कराने में दो ही समर्थ और कारण माने जाते हैं—१. योगी और २. ज्ञानी। हे पार्वति, इन दोनों में मात्र दृष्टि का ही अन्तर है। विधि में सिद्ध दोनों होते हैं। इसके अतिरिक्त फल की आकांक्षा से कार्य और चर्यारत जितने भोगेच्छु साधक हैं, उन्हें भी इस मर्म से परिचित होना ही चाहिये ॥ २७ ॥

इस सन्दर्भ में यह स्पष्ट रूप से जान लेना चाहिये कि, वह ज्ञान तीन प्रकार का होता है। पहले ज्ञान को श्रुत ज्ञान कहते हैं। २. दूसरे ज्ञान को चिन्तामय कहते हैं और तीसरे ज्ञान को भावनामय की संज्ञा से विभूषित करते हैं ॥ २८ ॥

शास्त्रार्थस्य परिज्ञानं विक्षिप्तस्य श्रुतं मतम् ।
इदमत्रेदमत्रेति इदमत्रोपयुज्यते ॥ २९ ॥
सर्वमालोच्य शास्त्रार्थमानुपूर्व्या व्यवस्थितम् ।
तद्विचिन्तामयं ज्ञानं द्विरूपमुपदिश्यते ॥ ३० ॥
मन्दस्वभ्यस्तभेदेन तत्र स्वभ्यस्तमुच्यते ।
सुनिष्पन्ने ततस्तस्मिञ्जायते भावनामयम् ॥ ३१ ॥

श्रुत ज्ञान—शास्त्रीय निर्देशों से अभिप्रेत अर्थ का परिज्ञान होता है। उससे यह निश्चय हो जाता है कि, यह विधि और ये कर्म यहाँ करना श्रेयस्कर है और अमुक कर्म वहाँ करना उचित है। शास्त्रार्थ का यही महत्त्व है कि, व्यक्ति पूरी तरह और विस्तार पूर्वक यह जान सके कि, इस विधि को उपयोगिता यहाँ नहीं वहाँ है। इस विस्तृत अर्थ को जानकारी को श्रुतज्ञान कहते हैं। यह विक्षिप्त शब्द शास्त्रार्थ के विशेषण रूप में और विस्तार अर्थ में प्रयुक्त है। इस शब्द का प्रयोग श्रीतन्त्रालोक में भी किया गया है[1]। वहाँ यह कर्म अर्थात् यागप्रक्रिया के विशेष अर्थ में प्रयुक्त किया गया है। दीक्षा भी दो प्रकार की मानी जाती है। १. संक्षिप्त दीक्षा और २. विक्षिप्त दीक्षा। विक्षिप्त संक्षिप्त का विलोमवाची प्रयोग है ॥ २९ ॥

शास्त्रार्थ का आनुपूर्वी विवेचन आवश्यक होता है। संमर्शी विद्वान् शिष्य सभी निर्देशों की समीक्षा-परीक्षा करता है। वस्तु तथ्य का पर्यालोचन कर व्यवस्थित रूप से यथास्थिति को समझ लेता है। इस पूरी समालोचना से उसके चिन्तन में चार चाँद लग जाते हैं। इससे जो जानकारी होती है, उसे चिन्तामय ज्ञान कहते हैं। याग प्रक्रिया किसी तरह अपूर्ण या अधूरी न रह जाय, उसकी यह चिन्ता दूर हो जाती है। यह ज्ञान दो तरह का होता है—१. मन्द **चिन्तामय** ज्ञान और २. [2]स्वभ्यस्त ज्ञान। मन्दज्ञान श्रेयस्कर नहीं होता। स्वभ्यस्त ज्ञान ही महत्त्वपूर्ण माना जाता है। अभ्यासनिष्ठ और कर्मनिष्ठ गुरु अपने महान् अभ्यास के आधार पर याग प्रक्रिया को क्रमिक रूप से सम्पन्न करने में दक्ष होता है। इस प्रकार विधि पूर्वक कर्म सम्पन्न होने पर भावना के स्तर पर एक विशिष्ट रूप से सम्पूर्णता का बोध होता है। इस बोध को **भावनामय** ज्ञान कहते हैं ॥ ३०-३१ ॥

---

१. श्रीतन्त्रालोक १८।१० ; २. तदेव १८।८

यतो योगं समासाद्य योगी योगफलं लभेत् ।
एवं विज्ञानभेदेन ज्ञानी प्रोक्तश्चतुर्विधः ॥ ३२ ॥
संप्राप्तो घटमानश्च सिद्धः सिद्धतमोऽन्यथा ।
योगी चतुर्विधो देवि यथावत्प्रतिपद्यते ॥ ३३ ॥
समावेशोक्तिवद्योगस्त्रिविधः समुदाहृतः ।
तत्र प्राप्तोपदेशस्तु पारम्पर्यक्रमेण यः ॥ ३४ ॥

योग की परिपूर्णता पर और योग विधियों को पूरी तरह समासादित कर लेने पर उसके सुपरिणाम और सुफल की अनुभूति योगी को होने लगती है। योग एक विज्ञान है। इसमें निष्णात योगी स्वयं विज्ञानवान् कहलाने लगता है। इस विज्ञान का सूक्ष्म पर्यवेक्षण करने पर इसकी स्तरीयता का बोध भी होता है। स्तरीयता के अनुसार विज्ञानवान् योगी चार प्रकार के होते हैं—यह शास्त्र कहता है ॥ ३२ ॥

चारों भेदों का निर्देश कर रहे हैं—

१. संप्राप्त, २. घटमान, ३. सिद्ध और ४. सिद्धतम, ये चार भेद विज्ञानवान् योगी के होते हैं। इन चारों संज्ञाओं से इनकी स्तरीयता भी स्पष्ट हो जाती है। वस्तुतः समावेश की अवस्थाओं का ही आधार यहाँ लिया गया है। यद्यपि योगी को विज्ञान भेद से चार प्रकार का कहा गया है किन्तु योग के क्षेत्र को तो छोड़ ही दिया गया है। प्रश्न यह होता है कि, योग कितने प्रकार के होते हैं? इसके उत्तर में भगवान् भूतभावन समावेश की बात प्रस्तुत करते हैं और कहते हैं कि, समावेश की उक्ति की भाँति योग तीन प्रकार का ही निर्दिष्ट करते हैं। इसी अधिकार के श्लोक ४-७ से यह ज्ञात होता है कि, क्रियायोग, ज्ञानयोग और मन्त्रयोग रूप तीन ही योग हो सकते हैं। 'समावेशवत् (श्लोक ३४) के अनुसार क्रियात्मक, ज्ञानात्मक और मन्त्रात्मक तादात्म्य ही समावेश है। श्लोक चार के अनुसार तो योग मात्र वस्तु-वस्तुसत्ता का ऐकात्म्य ही माना जा सकता है।

इसी सन्दर्भ में सम्प्राप्त घटमान सिद्ध और सुसिद्ध शब्दों को परिभाषित कर रहे हैं—

१. सम्प्राप्त (विज्ञानवान् योगी)—

परम्परा के अनुसार ठीक उसी सम्प्रदाय क्रम से जिन शिष्यों को उपदेश दिया जाता है, वे शिष्य संप्राप्त संज्ञक माने जाते हैं। ये क्रिया, ज्ञान और मन्त्र

प्राप्तयोगः स विज्ञेयस्त्रिविधोऽपि मनीषिभिः ।
चेतसो घटनं तत्त्वाच्चलितस्य पुनः पुनः ॥ ३५ ॥
यः करोति तमिच्छन्ति घटमानं मनीषिणः ।
तदेव चेतसा नान्यद्द्वितीयमवलम्बते ॥ ३६ ॥
सिद्धयोगस्तदा ज्ञेयो योगो योगफलार्थिभिः ।
यः पुनर्यत्र तत्रैव संस्थितोऽपि यथा तथा ॥ ३७ ॥
भुञ्जानस्तत्फलं तेन हीयते न कथञ्चन ।
सुसिद्धः स तु बोद्धव्यः सदाशिवसमः प्रिये ॥ ३८ ॥
उत्तरोत्तरवैशिष्ट्यमेतेषां समुदाहृतम् ।
ज्ञानिनां योगिनां चैव सिद्धो योगविदुत्तमः ॥ ३९ ॥

के त्रैविध्य वाले संप्राप्त योगी हैं। क्रियोपदेश में सम्प्राप्त, ज्ञान में सम्प्राप्त और मन्त्रोपदेश के क्रम से सम्प्राप्त। यही इनकी त्रिविधता है।

२. घटमान—

घटमान योगी वह माना जाता है, जो बारम्बार चित्त की चञ्चलता से पहले उद्विग्न था, पर अब वह स्थितप्रज्ञ हो गया है। उसका चित्त शान्ति में घटित हो गया है। इस प्रकार चित्तचाञ्चल्य का विजेता स्थिरमान योगी घटमान होता है।

३. सिद्ध—

वही स्थिर मानस साधक चित्त की एकाग्रता के प्रभाव से तनिक भी विचलित नहीं होता, किसी अन्य का अवलम्बन नहीं करता, अनन्य चिन्तनरत हो जाता है। यह एक तरह के शाक्त समावेश की दशा होती है। योग के सुपरिणामों में सार्थक ढंग से अपना लक्ष्य बना लेने वाले लोग उन्हें 'सिद्ध' कहते हैं।

४. सुसिद्ध या सिद्धतम –

जो योगी पुरुष जहाँ कहीं भी जिस किसी भी अवस्था में संस्थित रहता हुआ भी, उन-उन परिस्थितियों के परिणाम भोगता हुआ भी स्वात्मसंवित् साक्षात्कार रूप में शैवतादात्म्य रूप महाभाव से च्युत नहीं होता, किसी अवस्था में

यतोऽस्य ज्ञानमप्यस्ति पूर्वो योगफलोज्झितः ।
यतश्च मोक्षदः प्रोक्तः स्वभ्यस्तज्ञानवान्बुधैः ॥ ४० ॥

इत्येतत्कथितं सर्वं विज्ञेयं योगिपूजिते ।
तन्त्रार्थमुपसंहृत्य समासाद्योगिनां हितम् ॥ ४१ ॥

इति श्रीमालिनीविजयोत्तरे तन्त्रे चतुर्थोऽधिकारः ॥ ४ ॥

भो उसे अर्थात् तादात्म्य भाव से हीन नहीं होता, उसे सुसिद्ध या सिद्धतम कहते हैं। ऐसा योगी, प्रिये पार्वति! सदाशिव के समान होता है। इनका उत्तरोत्तर वैशिष्ट्य स्वतः और शास्त्रों द्वारा भी प्रमाणित है। सभी यही कहते हैं। चाहे वह ज्ञानी हो, योगी हो, दोनों दृष्टियों से इनमें सुसिद्ध ही सर्वश्रेष्ठ होता है ॥ ३३-३९ ॥

यह अनुभव की बात है और आप्त पुरुष भी यही कहते हैं कि, सबसे महान् योगी और ज्ञानी भी वही है, जो [1]स्वभ्यस्त ज्ञानवान् योगी होता है। वही वास्तविक रूप से मोक्ष को उपलब्ध कराने में समर्थ होता है। उनके पास ज्ञान होता है। अब वह योग मार्ग की उपलब्धियों पर इतराता नहीं वरन् उन्हें छोड़कर शान्ति का प्रतीक बन गया होता है ॥ ४० ॥

योगियों के द्वारा पूजित प्रिये पार्वति! मैंने इस सन्दर्भ में जो कुछ कहा है, ये सारी बातें बहुत महत्त्वपूर्ण हैं। इनका ज्ञान सबको होना चाहिये। ये विज्ञेय हैं। इन बातों को मैंने समस्त तन्त्रों के निष्कर्षार्थ रूप से व्यक्त किया है। एक तरह से यह तन्त्रार्थ का उपसंहार ही है। संक्षेप में ये योगियों के लिये अत्यन्त हितकारक हैं ॥ ४१ ॥

परमेशमुखोद्भूत ज्ञानचन्द्रमरीचिरूप श्रीमालिनीविजयोत्तरतन्त्रका
डॉ० परमहंसमिश्र कृत नीर-क्षीर-विवेक भाषाभाष्य संवलित
योगमार्गविधिनिरूपण नामक चतुर्थ अधिकार परिपूर्ण
॥ ॐ नमः शिवायै ॐ नमः शिवायः ॥

---

१. श्रीतन्त्रालोक १६।२०६

अथ पञ्चमोऽधिकारः

अथातः संप्रवक्ष्यामि भुवनाध्वानमीश्वरि ।
आदौ कालाग्निभुवनं शोधितव्यं प्रयत्नतः ॥ १ ॥
अवीचिः कुम्भीपाकश्च रौरवश्च तृतीयकः ।
कूष्माण्डभुवने शुद्धे सर्वे शुद्धा न संशयः ॥ २ ॥

ह्सौः

परमेशमुखोद्भूतं ज्ञानचन्द्रमरीचिरूपम्

श्रीमालिनीविजयोत्तरतन्त्रम्

डॉ० परमहंसमिश्र 'हंस' कृत नीर-क्षीर-विवेक-भाषाभाष्य संवलितम्

पञ्चमोऽधिकारः

[५]

योगमार्ग विधि का उपदेश करने के बाद परमेश्वर शिव ने ईश्वरी से यह कहा कि, देवि ! अब मैं सर्वाधार रूप भुवनाध्वा का उपदेश करूँगा। साधक को सर्वप्रथम कालाग्नि भुवन का ज्ञान आवश्यक होता है। जिसमें विश्व का अवस्थान है, जिसमें स्वयम् अपना भी अवस्थान है। अतः साधना, ज्ञान और योगमार्ग से परिचित व्यक्ति का यह कर्त्तव्य हो जाता है कि, वह इस कालाग्नि भुवन का शोधन कर ले और प्रयत्नपूर्वक अपने उद्देश्य की पूर्त्ति में सतत संलग्न हो जाय ॥ १ ॥

अवीचि, कुम्भीपाक और तीसरा रौरव ये तीनों शुद्ध कूष्माण्ड भुवन में अवस्थित हैं। ये सभी शुद्ध भुवन में रहने के कारण स्वयं शुद्ध हैं। पुराणों में इन्हें नितान्त अशुद्ध और घोर नरक माना गया है। यहाँ इन्हीं संज्ञा वाले इन्हें घोर नरक न मानकर शुद्ध कहा गया है। साथ ही यह निर्देश भी दे दिया गया है कि, इनके विषय में सन्देह और संशय नहीं करना चाहिये ॥ २ ॥

पातालानि ततः सप्त तेषामाद्यौ महातलम् ।
रसातलं ततश्चान्यत्तलातलमतः परम् ॥ ३ ॥

सुतलं नितलं चेति वितलं तलमेव च ।
हाटकेन विशुद्धेन सर्वेषां शुद्धिरिष्यते ॥ ४ ॥

तदूर्ध्वं पृथिवी ज्ञेया सप्तद्वीपार्णवान्विता ।
देवानामाश्रयो मेरुस्तन्मध्ये संव्यवस्थितः ॥ ५ ॥

भुवोलोकस्तदूर्ध्वं च स्वर्लोकस्तस्य चोपरि ।
महो जनस्तपः सत्यमित्येतल्लोकसप्तकम् ॥ ६ ॥

चतुर्दशविधो यत्र भूतग्रामः प्रवर्तते ।
स्थावरः सर्पजातिश्च पक्षिजातिस्तथापरा ॥ ७ ॥

मृगसंज्ञश्च पश्वाख्यः पञ्चमोऽन्यश्च मानुषः ।
पैशाचो राक्षसो याक्षो गान्धर्वश्चैन्द्र एव च ॥ ८ ॥

इसके बाद पातालों की स्थिति निर्दिष्ट कर रहे हैं—इनके अवस्थान का क्रम अवीचि आदि के अनन्तर आता है। ये सात हैं। इनमें से सबसे पहले जो पाताल आता है, उसे महातल कहते हैं। उसके बाद रसातल का क्रम है। रसातल के बाद तलातल तीसरा पाताल है। चौथा सुतल, पाँचवाँ नितल, छठाँ वितल और सातवें पाताल को तल कहते हैं। ये सातों हाटक भुवन के अन्तर्गत हैं। ये हाटक सदृश शुद्ध भुवन में रहने के कारण सभी शुद्ध हैं ॥ ३-४ ॥

इनके ऊपर पृथ्वीलोक का अवस्थान है। इसमें महासागरों समेत सात द्वीप आते हैं। देवताओं का आश्रय मेरु नामक पर्वत पृथ्वी के मध्य भाग में ही अवस्थित है। पृथ्वी के ऊपर भुवर्लोक, उसके ऊपर स्वर्लोक आता है। इसके ऊपर क्रमिक रूप से मह, जन, तप और सत्यलोक आते हैं। यही सात लोक हैं ॥ ५-६ ॥

पृथ्वी पर १४ प्रकार के प्राणियों का समुदाय अपना कर्म भोगने में संलग्न है। इनमें १. स्थावर, २. सर्प, ३. पक्षीवर्ग, ४. पशु, ५. मृग, ६. मनुष्य, ७. पिशाच,

सौम्यश्च प्राजापत्यश्च ब्राह्मश्चात्र चतुर्दश ।
सर्वस्यैवास्य संशुद्धिर्ब्राह्मे संशोधिते सति ॥ ९ ॥

भुवनं वैष्णवं तस्मान्मदीयं तदनन्तरम् ।
तत्र शुद्धे भवेच्छुद्धं सर्वमेतन्न संशयः ॥ १० ॥

कालाग्निपूर्वकैरेभिर्भुवनैः पञ्चभिः प्रिये ।
शुद्धैः सर्वमिदं शुद्धं ब्रह्माण्डान्तर्व्यवस्थितम् ॥ ११ ॥

तद्बहिः शतरुद्राणां भुवनानि पृथक् पृथक् ।
दश संशोधयेत्पश्चादेकं तन्नायकावृतम् ॥ १२ ॥

---

८. राक्षस, ९. यक्ष, १०. गन्धर्व, ११. ऐन्द्र, १२. सौम्य, १३. प्राजापत्य और १४. ब्राह्म ये चौदह प्रकार के प्राणी माने जाते हैं। ब्राह्म का शोधन कर लेने पर शेष सभी शुद्ध हो जाते हैं। इसके शोधन की क्या विधि है, इसका निर्देश यहाँ नहीं है ॥ ७-९ ॥

भुवन की गणना का क्रम निर्दिष्ट कर रहे हैं—

१. वैष्णव, २. शैव। भगवान् कह रहे हैं कि, शैव भुवन की शुद्धि कर लेने पर अन्य सभी शुद्ध हो जाते हैं। इसमें सन्देह नहीं है ॥ १० ॥

इस प्रकार १. कालाग्नि (श्लोक १) २. हाटक (श्लोक ४) ३. भूमण्डल (सप्तलोक, चतुर्दश भूत ग्राम श्लोक ५-९) ४. वैष्णव और ५. शैव—ये पाँचों भुवन भी शोधितव्य माने जाते हैं। यह पूरा ब्रह्माण्ड इन्हीं पाँच भुवनों से सुशोभित है। इन पाँचों के शोधन के उपरान्त सर्वशुद्धता सम्पन्न हो जाती है ॥ ११ ॥

इसके बाहर अर्थात् ब्रह्माण्ड परिवेश के ऊपर अलग-अलग शतरुद्रों के भुवन विद्यमान हैं। ये ग्यारह हैं। इनमें दश शतरुद्र भुवन और ग्यारहवाँ शतरुद्रों के अधिपति वीरभद्र भुवन की ही गणना की जाती है। पहले दश भुवनों का शोधन कर लेने के उपरान्त वीरभद्र नामक शतरुद्र भुवन की शुद्धि होती है। इनके ११ भुवनों के नाम इस प्रकार हैं[1]—

---

१. श्रीत० १६।१८०;

अनन्तः प्रथमस्तेषां कपालीशस्तथापरः ।
अग्निरुद्रो यमश्चैव नैर्ऋतो बल एव च ॥ १३ ॥

शीघ्रो निधीश्वरश्चैव सर्वविद्याधिपोऽपरः ।
शम्भुश्च वीरभद्रश्च विधूमज्वलनप्रभः ।। १४ ॥

एभिर्दशैकसंख्यातैः शुद्धैः शुद्धं शतं मतम् ।
उपरिष्टात्पुरस्तेषामष्टकाः पञ्च संस्थिताः ॥ १५ ॥

लकुलो भारभूतिश्च दिण्ढ्याषाढी सपुष्करौ ।
नैमिषं च प्रभासं च अमरेशमथाष्टकम् ॥ १६ ॥

एतत्पत्यष्टकं प्रोक्तमतो गुह्यातिगुह्यकम् ।
तत्र भैरवकेदारमहाकालाः समध्यमाः ॥ १७ ॥

आम्रातिकेशजल्पेशश्रीशैलाः सहरीन्दवः ।
भीमेश्वरमहेन्द्राट्टहासाः सविमलेश्वराः ॥ १८ ॥

---

१. अनन्त, २. कपालीश, ३. अग्नि, ४. रुद्र, ५. यम, ६. नैर्ऋत, ७. बल, ८. शीघ्र, ९. निधीश्वर, १०. शम्भु ११. वीरभद्र । शम्भु सभी विद्याओं के अधिपति माने जाते हैं। इन ग्यारहों की शुद्धि से शतरुद्रों की सिद्धि अवश्य हो जाती है ॥ १२-१४½ ॥

इनके ऊपर अष्टकों के अवस्थान हैं । वे क्रमशः इस प्रकार हैं—१. पत्यष्टक, २. गुह्याष्टक, ३. पवित्राष्टक, ४. स्थाण्वष्टक और ५. देवयोन्यष्टक । इनका क्रमशः वर्णन इस प्रकार है—

१. **पत्यष्टक**[1]—१. लकुलीश, २. भारभूति, ३. दिण्ढि, ४. आषाढ़ी, ५. पुष्कर, ६. नैमिष, ७. प्रभास और ८. अमरेश (ऐन्द्र) ॥ १४½-१६½ ॥

२ (अ) **गुह्यातिगुह्याष्टक**[2]—१. भैरव, २. केदार, ३. महाकाल, ४. मध्यमेश्वर, ५. आम्रातकेश्वर, ६. जल्पेश, ७ श्रीशैल, ८. हरीन्दु ।

---

१. श्रीत० ८।२०४; २. स्व० १०।८५४

कनखलं नाखलं च कुरुक्षेत्रं गया तथा ।
गुह्यमेतत्तृतीयं तु पवित्रमधुनोच्यते ॥ १९ ॥
स्थाणुस्वर्णाक्षकावाद्यौ भद्रगोकर्णकौ परौ ।
महाकालाविमुक्तेशरुद्रकोटयम्बरापदाः ॥ २० ॥
स्थूलः स्थूलेश्वरः शङ्कुकर्णकालञ्जरावपि ।
मण्डलेश्वरमाकोटद्विरण्डछगलाण्डकाः ॥ २१ ॥
स्थाण्वष्टकमिति प्रोक्तमहङ्कारावधि स्थितम् ।
देवयोन्यष्टकं बुद्धौ कथ्यमानं मया शृणु ॥ २२ ॥
पैशाचं राक्षसं याक्षं गान्धर्वं चैन्द्रमेव च ।
तथा सौम्यं सप्राजेशं ब्राह्ममष्टमिष्यते ॥ २३ ॥

---

२. (आ) गुह्याष्टक—१. भोम, २. महेन्द्र, ३. अट्टहास, ४. विमल, ५. कनखल, ६. नाखल, ७. कुरुक्षेत्र और ८. गया[1] ॥ १६½-१९ ॥

३. **पवित्राष्टक**—१. स्थाणु, २. स्वर्णाक्ष, ३. भद्र, ४. गोकर्ण, ५. महाकाल, ६. विमुक्तेश्वर, ७. रुद्र, ८. कोटयम्बर, ये सभी अहंकार मण्डल के तत्त्व हैं।

४. **स्थाण्वष्टक**[2]—१. स्थूल, २. स्थूलेश्वर, ३. शङ्कुकर्ण ४. कालञ्जर, ५. मण्डलेश्र, ६. माकोट, ७. दुरण्ड, ८. छगलाण्ड। यह भी अहंकार के ही अन्तर्गत हैं ॥ २०-२१½ ॥

५. **देवयोन्यष्टक**[3]—यह बुद्धिमण्डल का अष्टक माना जाता है। भगवान् पार्वती को इस प्रकार तत्त्वों के भी आन्तर तत्त्वावस्थान को समझा रहे हैं। वे हैं—१. पैशाच, २. राक्षस, ३. याक्ष, ४. गान्धर्व, ५. ऐन्द्र, ६. सौम्य, ७. प्राजापत्य, ८. ब्राह्म[4] ॥ २२-२३ ॥

इसके बाद भगवान् प्रधान तत्त्व के अन्तर्गत आने वाले मण्डल को चर्चा कर रहे है—

---

१. स्व० १०।८८४; २. स्व० १०।८८१; ३. श्रीत० ८।२२५-२२६;
३. श्रीत० ८।२२६; ४. स्वच्छन्द तन्त्र १०।३५१

योगाष्टकं प्रधाने तु तत्रादावकृतं भवेत् ।
कृतं च वैभवं ब्राह्मं वैष्णवं तदनन्तरम् ॥ २४ ॥
कौमारभौमं श्रीकण्ठमिति योगाष्टकं तथा ।
पुरुषे वामभीमोग्रभवेशानैकवीरकाः ॥ २५ ॥
प्रचण्डोमाधवाऽजश्च अनन्तैकशिवावथ ।
क्रोधेशचण्डौ विद्यायां संवर्तो ज्योतिरेव च ॥ २६ ॥
कलातत्त्वे परिज्ञेयौ सुरपश्चान्तकौ परे ।
एकवीरशिखण्डीशश्रीकण्ठाः कालमाश्रिताः ॥ २७ ॥
महातेजःप्रभृतयो मण्डलेशानसंज्ञकः ।
मायातत्त्वे स्थितास्तत्र वामदेवभवोद्भवौ ॥ २८ ॥
एकपिङ्गेक्षणेशानभुवनेशपुरःसराः ।
अङ्गुष्ठमात्रसहिताः कालानलसमत्विषः ॥ २९ ॥

---

१. योगाष्टक[1]—१. अकृत, २. कृत, ३. वैभव, ४. ब्राह्म, ५. वैष्णव, ६. कौमार, ७. भौम और ८. श्रैकण्ठ ।

२. पुरुष तत्त्व के अष्टक इस प्रकार होते हैं—१. वाम, २. भीम, ३. उग्र, ४. भव, ५ ईश, ६. ईशान, ७. एक और ८ वीर ॥ २४-२५ ॥

३. विद्याष्टक—१. प्रचण्ड, २. माधव, ३. अज, ४. अनन्त, ५. एक ६. शिव, ७. क्रोधेश, ८. चण्डेश ।

४. कलातत्त्व के अष्टक—१. संवर्त्त, २. ज्योति, ३. कृतान्त, ४. जननाशक ५. मृत्युहर्त्ता ६. महाक्रोध, ७. दुर्जय[2], ८. अनन्त ।

५. कालतत्त्व—१. महातेज, २. एक, ३. वीर, ४. शिखण्डी, ५. ईश, ६. श्रीकण्ठ, ७. मण्डल, ८ ईशान ।

६. मायातत्त्व—वामदेव, भव, उद्भव, शर्व, एकवीर, पिङ्गेक्षण, ईशान और भुवनेश्वर।

ये सभी अङ्गुष्ठ मात्र शक्तियों से युक्त रहते हैं। इनकी शोभा कालानल की आभा के समान होती है ॥ २६-२९ ॥

---

१. स्व० १०।९८१; श्रीत० ८।२६८; २. स्व० १०।९७६

विद्यातत्त्वेऽपि पञ्चाहुर्भुवनानि मनीषिणः ।
तत्र हालाहलः पूर्वो रुद्रः क्रोधस्तथापरः ॥ ३० ॥
अम्बिका च अघोरा च वामदेवी च कीर्त्यते ।
ईश्वरे [1]पिवनाद्याः स्युरघोरान्ता महेश्वराः ॥ ३१ ॥
रौद्री ज्येष्ठा च वामा च तथा शक्तिसदाशिवौ ।
एतानि सकले पञ्च भुवनानि विदुर्बुधाः ॥ ३२ ॥
एवं तु सर्वतत्त्वेषु शतमष्टादशोत्तरम् ।
भुवनानां परिज्ञेयं संक्षेपान्न तु विस्तरात् ॥ ३३ ॥
शुद्धेनानेन शुद्ध्यन्ति सर्वाण्यपि न संशयः ।
सर्वमार्गविशुद्धौ तु कर्तव्यायां महामतिः ॥ ३४ ॥

---

७. अशुद्ध विद्यातत्त्व के भुवन—इसमें पाँच ही भुवनों की गणना की गयी है। इनमें १. हालाहल रुद्र भुवन, २. क्रोध नामक रुद्र का भुवन, ३. अम्बिका भुवन, ४. अघोरा भुवन और ५. वामदेवी भुवन हैं॥ ३०-३१ ॥

८. ईश्वर तत्त्व में पिवन से लेकर अघोर पर्यन्त महेश्वर भुवन हैं। परापरा मन्त्र में इन सबके नाम परिगणित हैं।

९. सकल में पाँच भुवन परिगणित हैं—१. रौद्री भुवन, २. ज्येष्ठा भुवन, ३. वामा भुवन, ४. शक्ति भुवन, और ५. सादाशिव भुवन।

ये पाँचों सकल तत्त्व में हैं—यह तथ्य सभी विवेकी पुरुषों को ज्ञात है॥ ३१-३२ ॥

इस प्रकार सभी तत्त्वों के अन्तर्गत कुल मिलाकर ११८ भुवन प्रकल्पित हैं। यहाँ इसका वर्णन अत्यन्त संक्षिप्त रूप से मैंने किया है। एक तरह से यह उल्लेख गिनाने के लिये ही किया गया है॥ ३३ ॥

स्वयं शुद्ध साधक 'हुँ फट्' बीज मन्त्र से सभी तत्त्वों और भुवनों का शोधन करता हुआ परमात्म भाव में प्रवेश कर जाता है। क्रमशः जब सारे मार्ग शुद्ध हो जाते हैं। महान् विवेकी मनीषी पुरुष इसमें निष्णात हो जाता है। वह दूसरे साधकों के पथ भी प्रशस्त करता रहता है।

---

१. क० ख० भुवनानि स्युरिति पाठः

सकलावधि संशोध्य शिवे योगं प्रकल्पयेत् ।
बुभुक्षोः सकलं ध्यात्वा योगं कुर्वीत योगवित् ॥ ३५ ॥
इत्येष कीर्तितो मार्गो भुवनाख्यस्य मे मतः ।

इति श्रीमालिनीविजयोत्तरे तन्त्रे भुवनाध्वाधिकारः पञ्चमः ॥ ५ ॥

सारा शोधन सकल पर्यन्त ही है । इसमें सिद्धि प्राप्त कर शिवयोग सम्पन्न हो जाना ही जीवन का चरम परम लक्ष्य है ॥ ३४ ॥

बुभुक्षु (भोगपूर्वक साधना में प्रवृत्त साधक) के लक्ष्य को दृष्टि में रखकर गुरुदेव उसे योग की शिक्षा दें । गुरु योगमार्ग का वेत्ता होता है । सकल पर्यन्त उसकी स्व स्तरीयता का ध्यान कर उसके कल्याण का मार्ग अपनाये और उसे शिवयोग सम्पन्न करें । भगवान शिव कहते हैं कि, देवि पार्वति ! मैंने भुवनाध्वा का संक्षिप्त वर्णन किया है। यह सारा कथन मेरी मान्यता के ही अनुरूप है ॥ ३५ ॥

परमेशमुखोद्भूतज्ञानचन्द्रमरीचिरूप श्रीमालिनीविजयोत्तरतन्त्रका
डॉ० परहंसमिश्रकृत नीर-क्षीर-विवेक भाषाभाष्य संवलित
भुवनाध्वा नामक पाँचवाँ अधिकार परिपूर्ण
॥ ॐ नमः शिवायै ॐ नमः शिवाय ॥

अथ षष्ठोऽधिकारः

अथास्य वस्तुजातस्य यथा देहे व्यवस्थितिः ।
क्रियते ज्ञानदीक्षासु तथेदानीं निगद्यते ॥ १ ॥

पादाधः पञ्चभूतानि व्याप्त्या द्व्यङ्गुलया न्यसेत् ।
धरातत्त्वं च गुल्फान्तमबादीनि ततः क्रमात् ॥ २ ॥

स्त्रौः

परमेशमुखोद्भूतज्ञानचन्द्रमरीचिरूपम्

श्रीमालिनीविजयोत्तरतन्त्रम्

डॉ० परमहंसमिश्रकृत नीरक्षीर-विवेक भाषा भाष्य संवलितम्

षष्ठोऽधिकारः

[६]

परमेश्वर परमशिव कह रहे हैं कि, पार्वति ! ज्ञान दीक्षा के सन्दर्भ में यह आवश्यक है कि, शिष्य के देह में तत्त्ववर्ग की अवस्थिति का स्वरूप क्या है ? किन-किन अङ्गों में कौन कौन तत्त्व प्रकृति द्वारा निहित कर दिये गये हैं ? इसका पूरा ज्ञान शिष्य साधक के लिये अनिवार्यतः आवश्यक होता है। गुरु दीक्षा के सन्दर्भ में इसकी शिक्षा देते हैं। मेरे द्वारा आज उसी का वर्णन किया जा रहा है। इसे ध्यान पूर्वक सुनो ॥ १ ॥

पैरों के निचले भाग में पञ्चमहाभूत का अवस्थान है। इनका न्यास वहाँ आवश्यक रूप से करना चाहिये। विधि क्रिया के द्वारा भगवान् इसका निर्देश कर रहे हैं। इसको व्याप्ति का क्षेत्र मात्र दो अङ्गुल है। इसके ऊपर का अङ्ग गुल्फ कहलाता है। गुल्फ को भाषा में घुट्ठी कहते हैं। यह गाँठ सी निकली रहती है और हड्डी की गोल आकृति में दोनों पैरों में होती है। यह जहाँ समाप्त होती

तद्वत्तदुपरिष्टात्तु पर्वषट्कावसानकम् ।
पुंस्तत्त्वात्कलातत्त्वान्तं तत्त्वषट्कं विचिन्तयेत् ॥ ३ ॥
ततो मायादितत्त्वानि चत्वारि सुसमाहितः ।
चतुरङ्गुलया व्याप्त्या सकलान्तानि भावयेत् ॥ ४ ॥
शिवतत्त्वं ततः पश्चात्तेजोरूपमनाकुलम् ।
सर्वेषां व्यापकत्वेन सबाह्याभ्यन्तरं स्मरेत् ॥ ५ ॥
षट्त्रिंशत्तत्त्वभेदेन न्यासोऽयं समुदाहृतः ।
अधुना पञ्च तत्त्वानि यथा देहे तथोच्यते ॥ ६ ॥

है, वहाँ एक धरातत्त्व का न्यास करना चाहिये। गुल्फ से ऊपर अप् आदि तत्त्वों का न्यास क्रमिक रूप से करना चाहिये ॥ २ ॥

गुल्फ से ऊपर अप् आदि तत्त्व न्यास किये जाते हैं। ये तत्त्व अप्, तेज (अग्नि), १+१+

वायु, व्योम, तन्मात्र, इन्द्रिय, अन्तःकरण और प्रकृति अर्थात् २३ तत्त्व के अनुसार १+१+५ +१०+३ +१

नाभि तक के छह पर्व आते हैं। नभि से ऊपर पुरुष, माया, नियति, राग विद्या और १+१ +१+ १+१

कला ये छः तत्त्व न्यस्त किये जाते हैं। कण्ठकूप तक ये ६ तत्त्व न्यस्त किया जाते १

हैं। इसके बाद माया सहित चार तत्त्व अर्थात् माया, शुद्धविद्या, ईश्वर और सदा- १+ १ १+ १

शिव न्यस्त किये जाते हैं। कण्ठकूप तक शरीर का ६८ अङ्गुल पूरा होता है। इसके ऊपर १६ अङ्गुल में चारों तत्त्वों का न्यास कर देने पर ८४ अङ्गुल के शरीर में सभी तत्त्व न्यस्त हो जाते हैं। इसके ऊपर शिवतत्त्व आता है। यह ऊर्ध्वाधः पूरे शरीर को व्याप्त करता है। शिवतत्त्व ही परम प्रकाशमय तत्त्व और अनामय तत्त्व है। इसे परम शान्त अर्थ में अनाकुल और सर्वव्यापक तत्त्व मानते हैं ॥ ३-५ ॥

इस तरह यह छत्तीस तत्त्वात्मक न्यास पूरा होता है।

नाभेरूर्ध्वं तु यावत्स्यात् [1]पर्वषट्कमनुक्रमात् ।
धरातत्त्वेन गुल्फान्तं व्याप्तं शेषमिहाम्बुना ॥ ७ ॥

द्वाविंशतिश्च पर्वाणि [2]तदूर्ध्वं तेजसावृतम् ।
तस्माद्द्वादश पर्वाणि वायुव्याप्तिरुदाहृता ॥ ८ ॥

आकाशान्तं परं शान्तं सर्वेषां व्यापकं स्मरेत् ।
शक्त्यादिपञ्चखण्डाध्वविधिष्वप्येवमिष्यते ॥ ९ ॥

त्रिखण्डे कण्ठपर्यन्तमात्मतत्त्वमुदाहृतम् ।
विद्यातत्त्वमतोर्ध्वं तु शिवतत्त्वं तु पूर्ववत् ॥ १० ॥

एवं तत्त्वविधिः प्रोक्तो भुवनाध्वा तथोच्यते ।
कालाग्नेर्वीरभद्रान्तं पुरषोडशकं ततः ॥ ११ ॥

इसके आगे भगवान् शिव यह बताना चाहते हैं कि, शरीर में पाँचों तत्त्व कैसे न्यस्त किये जा सकते हैं। गुल्फान्त धरातत्त्व, नाभि तक अम्बुतत्त्व, नाभि से ऊर्ध्व अग्नितत्त्व, कण्ठकूप तक २२ अङ्गुल मानकर न्यास करने का यहाँ निर्देश है।

उससे ऊपर १२ अङ्गुल वायु की व्याप्ति मानी जाती है। आकाश तत्त्व शक्ति तत्त्व पर्यन्त व्याप्त है। ऊपर की विधि योग में व्यवस्था के अनुसार ही ये पाँचों तत्त्व भी शरीर में गुरु के निर्देश के अनुसार न्यस्त किये जाते हैं॥ ६-९॥

शरीर को तीन खण्डों में परिकल्पित कर त्रितत्त्व विधि अपनायी जाती है। कण्ठ पर्यन्त आत्मतत्त्व का न्यास करना चाहिये। कण्ठ से ऊपर विद्यातत्त्व न्यस्त किया जाता है। शिव तत्त्व तो अनामय तत्त्व और सर्वव्यापक है। इसे ऊर्ध्व द्वादशान्त तक व्याप्त मानते हैं॥ १०॥

इस प्रकार तत्त्व विधि का वर्णन करने के उपरान्त भुवनाध्वा का वर्णन कर रहे हैं—

कालाग्नि से वीरभद्र पर्यन्त १६ पुर माने जाते हैं। इन्हें ऊपर की तरह गुल्फ पर्यन्त तक ध्यानपूर्वक प्रकल्पित कर न्यस्त करना चाहिये। इसके बाद

---

१. तन्त्रालोके पूर्वषट्कमिति पाठः ; २. तन्त्रालोके ततोर्द्धमिति पाठः

गुल्फान्तं विन्यसेद् ध्यात्वा यथावदनुपूर्वशः ।
तस्मादेकाङ्गुलव्याप्त्या लकुलीशावितः क्रमात् ॥ १२ ॥
विन्यसेत्तु द्विरण्डान्तं त्र्यङ्गुलं छगलाण्डकम् ।
ततः पादाङ्गुलव्याप्त्या देवयोगाष्टकं पृथक् ॥ १३ ॥
ततोऽप्यर्धाङ्गुलव्याप्त्या पुरषट्कमनुक्रमात् ।
चतुष्कं तु द्वयेऽन्यस्मिन्नेकमेकत्र चिन्तयन् ॥ १४ ॥
उत्तराविक्रमाद्द्वयेकभेदो विद्यादिके त्रये ।
काले प्रत्येकमुद्दिष्टमेकैकं तु यथाक्रमम् ॥ १५ ॥
मण्डलाधिपतीनां तु व्याप्तिरर्धाङ्गुला मता ।
त्रिभागन्यूनपर्वाख्या त्रितयस्य तथोपरि ॥ १६ ॥

एकाङ्गुल व्याप्ति क्रम से लकुलीश से द्विरण्ड पर्यन्त न्यास करना चाहिये। छगलाण्ड की व्याप्ति तीन अङ्गुल की मानी जाती है। इसके बाद सवा अङ्गुल की व्याप्ति में देवयोगाष्टक का न्यास होता है। इसके बाद आधी अङ्गुल की व्याप्ति में छह पुर न्यस्त होते हैं। पुनः दो में चार पुर न्यस्त होगा। आगे के क्रम में एक पुर का चिन्तन कर सबकी गणना कर लेनी चाहिये ॥ ११-१४ ॥

विद्यादिक जिन तीन तत्त्वों का न्यास होता है, उन्हें उत्तर के क्रम से न्यस्त करना चाहिये। जहाँ तक काल का प्रश्न है—इन्हें प्रत्येक एक-एक अङ्गुल की ही व्याप्ति माननी चाहिये। इसमें क्रम का ध्यान रखना चाहिये। व्यतिक्रम नहीं होना चाहिये। जो मण्डलों के अधिपति हैं, उनके न्यास के समय यह ध्यान रखना चाहिये कि, उनकी व्याप्ति आधे-आधे अङ्गुल में ही रहती है। वस्तुतः मण्डल-पूजा में मण्डलाधिपति की चर्चा की जाती है। इनकी पूजा ईशान से अग्निकोण पर्यन्त होती है[1]। इनमें तीन की अर्थात् त्रिभाग न्यून का तात्पर्य पूरी वस्तु के चार भाग कर तीन भाग न्यून करने से है। इसमें मात्र चौथा पर्व ही शेष रह जाता है। चतुर्थ भाग में तीन मण्डलाधिपति पूज्य हैं ॥ १५-१६ ॥

---

१. श्रीत० १६।९

द्वितीयस्य तु सम्पूर्णा पञ्चकं समुदाहृतम् ।
अष्टकं पञ्चकं चान्यदेवमेव विलक्षयेत् ॥ १७ ॥
भुवनाध्वविधावत्र पूर्ववच्चिन्तयेच्छिवम् ।
पदानि द्विविधान्यत्र वर्गविद्याविभेदतः ॥ १८ ॥
तेषां तन्मन्त्रवद्व्याप्तिर्यथेदानीं यथा शृणु ।
चतुरङ्गुलमाद्यं तु द्वे चान्यऽष्टाङ्गुले पृथक् ॥ १९ ॥
दशाङ्गुलानि त्रीण्यस्मादेकं[1] पञ्चदशाङ्गुलम् ।
चतुर्भिरधिकैरन्यन्नवमं व्यापकं महत् ॥ २० ॥

दूसरा मण्डलाधिपति कुबेर है यह उत्तर दिग्विभाग का स्वामी है। इसकी सम्पूर्ण व्याप्ति अपने मण्डल में है। इसी तरह पाचवाँ मण्डल भी पूज्य है। इसके अधिपति विकृति हैं। आठवाँ मण्डल इन्द्र का ही है। आठवें और पाँचवें की तरह शेष अर्थात् छठें और सातवें मण्डल और मण्डल-अधिपति की पूजा होती है ॥ १७ ॥

भुवनाध्वा विधि में भी शिव की उसी तरह पूजा और उनकी न्यास प्रक्रिया पूरो की जातो है। यहाँ यह भो जान लेना आवश्यक है कि, वर्ग और विद्या भेद से पद भो दो प्रकार के माने गये हैं ॥ १८ ॥

उनकी व्याप्ति को प्रकल्पना का आधार यही महातन्त्र ग्रन्थ है। इसी आधार पर श्रीतन्त्रालोक में भी पद विभाजन की चर्चा को गयो है।[2] उसके अनुसार नवपदी क्रम इस प्रकार जानना चाहिये।

क्रम पद	अङ्गुल व्याप्ति	योग
१. आद्यपद	चार अङ्गुल	४ अङ्गुल
२. द्वितीय पद	आठ अङ्गुल	८ अङ्गुल
३. अन्यत् अर्थात् तृतीय पद	आठ अङ्गुल	८ अङ्गुल
४. चतुर्थ पद	दश अङ्गुल	१० अङ्गुल
५. पञ्चम पद	दश अङ्गुल	१० अङ्गुल
६. षष्ठ पद	दश अङ्गुल	१० अङ्गुल
७. सप्तम पद	१५ अङ्गुल	१५ अङ्गुल
८. अष्टम पद	पन्द्रह से चार अधिक अर्थात् १९ अङ्गुल	१९ अङ्गुल
९. नवम पद	व्यापक	=कुल ८४ अङ्गुल

---

१. क० पु० एवं पञ्चदशेति पाठः; २. श्रीत० १६।२३३-२३४

ऊनविंशतिके भेदे पदानां व्याप्तिरुच्यते ।
एकैकं द्व्यङ्गुलं ज्ञेयं ततः पूर्वं पदत्रयम् ॥ २१ ॥
सप्ताङ्गुलानि[1] चत्वारि दशाङ्गुलमतः परम् ।
द्व्यङ्गुलं द्वे पदे चान्ये षडङ्गुलमतः परम् ॥ २२ ॥
द्वादशाङ्गुलमन्यच्च द्वेऽन्ये पञ्चाङ्गुले पृथक् ।
पदद्वयं चतुष्पर्व द्वे पूर्वे द्वे पृथक्ततः ॥ २३ ॥
व्यापकं पदमन्यच्च ..... तत्परिकीर्तितम् ।
अपरोऽयं विधिः प्रोक्तः परापरमतः शृणु ॥ २४ ॥
पूर्ववत्पृथिवीतत्त्वं विज्ञेयं चतुरङ्गुलम् ।
सार्धद्व्यङ्गुलमानानि धिषणान्तानि लक्षयेत् ॥ २५ ॥

इस प्रकार नवपदी व्याप्ति न्यास चौरासी अङ्गुल के शरीर में इसी क्रम से करना चाहिये ॥ १९-२० ॥

ऊनविंश पदों की व्याप्ति पर भी विशेष ध्यान देना चाहिये । उसका क्रम इस प्रकार है । एक-एक करके तीन पद २,२,२ अङ्गुलों का होता है । चार सात-सात ७,७,७,७ अङ्गुल क्रम से न्यास करने का विधान है । इसके बाद दश अङ्गुल १० अङ्गुल (३+७) की व्याप्ति मानी जाती है । दो पद एक-एक १,१ अङ्गुल, इसके बाद छह अङ्गुल की व्याप्ति शास्त्र सम्मत है । इसके आगे के दो पद अर्थात् चौदहवाँ और पन्द्रहवाँ पद ५, ५ अङ्गुल के होते हैं । इसके आगे के सोलहवें और सत्रहवें पद की व्याप्ति २, २ अङ्गुल की, १८वीं व्याप्ति १ अङ्गुल की और उन्नीसवाँ पद सर्वव्यापक माना जाता है । अपर विधि का यह क्रम यहाँ तक पूरा होता है । इसके बाद परापर विधि का निर्देश कर रहे हैं ॥ २१-२४ ॥

पूर्ववत् पृथ्वी तत्त्व चार अङ्गुल की व्याप्ति में ही न्यस्तव्य है । यह जानकारी सभी को होनी चाहिये । इसके बाद बुद्धि तत्त्व पर्यन्त ढाई-ढाई अङ्गुल की व्याप्ति में सारे तत्त्व न्यस्त करना चाहिये । प्रधान की व्याप्ति तीन अङ्गुल परिवेश की मानी जाती है । शेष का न्यास पूर्ववत् अर्थात् ढाई अङ्गुल का ही रहना चाहिये ॥ २४-२५ ॥

---

१. तन्त्रालोके अष्टाङ्गुलानीति पाठः

प्रधानं त्र्यङ्गुलं ज्ञेयं शेषं पूर्ववदादिशेत् ।
परेऽपि पूर्ववत्पृथ्वी त्र्यङ्गुलान्यपराणि च ॥ २६ ॥

चतुष्पर्व[1] प्रधानं च शेषं पूर्ववदाश्रयेत् ।
द्विविधोऽपि[2] हि वर्णानां षड्विधो भेद उच्यते[3] ॥ २७ ॥

तत्त्वमार्गविधानेन ज्ञातव्यः परमार्थतः ।
पदमन्त्रकलादीनां पूर्वसूत्रानुसारतः ॥ २८ ॥

त्रितयत्वं प्रकुर्वीत तत्त्ववर्णोक्तवर्त्मना ।

पर न्यास में भी इसी तरह की व्यवस्था गुरु को करनी चाहिये। शिष्य को अपने आदेश से गुरु निरन्तर अनुगृहीत करता रहे, यह आवश्यक है। पृथ्वी को अङ्गुलों के माप से चार अङ्गुल की व्याप्ति माननी चाहिये। अन्य तत्त्वों की व्याप्ति तीन अङ्गुल ही रहनी चाहिये ॥ २६ ॥

जहाँ तक प्रधान का प्रश्न है, यह चार अङ्गुल के क्षेत्र में न्यस्तव्य है। इसके ऊपर पूर्ववत् न्यास ही अपेक्षित है। यों तो वर्ण दो ही होते हैं—१. ध्वन्यात्मक और २. वर्णात्मक। इन्हीं से छः प्रकार के भेद हो जाते हैं। वर्णात्मक शब्द से वर्ण, पद और मन्त्र बनते हैं और ध्वन्यात्मक से कला, तत्त्व और भुवन उत्पन्न होते हैं। इस प्रकार से वर्ण, पद, मन्त्र, कला, तत्त्व और भुवन ये छह भेद हो जाते हैं ॥ २७ ॥

किन्तु वस्तु या तथ्य का ज्ञान मात्र ऊपरी नहीं होना चाहिये वरन् पारमार्थिक रूप से उसकी रहस्यात्मक गहराइयों में बैठकर करना चाहिये। उसका मार्ग यही तत्त्व सम्बन्धी चिन्तन ही है। पद, मन्त्र और कला आदि छह अध्वा का मार्ग ही सर्वोत्तम मार्ग है। इसकी चर्चा पूर्व क्षेत्र में सांकेतिक रूप से कर दी गयी है ॥ २८ ॥

त्रितयत्व प्रकर्त्तव्य का तात्पर्य छः अध्वाओं को तीन-तीन के दो भागों में बाँटने से ही है। अथवा यह भी कहा जा सकता है कि, ध्वन्यात्मक शब्द के तीन भेद और वर्णात्मक ध्वनि के भी तीन भेद होते हैं। यही त्रितयत्व है। इसका वर्त्म अर्थात् मार्ग भी तात्त्विक वर्णोक्ति ही है। इस त्रितयत्व का एक दूसरा तात्पर्य

---

१. क० पु० चतुष्पर्येति पाठः ; २. क० पु० द्विविधेऽपीति पाठः ।
३. क० पु० इष्यत इति पाठः ।

इत्थं भूतशरीरस्य गुरुणा शिवमूर्तिना ॥ २९ ॥
प्रकर्तव्या विधानेन दीक्षा सर्वफलप्रदा ।

इति श्रीमालिनीविजयोत्तरे तन्त्रे देहमार्गाधिकारः षष्ठः ॥ ६ ॥

पर, परापर और अपर से भी लगाते हैं। इसका मार्ग शरीर में अङ्गुल व्याप्ति का मायीय सिद्धान्त है, जिसके अनुसार तत्त्वों और वर्णों का न्यास करते हैं। इसको इस तरह समझ सकते हैं।



यही तत्त्व वर्णोक्ति का वर्त्म है, जिसके अनुसार त्रितयत्व प्रदर्शित हैं। भगवान् शिव कहते हैं कि, प्रिये पार्वति ! यही मार्ग है, जिससे विधि पूर्वक दीक्षा देनी चाहिये। दीक्षा सभी फलों अर्थात् भोगेच्छु का भोग और मरणोपरान्त मुक्ति देती है तथा मुमुक्षु को जीवन्मुक्ति प्रदान करती हैं।

परमेशमुखोद्भूत ज्ञानचन्द्रमरीचिरूप श्रीमालिनीविजयोत्तरतन्त्रका
डॉ० परमहंसमिश्रकृत नीर-क्षीर-विवेक भाषाभाष्य संवलित
देहमार्गाधिकार नामक छठाँ अधिकार परिपूर्ण
॥ ॐ नमः शिवायै ॐ नमः शिवाय ॥

अथ सप्तमोऽधिकारः

अथातः संप्रवक्ष्यामि मुद्राख्याः शिवशक्तयः ।
याभिः[1] संरक्षितो मन्त्री मन्त्रसिद्धिमवाप्नुयात् ॥ १ ॥

त्रिशूलं च तथा पद्मं शक्तिश्चक्रं सवज्रकम् ।
दण्डदंष्ट्रे महाप्रेता महामुद्रा खगेश्वरी ॥ २ ॥

महोदया कराला च खट्वाङ्गं सकपालकम् ।
हलं पाशाङ्कुशं घण्टा मुद्गरस्त्रिशिखोऽपरः ॥ ३ ॥

सौः

परमेशमुखोद्भूतज्ञानचन्द्रमरीचिरूपम्

श्रीमालिनीविजयोत्तरतन्त्रम्

डॉ० परमहंसमिश्रविरचित-नीर-क्षीर-विवेक-भाषा-भाष्य-समन्वितम्

सप्तमोऽधिकारः

[७]

भगवान् शङ्कर कहते हैं कि देवि ! पार्वति ! अब मैं तुम्हें उन शिवशक्तियों के विषय में कहने जा रहा हूँ, जिन्हें 'मुद्रा' कहते हैं। ये मुद्रायें मात्र कायिक कलायें नहीं अपितु इनके द्वारा मन्त्र का साधक सुरक्षित रहता है और निर्विघ्न मन्त्र जप कर अपने उद्देश्य की उपलब्धि में सफल हो जाता है ॥ १ ॥

जिन मुद्राओं के सम्बन्ध में मैं तुम्हें यहाँ बतलाने जा रहा हूँ, उनके नाम इस प्रकार हैं। इन्हें ध्यान पूर्वक अपने हृदय में निहित कर इनकी विशेषताओं का आकलन करना—

१. त्रिशूल, २. पद्म, ३. शक्ति, ४. चक्र, ५. वज्र, ६. दण्ड, ७. दंष्ट्रा, ८. महाप्रेता, ९. खगेश्वरी, १०. महोदया, ११. कराला, १२. खट्वाङ्ग, १३. कपाल, १४. हल, १५. पाश, १६. अङ्कुश, १७. घण्टा, १८. मुद्गर, त्रिशिखेश्वर,

---

१. स्वच्छ. याभिस्तु रक्षित इति पाठः ।

आवाहस्थापनीरोधा द्रव्यदा नतिरेव च ।
अमृता योगमुद्रेति विज्ञेया वीरवन्दिते ॥ ४ ॥

तर्जनीमध्यमानामा दक्षिणस्य प्रसारिताः ।
कनिष्ठाङ्गुष्ठकाक्रान्तास्त्रिशूलं परिकीर्तितम् ॥ ५ ॥

पद्माकारौ करौ कृत्वा पद्ममुद्रां प्रदर्शयेत् ।
संमुखौ प्रसृतौ कृत्वा करावन्तरिताङ्गुली ॥ ६ ॥

प्रसृते मध्यमे लग्ने कौमार्याः शक्तिरिष्यते ।
उत्तानवाममुष्टेस्तु दक्ष ... ... ॥ ७ ॥

... ... क्षयेन्मुष्टि चक्रं नाराचं ... ... ।
उत्तानवामकस्योर्ध्वं न्यसेद्दक्षमधोमुखम् ॥ ८ ॥

---

१९. आवाहनी, २०. स्थापनी, २१. रोधा, २३. द्रव्यदा, २४. नति, २५. अमिता (अमृता) २६. योगमुद्रा ।

हे वीर श्रेणी के महासाधकों द्वारा वन्दिते पार्वति ! ये प्रमुख मुद्रायें हैं । इनका प्रयोग मन्त्र जप के पहले अनिवार्यतः आवश्यक माना जाता है ॥ २-४ ॥

इनकी क्रमिक निर्माण विधि का उल्लेख आगे श्लोकों में किया गया है, जो इस प्रकार है—

१. त्रिशूल—तर्जनी, मध्यमा और अनामा ये तीन दक्ष बाहु की अङ्गुलियाँ प्रसारित की जाय । शेष कनिष्ठिका को अङ्गुष्ठ से दबाकर हथेली ऊपर उठाने पर यह त्रिशूल मुद्रा बनती है ॥ ५ ॥

२. पद्म—हाथों की दशों अङ्गुलियों को खिले हुए कमल का रूप देने पर पद्ममुद्रा का प्रदर्शन किया जाता है ॥ ५½ ॥

३. शक्तिमुद्रा—दोनों हाथों को सामने फैलाकर अङ्गुलियों को मोड़ते हुए केवल मध्यमा में कनिष्ठिका लगी रहने की अवस्था को शक्ति मुद्रा कहते हैं ॥ ६-७ ॥

४. चक्र—वाम मुष्टि को उत्तान करके दक्ष बाहु को आगे प्रसृत कर उसी पर वाममुष्टि परिलक्षित करें तो चक्र मुद्रा होती है। इस अवस्था में दक्ष मुष्टि नीचे की ओर मुख कर रखनी चाहिये ॥ ७ ॥

कनिष्ठाङ्गुष्ठकौ श्लिष्टौ शेषाः स्युर्मणिबन्धगाः ।
वज्रमुद्रेति विख्याता चैन्द्री संतोषकारिका ॥ ९ ॥

ऊर्ध्वप्रसारितो मुष्टिर्दक्षिणोऽङ्गुष्ठगर्भगः ।
दण्डमुद्रेति विख्याता वैवस्वतकुलप्रिया ॥ १० ॥

वामतो वक्त्रगां कुर्याद्वाममुष्टेः कनिष्ठिकाम् ।
दंष्ट्रेयं कीर्तिता देवि चामुण्डाकुलनन्दिनी ॥ ११ ॥

वामजानुगतं पादं हस्तौ पृष्ठप्रलम्बिनौ ।
विकृते लोचने ग्रीवा भग्ना जिह्वा प्रसारिता ॥ १२ ॥

सर्वयोगिगणस्येष्टा प्रोता योगीश्वरी मता ।
हस्तावधोमुखौ पद्भ्यां हृदयान्तं नयेद्बुधः ॥ १३ ॥

तिर्यग्मुखान्तमुपरि संमुखावूर्ध्वगौ नयेत् ।
महामुद्रेति विख्याता देहशोधनकर्मणि ॥ १४ ॥

---

५. **वज्रमुद्रा**—उत्तान वाम को अधोमुख, दक्ष कर के ऊपर न्यस्त करना चाहिये। कनिष्ठा और अङ्गुष्ठ श्लिष्ट रहे। शेष मणिबन्ध की ओर रखी गयी हों तो इस अङ्गुलियों की अवस्था को वज्रमुद्रा कहते हैं ॥ ८-९ ॥

६. **दण्ड मुद्रा**—अङ्गुलियों को मुष्टि की मुद्रा में बाँधकर जिसमें अंगूठा मुष्टि गर्भ में रहते हैं। यह वैवस्वत कुलप्रिया मुद्रा है ॥ १० ॥

७. **दंष्ट्रा**—बायीं मुट्ठी की कनिष्ठिका को वक्त्र की दिशा में ऊपर उठाने पर द्रंष्ट्रा मुद्रा बनती है। इसे चामुण्डाकुलनन्दिनी कहते हैं ॥ ११ ॥

८. **महाप्रेता**—१. बाँयें घुटने पर पैर रखना चाहिये। २. हाथों को पीठ की ओर लटका देना चाहिये। ३. आँखें पूर्ण रूप से खोल देना चाहिये। ४. गरदन को मोड़कर नोची कर लेनी चाहिये। ५. जीभ को काली की तरह बाहर निकालना चाहिये। ६. इन पाँचों मुद्राओं के बन्ध में तन्मय होकर एकाकार हो जाय। यह सभी योगियों को प्रिय मुद्रा है। इसे प्रोता कहिये, प्रेता कहिये एक ही बात है। यह योगीश्वरी मुद्रा मानी जाती है ॥ १२-१२½ ॥

९. **महामुद्रा**—१. हाथों को अधोमुख रखें। २. पैरों को हृदय के छोर तक ले जाँय। ३. फिर वहाँ से तिर्यग्रूप से मुखाग्र की ओर ऊर्ध्वग रखते हुए स्थिर

सर्वकर्मकरी चैषा योगिनां योगसिद्धये ।
बद्धा पद्मासनं योगी नाभावक्षेश्वरं न्यसेत्[1] ॥ १४ ॥
दण्डाकारं तु तं [2]भावं नयेद्यावत्कखत्रयम् ।
निगृह्य तत्र तत्तूर्णं प्रेरयेत् खत्रयेण तु ॥ १६ ॥
एतां बध्वा महावीरः खेगतिं प्रतिपद्यते ।
अधोमुखस्य वक्षस्य वाममुत्तानमूर्ध्वतः ॥ १७ ॥
अनामामध्यमे तस्य वामाङ्गुष्ठेन पीडयेत् ।
तर्जन्या तत्कनिष्ठां च तर्जनीं च कनिष्ठया ॥ १८ ॥
मध्यमानामिकाभ्यां च तदङ्गुष्ठं निपीडयेत् ।
मुद्रा महोदयाख्येयं महोदयकरी नृणाम् ॥ १९ ॥

करें। इससे पूरे शरीर का शोधन हो जाता है। इसीलिये इसे महामुद्रा कहते हैं। यह योगसिद्धि हेतु बड़ी प्रसिद्ध मुद्रा है ॥ १३-१४ ॥

१०. खगेश्वरी मुद्रा—पद्मासन सिद्ध व्यक्ति ही इसे कर सकता है। सर्वप्रथम पद्मासन लगाकर आसन असीन हो जाये। नाभि में अक्षेश्वर का स्मरण प्रारम्भ करें। उसका न्यास भी वहाँ करें। वहाँ से उसे दण्डाकार भाषित कर कखत्रय भूमि तक इसे ले जाय। खत्रय व्यापिनी, समना और उन्मना भाव को मानते हैं। वस्तुतः क-ख भाव आज्ञा के बिन्दु भाव से प्रारम्भ होकर शक्तिपर्यन्त होते हुए ऊपर पहुँचता है। उसे अर्थात् प्राणरूपी अक्षेश्वर को इन त्रिकों से प्रेरित करें। इस अवस्था में योगी खेचरी भाव प्राप्त कर लेता है ॥ १५-१६½ ॥

११. महोदया—दक्ष हथेली अधोमुख, उसके ऊपर वाम हथेली को उत्तान रखकर ही अनामा और मध्यमा को सम अङ्गुष्ठ से दबाये या ऊपर की ओर पीड़ित करें। पुनः दाहिने की तर्जनी से बाँयीं कनिष्ठिका को दबायें। और बाँयी तर्जनी से दाहिनी कनिष्ठा को और दायीं तर्जनी बायीं कनिष्ठा को पीड़ित करें। बायीं मध्यमा और अनामिका को दाहिने अङ्गुष्ठ से दबायें। इस प्रकार की मुद्रा दाहिनी हथेली पर वाम उत्तान हथेली को रखने पर ही बन सकती है। इस मुद्रा को महोदया मुद्रा कहते हैं ॥ १७-१९ ॥

---

१. तं० क्षिपेदिति पाठः ;　　२. ख० पु० तं० च, तं तावदिति पाठः

अनामिकाकनिष्ठाभ्यां सृक्कण्यौ प्रविदारयेत् ।
जिह्वां च [1]चालयेन्मन्त्री हाहाकारं च कारयेत् ॥ २० ॥

क्रुद्धदृष्टिः करालेयं मुद्रा दुष्टभयङ्करी ।
वामस्कन्धगतौ वाममुष्टिरुच्छ्रिततर्जनी ॥ २१ ॥

खट्वाङ्गाख्या स्मृता मुद्रा कपालमधुना शृणु ।
निम्नं पाणितलं [2]दक्षमीषत्संकुचिताङ्गुलि ॥ २२ ॥

कपालमिति विज्ञेयमधुना हलमुच्यते ।
मुष्टिबद्धस्य दक्षस्य तर्जनी वाममुष्टिना ॥ २३ ॥

वक्रतर्जनिना ग्रस्ता हलमुद्रेति कीर्तिता ।
मुष्टद्या [पृष्ठ]गयोर्दक्षवामयोस्तर्जनोद्वयम् ॥ २४ ॥

---

१२. **करालः**—दोनों अनामिका और कनिष्ठिकाओं से दोनों ओर के ओष्ठ कोणों के भीतर डालकर दोनों ओर खींचे। उसी अवस्था में जीभ को चलायें। साथ में हा हा की ध्वनि भी कण्ठ से निकालता रहे। दृष्टि में क्रोध की मुद्रा का तनाव व्यक्त हो रहा हो। इस स्थिति में अङ्गुलियाँ, होंठ और आँखों के साथ शरीर में भी कुछ तनाव प्रतीत होता है। यह दुष्टजनों के मन में भी भय उत्पन्न कर देती हैं। इसीलिये इसे दुष्ट भयङ्करी कहते हैं ॥ २०-२०½ ॥

१३. **खट्वाङ्ग मुद्रा**—बाँयें कन्धे पर बाँयीं मुट्ठी को इस प्रकार रखें, ताकि उस मुट्ठी की तर्जनी ऊपर उठा हुई हो। इस मुद्रा को खट्वाङ्ग मुद्रा कहते हैं ॥ २१ ॥

१४. **कपाल मुद्रा**—दाहिनी हथेली का तल अधोमुख हो, इसकी अङ्गुलियाँ कुछ-कुछ सङ्कुचित दशा में मुड़ी-मुड़ी सी हों तो, इस दशा में बनने वाली मुद्रा को कपाल मुद्रा कहते हैं ॥ २२ ॥

१५. **हल**—दक्ष हस्त की बँधी मुट्ठी की तर्जनी को बाम बँधी मुट्ठी की टेढ़ी तर्जनी से ग्रस्त करें। यह मुद्रा हलमुद्रा कहलाती है ॥ २३ ॥

---

१. क० पु० जिह्वां च लालयेदिति पाठः ।
२. स्व० दक्ष मीषत्तत्कुञ्चिताङ्गुलिम् इति पाठः ।

वामाङ्गुष्ठाग्रसंलग्नं पाशः प्रसृतकुञ्चितः ।
हले मुष्टिर्यथा वामो दक्षहीनस्तथाङ्कुशः ॥ २५ ॥

अधोमुखस्थिते वामे दक्षिणां तर्जनीं बुधः ।
चालयेन्मध्यदेशस्थां घण्टामुद्रा प्रिया मता ॥ २६ ॥

करावूर्ध्वमुखौ कार्यावन्योन्यान्तरिताङ्गुली ।
अनामे मध्यपृष्ठस्थे तर्जन्यौ [1]मूलपर्वगे ॥ २७ ॥

मध्यमे[2] द्वे युते कार्ये कनिष्ठे परुषावधि ।
तर्जन्यौ मध्यपार्श्वस्थे विरले परिकल्पिते ॥ २८ ॥

---

१६. पाश —यह मुद्रा गायत्री मन्त्र को भी मुद्रा हैं। इसमें दोनों हाथों की मुट्ठियाँ बँधी हुई सी हों और बायीं मुट्ठी को तर्जनी को दायें हाथ की मुट्ठी की तर्जनी से बाँयें अङ्गुष्ठ के ऊपर ही एक दूसरे को ओर खींचा जाय, तो पाशमुद्रा बनती है यह स्वयं बद्ध पाश है ॥ २४ ॥

१७. अङ्कुश मुद्रा—हल मुद्रा में दाहिने हाथ की मुट्ठी और बाँयें हाथ की मुट्ठियों का जैसा प्रयोग करते हैं, वैसा इसमें नहीं है। इसमें दक्षहीन केवल वाम मुट्ठी की तर्जनी को वक्र उठाते हैं। उसी समय यह मुद्रा बन जाती है ॥ २५ ॥

१८, घण्टा—वाम हथेली अधोमुख करें। उसी अवस्था में नीचे दाहिने हाथ की संकुचित अङ्गुलियों वाली हथेली की तर्जनी को नीचे की तरफ करके पेण्डुलम की तरह चलावें। यही घण्टा नाम की मुद्रा है। यह बड़ी प्रिय मुद्रा मानी जाती है ॥ २६ ॥

१९. मुद्गर—यह मुद्रा भी गायत्री मन्त्र की प्रथम प्रयुज्यमान मुद्राओं में से एक है किन्तु उसकी बनावट में और इस तन्त्र में वर्णित प्रकार में बहुत अन्तर है। इसके अनुसार दोनों हाथों को ऊर्ध्व मुख कर एक दूसरे की अङ्गुलियों का मेलन रूप ग्रथन करें। दोनों अनामिकाओं को हथेलियों की पीठ पर सटा दें। दोनों तर्जनियों से अङ्गुष्ठमूल को गोल आवृत कर लें। दोनों मध्यमाओं को मिलाकर खड़ा कर लें। कनिष्ठा को सन्धि पर्यन्त स्थिति में ले आवें। इस प्रकार की बनने वाली मुद्रा को मुद्गर मुद्रा कहते हैं। यह त्रिशिख होती है और क्षण भर में एक आनन्दप्रद आवेश से भर देती है ॥ २७-२८½ ॥

---

१. स्व० मलपर्वत इति पाठः ; २. स्व० मध्ये द्व तु युत इति, परुषावपि इति पाठः

मुद्गरस्त्रिशिखो[1] ह्येष क्षणादावेशकारकः ।
कराभ्यामञ्जलिं कृत्वा अनामामूलपर्वगौ ॥ २९ ॥

अङ्गुष्ठौ कल्पयेद्विद्वान्मन्त्रावाहनकर्मणि ।
मुष्टी द्वावुन्नताङ्गुष्ठौ स्थापनी परिकीर्तिता ॥ ३० ॥

द्वावेव गर्भगाङ्गुष्ठौ विज्ञेया संनिरोधिनी ।
द्रव्यदा तु समाख्याता ... त्र संमुखी ॥ ३१ ॥

हृदये संमुखौ हस्तौ संलग्नौ प्रसृताङ्गुली ।
नमस्कृतिरियं मुद्रा मन्त्रवन्दनकर्मणि ॥ ३२ ॥

---

२०. आवाहनी मुद्रा—दोनों हाथों की अंजली बनाइये। दोनों अनामिकाओं के मूल पर्व में अंगूठों को सटा दीजिये। यह मुद्रा मन्त्रों के आवाहन में प्रयुक्त होती है ॥ २९ ॥

२१. स्थापनी—दोनों हाथों की ऐसी मुट्ठियों को मुद्रा बनाइये, जिसमें दोनों मुट्ठियाँ आमने-सामने सटी हों और दोनों के अंगूठे उठे हुए हों। इस मुद्रा को स्थापनी कहते हैं ॥ ३० ॥

२२. सन्निरोधिनी [रोधा]—यदि स्थापनी के बदले अंगूठों को मुष्टिगर्भ में डाल दीजियेगा, तो यह संनिरोधिनी हो जाती है।

२३. द्रव्यदा मुद्रा—जब निरोधिनी मुद्रा संमुखीना प्रकल्पित करते या बनाते हैं, तो इसे द्रव्यदा कहते हैं। श्लोक में खण्डित स्थान पर 'निरोधिन्यत्र' पाठ होना चाहिये ॥ ३१ ॥

२४. नति मुद्रा—हृदय पर दोनों प्रसृताङ्गुलि हाथों को स्पर्श मुद्रा में रखने से यह मुद्रा आकार ग्रहण करती है। इसमें नमस्कृति की भावना होनी चाहिये। इसका प्रयोग मन्त्र या देववन्दन के सन्दर्भ में करना चाहिये ॥ ३२ ॥

---

१. क० पु० स्त्रिशिर इति पाठः ।

अन्योन्यान्तरिताः सर्वाः करयोरङ्गुलीः स्थिताः ।
कनिष्ठां दक्षिणां वामेऽनामिकाग्रे नियोजयेत् ॥ ३३ ॥
दक्षिणे च तथा वामां तर्जनीमध्यमे तथा ।
अङ्गुष्ठौ मध्यमूलस्थौ मुद्रेयममृतप्रभा ॥ ३४ ॥
दक्षिणं नाभिमूले तु वामस्योपरि संस्थितम् ।
तर्जन्यङ्गुष्ठकौ लग्नौ उच्छ्रितौ योगकर्मणि ॥ ३५ ॥

---

२५. **अमृतप्रभा, अमृता या अमिता**—दोनों हाथों की सारी अङ्गुलियाँ एक के बाद एक अन्तर पर अन्तरित स्थिति में पहले ले आना चाहिये। दाहिनी कनिष्ठिका वाम अनामिकाग्र में नियोजित करें। दक्ष अनामिकाग्र में वामा कनिष्ठिका को नियोजित करें। इसी तरह तर्जनी और मध्यमा को भी नियोजित करें। दोनों अंगूठे मध्य मूल में नियोजित किये जाँय। इस तरह बनने वाली मुद्रा को अमृत प्रभा कहते हैं ॥ ३४ ॥

२६. **योगमुद्रा**—योग मुद्रा के केन्द्र में योगकर्म को सिद्धि का ही उद्देश्य है। योगियों को योग सिद्धि में सहायक महामुद्रा का उल्लेख बिन्दु संख्या ९ में किया गया है। योगमुद्रा नाम से इसको सिद्धि का प्रकार भी यहाँ नये रूप में प्रदर्शित है—

बाँयें हाथ को नाभिमूल से सटाकर साथ ही उसकी अंगुलियों को सटाये हुए ही फैला लीजिये। उसके बीचोबीच दाहिने हाथ को कुहनी रखकर हाथ मुख के ऊपर ललाट तक ले जाइये। आज्ञा चक्र के केन्द्र बिन्दु के पास अङ्गुष्ठ-तर्जनी के अग्रभाग सटाकर वज्रासन पर ध्यान मग्न हो जाइये। योगसिद्धि का वरदान आपको सुलभ होने लगेगा ॥ ३५ ॥

भगवान् शङ्कर कह रहे हैं कि, पार्वति ! मन्त्र या योग साधक इन मुद्राओं को गाँठ बाध लें। इन मुद्राओं के प्रारम्भ के पहले एक मन्त्र प्रति मुद्रा के प्रारम्भ में कम से कम ग्यारह बार जप लेना चाहिये। वह मन्त्र है—

एवं मुद्रागणं मन्त्री बध्नीयाद्धृदये बुधः ।
सर्वासां वाचकश्चासां ओं ह्रीं नाम ततो नमः ॥ ३६ ॥

इति श्रीमालिनीविजयोत्तरे तन्त्रे मुद्राधिकारः सप्तमः ॥ ७ ॥

ॐ ह्रीं (मुद्रा का नाम चतुर्थी विभक्ति के साथ) जैसे योगमुद्रायै नमः । पूरा मन्त्र "ॐ ह्रीं योग मुद्रायें नमः" बनता है । इस बीज म के प्रयोग से मुद्राओं में ऊर्जा भर जाती है । अतः इस मन्त्र का बड़ा महत्त्व है ॥ ३६ ॥

परमेशमुखोद्भूत ज्ञानचन्द्रमरीचिरूप श्रीमालिनीविजयोत्तरतन्त्रका
डॉ० परमहंस मिश्र कृत नीर-क्षीर विवेक भाषा-भाष्य संवलित
'मुद्राधिकार' नामक सातवाँ अधिकार सम्पन्न ॥ ७ ॥
॥ ॐ नमः शिवायै ॐ नमः शिवाय ॥

अथ अष्टमोऽधिकारः

अथातः संप्रवक्ष्यामि यजनं सर्वकामदम् ।
यस्य दर्शनमात्रेण योगिनीसंमतो भवेत् ॥ १ ॥

तत्रादौ यागसदनं शुभक्षेत्रे मनोरमम् ।
कारयेदग्निकुण्डेन वर्तुलेन समन्वितम् ॥ २ ॥

सौः

परमेशमुखोद्भूतज्ञानचन्द्रमरीचिरूपम्

श्रीमालिनीविजयोत्तरतन्त्रम्

डॉ० परमहंसमिश्रविरचित-नीर-क्षीर-विवेक-भाषा-भाष्य-समन्वितम्

अष्टमोऽधिकारः

[८]

भगवान् भूत भावन शङ्कर कहते हैं, प्रिये पार्वति ! इसके आगे मैं तुम्हारी जिज्ञासा के अनुसार सभी कर्मों के फल प्रदान करने के उद्देश्य से प्रवर्त्तित यजन-प्रक्रिया के सम्बन्ध में उपदेश करूँगा। यह ऐसी प्रक्रिया है, जिसको करना तो दूर, मात्र देखना भी महत्त्वपूर्ण है। यजन प्रक्रिया का दर्शन भी योगिनी संमत हो जाता है। रूप, रस, गन्ध, स्पर्श और शब्द तन्मात्राओं की शारीरिक संरचना की रक्षा योगिनियाँ ही करती हैं[1]। योग मार्ग को प्रवर्त्तिकायें योगिनियाँ ही होती हैं। वे प्रायः इस मार्ग पर आने वालों को परीक्षा के लिये कुछ विकार[2] उपस्थित करती हैं किन्तु इस प्रक्रिया का दर्शक भी उनका प्रिय पात्र बन जाता है ॥ १ ॥

सन्दर्भ यजन का है। इसमें सर्वप्रथम याग सदन पर विचार किया जा सकता है। अतः आदि में अर्थात् प्रस्तुत अधिकार के प्रारम्भ में याग सदन पर

---

१. श्रीदुर्गासप्तशती कवच मन्त्र (रसे रूपे च गन्धे च शब्दे स्पर्शे च योगिनी)।

२. विकुर्वन्ति मरीचयः।

पञ्चविंशतिपर्वेण सप्तान्तावर्धनाभिना ।
तुर्यांशमेखलेनापि पर्वौष्ठेन सुशोभिना ॥ ३ ॥
ततः स्नात्वा जितद्वन्द्वो भावस्नानेन मन्त्रवित् ।
तच्च षड्विधमुद्दिष्टं भस्मस्नानाद्यनुक्रमात् ॥ ४ ॥
भस्मस्नानं महास्त्रेण भस्म सप्ताभिमन्त्रितम् ।
मलस्नानाय संहारक्रमेणोद्धूलयेत्तनुम् ॥ ५ ॥

विचार कर रहे हैं। याग सदन जहाँ भी निर्मित हो, वह क्षेत्र अत्यन्त मनोरम और रमणीय होना चाहिये। साथ ही शुभ हो अर्थात् कल्याणकारी क्षेत्र होना चाहिये। उसमें जो अग्नि कुण्ड बने, वह कुण्ड भी गोल होना चाहिये या बनवाना चाहिये ॥ २ ॥

कुण्ड निर्माण प्रक्रिया के सम्बन्ध में ही भगवान् आगे कह रहे हैं कि, कुण्ड में पञ्चविंशति पर्व अर्थात् २५ अङ्गुल की सीमा भी आवश्यक है। यह कम से कम है। २५ अङ्गुल में सवा हाथ होते हैं। 'अर्धनाभि' यह पारिभाषिक शब्द है और कुण्ड निर्माताओं की विधि के सन्दर्भ को व्यक्त करता है। चतुर्थांश की मेखला का भी विधान अपनाना चाहिये। निर्मिति की प्रक्रिया को और भी सुशोभित करने के लिए कुण्ड के चतुर्दिक् एक अङ्गुल चौड़ा भाग चारों ओर बनाना चाहिये ॥ ३ ॥

याग सदन में प्रवेश के पहले स्नान की विधि पूरी करनी चाहिये। यज्ञकर्त्ता यजमान उस समय सारी सांसारिक सुख-दुःखादि चिन्ताओं पर विजय प्राप्त कर अर्थात् निश्चिन्त और एकनिष्ठ होकर याग सदन में प्रवेश की तैयारी में जुट जाय। स्नान की विधियाँ अनेक होती हैं। किसी प्रकार का स्नान हो, शुचिता ही उसका उद्देश्य है। यदि वह मन्त्रवित् है, तो मन्त्र द्वारा वह भावात्मक स्नान से पवित्र हो सकता है।

ये स्नान मुख्यतया छहः प्रकार के माने जाते हैं। भस्म स्नान आदि ये सभी स्नान महत्त्व पूर्ण हैं। इन्हें क्रमिक रूप से जान लेना आवश्यक हे। आवश्यकता के अनुसार इनका प्रयोग करना चाहिये ॥ ४ ॥

इनमें पहला स्नान भस्मस्नान है। भस्म को महास्त्र मन्त्र से अभिमन्त्रित करना आवश्यक है। अभिमन्त्रित करने पर ही उसमें पवित्र करने की क्षमता

विद्याङ्गैः पञ्चभिः पश्चाच्छिरःप्रभृति गुण्ठयेत् ।
अभिषेकं तु कुर्वीत [1]मूलेनैव षडङ्गिना ॥ ६ ॥

ततोऽवासाः सुवासा वा हस्तौ पादौ च धावयेत् ।
आचम्य मार्जनं कुर्याद्विद्यया भूरिवर्णया ॥ ७ ॥

न्यासं कृत्वा तु सामान्यमघमर्षं द्वितीयया ।
उपस्थानं च मालिन्या जपेच्चैकाक्षरां पराम् ॥ ८ ॥

उत्पन्न होती है। यह अभिमन्त्रण सात बार करना होता है। मल के प्रक्षालन के लिये संहार क्रम का प्रयोग करते हैं। यह अब सम्प्रदायसिद्ध प्रयोग मान लिया गया है। उस सम्प्रदाय के साधु प्रतिदिन उसी क्रम से स्नान करते हैं। प्रायः अखाड़ों के नागा साधु यही विधि अपनाते हैं। गृहस्थ इसे नहीं करते ॥ ५ ॥

या तो पैरों से प्रारम्भ कर सारे शरीर को उद्धूलित करते हुए अथवा गीला होने के बाद रगड़ कर उसे सुखाते हुए पाँचों विद्याङ्गों से अभिमन्त्रित करते हुए शिर से लेकर पैर तक भस्म से अवगुण्ठित करना चाहिये। मुख्य रूप से १. शिर, २. मुख, ३. हृदय, ४. गुह्याङ्ग और ५. पैर—ये वे स्थान है। इन्हें पञ्चाङ्ग कहते हैं। इस पर भस्म स्नान का क्रमिक प्रयोग करते हैं। इसमें संहार क्रम ही अपेक्षित है। इसे तैजस स्नान भी कहते हैं। मूलमन्त्र से स्नानात्मक अभिषेक भी करते हैं। षडङ्ग हृदयादि मन्त्र से जल को अभिमन्त्रित कर उससे हाथ पैर धोकर आचमन तर्पण आदि भी करना चाहिये। 'मूलेनैव' पाठ के अनुसार मूलमन्त्र का प्रयोग अपेक्षित होता है ॥ ६ ॥

इसके बाद चाहे तो नग्न दिगम्बर अथवा वस्त्रों से सज्जित होकर हाथ पैर धोकर आचमन करके 'भूरिवर्णा' विद्या अर्थात् मालिनी विद्या से मार्जन करना चाहिये ॥ ७ ॥

सामान्य न्यास करने के बाद अघमर्षण की प्रक्रिया भी अपनानी चाहिये। मालिनी से उपस्थान करने के बाद एकाक्षरा परा विद्या का जप करना आवश्यक माना जाता है ॥ ८ ॥

---

१. क०पु० जलेनैवेति पाठः ।

जलस्नानेऽपि चास्त्रेण मृदं सप्ताभिमन्त्रिताम् ।
पूर्ववत्तनुमालभ्य मलस्नानं समाचरेत् ॥ ९ ॥
विधिस्नानादिकं चात्र पूर्ववत् किंतु वारिणा ।
साधारणविधिस्नातो विद्यात्रितयमन्त्रितम् ॥ १० ॥
तोयं विनिक्षिपेन्मूर्ध्नि मन्त्रस्नानाय मन्त्रवित् ।
रजसा [1]गोधुतेनैव वायव्यं स्नानमाचरेत् ॥ ११ ॥
महास्त्रमुच्चरन् गच्छेद्ध्यानयुक् पदसप्तकम् ।
तदेव पुनरागच्छेदनुस्मृत्य परापराम् ॥ १२ ॥

जहाँ तक जल स्नान का प्रश्न है, अस्त्र मन्त्रों से सात बार मृदा को अभिमन्त्रित कर भस्मस्नानवत् पूरा शरीर पूरी तरह हाथों से मलना चाहिये। इससे मल का निराकरण होता है। अतः मलस्नान कहते हैं ॥ ९ ॥

वारि द्वारा किया हुआ स्नान जल स्नान कहलाता हैं। इसकी भी विधि है। संकल्प आदि पूरा करने के बाद परा, परापरा और अपरा विद्याओं से अभिमन्त्रित जल से स्नान करना विधि स्नान होता है। वही विधि स्नान कहलाता है ॥ १० ॥

मन्त्र स्नान के लिये उद्यत स्नानार्थी जो स्वयं भी मन्त्र जानता है, सर्वप्रथम जल को मूर्द्धा भाग पर ही उड़ेलना चाहिये। यदि वायव्य स्नान ही अपेक्षित हो, तो गोधूलि वेला में गायों की खुर से उड़ने वाली धूल से ही नहाना श्रेयस्कर होता है[2] ॥ ११ ॥

गोरज स्नान के लिये ध्यानमग्न होकर सात पद आगे चले और सात पद पुनः पीछे को ओर पश्चात् पद गतिशील हो। इस प्रक्रिया में महास्त्र का उच्चारण भी करते रहना चाहिये। पश्चात् पद गतिशीलता में परापरा विद्या का अनुस्मरण भी करना चाहिये। यह बड़ी महत्त्वपूर्ण प्रक्रिया मानी जाती है ॥ १२ ॥

---

१. श्रोतं० कृतेति पाठः। २. श्रीतन्त्रालोक १५।५६।

वर्षातपसमायोगाद्दिव्योऽप्येवंविधो मतः ।
किंतु तत्र परां मन्त्री स्रवन्तीममृतं स्मरेत् ॥ १३ ॥
अस्त्रेणाङ्गुष्ठमूलात्तु वह्निमुत्थाप्य निर्दहेत् ।
स्वतनुं प्लावयेत्पश्चात्परयैवामृतेन तु ॥ १४ ॥
सूर्यादौ मन्त्रमादाय गच्छेदस्त्रमनुस्मरन् ।
यागवेश्मास्त्रसंशुद्धं विशेच्छुचिरनाकुलः ॥ १५ ॥

दिव्य स्नान का एक अन्य प्रकार भी उस समय प्रचलित था। इसमें वर्षा काल की बरसती फुहारों में और इसी तरह आतपकालीन बरसती ऊष्मा में आनन्द लेने की प्रक्रिया अपनायी जाती थी। अब भी क्वचित् यह प्रयोग चलता है। कामुक लोग भी समुद्र के किनारे धूप का आनन्द निर्वस्त्र रूप से लेते हुए देखा जाया करते हैं। योगीवर्ग जब वर्षा का स्नान करता है, तो पराविद्या का जप करते हुए यह भी सोचता है कि परा शक्ति ही मेरे ऊपर यह अमृत बरसा रही है ॥ १३ ॥

एक महत्त्वपूर्ण दिव्य स्नान का निर्देश भी भगवान् कर रहे हैं। वे कहते हैं कि, अस्त्र मन्त्र से पैर के अंगूठे को शक्तिमन्त बनाकर यह सोचे कि, इससे एक आग की ज्वाला जलती हुई निकल रही है। उससे पूरे शरीर को आग की लपटों ने घेर लिया है। शरीर अग्नि स्नान कर रहा है। इसके बाद ध्यान मग्न होकर पराविद्या से प्रेरित पराशक्ति मेरे ऊपर अमृत की वर्षा कर रही है। अब आग की लपटें शान्त हो गयी हैं और मैं अमृत से सराबोर हो रहा हूँ। यह प्रयोग भी वर्षातप प्रयोग का प्रकार ही है। तापन भी हुआ और अमृताभिषेक भी हुआ। इससे पराशक्ति का अनुभव होता है ॥ १४ ॥

'सूर्यादौ' की जगह 'सूर्यादेः' पाठ भी गृहीत है। दोनों के अनुसार पहले 'आदौ' अर्थात् आरम्भ में सूर्य मन्त्र का स्मरण अथवा सूर्य आदि आठ शिवतनु मन्त्रों का प्रयोग करना चाहिये। ऐसा करके अस्त्र मन्त्र का अनुस्मरण करते हुए और अस्त्र प्रयोग से संशुद्ध होकर यागवेश्म में प्रवेश करना चाहिये। उस अवस्था में आत्यन्तिक शुचिता से सम्पन्न होकर उद्वेगरहित भावमय अवस्था में व्यक्ति स्वात्म को तप्त दिव्य काञ्चनवत् बना लेता है और उसी दिव्यता से ओत-प्रोत होकर प्रवेश करता है ॥ १५ ॥

तत्र द्वारपतीन् पूज्य महास्त्रेणाभिमन्त्रितम् ।
पुष्पं विनिक्षिपेद्धुत्वा ज्वलद्विघ्नप्रशान्तये ॥ १६ ॥
दशस्वपि ततोऽस्त्रेण दिक्षु संकल्प्य रक्षणम् ।
प्रविशेद्यागसदनं वह्निवद्वह्निसंयुतम् ॥ १७ ॥
पूर्वास्यः सौम्यवक्त्रो वा विशेषन्यासमारभेत् ।
तत्रादावस्त्रमन्त्रेण कालानलसमत्विषा[1] ॥ १८ ॥
अङ्गुष्ठाग्रात्तनुं दग्धां सबाह्याभ्यन्तरां स्मरेत् ।
विकीर्यमाणं तद्भस्म ध्यात्वा कवचवायुना ॥ १९ ॥

वहाँ सर्वप्रथम द्वारपति देवताओं की पूजा करनी चाहिये। महास्त्र से अभिमन्त्रित पुष्पों का प्रक्षेप कर उनकी कृपा प्राप्त करनी चाहिये। इससे सभी विघ्नों की शान्ति हो जाती हैं। विघ्न तो जलती आग की तरह होते हैं। उनका शमन यागकर्त्ता के व्यक्तित्व के अमृत से भी होती है, यह तथ्य इससे सिद्ध हो जाती है ॥ १६ ॥

इसके तुरन्त बाद दशों दिशाओं के रक्षक दश दिक्पालों से क्षेत्र रक्षण की प्रार्थना अस्त्रमन्त्रों के माध्यम से करनी चाहिये। इसका संकल्प पूरा कर याग सदन में प्रवेश करना चाहिये। जिस समय यज्ञकर्त्ता याग सदन में प्रवेश करे उस समय उसमें मान्त्रिक और प्रातिभ वर्चस्व की तेजस्विता लोगों को प्रभावित करती रहे, इस भाव में तैजस प्रतीक वह्नि रूप में वह प्रवेश करे। साथ ही वह्नि से समन्वित भी रहे। वह्नि से समन्वित रहने का तात्पर्य अग्निबीज के जागरण के साथ-साथ यज्ञाग्नि की व्यवस्था से भी है ॥ १७ ॥

यागसदन में यज्ञकर्त्ता को पूर्वाभिमुख बैठने की व्यवस्था करनी चाहिये। मुख पर सौम्य भाव का प्रभाव परिलक्षित होते रहना चाहिये। सौम्य वक्त्र से उत्तराभिमुख अर्थ भी लिया जा सकता है। इसके तुरत बाद विशेष न्यास की व्यवस्था आचार्य करें। न्यास करने के पहले स्वयं यज्ञकर्त्ता दीक्ष्य यह अनुचिन्तन पुनः करें कि हमारे अङ्गुष्ठाग्र से निष्पन्न कालानल प्रभा भास्वर अग्निदेव ने हमारे अशुद्ध शरीर को भस्म कर दिया है। इसमें अस्त्र मन्त्र का प्रयोग करना चाहिये। इसके बाद कवच मन्त्र से निष्पन्न वायु ने उस भस्म को विकीरण कर उनका सफाया कर दिया है ॥ १८-१९ ॥

---

१ क० पु० समन्विता इति पाठः।

शिवबिन्दुसमाकारमात्मानमनुचिन्तयेत् ।
ततोऽस्य योजयेच्छक्तिं सोऽहमित्यपराजितः ॥ २० ॥
विद्यामूर्तिं ततो दध्यान्मन्त्रेणानेन शाङ्करि ।
दण्डाक्रान्तं महाप्राणं दण्डारूढं सनाभिकम् ॥ २१ ॥
नितम्बं तदधस्ताच्च वामस्तनमधः पुनः ।
कण्ठं च वामशिखरं वाममुद्राविभूषितम् ॥ २२ ॥
बिन्द्वर्धचन्द्रखं नादशक्तिबिन्दुविभूषितम् ।
एष पिण्डवरो देवि नवात्मक इति श्रुतः ॥ २३ ॥

अब दीक्ष्य का शरीर तापित दिव्य काञ्चन बन गया है। अब वह परमेश्वर शिव के द्वारा स्वेच्छया स्वीकृत बिन्दु शरीर की तरह ही शुद्ध शिवबिन्दु बन गया है। इसका अनुचिन्तन करना चाहिये। इसके बाद 'सोऽहं' रूप विमर्श शक्ति से उसे योजित करना चाहिये। इस प्रकार वह शिवशक्ति के सामरस्य से विभूषित हो जाता है। एक प्रकार से उसका यह अपराजेय व्यक्तित्व इसकी योग्यता को उत्कर्ष युक्त कर देता है ॥ २० ॥

इसी मन्त्र शक्ति के द्वारा उसमें विद्या-मूर्तिरूपता उतर आयी है, वह विद्या-मूर्ति बन गया है, यह धारणा करनी चाहिये। भगवान् कहते हैं कि देवि ! पार्वति ! इसके बाद वह चक्रसाधना के माध्यम से अपने प्राण को दण्डाकार कर नाभिकेन्द्र से उसी पर आरूढ़ होकर प्राणापानवाह प्रक्रिया पूरी करनी चाहिये। कूट भाषा में दण्ड 'र' को कहते हैं। महाप्राण 'ह' होता है। दण्ड से आक्रान्त प्राण 'ह्र' बनता है। इससे सम्बन्धित बीजमन्त्र (क्ष्रौम्) की ध्वनि इससे आ रही है। इसी तरह सनाभिक (क्ष्र) और दण्डारूढ़ नितम्ब (म्) से मूल बीजमन्त्र की ओर संकेत किया गया है। इसी तरह उसके बाद वामस्तन (ल) और उसके बाद कण्ठ (व) और वाम शिखर (म्लौं) ये सभी 'औं' रूप वाम मुद्रा से विभूषित होकर एक महत्त्व-पूर्ण बीज मन्त्र की सूचना दे रहे हैं। इनका ज्ञान गुरु से होना चाहिये। इसमें जिन बीजाक्षरों का प्रयोग है, वे सभी एक नवात्मक पिण्ड मन्त्र हैं।

इसी तरह आज्ञा चक्र के बिन्दु से लेकर अर्धचन्द्र, निरोधा, नाद (नादान्त), शक्ति और बिन्दु (व्यापिनी समनोन्मना) से समन्वित एक 'स्वः' सोमा में अवस्थित पिण्ड बनता है। यह भी नवात्मक पिण्ड है। बीजात्मक पिण्ड और इस शरीर के स्वर्भाग में विराजमान तत्त्वात्मक पिण्ड का इस तरह समन्वय होता है ॥ २१-२३ ॥

सर्वसिद्धिकरश्चायं सरहस्यमुदाहृतः ।
एष त्र्यर्णोज्झितोऽधस्ताद्दीर्घैः षड्भिः स्वरैर्युतः ॥ २४ ॥

षडङ्गानि हृदादीनि जातिभेदेन कल्पयेत् ।
क्षयरवलबीजैश्च दीप्तैर्बिन्दुविभूषितैः ॥ २५ ॥

वक्त्राणि कल्पयेत्पूर्वमूर्ध्ववक्त्रादितः क्रमात् ।
प्रत्यङ्गविधिसिद्ध्यर्थं ललाटादिष्वथो न्यसेत् ॥ २६ ॥

अ ललाटे द्वितीयं च वक्त्रे संपरिकल्पयेत् ।
इ ई नेत्रद्वये दत्त्वा उ ऊ कर्णद्वये न्यसेत् ॥ २७ ॥

ऋ ॠ नासापुटे तद्वत् ऌ ॡ गण्डद्वये तथा ।
ए ऐ अधोर्ध्वदन्तेषु ओऔकारौ तथोष्ठयोः ॥ २८ ॥

ऊपर वर्णित बीजमन्त्र अत्यन्त महत्त्वपूर्ण माना जाता है। यह समस्त सिद्धियों को प्रदान करने वाला मन्त्र है। यह रहस्य गर्भ अर्थ सत्ता से विभूषित है। यह त्र्यर्ण बीजमन्त्र 'ह्रीं' से पृथक् किन्तु उसी से प्रारम्भ होकर समस्त छह: दीर्घ स्वरों से युक्त है। हृदय, शिर, शिखा, तीनों नेत्र, कवच और अस्त्र अङ्गों के साथ जाति प्रत्ययों का प्रयोग दीक्ष्य को अपने शरीर पर करना चाहिये। बिन्दु से विभूषित 'क्ष', 'य', 'र','व' और 'ल' बीजाक्षरों से वक्त्र का प्रकल्पन करना चाहिये। यह प्रकल्पन ऊर्ध्ववक्त्र से ही होता है ॥ २४-२५½ ॥

प्रत्यङ्ग विधि की सिद्धि के लिये अब एक विलक्षण न्यास विधि की योजना प्रस्तुत कर रहे हैं। यह प्रक्रिया ललाट से प्रारम्भ करनी चाहिये। इनको पूरी प्रक्रिया इस प्रकार है—

'अ' का ललाट में, दूसरे दीर्घ स्वर 'आ' का 'वक्त्र' में न्यास करें। 'इ ई' को दोनों नेत्रों में, 'उ ऊ' को दोनों कानों में, 'ऋ ॠ ऌ ॡ' दोनों गालों पर, 'ए ऐ' को नीचे और ऊपर दन्तपङ्क्ति में 'ओ औ' को नीचे और ऊपर के ओठों पर न्यास करने का विधान है ॥ २६-२८ ॥

अं शिखायां विसर्गेण जिह्वां संपरिकल्पयेत् ।
दक्षिणस्कन्धदोर्दण्डकराङ्गुलिनखेषु च ॥ २९ ॥
कवर्गं विन्यसेद्वामे तद्वच्चाद्यमनुक्रमात् ।
टताद्यौ पूर्ववद्वर्गौ नितम्बोर्वादिषु न्यसेत् ॥ ३० ॥
पाद्यं पार्श्वद्वये पृष्ठे जठरे हृद्यनुक्रमात् ।
त्वग्रक्तमांसमज्ञेषु यवर्गं परिकल्पयेत् ॥ ३१ ॥
शाद्यमस्थिवसाशुक्रप्राणकूपेषु पञ्चकम् ।
मूर्त्यङ्गानि ततो दत्त्वा शिवमावाहयेद्बुधः ॥ ३२ ॥

इसी तरह 'अं' को शिखा पर न्यस्त करना चाहिये। विसर्ग को जीभ पर न्यस्त करने का विधान है। दाहिने स्कन्ध, दक्षबाहु, दक्षहस्त, दक्ष अंगुलियाँ और दाहिनी अंगुलियों के नखों पर कवर्ग के पाँच अक्षरों का विन्यास होना चाहिये। इसी तरह वाम स्कन्ध, वाम बाहु, वाम हस्त, वाम अंगुलियों और वाम नखों पर चवर्ग के अक्षरों का न्यास होना चाहिये। इसी तरह टवर्ग और तवर्ग इन दो वर्गों के वर्णों के न्यास नितम्ब, ऊरु, जंघा, जानु और प्रपद पर क्रमिक रूप से दक्ष और वाम भाग में न्यास करना चाहिये ॥ २९-३० ॥

'प' वर्ण है आदि में जिस वर्ग के, वह पाद्य वर्ग कहलाता है। इसे दूसरे शब्दों में 'पवर्ग' कहते हैं। इनके वर्ण क्रम से क्रमशः पार्श्वद्वय (अगल-बगल) पृष्ठ, जठर और हृदय में न्यास करते हैं। यवर्ग में य, र, ल, व ये चार वर्ण आते हैं। इनका शास्त्रीय क्रम य व र और ल माना जाता है। इनका न्यास क्रमशः १. त्वक्, २. रक्त, ३. मांस और ४. सूत्र अर्थात् नाड़ियों में होता है ॥ ३१ ॥

शाद्य वर्ग शवर्ग को कहते हैं। इन्हें श ष स ह के रूप में जानते हैं। ये क्रमशः १. अस्थि, २. वसा, ३. शुक्र और ४. प्राणकूप अर्थात् रोम कूपों में होते हैं। इन उक्त वर्गों से इस प्रकार मूर्त्यङ्ग पूरी तरह न्यस्त हो जाता है। दीक्ष्य का शरीर भी इस प्रकार न्यास से देवमूर्त्ति रूप हो जाता है। इसके बाद परमेश्वर शिव का आवाहन होता है। प्रत्येक विवेकी पुरुष इस रहस्य को जानते हैं और इसी प्रकार आचरण करते हैं[1] ॥ ३२ ॥

---

१. श्रीतन्त्रालोक १५।११७-१२०

प्राणोपरि न्यसेन्नाभिं तदूर्ध्वं दक्षिणाङ्गुलिम् ।
वामकर्णप्रमेयोतः सर्वसिद्धिप्रदः शिवः ॥ ३३ ॥

सद्भावः परमो ह्येष भैरवस्य महात्मनः ।
अङ्गान्यनेन कार्याणि पूर्ववत्स्वरभेदतः ॥ ३४ ॥

मूर्तिः सृष्टिस्त्रितत्त्वं च अष्टौ मूर्त्यङ्गसंयुताः ।
शिवः साङ्गश्च षोढैव न्यासः संपरिकीर्तितः ॥ ३५ ॥

अस्योपरि ततः शाक्तं कुर्यान्न्यासं यथा शृणु ।
मूर्तौ परापरां न्यस्य तद्वक्त्राणि च मालिनीम् ॥ ३६ ।

प्राण के ऊपर नाभि अर्थात् 'क्ष' वर्ण का न्यास करना चाहिये। उसके ऊपर अर्थात् नाद और नादान्त की जिस स्थिति में अवस्थिति मानी जाती है, वहाँ दक्ष अङ्गुलि अर्थात् 'ञ' का न्यास करना चाहिये। वामकर्ण 'ञ्' को कहते हैं। सबसे ऊपर इसका न्यास उचित है। इन न्यासों से भगवान् शङ्कर अत्यन्त प्रसन्न होते है। यह न्यास सर्वसिद्धिप्रद होता है। भगवान् शिव इससे प्रसन्न होकर समस्त सिद्धियों को प्रदान करते हैं ॥ ३३ ॥

इस प्रकार के सर्वाङ्गपूर्ण न्यास को भैरवसद्भाव न्यास कहते हैं। इसे परम भैरवसद्भाव भी कहते हैं। इस न्यास के माध्यम से अङ्गों की परिकल्पना भी स्वभावतः हो जाती है। इसमें स्वरभेद सहायक होते हैं। स्वर भेद के अनुसार १६ प्रकार के अङ्गन्यास का विधान भी पूरा करना चाहिये ॥ ३४ ॥

वस्तुतः न्यास छः प्रकार के हो होते हैं—१. मूर्त्ति न्यास, २. सृष्टि न्यास, ३. त्रितत्त्व न्यास, ४. अष्टमूर्त्यङ्गन्यास, ५. भैरवसद्भाव न्यास और ६. अङ्ग न्यास। ये सभी न्यास महत्त्पूर्ण होते हैं। 'षोढैव' शब्द में 'एव' शब्द अवधारणार्थक नहीं है। यह 'अपि' अर्थ में प्रयुक्त अव्यय है ॥ ३५ ॥

उक्त सभी न्यास भैरवसद्भाव भावित न्यास हैं। इसके अतिरिक्त शाक्त न्यास भी विधेय होते हैं। भगवान् कहते हैं—देवि! इसके ऊपर या इसके अतिरिक्त जिस प्रकार शाक्त न्यास किये जाते हैं, वहीं मैं यहा कहने जा रहा हूँ। इसे तुम ध्यान पूर्वक सुनो। मूर्त्ति में परापरा शक्ति का न्यास करना चाहिये। पुनः तद्वक्त्र अर्थात् वक्त्र न्यास, मालिनो न्यास यह सब करने के पश्चात् शिखा में परा देवि,

परादित्रितयं पश्चाच्छिखाहृत्पादगं न्यसेत् ।
कवक्त्रकण्ठहृन्नाभिगुह्योरूपादगं क्रमात् ॥ ३७ ॥
अघोर्याद्यष्टकं न्यस्य विद्याङ्गानि तु पूर्ववत् ।
ततस्त्वावाहयेच्छक्तिं सर्वयोगिनमस्कृताम् ॥ ३८ ॥
जीवः: प्राणपुटान्तस्थः कालानलसमद्युतिः ।
अतिदीप्तस्तु वामाङ्घ्रिभूषितो मूर्ध्नि बिन्दुना ॥ ३९ ॥
दक्षजानुयुतश्चायं सर्वमातृगणान्वितः[1] ।
अनेन प्रीणिताः सर्वा ददते वाञ्छितं फलम् ॥ ४० ॥
सद्भावः परमो ह्येष मातृणां परिपठ्यते ।
तस्मादेनां जपेन्मन्त्री य इच्छेत्सिद्धिमुत्तमाम् ॥ ४१ ॥

हृदय में परापरा देवी और पैरों में अपरा देवि का न्यास करना चाहिये। तत्पश्चात् अघोर्याद्यष्टक न्यास क (शिर), वक्त्र (मुख), कण्ठ, हृदय, नाभि, गुह्य, ऊरू और आठवाँ पैर पर न्यास करने से दीक्ष्य का देह दिव्य बन जाता है। इसके बाद विद्याङ्ग न्यास पूर्ववत् करना चाहिये। तदनन्तर शक्ति का आवाहन करना चाहिये। शक्ति देवी है। सर्वशक्तिमती है। अतः समस्त योनिवर्ग उसका नमन करता है। वह सर्वयोगिनमस्कृत है ॥ ३६-३८ ॥

जीव[2] 'स' को कहते है। जीव प्राण पुटों के अनन्तर में अवस्थित है। प्राण 'ह' को कहते हैं। ह और ह (प्राण) के बीच में जीव को यदि संपुटित किया जाय तो वह कालानल के समान अत्यन्त दीप्तिमन्त हो जाता है। प्राण पुट के साथ वामाङ्घ्रि 'फ' का प्रयोग करते हैं। यह प्राण और शरीरस्थ जीव सत्ता का बीजात्म चित्र है। इसका बीज 'हसहफ्रें' है। इसमें दक्ष जानु 'ए' युक्त होने पर यह समस्त मातृगण से समन्वित मन्त्र हो जाता है। सभी मातृ शक्तियाँ इसके प्रयोग से प्रसन्न होकर वाञ्छित फल प्रदान करती हैं। इसमें वामाङ्घ्रि 'फ' भी विद्यमान है। इसमें मूर्धा पर बिन्दु भी विभूषित है ॥ ३९-४० ॥

जिस तरह ऊपर श्लोक (१८-३४) तक भैरवसद्भाव की बात कही गयी है, उसी तरह श्लोक (३६-४०) तक मातृसद्भाव न्यास का परिकल्पन शास्त्र द्वारा

---

१. तं० लो० अर्चित इति पाठः ।

२. मूर्तिः सप्तविधा स्मृता । श्रोतं० ६।४७, इ० प्र० ३।१३, ४।२६५;

रुद्रशक्तिसमावेशो नित्यमत्र प्रतिष्ठितः ।
यस्मादेषा पराशक्तिर्भेदेनानेन[२] कीर्तिता ॥ ४२ ॥
यावत्यः सिद्धयस्तन्त्रे [३]सर्वाः स्युरनया कृताः ।
अङ्गानि कल्पयेदस्याः पूर्ववत्स्वरभेदतः ॥ ४३ ॥
मूर्तिः सवक्त्रा शक्तिश्च विद्यात्रितय एव च ।
अघोर्याद्यष्टकं चेति तथा विद्याङ्गपञ्चकम् ॥ ४४ ॥

प्रस्तुत किया गया है। जो मन्त्र जापक मातृसद्भाव भावित है और शाक्त उल्लास के रहस्यों का अवगम करता है, उसे अवश्य ही इसका जप करना चाहिये और जप के पूर्व शाक्त न्यास करना चाहिये ॥ ४१ ॥

इस तरह भैरवसद्भाव भावित और मातृसद्भाव भावित पुरुष अवश्य ही तात्त्विकता के उस स्तर पर पहुँच जाता है, जहाँ नित्य रुद्र समावेश प्रतिष्ठित हो जाता है। इसका प्रमुख कारण है—परा शक्ति का महाप्रभाव। इससे भैरवसद्भाव और मातृसद्भाव भावित दीक्ष्य रुद्रशक्ति का प्रतीक बन जाता है। दीक्ष्य में 'रुद्र एव शक्तिः' अथवा रुद्र की शक्ति अर्थात् रुद्र सम्बन्धी शाक्त भाव उल्लसित हो जाता है। यही रुद्रशक्ति समावेश है। उस सम्बन्ध में भेद पूर्वक पराशक्ति का ऊपर वर्णन आ गया है ॥ ४२ ॥

तन्त्र में अनन्त सिद्धियों का उल्लेख है। वास्तव में सिद्धियाँ भोगेच्छु साधकों से सम्बन्धित होती हैं। तन्त्रशास्त्र भोगेच्छु और मुमुक्षु दोनों के पथ को प्रशस्त करने की विधियों का निर्देश करता है। इसलिये सिद्धियों के वर्णन के सन्दर्भ में भोगेच्छा से प्रेरित साधनायें ही आती हैं। तन्त्रशास्त्रीय सिद्धि शब्द से यही तात्पर्य ग्रहण करना चाहिये। भगवान् कह रहे हैं कि, वे सारी सिद्धियाँ माँ जगदम्बा की मातृसद्भाव भावित भक्ति से प्राप्त हो सकती हैं। इस शक्ति के अङ्गों का प्रकल्पन भी स्वर भेद के आधार पर करते हैं ॥ ४३ ॥

स्वर भेद के आधार पर शक्ति के अङ्गों का प्रकल्पन करते समय सर्वप्रथम **१. मूर्त्ति, २. वक्त्र युक्त, ३. शक्ति, ४. विद्यात्रितय, ५. अघोर्याद्यष्टक और ६. विद्याङ्गपञ्चक**—इस तरह अङ्ग प्रकल्पन करना चाहिये।

---

२. तं० लो० अन्येनेति पाठः।
३ ख० पु० ताः सर्वाः कुरुते त्वियमिति पाठः।

साङ्गा चैव परा शक्तिर्न्यासः प्रोक्तोऽथ षड्विधः ।
यामलोऽयमतो न्यासः सर्वसिद्धिप्रसिद्धये ॥ ४५ ॥

वामो वायं विधिः कार्यो मुक्तिमार्गावलम्बिभिः ।
वर्णमन्त्रविभेदेन पृथग्वा तत्फलार्थिभिः ॥ ४६ ॥

यावन्तः कीर्तिता भेदैः शम्भुशक्त्यणुवाचकाः ।
तावत्स्वप्येवमेवायं न्यासः पञ्चविधो मतः ॥ ४७ ॥

किं तु बाह्यस्तु यो यत्र स तत्राङ्गसमन्वितः ।
षष्ठः स्यादिति सर्वत्र षोढैवायमुदाहृतः ॥ ४८ ॥

स्वानुष्ठानाविरोधेन भावाभावविकल्पनैः ।
यागद्रव्याणि सर्वाणि कार्याणि विधिवद्बुधैः ॥ ४९ ॥

इसके साथ ही साधक को परा शक्ति की उपासना में संलग्न हो जाना चाहिये। इन्हीं छह स्थानों में षड्विध न्यास करना चाहिये। सभी सिद्धियों की प्राप्ति के लिये परा शक्ति का यामल उल्लास अत्यन्त आवश्यक है ॥ ४४-४५ ॥

मुक्ति मार्ग का अवलम्बन करने वाले मुमुक्षु शिष्यों को यह चाहिये कि वे इस विधि का उपयोग वाम विधि से करें। अथवा वर्णों और मन्त्रों के अनुसार पृथक्-पृथक् न्यास करना ही उचित हैं। यह वार्णिक मान्त्रिक विधि का पृथक् न्यास भोगेच्छुजनों के लिये आवश्यक है ॥ ४६ ॥

तन्त्र शास्त्र में त्रितत्त्व को दृष्टि से शम्भु, शक्ति और नर वाचक जितने भेदों का प्रकल्पन किया गया है, उन सभी स्थितियों में या उन सभी में इसी प्रकार न्यास का प्रकल्पन करना चाहिये। यह न्यास पाँच प्रकार का माना जाता है ॥ ४७ ॥

जहाँ तक षोढा न्यास का प्रश्न है, यह बाह्य अङ्गों को परिकल्पना से ही से ही समन्वित है। इसलिये पञ्चविध न्यास के बाद छठां न्यास सार्वत्रिक न्यास होता है। इसे सम्पन्न करना चाहिये। यहाँ श्लोक ४५ में षड्विध न्यास का, श्लोक ४७ में पञ्चविध न्यास का और पुनः श्लोक ४८ में षष्ठ की चर्चा की गयी है। इस तरह पञ्चविध और षड्विध का स्पष्टीकरण कर लेना चाहिये ॥ ४८ ॥

व्यवहारवाद यही कहता है कि, अपने अनुष्ठान से सब तरह से अविरोधी प्रक्रिया को अपनाया जाना चाहिये। याग में प्रयोजनीय वस्तुओं से सम्बन्धित भाव

ततोऽर्घपात्रमादाय भावाभावाविकल्पितम् ।
ततश्चास्त्राग्निसंदग्धं शक्त्यम्बुप्लावितं शुचि ॥ ५० ॥
कर्तव्या यस्य संशुद्धिरन्यस्याप्यत्र वस्तुनः ।
तस्यानेनैव मार्गेण प्रकर्तव्या विजानता ॥ ५१ ॥
न चासंशोधितं वस्तु किञ्चिदप्यत्र[1] कल्पयेत् ।
तेन[2] शुद्धं तु सर्वं यदशुद्धमपि तच्छुचि ॥ ५२ ॥

और अभाव की बात देख लेनी चाहिये। कौन है, कौन नहीं है, इसे आवश्यक रूप से जाँच लेना चाहिये। न होने पर उसकी व्यवस्था कर लेना भी आवश्यक है। याग प्रारम्भ करने के पहले यह सावधानी बरतनी चाहिये ४९ ॥

इसके अनन्तर अर्थात् सारे न्यास आदि के विधान पूरा कर लेने पर अर्घपात्र को उसी क्रम में भाव और अभाव अर्थात् सम्बद्ध वस्तु के होने या न होने की दृष्टि से विचार कर लेना चाहिये। वस्तुओं की व्यवस्था कर अर्घपात्र को अस्त्र की आग से दग्ध, शक्ति रूपी अमृत से परिपूरित, अत्यन्त पवित्र बना कर अपने हाथ में दीक्ष्य ले ले।

आगे चलने का अर्थात् याग सदन में प्रवेश का जो पथ है, उसे अच्छी तरह से उत्तम ढंग से परिशुद्ध कर लेना चाहिये। इसके साथ अन्य सभी उपयोगी वस्तुओं को भी शुद्ध कर लेनी चाहिये। विधि विशेषज्ञ उसी शुद्ध मार्ग का अनुसरण याग सदन में प्रवेश के समय करे ॥ ५०-५१ ॥

याग सदन में किसी ऐसी वस्तु का प्रयोग सर्वथा वर्जित है, जो संशोधित नहीं है। इसलिये याग में संशोधित वस्तु का ही प्रयोग हो, इसकी कड़ी निगरानी रखनी चाहिये। इसलिये वहाँ जो वस्तु प्रस्तुत है, उसकी शुद्धता के विषय में कोई सन्देह नहीं रहता। संयोग से यदि कोई अशुद्ध रह जाये, तो वह उन शुद्ध वस्तुओं के साथ स्वयं शुचि हो जाता हैं। यहाँ शुद्धि के आधिक्य का ही महत्त्व हैं। इसलिये सारा वातावरण शुचि बना रहे, यह ध्यान रखना चाहिये ॥ ५२ ॥

---

१ क० पु० अन्यथाप्यत्रेति पाठः ; २. तं० किंचिदप्युपकल्पयेदिति पाठः ;
३. क० पु० संशोधितं च यत्सर्वमिति पाठः

तदम्बुना समापूर्य षड्भिरङ्गैः[1] समर्च्य च ।
अमृतीकृत्य सर्वाणि तेन द्रव्याणि शोधयेत् ॥ ५३ ॥

आत्मानं पूजयित्वा तु कुर्यादन्तःक्रियां यथा ।
तथा ते कथयिष्यामि सर्वयोगिगणार्चिते ॥ ५४ ॥

आदावाधारशक्तिं तु नाभ्यधश्चतुरङ्गुलाम् ।
धरां सुरोदं पोतं च कन्दश्चेति चतुष्टयम् ॥ ५५ ॥

एकैकाङ्गुलमेतत्स्याच्छूलस्यामलसारकम्[2] ।
ततो नालमनन्ताख्यं दण्डमस्य प्रकल्पयेत् ॥ ५६ ॥

इसलिये अर्घपात्र को पूरी तरह पूरित कर, उसे छह अङ्गों से परिपूर्ण बनाने की प्रक्रिया है। उसे निभाकर तत्पश्चात् अमृतीकरण[3] का प्रयोग करके उसी जल से सारे यागसदन में प्रस्तुत वस्तुओं का शोधन कर लेना चाहिये ॥ ५३ ॥

तदनन्तर स्वात्मतत्त्व का समर्चन करना चाहिये। स्वात्म पूजन के अनन्तर ही यागसदन के अन्त:कृत्य सम्पन्न करना चाहिये। भगवान् कहते हैं कि, हे समस्त देववृन्दवन्दितचरणकमले पार्वति ! यह सब तुम्हारे समक्ष व्यक्त करने जा रहा हूँ ॥ ५४ ॥

सर्व प्रथम आधारशक्ति[4] की पूजा करनी चाहिये। यह नाभि के अधोभाग के गुल्फ क्षेत्र में चार अङ्गुल की सीमा को आत्मसात् करता है। यह पर्यन्तवर्त्तिनी इच्छाशक्ति ही आधारशक्ति कहलाती है। इसी के आधार पर धरादि विश्व का धारण हो रहा है। इसके साथ धरा, सुरोद, पोत और कन्द की पूजा भी सम्पन्न हो जाती है। यह धरादि चतुष्टय आधार शक्ति के ऊपर ही आधृत है ॥ ५५ ॥

इन चारों को एक-एक अङ्गुल की व्याप्ति में प्रतिष्ठित किया जाता है। इसके ऊपर छह अङ्गुल [5]अमल सारक होता है। यह शूल का तीक्ष्णाग्र भाग होता है। इसके साथ ही अनन्ताख्य नाल का ध्यान कर उस पर 'हं' बीज की स्थापना का प्रकल्पन करना चाहिये। इसी पर दण्ड का प्रकल्पन करना चाहिये। नाल का प्रतीक 'हं' बीज माना जाता है। नाल पर दण्ड का प्रकल्पन साधना का विषय है।

---

१. क० पु० षड्भिरर्थैरिति पाठः । २. क० पु० चतुरङ्गुलमेतदिति पाठः;
३. श्रोत० १५।२९४, २९७ ४. आ० ३०।४ पृ० ४, ७, १५।२९७;
५. श्रोत० आ० ३०।३१–३२, वही ३१।७२, वही ३१।८२, वही ३१।९१

लम्बिकावधितश्चात्र शूलोर्ध्वं ग्रन्थिरिष्यते ।
अभित्त्वैनं महादेवि पाशजालमहार्णवम् ॥ ५७ ॥

न स योगमवाप्नोति शिवेन सह मानवः ।
धर्मं ज्ञानं च वैराग्यमैश्वर्यं च चतुष्टयम् ॥ ५८ ॥

कोणेषु चिन्तयेन्मन्त्री आग्नेयादिष्वनुक्रमात् ।
गात्रकाणां चतुष्कं च दिक्षु पूर्वादिषु स्मरेत् ॥ ५९ ॥

ग्रन्थेरूर्ध्वं त्रिशूलाधो भवितव्या चतुष्किका ।
विद्यातत्त्वं तदेवाहुश्छदनत्रयसंयुतम्[1] ॥ ६० ॥

इस दण्ड की ऊपर जाने की सीमा लम्बिका पर्यन्त है। इसके ऊपर शूल और शूल के ऊपर ग्रन्थि—यह क्रम है। यह निश्चय है कि, जो साधक इस आन्तर पर विराजमान हो जाय तो भी वह इस मार्ग का वेध किये विना पाशों जाल अर्थात् राशि-राशि पाश जाल वाले महासमुद्र का पार नहीं पा सकता। इस महार्णव के भेदन करने के उपरान्त ही शिवभक्ति योग सम्पन्न होकर शिष्य शैवी धाम में प्रवेश प्राप्त कर सकता है ॥ ५६-५७ ॥

धर्म, ज्ञान, वैराग्य और ऐश्वर्य का यह चतुष्टय अग्नि, नैऋत्य, वायु और ईशान के चिन्तनीय तत्त्व हैं। इसी अनुक्रम से इनका चिन्तन करना चाहिये। इसी तरह गात्रों के चतुष्क भी पूर्व, पश्चिम, दक्ष और उत्तर दिशाओं में प्रकल्पित कर उनका स्मरण करे ॥ ५८-५९ ॥

माया रूप ग्रन्थि के [2]ऊर्ध्व भाग में वर्त्तमान त्रिशूल से नीचे [3]चतुष्किका का स्थान माना जाता है। इसे ही विद्यातत्त्व कहते है। इसे ब्रह्मरन्ध्र के नीचे चिन्तामणि नामक आधार भी कहते हैं। यह तीन छदनों से समन्वित है। इसे चिन्तामणि कमल भी कहते हैं। यहाँ छदनत्रय का उल्लेख पाठभेद या सम्प्रदाय मत नियम के अनुसार हो सकता है। महामाहेश्वर अभिनव ने श्रीतन्त्रालोक (आ. १५।३०) में छदनद्वय का उल्लेख किया है तथा यह भी स्पष्ट कर दिया है कि, शुद्ध विद्या दो छदनों से समन्वित है। ऊर्ध्व में विद्याछदन और अधोभाग में मायाछदन। जो हो यह लम्बिका और ब्रह्मरन्ध्र के मध्य की स्थिति मानी गयी है।[4] जयरथ ने

---

१. ख० पु० छदनद्वयेति पाठः ; २. श्री० १५।३०२ ;
३. ५।५४-५५; ४. वही १५।३०३

कखलम्बिकयोर्मध्ये[1] तत्तत्त्वमनुचिन्तयेत् ।
पद्माकृति[2] कखतत्त्वमैश्वरं चिन्तयेद्बुधः[3] ॥ ६१ ॥
कर्णिकाकेसरोपेतं [4]सबीजं विकसत्सितम् ।
पूर्वपत्रादितः पश्चाद्वामादिनवकं न्यसेत् ॥ ६२ ॥
वामा ज्येष्ठा च रौद्री च काली चेति [5]तथा परा ।
कलविकरणो चैव बलविकरणी तथा ॥ ६३ ॥
बलप्रमथनी चान्या सर्वभूतदमन्यपि ।
मनोन्मनी च मध्येऽपि भानुमार्गेण विन्यसेत् ॥ ६४ ॥
विभ्वादिनवकं चान्यद्विलोमात्परिकल्पयेत् ।
विभुर्ज्ञानो क्रिया चेच्छ्वा वागीशो ज्वालिनी तथा ॥ ६५ ॥

अम्बुज को भ्रूमध्यवर्त्ती विद्याकमल कहा है। भ्रूमध्यवर्त्ती कमल दो पल्लवों वाला कमल है। विद्याकमल रूप चिन्तामणि के आधार पर लम्बिका सौध में इच्छा, ज्ञान और क्रिया शक्ति के समत्व प्रभाव में सुधी साधक आनन्द लेता है। भगवान् शङ्कर कह रहे हैं कि, इस 'क' क्रिया शक्ति और 'ख' व्योम शक्ति रूप लम्बिका सौध परतत्त्व का अनुचिन्तन साधक को करना चाहिये। यहीं पद्म को आकृति पर क ख रूप ऐश्वर तत्त्व का अनुचिन्तन करना आवश्यक माना जाता है ॥ ६०-६१ ॥

ऐश्वर पद्म कर्णिका और केशर किञ्जल्क समन्वित कमल है। इसका बीजाक्षर स्वतन्त्र अक्षर है। यह शाश्वतिक समान कमल श्वेतवर्णी है। इस कमल के पूर्व पत्र से आरम्भ कर वामादि नौ देवियों का न्यास करना चाहिये ॥ ६२ ॥

ये नौ शक्तियाँ हैं—१. वामा, २. ज्येष्ठा, ३. रौद्री ४. काली ५. कलविकरणी ६. बलविकरणी, ७ बलप्रमथनी, ८. सर्वभूतदमनी और ९. मनोन्मनी। इनमें मनोन्मनी शक्ति मध्य में भानुमार्ग अर्थात् प्राणपथ में विन्यस्त की जाती है ॥ ६२-६४ ॥

यह अनुलोम न्यास है। इसके विपरीत विलोम न्यास में भी नौ शक्तियों का का न्यास यहाँ होता है वे शक्तियाँ हैं—१. विभ्वी, २. ज्ञप्ति, ३. कृति, ४. इच्छा,

---

१. क० पु० कखलम्बकयोर्मध्ये तत्त्वपनुविचिन्तयेदित्येयंविधः पाठः
२. क० पु० कृति कखे तत्त्वमिति ; ३. चिन्तयेत्तत इति च पाठः
४. क० पु० बीजं विकसितं सितमिति पाठः ; ५. क० ततः परा इति पाठः

वामा ज्येष्ठा च रौद्री च सर्वाः कालानलप्रभाः ।
ब्रह्मविष्णुहराः पूर्वं ये शाक्ताः प्रतिपादिताः ॥ ६६ ॥
दलकेसरमध्यस्था मण्डलानां त ईश्वराः ।
ध्वनि ? चार्केन्दुवह्नीनां संज्ञया परिभावयेत् ॥ ६७ ॥
ईश्वरं च महाप्रेतं प्रहसन्तं सचेतनम् ।
कालाग्निकोटिवपुषमित्येवं सर्वमासनम्[1] ॥ ६८ ॥
तस्य नाभ्युत्थितं शक्तिशूलशृङ्गत्रयं स्मरेत् ।
कखत्रयेण निर्यातं द्वादशान्तावसानकम् ॥ ६९ ॥

---

५. वागीशी, ६. ज्वालिनी, ७. वामा, ८. ज्येष्ठा और ९. रौद्री। ये सभी शक्तियाँ कालानल के समान प्रचण्ड प्रभा से भास्वर होती हैं। यहाँ यह ध्यान रखना चाहिये कि, केशर परिवेश में सूर्य, इन्दु और अग्नितत्त्व भी अवस्थित होते हैं। इनके अधिष्ठाता शक्तिमन्त ब्रह्मा, विष्णु तीनों देव भी वहाँ साधकों द्वारा नित्य स्मरणीय हैं ॥ ६५-६६ ॥

दल युक्त केशर परिवेशगत मध्य-मण्डल के ये ईश्वर हैं । इस अध्वा में सूर्य, चन्द्र और अग्नि के वे अधिष्ठान माने जाते हैं। ब्रह्मा, विष्णु और रुद्र के अतिरिक्त ईश्वर नामक तत्त्व का और महाप्रेत सदाशिव का भी अधिष्ठान वहाँ है[2]। इन्हें चिति चैतन्य के प्रतीक देव रूप में विभाजित करते हैं। हास्य की प्रसन्न मुद्रा में इनका दिव्य स्मरण करना चाहिये। इनकी प्रभा करोड़ों कालानल को भी अतिक्रान्त करती है। यह सब दिव्य आसन रूप में मान्य हैं ॥ ६७-६८ ॥

ईश्वर के न्यास के साथ वहीं सदाशिव का भी न्यास शास्त्र सम्मत है। सदाशिव महाप्रेत रूप में मान्य हैं।[3] सदाशिव की नाभि से उत्थित शक्तिशूल शृङ्ग का साक्षात्कार ऋषियों और योगियों ने किया था। उनकी संख्या तीन है। इसका स्मरण वहाँ अत्यन्त आवश्यक है। महाप्रेत का हास नादान्तात्मक हास है। नाद का अन्त ही नादान्त है। वहाँ से चिदुद्बोध होना ही अट्टहास माना जाता है। इसमें ही अर्थात् मूर्धा में ही रन्ध्रत्रय का अवस्थान है। यही शक्ति व्यापिनी और समना शक्तियाँ हैं। यही कखत्रय हैं। ये ऊर्ध्व द्वादशान्त तक जाती हैं। इनके

---

१. परात्रि० इत्येतत्सर्वमासनमिति वाठः ।
२. श्रीत० १५।३०७; ३. श्रीत० १५।३१२

चिन्तयेत्तस्य शृङ्गेषु शाक्तं पद्मत्रयं ततः ।
सर्वाधिष्ठायकं शुक्लमित्येतत्परमासनम् ॥ ७० ॥

तत्रोपरि ततो मूर्तिं विद्याख्यामनुचिन्तयेत् ।
आत्माख्यां च ततस्तस्यां पूर्वन्यासं शिवात्मकम् ॥ ७१ ॥

ततो मध्ये परां शक्तिं दक्षिणोत्तरयोर्द्वयम् ।
परापरां स्वरूपेण रक्तवर्णां महाबलाम् ॥ ७२ ॥

इच्छारूपधरां ध्यात्वा किञ्चिदुग्रां न भीषणाम् ।
अपरां वामशृङ्गे तु भीषणां कृष्णपिङ्गलाम् ॥ ७३ ॥

इच्छारूपधरां देवीं प्रणतार्तिविनाशिनीम् ।
परां चाप्यायनीं देवीं चन्द्रकोटययुतप्रभाम् ॥ ७४ ॥

शृङ्गों पर भी तीन शाक्त पद्मों का प्रकल्पन किया जाता है। ये तीनों शाक्त पद्म सर्वाधिष्ठायक माने जाते हैं। शुद्ध विद्या से ऊपर के तत्त्व होने के कारण ये शुक्ल होते हैं। यहाँ तक आसनों और परमासनों का परिवेश पूरा होता है ॥ ६९-७० ॥

इन आसनों से ऊपर विद्या नामक मूर्त्ति का अनुचिन्तन करना चाहिये। वहाँ आत्म संज्ञक मूर्त्ति का भी स्मरण किया जाता है। इन तत्त्वों में मुख्य रूप से पूर्ववत् शिवात्मक न्यास करते हैं। वहीं मध्य में परा शक्ति विद्यमान है। परा शक्ति के दोनों ओर दक्षिण में परापरा देवि का अधिष्ठान है। परापरा शक्ति रूपतः रक्त वर्ण मानी जाती है। यह बलशालिनी शक्ति है। इसे महाबला कहते हैं। इसे स्वेच्छा रूप धारण करने वाली शक्ति कहते हैं। यह कुछ उग्र तो है किन्तु इसे भीषण नहीं कहा जा सकता। जहाँ तक अपरा देवी का प्रश्न है, यह बाँयें शृङ्ग में अधिष्ठित है। यह भीषण और कृष्ण पिङ्गला शक्ति मानी जाती है ॥ ७१-७३ ॥

मध्यमणिरूपा परा शक्ति तीनों शक्तियों में सर्व श्रेष्ठ मानी जाती है। ये भी स्वेच्छया रूप धारण कर भक्तों को अनुगृहीत करती हैं। प्रणत शरणागत आर्त्त की पीडा का तुरत विनाश करने वाली यह करुणामयी मातृ शक्ति है। इससे विश्व का स्वभावतः आप्यायन होता है। यह दिव्य शक्ति वर्ण में कोटि-कोटि चन्द्रप्रभा को भी अतिक्रान्त करने वाली अनिर्वचनीय आभा से भास्वर है[1] ॥ ७४ ॥

---

१. श्रात० १४।१२४-१३६

षड्विधेऽपि कृते शाक्ते मूर्त्यादावपि चिन्तयेत् ।
विद्याङ्गपञ्चकं पश्चादाग्नेय्यादिषु विन्यसेत् ॥ ७५ ॥

अग्नीशरक्षोवायूनां दक्षिणे च यथाक्रमम् ।
शक्त्यङ्गानि शिवाङ्गानि तथैव विधिना स्मरेत् ॥ ७६ ॥

किंतु शक्रादिदिक्ष्वस्त्रमन्त्रं मध्ये च लोचनम् ।
अघोराद्यष्टकं ध्यायेदघोर्याद्यष्टकान्वितम् ॥ ७७ ॥

सर्वासामावृतत्वेन लोकपालांश्च बाह्यतः ।
सास्त्रान्स्वमन्त्रैः संचिन्त्य जपं पश्चात्समारभेत् ॥ ७८ ॥

यह न्यास प्रक्रिया षोढान्यास के रूप में श्रीतन्त्रालोक (१५।२५४)में प्रकल्पित है। इसमें शाक्त न्यास के सन्दर्भ में मूर्त्ति आदि पर भी न्यास करना चाहिये। विद्याङ्ग पञ्चक न्यास[1] आग्नेयादि क्रम से सम्पन्न किया जाता है। ये न्यास विद्या के पाँच अङ्गों से सम्बन्धित हैं। वे क्रमशः हैं—१. मूर्त्ति, २. वक्त्र, ३. विद्यात्रितय, ४. अघोर्याद्यष्टक और ५. विद्याङ्गपञ्चक न्यास। यह विद्याङ्गपञ्चक १. विद्या, २. आत्मा, ३. परा, ४. अपरा और ५. परापरा के अनुष्ठान की दृष्टि से ही विचारणीय हैं[2] ॥ ७५ ॥

अग्नि आदि दिशाओं का क्रम—अग्निकोण, ईशानकोण, नैर्ऋत्य, ४. वायव्य और ५. दक्षिण के अनुसार शास्त्र सम्मत है ॥ ७६ ॥

जहाँ तक अघोराद्यष्टक न्यास है, वह पूर्वादिदिक्क्रम से ही सम्पन्न होना चाहिये। मध्य में अस्त्र मन्त्र का प्रयोग करते हैं। इसकी शास्त्र में लोचन संज्ञा[3] निर्धारित की गयी है। इस अवसर पर अघोरा आदि शक्तियों के साथ अघोर आदि शिव की आठ मूर्तियों का स्मरण करना चाहिये। इस तरह देवदेवी वर्ग का न्यास एवं पूजन का क्रम पूरा होता है ॥ ७७ ॥

सारी शक्तियों और शक्तिमन्त का न्यास आवरण में होता है। जहाँ तक लोकपालों का प्रश्न है, इनकी बाह्य पूजा होती है। इनके मन्त्र और अस्त्र मन्त्र का चिन्तन कर जप करते रहना चाहिये ॥ ७८ ॥

---

१. श्रीत० १५।२५०; २ श्रीत० १५।३५३-५७
३. श्रीत० १५।३५४

स्वरूपे तल्लयो भूत्वा एकैकां दशधा स्मरेत् ।
ज्वलत्पावकसंकाशां ध्यात्वा स्वाहान्तमुच्चरेत् ॥ ७९ ॥
सकृदेकैकशो मन्त्री होमकर्मप्रसिद्धये ।
इत्येव मानसो यागः कथितः सामुदायिकः ॥ ८० ॥
एतत्त्रिशूलमुद्दिष्टमेकदण्डं त्रिशक्तिकम् ।
इत्थमेतदविज्ञाय शक्तिशूलं वरानने ॥ ८१ ॥
बद्ध्वापि खेचरीं मुद्रां नोत्पतत्यवनीतलात् ।
इत्येतच्छाम्भवं प्रोक्तमष्टान्तं शाक्तमिष्यते ॥ ८२ ॥

विधि का निर्देश करते हुए भगवान् शङ्कर कह रहे हैं कि, स्वरूप निमग्न रहकर प्रति शक्ति दश-दश बार स्मरण करना चाहिये। इनके रूप की कल्पना जाज्वल्यमान अग्नि शिखाओं से आवृत और चकाचौंध उत्पन्न करने की दिप्ति से समन्वित की जाती है। इनका ध्यान कर मन्त्रों का स्वाहान्त जप आरम्भ करना चाहिये॥ ७९ ॥

एक-एक के प्रति मन्त्री अर्थात् मन्त्रजप में प्रवृत्त दीक्ष्य अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हुए जप करे—यही विधि उत्तम है। तत्पश्चात् होम आदि कर्मों का सम्पादन करना चाहिये। इसे सामुदायिक अन्तर्याग कहते हैं॥ ८० ॥

त्रिशूल की यही परिभाषा कही गयी है। वह एक दण्ड वाला होता है। उसके ऊपर शूलों पर अब्ज का प्रकल्पन करते हैं। उन्हें त्रिशूलाब्ज कहते हैं। इन तीनों कमलों पर तीन दिव्य शक्तियाँ अधिष्ठित हैं। प्राण दण्ड भी पारिभाषिक शब्द है। उसी पर यह त्रिशूल, कमल और देवियों का साक्षात्कार कर उनकी आराधना साधक करता है। इसे न जानकर कोई भी योग और तान्त्रिक साधना के रहस्यों को नहीं जान सकता॥ ८१ ॥

भगवान् कहते हैं कि पार्वति ! शक्तिशूल से अपरिचित व्यक्ति खेचरी मुद्रा में अवस्थित योगी के भूतल से भार रहित की तरह ऊपर नहीं उठ सकता। ये सारी स्थितियाँ शाम्भव समावेश सिद्ध बनाती हैं। इसके बाद शक्तिशूल के शाम्भव, शाक्त और आणव समावेश को सिद्ध करना चाहिये॥ ८२ ॥

तुर्यान्तमाणवं विद्यादिति शूलत्रयं मतम् ।
पृथग्यागविधानेन [1]शक्तिचक्रं विचिन्तयेत् ॥ ८३ ॥

तेनापि खेचरीं बद्ध्वा त्यजत्येवं महीतलम् ।
ततोऽभिमन्त्र्य धान्यानि महास्त्रेण त्रिसप्तधा ॥ ८४ ॥

निक्षिपेद्दिक्षु सर्वासु ज्वलत्पावकवत्स्मरेत् ।
निर्विघ्नं तद्गृहं ध्यात्वा संहृत्येशदिशं नयेत् ॥ ८५ ॥

पञ्चगव्यं ततः कुर्याद्वदनैः पञ्चभिर्बुधः ।
गोमूत्रं गोमयं चैव क्षीरं दधि घृतं तथा ॥ ८६ ॥

श्लोक ६९ से शक्तिशूल[2] शृङ्गत्रय की चर्चा प्रारम्भ की गयी है। यहाँ तक मानस याग (श्लो० ८०) का वर्णन करके इसके ज्ञान की अनिवार्यता का कथन किया गया। यह सारा वर्णन शाम्भव उपाय में समाहित है। इसी क्रम में यह भी जान लेना चाहिये कि, इसमें एक मुख्य शूल शाम्भवशूल है। दूसरा अष्टान्त पर्यन्त शाक्तशूल है और तुर्यान्त तक आणवशूल है। यही तीन शूल माने गये हैं। याग के भेदों के अनुसार इस शक्ति चक्र के स्तरीय महत्त्व के अनुसार इन शूलों का उपयोग करना चाहिए ॥ ८३ ॥

शक्तिचक्र का विशेषज्ञ खेचरी मुद्रा सिद्ध कर लेता है और इस मुद्राबन्ध की स्थिति में अवनीतल छोड़कर खेचर हो सकता है। महीतल के परित्याग का यही तात्पर्य है। इसके बाद महास्त्र मन्त्र में २१ बार अभिमन्त्रित धान्य का प्रयोग करें। उसके प्रयोग का यही स्वरूप है कि, सारी दिशाओं में उस अभिमन्त्रित का छिड़काव कर देना चाहिये। उन धान्य को अग्नि कणिकाओं की विप्रुष राशि को तरह ध्यान में लाना चाहिये। इस तरह इतनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद साधक याग सदन के उस अपेक्षित स्थान पर जाकर उसे एकत्र कर ईशान दिशा की ओर ले जाय[3] ॥ ८४-८५ ॥

इसके बाद शरीर को शुद्ध करने के उद्देश्य से पञ्चगव्य का प्रयोग करना चाहिये। पाँच बार लगा-लगाकर और सुखाकर फिर लगाना चाहिये। इस तरह शरीर में पञ्चगव्य की पूरी शुचिता आत्मसात् हो जाती है। पञ्चगव्य में गोमूत्र, गोमय, गोक्षीर, गोदधि और गोघृत का प्रयोग होता है ॥ ८६ ॥

---

१. ख० पु० शक्तिपद्ममिति पाठः ; २. श्रीत० १५।३६३ ; ३. तदेव—१५।१६९

मन्त्रयेद्ऊर्ध्वपर्यन्तैः षडङ्गेन कुशोदकम् ।
मुद्रे द्रव्यामृते बद्ध्वा तत्त्वं तस्य विचिन्तयेत् ॥ ८७ ॥
तेन संप्रोक्षयेद्भूमिं स्वल्पेनान्यन्निधापयेत्[1] ।
वास्तुयागं ततः कुर्यान्मालिन्युच्चारयोगतः ॥ ८८ ॥
पुष्पैरञ्जलिमापूर्य [2]फकारादि समुच्चरन् ।
ध्यात्वा शक्त्यन्तमध्वानं नकारान्ते विनिक्षिपेत् ॥ ८९ ॥
गन्धधूपादिकं दत्त्वा गणेशानं प्रपूजयेत् ।
षड्दत्यमासनं न्यस्य प्रणवेन ततोपरि ॥ ९० ॥
गामित्यनेन विघ्नेशं [3]गन्धधूपादिभिर्यजेत् ।
[4]अस्याङ्गानि गकारेण षड्दीर्घस्वरयोगतः ॥ ९१ ॥

षडङ्ग मन्त्रोच्चार के कुशोदक से प्रोक्षण करना चाहिये। यह प्रोक्षण ऊर्ध्व पर्यन्त विधि विहित है। आवाहनी, स्थापनी मुद्राओं का प्रयोग करना चाहिये। द्रव्यों को अमृतीकरण से अमृत बना लेना चाहिये। इतना करते हुए साधक को तत्त्व चिन्तन कर उसमें रम जाना चाहिये ॥ ८७ ॥

कुलद्रव्यामृत से उस भूमि का भी प्रोक्षण होना चाहिये। त्रैशिरस्मत के अनुसार यहाँ निरीक्षण, प्रोक्षण, ताडन और आप्यायन मुद्रा प्रक्रिया भी अपनायी जानी चाहिये। इसी के अनन्तर वास्तुयाग की प्रक्रिया प्रारम्भ होती है। इसमें मालिनी शब्दराशि रूपी वर्णमाला का प्रयोग होता है[5] ॥ ८८ ॥

अञ्जुलियों में पुष्प लेकर मालिनी का फादिनान्त प्रयोग उच्चारण करते हुए करें। इसमें अध्वा का शक्तिपर्यन्त ध्यान करते हुए न तक आने पर पुष्प का विनिक्षेप कर देते हैं ॥ ८९ ॥

पुनः गन्ध और धूप आदि का अर्पण किया जाता है। गणेश[6] और ईशान का पूजन भी अनिवार्यतः करना चाहिये। पूर्व वर्णित छह प्रकार के आसनों का वहाँ न्यास करने के बाद प्रणवपूर्वक 'ग' में छह दीर्घ स्वरों के गणेश बीजों से

---

१ क० पु० नान्यद्विदारयेदिति पाठः ;
२. क० पु० हकारादीति पाठः ;
३ क० पु० गन्धपुष्पादिभिरिति पाठः ;
४. तं० तस्याङ्गानीति पाठः ;
५. तदेव १३।३७४ ;
६. श्रीत० १५।३७७

त्रिनेत्रमुदितं ध्यात्वा गजास्यं वामनाकृतिम् ।
विसर्ज्य सिद्धिकामस्तु महास्त्रमनुपूजयेत् ॥ ९२ ॥

दत्त्वानन्तं तथा धर्मं ज्ञानं वैराग्यमेव च ।
ऐश्वर्यं [1]कर्णिकायां च षडुत्थमिदमासनम् ॥ ९३ ॥

अस्योपरि न्यसेद्धात्वा खड्गखेटकधारिणम् ।
विकरालं महादंष्ट्रं महोग्रं भ्रुकुटीमुखम् ॥ ९४ ॥

स्वाङ्गषट्कसमोपेतं दिङ्मातृपरिवारितम् ।
स्वाङ्गैरेवाङ्गषट्कं[2] तु फट्कारपरिदीपितम् ॥ ९५ ॥

तद्रूपमेव संचिन्त्य ततो मात्रष्टकं यजेत् ।
इन्द्राणीं पूर्वपत्रे तु सवज्रां युगपत्स्मरेत् ॥ ९६ ॥

गणेश का विशेष पूजन करना चाहिये । इसमें गन्ध और धूप-दीप का प्रयोग करना चाहिये । 'ग' अक्षर में दीर्घ स्वरों के प्रयोग का यही अवसर है और इन्हीं छह दीर्घ स्वर युक्त ग बीजाक्षरों से पूजन का विधान है ॥ ९०-९१ ॥

भगवान् त्रिनेत्र का ध्यान उदित या मुदित अवस्था में करना चाहिये । गणेश का ध्यान वामन भाव में करना चाहिये । पूजनोपरान्त विसर्जन कर सिद्धि की चाह रखने वाला व्यक्ति को महास्त्र का अनुकूलन करना चाहिये ॥ ९२ ॥

इसके बाद अनन्त के प्रति अपना ध्यान देने के बाद धर्म, ज्ञान, वैराग्य और ऐश्वर्य के साथ कर्णिका को भी वहीं समाहित करना चाहिये । ये छह आसन षडुत्थ आसन माने जाते हैं ॥ ९३ ॥

इसके ऊपर खड्ग, खेटकधारी, महादंष्ट्र, विकराल और भृकुटी तक मुख वाले महोग्र की पूजा का न्यास कर उनकी पूजा करनो चाहिये ॥ ९४ ॥

इसके अनन्तर अष्ट मातृका का पूजन होना चाहिये । सर्वप्रथम स्वात्म शरीर के षडङ्ग पूजन क्रम में दिक् मातृ परिवारित मातृकाओं की 'स' वर्ण के साथ दीर्घ-षट्क से छह अङ्गों में पूजा करनी चाहिये ॥ ९५ ॥

उन रूपों का अनुचिन्तन करते हुए मात्रष्टक याग करना चाहिये । इसका क्रम इसके अनुसार इस प्रकार है—

---

१. क० पु० कर्णिकायां चेति पाठः ; २. क० ख० पु० साङ्गैः (सार्णैः) इत्येवंविधः पाठः

आग्नेयीं शक्तिहस्तां च याम्यां दण्डकरां ततः ।
नैर्ऋतीं वरुणानीं च वायवीं च विचक्षणः ॥ ९७ ॥

खड्गपाशध्वजैर्युक्तां चिन्तयेद्युगपत्प्रिये ।
कौबेरीं मुद्गरकरामीशानीं शूलसंयुताम् ॥ ९८ ॥

गन्धपुष्पादिभिः पूज्य स्वतन्त्रे होममाचरेत् ।
आदौ च कलशं कुर्यात्सहस्राधिकमन्त्रितम् ॥ ९९ ॥

सहस्रं होमयेत्तत्र ततो जप्त्वा विसर्जयेत् ।
शतमष्टोत्तरं पूर्णं पश्चाद्यजनमारभेत् ॥ १०० ॥

क्रम	मातृनाम	दिशा नाम	आयुध नाम
१.	इन्द्राणी	पूर्वपत्र	वज्र
२.	आग्नेयी	अग्निकोण	शक्ति
३.	याम्या	दक्ष	दण्ड
४.	नैर्ऋती	नैर्ऋत्यकोण	खड्ग
५.	वरुणानी	पश्चिम	पाश
६.	वायवी	वायुकोण	ध्वज
७.	कौबेरी	उत्तर	मुद्गर
८.	ईशानी	ईशान कोण	शूल

इन आठों का गन्ध, पुष्प, धूप, दीप आदि से पूजन करना चाहिये। स्वतन्त्र हवन करना भी आवश्यक माना जाता है। इनके पूजन से पहले ही सहस्राधिक मन्त्रों से मन्त्रित कलश स्थापन और पूजन आदि कर लेना चाहिये ॥ ९६-९९ ॥

पूजन के पश्चात् एक हजार आहुतियों से सम्पन्न हवन प्रक्रिया पूरी करनी चाहिये। पुनः जप और जप के अनन्तर विसर्जन करना और उसके बाद अष्टोत्तरशत अर्थात् १०८ आहुतियों वाला पूर्ण यजन भी सम्पन्न करना शास्त्र सम्मत है ॥ १०० ॥

तत्रादौ कुम्भमादाय हेमादिमयमव्रणम् ।
सर्वमन्त्रौषधीगर्भं[1] गन्धाम्बुपरिपूरितम् ॥ १०१ ॥

चूतपल्लववक्त्रं च स्रक्सूत्रसितकण्ठकम्[2] ।
रक्षोघ्नतिलकाक्रान्तं सितवस्त्रयुगावृतम् ॥ १०२ ॥

शताष्टोत्तरसंजप्त — [3]मूलमन्त्रप्रपूजितम् ।
वार्धान्यपि तथाभूता किंतु सास्त्रेण पूजिता ॥ १०३ ॥

विकिरैरासनं दत्त्वा पूर्वोक्तं तु विचक्षणः ।
इन्द्रादीन्पूजयेत्पश्चात्स्वदिक्षु प्रोक्तस्वस्वरैः ॥ १०४ ॥

श्लोक ९९ में कलश शब्द का प्रयोग और प्रस्तुत कुम्भ प्रयोग पृथक्-पृथक् प्रयोजन के लिये हैं। यह वार्धानी का सन्दर्भ है। इस कुम्भ को सर्वप्रथम लेकर उसकी परीक्षा करनी चाहिये। कहीं उसमें व्रण या छिद्र न हो। इस कुम्भ अर्थात् महाकलश में स्वर्ण, रजत, रत्न आदि भी अर्पित करना चाहिये। इसमें वित्तशाठ्य नहीं करना चाहिये। कलश के सभी मन्त्रों से अभिमन्त्रित और ओषधियों से परिपूर्ण तथा गन्ध-पुष्प आदि से सुगन्धित जल से परिपूरित कर, उसके मुख पर आम्रपल्लवीय पल्लवशिखा पर रखकर माला से विभूषित करना चाहिये। उसके कण्ठ को सित सूत्र से परिवृत्त करना चाहिये। उस पर ऐसे तिलक से तिलकित करना चाहिये, जो राक्षसों द्वारा सम्भावनीय विघ्नों से यज्ञ की रक्षा करता है। दो श्वेत वस्त्रों से आवृत करके उसकी पूजा कर लेनी चाहिये। पुनः अष्टोत्तरशत कलश-वरुण मन्त्र का जप करना आवश्यक होता है। यह ध्यान देने की बात है कि, उसकी पूजा मूल मन्त्र से ही की जाती है। इसी के साथ वर्धानी का अर्चन करने के उपरान्त उसे अस्त्र मन्त्र से अभिमन्त्रित कर लेना चाहिये ॥ १०१-१०३ ॥

विकिर परिभाषिक शब्द है। यह बलि प्रकरण में प्रयुक्त द्रव्यों के सम्बन्ध में प्रयुक्त होता है। उन्हीं से आसन का प्रकल्पन कर विचक्षण आचार्य इन्द्र आदि लोकपालों की सस्वर मन्त्रों से पूजा करें और इसी क्रम में वार्धानी से अविच्छिन्न

---

१. तं० सर्वरत्नौषधीगर्भमिति पाठः ; २. तं० कृतकण्ठकमिति पाठः ;
३. क० पु० शूलमन्त्रप्रपूरितमिति पाठः

अविच्छिन्नां ततो धारां वार्धान्या प्रतिपादयेत् ।
भ्रामयेत्कलशं पश्चाद्ब्रूयाल्लोकेश्वरानिदम् ॥ १०५ ॥

भो भोः शक्र त्वया स्वस्यां दिशि [1]विघ्नप्रशान्तये ।
सावधानेन कर्मान्तं भवितव्यं शिवाज्ञया ॥ १०६ ॥

नीत्वा तत्रासने पूर्वं मूर्तिभूतं[2] घटं न्यसेत् ।
तस्य दक्षिणदिग्भागे वार्धानीं [3]विनिवेशयेत् ॥ १०७ ॥

आत्ममूर्त्यादिपूज्यान्तं कुम्भे विन्यस्य मन्त्रवित् ।
गन्धपुष्पादिभिः पूज्य वार्धान्यां [4]पूजयेदिमम् ॥ १०८ ॥

अर्थात् विना टूटे निरन्तर गिरने वाली धारा को प्रतिपादित करें। कलश को चारों दिशाओं में घुमाकर यथा स्थान रख दें। पुनः इन मन्त्रों से सभी को दिक्-रक्षण में प्रवृत्त रहकर विघ्नों के नाश की प्रार्थना करें ॥ १०४-१०५ ॥

शक्रमन्त्र—

हे देवेन्द्र शक्र ! यह शिव सम्बन्धी याग है। इसमें शिव की आज्ञा है कि, आप अपनी इस प्राची दिशा में विघ्नों की शान्ति के लिये पूरे कर्मान्तपर्यन्त सावधान होकर रहें। इसी प्रकार अग्नि के लिये 'भो अग्ने त्वं' जोड़कर मन्त्र बनाकर प्रार्थना करें। अन्य दिग्पालों के लिये भी सारे कर्मकाण्डी इसी शक्र मन्त्र का प्रयोग कर लेते हैं ॥ १०६ ॥

पुनः उस आसन पर पहले मूर्त्ति रूप घट की व्यवस्था करें। उसी के दक्षिण भाव में वार्धानी को विनिविष्ट कर दें। मन्त्रवेत्ता आचार्य उस कलश में आत्म-मूर्त्ति, शाक्तमूर्त्ति और शिवमूर्त्ति का प्रकल्पन कर न्यस्त करने के उपरान्त उसी में पूजन भी सम्पन्न करें। गन्ध-पुष्प आदि से पूजा प्रक्रिया पूरी करें। पुनः वार्धानी के अन्तर भाग में पूजन करें ॥ १०७-१०८ ॥

---

१. क० पु० विघ्नोपशान्तये इति पाठः ।
२. क० पु० मूर्तिभूतां परामिति पाठः ।
३ तं० विनिवेदयेदिति पाठः ।
४. ख० पु० पूजयेदंसमिति पाठः ।

गन्धैर्मण्डलकं[1] कृत्वा ब्रह्मस्थाने विचक्षणः ।
तत्र [2]संपूजयेत्षट्कं [3]त्रिकं वाप्येकमेव वा ॥ १०९ ॥

कुण्डस्योल्लेखनं लेखः कुट्टनं चोपलेपनम् ।
चतुष्पथाक्षवाटं च वज्रसंस्थापनं तथा ॥ ११० ॥

कुशास्तरणपरिधिविष्टराणां च कल्पनम् ।
सर्वमस्त्रेण कुर्वीत [4]विद्यामोंह्रीमिति न्यसेत् ॥ १११ ॥

शिवमोमिति विन्यस्य संपूज्य द्वितयं पुनः ।
ताम्रपात्रे शरावे वा आनयेज्जातवेदसम् ॥ ११२ ॥

विचक्षण आचार्य वार्धानी के पास ही गन्ध से एक माण्डलिक प्रकल्पन करें। यहीं ब्रह्मा का स्थान होता है। वहाँ सभी छहों (पञ्चब्रह्म+एक शिव) की पूजा करें अथवा, त्रिक रूप शक्तियों की पूजा करें अथवा, मात्र शिव की ही एक पूजा करें ॥ १०९ ॥

कुण्ड को कैसे बनाया जाय, भगवान् शङ्कर इस सम्बन्ध में अपने विचार प्रकट कर रहे हैं। उनका कहना है कि, चाहे लेख रूप से चित्र का कुण्डभूमि में ही प्रकल्पन कर उसका उपयोग करें अथवा, कुट्टिम कर ले अथवा गोमयोपलेप से उसे प्रयोग में लाये। वहीं चतुष्पथ, अक्षवाट और वज्र संस्थापन भी सम्पन्न करें। कुशास्तरण, कुण्ड की परिधि, अन्य विष्टर के प्रयोग करने आवश्यक हैं। अस्त्र मन्त्र से इन विधाओं का सम्पादन होना चाहिये। 'ओम् ह्रीं' इस विद्या का वहाँ न्यास करना चाहिये ॥ ११०-१११ ॥

पुनः 'शिवम् ओम्' इस मन्त्र का विन्यास भी आवश्यक होता है। इसी मन्त्र से पूजा भी की जा सकती है। इस प्रकार कुण्ड को प्रक्रिया पूरी करने के बाद ताम्र पात्र या शराब अर्थात् मिट्टी के पात्र में जातवेदस अर्थात् 'अग्नि' देव को लाना चाहिये ॥ ११२ ॥

---

१. त० गन्धमण्डलकमिति, ख० पु० मनुमण्डलकमिति पाठः ।
२. ख० पु० संपूजयेच्छंखमिति । ३. तं० त्रिके वेति पाठः ।
४. ख० पु० विद्यामैन्द्रीमिति पाठः ।

शिवशुक्रमिति ध्यात्वा विद्यायोनौ विनिक्षिपेत् ।
ततस्त्वाहुतयः पञ्च विद्याङ्गैरेव होमयेत् ॥ ११३ ॥
जननादि ततः कर्म सर्वमेवंकृते[1] कृतम् ।
परापरामनुस्मृत्य दद्यात्पूर्णाहुतिं पुनः ॥ ११४ ॥
संपूज्य मातरं वह्नेः पितरं च विसर्जयेत् ।
चर्वादिसाधनायाग्निं समुद्धृत्य ततः पुनः ॥ ११५ ॥

अग्नि वास्तव में शिव का शुक्र ही माना जाता है। इधर कुण्ड के भीतर विष्टर और विद्याओं को न्यास प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी हैं। यह विद्या योनि का रूप ग्रहण कर चुका है। इसी योनि में शिव शुक्र का आधान सामाजिक और आध्यात्मिक दृष्टि से उचित है। यह यज्ञ प्रक्रिया की रहस्य गर्भ एक विधि है। इसे आगम और निगम दोनों का समर्थन प्राप्त है। अग्नि प्रक्षेप की प्रक्रिया पूरी कर उसके पोषण हेतु सर्वप्रथम विद्याङ्ग मन्त्रों द्वारा ही पाँच आहुतियाँ देनी चाहिये। यह एक प्रकार का गर्भाधान संस्कार है। चर्या की दृष्टि से यह आदर्श कार्य है ॥ ११३ ॥

इसके जननादि संस्कारों को विचक्षण आचार्य सम्पन्न करता है। ये सब अग्नि प्रज्वलन के बाद क्रमिक रूप से किये जाते हैं। यह परम्परा पर निर्भर करता है। जैसी परम्परा हो या सम्प्रदाय के समयाचार में जो पद्धति हो, वही अपनानी चाहिये। सब प्रक्रिया पूरी करने पर ही पूर्णाहुति होती है ॥ ११४ ॥

अग्नि की माँ अरणि और अग्नि के पिता ऋत्विक् को पूजा भी की जाती चाहिये। अग्नि की माँ का नाम 'वसु' है। इसके पिता का नाम धर्म है। धर्म से वसु भार्या में अग्नि नामक पुत्र उत्पन्न हुआ इसकी माँ का नाम 'स्वाहा' है। इनके तीन पुत्र १. पावक २. पवमान और ३. शुचि हुये। यह अग्नि परिवार का परिचय[2] है। व्याकरण शास्त्र के 'विश्वानरस्य ऋषेः अपत्यं पुमान् वैश्वानरः' के अनुसार वैश्वानर अग्नि के पुत्र विश्वानर ऋषि[3] हैं। इनकी पत्नी का नाम शुचिष्मती था। पुत्र का नाम शुचि अग्नि (गार्हपत्य) था। यही अग्नि देवमुख अग्नि और अग्नि रूप अग्नि भी भगवान् की कृपा से हुआ।

---

१. तं० मेवं कृतं कृतमिति पाठः। २. शब्दकल्पद्रुमे 'अग्नि'शब्दः
३. काशीखण्डः भाग १ (अ० ११ श्लो० ४४)

ज्वलितस्याथवा वह्नेश्चितिं वामेन वायुना ।
आकृष्य हृदि संकुम्भ्य दक्षिणेन पुनः क्षिपेत् ॥ ११६ ॥
पूर्णां च पूर्ववद्द्याच्छिवाग्नेरपरो विधिः ।
शिवरूपं तमालोक्य तस्यात्मान्तःकृति क्रमात् ॥ ११७ ॥
कुर्यादन्तःकृतिं मन्त्री ततो होमं समारभेत् ।
मूलं शतेन संतर्प्य तदङ्गानि षडङ्गतः ॥ ११८ ॥
शेषाणां मन्त्रजातीनां [1]दशांशेनैव तर्पणम् ।
ततः प्रवेशयेच्छिष्याञ्शुचोन्स्नातानुपोषितान् ॥ ११९ ॥

इन कथाओं के सम्बन्ध के आधार पर अग्नि को माँ शुचिष्मती और पिता विश्वानर ही मान्य हैं। इनकी पूजा कर इनका विसर्जन करना चाहिये। चरु के परिपाक के लिये अग्नि को बाहर निकालने का भी विधान है ॥ ११५ ॥

एक अन्य आध्यात्मिक विधान की चर्चा भी यहाँ कर रहे हैं। कुण्ड में अग्नि प्रज्वलित है। उसकी चिति (शक्ति) को वाम नास्य छिद्र से साधक को खींच कर यथाशक्य हृदय में कुम्भित कर दक्षनासा छिद्र से बाहर करना भी एक प्रकार का पूजन और विसर्जन माना जाता है ॥ ११६ ॥

जहाँ तक पूर्णाहुति का प्रश्न है, यह पहले जिस प्रकार से कहा गया है, उसी तरह अर्पित की जानी चाहिये। शिवाग्नि के सम्बन्ध में एक दूसरी विधि का भी प्रयोग विचक्षण पुरुष करते हैं। उनके अनुसार अग्नि स्वयं शिव रूप ही है। उसको देखकर ही उसको आत्मसात् करने की आन्तरिक प्रक्रिया अपनाते हैं। क्रमशः उसकी अन्तःकृति की प्रक्रिया मन्त्री पूरा करता है और आन्तर होम अथवा बाह्य होम आरम्भ करता है। वह जिस आराध्य के मन्त्र का जप करता है उसकी एक माला जप करने से वह तृप्त हो जाता है। उसी मूल मन्त्र से पवित्र मन्त्रों के अङ्गों का षडङ्गन्यास भी करते है ॥ ११७-११८ ॥

शेष मन्त्र जाति का दशांश से ही तर्पण हो जाता है। इतनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद ही शिष्य यागसदन में प्रवेश का अधिकारी होता है। शिष्य कैसे हों कि यागसदन में प्रवेश कर सकें, इसलिये उनकी विशेषता कई विशेषणों से व्यक्त कर रहे हैं—१. वह शिष्यत्व ग्रहण कर चुका हो, २. वह उक्त सारी प्रक्रिया

---

१. क० पु० दशांश्चैव तर्पणमिति पाठः

प्रणम्य देवदेवेशं चतुष्टयगतं क्रमात् ।
पञ्चगव्यं चरुं दद्याद्दन्तधावनमेव च ॥ १२० ॥

हृदयेन चरोः सिद्धिर्याज्ञिकैः क्षीरतण्डुलैः ।
संपातं सप्तभिर्मन्त्रैस्ततः षड्भागभाजितम् ॥ १२१ ॥

शिवाग्निगुरुशिष्याणां[1] वार्धानीकुम्भयोः समम् ।
दन्तकाष्ठं ततो दद्यात्क्षीरवृक्षसमुद्भवम् ॥ १२२ ॥

तस्य पातः शुभः प्राचीसौम्यैशाप्योर्ध्वदिग्गतः ।
अशुभोऽन्यत्र तत्रापि होमोऽष्टशतिको भवेत् ॥ १२३ ॥

पूरो कर स्वयं शुचिवत् हो गया हो, ३. स्नान प्रक्रिया गुरु द्वारा पूरी करा दी गयी हो और ४. उस दिन उपवास का व्रती हो ॥ ११९ ॥

देवाधिदेव महादेव को प्रणाम कर मण्डप में प्रवेश करें। ऐसे चार प्रकार प्रकार के दीक्ष्य शिष्यों का यह कर्त्तव्य है कि, वे शिव, गणेश, भैरव और क्षेत्रपालों को भी प्रणाम कर अपनी प्रथम योग्यता सिद्ध करें। ऐसे शिष्यों को दीक्षक आचार्य पञ्चगव्य, चरु और मुखशुद्धि हेतु दन्तधावन प्रदान करें ॥ १२० ॥

चरुसिद्धि याज्ञिकों की विशिष्ट प्रक्रिया है। यह उन द्वारा क्षीर और चावल से निर्मित होती है। इसकी सिद्धि में हृदय मन्त्र का प्रयोग करते हैं। पूरी तरह तैयार चरु से इतना अंश आचार्य अलग करता है, जितने सात मन्त्रों से चरु की आहुति दी जाती है। अग्नि सप्त जिह्व है। अतः सात मन्त्रों की आहुतियों से उसकी सातों जिह्वायें स्वाद का अनुभव कर तृप्त हो सकें। शेष चरु को पुनः छह भागों में बाँटना चाहिये। ये छह भाग १. शिव, २. अग्नि, ३. गुरु, ४. शिष्य, ५. वर्धानी और ६. कुम्भ को अर्पित करने के उद्देश्य से किये जाते हैं। चरु के बाद दन्तकाष्ठ की चर्चा की गयी है और यह भी कहा गया है कि, दन्त-काष्ठ क्षीरी (दूध वाले) वृक्ष की होनी चाहिये ॥ १२१-१२२ ॥

दन्त काष्ठ का प्रयोग करने के बाद उसके प्रक्षेप सम्बन्धी एक रहस्य का उद्घाटन भी कर रहे हैं। वह कह रहे हैं कि, शिष्य उसे फेंके। उसके संपात की दिशा यदि पूरब है, उत्तर है, ईशान है या ऊपर प्रक्षिप्त है, तब तो ठीक है।

---

१. क० पु० शिष्यांश्चेति पाठः ।

बहिःकर्म ततः कुर्याद्दिक्षु सर्वासु दैशिकः ।
ओं क्षः क्षः सर्वभूतेभ्यः स्वाहेति मनुनामुना ॥ १२४ ॥

समाचम्य कृतन्यासः समभ्यर्च्य च शङ्करम् ।
... ... गृहे शुचिः ॥ १२५ ॥

न्यासं कृत्वा तु शिष्याणामात्मनश्च विशेषतः ।
प्रभाते नित्यकर्मादि कृत्वा स्वप्नं विचारयेत् ॥ १२६ ॥

शुभं प्रकाशयेत्तेषामशुभे होममाचरेत् ।
ततः पुष्पफलादीनां सुवेशाभरणाः स्त्रियः ॥ १२७ ॥

इनके अतिरिक्त अन्य दिशाओं में प्रक्षेप अशुभ होता है। इनके लिये दीक्ष्य को एक माला अधिक जप करने से उसका प्रायश्चित्त हो जाता है ॥ १२३ ॥

बहिःकर्म शौचक्रियादि अर्थ में प्रयुक्त है। आज भी इस तरह का प्रयोग प्रचलित है। लोग प्रायः बाहरी ओर जाते हैं। जनता में नगर क्षेत्र को छोड़कर स्त्री पुरुष सभी बाहर जाते हैं। उर्दू शब्द मैदान जाने का प्रयोग भी देहात क्षेत्रों में चलता है। यह पारम्परिक रूप से प्रयुक्त जनता का शब्द है, जो शास्त्र द्वारा प्रमाणित है। दैशिक के लिये किसी दिशा विशेष का निर्देश नहीं है। सभी दिशाओं का वह प्रयोग कर सकता है। इसका मन्त्र है—'ओं क्षः क्षः सर्वभूतेभ्यः स्वाहा' इसका प्रयोग अवश्य करें ॥ १२४ ॥

बहिःकर्म स्नान तक होता है। स्नानोपरान्त संकल्प और आचमन कर न्यास करना चाहिये। फिर भगवान् शङ्कर की आराधना करनी चाहिये। आराधना से पवित्र शिष्य यागसदन में प्रवेश करें ॥ १२५ ॥

आचार्य इन शिष्यों से न्यास करावें। स्वयं भी पूरी तरह न्यासादि सम्पन्न कर लें। अब प्रभात हो गया है। सभी शिष्य शौचादि प्रक्रिया से पवित्र और मन्त्रन्यस्त हो चुके हैं। उन्हें आचार्य एकत्रित करें। उनसे रात्रि शयन के सौविध्य आदि के प्रश्न करके उनके स्वप्नों की जानकारी लेकर उन पर विचार करें ॥ १२६ ॥

जितने शुभ स्वप्न हैं आचार्य उनकी फल श्रुति से अवगत करायें। इससे शिष्य प्रसन्न हो उठते हैं। जो अशुभ स्वप्न हैं, उनका आचार्य निर्देश कर और

आपदुत्तरणं चैव शुभदेशावरोहणम् ।
मद्यपानं शिरश्छेदमाममांसस्य भक्षणम् ॥ १२८ ॥

देवतादर्शनं साक्षात्तथा विष्ठानुलेपनम् ।
एवंविधं शुभं दृष्ट्वा सिद्धिं प्राप्नोत्यभीप्सिताम् ॥ १२९ ॥

एतदेवान्यथाभूतं [1]दुःस्वप्न इति कीर्त्यते ।
पक्वमांसाशनाभ्यङ्गगर्तादिपतनादिकम् ॥ १३० ॥

उन स्वप्नों को देख चुके शिष्यों से प्रायश्चित होम सम्पन्न कराकर उन्हें निःशङ्क बना दें।

शुभ और अशुभ स्वप्नों की संक्षिप्त जानकारी शिष्यों को भी हो जाय, एतदर्थ पहले शुभ स्वप्नों की बानगी दे रहे हैं—

स्वप्न

शुभ १	अशुभ २
१. पुष्प फल आदि के दर्शन ।	१. इनके अतिरिक्त स्वप्न अशुभ कहलाते हैं ।
२. सुन्दर वस्त्रों और आभरणों से अलंकृत स्त्रियाँ ।	२. पका माँस-भक्षण, अभ्यङ्ग अर्थात् उबटन लगाना ।
३. आपत्ति का निराकरण एवं सुविधापूर्ण स्थान पर आरोहण ।	३. गर्त्त में गिरना आदि
४. मद्यपान, शिरश्छेद, आम, कच्चा माँस-भक्षण ।	४. आकाश में गिरना ।
५. देवदर्शन, विष्ठा का अनुलेपन; इनके देखने से अभीप्सित की सिद्धि होती है ॥ १२९ ॥	५. इस प्रकार के सभी स्वप्न दुःस्वप्न अर्थात् अशुभ माने जाते हैं । इसका ध्यान रखें ॥ १३० ॥

---

१. क० पु० दुःस्वप्नमितीति पाठः ।

तन्त्रोक्तां निष्कृतिं कृत्वा द्विजत्वापादनं ततः ।
देवाग्निगुरुदेवीनां पूजां कृत्वा सदा बुधः ॥ १३१ ॥
एतेषामनिवेद्यैव न किञ्चिदपि भक्षयेत् ।
देवद्रव्यं गुरुद्रव्यं चण्डीद्रव्यं च वर्जयेत् ॥ १३२ ॥
निष्फलं नैव चेष्टेत मुहूर्तमपि मन्त्रवित् ।
योगाभ्यासरतो भूयान्मन्त्राभ्यासरतोऽपि वा ॥ १३३ ॥
इत्येवमादिसमयाञ्श्रावयित्वा विसर्जयेत् ।
देवदेवं ततः स्नानं शिष्याणामात्मनोऽपि वा ॥ १३४ ॥

दुःस्वप्न दर्शन से होने वाले दुर्वैलक्षण्य को दूर करने के लिये तन्त्रोक्तनिष्कृति आवश्यक है। पुनः द्विजत्वापादन भी करा लेना चाहिये। देव (देश), अग्नि, गुरुदेव और देवियों की पूजा भी अवश्य करणीय है। विचक्षण पुरुष यह जानते हैं ॥ १३१ ॥

इन्हें विना नैवेद्य निवेदित किये स्वयं कुछ भी भोजनीय रूप में ग्रहण नहीं करना चाहिये। देव द्रव्य का प्रयोग कभी न करें। गुरु द्रव्य भी शिष्य द्वारा प्रयोग में लाना सर्वथा वर्जित है। माँ जगदम्बा के लिये जिन द्रव्यों को लोग अर्पित करते हैं, वे चाहते हैं कि, इनका प्रयोग उनकी आराधना की व्यवस्था के लिये हो। उसका अपने लिये उपयोग पुजारी वर्ग न करे ॥ १३२ ॥

शिष्य का यह कर्त्तव्य है कि, वह व्यर्थ उद्देश्यहीन व्यापार में कभी निरत न हो। वह अब मन्त्र को जान गया है। मन्त्रवित् आचार्य भी होता है। उसे भी व्यर्थ चेष्टा क्षण भर भी नहीं करनी चाहिये। योगाभ्यासरत रहना चाहिये। अथवा खालो समय में मन्त्र का ही अनुचिन्तन करे। यह और भी अच्छा है ॥ १३३ ॥

इसी आदर्श दृष्टि और ऐसे ही समयाचार के अन्यान्य नियमों के सम्बन्ध के उपदेश शिष्य को स्वयम् आचार्य ही आश्रावित करें अर्थात् सुनायें। इसके बाद ही शिष्यों का विसर्जन करें। अवकाश दे दें। तदनन्तर जिस आराध्य की आराधना का महोत्सव आयोजित है, उस देवाधिदेव का भी विधिवत् विसर्जन करें ॥ १३४ ॥

कारयेच्छिवकुम्भेन सर्वदुष्कृतहारिणा ।
इत्येतत्सामयं कर्म समासात्परिकीर्तितम् ॥ १३५ ॥

इति श्रीमालिनीविजयोत्तरे तन्त्रे समयाधिकारोऽष्टमः ॥ ८ ॥

इसके बाद वहाँ पूजा में प्रयुक्त देवाधिदेव शिव के कलश के जल से शिष्यों को स्नान कराकर एवं स्वयं नहाकर दिव्य प्रयोगों की दिव्यता से ओत-प्रोत हो जाये। यह प्रक्रिया आवश्यक है क्योंकि उस जल का प्रयोग सारी दुष्कृतियों को दूर करने वाला होता है। भगवान् कहते कि, देवि पार्वति ! यह संक्षेप में सामय-कर्म की उपदिशा मैंने प्रदान की है ॥ १३५ ॥

परमेशमुखोद्भूत ज्ञानचन्द्रमरीचिरूप श्रीमालिनीविजयोत्तरतन्त्र का
डॉ० परमहंसमिश्रकृत नीर-क्षीर-विवेक भाषाभाष्य संवलित
समयाधिकार नामक आठवाँ अधिकार परिपूर्ण
॥ ॐ नमः शिवायै ॐ नमः शिवाय ॥

अथ नवमोऽधिकारः

अथैषां समयस्थानां कुर्याद्दीक्षां यदा गुरुः ।
तदाधिवासनं कृत्वा ..... ॥ १ ॥

स च पूर्वां दिशं सम्यक् सूत्रमास्फालयेत्ततः ।
तन्मध्यात्पूर्ववारुण्यावङ्कयेत समान्तरम् ॥ २ ॥

सौः

परमेशमुखोद्भूतज्ञानचन्द्रमरीचिरूपम्

श्रीमालिनीविजयोत्तरतन्त्रम्

डॉ० परमहंसमिश्रविरचित-नीर-क्षीर-विवेकनामकभाषाभाष्यसमन्वितम्

नवमोऽधिकारः

[१]

अधिकार के प्रारम्भ में 'अथ' अव्यय द्वारा सृष्टिकर्त्ता के आदिम विश्वारम्भ का स्मरण हो जाता है। दीक्षा भी शिष्य के दिव्यजीवन के आरम्भ की प्रक्रिया है। गुरु शास्त्रीय अधिकार प्राप्त और समयाचार सिद्ध शिष्य की दीक्षा करता है। यहाँ साधक-शिष्य विगत अध्यायों को शिक्षा से और आचार-पालन से योग्य हो गया हैं। अतः अब गुरु उसे अवश्य दीक्षित करें। इसके साथ अधिवासन करें और करायें। इसके बाद क्या करें यह आदेश वाक्य खण्डित हो गया है। उससे गुरु स्वयम् उस प्रक्रिया का अध्याहार करें, वही उत्तम है ॥ १ ॥

यहाँ सूत्रास्फालन की एक प्रक्रिया का निर्देश कर रहे हैं। आचार्य सूत्र गोलक शिष्य के हाथ में दें और उसे पूरब की ओर आस्फालित करायें। सूत्र मान लीजिये २० फीट दूर जा गिरा। उसके मध्य से अर्थात् दसवें फीट के अन्तिम बिन्दु से १० फीट का चिह्न या रेखा पूरब और पश्चिम की ओर खींच दें। इसी तरह पूरब पश्चिम की समान्तर रेखायें निर्धारित कर दें। इसी तरह उत्तर और दक्षिण की समान्तर रेखाओं का क्रास कर दें। इस प्रकार से एक समचतुर्भुज बन जायेगा ॥ २ ॥

पूर्वापरसमासेन सूत्रेणोत्तरदक्षिणम् ।
अङ्कयेदपराद्वङ्कात्पूर्वादपि तथैव ते ॥ ३ ॥

मत्स्यमध्ये क्षिपेत्सूत्रमायतं[1] दक्षिणोत्तरे ।
मतक्षेत्रार्धमानेन मध्याद्दिक्ष्वङ्कयेत्समम् ॥ ४ ॥

तद्वद्दिक्स्थाच्च कोणेषु अनुलोमविलोमतः ।
पातयेत्तेषु सूत्राणि चतुरश्रप्रसिद्धये ॥ ५ ॥

वेदाश्रिते[2] हि हस्ते प्राक् पूर्वमर्धं विभाजयेत् ।
हस्तार्धं सर्वतस्त्यक्त्वा पूर्वोदग्यामदिग्गतम् ॥ ६ ॥

पूर्व और दोनों को आत्मसात् करने वाली सूत्रिका से उत्तर और दक्षिण की रेखाओं का अङ्कन भी आवश्यक माना जाता है। ये रेखायें प्रतीची से पूर्व और दक्षिण से उत्तर के क्रम में खींचने पर जो चित्र उभरेगा वह इस प्रकार का होगा इसमें मत्स्य त्रिकोणवत् आकृति पूर्व का ही नाम है ॥ ३ ॥

मत्स्य के मध्य में सूत्र रखकर दक्षिणोत्तर आयत बने हुए हैं। इसी तरह के चार आयत बने हुए हैं। मत अर्थात् स्वीकृत। वस्तुतः सूत्र स्फालन का अर्द्ध बिन्दु ही मध्य बिन्दु होता है। यह मत क्षेत्र होता है और एक ही मध्य बिन्दु से चार आयत बनते हैं। इसमें चार मत्स्यकोण बनते हैं। इन्हें स्वयम् आचार्य बनाये ॥ ४ ॥

दिक्स्थ चारों कोणों से अनुलोम विलोम ढङ्ग से भी रेखायें खीचनी पड़ती हैं, या भीगे रंगीन सूत्र रखने से भी रेखायें उभर आती हैं। इसी पद्धति को अपनायें। इससे चतुरस्र कोण की आकृति सिद्ध हो जाती है ॥ ५ ॥

पहले चार हाथ का क्षेत्र लें। चार हाथ में ९६ अङ्गुल होता है। तत्पश्चात् आधा विभाजित करें। उसमें हस्तार्ध अर्थात् एक बित्ता अर्थात् १२ अङ्गुल भाग चारों ओर छोड़ देना चाहिये। यह क्रम पूर्व से दक्षिण तक होना चाहिए। इस प्रकार ८४ अङ्गुल का लघु चतुरस्र मण्डल साकार हो उठेगा ॥ ६ ॥

---

१. क० पु० ददेत्सूत्रमिति पाठः।
२. क० पु० वेदाश्रिते त्रिहस्ते इति, ख० पु० एवमस्य त्रिहस्तस्य प्राक् इति पाठान्तरं च।

गुणाङ्गुलसमैर्भागैः शेषमस्य विभाजयेत् ।
त्र्यङ्गुलैः कोष्ठकैरूर्ध्वैस्तिर्यक् चाष्टद्विधात्मकैः ॥ ७ ॥

द्वौ द्वौ भागौ परित्यज्य पुनर्दक्षिणसौम्यगौ ।
ब्रह्मणः पार्श्वयोर्जीवाच्चतुर्थात्पूर्वतस्तथा ॥ ८ ॥

भागार्धभागमानं तु खण्डचन्द्रद्वयं द्वयम् ।
तयोरन्तस्तृतीये तु दक्षिणोत्तरपार्श्वयोः ॥ ९ ॥

जीवे खण्डेन्दुयुगलं कुर्यादन्तर्भ्रमाद्बुधः ।
तयोरपरमर्मस्थं खण्डेन्दुद्वयकोटिगम् ॥ १० ॥

गुण (३) और अङ्गुल (५) बराबर आठ सम भाग करने पर ऊपर नीचे के क्रम में ६४ कोष्ठक बनते हैं। ८ को दो से गुणा कर १६ अङ्गुल होते हैं। एक चतुरस्र मण्डल में तीन अङ्गुलों के कोष्ठक १६ से गुणा करने पर ४८ होंगे। यह चतुरस्र बनाने की ही एक विधि हैं ॥ ७॥

चतुरस्र मण्डल की इस आकृति में दक्षिण और उत्तर दो भाग मिटा देना चाहिये। [1]ब्रह्मबिन्दु और जोवरेखा पर्यन्त के विषय में यह ध्यान देना चाहिये कि, ब्रह्म बिन्दु के दोनों पार्श्व तथा जीव बिन्दु से चतुर्थ पर्यन्त भागार्ध मान बिन्दु से तिर्यक् रेखा देने से खण्ड रूप दो चाँदों की आकृतियां[2] उभर आती हैं ॥ ७-८ ॥

ब्रह्म बिन्दु से अन्तर में दो कोष्ठक मिटा दिये गये हैं। अब तीसरे कोष्ठक से तृतोय रेखा के पार्श्वों में ये चन्द्र उभरते हैं। अन्तर्भ्रमि सूत्र से होती है। जीव रेखा से अन्तर्भ्रमि द्वारा ही ये दोनों चाँद आकार ग्रहण करते हैं। इन दोनों के भी जो [3]मर्म हैं, उनसे इन्दु-खण्डों के अग्रभाग से सम्पर्क रेखा द्वारा ही हो पाता है ॥ ९-१० ॥

---

१. श्रोत० ३१।११; २. तदेव ३१।१३;
३. तदेव ३१।१४

बहिर्मुखभ्रमं[1] कुर्यात् खण्डचन्द्रद्वयं द्वयम् ।
तद्वद्ब्रह्मणि कुर्वीत [2]भागभागार्धसंमितम् ॥ ११ ॥

ततो द्वितीयभागान्ते ब्रह्मणः पार्श्वयोर्द्वयोः ।
द्वे रेखे पूर्वगे नेये भागत्र्यंशशमे बुधैः ॥ १२ ॥

एकार्धेन्दूर्ध्वकोटिस्थं[3] ब्रह्मसूत्राग्रसंगतम् ।
सूत्रद्वयं प्रकुर्वीत मध्यशृङ्गप्रसिद्धये ॥ १३ ॥

तदग्रपार्श्वयोर्जीवात्सूत्रमेकान्तरे [4]स्थितम् ।
आदिद्वितीयखण्डेन्दुकोणात्कोणान्तमाश्रयेत् ॥ १४ ॥

इनमें बहिर्मुख भ्रमि से दो इन्दुओं की तरह दूसरे इन्दुद्वय भी आकार ग्रहण करते हैं। इसी तरह ब्रह्म रेखा के भी भागार्धार्ध किये जाते हैं। यह मण्डल की पृथक् प्रक्रिया है ॥ ११ ॥

तत्पश्चात् ब्रह्मरेखा के दोनों पार्श्व में पूर्व की ओर जाने वाली दो रेखाओं का प्रणयन करना चाहिये। यह प्रक्रिया द्वितीय भागान्त में पूरी की जाती है। वे दोनों रेखायें वहीं तक जानी चाहिये, जहाँ त्र्यंशभाग का शमन अर्थात् अन्त होता है ॥ १२ ॥

अर्ध इन्दु के एक ओर का भाग जो ऊर्ध्व की ओर पड़ता है। उसके अग्र-भागस्थ बिन्दु से ब्रह्मसूत्र के अग्रभाग से सङ्गति कर दो सूत्रों से वहाँ रेखा उभारने पर दोनों के मध्य में मध्य शृङ्ग की आकृति बन जाती है[5] ॥ १३ ॥

जीव[6] संज्ञक रेखा, [7]ब्रह्मबिन्दु और अर्धेन्दुद्वय[8] आदि शब्द उस समय की ज्यामिति शास्त्र में प्रयुक्त होते थे। मण्डल रचना भी ज्यामितिक रचना है। जीवरेख जीवसूत्र से और ब्रह्मरेखा ब्रह्म से बनती थीं। (इस सम्बन्ध में मैंने श्रीतन्त्रालोक के ३१वें आह्निक में जो कुछ लिखा है अथवा यहाँ जो लिखने का प्रयास कर रहा हूँ, सब ऊहात्मक है। इसकी यथार्थता के लिये तान्त्रिक याज्ञिकों

---

१. क० पु० मुखं भ्रममिति पाठः ।
२. क० पु० भागार्धेति पाठः ।
३. क० पु० एकार्धेन्द्वर्धेति पाठः ।
४. ख० पु० वृतमिति पाठः ।
५. श्रीत० ३१।६८-६९;
६. तदेव ३१।६४;
७. तदेव ३१।११ ;
८. तदेव ३१।१३

तयोरेवापराज्जीवात्प्रथमार्धेन्दुकोणतः ।
तद्वदेव नयेत्सूत्रं शृङ्गद्वितयसिद्धये ॥ १५ ॥
क्षेत्रार्धे [1]चापरे दण्डो द्विकरच्छन्नपञ्चकः ।
द्विकरं पञ्च तद्भागाः पञ्चपीठतिरोहिताः ॥ १६ ॥
शेषमन्यद्भवेद्दृश्यं पृथुत्वाद्भागसंमितम् ।
षड्विस्तृतं चतुर्दीर्घं तदधोऽमलसारकम् ॥ १७ ॥

की एक समिति बननी चाहिये। तभी इसका सही निर्णय हो सकता है।) यह प्रक्रिया प्रचलन में नहीं है। जो है, उसके लिये आचार्य को ही प्रमाण मानना चाहिये। इसी क्रम में दूसरी जीव रेखा से प्रथम अर्धेन्दु के कोण से द्वितीय खण्डेन्दु कोण के अन्त में रेखा खींचनी चाहिये[2] ॥ १४ ॥

दूसरे शृङ्ग की रचना से सम्बन्धित इस कारिका में जीवसंज्ञक दूसरी रेखा जहाँ प्रथम अर्धेन्दु का कोण है, वहाँ से उसी प्रकार पूर्वापर रेखाओं से शृङ्ग आकार ग्रहण करता है ॥ १५ ॥

ऊपर के जितने विधान हैं वे ऊपर के क्षेत्रार्ध के हैं, जिनमें मध्यशृङ्ग और उभय पार्श्वशृङ्ग तथा खण्ड-चन्द्रद्वय निर्माण की चर्चा की गयी है। यहाँ क्षेत्रार्ध के अन्य भाग के सम्बन्ध में चर्चा की जा रही है। इसमें प्रयुक्त कुछ शब्दार्थ इस प्रकार हैं[3]—

१. **द्विकरः**—दो हाथ। ये दो हाथ यह याद दिलाते हैं कि, कुल मण्डल चार हाथ का था। ऊर्ध्व भाग के दो हाथों के वर्णन के बाद यह द्विकर शब्द प्रयुक्त है।

२. **छन्न पञ्चक**—शृङ्ग निर्माण में दण्ड रचना भी एक अङ्ग हैं। इसमें पाँच गाटें जो छन्न हों वे निर्दिष्ट हैं।

३. **पञ्चपीठतिरोहिता**—ये गाँठें पाँच पीठों से तिरोहित रहती हैं। ऊपर का भाग दृश्य होता है ॥ १६ ॥

दण्ड संरचना पृथक् नहीं होती अपितु रेखाओं के निर्माण के साथ ही बनता जाता है। इसे पृथुरूप होने के कारण दृश्य माना जाता है।

---

१. ख० पु० चापरे कुर्याद्दण्डमस्य यथा शृणु, इति पाठान्तरं वर्तते।
२. श्रीत० ३१।७०-७१; ३. ३१।१६

वेदाङ्गुलं च तदधो मूलं तीक्ष्णाग्रमिष्यते ।
आदिक्षेत्रस्य कुर्वीत दिक्षु द्वारचतुष्टयम् ॥ १८ ॥
हस्तायामं तदर्धं तु विस्तारादपि तत्समम् ।
द्विगुणं[1] बाह्यतः कुर्यात्ततः पद्मं यथा शृणु ॥ १९ ॥
एकैकभागमानानि कुर्याद्वृत्तानि वेदवत् ।
दिक्ष्वष्टौ पुनरप्यष्टौ जीवसूत्राणि षोडश ॥ २० ॥

---

४. **षड्विस्तृत**—यह षट् शब्द भी छः गाठों की ओर ही संकेत करता है।

५. **चतुर्वीर्घं**—इस शब्द से यह प्रतीत हो रहा है कि, पूरे चार हाथ की उँचाई की ही दण्ड रचना भी होती थी।

६. **अमलसारक**—ठोस गाँठ वाला निचला भाग पीपल के पत्ते की तरह का नीचे नुकीला होता है। उसे अमलसारक गाँठ कहते हैं ॥ १७ ॥[2]

उसी अमलसारक भाग को वेदाङ्गुल अर्थात् चार अङ्गुल का मानते है। दण्ड का अधोभाग तीक्ष्णाग्र अर्थात् नुकीला ही बनाया जाता है ताकि वह भाग भूभाग में जम कर स्थिर रह सके। समचतुर्भुज मण्डल के चारों आदि रेखाओं के मध्य में चार द्वार रचना भी अनिवार्य है[3] ॥ १८ ॥

एक हाथ आयाम लेकर अथवा एक बालिस्त का ही आयाम लेकर जो दीर्घ-विस्तार दोनों में सम हो, रचना का ध्यान रखकर बाह्य रेखाओं पर दिशाओं के द्विगुण अर्थात् १६ पद्मवृत्त कैसे बनते हैं—इसकी जानकारी भगवान् दे रहे हैं और उसे सुनने का भी निर्देश दे रहे हैं[4] ॥ १९ ॥

सर्व प्रथम एक-एक भाग मान वाले चार वृत्त निर्मित करना चाहिये। दिशाओं की दृष्टि से ये आठ और जीवसूत्र की विधि से सोलह हो जाते हैं[5] ॥ २० ॥

---

१. ग० पु० द्विगुणं बाह्यमर्धं चेति पाठः।
२. श्रीत० ३१।७१ ; ३. तदेव ३१।७२ ;
४. तदेव ३१।७३-७४ ; ५. तदेव ३१।७४-७५

द्वयोर्द्वयोः पुनर्मध्ये तत्संख्यातानि पातयेत् ।
एषां[1] तृतीयवृत्तस्थं पार्श्वजीवसमं [2]भ्रमम् ॥ २१ ॥
एतदन्तं प्रकुर्वीत ततो जीवाग्रमानयेत् ।
यत्रैव कुत्रचित्सङ्गस्तत्संबन्धे स्थिरीकृते ॥ २२ ॥
तत्र कृत्वा नयेन्मन्त्री पत्राग्राणां प्रसिद्धये ।
एकैकस्मिन्दले कुर्यात्केसराणां त्रयं त्रयम् ॥ २३ ॥
द्विगुणाष्टाङ्गुलं[3] कार्यं तद्वच्छृङ्गकजत्रयम् ।
ततः प्रपूजयेन्मन्त्री रजोभिः सितपूरकैः ॥ २४ ॥

वृत्तों के मध्य बिन्दु से मध्य वृत्त बनाने पर पद्म पत्र बनते जाते हैं। सूत्र के पात की विधि से अच्छा परकाल विधि जो वर्त्तमान में प्रचलित है, इससे पद्मपत्र सुन्दर बनते हैं। बीच में १६ वृत्त बन जाते हैं। परकाल विधि से पेन्सिल द्वारा इनकी रचना करने पर जीव-सूत्र पात के माध्यम से रचना करने की कोई आवश्यकता नहीं पड़ती। पहले दूसरे वृत्तों के बाद तृतीय वृत्त के पार्श्व में जीव-रेखाभ्रमि का प्रभाव कैसा होता है, आचार्य को एतद्विषयक सावधानी बरतनी चाहिये [4] ॥ २१ ॥

इस प्रकार पूरी रचना जीवसूत्र के माध्यम से कर लेने पर अन्त में जीवाग्र भाग का आनयन बीच में दबाव देकर केन्द्र तक लाना चाहिये। वहाँ ले आकर पूरी पद्मपत्र रचना सम्पन्न हो जाती है। इस रचना से मण्डल रचना की पूर्त्ति और उसकी स्थिरता भी आ जाती है[5] ॥ २२ ॥

उस समस्त विधि-विधान को सम्पन्न कर लेने के उपरान्त मन्त्री साधक शिष्य पत्राग्र की संरचना में प्रवृत्त होकर एक-एक दल में केशर के लिये सूत्र से या परकाल से तीन-तीन रेखायें बनाये। ऊर्ध्व कोष्ठक से सम्बन्धित पत्राग्र रचना का यही निर्देश उसकी स्वाभाविकता के लिये आवश्यक[6] है ॥ २३ ॥

शृङ्गों पर कमल की संरचना में दल सहित उसके मान की चर्चा यहाँ की गयी है। कारिका के अनुसार इसका मान १६ अङ्गुल होना चाहिये। कमलों

---

१. ग० पु० एषु तृतीयेति पाठः।
२. क० पु० भ्रमादिति पाठः।
३. क० पु० द्विगुणाष्टदलमिति पाठः।
४. श्रीत० ३१।७६ ;
५. तदेव ३१।७७ ;
६. तदेव ३१।७८

रक्तैः कृष्णैस्तथा पीतैर्हरितैश्च विशेषतः ।
कर्णिका पीतवर्णेन मूलमध्याग्रदेशतः[1] ॥ २५ ॥

सितं रक्तं तथा पीतं कार्यं केसरजालकम् ।
दलानि शुक्लवर्णानि प्रतिवारणया सह ॥ २६ ॥

पीतं तद्वच्चतुष्कोणं [2]कर्णिकार्धसमं बहिः ।
सितरक्तपीतकृष्णैस्तत्पादान्वह्नितः क्रमात् ॥ २७ ॥

चतुर्भिरपि शृङ्गाणि त्रिभिर्मण्डलमिष्यते ।
दण्डः स्यान्नीलरक्तेन पीतमामलसारकम् ॥ २८ ॥

को 'शृङ्गकज' कहते हैं। दलाग्र और उसमें केशरत्रय की संरचना से उसमें आकर्षण आ जाता है[3] ॥ २४ ॥

इसके बाद साधक रङ्गों से ऐसी सज्जा तैयार करे जो श्वेत रङ्ग के पूरक बनकर सुन्दरता में चमत्कार भर दें। इसके लिये उसे रक्त-पीत-हरित और कृष्णवर्णी रङ्गों का प्रयोग करना चाहिये। विशेष रूप से यह ध्यान देना चाहिये कि कर्णिका पीतवर्ण से रंगी जाय। यह भी आवश्यक है कि मूल, मध्य और अग्रभागीय केशरों को सित, रक्त और पोत वर्णों से रँगा जाय। प्रायः दल प्रतिवारणा रेखा (चिह्नित रेखा से पृथक् करने वाली) से पृथक्-पृथक् प्रतीत होते हैं ॥ २५-२६ ॥

इसी प्रकार चारों कोने भी पीतवर्णी हों। कर्णिका का अर्धभाग बाहर रह सकता है। अग्निकोण से रंगों का क्रम भी निम्नवत् रह सकता है। यथा-अग्नि-कोण-सितवर्ण, ईशान-रक्तवर्ण, वायव्य-पोतवर्ण और नैर्ऋत्य-कृष्णवर्ण। यह चतुर्वर्णी चतुष्कोण मण्डल रचना को आकर्षण से भर देता है ॥ २७ ॥

दण्ड और शृङ्ग का आधाराधेय सम्बन्ध है। पूरा दण्ड जहाँ नील-रक्ताभ होगा, वहीं चार शृङ्ग रङ्गों से और मण्डल में तीन रङ्गों का प्राधान्य होता है। यह भी आवश्यक है कि, दण्ड का अमलसारक अंश (नीचे की गाँठ) जो नुकीली होती है, वह पीले रङ्गों से रंगी जाय ॥ २८ ॥

---

१. क० पु० मध्याग्रभेदत इति पाठः ।
२. ग० पु० कर्णिकारसममिति पाटः ।
३. श्रीत० ३१।७८

रक्तं शूलं प्रकुर्वीत यत्तत्पूर्वं प्रकल्पितम् ।
पश्चाद्द्वारस्य पूर्वेण त्यक्त्वाङ्गुलचतुष्टयम् ॥ २९ ॥

द्वारं वेदाश्रि वृत्तं वा सकीर्णं वा विचित्रितम् ।
एकद्वित्रिपुरं तुल्यं सामुद्गमथ वोभयम् ॥ ३० ॥

कपोलकण्ठशोभोपशोभादिबहुचित्रितम् ।
विचित्राकारसंस्थानं वल्लीसूक्ष्मगृहान्वितम् ॥ ३१ ॥

शूल भाग रक्तावर्णी हो। यह पहले भी इसी तरह का होना वर्णित है। इसके बाद द्वार के सम्बन्ध का भी विचार कर यह निर्धारित करना चाहिये कि द्वार कहाँ-कहाँ हो? पूर्व में ४ अङ्गुल भाग छोड़ देना चाहिये ॥ २९ ॥

द्वार वेदाश्रि अर्थात् चतुष्कोण अथवा वृत्त मेहराबदार बनाये जाते हैं। ये शास्त्र सम्मत निर्मितियाँ हैं। यह संकीर्ण पद्धति से भी निर्मित होती हैं या अन्य आकृतियाँ भी गृहीत की जा सकती हैं। विचित्र रचनाओं के प्रकारों से मण्डप-रचनाकार परिचित होते हैं। द्वार को सजाने की दृष्टि से एक रङ्ग, दो रङ्गों या तीन-चार रंगों का प्रयोग भी करते हैं। इसे 'पूरना' कहते हैं। जनपदीय क्षेत्रों में नापित, उनकी पत्नियाँ, या घर की स्त्रियाँ भी चौक पूरती हैं। इसमें मूँग का प्रयोग कर सामुद्गिक रङ्ग लाने का प्रयत्न करते हैं, या नील रङ्ग से लहराती रचना करते हैं। अथवा दोनों विधाओं के प्रयोग भी कर लेते हैं ॥ ३० ॥

मण्डल रचना के वैशिष्ट्य के सम्बन्ध में कह रहे हैं कि, यह पिण्ड की रचना के ही अनुकूल रचना होती है। यह मानवीकरण के समान ही है। द्वार में भी कपाल (कपोल), कण्ठ आदि को शोभित करने के उपाय करने चाहिये। द्वार ऐसा लगे जैसे कि कोई हृदय खोलकर स्वागत कर रहा। इसे विचित्र-विचित्र आकार दिये जा सकते हैं। भीतर बाँस की वल्लियों का अथवा लताओं की ऐसी व्यवस्था होनी चाहिये। द्वार के साथ एक छोटा कक्ष भी हो तो कोई अन्तर नहीं पड़ता। उसे शास्त्र की भाषा में 'सूक्ष्मगृह' भी कहते हैं। यह सूक्ष्मगृह द्वार से ही सम्बद्ध होता है[1] ॥ ३१ ॥

---

१. श्रीत० ११।८३-८५

एवमत्र सुनिष्पन्ने गन्धवस्त्रेण मार्जनम् ।
कृत्वा स्नानं प्रकुर्वीत पूर्वोक्तेनैव [1]वर्त्मना ॥ ३२ ॥
प्रविश्य पूर्ववन्मन्त्री उपविश्य यथा पुरा ।
न्यस्य पूर्वोदितं सर्वं पञ्चधा भैरवात्मकम् ॥ ३३ ॥
उत्तरे विन्यसेच्छृङ्गे देवदेवं नवात्मकम् ।
मध्ये भैरवसद्भावं दक्षिणे रतिशेखरम् ॥ ३४ ॥
रक्तत्वङ्मांसमूत्रैस्तु वामकर्णविभूषितम् ।
बिन्दुयुक्तं प्रमेयोतं रतिशेखरमादिशेत् ॥ ३५ ॥

इस प्रकार मण्डल रचना के साथ-साथ द्वार की शोभादायक निर्मितियों से जनता का आकर्षण बढ़ जाता है। इतना करने के बाद गन्ध-वस्त्र से वहाँ की सफाई करनी चाहिये। सुगन्धित हम्माम में वस्त्र डालकर उसे सुखा लेने पर ही वह वस्त्र 'गन्ध-वस्त्र' कहलाता है। इतनी तैयारी कर साधक पुनः आवश्यक स्नान करता है, और इसमें भी पूर्वोक्त विधि ही अपनायी जाती हैं ॥ ३२ ॥

स्नानोपरान्त मन्त्री पुनः मण्डल में पूर्ववत् प्रवेश करें। अपने निर्धारित स्थान पर बैठे। पहले कहे हुए न्यासों से स्वयं को न्यस्त कर अपनी दिव्यता का संवर्धन कर लेना चाहिये। पञ्चधान्यास[2] करने के उपरान्त स्वात्म में भैरवभाव का आकलन करना श्रेयस्कर होता है ॥ ३३ ॥

उत्तर शृङ्ग में नवात्मक देवाधिदेव का विन्यास करना चाहिये। मध्य शृङ्ग में भैरवसद्भाव का विन्यास आवश्यक है और दक्षिण शृङ्ग में रतिशेखर को प्रतिष्ठा होनी चाहिये। [3]नवात्मक देव प्रकृति पुरुष, नियति, काल, माया, विद्या, ईश और सदाशिवमय माने जाते हैं। [4]भैरवसद्भाव मन्त्ररूप देव माने जाते हैं। रतिशेखर[5] मन्त्र का वर्णन तन्त्र-शास्त्रों में वर्णित हैं ॥ ३४ ॥

रतिशेखर मन्त्र का वर्णन कूट शब्दों के माध्यम से इस कारिका में किया गया है। रक्त (र), त्वक् (य), माँस (ल), सूत्र (व), वामकर्ण (ऊ) बिन्दु युक्त प्रमेयोपेत ये पाँच वर्ण बीजमन्त्र बन जाते हैं। नववर्णात्मक[6] बीज को भी रतिशेखर कहते हैं ॥ ३५ ॥

---

१. ग० पु० वर्मणेति पाठः ।
२. मा० वि० ८।४७ ;
३. स्वच्छन्दतन्त्र ५।११;
४. श्रीत० ३०।१६-१७;
५. तदेव ३०।१०-११ ;
६. तदेव ३०।११-१२

शाक्तं च पूर्ववत्कृत्वा तर्पयेत्पूर्ववद्बुधः ।
पुनरभ्यर्च्य देवेशं भक्त्या विज्ञापयेदिदम् ॥ ३६ ॥

गुरुत्वेन त्वयैवाहमाज्ञातः परमेश्वर ।
अनुग्राह्यास्त्वया शिष्याः शिवशक्तिप्रचोदिताः ॥ ३७ ॥

तदेते[1] तद्विधाः प्राप्तास्त्वमेषां कुर्वनुग्रहम् ।
मदीयां तनुमाविश्य येनाहं त्वत्समो भवन् ॥ ३८ ॥

करोम्येवमिति प्रोक्तो हर्षादुत्फुल्ललोचनः ।
ततः षड्विधमध्वानमनेनाधिष्ठितं स्मरेत् ॥ ३९ ॥

इतनी प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरान्त समस्त शाक्त विधियाँ पूरी कर आचार्य तर्पण की व्यवस्था करें। इसके बाद शिव की पूजा करनी चाहिये। भक्तिभाव से ओत प्रोत होकर यह विज्ञापित करना चाहिये—

"हे परमेश्वर[2]! तुम्हारी आज्ञा से अनुशासित होकर इस प्रकार के याज्ञिक कर्म में प्रवृत्त हुआ हूँ। भगवन्! ये शिष्य भी तुम्हारे अनुग्रह के अधिकारी हैं। इन पर अनुग्रह करें। इससे मैं भी अनुगृहीत हो जाऊँगा। ये सभी शिष्य आप और आपकी शक्ति से प्रेरित होकर ही यहाँ आये हैं। ये यहाँ शरणागत रूप में हैं। इन्हें आपका ही आश्रय है। भगवन्! आप इन पर अनुग्रह करें। इसके लिये मुझ आचार्य के शरीर में प्रवेश करें। इससे मैं आपका ही प्रतिरूप हो जाऊँगा, इनके ऊपर मैं ही आपके अनुग्रह की वर्षा करूँगा।" इस प्रकार की आचार्य की प्रार्थना से भगवान् प्रसन्न होकर आचार्य में प्रवेश कर जाते हैं। वह हर्ष से विह्वल हो उठता है। उसकी आँखें खिल उठती हैं। अब वह शिष्य वर्ग को देखकर यह सोचता है कि, इन पर षडध्व-न्यास भी किया जा चुका है। यह स्मरण कर वह प्रसन्न हो जाता है॥ ३६-३९ ॥

---

१. क० पु० तदेतद्द्विविधा इति पाठः।
२. श्रीत० १६।७४

सृष्ट्यादिपञ्चकर्माणि [1]निष्पाद्यान्यस्य चिन्तयेत् ।
शक्तिभिर्जीवमूर्तिः स्याद्द्विधैवास्य परापरा ॥ ४० ॥

मूर्तामूर्तत्वभेदेन [2] मामप्येषानुतिष्ठति ।
करणत्वं प्रयान्त्यस्य मन्त्रा ये हृदयादयः ॥ ४१ ॥

एवंभूतं शिवं ध्यात्वा तद्गतेनान्तरात्मना ।
भाव्यं तन्मयमात्मानं दशधावर्तयेच्छिवम् ॥ ४२ ॥

सृष्टि, स्थिति, संहार, तिरोधान और अनुग्रह रूप पञ्चकृत्यो[3] का निष्पादन दीक्षा में हो जाता है। आचार्य शिव की तरह पाँचों कृत्यों का निष्पादक माना जाता है। इतना करने के बाद अन्य कार्यों के विषय में गुरुदेव को सोचना चाहिये। जोवमूर्त्ति का यह आकार शक्तियों से ही सम्पन्न होता है। परापरा शक्ति ही विशेष रूप से इस प्रक्रिया में प्रमाण हैं ॥ ४० ॥

परापरा शब्द हो दो प्रकार की प्रकल्पनाओं को समाहित करता है— १. परा और २. अपरा प्रकार। इसमें प्रथम प्रकार अमूर्त्त और दूसरा मूर्त्तत्व का अध्याहार करता है। परापरा देवो शक्ति अपने प्रभाव से आचार्य को भो इन दो रूपों में प्रतिष्ठित करती है। इसमें हृदयादि मन्त्र ही साधकतम करण बनते हैं ॥ ४१ ॥

यह सारी महिमा शिव को हो है। इसका ध्यान हमेशा रहना चाहिये। ध्यान से साधक या आचार्य कोई भी तद्गतान्तरात्मा बन सकता है। वस्तुतः अन्तरात्मा की स्वरूपावस्था शिवत्व से ही अनुप्राणित होती हैं। ध्यान से स्वरूपोपलब्धि सम्भव है। तभो तन्मयता सिद्ध होती है। तन्मयता से तादात्म्य-भावापत्ति अनायास उपलब्ध होती है। दीक्षा के इस अवसर पर आचार्य यह सब शिष्य को भो स्पष्ट करें और उसमें शिवत्व का दशधा आवर्त्तन करें ॥ ४२ ॥

---

१. ख० पु० निष्पाद्यानीति पाठः ।

२. क० पु० मूर्त्यमूर्त्तत्वभेदेन ममाप्येषा इति पाठः ।

३. श्रीत० १६।७७

त्रिःकृत्वा सर्वमन्त्रांश्च गर्भावरणसंस्थितान् ।
सितोष्णीषं ततो बद्ध्वा सप्तजप्तं नवात्मना ॥ ४३ ॥
शिवहस्तं ततः कुर्यात्पाशविश्लेषकारकम् ।
प्रक्षाल्य गन्धतोयेन हस्तं हस्तेन केनचित् ॥ ४४ ॥
गन्धदिग्धो यजेद्देवं साङ्गमासनवर्जितम् ।
आत्मन्यालम्भनं कुर्याद् ग्रहणं योजनं तथा ॥ ४५ ॥

आचार्य जिन मन्त्रों से शिष्य को दीक्षा दे रहा है, वे सारे मन्त्र मूलतः शक्तिगर्भ में कीलित रूप में पहले से ही अवस्थित रहते हैं । उनका उत्कीलन का एक प्रकार है, जिसे कारिका में 'त्रिः कृत्वा' से संकेतित किया गया है । आचार्य इसका ज्ञाता होता है । इस प्रकार शुद्ध मन्त्रों से शिष्य को अन्वित कर अब उसे निष्णात मान लिया जाता है । उसे [1]पगड़ी पहनाया जाता है । उसका रङ्ग श्वेत होना चाहिये । उसके शिर पर उसे बाँधकर नवात्मशिव रूप में उसे भावित कर सात बार उष्णीष मन्त्र का जप करना चाहिये ॥ ४३ ॥

इसके बाद शिवहस्तविधि[2] अपनानी चाहिये । ब्रह्मपञ्चक मन्त्रों से समन्वित, शिव से अधिष्ठित, पाशच्छेद में समर्थ, सबके कल्याण में प्रवृत्त आचार्य शिवहस्त विधि सम्पन्न करता है । वह शिष्य के शिर और हृदय पर हाथ रख कर शिष्य के कल्याण का परामर्श करता है । मन्त्र पढ़ते हुए शिष्य को पाशविमुक्त करने के लिये अपनी शक्ति का प्रयोग करता है । इसी विधि को शिवहस्त विधि कहते हैं । इस विधि के प्रयोग से शिष्य के पाशों का उच्छेद हो जाता है ।

गन्ध जल से समन्वित हाथ से अपने दक्षहस्त को प्रक्षालित कर गन्धदिग्ध होकर आसन रहित साङ्ग परमेश्वर शिव का यजन करे । इसके तुरत बाद शिष्य को स्वात्मयोजित करे । ग्रहण-वियोजन दोनों कार्य स्वयं गुरुदेव ही सम्पन्न करें ॥ ४४-४५ ॥

---

१. श्रीत० १६।७८ ;
२. श्रीत० १७।३१, १६।७९

वियोगं च तथोद्धारं पाशच्छेदादिकं च यत्।
एवं पतित्वमासाद्य प्रपञ्चव्याप्तिः शिवम् ॥ ४६ ॥

भावयेत्पृथगात्मानं तत्समानगुणं ततः।
मण्डलस्थोऽहमेवायं साक्षीवाखिलकर्मसु ॥ ४७ ॥

होमाधिकरणत्वेन वह्नावहमवस्थितः।
आयागान्तमहं कुम्भे संस्थितो विघ्नशान्तये ॥ ४८ ॥

शिष्यदेहे च तत्पाशविश्लेषत्वप्रसिद्धये।
साक्षात्स्वदेहसंस्थोऽहं कर्तानुग्रहकर्मणः ॥ ४९ ॥

आचार्य यहाँ शिव की भूमिका का ही निर्वाह करता है। वह शिष्य सत्ता को स्वात्मसत्ता में मिलाकर उसे आत्मवत् विशुद्ध बनाकर अपने से वियुक्त कर उसका उद्धार कर देता है। शिष्य के पाशों का उच्छेद वह पहले कर ही चुका होता है। जैसे वह स्वयं शिव ही बन गया हो। पाशबद्ध ही पशु होता है। पाश रूप बन्धन खोलना पशुपति के ही अधिकार क्षेत्र में आता है। शिष्य के पाशोच्छेद के कारण गुरु में भी पतित्व स्फुरित होता है। यही पतित्वासादन व्यापार है।

इस प्रकार सारे प्रपञ्चों में व्याप्ति की भावना से भावित आचार्य स्वात्म में शिवत्व का श्रद्धापूर्वक भावन करें। शिव के समस्त गुण धर्म से अपने को विभूषित समझ कर वह यह अनुभव करें कि, मैं स्वयं मण्डलस्थ शिव हूँ। यहाँ सम्पादित होने वाले समस्त कार्यों का साक्षी हूँ ॥ ४६-४७ ॥

यज्ञकुण्ड में अग्निदेव की प्रतिष्ठा स्वाभाविक है। आचार्य यह भी भावन करें कि, होम के अधिकरण से सम्पन्न अग्नि में शिव रूप से मैं ही व्याप्त हूँ। इस वरुण कुम्भ में याग की पूर्णता पर्यन्त मैं स्वयं शिव बनकर विघ्न शान्ति के लिये उपस्थित हूँ ॥ ४८ ॥

शिष्य के शरीर से पाशविश्लेष की प्रसिद्धि के लिये मैं स्वयं साक्षात् शिव स्वरूप आचार्य हूँ, मैं स्वयं प्रमाणरूप से विद्यमान हूँ। मैं अनुगृहीत साधक के सभी कर्मों का साक्षी स्वयं शिव ही हूँ ॥ ४९ ॥

इत्येतत्सर्वमालोच्य [1]शोध्याध्वानं विचिन्तयेत् ।
दीक्षां येनाध्वना मन्त्री शिष्याणां कर्तुमिच्छति ॥ ५० ॥

तत्रैवालोचयेत्सर्वं यायात्पदमनामयम् ।
तत्र तेनापृथग्भूत्वा पुनः संचिन्तयेदिदम् ॥ ५१ ॥

अहमेव परं तत्त्वं मयि सर्वमिदं जगत् ।
अधिष्ठाता च कर्ता च सर्वव्याहमवस्थितः ॥ ५२ ॥

तत्समत्वं गतो जन्तुर्मुक्त इत्यभिधीयते ।
एवं संचिन्त्य भूयोऽपि शोध्यमाद्यं समाश्रयेत् ॥ ५३ ॥

इन सारी बातों का विचार आचार्य को करना चाहिये। अध्वाशोधन की विधि भी उसे ही पूरी करनी होती है। अतः इस विधि को भी उसी समय पूरी कर लें। इसके बाद वह यह सोचे कि, शिष्य को किस अध्वा की दीक्षा देनी उचित है। यहाँ शिष्य की स्तरीय योग्यता का विचार आवश्यक होता है ॥ ५० ॥

वह शिवस्वरूप आचार्य स्वयं उसको कौन सी दीक्षा देने का विचार रखता है, इस पर भी विचार अपेक्षित है। उसे यह ध्यान देना चाहिये कि, शिष्य अनामय पद की प्राप्ति कैसे करे? शिष्य अनामय पद की ओर कैसे अग्रसर होगा यह उत्तरदायित्व आचार्य का ही होता है। अतः तन्मय भाव से उससे अपृथक् अनुभव करते हुए पुनः सोचे[2] ॥ ५१ ॥

उसके सोचने का स्वरूप निर्दिष्ट कर रहे हैं कि, आचार्य अपने को परम तत्त्व रूप में अनुभूत करें। मुझमें ही यह सारा जगत् उल्लसित है। यह सारा जगत् मेरी अन्तरात्मिक व्याप्ति में खिल रहा है। मैं ही इसका अधिष्ठाता परमशक्तिमन्त शिव हूँ। स्वयं मैं इसका कर्त्ता हूँ। मैं सर्वत्र व्याप्त हूँ। सभी में मैं अवस्थित हूँ। इस शाम्भव समावेश में ही वह आविष्ट हो जाये ॥ ५२ ॥

यह कहा जा सकता है कि, कोई भी जीव इस प्रकार के उच्चस्तरीय शाम्भव समावेश में आविष्ट-सिद्ध हो जाने पर मुक्त ही हो जाता है, क्योंकि

---

१. ग० पु० शोध्यात्मानमिति पाठः ।
२. श्रीत० १६।८१-८२

शिष्यमण्डलवह्नीनां तत्रैकं भावयेत्स्थितम् ।
शोध्याध्वानं तु शिष्याणां न्यस्य देहे पुरोक्तवत् ॥ ५४ ॥

स्वेन स्वेनैव मन्त्रेण स्वव्याप्तिध्यानमाश्रयेत् ।
आगन्तु सहजं शाक्तं बद्ध्वादौ पाशपञ्जरम् ॥ ५५ ॥

बाहुकण्ठशिखाग्रेषु त्रिषु(वृत्)त्रिगुणतन्तुना ।
स्वमन्त्रेण ततस्तत्त्वमावाह्यार्च्य[1] प्रतर्प्य च ॥ ५६ ॥

वह उसके समत्त्व को प्राप्त कर लेता है। इस प्रकार का चिन्तन जो भक्त करते हैं, वे धन्य हैं—यह सब आचार्य भी सोचता है। इसके बाद वह आद्य शोध्य का आश्रय ग्रहण करता है ॥ ५३ ॥

एक और कार्य यहाँ करना चाहिये। वहाँ आचार्य के सामने शिष्य रहता है। पूरा मण्डल रहता है और कुण्ड में प्रतिष्ठित अग्निदेव भी रहते हैं। इन तीनों को एक शिवरूप में देखने के उच्चतम समरस भाव में ही इनका ऐक्य अनुभूत होता है। इस प्रकार भावन कर अध्वा का शोधन कर शिष्यों के शरीर में उसका न्यास करना चाहिये ॥ ५४ ॥

आचार्य शिष्यों को जिन-जिन मन्त्रों से दीक्षित करता है, उन-उन मन्त्रों के माध्यम से ही स्वात्म व्याप्ति का ध्यान करना चाहिये। प्रारम्भ में ही यह आवश्यक है कि, शिष्य आगन्तुक, सहज और शाक्त नामक पाशों के पिञ्जर को आबद्ध करें। महामाहेश्वर अभिनव गुप्त ने इस विषय में कहा है कि, गुरु के ध्यान मात्र से ही पाशों की राशि[2] भस्म हो जाती है ॥ ५५ ॥

शरीर के तीन स्थानों क्रमशः बाहु, कण्ठ और शिखाग्र में अपने मन्त्र के तिगुने आसूत्रण कर अर्थात् तीन बार लगातार जप करके पाशों को आबद्ध कर दें। इसके बाद परमतत्त्व का आवाहन कर उसका यजन और तर्पण करें ॥ ५६ ॥

---

१. क० पु० आवाह्याध्वा प्रतर्प्येति पाठः ।
२. श्रोत० १६।२३८; 'पाशजालं विलोयेत तद्ध्यानबलतो गुरोः' ।

ततस्तच्छोध्ययोनीनां व्यापिनीं योनिमानयेत् ।
मायान्तेऽध्वनि तामेव शुद्धे विद्यां विचक्षणः ॥ ५७ ॥
तस्यां संतर्पणं कृत्वा शिष्यमस्त्रेण ताडयेत् ।
आलभ्य हृदये विद्वाञ्छिवहस्तेन तं पुनः ॥ ५८ ॥
ग्रहणं तस्य कुर्वीत रश्मिमात्रावियोगतः ।
नाडीमार्गेण गत्वा तु हंहृन्मन्त्रपुटीकृतम् ॥ ५९ ॥
कृत्वात्मस्थं ततो योनौ गर्भाधानं विचिन्तयेत् ।
त्र्यर्णार्धाक्षरया[1] मन्त्री सर्वगर्भक्रियान्वितम् ॥ ६० ॥
भोग्यभोक्तृत्वसामर्थ्यनिष्पत्त्या जननं बुधः ।
दक्षभ्रूभङ्गस्थया मन्त्री प्रकुर्वीत सुलोचने ॥ ६१ ॥

जिस तत्त्व का आवाहन, यजन और तर्पण किया गया है, उसे शोध्य-योनियों के मध्य व्यापिनी योनि में लाना चाहिये। व्यापिनी भूमि में भी उसका यजन, तर्पण कर माया के अन्त में अवस्थित शुद्ध विद्या भूमि में ले आवें। वहाँ उसका सन्तर्पण करें। तत्पश्चात् अस्त्र मन्त्र से शिष्य का ताडन करें। पुनः शिष्य का आलिङ्गन करें। तदनन्तर उसके हृदय में शिवहस्त विधि के प्रयोग के अनुसार स्पर्श कर शिष्य को अस्तित्वगत रूप से ग्रहण कर लें। यह ग्रहण शारीरिक नहीं होता। वरन् उसके अस्तित्व में उच्छलित शैव रश्मियों के रूप में आत्मसात् करें। उसके सौषुम्न मार्ग से उसके हृदय देश में प्रवेश कर 'हं' के साथ हृदयमन्त्र से सम्पुटित करें ॥ ५७-५९ ॥

अब शिष्य को आत्मस्थ कर लें। जिस तरह योनि-गर्भाधान संस्कार की चर्या में मन्त्र-मुहूर्तादि का विचार करते हैं, उसी तरह शिष्य की सत्तागत शक्ति योनि में उसके नये उदय के उद्देश्य से गर्भाधान का विचार करना चाहिये। गर्भ की सारी क्रिया तीन वर्णयुक्त अर्धाक्षर सहित बीज से करना चाहिये[2] ॥ ६० ॥

इस प्रक्रिया में भोग्य और भोक्तृत्व सामर्थ्य की निष्पत्ति आवश्यक होती है। गर्भाधान के अनन्तर जनन संस्कार तभी सम्पन्न किया जा सकता है। भगवान्

---

१. क० पु० त्र्यर्णार्धार्धाक्षरामिति, क्रियान्वितामिति च पाठः।
२. स्व० तन्त्र २।२०४ (प्रणवपूर्वक पश्चिम-वक्त्रबो जलकार युक्त), श्रीत० १७।३६

पिबनीपूर्विकाभिश्च अस्त्राद्यैः परयापि च ।
सम्यगाहुतयो देया दृश पञ्च विचक्षणः ॥ ६२ ॥

ततोऽस्यापरया कार्यं पाशविच्छेदनं बुधैः ।
भुवनेशमथामन्त्र्य तत्त्वेश्वरमथापि वा ॥ ६३ ॥

भोगभागा ··· ··· पश्चात्तमिदमादिशेत् ।
भुवनेश त्वया नास्य साधकस्य शिवाज्ञया ॥ ६४ ॥

प्रतिबन्धः प्रकर्तव्यो यातुः पदमनामयम् ।
उत्क्षेपणं ततः कुर्यात्तयैवाध्युष्टवर्णया ॥ ६५ ॥

कहते हैं, देवि पार्वति ! इसको दक्ष-शृङ्गस्थ भाव से करना चाहिये। इसका विशेष रूप से अनुपालन होना चाहिये ॥ ६१ ॥

मान्त्रिक अघोर मन्त्र में पिबनी शक्ति का उल्लास अनुभव करता है। उस शक्ति से युक्त अस्त्रादि मन्त्रों सहित परामन्त्र से भी सम्यक् रूप से आहुतियाँ दी जानी चाहिये। 'अग्निगर्भाय नमः' मन्त्र से अर्चन के बाद उक्त मन्त्र से आहुतियाँ दी जाती हैं ॥ ६२ ॥

जनन के बाद नाल-छेदन की क्रिया चर्या में चलती हैं। इस प्रक्रिया में पाशच्छेदन का विधान है। पाशोच्छेदन की क्रिया अपरा मन्त्र से की जाती हैं। इस अवसर पर भुवनेश्वर और तत्त्वेश्वर इन दोनों का आमन्त्रण आवश्यक माना जाता है ॥ ६३ ॥

इस कारिका में 'भोगभागा' के बाद का पाठ खण्डित है। ऊहार्थ प्रकल्पन के अनुसार भोग-भागों का समर्पण करने के अनन्तर आचार्य को उनसे निवेदन करना चाहिये कि, हे भुवनेश ! मैं यह यज्ञ सम्पादित करा रहा हूँ। इसमें शिवत्व के प्रतीक रूप से यह कह रहा हूँ कि यह शिव की ही आज्ञा है।

आपको इस आध्यात्मिक याग में कोई प्रतिबन्ध उपस्थित नहीं करना चाहिये। यह शिव का ही आदेश है। इस सन्दर्भ में तन्त्र यात्रा में प्रवृत्त मन्त्री का अनामय पद सुरक्षित रहना चाहिये। इसके बाद उत्क्षेपण की क्रिया की जानी चाहिये। इसमें भी आचार्य द्वारा साधिकार प्रयुक्त वर्ण समन्वित मन्त्र को ही प्रयुक्त करना चाहिये ॥ ६४-६५ ॥

अव्याप्तिमन्त्रसंयोगात्पृथङ् मार्गविशुद्धये ।
दद्यादेकैकशो ध्यात्वा आहुतीनां त्रयं त्रयम् ॥ ६६ ॥

ततः पूर्णाहुतिं दद्यात्परया वौषडन्तया ।
शिशुमुत्क्षिप्य चात्मस्थं तद्देहस्थं च कारयेत् ॥ ६७ ॥

आहुतीनां त्रयं दद्याद्दत्त्वा पूर्णाहुतिं बुधः ।
महापाशुपतास्त्रेण विलोमादिविशुद्धये ॥ ६८ ॥

विसर्जयित्वा वागीशीं तत्त्वं तु तदनन्तरम् ।
विलोनं भावयेच्छुद्धमशुद्धे परमेश्वरि ॥ ६९ ॥

कालान्तव्याप्तिसंशुद्धौ कृतायामेवमादरात् ।
बाहुपाशं[1] तु तं छित्त्वा होमयेदाज्यसंयुतम् ॥ ७० ॥

अव्याप्ति मन्त्र संयोग की स्थिति में पृथक् मार्ग-विशुद्धि के लिये एक एक का ध्यान कर तीन तीन आहुतियाँ देनी चाहिये। इसके बाद पूर्णाहुति करनी चाहिये। यह वौषड् जातियुक्त परामन्त्र से ही की जाती है। तत्पश्चात् शिशुरूप शिष्य को स्वात्मशरीरस्थ करने का भावन करना चाहिये ॥ ६६-६७ ॥

इस क्रिया के तुरन्त बाद तीन आहुतियाँ देनी चाहिये। पुनः महापाशुपत अस्त्र मन्त्र से विलोम आदि की प्रसिद्धि के लिये पूर्णाहुति प्रक्रिया अपनानी चाहिये ॥ ६८ ॥

तत्पश्चात् वागीशी पराशक्ति का विसर्जन करना चाहिये। वागीशी निवृत्ति[2] व्यापिका शक्ति भी मानी जाती है। इसे विसर्जन करने का अर्थ निवृत्ति कला से ऊपर उठने की स्थिति भी हो सकता है। पुनः यह भावित करना चाहिये कि, अशुद्ध में भी शुद्ध तत्त्व की व्याप्ति हो गयी है ॥ ६९ ॥

इस प्रकार शुद्धता की व्याप्ति कालान्त पर्यन्त हो जाती है। इससे सम्यक् शुद्धि हो जाती है। अब श्रद्धा पूर्वक बाहु में अवस्थित[3] आगन्तु—पाशका छेदन कर देना चाहिये। इसके लिये घी मिश्रित हवनीय से आहुतियाँ देना शास्त्र से समर्थित विधि के अन्तर्गत आता है ॥ ७० ॥

---

१. ग० पु० बहुपाशमिति पाठः ।

२. स्वच्छन्द तन्त्र ४।१०९ ; ३. मा० वि० ९।५५-५६

मायातत्त्वे विशुद्धे तु कण्ठपाशे तथा बुधः ।
मायान्तमार्गसंशुद्धौ दीक्षाकर्मणि सर्वतः ॥ ७१ ॥
क्रियास्वनुक्तमन्त्रासु योजयेदपरां बुधः ।
विद्यादिसकलान्ते च तद्वदेव परापराम् ॥ ७२ ॥
योजयेन्नैश्वरादूर्ध्वं[1] पिबन्यादिकमष्टकम्[2] ।
न चापि सकलादूर्ध्वमङ्गषट्कं विचक्षणः ॥ ७३ ॥
निष्कले परया कार्यं यत्किञ्चिद्विधिचोदितम् ।
विशुद्धे सकलान्ते तु शिखां छित्त्वा विचक्षणः ॥ ७४ ॥

इसके बाद माया नामक कण्ठपाश को विशुद्ध करना चाहिये । इससे मायान्त मार्ग की संशुद्धि अनिवार्य रूप से हो जाती है । दीक्षा कर्म को निर्विघ्न पूर्ण करने के लिये यह प्रक्रिया पूरी करनी पड़ती है ॥ ७१ ॥

जिन क्रियाओं के लिये किसी मन्त्र का निर्देश न हुआ हो, वहाँ अपरामन्त्र का योजन विचक्षण आचार्य को करना चाहिये । विद्या से लेकर सकल पर्यन्त परापरा मन्त्र का योजन होता है ॥ ७२ ॥

मन्त्र प्रयोग की कुछ विशिष्ट बातों का ध्यान आचार्य को रखना चाहिये । पहली बात यह कि, ईश्वर से ऊपर किसी दशा में पिबन्यादि अष्टक का योजन नहीं करना चाहिये । दूसरी बात जिस पर विशेष ध्यान देना है, वह यह कि, सकल से ऊपर षडङ्ग न्यास का योजन शास्त्र विरुद्ध माना गया है ॥ ७३ ॥

निष्कल भाव में केवल परामन्त्र का प्रयोग होता है । यह ध्यान देने का विषय है कि, शास्त्रानुमोदित विधि का ही प्रयोग करना चाहिये, इसके विपरीत नहीं । सकलान्त शोधन कर लेने के उपरान्त आचार्य शिष्य की शिखा का छेदन करे । यह मौन विधि है । अन्तः शिखा जिसकी प्रज्वलित हो जाती है, उसकी बाह्य शिखा प्रदर्शन मात्र रह जाती है । उसके ही छेदन का विधान यहाँ निर्दिष्ट है ॥ ७४ ॥

---

१. क० पु० योजयेच्चैश्वरादिति पाठः ;

२. क० पु० अष्टकेति पाठः

हुत्वा चाज्यं ततः शिष्यं स्नापयेदनुपूर्वतः ।
आचम्याभ्यर्च्य देवेशं स्रुवमापूर्य सर्पिषा ॥ ७५ ॥

कृत्वा शिष्यं तथात्मस्थं मूलमन्त्रमनुस्मरेत् ।
शिवशक्ति तथात्मानं शिष्यं सर्पिस्तथानलम् ॥ ७६ ॥

एकीकुर्वञ्छनैर्गच्छेद्द्वादशान्तमनन्यधीः ।
तत्र कुम्भकमास्थाय ध्यायन्सकलनिष्कलम् ॥ ७७ ॥

तिष्ठेत्तावदनुद्विग्नो यावदाज्यक्षयो भवेत् ।
एवं युक्तः परे तत्त्वे गुरुणा शिवमूर्तिना ॥ ७८ ॥

न भूयः पशुतामेति दग्धमायानिबन्धनः ।
विधिरेष समाख्यातो दीक्षाकर्मणि भौवने ॥ ७९ ॥

आज्याहुति के पश्चात् शिष्य का अभिषेक करना चाहिये। तत्पश्चात् आचार्य स्वयम् आचमन करे। देवाधिदेव की पूजा करे। स्रुवा में सर्पिष् भरकर पूजा आचार्य ही करे ॥ ७५ ॥

अब शिष्य अधिकार सम्पन्न हो जाता है। आचार्य उसे [२]आत्मस्थ करने की प्रक्रिया अपनाता है। इसमें मूल मन्त्र का ही अनुसरण किया जाता है। इस प्रसङ्ग में गुरु शिष्य दोनों शिव, शक्ति, स्वात्म और शिष्य, तथा घी, अनल इन यज्ञाङ्गों का भी ऐक्य साधित करना चाहिये। इस प्रक्रिया में तल्लीन रहते हुए अनन्य भाव-भावित शिष्य और आचार्य द्वादशान्त की साधना-यात्रा की अन्तिम भूमि को प्राप्त करें।

द्वादशान्त में पहुँच कर कुम्भक साध कर सकल-निष्कल सार्वात्म्य का ध्यान करे। शिष्य इस स्थिति में पहुँच कर अनुद्विग्न भाव से शान्तात्मा बनकर अवस्थित रहे। यह क्रिया तब तक चलनी चाहिये, जब तक घी पूरी तरह समाप्त नहीं हो जाता। शिष्य का यह सौभाग्य है कि, शिवमूर्ति गुरु द्वारा वह परतत्त्व में योजित कर दिया जाता है ॥ ७६-७८ ॥

ऐसा शिष्य जो द्वादशान्त में अनुद्विग्न भाव से कुम्भक में अवस्थित होने की साधना में सिद्ध हो जाता है, पुनः संसृति चक्र में पतित नहीं होता। इसका कारण उसके अस्तित्व से माया ग्रन्थि का विच्छेद ही है। इसीलिये माया निबन्धन

---

२. श्रीत० १७।८८

इतराध्वविधिमुक्त्वा शिवयोगविधिं तथा ।
विलोमकर्म संत्यज्य द्विगुणस्तत्त्ववर्त्मनि ॥ ८० ॥
तद्वच्च वर्णमार्गेऽपि चतुर्धा पदवर्त्मनि ।
अष्टधा मन्त्रमार्गेऽपि कलाख्येऽपि च तद्द्विधा ॥ ८१ ॥
त्रिखण्डे विंशतिगुणः स एव परिकीर्तितः ।
इति सर्वाध्वसंशुद्धिः समासात्परिकीर्तिता ॥ ८२ ॥
साधकाचार्ययोः कर्म कथ्यमानमतः शृणु ॥ ८३ ॥

इति श्रीमालिनीविजयोत्तरे तन्त्रे क्रियादीक्षाधिकारो नवमोऽधिकारः ॥ ९ ॥

के ज्ञानाग्नि से दग्ध होने का उल्लेख यहाँ किया गया है।[1] यह भौवन दीक्षा का विधान है। इसी का आख्यान यहाँ किया गया है ॥ ७९ ॥

इसके अतिरिक्त इतर अध्वा अर्थात् पदाध्वा इत्यादि की दीक्षा में, भुवन दीक्षा में आख्यात विधि का प्रयोग नहीं होता। एक तरह से इसे छोड़ ही देते है। शिवयोग विधि अर्थात् द्वादशान्त यात्रा का विधान भी नहीं अपनाते। विलोम कर्म में भी जो आहुतियाँ निर्दिष्ट हैं, उनका भी परित्याग कर उन आहुतियों को द्विगुणित कर देना चाहिये। इसी तरह तत्त्वाध्वा में भी द्विगुणित करे। वर्णाध्वा में भो द्विगुणित तथा पदाध्वा में चतुर्गुणित[2] आहुतियाँ देनी चाहिये। मन्त्राध्वा में आठ गुनी और कला के मार्ग में अर्थात् कलाध्वा में सोलह गुणित होनी चाहिये ॥ ८०-८१ ॥

इस तरह त्रितत्त्वों की शोधन प्रयुक्त आहुतियाँ बीस से तीन गुनी अधिक अर्थात् साठ हो जाती हैं। इस तरह क्रमिक रूप से सर्वाध्व संशुद्धि हो जाती है। इसके आगे साधक और आचार्य सम्बन्धी कर्म का क्रम आने वाला है। उसे भी ध्यान पूर्वक श्रवण करना चाहिये ॥ ८२-८३ ॥

परमेशमुखोद्भूत ज्ञानचन्द्रमरीचिरूप श्रीमालिनीविजयोत्तरतन्त्र का
डॉ० परमहंस मिश्र कृत नीर-क्षीर विवेक भाषा-भाष्य संवलित
क्रियाधिकार-दीक्षा नामक नवम अधिकार पूर्ण ॥ ९ ॥
॥ ॐ नमः शिवायै ॐ नमः शिवाय ॥

---

१. श्रीत० १७।९१ ;
२. श्रीत० १७।११८-१२०

अथ दशमोऽधिकारः

अथ लक्षणसंपन्नं सिद्धिसाधनतत्परम् ।
शास्त्रज्ञं संयतं धीरमलुब्धमशठं दृढम् ॥ १ ॥

अपरीक्ष्य गुरुस्तद्वत्साधकत्वे नियोजयेत् ।
समभ्यर्च्य विधानेन पूर्ववत्परमेश्वरम् ॥ २ ॥

ह्सौः

परमेशमुखोद्भूतं ज्ञानचन्द्रमरीचिरूपम्

श्रीमालिनीविजयोत्तरतन्त्रम्

डॉ० परमहंसमिश्र 'हंस' कृत नीर-क्षीर-विवेक-भाषाभाष्य संवलितम्

दशमोऽधिकारः

[१०]

शास्त्रीय नियम शिष्य की परीक्षा के सम्बन्ध में ढील नहीं देते, किन्तु कुछ ऐसे अपवाद होते हैं, जहाँ इसे शिथिल कर दिया गया है। ऐसे तपे तपाये शिष्य विशिष्ट लक्षणों से गुरुजनों को भी प्रभावित कर लेते हैं। उनके सम्बन्ध में पहली कारिका ही विज्ञापित कर रही है कि, यदि शिष्य १. सिद्धि के साधनों में तत्पर हो, २. शास्त्रज्ञ हो, ३. संयत रहने वाला हो, ४. धीर हो, ५. लोभ और लोलुपता से रहित हो, ६. उदार हो और ७. दृढ़ संकल्पवान् हो, उसे लक्षण सम्पन्न शिष्य की श्रेणी में रखना चाहिये। ऐसे शिष्यों की परीक्षा लेने की कोई आवश्यकता नहीं होती।

गुरुदेव ऐसा निर्णय करते हैं। विना परीक्षा के ही उसे योग्य शिष्यों की तरह साधना में नियोजित कर लेना चाहिये। साधना विधियों का निर्देश देकर उसे उसमें प्रवृत्त कर देना चाहिये। जब वह उसमें उत्तीर्ण हो जाय, तो अभिषेचन प्रक्रिया से अभिषिक्त करने की तैयारी करनी चाहिये। सर्वप्रथम उसे जैसे पहले

द्वितीये पूर्ववत्कुम्भं हेमादिमयमव्रणम् ।
सर्वत्र मध्यपद्मस्य दक्षिणं दलमाश्रितम् ॥ ३ ॥
नायकानां पृथङ्मन्त्रान्पूजयेत्कुसुमादिभिः ।
तं संतर्प्य सहस्रेण प्रकुर्यादभिषेचनम् ॥ ४ ॥
भद्रपीठे शुभे स्थाप्य श्रीपर्णे दारुनिर्मिते ।
पूर्वामुखमुदग्वक्त्रं स्नातं पुष्पाद्यलङ्कृतम् ॥ ५ ॥
कृतमन्त्रतनुः सम्यक् सम्यक् च कृतमङ्गलः ।
शङ्खभेर्यादिनिर्घोषैर्वेदमङ्गलनिस्वनैः ॥ ६ ॥
सर्वराजोपचारेण कृत्वा तस्याभिषेचनम् ।
सदाशिवसमं ध्यात्वा ततस्तमपि भूषयेत् ॥ ७ ॥

अन्य शिष्यों के साथ किया गया है, उसी तरह परमेश्वर शिव की अर्चना उससे ही सम्पन्न कराना चाहिये । इसमें विधि हीनता नहीं होनी चाहिये ॥ १-२ ॥

दूसरे क्रम में पहले की तरह स्वर्ण आदि से निर्मित, किसी प्रकार की व्रणात्मक विकृति से रहित और मध्य पद्म के दक्षिण दल पर आश्रित कुम्भ की पूर्ववत् पूजा होनी चाहिये । साथ ही कुम्भ कलश पर आवाहित नायकों की उनके पृथक् पृथक् मन्त्रों और कुसुम आदि उपचारों से पूजा होनी चाहिये । इस प्रकार उसे संतर्पण से तृप्त कर उस कुम्भ के अमृतमय दिव्य जल से सहस्राभिषेचन करना चाहिये ॥ ३-४ ॥

इसके बाद दारु निर्मित भद्र पीठ पर, जिसके ऊपर श्रीपर्ण रूप की आकृति को टङ्कित किया हो, उस पर पूर्वाभिमुख बिठा कर उसके शरीर को मन्त्रमय बना देना चाहिये । उसी बैठी हुई अवस्था में उसे पुष्पों से सज्जित कर आकर्षक बनाना भी इस अभिषेक प्रक्रिया का एक अंग है । वह उत्तराभिमुख भी बैठ सकता है । उस अवसर पर माङ्गलिक कृत्य भी होने चाहिये । शङ्ख भेरी आदि वाद्य और वेद-मन्त्रोच्चार से वातावरण को दिव्यरूप प्रदान करना भी अत्यन्त आवश्यक माना जाता है ॥ ५-६ ॥

राजन्य वर्ग के राज्याभिषेक के समय जिन उपचारों से अभिषेचन प्रक्रिया पूरी की जाती है, वे राजकीय जीवन के महत्त्व-पूर्ण उपचार होते हैं । उन्हें

पुनः संपूज्य देवेशं मन्त्रमस्मै ददेद्बुधः ।
पुष्पाक्षततिलोपेतः सजल(श्चे)श्वरं न्यसेत् ॥ ८ ॥
सोऽपि मूर्धनि तं तद्वन्मूर्तिमाश्रित्य दक्षिणाम् ।
अभिषिच्य ततोऽस्त्रेण रुद्रशक्तिं प्रकाशयेत् ॥ ९ ॥
स तयालिङ्ग्य तन्मन्त्रं सहस्रेण प्रतर्पयेत् ।
तदा प्रभृति तन्निष्ठस्तत्समानगुणो भवेत् ॥ १० ॥
आचार्यस्याभिषेकोऽयं स ··· मन्त्रविधिं विना ।
किंतु तस्य ··· अधिवासपदान्वितम् ॥ ११ ॥

राजोपचार कहते हैं। ऐसे सभी राजोपचारों से उस शिष्य का अभिषेक करना चाहिये। उसमें सदाशिवत्व का ध्यान करने का निर्देश भगवान् कर रहे हैं। इसके बाद उसे उस रूप में विभूषित भी करना चाहिये ॥ ७ ॥

पुनः देव-देवेश्वर की पूजा कर विचक्षण आचार्य उसे मन्त्र प्रदान करे। पुष्प, अक्षत, तिल, आदि से समन्वित पूजन के उपरान्त जल से संकल्पित पूजन पूरा करे। तत्पश्चात् उसमें ईश्वर का न्यास करना भी आवश्यक है ॥ ८ ॥

शिष्य अपने गुरुदेव की भी उसी तरह पुष्प, अक्षत और तिल आदि से पूजा करे। तत्पश्चात् दक्षिणामूर्त्ति का आश्रय कर अभिषेचन प्रक्रिया में प्रवृत्त होवे। इसके बाद अस्त्र मन्त्र से समन्वित होकर रुद्रशक्ति का प्रकाशन करे। प्रकाशन का तात्पर्य स्वात्म में रुद्र तेज की धारणा कर उसके तैजस रूप के प्रदर्शन से लेना चाहिये ॥ ९ ॥

वह रुद्रशक्ति समावेश सिद्ध अवस्था में रुद्र मन्त्र का एक हजार तर्पण करे। तर्पण की प्रक्रिया से शिष्य की निष्ठा का पोषण होता है। वह तन्निष्ठ हो जाता है। इसका परिणाम भी अत्यन्त महनीय होता है। शिष्य उसी निष्ठा के कारण रुद्र के समान गुण वाला हो जाता है ॥ १० ॥

ऊपर अभिषेचन की जिस प्रक्रिया की चर्चा है, यह उस प्रौढ़ शिष्य रूप साधक की है, जो आचार्य बनता है। वह मन्त्र विधि के विना घटित नहीं होना चाहिये। यहाँ प्रथम पङ्क्ति में टूट (····) के स्थान पर 'न' होना चाहिये। अमन्त्रक अभिषेक निषिद्ध होता है। दूसरी पङ्क्ति में जो टूट है, उस स्थान पर अभिषेक शब्द ही प्रयुक्त होना चाहिये। शिष्य का अभिषेक इस प्रक्रिया के पहले अधिवास को शर्त पर ही किया जाना चाहिये ॥ ११ ॥

एवमेतत्पदं प्राप्यं दुष्प्राप्यमकृतात्मनाम् ।
साधको मन्त्रसिद्धचर्थं मन्त्रव्रतमुपाचरेत् ॥ १२ ॥

एवं कृत्वाभिषेकोक्तं स्नात्वा विद्याधिपं जपेत् ।
लक्षमेकं द[शांशेन त]स्य तर्पणमाचरेत् ॥ १३ ॥

पूर्ववच्चाभिषेकं च कृत्वा ब्रह्मशिरो जपेत् ।
तल्लक्ष्यस्तन्मयो भूत्वा लक्षद्वयमतन्द्रितः ॥ १४ ॥

लक्षद्वयं च रुद्राणीं चतुष्कं तु पुरुष्टुतम् ।
लक्षाणां पञ्चकं देवि महापाशुपतं जपेत् ॥ १५ ॥

इस प्रकार शास्त्रीय नियमों के पालन करने के फलस्वरूप वह महत्त्वपूर्ण व्यक्तित्व का धनी बन जाता है। अकृतात्मा पुरुषों के लिये वह एक तरह से दुष्प्राप्य ही माना जाता है। साधक-श्रेणी का शिष्य मन्त्रों की सिद्धि के लिये मन्त्रव्रत का आचरण करे ॥ १२ ॥

इस प्रकार अभिषेक विधि का अनुपालन करने के उपरान्त सामान्यतः नित्य क्रियानन्तर स्नान कर 'विद्याराज' मन्त्र[1] का जप करना चाहिये। इस मन्त्र में ह्, क्ष्, म्, ल्, व्, र्, य्, ऊ-ये ८ वर्ण और नादादिव्याप्तिक बिन्दु (ं) का अनुस्वार रूप नवम अर्ण का प्रयोग कर, इस प्रकार नवार्ण मन्त्र का उद्धार करते हैं। इसकी जप संख्या १ लाख निर्धारित है। इसका दशांश तर्पण भी करना चाहिये ॥ १३ ॥

पूर्ववत् अभिषेक करने के बाद 'ब्रह्मशिरस्' मन्त्र[2] (एकादशाक्षर) का जप करना चाहिये। इसका लक्ष्य भी ब्रह्मशिरस्कता ही मानी जाती है। इस मन्त्र की जप संख्या दो लाख मानी गयी है। इसके जप के समय मन्त्रतादात्म्यस्थ रहना अत्यन्त आवश्यक है। नितान्त निस्तन्द्र भाव से सजग रहकर यह जप करना चाहिये ॥ १४ ॥

इसी तरह दो लाख 'रुद्राणी' मन्त्र,[3] चार लाख 'पुरुष्टुत' मन्त्र[4] और पाँच लाख 'महापाशुपत' मन्त्र[5] का जप करना चाहिये ॥ १५ ॥

---

१. स्वच्छन्दतन्त्र १।८४–८५;
२. श्रीत० ३०।३८;
३. श्रीत० ३०।३९-४० ;
४. तदेव ३०। पृ० ४७, मा० वि ३।६५;
५. मा० वि० ३।६३

सितरक्तपीतकृष्णविचित्राम्बरभूषणः ।
ततः संरक्षितो मन्त्रैरेभिरप्रतिमो भवेत् ॥ १६ ॥
अवाच्यः सर्वदुष्टानां मन्त्रतेजोपबृंहितः ।
एवं चीर्णव्रतो भूत्वा यं साधयितुमिच्छति ॥ १७ ॥
दत्त्वार्घं तस्य लक्षाणां जपेन्नवकमादरात् ।
उत्तमद्रव्यहोमाच्च तद्दशांशेन तर्पणम् ॥ १८ ॥
महाक्षमापपलान्याहुरुत्तमादीनि तद्विदः ।
मध्यमे द्विगुणं कृत्वा त्रिगुणं कन्यसेऽपि च ॥ १९ ॥
आज्यगुग्गुलनृस्नेहा महामांससमाः मताः ।
दधिबिल्वपयः पद्माः क्षमासमाः परिकीर्तिताः ॥ २० ॥

श्वेत, रक्त, पीत, कृष्ण और मिश्रित अनेक चित्र-विचित्र, छपे-छींट इत्यादि वस्त्रों और ऐसे ही चित्राकार नगजटित आभूषणों से भूषित साथ ही उक्त मन्त्रों से संरक्षित साधक शिष्य एक ऐसी स्तरीयता प्राप्त कर लेता है, जिसका कोई प्रतियोगी नहीं रहता। वह निरुपमेय बन जाता है ॥ १६ ॥

स्वभाव से दुष्ट और जीवन के सभी क्षेत्रों में व्यवहार करने वाले लोग भी उसके विषय में आदर का ही व्यवहार रखते है। उनकी बुराई नहीं करते। वह मन्त्रों के तेज से तेजस्वी हो जाता है और उसकी प्रज्ञा और प्रतिभा का संवर्द्धन हो जाता है। इस प्रकार उपर्युक्त व्रतों का आचरण करने वाला जिस वस्तु की पूर्णता सिद्धि करना चाहता है, उसमें सफल हो जाता है ॥ १७ ॥

कार्य सिद्धि के सन्दर्भ में कुछ बातें अवश्य पालनीय होती हैं, जैसे अर्घ्य और होम आदि। अर्घ्य देने के बाद आदर पूर्वक उत्तम द्रव्यों से होम करना भी सिद्धि का हेतु है। इसकी संख्या नौ लाख तक मानी गयी है ॥ १८ ॥

उत्तम द्रव्यों में जिन पदार्थों की गणता की जाती है, जानकार लोग कहते हैं कि, उन्हें महाक्षमाप (मदिरा और मीन), पल (मांस) कहते हैं। मध्यश्रेणी में द्विगुण और कन्यस (छोटे या लघु स्तर पर) त्रिगुण प्रयोग अपेक्षित माने जाते हैं ॥ १९ ॥

आज्य (घी), गुग्गुलु और नृस्नेह—ये तीनों पदार्थ महामांस माने जाते हैं। उसके समान इनका प्रयोग करना चाहिये। इसी तरह दधि, बिल्व, दूध तथा पद्म का प्रयोग मदिरा के स्थान पर किया जाता हैं ॥ २० ॥

धात्रीदूर्वामृतामीनाः सम्यगाज्यसमा मताः ।
तिलाद्यैरथ कुर्वीत नवषट्त्रिगुणं क्रमात् ॥ २१ ॥

पूर्वमेवमिमं[1] कृत्वा सिद्धेरर्घं ददेद्बुधः ।
दत्त्वार्घं तु जपेत्तावद्यावत्सिद्धिरभीप्सिता ॥ २२ ॥

लक्षेणैकेन पृथ्वीशः सभृत्यबलवाहनः ।
वशमानीयते देवि द्वाभ्यां राज्यमवाप्नुयात् ॥ २३ ॥

त्रिभिर्निधानसंसिद्धिश्चतुर्भिर्बलसिद्धयः ।
पञ्चभिर्मेदिनी सर्वा षड्भिरप्सरसां गणः ॥ २४ ॥

सप्तभिः सप्त लोकाश्च दशभिस्तत्समो भवेत् ।
पञ्चाशद्भिस्ततो गच्छेदव्यक्तान्तं महेश्वरि ॥ २५ ॥

धात्री (आँवला), दूर्वा (दूब), अमृता (गुडुचि) और मीन—ये द्रव्य आज्यवत् मान्य हैं। इनसे हवन सम्पन्न किया जा सकता है। इनके अभाव में तिल और घी आदि हवनीय पदार्थों से हो नौ गुना, छह गुना, त्रिगुण मात्रात्मक प्रयोग, और जैसा अपेक्षित हो, करना चाहिये ॥ २१ ॥

सर्वप्रथम इन प्रक्रियाओं को सम्पन्न कर लेने के बाद ही विचक्षण आचार्य अर्घ्य प्रदान करे। अर्घ देने के उपरान्त जप की उतनी संख्या को पूरी करे, जितनी में सिद्धि मिले अथवा अपनी अभीप्सित सिद्धि की प्राप्ति हो सके ॥ २२ ॥

सिद्धि के लक्षण में साधक को पृथ्वी की प्राप्ति प्रथम लक्षण मानी गयी है। यदि नौकर-चाकर और वाहनों की उपलब्धि हो जाय तो और भी उत्तम लक्षण है। इससे भी दूने जप से सभी वशीभूत होते हैं और राज्यश्री को उपलब्धि हो जाती है ॥ २३ ॥

त्रिगुण प्रयोग से खजाने की प्राप्ति होती है और कोषाधिपतित्व प्राप्त हो जाता है। चतुर्गुण प्रयोग से सेनाधिपतित्व, पाँच गुने प्रयोग से सारी पृथ्वी, छः गुने प्रयोग से अप्सराओं की भी प्राप्ति हो जाती है ॥ २४ ॥

सात गुने प्रयोग से सातों लोक अपना हो जाता है। दशगुणित प्रयोग से वह स्वयं शिव के समान हो जाता है। भगवान् कहते हैं कि, देवि पार्वति !

---

१. ग० पु० पूर्वंसेवामिमामिति पाठः

मायान्तं षष्टिभिर्लक्षैरीश्वरान्तमशीतिभिः ।
सकलावनिपर्यन्तं कोटिजप्तस्य सिद्ध्यति ॥ २६ ॥
अथवा वीरचित्तः स्यात्कृत्वा सेवां यथोदिताम् ।
कृष्णभूतदिने रात्रौ विधिमेनं समाचरेत् ॥ २७ ॥
कृत्वा पूर्वोदितं यागं हुत्वा द्रव्यमथोत्तरम् ।
ऊर्ध्वकायो जपेन्मन्त्री सुनिष्कम्पोत्तरामुखः ॥ २८ ॥
तावद्यावत्समायाता[1] योगेश्वर्यः समन्ततः ।
कृत्वा कलकलारावमतिघोरं सुदारुणम् ॥ २९ ॥

इस विधि के पचास गुने प्रयोग से अव्यक्त पुरुषत्व को उपलब्धि हो जाती है ॥ २५ ॥

साठ लाख हवन से मायान्त अर्थात् शुद्ध विद्या के क्षेत्र में प्रवेश का अधिकारी हो जाता है। यदि कहीं वह अस्सी लाख आहुतियों का प्रयोग कर सके, तो यह निश्चित है कि, वह ईश्वर पद का अधिकारी बन जाता है। एक करोड़ आहुतियों से छत्तीस तत्त्वों का अधिकारी हो जाता है ॥ २६ ॥

उपर्युक्त प्रयोगों को बड़े पैमाने पर सम्पन्न करने वाला पुरुष वीर भाव को प्राप्त कर लेता है। इन सारे कार्यक्रमों और कर्म काण्डों का प्रयोग कृष्ण पक्ष की रात्रियों में सम्पन्न करना अनिवार्यतः आवश्यक है ॥ २७ ॥

ऊपर निर्दिष्ट ये सभी याग महत्त्वपूर्ण हैं। इनको आहुतियों को सम्पन्न करने से और आहुतियों में उत्तम द्रव्यों के प्रयोग से उक्त सारी सिद्धियों के प्रयोग की चर्चा की जा चुकी है। इन्हें ऊर्ध्वकाय मुद्रा में प्रयुक्त करना चाहिये। निष्कम्प भाव से अचल रहकर और उत्तर दिशा की ओर मुँह करके सम्पन्न करना श्रेयस्कर होता है ॥ २८ ॥

योगेश्वरी शक्तियाँ साधकों से श्रद्धा की अपेक्षा रखती हैं। साधना के अवसर पर याग भूमि में वे स्वयं पहुँचती हैं। भगवान् यहाँ यह निर्देश दे रहे हैं कि, ऐसे अवसर पर साधक या आचार्य को क्या करना चाहिये—

जब तक योगिनी, योगेश्वरी शक्तियाँ वहाँ स्वयम् आकर चारों ओर से साधक या आचार्य को घेरकर बैठ न जाय, साधक शिरोमणि आचार्य को कुछ अपेक्षा

---

१ क० पु० समाख्याता इति पाठः

भूमौ निपत्य तिष्ठन्ति वेष्टयान्तः साधकेश्वरम् ।
तासां कृत्वा नमस्कारं भित्त्वा वामाङ्गमात्मनः ॥ ३० ॥
तदुत्थेन ततस्तासां दत्त्वार्घं तत्समो भवेत् ।
आचार्योऽपि च षण्मासं मौनी प्रतिदिनं[1] चरेत् ॥ ३१ ॥
दश पञ्च च ये मन्त्राः पूर्वमुक्ता मया तव ।
पूर्वन्यासेन संनद्धस्त्रिकालं वह्निकार्यकृत् ॥ ३२ ॥
ध्यायेत्पूर्वोदितं शूलं ब्रह्मचर्यं समाश्रितः ।
कृत्वा पूर्वोदितं यागं त्रिशक्तिपरिमण्डलम् ॥ ३३ ॥

लिये भूमि पर आ न जाँय, साधक को उनकी सेवा में तैयार रहना चाहिये। वे कल-कल आराव (शब्द) करती हुई आती हैं। उनके इस सुदारुण आराव से साधक को सावधान हो जाना चाहिये। बस यह अनुभव होते ही तुरन्त उनका वन्दन मन ही मन कर लेना चाहिये। साथ ही अपना वामाङ्ग भेदन कर यह प्रकल्पन करना चाहिये कि, मेरे वामाङ्ग से सोमसुधा का प्रवाह प्रारम्भ हो गया है। उसी सोमसुधा से उन्हें अर्घ्य अर्पित करने में लग जाना चाहिये। इससे प्रसन्न होकर वे पुनः अपने स्थानों पर लौट जाती हैं। इसका परिणाम यह होता है कि, साधक भी 'योगेश्वर' होने का आशीर्वाद पाकर कृतार्थ हो जाता है। इस योगेश्वरता की प्रौढ़ि के लिये साधक को मौन व्रत धारण करना चाहिये। कम से कम छः माह तक उसे प्रतिदिन मौन रहना चाहिये ॥ २९-३१ ॥

हे पार्वति! संख्या में दश या पाँच जो भी मैंने तुमको सुनाया था या, पञ्चदश मन्त्रों का जो उपदेश दिया था, उनकी सिद्धि के लिये पूर्ववत् न्यास करना आवश्यक है। न्यास से सन्नद्ध होकर त्रिकाल अग्निहोत्र करना चाहिये। साथ ही ब्रह्मचर्य व्रत के आचरण पूर्वक पूर्वकथित शूलों का स्मरण करना भी आवश्यक होता है। तीनों शक्तियों के प्रभामण्डल से प्रभावित याग का पहले की तरह ही सम्पादन करना चाहिये ॥ ३२-३३ ॥

---

१. ग० पु० प्रतिदिनं जपेदिति पाठः

अभिषिञ्चेत्तदात्मानमादावन्ते च दैशिकः ।
एवं चीर्णव्रतो भूत्वा मन्त्री मन्त्रविदुत्तमः ॥ ३४ ॥
निग्रहानुग्रहं कर्म कुर्वन्न प्रतिहन्यते[1] ।
शुद्धयोर्विन्यसेन्मूलमध्यादित्रितये त्रयम् ॥ ३५ ॥
वामाङ्गुष्ठे तले नेत्रे तर्जन्यामस्त्रमेव च ।
अक्षह्रीमिति[2] खण्डेन शब्दराशिं निवेशयेत् ॥ ३६ ॥
नफह्रीमित्यनेनापि शक्तिमूर्तिं विचक्षणः ।
विपरीतमहामुद्राप्रयोगान्मूलमेव च ॥ ३७ ॥

याग के आदि में स्वात्म का सुधाभिषेचन जैसे देशिक अवधान पूर्वक सम्पन्न करता है, उसी तरह अन्त में भी कलश सुधा से स्वात्म को अभिषिञ्चित करना चाहिये । इस प्रकार व्रतस्थ होकर श्रद्धापूर्वक व्रत करने से मन्त्री उत्तम मन्त्रविद् हो जाता है अर्थात् वह पूर्ण व्रतचारी होने के कारण सिद्ध हो जाता है ॥ ३४ ॥

इस प्रकार निग्रह और अनुग्रह रूप क्रिया योग में वह समर्थ हो जाता है । वह कभी विघ्नों के प्रतिघात से कुण्ठित नहीं होता । वह स्वयं परम शुद्ध दैशिक शिरोमणि होता ही है, उसके साथ उसके द्वारा साधक शिष्य भी कृतार्थ हो जाता है । साधक शिष्य और दैशिक आचार्य को स्वात्म देहसत्ता में मूल, मध्य आदि में तीनों शक्ति अपरा, परा और परापरा का विन्यास इस अवसर पर भी करना आवश्यक माना जाता है ॥ ३५ ॥

बायें अंगूठे, तल (करतल), नेत्र, तर्जनी प्रयुक्त अस्त्र मन्त्र रूप षड्जाति समन्वित प्रयोग में मातृका के 'ह्रीं अक्ष ह्रीं' इस पूर्व मन्त्र से स्वात्म को मन्त्रमय करना आवश्यक है ॥३६॥

अथवा शब्द राशि रूप मालिनी मन्त्र 'ह्रीं नफ ह्रीं' से ही स्वात्म को मन्त्रमय बना लेना चाहिये । इस प्रकार साधक और आचार्य दोनों मन्त्रमूर्त्ति हो जाते हैं।

---

१. क० पु० प्रतिपश्यतीति पाठः ; २. ख० नमो ह्रीमिति पाठः ।

स्वस्थानेषु तथाङ्गानि न्यासः सामान्य इत्ययम् ।

इति श्रीमालिनीविजयोत्तरे तन्त्रेऽभिषेकाधिकारो दशमः ॥ १० ॥

यदि यह न कर सके तो विपरीत इसके महामुद्रा का प्रयोग मूलमन्त्र से ही कर लेना चाहिये। इसके साथ ही सामान्य न्यास के रूप अपने स्थान प्रयुक्त आङ्गिक-न्यास भी श्रेयस्कर होता है ॥ ३७ ॥

परमेशमुखोद्भूत ज्ञानचन्द्रमरीचिरूप श्रीमालिनीविजयोत्तरतन्त्र का
डॉ० परमहंस मिश्र कृत नीर-क्षीर विवेक भाषा-भाष्य समन्वित
अभिषेकाधिकार नामक दसवाँ आह्निक परिपूर्ण ॥ १० ॥

॥ ॐ नमः शिवायै ॐ नमः शिवाय ॥

अथ एकादशोऽधिकारः

अथातः संप्रवक्ष्यामि दीक्षां परमदुर्लभाम् ।
भुक्तिमुक्तिकरीं सम्यक्सद्यः प्रत्ययकारिकाम् ॥ १ ॥
नास्यां मण्डलकुण्डादि किञ्चिदप्युपयुज्यते ।
न च न्यासादिकं पूर्वं स्नानादि च यथेच्छया ॥ २ ॥

सौः

परमेशमुखोद्भूतज्ञानचन्द्रमरीचिरूपम्

श्रीमालिनीविजयोत्तरतन्त्रम्

डॉ० परमहंसमिश्रविरचित-नीर-क्षीर-विवेक-भाषा-भाष्य-समन्वितम्

एकादशोऽधिकारः

[११]

परमेश्वर भगवान् शिव कह रहे हैं कि, देवि पार्वती ! इस आह्निक में मैं परमदुर्लभ दीक्षा के विषय में तुम्हें बताने का अनुग्रह करूँगा । यह दीक्षा भोग और मोक्ष दोनों को देने में समर्थ है । मैं ऐसे प्रयोगों के रहस्य भी उद्घाटित करूँगा, जिससे दीक्षा के प्रति दीक्ष्य और दर्शकवृन्द दोनों को सद्यः अर्थात् तत्काल विश्वास हो जाये । इसी लिये इसको 'सद्यःप्रत्ययकारिका' दीक्षा कहते हैं ॥ १ ॥

इसमें किसी मुख्य कर्मकाण्ड जैसे मण्डल-निर्माण, कुण्ड आदि की कोई उपयोगिता नहीं होती तथा जितने न्यास, महान्यास आदि हैं, वे भी अनुपयोगी हैं । जहाँ तक स्थानादि का प्रश्न है, इसका भी कोई बन्धन नहीं । अपने मानसिक संतोष के लिये केवल आवश्यक सफाई मात्र अपेक्षित है ॥ २ ॥

प्रविश्य यागसदनं सूपलिप्तं सुचर्चितम् ।
प्राङ्मुखोदङ्मुखो वापि सुपुष्पाम्बरभूषितः ॥ ३ ॥

दीप्तां शक्तिमनुस्मृत्य पादाग्रान्मस्तकावधि ।
महामुद्राप्रयोगेन निर्दग्धा चिन्तयेत्तनुम् ॥ ४ ॥

अनुलोमप्रयोगाच्च मालिनीममृतप्रभाम् ।
चिन्तयेत्तनुनिष्पत्त्यै तद्ध्यानगतमानसः ॥ ५ ॥

यागसदन में प्रवेशकर सुन्दर ढङ्ग से उपलिप्त और उसकी अच्छी तरह अल्पना आदि के प्रयोग से अर्चा का विषय बनी हुई एवं चन्दन से सुवासित सुगन्धमय भूमि में पूर्वाभिमुख बैठने की व्यवस्था करे। पूर्वाभिमुख के अतिरिक्त उत्तराभिमुख में भी बैठने की व्यवस्था की जा सकती है। उस समय शिष्य को आकर्षक वस्त्रों से सुन्दर फूलों की माला और आभूषण आदि धारण कर अपने को सुसज्जित रखना चाहिये ॥ ३ ॥

आसन पर विराजमान होकर सर्व प्रथम शिष्य महामुद्रा का प्रयोग करे। एक अत्यन्त प्रदीप्त शक्ति का स्मरण कर पैर के अग्रभाग से लेकर मस्तक पर्यन्त अपने शरीर को ज्वाला से जाज्वल्यमान दग्ध अनुभव करे।

महामुद्रा को परमीकरण मुद्रा भी कहते हैं। आगमरहस्य (पृ० ४३५) के अनुसार इसे ऋषि वसिष्ठ ने आविष्कृत किया था। बायें पैर की एड़ी से मूलाधार का संपीडन कर दाहिने पैर को सामने प्रसारित करे। ब्रह्मस्वर से मुख को आपूरित कर लेना चाहिये। दण्डाहत सर्प की तरह कुण्डलिनी का आश्रय लेकर प्राण को दण्डवत् लम्बायमान कर दे। उस समय द्विपुटी की मरणावस्था प्राप्त हो जाती है ॥ ४ ॥

वैष्णवी महामुद्रा सम्पुटित अञ्जलि को शीर्ष प्रदेश में कर्ण प्रदेश तक ले जाने से भी बनती है। इसके अन्य कई भेद भी होते हैं। महामुद्रा में अवस्थित साधक का शरीर भस्मीभूत हो चुका है। उसके तत्काल बाद उसे स्वात्मशरीर की निष्पत्ति के प्रयोग में लग जाना चाहिये। इसके लिये अपने शरीर में अनुलोम मालिनी शब्दराशि का सदुपयोग अनुलोम-दृष्टि से शरीर पर करना चाहिये। मालिनी अमृतप्रभा शक्ति की प्रतीक होती है। उसके ध्यान में तन्मय होकर शिर से पैर तक 'न ऋ ॠ' क्रम से चलने पर पूरा शरीर निष्पन्न हो जाता है। इसमें अङ्गों पर

शोध्याध्वानं ततो देहे पूर्वोक्तमनुचिन्तयेत् ।
ततः संशोध्य वस्तूनि शक्त्यैवामृततां नयेत् ॥ ६ ॥

परासंपुटमध्यस्थां मालिनीं सर्वकर्मसु ।
योजयेत्(सु)विधानज्ञः परां वा केवलां प्रिये ॥ ७ ॥

गणेशं पूजयित्वा तु पुरा विघ्नप्रशान्तये ।
ततः स्वगुरुमारभ्य पूजयेद्गुरुपद्धतिम् ॥ ८ ॥

गणेशाधः ततः सर्वं यजेन्मन्त्रकदम्बकम् ।
तत्पतीनां ततोऽर्धं च तत्रैव परिपूजयेत् ॥ ९ ॥

अन्त्याधः पूजयेद्विद्यां तद्वद्विद्यां महेश्वरीम् ।
मन्त्रविद्यागणस्यान्तः कुलशक्तिं निवेशयेत् ॥ १० ॥

निर्धारित वर्ण विन्यास ध्यान करते ही आङ्गिक निष्पत्ति शुरू हो जाती हैं और 'फ' तक आते आते स्वात्मदेह प्रतिष्ठित हो जाता है ॥ ५ ॥

शरीर में षडध्व-शोधन प्रक्रिया का प्रयोग उसी समय करना चाहिये। शरीर निष्पत्ति के अनन्तर अध्वाशोधन का क्रम अपनाया जाना चाहिये। इस तरह शरीर ताप्तदिव्य काञ्चनवत् ऊर्जा से ओतप्रोत हो जाता है। इसका चिन्तन करने के बाद वहाँ प्रस्तुत वस्तुओं का शोधन कर उन्हें परमपवित्र बना लेना चाहिये। अपनी शक्ति से सब में अमृतत्व का आधान कर लेना चाहिये ॥ ६ ॥

मालिनीविद्या को परा मन्त्र से सम्पुटित करने के उपरान्त ही प्रयोग में लाना चाहिये। विधान के ज्ञाता विचक्षण आचार्य इसका अवधानपूर्वक प्रयोग करें अथवा एक दूसरा पक्ष यह भी है कि, केवल परा विद्या का ही प्रयोग करे। प्रक्रिया की पूर्त्ति दोनों तरह से होती है ॥ ७ ॥

कार्य के प्रारम्भ में विघ्नों की प्रशान्ति के लिये सर्वप्रथम गणेश का पूजन कर लेना श्रेयस्कर है। वे विघ्नेश्वर हैं। उनके अर्चन से विघ्न-राशि का विनाश हो जाता है। तत्पश्चात् गुरु क्रम आता है। गुरुपद्धति में सर्वप्रथम परमेष्ठि गुरु, फिर परम गुरु और तब दीक्षा गुरु का पूजन आवश्यक माना जाता है ॥ ८ ॥

गणेश के पूजन के अधस्तात् क्रम से समस्त मन्त्र राशि का यजन करना चाहिये। पुनः मन्त्रेश्वरों का पूजन आवश्यक माना गया है। तदुपरान्त विद्याओं की पूजा करनी चाहिये। अन्य देवताओं की तरह ही माहेश्वरी आदि विद्याओं की

पूर्वयाम्यापरोदक्षु माहेश्यादिचतुष्टयम् ।
इन्द्राणीपूर्वकं तद्वदैशादिदल अन्तगम् ॥ ११ ॥
तत्रोपरि न्यसेद्देवं कूटरूपाणुनामुना ।
जीवं दण्डसमाक्रान्तं शूलस्योपरि संस्थितम् ॥ १२ ॥
दक्षाङ्गुलि ततोऽधस्तात्ततो वामपयोधरम् ।
नाभिकण्ठौ ततोऽधस्ताद्वामस्कन्धविभूषणौ ॥ १३ ॥
शिवजिह्वान्वितः पश्चात्तदूर्ध्वोष्ठेन चोपरि ।
सर्वयोगिनिचक्राणामधिपोऽयमुदाहृतः ॥ १४ ॥
अस्याप्युच्चारणादेव संवित्तिः स्यात्परोदिता ।
ततो वीराष्टकं पश्चाच्छक्त्युक्तविधिना[1] यजेत् ॥ १५ ॥

पूजा की जाती है। मन्त्रविद्याओं के साथ ही कुलेश्वरी की स्थापना और अर्चना का विधान है। पूर्व, दक्षिण, पश्चिम और उत्तर दिशाओं में माहेशी आदि चार विद्यायें अर्चनीय हैं। ये चारों क्रमशः माहेशी, ब्रह्माणी, कौमारी और वैष्णवी है। इसी तरह ईशानकोण में इन्द्राणी, अग्निकोण में याम्या, नैऋत्यकोण में चामुण्डा और वायव्यकोण में योगेशी[2] का विन्यास कर उनका पूजन करना चाहिये ॥ ९-११ ॥

इसके बाद कूटरूप से अणु बने भगवान् शङ्कर की पूजा पूर्ण श्रद्धा और समादर के साथ करनी चाहिये। जहाँ तक जीव भाव का प्रश्न है, यह दण्डाकार अवस्था में उन्मना के शूलाब्ज पर पहुँचाया गया है ॥ १२ ॥

दक्षाङ्गुलि 'झ' वर्ण, वामपयोधर 'ल', इसके ही 'नाभि 'क्ष' और कण्ठ 'व' उनके नीचे बायें 'क'। शिवजिह्वा 'इ' वर्णों के संयोग से बने बीज-मन्त्र में ऊर्ध्व ओष्ठ 'ओं' लगाने से जो मन्त्र बनता है, वह समस्त योगिनी-चक्र का स्वामी माना जाता है ॥ १३-१४ ॥

यह इतना महत्त्वपूर्ण बीज मन्त्र है, जिसके उच्चारण मात्र से परा संवित्ति का उदय हो जाता है। इसके बाद वीराष्टक की पूजा होनी चाहिये। इसके बाद शक्ति के सन्दर्भ में निर्दिष्ट विधि के अनुसार सामुदायिक पूजा करनी चाहिये ॥ १५ ॥

---

१. क० पु० शक्त्याक्तेति पाठः ;
२. श्रामा० वि० अधिकार ३।१४

प्रभूतैर्विविधैरिष्ट्वा गन्धधूपैः स्रगादिभिः ।
श्रीकारपूर्वकं नाम पादान्तं परिकल्पयेत् ॥ १६ ॥

ततः शिष्यं समाहूय बहुधा सुपरीक्षितम् ।
रुद्रशक्त्या तु संप्रोक्ष्य देवाग्रे विनिवेशयेत् ॥ १७ ॥

भुजौ तस्य समालोक्य रुद्रशक्त्या प्रदीपयेत् ।
तथैवाप्यर्पयेत्पुष्पं करयोर्गन्धदिग्धयोः ॥ १८ ॥

निरालम्बौ तु तौ ध्यात्वा शक्त्याकृष्टौ विचिन्तयेत् ।
शक्तिमन्त्रिततेनेत्रेण बद्ध्वा नेत्रे तु पूर्ववत् ॥ १९ ॥

इस याग प्रक्रिया में वित्तशाठ्य नहीं अच्छा होता। प्रभूत द्रव्यों से समन्वित बृहद् रूप में इसका आयोजन होना चाहिये। गन्ध से सारा वातावरण सुगन्धित और सुरभित हो, साथ ही दीष सज्जा का उत्तम प्रबन्ध हो, सुन्दर आकर्षक कुसुमों की मालाओं से पूरा दीक्षा सदन दिव्यता का प्रतीक बन गया हो, तभी याग का महत्त्व सिद्ध होता है। इतना सब कुछ शोभाधायक कार्यक्रम पूरा कर आचार्य दीक्ष्य के नये नाम का प्रकल्पन करें। विशेष रूप से नाम में पहले 'श्री' का प्रयोग हो एवम् अन्त में 'पाद' का प्रयोग भी किया जाय, जैसे श्री माहेश्वर अभिनवगुप्तपाद ॥ १६ ॥

आचार्य शिष्य को अपने पास बुलाकर उसे कलश सुधा से सम्प्रोक्षित करें। सम्यक् रूप से सुपरिक्षित शिष्य को सम्प्रोक्षण के बाद देवाधिदेव महादेव के समक्ष ही उसे विनिविष्ट कराना शास्त्र सम्मत माना जाता है ॥ १७ ॥

शिष्य की दोनों भुजाओं का अवलोकन कर उनमें रुद्रशक्ति को उद्दीप्त करना चाहिये। गन्ध से सुरभित शिष्य के हाथों पर फूल रखकर विज्ञ आचार्य यह ध्यान करें कि, इन पवित्र और दिव्य हाथों का कोई रुद्रशक्ति के अतिरिक्त आश्रय नहीं है। ये रुद्रशक्ति की ओर ही आकृष्ट किये जा रहे हैं। वह अदृश्य शक्ति इन्हें अपनी ओर खींच सी रही है। यह चिन्तन करते हुए शक्ति से मन्त्रित नेत्रमन्त्र के द्वारा उसके दोनों नेत्रों को वस्त्र से आवृत्त कर देना चाहिये ॥ १८-१९ ॥

ततः प्रक्षेपयेत्पुष्पं सा शक्तिस्तत्करस्थिता ।
यत्र[1] तत्पतते पुष्पं तत्कुलं तस्य लक्षयेत् ॥ २० ॥
मुखमुद्घाट्य[2] तं पश्चात्पादयोः प्रतिपातयेत् ।
ततोऽस्य मस्तके चक्रं हस्तयोश्चार्च्य योगवित् ॥ २१ ॥
तद्धस्तौ प्रेरयेच्छक्त्या यावन्मूर्धान्तमागतौ ।
शिवहस्तविधिः प्रोक्तः सद्यः प्रत्ययकारकः ॥ २२ ॥
चरुकं दापयेत्पश्चात् खर्जूरादिफलोद्भवम् ।
शक्त्यालम्बां तनुं कृत्वा स्थापयेदग्रतः शिशोः ॥ २३ ॥

तत्पश्चात् आचार्य उससे यह कहे कि, तुम्हारे इन शक्ति की ओर आकृष्ट हाथों में जो पुष्प रखा गया है, वह शक्ति स्वरूप है। यही सोचकर और हाथों में शक्ति की कृपा का अनुभव करते हुए इसे फेंको। साथ ही सावधान आचार्य यह देखें कि शिष्य की कर-स्थित शक्ति का प्रक्षेप कहाँ तक हो रहा है। वह फूल जहाँ जाकर भूपतित हो गया है, वही उसका कुलाङ्क है ॥ २० ॥

इसके बाद उसके आँखों की पट्टी खोल देनी चाहिये। उसे यह निर्देश देना चाहिये कि, वह कुलदेव और गुरुदेव के चरणों में साष्टाङ्ग दण्डवत् प्रणाम करे। इसके बाद योगवेत्ता विचक्षण आचार्य अपने दोनों हाथों में शिव का आवाहन और आराधन कर शिष्य के शिर पर रखें ॥ २१ ॥

उन हाथों के माध्यम से आचार्य शिष्य के शरीर को शक्तिमन्त बनाने की विधि का प्रयोग करें। शिर में उमा देवी का अधिष्ठान शास्त्र समर्थित तथ्य है। 'उमा मूर्ध्नि व्यवस्थिता' यह सप्तशती की उक्ति है। इस दृष्टि से गुरु उमादेवी का मूर्धान्त चिन्तन करे। हाथ मूर्धान्त पर्यन्त शिर का स्पर्श करते रहे। यह एक विधि के अन्तर्गत आता है। इसे शिवहस्त विधि कहते हैं। यह विधि सद्यः विश्वासप्रदा मानी जाती है ॥ २२ ॥

इसके बाद चरु प्रक्रिया पूरी करनी चाहिये। चरुसिद्धि करने के उपरान्त शिष्य के शरीर को शक्ति पर आश्रित समझ कर खर्जूर फलों के सम्मिलित परिपाक से तैयार उस चरु को उसके आगे लाकर रखे ॥ २३ ॥

---

१. क० पु० तत्र तत्पततेति पाठः ;
२. क० पु० मुखं बद्धा पुतं पश्चादिति पाठः

पुष्पक्षेपप्रयोगेन हस्तमाकृष्य दक्षिणम् ।
चरुकं ग्राहयेन्मन्त्री तद्ध्यानगतमानसः ॥ २४ ॥

शिवहस्तप्रयोगेन समारोप्य मुखं नयेत् ।
अनेनैव विधानेन क्षीरवृक्षसमुद्भवम् ॥ २५ ॥

दन्तकाष्ठं ददेद्देवि षोडशाङ्गुलमायतम् ।
एतेषां चालनान्मन्त्री शक्तिपातं परीक्षयेत् ॥ २६ ॥

मन्दतीव्रादिभेदेन मन्दतीव्रादिकाद्बुधः ।
इत्ययं समयी प्रोक्तः संस्थितोक्तेन वर्त्मना ॥ २७ ॥

चिकीर्षुश्च यदा दीक्षामस्यैवार्पितमानसः ।
तदिष्ट्वा पूर्ववद्योगी कुलेशं[1] तमनुक्रमात् ॥ २८ ॥

पुष्प के प्रक्षेप के इस प्रयोग से विरत शिष्य के दाहिने हाथ को अपनी ओर लेकर उसी से शिष्य को चरु ग्रहण कराये। गुरुदेव इस समय शिष्य के उत्कर्ष की कामना का ही प्रकर्षपूर्वक ध्यान करते पुनः फिर शिवहस्त प्रयोग से हाथ को उसके मुख की ओर ले आवें। इस तरह चरु प्रयोग और शिवहस्त का प्रयोग कर गुरुदेव दूध सदृश स्वरस वाले पेड़ से ली गयी दातून उसे दें। भगवान् शङ्कर कह रहे हैं कि देवि ! पार्वति ! वह दातून १६ अङ्गुल लम्बी होनी चाहिये। दातून की चीरी फेंकने की विधि को बतायें। शिष्य के द्वारा चीरी फेंकने की दूरी से उसके ऊपर कितना शक्तिपात है, इसकी आनुपातिक परीक्षा गुरु कर लें॥ २४-२६ ॥

शक्तिपात मन्द, मध्य और तीव्र भेद-युक्त होता है। इन तीनों के भी तीन-तीन भेद होते हैं। इन मन्द-मन्द, मन्द-मध्य और मन्द-तीव्र आदि भेदों के अनुसार उसको मन्द आदि शक्तिपात सम्बन्धी स्तरीयता का ज्ञान गुरुदेव को हो जाता है। ऐसे शिष्य समयी होते हैं। वे इसी प्रयोग पथ के माध्यम से चर्या करते हैं॥ २७ ॥

जब दीक्षा देने की आकांक्षा गुरुदेव के मन में उत्पन्न हो जाय और उसे यह विश्वास हो जाय कि, यह शिष्य मेरे प्रति पूर्ण समर्पित और श्रद्धा से समन्वित है, तो सर्वप्रथम गुरुदेव कुलेश्वर की पहले की तरह पूजा करें॥ २८॥

---

१. क० पु० सुकुलोनमनुक्रमादिति पाठः

संपूज्य पूर्ववच्छिष्यमृजुदेहे विलोकयेत् ।
शक्तिं संचिन्त्य पादाग्रान्मस्तकान्तं विचक्षणः ॥ २९ ॥

शोध्याध्वानं ततो न्यस्य सर्वाध्वव्याप्तिभावनाम् ।
शक्तितत्त्वादिभेदेन पूर्वोक्तेन च वर्त्मना ॥ ३० ॥

उपविश्य ततस्तस्य विधानमिदमाचरेत् ।
मूलशोध्यात्समारभ्य शक्तिं दीप्तानलप्रभाम् ॥ ३१ ॥

योजयेच्छोध्यसंशुद्धिभावनागतमानसः ।
एवं सर्वाणि शोध्यानि निर्दहन्तीमनामयाम् ॥ ३२ ॥

शिवे संचिन्तयेल्लीनां निष्कले सकलेऽपि वा ।
योगिना योजिता मार्गे स्वजातीयस्य पोषणम् ॥ ३३ ॥

इस प्रकार समस्त पूजाविधान पूरा कर लेने पर शिष्य के ऋजु शरीर को कृपापूर्ण दृष्टि से देखकर उस पर कृपा की वर्षा करें। उसके पादाग्र भाग से शिरः पर्यन्त शक्ति का सञ्चयन सा करता हुआ उसे शक्ति से अनुप्राणित कर दें॥ २९॥

अध्वा शोधन कर, शिष्य के ऊपर उनका न्यास कर यह भावना करें कि, दीक्ष्य का शरीर समस्त अध्वावर्ग से व्याप्त है और इसकी शारीरिक व्याप्ति का परिवेश समस्त अध्वमण्डल में मण्डित है। इसी तरह पहले कहे गये शक्तितत्त्व आदि तत्त्व-भेद से भी शिष्य भावित है॥ ३०॥

आसन पर विराजमान होकर इन सारे विधानों का पालन आचार्य और शिष्य दोनों करें। मूलाधार से लेकर औन्मनस सामरस्य पर्यन्त शक्तितत्त्व का पूर्णतः समायोजन करें॥ ३१॥

संशोधन विधि के प्रति पूर्णतया दत्तावधान आचार्य सभी शोध्य प्रक्रिया को अपना कर पार्यन्तिक संशुद्धि भाव से स्वयं भावित होकर ऐसी दीप्त प्रभामयी शक्ति-सत्ता का वहाँ संचार कर दें जिससे यह प्रतीत होने लगे कि, सभी प्रकार के अनपेक्षितदुःस्तत्त्व दग्ध हो चुके हैं॥ ३२॥

साथ ही साथ यह अनुचिन्तन भी करें कि, सभी कुछ सकल-निष्कल शिवतत्त्व में विलीन हो गया है। अब सभी दृश्य-अदृश्य शिवमय हो गया है।

कुरुते निर्दहत्यन्यद्विजातिकदम्बकम् ।
अनया शोध्यमानस्य शिष्यस्यास्य महामतिः ॥ ३४ ॥

लक्षयेच्चिह्नसंघातमानन्दादिकमादरात् ।
आनन्द उद्भवः कम्पो निद्रा घूर्णिश्च [1]पञ्चमी ॥ ३५ ॥

एवमाविष्टया शक्त्या मन्दतीव्रादिभेदतः ।
पाशस्तोभपशुग्राहौ प्रकुर्वीत यथेच्छया ॥ ३६ ॥

योगमार्ग के विशेषज्ञ विचक्षण आचार्य द्वारा इस प्रकार शैवसद्भाव में समायोजित कर देने के उपरान्त वहाँ स्वजातीय सत्कर्मों का पोषण हो रहा है—यह चिन्तन करना चाहिये ॥ ३३ ॥

साथ ही यह भी अनुभव करना चाहिये कि, अनपेक्षित अन्य जातीय पदार्थों का सर्वथा निराकरण हो चुका है। इस विधि से आचार्य द्वारा वहाँ का सर्वविध शोधन सम्पन्न हो जाता है। शिष्य पूरी तरह शुद्ध हो जाता है। अब आचार्य के लिये स्वाभाविक स्वारस्य उपलब्ध हो जाता है ॥ ३४ ॥

महाप्राज्ञ आचार्य गुरुदेव अब शिष्य में उत्पन्न और परिलक्ष्यमाण लक्षणों के ऊपर दृष्टिपात करें। वह देखें कि, शिष्य आनन्द से भर उठा है। वह ध्यान दें कि, उसमें सबके प्रति कितना आदर भाव उद्वेलित हो रहा है। वह इस पर विशेष ध्यान दें कि, आनन्द के साथ ही साथ वह मानों नयी सम्भावनाओं से उद्भासित सा हो उठा है। इसे ही शास्त्र में उद्भव कहते हैं। वह रह-रहकर रोमाञ्चित हो रहा है। इसे ही कम्प कहते हैं। आनन्द के अतिरेक के चलते वह शान्ति की नींद में निमग्न को तरह अनुभव कर रहा है। इसे निद्रा भाव कहते हैं। कभी-कभी उसको घूर्णि का अनुभव भी हो रहा है। ये लक्षण उसको योग्यता के प्रमाण रूप हैं[2] ॥ ३५ ॥

इस प्रकार सुलक्षणों से लक्षित, शक्ति समावेश से सम्पन्न शिष्य शक्तिपात से पवित्रित हो जाता है। गुरु यह जानने में समर्थ होता है कि, इसके ऊपर मन्द-मन्द स्तर का शक्तिपात हो चुका है। आचार्य यथेच्छ उसके पाशों का त्वरित अवरोध कर दें, जिससे उसको पशुता का ग्रास हो जाय ॥ ३६ ॥

---

१. क० पु० घूर्णिश्च पञ्चकमिति पाठः ।
२. श्रीत० २०।१२

गृहीतस्य पुनः कुर्यान्नियोगं शेषभुक्तये ।
अथवा कस्यचिन्नायमावेशः[1] संप्रजायते ॥ ३७ ॥

तदेनं युगपच्छक्त्या सबाह्याभ्यन्तरे[2] दहेत् ।
तया संदह्यमानोऽसौ च्छिन्नमूल इव द्रुमः ॥ ३८ ॥

पतते काश्यपीपृष्ठे आक्षेपं वा करोत्यसौ ।
यस्य त्वेवमपि स्यान्न तं चैवोपलवत्यजेत् ॥ ३९ ॥

पृथक्तत्त्वविधौ दीक्षां योग्यतावश्यवर्तिनः ।
तत्त्वाभ्यासविधानेन वक्ष्यमाणेन कारयेत् ॥ ४० ॥

इसके अतिरिक्त भी यदि कोई जन्म-जन्मान्तरीय कुसंस्कार शेष रह जाय तो आचार्य उसका भी निरोध करें। उसे पूर्णता प्रदान कर दें। कुछ ऐसे भी शिष्य होते हैं, जिनमें ये कोई लक्षण प्रकट नहीं होते। किसी प्रकार का आवेश नहीं होता। गुरुदेव इस अवस्था के साक्षी व स्वयं प्रमाण होते हैं ॥ ३७ ॥

आवेश न आने की स्थिति में गुरुदेव स्वात्मशक्ति की तैजसिकता को आग से बाह्य और आभ्यन्तर दोनों दृष्टियों से दग्ध करने का प्रयास करें। गुरु के तेज से आनन-फानन में दह्यमान होकर वह कटे पेड़ की तरह काश्यपी पृष्ठ पर लुढ़क जाता है, अथवा उछल-कूद करने लगता है, या तरल भाषा का प्रयोग कर अपशब्दों का प्रयोग करने लग जाता है। इसे ही आक्षेप करना कहते हैं। कुछ ऐसे भी शिष्य मिलते हैं, जिनमें इस प्रकार के कोई लक्षण नहीं मिलते। गुरुदेव को यह चाहिये कि, पाषाण खण्ड के रास्ते में पड़ने वाले छोटे बड़े सभी टुकड़ों की तरह उसका परित्याग कर देना चाहिये ॥ ३९ ॥

अपनी योग्यता के कारण गुरु के प्रति अपार श्रद्धा और आस्था के आधार पर वशवर्त्ती के समान आचरण करने वाले अनुशासित शिष्य को आचार्य पृथक् तत्त्वविधि में दीक्षित कराने की व्यवस्था करे। इस विधि के सम्बन्ध में अभी आगे मुझे कहना भी शेष है। इसमें तत्त्वों से सम्बन्धित अभ्यास का विधान प्रधानतया अपनाना पड़ता है ॥ ४० ॥

---

१. क० पु० कस्यचिद्वायमिति पाठः ;
२. ग० भ्यन्तरं दहेदिति पाठः ।

इति संदीक्षितस्यास्य मुमुक्षोः शेषवर्तनम् ।
कुलक्रमेष्टिरादेश्या पञ्चावस्थासमन्विता ॥ ४१ ॥

बुभुक्षोस्तु प्रकुर्वीत सम्यग्योगाभिषेचनम् ।
तत्रेष्ट्वा पूर्ववद्देहं विस्तीर्णैर्विबुधैर्बुधैः ॥ ४२ ॥

हेमादिदीपकानष्टौ घृतेनारुणवर्तिकान् ।
कुलाष्टकेन संबोध्य शिवं शङ्खे प्रपूजयेत् ॥ ४३ ॥

सर्वरत्नौषधीगर्भे गन्धाम्बुपरिपूरिते ।
तेनाभिषेचयेत्तं तु शिवहस्तोक्तवर्त्मना ॥ ४४ ॥

आचार्यस्याभिषेकोऽयमधिकारपदान्वितः ।
कुर्यात्पिण्डादिभिस्तद्वच्चतुःषष्टि प्रदीपकान् ॥ ४५ ॥

मुमुक्षु अर्थात् मोक्ष का आकाक्षी शिष्य यदि अच्छी तरह दीक्षा प्राप्त करता है, उसका शेषवर्त्तन कैसा हो, उसकी दीक्षा के कुलक्रम और परम्परा में कौन याग-करणीय होता है, पञ्चावस्था समन्वित वह कौन मार्ग है ? इन तथ्यों के सम्बन्ध में शिष्य को पूरी जानकारी देनी चाहिये ॥ ४१ ॥

बुभुक्षु अर्थात् भोगवाद की भुक्ति के उपभोग के साथ-साथ साधना के प्रयोग में प्रवृत्त होने के आकांक्षी शिष्य को सम्यक् रूप से योगपद्धति के अनुकूल अभिषिक्त करना चाहिये। पूर्व में उक्त नियम के अनुसार विस्तारपूर्वक विविध प्रकार की याग-सामग्रियों से समन्वित सामान्य याग के साथ जानकार कर्मकाण्डियों और योगसिद्ध विद्वानों द्वारा देहाभिषेचन करना चाहिये ॥ ४२ ॥

स्वर्ण आदि से निर्मित आठ दीपकों में लाल रंग के तूल से वर्त्तिका निर्मित कर घी से भर कर उन्हें प्रज्वलित करना चाहिये। कुलाष्टक विधि से सम्यक्रूप से प्रज्वलित कर शङ्ख में शिव की पूजा करनी चाहिये ॥ ४३ ॥

जिस पूजा कलश में समस्त याग योग्य औषधियों को डाला गया हो, जिसमें विविध प्रकार के सुगन्धित पदार्थों से पावन जल का प्रयोग किया गया हो, उसी कलश सुधा से अभिषिक्त करना चाहिये। इस प्रक्रिया में शिवहस्त की पूर्वोक्त विधि का भी प्रयोग करना चाहिये ॥ ४४ ॥

यह अभिषेक विधान उस योग्यतम साधक शिष्य से सम्बन्धित है, जिसे आचार्य पद पर अधिष्ठित और सर्वाधिकार समन्वित बनाया जाता है। इसमें पिण्ड सहित चौसठ दीपों के प्रयोग का विधान है ॥ ४५ ॥

अभिषिक्तविधावेव सर्वयोगिगणेन तु ।
विदितौ भवतस्तत्र गुरुर्मोक्षप्रदो भवेत् ॥ ४६ ॥
अनयोः [1]कथयेज्ज्ञानं त्रिविधं सर्वमप्यलम् ।
स्वकीयाज्ञां ददेद्योगी स्वक्रियाकरणं प्रति ॥ ४७ ॥

इति श्रीमालिनीविजयोत्तरे तन्त्रे दीक्षाधिकार एकादशः ॥ ११ ॥

इसी अभिषेक विधि के सांदर्भिक महोत्सव में बुलाये गये सभी योगियों की सभा में इस तथ्य की घोषणा करनी चाहिये कि, अमुक विद्वत् शिरोमणि के आचार्यत्व में इस प्रकार की योग्यता से विभूषित शिष्य का अभिषेक सम्पन्न हुआ और आज से यह शिष्य सर्वाधिकार सम्पन्न आचार्य के प्रमुख पद पर अधिष्ठित किया गया। इस प्रकार दोनों सर्वविदित हो जाते हैं। यह भी सर्वविदित हो जाता है कि, गुरुदेव मोक्षप्रद, महाप्राज्ञ पुरुष हैं ॥ ४६ ॥

इस यौगिक संसद् के अधिवेशन में प्रमुख योगाचार्य इस अवसर के अनुकूल उन दोनों को विशिष्ट ज्ञानोपार्जन में संलग्न रहने के लिये संबोधित करें। त्रैविध-विज्ञान के रहस्य का भी उद्घाटन करें। विशेष रूप से उनके द्वारा अपनी आज्ञा देनी चाहिये, जो उनके जीवन को और भी उत्कर्ष के लिये अग्रसर करे। उन दोनों को अपनी-अपनी चर्या में क्या-क्या करना आवश्यक है, यह निर्देश भी देना चाहिये ॥ ४७ ॥

परमेशमुखोद्भूत ज्ञानचन्द्रमरोचि रूप श्रीमालिनीविजयोत्तरतन्त्र का
डॉ० परमहंस मिश्र कृत नीर-क्षीर विवेक भाषा-भाष्य समन्वित
दीक्षाधिकार नामक ग्यारहवाँ अधिकार परिपूर्ण ॥ ११ ॥

॥ ॐ नमः शिवायै ॐ नमः शिवाय ॥

---

१. क० पु० कथयोर्ज्ञानमिति पाठः ।

अथ द्वादशोऽधिकारः

अथैतां देवदेवस्य श्रुत्वा वाचमतिस्फुटाम् ।
प्रहर्षोत्फुल्लनयना जगदानन्दकारिणी ॥ १ ॥
संतोषामृतसंतृप्ता देवी देवगणार्चिता ।
प्रणम्यान्धकहन्तारं पुनराहेति भारतीम् ॥ २ ॥
पूर्वमेव त्वया प्रोक्तं योगी योगं समभ्यसेत् ।
तस्याभ्यासः कथं कार्यः कथ्यतां त्रिपुरान्तक ॥ ३ ॥

सौः

परमेशमुखोद्भूतज्ञानचन्द्रमरीचिरूपम्

श्रीमालिनीविजयोत्तरतन्त्रम्

डॉ० परमहंसमिश्रकृत नीरक्षीर-विवेक भाषा-भाष्य संवलितम्

द्वादशोऽधिकारः

[१२]

देवाधिदेव महादेव के इन स्फुट और अत्यन्त सरल विधि-विधानों से विशिष्ट वचनों को सुनकर देवी पार्वती परम आनन्द से विह्वल हो उठीं। वे स्वयं विश्व में आनन्द सुधा की वर्षा कर सबको तृप्त करने वाली वात्सल्यमयी माँ हैं। उनकी आँखें भी प्रसन्नता से खिल उठी थीं ॥ १ ॥

जैसे कोई भी अमृत पीकर तृप्त हो उठता है, उसी तरह वे भी संतोष के अमृत से परितृप्त हो उठीं थीं। दिव्य शक्ति सम्पन्न, सर्वोत्कर्षेण वर्त्तमान, सभी देववर्ग द्वारा समर्चनीय चरणारविन्दा माँ ने आनन्द विभोर होकर शङ्कर के चरणों में प्रणति अर्पित कर पुनः भारत की रहस्य विद्या के उद्घाटन के लिये सप्रश्रय यह निवेदन किया ॥ २ ॥

देवी ने कहा—भगवान् आपने सन्दर्भवश मुझसे कहा था कि, योगी लोग योग का अभ्यास करें अर्थात् योगी उसे ही कहा जा सकता है, जो योगाभ्यास में नियमित

एवमुक्तो जगद्धात्र्या भैरवो भयनाशनः ।
प्राह प्रसन्नगम्भीरां गिरमेतामुदारधीः ॥ ४ ॥

योगाभ्यागविधिं देवि कथ्यमानं मया शृणु ।
स्थिरीभूतेन येनेह योगी सिद्धिमवाप्स्यति ॥ ५ ॥

गुहायां भूगृहे वापि निःशब्दे सुमनोरमे ।
सर्वाबाधाविनिर्मुक्ते योगी योगं समभ्यसेत् ॥ ६ ॥

जितासनो जितमना जितप्राणो जितेन्द्रियः ।
जितनिद्रो जितक्रोधो जितोद्वेगी गतव्यथः ॥ ७ ॥

प्रवृत्त रहता है। भगवान् ! मेरी प्रार्थना है कि, योग का अभ्यास कैसे करना चाहिये, इस विधि का उपदेश देकर मुझे अनुगृहीत करें। आपने योगबल से ही त्रिपुर का अन्त किया था ॥ ३ ॥

त्रिपुरान्तक ने कहा—देवि ! मैं योगाभ्यास विधि का वर्णन करने जा रहा हूँ। तुम ध्यानपूर्वक इसे सुनो। जगद्धात्री की प्रार्थना से प्रसन्न भगवान् भूतभावन जो जगत् की भीतियों को भगा देने में सर्वथा समर्थ हैं, उदारतापूर्वक इस प्रकार प्रसन्न वाणी में कहा तथा उनसे यह भी कहा कि, योगी जिस विधि से सिद्धि प्राप्त करते हैं, यह भी सविधि प्रकाशित करने जा रहा हूँ। तुम ध्यानपूर्वक इसे सुनो ॥ ४-५ ॥

योग सिद्धि के लिये योग्य भूमि 'गुहा' मानी जाती है। इसके अतिरिक्त पृथ्वी के गर्भ में एक कक्ष का निर्माण करावें, जो ऊपर से तथा चारों ओर से सुरक्षित हो, उसे भूगृह, गर्भगृह तथा भाषा की बोली में भुइँधरा कहते हैं। वहाँ योगाभ्यास करना चाहिये। तीसरे प्रकार के स्थानों में एकान्त, निर्जन, निःशब्द, मनोरम स्थान भी योग के लिये उत्तम माना जाता है। इसमें सबसे अधिक ध्यान देने की बात है कि, वह स्थान सभी प्रकार की बाधाओं से रहित हो। वहीं योगी योग का अभ्यास करे ॥ ६ ॥

योगाभ्यास की कुछ शर्त्तें हैं, जैसे—योगी एक आसन पर नियमित बैठने में समर्थ हो, अर्थात् जितासन हो। उसकी दूसरी योग्यता यह है कि, वह मन को अपने वश में रखने में समर्थ अर्थात् 'जितमना' हो। वह श्वासजित् हो। जितेन्द्रियता में समर्थ हो। निद्रा को जीत चुका हो। वह कभी क्रोध न करे अर्थात्

लक्ष्यभेदेन वा सर्वमथवा चित्तभेदतः ।
धरादिशक्तिपर्यन्तं योगीशस्तु प्रसाधयेत् ॥ ८ ॥

व्योमविग्रहबिन्दुर्णभुवनध्वनिभेदतः ।
[१]लक्ष्यभेदः स्मृतः षोढा यथावदुपदिश्यते ॥ ९ ॥

बाह्याभ्यन्तरभेदेन समुच्चयकृतेन च ।
त्रिविधं कीर्तितं व्योम दशधा बिन्दुरिष्यते ॥ १० ॥

कदम्बगोलकाकारः [२]स्फुरत्तारकसंनिभः ।
शुक्लादिभेदभेदेन एकोऽपि दशधा मतः ॥ ११ ॥

क्रोधजित् हो, उद्वेग रहित हो और दुःख में अनुद्विग्न रहने की शक्ति से सम्पन्न हो। ये सभी लक्षण योगी के हैं। ऐसा व्यक्ति ही योगाभ्यास में सफल होता है यह निश्चय है ॥ ७ ॥

लक्ष्यवेध अथवा चित्तभेद की दृष्टि से योगी धरादि शक्तिपर्यन्त भेदसाधन करे। लक्ष्य से तात्पर्य जिस तत्त्व को या अध्वा और व्योम आदि को लक्ष्य बनाकर योगी साधना करना चाहता है, उसमें विना भेद के अनुप्रवेश नहीं होता। जैसे सितेतर से सित परिवेश में प्रवेश के लिये निरोधिका भेद आवश्यक है, उसी तरह लक्ष्य भेद आवश्यक होता है ॥ ८ ॥

लक्ष्य भेद छह प्रकार के माने गये हैं—१. व्योम, २. विग्रह, ३. बिन्दु, ४. वर्ण, ५. भुवन और ६. ध्वनि। इनका क्रमिक विवरण स्वयं भगवान् ने यहाँ उपदिष्ट कर दिया है ॥ ९ ॥

१. व्योम—बाह्य, आभ्यन्तर और समुच्चय-रूप तीन भेदों से व्योम तीन प्रकार का माना जाता है। बाह्य व्योम का व्यापक आवरण व्यक्ति के व्यक्तित्व को घेरकर व्यक्ति-सीमा को नित्य कीलित कर रहा है। आन्तर व्योम का वृत्त्यात्मक आनन्त्य स्वात्म की पहचान से वंचित रखता है। समुच्चय भेद दोनों कार्यों का साथ-साथ सम्पादन करता है।। १० ॥

२. बिन्दु—बिन्दु दस प्रकार का माना जाता है। कदम्ब का पुष्प जैसे गोल होता है और उसकी गोलाई में जिस प्रकार के लघु अरे उत्पन्न रहते हैं,

---

१. ख० मुक्त्वा समाधये इति पाठः ; २. क० लक्षभेदो मत इति पाठः ;
३. क० पु० तारकसप्रभ इति पाठः

चिञ्चिनीचीरवाकादिप्रभेदाद् दशधा ध्वनिः ।
विग्रहः स्थाणुभेदाच्च द्विधा भिन्नोऽप्यनेकधा ॥ १२ ॥
भुवनानां न संख्यास्ति वर्णानां सा शताधिका ।
एकस्मिन्नपि साध्ये वै लक्षेदन्यानुषङ्गतः ॥ १३ ॥

साथ ही उनमें पुष्पायमानता का जो स्वरूप होता है, यह सब उसे चार भेद भिन्न बना देता है। स्फुरणशीलता के उन्मिषद्भाव की अवस्था में वर्त्तमान रहता है। यह बिन्दु की दूसरी विशेषता है। इसमें भी स्पष्ट, अस्पष्ट और लघुबृहत् तथा स्वतन्त्र एवम् आकृति के अङ्ग आदि भेद से यह तीन प्रकार का होता है।

इसी प्रकार शुक्ल, पीत, लाल आदि भेद की दृष्टि से तीन प्रकार का माना जाता है। इस प्रकार कुल मिलाकर यह दश प्रकार का है—यह शास्त्र कहता है ॥ ११ ॥

३. ध्वनि—मुख्य चिञ्चिनी, चीर और वाक् रूप तीन प्रकार की होती है। भेदों की अवान्तर भेद दृष्टि के आधार पर इसके कुल मिलाकर दश भेद होते हैं।

४. विग्रह—यह 'स्व' स्वरूप और संकुचित रूप अणु भेद से दो रूपों में व्यक्त रहते हुए भी अनेक अवान्तर भेदों से अनेक प्रकार का माना जाता है ॥ १२ ॥

५. भुवनों को कुल संख्या के विषय में भगवान् स्पष्ट कहते हैं कि, इनकी कोई संख्या नहीं है। महामाहेश्वर अभिनवगुप्त ने भी कहा है कि, 'अनन्ता भुवनावलीयम्'[1] अर्थात् भुवनों की कोई संख्या नहीं है। वे अनन्त हैं। ११८ मुख्य भुवन भी वर्णित हैं[2]।

६. वर्णों की संख्या सौ की आधी अर्थात् पचास होती है। अ से क्ष तक की आधी अर्थात् पचास होती है। अ से क्ष तक की वर्णमाला ५० वर्णों की होती है। एक के साध्य बना लेने पर प्रसङ्गतः सभी अनुसन्धातव्य हैं ॥ १३ ॥

---

१. श्रीत० ३७।३३;
२. श्रीत० ११।५१-५३, १९ प० २९४-२९९ स्व० तन्त्र १०।८६०, १०।११-२६, श्रीत० ६।१७१, मा० वि० २।५१-५७।

अन्यान्यपि फलानि स्युर्लक्ष्यभेदः स उच्यते ।
एकमेव फलं यत्र चित्तभेदस्त्वसौ मतः ॥ १४ ॥

होमदीक्षाविशुद्धात्मा [1]समावेशोपदेशवान् ।
यं सिषाधयिषुर्योगमादावेव समाचरेत् ॥ १५ ॥

हस्तयोस्तु पराबीजं न्यस्य शक्तिमनुस्मरेत् ।
महामुद्राप्रयोगेन विपरीतविधौ बुधः ॥ १६ ॥

ज्वलद्वह्निप्रतीकाशं पादाग्रान्मस्तकान्तिकम् ।
नमस्कारं ततः पश्चाद् बद्धा हृदि धृतानिलः ॥ १७ ॥

इस प्रक्रिया में ऐसे अन्यान्य सुपरिणाम मिलते हैं, जिनसे लक्ष्य भेद का महत्त्व बढ़ जाता है। यहाँ भेद शब्द भी बड़े महत्त्व का है। इसमें स्थूलता में विद्यमान सूक्ष्मता के रहस्य के उद्घाटन का भाव भरा हुआ है। लक्ष्य भेद से शक्ति की ऊर्जस्वलता का स्फोट हो जाता है।

इसी प्रकार चित्त भेद की प्रक्रिया का भी महत्त्व है। चित्त अत्यन्त सूक्ष्म तत्त्व है। आप सभी परमाणु विस्फोट से परिचित हैं। यह भौतिक जगत् के सूक्ष्मता की एक इकाई मात्र है। इस विस्फोट की भयङ्करता का आकलन भी रोमहर्षक है। इस तरह का चित्तविस्फोट व्यक्ति सत्ता को परमात्मसत्ता में समाहित कर देता है। यदि कहीं पर इसका दुरुपयोग हुआ तो मृत्यु अवश्यम्भावी हो जाती है। इसलिये सावधानी से समस्त तैजसिक न्यास मन्त्र न्यास से सन्नद्ध होकर क्षमतापूर्वक ही यह प्रक्रिया अपनानी चाहिये ॥ १४ ॥

होम और दीक्षा से अत्यन्त विशुद्ध चित्त बनकर अर्थात् चित्त भेद की दीक्षा से, समावेश दशा की उपलब्धि से दक्षता प्राप्त कर, और अन्यान्य उपदेशों के अनुसार अपने जीवन को ढाल कर तब जिस योग को सिद्ध करने की प्रबल इच्छा हो, उसकी पूर्त्ति के प्रयत्न में संलग्न होना चाहिये। यह सब योगमार्ग के प्रवेश के प्रारम्भ में ही लगनपूर्वक कर लेना आवश्यक होता है ॥ १५ ॥

दोनों हाथों में परा बीज का न्यास करने के उपरान्त शक्ति का ध्यान करते हुए उसी में समाविष्ट हो जाना चाहिये। इसके उपरान्त महामुद्रा का प्रयोग विपरीत क्रमानुसार करना चाहिये। इसी क्रम में पादाङ्गुष्ठ से लेकर मस्तक-

---

१. क० पु० समादेशोपदेशवानिति पाठः

स्वरूपेण पराबीजमतिदीप्तमनुस्मरेत् ।
तस्य मात्रात्रयं ध्यायेत्कखत्रयविनिर्गतम् ॥ १८ ॥

ततस्तालशताद्योगी समावेशमवाप्नुयात् ।
ब्रह्मघ्नोऽपि हि सप्ताहात्प्रतिवासरमभ्यसेत् ॥ १९ ॥

एवमाविष्टदेहस्तु यथोक्तं विधिमाचरेत् ।
यः पुनर्गुरुणैवादौ कृतावेशविधिक्रमः[1] ॥ २० ॥

स वासनानुभावेन भूमिकाजयमारभेत् ।
गणनाथं नमस्कृत्य संस्मृत्य त्रिगुरुक्रमम् ॥ २१ ॥

पर्यन्त शक्ति के जाज्वल्यमान स्वरूप का स्वात्म में ही अनुसन्धान करने से ऊर्जा का जागरण हो जाता है। इसी मुद्रा में नमस्कार करने से तत्काल शैव समावेश सिद्ध होता है। इसके तुरन्त बाद प्राणायाम के कुम्भक में अवस्थित हो जाना चाहिये। इसी कुम्भक मुद्रा में पराबीज की तेजस्विता से दीप्त भाव का अनुस्मरण करना चाहिये। पराबीज के क ख त्रय[2] विनिर्गत तीन मात्रामय स्वरूप का ध्यान यहाँ विहित है ॥ १६-१८ ॥

इतनी प्रक्रिया पूरी कर लेने पर 'तालशत' प्रयोग से योगी समावेश में अधिष्ठित हो जाता है। इसे सभी लोग प्रयोग में ला सकते हैं। भले ही वह प्रयोग करने वाला ब्रह्म हत्यारा ही क्यों न हो, उसे भी सप्ताह के प्रारम्भिक दिन से प्रारम्भ कर प्रतिदिन करना चाहिये। इससे उसको भी परमीकरण का लाभ मिलता है ॥ १९ ॥

यह प्रक्रिया इसी प्रकार समावेश सिद्ध होकर सम्पन्न करनी चाहिये। विधि पूर्वक इसे करते रहने से ही लाभ सम्भव है। जो शिष्य पहले से ही गुरु शरण में रहकर सीखता है, वह धन्य हो जाता है ॥ २० ॥

ऐसा शिष्य वासना अर्थात् एतद्विषयक दृढ़ इच्छा शक्ति के बल पर इस भूमिका रूप तादात्म्योपलब्धि की प्रक्रिया में पहले से ही विजयी होने लगता है और उसका लक्ष्यभेद सिद्ध हो जाता है।

---

१. क० पु० विधिक्रमात् इति पाठः।

२ मा० वि० ८।६१, श्रोत० १५।३०२ छदनद्वय; जयरथ के अनुसार दोनों के मध्य में तत्त्व का अनुचिन्तन होना चाहिये (श्रोत० भाग ५ पृ० २४१)

सम्यगाविष्टदेहः स्यादिति ध्यायेदनन्यधीः ।
स्वदेहं हेमसंकाशं तुर्याश्रं वज्रलाञ्छितम् ॥ २२ ॥
ततो गुरुत्वमायाति सप्तविंशतिभिर्दिनैः ।
दिवसात्सप्तमादूर्ध्वं जडता चास्य जायते ॥ २३ ॥
षड्भिर्मासैर्जितव्याधिर्द्रुतहेमनिभो भवेत् ।
वज्रदेहस्त्रिभिश्चाब्दैर्नवनागपराक्रमः ॥ २४ ॥

इस प्रक्रिया में गणनाथ (देवीसुत-प्राणतनु-दर्शनशताग्र पूज्य गणपति) के प्रति अपनी प्रणति प्रारम्भ में करनी चाहिये। तत्पश्चात् परमेष्ठी गुरु, परमगुरु और दीक्षा गुरु का स्मरण करना भी आवश्यक है ॥ २१ ॥

तत्पश्चात् सम्यक्रूप से समावेश अर्थात् शैव महाभाव से भावित होकर अनन्य भाव से आराध्य का चिन्तन करना चाहिये। अपना शरीर तापत दिव्य-स्वर्ण के समान सोचते हुए तुरीया वृत्ति का समाश्रय लेकर विराजमान हो जाना चाहिये। इसमें वज्रासन का प्रयोग आवश्यक माना जाता है। उस समय शिष्य को स्वदेह-सीमा समाप्त हो जाती है और वह वज्रलाञ्छित विष्णु की भी व्यापकता को पा लेता है ॥ २२ ॥

यह प्रयोग यदि शिष्य तीन सप्ताह अर्थात् २१ दिन भी नियमतः सतत करता रहे, तो वह स्वयं गुरुत्व के पद पर प्रतिष्ठित होने योग्य हो जाता है। उसके कुछ लक्षण इस प्रकार परिलक्षित होते हैं—सर्वप्रथम निरन्तर सात दिनों तक यदि इसको शिष्य करता रहे तो, उसमें जड़ता अर्थात् घोर तल्लीनता की स्थिति उत्पन्न हो जाती है ॥ २३ ॥

लगातार छह मास यदि विधिपूर्वक इस प्रक्रिया का पालन कर लिया गया तो यह निश्चय है कि, यह योगमार्गी शिष्य सर्वरोग विनिर्मुक्त हो जाता है। उसकी कान्ति सोने के समान आकर्षक हो जाती है। उसका शरीर वज्रवत् परम पुष्ट हो जाता है। अधिक क्या कहा जाय, तीन वर्षों तक अनवरत इस प्रक्रिया में विधिपूर्वक परिनिष्ठित हो जाने पर उसमें नौ हाथियों का बल आ जाता है तथा तद्वत् पराक्रमी हो जाता है ॥ २४ ॥

एषा ते पार्थिवी शुद्धा धारणा परिकीर्तिता ।
आद्या पूर्वोदिते देवि भेदे पञ्चदशात्मके ॥ २५ ॥

सव्यापारं स्मरेद्देहं द्रुतहेमसमप्रभम् ।
उपविष्टं च तुर्याश्रे मण्डले वज्रभूषिते ॥ २६ ॥

सप्ताहाद् गुरुतामेति मासाद्व्याधिविवर्जितः ।
षड्भिर्मासैर्धरान्तःस्थं सर्वं जानाति तत्त्वतः ॥ २७ ॥

त्रिभिरब्दैर्महीं भुङ्क्ते सप्ताम्भोनिधिमेखलाम् ।
द्वितीयः कथितो भेदस्तृतीयमधुना शृणु ॥ २८ ॥

भगवान् शङ्कर कहते हैं कि देवि पार्वति ! यह विशुद्ध रूप से पार्थिवी-धारणा[1] का प्रयोग तुमसे बतलाया गया है। इसे सभी १५ धारणाओं में आद्या धारणा मानी जाती है। सबसे पहले इसका प्रयोग करना चाहिये ॥ २५ ॥

अपने प्रक्रिया-व्यापार में लगातार लगे रहते हुये स्वात्म शरीर को तापित-दिव्य काञ्चनवत् स्मरण करना चाहिये। वज्रासन पर विराजमान तुर्याश्रित वृत्ति सद्भाव संभूति दशा में वज्र मण्डल में बैठकर इसे सम्पन्न करना चाहिये ॥ २६ ॥

एक सप्ताह अनवरत इस प्रयोग के करने का परिणाम यह होता है कि, साधक गुरुत्व को उपलब्ध हो जाता है। यह गुरुता शारीरिक और बौद्धिक दोनों स्तरों पर होती है। अनवरत एक मास करते रहने का सुपरिणाम और भी अच्छा होता है। साधक समस्त व्याधियों से छुटकारा पा लेता है। इसी तरह अनवरत छह: मास तक इसे लगन के साथ करते रहने से साधक को पृथ्वी के अन्तराल में कहाँ क्या है ? कहाँ द्रव्य है ? जल खारा, मीठा, स्वादिष्ट, भरपूर या अल्प मात्रा में हैं, हड्डी या कोई अशुद्ध पदार्थ है क्या ? इन सबका ज्ञान हो जाता है ॥ २७ ॥

तीन वर्षों तक लगातार इस व्यापार का निर्वाह करते हुये मनोयोगपूर्वक इसे सिद्ध कर लेने पर साधक पृथ्वी का अधिपति बन जाता है। वह सामान्य क्षेत्र का ही पृथ्वीपतित्व नहीं प्राप्त करता अपितु, सात समुद्रों की मेखला से घिरी

---

१. शीत० आ० २२।२

तद्वदेव स्मरेद्देहं किंतु व्यापारवर्जितम् ।
पूर्वोक्तं फलमाप्नोति तद्वत्पातालसंयुतम् ॥ २९ ॥
चतुर्थे हृद्गतं ध्यायेद्द्वादशाङ्गुलमायतम् ।
पूर्ववर्णस्वरूपेण सव्यापारमतन्द्रितः ॥ ३० ॥
प्राप्य पूर्वोदितं सर्वं पातालाधिपतिर्भवेत् ।
तदेव स्थिरमाप्नोति निर्व्यापारे तु पञ्चमे ॥ ३१ ॥

पृथ्वी का अधिकार प्राप्त कर लेता है। इस प्रकार यह दूसरे प्रकार का भेद वर्णित किया गया। अब तीसरे प्रकार के भेद के विषय में कहने जा रहा हूँ। इसे सुनो ॥ २८ ॥

इस भेद के अनुसार शरीर को पूर्वोक्त रूप में ही स्मरण करना चाहिये। अन्तर यही है कि, कोई अन्य व्यापार इस अवस्था में नितान्त वर्जित है। जैसे पहले कहा गया है कि, धरा का अन्तःस्थ ज्ञान उसमें हो जाता है, उसी तरह इस भेद साधन के कारण पाताल का भी ज्ञान साधक को हो जाता है ॥ २९ ॥

चतुर्थ भेद में शरीर के स्थान पर हृदय का ध्यान किया जाना चाहिये। यह ध्यान १२ अङ्गुल चौड़ा अर्थात् सारे ध्यान को हृदय के केन्द्र में ही समाहित होना चाहिये। द्वादशाङ्गुल आयत चक्रसाधना से सम्बद्ध शब्द है। आयत शब्द लम्बाई-चौड़ाई बराबर होने का सङ्केत दे रहा है। अङ्गुल का माप अङ्गुलियों के अग्रपर्व से होना चाहिये। इतने भाग में १२ अङ्गुल का गोलक ही केन्द्र होता है। जिसमें क्रमशः 'क' से 'ठ' पर्यन्त १२ अक्षर विन्यस्त होते हैं। इसका पूर्ण वर्ण 'क' है। इसका स्वरूप 'अ'कार है। यह अनुत्तर शिवपद का ही वाचक है। यहाँ उसी का ध्यान अपेक्षित है। यहाँ सव्यापार अतन्द्रित ध्यान की बात पर भी ध्यान देना चाहिये ॥ ३० ॥

इस भेद के धारण कर लेने से पाताल का भी अधिपति होना स्वाभाविक हो जाता है। यह सव्यापार ध्यान में ही होता है। यही प्रक्रिया निर्व्यापार भाव में सम्पन्न की जाय, तो यही पाँचवाँ भेद सिद्ध हो जाता है ॥ ३१ ॥

स्फुरत्सूर्यनिभं पीतं षष्ठे कृष्णं घनावृतम् ।
निस्तरङ्गं स्मरेत्तद्वत्सप्तमेऽपि विचक्षणः ॥ ३२ ॥
द्वयेऽप्यत्र स्थिरीभूते भूर्भुवःस्वरिति त्रयम् ।
वेत्ति भुङ्क्ते च लोकानां पुरोक्तैरेव वत्सरैः ॥ ३३ ॥
सकलं हृदयान्तस्थमात्मानं कनकप्रभम् ।
स्वप्रभाद्योतिताशेषदेहान्तमनुचिन्तयेत् ॥ ३४ ॥
सव्यापारादिभेदेन सप्तलोकीं तु पूर्ववत् ।
वेत्ति भुङ्क्ते स्थिरीभूते भेदेऽस्मिन्नवमे बुधः ॥ ३५ ॥

पञ्चम भेद में स्वात्म को प्रातःकालीन पीत और आकर्षक प्रकाश समन्वित सूर्य के रूप में करना चाहिये । छठें भेद में अन्तर यह है कि, अपने को घनावृत्त भाद्र अष्टमी के कृष्ण के समान कृष्णवर्णी ध्यान में देखना चाहिये । इसी तरह सव्यापार ध्यान के बाद सातवें भेद से निर्व्यापार निस्तरङ्ग ध्यान होता है ॥ ३२ ॥

जो साधक छठें और सातवें दोनों भेदों को स्थिर भाव से सिद्ध कर लेता है, वही इस आठवें भेद को सिद्ध करने का अधिकारी होता है। इसके द्वारा भूर्भुवः और स्वर्लोक का ज्ञाता हो जाता है। ये तीनों लोक इसी शरीर में अवस्थित हैं। यह गायत्री मन्त्र सिद्धयोगी भी जान लेता है। इसका सुखपूर्वक उपभोग भी करता है । इसमें भी कम से कम तीन वर्ष का समय लगाना आवश्यक है ॥ ३३ ॥

आँठवाँ सव्यापार चिन्तन वाला भेद होता है । इसमें शिव को हृदय में प्रतिष्ठित करते हैं और 'स्व' को स्वर्णवर्णी प्रभा से भूषित रूप में ध्यान किया जाता है । साधक एक तरह से स्वप्रभामण्डल में विराजमान रहता है । यह प्रकिया निर्व्यापार रूप से सम्पन्न करने पर नवाँ भेद हो जाता है । इससे सातों लोकों को जानने की क्षमता प्राप्त हो जाती है और उनका उपभोग करने का अधिकार भी उन साधकों को प्राप्त हो जाता है ॥ ३४-३५ ॥

रविबिम्बनिभं पीतं पूर्ववद्द्वितयं स्मरेत् ।
ब्रह्मलोकमवाप्नोति पूर्वोक्तेनैव वर्त्मना ॥ ३६ ॥

अधः प्रकाशितं पीतं द्विरूपं पूर्ववन्महत् ।
चिन्तयेन्मत्समो भूत्वा मल्लोकमनुगच्छति ॥ ३७ ॥

सबाह्याभ्यन्तरं पीतं तेजः सर्वप्रकाशकम् ।
चिन्तयेच्छतरुद्राणामधिपत्वमवाप्नुयात् ॥ ३८ ॥

इत्येवं पृथिवीतत्त्वमभ्यस्यं दशपञ्चधा ।
योगिभिर्योगसिद्ध्यर्थं तत्फलानां बुभुक्षया ॥ ३९ ॥

योग्यतावशसंजाता[1] यस्य यत्रैव वासना ।
स तत्रैव नियोक्तव्यो दीक्षाकाले विचक्षणैः ॥ ४० ॥

आठवीं और नवीं विधि को सिद्ध कर लेने पर आराधक स्वात्म को पीतवर्णी सूर्यबिम्ब के समान दृष्टि से ध्यान करे। इससे ब्रह्मलोक की प्राप्ति होती है। यह निश्चित है ॥ ३६ ॥

जिसको सूर्य का पीतवर्णी बिम्ब ऊर्ध्व और अधः सर्वत्र प्रकाशमान हो जाय और उक्त द्वितय की (अर्थात् ऊर्ध्व और अधः की) निर्व्यापार सिद्धि हो जाय देवि ! वह साधक मेरे समान हो जाता है और मेरे लोक को प्राप्त करता हैं, यह निश्चय है ॥ ३७ ॥

सबाह्यान्तर सर्वप्रकाशक पीततेज का चिन्तन सव्यापार और व्यापारवर्जित भेद से सम्पन्न करने पर शतरुद्रों के सदृश आधिपत्य का अधिकारी हो जाता है ॥ ३८ ॥

इस प्रकार १५ भेद भिन्न पृथ्वीतत्त्व का अभ्यास करने का निर्देश शास्त्र देता है। योगियों में ज्ञानसिद्धि की मुमुक्षा की दृष्टि हो, या सामान्य साधक की बुभुक्षा दृष्टि से उपभोग की आकांक्षामयी सिद्धि हो, सबके लिये यह लाभप्रद है ॥ ३९ ॥

भगवान् शङ्कर कहते हैं कि, विचक्षण आचार्य का यह कर्त्तव्य है कि, दीक्षा के प्रसङ्ग में वह इस विषय पर अवश्य विचार कर ले कि, जिस साधक को साधना और संस्कार-शुद्धि के आधार पर जिस स्तरीयता की योग्यता उसे प्राप्त हो गयी

---

१. क० पु० वशगा जातेति पाठः ।

यो यत्र योजितस्तत्त्वे स तस्मान्न निवर्तते ।
तत्फलं सर्वमासाद्य शिवयुक्तोऽपवृज्यते ॥ ४१ ॥
अयुक्तोऽप्यूर्ध्वसंशुद्धिसंप्राप्तभुवनेशतः ।
शुद्धाच्छिवत्वमायाति दग्धसंसारबन्धनः ॥ ४२ ॥

इति श्रीमालिनीविजयोत्तरे तन्त्रे प्रथमधारणाधिकारो द्वादशः ॥ १२ ॥

है, और उसकी जिस तत्त्ववादिता की ओर वासना अर्थात् प्रवृत्तिमयी रुझान हो, उसी में उसको नियुक्त करे[1]। वह अपने अभिलषित लक्ष्य में लगाने के योग्य होता है। विपरीत व्यवहार से विपरीत फल की प्राप्ति होती है ॥ ४० ॥

इस प्रकार गुरु द्वारा तत्त्व में नियोजित कर देने पर वह वहाँ से निवर्त्तित नहीं होता। यह एक प्रकार का सिद्धान्त वाक्य ही है कि, "जो जहाँ नियुक्त कर दिया जाता है, वहाँ से निवर्त्तित नहीं हो पाता।"

जिस तत्त्व में वह नियोजित हो जाता है, वह श्रीशिव-भक्तियोग सम्पन्न साधक उस तत्त्व का पूरा फल भोग लेने के बाद ही निवृत्त होकर अपवर्ग की प्राप्ति के मार्ग का अधिकारी परिव्राजक[2] हो जाता है ॥ ४१ ॥

अयुक्त होने पर भी ऊर्ध्व श्रेणी को संशुद्धि के आधार पर किसी साधक का यह सौभाग्य होता है कि, वह भुवनेश पद का अधिकारी हो जाता है। उस अवस्था में भी अनवरत यदि वह साधक आराधना में संलग्न रहता है और अपना परिशुद्ध स्तर बनाये रखता है, तो इसका सुपरिणाम उसे अवश्य प्राप्त होता है। भगवान् कहते हैं कि, इस साधना से उसके संसार के सभी बन्धन ध्वस्त हो जाते हैं। शिवतत्व संप्राप्ति की यह पहली और अन्तिम भी यही शर्त्त है कि, उसे दग्ध संसार-बन्धन होना ही चाहिये। ऐसा साधक ही शिव के महासद्भाव को संभूति से भूषित होता है ॥ ४२ ॥

परमेशमुखोद्भूत ज्ञानचन्द्रमरीचिरूप श्रीमालिनीविजयोत्तरतन्त्र का
डॉ० परमहंसमिश्रकृत नीर-क्षीर-विवेक भाषाभाष्य संवलित
प्रथमधारणाधिकार नामक बारहवाँ अधिकार परिपूर्ण ॥ १२ ॥
॥ ॐ नमः शिवायै ॐ नमः शिवाय ॥

---

१. श्रीत० २२।१ ; २. तदेव २२।३

अथ त्रयोदशोऽधिकारः

अथातः संप्रवक्ष्यामि धारणां वारुणीमिमाम् ।
यया संसिद्धयोगेन जलान्ताधिपतिर्भवेत् ॥ १ ॥

जलान्तःस्थं[1] स्मरेद्देहं सितं शीतं सुवर्तुलम् ।
सबाह्याभ्यन्तरं योगी नान्यदस्तीति चिन्तयेत् ॥ २ ॥

सौः

परमेशमुखोद्भूतज्ञानचन्द्रमरीचिरूपम्

श्रीमालिनीविजयोत्तरतन्त्रम्

डॉ० परमहंसमिश्रविरचित-नीर-क्षीर-विवेक भाषा भाष्य समन्वितम्

त्रयोदशोऽधिकारः

[१३]

भगवान् शङ्कर कह रहे हैं कि, हे देवि पार्वति ! अब मैं यहाँ से नवीन वारुणी-धारणा के सम्बन्ध में वर्णन करूँगा। वारुणी धारणा के योग के सम्यक् रूप से सिद्ध हो जाने पर जल के आन्तर परिवेश का आधिपत्य योगी को प्राप्त हो जाता है, जैसे पार्थिव धारणा से पार्थिवतत्त्व का रहस्य योगी को ज्ञात हो जाता है, उसी तरह जलतत्त्व के परिज्ञान के साथ साधक जलीयधारणा सिद्ध हो जाने पर जलशक्ति में स्वात्म को धारित कर सकता है ॥ १ ॥

"मैं जल के भीतर हूँ" इस स्थिति में अपने शरीर को पीत, श्वेत, पीत और सुवर्त्तुल ध्यान करे। वह यह अनुचिन्तन करे कि, मेरे चतुर्दिक् बाह्य या आभ्यन्तर कोई दूसरा नहीं है अर्थात्, स्वात्म-प्राधान्य युक्त हूँ। मेरे अन्यत् कोई वस्तु नहीं है, इस अनुचिन्तन में निरत हो जाये ॥ २ ॥

---

१. जलात्मकं स्मरेदिति पाठः स्वच्छन्दे प्रमाणितः ।

एवमभ्यस्यतस्तस्य सप्ताहात् क्लिन्नता भवेत् ।
पित्तव्याधिपरित्यक्तो मासेन भवति ध्रुवम् ॥ ३ ॥

स्निग्धाङ्गः स्निग्धदृष्टिश्च नीलकुञ्चितमूर्धजः ।
भवत्यब्देन योगीन्द्रस्त्रिभिर्वर्षति मेघवत् ॥ ४ ॥

इत्येषा वारुणी प्रोक्ता प्रथमा शुद्धधारणा ।
अधुना संप्रवक्ष्यामि भेदैर्भिन्नामिमां पुनः ॥ ५ ॥

पूर्ववच्चिन्तयेद्देहं सव्यापारं सितं स्वकम् ।
जलोपरि स्थितं देवि तद्गतेनान्तरात्मना ॥ ६ ॥

इस प्रकार लगातार एक सप्ताह तक अनुचिन्तनरत योगी को क्लिन्नता की अनुभूति होती है। क्लिन्नता एक प्रकार की आर्द्रता होती है। प्रतीत होता है कि, सवस्त्र गीलापन आ गया है। एक महीने तक लगातार इसी प्रकार चिन्तन करने से योगी पित्तदोष रहित हो जाता है। यह निश्चित सत्य है। संशय के लिये इस कथन में कोई अवकाश नहीं। यह होता ही है ॥ ३ ॥

एक वर्ष तक इसी ध्यान में निमग्न रहने का यह परिणाम होता है कि, योगी स्निग्ध-दृष्टि सम्पन्न हो जाता है। उसके सारे अंग भी स्निग्ध हो जाते हैं। उसकी केशराशि अँगूठिया और काली हो जाती है। ऐसा योगिराज यदि निरन्तर तीन वर्षों तक ऐसी ध्यानावस्था में निमग्न रहने की तपस्या में सिद्ध हो जाय, तो उसकी शक्ति का इस प्रकार संवर्धन हो जाता है कि, वह मेघ की तरह वर्षा करने में समर्थ हो जाता है ॥ ४ ॥

यह पहली शुद्ध वारुणी-धारणा मानी जाती है। इसके भी कई प्रकार के भेद होते हैं। भेद-भिन्नतामयी इस धारणा के सम्बन्ध में मैं यहाँ बतलाने जा रहा हूँ। इसे ध्यान पूर्वक सुनो ॥ ५ ॥

पूर्व की तरह अपने शरीर को जिस समय योगी श्वेतवर्णी अनुभूत करने की प्रक्रिया में निरत रहता हो, उसी समय अपने शरीर को सव्यापार भी अनुभव करें। साथ ही यह भी सोचना प्रारम्भ कर दिया करें कि, मैं जल के ऊपर अवस्थित हूँ। योगसाधक की अन्तरात्मा भी जल तत्त्व गत हैं—ऐसी अनुभूति से भर उठे। यह उसकी जलीय धारणा का दूसरा रूप है ॥ ६ ॥

सप्ताहान्मुच्यते रोगैः सर्वैः पित्तसमुद्भवैः ।
षण्मासाज्जायते स्थैर्यं यदि तन्मयतां गतः ॥ ७ ॥
जलावरणविज्ञानमब्दैरस्य त्रिभिर्भवेत् ।
निर्व्यापारप्रभेदेऽपि सर्वत्र वरुणोपमः ॥ ८ ॥
स याति वारुणं तत्त्वं भूमिकां क्रमशोऽभ्यसेत् ।
पूर्ववत्कण्ठमध्यस्थमात्मानं द्वादशाङ्गुलम् ॥ ९ ॥
संस्मरञ्जलतत्त्वेशं प्रपश्यत्यचिराद्ध्रुवम् ।
तद्दृष्टिः स्थिरतामेति स्वरूपे पञ्चमे स्थिरे ॥ १० ॥

लगातार एक सप्ताह पर्यन्त इस धारणा में निरत रहने का यह सुपरिणाम होता है कि, पित्त से उत्पन्न समस्त रोगों का स्वतः निराकरण हो जाता है। रोग ग्रस्त पित्त रोगों से छुटकारा पा लेता है। छहः माह में स्थैर्य उपलब्ध हो जाता है। हाँ इसमें शर्त्त यह है कि, साधक योगी की तन्मयता हो। तन्मयता सिद्ध होने पर ही स्थिरता की उपलब्धि हो सकती है ॥ ७ ॥

जलावरण विज्ञता थोड़ी कठिन समस्या से संभव हो पाती है। इसमें तीन साल का तादात्म्य आवश्यक होता है। यह क्रिया भी सव्यापार और निर्व्यापार दो प्रकार की होती है। निर्व्यापार रूप से इसे साधित करने पर योगी वरुण के समान हो जाता है। इसमें सन्देह नहीं ॥ ८ ॥

क्रमशः वारि सम्बन्धिनी वारुणी धारणा का अभ्यास करना योगी के लिये अत्यन्त आवश्यक है। यदि कहीं तनिक भी लापरवाही या प्रमाद वा उपेक्षा हुई तो प्रतिकूल प्रभाव की सम्भावना भी की जा सकती है। इसीलिये जलीय धारणा में क्रमिकता पर निरन्तर बल प्रदान किया गया है। इस प्रकार निरन्तर नियमित रूप से अभ्यासरत योगी के विषय में भगवान् कहते हैं कि, इसके अभ्यास से सिद्धयोगी वारुण तत्त्व के रहस्य का विशेषज्ञ और रसज्ञ हो जाता है।

इसके साथ एक दूसरे रहस्य का भी उद्घाटन कर रहे हैं। उनका कहना है कि, पूर्वोक्त विधि का अनुसरण करते रहने से और कण्ठमध्यस्थ अर्थात् विशुद्ध चक्र में द्वादशाङ्गुल प्रमाण जलतत्त्वेश वरुण का दर्शन निश्चय रूप से प्राप्त हो जाता है। इस पञ्चम चक्र में स्वरूप सद्भाव का स्थैर्य सिद्ध हो जाता है। साथ ही दृष्टिस्थैर्य भी सिद्ध हो जाता है ॥ ९-१० ॥

द्विभेदेऽपि स्थिरीभूते चन्द्रबिम्बे घनावृते ।
तत्समानत्वमभ्येति ततः सकलरूपिणी ॥ ११ ॥

चिन्त्यते देहमापूर्य सितवर्णेन तेजसा ।
तदेव स्थिरतामेति तत्र सुस्थिरतां गते ॥ १२ ॥

घनमुक्तेन्दुबिम्बाभस्ततः समनुचिन्तयेत् ।
तत्पतित्वं समभ्येति द्वितीयं स्थिरतां व्रजेत् ॥ १३ ॥

अतः प्रकाशकं शुक्लं ततस्तेजो विचिन्तयेत् ।
विद्येश्वरत्वमाप्नोति जलावरणसंभवम् ॥ १४ ॥

यह प्रक्रिया भी सव्यापार और निर्व्यापार रूप से दो रूपों वाली मानी जाती है। दोनों दृष्टियों से सिद्ध स्थैर्य योगी घनावृत चन्द्रबिम्ब में भी चन्द्रबिम्ब को घनावरण का वेधन कर देख पाने में ही समर्थ नहीं होता, वरन् उसमें दृष्टि-स्थैर्य प्राप्त कर लेता है। इस शक्ति के कारण वह चन्द्रमरीचि-रोचिष्णु हो जाता है।

इतनी प्रक्रिया पूरी कर लेने और इन सिद्धियों से समन्वित हो जाने पर अपने शरीर को सितवर्णी तेजस्विता से ओत-प्रोत कर लेने पर सकलरूपिणी चान्द्र-स्थिरता का अनुचिन्तन होने लगता है। यह ध्यातव्य है कि, वरुण तत्त्व सोमतत्त्वसे ही सर्वथा सम्बद्ध है।

इस प्रकार वहाँ सुस्थिरता प्राप्त कर लेने पर अब घनमुक्तचन्द्र बिम्ब का आभासिक अनुभव और अनुचिन्तन करना चाहिये। इस तरह चन्द्रेश्वर पदवी को वह योगी प्राप्त कर लेता है। यह उसकी दूसरे प्रकार की स्थिरता की उपलब्धि होती है ॥ ११-१३ ॥

इसके बाद अत्यन्त प्रकाशमान शुक्ल तेज का चिन्तन करना चाहिये। इससे विद्येश्वरत्व की उपलब्धि होती है। इस सिद्धि का यही क्रम है। पहले वारुणतत्त्वानुभूति, फिर चान्द्रतत्त्व की उपलब्धि और अन्त में विद्येश्वर की भी की उपलब्धि। वारुणी जलावरण-धारणा का यह क्रमिक चमत्कार है॥ १४ ॥

स्वदेहव्यापिनि ध्याते तत्रस्थे शुक्लतेजसि ।
सर्वाधिपत्यमाप्नोति सुस्थिरे तत्र सुस्थिरम् ॥ १५ ॥

ध्येयतत्त्वसमानत्वमवस्थात्रितये स्थिरे ।
द्वितीये च तदीशानसंवित्तिरुपजायते ॥ १६ ॥

द्वितीयेऽन्यत्र तत्तुल्यः स्थिरो भवति योगवित् ।
षट्के सर्वेशतामेति द्वितीयेऽन्यत्र तु च्युतिः ॥ १७ ॥

उस स्थिति में ही शुक्ल तेजस्विता को स्वदेह में व्याप्त अनुभव करना चाहिये। इस प्रकार देह और तैजस् आलोक का समरस ध्यान यदि सिद्ध हो जाये और स्थिरता में भी सम्यक् रूप की सुस्थिरता सिद्ध हो जाती है, तो ऐसा सिद्धयोगी सर्वाधिपत्य विभूषित हो जाता है ॥ १५ ॥

सर्वोच्च ध्येय तत्त्व की भी इस प्रक्रिया में सिद्धि होती है। तीनों अवस्थाओं की सिद्धि के उपरान्त ही यह सिद्धि मिलती है। ध्येततत्त्व की समानता की उपलब्धि कोई साधारण दशा नहीं होती वरन् इसका आध्यात्मिक महत्त्व भी है। यद्यपि ये सिद्धियाँ भौतिक जगत् के स्तर को ही हैं और बुभुक्षु साधकों की साधना के विषय हैं फिर भी, श्रेयः की ओर भी प्रवृत्त करने को सामर्थ्य रखती हैं। ध्येयतत्त्व को इस द्वितीय स्थिति में इस तत्त्व के ईशानत्व की सिद्धि मिलती हैं ॥ १६ ॥

द्वितीय अर्थात् निर्व्यापार दशा में योगी ईशानतुल्य और स्थिर हो जाता है। इस क्रम में योगी सर्वेश्वर भाव की प्राप्ति का अधिकारी हो जाता है। (मेरी दृष्टि से त्रितय के बाद चतुर्थ और पञ्चम का उल्लेख होना चाहिये। जबकि यहाँ लेखक की गलती से श्लोक १६ की दूसरी अर्धाली में भी द्वितीय और श्लोक १७ की प्रथम अर्धाली के आदि में भी द्वितीय छपा है। षट्क शब्द के प्रयोग की चरितार्थता तभी हो सकती है। १६वें श्लोक के द्वितीय स्थान पर चतुर्थ और १७वें स्थान पर पञ्चम होना चाहिये)।

एक दूसरा पक्ष यह भी है कि, अवस्था त्रितय में—१. जलतत्त्वेश्वरत्व प्राप्ति, २. चन्द्रेश्वरत्व प्राप्ति और ३. सर्वाधिपत्य प्राप्ति मानी जा सकतीं हैं। ये तीनों अवस्थायें निर्व्यापार और सव्यापार भेद से अवस्था षट्क कही जाती हैं। पहली जलतत्त्वेश्वरत्व की संवित्तिरूपा निर्व्यापार दशा श्लोक १६ में प्रयुक्त द्वितीय

इत्ययं सर्वतत्त्वेषु भेदे पञ्चदशात्मके ।
ज्ञेयो विधिविधानज्ञैः फलपञ्चकसिद्धिदः ॥ १८ ॥
तत्फलान्तरमेतस्मादुक्तं यच्चापि वक्ष्यते ।
अनुषङ्गफलं ज्ञेयं तत्सर्वमविचारतः ॥ १९ ॥
इत्येवं वारुणी प्रोक्ता प्रभेदैर्दशपञ्चभिः ।
योगिनां योगसिद्ध्यर्थमाग्नेयीमधुना शृणु ॥ २० ॥

दशा है। चन्द्रेश्वरत्व श्लोक १७ में प्रयुक्त द्वितीय का अर्थ है। इस तरह अवस्था षट्क में सर्वेश्वरता की उपलब्धि होती है। इसके बाद पुनः द्वितीय शब्द प्रयुक्त है। इस दशा में च्युति होती है। इसका तात्पर्य है कि, सर्वेश्वरत्व में सव्यापारता ही माध्यम है और स्वाभाविक है। इसमें निर्व्यापारता से सर्वेश्वरत्व अखण्डित हो जाता है ॥ १७ ॥

इस तरह वारुणी धारणा भी पार्थिव धारणा की तरह पाञ्चदश्य अवस्थामयी होती है—यह सिद्ध हो जाता है। यह पन्द्रह भेदमयता और इसकी विधियाँ विधानज्ञ विचक्षण आचार्यों को ज्ञात होती हैं। इनसे पाँच सुपरिणाम (सुफल) प्राप्त होते हैं। छठीं निर्व्यापारता से च्युति कुफलरूपा ही है। इस तरह पाँच सुफलों को इस तरह विभाजित किया जा सकता है—१. जलतत्त्वेश्वरत्व, २. तत्संवित्ति, ३. चन्द्रेश्वरत्व, ४. तत्संवित्ति और ५. सर्वाधिपत्य। सर्वाधिपत्य में स्वभावतः संवित्ति भी निहित होती है। इसके अतिरिक्त फलान्तर भी विचारणीय हैं ॥ १८-१९ ॥

पन्द्रह भेद भिन्न यह वारुणी नामक महत्त्वपूर्ण धारणा यहाँ तक वर्णित की गयी है। महाभारत काल में दुर्योधन को यह विद्या सिद्ध थी। उसका वर्णन महाभारत में सम्बद्ध पर्व में वर्णित है। यह आज भी है। अभी विगत वर्ष ब्रह्मलीन हुए देवरहा बाबा नाम के महात्मा को यह विद्या सिद्ध थी। प्रयाग कल्पवास के समय अपने आश्रम शिविर से तीन किलोमीटर दूर वारुणी विद्या के बल पर त्रिवेणी संगम का स्नान कर लेते और पुनः आश्रम में चले जाते थे। आज कल इन धारणाओं का प्रचार नहीं है। योगी चाहें, तो इसे स्वयं सिद्ध कर सकते हैं। अब यहाँ से आग्नेयी धारणा के सम्बन्ध में भगवान् अपने विचार व्यक्त करेंगे ॥ २० ॥

त्रिकोणं चिन्तयेद्देहं रक्तज्वालावलीधरम् ।
सप्तभिर्दिवसैर्देवि तैक्ष्ण्यमस्योपजायते ॥ २१ ॥
वातश्लेष्मभवैः सर्वैर्मासान्मुच्यति साधकः ।
निद्राहीनश्च बह्वाशो स्वल्पविण्मूत्रकृद्भवेत् ॥ २२ ॥
इच्छया निर्दहत्यन्यत्स्पृष्टवस्तु ऋतुक्षयात् ।
त्र्यब्दादग्निसमो भूत्वा क्रीडत्यग्निर्यथेच्छया ॥ २३ ॥

आग्नेयी धारणा के आयोजन का सबसे पहला काम शरीर को त्रिकोण रूप में चिन्तन करने का है। वह त्रिकोणात्म चिन्तन लाल लपटों से सुशोभित लग रहा होता है। लगातार वज्रासन पर बैठकर इसका अभ्यास करना आवश्यक है। इस प्रक्रिया में रत रहकर निरन्तर नियमित अभ्यास करने वाले साधक को सात दिनों के अभ्यास के बाद ही सामान्यतया यह अनुभूति होने लग जाती है कि, मुझमें तीक्ष्णता का उद्रेक हो रहा है ॥ २१ ॥

इसी तरह एक मास पर्यन्त निरन्तर आग्नेयी साधना संलग्न साधक वात रोग से उत्पन्न दोषों से छुटकारा पा जाता है। वात रोग ८० प्रकार के होते हैं, यह आयुर्वेद में कहा गया है। यों तो प्राण, अपान, व्यान, उदान और समान मरुत् से क्रमशः पूरण, धारण, प्रस्पन्दन, उद्वहन और विवेचन क्रिया की विकृति से यह रोग उत्पन्न होता है। आग्नेयी धारणा में इन पाँचों स्थितियों में उत्पन्न विकार शान्त हो जाते है।

इसी तरह श्लेष्मा अर्थात् कफ शरीर में—१. सन्धिकृत्, २. स्नेहकृत्, ३. रोपणकृत् (घाव भरने से सम्बद्ध), ४. बोधकृत् और ५. पूरणकृत् पाँच प्रकार के होते हैं। यह शरीर का बड़ा उपकार करता है। इसमें आये दोष भी आग्नेयी धारणा से शान्त हो जाते हैं। केवल इतना ही नहीं अपितु साधक निद्राजित् हो जाता है। वह जो कुछ भोजन करेगा, तुरत परिपाक होगा। परिणामतः बहुत अधिक मात्रा में भोजन करने लगता है। उसके मल-मूत्र में भी कमी आ जाती है ॥ २२ ॥

इसी तरह एक वर्ष अनवरत आग्नेयी धारणा में संलग्न साधक इतना तेजस्वी हो जाता है और उसकी इच्छा शक्ति इतनी आग्नेय हो जाती है कि, उसकी इच्छा मात्र से ही अन्य स्पष्ट वस्तु में आग लग जाती है। उसके सामने किसी ऋतु का कोई प्रभाव नहीं रहता। ग्रीष्म की तो कोई बात ही नहीं, वर्षा और शीत भी निष्प्रभावी सिद्ध होते हैं। इसे ही ऋतु का क्षय कहते हैं। मानो वह

सर्वं निर्दहति क्रुद्धः सशैलवनकाननम् ।
त्रिकोणमण्डलारूढमात्मानमनुचिन्तयेत् ॥ २४ ॥
सव्यापारादिभेदेन सर्वत्रापि विचक्षणः ।
साप्ताहाद्व्याधिभिर्हीनः षण्मासादग्निसाद्भवेत्[1] ॥ २५ ॥
त्रिभिरब्दैः स संपूर्णं तेजस्तत्त्वं प्रपश्यति ।
यच्छक्तिभेदे यद्दृष्टं तत्तद्भेदे स्थिरीभवेत् ॥ २६ ॥
पूर्ववत्तालुमध्यस्थमात्मानं ज्वलनप्रभम् ।
ध्यायन्प्रपश्यते तेजस्तत्त्वेशानखिलान्क्रमात् ॥ २७ ॥

व्यक्ति अग्नितुल्य ही हो जाता है। हिन्दी में एक मुहावरा है, "वह आग से खेलता है"। यह उक्ति उसमें अन्वर्थ रूप में चरितार्थ हो जाती है। वह स्वेच्छा से जिस तरह चाहे, आग से खेलने में समर्थ हो जाता है ॥ २३ ॥

उसके क्रुद्ध हो जाने की कल्पना भी रोमाञ्च पैदा करती है। उसकी भौंहों की कौंध में ज्वाला ताण्डव करती है। वह चाहे तो पहाड़ों में दाह भरे दावानल का रौद्र रोष भर दे, जङ्गलों को जला डाले और काननों को कृपीटयोनि (अग्नि) का रूप दे दे।

स्वात्म को त्रिकोण मण्डल में अधिष्ठित मानकर ऐसा आग्नेय पुरुष अग्नि के अनुचिन्तन में रत रहते हुए अग्निबीज के समावेश में सिद्ध होता है।

वह निर्व्यापार और सव्यापार किसी अवस्था में रहे, सर्वत्र अपने तेज की ऊर्जा का प्रसार करता है। एक सप्ताह में रोग रहित और छह मास में अग्नि बन जाता है ॥ २४-२५ ॥

तीन वर्षों में उसकी योग्यता का इतना विकास हो जाता है कि, वह तेजस्तत्त्व का यथार्थ दर्शन पा जाता है। भौतिक तेज तो तेजस्तत्त्व के बाह्य और स्थूल रूप हैं। इसके सूक्ष्म आन्तर मूलतत्त्व का दर्शन परम दुर्लभ होता है। उस स्तर पर पहुँच जाता है। जिस शक्ति के भेद अर्थात् विस्फोट में वह समर्थ होता है, उसके आन्तर रूप के दर्शन से वह कृतार्थ होता है। इसके बाद वहीं स्थिर भी होने की शक्ति से संबलित हो जाता है ॥ २६ ॥

इसी क्रम में जब वह तालुमध्य देश में अवस्थित होता है, तो उसका स्वरूप और भी विकास को प्राप्त हो जाता है। वह वहाँ स्वात्म का अग्नि के समान

---

१. ग० पु० अग्निवद्भवेदिति पाठः ।

धूमाक्रान्ताग्निसंकाशं रविबिम्बसमाकृतिम् ।
ध्यायंस्तन्मध्यतस्तेजस्तत्त्वेशसमतां व्रजेत् ॥ २८ ॥

प्रभाहततमोजालं विधूमाग्निसमप्रभम् ।
तत्रैव सकलं ध्यायेत्तत्पतित्वमवाप्नुयात् ॥ २९ ॥

दिवसाग्निप्रभाकारं तत्र तेजो विचिन्तयेत् ।
तन्मन्त्रेश्वरतामेति[1] तत्र सुस्थिरतां गते ॥ ३० ॥

ही अनुचिन्तन करता है। उस अवस्था में वह अग्नितत्त्व के अधिष्ठाता अग्नीश्वर का दर्शन पाकर कृतार्थ होता है। अग्नितत्त्व के जितने भेद और स्वरूप हैं, उन के स्वामियों का दर्शन करने में समर्थ हो जाता है ॥ २७ ॥

अग्नि है। वह धुएँ से आक्रान्त है। यह एक शब्द चित्र है। इसके अनुसार ध्यान करने पर धूम गौण रहता है। अग्नि का ही प्राधान्य अनुभूत होता है। सोचते हम अग्नि को ही हैं। भले ही धूमाधिक्य से उसका दीख पड़ना प्रभावित रहता है।

इसी प्रकार रविबिम्ब का ध्यान करते समय उसके चारों ओर कुहासे से आच्छन्न भी होने पर ध्यान रविबिम्ब पर ही रहता है।

ये दो परिस्थितियाँ समान रूप से अनुभूत होती हैं। दोनों में धूमावृत या धूसरतावृत तेज का ही दर्शन होता है। इस प्रकार के दर्शन का अभ्यास करते-करते साधक तत्त्वेश्वर को समानता प्राप्त कर लेता है ॥ २८ ॥

इसी ध्यान क्रम में तेजस्विता की विशिष्ट चमक से सारा आच्छादक अन्धकार मण्डल विखण्डित होकर खत्म हो जाता है। अग्नि का निर्धूम तप्त विग्रह दृष्ट हो जाता है। इन्हीं दो उदाहरणों की तरह तैजसिक तत्त्वदर्शन के निरवच्छिन्न और अनाच्छादित मूल तेज का दर्शन अभ्यास से सिद्ध हो जाता है। भगवान् शङ्कर कहते हैं कि, साधक को इसी तरह का अभ्यास करना चाहिये। इससे वह तेज के स्वामी मूल अग्नितत्त्व की तात्त्विकता प्राप्त कर लेता है ॥ २९ ॥

तेज के ध्यान के अन्यान्य प्रकारों के प्रसङ्ग में भगवान् यहाँ दिवसाग्नि प्रभा के भास्वर स्वरूपवान् तैजस् पुरुष के अनुचिन्तन का निर्देश कर रहे हैं। इसका परिणाम यह होता है कि, साधक इस चिन्तन साधना से तन्मात्रामयी समता प्राप्त कर लेता है। तन्मात्रायें पदार्थ की वास्तविक मौलिकता मानी जाती हैं। मन की

---

१. ग० पु० तन्मन्त्रसमताभिति पाठः

मणिप्रदीपसंकाशं तेजस्तत्र प्रकाशयेत् ।
मन्त्रेशेशत्वमभ्येति योगी तन्मयतां गतः ॥ ३१ ॥

सबाह्याभ्यन्तरं तेजो ध्यायन्सर्वत्र तद्गतम् ।
तस्मान्न च्यवते स्थानादासंहारमखण्डितः ॥ ३२ ॥

संहारे तु परं शान्तं पदमभ्येति शाङ्करम् ।
इत्येषा पञ्चदशधा कथिता वह्निधारणा ॥ ३३ ॥

आश्रय भी कहलाती हैं। यहाँ मात्रा के स्थान पर मन्त्र पाठ भी मिलता है। इस पक्ष में मन्त्र समता भी अर्थ किया जा सकता है। चाहे तन्मात्र समता हो या मन्त्रसाम्य हो, दोनों अवस्थायें सूक्ष्मता की प्राप्ति के साथ परम चरम तेजस्विता की ओर अग्रसर होने का मार्ग प्रशस्त करती हैं। हाँ शर्त्त यह है कि, उस प्रभा में स्थिरता पूर्वक प्रतिष्ठित होकर स्थिर चिन्तनरत हो जाय ॥ ३० ॥

उस अवस्था में मणि प्रदीप के समान तेज का प्रकाशन करना चाहिये। अर्थात् मणिप्रदीप के प्रकाश के समान प्रकाश का अनुचिन्तन होना चाहिये। इस प्रक्रिया में परिनिष्ठित हो जाने पर योगी यदि उसकी तन्मयता प्राप्त कर लेता है, तो मन्त्रेश्वर के समान हो जाता है। यहाँ मन्त्रेश्वर की चर्चा यह सिद्ध करती है कि, श्लोक ३० में मात्रा के स्थान पर 'मन्त्र' पाठ ही उपयुक्त और प्रासङ्गिक है ॥ ३१ ॥

अपने भीतर और चारों ओर बाहर सर्वत्र तेज के ध्यान में निमग्न हो जाना चाहिये। यह एक पृथक् साधना का विधान है। इसी में समाविष्ट सा हो जाय। समाविष्ट या तन्मय हो जाना ही 'तद्गत' अवस्था मानी जाती है। इस ध्यान और तन्मयत्व का फल महत्त्वपूर्ण होता है। भगवान् कहते हैं कि, ऐसा साधक उस तेजस् स्तर से कभी भी प्रच्याव प्राप्त नहीं करना। मृत्यु पर्यन्त अखण्ड सद्भाव पूर्वक वहीं पर प्रतिष्ठित रहता है ॥ ३२ ॥

मृत्यु के उपरान्त साधक परमशान्त शाङ्कर पद को प्राप्त कर लेता है। जीवन का यही लक्ष्य है कि, अन्त में शैवी गति उपलब्ध हो जाय। इस लक्ष्य को पा लेने में यह आग्नेय साधक सफल हो जाता है। इस प्रकार १५ प्रकार की यह आग्नेयी धारणा जो आगम में मान्य है, यहाँ वर्णन का विषय बनायी गयी है ॥ ३३ ॥

स्वदेहं चिन्तयेत्कृष्णं वृत्तं [1]षट्बिन्दुलाञ्छितम् ।
चलं सचूचूशब्दं च वायवीं धारणां श्रितः ॥ ३४ ॥

चलत्वं कफजव्याधिविच्छेदाद्वायुवद्भवेत् ।
षण्मासमभ्यसेद्योगी[2] तद्गतेनान्तरात्मना ॥ ३५ ॥

योजनानां शतं गत्वा मुहूर्तादित्यखेदतः[3] ।
वत्सरैस्तु त्रिभिः साक्षाद्वायुरूपधरो भवेत् ॥ ३६ ॥

यहाँ से वायवी धारणा का वर्णन किया जा रहा है। वायवी धारणा भी योगियों की महत्त्वपूर्ण धारणा है। पहले के महान् योगी इस धारणा में भी सिद्ध होते थे। आजकल इसका प्रचार नहीं के बराबर है। शास्त्र इसके समर्थक हैं और आदेश देते हैं कि, योगमार्ग के पथिक इस पद्धति को भी अपनायें। इस धारणा के वर्णन प्रसङ्ग में सर्व प्रथम षड्बिन्दु सदृश आकार के सदृश कृष्ण वृत्त के ध्यान की बात कही गयी है। अपना शरीर ही षड्बिन्दु सदृश कृष्णवृत्त सदृश मानकर यह ध्यान होता है। यहाँ षड्बिन्दु शब्द का प्रयोग ध्यान देने योग्य है। वर्षा ऋतु मे विभिन्न प्रकार के कीट दिखायी पड़ते हैं। इन में काले रंग के एक गोल कीट को भोजपुरी भाषा में 'छबुन्ना' कहते हैं। छबुन्ना षड्बिन्दु का ही अपभ्रंश रूप है। यह काला, जहरीला, कृष्ण पीठकमठ पर छह बिन्दु वाला और गोल कीट होता है। यह दब जाने पर जहरीला धुआँ फेंकते हुए चँ-चूँ शब्द भी बोलता है। वृत्त षट्पञ्च लाञ्छन पाठ के अनुसार छह या पाँच रेखाओं से युक्त गोल कीट अर्थ किया जा सकता है।

योगी अपने शरीर को काले रंग वृत्ताकार तथा उसके समान चू-चू शब्द करता हुआ चञ्चल कीट के रूप ध्यान करे। कुम्भक लगा कर बैठे और ध्यान कृष्णवृत्तवत् हो, तो एक चमत्कार घटित होता है। यह वायवी धारणा की पहली प्रक्रिया मानी जाती है ॥ ३४ ॥

इस चञ्चलात्मक स्पन्दमानता में वायवीय गतिशीलता की सुगन्ध आ जाती है। इससे कफ जन्य व्याधियों का विनाश अवश्यम्भावी हो जाता है। परिणामतः साधक वायु की तरह भारहीन हो जाता है। इसको छह मास तक लगातार

---

१. क० पु० वृत्तषट्पञ्चलाञ्छनमिति पाठः ;
२. ग० पु० अभ्यसन्योगीति पाठः ;
३. क० पु० मुहूर्तादेव खेदत इति पाठः

चूर्णयत्यद्रिसंघातं[1] वृक्षानुन्मूलयत्यपि ।
क्रुद्धश्चानयते[2] शक्रं सभृत्यबलवाहनम् ॥ ३७ ॥
नीलाञ्जननिभं देहमात्मीयमनुचिन्तयेत् ।
पूर्वोक्तं सर्वमाप्नोति षण्मासान्नात्र संशयः ॥ ३८ ॥
त्र्यब्दात्प्रपश्यते वायुतत्त्वं तन्मयतां गतः ।
भ्रुवोर्मध्ये स्मरेद्रूपमात्मनाऽञ्जनसंनिभम् ॥ ३९ ॥
पश्यते वायुतत्त्वेशानशुद्धानखिलानपि ।

संलग्नता पूर्वक लग कर अभ्यास करने से चमत्कार हो जाता है। ऐसा साधक क्षण भर में सौ योजन दूर जा और आ सकता है। उसके इस आने जाने में कोई आयास नहीं होता। आयास जन्य खेद की तो कल्पना भी नहीं की जा सकती। तीन साल तक इस धारणा की धृति से साधक स्वयं वायुरूप ही हो जाता है ॥ ३५-३६ ॥

उसमें अद्भुत शक्ति का आधान हो जाता है। वह चाहे तो पहाड़ों में हड़कम्प मचा सकता है। उन्हें चाहे तो तोड़ फोड़ कर चूर्ण कर सकता है। बड़े-बड़े वृक्षों को चुटकी बजाते उखाड़ सकता है। यदि वह क्रोध से भर जाये तो इन्द्र को स्वर्ग से भूतल पर लाकर उनकी बलवत्ता को माप कर दे। यही नहीं कि, केवल इन्द्र को ही ला दे, उनके वाहन ऐरावत, उनके देव सेवकों और बल को भी प्रस्तुत कर दे ॥३७॥

अपना शरीर नील अञ्जन के सदृश कृष्णवर्ण का अनुचिन्तन करना चाहिये। इस अभ्यास से छः मास में ही वह इतना शक्तिशाली हो जाता है कि, जो चाहे वही पूरा कर दिखाये। पहले कहीं सारी शक्तियाँ उसे उपलब्ध हो जाती हैं। इसके लिये मात्र छह मास का ही अभ्यास अपेक्षित होता है। इसमें संशय के लिये कोई अवकाश नहीं ॥ ३८ ॥

तीन वर्ष लगातार इस अभ्यास को करने मात्र से और तन्मय भाव से साधना-रत रहने से, वह वायुतत्त्व का दर्शन पाने में समर्थ हो जाता है। एक अन्य प्रक्रिया विधि के अनुसार भ्रूमध्य में अपना अञ्जन सदृश कृष्णरूप ध्यान करना चाहिये। इसके परिणामस्वरूप वह वायुतत्त्वेश्वरों का दर्शन करने में समर्थ हो

---

१. क० पु० चूर्णयत्पत्रसंघातमिति पाठः ।
२. क० पु० क्रुद्धश्च जयति शत्रुमिति पाठः ।

घनावृतेन्द्रनीलाभो रविबिम्बसमाकृतिम् ॥ ४० ॥
ध्यायंस्तत्समतामेति तत्संलीनो यदा भवेत् ।
भिन्नेन्द्रनीलसंकाशं सकलं तत्र चिन्तयेत् ॥ ४१ ॥
तन्मन्त्रेशत्वमाप्नोति ततस्तस्येशतामपि ।
सर्वव्यापिनि तद्वर्णे ध्याते तेजस्यवाप्नुयात् ॥ ४२ ॥
तदाप्रधृष्यतामेति तत्रोर्ध्वाधोविसर्पिणि ।
इत्येवं कथिता दिव्या धारणा वायुसंभवा ॥ ४३ ॥
स्वदेहं वायुवद्ध्यात्वा तदभावमनुस्मरन् ।
दिवसैः सप्तभिर्योगी शून्यतां प्रतिपद्यते ॥ ४४ ॥

जाता है। उसे अखिल अशुद्ध भी दृष्ट हो जाते हैं। एक दूसरी प्रक्रिया के अनुसार साधक द्वारा बादलों से आच्छन्न इन्द्रनील की आभा से आवृत रविबिम्ब के समान आकृति का ध्यान किया जाता है। कोई साधक इस प्रक्रिया के सिद्ध कर लेने पर उसी के समान तेज और बल से समन्वित हो जाता है॥ ३९-४०½ ॥

उसी के समान तेज और बल से समन्वित होने के बाद ही उसी अवस्था में चतुर्दिक् समिद्ध इन्द्रनील की नीलिमा का ध्यान सकल अर्थात् सर्वत्र करना चाहिये। इस प्रक्रिया में सिद्ध हो जाने पर अग्निमन्त्रेश्वरत्व की उपलब्धि हो जाती है। साधक इसी क्रम में मन्त्रेश्वर से मन्त्रमहेश्वरत्व को प्राप्त कर लेता है। मन्त्र-महेश्वरत्व की सर्वव्यापकता की भावना सिद्ध कर लेने पर और उसके ताप्तवर्ण का ध्यान करने पर तेज की पराकाष्ठा को प्राप्त कर लेता है॥ ४१-४२ ॥

इस उच्च स्तर पर पहुँच कर व्यक्ति इतना सामर्थ्यवान् हो जाता है कि, ऊर्ध्व और अधः व्यापी किसी शक्ति को विशेष रूप प्रधर्षित कर सकता है। भगवान् शङ्कर कहते हैं कि, यहाँ तक वायु से सम्बन्धित वायवी धारणा का वर्णन किया गया। जोवन में ऐसी धारणाओं की साधनायें साधक को मोक्ष तो नहीं देतीं, भोग के अनन्त साधनों को उपलब्ध करा देती हैं और कीर्त्तिलता का प्रसार करती हैं॥ ४३ ॥

अपने शरोर को वायु के समान कर और देहभाव का विस्मरण कर वायुवत् अनुस्मरण करते हुये सात दिन के अभ्यास से शून्यता में समाहित होने की शक्ति प्राप्त हो जाती है। यह व्योमधारणा को पहली विधा मानी जाती है॥ ४४ ॥

मासमात्रेण भोगीन्द्रैरपि दष्टो न मुह्यति ।
सर्वव्याधिपरित्यक्तो वलीपलितवर्जितः ॥ ४५ ॥

षण्मासाद्गगनाकारः सूक्ष्मरन्ध्रैरपि व्रजेत् ।
वत्सरत्रितयात्सार्धाद्व्योमवच्च[1] भविष्यति ॥ ४६ ॥

इच्छयैव महाकायः सूक्ष्मदेहस्तथेच्छया ।
अच्छेद्यश्चाप्यभेद्यश्च च्छिद्रां पश्यति मेदिनीम् ॥ ४७ ॥

शतपुष्परसोच्छिष्टमूषागर्भखवन्निजम् ।
देहं चिन्तयतस्त्र्यब्दाद्व्योमज्ञानं प्रजायते ॥ ४८ ॥

एक मास पर्यन्त इसी साधना में संलग्न रहने वाला योगी तक्षक सदृश सर्पराजों से भी दंशित होने पर विष के प्रभाव से प्रभावित नहीं होता। यही नहीं वह समस्त अन्य व्याधियों से भी विमुक्त हो जाता है। उसके शिर के बाल पककर विद्रूप नहीं होते। बाल गिरने के रोग भी उसे नहीं होते ॥ ४५ ॥

छह मास लगातार इस प्रक्रिया में रत रहने का सुपरिणाम यह होता है कि, वह आकाशवत् हो जाता है। सूक्ष्म से सूक्ष्म छिद्रों से भी साधक निकल जाता है। इसी प्रकार लगातार साढ़े तीन वर्ष यदि इस प्रक्रिया में लगा रहे तो, उसमें और व्योम में कोई अन्तर नहीं रह जाता है ॥ ४६ ॥

स्वेच्छा से वह कनक भूधराकार शरीर वाला महाकाय पुरुष के रूप में परिवर्त्तित हो सकता है। चाहने पर मशक समान रूप धारण करने में समर्थ हो जाता है। आत्मा की तरह अछेद्य और उसी तरह अभेद्य हो सकता है। उसके लिये मेदिनी अब कर्कश और कठोर नहीं रह जाती है। उसके छिद्र उसे दीख पड़ने लगते हैं। अब वह जहाँ से चाहे मेदिनी में समा सकता है। भूप्रवेश कराने के लिये सीता की तरह जमीन को फटना नहीं पड़ता ॥ ४७ ॥

शतपुष्प सौंफ को कहते हैं। सौंफ के रस से भावित स्वर्ण तपाने वाली अंगीठी में अभ्रक का जो रङ्ग उभरता है, उसके समान अपने शरीर का चिन्तन करना चाहिये। यह क्रिया यदि अनवरत तीन वर्ष तक योगी करता रहे, तो उस साधक को व्योम का ज्ञान हो जाता है। इस प्रथा में शतपुष्प, मूषा और ख ये तीन शब्द अपने आप में महत्त्वपूर्ण हैं और पुराकालिक रसायन विज्ञान के

---

१. व्योम एवेति स्वच्छन्दतन्त्रे प्रमाणितः पाठः ।

पूर्वोक्तं च फलं सर्वं सप्ताहादिकमाप्नुयात् ।
ललाटे चिन्तयेत्तद्वद्द्वादशाङ्गुलमायतम् ॥ ४९ ॥
तत्तत्त्वेशान्क्रमात्सर्वान्प्रपश्यत्यग्रतः स्थितान् ।
राहुग्रस्तेन्दुबिम्बाभं ध्यायंस्तत्समतां व्रजेत् ॥ ५० ॥
सकलं चन्द्रबिम्बाभं तत्रस्थमनुचिन्तयेत् ।
तन्मन्त्रेशत्वमाप्नोति ज्योत्स्नया चन्द्रतामपि ॥ ५१ ॥

प्रतिपादक शास्त्र इसके प्रमाण हैं। जिस पात्र में साँचा तपाया जाता है, उसे बोली में 'घरिया' कहते हैं। उसमें अभ्रक (ख) डालकर ऊपर से शतपुष्पा (सौंफ) के रस का यदि भावन दिया जाय, तो उसके समाहार में जो रङ्ग आता है, वह भी योगमार्गियों के लिये आदर्श रूप हो जाता है ॥ ४८ ॥

पहले सप्ताह पर्यन्त अभ्यास से लेकर तीन साल तक के अभ्यास से जितने फल प्राप्त होने की बात कही गयी है, वे सभी फल एक विशिष्ट अभ्यास से प्राप्त किये जा सकते हैं। उसी की चर्चा करते हुये भगवान् शङ्कर कह रहे हैं कि, ललाट में १२ अङ्गुल आयत उसी तेज का चिन्तन साधक को अनवरत करना चाहिये। इस विधि से ही उक्त फलों की प्राप्ति हो जाती है ॥ ४९ ॥

इस विधि के पालन का एक और सुपरिणाम भगवान् घोषित कर रहे हैं। उनके अनुसार इस अभ्यास से समस्त तत्त्वेश्वरों को सामने ही उपस्थित देखने की शक्ति उसे प्राप्त हो जाती है। इसके अतिरिक्त एक अन्य नयी विधि की ओर भी ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। उनका कहना है कि, एक ऐसे तेज का ललाट में ध्यान करे, जिसकी उपमा उस चन्द्र बिम्ब से की जा सके, जो पूर्णतया 'राहु' से ग्रस्त हो गया हो। राहुग्रस्तता की अवस्था में भी चन्द्रबिम्ब से एक प्रकार का प्रकाश छिटकता ही रहता है। इसके ध्यान से साधक उसकी समता प्राप्त कर लेता है ॥ ५० ॥

एक अन्य विधि के अनुसार राहुमुक्त समस्त कलाओं से कलित चन्द्रबिम्ब का ध्यान किया जाता है। इस पूर्णबिम्ब के ललाट में भ्रूमध्य में अनुचिन्तन करने से, उसके अर्थात् वायु के मन्त्रेश्वर को प्राप्ति अवश्य होती है। वहीं ज्योत्स्ना से उज्ज्वल जैवातृकता पर विजय प्राप्त कर सकता है। यही चन्द्रता है, जिसे पाने के लिये योगी प्रयासरत रहते हैं ॥ ५१ ॥

तथैवाधोविसर्पिण्या सबाह्याभ्यन्तरं बुधः ।
मन्त्रेश्वरेशतामाप्य विज्ञानमतुलं लभेत् ॥ ५२ ॥

तया चोर्ध्वविसर्पिण्या ज्योत्स्नयामृतरूपया ।
स्वतन्त्रत्वमनुप्राप्य न क्वचित्प्रतिहन्यते ॥ ५३ ॥

इत्येवं पञ्चतत्त्वानां धारणा परिकीर्तिता ।
शुद्धाध्वस्था तु संवित्तिर्भूतावेशोऽत्र पञ्चधा ॥ ५४ ॥

तास्वेव संदधच्चित्तं विषादिक्षयमात्मनः ।
अन्यस्यामपि संवित्तौ यस्यामेव निजेच्छया ॥ ५५ ॥

उसी को बाह्य और आभ्यन्तर सर्वत्र ध्यान का विषय बनाने पर और अधःविसर्पिणी अर्थात् समग्र शरीर परिवेश को ज्योत्स्ना को उज्ज्वल बनाने वाली उस तेजस्विता का भी अनुचिन्तन इस विधि में किया जाता है। इसके सुपरिणाम स्वरूप मन्त्रमहेश्वरत्व को उपलब्धि विद्वान् साधक कर लेता है। इसके साथ ही अतुलनीय विज्ञानविज्ञ हो जाता है ॥ ५२ ॥

उसी अधोविसर्पिणी, शक्ति को यदि विचक्षण योगी ऊर्ध्वप्रसरणशील ध्यान करने की भी एक अलग विधि है। इस प्रचलित पृथक् प्रक्रिया के अनुसार उस अमृतमयी चाँदनी में चमत्कार घटित होता है। ऐसा योगी स्वच्छन्द भैरव की स्वातन्त्र्य शक्ति से समन्वित हो जाता है। वह किसी के प्रतिघात से घातित नहीं हो सकता ॥ ५३ ॥

यहाँ तक पाँच तत्त्वों (पृथ्यप्तेजोवाय्वाकाशरूप) की धारणाओं की विधियों का निर्देश दिया गया है। इसके अतिरिक्त साधना की ऐसी विधियाँ भी सिद्धों द्वारा विकसित की गयी हैं। भगवान् कहते हैं कि, शुद्ध अध्वा में संवित्ति का परिष्कार भी स्वभावतः सम्पन्न हो जाता है। उसी परिष्कृतिमयी संवित्ति से भावित भूत तत्त्वों के आवेश की अनुभूतिमयी साधनायें पाँच प्रकार की होती हैं ॥ ५४ ॥

इनमें चित्त को सम्यक् प्रकार से धारित करने वाला साधक ऐसी शक्ति से सम्पन्न हो जाता है, कि, उसके ऊपर विष आदि प्रयोग भी निष्फल हो जाता है। यह संवित्ति-साधना का ही माहात्म्य है। इसी तरह किसी प्रकार की संवित्ति का आवेश, जिसे वह स्वेच्छा से स्वीकार करता है, उसके लिये वरदान सिद्ध होता है ॥ ५५ ॥

चेतः सम्यक्स्थिरोकुर्यात्तया तत्फलमश्नुते ।
एकापि भाव्यमानेयमवान्तरविभेदतः ॥ ५६ ॥

अन्तरायत्वमभ्येति तत्र कुर्यान्न संस्थितिम् ।
संस्थितिं तत्र कुर्वन्तो न प्राप्स्यन्त्युत्तम फलम् ॥ ५७ ॥

धारणापञ्चके सिद्धे पिशाचानां गुणाष्टकम् ।
ऐन्द्रान्ताः पञ्च सिद्धयन्ति योगिनां भेदतोऽपि वा ॥ ५८ ॥

इष्टाः पञ्चदशावस्थाः क्रमेणैव समभ्यसन् ।
त्र्यब्दाद्याः प्रसाध्यान्यां द्वाभ्यामेकेन चापराम् ॥ ५९ ॥

यदि स्वेच्छावश किसी संवित्ति में वह समाविष्ट हुआ और गुरुदेव के अनुसार उसमें उसकी मानसिकता उससे जुट गयी, तो वहाँ स्थिरता प्राप्त करने में समर्थ हो जाता है तथा साधक इस साधना के समग्र सुपरिणामों से समन्वित हो जाता है। एक प्रक्रिया को सिद्ध करने में ऐसे सुन्दर परिणाम यदि प्राप्त होते हैं, तो कई साधनाओं को सिद्धि से अन्य अवान्तर भेदानुसार अवश्य सिद्धियाँ मिलती हैं ॥ ५६ ॥

कई सिद्धियों के चक्कर में साधक को नहीं पड़ना चाहिये। इससे विघ्नों का भय रहता है। कभी अन्तराय उपस्थित हो सकते हैं। इसलिये भगवान् कह रहे हैं कि, उनमें अवस्थिति प्राप्त करने के प्रयत्न का परित्याग कर देना चाहिये। इस व्यर्थ के प्रयास का कोई सुपरिणाम नहीं होता ॥ ५७ ॥

इस प्रकार पञ्चकमयी इन धारणाओं के सिद्ध कर लेने से ऐसी सिद्धियाँ आती हैं, जिनसे पिशाचों से अठगुनी शक्ति प्राप्त हो जाती है। साधक इन्द्र, वरुण, कुबेर, ईशान आदि की आधिकारिकता को पा लेता है। इनसे देवों की कृपा भी प्राप्त हो जाती है। इसके साथ ही अन्य अवान्तर भेद भिन्न कार्य भी सिद्ध हो जाते हैं ॥ ५८ ॥

जो भी अभीप्सित हो, वही अभीष्ट मार्ग मार्ग माना जाता है। इन पन्द्रह भेद भिन्न अत्यन्त महत्त्वपूर्ण धारणाओं को कोई प्रक्रिया अपनानी चाहिये। सभी शाङ्कर अनुग्रह रूप हैं। इनका क्रमिक अभ्यास करना चाहिये। एक-एक साधना तीन तीन वर्ष की निर्धारित हैं। पहले पहली साधना की प्रक्रिया क्रमिक रूप से पूरा करनी चाहिये। एक के पूरी करने पर दूसरी और दूसरी के बाद तीसरी

षण्मासात्पञ्चभिश्चान्यां चतुर्भिस्त्रिभिरेव च ।
द्वाभ्यामेकेन पक्षेण दशभिः पञ्चभिर्दिनैः ॥ ६० ॥
त्रिभिर्द्वाभ्यामथैकेन व्यस्तेच्छोः पूर्ववत्क्रमः ।
शाश्वतं पदमाप्नोति भुक्त्वा सिद्धिं यथेप्सिताम् ॥ ६१ ॥

इति श्रीमालिनीविजयोत्तरे तन्त्रे भूतजयाधिकारस्त्रयोदशः ॥ १३ ॥

क्रम से इन्हें सिद्ध करने में सरलता होती है, और समय भी कम लगता है। पहली यदि तीन वर्ष में पूरी होती है तो दूसरी दो वर्ष में ही पूरी हो सकती है और तीसरी को सिद्ध करने में एक वर्ष का समय ही पर्याप्त होता है ॥ ५९ ॥

इसी तरह समय सीमा कम होती जाती है। तीन साल के बाद दो वर्ष में, दो वर्ष की सिद्धि के बाद तीसरी एक वर्ष में पांचवीं छः माह में छठी पांच माह में सातवीं चार माह में आठवीं तीन माह में नवीं दो माह में दशवीं एक माह में ११वीं पक्ष में पन्द्रहवीं २ दिन या एक दिन में ही सिद्ध हो सकती हैं। यह समय-सीमा सभी प्रकार की धारणाओं में लगती है।

यह क्रम चाह रखने वाले साधकों के कौशल पर निर्भर करता है। इसमें इसके विपरीत क्रमों में अस्तव्यस्तता भी हो सकती है। समय सीमा के उलट फेर में चिन्ता की कोई बात नहीं होती। कार्य की सिद्धि में निरन्तर प्रयत्नशील रहना चाहिये। इन सिद्धियों के बाद साधक का मन इनसे ऊपर भी उठ सकता है और वे शाश्वत पद के अधिकारी हो सकते हैं। सिद्धियों के भोग के बाद मोक्ष की प्राप्ति भी उनकी इच्छा शक्ति पर ही निर्भर है ॥ ६०-६१ ॥

परमेशमुखोद्भूत ज्ञानचन्द्रमरीचिरूप श्रीमालिनीविजयोत्तरतन्त्र का
डॉ० परमहंस मिश्र कृत नीर-क्षीर विवेक भाषा-भाष्य समन्वित
भूतजयाधिकार नामक तेरहवां अधिकार परिपूर्ण ॥ १३ ॥
॥ ॐ नमः शिवायै ॐ नमः शिवाय ॥

अथ चतुर्दशोऽधिकारः

अथ गन्धादिपूर्वाणां तन्मात्राणामनुक्रमात् ।
धारणाः संप्रवक्ष्यामि तत्फलानां प्रसिद्धये ।। १ ।।
पीतकं गन्धतन्मात्रं तुर्याश्रं सर्वसंमितम्[1] ।
नासारन्ध्राग्रगं[2] ध्यायेद्वज्रलाञ्छनलाञ्छितम् ।। २ ।।

सौः

परमेशमुखोद्भूतज्ञानचन्द्रमरीचिरूपम्

श्रीमालिनीविजयोत्तरतन्त्रम्

डॉ० परमहंसमिश्रविरचित-नीर-क्षीर-विवेकनामकभाषाभाष्यसमन्वितम्

चतुर्दशोऽधिकारः

[१४]

विश्व की माङ्गलिक भावनाओं और साधक के उत्कर्ष हेतु नयी धारणाओं के उपदेश की आरम्भिक आकाङ्क्षा को व्यक्त करने वाला 'अथ' अव्यय ही इस अधिकार के महत्त्व की सूचना दे रहा है। अब यहाँ तन्मात्राओं से सम्बन्धित धारणाओं का वर्णन किया जा रहा है। इसके पहले पञ्चमहाभूत की सभी धारणाओं की विस्तृत जानकारी दी जा चुकी है। तन्मात्राओं में गन्ध सर्वप्रथम वर्णन करने योग्य है। उसके बाद अनुक्रम से सारी धारणाओं का क्रमिक उपदेश भगवान् स्वयम् करेंगे। इसके क्या फल हैं, उनसे किस प्रकार की सिद्धियाँ साधकों को प्राप्त होती हैं, उनके सम्बन्ध में सबको ज्ञान होना चाहिये। प्रवृत्ति के अनुसार ज्ञान रहने पर ही उसकी प्रसिद्धि के लिये व्यक्ति प्रयत्नशील होता है ॥ १ ॥

गन्ध तन्मात्र का रूप पीतवर्ण का माना जाता है। यह चतुष्कोण परिवेश में व्याप्त होता है। अंश-अंश अर्थात् गन्ध परमाणु समूह के राशि राशि रूप में व्याप्त

---

१. स्वच्छ० पञ्चसंमितमिति पाठः ; २. क० पु० रन्ध्रान्तकमिति पाठः ।

दशमाद्दिवसादूर्ध्वं योगिनोऽनन्यचेतसः ।
कोऽपि[1] गन्धः समायाति द्विधाभूतोऽप्यनेकधा ॥ ३ ॥
ततोऽस्य ऋतुमात्रेण शुद्धो गन्धः स्थिरोभवेत् ।
षड्भिर्मासैः स्वयं गन्धमयमेव भविष्यति ॥ ४ ॥
यो यत्र रोचते गन्धस्तं तत्र कुरुते भृशम् ।
त्र्यब्दात्सिद्धिमवाप्नोति प्रेरितां पाञ्चभौतिकीम् ॥ ५ ॥

रहता है। इसकी अनुभूति नासिका के अग्रभाग में ही होती है। यह वज्रलाञ्छन से लाञ्छित होता है। जैसे शितिकण्ठलाञ्छन शङ्कर को कहते हैं, उसी तरह वज्र-लाञ्छन विष्णु को कहते हैं। विष्णु की तरह व्यापक तत्त्व का तरह यह भी व्यापकता से समन्वित है। ऐसे गन्ध तन्मात्र का ध्यान नासिका के अग्रभाग में करना चाहिये ॥ २ ॥

अनन्य भावना से भक्त साधक लगातार इसी तरह नासिका के अग्रभाग में गन्ध तन्मात्र का अनुचिन्तन करता रहे, तो दशवें दिन कोई विशेष गन्ध किसी अद्भुत विशिष्टता और दिव्यता से समन्वित अनुभूत होती है। नासिकाग्र में वह द्विधाभूत होती प्रतीत होती है किन्तु उसमें अनेकता का मूल भी विद्यमान रहता है ॥ ३ ॥

इसी प्रकार एक ऋतु पर्यन्त अर्थात् दो मास अनवरत अनन्य भाव से अभ्यास करते रहने से अत्यन्त शुद्ध और दिव्य गन्ध उसके नासिकाग्र में स्थिर हो जाती है। जिसका परिणाम यह होता है कि, वह उसे हमेशा अनुभूत होती रहती है। छः मास अर्थात् तीन ऋतुओं में जैसे यदि साधक ने हेमन्त के प्रारम्भ में यह अभ्यास करना आरम्भ किया हो, तो हेमन्त, शिशिर और बसन्त के अन्त में छः मास पूरा हो जाता है। अतः ग्रीष्म के आरम्भ में वह स्वयं गन्धमय हो जाता है। वाराणसी में स्वामी विशुद्धानन्द महाराज नामक योगिवर्य भी गन्धमय महात्मा थे। उनके शरीर से निरन्तर सुगन्ध निकला करती थी। उन्हें गन्धबाबा कहते भी थे। श्रीगोपीनाथ कविराज के गुरु थे। आज भी उनका विशुद्धानन्द आश्रम वाराणसी में मलदहिया क्षेत्र में है ॥ ४ ॥

तीन वर्षों तक निरन्तर इस तरह के अभ्यास में संलग्न रहने के बाद साधक में पाञ्चभौतिक गन्ध-सिद्धियाँ उत्पन्न हो जाती हैं। वह जिस गन्ध को,

---

१. ख० पु० क्वापि गन्ध इति, द्विधाभूतस्य नैकधा, इति च पाठः ।

तदूर्ध्वमात्मनो रूपं तत्र संचिन्तयेद्धृदि ।
गन्धावरणविज्ञानं त्रिभिरब्दैरवाप्नुयात् ॥ ६ ॥
ईषद्दीप्तियुतं तत्र तन्मण्डलविवर्जितम् ।
ध्यायन्प्रपश्यते सर्वागन्धावरणवासिनः ॥ ७ ॥
धरातत्त्वोक्तबिम्बाभं [1] तत्रैवमनुचिन्तयन् ।
तत्समानत्वमभ्येति पूर्ववद्द्वितये स्थिरे ॥ ८ ॥
स्वरूपं तत्र संचिन्त्य भासयन्तमधःस्थितम् ।
तदीशत्वमवाप्नोति पूर्वोक्तेनैव वर्त्मना ॥ ९ ॥

जब चाहे, जहाँ पर, अपनी इच्छा के अनुसार उत्पन्न करने में समर्थ हो जाता है ॥ ५ ॥

इससे ऊर्ध्व अर्थात् चतुर्थ वर्ष के प्रारम्भ से साधक अपने अभ्यास को इसी तरह बढ़ाते हुए स्वात्म रूप को यदि हृदय में चिन्तन करता हुआ गन्ध के वातावरण में अवस्थित रहे, तो वह गन्धावरण विज्ञान का ज्ञाता बन जाता है। इस प्रक्रिया के लिये तीन वर्ष का समय अपेक्षित है। इतनी सिद्धि प्राप्त करने में अब तक साधक का साढ़े छः वर्ष का समय लग जाता है ॥ ६ ॥

हृदय में अपने रूप को स्वात्मज्योति से ही श्वासमन्वित करे। उस दीप्तिमें ईषत् ज्योतिष्मन्त ध्यान में साधक संलग्न रहे और गन्धमय रहते हुए भी उसकी आवरण की माण्डलिता का अनुभव करे। सर्वथा अपेक्षा रहित भाव से साधना में रत रहते हुए उसे गन्धावरण विज्ञान के साथ ही गन्धावरण में रहने वाले जीव जगत् का भी विज्ञान उपलब्ध हो जाता है ॥ ७ ॥

गन्ध जगत् है क्या ? इस प्रश्न का एकमात्र उत्तर है, धरातत्त्व का बिम्ब। इस अतिसूक्ष्म बिम्बात्मक गन्ध रूप विश्व की आभामयता का अनुचिन्तन करते हुये तन्मय भाव से उसी में रत रहने पर उसकी समानता प्राप्त हो जाती है। इस प्रकार से गन्धावरण विज्ञान और बिम्ब की समानता प्राप्त कर लेने पर उसी स्वरूप में चिन्तनरत रहते हुये और इस बिम्ब भाव के अधःस्थित आत्मावस्थान से गन्ध-विश्व की ईशात्मकता प्राप्त हो जाती है। इस रूप में साधक पूरी तरह स्वात्मविभा से भासमान रहता है। इस साधना का मार्ग भी हृदय से चलकर नासिकाग्र तक ही सीमित है किन्तु इनकी फलवत्ता अनन्त है ॥ ८-९ ॥

---

१ क० बिम्बान्तमिति पाठः

धरातत्त्वोक्तवत्सर्वमत ऊर्ध्वमनुस्मरन् ।
तद्रूपं फलमाप्नोति गन्धावरणसंस्थितम् ॥ १० ॥

रसरूपामतो वक्ष्ये धारणां योगिसेविताम् ।
यया सर्वरसावाप्तिर्योगिनः संप्रजायते ॥ ११ ॥

जलबुद्बुदसंकाशं जिह्वायां[1] चाग्रतः स्थितम् ।
चिन्तयेद्रसतन्मात्रं जिह्वाग्राधारमात्मनः ॥ १२ ॥

सुशीतं षड्रसं चिन्त्यं[2] तद्गतेनान्तरात्मना ।
ततोऽस्य मासमात्रेण रसास्वादः प्रवर्तते ॥ १३ ॥

गन्ध जगत् धरातत्त्व का ही बिम्ब है। अतः जिस तरह धरातत्त्व का अनुचिन्तन होता है और इसमें भी ऊर्ध्वानुचिन्तन आवश्यक होता है, उसी तरह ऊर्ध्व-अनुचिन्तन करने से उसी प्रकार का फल साधक को प्राप्त होता है। गन्धावरण में भी अधः अवस्थान और ऊर्ध्वावस्थान के पृथक्-पृथक् सुपरिणामों की अनुभूतियों से साधक प्रभावित होता है॥ १० ॥

यहाँ तक गन्ध तत्त्व की धारणा का वर्णन किया गया है। यहाँ से रस-तन्मात्र की धारणा का वर्णन किया जा रहा है। यह धारणा भी योगियों की महत्त्वपूर्ण धारणा मानी जाती है। इस धारणा का सबसे बड़ा फल यह होता है कि, इसकी सिद्धि से समस्त रसों की अवाप्ति यागी को हो जाती है। सर्वरसावाप्ति रस धारणा की सिद्धि से ही सम्भव है ॥ ११ ॥

सर्वप्रथम आसन पर विराजमान साधक एकाग्रभाव से अपनी जिह्वा के अग्रभाग पर ध्यान लगावे। वह रस तन्मात्र का अनुचिन्तन करे। रस तन्मात्र जल के बुद्बुद के समान होता है। जिह्वाग्र में रस तन्मात्र का भी बुद्बुदवत् अनुचिन्तन करना चाहिये। वही रसतन्मात्र का आश्रय स्थान है ॥ १२ ॥

रस की शीतल अनुभूतियों की आनन्दमयता में डूबना योगीवर्ग की साधना का विषय है। इसमें षट् रसों का ही अनुचिन्तन करने की प्रक्रिया अपनायी जाती है। एक-एक रस की आनन्दमयता में तन्मय होने और आन्तर दर्शन करने से उस रस को अनुभूति करने में जो आनन्द मिलता है, उसे वर्णन का विषय नहीं

---

१. ग० पु० राजनाड ग्रग्रसंस्थितमिति पाठः
२. क० पु० षड्रसं स्निग्धमिति पाठः

लवणादीन्परित्यज्य यदा मधुरतां गतः ।
तदा तन्निगिरन्योगी षण्मासान्मृत्युजिद्भवेत् ॥ १४ ॥
जराव्याधिविनिर्मुक्तः कृष्णकेशोऽच्युतद्युतिः ।
जीवेदाचन्द्रतारार्कमभ्यस्यंश्च क्वचित्क्वचित् ॥ १५ ॥
पूर्वोक्तबुद्बुदाकारं[1] स्वरूपमनुचिन्तयन् ।
निरावरणविज्ञानमाप्नोतीति किमद्भुतम् ॥ १६ ॥
तमेव द्युतिसंयुक्तं व्यायन्नाधारवर्जितम् ।
पश्यते[2] वत्सरैः सर्वं रसावरणमाश्रितम् ॥ १७ ॥

बनाया जा सकता। इस प्रकार एक मास पर्यन्त प्रयासरत रहने से वास्तविक रसास्वाद होता है ॥ १३ ॥

इस रसास्वाद में अन्य रसों को आन्तरित करते हुए मधुर रस के उदित होते ही उसमें डूब जाना चाहिये। उसको बार-बार जिह्वाग्र पर अनुभव करते हुये बराबर उसे घोंटते रहना चाहिये। गले के नीचे इस अमृत मधुर रस को यदि छः मास तक साधक उतारता और पीता रहे तो, वह परिणामस्वरूप मृत्युजित् हो जाता है ॥ १४ ॥

जरावस्था से उसकी मुक्ति हो जाती है। जरा रूप व्याधि अथवा जीवन को जर्जर बनाने वाली बीमारियों से उसे छुटकारा मिल जाता है। अर्थात् उस अमृतपान के फलस्वरूप वह अजर और निरोग ही नहीं वरन् अमरता को भी प्राप्त कर सकता है ॥ १५ ॥

पहले यह कहा जा चुका है कि, जलबुद्बुद के समान जिह्वाग्र पर रसानुभूति में निमग्न होना चाहिये। उसी बुद्बुद के समान स्वात्म रूप का अनुचिन्तन एक नयी प्रक्रिया है। इसमें स्वयं रसरूपता में डूबना होता है। इस रसमयता का आश्चर्यजनक फल है, निरावरण विज्ञान। निरावरण विज्ञान योग के उच्च स्तर पर ही प्राप्त होता है ॥ १६ ॥

इस स्थिति का ध्यान दो प्रकार से इस नयी प्रक्रिया में करते हैं। १. स्वात्म को दीप्तिमन्त अनुभव करते हुये और २. आधार वर्जित रूप में। आधार

---

१. ग० पु० बहुधाकारमिति पाठः
२. ग० पु० पश्यते वत्सरैरिति पाठः

जलतत्त्वोक्तबिम्बादि तदूर्ध्वमनुचिन्तयन् ।
पूर्वोक्तं सर्वमाप्नोति रसावरणजं स्फुटम् ॥ १८ ॥

अतो रूपवतीं वक्ष्ये दिव्यदृष्टिप्रदां शुभाम् ।
धारणां सर्वसिद्धयर्थं रूपतन्मात्रमाश्रिताम् ॥ १९ ॥

एकान्तस्थो यदा योगी विनिमीलितलोचनः[1] ।
शरत्संध्याभ्रसंकाशं यत्तु [2]किंचित्प्रपश्यति ॥ २० ॥

तत्र चेतः समाधाय यावदास्ते [3]दशाहकम् ।
तावत्प्रपश्यते तत्र बिन्दून्सूक्ष्मतमानपि[4] ॥ २१ ॥

केचित्तत्र सिता रक्ताः पीता नीलास्तथा परे ।
तान्दृष्ट्वा तत्र[5] संदध्यान्मनोऽत्यन्तमनन्यधीः ॥ २२ ॥

तो जिह्वाग्र ही होता है । इस प्रक्रिया में जिह्वाग्र को छोड़कर रसतादात्म्य सार्वत्रिक और सामरस्यमय होता है । इस अवस्था में एक वर्ष व्यतीत करने पर साधक एक साल में ही रसावरण में अवस्थित समस्त विज्ञानवाद की उपलब्धि कर लेता है । 'पश्यते' पाठ की जगह इसका अर्थ होता है—एक वर्ष की इस साधना से रसतत्त्व का दर्शन पाने में समर्थ हो जाता है ॥ १७॥

रस जलतत्त्व का बिम्ब है । इस रसमयता के परिवेश में रहते हुए ऊर्ध्व दर्शन की प्रक्रिया यदि अपनायी जाय तो, इससे भी रसावरण विज्ञान से उत्पन्न सभी सिद्धियों का अधिकारी वह हो जाता है ॥ १८ ॥

इसके बाद रूपवती धारणा का वर्णन भगवान् कर रहे हैं । इससे अत्यन्त कल्याण कारिणी दिव्य दृष्टि की प्राप्ति होती है । यह रूपतन्मात्र की आश्रिता धारणा है । इससे सारी सिद्धियाँ हस्तामलकवत् सरल हो जाती हैं ॥ १९ ॥

रूप तन्मात्र में चित्त को समाहित कर दश दिन पर्यन्त अनवरत अभ्यासरत रहने से उसमें सूक्ष्मतम बिन्दुओं के दर्शन होने लगते हैं । इनमें कुछ श्वेत, कुछ लाल, कुछ पीत और नीलवर्णी बिन्दु भी दीख पड़ते हैं । उनको देखकर मन को

---

१. क० पु० बहिर्मीलितलोचन इति पाठः
२. क० पु० यत्तत्किंचिदिति पाठः
३. क० पु० दशार्द्धकमिति पाठः
४. क० पु० तमानितीति पाठः
५. क० पु० तेषु इति पाठः

षण्मासात्पश्यते तेषु रूपाणि सुबहून्यपि ।
भ्यब्दात्तान्येव तेजोभिः प्रदीप्तानि स्थिराणि च ॥ २३ ॥

तान्यभ्यस्यंस्ततो द्वयब्दाद्बिम्बाकाराणि पश्यति ।
ततोऽब्दात्पश्यते तेजः षण्मासात्पुरुषाकृति ॥ २४ ॥

त्रिमासाद्द्वयापकं तेजो मासात्सर्वं विसर्पितम् ।
कालक्रमाच्च पूर्वोक्तं रूपावरणमाश्रितम् ॥ २५ ॥

तत्सर्वं फलमाप्नोति दिव्यदृष्टिश्च जायते ।
इतीयं कल्पनाशून्या धारणा कृतकोदिता ॥ २६ ॥

उन्हीं में डुबो देने का प्रयत्न करना चाहिये । इसमें तनिक शिथिलता, उपेक्षा या तन्मयता की टूट नहीं चाहिये । एकनिष्ठ भावना से अनन्त चिन्तन होना चाहिये ॥ २१-२२ ॥

छः माह पर्यन्त इस प्रक्रिया को अपनाने का परिणाम यह होता है कि, उनमें बहुत से रूप उतर आते और दृष्टिगोचर होते रहते हैं । लगातार तीन वर्ष तक इसे करने से उन रूपों में विचित्र दीप्तिमत्ता के भी दर्शन होने लगते हैं । उनमें कुछ चल और कुछ अचल बिन्दु भी होते हैं । इन्हें भी दो वर्षों तक अभ्यास करने से उनके बिम्बों के दर्शन होने लगते हैं । एक वर्ष और प्रयत्न करने पर तेज और छः माह और अभ्यास बढ़ाने उन रूपतन्मात्र के दीप्तिमन्त बिन्दुओं का रूप बदल जाता है और वे पुरुष की आकृति में व्यक्त होकर दीख पड़ने लगते हैं ॥ २३-२४ ॥

तीन माह उपरान्त व्यापक रूप से तेज के दर्शन होते हैं । उसके एक माह बाद वह तेज और भी विस्तार प्राप्त करने लगता है । क्रमशः अभ्यास के बल पर समस्त रूपावरण तेजोमण्डलमय उद्दीप्त रूप से दीख पड़ने लग जाता है ॥२५॥

काल क्रम से रूपावरण पर आश्रित इस धारणा को सिद्ध करने से अनन्त फलों की प्राप्ति होती है । सबसे बड़ी तो इसकी यह विशेषता है कि, श्लोक संख्या १९ से २४ पर्यन्त जितने भी फल कहे गये हैं, वे अकेले इस प्रक्रिया से प्राप्त हो जाते हैं । दूसरी इसकी विशेषता यह है कि, इसके सिद्ध कर लेने से साधक को दिव्य दृष्टि प्राप्त हो जाती है । यह ऐसी धारणा है, जिसमें कल्पना के लिये कोई स्थान नहीं ।

दशपञ्चविधो भेदः स्वयमेवात्र जायते ।
यतोऽस्यां निश्चयं कुर्यात्किमन्यैः शास्त्रडम्बरैः ।। २७ ।।
अतः स्पर्शवतीमन्यां कथयामि तवाधुना ।
धारणां तु यया योगी वज्रदेहः प्रजायते ।। २८ ।।

इसमें प्रयुक्त कृतक शब्द के कई अर्थ व्यवहार में लाये जाते है। जैसे व्याजपूर्ण, बहानाबाजी, चतुर्थ, किया हुआ और दत्तक आदि अनेक अर्थों में इसका प्रयोग साहित्य में उपलब्ध है। यहाँ पर केवल 'स्वयं किया हुआ अनुभूत' अर्थ ही अभिप्रेत है। भगवान् शङ्कर कह रहे हैं कि, पार्वति ! यह योगियों द्वारा अनुभूत धारणा मैंने तुम्हारे समक्ष कही है।

स्वयम् कहने से यह अपने आप अनुभव हो जाता है कि, यह रूपवती धारणा पन्द्रह प्रकार की होती है। इसकी महत्ता को समझते हुए यह निर्णय साधक को लेना चाहिये कि, यह अवश्य करणीय एवम् आचरणीय धारणा है। इसके करने का निश्चय कर लेने वाले योगी के लिये किन्हीं शास्त्रों के स्वाध्याय आदि आडम्बर की कोई आवश्यकता नहीं रह जाती है। इस धारणा के धनी योग विद्याविज्ञ यह कहा करते हैं कि, इसके अतिरिक्त अन्य शास्त्रों के विस्तार में क्यों जाया जाय ? ।। २६-२७ ।।

अतः अर्थात् शास्त्र के वर्णन क्रम में यहाँ से अर्थात् रूपावरण साधना के बाद अब स्पर्शवती धारणा का वर्णन करने की प्रतिज्ञा भगवान् शङ्कर कर रहे हैं। यह चौथी धारणा है। इसमें केवल स्पर्श धारणा की प्रक्रिया से सम्बन्धित बातों पर ही विचार किया जा रहा है। पार्वती बड़े मनोयोग से इसके श्रवण के लिये उद्यत हैं। यह धारणा बड़ी उत्कृष्ट और महत्वपूर्ण हैं। इसके सिद्ध कर लेने का सबसे बड़ा सुपरिणाम यह होता है कि, सिद्ध साधक वज्रदेह हो जाता है। इसका तात्पर्य यह है कि, जब तक यह जीवन है, दुर्बलता को पास न फटकने दिया जाय। वज्रवत् देह से हनुमान् की तरह रामरूपी जगन्नियन्ता के कार्यों का सम्पादन करते हुये उसी की सेवा में इसे अर्पित कर दिया जाय, इसी भावना से भावित साधक इसमें प्रवृत्त होता है ।। २८ ।।

षट्कोणमण्डलान्तःस्थमात्मानं परिभावयेत् ।
रूक्षमञ्जनसंकाशं प्रत्यंक्षं[1] स्फुरिताकुलम् ॥ २९ ॥
ततोऽस्य दशभिर्देवि दिवसैस्त्वचि सर्वतः ।
भवेत्पिपीलिकास्पर्शस्ततस्तमनुचिन्तयन् ॥ ३० ॥
वज्रदेहत्वमासाद्य पूर्वोक्तं पूर्ववल्लभे ।
पूर्वोक्तमण्डलाकारं पूर्वरूपं विचिन्तयन् ॥ ३१ ॥
स्पर्शतत्त्वावृतिज्ञानं लभन्केन निवार्यते ।
होनमण्डलमात्मानं ध्यायेत्तत्पतिसिद्धये ॥ ३२ ॥

सर्वप्रथम आसन पर विराजमान साधक स्वयं को षट्कोण मण्डल में अधिष्ठित हूँ, यह अनुभव करे। शरीर प्रत्यंश अर्थात् प्रत्यङ्ग रुक्ष अर्थात् कुछ सूखा सूखा सा लग रहा है और कृष्ण वर्ण का अञ्जन के सदृश पूरा शरीर एक द्विव्य स्फुरण से व्याप्त हो रहा है, इस तरह भावना से भावित होता रहे। इस श्लोक में प्रत्यङ्गच्छुरिता कुल पाठ में कोई वैशिष्ट्य नहीं हैं।

यह प्रयोग साधक लगातार दश दिन तक करता रहे। इस सक्रियता में लगातार लगे रहने के अनन्तर यह प्रतीत होता है कि, शरीर में चोटियाँ रेङ् रही हैं। एक तरह को खुजलाहट भरी आनन्द दायिनी गुदगुदी प्रत्यङ्ग में प्रतीत होती हैं। इसी तरह को अनुभूति के आनन्द का आस्वाद लेते हुये साधनारत रहना चाहिये ॥ २९-३० ॥

उक्त प्रकार के अनुचिन्तन का परिणाम भी यही होता है कि, साधक वज्र-देहत्व को प्राप्त कर लेता है। वज्रदेहत्व की प्राप्ति का उल्लेख रूपवती धारणा के अन्त में आया हुआ है। उसी तरह के सुपरिणाम की प्राप्ति इसमें भी होती है। यह इस धारणा की पहली महत्त्वपूर्ण प्रक्रिया है।

इसी तरह षट्कोण मण्डल में रहते हुए ही पूर्व की तरह अपने अङ्गों के विषय में अनुचिन्तनरत रहना चाहिये। उस समय स्पर्श तत्त्व के आवरण का जो ज्ञान होता है, यह इस साधना की उपलब्धि है। इसका निवारण कोई नहीं कर सकता। स्पर्शावरण के पतित्व की उपलब्धि भी इसी सन्दर्भ में हो जाती है। यह दूसरी महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है। इसमें षट्कोण मण्डल ध्यान की कोई आवश्यकता नहीं रहती ॥ ३१-३२ ॥

---

१. क० पु० प्रत्यङ्गच्छुरिताकुलमिति पाठः ।

यया संसिद्धया सर्वस्पर्शवेदी भविष्यति ।
कर्णौ पिधाय यत्नेन निमीलितविलोचनः ॥ ३३ ॥
यं शृणोति महाघोषं चेतस्तत्रानुसन्धयेत् ।
दीप्यते जाठरो वह्निस्ततोऽस्य दशभिर्दिनैः ॥ ३४ ॥

दूराच्छ्रवणविज्ञानं षण्मासादुपजायते ।
यस्तस्यान्ते ध्वनिर्मन्दः किंचिच्चिकचिद्विभाव्यते ॥ ३५ ॥
सकलात्मा स विज्ञेयस्तदभ्यासादनन्यधीः ।
शब्दावरणविज्ञानमाप्नोति स्थिरतां गतम् ॥ ३६ ॥
यः पुनः श्रूयते शब्दस्तदन्ते शंखनादवत् ।
प्रलयाकलरूपं तदभ्यस्यं तत्फलेप्सुभिः ॥ ३७ ॥

जिस स्पर्श धारणा की सिद्धि होने पर सभी प्रकार के स्पर्शों को सिद्धि हो जाती है, वही यह प्रमाणित करती है कि, स्पर्शावरण का पतित्व इसे प्राप्त हो गया है। इसके बाद शाब्दी धारणा का वर्णन कर रहे हैं।

इसकी दूसरी प्रक्रिया के अनुसार कानों को ढककर और दोनों आँखों को बन्द कर देने पर जो महाघोष सुनायी पड़ता है, उसी के अनुसन्धान में अपने चित्त को स्थिर करना चाहिये। इसका परिणाम यह होता है कि, दश दिनों में ही उसकी जठराग्नि अत्यन्त तीव्र हो जातो है ॥ ३३-३४ ॥

छः मास के अनवरत अभ्यास से दूर को ध्वनियों को सुन लेने का विज्ञान उक्त साधक को प्राप्त हो जाता है। इस ध्वनि के अन्त में अनुरणन की तरह जो मन्द-मन्द ध्वनि सुनायी पड़तो है और उसका विशेष से भासन होता है, ऐसा पुरुष सकलात्मा पुरुष माना जाता है। अनन्य भावना से इस प्रकार के अभ्यास की आवश्यकता होती है। इसके सतत अभ्यास से शब्दावरण विज्ञान अवश्य सिद्ध हो जाता है ॥ ३५-३६ ॥

इसके बाद शंखनाद की तरह की ध्वनियाँ भी सुन पड़ती हैं। उस अवस्था में साधक प्रलयाकल अवस्था का अधिकारी हो जाता है। उत्तम फल की चाह रखने वाले साधकों का यह कर्त्तव्य है कि, इसकी सिद्धि का प्रयत्न करें ॥ ३७ ॥

स एवातितरामन्यशब्दप्रच्छादको यदा ।
विज्ञानाकल इत्युक्तस्तदासावपराजिते ॥ ३८ ॥
मनोह्लादकरो योऽन्यस्तदन्ते संविभाव्यते ।
स मन्त्र इति विज्ञेयो योगिभिर्योगकाङ्क्षिभिः ॥ ३९ ॥
ततस्तु श्रूयते योऽन्यः शान्तघण्टानिनादवत् ।
स मन्त्रेश इति प्रोक्तः[1] सर्वसिद्धिफलप्रदः ॥ ४० ॥
घण्टानादविरामान्ते यः शब्दः संप्रजायते ।
मन्त्रेशेशपदं तद्धि सिद्धीनां कारणं महत् ॥ ४१ ॥

इसके बाद ही विज्ञानाकल अवस्था की सिद्धि का क्रम आता है। इस अवस्था में ऐसी शक्ति उत्पन्न हो जाती है, जो अन्य ध्वनियों को अतिक्रान्त कर उन्हें आच्छादित कर लेती है। भगवान् कहते हैं कि, किसी के द्वारा पराजित न होने वाली अपराजिता संज्ञा से विभूषित देवि! यह विज्ञानाकल सिद्धि अत्यन्त महत्त्वपूर्ण मानी जाती है ॥ ३८ ॥

इस साधना में संलग्न साधक को बाद में ऐसी ध्वनि भी सुनायी पड़ती है, जिसे सुनकर मन मयूर नृत्य करने लगते हैं। एक प्रकार के मानसिक आह्लाद का अनुभव होने लगता है। योगमार्ग में प्रावीण्य प्राप्त करने वाले साधकों द्वारा यह ज्ञातव्य है कि, ऐसे साधक को 'मन्त्र' की संज्ञा से विभूषित करते हैं ॥ ३९ ॥

यह सारा का सारा चमत्कार और सभी स्तर कानों को बन्द करने पर ही और आँखों को निमीलित रखने की दशा में ही प्राप्त होते हैं। इस तरह श्लोक तैंतीस का अन्वय सबमें होता है। मन्त्र स्तर के उपरान्त शान्त घण्टानिनाद सुन पड़ता है। इस ध्वनि का सुपरिणाम सर्वसिद्धिप्रद माना जाता है। ऐसा योगी मन्त्रेश्वर कहलाता है ॥ ४० ॥

शान्त घण्टाध्वनि के उपरान्त एक ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है, जिसमें एक महत्त्व पूर्ण अनिवर्चनीय ध्वनि सुनायी पड़ने लगती है। वह बड़ी ही मधुर और चामत्कारिक ध्वनि होती है। इस ध्वनि को सुनने वाला सौभाग्यशाली योगी मन्त्रमहेश्वर होता है। यह मन्त्रेश्वरों का भी स्वामी हो जाता है। मन्त्रेश से उच्च इस स्तर की इस सिद्धि से अन्य सिद्धियाँ भी सरलता से प्राप्त होने लगती हैं ॥ ४१ ॥

---

१. क० पु० मन्त्रेश इति मन्त्र इति पाठः ।

अनिलेनाहता वीणा यादृङ्नादं विमुञ्चति ।
तादृशो यो ध्वनिस्तत्र तं विद्याच्छांभवं पदम् ॥ ४२ ॥

पृथग्वा क्रमशो वापि सर्वानेतान्समभ्यसेत् ।
प्राप्नोति सर्वसिद्धीः शब्दावरणमाश्रिताः ॥ ४३ ॥

इत्येताः कथिताः पञ्च तन्मात्राणां तु धारणा ।

इति श्रीमालिनीविजयोत्तरे तन्त्रे तन्मात्रधारणाधिकारश्चतुर्दशः ॥ १४ ॥

सुन्दर सी वीणा का यन्त्र एक स्थान पर रख दिया गया है। संयोगवश हवा के कुछ ऐसे प्रवाह वहाँ प्रवाहित होने लगते हैं, जिनसे उस वीणा के तार झङ्कृत होने लगते हैं । इस दिव्य स्वाभाविक ध्वनि का भाग्यशाली श्रोता महान् होता है। यह शाम्भव पद ही होता है, जिसमें ऐसी ध्वनि सुन पड़ने लगती है ॥ ४२ ॥

भगवान् शङ्कर यह निर्देश कर रहे हैं कि, योगी अपनी इच्छा के अनुसार पृथक्-पृथक् रूप से या चाहे तो क्रमिक रूप से इन ध्वनियों के सुनने का अभ्यास कर सकता है । शब्दावरण से सम्बन्धित सभी प्रकार की सिद्धियों का वह अधिकारी हो जाता है, जो इन ध्वनियों के श्रवण से उत्पन्न स्तरीयता प्राप्त करता है। अन्त में यह कहा जा सकता है कि, वह योगी सर्वज्ञ ही हो जाता है। इस प्रकार से शाब्दी धारणा के वर्णन के साथ पञ्चतन्मात्र धारणाओं की सिद्धि का यह प्रकरण पूर्णता को प्राप्त हो गया है। इसमें सारी सिद्धियों का क्रमिक निर्देश है ॥ ४३ ॥

परमेशमुखोद्भूत ज्ञानचन्द्रमरीचिरूप श्रीमालिनीविजयोत्तरतन्त्र का
डॉ० परमहंस मिश्र कृत नीर-क्षीर विवेक भाषा-भाष्य संवलित
तन्मात्राधारणाधिकार नामक चौदहवाँ अधिकार परिपूर्ण ॥ १४ ॥
॥ ॐ नमः शिवायै ॐ नमः शिवाय ॥

अथ पञ्चदशोऽधिकारः

अथ वागिन्द्रियादीनां मनोन्तानामनुक्रमात् ।
धारणाः संप्रवक्ष्यामि दशैकां च समासतः ॥ १ ॥

वदनान्तं नमः शब्दमात्मनश्चिन्तयेद्बुधः ।
गृहीतवाक्त्वमभ्येति मौनेन मधुसूदनि ॥ २ ॥

सौः

परमेशमुखोद्भूतज्ञानचन्द्रमरीचिरूपम्

श्रीमालिनीविजयोत्तरतन्त्रम्

डॉ० परमहंसमिश्रकृत नीरक्षीर-विवेक भाषा-भाष्य संवलितम्

पञ्चदशोऽधिकारः

[१५]

इस अधिकार के अन्तर्गत ५ ज्ञानेन्द्रियों, ५ कर्मेन्द्रियों और ग्यारहवें मन की एकादश धारणाओं का क्रमिक रूप से और संक्षेप रूप से कथन करने की प्रतिज्ञा भगवान् स्वयम् अपने मुखारविन्द से कर रहे हैं। इन्द्रियों की धारणायें सूक्ष्म हैं। अतः यह कह कर देवी को सावधान कर रहे हैं। देवी ग्राहिका शक्ति होती है। इस वागात्मक तत्त्व को धारण कर विश्व को ज्यों का त्यों वरन् और भी सुन्दर रूप में लौटाने की क्षमता देवी माँ में ही होती है। इसी दृष्टि से सावधान कर भगवान् शिव अपनी दिव्य वाक् का प्रयोग कर रहे हैं ॥ १ ॥

भगवान् केवल उपदेश नहीं देते। वे तुरत विधि में उतार कर वैसा करने का निर्देश भी देते हैं। विधि में तुरत सक्रिय साधक लक्ष्य तक पहुँचने में सफल हो जाता है। यहाँ वे यही कर रहे हैं। उनका कहना है कि, वाक् तत्त्व भाव संप्रेषण का सर्वोत्तम माध्यम है। इस तत्त्व की धारणा के लिये बुद्धिमान् साधक साधना-निष्ठ होकर आसन पर मौन भाव से परिनिष्ठित होकर बैठा है। उसे स्वयं अपने प्रति उचित वचन का नमः के साथ प्रयोगात्मक चिन्तन करना चाहिये। नमः के

सर्वत्रास्खलिता वाणी षड्भिर्मासैः प्रवर्तते ।
सर्वशास्त्रार्थवेत्तृत्वं वत्सरादुपजायते ॥ ३ ॥
वागेवास्य प्रवर्तेत काव्यालङ्कारभूषिता ।
त्रिभिरब्दैः स्वयं कर्ता शास्त्राणां संप्रजायते ॥ ४ ॥

साथ चतुर्थी विभक्ति का प्रयोग व्याकरण सम्मत है । अतः मौन 'आत्मने नमः' इस वाक् का अनुचिन्तन करना चाहिये । इससे भगवान् कहते हैं कि, पार्वति ! तुरत वाक् के भावात्मक स्वरूप में प्रवेश हो जाता है । यहाँ आत्मने नमः यह मौन वाक् प्रयोग अनुचिन्तन की अवस्था में मन्त्रात्मक बन जाता है और तुरत प्रभावोत्पादक बन जाता है ॥ २ ॥

इस वागात्मक चिन्तन की उपाय-समय-सीमा के अनुरूप प्रयोग से परिणाम में स्पष्ट अन्तर अनुभूति का विषय है । भगवान् के आदेशानुसार अनवरत छः मास तक यह प्रक्रिया वह प्रयोग में लाता रहे तो, उसे वाक् शक्ति सिद्ध हो जाती है कि, वह सर्वत्र त्रुटिरहित वाणी का प्रयोग करने में सफल हो जाता है । यह सिद्धि उसे छः मास में हो जाती है ।

यदि इसी तरह लगातार एक वर्ष तक लगे रहकर यह साधना करता रहता है, तो एक चमत्कार हो जैसा घटित हो जाता है । इस प्रयोग से साधक सारे शास्त्रों के रहस्यार्थ का वेत्ता बन जाता है । अर्थात् वाक् तत्त्व से अर्थ तत्त्व में उसका प्रकाशमय प्रवेश हो जाता है ॥ ३ ॥

उस साधक की पहली सिद्धि वाक् तत्त्व में अनुप्रवेश, दूसरी अस्खलित वाणी, तीसरी सर्वशास्त्रार्थ वेत्तृत्व के साथ ही वह जहाँ जिस रूप में वाणी का प्रयोग करता है, उसमें काव्य की कमनीयता और अलङ्कारों की आकर्षणशीलता भी स्वतः उत्पन्न होती रहती है । इस तरह सारस्वत वरदान से विभूषित हो जाता है ।

इसी तरह साधक यदि इस प्रक्रिया को लगातार तीन साल तक पूरा करता रहता है, तो वाणी का वर्चस्व उसे प्राप्त हो जाता है । वह स्वयं शास्त्र निर्माता बन जाता है । शास्त्रकार के रूप में उसकी प्रतिभा का वैशद्य विश्व पर छा जाता है ॥ ४ ॥

तत्रैव चिन्तयेद्देहं स्वकीयमनुरूपतः ।
भूयस्तमेव धवलीभूतेजोवभासितम् ॥ ५ ॥

रसान्तः सोमबिम्बादितेजोन्तं तमनुस्मरेत् ।
सर्वं फलमवाप्नोति वागावरणजं क्रमात् ॥ ६ ॥

पाणौ च तं समादाय षष्मासाद् दूरसंस्थितम् ।
वस्तु गृह्णात्यसंदेहाद्ग्रबदात्पारेऽपि वारिधेः ॥ ७ ॥

अब उक्त प्रयोग कुछ विशेषता लाने की बात भगवान् कह रहे हैं। उनके अनुसार अभी तक 'वाक्' का मौन अनुचिन्तन 'आत्मने नमः' मन्त्र रूप था। अब उसमें अपने शरीर का साकार अनुचिन्तन साधक करने लगता है। कुछ दिनों के बाद कुछ तेजस्कता से समन्वित शरीर को श्वैत्य से समन्वित अनुभव करना प्रारम्भ करता है। इसमें धवलता का अवभासन होता रहता है॥ ५ ॥

इसी क्रम में उसे दो तत्त्वों का अनुचिन्तन करने का उपदेश भगवान् विधि क्रिया के प्रयोग के माध्यम से कर रहे हैं।

१—पहली प्रक्रिया के अनुसार श्वेत शरीर की धवलता के सन्दर्भ में सोमतत्त्व का अनुचिन्तन करना चाहिये। सोमतत्त्व और सूर्य तत्त्वों का समुच्छलन ही इस शरीर में निरन्तर हो रहा है। इसे ही जीवन कहते है। सोमतत्त्व सोम रस प्रधान होता है। शरीर का रस भाग सोमतत्त्व से ओत प्रोत है। इसके भी अन्तराल में आन्तर रूप से अनुस्मरण इस प्रयोग को महत्त्वपूर्ण बना देता है। साधक को सोम बिम्ब की अनुभूति उसमें स्वभावतः होने लगती है।

२—दूसरी प्रक्रिया में तेज का अनुचिन्तन करना होता है। तेज सूर्य तत्त्व है। प्राणतत्त्व ही सूर्य तत्त्व है। उसी प्राणात्मक तेजस्विता से समन्वित शरीर का भी साथ ही अनुस्मरण करना चाहिये।

इस तरह शरीर का केवल पार्थिव स्वरूप ही वहाँ स्मृति का विषय नहीं बनता, वरन् उसका सोमसूर्यात्मक समन्वय मय महत्त्वपूर्ण अनुचिन्तन होता है। इस प्रक्रिया से वागात्मक आवरण के जितने रहस्य हैं, वे सभी इस प्रमुख प्रयोग से आविष्कृत हो जाते हैं। यह जीवन का महाफल माना जाता है॥ ६ ॥

यह एक चमत्कार ही है कि, हाथ बढ़ाकर किसी दूरस्थ वस्तु को प्रत्यक्ष ग्रहण कर लिया जाय। वस्तु तो वहाँ है, नहीं किन्तु हाथ बढ़ाते ही उसमें आ जाती

तत्रात्मदेहं पूर्वं तु पद्माभमनुचिन्तयन् ।
सव्यापारादिभेदेन चतुर्दशकमादरात् ॥ ८ ॥

पूर्वोक्तकालनियमात्पूर्वोक्तेनैव[1] वर्त्मना ।
सर्वं फलमवाप्नोति हस्तावृत्तिसमाश्रितम् ॥ ९ ॥

है। यह कैसे होता है, इस सम्बन्ध में भगवान् शङ्कर उसकी प्रक्रिया का स्पष्टीकरण कर रहे हैं। सर्व प्रथम उक्त रूप में वर्णित शरीर को हाथ बढ़ाकर पाणि प्रदेश में ही स्मरण किया जाय। यह प्रयोग लगातार छः माह तक करना चाहिये। छः माह में मनोयोग पूर्वक इस साधना में रत रहने से दूरस्थ वस्तु के अधिग्रहण की बात ध्रुव सत्य रूप में व्यक्त हो जाती है।

इसी श्लोक में एक दूसरी प्रक्रिया का भी उल्लेख है। इसके अनुसार वहीं तत्काल निर्दिष्ट फलों की सिद्धि होती है। उक्त पहली क्रिया में हाथ पर उस शरीर का ध्यान करने से दूर की वस्तु किन्तु एक वर्ष इसी क्रिया के करने पर समुद्र पार की वस्तु भी हाथ बढ़ाकर मँगायी जा सकती है ॥ ७ ॥

इसी परिवेश में साधक अपने शरीर को पद्म की तरह प्रियता के प्रकर्ष के साथ प्रविकसमान मानकर उसी तरह अनुचिन्तन करे। इस अनुसन्धान की दो अवस्थायें भी ध्यातव्य हैं। १. सव्यापार पद्माभ अनुचिन्तन और २. दूसरे निर्व्यापार पद्माभ अनुचिन्तन। इस श्लोक तक १२ भेदमयी यह धारणा कुल चौदह प्रकार की होती है। इसका वर्णन श्लोक ११ तक किया गया है। वहाँ चौदह भेद पूरे हो जाते हैं। ऐसी दशा में भी चौदहों भेदों के प्रति आदर की बात यहाँ संकेतित कर दी गयी है। इसका संकेत चौदह भेदों में भी सव्यापार और निर्व्यापार चिन्तन के लिये भी गृहीत किया जा सकता है ॥ ८ ॥

पहले कहे गये काल के नियम साधना की सीमा का निर्धारण करते हैं। इन्हें यथावत् मानकर उसी क्रम से धारणाओं को सिद्धि के लिये प्रयत्नशील होना चाहिये। इसी अनुशासन में रहकर सिद्धियाँ प्राप्त की जा सकती हैं और उनके फल से लाभान्वित हुआ जा सकता है। इसमें एक नयी बात की ओर ध्यान आकृष्ट किया गया है। श्लोक सात में हाथ में देहानुसन्धान का निर्देश किया गया है। यहाँ हस्तावृत्ति का उल्लेख किया गया है। इससे दाहिने और बाँयें हाथों में परिवृत्ति क्रम से इस प्रक्रिया को पूरी करने का निर्देश है। इससे भी उसी प्रकार के फलों की प्राप्ति की जा सकती है ॥ ९ ॥

---

१. ग० घु० पुरोक्तेति पाठः

पादावेवंविधो ध्यायन्वत्सरत्रयमादरात् ।
मुहूर्तेन समुद्रान्ताश्रान्तो भ्रमति क्षितिम् ॥ १० ॥
चतुर्दश समभ्यर्च्य स्वदेहादिकमभ्यसन् ।
प्राप्नोति पूर्ववत्सर्वं फलं पादावृतिस्थितम् ॥ ११ ॥
पायावपि [1]मनस्तत्त्वं स्थिरीकुर्वन्नवाप्स्यति ।
वायेन तद्भवव्याधिविमुक्तिमवलम्बितः ॥ १२ ॥

तीन वर्ष तक हाथों की तरह पैरों में ही ध्यान करने की प्रक्रिया का निर्देश है। इसमें भी परिवृत्ति की जा सकती है। इसका परिणाम अप्रकल्पनीय हैं। इस प्रक्रिया में सिद्धि प्राप्त कर लेने पर आसमुद्रान्त समस्त भूमण्डल का चंक्रमण मुहूर्त्त मात्र में ही किया जा सकता है। इसमें श्रान्ति या थकावट भी नहीं होती। इसलिये अश्रान्त अर्थात् अनवरत रूप से आने जाने का काम किया जा सकता है। प्राचीन काल के पौराणिक आख्यानों में इस प्रकार के कथानक आते हैं, जिनसे यह सिद्ध होता है कि, ऋषियों, महर्षियों, सिद्धों नाथपंथियों और शैव वैष्णव साधकों में यह प्रक्रिया पूरी तरह प्रचलित थी। आज इसके प्रयोक्ता दीख नहीं पड़ते ॥ १० ॥

इस प्रकार साधना में रत साधक यथा निर्देश इन चौदह विधियों का सम्यक् रूप से अभ्यर्चन अर्थात् श्रद्धापूर्वक सम्पादन करते हुये और उक्त प्रकार से स्वशरीर सम्बन्धित अभ्यास करते हुये, पैरों की आवृति पर्यन्त समस्त साधनाओं को करते हुये निर्दिष्ट सभी सुपरिणामों से प्राप्त यशस्विता से समन्वित हो जाता हैं। इसमें एक रहस्यात्मक संकेत भी निहित है। चतुर्दशधाम शैव धाम माना जाता है। चतुर्दश की अभ्यर्चना में इस साधना के साथ शैवसद्भाव अनिवार्यतः अपेक्षित है, यह अर्थ भी लगाना आवश्यक है ॥ ११ ॥

विषयान्तर की तरह यहाँ वायु से सम्बन्धित विषय का निर्देश कर रहे हैं। यदि 'मन' से सम्बन्धित नहीं होता, तो विशुद्ध विषयान्तर होता किन्तु मनतत्त्व की बात होने के कारण वर्ण्य विषय के रूप में ग्रहणीय है। इसके अनुसार पायु में मनस्तत्त्व को समाहित कर बल्कि एकदम स्थिर कर पायु सम्बन्धी समस्त रोगों से छुटकारा मिल जाता है। इसकी समय सीमा एक माह है। लगातार एक माह इस साधना में रत रहना चाहिये ॥ १२ ॥

---

१. ग० पु० मनस्तद्वदिति पाठः

पुण्यश्लोकत्वमाप्नोति त्रिभिरब्दैरनादरात् ।
चतुर्दशविधं चात्र पूर्ववत्फलमाप्स्यति ॥ १३ ॥

स्वरूपतः स्मरेल्लिङ्गं मासमात्राज्जितेन्द्रियः ।
षड्भिर्मासैरनायासादिच्छाकामित्वमाप्नुयात्[1] ॥ १४ ॥

चतुर्दशविधे भेदे तत्राभ्यस्ते महामतिः ।
लिङ्गावरणजं सर्वं पूर्ववल्लभते फलम् ॥ १५ ॥

यदि तीन वर्षों तक लगातार मानसिक स्थैर्य को यह साधना की जाय तो आनन फानन में उसे कीर्त्ति प्राप्त हो जाती है। यहाँ अनात् अरात् एक निपात का तरह प्रयुक्त हैं। अनात् अरात् हजारों साल पहले आनन-फानन अर्थ में प्रचलित निपात शब्द हैं। इन्हें अनादर अर्थ में यहाँ नहीं लेना चाहिये। इसके भी चौदह भेद हैं, रहस्यात्मक हैं। वास्तव में पायु में ही मूलाधार चक्र है। इसके पाँच बीजाक्षर, ब्रह्मा और डाकिनी शक्ति इनके सव्यापार और निर्व्यापार भेद चतुर्दश प्रकारता का संकेत करते हैं। इससे पूर्ववत् सुन्दर परिणामों की प्राप्ति होती है॥ १३ ॥

इस श्लोक में लिङ्ग विषयक साधना का निर्देश हैं। इस अद्भुत दिव्य देह के संयोजन में अदृश्य शक्ति में विविध प्रकार की अनिर्वचनीय संरचना को आधार और आकृति दी है। इसमें लिङ्ग नामक अवयव का महत्त्वपूर्ण स्थान है। इसका 'स्व' रूप रहस्यमय प्रकल्पनाओं से ओत-प्रोत है। इसमें मन को स्थिर करना एक साधना है। इच्छा कामित्व इसका सुफल है। इसमें समय सीमा छः मास है। इसी समय सीमा में यह सिद्ध हो जाता है॥ १४॥

इसमें स्वाधिष्ठान चक्र का महाप्रभाव है। कूर्चबीज के द्वारा लिङ्ग मूल में संकोच विकोच का अनुभव योगी करते हैं। इसमें इन सब तथ्यों का मानसिक स्मरण करने का निर्देश भगवान् कर रहे हैं। जितेन्द्रिय भाव से अर्थात् इस विशेष साधना समय में मैथुन आदि से पृथक् ब्रह्मचर्य भाव में रहते हुये यह क्रिया करनी चाहिये। इसके भी चौदह भेद होते हैं। महाप्राज्ञ योगिवर्य ही इसके अभ्यास में प्रवृत्त होते हैं और लिङ्गावरण विजय प्राप्त करते हैं तथा पूर्व में कहे गये समस्त फलों का लाभ प्राप्त करते हैं॥ १५ ॥

---

१. क० पु० इच्छासिद्धिमवाप्नुयादिति पाठः

स्वजिह्वामिन्दुवर्णाभां चिन्तयेद्दशभिर्दिनैः ।
प्राप्नोत्यनुभवं योगी जिह्वाभवमिवात्मनः ॥ १६ ॥

आस्वादयति दूरस्थं षण्मासादेकमानसः ।
वत्सरैस्तु त्रिभिः साक्षाल्लेढ्यसौ परमामृतम् ॥ १७ ॥

येनासौ भवति योगी जरामरणवर्जितः ।
अपेयादिप्रसक्तोऽपि न पापैः परिभूयते ॥ १८ ॥

पूर्ववत्सर्वमन्यच्च स्वदेहाद्यनुचिन्तयन् ।
फलमाप्नोत्यसंदेहाद्रसनावृतिसंभवम् ॥ १९ ॥

यहाँ से रसनारूप ज्ञानेन्द्रिय जन्य साधना के सम्बन्ध में बतलाया जा रहा है। सर्व प्रथम अपनी जीभ को चन्द्र के समान श्वेतवर्ण वाली आभा से भास्वर रूप में चिन्तन करना चाहिये। इसकी समय सीमा मात्र दश दिन की है। दश दिन के बाद योगी अपनी रसना से उत्पन्न अनुभवों से विविध प्रकार की प्रेरणा प्राप्त करता है। इस श्लोक में प्रयुक्त 'इव' अव्यय अनुभूति के विविध आयामों का प्रकल्पन करने को प्रेरित सा कर रहा है। अपने जिह्वा-सम्भूत रूप की कल्पना में इन्द्रिय जन्य दिव्यता का भी संकेत मिलता है ॥ १६ ॥

यदि छः मास लगातार रसनेन्द्रिय के अधिष्ठान को एकाग्रचित से एक निष्ठ भाव से तथा जिह्वाग्र को श्वेतचन्द्र की विभा से भास्वर देखता या अनुभव करता रहे तो, दूरस्थ पदार्थों के आस्वाद का सामर्थ्य उसे प्राप्त हो जाता है। तीन वर्ष तक लगातार इस प्रक्रिया का अनुसरण करने पर योगी साक्षात् परम अमृत का रसास्वादन कर लेता है। परमामृत सोमतत्त्व होता है। इसी से विश्व का अस्तित्त्व सुरक्षित रहता है। इस लेहन व्यापार से योगी के अमरत्व का मार्ग प्रशस्त हो जाता है।

योगी जरा और मरण रूप जीवन की महाकष्टप्रद अवस्थाओं पर विजय प्राप्त कर लेता है। विधिनिषेध की बन्धेज से और वर्जनाओं से ऊपर उसकी स्तरीयता का परिवेश प्रशस्त हो जाता है। यदि अपेय का भी वह पान करे तो, उसके पाप के प्रतिफल उसे स्पर्श नहीं करते ॥ १७-१८ ॥

पूर्ववत् रसना को, रसना के अतिरिक्त समस्त वस्तु मात्र को और इसी तरह अपने शरीर को भी यदि वह अनुचिन्तित करता है, तो इनके अलग-अलग दिव्य

कनकाभं स्वकं [1]घ्राणमनुचिन्तयतः शनैः ।
दिवसैर्दशभिर्घ्राणशून्यतानुभवो भवेत् ॥ २० ॥
षण्मासाद्गन्धमाघ्राति दूरस्थस्यापि वस्तुनः ।
घातयेद्गन्धमाघ्राय यस्य दुष्टो भविष्यति ॥ २१ ॥
वत्सरैस्तु त्रिभिर्दिव्यं गन्धमासाद्य योगवित् ।
जरामरणनैर्गुण्ययुक्तो दिव्यत्वमर्हति ॥ २२ ॥

फलों से वह अवश्य लाभान्वित होता है। इस सब में रसनावृत्ति सम्भूत शक्ति का प्रभाव प्रधानतया परिलक्षित होता है ॥ १९ ॥

यहाँ से घ्राणेन्द्रिय धारणा का सन्दर्भ भगवान् शङ्कर के उपदेशों में प्रारब्ध है। अपने घ्राणेन्द्रिय के ध्यानगत अनुष्ठान से ही यह सम्पन्न होता है। इसमें सर्वप्रथम अपने घ्राण को स्वर्ण के समान पाण्डुर प्रधान पीलाभ रूप में शनैः शनैः अनुचिन्तित करना चाहिये। दश दिन में साधक को यह अनुभव होने लगता है कि, नासिका है ही नहीं ॥ २० ॥

इस प्रक्रिया में लगार छः मास का समय लगाने से अर्थात् अशिथिल भाव से एकनिष्ठता और आस्था पूर्वक इस साधना के करने से किसी गन्धवद् वस्तु का गन्ध, दूर अवस्थित रहने पर भी वह साधक ग्रहण कर लेता है। साधक में ऐसी शक्ति का उल्लास हो जाता है कि, जो व्यक्ति दुष्ट होता है, अथवा साधक से शत्रुभाव रखता है, द्वेषरत रहता है, उसका गन्ध दूर से ही सूँघकर उसके ऊपर आघात कर सकता है, उसका प्रतिकार कर सकता है और यदि द्वेष रखने वाला घात करता है, तो उसका उत्तर वह घात से दे सकता है ॥ २१ ॥

तीन वर्षों तक अनवरत साधना संलग्न रखने वाला साधक दिव्य अर्थात् देवों और दैवी शक्तियों के गन्ध ग्रहण में समर्थ हो जाता है। दूसरा महत्त्व पूर्ण परिणाम यह होता है कि, जन्म और मरण के गुणों अर्थात् प्रभाव से वह रहित हो जाता है। यही जरा-मरण नैर्गुण्य है। इससे रहित होने का अर्थ है, जरा रहित अवस्था युवा की तरह जीवनी शक्ति से समन्वित हो जाता है।

दूसरी अद्भुत बात यह होती है कि, वह मृत्यु को भी जीत लेता है। शरीर से ही कालजयी हो जाता है। मृत्यु को मृत्युजित योगी ही जीत सकता है। मरण नैर्गुण्य युक्त अर्थात् अमरता को उपलब्ध योगी हो जाता है। तीसरी उपलब्धि विशेषता दिव्यता को उपलब्धि है। वह उसी के योग्य हो जाता है ॥ २२ ॥

१, क० पु० स्वकं ज्ञानमिति पाठः ।

सर्वमन्यद्यथोद्दिष्टं तथैव च विचिन्तयेत् ।
क्रमिकं फलमाप्नोति घ्राणावरणमास्थितम् ॥ २३ ॥

उदयादित्यसंकाशे चिन्तयंश्चक्षुषी निजे ।
दशाहाच्चक्षुषो रक्तस्रावानुभवमाप्स्यति ॥ २४ ॥

वेदना महती चास्य ललाटे संप्रजायते ।
न भेतव्यं महादेवि न चाभ्यासं परित्यजेत् ॥ २५ ॥

संत्यजन्नन्धतामेति तेन यत्नात्समभ्यसेत् ।
षड्भिर्मासैर्महायोगी दिव्यदृष्टिः प्रजायते ॥ २६ ॥

ऊपर इस सम्बन्ध में जो कुछ कहा गया है, वही यथोद्दिष्ट उपदेश हैं। भगवद्वाक्य रूप में यह शिव का वरदान है। उसी उपदेश रूप वरदान का आश्रय ग्रहण करना चाहिये। वैसा ही आचरण और वैसा ही चिन्तन करना चाहिये। इससे फल क्रमशः साधक को उपलब्ध हो जाते हैं। साधक घ्राणेन्द्रिय के आवरण में अवस्थित हो जाता है ॥ २३ ॥

यहाँ से चक्षु इन्द्रिय की धारणा की अवधारणा में सिद्धि के अभिलाषी साधकों के लिये ऐसा ही उपदेश किया जा रहा है। इसमें सर्वप्रथम साधक अपनी दोनों आँखों को अरुणिमा से युक्त उषः कालीन तत्त्व में उदित हो रहे सूर्य बिम्ब के सदृश अनुचिन्तन करें। इस अनुभूति में रत रहने का परिणाम यह होता है कि, दश दिन में साधक को लगता है कि, आँखों से रक्तस्राव हो सकता है ॥ २४ ॥

दश दिन के इस साधारण से अभ्यास से साधक के सामने कठिनाइयाँ सी आती जान पड़ने लगती हैं। उसे ऐसा आभास होता है कि, मेरे ललाट में भयङ्कर वेदना हो रही है। उस महती वेदना से वह घबड़ाने सा लगता है। वह साधना विरत होने को सोचने लगता है। भगवान् विश्वनाथ कह रहे हैं कि, इस अवस्था में भी साधकों को तनिक भी घबराहट नहीं होनी चाहिये, न डरना ही चाहिये। किसी दशा में भी अभ्यास का परित्याग करना चाहिये। वरन् मनोयोग पूर्वक और भी प्रवृत्त होकर निर्भीक भाव से साधना में प्रवृत्त रहना चाहिये ॥ २५ ॥

इस अवस्था में दुर्भाग्य वश यदि साधक इस साधना प्रक्रिया से विरत हो जाता है, तो उसे भयङ्कर परिणाम भुगतना पड़ता है। सर्वप्रथम उसकी आँखों के

छिद्रां प्रपश्यते भूमिं कटाहान्तामतन्द्रितः ।
आध्रुवान्तमथोर्ध्वं च करामलकवद्बुधः ॥ २७ ॥
वत्सरैस्तु त्रिभिर्योगी ब्रह्माण्डान्तं प्रपश्यति ।
तदन्तर्योगिनीज्ञानं शरीरस्थं प्रजायते ॥ २८ ॥
स्वदेहादिकमन्च्च पूर्वोक्तं पूर्ववत्स्मरन् ।
नयनावृतिजं सर्वमाप्नोतीति किमद्भुतम् ॥ २९ ॥

जाने का भय रहता है और अन्धेपन का भोग भोगना पड़ सकता है। किन्तु कार्य न छोड़ने वाले साधक को कोई भय नहीं रहता। यदि लगातार वह छः माह तक इस प्रक्रिया में मनोयोग पूर्वक लगा रहता है, तो वह महायोगी दिव्य दृष्टि सम्पन्न हो जाता है ॥ २६ ॥

प्रक्रिया में सविधि सन्निरत और सावधानी पूर्व साधना में संलग्न साधक आकटाहान्त भूमण्डल के छिद्रों को प्रत्यक्ष देखने की शक्ति से समन्वित हो जाता है। उस दृष्टि के प्रभाव से ध्रुवपर्यन्त सब कुछ देख सकता है। उसे अधः ऊर्ध्व सब कुछ हाथ में आँवले की तरह दिखायी देने लगता है। यह दृष्टि का ही महा-प्रभाव माना जाता है ॥ २७ ॥

तीन वर्ष तक लगातार इसी साधना में लगा रहने का महाफल उसे प्राप्त होता है। वह समग्र ब्रह्माण्ड और ब्रह्माण्ड के अन्तिम चतुर्दिक् छोरों के देखने में समर्थ हो जाता है। ब्रह्माण्ड की आन्तरिक यौगिक क्रियाओं, उसकी योगिनी शक्तियों और उसके निर्माण की सारी प्रक्रियाओं का समग्र दर्शन हो जाता है। इसी प्रकार शरीर की संरचना का सारा स्वरूप उसे दिखायी पड़ जाता है ॥ २८ ॥

अपने शरीर और शरीर संरचना से सम्बन्धित समग्र विषयों का स्मरण करते हुये नेत्रेन्द्रिय के आवरण विज्ञान का पूर्ण जानकार हो जाता है। इस आश्चर्य जनक ज्ञान से सम्पन्न होने के अतिरिक्त भी वह अद्भुत दर्शन में समर्थ हो जाता है। यहाँ नेत्रेन्द्रिय धारणा के विषय में विभिन्न प्रकार के काल जन्य भेदों का निर्देश भगवान् ने दिया है ॥ २९ ॥

सर्वत्राञ्जनपत्राभां निस्तरङ्गां त्वचं स्मरन् ।
शस्त्रैरपि न मासेन [1]हन्तुं शक्यो भविष्यति ॥ ३० ॥

षण्मासादतितीव्रेण नाग्निनाप्येष दह्यते ।
वत्सरत्रितयाद्योगी वज्रोपलविषादिभिः ॥ ३१ ॥

पीड्यते न कदाचित्स्यादजरामरतां गतः ।
स्पर्शावृतिजविज्ञानगीतवच्च चतुर्दश ॥ ३२ ॥

शरीर स्थित ज्ञानेन्द्रियों में त्वगिन्द्रिय का विशिष्ट महत्त्व है। यहाँ से त्वगिन्द्रिय सम्बन्धी धारणाओं का निर्देश कर रहे हैं। सर्वप्रथम सर्व शरीर में चर्म में अधिष्ठित त्वक् कृष्ण अञ्जन पत्र-सदृश आभा से युक्त त्वक् का स्मरण साधक को करना चाहिये। इसे कृष्णाञ्जन त्वक् धारणा कहते हैं। साधक को अनवरत एक मास तक इसे नित्य और नियमित रूप से करने का निर्देश शास्त्र देता है। इस धारणा से त्वगिन्द्रिय इतनी कर्कश हो जाती है कि, उस पर कोई प्रहार काम नहीं करता। यहाँ तक कि, कोई तीक्ष्ण शस्त्र से प्रहार कर भी उसे मार नहीं सकता। इसमें सन्देह के लिये कोई अवकाश नहीं ॥ ३० ॥

इस प्रक्रिया को एक मास तक अनवरत करने का इतना सुन्दर परिणाम बताने के बाद भगवान् शङ्कर कह रहे हैं कि, यही क्रम यदि लगातार छः मास तक साधक अपनाता रहे और अपने त्वगाधार का उसी तरह चिन्तन करता रहे, तो भयङ्कर ज्वालाओं से जाज्वल्यमान अग्नि के द्वारा भी वह भस्म करना तो दूर, झुलसाया भी नहीं जा सकता।

इसी क्रम को लगातार यदि साधक तीन वर्षों तक चलाता रहे, तो वज्रोपम उपल और विष आदि का भी कोई दुष्प्रभाव उसके ऊपर नहीं पड़ता। इन विपरीत पदार्थों के दुष्प्रभाव से वह सुरक्षित रहता है ॥ ३१ ॥

उक्त प्रकार की इस तान्त्रिक साधना की प्रक्रिया में अनन्य भाव से लगे रहना भौतिकता पर विजय प्राप्त करने की तरह एक भोगेच्छु साधना ही है। इससे जरावस्था पास नहीं फटक पाती। जैसे अमरता में शरीर में विकार नहीं आते, उसी तरह इस साधना में पीड़ा और स्पर्श विकार नहीं होते, यही इसकी अमरता का तात्पर्य है। पहले कही गयीं धारणाओं के समान इसमें भी स्पर्शावरण विज्ञान की सारी चौदह पार्थक्य प्रथायें अर्थात् भेद ज्ञात हो जाते हैं ॥ ३२ ॥

---

१. ग० पु० च्छेत्तुं शक्य इति पाठः ।

भेदाः सह फलैर्ज्ञेयाः पूर्वकालानुसारतः ।
किंत्वत्र चिन्तयेद्देहं स्वदेहादिभिरावृतम् ॥ ३३ ॥

संदधानः स्वकं चेतः श्रोत्राकाशे विचक्षणः ।
दूराच्छ्रवणविज्ञानं षण्मासादुपजायते ॥ ३४ ॥

त्रिभिःसंवत्सरैर्देवि ब्रह्माण्डान्तरुदीरितम् ।
शृणोति स[1] स्फुटं सर्वं जरामरणवर्जितः ॥ ३५ ॥

यहाँ ऐसे रहस्य का उपदेश भगवान् शङ्कर कर रहे हैं जो साधना के महत्त्व-पूर्ण प्रकारों में से एक है। ऊपर जितने भेद प्रख्यापित किये गये हैं, सभी कालानुसारी भेद हैं। दिन, मास, वर्ष पर्यन्त जो साधनायें की जाती हैं, उनके भेद और फल उसी क्रम से जान लिये जाते हैं और जान लेना भी चाहिये। इस साधना की अन्तिम परिणति स्वशरीर को स्वशरीरों से आवृत अनुभव करना है, इस प्रकार का चिन्तन करना चाहिये। देह को देह इत्यादि आवृत्त समझना ही नहीं अनुभव भी करना चाहिये ॥ ३३ ॥

यहाँ से श्रोत्रेन्द्रिय साधना का उपदेश कर रहे हैं। उनका कहना है कि, सर्वप्रथम अपने चित्त को विचक्षण साधकाचार्य अपने श्रोत्राकाश में स्थिर करने का प्रयत्न करे। इस अनुसन्धान में रहे कि, मेरा चित्त यहाँ क्या अनुभव कर रहा है ? वह यह देखेगा अर्थात् अनुभव करेगा कि, मुझे क्रमशः दूर की बातें भी सुनायी देने लगीं हैं। छः मास बीतते-बीतते वह इस विज्ञान का कालानुसारी सामर्थ्य प्राप्त कर लेता है ॥ ३४ ॥

भगवान् शङ्कर कहते हैं कि, देवि पार्वति ! साधक यदि तीन वर्ष पर्यन्त लगातार इस साधना में संलग्न रहता है, तो उसका अद्भुत फल मिलता है। साधक ब्रह्माण्ड में जहाँ भी जिस प्रकार के शब्द हो रहे हैं, उनका यथेच्छ श्रवण कर सकता है। सारी बातें वह ज्यों की त्यों सुन सकता है। साथ ही वह जरा और मृत्यु पर भी विजय प्राप्त करने में समर्थ हो जाता है ॥ ३५ ॥

---

१. क० पु० स्फुटं सर्वमिति पाठः ;

तत्राकाशोक्तवत्सर्वं स्वदेहाद्यनुचिन्तयेत् ।
श्रोत्रावरणं सर्वं फलमाप्नोति पूर्ववत् ॥ ३६ ॥
मनोवतीमतो वक्ष्ये धारणां सर्वसिद्धिदाम् ।
यया संसिद्धया देवि सर्वसिद्धिफलं लभेत् ॥ ३७ ॥
मन एव मनुष्याणां कारणं बन्धमोक्षयोः ।
तस्मात्तदभ्यसेन्मन्त्री यदीच्छेन्मोक्षमव्ययम्[1] ॥ ३८ ॥
तदर्धचन्द्रसंकाशमधोवक्त्रं हृदि स्थितम् ।
चिन्तयन्मासमात्रेण प्रतिभां[2] प्रतिपत्स्यते ॥ ३९ ॥

इस साधना के क्रम में अपने शरीर को आकाशवत् चिन्तन का भी विधान है। जैसे आकाश सूक्ष्म, सर्वव्यापी और श्रोत्र गुण वाला है, उसी तरह अपने शरीर का भी चिन्तन करे। इसमें पाँचों तत्त्व पाँचों में व्याप्त करते हुए अन्त में आकाश में व्याप्त आकाशवत् चिन्तन करने से देह के आकाशवत् अनुभव की सिद्धि मिल जाती है। परिणामतः श्रोत्रावरण विज्ञान में वह पूर्णतया दक्ष बन जाता है॥ ३६॥

यहाँ से मनोवती साधना का उपदेश कर रहे हैं। इस साधना से सारी सिद्धियाँ हस्तामलकवत् सिद्ध हो जाती हैं। इसके अर्थात् एकमात्र मनोवती धारणा सिद्धि से सारी सिद्धियों के सुफल प्राप्त हो जाते हैं। यह ध्रुव सत्य है कि, मन ही सभी मनुष्यों के आवागमन रूप बन्ध और बन्ध से छुटकारा रूप मोक्ष, इन दोनों का एकमात्र साधन है। इसलिये भगवान् शङ्कर कह रहे हैं कि, मन्त्रोपासक या अन्य किसी प्रकार का साधक मनोवती धारणा को साधना में अवश्य लगे और इसे सिद्ध करे। यदि साधक के हृदय में अव्यय पद रूप मोक्ष को उपलब्ध होने को तनिक भी इच्छा हो तो, इस साधना को अवश्य करे॥ ३७-३८॥

इसी क्रम में एक ऐसी आकृति का प्रकल्पन स्वयम् अपने हृदय-देश में करे, जो अर्धचन्द्र के समान हो, उसका मुख नीचे की ओर का हो और चन्द्रवत् प्रकाश से परिपूर्ण हो। इस आकृतिमय प्रकल्पित विग्रह का चिन्तन यदि लगातार

---

१. ग० पु० मक्षामिति पाठः २. क० पु० पतितां प्रतीति पाठः।

अकस्मात्पश्यते किंचिदकस्माच्छृणुते तथा ।
सर्वेन्द्रियात्मकं ज्ञानमकस्माच्च क्वचित्क्वचित् ॥ ४० ॥
स्वस्वकेन्द्रियविज्ञानं संपश्येद्वत्सरत्रयात् ।
भवते योगयुक्तस्य योगिनः सुपरिस्फुटम् ॥ ४१ ॥
स्वदेहादिकमप्यत्र पूर्वोक्तवदनुस्मरन् ।
चित्तावरणविज्ञानं प्राप्य सोमगुणं लभेत् ॥ ४२ ॥

एक मास पर्यन्त करता रहे तो, इसका अद्भुत लाभ साधक को उपलब्ध होता है। वह नवनव उन्मेष शालिनी प्रतिभा की प्रतिपत्ति से सम्पन्न हो जाता है अर्थात् उसमें प्रातिभज्ञान का प्रकाश विस्फुरित हो जाता है ॥ ३९ ॥

उसे अकस्मात् रहस्यमयी शक्तियों के दर्शन हो जाते हैं। इसी तरह कहीं अचानक आश्चर्यमयी वाणी का श्रावण प्रत्यक्ष होने लगता है अर्थात् सुनायी पड़ने लगता है। यही नहीं कि, केवल नेत्रेन्द्रिय और श्रोत्रेन्द्रियों से ही ऐसा होता है। उसकी अन्य इन्द्रियों से भी इसी तरह ऐन्द्रियिक प्रत्यक्ष होने लगते हैं। अर्थात् सारी इन्द्रियाँ इसी तरह अपने-अपने विषयों के प्रत्यक्षीकरण में समर्थ हो जाती हैं। यह भी ध्यान देने की बात है कि, इन्द्रिय जन्य इस प्रकार के ज्ञान उसे हमेशा होते रहने से उसे कोई बाधा नहीं होती है। यह ज्ञान क्वाचित्क रूप से जहाँ आवश्यक होता है, वहीं होता है ॥ ४० ॥

इसी साधना को साधक लगातार तीन साल तक करता रहे, तो उसे विचित्र इन्द्रिय सम्बन्धी शक्तियाँ मिलती हैं। अपनी सभी इन्द्रियों का विज्ञान उसे स्वतः स्फुरित हो जाता है। उस विज्ञान के चामत्कारिक पक्ष के अनुदर्शन होने लगते हैं। इसमें शर्त यही है कि, लगातार योगयुक्त होकर ही इसे करना चाहिये। इस प्रकार के ज्ञान को सुपरिस्फुट ज्ञान की संज्ञा दी जा सकती है ॥ ४१ ॥

इसी योग युक्तावस्था में पहले की ही तरह अपने शरीर, अपने अस्तित्व और परिवेश को भी उस ज्ञानाश्रय विज्ञान में समाहित कर देना चाहिये। इस समाधान का अनुस्मरण करते हुये साधक चित्तावरण विज्ञान की उपलब्धि कर लेता है। इस तरह वह सोमतत्त्व वेत्ता बन जाता है ॥ ४२ ॥

इत्येकादश गीतानि समभ्यस्तानि ते तथा ।
इन्द्रियाणि, यतः सर्वं फलमेव प्रतिष्ठितम् ॥ ४३ ॥
बन्धमोक्षावुभावेताविन्द्रियाणां[1] जगुर्बुधाः ।
विगृहीतानि बन्धाय विमुक्तानि विमुक्तये ॥ ४४ ॥
एतानि व्यापके भावे यदा स्युर्मनसा सह ।
विमुक्तानीति विद्वद्भिर्ज्ञातव्यानि तदा प्रिये ॥ ४५ ॥

इस तरह इन्द्रिय और मन को लेकर एकादश धारणाओं का विज्ञान यहाँ वर्णन का विषय बनाया गया। इसी रूप में इनका अभ्यास करना चाहिये। इनको जैसा कहा गया है, उसी रूप में साधित करते रहने से इन ग्यारह तात्त्विक विज्ञानों का प्रतिष्ठा परक फल प्राप्त हो जाता है ॥ ४३ ॥

ये एकादश इन्द्रियाँ बन्ध और मोक्ष रूप में उभय प्रकारक फलों की साधयित्री और प्रदात्री हैं, ऐसा विचक्षण विद्वान् पुरुष कहा करते हैं। इनका व्यावहारिक रूप से विषयों में सम्पृक्त रहकर यदि विषयानुगुण्य में विषय सुख के लिये किया जायेगा, तो इनका परिणाम वैषयिक संस्कारों से प्रभावित और बन्धयुक्त अर्थात् बन्धनप्रद हो जाता है। अर्थात् मनुष्य आवागमन के चक्र में फँसकर चौरासी लाख योनियों में भ्रमण करने का महादुःखप्रद व्यसन पाल लेता है। इसके विपरीत इन्हें विषयों से सम्पृक्त न कर इनकी रहस्यात्मकता के विज्ञान से परिचित हो जाय, तो यही करणेश्वरी देवियाँ स्वयं साधक को दीक्षा देकर कृतार्थ कर देती हैं। साधक की विमुक्ति का मार्ग प्रशस्त हो जाता है। इसलिये साधक को इस रहस्य के प्रति सावधान रहना चाहिये। कभी भी इन्द्रिय लोलुपता के असत् आकर्षण में न पड़कर शाश्वत मुक्ति के लिये प्रयत्नशील हो जाना चाहिये ॥ ४४ ॥

ये इन्द्रियाँ मन के साथ सहयोग और सहभाव में व्यापक परमेश्वर के महाभाव सद्भाव से भावित रहकर मुक्ति का मार्ग प्रशस्त कर देती हैं। इस तरह से यह कहा जा सकता है कि, यही विमुक्ति की नींव डाल देती हैं। स्वयं भी विमुक्त रहती हैं अर्थात् विषय गत कुसंस्कारों से अलग मुक्तिपथ पर ही विचरण करती हैं। यह बात विद्वानों को गाँठ की तरह बाँध लेनी चाहिये। इनका विस्मरण कभी नहीं करना चाहिये ॥ ४५ ॥

---

१. तं० इन्द्रियाणीति पाठः

यदा तु विषये क्वापि प्रदेशान्तरवर्तिनि ।
संस्थितानि तदा[1] तानि बद्धानीति प्रचक्षते ।। ४६ ।।

इत्ययं[2] द्विविधो भावः शुद्धाशुद्धप्रभेदतः ।
इन्द्रियाणां समाख्यातः सिद्धयोगीश्वरीमते ।। ४७ ।।

इति श्रीमालिनीविजयोत्तरे तन्त्रेऽक्षधारणाधिकारः पञ्चदशः ।। १५ ।।

जब यही इन्द्रियां विषय प्रदेशों में जहाँ-तहाँ फँसी रहती हैं, जैसे नेत्रेन्द्रिय रूप जाल में, रसना विषयानुगतषट् रसों के आस्वाद में, घ्राण व्यर्थ के इत्रादि गन्ध ग्रहण में, श्रोत्र विषय रसवर्धक रागरागिनी श्रवण में, वाक् विरूपता के विषधरों की विषयमयी मूर्छा से ग्रस्त होकर गो, गायत्री, गीता, गणेश, गङ्गा के विगान में और त्वक् सुकुमार वैषयिक स्पर्श में ही लगी रह जाती हैं, तो ध्रुव सत्य है कि, प्रदेश रूप सीमा में वे बद्ध हो जाती हैं। यही बन्धप्रद बन जाती हैं ।। ४६ ।।

यह दो प्रकार के बन्धात्मक और मोक्षात्मक भाव सभी शास्त्रों द्वारा समर्थित हैं। एक को अशुद्ध भाव और दूसरे को शुद्ध भाव कहते हैं। यही सिद्ध योगीश्वरी मत का निष्कर्ष है। यही मालिनीविजयोत्तर तन्त्र के सिद्धान्त रूप में भी प्रसिद्ध है ।। ४७ ।।

परमेशमुखोद्भूत ज्ञानचन्द्रमरीचिरूप श्रीमालिनीविजयोत्तरतन्त्र का
डॉ० परमहंस मिश्र कृत नीर-क्षीर विवेक भाषा-भाष्य समन्वित
अक्षधारणाधिकार नामक पन्द्रहवाँ अधिकार परिपूर्ण ।। १५ ।।
।। ॐ नमः शिवाये ॐ नमः शिवाय ।।

---

१. क० पु० तदेतानीति पाठः

२. तं० इत्येवमिति पाठः ।

अथ षोडशोऽधिकारः

अथ गर्वमयीं दिव्यां धारणां धारणोत्तमाम् ।
महागर्वकरीं वक्ष्ये योगिनां योगवन्दिते ॥ १ ॥
षोडशारं स्मरेच्चक्रमात्मदेहमनन्यधीः[1] ।
एषोऽहमिति संचिन्त्य स्वकार्यपरिवारितम् ॥ २ ॥

सौः

परमेशमुखोद्भूतं ज्ञानचन्द्रमरीचिरूपम्

श्रीमालिनीविजयोत्तरतन्त्रम्

डॉ० परमहंसमिश्र 'हंस' कृत नीर-क्षीर-विवेक-भाषाभाष्य संवलितम्

षोडशोऽधिकारः

[१६]

परमोपास्य परमेश्वर परमेश्वरी परमाम्बा से स्वयम् परम प्रसन्न मुद्रा में मनोज्ञता पूर्वक यह प्रतिज्ञा कर रहे हैं कि, योगियों की आराध्वा और योगपूर्वक शाश्वत वन्दनीय महादेवि ! तुम मेरी गिरा की ग्राहकेश्वरी हो। श्रद्धा पूर्वक तुम इसे धारण कर रही हो। तुम्हारे श्रद्धा-अनुरोध पर मैं यहाँ धारणाओं में सर्वोत्तम दिव्य गर्वमयो धारणा का वर्णन करने जा रहा हूँ। यह योगियों की दिव्या धारणा है। यह महागर्वकरो विद्या है। ध्यान पूर्वक सुनो और इसे पूर्णतया ग्रहण करो ॥ १ ॥

अनन्य निष्ठा से सम्पन्न, बुद्धि पूर्वक योग प्रक्रिया में प्रवृत्त साधक साधना में सावधान भाव से आसन पर विराजमान हो जाय। सर्वप्रथम सोऽहं महावाक्य की तरह 'एषोऽहं' का अनुचिन्तन करना प्रारम्भ करे। साथ ही सोचे कि, पारमेश्वरी क्रिया शक्ति से सम्पन्न सभी कार्य हैं। यह किसो अदृश्य कारण से उत्पन्न हैं। इस मेरे भौतिक शरीर के 'स्व' अङ्ग बनकर जो मेरे कहला रहे हैं, मैं

---

१. ख० पु० आत्मन्यहमनन्ययोरति पाठः ।

अप्रधृष्यो भवेद्योगी वत्सरत्रितयेन तु ।
ममत्वमच्युतं तस्य भवेत्सर्वत्र कुत्रचित् ॥ ३ ॥

तादृग्रूपस्य चक्रस्य नाभिं मूर्तिं स्वकां स्मरन् ।
चिन्तयेत्सर्वमेवाहं मयि सर्वमवस्थितम् ॥ ४ ॥

ततोऽहङ्कारविज्ञानं प्राप्नोतीति किमद्भुतम् ।
हृच्चक्रे समनुध्यायन्मत्स्वरूपमतन्द्रितः ॥ ५ ॥

इनसे घिरा हुआ हूँ। यह मेरा शरीर एक चक्र है। इसका एक परिवेश है, जो चक्रात्मक है। चक्र में अरे होते हैं। जैसे पहियों में तिल्लियाँ होती हैं, उसी तरह हमारे शरीर चक्र में १६ अरे हैं। अरा शरीर से सदा बाहर की ओर निकलने वाली वैद्युतिक किरणों को कहते हैं। उनसे दूसरे पुरुष की अनुकूल प्रतिकूल स्वभाव सत्ता का परिज्ञान भी हो जाता है। ऐसे ही १६ अरा समूह से मेरा शरीर समन्वित है। इस तथ्य के स्मरण और चिन्तन में प्रवृत्त रहना प्रारम्भ करे ॥ २ ॥

तीन वर्ष तक नियमित समय सीमा का ध्यान रखते हुये इस साधना में योगी यदि प्रवृत्त रहता है, तो वह अप्रधृष्य हो जाता है अर्थात् अजेय हो जाता है। धृष् धातु क्षति या चोट पहुँचाने अर्थ में प्रयुक्त होता है। ऐसे अजेय साधक को कोई आहत नहीं कर सकता। सर्वत्र जहाँ कहीं भी उसकी क्षमता का महाप्रभाव होने लगता है। इसमें कहीं च्युति नहीं होती ॥ ३ ॥

चक्र में एक धुरी होती है। तिल्लियाँ उसी से निकलतीं और चक्र को गोल में धारण कर शक्ति प्रदान करती हैं। अपने देह चक्र के अपने शरीर के मध्य में वर्त्तमान 'मणिपूर' को अधिष्ठान 'नाभि' है। उसी तरह अपने पूरे शरीर को ही नाभि रूप धुरा मान लेना चाहिये। उक्त १६ अरों की नाभि, साधक का स्वयं का शरीर ही हैं। यह सोचकर यह ध्यान करे कि, यह पूरा विश्व चक्र इसी शरीर रूपी धुरा पर आधृत है। मेरे शरीर से निकलने वाली १६ अरायें सारे विश्व चक्र को आधार दे रही हैं। इस तरह साधक की सोच आगे बढ़कर 'मैं ही विश्व का आश्रय हूँ' 'यह सारा विश्व मुझमें ही अवस्थित है। इस प्रकार के चिन्तन की इस साधना में संलग्न हो जाता है ॥ ४ ॥

परमेश्वर शिव कह रहे हैं कि, इस प्रकार का बाह्य चिन्तन करने वाला योगी अपने आन्तर अनुध्यान के रूप में अपने हृदय में मेरा ही चिन्तन करता

अर्कलोकमवाप्नोति गर्वावरणजं फलम् ।
बिम्बादिकं क्रमात्सर्वं चिन्तयन्नीललोहितम् ॥ ६ ॥

तद्भुवं सर्वमाप्नोति दशावस्थाप्रचोदितम् ।
इति गर्वमयो प्रोक्ता प्रजापतिगुणप्रदा ॥ ७ ॥

उद्यदादित्यबिम्बाभं[1] हृदि पद्ममनुस्मरन् ।
धर्मादिभावसंयुक्तमष्टपत्रं सकर्णिकम् ॥ ८ ॥

रहे । इसका बाह्य भी मेरे चिन्तन से प्रभावित होता है । इस प्रकार वह अहङ्कार के विज्ञान का तात्त्विक अधिकारी विज्ञानवेत्ता हो जाता है । इसमें क्या आश्चर्य ? अर्थात् यह कोई अद्भुत बात नहीं है ॥ ५ ॥

यह गर्वमयी धारणा का एक महाफल है । इसमें सिद्ध हो जाने पर वह अर्क अर्थात् सूर्यलोक प्राप्त करता है । इसके भी आगे की प्रक्रिया में उत्साह सम्पन्न होकर वह प्रवृत्त होता है । उस समय वह विश्व के सभी बिम्बों में नीललोहित भगवान् भूतभावन शिव का दर्शन करने का चिन्तन करने में प्रवृत्त होता है । परिणामस्वरूप नीललोहित रुद्र के कृपा प्रसाद से उससे उत्पन्न सब कुछ पाने का अधिकारी बन जाता है । अर्थात् सर्वेश्वरवत् हो जाता है । इस गर्वमयी धारणा की दश अवस्थायें होती हैं । इन सभी अवस्थाओं को पार कर लेने वाले साधक के लिये कुछ भी अप्राप्य नहीं रहता । यहाँ तक प्रजापतित्व प्रदान करने वाली गर्वमयी धारणा का विषय पूर्णतया परमाराध्या पार्वती से भगवान् शङ्कर ने विश्लिष्ट एवं विवेचित करते हुये कहा । साधक का यह कर्त्तव्य है कि, इसे श्रद्धा पूर्वक सम्पन्न करे ॥ ६-७ ॥

इस नयी प्रक्रिया का प्रवर्त्तन करते हुये भगवान् शिव कह रहे हैं कि, हृदय में एक पद्म का चिन्तन करना चाहिये । वह पद्म उदय कालीन आदित्य के बिम्ब के समान आकर्षक और विकसमान सौन्दर्य से समन्वित हो । हृदय ऐसे कमल के अनुचिन्त के साथ ही साथ उसमें धर्म और अधर्म भाव वर्ग के आठ पत्र खिले हुये हों तथा कर्णिका और केशर से वह युक्त भी हो, ऐसा चिन्तन करना चाहिये । धर्म भाव चार [मा० अ० ८।९३] धर्म, ज्ञान, वैराग्य और ऐश्वर्य माने जाते हैं । यहाँ धर्म के साथ आदि शब्द अष्ट पत्र के प्रसङ्ग से अधर्म अज्ञान, अवैराग्य और

---

१. क० पु० उदितादित्येति पाठः ।

मासेन स्थिरबुद्धिः स्यात्षड्भिः श्रुतिधरो भवेत् ।
त्रिभिरब्दैः स्वयं कर्ता शास्त्राणां संप्रजायते ॥ ९ ॥

स्वां तत्र चिन्तयेन्मूर्त्तिं बुद्धितत्त्वं प्रपश्यति ।
तदीशज्ञानमाप्नोति ब्रह्माणमनुचिन्तयद् ॥ १० ॥

वेदानुद्गिरते सम्यक् ? [सुप्तः] समाधिस्थोऽथवा मुनिः ।
सुस्थिरास्ते सदाभ्यासादनधीता अपि स्फुटम् ॥ ११ ॥

अनैश्वर्य रूप आठों की कल्पना की जा सकती है । यदि केवल धर्मादि चार वर्ग के विन्दु ही अपेक्षित होंगे, तो केवल चार को ही दो बार न्यस्त करना चाहिये ॥ ८ ॥

एक मास के इस प्रयोग से बुद्धि में स्थिरता का संस्कार उद्दीप्त होने लगता है । यदि यही प्रक्रिया छः मास निरन्तर, इसी प्रक्रिया के ही अनुसार करने में लगा रहे, तो श्रुतिधर हो जाता है । तीन साल तक यदि यही क्रम अपनाकर पद्म चिन्तन की साधना साधक करता रहता है, तो वह शास्त्रों का स्वयं कर्त्ता बन जाता है । उसकी प्रतिभा का अप्रत्याशित विकास होने का ही यह सुफल है कि, साधना से शास्त्र के ज्ञान की नहीं, वरन् शास्त्र के कर्त्तृत्व की क्षमता भी उसमें आ जाती हैं ॥ ९ ॥

उसी पद्म में यदि स्वात्ममूर्त्ति का चिन्तन साधक करना प्रारम्भ कर देता है और इस प्रक्रिया में भी समय को उसी प्रकार सीमा का ध्यान रखता है, तो वह बुद्धि तत्त्व का तात्त्विक दर्शन करने में सक्षम हो जाता है । यदि हृत्पद्म में ब्रह्मा का ध्यान साधक करता है, तो बुद्धि तत्त्वेश्वर का ज्ञान उसे प्राप्त हो जाता है ॥ १० ॥

साधक उसी अवस्था में सुषुप्ति, या समाधि की स्थिति प्राप्त कर लेता है, अथवा सप्त प्रकारक (पद संहिता, घन, क्रम आदि) पाठ के आधार पर चारों वेदों और तीन उपवेदों का उच्चारणपूर्वक गान कर सकता है । ऐसी दशा में सिद्ध साधक अभ्यास के बल पर अनधीत अर्थात् अपठित सन्दर्भों में भी विज्ञानवान् हो जाता है ॥ ११ ॥

बिम्बादिकं क्रमात्सर्वं पूर्वोक्तमनुचिन्तयन् ।
प्राप्नोति ब्राह्ममैश्वर्यं बुद्ध्यावरणमाश्रितम् ॥ १२ ॥
हृदि बिम्बं रवेर्ध्यायंस्तदन्तः सोममण्डलम् ।
एवमभ्यसतस्तस्य षण्मासाद्युपजायते ॥ १३ ॥
दिव्यचक्षुरनायासात्सिद्धिः स्याद्वत्सरत्रयात् ।
स्वदेहं चिन्तयंस्तत्र गुणज्ञानमवाप्स्यति ॥ १४ ॥
लिङ्गाकारं स्मरन्दीप्तं तदीशत्वमवाप्नुयात् ।
बिम्बादि पूर्ववद्ध्यायन्दशकं दशकात्मकम् ॥ १५ ॥

ऊपर जितनी साधना सम्बन्धिनी उक्तियाँ है, उन मे सूर्य बिम्बादि चिन्तन ध्यान तथा काल क्रम दोनों का समन्वय करके ही क्रमिक साधनात्मक अनुचिन्तन करना चाहिये। इस तरह अनुचिन्तक उपासक क्रमशः उपासना को सम्पादित करते-करते ब्राह्म ऐश्वर्य से समन्वित हो जाता है। ब्राह्म ऐश्वर्य की उपलब्धि बुद्धि के आवरण विज्ञान की सिद्धि पर ही निर्भर करती है। यह विज्ञान इसी क्रमिक उपासना से प्राप्त हो जाता है ॥ १२ ॥

सूर्य के बिम्ब का हृदय देश में ध्यान करना एक विशिष्ट उपासना का अंग है। उस बिम्ब के अन्तर्गत सोम मण्डल का ध्यान उससे भी विशिष्ट उपासना है। इस प्रकार का अभ्यास करने वाला उपासक इसे लगातार नियमबद्ध होकर छः मास तक अवश्य करे। यह शास्त्र का निर्देश है। इतना कर लेने पर ही बुद्धि विषयक चमत्कार घटित हो सकता है ॥ १३ ॥

यही प्रक्रिया यदि साधक अनवरत तीन साल तक करता रहे तो, यह निश्चय है कि, उसे दिव्य दृष्टि उपलब्ध हो जाती है। यहाँ कारिका में अनायास शब्द का प्रयोग साधना के उपरान्त ही चरितार्थ हो सकता है। यों यह प्रक्रिया आयास साध्य ही है। उसी सोममण्डल में स्वात्म शरीर की उपासना का भी विधान है। यदि उपासक इसे उसी तरह सम्पन्न करता रहे तो गुण-विज्ञान की उपलब्धि हो जाती है। गुण विज्ञान प्रकृति की साम्यावस्था का विज्ञान माना जाता है। यह गहन साधना पर ही सिद्ध हो सकता है ॥ १४ ॥

हृदय में लिङ्गाकार सूर्य बिम्ब का ध्यान साधक में सूर्य की ऊर्जा भर देता है। इसका सुपरिणाम यह होता है कि, गुण तत्वों को अधीनस्थ रखकर नियन्त्रित करने वाले गुणेश तत्व भाव का प्राप्ति हो जाती है। इस प्रकार ध्यान

फलमाप्नोत्यसंदेहाद्गुणावरणसंस्थितम् ।
चतुर्विंशत्यमी[1] प्रोक्ताः प्रत्येकं दशपञ्चधा ॥ १६ ॥

धारणाः क्षमादितत्त्वानां समासाद्योगिनां हिताः ।
त्रयोदशात्मके भेदे षडन्याः संस्थिता यथा ॥ १७ ॥

योगिनामनुवर्ण्यन्ते तथा योगप्रसिद्धये ।
देहं मुक्त्वा स्वरूपेण नान्यत् किंचिदिति स्मरेत् ॥ १८ ॥

की यह दशकात्मक साधना पूर्ण होती है। इन दश विधि साधनाओं का क्रमिक रूप से अनुसन्धान साधक के लिये अनिवार्यतः आवश्यक माना जाता है। तभी ये सिद्धियाँ उपलब्ध होती हैं ॥ १५ ॥

इन साधनाओं के माध्यम से ही गुणावरण विज्ञान भी सिद्ध हो जाता है। कुल धारणायें यहाँ तक वर्णित हैं। ये चौबीस हैं। प्रत्येक धारणा को भेद की दृष्टि से यदि विभाजित किया जाय, तो अधिक से अधिक इनके अर्थात् प्रत्येक के १५-१५ भेद हो सकते हैं। इस उक्ति का अपवाद भी यहाँ प्राप्त है। जैसे श्लोक १५ में हो 'दशकं दशकात्मकम्' उक्ति दश भेद मानती है। इसी तरह अधिकार १५ के श्लोक ३२ में चतुर्दश भेद की बात कही गयी है। इसी अधिकार के श्लोक ७ में दश अवस्था की बात कही गयी है। तात्पर्य यह कि, यदि भेद में साधनात्मक प्रक्रिया में कुछ अन्तर देखकर उनकी गणना की जाय तो १५ तक भेद हो सकते हैं या किये जा सकते हैं ॥ १६ ॥

पृथ्वी से लेकर अन्य तत्त्वों की धारणाओं के सम्बन्ध में योगियों की योगसिद्धि की दृष्टि से जो भेदों के वर्णन किये गये हैं, इनके अतिरिक्त छः अन्य भेद भी हो सकते हैं। उनका यहाँ कथन भी आवश्यक है। इसलिये योगसिद्धि की दृष्टि से और योगियों के हित के लिये वे यहाँ कहे जा रहे हैं ॥ १७ ॥

वे इस प्रकार हैं। जैसे—१. लोक में प्रचलित शवासन की तरह स्वरूपतः यह अनुभव किया जाय कि, देह निष्प्राण हो गया है। आत्म रूप मैं देह छोड़ चुका हूँ। इसी दशा में कुछ दूसरी बात न सोची जाय। अकिंचित् चिन्तन की स्थिति में योगी अवस्थित हो जाय। यह ऐसी शून्य स्थिति है, जहाँ शाम्भव भाव स्वयम् उल्लसित हो जाता है ॥ १७-१८ ॥

---

१. क० पु० विंशतिसंप्रोक्ता इति पाठः ।

सितपद्मासनासीनं मण्डलत्रितयोपरि ।
एवमत्र स्थिरीभूते मासमात्रेण योगवित् ॥ १९ ॥
सर्वव्याधिविनिर्मुक्तो भवतीति किमद्भुतम् ।
षण्मासादस्य विज्ञानं जायते पृथिवीतले ॥ २० ॥
अब्दाज्जरादिनिर्मुक्तस्त्रिभिः पुंस्तत्त्वदृग्भवेत् ।
हृदधः पङ्कजेऽत्रैव द्वादशार्धाङ्गुलं तनुम् ॥ २१ ॥
हृदन्ते भावयेत्स्वान्यां षण्मासान्मृत्युजिद्भवेत् ।
त्रिभिरब्दैः समाप्नोति पुंस्तत्त्वेश्वरतुल्यताम् ॥ २२ ॥

दूसरी स्थिति में स्वयम् आत्मस्थ योगी श्वेत पद्म के आसन पर विराजमान हो जाय। त्रितय मण्डल अपने शरीर में ही कल्पित करे—१. भूमण्डल, २. भुवः-मण्डल और ३. स्वर्मण्डल। इसमें मूलाधार से उन्मना तक की स्थिति का आकलन हो जाता है। इसके ऊपर शाम्भव मण्डल है, जो इन तीनों को घेर कर अवस्थित है। उसमें स्थिर हो जाय। भगवान् कहते हैं कि, योगवेत्ता साधक एक मास तक अनवरत इसी दशा का अभ्यास करता रहे ॥ १९ ॥

इसका सुपरिणाम यह होता है कि, योगी समस्त व्याधियों से मुक्त हो जाता है। इसमें आश्चर्य करने की कोई आवश्यकता नहीं। यह होता ही है। छः मास तक यदि इसका क्रमिक अभ्यास करता रहे, तो पृथ्वीतल-भाग में क्या-क्या रहस्य अन्तर्निहित है, या छिपा हुआ है, सबका बोध हो जाय और हो जाता है ॥ २० ॥

चौथी प्रक्रिया के अनुसार एकवत्सर पर्यन्त की समय सीमा का इसी सिद्धि में उपयोग करता रहे, तो इसका महत्फल योगी को प्राप्त हो जाता है। योगी जरावस्था से छुटकारा पा जाता है। पाँचवीं अवस्था में इसी साधना में तीन वर्ष का समय लगाने का विधान है। इस सिद्धि के अनुसार योगी पुरुषतत्त्व का द्रष्टा हो जाता है। यह बहुत उत्कृष्ट कोटि की सिद्धि मानी जाती है। योग के उत्कर्ष को प्राप्त करना सौभाग्य का विषय है।

हृदय के नीचे एक कमल की कल्पना कर अपने शरीर को द्वादशार्ध अङ्गुल अर्थात् छ अङ्गुल चिन्तन करना प्रारम्भ करना चाहिये। शरीर वहाँ हो, और हृदय के अन्दर अपने को दूसरे रूप में आकलित करें। इस तरह के स्वात्मद्वैरूप्यानुसन्धान के छः माह में ही मृत्युजेता अर्थात् कालजयी बन जाता है ॥ २१-२२ ॥

बिम्बादौ पूर्ववत्सर्वं तत्र संचिन्तिते सति ।
फलमाप्नोत्यसंदेहात्पुरुषावरणस्थितम् ॥ २३ ॥

एतद्वेदान्तविज्ञानं समासादुपवर्णितम् ।
कपिलस्य पुरा प्रोक्तमेतद्विस्तरशो मया ॥ २४ ॥

शरत्संध्याभ्रसंघाभं स्वदेहमनुचिन्तयत् ।
वीतरागत्वमाप्नोति षड्भिर्मासैर्न संशयः ॥ २५ ॥

बिम्ब प्रकल्पन की चर्चा पहले आ चुकी है। उसमें पहले की तरह अर्थात् [श्लोक २१-२२ में] उक्त चिन्तन का अनुसरण करने वाला योगी पूर्वोक्त सारे फलों का अधिकारी हो जाता है। यही नहीं, वह पुरुषावरण विज्ञान-वेत्तृत्व विभूषित योविवर्य की प्रतिष्ठा प्राप्त करता है। इसमें सन्देह की जगह नहीं होती ॥ २३ ॥

यह सारा का सारा वेदान्त विज्ञान है । इसके असंलक्ष्य विस्तार की कल्पना भी नहीं की जा सकती। यहाँ इसे संक्षेप में वर्णित किया गया है। भगवान् कहते हैं कि, इस विज्ञान का विस्तारपूर्वक वर्णन मैंने कपिल मुनि से किया था। उसी का यह संक्षिप्त रूप है ॥ २४ ॥

यहाँ तक पुरुष तत्त्व की धारणाओं का वर्णन किया गया है। पुरुष तत्त्व २५वाँ तत्त्व माना जाता है। इसके बाद छः कञ्चुकों का क्रम आता है। इनसे आवृत शिव संकोच ग्रहण कर जीव भाव की लीलायें करता है। इसमें रागतत्त्व के प्रबल होने के कारण सर्वप्रथम राग को ही वर्णन का विषय बनाया गया है। शरत् कालीन संध्या के समय यदि पश्चिमाकाश में बादल दीख पड़ते हैं, तो उनके रंग की श्वेत पाण्डुरता में कुछ रक्तिम आभा का प्रभाव भी परिलक्षित होता है। उसी आभा से भावित अपने शरीर का ध्यानस्थ स्थिति में चिन्तन नयी मानसिकता को जन्म देता है। छः मास तक एक साधक यदि इसका अनुचिन्तन करे, तो उसका परिणाम यह होता है कि, साधक पर रागकञ्चुक का प्रभाव समाप्त हो जाता है। वह वीतराग हो उठता है। यह साधक-जीवन की एक उपलब्धि मानी जा सकती है ॥ २५ ॥

जरामरणनिर्मुक्तो वर्षेणैवोपजायते ।
त्र्यब्दाज्ज्ञानमवाप्नोति रागावरणजं महत् ॥ २६ ॥

रक्तं संचिन्तयेद्देहं संपूर्णाभ्रोपरिस्थितम् ।
मासषट्कमनुद्विग्नो वीतरागत्वसिद्धये ॥ २७ ॥

स्मरन्संवत्सरे सम्यङ्मृत्युना न प्रपीड्यते ।
त्रिभिरब्दैर्जितद्वन्द्वो रागे च समतां व्रजेत् ॥ २८ ॥

इसी प्रक्रिया को यदि साधक एक वर्ष तक चलाता रहे, तो एक नया सुपरिणाम साधक को प्राप्त होता है । वह निश्चय ही जरा-मरण की विभीषिका से (साधक) मुक्त हो जाता है । जीर्णता और मृत्यु दोनों उसके वश में हो जाते हैं। भोगेच्छुओं के लिये यह वरदान रूपा साधना वीतराग पुरुष कभी नहीं चाहता । तीन वर्षों तक अनवरत इस साधना को साधित करने वाला साधक रागावरण विज्ञान का वेत्ता बन जाता है ॥ २६ ॥

सम्पूर्ण अभ्रमण्डल (जब बादल रोदसी में चारों ओर के क्षितिज को छूते हुए व्याप्त होते हैं) पर ऊपर स्वयं के रक्ताभ सुशोभित शरीर का अनुचिन्तन एक विलक्षण प्रक्रिया है । यदि लगातार छः माह तक इसी अनुचिन्तन में योगी लगा लगा रहे, तो उसे भी वीतरागत्व को सिद्धि होती है ॥ २७ ॥

अभ्रशब्द के बादल, वायुमण्डल और आकाश आदि अनेक अर्थ होते हैं। श्लोक २५ में अभ्रसंघ से बादलों का समूह अर्थ वहाँ गृहीत है किन्तु श्लोक २७ में प्रयुक्त सम्पूर्णाभ्र का आकाश अर्थ भी ग्रहण किया जा सकता है। यही अर्थ श्लोक २८ के लिये भी मान्य है। आकाश मण्डल से भी ऊपर से क्षितिज पर्यन्त आकाश ही सम्पूर्णाभ्र माना जायेगा । इसलिये ऊपर पूरी तरह व्याप्त आकाश के भी ऊपर की कल्पना साधक को करनी चाहिये । वहाँ अवस्थित अपने शरीर को रक्ताभ प्रकल्पित करते हुये अनवरत एक वर्ष तक स्मरण अर्थात् स्मृत्यात्मक अनुचिन्तन करने का सुपरिणाम मृत्युजित् रूप में प्राप्त होता है । इस स्मरण से इतनी शक्ति मिलती है कि, मृत्यु पीड़ा उसे बाधित नहीं करती । यदि यही प्रक्रिया लगातार तीन वर्ष तक अपनाने को साधना पूरी कर ले, तो ऐसा योगी समस्त जागतिक द्वन्द्वों से छुटकारा पा जाता है अर्थात् वीतराग हो जाता है और राग के मूल स्वरूप का साम्य पा लेता है अर्थात् पूर्ण रागवान् परमेश्वर की तरह पूज्य हो जाता है ॥ २८ ॥

रक्तपद्मस्थितं रक्तं पञ्चपर्वं [1]हृदावधि ।
ध्यायन्फलमवाप्नोति पूर्वोक्तमखिलं क्रमात् ॥ २९ ॥

बिम्बादि चात्र पूर्वोक्तमनुचिन्तयतो मुहुः ।
फलं भवति निःशेषं रञ्जकावृतिसंभवम् ॥ ३० ॥

हृदि पद्मं सितं ध्यायेद्द्व्यष्टपत्रं सकेसरम् ।
सर्वामृतमयं दिव्यं चन्द्रकल्पितकर्णिकम् ॥ ३१ ॥

निश्चलं तत्र संयम्य चेतो निद्रान्तमात्मनः ।
ततो यत्पश्यते स्वप्ने तथ्यं तत्तस्य जायते ॥ ३२ ॥

हृदावधि शब्द के भी यौगिक दृष्टि से अनेक अर्थ किये जा सकते हैं। बहुप्रचलित हृदय और मन अर्थ में भी हृद् शब्द प्रयुक्त होता है और स्पन्द को भी हृदय कहते हैं। 'सा स्फुरत्ता महासत्ता हृदयं परमेष्ठिनः' की प्रसिद्ध उक्ति ईश्वर प्रत्यभिज्ञा शास्त्र की है। जो कुछ हो, दोनों अवस्थाओं में निम्नवत् ध्यान करने का निर्देश इसे माना जा सकता है। इनमें पञ्चपर्व रूप इस पाञ्चमहाभौतिक शरीर को रक्त कमल पर रक्ताभ रूप में ध्यान करने से पूर्वोदित सारे फलों की प्राप्ति अवश्य हो हो जाती है ॥ २९ ॥

इसी अवस्था में पहले कहे गये बिम्बात्मक ध्यान में अनवरत योगी यदि तीन वर्ष का समय व्यतीत करे अर्थात् तीन वर्ष तक लगातार इसी योगाभ्यास को सम्पादित करता रहे, तो इसका फल यह होता है कि, राग के समग्र आवरण विज्ञान का ज्ञान हो जाता है। यह इसका महत्फल है ॥ ३० ॥

इस सन्दर्भ में विद्या तत्त्व की एक नयी बात की ओर योगी का ध्यान आकृष्ट कर रहे हैं। यह जीवन का महत्त्वपूर्ण योग है। इसे योगी को अवश्य करना चाहिये। इसकी विधि निम्नवत् है—१. हृदय में श्वेत कमल का ध्यान करे। २. वह कमल सोलह दलों से समन्वित हो। ३. इसमें केसर किञ्जल्क का भी आकलन कर लेना चाहिये। ४. यह ध्यान करना चाहिये कि, इसमें मकरन्द की जगह सर्वेश्वर का कृपा-पीयूष ही भरा हुआ है। ५. दिव्यता से अर्थात् दिव्य शक्तियों के अनुग्रह से वह ओत-प्रोत है। ६. उसकी कर्णिका भी चन्द्रमा के मनोज्ञ सोमतत्त्व से मनोहर हो गयी है।

---

१. क० पु० पर्वंहृदावधीति पाठः ।

एवमभ्यसतस्तस्य तद्धि पद्मोदितं फलम् ।
सर्वं प्रजायते तस्य[1] तत्कालक्रमयोगतः ॥ ३३ ॥
चतुरङ्गुलदेहादि सर्वत्रैवं विचिन्तयन् ।
पूर्ववत्सर्वमाप्नोति विद्यातत्त्वसमुद्भवम् ॥ ३४ ॥

उस उक्त विशेषताओं से विशिष्ट हृदयस्थ श्वेत पद्म में अपने मन को पूरी तरह संयमित कर वहीं स्थिर कर दे। उसमें चञ्चलता का नामो निशान भी न रहे। इसी अवस्था में योगी सो जाय। अपनी पूरी नींद इसी अवस्था में बिताये। उसी में योगी को एक सपना आता है। उसमें योगी को जो दीख पड़ता है, उसे जीवन में घटित होने वाली सत्य घटना ही मानना चाहिये। वह स्वप्न सच्चा होता है। उसे जान लेने से उसके प्रति सावधानी बरतनी चाहिये ॥ ३१-३२ ॥

इस प्रकार का अभ्यास करते रहने पर योगी इसमें सिद्ध हो जाता है। वह उस पद्म में अनवरत अवस्थित कर स्वप्न में जो कुछ देखता है, वह भविष्य में कालक्रम से घटित सत्य ही होता है। इससे वह जीवन के प्रति जागरूक होकर वर्त्ताव करता है। इससे उसकी प्रतिष्ठा, श्रीवृद्धि और यश-प्राप्ति सदृश सभी सुखद परिणाम मिलते हैं ॥ ३३ ॥

यह एक प्रकार की विद्या ही मानी जा सकती है। इस विद्या को यद्यपि अशुद्ध विद्या कहते हैं और कञ्चुक श्रेणी में इसे परिगणित करते हैं, फिर भी जीवन के लिये और भोगेच्छुओं के लिये यह अत्यन्त उपयोगी विद्या है। दूसरी प्रक्रिया यह है कि, उस पद्म में स्वात्म को चार अङ्गुल के अति लघुरूप में देखे। इस प्रकार के अनुचिन्तन से भी विद्यातत्त्व के उक्त फल अवश्य मिलते हैं। वरन् इसमें एक नया प्रयोग यह भी कर सकते हैं कि, समग्र आकृतियों को सर्वत्र चार अङ्गुल का ही अनुचिन्तन करे। मालिनी विद्या के अनुसार 'द-फ' प्रत्याहार में ही विश्व का दर्शन करने का अभ्यास आदि अर्थ भी चतुरङ्गुल शब्द से आकलित हो सकते हैं ॥ ३४ ॥

---

१. म० पु० प्रजायते देवीति पाठः

हृदयादेकमेकं तु व्यतिक्रम्यार्धमङ्गुलम् ।
पृथक् चक्रत्रयं ध्यायेद्रक्तनीलसितं क्रमात् ॥ ३५ ॥

तत्रत्यद्व्येकपर्व[1] तु पुरुषं तत्समद्युतिम् ।
बिम्बादिकं च यत्प्रोक्तं तत्त्वत्रयमिदं महत् ॥ ३६ ॥

श्लोक ३५ एक नयी बात की ओर संकेत कर रहा है। इसके अनुसार हृदय (अनाहत चक्र) से आज्ञा चक्र की ओर भी साधन पथ में गतिशील साधक तीन आन्तरालिक चक्रों की स्थिति पर विचार करे। दोनों चक्रों में १२ अङ्गुल का अन्तर होता है। इसमें से आधे-आधे अङ्गुल की दूरी निकालने पर दो अङ्गुल निकल जायेगा। शेष १० अङ्गुल में तीनों चक्र हैं। इन्हीं का ध्यान करने का निर्देश भगवान् शङ्कर कर रहे हैं। ऊपर वाला सित चक्र, मध्य वाला नीलचक्र और हृदय के पास वाला रक्त चक्र पड़ता है। फिर नील और तीसरा सित चक्र होता है॥ ३५॥

तत्रत्य द्वयेक पर्व पाठ से अच्छा पाठ फुटनोट में लिखा पाठ है। वह है—'तत्र तिथ्येकपर्वम्'। वस्तुतः दोनों समानार्थक हैं, पर दूसरा पाठ अधिक स्पष्ट है। वास्तव में प्राणापानवाह ७२ अङ्गुल का होता है। प्राणगति ३६ और अपान गति ३६ अङ्गुल की होती है। ३६ अङ्गुल में १५ तिथियां होती हैं। इनके प्रति तिथि २½, २½ के एक पर्व माने जाते हैं। तीनों चक्र तीन पर्व अर्थात् तीन तिथियों के एक पर्व हैं। एक चक्र में पुरुष प्रकल्पन और शेष दोनों में बिम्ब प्रकल्पन राग-तत्त्व रक्त, देह का अनुचिन्तन नील और विद्या सित है। नाभि से श्वास रूप से प्राण के बाहर निकलने पर नासाग्र में अष्टमी तिथि होती है। इसी आधार पर तिथि प्रकल्पन करते हैं। इसके गणित का वर्णन श्रीतन्त्रालोक में प्राणपानवाह प्रकरण में द्रष्टव्य है। इस प्रकार तिथि प्रकल्पन और ध्यातव्य पुरुष और उनके बिम्बों प्रकल्पन इन तीन तत्त्वों में करना चाहिये। इनमें नियति तत्त्व देह में राग तत्त्व रक्त चक्र में और विद्यातत्त्व को सित चक्र में चिन्तन करना चाहिये॥ ३६॥

---

१. क० पु० तत्र तिथ्येकपर्वमिति पाठः।

त्रयोदशात्मकं भेदमेतदन्तं विदुर्बुधाः ।
एकादशप्रभेदेन तत्त्वद्वयमथोच्यते ॥ ३७ ॥

कण्ठकूपावधौ चक्रे पञ्चारे नाभिसंस्थितम् ।
ध्यायेत्स्वरूपमात्मीयं दीप्तनेत्रोपलब्धवत् ॥ ३८ ॥

विचक्षण योग के जानकार इन सारो बातों से अवगत होते हैं। यहाँ तक तीन चक्रों की जितनी बातें कही गयीं हैं, उनमें १३ भेदों का वर्णन किया जा चुका है। इनके अतिरिक्त दो तत्त्व काल और कला शेष बचते हैं। भेद की दृष्टि से इनमें ग्यारह भेद प्रकल्पित किये जाते हैं। इन्हीं का वर्णन आगे किया जा रहा है ॥ ३७ ॥

कण्ठ कूप की अवधि तक विशुद्धचक्र-पद्म माना जाता है। इसमें १६ स्वर पत्र हैं । इनमें मूल स्वरों के तीन अरे, द्वितीय स्वर निःसृत दो अरे और शेष यौगिक स्वर हैं। इस तरह अ आ प्रथम अर, इ ई द्वितीय अर, उ ऊ तृतीय अर ऋ ॠ चतुर्थ अर और ऌ ॡ पंचम अर माने जाते हैं । ए ऐ अ और इ के योग से बनते हैं। इस लिये स्वतन्त्र नहीं हैं। ओ औ भी अ और उ के योग से बनते हैं। अतः स्वतन्त्र मूल स्वर नहीं हैं। ऋ ॠ और ऌ ॡ षण्ठ स्वर हैं। इनसे यौगिक स्वर नहीं बनते। अं अः अ के रूप ही हैं। अतः यह पंचार चक्र के अन्तर्गत हैं। इसमें पहले कहे गये नाभि में अवस्थित पुरुष का ध्यान करने की बात का निर्देश इस श्लोक में कर रहे हैं।

कुछ विद्वान् आज्ञा चक्र को पंचार कहते हैं। जिसमें अ, उ, म्, अनुस्वार और अर्धचन्द्र पाँच अरे हैं (किन्तु यह सत्य नहीं आज्ञा द्वयरचक्र है) यहाँ नाभि स्थित पुरुष का ध्यान किसमें किया जाय यह प्रश्न है। इस तरह दोनों चक्रों में नाभिस्थित पुरुष का ध्यान किया जा सकता है। कण्ठकूपावधि पञ्चार चक्र का यह विश्लिष्ट रूप है।

वह ध्यान आत्मस्वरूप का ही होना चाहिये। आत्मस्वरूप भी दीप्त नेत्र की अवस्था का होना चाहिये। उस रूप को साधक स्वयम् उपलब्ध रहता है। इस ध्यान में काल तत्त्व का प्रभाव साधक पर पड़ता है। इसलिये यह अवश्य करणीय साधना है ॥ ३८ ॥

क्षित्यादिकालतत्त्वान्ते यद्वस्तु स्थितमध्वनि ।
सर्वं प्रसाध्य योगीन्द्रो न कालेनाभिभूयते ॥ ३९ ॥
बिम्बादिकेऽपि तत्रस्थे योगिनामनुचिन्तिते ।
भवतीति किमाश्चर्यमनायासेन तत्फलम् ॥ ४० ॥
कण्ठाकाशे स्थिरं चेतः कुर्वन्योगी दिने दिने ।
मायोत्थं फलमाप्नोति बिम्बादावपि तत्रगे ॥ ४१ ॥

क्षिति से लेकर कालतत्त्व पर्यन्त इस साधना मार्ग में जो वस्तु अवस्थित है, उसे साधित कर योगीन्द्र काल से अभिभूत नहीं होता। यहाँ वस्तु का एक वचनान्त प्रयोग स्वात्म में सर्व को आत्मसात् कर रहा है। वस्तु वास्तव में नैसर्गिक बीज होता है। भूमण्डल से कालतत्त्व तक इस वैश्विक संरचना में चाहे वह ब्रह्माण्डवर्त्तिनी हो या पिण्डवर्त्तिनी हो, वह सभी वस्तु रूप प्राकृतिक बीज ही हैं। योगीपिण्ड में अवस्थित वस्तु पर अपना प्रयोग करता है। यही रहस्यार्थ है ॥ ३९ ॥

वस्तु पुरुष बीज के अनुचिन्तन के साथ उसके बिम्ब के अनुचिन्तन में भी वही शक्ति प्राप्त होती है। इस प्रकार क्षिति से काल पर्यन्त की इसी साधना यात्रा में उसके बिम्ब आदि के भी अनुचिन्तन की प्रक्रिया में पारङ्गत योगी अनायास ही बीजानुचिन्तन से निष्पन्न होने वाले फलों की प्राप्ति कर लेता है। यही कला का आश्चर्य है। कला भी एक तत्त्व है। कला का अर्थ अंश ही होता है। पूर्ण की साधना का फल यदि कला साधना में उपलब्ध होता है, तो इसे अनायास ही कहा जा सकता है ॥ ४० ॥

कला के सम्बन्ध में मात्र यही श्लोक है। इसके बाद मायातत्त्व के सम्बन्ध में निर्देश-उपदेश कर रहे हैं। वस्तुतः माया के दो पुत्र हैं। १. काल और राग। इसी तरह इसकी तीन पुत्रियाँ हैं। १. विद्या, २. कला और ३. नियति। देहस्थ और कर्मस्थ नियति को चर्चा देह के माध्यम से अपने आप हो गयी है। काल राग विद्या और कला को चर्चा ऊपर हो चुकी है। अब माया के विषय का क्रम आता है। भगवान् कहते हैं कि, योगी नियमित रूप से कण्ठ के आकाश में प्रतिदिन अपने चित्त को स्थिर करने का अभ्यास करे। इससे माया के साधनाजन्य सारे फल मिलते हैं। इसके साथ ही तत्रग अर्थात् इसी परिवेश में आने वाले बिम्बादि के अनुचिन्तन से भी वही फल मिलते हैं ॥ ४१ ॥

कण्ठकूपविधानाभं राहुग्रस्तेन्दुबिम्बवत् ।
चिन्तयन्न पुनर्याति मायादेर्वशवर्तिताम् ॥ ४२ ॥

तदेव तत्र स्वर्भानुमुक्तवत्परिचिन्तयन् ।
तेजोदेहादिकं चापि प्राप्नोति परमेशताम् ॥ ४३ ॥

मध्यन्दिनकाराकारं लम्बकस्थं विचिन्तयेत् ।
समस्तमन्त्रचक्रस्य रूपं यत्सामुदायिकम् ॥ ४४ ॥

कण्ठकूप सम्बन्धी साधनाओं में मुख्यतः कुछ एक के सम्बन्ध में ही यहाँ चर्चा की गयी है। कण्ठकूप की रचना शिर और अधः शरीर की मध्यगता संरचना है। जीवन में इसका पृथक् महत्त्व है। इसका निधान बड़ी चतुराई और कुशलता के साथ किया गया है। इसकी आभा से प्रभावित सहृदय, इसके सौन्दर्य की प्रशंसा भी करते हैं। यह एक कण्ठकूप का चित्र है।

एक दूसरी कल्पना राहु से ग्रस्त चन्द्र की है। चन्द्रमा के सौन्दर्य का तो कुछ पूछना ही नहीं है। जब वह ग्रहण काल में राहु से ग्रस्त हो जाता है, तो भी चन्द्रगोलक में दृश्य इन्दुबिम्ब का अपना आकर्षण होता है। एक उसकी अपनी आभा होती है।

योगी राहुग्रस्तेन्दुबिम्ब के समान आभा को कण्ठकूप की आभा में अनुचिन्तन करना प्रारम्भ करे। यह एक साधना प्रक्रिया ही है। इसका परिणाम यह होता है कि, योगी कभी भी माया आदि कञ्चुकों से पुनः कीलित नहीं होता। उनके वश में कभी नहीं होता। स्वतन्त्र विचरण करता है और अन्त में परमेश्वर को प्राप्त कर लेता है ॥ ४२ ॥

इसी प्रक्रिया में परिवर्त्तन कर कण्ठकूप में ही यह सोचे कि, इस समय यहाँ जिस चन्द्र बिम्ब का चिन्तन मैं कर रहा हूँ, वह बिम्ब राहु मुक्त होकर नयी आभा से भावित है। राहुमुक्त इन्दुबिम्ब का कण्ठकूप में यह अनुचिन्तन योगी को तेजस्वी बना देता है। ऐसा तेजःशरीर साधक परमेश्वर को पा लेता है ॥ ४३ ॥

दो प्रहर में सूर्य की किरणें धरणी पर सीधी पड़ती हैं। इसे ज्यामिति शास्त्र में लम्ब रेखा कहते हैं। यह अपनी आधार रेखा पर ९०% के दो कोणों से समन्वित होती हैं। इसी लम्ब की तरह प्राण भी दण्डाकार होता है। उसी दण्डवत् पड़ती किरण-राशि में उस पूर्व वर्णित बिम्बका दर्शन करना चाहिये। इसका

ततः कालक्रमाद्योगी मन्त्रत्वमधिगच्छति ।
अनुषङ्गफलं चात्र पूर्वोक्तं सर्वमिष्यते ॥ ४५ ॥

मूर्तिं तत्रैव संचिन्त्य मन्त्रेशत्वमवाप्नुयात् ।
तदधो दीपकं तेजो ध्यात्वा तत्पतितां व्रजेत् ॥ ४६ ॥

सबाह्याभ्यन्तरं तस्मादधोर्ध्वं व्यापि च स्मरन् ।
तेजो मन्त्रेश्वरेशानपदान्न च्यवते नरः ॥ ४७ ॥

बद्ध्वा पद्मासनं योगी पराबीजमनुस्मरन् ।
भ्रुवोर्मध्ये न्यसेच्चित्तं तद्बहिः किंचिदग्रतः ॥ ४८ ॥

सुपरिणाम यह होता है कि, समस्त मन्त्रचक्र का सामुदायिक रूप प्रत्यक्ष हो जाता है ।

कुछ दिनों की इस साधना से योगी उसी सामुदायिकता के अन्तराल में मन्त्रतत्त्व का दर्शन कर लेता है । यही नहीं, वरन् वह स्वयं भी मन्त्रत्व को प्राप्त कर लेता है । इसके अन्य आनुषङ्गिक फल तो अपने आप साधक को प्राप्त होते रहते हैं ॥ ४४-४५ ॥

उसी बिम्ब में मूर्त्ति का चिन्तन करते-करते योगी मन्त्रेश्वर पदवी पर अधिष्ठित हो जाता है । यह उसी की विकसित प्रक्रिया है । इसमें भी एक नये अनुभव का निर्देश कर रहे हैं । उस बिम्ब के निचले भाग में दीपक के तेज का ध्यान करने से मन्त्रमहेश्वर की स्तरीयता योगी प्राप्त कर लेता है ॥ ४६ ॥

इसी प्रक्रिया में एक और ध्यान की बात प्रस्तुत कर रहे हैं । उस बिम्ब के और अपने चारों ओर बाहर और भीतर, ऊपर और नीचे सर्वत्र व्याप्त तेजो-मण्डल का ध्यान योगी करे, कुछ दिनों के ही अभ्यास से इतनी प्रौढ़ता आ जाती है कि, योगी मन्त्रमहेश्वर पद से कभी च्युत नहीं होता है ॥ ४७ ॥

इस प्रक्रिया के अतिरिक्त एक नयी साधना पद्धति को प्रस्तुत कर रहे हैं । इसके अनुसार योगी सर्वप्रथम पद्मासन में सिद्ध हो जाय । सिद्ध होने पर पद्मासन बांधकर आसन पर अवस्थित हो जाय । उसमें बैठकर 'पराबीज' का स्मरण करना चाहिये । चित्त को दोनों भवों के बीच में अर्थात् आज्ञाचक्र में अवस्थित कर दें । यह चित्तावस्थान आज्ञा चक्र के कुछ बाहर कुछ आगे की ओर होना चाहिये ॥ ४८ ॥

निमीलिताक्षो हृष्टात्मा शब्दालोकविवर्जिते।
पश्यते पुरुषं तत्र द्वादशाङ्गुलमायतम् ॥ ४९ ॥

तत्र चेतः स्थिरं कुर्यात्ततो मासत्रयोपरि।
सर्वावयवसंपूर्णं तेजोरूपमचञ्चलम् ॥ ५० ॥

प्रसन्नमिन्दुसंकाशं पश्यति दिव्यचक्षुषा।
तं दृष्ट्वा पुरुषं दिव्यं कालज्ञानं प्रवर्तते ॥ ५१ ॥

अशिरस्के भवेन्मृत्युः षण्मासाभ्यन्तरेण तु।
वञ्चनं तत्र कुर्वीत यत्नात्कालस्य योगवित् ॥ ५२ ॥

आँखें बन्द कर ध्यान की मुद्रा में रहना भी आवश्यक है। प्रसन्नता से भरपूर हृष्टात्मा योगी उस निःस्वन स्थिति में एक नये आयाम में पहुँचता है, जहाँ इस आलोक की परिभाषा चरितार्थ नहीं होती। ध्यान की उस ऐकान्तिक अवस्था में वहाँ एक १२ अङ्गुल आयताकार पुरुषाकृति के दर्शन होते हैं ॥ ४९ ॥

उस आयताकार आकृति में अपने चित्त को स्थिर करना चाहिये। इस प्रकार तीन मास तक लगातार इस प्रक्रिया को तन्मयता पूर्वक सम्पन्न करना योगी के लिये श्रेयस्कर होता है। उसी आकृति में एक चमत्कार घटित होता है। उसमें सभी शारीरिक अवयवों से समन्वित सर्वाङ्ग सुडौल, अत्यन्त प्रभावकारी प्रभामण्डल से मण्डित, एकदम शान्त और सुस्थिर, नितान्त प्रसन्न, चन्द्रमा के समान चारु और आकर्षक, पुरुष को अपनी दिव्य दृष्टि से देखने का सौभाग्य उसे मिल पाता है। उस पुरुष को देखकर काल सम्बन्धी समस्त ज्ञान उसे प्राप्त हो जाता है ॥ ५०-५१ ॥

जैसे—१. यदि उस पुरुष का शिरोभाग दिखायी न दे, या उस आकृति में शिरोभाग न रहे तो, यह निश्चय है कि, मृत्यु सन्निकट है। छः मास जाते-जाते इसे होना ही है। इस स्थिति में योगवेत्ता योगी का यह कर्त्तव्य है कि, यह ऐसा प्रयत्न करे, जिससे काल का वञ्चन हो सके और उसकी मृत्यु टल जाय ॥ ५२ ॥

ब्रह्मरन्ध्रोपरि ध्यायेच्चन्द्रबिम्बमकल्मषम् ।
स्रवन्तममृतं दिव्यं स्वदेहापूरकं बहु ॥ ५३ ॥
तेनापूरितमात्मानं चेतोनालानुसर्पिणा ।
सबाह्याभ्यन्तरं ध्यायन्दशाहान्मृत्युजिद्भवेत् ॥ ५४ ॥
महाव्याधिविनाशेऽपि योगमेनं समभ्यसेत् ।
प्रत्यङ्गव्याधिनाशाय प्रत्यङ्गाङ्गमनुस्मरन् ॥ ५५ ॥
धूमवर्णं यदा पश्येन्महाव्याधिस्तदा भवेत् ।
कृष्णे कुष्ठमवाप्नोति नीले शीतलिकाभयम् ॥ ५६ ॥

योगी इसके लिये ब्रह्मरन्ध्र के ऊपर अर्थात् नाद और नादान्त के मध्य में कलङ्क कलुषता शून्य सुधाकर निर्मल चन्द्र बिम्ब का ध्यान-दर्शन करे और यह कल्पना करे कि, उस बिम्ब से अमृत द्रव की वर्षा ही मेरे ऊपर हो रही है। उस दिव्य अमृत के रस से पूरा शरीर अभिषिक्त हो रहा है ॥ ५३ ॥

उस अमृत द्रव से अपने को सराबोर अनुभव करे। यह भी अनुचिन्तन करे कि, चिति के चेतनामय चित्तनाल से वह अमृत-झरना झर रहा है। मैं बाह्य और आभ्यन्तर सभी प्रकार से उससे प्रभावित हो रहा हूँ। इस प्रकार लगातार दश दिन तक इस प्रक्रिया में संलग्न रहे। इसका सुपरिणाम यह होता है कि, वह मृत्यु को जीत लेता है और काल से वंचना करने में योगी समर्थ हो जाता है ॥ ५४ ॥

मन्य सबसे बड़ी बीमारी मानी जाती है। इसे महाव्याधि कहते हैं। इसके विनष्ट हो जाने पर भी इस प्रक्रिया को आचरण में लगातार लाना चाहिये। इस योग का अभ्यास सिद्धि प्रदान करने वाला होता है। उस दिव्य आकृति के जिन-जिन अङ्गों का योगी ध्यान करता है, उन-उन अङ्गों की व्याधियों का नाश हो जाता है। इसलिये उसके अनुचिन्तन में रत रहना आवश्यक है ॥ ५५ ॥

ऊपर श्लोक ५२ में अशिर एक आकृति से कालज्ञान की चर्चा की गयी है। यहाँ वही आकृति यदि तेजस्विता को छोड़कर धूम्रवर्णी दिखायी दे, तो इसका परिणाम भी अच्छा नहीं होता। साधक महाव्याधि से ग्रस्त होगा—यही इसकी सूचना होती है। यदि वह धूम्रवर्णी न होकर काले रङ्ग की दिखायी पड़े, तो इससे यह अनुमान लगाना चाहिये कि, साधक को कुष्ठ रोग होने की सम्भावना है।

हीनचक्षुषि तद्रोगं नासाहीने तदात्मकम् ।
यद्यदङ्गं न पश्येत तत्र तद्व्याधिमादिशेत् ॥ ५७ ॥
आत्मनो वा परेषां वा योगी योगपथे स्थितः ।
वर्षैस्तु पञ्चभिः सर्वं विद्यातत्त्वान्तमोश्वरि ॥ ५८ ॥
वेत्ति भुङ्क्ते च सततं न च तस्मात्प्रहीयते ।
तत्रस्थे तेजसि ध्याते सर्वदेहविसर्पिणि ॥ ५९ ॥

उस आकृति का रंग यदि नीलवर्णी दिखायी दे, उससे यह सूचना मिलती है कि, साधक या उसका कोई घर-सदस्य शीतला से ग्रस्त होने वाला है। इस प्रकार यहाँ तक १. आभा से भास्वर, २. धूम्रवर्णी, ३. कृष्णवर्णी और ४. नीलवर्णी आकृति से होने वाले परिणामों के सम्बन्ध में चर्चा की गयी है ॥ ५६ ॥

उसी आकृति की विभिन्न विकृतियों के दर्शन की दुष्परिणामशीलता की सूचना देते हुए भगवान् कहते हैं कि, पार्वति ! यदि उस आकृति में आँखें बन्द हों या दिखायी न दें तो, साधक को चक्षुरोग हो सकता है। इसकी सूचना होती है। इसी तरह यदि नाक न दिखायी पड़े, तो साधक की नाक भी कट सकती है, इसके लिये साधक को सावधान होना चाहिये। अधिक क्या कहा जाय, उस आकृति में जिन-जिन विकृतियों के दर्शन होंगे, वही-वही रोग इसे हो सकते हैं। यह सूचना मिल जाती है। यह आकृति विज्ञान का चमत्कार है ॥ ५७ ॥

यहाँ तक अशुद्ध और शुद्ध सम्मिलित अध्वा की धारणाओं, उनके विधान सुपरिणाम और दुष्परिणामों के सम्बन्ध में साधकों को सावधान रहने का निर्देश है। उन्हें साधने पर बल दिया गया है और भोग मोक्षप्रद साधनों का संक्षिप्त विवरण दिया गया है। यहाँ से भगवान् शुद्ध अध्वा से सम्बन्धित निर्देश देने का उपक्रम करने के पहले एक समय सीमा के सम्बन्ध में बता रहे हैं। उनका कहना है कि, ऊपर कही गयी सारी साधनात्मक धारणायें यदि लगातार पाँच वर्ष तक सिद्ध करने में साधक लगा रहता है, तो विद्या तत्त्व पर्यन्त सभी रहस्यों को जान लेता है। उनके सुफल को भोगने में समर्थ होता है। उनके कुफल को रोक सकता है। अधिक क्या कहा जाय, वह सिद्ध हो जाता है। उस सिद्धि के स्तर से उसका प्रच्यावं भी नहीं हो सकता क्योंकि वह पूर्ण विज्ञानवान् हो जाता है। इन तथ्यों के अतिरिक्त अध्येता का ध्यान एक नयी स्थिति की ओर आकृष्ट करते हुए कह रहे हैं कि, सारे शरीर की तेजस्विता के ध्यान देने पर भी क्या फल मिलता है ॥ ५८-५९ ॥

पूर्वोक्तं सर्वमाप्नोति तत्कालक्रमयोगतः ।
अथोर्ध्वव्यापिनि ध्याने तत्र तस्मादखण्डितः ॥ ६० ॥

सर्वमन्त्रेश्वरेशत्वान्न भूयोऽपि निवर्तते ।
एवं ललाटदेशेऽपि महादोप्तमनुस्मरन् ॥ ६१ ॥

प्रपश्यत्यचिरादेव वर्णाष्टकयुतं क्रमात् ।
इन्द्रनीलप्रतीकाशं शिखिकण्ठसमद्युति ॥ ६२ ॥

इस श्लोक की पहली अर्द्धाली श्लोक ५९ से सम्बन्धित है और दूसरी, श्लोक ६० से। सर्वशरीर व्याप्त तेज के ध्यान करने से वह सब कुछ सिद्ध हो जाता है, जो पूर्वोक्त धारणाओं की फल श्रुति में निर्दिष्ट है। इसमें अब शर्त्त यह है कि, सबको मिलाकर जितना समय लग जाता है, उतना इसमें भी लगाया जाय। काल क्रम का यही तात्पर्य है।

दूसरी अर्धाली में नयी प्रक्रिया का निर्देश है। पहले उस आकृति में पूर्णाकार व्याप्त तेज का ध्यान करना था। इसमें ऊर्ध्व व्यापी तेज का ध्यान करना है। इस ध्यान का अलग महत्त्व है। ऊर्ध्व ध्यान में यह सावधानी रखनी चाहिये, जिसमें तेज शरीर से खण्डित नहीं रहे। एक तरह के प्रभामण्डल का ही यह ध्यान माना जाना चाहिये ॥ ६० ॥

इसका परिणाम यह होता है कि, वह साधक सभी स्तरों के मन्त्रेश्वरों की भी ईश्वरता से कभी च्युत नहीं होता। इस दृष्टि यह ऊर्ध्वध्यान अन्य ध्यान प्रक्रियाओं से उत्कृष्ट कोटि का होता है।

इसके अतिरिक्त नयी प्रक्रिया के सम्बन्ध में निर्देश करते हुए भगवान् कह रहे हैं कि, ऊर्ध्व ध्यान तो उत्तम है ही, यदि साधक ललाट में भी महादीप्त तेज का ध्यान करने की क्रिया अनवरत करना प्रारम्भ करे, तो इसके भी सुपरिणाम सामने आते हैं ॥ ६१ ॥

उन्हीं परिणामों के विषय में निर्दिष्ट कर रहे हैं। भगवान् कहते हैं कि, ललाट में उद्दीप्त तेज के ध्यान से आठ प्रकार के ऐसे रङ्गों के दर्शन होते हैं, जिनके प्रभाव से दिव्य ज्ञान की प्राप्ति होती है। वे रङ्ग इस प्रकार के हैं।

१. इन्द्रनील मणि के समान प्रकाशमान वर्ण।

२. मोर या अग्नि की लौ (शिखी) की द्युति के समान।

राजावर्तनिभं चान्यत्तथा वैदूर्यसंनिभम् ।
पुष्परागनिभं चान्यत्प्रवालकसमद्युति ॥ ६३ ॥
पद्मरागप्रतीकाशमन्यच्चन्द्रसमद्युति ।
तां दृष्ट्वा परमां ज्योत्स्नां दिव्यज्ञानं प्रवर्तते ॥ ६४ ॥
विहारपादचारादि ततः सर्वं प्रवर्तते ।
अधोर्ध्वव्यापिनि ध्याते न तस्माच्च्यवते पदात् ॥ ६५ ॥
इत्येतत्सर्वमाख्यातं लक्ष्यभेदव्यवस्थितम् ।
अधुना चित्तभेदोऽपि समासादुपदिश्यते ॥ ६६ ॥
पिशाचानन्तपर्यन्तगुणाष्टकसमोहया ।
तत्तद्रूपगुणं कुर्यात्सम्यगीशे स्थिरं मनः ॥ ६७ ॥

---

३. राजावर्त्त के समान ४. वैदूर्य के समान । ५. पुष्पराग सदृश ।

६. प्रवाल के समान ७. पद्मरागवत् और ८. चन्द्र के समान ।

इसमें चाँदनी की उज्ज्वल विभा की रञ्जकता तो अत्यन्त ही महत्त्वपूर्ण है । इससे दिव्य ज्ञान का प्रवर्तन होता है । उक्त सभी रङ्गों के दर्शन में स्वभावगत वैशिष्ट्य का परिचय भी मिलता है ॥ ६२-६४ ॥

जिस तरह दिव्य ज्ञान का प्रवर्त्तन चन्द्र ज्योत्स्ना से होता है, उसी तरह दिव्य विहार और दिव्य पदचार इत्यादि का उपलब्धि होती है । इन रंगों को भी ऊर्ध्वव्यापिनी तेजस्विता का अनुसन्धान साधक को अपनी स्तरीयता पर सुरक्षित रखता है । उससे कभी च्युत नहीं होता ॥ ६५ ॥

लक्ष्य भेद की प्रक्रिया से समन्वित उक्त सारी प्रविशेष धारणाओं का वर्णन यहाँ तक किया गया है । इन धारणाओं से लक्ष्य वेध की प्रक्रिया पूरी होती है । एक तरह से ये सभी लक्ष्य की व्यवस्था के अन्तर्गत आने वाली धारणायें हैं ।

लक्ष्य भेद के तुरत बाद चित्त भेद का वर्णन करने जा रहे हैं । [1]चित्तभेद योग मार्ग की ही एक साधना है । इसका संक्षिप्त उपदेश योगियों के लिये अत्यन्त हित कारक है ॥ ६६ ॥

पिशाच शब्द प्रेत अर्थ में प्रयुक्त होता है । श्रीतन्त्रालोक में श्रीसदाशिव

---

१. (हृच्चक्रवेध) मन्त्रभेदनम् । श्रीतन्त्रालोक भाग ७ आ० १९।२४१ ।

इतीश्वरपदान्तस्य मार्गस्यास्य पृथक् पृथक् ।
यथोपासा तथाख्याता योगिनां योगसिद्धये ॥ ६८ ॥

इति श्रीमालिनीविजयोत्तरे तन्त्रे धारणाधिकारः षोडशः ॥ १६ ॥

तत्त्व के लिये प्रेत[1] शब्द का व्यवहार किया गया है। भेद शब्द भी यहाँ वेध के लिये ही प्रयुक्त होता है। [2]वेध और भेद का समान प्रयोग शास्त्र में विहित है। इस श्लोक में अनन्त नामक माया के सहयोगी शक्तिमान् के लिये पिशाच शब्द का प्रयोग किया गया है। प्रेत का अर्थ श्रीजयरथ ने 'नादामर्शतया प्रहसद्रूपत्वेन' किया है। इस ग्रन्थ में भी ८।६८ में महाप्रेत शब्द का प्रयोग किया गया है।

इस तरह अनन्तेश्कर पर्यन्त शक्तिमन्तों में गुणाष्टक की समीहा से उन-उन गुणेश्वरों में अपने मन को स्थिर करना एक उत्तम योग माना जाता है ॥ ६७ ॥

ईश्वर पद पर्यन्त इस योग मार्ग में पृथक्-पृथक् उपासनाओं का वर्णन किया गया है। इनका वर्णन यहाँ योगियों के हित को दृष्टि से किया गया है ॥ ६८ ॥

परमेशमुखोद्भूत ज्ञानचन्द्रमरोचिरूप श्रीमालिनीविजयोत्तरतन्त्र का
डॉ० परमहंस मिश्र कृत नीर-क्षीर विवेक भाषा-भाष्य समन्वित
धारणाधिकार नामक सोलहवाँ अधिकार परिपूर्ण ॥ १६ ॥
॥ ॐ नमः शिवायै ॐ नमः शिवाय ॥

---

१. श्रीतन्त्रालोक भाग ५ आ० १५।३१२ ।
२. श्रीतन्त्रालोक भाग ७ आ० १९ ।

अथ सप्तदशोऽधिकारः

अथैतत्सर्वमुद्दिष्टं यदि न स्फुटतां व्रजेत् ।
स्फुटीकृते स्थिते तत्र न मनस्तिष्ठते स्फुटम् ॥ १ ॥

गतिभङ्गं ततस्तस्य प्राणायामेन कारयेत् ।
स च पञ्चविधः प्रोक्तः पूरकादिप्रभेदतः ॥ २ ॥

पूरकः कुम्भकश्चैव रेचको ह्यपकर्षकः ।
उत्कर्षः पञ्चमो ज्ञेयस्तदभ्यासाय योगिभिः ॥ ३ ॥

सौः

परमेशमुखोद्भूतज्ञानचन्द्रमरीचिरूपम्

श्रीमालिनीविजयोत्तरतन्त्रम्

डॉ० परमहंसमिश्रविरचित-नीर-क्षीर-विवेक भाषा भाष्य समन्वितम्

सप्तदशोऽधिकारः

[१७]

सर्वेश्वर शिव साधकों को सावधान करते हुए कह रहे हैं कि, किसी विषय में जो कुछ कहा जाय, अथवा यहाँ इस सन्दर्भ में मैंने जो उद्दिष्ट या निर्दिष्ट किया है, यद्यपि वह नितान्त रूप से स्फुटीकृत है और स्पष्ट है, फिर भी वह बुद्धि के स्तर पर स्फुट रूप से समझा नहीं जा सके, तो यह ध्रुव सत्य है कि, उस विषय में मन नहीं लग सकता है। उसमें मानसिक प्रवृत्ति नहीं हो सकती। उससे मन को तृप्ति नहीं मिलती। तृप्ति न मिलना विषय की दुरूहता के कारण ही संभव है और अस्फुटता पर निर्भर है ॥ १ ॥

मन के गतिचक्र को अर्थात् उसकी चञ्चलता को भङ्ग करने के लिये अर्थात् तथासद् सिद्धान्त के बिन्दु पर स्थिर करने के लिये एक ही उपाय है, वह है प्राणायाम। प्राणायाम से मन स्थिर होता है। प्राणायाम पाँच प्रकार का होता है। इसके पूरक आदि भेद प्रसिद्ध हैं, जो इस प्रकार हैं—

पूरकः पूरणाद्वायोर्द्वेधा षोढा च गीयते ।
स्वभावपूरणादेको विरेच्यान्यः प्रपूरितः ॥ ४ ॥

नासामुखोर्ध्वतालूनां रन्ध्रभेदाद्विभिद्यते ।
भिन्नः षोढात्वमभ्येति पुनर्भेदैरनन्तताम् ॥ ५ ॥

कुम्भः पञ्चविधो ज्ञेयस्तत्रैकः पूरितादनु ।
द्विधृतो रेचकात्पश्चाद्द्वितीयः परिकीर्तितः ॥ ६ ॥

द्वयोरन्ते द्वयं चान्यत्स्वभावस्थश्च पञ्चमः ।
स्थानान्तरप्रभेदेन गच्छत्येषोऽप्यनन्तताम् ॥ ७ ॥

---

१. पूरक, २. कुम्भक, ३. रेचक, ४. अपकर्ष और ५. उत्कर्ष। योगियों को अभ्यास करने के लिये इन भेदों का प्रकल्पन किया गया है। वस्तुतः यह प्राण का कृत्रिम व्यापार मात्र है। इसमें प्राणापानवाह का ही उपक्रम है ॥ २-३ ॥

जब प्राण वायु को खींच कर नाभि से ऊपर पूरे पेट में भरते हैं, तो इस व्यापार को पूरक कहते हैं। इसे शास्त्र में दो और छः प्रकार के भेदों से भिन्न कर जानने का निर्देश शास्त्र देते हैं। दो भेदों की दृष्टि के अनुसार १. स्वभावतः श्वास आना भी पूरक व्यापार माना जाता है और २. प्राण के अपान रूप को बाहर ले जाने के बाद जब स्वयं कृत्रिम रूप से प्राणवायु नाभि के केन्द्र में भरते हैं, 'उसे ही 'विरेच्य प्रपूरित' कहते हैं ॥ ४ ॥

नासिका के अग्रभाग से तथा तालुओं के रन्ध्र से ऊपर ले जाने से भी इसके भेद होते हैं। उस स्थिति में यह छः भेद भिन्न हो जाता है। इस भेदों के भी यदि भेदों पर विचार किया जाय, तो इसकी संख्या अनन्तता में खो जाती है। उनकी कल्पना नहीं की जा सकती ॥ ५ ॥

कुम्भक पाँच प्रकार का माना जाता है। १. पहला कुम्भक श्वास वायु को उदर में पूरा भर लेने को ही कहते हैं। २. दूसरा प्राण धारण करने के पश्चात् अर्थात् प्रथम कुम्भक रेचितकर देने पर जो रिक्त उदर होता है, उसे उसी तरह रखना भी कुम्भक का दूसरा रूप है ॥ ६ ॥

दोनों के अन्त में दो प्रकार का प्रकल्पन दो भेदों से भिन्न माना जाता है। ये कुम्भक पूर्ण कुम्भक की तरह के नहीं होने पर कुम्भक को नियन्त्रित कर वायुमुक्त करने की और वायु ग्रहण की अवस्थायें मात्र मानी जाती हैं। स्वभावतः

रेचकः पूर्ववज्ज्ञेयो द्विधाभूतः षडात्मकः ।
स्थानसंस्तम्भितो वायुस्तस्मादुत्कृष्य नीयते ॥ ८ ॥

योऽन्यप्रदेशसंप्राप्त्यै स उत्कर्षक इष्यते ।
तस्मादपि पुनः स्थानं यतो नीतस्तदाहृतः ॥ ९ ॥

अपकर्षक इत्युक्तो ह्यावय्येतावनेकधा ।
एषामभ्यसनं कुर्यात्पद्मकाद्यासनस्थितः ॥ १० ॥

अधमः सकृदुद्घातो मध्यमः सिद्धिदो मतः ।
ज्येष्ठः स्यात्त्रिरुद्घातः स च द्वादशमात्रकः ॥ ११ ॥

रुकने वाली और स्वभावतः एक एक कर जाने वाली अवस्थाओं के बीच को ही पाँचवाँ कुम्भक मानते हैं। इसको भी भेदवादिता की दृष्टि से अनन्त भेद हो सकते हैं ॥ ७ ॥

रेचक भी दो प्रकार का और छः प्रकार का माना जाता है। नाभि-स्थान में कुम्भक रूप में स्तम्भित वायु को खींच कर ऊपर की ओर प्रेरित कर बाहर निकालने के व्यापार को ही रेचक कहते है। एक तो यह स्वाभाविक रूप से रेचित होता है। दूसरे उसे कृत्रिम रूप से स्वव्यापार के कारण बाहर ले जाते हैं ॥ ८ ॥

'उत्कर्षक' वह प्राणायाम होता है, जब कुम्भित प्राण को अपान हो जाने पर नासिक्य द्वादशान्त के अमा केन्द्र में पहुँचाने का व्यापार करते हैं। अमा केन्द्र से कुम्भकान्त में जब नाभि केन्द्र की ओर ले जाने का व्यापार करते हैं, तो इसे 'अपकर्षक' प्राणायाम कहते है। ये दोनों स्थितियों के अनुसार अनेक प्रकार के हो सकते हैं। इनका अभ्यास योगमार्ग के पथिक के लिये आवश्यक होता है। इसके लिये उपयोगी आसन पद्म आदि अनेक प्रकार के होते है ॥ ९-१० ॥

एक बार किया हुआ प्राणायाम अधम कोटि का माना जाता है। मध्यम कोटि का प्राणायाम 'उद्घात' श्रेणी का होता है। त्रिउद्घात प्राणायाम ज्येष्ठ और समस्त सिद्धियों को प्रदान करने वाला माना जाता है। यह द्वादश मात्राओं से समन्वित होता है। उद्घात का अर्थ उपक्रम लेना चाहिये। तीन बार में शरीर पर पूरा प्रभाव पड़ जाता है ॥ ११ ॥

त्रिर्जानुवेष्टनान्मात्रात्रिगुणाच्छोटिकात्रयात् ।
अजितां नाक्रमेन्मात्रां वायुदोषनिवृत्तये ॥ १२ ॥
प्रत्यङ्गधारणाद्वायुं न च चक्षुषि धारयेत् ।
नाभिहृत्तालुकण्ठस्थे विवृते सरति क्रमात् ॥ १३ ॥
चतस्रो धारणा ज्ञेया शिख्यम्बोशामृतात्मिकाः ।
यद्यत्र चिन्तयेद्द्रव्यं तत्तत्सर्वगतं स्मरेत् ॥ १४ ॥
बिन्दुनादात्मकं रूपमीशानीं धारणां श्रितम् ।
अमृतायाः स्मरेद्विद्वं कालत्यागोक्तवर्त्मना ॥ १५ ॥

मात्रा तीन बार जाँघ मोड़ने में जो समय लगता है, अथवा ९ बार चुटकी बजाने में जो समय लगता है, उतने समय परिणाम की होती है। ऐसी १२ मात्राओं में जो समय लगता है, उसे एक प्राणायाम का समय मानना चाहिये। इसी पद्धति से प्राणायाम करना उचित होता है। इससे वायु के दोष निवृत्त हो जाते हैं ॥ १२ ॥

सभी अङ्गों में वायु धारण किया जा सकता है। नेत्र में वायु धारण का निषेध है। नाभि, हृदय, तालु और कण्ठ ये चार अङ्ग शरीर के महत्त्वपूर्ण अङ्ग माने जाते हैं। इनमें प्राण-सञ्चार के संवृत और विवृत करने से उत्पन्न चार प्रकार की धारणायें प्राणायाम योग में प्रसिद्ध हैं ॥ १३ ॥

इन चारों धारणाओं को क्रमशः १. शिखी, २. अम्बु, ३. ईश और ४. अमृत कहते हैं। शिखी आग्नेयी धारणा कहलाती है। इसके धारण से सारे मर्म स्थल प्रतप्त होते हैं। इसी तरह अम्बु धारणा जल तत्त्व पर आधिपत्य स्थापित करती है। इस तरह यहाँ द्रव्य चिन्तन का प्राधान्य हो जाता है। जिस द्रव्य का जैसे अग्नि या जल आदि का जिस समय चिन्तन करते हैं, उस समय उसकी शारीरिक व्यापकता का चिन्तन इसमें करना पड़ता है ॥ १४ ॥

ईशानी धारणा बिन्दुनाद की धारणा है। यह अत्यन्त महत्त्वपूर्ण धारणा होती है। बिन्दु आज्ञा चक्र का चतुर्थ स्तर है। अ, उ, म, बिन्दु और अर्धचन्द्र स्तरों पर ज्यों ही साधक आधिपत्य स्थापित करता है, वह अर्धचन्द्र और निरोधिका रूप मध्य में पड़ने वाले अनन्तेश्वर और माया के परिवेशों को पारकर नाद स्तर पर छलाङ्ग लगाने में समर्थ हो जाता है। अशुद्ध अध्वा से शुद्ध अध्वा में प्रवेश को मण्डूकप्लुति तन्त्रशास्त्र में 'क्षेप' कहलाती है। इसे सिद्ध कर योगी शुद्ध विद्या में प्रवेश कर जाता है। इसी धारणा को ईशानी धारणा कहते हैं।

धारणाभिरिहैताभिर्योगी योगपथे स्थितः ।
हेयं वस्तु परित्यज्य यायात्पदमनुत्तमम्[1] ॥ १६ ॥

त्रिवेदद्वीन्दुसंख्यातसमुद्धातास्त्विमा मताः ।
एताभिरप्यधोऽप्युक्तं फलं प्राप्नोत्यनुत्तमम् ॥ १७ ॥

योगाङ्गत्वे समानेऽपि तर्को योगाङ्गमुत्तमम् ।
हेयाद्यालोचनात्तस्मात्तत्र यत्नः प्रशस्यते ॥ १८ ॥

जहाँ तक अमृता धारणा का प्रश्न है, यह सर्वोत्तम धारणा मानी जाती है। क्षेप के बाद आक्रान्ति, चिदुद्बोध, स्थापन और दीपन व्यापार काल त्याग के व्यापार हैं जिनको पार कर योगी तत्संवित्ति के क्षेत्र समना में प्रवेश करता है। साधना में यहाँ तक मन गतिशील रहता है। मन सोमतत्त्व का प्रतीक है। इस प्रकार अमृता में सोम का स्मरण समना को सांसिद्धिक सफलता के अनुसन्धान सदृश ही है। इन्दु अर्थात् सोम तत्त्व से अमृत झरता है। सोम-संविद् सूर्य से विगलित होती है। इसी विगलित अमृत की अमृता धारणा को शरीर में व्याप्त कर योगी अमृतत्त्व को उपलब्धि करने में समर्थ हो जाता है ॥ १५ ॥

योगी इन धारणाओं के मार्ग को माध्यम बनाकर योग मार्ग के पथ पर अवस्थित रहकर हेयोपादेय विज्ञान विज्ञ हो जाता है। वह जान जाता है कि, क्या हेय है। हेय का वह परित्याग करता है और उपादेय को स्वीकार कर अनुत्तम पद का अधिकारी हो जाता है ॥ १६ ॥

त्रि (३) वेद (४) द्वि (२) और इन्दु (१) अर्थात् एक हजार दो सौ तैंतालिस उद्धात में ये धारणायें सिद्ध हो जाती हैं। इतनी संख्याओं को न करके भी अर्थात् इनसे नीचे रहने पर भी अर्थात् कम बार सम्पन्न करने पर भी योगी को अनुत्तम फल अर्थात् श्रेष्ठ फलों की प्राप्ति हो जाती है। इसमें सन्देह नहीं है ॥ १७ ॥

ये सभी योग के ही अङ्ग हैं। यद्यपि सभी अङ्ग समान हैं। हेय और उपादेय की समान विज्ञानता के रहते भी यहाँ क्या और क्यों हेय है, किस स्तर पर क्यों उपादेय है, इस प्रकार के तर्क से ही योग मार्ग में और जिज्ञासा भाव, जिगमिषा भाव और विजिज्ञासितव्यता भाव आते हैं। इसलिये 'तर्क' को उत्तम योगाङ्ग मानते

---

१. ग० पु० पदमनामयमिति पाठः ।

मार्गे चेतः स्थिरीभूते हेयेऽपि विषयेच्छया ।
प्रेयं तेनानयेत्तावद्यावत्पदमनामयम् ॥ १९ ॥

तदर्थभावनायुक्तं मनोध्यानमुदाहृतम् ।
तदेव परमं ज्ञानं भावनामयमिष्यते ॥ २० ॥

मुहूर्तादेव तत्रस्थः समाधिं प्रतिपद्यते ।
तत्रापि च सुनिष्पन्ने फलं प्राप्नोत्यभीप्सितम् ॥ २१ ॥

हैं। श्रीतन्त्रालोककार ने भी इसका उद्धरण[1] दिया है। जब भी हेय और उपादेय की आलोचना प्रत्यालोचना होती है, समीक्षा और पर्यवेक्षा होती है, उससे हेय के त्याग और उपादेय के ग्रहण का यत्न होता है। इससे योगमार्ग और भी प्रशस्त हो जाता है॥ १८ ॥

योगमार्ग गहन पर्यवेक्षा का मार्ग है। गहन विमर्श और चिन्तन के बाद कहीं जाकर इस मार्ग पर चलने का निश्चय होता है। चित्त को चेतना में प्रकाश की लहरें उठती हैं, आनन्द मिलने लगता है, तब जाकर चित्त वहाँ स्थिर होता है। यह भी निश्चय होता है कि, हेय में विषयानन्द की इच्छा से ही प्रेय की प्रवृत्ति होती है। यही विषयानन्द, अनामय पर-आनन्द की उपलब्धि में बाधक होता है। इसी निश्चय के कारण योग मार्ग पर चलने को उद्यत साधक प्रवृत्ति पथ से अपने चित्त को अनामय निवृत्ति पथ की ओर मोड़ देता है। यही मन का अनामय की ओर आनयन व्यापार है। इसे सबको अपनाना चाहिये ॥ १९ ॥

इसके लिये भावना की दृढ़ता आवश्यक है। उसी भाव में मन का रम जाना 'ध्यान' कहलाता है। निश्चल भावमय ध्यान ही ज्ञान है। एक तरह से यह उक्ति प्रसिद्ध हो गयी है कि, 'भावनामयं ज्ञानम् इष्यते'। यह भाव का ही महत्त्व है॥ २० ॥

भावनामय ज्ञान का यह महत्त्व है कि, मुहूर्त्त पर्यन्त भी यदि साधक उस अवस्था की प्रकाशमयता के परिवेश में ध्यान में तन्मय होता है, तो उसे समाधि लग जाती है। समाधि के सहज सुख का अनिर्वचनीय आनन्दोपभोग करने वाला उपासक समस्त अभीप्सित इच्छाओं की पूर्ति का और सुफल के उपभोग का अधिकारी हो जाता है॥ २१ ॥

---

१. श्रीतन्त्रालोक भाग १ आह्निक १।१० श्लोक का सन्दर्भ पृ० ३८।

यत्किंचिच्चिन्तयेद्वस्तु नान्यत्वं प्रतिपद्यते ।
तेन तन्मयतामाप्य भवेत्पश्चादभाववत् ॥ २२ ॥

पञ्चतामिव संप्राप्तस्तोत्रैरपि न चाल्यते ।
ततः शब्दादिभिर्योगी योगिनीकुलनन्दनः ॥ २३ ॥

इत्यनेन विधानेन प्रत्याहृत्य मनो मुहुः ।
प्राणायामादिकं सर्वं कुर्याद्योगप्रसिद्धये ॥ २४ ॥

सर्वमप्यन्यथा भोगं मन्यमानो विरूपकम् ।
स्वशरीरं परित्यज्य शाश्वतं पदमृच्छति ॥ २५ ॥

जिस किसी वस्तु का वह चिन्तन करता है, त्वरित तन्मयता को वह प्राप्त कर लेता है। यह तादात्म्य भाव उसे अन्यत्व से दूर ही रखता है अर्थात् आत्मसात् कर लेता है। उस वस्तु से तन्मयता का अर्थ यह होता है कि, वह जिस भाव में पहले था, उसका अभाव हो जाता है। इसी भाव को 'अभाववत्' शब्द से व्यक्त किया गया है ॥ २२ ॥

जैसे मृत्यु की अवस्था में शरीर स्तम्भित हो जाता है, और डुलाये भी नहीं डोलता, उसी प्रकार तन्मयतात्मक समाधि में स्तब्धवत् स्व में तल्लीन हो जाता है। दूसरे तो यह मान बैठते हैं कि, यह पञ्चत्व को प्राप्त हो गया है। भावावेश को यह चरम परम अवस्था मानी जाती है। दूसरों द्वारा देह स्पर्श पूर्वक उठाने की कोशिश भी उस तन्मयता की गहरायी के सामने व्यर्थ हो जाती है।

इसके बाद योगियों के लिये पुत्र के समान प्रिय हो जाने में सफल वह योगी शब्द आदि के प्रयोग से समाधि विरत किया जाता है। उसका मन उस तादात्म्य भाव से लौट पाता है। वह योग प्रक्रिया में और भी कौशल प्राप्त करने के उद्देश्य से प्राणायामादि प्रक्रिया पूरी करने में प्रवृत्त रहता है ॥ २३-२४ ॥

अब भोगवाद में उसकी प्रवृत्ति नहीं रमती। वह इसे विकारमय और विरूपतामयी दिखायी देती है। जीवन पर्यन्त समाधि सुख का अनुभव करते हुये अन्त में समाधि रूप परमात्म-तादात्म्य वाली शाश्वत गति[1] प्राप्त करता है ॥ २५ ॥

---

१. श्रीतन्त्रालोक भाग ६ आ० १९।५५ ।

तदा पूर्वोदितं न्यासं कालानलसमप्रभम् ।
विपरीतविधानेन कुर्या··· द्वियुग्मताम् ॥ २६ ॥
आग्नेयीं धारणां कृत्वा सर्वमर्मप्रतापिनीम् ।
पूरयेद्वायुना देहमङ्गुष्ठान्मस्तकान्तिकम् ॥ २७ ॥
तमुत्कृष्य ततोऽङ्गुष्ठाद्ब्रह्मरन्ध्रान्तमानयेत् ।
छेदयेत्सर्वमर्माणि मन्त्रेनानेन योगवित् ॥ २८ ॥
जीवमादिद्विजारूढं शिरोमालादिसंयुतम् ।
कृत्वा तदग्ने कुर्वीत द्विजमाद्यमजीवकम्[1] ॥ २९ ॥

इस तरह अपने उद्देश्य में सफलता प्राप्त करने वाले ऐसे महायोगी पहले कहे गये कालानल के समान न्यास प्रक्रिया में पारङ्गत होकर विपरीत विधान को अपना कर योग[2] से वियुग्मता अर्थात् द्वैतवाद को दूर कर अद्वैत की सिद्धि में प्रवृत्त हो जाय ॥ २६ ॥

वस्तुतः कालानल[3] न्यास आग्नेयी धारणा के ही एक पद्धति के अन्तर्गत आता है। यह एक ऐसी धारणा मानी जाती है, जिससे सारे मर्मस्थल प्रतप्त हो जाते है। इसी लिये इसे 'मर्मप्रतापिनी' संज्ञा से विभूषित करते हैं। इसे करके कुम्भक प्राणायाम में अवस्थित होकर वायु को अङ्गुष्ठ से मस्तक पर्यन्त पूरे शरीर में पूरी तरह भरना चाहिये ॥ २७ ॥

उपासक फिर उस वायु को 'उत्कर्ष' प्राणायाम विधि से अङ्गुष्ठ से ब्रह्म रन्ध्र से ऊपर ले जाय। इस विधि से शरीर के सारे मर्म[4] और चक्रस्थलों उनके भीतर भेदते हुये पार हो जाना चाहिये। इसके लिये विशेष मन्त्र का प्रयोग करना चाहिये। वह मन्त्र इस प्रकार है—

जीव—स्, आदिद्विज—क्, शिरोमाला—ऋ इन तीन वर्णों को एक में मिला देने के बाद जो वर्ण तैयार हो, उसके आगे जीव (स) रहित आदि द्विज (क्) का प्रयोग करना चाहिये। इस तरह एक छोटा सा ऐसा बीज मन्त्र बनता है, जो मार्मिक होता है ॥ २८-२९ ॥

---

१. क० पु० माद्यं सकीवकमिति पाठः ।
२. इस श्लोक में रिक्त स्थान पर 'योगात्' शब्द रहना चाहिये ।
३. श्रीतन्त्रालोक भाग ६ आ० १९।११ ; ४. तदेव १९।१२ ।

इत्येषा कथिता कालरात्रिर्मर्मनिकृन्तनी ।
नैनां समुच्चरेद्देवि य इच्छेद्दीर्घजीवितम् ॥ ३० ॥

शतार्धोच्चारयोगेन जायते मूर्ध्नि वेदना ।
एवं प्रत्ययमालोच्य मृत्युजिद्ध्यानमाश्रयेत् ॥ ३१ ॥

निपीड्य तं ततस्तत्र बिन्दुनादादिचिन्तकम् ।
वेगादुत्कृष्य तत्रस्थकालरात्रीं विसर्जयेत् ॥ ३२ ॥

... ... सिद्धयोगीश्वरी मते ।
तत्सकाशाद्भवेत्सिद्धिः सर्वमन्त्रोक्तलक्षणा ॥ ३३ ॥

इस विद्या को कालरात्रि विद्या कहते हैं। इसका दूसरा नाम 'मर्मनिकृन्तनी' विद्या भी है। इस विद्या रूपी बीज मन्त्र का उच्चारण वे व्यक्ति कभी न करें, जो दीर्घकाल तक जीने की इच्छा रखते हों। इसका तात्पर्य यह है कि, इसके उच्चारण से प्राणशक्ति के निकृन्तन का खतरा भी हो सकता है ॥ ३० ॥

इस उक्त विधि से निष्पन्न मर्म निकृन्तक कालरात्रि मन्त्र की यदि शतार्ध भी आप जपेंगे अर्थात् ५० मन्त्र भी बोल कर जप सके तो मूर्धा अर्थात् शिरो भाग में मर्म भेदी भयङ्कर वेदना प्रारम्भ हो जाती हैं। इस तरह कोई भी जप कर यह मारक अनुभव प्राप्त कर सकता है।

इस स्थिति से सावधान योगी एक-एक चक्र भेद की प्रक्रिया को शान्त भाव से ध्यान के द्वारा ही निपटाता हैं। धीरे-धीरे वह अङ्गुष्ठ से ब्रह्मरन्ध्रान्त योग यात्रा पूरी कर लेता है और काल से सुरक्षित भी रहता है। इसीलिये इस श्लोक में 'मृत्युजित्'[1] विशेषण का प्रयोग किया गया है ॥ ३१ ॥

इस प्रकार वायु को बिन्दुनादादि पर्यन्त जहाँ ब्रह्मरन्ध्र की अन्तिम सीढ़ी है, वहीं निपीडित कर वेगपूर्वक वहाँ तक लाये गये 'कालाग्नि' बीज को विसर्जित कर देना चाहिये। इसमें भी उत्कर्ष विधि का ही प्रयोग होता है ॥ ३२ ॥

प्रस्तुत श्लोक में प्रथम अर्धाली में प्रथम आठ अक्षरों की टूट है। इस स्थान पर 'इत्येषा धारणाग्नेयी' पद होना चाहिये। इससे छन्द सन्दर्भ और अर्थ तीनों की पूर्ति हो जाती है। तदनुसार पूरी पंक्ति रूप प्रथम अर्द्धाली का अर्थ होगा—

---

१. श्रीतन्त्रालोक भाग ८ आ० ३०।५५-५७।

तदेव मन्त्ररूपेण स [नुष्यैः] समुपास्यते ।
एष ते ज्ञेयसद्भावः कथितः सुरवन्दिते ॥ ३४ ॥

अभक्तस्य गुहस्यापि नाख्येयो जातुचिन्मया ।
उदरं सर्वमापूर्य ब्रह्मरन्ध्रान्तमागतम् ॥ ३५ ॥

वायुं भ्रमणयोगेन[1] ततस्तं प्रेरयेत्तथा ।
यावत्प्राणप्रदेशान्तं योगिनां मनसेप्सितम् ॥ ३६ ॥

श्रीसिद्ध योगीश्वरी मत के अनुसार (श्लोक २६ से ३२ तक) आग्नेयी धारणा यहाँ तक कही गयी है और यही है। इसके सकाश का अर्थ पास होता है किन्तु यहाँ अभ्यास अर्थ ही ग्राह्य है। अर्थात् इसके निरन्तर अभ्यास से सारे मन्त्रों से जैसी सिद्धियों का वर्णन है, उन सभी सिद्धियों को उपलब्धि होती है ॥ ३३ ॥

साधक मनुष्यों के द्वारा यह मन्त्र रूप से उपास्य है। अर्थात् साधक आग्नेयी धारणा को कालरात्रि मन्त्र से गोपनीयता पूर्वक उपासना करते हैं। भगवान् शङ्कर कह रहे हैं कि, देवि पार्वति ! यहाँ मैंने तुम्हें जो कुछ सुनाया है, यह ज्ञेय सद्भाव है । इसे सदा ज्ञेय रूप से सद्भाव पूर्वक अभ्यास करना श्रेयस्कर माना जाता है। तुम देववृन्द वन्दनीय हो। इसे स्वयम् सर्वदा धारण करना ॥ ३४ ॥

'पार्वती कहती हैं कि, मेरे आराध्य परमेश्वर ! साधना में सदा रत कोई साधक भले ही 'गुह' अर्थात् पुत्र कार्त्तिकेय के समान भी प्रिय क्यों न हो, यदि वह शिवभक्ति योग सम्पन्न नहीं है, तो उसे यह विद्या कभी भी मेरे द्वारा नहीं दी जा सकती' ॥ ३५ ॥

पार्वती की इस प्रतिज्ञा से प्रसन्न परमेश्वर शिव कहते हैं कि, प्रिये ! प्राण-वायु से सारा उदर लम्बोदर गणेशवत् भरकर ब्रह्मरन्ध्रान्त ले जाकर जब योगी पूर्णानन्द से भर उठे, तो उसे भ्रमणयोगविधि द्वारा प्रेरित करना चाहिये और प्राण प्रदेश अर्थात् नासिक्य द्वादशान्त नामक अमा केन्द्र (चितिकेन्द्र) में प्रेषित कर देना चाहिये। इसमें कोई समय सीमा नहीं होती। योगियों के मन की ईप्सा पर ही यह निर्भर करता है ॥ ३६ ॥

---

१. क० तथा भ्रमणेति पाठः ।

व्याप्यते पुनरा [वृत्य] तथैव नाभिमण्डलम् ।
एवं सप्तभ्यसेत्तावद्यावद्वासरसप्तकम् ॥ ३७ ॥
तदाप्रभृति संयुक्तः कर्षयेत्त्रिदशानपि ।
अनेनाकृष्य विज्ञानं सर्वयोगिनिषेवितम् ॥ ३८ ॥
गृह्णीयाद्योगयुक्तात्मा किमन्यैः क्षुद्रशासनैः ।
प्रथमं महती घूर्णिरभ्यासात्तस्य जायते ॥ ३९ ॥
ततः प्रकम्पो देवेशि ज्वलतीव ततोऽप्यणुः ।

इति श्रीमालिनीविजयोत्तरे तन्त्रे सप्तदशोधिकारः ॥ १७ ॥

पुनरावर्त्तन की प्राणापानवाह प्रक्रिया के अनुसार प्राणवायु नाभि केन्द्र रूप पौर्णमास केन्द्र में लाकर कुम्भक करते हैं। इस प्रकार मात्र सात दिन के ही अभ्यास से साधक में अद्भुत शक्ति का विकास प्रारम्भ हो जाता है। इसके बाद ही चमत्कार घटित होता है। अनवरत अभ्यास से वह देववर्ग का भी आकर्षण करने में समर्थ हो जाता है। यह सभी योगियों द्वारा योग साधना में निषेवित राजमार्ग है। यह योग विज्ञान महत्त्वपूर्ण है। योगी लोग इसका सदा सदुपयोग करते हैं ॥ ३७-३८ ॥

भगवान् कहते हैं कि, योगयुक्तात्मा साधक शिरोमणि का यह कर्त्तव्य है कि, इसका अनवरत अभ्यास करे। उसे किसी अन्य क्षुद्र अर्थात् महत्त्वहीन अनुशासनिक सम्प्रदायबद्ध बातों के चक्कर में पड़ने की कोई आवश्यकता नहीं। इस प्रक्रिया के अपनाने के दो चार दिन में कुछ ऐसे लक्षण परिलक्षित होते हैं, जिनसे डरने की कोई आवश्यकता नहीं। यह इसकी सूचना मात्र होती है, जिसे उस मार्ग में आगे सफलता निश्चित है। जैसे घूर्णि' होती है अर्थात् कुछ घूमने जैसा शिर में प्रतीत होता है। शिर घूमता सा प्रतीत होता है। इसे सामान्यतया चक्कर आना भी लोग समझ सकते हैं। ऐसा होने पर भी इस अभ्यास का परित्याग नहीं करना चाहिये। इसके बाद कम्पन का लक्षण अनुभूत होता है। इसके बाद प्रारम्भिक अणु रूप अभ्यासी को कुछ गर्मी भी होती है। इसके बाद सब शान्त हो जाता है और योगपथ प्रशस्त हो जाता है ॥ ३९ ॥

परमेशमुखोद्भूत ज्ञानचन्द्रमरीचिरूप श्रीमालिनीविजयोत्तरतन्त्र का
डॉ० परमहंसमिश्रकृत नीर-क्षीर-विवेक भाषाभाष्य संवलित
प्राणायामादिधारणात्मक सत्रहवाँ अधिकार परिपूर्ण ॥ १७ ॥

॥ ॐ नमः शिवायै ॐ नमः शिवाय ॥

अथ अष्टादशोऽधिकारः

शृणु देवि परं गुह्यमप्राप्यमकृतात्मनाम् ।
यन्न कस्यचिदाख्यातं तदद्य कथयामि ते ॥ १ ॥

सर्वमन्यत्परित्यज्य चित्तमत्र निवेशयेत् ।
मृच्छैलधातुरत्नादिभवं लिङ्गं न पूजयेत् ॥ २ ॥

सौः

परमेशमुखोद्भूतज्ञानचन्द्रमरीचिरूपम्

श्रीमालिनीविजयोत्तरतन्त्रम्

डॉ० परमहंसमिश्रकृत नीरक्षीर-विवेक भाषा-भाष्य संवलितम्

अष्टादशोऽधिकारः

[१८]

माता पार्वती को सम्बोधित करते हुये भगवान् शङ्कर कह रहे हैं कि, देवि ! इस प्रकरण में मैं एक अत्यन्त गोपनीय और अकृतात्मा, असन्तुलित, अपरिपक्व और कृतघ्न व्यक्तियों के लिये नितान्त अप्राप्य रहस्य का उद्घाटन तुम्हारे समक्ष करने जा रहा हूँ। आज तक यह विषय कहीं किसी शास्त्र में, किसी के द्वारा नहीं कहा गया है। तुमसे मैं इस अनिर्वचनीय रहस्य का कथन कर रहा हूँ। इसे ध्यान पूर्वक सुनो ॥ १ ॥

सारे ध्यान और सारी धारणाओं एवम् उपासनाओं के विधानों को छोड़कर इसी विषय में अपने मन को निविष्ट करना ही सभी दृष्टियों से श्रेयस्कर है। यही विधि है। लोग तरह-तरह की लिङ्ग पूजा में लगे हुए हैं। अबोधता के कारण मिट्टी, शैल (प्रस्तर) धातु (स्वर्णरजत पारद आदि) और रत्नों से निर्मित लिङ्गों का पूजन में प्रयोग करते हैं। मैं तुमसे यह स्पष्ट रूप से घोषित कर रहा हूँ कि, इनसे निर्मित लिङ्गों की पूजा कभी नहीं करनी चाहिये ॥ २ ॥

यजेदाध्यात्मिकं लिङ्गं यत्र लीनं चराचरम् ।
बहिर्लिङ्गस्य लिङ्गत्वमनेनाधिष्ठितं[1] यतः ॥ ३ ॥
अतः प्रपूजयेदेतत्परमाद्वैतमाश्रितः ।
अनुध्यानेन देवेशि परेण परमाणुना ॥ ४ ॥
योऽनुध्यातः स एवैतल्लिङ्गं पश्यति नापरः ।
यदेतत्स्पन्दनं नाम हृदये समवस्थितम् ॥ ५ ॥
तत्र चित्तं समाधाय कम्प उद्भव एव च ।
तत्र प्रशान्तिमापन्ने मासेनैकेन योगवित् ॥ ६ ॥

इतनी भूमिका के बाद मुख्य बात पर आ रहे हैं और कह रहे हैं कि, उन्हें आध्यात्मिक लिङ्ग की ही पूजा करनी चाहिये। [2]आध्यात्मिक लिङ्ग में ही पूजा सफल होती है। इसी में सारा चर और अचर लीन है । आध्यात्मिक लिङ्ग के आधार पर ही बाह्य लिङ्गों की लिङ्गता निर्भर है। मालिनीविजयोत्तर नामक इस ऊर्ध्वशास्त्र के आदेश का ही पालन करना चाहिये ॥ ३ ॥

अतः परम अद्वैत परमेश्वर के आधार पर आधृत और उन्हीं पर आश्रित भक्त उसी परम अद्वैत परमेश्वर की पूजा करे। यह पूजन अनुध्यान पूर्वक होना चाहिये। हे देवेश्वरि पार्वति, इस अनुध्यान का स्वरूप भी परात्मक ही होना चाहिये। इसमें परमाणु शब्द का प्रयोग साधक और साधना दोनों के अपरिपक्व अंश को अनायास परिष्कृत करने की सूचना दे रहा है ॥ ४ ॥

इस अनुध्यान का कर्त्ता अनुध्याता इसे परमाणु भाव से अनुध्यात करता है, वस्तुतः इस आध्यात्मिक लिङ्ग के दर्शन का वही अधिकारी होता है और वही वास्तविक दर्शन कर पाता है । हृदय परमेश्वर का केन्द्र माना जाता है। उसमें एक शाश्वत स्पन्दन अनवरत चलता है। उसे महास्फुरतामयी सत्ता मानते हैं। वही इस दर्शन को हेतु है ॥ ५ ॥

हृदय के स्पन्दन में समाहित-चित्त होना साधना का ही एक अङ्ग है। वहाँ कम्प की स्वाभाविक अनुभूति होती है। कम्प एक पारिभाषिक शब्द है[3] । शरीर

---

१. ग० पु० मन्येनाधिष्ठितमिति पाठः ।
२ श्रीतन्त्रालोक भाग ६ आ० २७।१२-१३,१-२ ।
३. श्रीतन्त्रालोक भाग ६ आ० २७।१३, मा० वि० ११।३५ ।

हृदयादुत्थितं लिङ्गं ब्रह्मरन्ध्रान्तमीश्वरि ।
स्वप्रभोद्योतिताशेषदेहान्तममलद्युति ॥ ७ ॥

तत्रैव पश्यते सर्वं मन्त्रजालं महामतिः ।
तन्मस्तकं समारुह्य मासमात्रमनन्यधीः ॥ ८ ॥

ततस्तत्र सुनिष्पन्ने षण्मासात्सर्वसिद्धयः ।
एतल्लिङ्गमविज्ञाय यो लिङ्गी लिङ्गमाश्रयेत् ॥ ९ ॥

में आनन्द के आधिक्य का यह प्रतीक माना जाता है। इसी तरह उद्भव शब्द भी इसी सन्दर्भ में शक्ति के तारतम्य को व्यक्त करने वाला पारिभाषिक प्रयोग है। उद्भव उद्भूति क्रिया का कार्य माना जाता है। इसमें साधक के हृदय में शैवमहाभाव की उद्भूति होती है। यह सब चित्त के समाधान के सुपरिणाम ही माने जाते हैं।

इस अनुभूति के बाद वहाँ शान्ति की अनुभूति होती है। उसी शान्ति की गहरी अवस्था प्रशान्ति कहलाती है। इसकी प्राप्ति योगी को होती है। इस अवस्था में समय लगाने वाला साधक योगवित् कहलाने का भी अधिकारी होता है ॥ ६ ॥

साधक इतना शान्त होता है कि, उसका प्राण ही वहाँ दण्डाकार होते हुए 'लिङ्ग' संज्ञा से विभूषित होने योग्य हो जाता है। यह प्राणदण्ड रूपी लिङ्ग आध्यात्मिक लिङ्ग माना जाता है। यह हृदय अर्थात् शरीर के मूल केन्द्र से उठकर ब्रह्मरन्ध्र पर्यन्त प्रोत हो जाता है। अपने प्रकाश की प्रभा से समग्र पिण्डरूपी ब्रह्माण्ड शरीर को प्रकाशमान कर देता है ॥ ७ ॥

इसका परिणाम यह होता है कि, महीयसी महिमामयी मतिशक्ति द्वारा वहाँ समस्त मन्त्रराशि का दर्शन साधक को हो जाता है। अनवरत एक मास तक इस महासाधनाध्यवसाय में निरत साधक मन्त्र के शिरोभाग अर्थात् वाक्तत्त्व के उच्चशिखर पर आरूढ़ होकर विश्व को नया सन्देश देने में समर्थ हो जाता है ॥ ८ ॥

छः मास लगातार इसी साधन में संलग्न रहने का सुपरिणाम यह होता है कि, सारी सिद्धियाँ उसे स्वतः उपलब्ध हो जाती हैं। यह लिङ्ग विज्ञान का रहस्य है। जो साधक इस रहस्य विद्या के विज्ञान से वञ्चित रहकर लिङ्गोपासना का पक्षधर रहते हुये भी इसमें चूक कर अन्य लिङ्गों के आश्रय की बात करता है, वह इसमें सफल नहीं होता ॥ ९ ॥

वृथा परिश्रमस्तस्य न लिङ्गफलमश्नुते ।
शैवमेतन्महालिङ्गमात्मलिङ्गे [न] सिद्धयति ॥ १० ॥

सिद्धेऽत्र लिङ्गवल्लिङ्गी लिङ्गस्थो लिङ्गवर्जितः ।
भवतीति किमाश्चर्यमेतस्माल्लिङ्गलिङ्गितः ॥ ११ ॥

अनेन लिङ्गलिङ्गेन यदा योगो बहिर्व्रजेत् ।
तदा लिङ्गीति विज्ञेयः पुरान्तं लिङ्गमिष्यते ॥ १२ ॥

एतस्माल्लिङ्गविज्ञानाद्योगिनो लिङ्गिताः स्मृताः ।
अनेनाधिष्ठिताः मन्त्राः शान्तरौद्रादिभेदतः ॥ १३ ॥

उसका इस दिशा में किया हुआ सारा परिश्रम व्यर्थ हो जाता है। वह विज्ञ होते हुए लिङ्गोपासना के सुपरिणाम को नहीं ले पाता। आध्यात्मिक नामक यह महालिङ्ग शैवलिङ्ग की सिद्धि हेतु माना जाता है। आत्मलिङ्ग को आध्यात्मिक लिङ्ग भी कहते हैं। इसी आत्मलिङ्ग साधना से शैवमहालिङ्ग सिद्ध हो जाता है ॥ १० ॥

आत्मलिङ्ग अर्थात् आध्यात्मिक लिङ्ग से शैवमहालिङ्ग साधना में जो सिद्ध हो जाता है, वह लिङ्ग विज्ञान सिद्ध लिङ्गवल्लिङ्गी कहलाता है। अपने बल पर वह लिङ्ग में अवस्थित रहते हुए भी लिङ्ग वर्जित दशा में भी रहने में समर्थ हो जाता है। इसमें आश्चर्य के लिये तनिक स्थान नहीं है। अब उसे लिङ्गलिङ्गित योगवेत्ता कहते हैं ॥ ११ ॥

लिङ्गलिङ्गित एक अवस्था है। उत्तमोत्तम साधक लीन को अर्थात् विश्व प्रसार में सुगुप्त रहस्य को सबके लिये उद्घाटित कर देता है और इसी से उसकी भी पहचान होती है। एक इससे भी ऊँची अवस्था होती है, जब वह अपनी इस स्तरीयता से भी ऊपर उठ जाता है। वह तब केवल 'लिङ्गी' संज्ञा से विभूषित होता है। वास्तव में लिङ्ग तो यह शरीर ही है। इसी शरीर को ही 'पुर' कहते हैं। 'परिशेते पुरुषः' इस उक्ति के अनुसार वह इस पुर सीमा से ऊपर उठकर इसकी संकुचित सीमा को भङ्ग कर असीमता को आत्मसात् करता है ॥ १२ ॥

यह लिङ्ग विज्ञान अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। योगी इसमें निष्णात होकर केवल लिङ्गित रह जाता है। मन्त्र भी इससे अधिष्ठित होते हैं। उन्हें शान्त और रौद्र आदि भेदों में विभक्त कर उपासक जानते समझते हैं ॥ १३ ॥

भवन्तीति किमाश्चर्यं तद्भावगतचेतसः ।
रौद्रं भावं समाश्रित्य यदि योगं समभ्यसेत् ॥ १४ ॥
दुर्निरीक्ष्यो भवेत्सर्वैः सदेवासुरमानुषैः ।
गमागमविनिर्मुक्तः सर्वदृष्टिरकातरः ॥ १५ ॥
मुहूर्तं तिष्ठते यावत्तावदेवेशमाप्नुयात् ।
आविष्टः पश्यते सर्वं सूर्यकोटिसमद्युति ॥ १६ ॥
यत्तदक्षरमव्यक्तं शैवं भैरवमित्यपि ।
तं दृष्ट्वा वत्सरार्धेन योगी सर्वज्ञतामियात् ॥ १७ ॥
य एवैनं समासाद्य यस्तृप्तिमधिगच्छति ।
न च कृत्रिमयोगेषु स मुक्तः सर्वबन्धनैः ॥ १८ ॥

अधिक क्या कहा जाय, योगी स्वयं मन्त्र रूप ही हो जाते हैं । वे एक तरह से मन्त्र भावना की एक निष्ठता में रम जाते हैं । उनकी चेतना मान्त्रिक भाव सत्ता में समाहित हो जाती है । यह शान्त अवस्था की परिचायक चेतना का स्वरूप होता है । इसी तरह रौद्र भाव में भी वे योग का अभ्यास करते हैं ॥ १४ ॥

रौद्र भाव से भावित होने का तात्पर्य साक्षात् रुद्र समावेश में आविष्ट होना माना जाता है । भगवान् परम शिव की तीन अवस्थाओं में ही उपासना होती है । शिवोपासना, भैरवोपासना और रुद्रोपासना । शास्त्र भी इन्हीं तीन धाराओं में प्रवाहित होते हैं । रुद्ररूप में समाहित होने पर योगी देवों, दानवों और मानवों से भी दुर्निरीक्ष्य हो जाता है । गमागम भाव तो सामान्य जीवन और मृत्यु के जंजाल में फँसे जीवों की 'संसृति' कहलाती है किन्तु वह आवागमन से मुक्त हो जाता है । वह सर्वत्र सम दृष्टि सम्पन्न साधक निर्भय भाव से विश्व में विचरण करता है । कातर कापुरुषों से वह बहुत ऊपर अधिष्ठित हो जाता है ॥ १५ ॥

इस धारणा में वह यदि क्षण भर भी अधिष्ठित हो जाता है, तो साक्षात् ईश्वरत्व को ही प्राप्त हो जाता है । उस आवेश में आविष्ट होकर सर्वेश्वर शिव के करोड़ों सूर्यों के समान द्युतिमन्त, अक्षर, अव्यक्त शैव और भैरव रूपों का दर्शन कर लेता है । छः मास की साधना से वह सर्वज्ञ हो जाता है कृत्रिमयोगजेताभैरवभाव-प्राप्त तृप्त योगी सर्वबन्धन विमुक्त हो जाता है ॥ १६-१८ ॥

प्राणायामादिकैर्लिङ्गैर्योगाः स्युः कृत्रिमा मताः ।
तेन तेऽकृतकस्यास्य कलां नार्हन्ति षोडशीम् ॥ १९ ॥
एतत्समभ्यसन्योगी दिव्यचिह्नानि पश्यति ।
उपविष्ट ऋजुर्योगी न किञ्चिदपि चिन्तयेत् ॥ २० ॥
मुहूर्तान्निर्दहेत्सर्वं देहस्थमकृतं कृतम् ।
दह्यमानस्य तस्येह प्रकम्पानुभवो भवेत् ॥ २१ ॥
ततस्तत्र स्थिरीभूते ज्योतिरन्तः प्रकाशते ।
तां दृष्ट्वा परमां दीप्तिं दिव्यज्ञानं प्रवर्तते ॥ २२ ॥

प्राणायाम आदि योग की जो पद्धतियाँ हैं, ये सभी कृत्रिम प्रक्रियायें मानी जाती हैं। कृत्रिम अर्थात् अस्वाभाविक रूप से स्वयम् अभ्यसनीय योग उत्कृष्ट योग नहीं वरन् हठ योग की श्रेणी में परिगणित है। गमागम विनिर्मुक्त, सर्वबन्धन विमुक्त अकृत्रिम योग सम्पन्न योगी की सोलहवीं कला के भी योग्य कृत्रिम योगी नहीं हो सकते ॥ १९ ॥

इस अकृतक योग का अभ्यास करने वाला महायोगी दिव्य लक्षणों का दर्शन करता है। वह केवल 'ऋजु' भाव में अवस्थित अकिञ्चित्-चिन्तन की स्थिति प्राप्त कर लेता है। चिन्तन चित्त से होता है। उसका चित्त रौद्र भाव में समाहित हो जाता है ॥ २० ॥

उपासक में इतनी शक्ति आ जाती है कि, वह क्षण भर में ही समस्त कर्म-जाल को ज्ञान की आग से निश्चय रूप से पवित्र कर देता है। भगवान् कहते भी हैं कि, वह कृत अकृत कर दे। वह देहस्थ पापराशि को जलाकर राख कर दे। इनके जलते ही उपासक में प्रकम्प की अनुभूति होती है। इससे उसका वर्चस्व प्रमाणित हो जाता हैं। इससे घबड़ाने की कोई जरूरत नहीं ॥ २१ ॥

इस स्थिति में स्थिर चित्त साधक परम शान्ति का अनुभव करता है। वह और भी स्थिर हो जाता है। उस समय उसकी अन्तर्ज्योति प्रकाशमान हो उठती हैं। उस दीप्तिमन्त प्रकाश राशि का दर्शन कर उसमें दिव्य ज्ञान का प्रवर्त्तन हो जाता है ॥ २२ ॥

स्वतन्त्रशिवतामेति भुञ्जानो विषयानपि ।
अनिमीलितदिव्याक्षो यावदास्ते मुहूर्तकम् ॥ २३ ॥
तस्मात्सर्वगतं भावमात्मनः प्रतिपद्यते ।
तमेव भावयेद्यत्नात्सर्वसिद्धिफलेप्सया ॥ २४ ॥
ततस्तं भावयेद्योगी कम्पमानोऽत्यनुल्बणम् ।
ततः प्रपश्यते तेजो ललाटाग्रे समन्ततः ॥ २५ ॥
दृष्ट्वा तत्परमं[1] तेजो दिव्यज्ञानमवाप्नुयात् ।
षड्भिर्मासैरनायासाद्वत्सरेण प्रसिद्ध्यति ॥ २६ ॥

स्वच्छन्द भावापन्न शिव तादात्म्यानुभूति में वह भावित हो जाता है। वह विषयों के परिवेश और भोग को उपभोगिता में रहते हुए शिवत्व में ही अधिष्ठित रहता है। आँखों को बन्द किये हुए वह भावमुद्रा में अधिष्ठित होता है, उस समय दिव्यता उसका शृङ्गार करती है। उनकी आँखों में क्षण भर में ही दिव्यता उतर आती है। उसके प्रति मुहूर्त्त धन्य हो उठते हैं। यह साधना की चरम अवस्था होती है ॥ २३ ॥

विश्व की आत्मीयता का उदय उसमें पहले से ही रहता है। इस स्थिति में वह विश्वमय हो जाता है। वह सर्वभाव तादात्म्य का अनुभव करता है। भगवान् कहते है कि, इस भाव को ही वह स्वात्म में सदा भावित करे। इस क्रिया को यत्न पूर्वक करना चाहिये। इससे सभी प्रकार की सिद्धियाँ उसे उपलब्ध हो जाती हैं ॥ २४ ॥

इसके बाद योगवेत्ता शिव का भावन करे। यह देखे कि, इधर जो प्रगति हुई है, उसमें अपेक्षित उष्णता है, या नहीं। उसे अपेक्षाकृत अत्युत्तम स्तर तक ले जाय। इसमें पर्याप्त समय भी लगाना चाहिये। इतना अभ्यास करने के उपरान्त योगी अपने ललाट के अग्रभाग में उठते हुए तेज का दर्शन करता है ॥ २५ ॥

ललाट के अग्रभाग (त्रिनेत्र क्षेत्र) आज्ञा चक्र के परिवेश में उस तेज का दर्शन कर उपासक धन्य हो जाता है। उसमें दिव्य ज्ञान का उद्वलन होने लगता है। इस दिव्य ज्ञान की प्राप्ति में उसे छः मास तक अनवरत साधना करनी पड़ती है। यदि वह निरन्तर एक वर्ष तक इसके साधन से भावना बद्ध होकर क्रिया योग पूरा करता रहे, तो उसे समस्त सिद्धियाँ प्राप्त हो जाती हैं। यह ललाटस्थ तेज की साधना है। योगी के लिये यह परम आवश्यक है ॥ २६ ॥

---

१. क० पु० परतमं तेज इति पाठः ।

शिवतुल्यबलो भूत्वा यत्रेष्टं तत्र गच्छति ।
चेतः सर्वगतं कृत्वा मुहूर्तादेव योगवित् ॥ २७ ॥

शक्त्यावेशमवाप्नोति प्रकम्पानुभवात्मकम् ।
ततस्तत्र स्थिरीभूते मासमात्रेण योगवित् ॥ २८ ॥

शाक्तं प्रपश्यते तेजः सबाह्याभ्यन्तरे स्थिरम् ।
तत्र सम्यक् सुनिष्पन्ने सर्वेन्द्रियजमादरात् ॥ २९ ॥

तत्र स्फुटमवाप्नोति विज्ञानमनिवारितम् ।
सर्वगं चात्र विज्ञेयं यदक्षार्थेन[1] संगतम् ॥ ३० ॥

तेज उस साधक को आत्मसात् कर लेता है और साधक तेज को आत्मसात् करने में समर्थ हो जाता है। यह तैजसिक तादात्म्य उसे शिव तुल्य समर्थ बना देता है। वह तैजसिक सूक्ष्मता के सहारे विश्व विस्तार में जहाँ चाहे वहीं प्रकट हो सकता है। यह उसकी गतिशीलता का ही प्रमाण है। जहाँ चाहे वहाँ प्राप्त हो जाना, पहुँच जाना सिद्धि का ही लक्षण है। उसकी बुद्धि सर्वत्र गतिशील रहती है। वह जहाँ चाहता है, उस क्षण वहीं होता है। इसमें समय नहीं लगता। क्षण भर में यह घटित हो जाता है ॥ २७ ॥

उस अवस्था में जब कभी प्रकम्प की अनुभूति उसे हो, यह समझना चाहिये कि, माँ का आवेश उस पर हो गया है। इस आवेश में स्थिरता अभ्यास द्वारा आ जाती है। उसमें ऐश्वर्य और स्थैर्य इस साधना का अन्तिम पड़ाव माना जाता है ॥ २८ ॥

इसी स्थैर्य में साधक यदि एक मास लगा रह जाय, तो वह शाक्त तेज का दर्शन कर लेता है। उस समय वह बाहर अर्थात् बाह्य दृष्टि से और भीतर अर्थात् आन्तर दृष्टि से भी स्थिर हो जाता है। उसकी सारी इन्द्रियाँ इतनी स्थिर हो जाती हैं कि, कोई आकर्षण उसे डिगा नहीं सकता ॥ २९ ॥

इसी अवस्था में अभ्यास करते-करते वह अनिवार्य रूप से विज्ञान वेत्ता बन जाता है। अक्षार्थ अर्थात् समस्त विषय रूप इन्द्रियार्थ उसके अधीन हो जाती हैं। उसका सर्वज्ञ विज्ञान और ऐन्द्रियिक स्थिरता उसे उच्चस्तरीय बना देते हैं ॥ ३० ॥

---

१. ग० पु० यदक्षार्थैनं संगतमिति पाठः ।

एकमेवेदमाख्यातं तत्त्वं पर्यायभेदतः ।
कर्मेन्द्रियाणि बुद्धयन्तं परित्यज्य समस्तकम् ॥ ३१ ॥

भावयेत्परमां शक्तिं सर्वत्रैव विचक्षणः ।
निश्चलं तु मनः कृत्वा यावत्तन्मयतां गतः ॥ ३२ ॥

तावत्सर्वगतं भावं क्षणमात्रात्प्रपद्यते ।
निर्दह्य पाशजालानि यथेष्टं फलमाप्नुयात् ॥ ३३ ॥

तस्मात्समभ्यसेदेनं कृत्वा निश्चयमात्मनः ।
यत्राधारविनिर्मुक्तो जीवो लयमवाप्स्यति ॥ ३४ ॥

इस सर्वत्र व्याप्त रहने वाले सर्वग तत्त्व और इन इन्द्रियों से प्रत्यक्ष होने वाले विषयों के सम्बन्ध में गहरायी से विचार करने पर निष्कर्ष रूप से यह रहस्य उद्घाटित होता है कि, पर्याय भेद से भिन्न प्रतीत होने वाला तत्त्व वस्तुतः एक ही है। यही शास्त्र भी कहते हैं। इसलिये योगी का यह कर्त्तव्य है कि, वह कर्मेन्द्रियों से लेकर ज्ञानेन्द्रियों तक की इस भेदमयता का परित्याग करदे ॥ ३१ ॥

सर्वत्र एक रूप होते हुए प्रतिरूप भिन्न दीख पड़ने वाली सर्वशक्तिमती परम शक्ति तत्त्वात्मिका परा परमाम्बा का ही भावन करे। यही विचक्षण पुरुष का लक्षण है। मन को उसी में निश्चल भाव से लगा दें। उसी में समाहित और प्रतिष्ठित हो जाँय। यही उस परा शक्ति से तन्मयता मानी जाती है ॥ ३२ ॥

इस प्रकार के अभ्यास में अनवरत संलग्न रहने वाले योगी में चमत्कार घटित हो जाता है। वह क्षण मात्र में ही सर्वगत भाव की उपलब्धि से धन्य हो जाता है। वह इस स्तर पर अपने समस्त पापों को जला डालता है और जिस महान् लक्ष्य की सिद्धि के लिये योग प्रक्रिया को पूरा करने में लगा है, वह लक्ष्य निश्चित रूप से वह पा लेता है ॥ ३३ ॥

इसलिये अपना निश्चय दृढ़ करे या आत्म तत्त्व की उपलब्धि का निश्चय करके इस योग मार्ग को अपनाये। इसका सम्यक् रूप से अभ्यास करे। वह यह सुनिश्चित रूप से जानने में सफलता प्राप्त करे कि, यह जीव जिस शरीर को आधार मानकर इसमें अवस्थित है, इससे मुक्त कर कहाँ लय को प्राप्त करेगा, अर्थात् शरीर-भाव और अशरीर-भाव की जीव-यात्रा की जानकारी प्राप्त करे ॥ ३४ ॥

तत्स्थानं सर्वमन्त्राणामुत्पत्तिक्षेत्रमिष्यते[1] ।
द्विविधं तत्परिज्ञेयं बाह्याभ्यन्तरभेदतः ॥ ३५ ॥
प्रयातव्याधिका मात्रा सा ज्ञेया सर्वसिद्धिदा ।
अथदा गच्छतस्तस्य स्वप्नवृत्त्या विचक्षणः ॥ ३६ ॥
निरोधं मध्यमे स्थाने कुर्वीत क्षणमात्रकम् ।
पश्यते तत्र चिच्छक्तिं तुटिमात्रामखण्डिताम् ॥ ३७ ॥

जीव जहाँ लय को प्राप्त होता है, वह संस्थान मनन करने योग्य है। वह सभी मन्त्रों का उत्पत्ति स्थान है। इस सम्बन्ध में शास्त्र कहते हैं कि, मन्त्रों की देवी 'मातृका' कहलाती है। मातृका ५० वर्णों को होती हैं। वर्ण परावाक् रूपी अमृत पारावार के व्यक्त बिन्दु होते हैं। इन्हीं वर्णों से मन्त्र बनते हैं। इस तरह मन्त्रों की उत्पत्ति का स्थान परावाक् रूप परम तत्त्व है, यह सिद्ध हो जाता है। वही स्थान वास्तव में मन्त्रोत्पत्ति का मूल स्थान है। उत्पत्ति क्षेत्र है। वह बाह्य और आभ्यन्तर भेद से दो प्रकार का होता है ॥ ३५ ॥

उस तत्त्व की आभ्यन्तर स्थिति उसकी अधिका मात्रा है। सर्वप्रथम हमारा उद्देश्य यही बनना चाहिये कि, वही हमारी जीवन यात्रा की प्रयातव्य मंजिल है। वही ज्ञेय है। यही नहीं सर्वतोभावेन ज्ञेय है। वह समस्त सिद्धियों को देने में समर्थ है। विचक्षण योगी स्वप्न की वृत्ति अपना ले। संसार को स्वप्न की तरह मान कर अपनी यात्रा को गति प्रदान करे। जहाँ वह जा रहा हो, उस दिशा में अग्रसर होकर चलता रहे ॥ ३६ ॥

चलते-चलते मध्य धाम में अपने को थोड़ा सा रोके। इस साधना को मध्य-निरोध कहते हैं। यह साधना का आवश्यक मर्म है। इसे ज्ञानवान् गुरु से सीखना चाहिये। इसका एक संकेत देना आवश्यक प्रतीत हो रहा है। जैसे—आप साँस लेते हैं। साँस पूरी लीजिये। उदर भर लीजिये। इस तरह वह नाभि केन्द्र में रुक जाती है। उसे 'सो' मान लीजिये। अब वहाँ से धीरे-धीरे अङ्कुर की तरह ऊपर जाने दीजिये और उसी साँस के साथ चलते रहिये। वह बाहर आयेगी। इसकी दूरी ३६ अङ्गुल होती है। नाक से १२ अङ्गुल पर वह विलीन होती है। वह श्वासलीनता का एक केन्द्र बिन्दु है। उसे 'ह' बिन्दु मान लीजिये। इन्हीं दोनों बिन्दुओं में 'सोहं' का अजपा जाप चलता है। आप गणित कर जान जायेंगे।

---

१. क० पु० उत्पत्तिस्थानमिति पाठः ।

तदेव परमं तत्त्वं तस्माज्जातमिदं जगत् ।
स एव मन्त्रदेहस्तु सिद्धयोगीश्वरीमते ॥ ३८ ॥
तेनैवालिङ्गिता मन्त्राः सर्वसिद्धिफलप्रदाः ।
ईषद्व्यावृत्तवर्णस्तु हेयोपादेयवर्जितः ॥ ३९ ॥
यां संवित्तिमवाप्नोति शिवतत्त्वं यदुच्यते ।
तत्र चित्तं स्थिरीकुर्वन्सर्वज्ञत्वमवाप्नुयात् ॥ ४० ॥

नाभि से १८ अङ्गुल ऊपर १८वें अङ्गुल पर थोड़ी देर ठहर कर आनन्द लीजिये। यह एक उदाहरण है।

इसे ज्ञानवान् गुरु से सीखें। स्वयम् अभ्यास करें। यह आवश्यक योग है। वहाँ चिच्छक्ति का चमत्कारमय अभिराम विराम अनुभूत होगा। वहीं 'चित्' शक्तितत्व का दर्शन भी होता है। वहाँ अखण्ड मात्रा में अवस्थित उस तुटि अर्थात् सौभाग्यशाली क्षण का अनुभव होगा, जिसमें चित्तत्व का समग्र दर्शन होता है ॥ ३७ ॥

वही परम तत्त्व है, 'चित्' एक संज्ञा है परमेश्वर की। वही सत् है। वही चित् है। वही आनन्द है। वही इस जगत् का मूल हेतु है। उसी से यह निष्पन्न होता है। वही मन्त्र का शरीर है। यही सिद्धयोगेश्वरीमत रूपमालिनी विजयोत्तर तन्त्र का सिद्धान्त है, यह ध्यातव्य है कि सिद्धयोगीश्वरीमत ही मालिनीविजयोत्तर तन्त्र है[1] ॥ ३८ ॥

चित् में चिति शक्ति के चैतन्य का चमत्कार है। उसी से सारे मन्त्र आलिङ्गित हैं। आलिङ्गित मन्त्र ही समस्त सिद्धि समुदाय के मुख्य हेतु हैं। कोई विरला साधक ही ऐसा होता है, जो 'वर्ण' रूप मातृका के दिव्य विखर-विग्रह से व्यावृत्त हो पाता है। उससे अलग केवल चिन्तन के स्तर पर पहुँचने वाला साधक ही हेयोपादेय विज्ञान के स्तर को पार कर पाता है। यह साधना का उच्चतम स्तर माना जाता है ॥ ३९ ॥

ऐसा साधक जिस संवित्ति अर्थात् संवित्सामरस्यमयी चेतना का साक्षात्कार कर लेता है, वह निश्चित ही शैव महाभाव का ही साक्षात्कार माना जाता है। ज्ञानवान् योगी इसी संवित्सामरस्य-रस में डुबकी लगाता है। उसी में चित को स्थिर कर लेता है और गीता के शब्दों में 'स्थितप्रज्ञ' बन जाता है। उसे सर्वज्ञता स्वयं वरण करती है। वह सर्वज्ञ हो जाता है ॥ ४० ॥

---

१. मालिनीविजयोत्तरतन्त्रम् अधिकार १ श्लोक १६

तत्रैव दिव्यचिह्नानि पश्यते च न संशयः ।
यत्रैव कुत्रचिद्गात्रे विकार उपजायते ॥ ४१ ॥

संकल्पपूर्वको देवि तत्तत्त्वं तत्त्वमुत्तमम् ।
तदभ्यसेन्महायोगी सर्वज्ञत्वजिगीषया ॥ ४२ ॥

प्राप्नोति परमं स्थानं भुक्त्वा सिद्धि यथेप्सिताम् ।
गन्धपुष्पादिभिर्योगी नित्यमात्मानमादरात् ॥ ४३ ॥

ब्रह्मरन्ध्रप्रदेशे तु पूजयेद्भावतोऽपि वा ।
द्रवद्द्रव्यसमायोगात्स्नपनं[1] तस्य जायते ॥ ४४ ॥

उस स्तर पर विलक्षण दिव्य लक्षण परिलक्षित होते हैं। ऐसी स्थिति में शरीर में जहाँ कहीं भी, किसी अङ्ग प्रत्यङ्ग में जैसा भी कुछ विकार उत्पन्न होता है, या दीख पड़ता है, उससे चिन्तित होने की कोई बात नहीं होती[2] ॥ ४१ ॥

उसमें संकल्प पूर्वता पर विचार करना चाहिये। क्या कभी योगी के मन में उस प्रकार की बात उठी थी ? भगवान् कहते हैं कि, वह किसी तत्त्व का ही स्वरूप है और वह उत्तम तत्त्व है। इसी में उसकी उपेक्षा कर उसे सर्वज्ञता के उद्बलन की साधना में ही संलग्न रहना चाहिये ॥ ४२ ॥

ऐसा योगी सिद्धियों की सोपान-परम्परा को प्राप्त करता हुआ परम गन्तव्य को अधिगत कर लेता है। जो चाहता है, उसे वही मिलता है। अब वह साक्षात् भैरवसद्भाव में अधिष्ठित हो जाता है। उसे स्वात्म शिव की पूजा आदर पूर्वक करनी चाहिये ॥ ४३ ॥

अपने ब्रह्मरन्ध्र प्रदेश में स्वयं पुष्प आदि अर्पित कर पूजा की कृतार्थता को चरितार्थ करना चाहिये। वहाँ शैव महाभाव से भावित रहकर स्वात्म का अर्चन स्वयं करना श्रेयस्कर माना जाता है। इसका प्रदर्शन नहीं होना चाहिये। यह एकान्त उपासना मानी जाती है। जो योगी इस प्रकार की उपासना करता है, वह सहस्रार के सोम तत्त्व के अमृतद्रव से स्वयम् अभिषिक्त होता रहता है। उसका यह स्नपन शैव अभिषेक के समान माना जाता है ॥ ४४ ॥

---

१. क० पु० द्रव्याद्रव्येति ।
२. श्रीत० ७।६४-६५

गन्धपुष्पादिगन्धस्य ग्रहणं यजनं मतम् ।
षड्रसास्वादनं तस्य नैवेद्याय प्रकल्पते ॥ ४५ ॥
यमेवोच्चारयेद्वर्णं स जपः परिकीर्तितः ।
तत्र चेतः समाधाय दह्यमानस्य वस्तुनः ॥ ४६ ॥
ज्वालान्तस्तिष्ठते यावत्तावद्धोमः[1] कृतो भवेत् ।
यदेव पश्यते रूपं तदेव ध्यानमिष्यते ॥ ४७ ॥
प्रसङ्गादिदमुद्दिष्टमद्वैतयजनं महत् ।
[2]उदयार्कसमाभाससमूर्ध्वद्वारे मनः स्थिरम् ॥ ४८ ॥

उसके सम्बन्ध को, उसके व्यवहार की सारी बातों में याज्ञिकता का ही प्रवर्त्तन होता है। जैसे यदि वह शैवसद्भाव में गन्ध ग्रहण करता है, पुष्प स्वीकार करता है, चन्दनादि उपलेपमय गन्ध से संसिक्त होता है, तो उसमें उसका यज्ञ रूप ही प्रतिफलित होता है। भोजन के क्रम में यदि वह षट्रस से स्वादिष्ट रसवत् पक्व अशनीय का आस्वादन करता है, तो वही भगवत्-समर्पण योग्य नैवेद्य सिद्ध हो जाता है। अर्थात् उसका अशन और वसन एवं व्यवहरण सब कुछ भगवदर्थ निवेदित हो जाता है ॥ ४५ ॥

वह जो कुछ बोलता है, वही उसका जप होता है। ऐसे उच्चस्तरीय योगी का सारा व्यवहार ही परमेश्वर के लिये सम्पन्न होता है। उसी चिन्मय भाव में चित्त को समाहित करना चाहिये। ऐसा योगी 'तमसो मा ज्योतिर्गमय' का प्रतीक होता है। उसके ज्योतिर्मय तेज से सारे कलुष कर्मकलङ्क दग्ध हो जाते हैं। सारे दह्यमान पापों और अशुभ के प्रतीक कर्मविपाक जब तक जलते रहते हैं, और जलने के बाद जब तक ज्वाला कण शेष रहते हैं, वह उसके होम के रूप में ही सम्पन्न कर्म माने जाते हैं। वह जिस रूप का दर्शन करता है, वही ध्यान माना जाता है ॥ ४६-४७ ॥

भगवान् भूतभावन परमेश्वर शिव कहते हैं, हे देवि ! पार्वति ! यह प्रसङ्गवश मैंने अद्वैत यजन रूप आध्यात्मिक यज्ञ विषय के सम्बन्ध में जो कुछ कहा है, यह अत्यन्त गम्भीर विषय है। योगी वही है, जो इस स्तरीयता को प्राप्त कर लेता है। वास्तव में योगी ऊर्ध्वद्वार रूप समना में उदय-कालीन सूर्य की रक्ताभ रश्मिमाला की लालिमा से मन को समाहित करे। यह उसकी योगपारङ्गत अवस्था का प्रमाण है ॥ ४८ ॥

---

१. ग० पु० तावद्भ इति पाठः । २. क० पु० समाभ्यासेति पाठः ।

हृदि वा तत्तथा कुयाद् द्वादशान्तेऽथ वाप्नुयात् ।
ततो मासार्धमात्रेण तद्रूपमुपलभ्यते ॥ ४९ ॥

उपलब्धं तदभ्यस्य सर्वज्ञत्वाय कल्पते ।
वस्त्रेण मुखमाच्छाद्य योगी लक्ष्ये नियोजयेत् ॥ ५० ॥

नाभिकन्दादधस्तात्तु यावत्तत्त्वं शिखावधि ।
सूक्ष्मतारकसंकाशं रश्मिज्वालाकरालितम् ॥ ५१ ॥

प्राणशक्त्यवसाने तु पश्यते रूपमात्मनः ।
तदेवाभ्यसतो देवि विकासमुपगच्छति ॥ ५२ ॥

यह भी हो सकता है कि, हृदय केन्द्र में ही वह अपने मन को समाहित करने में सफल सिद्धयोगीश्वरीमत की स्थितप्रज्ञता प्राप्त कर ले, अथवा द्वादशान्त केन्द्र में समाहित होने की प्रक्रिया को पार कर ले। यह उसकी सिद्धि का आधार है। वह मात्र १५ दिन में ही परमेश्वर रूपता को प्राप्त कर कृतार्थ हो जाता है ॥ ४९ ॥

उस तद्रूपता को उपलब्ध अवस्था का निरन्तर अभ्यास भी अत्यन्त आवश्यक होता है। इसका सुपरिणाम यह होता है कि, योगी सर्वज्ञ हो जाता है। इस विद्या को किसी सच्चे शिष्य को देना हो, तो पहले तो उसे भूमिका के रूप में अभ्यास कराना चाहिये। अन्त में उसका मुख वस्त्र से ढक कर उसे लक्ष्य में नियोजित करने की दीक्षा देनी चाहिये ॥ ५० ॥

नाभि, स्वाधिष्ठान और उसके नीचे के अङ्ग कन्द इन तीनों के नीचे मूलाधार चक्र है। इस मूल चक्र से दण्डाकार होकर सुषुम्ना मार्ग से शिखा तक ऊर्ध्वग आकार में जो प्राण-तत्त्व व्याप्त होता है उसमें सूक्ष्म तारक सदृश चमक वाले तेज का प्रकल्पन और तैजसिक कणों के समान अग्निविप्रुष् बरसते रहते हैं। उससे किरणों के समान ज्वालामयी लपटें फूटती रहती हैं। यह सभी साधना की पराकाष्ठा में होता है ॥ ५१ ॥

जहाँ प्राण शक्ति का अवसान होता है, वहाँ चित्त स्थिर करने पर चमत्कार घटित होता है। वहाँ स्वात्म-साक्षात्कार होता है। इसका प्रभाव यह होता है कि, यहाँ सर्वविध विकास हो जाता है ॥ ५२ ॥

तन्मुखं सर्वमन्त्राणां सर्वतन्त्रेषु पठ्यते ।
ततोऽस्य मासमात्रेण काचित्संवित्तिरिष्यते ॥ ५३ ॥

यतः सर्वं विजानाति हृदये संव्यवस्थितम् ।
तां ज्ञात्वा कस्यचिद्योगी न सम्यक्प्रतिपादयेत् ॥ ५४ ॥

अध्यायात्कथनं कुर्यान्नाकाले मृत्युमाप्नुयात् ।
मृतोऽपि स्वभ्रसंघाते क्रमेण परिपच्यते ॥ ५५ ॥

एवं ज्ञात्वा महादेवि स्वाहितं समुपार्जयेत् ।
शिष्योऽप्यन्यायतो गृह्णन्नरकं प्रतिपद्यते ॥ ५६ ॥

समस्त तन्त्रों में यह बात प्रतिपादित की गयी है कि प्राणशक्ति के अवसान में जिस तत्त्व का दर्शन होता है, वह सभी मन्त्रों का मुख माना जाता है। इस तत्त्व-दर्शन का अनवरत अभ्यास आवश्यक है। लगातार एक मास तकही यदि योगी अभ्यास करता है, तो उसे एक नये प्रकार की कोई ऐसी संवित्ति होती है, जिससे वह कृतार्थता की अनुभूति से भर जाता है ॥ ५३ ॥

इस संवित्ति का एक सुपरिणाम यह भी होता है कि, हृदय में केन्द्रित रहकर ही सर्वज्ञता का वरदान पा जाता है। उससे कुछ बिना जाने नहीं बचता अर्थात् सब कुछ जान जाता है। वह संवित्ति ही ऐसी होती है जिसको सामान्य योगी जान भी नहीं पाता, उसका प्रतिपादन तो कोई सामान्य योगी कर भी नहीं सकता है, यह निश्चित है ॥ ५४ ॥

अध्याय वह समय होता है, जो अपने पढ़ने के लिये निर्धारित रहता है। योगी या ज्ञानवान् पुरुष विना समय के बावदूकता न करे। स्वाध्याय समय पर ही व्याख्या करे। इस तरह के आचरण से वह अकाल मृत्यु नहीं प्राप्त करता। योगी के लिये यह आचरणीय नियम हैं। ऐसा ही आचरण करना श्रेयस्कर है।

मृत्यु के उपरान्त योगी अपनी साधना के बल पर अपने शरीर के स्वर्भाग में विद्यमान छह प्रकार के आकाश रूप विवरों में जो उसे सिद्धि प्राप्त थी, उन्हीं के सहारे समस्त चिदाकाश के चैतन्यात्मक आकाशीय छिद्रों में पकता हुआ मुक्त हो जाता है ॥ ५५ ॥

भगवान् शङ्कर कहते हैं कि, देवि पार्वति ! ये सारी बातें यों तो सामान्यतः सबके लिये है किन्तु योगमार्ग के पथिकों को विशेष रूप से जानना चाहिये। इन बातों को जानने के बाद उसे यह विचार करना चाहिये कि, हमारा हित किस तरह सिद्ध हो सकता है। श्रेय का साधन ही सर्वथा हितकर होता है।

न च तत्कालमाप्नोति वचस्त्वितथं मम ।
न्यायेन ज्ञानमासाद्य पश्चान्न प्रतिपद्यते ॥ ५७ ॥

तदा तस्य प्रकुर्वीत विज्ञानापहृतिं बुधः ।
ध्यात्वा तमग्रतः स्थाप्य स्वरूपेणैव योगवित् ॥ ५८ ॥

षड्विधं विन्यसेन्मार्गं तस्य देहे पुरोक्तवत् ।
ततस्तं दीपमालोक्य तदङ्गुष्ठाग्रतः क्रमात् ॥ ५९ ॥

शिष्य ग्राहक होता है। उसमें ग्राहिका शक्ति होती है। उसी से गुरु-प्रदत्त ज्ञान का ग्रहण होता है। इसमें भी न्याय पूर्वक ग्रहण उत्तम माना जाता है। न्याय पथ के विपरीत अन्याय पथ होता है। अन्याय पूर्वक ग्रहण से नरक होता हैं। नरक पाप का परिणाम होता है। इस तरह हमारा अर्थात् शिष्य का यह कर्त्तव्य होता है कि, वह सारे आचरण न्याय पूर्वक करे ॥ ५६ ॥

देवि ! मेरे वचन ध्रुव सत्य हैं। इसमें असत्य के लिये अवकाश नहीं है। कभी भी यह शङ्का नहीं करनी चाहिये कि, ये तत्काल फलित नहीं हैं। ये तत्काल फल प्रदान करते हैं। इसलिये न्याय पूर्वक सद्भावपूर्ण भाव से ही ज्ञान का अर्जन करना चाहिये। ऐसा करने से फिर बाद में भी कोई कुफल नहीं होता ॥ ५७ ॥

शिष्य यदि न्याय पूर्वक ज्ञान का अर्जन न कर गुरु को धोखा देकर छल से दीक्षा आदि के माध्यम से विज्ञान ग्रहण कर ले, अथवा शास्त्र आदि का भी छल पूर्वक ज्ञान प्राप्त करे, उस अवस्था में विचक्षण ज्ञानवान् गुरु का यह कर्त्तव्य है कि, वह शिष्य को दिये ज्ञान का अपहरण कर ले। विज्ञानापहरण के विज्ञान को सभी शास्त्र विज्ञानापहृति विद्या कहते हैं। श्रीतन्त्रालोक नामक महान् आगम ग्रन्थ में भगवान् अभिनव ने इसका विशद और विस्तार पूर्वक वर्णन किया है[1]। साथ ही यह भी कहा है कि, ऐसा छली शिष्य भी गुरु द्वारा अनुग्राह्य[2] है ॥ ५८ ॥

द्वादशान्त तक अङ्गुष्ठाग्र से उस विज्ञान को ले जाकर और ज्ञान देकर शिष्य को विद्या दी गयी थी। अब उसके शरीर में पहले की तरह षड्विध चक्रात्मक मार्ग के साथ ही वोढा न्यास आदि के माध्यम से इस विद्या को

---

१. श्रीतन्त्रालोक २३।४९-६४ ;
२. तदेव श्लोक ६५

नयेत्तेजः समाहृत्य द्वादशान्तमनन्यधीः ।
ततस्तं तत्र संचिन्त्य शिवेनैकत्वमागतम् ।। ६० ।।

तत्र ध्यायेत्तमोरूपं तिरोभावनशीलनम् ।
पतन्तीं तेन मार्गेण ह्यङ्गुष्ठाग्रान्तमागताम् ।। ६१ ।।

सबाह्याभ्यन्तरं ध्यायेन्निविडाञ्जनसप्रभाम् ।
अनेन विधिना तस्य मूढबुद्धेर्दुरात्मनः ।। ६२ ।।

विज्ञानमन्त्रविद्याद्या न कुर्वन्त्युपकारिताम् ।
चित्ताभिसन्धिमात्रेण ह्यदृष्टस्यापि जायते ।। ६३ ।।

ऊर्जा को दीप की तरह शिखावान् बना देना चाहिये। गुरु स्वयम् प्रकाशप्रद है। उसको इस तरह दीप का रूप देना चाहिये। इस प्रक्रिया को उसके अङ्गुष्ठ के अग्रभाग से शुरू करना चाहिये ॥ ५९ ॥

अङ्गुष्ठाग्र से उसके तेज को आनन्द भाव से उसके द्वादशान्त तक ले जाना चाहिये। इसके बाद गुरुदेव यह जान लेता है कि, इसका तेज द्वादशान्त तक आ गया है। अब वह यह भी अनुभव करता है कि, यह शिव से तादात्म्य स्थापित कर चुका है ॥ ६० ॥

उसी ऐक्यापन्न शिष्य को अब गुरुदेव एक तमसाच्छन्न तमोरूप कृष्णवर्णी मूर्त्ति रूप में अवस्थित अनुभव करे। अब वह तिरोभावन शील हो रहा है। गुरु जब से उसकी ओर से मन फेर लेते हैं, वह शिष्य तिरोहित हो जाता है। उसे ही तिरोभावन शील लिखा गया है। तिरोधान एक प्रकार का पतन माना जाता है। इस दशा में उसकी ऊर्जा भी पतनोन्मुखी हो जाती है। द्वादशान्त से नीचे की ओर सरक कर अंगूठे के अगले हिस्से में आ जाती है ॥ ६१ ॥

गुरुदेव प्रदत्त ऊर्जा उससे तिरोहित हो रही है। अब वह घोर कृष्णवर्णी अञ्जन की काली आभा वाली हो रही है। अब इस विधि की पूर्णता का परिणाम क्या होता है—यह देखना है ॥ ६२ ॥

विज्ञानमयी मन्त्र विद्या इतनी महनीय विद्या है कि, उनका बदला किसी दशा में नहीं दिया जा सकता। उसकी उपकारिता का प्रकल्पन नहीं हो सकता। गुरुदेव द्वारा चित्ताभिसन्धि के माध्यम से अदृष्ट में भी गुरु द्वारा शक्तिपात किया जा सकता है, यह गुरु की अप्रकल्प्य शक्ति का स्वरूप है ॥ ६३ ॥

कथंचिदुपलब्धस्य नित्यमेवापकारिणः ।
अथवा सूर्यबिम्बाभं ध्यात्वा विच्छेद्यमग्रतः ॥ ६४ ॥

वर्भानुरूपतया शक्त्या ग्रस्तं तमनुचिन्तयेत् ।
अपराधसहस्रैस्तु कोपेन महतान्वितः ॥ ६५ ॥

विधिमेनं प्रकुर्वीत क्रीडार्थं न तु जातुचित् ।
अनेन विधिना भ्रष्टो विज्ञानादपरेण च ॥ ६६ ॥

अनुपकारी अर्थात् अपने अनाचरण से शास्त्र और आप्त वचनों के विपरीत आचरण से सम्प्रदाय की, गुरु परम्परा की और आदर्श की मर्यादाओं को तोड़कर आध्यात्मिक हानि करने वाले ऐसे छली शिष्य के किसी तरह सम्पर्क हो जाने पर गुरु को सावधान हो जाना चाहिये ।

उस पर गुरु प्रदत्त विज्ञान का जो कुछ भी प्रभाव रहता है, उस विज्ञान मयता को सूर्य बिम्ब के समान भक्ति करे और पुनः उस विज्ञान बिम्ब को तुरत उससे विच्छिन्न कर दे । यह भी विज्ञानापहृति का एक प्रकार है ॥ ६४ ॥

एक तीसरी प्रक्रिया भी विज्ञानापहृति की होती है । इसके अनुसार जैसे सूर्य और सोम को सैंहिकेय राहु ग्रस्त कर लेता है, उसी तरह उसको भी स्वर्भानु की तरह ग्रस्त कर उसके विज्ञान प्रकाश पर खग्रास की स्थिति पैदा कर दे। इस तरह उसे राहुग्रस्त रूप में देखे । यह राहु दूसरा कुछ नहीं, गुरुदेव की क्रुद्ध दृष्टि का प्रभाव होता है । वही उसे राहु की तरह ग्रस्त करती है। इस क्रोध का कारण उस छल और अमर्यादित आचार वाले शिष्य के सहस्राधिक अपराध होते हैं। गुरु का क्रोध ही राहु बन कर उसे ग्रस्त कर लेता है। ऐसे शिष्य की दुर्भाग्य की विजृम्भा उसे स्वयं भ्रष्ट कर देती है ॥ ६५ ॥

भगवान् कहते हैं, यह मात्र विज्ञानापहृति के उद्देश्य से की जाने वाली विधि है । अक्षम्य अपराधों से बाध्य होकर ही यह विधि अपनायी जानी चाहिये । इसे मनोरञ्जन का विषय बनाकर शास्त्र के साथ खिलवाड़ नहीं करना चाहिये । क्योंकि यह भयङ्कर दण्ड है । दण्ड का प्रयोग सामान्य व्यावहारिक भूल के लिये नहीं होना चाहिये । एक बार विज्ञानापहरण के दण्ड से दण्डित शिष्य किसी दूसरे विज्ञान के प्रयोग से बचाया नहीं जा सकता ॥ ६६ ॥

न शक्यो योजितुं भूयो यावत्तेनैव नोद्धृतः ।
करुणाकृष्टचित्तस्तु तस्य कृत्वा विशोधनम् ॥ ६७ ॥

प्राणायामादिभिस्तीव्रैः प्रायश्चित्तैर्विधिश्रुतैः ।
ततस्तस्य प्रकुर्वीत दीक्षां पूर्वोक्तवर्त्मना ॥ ६८ ॥

ततः सर्वमवाप्नोति फलं तस्मादनन्यधीः ।
एवं ज्ञात्वा प्रयत्नेन गुरुमासादयेत्सुधीः ॥ ६९ ॥

यतः संतोष उत्पन्नः शिवज्ञानामृतात्मकः ।
न तस्यान्वेषयेद्वृत्तं शुभं वा यदि वाशुभम् ॥ ७० ॥

शरण में आने पर वही गुरु उसकी रक्षा कर सकता है, जिससे विज्ञान का अपहरण किया है। दूसरे द्वारा कभी भी वह उपासना के इस मार्ग में नियोजित नहीं किया जा सकता। गुरुदेव परम कारुणिक होते हैं। उनके शरण में आ पड़े और अपने अपराधों को स्वीकार कर प्रायश्चित्त कर ले, तो उसका विज्ञान-शोधन कर उद्धार किया जा सकता है ॥ ६७ ॥

विधि द्वारा और आनुशासनिक समयानुपालन रूप और प्राणायामादि पापनिवारक तीव्र प्रायश्चित्त द्वारा उसका विशोधन करने की आज्ञा शास्त्र देते हैं। इतनी प्रक्रिया पूरी करने के उपरान्त गुरु द्वारा सन्तोष व्यक्त करने के उपरान्त पूर्व निर्धारित विधि द्वारा उसे पुनः दीक्षा दी जाय। यह भगवान् के वचन हैं। प्रकुर्वीत क्रिया का 'प्र' उपसर्ग उस पर विशेष बल दे रहा है ॥ ६८ ॥

इतना सब कुछ करने पर, प्रायश्चित्त वैतरणी पार करने पर शिष्य की बुद्धि ठिकाने पर यदि आ जाय और वह अनन्य भाव से गुरु शरण में श्रद्धा पूर्वक आ जाय, तो उसके उत्कर्ष के द्वार खुल जाते हैं। वह शास्त्र प्रतिपादित समस्त फलों को यथावत् प्राप्त करता है, इसमें सन्देह नहीं। यह जानकर अनन्य भाव से गुरु को शरण में आवे। आत्मोन्नति के उद्देश्य से इस दिशा में प्रयत्न पूर्वक प्रवृत्त रहे ॥ ६९ ॥

शिष्य के हृदय में शिवभक्ति योग और तादात्म्य विज्ञान की सुधा का सामरस्य अब अनुभूत हो रहा है। यह जानकर गुरु के मन में एक आनन्दप्रद सन्तोष उत्पन्न हो जाता है। अब उसके पूर्ववृत्त (चरित्र) की बातों के स्मरण

स एव तद्विजानाति युक्तं वायुक्तमेव वा ।
अकार्येषु यदा सक्तः प्राणद्रव्यापहारिषु ॥ ७१ ॥
तदा निवारणीयोऽसौ प्रणतेन विपश्चिता ।
तेनातिवार्यमाणोऽपि यद्यसौ न निवर्तते ॥ ७२ ॥
तदान्यत्र क्वचिद्गत्वा शिवमेवानुचिन्तयेत् ।
एष योगविधिः प्रोक्तः समासाद्योगिनां हितः ॥ ७३ ॥
नात्र शुद्धिर्न चाशुद्धिर्न भक्ष्यादिविचारणम् ।
न द्वैतं चापि चाद्वैतं लिङ्गपूजादिकं न च ॥ ७४ ॥

को आवश्यकता नहीं रहती ! न हो उसका अन्वेषण करना चाहिये कि, उसने विगत समय में क्या अच्छे और क्या बुरे कार्य किये थे ॥ ७० ॥

यह बात गुरु से अधिक कौन जान सकता है ? वही इसका प्रमाण है कि, शिष्य शुभ कर रहा है या अशुभ ? वह युक्त है या अयुक्त ? यदि प्राण हरण में प्रवृत्त है, द्रव्य के अपहरण में भी युक्त है, अथवा ऐसे ही अन्यर्थकारी कार्यों में लगा हुआ है, इस सबकी जानकारी गुरु को हो जाती है। गुरु से कुछ भी छिपा नहीं रहता ॥ ७१ ॥

इस तरह की किसी विरोधी-अविरोधी सूचना पर गुरु को सावधान हो जाना चाहिये। वह सब कैसे न हो, यह सोचना चाहिये। वह स्वयं बुद्धिमान् और समय पर उचित कार्य करने का विशेषज्ञ होता है। उसका यह कर्त्तव्य है कि, समय रहते शिष्य को उत्पथ में प्रवृत्त होने से रोके। अपनी विनम्रता से शिष्य की भावनाओं को जीत ले। इस प्रकार गुरु द्वारा निवारित करने पर भी यदि वह नहीं रुकता है और अपनी दुष्प्रवृत्ति से बाज नहीं आता तो भी निराश होने की कोई बात नहीं ॥ ७२ ॥

इस बात के लिये भगवान् की प्रार्थना करनी चाहिये । इसके लिये कोई एकान्त स्थान चुनना चाहिये[1]। यह संक्षेप में योग मार्ग के पथिकों की जानकारी के उद्देश्य से कहे गये वचन हैं। ये विधि रूप में स्वीकार करने योग्य हैं ॥ ७३ ॥

इस शास्त्र को इस लिये भी महत्त्व दिया जाता है कि, इसमें शुद्धि-अशुद्धि की संकीर्ण विचार धारा से ऊपर उठने की प्रक्रिया सिखायी जाती है। भक्ष्य और

---

१. श्रीतन्त्रालोक २३।८७

न चापि तत्परित्यागो निष्परिग्रहतापि वा ।
सपरिग्रहता वापि जटाभस्मादिसंग्रहः ॥ ७५ ॥

तत्त्यागो न व्रतादीनां चरणाचरणं च यत् ।
क्षेत्रादिसंप्रवेशश्च समयादिप्रपालनम् ॥ ७६ ॥

परस्वरूपलिङ्गादि[1] नामगोत्रादिकं च यत् ।
नास्मिन्विधीयते किंचिन्न चापि प्रतिषिध्यते ॥ ७७ ॥

अभक्ष्य अपनी प्रवृत्ति पर निर्भर है। इनकी शास्त्रोय विषयों में कोई महत्ता नहीं है। द्वैत और अद्वैत में फसने की इसमें कोई आवश्यकता नहीं। लिङ्ग पूजा या किसी और पूजा की परिग्रह और अपरिग्रह भावना पर कोई बल नहीं दिया गया है ॥ ७४ ॥

'क्या छोड़ना चाहिये, क्या ग्रहण करना चाहिये' आदि प्रवृत्तियों से सम्बद्ध परिग्रह और अपरिग्रह को बातों पर जोर देने वाला यह शास्त्र नहीं। साम्प्रदायिक संकोर्ण भावना इस शास्त्र के लिये कोई महत्त्व नहीं रखती। शास्त्र के स्वाध्याय में रत, शक्ति विशेषज्ञ उपासक को इन प्रपंचों से क्या लेना देना ? कौन जटा धारण करे, कौन भस्म लगाये और कौन इनका संग्रह करे, ये तथ्य इस शास्त्र के लिये उपयोगी नहीं है ॥ ७५ ॥

व्रतों का आचरण करना या न करना, उनका त्याग करना या ग्रहण करना, किस क्षेत्र में कब कैसे प्रवेश और साम्प्रदायिक समयों का अनुपालन यह सब तटस्थ योगी के लिये महत्त्वहीन विषय हैं। अतः वे यहाँ व्यर्थ नहीं बनाये गये हैं ॥ ७६ ॥

दूसरों द्वारा उपास्य स्वरूप कैसे हैं, वे किस लिङ्ग की पूजा करते या नहीं करते हैं ? किसके क्या नाम हों ? किसके कौन गोत्र हैं ? इन विषयों का विधान इस शास्त्र का प्रतिपाद्य नहीं है। न तो इनके विधान की विधि और न ही इनका निषेध ही यहाँ वर्णित है ॥ ७७ ॥

---

१. क० पु० परलिङ्गस्वरूपादीति पाठः ।

विहितं सर्वमेवात्र[1] प्रतिषिद्धमथापि वा ।
किंत्वेतदत्र देवेशि नियमेन विधीयते ॥ ७८ ॥

तत्त्वे चेतः स्थिरीकार्यं सुप्रयत्नेन योगिना ।
तच्च यस्य तथैव स्यात्स तथैव समाचरेत् ॥ ७९ ॥

तत्त्वे निश्चलचित्तस्तु भुञ्जानो विषयानपि ।
न संस्पृश्येत दोषैः स पद्मपत्रमिवाम्भसा ॥ ८० ॥

इस शास्त्र को इन विधियों के विधि-निषेध की दृष्टि से महत्त्व नहीं दिया जाता। यहाँ जो भी विहित है या प्रतिषिद्ध है, वह हे देवेश्वरी पार्वती ! एक ही नियम से निहित है और वह नियम कुछ दूसरा नहीं, मात्र यह वही है, जिसके द्वारा चित्त तत्त्व में स्थिर हो सके। योगी का यही पावन कर्त्तव्य है कि, वह येन केन प्रकारेण मन को परमतत्त्व परमेश्वर में स्थिर भाव से समाहित और निहित करे। इस श्लोक का सुप्रयत्न शब्द सु और प्र दो उपसर्गों से विशिष्ट अर्थ का द्योतन कर रहा है। 'सु' से सुन्दरता, सौष्ठव और सम्यक् विनम्र आकर्षण—ये सभी भाव गृहीत होते हैं। योगी के व्यवहार में ये सभी निहित रहना चाहिये। 'प्र' उपसर्ग योगी के विशेष अध्यवसाय की सूचना दे रहा है। इस प्रकार योग मार्ग के पथिक का आचरण सुप्रयत्न की कसौटी पर खरा उतरना आवश्यक है। भगवान् यह घोषणा कर रहे हैं कि, यह महान् लक्ष्य जिस किसी भी साधना से पूरा किया जा सके, इसे पाया जा सके, वही करना चाहिये। वही आचरण करना चाहिये, जिससे परमेश्वर में मन मिल जाय ॥ ७८-७९ ॥

जिस योगी का मन तत्त्व भाव में निश्चलता पूर्वक स्थिर हो जाता है, वह विधि—निषेध से ऊपर उठ जाता है। वह क्या खा रहा है, क्या पी रहा है, शुद्ध है या अशुद्ध है, जटी है या मुण्डी है—ये सारे प्रश्न महत्त्वहीन हो जाते हैं। वह सभी विषयों का उपभोग करते हुए भी नहीं करता है। तटस्थ और साक्षी भाव में जीता है। पद्मपत्र के जल की तरह वह विषयों से अलग रहता है ॥ ८० ॥

---

१. क० पु० तर्वमेवेदमिति पाठः ।

विषापहारिमन्त्रादिसंनद्धो[1] भक्षयन्नपि ।
विषं न मुह्यते तद्वद्योगी महामतिः ॥ ८१ ॥
इत्येतत्कथितं देवि किमन्यत्परिपृच्छसि ।

इति श्रीमालिनीविजयोत्तरे तन्त्रे परमविद्याधिकारो
नामाष्टादशोऽधिकारः ॥ १८ ॥

एक पुरुष जहर को मारने की दवा का विशेषज्ञ है, और सदा उसे पास रखता है, अथवा विष को उतार कर निरस्त करने वाले मन्त्र को ग्रहण-आदि में सिद्ध कर चुका है, उसे सभी लोग विषापहारी मन्त्रादि सन्नद्ध कहते हैं। वह लोगों को चमत्कृत करने के लिये जहर सबके सामने खा लेता है। सभी इससे चकित रह जाते हैं। उस पर जहर काम नहीं करता क्योंकि वह उसकी दवा भी रखता है और मन्त्र का प्रयोग भी कर लेता है। विष उसे मुग्ध नहीं करता। उसी प्रकार योगी भी संसार विष से प्रभावित नहीं होता। उसके पास तत्त्व भाव में सुस्थिर रहने का महामन्त्र होता है। भगवान् कहते है कि देवि! मैंने तुम्हारे परिप्रश्न से प्रभावित होकर इतनी सारी बातें तुम्हें सुनाकर भी प्रसन्न हूँ। श्रोता यदि सन्नद्ध रहे तो वक्ता भी प्रोत्साहित रहता है। बताओ तुम्हें और क्या सुनने को समीहा है। परिपृच्छसि में वर्तमान काल है। इसका तात्पर्य है—तुम्हारे प्रश्न का उत्तर तत्काल देने को मैं अभी तत्पर हूँ, पूछो, क्या पूछ रही हो ? ॥ ८१ ॥

परमेशमुखोद्भूत ज्ञानचन्द्रमरीचिरूप श्रीमालिनीविजयोत्तरतन्त्र का
डॉ० परमहंस मिश्र कृत नीर-क्षीर विवेक भाषा-भाष्य समन्वित
परमविद्याधिकार नामक अठारहवाँ अधिकार परिपूर्ण ॥ १८ ॥
॥ ॐ नमः शिवाये ॐ नमः शिवाय ॥

---

१. ख० पु० तं० च मन्त्रादिसंयुक्त इति पाठः ।

अथ एकोनविंशोऽधिकारः

अथैनं परमं योगविधिमाकर्ण्य शाङ्करी ।
पुनराह प्रसन्नास्या प्रणिपत्य जगद्गुरुम् ॥ १ ॥
साध्यत्वेन श्रुता देव भिन्नयोनिस्तु मालिनी ।
विद्यात्रयं सविद्याङ्गं विधिवच्चावधारितम् ॥ २ ॥

सौः

परमेशमुखोद्भूतं ज्ञानचन्द्रमरीचिरूपम्

श्रीमालिनीविजयोत्तरतन्त्रम्

डॉ० परमहंसमिश्र 'हंस' कृत नीर-क्षीर-विवेक-भावाभाष्य संवलितम्

एकोनविंशोऽधिकारः

[१९]

परमेश्वर शिव द्वारा वर्णित इस परमयोग प्रक्रिया का श्रवण कर भगवान् की शक्तिरूपिणी देवी शाङ्करी अत्यन्त प्रसन्न हो उठीं । उनका मुखारविन्द प्रसन्नता से खिल उठा । उन्होंने विनम्रता से प्रणति पूर्वक यह निवेदन किया । उनका यह निवेदन जगत् के उद्धारक परम गुरु परमेश्वर के चरणों में अर्पित था । उन्होंने कहा ॥ १ ॥

देवेश्वर मेरी स्मृति में इस समय एक अत्यन्त महत्त्वपूर्ण बात अङ्कुरित हो रही है । मैंने आप से ही सुना था कि, यह विद्या नितान्त साधनीय है । उस विद्या का नाम 'मालिनी' है । इसे भिन्न योनि भी कहते[1] है । मैंने उसी समय अपरा, परा और परापरा नामक तीन[2] विद्याओं को भी आप से ही सुना था । इन विद्याओं के अङ्गों के विषय में भी आपने अच्छी तरह बताया था ।[3] मैंने विधि पूर्वक उन्हें अवधारित भी किया था ॥ २ ॥

---

१. श्रीमा० वि० अधिकार ३।३६-४१,४।११-१७ ।
२. तदेव अ० ४।१८; ३. तदेव अधि० ४।१० ।

अधुना श्रोतुमिच्छामि ह्यभिन्ना साध्यते कथम् ।
हिताय साधकेन्द्राणां प्रसादाद्वक्तुमर्हसि ॥ ३ ॥

एवमुक्तो महेशान्या जगतां पतिरादरात् ।
विकसद्वदनाम्भोजः प्रत्युवाच वचोऽमृतम् ॥ ४ ॥

आरिराधयिषुः शम्भुं कुलोक्तविधिना बुधः ।
कुलचक्रं यजेदादौ बुधो दीक्षोक्तवर्त्मना ॥ ५ ॥

ततो जपेत्परां शक्तिं लक्षमेकमखण्डितम् ।
पराबीजपुटान्तःस्थां न द्रुतां न विलम्बिताम् ॥ ६ ॥

भगवन् ! इस समय उसी सन्दर्भ में मेरी इच्छा हो रही है कि, वह विद्या जिसे आपने 'अभिन्ना' संज्ञा से विभूषित किया था, उसे कैसे साधा जा सकता है, यह भी आप से सुनकर गुन सकूँ। यह विद्या साधक शिरोमणि योगिवर्यों के लिये अत्यन्त हितावह है। भगवन् ! प्रसन्नता के पवित्र वातावरण में उसे सुनाकर अनुगृहीत करें ॥ ३ ॥

इस प्रकार अत्यन्त आदर और श्रद्धा पूर्वक पार्वती ने जगत्पति जगदीश्वर से अपनी इच्छा को स्पष्टरूप से व्यक्त किया था। वह महेशानी से इस प्रकार के विनम्र प्रश्न को सुन कर और भी प्रसन्न हो उठे। उनका मुख कमल खिल उठा। उन्होंने अपने मुखारविन्द से मकरन्द रसामृत की वर्षा इस प्रकार प्रारम्भ की ॥ ४ ॥

बुद्धिमान् उपासक 'कुल' शास्त्र के अनुसार परमेश्वर शिव की आराधना करने की आकाङ्क्षा से यदि समन्वित है, तो उसे दीक्षा द्वारा निर्दिष्ट विधि के अनुसार ही आराधना का उपक्रम पहले अपनाना चाहिये। मनमाने ढङ्ग से इसे करना उचित नहीं ॥ ५ ॥

इसके सन्दर्भ में ही पहले परा शक्ति मन्त्र का एक लाख जप अखण्डित रूप में करना चाहिये। यह ध्यान रहे कि, जप में व्यवधान न आने पाये। पराशक्ति मन्त्र पराबीज से सम्पुटित करने पर अति ही प्रभावशाली होता है। यह न तो इतनी तेजी से करे कि, इसके वर्णों में टूट उत्पन्न हो जाये। इसी प्रकार इतनी धीमी गति से भी नहीं हो कि, वर्णों को परस्पर अन्विति ही बाधक हो जाये ॥ ६ ॥

तद्वत्खण्डाष्टकं चास्या लक्षं लक्षमखण्डितम् ।
जपेत्कुलेश्वरस्यापि लक्षषट्कमनन्यधीः ॥ ७ ॥

होमयित्वा दशांशेन द्रव्यं पूर्वोदितं बुधः ।
नित्यानुस्मृतिशीलस्य वाक्सिद्धिः संप्रजायते ॥ ८ ॥

स्वकुले जपयुक्तस्य अशक्तस्यापि साधने ।
भवन्ति कन्यसां[1] देवि संसारे भोगसम्पदः ॥ ९ ॥

तदनन्तर इस विद्या से सम्बन्धित अष्ट खण्डात्मक मन्त्रों का प्रति एक लाख जप आवश्यक माना जाता है। यह भी अखण्ड रूप से ही होना चाहिये। तत्पश्चात् कुलेश्वर मन्त्र का अनन्य भाव से छह लाख जप करना आवश्यक माना जाता है ॥ ७ ॥

इसका दशांश हवन भी करना चाहिये। इतने जप और हवन से यह अनुमान किया जा सकता है कि, पूर्ण समर्पण और अनन्य आस्थापूर्वक ही कुलाचार विधि में प्रवेश होना चाहिये। बिना आस्था के इतना उपक्रम असम्भव है। मात्र उपक्रम में ही १५ लाख मन्त्रों के जप यहाँ निर्दिष्ट है। दशांश हवन भी १५ लाख आहुतियों वाला एक महान् यज्ञ ही है। इतना महान् अध्यवसाय सम्पन्न करने वाला उपासक परम आस्थावान् है, यह सिद्ध हो जाता है। ऐसा नित्य स्मृतिशील उपासक वाक्सिद्ध हो जाता है। मन्त्रों के जप और तप में रति के कारण उसमें वाक्सिद्धि का सामर्थ्य उत्पन्न हो जाता है ॥ ८ ॥

यह सौभाग्य का विषय माना जाता है कि, अपने ही कुल में कोई कुलशास्त्रानुसारी साधक हो। वह जपयुक्त हो। उसमें अशक्तसाधन के अध्यवसाय की भावना हो और वह ऐसा करें। इसका परिणाम यह होता है कि, सांसारिक समस्त भोग और सारी सम्पत्तियाँ भी उसे छोटी बहन की तरह प्यार करने लगतीं हैं। कन्यस छोटे भाई को कहते हैं। बहुवचन में 'कन्यसाः' रूप की समानता के कारण छोटे भाई की तरह सहायक होती हैं। यह अर्थ भी किया जा सकता है। इस श्लोक में दो पाठ वाला 'कन्यसा' शब्द प्रयुक्त हैं। दूसरा पाठभेद 'कन्यका' है। दोनों अर्थ प्रायः समान हैं। 'भोगसम्पदः' के विशेषण के रूप में ही दोनों पाठ भेद चरितार्थ हैं ॥ ९ ॥

---

१. ग० घु० कन्यका देवीति पाठः ;

शक्तस्तु साधयेत्सिद्धिं मध्यमामुत्तमामपि ।
कृतसेवाविधिः पृथ्वीं भ्रमेदुद्भ्रान्तपत्रिवत्[1] ॥ १० ॥
नगरे पञ्चरात्रं तु त्रिरात्रं पत्तने तु वै ।
ग्रामेऽपि चैकरात्रं तु स्थित्वैनं विधिमाचरेत् ॥ ११ ॥
यन्नामाद्यक्षरं यत्र वर्गे तत्तस्य[2] वस्तुनः ।
कुलमुक्तं विज्ञानज्ञैर्नगरादेर्न संशयः ॥ १२ ॥

जहाँ तक शक्त साधक का प्रश्न है, वह मध्यम और उत्तम सिद्धियों के साधन में अवश्य लगे—यह भगवान् का विधिपूर्ण निर्देश है। यह एक प्रकार की स्वात्म सेवा है, शास्त्र सेवा है और निष्ठा के कारण गुरु और सम्प्रदाय की भी सेवा है। जिस साधक ने इस विधि को साध लिया, वह धन्य है। वह यथेच्छ भूमण्डल का भ्रमण कर सकता है। वह असीम आकाश में उड्डीयमान विहग की तरह निर्बाध अपने उद्देश्य में सफल होता है। 'पत्रि' के स्थान पर पत्रवत् पाठभेद असंगत प्रतीत है। सूखे उड़ते पत्ते से उपासक की तुलना व्यर्थ है ॥ १० ॥

पृथ्वी भ्रमण को भी मर्यादित करने के उद्देश्य से शास्त्र ने इसमें कुछ नियतात्मक निर्देश दिये हैं। इनके अनुसार यदि किसी नगर में ऐसे उपासक को आने का संयोग आ जाता है, तो उसे मात्र ५ रात्रि पर्यन्त ही वहाँ निवास करना चाहिये, यदि उसको पत्तन अर्थात् प्रदेश में जाना हो, तो मात्र तीन रात्रियों तक रुकना चाहिये। किसी ग्राम में तो मात्र एक रात्रि भर निवास की आज्ञा शास्त्र देता है। हाँ इन स्थानों पर रुकने की विधि का उलंघन नहीं करना चाहिये। आचरण कर सम्प्रदायनिष्ठ नियमों का पालन करना चाहिये ॥ ११ ॥

किसी वस्तु की कोई न कोई संज्ञा होती है। उसका नाम होता है। नाम के आदि अक्षर को देखकर यह पता लगाना चाहिये कि, यह वर्णमाला के किस वर्ग का है? उस वस्तु का वही वर्ग होता है और वही कुल भी होता है। इस तरह नगर आदि नामों के सन्दर्भ में भी कुल का पता लगा लेना चाहिये ॥ १२ ॥

---

१. ग० पु० पुत्रवदिति पाठः।

२. क० पु० वर्गतस्त्वस्येति पाठः;

या यत्र देवता वर्गे वाच्यत्वे संव्यवस्थिता[1] ।
सैव तस्य पतित्वेन ध्येया पूज्या च साधकैः ॥ १३ ॥
तस्य किंचित्समासाद्य नगरादिकमादरात् ।
स्वदिग्वर्गस्थितो[2] भूत्वा चक्रं योज्य निजोदये[3] ॥ १४ ॥
अथवा ··· ··· समेकैक उदिते ··· ··· ।
देवता माहेश्वर ··· ··· ··· ··· ··· ॥ १५ ॥
क्रमेणैव यथा रात्रौ ··· ··· यथा दिवा ।
स्वदिशि स्वोदये वर्गं तमेवानुस्मरेद्बुधः ॥ १६ ॥

वर्गों के और उनमें आये वर्णों के अलग-अलग देवता भी निर्धारित हैं। वह देवता उस वर्ग से वाच्य होती है। शास्त्र इसको व्यवस्था देता है। वही देवता उस कुल की स्वामिनी होती है और यदि देव हैं, तो वह कुल का स्वामी होता है। उस देवता का ध्यान और उसकी पूजा साधकों द्वारा होनी चाहिये ॥१३॥

इस दृष्टि से पूरा विचार कर जब कुलाचार निष्ठ साधक किसी नगर आदि की यात्रा आदि या वस्तु प्राप्ति आदि पर निर्णय करे, तो इन शास्त्रीय निर्देशों का ही आधार लें। इसी तरह दिग् आदि की स्ववर्गीयता पर विचार कर उसी दिशा में रहने की व्यवस्था करें। इस तरह चक्र का और साधक के उदय-उत्कर्ष का योग श्रेयस्कर होता है ॥ १४ ॥

'अवान्तर' स्थिति में उस समय की प्रतीक्षा करनी चाहिये, जब 'सम'रूप से 'एक-एक' दिग् और देवता का कुल दृष्टि से सुयोग बनता हो। उस समय अनुकूल 'देवता' उसे 'माहेश्वर' के प्रशस्त पथ पर अग्रसर करने में सहायक होते हैं। इससे उपासक के कुलाचार का पालन होता है[4] ॥ १५ ॥

यह क्रम निरन्तर अपनाना आवश्यक है। ये 'योग' जैसे रात्रि में अपेक्षित हैं, वैसे ही दिन में भी अपेक्षित हैं। यहाँ टूट की जगह—'भवेद्योगो' शब्द का अध्याहार प्रसङ्ग के अनुकूल है। जब भी अपने कुल के अनुकूल दिग् का सुयोग अथवा नाम और नक्षत्रोदय का सुयोग हो, उसी स्ववर्ग्य समय का अनुसरण करना चाहिये। यही बुद्धिमानी पूर्ण चिन्तन युक्त आचरण है ॥ १६ ॥

---

१. क० पु० संव्यवस्थितिरिति पाठः । २. ग० पु० स्वदिधि संस्थित इति ;
३ नियोजयेत् इति पाठः ।
४ उद्धरण चिह्नयुक्त शब्द श्लोक में हैं। शेष अर्थ अध्याहृत है। —लेखक

तिष्ठेदन्योदयं यावत्ततः स्वां दिशमाश्रयेत् ।
स्वकुलं चिन्तयन्यायात्तद्देशकुलमेव[1] वा ॥ १७ ॥
यावदन्यां दिशं मन्त्री ततस्तदनुचिन्तयेत् ।
एवं यावत्स्वकं स्थानं कुलचक्रोक्तवर्त्मना ॥ १८ ॥
भ्रमित्वा पुनरायाति पूर्वकालक्रमेण च ।
तावदागत्य देवेशि तद्देशकुलनायिका ॥ १९ ॥
ददेद्भक्ष्यादिकं किंचिद्दापयेद्वाथ केनचित् ।
अनेन विधिना युक्तो गुप्ताचारो दृढव्रतः ॥ २० ॥

जब तक स्ववर्ग्य नक्षत्र आदि का उदय न हो जाय, अपेक्षित दिन व समय न आ जाय तब तक 'तिष्ठेत्' अर्थात् ठहर जाय रुके। जब स्ववर्ग्योदय हो जाय उसी से अपनी दिशा का आश्रय ग्रहण करे। अपने कुल का चिन्तन प्रत्येक दशा में करना अनिवार्य है। उस देश और कुल को ओर ही प्रस्थान करना श्रेयस्कर होता है ॥ १७ ॥

मन्त्र का साधक मन्त्री जब तक अन्य दिग्देश के सम्बन्ध में विचार करता है कि, यह अपने कुल का है या नहीं, तब तक वह किसी निर्णय के सम्बन्ध में अनुचिन्तन न करे। जब तक कुल मार्ग द्वारा निर्दिष्ट क्षेत्र को प्राप्ति न हो जाय तब तक किसी स्थान को अपना स्थान न माने। स्थान मिल जाने पर ही वह यह निर्णय करे कि, यह मेरा स्थान है ॥ १८ ॥

अपने कुल चक्र के अनुसार जब तक अपना स्थान नहीं मिलता, मन्त्री घूमता रहता है। मिल जाने पर अपने स्थान पर लौट आता है। यह इसका निर्धारित क्रम है। यह पूर्वकाल क्रम के अनुसार चलता है। भगवान् कहते हैं कि, देवेश्वरि पार्वति! उस देश को कुल नायिका शक्ति उसे तुरन्त पहचान लेती हैं। उसके अशन-वसन की व्यवस्था स्वयं कर देती है, या किसी दूसरे के माध्यम से पूरी करा देती है। माध्यम से भी वह भक्ष्यादि समस्त आवश्यकताओं की पूर्त्ति करा देती है। इस तरह वह मन्त्री कुलमार्ग के इस गुप्त आचार पर दृढ़व्रत रहकर अपना लक्ष्य पा लेता है ॥ १९-२० ॥

---

१. क० पु० यावत्तद्देशेति पाठः ।

योगिनीमेलकं प्राप्य षण्मासेनैव सिद्धयति ।
दुष्करोऽयं विधिर्देवि सत्त्वहीनैर्नराधमैः ॥ २१ ॥

सर्वसिद्धिकरो मुख्यः कुलशास्त्रेषु सर्वतः ।
अथैकस्मिन्नपि ग्रामे पत्तने नगरेऽपि वा ॥ २२ ॥

तद्दिग्भागं समाश्रित्य तदेव जपते कुलम् ।
त्रिभिरब्दैरनायासात्साधयेदुत्तमं फलम् ॥ २३ ॥

लोकयात्रापरित्यक्तो ग्रासमात्रपरिग्रहः ।
अथवा नाभिचक्रे तु ध्यानचक्रं कुलात्मकम् ॥ २४ ॥

योगिनी शक्ति उसकी साधना को देखकर प्रसन्न हो उठती हैं। यह उसकी योगिनी मेलन की घटना उसके आचार पालन के सन्दर्भ में ही घटित होती है। साधक इसे पाकर छह मास में ही सिद्ध हो जाता है। योगिनो मेलन ही इसका प्रमाण है कि, अब सिद्धि अवश्यंभाविनो है। भगवान् कहते हैं कि, देवि पार्वति! यह विधि अत्यन्त दुष्कर है। इस मार्ग पर चलकर कुलाचार के अनुसार लक्ष्य प्राप्त करना, साधारण अथवा नोच लोग द्वारा, अपनाना प्रायः असम्भव हो है ॥ २१ ॥

कुल शास्त्रों में पूरो तरह विशदता पूर्वक इस मार्ग का विवेचन किया गया है। यह सभो मार्गों में मुख्य मार्ग है। यह समस्त सिद्धियों को प्रदान करने वाला मार्ग है। सिद्धि प्राप्त हो जाने को अवस्था में वह एक ग्राम में भो स्थिर भाव से निवेश कर अपने आचार का पालन कर सकता है। एक हो पत्तन में रह सकता है। एक नगर में भो निवास कर सकता है ॥ २२ ॥

ग्राम, पत्तन और नगर के इन दिग्विभागों का आश्रय ग्रहण कर वह अपने निर्धारित और स्वोकृत कुल मार्ग के आचार का पालन करता है। मन्त्रों का जप करता है और सिद्ध हो जाता है। इस प्रकार यदि वह तोन वर्षों तक अनवरत कुल मन्त्रों का निष्ठा और आचार पूर्वक पालन करता है, तो निश्चय हो उत्तम फल को प्राप्ति कर लेता है ॥ २३ ॥

वह अपने आचार पालन में रत रहता है। उसे लोकयात्रा के लिये प्रयत्नशोल रहने को कोई आवश्यकता नहीं होती। लोक यात्रा का परित्याग कर वह एक ग्रास परिग्रह में ही गुजर कर लेता है। आगे चलकर उसे इसकी आवश्यकता भी नहीं रहतो। वह अपने नाभिचक्र से हो सारा पूर्त्ति कर लेता है। अपने कुल चक्र का सदैव अनुवर्त्तन करता रहता है ॥ २४ ॥

चेतसा भ्रमणं कुर्यात्सर्वंकालक्रमेण तु ।
ततोऽस्य वत्सरार्धेन देहान्तं योगिनीकुलम् ॥ २५ ॥

आविर्भवत्यसंदेहात्स्वविज्ञानप्रकाशकम् ।
तेनाविर्भूतमात्रेण योगी योगिकुले कुली ॥ २६ ॥

भवेदपि पतिर्देवि योगिनां परमेश्वरि ।
अथवा चिन्तयेद्देवि यकारादिकमष्टकम् ॥ २७ ॥

चेतस् तत्त्व चिन्तन में ही चरितार्थ होता है । चैतसिक चिन्तन की यात्रा में क्षण भर में विश्व भ्रमण सम्पन्न हो जाता है। योगी कुलात्मक ध्यान चक्र में अनवरत एक तरह का भ्रमण ही तो करता है। सारा काल क्रम उसे सूक्ष्मातिसूक्ष्म चिन्तन की स्तरीयता प्रदान करता है। इस योग यात्रा में वह उत्कर्ष की पराकाष्ठा को पा लेता है। छह मास की साधना से ही उसके देहभाव का अन्त हो जाता है। योगिनी शक्तियों का कुल उसके लिये सुव्यक्त हो जाता है ॥ २५ ॥

योगिनी कुल के आविर्भाव का सुपरिणाम यह होता है कि, सारा स्वात्म-विज्ञान प्रकाशमान हो जाता है अर्थात् उसे स्वात्मसाक्षात्कार हो जाता है। इस प्रकाश के प्रकाशित होते ही वह योगी योगियों के कुल में कुलतत्त्वज्ञ रूप में प्रतिष्ठित हो जाता है ॥ २६ ॥

भगवान् कहते हैं कि, परम ऐश्वर्यशालिनि ! देवि पार्वति ! वह अब केवल योगी संज्ञा के योग्य नहीं रहता। अब वह योगोत्कर्ष सम्पन्न योगीश्वर ही हो जाता है अर्थात् योगाचारकुलाचार निष्ठ साधक उसको स्वामी के समान आदर प्रदान करते हैं।

इसके साथ ही साधना को एक नयी प्रक्रिया का निर्देश परमेश्वर शिव कर रहे हैं। उनके अनुसार योगी चाहे तो चिन्तन के विषय के रूप में अन्तःस्थ और ऊष्मा वर्णों को ही स्वीकार कर ले। य र ल व ये चार वर्ण अन्तःस्थ कहलाते हैं और श ष स ह ये चार वर्ण ऊष्मा वर्ण माने जाते हैं। दोनों ही मिलकर यकारादि अष्टक कहलाते हैं। इनके चिन्तन में प्राण, जीव और ब्रह्म सबका चिन्तन हो जाता है ॥ २७ ॥

स्वरूपेण प्रभाकारकरालाकुलविग्रहम् ।
तस्य मध्ये कुलेशानं स्वबोधकमनुस्मरन् ॥ २८ ॥

सर्वमेव च तत्पश्चाच्चक्रं दीपशिखाकृति ।
संभूतं चिन्तयेद्योगी योगिनीपदकाङ्क्षया ॥ २९ ॥

एतस्मिन् व्यक्तिमापन्ने पिण्डस्थं बुद्ध उच्यते ।
ततोऽस्याकस्मिको देवि महामुद्रोपजायते ॥ ३० ॥

शृङ्गारवीरकारुण्यशोककोपादयस्तथा ।
प्रबुद्धमेतदुद्दिष्टं पिण्डस्थमसरार्चिते ॥ ३१ ॥

यकारादि के 'स्व' भाव अर्थात् एक-एक अक्षर का तत्त्व भाव, उनका 'स्व' रूप जैसे 'य' वर्ण का यह रूप कैसे निष्पन्न हुआ ? परावाक् 'य' रूप स्थूल आकार में कैसे उल्लसित हुई इत्यादि क्रम से आठों वर्णों का चिन्तक प्रभा के आकार ग्रहण का इतिहास जान लेता है। उसमें कितनी करालता होती है और उससे इनके इस अष्टवर्ण विग्रह में वह कैसे आकुल भाव से भरी हुई है—यह सब व्यक्त हो जाता है ।

इन्हीं अष्ट वर्णात्मक चक्रों के मध्य में कुलेशान भगवान् शिव का ध्यान करना चाहिये। वस्तुतः कुलेशान रूप भगवान् ही साधक को स्वबोध प्रदान करते हैं। उस चक्र में इनका अनुस्मरण योगी को धन्य कर देता है ॥ २८ ॥

योगिनी शक्तियों की व्याप्ति "रसे रूपे च गन्धे च शब्दे स्पर्शे च योगिनी" की उक्ति के अनुसार सार्वत्रिक है। इस उच्च अनुभूति के स्तर पर प्रतिष्ठित होने का यह एकमात्र उपाय है कि, दीप शिखा की आकृति वाले इस यकारादि वर्ण-चक्र का अनुचिन्तन निरन्तर चलता रहे। उससे उत्पन्न शक्ति का अनुभव योगी को स्वयं होने लगेगा ॥ २९ ॥

इस चिन्तन की चरम अवस्था में चिन्तक योगी 'पिण्डस्थ' संज्ञा से विभूषित होता है। उस अवस्था की अभिव्यक्ति उसे बुद्ध बना देती है। बुध ही बुद्ध होता है। बुद्ध वही व्यक्ति होता है, जिसमें चेतना का चमत्कार घटित हो जाता है। पिण्डस्थ व्यक्ति में अकस्मात् 'महामुद्रा' उत्पन्न होती है ॥ ३० ॥

इस श्लोक में 'प्रबुद्ध' और 'पिण्डस्थ' ये दो पारिभाषिक शब्द प्रयुक्त हैं। 'प्रबुद्ध' शब्द के पहले अबुद्ध और बुद्ध ये दो शब्द भी जानने के योग्य हैं और प्रासङ्गिक हैं। भौतिक शरीर में मेय भाव में रमा व्यक्ति अबुद्ध माना जाता

दिवसैरभियुक्तस्य ततोऽस्य बहुभिर्दिनैः ।
धरादितत्त्वभावानां संवित्तिरुपजायते ॥ ३२ ॥

सुप्रबुद्धं तदिच्छन्ति पिण्डस्थं ज्ञानमुत्तमम् ।
चक्रं च त्रिगुणाष्टारमथवा तत्र चिन्तयेत् ॥ ३३ ॥

कादिहान्ताक्षराक्रान्तं पूर्वरूपं सबिन्दुकम् ।
तत्रापि पूर्ववत्सर्वं कुर्वन्नेतत्फलं लभेत् ॥ ३४ ॥

है। मेय शरीर के प्राण व्यापार, प्राणात्मक संप्रेरण और चेतना के संस्पर्श को मान या प्रमाण रूप से जानने वाला 'बुद्ध' होता है। इससे भी आगे भाव स्तर पर शृङ्गार, वीर, करुण, शोक और क्रोध आदि का ग्रहीता प्रमाता ही प्रबुद्ध[1] माना जाता है। इससे भी उत्कृष्ट श्रेणी का पुरुष सुप्रबुद्ध कहलाता है। यह स्वात्म विश्रान्त पुरुष माना जाता है। इसमें धरादि सब में तत्त्वभाव की संवित्ति उदित हो जाती है। यह जाग्रत अवस्था का क्रमिक रूप है। इन चारों भेदों से युक्त जाग्रत पुरुष को पिण्डस्थ[2] कहते हैं। भगवान् शङ्कर कहते हैं कि, देवों द्वारा वन्दनीय देवि! पिण्डस्थ पुरुषों की इस भेदवादिता का ज्ञान आवश्यक है।

इस प्रकार दिन प्रतिदिन अनवरत रूप से संलग्न पुरुष में ही तत्त्व भाव की संवित्तियाँ होती हैं। उसी समय प्रबुद्ध सुप्रबुद्ध बन जाता है और यही पिण्डस्थ होता है ॥ ३१-३२ ॥

यह सुप्रबुद्ध भाव सर्वोत्तम भाव होता है। इसमें जिस संवित्ति का उदय होता है, उसे पिण्डस्थ ज्ञान की संज्ञा से विभूषित कर सकते हैं। इस ज्ञान के या संवित्ति के परिवेश में पिण्डस्थ चक्र का अनुसन्धान होता ही रहता है। इस चक्र को दो प्रकार से समझा जा सकता है। १. त्रिगुणमय पिण्ड सत्त्व, राजस् और तमस् इन गुणों से समन्वित होता है। इस तरह यह गुण चक्रमय तथा अष्टार चक्र से भी समन्वित समझा जा सकता है। इसमें[3] तीन भैरव, तीन देवियाँ सातवीं कुलेश्वरी और आठवें अर के रूप में स्वयं कुलेश्वर देव अधिष्ठित रहते हैं। इन सबका अनुसन्धान निरन्तर करते रहना चाहिये ॥ ३३ ॥

पिण्डस्थ जितने चक्र हैं, उसमें विशुद्ध के नीचे का जो चक्र है, उसे अनाहत कहते हैं। इनमें समस्त व्यंजन वर्ण मूलाधार तक आ जाते हैं। आज्ञा चक्र में 'ह'

---

१. मा० वि० २।४३ ; २. श्रीतं० १०।२३७ ;
३. श्रीतं० ४।१३० का भाष्य

आदिवर्णान्वितं वाथ षोडशारमनुस्मरन् ।
मध्यक्रमेण वा योगो पञ्चमं चुम्बकादिभिः ॥ ३५ ॥
द्वासप्ततिसहस्राणि नाडीनां नाभिचक्रके ।
यतः पिण्डत्वमायान्ति तेनासौ पिण्ड उच्यते ॥ ३६ ॥
तत्र स्थितं तु यज्ज्ञेयं पिण्डस्थं तदुदाहृतम् ।
अ ····· मल ····· त्केश ····· कम् ॥ ३७ ॥

भी आ जाता है। इस प्रकार कादि-हान्त अक्षर इनमें व्याप्त हैं। ये सभी कमल दलों में पृथक्-पृथक् उल्लसित होते हैं। इन अक्षरों से आक्रान्त इस चक्रमण्डल की रचना शरीर में योगियों द्वारा आविष्कृत हैं। इन वर्णों पर बिन्दु का प्रयोग भी होना चाहिये। अपने शरीर में इन वर्णों को स्थापना दलों पर करके शरीर को चक्रात्मक रूप देना चाहिये। इससे पूर्ववत् सभी सुपरिणाम प्राप्त होते हैं ॥ ३४ ॥

आदि वर्णों से युक्त शरीर में केवल विशुद्ध चक्र है। यह षोडशार होता है। वास्तव में दक्षिण नेत्र भी षोडशार होता है किन्तु उसके अरों में अन्य तत्त्वों की प्रतिष्ठा होती है। इस प्रकार शरीर में योग का संचार होता है। चुम्बक[1] आदि योगियों द्वारा इसका नित्य सम्पादन होना चाहिये। इसमें मध्यक्रम की बात कही गयी है। मध्य क्रम को बोध-मध्य भी कहते हैं। वास्तव में बोध मूल-मध्याग्र भेद से तीन प्रकार का होता है। मूलबोध विकल्प युक्त, बोधमध्य विगलित-विकल्प होता है और बोधाग्र चिद्बोध[2] कहलाता है ॥ ३५ ॥

नाभिचक्र में बहत्तर हजार नाडियों का सम्पर्क योगियों के अनुभव का विषय है। ये सभी नाभिचक्र में पिण्डीभूत होकर एक योजनिका में अनुस्यूत होती हैं। इस आधार पर भी इस शरीर को पिण्ड कहते हैं। नाभिचक्र मातृकेन्द्र कहलाता है। यह नाडियों के संचार का भी केन्द्र है ॥ ३६ ॥

भगवान् शङ्कर कहते हैं कि, देवि ! इस पिण्ड में जो कुछ भी है, वह सभी ज्ञेय है। वहीं सब कुछ स्थित है। इस पिण्डस्थ को जो स्वयं जानने में दक्षता प्राप्त कर लेता है, वह स्वयं भी पिण्डस्थ ही कहा जाता है और है। इसके नीचे की द्वितीय अर्धाली खण्डित है। 'अ' अक्षर को अनेन मान लेने पर 'मल' शब्द के साथ

---

१. श्रीतन्त्रालोक ;
२. श्रीतन्त्रालोक आ० ८।१४-१५

विज्वरत्वमवाप्नोति वत्सरेण यदृच्छया ।
चक्रपञ्चकमेतद्धि पूर्वबद्धृदये स्थितम् ॥ ३८ ॥
पदस्थमिति शंसन्ति चतुर्भेदं विचक्षणाः ।
यत्रार्थावगतिर्देवि तत्स्थानं पदमुच्यते ॥ ३९ ॥
चतुष्कमत्र विज्ञेयं भेदं पञ्चदशात्मकम् ।
सर्वतोभद्रसंसिद्धौ सर्वतोभद्रतां व्रजेत् ॥ ४० ॥
जरामरणनैर्गुण्यनिर्मुक्तो योगचिन्तकः ।
व्याप्तावपि प्रसिद्धायां मायाधस्तत्त्वगोचरः ॥ ४१ ॥

'हानिः स्यात्' लगाकर पढ़ने पर होगा—'अनेन मलहानिः स्यात्' यह वाक्य बनता है। इसके आगे 'केश' शब्द है। इसके अन्त में 'कम्' है। 'केश' और 'कम्' के मध्य में लाभ की दृष्टि से 'पालित्यनाश' शब्द जोड़ने पर पूरी अर्धाली 'अनेन मलहानिः स्यात्केशपालित्यनाशकम्' बनती है। अर्थात् पिण्डस्थ योगी के इस ज्ञान से मल की हानि हो जाती है। इससे केशपालित्य नहीं होता ॥ ३७ ॥

पिण्डस्थ में अधिष्ठित योगाधिरूढ़ साधक को कभी ज्वर नहीं आ सकता। उसे विज्वरत्व की सिद्धि हो जाती है। यह ज्वर-विजय एक वर्ष की साधना का सुपरिणाम होता है। इस प्रकार अबुद्ध, बुद्ध, प्रबुद्ध, सुप्रबुद्ध और पिण्डस्थ रूप पाँच अवस्थाओं का चक्र शरीर को प्रभावित करता है। जब नाभि से हृदय केन्द्र में अधिकारपूर्वक अधिष्ठित होने का अधिकार प्राप्त हो जाता है, तो वह योगी 'पदस्थ' कहलाने लगता है। यह पदस्थ चार भागों में विभक्त कर समझा जाता है। ऐसा विचक्षण लोग कहते हैं। भगवान् कहते हैं कि, देवि ! योगी जिस उच्चभूमि में अवस्थित हो जाता है, जब उसे समग्र यथार्थ अर्थ सत्य रूप में व्यक्त हो जाते हैं। इस स्थान को 'पद' कहते हैं। यह पद ब्रह्माण्ड के उच्चतम स्थानों में भी उच्च माना जाता है। इस पिण्डस्थ से उच्च स्थान को पद कहते हैं ॥ ३८-३९ ॥

इसके चार भेद होते हैं। उसके भी १५ भेदों का आकलन योगी लोग करते हैं। इस स्थिति में सर्वतोभद्र मण्डल का अनुभव होता है। जो साधक इस दशा को सिद्धि कर लेता है, उसे 'सर्वतोभद्र' संज्ञा से विभूषित करते हैं ॥ ४० ॥

जरारूप वृद्ध अवस्था और मरणरूप प्राणत्याग इन दोनों से जीव जगत् शश्वत् प्रभावित हैं। जरा-मरण ये दोनों भयङ्कर अवस्थायें हैं। योगी इन दोनों की परवाह नहीं करते। इन दोनों की गुणवत्ता को निश्चित रूप से निरस्त कर

वेत्ति तत्पतितुल्यत्वं तदीशत्वं च गच्छति ।
पदस्थे किंतु चन्द्राभं प्रदीपाभं न चिन्तयेत् ॥ ४२ ॥
एतदेवामृतौघेन देहमापूरयत्स्वकम् ।
चिन्तितो मृत्युनाशाय भवतीति किमद्भुतम् ॥ ४३ ॥

देते हैं। वही इनका नैर्गुण्य है। वास्तव में यहाँ 'वैगुण्य' पाठ होना चाहिये। नैर्गुण्य का अर्थ निकालने के लिए द्रविड-प्राणायाम करना पड़ता है। योगी वैगुण्य और नैर्गुण्य दोनों पर विचार कर इनसे निर्मुक्त हो जाता है। वह अनवरत योग चिन्तन में लगा रहता है। उसे जीने और मरने की कभी कोई चिन्ता नहीं होती।

ये दोनों तो जीव जगत् में व्याप्त हैं। प्रसिद्ध माया में अवस्थित हैं। माया से नीचे अर्थात् उसके आवरण में पड़े हुये हैं। फिर भी योगी हो जाने पर ये सभी तत्त्व दृष्टिगोचर होने लगते हैं। वस्तुतः नीचे की दूसरी अर्धाली अन्वय की दृष्टि से अशुद्ध है किन्तु अर्थ के अध्याहार के आधार पर भगवद्वाक्य मानकर इसे लेखक द्वारा भी अनन्वित शब्द प्रयोग किया हुआ प्रतीत हो रहा है॥ ४१॥

ऊपर कहे गये तत्त्व भाव को समझने और साधने वाला योगी इन सब बातों का वास्तविक ज्ञान प्राप्त कर लेता है। उन दोनों का पति अर्थात् स्वामी बन जाता है। उसके अधिकार क्षेत्र में जरा-मरण दोनों आ जाते हैं। वास्तव में जरा-मरण को अधिकार रखने वाली प्रकृति है किन्तु अधिकार की तुल्यता योगी में भी आ जाती है। यही तत्पतितुल्यत्व माना जाता है। इससे भी बढ़कर तदीशत्व भी योगी को प्राप्त हो जाता है।

पदस्थ योगी परमेश्वर के चिन्तन में रत रहता है। उसे चन्द्र और प्रदीप के प्रकाश की क्या चिन्ता! जो परम प्रकाश में तन्मय रहता हो! इसलिये वह सदा चिन्तनरत रहे॥ ४२॥

योग के प्रभाव से उसके सोमतत्त्व से द्रवित अमृत का महाप्रभाव उसके देव भाव पर अपने आप पड़ता रहता है। उसका सूर्य तत्त्व उसके सोमतत्त्व को विगलित करता रहता है। उस अमृत राशि से उसका अस्तित्व ओत-प्रोत रहता है। एक और रहस्य यहाँ अन्तर्निहित है। वस्तुतः प्राण सूर्य और अपानचन्द्र के प्रभाव से सारे लोग प्रभावित हैं। यह दुःख की बात है कि, सामान्य लोग अपनी अमृत राशि को कभी समझने तक की चेष्टा नहीं करते। उल्टे मृत्युनाशाय चिन्तित

उपलक्षणमेतत्ते चन्द्रबिम्बाद्युदीरितम् ।
येन येनैव रूपेण चिन्त्यते परमेश्वरो ॥ ४४ ॥

पिण्डस्थादिप्रभेदेषु तेनैवेष्टफलप्रदा ।
रूपमैश्वरमिच्छन्ति शिवस्याशिवहारिणः ॥ ४५ ॥

यद्भ्रूमध्यस्थितं यस्मात्तेन तत्र व्यवस्थितम् ।
पञ्चकं सूर्यसंकाशं रूपस्थमभिधीयते ॥ ४६ ॥

तत्रापि पूर्ववत्सिद्धिरीश्वरान्तपदोद्भवा ।
रूपातीतं तु देवेशि प्रागेवोक्तमनेकधा ॥ ४७ ॥

रहा करते हैं। भला इससे बड़ा आश्चर्य और क्या हो सकता है। यदि कोई यागमार्ग का पथिक मृत्युनाश की चिन्ता करता है, तो यह भी आश्चर्य का ही विषय है ॥ ४३ ॥

भगवान् शङ्कर कह रहे हैं कि, देवि पार्वति! यह मैंने जो कहा हैं, यह उपलक्षण मात्र हैं। चन्द्र बिम्ब आदि का कथन भी इस सन्दर्भ में उपलक्षण मात्र ही हैं। वास्तविकता यह है कि, आदि शक्ति सर्वैश्वर्यशालिनी शिवा जिन-जिन रूपों में चिन्तन की जाती हैं, सभी रूपों में वही व्याप्त हैं। प्रत्येक चिन्तन उसी का चिन्तन है, यह समझना चाहिये ॥ ४४ ॥

पिण्डस्थ आदि जितने भेद-प्रभेद यहाँ कहे गये हैं, इसी भाव से उनमें भी रत रहने पर वहा समस्त इष्ट और अभिलाषित फल प्रदान करता हैं। तथ्य तो यह है कि, सभी तत्त्व के चिन्तन करने वाले यागी भी ऐश्वररूप का ही साक्षात्कार करना चाहते हैं। समस्त अशिव अनपेक्षित अनिष्ट उपद्रवों को शान्त और निरस्त करने वाले परमेश्वर शिव के साक्षात्कार की ही आकांक्षा योगियों की होती हैं ॥ ४५ ॥

शरीर का भ्रूमध्य ही शिव की लीला स्थली है। जो साधक शिव के इस भाव को वहाँ व्यवस्थित देखता है, जो पिण्डस्थ, पदस्थ आदि भावों को उसी में देखने में समर्थ हो जाता है, वह समस्त पूर्वोक्त पञ्चक पूर्ण होता है, वह सूर्य के सदृश प्रकाशमान हो जाता है। अब वह समस्त रूपों में विद्यमान, रूप-रूप में प्रतिरूप भासित प्रकाशमान परमेश्वर का देखने में समर्थ हो जाता है। इसीलिये उसे 'रूपस्थ' संज्ञा से विभूषित करते हैं ॥ ४६ ॥

इस स्थिति में भी उत्कर्ष प्राप्त करने वाला योगी ईश्वरान्त पद से समुत्पन्न सिद्धियो का अधीश्वर हो जाता है। ईश्वरान्त सिद्धि शुद्ध अध्वा की सिद्धि

इत्येषा कुलचक्रस्य समासाद्व्याप्तिरुत्तमा ।
कथिता सर्वसिद्ध्यर्थं सिद्धयोगीश्वरीमते ॥ ४८ ॥
सर्वदाथ विभेदेन पृथग्वर्णविभेदतः ।
विद्यादिसर्वसंसिद्ध्यै योगिनां योगमिच्छताम् ॥ ४९ ॥
भूयोऽपि संप्रदायेन वर्णभेदश्च कीर्त्यते ।
स्त्रीरूपां हृदि संचिन्त्य सितवस्त्रादिभूषिताम्[1] ॥ ५० ॥

कहलाती है। यह भौतिक सिद्धियों से अत्यन्त उत्कृष्ट श्रेणी की सिद्धि मानी जाती है। उस योगी को रूपातीत सिद्ध कहते हैं। इसकी चर्चा पहले की गयी है। इसके भी अनेक भेद होते हैं ॥ ४७ ॥

संक्षेप में यह कुल चक्र की व्याप्ति वर्णित की गयी है। यह योगमार्ग में उत्तम व्याप्ति मानी जाती है। सिद्ध योगीश्वरी मत का यही मन्तव्य इन समस्त सिद्धियों के लिये अपनाया जाने वाला सर्वोत्तम मार्ग है। यह निर्धारित कर इसको सिद्ध करने का प्रयत्न करना चाहिये। इसीलिये उसे यहाँ वर्णन का विषय बनाया गया है ॥ ४८ ॥

योगमार्ग में अपने जीवन को धन्य बनाने की इच्छा से आने वाले योगेच्छु साधकों का यह धर्म है कि, वे विद्या आदि विषयक सभी प्रकार की सिद्धियों को प्राप्त करने के प्रयत्न करें। वे सर्वदा अभेद भाव में रहते हुए भेदवाद का भी आनन्द लें। वे वर्ण-वर्ण के भेद भिन्न रूपों के ऐक्य से निष्पन्न अर्थवत्ता के रहस्य को समझें और स्वयं परमानन्द-पीयूष का पान करते हुए सबको धन्य बना दें ॥ ४९ ॥

यहाँ से एक नयी साधना का सूत्रपात कर रहे हैं। इस अद्भुत प्रकल्प को अवश्य अपनाना चाहिये। यह ऐसे सम्प्रदाय का मत है, जिसे सब नहीं जानते। यह विश्वहिताय मेरा आशीर्वाद है। शिव कह रहे हैं कि, देवि, मेरे द्वारा यहाँ उसका कथन किया जा रहा है। यह वर्ण विभेद का ही एक चमत्कार है। इसे ध्यान से सुनो।

साधक शुद्ध हो आसन पर विराजमान हो जाय। वह अपने नाभिकेन्द्र में ध्यान केन्द्रित करे। यह सोचे कि, उस केन्द्र में श्वेत वस्त्रों से विभूषित एक देवी रूप धारिणी स्त्री मातृशक्ति शोभायमान हो रही हैं। ध्यान पूर्वक इस चिन्तनात्मक दर्शन में निमग्न हो जाय ॥ ५० ॥

---

१. क० पु० भूषणामिति वाठः ।

नाभिचक्रोपविष्टां तु चन्द्रकोटिसमप्रभाम् ।
बीजं यत्सर्वशास्त्राणां तत्तदा स्यादनारतम् ॥ ५१ ॥
स्वकीयेनैव वक्त्रेण निर्गच्छत्प्रविचिन्तयेत् ।
तारहारलताकारं विस्फुरत्किरणाकुलम् ॥ ५२ ॥
वर्णैस्तारकसंकाशैरारब्धममितद्युति ।
मासार्धाच्छास्त्रसंघातमुद्गिरत्यनिवारितम् ॥ ५३ ॥
स्वप्ने मासात्समाधिस्थः षड्भिर्मासैर्यथेच्छया ।
उच्छिन्नान्यपि शास्त्राणि ग्रन्थतश्चार्थतोऽपि वा ॥ ५४ ॥

वह मातृशक्ति उसी नाभिचक्र में अवस्थित है। उसके शरीर से कोटि-कोटि कलानिधियों की किरणें निकल रही हैं। ऐसी शत-शत सुधांशुओं की सुधारश्मियों से सुशोभित मातृशक्ति का वह दर्शन करे। वह मातृशक्ति कोई दूसरी नहीं, अपितु सर्वशास्त्रराशि की बीजरूपा शक्ति होती है। विशेष रूप से वहाँ विद्यमान उस शक्ति का वह साधक अनारत विश्रान्त दर्शन करे ॥ ५१ ॥

अब उस बीज प्रभा को सर्वरूप से अपने शरीर से निकलता हुआ अनुभूतकरे। उसे यह अनुभव होने लगे कि, मैं ध्यानस्थ हूँ, फिर भी मेरे मुँह से यह वर्णोच्चार अनवरत हो रहा है। वह उच्चार मानों ॐकार की हारमयी मालात्मक लतिका ही बढ़कर इस रूप में भीतर से बाहर आकर लहरा रही हो। उससे विस्फूर्यमाण किरणों से वह आकुल अर्थात् व्याप्त है। इस प्रकार का दर्शन करें ॥ ५२ ॥

तारों के हार के समान वर्ण ही तारक बनकर उस बाह्य प्रसरित किरण सेवा में ग्रथित हो गये हैं। मानो किरण-धागे में तारों की मनियाँ गूँथ दी गयी हो। इस अनिर्वचचीय रमणीय माला के वर्ण वर्णरूप में गूँथे मन को देखता रहे। अमित द्युति वाले और हृदय से आरब्ध इस हार को श्रद्धापूर्वक देखता रहे। इस तरह अनवरत १५ दिनों इस अभ्यास में लगा रहे, तो इसका सुपरिणाम यह होता है कि, वह व्यक्ति शास्त्रों की राशि-राशि का अनवरुद्ध निर्बाधरूप से प्रवचन करने में समर्थ हो जाता है ॥ ५३ ॥

स्वप्न में एक मास तक समाधिस्थ योगी यदि लगातार छः मास तक उक्त ध्यान में लगा रहे तो, जो शास्त्र उच्छिन्न या खण्डित हो गये होते हैं, उनका पुनः समायोजन करने में समर्थ हो जाता है। यही नहीं वह अर्थ सहित शास्त्रों के मूल-सहित स्वरूप को ज्यों का त्यों लिखकर तैयार कर सकने की शक्ति से विभूषित हो जाता ॥ ५४ ॥

जानाति वत्सराद्योगी यदि तत्मयतां[1] गतः ।
अनुषङ्गफलं चैतत्समासादुपवर्णितम् ॥ ५५ ॥

विद्येश्वरसमानत्वसिद्धिरन्याश्च सिद्धयः ।
प्रतिवर्णविभेदेन यथेदानीं तथोच्यते ॥ ५६ ॥

ध्यातव्या योगिभिर्नित्यं तत्तत्फलबुभुक्षुभिः ।
विन्यासक्रमयोगेन त्रिविधेनापि वर्त्मना ॥ ५७ ॥

यो यत्राङ्गे स्थितो वर्णः कुलशक्तिसमुद्भवः ।
तं तत्रैव समाधाय स्वरूपेणैव योगवित् ॥ ५८ ॥

एक वर्ष के अमूल्य समय को इसमें लगा देने का तात्पर्य यह होता है कि, वह समस्त शास्त्रीयता का प्रतीक बन जाता है। परमात्म तत्त्व में तादात्म्य भाव से तन्मय हो जाता है। कुछ अद्भुत शक्ति आ जाती है। अन्य भी कई आनुषङ्गिक फलों से साधक ओत-प्रोत हो जाता है ॥ ५५ ॥

इस साधना से विद्येश्वर के समान सिद्धियाँ तो मिलती ही हैं, अन्य सिद्धियाँ भी उस ध्येय परा शक्ति के अनुग्रह से स्वयं सिद्ध हो जाती हैं। यह साधना अत्यन्त महत्त्वपूर्ण साधना है। इसका प्रयोग अध्यवसाय पूर्वक करना चाहिये।

इसके साथ ही प्रतिवर्ण विभेद से सम्बन्धित विज्ञान का महत्त्व भी शास्त्र प्रतिपादित करते हैं। इनके सम्बन्ध में जानना भी अत्यन्त आवश्यक है। इसलिये मैं यहाँ वही कहने जा रहा हूँ। इसे ध्यान से सुनो ॥ ५६ ॥

योगियों का यह पावन कर्त्तव्य है कि, उन्हें इसका निरन्तर प्रयत्नपूर्वक ध्यान करना चाहिये। फलभोग की आकाङ्क्षा तो योगी में होती ही है। जो भोगेच्छु हैं, उन्हें इस पर विशेष ध्यान देना ही चाहिये। इसमें विन्यास का क्रम अपनाया जाता है। उसका आंगिक योग किस प्रकार हो, उसके त्रिविध स्वरूप क्या हैं ? इन पर भी विचार करना आवश्यक है ॥ ५७ ॥

जो वर्ण जिस अङ्ग से सम्बन्धित है, उसका निर्णय कुलमार्ग में निर्धारित नियमों के अनुसार सभी कुलशक्ति विज्ञ जानते हैं कि, कौन वर्ण है और वह किस शक्ति से समुद्भूत होता है। उस वर्ण को उसी अङ्ग पर समाहित करना चाहिये। इसमें

---

१. क० पु० चिन्मयतामिति पाठः ।

स्फुरत्प्रभास्ततिमिरं कुर्वन्नत्र मनः स्थिरम् ।
पूर्वकालक्रमादेव तत्त्वाभ्यासोक्तवर्त्मना ॥ ५९ ॥

तद्वर्णव्याप्तिजं सर्वं प्राप्नोति फलमुत्तमम् ।
अथवा योजयेत्कश्चिदेनां वश्यादिकर्मसु ॥ ६० ॥

तदा प्रसाधयत्याशु साधकस्य समीहितम् ।
उदितादित्यवर्णाभां समस्ताक्षरपद्धतिम् ॥ ६१ ॥

इस बात का विशेष ध्यान देना चाहिये कि, उस वर्ण का जो 'स्व' रूप है, वह उस अङ्ग में किस प्रकार समाहित होता है। योगवित् साधकों को इस रहस्य को दत्त-चित्त भाव से सम्पन्न करना चाहिये ॥ ५८ ॥

तिमिर अन्धकार को कहते हैं। अन्धकार के अस्त हो जाने की स्थिति में प्रकाश का प्रादुर्भाव होता है। प्रकाश में प्रभा होती है। प्रभा का धर्म है—शाश्वत स्फुरण। इस प्रकार शाश्वत स्फुरित होने वाली प्रभा के समक्ष भी तिमिर अस्त हो जाता है।

हमारा मन भी अज्ञान के अन्धकार से आच्छन्न रहता है। इसमें ज्ञान के प्रकाश की प्रभा की भास्वरता आवश्यक है। ऐसा मन योगी का हो जाता है। उसे योगी तत्त्वतः क्रिया योग के माध्यम से वश में कर लेता है। मन को स्थिर करने की योजना के सम्बन्ध में पहले ही कहा गया है। इसमें क्रमिकता होती है। काल क्रम योग से ही तत्त्वाभ्यास के मार्ग पर चल कर योगवित् इसे पूरा कर लेता है ॥ ५९ ॥

उस अङ्ग पर उस वर्ण की व्याप्ति का विशेष ध्यान रखना चाहिये। वर्ण विद्युत् एक प्रकार की आंगिक आश्यानता, उसकी पुष्टि, बलवत्ता, सक्रियता का संवर्धन कर देती है। उसका सुफल योगी प्राप्त करता है। यह ध्यान देने की बात है कि, समग्र वर्ण-पद्धति और सारा वर्ण-समाम्नाय वश्यादिकर्म में योजनीय है। योगी इस पर विशेष विचार करे ॥ ६० ॥

इस प्रकार वर्ण योजनिका में कुशल योगिवर्य की सारी समीहा इसी वर्ण-व्याप्ति के चमत्कार से पूरी हो जाती हैं। इसमें विलम्ब नहीं होता। इधर इच्छा हुई और उधर पूर्त्ति। यही आशु सिद्धि कहलाती है। अक्षर पद्धति वैसी ही होती है, इसमें भी उदित होने वाले आदित्य में आभामयी ऊर्जा को उच्छलित करने वाला ऊर्जस्वल प्रकाश होता है ॥ ६१ ॥

इच्छयैनां सुवर्णाभां स्रवन्तीं मदिरां मुहुः ।
सप्ताहं चिन्तयेद्यस्य सर्वाङ्गेषु यथाक्रमम् ॥ ६२ ॥

स वश्यो दासवद् भूत्वा नान्यं स्वामिनमिच्छति ।
त्रिसप्ताद्रूपसंपन्नां पदविभ्रान्तलोचनाम् ॥ ६३ ॥

उर्वशीमप्यनायासादानयेत्किमु मानुषीम् ।
अनेनैव विधानेन वायुवह्निपुरान्तगाम् ॥ ६४ ॥

वर्ण विन्यास की प्रभावशक्ति का उल्लेख करते हुए भगवान् कह रहे हैं कि, सारी अक्षर पद्धतियों को कुल मार्ग के अनुसार अपनी इच्छा से किसी एक व्यक्ति पर प्रयोग करना शुरू कीजिये। इसमें यह ध्यान देना आवश्यक है कि, वर्ण-वर्ण से एक सोने के रंगवाली महामदकर मदिरा स्रवित हो रही है और उस व्यक्ति का पूरा शरीर उससे नहा सा रहा है। यह क्रिया मात्र सात दिन करने से ही इच्छित फल प्रत्यक्ष दीख पड़ने लगते हैं। हाँ उस व्यक्ति के सर्वाङ्ग में यथाक्रम इसका ध्यान आवश्यक होता है कि, कुल मार्ग के अनुसार ही यह योजन हो ॥ ६२ ॥

वह व्यक्ति उसका अर्थात् साधक का दास हो जाता है। वह उसकी सेवा में रम जाता है। दूसरे स्वामी को उसके मन में कोई इच्छा नहीं होती। इस प्रक्रिया को यदि योगी तीन सप्ताह तक अनवरत करने में लगा रहे तो, इसका आश्चर्य-जनक परिणाम सामने आता है।

भगवान् कहते हैं कि, पार्वति ! इस विद्या का प्रभाव, अत्यन्त रूपवती यौवन सम्पन्न कामिनी भी, जिसके पद संचार के आकर्षण से सहृदय लोचन भी चंचल हो उठते हों, अथवा पदे-पदे जिस युवती के नेत्र मृगी की तरह चांचल्य से चर्चित हों, ऐसी यदि उर्वशी ही क्यों न हो, उसको भी सामने ला खड़ा करता है, मानुषी की क्या बिसात ॥ ६३ ॥

केवल सात दिन और २१ दिन के इन प्रयोगों से यह स्पष्ट हो जाता है कि, सामान्य व्यक्ति को कौन कहे देव कन्यायें भी वशीभूत हो जाती हैं। इस विद्या के प्रयोग का और इसके प्रायोगिक स्वरूप का महत्त्व इससे सिद्ध हो जाता है।

इसी प्रकार के विधान से वायु कन्यायें अर्थात् वायवीय शक्तियाँ, अग्नि-पिण्डात्मिका शक्तियाँ और पुर अर्थात् स्थानप्रकल्पन में विश्व की किसी तत्त्व की शक्तियाँ वश में आ जाती हैं ॥ ६४ ॥

पिण्डाकृष्टिकरी ज्ञेया योजनानां शतैरपि ।
शरत्पूर्णनिशानाथवर्णाभैषानुसन्धिता ॥ ६५ ॥

विदधात्यतुलां शान्तिमात्मनोऽथ परस्य वा ।
द्रुतहेमप्रतीकाशा स्वस्थाने संप्रयोजिता ॥ ६६ ॥

महतीं पुष्टिमाधत्ते दशाहेनैव शाङ्करि ।
जम्बूफलरसाभासां वज्रकीलकसंनिभाम् ॥ ६७ ॥

कीलने चिन्तयेद्योगी मोहने शुकपिञ्छवत् ।
वज्रनीलप्रतीकाशां प्रतिस्थाननिकृन्तनीम् ॥ ६८ ॥

इसी आधार पर इस विद्या का नाम ही 'पिण्डाकृष्टिकरी' विद्या रखा गया है। इसका प्रभाव केवल पार्श्व में ही नहीं होता वरन् आकाश, पाताल और मर्त्य सभी स्थानों पर पड़ता है। वह सबका आकर्षण करने में समर्थ है। इसके रूप के अनुसन्धान के सम्बन्ध में शास्त्र कहता है कि, शरच्चन्द्र का जो चारुतम चितचोर रुचिर रोचिष्णु वर्ण होता है, वैसी ही रूपमयी यह महोदया विद्या है ॥ ६५ ॥

इससे अतुलनीय शान्ति का अनुभव होता है, ऐसी शान्ति का कारक तत्त्व यही है। स्वयं इस शान्ति का अनुभव तो होता ही है, दूसरे भी जो सम्पर्क में आते हैं, आत्यन्तिक शान्ति का अनुभव करते हैं। यह ध्यान में समाहित करने पर तुरत स्वर्णिम प्रभा से भासमान होती है। इस प्रक्रिया में यह विशेषतः ध्यातव्य है कि, स्वस्थान में कुल मार्ग में निर्धारित नियम और अनुशासन के अनुसार ही यह संप्रयोजित की गयी हो ॥ ६६ ॥

भगवान् शङ्कर कहते हैं कि, प्रिये ! यह परम प्रीतिमयी पुष्टि प्रदान करने वाली-पराप्रक्रिया है। इसका लगातार दश दिन का अभ्यास भी इस तरह के सुपरिणाम प्रदान करते हैं। इसके एक अन्य प्रकार का भी साक्षात्कार होता है। इसके अनुसार यह श्यामलवर्णी, जामुन के फल के समान भी दृष्टिगोचर होती है। जैसे वाज्रकील अचल होती है, उसी तरह यह भी अचल प्रतीत होती है ॥ ६७ ॥

यह जम्बुफल और वज्रकीलकवत् ध्यान, कीलन करने के सन्दर्भ में करना चाहिये। जिस समय किसी पर मोहन का अभिचार करना हो, उस समय उस शक्ति का रंग शुक की पाँख के समान ध्यान में लाना चाहिये। यदि इसका ध्यान वज्रनील की तरह किया जाय तो, वह चिन्तित प्रत्येक स्थान का निकृन्तन कर देती

कालानलसमस्पर्शां रिपुनाशाय चिन्तयेत् ।
[1]मालायष्टरभीतानां कुलमद्रिसमोपमम् (?) ॥ ६९ ॥
चिन्तयेद्धूमसंकाशामत्यन्तमनलाकुलाम् ।
शान्तिकर्मोक्तवत्कोपप्रशान्तावप्यनुस्मरन् ॥ ७० ॥
तापने तु तथा किंतु स्वरूपं सूर्यवद् बुधः ।
विद्वेषे तु कपोताभां भञ्जने चाषसंनिभाम् ॥ ७१ ॥
उत्सादे नीलहरितपीतरक्तासितां स्मरेत् ।
प्रत्यङ्गव्याधिसंभूतावेकमेव तदुद्भवम् ॥ ७२ ॥

है। जिसको लक्ष्य कर यह अभिचार किया जाय उसे खण्ड-खण्ड में खण्डित कर देती हैं। यह महाक्रूर अभिचार माना जाता है ॥ ६८ ॥

कोई शत्रु नाश के लिये यदि इस प्रक्रिया को अपनाये तो उसे कालानल के समान उष्ण स्पर्शी ध्यान करना चाहिये। जो व्यक्ति मलयज चन्दन के समान समशीत इष्ट-इष्ट की कामना करता हो, उसे इस कुल प्रक्रिया को कुलाद्रि की तरह का ध्यान करना चाहिये। यहाँ 'मालायिष्टर' पाठ भेद से भी भिन्नता का स्पष्टीकरण नहीं हो रहा है। व्युत्पत्ति की दृष्टि भी अपने अभीष्ट से दूर ही रह रही हैं। इसके अन्त में प्रश्नवाचक चिह्न भी इष्टार्थ में सन्देह की पुष्टि कर रहा है ॥ ६९ ॥

धूम्र राशि में कभी लपटें जैसे कौंध सी जाती हैं, उसी तरह क्रोध की मुद्रा में कभी कुप्यमानता विशिष्ट रूप से क्रौंध जाय, ऐसा स्वरूप उस समय ध्यान में लाना चाहिये, जब प्रयोक्ता कोप की प्रशान्ति के उद्देश्य से मन्त्रानुकूल कुलाभिचार करे। शान्ति कर्म के लिये जैसा प्रयोग किये जाने का निर्देश है, उसी तरह इस प्रयोग में भी व्यवहृत करना उचित है ॥ ७० ॥

यदि किसी में ताप की तप्तता का ज्वरादिवत् समाहार करना हो, तो ग्रीष्मकालीन ऊष्माधिपति उष्ण रश्मि का अनुचिन्तन अपेक्षित होता है। विद्वेषण के अभिचार कपोतों पर झपट्टा मारते बाज की तरह का ध्यान उचित है, जिसमें कपोत की भयाकुलता लक्षित हो रही हो ॥ ७१ ॥

किसी का उत्साद ही यदि अपेक्षित हो, उसको उजाड़ना ही यदि अभीष्ट हो, तो अभिचार कर्त्ता को नील, हरित, पीत, रक्त और कृष्ण वर्णों का मिला-जुला

१. ग० पु० मालयिष्टरभोष्टानामिति पाठः ।

वर्णं विचिन्तयेद्योगी मारणोक्तेन वर्त्मना ।
तद्वत्तु शान्तिकर्मोक्तवर्त्मना तत्प्रशान्तये ॥ ७३ ॥

चिन्तयेत्कृतके व्याधिसंघाते सहजेऽपि वा ।
अथवैतां जपन् कश्चिद् वाक्सिद्धिमभिवाञ्छति ॥ ७४ ॥

तदानेन विधानेन प्रकुर्यादक्षमालिकाम् ।
मणिमौक्तिकशङ्खादिपद्माक्षादिविनिर्मिताम् ॥ ७५ ॥

शबलरूप या इनमें से किसी एक वर्ण का ही अनुचिन्तन करना चाहिये। इसी तरह यदि किसी शत्रु के प्रत्यङ्ग में व्याधि क्रिया अपेक्षित हो, तो भी इनमें से किसी एक रंग का अनुचिन्तन ही पर्याप्त होता है ॥ ७२ ॥

मारण प्रक्रिया भी वर्ण पर ही आधृत होती है। उसी मारण विधि के अनुसार योगी उन वर्णों का अनुस्मरण करते हुए प्रयोग करे। इसी तरह जब शान्ति प्रक्रिया अपनानी होती है, तो शान्ति की विधि के अनुसार शान्ति के लिये प्रशम कर्म प्रयोग भी करना चाहिये ॥ ७३ ॥

इसी तरह कृतक, व्याधि, संघात, अथवा सहज कार्यों में भी उन्हीं विधियों का प्रयोग करना चाहिये, जो उन-उन कामों के लिये निर्धारित हैं।

इसके साथ ही इसका एक दूसरा पक्ष भी है। कुल मार्ग में स्वीकृत वर्ण विधि का प्रयोक्ता यदि वर्णों की वाक्सिद्धि के उद्देश्य से जप करना प्रारम्भ करता है, तो निश्चय ही वाक्सिद्ध हो जाता है ॥ ७४ ॥

अक्ष माला का भी जप प्रक्रिया में विशेष महत्त्व होता है। कुलाचार के इस सन्दर्भ में जप के लिये कैसी माला बनायी जाय, इसकी जिज्ञासा स्वभावतः होती है। कितने मनकों की हो ? कितनी लम्बी हो, इसका उत्तर भगवान् ७५-७६ दो श्लोकों में दे रहे हैं—

उनका कहना है कि, माला कुलाचार के नियमों के अनुसार ही बनायी जानी चाहिये। अक्षमाला मुख्यतः रुद्राक्ष की होती है। इसीलिये इसे अक्षमाला कहते हैं किन्तु यह मणियों से भी निर्मित होती हैं। इसमें माणिक्य, मोती और शङ्ख का भी प्रयोग होता है। बहुत लोग कमल बीज की माला बनाकर उससे भी जप करते हैं। तन्त्र में अभिचार की दृष्टि से भी हल्दी आदि की मालायें बनायी जाती हैं। इसके अतिरिक्त स्वर्ण-रजत आदि धातु निर्मित मालायें भी व्यवहार में लायी जाती हैं।

हेमादिधातुजां वाथ [1]शतार्धप्रमितां बुधः ।
यथा स्वबाहुमात्रा स्याद्वलयाकृतितां गता ॥ ७६ ॥
तां गृहीत्वा समालभ्य गन्धधूपाधिवासिताम् ।
पूजयित्वा कुलेशानं तत्र शक्तिं निवेशयेत् ॥ ७७ ॥
प्रत्येकमुच्चरेद्बीजं पराबीजपुटान्तगम्[2] ।
प्रस्फुरत्क्षान्तमेकस्मिन्नाद्यक्षे विनियोजयेत् ॥ ७८ ॥
आद्यर्णं व्यापकं भूयः सर्वाधिष्ठायकं स्मरेत् ।
द्विविधेऽपि हि वर्णानां भेदे विधिरयं मतः ॥ ७९ ॥
द्वितीयं व्यापकं वर्णं द्वितीयं पूर्ववन्न्यसेत् ।
तृतीयादिषु वर्णेषु फान्तेष्वप्येवमिष्यते ॥ ८० ॥

माला के मनकों की संख्या शतार्ध अर्थात् पचास ही होनी चाहिये। अपने बाहु को मापकर उसी का वलय बनाइये। इतने वलय की एक माला मानी जाती है ॥ ७५-७६ ॥

उसे हाथ में लें। उसे हृदय से लगायें। पुनः उसे गन्ध से उपलिप्त करें। धूप से अधिवासित करें। कुलेशान शिव की पूजा कर उसमें शक्ति तत्त्व का विनिवेश करें। यह माला को महिमामयी बनाने की विधि है ॥ ७७ ॥

माला के प्रत्येक मनके में आदि वर्ण बीज से 'अ' से 'क्ष' तक के बीजों को पराबीज मन्त्र से सम्पुटित कर विनिविष्ट करना चाहिये। यह पहले मनके की विधि सभी मनकों में लागू होती है ॥ ७८ ॥

'अ' से लेकर 'क्ष' तक प्रचलित वर्णमाला अक्षमाला भी कही जाती है। इसे मातृका भी कहते हैं। इसका आदि वर्ण 'अ' है। यह व्यापक अर्थों से समन्वित है। यह सर्वाधिष्ठायक वर्ण बीज माना जाता है। यह सारे स्वरों और व्यञ्जनों का अधिष्ठान है। यों वर्ण द्विविध होते हैं। सभी प्रकार के भेदों के बावजूद विधि एकमात्र यही प्रयुक्त होती है ॥ ७९ ॥

द्वितीय वर्ण भी सर्वव्यापक वर्ण माना जाता है। उसी तरह द्वितीय वर्ण का भी विनिवेश द्वितीय मनके पर करना चाहिये। यहाँ इस प्रसङ्ग में यह ध्यान देने की बात है कि, यदि साधक मातृका वर्णमाला का प्रयोग करता है, तो उसे

---

१. क० पु० शतार्धाक्षमितामिति पाठ। २. क० पु० बीजपुटं गतमिति पाठः।

ततः शक्तिमनुस्मृत्य सूत्राभामेकमानसः ।
अक्षमध्यगतां कुर्यादक्षसूत्रप्रसिद्धये ॥ ८१ ॥

चक्रवद्भ्रामयेदेनां यदेवात्र प्रभाषते ।
तत्सर्वं मन्त्रसंसिद्धचै जपत्वेन प्रकल्पते ॥ ८२ ॥

होमः स्याद्दीक्षिते तद्वद्दह्यमानेऽत्र वस्तुनि ।
विपरीतप्रयोगेन संक्रुद्धो भ्रामयेद्यदि ॥ ८३ ॥

तदा मारयते शत्रुं सभृत्यबलवाहनम् ।
अभिमन्त्र्य यदेवात्र चेतसा कर्म-साधकः ॥ ८४ ॥

क्षान्त वर्णों का विनियोग करना चाहिये। यदि मालिनी वर्णमाला का प्रयोग कुलाचार विधि से करता है, तो न से लेकर फान्त वर्णों का विनिवेश होना चाहिये। सभी वर्ण पराशक्ति की शक्तिमत्ता के ही विस्फार हैं। इसीलिये इस श्लोक में तृतीयादि वर्णों में भी 'फान्त' वर्णमाला के निर्देश दिये गये हैं ॥ ८० ॥

मातृका विनिवेश विधि के अनुसार माला को हाथ में लेकर पराशक्ति का अनुस्मरण करे। इसमें मन की एकाग्रता आवश्यक होती है। शक्तित्व को सूत्र रूप में प्रकल्पित कर सभी मनकों के मध्य छिद्र में ग्रथित शक्तिसूत्र रूप शक्तिमत्ता का ध्यान करना चाहिये ॥ ८१ ॥

ऐसी माला का आदि से अन्त तक एक-एक मनके का प्रयोग कर चक्रवद् भ्रान्त करना चाहिये। एक-एक मनके से एक-एक मन्त्र का प्रयोग करना चाहिये। इन मनकों को हाथ में लेकर साधक जो कुछ बोलता है, वह सभी मन्त्र सिद्धि के उद्देश्य से किया जाने वाला जप माना जाता है ॥ ८२ ॥

उक्त विधि में मनकों के आश्रय से मन्त्र बोलना जप कहलाता है, किन्तु उन्हीं मनकों के आश्रय से मन्त्र बोलते हुए दीक्षित साधक यदि दह्यमान अग्नि में वस्तु प्रक्षेप करता है अर्थात्, हवनीय हविष्य डालता है, तो वही होम कहलाता है। इसमें खतरा भी रहता है। यदि क्रुद्ध साधक विपरीत प्रयोग कर दे, तो अनर्थ होने की बड़ी सम्भावना रहती है ॥ ८३ ॥

उसी अनर्थ का उद्घाटन करते हुए भगवान् शङ्कर कह रहे हैं कि, साधक यदि विपरीत मन्त्र प्रयोग कर दे, तो वह शत्रु का सर्वनाश कर सकता है। शत्रु को नौकर-चाकर और घोड़े-हाथी और चतुश्चक्री वाहनों के साथ समाप्त कर देता है। इसमें सन्देह नहीं ।

रात्रौ सौम्यादिभेदेऽत्र भ्रामयेदक्षसूत्रकम् ।
तदेव सिद्ध्यते देवि [1]कृतसेवाविधेः प्रिये ॥ ८५ ॥
सेवा चात्राक्षसूत्रस्य षण्मासं परिवर्तनम् ।
विधावत्र नियुक्तस्य योगिनो वत्सरत्रयात् ॥ ८६ ॥
वाक्सिद्धिर्जायते देवि सर्वलोकसुदुर्लभा ।
वाक्सिद्धेर्नापरा सिद्धिरुत्तमा भुवि जातुचित् ॥ ८७ ॥
वाचो वर्णात्मिका यस्माद्वर्णरूपा च मालिनी ।
अथवा चिन्तयेदेनामुल्काकारां विचक्षणः ॥ ८८ ॥

यहीं नहीं, साधक मन्त्र को अभिमन्त्रित कर मन में यदि किसी कार्य का संकल्प लेकर साधना का निश्चय करके रात्रि में सौम्य आदि चान्द्र गणनानुसार तिथि नित्याओं के अनुसार इस अक्षमाला का प्रयोग करना प्रारम्भ कर इस माला को घुमाने लगे अर्थात् जप करना शुरू कर दे, तो उसके उद्देश्य की तत्काल पूर्त्ति होती है। इसका कारण उसकी मन्त्र सेवा और आचार के प्रति आस्था है ॥ ८४-८५ ॥

सेवा शब्द यहाँ पारिभाषिक शब्द की तरह प्रयुक्त है। अक्षसूत्र का छह मास का अनवरत प्रयोग ही सेवा है। अक्षरमाला की इस सेवा से अक्षमाला की देवता प्रसन्न होती है। छह मास में प्रतिदिन जप टूटने से सेवा भङ्ग हो जाती है। इस कुलाचार विधि में नियुक्त साधक यदि तीन वर्ष तक लगातार इष्ट मन्त्र का जप करता रहता है, तो भगवान् शङ्कर कहते हैं कि, देवि पार्वति! ऐसे साधक को सुदुर्लभ वाक्सिद्धि प्राप्त हो जाती है। वह निश्चित सत्य है कि, संसार में वाक्सिद्धि से बढ़कर कोई दूसरी सिद्धि नहीं होती ॥ ८६-८७ ॥

मालिनी के विषय में एक विशेष ध्यान देने की बात यह है कि, इसे वर्ण-रूपा अर्थात् शब्द राशि रूपा मानते हैं। दूसरी एक विशिष्ट बात यह भी है कि, व्यवहार की सारी वाणी वर्णरूपा ही होती है। दोनों तथ्यों को मिलाकर देखने से सारा वाक्व्यवहार मालिनीमय ही सिद्ध हो जाता है। मालिनी के सम्बन्ध में एक नयी चिन्तन की विधि का उद्घाटन करते हुए भगवान् कह रहे हैं कि, इसका उल्का के समान प्रकाशमान और बोलते समय ऊपर से गिरकर आने वाली अर्थमयी शक्ति के रूप से अभ्यास या अनुचिन्तन करे ॥ ८८ ॥

---

१. ग० पु० सेवाविधिरिति पाठः ।

निर्गच्छन्तीं स्वकाद्देहाद्विस्फुरन्तीं ततोऽप्यतः ।
स्फुलिङ्गैः कोटिसंख्यातैः संततैः किरणाकुलैः ॥ ८९ ॥

ग्रामं व पत्तनं वापि नगरं देशमेव वा ।
मण्डलं पृथिवीं वापि ब्रह्माण्डं वा समस्तकम् ॥ ९० ॥
विस्तीर्णं वा जनानीकमेकैकमुत्तमोत्तमम् ।
सबाह्याभ्यन्तरं व्याप्य पुनः प्रतिनिवृत्त्य च ॥ ९१ ॥

प्रविशन्तीं स्वकं देहं पूर्वाकारामनुस्मरेत् ।
एवं दिने दिने कुर्यात्तद्गतेनान्तरात्मना ॥ ९२ ॥
ततोऽस्य मासमात्रेण जनास्तत्र निवासिनः ।
आगच्छन्ति यथा तीर्थं शक्तितेजोपबृंहिताः ॥ ९३ ॥

इस अनुस्मरण के साथ ही प्रयोक्ता यह सोचे कि, यह मेरे शरीर से शाक्त-तत्त्व के रूप में निरन्तर निकलती हुई आकाश में विस्फूर्यमाण हो रही है। हमारे उच्चारण में शत-शत स्फुलिङ्गों की राशि अपनी वैद्युतिक आभा से व्याप्त होकर निरन्तर निकल रही हैं ॥ ८९ ॥

इस महान् विधि के अनुसार हमारे शरीर से त्रिविध उच्चारणों के माध्यम से निःसृत होने वाली यह वाणी शक्ति, संकल्प के अनुसार ग्रामों-ग्रामों को, पत्तनों, को नगरों और समग्र देश को अपने आक्रोश में ले लेती है। संकल्प के बल पर विभिन्न मण्डलों को भी प्रभावित करती है। यही नहीं समग्र भूमण्डल को आत्मसात् करती है। इससे भी आगे बढ़कर यह ब्रह्माण्ड के इस विस्तार को, इस विराट् शैव महाप्रसार को भी प्रभावित हो नहीं करती, साधक के उद्देश्य को पूर्ण कर समग्र बाह्य-आभ्यन्तर रहस्यों का भेदन कर रामबाण की तरह साधक के पास लौट भी आती हैं। उसके विमर्श में समाहित हो जाती हैं।

ऐसी मन्त्रात्मक परावाक्-प्रसाद-शक्ति का साधक जप करते समय भी अनुस्मरण करे। इस प्रकार प्रतिदिन जप के जयनशील जीवन्त विधान को व्यवहार का विषय बनाये। वाणी के अर्थ के साथ सर्वत्र व्याप्ति की विमृष्टि करते हुए आन्तरिक रूप से अर्थ का तादात्म्य प्राप्त करे। यह चमत्कारकारी प्रयोग साधक के लिये सर्वस्व प्रदान करने में समर्थ है ॥ ९०-९१-९२ ॥

यह प्रयोग एक मास की अवधि तक पूरा होने वाला प्रयोग है। अनवरत अपने उद्देश्य की पूर्त्ति में लगा साधक यह अनुभव करने लगता है कि, जिस

रूपिण्यो विविधाकारा ललनाद्यास्तथा पराः ।
भूचर्यः क्षोभमायान्ति षण्मासान्नात्र संशयः ॥ ९४ ॥
योनिजा वा मजा (?) क्षेत्रजाताः पीठसमुद्भवाः ।
नायिकाश्च महादेवि क्रमात्क्षुभ्यन्ति वत्सरात् ॥ ९५ ॥

स्थान को लक्ष्य कर वह जप कर रहा था, जिस ग्राम या नगर को आत्मसात् कर जप कर रहा था, वहाँ के निवासी उसी प्रकार उसके समीप आने लगते हैं, जिस प्रकार तीर्थ के प्रभाव से भावित लोग तीर्थयात्रा में निकलते हैं। यह उस साधक के शाक्त तेज के उपबृंहण का ही महाप्रभाव माना जा सकता है ॥ ९३ ॥

रमणीय रूपवती रमणियाँ, स्वैरचारिणी अभिसारिका सदृश विहार में उत्सुक ललनायें और समस्त भूचरी देवियाँ और शक्तियाँ छह मास के प्रयोग से काममुग्ध होकर साधक के पास खिंची चली आती हैं। इसमें सन्देह और संशय के लिये कोई स्थान नहीं है ॥ ९४ ॥

इस श्लोक में नायिकाओं के भेदों के सम्बन्ध में प्राचीन काल में प्रचलित शब्दों के प्रयोग हैं। जैसे—

१. **योनिजा**—योनि से उत्पन्न। वस्तुतः सारी नायिकायें योनि से ही समुत्पन्न होती हैं। किन्तु मनुष्य योनि के अतिरिक्त योनियों में उत्पन्न नायिका नहीं हो सकती। यहाँ योनि का अर्थ स्वजाति भी लगाया जा सकता है। जैसे ब्राह्मण साधक की स्वजाति वाली ब्राह्मणी स्त्री।

२. **वामजा**—वामायें किसी जाति की नायिकायें वाम अर्थात् प्रतिकूल वंश में उत्पन्न वामजा कहलाती हैं। वामाचाररत नायिकायें भी वामजा हो सकती है। वामजा में द् अक्षर प्राचीन हस्तलेख का दोष है।

३. **क्षेत्रजाता**—क्षेत्र शब्द कई अर्थों में प्रयुक्त होता है। क्षेत्र सामान्यतः वह भूखण्ड होता है, जहाँ किसी का पूरा प्रभाव होता है। क्षेत्र पहले वे स्थान माने जाते थे, जहाँ निर्धन और अनाथ भोजन पाते थे। उसमें रहकर, खा पीकर पली सुन्दर और भविष्णु राचिष्णु नायिका भी क्षेत्रजा कहला सकती है।

४. **पीठजा**—प्राचीन काल में साम्प्रदायिक असंख्य पीठ होते थे। वहाँ कुछ समर्पित स्त्री-पुरुषों के सम्पर्क से उत्पन्न जाति वंश विहीन सुन्दरी स्त्री पीठ समुद्भवा कहलाती थी। अब भी मठों आदि में ऐसी सुन्दरियाँ मिलती हैं। देव-दासियों की परम्परा में उत्पन्न नायिका भी पीठजा हो सकती है।

अन्तरिक्षगता दिव्या ब्रह्मलोकगताश्च याः ।
ब्रह्माण्डान्तर्गताः सर्वाः क्षोभं यान्ति समात्रयात् ॥ ९६ ॥

स्वं स्वं ददति विज्ञानं साधकेन समीहितम् ।
यदि ता न प्रयच्छन्ति साधकेन समीहितम् ॥ ९७ ॥

नश्यते दिव्यविज्ञानं त्रुटयते कुलसंततिः ।
दत्त्वा तु साधकेन्द्रेण प्रार्थितं फलमादरात् ॥ ९८ ॥

अनुपालितगुर्वाज्ञाः सिद्धिं प्राप्स्यन्त्यनुत्तमाम् ।
ताभ्यो विज्ञानमासाद्य योगी योगिकुले कुलो ॥ ९९ ॥

भगवान् कह रहे हैं कि देवि ! पार्वति ! इस प्रकार की सारी नायिकाओं पर एक वर्ष का प्रयोग अपेक्षित है । ये सभी इस प्रयोग से वशीभूत हो जाती हैं और साधक पर मुग्ध होकर स्वयम् आ जाती हैं ॥ ९५ ॥

कभी-कभी साधक अप्रकल्पनीय कल्पना भी कर बैठता है । उसके मन में यदि यह बैठ जाय कि, मैं अन्तरिक्ष मे विचरण करने वाली किसी अदृश्य शक्ति को नायिका के रूप में पाऊँ, दिव्य लोक की उर्वशी आदि अप्सरा का ही उपभोग करूँ, तो वह इसमें सफल हो सकता है । इसके लिये यह शर्त्त है कि, वह तीन साल तक लगातार वशीकार मन्त्र का प्रयोग करता रहे ॥ ९६ ॥

साधकेन्द्र उनसे यदि यह चाहता है कि, वे अपने दिव्य विज्ञान हमें भी दें, तो वे प्रसन्न होकर दे भी देती हैं । कभी-कभी ऐसा भी होता है कि, वे अपना दिव्य-विज्ञान नहीं देतीं । यह अच्छा लक्षण नहीं होता । उनके क्रोध से साधक का भी विज्ञान नष्ट हो जाता है । कुल परम्परा भी टूट जाती है । यह खतरा वहाँ होता है ।

यदि साधक का अभिलषित वे पूरा कर देती हैं, तो यह अच्छा लक्षण है । उस समय कुल का संवर्धन भी हो जाता है ॥ ९७-९८ ॥

वास्तविकता यह है कि, गुरुदेव के अनुशासन में रहकर गुरुवर्य के समग्र आदेशों का अनुपालन करने वाला साधकेन्द्र अवश्य ही अभीप्सित परिणाम प्राप्त करने में सफल होता है । गुरु की आज्ञा के ही अनुसार चलकर वह देवी शक्तियों को भी वश में करने में समर्थ हो जाता है । साथ ही उनसे उनका विज्ञान भी प्राप्त कर लेता है । ऐसा योगिराज अपनी परम्परा अर्थात् कुलाचार सम्प्रदाय में उच्च स्थान प्राप्त करता ही है, अपने वंश का भी कुलदीपक माना जाता है ॥ ९९ ॥

भुक्त्वा यथेप्सितान्भोगान्यात्यन्ते परमं पदम् ।
इत्ययं कथितो लेशात्कौलिको विधिरुत्तमः ।। १०० ।।
योगिनां सर्वसिद्ध्यर्थं कुलमार्गानुसारिणाम् ।। १०१ ।।

इति श्री मालिनीविजयोत्तरे तन्त्रे कुलचक्राधिकार एकोनविंशः ।। १९ ।।

इस जीवन में अपनी इच्छा के अनुसार सभी उत्तम भोगों का उपभोग कर वह साधक अन्त में परम पद का अधिकारी बन जाता है और पा लेता है। भगवान् शङ्कर कह रहे हैं कि, देवि पार्वति! यह मैंने संक्षेप में तुमसे कौलिक विधि का उपदेश किया है। यह जीवन को धन्य बनाने वाली उत्तम विधियाँ मानी जाती हैं।

कुलमार्ग का अनुसरण करने वाले कौल योगियों के लिये समस्त सिद्धियों को प्रदान करने वाली इन विधियों के प्रयोग से कुलमार्ग की प्रामाणिकता भी सिद्ध होती है और कौलिक को सारी सिद्धियाँ भी मिल जाती हैं ।। १००-१०१ ।।

परमेशमुखोद्भूत ज्ञानचन्द्रमरीचिरूप श्रीमालिनोविजयोत्तर तन्त्र का
डॉ० परमहंस मिश्र कृत नीर-क्षोर विवेक भाषा-भाष्य समन्वित
कुलचक्राधिकार नामक उन्नीसवाँ अधिकार परिपूर्ण ।। १९ ।।
।। ॐ नमः शिवायै ॐ नमः शिवाय ।।

अथ विंशोऽधिकारः

अथ पिण्डादिभेदेन शाक्तं विज्ञानमुच्यते ।
योगिनां योगसिद्ध्यर्थं संक्षेपान्न तु विस्तरात् ॥ १ ॥

पिण्डं शरीरमित्युक्तं तद्वच्छक्तिशिवात्मनोः ।
ब्रह्मानन्दो बलं तेजो वीर्यमोजश्च कीर्त्यते ॥ २ ॥

सौः

परमेशमुखोद्भूतज्ञानचन्द्रमरीचिरूपम्

श्रीमालिनीविजयोत्तरतन्त्रम्

डां० परमहंसमिश्रकृत नीरक्षीर-विवेक भाषा-भाष्य संवलितम्

विंशोऽधिकारः

[२०]

यह अधिकार शाक्त-विज्ञान के रहस्य का उद्घाटक है और इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिये अवतरित है। इसे संक्षिप्त रूप में ही प्रस्तुत किया गया है। इसके विस्तार को महत्त्व नहीं दिया गया है। इस अधिकार के स्वाध्याय से योगियों को योगसिद्धि अवश्यंभावी है। उन्हें इसे अपने स्वाध्याय का विषय बनाना चाहिये ॥ १ ॥

शरीर क्या है ? इस जिज्ञासा की शान्ति भगवान् स्वयं कर रहे हैं। उनके अनुसार यह शरीर एक पिण्ड है। यह तद्वान् अर्थात् पिण्डस्थ भी है। यह शक्ति-रूप और परम तत्त्व का प्रतीक है। यह ब्रह्मानन्द का स्थूल विग्रह है। यह प्रत्यक्ष ओज है, बल का उद्वलन है। तेजोमय का तेज है। यह विश्वात्मा का वीर्य है। इसका सर्वातिशायी महत्त्व स्वयम् इसी से व्यक्त हो रहा है। इसको माध्यम बनाकर विश्वात्मा बहुविध विलास लीला सम्पन्न करते हुए उल्लसित है ॥ २ ॥

अज्ञानेन निरुद्धं तदनाद्येव सदात्मनः ।
तदाविर्भूतये सर्वमनिरुद्धं प्रवर्तते ॥ ३ ॥

तेनाविर्भाव्यमानं तत्पूर्वावस्थां परित्यजत् ।
याः संवित्तीरवाप्नोति ता अधस्तात्प्रकीर्तिताः ॥ ४ ॥

तदेव पदमिच्छन्ति सर्वार्थाविगतिर्यतः ।
तस्मात्संजायते नित्यं नित्यमेव शिवात्मनोः ॥ ५ ॥

तदेव रूपमित्युक्तमात्मनश्च विनश्वरम् ।
रूपातीतं तदेवाहुर्यतोक्षाविषयं परम् ॥ ६ ॥

सदात्मा परम परमेश्वर का यह सत्स्वरूप है । यह शाश्वत है अर्थात् विश्वमय है । उसी की तरह यह भी अनादि है । इसके साथ एक कुहक घटित हो गया है । यह अज्ञान से निरुद्ध हो गया है । अज्ञान ने इसकी विश्वात्मकता को कोलित और अवरुद्ध कर दिया है । इसकी उत्पत्ति, निष्पत्ति एवम् आविर्भूति के के लिये सब कुछ अनिरुद्ध भाव से प्रवर्त्तित है । अनिरुद्ध प्रवर्त्तन के बाद भी यह अज्ञान से निरुद्ध है । यही विरोधाभास इसके साथ लगा हुआ है ॥ ३ ॥

अज्ञान के द्वारा आविर्भाव्यमान अर्थात् उत्पन्न होने वाला यह अपनी जिस अवस्था में पहले था, उसका परित्याग करना इसकी विश्वमयता बन जाती है । उसी वैवश्य भाव से ग्रस्त होकर जिस शरीर को प्राप्त करता है, इसमें उसके कर्मानुसार उसकी संवित्ति भी उसी प्रकार की होती है । अर्थात् उसी प्रकार के अज्ञान ग्रस्त ज्ञान का उदय उसमें होता है । एक अधः संवित्ति अर्थात् हेयताभरी वैचारिकता का उदय होता है । यह उसके उत्कर्ष का बाधक होता है ॥ ४ ॥

यही उसका पद माना जाता है । इसी पद से प्रभावित उस पुरुष की सभी अर्थों में उसी प्रकार की गति और ज्ञान होना निश्चित हो जाता है । इसका परिणाम उसके लिये अच्छा नहीं होता । वह जन्म-मरण के चक्र में पड़कर इसी संसृति का पात्र बन जाता है । वह शिव होते हुए भी जीवभाव में नित्य रहने को विवश हो जाता है ॥ ५ ॥

वह आत्मा का विनश्वर रूप है । अब वही उसका रूप हो जाता है । रूप-भाव में इन्द्रियों, तन्मात्राओं और मन की मूर्च्छामयी वासनाओं में फँसता चला जाता है । इस अवस्था से ऊपर उठकर अज्ञ अर्थात् इन्द्रियों को अविषय अवस्था

भावनां तस्य कुर्वीत नमस्कृत्य गुरुं बुधः ।
तावदालोचयेद्वस्तु यावत्पदमनामयम् ॥ ७ ॥
नैवं न चैवं नाप्येवं नापि चैवमपि स्फुटम् ।
चेतसा योगयुक्तेन यावत्तदिदमप्यलम् ॥ ८ ॥
कृत्वा तन्मयमात्मानं सर्वाक्षार्थविवर्जितम् ।
मुहूर्तं तिष्ठते यावत्तावत्कम्पः प्रजायते ॥ ९ ॥

प्राप्त करने का सौभाग्य उसे मिलता है। इस अवस्था को ही 'रूपातीत' अवस्था कहते हैं। यह 'परात्मक स्थिति' मानो जाती है ॥ ६ ॥

बुद्धिमान् साधक इस अवस्था को प्राप्त करने के लिये सद्गुरु का शरण ग्रहण करता है। प्रणतिपूर्वक उनकी सेवा में लगा रहता है। उनकी कृपा से रूपातीत अवस्था की भावना करता है। अपनी उन्नति के लिये उसे अवश्य ऐसा करना चाहिये। उसे इस अवस्था का पर्य्यालोचन करना चाहिये, जब तक वह उस अनामय भाव का पूर्ण ज्ञान न प्राप्त कर ले। यह सब गुरु कृपा पर ही निर्भर है ॥ ७

उसकी संवित्ति जब तत्त्व के पर्यालोचन में लगी रहती है, और वह जब किसी निर्णय पर पहुँचने ही वाला होता है कि, उसको प्रज्ञा उसे इस बात के लिये सचेत कर देती कि, नहीं यह ऐसा नहीं है। यह परम सत्य नहीं। अभी आगे बढ़ो। वह आगे पर्यालोचन करने लगता है। फिर किसी तथ्य पर पहुँचते-पहुँचते, उसे लगता है, यह भी ऐसा नहीं जैसा मैं समझ रहा हूँ। इसी तरह बार-बार अङ्गीकृति और अस्वीकृति के ऊहापोह से वह स्फुट सत्य की ओर अग्रसर होता रहता है। उसका चित्त योगयुक्त हो जाता है। वह तब तक इसी प्रकार आन्तर सोच-विचार में जी रहा होता है, जब तक उसे उस अनामय पद की प्राप्ति नहीं हो जाती। वह यह सोचने में समर्थ हो जाता है कि, बस! यह परम सत्य मुझे उपलब्ध हो गया है ॥ ८ ॥

अब उस सत्य से वह तादात्म्य स्थापित करता है। उसी तन्मय भाव से भावित हो जाता है। उसे सारे इन्द्रियार्थ से विराम हो जाता है। विषयों के ऊपर उठकर वह विषयातीत भाव में प्रतिष्ठित हो जाता है। इस अवस्था में एक नयी बात बीच में घटित होने लगती है। उसी तादात्म्य भाव में उसे 'कम्प' का अनुभव होता है। स्थिर भाव में प्रतिष्ठित जितचेता उपासक का शरीर मानों काँपने सा लगता है। निष्कम्प भाव में यह कम्प उसे विचलित नहीं कर पाता। वह अविचलित रूप से आत्मस्थ बना रहता है ॥ ९ ॥

भ्रमणोद्भवनिद्राश्च किञ्चिदानन्द इत्यपि ।
तत्र यत्नेन संदध्याच्चेतः परफलेच्छया ॥ १० ॥

तदेतदात्मनो रूपं शिवेन प्रकटीकृतम् ।
यत्र तु यच्च[1] विज्ञेयं शिवात्मकमपि स्थितम् ॥ ११ ॥

तद्रूपोद्वलकत्वेन स्थितमित्यवधारयेत् ।
तत्समभ्यसतो नित्यं स्थूलपिण्डाद्युपाश्रयात् ॥ १२ ॥

चतुर्भेदत्वमायाति भक्त्याभिन्नमपि स्वतः ।
स्थूलपिण्डे द्विधा प्रोक्तं बाह्याभ्यन्तरभेदतः ॥ १३ ॥

यही नहीं, कभी-कभी उसे भ्रमण अर्थात् चक्कर का उद्भव होता हुआ प्रतीत होता है। लगता है कि, शरीर घूम सा रहा है। इसके बाद कभी उसी में नींद आ जाती है और एकनिष्ठ ध्यान में अन्तर सा आ जाता है। साधक को इन अवान्तर उत्पत्ति रूप विकृति से घबड़ाना नहीं चाहिये। वरन् और भी दृढ़ता-पूर्वक अपने स्वीकृत पथ पर आगे और आगे बढ़ना चाहिये। अन्त में आनन्द की अनुभूति उसे आत्मविभोर कर जाती है। इस अवस्था को स्थायी बनाने हेतु यत्न-पूर्वक सन्धान करना चाहिये। इस चैतसिक अनुसन्धान से ही चिन्मयता रूप चरम चेतनात्मक परफल की उपलब्धि हो जाती है ॥ १० ॥

इस अवस्था में स्वयं शिव ही जीव को शिव बनाकर स्वयं स्वात्म को प्रकट कर लेते हैं। इस अप्रकल्प्य अवस्था में जहाँ जो कुछ ज्ञेय है, वह ज्ञाता रूप में परिवर्त्तित हो जाता है। सब कुछ शिवात्मक हो जाता है ॥ ११ ॥

मन में यह निश्चयात्मक अवधारणाही बना लेनी चाहिये कि, यह अवस्था शिवोपद्वलक अवस्था है। इसमें रूप का ही उद्वलन होता है। रूपस्थ अवस्था की यह महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है। यह उपलब्धि स्थूल पिण्ड के आश्रय पर ही निर्भर है। इसका नित्य अभ्यास अनवरत करना चाहिये ॥ १२ ॥

इस अवस्था में योगी की चार प्रकार की स्तरीयता देखने में आती है। पहले स्तर पर योगी स्थूल पिण्ड में रहते हुए भक्ति की अभिन्नता का अनुभव करता है। द्वितीय अवस्था में आभ्यन्तर पिण्ड की अनुभूति उसे होती है। भक्ति का तादात्म्य भाव वहाँ भी स्फुरित रहता है ॥ १३ ॥

---

१. ग० पु० यत्र त्विति पाठः ।

भौतिकं बाह्यमिच्छन्ति द्वितीयं चातिवाहिकम् ।
तत्राद्योपाश्रयाद्योगी ससंवित्तिरपि स्फुटान् ॥ १४ ॥
बाह्यार्थान्संप्रगृह्णाति किञ्चिदाध्यात्मिकानपि ।
द्वितीयोपाश्रयात्तत्त्वभावार्थान्संप्रपद्यते ॥ १५ ॥
ईक्षते च स्वदेहान्तः पीठक्षेत्रादिकं स्फुटम् ।
स्वरूपालोचनादस्य यत्किञ्चिदुपजायते ॥ १६ ॥
तत्र चेतः स्थिरीकुर्वंस्तदेव सकलं लभेत् ।
तेन तत्र न कुर्वीत चैतदुत्तमवाञ्छया ॥ १७ ॥

यह बाह्य पिण्ड ही भौतिक पिण्ड माना जाता है। दूसरा आभ्यन्तर पिण्ड आतिवाहिक होता है। यह स्थूल पिण्ड के स्थौल्य के संस्कार से संस्कृत रहता हुआ भी इससे उन्मुक्त स्तर का होता है। इसमें बाह्य पिण्ड स्तर के ऊपर आन्तर उपाश्रयी योगी संवित्ति के बावजूद बाह्यार्थ से ही प्रभावित रहता है ॥ १४ ॥

उस बाह्यार्थ संवेदन में रहते हुए भी उसमें एक विशेषता के दर्शन होते हैं। वह कभी आध्यात्मिक अनुभूतियों से भर जाता है। वहीं आभ्यन्तर अवस्था में योगी तत्त्वभाव का दर्शन कर लेता है ॥ १५ ॥

आतिवाहिक देह की अनुभूति के स्तर पर विराजमान योगी स्थूल देह के अन्त को देखने में सक्षम हो जाता है। वह देह सम्बन्धी समस्त पीठों और क्षेत्रों के दर्शन में समर्थ हो जाता है। पीठों के अनेक भेद शास्त्रों में वर्णित है। स्वाध्याय-शील व्यक्ति को उन सन्दर्भों का ज्ञान रहना चाहिये। विस्तार-भय से यहाँ देना सम्भव नहीं है।

अपने स्वात्म के 'स्व'रूप का दर्शन दुर्लभ होता है। हम सभी के शरीर के साथ 'स्व' के अतिरिक्त अन्य का समायोजन अधिक मात्रा में है। इसका ज्ञान योगी के लिये आवश्यक हैं। जितना भी हो जाय और जो कुछ भी हो जाय, अपनी स्तरीयता पर निर्भर करता है ॥ १६ ॥

अनुभूति के इस स्तर पर जो कुछ नये आयाम की तरह योगी में उत्पन्न हुआ उत्पन्न होता है, उसमें चित्त को स्थिर करना चाहिये। चित्त के स्थिर होते ही वे अनुभूतियाँ मानों प्रत्यक्ष हो जाती हैं। सत्य का मानो साक्षात्कार सा होने लगता है, वहाँ उसी भाव का आनन्द लेना चाहिये। ऐसा कभी नहीं सोचना चाहिये कि, हमें इससे भी उत्तम कुछ मिले ॥ १७ ॥

पिण्डद्वयविनिर्मुक्ता किञ्चित्तद्वासनान्विता ।
विज्ञानकेवलान्तःस्था पदमित्यभिधीयते ॥ १८ ॥

यत एतामनुप्राप्तो विज्ञानक्रमयोगतः ।
रूपोदयातिविज्ञानपदत्वं प्रतिपद्यते ॥ १९ ॥

एतच्चतुर्विधं ज्ञेयं चतुर्धार्थप्रतिश्रयात् ।
स च तत्त्वादिसंवित्तिपूर्वस्तत्पतितावधिः ॥ २० ॥

अभी तक की उभय प्रकारक स्तरीयता का ही वर्णन किया गया है। इस श्लोक में श्लोक १३ में चर्चित चतुर्भेदत्व के शेष दो स्तरों का वर्णन करने जा रहे हैं। उपर्युक्त दो पिण्डों के स्वरूप पर श्लोक दो से श्लोक १७ तक प्रकाश डाला गया है। इन दोनों से विनिर्मुक्त किन्तु उनकी संस्कारवादिता से कुछ-कुछ समन्वित रहते हुए भी एक नयी स्तरीयता का उदय हो जाता है, जिसे विज्ञान-केवल आत्माओं की उच्च अवस्था कह सकते हैं। उसको हम 'पद' संज्ञा से जान सकते हैं। शास्त्र उसे पद ही कहता है ॥ १८ ॥

यह अवस्था यों ही नहीं मिल जाती, वरन् इसमें योगविज्ञान के क्रमिक अभ्यास और उत्कर्षशील अध्यवसाय की आवश्यकता होती है। इसके बाद ही 'पद' की प्राप्ति होती है। यहाँ आकर जीवन में एक नये प्रकाश का उदय होता है। इसे 'रूपोदयातिविज्ञानपदत्व' कहते हैं। यह सौभाग्य का विषय माना जाता है कि, 'पद' भाव में प्रतियोगी रूपमात्र की विज्ञानातिशयस्तरीय पदता को प्राप्त कर पृथिवी का प्रिय पुत्र बनकर धरा-धाम को धन्य बना देता है ॥ १९ ॥

श्लोक १३ में उक्त चतुर्भेदमयता यहाँ आकर पूरी होती है। यह भेद भिन्नता केवल पद और रूप नामक दो भेदों पर ही निर्भर है। यह चतुर्विधत्व तत्त्ववादिता और शास्त्र के रहस्य की संवित्ति में ही चरितार्थ होती है और तब तक यह भेद-मयता रहती है, जब तक योगी इसी प्रकार के संवित्ति-असंवित्ति के ऊहापोह में ही पतित रहता है। यहाँ पतित शब्द पापी अर्थ में नहीं प्रयुक्त है, वरन् उसकी अर्थात् योगी को उस अवस्था का ज्ञापन कर रहा है, जहाँ वह अभी भेदवाद का परित्याग नहीं कर पाया होता है। इससे निकलना ही श्रेयस्कर है ॥ २० ॥

पदभावविनिर्मुक्ता किञ्चित्तदनुवर्जिता ।
अवस्था स्वस्वरूपस्य प्रकाशकरणी यतः ॥ २१ ॥

तेन सारूप्यमित्युक्ता रूपस्थं यत्तदान्वितम् ।
उदितादिप्रभेदेन तदप्युक्तं चतुर्विधम् ॥ २२ ॥

ज्ञानोदया च देवेशि ममत्वात्तत्फलप्रदम् ।
अमुना क्रमयोगेन अन्तरा येषु संदधत् ॥ २३ ॥

चेतः शुद्धमवाप्नोति रूपातीतं परं पदम् ।
चतुर्विधं तदप्युक्तं संवित्तिफलभेदतः ॥ २४ ॥

योगी को पद भाव से विनिर्मुक्त होना ही चाहिये। पदभाव का संकोच पूर्णतया निरस्त करने पर ही, उसकी किंचित्तदनुवर्त्तिता समाप्त होनी चाहिये। 'स्व' रूप के उदय की अवस्था ही वस्तुतः प्रकाशकरणी मानी जाती है। ज्ञान का प्रकाश करने वाली शक्ति को शास्त्र में प्रकाशकरणी कहते हैं। यह प्रकाशकरणी शक्ति ही 'स्व' स्वरूप का प्रकाशन कर सकती है। इसी अवस्था को पद भाव से विनिर्मुक्त योगी प्राप्त करने के लिये निरन्तर प्रयास करता है ॥ २१ ॥

इस अवस्था का सारूप्य ही रूपस्थ दशा है। रूपस्थ दशा प्रकाशकरणी अवस्था की उपलब्धि है। यह भी चार भेदों से भिन्न होती हैं। उनमें सर्वप्रथम अवस्था का नाम उदित अवस्था है। इसमें रूपस्थता का उदय होता है ॥ २२ ॥

इसके बाद जिस अवस्था का उदय होता है, उसे ज्ञानोदया कहते हैं। भगवान् शङ्कर कह रहे हैं कि, यह मेरी प्रिय अवस्था है। इसमें मेरे ही ज्ञान का उदय योगी भक्त के हृदय में होता है। यह मेरे ज्ञान का ही फल देने वाली अवस्था है। वह एक क्रम है। सर्वप्रथम उदित अवस्था उत्पन्न हुई। उसके बाद अभ्यास-रत रहते हुए योगी में ज्ञानोदया का उदय हुआ। इसमें आन्तर अनुसन्धान की महती सक्रियता योगी को और भी उच्चता की ओर अग्रसर कर देती है ॥ २३ ॥

इस अनवरत अनुसन्धान से चित्त में एक प्रकार की नयी पावनता का आविर्भाव होता है। इसे शास्त्र की भाषा में 'शुद्धि' कहते हैं। इसे रूपातीत पद कहते हैं। यह उत्कृष्ट पद माना जाता है। यह भी संवित्ति जन्य फलवत्ता के आधार पर चार प्रकार का होता है ॥ २४ ॥

त्रिविधं तत्समभ्यस्य सर्वसिद्धिफलेच्छया ।
चतुर्थात्तु तनुं त्यक्त्वा तत्क्षणादपवृज्यते ॥ २५ ॥
इति पिण्डादिभेदेन शिवज्ञानमुदाहृतम् ।
योगाभ्यासविधाने मन्त्रविद्यागणं शृणु ॥ २६ ॥
पूर्वोक्तविधिसंनद्धः प्रदेशे पूर्वचोदिते ।
नाभ्यादिपञ्चदेशानां परार्णं क्वापि चिन्तयेत् ॥ २७ ॥

समस्त सिद्धियों की उपलब्धि के उद्देश्य से पहली तीन अवस्थाओं का अभ्यास अनिवार्यतः आवश्यक माना जाता है। इसके उपरान्त चतुर्थ भाव में प्रवेश प्राप्त होता है। यह परम सौभाग्य का विषय माना जाता है कि, चतुर्थ मे प्रविष्ट योगी शरीर त्याग होते ही मुक्ति को उपलब्ध हो जाता है। उसे जीवित रहते हुए भी अपवर्ग तो प्राप्त रहता ही है। त्यक्त्वा की जगह जित्वा पाठ का भाव शैवमहाभाव को अभिव्यक्ति के अनुरूप होता ॥ २५ ॥

यहाँ तक अर्थात् पिण्ड से लेकर रूपातीत संवित्ति और अपवर्ग पर्यन्त जो वर्णन किया गया है, यह योगियों के अभ्यास को एक आध्यात्मिक यात्रा है। इनको पार कर लेने वाला योगी शिवैक्य को चिन्मयता में प्रतिष्ठित हो जाता है। यह सारा प्रकरण 'शिवज्ञान' प्रकरण है। योगाभ्यास के विधि विधान से यह महत्त्वपूर्ण ज्ञान प्राप्त हो जाता है ॥ २६ ॥

पहले याग प्रदेश के सम्बन्ध में पर्याप्त चर्चा की जा चुकी है। उसी तरह का यज्ञ स्थान निर्धारित करना चाहिये। पहले ही की तरह योग-विधि पूरी करने में दक्षता, सहिष्णुता और धैर्य की आवश्यकता होती है। उस पर अर्थात् आसन पर विराजमान होना चाहिये।

आसन पर बैठने के उपरान्त चक्र प्रक्रिया प्रारम्भ करनी चाहिये। साधक पूर्वोक्त विधि से सन्नद्ध है। अर्थात् अब तक इस विषय में बताये गये मार्ग का अभ्यास कर साधना-विधि में दक्ष हो गया है और आगे के अभ्यास के लिये तैयार हैं। अब उसे नाभि से प्रारम्भ कर द्वादशान्त पर्यन्त पाँच चक्रों को यात्रा का अभ्यास बढ़ाना चाहिये। इसी क्रम में परार्ण का चिन्तन उसको उत्कर्ष के शिखर पर आरूढ़ कर देता है।

यहाँ पाँच देश और परार्ण विचारणीय है। यद्यपि यह अत्यन्त सुगोप्य है फिर भी साधकों के कल्याण के उद्देश्य से इसे उद्घाटित कर रहा हूँ। वे चक्र क्रमशः इस प्रकार हैं—

स्वरूपेण प्रभाभारप्रकाशिततनूदरम् ।
दीप्तिभिस्तस्य तीव्राभिराब्रह्मभुवनं ततः ॥ २८ ॥
एवं संस्मरतस्तस्य दिवसैः सप्तभिः प्रिये ।
रुद्रशक्तिसमावेशः सुमहान्संप्रजायते ॥ २९ ॥

---

१. **नाभि**—इसे मातृकेन्द्र, पौर्णमास केन्द्र और मणिपूर चक्र भी कहते हैं। इसे साधक सिद्ध करने के बाद ही आगे बढ़ सकता है।

२. **हृत्**—मेरुदण्ड में हृदय केन्द्र अवस्थित है। इसका प्रतिबिम्ब ही अनाहत चक्र कहलाता है।

३. **विशुद्ध**—यह षडोश-दल कमल वाला चक्र स्वर-केन्द्र माना जाता है। मेरुदण्ड का ऊपर से नीचे वाला दूसरा पड़ाव है। भुवर्लोक की सीमा यहाँ समाप्त हो जाती है।

४. **आज्ञाचक्र**—यह शरीरस्थ स्वः भाग का मुख्य केन्द्र हैं। द्विदल चक्र भ्रूमध्य का त्रैनेत्रिक क्षेत्र है। यहाँ से ऊपर निरोधिका तक माया का राज्य समाप्त हो जाता है। इसके ऊपर नाद क्षेत्र है। वहाँ सुषुम्ना समाप्त हो जाती है।

५. **द्वादशान्त**—यहाँ तक जाने के लिये नाद, नादान्त, शक्ति, समना और उन्मना की आकाश-यात्रा योगी करता है। उन्मना का परिवेश द्वादशान्त क्षेत्र में ही आता है।

६. **परार्ण**—तन्त्र शास्त्र का सर्वोत्तम बीज मन्त्र है। कूटभाषा में जीव के साथ चतुर्दश धाम लगाकर बिन्दु के योग करने पर यह बनता है। अपने गुरुदेव से इसे जानना चाहिये।

इसके रहस्यात्मक महत्त्व को भगवान् 'क्वापि ?' प्रश्नात्मक चमत्काराशय वाचक शब्द का प्रयोग कर रहे हैं। 'चिन्तयेत्' क्रिया विधि का निर्देश कर रही है ॥ २७ ॥

यह परार्ण बीजमन्त्र 'स्व' रूप में प्रभा की भास्वरता से भरपूर है। इसकी पूरी आकृति ललित आलोक से ललाम लगती है। इसके उदर में प्रकाश का विमर्श उद्वेलित होता रहता है। इसकी तीव्र दीप्तियों से आब्रह्माण्ड सारा भुवन मण्डल आमण्डित होता रहता है ॥ २८ ॥

इस परार्ण के चिन्तन में अनवरत संलग्न योगी यदि मात्र सात दिन तक लगातार इसे करता रहता है, तो उसका सुपरिणाम उसे द्रुत उपलब्ध होने लगता

आविष्टो बहुवाक्यानि संस्कृतादीनि जल्पति।
महाहास्यं तथा गेयं शिवारुदितमेव च ॥ ३० ॥

करोत्याविष्टचित्तस्तु न तु जानाति किंचन।
मासेनैवं यदा मुक्तो यत्र यत्रावलोकयेत् ॥ ३१ ॥

तत्र तत्र दिशः सर्वा ईक्षते किरणाकुलाः।
यां यामेव दिशं षड्भिर्मासैर्युक्तस्तु वीक्षते ॥ ३२ ॥

है। सर्वप्रथम उसमें रुद्रशक्ति का समावेश हो जाता है। रुद्र और शक्ति कहिये या रुद्र की शक्ति कहिये दोनों समावेश एक ही हैं। क्योंकि रुद्र से रुद्र की शक्ति का नान्तरीयक सम्बन्ध हैं। श्री भगवान् ने इसे सुमहान् कहा है। एक तो महान् स्वयं महान् हैं। उसमें 'सु' उपसर्ग महत्ता में सौन्दर्यात्मक चमत्कार भर रहा है। इसी तरह 'सम्प्रजायते' क्रिया में भी 'सम्' और 'प्र' दोनों उपसर्ग 'जायते' क्रिया शक्ति में साधना के साफल्य की ध्रुवता का आश्वान कर रहे हैं। अर्थात् यह सात दिन की साधना ही सत्यलोक में प्रतिष्ठित कर देती है ॥ २९ ॥

इसमें आविष्ट योगी अनेक संस्कृत आदि भाषाओं में संस्कारमय वाक्यों का उच्चारण करने लगता है। भले वह उन भाषाओं से परिचित न हो। इसी आवेश में वह कभी अट्टहास भी करने लगता है, सुन्दर गान गाने लगता है और इसी आवेश में वह शिवारुदित से भी लोगों को डरा तक देता है। यह सारी क्रिया उसके आवेश की परिचायिका ही है ॥ ३० ॥

आवेश के प्रभाव से भावित भक्त बोलता तो है, किन्तु उसे यह पता नहीं रहता कि, मैं क्या बोल रहा हूँ ? अधिक आवेश की यह दशा अपने आप समाप्त होती है। एक मास तक यह दशा रहती है।

इसके बाद भी उक्त बीज मन्त्र के चिन्तन से इसे विरत होना चाहिये। वह इसे एक मास लगातार करता है, तो आवेश के एक मास के पूरा हो जाने पर जहाँ भी दृष्टि डालता है, एक विचित्र अनुभव उसे होता है ॥ ३१ ॥

उसे चारों ओर चारों दिशायें प्रकाश की किरणों से व्याप्त दीख पड़ती हैं। चतुर्दिक प्रकाश की प्रखर प्रभा भी भास्वरता ही दृष्टिगोचर होती हैं। इसी में छहः मास तक का अपना समय लगा देने वाला योगी जिधर ही जिधर दृष्टि दौड़ाता है, उसे नाना प्रकार की आकृतियाँ भी दिखलायी पड़ती हैं। सभी दिशाओं में

नानाकाराणि रूपाणि तस्यां तस्यां प्रपश्यति ।
न तेषु संदधेच्चेतो न चाभ्यासं परित्यजेत् ॥ ३३ ॥

कुर्वन्नेतद्विधं योगी भीरुरुन्मत्तको भवेत् ।
वीरः शक्तिं पुनर्याति प्रमादात्तद्गतोऽपि सन् ॥ ३४ ॥

वत्सराद्योगसंसिद्धिं प्राप्नोति मनसेप्सिताम् ।
परापरामथैतस्या अपरां वा यथेच्छया ॥ ३५ ॥

सद्भावं मातृसंघस्य हृदयं भैरवस्य वा ।
नवात्मानमपि ध्यायेद्रतिशेखरमेव वा ॥ ३६ ॥

समान रूप से यह उसे दीख पड़ने लगता है। यहाँ बड़ी सावधानी की आवश्यकता होती हैं। न तो उन आकृतियों पर ध्यान ही केन्द्रित करना चाहिये और न ही इस अभ्यास को ही छोड़ना चाहिये ॥ ३२-३३ ॥

भगवान् शङ्कर कहते हैं कि, योगी साधक इस प्रकार इस अध्यवसाय साध्य योगाभ्यास को करते हुए कभी डर भी सकता है। इसी तरह वह मृत्यु के समान भयप्रद उन्मत्त भी हो सकता है। यह उसके प्रमाद के कारण हो जाता है। प्रमाद-पूर्ण जपादि अभ्यास से भी विकृतियाँ उत्पन्न हो जाती हैं। किन्तु यह याद रखने की बात है कि, योगी कुछ भोग भोग लेने पर अपनी शक्ति को पुनः प्राप्त कर पुनः स्वस्थ हो जाता है और परमानन्द का भागी बनता है ॥ ३४ ॥

एक वर्ष तक इस साधना में समय लगाने वाले योगी के विषय में भगवान् शङ्कर कह रहे हैं कि, देवि पार्वति ! वह मनसेप्सित सभी सिद्धियों को प्राप्त कर लेता है। उसे परापरा विद्या का उद्योत तो प्राप्त होता ही है, अपरा की भी यथेच्छ अधिगति उसे हो जाती है ॥ ३५ ॥

इस साधक के हृदय में मातृसद्भाव[1] की संभूति-भव्यता भर जाती है। भैरव सद्भाव[2] का वह अधिकारी बन जाता है। वह नवात्मक[3] दृष्टि से भी आराधना में समर्थ हो जाता है। उसे रतिशेखर[4] मन्त्र का भी अधिकार मिल जाता है ॥ ३६ ॥

---

१. श्रीतन्त्रालोक ४।१७७; २. तदेव ६।२१८
३. तदेव ५।१५।२२, १।१११; ४. तदेव भाग ५।१५।२४३

अघोर्याद्यष्टकं वापि माहेश्याद्यिकमेव वा।
अमृतादिप्रभेदेन रुद्रान्वा शक्तयोऽपि वा ॥ ३७ ॥
सर्वे तुल्यबलाः प्रोक्ता रुद्रशक्तिसमुद्भवाः।
अथवामृतपूर्णानां प्रभेदः प्रोच्यते परः ॥ ३८ ॥
प्राणस्थं परयाक्रान्तं प्रत्येकमपि दीपितम्।
विद्यां प्रकल्पयेन्मन्त्रं प्राणाक्रान्तं परासनम् ॥ ३९ ॥

अघोर मन्त्र के निर्दिष्ट देवों को शक्तियों के अष्टक को अघोर्यष्टक[1] कहते हैं। इसी तरह कवच वर्णित सात देवियों के साथ एक और देवी को जोड़ने पर माहेश्यष्टक[2] कहते हैं। इसी रुद्र के अमृत आदि प्रभेद से रुद्र भेद भी निश्चित हैं। इनके साथ इनकी शक्तियाँ भी आराध्य मानी जाती हैं। इन समस्त शक्तियों और शक्तिमन्तों का ध्यान ऐसे योगी के लिये आवश्यक होता है। माहेशी, ब्राह्मी कौमारी, वैष्णवी, ऐन्द्री, वाराही, चामुण्डा और योगेशी (महालक्ष्मी) ये आठों माहेश्य-ष्टक कहलाता है। इसी ग्रन्थ (३।१४) में यह वर्णित हैं। अवर्ग–अघोरा, कवर्ग–परमघोरा, चवर्ग–घोररूपा, टवर्ग–घोरमुखा, तवर्ग–भीमा, पवर्ग–भीषणा, यवर्ग–वमनी, शवर्ग–पिबनी–यह अघोराष्टक शक्तियाँ हैं। इसी के साथ अमृतादि रुद्र की चर्चा भी भगवान् कर रहे हैं। इनका वर्णन इसी ग्रन्थ (३।१७-१९) में किया गया है। ये १६ होते हैं। इसी नाम की इनकी शक्तियाँ भी होती हैं। इन समस्त देवों के दर्शन साधक योगी एक साल से अधिक की साधना में प्राप्त कर सकता है ॥३७॥

ये सभी शक्तिमन्त भैरव और रुद्र संज्ञक देव समान बल वाले माने जाते हैं। ये सभी बीज योनि समुद्भव शक्तिमन्त हैं। यह पूर्व के कथन (३।२४-२५) से प्रमाणित हैं। इसी तरह अमृतपूर्ण रुद्र के भेद-प्रभेद भी इस दृष्टि से विचारणीय हैं। इसे 'पर' संज्ञा से विभूषित किया गया है ॥ ३८ ॥

प्राणस्थ रुद्र का प्रकल्पन भी साधना का विषय है। यह परातत्त्व से आक्रान्त होता है। वस्तुतः प्राण सूर्य ही परा के प्रभाव से सतत संवलित रहता है। इसके सभी प्रभेद परा दीप्ति से दीप्तिमन्त रहते हैं। एतत्सम्बन्धिनी विद्या भी परा-विद्या ही होती है। इसे प्राणविद्या भी कह सकते हैं। इसका परामन्त्र सर्वमन्त्र-वरेण्य मन्त्र होता है। वह भी प्राणाक्रान्त मन्त्र माना जाता है। इस सन्दर्भ में परासन (त्रिशूलाब्ज) विज्ञान का भी अत्यन्त महत्त्व है। वस्तुतः सदाशिव पर्यन्त आसन-विज्ञान का परिवेश प्राप्त होता है ॥ ३९ ॥

---

१. मा० वि० ३।१३, श्रीत० ६।१६।१५५; २. तदेव १।१११, स्वच्छन्द प० १।३४-३६

द्वादशारस्य चक्रस्य षोडशारस्य वा स्मरेत् ।
अष्टारस्याथ वा देवि तस्य त्रेधा शतस्य वा ॥ ४० ॥

षडरस्याथ वा मन्त्री यथा सर्वं तथा शृणु ।
संक्षेपादिदमाख्यातं साधं चक्रशतद्वयम् ॥ ४१ ॥

एतत्त्रिगुणतां याति स्त्रीपुंयामलभेदतः ।
शान्त्यादिकर्मभेदेन प्रत्येकं द्वादशात्मताम् ॥ ४२ ॥

दो प्रकार के द्वादशार चक्र इस शरीर में ही अवस्थित हैं।

१. एक द्वादशार चक्र अनाहत-चक्र होता है। इसमें क ख ग घ ङ, च छ ज झ ञ, ट और ठ—ये १२ वर्ण रूप अरे होते हैं।

२. दूसरा द्वादशार वाम नेत्र भी माना जाता है। इसमें दश इन्द्रियाँ, बुद्धि और मन तत्त्व[1] माने जाते हैं। भैरवदेव भी द्वादशार मत चक्र नायक माने जाते हैं।

षोडशार चक्र भी शरीर में दो संख्या में हैं—१. विशुद्ध चक्र है। इसमें सोलह स्वर अर रूप में विराजमान हैं। २. दक्ष नेत्र भी षोडशार होता है। अष्टार चक्र भ्रूमध्य माना जाता है। इसमें त्रैनेत्रिक शक्ति का सामरस्य ओत-प्रोत होता है।

इसके भी तीन भेद होते हैं। कई अन्य तन्त्र ग्रन्थों में इसके सौ भेद भी स्वीकार करते हैं। सौ भेद का तात्पर्य शतार चक्र से लेना चाहिये। इसे षडर भी मानते हैं। इन सबके विषय में साधक को जानकारी रखनो चाहिये ॥ ४० ॥

मन्त्र-साधक के हित के उद्देश्य से भगवान् शङ्कर ने इस प्रकार प्रकाश प्रक्षेप करने का अनुग्रह किया है। उन्होंने देवी पार्वती को इसे सुनाया। उनके अनुसार संक्षेप से उन दो सौ पचास ऐसे चक्रों के सम्बन्ध में कहने की कृपा की है, जिनको इसी सन्दर्भ में बतलाना आवश्यक था ॥ ४१ ॥

ये सभी स्त्री, पुरुष और यामल लिङ्गों की दृष्टि से त्रिगुण संख्यक माने जाते हैं। शान्ति आदि कर्मों की दृष्टि से प्रत्येक के १२ भेद और भी हो जाते हैं। इन भेदों पर विशेष ध्यान देना चाहिये ॥ ४२ ॥

---

१. श्रीतन्त्रालोक १।१११।

दक्षश्चण्डो हरः शौण्डी[1] प्रमथो भीमसन्मथौ ।
शकुनिः सुमतिर्नन्दो गोपालोऽथ पितामहः ॥ ४३ ॥

नन्दा भद्रा जया काली करालो विकृतानना ।
क्रोष्टको भीममुद्रा च वायुवेगा हयानना ॥ ४४ ॥

गम्भीरा घोषणी चैव द्वादशैताः प्रकीर्तिताः ।
आग्नेय्यादिचतुष्कोणा ब्रह्माण्याद्या अपि प्रिये ॥ ४५ ॥

सिद्धिर्ऋद्धिस्तथा लक्ष्मीर्दीप्तिर्माला शिखा शिवा ।
सुमुखो वामनी नन्दा हरिकेशी हयानना ॥ ४६ ॥

विश्वेशी च सुमाख्या[2] च एता वा द्वादश क्रमात् ।
एतासां वाचका ज्ञेयाः स्वराः षष्ठविवर्जिताः ॥ ४७ ॥

दक्ष, चण्ड, हर, शौण्डी, प्रमथ, भौम, मन्मथ, शकुनि, सुमति, नन्द, गोपाल और पितामह ये १२ नाम उन शक्तिमन्तों के हैं, जिनके साथ द्वादश शक्तियों के नाम भी गिनाये गये हैं। वे क्रमशः इस प्रकार हैं—

नन्द्रा, भद्रा, जया, काली, कराली, विकृतानना, क्रोष्टकी भीममुद्रा, वायुवेगा और हयानना, गम्भीरा और घोषणी। ये ही १२ देवियाँ हैं। ये सभी आग्नेय कोण के क्रम से सभी दिशाओं में प्रतिष्ठित हैं। ब्राह्मी आदि देवियाँ भी इसी तरह प्रतिष्ठित हैं ॥ ४३-४५ ॥

इसी तरह अन्य द्वादश देवियों के नाम भी सुप्रतिष्ठित हैं। ये क्रमशः इस प्रकार हैं—

सिद्धि (ऋद्धि), लक्ष्मी, दीप्ति, माला, शिखा (शिवा), सुमुखी, वामनी, नन्दा, हरिकेशी, हयानना, विश्वेशी और सुमा—ये द्वादश देवियाँ भी क्रमशः अग्नि, यम, निऋति, पश्चिम, वायु, उत्तर, ईशान, पूरब, ऊर्ध्व, अधः और अनन्त एवं ब्रह्मा के स्थान रूप १२ स्थानों में प्रतिष्ठित हैं।

इन शक्तियों के प्रतीक द्वादश स्वर भी माने जाते हैं। यों स्वर तो सोलह होते हैं, किन्तु षष्ठ चार स्वर (ऋ ॠ ऌ ॡ) निकाल देने पर १२ स्वर ही शेष रहते हैं ॥ ४६-४७ ॥

---

१. क० पु० हरिश्चण्डीति पाठः। २. ग० पु० समाख्या चेति पाठः।

षोडशारेऽमृताद्याश्च स्त्रीपुंपाठप्रभेदतः ।
श्रीकण्ठोऽनन्तसूक्ष्मौ च त्रिमूर्तिः शर्वरीश्वरः ॥ ४८ ॥
अर्घेशो भारभूतिश्च स्थितिः स्थाणुर्हरस्तथा ।
झिण्ठीशो भौतिकश्चैव सद्योजातस्तथापरः ॥ ४९ ॥
अनुग्रहेश्वरः क्रूरो महासेनोऽथ षोडश ।
सिद्धिर्ऋद्धिर्द्युतिर्लक्ष्मीर्मेधा कान्तिः स्वधा धृतिः ॥ ५० ॥
दीप्तिः पुष्टिर्मतिः कीर्तिः संस्थितिः सुगतिः स्मृतिः ।
सुप्रभा षोडशी चेति श्रीकण्ठादिकशक्तयः ॥ ५१ ॥
षोडशारे स्वरा ज्ञेया वाचकत्वेन सर्वतः ।
अघोराद्यास्तथाष्टारे अघोर्याद्याश्च देवताः ॥ ५२ ॥

षोडशार में भी १६ शक्तिमन्तों और १६ शक्तियों की प्रतिष्ठा मानी जाती है। यह शक्तिमन्त रूप पुरुष तत्त्व और शक्ति रूप स्त्री तत्त्व का सामरस्य है जो इनमें उल्लसित हैं। उन शक्तिमन्तों के नाम इस प्रकार हैं—

श्रीकण्ठ, अनन्त, सूक्ष्म, त्रिमूर्त्ति, शर्वरीश्वर, अर्घेश, भारभूति, स्थिति, स्थाणु, हर, झिष्ठीश, भौतिक-सद्योजात, अनुग्रहेश्वर, क्रूर और महासेन ये सोलह हैं। इसी तरह अमृत आदि शक्तिमन्त भी अपनी स्त्री-शक्तियों के साथ षोडशार में प्रतिष्ठित माने जाते हैं।

इसी तरह शक्तियों के नाम भी इस क्रम से हैं—१. सिद्धि, २. ऋद्धि, ३. द्युति, ४. लक्ष्मी, ५. मेधा, ६. कान्ति, ७. स्वधा, ८. धृति, ९. दीप्ति, १०. पुष्टि, ११. मति, १२. कीर्त्ति, १३. संस्थिति, १४. सुगति, १५. स्मृति, १६. सुप्रभा। ये भी संख्या में १६ ही हैं। श्रीकण्ठ आदि की शक्तियाँ भी इसी तरह प्रतिष्ठित मानी जाती हैं॥ ४८-५१ ॥

षोडशार में १६ स्वर भी इसी तरह वाचक रूप से प्रतिष्ठित माने जाते हैं। सोलह स्वर प्रसिद्ध हैं। ये मातृका वर्ण माला में अकार से लेकर अःकार तक १६ माने जाते हैं। यही स्थिति अष्टार की भी है। अष्टार में अघोरी आदि आठ शक्तियाँ और अघोर आदि आठ देव भी प्रतिष्ठित रहते हैं॥ ५२ ॥

माहेश्याद्यास्तथा देवि चतुर्विंशत्यतः शृणु ।
नन्दादिकाः क्रमात्सर्वा ब्रह्माण्याद्यास्तथैव च ॥ ५३ ॥

संवर्तो लकुलीशश्च भृगुः श्वेतो बकस्तथा ।
खड्गी पिनाकी भुजगो[1] नवमो बलिरेव च ॥ ५४ ॥

महाकालो द्विरण्डश्च[2] च्छगलाण्डः शिखी तथा ।
लोहितो मेषमीनौ च [3]त्रिदण्ड्याषाढिनामकौ ॥ ५५ ॥

उमाकान्तोऽर्धनारीशो दारुको लाङ्गली तथा ।
तथा सोमेशशर्माणौ चतुर्विंशत्यमी मताः ॥ ५६ ॥

कादिभान्ताः परिज्ञेया अष्टारे याद्यमष्टकम् ।
मकारो बिन्दुरूपस्थः सर्वेषामुपरि स्थितः ॥ ५७ ॥

माहेशी आदि, नन्दा आदि, ब्राह्मी आदि ये २४ देवियाँ भी अष्टार के अरों में विद्यमान रहकर बिम्ब को व्यवस्थित करती हैं ॥ ५३ ॥

इनके साथ २४ शक्तिमन्त भी वहाँ प्रतिष्ठित माने जाते हैं। वे इस प्रकार हैं—

प्रथम अष्टक—संवर्त्त, लकुलीश, भृगु, श्वेत, बक, खड्गी, पिनाकी, भुजग।

द्वितीय अष्टक—बलि, महाकाल, द्विरण्ड, छगलाण्ड, शिखी, लोहित, मेष मीन।

तृतीय अष्टक—त्रिदण्डि, आषाढि, उमाकान्त, अर्धनारीश, दारुक, लाङ्गली सोम और ईश।

ये सब मिलकर चौबीस होते हैं ॥ ५४-५६ ॥

इनके वाचक व्यञ्जन हैं। ये क से लेकर भ तक माने जाते हैं। अष्टार के मुख्य वाचक अन्तःस्थ और ऊष्मा वर्ण मिलाकर आठ व्यञ्जन वर्ण हैं। मकार अनुस्वार रूप में परिवर्त्तित होकर सबके शिर का मुकुटमणि बनकर सबके शिर की शोभा का संवर्धन करता है ॥ ५७ ॥

---

१. क० पु० भुजगी नवमा दालिरित्येवंविधः पाठः। २. क० पु० दुरण्डश्चेति पाठः।
३. क० पु० त्रिदण्डाषाढेति पाठः।

जुंकारोऽथ तथा स्वाहा षडरे षट् क्रमेण तु ।
बलिश्च बलिनन्दश्च दशग्रीवो हरो हयः ॥ ५८ ॥
माधवश्च महादेवि षष्ठः संपरिकीर्तितः ।
विश्वा विश्वेश्वरी चैव हाराद्री वीरनायिका ॥ ५९ ॥
अम्बा गुर्वीति योगिन्यो बीजैस्तैरेव षट् स्मृताः ।
अन्योन्यवलिताः सर्वे स्वाम्यावरणभेदतः ॥ ६० ॥
अकारादिक्षकारान्ताः सर्वसिद्धिफलप्रदाः ।
ध्यानाराधनयुक्तानां योगिनां मन्त्रिणामपि ॥ ६१ ॥

षडर में जुं (स्वाहा के साथ माहेश्वर बीज) मध्य में शाश्वत उल्लसित हैं। इसमें प्रत्येक अर में क्रमशः बलि, बलिनन्द, दशग्रीव, हर, हय और माधव नामक शक्तिमन्त प्रतिष्ठित हैं। विश्वा, विश्वेश्वरी, हाराद्री, वीरनायिका, अम्बा और गुर्वी नामक योगिनी शक्तियाँ भी वहाँ समायोजन कर विद्यमान रहती हैं। ये सभी अपने-अपने बीज मन्त्रों के साथ विराजमान रहती हैं। ये सभी अन्योन्य वलित एक दूसरे के प्रति पूर्णतया समर्पित हैं। इनके स्वामी भी इन्हें आवृत कर वहाँ उल्लसित रहते हैं ॥ ५८-६० ॥

'अ' से लेकर 'क्ष' पर्यन्त मातृका वर्णमाला के ५० अक्षर हैं। इनमें १६ स्वर तथा ३४ व्यञ्जन वर्ण माने जाते हैं। ये वर्ण स्वयं परावाक् के प्रतीक हैं। ये सभी सिद्धियों को प्रदान करने में तत्पर रहते हैं। ध्यान और आराधना में संलग्न योगियों और मन्त्रों को सिद्ध करने में लगे मन्त्री साधकों के ये सर्वस्व रूप हैं ॥ ६१ ॥

उक्त सभी साधना विधियाँ एक से एक बढ़कर अपना महत्त्व रखती हैं। उनका प्रातिस्विक अभ्यास तदनुकूल परिणाम से साधक को साध्य की ओर अग्रसर करता है, इसमें कोई सन्देह नहीं। यदि इसे और भी गहरायी से सोचा जाय, तो भगवान् शङ्कर कहते हैं कि, एक इन सबसे विलक्षण विधि भी है। वह है, सभी चक्रों के मध्य में अवस्थित विद्या की साधना। इस विद्या के सम्बन्ध में यह प्रसिद्धि है कि, साधक जैसी अभिलाषा करता है और उसका स्मरण करता हुआ इसका ध्यान करता है अथवा, ध्यान करते हुए जप करता है अथवा, उस मन्त्र का जप करते हुए और तद्विषयक उस विद्या का ध्यान करता है, तो अवश्य ही विशिष्ट सिद्धियों को प्राप्त करता है ।

अथवा सर्वचक्राणां मध्ये विद्यां यथेप्सिताम् ।
मन्त्रं वा पूर्वमुद्दिष्टं जपन्ध्यायन्प्रसिद्धयति ॥ ६२ ॥
इति संक्षेपतः प्रोक्तं सर्वकामफलप्रदम् ।

इति श्रीमालिनीविजयोत्तरे तन्त्रे सर्वमन्त्रनिर्णयो नाम
विंशतितमोऽधिकारः ॥ २० ॥

भगवान् कहते हैं कि, देवि परमेश्वर्यशालिनी पार्वति । तुमने जितनी भी जिज्ञासायें की है, उन्हें मैंने यहाँ कह कर संक्षेप रूप से तुमसे सुनाया । इसके अनुसार जो साधक आचरण करता है, मैं यह घोषणा करता हूँ कि, उसको मनोकामना अवश्य पूरी होती है । यह सारी सिद्धि प्रदान करने वाली और काम्य कर्मों की पूर्त्ति करने वाली हैं, इसमें सन्देह नहीं ॥ ६२ ॥

परमेशमुखोद्भूत ज्ञानचन्द्रमरीचिरूप श्रीमालिनीविजयोत्तरतन्त्र का
डॉ० परमहंसमिश्रकृत नीर-क्षीर-विवेक भाषाभाष्य संवलित
सर्वमन्त्रनिर्णय नामक बीसवाँ अधिकार परिपूर्ण ॥ २० ॥
॥ ॐ नमः शिवायै ॐ नमः शिवाय ॥

अथ एकविंशतितमोऽधिकारः

अथातः परमं गुह्यं शिवज्ञानामृतोत्तमम् ।
व्याधिमृत्युविनाशाय योगिनामुपवर्ण्यते ॥ १ ॥

षोडशारे खगे चक्रे चन्द्रकल्पितकर्णिके ।
स्वरूपेण परां तत्र स्रवन्तीममृतं स्मरेत् ॥ २ ॥

सौः

परमेशमुखोद्भूतज्ञानचन्द्रमरीचिरूपम्

श्रीमालिनीविजयोत्तरतन्त्रम्

डॉ० परमहंसमिश्रविरचित-नीर-क्षीर-विवेकनामकभाषाभाष्यसमन्वितम्

एकविंशतितमोऽधिकारः

[२१]

भगवान् शङ्कर कह रहे हैं कि, इन अन्य साधना विधियों के वर्णन के बाद मैं यहाँ योगियों के परम कल्याण के लिये अत्यन्त गुह्य अमृत के समान शैवज्ञान उद्घाटित कर रहा हूँ। इस ज्ञान के अनुसार आचरण करने वाला योगी समस्त व्याधियों से छुटकारा पा सकता है। वह मृत्युजित् हो सकता है। व्याधिजन्य मृत्यु का विनाश योगी कर सकता है। अतः अनवरत शिवयोग साधना के लिये यह जानना नितान्त आवश्यक है ॥ १ ॥

षोडशार चक्र विशुद्ध चक्र माना जाता है। इसमें १६ स्वर प्रत्येक दल में प्रतिष्ठित रहते हैं। इसको विशुद्ध पद्म भी कहते हैं। यह 'खग' अर्थात् शुद्ध अध्वा के आकाश में विचरण करने का प्रेरक होता है। इस पद्म की कर्णिका चन्द्रमा के समान कान्ति युक्त होती है।

उसी कर्णिका में एक सर्वेश्वरी शक्ति का अधिष्ठान होता है। वह स्वरूप से पराशक्ति के समान मानी जाती है। यों पराशक्ति उन्मना में अवस्थित रहती हैं। यह परा सदृश शक्ति सोमतत्त्व समन्वित होती हैं। यहाँ योगी यह स्मरण करे कि,

पूर्वन्यासेन सन्नद्धः क्षणमेकं विचक्षणः ।
ततस्तु रसनां[1] नीत्वा लम्बके विनियोजयत् ॥ ३ ॥
स्रवन्तममृतं दिव्यं चन्द्रबिम्बसितं[2] स्मरेत् ।
मुखमापूर्यते तस्य किञ्चल्लवणवारिणा ॥ ४ ॥
लोहगन्धेन तच्चात्र न पिबेत्किंतु निक्षिपेत् ।
एवं समभ्यसेत्तावद्यावत्तत्स्वादु जायते ॥ ५ ॥
जराव्याधिविनिर्मुक्तो जायते तत्पिबंस्ततः ।
षड्भिर्मासैरनायासाद्वत्सरान्मृत्युजिद्भवेत् ॥ ६ ॥

विशुद्ध पद्म चक्र की कर्णिका में अवस्थित वह सोमतत्त्व समन्वित शक्ति अमृतद्रव को वर्षा कर रही हैं । उस अमृत को फुहार से आन्तर तत्त्व अभिषिक्त हो रहे हैं ॥ २ ॥

पूर्व में उक्त न्यास से शक्ति प्राप्त कर उस शक्ति से सन्नद्ध साधक अत्यन्त विचक्षण भाव से साधना में अवस्थित हो जाय । पूरी तरह सन्नद्ध होकर अपनी जोभ को उलट कर गले की ओर ले जाने का अभ्यास करे और अभ्यस्त हो जाने पर गले में लटकने वालो लम्बिका में योजित कर दे । यह विनियोजन महत्त्वपूर्ण साधना का ही एक अङ्ग माना जा सकता है ॥ ३ ॥

वहाँ यह स्मरण करे कि, वहाँ ऊपर से अमृत द्रवित होकर रसना के अग्रभाग में मिल रहा है । उस अमृत का वर्ण चन्द्रबिम्ब के समान श्वेत है । वह दिव्यता से ओत-प्रोत है । उस समय साधक का मुँह कुछ खारे नमकीन द्रव-वारि से भर जाता है ॥ ४ ॥

वह लोह गन्धो जल पीने योग्य नहीं होता । उसे गले के नीचे नहीं जाने देना चाहिये । अपितु उसका बाहर निक्षेप कर देना चाहिये । उसको थूक देना ही श्रेयस्कर होता है । यह अभ्यास तब तक अनवरत चालू रखना चाहिये, जब तक उसमें स्वाद न आ जाय । स्वादिष्ट जल आने लगना साधक की सफलता का द्योतक माना जाता है ॥ ५ ॥

उस स्वादिष्ट स्राव में अमृतत्व मिश्रित रहता है । उसको पोने से साधक जरा और व्याधियों से मुक्त हो जाता है । जराप्रद कोई व्याधि नहीं होती । जरा

---

१. ग० पु० रसतां नोत्वेति पाठः ।
२. क० पु० बिम्बास्मितं स्मरेदिति पाठः ।

तत्र स्वादुनि संजाते तदाप्रभृति तत्रगम् ।
यदेव चिन्तयेद् द्रव्यं तेनास्यापूर्यते मुखम् ॥ ७ ॥

रुधिरं मदिरां वाथ वसां वा क्षीरमेव वा ।
घृततैलादिकं वाथ द्रवद्द्रव्यमनन्यधीः ॥ ८ ॥

अथान्यं संप्रवक्ष्यामि संक्रान्तिविधिमुत्तमम् ।
मृते जीवच्छरीरे तु प्रविशेद्योगविद्यया ॥ ९ ॥

अवस्था स्वयम् एक व्याधि है। इससे साधक हमेशा के लिये मुक्त हो जाता है। अनवरत छः माह इस प्रक्रिया को अपनाना आवश्यक है। व्याधिमुक्ति के लिये छह मास का अभ्यास पर्याप्त होता है। एक वत्सर पर्यन्त साधक इसे यदि लगातार करता रहे, तो यह निश्चय है कि, मृत्युजेता बन सकता है ॥ ६ ॥

उस लम्बिका में समायोजित रसना में जब स्वादिष्ट वारि ऊपर से स्रवित होने लगता है, तब से यह ध्यान रखना चाहिये कि, अब इसमें क्या चमत्कार घटित होना शुरू हुआ है। प्रथम चामत्कारिक बात यह होती है कि, उस समय साधक जिस द्रव्य का चिन्तन करता है, उसी के स्वाद से मुँह भर जाता है अर्थात् उसी का स्वाद उसे मिलने लगता है ॥ ७ ॥

अनन्य बुद्धि से उस द्रव में चिन्तन करने से लगता है कि, वही द्रव्य उतर आया है। किसी ने मान लीजिये, रुधिर का ध्यान किया, तो रुधिर के आस्वाद की ही अनुभूति होगी। इसी तरह 'मदिरा' का, वसा अर्थात् चर्बी का, दूध का, घी का, तेल का तथा आदि शब्द के आधार पर किसी खाद्याखाद्य पदार्थ का ध्यान यदि उसने किया तो उसी पदार्थ के स्वाद से साधक का मुँह भर जाता है। इसमें किसी प्रकार का सन्देह नहीं ॥ ८ ॥

उक्त विधि के अनन्तर एक दूसरी संक्रान्ति विधि पर प्रकाश प्रक्षिप्त कर रहे हैं। यह विधि भी बड़ी उत्तम मानी जाती है। यह योग विद्या है और इतनी अद्भुत है कि, मृत शरीर में प्रवेश कर उसे जीवित शरीरवत् कर देता है। यह परकाया प्रवेश विद्या मानी जाती है। जीवित शरीर में भी प्रवेश कर उसे अपनी इच्छा के अनुसार संचालित किया जा सकता है ॥ ९ ॥

निवातस्थो जितप्राणो जितासनविधिक्रमः ।
कुर्वीत वायुनावेशमर्कतूले शनैः शनैः ॥ १० ॥
स्वादाकृष्टिविधि[1] यावद्गुडे निम्बे च कारयेत् ।
श्रीखण्डगुडकर्पूरैस्ततः कृत्वाकृतिं शुभाम् ॥ ११ ॥
प्रगुणामगुण ··· ··· न्यङ्गेषु संदधत् ।
न्यासं कृत्वापि तत्रापि वेधं कुर्याच्छनैः शनैः ॥ १२ ॥

इसको विधि पर प्रकाश डाल रहे हैं और क्रमिक रूप से इसे प्रस्तुत कर रहे हैं—

१. निर्वात कक्ष में अवस्थित होना आवश्यक है ।

२. प्राणायाम साधकर उस समय प्राणजित अवस्था में बैठ जाना चाहिये ।

३. आसनजित का तात्पर्य एक आसन इतना सिद्ध होना चाहिये, जिस पर घण्टों बिना हिले डुले एक रस योगी बैठ सके ।

४. इस अवस्था में अर्कतूल (मदार का फूल) लेकर उसमें छिद्र कर उसी में प्राणवायु का धीरे धीरे संचार शुरू करें ॥ १० ॥

५. इस अवस्था में स्वादाकृष्टि विधि (श्लो० ७) का प्रयोग करें । विशेष रूप से गुड़ के स्वाद का आकर्षण करें अथवा निम्ब के कड़वे आस्वाद को आकृष्टि करनी चाहिये ।

६. तत्पश्चात् श्रीखण्ड, गुड़ और कर्पूर इनके सम्मिलित मिश्रण से एक शुभ अर्थात् उत्तमोत्तम आकृति का निर्माण करे ॥ ११ ॥

७. बारहवाँ श्लोक खण्डित है । इसको पहली अर्धाली में इस प्रकार समायोजन किया जाने पर अन्वयपूर्वक अर्थ किया जा सकता है—"प्रगुणामगुण (प्रख्यां भवा) न्यङ्गेषु संदधत्'

इस ऊहात्मक श्लोक पूर्त्ति से 'प्रगुणां' शब्द और अगुणप्रख्यां दोनों शब्द आकृति के विशेषण का काम करेंगे । भवानि ! सम्बोधन और अङ्गेषु अर्थात् आकृति के अङ्गों में संदधत् क्रिया (शतृप्रत्ययान्त) से अन्वय हो जायेगा ।

८. मेरी दृष्टि से अर्कतूल वाले पुष्प में स्वादाकृष्टि के बाद श्रीखण्डादि द्रव्यों से प्रगुणता विशिष्ट अगुणप्रख्य देवता के समान मूर्त्ति बनाकर उसके अङ्गों में

---

१. क० ङ० स्वादाकृष्येति पाठः ।

निरोधं तत्र कुर्वीत घट्टनं तदनन्तरम् ।
घट्टनं नाम विज्ञेयमङ्गप्रत्यङ्गचालनम् ॥ १३ ॥

एवमभ्यसतस्तस्य योगयुक्तस्य योगिनः ।
चलते प्रतिमा सा तु धावते चापि संमुखी ॥ १४ ॥

पुनस्तां प्रेरयेत्तावद्यावत्स्वस्थानमागताम् ।
पतितां चालयेद् भूय उत्तानां पार्श्वतः स्थिताम् ॥ १५ ॥

एवं सर्वात्मनस्तावद्यावत्स्ववशतां गता ।
ततः प्रभृत्यसौ योगी प्रविशेद्यत्र रोचते ॥ १६ ॥

मिलाते हुए प्रयोग करना चाहिये । उसमें मृत या जीवित का न्यास करना चाहिये । न्यास करने के बाद उस मूर्त्ति में शनैः शनैः वेध का प्रयोग करना चाहिये । इससे उस मूर्त्ति में शक्तिमत्ता आ जाती है ॥ १२ ॥

९. उस न्यस्त शरीर में जिसका न्यास किया गया है, उसका निरोध करना चाहिये ।

१०. निरोध के बाद घट्टन का प्रयोग किया जाता है । घट्टन अङ्ग प्रत्यङ्ग के चालन को कहते हैं ॥ १३ ॥

११. इस प्रकार के अभ्यास से योगी उस आकृति में इतनी शक्ति भर देता है, जिससे उस प्रतिमा में गति उत्पन्न हो जाती है । वह चलने लगती है । वह कुछ दूरी पर रखने पर दौड़ भी पड़ती है और योगी के संमुखीन रहती है ॥ १४ ॥

योगी उसे दूर जाने पर या सामने आने पर इस बात के लिये प्रेरित करता है कि, तुम अपने स्थान पर चली जाओ । इस प्रेरणा से वह अपने स्थान पर आदेशानुसार चली जाती है । उसे पुनः पुनः प्रेरित कर उसकी शक्ति का परीक्षण योगी कर लेता है । मान लीजिये यदि वह गिर गयी, तो उसे चलने को प्रेरित करना चाहिये । भले ही वह उत्तान हो, पार्श्व में ही स्थित हो ॥ १५ ॥

इस प्रकार योगी अपने योग के प्रभाव से, न्यास और प्राणसन्धान एवं मूर्त्ति ध्यान से उसे तब तक शक्ति देता रहे, जब तक वह पूरी तरह उसके वश में न आ जाय । इस मूर्त्ति प्रयोग की इस विद्या की सिद्धि के अनुसार उसी तरह सर्वत्र प्रवेश की सिद्धि उसे प्राप्त हो जाती है ॥ १६ ॥

मृते जीवच्छरीरे वा संक्रान्त्याक्रान्तिभेदतः ।
प्रक्षिप्य जलवच्छक्तिजालं सर्वाङ्गसन्धिषु ॥ १७ ॥
प्रत्यङ्गमङ्गतस्तस्य शक्तिं तेनाक्रमेद्बुधः ।
स्वकीयं रक्षयेद्देहमाक्रान्तावन्यथा त्यजेत् ॥ १८ ॥
बहून्यपि शरीराणि दृढलक्ष्यो यदा भवेत् ।
तदा गृह्णात्यसन्देहं युगपत्संत्यजन्नपि ॥ १९ ॥

शरीर मृत हो या जीवित उसमें संक्रान्ति और आक्रान्ति प्रक्रिया इस कर्म को पूर्ण करने के लिये अपनायी जाती है। जिस तरह जल का प्रक्षेप शरीर पर करके उसे आर्द्र किया जाता है, उसी तरह मृत या जीवत् शरीर पर शक्तिपात किया जाता है। यह शक्ति जाल प्रयोग उसके अवयवों की सभी सन्धियों पर अर्थात् जहाँ गाँठों के जोड़ हैं, उन-उन अङ्गों पर विशेष रूप से शक्तिपात का प्रयोग करना चाहिये ॥ १७ ॥

शक्तिजाल का यह प्रयोग इस प्रक्रिया में निष्णात योगी को ही करना चाहिये। यह शक्तिजाल निक्षेप अपने ही शरीर से उस शरीर पर किया जाता है। अपने उन-उन अङ्गों की शक्ति दूसरे शरीर के उन्हीं-उन्हीं अङ्गों पर प्रक्षिप्त की जाती है। इसलिये भगवान् ने कहा है कि, 'बुधः आक्रमेद्' अर्थात् इस प्रयोग को बुद्धि से सम्पन्न दक्ष योगी ही अपनी शक्ति आक्रान्त करे। इस अवस्था में अपनी शक्ति का ह्रास भी होता है। इसलिये अपने शरीर की पूरी सुरक्षा की दृष्टि भी आवश्यक है। दूसरा भाव यह भी है कि, परकाय में प्रवेश के समय अपने शरीर को सुरक्षित रखना चाहिये। ऐसी व्यवस्था पहले से ही करके रखनी चाहिये, ताकि अपना शरीर सुरक्षित रहे। यदि ऐसा सम्भव न हो, तो छोड़ ही दें ॥ १८ ॥

इसमें पूर्ण समर्थ योगी अनेक शरीरों को भी आक्रान्त कर सकता है। ऐसा दृढ़ लक्ष्य योगी अपनी शक्ति की इयत्ता का सन्तुलन बनाये रखने में दक्ष होता है। शरीर अनेक होने पर उतने ही अनुपात में शक्ति की आवश्यकता होती है। उतनी शक्ति से सम्पन्न महायोगी आक्रान्ति के उद्देश्य से निःसन्देह अनेक शरीरों का ग्रहण कर सकता है। एक साथ ही अपने शरीर का उसे परित्याग भी करना पड़ता है, यह वह जानता है। इस अवस्था में भी वह यह प्रयोग करता है और सफल रहता है। पुनः अपने शरीर में लौटने के लिये अपने शरीर की रक्षा का प्रबन्ध करना ही चाहिये ॥ १९ ॥

अथापरं प्रवक्ष्यामि सद्यः प्रत्ययकारकम् ।
समाधानामृतं दिव्यं योगिनां मृत्युनाशनम् ॥ २० ॥
चन्द्राकृष्टिकरं नाम मासाद्वा योगभोगदम् ।
शुक्लपक्षे द्वितीयायां मेषस्थे तिग्मरोचिषि ॥ २१ ॥
स्नातः शुचिर्निराहारः[1] कृतपूजाविधिर्बुधः ।
न्यसेच्चन्द्रे कलाजालं परया समधिष्ठितम् ॥ २२ ॥

भगवान् शङ्कर कह रहे हैं कि, अब मैं एक ऐसी विद्या का वर्णन करने जा रहा हूँ, जिसके प्रयोग से लोगों में योगविद्या के प्रति तुरत विश्वास हो जाता है। इस प्रयोग को 'सद्यः प्रत्ययकारक' प्रयोग कहते हैं। यह दिव्य प्रयोग योगियों की समस्त समस्याओं का समाधान करता है। योगियों अथवा किसी के भी मृत्यु भय को दूर भगाने वाले इस अमृत प्रयोग को मैं यहाँ बताने जा रहा हूँ ॥ २० ॥

इस प्रयोग को 'चन्द्राकृष्टिकर' प्रयोग कहते हैं। एक मास अनवरत इसे करने में यदि योगी सफल हो जाये, तो उसका योग भी सिद्ध होता है और सभी इच्छित भोगों की प्राप्ति भी सरल हो जाती है। इसका समय वह होता है, जब ज्योतिःशास्त्र के अनुसार सूर्य मेष राशि में रहता है। जहाँ तक तिथि का प्रश्न है, वह शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि होनी चाहिये। ज्योतिष् से यह ज्ञात हो जाता है कि, सूर्य कब किस राशि पर आते या होते हैं, यह निर्धारित है। इस काल गणना में मास की गणना भी निश्चित होती है ॥ २१ ॥

उस दिन विधिपूर्वक नित्य कर्म से निवृत्त होकर शास्त्रीय विधि से स्नान करे। सन्ध्यावन्दन आदि से बाह्य और आभ्यन्तर सभी तरह शुचिता से सम्पन्न हो जाये। उस दिन निराहार व्रत करे। अपनी परम्परा के अनुसार सारी पूजा को विधि विधानपूर्वक सम्पन्न करे। दिन भर पूरी तरह से अपने व्यक्तित्व को स्वात्म में समाहित रखे।

शुक्ल पक्षीय द्वितीया का चन्द्र लघुकाय होते हुये भी महत्त्वपूर्ण होता है। ज्यों ही चन्द्र दर्शन हो, उसी समय योगी यह प्रक्रिया प्रारम्भ करे। चन्द्र की सोलह कलाओं में से उस समय मात्र दो कलायें होती हैं। शेष तेरह कलायें पराशक्ति में समाहित रहती हैं। उन सभी कलाओं को चन्द्रमा में तृतीया, चतुर्थी क्रम से न्यस्त करना प्रारम्भ कर उसे पूर्णकलाकलित चन्द्र की तरह प्रकल्पित करे ॥ २२ ॥

---

१. क० पु० निराकार इति पाठः ।

सर्वबाधापरित्यक्ते प्रदेशे संस्थितो बुधः ।
एकचित्तः प्रशान्तात्मा शिवसद्भावभावितः ॥ २३ ॥
तावदालोकयेच्चन्द्रं यावदस्तमुपागतः ।
ततो भुञ्जीत दुग्धेन चन्द्रध्यानसमन्वितः ॥ २४ ॥
एवं दिने दिने कुर्याद्यावत्पञ्चदशी भवेत् ।
शेषां रात्रिं स्वपेद्ध्यायंश्चन्द्रबिम्बगतां पराम् ॥ २५ ॥
पौर्णमास्यां तथा योगी अर्धरात्र उपस्थितः ।
जने निःशब्दतां याते प्रसुप्ते सर्वजन्तुभिः ॥ २६ ॥

उस समय योगी को ऐसे स्थान पर अधिष्ठित रहना चाहिये, जहाँ किसी प्रकार की कोई बाधा न हो। निर्विघ्नता का पूरा प्रबन्ध होना चाहिये और सावधानी रखनी चाहिये। उसका चित्त समाहित हो, अर्थात् आत्मस्थ रहे। सबसे उत्तम बात यह होनी चाहिये कि, योगी शिवसद्भाव से भावित हो। शैवतादात्म्य सिद्ध योगी ही शिवसद्भाव से भावित होता है ॥ २३ ॥

इस अवस्था में वह चन्द्रमा को तब तक एकटक निहारता रहे, जब तक अस्त न हो जाय। इसके बाद दूध और दूध से बने पदार्थों का दूध से ही सेवन करें। उस समय भी उसका ध्यान चन्द्रमा में ही रहे और वह उसी में समाहित रहे ॥ २४ ॥

यह प्रक्रिया उसे प्रतिदिन करनी चाहिये। यह तब तक करनी चाहिये, जब तक पूर्णिमा न आ जाय। यह व्रत एक प्रकार से चौदह दिवसीय माना जाता है। शेष रात्रि को वह चन्द्र बिम्ब में सोमशक्ति के रूप में विराजमान परा देवी का ध्यान करते हुए सोने में व्यतीत करे। पूर्णिमा के दिन तो पूरी रात इसी ध्यान में उसे बिताना पड़ता है क्योंकि चन्द्रास्त तक चन्द्र दर्शन की प्रक्रिया अनवरत रूप से अपनानी अत्यन्त आवश्यक है ॥ २५ ॥

पूर्णिमा के दिन एक विशिष्ट चामत्कारिक घटना घटित होती है। ठीक अर्धरात्रि के समय, जबकि, पूरी तरह निर्जनता व्याप्त रहती है। निःशब्द स्तब्ध शान्त वातावरण की पावन एकान्तता होती है। उस समय संसार के सारी जीव-जाति सुषुप्ति के आनन्द में डूबी रहती है। उसी अवस्था को भगवान् कृष्ण सर्वभूत निशा कहते हैं। इसी निशा के निशीथ समय में यह चन्द्रमा संयमी जाग रहा होता है ॥ २६ ॥

चन्द्रकोटिकरप्रख्यां तारहारविभूषणाम् ।
सिताम्बरपरीधानां सितचन्दनचर्चिताम् ॥ २७ ॥

मौक्तिकाभरणोपेतां सुरूपां नवयौवनाम् ।
आप्यायनकरीं देवीं समन्तादमृतस्रवाम् ॥ २८ ॥

राजीवासनसंस्थां च योगनिद्रामवस्थिताम् ।
चन्द्रबिम्बे परां देवीमीक्षते नात्र संशयः ॥ २९ ॥

ततस्तां चेतसा व्याप्य तावदाकर्षयेत्सुधीः ।
यावन्मुखाग्रमायाता तत्र कुर्यात्स्थिरं मनः ॥ ३० ॥

उसी शुभ्र वातावरण और चाँदनी से नहायी चारों दिशाओं की प्रशान्त चारुता में चन्द्र बिम्ब में एक चमत्कार दृष्टिगोचर होता है।

१. उस चन्द्र बिम्ब में ही करोड़ों चन्द्रमा की किरणों के पुञ्ज की प्रभा से भावित शोभा से सम्पन्न,

२. तारकहार धारण करने से मणि भूषण के समान विभूषित,

३. अत्यन्त शुभ्र श्वेत परिधान धवल,

४. श्वेत चन्दन से चर्चित चारुतामयी,

५. मौक्तिक आभरणों के भूषाभार से भव्य,

६. नितान्त रूपवती नवयौवन-सम्पन्ना युवती के समान,

७. उसके शरीर से मानो अमृत की वर्षा सी हो रही हो और उससे समस्त प्राणिमात्र को आप्यायित करने की शक्ति से सम्पन्न,

८. कमलासन पर विराजमान योगनिद्रा में अवस्थित महायोगिनी पराशक्ति परमाम्बा के दर्शन होने लगते हैं। इस दिव्य दर्शन से वह साधक योगी धन्य हो जाता है। इसमें संशय नहीं करना चाहिये ॥ २७-२९ ॥

उस दिव्य परामूर्त्ति में अपनी चेतना को पूरी तरह व्याप्त कर चेतस् शक्ति से उसका आकर्षण करना चाहिये। वह जब तक समक्ष अर्थात् अपने मुँह के ठीक सामने आकर उपस्थित न हो जाय, तब तक आकर्षण की प्रक्रिया चलती रहनी चाहिये। उसमें अपने मन को एकाग्र कर स्थिर कर दे। विचक्षण सुधी योगविद्या विशारद ऐसे ही उसके आकर्षण में सफल हो सकता है ॥ ३० ॥

ततः प्रसार्य वदनं ध्यानासक्तेन चेतसा ।
निगिरेत्तां समाकृष्य भूयो हृदि विचिन्तयेत् ॥ ३१ ॥
तया प्रविष्टया देहं योगी दुःखविवर्जितः ।
शक्तितुल्यबलो भूत्वा जीवेदाचन्द्रतारकम् ॥ ३२ ॥
एकोऽप्यनेकधात्मानं संविभज्य निजेच्छया ।
त्रैलोक्यं यौगपद्येन भुनक्ति वशतां[1] गतम् ॥ ३३ ॥
आसाद्य विपुलान्भोगान्प्रलये समुपस्थिते ।
परमभ्येति निर्वाणं दुष्प्रापमकृतात्मनाम् ॥ ३४ ॥

जब वह मुख के सामने उपस्थित हो जाय, उस समय अपने मुँह को फैलाकर उसे निगल लेने की प्रक्रिया योगी अपनाये और उस प्रकाश-प्रतिमा को आत्मसात् कर ले। उस समय ध्यान में पूरी तरह वह प्रतिमा और उसे आन्तर भाव से हृदय में अवस्थित करने को तैयारी में रहना चाहिये। उसे निगल लेने पर फिर उसका हार्दिक चिन्तन और उसका अर्चन करना चाहिये ॥ ३१ ॥

जिस समय वह प्रकाश प्रतिमा अपने हृदय में आ जाय, उस समय योगविद्या का चमत्कार पूरी तरह घटित माना जाता है। उस समय योगी समस्त दुःखों से, व्याधियों से मुक्त हो जाता है। उसकी शक्ति अनन्त गुणा बढ़ जाती है। एक तरह से वह मृत्युजित् ही हो जाता है। उसमें ऐसी प्रतिभा का उदय हो जाता है, जिससे आचन्द्रतारक उसकी कीर्ति स्थिर रहती है ॥ ३२ ॥

उसके अन्दर ऐसी शक्ति का विकास हो जाता है कि, वह एकाकी होते हुये भी अपने स्वरूप को कयी भागों में व्यक्त कर सकता है। वह एक जगह रहते हुए भी अन्यत्र दृष्टिगोचर हो सकता है। यह विभाजन वह किसी के दबाव से नहीं, स्वेच्छा से ही करने में सक्षम हो जाता है। ऐसा शक्तियोग सम्पन्न महायोगी एक साथ ही त्रैलोक्य सुखों का उपभोग कर सकता है। इसका कारण यह है कि, पूरा त्रैलोक्य उसके वशीभूत हो जाता है ॥ ३३ ॥

ऐसा शाक्तयोग सिद्ध योगी इस चन्द्राकृष्टि योग की सिद्धि के परिणाम-स्वरूप अनन्त-अनन्त भोगों का उपभोग करता है। युगों तक स्वेच्छा से जीवित रहता है। प्रलय के उपस्थित हो जाने पर परमनिर्वाण को प्राप्त करता है। यह निर्वाण सुख सामान्य व्यक्तियों के लिये दुर्लभ माना जाता है ॥ ३४ ॥

१. क० पु० वशमेति चेति पाठः ।

अथवा तत्र शक्नोति गगने परिचिन्तितुम् ।
प्रतिबिम्बे तथा ध्यायेदुदकादिषु पूर्ववत् ॥ ३५ ॥

तत्पीत्वा मनसा शेषां स्वपेद्रात्रिमनुस्मरन् ।
पूर्वोक्तं समवाप्नोति षड्भिर्मासैरखण्डितम् ॥ ३६ ॥

इति श्रीमालिनीविजयोत्तरे तन्त्रे चन्द्राकृष्टयधिकार एकविंशतितमः ॥ २१ ॥

चन्द्राकृष्टि कर योग का एक दूसरा विकल्प प्रस्तुत करते हुये भगवान् कहते हैं कि, यदि इस प्रकार के कठिन योग करने में यदि वह समर्थ नहीं हो पाता अर्थात् आकाश स्थित चन्द्र में तिथ्यनुसार ध्यान कर तपःपूत रहते हुए आकाश में दृष्टि स्थिर कर चन्द्राकृष्टिकर योग नहीं कर पाता है, तो उसके लिये निम्नलिखित विकल्प भी लाभदायक हो सकता है।

वह ऊपर आकाश में यदि नहीं देख सके, तो पूर्ववत् उदक (जल) आदि से, दर्पण आदि में उसी तरह तिथि के अनुसार प्रतिबिम्ब में ही साधना करे। यह प्रयोग भी उसके लिये लाभदायक हो सकता है ॥ ३५ ॥

उस प्रतिबिम्ब को यदि जल में देखने की व्यवस्था करे, तो उस जल को चन्द्रास्त के बाद स्वयं पी जाय। यदि दर्पण में व्यवस्था करे तो उसका अभिषेचनीय यन्त्र से दर्पण के प्रतिबिम्ब का अभिषेक करता रहे और उसे भी स्वयं पिये। इस प्रकार छह मास तक लगातार करने से इस योगी को भी वही सिद्धि मिलती है। इसमें मुख्य क्रिया उस जल को पीकर सोने की भी है। मन में इसका चिन्तन पूर्ववत् होना ही चाहिये ॥ ३६ ॥

परमेशमुखोद्भूत ज्ञानचन्द्रमरीचिरूप श्रीमालिनीविजयोत्तरतन्त्र का
डॉ० परमहंस मिश्र कृत नीर-क्षीर विवेक भाषा-भाष्य समन्वित
इक्कीसवाँ चन्द्राकृष्टिकर योगाधिकार परिपूर्ण ॥ २१ ॥
॥ ॐ नमः शिवायै ॐ नमः शिवाय ॥

अथ द्वाविंशतितमोऽधिकारः

अथान्यत्परमं गुह्यं कथयामि तव प्रिये ।
यन्न कस्यचिदाख्यातं योगामृतमनुत्तमम् ॥ १ ॥
सूर्याकृष्टिकरं नाम योगिनां योगसिद्धिदम् ।
सम्यङ्मासचतुष्केण दिनाष्टाभ्यधिकेन तु ॥ २ ॥

सौः

परमेशमुखोद्भूतं ज्ञानचन्द्रमरीचिरूपम्

श्रीमालिनीविजयोत्तरतन्त्रम्

डॉ० परमहंसमिश्र 'हंस' कृत नीर-क्षीर-विवेक-भाषाभाष्य संवलितम्

द्वाविंशोऽधिकारः

[२२]

भगवान् शङ्कर कह रहे हैं कि, प्रिये पार्वति ! तुमसे पूछे जाने पर अब तक तुमसे मैंने कई शास्त्रीय रहस्यों का उद्घाटन किया है । यहाँ मैं एक नयी रहस्य योगविद्या का विवरण तुम्हें दे रहा हूँ। इसके सम्बन्ध में मेरे अतिरिक्त कोई कुछ नहीं जानता । मैंने भी इस अमृतमयी रहस्य योगविद्या के सम्बन्ध में किसी से कुछ नहीं कहा है। यह अद्यावधि अनाख्यात सर्वातिशायी रहस्य योग तुम्हारे समक्ष सर्वप्रथम उद्घाटित कर रहा हूँ ॥ १ ॥

इस योग विद्या का नाम सूर्याकृष्टिकर-योग है। यह योगियों के लिये समस्त आकाङ्क्षित सिद्धियों को तत्काल प्रदान करने में सक्षम है। यह योग चार माह आठ दिन की अवधि में सिद्ध हो जाता है । इतने दिन में अनवरत सम्यक् रूप से इसे सिद्ध करना चाहिये ॥ २ ॥

प्रहरस्याष्टमो भागो नाडिकेत्यभिधीयते ।
तत्पादक्रमवृद्धया तु प्रतिवासरमभ्यसेत् ॥ ३ ॥
उदयास्तमयं यावद्यत्र सूर्यः प्रदृश्यते ।
प्रदेशे तत्र विजने सर्वबाधाविवर्जिते ॥ ४ ॥
अहोरात्रोषितो योगी मकरस्थे दिवाकरे ।
शुचिर्भूत्वा कृतन्यासः कृतशीतप्रतिक्रियः ॥ ५ ॥
भानुबिम्बे न्यसेच्चक्रमष्टषट्द्वादशारकम् ।
शिवशक्तिघनोपेतं भैरवाष्टकसंयुतम् ॥ ६ ॥

प्रहर का आठवाँ भाग नाडिका संज्ञा से व्यवहार में लाया जाता है। नाडिका का $\frac{1}{8}$ भाग प्रतिदिन बढ़ाते हुए इस योग का अभ्यास करना चाहिये। जैसे दिन को ८ भागों में बाँटने पर आठवाँ भाग $\frac{1}{8}$ माना जायेगा। $\frac{1}{8}$ भाग नाडिका माना जाता है। इसका भी प्रतिदिन $\frac{1}{8}$ भाग बढ़ाते हुए यह प्रयोग करना पड़ता है ॥ ३ ॥

यह प्रक्रिया उस प्रदेश में प्रारम्भ करनी चाहिये, जहाँ उदय से लेकर अस्तमनवेलापर्यन्त सूर्य परिदृश्यमान रहते हैं। वह भी एकान्त निर्जन और ऐसा शान्त होना चाहिये, जहाँ किसी प्रकार की कोई बाधा न हो, किसी प्रकार के विघ्न की सम्भावना न हो और लगातार साधना सुचारु रूप से की जा सके। जिससे स्वास्थ्य में भी कोई अन्तर न पड़ सके ॥ ४ ॥

योगी जिस समय यह प्रयोग प्रारम्भ करे, अहोरात्र अर्थात् दिन और रात दोनों मिलाकर २४ घण्टे का उपवास करे। यह निर्धारित कर ले कि, सूर्य मकर राशि के हों। मकरस्थ सूर्य से ही इसका प्रारम्भ करना चाहिये। अत्यन्त पवित्र भाव में न्यास आदि विधियों को पूरा कर ले। साथ ही शैत्यनिवारण का भी पूरी तरह प्रबन्ध कर लेना चाहिये ॥ ५ ॥

इस तरह पूरी विधि के अनुसार अध्यवसाय रत रहने का निश्चय कर लेने के उपरान्त सूर्य बिम्ब में अष्टार चक्र, षडर चक्र और द्वादशार चक्र का न्यास करना चाहिये। सूर्य की दृष्टि से छह ऋतुएँ षडर चक्र और द्वादश मास द्वादशार चक्र माना जाता है। जहाँ तक अष्टार चक्र का प्रश्न है, यह भैरवाष्टक न्यास ही बिम्ब में स्थापित करना चाहिये। यों अष्टार चक्र शरीर की दृष्टि से त्रिनेत्र रूप भ्रूमध्य माना जाता है। द्वादशार अनाहत पद्म भी माना जाता है। षडर

वर्षादिऋतुसंयुक्तं मासैर्ऋक्षादिभिर्युतम् ।
अष्टारं चिन्तयेद्विम्बे शेषं रश्मिषु चिन्तयेत् ॥ ७ ॥
तत्र चित्तं समाधाय प्रोक्तकालं विचक्षणः ।
अनिमीलितनेत्रस्तु भानुबिम्बं निरीक्षयेत् ॥ ८ ॥
ततः काले व्यतिक्रान्ते सुनिमीलितलोचनः ।
प्रविशेदन्धकारान्तर्भुवनं निरुपद्रवम् ॥ ९ ॥

स्वाधिष्ठान को कहते हैं। यहां भानुबिम्ब की दृष्टि से षडर ऋतुचक्र और द्वादशार मास चक्र मानना चाहिये। अष्टार भैरवाष्टक मानना चाहिये। शिवशक्तिघन आठ भैरव स्वच्छन्द तन्त्र में वर्णित हैं ॥ ६ ॥

इसी तथ्य को इस श्लोक में स्पष्ट कर रहे हैं। वर्षा से प्रारम्भ कर वर्षा, शरद्, शिशिर, हेमन्त, वसन्त और ग्रीष्म छह ऋतुयें षडर मानी जाती हैं। द्वादशार मास चक्र का काल नक्षत्रों के साथ चलता है। जैसे चित्रा से चैत्र, विशाखा से वैशाख, ज्येष्ठा से ज्येष्ठ आदि। अष्टार अष्टदिक्, भैरवाष्टक या आज्ञा चक्र ही माना जाता है। इन सबका भानुबिम्ब में चिन्तन होना चाहिये। शेष जो कुछ हैं उसे सूर्य की रश्मियों में चिन्तन करना चाहिये ॥ ७ ॥

इस प्रकार चित्त को समाहित कर बुद्धिमान् साधक कहे हुए समय के अनुसार अनिमीलित नेत्र से अर्थात् एकटक अपलक आँखों से सूर्य का दर्शन प्रारम्भ करे। इस श्लोक में साधक से तीन अपेक्षायें की गयी हैं—

१. साधक का चित्त नितान्त समाहित रहना चाहिये। बाह्य जगत् का विचार उसके मन में नहीं उठना चाहिये। केवल सूर्य का चिन्तन चलते रहना चाहिये।

२. समय में कभी भी हेर-फेर नहीं करना चाहिये। जिस तरह निर्देश है, उसके विपरीत वह कोई बदलाव न करे।

३. सूर्य को अपलक देखने की प्रक्रिया का प्रारम्भ कर उतने समय तक अनवरत देखता रहे।

इस तरह निर्देशानुसार श्रद्धा और आस्था पूर्वक अभ्यास से ही सिद्धि प्राप्त हो सकती है ॥ ८ ॥

जब समय बीत जाय तो अच्छी तरह आँखें बन्द करना अनिवार्यतः आवश्यक है। वह केवल आँख ही बन्द न करे वरन् अन्धकार से भरे गर्भ (भुँइधरा) या जहाँ सूर्य रश्मियों का तनिक भी प्रवेश न हो, उस स्थान में प्रवेश कर जाय। वह स्थान नितान्त ही निरुपद्रव होना चाहिये ॥ ९ ॥

तत्रोन्मीलितनेत्रस्तु बिम्बाकारं प्रपश्यति ।
सन्धाय तत्र चैतन्यं तिष्ठेद्यावन्न पश्यति ॥ १० ॥

नष्टेऽपि चेतसा शेषं तिष्ठेत्कालमनुस्मरन् ।
एवं मासेन देवेशि स्थिरं तदुपजायते ॥ ११ ॥

मासद्वयेन सर्वत्र प्रेक्षते नात्र संशयः ।
त्रिभिः समीक्षते सर्वं रविबिम्बसमाकुलम् ॥ १२ ॥

प्रोक्तकालावसानेन वृषस्थे तिग्मरोचिषि ।
प्रेक्षते सूर्यबिम्बान्तः सचक्रं परमेश्वरम् ॥ १३ ॥

वहाँ जाकर साधक अपनी आँखें खोल दे। उसके सामने सूर्य बिम्ब का आकार साक्षात् दीख पड़ने लगता है। देखने की क्रिया में 'प्र' उपसर्ग सूर्य बिम्ब की वास्तविक बिम्बता का स्पष्ट दर्शन जैसे यहाँ होता है, वैसा प्रत्यक्ष सूर्य दर्शन में नहीं होता, यह सिद्ध होता है। चैतन्य का बिम्ब में अनुसन्धान भी आवश्यक है। उसी अवस्था में आँखें खोले हुए तब तक उसे देखता रहे, जब तक बिम्ब दर्शन बन्द न हो जाय। यह साधना का नित्य का नियम समयानुसार निभाने का एक तरह से भगवान् शिव का आदेश है ॥ १० ॥

सूर्य का बिम्ब जब ओझल हो जाय, आँखें शान्ति का अनुभव करने लग जाँय, तो भी कुछ समय अभी वहीं उस निरुपद्रव स्थान में रुका रहे और चित्त उसी रोचिष्मान् के चिन्तन में समाहित रहे, इसका ध्यान रखना चाहिये। अनवरत एक मास तक इस प्रकार साधना में संलग्न साधक के समक्ष वह बिम्ब स्थिर हो जाता है ॥ ११ ॥

दो मास तक इस साधना में संलग्न व्यक्ति सर्वत्र दर्शन में समर्थ हो जाता है। सूर्य के प्रकाश में सारे मेय दृश्यमान होते हैं। उन सबका दर्शन उसे जब चाहे हो सकता है। यह नियमित साधना का सुपरिणाम होता है।

तीन मासों में तो रविबिम्ब में स्थिर उसकी दृष्टि सब कुछ देख लेने में समर्थ हो जाती हैं। इसमें दर्शन क्रिया में लगा सम् उपसर्ग उसके निर्बाध और सम्यक्तया दर्शन की सूचना देता प्रतीत हो रहा है ॥ १२ ॥

जो समय इस साधना के लिये निर्दिष्ट था, अर्थात् मकर स्थित सूर्य में इसे प्रारम्भ करने को बात कही गयी थी, जब यह पूरी हो जाय और सूर्य का

उपलब्धं समाकृष्य मुखाग्रे स्थिरतां नयेत् ।
आपीय पूर्ववत्पश्चाद्वृत्तिं निश्चलतां नयेत् ॥ १४ ॥

तत्र येन सहात्मानमेकीकृत्य मुहूर्तकम् ।
यावत्तिष्ठति देवेशि तावत्सन्त्यजति क्षितिम् ॥ १५ ॥

पश्यतो जनवृन्दस्य याति सूर्येण चैकतः ।
अनेन विधिना देवि सिद्धयोगीश्वरेश्वरः ॥ १६ ॥

शिवाद्यवनिपर्यन्तं न क्वचित्प्रतिहन्यते ।
भुक्त्वा तु विपुलान्भोगान्निष्कले लीयते परे ॥ १६ ॥

दूसरी राशि में प्रवेश हो जाय, और इस तरह दूसरी से तीसरी और चौथी राशि के बाद जब सूर्य वृष राशि में प्रवेश करें और उसकी साधना चलती रहती है, तो वह सूर्य बिम्ब में सचक्र परमेश्वर का दर्शन करने में समर्थ हो जाता है। हाथों में चक्र धारण किये हुए परमेश्वर सूर्य के पूर्ण विग्रह के दिव्य दर्शन होने लगते हैं॥ १३ ॥

उस सविग्रह दिव्य बिम्ब को मुखाग्र में आकर्षण करे और मुँह बाकर अर्थात् पूरी तरह खोलकर उसे पूरी तरह निगल जाय। उस बिम्ब को हृदय में स्थिर कर ले। अब वह साधक स्थिरवृत्ति से सावधान मानस होकर अपनी साधना का अनुसन्धान करे ॥ १४ ॥

उस हृदय स्थित बिम्ब में स्वात्मतादात्म्य का अनुभव करे। इस तादात्म्यानुभूति में थोड़ी देर ठहर जाय। उस बिम्ब से जब तक उनकी एकात्मता बनी रहती है, वह उस समय मानो भूमण्डल में न होकर सूर्य मण्डल में ही अवस्थित हो जाता है। भूतल को जैसे छोड़ ही जाता है ॥ १५ ॥

सूर्य बिम्ब में अवस्थित वह साधक वहीं रहते हुए जन समूह की सारी गतिविधियों के दर्शन में समर्थ हो जाता है। उस अवस्था तक उसका सूर्यैक्य बना रहता है। यह विश्व दर्शन की व्यास विधि प्रसिद्ध है। इस स्तर पर आ जाने वाला साधक सिद्धयोगीश्वरों का भी ईश्वर सिद्धयोगीश्वरेश्वर हो जाता है। उसकी शक्ति का नाम सिद्धयोगीश्वरी और सिद्धान्त का नाम सिद्धयोगीश्वरीमत माना जाता है। इस दृष्टि से श्रीमालिनीविजयोत्तर तन्त्र सिद्धयोगीश्वरी मत ही है, इसमें और भी अन्तः साक्ष्य हैं ॥ १६ ॥

तदेतत् खेचरीचक्रं यत्र खेचरतां व्रजेत् ।
सिद्धयोगीश्वरीतन्त्रे सरहस्यमुदाहृतम् ॥ १८ ॥

अथवा चक्ररूपेण सबाह्याभ्यन्तरं स्वकम् ।
देहं चिन्तयतः पूर्वं फलं स्यान्निश्चितात्मनः ॥ १९ ॥

उच्चरन्फादिनान्तां वा ध्वनिज्योतिर्मरुद्युताम् ।
विश्रान्त्य मस्तके चित्तं क्षणमेकं विचक्षणः ॥ २० ॥

त्रिशूलेन प्रयोगेन सद्यस्त्यजति मेदिनीम् ।
एवं समभ्यसन्मासाच्चक्रवद्भ्रमति क्षितौ ॥ २१ ॥

उसके विरुद्ध प्रतिघात करने की क्षमता इस भूमण्डल में किसी के पास नहीं रह जाती। जीवन में यथेच्छ सुख-भोगों का उपभोग करने में वह स्वयम् समर्थ हो जाता है। अन्त में निष्कल परमेश्वर में वह लीन हो जाता है ॥ १७ ॥

इस तरह पूरा खेचरी चक्र ही सिद्ध हो जाता है। वह स्वयं खेचरता को प्राप्त कर लेता है। श्रीसिद्धयोगेश्वरी तन्त्र में उदाहरण पूर्वक स्पष्ट कर दिया गया है। इसके रहस्यों का इस तरह पूरा उद्घाटन भी सम्भव हो गया है ॥ १८ ॥

एक दूसरा विकल्प सूर्याकृष्टिकर योग विद्या के अन्तर्गत प्रस्तुत कर रहे हैं। इसके अनुसार स्वात्म के सबाह्यान्तर स्वरूप को चक्रमय ही ध्यान करे। सारा शरीर चक्र रूप से चिन्तन करना एक प्रकार का चक्रात्मक तादात्म्य ही प्रतीत होता है। इसमें सिद्ध हो जाने पर सूर्याकृष्टिकर योग जन्य समस्त फल साधक को प्राप्त होते हैं ॥ १९ ॥

अथवा एक अन्य साधना विधि का विकल्प यह है कि 'फ' से प्रारम्भ कर 'न' पर्यन्त मालिनी राशि का ध्वन्यात्मक ज्योतिर्मय विलोम ध्यान करना प्रारम्भ करे। इसमें उसके प्राणापानवाह का क्रम भी चलता रहे। उस समय चित्त को मस्तक में स्थिर कर ज्योतिर्मण्डल में अवस्थित हो जाय ॥ २० ॥

इसमें त्रिशूल का प्रयोग करे। त्रिशूल प्रयोग के विषय में कोई विधि यहाँ नहीं दी गयी। हमारी दृष्टि में शूलाब्जत्रिक इसका तात्पर्य है। परा-अपरा-परापरा देवियों की अवस्था तीन शूल कमलों पर सहस्रार के उन्मनानाल से सम्बद्ध हैं। अपने चित्त को मस्तक में स्थिर करने की बात पहले कही गयी है। उस त्रिशूलाब्ज मण्डल

मुहूर्तं स्पृशते भूमिं मुहूर्तांच्च नभस्तलम् ।
शिवारावादि कुरुते वलनास्फोटनानि च ॥ २२ ॥

मुद्राबन्धादिकं वाथ भाषा वा वक्त्यनेकधा ।
षण्मासान्मेदिनीं त्यक्त्वा समाधिस्थो दृढेन्द्रियः ॥ २३ ॥

तिष्ठते हस्तमात्रेण गगने योगचिन्तकः ।
पश्यते योगिनोवृन्दमनेकाकारलक्षणम् ॥ २४ ॥

संवत्सरेण युक्तात्मा तत्समानः प्रजायते ।
पश्यतामेव लोकानां तेजोभिर्भासयन्दिशः ॥ २५ ॥

को आत्मसात् किया जाये, अथवा त्रिशूल के शूलाग्र बिन्दुओं पर या एक परा-शूलाग्र बिन्दु पर ध्यान एकाग्र किया जाय तो मेदिनी की आकर्षण शक्ति उस योगी पर अपना प्रभाव स्थापित नहीं कर सकती। योगी इतना हल्का हो जाता है कि, वह आकाश में ऊपर उठ जाता है। एक मास पर्यन्त इस अभ्यास से चक्र की तरह मेदिनी में भ्रमण कर सकता है ॥ २१ ॥

एक क्षण में यदि वह पृथ्वी के स्पर्श से युक्त है, तो दूसरे ही क्षण वह नभस्तल में सञ्चार करने में समर्थ हो सकता है। वह शिवाराव समर्थ वलन और स्फोटन व्यापारों का विज्ञ और अधिकारी हो सकता है ॥ २२ ॥

समस्त मुद्राबन्धों से अभिज्ञ उस प्रतिभाशाली योगी को धारणा शक्ति का ऐसा विकास हो जाता है कि, वह अनेक भाषाओं का अभिज्ञ हो जाता है और धारा प्रवाह उसमें बोलने भी लगता है। छः मास के प्रयोग के बाद वह आकाश-चारी हो जाता है। समाधि में निरन्तर अवस्थित इस पुरुष की सारी इन्द्रियाँ उसके वश में हो जाती हैं। वे इतनी दृढ़ हो जाती हैं कि, तनिक भी चलायमान नहीं हो पातीं ॥ २३ ॥

योगविद्या का आश्रय ग्रहण कर योग चिन्तनरत रहते हुए आकाश में एक हाथ ऊपर ही अवस्थित हो जाने की क्षमता उसमें आ जाती है। अपने सामने ही अनेक आकृतियों से विभूषित चित्र-विचित्र योगियों का दर्शन उसे मिलने लगता है। उन्हें देखकर विश्वात्मा के रहस्य सर्जन के वैचित्र्य से प्रभावित होता है ॥ २४ ॥

एक संवत्सर तक इस प्रकार की साधना में संलग्न रहने वाले योगी के दर्शन के लिये लोग लालायित रहते हैं। सूर्य के समान तेजस्वी उसके प्रभामण्डल से विश्व

यात्युत्कृष्य महीपृष्ठात् खेचरीणां पतिर्भवेत् ।
मुद्रा खगेश्वरी नाम कथिता योगिनीमते ॥ २६ ॥

जागरित्वाथ वा योगी त्र्यहोरात्रमतन्द्रितः ।
चतुर्थेऽह्नि निशारम्भे पूजयित्वा महेश्वरम् ॥ २७ ॥

ततोऽन्धकारे बहुले कृतरक्षाविधिर्बुधः ।
भ्रुवोर्मध्ये समाधाय क्षणं चेतः प्रपश्यति ॥ २८ ॥

तेजो रूपप्रतीकाशं पर्यङ्कासनमास्थितः ।
प्रयोगं त्वेव सततं योगयुक्तः समभ्यसेत् ॥ २९ ॥

प्रभावित हो जाता है। लोग उसे देखकर चमत्कृत हो जाते हैं कि, अपने विराट् व्यक्तित्व और भास्कर तेजस्विता से वह दिक्मण्डल को भी उद्दीप्त कर दे रहा है ॥ २५ ॥

स्वेच्छा पूर्वक वह महीपृष्ठ का परित्याग कर आकाश-विहार में समर्थ हो जाता है। वह खेचरी शक्तियों का भी स्वामी बन जाता है। सिद्धयोगीश्वरी मत में इस मुद्रा को ही 'खेचरी' मुद्रा कहते हैं। यह उसकी साधना का ही सुपरिणाम है ॥ २६ ॥

एक नया विकल्प यहाँ प्रस्तुत करने जा रहे हैं। योगी तीन अहोरात्र तक अतन्द्रित भाव से सजग, सावधान, निरलस अवस्था में जागरण करता हुआ चौथे दिन जिस समय रात्रि का आरम्भ हो रहा हो, उस समय सन्ध्या काल में महेश्वर भगवान् की आस्था पूर्वक पूजा करे ॥ २७ ॥

पूजा और आराधना में निरत रहते हुए जब अन्धकार घना हो जाय, वह अपने भ्रूमध्य में चित्त को समाहित करे। इस अवस्था में अपने को रक्षा मन्त्रों से सुरक्षित कर लेना चाहिये। कवच मन्त्रों से स्वात्म को शक्ति सम्पन्न कर बाधाओं को दूर कर लेने की व्यवस्था कर लेनी चाहिये। भ्रूमध्य में ही त्रैनेत्रिक आज्ञाचक्र होता है। वहाँ चैतसिक समाधान हो जाने पर साधक को जो कुछ दिखायी पड़ता है, वह एक चमत्कार ही होता है ॥ २८ ॥

पहले वहाँ वह योगी एक अप्रत्याशित तेज का दर्शन करता है। फिर उसमें एक तेजस्वी स्वयं तेज के 'स्व' रूप के सदृश एक आकृति का उभार होता है। पुनः पर्यङ्क आसन पर विराजमान दिव्य देव के दर्शन होते हैं। यह इस साधना की सिद्धि

पश्यते मासमात्रेण गृहान्तर्वस्तु यत् स्थितम् ।
द्वाभ्यां बहिः स्थितं सर्वं त्रिभिः पत्तनसंस्थितम् ॥ ३० ॥
चतुर्भिर्विषयान्तःस्थं पञ्चभिर्मण्डलावधि ।
षड्भिर्मासैर्महायोगी च्छिद्रां पश्यति मेदिनीम् ॥ ३१ ॥
सर्वज्ञत्वमवाप्नोति वत्सरान्नात्र संशयः ।
योगिनीसिद्धसंघस्य सद्भावव्याप्तिसंस्थितम् ॥ ३२ ॥
पश्यते योगयुक्तात्मा तत्समानश्च जायते ।
अनेनैव विधानेन स्वस्तिकासनसंस्थितः ॥ ३३ ॥

उपाधितत्त्वयुक्तानि कुर्वन्त्यष्टगुणोदयम्॥ ८८॥

योगियों के लिये ये ध्यान-स्थान कहे गये है ये आठ गुणों के उदय को उपाधि और तत्त्व से युक्त कर देते है॥ ८८॥

उपाधिश्च तथा तत्त्वं द्वयमेवमुदाहृतम्।
उपाधिः प्रोच्यते वर्णस्तत्त्वमात्माभिधीयते ।। ८९ ।।

उपाधि और तत्त्व ये दोनों पृथक हैं। वर्ण (आकार) को उपाधि कहा जाता है तथा तत्त्व को आत्मा कहते हैं ।। ८९ ।।

उपाधिरन्यथाज्ञानं तत्त्वं संस्थिमयन्यथा।
समस्तोपाधिविध्वंसि सदाभ्यासेन योगिनाम् ।। ९० ।।

उपाधि अन्यथाज्ञान (मिथ्याज्ञान) है, किन्तु तत्व वास्तविक ज्ञान है। योगी निरन्तर अभ्यास से सभी उपाधियों का विध्वंस (नष्ट) करते है ।। ९० ।।

आत्मवर्णेन भेदेन दृश्यते स्फाटिको मणिः।
मुक्तो यः शक्तिभेदेन सोऽयमात्मा प्रशस्यते ।। ९१ ।।

स्फटिक मणि पर आत्मवर्ण (जिस वर्ण का प्रतिबिम्ब पड़ता है) उसी वर्ण (उसी रंग) का यह दिखता है। (आत्मा के साथ भी ऐसा ही होता है।) वर्ण (रंग संस्कार आदि उपाधियों) के शक्ति-भेद से जो मुक्त है, वही आत्मा प्रशस्त है ।। ९१ ।।

निरातंकं निरालंबं निष्प्रपंचं निराश्रयम्।
निरामयं निराकारं तत्त्वं तत्त्वविदो विदुः ।। ९२ ।।

निरातंक (निर्भय), निरालम्ब (आलम्बन रहित), निष्प्रपंच (प्रपंच से भिन्न), निराश्रय (आश्रय रहित), निरामय (रोग रहित), निराकार (किसी भी प्रकार के आकार से रहित) स्वरूप वाला तत्व (आत्मा) है। तत्वविद् ऐसा जानते है ।। ९२ ।।

शब्दाद्याः पंच या मात्रा यावत्कर्णादिषु स्मृताः।
तावदेव स्मृतं ध्यानं तत्समाधिरतः परम् ।। ९३ ।।

शब्द आदि (शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गंध) कर्ण आदि इन्द्रियों के विषय है। यहां तक स्मृति ध्यान है। इसके उपरान्त समाधि है ।। ९३ ।।

यदा संक्षीयते प्राणो मानसं च विलीयते।
तदा समरसैकत्वं समाधिरभिधीयते ।। ९४ ।।

जब प्राण क्षीण हो जाते है, मन विलीन हो जाता है। तब समरसत्व (एकरसत्व) हो जाता है, वही समाधि है।। ९४।।

(श्लोक संख्या ९५ लुप्त है) ❁ ❁ ❁

धारणाः पंचनाड्यस्तु ध्यानं च षष्टिनाडिकाः।
दिनद्वादशकेनैव समाधिः प्राणसंयमः।। ९६।।

धारणा पांच नाड़ी (दण्ड-चौबीस मिनट का एक दण्ड या एक नाड़ी होती है)। और साठ नाड़ी तक ध्यान होता है। बारह दिनों तक समाधि होती है। यही तक प्राण-संयम होता है।। ९६।।

न गंधं न रसं रूपं न स्पर्शं न च निःस्वनम्।
आत्मानं न परं वेत्ति योगी युक्तः समाधिना।। ९७।।

जब योगी के समक्ष (उसके चित्त में) न गन्ध रहती है, न रस रहता है न रूप रहता है, न स्पर्श रहता है, न शब्द रहता है। और वह आत्मा से भिन्न कुछ भी नहीं जानता (देखता) तो यह समाधि है। (ऐसा होना समाधि में ही संभव है। और ऐसा योगी मुक्त योगी है।)।। ९७।।

खाद्यते न च कालेन बाध्यते न च कर्मणा।
साध्यते न च केनापि योगी युक्तः समाधिना।। ९८।।

समाधि से युक्त ऐसा योगी काल (मृत्यु) के द्वारा कवलित नहीं होता कर्म से बाधित नहीं होता, और किसी के द्वारा साधित भी नहीं होता।। ९८।।

निर्मलं निश्चलं नित्यं निष्क्रिय निर्गुणं महत्।
व्योमविज्ञानमानंदं ब्रह्म ब्रह्मविदो विदुः।। ९९।।

ब्रह्म निर्मल, निश्चल, नित्य, निष्क्रिय, महत् व्योम-रूप, विज्ञान-रूप आनन्द-रूप है। ब्रह्मविद् यह जानते है।। ९९।।

दुग्धे क्षीरं घृते सर्पिरग्नौ वह्निरिवार्पितः।
अद्वयत्वं व्रजेन्नित्यं योगवित्परमे पदे।। १००।।

जिस प्रकार दुग्ध में क्षीर, घृत में सर्पिस (घृत) और अग्नि में वह्निन्

WhatsApp 1:39 p.m.
211 messages from 5 chats

अर्पित किया जाता है। (युग्म के दोनों शब्द एक ही अर्थ के द्योतक है) उसी प्रकार योगविद् परम पद में अद्वयभाव से नित्य निवास करते है।। १००।।

भवभयवने वह्निर्मुक्तिसोपानमार्गतः।
अद्वयत्वं व्रजेन्नित्यं योगवित्परमे पदे।। १०१।।

संसार के भय के जंगल में अग्नि के समान, मुक्ति के सोपान-मार्ग से परम पद में अवस्थित होकर योगविद् नित्य (निरन्तर) अद्वय रूप में रहते हैं।। १०१।।

।। इति श्री गोरक्षनाथप्रणीतः गोरक्षशतकम् समाप्तम्।।

●●●

मन्त्र और मातृकाओं का रहस्य

— डॉ. शिवशङ्कर अवस्थी

चौखम्बा प्रकाशन

॥ श्रीः ॥

विद्याभवन राष्ट्रभाषा ग्रन्थमाला

९५

मन्त्र और मातृकाओं का रहस्य

(तन्त्रानुसार)

लेखक—

डॉ० शिवशङ्कर अवस्थी शास्त्री

एम० ए० (संस्कृत-हिन्दी), पी-एच्० डी०

रीडर, संस्कृत विभाग,

गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

भूमिका-लेखक—

म० म० श्रीगोपीनाथ कविराज

एम० ए०, डी० लिट्०

चौखम्बा विद्याभवन

वा रा ण सी २२१००१

प्रकाशक

चौखम्बा विद्याभवन

(भारतीय संस्कृति एवं साहित्य के प्रकाशक एवं वितरक)

चौक (बनारस स्टेट बैंक भवन के पीछे)

पो० बा० नं० १०६९, वाराणसी २२१००१

दूरध्वनि : ६३०७६

सर्वाधिकार सुरक्षित

द्वितीय संस्करण १९८६

मूल्य 64-

अन्य प्राप्तिस्थान

चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन

के० ३७/११७, गोपालमन्दिर लेन

पो० बा० नं० ११२९, वाराणसी २२१००१

*

चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान

३८ यू. ए., जवाहरनगर, बंगलो रोड

दिल्ली ११०००७

दूरध्वनि : २३६३९१

मुद्रक—

श्रीजी मुद्रणालय

वाराणसी

THE
VIDYABHAWAN RASHTRABHASHA GRANTHAMALA
95

MANTRA AUR MĀTRKĀON KĀ RAHASYA

(Significance of Mantras and Matrikas according to Tantrism)

By
Dr. Shiva Shankar Awasthi Shastri
M. A. (Sanskrit-Hindi), Ph. D.
Reader, Sanskrit Department,
University of Gorakhpur, Gorakhpur.

Introduction by
M. M. Gopinath Kaviraja
M. A., D. Litt.

THE
CHOWKHAMBA VIDYABHAWAN
VARANASI

© CHOWKHAMBA VIDYABHAWAN

(Oriental Publishers & Distributors)
CHOWK (Behind The Benares State Bank Building)
Post Box No. 1069
VARANASI 221001
Telephone : 63076

Second Edition
1986

Also can be had of
CHAUKHAMBA SURBHARATI PRAKASHAN
K. 37/117 Gopal Mandir Lane
Post Box No. 1129
VARANASI 221001

*

CHAUKHAMBA SANSKRIT PRATISHTHAN
38 U. A., Jawaharnagar, Bungalow Road
DELHI 110007
Telephone : 236391

तन्त्रायिणे नमः ।

(यजुर्वेद)

जयति स्वपरिस्पन्दानन्दान्दोलनलीलया ।
मन्त्रतत्त्वं त्रितत्त्वात्म तन्त्रयन्नेत्रमैश्वरम् ॥

(क्षेमराज)

अविगीता च प्रसिद्धिरागमः ।

(अभिनवगुप्त)

न विद्या मातृकापरा ।

(स्वच्छन्दतन्त्र)

ध्यायेल्लिपितरोर्मूले देवीं तन्मयपङ्कजे ।
वदन्ति सुधियो वृक्षं नित्यं वर्णमयं शुभम् ॥
परसंविन्महाबीजं बिन्दुनादमहाशिफम् ।
पृथिव्यक्षरशाखाभिः सर्वाशासु विजृम्भितम् ॥
सलिलाक्षरपत्रैः स्वैः सञ्छादितजगत्त्रयम् ।
वह्निवर्णाङ्कुरैर्दीप्तं रत्नैरिव सुरद्रुमम् ॥
मरुद्वर्णलसत्पुष्पैर्द्योतयन्तं वपुःश्रियम् ।
आकाशार्णफलैर्नम्रं सर्वभूताश्रयं परम् ॥
परामृताख्यमधुभिः सिञ्चन्तं परमेश्वरीम् ।
वेदागमादिभिः क्लृप्तसमुन्नतिमनोहरम् ॥
शिवशक्तिमयं साक्षाच्छायाश्रितजगत्त्रयम् ।
एनमाश्रित्य मुनयः सर्वान्कामानवाप्नुयुः ॥

(शारदातिलकतन्त्र)

INTRODUCTION

The following pages represent a very laudable attempt to unravel the mysteries of the Science of Mantras and of the Matrikas which constitute their essence.

In ancient cultures of the world—Indian, Jewish (Qabalist), Pre-Hellenic, Egyptian, Babylonian, Median etc.,—the efficacy of sound as a potent factor for producing desired results of an unusual and marvellous type was recognised. In India, however, not only among the Vedic and Tantric Sadhakas, but also in outside circles (e. g. Shabara etc.), we observe, besides the appreciation of the potency of sound as a practical subject of study, a spirit of systematic and careful investigation into the philosophy of sound in the shape of Mantra. We are reminded in this context of the wonderful analysis of Vak, Vocal and supra-Vocal, in our ancient scriptures.

As a matter of fact, the earliest school of yogic discipline is traditionally identified with the Way of Bhairava (Srotas), which is based on a hidden knowledge of वाक्, combining in itself the elements of knowledge and action both. It is technically known as the path of स्पन्द, which is logically prior to ज्ञान and क्रिया.

It is a pleasure to find that the writer of the present book took up this obscure but most important study and has laid the interested world under a deep debt of obligation by the publication of the results of his researches in this field. His work consists of eight chapters as follows :—

The first chapter is more or less of an introductory nature. It deals with the meanings of the words तन्त्र and आगम and furnishes a short bibliography of the earliest literature from different points of view. The next two chapters, called आगमसमुच्चय, sum up the main teachings of the Tantras on the conception of वाक् and on its different varieties. In this connection he has given a brief and admirable exposition of अहन्ता which is

the quickening spirit in every मन्त्र. It may be observed that अहं as a symbol represents not only the entire field of Matrikas manifested from अ to ह as a series of discrete forces, following one another in succession, but also their emergence as a self-aware continuum, holding within it the entire creation as one with itself.

The two chapters which follow discuss on the different aspects of मातृका with their outer menifestation as phonic rays popularly known as वर्ण or letters of the alphabet. The sixth chapter dwells on the way in which the development of the Matrika Varnas is effected. The seventh chapter of the book treats of the aforesaid Varnas and the objects developed by them. So far an attempt has been made to give a detailed analysis, on the basis of ancient texts, of the question of मातृका in its different phases. The eighth and concluding chapter contains a very interesting discourse on the philosophy of मन्त्र. Here we find a short but useful summary of several facts regarding this philosophy, including their classification, their defects, the method of removing these defects etc.

The writer has based his work on older Tantric Texts including most of the important works published in the Kashmir Sanskrit Texts Series and in the Tantric Texts Series of Arthur Avalon. He has also utilised works like प्रपञ्चसार and शारदा-तिलक with their commentaries. But he does not seem to have made much use of the literature of सिद्धान्तशैव, वीरशैव, पाशुपत, कौल, नाथ and क्रम schools, including the भैरव school etc., whose views on Mantras and Matrikas may in some respects be found to be useful, not only as original but also as supplementary contributions.

मन्त्रशक्ति has a very important part to play in the spiritual regeneration of man. The status of the soul influenced by मन्त्रशक्ति, differs substantially from that attained by it, without such शक्ति. Matrika as an integral power is really the name of परावाक्, which is identical with the unique consciousness of the Supreme Self or परमशिव and may be justly represented as His Free Will (स्वातन्त्र्य). As पूर्णाहन्ता it serves as the Matrix of world manifestation in the sense in which the One realizes Itself

as many, and realizes the many as verily the One. There is nothing to stand in its way. But to an ordinary human soul tainted by मल, it is the basic factor in the genesis of Vikalpas in the mind, and as such it is intimately associated with the so-called six psychic centres in the human organism. From this point of view, मातृका functions properly only after the obscuration (तिरोधान) of the Lordship of the Atman has been effected by its self-alienation in the beginning of Creation.

The knowledge of an ordinary man is invariably coloured by the play of the Matrikas—न सोऽस्ति प्रत्ययो लोके यः शब्दानुगमादृते. The aim of मन्त्रसाधना, as of every other Sadhana, is to neutralize the effects of Matrikas, so that the attainment of निर्विकल्पक ज्ञान may become possible. For this the primal necessity is that the मन्त्र should be potent and living—it should not be merely a string of dead letters, but should be infused with the freshness of vitality inherent in अहन्ता. This process implies an act of energizing and must be attained by any means. It is a difficult subject and requires close study and careful practice under the guidance of a competent Master.

I am hopeful that the study of this small book, though it may be of a preliminary character, will awaken an intelligent interest in spiritual-minded people and help them in pursuing the subject further with greater and greater thoroughness.

Sigra,
Varanasi

Gopinath Kaviraj

आमुख

मुझे परम हर्ष है कि मेरे विभाग के भूतपूर्व प्राध्यापक डॉ० शिवशङ्कर अवस्थी ने जिस 'मन्त्र और मातृकाओं का रहस्य' नामक शोध-प्रबन्ध को मेरे निर्देशन में प्रस्तुत किया वह ग्रन्थ के रूप में प्रकाशित हो रहा है। यह डॉ० अवस्थी के घोर परिश्रम, गम्भीर तथा व्यापक अध्ययन और दुरवगाह तन्त्रागमशास्त्र में प्रगाढ श्रद्धा का परिणाम है। इसके उत्कर्ष एवं वैशिष्ट्य से पूर्णतया परिचित होने के कारण मैं उन्हें प्रकाश में लाना अपना कर्त्तव्य समझता हूँ।

आगम तथा तन्त्र अतिप्राचीन, रहस्यसङ्कुल, निगूढतम तथा परमार्हित शास्त्र है—

'आगतं पञ्चवक्त्रात्तु गतं च गिरिजानने।
मतं च वासुदेवस्य तस्मादागममुच्यते'॥
'गुरुशिष्यपदे स्थित्वा स्वयं देवः सदाशिवः।
प्रश्नोत्तरपदैर्वाक्यैस्तन्त्रं समवतारयत्'॥

(महास्वच्छन्द)

यह मानना पड़ेगा कि तन्त्रागम पर इस प्रकार का कोई विशद ग्रन्थ हिन्दी में अब तक नहीं प्रकाशित हुआ था। मैंने 'तन्त्रागम' का प्रयोग इसलिये किया है कि इसमें प्रतिपादित सिद्धान्त, शैवागम तथा तन्त्र दोनों पर आधृत हैं।

तन्त्र में प्रकाशविमर्शसामरस्यरूपिणी पराशक्ति के त्रिविध संकेतक वर्णित हैं—(१) चक्रसंकेतक, (२) मन्त्रसंकेतक तथा (३) पूजासंकेतक। इस ग्रन्थ में मुख्यतः मन्त्रसंकेतक का निरूपण किया गया है।

सृष्टि के अव्यवहित पूर्व प्राणियों के विविध अदृष्टों के वश स्वान्तःसंहृत, शिवशक्तिमय, मेयमितिमातृरूप, भेदाऽभेदतदुभयसामरस्यस्वरूप, प्रकाशविमर्शाऽपरपर्यायचिच्चैत्यात्मक, बाह्याभ्यन्तर-विविध-विचित्र विश्व की सिसृक्षा से शुद्धनिर्विकल्पचित् और तदभिन्न पराशक्ति अर्थात् समस्तभूतान्तरात्मा, अनव-

च्छिन्ना, पराभट्टारिका महात्रिपुरसुन्दरी का, ईक्षणात्मिका परावाक् (विमर्श-शक्ति) के रूप में प्रथम स्फुरण होता है ।

'शिवशक्तिरिति ह्येकं तत्त्वमाहुर्मनीषिणः' ।
(कामकलाविलास–चिद्वल्ली)

'शिवाऽभिन्ना पराशक्तिः सर्वकर्मशरीरिणी ।
वामादीच्छादिभेदेन मिथुनत्रयतां गता' ॥
(स्वच्छन्दसङ्ग्रह)

'न शिवेन विना देवी, न देव्या च विना शिवः ।
नानयोरन्तरं किञ्चिच्चन्द्रचन्द्रिकयोरिव' ॥
'अन्योऽन्यलीनवपुषोरिह चैत्यचित्योः' ।
(मातृकाचक्रविवेक)

चिदानन्देच्छाज्ञानक्रियारूपा तथा कामेश्वराऽविनाभूता महात्रिपुरसुन्दरी परमा कला परमकाम अर्थात् कामकला भी कही जाती है ।

'कला विमर्शशक्तिः' ।

'तदुभयभूतकामेश्वराऽविनाभूता महात्रिपुरसुन्दरी बिन्दुसमष्टिरूपा कामकलेत्युच्यते' ।

'आत्मनः स्फुरणं पश्येद् यदा सा परमा कला ।
अम्बिकारूपमापन्ना परा वाक् समुदीरिता' ॥
(का० क० वि०)

उपर्युक्त स्फुरण विविक्तशिवशक्तिरूपता या पृथगवभासमानप्रकाशविमर्श-रूपता की प्रथमावस्था है ।

'काम्यते अभिलष्यते स्वात्मत्वेन परमार्थविद्भिर्महद्भिर्योगिभिरिति कामः' । अर्थात् जिसे परमार्थविद् महायोगी स्वात्मा के रूप में प्राप्त करना चाहते हैं वही प्रकाश काम है ।

'यत्ते कल्याणतमं तत्ते पश्यामि, योऽसावसौ पुरुषः सोऽहमस्मि' ।
(उपनिषद्)

अन्तर्गर्भितसमस्तवर्णकदम्बका वर्ण-कला-पद-मन्त्र-तत्त्वभुवनात्मक-समस्त-प्रपञ्चजनयित्री पराशक्ति ही स्वरूपभूत इच्छा से विश्व का अपने से बाह्य सा उद्गिरण या उन्मीलन तथा पुनः अपने में ही निगिरण अर्थात् निमीलन कर लेती है । उद्गिरण चैत्यस्वरूप-विस्फुरण अथवा विविधविश्वभेदविजृम्भण

है और निगिरण चैत्यस्वरूपनिगूहन अथवा चिद्गगनविश्रान्ति है। उद्गिरण आयास तथा आकुलता है और निगिरण विश्रान्ति तथा निराकुलता है; क्योंकि विमर्श संसरणस्वभाव है और प्रकाश विश्रमणस्वभाव।

'विचित्रविश्वोद्गमनानुचर्वणक्रियातदुन्मेषसमभ्रमा विमर्शशक्तिः।'

(मा० च० वि०)

'स्वेच्छयैव जगत्सर्वं निगिरत्युद्गिरत्यपि'। (आज्ञावतार)

'संसारविश्रमजुषोः—संसरणस्वभावो विमर्शो विश्रमणस्वभावः प्रकाशः'।

(मा० च० वि०)

परशिवस्वरूप प्रकाश जब प्रपञ्च के अनुसन्धान अथवा उन्मीलन की इच्छा से अपने में ही विश्रान्त, परा-प्रकृति-माया-अविद्या आदि पदों से व्यवह्रियमाण, जगद्बीजभूत विमर्श को परमार्थतः अपने में ही कायम रखते हुए भी बाह्य सा विसर्जन करता है तब विमर्श 'विसृज्यते इति विसर्गः' इस व्युत्पत्ति के अनुसार विसर्ग कहलाता है। पुनः वही शिवरूप प्रकाश जब प्रपञ्च के संहार अर्थात् निगिरण की इच्छा से प्रकृति को अपने में निमीलित करने लगता है तब प्रकाश 'विन्द्यतेऽविच्छिद्यत इति बिन्दुः' इस व्युत्पत्ति के अनुसार बिन्दु कहलाता है।

सर्वप्रथम सृष्टिक्रम में नित्यनिष्यन्दमानसुखबोधसुधास्वरूप, परमानन्द-सन्दोहप्रमोदभरनिर्भर, निर्मल, निर्विकल्प, निरुपमपद शुद्धचित् का निरवधि-काऽकृत्रिमसच्चिदानन्दस्वरूपिणी इच्छाज्ञानक्रियामूलस्रोतस्विनी पराशक्ति में दर्पणवत् प्रतिफलन होने पर और तत्फलस्वरूप स्वस्वरूपविमर्शसम्बन्ध के अभिव्यक्त हो जाने पर महाबिन्दु (निखिलविश्वमूल परमेश्वर) का 'पूर्णोऽहम्' इत्येवंरूप उन्मेष होता है यह महात्रिपुरसुन्दरी का अद्वितीय तथा अनुपम विलास है। तब अखिलवेदादिशब्दोत्पादक परमेश्वर, (चित्तत्त्व अर्थात् प्रकाश) स्वात्मभूतनिखिलप्रपञ्चनिलयात्मक **विमर्शशक्ति** में अनुप्रवेश करता है और उसके फलस्वरूप बिन्दुभाव को प्राप्त करता है। तदनन्तर वह विमर्शशक्ति भी स्वान्तर्गत प्रकाशमय बिन्दु में अनुप्रवेश करती है और उसके फलस्वरूप बिन्दु के उच्छून हो जाने पर उस बिन्दु से समस्ततत्त्वगर्भिणी तेजोमयी नीवारचावल की नोक के समान सूक्ष्म नादात्मिका अर्थात् नाद के रूप में आविर्भूत होती है। सारांश यह कि प्रकाश के विमर्शशक्ति में अनुप्रवेश से बिन्दु का और विमर्मशक्ति का उस बिन्दु में अनुप्रवेश से नाद का उन्मीलन होता है। इस प्रकार बिन्दु-नादस्वरूप प्रकाश-विमर्श से 'अहम्' इत्याकारक स्वरूप निष्पन्न होता है।

'अकारः सर्ववर्णाग्र्यः प्रकाशः परमः शिवः ।
हकारोन्त्यः कलारूपो विमर्शाख्यः प्रकीर्त्तितः' ॥

(सङ्केतपद्धति)

उभयोः सामरस्यं यत्परस्मिन्नहमि स्फुहम्,
.....

ज्ञानक्रियोन्मुखहकारमयाऽद्वयेच्छा, विश्रान्तिरन्तर्बहिर्मुखविश्रमात्मा ।
कूटाक्षरात्मतनुरेष शिवः सुषुप्ति-विश्रान्तिरेव सविकल्पकलाल्पगन्धा' ॥

(मा० च० वि०)

'येयमपरिच्छिन्नज्ञानक्रियात्मकसदाशिवेश्वरस्वरूपज्ञानक्रिययोरधिष्ठात्री ज्ञानक्रिययोः कूटस्थत्वलक्षणेन तदधिष्ठातृत्वेनेच्छाव्यपदेशविषया इच्छास्वरूपिणी शक्तिः ॥ (मा० च० वि०)

'वन्दे तामहमक्षय्यामकाराक्षररूपिणीम्' ।

(वा० त०)

तदनुसार अकार प्रकाशस्वरूप शिवतत्त्व का और हकार विमर्शस्वरूप शक्तितत्त्व का वाचक है । इन दोनों (शिवशक्त्यात्मक प्रकाशविमर्शद्वय) से और इन दोनों में ही समस्त विश्व का उन्मीलन तथा निमीलन होता है । सारांश यह है कि–'अन्तर्गभितसमस्तवर्णकदम्बकाऽहङ्काररूपप्रकाशविमर्शसम्पात' से ही शब्दार्थात्मकसर्वप्रपञ्च का विकास होता है । यह मौलिक तन्त्रसिद्धान्त है । ज्ञानक्रियारूप अन्योऽन्याविनाभूत शिवशक्ति के सतत अविच्छिन्न अन्योऽन्यानुराग के कारण दोनों अन्योऽन्यस्वभाव से उपरक्तस्वभाव रहते हैं । ज्ञान प्रकाशरूप होने से शिवस्वरूप है और क्रिया विमर्शरूप होने से शक्तिस्वरूप है । इच्छा प्रकाशविमर्शसामरस्यस्वरूप है, अतएव शिवशक्तिसामरस्वरूप है ।

उद्गिरण भेदसंसार या प्रवृत्तिसंसार से सम्बन्ध रखता है और निगिरण अभेदसंसार या निवृत्तिसंसार से । पहला पशुसंसार (जीवसंसार) और दूसरा शिवसंसार भी कहा जाता है और इन दोनों में व्याप्त तथा दोनों का आधारभूत भेदाऽभेदरूप तीसरा संसार है, जो शिवशक्तिसामरस्यात्मक माना जाता है । प्रवृत्तिनिवृत्तिस्पन्दद्वयभित्तिभूत निष्पन्दमहातत्त्वरूप सामरस्यपद शाश्वत है । प्रत्येक संसार की तीन अवस्थाएँ मानी जाती हैं : (१) इच्छा, (२) ज्ञान और (३) क्रिया । **इच्छा** बीजावस्था है, जहाँ से संसार का प्रारम्भ होता है; **ज्ञान** ईषदुद्भेदावस्था है, जहाँ उसका कुछ विकास हो जाता है; **क्रिया** पूर्णसमुच्छ्रयावस्था या पूर्णस्फारावस्था है, जहाँ उसका सर्वतोभावेन

सर्वविध अर्थात् पूर्ण विकास हो जाता है। अवस्थाओं के नाम सुषुप्ति, स्वप्न और जाग्रत् हैं और ये सभी त्रिविध संसार के सन्दर्भ में इच्छा-ज्ञान-क्रियारूप हैं। प्रत्येक के तीन भाग हैं : (१) जड, (२) अजड और (३) जडाऽजड। तन्त्र-शास्त्र में जडता व्याप्यत्व है, अजडता व्यापकत्व और जडाऽजडता व्याप्तिसामरस्य है। निम्नलिखित प्रकोष्ठों से तीनों संसारों की त्रिविध अवस्थाओं का विवरण स्पष्ट होगा :—

भेद-संसार (पशु-संसार)

सुषुप्ति = इच्छा (बीजावस्था या प्रारम्भपद)	स्वप्न = ज्ञान (अल्पविकासावस्था या मध्यपद)	जाग्रत् = क्रिया (पूर्णविकासावस्था या चरमपद)

अभेद-संसार (शिव-संसार)

जाग्रत् = इच्छा	स्वप्न = ज्ञान	सुषुप्ति = क्रिया

द्विविध भेदाऽभेद-संसार (शिवशक्त्यात्मकभेदाऽभेदसामरस्य-संसार)

(क) भेदोल्वण जाग्रत् = इच्छा (वह जडाऽजड-भाग, जिसमें भेद उल्वण हो)	सुषुप्ति = ज्ञान (वह जडाऽजडभाग, जिसमें भेद किञ्चिन्मात्र अभेदातिशायी हो)	स्वप्न = क्रिया (वह जडाऽजडभाग, जिसमें अभेद और भेद समरस हो जायँ)
(ख) अभेदोल्वण सुषुप्ति = इच्छा (वह जडाऽजडभाग, जिसमें अभेद उल्वण हो)	जाग्रत् = ज्ञान (वह जडाऽजडभाग, जिसमें अभेद किञ्चिन्मात्र भेदातिशायी हो)	स्वप्न = क्रिया (वह जडाऽजडभाग, जिसमें भेद और अभेद समरस हो जायँ)

मूल से ही सृष्टि के दो भाग क्रमशः अधिकाऽधिक विविक्त विलसित होते हैं : शब्द (वाचक तत्त्व) और अर्थ (वाच्य तत्त्व)। पारमार्थिक अवस्था में ये दोनों सामरस्यापन्न, अभिन्न, अखण्ड और एक तत्त्व हैं। जो संसारकलङ्कास्पृष्ट, शुद्धान्तर्मुख विश्रमस्वभाव परमशिव है वही सच्चिदानन्दस्वरूपिणी निरवधिकाऽकृत्रिमाऽविविक्तेच्छाज्ञानक्रियात्मिका महात्रिपुरसुन्दरी है; जो

निर्विकल्प चित् है वही परा शक्ति है। किन्तु उपर्युक्त प्रथम स्फुरण से ही विसर्गभूमि में उन दोनों का क्रमशः अधिकाऽधिक पृथक्तया भान होने लगता है और यह पार्थक्य उद्गिरणावस्था या संसारदशा में चरम सीमा तक पहुँच जाता है और निगरणावस्था में बिन्दुभूमि में क्रमशः भेद निलीन होने लगता है और शिवपद में अभेद चरमसीमा तक पहुँच जाता है।

'परमशिव एव प्रकाशविमर्शात्मना निजावंशौ विभज्य कामेश्वरः कामेश्वरी भूत्वा·····'। (सङ्केतपद्धति)

वाचकपक्ष में विश्व का उन्मेष मातृका के रूप में और वाच्यपक्ष में षट्त्रिंशत्तत्त्व के रूप में होता है। प्रत्येक वर्ण मन्त्र तथा शक्ति होने के कारण 'मातृका' पद से व्यवहृत होता है। यह विमर्शशक्ति माता का परिच्छिन्न अवभास है।

'सर्वे वर्णात्मका मन्त्राः, ते च शक्त्यात्मकाः प्रिये।
शक्तिस्तु मातृका ज्ञेया, सा च शेया शिवात्मिका'॥
(श्रीतन्त्रसद्भाव)

'वर्णः कला पदं तत्त्वं मन्त्रा भुवनमेव च।
इत्यध्वषट्कं देवि, भाति त्वयि चिदात्मनि'॥
(का० क० वि०)

'या सा तु मातृका लोके परतेजःसमन्विता।
तया व्याप्तमिदं सर्वमाब्रह्मभुवनान्तरम्'॥

मातृकाएँ तथा उनके वाच्य तत्त्वों (विश्व-पदार्थों) का विवरण संक्षेपतः निम्नलिखित प्रकार से दिया जा सकता है :—

(१) मातृकाचक्रविवेक के अनुसार स्वरवर्ण-मन्त्रतत्त्वप्रदर्शकप्रकोष्ठ—

अ, इ, उ, ऋ, ऌ=विसर्ग-पदविषयक सुषुप्त्याद्यवस्थात्रय।	अ, इ, ऋ, ऌ= बिन्दुपद-विषयक सुषुप्त्याद्यवस्थात्रय।	अः,इ,ऋ,उ,ऌ, अं=विसर्गादिबिन्द्वन्तवर्णषट्कः शिव-जीवात्मक बिन्दु-विसर्ग-सामरस्यरूप महाशक्ति सामरस्य-पद।
ए=विसर्गप्रमाता का अन्तः-संसार (स्वप्न)।	ओ=बिन्दुप्रमाता का अन्तः-संसार (स्वप्न)।	सारांश यह कि स्वरवर्ण विश्वबीजभूतकलाव्यञ्जक हैं।
ऐ=विसर्गप्रमाता का बाह्य-संसार (जाग्रत्)।	औ=बिन्दुप्रमाता का विश्रमण-संसार (जाग्रत्)।	
अः=विसर्गप्रमाता।	अं=बिन्दुप्रमाता।	
ए=विसर्गप्रमाण।	ओ=बिन्दुप्रमाण।	
ऐ=विसर्गप्रमेय।	औ=बिन्दुप्रमेय।	

(२) व्यञ्जनवर्ण-मन्त्र-तत्त्वप्रदर्शकप्रकोष्ठ—

ईषत्सङ्कोचभूमि	पूर्णसङ्कोचभूमि	सङ्कोचत्यागभूमि
अ, इ, उ, ऋ, ऌ = ये पाँच वर्ण विसर्गव्याप्ति की दशा में ईषत्सङ्कोच को प्राप्त कर अन्तःस्थ हो जाते हैं :- (सूक्ष्म) भूत य=वायु, सर्वकर्तृत्व कञ्चुक शक्तिसङ्कोच रूप—**कला**। यही मायातत्त्व का अधिष्ठान भी कहा जाता है। र = अग्नि, सर्वज्ञत्वशक्ति-सङ्कोचरूप—**अविद्या**। ल = पृथ्वी, पूर्णत्वशक्ति-सङ्कोचरूप—**राग**। व=सलिल, नित्यत्वशक्ति-सङ्कोचरूप—**काल**। ञ = आकाश, व्यापकत्व-शक्तिसङ्कोचरूप—**नियति**।	अ, इ, उ, ऋ, ऌ-ये ही विसर्गव्याप्ति की दशा में पूर्ण सङ्कोच को प्राप्त कर कवर्गादिपञ्चक हो जाते हैं:— (स्थूल) भूत **कवर्ग**—पृथ्वी, जल, तेज, वायु, आकाश। **चवर्ग**—गन्ध, रस, रूप, स्पर्श, शब्द। **टवर्ग**-कर्मेन्द्रियवर्ग:-पायु, उपस्थ, पाणी, पादौ, वाक्। **तवर्ग**—ज्ञानेन्द्रियवर्ग:—घ्राण, जिह्वा, चक्षु, त्वक्, श्रोत्र। **पवर्ग**—प्रकृति, अहंक्रिया, बुद्धि, मन, पुरुष। मन के सङ्कल्प से विसर्जित होने के कारण मन का ही विलास समस्त ज्ञेयसङ्घात है। बुद्धि के ही व्यापार से प्रवर्त्तित होने के कारण बुद्धि का ही विलास समस्त कार्यसङ्घात है। मन तथा बुद्धि क्रमशः ज्ञानेन्द्रिय तथा कर्मेन्द्रिय के आन्तर (सम्पिण्डित) रूप हैं वैसे ही जैसे बरफ जल का।	अ, इ, उ, ऋ, ऌ-के बिन्दु-व्याप्ति की दशा में ईषत्पूर्णत्वरूप श, ष, स, ह। **श**=शुद्धि विद्या (चवर्ग का ईषत्पूर्णत्वरूप) (इन्द्रियैकात्म्यानुभवरूप)। **ष**=ईश्वर (क्रियाशक्तिविलासपद) (टवर्ग का ईषत्पूर्णत्वरूप)। **स**=सदाशिव (ज्ञानशक्तिविलासपद) (तवर्ग का ईषत्पूर्णत्वरूप)। **ह**=विमर्शरूप शक्ति (कवर्ग का ईषत्पूर्णत्वरूप) अविच्छिन्नविश्रान्तिमयदेहात्मसामरस्यस्वरूप। इस प्रकार करणत्रयस्थानीय चवर्ग-टवर्ग-तवर्गरूप श-ष-स का हकार में ही निमज्जन हो जाता है। शुद्धविद्या दशा का अन्तर्भाव ईश्वरदशा में, ईश्वरदशा का अन्तर्भाव सदाशिवदशा में, तथा सदाशिवदशा का अन्तर्भाव शक्तिदशा में हो जाने पर संविदुदय अर्थात् त्यक्तसङ्कोच बिन्दु का आविर्भाव हो जाता है। **स**=जीव। **क्ष**=पर-शम्भु।

इन्हीं मातृकाओं तथा मन्त्रों का विशद विवेचन इस ग्रन्थ में किया गया है। अतः इस पर अधिक लिखना अनावश्यक है। केवल 'बन्ध' और 'मोक्ष' का पर्यवसित स्वरूप थोड़े शब्दों में नीचे दिया जाता है।

विविधविलासमय विश्व, सुषुप्तिदशा में विश्रान्तितत्वनिलीन विमर्श के गर्भ में स्वयं भी निलीन रहकर भेदसंसार में विमर्श के गर्भ से आन्तर (मन

और बुद्धि) और तद्विलासस्वरूप बाह्य इन्द्रियों (ज्ञानेन्द्रिय तथा कर्मेन्द्रिय) के द्वारा विनिस्सृत तथा स्फुटस्वरूप होता है। भेदसंसार का ज्यों-ज्यों प्रसार बढ़ता जाता है त्यों-त्यों विश्व का उन्मीलन तथा इदमंश का समुच्छ्रय अधिकाधिक होता जाता है। ठीक इसके विपरीत अभेद संसार में विश्व का निमीलन और ज्यों-ज्यों विश्रान्त्यात्मक अभेद व्यापक होता जाता है त्यों-त्यों अहमंश का समुच्छ्रय होता जाता है। अतएव भेदसंसार को प्रवृत्तिसंसार और अभेदसंसार को निवृत्तिसंसार भी कहा जाता है। इदमंशसमुच्छ्रय या इदन्तौल्वण्य का तात्पर्य है कि विश्व की प्रत्येक वस्तु के लिये 'यह', 'यह' शब्द का प्रयोग होता है, क्योंकि वह अनात्मा अर्थात् चित् (प्रकाश) से पृथक् तथा भिन्न चैत्य के रूप में भासित होता है। दूसरे शब्दों में सभी पदार्थ इदम्प्रत्ययगोचर या इदमाकारप्रतीतिविषय भासित होते हैं और ऐसा होना स्वाभाविक है, क्योंकि चैत्यविस्फूर्तिकाल में चित् के व्याप्य, अन्तर्गभित एवं चैत्याकाराकारित भासित होते रहने के कारण इदमंश समुच्छ्रित हो जाता है और इसे ही इदन्तौल्वण्य कहा जाता है। पुनः चिद्व्याप्तिपद में जब विश्व विमर्शगर्भ में निमीलित हो जाता है और समस्त चैत्य चिदेकरस हो जाता है तब इदन्ताप्रतीति-विषयापहार के फलस्वरूप इदन्ताप्रतीति स्तिमित हो जाती है और इस अभेदसंसार में अहमंश समुच्छ्रित हो जाता है और इसे ही अहन्तौल्वण्य कहा जाता है। यहाँ यह अन्तर उल्लेखनीय है कि चैत्यव्याप्तिपद में भी चित्, चैत्य के साथ भिन्नरस ही बना रहता है किन्तु चैत्य, चिद्व्याप्तिपद में चिदेकरस हो जाता है।

यह ध्यान में रखने की बात है कि बिन्दु का स्वभाव अविभेद या अभेद और विसर्ग का स्वभाव विभेद या भेद है। भेदपद में अर्थात् जडस्पन्दानुभवकाल में विश्रान्ति और अजडस्पन्द का व्यावृत्तिविषयतया अर्थात् विपरीतार्थतया और अभेदपद में अर्थात् अजडस्पन्दानुभवकाल में विसर्ग और जडस्पन्द का भी उसी तरह अर्थात् व्यावृत्तिविषयतया अनुभव होता है। सामरस्यपद में निष्पन्दता दोनों के ही व्यावृत्तिविषयतया भासित होती रहती है। यही है विमर्शशक्ति की 'माया' शब्द से व्यवहृत विपरीतप्रतीतिरूप विमोहशक्ति। वस्तुतः भेद, अभेद तथा सामरस्य परावाग्रूपा विमर्शरूपिणी पराशक्ति के ही क्रमशः इदमंशसमुच्छ्रयप्रयुक्त, अहमंशसमुच्छ्रयप्रयुक्त तथा उभयांशसाम्यप्रयुक्त स्वस्वरूपभूत तीन भाग हैं। तदनुसार एक ही विमर्शशक्ति अपने इदमंशसमुच्छ्रय से जीव के बन्ध का और अहमंशसमुच्छ्रय से मोक्ष का कारण होती है। वही इदन्तौल्वण्य के रूप में भासमान माया और अहन्तौल्वण्य के रूप में भासमान विद्या भी कही जाती है।

'बध्नाति चेयमिदमंशसमुच्छ्रयेण, जन्तून् विमोचयति चोन्नमिताहमंशात्' ।

'सर्वत्र वस्तुनि इदमाकारप्रतीतौ देहमात्रे चाऽहमाकारप्रतीतौ सैवोच्छ्रितेदन्ताप्रतीतिर्बन्धः; इदन्ताप्रतीत्यन्यथाभावेन सर्वत्राऽहन्ताप्रतीत्यौल्वण्यमेव च मोक्षः' । (मा० च० वि०)

परमार्थतः यह भागत्रयकरण औपचारिक है, क्योंकि प्रत्येक में परस्पर सभी सन्निविष्ट हैं और प्रवृत्तिनिवृत्तिस्पन्दद्वयभित्तिभूत निष्पन्दभूत महातत्त्व शाश्वत है ।

इस प्रसङ्ग में एक प्रश्न उठ सकता है कि जीव का संसार भेदसंसार और (जडस्पन्दात्मक) प्रवृत्तिसंसार है और शिव का संसार अभेदसंसार और (अजडस्पन्दात्मक) निवृत्तिसंसार है तथा प्रवृत्तिरूप बन्ध भेदसंसार एवं जीव से सम्बद्ध है और निवृत्तिरूप मोक्ष अभेदसंसार एवं शिव से सम्बद्ध है तो बन्ध और मोक्ष का वैयधिकरण्य क्यों नहीं हो जाता ? क्योंकि बद्ध जीव है और मुक्त शिव है । इसका समाधान यह है कि प्रवृत्तिकर्त्ता जीव जब निवृत्तिपथ ग्रहण करता है, तो शिव कहा जाता है अर्थात् शिव प्रवृत्तिपद में जीवशब्द से व्यवहृत होता है और निवृत्तिपद में शिव शब्द से । जीव और शिव में कोई पारमार्थिक भेद नहीं, केवल दशाभेद से भेद की प्रतीति होती है । यह भेद-प्रतीति उपर्युक्त विपरीतप्रतीतिरूप विमोहशक्ति का फल है । इसके अपाकरण से पारमार्थिकभाव अनावृत हो जाता है ।

'जीव एव प्रवृत्तिकर्त्ता निवृत्तिमङ्गीकुर्वन् शिव इत्युच्यते, शिवो वा प्रवृत्तिपदे जीवशब्देन व्यवहृतः पुनर्निवृत्तिपदे शिवशब्दव्यवहारं प्राप्नोति । न तु जीवशिवयोः पारमार्थिको भेदः अपि तु दशाभेदेनैव भेद इत्येकार्थता । एतदुभयपर्याययोः तयोः प्रकाशविमर्शयोरेवमेकार्थताऽनुसन्धेया ।

(मा० च० वि०)

दूसरा प्रश्न यह है कि अहमंशसमुच्छ्रय सुषुप्ति में भी होता है—तो सुषुप्त्यवस्था और मोक्षदशा में क्या अन्तर है ? इसका समाधान यह है कि सुषुप्त्यवस्था में अहमंशसमुच्छ्रय होने पर भी इदमंश स्तिमितदशा में या अन्तर्लीनावस्था में इस प्रकार बना रहता है कि भेदपद में पुनः उसका पूर्ववत् प्ररोह होता रहता है । किन्तु मोक्षपूर्वक्षण में इदमंश इस प्रकार विप्लुष्ट हो जाता है कि उसका पुनः प्ररोह नहीं होता ।

अन्ततः यह स्पष्टीकरण आवश्यक है कि तन्त्रागम के अनुसार निराकुलानन्दस्वरूप-शिवजीवैक्यात्मक–त्रिपुरसुन्दरीभाव में अवस्थान ही मोक्ष है

(निराकुलानन्दस्वरूप-शिवजीवैक्यात्मक-त्रिपुरसुन्दरीभावाऽवस्थानमेव मोक्ष-पदार्थः पर्यवस्यति) ।

इतने विवेचन के बाद मैं पुनः डॉ० अवस्थी के इस ग्रन्थ की श्लाघा करता हूँ । इसमें मातृकाओं के वर्ण, रूप, स्वरूप, अभिरूप, महिमा, कला, देवता, शक्ति, ऋषि और छन्द; वर्णों के साथ तिथि, ग्रह, नक्षत्र, राशि आदि का सम्बन्ध; प्राणाचार एवं प्राणीय काल तथा जपसंख्या की वैज्ञानिकता; परा प्रकृति का सङ्घटनात्मक स्वरूप, परकाल, अपरकाल, परपुरुष, अपरपुरुष तथा अपरा प्रकृति; अणु ध्वनियाँ आदि की मार्मिक व्याख्या की गई है । इसमें चतुष्पदी वाक् का विशद विवेचन किया गया है; ग्रन्थकार ने प्रसङ्गतः सप्तपदी एवं पञ्चपदी वाक् का भी निरूपण किया है । इसमें कामकलाक्षर, कुण्डलिनी और ओङ्कार की एकता का सुन्दर स्पष्टीकरण है; द्वादश कलाओं का मार्मिक निरूपण है; परावाणी, प्रतिभा या विमर्शशक्ति तथा स्वातन्त्र्यशक्ति आदि का भी विस्तृत विचार है । इस प्रकार यह ग्रन्थ बहुत उपादेय तथा लाभकारी है ।

निस्सन्देह इस ग्रन्थ से तन्त्रानुरागी पाठकों का बड़ा उपकार होगा ।

प्रोफेसर तथा अध्यक्ष,
संस्कृत विभाग,
गोरखपुर विश्वविद्यालय,
गोरखपुर ।

वीरमणिप्रसाद उपाध्याय
(एम. ए., बी. एल., डी. लिट्., साहित्याचार्य)

वक्तव्य

साधना के क्षेत्र में एकान्ततः अनभिज्ञ के लिए भी सबसे सरल एवं सहज साधन है शब्द । माँ की गोद में बैठा हुआ भोला शिशु जैसे निर्द्वन्द्व रहता है, शब्द की शरण में आया हुआ साधक, उसी प्रकार संसार-जलधि की महोर्मियों से क्रीडा करता हुआ भी विश्राम लाभ करता है । शब्द, परम्बा, जगज्जननी का प्रतिरूप है और उद्गत अर्थ शिवरूप । जिस प्रकार शब्द, अर्थ का आधार है वैसे ही शक्ति, शिव का दिव्यासन । शब्दरूपी शक्ति का अञ्चल पकड़े बिना अर्थरूपी शिव का बोध असम्भव है । गायत्री मन्त्र में इसी लिए सविता के तेज के ध्यान करने की बात कही गई है, साक्षात् सविता की नहीं । तेज, वहाँ शक्ति का वाचक है । शम्भु के ज्ञान, इच्छा, क्रिया आदि को शक्तिरूप समझना चाहिए । अप्पयदीक्षित ने आनन्दलहरी में कहा है :—

शम्भोर्ज्ञानक्रियेच्छाबलकरणमनःशान्तितेजश्शरीर-
स्वर्लोकागारदिव्यासनवरमहिषीभोग्यवर्गादिरूपा ।
सर्वरेतैरुपेता स्वयमपि च परब्रह्मणस्तस्य शक्तिः,
सर्वाश्चर्यैकभूमिर्मुनिभिरभिनुता वेदतन्त्राभियुक्तैः ।।

लक्ष्मीनाराणय, राधाकृष्ण, सीताराम, पार्वतीशङ्कर आदि आख्याओं में शक्ति का जो पहले नाम लिया जाता है उसका यही रहस्य है । बोध के सोपान में शक्ति आदिम पर्व है; बिना उसका आश्रय लिए आगे बढ़ना शक्य नहीं । अद्वैतवेदान्ती संक्षेपशारीरककार ने भी माना है कि उपासना की भूमिका में चित् शक्ति को विस्मृत करके नहीं चला जा सकता :—

चिच्छक्तिः परमेश्वरस्य विमला चैतन्यमेवोच्यते,
सत्यैवास्य जडापरा भगवतः शक्तिस्त्वविद्यात्मिका ।
संसर्गाच्च मिथस्तयोर्भगवतः शक्त्योर्जगज्जायतेऽ-
सच्छक्त्या सविकारया भगवतश्चिच्छक्तिरुद्रिच्यते ।।
इत्येवं कथयन्ति केचिदपरे श्रद्धालवस्तत्पुनः,
कस्याश्चिद्भुवि सम्मतं च विदुषां नेष्टं तु भूम्यन्तरे ।
कर्मोपास्तिविधानभूमिषु तथा तत्सम्मतं, निर्गुणे-
तत्त्वे तत्परवेदवाक्यविषये त्वालोचिते नेष्यते ।।२२८।३अ०।

शब्द और अर्थ के सदृश शिव और शक्ति में अभेद, भेदाभेद तथा भेद

तीनों सम्भव हैं। शक्ति को कदाचित् धर्म, कभी धर्मी और किसी अवस्था में उभयरूप माना गया है।

श्रुतिस्मृतीतिहासपुराणाभियुक्तसूक्तिप्रमाण्यात् सकलचिदचित्प्रपञ्चमहाविभूतिरूपा महासंविदानन्दसत्ता देशकालादिपरिच्छेदशून्या स्वाभाविकी परमशक्तिः परब्रह्मणः शिवस्य स्वरूपञ्च गुणश्च भवति।

—आनन्दलहरी–चन्द्रिका।

शब्द, अर्थ की महिमा को पूर्णतया व्यक्त नहीं कर सकता किन्तु अपने में निगूढ उसके अपार वैभव को इङ्गित तो करता ही है। उसी प्रकार अगणित कुन्द-कलियों की मालाओं से मण्डित नीलाम्बरा यामिनी, उषा की अरुण आभा से अठखेलियाँ करता हुआ विविध रंग-रूपमय राशि-राशि पुष्प-सम्भार, गगनाङ्गनाओं की ग्रीवा से टूट कर गिरी हुई मरकत मणियों की माला के सदृश धरती पर फैला हुआ दूर्वाङ्कुरों का हरित जाल, सहकार-मञ्जरी के मादक गन्ध से उन्मत्त कोकिल का कल-कूजन, आकाश में निर्बन्ध अवलम्बित अमृतफल से झरती हुई मधु-चन्द्रिका, किसी कुशल शिल्पी की लौह-लेखनी के सङ्केत द्वारा कठोर शिलाखण्ड के अन्तराल से अभिव्यक्त प्रस्तर-कुमारी, एवं साहित्य सङ्गीत मानवादि रूप, रस, गन्ध, स्पर्श और शब्द के असंख्य रूपों में, अर्थब्रह्म शिव के अमित ऐश्वर्य को अंशतः अभिव्यक्त करती हुई शब्दब्रह्म-रूपिणी महाशक्ति थकती नहीं है। महामति व्यास ने कहा था—'वनलतास्तरव आत्मनि विष्णुं व्यञ्जयन्त इव पुष्पफलाढ्याः।' सम्पूर्ण चराचर जगत् की क्षण-क्षण परिणति के बहाने—'यह नहीं है' 'यह नहीं है' इस प्रकार विश्व की चरम महनीयता एवं नित्यत्व का निषेध करती हुई महामाया, इस हिरण्मय आवरण के पीछे वर्तमान अमर सत्ता, चेतना एवं आनन्दमय महोद्गम की ओर सङ्केत करती रहती है।

यह समस्त जगत् वेदों की भाषा में अग्निषोमात्मक है और तन्त्रों की वाणी में शिव-शक्तिमय। दोनों संज्ञाओं में वस्तुतः कोई अन्तर नहीं है। इस जगत् को सर्वथा हेय और अपदार्थ समझ कर केवल आँख मूँद कर अस्वीकार नहीं किया जा सकता। हम जिस अधिकार को लेकर संसार की भूमिका पर उतरते हैं उसका निर्वाह परमावश्यक है। किन्तु वह अधिकार कैसे चरितार्थ हो यही मूल प्रश्न है। पुराणों में 'इह लोके सुखं भुक्त्वा अन्ते ब्रह्मपुरं व्रजेत्' की जो बात कही है उसी का सङ्केत 'भोगश्च मोक्षश्च करस्थ एव' के रूप में तन्त्रों में मिलता है। यही पूर्णाङ्ग जीवन का आदर्श है। इस प्रकार की जीवनयात्रा जगत् के तात्विक स्वरूप को जाने बिना कैसे सम्भव है? ज्ञान

के उपायों की, यहाँ गिनती नहीं है; किन्तु हमारे लिए सहज सुलभ है, शब्द, जिसे तन्त्रों की भाषा में मातृकाशक्ति अथवा महामन्त्र कहते हैं। ध्यान की सहकारिता से मन्त्र-जप के द्वारा जन्म-जन्मान्तर का कलुष क्षालित हो जाता है और आत्मा अपने प्राकृत रूप में निखर उठती है और तब जगत् एवं जीवन-यापन की सर्वसुखद, निरामय तथा सर्वतोभद्र प्रणाली को जान लेना दुष्कर नहीं रह जाता श्वेताश्वतर उपनिषद् में कहा गया है :—

'ध्याननिर्मथनाभ्यासाद्देवं पश्येन्निगूढवत्।'

योगसूत्र के व्यासभाष्य में एक प्राचीन गाथा उद्धृत है :—

स्वाध्यायाद्योगमासीत योगात् स्वाध्यायमामनेत्।
स्वाध्याययोगसम्पत्त्या परमात्मा प्रकाशते॥

अर्थात् जप से ध्यानस्थ हो तथा ध्यान से जप का अभ्यास करे; इस प्रकार जप और योग के सम्पादन से परमात्मा प्रकाशित हो उठता है।

परमात्मसूर्य के पूर्णरूप से उद्भासित होने की पूर्वसूचना के रूप में पुराणी युवती आदिम उषा या प्रतिभा का हृदयदेश में आविर्भाव होता है। और तब उस प्रातिभ बोध के उज्ज्वल आलोक में तत्त्वातत्त्व कुछ भी अगोचर नहीं रह जाता। प्राचीन काल में, ऋषियों द्वारा परमात्म-प्रकाशन के लिए जिस ध्यान और मन्थन की प्रक्रिया का प्रवर्तन किया गया था; पुराणों में तन्त्रों में उसकी पूर्ण स्वीकृति देखी जाती है।

मन्त्रों-वर्णों की रहस्यमयता के प्रति सहज औत्सुक्य मुझे संस्कारतः प्राप्त रहा है। इस विषय पर शोध के लिए गोरखपुर विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकृति प्राप्त होने पर मेरी तत्सम्बन्धी उत्सुकता को और बल मिला। फलतः इस ग्रन्थ का प्रणयन हुआ, जो कि अब प्रकाश में आ रहा है। तन्त्रों के नानाविध सम्प्रदायों एवं रहस्यों के मर्मज्ञ मनीषी, अखण्डमहायोगी विश्वविख्यात दार्शनिक, महामहोपाध्याय, पद्मविभूषण डॉ० गोपीनाथ कविराज जी इस शोध-ग्रन्थ के परीक्षक रहे हैं और उन्होंने इसकी भूमिका-लिखने का भी कष्ट उठाया है; एतदर्थ मैं उनका अत्यन्त आभारी हूँ। लखनऊ विश्वविद्यालय के भूतपूर्व संस्कृतविभागाध्यक्ष, शैवदर्शन-विशेषतः काश्मीर शैवदर्शन के अन्तर्गत प्रत्यभिज्ञा, क्रम एवं कौल सम्प्रदायों के इतिहास, विषय वैचित्र्य तथा मार्मिकताओं के एकमात्र गवेषणापरायण विद्वान्, डॉ० कान्तिचन्द्र पाण्डेय भी इस ग्रन्थ के परीक्षक थे और इसकी प्रशंसा की थी अतः उनके प्रति भी कृतज्ञता-ज्ञापन मेरा कर्तव्य है। गोरखपुर विश्वविद्यालय के संस्कृत विभागाध्यक्ष, तन्त्रान्तर्गत मन्त्रसङ्केत, चक्रसङ्केत एवं पूजासङ्केत के मर्मज्ञ, वेदान्तवित् आदरणीय डॉ० वीरमणिप्रसाद उपाध्याय, एम. ए. बी. एल., डी. लिट्.,

साहित्याचार्य मेरे निर्देशक एवं परीक्षक थे अतः मैं उनका भी अत्यन्त उपकृत हूँ। उन्होंने इस ग्रन्थ का, संक्षिप्त एवं सारगर्भित आमुख लिखने की भी कृपा की है इसके लिए मैं उनके प्रति श्रद्धावनत हूँ।

विशेष सतर्क रहने पर भी ग्रन्थ में यत्र तत्र मुद्रण सम्बन्धी त्रुटियों का रह जाना असम्भव नहीं है, जिज्ञासु पाठकगण उन्हें सरलता से सुधार लेंगे ऐसी आशा है। (हाँ, पृष्ठ १५८ की पच्चीसवीं पंक्ति के मध्य से लेकर ३२वीं पङ्क्ति में समाप्त होने वाले, वाक्य को इस प्रकार पढ़ें—'जैसे इकार, रेफांश छाया से प्रतिच्छायित होकर स्वरान्तर का रूप ग्रहण करता है वैसे ही अस्वर अनुत्तर, प्रकाशात्मा (अकार) चित्शक्त्यात्मक आदिवर्ण, 'मकार' और 'हकार' के लेशस्वरूप उपाधि का अवलम्बन करके, वैसी श्रुतिमात्र से बिन्दु और विसर्ग—इन दो रूपों में विभक्त होकर परामर्शान्तर (वर्णान्तर) का स्वरूप ग्रहण करता है—अनुत्तररूप प्रकाश, अपने स्वातन्त्र्य से, स्वरूप को छिपाकर शक्तिदशा को आभासित करके, सङ्कुचित प्रमातृरूपता की प्रकाशित करता है।'

ग्रन्थ के आवरण पृष्ठ पर दिए गये चित्र की कल्पना सौन्दर्यलहरी के निम्नाङ्कित श्लोक के आधार पर समझना चाहिए :—

समुन्मीलत्संविकमलमकरन्दैकरसिकं
भजे हंसद्वन्द्वं किमपि महतां मानसचरम्।
यदालापादष्टादशगुणितविद्यापरिणति-
र्यदादत्ते दोषाद् गुणमखिलमद्भ्यः पय इव॥

ग्रन्थ की सज्जा एवं सुन्दर प्रकाशन के लिए 'चौखम्बा संस्कृत सीरीज' तथा 'चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी' के व्यवस्थापक महोदय धन्यवाद के पात्र हैं। अन्त में मेरा इतना ही वक्तव्य है कि :—

सम्भूय मातृकाभिर्मह्नीयाभिर्मनोविनोदाय।
व्यरचि ग्रन्थोऽशेषः लेशो न पुनर्ममेह सम्भाव्यः॥

—शिवशङ्कर अवस्थी

विषय-सूची

प्रथम अध्याय : विषय-प्रवेश—आगम और तन्त्र १–२२

आगम के चार व्याख्याभेद—आप्त का स्वरूप—चरणाप्तवाद अथवा शास्त्राप्तवाद—लोकाप्तवाद—परम्पराख्याति और आगम—निबद्धप्रसिद्धि और अनिबद्धप्रसिद्धिरूप आगम—प्रतिभात्मक आगम—आगमों की परा कोटि और उद्भव स्थान—समग्र आगमों की अनादिता—आगमों की विभिन्नता के कारण—सामान्यतया निगम के नाम से ख्यात वेद भी आगम ही है—भर्तृहरि के मत में आगम और स्मृति में एकता—आगम की रहस्यमयता सम्बन्धी विवृति—शिव के मुख से निर्गत और गिरिजा के मुख में आगत ज्ञान सम्बन्धी आगम की उपपत्ति—विशेष आगम साहित्य, शुभागमपञ्चक तथा अट्ठाइस कामिकादि आगम—दश शिवागम अथवा द्वैतवादी तन्त्र—अट्ठारह रुद्रागम—द्वैताद्वैतवादी तन्त्र—६४ अभेदवादी भैरव तन्त्र—नानार्थक तन्त्र शब्द—तन्त्रों का सार त्रिक—वेदत्रयी और तन्त्र सम्बन्धी त्रिक—तन्त्रों का विष्णु-क्रान्ता, रथक्रान्ता और अश्वक्रान्तात्मक विभाग—एक सौ बानवे तन्त्र—सौन्दर्यलहरी में चौंसठ तन्त्रों का सङ्केत—चौंसठ वर्ण या तन्त्र—वामकेश्वरतन्त्र तथा सेतुबन्ध आदि में उद्धृत चौंसठ तन्त्र—तन्त्रों की अवैदिकता के सम्बन्ध में लक्ष्मीक्षर का मत—तन्त्रों को अवैदिक कहना प्रलापमात्र : भास्कारराय—राजानक जयरथ द्वारा तन्त्रालोक में उद्धृत चौंसठ तन्त्रों तथा पूर्वोक्त तन्त्रों में साम्य का अभाव—तन्त्रों की निश्चित संख्या नहीं—शास्त्र वाचक तन्त्र शब्द का विशेष अर्थ में रूढ़ होने का कारण—तन्त्र शब्द की श्रोत्र सूत्र एवं वेदानुमत व्याख्याएँ—आगम—परम्परा प्राप्त प्रसिद्धि का निबन्धन—तन्त्र—बहुमुखी वितान—तन्त्रों में मन्त्रों की अनिवार्य एवं महत्वपूर्ण साधनों के रूप में स्वीकृति—मन्त्रों के सङ्घटक वर्ण—आहत और अनाहत नाद का, शरीरसंस्था में सूक्ष्म संस्थान—पराची अव्याकृता वाक् या अपर प्रणव—परशब्दात्मक कुलकुण्डलिनी—शब्दात्मक शक्ति और अर्थात्मक शिव ही महामिथुन या दिव्यदम्पति हैं—वर्णों तथा उसके चरम स्वरूप

को मातृका कहने का रहस्य—वर्णों के रंग, रूप, महिमा, आयुध, वाहन, शक्ति, ऋषि छन्दादि सम्बन्धी सूचना—तन्त्रानुसार मन्त्रों एवं मातृकाओं के रहस्योद्घाटन की प्रतिश्रुति ।

द्वितीय अध्याय : आगम समुच्चय-१ २३-४६

सांसारिक पदार्थों की शब्दानुविद्धता—जागरावस्थागत वाग्व्यवहार ही शब्द की स्थूल दशा है—तान्त्रिकों के मत में चेतन तत्त्व के पाँच स्तर—शब्द की चार अवस्थाएँ—अतितुर्य तत्व, परब्रह्म और परमशिव की एकता—जागरावस्था गत शब्द के सघोष-वाचिक और अघोषात्मक उपांशु रूप दो भेद—स्थूल शब्द ही वैखरी वाणी है—वैखरी शब्द की व्याख्या—वैखरी के तीन भेद—वैखरी; स्फुट क्रियाशक्ति—वैखरी अथवा रौद्री शक्ति—वैखरी वाणी में प्रकाशांश तथा विमर्शांश का निरूपण—वैखरी वाक् या बीज—वैखरी की उत्पत्ति—विराट् पुरुष अथवा वैखरी—कामकलाविलास में वैखरी का विवेचन—पञ्चदशाक्षर-राशिमयी वैखरी—भास्कराय के मत में देवी के स्थूलतर, स्थूल, सूक्ष्मतम, सूक्ष्मतर, सूक्ष्म और पर रूप—पञ्चदशाक्षरी विद्या ही सूक्ष्म रूप है—पञ्चदशाक्षरी विद्या के स्वरूप और उद्धार की चर्चा—पञ्चदशाक्षरी विद्या में पचास वर्णों का समाहार—आचार्य पुण्यानन्द के अनुसार वैखरी का पञ्चदशाक्षरमयी होने में सनकादि संहिताओं का प्रमाण—मध्यमावाणी अथवा वैखरी वर्णों का वासनात्मक सूक्ष्म रूप—हिरण्यगर्भ ही मध्यमा वाक् है—मध्यमा की तान्त्रिकी संज्ञा नाद—मध्यमा की उत्पत्ति—प्रकाशांश और विमर्शांश का निरूपण—मध्यमा की सङ्घटक शक्तियाँ—मध्यमा शब्द की व्युत्पत्ति :—पद्मपादाचार्य का मत—भास्कराय और पद्मपाद का नाद-बिन्दु सम्बन्धी मतभेद—समन्वय—कार्यात्मक नाद-बिन्दु तथा कारणात्मक नादबिन्दु के सम्बन्ध में राघवभट्ट का साक्ष्य—मध्यमा के दो भेद—नव नादमय सूक्ष्म—नवर्गात्मक स्थूल—स्वच्छन्दतन्त्र में निरूपित नव नाद—धर्मशिवाचार्य की 'पद्धति' के अनुसार नादों की व्याख्या—मध्यमा के पुनः तीन भेद—'शिवदृष्टि' के अनुसार मध्यमा—व्याकरणागम और मध्यमा वाणी—ज्ञानशक्ति एवं मध्यमा वाक्—पश्यन्ती वाक् और ईश्वर तत्त्व की एकता—कार्यबिन्दु और पश्यन्ती वाणी—पश्यन्ती का

प्रभव पश्यन्ती में प्रकाशांश और विमर्शांश—पश्यन्ती का सङ्घटक शक्तियाँ—ईक्षण और पश्यन्ती—व्युत्पत्ति और पर्याय—भास्कर राय तथा राजानक जयरथ का मत—पश्यन्ती के तीन भेद—पुण्यराज और पश्यन्ती वाणी—व्याकरणागम में अनादिनिधन शब्दब्रह्म या पश्यन्ती—आचार्य सोमानन्दपाद का मत—पश्यन्ती, महापश्यन्ती तथा परम महापश्यन्ती—इच्छाशक्ति या पश्यन्ती—आचार्य अभिनवगुप्त और सोमानन्द में मतभेद—समन्वय—परावाणी की चरम अवस्था—परा और वाक् शब्द की व्याख्या—परावाणी अथवा स्वातन्त्र्य—अन्यनिरपेक्षता, स्वरसवाहिता अथवा आनन्द, स्वातन्त्र्य, ऐश्वर्य और चैतन्य—परम शिव का परमन्त्रात्मक विमर्मरूप हृदय और परा वाणी की एकता—मालिनी शक्ति और परावाक्—अव्यक्तसंज्ञक तुरीय तत्त्व ही परावाणी है—परा अथवा कारण-बिन्दु—इच्छा, ज्ञान और क्रियाशक्ति का समुच्चित रूप परावाणी—परा में प्रकाश और विमर्शांश—आचार्य पद्मपाद और परावाक्—राघवभट्ट का मत—वाणी के पञ्च और सप्त पाद—परावाणी ही प्रकृति है : लक्ष्मीधर का मत—गुणों की साम्यावस्था या परा—वैषम्यावस्था अथवा पश्यन्ती—शुद्ध और अशुद्ध प्रकृति—गुणों के विविध रूप—व्यासभाष्य का मत—मूल-महाप्रकृति अथवा परावाक्—व्याकरणागम में सूक्ष्म शब्द या परा प्रकृति—तन्त्रमत में प्रतिभा ही परावाक् है—अतितुर्य तत्व का आद्यस्पन्द या प्रतिभा—दृक्क्रियाशक्तिमयी प्रतिभा—प्रतिभा और परप्रतिभा—भट्टभास्कर का मत—अखण्ड वाक्यार्थ रूप प्रतिभा और स्फोट—व्याकरणगम—प्रतिभा के सम्बन्ध में विविध विचार :—हेलाराज, भट्टचन्द्रानन और उत्पलाचार्य—प्रतिभा, परा वाणी या विमर्श शक्ति—साहित्यशास्त्र में प्रतिभा, विमर्शाख्य स्वातन्त्र्यरूप प्रतिभा अथवा परा वाणी ही प्रकात्मक परमशिव की शक्ति है।

तृतीय अध्याय : आगम समुच्चय-२ ४७-८४

ब्रह्म के दो रूप—शब्दब्रह्म और अर्थब्रह्म—अपरप्रणव और परप्रणव—तान्त्रिकों का सृष्टि सम्बन्धी वाद—परिणामवाद—द्विविध सृष्टि—चक्र तथा देहमयी सृष्टि—शब्द और अर्थ का अविनाभाव—चतुर्विध शब्द तथा चतुर्विध अर्थ—सृष्टिचक्र का

मूल—बिन्दु—महाबिन्दु—प्रकाश और स्फुरणा—दोनों की सम्मिलित जगत्कारणता—प्रकाश 'अकार' स्फुरणा तथा 'हकार'—दोनों का सामरस्य 'अहं' अथवा पराहन्ता—योगिनीहृदय के अनुसार सृष्टिक्रम—स्फुरत्तात्मक लहरी से युक्त पारमार्थिक प्रकाश रूप अहमात्मक बिन्दु—शुक्ल, रक्त और मिश्र बिन्दु—हार्धकला—काम या रवि—कामकला या सृष्टि-बीज—कामकला और अहं की सर्वव्यापकता और सर्वनामता—चतुर्थ स्वर या कामकला—सेतुबन्ध के अनुसार कामकला का स्वरूप—तुरीय बिन्दु, काम नामक बिन्दु, विसर्गात्मक बिन्दुद्वय और हार्ध कला—दीपिकाकार अमृतानन्द योगी, कामकलाविलास तथा सौन्दर्यलहरी से मतभेद—समन्वय—अकार, हकार, शिव, शक्ति—अकुल, कुण्डलिनी—अकार, हकार और नाद तत्व—अहन्तामय त्रिबिन्दु—कामकला या त्रिकोण—त्रिबिन्दु—त्रिकोण अथवा प्रणव या ओङ्कार—गायत्री-मन्त्र के चतुर्थ चरण में प्रणव का द्वैविध्य—प्रणव और कामकलाक्षर की एकता—क्रोधभट्टारक और पुष्पदन्त का मत—उमा और ओङ्कार—उमा ही कुण्डलिनी है—देवीप्रणव—अमात्र अथवा अर्द्धमात्र इन्दुकला और हैमवती उमा—पञ्चप्रणव—अकार से लेकर उन्मना पर्यन्त प्रणव की बारह कलाएँ—पाश जाल की अवधि और समना—मधुसूदन सरस्वती द्वारा उक्त अणु, अणुतर और अणुतम ध्वनियाँ—ओङ्कार गत अणुध्वनियाँ और बिन्दु, अर्द्धेन्दु तथा रोधिनी आदि—बिन्दु आदि कलाओं के सम्बन्ध में भास्करराय का मत—नव कलाएँ और नाद—कलाओं की काल-गणना—उन्मना की कालहीनता—स्वच्छन्दतन्त्र का मत—उन्मना अथवा गुरुवक्त्र—उन्मना की कालात्मकता के सम्बन्ध में योगिनीहृदय और सेतुबन्ध का मत-समन्वय—उन्मना अथवा काली नामक परा शक्ति—व्याकरणागम-सम्मत कालशक्ति, स्वातन्त्र्य या परा वाणी की एकता—काल के दो भेद—अपर काल और उन्मनी शक्ति—साक्षी, चिद्रूप, परकालात्मा—काल का द्विधात्व और आचार्य पद्मपाद—लवादि-पञ्चदश-कार्यात्मक कालपर्वाभिमानिनी अपरा काल शक्ति—बिन्दु आदि प्रणव कलाओं की आकृतियाँ—उन्मना से लेकर अकार पर्यन्त प्रणव कलाओं से व्याप्त ब्रह्माण्ड और पिण्डाण्ड सृष्टि—सद्योजातादि-पञ्चब्रह्म-रूप अकारादि कलाओं की अणुतर कलाएँ—अर्द्धेन्दु से उन्मना पर्यन्त पुष्पदन्तोक्त तुरीय धाम

और अणुध्वनियाँ—अर्द्धमात्रा के अन्तर्गत अनेक ध्वनियों के औचित्य का प्रतिपादन—प्रणव के सात मात्राभेद और उनके वाच्य—प्रणवात्मक कुण्डलिनी शक्ति और प्रकृति-विकृतियाँ—द्वादश कलाओं एवं सप्तमात्राओं में समन्वय—शारदातिलकतन्त्र के अनुसार शब्दावरोहक्रम—क्रमागत 'शक्ति' आदि शब्दों की निरुक्ति—क्या परा की उत्पत्ति होती है ? सार्द्धत्रिवलयाकारा कुण्डलिनी और सार्द्धत्रिमात्रिक प्रणव—समष्टिकुण्डलिनी, अग्निकुण्डलिनी, सूर्य-कुण्डलिनी और सोमकुण्डलिनी—परा के जन्म की बात औपचारिक—कारणबिन्दु—कार्यबिन्दु—नाद—बीज—इनके अधिदेव, अधिभूत, और अध्यात्म—अव्यक्त शब्दब्रह्मात्मक रव—कारणबिन्दु से इसकी अभिन्नता—परतत्त्व, पराकृति और घनीभूत ब्रह्म—घनीभाव या उच्छूनावस्था, विचिकीर्षा और बिन्दु का स्वरूप-निर्देश—माया, माया की शक्ति अविद्या और कर्म का निरूपण—सामान्य और विशेषात्मक प्राणि-कर्मसंस्कार—सम्पूर्ण या कृत्स्ना पराप्रकृति—पराप्रकृति-रूप बिन्दु के अन्तराल में घटित होने वाला क्रम—त्रिधा विभज्यमान प्रकृति या कारणबिन्दु—रवात्मक शब्दब्रह्म का निरूपण—व्याकरणागम—समस्त परा-प्रकृति का स्वरूप—परा-प्रकृति और सांख्योक्त प्रकृति में भेद—परा और अपरा प्रकृति, पर और अपर पुरुष, पर और अपर काल का मेल ही मूलमहाप्रकृति है—प्रपञ्चसार तन्त्रोक्त परा-प्रकृति—हकाराक्षर का वैचित्र्य—हकारात्मक मन्त्रदेवता के पाँच प्रकार—अकार और हकार के वाचकांश और वाच्यांश—परपुरुषादि का निरूपण—वेदान्त-सम्मत माया—तन्त्र-सम्मत माया—महामाया, योगमाया, आत्ममाया—आत्ममाया या परा शक्ति—यही महामन्त्रात्मक मातृका शक्ति है ।

चतुर्थ अध्याय : मातृका के विविध स्वरूप और मातृका-वर्ण ८५-११३

वर्णात्मक मातृका—वर्णमालात्मक मातृका—वर्णमालात्मक मातृका के चार भेद—बिन्दुयुक्त मातृका अथवा सर्वज्ञताकरी विद्या—ब्रह्मराशि या केवलमातृका—वर्णमाला-अक्षमाला या मातृका—मुनिवर्यभागुरि—मातृका-वर्ण-क्रम के प्रवर्तक—जीव-गोस्वामी का मत—माहेश्वर वर्णमाला से भेद—विलोममातृका, वहिर्मातृका तथा अन्तर्मातृका—पचास या इक्यावन वर्णमातृकाएँ—

वर्णमाला, स्थूलमातृका या वैखरी वाक्—वैखरी शब्द के विविध निर्वचन—सूक्ष्म मातृका अथवा मध्यमा वाक्—परा, पश्यन्ती अथवा सुसूक्ष्म मातृका—भासुरानन्दनाथ और चतुर्विध मातृका—मातृका का पर रूप—सूतसंहिता का मत—तात्पर्यदीपिका और परमातृका—वाच्यवाचकात्मक जगत् की जननी भगवती पर मातृका—मातृका या अज्ञात माता—अक्रमा मातृका—सक्रमा मातृका—ज्ञानाधारमातृका—पशुमाता मातृका—मातृका शक्ति का विलास ही विश्व है—पराहन्ता, विमर्शशक्ति, ललिता भट्टारिका अथवा मातृका—मातृका शब्द की व्युत्पत्ति—विसर्ग शक्ति और मातृका—आनन्द, सार, हृदय कालकर्षिणी आदि मातृका के पर्याय—पराशक्तिरूप प्रतिभा और मातृका—विसर्ग शक्ति और सहृदयता—कुण्डलिनी अथवा मातृका—शुद्धविद्या अथवा मातृका—वागीश्वरी अथवा मातृका—अहं और इदं का सामानाधिकरण्य अथवा शुद्धविद्या—कामकला, महात्रिपुरसुन्दरी या मातृका—गणेश-ग्रह नक्षत्रादि-रूप मातृका—देश-क्रम और कालक्रम की उत्पादिका मातृका—षडध्वजननी मातृका—त्रिपुरा अम्बिका अथवा मातृका—इच्छा, ज्ञान और क्रियात्मक त्रिकोण अथवा जन्माधार की हेतु मातृका—अकार तथा हकार की प्रत्याहारात्मक अहन्ता या मातृका—नववर्ग—सप्तमातृकाएँ—स्वरूप—अष्टमातृकाएँ-अष्टवर्ग और देवता—वर्ग-शक्तियों के तीन भेद—घोरादि भेदों का निरूपण—पर आदि भेदों के साथ एकता—अष्टकेश्वरी—योगिनी और ब्राह्मी आदि मातृकाएँ—योगिनीहृदय के अनुसार अष्टमातृकाओं का स्वरूप—मातृकावर्ण और क्रम-वर्णों के बीज और योनि के दो भेद—स्वरों और व्यञ्जनों की शिव और शक्तिरूपता—मातृका क्रम ही सिद्धा और पूर्वमालिनी के नाम से ख्यात है—भिन्नयोनि मालिनी अथवा उत्तर मालिनी शक्ति—मालिनी वर्ण-क्रम—रुद्र और शक्तियों की माला अथवा मालिनी—मातृका—चक्र अथवा मातृका कलाएँ—मातृका वर्णों के देवी, रश्मि आदि अभिधान—वर्णों की अग्नीषोमात्मकता—बीज और स्वर—स्वर शब्द का निर्वचन—योनि और व्यञ्जन—व्यञ्जनों के दो भेद—स्पर्श और व्यापक—सौम्य, सौर और आग्नेय वर्ण—पुरुष, स्त्री और नपुंसक वर्ण—शिव और शक्तिमय स्वर—बहिर्मातृका का विवरण।

पञ्चम अध्याय : मातृकाओं के वर्ण-रूप, स्वरूप, अभिरूप, महिमा, कला, देवता, शक्ति, ऋषि और छन्द ११४-१३९

वर्णों की निर्मलता और उनका क्षरण -- वर्णों के रंग सनत्कुमार संहिता मत—अन्य तन्त्रों के अनुसार वर्णों के रंग—कामधेनुतन्त्रानुमत वर्णों का स्वरूप —पचास वर्ण या युवतियाँ—वर्णों की मूर्ति और महिमा—सनत्कुमारसंहिता में वर्णित महिमा—सोलह स्वर और चान्द्रकलाएँ—स्पर्शयुग्म—द्वादश सौरकलाएँ—दश आग्नेय कलाएँ—प्रणव की पाँच कलाएँ तथा उनसे उत्पन्न पचास वर्ण और उनके नाम—वर्णों के देवता और शक्तियाँ—वर्णों के ऋषि और छन्द ।

षष्ठ अध्याय : मातृका-वर्ण-विकास १४०-१७१

सृष्टि सम्बन्धी प्रचलित मतवाद— परिणाम, विवर्त, प्रतिबिम्ब एवं आभासवाद—परवर्ती दार्शनिकों का वादों के प्रति आग्रह—परिणाम एवं विवर्त — भर्तृहरि, शान्तरक्षित तथा भवभूति सम्मत परिणाम या विवर्त —तन्त्रसम्मत परिणाम—श्रुति, ब्रह्मसूत्र तथा शङ्कर को भी तन्त्रसम्मत परिणामवाद ही अभिमत है—रामानुज, निम्बार्क, बल्लभ आदि आचार्यों का अविकृतपरिणामवाद— तान्त्रिकों को परिणामवाद ही अभीष्ट है—आभासवाद और प्रतिबिम्बवाद की एकता—स्वरूप विवेचन—परिणाम, विवर्त एवं आभासवाद में त्रुटियाँ–स्वातन्त्र्यवाद–आभासवस्तुवाद, आभाससारवस्तुवाद अथवा दर्पणविधि बाह्यवाद की प्रतिरोधी मात्र— क्या स्वातन्त्र्यवाद और आभासवाद एक है— क्षेमराज का आभासपरमार्थवाद और अभिनवगुप्त के आभासवाद की तुलना (टिप्पणी)— उत्तीर्ण तत्त्व—स्फुरत्ता या विमर्शात्मक दर्पण—अहं, पूर्णाहन्ता या शिवशक्तिसामरस्य—एकपदागमा विद्या, एकाक्षरा वाक् अथवा एकवर्ण—'अहं' से वर्णों और उनके सदाशिवादि अर्थों की युगपत् उत्पत्तिका निरूपण—अनुत्तर शिव अथवा 'अकार' का चित् शक्ति—यामल या 'आकार' अथवा आनन्दशक्ति —विश्वविसर्गात्मक परामर्श, इच्छाशक्ति अथवा 'इकार'— ईशित् अथवा ईकार–उन्मेष, ज्ञानशक्ति अथवा उकार—ऊनता या ऊकार—परामर्श-षट्क ही समस्त वर्णों का जनक है—प्रकाश तथा स्तम्भ-स्वभाव ज्वलन और धरात्मक 'र' और 'ल' श्रुतियों का क्षुब्ध और अक्षुब्ध

इच्छा शक्तियों के साथ समापत्ति और षण्ढ वर्णों का जन्म—ज्ञानशक्ति, उत्पत्ति-भूमि नहीं किन्तु अभिव्यक्ति-भूमि—षण्ढ वर्णों में बीज और योनित्व का अभाव—क्षोभ और क्षोभणा—अनुत्तरादि वर्ण-पञ्चक से ए, ऐ और ओ, औ की उत्पत्ति—एकारादि क्रमशः क्रियाशक्ति के अस्फुट, स्फुट, स्फुटतर तथा स्फुटतम रूप—त्रिशूलवर्ण या औकार-बिन्दु-स्वरूप का निरूपण—बिन्दु, शक्तिमत्प्रधान परामर्श—विसर्ग, शक्तिप्रधान परामर्श (वर्ण)—बिन्दु और मकार में अन्तर—विमर्शात्मक विसिसृक्षा अथवा विसर्ग—विसर्ग के तीन रूप—विसर्ग के विविध नाम—वर्गों की वर्णपञ्चकता—अनुत्तर से कवर्ग का जन्म—अक्षुब्ध इच्छा शक्ति से चवर्ग की उत्पत्ति—अक्षुब्ध और क्षुब्धात्मक इच्छा शक्ति से टवर्ग और तवर्ग का उद्भव—उन्मेष से पवर्ग का उदय—पचीस वर्णों की स्पर्शता—अन्तःस्थों की उत्पत्ति का निरूपण—'अन्तःस्थ' का अभिप्राय—ऊष्मा और ऊष्म वर्ण—सकार के विविध अभिधान—षण्ढ वर्णों में उत्पादकता कैसे ? कूटबीज या क्षकार स्वरषट्क या सूर्य-कलाएँ—दीर्घ स्वर और चान्द्रकलाएँ—सूर्य-चन्द्र, भोक्ता और भोग्य—वर्णों में भोक्तृ-भोग्य भाव—वर्णत्रयी—पर, परापर और अपर शक्तियाँ या त्रिक्-द्वादश संवित्तियाँ—योगिनी या कलाएँ—शब्दराशि या भैरव—शाक्त विसर्ग का 'अहं' में अवस्थान—अहन्ता से वर्णों का उदय और उसी में लय—मुण्डमाला या वर्णमाला ।

सप्तम अध्याय : मातृका-वर्ण-रूप वाचक और उनके वाच्य० १७२-१८७

वाचकों और वाच्यों का युगपत्प्रादुर्भाव—अनन्यापेक्षिता—शिवप्रधान वाच्य विश्व—शक्तिप्रधान वाचक विश्व—परात्रिंशका के अनुसार वाचक और उनके वाच्य—स्पर्श वर्ण और पचीस तत्त्व—य से क्ष तक वर्ण समुदाय तथा 'राग' से शक्तिपर्यन्त तत्त्व—स्वर वर्ण और शिव—तिथि या स्वर—तिथियाँ और प्राणचार—प्राण की स्थिति, उदय और अस्त—छत्तीस अंगुलात्मक प्राणवाह-शरीरगत दिन और रात्रि—प्राणापान अथवा सूर्य-चन्द्र—प्राणीय प्रहर—सायं और प्रातः सन्ध्या—प्रभात—क्षण और त्रुटि की परिभाषा—प्राणपथ और सोलह त्रुटियाँ—अपान पथ में भी सोलह त्रुटियाँ—मास—पन्द्रह त्रुटियाँ और तिथि—तिथि, स्वर, तथा

विसर्ग या षोडशी कला—हृदय से द्वादशान्त पर्यन्त प्राणचार के बीच वर्णों का उदय—पर, सूक्ष्म और स्थूल वर्णोदय—परतर, परतम सूक्ष्मसूक्ष्म तथा सूक्ष्मस्थूल वर्णोदय—वर्णों का उदय अयत्नज होता है—स्वच्छन्दतन्त्र के अनुसार बाह्य काष्ठात्मक काल और आध्यात्मिक अहोरात्र—आध्यात्मिक मास—वर्ष—साठ संवत्सर—इक्कीस हजार छः सौ प्राणचार और जप संख्या—वर्ण और ग्रह, राशि तथा नक्षत्र—वर्णों का पञ्चभूतात्मक विभाजन—पञ्चभूत और चित्रलिपियों—वर्णों का नवधा पाञ्चभौतिक वर्गीकरण—वर्ण; ज्ञान-विज्ञान की कुञ्जी।

अष्टम अध्याय : मन्त्र : स्वरूप-विचार तथा प्रकार-भेद १८८–२०२

उपायात्मक मन्त्रों के रूप में परमेश्वर का स्फुरण—मन्त्रों में वर्तमान अव्यय शक्ति—मनन और त्राण—परावागात्मक अनुभूति ही मन्त्र है—मन्त्रवीर्य या मन्त्रोपनिषद्; मन्त्रवर्ण समुदायात्मक मन्त्रों में माया से प्रबल शक्ति का उपपादन—मन्त्रों की नित्यता का स्वरूप विवेचन—चित्त ही मन्त्र है; शिवसूत्र का मत—चित्त का निरूपण—मन्त्रों की त्रिधा व्याख्या—१. पूर्णाहन्तात्मक मन्त्र, २. आराधक का चित्तात्मक मन्त्र तथा ३. वर्णात्मक मन्त्र ग्राह्य और ग्राहक—प्रमेयांश और प्रमात्रंश—परमप्रमाता और अवम प्रमाता—सकल, प्रलयाकल और विज्ञानाकलात्मक प्रमातृगण—विज्ञानाकल अथवा मन्त्र, मन्त्रेश्वर और मन्त्रमहेश्वर—शुद्ध और अशुद्ध अध्वा—विज्ञानाकलों का शुद्ध अध्वा से सम्बन्ध—विज्ञानाकलों का स्वरूप और स्थान—मन्त्रमहेश्वर—आठ मन्त्रेश्वर—सात करोड़ मन्त्र—मन्त्र या रुद्र—विज्ञानाकलों के सम्बन्ध में स्वच्छन्दतन्त्र का मत—परात्रिंशिका का मत—स्पन्दशास्त्र और मन्त्र—नेत्रतन्त्र में मन्त्र सम्बन्धी प्रश्नोत्तर—प्रश्न—मन्त्रों की आत्मा या अधिष्ठाता—मन्त्रों का स्वरूप : आकार या निराकार—तुलनात्मक दृष्टान्त—मन्त्रों का सामर्थ्य—मन्त्रों का प्रेरक कौन ?—उत्तर—मन्त्रः—त्रितत्त्वज—मन्त्रों में शिवत्व और शक्तित्व का निरूपण—मन्त्रों में वाच्य और वाचक शक्तियाँ—मन्त्र और प्रार्थना—स्तुतियाँ—गुणकीर्तन और आशीः—गुणकीर्तन या देवता के स्वरूप की ख्याति—आशीः या सामर्थ्य—मन्त्र अथवा धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष का आमन्त्रक—मन्त्रों के भेद—पुं, स्त्री,

नपुंसक—सिद्ध, साध्य, सुसिद्ध और अरि—पिण्ड, कर्तरी बीज और माला—सात्विक, राजस और तामस—साबर और डामर मन्त्र—मन्त्रों के अन्य सत्तावन भेद—मन्त्रों के संस्कार—ऋणी और धनी मन्त्र ।

उपसंहार :— २०२–२०८

तन्त्रसम्मत मन्त्रविज्ञान तथा वैदिक मन्त्र-विद्या में साध्य का निरूपण—जप और नाद या देवता के सतत अनुसन्धान से मन्त्र देवता की प्रसन्नता ।

परिशिष्ट–१ : रहस्यमयी तान्त्रिक स्तुतियों का संग्रह— २०९–२६८

त्रिपुरसुन्दरीमहिम्न-स्तोत्र, परशम्भुमहिम्न-स्तव, सुभगोदय-स्तुति, पञ्चस्तवी :—(१) लघुस्तुति, (२) घटस्तव, (३) चर्चास्तुति, (४) अम्बास्तुति, (५) सकलजननीस्तव ।

परिशिष्ट २ : नन्दिकेश्वरकाशिका । २६९–२७५

परिशिष्ट ३ : वर्णोद्धारतन्त्रोक्त मातृकाओं की ध्यान सम्बन्धी आकृतियाँ । २७६–२८२

परिशिष्ट ४ : मातृकाओं पर ऐतिहासिक दृष्टि । २८३–२८८

उद्धृत सहायक ग्रन्थों की सूची । २८९–३९२

अनुद्धृत सहायक ग्रन्थों की सूची । २९३–२९४

ग्रन्थकार-परिचयः । २९५–२९६

मन्त्र और मातृकाओं का रहस्य

प्रथम अध्याय

विषय-प्रवेश

आगम और तन्त्र

आगम और तन्त्र—ये दोनों शब्द सामान्यतया पर्याय रूप में प्रयुक्त होते रहे हैं। दार्शनिकों की प्रस्थान परम्परा के अन्तर्गत प्रमाणों की परिगणना के प्रसङ्ग में आगम का आप्तोपदेश के रूप में न केवल उल्लेख हुआ है अपितु अनिवार्य स्वीकृति भी देखी जाती है। शास्त्रात्मक आगम और प्रकृत प्रबन्ध के आधारभूत आगम अथवा तन्त्र के बीच कोई मौलिक पार्थक्य है ऐसी बात नहीं। हाँ, सामान्य-विशेषात्मकता का अन्तर अवश्य किया जा सकता है। 'आगम' की व्याख्या चार[1] प्रकार से सम्भव है :—

१. आप्तोपदेशात्मक आगम।

२. अनिबद्धप्रसिद्धि रूप आगम।

३. निबद्धप्रसिद्धि रूप आगम।

४. प्रतिभात्मक आगम।

सामान्य जनों की प्रज्ञा, मलिन मान्यताओं एवं पक्षपात से संवलित होने के कारण जनता के जीवन में प्रमाण रूप से उपारूढ़ नहीं होती है किन्तु वक्तव्य वस्तु का जिसे निर्बाध एवं पूर्ण बोध है उस आप्त के उपदेश की प्रामाणिकता के प्रति किसी को सन्देह नहीं होता। पृथक्-पृथक् प्रसिद्धियों के सम्बन्ध में पृथक् पृथक् आप्तता देखी जाती है। पाणिनि[2] और वररुचि आदिकों की आप्तता

---

१. एवं प्रतिभारूपेण निबद्धानिबद्धप्रसिद्ध्यात्मना च त्रिविधमागमं प्रदर्श्य रूपान्तरमपि अस्य दर्शयति 'अन्योऽपि' इति। एतासु तिसृषु प्रसिद्धिषु प्रमाणान्तरमूलत्वं न अन्वेष्यम्, आप्तवादे तु तदन्वेषणीयमेव। आप्तिर्वक्तव्ये वस्तुन्यधिगतिस्तत्रश्च वक्तव्यवस्त्वधिगतिः, सा विद्यते यस्य, स आप्तः।

ईश्वरप्रत्यभिज्ञाविवृतिविमर्शिनी, अ० २, वि० ३, पृ० १०२

२. तथा हि पाणिनिवररुचिप्रभृतेर्व्याकरणे, आप्तता प्रसिद्धा, न अक्षपादादेः। पुरुषाप्तवादेन तु लोकाप्तवादपरिग्रहः—तदाह चरणाप्तवाद इति। अयं च आप्तवादः पूर्वोक्तमागमभेदं यथायोगं व्याख्यानादिद्वारेणानुगृह्णाति। तत एव सर्वं आगम आप्तोपदेशशब्देन भगवत्पतञ्जलिप्रभृतिभिः संगृहीतः।

ईश्वरप्रत्यभिज्ञाविवृतिविमर्शिनी, अ० २, वि० ३, पृ० १०३

व्याकरण में प्रसिद्ध है किन्तु अक्षपादादिकों की नहीं। ज्ञान की भिन्न-भिन्न शाखाओं में इस प्रकार भिन्न-भिन्न व्यक्तियों की आप्तता प्रसिद्ध है। यही चरणाप्तवाद अथवा शास्त्राप्तवाद है। पुरुषाप्त की व्याख्यागत उपलब्धियों को जब लोक में पूर्ण समादर प्राप्त हो जाता है तब पुरुषाप्तवाद ही लोकाप्तवाद के रूप में परिणत हो जाता है। 'आगम' शब्द के मूल में 'परम्पराख्याति' की प्रधानता है। आप्त इसीलिए आप्त (प्राप्त) है क्योंकि वह इस परम्परागत वस्तुतथ्य को, जो कालवश उच्छिन्न हो गया था, हृदयङ्गम करके जन-जीवन के बीच प्रकट करता है।

प्रसिद्धि अथवा निरूढ़ि ही 'परम्परा' की उपनिषद् है जो 'आगम' की आख्या को उपलब्ध कर सकी है। यह प्रसिद्धि[1] विशिष्ट वाक्यरचनाओं के रूप में निबद्ध अथवा महाजनों के अनुष्ठानों में अनिबद्ध रूप में देखी जाती है। इन सबका आदिम स्रोत है प्रतिभात्मक आगम अथवा परशक्ति या विमर्श—

प्रतिभानलक्षणा इयं शब्दभावनाख्य आगम एवेति।

ई० प्र० वि० वि०, पृ० ९३

इसी का स्पष्टीकरण स्वच्छन्दतन्त्र में मिलता है—

अदृष्टविग्रहात् शान्ताच्छिवात्परमकारणात्।
ध्वनिरूपं विनिष्क्रान्तं शास्त्रं परमदुर्लभम् ॥
अमूर्ताद् गगनाद्यद्वन्निर्घातो जायते महान्।
शान्तात्संविन्मयात् तद्वच्छब्दाख्यं शास्त्रम्—॥"

ई० प्र० विवृतिविमर्शिनी, पृ० ९७ में उद्धृत

'आगमो ज्ञानमित्युक्तमनन्ताः शास्त्रकोटयः। ३४०।

स्वच्छन्दतन्त्र, पटल ४

वस्तुतः परमेश्वर[2] के रूप का पूर्णतया, अभेद रूप से विमर्शन करने वाली परशक्ति ही आगम है और उस तत्त्व का प्रतिपादक शब्द सन्दर्भ भी। आगम की यह परा कोटि है, भिन्न-भिन्न आगमों का उद्भव यहीं से होता है। समग्र

---

१. निबद्धः इति-विशिष्टवाक्यरचनाभिः। ई० प्र० वि० वि०, पृ० १००
अनिबद्धापि इति—महाजनानुष्ठानशेषतयैव स्थिता। वही, पृ० १०१

२. आसमन्तात् गमयति अभेदेन विमृशति पारमेशं स्वरूपमिति कृत्वा परशक्तिरेवागमः तत्प्रतिपादकस्तु शब्दसन्दर्भः तदुपायत्वात् शास्त्रस्य।
स्वच्छन्दोद्योत, पटल ४, पृ. २१४

आगम अनादि हैं। जिसके[1] हृदय में जिस सिद्धान्त की निरूढ़ि हो गई उसके लिए वही आगम है। 'दृढ़विमर्शरूपं शब्दनमागमः, आसमन्तादर्थं गमयतीति (ई० प्र० वि० वि०, पृ० ८५, अ० २, वि० ३)। प्रतीति या ज्ञान विशेष की निरूढ़ि ही दृढ़ता है। दृढ़तापूर्वक विमर्श स्वाधिकृत आगम का अभ्यास है, जो उसे प्रतीति के अनुरूप बनाने में समर्थ होता[2] है अर्थात् जो जैसा होने की भावना करता है वह वैसा ही हो जाता है। 'श्रद्धामयोऽयं पुरुषः' (गीता, अ० १७, श्लोक ३) आदि से इसी बात को स्पष्ट किया गया है।

आगमों[3] की भिन्नता नियत अधिकारी तथा देश, काल, दशा, सहकारी आदि के विचार से होती है।

बौद्ध एवं कापिलादि आगमों की अनादिता में भी कोई सन्देह नहीं है। क्योंकि भावना के बल से प्राप्त क्षणिकता रूप विमर्श वाला व्यक्ति ही तो बुद्ध है। और उसे क्षणिकादि भावना का उपदेश देने वाला गुरु है पूर्व बुद्ध, उसका भी कोई अन्य उपदेष्टा है—इस प्रकार यह अनियतवक्तृता पारमेश्वर विमर्श या प्रतिभात्मक आगम में पर्यवसित हो जाती है। यही दशा चौबीस तत्त्वों की भावना से भावित कपिल की भी समझनी चाहिए। इसलिए सभी आगम

---

१. सर्वथा अनुमाने न आश्वसितव्यम्। अपि तु आगम एव, स च यो यस्य हृदये निरूढिमुपगतः स एव। ननु एवं यस्य न किञ्चिन्निरूढं, तस्य किम्। ननु एवं यस्य चक्षुषी न स्तः, तस्य किम्?

ई० प्र० वि० वि०, अ० २, वि० ३, पृ० ९६

२. प्रतीतेर्निरूढिर्दृढता। शब्दनरूपत्वं विमर्शनं, यदान्तरं चित्स्वभावस्य अन्तरङ्गं रूपं प्रत्यक्षादेरपि जीवितकल्पं, तेन यद्विमृष्टं, तत्तथैव भवति इति नात्र विवादो यथा गरुड़ एव अहं क्रीडामि पन्नगैर्विषममृतीकरोमि इति। तथा च आहुः—'आत्मानं यादृशं योऽत्र भावयेत्तादृशो ह्यसौ।' 'आत्मानं यादृशं वेद देवा एनं तथा विदुः।' इति च। ततः स एव विमर्श आगम इति उच्यते मुख्यतया, तदुपयोगितया तु उपचारेण तज्जनकोऽपि शब्दराशिः।

ई० प्र० वि० वि०, अ० २, वि० ३, पृ० ९६

३. सर्व एव हि आगमो नियताधिकारिदेशकालदशासहकारिप्रभृतीनामृश्य विधिनिषेधादिविमर्शमयः। ततश्च कश्चित् पुरुषः कश्चिदेव देवसिद्धाद्यन्यतम-करणीयौचितविमर्शं स्वात्मसंयोजनेन विमृशन् भगवता सृष्टः, अन्यस्तु अन्यं विमर्शमिति। दृढनिरूढिरेव च तत्तदधिकारिलक्षणं मुख्यमिति दर्शितं श्रुत्यैव—'यश्चैनमेवं वेद' इति, 'विद्वान् यजेत् इति'। तदर्थमेव च उक्तं—श्रद्धामयोऽयं पुरुषः इत्यादि।

वही, पृ० ८५

अनादि[1] हैं। वेद[2], शैव-वैष्णव आदि आगमों का जो विमृश्यमान अर्थ अनुष्ठान द्वारा प्रसिद्ध है वह अमुक के द्वारा उक्त है, व्यक्ति विशेष के द्वारा उत्पादित है, इस काल से लेकर ही प्रवृत्त हुआ है—इस प्रकार परिच्छिन्न नहीं किया जा सकता। वहाँ अनवच्छिन्न प्रकाशधर्मक परमेश्वर ही विमर्श रूप से विद्यमान रहता है अतः अनादिता भी अबाधित है। कठ आदिकों, भार्गव, मतङ्गप्रमुखों एवं नारद प्रभृति द्वारा प्रसिद्ध अनादि अनुष्ठान ही, समास एवं व्यास रूप में उपकल्पित वाक्य-योजनाओं द्वारा शब्दरूप में निबद्ध[3] किया जाता है।

वेद भी एक प्रकार का आगम ही है जो सम्पूर्ण आगमों का अविसंवादी है—

नुमस्त्वां ऋग्यजुःसाम्नां शुक्रतः परतः परम्।
यस्य वेदात्मिकाज्ञेयमहो गम्भीरसुन्दरी॥

स्तवचिन्तामणि ६९

इच्छादि तीनों शक्तियों से युक्त, ऋगादि वेदों की शुक्र अथवा वीर्य या सार रूप तीनों वाणियों से परे, परशक्तिरूप आनन्दधाम है। उससे भी परे, समस्त शक्तियों की प्रतिष्ठा रूप परम शक्ति का विश्राम पद है; जिसकी गाम्भीर्य और सौन्दर्य की अतिशय रूप आज्ञा है—अध्यात्म, अधिभूत और अधिदेवादि सहस्त्रों विषयों से सगर्भ वेदागम।[4]

---

१. न हि बुद्धो नाम नियतः कश्चित् अपि तु भावनाबलप्रतिलब्धक्षणिकादि-दृढविमर्शः। तस्य क्षणिकादिभावनोपदेशी गुरुः पूर्वबुद्धः तस्यापि अन्यः—इति क्रमेण अनियतवक्तृकत्वात् पारमेश्वरविमर्शमयतैव वस्तुतः। एवं चतुर्विंशति तत्वभावभावनाभावितः कपिलो मन्तव्यः अत एव सर्वागमा अनादय एव।

—ई० प्र० वि० वि०, पृ० ९७

२. वेदशैववैष्णवादीनां हि योऽर्थो विमृश्यमानः परस्परानुष्ठानेन प्रसिद्धः, सोऽनेनैव उक्तः, अनेनैव उत्पादितः, अमुष्मात् कालादारभ्यैव प्रवृत्त इति न अवच्छेदभागिति अनवच्छिन्नप्रकाशधर्मो विमर्शात्मा परमेश्वर एवेति अनादि-त्वमेव तत्र। वही, पृ० ९२

३. द्रष्टव्य ई० प्र० वि० वि०, पृ० ९२

४. ऋगादीनां शुक्रं सारं वीर्यं वाक्त्रयं पूर्वं व्याख्यातमिच्छादिशक्तित्रयमयं ततो यत्परं परशक्त्यात्मकमानन्दधाम, ततः परं समस्तशक्तिप्रतिष्ठारूपपरम-शक्तिविश्रान्तिधाम; तत् नुमः। अहो इति गाम्भीर्यस्य सौन्दर्यस्य च अतिशयं द्योतयन् अध्यात्माधिभूताधिदेवादिविषयार्थसहस्रगर्भत्वमाचक्षाणः सर्वागमावि-संवादितां वेदागमस्य आह। ई० प्र० वि० वि०, पृ० ९९

वेद सामान्यता निगम के नाम से विख्यात है। शब्दब्रह्मविद् महावैयाकरण भर्तृहरि ने कहा है—कोई भी आगमों को अकर्तृक नहीं मानता। त्रयी अर्थात् वेद ही आगमों का मूल है। पूर्वागमों के उच्छिन्न हो जाने पर वेद में ही बीज रूप से सन्निविष्ट रहने के कारण उन्हीं के आधार पर आगमान्तरों का निबन्धन किया जाता है। अतः उनकी (आगमों की) भी प्रवाह से अनादिता[1] सिद्ध होती है—

न जात्वकर्तृकं कश्चिदागमं प्रतिपद्यते।
बीजं सर्वागमापाये त्रय्येवादौ व्यवस्थिता ॥१३४॥

वाक्यपदीय, प्र० का०

पूर्वोक्त विवेचना द्वारा यह स्पष्ट हो जाता है कि आगम का 'परम्परा प्राप्त' ही मौलिक अर्थ है। परम्परा का भी स्रोत वेद या निगम है। भर्तृहरि के मत में आगम और स्मृति[2] में कोई अन्तर नहीं। आगम की रहस्यमयता के सम्बन्ध में निम्नांकित विवरण अधिक उपादेय होगा :—

निगम अथवा वेद में सूर्य मुख्य है। सूर्य को त्रयी[3]—वेदत्रय का रूप ही बताया गया है। आगम में वही बिन्दु, प्रकृति अथवा शब्दब्रह्म के रूप में प्रसिद्ध है। शब्दब्रह्म के वाच्य तत्त्व सदाशिव अथवा पञ्चमुख महेश्वर को वैदिक 'आदित्य' में देखा जा सकता है। छान्दोग्य उपनिषद् में कहा गया है—

आदित्य[4] देवमधु है, द्युलोक उसका तिरछा बांस है, अन्तरिक्ष मधुमक्षि-

---

१. तानि पूर्वागमेषु विच्छिन्नेषु अन्येषु प्रणेतृषु आगमान्तरानुसन्धाने बीजवदवतिष्ठन्ते। तान्येव बीजान्यासाद्य पुनः प्रणेतृभिरागमा निबध्यन्ते इति प्रवाहानादित्वं सिद्धमिति नागमा आप्रमाणमिति भावः।

वाक्यपदीय टीका, पृ० ५१–५२

२. साधुत्वज्ञानविषया सैषा व्याकरणस्मृतिः। १४३ ब्रह्मकाण्ड (वा०प०)
यः पतञ्जलिशिष्येभ्यो भ्रष्टो व्याकरणागमः ४८८ द्वि० का० (वा० प०)
स्मृतो ह्यर्थः पारम्पर्यादविच्छेदेन पुनः पुर्ननिबध्यत इति अनादिरागममूला चेयमपि स्मृतिः। वा० प० टीका, प्र० का०, पृ० ५५

३. सैषा त्रयी एव विद्या तपति। शतपथ ब्रा० १०।५।२।२

४. असौ वा आदित्यो देवमधु, तस्य द्यौरेव तिरश्चीनवंशोऽन्तरीक्षम् अपूपः मरीचयः पुत्राः। छा० उ०, ३।१

तस्य ये प्राञ्चो रश्मयः ता एवास्य प्राच्यो मधुनाड्यः।
ऋच एव मधुकृतः, ऋग्वेद एव पुष्पं ता अमृता आपः। ३।२

अथ येऽस्य दक्षिणा रश्मयस्ता एवास्य दक्षिणा मधुनाड्यः यजूंष्येव मधुकृतो यजुर्वेद एव पुष्पम्। ३।२।१

काओं का छत्ता है, किरणें बच्चे हैं। आदित्य के पूर्व, दक्षिण, पश्चिम और उत्तर दिशाओं की किरणों से क्रमशः ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद एवं इतिहास पुराणात्मक पुष्प रस प्रवाहित होता है। ऊर्ध्वगत रश्मियों से गुह्य आदेशात्मक मधुकर एवं ब्रह्म (प्रणव) तत्त्वात्मक पुष्प का रस प्रवाहित होता है। आदित्य के पूर्वादि मुखों को अग्नि, इन्द्र, वरुण, सोम और ब्रह्मा के नाम से कहा गया है। ये अग्नि आदि सदाशिव के सद्योजात, तत्पुरुष, वामदेव, अघोर और ईशान[1] मुख हैं। आदित्य अथवा सदाशिव के ईशानात्मक ऊर्ध्वमुख से निर्गत गुह्य आदेश ही आगम है। यही बात स्वच्छन्द तन्त्र में भी कही गई है—

मन्त्राख्यं तु महाज्ञानमीशानात्तु विनिर्गतम् ॥४५॥

पटल ११

सद्योजातस्तु ऋग्वेदो वामदेवो यजुःस्मृतः।
अघोरः सामवेदस्तु पुरुषोऽथर्व उच्यते ॥४२॥
ईशानश्च सुरश्रेष्ठः सर्वविद्यात्मकः स्मृतः ॥४३॥

पटल ११

साम्बपञ्चाशिका के सातवें तथा आठवें श्लोक में भी पूर्वोक्त विवृति का संकेत निम्नांकित रूप में मिलता है—

'त्रिगुणवपु, सर्वज्ञ, अव्याकृत, जगत्कारणरूप जिस सूर्यमण्डल में बिन्दु-रूप शब्दब्रह्म सन्निविष्ट है। तथा जो उत्तम योगियों के हृदय में ब्रह्माकार में परिणत बुद्धि वृत्ति के लिए, और मध्यम योगियों को अर्चिरादि पथ द्वारा ब्रह्मलोक पर्यन्त निर्वाण मार्ग के रूप में शोभित होता है, वेदत्रयी का आधार-

---

अथ येऽस्य प्रत्यञ्चो रश्मयः ता एवास्य प्रतीच्यो मधुनाड्यः सामान्येव मधुकृतः सामवेद एव पुष्पम्।

अथ येऽस्योदञ्चो रश्मयः ता एवास्योदीच्यो मधुनाड्योऽथर्वाङ्गिरस एव मधुकृतः इतिहासपुराणं पुष्पम्। अथ येऽस्योर्ध्वा रश्मयः ता एवास्योर्ध्वा मधुनाडयो गुह्या एवादेशा मधुकृतः ब्रह्मैव पुष्पम्, ता अमृता आप।

तद्यत् प्रथमं अमृतं तद् वसव उपजीव्यन्ति अग्निना मुखेन।
अथ यद्द्वितीयममृतं तद्रुद्रा उपजीव्यन्ति इन्द्रेण मुखेन।
अथ यत् तृतीयममृतं तदादित्या उपजीव्यन्ति वरुणेन मुखेन।
अथ यच्चतुर्थममृतं तन्मरुत उपजीव्यन्ति सोमेन मुखेन।
अथ यत्पञ्चममममृतं तत्साध्या उपजीव्यन्ति ब्रह्मणा मुखेन।

—छा० उ०, अ० ३, ख १-१०

१. द्रष्टव्य—'दि ऋग्वेदिक कल्चर आफ दि प्रिहिस्टारिक इण्डस'

—द्वि० ग्रन्थ, पृ० ११०

भूत प्रणव ही जिसका सूक्ष्म मण्डल है, सम्पूर्ण प्राणियों के अन्तःकरण में इन्द्रियों से अग्राह्य अतिसूक्ष्म रूप में वर्तमान तथा बाह्य आकाश में स्थूल और व्यापक रूप में अवस्थित उस सूर्यमण्डल की, अविद्या नाश के लिए, मैं शरण ग्रहण करता हूँ।'

'देवगण, पितर तथा मनुष्यों द्वारा प्रतिदिन उपभुक्त होकर क्षीण चन्द्रमा, जिसमें प्रवेश करके पूर्णता लाभ करता है, तथा जिस मधुमय आदित्य में वेद, मधु-मक्षिकाओं[1] के सदृश शोभित होते हैं मैं उसी सूर्यमण्डल के मध्य में स्थित अमित आनन्दरूप अमृत के शरणापन्न होता हूँ।'

वस्तुतः महेश्वर[2] के वक्त्र से निर्गत, एवं गिरिजा के मुख में आगत ज्ञान को 'आगम' कहने में भी कोई अनुपपत्ति नहीं है। सदाशिव रूपी सूर्य के ऊर्ध्व मुख से ज्ञान अहर्निश निर्गत हो रहा है। उसको ग्रहण करने के लिए तदनुरूप शक्ति की आवश्यकता होती है। यह गिरिजाख्य शक्ति किसी भाग्यशाली व्यक्ति के अन्तःकरण में जागरूक होकर उस ज्ञान-धारा को आत्मसात् करती है। अनन्तर उसी व्यक्ति को निमित्त बनाकर यह शक्ति उस माहेश्वर ज्ञान को वाक्यों में निबद्ध करती है। इस प्रकार का निबन्धन ही लोक में आगम के नाम से ख्यात होता है।

भिन्न-भिन्न शास्त्रों के अतिरिक्त 'आगम' शब्द एक विशेष साहित्य के अर्थ में रूढ़ हो गया है। इस साहित्य में शुभागम पञ्चक तथा अट्ठाइस कामिक

---

१. यत्रारूढं त्रिगुणवपुषि ब्रह्म तद्बिन्दुरूपं
योगीन्द्राणां यदपि परमं भाति निर्वाणमार्गः।
त्रय्याधारः प्रणव इति यन्मण्डलं चण्डरश्मे-
रन्तःसूक्ष्मं बहिरपि बृहन्मुक्तये तत् प्रपद्ये ॥७॥
यस्मिन् सोमः सुरपितृनरैरन्वहं पीयमानः
क्षीणः क्षीणः प्रविशति यतो वर्धते चापि भूयः।
यस्मिन् वेदा मधुनि सरघाकारवद्भान्ति चाग्रे
तच्चण्डांशोरमृतममितं मण्डलस्थं प्रपद्ये ॥८॥
—साम्बपञ्चाशिका

२. आगतः शिववक्त्रेभ्यो गतश्च गिरिजानने।
मतश्च हृदयाम्भोजे तस्मादागम उच्यते॥
—रुद्रयामल, वाचस्पत्यम्, में उद्धृत, पृ० ६१६

आदि आगम प्रसिद्ध हैं। समय, मिश्र और कौल नामक तान्त्रिक मार्गों में शुभागम पञ्चक का स्थान समयमार्ग[1] के अन्तर्गत है।

१. वासिष्ठसंहिता, २. सनकसंहिता, ३. शुकसंहिता, ४. सनन्दनसंहिता, ५. सनत्कुमारसंहिता—ये ही शुभागम के नाम से प्रसिद्ध हैं। आजकल ये ग्रंथ उपलब्ध नहीं हैं। सौन्दर्यलहरी के टीकाकार लक्ष्मीधर तथा भास्करराय ने इनको बहुशः उद्धृत किया है। इन संहिताओं में—षोडश नित्याओं, चक्रविद्या अथवा चन्द्रकलाविद्या एवं श्रीचक्र तथा षट्चक्रों का व्यापक वर्णन किया गया है। चन्द्रकला विद्या के अन्तर्गत वर्णमाला का भी रहस्यमय वर्णन मिलता है। समय मत की जानकारी के लिए—'तवाधारे मूले सह समयया लास्यपरया' इस आनन्दलहरी के इकतालिसवें श्लोक की लक्ष्मीधरा व्याख्या देखना चाहिए। इसके अतिरिक्त 'समयाचारतत्परा' इस ललितासहस्रनाम के ८८ वें श्लोक पर सौभाग्यभास्कर द्रष्टव्य है। अट्ठाइस आगम निम्नांकित हैं[2]—

---

१. अयं शुभागमपञ्चकनिरूपितो मार्गः वशिष्ठसनकशुकसनन्दनसनत्कुमारैः—पञ्चभिः मुनिभिः प्रदर्शितः। अयनेव समयाचार इति व्यवह्रियते।

—सौन्दर्यलहरी के ३१ वें श्लोक की लक्ष्मीधर कृत टीका

२. शरीरपक्षेऽपि कामिकागमे—

'कामिकं पादकमलं योगजं गुल्फयोर्युगम्।
पादद्वयाङ्गुलीरूपे कारणप्रसृताह्वये।
अजिता जानुनोर्युग्मं दीप्तमूरुद्वयं विभोः।
पृष्ठभागेंऽशुमानस्य नाभिः श्रीसुप्रभेदकम्।
विजयं जठरं प्राहुर्निःश्वासं हृदयात्मकम्।
स्वायम्भुवं स्तनद्वन्द्वमनलं लोचनत्रयम्।
वीरागमः कण्ठदेशो रुरुतन्त्रं श्रुतिद्वयम्॥
मुकुटं मुकुटं तन्त्रं बाहवो विमलागमः।
चन्द्रज्ञानमुरः प्रोक्तं बिम्बं वदनपङ्कजम्।
प्रोद्गीततन्त्रं रसना ललितं गण्डयोर्युगम्।
सिद्धं ललाटफलकं सन्तानं कुण्डलद्वयम्।
किरणं रत्नभूषा स्याद्वातुलं वसनात्मकम्।
अङ्गोपाङ्गानि रोमाणि तन्त्राण्यन्यापि कृत्स्नशः।
एवं तन्त्रात्मकं रूपं महादेव्या विचिन्तयेत्।

—सौभाग्यभास्कर, पृ० ६८

१. कामिक, २. योगज, ३. कारण, ४. प्रसृतागम, ५. अजितागम, ६. दीप्तागम, ७. अंशुमानागम, ८. सुप्रभेदागम, ९. विजयागम, १०. निःश्वासागम ११. स्वायम्भुवागम, १२. अनलागम, १३. वीरागम, १४. रौरवागम, १५. मुकुटागम, १६. विमलागम, १७. चन्द्रज्ञानागम, १८. बिम्बागम, १९. प्रोद्गीत, २०. ललितागम, २१. सिद्धागम, २२. सन्तानागम, २३, किरणागम, २४. वातुलागम। २५. सूक्ष्म, २६. सहस्र, २७. सर्वोत्तर, २८. परमेश्वर।

कामिकागम में प्रारम्भिक चौबीस आगमों का ही उल्लेख है। किन्तु इनके अतिरिक्त अन्य भी आगम थे—इस बात का भी संकेत वहीं मिल जाता है। अप्पय दीक्षित[1] ने 'शिवार्चन चन्द्रिका' में अट्ठाइस आगमों की श्लोक संख्या का वर्णन किया है। इससे इनकी संख्या का अट्ठाइस होना निश्चित प्रतीत होता है। इन आगम ग्रन्थों में विविध ज्ञान-विज्ञानात्मक सामग्री के अतिरिक्त ऐहिक एवं पारलौकिक अभ्युदय तथा निःश्रेयस के उपायों का वर्णन किया गया है। वाचस्पति मिश्र ने सम्भवतः इसी को लक्ष्य में रखकर तत्त्ववैशारदी में कहा है—"आगच्छन्ति बुद्धिमारोहन्ति यस्मादभ्युदयनिःश्रेयसोपायाः स आगमः"।

आचार्य अभिनवगुप्त ने, तन्त्रलोक के प्रथम आह्निक में भी पूर्वोक्त अट्ठाइस आगमों का उल्लेख किया है—

दशाष्टादशवस्वष्टभिन्नं यच्छासनं विभोः।
तत्सारं त्रिकशास्त्रं हि तत्सारं मालिनीमतम्॥ १८॥

अर्थात् दश शिवागम, अट्ठारह रुद्रागम तथा चौसठ भैरव तन्त्रों के रूप में विभक्त परमेश्वर के शासन का सार ही त्रिकशास्त्र है; और उसका भी सारभूत मालिनीमत कहा जाता है।

राजानक[2] जयरथ ने, इसी श्लोक की टीका करते हुए श्रीकण्ठी नामक

---

१. द्रष्टव्य भास्करी, तृतीय भाग, पृ० ७ की भूमिका—डा०के०सी०पाण्डेय

२. एतच्च श्रीश्रीकण्ठचामभिधानपूर्वं विस्तरत उक्तं, तद्यथा—
'स्रोतस्यूर्ध्वे भवेज्ज्ञानं शिवरुद्राभिधं द्विधा।
कामजं योगजं, चिन्त्यं मौकुटं चांशुमत्पुनः।
दीप्त.....न्तरं पुनः।
शिवभेदाः समाख्याता रुद्रभेदास्त्विमाञ्छृणु।
विजयं चैव निःश्वासं मद्गीतं पारमेश्वरम्।
मुखबिम्बं च सिद्धं च सन्तानं नारसिंहकम्।

किसी पुरातन ग्रन्थ से आठ द्वैतवादी, अट्ठारह द्वैताद्वैतवादी, एवं चौसठ अद्वैतवादी तन्त्रों को उद्धृत किया है।

तन्त्र शब्द का प्रयोग आयुर्वेद, मीमांसा, तथा सांख्यादि शास्त्रों के अर्थ में भी हुआ है। 'ब्रह्मयामल' के—

तन्त्रकृत्तन्त्रसम्पूज्या तन्त्रेशी तन्त्रसम्मता।
तन्त्रेशा तन्त्रवित्तन्त्रसाध्या तन्त्रस्वरूपिणी॥

इस श्लोक से 'तन्त्र'[1] के विविध अर्थों का संकेत मिलता है। वस्तुतः भावी विश्व की रूप-रेखा जहाँ बनती है—तानी जाती है वह सूक्ष्मकृति सम्पन्न अभेद का रूप वस्तु-तत्त्व ही तन्त्र है : अनन्तर वही वस्तुतत्त्व, जब कुछ पूर्व दशा से उन्मिषित होता है तब भेद और अभेद रूप को प्राप्त करके भावी प्रसार अथवा फैलाव का मध्यावस्थात्मक ठाठ या तन्त्र कहलाता है और भेदात्मक पूर्ण प्रसार तो तन्त्र है ही। इस प्रकार तन्त्र की त्रिधा स्थिति ही सम्भव है। इसी तथ्य को लक्ष्य में रखकर कहा गया है—

तन्त्रं जज्ञे रुद्रशिवभैरवाख्यमिदं त्रिधा।
वस्तुतो हि त्रिधैवेयं ज्ञानसत्ता विजृम्भते।
भेदेन भेदाभेदेन तथैवाभेदभागिना।

तन्त्रालोक टीका, प्र० आ०, पृ० ४५

भैरव अभेद दशा है, रुद्र भेदाभेद दशा और शिव भेद दशा है। पीछे कहा गया है कि त्रिक ही तन्त्रों का सार है। यही बात वेद के लिए भी प्रसिद्ध है। ऋक्, यजुः और साम यह त्रयी वेद का सार है[2]। यजुः अभेदावस्था है

चन्द्राशुं वीरभद्रं च आग्नेयं च स्वयम्भुवम्।
विसरं रौरवाः पञ्च विमलं किरणं तथा।
ललितं सौरभेयं च तन्त्राण्याहुर्महेश्वरि।
अष्टाविंशतिरित्येवमूर्ध्वस्रोतोविनिर्गताः॥

१. तन्त्र शब्द के भिन्न-भिन्न अर्थ—१. कुटुम्बभरणादिकृत्य, २. सिद्धान्त, ३. औषधि, ४. प्रधान, ५. परिच्छद, ६. वेदशाखाभेद, ७. हेतु, ८. उभयार्थक प्रयोग, ९. इतिकर्तव्यता, १०. तन्तुवाय, ११. राष्ट्र, १२. परच्छन्दानुगमन, १३. स्वराष्ट्र चिन्ता, १४. प्रबन्ध, १५. शपथ, १६. घन, १७. गृह, १८. वयन-साधन, १९. कुल, २०. शिवादिशास्त्रभेद। —वाचस्पत्यम्, पृ० ३२२५

२. स वा एषा वाक् त्रेधा विहिता ऋचो, यजूंषि, सामानि। सा या सा वागसौ स आदित्यः।.....मण्डलमेवर्चः,
अर्चिः सामानि, पुरुषो यजूंषि। शतपथ ब्रा० १०

ऋक् भेदाभेदावस्था है और साम भेदावस्था। सूर्य के रूप में त्रयी तप रही है। सूर्य के अन्तराल में अधिष्ठाता रूप से विद्यमान पुरुष यजुः है, मण्डल ऋक् है, और साम है सूर्य की त्रिभुवनव्यापी रश्मिमाला।

सूर्य[1] रूपी सदाशिव गुरु और शिष्य—शिव और पार्वती के रूप में तन्त्र की अवतारणा कर रहे हैं। विष्णुक्रान्ता, रथक्रान्ता[2] और अश्वक्रान्तात्मक त्रिधा भेदों में विभक्त होकर तन्त्र प्रसृत हो रहा है। स्पष्ट है कि यह विभाजन यजुः, ऋक् और साम अथवा पुरुष, पिण्ड और रश्मि-प्रसार के अतिरिक्त और कुछ नहीं है। यही भेद, भेदाभेद और अभेदात्मक तन्त्रों की 'उपनिषद्' है। एक ही वस्तु किस प्रकार भिन्न-भिन्न तथा भिन्न अवस्था ग्रहण करती है इसी का निरूपण विविध तन्त्रों द्वारा किया जाता है। और इस प्रक्रिया में कोई असामञ्जस्य भी नहीं।

विष्णुक्रान्तादि[3] क्रमों से सम्बद्ध चौसठ-चौसठ तन्त्रों के तीन वर्ग हैं।

विष्णुक्रान्ता वर्ग के तन्त्र ग्रन्थ—

१. सिद्धीश्वर	७. देव्यागम	१३. सिद्धिसारस्वत
२. कालीतन्त्र	८. उत्तर	१४. वाराही
३. कुलार्णव	९. श्रीक्रम	१५. योगिनी
४. ज्ञानार्णव	१०. सिद्धियामल	१६. गणेशविमर्शिनी
५. नीलतन्त्र	११. मत्स्यसूक्त	१७. नित्यातन्त्र
६. फेत्कारी	१२. सिद्धसार	१८. शिवागम

---

१. गुरुशिष्यपदे स्थित्वा स्वयं देवः सदाशिवः।
पूर्वोत्तरपदैर्वाक्यैस्तन्त्रं समवतारयत्॥ परात्रिंशिकाविवरण, पृ० १२

२. असौ वा आदित्य एष रथः। शतप० ९।४।१।१५
सप्त युञ्जन्ति रथमेकचक्रम्। ऋ० २, अस्यवा० सूक्त

३. The extent of the 'Tantra Shastra' may in a small degree be made apparent by a reference to the groups (of 64 Tantras each) which have been assigned to the regions known as 'Vishnu-Kranta, Ratha-Kranta and Ashva-Kranta'. The following tantras are assigned by the मासिद्धिसारतन्त्र to the several regions though there are differences of opinion as regards particular Tantras. —तन्त्राभिधान की भूमिका—आर्थर अवलन

१९. चामुण्डा
२०. मुण्डमाला
२१. हंसमहेश्वर
२२. निरुत्तर
२३. कुलप्रकाश
२४. देवीकल्प
२५. गन्धर्व
२६. क्रियासार
२७. निबन्ध
२८. स्वतन्त्र
२९. सम्मोहन
३०. तन्त्रराज
३१. ललिता
३२. राधा
३३. मालिनी
३४. रुद्रयामल
३५. वृहद् श्रीक्रम
३६. गवाक्ष
३७. सुकुमुदिनी
३८. विशुद्धेश्वर
३९. मालिनीविजय
४०. समयाचार
४१. भैरवी
४२. योगिनीहृदय
४३. भैरव
४४. सनत्कुमार
४५. योनि
४६. तन्त्रान्तर
४७. नवरत्नेश्वर
४८. कुलचूडामणि
४९. भावचूडामणि
५०. दैवप्रकाश
५१. कामाख्या
५२. कामधेनु
५३. कुमारी
५४. भूतडामर
५५. यामल
५६. ब्रह्मयामल
५७. विश्वसार
५८. महाकाल
५९. कुलोड्डीश
६०. कुलामृत
६१. कुब्जिका
६२. यन्त्रचिन्तामणि
६३. कालीविलास
६४. मायातन्त्र ।

रथक्रान्तावर्गीय तन्त्र—

१. चिन्मय
२. मत्स्यसूक्त
३. महिषमर्दिनी
४. मातृकोदय
५. हंसमहेश्वर
६. मेरु
७. महानील
८. महानिर्वाण
९. भूतडामर
१०. देवडामर
११. बीजचिन्तामणि
१२. एकजटा
१३. वासुदेवरहस्य
१४. वृहद्गौतमीय
१५. वर्णोद्धृति
१६. छायानील
१७. वृहद्योनि
१८. ब्रह्मज्ञान
१९. गरुड
२०. वर्णविलास
२१. बालाविलास
२२. पुरश्चरणचन्द्रिका
२३. पुरश्चरणरसोल्लास
२४. पञ्चदशी
२५. पिच्छिला
२६. प्रपञ्चसार
२७. परमेश्वर
२८. नवरत्नेश्वर
२९. नारदीय
३०. नागार्जुन
३१. योगसार
३२. दक्षिणामूर्ति
३३. योगस्वरोदय
३४. यक्षिणीतन्त्र
३५. स्वरोदय
३६. ज्ञानभैरव
३७. आकाशभैरव
३८. राजराजेश्वरी
३९. रेवती
४०. सारस
४१. इन्द्रजाल
४२. कृकलासदीपिका
४३. कङ्कालमालिनी
४४. कालोत्तम
४५. यक्षडामर
४६. सरस्वती
४७. शारदा
४८. शक्तिसङ्गम

४९. शक्तिकागमसर्वस्व
५०. सम्मोहिनी
५१. इन्द्रजाल
५२. चीनाचार
५३. षडाम्नाय
५४. करालभैरव
५५. षोढ़ा
५६. महालक्ष्मी
५७. कैवल्य
५८. कुलसद्भाव
५९. सिद्धितद्धरि
६०. कृतिसार
६१. कालभैरव
६२. उड्डामरेश्वर
६३. महाकाल
६४. भूतभैरव ।

अश्वक्रान्ता वर्ग से सम्बद्ध तन्त्र—

१. भूतशुद्धि
२. गुप्तदीक्षा
३. वृहत्सार
४. तत्त्वसार
५. वर्णसार
६. क्रियासार
७. गुप्ततन्त्र
८. गुप्तसार
९. वृहत्तोडल
१०. वृहन्निर्वाण
११. वृहत्कङ्कालिनी
१२. सिद्धातन्त्र
१३. कालतन्त्र
१४. शिवतन्त्र
१५. सारात्सार
१६. गौरीतन्त्र
१७. योगतन्त्र
१८. धर्मकतन्त्र
१९. तत्त्वचिन्तामणि
२०. बिन्दुतत्त्व
२१. महायोगिनी
२२. वृहद्योगिनी
२३. शिवार्चन
२४. शम्बर
२५. शूलिनी
२६. महामालिनी
२७. मोक्ष
२८. वृहन्मालिनी
२९. महामोक्ष
३०. वृहन्मोक्ष
३१. गोपीतन्त्र
३२. भूतलिपि
३३. कामिनी
३४. मोहिनी
३५. मोहन
३६. समीरण
३७. कामकेशर
३८. महावीर
३९. चूडामणि
४०. गुर्वर्चन
४१. गोप्य
४२. तीक्ष्ण
४३. मङ्गला
४४. कामरत्न
४५. गोपलीलामृत
४६. ब्रह्माण्ड
४७. चीन
४८. महानिरुत्तर
४९. भूतेश्वरी
५०. गायत्री
५१. विशुद्धेश्वर
५२. योगार्णव
५३. भेरुण्डा
५४. मन्त्रचिन्तामणि
५५. यन्त्रचूडामणि
५६. विद्युल्लता
५७. भुवनेश्वरी
५८. लीलावती
५९. वृहच्चीन
६०. कुरञ्ज
६१. जयराधामाधव
६२. उज्जासक
६३. धूमावती
६४. शिव ।

आचार्य शङ्कर ने सौन्दर्यलहरी[1] में तन्त्रों की चौंसठ संख्या का उल्लेख

१. चतुःषष्टया तन्त्रैः सकलमतिसन्धाय भुवनं
स्थितस्तत्तत्सिद्धिप्रसवपरतन्त्रो पशुपतिः ।
पुनस्त्वन्निर्बन्धादखिलपुरुषार्थैकघटना
स्वतन्त्रं ते तन्त्रं क्षितितलमवातीतरदिदम् ॥ सौन्दर्यलहरी, श्लोक ३१

किया है टीकाकार लक्ष्मीधर ने वहीं चौंसठ तन्त्र ग्रन्थों का विवरण भी प्रस्तुत किया है। चौंसठ संख्या रहस्यमय है। सम्भव है संख्या शम्भु[1] द्वारा अभिमत चौंसठ वर्णों की निर्देशिका हो। वर्णों को भी तन्त्र[2] कहने में कोई अनौचित्य नहीं, क्योंकि उन्हीं के द्वारा सम्पूर्ण वाङ्मय का वितान ताना जाता है।

लक्ष्मीधर ने चतुःशती[3] नामक ग्रन्थ से चौंसठ तन्त्रों को उद्धृत किया है। चतुःशती, वामकेश्वरतन्त्र के ही प्राथमिक ४ सौ श्लोकों को कहते हैं। उत्तरचतुःशती सुन्दरी अथवा योगिनी हृदय है। दोनों को मिलाकर नित्याषोडशिकार्णव की आख्या दी गई है। वामकेश्वरतन्त्र, सेतुबन्ध, कुलचूडामणितन्त्र तथा लक्ष्मीधर के अनुसार चौंसठ तन्त्र—

१. महामायातन्त्र (कुलचूडामणि–मायोत्तरतन्त्र), २. शम्बरतन्त्र (कुलचूडामणि—महासारस्वत), ३. योगिनी, ४. जालशम्बर, ५. तत्त्वशम्बर, ६. भैरवाष्टक (कुछ लोगों के मत में—१. असिताङ्ग, २. रुरु, ३. चण्ड, ४. क्रोध, ५. उन्मत्त, ६. कपाली, ७. भीषण, ८. संहार—ये आठ पृथक् तन्त्र है) ७. बहुरूपाष्टक—ब्राह्मी, ८. माहेश्वरी, ९. कौमारी, १०. वैष्णवी, ११. वाराही, १२. माहेन्द्री, १३. चामुण्डा, १४. शिवदूती—यामलाष्टक, १५. ब्रह्मयामल, १६. विष्णुयामल, १७. रुद्रयामल, १८. लक्ष्मीयामल, १९. उमायामल, २०. स्कन्दयामल, २१. गणेशयामल, २२. जयद्रथयामल, २३, चन्द्रज्ञान, २४. वासुकि (लक्ष्मीधर—मालिनी), २५. महासम्मोहन (लक्ष्मीधर ने संख्या १ में महामायाशम्बर और २ में योगिनीजालशम्बर को रक्खा है, सम्भवतः उन्होंने लक्ष्मण नामक टीकाकार का अनुसरण किया है। भास्करराय ने, ऋजुविमर्शिनी को प्रायः तथा अर्थरत्नावली को कहीं-कहीं अपना आदर्श बनाया है ऐसा प्रतीत होता है।), २६. महोच्छुष्म, २७. वातुल, २८. वातुलोत्तर, २९. हृद्भेद, ३०. तन्त्रभेद, ३१. गुह्यतन्त्र, ३२. कामिक, ३३. कलावाद, ३४. कलासार, ३५. कुब्जिकामत,

---

१. त्रिषष्टिः चतुःषष्टिर्वा वर्णाः शम्भुमते मताः — पाणिनीय शिक्षा

२. सर्वः शब्दः १३। सर्वार्थः १४। नित्यः १५। तन्त्रः १६।
पूर्वपाणिनीयसूत्र

३. ऋजुविमर्शिन्यामुक्तम्—श्रीवामकेश्वरं नाम शास्त्रं तन्त्रं प्रकाशते।
मध्ये शास्त्रस्य तस्यास्ति नित्याषोडशिकार्णवः॥
तत्र च द्वे चतुःशत्याविति— सेतुबन्ध, पृ० ७

३६. तन्त्रोत्तर, ३७. वीणातन्त्र, ३८. त्रोतल, ३९. त्रोतलोत्तर. ४०. पञ्चामृत, ४१. रूपभेद, ४२. भूतोड्डामर, ४३. कुलसार, ४४. कुलोड्डीश, ४५. कुल-चूड़ामणि, ४६. सर्वज्ञानोत्तर, ४७. महाकालीमत, ४८. महालक्ष्मीमत, ४९. सिद्धयोगेश्वरीमत, ५०. कुरूपिकामत, ५१. देवरूपिकामत, ५२. सर्ववीर-मत, ५३. विमलामत, ५४. पूर्वाम्नाय, ५५. पश्चिमाम्नाय, ५६. दक्षिणाम्नाय, ५७. उत्तराम्नाय, ५८. निरुत्तर, ५९. वैशेषिक, ६०. ज्ञानार्णव, ६१. वीरावलि, ६२. अरुणेश, ६३. मोहिनीश, ६४. विशुद्धेश्वर। (लक्ष्मीधर के अनुसार–२६ वामजुष्ट तथा महादेव भी एक पृथक् तन्त्र है। गौरीकान्त ने दोनों को दो पृथक् तन्त्र माना है किन्तु भास्कर राय महादेव को सम्बोधन मात्र मानते हैं।)

लक्ष्मीधर ने पूर्वोक्त तन्त्रों को अवैदिक बताते हुए इन्हें हेय कोटि में रक्खा है। उनका कहना है कि ये तन्त्र ऐहिक सिद्धि मात्र परक हैं।[1] यद्यपि उन्होंने अपनी टीका में तन्त्रों के विषयों का भी उल्लेख किया है, किन्तु प्रतीत होता है उन्हें उपर्युक्त समस्त तन्त्रों के देखने का सौभाग्य नहीं प्राप्त हुआ था।

भास्करराय का मत ठीक इसके विपरीत है।

एवमेतानि शास्त्राणि तथान्यान्यपि कोटिशः।
भवतोक्तानि मे देव सर्वज्ञानमयानि च॥ २२।१ वि०

वामकेश्वर तन्त्र के इस श्लोक की व्याख्या में उन्होंने कहा है कि—"महामाया से लेकर विशुद्धेश्वर पर्यन्त चौसठ तन्त्रात्मकशास्त्र वेदरूप हैं। क्योंकि उन्हें उपनिषद् का शेष भाग कहा जाता है। तन्त्रों को शास्त्र कहने में कोई विवाद नहीं है क्योंकि वे वेद के समान ही भगवदाज्ञारूप हैं। परशुराम ने भी अपने कल्पसूत्र में पञ्चाम्नायों को परमार्थसार रूप माना है। ऐसी स्थिति में सौन्दर्यलहरी की व्याख्या में किसी के द्वारा तन्त्रों को अवैदिक कहना प्रलाप मात्र है। अतः उसकी उपेक्षा ही करना चाहिए।"[2]

राजानक जयरथ ने तन्त्रालोक के प्रथम आह्निक गत अट्ठारहवें श्लोक की टीका करते हुए तन्त्रों को उद्धृत किया है। पूर्वोक्त तन्त्रों के साथ इनका साम्य नहीं के तुल्य है।

---

१. द्रष्टव्य—नित्याषोडशिकार्णव तथा सेतुबन्ध, विश्राम १।

२. एतानि महामायादिविशुद्धेश्वरान्तानि चतुःषष्टिस्तन्त्राणि। शास्त्राणि वेदरूपाणि। तन्त्राणामुपनिषच्छेषत्वात्।.....

भगवान् परशुरामोप्याह—पञ्चाम्नायान्परमार्थसाररूपान् प्रणिनायेति। एवं स्थिते यत्सौन्दर्यलहरीव्याख्याने केनचित्प्रलपितमिमानि तन्त्राण्यवैदिकानी-त्यादि तत्प्रतारकभ्रान्तान्यतरजल्पितत्वादुपेक्ष्यम्। सेतुबन्ध, वि० १, पृ० २४

(१) भैरव तन्त्र—

१. स्वच्छन्द[1]	४. क्रोध	७. महोच्छुष्म
२. भैरव	५. उन्मत्तभैरव	८. कपालीश
३. चण्ड	६. असिताङ्ग	

---

१. भैरवं यामलं चैव मताख्यं मङ्गलं तथा ।
चक्राष्टकं शिखाष्टकं बहुरूपं च सप्तमम् ॥
वागीशं चाष्टमं प्रोक्तमित्यष्टौ वीरवन्दिते ।
एतत् सादाशिवं चक्रं कथयामि समासतः ॥
स्वच्छन्दो भैरवश्चण्डः क्रोध उन्मत्तभैरवः ।
असिताङ्गो महोच्छुष्मः कपालीशस्तथैव च ॥
एते स्वच्छन्दरूपास्तु बहुरूपेण भाषिताः ।
ब्रह्मयामलमित्युक्तं विष्णुयामलकं तथा ॥
स्वच्छन्दश्च रुरुश्चैव षष्ठं चाथर्वणं स्मृतम् ।
सप्तमं रुद्रमित्युक्तं वैतालं चाष्टमं स्मृतम् ॥
अतःपरं महादेवि मतभेदा छृणुष्व मे ।
रक्ताख्यं लम्पटाख्यं च मतं लक्ष्म्यास्तथैव च ॥
पञ्चमं चालिका चैव पिङ्गलाद्यं च षष्टकम् ।
उत्फुल्लकं मतं चान्यद्विश्वाद्यं चाष्टमं स्मृतम् ॥
चण्डभेदाः स्मृता ह्येते भैरवे वीरवन्दिते ।
भैरवी प्रथमा प्रोक्ता पिचुतन्त्रसमुद्भवा ॥
सा द्विधा भेदतः ख्याता तृतीया तत उच्यते ।
ब्राह्मी कला चतुर्थी तु विजयाख्या च पञ्चमी ॥
चन्द्राख्या चैव षष्ठी तु मङ्गला सर्वमङ्गला ।
एष मङ्गलभेदोऽयं क्रोधेशेन तु भाषितः ॥
प्रथमं मन्त्रचक्रं तु वर्णचक्रं द्वितीयकम् ।
तृतीयं शक्तिचक्रं तु कलाचक्रं चतुर्थकम् ॥
पञ्चमं बिन्दुचक्रं तु षष्ठं वै नादसंज्ञकम् ।
सप्तमं गुह्यचक्रं च खचक्रं चाष्टमं स्मृतम् ॥
एष वै चक्रभेदोऽयमसिताङ्गेन भाषितः ।
अन्धकं रुरुभेदं च अजाख्यं मूलसंज्ञकम् ॥
वर्णभण्टं विडङ्गश्च ज्वालिनं मातृरोदनम् ।
कीर्तिताः परमेशेन रुरुणा परमेश्वरि ॥

(२) यामल तन्त्र

९. ब्रह्मयामल	१२. रुरु	१५. रुद्र
१०. विष्णुयामल	१३.	१६. वैताल
११. स्वच्छन्द	१४. आथर्वण	

(३) मत—

१७. रक्त	२०. मत	२३. उत्फुल्लक
१८. लम्पट	२१. चालिका	२४. विश्वाद्य
१९. लक्ष्मीमत	२२. पिङ्गला	

(४) मङ्गलतन्त्र—

२५. पिचुभैरवी	२८. कला	३१. मङ्गला
२६. तन्त्रभैरवी	२९. विजया	३२. सर्वमङ्गला
२७. ब्राह्मी	३०. चन्द्रा	

(५) चक्राष्टक—

३३. मन्त्रचक्र	३६. कलाचक्र	३९. गुह्यचक्र
३४. वर्णचक्र	३७. बिन्दुचक्र	४०. खचक्र
३५. शक्तिचक्र	३८. नादचक्र	

(६) बहुरूप—

४१. अन्धक	४४. मूल	४७. ज्वालिन
४२. रुरुभेद	४५. वर्णभण्ट	४८. मातृरोदन
४३. अज	४६. विडङ्ग	

भैरवी चित्रिका चैव हंसाख्या च कदम्बिका।
हृल्लेखा चन्द्रलेखा च विद्युल्लेखा च विद्युमान्॥
एते वागीशभेदास्तु कपालीशेन भाषिताः।
भैरवी तु शिखा प्रोक्ता वीणा चैव द्वितीयका॥
वीणामणिस्तृतीया तु सम्मोहं तु चतुर्थकम्।
पञ्चमं डामरं नाम षष्ठं चैवाप्यथर्वकम्॥
कबन्धं सप्तमं ख्यातम् शिरश्छेदोऽष्टमः स्मृतः।
एते देवि शिखाभेदा उन्मत्तेन च भाषिताः॥
एतत्सादाशिवं चक्रमष्टाष्टकविभेदतः॥

तंत्रालोक टीका, पृ० ४२–४३, प्र० आ०

(७) वागीश—

४९. भैरवी	५२. कदम्बिका	५५. विद्युल्लेखा
५०. चित्रिका	५३. हृल्लेखा	५६. विद्युमान्
५१. हंसा	५४. चन्द्रलेखा	

(८) शिखाष्टक—

५७. भैरवी	६०. सम्मोह	६३. कबन्ध
५८. वीणा	६१. डामर	६४. शिरश्छेद
५९. वीणामणि	६२. अथर्वक	

पूर्वोक्त विवरण से स्पष्ट है कि तन्त्रों की संख्या निश्चित नहीं है।

तन्त्र, सामान्य शास्त्रवाचक होकर भी विशेष तान्त्रिक ग्रंथों के अर्थ में ही क्यों रूढ़ हो गया, इसका उत्तर भी खोज लेना कठिन नहीं है। विविध क्रियाकलाप, उपासना, योग तथा देवताओं के यांत्रिक, मांत्रिक एवं पुरुषविध आदि स्वरूपों के एकत्र विस्तृत समावेश को लेकर ही सम्भवतः इन ग्रन्थों के सम्बन्ध में तंत्र यह आख्या प्ररूढ़ हो गई।"

आश्वलायन एवं कात्यायन श्रौत सूत्रों में कहा गया है—कर्मात्मक अङ्गों की संहति ही तन्त्र है, अर्थात् आरात् उपकारक कर्मों का सकृत्[1] अनुष्ठान ही तन्त्र के नाम से कहा जाता है।

दर्शपूर्णमासौ तु पूर्वं व्याख्यास्यामः तन्त्रस्य तत्राम्नातत्वात्। १।१।३

आश्वलायन-श्रौतसूत्र।

तन्त्रमङ्गसंहतिः—कर्काचार्य

कर्मणां युगपद्भावः तन्त्रम् १।७।१ कात्यायन-श्रौतसूत्र

यत्र प्रधानकर्मणां युगपद्भावः सह प्रयोगः तत्र आरादुपकारकाणां अङ्गानां तन्त्रं सकृदनुष्ठानं भवति। न प्रतिप्रधानं पृथक्-पृथक्, यदि सकृत्कृतं बहूनां उपकरोति तत्तन्त्रमित्युच्यते। यथा बहूनां मध्ये कृतः प्रदीपः। —कर्काचार्य

यजुर्वेद[2] में तन्त्रायी शब्द का आदित्य के अर्थ में प्रयोग हुआ है। कालचक्र ही तन्त्र है उस तन्त्र में वर्तमान आदित्य को ही तन्त्रायी कहा जाता है।

---

१. अनेकोद्देश से सकृत्प्रयोग के अर्थ में तंत्र का प्रयोग याज्ञवल्क्य स्मृति में भी मिलता है :—"द्वौ दैवे प्राक् त्रयः पित्र्ये उदगेकैकमेव वा। मातामहानामप्येवं तन्त्रं वा वैश्वदैविकम्। याज्ञ०। पितृश्राद्धे मातामहश्राद्धे च वैश्वदैविकं तन्त्रेण कार्यमिति। मिताक्षरा।

२. तन्त्रायिणे नमः। अध्याय ३८, कं० १२

''तन्त्रे कालचक्रे एति निरन्तरं गच्छति तन्त्रायी तस्मै आदित्याय नमोऽस्तु। एष वै तन्त्रायी य एष तपत्येष हीमाँल्लोकाँस्तन्त्रमिवानुसञ्चरति'' ।१४।२।२।२२ इति श्रुतेः । —वेददीप

उन्नीसवें अध्याय की अस्सीवीं कण्डिका में भूषणविशेष वस्त्र तथा यज्ञ के अर्थ में भी तन्त्र[1] शब्द का प्रयोग मिलता है।

ऋग्वेद, दसवाँ मण्डल, इक्यावन सूक्त की नवीं ऋचा में 'वाक्प्रपञ्च'[2] अथवा 'ताने बाने' के अर्थ में यह शब्द प्रयुक्त हुआ है।

इस प्रकार आगम शब्द में जहाँ परम्परा प्राप्त प्रसिद्ध के निबन्ध का बोध होता है वहीं तंत्र द्वारा उसके बहुमुखी वितान का निर्देश भी।

तांत्रिक ग्रंथों में अनंत ऐहिक कामनाओं एवं निःश्रेयस की प्राप्ति के लिए मन्त्रों को अनिवार्य तथा महत्वपूर्ण साधन के रूप में स्वीकार किया गया है। मंत्रों में निहित इस महनीयता के पीछे कौन-सी शक्ति कार्य करती है इसका सम्पूर्ण विज्ञान तंत्रों में ही पाया जाता है। मंत्र-विज्ञान की यथार्थता का आकलन न कर पाने के कारण ही सामान्य जनों की, मंत्रों के सम्बन्ध में उदासीनता एवं उपहासपरता स्वाभाविक है। मंत्रों की सङ्घटना, वर्णों के द्वारा ही सम्पन्न होती हैं। अतः मन्त्रों के स्वरूप की आलोचना में वर्णों की उपेक्षा करके आगे बढ़ना सम्भव नहीं। वर्ण[3] पृथक्रूप में तथा वर्णमाला अपने समुदितरूप में मंत्रस्वरूप ही है ऐसी तंत्रों की मान्यता है। मनुष्यों ने व्यवहार सौकर्य के लिए वर्णों की कल्पना की अथवा उनका कोई नित्य वैज्ञानिक स्वरूप है—इस विवाद के लिए तंत्रों में स्थान ही नहीं है। मनुष्य की आकृति या शरीर नामक संस्था में जन्म से ही वर्णों की सूक्ष्म संस्थिति रहती है। तथा इन वर्णों—आहत ध्वनियों के समाहारक अनाहत नाद अथवा प्रणव का सतत घोष भी वहीं होता रहता है। ये समस्त वर्ण उसी एकाक्षर रविरूप अव्याकृता वाक् से क्षरित होते हैं। यह अव्याकृता वाक् पराची अपर प्रणवरूप है। यह गतिशील जीवन स्पन्दन है। इससे परे परप्रणवरूप पर-

---

१. सीसेन तन्त्रं मनसा मनीषिण ऊर्णासूत्रेण कवयो वयन्ति।
अश्विना यज्ञं सविता सरस्वतीन्द्रस्य रूपं वरुणो भिषज्यन्।
—माध्यन्दिनसंहिता

२. इमे ये नार्वाङ् न परश्चरन्ति न ब्राह्मणासो न सुतेकरासः।
त एते वाचमभिपद्य पापया सिरीस्तन्त्रं तन्वते अप्रजज्ञया ।।—ऋग्वेद

३. सर्वेऽपि वर्णाः केवलाः संयुक्ताः समुदिता अपि सर्वार्थसाधका मंत्रा एवेति।
प्रयोगक्रमदीपिका (प्रपञ्चसारतंत्रटीका), तृ० पटल

शब्दात्मक कुण्डलिनी की स्थिर घनावस्था है जो जीवन का मूल है। वर्ण रश्मियों के सहारे अपर प्रणवात्मक परावर्ती अव्याकृता वाक् में निमग्न होकर—रवि मण्डल को भेद कर—साधकगण परशब्दरूप कुलकुण्डलिनी शक्ति की महामञ्जूषा को उद्घाटित करके धन्य हो जाते हैं।

मूल या परशब्द ही महाशक्ति है जो अगणित अर्थों के समाहारात्मा ब्रह्म या भूमा को अपने अन्तःस्तर में छिपाये रहती है। यह शब्दात्मक शक्ति और अर्थात्मक शिव ही महामिथुन या दिव्यदम्पति हैं जिनके द्वारा विविध वैचित्र्य-मय विश्व एवं शरीर संस्थाओं का अहरह निर्माण होता रहता है। शब्द, रूपों—अर्थों का महाअयन है, यह वह कामगवी है जिसकी शरण में आकर पुनः परमुखापेक्षी नहीं होना पड़ता। प्राणों के प्ररूढ़ मल को क्षालित करके ये वर्णरश्मियाँ उसके स्वाभाविक शक्ति स्रोत को उद्घाटित कर देती हैं जिससे प्राणी का सहज समृद्धि सम्भार उन्मिषित हो उठता है। तन्त्रों में वर्णों एवं उनके चरम स्वरूप को मातृका कहने का यही रहस्य है कि वे अज्ञात दशा में प्राणी को, वाचकशब्दानुवेध द्वारा शोक-स्मय-हर्ष-राग आदि रूप धारण करके बन्धन में डालती है और ज्ञात होने पर यही सिद्धमाता का कार्य करती हैं।

प्रत्येक वर्ण का अपना रंग, रूप, आयुध, वाहन, शक्ति, ऋषि, छन्द आदि होते हैं। वर्णों की आकृति का विस्तार हजारों और करोड़ों योजनों की सीमा में पाया जाता है। यह बिस्तार अतिरञ्जित तथा काल्पनिक नहीं है। वर्ण के अन्तराल में अवस्थित पुरुष अथवा देवता, उसका पिण्ड अथवा मूर्ति तथा मण्डल सम्बन्धी विस्तृत सीमा का योजनों में आकलन विज्ञान-सम्मत है। ऐसे शक्तिशाली वर्णभट्टारकों तथा उनसे सङ्घटित मन्त्रों के ऐश्वर्य के प्रति अनास्था अज्ञानमूलक है। प्रकृत प्रबन्ध में तन्त्रों की पूर्वोक्त परम्परा के आधार पर मन्त्रों और मातृकाओं के रहस्योद्घाटन का प्रयास किया जायगा।

द्वितीय अध्याय

आगम समुच्चय–१

सम्पूर्ण विश्व के अन्तराल में अवस्थित अगणित प्रमेयरूप अर्थ किसी न किसी शब्द अथवा पद द्वारा बोधित होते हैं। इसीलिए उन्हें पदार्थ कहा जाता है। शब्दानुवेध के बिना वस्तुरूप अर्थ की गति नहीं। इन्हीं पदार्थों को लेकर जागरावस्था में जो वाग्व्यवहार देखा जाता है, कर्णगोचर शब्द की यह अत्यन्त स्थूल दशा है। तांत्रिकों ने चेतनतत्त्व को पाँच स्तरों में देखा था :— १. जागर, २. स्वप्न, ३. सुषुप्ति[1], ४. तुरीय और ५. अतितुर्य[2]। शब्द की भी जागर, स्वप्न, सुषुप्ति और तुरीय ये चार अवस्थाएँ होती हैं। तुरीय शब्द ही शब्दब्रह्म है जिसका अतिक्रम करके अतितुर्य अथवा परब्रह्म पद की प्राप्ति होती है। परब्रह्म ही परमशिव है।

शब्द का सघोष और अघोष बाह्य व्यवहार उसकी जागरावस्था है। समष्टिरूप में हम इसे विराट् शब्द कह सकते हैं। दूसरों से श्रूयमाण शब्द सघोष या वाचिक शब्द है। अघोष अथवा उपांशु स्वयं श्रुत होता है दूसरों के द्वारा नहीं। 'उपगताः स्वसमीपमेव प्रविष्टा अंशवः प्रसरा यस्य सः उपांशुः (ई० प्र० वि० वि० अ० १ वि० ५, पृ० १८८) जाग्रत दशा में सर्वत्र सघोष और अघोषात्मक वाग्व्यापाररूप शब्दानुविद्धता प्रधानरूप से दिखाई देती है।

---

१. द्रष्टव्य वरिवस्यारहस्य, पृ० २३

इन्द्रियदशकव्यवहृतिरूपा या जागरावस्था। ३७।

\+ \+ \+

अन्तःकरणचतुष्कव्यवहारः स्वाप्निकावस्था। ३८।

\+ \+ \+

आन्तरवृत्तेर्लवतो लीनप्रायस्य जीवस्य।

वेदनमेव सुषुप्तिः.....। ३९।

तुर्यावस्था चिदभिव्यञ्जकनादस्य वेदनं प्रोक्तम्। ४०।

\+ \+ \+

आनन्दैकघनत्वं यद्वाचामपि न गोचरो नृणाम्।

तुर्यातीतावस्था.....। ४१।

वारिवस्यारहस्य, प्र० अंश

२. प्रपञ्चसारतन्त्र के टीकाकार पद्मपादाचार्य ने स्थूल, सूक्ष्म, कारण, सामान्य और साक्षी के नाम से इन पाँचों का उल्लेख किया है, पृ० २।

यह स्थूल शब्द वैखरी वाणी के नाम से कहा जाता है। विखर अर्थात् शरीर में उत्पन्न होनेवाली—शरीरेन्द्रियपर्यन्त चेष्टा-सम्पादक वाणी ही वैखरी वाणी है। "विखरः शरीरं, तत्र भवा तत्पर्यन्तचेष्टासम्पादिकेत्यर्थः।" ई० प्र० वि० वि० अ० १, वि० ५, पृ० १८७।

वैखरी, स्थूल, सूक्ष्म और परभेद से तीन प्रकार की है। स्फुट वर्णों की उत्पत्ति में जो कारण है वह स्थूल वैखरी है पद वाक्यादि उसके अनेक कार्य हैं।

या तु स्फुटानां वर्णनामुत्पत्तौ कारणं भवेत्। २४४।
सा स्थूला वैखरी यस्याः कार्यं वाक्यादिभूयसा। ३ आ०।

—तन्त्रालोक।

विवक्षात्मक[1] अनुसन्धान को सूक्ष्म वैखरी कहते हैं। अनुपाधिमान्[2] चिदात्मक स्वरूप ही वैखरी का पररूप है। वैखरी को क्रियाशक्ति कहा जाता है। यद्यपि अस्फुट क्रियाशक्ति अपनी बीजावस्था-परमाकला दशा में रहती है किन्तु यहाँ वैखरी दशा में वह स्फुटरूप ग्रहण करती है। वामकेश्वर तंत्र के अन्तर्गत नित्या षोडशिकार्णव के अनुसार परमाशक्ति अथवा त्रिपुरा या परावाक् जब स्वनिष्ठ स्फुरता का ईक्षण करती है तभी, विश्व का उदय होता है।

यथा सा परमा शक्तिः स्वेच्छया विश्वरूपिणी।
स्फुरत्तामात्मनः पश्येत्तदा चक्रस्य सम्भवः॥ ६॥

—नित्याषोडशिकार्णव वि० ६

परमाशक्ति के ईक्षण में न केवल इच्छा किन्तु ज्ञान और क्रिया भी सूक्ष्म रूप में विद्यमान रहती है। सेतुबन्ध[3] में योगिवर भास्करराय ने इसको पूर्णतया स्पष्ट किया है। आचार्य अभिनवगुप्त ने भी क्रिया को विमर्शात्मिका स्वीकार करते हुए कहा है कि वह (क्रिया) मूलभूमि में संवेदन का ही अवलम्ब ग्रहण करती है अतः क्रिया ज्ञान की पुच्छभूत है।

---

१. तन्त्रालोक, तृ० आ०, श्लोक २४६

२. वही, श्लोक २४७

३. वस्तुतस्तु तदैक्षत बहु स्यां प्रजायेयेति श्रुतावीक्षणस्य बहु स्यामित्याकारकताप्रदर्शनात्प्राथमिकी वृत्तिरिच्छाज्ञानोभयरूपा।···किं बहुना तत्समोऽकुरुतेत्यादि श्रुत्यन्तरपर्यालोचनया सैव च कृतिरूपाऽपि।·····एतेन स्वाभाविकी ज्ञानबलक्रिया चेति श्रुतिरप्युपपद्यते। तत्र बलशब्दस्येच्छापरत्वेन प्राचीनैर्व्याख्यानात्।·····तेनेच्छया स्फुरत्तां पश्येदिति पदत्रयेणेच्छाकृतिज्ञानानामैक्यध्वननात् इच्छादित्रयसमष्टिरूपशान्तादेवीस्वरूपमीक्षणमित्युक्तं भवति।

सेतुबन्ध, पृ० १८६–८७

"सा हि क्रिया मूलभूमौ संवेदनमेव अवलम्बते विमर्शरूपत्वात् ।" "तथैव परं प्रति जिज्ञापयिषुः प्राणे स्फुटीभूता वैखरी । शरीरे तु स्पन्दनरूपा क्रिया । इयति च सर्वत्र विमर्शरूपतैवानुगता ।" "यत एव ज्ञानस्यैव क्रिया पुच्छभूता" ।

(ई० प्र० वि० वि० अ० १ वि० १, पृ० १०५)

"विमर्शरूपानधिकस्वभावा हि समस्ता क्रियेत्युक्तम्" ।

वही अ०१, वि०५, पृ० १८८

वैखरीरूप स्थूल वाक्, कारणबिन्दु से कार्यबिन्दु तथा नादात्मक मूल, अंकुर, और प्रसररूपों को पार करके बिन्दुरूप में पुनः परावर्तनात्मक संहार दशा का बोध करानेवाली है। अतः इसे रौद्री शक्ति भी कहा जाता है। प्रकाशांशरूप रौद्री और विमर्शांशरूप क्रिया का मेल ही वैखरी वाणी है। यहीं आकर विश्व चक्र के ठाठ या तंत्ररूप त्रिकोण का संघटन होता है। इसीलिए वैखरी को भी उज्ज्वल **शृङ्गाटवपु** (सिंघाड़े का आकार) की आख्या मिली है।

तत्संहृतिदशायां तु बैन्दव रूपमास्थिता ॥ ३१ ॥
प्रत्यावृत्तिक्रमेणैव शृङ्गाटवपुरुज्ज्वला ।
क्रियाशक्तिस्तु रौद्रीयं वैखरी विश्वविग्रहा ॥ ४० ॥

योगिनीहृदय

सुप्रसिद्ध बिन्दु, नाद और बीज—इस त्रयी में वैखरी वाक् को बीज कहा जाता है। परावाक्रूप[1] शब्दब्रह्म, हृदय से मुख पर्यन्त, वायु के द्वारा कण्ठादि स्थानों में अभिव्यक्त होकर अकारादि वर्णरूप ग्रहण करके श्रोत्र ग्राह्य स्पष्टतर प्रकाशरूप स्थूल भाव धारण करता है। विराट् पुरुष और इस स्थूल वैखरी वाक् की एकता है। **"ननु शब्दार्थयोस्तादात्म्यस्यैव शक्ति-पदार्थत्वान्निर्गुणस्यापि ब्रह्मणः शब्दब्रह्माभिन्नत्वेन किमिति तत्र सत्यादि शब्दानां लक्षणेत्याशङ्क्य वैखर्यात्मकपदानां विराट्पुरुषेणैव सह तादात्म्येन शुद्धब्रह्म-तादात्म्यं नास्त्यैवेति समाधित्सया वाचं विभजते"** । सौ० भास्कर, पृ० ९८–९९

---

१. अथ तदेव वदनपर्यन्तं तेनैव वायुना कण्ठादिस्थानेष्वभिव्यज्यमानमकारादि-वर्णरूपपरं श्रोत्रग्रहणयोग्यस्पष्टतरप्रकाशरूपबीजात्मकं सद्वैखरी वागुच्यते ।

सौभाग्यभास्कर, पृ० ९९

अथ विराड्रूपिणीं बीजात्मिकां हृदयादास्यान्तं अभिव्यज्यमानां शब्द-सामान्यात्मिकां वैखरीमाह वक्त्र इति । विशेषेण खरत्वात् वैखरी ।

पद्मपादाचार्यकृत-विवरण, पृ० ३३ प्रपञ्चसारतन्त्र-टीका ।

वक्त्रे वैखर्यथ रुरुदिषोरस्य जन्तोः सुषुम्णा–
बद्धस्तस्माद्भवति पवनप्रेरितो वर्णसङ्घः ॥ ४३ ॥

प्रपञ्चसारतन्त्र, द्वि० पटल

गौडपादरचित 'सुभगोदय' की टीका 'वासना' को उद्धृत करते हुए श्री पुण्यानन्दाचार्यकृत 'काम-कलाविलास' की टीका में कहा गया है—[1]परा भूमि बीजात्मक जन्मस्थानीय है, पश्यन्ती लतागुच्छ; मध्यमा सौरभ और वैखरी अक्षमाला है।

वैखरी का स्वरूप अभिलापात्मक है वह पञ्चदशाक्षरराशिमय एवं सम्पूर्ण वैदिक और लौकिक शब्दों की आत्मा है।

वैखरी नाम अभिलापरूपिणी[2] पञ्चदशाक्षरराशिमयी सर्ववैदिकलौकिक-शब्दात्मिका शक्तिरित्युच्यते। कामकलाविलास टी० पृ० २४

यहाँ वैखरी को पञ्चदशाक्षरमय कहा गया है जब कि प्रसिद्धि पचास या एक्यावन अक्षरों की है। भास्करराय ने सौभाग्यभास्कर में देवी के स्थूल, सूक्ष्म और पर इन रूपों का निर्देश किया है। कर-चरणादि विशिष्ट स्थूल-रूप हैं, मन्त्रमय सूक्ष्म और वासनामय पररूप है। गङ्गादिक का जो जलादि-मयरूप है वह चतुर्थ स्थूलतर है। सूक्ष्म के भी तीन भेद हैं। १. सूक्ष्म, २. सूक्ष्मतर और ३. सूक्ष्मतम। तीनों को क्रमशः पञ्चदशाक्षरी विद्या, काम-कला और कुण्डलिनी समझना चाहिए। 'देव्यथर्वशीर्ष' में—

---

१. परा भूर्जन्म पश्यन्ती बल्लीगुच्छसमुद्भवा।
मध्यमा सौरभा वैखर्यक्षमाला जयत्यसौ ॥ काम० क० वि, पृ २४

२. अभिलाप से यहाँ अभिप्राय वर्णात्मक शब्दों से ही है। वैसे अभिनव-गुप्त ने आन्तर शब्दात्मक सञ्जल्प को अभिलाप कहा है। "अभिलप्यते आभिमुख्येन विषयिविषयपरवशतात्यागेन बोधस्वातन्त्र्ये शब्देन च विषयस्य तादात्म्यापादनेन व्यक्ततया प्रमातृसाक्षात्कारपर्यन्ततया उच्यते परामृश्यते येन, सोऽभिलापः आन्तरशब्दलक्षणः सञ्जल्पः।" (ई० प्र० वि० वि० अ० २, वि० २, पृ० ११५) भर्तृहरि ने भी कहा है कि—जब पदार्थस्वरूप, शब्द के द्वारा आच्छादित या एकीकृत के सदृश प्रतीत होता है तो वह शब्द अभिजल्प कहलाता है। "सोऽयमित्यभिसम्बन्धाद्रूपमेकीकृतं यदा। शब्दस्यार्थेन तं शब्द-मभिजल्पं प्रचक्षते।" वाक्यपदीय २।१३०। 'सः' इस अनुसन्धान में स्मृति, 'सोऽयं' इन अनुवेध में प्रत्यभिज्ञा, 'स इव अयं' इस अनुरोध में उत्प्रेक्षा, 'स एवायं' इस अनुयोग में व्यवच्छेद (विभाग)—ये विकल्प भेद भी अभिलापमूलक हैं। बौद्धाचार्य धर्मकीर्ति को 'अभिलापसंसर्गयोग्यप्रतिभासप्रतीतिः कल्पना' में 'अभिलाप' से बाह्य और चिन्तनात्मक दोनों वाग्व्यापार अभीष्ट हैं।

कामो योनिः कमला वज्रपाणिर्गुहा हसा मातरिश्वाभ्रमिन्द्रः ।
पुनर्गुहा सकला मायया च पुरूच्यैषा विश्वमातादिविद्योम् ।।

तथा सौन्दर्यलहरी में—

शिवः शक्तिः कामः क्षितिरथ रविः शीतकिरणः [1]
स्मरो हंसः शक्रस्तदनु च परामारहरयः ।
अमी हृल्लेखाभिस्तिसृभिरवसानेषु घटिता
भजन्ते वर्णास्ते तव जननि नामावयवताम् ।। ३२ ।।

के द्वारा पञ्चदशाक्षरी विद्या का उद्धार किया गया है। यह विद्या अत्यन्त रहस्यमय है। इसे सोमसूर्यानलात्मक त्रिखण्ड मातृका-मंत्र कहा गया है। पन्द्रह अक्षरों वाली इस विद्या से सम्पूर्ण पचास मातृका-वर्णों का ग्रहण हो जाता है। लक्ष्मीधर ने उपर्युक्त श्लोक की टीका में कहा है :—

शिव, शक्ति, काम और क्षिति यह आग्नेयखण्ड है। रवि, शीतकिरण,स्मर, हंस, शक्र—यह वर्ण-पञ्चक सौरखण्ड है। दोनों खण्डों के बीज रुद्रग्रन्थि स्थानीय हृल्लेखा बीज है। परा, मार और हरि इस वर्णत्रयी से सौम्यखण्ड का निरूपण किया गया है। सौम्य और सौरखण्ड के मध्य में विष्णुग्रन्थि-स्थानीय भुवनेश्वरी-बीज स्थापित है। चौथा एकाक्षर चन्द्रकलाखण्ड है। सौम्य और चन्द्रकलाखण्ड के मध्य में ब्रह्मग्रन्थिस्थानीय हृल्लेखा-बीज है। सौम्य, सौर और अनलात्मकता के अतिरिक्त—ज्ञान, इच्छा और क्रिया; जाग्रत्, स्वप्न और सुषुप्ति; विश्व, तैजस और प्राज्ञ; तम, रज और सत्त्व—इन त्रिरूपों में भी खण्ड-विभाग समझना चाहिए। रमा[2] बीजात्मक चन्द्रकलाक्षर-संयुक्त पंचदशाक्षरी विद्या में, सोलह चन्द्रकलाएँ, सूर्य की चौबीस और अग्नि की दश कलाएँ आ जाती हैं। ये पचास कलाएँ ही मातृका-वर्ण हैं और पञ्चदशाक्षरी मन्त्र के अन्तर्भूत हैं—

"षोडशेन्दोः कला भानोः द्विर्द्वादश दशानले ।
सा पञ्चाशत्कला ज्ञेया मातृकाचक्ररूपिणी ।

---

१. पञ्चदशाक्षरी विद्या

१ खण्ड क, ए, ई, ल, ह्रीं
२ ,, ह, स, क, ह, ल, ह्रीं
३ ,, स, क, ल, ह्रीं

इसके लिए द्रष्टव्य वरिवस्यारहस्य, नित्याषोडशिकार्णव तथा सेतुबन्ध।

२. श्रीं—यह षोडशी कला है इसी बीज को श्रीविद्या कहते हैं। आचार्य लक्ष्मीधर ने इसी के लिए लिखा है कि—"चन्द्रकलाखण्डं तु गुरूपदेशादवगन्तव्यम्"। श्रीरङ्गम् संस्करण, पृ० ११९ सौन्दर्यलहरी।

"एता: पञ्चाशत्कला: पञ्चाशद्वर्णात्मिका: पञ्चदशाक्षरीमन्त्रे अन्तर्भूता:। तथा आदिमेन ककारेणान्तिमो लकार: प्रत्याहृत: तन्मध्यवर्तिनां वर्णानां ग्राहक:। अयमेव लकार: एकारपूर्ववर्तिना अकारेण प्रत्याहृत: पञ्चाशद्वर्णग्राहकः। लक्ष्मीधरा टीका, पृ० १२१ श्रीरङ्गमसंस्करण

इस विद्या में आये हुए ककारादि वर्ण—षोडश स्वर और तिथिरूप त्रिपुरसुन्दरी आदि[1] नित्याओं के प्रकृतिभूत हैं। पञ्चदशाक्षरीविद्यागत—कलात्मक[2] प्रत्याहार से किस प्रकार पचास वर्णों का संग्रह होता है यह अग्रिम विवरण से स्पष्ट हो जायगा। वस्तुत इस विद्या में 'क' से लेकर 'ल' पर्यन्त कला शब्दवाच्यता को गौण समझना चाहिए। क्योंकि व्यंजन, स्वरों के अङ्गरूप ही होते हैं। कलाओं (व्यञ्जनों) में स्वर की प्रधानता है—इस प्रकार गुणप्रधान भावप्रदर्शन के लिए इसमें दो प्रत्याहारों का आश्रय लिया गया है जो सनत्कुमार आदि को अभीष्ट है और उनकी संहिता में प्रतिपादित है। दूसरे प्रत्याहार 'अल्' से सभी वर्ण गृहीत होते हैं क्षकार क–ष का समुदित रूप है। इतना संकेत प्रकृत प्रसङ्ग में पर्याप्त होगा। पुण्यानन्द ने इन सभी बातों को दृष्टि रखते हुए वैखरी[3] को पञ्चदशाक्षरमयी कहा है।

वैखरी वर्णों का वासनात्मक सूक्ष्मरूप ही मध्यमा वाणी है। वैखरी में वर्ण स्थूल होते हैं यहाँ वर्ण सूक्ष्मरूप से विद्यमान रहते हैं। मध्यमा वाक् हिरण्यगर्भ शब्द है। इसकी तांत्रिकी संज्ञा नाद भी है। पूर्वोक्त शब्दब्रह्म वायु-के द्वारा नाभि से हृदयपर्यन्त अभिव्यक्त होता हुआ निश्चयात्मिका बुद्धि से युक्त होकर विशेष स्पन्द प्रकाशरूप नादमय वाक् के नाम से कहा जाता है। इसमें विद्यमान प्रकाशांश[4] को ज्येष्ठाशक्ति और विमर्शांश को ज्ञानशक्ति कहते हैं। शब्द संसार की स्थापना मध्यमा द्वारा ही होती है। मध्यमा वाणी

---

१. महात्रिपुरसुन्दरी, कामेश्वरी, भगमालिनी नित्यक्लिन्ना, भेरुण्डा, वह्निवासिनी, महाविद्येश्वरी (महावज्रेश्वरी) शिवदूती, त्वरिता, कुलसुन्दरी, नित्या, नीलपताका, विजया, सर्वमङ्गला, ज्वालामालिनिका, चित्रा।

द्रष्टव्य नित्याषोडशिकार्णव प्र० विश्राम, श्लोक २७,२८,२९।

२. द्रष्टव्य सौन्दर्यलहरी की टीका लक्ष्मीधरा श्लोक ३२।

३. वैखरी शब्द की अन्य भिन्न-भिन्न व्युत्पत्तियों के लिए द्रष्टव्य अध्याय ४।

४. प्रकाशस्यांशभूता वामाज्येष्ठारौद्रय: शक्तियस्तिस्रो ब्रह्मविष्णुरुद्रा: पुंरूपा:। तत्समष्टि: शान्तात्मिका शक्तिस्तुरीया। विमर्शस्यांशभूता: इच्छा-ज्ञानक्रिया:। वरिवस्या०, पृ० ४२

की संघटक शक्तियाँ है :—विष्णुपर्याय ज्येष्ठा शक्ति तथा विष्णुशक्ति पृथिवी के पर्यायस्वरूप ज्ञानशक्ति । इसीलिए वह वाणी विश्व स्थिति में कारण बनती है । महात्रिकोण में यह ऋजु रेखा का कार्य करती है ।

ज्ञानशक्तिस्तथा ज्येष्ठा मध्यमा वागुदीरिता ।
ऋजुरेखामयी विश्वस्थितौ प्रथितविग्रहा ॥ ३८ ॥

नित्याषोडशिकार्णव ६ विश्राम

पद्मपदाचार्य ने मध्यमा[1] शब्द की व्युत्पत्ति 'मध्ये मा बुद्धिर्यस्याः सा' (प्रपञ्चसा० त० विवरण) इस प्रकार की है । वे कहते हैं–'मध्यमा वाणी[2] बाह्य अन्तःकरणाद्यात्मक है; यह हिरण्यगर्भरूप बिन्दुतत्त्वमय, नाभि ले लेकर हृदय-पर्यन्त स्थान में जिसकी अभिव्यक्ति होती है तथा विशेष स्पन्दसङ्कल्पादिरूप है । भास्करराय इसे नादमयी[3] कहते हैं और आचार्य पद्मपाद बिन्दुमयी । वस्तुतः बिन्दुमयी कहना विचारणीय है क्योंकि इस प्रकार—"स बिन्दुनाद-बीजत्वभेदेन च निगद्यते ।" (प्रपञ्चसा० प्र० पटल ४३ श्लोक) इस मूल सन्दर्भ से विरोध पड़ता है । शारदातिलक तंत्र के प्रथम पटलगत एक सौ नवें श्लोक की व्याख्या में राघवभट्ट ने मध्यमा को 'नादबिन्दुमयी'[4] लिखा है और साथ ही किसी अज्ञातकर्तृक ग्रन्थ को भी उद्धृत किया है जिसमें 'नाद-रूपिणी'[5] का ही उल्लेख है। किन्तु 'शारदातिलक' के मूल में कहा गया है—'**बिन्दुर्नादो बीजमिति तस्य भेदाः समीरिताः**' ॥ ८ ॥ प्रथम पटल । पर्याप्त अनुशीलन से ज्ञात होता है कि यहाँ (इस श्लोक में) क्रम

---

१. मध्ये स्थिता मध्यमा । तदुक्तं—
'पश्यन्तीव न केवलमुत्तीर्णा नापि वैखरीव बहिः ।
स्फुटतरनिखिलावयवा वाग्रूपा मध्यमा तयोरस्मात् ॥
सौ० भा०, पृ० १०० ।

२. अथ बाह्यान्तःकरणाद्यात्मिका हिरण्यगर्भरूपिणीं बिन्दुतत्त्वमयीं नाभ्यादि-हृदयान्ताभिव्यक्तिस्थानविशेषस्पन्दसङ्कल्पादिसतत्त्वात् मध्यमां वाचमाह ।
प्र० सा० तन्त्र टीका, पटल २, पृ० ३३

३. अथ तदेव शब्दब्रह्म तेनैव वायुना हृदयपर्यन्तमभिव्यज्यमानं निश्च-यात्मिभया बुद्धया युक्तं विशेषस्पन्दप्रकाशरूपनादमयं सन्मध्यमा वागित्युच्यते ।
(भास्करराय सौभा० भा० पृ० ९९)

४. पृ० ६१ आगमानुष्ठानसमिति संस्करण ।

५. सैव हृत्पङ्कजं प्राप्य मध्यमा नादरूपिणी ।
राघवभट्ट, प्र० पटल, पृ० ९०

अविवक्षित है[1] अथवा दृष्टिभेद ही इसमें कारण है। यहाँ यह ध्यान रहना चाहिए कि बिन्दु पश्यन्ती और नाद मध्यमा का बोधक है। किन्तु ये नाद-बिन्दु कार्यरूप हैं। कारणात्मक नादबिन्दु की चर्चा आगे की जायगी।

'एतौ नादबिन्दू प्रथमोक्तनादबिन्दुभ्यामन्यौ तत्कार्यरूपौ ज्ञेयौ।

तदुक्तं—स बिन्दुर्भवति त्रिधा।

राघवभट्ट, प्रथम पटल, पृ० १७

सत्य तो यह है कि मध्यमा को नाद और ध्वनि आदि पदों से बोधित किया जाता है। मध्यमा के दो भेद होते हैं—प्रथम सूक्ष्म और द्वितीय स्थूल। सूक्ष्म से ही स्थूल का उद्भव होता है।

द्विविधा मध्यमा सा सूक्ष्मस्थूलाकृतिः स्थिता सूक्ष्मा।
नवनादमयी स्थूला नववर्गात्मा च भूतलिप्यात्मा॥ २७॥
आद्या कारणमन्या कार्यं त्वनयोर्यस्ततो हेतोः।
संवेद्यं नहि भेदस्तादात्म्यं हेतुहेतुमदभीष्टम्॥ २८॥

कामकलाविलास

सूक्ष्म नवनादमय है, स्थूल नववर्गात्मक तथा भूत लिपिस्वरूप है। नवनाद निम्नाङ्कित है :—

१. चिणि	४. शङ्खनाद	७. वेणुनाद
२. चिणिचिणी	५. तन्त्रीनाद	८. भेरीनाद
३. घण्टानाद	६. तालनाद	९. मृदङ्गनाद[2]

ये नाद सामान्य श्रोत्रग्राह्य नहीं हैं योगियों द्वारा इनका अनुभव किया जाता है। **"तत्र सूक्ष्मा समाधिबलेन अनुभूयमाना"**। का० पृ० ३१। नवनादों की समष्टि को ही भास्करराय ने मध्यमा कहा है। यह परावाणी के सदृश न तो अत्यन्त सूक्ष्म है और न वैखरीवत् अत्यन्त स्थूल। अतः इसे मध्यमा कहा जाता है[3]।

---

१. आचार्य पद्मपाद ने 'अकचटतपाद्यैः'—इस प्रपञ्चसार के आदिम श्लोक की व्याख्या में भी मध्यमा को बिन्दुरूप और पश्यन्ती को नादात्मक लिखा है। पृ० ४–५ आगमानुष्ठान स० सं०

२. द्रष्टव्य कामकलाविलास, पृ० ३२

३. ततो नव नादाः अविकृतशून्यादयो जाताः तत्समष्टिश्च नादध्वन्यादि-पदवाच्या नातिसूक्ष्मा परावन्नातिस्थूला वैखरीवदतो मध्यमाख्या मातृका मध्य-मावयवरूपमविकृतशून्यस्पर्शनादध्वनिबिन्दुशक्तिबीजाक्षराख्यं नादनवकं मूला-धारादिषट्के नादे नादान्ते ब्रह्मरन्ध्रे च स्थितम्।

वरिवस्यारहस्य अंश १. पृ० १७

पूर्वोक्त नव नादों से ही सूक्ष्म अ, क, च, ट, त, प, य, श, ल स्वरूप नव-वर्गात्मा स्थूल मध्यमा का जन्म होता है। इससे ही पुनः स्थूल अ, क, च आदि वर्णात्मा वैखरी जन्म ग्रहण करती है। कामकलाविलास की टीका में 'भूत-लिप्यात्मा' का अर्थ—"**भूताश्च ते लिपयश्च भूतलिपयः, अत्र लिपीनां भूतत्वं चेष्टाविशेषाक्षरन्यासाभिव्यङ्ग्यत्वम्।" तच्च कल्पनामात्रमेव—अक्षराणां तेजोरूपात्मकत्वात्।**" (पृ० ३२) किया गया है। इससे चित्रलिपि का संकेत मिलता है।

स्वच्छन्द[1] तन्त्र में नाद, जो स्वयं अव्यक्त ध्वनिरूप है, आठ भेदों में व्यक्त है, ऐसा कहा गया है।

१. घोष, २. राव, ३. स्वन, ४. शब्द, ५. स्फोट, ६. ध्वनि, ७. झाङ्कार, ८. ध्वङ्कृति—ये आठ व्यक्त नाद हैं। व्यक्त शब्द से लौकिक अभिव्यक्ति नहीं समझना चाहिए। इसी बात को, स्वच्छन्दोद्योत में 'धर्मशिवाचार्य' की पद्धति को उद्धृत करते हुए आचार्य क्षेमराज ने स्पष्ट किया है। वे कहते हैं :—

"कर्ण[2] और अङ्गुलि के सहयोग से दीप्त वह्निजनित शब्द के सदृश, सुना जानेवाला शब्द ही घोष है। उस घोष के अनन्तर काँसे के टूटने के तुल्य जो रूक्ष शब्द सुनाई देता है वही 'राव कहा जाता है। राव के परे बांस की ध्वनि के समान तथा निर्वातप्रदेश में सौम्यवर्षा के अनुरूप नाद ही

---

१. अष्टधा स तु देवेशि व्यक्तः शब्दप्रभेदतः।
घोषो रावः स्वनः शब्दः स्फोटाख्यो ध्वनिरेव च ॥ ६ ॥
झाङ्कारो ध्वङ्कृतश्चैव अष्टौ शब्दाः प्रकीर्तिता।
नवमस्तु महाशब्दः सर्वेषां व्यापदः स्मृतः ॥ ७। स्व० ११ पटल

२. श्रवणाङ्गुलिसंयोगाद्यः शब्दः सम्प्रवर्तते।
दीप्तवह्निस्वनाभासः सः शब्दो घोष उच्यते ॥
तदन्तेऽनुभवो यस्य ईषन्मर्मविसर्पिणः।
भिन्नकस्यांनिभो रूक्षः स रावः स्यात्तदन्तगः।
ततो वंशध्वनिप्रख्यो निवाते सौम्यवर्षवत्।
स नादः स्वप्न इत्युक्तस्तत्परः कथितो ह्यसौ।
चतुर्थः स तु वै शब्दः सर्वशब्दभवारणिः।
आत्मानं रावयन्नादः खे यथा भ्रमरीरवः।
वाक्यस्य स्फुटतां धत्ते वर्णभेदावभासकः।
स्फोट इत्युदितो नादः पञ्चमः शास्तृभिस्ततः ॥

स्व० उद्योत, पटल ११, पृ० ९

स्वन शब्दवाच्य है। आकाश में भ्रमरी रव के समान सम्पूर्ण शब्दों की जन्म-भूमिरूप नाद को 'शब्द' की संज्ञा दी गई है। वाक्य को स्फुटरूप से अवगत करानेवाला, वर्णभेद का अवभासक नाद ही स्फोट है।

श्रोत्र[1] को सुखद, अतितानधर्मी नाद को ध्वनि कहते हैं। विपञ्ची (वीणा) के पाँचवें तार के आघात से जैसा शब्द होता है ठीक वैसी ही ध्वनि होती है।

वीणा के सम्पूर्ण तारों के आहत होने पर जैसा स्तब्ध और मृदु निनाद होता है झाङ्कार में भी वैसा ही देखा जाता है।

चढ़े हुए मेघों की ध्वनि के समान, घण्टानाद का अनुकरण करनेवाला ध्वङ्कृत कहा गया है।

ये आठ प्रकार के नाद उस नवम महानाद के भेदमात्र हैं जो सर्वत्र व्यापकरूप से विद्यमान है। नादतत्त्व का पारिभाषिक विवेचन आगे किया जायगा।

स्थूल[2], सूक्ष्म और परभेद से मध्यमा पुनः तीन प्रकार की होती है।

१. **स्थूल मध्यमा**—चमड़े से मढ़े हुए मृदंगादि में कराघात द्वारा जनित ध्वनि, स्थूल मध्यमा वाणी का विलास है। यह ध्वनि पश्यन्ती गत स्थूलता की अपेक्षा स्फुट होती है और वर्णादि विभाग के न होने से अस्फुट रूप भी। यही कारण है कि इसे मध्यमा शब्द द्वारा बोधित किया जाता है। अविभक्त स्वरमय होने के कारण इसमें अनुरञ्जकता रहती है। तालात्मक अविभाग रूप वादन में लोगों के परितुष्ट करने की शक्ति होती है। यह परितोष, स्थूल मध्यमा के द्वारा लोक में अनुभूत होता है।

२. **सूक्ष्म मध्यमा**—वादन की इच्छा के अनुसन्धान को सूक्ष्म मध्यमा कहते हैं। यह वाणी संवेदनामक मात्र होती है।

---

१. ततोऽतितानधर्मित्वान्नादः श्रोत्रसुखावहः।
विपञ्च्याः पञ्चमीं तन्त्रीं हत्वा तीव्रप्रयत्नतः॥
यथा व्यज्यत आकाशे स षष्ठो ध्वनिसंज्ञितः॥
सर्वतन्त्रीसमाघाताद्वीणायामिव साधु यः।
मृदुस्तब्धं निनदति झाङ्कारः सप्तमस्त्वसौ।
घण्टानिनादानुकृतिः कदाचिद्व्यज्यतेऽन्यथा।
तुङ्गमेघध्वनिनिभः सोष्टमो ध्वङ्कृतः स्मृतः।
—११ पटल, स्व० उद्योत, पृ० ९

२. यत्तु चर्मावनद्धादि किञ्चित्तत्रैष यो ध्वनिः। २४१
स स्फुटास्फुटरूपत्वान्मध्यमा स्थूलरूपिणी॥ तन्त्रा० तृ० आ०

३. परमध्यमा—उपाधि (वादन की इच्छा) रहित चिदात्मक स्वरूप ही परमध्यमा वाणी है ।

अक्रम शब्दब्रह्म, अर्थप्रतिपादन की इच्छा से, विवक्षा द्वारा उपलक्षित मनोविज्ञान का रूप ग्रहण करता है, बिन्दुनादसंज्ञक प्राणापानात्मक वायु के के क्रम से उल्लसित होने पर वही मध्यमा वाणी के नाम से कहा जाता है ।

आस्ते विज्ञानरूपत्वे स शब्दोऽर्थविवक्षया ।
मध्यमा कथ्यते सैव बिन्दुनादमरुत्क्रमात् ॥ ६।२। आ० शिवदृष्टि

भर्तृहरि ने व्याकरणागम के **'वैखर्या मध्यमायाश्च पश्यन्त्याश्चैतदद्भुतम्' । १४४ ।** वाक्य० प० । की व्याख्या में महाभारत के आश्वमेधिक पर्व के अन्तर्गत ब्राह्मण[1] गीता को उद्धृत करते हुए कहा है:—

'बुद्धि जिसका उपादान है, क्रमरूपात्मा, प्राणवृत्ति से अतीत होकर मध्यमा वाणी प्रवृत्त होती है ।'

उन्होंने इसका और स्पष्टीकरण किया है:—

अन्तःसन्निवेशयुक्त, क्रम न होने पर भी क्रम को ग्रहण किए हुए के सदृश, बुद्धिमात्र उपादान वाली, सूक्ष्म प्राणवृत्ति के पीछे रहने वाली, वाणी ही मध्यमा वाक् है । "मध्यमा त्वन्तःसन्निवेशिनी परिगृहीतक्रमेव बुद्धिमात्रोपादाना सूक्ष्मप्राणवृत्त्यनुगता" ।—पृ० ५६ वा० प० टीका

पुर्यष्टकात्मक,[2] प्राणशक्ति की आधारभूत-सुषुम्णा नाड़ी में विश्रान्त मन, बुद्धि और अहंकारात्मक अन्तःकरण को जो विमर्श शक्ति प्रेरित करती है वही मध्यमा वाणी है । उससे प्रेरित होकर अन्तःकरण, संकल्पन, निश्चय अभिमनन और विकल्पन रूप कार्यों में प्रवृत्त होता है । उस समय वह विमर्शमय वाणी, संकल्पात्मक ग्राह्य सङ्कल्पयितृरूप ग्राहक और—'मैं चैत्र, घट की कल्पना कर रहा हूँ"—इत्यादि वाचक शब्द के साथ, भेदयुक्त, स्फुट क्रम से उपरक्त होती है तब चिन्तन शब्द वाच्य वह, ज्ञानशक्ति एवं मध्यमा वाक् के नाम से कही जाती है ।

अन्तःकरणं मनोबुद्ध्यहङ्कारलक्षणं मध्यभूमौ पुर्यष्टकात्मनि प्राणाधारे विश्रान्तं या विमर्शशक्तिः प्रेरयति, सा मध्यमा वाक् । तत्प्रेरितं च तदन्तःकरणं सङ्कल्पने, निश्चये अभिमनने च स्वस्मिन् व्यापारे विकल्पनलक्षणे प्रवर्तते । तत्काले सा विमर्शमयी वाक् सङ्कल्प्यादिकं ग्राह्यं सङ्कल्पयित्रादिरूपं

१. केवलं बुद्ध्युपादानक्रमरूपानुपातिनी ।
प्राणवृत्तिमतिक्रम्य मध्यमा वाक् प्रवर्तते । आश्वमेधिकपर्व०

२. पञ्चतन्मात्र, मन बुद्धि और अहङ्कार ।

च ग्राहकं स्वेन अभिधानस्य—इमं घटमहं चैत्रः सङ्कल्पयामि—इत्यादेर्वाचकस्य शब्दस्य भेदेन स्फुटेन क्रमेण आभुङ्क्ते गाढं परामृशति यतस्ततश्चिन्तनशब्द-वाच्या मध्यभवत्वात् मध्यमा ज्ञानशक्तिरूपा ।

ई० प्र० विमर्शिनी, अ० १, विमर्श ५, पृ० १८८

पश्यन्ती वाक् ईश्वरतत्त्व है । मध्यमा को जहाँ माषशमिकोपमा (उड़द की छीमी के सदृश) क्रमात्मा होने पर भी ऐक्यभावापन्न कहा गया है, वहीं पश्यन्ती वाणी को वटधानिका (बीज) के तुल्य बताया गया है । तंत्रों में कार्यबिन्दु के नाम से इसी वाणी का उल्लेख मिलता है । कारण विन्दुस्वरूप, शब्दब्रह्म जब पवन प्रेरित होकर, नाभिदेश को प्राप्त होकर विमर्शात्मक मन से युक्त होता है तो उसे ही सामान्यस्पन्द प्रकाशरूप, कार्यबिन्दुमय पश्यन्ती वाक् की आख्या मिलती है ।

अथ तदेव नाभिपर्यन्तमागच्छता तेन पवनेनाभिव्यक्तं विमर्श-रूपेण मनसा युक्तं सामान्यस्पन्दप्रकाशरूपकार्यबिन्दुमयं सत्पश्यन्ती वागुच्यते ।

सौभाग्यभास्कर, पृ० ९९

पश्यन्तीवाणी में अवस्थित प्रकाशांश को वामाशक्ति और विमर्शांश को इच्छाशक्ति कहते हैं । महासत्तात्मक पराशक्ति अपने गर्भ में स्थित बीजभावापन्न विश्व का कार्यरूप में बाह्य प्रसार करने को जब उद्यत होती है तो उसमें विश्ववमनकर्तृत्व रहने के कारण उसे वामाशक्ति कहा जाता है । इसका पर्याय ही ब्रह्मा है । महात्रिकोण की वामरेखा का उपलक्षक होने के कारण इसे अंकुशाकार कहा गया है । पितामह ब्रह्मा की शक्ति—भारती के पर्यायरूप इच्छाशक्त्यात्मक जनन सामर्थ्य इसमें विद्यमान रहता है । वामा और इच्छा का समाहार ही पश्यन्ती में देखा जाता है ।

बीजभावस्थितं विश्वं स्फुटीकर्तुं यदोन्मुखी ।
वामा विश्वस्य वमनादङ्कुशाकारतां गता ॥ ३७ ॥
इच्छाशक्तिस्तदा सेयं पश्यन्ती वपुषा स्थिता ॥

योगिनीहृदय

निर्विकार परा कला, जब स्रष्टव्य पदार्थों का आलोचन करती है तब 'तदैक्षत बहु स्यां प्रजायेय' (छा० उ० ६–२–३) इस श्रुति के अनुकूल ईक्षणात्मक पश्यन्ती कही जाती है । करण-सरणि (मार्ग) से ऊपर उठकर समग्र प्रपञ्च को यह शक्ति अपने में ही देखती है इसीलिए इसको पश्यन्ती और उत्तीर्णा भी कहते हैं ।

पश्यतीति पश्यन्ती। अस्या एवोत्तीर्णत्यपि संज्ञा। उक्तं च सौभाग्य-सुधोदये—'पश्यति सर्वं स्वात्मनि करणानां सरणिमपि युदुत्तीर्णा। तेनेयं पश्यन्तीत्युत्तीर्णत्यप्युदीर्यते माता।' सौभाग्यभास्कर पृ० १००

भास्करराय[1] ईक्षण, काम, तप और विचिकीर्षा शब्दों को समानार्थक मानते हैं अतः पश्यन्ती भी यही है। राजानक जयरथ[2] ने लिखा है कि परा परमेश्वरी ही अपने स्वातन्त्र्य से जब बाह्य रूपों को उन्मिषित करना चाहती है, तभी उसकी संज्ञा पश्यन्ती हो जाती है। उस समय वाच्य-वाचक का क्रम उदित नहीं होता, विभाग अस्फुट ही रहता है। तत्काल चिज्ज्योति के प्राधान्य से उसकी द्रष्टृरूपता ही विद्यमान रहती है।

यह पश्यन्ती वाणी स्थूल, सूक्ष्म और पर भेद से तीन प्रकार की है :—

१. स्थूल-पश्यन्ती—षड्जादि स्वरों के मेल अथवा वर्णों के विभाग से रहित आलाप द्वारा माधुर्यातिशय या आह्लाद को प्रदान करने वाली प्राथमिक नादमात्र जिसका स्वभाव है ऐसी वाणी स्थूल पश्यन्ती है।

तत्र या स्वरसन्दर्भसुभगा नादरूपिणी। २३७।
सा स्थूला खलु पश्यन्ती वर्णाद्यप्रविभागतः।

तं० तृ० आ०

२. सूक्ष्म-पश्यन्ती—जिगासा अथवा गाने की इच्छा का अनुसंधान ही पश्यन्ती का सूक्ष्म रूप है।

३. पर-पश्यन्ती—परचिदात्मक, उपाधिहीन रूप ही पर-पश्यन्ती है।

अस्मिन् स्थूलत्रये यत्तदनुसन्धानमादिवत्। २४५।
पृथक् पृथक् तत्त्रितयं सूक्ष्ममित्यभिधीयते।
षड्जं करोमि मधुरं वादयामि ब्रुवे वचः। २३६।
पृथगेवानुसन्धानत्रयं संवेद्यते किल।
एतस्यापि त्रयस्याद्यं यद्रूपमनुपाधिमत्॥ २४७॥
तत्परं त्रितयं तत्र शिवः परचिदात्मकः। —तं० ३ आ०

भर्तृहरि ने स्वोपज्ञ टीका में पश्यन्ती के विविध भेदों का उल्लेख करते

---

१. ततः स्रष्टव्यपदार्थानालोचयति–'तदैक्षत बहु स्यां प्रजायेय' इति श्रुतेः। तादृशमीक्षणमेव प्रवृत्तिनिमित्तीकृत्य तस्यां पश्यन्तीति पदं प्रवर्तते।

—वरिवस्या० पृ० १७

२. सैव हि परमेश्वरी स्वस्वातन्त्र्यात् बहीरूपतामुल्लिलासयिषुर्वाच्यवाचक-क्रमानुदयाद्विभागस्यास्फुटत्वाच्चिज्ज्योतिष एव प्राधान्यात् द्रष्टृरूपतया पश्यन्तीति शब्दव्यपदेश्या। तन्त्रा० टी० तृ०, पृ० २२५

हुए उसका पर रूप भी माना है। ऐसा उनके 'परं तु पश्यन्तीरूपमनपभ्रंश-मसङ्कीर्णं लोकव्यवहारातीतम्' इस सन्दर्भ द्वारा तथा 'चलाचला, आवृता सन्निविष्टज्ञेयाकारा परिच्छिन्नार्थप्रत्यवभासा, संसृष्टार्थप्रत्यवभासा' एवं साथ ही प्रतिलब्धसमाधाना, विशुद्धा, प्रतिलीनाकारा, निराकारा और प्रशान्त-सर्वार्थप्रत्यवभासा इन भेदों के द्वारा सर्वथा स्पष्ट है।

पुनः आश्वमेधिक पर्वगत ब्राह्मणगीता को उद्धृत करते हुए उन्होंने कहा है :—

जिसमें वाच्यवाचक का विभाग नहीं है, क्रमरहित, स्वरूपज्योति अथवा स्वप्रकाश, अविनाशी सूक्ष्मवाक् ही पश्यन्ती है। नित्य आगन्तुक मलों से आकीर्यमाण होने पर भी चन्द्र की चरम कला के सदृश इसका अत्यन्त अभिभव नहीं होता। इसके स्वरूप का दर्शन हो जाने पर स्वर्गापवर्ग रूप अधिकार निवृत्त हो जाता है। षोडशकल पुरुष में इसे ही अमृता कला के नाम से कहा गया है।

अविभागा तु पश्यन्ती सर्वतः संहृतक्रमा।
स्वरूपज्योतिरेवान्तः सूक्ष्मा वागनपायिनी॥
सैषाः सङ्कीर्यमाणाऽपि नित्यमागन्तुकैर्मलैः।
अन्त्या कलेव सोमस्य नात्यन्तमभिभूयते॥
तस्यां दृष्टस्वरूपायामधिकारो निवर्तते।
पुरुषे षोडशकले तामाहुरमृतां कलाम्॥

वाक्यपदीय टीका, पृ० ५७

व्याकरणागम[1] में वाणी के तीन स्वरूपों की स्थापना मिलती है। पश्यन्ती ही परा स्थिति है इसी का वहाँ अनादिनिधन शब्दब्रह्म के नाम से उल्लेख किया गया है। आचार्य सोमानन्दपाद ने शब्दपरब्रह्माद्वयवाद का खण्डन करते हुए पश्यन्ती का निम्नांकित व्याकरण सम्मत स्वरूप बताया है :—

'ईश्वराद्वयवाद में जो ज्ञान-शक्ति अथवा सदाशिवरूपता है वही वैयाकरणों की पश्यन्ती है जिसे वे लोग परतत्त्व मानते हैं। यह अनादि अक्षय शब्दतत्त्व

---

१. वैखर्या मध्यमायाश्च पश्यन्ताश्चैतदद्भुतम्।
अनेकतीर्थभेदायास्त्रय्या वाचः परं पदम्।

वाक्यपदीय, प्र० काण्ड १४३

अनादिनिधनं ब्रह्म शब्दतत्त्वं यदक्षरम्।
विवर्ततेऽर्थभावेन प्रक्रिया जगतो यतः॥ १॥

वाक्यपदीय प्र० काण्ड

है, इसे पश्यन्ती संज्ञक परावाक् कहते हैं। वही शब्दब्रह्म सम्पूर्ण देहों में वर्तमान आत्मा है। ज्ञेयरूप शून्य चिन्मात्र उस शब्दतत्त्व को ही भोक्ता कहते हैं। यह दर्शन का निरतिशय स्थान अथवा पराकाष्ठा है। इन्द्रिय वृत्तियों से हीन, देश और कालकृत अवच्छेद से शून्य, क्रमात्मक संसार से रहित, अतएव ग्राह्य और ग्राहकात्मक आकार से वर्जित पश्यन्ती ही पराकाष्ठा, परमार्थ एवं परब्रह्म[1] है।'

आचार्य अभिनवगुप्त[2] ने पश्यन्ती, महापश्यन्ती तथा परम महापश्यन्ती की भी चर्चा की है। सदाशिवेश्वर दशा महापश्यन्ती है। 'गृहात् निःसरामि' आदि परामर्श, मायाप्रमातृ (जीव) गत पश्यन्ती का बोध कराते हैं। परममहापश्यन्ती ही परा वाक् है। पश्यन्तीवाणी में, ग्राह्य और ग्राहकगत अभिधान और अभिधेय का देश और कलाकृत क्रम, स्फुट रूप से नहीं रहता। क्योंकि पश्यन्ती दशात्मक विमर्श, निर्विकल्पक स्वभाव वाला होता है। स्वयं अक्रम होने के कारण अविभक्त, एवं अन्तर्लीन, क्रमात्मक विभाग को आच्छादित करके अवस्थित रहता है। ग्राह्य और ग्राहक से उत्पन्न क्रम इसके द्वारा अथवा इसमें अन्तःसङ्कुचित रहता है, अतः इसे प्रतिसंहृतक्रम कहते हैं। 'सरः' 'रसः' आदि पदों तथा 'देवदत्त तुरग' आदि वाक्यों का क्रम-सङ्कोचनात्मक पिण्डीकरण जिसके द्वारा सम्पन्न होता है वह पदवाक्यात्मक अभिजल्प (शब्दन) सूत्रात्मक शरीरधारी होने के कारण 'सूक्ष्म' कहा जाता है। प्रतिसंहृतक्रमा एवं सूक्ष्मा, यह पश्यन्ती वाक् इच्छाशक्ति रूप मानी गई है[3]।

आचार्य सोमानन्द पश्यन्ती को ज्ञानशक्ति कहते हैं तथा तन्त्र एवं अभिनवगुप्त इसे इच्छाशक्ति घोषित करते हैं। ऐसी स्थिति में यहाँ सन्देह की संभावना

---

१. अथास्माकं ज्ञानशक्तिर्या सदाशिवरूपता।
वैयाकरणसाधूनां पश्यन्ती सा परा स्थितिः ॥ १ ॥
इत्याहुस्ते परं ब्रह्म यदनादि तथाक्षयम्।
तदक्षरं शब्दरूपं सा पश्यन्ती परा हि वाक् ॥ २ ॥
स एवात्मा सर्वदेहव्यापकत्वेन वर्तते।
अन्तःपश्यदवस्थैव चिद्रूपत्वमरूपकम् ॥ ३ ॥
तावद्यावत्परा काष्ठा यावत्पश्यत्यनन्तकम्।
अक्षादिवृत्तिभिर्हीनं देशकालादिशून्यकम् ॥ ४ ॥
सर्वतः क्रमसंहारमात्रमाकारवर्जितम्।
ब्रह्मतत्त्वं परा काष्ठा परमार्थस्तदेव सः ॥ ५ ॥ शिवदृष्टि आ० २

२. ई० प्र० वि०, पृ० १९५–१९७, १ अ० ५ वि०

३. द्रष्टव्य वही, पृ० १८९

है। किन्तु सच्चाई यह नहीं है। इच्छाशक्ति वस्तुतः ज्ञान और क्रियाशक्ति की अनुग्राहिका बीजावस्था है। और जानने की इच्छा (बुभुत्सा) भी बोध-स्वभाव ही होती है। इच्छाशक्ति में बोध्य वस्तु का पूर्णरूप से प्रकाशन होता है।

'इयमेव च इच्छाशक्तिरूपेति दर्शयति कार्यचिकीर्षा इति। बोध्यबुभुत्सा-स्वभावा अपि इयं भवति, अतश्च एवं—यदिच्छाशक्तिर्ज्ञानक्रियाशक्त्योरनुग्राहिका इति, किन्तु बुभुत्सा अपि बोधस्वभावैव तस्य वस्तुनस्तत्र अवभासपरिपूर्णतया प्रकाशनात्।' ई० प्र० वि०, अ० १, वि० ५, पृ० १८०

इसके[1] अतिरिक्त आचार्य उत्पल ने इसमें ज्ञानशक्तिरूपता को उपचरित माना है।

परावाणी शब्द की चरम अवस्था है। इसी को अतिक्रम करके परब्रह्म अथवा परमशिव पदवी की उपलब्धि होती है। पूर्ण[2] होने के कारण इसे परा कहते हैं। समस्त विश्व के आस्वादात्मक चमत्काररूप प्रत्यवमर्श द्वारा, कथन करने के कारण इसे वाक्[3] की संज्ञा दी गई है। यह कथन-संकेत निरपेक्ष, अविच्छिन्न चमत्कार[4] अर्थात् निज भोग परामर्शात्मक, अन्तर्मुखशिरोनिर्देश[5] स्वरूप एवं अकारादि मायीय सांकेतिक शब्द का जीवनभूत है। यह परा-वाणी, चिद्रूप, स्वात्मविश्रान्त 'अहं' इस रूप में नित्य उदित परमात्मा के मुख्य स्वातन्त्र्य रूप से अनन्यापेक्ष होकर वर्तमान रहती है। अन्यनिरपेक्षता[6] और स्वरसवाहिता ही आनन्द, ऐश्वर्य, स्वातन्त्र्य और चैतन्य है। देश, काल से अविशिष्ट यह वाणी स्वतःसिद्ध महासत्ता के नाम से कही गई है। इसे, परमेष्ठी

---

१. पश्यन्तीति दर्शनप्राधान्यात् उपचरितज्ञानशक्तिरूपत्वेप्याश्रीयमाणे परमशिवरूपताया अत्यन्तदूरवर्तिनी, न तु पर्यन्तदशासौ, ज्ञानशक्तेः सदाशिवरूपत्वात् परापरव्यवस्थात्र। सदाशिवरूपत्वे च क्रियाशक्तिरपि न परित्यक्ता।

शिवदृ०, द्वि० आ० पृ० ३७

२. पूर्णत्वात् परा। ई० प्र० वि०, पृ० २०५, १ अ० ५ आ०

३. वक्ति, विश्वम् अपलपति प्रत्यवमर्शेन इति च वाक्।

४. **चमतो** भुञ्जानस्य करणं संरम्भः, अहमसौ नीलादेर्भोक्ता इति चमत्कारः। अनुपचरितस्य संवेदनरूपतानान्तरीयकत्वेनावस्थितस्य स्वतन्त्रस्यैव रसनैकघनतया परामर्शः परमानन्दो निर्वृतिश्चमत्कार उच्यते।

ई० प्र० वि० टिप्पणी, पृ० २०५

५. यथा कश्चित् स्वकृतं शिरःकम्पेन निर्दिशति।

६. अन्यनिरपेक्षतैव परमार्थतं आनन्दः, ऐश्वर्यं, स्वातन्त्र्यं, चैतन्यं च।

ई० प्र० वि० पृ० १०७

परमशिव का परमन्त्रात्मक विमर्शरूप हृदय कहा गया है। मन्त्र ही समग्र का हृदयभूत है। विमर्श के अतिरिक्त मन्त्र का और कोई स्वरूप नहीं और विमर्शन परावाङ्मय है अतएव सार भी।

सा स्फुरत्ता महासत्ता देशकालाविशेषिणी।
सैषा सारतया प्रोक्ता हृदयं परमेष्ठिनः ॥१४।२

ईश्वरप्रत्यभिज्ञा अ० ४ आ०

संसार का जो सार है वही परावाक्रूप मालिनी शक्ति भी है। यही मन्त्रों की जननी है।

परा तुरीयतत्त्व है। यह अव्यक्तसंज्ञक शब्द है। जगद्रूप अंकुर के लिए कन्दात्मक होने के कारण यह परावाक् कारण बिन्दु के नाम से उल्लिखित हुई है। स्वप्रतिष्ठ होने से यह शब्दब्रह्मरूप परा वाणी निःस्पन्द मानी जाती है। इच्छा, ज्ञान और क्रिया शक्तियाँ यहाँ समष्टिरूप में विद्यमान रहती हैं। परा वाणी में वर्तमान प्रकाशांश को अम्बिका और विमर्शांश को शांता कहते हैं।

आत्मनः स्फुरणं पश्येद्यदा सा परमा कला।
अम्बिकारूपमापन्ना परावाक्समुदीरिता ॥ ३६ ॥

योगिनीहृदय १

इसी परा वाणी में सम्पूर्ण वाच्य-वाचक-वैचित्र्य मयूराण्डरस के सदृश अनभिव्यक्त रूप में अभेदापन्न होकर विद्यमान रहता है।

'मूलाधारात् प्रथममुदितो यश्च भावः पराख्यः' द्वितीयपटलगत प्रपञ्चसार के उपर्युक्त श्लोक की व्याख्या करते हुए पद्मपादाचार्य ने कहा है :—मूल शब्द का अर्थ है जगन्मूलभूत परिणामिनी मायाशक्ति और उसके आधारभूत चिदात्मा को मूलाधार कहते हैं। शरीरगत मूलाधार भी सर्वगत चिदात्मा की अभिव्यक्ति का स्थान होने के कारण मूलाधार कहा जाता है। उससे उत्पन्न चैतन्याभास और मायाशक्त्यात्मक भाव परावाक् है।

मूलं जगन्मूलभूता परिणामिनी मायाशक्तिः। तस्याः आधारभूतश्चिदात्मा मूलाधारः। सर्वगस्यापि तस्याभिव्यक्तिस्थानत्वात् गुदमेढ्रमध्योऽपि मूलाधारः। तस्मात् प्रथममुदितः चैतन्याभासः भावश्च यः जगद्भावयतीति माया शक्तिर्भावः स पराख्यः। चैतन्याभासविशिष्टतया प्रकाशिका माया निष्पन्दा परा वागित्यर्थः।

राघवभट्ट ने भी लिखा है—

चित्[1] शक्ति ही परा है। अथवा चैतन्यभासविशिष्ट होने के कारण प्रकाशिका माया ही स्पन्दहीन परा वाक् है। वेदान्त दृष्टि से ही उपर्युक्त दोनों व्याख्याएँ प्रभावित हैं ऐसा प्रतीत होता है। यद्यपि राघवभट्ट तन्त्रसम्मत व्याख्या विकल्प देना नहीं भूले। शाक्ताद्वैतवाद अथवा ईश्वराद्वयवाद में माया प्रकृति आदि परावाक् से निम्नतर के तत्त्व हैं। माया से यदि महामाया अभिप्रेत हो तो द्वैतवादी तंत्रों के अनुसार यह शिव की परिग्रहरूपा बिन्दु शक्ति है और इसे ही परावाक् कहा जा सकता है।

आचार्य पद्मपाद ने तो वाणी के पञ्चपदी और सप्तपदी होने की भी सूचना दी है। यथा—(१) सूक्ष्मा, (२) परा, (३) पश्यन्ती, (४) मध्यमा, (५) वैखरी।

(१) शून्य, (२) संवित्, (३) सूक्ष्मा, (४) परा, (५) पश्यन्ती, (६) मध्यमा, (७) वैखरी। शून्य—अनुत्पन्न, स्पंदहीन वाणी। संवित्—उत्पन्न होने की इच्छा वाली। सूक्ष्मा—उत्पत्त्यवस्था। परा—मूलाधार में प्रथम उदित।[2]

ऐसा प्रतीत होता है कि आचार्य श्री ने स्वच्छन्द तन्त्र के—

तस्माच्छून्यं समुत्पन्नं शून्यात्स्पर्शसमुद्भवः।
तस्मान्नादः समुत्पन्नः पूर्वं वै कथितस्तव''॥ श्लो० ५, प० ११

इसके अनुसार सात प्रकार की वाणी की चर्चा की है। सिद्धान्ततः इसमें कोई असंगति नहीं है। वहाँ शून्य से व्यापिनी, स्पर्श से शक्ति आदि का ग्रहण किया गया है। उन्मनी, समना, व्यापिनी आदि का वर्णन अग्रिम अध्याय में किया जायगा।

लक्ष्मीधर[3] ने सौन्दर्यलहरी की टीका करते हुए परावाणी को ही

---

१. अथवा चिच्छक्तिरेव पराख्या चैतन्याभासविशिष्टतया प्रकाशिका माया निष्पन्दा परा वागित्यर्थः॥ पदार्थादर्श, पृ० ६१ आगमानुष्ठान स० सं०

२. अथवा सूक्ष्मा, परा, पश्यन्ती, मध्यमा, वैखरीति पञ्चपदीं वाचमाश्रित्याह मूलाधारादिति। सप्तपद्यपि वागनेनैव सूचिता शून्यसंवित्सूक्ष्मादीनि सप्तपदानि। तत्रानुत्पन्ना निष्पन्दा शून्या। वागुत्पित्सुः संवित्। उत्पत्त्यवस्था सूक्ष्मा मूलाधारात् प्रथममुदिता परेति विभागः।

प्रपञ्चसार टीका, पृ० ३४, द्वि० पटल

३. एका परेति सत्त्वरजस्तमोगुणसाम्यरूपा। तदन्या पश्यन्ती अन्यतरगुणवैषम्यरूपेत्यर्थः। सौन्दर्यलहरी श्लोक ३४ की टीका

प्रकृति कहा है। सत्व, रज और तम की साम्यावस्था परा है और वैषम्यावस्था पश्यन्ती।

इसमें सन्देह नहीं है कि सत्व, रज और तम क्रमशः ज्ञान, इच्छा और क्रिया के प्रतीक हैं। किन्तु सांख्य में जिस प्रकृति का वर्णन है वह अत्यन्त स्थूल है। यह अशुद्ध प्रकृति है। परा को शुद्धप्रकृति कहा जा सकता है। शुद्धप्रकृति में इच्छा आदि शक्तिरूप से विद्यमान रहते हैं। ईश्वर[1] प्रत्यभिज्ञा में स्पष्टतया कहा गया है कि पतिदशा में जो ज्ञान, क्रिया और मायाशक्ति है, वही पशुदशा में सत्त्व, रज और तम है। इच्छादि शक्तियाँ ही संकुचित होकर सत्वादि के रूप में प्रतीत होती हैं।[2] सांख्यकारिका में तो नहीं किन्तु योगसूत्रों पर भाष्य करते हुए व्यास ने कहा है :—

गुणानां परमं रूपं न दृष्टिपथमृच्छति।
यत्तु दृष्टिपथं प्राप्तं तन्मायैव सुतुच्छकम् ॥

अर्थात् 'गुणों का परम रूप देखने में नहीं आता, जो दिखाई देता है वह तो माया की तरह तुच्छ है।'

इससे प्रतीत होता है कि गुणों का प्रत्यक्ष और मानस से परे उत्कृष्ट रूप भी है जिसका ज्ञान सांख्यदर्शनमात्र से नहीं हो सकता। तन्त्रों एवं पुराणों में ही उसका वर्णन मिलता है।

वस्तुतः मूल महाप्रकृति जिसे परावाक् भी कहा जा सकता है एक ऐसा 'साँचा' है जिससे अनन्त विश्व वैचित्र्य प्रादुर्भूत होता रहता है और उसमें किसी प्रकार का विकार नहीं होता।

व्याकरणागम[3] में सूक्ष्म शब्द को संज्ञा या चेतना कहा गया है। परा-

---

१. स्वाङ्गरूपेषु भावेषु पत्युर्ज्ञानं क्रिया च या।
मायातृतीये ते एव पशोः सत्त्वं रजस्तमः ॥ ४ ॥ अ० ४ आ० १

२. इच्छादित्रिसमष्टिः शक्तिः शान्तास्य सङ्कुचद्रूपा।
सङ्कलितेच्छाद्यात्मकसत्त्वादिकसाम्यरूपिणी सती।
बुद्ध्यादिसामरस्यस्वरूपचित्तात्मिका मता प्रकृतिः।
तत्त्वसन्दोह १०।१३. १४.

३. सैषा संसारिणां संज्ञा बहिरन्तश्च वर्तते।
तन्मात्रामप्यतिक्रान्ते चैतन्यं सर्वजन्तुषु ॥१२७॥
शब्देष्वेवाश्रिता शक्तिर्विश्वस्यास्य निबन्धिनी।
यन्नेत्रः प्रतिभात्मायं भेदरूपः प्रतीयते ॥ ११९ ॥ वा० प० का० १
अपि प्रयोक्तुरात्मानं शब्दमन्तरवस्थितम्।
प्राहुर्महान्तमृषभं येन सायुज्यमिष्यते ॥ १३२ ॥ वही

प्रकृतिरूप चिन्मयी वाणी, अनन्त प्रमेयात्मक गवादि आकारों को धारण करती है। प्रतिभात्मक परावाणी की उपासना करने वाले लोग ही मृत्यु का अतिवर्तन करते हैं।

भेदोद्ग्राहविवर्तेन लब्धाकारपरिग्रहा।
आम्नाता सर्वविद्यासु वागेव प्रकृतिः परा॥
एकत्वमभिनिष्क्रान्ता वाङ्नेत्रा वाङ्निबन्धनाः।
पृथग्वदवभासन्ते वाग्विभागा गवादयः॥
षड्द्वारां षडधिष्ठानां षट्प्रबोधां षडव्ययाम्।
ते मृत्युमतिवर्तन्ते ये वैं वाचमुपासते॥

ब्रह्मकाण्ड स्वोपज्ञटीका

तन्त्र मत में प्रतिभा भी परावाणी का नामान्तर है। परमेश्वर की विश्व रचना के प्रति अन्यनिरपेक्षता को ही परा अथवा प्रतिभादेवी कहते हैं। यह प्रतिभा निरतिशय स्वातन्त्र्य (आनन्द) के चमत्कार (भोग) से पूर्ण है। इसमें विद्यमान प्रकाशांश वाच्यों—अनन्त गो घटादि अर्थों और विमर्शांश वर्णों, पदों, वाक्यों के रूप में स्फुरित होता है। यह प्रतिभा चित्स्वभावतामात्र, स्वरसोदित परावाक् रूप ही है। इसमें किसी प्रकार के सङ्कोचरूपी कलङ्क की कलुषता का लेश भी नहीं रहता। भैरवभट्टारिकात्मक इस महासंवित् में सम्पूर्ण चराचर जगत् पारमार्थिक अनपायी रूप से वीर्यमात्र सार अवस्था में विद्यमान रहता है।

'सा'[1] च परमेश्वरी पराभट्टारिका तथाविधनिरतिशयाभेदभागिन्यपि पश्यन्त्यादिकाः परापराभट्टारिकादिस्फाररूपा अन्तःकृत्य तत्तदनन्तवैचित्र्यगर्भमयी···परामृशते च प्रथमां प्रतिभाभिधानां सङ्कोचकलङ्ककालुष्यलेशशून्यां भगवतीं संविदम्॥ परात्रिंशिका, पृ० १०२

निखिल[2] वैषयिक अवबोध के पूर्व और अपरान्तचारी, समस्त विश्वात्मक, परशक्तिप्रभारूप प्रतिभा में निमग्न होने पर अभावजनित

---

१. अनन्यापेक्षिता यास्य विश्वात्मत्वं प्रति प्रभोः।
तां परां प्रतिभां देवीं सञ्जिरन्ते ह्यनुत्तराम्॥ ६६॥
तन्त्रा० तृ० आ०

२. यत्प्रातिभं निखिलवैषयिकावबोध-
पूर्वापरान्तरचरं निखिलात्मकं तत्।
तस्यां प्रलीनवपुषः परशक्तिभासि
ग्लानिर्घटेत किमभाववशोपकल्प्ता॥ परात्रिंशिका, पृ० ११०

ग्लानि घटित नहीं होती। अपरिच्छिन्न स्वभाव होने पर भी अखण्ड पारमेश्वरी प्रतिभा सर्वात्मक है।

"एकैव सा पारमेश्वरी प्रतिभा अस्मदुक्तिमाहात्म्यकल्पिता एवं विधा अपरिच्छिन्नस्वभावाऽपि सर्वात्मैव।" परात्रिंशिका, पृ० १०८

शुद्ध[1], संविन्मात्र, प्रकाशपरमार्थ अतितुर्य तत्त्व, सम्पूर्ण प्रमेयात्मक विश्व को अपने से पृथक् करके सकल भावों से उत्तीर्ण निरावरण रूप में विद्यमान रहता है। महासंवित् की यह **शून्यावस्था** है। उसे ही निष्कल परमशिव के नाम से कहा जाता है। 'नेति' 'नेति' द्वारा जिस दशा का बोध कराया जाता है यही वह उत्तीर्ण दशा है जो योगियों का चरमकाम्य है। सम्पूर्ण विश्वगत भावों के क्षीण या तदन्तर्भूत होने से इसे शून्य कहा जाता है। इस प्रकार अशून्य या चरम सत्ता ही शून्य[2] है। विविक्त नभ के सदृश शोभित वह परमशिव बहिर्मुख होने की इच्छा से किञ्चित् चलित होता है। यह चलन उसका आद्य प्रसार है। इसको स्पन्द, प्राण और ऊर्मि की संज्ञा दी जाती है। परमशिव रूप पर संवित् का यह प्रथम स्पन्द, स्फुरत्ता अथवा प्रतिभा नामक परा वाक् है जो अनन्त अपरिमित प्रमातृ-प्रमेयों का उद्भवस्थान है।

स एव खात्मा मेयेऽस्मिन् भेदिते स्वोक्रियोन्मुखः।
पतन्समुच्छलत्त्वेन प्राणस्पन्दोर्मिसंज्ञितः॥ ११॥
इयं सा प्राणनाशक्तिरान्तरोद्योगदोहदा।
स्पन्दः स्फुरत्ता विश्रान्तिर्जीवो हृत्प्रतिभा मता॥ ३३॥

तन्त्रालोक आ० ६

'स्वपदशक्तिः' (१७) प्रथ० प्रकाश इस शिवसूत्र की व्याख्या करते हुए आचार्य भास्कर ने कहा है "दृक्क्रियारूपप्रतिभा[3] ही स्वपदात्मक शिव की

---

१. संविन्मात्रं हि यच्छुद्धं प्रकाशपरमार्थकम्।
तन्मेयमात्मनः प्रोज्झ्य विविक्तं भासते नभः॥ ९॥
तदेव शून्यरूपत्वं संविदः परिगीयते।
नेति नेति विमर्शेन योगिनां सा परा दशा॥ १०॥ तं० आ० ६

२. अशून्यं शून्यमित्युक्तं शून्यं चाभाव उच्यते।
अभावः स समुद्दिष्टो यत्र भावाः क्षयं गताः॥ स्वच्छन्द त० ४।२९१

३. गो, घट आदि पृथक् पृथक् विच्छिन्न पदार्थों से अतिरिक्त, बोध के अवसर पर, एक अखण्ड वाक्यार्थरूप प्रतिभा का उदय होता है—ऐसी व्याकरणागम की मान्यता है। और यह प्रतिभा भी स्फोटात्मक शब्दरूप के अतिरिक्त और कुछ नहीं है। यह तथ्य 'द्वावुपादानशब्देषु शब्दौ शब्दविदो विदुः। एको निमित्तं शब्दानामपरोऽर्थे प्रयुज्यते। (प्र० का० ४४) वाक्यपदीय

शक्ति है। विश्वाकार वैचित्र्य के धारण की योग्यता को क्रियाशक्ति और प्राण या प्रकाश को दृक्शक्ति कहते हैं"।

स्वपदं सत्पदं ज्ञेयं शिवाख्यं यदुदीरितम् ॥ ७६ ॥
तद्वोर्यं दृक्क्रियारूपं यत्सा शक्तिः प्रकीर्तिता।
तस्याः कर्त्रंशसंवेशो लीनता स्यात् स्थितिश्च सा ॥ ७७ ॥
तदेव प्रतिभालोकः स्यात्प्रकाशैकमन्थरः।
स वितर्कः स्वस्वभावविमर्शैकघनात्मनः ॥
आत्मनः शिवरूपस्य प्रत्यभिज्ञाप्रसाधने ॥ ७९ ॥
परं तत्साधनं ज्ञेयं तस्मिन् सत्यात्मवेदनम्।
तस्माद्वा प्रतिभोन्मेषः स्याच्छुद्धस्यात्मनः परः ॥ ८० ॥

शि० सू० वा० प्रथम प्रकाश

प्रतिभाएँ व्यक्तिभेद से नाना हो सकती हैं किन्तु उनका समन्वय पर-प्रतिभा में ही होता है जिसका उल्लेख ऊपर स्थित पद्य में किया गया है।

महावैयाकरण हेलाराज ने वाक्यपदीय के तृतीयकाण्ड की टीका का मङ्गलाचरण करते हुए कहा है :—

"जिसके[1] सम्मुख आते ही प्रकाशात्मक पुरुष की अभिनव रुचिर महिमा, मन के अन्तराल में निकट रूप से, स्फुरित होती है। तथा विषयास्वाद से असम्पृक्त होने पर भी जो शाश्वत, परमतृप्ति प्रदान करता है, तेज और आनन्द के अमृत से परिपुष्ट उस प्रातिभ वपु की मैं स्तुति करता हूँ"।

के इस श्लोक तथा स्वोपज्ञ टीका में उद्धृत 'संग्रह' के—'अविभक्तो विभक्तेभ्यो जायतेऽर्थस्य वाचकः। शब्दस्तत्रार्थरूपात्मा सम्भेदमुपगच्छति ॥' इस पद्य से स्पष्ट है।

विच्छेदग्रहणेऽर्थानां प्रतिभान्यैव जायते।
वाक्यार्थ इति तामाहुः पदार्थैरुपपादिताम् ॥ १४५, २। वा० प०

यह प्रतिभा ही आन्तरिक प्रमाण है। इसके द्वारा सन्देहों में वस्तु निर्णय किया जाता है। "सर्वः कश्चित्तामेव भगवतीं स्वप्रतिभां प्रमाणत्वेन पश्यति तथा चोच्यते—सतां हि सन्देहपदेषु वस्तुषु प्रमाणमन्तःकरणप्रवृत्तयः।"

हेलाराज प्रकीर्णप्रकाश वाक्यपदीय टीका, पृ० १४२

१. यस्मिन्सम्मुखतां प्रयाति रुचिरं कोप्यन्तरुज्जृम्भते
नेदीयान् महिमा मनस्यभिनवः पुंसः प्रकाशात्मनः।
तृप्तिं यत्परमां तनोति विषयास्वादं विना शाश्वतीं
धामानन्दसुधामयोर्जितवपुस्तत्प्रातिभं संस्तुमः ॥ —हेलाराज

परावाणी अथवा प्रतिभात्मक तुरीय तत्त्व का तुरीयातीत तत्त्व से सम्बन्ध बताते हुए उत्पलदेव तथा अभिनवगुप्त ने निम्नांकित विवरण प्रस्तुत किया है। 'प्रतिभाति घटः' घट प्रतीत होता है—आदि स्थलों में प्रतिभानात्मकक्रिया, यद्यपि विषय का आलिङ्गन करती हुई लक्षित होती है किन्तु यह क्रिया उस विषय की अपनी ज्योति नहीं है। संवेदन मात्र ही, जो कि प्रमातृनिष्ठ होता है, 'मां प्रतिभाति' इस रूप में स्फुरित होता है। श्रुति कहती है—**'तमेव भान्तमनुभाति सर्वम्'**। (क० उ० ५।१५) 'भान्तं' इस शब्द द्वारा अतितुर्य तत्त्व की सतत् प्रकाशशीलता तथा 'अनुभाति' के 'अनु' ; शब्द द्वारा अतितुर्य तत्त्व के स्वातन्त्र्य से रचित निर्माणक्रिया से उत्पन्न वेद्य-वेदकभाव रूप सम्बन्ध द्योतित होता है।

पश्यतो रूपमालेखात् भातो भानानुषङ्गि यत्।
प्रतीपभानं प्रतिभा भावानामात्मसंश्रया॥

ई० प्र० वि० १ अ० ७ वि० भट्टचन्द्रानन्दन. पृ०, ३३९

'आत्मसंश्रया' इस शब्द द्वारा प्रतिभा की संवित्–विश्रान्तता ही सिद्ध होती है। केवल विषयोल्लेख के अनुषङ्ग से संवेदनात्मकप्रतिभान, क्रम और यौगपद्यादि धर्मों को धारण करता है। अतएव बीज, अङ्कुर, काण्ड, शाखा आदि कर्मों तथा 'ये गायें' आदि में दृष्ट अक्रम या युगपद्भावों से विचित्ररूप पदार्थों का ईश्वर-स्वातन्त्र्यरूप देश-काल-शक्ति से उत्थापित क्रम अथवा देश-काल परिपाटी से (रूषित)–ऊपरक्त प्रतिभा ही सब के लिए सर्वदा स्वप्रकाश, तथा अन्तर्मुखरूप में देशकालकलना हीन होने के कारण अक्रम कही जाती है। और यह अक्रमा प्रतिभा परप्रमाता महेश्वर से भिन्न नहीं।

या चैषा प्रतिभा तत्तत्पदार्थक्रमरूषिता।
अक्रमानन्तचिद्रूपः प्रमाता स महेश्वरः॥ १॥

ई० प्रत्यभिज्ञा १ अ० ७ आ०

देशकालादिपरिच्छेदविरहितसंवित्स्वभावः प्रमाणप्रमितिसमूहस्य यथारुचिसंयोजनादिकरणस्वातन्त्र्ययुक्तः शुद्धाहम्प्रत्यवमर्शमयः कल्पितेश्वराणां ब्रह्मविष्ण्वादीनां स्वांशाभिषेकोपकल्पितैश्वर्यो महेश्वरः प्रमाता। सा च प्रतिभा अनपह्नवनीया॥ ई० प्र० वि वि०, पृ० ३४० अ० १७ वि०

बाहर[1] जो कुछ आभासित होता है, उसका आन्तरिक अवभास ही आत्मा

१. यत्किञ्चिदाभासते, तस्य अन्तर्मुखं यदवभासनं, स आत्मा प्रमाता, स एव च स्वभावः तदेव च ऐश्वर्यमिति सम्बन्धः।
अ० १ वि० ७ ई० प्र० वि०, पृ० ३४०

अथवा प्रमाता है, वही स्वभाव और ऐश्वर्य है। तात्पर्य यह है कि—बाह्य वस्तु के दर्शन के अवसर पर पहले बाह्य क्रमिक घट प्रकाश होता है पश्चात् 'अयं घटः'—यह अन्तर्विकल्परूप क्रमिक प्रकाश होता है। अनन्तर इन दोनों का विश्रान्ति स्थान शुद्ध अहं प्रत्यवमर्शात्मकप्रकाश स्फुरित होता है। यही अक्रमा प्रतिभा है और मुख्य प्रमाता भी।

विभु की परावाणी या प्रतिभारूपविमर्शशक्ति भिन्न-भिन्न संवेद्यों में प्रतिभात होकर मायाशक्ति द्वारा ज्ञान, संकल्प और अध्यवसाय आदि नामों द्वारा कही जाती है। नाना संवेद्यों से सम्बद्ध देश काल के अनुरोध से ज्ञान स्मृति आदि भी सक्रम प्रतीत होते हैं। वेदक और संवेद्य भी पृथक् नहीं। सम्पूर्ण संवेद्यों या ज्ञेयों को, प्रकाशात्मक परमशिव अपने विमर्शात्मक-स्वातन्त्र्य से आत्माभिन्नरूप में प्रकट करते हैं—आत्मा को ही ज्ञेय बनाते[1] हैं। विमर्शात्म स्वातन्त्र्यरूपप्रतिभा[2] अथवा परावाणी ही परमशिव की शक्ति है जिससे वे शक्तिमान् कहे जाते हैं।

---

१. द्रष्टव्य ई० प्रत्यभिज्ञा अ० १ आ० ५ श्लोक १८,२१,२५

२. साहित्यशास्त्र में प्रसिद्ध प्रतिभा सारस्वतप्रपञ्च का आधार मानी गयी है। काव्यालङ्कार सूत्रवृत्ति के टीकाकार श्री त्रिपुरहरभूपाल ने कामधेनु में लिखा है :

निर्हेतुके नियतिनिस्पृहमुज्जिहाने, कान्तानिभे कविवरप्रतिभाविवर्ते।
प्रत्यर्थिशून्यपरनिर्वृतिके प्रपञ्चे, सारस्वते तु समयः सुधियानुपाल्यः॥

आचार्य अभिनवगुप्त के अनुसार उसे दोनों प्रपञ्चों की जननी कहा जा सकता है :—

यदुन्मीलनशक्त्यैव विश्वमुन्मीलति क्षणात्।
स्वात्मायतनविश्रान्तां तां वन्दे प्रतिभां शिवाम्॥

ध्वन्यालोकलोचन प्र० उ०

तृतीय अध्याय

आगम समुच्चय–२

ब्रह्म के दो रूप हैं। एक शब्दब्रह्म और दूसरा अर्थब्रह्म। अपनी चरम अवस्था में ये एक, अखण्डरूप में वर्तमान रहते हैं। शक्ति और शक्तिमान् के सदृश इनमें अविनाभाव सम्बन्ध है। शब्दब्रह्म को अपरप्रणव और अर्थब्रह्म को परप्रणव के नाम से भी कहा जाता है। तान्त्रिकों के मत में यह सृष्टि पर-ब्रह्म (परमशिव, चितितत्त्व) का परिणाम[1] है। परिणत होते हुए भी ब्रह्म में किसी प्रकार का विकार नहीं होता। मूलतः सृष्टि दो प्रकार की ही होती है—१. शब्दमय और २. अर्थमय। चक्र और देहमय सृष्टियों का भी उल्लेख मिलता है किन्तु देह ब्रह्माण्ड की ही लघु प्रतिकृति है। और चक्र उन दोनों का आधारभूत सूक्ष्म ठाठ अथवा तन्त्र, जिस पर स्थूलता का वैभवविलास दृष्टि-गोचर होता है। जिस प्रकार लौहमय सूक्ष्मगृह के ऊपर स्थूलगृह का निर्माण किया जाता है ठीक वैसे ही चक्रमयी सृष्टि तथा पिण्ड एवं ब्रह्माण्ड की सृष्टि समझनी चाहिए।

शब्दार्थमय द्विविध सृष्टि का, बीज, अंकुर और उनकी छाया के समान, एक साथ ही उद्भव और अभिवर्द्धन होता है। छाया के दर्शन से वृक्ष की अनुमिति अनुभवसिद्ध है। छाया में वृक्षों के सदृश आकृतिमता और वृक्ष के बिना उसकी अनुपपत्ति ये दोनों बातें प्रत्यक्ष हैं। वैसे ही शब्द, अर्थ के बिना सम्भव नहीं। इसलिए कालिदास ने कहा है—वागर्थाविव सम्पृक्तौ वागर्थ-प्रतिपत्तये। जगतः पितरौ वन्दे पार्वतीपरमेश्वरौ ॥ ५ ॥ रघुवंश, १ सर्ग

याहमित्युदितवाक् परा च सा, यः प्रकाशलुलितात्मविग्रहः।
यौ मिथः समुदिताविहोन्मुखौ तौ षडध्वपितरौ श्रये शिवौ ॥ ६ ॥

चिद्गगनचन्द्रिका, प्रथमविमर्श

शब्द और अर्थरूप सृष्टि के ज्ञान का जनक मन है। वह शब्द को श्रोत्रेन्द्रिय द्वारा ही ग्रहण करता है, अर्थ को कहीं साक्षात् और कहीं नेत्रादि के द्वारा। उपर्युक्त दोनों सृष्टियाँ स्थूल, सूक्ष्म, सूक्ष्मतर और सूक्ष्मतम भेद से चार-चार प्रकार की हैं। श्रोत्र और मन भी अर्थ के ही अन्तर्गत हैं अतः वे भी

---

१. द्रष्टव्य वरिवस्यारहस्य, द्वितीय पृ० ४७ अंश,

चार प्रकार के हैं। स्थूल श्रोत्र के द्वारा, स्थूल शब्दश्रवण से, स्थूल अर्थ का स्थूल मन से ज्ञान होता है। सूक्ष्म श्रोत्र द्वारा, सूक्ष्म शब्द के श्रवण से, सूक्ष्म अर्थ का सूक्ष्म मन से ज्ञान इत्यादि समझना चाहिए। श्रोत्र और मन की सूक्ष्मता शास्त्राभ्यास तथा योगाभ्यास की पटुता से सम्पन्न होती है। 'निर्विचारवैशारद्येऽध्यात्मप्रसादः।' समाधिपाद ४७ सू० 'ऋतम्भरा तत्र प्रज्ञा।' सू० ४८ समाधि०।—योगशास्त्र के इन सूत्रों में मन की विशारदता का स्पष्ट संकेत मिलता है **चत्वारि[1] वाक्परिमिता पदानि तानि विदुर्ब्राह्मणा ये मनीषिणः। गुहा त्रीणि निहिता नेङ्गयन्ति तुरीयं वाचो मनुष्या वदन्ति। (ऋ० २।३।२२।)** इस श्रुति द्वारा शब्दों का चातुर्विध्य प्रमाणित है।

समस्त सृष्टिचक्र का मूल, बिन्दु के नाम से अभिहित किया गया है। यह आख्या वस्तुतः आकारहीन ब्रह्म के सृष्टिरूप यन्त्र की रचना के अनुरूप ही है। अपार संसार के विविधभावी स्थूल आकार-प्रकारों को अपने में सूक्ष्मरूप से समेटे हुए अवाङ्मनसगोचर परतत्व सर्वप्रथम बिन्दु के रूप में ही आकलित होता है। शब्दातीत पर तत्व की ही संज्ञा महाबिन्दु है जिसे अनिर्देश्य, अग्राह्य, अशब्द आदि निषेधों द्वारा कहा जाता है। सत्य तो यह है कि सृष्टिद्वय का मूलभूत, सूक्ष्मरूप विशेषात्मक होने के कारण अभिन्न शब्दार्थरूप परब्रह्म को ही विद्वान् शब्दब्रह्म आदि पदों से निर्दिष्ट करते हैं। वह प्रकाशस्वरूप है। 'घटादि स्फुरित होते हैं' इत्यादि प्रतीतियाँ पदार्थमात्र में 'स्फुरणा' नामक वस्तुविशेष का तत्तत्पदार्थों से अभेदानुभव सिद्ध करती हैं। प्रकाश में 'स्फुरणात्मक' तत्त्व स्वीकार करना होगा। क्योंकि प्रकाश स्फुरित होता है। यह प्रतीति होती है। यह स्फुरणा ही शक्ति है। प्रकाश और स्फुरणा इनकी सम्मिलित रूप में संसार की कारणता मानी जाती है। अतः जहाँ कहीं भी शुद्धशिव अथवा शुद्धशक्ति की जगज्जनकता कही गई हो वहाँ उभयात्मक ही समझना चाहिए। प्रकाश 'अकार' का स्वरूप है और वाच्य भी। तथा स्फुरणा, 'हंकार' रूप है तथा उसकी वाच्य भी। ये 'अ' और 'हं' सूक्ष्मतम परावाक् रूप हैं। परा, पश्यन्ती आदि सृष्टि के मूलभूत, बीजस्थानीय, बिन्दुविशेष के ये दोनों व्यक्ताव्यक्त विलक्षण रूप से वाचक हैं। उस बिन्दु के भी जनक परब्रह्म के अव्यक्त शून्यस्वरूप ये दोनों वाचक हैं।

---

१. वाणी या शब्द के चार रूप हैं उन्हें शब्द ब्रह्मवित् योगिगण ही जानते हैं। उनमें तीन परा, पश्यन्ती और मध्यमा—मूलाधार नाभि और हृदयरूप गुहा में निहित हैं। वैखरीसंज्ञक चौथी वाणी को ही लोग अपने व्यवहार का विषय बनाते हैं।

इनके शून्यरूप अर्थात् कलनातीत होने के कारण ही 'यतो वाचो निवर्तन्ते अप्राप्य मनसा सह' (तै० उ० २–४) इत्यादि श्रुतियों द्वारा उसकी अवाच्यता कही गई है ।

अहं यह एक अद्वैततत्त्व है । इसमें अकार सम्पूर्ण वर्णों का अग्रगामी प्रकाशात्मक परमशिव है । हकार चरम वर्णरूप विमर्श तत्त्व है । इन दोनों का सामरस्य 'पराहन्ता' में स्फुट होता है—

अहमित्येकमद्वैतं यत्प्रकाशात्मविभ्रमः ।
अकारः सर्ववर्णाग्र्यः प्रकाशः परमः शिवः ॥
हकारोन्त्यः कलारूपो विमर्शाख्यः प्रकीर्त्तितः ।
अनयोः सामरस्यं यत्परस्मिन्नहमि स्फुटम् ॥

वरिवस्यारहस्य, पृ० ४९ में उद्धृत

श्रीमद्भगवद्गीता में भी कहा गया है—'अक्षराणामकारोस्मि ।'

शून्याकाराद्विसर्गान्ताद्बिन्दुप्रस्पन्दसंविदः ।
प्रकाशपरमार्थत्वात् स्फुरत्तालहरीयुतात् ।
प्रसृतं विश्वलहरीस्थानं मातृत्रयात्मकम् ॥ ११ ॥

योगिनीहृदय के अनुसार शून्याकार—शून्यमात्रस्वरूप विसर्गान्त अथवा षोडशस्वरान्त्य से बिन्दुविशेष की उत्पत्ति होती है । विसर्ग अव्यक्त हकार के सदृश है 'अतः' उसमें अकार भी सन्निविष्ट है । यहाँ शून्याकार शब्द से अकार और हकार ही निर्दिष्ट हुए हैं । निराकार न कहकर शून्याकार कहने से अकार की एक बिन्दुरूपता और विसर्गरूप हकार का दो बिन्दुमय स्वरूप ध्वनित होता है । विसर्गपद द्वारा सोलहवें 'अः' इस स्वर का बोध हो जाता है पुनः 'अन्त' पद की योजना विमर्शानुबद्ध प्रकाशात्मक अर्थ के लिए प्रयुक्त जान पड़ती है । हकार से अनुबद्ध अकार अर्थात् शक्तिरूप धर्म से अनुबद्ध शिवरूप धर्मी यही विसर्गान्त का वास्तविक अर्थ है ।

स्फुरत्तात्मकलहरी से युक्त, पारमार्थिक प्रकाशरूप उस अहमात्मक बिन्दु से इच्छा, ज्ञान, क्रियास्वरूप मातृत्रयात्मक अनन्त सृष्टि उद्भूत हुई है । प्रकृतशास्त्र के अनुकूल निम्नाङ्कित सृष्टि क्रम को दृष्टि में रखना संगत होगा । जैसे सूर्य के अभिमुख दर्पण में, अन्तःप्रविष्ट किरणों द्वारा दोनों ओर से प्राप्त किरणों के सम्मेलन से, भित्ति पर तेजोबिन्दुविशेष प्रादुर्भूत होता है वैसे ही प्राणियों के अदृष्टवश अपने में उपसंहृत विश्व की रचना की इच्छा से प्रकाशरूप ब्रह्म, अपनी शक्ति को देखने के लिए अभिमुख होकर उसके अन्तराल में तेजरूप से प्रविष्ट होकर शुक्लबिन्दु का रूप ग्रहण करता है ।

अनन्तर उस बिन्दु में रक्तरूप शक्ति प्रविष्ट होती है जिससे संमिश्रित बिन्दु कुछ अभिवृद्ध होता है। वही 'हार्ध' कलारूप पदार्थविशेष के रूप में परिचित होता है। वह बिन्दु, समष्टिरूप में एक तथा स्फुट शिव-शक्ति-सामरस्य नामक अग्नीषोमात्मक काम, 'रवि' आदि शब्दों द्वारा व्यवहृत होता है। व्यष्टिरूप में तो वे दो ही रहते हैं। शुक्लबिन्दु चन्द्र और रक्तबिन्दु ही अग्नि है। इस बिन्दुद्वय को विसर्ग भी कहते हैं। सूर्य का रात्रि को अग्नि में तथा अमावस्या को चन्द्र में प्रवेश करना श्रुति सिद्ध है अतः समष्टिबिन्दु को रवि की संज्ञा देना सङ्गत ही है। इस प्रकार—(१) काम नामक बिन्दु, (२) विसर्ग और (३) हार्धकला—इन तीन[1] अवयवों से युक्त एक अखण्डपदार्थ अण् आदि प्रत्याहार के सदृश कामकला के नाम से अभिहित हुआ है। यही सम्पूर्ण सृष्टि का बीज है। इसीलिए अकार और हकार के मध्य में समस्त वर्णों का पाठ हो जाता है। ळ **वर्ण ल** से अभिन्न है। तथा 'क्ष' क–ष का संयुक्त रूप है अतः 'अहं' से वह भी बहिर्गत नहीं है। कामकला का मूलभूत ब्रह्म ही तुरीय (चतुर्थ) बिन्दु है। चतुर्थ बिन्दुरूप एवं शून्य स्वरूप अकार तथा हकार से उत्पन्न कामकला को व्यक्ताव्यक्तविलक्षण 'अहं' पद द्वारा बोधित करते हैं। अकार-हकारोभयात्मकता तथा शिवशक्तिद्वयरूपता ही 'अहं' इस पद का तात्पर्यार्थ है। यही कारण है कि तज्जन्य सूक्ष्म से लेकर स्थूलपर्यन्त अखिल सृष्टि 'अहं' पद की वाच्य मानी जाती है।

जैसे उदुम्बर (गूलर) पद के वाच्य बीज से जनित परस्पर विलक्षण, पर्ण काष्ठ, कुसुम, फल, कीट आदि में—'उदुम्बरपर्ण' 'उदुम्बरकृमिः' इन रूपों में उदुम्बरता का ही व्यवहार होता है वैसे ही अहं पद का भी। 'ब्रह्म वा इदमग्र आसीत्, तदात्मानमेवावेदहं ब्रह्मास्मीति' इस बृहदारण्यक में, 'त्वां वा अहमहं वै त्वम्' इस ऐतरेय में, 'कस्त्वमित्यहमिति होवाच त्वं मेवेदं सर्वं तस्मादहमिति सर्वाभिधानम्।' आदि तापनीय प्रभृति उपनिषदों में 'अहं' पद की सर्ववाचकता उल्लिखित है। पाणिनि ने भी अस्मद् शब्द की सर्वनामता घोषित की है। इतना ही नहीं श्रुतियों में तो 'तद्वा एतद् ब्रह्माद्वयं' आदि से ब्रह्मस्वरूप बताकर 'हंसः' 'सोहं' द्वारा पूर्णाहम्भावभावनात्मक उपासना का विधान किया गया है। 'कादिमत' में—'योनिमुद्रा का बन्धन, मन्त्रों में वीर्य की योजना तथा आदिम और अन्त्य का ज्ञान करानेवाला ही गुरु है' ऐसा कहा गया है। आदिम का अर्थ है 'अकार' और अन्त्य का 'हकार' इनका

---

१. काम नामक बिन्दु—संमिश्रित बिन्दु। विसर्ग=शोण और सित बिन्दुद्वय। हार्धकला—अभिवृद्ध रूप।

समाहार ही 'अहं' है। यहाँ इतरेतरद्वन्द्व का परित्याग करके समाहारद्वन्द्व का स्वीकार बिन्दुलाभ के लिए ही है।

छान्दोग्य में कहा गया है :—

'अहं' एवाधस्तात् 'अहं' उपरिष्टात् 'अहं' पश्चात् 'अहं' पुरस्तात् 'अहं' दक्षिणतोऽहं उत्तरतः 'अहं' एवेदं सर्वम्। ७, २५. १

अर्थात् नीचे, ऊपर, पीछे, सम्मुख, दक्षिण और उत्तर 'अहं' ही व्याप्त है। यही नहीं सम्पूर्ण प्रपञ्च अहं स्वरूप ही है।

स्व और पर को प्रकाशित करनेवाला विश्वात्मारूप प्रकाश ही एक 'अहं' पद द्वारा कहा गया है—

स्वपरावभासनक्षम आत्मा विश्वस्य यः प्रकाशोऽसौ।
अहमिति स एक उक्तोऽहन्ता स्थितिरीदृशी तस्य॥

विरूपाक्षपञ्चाशिका

इस प्रकार 'अहं' पदार्थ का, जैसे 'अहं' पद वाचक है वैसे ही उत्तमपुरुष एकवचन भी। पूर्वोक्त 'अहं' बिन्दु में, यद्यपि अकार और हकाररूप अवयव नहीं दिखाई देते किन्तु शास्त्र-प्रामाण्य से उनका सूक्ष्मरूप वहाँ रहता है यह स्वीकार करना ही चाहिए। हार्धकला के योग से उसमें दीर्घता (उच्छूनता) भी सम्पन्न होती है अतः चतुर्थ स्वर का, कामकला के रूप में मन्त्ररहस्यवेत्ता-गण प्रतिपादन करते हैं।

"कामकला[1] में पहले तुरीयबिन्दु उसके नीचे काम नामक बिन्दु, उसके नीचे विसर्गाख्य बिन्दुद्वय और उससे नीचे हार्द्धकला–ऐसी स्थिति है।" तुरीय

---

१. मध्यबिन्दुविसर्गान्तः समास्थानमये परे।
कुटिलारूपके तस्याः प्रतिरूपं वियत्कले॥ २१॥

नित्याषोडशिकार्णव वि० ७

सेतुबन्ध में वर्णित 'कामकला' का उक्त स्वरूप दीपिकाकार अमृतानन्द योगी के द्वारा स्वीकृत स्वरूप से ही भिन्न नहीं है अपितु स्वयं भास्करराय ने "बिन्दुं सङ्कल्प्य वक्त्रं तु—(नित्या षो० विश्राम १, श्लोक २०१)" की व्याख्या करते हुए इसे भिन्न रूप में दिखाया है:—"ऊर्ध्वं कामाख्यो बिन्दुरेकः तदधोग्नीषोमात्मकबिन्दुद्वितयरूपोऽन्यः। तदधो हकारार्धरूपः कलाख्यस्तृतीयः तदिदं प्रत्याहारन्यायेनकामकलेत्युच्यते" सेतुबन्ध।

"मध्यबिन्दुः ऊर्ध्वबिन्दुः अकारहकारसामरस्यरूपः कामाख्यः। तदुक्तं कामकलाविलासे—बिन्दुरहङ्कारात्मा रविरेतन्मिथुनसमरसाकारः। कामः कमनीयतया···।" —दीपिका, पृ० ८५–८६

और विसर्ग के मध्य में रहनेवाला 'काम' ही मध्यबिन्दु है। काम और विसर्ग के अन्तर्गत चैतन्यरूप से अकार और हकार अवस्थित हैं यहाँ ये बैखरीरूप नहीं, किन्तु पर अथवा परा मातृकारूप शून्याकारसदृश वर्तमान है। ये अकार और हकारात्मक अक्षर कुटिलात्मक हैं। वक्रा वामा—सृष्टि जननी ही कुटिला है। अथवा इसे अकुल और कुल कुण्डलिनी समझना चाहिए। काम और विसर्ग अथवा अकार और हकार कुण्डलिनी के प्रतिबिम्ब-रूप हैं। अतः कुण्डलिनी से अभिन्न अकार और हकाररूपता सिद्ध होती है। अर्थ और शब्द ये परब्रह्म के दो रूप हैं अतः ये दोनों अक्षर, शिवशक्ति या अकुल कुण्डलिनी के रूपान्तर मात्र हैं। और इस प्रकार कामकला भी अकार तथा हकार की एकस्वरूप है।

उपर्युक्त विवरण को लक्ष्य करके वरिवस्यारहस्य में कहा गया है—

'अहकारौ शिवशक्ती शून्याकारौ परस्पराश्लिष्टौ।
स्फुरणप्रकाशरूपावुपनिषदुक्तं परं ब्रह्म ॥ ६९ ॥
विश्वसिसृक्षावशतः स्वार्थां शक्तिं विलोकयत्ब्रह्म।
बिन्दूभवति तमिन्दुं प्रविशति शक्तिस्तु रक्तबिन्दुतया ॥७०॥
एतत्पिण्डद्वितयं विसर्गसंज्ञं हकारचैतन्यम्।
मिश्रस्तु तत्समष्टिः कामाख्यो रविरकारचैतन्यम् ॥ ७१ ॥
एषाहम्पदतुर्यस्वरकामकलादिशब्दनिर्देश्या।
वागर्थसृष्टिबीजं तेनाहन्तामयं विश्वम् ॥ ७२ ॥

वस्तुतः[1] अक्षरमात्र में ध्वन्यंश और वर्णांश विद्यमान रहता है। इसीलिए तारत्व (उच्चस्वरता) आदि ध्वनिधर्म वर्णों में अनुभूत होते हैं। वर्णों में विद्यमान ध्वनि ही सम्पूर्ण वर्णों का जनक नादतत्त्व है। नाद सर्वप्रथम परा-स्वरूप होकर मूलाधार से उठता है। पुनः मणिपूर और अनाहत चक्रों में आकर प्राण और मन से संयुक्त होकर पश्यन्ती और मध्यमा के रूप में परिणत हो जाता है। अनन्तर कण्ठ में आकर वही बैखरीरूप वर्णात्मकता को ग्रहण करता है। समस्त वर्णों के कारणस्वरूप उस नाद में वर्णराशि सूक्ष्मरूप में विद्यमान रहती हैं जैसे बीज में फल और पुष्प आदि। पूर्वार्द्ध और अपरार्द्ध

"मुखं बिन्दुं कृत्वा कुचयुगमधस्तस्य तदधो—
हरार्धं ध्यायेद्यो हरमहिषि, ते मन्मथकलाम्" (१९ सौ० ल०)

में भी इससे भिन्नता लक्षित होती है। वस्तुतः ऊपर जिसे तुरीयबिन्दु कहा गया है वह अतितुर्यतत्त्व है।

१. द्रष्टव्य 'सेतुबन्ध', पृ० २३२

इस रूप में द्विधा विभक्त बीजरूप एक ही सम्पुट में जैसे विविध अवयवों वाला सम्पूर्ण वृक्ष छिपा रहता है। वैसे ही अकार-हकाररूप में द्विधा भिन्न नाद ब्रह्म में समस्त वर्णात्मक लौकिक-वैदिक प्रपञ्च निहित रहता है। इसी को दृष्टि में रखकर पहले कहा गया है कि अकार और हकार के बीच में समग्र वर्णराशि निहित है।

पूर्वोक्त अहन्तामय त्रिबिन्दु-तत्त्व-स्वरूप वर्णात्मा कामकला, त्रिगुणात्मक त्रिकोणरूप में परिणत होकर जगज्जननी बनती है—

एवं कामकलात्मा त्रिबिन्दुतत्त्वस्वरूपवर्णमयी।
सेयं त्रिकोणरूपं याता त्रिगुणस्वरूपिणी माता॥ २५॥

कामकलाविलास

मिश्र, शुक्ल और रक्तात्मक त्रिबिन्दुमय, सिंघाड़े के आकार का सुन्दर त्रिकोण है जिसे प्रणव अथवा ओङ्कार भी कहा जाता है—

बिन्दुत्रयात्मकं स्वात्मशृङ्गाटं विद्धि सुन्दरम्।
मिश्रं शुक्लं च रक्तं च पुराणं प्रणवात्मकम्॥

कामकलाविलास, पृ० २९

प्रणव के दो भेद हैं। गायत्रीमन्त्र के चतुर्थचरण—'परोरजसे सावदोम्' की व्याख्या करते हुए भास्करराय[1] ने लिखा है :—

'रज से परे अर्थात् गुणत्रय से अतीत, निर्मल प्रणव अथवा परतत्त्व दो प्रकार का है। एक शब्दात्मक और दूसरा शब्दातीत अथवा अव्यपदेश्य'।

अर्थात् शब्दशक्ति की मर्यादा से जिसका बोध न हो सके किन्तु लक्षणा द्वारा बोधित हो। इसीलिए एक ओर श्रुति उसे दुर्बोध्य कहती है—**'यतो वाचो निवर्तन्ते'** और दूसरी ओर **'वेदैश्च सर्वैरहमेव वेद्यः'** द्वारा उसे बोधगम्य बताती है।

कामकलाक्षर बिन्दुत्रयात्मक है और तीनों बिन्दु सूर्य, सोम और अग्निरूप है। सोम, सूर्य और अग्नि की अकार, उकार और मकार से एकरूपता सम्पूर्ण

---

१. रजसः परं परोरजसे–रजोऽतीतम्। निर्मलमिति निर्गुणमिति वार्थः। रजःशब्दस्य धूलीवाचकत्ववद् गुणत्रयोपलक्षकत्वसम्भवात्।—सावदोमित्यस्य सवदोऽवादश्च यः प्रणवः। वक्तुं शक्यो वक्तुमशक्यश्चेत्यर्थः। शब्दैः शक्तिमर्यादया न बोध्यः शक्यतावच्छेदकधर्ममात्रस्य परतत्त्वे विरहात्। लक्षणया तु बोध्यः सत्यज्ञानादिपदशक्यविशिष्टतादात्म्यसम्बन्धशालित्वात्।

वरिवस्याप्रकाश, पृ० ३९

आगमों में प्रसिद्ध है। इस प्रकार समग्र त्रिकात्मक संसार कामकलाक्षर अथवा प्रणव में ही विश्रान्त है **'त्रिपुरामहिमस्तोत्र'** के आठवें श्लोक की व्याख्या करते हुए नित्यानन्द[1] ने इसे स्पष्ट किया है। पुष्पदन्त ने जहाँ शिवमहिम्नस्तोत्र में संसार के आधारभूत—वेदत्रयी, अवस्थात्रय, त्रिभुवन, सुरत्रय आदि त्रिकों को प्रणव के वर्णों से ही उद्भूत बताया है वहीं शक्तिमहिमस्तोत्र में देशिकेन्द्र दुर्वासा ने इच्छा, ज्ञान, क्रिया, वामा, ज्येष्ठा, रौद्री, ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र, सूर्य, सोम, अग्नि; लोकत्रय, पीठत्रय, लिङ्गत्रय, कालत्रय, वेदत्रय, वह्नित्रय, स्वरत्रय एवं सम्पूर्ण विश्व की प्रणव से अभिन्न[2] **कामकला अथवा त्रिपुरसुन्दरी** से उत्पत्ति की सूचना दी है—

त्रयीं तिस्त्रो वृत्तीस्त्रिभुवनमथो त्रीनपि सुरानकारा-
द्यैर्वर्णैस्त्रिभिरभिदधत्तीर्णविकृति ।
तुरीयं ते धाम ध्वनिभिरवरुन्धानमणुभिः ।
समस्तं व्यस्तं त्वां शरणद गृणात्योमिति पदम् ॥ २७ ॥

म० स्तो०

आद्यैरग्निरवीन्दुबिम्बनिलयैरम्बत्रिलिङ्गात्मभि-
र्भिन्नारक्तसितप्रभैरनुपमैर्युष्मत्पदैस्तैस्त्रिभिः ॥
स्वात्मोत्पादितकाललोकनिगमावस्थामरादित्रयं-
रुद्भूतं त्रिपुरेति नाम कलयेद्यस्ते स धन्यो बुधः ॥ १८ ॥

क्रोधभट्टारक (श० म० स्तोत्र)

रुद्रयामल में 'उमा' नाम शक्ति को भी ॐ से अभिन्न कहा गया है। वस्तुतः उमा, ओङ्कार और कुण्डलिनी भी एक ही तत्व है। **"उमेति परमाशक्तिः**

---

१. कामकलाक्षरस्य बिन्दुत्रयात्मकत्वेन बिन्दुत्रयस्य सूर्यसोमाग्नित्वेन, सोमसूर्याग्नीनामकारोकारमकारात्मता सर्वत्रागमेषु दृष्टेत्येतत्सर्वं त्रिकात्मकं कामकलाक्षरे विश्रान्तमिति प्रणवेनापि कामकलाक्षरमेव गीयते इति तात्पर्यम् ॥

त्रिपुरामहिमस्तोत्र टीका, पृ० ९
(काव्यमालान्तर्गत)

२. आद्यो जाप्यतमार्थवाचकतया रूढः स्वरः पञ्चमः,
सर्वोत्कृष्टतमार्थवाचकतया, वर्णः पवर्गान्तकः ।
वक्तृत्वेन महाविभूतिसरणिस्त्वाधारगो हृद्गतो,
भ्रूमध्यस्थित इत्यतः प्रणवता ते गीयते चागमैः ॥ १९ ॥

त्रिपुरामहिमस्तोत्र टीका

पूर्वभावमुपेयुषी। अध्युष्टवलयाकारा प्रणवत्वमुपागता। अकाररूपिण्यजरा शिवानन्ता मदम्बा॥ शक्तिस्तोत्र की टीका में उद्धृत, पृ० १७

रहस्यवेत्तागण उमा[1] को देवी-प्रणव की संज्ञा प्रदान करते हैं। लिङ्ग पुराण में परमशिव ने भगवती के प्रति कहा है—"मेरे प्रणव में अ, उ, और म अवस्थित है। तुम्हारे प्रणव में क्रमशः उकार, मकार और अकार की स्थिति है। महावाशिष्ठ में भी भगवती को इसी लिए उमा कहा गया है क्योंकि ओङ्कार सार-शक्ति रूप है। सम्पूर्ण प्राणियों की समस्त बुद्धियाँ जब सो जाती हैं अथवा प्रबुद्धदशा के वर्तमान रहने पर भी, हृत्पुण्डरीक के अन्तर्गत दहराकाशरूपी शिव के शिर में अकारादि मात्रात्रयशून्य प्रणवनादभागी शब्दब्रह्मात्मक अनाहतनादरूप में जो इन्दुकला वर्तमान रहती है वही उमा है। इस ज्योतिर्मय, अमात्र इन्दुकला के सम्बन्ध में ही कहा गया है—

"अर्द्धमात्रात्मको नादः श्रूयते लिङ्गमूर्द्धनि॥"

वायवीयसंहिता

अर्द्धमात्रास्थिता नित्या यानुच्चार्या विशेषतः।"

दुर्गासप्तशती

तुरीय तत्त्वात्मक यह हैमवती उमा ही अतितुर्य तत्त्व का दिङ्निर्देश करती है। प्रणव की सुप्रसिद्ध अकार, उकार, मकार, विन्दु और नाद इन कलाओं का स्वच्छन्दतन्त्र में पञ्चप्रणव के नाम से उल्लेख किया गया है। ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र, ईश्वर और सदाशिव इनके देवता हैं। उपर्युक्त कलाओं को क्रमशः ह्रस्व, दीर्घ, प्लुत, सूक्ष्म और अतिसूक्ष्म के नाम से भी निर्देश[2] करते हैं।

---

१. अतएवास्य पदस्य देवीप्रणव इति संज्ञेति रहस्यविदः। उक्तं च लैङ्गे भगवतीं प्रति परमशिवेनैव—अकारोकारमकाराः मदीये प्रणवे स्थिताः। 'उकारं च मकारं च अकारं च क्रमेरितम्। त्वदीयं प्रणवं विद्धि त्रिमात्रं प्लुतमुत्तममिति'। 'महावाशिष्ठेऽपि—ओङ्कारसारशक्तित्वादुमेति परिकीर्तिता'।

सौभा० भा०, पृ० १३५

२. अकारश्चउकारश्च मकारश्च तृतीयकः।
वर्णत्रयमिदं प्रोक्तं ब्रह्माद्याः देवतास्त्रयः॥ २३॥
बिन्दुनादसमायोगादीश्वरश्च सदाशिवः।
एते वै प्रणवाः पञ्च हंसः प्राणयुतः सदा॥ २४॥
ह्रस्वं दीर्घं प्लुतं सूक्ष्ममतिसूक्ष्मं परं शिवम्॥ ४
प्रणवं पञ्चधा ज्ञात्वाभित्वा मोक्षो न संशयः॥

स्वच्छन्दतन्त्र, पटल ६

प्रणव सम्पूर्ण प्राणियों का प्राण है, इसी के द्वारा जीवन प्रतिष्ठित रहता है। अकार, उकार, मकार, बिन्दु, अर्द्धचन्द्र, रोधिनी, नाद, नादान्त, शक्ति, व्यापिनी, समना और उन्मना, अपनी इन बारह कलाओं से ओङ्कार, पृथिवी से लेकर शिव पर्यन्त समस्त तत्त्वों और भुवनों को आकलित करता है। इसी प्रकार 'ओम् इत्येतदक्षरमिदं सर्वम्' यह निगमोक्ति वास्तविकता को ही व्यक्त करती है—

प्रणवः प्राणिनां प्राणो जीवनं सम्प्रतिष्ठिम् ।
गृह्णाति प्रणवः सर्वं कलाभिः कलयेच्छिवम् ॥

नेत्रतन्त्र, अधि० १२

अकारश्च उकारश्च मकारो बिन्दुरेव च ।
अर्द्धचन्द्रो निरोधी च नादो नादान्त एव च ॥ २२५ ॥
कौण्डिलो व्यापिनी शक्तिः समनैकादशी स्मृता ।
उन्मना च ततोऽतीता तदतीतं निरामयम् ॥ २२६ ॥

स्वच्छन्द०, पटल ४

समनापर्यन्त पाशजाल का विस्तार माना जाता है। इसको पार करके उन्मना में अवस्थिति ही मोक्षप्राप्ति का द्वार है—

समनान्तं वरारोहे पाशजालमनन्तकम् ।
कारणैः षड्भिराक्रान्तं मन्त्रस्थं हेयलक्षणम् ॥ ४३२ ॥

स्वच्छन्द०, पटल ४

"**ध्वनिभिरवरुन्धानमणुभिः**" शिवमहिम्न के इस स्तोत्र की व्याख्या करते हुए मधुसूदन सरस्वती ने लिखा है—"**ध्वनीनां चाणुत्वाणुतरत्वाणुतमत्वादिकं गुरूपदेशादधिगन्तव्यम् ॥**"

वस्तुतः ओङ्कारगत अणुतर ध्वनियाँ उपर्युक्त बिन्दु, अर्धचन्द्र, रोधिनी आदि ही हैं। महायोगी भास्करराय[1] ने लिखा है कि बिन्दु, अर्द्धचन्द्र आदि नव कलाएँ सूक्ष्म, सूक्ष्मतर और सूक्ष्मतम काल द्वारा उच्चरित ध्वनिविशेष अथवा वर्णविशेष है। ककारादि के सदृश स्पष्ट उच्चारण न होने पर भी "त्रिःषष्टिश्चतुःषष्टिर्वा वर्णाः शम्भुमते मताः। अनुस्वारो विसर्गश्च।" इस पाणिनीय शिक्षा के अनुसार जैसे अनुस्वारादि को वर्ण माना जाता है वैसे ही इन्हें भी वर्ण मानने में कोई अनौचित्य नहीं। योगिनीहृदय आदि में नाद की

---

१. बिन्द्वादयो नवापि सूक्ष्मसूक्ष्मतरसूक्ष्मतमकालैरुच्चार्या ध्वनिविशेषाः वर्णविशेषा वा। वरिवस्या० प्रकाश, पृ० १०

अक्षरत्व सम्बन्धी मान्यता प्रायः देखी जाती है। इसी आधार पर पञ्चदशाक्षरी विद्या को, प्रथम, द्वितीय और तृतीय कूटों को मिलाकर अट्ठावन वर्णों की संहति[1] रूप में स्वीकार किया जाता है।

बिन्दु से लेकर उन्मना पर्यन्त नव कलाओं की समुदित रूप में 'नाद' यह संज्ञा है। भास्करराय का कहना है कि वस्तुतः बिन्दु से रहित आठ कलाओं की ही नाद—यह आख्या है—

विन्द्वादीनां नवानां तु समष्टिर्नाद उच्यते ॥ १३ ॥

प्रथम अंश, वरिवस्यारहस्य

यद्यपि बिन्दुविनिर्मुक्तानां अष्टानामेव नादसंज्ञा मन्त्रशास्त्रे, तथापि व्यवहारसौकर्याय तत्सहितानामेव सात्र कृतेति ध्येयम्।

वरि० र० प्रकाश टीका, पृ० ११-१२

बिन्दु की आधी मात्रा मानी जाती है। अर्द्धचन्द्र और रोधिनी आदि में पूर्व-ध्वनि की आधी-आधी मात्रा समझना चाहिए। अर्द्धचन्द्र से अर्द्धकाल रोधिनी में और रोधिनी का अर्द्धकाल नाद में इस प्रकार क्रमशः उत्तरोत्तरकाल में सूक्ष्मता आती जाती है।

कालपरमाणु ही लव है। कमलपत्रों को, नीचे ऊपर रक्खे हुए, एक साथ ही सुई से भेदन करने पर प्रत्येक दल में जितना काल लगता है उसी की संज्ञा लव है। कहा जाता है इससे सूक्ष्मकाल की उपलब्धि नहीं होती। दो सौ छप्पन लवों की एक मात्रा होती है। बिन्दु का उच्चारणकाल एक सौ अट्ठाइस लव है। अर्द्धचन्द्र का चौसठ, रोधिनी का बत्तीस, नाद को सोलह, नादान्त का आठ, शक्ति का चार, व्यापिका का दो और समना का एक लव होता है। उन्मना सर्वथा कालहीन है। यहाँ क्षण से लेकर परार्द्धान्तिकाल, निवृत्ति से लेकर शान्त्यतीतादि कलाएँ, प्राणचार, भुवन और देवताओं की गति नहीं है। इसको गुरुवक्त्र अथवा परमशिव की प्राप्ति का द्वार बताया गया है। इससे आगे अनामय परतत्त्व की स्थिति है—

हेयाध्वानमधः कुर्वन् रेचयेत्तं दरानने ॥ १२७५ ॥
यावत्सा समना शक्तिः तदूर्ध्वं चोन्मना स्मृता।
नात्र कालः कलाश्चारो न तत्त्वं न च देवताः ॥ १२७६ ॥
सुनिर्वाणं परं शुद्धं गुरुवक्त्रं तदुच्यते।
तदतीतं वरारोहे परं तत्त्वमनामयम् ॥ १२७७ ॥

स्वच्छन्द०, पटल १०

---

१. द्रष्टव्य वरिवस्या० प्रकाश, पृ० ११

योगिनीहृदय के अनुसार उन्मना भी कालात्मक है।

"शक्त्यादीनां तु मात्रांशो मनोन्मन्यास्तथोन्मनी" ॥ ३४ ॥

नित्याषोडशिकार्णव के इस श्लोक की व्याख्या करते हुए सेतुबन्ध[1] में भास्करराय ने कहा है कि मनोन्मनी अर्थात् समना के सदृश उन्मना का भी काल एकलवात्मक ही है। पुनः समना में भेद क्या होगा इसका उत्तर देते हुए उन्होंने स्पष्ट किया है कि आकृति से सूक्ष्म होने के कारण विद्यमान भी काल उन्मना में दुर्लक्ष्य रहता है यही उसका परत्व है। इस प्रकार—

देशकालानवच्छिन्नं तदूर्ध्वं परमं महत्।
निसर्गसुन्दरं तत्तु परानन्दविधूर्णितम् ॥ ३५ ॥

६ विश्राम, नि०

उन्मना से परे देश-काल से विहीन, निसर्ग सुन्दर शिवशक्ति सामरस्यात्मक परानन्द से व्याप्त महाबिन्दुरूप **अतितुर्य** तत्व की कालहीनता का कथन सङ्गत हो जाता है।

वस्तुतः स्वच्छन्दतन्त्र में भी उन्मनान्त में ही कालहीनता मानी गई है।

ऊर्ध्वमुन्मनसो यत्र तत्र कालो न विद्यते ॥ ३११। पटल ११
उन्मन्यन्ते परे योज्यो न कालस्तत्र विद्यते ॥ २८६। पटल ४

पीछे उद्धृत स्वच्छन्दतन्त्र की संगति भी निम्नांकित रूप से सम्भव है। क्रमात्मक—कार्यकारणादि सम्बन्धी तथा अक्रमात्मक—चित्र और ज्ञानादि सम्बन्धी सम्पूर्ण कलनाभास का साम्य—प्रकर्षापकर्षशून्यता ही काल है। **"स कालः साम्यसंज्ञश्च जन्ममृत्युमयापहः"** (स्वच्छन्द, ११ पटल, श्लोक ३०९)

यह काल उन्मना के अतिरिक्त और कुछ नहीं है। इसी को काली नामक पराशक्ति भी कहते हैं—

क्रमाक्रमात्मा कालश्च परःसंविदि वर्तते।
काली नाम पराशक्तिः सैव देवस्य गीयते ॥ ७ ॥

तन्त्रा०, आ० ६

व्याकरणागम में कहा गया है कि शब्दब्रह्म काल[2] शक्ति का आश्रय लेकर

---

१. मनोन्मनीति समनाया एव संज्ञान्तरम्। यथा समनायाः कालः तथैवोन्मनीकाल इत्यर्थः। एकलवात्मक एव काल इति यावत्। समनातोऽस्याः रूपकालकलामानमिति तत्तु समनात आकृत्या सूक्ष्मत्वाद्विद्यमानोऽपि कालो दुर्लक्ष्य इत्येवं परम्। सेतुबन्ध, पृ० २०८

२. अध्याहितकलां यस्य कालशक्तिमुपाश्रिताः
जन्मादयो विकाराः षड् भावभेदस्य योनयः ॥ ३ ॥

नाना जन्मादि विकारों का जनक बनाता है। सर्वबीज शब्दब्रह्म इस शक्ति द्वारा भोक्ता, भोग्य और भोगरूप में प्रसृत होता है। यह कालशक्ति ही स्वातन्त्र्यशक्ति है।

'एवमकालकलितमपि तत्त्वमनादिनिधनं कालाख्यस्वतन्त्रशक्तिविनिवेशित-प्रतिबन्धाभ्यनुज्ञावशाज्जन्मादिभावविकाराभिधीयमानपौर्वापर्यं चकास्ति।'

पृ० ९०, बनारस सं० सीरीज
हेलाराजकृत वाक्यपदीय टीका, काण्ड ३

स्वतन्त्रकालशक्ति अनादिनिधन एवं काल की कलना से रहित शब्दब्रह्म में जन्मादि समस्त पौर्वापर्यरूप क्रम को अवभासित करती है। इसकी अनुज्ञा से पदार्थों का आविर्भाव तथा प्रतिबन्ध से तिरोभाव होता है। यह उन्मना ही कालशक्ति, स्वातन्त्र्य और परावाणी है ऐसा तान्त्रिकों का मत है।

"तेन उन्मनीरूपेण मया पञ्चदशकालाभिमानिनी सम्यगभेदेन ज्ञायत इत्यर्थः। लवत्रुटिकलाकाष्ठानिमेषमात्रानाडिकामुहूर्ताहोरात्रमाससंवत्सरयुग-कल्पमहाकल्पपरार्द्धकालपर्वाणि अकारोकारमकारबिन्दु कलानिरोधिकानाद-नादान्तशक्तिव्यापिनीव्योमरूपान्तनादान् आश्रिता समनीलक्षणप्रणवमात्रासु, मूलाधारमारभ्या द्वादशान्तं व्यवस्थितासु, सञ्चिन्त्य क्रमेण संहृत्य, अकाल-कलितायां उन्मन्यां व्यवतिष्ठेतेत्यर्थः!

पद्मपादाचार्य कृत प्रपञ्चसारत० टीका, पृ० १५-१६।

प्रयोग क्रमदीपिकाकार[1] ने काल के दो भेद किए हैं। एक परकाल और दूसरा अपरकाल। उनका कथन है कि अपरकाल ही उन्मनी है। उन्मनी शक्ति और उसके लव आदि कार्यों की अध्यक्ष ही परकालात्मा है। वस्तुतः

एकस्य सर्वबीजस्य यस्य चेयमनेकधा।
भोक्तृभोक्तव्यरूपेण भोगरूपेण च स्थितिः॥ ४॥

वाक्यपदीय, आगमकाण्ड

१. परकालचिद्रूपस्योपाधिरपरकालानाद्यन्तस्वभावादिसकलकार्यकालमूल-भूतोन्मनीशक्तिरेव। तस्यास्तदीयलवादिकार्याणां चाध्यक्षभूतः परकालात्मा। पञ्चदशकालाभिमानिनीत्यपरकालक्षणोन्मनीरूपा प्रकृतिः। अत्र शिरोरेखाल-वाद्यभिमानिन्याः उन्मन्याः स्वात्मभूतपरकालचिद्रूपेणैकताभिधानात् तथाविधो योगोऽप्युक्तो भवति। सा तु कालात्मनेत्युन्मन्याः स्वोपाधेरपि साक्षी परः कालः कालेनैवं प्रचोद्यत इति तद्विशिष्ट एव परःकाल इति भेदः।

आ० समिति स० प्रयोगक्रमदीपिका पृ० ४०९-४११

वे मानते हैं कि साक्षी अथवा चरमतत्त्व परकालात्मा चिद्रूप है, कुण्डलिनी-रूप उन्मनीशक्ति उसकी अपनी उपाधि है। वस्तुतः ऐसा स्वीकार करने पर भी सिद्धान्ततः कोई भेद नहीं आता। हाँ दृष्टिभेद अवश्य है।

काल का द्विधात्व आचार्य पद्मपाद को भी अभिमत है—

सैव स्वां वेत्ति परमा तस्याः नान्योस्ति वेदिता।
सा तु कालात्मना सम्यक् मयैव ज्ञायते सदा॥ २८॥

प्रथम पटल

प्रपञ्चसार के उपर्युक्त श्लोक की व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा है—परमा—साक्षिलक्षण पराप्रकृति ही स्वसम्बन्ध अपराशक्ति को जानती है। और वह—लव से लेकर परार्द्ध पर्यन्त पन्द्रह कालपर्वों की अभिमानिनी अपरा कालशक्ति मुझ उन्मनीरूप काल के द्वारा अभेदरूप से जानी जाती है—

सैव परमा साक्षिलक्षणा परा प्रकृतिः पूर्वोक्ता स्वसंवेद्यस्वरूपा स्वां स्वसम्बन्धिनीम् अपरां शक्तिम् वेत्ति। पृ० १२। कालस्यापरस्य पञ्चदशधा भिन्नस्यापि आत्मा कालात्मा। पृ० १५, प्रपञ्चसारविवरण।

प्रपञ्चसारविवरण और प्रयोगक्रमदीपिका की कालसम्बन्धी विवेचना में अन्तर पूर्णतया स्पष्ट है। पूर्वोक्त बिन्दु, अर्द्धचन्द्र आदि कलाओं का सन्निवेश न केवल प्रणव में किन्तु देह और श्रीचक्र में भी पाया जाता है। वस्तुतः प्रवण की कलाएँ सम्पूर्ण शरीर में (पिण्ड में) विभक्त रहती है अतः इसे (प्रवण को) पिण्डमन्त्र भी कहा जाता है। सारे पिण्ड में व्याप्त रहने पर भी हृदयदेश में विशेष रूप से ओङ्कार ध्वनित होता है[1]—

ओमिति स्फुरदुरस्यनाहतं गर्भगुम्फितसमस्तवाङ्मयम्।
दन्ध्वनीति हृदि यत्परं पदं तत्सदक्षरमुपास्महे महः॥ पृ० ३७

शिवोपाध्यायकृत विज्ञानभैरवविवृति।

दीप[2] के सदृश वृत्ताकारबिन्दु, ललाटदेश में अवस्थित रहता है। बिन्दु से ऊपर अर्द्धचन्द्र का स्थान है। इसका आकार तथा कान्ति स्वानुरूप ही है।

---

१. पिण्डमन्त्रस्य सर्वस्य स्थूलवर्णक्रमेण तु।
अर्द्धेन्दुबिन्दुनादान्तः शून्योच्चाराद्भवेच्छिवः॥ ४२॥
विज्ञानभैरवतन्त्र।

२. द्रष्टव्य वरिवस्यारहस्य, प्र० अंश

इसके अतिरिक्त वामकेश्वरतन्त्रान्तर्गत नित्याषोडशिकार्णव, ६ ठा विश्राम, श्लोक २८ से ३५ तक।

इसके आगे त्रिकोणाकृति रोधिनी, चन्द्रिकासदृश कान्ति से शोभायमान रहती है। रोधिनी से परे नाद की स्थिति है जो दो बिन्दुओं के मध्य में पद्मरागमणि के समान मृदु और सूक्ष्म दण्डवत् भासित होता है। नादोत्तर नादान्त अवस्थित है। इसका आकार वामभाग में बिन्दु तथा ऊपर और दक्षिणहल के समान प्रतीत होता है। इसकी आभा तड़ित के समान उज्ज्वल होती है। जिसमें दो तिरछे बिन्दु हों और वामस्थ बिन्दु से एक रेखा निकल रही हो और दक्षिणबिन्दु शिरा रहित हो तो वही शक्ति का आकार है। बिन्दु से निकलता हुआ त्रिकोण ही व्यापिका की आकृति है। ऊर्ध्व और अधोभागस्थ बिन्दुद्वय से संयुक्त रेखाकृति समना कही गई है तथा ऊर्ध्वबिन्दु से हीन वही उन्मना है। इन तीनों की कान्ति द्वादश सूर्यों की समष्टि के सदृश होती है। सबसे परे महाबिन्दु की अवस्थिति है।

वस्तुतः[1] परविमर्शमयी, अहन्तैकरस, पारमेश्वरी स्वातन्त्र्यशक्ति ही

---

१. वस्तुतो ह्युन्मनाख्यैव परविमर्शमयी पारमेश्वरी स्वातन्त्र्यशक्तिरहन्तैकरसा स्वरूपगोपनक्रीड़ा सदाशिवानाश्रितपदात्मकसर्वभावाभाससूत्रणभित्तिकल्पसमनारूपतया स्फुरति। स्वच्छ० उद्योत, पृ० ६, पटल ११

सा शक्तिः परमा सूक्ष्मा उन्मना शिवरूपिणी।
अस्तित्वमात्रमात्मानं क्षोभ्यं क्षोभयते यदा ॥ ६० ॥
समनासौ विनिर्दिष्टा शक्तिः सर्वाध्ववर्तिनी।
क्रोडीकरोति या विश्वं संहृत्य सृजते पुनः ॥ ६१ ॥
कुण्डला या महाशक्तिस्तृतीयाप्युपचर्यते।
ध्वनिरूपां यदा स्फोटस्त्वदृष्टाच्छविग्रहात् ॥ ६२ ॥
प्रसरत्यतिवेगेन ध्वनिनापूरयञ्जगत्।
स नादो देवदेवेशः प्रोक्तश्चैव सदाशिवः ॥ ६३ ॥
ध्वनिरध्वगतो यत्र विश्राम्यत्यनिरोधतः।
निरोधिनीति विख्याता सर्वदेवनिरोधिका ॥ ६४ ॥
निरुद्धस्य महेशत्वमहिमा न प्रवर्तते।
असंख्यातास्तु कोट्यो वै मन्त्राणां तत्र संस्थिताः ॥६५॥
लभन्ते तत्प्रविष्टा वै स बिन्दुश्चेश्वरः स्मृतः।
यदा शिवामृतं मूर्ध्नि पतति सृष्टिकारणम् ॥ ६६ ॥
आप्यायस्तु भवेत्तेन सार्द्धचन्द्र इतिस्मृतः।
संहारः सर्वभूतानां सृष्टिकारणमेव च ॥ ६७ ॥
मकारो ह्यत्र वै रुद्रो वर्णसंघट्ट उत्तमः।
यदा स्थितिं च लभते स्वोन्मुखं सृष्टिकारणम् ॥ ६८ ॥

उन्मना है। यही शक्ति अपने रूप को छिपाने के खेल की इच्छा से, सदाशिव अनाश्रित पदात्मक सम्पूर्ण भावाभासों की भित्तिरूप, अशेष मन्तव्य-मनन-मात्रात्मक समना के नाम से स्फुरित होती है। यह समना व्योमरूप है। इससे शून्यनामक व्यापिनीशक्ति उदित होती है। व्यापिनी से ही प्रसुप्त भुजंगाकार कुण्डलाख्य महाशक्ति का जन्म होता है। इसकी स्पर्श संज्ञा है! इसके अनन्तर आकृतिहीन, दृष्टृरूप, परनादात्मक प्रकाशानन्दघन शिव से स्फोटात्मक शब्दब्रह्म अपनी ध्वनि से (अनुरणन द्वारा) सारे जगत् को भरता हुआ अत्यन्त वेग से फैलता है। इस नाद को देवदेवेश सदाशिव कहा जाता है। उपर्युक्त परनादात्मक शिव को परमेश्वरी परावाक्रूप उन्मना ही समझना चाहिए। इसमें वर्तमान घण्टासदृश अनुरण ही नादान्त है। इसके अनन्तर निरोधिनी का स्थान है जहाँ अनाहत नादात्मा सदाशिव विश्राम करते हैं। यहाँ बड़े-बड़े देवताओं का प्रवेश भी अत्यन्त दुष्कर है। अनन्तर नादात्मक-शिव का सदाशिव सम्बन्धी, स्फुट इदन्ताभासात्मक (सृष्टिवीर्यरूप) अमृत का उन्मेष होता है इसी का नाम अर्द्धचन्द्र है। अर्द्धचन्द्र से नीचे पूर्णचन्द्राकार, ज्ञानशक्तिप्रधान, नादपरामर्श को अपने उदर में लिए हुए, सम्पूर्ण स्रष्टव्य वेद्य वर्ग से अविभक्त, क्रियाशक्त्यात्मा ईश्वररूप बिन्दु का प्रादुर्भाव होता है। इसकी प्रभा करोड़ों सूर्यों के समान मानी गई है। यही सृष्टि और संहार का कारण है। इसके पश्चात् बिन्दु, वर्णों के विश्रान्तिस्थान मकार के रूप में उद्भूत होता है। इसका अधिष्ठाता रुद्र है। माया, कला, विद्या, राग, काल, नियति और पुरुष इसी मकार के अन्तर्गत हैं। प्रमेयप्रधान सृष्टि का कारण-रूप बिन्दु मकारात्मक मन्त्रावयवस्वरूप लाभ करके जब प्रमाण रूप स्व संवित् की ओर उन्मुख होकर स्थिति लाभ करता है तब प्रतिष्ठा-कला के अन्तर्गत उकार का रूप ग्रहण करता है। इसे साक्षात् विष्णु के रूप में जाना जाता है। इससे नीचे अकाराख्य परमधाम है जहाँ कमलासन ब्रह्मा जी शोभित रहते हैं। यहाँ आकर प्रणव की निष्पत्ति होती है। पृथिवीपर्यन्त तत्त्वसृष्टि का यहाँ उल्लेख किया गया है। उपर्युक्त अणुध्वनियों की पारिवारिक अन्य कलाओं का भी निर्देश मिलता है।

प्रतिष्ठाख्य उकारस्तु विष्णुः साक्षाद्भवत्यसौ।
निवृत्तिस्तु यदा सर्वं निष्पन्नं प्रणवं विभुः॥ ६९॥
अकाराख्यं परं धाम ब्रह्मा स कमलासनः।
मन्त्रसृष्टिर्भवेदेषा शिवस्य परमात्मनः॥ ७०॥

नेत्रतन्त्र, अधिकार २१

पैर[1] के अंगूठे से लेकर हृदयपर्यन्त अकार का मार्ग है। इसमें अनन्त भुवनात्मक प्रपञ्च विद्यमान रहता है। ब्रह्मदैवत्य, सद्योजातरूप अकार अपनी सिद्धि, ऋद्धि, द्युति, लक्ष्मी, मेधा, कान्ति, धृति और स्वधा—इन आठ कलाओं में संयुक्त होकर सम्पूर्ण प्राणियों में आकलित होता है। पृथिवी से लेकर प्रधानपर्यन्त तत्त्वों की यहाँ व्याप्ति है।

उकारात्मक वामदेव कलाएँ निम्नांकित हैं :—

रजा, रक्षा, रति, पाल्या, काम्या, तृष्णा, मति, क्रिया, वृद्धि, माया, नाड़ी, भ्रामणी और मोहिनी। हृदय से कण्ठ तक वैष्णवांश में इनकी अवस्थिति है। पुरुषतत्त्व का यहाँ सङ्कलन होता है।

तम, मोहा, क्षुधा, निद्रा, मृत्यु, माया, भया, जरा ये उकारात्मक अघोर कलाएँ हैं। कण्ठ से लेकर तालुपर्यन्त रुद्रांश[2] में इनकी स्थिति है। यहाँ नियति से मायापर्यन्त तत्त्वों का परिगणन किया जाता है।

निवृत्ति[3], प्रतिष्ठा, विद्या, शान्ति—ये तत्पुरुष कलाएँ हैं। इनका स्थान भ्रूमध्य है। ये बिन्दुरूप ईश्वरतत्त्व में स्थित हैं।

---

१. अकारं ब्रह्मदैवत्यं हृदयं यावदध्वनि ॥ २५ ॥
कलाष्टकेन संयुक्तं कलयेत् सर्वजन्तुषु।
सिद्धिर्ऋद्धिर्द्युतिर्लक्ष्मीर्मेधा कान्तिर्धृतिः स्वधा ॥ २६ ॥
सद्यो ब्रह्मकला एताः पश्चिमं व्याप्य संस्थिताः।
रजा रक्षा रतिः पाल्या काम्या तृष्णा मति क्रिया ॥ २७ ॥
वृद्धिर्माया (वृद्धिकाया) च नाडी च भ्रामणी मोहनी तथा।
वामदेवकला ह्येता वैष्णवांशे व्यवस्थिता ॥ २८ ॥
कण्ठान्तयावत् तद्व्याप्तमापो व्याप्य स्थितास्त्विमाः ॥
नेत्रतन्त्र, अधिकार २२

२. तमो मोहा क्षुधा निद्रा मृत्युर्माया भया जरा ॥ २९ ॥
अघोरस्य कला ह्येता रौद्रांशे तु व्यवस्थिताः।
तालवन्तयावत्तद्व्याप्तं तैजसी व्याप्तिरुत्तमा ॥ ३० ॥

३. निवृत्तिश्च प्रतिष्ठा च विद्या शान्तिस्तथैव च।
पुरुषस्य कला ह्येता ईश्वरे तु व्यवस्थिताः ॥ ३१ ॥
वाग्वावरणमाश्रित्य विन्द्वन्तं यावदुज्ज्वलाः।

तारा[1], सुतारा, तरणी, तारयन्ती, सुतारिणी, ये ईशान कलाएँ हैं। सदाशिवात्मक नादतत्त्व से इनका सम्बन्ध है। यहाँ तक ईशानादि पञ्चब्रह्म तथा व्योमादि पञ्चभूतात्मक स्थूलाध्वा कहा जाता है।

अर्द्धचन्द्र[2] की कलाएँ निम्नांकित हैं—

ज्योत्स्ना, ज्योत्स्नावती, सुप्रभा, विमला और शिवा।

रुन्धनी, रोधनी, रौद्री, ज्ञानबोधा, तमोपहा ये निरोधिका कलाएँ हैं।

नादकलाएँ—इन्धिका, दीपिका, रोचिका, मोचिका।

नादान्त की—ऊर्ध्वगा नामक एक ही कला है।

सूक्ष्मा, सुसूक्ष्मा, अमृता, अमृतसम्भवा और व्यापिनी ये शक्ति कलाएँ है।

व्यापिनी, व्योमरूपा, अनन्ता और अनाथा—ये व्यापिनी की कलाएँ कही गई हैं।

समना से सम्बद्ध कलाएँ—सर्वज्ञा, सर्वगा, दुर्गा, सवना, स्पृहणा, और धृति।

---

१. तारा, सुतारा, तरणी, तारयन्ती, सुतारणी ॥ ३३ ॥
द्वादशान्तपदारूढ़ा तुर्यान्तास्तु कलाः स्मृताः।
ईशानस्य कला ह्येताः पञ्च वै कारणात्मिकाः ॥ ३४ ॥
स्थूलस्त्वेवं समाख्यातो ह्यध्वा वै ब्रह्मभूतजः।
सूक्ष्मं चैवमतो वक्ष्ये ह्यध्वानं तु यथास्थितम् ॥ ३५ ॥
नेत्रतन्त्र, अधिकार २२

२. ज्योत्स्ना ज्योत्स्नावती चैव सुप्रभा विमला शिवा।
अर्द्धचन्द्रकला ह्येताः सर्वज्ञपदसंस्थिताः ॥ ३७ ॥
रुन्धनी रोधनी रौद्री ज्ञानबोधा तमोपहा।
निरोधिकाकला ह्येताः सर्वदेवनिरोधिकाः ॥ ३९ ॥
इन्धिका दीपिका चैव रोचिका मोचिका तथा ॥ ४० ॥
ऊर्ध्वगामिन्य इत्येताः कला नादसमुद्भवाः ॥ ४१ ॥
सूक्ष्मा चैव सुसूक्ष्मा च ह्यमृतामृतसम्भवा ॥ ४२ ॥
व्यापिनी चैव विख्याता शक्तितत्त्वसमाश्रिताः।
× × ×
व्यापिनी व्योमरूपा च ह्यनन्तानाथ संज्ञिता।
अनाश्रिता महेशानि व्यापिन्यास्तु कलाः स्मृताः।
सर्वज्ञा सर्वगा दुर्गा सवना स्पृहणा धृतिः ॥ ४५ ॥
समना चेति विख्याता एताः शिवकलाः स्मृताः ॥
नेत्रतन्त्र, अधिकार २२।

अर्द्धचन्द्र से लेकर उन्मनापर्यन्त सम्पूर्ण ध्वनि वर्ग 'नाद' शब्द के द्वारा बोधित होता है ऐसा पीछे कहा जा चुका है। यही पुष्पदन्त द्वारा उल्लिखित अखण्डचैतन्यात्मक ज्योतिर्मय तुरीय धाम है जो अणु ध्वनियों से व्याप्त रहता है—'तुरीयं ते धामध्वनिभिरवरुन्धानमणुभिः'॥ (शि० म० २७)

'तीर्णविकृतिं सर्वविकारातीतं तुरीयं अवस्थात्रयाभिमानिविलक्षणं तव धाम स्वरूपं अखण्डचैतन्यात्मकम्। तवेति राहोः शिर इतिवदुपचारेण षष्ठी। अणुभिर्ध्वनिभिरवरुन्धानं स्वत उच्चारयितुमशक्यैरर्द्धमात्रायाः प्लुतोच्चारणवशेन निष्पाद्यमानैः सूक्ष्मशब्दैरवबोधं कुर्वत् प्रापयत्। समुदायशक्त्या बोधयदिति यावत्। अर्धमात्राया एकत्वेऽपि ध्वनिभिरिति बहुवचनं प्लुतोच्चारणे चिरकालमनुवृत्तायास्तस्याः अनेकध्वनिरूपत्वान्न विरुद्धम्।' मधुसूदनी टीका

आचार्य पद्मपाद ने प्रपञ्चसारविवरण में प्रणवान्तर्गत निम्नांकित सात मात्राभेदों का उल्लेख किया है—अकार[1], उकार, मकार, बिन्दु, नाद, शक्ति और शान्त। इनके विराट्, हिरण्यगर्भ, कारणगुण, समान्यगुण, बीज, गुणाभाव और गुणसाक्षी ये वाच्य हैं। इन्हीं में क्रमशः स्थूलत्व, सूक्ष्मत्व, कारणत्व, समत्व, बीजत्व, निर्विशेषत्व और साक्षित्व का दर्शन किया जाता है। प्रपञ्चसारतन्त्र के प्रणव पटल में आचार्य शङ्कर ने इन सात भेदों का संकेत किया है।

निश्चल[2] परावाक्रूप प्रणवात्मक कुण्डलिनीशक्ति ही प्रकृति है। पश्यन्ती आदि इसी की विकृतियाँ हैं। प्रणव, उच्चारण से पूर्व पूर्ण संविदात्मक परप्रणवरूप में स्थित रहता है; पश्चात् ज्वाला-प्रवाहरूप शब्दभेदों को पार करता हुआ अभिव्यक्त होता है। ज्योतिर्लिङ्गाकार चिदग्निरूप यह प्रणव भ्रमर के सदृश गुञ्जन करता हुआ मूलाधार से सुषुम्नामार्ग में प्रवेश करता है। क्रमशः अकारादि वाचकों और ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र, ईश्वर, सदाशिव शक्ति तथा पररूपात्मक सात भेदों से शान्तावधि उपसंहृत होकर मूर्द्धदेश

---

१. द्रष्टव्य प्रपञ्चसारतन्त्र-विवरण, प्रथम पटल, पृ० १५

२. आदौ तारः प्रकृतिविकृतिप्रोत्थितोऽसौ च मूला-
धारादारादलिविरुतिराविश्य सौषुम्नमार्गम्।
आद्यैः शान्तावधिभिरनुगो मात्रया सप्तभेदैः
शुद्धो मूर्द्धाविधिपरिगतः शाश्वतोऽन्तर्बहिश्च॥ ५॥

प्रपञ्चसारतन्त्र, ३० वाँ पटल

अथवा द्वादशान्त में ज्योतिर्मात्ररूप में अन्दर और बाहर—शाश्वतरूप से विद्यमान होता है।

पूर्वोक्त द्वादश कलाओं और सप्त मात्राओं में कोई विरोध नहीं है। पञ्चीकरण और त्रिवृत्करण के सदृश यहाँ एक दूसरे में अन्तर्भाव कर लेना चाहिए। वस्तुतः यह क्रम सप्त व्याहृतियों को दृष्टि में रख कर किया हुआ जान पड़ता है। सहस्रारयुक्त षट्चक्रों का भी इससे संकेत मिलता है—

अकारो भूरुकारस्तु भुवो मार्णः स्वरीरितः ॥ ११ ॥
बिन्दुर्महस्तथा नादो जनः शक्तिस्तपः स्मृतम् ॥
शान्तं सत्यमिति प्रोक्तं यत्स्यात् परतरं पदम् ॥ १२ ॥

प्र० सा० त०, ३० पटल

शारदातिलकतन्त्र[1] के प्रथम पटल के अन्त में निम्नाङ्कित अवरोह क्रम का उल्लेख मिलता है। शब्दब्रह्ममयी कुण्डलिनी से शक्ति का जन्म होता है। शक्ति से ध्वनि, ध्वनि से नाद, नाद से निरोधिका, निरोधिका से अर्द्धेन्दु, पुनः बिन्दु, बिन्दु से परा, पश्यन्ती आदि का जन्म होता है।

राघवभट्ट ने गूढार्थदीपिकाकार को उद्धृत करते हुए कहा है कि मूल कारण शब्द की, उन्मुखीकरणावस्था ही शक्ति है। इसको पुनः स्पष्ट करते हुए उन्होंने निर्देश किया है कि सत्त्वप्रविष्ट चित्शक्तिवाच्य परमाकाशावस्था ही शक्ति है। वही सत्त्वप्रविष्ट रजोनुविद्ध अक्षरावस्था ध्वनि है। वही तमोनुविद्ध शब्दवाच्य अव्यक्तावस्था नाद कहलाती है। उसी को तम की प्रचुरता के कारण निरोधिका कहते हैं। सत्त्वप्राचुर्य के कारण उसे ही अर्द्धेन्दु कहा जाता है। उभयसंयोग ही बिन्दु है। यही बिन्दु स्थानान्तरगत होकर

---

१. सा प्रसूते कुण्डलिनी शब्दब्रह्ममयी विभुः।
शक्तिं ततो ध्वनिस्तस्मान्नादस्तस्मान्निरोधिका ॥ १०८ ॥
ततोर्द्धेन्दुस्ततो बिन्दुस्तस्मादासीत् परा ततः।
पश्यन्ती मध्यमा वाचि वैखरीशब्दजन्मभूः।
इच्छाज्ञानक्रियात्मासौ तेजोरूपा गुणात्मिका ॥ १०९ ॥
क्रमेणानेन सृजति कुण्डली वर्णमालिकाम्।
अकारादिसकारान्तां द्विचत्वारिंशदात्मिकाम् ॥ ११० ॥

शारदाति० त०, प्रथम पटल

परादि रूप ग्रहण करता है। राघवभट्ट ने लिखा है "**अयं च क्रमो ग्रन्थकृता सर्वशेषे उक्तोऽपि एकाद्यक्षरोत्पत्तावप्यनुसन्धेयः।**"

पदार्थादर्श, पृ० ५९ प्रथम पटल

उपर्युक्त क्रम भी, मूल शब्दतत्त्व से लेकर वर्णमालापर्यन्त विकास का द्योतक है। इससे पूर्व जिन अणुध्वनि सम्बन्धी स्तरों का उल्लेख किया गया था उनका इस क्रम में सङ्कोच कर दिया गया है। कुण्डलिनी ही उन्मना है नाद के अन्तर्गत शक्ति और नादान्त का भी समावेश है इस प्रकार इस क्रम में भी कोई विरोध नहीं।

बिन्दु के अनन्तर परा की उत्पत्ति सम्बन्धी उक्ति आपाततः विरोधजनक है। कुण्डलिनी और परा को असकृत्[1] एक कहा गया है कुण्डलिनी के मध्य में ज्योतिमात्र, सूक्ष्म, परा की अवस्थिति है। राघवभट्ट स्वयं अज्ञातकर्तृक ग्रन्थ को उद्धृत करते हुए कहते हैं—

"सूक्ष्मा कुण्डलिनीमध्ये ज्योतिर्मात्रात्मरूपिणी।
अश्रोत्रविषया तस्यादुद्गच्छत्यूर्ध्वगामिनी॥"

पदार्थादर्श, पृ० ६०

सूक्ष्मा शब्द यहाँ परा का ही बोधक है। सार्द्धत्रिवलयाकारा कुण्डलिनी और सार्द्धत्रिमात्रिक प्रणव एक ही है—

"अध्युष्टवलयाकारा प्रणवत्वमुपागता"

शक्तिमहिम्नस्तोत्र टीका, पृ० १७

क्रोधभट्टारक दुर्वासा भी इसका समर्थन करते हैं[2]। मूलधार से भी नीचे वाग्भवाकार त्रिकोण में समष्टिकुण्डलिनी का निवास है। मूलाधार में अग्नि-

---

१. सैषा परावाग्लक्षणा कुण्डलिनी। तस्यास्तिस्रोऽवस्थाः पश्यन्त्याद्याः ता एव इह परपरापरापरकुण्डलिन्य उक्ताः।

प्रयोगक्रमदीपिका, पृ० ४०६

परापश्यन्त्यात्मिका हि शक्तिरध्यात्मवर्तिनी कुण्डलिनी। सामान्यशक्तिः कुण्डलिनी तस्याः विशेषांशा विन्द्वादिसमन्विताः शक्तय इत्येवमुक्तम्।

प्रयोगक्रमदीपिका, पृ० ५८१

२. आद्यो जाप्यतमार्थवाचकतया रुढ़ः, स्वरः पञ्चमः
सर्वोत्कृष्टतमार्थवाचकतया वर्णः पवर्गान्तिकः।
वक्तृत्वेन महाविभूतिसरणिस्त्वाधारगो हृद्गतो
भ्रूमध्यस्थित इत्यतः प्रणवता ते गीते चागमैः॥ १९॥

त्रिपुरामहिम्नस्तोत्र

कुण्डलिनी हृदय में सूर्यकुण्डलिनी और भ्रूमध्य में सोमकुण्डलिनी की स्थिति है। वस्तुतः इससे समष्टिप्रणव तथा अकार, उकार और मकार का ही बोध होता[1] है। परमादित्यस्तोत्र में कहा गया है कि—"परमादित्य प्राणिमात्र के अन्दर शब्दात्मक ओङ्कार अथवा प्रणव के रूप में निनदित होता रहता है और उससे तन्मात्रात्मक शब्द को गर्भ में लिए हुए परा का जन्म होता है"—

"ओमित्यन्तर्नदति नियतं यः प्रतिप्राणि शब्दो
वाणी यस्मात् प्रभवति परा शब्दतन्मात्रगर्भा।"
प्राणापानौ वहति च समौ यौ मिथोग्रासक्तौ।
देहस्थं तं सपदि परमादित्यमाद्यं प्रपद्ये ॥ ३ ॥

साम्बपञ्चाशिका

यहाँ भी परा की उत्पत्ति सम्बन्धी चर्चा की गयी है। भास्करराय ने लिखा है कि शब्दब्रह्मरूप बीज की उच्छूनतावस्था ही परा है, स्फुटितावस्था पश्यन्ती, मुकुलित अव्यक्त, दलद्वयावस्था मध्यमा और सम्यक् विकसित अवस्था ही वैखरी है। इस प्रकार जन्म की बात औपचारिक अधिक है। वस्तुभेद वहाँ नहीं कहा जा सकता—

"तत्र शब्दब्रह्मरूपस्य बीजस्योच्छूनतावस्था परा स्फुटितावस्था पश्यन्ती, मुकुलिताव्यक्तं दलद्वयं मध्यमा। सम्यग् विकासेन प्रसृतं मिथः संसृष्टमूलं दलद्वयं वैखरी।" सौभाग्यभास्कर, पृ० ३३

परिपक्व, कर्मों के आकारवाली माया से विशिष्ट ब्रह्म ही अव्यक्तपद द्वारा बोधित होता है। और इसी लिए उसकी उत्पत्ति का स्मरण किया गया है—**"तस्मादव्यक्तमुत्पन्नं त्रिगुणं द्विजसत्तम।"** जगद्रूप अंकुर का कन्द होने के कारण उसे ही कारणबिन्दु कहते हैं। इसी को लक्ष्य में रखकर प्रपञ्चसार-तन्त्र में कहा गया है—**"विचिकीर्षुर्घनीभूता सा चिदभ्येति बिन्दुताम्।"** ४१ (प्र० सा०, प्रथम पटल) बिन्दु से क्रमशः कार्य बिन्दु, नाद और बीज यह त्रिक उत्पन्न होता है। यही त्रिक क्रम से पर, सूक्ष्म और स्थूल पदों से कहा जाता है। चिदंशात्मक, चित् और अचित् अंश से मिश्रित तथा अचित् अंशात्मक इनके क्रमशः रूप है—

---

१. चतुर्विधतनुं अग्निसूर्यसोमसमष्टिरूपेण, अग्निकुण्डलिनी मूलाधारे। सूर्यकुण्डलिनी हृदये, सोमकुण्डलिनी भ्रूमध्ये, समष्टिकुण्डलिनी मूलाधाराधोगतवाग्भवाकारत्रिकोणे।

नित्यानन्द कृत श० महिम्नस्तोत्र, व्याख्या, पृ० ६

कालेन भिद्यामानस्तु स विन्दुर्भवति त्रिधा ।
स्थूलसूक्ष्मपरत्वेन तस्य त्रैविध्यमिष्यते ॥ ४२ ॥
स विन्दुनादबीजत्वभेदेन च निगद्यते ।

प्रपञ्च सा० तन्त्र, प्रथम पटल

कारणबिन्दु, कार्यबिन्दु, नाद और बीज इनके अधिदैवत, अव्यक्त, ईश्वर, हिरण्यगर्भ और विराट्; शान्ता, वामा, ज्येष्ठा, रौद्री; अम्बिका, इच्छा, ज्ञान और क्रिया। निम्नाङ्कित पीठ ही अधिभूत है—कामरूप, पूर्णगिरि, जालन्धर तथा उड्याण। 'नित्याहृदय' में इसे स्पष्ट किया गया है। शक्ति (परा), पिण्डमन्त्र (प्रणव), तथा कुण्डली आदि शब्दों द्वारा बोध्य कारणबिन्दु ही अध्यात्म है। इसी के सम्बन्ध में कहा गया है—

या मात्रा [1]त्रपुसीलतातनुलसत्तन्तुस्थितिस्पर्द्धिनी
वाग्बीजे प्रथमे स्थिता तव सदा तां सन्महे ते वयम् ।
शक्तिः कुण्डलिनीति विश्वजननव्यापारबद्धोद्यमा ।
ज्ञात्वेत्थं न पुनर्विशन्ति जननीगर्भेऽर्भकत्वं नराः ॥ २ ॥

पञ्चस्तवी

अधिभूत, अधिदैव, और अध्यात्म रूपों से अविभक्त कारणबिन्दु, जब कार्यबिन्दु आदि त्रिक को उत्पन्न करने के लिए उन्मुख होकर भेद को प्राप्त होता है उसी दशा में वहाँ अव्यक्त शब्दब्रह्मात्मक रव उत्पन्न होता है—

विन्दोस्तस्माद् भिद्यमानादव्यक्तात्मा रवोऽभवत् ।
स रवः श्रुतिसम्पन्नैः शब्दब्रह्मेति गीयते ॥ ४४ ॥

प्रपञ्च० तन्त्र, प्रथम पटल

उपर्युक्त रव कारणबिन्दु से कोई अतिरिक्त पदार्थ नहीं है। कारण-बिन्दु से तादात्म्यापन्न यह रव सर्वगत होने पर भी व्यञ्जक प्रयत्न से संस्कृत वायु द्वारा प्राणियों के मूलाधार में व्यक्त होता है—

देहेऽपि मूलाधारेऽस्मिन् समुदेति समीरणः ॥
विवक्षोरिच्छयोत्थेन प्रयत्नेन सुसंस्कृतः ॥
स व्यञ्जयति तत्रैव शब्दब्रह्मापि सर्वगम् ॥

सौभाग्यभास्कर, पृ० ९९

कारणबिन्दात्मक[2] यह अभिव्यक्त शब्दब्रह्म, स्वप्रतिष्ठ रहने पर निष्पन्द रहता है और यही परावाक् है।

---

१. ककड़ी अथवा खीरा की लता।

२. तदिदं कारणविन्दात्मकमभिव्यक्तं शब्दब्रह्म स्वप्रतिष्ठतया निष्पन्दं तदेव च परा वागित्युच्यते। सौभाग्यभास्कर, पृ० ९९

घनीभूतब्रह्म से पहले प्रकृति और इससे भी पूर्व परतत्त्व की अवस्थिति रहती है। प्रकृति तथा माया का तन्त्रसम्मत स्वरूप आगे चलकर स्पष्ट किया जायगा। आचार्य शंकर प्रपञ्चसारतन्त्र में कहते हैं कि—

सा तत्त्वसंज्ञा चिन्मात्रा ज्योतिषः सन्निधेस्तदा।
विचिकीर्षुर्घनीभूता क्वचिदभ्येति बिन्दुताम्॥ ४१॥

प्रथम पटल

चिन्मात्र[1]—अक्षरशब्दोक्त (परप्रणवात्मक) तत्त्वसंज्ञक अर्थात् परमार्थिकतत्त्व से अविभक्त, पराप्रकृति[2] तत्त्वात्मकता अन्तर्मुखता को न छोड़ती हुई किञ्चित् बहिर्मुखता के साथ सृष्टयुन्मुख कर्मों से अविभक्त, तरङ्गों की मूलभूत सूक्ष्मवायु से व्याप्त समुद्र के ऊर्ध्वगमन के सदृश, बिन्दुरूपात्मक किञ्चित् स्थूलता को प्राप्त होती है। परिपक्व कर्मों के साथ अभेदात्मकता ही घनीभाव है। तत्त्वात्मिका प्रकृति के अन्तर्गत वर्तमान कर्मों की एक 'अपूर्वात्मक'

---

१. चिन्मात्रं यद्देवतातत्त्वमक्षरशब्दोक्तं परप्रकृतिपुरुषकालविकल्पलक्षणमेतत्तदिह तत्त्वमित्युक्तम्।...देवतातत्त्वं परं ब्रह्मेत्यादिपदैरनुपचारतस्तस्या अपि सह गृहीतेति भावः। प्रयोगक्रमदीपिका, पृ० ४११

२. सा प्रकृतिः तत्त्वस्य पारमार्थिकस्य संज्ञैव संज्ञा यस्याः तदविभक्तत्वात् सा तथोक्ता। सा तत्त्वात्मकतां अन्तर्मुखताम् अपरित्यज्यैव क्वचिद्देशे बिन्दुतां किञ्चिद्बहिर्मुखतया सृष्टयुन्मुखकर्माविभक्ततया तरङ्गमूलभूतसूक्ष्मवायुव्याप्तसमुद्रवलनवत् किञ्चित् स्थौल्यं प्राप्नोतीत्यर्थः। परिपक्वकर्माभिदाद्घनीभावः। त्तदर्थव्यापारो विचिकीर्षा। बिन्दुः कर्माभिन्नं रूपम्।

पद्मपादकृत प्रपञ्चसा० वि०, प्रथम पटल, पृ० १६

तत्त्वात्मिकाया अपि प्रकृतेः स्वगतकर्मणामपूर्वावस्थातः परिपक्वावस्थायां भेदात्तदविभक्ततया वर्तनमवस्थानम्। स इह घनीभाव इत्यर्थः। तदर्थमिति निरतिशयसूक्ष्मेच्छाज्ञानक्रियालक्षणोऽयं व्यापारोभिप्रेतः। यद्यपि प्रकृतेः स्वातन्त्र्यावस्थेयं बिम्बादिशक्तिपर्यन्ता ततः परमेवेच्छादिशक्त्यवस्थाः। किन्तु तत्रापि अवान्तरावस्थासमीक्षायां तदुचितेच्छाद्युपपत्तिरिति।...प्रकृतेरेव प्रलयावस्थातो यत्परिपक्वदशानन्तरं सृष्ट्युन्मुखकर्मभिर्भिन्नं (सम्भिन्नं) स्वाकारनिरूप्यं रूपं सोऽसौ बिन्दुः। परिपक्वैरेव कर्मभिर्भिद्यमानं रूपं घनीभावः इति भेदः। प्रयोगक्रमदीपिका, पृ० ४१२

एवं परस्मादुत्पन्नस्य प्रकृतितत्त्वस्योत्तरसृष्टिनिर्वाहार्थं इच्छासत्त्वादिरूपतामाह कालेनेति। पद्मपादाचार्यकृत विवरण, पृ० १६

अवस्था होती है और दूसरी परिपक्वावस्था। ये दोनों अवस्थाएँ परस्पर भिन्न हैं। प्रकृति की घनावस्था या उच्छून दशा वह है जिसमें प्रकृति पूर्वोक्त अपूर्वावस्था को छोड़ परिपक्व दशा में अविभक्तरूप से स्थित हो। घनीभाव के लिए जो व्यापार होता है वही विचिकीर्षा है। यह व्यापार अत्यन्त सूक्ष्म इच्छा, ज्ञान और क्रियात्मक होता है। यद्यपि बिम्ब से शक्तिपर्यन्त प्रकृति की यह स्वातन्त्र्यात्मक अवस्था ही है इसके अनन्तर इच्छा ज्ञानादि शक्तियों की अवस्था आती है तथापि इस दशा में भी तदुचित अत्यन्त सूक्ष्म इच्छादि शक्तियाँ रहती ही हैं।

कर्माभिन्न रूप ही बिन्दु है। प्रकृति का ही, प्रलयावस्था से जो परिपक्व-दशा के अनन्तर सृष्ट्युन्मुख कर्मों से अभिन्न, स्व आकार से ही निरूपित रूप है वही बिन्दु है। केवल पक्व कर्मों से ही सम्बद्धरूपता घनीभाव है। बिन्दु और घनीभाव में यही अन्तर है।

परतत्त्व से उत्पन्न प्रकृति (बिन्दु) तत्त्व, इच्छा, ज्ञान और क्रिया तथा सत्त्व, रज और तमो रूप है। इच्छादि शक्तियों द्वारा उत्तर सर्ग में भिन्न-भिन्न विकृतियों का प्रसार होता है और सत्त्वादि द्वारा शान्त, घोर, मूढ़ादि वैचित्र्य का संयोग होता है।

अपर काल से अन्वित, शक्ति का नियन्त्रण करने वाले ईश्वराख्य पर काल द्वारा सम्बद्ध होते हुए भी विभज्यमान प्रकृतिरूप बिन्दुतत्त्व उपर्युक्त तीन रूपों को ग्रहण करता है। यहाँ काल से चिद्रूप ईश्वर अभिप्रेत[1] है। चिद्रूप[2] के सम्बन्ध से हीन अचिद्रूप ज्ञानादि रूपता सम्भव नहीं है। अतः सम्बन्ध

१. कालस्येश्वरस्य चिद्रूपत्वात् एवमुक्तः। प्रयोगक्रमदीपिका, पृ० ४१२

२. भिद्यमानः सम्बध्यमानः विभज्यमानश्च। नहि चित्सम्बन्धं विना चिद्रूपस्य ज्ञानादिरूपत्वं सम्भवति। इच्छादीनामेकैकस्य मायातच्छक्तितद्गत-प्राणिकर्मविषयभेदेन त्रिरूपतामाह।

पद्मपादाचार्यकृत विवरण, प्रथम पटल, पृ० १६

तस्याः स्वान्तर्गतं स्वेशितृकालप्रयोज्यं स्वकल्पिततदीयत्रिमूर्तिहिरण्य-गर्भाद्यखिलचेतनांशेषु नानात्वादिप्रत्ययकरमवान्तरशक्तिमात्रं माया।...मायाया अप्यन्तर्गतं तेषां परिच्छिन्नस्वरूपतादिप्रत्ययकरमविद्यालक्षणमवान्तरशक्तिमात्र-मिह शक्तिः। माया त्वनयैव स्वकीयकार्यं तेषां संसारित्वलक्षणं विधत्ते इति तस्याः शक्तिरियमिष्यते। तस्याः शक्तेरप्यन्तर्गतं तत्तद्गतप्राणिनां प्राक्तनभवो-पार्जितं कर्मजातं तदिह कर्म। न च केवलस्य कर्मणोऽवस्थानमिति तत्समवायी मलिनोऽचिदंशोप्यभ्युपेयते। यच्छैवप्रक्रियायां प्रकृतितत्त्वं व्यपदिश्यत इति। किञ्च मायातच्छक्त्योरपि किञ्चित्कर्माभ्युपेयते तद्व्यतिरेकेण तयोरभिव्यक्तौ

होते हुए भी विभाग का विलक्षण संघटन ऊपर कहा गया है। इच्छादिक भी प्रत्येक माया, माया की शक्ति और तद्गत प्राणि कर्म के भेद से तीन प्रकार की होती है। इस प्रकार नव भेद हुए।

पराप्रकृति के गर्भ में विद्यमान इच्छाशक्ति के अन्तर्गत स्व ईशितृ काल द्वारा प्रयोज्य, स्व कल्पित त्रिमूर्ति तथा हिरण्यगर्भ आदि अखिल चेतनांशों में नानात्व सम्बन्धी प्रतीति उत्पन्न कराने वाली, अवान्तर शक्तिमात्र ही माया है। माया के भी अन्तर्गत पूर्वोक्त चेतनों को और परिच्छिन्न रूप प्रदान करने वाली अविद्या नामक अवान्तर शक्ति ही माया की शक्ति है। इसी के द्वारा माया, संसारित्वलक्षण अपना कार्य करती है। इसीलिए यह माया की शक्ति कही जाती है। इस शक्ति के अन्तर्गत, प्राणियों के प्राक्तन जन्म में उपार्जित कर्म समूह ही कर्म है। केवल कर्म मात्र स्वतः उपस्थित नहीं रह सकते अतः उनका समवायी, मलिन अचित् अंश भी स्वीकार्य होना चाहिए। यह मलिन अचित् अंश शिवाद्वयवाद में प्रकृतितत्त्व के नाम से कहा गया है। यह पूर्वोक्त परा प्रकृति का स्थूलांश मात्र है।

माया और उसकी शक्तियों के भी कुछ कर्म मानने होंगे। अन्यथा माया और उसकी शक्ति की अभिव्यक्ति में कौन निमित्त होगा?

सम्पूर्ण चेतनों के अपने-अपने कर्मों के अपूर्व (कर्म संस्कार) परिपाकावस्था में सामान्य और विशेष इन दो रूपों को ग्रहण करते हैं। सामान्यांश से प्रकृति आदि की उत्पत्ति होती है और विशेषांश से भोग्य और भोगायतनों का निर्माण होता है। सामान्य—अपूर्व, विशुद्धतर, विशुद्ध, मिश्र और मलिन भेदों में विभक्त होकर प्रकृति, माया, अविद्या और अपरप्रकृति का समवायी बनता है। इस प्रकार मायादिकों की भी विचिकीर्षा, घनीभाव और बिन्दुता ये तीन अवस्थाएँ समान रूप में होती हैं। बिन्दु अवस्था को प्राप्त, स्व स्व आकार निरूपित, मायादिकों से संवलित सम्पूर्ण (परा) प्रकृति बिन्दु[1] अवस्था का लाभ करने के पश्चात् त्रिधा विभक्त होती है।

निमित्तोपयोगात् इति। तत्र सकलचेतनानां यानि, स्वानि स्वानि कर्मापूर्वाणि तानि परिपाकावस्थायां सामान्यविशेषरूपेण द्विधा भिद्यन्ते। तत्र सामान्यांशेन प्रकृत्याद्युत्पत्तिर्विशेषांशैर्निजनिजभोग्यभोगायतनाद्युत्पत्तिः। सामान्यं च विशुद्धतरविशुद्धमिश्रमलिनतया भिन्नं प्रकृतिमायादिसमवायि भवतीति विभागः।

प्रयोगक्रमदीपिका, पृ० ४१२

१. ततश्च मायादीनामपि विचिकीर्षुर्घनीभूता क्वचिदभ्येति विन्दुतामित्यवस्थात्रयं समानमेव च। तथा च मायादिष्वपि विन्द्ववस्थामापन्नेषु स्वस्वा-

वस्तुतः[1] पराप्रकृति में सर्वप्रथम इच्छा, ज्ञान और क्रिया शक्तियाँ निर्विषय रूप से अभिव्यक्त होती हैं। अनन्तर जब वे माया को विषय बना कर प्रवृत्त होती है तब क्रिया की व्यापार पर्यन्त वेला में स्वोचित, सृष्ठचुन्मुख कर्मों से अविभक्त स्वाकारनिरूपित माया का जन्म होती है। इसके पश्चात् वे इच्छादिक शक्तियाँ जब माया की शक्ति को विषय बनाकर प्रवृत्त होती हैं तब पूर्वोक्त रीति से अविद्या की उत्पत्ति होती है। अनन्तर जब वे तदन्तर्गत कर्म को विषय बनाकर प्रवृत्त होती हैं तो उनके योग्य मलिन अचिदंश के योग से कर्मों की उत्पत्ति होती है। यही क्रम बिन्दुरूप पराप्रकृति के अन्तराल में घटित होता है।

यह बिन्दु (कारण) रूप प्रकृति, पर, सूक्ष्म तथा स्थूल अथवा बिन्दु (कार्य) नाद और बीज के रूप में त्रिधा विभक्त होती है—

कालेन भिद्यमानस्तु स बिन्दुर्भवति त्रिधा।
स्थूलसूक्ष्मपरत्वेन तस्य त्रैविध्यमिष्यते ॥ ४२ ॥
स बिन्दुनादबीजत्ववेदेन च निगद्यते।

इसी कार्य बिन्दु, नाद और बीज का पहले पश्यन्ती, मध्यमा और वैखरी के रूप में उल्लेख किया जा चुका है। चित्प्रधान काल लक्षण ईश्वर ही कार्य बिन्दु है। पराप्रकृति का चिन्मिश्र पुरुषाख्य रूप ही नाद[2] है। अचिदंश ही बीज कहा जाता है। यह स्थूल प्रकृति रूप होता है।

पूर्वोक्त कारणात्मक बिन्दु से अव्यक्तात्मक रव हुआ जिसे श्रुति संपन्न लोग शब्दब्रह्म कहते हैं। आचार्य पद्मपाद ने लिखा है—यह बिन्दु परमपुरुष रूप है उससे बीजरूप उक्त प्रकृति से सम्बन्ध होने पर उभयाभेदलक्षण, देदीप्यमान—निरावरण चिन्मय परापश्यन्त्यात्मक रव हुआ। यही कुण्डली आदि शब्दों द्वारा कहा जाता है—

कारनिरूप्येषु सत्सु कृत्स्नापि प्रकृतिः विन्द्ववस्थां प्राप्ता सम्पद्यत इति।
प्रयोगक्रमदीपिका, पृ० ४१२

१. प्रकृतेस्तावन्निर्विषयतयैव प्रथममिच्छादीनामभिव्यक्तिः। ततस्तासां मायाविषयतया प्रवृत्तौ क्रियाव्यापारपर्यन्तवेलायां माया स्वोचितसृष्ट्युन्मुख-कर्माविभक्ततया स्वाकारनिरूप्योत्पन्ना भवति। ततस्तासां तदीयशक्ति-विषयतया प्रवृत्तावेवं तदुत्पत्तिः। ततश्च तासां तदन्तर्गतकर्मविषयतया प्रवृत्तौ तदुचितमलिनाचिदंशयोगतस्तदुत्पत्तिरिति क्रमोऽवबोद्धव्यः। वही पृ० ४१२

२. बिन्दुरीश्वरः नादस्तस्याश्चिन्मिश्रं रूपं पुरुषाख्यम्। बीजमचिदंशः।
प्रपञ्चसारविवरण, प्रथम पटल, पृ० १७

"बिन्दुरुक्तः परमपुरुष एव तस्माद्बीजरूपयोक्तया प्रकृत्या सम्बध्यमानात् उभयाभेदलक्षणो देदीप्यमानः परापश्यन्त्यात्मको रवोऽभवत्। स एव च कुण्डल्यादिशब्दैरभिलप्यते ॥"

प्रपञ्चसारविवरण, पृ० १७, प्रथम पटल

प्रयोगक्रमदीपिकाकार की उक्ति है कि परा नित्य है उसकी उत्पत्ति कैसी ? वस्तुतः परा की सम्भावना मात्र की जाती है और पश्यन्ती की उत्पत्ति होती है—

मूले बिन्दोस्तस्मादित्यत्र कालेन भिद्यमानस्त्विद्याद्युक्तो भेदोऽभिप्रेतः। अवश्यं पश्यन्त्यात्मक एव। परा वाग्रूपस्य तु नित्यत्वेनोत्पत्त्ययोगात् इति। ··· परायाः सम्भवमात्रं पश्यन्त्यास्तूत्पत्तिरिति ज्ञेयम् ॥

प्र० क्र० दी०, पृ० ४१४-४१५

[1]बैन्दवतत्त्व रूप शब्दब्रह्म से भी ऊपर तत्त्वसंज्ञा नामक परावाक् है और उससे परे साक्षी संज्ञक तत्त्व है जो स्वसंवेद्य होने के कारण अवाच्य है। परावाक् नामक (**तत्त्वसंज्ञाख्य**) शक्ति भी साक्षी रूप तत्त्व से अभिन्न होने के कारण अथवा तत्त्व से पृथक् उसका कोई स्वरूप ही नहीं हो सकता अतः वह भी अवाच्य है। शब्द (श्रोत्रग्राह्य) के उच्चारण काल में उसके साक्षी रूप में अवस्थित बिन्द्वात्मक अवगम्य अर्थ ही शब्दब्रह्म है ऐसा तत्ववेत्ताओं का कहना है। बिन्द्वात्मक प्रकाशात्मकता से रहित इतर स्थूल शब्दात्मक रव को शब्दब्रह्म नहीं कहा जा सकता। शब्दब्रह्म में शब्दत्व और ब्रह्मत्व दोनों अपेक्षित हैं। शब्द में वर्तमान प्रकाशक अंश शब्द का उपनिषद् या रहस्य है। और निरतिशय सूक्ष्मतया व्यापित्व ही ब्रह्मत्व है—

शब्दब्रह्मापि यत्प्रोक्तं तदुद्देश्यः प्रवर्त्यते।
अतः परमवाच्यं हि स्वसंवेद्यस्वरूपतः ॥ ६१ ॥
शब्दब्रह्मेति शब्दावगम्यमर्थं विदुर्बुधाः ॥
स्वतोऽर्थानवबोधत्वात् प्रोक्तो नैतादृशो रवः ॥ ६२ ॥

प्रपञ्चसारतन्त्र, प्रथम पटल

---

१. ननु बैन्दवतत्त्वरूपशब्दब्रह्मणोऽपि ऊर्ध्वं परावाग्रूपायाः तत्त्वसंज्ञायाः तत्साक्षिणः तत्त्वस्य चोद्देशनं याथार्थ्योपदेशनमकृत्वा किमिति शब्दब्रह्मोद्देशः क्रियत इति तयोरुद्देष्टुमशक्तत्वात् इत्याह अतः परमिति। आत्मा स्वसंवेद्यत्वेन अवाच्यः शक्तेरपि तदभिन्नत्वात् तद्व्यतिरेकेणाभावाद्वा अवाच्यत्वमेव।

प्रपञ्चसारविवरण, प्रथम पटल, पृ० २२

इह तावन्मुख्यतया शब्दत्वं ब्रह्मत्वं चेषितव्यम्···शब्दे हि प्रकाशकांशो रहस्यमुपनिषद्भूतं भवति तन्न स्थूलस्य रवस्यास्ति। ब्रह्मत्वं च निरतिशयसूक्ष्मतया व्यापित्वं तदपि नास्ति।

प्रयोगक्रमदीपिका, पृ० ४२३

वह शब्द द्वारा अवगम्य अर्थ रूप शब्दब्रह्म सम्पूर्ण उत्पन्न पञ्चीकृत लोकादिक में कारण रूप से अनुस्यूत रहता है। अनन्तर प्राणियों के शरीर में वैखरी के अतिरिक्त सङ्कल्प, विकल्प, निश्चय एवं विमर्शनात्मक अर्थों के रूप में आविर्भूत होता है—

स तु सर्वत्र संस्यूतो जाते भूताकरे पुनः।
आविर्भवति देहेषु प्राणिनामर्थविस्तृतः॥ ६३॥

प्रपञ्चसारतन्त्र, प्रथम पटल

पूर्वोक्त तत्त्वसंज्ञाख्य[1] शक्ति, परावाक् तथा उसकी अर्थस्वरूप है। विचिकीर्षा, घनीभाव, इच्छा-ज्ञान-क्रिया, सत्व-रज-तम से युक्त प्रकृति तत्व, पश्यन्ती एवं उसकी अर्थस्वरूप है। महत्, अहङ्कार, तन्मात्र, उभयेन्द्रियाँ, मध्यमात्मक और उसकी अर्थात्मिका है। पञ्चीकृत व्यष्टि और समष्टि, वैखरी तथा उसकी अर्थ रूप है।

उपर्युक्त सम्पूर्ण विवृति प्रपञ्चसारतन्त्र, विवरण, तथा प्रयोगक्रमदीपिका के अनुसार प्रस्तुत की गयी है। शारदातिलकतन्त्र में भी इसी पद्धति का प्रायः अनुसरण किया गया है[2]।

---

१. तत्र तत्त्वसंज्ञा परावाक्तदर्थरूपिणी, प्रकृतितत्त्वान्तं पश्यन्तीतदर्थात्मकम्, इन्द्रियान्तं मध्यमातदर्थात्मकम्, पञ्चीकृतं वैखरीतदर्थात्मकमित्यवगन्तव्यम्।

प्रपञ्चसारविवरण, प्रथम पटल, पृ० २२

२. निर्गुणः सगुणश्चेति शिवो ज्ञेयः सनातनः।
निर्गुणः प्रकृतेरन्यः सगुणः सकलः स्मृतः॥ ६॥
सच्चिदानन्दविभवात् सकलात्परमेश्वरात्।
आसीच्छक्तिस्ततो नादो नादाद्बिन्दुसमुद्भवः॥ ७॥
परशक्तिमयः साक्षात् त्रिधासौ भिद्यते पुनः।
बिन्दुर्नादो बीजमिति तस्य भेदाः समीरिताः॥ ८॥
बिन्दुः शिवात्मको बीजं शक्तिर्नादस्तयोर्मिथः।
समवायः समाख्यातः सर्वागमविशारदैः॥ ९॥
रौद्री बिन्दोस्ततो नादाज्ज्येष्ठा बीजादजायत।
वामा ताभ्यः समुत्पन्ना रुद्रब्रह्मरमाधिपाः॥ १०॥

व्याकरणागम का अभिमत है कि कुण्डल, कटक, रुचक[1], स्वस्तिक आदि आकारों के उपसंहृत होने पर सुवर्ण ही जैसे सत्य ठहरता है वैसे अनन्त विकार समूह के नष्ट हो जाने पर सब के अन्त में अवस्थित अनपायी ब्रह्मरूप ही सत्य और नित्य है। व्यवहार में जातियों की भी आपेक्षिक नित्यता मानी जाती है। यथा व्यक्ति के नष्ट होने पर गोत्वादि जाति ही नित्य रूप से वर्तमान रहती है। गोत्व और अश्वत्व आदि जाति भेद दूर होकर पृथिवीत्वादि में समाविष्ट हो जाता है। पृथिवी और जलत्व आदि जातियाँ भी समस्त नामों की प्रतीति कराने वाली वस्तुत्वसंज्ञक जाति में उपसंहृत होती है। वस्तुत्त्व

सञ्ज्ञानेच्छाक्रियात्मानो वह्नीन्दुर्कस्वरूपिणः।
भिद्यमानात्परादिबन्दोरव्यक्तात्मा रवोऽभवत् ॥ ११ ॥
शब्दब्रह्मेति तं प्राहुः सर्वागमविशारदाः।
शब्दब्रह्मेति शब्दार्थं शब्दमित्यपरे जगुः ॥ १२ ॥

शारदाति० तन्त्र, प्रथम पटल

नहि तेषां तयोः सिद्धिर्जडत्वादुभयोरपि।
चैतन्यं सर्वभूतानां शब्दब्रह्मेति मे मतिः ॥ १३ ॥
तत्प्राप्य कुण्डलीरूपं प्राणिनां देहमध्यगम्।
वर्णात्मनाविर्भवति गद्यपद्यादिभेदतः ॥ १४ ॥
अथ बिन्दात्मनः शम्भोः कालबन्धोः कलात्मनः।
अजायत जगत्साक्षी सर्वव्यापी सदाशिवः ॥ १५ ॥

शारदाति० तन्त्र, प्रथम पटल

१. तत्र रुचकाद्याकारोपमर्देन सुवर्णमित्येव सत्यम्। एवमनन्तविकार-ग्रामापाये सर्वान्तेऽवतिष्ठमानमनपायि ब्रह्मरूपं सत्यं तदेव च भावतो नित्यम्। आपेक्ष्यं तु जात्यादीनां सर्वव्यवहारे नित्यत्वमुच्यते। तथा हि...व्यक्त्यपाये जातिरवतिष्ठमाना गोत्वादिका नित्या। तत्राप्यश्वत्वादिभेदत्यागे पृथिवीत्येव सत्यम्। तत्राप्यप्त्वादिभेदापाये वस्त्वित्येव सत्यं सर्वनामप्रत्याययम्। तत्रापि संविद्रूपस्यानपायिनोनुगमादविषयाकारविवेके तदेव पारमार्थिकं सत्यमिति नेति नेतीत्युपासीतेति भावनया चोद्यते। संविच्च पश्यन्तीरूपा परावाक् शब्दब्रह्म-मयीति ब्रह्मतत्त्वं शब्दात्पारमार्थिकान्न भिद्यते। विवर्तदशायां तु वैखर्यात्मना भेदः। तत्र च तदेव नित्यं जात्यादिरूपेण शब्दवाच्यम्। तत्रान्तरे उपादान-विश्रान्त्या वाचकत्वस्य व्यवस्थापनात् स्वरूपान्तर्गतस्यार्थस्य वाच्यत्वात् वाच्यवाचकयोरविभागः सिद्ध इति प्रथमकाण्डे निर्णीतम्॥

हेलाराजकृत वा० प० पदप्रकाश, द्रव्यसमुद्देश, पृ० ९१

में भी अनपायी संवितरूपता का दर्शन किया जाता है। यह अविषयाकार विवेकात्मक संवित्‌रूपता ही पारमार्थिक सत्य है। इसी को 'नेति, नेति' द्वारा उपासनीय कहा गया है। यह संवित् पश्यन्ती रूप परावाक् है। शब्द-ब्रह्ममयी यह संवित् ही ब्रह्मतत्त्व है जो परमार्थिक शब्दतत्त्व से भिन्न नहीं। इस अन्त्य संवित रूप ब्रह्म को ही आगमवेत्ताओं ने सत्य सर्वाविकारानुयायी, प्रशांतकल्लोल, चिदेकघन पराप्रकृति[1] के नाम से कहा है—

सत्यमाकृतिसंहारे यदन्ते व्यवतिष्ठते।
तन्नित्यं शब्दवाच्यं तच्छब्दतत्त्वं न भिद्यते॥ ११॥
विकारापगमे सत्यं सुवर्णं कुण्डले यथा।
विकारापगमे सत्यं तथाहुः प्रकृतिं पराम्॥ १५॥

वाक्यपदीय, तृ० काण्ड, द्रव्यसमुद्देश

स्पष्ट है कि पूर्वोक्त प्रकृति सांख्य सम्मत प्रकृति से भिन्न है। तांत्रिकों के यहाँ भी प्रकृति अत्यन्त सूक्ष्म और चिद्रूप है। यह निश्चल, परावाक् रूप प्रणवात्मक कुण्डलिनी शक्ति है। सांख्यसम्मत प्रकृति, इसी का स्थूलांश है—

"प्रकृतिः निश्चला परावाग्रूपिणी परप्रणवात्मिका कुण्डलिनीशक्तिः"

प्रपञ्चसारतन्त्र-विवरण, पटल ३०, पृ० ३१८

"अत्र मच्छब्देन स्वसंवेद्यस्वरूपा सेत्युक्ता परा प्रकृतिः गृह्यते।"

प्र० क्र० दी०, पृ० ४००

"प्रकृतिरिहापरोपलक्षिता परा विवक्षिता।"

वही, पृ० ४०३

तन्त्रानुमत प्रकृति[2] में प्रकृति पुरुष और काल अपने दोनों भेदों के साथ सम्मिलित रहते हैं। परा और अपरा प्रकृति, पर तथा अपर पुरुष, पर एवं

---

१. रुचकस्वस्तिककुण्डलादयो विकाराः परस्परोपमर्देन भवन्तोऽस्थिर-प्रत्ययविषयाः, सुवर्णमित्येव तु समन्वयिविज्ञानादवसेयं सत्यत्वम्। एवमभेदान्तरविवक्षायां तेज इत्येव सत्यम्। तत्राप्यभेदस्तत्कारणमित्यन्त्या परा प्रकृतिः सत्या सर्वविकारानुयायिनी प्रशान्तकल्लोला चिदेकघना ब्रह्मेत्यागमविदः। तदुक्तं पृथिवीधातौ किं सत्यं विकल्पः, विकल्पे किं सत्यं विज्ञानं, विज्ञाने किं सत्यं ऊँ अथ तद्ब्रह्मेति'। हेलाराज जातिसमुद्देश, पृ० २९

२. प्रकृतिपुरुषकालाः द्विविधाः परापरभेदेन। 'विचिकीर्षुः' 'स्वसंवेद्यस्वरूपा' या 'युष्मानपि' 'बहुना किं परं सः' 'पुंसा तु कालात्मना' 'लवादिप्रलयान्त' इत्यादिवाक्यविशेषात्।

प्रपञ्चसारविवरण, पृ० ११, प्रथम पटल

अपर काल ये मिलकर मूलमहाप्रकृति का निर्माण करते हैं। प्रपञ्चसारतन्त्र के अनुसार परा प्रकृति का रूप निम्नांकित है—

स्वामिन् प्रसीद विश्वेश के वयं केन भाविताः।
किं मूलाः किं क्रियाः सर्वमस्मभ्यं वक्तुमर्हसि ॥ १६ ॥
इति पृष्टं परं ज्योतिरुवाच प्रमिताक्षरम्।
यूयमक्षरसम्भूताः सृष्टिस्थित्यन्तहेतवः ॥ १७ ॥
तैरेव विकृतिं यातास्तेषु वो जायते लयः।
इति तस्य वचः श्रुत्वा तमपृच्छत् सरोजभूः ॥ १८ ॥
अक्षरं नाम किं नाथ कुतो जातं किमात्मकम्।
इति पृष्टो हरिस्तेन सरोजोदरयोनिना ॥ १९ ॥
मूलार्णमर्णविकृतीर्विकृतेर्विकृतीरपि।
तत्प्रभिन्नानि मन्त्राणि प्रयोगांश्च पृथग्विधान् ॥ २० ॥
वैदिकांस्तान्त्रिकांश्चापि सर्वानित्थमुवाच ह।
प्रकृतिः पुरुषश्चैव नित्यौ कालश्च सत्तम ॥ २१ ॥
अणोरणीयसी स्थूलात् स्थूला व्याप्तचराचरा।
आदित्येन्द्वग्नितेजोमद् यद्यत्तत्तन्मयी विभुः ॥ २२ ॥
न श्वेतरक्तपीतादिर्वर्णैर्निर्धार्य चोच्यते।
न गुणेषु न भूतेषु विशेषेण व्यवस्थिता ॥ २३ ॥
अन्तरान्तर्बहिश्चैव देहिनां देहपूरणी।
स्वसंवेद्यस्वरूपा सा दृश्या देशिकदर्शितैः ॥ २४ ॥
यथाकाशस्तमो वापि लब्धा या नोपलभ्यते।
पुन्नपुंसकयोस्तुल्याप्यङ्गनासु विशिष्यते ॥ २५ ॥
प्रधानमिति यामाहुर्या शक्तिरिति कथ्यते।
या युष्मानपि मां नित्यमवष्टभ्यातिवर्तते ॥ २६ ॥
साहं यूयं तथैवान्यद् यद्वेद्यं तत्तु सा स्मृता।
प्रलये व्याप्यते तस्यां चराचरमिदं जगत् ॥ २७ ॥
सैव स्वां वेत्ति परमा तस्या नान्योऽस्ति वेदिता।
सा तु कालात्मना सम्यक् मयैव ज्ञायते सदा ॥ २८ ॥

प्रथम पटल

स्वयम्भू ब्रह्मा ने परतत्त्व से जिज्ञासा की—'हम समस्त देवगण नित्य हैं अथवा अनित्य; हमारा स्वरूप क्या है? किस निमित्त कारण द्वारा हमलोग उत्पन्न किये गये हैं। हम लोगों का उपादान क्या है; किस व्यापार के लिए हम उत्पन्न हुए हैं'?

सम्पूर्ण प्रश्नों के उत्तर में परज्योति परमेश्वर ने कहा कि तुम लोग 'प्रमिताक्षर'[1] प्रकृति, पुरुष, काल तथा 'ह'कार इनके समुदित रूप अक्षर तत्त्व से उत्पन्न हुए हो। सृष्टि, स्थिति और अन्त ही तुम्हारा कार्य है। प्रकृति आदि से तुम्हारी उत्पत्ति एवं उन्हीं में लय होता है। ह्रीं अथवा प्रणवात्मक मूलवर्ण[2] तथा उसकी स्वरात्मक विकृतियाँ, स्वर रूप विकारों की भी 'क' से लेकर 'क्ष' पर्यन्त विक्रियाएँ उन वर्णों से निष्पन्न अनेक मन्त्र तथा वैदिक और तांत्रिक नानाविध प्रयोग में 'ह' इस वर्ण के अतिरिक्त और कुछ नहीं। 'ह' यह वर्ण अकार और हकारात्मक है। प्रत्याहार की रीति से 'अ' और 'ह' इन आदिम और अन्त्य 'अह' स्वरूप दोनों वर्णों में नाद और अकार, बुद्धि तथा प्राण, ज्ञान तथा क्रियाशक्ति, प्रकाश और विमर्श, चित् और आनन्द रूप से सम्पूर्ण वर्णों का अनुगमन होने से समस्त शब्दार्थ-समष्टयात्मक परावाग्[3] रूपता सिद्ध है। इस प्रकार उन दोनों वर्णों के सर्वात्मस्वरूप होने के कारण उनमें प्रकृति, पुरुष और कालात्मता एवं नित्यता भी समझना चाहिए। वस्तुतः हकार वर्णमात्र नहीं है वह सम्पूर्ण मातृका ही है। यही वर्णान्तरों से हकार की विशेषता है और यही परावाक् भी है। यह हकारात्मिका[4] मन्त्रदेवता स्थूल, सूक्ष्म, कारण, सामान्य और साक्षी रूप से पाँच प्रकार का है। पूर्वोक्त नाद, बुद्धि, ज्ञानशक्ति, विमर्श और चित् ये अकार

---

१. प्रकर्षेण मीयते ज्ञायते, मिनोति जानाति प्रमिनोति परिच्छिनत्तीति क्रमेण प्रकृतिपुरुषकालाः प्रमिताः। प्रमितानां वाचकमक्षरं तदभिन्नं प्रमिताक्षरं परा वाक्। सतत्त्वहकारमित्यर्थः।

प्रपञ्चसारविवरण, प्रथम पटल, पृ० १०

२. मूलार्णशब्देन प्रणवो वा विवक्षितः। तदुक्तं—मूलार्णमिति–प्रणवशक्तिवाचकपक्षाविति।

प्रयोगक्रमदीपिका, पृ० ३९७

३. हकारो हि अकारहकारात्मा। तयोश्चाद्यन्ताक्षरयोः प्रत्याहारग्रहणन्यायेन गृहीतेतरवर्णयोः नादाकाररूपेण बुद्धिप्राणरूपेण ज्ञानक्रियाशक्तिरूपेण वा सर्ववर्णाद्यनुगमात् सर्वशब्दार्थसमष्टयात्मकपरावागात्मत्वेन सर्वात्मत्वात् प्रकृतिपुरुषकालात्मत्वं नित्यत्वं चावगन्तव्यम्।

प्रपञ्चसारविवरण, पृ० १०-११

४. हकारात्मिकाया मन्त्रदेवतायाः स्थूलसूक्ष्मादिपञ्चविधात्मकत्वात् तदनुरोधेनायं वाच्यवाचकपञ्चकोपन्यासः। नादबुद्धिज्ञानशक्तिविमर्शचितोकारहकारयोः स्थूलाद्यंशेषु क्रमेण वाचकांशा इतरे वाच्यांशा इत्यवसेयम्।

और हकार के अन्तर्गत स्थूल सूक्ष्म पञ्चकात्मक वाचकांश है। अकार, प्राण, क्रियाशक्ति, प्रकाश और आनन्द ये वाच्यांश हैं।

ऊपर वाचकात्मक अक्षरतत्त्व की चर्चा हुई। वाच्यात्मक अक्षरतत्त्व में परापररूप से द्विधा भिन्न पुरुष, प्रकृति और काल आते हैं। यह अक्षर प्रकृति, अणु, मध्य और स्थूल चराचर में व्याप्त है। आदित्यादि[1] ज्योतियों, श्वेत, रक्त आदि विषयों, सत्त्वादि गुणों, स्थूल भूतों तथा इन्द्रिय अन्तःकरण, प्राण एवं सप्तधातुओं में ओत-प्रोत है। देशिकों द्वारा दिखाए गये उपायों द्वारा अपर प्रकृति की साक्षीस्वरूप इस निर्विशेष प्रकृति का ज्ञान होता है। इस स्वात्मप्रत्यक्ष रूप पराप्रकृति के उपलब्ध हो जाने पर आकाश अर्थात् सम्पूर्ण कार्य वर्ग और तम—कारणात्मक जड़ रूप अपरा प्रकृति ये नहीं दिखाई देते। यह प्रकृति, पुरुष और नपुंसक में समान तथा स्त्रियों में प्रसवधर्मी होने के कारण विशेष रूप से देखी जाती है। जिसे प्रधान[2] और शक्ति शब्द के द्वारा कहा जाता है; जो मुझसे व्याप्त होकर जगत् कारणभूत तुम लोगों को भी ग्रास कर जाती है वह मैं हूँ; तुम लोग भी उसी में कार्य रूप से कल्पित हो। समग्र चराचर जगत एवं अणु आदि अखिल पदार्थ उसी के रूप हैं।

सर्वेश्वर ही आद्य पुरुष है, वह अपने ज्ञातृत्व के अङ्ग रूप अचिदंश से विशिष्ट रहता है। याथात्म्य रूप से उसके स्वरूप का निरूपण करने पर तद्-गत सारभूत चिद्रूपता और स्वसंवेद्यात्मकता एवं उसके द्वारा वेद्य अचिद्रूप की उपलब्धि होती है। उसमें चिद्रूप ही परपुरुष है। उसके प्रतिबिम्ब-स्वरूप अचित् रूप अपर पुरुष कहा गया है। सर्वेश्वर में अपर पुरुषता भी विद्यमान रहती है। पर पुरुष अपर पुरुष का साक्षी है। ब्रह्मादिकों में भी अपर पुरुषांश रहता है।

"प्रलय दशा[3] में प्रणवात्मिका परा प्रकृति में सम्पूर्ण वाच्यवाचकात्मक

---

१. अधिज्योतिषमधिविषयमधिगुणमधिभूतमध्यात्मं च क्रमेण व्याप्तिमाह आदित्येत्यादिना। प्रयोगक्रमदीपिका, पृ० ३९८

२. प्रथितं त्रयमकारादित्रयेणात्ति। ततो बिन्दुकलानिरोधिकारूपमन-आदिकं निबिडतेजोरूपमत्ति। ततो नादनादान्तरूपां प्रमामत्तीति प्रधानम्।
प्र० सा० त० विवरण, पृ० १४

३. सर्वेश्वरस्तावदाद्यः पुरुषः स च निजवेदितृत्वाङ्गभूताचिदंशविशिष्ट एव। तत्स्वरूपे च याथात्म्यतो निरूप्यमाणे तद्गतं सारभूतं चिद्रूपं स्वसंवे-द्यलक्षणं तद्वेद्यमचिद्रूपं चावसीयते। तत्र चिद्रूपमिह परः पुरुषः। तत्प्रतिबिम्ब-लक्षणमचिद्रूपमपरः पुरुषः। सर्वेश्वरे चापरपुरुषसद्भावेऽपि तस्य साक्षितयैवेह विवक्षितत्वात् ब्रह्मादिष्वेव परपुरुषांशो दर्शयितव्यः।
प्र० क्र० दीपिका, पृ० ४००

चराचर जगत् उपसंहृत होता है। पूर्वोक्त स्वसंवेद्य रूप वही परम साक्षि लक्षण परा प्रकृति अपनी अपरा शक्ति को जानती है।"

"उस समय बुद्धि आदि अन्य ज्ञाताओं की उपस्थिति नहीं रहती। वह प्रकृति मुझ कालात्मा—ज्ञानात्मा द्वारा सम्यक्—साक्षीरूप से अव्यवहिततया, तीनों कालों में जानी जाती है।"

पूर्वोक्त समग्र विवृति को लक्ष्य में रखकर आचार्य शङ्कर ने तृतीय पटल के अन्त में कहा है—

पूर्वोक्तादिबन्दुमात्रात् स्वयमथ रवतन्मात्रतामभ्युपेता-
कारादीन् द्वयष्टकादीनपि तदनुगतान् पञ्चविंशतित्थैव।
यादीन् संयुक्तधातूनपि गुणसहितैः पञ्चभूतैश्च ताभि-
स्तन्मात्राभिर्व्यतीत्य प्रकृतिरथ हसंज्ञा भवेद्वाच्य विश्वम् ॥ ७५ ॥

प्रपञ्चसारतन्त्र

निस्तरङ्ग तत्त्वसंज्ञाख्य प्रकृति[1] स्वयं ही बिन्दुतत्त्व द्वारा रवतन्मात्रता अर्थात् शब्दब्रह्मात्मकता को प्राप्त होकर अकारादि सोलह स्वरों तथा तदनुगत ककारादि पचीस व्यञ्जनों एवं गुण सहित तन्मात्राओं से युक्त पञ्च-भूतों के साथ यकारादि संयुक्त धातुओं का रूप ग्रहण करती है। अनन्तर वाच्य-वाचकात्मक उभयविध सम्पूर्ण कार्यपरम्परा को अपने स्वरूप में उपसंहृत करके विश्व अर्थात् सर्वात्मक ब्रह्म के साथ अभिन्न होकर 'ह' वर्ण जिसका वाचक है ऐसी हसंज्ञाख्य प्रकृति[2] ही शेष रहती है। इसी के सम्बन्ध में कहा गया है—

जिसका ज्ञान हो जाने पर सम्पूर्ण पूर्वजन्मार्जित शुभ, अशुभ और मिश्र कर्मों का बन्धन छूट जाता है तथा साधक, विष्णु के परमपद—चिदानन्दैकरस, अमृत, अभय, परब्रह्म परदेवतादिपदवाच्य स्थान को प्राप्त कर लेता है उसी सकल चराचर जगत की आत्मस्वरूप, चिन्मात्र, पराप्रकृति,

---

१. क्रियाशक्तिप्रधानाया: शब्दशब्दार्थकारणम्।
प्रकृतेर्बिन्दुरूपिण्या: शब्दब्रह्माभवत्परम् ॥

पदार्थादर्श में उद्धृत, पृ० १९

२. विश्वस्य जगतो हलक्षणादुत्पत्ति: तत्र स्थिति: तस्मिन्नेव च प्रलय इत्येतत्तावदेवं व्यवस्थितम्। तथा च सत्यस्य प्रकृतस्य परावाक्तदर्थात्मकस्य हस्याक्षरस्य शक्तित्वमिष्यत इति तदक्षरार्थ:।

प्रयोगक्रमदीपिका, पृ० ४६१, चतुर्थ पटल

हृल्लेखा का सामान्य[1] एवं विशेष रूप में जप एवं अर्चन करना चाहिए—

यां ज्ञात्वा सकलमपास्य कर्मबन्धं
तद्विष्णोः परमपदं प्रयाति लोकः।
तामेतां त्रिजगति जन्तुजीवभूतां
हृल्लेखां जपत च नित्यमर्चयीत ॥ ७६ ॥

प्रपञ्चसार०, पटल ४

परा प्रकृतिसम्बन्धी विशेषविवरण 'प्रकृति स्तोत्र' नामक मनोरम स्तुति में किया गया है। यह सम्पूर्ण स्तोत्र इसी शोध-ग्रन्थ के परिशिष्ट में उद्धृत है। प्रपञ्चसारतन्त्र तथा शारदातिलकतन्त्र के मङ्गलाचरण[2] श्लोक तथा उनकी व्याख्या भी प्रकृति सम्बन्धी ज्ञान के लिए द्रष्टव्य है।

काश्मीरिक शिवाद्वयवाद में प्रकृति निम्नस्तरीयतत्त्व है उससे ऊपर माया तत्त्व की अवस्थिति है। शक्तितत्त्व उससे कहीं श्रेष्ठ है। यह सब होते हुए भी तन्त्रों में प्रकृति और माया को सर्वोच्च शक्ति के पर्यायरूप में स्वीकार किया गया है। प्रकृति के रूपों एवं स्वरूप की चर्चा ऊपर की जा चुकी है।

वेदान्त[3] के अनुसार माया, चिद्रूप परब्रह्म की अनिर्वचनीय शक्ति है। वह

---

१. हृल्लेखा का सामान्यस्वरूप परसंविन्मय परा प्रकृति है और विशेष 'ह्रीं' के नाम से उल्लिखित हुआ है। द्रष्टव्य प्रपञ्चसारतन्त्र, एकादश पटल।

२. अकचटतपयाद्यैः सप्तभिर्वर्णवर्गै-
विरचितमुखबाहापादमध्याख्यहृत्का।
सकलजगदधीशा शाश्वता विश्वयोनि-
र्वितरतु परिशुद्धिं चेतसः शारदा वः ॥ १ ॥

प्रपञ्चसारतन्त्र, प्रथम पटल

नित्यानन्दवपुर्निरन्तरगलत्पञ्चाशदर्णैः क्रमाद्
व्याप्तं येन चराचरात्मकमिदं शब्दार्थरूपं जगत्।
शब्दब्रह्म यदूचिरे सुकृतिनश्चैतन्यमन्तर्गतं
तद्वोऽव्यादनिशं शशाङ्कसदनं वाचामधीशं महः ॥ १ ॥

शारदातिलकतन्त्र

३. औपनिषदानां पक्षस्तु परस्य चिद्रूपस्य ब्रह्मणः शक्तिर्मायाख्या। सा च जडैव। सैव च जगतः परिणाम्युपादानम्। परं ब्रह्म तु विवर्तोपादानम्। अत एव जगतोऽपि मायिकत्वात् जडत्वं मिथ्यात्वं च। अद्वैतश्रुतयस्तु पारमार्थिक-व्यक्तिरेकैवेत्येवम्पराः। सर्वं ब्रह्मेति सामानाधिकरण्यं तु बाधायामित्यादिः।

मायातत्त्व जड तथा जगत् का परिणामी उपादान है। परब्रह्म विवर्तोपादान है। अतः संसार मायिक होने के कारण जड और मिथ्या है।

तान्त्रिकों के मत में परचित्तत्त्व में अवस्थित चित्शक्ति ही अनन्त रूप होने के कारण माया के नाम से कही जाती है। उसका परिणाम ही प्रपञ्च है अतः वह भी चिद्रूप ही है और सत्य भी।

शास्त्रों में माया, महामाया, योगमाया, आत्ममाया[1] आदि शब्द मिलते हैं। इसमें सन्देह नहीं कि माया[2] अपर शक्ति है, महामाया भेदाभेदनिष्ठ ज्ञान

तान्त्रिकाणां पक्षस्तु—परचिन्निष्ठा या चिच्छक्तिरौपनिषदानामपि सम्मता सैवानन्तरूपत्वान्मायेत्युच्यते। परास्य शक्तिर्विविधैव श्रूयते। माया चाविद्या च स्वयमेव भवतीत्यादि श्रुतेः। तत्परिणाम एव प्रपञ्चः। अत एव च चिद्रूपः। चिद्विलासः प्रपञ्चोऽयमिति ज्ञानवाशिष्ठात्। अत एव च सत्योऽपि। सर्वं ब्रह्मेति सामानाधिकरण्यस्यात्यन्ताभेद एव स्वारस्यात्। नचाद्वैतश्रुतिविरोधः। विरोधापादकस्यैकस्य भेदस्यैव मिथ्यात्वाङ्गीकारादित्यादिः। 'प्रकृतिश्च प्रतिज्ञादृष्टान्तानुपरोधात्। आत्मकृतेः परिणामात्।' 'तदनन्यत्वमारम्भणशब्दादिभ्य' इत्यादि वैयासिकसूत्राणामप्यस्मिन्नेवार्थे स्वरस इति स्पष्टमेव।

सेतुबन्ध, पृ० १३५

१. यत आत्ममायया योगप्रज्ञया स्वस्वातन्त्र्यशक्त्या, न कर्मभिः।

अभिनवगुप्तकृत गीतार्थसंग्रह, अ० ४, श्लोक ८

२. स्वतन्त्रस्य तगवतो या परमभूमाविच्छा ऐश्वर्यशक्तिरुच्यते, सैव श्रीसदाशिवेश्वरदशायां परापरभुवि प्रसृत्य विभागेन ज्ञानं क्रिया च इति भेदाभेदनिष्ठेन वपुषा विजृम्भते, अपरभूमौ तु ते एव भेदपर्यवसिते मायाशक्तित्वेन निरूप्येते इति। ई० प्र० वि० वि०, अ० १, वि० ६, पृ० २९४–९५

स्वातन्त्र्यात्मिका तावदिच्छैव भगवतः शक्तिः। सा तु कृत्यभेदेन बहुधा उपचर्यते। तत्र यथाप्ररूढस्फुटास्फुटेदन्ताप्रकाशने सदाशिवेश्वरता ज्ञानक्रियाशक्तिरूपा, चिन्मात्रग्राहकत्वेऽपि इदन्ताप्ररूढौ क्रियाशक्तिशेषरूपैव महामाया विद्येशशक्तिः ग्राह्यग्राहकविपर्यासे पशुप्रमातृषु मायाशक्तिः।

ई० प्र० वि० वि०, अ० ३, वि० १, पृ० २७७

प्रकाशो हि स्वस्वभावभूतं स्वात्मविश्रान्तं पराप्रकृतिस्वातन्त्र्यमायाविद्यादिशब्दैरागमिकैर्व्यवह्रियमाणं जगद्बीजभूतं विमर्शम्।

मातृकाचक्रविवेक, प्र० ख०, का० ९ की टीका।

क्रियात्मक परापरशक्ति है और आत्ममाया अथवा योगमाया स्वातन्त्र्यात्मक इच्छा अथवा ऐश्वर्यमयी पराशक्ति है। माया को पराशक्ति के रूप में तान्त्रिक परम्परा में उपचारतः ग्रहण किया जाता है। यह पराशक्ति ही महामन्त्ररूप मातृकाशक्ति है। मातृका के सम्बन्ध में विस्तृत विवेचन अगले अध्यायों में किया जायगा।

चतुर्थ अध्याय

मातृका के विविध स्वरूप और मातृका-वर्ण

सामान्यतया वर्णों[1] को पृथक्-पृथक् तथा वर्णमाला को समुदित रूप में मातृका के नाम से कहाजाता है। वर्णमालात्मक[2] मातृका (१) केवल, (२) बिन्दुसंयुक्त, (३) विसर्गयुक्त और (४) उभयात्मक भेदों से चार प्रकार की पाई जाती है। लोक में बिन्दु-विसर्ग रहित 'केवल मातृका' का उपयोग किया जाता है और अन्य तीन भेदों का प्रचलन मन्त्रशास्त्र में ही है।

अकार से लेकर क्षकार पर्यन्त बिन्दुयुक्त मातृका को सर्वज्ञताकरी[3] विद्या भी कहते हैं। केवल मातृका को साक्षात् ब्रह्मराशि के[4] रूप में मान्यता दी गई है। स्वच्छन्दतन्त्र की उक्ति है—

'न विद्या मातृकापरा'। —पटल ११, श्लोक १९९

मातृका से परे और कोई विद्या नहीं है। यह सम्पूर्ण वर्णमालारूप मातृका, प्रणव से उत्पन्न होती है अतः ओङ्कार का एक नाम मातृकासूः[5] भी है। वर्णमाला—अक्षमाला अथवा मातृका न केवल सामान्य जनों के द्वारा अपितु महायोगी शिव के द्वारा भी जपी जाती[6] है।

---

१. मातृका वर्णरूपिणी। ललितासहस्रनाम, श्लोक १६७

२. चतुर्द्धा मातृका प्रोक्ता केवला बिन्दुसंयुता।
सविसर्गा सोभया च रहस्यं शृणु कथ्यते॥
विद्याकरी केवला च सोभया बृद्धिकारिणी॥
सविसर्गा पुत्रदा च सबिन्दुर्वित्तदायिनी॥
'तन्त्रसार, मातृकाविलास', में उद्धृत, पृ० ६३

३. श्रीकण्ठादिक्षान्ताः सर्वे वर्णाः बिन्दुसहिताः मातृका सर्वज्ञातकरी विद्या। परशुरामकल्पसूत्र २१. दशम खण्ड

४. सोऽयं वाक्समाम्नायो वर्णसमाम्नायः पुष्पितः फलितश्चन्द्रतारकवत्प्रतिमण्डितो वेदितव्यो ब्रह्मराशिः। महाभाष्य

५. अक्षरं मातृकासूश्चानादिरद्वैतमोक्षदौ। मन्त्राभिधान ४

६. कथयामि वरारोहे यन्मया जप्यते सदा।
अकारादिक्षकारान्ता मातृका वर्णरूपिणी।
चतुर्दशस्वरोपेता बिन्दुत्रयविभूषिता॥

मुनिवर्य सौभरि ने अपने 'मातृकानाममाला'[1] नामक ग्रन्थ में सर्वप्रथम अकारादि सोलह स्वरों, क्ष पर्यन्त व्यञ्जनों एवं मात्राओं की पुरःस्थापना करके वर्णों की पृथक्-पृथक् व्याख्या की थी। मातृकाओं का प्रचलित क्रम तब से निरन्तर उसी रूप में चला आ रहा है। श्री जीवगोस्वामी ने हरिनामामृत नामक वैष्णव व्याकरण में इस क्रम को नारायण[2] से उद्भूत माना है। नन्दिकेश्वर काशिका में व्याख्यात और पाणिनि द्वारा स्वीकृत माहेश्वर वर्णमाला का क्रम पूर्वोक्त मातृका क्रम से भिन्न है।

मन्त्रशास्त्र में विलोममातृका, बहिर्मातृका तथा अन्तर्मातृका की विशेष चर्चा मिलती है। प्रचलित मातृका का सबिन्दुक उलटा रूप ही विलोम मातृका है। लिपिमयी देवी के रूप को बहिर्मातृका कहते हैं। इसमें विशेष क्रम से अकारादि वर्णों द्वारा ही देवी के अङ्गों का निर्माण किया जाता है। आधार, स्वाधिष्ठान आदि चक्रों में, साधक जब मातृका वर्णों का वं शं षं सं आदि क्रम से न्यास करता है तो इसी को अन्तर्मातृका कहते हैं। सुश्लिष्ट क्रम अ से क्ष पर्यन्त समझना चाहिए। अकार को मातृकाद्य[3] और क्षकार को मातृकान्त कहते हैं।

कलामण्डलमास्थाय शक्तिरूपं महेश्वरि।
ककारादिक्षकारान्ता वर्णास्तु शक्तिरूपिणः।
व्यञ्जनत्वात् सदानन्दोच्चारणं सहते यतः।
उच्चारे स्वरसम्भिन्नास्ततो देवि न संशयः।
पञ्चाशद्वर्णभेदेन शब्दाख्यं वस्तु सुव्रते।
अकारः प्रथमं देवि क्षकारोन्त्यस्ततः परम्।
अक्षमालेति विख्याता मातृका वर्णरूपिणी।

परात्रिंशिका, टि०, पृ० १९४

१. मालेयं मातृकावर्णैः कृता सौभरिणा पुरा।
विस्तृताङ्गिरसा भूमौ विद्वच्चेतःप्रसादिनी।

मातृकाविलास, पृ० ९६

२. द्रष्टव्य मातृकाविलास, पृ० ८६

३. मातृकाद्यः स्वराद्यश्च···प्रथमो भवेत् ॥ २ ॥

मातृकानिघण्टु।

क्षः कोपः···मातृकान्तोऽनलक्षयौ ॥ १७२ ॥

प्रकारान्तरमन्त्राभिधान

मातृकाओं की संख्या प्रायः पचास ही है। सुप्रसिद्ध तान्त्रिक योगी भास्कर राय ने ललितासहस्रनाम के 'पञ्चाशत्पीठरूपिणी' की व्याख्या करते हुए पचास को एक्यावन का उपलक्षक बताया है[1]। अपनी मान्यता को प्रमाणित करने के लिए उन्होंने दृढ़ तर्क उपस्थित किये हैं। इसमें सन्देह नहीं है कि शरीर के अन्तर्गत एक्यावन शक्तिपीठ हैं और मातृका न्यास भी तदनुरूप होना चाहिए। वर्णमाला को स्थूल[2] मातृका कहते हैं। यही वैखरी वाक् है।

विशेषतया[3] खर अर्थात् कठिन या घनीभूत होने के कारण इसे वैखरी कहते हैं। अथवा निश्चित रूप से यह 'ख' अर्थात् कर्ण विवर में पैठती है; अथवा विखर नामक प्राण से प्रेरित होना ही इसे वैखरी की आख्या प्रदान करता है।

---

१. पञ्चाशच्छब्दोऽयं प्रकृते लक्षणयैकपञ्चाशत्परः। सान्निध्यरूपशक्य-सम्बन्धात्। अतएव 'नित्यानन्दवपुर्निरन्तरगलत्पञ्चाशदर्णैः क्रमादि'ति शारदा-तिलकश्लोके पञ्चाशत्पदमेकपञ्चाशत्परतयैव व्याख्यातं हर्षदीक्षितैः। तदिह पञ्चाशत एव मातृकाणामन्तर्मातृकान्यासे विनियोगात् ळळयोरभेदाद्वा क्षकारस्य पार्थक्याभावाद्वाक्षमालायां तस्य मेरावेव निवेशनेन मणीनां पञ्चाश-त्त्वाद्वा पञ्चाशन्मातृकेति व्यवहारेऽप्येकपञ्चाशत्परतैव तस्य वक्तव्या। अतएव बहिर्मातृकान्यासप्रकरणेऽपि 'पञ्चाशल्लिपिभिर्विभक्तमुखदोर्यन्मध्यवक्षस्थलं' 'पञ्चाशद्वर्णभेदैर्विहितवदनदोः पादयुक्कुक्षिवक्ष' इत्यादयः कवीनां प्रयोगाः। एकपञ्चाशतो न्यासमुक्त्वा तदन्ते, पञ्चाशद्वर्णरूपेयं कन्दर्पशशिभूषणेत्यादयो ज्ञानार्णवादितन्त्रप्रयोगाश्चोपपद्यन्ते।

सौभाग्यभास्कर-व्याख्या, पृ० १६८

२. मातृका च त्रिधा स्थूला सूक्ष्मा सूक्ष्मतरापि च।

सूतसंहिता, शिवमाहात्म्य खण्ड, अ० ५, श्लोक ९

तत्र वैखरी स्थूलामातृका सा प्रथमाधिकारिणः पूजोपकरणम्।

सूतसंहिता, तात्पर्यदीपिका-व्याख्या

३. (क) विशेषेण खरः कठिनस्तस्येयं वैखरी सैव रूपं यस्याः। घनभावमापन्नेति यावत्।

(ख) वै निश्चयेन खं कर्णविवरं राति गच्छतीति व्युत्पत्तिः सौभाग्य-सुधोदये कथिता।

(ग) प्राणेन विखराख्येन प्रेरिता वैखरी पुनरिति योगशास्त्रवचनाद्विखर-वायुनुन्नेति वा। सौभाग्यभास्कर, पृ० १००

(घ) विखरे शरीरे भवत्वात् वैखरीपदाभिधेया।

तन्त्रालोकविवेक, तृ० आ०, पृ० २२५

मध्यमा[1] वाणी सूक्ष्म मातृका है। परा और पश्यन्ती इन दोनों को सूक्ष्मतर या सुसूक्ष्म मातृका कहते हैं। भासुरानन्द[2] नाथ ने तो मातृका का चातुर्विध्य स्वीकार किया है। वह परादि वाणियों के अनुरोध से ही, सिद्धांततः उसमें कोई विरोध नहीं है। और सत्य तो यह है कि सूतसंहिताकार को भी मातृका का एक पररूप भी अभीष्ट है जो ब्रह्मा, विष्णु आदि देवों से अचिन्त्य, चिन्मय, एवं शिव से अभिन्न है[3]। यह भगवती मातृका ही समस्त वाच्यवाचकात्मक जगत् के अभेद का भोगानन्द प्रदान करने वाली शब्दराशि की विमर्शिनी है। अरणि से अग्नि के सदृश सम्पूर्ण मन्त्र इसी से उत्पन्न होते हैं। अतः आगमों में इसे मन्त्रमाता कहा गया है[4]। यह बुद्धिस्थ होकर मध्यमा वाणी का रूप ग्रहण करके विविध भेदों को प्राप्त करती है। मन्त्र, वेद तथा सत्येतर शब्दों के रूप में यही शक्ति आविर्भूत होती है। मातृका परम देवी है; वह तालवादि स्थानों में करण विशेषों से अभिव्यक्त नाना पदाकारों, वर्णों के रूप में विभक्त होकर वैखरी भाव को प्राप्त होती है। **सूत संहिता के टीकाकार माधवाचार्य ने तात्पर्यदीपिका में लिखा है कि मातृका का पररूप परा और पश्यन्ती से परे बिन्दुनादात्मक है—**

---

१. मध्यमा सूक्ष्मा मातृका मध्यमाधिकारिणः पूजोपकरणम्। कारण-कार्यबिन्द्वात्मिका परापश्यन्तीरूपा सूक्ष्मतरा मातृकोत्तमाधिकारिणः।

तात्पर्यदीपिकाव्या० आनन्दाश्रम संस्करण, पृ० ५४

२. इत्थं चतुर्विधासु मातृकासु परादित्रयमजानन्तो मनुष्याः स्थूलदृशो वैखरीमेव वाचं मन्वते। सौभाग्यभास्कर, पृ० १००

३. वाचामगोचराकारो मातृकायास्तथा परः।
ब्रह्मविष्ण्वादिदेवानामचिन्त्यः सूक्ष्मतावधिः।
चिन्मयः परचिद्रूपः शिवासंभिन्न एव हि॥ ३३-३४॥

सूत०, यज्ञवैभव०, अ० ४

४. मन्त्राणां मातृभूता च मातृका परमेश्वरी॥ १८॥
बुद्धिस्था मध्यमा भूत्वा विभक्ता बहुधा भवेत्।
सा पुनः क्रमभेदेन महामन्त्रात्मना तथा॥ १९॥
मन्त्रात्मना च वेदादिशब्दाकारेण च स्वतः।
सत्येतरेण शब्देनाप्याविर्भवति सुव्रताः॥ २०॥
मातृका परमा देवी स्वपदाकारभेदिता।
वैखरीरूपतामेति करणैर्विशदा स्वयम्॥ २१॥

वही, अध्याय ४

"परापश्यन्त्याद्यवस्थातः प्राक् बिन्दुनादाद्यात्मकं यन्मातृकायाः सूक्ष्मं रूपम्।"

यज्ञवैभव ख०, पृ० ३५८

इस सम्बन्ध में आगम समुच्चय में पर्याप्त प्रकाश डाला जा चुका है।

यह[1] मातृका विश्वनिर्मात्री, स्वतन्त्र अलुप्तप्रभाव क्रियाशक्ति है। घोष, राव, स्वन, शब्द, स्फोट, ध्वनि, झाङ्कार तथा ध्वङ्कृति इन आठ प्रकार के शब्दों में व्याप्त अ से लेकर क्ष पर्यन्त पचास वर्णभट्टारक रूप, मन्त्रादिमय समस्त शुद्ध, अशुद्ध संसारों की जननी, परमेश्वरी क्रिया शक्ति 'अज्ञात माता' होने के कारण अक्रमा मातृका कही जाती है। यही समस्त वाच्यवाचकात्मक वाङ्मयाभास रूप होने के कारण सक्रमा मातृका का रूप ग्रहण करती है। तत्तत् पदार्थों के क्रम से प्रतिच्छायित प्रतिभा भी सक्रमा मातृका के अतिरिक्त और कुछ नहीं है।

मातृका[2] शक्ति ही पर—अभेदप्रथात्मक और अपर—भेदप्रथात्मक ज्ञान की आधार है। अकारादि क्षकारान्त शब्दराशि से उत्पन्न ब्राह्मी आदि शक्तियाँ पुरुष का[3] उपभोग करती हैं। इन शक्तियों की ककार आदि कलाओं से पुरुष का स्व स्वभाव—स्वातन्त्र्य रूप वैभव लुप्त कर दिया जाता है तभी इसकी पशु संज्ञा होती है। परामृत रस ही पुरुष का स्वरूप है उससे च्युत होने पर 'मैं अपूर्ण हूँ, क्षीण हूँ, स्थूल हूँ'—आदि प्रत्यय उत्पन्न होते हैं जिससे वह अपनी स्वतन्त्रता खो बैठता हैं। उपर्युक्त स्वरूप को ढकने के लिए ब्राह्मी आदि वर्ग शक्तियाँ सर्वदा उद्यत रहती हैं क्योंकि शब्दानुवेध के बिना

---

१. यदा स्वतन्त्रतालुप्ता सा क्रियाकरणरूपिणी ॥ ३७ ॥
वर्णरूपाष्टभेदेन स्फोटादिध्वनिरूपिणी।
मातृका सा विनिर्दिष्टा क्रियाशक्तिर्महेश्वरी ॥ ३८ ॥
क्रियाख्या परमा सा तु सर्ववाङ्मयरूपिणी।

नेत्रतन्त्र, अधिकार २१।

अष्टविधशब्दव्याप्तिरादिक्षान्तपञ्चाशद्वर्णभट्टारकरूपतया समस्तमन्त्रादिमय-शुद्धाशुद्धजगज्जननी 'अज्ञाता माता मातृका' परमेश्वरी क्रियाशक्तिः। एषैव च अक्रमा अपि समस्तवाच्यवाचकात्मवाङ्मयाभासरूपतया सक्रमा क्रिया उच्यते।

नेत्रतन्त्रोद्योत, पृ० २७१

२. ज्ञानाधिष्ठानं मातृका। ४। शिवसूत्र, प्रथमप्रकाश
ज्ञानस्यैव द्विरूपस्य परापरविभेदतः।
स्यादधिष्ठानमाधारः शक्तिरेकैव मातृका ॥ २३ ॥ शिवसूत्रवार्तिक

३. द्रष्टव्य—शिवसूत्रविमर्शिनी, पृ० १६

कोई प्रत्यय या ज्ञान सम्भव ही नहीं। इस प्रकार पशुओं में वर्तमान क्रियात्मिका मातृका[1] शक्ति ही अज्ञात होने पर बन्धन का कारण है और ज्ञात होने पर, मुक्तिरूप पर और भुक्तिरूप अपरसिद्धियों का प्रदान करती है[2]। वर्णराशि-मयी मातृकाशक्ति पुरुष को बाँधती और मुक्त करती है इसमें सन्देह नहीं है[3]। सम्पूर्ण मन्त्र वर्णात्मक हैं और वर्ण, शक्ति के पुञ्ज। शक्ति भी मातृका से भिन्न नहीं है और यह मातृकाशक्ति, शिवमयी है। परतेज से समन्वित इस मातृकाशक्ति द्वारा समस्त स्थूल-सूक्ष्म विश्व व्याप्त है।

देशिकेन्द्र दुर्वासा ने भी कहा है—नानार्थक, पद और वाक्यों की स्वरूप-रचना करने वाले, अर्थ से सर्वदा मिले-जुले, कर्म के फल रूप में अभीष्ट अर्थ

---

१. शब्दराशिसमुत्थस्य शक्तिवर्गस्य भोग्यताम्।
कलाविलुप्तविभवो गतः सन् स पशुः स्मृतः ॥ ४५ ॥
परामृतरसापायः तस्य यः प्रत्ययोद्भवः।
तेनास्वतन्त्रतामेति स च तन्मात्रगोचरः ॥ ४६ ॥
स्वरूपावरणे चास्य शक्तयः सततोत्थिताः।
यतः शब्दानुवेधेन न विना प्रत्ययोद्भवः ॥ ४७ ॥
सेयं क्रियात्मिका शक्तिः शिवस्य पशुवर्तिनी।
बन्धयित्री स्वमार्गस्था ज्ञाता सिद्ध्युपपादिका ॥ ४८ ॥
स्पन्दकारिका, निष्यन्द ३

२. अस्मादेव तु मायीयाद् वर्णपुञ्जान्निरूपिता।
मायामालम्ब्य भिन्नैव श्रीपूर्वे सृष्टिराक्षरी।
पञ्चाशद्भेदसम्भिन्नप्रत्ययप्रसवात्मिका।
बन्धरूपा स्वभावेन स्वरूपावरणात्मिका।
अत्रैवान्तर्गतास्तास्ताः खेचर्यो विषयात्मिकाः।
तन्वते संसृतिं चित्रां कर्ममायाणुतामयीम् ॥
अस्याः साम्यं स्वभावेन शुद्धभैरवतामयम्।
परात्रिंशिका, पृ० २१४

३. सर्वे वर्णात्मका मन्त्राः ते च शक्त्यात्मकाः प्रिये।
शक्तिस्तु मातृका ज्ञेया सा च ज्ञेयाशिवात्मिका ॥
या सा तु मातृकादेवी परतेजःसमन्विता।
तया व्याप्तमिदं विश्वं सब्रह्मभुवनान्तकम् ॥
श्रीतन्त्रसद्भाव (शिवसूत्रविमर्शिनी में उद्धृत, पृ० ५१)

को देने वाले, स्वदेह से उत्पन्न पचास अक्षरों से निर्मित नानविध विख्यात धातुओं से इस विश्व को व्याप्त करके चिदात्मा रूप से 'अहं' इत्याकारक मातृका शक्ति ही विलास कर रही है[1]।

'स्फुरणा[2]' से अन्वित ज्ञान ही प्रकाश नामक ब्रह्म है। यह सर्वज्ञत्व, सर्वेश्वरत्व आदि शक्तियों से सदा युक्त रहता है। इसका आनन्द रूप अंश में स्फुरण ही पराहन्ता, विमर्श, परा, ललिताभट्टारिका, त्रिपुरसुन्दरी आदि नामों से उल्लिखित हुआ है। वटबीज के अन्तर्गत वटवृक्ष के सूक्ष्मरूप के सदृश शब्दसृष्टि के सूक्ष्मरूप को धारण करने वाली पूर्वोक्त त्रिपुरसुन्दरी ही परावाणी है। और इसे ही निर्माण, तरण और शब्दविधानात्मक गुणों के कारण मातृका कहते हैं ऐसा भास्करराय का मत है।

आचार्य अभिनवगुप्त ने सिद्धयोगीश्वरी के मतानुसार आनन्दात्मिका विसर्गशक्ति को शब्दराशि अथवा मातृका के नाम से कहा है। ऊपर जिसे प्रकाश कहा गया है वही 'अ' वर्ण का द्योतक अनुत्तर पद है। और 'ह' वर्ण ही विसर्ग है इन दोनों का संघट्ट है 'अहं'। पर तेज रूप अनुत्तर को अकुल अथवा शिव कहते हैं और उस प्रभु की परा कौलिकी नामक शक्ति ही विसर्ग है—

अनुत्तरं परं धाम तदेवाकुलमुच्यते।
विसर्गस्तस्य नाथस्य कौलिकी शक्तिरुच्यते॥ १४३॥ तृ० आ०

अकुल और कौलिकी शब्द द्वारा बोध्य अथवा अकार-हकार द्वारा संकेतित शिव-शक्ति के संघट्ट को आनन्दशक्ति कहा गया है जिससे विश्व का निर्माण होता है। इसे सार, हृदय और विसर्ग कहते हैं। देवीयामलग्रन्थ में काल-

---

१. पञ्चाशन्निजदेहजाक्षरमयैर्नानाविधैर्धातुभि-
र्ब्रह्मार्थैः पदवाक्यमानजनकैरर्थाविनाभावितैः।
साभिप्रायवदर्थकर्मफलदैः ख्यातैरनन्तैरिदं
विश्वं व्याप्य चिदात्मनाहमहमित्युज्जृम्भसे मातृके॥ ३०॥

शक्तिस्तोत्र

२. स्फुरणान्वयि ज्ञानमेव प्रकाशाभिधं ब्रह्म। तच्च सर्वज्ञत्वसर्वेश्वरत्वसर्वकर्तृत्वपूर्णत्वव्यापकत्वादिशक्तिसंवलितम्। तस्य चानन्दरूपांश एव स्फुरणं पराहन्ता, विमर्शः, परालिताभट्टारिका त्रिपुरसुन्दरीत्यादिपदैः व्यवह्रियते।

वरिवस्यारहस्य, पृ० ४

वटबीजान्तर्गतवटवृक्षीयसूक्ष्मरूपतुल्यशब्दसृष्टिसूक्ष्मरूपशालिनी पूर्वोक्तरूपा त्रिपुरसुन्दर्येव तादृशसूक्ष्मरूपवत्त्वप्रवृत्तिनिमित्तकपरापदवाच्या। सैव च माति, तरति, कायतीति व्युत्पत्त्या मातृकेत्युच्यते। वही, पृ० १७

कर्षिणी, महाडामरक याग में श्रीपरा तथा श्रीपूर्वशास्त्र में मातृसद्भाव के नाम से इसका वर्णन किया गया है[1]।

यह पराशक्ति ही **प्रतिभा देवी** है—

तां परां प्रतिभां देवीं सङ्गिरन्ते ह्यनुत्तराम् ॥ ६६ ॥

अकुलधाम शिव की विसर्गशक्ति सर्वत्र विद्यमान है उसी से आनन्दरस का उन्मेष होता है[2]।

गीत आदि के विषय में, व्यक्ति की जो एकतानता और हृदय में परिस्फुरणरूपता है वही आनन्द शक्ति है जिसके माहात्म्य से जड़ जन भी सचेत कहलाते हैं। लोक में भी आनन्दातिशय के भोक्ता को ही सहृदय कहा जाता है[3]।

इस प्रकार पारमेश्वरी कौलिकी आदि शब्दों द्वारा बोध्य विसर्गशक्ति उन-उन आदर्शों अथवा रूपों में स्फुरित होती है—

तदेवं पारमेश्वरी कौलिकी-आदिशब्दव्यपदेश्या
विसर्गशक्तिरेव तत्तदामर्शात्मना स्फुरतीति तात्पर्यार्थः।

तन्त्रालोकविवेक, पृ० २०६

वही जीवभूत, चिदात्मिका कुण्डलिनी भी है जिससे ध्रुव, इच्छा और उन्मेष अर्थात् अकार, इकार और उकार यह त्रिक तथा वैसर्गिकी कला (ह) पर्यन्त समस्त वर्ण उत्पन्न होते हैं। इस प्रकार यह विसर्गशक्ति विश्व का कारण है।

---

१. तयोर्यद्यामलं रूपं स सङ्घट्ट इति स्मृतः।
आनन्दशक्तिः सैवोक्ता यतो विश्वं विसृज्यते ॥ ६८ ॥
तृतीय अध्याय

परापरात्परं तत्त्वं सैषा देवी निगद्यते।
तत्सारं तच्च हृदयं स विसर्गः परः प्रभुः ॥ ६९ ॥
देवीयामलशास्त्रे सा कथिता कालकर्षिणी।
महाडामरके यागे श्रीपरा मस्तके तथा ॥ ७० ॥
तृतीय आ० तन्त्रालोक

श्री पूर्वशास्त्रे सा मातृसद्भावत्वेन वर्णिता।

२. विसर्गशक्तिर्या शम्भोः सेत्थं सर्वत्र वर्तते ॥ २०८ ॥
तत एव समस्तोऽयमानन्दरसविभ्रमः।

३. तथा हि मधुरे गीते स्पर्शे वा चन्दनादिके ॥ २०९ ॥
माध्यस्थविगमे यासौ हृदये स्पन्दमानता।
आनन्दशक्तिः सैवोक्ता यतः सहृदयो जनः ॥ २१० ॥

ऐतरेयाख्य वेदान्त तथा गीता[1] में भी यही बात कही गई है। इस विसर्ग-शक्ति को ही शब्दराशि अथवा मातृका[2] कहते हैं।

आचार्य अभिनवगुप्त ने 'परात्रिंशिका' में अहन्ता और इदन्तात्मक शुद्ध विद्या को मातृका स्वरूप बताया है—

'स्वाभाविकमहासंवित्सत्संस्कारैकलक्षणम् ।
शुद्धविद्यात्मकं [3]रूपमहमित्युभयात्मकम् ।
तदेव मातृकारूपं..... । पृ० ११३

माया से ऊपर महामाया विद्यमान है जिसे शुद्धमहाविद्या मातृका अथवा वागीश्वरी कहते हैं—

महामायोर्ध्वतः शुद्धा महाविद्याथ मातृका ॥३३७॥
वागीश्वरी च तत्रस्थं .....।

तन्त्रालोक, ८वाँ आह्नि पृ० २२६

स्वच्छन्द[4] तन्त्र में भी कहा गया है कि सम्पूर्ण विद्याओं और प्रणव से

---

१. अक्षरं ब्रह्म परमं स्वभावोऽध्यात्ममुच्यते ।
भूतभावोद्भवकरो विसर्गः कर्मसंज्ञितः ॥

गीता, अ० ८, श्लोक ३

२. सात्र कुण्डलिनी बीजजीवभूता चिदात्मिका ॥ २२० ॥
तज्जं ध्रुवेच्छोन्मेषाख्यं त्रिकं वर्णास्ततः पुनः ।
आ इत्यवर्णादित्यादि यावद्वैसर्गिकी कला ॥ २२१ ॥
विसर्गशक्तिर्विश्वस्य कारणं च निरूपिता ।
ऐतरेयाख्यवेदान्ते परमेशेन विस्तरात् ॥ २२६ ॥
शब्दराशिः स एवोक्तो मातृका सा च कीर्तिता ॥ २३२ ॥

३. समानाधिकरण्यं हि सद्विद्याहमिदं द्वयोः ।

ईश्वरप्र० ३।१।३

४. अथोपरि महाविद्या सर्वविद्याभवोद्भवा ॥ ११४२ ॥
जगतः प्रलयोत्पत्तिविभूतिनिधिरव्यया ।
सा एव परमा देवी वागीशीति निगद्यते ॥ ११४३ ॥
अष्टवर्गविभिन्ना च विद्या सा मातृकैव तु । स्वच्छ०, पटल १०

अकचटतपयशैरष्टाभिर्वर्गैर्भिन्ना न त्वभिन्ना अनाहतपरामर्शमयत्वेन भिन्ना अशेषविश्वावभासभाजो मन्त्रानुन्मीलयेत् अतएव च इयं मातृका वाच्यवाचकाशेषविश्वहेतुत्वेऽपि पशुभिस्तथात्वेन अपरिज्ञाता माता ।

स्वच्छन्दोद्योत, पृ० ४८४

उपलक्षित समस्त मन्त्रों की उद्भव भूमि, संसार की उत्पत्ति, स्थिति, और विनाश करने वाली, अव्यय महाविद्या, माया से ऊपर विद्यमान है। माया, भेद का उद्भव करने वाली है और यह शुद्धविद्या अभेद के उन्मीलन करने के लिए प्रथम सोपान के सदृश है। वागीश अर्थात् महेश्वर की शक्ति होने से यह परमा देवी वागीशी कही जाती है। अ, क, च, ट, त, प, य, और श इन आठ वर्गों से भिन्न वह पूर्वोक्त विद्या ही मातृका है। वाच्यवाचकात्मक सम्पूर्ण विश्व का कारण होने पर भी पशुओं के निकट वह माता अज्ञात ही रहती है इसीलिए मातृका के नाम से ख्यात है।

सुप्रसिद्ध ३६ तत्त्वों में, प्रारम्भ से गिनने पर शुद्धविद्या ५ वां तत्त्व है। विश्व से अतीत या निष्कल तत्त्व है परमशिव। इसकी सकल अवस्था ही शिवतत्त्व है। यह तत्त्व स्पन्दहीन परमशिव का प्रथम स्पन्द है। निष्फल परम शिवावस्था में शक्ति पूर्णतया घुली-मिली रहती है। वहाँ अहं और इदं अथवा विषयी और विषय का भेद नहीं रहता। वह स्वरूपविश्रान्ति अथवा आनन्द की अवस्था है। इसको परा संवित् के नाम से भी बोधित करते हैं यही परनाद है। सदाशिवतत्त्व को नाद, और ईश्वरतत्त्व को बिन्दु कहा गया है। इसके अनन्तर नीचे शुद्धविद्या तत्त्व है, यहाँ अहं और इदं की समान स्थिति रहती है। शिवतत्त्व में 'अहं' विमर्श होता है, सदाशिवतत्त्व में 'अहमिदं' विमर्श और ईश्वरतत्त्व में 'इदमहं' विमर्श। शुद्धविद्या की स्थिति शुद्ध और अशुद्ध सृष्टि के बीच में होती है अतः इसे परापर दशा, अथवा भेदाभेद दशा भी कहते हैं।

पुण्यानन्दाचार्य[1] कृत कामकलाविलास की टीका में कहा गया है—'अपने अन्तर्गत अनन्त अक्षर राशि को लिए हुए महामन्त्रवीर्य रूप पूर्ण अहन्तात्मक, प्रकाशानन्दसर्वस्व, शोण, सित, और मिश्र बिन्दुओं की समष्टि, लिप्यक्षररूप कामकला ही महात्रिपुरसुन्दरी मातृका है जिसका परम योगिगण स्मरण करते रहते हैं।

वामकेश्वर[2] तन्त्र के अनुसार मन्त्रमयी मातृका देवी कालरूप से

१. स्वान्तर्गतानन्ताक्षरराशिमहामन्त्रवीर्यपूर्णाहन्तारूपिणी प्रकाशानन्दसारा बिन्दुत्रयसमष्टिरूपलिप्यक्षररूपिणी कामकला नाम महात्रिपुरसुन्दरी मातृका परमयोगिभिः महामाहेश्वरैरनिशमनुस्मर्तव्या इति।

कामकलाविलास, पृ० ११

२. गणेशग्रहनक्षत्रयोगिनीराशिरूपिणीम्।
देवीं मन्त्रमयीं नौमि मातृकां पीठरूपिणीम्॥ १॥

वामकेश्वरी०, प्रथम पटल

प्रस्फुरित होने के कारण गणेश, ग्रह, नक्षत्र, योगिनी और राशिरूप है। देश-रूप से अवभासित होने के कारण इसे पीठ या वर्णमातृका स्वरूप कहा जाता है। मातृका देवी में विद्यमान मूर्तिशक्ति और क्रियाशक्ति के वैचित्र्य से इसी के द्वारा विश्व में देशक्रम और कालक्रम का प्रसार होता है। वर्ण, मन्त्र और पदरूप कालाध्वा तथा कला, तत्त्व और भुवनरूप देशाध्वात्मक षडध्व की भी यही जननी है।[1] जगद्विधाता की यह समवायिनी शक्ति है। यह आदि सिद्ध

कालः सूर्यादिसञ्चारः—

ई० प्र० २। १। ३। इतिमहागुरूदितलक्षणकालरूपतया स्फुरन्ती-मित्यर्थः। न केवलमेवं, यावद्देशरूपतयापि प्रस्फुरतीत्याह पीठरूपिणीमिति। पीठशब्देन—'पीठस्तु मातृका प्रोक्ता'–इति सकलजगदाधारवाचित्वेऽपि अत्र तद-विनाभावित्वाद्देश आक्षिप्यते इति देशरूपतयापि अवभासमानामित्यर्थः। अयमत्र आशयः—परैव हि संवित् स्वातन्त्र्यात् प्रथमं विश्वभवविभासयिषुः—

मूर्तिवैचित्र्यतो देशक्रममाभासयत्यसौ।
क्रियावैचित्र्यनिर्भासात् कालक्रममपीश्वरः।

ई० प्र० २। १। ५।

इति दिशा मूर्तिवैचित्र्यावभासनेन परसूक्ष्मस्थूलतया कलातत्त्वभुवनात्मना स्फुरन्ती देशाध्वानमवभासयति, क्रियावैचित्र्यनिर्भासनेन अपि वर्णमन्त्रपदात्मना कालाध्वानमपीति षड्विधाध्वमयनिखिलविश्वरूपतया स्फुरति इति।

यदाहुः—'तत्र क्रियाभासनं यत् सोऽध्वा कालाख्य उच्यते।
वर्णमन्त्रपदाभिख्यमत्रास्त्यध्वत्रयं स्फुटम्।
यस्तु मूर्त्यवभासांशः स देशाध्वा निरूप्यते।
कलातत्त्वपुराभिख्यमन्तर्भूतमिह त्रयम्।
त्रिकद्वयेऽत्र प्रत्येकं स्थूलं सूक्ष्मं परं† वपुः।
यतोऽस्ति तेन सर्वोऽयमध्वा षड्विधमुच्यते।

तं० ६। ३४। ३५, ३६,

१. या सा शक्तिर्जगद्धातुः कथिता समवायिनी (मा० वि० ३। ५) इत्यादिना उक्तम्, इहापि–"त्रिपुरा परमाशक्तिराद्या जातादितः प्रिये। स्थूल-सूक्ष्मविभागेन त्रैलोक्योत्पत्तिमातृका", वामकेश्वरीमतम् ४।४। परदशायामिच्छा-ज्ञानक्रियात्मना, सूक्ष्मदशायां वामाज्येष्ठारौद्रीलक्षणेन, स्थूलदशायां ब्रह्मविष्वीश-

---

† पदानि मन्त्रारब्धानि मन्त्रा वर्णैकविग्रहाः।
वर्णाः स्वनिष्ठा इत्येषां स्थूलसूक्ष्मपरात्मता॥

तन्त्रा० वि०, पृ० ३४

चिदानन्दैकघन परमशिव से प्रस्फुटित तथा उससे समवेत होने के कारण परमा शक्ति, सम्पूर्ण शक्तिसमुदाय की एकाश्रयस्वभाव, नियत नाम द्वारा निर्दिष्ट न की जाने के कारण अनाख्य तथा सहज सिद्ध होने से आद्या-शक्ति कही जाती है। परदशा में—इच्छा, ज्ञान और क्रिया रूप, सूक्ष्म दशा में—वामा, ज्येष्ठा और रौद्री स्वरूप, स्थूलावस्था में—ब्रह्मा, विष्णु और ईश इन विभागों द्वारा तीनों पुरों अथवा सृष्टि, स्थिति और संहार के आपूरक तत्त्वों में अनुगत होने के कारण इसे त्रिपुरा कहते हैं। त्रैलोक्य की उत्पादिका जननी होने से यह मातृका तथा अम्बिका इस अभिधेय द्वारा व्यवहृत होती है।

स्वभावतः[1] उदित यह, प्रत्यवमर्शात्मक परावाक् तथा चिति शक्ति है, इसे परमात्मा के ऐश्वर्य एवं मुख्य स्वातन्त्र्य के नाम से कहा जाता है। देश और काल से अविशिष्ट यह महासत्ता अथवा स्फुरण शक्ति है। यह परमेष्ठी का हृदय अथवा साररूप से कही गई है।

यह मातृका शक्ति[2] काल की अवस्था विशेष से जनित त्रुटि, लव, निमेष आदि कलनाओं को प्रशान्त कर देने वाली, अपनी महिमा से अपरिच्छिन्न परसंविदेकघन रूप से द्योतमान महादेवी, परमेश्वरी एवं अत्यन्त दुर्घटकारी स्वातन्त्र्य रूप है।

इसके एक अक्षरमात्र के सिद्ध हो जाने पर मनुष्य—सूर्य, तार्क्ष्य, इन्दु, कन्दर्प, शंकर, अनल तथा विष्णु से स्पर्द्धा करने लगता है[3]।

रूपेण विभागेन त्रयाणां पुराणामुक्तगत्या सृष्टिस्थितिसंहारापूरकाणां स्थानानां भावादनुगतार्थतया त्रैलोक्यस्य अतिभवाभवभवात्मकस्य उत्पत्तावबभासने मातृका जननी, अथ च अम्बिकाशब्दव्यपदेश्या जाता। वामकेश्वरीमतविवरण, पृ० १००

१. चितिः प्रत्यवमर्शात्मा परावाक् स्वरसोदिता। स्वातन्त्र्यमेतन्मुख्यं तदैश्वर्यं परमात्मनः। सा स्फुरत्ता महासत्ता देशकालाविशेषिणी सैषा सारतया प्रोक्ता हृदयं परमेष्ठिनः। ई० प्र० १।५।१०

२. प्रणमामि महादेवीं मातृकां परमेश्वरीम्।
कालहल्लोहलोल्लोलकलनाशमकारिणीम्॥ वामकेश्वरी०, पटल २।१

३. यदक्षरैकमात्रेऽपि संसिद्धे स्पर्द्धते नरः।
रवितार्क्ष्येन्दुकन्दर्पशङ्करानलविष्णुभिः॥ ३॥
यदक्षरशशिज्योत्स्नामण्डितं भुवनत्रयम्।
वन्दे सर्वेश्वरीं देवीं महाश्रीसिद्धमातृकाम्॥ ५॥
यदक्षरमहासूत्रप्रोतमेतज्जगत्त्रयम्।
ब्रह्माण्डादिकटाहान्तं जगदद्यापि दृश्यते॥ ६॥

सर्वेश्वरी महासिद्धमातृका देवी के एक अक्षररूप चन्द्रमा की ज्योत्स्ना से तीनों भुवन प्रकाशित हो रहे हैं ब्राह्माण्डादि कटाह अर्थात् शक्त्यण्ड तथा उसका अन्त—चराचर जगत् उस आदि सिद्ध मातृका के वर्णमय महासूत्र में अनुस्यूत है।

अनुत्तररूप[1] अकार और आनन्दरूप आकार को इकारात्मक इच्छाशक्ति से जोड़ने पर बीजत्रय के संघट्ट से एकारात्मक जन्माधाररूप एकादशम बीज का उदय होता है जिसे त्रिकोण कहा जाता है। यह परमानन्द-मय स्थान है इसी से आज भी जगत् की उत्पत्ति देखी जाती है। ज्ञानरूपी रत्नों का पिटारा, सम्पूर्ण सुखों का आलय, एकार के आकृतिरूप यह गुप्त त्रिकोण, मातृका का ही प्रसार है। 'अ', 'आ' और 'इ' के संयोग से जनित उत्कृष्ट आधारात्मक यह परापरा शक्ति, अ क च ट त प य शात्मक वर्गमयी तथा शिर, शिखा, ललाट, हृदय आदि देशों में रहने वाली है।[2] यह अकारादि और हकारान्त समस्त वर्णों का प्रत्याहार रूप अहन्ता है। अनुत्तर और विसर्गात्मक ककार और सकार की प्रत्याहार—क्षकाररूपिणी होते

अकचादिटतोन्नद्धपयसाक्षरवर्गिणीम्।
ज्येष्ठाङ्गबाहुहृत्पृष्ठकटिपादनिवासिनीम् ॥ ७ ॥
तामिकाराक्षरोद्धारसाराधारां परापराम्।
प्रणमामि महादेवीं परमानन्दरूपिणीम् ॥ ८ ॥
वामकेश्वरीमतम्, प्रथम पटल

१. अनुत्तरानन्दचिती इच्छाशक्ती नियोजिते।
त्रिकोणमिति तत्प्राहुर्विसर्गामोदसुन्दरम् ॥ तं० आ० ३।९४
त्रिकोणमेकादशमं बह्निगेहं च योनिकम्।
शृङ्गाटं चैव एकारं नामभिः परिकीर्तितम् ॥
तं० विवेक, पृ० १०३
त्रिकोणं भग इत्युक्तं वियत्स्थं गुप्तमण्डलम्।
इच्छाज्ञानक्रियाकोणं.....।
एकाराकृति यद्दिव्यं मध्ये षट्कारभूषितम्।
आलयः सर्वसौख्यानां बोधरत्नकरण्डकम् ॥
तन्त्रा० विवेक, पृ० १०४

२. वन्दे तामहमक्षय्यक्षकाराक्षररूपिणीम्।
देवीं कुलकलोल्लोलप्रोल्लसन्तीं परौलिजाम् ॥
वामकेश्वरीमतम्, १० प्र० पटल

हुए भी यह अक्षय है। कुल नामक अव्यपदेश्य कलारूप परा संवित् में जलधि लहरी के सदृश यह प्रोल्लसित, विश्रान्त तथा अनतिरिक्तरूप से आभासित होती है। नाना रूपों को धारण करके क्रीड़ा करने वाली मातृकादेवी आदि-सिद्ध शिव से उत्पन्न हुई है।

इस[1] प्रकार त्रिपुरसुन्दर्यात्मक परावाणीरूप सूक्ष्मतम मातृका, विश्व-सृष्टि के लिए ईक्षणात्मक पश्यन्तीरूप सूक्ष्मतर, मध्यमारूप सूक्ष्म, तथा नववर्गवती वैखरी रूप स्थूलमातृका का वर्णन हुआ। प्रकृत खण्ड स्थूल मातृका से ही सम्बन्ध रखता है अतः तत्सम्बन्धी आलोचना ही यहाँ अधिक समीचीन होगी। वर्णों की समुदित शक्तिरूप स्थूल मातृका वस्तुतः एक ही है। पश्चात् वही ५० पृथक् पृथक् वर्णों की शक्तिरूप पृथक् पृथक् मातृकाओं के रूप में विकसित होती है। यों तो पचास मातृका वर्णों के नववर्गों का उल्लेख मिलता है किन्तु सप्त एवं अष्ट मातृकायें अधिक प्रसिद्ध हैं।

नववर्ग[2]

अ, क, च, ट, त, प य, श, क्ष।

---

१. वटबीजान्तर्गतवटवृक्षीयसूक्ष्मरूपतुल्यशब्दसृष्टिसूक्ष्मरूपशालिनी पूर्वोक्त-रूपा त्रिपुरसुन्दर्येव तादृशसूक्ष्मरूपवत्वप्रवृत्तिनिमित्तकपरापदवाच्या। सैव च मातितरति कायति इति च व्युत्पत्त्या मातृकेत्युच्यते। तस्यां च निर्विकारायामपि अनादिसिद्धप्राण्यदृष्टवशात् स्वान्तःसंहृतविश्वसिसृक्षोत्पद्यते। ततः स्रष्टव्य-पदार्थानालोचयति 'तदैक्षत बहु स्यां प्रजायेय' (छा० उ० ३.६.२) इति श्रुतेः। तादृशमीक्षणमेव प्रवृत्तिनिमित्तीकृत्य तस्यां पश्यन्तीति पदं प्रवर्तते। सैव च पश्यन्त्याख्या मातृका करणसरणितः उत्तीर्णत्वात् उत्तीर्णेत्युच्यते। तदवयवाश्च वामादयः अष्टौ शक्तयः अन्यत्र प्रपञ्चिताः। अतः सैव व्यष्टिसमष्टिवेषेण नवविधा ततो नव नादा अविकृतशून्यादयो जाताः। तत्समष्टिश्च नादध्वन्या-दिपदवाच्या नातिसूक्ष्मा परावन्नातिस्थूला वैखरीवदतो मध्यमाख्या मातृका मध्यमावयवरूपमविकृतशून्यस्पर्शनादध्वनिबिन्दुशक्तिबीजाक्षराख्यं नादनवकं मूलाधारादिषट्के नादे नादान्ते ब्रह्मरन्ध्रे च स्थितम्। नवभिर्नादैः अकचटतपय-शळाख्यवर्गनवकवती वैखर्याख्या मातृका जाता। वरिवस्यारहस्य, पृ० १७

२. नवधा च स्मृता, सा तु नववर्गोपलक्षिता। तन्त्रसद्भाव (शिवसूत्र वि०, पृ० ५४) नवधावर्गभेदतः—मालिनीविजयतन्त्र, तृ० अ० श्लोक ११ ननु क्षकारेण सह नववर्गाः इति येषां मतमित्यादि। जयरथ, पृ० १९८ (तं०)

नववर्गास्तु ये प्राहुः तेषां प्राणशतीरविः॥

तन्त्रा० छठा आ० श्लोक २४४

श्री भासुरानन्द नाथ ने 'क्ष' के स्थान में ळ को स्थान देकर नववर्गों को पूरा किया है—

नवभिर्नादैः अकचटतपयशळाख्यवर्गनवकवती वैखर्याख्या मातृका जाता।

वरिवस्यारहस्य, पृ० १७

सप्तवर्ग और मातृकाएँ[1]

अ, क, च, ट, त, प, य।

अवर्ग से भैरव का बोध होता है। अनुत्तर–अकार से लेकर विसर्ग पर्यन्त सोलह वर्णों के समुदाय को स्वर शब्द से बोधित किया जाता है। स्वतः प्रकाशित, शब्दन स्वभावशील, भेदरूप उपताप तथा विश्व का आक्षेप करने के कारण भैरव, स्वर[2] शब्द वाच्य है। स्वरों को बीज और 'क' आदि व्यञ्जनों को योनि कहते हैं। कादि योनि वर्णों के तत्त्वों का प्रसार भी इन्हीं स्वरों से होता है। अतः स्वरों का अथवा अवर्ग का अधिष्ठाता भैरव है। बीज वर्ण ही घनीभूत होकर क, च आदि वर्णों का रूप ग्रहण करते हैं। ये बीज के द्वारा व्यक्त होते हैं अतः इन्हें व्यंजन कहा जाता है। उक्त बीज के संसर्ग से जगत का हेतु होने के कारण ये योनि पद वाच्य हैं। इन वर्गों का प्रत्याहारक जो 'क्ष' वर्ण है वही भैरवी है। यही कारण है कि अवर्ग द्वारा भैरव और योनि वर्ग के समाहारक 'क्ष' वर्ण द्वारा भैरवी की पूजा की जाती है। भैरवी ही

---

१. अकचटतपाद्यैः सप्तभिर्वर्णवर्गैर्विरचितमुखबाहापादमध्याख्यहृत्का।
सकलजगदधीशा शाश्वता विश्वयोनिर्वितरतु परिशुद्धि चेतसः शारदा वः॥

श्रीप्रपञ्चसारतन्त्र, प्र० पटल, १।

२. आदिः प्रथमो वर्गः—अनुत्तरादेर्विसर्गान्तस्य विश्वाप्यायिनः षोडशकस्य स्वयं राजमानतया शब्दनस्वाभाव्येन भेदोपतापकारितया विश्वाक्षेपेण च स्वरशब्दवाच्यस्य गर्भीकृताशेषवाच्यवाचकादियोनिवर्णतत्त्वप्रसरसमाश्रयत्वात् तदुल्लासकत्वाच्च बीजव्यपदेशस्य परसंवित्स्फारसतत्त्वस्य भेदेन वैचित्र्येण साक्षाद्भैरवः अशेषविश्वमयत्वात् वाच्यवाचकयोरभेदाच्च, कादीनां तु बीजस्थानीभावरूपत्वेन घनत्वाद् बीजव्यङ्ग्यत्वेन व्यञ्जनशब्दव्यपदेश्यानामुक्तबीजसंसर्गेण जगत्कारणत्वाद् योनिता, तथैव चेति–वर्गरूपतया संहारेण क्षकारेण भैरवी, मातृकाधिष्ठातारं भैरवं—तत्स्फाररूपतयैव भरणरवणवपनपरमार्थं निष्कलभट्टारकस्वरूपं अवर्गेण व्यावर्णितस्वरूपेण षोडशकेन प्रपूजयेत्, भैरवी अपि निष्कलभट्टारकाभिन्नस्वरूपैव कादिना क्षान्तेन योनिवर्गग्रामेणाविभक्तेन तदधिष्ठातृ उमा योगीश्वरीरूपा पूज्या। स्वच्छन्दोद्योत, प्रथम पटल, पृ० २८

योगीश्वरी रूप 'उमा' है। अवशिष्ट 'क' से लेकर 'श' तक सप्त वर्गों द्वारा सप्तमातृकाओं की पूजा की जाती है—

आदिः षोडशभेदेन साक्षाद्वै भैरवः स्मृतः।
कवर्गश्चटवर्गौ च तपयाः शस्तथैव च ॥ ३२ ॥
संहारेण समोपेता योनिर्वै भैरवी स्मृता।
मातृका भैरवं देवमवर्गेण प्रपूजयेत् ॥ ३३ ॥
भैरवी कादिना पूज्या मातृवर्गैः प्रपूजयेत्।

स्वच्छ०, १ पटल

निम्नांकित शक्तियाँ तत्तद्वर्गों की अधिष्ठातृदेवता हैं जो सप्तमातृका के नाम से प्रसिद्ध हैं। वस्तुतः उमा देवी जो भगवान् का शरीरार्द्ध हैं आठवीं देवी हैं, वे ही सात रूपों में अपने को विभक्त करती हैं—

१. अवर्ग	**महालक्ष्मी**	
२. कवर्ग	ब्राह्मी	१
३. चवर्ग	माहेश्वरी	२
४. टवर्ग	कौमारी	३
५. तवर्ग	वैष्णवी	४
६. पवर्ग	वाराही	५
७. यवर्ग	ऐन्द्री	६
८. शवर्ग	चामुण्डा	७

अवर्गे तु महालक्ष्मीः कवर्गे कमलोद्भवा ॥ ३४ ॥
चवर्गे तु महेशानी टवर्गे तु कुमारिका।
नारायणी तवर्गे तु वाराही तु पवर्गिका ॥ ३५ ॥
ऐन्द्री चैव यवर्गस्था चामुण्डा तु शवर्गिका।
एताः सप्तमहामातृः सप्तलोकव्यवस्थिताः ॥ ३६ ॥

स्वच्छ०, प्र० पटल

ऊपर अवर्ग की अधिष्ठातृ महालक्ष्मी और अन्यत्र भैरव को अधिष्ठाता बताया गया है इसमें आपाततः विरोध दीखता है[1]। सत्य तो यह है कि ज्ञान-दीप्तिमयी उमा ही महालक्ष्मी हैं और वे उमापति भैरव-देह से अभिन्न हैं। अतः महेश्वर सप्त मातृकाओं से परिवारित परा लक्ष्मी के साथ विद्यमान

---

१. परालक्ष्मीर्ज्ञानदीप्तिमयी उमादेवी, तया सह। अतश्च उमैव सप्तधा स्थिता सती उमापतेर्देहाविभिन्ना इत्यष्टशक्तिर्महेश्वरः।

स्वच्छन्दोद्योत, १० पट०, पृ० ४२३

रहते हैं। यह बात स्वच्छन्दतन्त्र के १०वें पटल में आगे चलकर स्पष्ट की गई है—

उमैव सप्तधा भूत्वा नामरूपविपर्ययैः ॥ १०२९ ॥
एवं स भगवान् देवो मातृभिः परिवारितः।
आस्ते परमया लक्ष्म्या तत्रस्थो द्योतयञ्जगत् ॥ १०३० ॥

सप्तमातृकाओं[1] के स्वरूप का वर्णन निम्नांकित है :—

१. ब्राह्मी	कमल पत्र के समान कान्ति, दिव्य आभरणों से अलंकृत। दिशा—आग्नेयी।
२. माहेश्वरी	शङ्ख और गोदुग्ध के सदृश कान्ति, महातेजस्विनी।
३. कौमारी	पद्मगर्भ सदृश कान्ति, हार, केयूर से अलंकृत। दिशा—उत्तर।
४. वैष्णवी	स्निग्ध नीलोत्पल सदृश कान्ति, हार और कुण्डलों से मण्डित। दिशा—दक्षिण।

---

१. मातरः सप्तरूपिण्यो नानालङ्कारभूषिताः ॥ १०१७ ॥
परिवार्य महात्मानं समन्तात् पर्यवस्थिताः।
ब्राह्मी कमलपत्राभा दिव्याभरणभूषिता ॥ १०१८ ॥
आग्नेय्यां दिशि देवेशि स्थिता वै श्रीरिवापरा।
शङ्खगोक्षीरसङ्काशा त्वैशान्यां तु वरानने ॥ १०१९ ॥
माहेश्वरी महातेजास्तिष्ठते सुरपूजिता।
कौमारी पद्मगर्भाभा हारकेयूरभूषिता ॥ १०२० ॥
दिश्युत्तरस्यां देवेशि कामिनीपर्युपासिता।
स्निग्धनीलोत्पलनिभा हारकुण्डलमण्डिता ॥ १०२१ ॥
दक्षिणस्यां दिशि तु सा उपास्ते परमेश्वरम्।
वैष्णवीति च विख्याता शिवेन परमात्मना ॥ १०२२ ॥
नीलजीमूतसङ्काशा सर्वाभरणभूषिता।
वारुण्यां दिशि देवेशि वाराही पर्युपस्थिता ॥ १०२३ ॥
शङ्खकुन्देन्दुधवला हारकुण्डलमण्डिता।
ऐन्द्र्यां दिशि च सा देवी इन्द्राणी पर्युपस्थिता।
करालवदना दीप्ता सर्वाभरणभूषिता।
नैर्ऋत्यां दिशि चामुण्डा उपास्ते परमेश्वरम् ॥ १०२५ ॥

स्वच्छन्द०, १० पटल

५. वाराही — नील नीरद सदृश कान्ति, सम्पूर्ण आभरणों से आभूषित। दिशा—वारुणी।

६. इन्द्राणी — शङ्ख, कुन्द और इन्दु के सदृश धवल हार और कुण्डलों से आभूषित। दिशा—ऐन्द्री।

७. चामुण्डा — प्रदीप्त, करालवदना। दिशा—नैर्ऋत्य।

महालक्ष्मी को पृथक् मान कर प्रायः अष्ट मातृकाओं का उल्लेख किया जाता है।[1] ये अष्ट मातृकाएँ लोकमाता या[2] पशुमाता के नाम से प्रसिद्ध हैं। वर्गों की संख्या निम्नलिखित है :—

अ, क, च, ट, त, प, य, श।

अकचादिटतोन्नद्धपयशाक्षरवर्गिणीम् ॥ ७ ॥

वामकेश्वरीमतम्, प्रथम पटल

अणिमादि अष्टमहासिद्धियाँ भी इन्हीं अष्ट वर्गों से ही उत्पन्न होती हैं।

इसके अतिरिक्त वामकेश्वरतन्त्र में वर्गानुक्रम से आठ निम्नांकित[3] देवताओं का भी उल्लेख मिलता है :—

---

१. माहेशी ब्राह्मणी चैव कौमारी वैष्णवी तथा।
ऐन्द्री याम्या च चामुण्डा योगेशी चेति ता मताः ॥ १४ ॥
मालिनीविजयोत्तर, तृ० अधि०

ब्रह्माणी माहेशी कौमारी, वैष्णवी च वाराही।
इन्द्राणी चामुण्डा समहालक्ष्मीश्च मातरः प्रोक्ताः ॥ ११ ॥
प्रपञ्चसारतन्त्र, सप्तम पटल

ततोऽष्टविधभेदेन पञ्चाशद्वर्णरूपिणी।
ज्ञानशक्तिः परा सूक्ष्मा मातृकां तां विदुर्बुधाः ॥ ७१ ॥
श्रीनेत्रतन्त्र, २१वाँ अधि०

२. कवर्गादिषु माहेश्वर्याद्याः पशुमातरः ॥ १९ ॥
शिवसूत्र

३. वर्गानुक्रमयोगेन यस्या मात्रष्टकं स्थितम्।
वन्दे तामष्टवर्गोत्थमहासिद्धयष्टकेश्वरीम् ॥ ११ ॥
वामकेश्वरीमतम्, प्रथम पटल

वर्गानुक्रमयोगेन देवताष्टकसंयुता।
अवर्गः प्रथमो देवि वशिनी तत्र देवता ॥ ६० ॥
तत्परस्तु कवर्गो यः तत्र कामेश्वरी स्थिता।
मोदिनी तु चवर्गस्था टवर्गे विमला तथा ॥ ६१ ॥

वर्ग	देवता
अवर्ग	वशिनी
कवर्ग	कामेश्वरी
चवर्ग	मोदिनी
टवर्ग	विमला
तवर्ग	अरुणा
पवर्ग	जयिनी
यवर्ग	सर्वेश्वरी
शवर्ग	कौलिनी

ये अष्टवर्गीय देवता हैं जिनकी अर्चना करके संसार को शीघ्र ही वश में किया जा सकता है। आनन्दलहरी नामक स्तोत्र में आचार्य शङ्कर ने कहा है—वाक्यों[1] की जननी, सद्यः काटे गये चन्द्रकान्तमणि की कान्ति के समान शोभाशाली, वशिनी आदि देवताओं के साथ ऐ माँ, यदि तुम्हारा कोई ध्यान करता है तो वह सुन्दर भङ्गिमाओं से सम्पन्न काव्य का कर्ता बन जाता है।

पीछे कही हुई अष्टवर्गाधिष्ठातृ ब्राह्मी आदि शक्तियाँ पर अर्थात् अभेदाभासात्मक तथा अपर अर्थात् भेदाभासात्मक फलों को देने वाली हैं।

अरुणा तु तवर्गस्था पवर्गे जयिनी स्थिता।
सर्वेश्वरी यवर्गे तु शवर्गे कौलिनीति च ॥ ६२ ॥
एता वर्गाष्टके देवि अष्टावेव हि देवताः।
अर्चिताः पुरुषस्याशु प्रकुर्वन्ति वशं जगत् ॥ ६३ ॥

वामकेश्वरीमतम्, प्रथम पटल

१. सवित्रीभिर्वाचां शशिमणिशिलाभङ्गरुचिभि-
र्वशिन्याद्याभिस्त्वां सह जननि सञ्चिन्तयति यः।
स कर्ता काव्यानां भवति महतां भङ्गिसुभगै-
र्वचोभिर्वाग्देवीवदनकमलामोदमधुरैः ॥ १७ ॥

सौन्दर्यलहरी

भगवत्याः स्वरूपं तु पञ्चाशद्वर्णात्मिका मातृकैव। सेयं पञ्चाशद्वर्णात्मिका मातृका अष्टवर्गात्मिका भवति। ते चाष्टवर्गाः अकचटतपयशादयः। अकारादयः षोडश स्वराः प्रथमवर्ग आदि। एवं अष्टवर्गात्मिका भगवती मातृका त्रिपुरसुन्दरी अकचटतपयशवर्गेषु यथाक्रमं वशिन्यादिशक्तिभिर्योजिता—काव्यकर्तृत्वसम्पादिका।

सौन्दर्यलहरी (लक्ष्मीधर-व्याख्या)

प्रत्येक[1] वर्ग की शक्तियाँ त्रिधा विभक्त हैं। १. घोर, २. घोरतर और ३. अघोर। जब काम क्रोधादिकों का विस्तार करती हुई ये भोगापवर्गात्मक मिश्रित कर्मों के फल में व्यक्ति को आसक्त करती हैं तो इनका लक्षण 'घोर' होता है। विषयासक्त चित्त वालों को जब नीचातिनीच दशा में डालने का कारण बनती हैं तब इन्हें घोरतर कहा जाता है। और जब ज्ञात होने पर ये ही शिवता प्रदान करती हैं तो इन्हें अघोर कहते हैं।

पर और अपर, ज्ञान के दो प्रकार अथवा फल शिवसूत्रवार्तिककार भास्कर के मतानुसार कहे गये हैं—**'ज्ञानस्यैव द्विरूपस्य परापरविभेदतः'** (शिवसूत्रवार्तिकम्, सूत्र ४, प्रथम प्रकाश) आचार्य क्षेमराज ने श्रीपूर्वशास्त्र नामक ग्रन्थ को स्पन्दसन्दोह[2] में उद्धृत करते हुए पर, परापर और अपर—ये तीन भेद बताये हैं जिन्हें क्रमशः अघोर, घोर और घोरतर के नाम से कहा जाता है।

पूर्वोक्त[3] ब्राह्मी आदि शक्तियों को योगिनीहृदय में 'योगिनी' कहा गया है।

---

१. माहेश्याद्यष्टकं तत्र परापरफलप्रदम्।
अधिष्ठाय पशूनां च बाह्यार्थविगमे स्थितम्॥
मिश्रकर्मफलासक्तिजनकं घोरलक्षणम्।
विषयासक्तचित्तानामधोऽधः पातकारकम्॥
घोरघोरतरं तत्स्यात् अघोरं शिवदायकम्।
एवं मात्रष्टकं चैतत् प्रतिवर्गं त्रिभेदवत्॥
पूर्ववर्गे भैरवता संस्थितैवानपायिनी।
तदेवं शब्दराशिश्च त्रिस्वरूपोष्टवर्गजः॥
शिवसूत्रवार्तिक, तृतीय प्रकाश, सूत्र १९

२. विषयेष्वेव संलीनानधोधः पातयन्त्यणून्।
रुद्राणून्याः समालिङ्ग्य घोरतर्योऽपराः स्मृताः।
मिश्रकर्मफलासक्ति पूर्ववज्जनयन्ति याः।
मुक्तिमार्गनिरोधिन्यस्ताः स्युर्घोराः परापराः॥
पूर्ववज्जन्तुजातस्य शिवधामफलप्रदाः।
पराः प्रकथितास्तज्ज्ञैरघोराः शिवशक्तयः।
स्पन्दसन्होह, पृ० २१

३. वर्गाष्टकनिविष्टाभिः योगिनीभिश्च संयुता।
योगिनीरूपमास्थाय राजते विश्वविग्रहा॥ ६१॥
योगिनीहृदय, मन्त्रसंकेत, द्वि० पटल

मातृका शक्ति ही वर्गाष्टक में प्रविष्ट होकर ब्राह्मी आदि योगिनी रूप ग्रहण करती हैं। समुदित रूप में इसे अष्टकेश्वरी कहा जाता है।

पीछे सप्तमातृकाओं की चर्चा करते हुए स्वच्छन्दतन्त्र के अनुसार उनके स्वरूप का वर्णन किया गया था। यहाँ योगिनीहृदय के अनुसार अष्टमातृकाओं की आकृति का विवरण प्रस्तुत किया जाता है:—

१. ब्रह्माणी	पीतवर्णा, चतुर्मुखी, वरदा और अभयमुद्रायुक्तहस्ता, कुण्डिका तथा अक्षमालाधारिणी।
२. माहेश्वरी	श्वेतवर्णा, त्रिनेत्रा, शूलधारिणी, कपाल, मृग और परशु लिए हुए।
३. ऐन्द्री	श्यामवर्णा, वज्र और उत्पलधारिणी।
४. कौमारी	पीतवर्णा, वरदाभयहस्ता, शक्तितोमरधारिणी
५. वैष्णवी	श्यामवर्णा, शङ्ख, चक्र, वर, अभय और पद्मधारिणी, दिव्यभूषणभूषिता।
६. वाराही	श्यामलकान्ति, वज्र, चक्र, हल, मुशल, खड्ग, खेटक धारण करने वाली।
७. चामुण्डा	कृष्णवर्णा, दक्षिण करों में शूल, डमरू, खड्ग, वेतालक धारण करनेवाली। वाम करों में नाग, खेटक, घण्टा तथा कपाल धारण करनेवाली।
८. महालक्ष्मी[1]	पीताभा, पद्म, दर्पण और मातुलुङ्गफल धारण करनेवाली।

वर्गा अकचटतपयशाः तेषामष्टके निविष्टा ब्राह्म्याद्याः योगिन्यः। तदुक्तं स्वच्छन्दसंग्रहे :—

सर्ववाङ्मयमूला या वर्गाष्टकसमावृता।
विश्वोत्पत्तिसमाविष्टशक्तिप्रसृतभैरवैः॥
शक्तिभिश्च समायुक्ता अक्षान्ता मातृकावलिः॥

चतुःशत्यामप्युक्तम्—

वर्गानुक्रमयोगेन यस्यां मात्रष्टकं स्थितम्।
वन्दे तामष्टवर्गोत्थां महासिद्धचष्टकेश्वरीम्॥

योगिनीहृदयदीपिका

१. ब्रह्माणी पीतवर्णा च चतुर्भिः शोभिता मुखैः।
वरदाभयहस्ता च कुण्डिकाक्षलसत्करा॥ १२०॥
माहेश्वरी श्वेतवर्णा त्रिनेत्रा शूलधारिणी।
कपालमेणं परशुं दधाना पाणिभिः प्रिये॥ १२१॥

मातृकावर्ण-क्रम—

१. अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ऋ, ॠ, ऌ, ॡ, ए, ऐ, ओ, औ, अं, अः ।
२. क, ख, ग, घ, ङ ।
३. च, छ, ज, झ, ञ ।
४. ट, ठ, ड, ढ, ण ।
५. त, थ, द, ध, न ।
६. प, फ, ब, भ, म ।
७. य, र, ल, व ।
८, श, ष, स, ह (ळ) क्ष ।

वर्णों में ळ इस दुःस्पृष्टवर्ण की गणना केवल मातृकाचक्रविवेक और भास्करराय के मतानुसार है । स्वच्छन्दतन्त्र और तन्त्रालोक में इसकी गणना नहीं है । वहाँ पचास वर्णों का ही निर्देश मिलता है । **"श्लिष्टं पुरः स्फुरित-सद्वयकोटिळक्षरूपं परस्परगतं च समं च कूटम् ॥"**

मातृ० च० वि०, पृ० १२१

समस्त वर्ण, बीज और योनि भेद से दो प्रकार के हैं । ककारादि व्यञ्जन योनि और स्वर-वर्ण बीज कहे जाते हैं । बीज शिवरूप और योनिवर्ण शक्ति-रूप है—

बीजयोन्यात्मकाद् भेदात् द्विधा बीजं स्वरा मताः ॥ १० ॥
कादिभिश्च स्मृता योनिर्नवधावर्ग-भेदतः ॥ ११ ॥

(ऐन्द्री तु श्यामवर्णा च वज्रोत्पललसत्करा ।)
कौमारी पीतवर्णा च शक्तितोमरधारिणी ॥ १२२ ॥
वरदाभयहस्ता च ध्यातव्या परमेश्वरी ।
वैष्णवी श्यामवर्णा च शङ्खचक्रवराभयान् ॥ १२३ ॥
हस्तपद्मैस्तु बिभ्राणा भूषिता दिव्यभूषणैः ।
वाराही श्यामलच्छाया पोत्रचक्रसमुज्ज्वला ॥ १२४ ॥
हलं च मुसलं खड्गं खेटकं दधती भुजैः ।
ऐन्द्री श्यामलवर्णा च वज्रद्वयलसत्करा ॥ १२५ ॥
चामुण्डा कृष्णवर्णा च शूलं डमरुकं तथा ।
खड्गं वेतालकं चैव दधाना दक्षिणैः करैः ॥ १२६ ॥
नागखेटकघण्टाख्यान् दधानान्यैः कपालकम् ।
महालक्ष्मीस्तु पीताभा पद्मदर्पणमेव च ॥ १२७ ॥
मातुलुङ्गफलं चैव दधाना परमेश्वरी ।

योगिनी०, द्वि० पटल

बीजमत्र शिवः शक्तियोंनिरित्यभिधीयते ॥ १२ ॥

मालिनीविजयोत्तरतन्त्र, तृ० अधि०

ऊपर वर्णों का जो क्रम दिखाया गया है उसे मातृका, सिद्धा अथवा पूर्वमालिनी कहते हैं। इससे विलक्षण उत्तरमालिनी क्रम है जिसकी अधिष्ठात्री मालिनी शक्ति है[1]। मातृका को अभिन्नयोनि[2] और मालिनी को भिन्नयोनि कहते हैं। तात्पर्य यह है कि योनि अर्थात् व्यञ्जन (कादि) जहाँ बीज अर्थात् स्वरों से परस्पर मिल गये हों वही भिन्नयोनि मालिनी शक्ति है—

'मातृकाशब्दराशिसंघट्टात् शक्तिमदैक्यात्मलक्षणात् लवणारनालवत्परस्पर-मेलनात्, "भिन्ना बीजैर्भेदिता योनयो व्यञ्जनानि यस्याः सा तथाविधा सती।"

तन्त्रालोकवि०, तृ० आ०, पृ० १९२

वस्तुतः भैरवात्मक शब्द-राशि को मातृका और मालिनी इन दो रूपों में स्मरण करते हैं। मातृका ही क्षोभ्य और क्षोभकतावेश से मालिनी बन जाती है।[3] क्षोभ्य-योनियों का क्षोभक-बीजों से परस्पर सङ्घट्टात्मक आवेश ही इसमें कारण है—

'शब्दराशिः स एवोक्तो मातृका सा च कीर्तिता।
क्षोभ्यक्षोभकतावेशान्मालिनीं तां प्रचक्ष्महे ॥ २३२ ॥

तन्त्रा०, तृ० आ०

---

१. एकामर्शस्वभावत्वे शब्दराशिः स भैरवः।
आमृश्यच्छायया योगात् सैव शक्तिश्च मातृका ॥ १९८ ॥
सा शब्दराशिसंघट्टाद् भिन्नयोनिस्तु मालिनी ॥ १९९ ॥

तं०, तृ० आ०

२. अभिन्नमालिनीकाये .....॥ १० ॥
भिन्नयोनिस्तु या देव त्वयोक्ता मालिनी मम ॥ ११ ॥

मालि० वि०, च० अ०

३. पदवाक्याद्यात्मना विभक्तानां स्थूलानां शब्दानां अविभागस्वभावतः कारणात्मा राशिः, मातृकेति पशुभिः—'सर्वेषामेव मन्त्राणां विद्यानां च यशस्विनि। इयं योनिः समाख्याता सर्वमन्त्रेषु सर्वदा ॥' इत्यादिनिरूपितेन स्वेन रूपेण अज्ञाता माता इत्यर्थः।

क्षोभ्या योनयः, क्षोभकाणि बीजानि तेषां भावः क्षुभिक्रियायां कर्तृकर्मरूपः सम्बन्धस्तत्र य आवेशः परस्परसङ्घट्टात्मा लोलीभावः ततो भिन्ना बीजैर्भेदिता योनयो व्यञ्जनानि यस्याः सा तथाविधा सती मालिनी—मलते विश्वं स्वरूपे धत्ते इति विश्वरूपिणी इत्यर्थः। तन्त्रा० वि०, पृ० २२२

यह मालिनी शक्ति अनुत्तर प्रकाशात्मक पराशक्ति रूप में निर्णीत हुई है। बीज और योनियों के सामरस्य से जनित नाना विसर्गोदयों से सुन्दर इसे विश्वरूपिणी भी कहा जाता है—

बीजयोनिसमापत्तिर्विसर्गोदयसुन्दरा।
मालिनी हि पराशक्तिर्निर्णीता विश्वरूपिणी ॥ २३३ ॥

तन्त्रा०, तृ० आ०

यह शक्ति सम्पूर्ण विश्व को अपने रूप में धारण करती है अथवा समग्र को अपने अन्तर्भूत कर लेती है, इसीलिए मालिनी कही जाती है। इसका क्रम 'न' वर्ण से लेकर 'फ' वर्ण तक है—

'मलते विश्वं स्वरूपे धत्ते, मालयति अन्तःकरोति कृत्स्नमिति च मालिनीति व्यपदिश्यते। भिन्नयोनित्वादेव च अस्याः बीजयोनीनां विसंस्थुलत्वात् नादि-फान्तत्वम्।

तन्त्रा० वि०, पृ० १९२

मालिनीवर्णक्रम—

न[1], ऋ, ॠ, ऌ, ॡ, थ, च, ध, ई, ण, उ, ऊ, ब, क, ख, ग, घ, ङ, इ, अ, व, भ, य, ड, ढ, ठ, ञ, ञ, ज, र, ट, प, छ, ल, आ, स, अः, ह, ष, क्ष, म, श, अं, त, ए, ऐ, ओ, औ, द, फ।

भगवती मालिनी, मुख्य शाक्तरूप धारिणी है। बीज और योनि के संघट्ट से जनित यह शक्ति सम्पूर्ण कामनाओं को पूर्ण करने वाली है। इसका मालिनी यह सार्थक नाम है क्योंकि यह रुद्र और शक्तियों की माला से युक्त है। संसार-स्वरूप शिशिर के संहार के लिए यह नादमयी भ्रमरी के सदृश है। सिद्धियाँ और मोक्ष दोनों इसके द्वारा प्राप्त होते हैं।

---

१. न शिखा ऋ ॠ ऌ ॡ च शिरोमाला 'थ' मस्तकम्।
नेत्राणि चोर्ध्वेऽधोऽन्ये ई घ्राणं मुद्रे णु णू श्रुती ॥ ३७ ॥
ब कवर्ग इ आ वक्त्रदन्तजिह्वासु वाचि च।
वभयाः कण्ठवक्षादिस्कन्धयोर्भुजयोर्ढढौ ॥ ३८ ॥
ठो हस्तयोर्झञौ शाखा ज्रटौ शूलकपालके।
पहृत् छलौ स्तनौ क्षीरमास जीवो विसर्गयुक् ॥ ३९ ॥
तत्परः कथितः प्राणः षक्षावुदरनाभिगौ।
मशताः कटिगुह्योरुयुग्मगा जानुनी तथा ॥ ४० ॥
ए-ऐकारौ तथा जङ्घे तत्परौ चरणौ दफौ ॥ ४१ ॥

मालिनीविजयोत्तरतन्त्र, तृ० अधि०

भ्रष्टविधानवाला मन्त्र भी इसके न्यास से पूर्ण हो जाता है। गारुड़ तथा वैष्णव मन्त्र साञ्जन (मलिन) होने पर भी इसके सम्पर्क से निरञ्जन होकर मोक्षप्रद बन जाते हैं—

'तदुक्तं—मालिनी हि भगवती मुख्यं शाक्तं रूपं बीजयोनिसङ्घट्टेन समस्तकामदुघम्। अन्वर्थं चैतन्नाम रुद्रशक्तिमालाभिर्युक्ता फलेषु पुष्पिता संसार-शिशिरसंहारनादभ्रमरी सिद्धिमोक्षधारिणी दानादानशक्तियुक्ता इति रलयोरेकत्वस्मृतेः, अतएव भ्रष्टविधिरपि मन्त्र एतन्न्यासात्पूर्णो भवति साञ्जनोऽपि गारुडवैष्णवादिः निरञ्जनतामेत्य मोक्षप्रदो भवति॥"

परात्रिंशिका टिप्पणी, पृ० १२२

उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि मातृका और मालिनी के बीच केवल वर्णों के विन्यास क्रम को लेकर ही अन्तर है वहाँ किसी एकान्त भिन्नता का अनुसन्धान करना असङ्गत होगा।

मातृका के पर रूप में इच्छा, ज्ञान और क्रिया ये शक्तियाँ समुदित रूप में विद्यमान रहती हैं। अतः अभिप्राय विशेष को लक्ष्य करके उसे कभी परा इच्छाशक्ति, कदाचित् परा ज्ञानशक्ति तथा परा क्रियाशक्ति के रूप में भी उल्लेख करते हैं। विकास के क्रम में पर रूप से पृथक् इच्छा, ज्ञान और क्रिया शक्तियाँ तो देखी ही जाती हैं।

परमेश्वर[1] की परा क्रियाशक्ति को मातृका कहा गया है। यह स्वाभास शक्ति है। परमेश्वर के स्वरूप का इसी के द्वारा प्रत्यवमर्श होता है। उसी मातृका के कलासमूह अथवा वर्ण समुदाय को मातृका-चक्र कहते हैं। मातृका वर्णों को माता[2], शक्तियाँ, देवियाँ, रश्मि और कला आदि नामों से अभिहित किया जाता है। ये वर्ण के पर्यायवाची शब्द हैं। शक्ति, देवी, रश्मि आदि नामों द्वारा ही यह संकेत मिलता है कि वर्ण केवल कल्पनामूलक नहीं है। प्रत्येक वर्ण एक शक्ति-विशेष है। स्वयं वर्ण के लिए भी केवल

---

१. स्वाभासा मातृका ज्ञेया क्रियाशक्तिः प्रभोः परा।
तस्याः कलासमूहो यस्तच्चक्रमिति कीर्तितम्॥ २६॥
शि० सू० वा०, द्वितीय प्रकाश

२. अकारादिक्षपर्यन्ताः कलास्ताः शब्दकारणम्॥ २०॥
मातरः शक्तयो देव्यो रश्मयश्च कलाः स्मृताः॥ २१॥
वही, प्र० प्र०

'वर्ण' शब्द का उल्लेख न करके वर्णभट्टारक[1] इस अभिधान का प्रयोग तन्त्र में मिलता है।

प्रपञ्चसारतन्त्र[2] के अनुसार समस्त वर्ण अग्नीषोमात्मक हैं। वर्णों में व्याप्त आकारांश आग्नेय अथवा पुरुषात्मक है और इतर अंश सौम्य अथवा प्रकृत्यात्मक है। पहले, वर्णों का दो प्रकार से विभाग मिलता है : एक स्वर और दूसरा व्यञ्जन।

व्यंजन[3] अथवा कादि योनियाँ स्वरों से ही अभिव्यक्ति अथवा प्रकाश पाती हैं।

शब्द[4] द्वारा चित्तवृत्ति को अनुभावित करने के कारण, स्व अर्थात् आत्मा के रूप का बोध कराने के कारण अथवा कादि योनियों को विकसित करने के कारण ही इन्हें स्वर कहा जाता है।

व्यञ्जन वर्णों के दो भेद हैं—स्पर्श और व्यापक। व्यापक भी द्विधा भिन्न हैं अन्तःस्थ और ऊष्म[5]। समस्त वर्ण पुनः तीन प्रकार के हैं। सोलह स्वर सौम्य, पच्चीस स्पर्श सौर और दश व्यापक वर्ण आग्नेय हैं। स्वरों में ह्रस्व अ, इ, उ, ए, ओ और बिन्दु ये पुरुष वर्ण हैं; आ, ई, ऊ, ऐ, औ और विसर्ग स्त्री वर्ण हैं। अवशिष्ट चार ऋ, ॠ, ऌ, ॡ ये नपुंसक वर्ण कहलाते हैं। ह्रस्व

---

१. यत्र सर्वसर्वात्मकबोधैकघनकण्ठौष्ठादिधाम्नि तथाविधबोधनविमर्शात्मकस्वातन्त्र्यसारमहामन्त्ररूपवर्णभट्टारकनिवेशः।

परात्रिंशिका, पृ० १८६

२. अथोभयात्मका वर्णाः स्युरग्नीषोमभेदतः ॥ १ ॥

प्रचञ्चसारत०, तृ० पटल

३. इत्थं यद्वर्णजातं तत्सर्वं स्वरमयं पुरा ॥ १८३ ॥
व्यक्तियोगाद् व्यञ्जनं तत्स्वरप्राणं यतः किल।

तं० लो०, तृ० आ०

४. स्वरयन्ति शब्दयन्ति सूचयन्ति चित्तं, स्वं च स्वरूपमात्मानं रान्ति एवमिति परप्रमातरि सङ्क्रामयन्तो ददति, स्वं च आत्मीयं कादियोनिरूपं रान्ति—बहिः प्रकाशयन्तो ददति इति स्वराः ॥

परात्रिंशिका, पृ० २०२।

५. त एव स्युस्त्रिधा भूयः सोमेनाग्निविभागतः ॥ १ ॥
स्वराख्याः षोडशप्रोक्ताः स्पर्शाख्याः पञ्चविंशतिः।
व्यापकाश्च दशैते स्युः सोमेनाग्न्यात्मकाः क्रमात् ॥ २ ॥

प्र० सा० तं०, तृ० पटल

स्वर शिवमय और दीर्घ शक्तिमय है। ऋ और ऌ का शिव वर्ग में तथा ॠ और ॡ का शक्ति वर्ग में अन्तर्भाव लेना चाहिए[1]—

आद्यन्तस्वरषट्कस्य मध्यमं यच्चतुष्टयम्।
वर्णानामागमधनैस्तन्नपुंसकमीरितम् ॥ ४ ॥

प्र० सा०, तृ० पटल

वाग्देवता के अङ्ग वर्णमय है। इसीलिए उसको वर्णतनु कहते हैं। वर्णमयी मातृका देवी बहिर्मातृका के नाम से प्रसिद्ध है। भिन्न-भिन्न अंग वर्णों की महिमा या प्रसार मात्र है। यही कारण है कि साधकगण तत्तत् अंगों के अन्तराल में निगूढ़ शक्ति को उद्बुद्ध करने के लिए बहिर्मातृका[2] न्यास का अनुष्ठान करते हैं।

बहिर्मातृका

वर्ण		अङ्ग
अ	...	ललाट वा शिर
आ	...	मुख
इ	...	दक्षिण नेत्र
ई	...	वाम नेत्र
उ	...	दक्षिण कर्ण
ऊ	...	वाम कर्ण
ऋ	...	दक्षनासा
ॠ	...	वामनासा
ऌ	...	दक्षिण कपोल
ॡ	...	वाम कपोल
ए	...	अधर
ऐ	...	ओष्ठ
ओ	...	अधोदन्त

---

१. एकारौकारयोः दीर्घत्वेऽपि अत्र पारिभाषिकं ह्रस्वत्वम्।
इमे ह्रस्वदीर्घाः क्रमात् शिवशक्तिमयाः।
ह्रस्वाः अ, इ, उ, ऋ, ऌ, ए, ओ एते शिवमयाः पुंरूपाश्चेत्यर्थः।
दीर्घाः आ, ई, ऊ, ॠ, ॡ, ऐ, औ एते शक्तिमयाः स्त्रीरूपाश्चेत्यर्थः।
पदार्थादर्श, शारदा० टीका, पृ० ६६

२. कामधेनुतन्त्र, १० वाँ पटल

वर्ण		अङ्ग
औ	...	ऊर्ध्वदन्त
अं	...	जिह्वा
अः	...	ग्रीवा
क	...	दक्षिण बाहुमूल
ख	...	दक्षिण कूर्पर (केहुनी)
ग	...	दक्षिण मणिबन्ध
घ	...	दक्षिण अंगुलिमूल
ङ	...	दक्षिण अंगुल्यग्र
च	...	वाम बाहुमूल
छ	...	वाम कूर्पर
ज	...	मणिबन्ध
झ	...	अंगुलिमूल
ञ	...	अंगुल्यग्र
ट	...	दक्षिण ऊरुमूल
ठ	...	जानु
ड	...	गुल्फ
ढ	...	अंगुलिमूल
ण	...	अंगुल्यग्र
त	...	वाम ऊरुमूल
थ	...	जानु
द	...	गुल्फ
ध	...	अंगुलिमूल
न	...	अंगुल्यग्र
प	...	दक्षिणकुक्षि
फ	...	वामकुक्षि
ब	...	पृष्ठ
भ	...	नाभि
म	...	उदर
य	...	हृदय
र	...	दक्षिण स्कन्ध
ल	...	वाम स्कन्ध
व	...	तालु
श	...	हृदय से दक्षिण हस्त तक

ष	...	हृदय से वामहस्त तक
स	...	हृदय से दक्षिणपाद तक
ह	...	हृदय से वामपाद तक
क्ष	...	ब्रह्मरन्ध्र

इस प्रकार सूक्ष्मतम (सामान्य) सूक्ष्मतर (कारण) सूक्ष्म और स्थूल मातृका एवं मातृका-वर्णों का परिचय प्रस्तुत किया गया। मातृकाओं के वर्णरूप, स्वरूप, अभिरूप एवं महिमा आदि का विस्तृत वर्णन अग्रिम अध्याय में किया जायगा।

पञ्चम अध्याय

मातृकाओं के वर्ण-रूप, स्वरूप, अभिरूप, महिमा, कला, देवता, शक्ति, ऋषि और छन्द

'अ' से लेकर 'क्ष' पर्यन्त समस्त वर्ण[1], अमृतमय होने के कारण अत्यन्त निर्मल हैं। कहा जाता है कि द्वादशान्त अर्थात् आज्ञाचक्र से ऊपर ललाटदेश में स्थित अर्द्धचन्द्र से जो अमृतबिन्दु क्षरित होते हैं वे ही मूलाधार, स्वाधिष्ठान आदि छः कमल-दलों में आकर वर्णों के रूप में परिणत हो जाते हैं।

वर्णों के रंगों—वर्णरूपों के विषय में लक्ष्मीधर ने सुभगोदय की व्याख्या चन्द्रकला में विस्तृत वर्णन किया है। वहाँ सनत्कुमारसंहिता के एतत्सम्बन्धी वर्णन को ही उन्होंने मान्यता दी है। जैसा कि अग्रिम विवृति से स्पष्ट होगा कि प्रत्येक वर्ण पञ्चभूतों, त्रिदेवों एवं प्राणादि से सङ्घटित होता है, अतः उसकी नील-पीतादि वर्णरूपता भी स्वतःसिद्ध है। मातृकाओं के वर्ण-रूपों के सम्बन्ध में कई मत हैं।

अकारादि[2] स्वरों का रङ्ग (वर्ण) धूम्र है। 'क' से लेकर 'ट' तक सभी वर्ण सिन्दूराभ हैं; 'ड' से 'फ' तक वर्णों का रंग गौर है। तथा पांच 'ब' आदि

---

१. अकारादिक्षरान्तैर्वर्णैरत्यन्तनिर्मलैः।
अशेषशब्दैर्या भाति तामानन्दप्रदां नुमः॥

सूतसंहिता, यज्ञवै० खं०, अ० ४७

आधारादिषट्कमलदलेषु पातिता द्वादशान्तस्थितचन्द्रमण्डलात्सृता अमृतबिन्दवोऽकारादिक्षकारान्तवर्णात्मना परिणताः। उक्तं ह्याचार्यैः—

मूलाधारात्स्फुरिततडिदाभाप्रभा सूक्ष्मरूपो-
दृगच्छन्त्यामस्तकमणुतरा तेजसां मूलभूता।
सौषुम्णाध्वाचरणनिपुणा सा सवित्रानुबिद्धा-
ध्याता सद्योऽमृतमथ रवेः स्रावयेत् सार्धसोमात्।
शिरसि निपतिता या बिन्दुधारा सुधाया।
भवति लिपिमयी सा ताभिरङ्गं मुखाद्यम्॥

तात्पर्यदीपिका, पृ० ७५३

२. तानि च सनत्कुमारसंहितायां—

"अकाराद्याः स्वरा धूम्राः सिन्दूराभास्तु कादयः।

अरुण वर्ण एवं लकारादि पाँच स्वर्ण वर्ण है। 'ह' और 'क्ष' ये तड़ित वर्ण हैं—यह सनत्कुमारसंहिता का मत है।

तन्त्रान्तर में स्वरों को स्फटिकाभ, स्पर्श वर्णों को विद्रुम सदृश, यकारादि नव वर्णों को पीत और क्षकार को अरुण कहा गया है।

कहीं ऐसा भी उल्लेख है कि सम्पूर्ण वर्णों का रंग श्वेत है। मातृका-विवेक नामक ग्रन्थ में प्रत्येक वर्ण का पृथक्-पृथक् रंग बताया गया है। यथा—

'अकारं सर्वदेवत्यं रक्तं सर्ववशङ्करम्'।

सौभाग्यभास्कर, पृ० १२५

कामधेनुतन्त्र में भी वर्णों के स्वरूप की चर्चा करते हुए पृथक् रङ्गों का उल्लेख मिलता है। यहाँ उसी के आधार पर वर्णों के तात्विक रूप का वर्णन समीचीन होगा।

'अ'—[1]शरच्चन्द्रसदृश, पञ्चकोणमय, पञ्चदेवमय, शक्तित्रययुक्त, निर्गुण, त्रिगुणोपेत, कैवल्यमूर्ति, बिन्दुतत्वमय प्रकृतिस्वरूप।

डादिफान्ता गौरवर्णा अरुणाः पञ्च वादयः।
लकाराद्याः काञ्चनाभाः हकारान्त्यौ तडिन्निभौ॥ इति

तन्त्रान्तरे तु—

स्फटिकाभाः स्वराः प्रोक्ताः स्पर्शा विद्रुमसन्निभाः।
यादयो नव पीताः स्युः क्षकारस्त्वरुणो मतः॥
सर्वे वर्गा शुक्ला इत्यपि क्वचित्।

मातृकाविवेके तु—

अकारं सर्वदेवत्यं रक्तं सर्ववशङ्करम्—

इत्यादिना प्रत्यक्षरं वर्णविशेष उक्तः।

सौभाग्यभास्कर, पृ० १२५

१. शृणु तत्वमकारस्य अतिगोप्यं वरानने।
शरच्चन्द्रप्रतीकाशं पञ्चकोणमयं सदा॥
पञ्चदेवमयं वर्णं शक्तित्रयसमन्वितम्।
निर्गुणं त्रिगुणोपेतं स्वयं कैवल्यमूर्तिमान्।
बिन्दुतत्वमयं वर्णं स्वयं प्रकृतिरूपिणी।
आकारं परमाश्चर्यं शङ्खज्योतिर्मयं प्रिये।
ब्रह्मविष्णुमयं वर्णं तथा रुद्रमयं प्रिये।
पञ्चप्राणमयं वर्णं स्वयं परमकुण्डली।
इकारं परमानन्दसुगन्धकुसुमच्छविम्।

'आ'—शङ्खज्योतिर्मय, ब्रह्मा, विष्णु और रुद्रमय, पञ्चप्राणमय तथा परम कुण्डली रूप।

'इ'—कुसुमच्छवि, ब्रह्मा, विष्णु और रुद्रमय, सदा शक्तिमय, गुरुब्रह्ममय, सदाशिवमय, गुणत्रयसमन्वित, मूर्तिमान् कुण्डली।

'ई'—पीतविद्युत् के सदृश आकृति युक्त, परमकुण्डली रूप, ब्रह्मा विष्णु और रुद्रमय पञ्चदेव, पञ्चप्राण तथा चतुर्ज्ञानमय।

'उ'—पीतचम्पक[1] सदृश, अधः कुण्डलिनी, पञ्चदेव तथा पञ्चप्राणमय, चतुर्वर्गप्रद।

'ऊ'—शङ्ख और कुन्द के सदृश आकारयुक्त, परमकुण्डली, पञ्चप्राण तथा पञ्चदेवमय, धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष और सदा सुखप्रद।

'ऋ'—मूर्तिमान् कुण्डली, ब्रह्मा, विष्णु, रुद्रमय, सदाशिवयुक्त, ईश्वर संयुक्त, पञ्चवर्ण तथा चतुर्ज्ञानमय, रक्तविद्युत् सदृश।

'ॠ'—परमकुण्डली, पीतविद्युत् सदृश, पञ्चदेव तथा चतुर्ज्ञानमय, पञ्चप्राणयुक्त त्रिशक्तिसहित।

हरिब्रह्ममयं वर्णं सदा रुद्रयुतं प्रिये।
सदाशक्तिमयं देवि गुरुब्रह्ममयं तथा।
सदाशिवमयं वर्णं पर ब्रह्मसमन्वितम्।
हरिब्रह्मात्मकं वर्णं गुणत्रयसमन्वितम्।
इकारं परमेशानि स्वयं कुण्डली मूर्तिमान्।

कामधेनुतन्त्र (हस्तलिखित)

इकारं परमेशानि स्वयं परमकुण्डली।
ब्रह्मविष्णुमयं वर्णं तथा रुद्रमयं सदा।
पञ्चदेवमयं वर्णं पीतविद्युल्लताकृतिम्।
चतुर्ज्ञानमयं वर्णं पञ्चप्राणमयं सदा॥

१. उकारं परमेशानि अधःकुण्डलिनी स्वयम्।
पीतचम्पकसङ्काशं पञ्चदेवमयं सदा।
पञ्चप्राणमयं देवि चतुर्वर्गप्रदायकम्।
शङ्खकुन्दसमाकारं ऊकारं परमकुण्डली।
पञ्चप्राणमयं वर्णं पञ्चदेवमयं सदा।
धर्मार्थकाममोक्षं च सदासुखप्रदायकम्॥
ॠकारं परमेशानि कुण्डली मूर्तिमान् स्वयम्।
अत्र ब्रह्मा च विष्णुश्च रुद्रश्चैव वरानने।
सदाशिवयुतं वर्णं सदा ईश्वरसंयुतम्।

'ऌ'—[1]पीतविद्युत् सदृश, कुण्डली परदेवता, ब्रह्मादि देवों का निवासस्थान पञ्चदेव, चतुर्ज्ञान तथा पञ्चप्राणमय, गुणत्रयात्मक, बिन्दुत्रयात्मक।

'ए'—रञ्जनीकुसुम सदृश, ब्रह्मा-विष्णु-शिवात्मक, पञ्चदेवमय, पञ्चप्राणात्मक, बिन्दुत्रयात्मक चतुर्वर्गप्रद, परमकुण्डली।

'ऐ'—कोटिचन्द्र सदृश, महाकुण्डलिनी, पञ्चप्राण, ब्रह्मा, विष्णु और रुद्रमय। सदाशिवमय, बिन्दुत्रययुक्त।

'ओ'—रक्तविद्युत् सदृश, पञ्चदेवमय, त्रिगुणात्मा, ईश्वर, पञ्चप्राणमय, देवमाता, परमकुण्डली।

पञ्चप्राणमयं वर्णं चतुर्ज्ञानमयं तथा।
रक्तविद्युल्लताकारं ॠकारं प्रणमाम्यहम्॥
ॠकारं परमेशानि स्वयं परमकुण्डमम्।
पीतविद्युल्लताकारं पञ्चदेवमयं सदा।
चतुर्ज्ञानमयं वर्णं पञ्चप्राणयुतं सदा।
त्रिशक्तिसहितं वर्णं प्रणमामि सदा प्रिये॥

कामधेनुतन्त्र

१. ऌकारं चञ्चलापाङ्गि कुण्डली परदेवता।
अत्र ब्रह्मादयः सर्वे तिष्ठन्ति सततं प्रिये।
पञ्चदेवमयं वर्णं चतुर्ज्ञानमयं सदा।
पञ्चप्राणयुतं वर्णं तथा गुणत्रयात्मकम्।
बिन्दुत्रयात्मकं वर्णं पीतविद्युल्लता तथा॥
एकारं परमेशानि ब्रह्मविष्णुशिवात्मकम्।
रञ्जनीकुसुमप्रख्यं पञ्चदेवमयं सदा॥
पञ्चप्राणात्मकं वर्णं तथा बिन्दुत्रयात्मकम्।
चतुर्वर्गप्रदं देवि स्वयं परमकुण्डली॥
ऐकारं परमं दिव्यं महाकुण्डलिनी स्वयम्।
कोटिचन्द्रप्रतीकाशं पञ्चप्राणमयं सदा।
ब्रह्मविष्णुमयं वर्णं बिन्दुत्रयसमन्वितम्।
ओकारं चञ्चलापाङ्गि पञ्चदेवमयं सदा।
रक्तविद्युल्लताकारं त्रिगुणात्मानमीश्वरम्॥
पञ्चप्राणमयं वर्णं नमामि देवमातरम्।
एतद्वर्णं महेशानि स्वयं परमकुण्डली॥

कामधेनुतन्त्र

'ओ'—[1]रक्तविद्युत् सदृश, कुण्डली, ब्रह्मादि देवों का निवास, पञ्चप्राण तथा सदाशिवमय, ईश्वरसंयुक्त, चतुर्वर्गप्रद।

'अं'—पीतविद्युत् सदृश, पञ्चप्राणात्मक, ब्रह्मादिदेव तथा सर्वज्ञानमय, बिन्दु-त्रयसमन्वित।

'अः'—रक्तविद्युत्कान्ति, पञ्चदेव, पञ्चप्राण तथा सर्वज्ञानमय, आत्मादितत्वों से युक्त, बिन्दुत्रय, शक्तित्रयात्मक।

'क'—जपा, यावक तथा सिदूर सदृश कान्तिशालिनी, चतुर्भुजा, त्रिनेत्रा, बाहुलताओं से शोभित, कदम्ब की कलियों के आकार वाले स्तनों से विभूषित, रत्न, कङ्कण, केयूर, तथा अङ्गदों से सुशोभित, रत्न तथा पुष्पहारों से मण्डित, परमेश्वरी कामिनी रूप।

---

१. रक्तविद्युल्लताकारं औकारं कुण्डली स्वयम्।
अत्र ब्रह्मादयः सर्वे तिष्ठन्ति सततं प्रिये।
पञ्चप्राणमयं वर्णं सदा शिवमयं सदा।
सदा ईश्वरसंयुक्तं चतुर्वर्गप्रदायकम्॥
अङ्कारं बिन्दुसंयुक्तं पीतविद्युत्समप्रभम्।
पञ्चप्राणात्मकं वर्णं ब्रह्मादिदेवतामयम्॥
सर्वज्ञानमयं वर्णं बिन्दुत्रयसमन्वितम्॥
अःकारं परमेशानि विसर्गसहितं सदा।
.... रक्तविद्युत्प्रभामयम्।
पञ्चदेवमयो वर्णः पञ्चप्राणमयः सदा।
सर्वज्ञानमयो वर्णः आत्मादितत्वसंयुतः॥
बिन्दुत्रयमयो वर्णः शक्तित्रयमयः सदा।
किशोरवयसाः सर्वे गीतवाद्यादितत्पराः।
शिवस्य युवती एताः स्वयं कुण्डली मूर्तिमान्।
जपायावकसिन्दूरमदृशीं कामिनीं पराम्।
चतुर्भुजां त्रिनेत्रां च बाहुबल्लीविराजिताम्।
कदम्बकोरकाकारस्तनद्वयविभूषिताम्।
रत्नकङ्कणकेयूरैरङ्गदैरुपशोभिताम्।
रत्नहारैः पुष्पहारैः शोभितां परमेश्वरीम्॥
एवं हि कामिनीं ध्यात्वा ककारं दशधा जपेत्॥

कामधेनुतन्त्र

'ख'—[1]कुण्डलीत्रय-युक्त, शङ्ख तथा कुन्द के समान कान्तिशाली, त्रिकोण तथा बिन्दुत्रय-संयुक्त, गुणत्रय, पञ्चदेव एवं शक्तित्रयविशिष्ट, सामान्यतया सर्वशक्त्यात्मक ।

'ग'—पञ्चदेवात्मक, निर्गुण, त्रिगुणोपेत, निरीह, निर्मल, पञ्चप्राणमय, अरुणादित्य सदृश, कुण्डली रूप ।

'घ'—चतुष्कोणात्मक, पञ्चदेवमय, तरुणादित्य-सदृश, त्रिगुणोपेत, सर्वगति, सर्वप्रद, शान्त ।

'ङ'—[2]परम कुण्डली रूप, त्रिगुण एवं सर्वदेवमय पञ्चप्राणमय ।

---

१. खकारं परमेशानि कुण्डलीत्रयसंयुतम् ।
खकारं परमाश्चर्यं शङ्खकुन्दसमप्रभम् ॥
कोणत्रययुतं रम्यं बिन्दुत्रयसमन्वितम् ।
गुणत्रययुतं देवि पञ्चदेवमयं सदा ।
त्रिशक्तिसंयुतं वर्णं सर्वशक्त्यात्मकं प्रिये ॥
गकारं परमेशानि पञ्चदेवात्मकं सदा ।
निर्गुणं त्रिगुणोपेतं निरीहं निर्मलं सदा ।
पञ्चप्राणमयं वर्णं गकारं प्रणमाम्यहम् ।
अरुणादित्यसङ्काशं कुण्डलीं प्रणमाम्यहम् ॥
घकारं चञ्चलापाङ्गि चतुष्कोणात्मकं सदा।
पञ्चदेवमयं वर्णं तरुणादित्यसन्निभम् ।
निर्गुणं त्रिगुणोपेतं सदा त्रिगुणसंयुतम् ।
सर्वगं सर्वदं शान्तं घकारं प्रणमाम्यहम् ।

कामधेनुतन्त्र, चतुर्थ पटल

२. ङकारं परमेशानि स्वयं परमकुण्डली ।
सर्वदेवमयं वर्णं त्रिगुणं लोललोचने ॥
पञ्चप्राणमयं वर्णं ङकारं प्रणमाम्यहम् ।
चवर्णं शृणु सुश्रोणि चतुर्वर्गप्रदायकम् ।
कुण्डलीसहितं देवि स्वयं परमकुण्डली ।
रक्तविद्युल्लताकारं सदा त्रिगुणसंयुतम् ।
पञ्चदेवमयं वर्णं पञ्चप्राणमयं सदा ।
त्रिशक्तिसहितं वर्णं त्रिबिन्दुसहितं सदा ।
छकारं परमाश्चर्यं स्वयं परमकुण्डली ।
सततं कुण्डलीयुक्तं पञ्चदेवमयं सदा ।

'च'—चतुर्वर्गप्रद, कुण्डली से युक्त परमकुण्डली-रूप, रक्त विद्युत्-सदृश, त्रिगुण, पञ्चदेव, पञ्चप्राण, त्रिशक्ति तथा बिन्दुत्रययुक्त।

'छ'—परमकुण्डली रूप, कुण्डली संयुक्त, पञ्चदेव, पञ्चप्राण, त्रिशक्ति, त्रिबिन्दु एवं ईश्वरयुक्त पीतविद्युत्-सदृश।

'ज'—मध्यकुण्डली-रूप, शरच्चन्द्र-सदृश, त्रिगुण, पञ्चदेव, पञ्चप्राण, त्रिशक्ति तथा त्रिबिन्दु सहित।

'झ'—[1]कुण्डली तथा मोक्षरूप, रक्तविद्युत्-सदृश, त्रिगुणयुक्त, पञ्चदेव तथा पञ्चप्राणात्मक, त्रिबिन्दु, त्रिशक्ति एवं ईश्वरसंयुत।

पञ्चप्राणमयं वर्णं त्रिशक्तिसहितं सदा।
त्रिबिन्दुसहितं वर्णं सदा ईश्वरसंयुतम्।
पीतविद्युल्लताकारं छकारं प्रणमाम्यहम्।
जकारं परमेशानि या स्वयं मध्यकुण्डली।
शरच्चन्द्रप्रतीकाशं सदा त्रिगुणसंयुतम्।
पञ्चदेवमयं वर्णं पञ्चप्राणात्मकं सदा।
त्रिशक्तिसहितं वर्णं त्रिबिन्दुसहितं प्रिये।

कामधेनुतन्त्र, चतुर्थ पटल

१. झकारं परमेशानि कुण्डलीमोक्षरूपिणी।
रक्तविद्युल्लताकारं सदा त्रिगुणसंयुतम्।
पञ्चदेवमयं वर्णं पञ्चप्राणात्मकं सदा।
त्रिबिन्दुसहितं वर्णं त्रिशक्तिसहितं सदा।
सदा ईश्वरसंयुक्तं अकारं शृणु पार्वति।
रक्तविद्युल्लताकारं स्वयं परमकुण्डली।
पञ्चदेवमयं वर्णं पञ्चप्राणात्मकं सदा।
त्रिशक्तिसहितं वर्णं त्रिबिन्दुसहितं सदा।
टकारं चञ्चलापाङ्गि स्वयं परमकुण्डली।
पञ्चदेवमयं वर्णं पञ्चप्राणमयं सदा।
त्रिशक्तिसहितं वर्णं त्रिबिन्दुसहितं सदा।
ठकारं चञ्चलापाङ्गि कुण्डली मोक्षरूपिणी।
पीतविद्युल्लताकारं सदा त्रिगुणसंयुतम्।
पञ्चदेवात्मकं वर्णं पञ्चप्राणमयं सदा।
त्रिबिन्दुसहितं वर्णं त्रिशक्तिसहितं सदा।

कामधेनुतन्त्र, चतुर्थ पटल

'अ'—रक्तविद्युत्-लता-तुल्य, परमकुण्डलीरूप, पञ्चदेव तथा पञ्चप्राणमय, त्रिशक्ति एवं त्रिबिन्दु सहित।

'ट'—परमकुण्डली-रूप, पञ्चदेव एवं पञ्चप्राणमय, त्रिशक्ति तथा त्रिबिन्दुयुक्त।

'ठ'—कुण्डली और मोक्ष रूप, पीतविद्युत्-लता के आकार सदृश, त्रिगुण, पञ्चदेव एवं पञ्चप्राणात्मक त्रिबिन्दु एवं त्रिशक्ति सहित।

'ड'—[1]त्रिगुणयुक्त, पञ्चदेव और पञ्चप्राणमय त्रिशक्ति तथा त्रिबिन्दु सहित चतुर्ज्ञानमय एवं आत्मादि तत्त्वों से युक्त, पीतविद्युत्-लताकार।

'ढ'—पराकुण्डली, पञ्चदेव—पञ्चप्राणमय, त्रिगुण तथा आत्मादि तत्त्वयुक्त रक्तविद्युत्-लताकार।

'ण'—परमकुण्डली, पीतविद्युत्-लताकार, पञ्चदेव तथा पञ्चप्राणमय, आत्मादि तत्त्वों से संवलित एवं महासौख्य-प्रदायक।

'त'—स्वयं परमकुण्डली, पञ्चदेव तथा पञ्चप्राणमय, त्रिशक्ति एवं आत्मादितत्त्वयुक्त, त्रिबिन्दु-सहित, पीतविद्युत्समकान्तिशाली।

---

१. डकारं चञ्चलापाङ्गि सदा त्रिगुणसंयुतम्।
पञ्चदेवमयं वर्णं पञ्चप्राणमयं तथा।
त्रिशक्तिसहितं वर्णं त्रिबिन्दुसहितं सदा।
चतुर्ज्ञानमयं वर्णमात्मादितत्त्वसंयुतम्।
पीतविद्युल्लताकारं डकारं प्रणमाम्यहम्।
ढकारं परमाराध्यं या स्वयं कुण्डली परा।
पञ्चदेवात्मकं वर्णं पञ्चप्राणमयं सदा।
सदा त्रिगुणसंयुक्तं आत्मादितत्त्वसंयुतम्।
रक्तविद्युल्लताकारं ढकारं प्रणमाम्यहम्।
णकारं परमेशानि या स्वयं परमकुण्डली।
पीतविद्युल्लताकारं पञ्चदेवमयं सदा।
पञ्चप्राणमयं देवि सदा त्रिगुणसंयुतम्।
आत्मादितत्त्वसंयुक्तं महासौख्यप्रदायकम्।
तकारं चञ्चलापाङ्गि स्वयं परमकुण्डली।
पञ्चदेवात्मकं वर्णं पञ्चप्राणमयं तथा।
त्रिशक्तिसहितं वर्णमात्मादितत्त्वसंयुतम्।
त्रिबिन्दुसहितं वर्णं पीतविद्युत्समप्रभम्।

कामधेनुतन्त्र, चतुर्थ पटल

'थ'—[1]कुण्डली तथा मोक्ष रूप, त्रिशक्ति तथा त्रिबिन्दु सहित, पञ्चदेव तथा पञ्चप्राणमय, तरुण आदित्य के समान कान्तिशाली।

'द'—चतुर्वर्ग-प्रदाता, पञ्चदेवमय, त्रिशक्ति-सहित, ईश्वरसंयुत, त्रिबिन्दु तथा आत्मादितत्त्व-युक्त, परमकुण्डलीरूप, रक्तविद्युल्लताकार।

'ध'—कुण्डली तथा मोक्ष रूप, आत्मादितत्त्व-संयुक्त, पञ्चदेव तथा पञ्चप्राणमय त्रिशक्ति तथा त्रिबिन्दुसहित, पीतविद्युत्-सदृश, चतुर्वर्ग-प्रदायक।

'न'—[2]रक्तविद्युत् के सदृश आकृति, पञ्चदेवमय, परमकुण्डलीरूप, पञ्चप्राणात्मक, त्रिबिन्दु तथा त्रिशक्तियुक्त, आत्मादितत्त्वयुक्त, चतुर्वर्गप्रद।

---

१. थकारं चञ्चलापाङ्गि कुण्डली मोक्षरूपिणी।
त्रिशक्तिसहितं वर्णं त्रिबिन्दुसहितं सदा।
पञ्चदेवमयं वर्णं पञ्चप्राणात्मकं प्रिये।
तरुणादित्यसङ्काशं थकारं प्रणमाम्यहम्।
दकारं शृणु चार्वङ्गि चतुर्वर्गप्रदायकम्।
पञ्चदेवमयं वर्णं त्रिशक्तिसहितं सदा।
सदा ईश्वरसंयुक्तं त्रिबिन्दुसहितं सदा।
आत्मादितत्त्वसंयुक्तं स्वयं परमकुण्डली।
रक्तविद्युल्लताकारं दकारं हृदि भावय।
धकारं परमेशानि कुण्डली मोक्षरूपिणी।
आत्मादितत्त्वसंयुक्तं पञ्चदेवमयं सदा।
पञ्चप्राणमयं देवि त्रिशक्तिसहितं सदा।
त्रिबिन्दुसहितं वर्णं धकारं हृदि भावय।
पीतविद्युल्लताकारं चतुर्वर्गप्रदायकम्।
कामधेनुतन्त्र, पञ्चम पटल

२. नकारं शृणु चार्वङ्गि रक्तविद्युल्लताकृतिम्।
पञ्चदेवमयं वर्णं स्वयं परमकुण्डली।
पञ्चप्राणात्मकं वर्णं त्रिबिन्दुसहितं सदा।
त्रिशक्तिसहितं वर्णमात्मादितत्त्वसंयुतम्।
चतुर्वर्गप्रदं वर्णं हृदि भावय पार्वति।
अतः परं प्रवक्ष्यामि पकारं मोक्षमव्ययम्।
चतुर्वर्गप्रदं वर्णं शरच्चन्द्रसमप्रभम्।
पञ्चदेवमयं वर्णं स्वयं परमकुण्डली।
पञ्चप्राणमयं वर्णं त्रिशक्तिसहितं सदा।

'प'—अव्यय मोक्षरूप, चतुर्वर्गप्रद, शरच्चन्द्रतुल्य-कान्तिशाली, पञ्चदेवमय स्वयं परमकुण्डली, पञ्चप्राणमय, त्रिशक्ति तथा त्रिबिन्दु सहित, आत्मादितत्त्वयुक्त ।

'फ'—रक्तविद्युत्सदृश, चतुर्वर्गप्रद, पञ्चदेवमय, पञ्चप्राणात्मक, त्रिगुण तथा त्रिबिन्दु सहित, आत्मादितत्त्व-संयुक्त ।

'ब'—[1]चतुर्वर्गप्रदाता, शरच्चन्द्रोपम, पञ्चदेव तथा पञ्चप्राणमय, त्रिबिन्दु तथा त्रिशक्ति सहित, निविड़ अमृत के समान निर्मल, कुण्डलिनी-रूप ।

त्रिबिन्दुसहितं वर्णमात्मादितत्त्वसंयुतम् ।
महामोक्षप्रदं वर्णं हृदि भावय पार्वति ।
फकारं शृणु चार्वङ्गि रक्तविद्युल्लतोपमम् ।
चतुर्वर्गमयं वर्णं पञ्चदेवमयं सदा ।
पञ्चप्राणमयं वर्णं सदा त्रिगुणसंयुतम् ।
आत्मादितत्त्वसंयुक्तं त्रिबिन्दुसहितं सदा ।
कामधेनुतन्त्र

१. बकारं शृणु चार्वङ्गि चतुर्वर्गप्रदायकम् ।
शरच्चन्द्रप्रतीकाशं पञ्चदेवमयं सदा ।
पञ्चप्राणात्मकं वर्णं त्रिबिन्दुसहितं सदा ।
त्रिशक्तिसहितं वर्णं निविडाऽमृतनिर्मलम् ।
स्वयं कुण्डलिनी साक्षात् सततं प्रणमाम्यहम् ।
भकारं चञ्चलापाङ्गि स्वयं परमकुण्डली ।
महामोक्षप्रदं वर्णं पञ्चदेवमयं सदा ।
त्रिशक्तिसहितं वर्णं त्रिबिन्दुसहितं प्रिये ।
मकारं शृणु चार्वङ्गि स्वयं परमकुण्डली ।
महामोक्षप्रदं वर्णं पञ्चदेवमयं सदा ।
तरुणादित्यसङ्काशं चतुर्वर्गप्रदायकम् ।
त्रिशक्तिसहितं वर्णं त्रिबिन्दुसहितं सदा ।
आत्मादितत्त्वसंयुक्तं हृदिस्थं प्रणमाम्यहम् ।
यकारं शृणु चार्वङ्गि चतुष्कोणमयं सदा ।
पलालधूमसङ्काशं स्वयं परमकुण्डली ।
पञ्चदेवमयं वर्णं पञ्चप्राणात्मकं सदा ।
त्रिशक्तिसहितं वर्णं त्रिबिन्दुसहितं तथा ।
प्रणमामि सदा वर्णं मूर्तिमान् मोक्षमव्ययम् ।

'भ'—परमकुण्डलीरूप, महामोक्षप्रद, पञ्चदेवमय, त्रिशक्ति तथा त्रिबिन्दु-सहित।

'म'—परमकुण्डलीरूप, महामोक्षप्रद, पञ्चदेवमय, तरुण आदित्य के समान कान्तिशाली, चतुर्वर्ग प्रदाता, त्रिशक्ति तथा त्रिबिन्दु-सहित, आत्मादि-तत्त्वों से युक्त।

'य'—चतुष्कोणमय, पुआल के धूयें के समान कान्तिशाली, परमकुण्डली-रूप पञ्चदेव तथा पञ्चप्राणमय, त्रिशक्ति तथा त्रिबिन्दु-सहित मूर्तिमान्, अव्यय मोक्ष-तुल्य।

'र'—[1]कुण्डलीद्वययुक्त, रक्तविद्युत् के सदृश कान्तिशाली, पञ्चदेव तथा पञ्च-प्राणात्मक, त्रिबिन्दु तथा त्रिशक्तिसहित, आत्मादितत्त्वयुक्त।

'ल'—कुण्डलीद्वययुक्त, पीतविद्युत्सदृश, सम्पूर्ण-रत्नप्रदाता, पञ्चदेव तथा पञ्च-प्राणमय, त्रिशक्ति तथा त्रिबिन्दु सहित, आत्मादितत्त्वयुक्त।

'व'—कुण्डली तथा अव्यय मोक्षरूप, पुआल के समान कान्तिशाली, पञ्चदेव तथा पञ्चप्राणमय, त्रिशक्ति तथा त्रिबिन्दु-सहित, आत्मादितत्त्वों से युक्त।

'श'—[2]कुण्डलीतत्त्वयुक्त, पीतविद्युत् के सदृश कान्ति-युक्त, सर्वरत्नप्रदायक, पञ्चदेव तथा पञ्चप्राणमय, त्रिशक्ति तथा त्रिबिन्दु सहित आत्मादितत्त्वों से युक्त।

---

१. रकारं चञ्चलापाङ्गि कुण्डलीद्वयसंयुतम्।
रक्तविद्युल्लताकारं पञ्चदेवात्मकं सदा।
पञ्चप्राणमयं वर्णं त्रिबिन्दुसहितं सदा।
त्रिशक्तिसहितं देवि आत्मादितत्त्वसंयुतम्।
लकारं चञ्चलापाङ्गि कुण्डलीद्वयसंयुतम्।
पीतविद्युल्लताकारं सर्वरत्नप्रदायकम्।
पञ्चदेवमयं वर्णं पञ्चप्राणमयं सदा।
त्रिशक्तिसहितं वर्णं त्रिबिन्दुसहितं सदा।
आत्मादितत्त्वसंयुक्तं हृदि भावय पार्वति।
वकारं चञ्चलापाङ्गि कुण्डलीमोक्षमव्ययम्।
पलालधूमसङ्काशं पञ्चदेवमयं सदा।
पञ्चप्राणमयं वर्णं त्रिशक्तिसहितं सदा।
त्रिबिन्दुसहितं वर्णमात्मादितत्त्वसंयुतम्।
कामधेनु०, षष्ठ पटल

२. शकारं चञ्चलापाङ्गि कुण्डलीतत्त्वसंयुतम्।
पीतविद्युल्लताकारं सर्वरत्नप्रदायकम्।

'ष'—अष्टकोणमय, रक्तचन्द्र-सदृश, परमकुण्डलीरूप, चतुर्वर्गप्रद, सुधानिर्मित-विग्रह, पञ्चदेव तथा पञ्चप्राणमय, सत्त्वादि-त्रिगुण एवं त्रिशक्तियुक्त, त्रिबिन्दु तथा सर्वदेवमय, आत्मादितत्त्वों से युक्त।

'स'—परात्पर-शक्ति-बीज, कोटिविद्युत्-सदृश, कुण्डलीत्रय-युक्त, पञ्चदेव तथा पञ्चप्राणमय, त्रिगुण, त्रिबिन्दु तथा त्रिशक्तियुक्त, आत्मादितत्त्वों से पूर्ण।

'ह'—चतुर्वर्ग-प्रदाता, कुण्डलीत्रययुक्त, रक्तविद्युत्-सदृश कान्तिशाली, त्रिगुण तथा वायु आदि पञ्चदेव-युक्त, पञ्चप्राण, त्रिशक्ति तथा त्रिबिन्दु-सहित।

पञ्चदेवमयं वर्णं पञ्चप्राणमयं सदा।
त्रिशक्तिसहितं वर्णं त्रिबिन्दुसहितं सदा।
आत्मादितत्त्वसंयुक्तं हृदि भावय पार्वति।
षकारं शृणु चार्वङ्गि अष्टकोणमयं सदा।
रक्तचन्द्रप्रतीकाशं स्वयं परमकुण्डली।
चतुर्वर्गप्रदं वर्णं सुधानिर्मितविग्रहम्।
पञ्चदेवमयं वर्णं पञ्चप्राणमयं सदा।
रजःसत्त्वतमोयुक्तं त्रिशक्तिसहितं सदा।
त्रिबिन्दुसहितं वर्णमात्मादितत्त्वसंयुतम्।
सर्वदेवमयं वर्णं हृदि भावय पार्वति।
सकारं शृणु चार्वङ्गि शक्तिबीजं परात्परम्।
कोटिविद्युल्लताकारं कुण्डलीत्रयसंयुतम्।
पञ्चदेवमयं वर्णं पञ्चप्राणमयं सदा।
रजःसत्त्वतमोयुक्तं त्रिबिन्दुसहितं सदा।
प्रणम्य सततं देवि हृदि भावय पार्वति।
हकारं शृणु चार्वङ्गि चतुर्वर्गप्रदायकम्।
कुण्डलीत्रयसंयुक्तं रक्तविद्युल्लतोपमम्।
रजःसत्त्वतमोवायु पञ्चदेवमयं सदा।
पञ्चप्राणमयं वर्णं हृदि भावय पार्वति।
क्षकारं शृणु चार्वङ्गि कुण्डलीत्रयसंयुतम्।
चतुर्वर्गमयं वर्णं पञ्चदेवमयं सदा।
पञ्चप्राणात्मकं वर्णं त्रिशक्तिसहितं सदा।
त्रिबिन्दुसहितं वर्णमात्मादितत्त्वसंयुतम्।
रक्तचन्द्रप्रतीकाशं हृदि भावय पार्वति।

कामधेनुतन्त्र, षष्ठ पटल।

'क्ष'—कुण्डलीत्रययुक्त, चतुर्वर्गमय, पञ्चदेव तथा पञ्चप्राणात्मक, त्रिशक्ति तथा त्रिबिन्दु-सहित, आत्मादितत्त्वों से युक्त, रक्तचन्द्रसदृश।

वर्णों की स्वरूप-सङ्घटना किन तत्त्वों से होती है, इसका विस्तृत वर्णन ऊपर किया गया है। कुसुमकलिका एवं उसके बीज के गर्भ में निहित, गन्ध, शुचिता, स्मिति, ज्योति आदि तत्त्वों के सदृश वर्णों के गर्भ में, इच्छा, ज्ञान, और क्रियात्मक तीन शक्तियाँ, आकाश, वायु आदि पञ्चदेव, प्राणादि पञ्च-प्राण आत्मतत्त्व, विद्यातत्त्व शिवतत्त्व आदि निहित रहते हैं।

कामधेनुतन्त्र के मतानुसार मातृकावर्ण ही पचास युवतियां हैं जो विश्व ब्रह्माण्ड में व्याप्त है। युवतियों का यह गण ब्रह्मरूप ही है; इन से परे न तो कोई विद्या है और न मन्त्र।

मातृकात्मक युवतियों के अभिरूप का विवरण वर्णोद्धारतन्त्र में किया गया है। वहीं उनके लिपिमय सङ्केतों का भी समुचित उल्लेख हुआ है। ककार के कामिनी सदृश अभिरूप की विवृति ऊपर कामधेनुतन्त्र के अनुसार की गई है। वहाँ केवल ककार के ही अभिरूप की चर्चा है, अन्य वर्णों की नहीं। अन्य तन्त्रों में भी समस्त वर्णों के अभिरूप अथवा पूर्ण आकार तथा महिमा का वर्णन मिलता है।

शारदातिलकतन्त्र की पदार्थादर्शटीका में तन्त्रान्तर से उद्धृत वर्णों की मूर्ति और महिमा :—

अ—[1]स्वर्णवर्ण, आठ भुजाओं में शूल और गदा लिये हुए, चतुर्मुख, अतिकाय, कूर्मवाहन।

आ—श्वेतवर्ण, पाशाङ्कुशहस्त, कमलासन, हस्तिवाहन, मौक्तिक-भूषण, षष्ट्यूर्ध्वयोजनशरीर।

---

१. चामीकरनिभः शूलगदाराजद्भुजाष्टकः।
चतुरास्योऽतिकायः स्यादकारः कूर्मवाहनः।
पाशाङ्कुशकरा श्वेता पद्मसंस्थेभवाहना।
षष्ट्यूर्ध्वयोजनमिता स्यादा मौक्तिकभूषणा।
पीतं कराब्जकुलिशपरशुं वैरिनाशनम्।
द्व्येकयोजनमानं स्यादिकारं कच्छपस्थितम्।
दशयोजनदीर्घार्द्धनाहासौ हंसवाहना।
ईः स्यात्पुष्टिप्रदा श्वेता मौक्तिकाढ्या सिताननाः।
गदाङ्कुशकरं काकवाहनं कृष्णभूषणम्।
योजनद्विसहस्राणां मानमुद्वयमक्षरम्।

इ—पीतवर्ण, वज्र, परशु, कमलधारी, कच्छपवाहन, योजनत्रयमित-शरीर।

ई—श्वेत, पुष्टिप्रद, मौक्तिकभूषण, दशयोजनदीर्घ, हंसवाहन।

उ, ऊ—कृष्णभूषण, गदाङ्कुशधारी, काकवाहन, द्विसहस्र-योजन-दीर्घ।

ऋ, ॠ—[1]रक्तवर्ण, पाशशक्तिधारी, अग्निबिम्बस्थित—उष्ट्रवाहन, उक्त-प्रमाण, कालघ्न।

ऌ, ॡ—पुष्परागवर्ण, कमलासन, हंसवाहन, पाशवज्रधर, रौद्ररूप।

ए—श्यामवर्ण चक्रवाकवाहन, हारभूषण।

ऐ—नवकुन्दवर्ण, शूलवज्रधारिणी, द्विपवाहन, कविताकरी, कोटियोजनशरीर।

ओ—पीतवर्ण, चिन्मय, सर्वगत शान्त, द्विसहस्र-करोज्ज्वल, वृषवाहन।

औ—[2]तप्तकाञ्चनवर्ण, पाशचक्रधारिणी, विभूतिप्रद, योजनसहस्रदीर्घ।

---

१. पाशशक्तिभुजं रक्तं वह्निबिम्बस्थितोष्ट्रगम्।
उक्तप्रमाणं कालघ्नमृॠवर्णद्वयं भवेत्।
चतुरस्राब्जहंसस्थं पुष्परागसमप्रभम्।
पाशवज्रकरं रौद्रं लृयुग्मं स्यान्निरोधनम्।
गदाफलारिपद्माढ्यकरं हारविभूषणम्।
चक्रवाकस्थितं श्याममेकारं तु महद्भवेत्।
नवकुन्दनिभा शूलवज्रबाहा द्विपस्थिता।
कोटियोजनमाना स्यादैमूर्तिः कविताकरी॥
चिन्मयं सर्वगं शान्तं द्विसहस्रकरोज्ज्वलम्।
पीतं गोवृषसंस्थं स्यादोरूपं श्रीकरात्मकम्।

शारदातिलकतन्त्र-टीका, पृ० ३५९

२. तप्तहेमनिभा पाशचक्रबाहुर्विभूतिदा।
योजनानां सहस्रेण स्यादौवर्णमितोजसा॥
नवकुङ्कुमसच्छायः पद्मस्थो रक्तभूषणः।
चतुर्भुजः स्यादंवर्णः श्रीकरो रिपुनाशकः।
वज्रशूलकरं क्षुद्र (युद्ध) फलदं खरवाहनम्।
सहस्रयोजनमितं स्वरान्तं द्विभुजं स्मरेत्।
भूबिम्बगजसंस्थः स्यान्नवकुङ्कुमसन्निभः।
शूलवज्रकरः कार्णः सहस्रद्वययोजनः।
पाशतोमरहस्तः रवो मेषसंस्थो निरोधनः।
योजनानां सहस्रेण मितः कृष्णो विभीषणः।
पाशाङ्कुशकरः पद्मे फणिसंस्थोऽरुणप्रभः।
गकारः सर्पभूषः स्यात् शतयोजनसंस्थितः।

शारदातिलकतन्त्र-टीका, पृ० ३५९

अं—नवकुङ्कुमवर्ण, पद्मस्थ, रक्तभूषण, चतुर्भुज, रिपुनाशक, श्रीकर ।
अः—वज्रशूलधारी, खरवाहन, द्विभुज, सहस्रयोजनमित ।
क—नवकुङ्कुमवर्ण, भूबिम्बगत, गजवाहन, शूलवज्रकर, सहस्रद्वययोजनमित ।
ख—कृष्णवर्ण, पाशतोमरहस्त, मेषवाहन, भीषण, सहस्रयोजनदीर्घ ।
ग—अरुणवर्ण, पाशाङ्कुशधारी, सर्पवाहन, सर्पभूषण, शतयोजनशरीर ।
घ—[1]कृष्णवर्ण, उष्ट्रवाहन, गदावज्रधारी, द्विमुख, सहस्रयोजनशरीर ।
ङ—कृष्णवर्ण, कोटियोजनदीर्घ, द्विभुज, काकवाहन, क्षुद्रफलप्रद ।
च—श्वेतवर्ण, युगाग्रपद्मसंस्थित, चतुर्बाहु, कौड़ियों से भूषित, सुगन्धाढ्य, कोटियोजनविस्तीर्ण ।
छ—श्वेतवर्ण, कोटियोजनविस्तीर्ण, पद्मस्थित, चतुर्बाहु ।
ज, झ—श्वेतवर्ण, चतुर्बाहु, कोटियोजनमित ।
ञ—कृष्णवर्ण, द्विभुज, विद्वेषकरण, काकवाहन, योजनसहस्रशरीर ।
ट—द्विभुज, क्रौञ्चवाहन, महाध्वनि ।
ठ—धरापद्मगजेन्द्रस्थित, द्विभुज, उज्ज्वल, विषनाशक, लक्षयोजनशरीर ।
ड—[2]अष्टबाहु, चतुर्मुख, अलङ्कृत, श्वेतकमलासन, सहस्रयोजनविस्तीर्ण ।

---

१. उष्ट्रोलूखलसंस्थः स्याद् गदावज्रकरोमितः ।
योजनानां सहस्रेण द्विमुखो घः सितेतरः ।
कोटियोजनदीर्घार्द्धनाहं कृष्णं ज्वलत्प्रभम् ॥
द्विभुजं काकवाहं स्याद् ङार्णं क्षुद्रफलप्रदम् ।
युगाग्रपद्मसंस्थः स्याद् चतुर्बाहुः सितप्रभः ॥
चः कपर्दी सुगन्धाढ्यः कोटियोजनसंस्थितः ।
सितस्तावस्थितः पद्मे चतुर्बाहुश्छवर्णकः ॥
जझौ च कोटिमानौस्तः चतुर्बाहूसितप्रभौ ।
योजनानां सहस्रैः स्यात् सम्मितं काकवाहनम् ॥
विद्वेषकरणं ञार्णं कृष्णवर्णं भुजद्वयम् ।
क्रौञ्चस्थौ द्विभुजष्टः स्यान्नागनद्धो महाध्वनिः ।
धरापद्मगजेन्द्रस्थष्ठवर्णो द्विकरोज्ज्वलः ।
लक्षयोजनमानः स्याद् गरनाशकरो विभुः ॥

शारदातिलकतन्त्र-टीका, पृ० ३६०

२. डवर्णोप्यष्टबाहुः स्याच्चतुर्वक्त्रः स्वलङ्कृतः ।
योजनानां सहस्रेण मितः कुवलये स्थितः ॥
अग्निबिम्बाजगो ढार्णो दशबाहुर्ज्वलत्प्रभः ।
सहस्रमानं व्याघ्रस्थं योजनानां हि णं भवेत् ॥

ढ—अग्निबिम्बस्थ, अजवाहन, दशबाहु, ज्वलत्कान्ति ।

ण—व्याघ्रवाहन, सहस्रयोजनविस्तीर्ण ।

त—कुङ्कुमवर्ण, गन्धाढ्य, सहस्रयोजन-विस्तीर्ण, चतुर्बाहु, स्वलङ्कृत ।

थ—कोटियोजनमान, अष्टबाहु, चतुर्मुख, पीतवर्ण, वृषारूढ, भयङ्कर ।

द—द्विमुख षड्भुज, कोटियोजन-शरीर, महिषवाहन ।

ध—सिंहवाहन, चतुर्बाहु, चतुर्लक्षयोजन-शरीर ।

न—द्विभुज, काकवाहन, सहस्रयोजनविस्तीर्ण ।

प—विंशभुज, दशमुख, कोटिमान, वकवाहन ।

फ—[1]दशकोटिमान, भुजद्वयवान्, चञ्चल, श्वेत, सिंहस्थ, श्वेतकमल-स्थित ।

षष्टिहायनसंस्थः स्याच्चतुर्बाहुः स्वलङ्कृतः ।
सहस्रमानो गन्धाढ्यः कुङ्कुमाभश्च ताक्षरः ।
कोटियोजनमानः स्यादष्टबाहुश्चतुर्मुखः ।
पीतवर्णो वृषारूढः थवर्णोऽपि भयङ्करः ।
द्विमुखं षड्भुजं कोटिमानं दं महिषस्थितम् ।
सिंहवाहश्चतुर्बाहुर्धश्चतुर्लक्षसम्मितः ।
द्विभुजं काकवाहं नं तत्सहस्रैर्मितं भवेत् ।
विंशभुजो दशास्यः पः कोटिमानो वकस्थितः ।

शारदातिलक० टीका, पृ० ३६०

१. दशकोटिमितः फार्णो योजनानां भुजद्वयः ।
कण्ठीरवसिताम्भोजे निषण्णश्चञ्चलः सितः ॥
षडास्यो द्विभुजो बः स्याद्दशकोटिमितोऽरुणः ।
नीलोत्पललसद्धंसवाहनः पुष्टिदायकः ।
त्रिहस्तं त्रिमुखं व्याघ्रवाहनं भीषणाकृतिम् ॥
दशलक्षमितं भार्णं धूम्राभं स्यान्महाबलम् ।
चतुर्भुजो मकारः स्यात् सविषोरगसन्निभः ।
मण्डितो मुण्डमालाभिः शशिखण्डविराजितः ।
व्याप्तश्चतुर्मुखो (भुंजो) धूम्रो यार्णः स्यान्मृगसंस्थितः ।
त्रिकोणाम्बुजमेषस्थो रार्णो बाहुचतुष्टयः ।
चतुरस्राब्जदन्तीन्द्रपृष्ठेनोपरि राजिता ।
चतुर्भुजा लकारस्य मूर्तिः स्यात् घुसृणप्रभा ।
अब्धिस्थपद्मनक्रस्थो द्विभुजो वः सितः स्मृतः ।
करद्वयाब्जगा हेमवर्णा शार्णाकृतिस्तथा ।

शारदातिलक० टीका, पृ० ३६१

ब—षण्मुख, द्विभुज, दशकोटिमान, अरुणवर्ण, नीलोत्पलस्थ,हंसवाहन, पुष्टिप्रद।
भ—त्रिहस्त, त्रिमुख, व्याघ्रवाहन, भीषणाकृति, धूम्रवर्ण, महाबली, दशलक्ष-विस्तीर्ण।
म—चतुर्भुज, विषयुक्तसर्पसदृश, मुण्डमाला-भूषित, शशिकला-युक्त।
य—चतुर्मुख, धूम्रवर्ण, मृगवाहन, व्यापक।
र—त्रिकोणाम्बुजयुक्तमेषवाहन, चतुर्बाहु।
ल—चतुष्कोणकमलयुक्तगजेन्द्रवाहन, चतुर्भुज, केशरवर्ण।
व—समुद्रस्थकमल के बीच स्थित नक्रवाहन, द्विभुज, श्वेतवर्ण।
श—द्विभुज, कमलासन, हेमवर्ण।
ष—[1]सहस्रमान, कृष्णवर्ण, द्विभुज।
स—कोटिमान, श्वेतवर्ण, द्विभुज, हंसवाहन।
ह—श्वेत, त्रिबाहु, चन्द्रशेखर।
ल—श्वेत, गजस्थित, पाश और अभयमुद्राधारी।
क्ष—भूबिम्बशैलासन, दशबाहु, मणिप्रभ।

मन्त्र-साधना में वर्णों की उपर्युक्त मूर्तियों एवं महिमामण्डलों का ध्यान किया जाता है। वर्णों की उपर्युक्त महिमा सम्बन्धी विवृति और सनत्कुमार-संहिता में वर्णित महिमामण्डलों के वर्णन में कुछ अन्तर है, जो निम्नांकित हैं :—

[2]अकार का महिमामण्डल अस्सी लाख योजन तथा आकार का उससे द्विगुण है। इकार—नब्बे लाख योजन। ईकार—द्विगुण। उकार—कोटि योजन। ऊ—द्विगुण। ऋ—पचास लाख योजन। ॠ—द्विगुण। ऌ, ॡ—द्विगुण। ए—डेढ़ करोड़। ऐ, और औ—एकार के समान। बिन्दु और विसर्ग—अकार से द्विगुण। व्यञ्जन शक्तियों की महिमा अकार के मण्डल से आधी समझना चाहिये।

स्वर-वर्ण सौम्य तथा व्यञ्जन सौर एवं आग्नेय हैं, अतः शशि, सूर्य और

---

१. सहस्रमानः कृष्णाभो द्विभुजः कार्मणेऽथ षः।
कोटिमानः सितः सः स्यात् हंसगो (ह्याङ्गो) द्विभुजान्वितः।
हार्णः श्वेतस्त्रिबाहुः स्यात् व्याप्तशीतांशुशेखरः।
पाशाभयकरा लार्णमूर्तिः श्वेता गजस्थिता।
भूबिम्बशैलसंस्थः क्षो दशबाहुर्मणिप्रभः।
मूर्तिभेदा यथार्णानां मयात्रप्रतिपादिताः॥
शारदातिलक० टीका, पृ० ३६१

२. द्रष्टव्य :—सौन्दर्यलहरी के १७ वें श्लोक की लक्ष्मीधरकृत टीका।

अग्नि की कलारूप तिथि, मास और अग्नि की शक्तियाँ भी वर्णों से क्रमशः उत्पन्न होती हैं। शशि के मूर्तिभाव की प्रधानता से जिन्हें अमृत, मानद आदि कहते हैं, शक्तिभाव की प्रधानता से उन्हें ही अमृता, मानदा अथवा प्रतिपदा आदि कहा जाता है। मासों के मूर्तिभाव की प्रधानता से जो मधु, माधव अथवा तपन, तापन आदि नामों से व्यवहृत होती हैं, वे ही शक्तिभाव की प्रधानता से तपिनी, तापिनी आदि अभिधाओं द्वारा ख्यात होती हैं। इसी प्रकार भ्राजक आदि अग्नि-मूर्तियाँ धूम्रार्चि आदि संज्ञाओं द्वारा कही जाती हैं[1]।

[2]सोलह स्वरों से उतनी ही चान्द्रकलायें, और दो-दो स्पर्श वर्णों से बारह सौर कलायें, और व्यापक वर्णों से दश आग्नेय कलायें उत्पन्न होती हैं। इस प्रकार निम्नांकित अड़तीस कलायें हुईं :—

अ	— अमृता	ऌ	— चन्द्रिका
आ	— मानदा	ॡ	— कान्ति
इ	— पूषा	ए	— ज्योत्स्ना
ई	— तुष्टि	ऐ	— श्री
उ	— पुष्टि	ओ	— प्रीति
ऊ	— रति	औ	— अङ्गदा
ऋ	— धृति	अं	— पूर्णा
ॠ	— शशिनी	अः	— पूर्णामृता

स्पर्श युग्मों से निम्नलिखित वसुदातृ सौर कलायें उत्पन्न होती हैं :—

[3]युग्म वर्ण, मास के दो पक्षों के परिचायक हैं। अन्त्य 'मकार' रविरूप ही है। अतः स्वावयवरूप समस्त वर्णों में वह अनुगत है।

---

१. द्रष्टव्य :—प्रयोगक्रमदीपिका, पृ० ४५१

२. शशीनाग्न्युत्थिता यस्मात् स्वरस्पृग्व्यापकाक्षराः ॥ १० ॥
तत्त्रिभेदसमुद्भूता अष्टात्रिंशत्कला मता ॥
स्वरैः सौम्याः स्पर्शयुग्मैः सौरा याद्याश्च वह्निजाः ॥ ११ ॥
अमृता मानदा पूषा तुष्टिः पुष्टी रतिर्धृतिः ॥ १५ ॥
शशिनी चन्द्रिका कान्तिर्ज्योत्स्ना श्रीः प्रीतिरङ्गदा ।
पूर्णा पूर्णामृता कामदायिन्यः स्वरजाः कलाः ॥ १६ ॥
श्रीप्रपञ्चसारतन्त्र, तृ० पटल

३. अत्र तपनतापनादयो भासमूर्तयः तेन कथादिद्विद्विवर्णवाच्याः ।
·····तेषां पक्षद्वयलक्षणत्वात्तदुपपत्तिरिति ॥
प्र० क्र० दी०, पृ० ४५०

क भ	—	तपनी	छ द	—	सुषुम्णा
ख ब	—	तापिनी	ज थ	—	भोगदा
ग फ	—	धूम्रा	झ त	—	विश्वा
घ प	—	मरीचि	ञ ण	—	बोधिनी
ङ न	—	ज्वालिनी	ट ढ	—	धारिणी
च ध	—	रुचि	ठ ड	—	क्षमा

दश धर्मप्रदा आग्नेय कलायें :—

य	—	धूम्रार्चि	ष	—	सुश्री
र	—	ऊष्मा	स	—	सुरूपा
ल	—	ज्वलिनी	ह	—	कपिला
व	—	ज्वालिनी	ळ	—	हव्यवहा
श	—	विस्फुलिङ्गिनी	क्ष	—	कव्यवहा

प्रणव की अकार, उकार, मकार, बिन्दु और नाद इन पांच कलाओं से ही पचास वर्णों की उत्पत्ति होती है। उन वर्णों या कलाओं के नाम निम्नांकित हैं :—

[1]नाद से उत्पन्न सोलह कलायें :—

अ	—	१. निवृत्ति
आ	—	२. प्रतिष्ठा

तप(पि)नी तापि(प)नी धूम्रा मरीचिर्ज्वालिनी रुचिः ।
सुषुम्णा भोगदा विश्वा बोधिनी धारिणी क्षमा ॥ १७ ॥
कभाद्या वसुदाः सौराष्ठडान्ता द्वादशेरिताः ।
धूम्रार्चिरूष्मा ज्वलिनी ज्वालिनी विस्फुलिङ्गिनी ॥ १८ ॥
सुश्रीः सुरूपा कपिला हव्यकव्यवहे अपि ।
याद्यार्णयुक्ता वह्नयुत्था दश धर्मप्रदाः कलाः ॥ १९ ॥

प्र० सा०, तृ० पटल ।

१. वर्णेभ्य एव तारस्य पञ्चभेदैस्तु भूतगैः ॥ १२ ॥
सर्वगाश्च समुत्पन्नाः पञ्चाशत्संख्यकाः कलाः ॥ १३ ॥
निवृत्तिश्च प्रतिष्ठा च विद्या शान्तिस्तथैव च ।
इन्धिका दीपिका चैव रेचिका मोचिका परा ॥ २५ ॥
सूक्ष्मा सूक्ष्मामृता ज्ञानामृता चाप्यायिनी तथा ।
व्यापिनी व्योमरूपा स्यादनन्ता नादसम्भवा ॥ २६ ॥
नादजाः षोडश प्रोक्ता भुक्तिमुक्तिप्रदायिकाः ।

इ	—	३. विद्या
ई	—	४. शान्ति
उ	—	५. इन्धिका
ऊ	—	६. दीपिका
ऋ	—	७. रेचिका
ॠ	—	८. मोचिका
ऌ	—	९. परा
ॡ	—	१०. सूक्ष्मा
ए	—	११. सूक्ष्मामृता
ऐ	—	१२. ज्ञानामृता
ओ	—	१३. आप्यायिनी
औ	—	१४. व्यापिनी
अं	—	१५. व्योमरूपा
अः	—	१६. अनन्ता

[1]अकार से उत्पन्न कलायें :—

क	—	१७. सृष्टि
ख	—	१८. ऋद्धि
ग	—	१९. स्मृति
घ	—	२०. मेधा
ङ	—	२१. कान्ति
च	—	२२. लक्ष्मी
छ	—	२३. धृति
ज	—	२४. स्थिरा
झ	—	२५. स्थिति
ञ	—	२६. सिद्धि

---

१. सृष्टिर्ऋद्धिः स्मृतिर्मेधाकान्तिर्लक्ष्मीर्धृतिः स्थिरा।
स्थितिः सिद्धिरकारोत्थाः कला दश समीरिताः ॥ २० ॥
अकारप्रभवा ब्रह्मजाताः स्युः सृष्टये कलाः।
जरा च पालिनी शान्तिरैश्वरी रतिकामिके ॥ २१ ॥
वरदा ह्लादिनी प्रीतिर्दीर्घाश्चोकारजाः कलाः।
उकारप्रभवा विष्णुजाताः स्युः स्थितये कलाः ॥ २२ ॥
प्रपञ्चसा०, तृ० पटल।

उकार से उत्पन्न कलायें :—

ट	—	२७.	जरा
ठ	—	२८.	पालिनी
ड	—	२९.	शान्ति
ढ	—	३०.	ऐश्वरी
ण	—	३१.	रति
त	—	३२.	कामिका
थ	—	३३.	वरदा
द	—	३४.	ह्लादिनी
ध	—	३५.	प्रीति
न	—	३६.	दीर्घा

मकार से उत्पन्न कलायें :—

प	—	३७.	तीष्णा
[1]फ	—	३८.	रौद्री
ब	—	३९.	भया
भ	—	४०.	निद्रा
म	—	४१.	तन्द्रा
य	—	४२.	क्षुत्
र	—	४३.	क्रोधिनी
ल	—	४४.	क्रिया
व	—	४५.	उत्कारी
श	—	४६,	मृत्यु

बिन्दु से उत्पन्न कलायें :—

ष	—	४७.	पीता
स	—	४८.	श्वेता
ह	—	४९.	अरुणा

---

१. तीक्ष्णारौद्री भया निद्रा तन्द्रा क्षुत् क्रोधिनी क्रिया ।
उत्कारी चैव मृत्युश्च मकाराक्षरजाः कलाः ॥ २३ ॥
मकारप्रभवा रुद्रजाताः संहृतये कला ।
बिन्दोरपि चतस्रः स्युः पीता श्वेताऽरुणाऽसिता ॥ २४ ॥
प्र० सा०, तृतीय पटल ।

ळ — ५०. असिता

क्ष[1] — ५१. अनन्ता

प्रपञ्चसारतन्त्र में अनन्ता (क्ष) का उल्लेख नहीं है; यहाँ शारदातिलक के अनुसार ही अनन्ता का सन्निवेश किया गया है। असिता (ळ) और (क्ष)

---

१. ईश्वरेणोदिता विन्दोः पीता श्वेतारुणासिता।
अनन्ता च षवर्गस्था जपाकुसुमसन्निभाः॥ २४॥
शारदातिलकतन्त्र०, द्वितीय पटल।

शारदातिलकतन्त्रानुसार पचास कलायें :—
तारस्य पञ्चभेदेभ्यः पञ्चाशद्वर्णगाः कलाः।
सृष्टिर्वृद्धिः स्मृतिर्मेधा कान्तिर्लक्ष्मी धृतिः स्थिरा।
स्थितिः सिद्धिरिति प्रोक्ताः कचवर्गकलाः क्रमात्॥ १८॥
अकाराद्ब्रह्मणोत्पन्नास्तप्तचामीकरप्रभाः।
एताः करधृताक्षस्रक्पङ्कजद्वयकुण्डिकाः॥ १९॥
जरा च पालिनी शान्तिरीश्वरी रतिकामु(मि)के।
वरदाह्लादिनी प्रीतिर्दीर्घा स्युष्टतवर्गजाः॥ २०॥
उकाराद्विष्णुनोत्पन्नास्तमालदलसन्निभाः।
अभीतिवरचक्रेष्टबाहवः परिकीर्तिताः॥ २१॥
तीक्ष्णा रौद्री भया निद्रा तन्द्री क्षुत्क्रोधिनी क्रिया।
उत्कारी मृत्युरेताः स्युः कथिताः पयवर्गजाः॥ २२॥
रुद्रेण माणार्दुत्पन्नाः शरच्चन्द्रनिभप्रभाः।
उद्वहन्त्योऽभयं शूलं कपालं बाहुभिर्वरम्॥ २३॥
ईश्वरेणोदिता विन्दोः पीता श्वेतारुणासिता।
अनन्ता च षवर्गस्था जपाकुसुमसन्निभाः॥ २४॥
अभयं हरिणं टङ्कं दधाना बाहुभिर्वरम्।
निवृत्तिः सप्रतिष्ठा स्यात् विद्या शान्तिरनन्तरम्॥ २५॥
इन्धिका दीपिका चैव रेचिका मोचिका परा।
सूक्ष्मा सूक्ष्मामृता ज्ञानामृता चाप्यायिनी तथा॥ २६॥
व्यापिनी व्योमरूपा स्युरनन्ता स्वरसंयुताः।
सदाशिवेन सञ्जाता नादादेताः सितत्विषः॥ २७॥
अक्षस्रक्पुस्तकगुणकपालाढ्यकराम्बुजाः।
न्यासे तु पञ्चाशदाख्याताः कलाः सर्वसमृद्धिदाः॥ २८॥
शारदातिलक० टीका, द्वितीय पटल

अनन्ता को मिलाकर वस्तुतः एक्यावन कलायें होती हैं। किन्तु 'क्ष' को अक्षमाला का सुमेरु मानकर पचास की संख्या का समाधान किया जा सकता है।

[1]वर्णों के देवता और शक्तियां

वर्ण	रुद्र	शक्ति	विष्णु	शक्ति
अ	श्रीकण्ठ	पूर्णोदरी	केशव	कीर्ति
आ	अनन्त	विरजा	नारायण	कान्ति
इ	सूक्ष्म	शाल्मली	माधव	तुष्टि
ई	त्रिमूर्ति	लोलाक्षी	गोविन्द	पुष्टि
उ	अमरेश्वर	वर्तुलाक्षी	विष्णु	धृति
ऊ	अर्धीश	दीर्घघोणा	मधुसूदन	क्षान्ति (शान्ति, शा० ति०)
ऋ	(भारभूतीश भावभूति शा० ति०)	सुदीर्घमुखी	त्रिविक्रम	क्रिया
ॠ	(तिथीश) तिथि	गोमुखी	वामन	दया
ऌ	स्थाणु	दीर्घजिह्वा	श्रीधर	मेधा
ॡ	हर	कुण्डोदरी	हृषीकेश	हर्षा
ए	(झिण्डीश) झिण्टीशा	ऊर्ध्वकेशी	पद्मनाभ	श्रद्धा
ऐ	भौतिक	विकृतमुखी	दामोदर	लज्जा
ओ	सद्योजात	ज्वालामुखी	वासुदेव	लक्ष्मी
औ	अनुग्रहेश्वर	उल्कामुखी	सङ्कर्षण	सरस्वती
अं	अक्रूर	श्रीमुखी	प्रद्युम्न	प्रीति
अः	महासेन	विद्यामुखी	अनिरुद्ध	रति
क	क्रोधीश	महाकाली	चक्री	जया
ख	चण्डेश	सरस्वती	गदी	दुर्गा
ग	पञ्चान्तक	गौरी	शार्ङ्गी	प्रभा
घ	शिवोत्तम	त्रैलोक्यविद्या	खड्गी	सत्या
ङ	एकरुद्र	मन्त्रशक्ति	शङ्खी	चण्डा
च	कूर्म	आत्मशक्ति	हली	वाणी
छ	एकनेत्र	भूतमाता	मुषली	विलासिनी
ज	चतुरानन	लम्बोदरी	शूली	विरजा
झ	अजेश	द्राविणी	पाशी	विजया

१. द्रष्टव्यः—प्रपञ्चसार०, तृ० पटल।

वर्ण	रुद्र	शक्ति	विष्णु	शक्ति
ञ	शर्व	नागरी	अंकुशी	विश्वा
ट	सोमेश्वर	वैखरी	मुकुन्द	वित्तदा
		(खेचरीशा० ति०)		
ठ	लाङ्गलि	मञ्जरी	नन्दज	सुतदा
				(सुनदा शा० ति०)
ड	दारुक	रूपिणी	नन्दी	स्मृति
ढ	अर्द्धनारीश्वर	वारिणी	नर	ऋद्धि
ण	उमाकान्त	कोटरी	नरकजित्	समृद्धि
		(काकोदरी शा० ति०)		
त	आषाढ़ी	पूतना	हरि	शुद्धि
थ	दण्डी	भद्रकाली	कृष्ण	भुक्ति
द	अद्रि	योगिनी	सत्य	मुक्ति
ध	मीन	शङ्खिनी	सात्वत	मति
न	मेष	गर्जिनी	शौरि	क्षमा
प	लोहित	कालरात्रि	शूर	रमा
फ	शिखी	कुब्जिनी	जनार्दन	उमा
ब	छगलण्ड	कर्पदिनी	भूधर	क्लेदिनी
भ	द्विरण्ड	महावज्रा	विश्वमूर्ति	क्लिन्ना
म	महाकाल	जया	वैकुण्ठ	वसुदा
य	कपाली	सुमुखेश्वरी	पुरुषोत्तम	वसुधा
र	भुजङ्गेश	रेवती	बली	परा
ल	पिनाकी	माधवी	बलानुज	परायणा
व	खड्गीश	वारुणी	बाल	सूक्ष्मा
श	वक	वायवी	वृषघ्न	सन्ध्या
ष	श्वेत	रक्षोविदारिणी	वृष	प्रज्ञा
स	भृगु	सहजा	सिंह	प्रभा
ह	नकुली	लक्ष्मी	वराह	निशा
ळ	शिव	व्यापिनी	विमल	अमोघा
क्ष	संवर्तक	माया	नृसिंह	विद्युता ।

सत्य तो यह है कि प्रत्येक वर्ण मन्त्र है । अतः उसका ऋषि, छन्द, देवता, शक्ति, बीज और स्वरूप होना चाहिए । स्वरूपादिकों की चर्चा तो पीछे की जा चुकी है, ऋषि और छन्द का उल्लेख यहाँ किया जाता है :—

वर्णों के ऋषि और छन्द :—

वर्ण	ऋषि	छन्द
अ, आ	अर्जुन्यायन	मध्या
इ, ई	भार्गव	प्रतिष्ठा
उ, ऊ, ऋ	अग्निवेश्य	सुप्रतिष्ठा
ऋ, ऌ, ॡ, ए	गौतम	गायत्री
ऐ, ओ	लौहित्यायन	अनुष्टुप्
औ, अं	वशिष्ठ	वृहती
अः	माण्डव्य	दण्डक
क	मौद्गायन	पङ्क्ति
ख, ग, घ, ङ	अज	त्रिष्टुप्
च	योग्यायन	जगती
छ	गोपाल्यायन	अतिजगती
ज	नषक	शक्वरी
झ	अज	शक्वरी
ञ	काश्यप	अतिशक्वरी
ट	शुनक	अष्टि
ठ	सौमनस्य	अत्यष्टि
ड	कारण	धृति
ढ, ण	माण्डव्य	अतिधृति
त, थ, द, ध	साङ्कृत्यायन	कृति
न, प, फ	कात्यायन	प्रकृति
ब	दाक्षायण	आकृति
भ	व्याघ्रायण	विकृति
म	शाण्डिल्य	सङ्कृति
य, र	काण्डल्य	अतिकृति[1]
ल	दाण्ड्यायन	उत्कृति
व	जातायन	दण्डक
श	लाट्यायन	दण्डक

१. पिङ्गलसूत्र, ऋक्प्रातिशाख्य तथा भरत के नाट्यशास्त्र में 'अभिकृति' पाठ है किन्तु वृत्तरत्नाकर में 'अतिकृति'।

वर्ण	ऋषि	छन्द
ष, स, ह	जय	दण्डक
[1]ळ, क्ष	माण्डव्य	दण्डक

---

१. अर्जुन्यायनमध्ये द्वौ भार्गवस्तौ प्रतिष्ठिका ।
अग्निवेश्यः सुप्रतिष्ठा त्रिषु चाब्धिषु गौतमः ॥
गायत्री च भरद्वाज उष्णिगेकारके परे ।
लोहित्यायनकोऽनुष्टुप् वशिष्ठो बृहती द्वयोः ॥
माण्डव्यो दण्डकश्चापि स्वराणां मुनिछन्दसी ।
मौद्गायनश्च पङ्क्तिः केऽजस्त्रिष्टुप् द्वितये घडोः ॥
योग्यायनश्चजगती गोपाल्यायनको मुनिः ।
छन्दोऽतिजगती चे छेन्नषकः शक्वरी ह्यजः ।
शक्वरी काश्यपश्चातिशक्वरी झञयोष्टठोः ।
शुनकोऽष्टिः सौमनस्योऽत्यष्टिडे कारणो धृतिः ॥
ढणोर्माण्डव्यातिधृति साङ्कृत्यायनकः कृतिः ।
त्रिषु कात्यायनस्तु स्यात् प्रकृतिर्नपफेषु बे ।
दाक्षायणाकृति व्याघ्रायणो भे विकृतिर्मता ।
शाण्डिल्यसङ्कृती मेऽथ काण्डल्यातिकृती यरोः ॥
दाण्ड्यायनोत्कृती लेऽथ वे जात्यायनदण्डकौ ।
लाट्यायनो दण्डकः शे षसहे जयदण्डकौ ।
माण्डव्यदण्डकौ ळक्षे कादीनामृषिछन्दसी ॥

शारदातिलकतन्त्र, पदार्थादर्श टीका,
षष्ठ पटल, पृ० ३८१

षष्ठ अध्याय

मातृकावर्ण-विकास

शब्द के स्थूल-सूक्ष्मादि रूपों एवं स्वरूप की चर्चा करने के अनन्तर यह आवश्यक ही नहीं अवसर-प्राप्त भी है कि शब्द-वाचक वर्ण और वाच्य—सृष्टि के सम्बन्ध में प्रचलित, उन अनेक विसंवादी सिद्धान्तों की आलोचना कर ली जाय, जिससे तत्त्वबोध के लिए एक अभिजात भूमिका की स्थापना हो सके।

दर्शनों की परम्परा में सामान्य रूप से निम्नांकित वादों का आश्रय लिया जाता रहा है :—

१. परिणामवाद।

२. विवर्तवाद।

३. प्रतिबिम्बवाद अथवा आभासवाद।

प्राचीन ग्रन्थों के सम्यक् आलोचन से यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि उपर्युक्त वादों के प्रति विचारकों का उतना आग्रह नहीं था जैसा परवर्ती काल में दृष्टिगोचर होता है। मूलभूत दार्शनिक सूत्रों के भाष्यों में तत्तत् मतों की स्थापना में ये वाद आधार ही बन गये हैं। यही नहीं इनमें परस्पर एकान्त भेद का भी अन्वेषण कर लिया गया। प्राक्तन विचारक इनका उपयोग दृष्टान्त रूप में सामान्यतया ही करते थे। विवर्त और परिणाम उनके लिए पर्यायरूप में स्वीकृत थे और आभास अथवा प्रतिबिम्ब भी एक प्रकार की परिणति ही रही है, यह सब अग्रिम समीक्षा से अनुपद ही स्पष्ट होगा।

एक[1] रूप का तिरोभाव और रूपान्तर का आविर्भाव ही परिणाम है। दधि, दूध का परिणाम या विक्रिया है ऐसी दार्शनिकों की मान्यता है। असत्य रूप में निर्भास ही विवर्त है।[2] शुक्ति में रजत का अवभास इसका उदाहरण है। परिणाम, जहाँ उपादान के समान सत्ता वाला होता है वहीं विवर्त अधिष्ठान से विषम सत्ता रखता है। परिणाम और विवर्त में यह भेदप्रथा परवर्ती दार्शनिकों की विलक्षण उपलब्धि है। वाक्यपदीय में भर्तृहरि ने दोनों

---

१. परिणामे तु रूपान्तरं तिरोभवति, रूपान्तरं च प्रादुर्भवतीत्युक्तम्।
ई० प्रत्यभिज्ञाविवृति वि०, पृ० ८, अ १, वि० १

२. विवर्तो हि असत्यरूपनिर्भासात्मेत्युक्तम्।
अभिनवगुप्त ई० प्र० वि० वि०, पृ० ८

शब्दों का एक ही अर्थ में प्रयोग किया है[1]। वे कहते हैं—"यह विश्व शब्द का ही परिणाम है, ऐसा आम्नायवेत्ताओं का कथन है, सर्वप्रथम यह जगत् छन्दों से ही विवृत्त अथवा परिणत हुआ[2]।" इससे स्पष्ट ज्ञात होता है ग्रन्थकार को विवर्त और परिणाम में भेद अभिप्रेत नहीं है। तत्त्वसंग्रह के रचयिता शान्त-रक्षित ने भी आगम काण्ड की 'विवर्ततेऽर्थभावेन प्रक्रिया जगतो यतः' इस प्रथम कारिका के विवर्त शब्द का परिणाम शब्द के द्वारा ही अनुवाद किया है[3]। विवर्त का परिणाम से कोई भिन्न अर्थ हो सकता है ऐसा भवभूति[4] को भी पता नहीं था अन्यथा वे विवर्त पद का प्रयोग तरङ्गादि जलविकार के रूप में न करते।

महायोगी भास्कर राय को विश्वसृष्टि के सम्बन्ध में परिणामवाद ही अभीष्ट है। किन्तु वह परिणाम प्रकृत परिणाम से भिन्न है। मिट्टी और उसके परिणाम रूप घट में जैसे कोई भेद नहीं वैसे ही ब्रह्म और जगत् में अत्यन्त अभेद है। ब्रह्म सत्य है तो जगत् भी सत्य है। वस्तुतः भेदमात्र ही मिथ्या है, इसे स्वीकार कर लेने पर सम्पूर्ण अद्वैत श्रुतियों का निर्वाह हो जाता है।

"वस्तुतस्तु जगतो ब्रह्मपरिणामकत्वं स्वीकुर्वतां तान्त्रिकाणां मते जगतः सत्यत्वमेव मृद्घटयोरिव ब्रह्मजगतोरत्यन्ताभेदेन ब्रह्मणः सत्यत्वेन जगतोपि सत्यत्वावश्यम्भावात् भेदमात्रस्य मिथ्यात्वस्वीकारेणाद्वैतश्रुती-नामखिलानां निर्वाहः। भेदस्य मिथ्यात्वादेव भेदघटिताधाराधेयभाव-सम्बन्धोऽपि मिथ्यैव॥"

सौभाग्यभास्कर, पृ० १५१

---

१. इनके मत में विवर्त की परिभाषा—

'एकस्य तन्त्वादप्रच्युतस्य भेदानुकारेणासत्यविभक्तान्यरूपोपग्राहिता विवर्तः। स्वप्नप्रतिभासवत्।'

—स्वोपज्ञ वृत्ति, कारिका १ ब्र० का०

२. शब्दस्य परिणामोऽयमित्याम्नायविदो विदुः।
छन्दोभ्य एव प्रथममेतद्विश्वं व्यवर्तत ॥१२०॥

वा० प०, प्र० का०

३. नाशोत्पादासमालीढं ब्रह्म शब्दमयं च तत्।
यत्तस्य परिणामोऽयं भावग्रामः प्रतीयते॥

तत्वसंग्रह

४. एको रसः करुण एव निमित्तभेदाद्-
भिन्नः पृथक् पृथगिवाश्रयते विवर्तान्॥
आवर्तबुद्बुदतरङ्गमयान्विकारा-
नम्भो यथा सलिलमेव हि तत्समस्तम्॥४७॥

उत्तररामचरित, तृ० अंक

वरिवस्यारहस्य[1] में **'वाचारम्भणं विकारः'** (छा० उ० ६, १.४) 'आत्मकृतेः परिणामात्' (ब्रह्मसू०१,४,२६) आदि श्रुति तथा सूत्र को उद्धृत करते हुए श्रुति तथा व्यास के मत में भी परिणाम ही अभीष्ट है ऐसा उन्होंने प्रतिपादित किया है। यही नहीं उक्त सूत्र को विवर्तवाद के अनुसार व्याख्या करने वाले आचार्य शङ्कर ने भी **"मनस्त्वं व्योम त्वं मरुदसि मरुत्सारथिरसि, त्वमापस्त्वं भूमिस्त्वयि परिणतायां नहि परम्। त्वमेव स्वात्मानं परिणमयितुं विश्ववपुषा चिदानन्दाकारं शिवयुवति भावेन निभृषे।"** ३५। सौन्दर्यलहरी के इस श्लोक द्वारा स्वाभिमत परिणामवाद ही स्फुटित किया गया है।

श्री रामानुज,[2] निम्बार्क, वल्लभ, भास्कर, श्रीपति, श्रीकण्ठ आदि आचार्यों

---

१. सर्वप्रमाणमूर्द्धन्यया श्रुत्या तदनुसारितन्त्रैश्चाद्वैते कथिते तद्विरुद्धत्वेन भासमानः कार्यकारणयोर्भेदांश एव कल्पित आस्तां न पुनः सर्वोऽपि प्रपञ्चः।

वरिवस्यारहस्य, पृ० ५–६

भगवता व्यासेनापि 'प्रकृतिश्च प्रतिज्ञादृष्टान्तानुपरोधात्' (ब्र० सू० १.४.१३) इत्यस्मिन्नधिकरणे एकविज्ञानेन सर्वविज्ञानप्रतिज्ञां मृद्घटनखनिकृन्तनादिदृष्टान्तम् 'बहु स्यां प्रजायेय'(तै० उ० २.७) इत्यभिध्योपदेशादिकं चानुसन्दधानेन परिणामवाद एवाभिप्रेतः कण्ठरेवेणोक्तश्च 'आत्मकृतेः परिणामात्' इति सूत्रे।

परिणामस्वाभाव्यात्, नात्रोपदिश्यमानस्य परिणामस्य परस्मिन् ब्रह्मणि दोषावहत्वं स्वभावः प्रत्युत निरङ्कुशैश्वर्यावहत्वमेवेत्यभिप्रायः। —श्रीभाष्य

२. परिणमते कार्याकारेणेति। अविकृतमेव परिणमते सुवर्णम्। सर्वाणि च तैजसानि। वृद्धेश्चालौकित्वात् ब्रह्मकारणत्व एव घटते। पूर्वावस्थान्यथाभावस्तु कार्यश्रुत्यनुरोधादङ्गीकर्तव्यः।१।४।२६

—वल्लभाचार्य : अणुभाष्य

सर्वज्ञं सर्वशक्ति ब्रह्म स्वशक्तिविक्षेपेण जगदाकारं स्वात्मानं परिणमय्य अव्याकृतेन स्वरूपेण शक्तिमता कृतिमता परिणतमेव भवति।१।४।१७

—निम्बार्काचार्य : वेदान्तपारिजात

परमात्मा स्वयमात्मानं कार्यत्वेन परिणमयामासेत्यर्थः। शक्तिविक्षेपं कृतवान्। अनन्ता हि तस्य शक्तयोऽचिन्त्याश्च। भास्कराचार्य १।४।२६

चेतनाचेतनात्मकप्रपञ्चाकारेण परिणामात्। ननु दधिक्षीरन्यायवत् स्वस्वरूपपरित्यागपूर्वकरूपान्तरप्राप्तिरेव परिणामः। नित्यशुद्धस्य महेश्वरस्य परिणामित्वेन स्वस्वरूपनाशित्वं विकारगुणप्रसङ्गश्च स्यादिति चेन्न, निमित्तभूतस्योपादानत्वेऽपि न विकारादिस्पर्शः।१।४।२७

—श्रीपतिपण्डित : श्रीकरभाष्य

को भी परिणामवाद ही अभिप्रेत है। किन्तु यह परिणाम अविकृत अथवा अपूर्व कहा जाता है। अभिन्ननिमित्तोपादान ब्रह्म में, विश्व रूप में परिणत होने पर भी विक्रिया नहीं आती।

वामकेश्वर[1] तन्त्र में शक्ति के परिणाम का उल्लेख है। यद्यपि राजानक जयरथ ने 'परिणतायां' का अर्थ 'विद्यमानायां' किया है किन्तु यह समुचित नहीं कहा जा सकता। तान्त्रिक प्रवर भास्करराय ने वहाँ परिणामात्मक अर्थ ही ग्रहण किया है।[2] तन्त्रों में 'परिणाम' का प्रयोग किसी निश्चित वाद के रूप में किया नहीं जान पड़ता। भास्करराय के मत में तान्त्रिक परिणामवादी ही ठहरते हैं।

तीसरा वाद है आभास अथवा प्रतिबिम्बवाद। यद्यपि अन्य दर्शनों[3] में इसका उपयोग किया गया है, किन्तु तन्त्रों तथा तदनुयायी अद्वैत परम्परा में यह विशेष रूप से प्रयुक्त हुआ है। आभास की चर्चा काश्मीरिक शिवाद्वयवाद में बहुधा उपलब्ध होती है।[4] विश्व के सम्पूर्ण जड़-चेतन पदार्थ आभास रूप हैं।[5] निर्मल दर्पण में प्रतिबिम्बित जैसे भूमि जल आदि परस्पर भिन्न-भिन्न रूप आकार विशेष, दर्पण से अनतिरिक्त होने पर भी अतिरिक्त के सदृश भासित होते हैं वैसे ही अद्वितीय चित् तत्त्व में सम्पूर्ण विश्व-वृत्तियां प्रति-

---

हन्त कारणविकाररूपो हि परिणामः पूर्वरूपपरित्यागेन रूपान्तरापत्तिः परिणाम इति कथं परमेश्वरोऽनर्थधर्मात् परिभूयत इति चेत् सत्यम्, यथा निमित्तस्य प्रकृतित्वेपि यथा न विकारादिस्पर्शः तथा परिणामः सम्भवति १।४।२७। —श्रीकण्ठभाष्य

१. तस्यां परिणतायां तु न कश्चित्पर इष्यते ॥ ५ ॥
वामकेश्वरीमतम्, ४ पटल।

२. तच्च दृश्यं तत्परिणाम एव, 'तस्यां परिणतायां.....'
इति वामकेश्वरतन्त्रात्।
वरिवस्यारहस्य, पृ० ५

३. तस्मिंश्चिद्दर्पणे स्फारे समस्ता वस्तुदृष्टयः।
इमास्ताः प्रतिबिम्बन्ति सरसीव तटद्रुमाः।'
सांख्यप्रवचनभाष्य

४. आभासरूपा एव जडचेतनपदार्थाः।
ई० प्र० वि० ३।२।१

५. निर्मले मकुरे यद्वद्भ्रान्ति भूमिजलादयः।
अमिश्रास्तद्वदेकस्मिंश्चिन्नाथे विश्ववृत्तयः ॥ ४ ॥ आ० ३ तं० आ०

बिम्बित होती हैं।[1] स्वच्छ दर्पणादि का ही यह प्रभाव है जिससे वस्तु, अवस्तु से विलक्षण आभासमात्रसार-प्रतिबिम्ब के नाम से प्रतिभासित होती है। जैसे भगवान् के द्वारा दर्पणादि में आभास मात्र जिनका सार है ऐसे पदार्थ, अवभासित किए जाते हैं वैसे ही संवित्तत्व रूप भित्ति में विश्व भासित होता है।[2] संवित् से परे उसका कोई बाह्य रूप नहीं है इसी बोध को संवर्द्धित करने के लिए प्रतिबिम्ब विधि का आश्रय लिया जाता है। इस प्रकार भासनसारता ही प्रतिबिम्बता है, प्रतिबिम्ब से परे आभास और कुछ नहीं है।

'भासनसारतैव हि प्रतिबिम्बता·····।'

'इह अवभासनसारमेवप्रतिबिम्बतत्त्वम्।'

यथोक्तं श्रीतन्त्रालोके:—

न देशो नो रूपं न च समवयोगो न परिमा।
न चान्योन्यासङ्गो न च तदपहानिर्न घनता।
न चावस्तुत्वं स्यान्न च किमपि सारं निजमिति।
ध्रुवं मोहः शाम्येदिति निरदिशद्दर्पणविधिः॥

ई० प्र० वि० वि०, पृ० १६८

दर्पण से अतिरिक्त प्रतिबिम्ब की स्वतन्त्र सत्ता नहीं अतः दर्पण से पृथक् इसका कोई देश भी नहीं है। प्रतिबिम्ब काठिन्यात्मक मूर्ति नहीं कहा जा सकता अन्यथा इसका दर्पण से पृथक् देश होता। क्योंकि एक ही नभोदेश के मूर्त दर्पण द्वारा आक्रान्त होने पर, वही देश मूर्तान्तर से नहीं आक्रान्त हो सकता। दो मूर्तियां समान नभोदेश में अवस्थित हों यह विरोधी बात है। अतः प्रतिबिम्ब में 'घनता' न होने से इसका कोई रूप भी नहीं है। रूप किसी

---

१. स्वच्छस्य दर्पणादेरेवैष प्रभावो यद्वस्तु अवस्तुविलक्षणमाभासमात्रसारं प्रतिबिम्बं नामेदं प्रतिभासते इति, तेन भगवता यथा दर्पणादौ आभासमात्रसारा एव भावा अवभास्यन्ते तथा संवित्तावपीति न बहीरूपत्वेनैषां सत्वमस्तीति बोधं वर्धयितुं बाह्यार्थाभिनिवेशिनामेतदुपदिष्टम्। अतः सर्वमेवेदमाभासमात्र-सारमेवेति न बाह्येऽर्थेभिनिवेष्टव्यम् येन द्वैतमोहः शाम्येत्।

राजानक जयरथ—तन्त्रा० विवेक, पृ० २९–३०

२. देवस्य द्योतनात्मनश्चित्तत्वस्य, तादृशे विश्वप्रतिबिम्बने, ज्ञानक्रियाद्याः शक्तयो निमित्तं भवन्तु। शक्तयश्च—स्वातन्त्र्यशक्तिमात्रपरमार्था एव इति निजैश्वर्यमात्रादेव अस्य स्वात्मनि विश्वाकारधारित्वम्—इति पिण्डार्थः। यदुक्तं श्री प्रत्यभिज्ञाकृता—'तत्र त्वर्पकादुपाधेस्तदाकारत्वं, चित्तत्वस्य तु निजैश्वर्यात्।' तन्त्रालोक विवेक, ३ आ०, पृ० ७२

मूर्त वस्तु में ही सम्भव है। काल से भी इसका सम्बन्ध नहीं, क्योंकि कालयोग किसी पूर्वापरभावी की अपेक्षा से पृथक् सत्ता वाले पदार्थ में ही देखा जाता है। प्रतिबिम्ब की तो दर्पण से पृथक् कोई सत्ता ही नहीं है। यही कारण है कि इसमें परिमाण भी उपलब्ध नहीं। परिमाण घन पदार्थ में होता है। यदि कथञ्चित् परिमाण स्वीकार भी किया जाय तो महाकार पर्वतादिकों की सीमित दर्पण में प्रतिसङ्क्रान्ति सिद्ध नहीं की जा सकती।

दर्पण के अन्तर्गत अनेक पदार्थों के, साथ ही प्रतिभासित होने पर भी परस्पर निविड़ रूप से वास्तविक संश्लेष नहीं होता। और संपूर्ण पदार्थों के परस्पर विविक्त रूप से भासित होने के कारण अन्योन्यासङ्ग की सर्वथा हानि कहना भी उचित नहीं।

जो वस्तु भासित हो रही है, उसे सर्वथा अवस्तु घोषित करना बुद्धिमानी नहीं। किन्तु आभास या प्रतिबिम्बमात्रसार होने के कारण उसमें वस्तुत्व के साधक स्वल्पमात्र निजी तथ्यात्मक रूप का सम्भव कहाँ ?

एवभासाभासमात्रसारं प्रतिबिम्बसतत्त्वं बाह्यार्थवादिनो निश्चितमेव द्वैत-प्रथात्मकं सङ्कुचितं ज्ञानं शाम्यतामित्येतदर्थं दर्पणविधिः—कुड्यादिवैलक्षण्येन प्रतिबिम्बसहिष्णुवस्तुप्रकारो निरदिशत् निर्दिष्टवान्। एवं च सत्ययमर्थः प्रदर्शितो भवति—यद्विश्वमिदं संविदि दर्पणप्रतिबिम्बन्यायेन अवस्थितं न तु तदतिरिक्ततया बहीरूपत्वं न वस्तु सदिति न तत्राभिनिवेष्टव्यमिति।

तन्त्रालोक-विवेक, आ० ३, पृ० ३२

इस प्रकार परिणाम, विवर्त एवं आभासवाद की चर्चा हुई। सत्य तो यह है कि इन तीनों वादों में एक न एक अरुचि विद्यमान है। यही दृष्टि में रखकर आचार्य अभिनवगुप्त ने सर्ववादमूर्द्धन्यभूत स्वातन्त्र्यवाद की उद्भावना की। परिणाम में रूपान्तर का तिरोधान और रूपान्तर का आविर्भाव निश्चय ही विकार की दिशा की ओर इङ्गित करता है। विवर्त में निर्भासित होना और असत्य भी होना, वादसम्बन्धी न्यूनता का परिचायक है।

"आभासनमा ईवत् सङ्कोचेन भासनं प्रकाशना।"

ई० प्र० वि० वि०, पृ० १४१, २ अ० २ वि०

किञ्चित् सङ्कुचित रूप से प्रकाशन ही आभास है। आभास अथवा प्रतिबिम्ब में स्वच्छतामात्र का संवेदन होता है। यहां वैसे संवेदन को समर्पित करने वाले तत्त्वान्तर की आवश्यकता का अन्वेषण अपरिहार्य है। जो अधिक न होकर भी अधिक रूप में भासित हो वही स्वच्छता[1] है। इस प्रकार आभास या

१. अनधिकस्यापि अधिकस्य इव भासनं स्वच्छभाव उच्यते दर्पणस्य इव।

प्रतिबिम्बवाद में भी त्रुटि पाई जाती है। इसी को लक्ष्य में रखकर आचार्य अभिनवगुप्त ने चौथे स्वातन्त्र्यवाद का अन्वेषण किया[1]।

स्वातन्त्र्यवाद में उपर्युक्त कोई भी दोष सम्भव नहीं। स्वातन्त्र्य परमात्मा की परा शक्ति है।

यह शक्ति परमशिव से सर्वथा अभिन्न है। आनन्द[2] इसका दूसरा नाम है। अतिदुर्घटकारित्व ही परमात्मा का ऐश्वर्य है—यह स्वातन्त्र्य से भिन्न नहीं। अपने स्वातन्त्र्य या ऐश्वर्य से परमेश्वर अनन्त रूपों में स्फुरित होता हुआ भी स्वरूपतः अखण्ड ही रहता है। परमात्मा की इच्छा का अनभिहत प्रसार ही उसका स्वातन्त्र्य है। सृष्टि के सम्बन्ध में सर्वथा निर्दुष्ट एवं रमणीय वाद यदि कोई हो सकता है तो स्वातन्त्र्यवाद ही। परमेश्वर के अतर्क्य परमैश्वर्य के विषय में किसी प्रकार की अरुचि सम्भव नहीं—

एतदेव स्वातन्त्र्यं यदतिदुर्घटकारित्वम्।

ई० प्र० वि० वि०, १।१, पृ० १०७

स हि प्राकारगृहहस्त्यश्वपुरुषघटकुम्भकारभेदैतद्गतावयवावयविभावाधाराधेयभावकार्यकारणभावप्रभृतिभिश्च व्यवहारनिवहैः मनाङ्मात्रमपि स्वरूपानधिकैरपि अतिरिक्तैरिव च यत् निर्भासते तदेवं स्वच्छ इति उच्यते।

ई० प्र० वि० वि०, अ० १ वि०, पृ० ६१

१. विवर्तो हि असत्यरूपनिर्भासात्मेत्युक्तम्। निर्भासते च असत्यं चेति कथमिति तु न चिन्तितम्। परिणामे तु रूपान्तरं तिरोभवति, रूपान्तरं च प्रादुर्भवतीत्युक्तम्। प्रकाशस्य तु रूपान्तराभावात् तत्तिरोधाने स्यादान्ध्यम्। अप्रकाशश्च प्रादुर्भवन् नैव प्रकाशेत इति उभयथापि सुप्तं जगत् स्यादिति न पर्यालोचितम्। प्रतिबिम्बवादे च स्वच्छतामात्रं संवेदनस्य, न स्वातन्त्र्यमिति तत्समर्पकवस्त्वन्तरपर्येषणा कर्तव्या। अविद्या च अनिर्वाच्या वैचित्र्यं च आधत्ते इति व्याहतम्। पारमेश्वरी शक्तिरेव इयमिति तु हृदयावर्जकः क्रमः। तस्मादनपह्नवनीयः प्रकाशविमर्शात्मा संवित्स्वभावः परमशिवो भगवान् स्वातन्त्र्यादेव रुद्रादिस्थावरान्तप्रमातृरूपतया नीलसुखादिप्रमेयरूपतया च अनतिरिक्तयापि अतिरिक्तया इव स्वरूपानाच्छादिकया संविद्रूपनान्तरीयकस्वातन्त्र्यमहिम्ना प्रकाशते इत्ययं स्वातन्त्र्यवादः प्रोन्मीलितः।

ई० प्र० वि० वि०, १ अ० १ वि०, पृ० ८९

२. आनन्दः स्वातन्त्र्यम्, स्वात्मविश्रान्तिस्वभावाह्लादप्राधान्यात्। स्वातन्त्र्यं आनन्दशक्तिः— तन्त्रसार १ आ०, पृ० ६

ऐश्वर्यमेव आनन्दः पूर्णता।

ई० प्र० वि० वि० १ अ० ५ वि०, पृ० १९८

स्वातन्त्र्यं च नाम यथेच्छं तत्र इच्छाप्रसरस्य अविघातः ।

वही, पृ० ८२

जिसे परमात्मा का ऐश्वर्य अथवा स्वातन्त्र्य कहा जाता है वही नित्य उदित परा वाक् है । तत्त्वज्ञ इसी को विमर्शात्मा चिति के नाम से जानते हैं । यह शब्दतत्त्व सृष्टि के प्रसार की आदि कोटि है और सृष्टि-सङ्कोच दशा में चरम कोटि । इससे परे शब्दातीत अवस्था है जिसे परमशिव कहते हैं । इस अवस्था में स्वातन्त्र्य अथवा विमर्श अविभक्त या अन्तर्लीन रहता है—

"चिद्रूपाह्लादपरमो निर्विभागः परस्तदा ।"

शिवदृष्टि ४, प्र० आ०

चितिः प्रत्यवमर्शात्मा परावाक् स्वरसोदिता ।
स्वातन्त्र्यमेतन्मुख्यं तदैश्वर्यं परमात्मनः ॥ १।४५

ई० प्र० विमर्शिनी ।

यहाँ इतना अवश्य ध्यान में रखना चाहिए कि स्वातन्त्र्यवाद और आभासवाद एक ही नहीं है जैसा कि कुछ लोगों[1] ने समझ लिया है । आभास-वस्तुवाद, आभाससारवस्तुवाद अथवा दर्पणविधि[2] शिवाद्वयशासन में

---

१. कश्मीर शैविज्म :—

दि डाक्ट्रिन ऑफ रेगार्डिंग आभास ऐज दि प्रासेस ऑफ मैनिफेस्टेशन इज़ काल्ड आभासवाद आर आभासपरमार्थवाद एण्ड आलसो स्वातन्त्र्यवाद; फार इन्स्टैन्स इन स्पन्दसन्दोह ।

पाद टिप्पणी, पृ० ५४

निम्नोद्धृत स्पन्दसन्दोह तथा ऊपर वर्णित अभिनवगुप्त के आभास सम्बन्धी वचनों की तुलना कीजिए—

"यदि आभासपरमार्थानुसारेण तथाभासपरमार्थस्य शङ्करस्वभावाभिन्नस्य जगतः तथाभासनमयावेव विनाशोदयौ इष्येते,·····आभासयितरि भगवति भेदशङ्कास्पदम्—स्पन्दसन्दोह, पृ० ४ ।

२. वेदान्त में, पञ्चपादिका-विवरणकार प्रकाशात्मयति तथा अप्पय्य दीक्षित प्रतिबिम्ब और आभास को एक मानते हैं तथा वार्तिककार सुरेश्वराचार्य के मत में दोनों भिन्न हैं । प्रतिबिम्बवादसम्बन्धी भेद और अभेदात्मक दो पक्षों का उल्लेख करते हुए आचार्यों ने कहा है—

न बिम्बादन्यत्वेन प्रतिबिम्बं नाम दर्पणगतमवभासते; किन्तु बिम्बमेव दर्पणादविविक्तं प्रतिभासते ।

पञ्चपादिका-विवरण, पृ० २८९

बाह्यवाद[1] का प्रतिरोधी बनकर आया है। सिद्धान्ततः स्वीकृत स्वातन्त्र्यवाद ही है। उद्धृत ईश्वरप्रत्यभिज्ञा की उपर्युक्त कारिका से स्पष्ट है कि प्रस्तुत वर्ण-विकास से स्वातन्त्र्य का कितना सम्बन्ध है। अतः प्रकृत प्रसङ्ग में भी स्वातन्त्र्यवाद को ही अङ्गीकार करके चलना समुचित होगा।

अन्तर्लीनविमर्श, अतएव निष्कल, तत्त्वातीत, परमशिव ही विश्व के मूल में उत्तीर्ण रूप से वर्तमान रहते हैं। विश्व-विकास के प्रति उन्मुखता या स्फुरत्ता ही, प्रकाशैकस्वभाव परमशिव के स्वकीय रश्मिपुञ्ज से निर्मित, निर्मल विमर्शात्मक दर्पण है। इस विमर्शमय आदर्श में प्रतिफलित परमशिव को सर्वप्रथम 'अहं' बोध होता है। यह 'अहं' वाचकों—अकारादि वर्णों और वाच्यों—तत्तत्पदार्थों से पूर्ण विश्व—के विकासरूप सोपान का प्रथम पर्व है। छत्तीस तत्त्वमय समस्त भुवनमण्डल को मयूराण्डरसन्याय से कवलित किये हुए इस 'अहं'—पूर्णाहन्ता को शिवशक्तिरूप दिव्य दम्पति के सामरस्य के

नन्वेवं प्रतिबिम्बभ्रमस्थलेऽपि ग्रीवास्थमुखातिरेकेण दर्पणे मुखाभासोत्पत्ति-रुपेया स्यात्।

सिद्धान्तलेशसंग्रह, पृ० ३०८–३०९

(क) तथा च बिम्बप्रतिबिम्बयोरभेदपक्षे·····।

(ख) शुक्तिरजतादिवत् साक्षिभास्यप्रतिबिम्बाध्यासोत्पत्तिपक्षे तु···।

सिद्धान्तलेश० की कृष्णानन्दतीर्थ–व्याख्या, पृ० ३११

जीव और ईश्वरसम्बन्धी मतों की चर्चा करते हुए अद्वैतसिद्धि की व्याख्या लघुचन्द्रिका में ब्रह्मानन्द ने कहा है—

क—तथा च बिम्बप्रतिबिम्बचितोः ईशजीवत्वपक्षे शुद्धचिदेव तदुभयानुगता साक्षिणी जगदुपादानम्।

ख—अविद्याप्रतिबिम्बमनःप्रतिबिम्बयोः ईशजीवत्वे तु अविद्याबिम्बत्वो-पहिता चित् तथा।

ग—अविद्यामनोगतचिदाभासयोरीशजीवत्वे त्वीश एव तथा।

तत्र आद्यः पक्षो विवरणकृतः। द्वितीयः संक्षेपशारीरककृतः। तृतीयः वार्तिककृतः। वाचस्पतिमते तु जीव एव तथा, तस्यैवाविद्याविषयत्वोपहिते ईशे तादात्म्येनानुगतत्वात्।

गौडब्रह्मानन्दी, पृ० ४८३

१. तदवश्यसमर्थनीयेऽस्मिन् आभासवस्तुवाद एव शरणम्, न बाह्यवादः।

ई० प्र० वि० वि०, पृ० १८,२ अ० १ धि०

नाम से कहा जाता है। यह अहन्ता[1] अपने गर्भ में, पचास वर्णों को प्रत्याहार-न्याय से समेटे रहती है। 'अहं' में 'अकार' अनुत्तर नामक शिव का बोधक है और 'हकार' विसर्ग शक्ति का वाचक है। इन दोनों का समुदित रूप ही एकपदागमा विद्या[2] (प्रणव) है। इसे ही श्रुति में एकाक्षरा वाक् अथवा 'एक वर्ण' कहा गया है।

"एकाक्षरा वै वाक्"

ताण्ड्य० ब्रा० ४।४।३

"एको वर्णो बहुधा शक्तियोगात् वर्णाननेकान् निहितार्थो दधाति।"

कामकलाविलास, टी० पृ० ८

तान्त्रिकों ने इस 'अहन्ता' रूप महाबिन्दु में अवस्थित सित, शोण और मिश्र इन त्रिबिन्दुओं[3] का निर्देश किया है। विमर्श रक्तबिन्दु है और प्रकाश

---

१. सकलभुवनोदयस्थितिलयमयलीलाविनोदनोद्युक्तः ।
अन्तर्लीनविमर्शः पातु महेशः प्रकाशमात्रतनुः ॥ १ ॥

कामकला०

परशिवरविकरनिकरे प्रतिफलति विमर्शदर्पणे विशदे ।
प्रतिरुचिरुचिरे कुण्ड्ये चित्तमये निविशते महाबिन्दुः ॥ ४ ॥

काम०

लोकेऽपि सूर्याभिमुखस्थितदर्पणतले सूर्यकिरणप्रतिफलनानन्तरं निकटगत-कुड्ये सूर्यकिरणप्रतिहततेजोबिन्दुः प्रत्यक्षं प्रपद्यते, तद्वत् प्रकाशरूपपरमेश्वरस्य दर्पणवत् स्वरूपविमर्शसम्बन्धे जाते तदानीं तत्र महाबिन्दुः 'पूर्णोऽहं' इत्येवंरूपः परमेश्वरोऽवभासते इत्यर्थः।

कामकला०, टी०, पृ० ७

चित्तमयोऽहङ्कारः सुव्यक्ताहार्णसमरसाकारः ।
शिवशक्तिमिथुनपिण्डः कवलीकृतभुवनमण्डलो जयति ॥ ५ ॥

प्रत्याहारन्यायेन अन्तर्गर्भितसमस्तवर्णकदम्बकाहङ्काररूपप्रकाशविमर्श-सम्पुटादेव शब्दार्थात्मकसर्वप्रपञ्चविकासो भवति।

का०, पृ० ८

२. सत्या विशुद्धिस्तत्रोक्ता विद्यैवैकपदागमा ।
युक्ता प्रणवरूपेण सर्ववादाविरोधिनी ॥ ९ ॥

वाक्यपदीय, ब्रह्मकाण्ड

३. सितशोणबिन्दुयुगलं विविक्तशिवशक्तिसङ्कुचत्प्रसरम् ।
वागर्थसृष्टिहेतुः परस्परानुप्रविष्टविस्पष्टम् ॥ ६ ॥

शुक्लबिन्दु। इन दोनों बिन्दुओं का समरस भाव ही मिश्रबिन्दु या सूर्य है। इस सूर्य का परमात्मा या काम के नाम से निर्देश किया गया है। इस प्रकार "**अग्नीषोमात्मक** विमर्श (कला) शक्ति और तदुभयात्मक काम से अविनाभूत" बिन्दुसमष्टि को त्रिपुरसुन्दरी अथवा कामकला कहते हैं। यह पूर्णाहन्ता रूपिणी कामकला ही पर-मातृका-शक्ति है। इच्छा, ज्ञान और क्रिया यहाँ समुदित रूप में विद्यमान रहती है। इसी से इच्छात्मक पश्यन्ती मातृका, ज्ञानात्मक मध्यमा मातृका, और क्रियात्मक वैखरी मातृका[1] का प्रादुर्भाव होता है।

ब्रह्माण्ड में जो त्रिपुरसुन्दरी अथवा परमातृका है वही पिण्डाण्ड में कुण्डलिनी है। यह पूर्वोक्त 'आहोपुरुषिका' अथवा अहन्ता से भिन्न नहीं है। इस 'अहं' में भावी सम्पूर्ण शब्द और अर्थ सृष्टि युगपत् सूक्ष्म रूप में घनीभूत होकर आ ठहरती है। यहाँ यह अच्छी तरह से समझ लेना चाहिए कि वर्णात्मक शब्दों और उनके वाच्यात्मक सदाशिव से लेकर प्रकृति-पुरुष तथा पृथ्वीपर्यन्त अर्थों का एक साथ ही प्रादुर्भाव होता है।

बिन्दुरहङ्कारात्मा रविरेतन्मिथुनसमरसाकारः।
कामः कमनीयतया कला च दहनेन्दुविग्रहौ बिन्दू ॥ ७ ॥

बिन्दुः सितरक्तस्वरूपः अहङ्कारात्मा अन्तर्गर्भितसमस्तवर्णराशिः अनुत्तरस्फाररूपाहङ्कारः आत्मा तादात्म्यस्वरूपं यस्य सः। अतएव एतन्मिथुनसमरसाकार एतयो अकारहकारवाच्ययोः प्रकाशविमर्शयोः मिथुनं द्वन्द्वं, तस्य दिव्यदम्पतिरूपस्य मिथुनस्य समरसः परस्परानुप्रवेशरूपं आनुकूल्यं तदेव आकारः स्वरूपं यस्य सः। एवं भूतो रविः सितशोणबिन्दुसमरसीभूतो मिश्रबिन्दुरित्यर्थः।

अग्नीषोमरूपिणी विमर्शशक्तिः तदुभयभूतकामेश्वराविनाभूता महात्रिपुरसुन्दरी बिन्दुसमष्टिरूपा कामकला इति उच्यते। अयमत्र निष्कर्षः—स्वान्तर्गतानन्ताक्षरराशिमहामन्त्रवीर्यपूर्णाहन्तारूपिणी प्रकाशानन्दसारा बिन्दुत्रयसमष्टिरूपलिप्यक्षररूपिणी कामकला नाम महात्रिपुरसुन्दरी मातृका परमयोगिभिः महामाहेश्वरैरनिशं अनुस्मर्तव्या इति। कामकला०, टी० पृ० ११

१. बेहरियाणाम किया णाणमयी होल मलमा वाआ।
इच्छा उण पंखती सक्षमं समरशा वत्ती ॥ ४९ ॥
महार्थमञ्जरी

[वैखरी नाम क्रिया ज्ञानमयी भवति मध्यमा वाक्।
इच्छा पुनः पश्यन्ती सूक्ष्मा समरसा वृत्तिः ॥] (छाया)

पर[1] परामर्शशाली, शुभ्रप्रकाशात्मा, अनाहत और आहत शब्द से उत्तीर्ण अकुल, अनुत्तर, शिव ही 'अकार' है। इसे चित् शक्ति कहते हैं।

अनुत्तर अकुल शिव अपनी कौलिकी परा शक्ति के साथ अवियुक्त रूप से विद्यमान रहते हैं। इनका परस्पर उन्मुखीभाव ही यामल अथवा संघट्ट है जिससे आनन्द का उद्भव होता है। यह आनन्द ही 'आकार' है।

पूर्वोक्त[2] संघट्ट में चित् शक्ति की प्रधानता रहती है। उस समय पर-प्रमाता का जो विश्व-विसर्गात्मक परामर्श है, वही इच्छा शक्ति है। यही 'इकार' है। इसका स्वरूप आद्यस्पन्दात्मक, बहिरौन्मुखतामय, स्रष्टव्य तत्त्वों से अनारूषित इच्छामात्र है।

---

१. अकुलस्यास्य देवस्य कुलप्रथनशालिनी।
कौलिकी सा परा शक्तिरवियुक्तो यया प्रभुः॥ ६७॥
तन्त्रालोक, तृ० आ०

इह खलु पूर्णः शिवशक्त्यादिप्रतिनियतव्यपदेशासहिष्णुः अनाख्यः परपरामर्शात्मा अनुत्तरः प्रकाश एव परं तत्त्वं, स एव च स्वस्वातन्त्र्याद्विश्वमविभासयिषुः प्रथमं शिवशक्तिरूपतां स्वात्मन्यवभासयति।—सोपि हि देवः—'नास्योच्चारयिता कश्चित् प्रतिहन्ता न विद्यते। स्वयमुच्चरते देवि प्रणिनामुरसि स्थितः।' इत्याद्युक्तस्वरूपादनाहताद् स्थानकरणाभिघातोत्थाच्च हतात् शुद्धात् उत्तीर्णत्वेन परपरामर्शशालिसिततात्रकाशात्मतया सर्वदैव द्योतमानः।
तन्त्रा० विवेक, पृ० ७६

तयोर्यद्यामलं रूपं स सङ्घट्ट इति स्मृतः।
आनन्दशक्तिः सैवोक्ता यतो विश्वं विसृज्यते॥ तन्त्रा० ६८।

अकुलकौलिकीशब्दव्यपदेश्ययोः शिवशक्त्योः, सङ्घट्ट इति-सम्यक् घट्टनं चलनं स्पन्दरूपता स्वात्मोच्छलत्ता इत्यर्थः, अतश्च प्रकाशविमर्शात्मनोः अनुत्तरयोरेव सङ्घट्टादानन्दशक्त्यात्मनो द्वितीयवर्णस्य उदयः।
त० वि०, पृ० ८१

२. सङ्घट्टेऽस्मिंश्चिदात्मत्वाद्यत्तत्प्रत्यवमर्शनम्॥ ७१॥
इच्छाशक्तिरघोराणां शक्तीनां सा परा प्रभुः॥

"आनन्दो ब्रह्मणो रूपम् इत्याद्युक्त्या चितःप्राधान्यात् योऽयं परस्य प्रमातुः सिसृक्षात्मा परामर्श उदेति सेयमिच्छाख्या शक्तिः। प्रकृतेऽपि अनेन तृतीयवर्णोदय उक्तः। सा च इच्छाशक्तिः—आद्यस्पन्दात्मिका बहिरौन्मुख्यमात्ररूपिणी स्रष्टव्यानारूषितेच्छामात्ररूपा वा स्यात् तत्तदीषणीयविषयारूषणया प्रक्षोभात्मप्रयत्नरूपतां श्रयन्ती बहीरूपतया ऐश्वर्यं भजमाना वा इत्यस्या द्वैधम्।
त० वि०, पृ० ८४

यही[1] शक्ति स्रष्टव्य विषयों से संनिकृष्ट होकर प्रक्षुब्धात्मक बनती हुई बाह्यरूप को धारण करके ईशितृ कहलाती है। अघोरादि नाना शक्तियों के रूप में जो बाह्य अवभासन है वही इसका ऐश्वर्य है। यही 'ईकार' है।

अपने अन्तर्गत विजिज्ञास्य रूप से इष्ट विश्व का उन्मेष ही ज्ञान शक्ति है। यह उन्मेष 'उकार' है। परापररूप घोरात्मक शक्तियों की यह जननी है।

इच्छा शक्ति के सदृश ज्ञान शक्ति भी ज्ञेय[2] के आधिक्य और अनाधिक्य को लेकर दो प्रकार की है। ज्ञेय के अनाधिक्य से सम्बद्ध स्वरूप का निर्णय ऊपर किया जा चुका है। ज्ञान की अपेक्षा ज्ञेय रूप अंश अधिक उद्रिक्त होता है अर्थात् नील, सुख आदि रूपों में क्षुब्ध होकर ज्ञेय जब बलवत्तर हो जाता है उस समय ज्ञान, ज्ञानमात्र रूप में न्यून या अपूर्णतया आभासित होता है। यह ऊनता या सङ्कोचाधिगम ही 'ऊकार' है।

संविन्मात्र की ऊनता का आभासन जब रूढ़ होता—प्ररोहयुक्त होता है तो उसी को नील, सुखाद्यात्मक ज्ञेय वर्ग की स्थिति का प्रारम्भ कहा जाता है। किन्तु यह उसकी साक्षात् स्थिति नहीं है। साक्षात् स्थिति तो क्रिया शक्ति में जाकर होती है। विबोध या ज्ञानरूपी समुद्र का नाना आकार धारण करना ही रूढ़ि है। इससे स्पष्ट हो जाता है कि ज्ञान से अतिरिक्त कोई ज्ञेय नहीं है किन्तु वही उन रूपों में स्फुरित होता है। यही भेद-सन्दर्भ का बीज

---

१. सैव प्रक्षुब्धरूपा चेदीशितृ सम्प्रजायते ॥ ७२ ॥
तदा घोराः परा देव्यो जाताः शैवाध्वदैशिकाः ॥
स्वात्मप्रत्यवमर्शो यः प्रागभूदेकवीरकः ॥ ७३ ॥
ज्ञातव्यविश्वोन्मेषात्मा ज्ञानशक्तितया स्थितः।
इयं परापरादेवी घोरां या मातृमण्डलीम् ॥ ७४ ॥
सृजत्यविरतं शुद्धाशुद्धमार्गैकदीपिकाम् ॥

२. ज्ञेयांशः प्रोन्मिषन्क्षोमे यदैति बलवत्त्वतः ॥ ७५ ॥
ऊनताभासनं संविन्मात्रत्वे जायते तदा।
रूढ़ं तज्ज्ञेयवर्गस्य स्थितिप्रारम्भ उच्यते ॥ ७६ ॥
रूढिरेषा विबोधाब्धेश्चित्राकारपरिग्रहः।
इदं तद्भेदसन्दर्भबीजं चिन्वन्ति योगिनः ॥ ७७ ॥

इह खलु एतदेव परविमर्शात्ममुख्यं परामर्शषट्कं यतः परस्परं प्रमेयेण वा सङ्घट्टे सति निखिलपरामर्शोदयः। विवेक, पृ० ८८

है जिसे योगी लोग जानते हैं। ये छः वर्ण (परामर्श-षट्क) ही निखिल परामर्शों (वर्णों) के जनक है।

स्वराणां षट्कमेवेह मूलं स्याद्वर्णसन्ततौ ॥

तन्त्रा० १८४ श्लोक

अक्षुभित[1] और क्षुभित रूप दो प्रकार की इच्छाशक्ति इष्यमाण से समापन्न होकर ही 'इ' और 'ई' रूप में व्यक्त हुई थी। वह समापत्ति और क्षोभ स्फुट रूप में नहीं हुआ था। प्रकाश और स्तम्भस्वभाव ज्वलन और धरात्मक—'र' और 'ल' श्रुतियाँ जब इष्यमाण होकर द्विविध इच्छाशक्ति से स्थिरता के साथ स्फुट रूप से समापन्न होती है तो चार नपुंसक वर्णों का जन्म होता है। यहाँ 'र' और 'ल' श्रुतिमात्र प्रतीत होते हैं; इनकी स्थिति व्यञ्जनवत् नहीं होती। जैसे विद्युत् क्षणिक होने के कारण अचिर काल तक ही भासित होती है वैसे ही यहाँ इष्यमाण भी छाया रूप में भासित होता है। इसीलिए यहाँ वर्ण की श्रुति मात्र होती है साक्षात् वर्ण की उत्पत्ति नहीं। वर्ण की श्रुति, वर्ण नहीं है। इसीलिए नरसिंह के समान ऋ–ॠ, और ऌ ॡ ये चारो वर्ण उभय छाया ग्रहण करने के कारण षण्ढ वर्ण कहे जाते हैं :—

ऋ, ॠ, ऌ, ॡ, चतुष्कं च नपुंसकगणस्तथा।

तन्त्रालो० विवे०, पृ० ९०, तृ० आ०

इस[2] प्रकार ज्वलनशक्ति से विभिन्न अक्षुब्ध इच्छाशक्ति ही 'ऋ' और क्षुब्ध इच्छाशक्ति 'ॠ' है। धराशक्ति से उपरक्त अक्षुब्ध इच्छाशक्ति 'ऌ' और क्षुब्ध इच्छाशक्ति 'ॡ' है।

जिस[3] प्रकार इच्छाशक्ति का इष्यमाण के साथ तादात्म्य घटित होने से परामर्शान्तर अथवा अन्य वर्ण का उदय होता है वैसे ही ज्ञान की ज्ञेय समापत्ति

---

१. इच्छाशक्तिर्द्विरूपोक्ता क्षुभिताक्षुभिता च या।
इष्यमाणं हि सा वस्तु द्वैरूप्येणात्मनि श्रयेत् ॥ ७८ ॥
अचिरद्युतिभासिन्या शक्त्या ज्वलनरूपया।
इष्यमाणसमापत्तिः स्थैर्येणाथ धरात्मना ॥ ७९ ॥

तन्त्रालोक, तृ० आ०

२. तेन अक्षुब्धा ज्वलनशक्त्या च्छुरिता इच्छा 'ऋ' क्षुब्धा तु 'ॠ'; एवं धराशक्त्या च्छुरिता 'ऌ ॡ इति। विवेक, पृ० ९०

३. उन्मेषशक्तावस्त्येतज्ज्ञेयं यद्यपि भूयसा।
तथापि विभवस्थानं सा न तु प्राच्यजन्मभूः ॥ ८० ॥

तन्त्रा० तृ० आ०

से वर्णान्तर की उत्पत्ति होनी चाहिए। किन्तु वस्तुतः वैसा नहीं होता। यद्यपि ज्ञानशक्ति में ज्वलनादि नाना ज्ञेय विद्यमान रहते हैं तथापि ज्ञानशक्ति को इच्छाशक्ति के सदृश उत्पत्तिभूमि नहीं माना जाता किन्तु वह विभव (अभिव्यक्ति) स्थान है। इच्छाशक्ति में इष्यमाण रूप से उत्पन्न भाव समूह, ज्ञानशक्ति में अभिव्यक्त होता है और क्रियाशक्ति में उसका वाह्य-रूप से परिस्फुरण होता है। इसलिए ज्ञानशक्ति में ज्ञेय की अपूर्वतया उत्पत्ति नहीं होती। और इसी कारण उसके साथ समापन्न होने से परामर्श (वर्ण) की उत्पत्ति भी नहीं होती। अतः इच्छाशक्ति में इष्यमाण की अपूर्व उत्पति होने के कारण ही ऐसा कहा गया है। यद्यपि परासंवित् सम्पूर्ण भावों की जन्म भूमि है किन्तु वहाँ वह भाव संविन्मात्र रूप में अवस्थित रहता है।

इच्छा[1] शक्ति जन्य चारों षण्ढवर्ण स्वात्ममात्र में विश्रान्त होने के कारण अमृतात्मक कहे गये हैं। स्वरों के बीच में आ जाने के कारण उन्हें बीज कहा जाता है वस्तुतः वे बीज नहीं है। क्योंकि उनमें प्रक्षोभकता नहीं हैं। अपने में ही विश्रान्त होने से ये क्षोभान्तर को उल्लसित नहीं कर सकते। योनि वर्ग में भी ये नहीं आ सकते क्योंकि क्षोभ का आधार योनि है और क्षोभकता ही बीज।

वस्तुतः संवित् शक्ति का रूप क्षोभक है। वह क्षुब्ध होती है—बहिर्भावोन्मुख ज्ञेय समूह को धारण करती है और क्षुब्ध करती भी है—ज्ञेय समूह

यद्यपि ज्ञानशक्तावेतज्ज्वलनाद्यात्म ज्ञेयं भूयसा विद्यते तथापि सा ज्ञानशक्तिः ज्ञेयस्य विभवस्थानं, न तु प्राच्येच्छाशक्तिलक्षणा जन्मभूः—इच्छाशक्तिवन्नेयमुत्पत्तिस्थानमित्यर्थः, इच्छाशक्तौ खलु इष्यमाणात्मतया उत्पन्नस्य सतो भावजातस्य ज्ञानशक्तावभिव्यक्तिः, यस्य क्रियाशक्तौ बहीरूपतया परिस्फुरणम्। अतो ज्ञानशक्तौ ज्ञेयस्य नापूर्वतया उत्पाद; इति न तत्र तत्समापत्त्या परामर्शान्तरोदयः। तेनेच्छाशक्ताविष्यमाणस्यापूर्वतयोत्पादादेवमभिधानम्। यद्यपि सर्वभावनिर्भरत्वात्परस्यामपि संविदि सर्वे भावाः सम्भवन्ति तथापि तत्र तेषां संविन्मात्रतयावस्थानम्। त० वि०, पृ० ९१

१. इच्छाशक्तेरतः प्राहुश्चातूरूप्यं परामृतम्।
क्षोभान्तरस्यासद्भावान्नेदं बीजं च कस्यचित् ॥ ८१ ॥
प्रक्षोभकत्वं बीजत्वं क्षोभाधारश्च योनिता।
क्षोभकं संविदो रूपं क्षुभ्यति क्षोभयत्यपि ॥ ८२ ॥ तन्त्रा०
प्रकृतं ब्रूमहे नेदं बीजं वर्णचतुष्टयम्।
नापि योनिर्यतो नैतत्क्षोभाधारत्वमृच्छति ॥ ९१ ॥

को बाह्य रूप से अवभासित भी करती है।[1] क्षोम ज्ञेय का धर्म है; और क्षोभणा—उसका बाह्य अवभासन। ईषणीय समस्त भाव-समूह-रूप विश्व जिसमें एकात्म रूप से वर्तमान है, वह सर्वभाव निर्भर, अद्वितीय संवित्, बीजांश या कारणविशेष है। ग्राह्य-ग्राहकात्मक विश्व की भेद रूप से अवभासन की इच्छा से उसका सम्बन्ध ही क्षोभ है। बहिर्भाव की ओर अनुन्मुख अतएव उदासीन देह-नीलादि भाव वर्ग का, औदासीन्य दूर करके जो बहिर्भावात्मक उन्मुखता का अवभासन है वही क्षोभणा है। चर्याक्रम में, बीज के विसर्ग के लिए उद्यत पुरुष स्वयं क्षुब्ध होता है, प्रमदा को भी क्षुब्ध करता है, ऐसा कहा है। जिससे एकात्मता प्राप्त करके परप्रमाता की इच्छा कृतार्थ होती है वही क्षोभाधार है। वहाँ कादि वर्ण और इदन्ता द्वारा विमृष्यमाण—देह नीलादि भाव वर्ग ही क्षोभाधार या योनि कहे गये हैं।

[2]ईषणादि संवेदनों का जो अविभक्त पारमार्थिक संवित् रूप—पारमेश्वर स्वरूप है वही अन्तःस्थ विश्व को स्वेच्छा से बाह्य रूप में प्रकट करता है। इसीलिए उसे बीज कहते हैं। उसी के योग में स्वरों में बीजता मानी जाती है। उपर्युक्त वर्णचतुष्टय न तो बीज है और न क्षोभाधार या योनि।

[3]अनुत्तर, इच्छा, ईशन, उन्मेष और ऊनता ये वर्ण-पञ्चक परस्पर मिश्रित होकर भी नाना वर्ण रूप धारण करते हैं।

---

१. क्षोभः स्याज्ज्ञेयधर्मत्वं क्षोभणा तद्बहिष्कृतिः।
अन्तःस्थविश्वाभिन्नैकबीजांशविसिसृक्षुता ॥ ८३ ॥
क्षोभोऽतदिच्छे तत्त्वेच्छाभासनं क्षोभणां विदुः ॥ तन्त्रा०

चर्याक्रमे हि बीजं सिसृक्षुः पुमान् स्वयं क्षुभ्यति प्रमदां तु क्षोभयति इति। इह चैतदतिरहस्यत्वाद् अप्रस्तुतत्वाच्च न प्रपञ्चितम्, यथोपयोगमूह्यत एव केवलम् ॥ विवेक, पृ० ९४

२. संविदामीषणादीनामनुद्भिन्नविशेषकम् ॥ ८५ ॥
यज्ज्ञेयमात्रं तद्बीजं यद्योगाद्बीजता स्वरे।

३. इत्थं प्रागुदितं यत्तत् पञ्चकं तत्परस्परम् ॥ ९२ ॥
उच्छलद्विविधाकारमन्योऽन्यव्यतिमिश्रणात्।
योऽनुत्तरः परः स्पन्दो यश्चानन्दः समुच्छलन् ॥ ९३ ॥
ताविच्छोन्मेषसङ्घट्टाद् गच्छतोऽतिविचित्रताम्।
अनुत्तरानन्दचिती इच्छाशक्तौ नियोजिते ॥ ९४ ॥
त्रिकोणमिति तत्प्राहुर्विसर्गामोदसुन्दरम् ॥ तन्त्रालोक
त्रिकोणमेकादशमं वह्निगेहं च योनिकम्।
शृङ्गाटं चैव एकारं नामभिः परिकीर्तितम् ॥ विवेक, पृ० १०३

अनुत्तर—'अ', आनन्द—'आ' इच्छा—'इ' और उन्मेष—'उ' से मिलकर 'ए' और 'ओ' बन जाते हैं। चित् और आनन्द को विकल्प से इच्छा से नियुक्त करने पर जो 'ए' रूप बनता है उसको त्रिकोण, वह्निगृह, योनि और शृङ्गाट के नाम से कहा जाता है।

[1]अनुत्तर—अकार और आनन्द—आकार का संयुक्त—दीर्घ रूप आकार है; यह रौद्री आदि शक्तित्रितयमय होने के कारण त्रिकोण रूप है। इस त्रिकोणात्मक आकार के साथ त्रिकोणात्मक ऐकार के योग से षडर 'ऐकार' की निष्पत्ति होती है।

इसी प्रकार 'अ' अथवा 'आ' के साथ उन्मेष—उ का योग होने से 'औ' और 'अ', 'आ' और 'ओ' के योग से 'औकार' का रूप अभिव्यक्त होता है।

उपर्युक्त चारो सन्ध्यक्षर क्रमशः क्रियाशक्ति के अस्फुट, स्फुट, स्फुटतर और स्फुटतम रूप है।

अनुत्तर और आनन्द के साथ इच्छा और उन्मेष के संयोग से जन्य रूपों के सदृश ईशन और ऊनता द्वारा वर्णान्तर की उत्पत्ति नहीं होती, क्योंकि वैसा क्षोभ घटित होने पर भी 'एकार' और 'ओकार' रूप वर्ण ही होंगे। उनकी अन्यथा स्थिति नहीं होगी।

[2]'औ' कार रूप चौदहवें परामर्श (वर्ण) में इच्छा, ज्ञान और क्रिया ये तीनों शक्तियाँ स्फुट रूप से वर्तमान रहती हैं अतः श्रीपूर्वशास्त्र में इसे त्रिशूल वर्ण के नाम से कहा गया है।

---

१. अनुत्तरानन्दशक्ती तत्र रूढिमुपागते ॥ ९५ ॥
त्रिकोणद्वित्वयोगेन व्रजतः षडरस्थितम्।

तत्र त्रिकोणेऽपि यदा अनुत्तरानन्दो रूढिं 'वृद्धिरेचि' इति सन्धिक्रमेण प्ररोहं प्राप्तौ, तदा अनुत्तरस्य पूर्वोक्तनीत्या रौद्र्यादिशक्तित्रयमयत्वेन आनन्दस्यापि तत्स्फारमात्रसारत्वेन त्रिकोणरूपत्वाद् आकारैकारलक्षणत्रिकोणद्वययोगेन षडरां षट्कोणां स्थितिं व्रजत, ऐकाररूपतामवभासयते इति।

जयरथ-व्याख्या, पृ० १०५

त एवोन्मेषयोगेऽपि पुनस्तन्मयतां गते ॥ ९६ ॥
क्रियाशक्तेः स्फुटं रूपमभिव्यङ्क्तः परस्परम् ॥
इच्छोन्मेषगतः क्षोभो यः प्रोक्तस्तद्गतेरपि ॥ ९७ ॥
ते एव शक्ती तादूप्यभागिन्यौ नान्यथा स्थिते।

२. अस्मिंश्चतुर्दशे धाम्नि स्फुरीभूतत्रिशक्तिके ॥ १०४ ॥
त्रिशूलत्वमतः प्राह शास्ता श्रीपूर्वशासने ॥

तन्त्रालोक, तृ० आ०

अनुत्तर शक्ति अपने स्वातन्त्र्य से ग्राह्य-ग्राहक-रूप भावसमूहात्मक ज्ञेय का आकलन करती हैं—इयत्तया परिच्छिन्न करती है। इस परिच्छेद द्वारा स्वरूप गोपनात्मक कालुष्य अथवा सङ्कोच का अवलम्बन करके अपने प्रकाशात्मक शरीर को सर्वसंवेद्य बनाती हुई भी बिन्दु रूप में—परप्रकाशात्मक स्वरूप से अप्रच्युत रूप में—विद्यमान रहती है।

अत्रानुत्तरशक्तिः सा स्वं वपुः प्रकटस्थितम्।
कुर्वन्त्यपि ज्ञेयकलाकालुष्याद्बिन्दुरूपिणी॥ ११०॥

तन्त्र०

तात्पर्य यह है कि परसंवित् अथवा अनुत्तरशक्ति के क्रियाशक्ति पर्यन्त विचित्र रूप में स्फुरित होने पर भी उसके स्वरूप का लोप नहीं होता। इच्छा और ज्ञानरूप तथाविध उपाधियों का त्याग करके अभेद सत्ता में आरूढ होकर चिन्मय पुरुषरूप वेदनात्मक बिन्दुरूप में अवशिष्ट अनुत्तर शक्ति, 'अं' का रूप ग्रहण करती है।

'एवमिच्छाज्ञाने अनुत्तरस्वरूपानुप्रवेशेन प्राक्तोपचये पश्चात् परित्यज्य तथाविधोपाधिपरिस्पन्दसत्तामभेदसत्तारोहणचिन्मयपुरुषतत्त्वस तत्त्ववेदनारूपबिन्दुमात्रावशेषेण वपुषा तथानुत्तरपदलीने अमिति।

परात्रिंशिका, पृ० १७६

ह्लाद, तीक्ष्णता, और दाहकता से अवच्छिन्न, प्रमाण प्रमेय और परिमित-प्रमातृ रूप सोम, सूर्य और अग्नि की आश्रयभूत क्रियाशक्ति के भिन्न-भिन्न रूपों में परिस्फुरित होने पर भी उपाधिशून्य, पूर्ण, परप्रकाश, विदिक्रिया में स्वतन्त्र, परप्रमातृ रूप परमेश्वर शिव ही बिन्दु के नाम से कहे जाते हैं—

उदितायां क्रियाशक्तौ सोमसूर्याग्निधामनि।
अविभागः प्रकाशो यः स बिन्दुः परमो हि नः॥ १११॥
अत्र प्रकाशमात्रं यत्स्थिते धामत्रये सति॥ १३३॥
उक्तं बिन्दुतया शास्त्रे शिवबिन्दुरसौ मतः॥

यह केवल आचार्य अभिनव की स्वोपज्ञतामात्र है ऐसी बात नहीं। 'तत्व-रक्षाविधान' नामक ग्रन्थ में स्वयं परमेश्वर ने—हृदय, भ्रूमध्य, द्वादशान्त-स्थानों में विश्रान्तिभेद से नर, शक्ति शिवात्मक, इच्छाद्यात्मक तथा शिवतत्त्व, विद्यातत्त्व और आत्मतत्त्व के रूप में वेदयिता परप्रकाशरूप बिन्दु ही विश्व के अवभासन की इच्छा से प्रस्फुरित होता है—ऐसा कहा है। इतना होने पर भी यह स्वरूप-च्युत नहीं होता। इसीलिए इस बिन्दु को, संसाराब्धि से पार उतारने और नाना वैचित्र्य के रूप में उल्लसित होने पर भी संविन्मात्र रूप शुद्ध होने के कारण विमलतारक के नाम से कहा गया है—

तत्त्वरक्षाविधाने च तदुक्तं परमेशिना।
हृत्पद्ममण्डलान्तःस्थो नरशक्तिशिवात्मकः॥ ११२॥
बोद्धव्यो लयभेदेन बिन्दुर्विमलतारकः॥ तन्त्रा०

यह शिवबिन्दु, सम्पूर्ण प्राणियों में नादात्मक शब्द के रूप में विद्यमान रहता है। अपने से अभिन्न विश्व का परामर्श करने वाला परावाग्रूप विमर्श ही शब्द है। सब भूतों में 'जीवकला' के रूप में स्फुरित होने के कारण उसे 'नाद' कहते हैं। यह 'ह्' कार की अर्द्धार्धरूप अमाकला के नाम से विख्यात है। इसे 'अस्वर' कहा जाता है। यही 'अकार' है जो सम्पूर्ण वर्णों में अन्तर्यामी रूप से अवस्थित रहता है—'**अकारः सर्ववर्णानामन्तर्यामितया स्थितः।**'

विवेक, पृ० १२०

वह बिन्दु अधः और ऊर्ध्व विभागों में—अनुत्तर से शूलबीज पर्यन्त अथवा हकार पर्यन्त प्राणन रूप से स्थित रहता है; या सूर्यचन्द्रात्मक प्राणापान के प्रवाह रूप से अवस्थान करता है। वही 'परा जीवकला' है।

योऽसौ नादात्मकः शब्दः सर्वप्राणिष्ववस्थितः॥ ११३॥
अध ऊर्ध्वविभागेन निष्क्रियेणावतिष्ठते॥

तन्त्रालोक, तृ० आ०

ऊपर विश्व-वैचित्र्य के रूप में तथा वर्णों के रूप में स्फुरित, बिन्दु को स्वरूप का निर्देश किया गया है। दोनों दशाओं में उसके स्वरूप की अक्षुण्णता की बात कही गई है। यहाँ वर्णमाला में उसे शक्तिमत्परामर्श (वर्ण) समझना चाहिए। क्योंकि आगे विसर्ग की चर्चा करते हुए उसको—विसर्ग को शक्तिप्रधान परामर्श कहा जायगा।

एक बात और विचारणीय है। बिन्दु और मकार में क्या अन्तर है; वे दोनों एक हैं या पृथक्? वस्तुतः जैसे षण्ढ वर्ण और विसर्ग के आश्रित रेफ, लकार और हकार, वैसी श्रुतिमात्र धारण करने पर भी रेफादि से भिन्न हैं वैसे ही बिन्दु भी मकार से भिन्न है। जैसे इकार, रेफांश की छाया से प्रतिच्छायित होकर स्वरान्तर का रूप ग्रहण करता है वैसे ही अस्वर, अनुत्तर, प्रकाशात्मा (अकार) चित् शक्त्यात्मक आदि वर्ण, 'मकार' और 'हकार' के लेशस्वरूप उपाधि का अवलम्बन करके वैसी ही श्रुतिमात्र से बिन्दु और विसर्ग इन दो रूपों में विभक्त होकर परामर्शान्तर (वर्णान्तर) का स्वरूप ग्रहण करता है, अनुत्तररूप प्रकाश अपने स्वातन्त्र्य से स्वरूप को छिपाकर शक्तिदशा को आभासित करके संकुचित प्रभातृरूपता को प्रकाशित करता है। अतएव इस अकार का—'अकारश्च हकारश्च द्वावेतावेकतः स्थितौ' इस उक्ति से तथा—'हकाररूप शक्ति के साथ मकाररूप नर, हृदय में स्थित है'—'**हकाररूपया शक्त्या मकारो ना हृदि स्थितः**'—इस

उक्ति द्वारा संकुचित प्रमातात्मक मकार के साथ तादात्म्य घटित होता है—

मकारादन्य एवायं तच्छायामात्रधृद्यथा ॥ १३६ ॥
रलहा षण्ढवैसर्गवर्णरूपत्वसंस्थिता: ।
इकार एव रेफांशच्छाययान्यो यथा स्वरः ॥ १३५ ॥
तथैव महलेशादः सोऽन्यो द्वेधास्वरोऽपि सन् ॥

तन्त्रा०, तृ० आ०

अनुत्तर प्रकाशात्मक आदि वर्ण के अन्तर्गत कौलिकी या परा नामक शक्ति विद्यमान रहती है। यही परप्रमाता के साथ ऐक्य रूप से वर्तमान विमर्शात्मा विसिसृक्षा है। यह निश्चित रूप से बाह्य उन्मुखतात्मक क्षोभ के कारण विसर्ग का रूप ग्रहण करती है; इसी के द्वारा आनन्द के उदय से लेकर क्रियाशक्ति पर्यन्त वर्णों का विकास होता है—

अस्यान्तर्विसिसृक्षासौ या प्रोक्ता कौलिकी परा ॥ १३६ ॥
सैव क्षोभवशादेति विसर्गात्मकतां ध्रुवम् ॥

त्रिशिरोभैरवशास्त्र में अमा नामक कला के स्वरूप और उसके विकास सम्बन्धी विचार के अवसर पर स्वयं परमेश्वर ने भगवती से कहा है कि प्रमातृ और प्रमेयात्मक विश्व के सृष्टि-संहार-विभ्रम, विसर्गमात्र स्वरूप ही है।" और वहीं पर विसर्ग के तीन रूपों की चर्चा की गई है—१. पर २. अपर और ३. परापर। हकार अपर विसर्ग है; स्वरूपस्थ विसर्जनीय शब्द वाच्य जो दो बिन्दु है—वह परापर विसर्ग है। परविसर्ग को ही सप्तदशी कला के नाम से कहा गया है। [1]षोडशकल पुरुष में, अन्तःकरण प्रभृति सोलह कलाओं को आप्लावित करती हुई यह नित्योदित, अनस्तमित, चिन्मात्रस्वभाव अमृता कला के नाम से कही जाती है। हकार का अर्धार्धरूप यह अमाख्य सप्तदशी कला, कौलिकी और परा शब्दों द्वारा बोध्य है। यही आनन्दात्मक परविसर्ग, बहिर्भावरूप औन्मुख्य से विरहित अतः विसर्गहीन प्रसुप्तभुजगाकार स्वात्म-मात्र-विश्रान्त, परासंविद्रूप शक्तिकुण्डलिनी शब्द द्वारा व्यपदिष्ट होती है। और विसर्ग के बहिर्भावरूप उन्मुखतात्मक आदि कोटि या प्रान्तदेश में प्राण-कुण्डलिका कही जाती है, जैसा कि कहा है—"प्राक् संवित् प्राणे परिणता।" पुनः प्रत्यावृत्ति के क्रम में अन्तर्भावोन्मुखतात्मक अन्तकोटिरूप प्रान्त में स्वात्म-विश्रान्त, परसंवित्रूप ग्रहण करके 'परा कुण्डलिनी' कही जाती है। इस प्रकार यही संविन्मात्ररूप सप्तदशी कला शिवव्योम, परब्रह्म, शुद्धात्म-स्थान आदि नामों द्वारा निर्दिष्ट की जाती है—

१. पुरुषे षोडशकले तामाहुरमृतां कलाम् ।

विवेक, पृ० १४१

उक्तं च त्रिशिरःशास्त्रे कलाव्याप्त्यन्तचर्चने ॥ १३७ ॥
कला सप्तदशी तस्मादमृताकाररूपिणी ।
परापरस्वस्वरूपबिन्दुगत्या विसर्पिता ॥ १३८ ॥
प्रकाश्यं सर्ववस्तूनां विसर्गरहिता तु सा ।
शक्तिकुण्डलिका चैव प्राणकुण्डलिका तथा ॥ १३९ ॥
विसर्गप्रान्तदेशे तु पराकुण्डलिनीति च ।
शिवश्योमेति परमं ब्रह्मात्मस्थानमुच्यते ॥ १४० ॥
विसर्गमात्रं नाथस्य सृष्टिसंहारविभ्रमाः ॥

अखण्ड परा संवित् स्वयं, स्वात्मा में जो स्वात्मक्षेप करती है यही सृष्टि स्थिति और संहाररूप वैसर्गिकी स्थिति है। अनन्यापेक्ष, पूर्ण, परा संवित् रूप विसर्ग ही कादि-हान्त वर्णों के रूप में परिस्फुरित होती है।

यह विसर्ग स्थूल होकर 'हकार' वर्ण का रूप ग्रहण करती है जिसका हंस, प्राण, व्यञ्जन, स्पर्श आदि नामों से उल्लेख किया जाता है—

'स्वात्मनः स्वात्मनि स्वात्मक्षेपो वैसर्गिकी स्थितिः' ॥ १४१ ॥
विसर्ग एवमुत्सृष्ट आश्यानत्वमुपागतः ।
हंसः प्राणो व्यञ्जनं च स्पर्शश्च परिभाष्यते ॥ १४२ ॥

सम्पूर्ण विश्व, शक्तियों से व्याप्त है और महेश्वर ही शक्तिमान् हैं। 'शक्तयोऽस्य जगत्कृत्स्नं शक्तिमांस्तु महेश्वरः' इस उक्ति द्वारा यह स्पष्ट है। पर, अनुत्तरप्रकाश का स्वशक्तिस्फार ही विश्व है फिर 'विसर्गमात्रं नाथस्य सृष्टिसंहारविभ्रमाः' की अन्यथोक्ति कैसी ? वस्तुतः अनुत्तर परधाम, अकुल शब्द द्वारा बोध्य है। और अनुत्तरनाथ की जो कौलिकी शक्ति है वही विसर्ग है अतः कोई विरोध नहीं।

अनुत्तरं परं धाम तदेवाकुलमुच्यते ।
विसर्गस्तस्य नाथस्य कौलिकी शक्तिरुच्यते ॥ १४३ ॥

इस कौलिकी शक्ति की विसर्गता—विसृष्टिरूप क्रिया की कर्तृता इसी बात में है कि वह आनन्द, इच्छा आदि के क्रम से, भिन्नावभासरूप क्रिया-शक्ति पर्यन्त उन उन परामर्शों (वर्णों) के वैचित्र्य के रूप में स्फुरित होती है इसीलिए जिसमें वर्णों का विभाग स्पष्ट नहीं है अर्थात् नादमात्रात्मक विसर्ग को कुलगुह्यरशास्त्र में कामतत्त्व (अप्रतिहत इच्छा) के नाम से कहा गया है—

विसर्गता च सैवास्या यदानन्दोदयक्रमात् ।
स्पष्टीभूतक्रियाशक्तिपर्यन्ता प्रोच्छलत्स्थितिः ॥ १४४ ॥

अत एव विसर्गोयमव्यक्तहककलात्मकः ।
कामतत्त्वमितिश्रीमत्कुलगुह्वर उच्यते ॥ १४६ ॥

इस कामतत्त्वात्मक विसर्ग में चित्त को समाहित करके जगत को एक साथ ही वश में किया जा सकता है। यह विसर्ग अक्षर है—नित्य उदित रहने के कारण इसके प्राच्यस्वरूप की प्रच्युति नहीं होती।[1] इसका न तो कोई उच्चारण करने वाला है और न प्रतिहन्ता; यह विसर्गरूप देव प्राणियों के हृदयदेश में स्वतः उच्चरित होता रहता है, इसीलिए इसे अनिच्छ और अव्यक्त कहा जाता है। यह ध्वनि[2] रूप, सतत उदित, नादमात्र-स्वभाव है। इतना होने पर भी उपभोग के अवसर पर रतिसुख की समापत्ति से सम्बद्ध विवशता के कारण कान्ता के कण्ठ से 'हा हा' के रूप में स्वभावतः अभिव्यक्त हो उठता है—

यत्तदक्षरमव्यक्तकान्ताकण्ठे व्यवस्थितम् ।
ध्वनिरूपमनिच्छं तु ध्यानधारणवर्जितम् ॥
तत्र चित्तं समाधाय वशयेद्युगपज्जगत् ।

जिस प्रकार विसर्ग का ही स्थूल रूप 'ह' है वैसे ही अनुत्तर (अ) इच्छा (इ) आदि स्वर ही 'क' से लेकर 'स' पर्यन्त व्यञ्जनों के रूप में अवभासित होते हैं।

अतएव विसर्गस्य हंसे यद्वत् स्फुटा स्थितिः ॥ १४८ ॥
तद्वत्सानुत्तरादीनां कादिसान्ततया स्थितिः ॥ तं० तृ० आ०

[3]अनुत्तर से पञ्चवर्णात्मक कवर्ग की उत्पत्ति होती है। अनुत्तर यद्यपि

---

१. नास्योच्चारयिता कश्चित् प्रतिहन्ता न विद्यते ।
स्वयमुच्चरते देवः प्राणिनामुरसि स्थितः ॥
विवेक, पृ० १४९

२. नादाख्यं तत्परं बीजं सर्वभूतेष्ववस्थितम् ॥ वही, पृ० १४९
यत्तदक्षरमक्षोभ्यं प्रियाकण्ठोदितं परम् ।
सहजं नाद इत्युक्तं तत्त्वं नित्योदितो जपः ॥
नित्यानन्दरसास्वादाद्धाहेति गलकोदरे ।
स्वयम्भूः सुखदोच्चारः कामतत्त्वस्य वेदकः ।
अतिसौख्यसमावेशविवशीकृतचेतसः ।
अविच्छिन्नं जपन्त्येनमङ्गनासङ्गमोत्सवे ।

३. अनुत्तरात्कवर्गस्य सूतिः पञ्चात्मनः स्फुटम् ॥ १४९ ॥
पञ्चशक्त्यात्मतावेश एकैकत्र यथा स्फुटः ॥
तन्त्रा० तृ० आ०

चित् शक्ति प्रधान है तथापि उसमें आनन्द, ज्ञान, इच्छा और क्रिया ये शक्तियाँ विद्यमान रहती हैं। अतः उससे जनित कवर्ग भी पञ्चात्मक है।

स्वरूपस्थ अर्थात् इष्यमाण से अनारूषित अक्षुब्ध इच्छाशक्ति से पञ्च-शक्त्यात्मक चवर्ग की उत्पत्ति होती है। वर्ग के पांचों वर्णों में क्रमशः चिदादि शक्तियाँ प्रस्फुटित होती हैं।

अक्षुब्ध और क्षुब्धात्मक अर्थात् ऋकार और ऌकारात्मक विविध इच्छा शक्ति से टवर्ग और तवर्ग की उत्पत्ति होती है।

उन्मेष से पवर्ग उदित होता है। यहीं तक विश्व की स्थिति है[1]।

इच्छाशक्तेः स्वस्वरूपसंस्थाया एकरूपतः ॥ १५० ॥
चवर्गः पञ्चशक्त्यात्मा क्रमप्रस्फुटतात्मकः।
या तूक्ता ज्ञेयकालुष्यभाक्षिप्रचरयोगतः ॥ १५१ ॥
द्विरूपायास्ततो जातं टताद्यं वर्गयुग्मकम्।
उन्मेषात् पादिवर्गस्तु यतो विश्वं समाप्यते ॥

तन्त्रा० तृ० आ०

क से लेकर म पर्यन्त २५ वर्ण स्पर्श कहे जाते हैं। ये वर्ण पृथ्वी से लेकर पुरुष पर्यन्त २५ तत्त्वों के प्राकृतिक वाचक हैं। स्फुटरूप से ज्ञेय होने के कारण इतने में ही विश्व के समाप्ति की सूचकता की बात ऊपर कही गई है। यद्यपि इनसे परे अन्य तत्त्व भी विद्यमान हैं किन्तु उनको ज्ञाता के अन्तरङ्ग मान कर स्थूल ज्ञेयात्मक विश्व के अन्तर्गत नहीं लिया गया। ये इन्द्रियों से स्पृश्य हैं अतः इन्हें स्पर्श कहा जाता है। 'कादयो मावसानाः स्पर्शाः।' यह वाचक वर्णों के अभिप्राय से कहा गया है। वाच्य पृथिव्यादि से श्रीमद्भगवद्गीता में कहा गया है :—

'मात्रास्पर्शास्तुकौन्तेय शीतोष्णसुखदुःखदाः।
आगमापायिनोऽनित्यास्ताँस्तितिक्षस्व भारत ॥ १५।२।

[2]मात्रा अर्थात् इन्द्रियों द्वारा जिनका स्पर्श किया जाता है वे भौतिक पदार्थ आगम और अपाययुक्त हैं।

---

१. अकुलात् पञ्चशक्त्यात्मा द्वितीयो वर्ग उत्थितः।
अनारूषितरूपाया इच्छायाश्च ततः परः।
वह्निक्षमाजुषस्तस्याष्टताद्यं च द्वयं ततः।
पादिरुन्मेषतो जात इति स्पर्शाः प्रकीर्तिताः ॥

विवेक, पृ० १५४

२. मात्राभिरिन्द्रियैरेषां स्पर्शो न तु साक्षात्परमात्मनः।

गीतार्थसंग्रह।

ऊपर इन्द्रिय और पुरुष को भी ज्ञेय कहा गया है। वस्तुतः पुरुष तो प्रमाता है और इन्द्रियाँ हैं करण अतः ये दोनों ज्ञेय कोटि में कैसे आ सकते हैं? उपर्युक्त कथन शून्यप्रमाता (प्रलयदशा में मायावस्थित जीव) आदि के अभिप्राय से है अतः इसमें कोई दोष नहीं—

ज्ञेयरूपमिदं पञ्चविंशत्यन्तं यतः स्फुटम्।
ज्ञेयत्वात्स्फुटतः प्रोक्तमेतावत्स्पर्शरूपकम्॥ १५३॥

तन्त्रा०

अत्र च पुंसः प्रमातृत्वेऽपि करणानां च करणत्वादेव प्रमाणत्वेऽपि यज्ज्ञेयत्वमुक्तं तच्छून्यादिप्रमात्रन्तराभिप्रायेण॥

तन्त्रालोकविवेक, पृ० १५६

क्षुभित और अक्षुभित इच्छाशक्ति, जब विजातीय, चिद्रूप शक्त्यंश अनुत्तर की ओर उन्मुख होती है तभी यकार के रूप में उसका स्फुरण होता है।

द्विविध इच्छाशक्ति का तेज और धरा के साथ जो ऋ, ऌ रूप तादात्म्य है वह जब अनुत्तरात्मक विजातीय के प्रति उन्मुख होता है तो 'र' और 'ल' की उत्पत्ति होती है।

इसी प्रकार दो रूपों वाली उन्मेषशक्ति जब वैजात्यशक्ति अथवा अनुत्तर के साथ संहित होती है तो 'वकार' का प्रादुर्भाव होता है। यह 'व' सृष्टिसारात्मक जल का वर्षण करने वाला है—

इच्छाशक्तिश्च या द्वेधा क्षुभिताक्षुभितत्वतः।
सा विजातीयशक्त्यंशप्रोन्मुखी याति यात्मताम्॥ १५४॥
सैव शीघ्रतरोपात्तज्ञेयकालुष्यरूषिता।
विजातीयोन्मुखत्वेन रत्वं लत्वं च गच्छति॥ १५५॥
तद्वदुन्मेषशक्तिर्द्विरूपा वैजात्यशक्तिगा।
वकारत्वं प्रपद्येत सृष्टिसारप्रवर्षकम्॥ १५६॥

कारण-भेद से कार्य-भेद देखा जाता है। यकारादि के प्रादुर्भाव में इच्छा और अनुत्तर का संघट्ट कारण है। ऐसा ही संघट्ट पिछले 'ए' आदि की उत्पत्ति में भी कारण बन चुका है। ऐसी स्थिति में यकारादि-भेद कैसे सिद्ध होगा यह शंका संगत है। किन्तु वास्तव में उपाधि-भेद से कार्य-भेद बनता है। अनुत्तर और आनन्द के साथ इच्छा की सन्धिदशा में संस्कारात्मक वेग ही उपाधि का कार्य करता है इसलिए यहाँ यकारात्मक वायुबीज का उद्भव सम्भव हो जाता है।

इसी प्रकार भास्वरता-लक्षण धर्म और स्थिरतात्मक धर्म को उपरञ्जक के रूप में अवलम्बन करके इच्छाशक्ति वह्निबीजरूप रेफात्मकता और धरा-बीज लकारात्मकता को आभासित करती है।

इच्छा और उन्मेष के अन्तः—अभेद से अवस्थित होने के कारण तथा स्व अर्थात् प्रमाता-रूप आत्मा के साथ ऐक्य रूप में वर्तमान होने से 'य, र, ल, व' को अन्तःस्थ कहते हैं—

इच्छैवानुत्तरानन्दयाता शीघ्रत्वयोगतः।
वायुरित्युच्यते वह्निर्भासनात्स्थैर्यतो धरा॥ १५७॥
इदं चतुष्कमन्तःस्थमत एव निगद्यते।
इच्छाद्यन्तर्गतत्वेन स्वसमाप्तौ च संस्थिते॥ १५८॥

इच्छाशक्ति के तीन रूप हैं—१. अनुन्मिषित, २. उन्मीलत् और ३. प्रोन्मीलित। स्रष्टव्य[1] से विप्रकृष्ट अथवा अनारूषित, इच्छामात्र, शुद्ध इच्छा-शक्ति 'इकार' को अनुन्मिषित कहते हैं। शीघ्ररूप स्रष्टव्य से आरूषित (तादात्म्यापन्न) इच्छाशक्ति ही 'ऋकार' है, यह उन्मीलत् रूप होती है। स्थैर्यात्मक स्रष्टव्य से अभिन्न इच्छाशक्ति ऌकार है, इसे प्रोन्मीलित कहते हैं। यह त्रिविध इच्छाशक्ति अर्थात् 'इ' 'ऋ' और 'ऌ' स्वातन्त्र्यरूप ऊष्मा अथवा स्वात्म तेज द्वारा बाह्यरूप में उल्लासित होने पर 'श', 'ष' और 'स' इन तीन रूपों में स्फुरित होती है। 'ह' कार विसर्ग का ही स्थूल रूप है, यह पहले कहा जा चुका है—

इच्छा या कर्मणा हीना या चैष्टव्येन रूषिता॥ १६२॥
शीघ्रस्थैर्यप्रभिन्नेन त्रिधाभावमुपागता।
अनुन्मिषितमुन्मीलत्प्रोन्मीलितमिति स्थितम्॥ १६३॥
इष्यमाणं त्रिधैतस्यां ताद्रूप्यस्यापरिच्युतेः।
तदेव स्वोष्मणा स्वात्मस्वातन्त्र्यप्रेरणात्मना॥ १६४॥
बहिर्भाव्य स्फुटं क्षिप्तं शषसत्रितयं स्थितम्॥
एतद्वर्णचतुष्कस्य स्वोष्मणाभासनावशात्।
ऊष्मेति कथितं नाम भैरवेणामलात्मना॥

[2]'स' वर्ण में सम्पूर्ण विश्व स्फुट रूप से प्रकाशित होता है। योगी लोग

---

१. 'तत्सा केवलमिच्छामात्ररूपा स्रष्टव्यस्य विप्रकृष्टा।'
पृ० १६३ विवेक में उद्धृत-प्रत्यभिज्ञाशास्त्र

२. सार्णेनाण्डत्रयं व्याप्तम्।—वही

इसे अमृत अथवा परधाम कहते हैं।[1] सोम, अमृतनाथ, सुधासार, सुधानिधि षड्रसाधार आदि नामों से 'स' कार का बोध होता है। क्षोभ के आदि, अन्त और विरामदशा में सीत्कार, सुख, सद्भावात्मक, समावेशरूप समाधि आदि आनन्द स्थानों में उसी परामृतरूप सकार की अभिव्यक्ति होती है।

करणवर्ग या इन्द्रियों की क्षोभ-दशा में जो आनन्द होता है वह सीत्कार से अभिव्यक्त होता है। क्षोभ का अन्त होने पर जब करणवर्ग स्वात्ममात्र में विश्रान्त होता है तो परसामरस्यात्मक सौख्य-समावेश घटित होता है। इसके पश्चात् वहीं दृढ़ता के साथ समाविष्ट होने पर 'सद्' ब्रह्म सम्बन्धी समाधि का प्रादुर्भाव होता है। यही अविभक्त परब्रह्म है। गीता[2] में ॐ, तत्, सत् द्वारा त्रिविध ब्रह्म की चर्चा की गई है। यह तृतीय[3] ब्रह्म ही 'सकार' है।

तत एव सकारेऽस्मिन् स्फुटं विश्वं प्रकाशते ॥ १६५ ॥
अमृतं च परं धाम योगिनस्तत्प्रचक्षते।
क्षोभाद्यन्तविरामेषु तदेव च परामृतम् ॥ १६६ ॥
सीत्कारसुखसद्भावसमावेशसमाधिषु।
तदेव ब्रह्म परममविभक्तं प्रचक्षते ॥ १६७ ॥

यहाँ यह शंका अवश्य होती है कि पहले 'ऋ ऌ' को षण्ढ वर्ण कहा गया है और उनके द्वारा टवर्गादि के जन्म की भी बात कही गई। यह कैसे सम्भव है ?

वस्तुतः षण्ढ वर्णगत इच्छाशक्ति ही अन्तःस्थित—अभिन्न रूप से वर्तमान टवर्गादि को बाह्य रूप में उल्लसित करती है। षण्ढ वर्णगत चिर और क्षिप्र-स्वभाव रूषणा (तादात्म्य) का हेतु जो एषितव्य है, वह वर्णान्तरों का जनक नहीं है। उस ज्ञेय या एषितव्य से कालुष्य मात्र उत्पन्न होता है यही इसकी चरितार्थता है। यह कार्यान्तर के उत्पन्न करने में समर्थ नहीं है।

कालुष्य अथवा उसका निमित्त एषितव्य, इस इच्छाशक्ति का शरीर रूप है। प्रकाशैकस्वभाव इच्छाशक्ति के अतिरिक्त और कुछ नहीं, यही अभिप्राय है। इष्यमाण का इच्छा से मेल ही षण्ढता है इसी लिये इन्हें समुदायात्मक कहा जाता है। इसमें न क्षोभकता होती है और न क्षोभाधारता। 'नन्वत्र षण्ढ-वर्णेभ्यो जन्मोक्तं तेन षण्ढता।'

---

१. सोमं चामृतनाथं च सुधासारं सुधानिधिम्।
सकारं षड्रसाधारं नामभिः परिकीर्तितम्।
विवेक, पृ० १६४

२. ॐ तत् सदिति निर्देशो ब्रह्मणस्त्रिविधः स्मृतः। श्रीमद्भगवद्गीता

३. तृतीयं ब्रह्म सुश्रोणि। १०। परात्रिंशिका।

कथं स्यादितिचेद्ब्रूमो नात्र षण्ढस्य सोतृता ॥ १७५ ॥
तथाहि तत्रगा यासाविच्छाशक्तिरुदीरिता ।
सैव सूते स्वकर्तव्यमन्तःस्थं स्वेष्टरूपकम् ॥ १७६ ॥
यत्त्वत्र रूषणाहेतुरेषितव्यं स्थितं ततः ।
भागान्न प्रसवस्तज्जं कालुष्यं तद्वपुश्च तत् ॥ १७७ ॥
ज्ञेयारूषणया युक्तं समुदायात्मकं विदुः ।
षण्ढं क्षोभकताक्षोभधामत्वाभावयोगतः ॥ १७८ ॥

उपर्युक्त 'क' से लेकर 'ह' पर्यन्त समस्त वर्ण क्षोभाधार अथवा योनि कहे जाते हैं। योनि का योनि से भी योग होने पर क्षोभान्तर की उत्पत्ति होती है। अनुत्तर और विसर्ग के सारभूत ककार और सकार के संघट्ट से 'क्ष' कार का जन्म होता है। यह निखिल वर्णों का समाहारक कूट[1] बीज है। मातृका का तत्त्व युगपत् इसी वर्ण में प्रदर्शित हुआ है। इस वर्ण को लेकर ही वर्णों की पचास संख्या पूर्ण होती है—

कादिहान्तमिदं प्राहुः क्षोभाधारतया बुधाः ।
योनिरूपेण तस्यापि योगे क्षोभान्तरं व्रजेत् ॥ १८० ॥
तन्निदर्शनयोगेन पञ्चाशत्तमवर्णता ॥

तन्त्रालोक, तृ० आ

[2]पूर्वोक्त वर्णसमूह पहले स्वरमय ही था; उदय के पूर्व स्वरों में ही

---

१. तदियत्पर्यन्तं यन्मातृकायास्तत्त्वं तदेव ककारसकारप्रत्याहारेण अनुत्तर-विसर्गसङ्घट्टसारेण कूटबीजेन प्रदर्शितमन्ते, इत्यलं रहस्यप्रकटनेन ।

शिवसूत्रविमर्शिनी, द्वि० उन्मेष, पृ० ६३

२. इत्थं यद्वर्णजातं त्वत् सर्वं स्वरमयं पुरा ॥ १८३ ।
व्यक्तियोगाद्व्यञ्जनं तत्स्वरप्राणं यतः किल ॥
स्वराणां षट्कमेवेह मूलं स्याद्वर्णसन्ततौ ॥ १८४ ॥
षड्देवतास्तु ता एव ये मुख्याः सूर्यरश्मयः ।
सौराणामेव रश्मीनामन्तश्चान्द्रकला यतः ॥ १८५ ॥
अतोऽत्र दीर्घत्रितयं स्फुटं चान्द्रमसं वपुः ।
चन्द्रश्च नाम नैवान्यो भोग्यं भोक्तुश्च नापरम् ॥ १८६ ॥
भोक्तैव भोग्यभावेन द्वैविध्यात् संव्यवस्थितः ।
घटस्य नहि भोग्यत्वं स्वं वपुर्मातृगं हि तत् ॥ १८७ ॥
अतो मातरि या रूढिः सास्य भोग्यत्वमुच्यते ॥

तं० तृ० आ०

शक्ति रूप से अवस्थित था। पश्चात् बाह्य रूप में अभिव्यक्त होकर व्यञ्जन के रूप में ख्यात हुआ। व्यञ्जनदशा में भी स्वर से अनुप्राणित रहता है। इस प्रकार व्यञ्जन-वर्णों का मूल कारण स्वर ही है। स्वरों में भी आदिम छह (अ, आ, इ, ई, उ, ऊ) ही सम्पूर्ण वर्ण-सन्तान के जनक हैं। वे ही छह देवता हैं जिन्हें सूर्य की दहनी, पचनी, धूम्रा, कर्षिणी, वर्षिणी और रसाख्य रश्मियों के नाम से लोग जानते हैं।

सौररश्मियों के अन्तर्गत चान्द्रकलायें भी विद्यमान रहती हैं। अतः आ, ई, और ऊ इन तीन दीर्घ स्वरों को चान्द्रवपु ही समझना चाहिये। चन्द्र, सूर्य से अतिरिक्त नहीं है। चन्द्र भोग्य है और सूर्य भोक्ता। भोक्ता और भोग्य में वास्तविक अन्तर नहीं। भोक्ता ही भोग्यरूप में स्फुरित होता है। घटादि की ज्ञेयता उसका आत्मीय धर्म नहीं है किन्तु वह ज्ञाता का ही धर्म है। अतः घटादि की जो ज्ञाता में विश्रान्ति है वही ज्ञेय है।

[1]अनुत्तर—अकारात्मक पररूप ही अपनी आत्मा में भोक्तृ—भोग्य-भाव को आभासित करके परस्पर उन्मुख होकर संघट्टरूप प्राप्त करके भोग्य कहा जाता है। अतः दो अकारों का संघट्ट ही आकाररूप भोग्य है। इसी प्रकार इच्छादिक में भी समझना चाहिए।

वस्तुतः अनुत्तर-अकार ही पारमार्थिक भोक्ता है। इच्छादिकों में स्वापेक्षया भोक्तृत्व है अनुत्तर की अपेक्षा से तो वे भोग्य ही हैं। भोक्ता रूप अनुत्तर की प्रधानता से सन्ध्यक्षरों का उदय होता है। अन्तःस्थों में अनुत्तर गुणीभूत होता है और इच्छादि प्रधान।

---

१. अनुत्तरं परामृश्यपरामर्शकभावतः ॥ १८८ ॥
सङ्घट्टरूपतां प्राप्तं भोग्यमिच्छादिकं तथा।
अनुत्तरानन्दभुवामिच्छाद्ये भोग्यतां गते ॥ १८९ ॥
सन्ध्यक्षराणामुदयो भोक्तृरूपं च कथ्यते।
अनुत्तरानन्दमयो देवो भोक्तैव कथ्यते ॥ १९० ॥
इच्छादिकं भोग्यमेव तत एवास्य शक्तिता।
भोग्यं भोक्तरि लीनं चेद् भोक्ता तद्वस्तुतः स्फुटः ॥ १९१ ॥
अतः षण्णां त्रिकं सारं चिदित्युन्मेषणात्मकम्।
तदेव त्रितयं प्राहुर्भैरवस्य परं महः ॥ १९२ ॥
तत्त्रिकं परमेशस्य पूर्णा शक्तिः प्रगीयते ॥

तन्त्रालोक, तृ० आ०

आनन्द यद्यपि भोग्य है तथापि अनुत्तर से अभिन्न होने पर वह भी भोक्ता कहा जाता है। इच्छादिक तो भोग्य ही हैं। उनमें पारमार्थिक भोक्तृता नहीं है और इसीलिए उन्हें शक्ति कहा जाता है। भोग्य के भोक्ता में लीन होने पर भोक्ता ही शेष रहता है। भोक्ता का प्रसार ही भोग्य है। आ, ई और ऊ ये दीर्घात्मक भोग्य-त्रितय अ, इ और उ में जब विश्रान्त हो जाते हैं तो चित्, इच्छा और उन्मेष ये तीन ही सारभूत वर्ण शेष रहते हैं। अतः छः स्वरों में अकार, इकार और उकार का त्रिक ही प्रधान है। यह त्रिक भैरव का शाक्त तेज है, इसी पूर्ण संघटित त्रिक को परमेश की पूर्णा [1]स्वातन्त्र्य नामक शक्ति कहा गया है। इस त्रिक द्वारा ही समस्त विश्व प्रसूत होता है। इसे स्वच्छन्द-शास्त्र में शैवी मुख कहा गया है। स्वातन्त्र्य शक्तिरूप इस त्रिक के सहारे ही अनवच्छिन्नस्वभाव, पूर्ण, शक्तिमद्रूप परमात्मा का लाभ होता है।

[2]निरंश प्रकाशात्मा पर भैरव ही विभाग के आभासन की इच्छा से तीन मुख्य शक्तियों के रूप में प्रतीत होता है। अकार ही अनुत्तरा पराशक्ति है। इ-इच्छा परापरा और उ-उन्मेषात्मक ज्ञानशक्ति अपरा कही जाती है। इन्हीं के क्षोभ से छः संवित् (अ, आ, इ, ई, उ, ऊ) शक्तियों का उदय होता है। इन छः शक्तियों के साथ क्रियाशक्ति का योग होने पर बारह संवित्तियां प्रकट होती हैं जिनमें सारा विश्व समाप्ति लाभ करता है। षण्ढ वर्णों को छोड़कर शेष बारह स्वरों को ही यहां द्वादश संवित्ति समझना चाहिए। देवदेव परभैरव का यही मुख्य शक्ति-चक्र है। कलना, परामर्श, क्षेप, विसर्ग, संहार और गणना, ज्ञान इन अर्थों के वाचक होने के कारण इन द्वादश स्वरों को कालिका भी कहा जाता है। त्रिकसारशास्त्र में कहा गया है कि द्वादश योगिनीगणों से आवृत भैरवात्मक परा एकाक्षरा की अर्चना करनी चाहिए।

---

१. तेनाक्षिप्तं यतो विश्वमतोऽस्मिन् समुपासते ॥ १९३ ॥
विश्वशक्तावविच्छेदवन्ध्ये जातमुपासनम् ॥

× × ×

२. विभागाभासनायां च मुख्यास्तिस्त्रोऽत्रशक्तयः ॥ २४८ ॥
अनुत्तरा परेच्छा च परापरतया स्थिता।
उन्मेषशक्तिर्ज्ञानाख्या त्वपरेति निगद्यते ॥ २४९ ॥
क्षोभरूपात् पुनस्तासामुक्ताः षट्संविदोऽमलाः।
आसामेव समावेशात् क्रियाशक्तितयोदितात् ॥ २५० ॥
संविदो द्वादश प्रोक्ता यासु सर्वं समाप्यते।
एतावद्देवदेवस्य मुख्यं तच्छक्तिचक्रकम् ॥ २५१ ॥
एतावता देवदेवः पूर्णशक्तिः स भैरवः।

इन्हीं द्वादश योगिनी-कालिकाओं अथवा स्वरों द्वारा चौसठ वर्णों से युक्त शक्ति-चक्र का निर्माण होता है—

परामर्शात्मकत्वेन विसर्गाक्षेपयोगतः ॥ २५२ ॥
इयत्ताकलनाज्ञानात्ताः प्रोक्ताः कालिकाः क्वचित् ॥
श्रीसारशास्त्रे चाप्युक्तं मध्य एकाक्षरां पराम् ॥ २५३ ॥
पूजयेद् भैरवात्माख्यां योगिनीद्वादशावृताम् ।
ताभ्य एव चतुःषष्टिपर्यन्तं शक्तिचक्रकम् ॥ २५४ ॥

तन्त्रसम्मत 'अ' से लेकर 'क्ष' पर्यन्त पचास वर्ण या आमर्शों से पूर्ण शक्तिमान्, विमर्शात्मा महेश्वर एक ही है। पचास से अतिरिक्त इन्हीं वर्णों के संयोग-वियोग से जन्य अन्य शक्तियाँ इसी में अवस्थित हैं।

आमृश्य से शून्य, एक आमर्श स्वभावशाली, पचास वर्णों को एक अखण्ड रूप से सङ्कलित करके जिसे शब्दराशि कहा जाता है वही भैरव है। आमृश्य की छाया के योग से वही शक्ति अथवा मातृका कही जाती है। [1]नववर्गों में विभक्त, शब्दराशि के पारस्परिक मेल से भिन्न-योनिस्वरूप, उसी को मालिनी कहा जाता है। एक-एक आमर्श— वर्ण की रूढ़ि से वही पचास रूपों में देखी जाती है।

---

१. या सा शक्तिर्जगद्धातुः कथितासमवायिनी ।
इच्छात्वं तस्य सा देवि सिसृक्षोः प्रतिपद्यते ॥ ५ ॥
सैकापि सत्यनेकत्वं यथा गच्छति तच्छृणु ।
एवमेतदिति ज्ञेयं नान्यथेति सुनिश्चितम् ॥ ६ ॥
ज्ञापयन्ती जगत्यत्र ज्ञानशक्तिर्निगद्यते ।
एवं भूतमिदं वस्तु भवत्विति यदा पुनः ॥ ७ ॥
जाता तदैव तत्तद्वत्कुर्वत्यत्र क्रियोच्यते ।
एवं सैषा द्विरूपापि पुनर्भेदैरनेकताम् ॥ ८ ॥
अथोपाधिवशाद्याति चिन्तामणिरिवेश्वरी ।
तत्र तावत्समापन्ना मातृभावं विभिद्यते ॥ ९ ॥
द्विधा च नवधा चैव पञ्चाशद्धा च मालिनी ।
बीजयोन्यात्मकाद्भेदाद् द्विधाबीजं स्वरा मता ॥ १० ॥
कादिभिश्च स्मृता योनिर्नवधा वर्गभेदतः ।
प्रतिवर्णविभेदेन शतार्द्धकिरणोज्ज्वला ॥ ११ ॥
बीजमत्रशिवः शक्तिर्योनिरित्यभिधीयते ।
वाचकत्वेन सर्वापि शम्भोः शक्तिश्च शस्यते ॥ १२ ॥
मालिनीविजयोत्तरतन्त्र, तृ० अधिकार

एवं पञ्चाशदामर्शपूर्णशक्तिर्महेश्वरः ॥ १६६ ॥
विमर्शात्मैक एवान्याः शक्तयोऽत्रैव निष्ठिता ॥
एकामर्शस्वभावत्वे शब्दराशिः स भैरवः ।
आमृश्यच्छायया योगात् सैव शक्तिश्च मातृका ॥ १६८ ॥
सा शब्दराशिसङ्घट्टाद्भिन्नयोनिस्तु मालिनी ।
प्राग्वन्नवतयामर्शात्पृथग्वर्गस्वरूपिणी ॥ १६९ ॥
एकैकामर्शरूढौ तु सैव पञ्चाशदात्मिका ॥

तन्त्रालोक

पूर्वोक्त रीति से नादात्मक हकाररूप शक्ति से अनुविद्ध-तादात्म्यापन्न[1], अकार-हकारात्म परामर्शस्वभाव, परमेश्वर, अनुत्तर शिव ही, पचास वर्णों में अनुत्तर-विसर्गात्मक माता-पिता के रूप में स्फुरित हो रहे है[2] ।

हकारपर्यन्त स्थूल रूप से प्रस्फुरित अनुत्तर, परमेश्वर की यह विसर्गशक्ति लौट कर निखिल वाच्य-वाचक जगत् को अंक में लेकर शिवबिन्दु के रूप में निर्विभाग, परप्रकाशस्वभाव, अनुत्तरात्मता का आश्रय लेती है—'अहं' के रूप में अवस्थित होती है ।

अनुत्तर-विसर्गात्मक शिवशक्ति का अद्वय सामरस्य ही 'अहं' है । वहां शिव और शक्ति का पृथक् पृथक् परामर्श नहीं होता । यह अहन्ता स्वात्ममात्र-स्फुरत्ता रूप होती है । 'प्रकाशस्यात्मविश्रान्तिरहम्भावो हि कीर्तितः (अजड़-प्रभातृसिद्धि, २२ श्लोक) ।

अनुत्तर अर्थात् अकार से लेकर—'ह' पर्यन्त शक्तिरूप जो वर्णों का प्रसार

---

१. अकारश्च हकारश्च द्वावेतावेकतः स्थितौ ।
विभक्तिर्नानयोरस्ति मरुताम्बरयोरिव । विवेक, पृ० १०३

२. इत्थं नादानुवेधेन परामर्शस्वभावकः ॥ २०० ॥
शिवो मातापितृत्वेन कर्ता विश्वत्र संस्थितः ।
विसर्ग एव शाक्तोऽयं शिवबिन्दुतया पुनः ॥ २०१ ॥
गर्भीकृतानन्तविश्वः श्रयतेऽनुत्तरात्मताम् ।
अनुत्तरविसर्गात्मशिवशक्त्यद्वयात्मनि ॥ २०३ ॥
परामर्शो निर्भरत्वादहमित्युच्यते विभोः ।
अनुत्तराद्या प्रसृतिर्हान्ता शक्तिस्वरूपिणी ॥ २०४ ॥
प्रत्याहृताशेषविश्वाऽनुत्तरे सा निलीयते ।
तदिदं विश्वमन्तःस्थं शक्तौ साऽनुत्तरे परे ॥ २०५ ॥

तन्त्रालोक

है—आनन्द से लेकर अमृत बीज पर्यन्त अशेष विश्व को गर्भ में लेकर वह स्फुरत्ता, प्रकाशात्मा अनुत्तर में विलीन हो जाती है।

विश्व शक्ति में अवस्थित है और शक्ति पर-अनुत्तरतत्त्व में। सम्पूर्ण विश्व शक्तिमय है अतः शक्त्येकात्मक है और शक्ति का उदय तथा विश्राम शिव में ही होता है। इसलिए अनुत्तर विभु के साथ शक्ति का, आद्यन्तयोग द्वारा 'अहन्ता' के रूप में सम्पुटीकरण उचित है।

अनुत्तरात्मक परसंवित् द्वारा ही 'ह' कलात्मक विश्व भासित हो रहा है। यह त्रितय ही संघटित होकर भैरव का एक—अखण्ड अहमात्मक पर रूप है। अ, ह, और बिन्दु यही त्रितय है—

तत्तस्यामिति यत्सत्यं विभुना सम्पुटीकृतिः।
तेन श्रीत्रीशिकाशास्त्रे शक्तेः सम्पुटिताकृतिः॥ २०६॥
संवित्तौ भाति यद्विश्वं तत्रापि खलु संविदा।
तदेतत्त्रितयं द्वन्द्वयोगात्सङ्घाततां गतम्॥ २०७॥
एकमेव परं रूपं भैरवस्याहमात्मकम्॥

तन्त्रालोक, तृ० आह्निक

इस प्रकार सम्पूर्ण वर्णों का विकास अहन्ता द्वारा होता है और 'अहं' ही उनके विश्राम का स्थान है।

महाशक्ति महाकाली के कण्ठ में मुण्डों की माला का वर्णन मिलता है। 'निरूत्तरतन्त्र' तथा 'कामधेनुतन्त्र' में कहा गया है कि यह मुण्डमाला पचास वर्णों की माला के अतिरिक्त और कुछ नहीं है—

पञ्चाशद्वर्णमुण्डालीगलद्रुधिरचर्चिताम्।

निरुत्तरतन्त्र।

ममकण्ठे स्थितं बीजं पञ्चाशद्वर्णमद्भुतम्।

कामधेनुतन्त्र

कर्पूरादिस्तोत्र की टिप्पणी में उद्धृत, पृ० १२

सप्तम अध्याय

मातृकावर्णरूप वाचक और उनके वाच्य अर्थ

पिछले अध्याय में वर्णों की विकास दशा का वर्णन करते हुए यत्र-तत्र इस बात का संकेत किया गया है कि विश्व की रचना एक साथ ही वाचक और वाच्य इन दोनों रूपों में होती है। पहले सदाशिव से लेकर पृथ्वी पर्यन्त तत्त्वों एवं नाना भुवनों का विकास हो जाता है, पश्चात् वर्णों, पदों आदि का स्वभावतः अथवा ईश्वरेच्छा से प्रादुर्भाव होता है ऐसी बात नहीं है[1]। चिदात्मा परशिव, चरम अविभक्त तत्त्व है। उसे किसी अन्य की अपेक्षा नहीं होती। अनन्यापेक्षिता ही उसका स्वातन्त्र्य है जिसे प्रतिभा कहते हैं। यही उस प्रभु की शक्ति है—ऐसी विज्ञों की मान्यता है[2]। वस्तुतः प्रभु—उत्तीर्ण चित्तत्व, पृथक्-पृथक् रूप से शिव अथवा शक्ति इन नियत, परिच्छिन्न अभिधेयों को सहन नहीं कर सकता। इसीलिए उसे अनाख्य, परपरामर्शात्मा, अनुत्तर, प्रकाश अथवा परतत्त्व के नाम से उल्लेख करते हैं। बिना किसी अन्य की अपेक्षा किये हुए अपने स्वातन्त्र्य द्वारा जब वे विश्व को अवभासित करना चाहते हैं तब स्वात्मा में शिव-शक्ति मिथुन को सर्वप्रथम प्रकट करते हैं। वाच्य विश्व में शिव की प्रधानता रहती है और वाचक विश्व में शक्ति की। इसीलिए शब्द को शक्ति और अर्थ को शिव के नाम से कहा जाता है[3]। ये ही षडध्व (वर्ण, पद, मन्त्र, कला, तत्त्व, भुवन) विश्व के माता-पिता हैं।

---

१. अनन्यापेक्षिता याऽस्य विश्वात्मत्वं प्रति प्रभोः।
तां परां प्रतिभां देवीं सङ्गिरन्ते ह्यनुत्तराम् ॥ ६६ ॥
तन्त्र० तृ० आ०

२. इह खलु पूर्णः शिवशक्त्यादिप्रतिनियतव्यपदेशासहिष्णुः अनाख्यः परपरामर्शात्मा अनुत्तरः प्रकाश एव परं तत्त्वं, स एव च स्वस्वातन्त्र्याद्विश्वमवविभासयिषुः प्रथमं शिवशक्तिरूपतां स्वात्मन्यवभासयति।
तन्त्रालोकविवेक, पृ० ७५

३. याहमित्युदितवाक् परा च सा यः प्रकाशलुलितात्मविग्रहः।
यौ मिथः समुदिताविहोन्मुखौ तौ षडध्वपितरौ श्रये शिवौ ॥ ६ ॥
चिद्गगनचन्द्रिका, प्र० विमर्श

भिन्न-भिन्न शास्त्रों[1] में वाचकवर्णों और वाच्यतत्त्वों का पृथक् पृथक् रूप में उल्लेख मिलता है। दृष्टिभेद से उन भेदों में सङ्गति लगाना उचित है। परात्रिंशिका[2] में पृथिवी से लेकर शिवपर्यन्त छत्तीस तत्त्वों के—

वाचक	वाच्य
क से ङ तक	पृथिवी से आकाश—पञ्चभूत
च '' ञ ''	गन्ध से शब्द—तन्मात्रपञ्चक
ट '' ण ''	पाद से वाक्—पञ्चकर्मेन्द्रिय
त '' न ''	घ्राण से श्रोत्र—ज्ञानेन्द्रियपञ्चक
प '' म तक	मन, अहङ्कार, बुद्धि, प्रकृति, पुरुष,
य, र, ल, व	राग, विद्या, कला, माया
श, ष, स, ह,	महामाया, शुद्धविद्या, ईश्वर, सदाशिव
क्ष	शक्ति
स्वरवर्ण	शिव

बिन्दुपर्यन्त समस्त स्वर तिथि अथवा कला कहे जाते हैं। **'अथाद्यास्तिथयः सर्वे स्वरा बिन्द्ववसानगाः।'** (परात्रिंशिका, पृ० ९७) विसर्ग ही षोडशी अमृता-कला या तिथि है जो नित्य उदित अनस्तमित रूप से सम्पूर्ण कलाओं को उत्पन्न करती रहती है। तिथियों अथवा स्वरों के उदय का तात्त्विक बोध 'प्राणचार' के ज्ञान के बिना सुकर नहीं है, अतः संक्षेप से यहाँ उसकी चर्चा की जाती है।

---

१. (क) नन्दिकेश्वरकाशिका में चौदह 'अइउण्' आदि माहेश्वरसूत्रों में पठित वर्णों के वाच्यों का विवरण मिलता है जो प्रकृत परम्परा से कुछ भिन्न है।

(ख) स्कन्दपुराण, माहेश्वरखण्ड–कुमारिकाखण्ड, अ० ३ में वाच्यों का वर्णन भिन्न है।

२. पृथिव्यादीनि तत्त्वानि पुरुषान्तानि पञ्चसु।
क्रमात्कादिषु वर्गेषु मकारान्तेषु सुव्रते ॥ ६ ॥
वाय्वग्निसलिलेन्द्राणां धारणानां चतुष्टयम्।
तदूर्ध्वं शादि विख्यातं पुरस्ताद्ब्रह्मपञ्चकम् ॥ ७ ॥
अमूला तत्क्रमाज्ज्ञेया क्षान्ता सृष्टिरुदाहृता।
सर्वेषामेव मन्त्राणां विद्यानां च यशस्विनि ॥ ८ ॥
इयं योनिः समाख्याता सर्वतन्त्रेषु सर्वदा। परात्रिंशिका

[1]षाट्कौशिक शरीर के अन्तर्गत प्राण, प्रत्येक स्थान में आत्मशक्ति, मरुत्-शक्ति और प्रभुशक्ति के साथ सञ्चरित होता रहता है। किन्तु स्फुट रूप से यह हृदय और हृदय से ऊर्ध्व देश में भासित होता है। प्राण हृदयदेश से उद्भूत होकर कण्ठ, तालु, भ्रूमध्य, ललाट आदि स्थानों से होता हुआ द्वादशान्त (ब्रह्मरन्ध्र से ऊपर) शाक्तप्रदेश में जाकर अस्त होता है[2]। हृदय व्योम से द्वादशान्त व्योमपर्यन्त जो प्राणचार है वह प्रत्येक जन्तु का अपने अंगुल से छत्तीस अंगुल का माना है। हृदय से द्वादशान्तपर्यन्त प्राण प्रवाह की संज्ञा दिन है और द्वादशान्त से अपान रूप में प्राण का अवरोह ही रात्रि है[3]। इस प्रकार मुख्य प्राण, प्राण और अपान-चार अथवा अहोरात्र के रूप में सञ्चरित होता रहता है। प्राण सूर्य है और अपान चन्द्र। वस्तुतः काल[4] दो प्रकार का हैं—प्रथम सौर और दूसरा आध्यात्मिक अथवा प्राणीय। यहाँ प्राणीय काल अभिप्रेत है। यहाँ भी दिवस में चार और रात्रि में चार प्रहर होते हैं। इस प्रकार प्राणीय अहोरात्र भी आठ प्रहरों का होता है। हृदय[5] से कण्ठ के निचले भाग पर्यन्त नौ अंगुल का प्राणचार दिन का प्रथम प्रहर है। उससे ऊपर तालु पर्यन्त द्वितीय प्रहर कहा जाता हैं[6]। तालु मध्य ही मध्याह्न है। कहते

---

१. षाट्कौशिकस्तु यो देहो भूततन्मात्रसंयुतः ॥ ५ ॥
तत्रात्मा प्रभुशक्तिश्च वायुर्वैनाडिभिश्चरन्।
नाभ्यधोमेढ्रकन्दे च स्थिता वै नाभिमध्यतः ॥ ७ ॥
तस्माद्विनिर्गता नाड्यस्तिर्यगूर्ध्वमधः प्रिये।
स्वच्छन्दतन्त्र, ७ पटल

२. द्वादशान्तावधावस्मिन्देहे यद्यपि सर्वतः ॥ ४६ ॥
ओतप्रोतात्मकः प्राणस्तथापीत्थं न सुस्फुटः।
षट्त्रिंशदङ्गुलो जन्तोः सर्वस्य स्वाङ्गुलक्रमात् ॥ ६१ ॥
तन्त्रालोक, ६ आ०

३. प्राणो वै चरते तासु अहोरात्रविभागतः।
स्वच्छन्द० २१ श्लोक, ७ पटल

४. कालो द्विधात्र विज्ञेयः सौरश्चाध्यात्मिकः प्रिये।
स्वच्छन्द० २१ श्लोक, ६ पटल।

५. हृदयोर्ध्वे तु कण्ठादो यावद्वै प्रवहेत् प्रिये ॥ ३२ ॥
अङ्गुलेन विहीने तु प्रथमः प्रहरः स्मृतः।
स्वच्छन्द० ६ पटल

६. द्वितीय ऊर्ध्वे विज्ञेयो मध्याह्नस्तालुमध्यतः ॥ ३३ ॥

हैं इस स्थान पर किया गया होम, जप और ध्यान मोक्षप्रद होता है। भ्रूमध्य से ललाट पर्यन्त तृतीय प्रहर और द्वादशान्त पर्यन्त चतुर्थ प्रहर होता है। इतना ही दिन है। यहाँ आकर प्राण सूर्य अस्त होता है। सूर्यास्त और अपान रूप चन्द्रोदय के बीच आधी तुटि पर्यन्त सायं सन्ध्या मानी जाती है। यहाँ प्राण के निवृत्त होने की इच्छा और अपान के उल्लास की इच्छा का सामरस्य घटित होता है। शक्ति और शक्तिमान के संघट्ट के कारण ही इसे सन्ध्या कहा जाता है। यहाँ 'तुटचर्ध' काल तक विलम्बित होकर प्राण, अपान होकर हृदय पर्यन्त अवरोह करता है। अपान रूप रात्रि के भी वैसे ही चार प्रहर होते हैं जिस समय चन्द्र हृदयकमल में आता है तभी प्रभात होता है। यहाँ भी 'तुटचर्ध' काल की पूर्व सन्ध्या होती है।[1] मनुष्य अक्षिनिमेष का अष्टमांश क्षण है और दो क्षणों की तुटि होती है। लव दो तुटियों का होता है।[2] प्राण-चार के एक प्रहर में चार तुटियां होती हैं। इस प्रकार चारों प्रहरों को

अत्र होमो जपो ध्यानं कृतं वै मोक्षदो भवेत्।
नासाङ्गुल्यङ्गुलोर्ध्वे तु यावत्प्राप्तस्तु सुव्रते॥ ३४॥
प्रहरस्तु तृतीयोऽसौ भवेद्वै वरवर्णिनि।
शक्त्यन्ते च चतुर्थस्तु प्रहरोऽहः प्रकीर्तितम्॥ ३५॥
चतुर्थान्ते तु देवेशि प्राणसूर्यः सदास्तगः।
ततोस्तमयसन्ध्यात्र तुटचर्धं तु भवेत्प्रिये॥ ३६॥
तत्कालं तु विलम्व्यैवं पुनश्चाधः प्रवर्तते।
स च चन्द्रोदयो देवि रजनी च विधीयते॥ ३७॥
हृत्पद्मं तु यदा प्राप्तः प्रभातसमयस्तदा।
तुटचर्धं तु वरारोहे पूर्वसन्ध्या भवेत्ततः॥ ३९॥

स्वच्छन्द०, ७ पटल

१. मानुषाक्षिनिमेषस्य अष्टमांशः क्षणः स्मृतः।
क्षणद्वयं तुटिर्ज्ञेया तद्वयं तु लवः स्मृतः॥

वही, ११ पटल, श्लोक ११९

२. तुटचः षोडश प्राणे पूर्वं हि कथिता मया।
बाह्येनैव तु कालेन ते लवाः परिकीर्तिताः॥ २७॥
ताभिश्चतसृभिर्देवि प्राणे यामो विधीयते।
तैरेवप्रहरैर्देवि चतुर्भिस्तु दिनं भवेत्॥ २८॥

स्वच्छन्द०, ७ पटल

प्राणापानस्थिते वाहे द्वात्रिंशत्तुटयः स्थिताः।

विवेक, पृ० ५५, आ० ६

मिलाकर प्राणचार की सोलह तुटियाँ हुईं। प्राण और अपान तथा उनकी सन्ध्याओं के काल को मिलाकर कुल बत्तीस तुटियाँ होती हैं।

अहोरात्र[1] ही दो पक्षों वाला मास है। जो दिन और रात्रि की सन्ध्यायें हैं वही पक्ष की सन्धियाँ हैं। बीच की जो पन्द्रह तुटियाँ हैं उन्हीं को तिथि कहते हैं। यहाँ तुटि का अर्द्धभाग दिन है और अग्रिम अर्द्धभाग रात्रि। कृष्ण-पक्ष में ऊर्ध्वचार द्वारा प्रति तुटि, एक-एक कला का अमावस्या पर्यन्त क्षय होता है। प्राण[2] के शक्ति या ब्रह्मरन्ध्र स्थान में पहुँचने पर प्रक्षीण चन्द्रा पञ्चदशी तिथि 'अमा' नामक सोलहवीं अमृताकला में निवास करती है। अतः उसे अमावस्या कहा जाता है। शुक्लपक्ष में क्रमशः अपान चन्द्र की एक-एक कला का पोषण होता है।[3] यहाँ पञ्चदशी तुटि ही पौर्णमासी तिथि है, क्योंकि इस तुटि में 'माः' अर्थात् चन्द्र पूर्ण होता है।[4] इस प्रकार प्राणापान प्रवाह ही पन्द्रह तिथियों या स्वरों का जनक है। अन्य व्यञ्जन भी इन्हीं स्वरों के गर्भ में विद्यमान रहते हैं। विसर्ग ही अमृताषोडशीकला है जिससे प्रवाह व्यापार चलता है। इसी को लक्ष्य में रखकर 'परात्रिंशिका' में कहा गया है—

---

१. अहोरात्रस्तु यः प्रोक्तः प्राणेऽस्मिन् सुरसुन्दरि।
स एव पक्षद्वितयं मासं च कथयामि ते॥ ६१॥
तुटयर्धं चाप्यधश्चोर्ध्वं विश्रमः परिकीर्तितः।
मध्ये पञ्चदशोक्ता यास्तिथयस्ताः प्रकीर्तिता॥ ६२॥
प्रथमोदये तु हृत्पद्मात्तुटयर्धं तु दिनं भवेत्।
द्वितीये चैव तुटयर्धे यदा चरति शर्वरी॥ ६३॥

२. 'शक्तिः' ब्रह्मरन्ध्रस्थानं 'तुटिः' इति प्रक्षीणचन्द्रा पञ्चदशी। अतएव अमाख्यायां षोडश्यां तुटौ वसनात् तद्भित्त्यवलम्बनादमावस्या सा ज्ञेया।

स्वच्छन्दोद्योत, पटल ८, पृ० २१४

३. माः चन्द्रः पूर्णोऽस्यामिति कृत्वा।

स्वच्छन्दोद्योत, पटल ७, पृ० २२०

४. वृत्तिसंज्ञाप्रभेदेन वर्णरूपाण्वनेकधा॥ २३॥

वही, पटल ७

वृत्तिः बहिर्वहनान्तर्वहनादिव्यापारः ततोः यः प्रणापानसमानादिसंज्ञाभेदः तेन द्वादशषोडशादिस्वरभेदभिन्नास्तद्गर्भीकृतव्यञ्जनात्मानश्च वर्णाः तत्तदनुभवात्मकानि च रूपाणि अनेकधा भवन्ति। अत्र चागमान्तरोक्त्या गर्भीकृतव्यञ्जनः स्वरोदयरूपः पञ्चाशद्वर्णोदयात्मा अष्टवर्गोदयस्वरूपो वा वर्णोदयोऽस्ति।

स्वच्छन्दोद्योत, पटल ७, पृ० १८३

"अथाद्यास्तिथयः सर्वे स्वरा बिन्द्ववसानगाः ।
तदन्तः कालयोगेन सोमसूर्यौ प्रकीर्तितौ ॥ ५ ॥

आचार्य अभिनवगुप्त ने भी निम्नाङ्कित व्याख्या की है--**अमी चाकाराद्याः स्थितिमन्तः प्राणे तुटिषोडशकादिस्थित्या एकां तुटिं सन्धीकृत्यार्धार्धभागेन प्रलयोदययोर्बहिरपि पञ्चदशदिनात्मककालरूपतां तन्वते**—इति तिथयः कलाश्चोक्ताः ।" परा० वि० पृ० २०० । [1]हृदयदेश से द्वादशान्त तक पूर्वोक्त प्राणचार के बीच वर्णों का उदय होता है । यह प्रादुर्भाव अयत्नज अथवा स्वाभाविक रूप में ही होता है ।

केवल मन्त्रोदय यत्नज माना जाता है क्योंकि योगी को जो मन्त्र अभिप्रेत होगा उसीका उदय वह प्रयास द्वारा सिद्ध करेगा । वर्णोदय [2]पर, सूक्ष्म और स्थूल-भेद से तीन प्रकार का होता है । परवर्णोदय भी परतर और परतम इन दो भेदों में विभक्त है । सूक्ष्म के भी तीन भेद होते हैं—१. सूक्ष्म, २. सूक्ष्म-सूक्ष्म और ३. सूक्ष्मस्थूल ।

[3]परतम वर्ण—

हृदय देश में एक ही अखण्ड वर्ण, सब वर्णों का अविभागात्मक रूप, सतत उच्चरित होने के कारण 'अनाहत' शब्द द्वारा कहा जाता है । यह नादात्मक वर्ण सर्वदा उदित रहता है, कभी भी अस्त नहीं होता—

एको नादात्मको वर्णः सर्ववर्णाविभागवान् ।
सोऽनस्तमितरूपत्वाद् अनाहत इहोदितः ॥ २१७ ॥

तं०, ६ आ०

---

१. प्राणचारेऽत्र यो वर्णपदमन्त्रोदयः स्थितः ।
यत्नजोऽयत्नजः सूक्ष्मः परः स्थूलः स कथ्यते ॥ २१६ ॥ तं०, आ० ६

२. इह पुनर्वर्णोदय एवायत्नजः परसूक्ष्मस्थूलात्मतया त्रिप्रकारोऽभिधीयते । तत्र परस्यापि वर्णोदयस्य तरतमभावेन द्वैविध्यम् ।
विवेक, पृ० १७७–७८, ६ आ०

सूक्ष्मं च त्रिधेति । वही, पृ० १८२, ६ आ०

३. तुलनीय—ओमित्यन्तर्नदति नियतं यः प्रतिप्राणिशब्दो
वाणी यस्मात्प्रभवति परा शब्दतन्मात्रगर्भा ।
सूतसंहिता व्याख्या; प० ३५१, यज्ञवै० अ० ४

ओमितिस्फुरदुरस्यनाहतं गर्भगुम्फितसमस्तवाङ्मयम् ।
दन्दवनीति हृदि यत्परं पदं तत्सदक्षरमुपास्महे महः ॥
विज्ञानभैरवोद्योत, पृ० ३७

इसे ही भैरवसद्भाव अथवा मातृसद्भाव के नाम से कहा जाता है। यही परा एकाक्षरा देवी है जिसमें सम्पूर्ण चराचर जगत् लीन रहता है।

स तु भैरवसद्भावो मातृसद्भाव एष सः।
परा सैकाक्षरा देवी यत्र लीनं चराचरम्॥ २१८॥

तं० ६ आ०

परतर वर्णोदय—

प्राणवाह के सूर्यपथ पर बारह-बारह अंगुल के क्रम से अ, इ, उ इन ह्रस्व स्वरवर्णों का उदय होता है और चन्द्रपथ पर आ, ई, और ऊ स्वरों का। अट्ठारह अंगुलों पर ए, ओ और ऐ, औ इन सन्ध्यक्षरों का उदय होता है। द्वादशान्त में ऋ, ललाट, ग्रीवा और हृदय में क्रमशः, ॠ, ऌ और ॡ का जन्म होता है। प्राण के सम्पूर्ण प्रवाह में बिन्दु का और अपान के प्रवाह में विसर्ग का प्रभाव देखा जाता है। अकार का जो अभ्युदय स्थान है वही कवर्ग का एवं इकारादिकों के समानस्थानीय चवर्गादिक भी हैं। यद्यपि सस्थानीय होने के कारण सकार का उदय स्थान दन्त है और हकार का कण्ठ, किन्तु प्राणात्मक जीवन रूप होने के कारण सकार, हृदय में उदित होता है और हकार प्रकाशात्मा होने के कारण सर्वत्र।

ह्रस्वार्णत्रयमेकैकं रव्यङ्गुलमथेतरत्।
प्रवेश इति षड्वर्णाः सूर्येन्दुपथगाः क्रमात्॥ २१९॥
इकारोकारयोरादिसन्धौ सन्ध्यक्षरद्वयम्।
ए ओ इति प्रवेशे तु ऐ औ इति द्वयं विदुः॥ २२०॥
षण्ठार्णानि प्रवेशे तु द्वादशान्तललाटयोः।
गले हृदि च बिन्द्वर्णविसर्गौ परितः स्थितौ॥ २११॥
कादिपञ्चकमाद्यस्य वर्णस्यान्तः सदोदितम्।
एवं सस्थानवर्णानामन्तः सा सार्णसन्ततिः॥ २२२॥
ह्रस्वेष प्राणरूपस्तु सकारो जीवनात्मकः।
बिन्दुः प्रकाशो हार्णश्च पूरणात्मतया स्थितः॥ २२३॥
उक्तः परोऽयमुदयो..... ।

तं० ६ आ०

सूक्ष्मसूक्ष्म—

अपानवाह के चन्द्रपथ पर सोलह स्वरों एवं समानस्थानीय वर्णों का उदय होता है तथा प्राणवाह के सूर्यपथ पर षण्ढ स्वरों से रहित स्वर वर्ण एवं सस्थानीय वर्ण उदित होते हैं। इस प्रकार अपान-मार्ग में सवा दो अंगुल पर और प्राण-मार्ग में तीन अंगुल पर वर्णों का उदय होता रहता है। यह सूक्ष्म वर्णोदय के भी अन्तर्गत सूक्ष्म उदय है।

सूक्ष्मस्थूल वर्णोदय—

इस विभाग में वर्णों की इक्यासी अर्धमात्राओं का परिणगन किया जाता है। मतंगतन्त्र में इन मात्राओं को समुदितरूप में एकाशीतिपदा देवी के नाम से कहा गया है। यह शिवात्मिका शक्ति है। क्षकार की गणना करने पर इसकी तीन मात्रायें और बढ़ जाती हैं इस प्रकार कुल चौरासी मात्रायें होती हैं। 'क' से लेकर 'ह' तक तैंतीस व्यंजन-वर्णों की तैंतीस अर्धमात्रायें, ह्रस्व स्वरों की दश, दीर्घस्वरों की बत्तीस और प्लुत वर्णों की छह। इस प्रकार इक्यासी अर्धमात्राएँ हुईं।

छत्तीस अंगुल के प्राणचार में प्रति चार अंगुल में नौ-नौ अर्धमात्राओं की कलना से इक्यासी अर्धमात्राओं का उदय होता है।

सूक्ष्म वर्णोदय—

हृदयदेश में अकार और द्वादशान्त में हकार का उदय होता है। यही प्रत्याहार क्रम से अशेष वर्णों को अपने गर्भ में लिए हुए 'अहं' स्वरूप अद्वैत-तत्त्व है, जिसे प्रकाश की आत्मविश्रान्ति कहा गया है—

हृद्यकारो द्वादशान्ते हकारस्तदिदं विदुः।
अहमात्मकमद्वैतं यः प्रकाशात्मविश्रमः॥ २३८॥

स्थूल वर्ग तथा स्थूल वर्णोदय—

आन्तर—प्राणीय दिन के आधे-आधे प्रहर में एक-एक वर्ण का उदय होता है। प्रत्येक वर्ण के पृथक्-पृथक् उदय के लिए दो सौ सोलह प्राणचार आवश्यक होते हैं। इस प्रकार संकलन करने पर पचास वर्णों के उदय में दश हजार आठ सौ प्राणचार हो जाते हैं।

प्राणचार के बीच इस प्रकार अयत्नज वर्णोदय होता रहता है।

[1]स्वच्छन्दतन्त्र में कहा गया है कि बाहर का काष्ठात्मक काल ही

---

१. अध्यात्मिकाहोरात्रेण बाह्ये काष्ठा विधीयते।
मासेनाध्यात्मिकेनैव बाह्ये चैव कला भवेत्॥ ५०॥
तत्र त्रिंशदहोरात्रा मासस्तु वरवर्णिनि।
मासैर्द्वादशभिश्चैव बाह्येऽथ घटिका भवेत्॥ ५१॥
शतानि त्रीण्यहोरात्राः षष्टिरेव तथाधिका।
वर्षमेतत्समाख्यातं बाह्ये वै घटिका च सा॥ ५२॥
घटिकाः षष्टिस्त्वहोरात्रे बाह्ये तु प्रवहन्ति वै।
ता एवान्तरचारेण षष्टिः संवत्सराः स्मृताः॥ ५३॥
प्राणसंख्यां पुनस्तेषु कथयाम्यधुना तव।
षट्शतानि वरारोहे सहस्राण्येकविंशतिः॥ ५४॥

आध्यात्मिक अहोरात्र है। पन्द्रह निमेषों की एक काष्ठा होती है जो कि कला का अवयवविशेष है। तीस काष्ठाओं की एक कला मानी जाती है और बाह्य कला ही आध्यात्मिक मास है जिसमें प्राणचार के तीस अहोरात्र होते हैं। बाहर की एक घड़ी आध्यात्मिक बारह मास अथवा एक वर्ष है। इतने काल में ही तीन सौ साठ प्राणापानचार घटित होते हैं। बाह्यघटिका में आध्यात्मिक साठ चषक और एक चषक में छह प्राणापानचार देखे जाते हैं। बाहर की साठ घड़ी अथवा अहोरात्र में प्राणचार सम्बन्धी साठ संवत्सर कहे गये हैं। साठ घड़ी वाले बाह्य अहोरात्र में इक्कीस हजार छः सौ प्राणचार होते हैं। प्राणसंख्या के अनुसार ही जपसंख्या भी होनी चाहिए तभी मन्त्रोदय सम्भव होता है।

[1]तन्त्रों में प्राणचार के बीच ही ग्रह, नक्षत्र और राशियों के उदय की चर्चा की गई है। वर्णों के साथ भी इनका व्यापक सम्बन्ध है। वर्णमाला के प्रत्येक वर्ण का एक-एक ग्रह अधिष्ठाता है। निम्नांकित विवरण से इसका स्पष्टीकरण सम्भव हो सकेगा—

वर्ग	ग्रह
[2]स्वरवर्ग	सूर्य
कवर्ग	मङ्गल

अहोरात्रेण बाह्येन अध्यात्मं तु सुराधिपे।
प्राणसंख्या समाख्याता ज्ञातव्या साधकेन तु॥ ५५॥

स्वच्छन्द तं०, ७ पटल

× × ×

षट्शतानि दिवारात्रं सहस्राण्येकविंशतिः।
जपो देव्याः समुद्दिष्टः सुलभो दुर्लभो जडैः॥

विज्ञानभै० तन्त्र (१५६)

१. राशयो ग्रहऋक्षाणि योगाश्च करणानि च॥ ७८॥
पूर्ववत्क्रमयोगेन तान्युद्यन्ति त्वहर्निशम्॥

स्वच्छन्द तं०, ७ पटल

२. तदा स्वरेशः सूर्योऽयं कवर्गेशस्तु लोहितः।
चवर्गप्रभवः काव्यष्टवर्गाद् बुधसम्भवः॥ २५॥
तवर्गोत्थः सुरगुरुः पवर्गोत्थः शनैश्चरः।
यवर्गजोऽयं शीतांशुरिति सप्तगुणा त्वियम्॥ २६॥
यथा स्वरेभ्यो नान्ये स्युर्वर्णाः षड्वर्गभेदिताः।
तथा सवित्रनुस्यूतं ग्रहषट्कं न संशयः॥ २७॥

प्रपञ्चसारतन्त्र, ४ पटल।

वर्ग	ग्रह
चवर्ग	शुक्र
टवर्ग	बुध
तवर्ग	बृहस्पति
पवर्ग	शनैश्चर
यवर्ग	सोम

जिस प्रकार सूर्य से अन्य ग्रह उद्भूत होते हैं वैसे ही स्वरों से षड्वर्ग का भी उदय होता है।[1] राशिवर्णों का विवरण—

अ, आ, इ, ई	...	मेष
उ, ऊ, ऋ	...	वृष
ऋ, ऌ, ॡ	...	मिथुन
ए, ऐ	...	कर्क
ओ, औ	...	सिंह
अं[2], अः शवर्ग, ळ	...	कन्या
क, ख, ग, घ, ङ	...	तुला
च, छ, ज, झ, ञ	...	वृश्चिक
ट, ठ, ड, ढ, ण	...	धनु
त, थ, द, ध, न	...	मकर
प, फ, ब भ, म	...	कुम्भ
य, र, ल, व, क्ष	...	मीन

तन्त्रराजतन्त्र की टीका में प्रमाणमञ्जरी ने राशियों से सम्बद्ध वर्णों का क्रम भिन्न रूप में दिखाया है। यथा—

अ, आ, इ, ई	...	मेष
उ, ऊ, ऋ, ॠ	...	वृष
ऌ, ॡ, ए, ऐ	...	मिथुन
ओ, औ, क, ख	...	कर्क

---

१. आद्यैर्मेषाह्वयो राशिरीकारान्तैः प्रजायते।
ऋकारान्तैरुकाराद्यैर्वृषो युग्मं ततस्त्रिभिः॥ ३४॥
एदैतोः कर्कटो राशिरोदौतोः सिंहसम्भवः। प्रपञ्चसार, ४ पटल

२. अमः शवर्गलेभ्यश्च सञ्जाता कन्यका मता॥ ३५॥
षड्भ्यः कचटतेभ्यश्च पयाभ्यां च प्रजज्ञिरे।
बणिगाद्याश्च मीनान्ता राशयः शक्तिजृम्भणात्॥ ३६॥
चतुर्भिर्मादिभिः सार्द्धं स्यात् क्षकारस्तु मीनगः। प्रपञ्चसार, ४ पटल

ग, घ, ङ, च	...	सिंह
छ, ज, झ, ञ	...	कन्या
ट, ठ, ड, ढ	...	तुला
ण, त, थ, द	...	वृश्चिक
ध, न, प, फ	...	धनु
ब, भ, म, य	...	मकर
र, ल, व, श	...	कुम्भ
ष, स, ह, ळ	...	मीन

वर्णात्मक राशियों[1] से ही नक्षत्रों का जन्म होता है। वर्ण (अक्षर) भेद से समस्त नक्षत्र सत्ताईस प्रकार के होते हैं। ये नक्षत्र भी वर्णज ही हैं। जिन वर्णों द्वारा जो नक्षत्र उत्पन्न होते हैं उनकी तालिका निम्नलिखित है—

अ, आ	...	अश्विनी
इ,	...	भरणी
ई, उ, ऊ	...	कृत्तिका
ऋ, ॠ, ऌ, ॡ	...	रोहिणी
ए	...	मृगशिरा
ऐ	...	आर्द्रा
ओ, औ	...	पुनर्वसु

---

१. एभ्य एव तु राशिभ्यो नक्षत्राणां च सम्भवः।
स चाप्यक्षरभेदेन सप्तविंशतिधा भवेत् ॥ ५१ ॥
आभ्यामश्वयुगेर्जाता भरणी कृत्तिका पुनः।
लिपित्रयाद्रोहिणी च तत्पुरस्ताच्चतुष्टगात् ॥ ५२ ॥
एदैतोर्मृगशीर्षाद्रे तदन्त्याभ्यां पुनर्वसुः।
अमसोः केवलो योगो रेवत्यर्थं पृथङ्मतः ॥ ५३ ॥
कतस्तिष्यस्तथाश्लेषा खगयोर्घङ्योर्मघा।
चतः पूर्वाथ छजयोरुत्तरा झञयोस्तथा ॥ ५४ ॥
हस्तश्चित्रा च टठयोः स्वाती डादक्षरादभूत्।
विशाखा तु ढणोद्भूता तथदेभ्योऽनुराधिका ॥ ५५ ॥
ज्येष्ठा धकारान्मूलाख्या नपफेभ्यो बतस्तथा।
पूर्वाषाढा भतोन्या च सञ्जाता श्रवणा मतः।
श्रविष्ठाख्या च यरयोस्ततः शतभिषा लतः।
वशयोः प्रोष्ठपत्संज्ञा षसहेभ्यः परा स्मृतः।

प्रपञ्चसारतन्त्र, चतुर्थ पटल, पृ० ६२-६३

क	...	पुष्य
ख, ग	...	आश्लेषा
घ, ङ	...	मघा
च	...	पूर्वा
छ, ज	...	उत्तरा
झ	...	हस्त
ट, ठ	...	चित्रा
ड	...	स्वाती
ढ, ण	...	विशाखा
त, थ, द	...	अनुराधा
ध	...	ज्येष्ठा
न, प, फ	...	मूल
ब	...	पूर्वाषाढा
भ	...	उत्तराषाढा
म	...	श्रवणा
य, र	...	श्रविष्ठा
ल	...	शतभिषा
व, श	...	प्रोष्ठपदा
ष, स, ह, क्ष	...	उत्तराभाद्रपद
अं, अः, ळ	...	रेवती

वर्णों का विभाजन, आकाशादि पञ्चभूतात्मक वर्गों के रूप में भी तन्त्रों में पाया जाता है। इस प्रकार एक-एक वर्ण भिन्न-भिन्न तत्त्वों का वाचक न होकर वर्णों का विशेष समुदाय ही विशेष तत्त्व का सूचक बन जाता है। अथवा यह समझना अधिक उपयुक्त होगा कि जो वर्ण वायुवर्ग के अन्तर्गत आते हैं उनमें वायव्यांश अधिक मात्रा में रहता है। वर्णों का आकाशादि से सम्बद्ध विभाजन निम्नांकित है—

[1]वायु वर्ग—अ, आ, ए, क, च, ट, त, प, य, ष
अग्नि वर्ग—इ, ई, ऐ, ख, छ, ठ, थ, फ, र, क्ष
भूमि वर्ग—उ, ऊ, ओ, ग, ज, ड, द, ब, ल, ळ

---

१. ऊद्गदादिललाः कौर्णसौ चतुर्थार्णका वसौ वारः।
दृष्टयैव द्वितीयरक्षा वह्नेरद्वन्द्वयोनिकादियषाः॥ ७१॥
मरुतः, कपोलबिन्दुकपञ्चमवर्णाः शहौ तथा व्योम्नः॥ ७२॥
प्र० सा०, तृतीय पटल

जल वर्ग—ऋ, ॠ, औ, घ, झ, ढ, ध, भ, व, स
व्योम वर्ग—ऌ, ॡ, क्ष, ङ, ञ, ण, न, म, श, ह

प्रपञ्चसारतन्त्र तथा शारदातिलक दोनों ग्रन्थों में भूत समुदाय के अन्तर्गत विसर्ग की गणना नहीं की गई[1], कारण समस्त वर्ण विसर्गात्मक है। विसर्ग मायाशक्ति है—वह सर्वभूतात्मक है। इन पाञ्चभौतिक[2] वर्णों का स्तम्भन परिवर्षण आदि कार्यों में प्रयोग किया जाता है। एक अधुनातन गवेषणकर्ता ने वायु, अग्नि आदि वर्गों में आये हुए वर्णों से सम्बद्ध प्राचीन चित्रलिपि को वायु आदि तत्त्व तथा उनसे सम्बद्ध पदार्थों द्वारा उद्भावित माना है। तात्पर्य यह है कि आकाश वर्ग में जितने वर्ण गिने गये हैं उनकी सूचकलिपि में आकाश तथा तत्संबन्धी पदार्थों के चित्र मिलेंगे। इसी प्रकार अन्य वर्गों के वर्णों का भी बोध तत्तत् वर्गीय चित्रों द्वारा कराया गया है। गवेषक का दावा है कि जयपुरियन, इण्डस, ईजिप्शियन, चाइनीज़ और क्यूनिफार्म चित्र-लिपियों, गूढ़ाक्षरों एवं शर-शीर्ष लिपियों की कुञ्ची तन्त्रों के इस पाञ्च-भौतिक वर्गवाद में निहित है[3]।

---

१. मूलाधारात् सञ्जातविवक्षोत्पन्नप्रयत्नप्राणपवनप्रेरितः स्थानान्तरम-प्राप्य कण्ठादेव निःसरन् प्रकृत्यात्मकः सर्गोऽत्र भूतेषु न गणितः। अतएव आचार्यः 'कण्ठात्तु निःसरन् सर्गः इत्यादिना 'नश्चरः सर्ग एवं स्यात् इत्यन्तेन सर्गादेव ककारादीनामुत्पत्तिरुक्ता।

कादिमतेऽपि—

प्राणाग्नीलाम्बुखात्मानः षड्ऋयः पञ्च कीर्तिताः।
मायाशक्त्यमिधः सर्गः सर्वभूतात्मकः प्रभुः।
तस्मात्तस्यात्र विन्यासो नैकदेशे शिवात्मनि॥

राघवभट्टीया, पदार्थादर्श टीका, पृ० ७०

२. ह्रस्वाः पञ्च परे च सन्धिविकृताः पञ्चाथ बिन्द्वन्तिकाः।
काद्याः प्राणहुताशभूकखमया याद्याश्च शार्णान्तिकाः।
हान्ताः षक्षलसाः क्रमेण कथिता भूतात्मकास्ते पृथक्।
तैस्तैः पञ्चभिरेव वर्णदशकैः स्युः स्तम्भनाद्याः क्रियाः॥ ७०॥

प्र० सा०, तृतीय पटल

३. The systematization of the script in the Arya Society was recorded in the Tantras. From this record we find that the systematization of the script was made in accordance with sounds relating to the five vedic dieties. Thus we find the five groups of scripts—the sun, earth, fire, water and sky groups. The alphabets of sun group are written by the

मन्त्रसाधकों के हित में वर्णों का भूतात्मक वर्गीकरण आवश्यक माना गया था। जिस प्रकार भूतों में पारस्परिक शत्रु-मित्रभाव है वैसे ही मन्त्र वर्णों[1] और साधक के नामगत वर्णों में भी सादृश्य और विपक्षता होती है। अतः मन्त्र-ग्रहण के अवसर पर यह आवश्यक होता है कि इस बात की पूर्ण परीक्षा हो जाय कि अमुक मन्त्र साधक से मैत्रीभावापन्न है या नहीं। मन्त्र और साधक का आदि वर्ण यदि पार्थिव है तो दोनों को समान कुल का समझना चाहिए। पृथ्वी और जल में मित्रता है और अग्नि तथा मरुत् में भी वैसे ही पार्थिव और वारुण वर्णों तथा आग्नेय और मारुतों में भी मैत्रीभाव है। इसी प्रकार अग्नि और वरुण में शत्रुता होने के कारण आग्नेय और वारुण वर्णों में पारस्परिक शत्रुता मानी जाती है।

उपयुक्त वर्णों के पञ्चभूतात्मक विभाजन के अतिरिक्त एक नववर्गात्मक पाञ्चभौतिक वर्गीकरण भी मिलता है। यथा—

वर्ग	भूत				
	व्योम	वायु	अग्नि	जल	पृथ्वी
१	अ	इ	उ	ऋ	ऌ
२	ए	ऐ	ओ	औ	०
३	ह	य	व	र	ल

---

sun or objects relating to the sun, those of the water group by reservoirs of water or objects relating to water etc. Each group comprises eight to nine letters.

The Rigvedic Culture of the pre-historic Indus. p.53
From the above discussions it is evident that the Tantras are the common source of all the various systems of pictographic alphabets of the world. Ibid. p.76

१. मन्त्रसाधकयोराद्यो वर्णः स्यात् पार्थिवो यदि।
तत्कुलं तस्य तत्प्रोक्तमेवमन्येषु लक्षयेत्॥
पार्थिवे वारुणं मित्रमाग्नेये मारुतं तथा।
ऐन्द्रवारुणयोः शत्रुर्मारुतः परिकीर्तितः।
आग्नेये वारुणं शत्रुर्वारुणे तैजसं तथा।
सर्वेषामेव तत्त्वानां सामान्यं व्योमसम्भवम्।
परस्परविरुद्धानां वर्णानां यत्र सङ्गतिः।
स मन्त्रः साधकं हन्ति किं वा नास्य प्रसीदति॥

शारदातिलक० टीका, द्वितीय पटल, पृ० ७१

वर्ग	भूत				
	व्योम	वायु	अग्नि	जल	पृथ्वी
४	ङ	क	ख	घ	ग
५	ञ	च	छ	झ	ज
६	ण	ट	ठ	ढ	ड
७	न	त	थ	ध	द
८	म	प	फ	भ	ब
[1]९	श	ष	स	०	०

[2]इन वर्गों के देवता क्रमशः विरिञ्चि, विष्णु, रुद्र, अश्वि, प्रजापति तथा चार दिगीश्वर हैं। क्रिया, ज्ञान और इच्छा आदि उनकी शक्तियाँ हैं।

पिछले अध्यायों में मातृका-वर्णों का व्यापक विवेचन प्रस्तुत किया गया है। इससे स्पष्ट है कि वर्ण केवल साङ्केतिक ध्वनियाँ ही नहीं हैं उनके मूल में विश्वसंस्था और शरीरसंस्था के सम्पूर्ण संघटक, स्थापक और संहारक तत्त्व विद्यमान हैं। एक ओर जहाँ उनके द्वारा काम, क्रोध, लोभादिक उद्भावित होकर मनुष्य की आत्मा को अत्यन्त स्वार्थी और संकुचित बना डालते हैं, वहीं वर्णसमुदाय ही व्यक्ति को आत्मिक दृष्टि से अत्यन्त उदार एवं मुक्त करने की क्षमता भी रखता है। सत्य तो यह है कि वर्ण ही ज्ञान-विज्ञान की कुञ्जी है। सम्पूर्ण वाच्यात्मक विश्व, वाचक वर्णों के ही अधीन है।

---

१. अथ भूतलिपिं वक्ष्ये सुगोप्यामतिदुर्लभाम्।
यां प्राप्य शम्भोर्मुनयः सर्वान् कामान् प्रपेदिरे॥ १॥
पञ्चह्रस्वा, सन्धिवर्णा, व्योमेराग्निजलं धरा।
अन्त्यमाद्यं द्वितीयं च चतुर्थं मध्यमं क्रमात्॥ २॥
पञ्चवर्गाक्षराणि स्युर्वान्तं श्वेतेन्दुभिः सह।
एषा भूतलिपिः प्रोक्ता द्विचत्वारिंशदक्षरैः॥ ३॥
आयम्बराणां वर्गाणां पञ्चमाः शार्णसंयुताः।
वर्गाद्या इति विज्ञेया नव वर्गाः स्मृता अमी॥ ४॥

२. व्योमेराग्निजलक्षोणीवर्गवर्णान् पृथग्विदुः।
द्वितीयवर्गे भूर्नस्यात् नवमे न जलं धरा॥ ५॥
विरिञ्चिविष्णुरुद्राश्विप्रजापतिदिगीश्वराः।
क्रियादिशक्तिसहिताः क्रमात्स्युः वर्गदेवताः॥ ६॥
ऋषिः स्याद्दक्षिणामूर्तिः गायत्रं छन्द ईरितम्।
देवता कथिता सद्भिः साक्षाद्वर्णेश्वरी परा॥ ७॥

शारदातिलक, ७ वां पटल।

सृष्टि के आदिम क्षण से ही शब्द और अर्थ अविनाभूत है। सूक्ष्म को आत्मसात् कर लेने पर समस्त स्थूल भी गृहीत हो जाता है इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं।

समस्त मातृका-वर्ण मन्त्रों अथवा विद्याओं के जनक हैं। अतः उन मन्त्रों को अर्थबोध एवं अर्थलाभ के कारण रूप में स्वीकार करना अनुचित नहीं—

अमूला तत्क्रमाज्ज्ञेया क्षान्ता सृष्टिरुदाहृता।
सर्वेषामेव मन्त्राणां विद्यानां च यशस्विनि॥ ८॥
इयं योनिः समाख्याता सर्वतन्त्रेषु सर्वदा।

परात्रिंशिका

अष्टम अध्याय

मन्त्र : स्वरूप-विचार तथा प्रकारभेद

उपायात्मक[1] मन्त्रों के रूप में परमेश्वर ही स्फुरित होता है—यह कथन सर्वथा संगत है। इस तथ्य को लक्ष्य में रखकर ही कहा गया है कि वस्तुतः उच्चारण किये जानेवाले मन्त्र[2], मन्त्र नहीं है। मन्त्रों की जीवभूत अव्यय-शक्ति ही मन्त्रपद वाच्य है। जिससे रहित मन्त्र शरदकाल के मेघ के सदृश निष्फल हो जाते हैं। यह अव्ययशक्ति स्वहृदयैकसंवेद्यविमर्शशक्ति के अतिरिक्त और कुछ नहीं है। कहते हैं मन्त्र वर्णात्मक नहीं, वे न तो पञ्चवदन और न दशभुज शरीरधारी ही हैं; विश्व विकल्प की पूर्वकोटि में जो नाद का उल्लास है वही मन्त्र है।

मनन[3] और त्राण—ये मन्त्र के दो धर्म हैं। परनाद अथवा परस्फुरणा का परामर्श ही मनन है। मनन, परशक्ति के महान् वैभव की अनुभूति है—

---

१. मन्त्रोऽपि अन्तर्गुप्तभाषणात्मकपरपरामर्शसतत्त्वेन मननत्राणधर्मा परतत्व-प्राप्त्युपायः परमेशात्मैव। परमेश्वर एव हि उपेयपदवदुपायरूपतया स्फुरितः।
स्वच्छन्दोद्योत, ११ पटल, पृ० १५

२. उच्चार्यमाणा ये मन्त्रा न मन्त्राँश्चापि तद्विदुः।

\+ \+ \+

मन्त्राणां जीवभूता तु या स्मृता शक्तिरव्यया।
तया हीना वरारोहे निष्फला शरदभ्रवत्॥
शिवसूत्रविमर्शिनी, पृ० ४८

वर्णात्मको न मन्त्रो दशभुजदेहो न पञ्चवदनोऽपि।
सङ्कल्पपूर्वकोटौ नादोल्लासो भवेन्मत्रः॥ महार्थमञ्जरी, पृ० १०२

३. 'मननत्राणधर्माणो मन्त्राः' इति ह्याम्नायः तत्र मन्त्रानुसन्धातुः स्वेच्छा-मात्रेणोपाधिना 'विभवः' 'सङ्कोच' इति उपाधिद्वयमस्ति, तयोर्विभवो नाम विश्वतदुत्तरोभयसामरस्ययुक्त्या अहम्भावभावनात्मा विकासः—यत्पारमैश्वर्य-मुच्यते। सङ्कोचश्च तद्विपर्ययात् अपूर्णत्वाभिमननं तत्पाशवमित्याख्यायते। एवं स्थिते तादृगात्मनि विकासे समुल्लसति तस्य च यन्मननं—उपर्युपरि-यथापरामर्शानुस्यूतिस्वभावश्चमत्कारः, तत्प्रकृतं यस्याः; तदुक्तरूपे सङ्कोचे प्रस्तुते त्राणं—'सङ्कोचोऽपि विचार्यमाणश्चिदात्मैक्येन प्रथमानत्वात् चिन्मय एव अन्यथा तु न किञ्चित् इति, श्रीप्रत्यभिज्ञाहृदयमर्यादया तस्यापि सङ्कोचस्य

उसके पारमैश्वर्य का उपभोग है। अपूर्णता अथवा सङ्कोचमय भेदात्मक संसार के प्रशमन को रक्षा अथवा त्राण कहते हैं। इस प्रकार शक्ति के वैभव या विकासदशा में मननयुक्त तथा सङ्कोच या सांसारिक अवस्था में त्राणमयी—विश्वरूप विकल्प को कवलित कर लेनेवाली अनुभूति ही मन्त्र है—

मननमयी निजविभवे निजसङ्कोचमये त्राणमयी।
कवलितविश्वविकल्पा अनुभूतिः कापि मन्त्रशब्दार्थः ॥ ४८ ॥

महार्थमञ्जरी (संस्कृतच्छाया)

पूर्णाहन्ता[1] अथवा परावागात्मक अनुभूति ही मन्त्र है। यह अनुभूति निरन्तर तथाविध मनन या अनुसन्धि से उत्पन्न होती है और तभी संसार को क्षीण करनेवाला त्राण भी बन पड़ता है अन्यथा नहीं। मन्त्र शब्द की यह व्याख्या अत्यन्त सूक्ष्म और व्यापक है।[2] पूर्णाहन्ता ही महामन्त्र है जिसका शास्त्रों में मन्त्रवीर्य अथवा मन्त्रोपनिषद् के नाम से उल्लेख किया गया है। यह मन्त्र, चित् शक्ति का स्वस्वभाव है। 'चिच्छक्तेः स्वस्वभावो यः स मन्त्रः परिगीयते ॥' शिवसूत्रवार्तिक, द्वितीय प्रकाश।

[3]सामान्यतया वर्णसमुदायविशेष ही मन्त्र है। वर्णों अथवा वर्णभट्टारकों की शक्ति के सम्बन्ध में पर्याप्त प्रकाश डाला जा चुका है। विविध शक्तियों के पुञ्जरूप वर्णों से निर्मित होने के कारण मन्त्र अचिन्त्य शक्तिशाली है, इसमें सन्देह का अवसर नहीं। मायाशक्ति अतर्क्य और दुर्वार है और इसको भी

वैश्वात्म्यप्रथानुप्रविष्टतानुसन्धानोत्पादनद्वारा स्वस्वभावभङ्गप्रसङ्गरूपचाकित्य-व्यपोहनलक्षणं रक्षणं तन्मयो, हेतुद्वयेन वेद्यविक्षोभसर्वग्रासविशृङ्खलोल्लासायानुभूतिः स्वहृदयैकसंवेद्या विमर्शशक्तिः सैव मन्त्रः।

महार्थमञ्जरी, पृ १०२

१. पूर्णाहन्तानुसन्ध्यात्मा स्फूर्जन् मननधर्मतः।
संसारक्षयकृत्त्राणधर्मतो मन्त्र उच्यते ॥ सौभाग्यभास्कर, पृ० ५२
मोचयन्ति च संसाराद्योजयन्ति परे शिवे ॥ ७५ ॥
मननत्राणधर्मित्वात्तेन मन्त्र इति स्मृताः ॥

नेत्रतन्त्र, ११ अधिकार

२. विद्याशरीरसत्ता मन्त्ररहस्यम् ॥ ३ ॥ शिवसूत्र, उन्मेष २।

विद्या पराद्वयप्रथा, शरीरं स्वरूपं, यस्य सः विद्याशरीरो भगवान् शब्दराशिः, तस्य या सत्ता अशेषविश्वाभेदमयपूर्णाहंविमर्शनात्मा स्फुरत्ता सा मन्त्राणां रहस्यं उपनिषद्। विमर्शिनी, पृ० ५०

३. मननत्राणधर्माणां सर्वेषामेव वाच्यवाचकादिरूपवर्णभट्टारकात्मनां मन्त्राणाम्। परात्रिंशिका, पृ० २०९

दूर करने में समर्थ मन्त्र, माया से भी अधिक शक्ति-सम्पन्न है यह प्रतिपादित हो जाता है।[1]

ये[2] मन्त्र नित्य होते हैं; किन्तु इनकी नित्यता त्रिकालाबाधित नहीं है। क्योंकि अज्ञान की निवृत्ति के साथ-साथ स्वस्वरूप से अतिरिक्त कोई देवता रह नहीं सकता और उस देवता का वाचकमन्त्र तब भी वर्तमान रहे यह सम्भव नहीं। देवता के सूक्ष्म शरीर ही मन्त्र हैं और ये देव शरीर अविद्या समकालिक है, अविद्या के निवृत्त होते ही ये भी निवृत्त हो जाते हैं।

[3]शिव-सूत्र-विमर्शिनी में चित्त को मन्त्र कहा गया है। वस्तुतः[4] चित् शक्ति, स्व पद से उतर कर सङ्कोच को अङ्गीकार कर के चित्त का रूप ग्रहण करती है। स्वातन्त्र्यात्मक स्वरूप की सङ्कोचदशा ही चित्त है और विकास अवस्था ही चिति।[5] चित्त जब बाह्य वेद्य समूह को उपसंहृत करके अन्तर्मुख

---

१. मन्त्राणामचिन्त्यशक्तिता ॥ ८ ॥ परशुराम कल्पसूत्र

एतेन पूर्वोदितमाया अतर्क्या दुर्वारा, तथापि तन्निवारणे समर्थाः ततोऽप्यधिकशक्तिकाः, मन्त्रेषु लीलया ज्ञानावरकाविद्यानिवर्तकत्वशक्तिरस्ति इति प्रतिपादितम्। वही,

२. वर्णात्मकाः नित्याः शब्दाः ॥ ७ ॥ वही,

वर्णात्मकाः वर्णसमुदायरूपाः शब्दा मन्त्राः नित्याःमूलाविद्यासमसत्ताकाः। न तु कालत्रयाबाध्यत्वं अज्ञाननिवृत्तौ स्वस्वरूपातिरिक्तदेवतायाः तद्वाचकमन्त्राणां च असत्वात्। न च आनुपूर्वीविशेषविशिष्टवेदादीनां नित्यत्वस्य एककल्पस्थायित्वस्य वर्तिततत्वेन अस्यापि तादृशत्वेन कथं ततोऽपि चिरस्थायित्वरूपं नित्यत्वमिति वाच्यम्, मन्त्राणां देवतासूक्ष्मशरीरत्वेन देवताशरीरस्य अविद्यासमकालत्वात्।

सौभाग्यसुधोदय, प्रथम खण्ड

३. चित्तं मन्त्रः ॥ १ ॥ तृतीय उन्मेष

४. चितिरेव चेतनपदादवरूढा चेत्यसङ्कोचिनी चित्तम् ॥ ५ ॥

प्रत्यभिज्ञाहृदय

५. चेत्यते विमृश्यते परं तत्त्वमनेन इति चित्तम्; पूर्णस्फुरत्तासतत्वप्रासादप्रणवादिविमर्शरूपं संवेदनम्; तदेव मन्त्र्यते गुप्तम् अन्तरभेदेन विमृश्यते परमेश्वररूपं अनेन इति कृत्वा मन्त्रः। अतएव च परस्फुरतात्मकमननधर्मात्मता, भेदमयसंसारप्रशमनात्मकत्राणधर्मता च अस्य निरुच्यते। अथ च मन्त्रदेवताविमर्शपरत्वेन प्राप्ततत्सामरस्यं आराधकचित्तमेव मन्त्रः, न तु विचित्रवर्णसङ्घटनामात्रकम्। विमर्शिनी, पृ० ४७

होकर चिद्रूपता के साथ अभेद विमर्श सम्पादित करना है तो यही उसकी गुप्त मन्त्रणा है जिसके कारण उसे मन्त्र की अभिधा मिलती है। अतः मन्त्रदेवता के विमर्श में तत्पर तथा उस देवता के साथ जिसने सामरस्य प्राप्त कर लिया है ऐसा आराधक का चित्त ही मन्त्र है, केवल विचित्र वर्णसंघटना ही नहीं। इस प्रकार मन्त्र की अब तक त्रिधा व्याख्या हुई। मन्त्र का प्रथम पूर्णाहन्तात्मक स्वरूप उसका चरमरूप है। इसीलिए उसको महामन्त्र की संज्ञा दी गई है। यही[1] गुरु वक्त्र अथवा शैवी[2] मुख है। यह परमशिव की प्राप्ति का मुख्य द्वार है। शब्द की यह चरमावस्था है; इसके आगे शब्द नहीं रहता। इसीलिए कहा गया है—

"शब्दब्रह्मस्वरूपेयं शब्दातीतं तु जप्यते।"

द्वितीय रूप है आराधक का चित्तात्मक मन्त्र और तृतीय वर्णभट्टारकात्मक।

यह विश्व ग्राहक और ग्राह्य इन दो अंशों में विभक्त है। ग्राहक ही चित्शक्ति का अहमंश है और ग्राह्य इदमंश। प्रमातृता अहमंश में और प्रमेयता इदमंश में विद्यमान रहती है। चैतन्य (चित्, चिति) ही परम-प्रमाता है। और चित्त या जीव अवम प्रमाता। चैतन्य के संकोच की जहाँ काष्ठा प्राप्ति है वही जीव अथवा संकुचित–प्रमाता अथवा सकल–प्रमाता के नाम से कहा जाता है। इससे ऊर्ध्वदेश में प्रलयाकल–प्रमाताओं की अवस्थिति है। ये प्रमातृगण प्रलयदशा में माया में अवस्थित रहते हैं। इनसे परे विज्ञानाकल या विज्ञानकेवली प्रमाता है जो क्रमशः मन्त्र, मन्त्रेश्वर अथवा विद्येश्वर और मन्त्रमहेश्वर के नाम से उल्लिखित हुए हैं। मन्त्र शुद्धविद्या तत्त्व में, मन्त्रेश्वर ईश्वरतत्त्व में और मन्त्रमहेश्वर सदाशिवतत्त्व में विद्यमान रहते हैं। छत्तीस तत्त्वमय विश्व के शुद्ध अध्वा और अशुद्ध अध्वात्मक दो विभाग हैं। माया से लेकर पृथ्वीतत्त्वपर्यन्त समग्र तत्त्व-समुदाय अशुद्ध अध्वा के अन्तर्गत है और शुद्धविद्या से लेकर शिव पर्यन्त शुद्ध अध्वा कहा

---

१. यावत्सा समनाशक्तिः तदूर्ध्वं चोन्मना‡ स्मृता।
नात्र कालः कलाश्चारो न तत्त्वं न च देवताः॥ १२७६॥
सुनिर्वाणं परं शुद्धं गुरुवक्त्रं तदुच्यते।
तदतीतं वरारोहे परं तत्त्वमनामयम्॥ १२७७॥
स्वच्छन्द०, १० पटल

२. शैवीमुखमिहोच्यते। विज्ञानभैरवतन्त्र, श्लोक २०

‡ मनो मननमात्ररूपमपि तत्र न क्रमते; न सम्भवति अपितु मन्त्ररूपैव इयं दशा। स्व० उद्योत, पृ० ५५६

जाता है। सकल और प्रलयाकल नामक प्रमातृ-वर्ग अशुद्ध अध्वा में और विज्ञानकेवली शुद्ध अध्वा के अन्तर्गत आते हैं। शुद्ध अध्वा में चित्प्राधान्य है और अशुद्ध अध्वा में चित्संकोच-प्राधान्य है।

[1]विज्ञानाकल नामक आत्मायें मायिक और कार्म मलों से मुक्त होती है; उनमें केवल आणव मल ही शेष रहता है। आणव मल के परिपाकगत तारतम्य के कारण ही उनमें उत्कर्षापकर्ष देखा जाता है। उत्कृष्ट विज्ञान-केवली आत्मा सदाशिवतत्त्व में निवास करते हैं। इन्हें ही मन्त्रमहेश्वर कहा जाता है। ईश्वरतत्त्व में मन्त्रेश्वरगण रहते हैं जो संख्या में आठ[2] हैं, भूतानु-ग्रह के कार्य में ये मुख्य कर्ता माने जाते हैं। ये मन्त्रों द्वारा प्राणियों पर अनु-ग्रह कराते हैं। अतः मन्त्र जीवोद्धाररूप व्यापार में साधन का कार्य करते हैं। मन्त्र[3] नामक प्रमातृगण संख्या में सात करोड़ हैं। सम्पूर्ण रोगों को दूर करने के कारण इन्हें रुद्र भी कहा जाता है।[4] शिवशक्ति से युक्त, त्रिनेत्र तथा चन्द्रमौलि ये मन्त्रगण शुद्धविद्यातत्व से ही उत्पन्न होते हैं और प्राणियों के भोग-मोक्षरूप अनुग्रह में तत्पर रहते हैं।

[5]त्रिधा भिन्न विज्ञानाकलों को स्वच्छन्दतन्त्र में आत्मा, अन्तरात्मा,

---

१. उत्तीर्णमायाम्बुधयो भग्नकर्ममहार्गलाः।
अप्राप्तशिवधामानः त्रिधा विज्ञानकेवलाः॥

२. अनन्तश्चैव सूक्ष्मश्च तथा चैव शिवोत्तमः॥ ११६१॥
एकनेत्रैकरुद्रौ च त्रिनेत्रश्च प्रकीर्तितः।
श्रीकण्ठश्च शिखण्डी च ज्ञेया विद्येश्वराः क्रमात्॥ ११६२॥
स्वच्छन्द०, पटल १०

३. विद्यायाः पुनरीश्वरः।
ज्ञानशक्तिकराग्रेण स्वेच्छया परमेश्वरः॥ ५४॥
सप्तकोटीस्तु मन्त्राणां सृजेत् ज्ञानक्रियात्मिकाः।
ते च सादाख्यपर्यन्ते पार्थिवाद्ये तु सुव्रते॥ ५५॥
अनुग्रहं प्रकुर्वन्ति देहिनां भुवने स्थिताः।
शिवशक्तिसमाविष्टास्त्रिनेत्राश्चन्द्रमौलयः॥ ५६॥
वही, ११ पटल

४. रुद्राः सर्वरुद्राविणो मन्त्राः। स्वच्छन्दोद्योत, ११ पटल, पृ० ४१

५. भूतभावविनिर्मुक्तस्तत्त्वधर्मकलोज्झितः॥ ८७॥
मलधर्मैकयुक्तात्मा मायाधर्मतिरस्कृतः।
निरात्मा तु तदा ज्ञेयः.....। स्वच्छन्द०, ११ पटल
यतो मायायाः पूर्वोक्तशक्तिरूपायाः, न तु तत्त्वात्मनः धर्मेण अस्यात्मात्मना

बाह्यात्मा, निरात्मा और परमात्मा का उल्लेख करते हुए निरात्मा के नाम से कहा गया है। स्थूल-सूक्ष्म आदि भूतों, बुद्धिधर्मरूप भावों, पुरुषतत्त्वात्मक धर्म तथा कलादि कञ्चुकों से रहित, अपूर्णमन्यतारूप आणव[1] मल से युक्त विज्ञानाकल प्रमाता ही निरात्मा है।

उपर्युक्त विवरण से मन्त्र एक ऐसे देवगण रूप में प्रतीत होते हैं जिनका उपयोग परमेश्वर अशुद्ध अध्वागत जीवों के उद्धार करने के लिए करते हैं।

[2]परात्रिंशिकाविवरण का मत विज्ञानाकलों के सम्बन्ध में कुछ भिन्न है। वहाँ कहा गया है कि माया से ऊर्ध्व और शुद्धविद्या से अधः महामाया विद्यमान है। इस महामायातत्त्व में ही विज्ञानाकलों की स्थिति है। इस प्रकार मन्त्रादि, विज्ञानाकलों से भिन्न होंगे।

[3]स्पन्दशास्त्र का मत है कि मन्त्र, चित्शक्ति का आधार लेकर सर्वज्ञत्व आदि बल से समन्वित होकर अनुग्रहरूप स्वाधिकार में प्रवृत्त होते हैं। उनका कोई आकार-विशेष नहीं होता। वे प्राणियों की इन्द्रियों के समान होते हैं। जब आराधक का चित्त आराध्य में लीन होता है तभी वे शिवात्मक, माया-कालुष्य से रहित मन्त्र भी वहीं चित्शक्ति में समाविष्ट हो जाते हैं।

रूपेण तिरस्कृतः सङ्कुचिताभासीकृतः। एवं भूतो निरात्मा, आत्मनः पूर्वोक्त-पाशशतवलितात् पुंस्त्वलक्षणात् स्वभावात् निष्क्रान्तः परमेशशास्त्रदृशा अभ्यस्त-मायापुंस्तत्त्वविवेकज्ञानो विज्ञानाकल इत्यर्थः। यदुक्तं श्री पूर्वे..... तत्रविज्ञान केवलः। मलैकयुक्तः..... .....।१।२३।

स्वच्छन्दोद्योत, ११ पटल, पृ० ६२

१. मल अरूप्यात्यात्मकः आणवः, शुभादिवासनात्मकं कर्म, कलादिकं तु मायीयम्। स्वच्छन्दोद्योत, ११ पटल, पृ० ४५

२. तथाहि मायातत्त्वस्य उपरि विद्यातत्त्वाधश्च अवश्यं तत्त्वान्तरेण भवितव्यम्—यत्र विज्ञानाकलानां स्थितिः। यथोक्तम्—मायोर्ध्वे शुद्धविद्याधः सन्ति विज्ञानकेवलाः। परात्रिंशिका, पृ० ११७

३. तदाक्रम्य बलं मन्त्राः सर्वज्ञबलशालिनः।
प्रवर्तन्तेऽधिकाराय करणानीव देहिनाम्॥ २६॥
तत्रैव सम्प्रलीयन्ते शान्तरूपा निरञ्जनाः।
सहाराधकचित्तेन तेन ते शिवधर्मिणः॥ २७॥

स्पन्दकारिका, द्वि० निःष्यन्द।

[1]नेत्रतन्त्र में देवी ने परमेश्वर से मन्त्र के सम्बन्ध में निम्नांकित प्रश्न किये हैं, जिनके उत्तरों द्वारा मन्त्र-विज्ञान पर समुचित प्रकाश पड़ता है।

१. मन्त्रों की आत्मा क्या है ? अर्थात् शम्भु, शक्ति और अणु इनमें से मन्त्रों का अधिष्ठाता कौन है ?

२. मन्त्रों का स्वरूप कैसा है ? वे आकारवान् हैं अथवा निराकार ?

३. कोई दृष्टान्त जिससे मन्त्रों की तुलना की जा सके ? लोक में निराकार कर्ता नहीं दिखाई देते; कुम्भकार के सदृश साकार भी कर्ता सब कुछ नहीं रच सकते।

४. मन्त्रों का सामर्थ्य ?

५. यदि वे भोग, मोक्ष और दोष प्रशमनरूप सामर्थ्य रखते हैं तो किस प्रकार ? निराकार व्योम के सदृश उनमें शक्तता सम्भव नहीं। आकृतिमान् व्यक्ति में आंशिकता और मलिनता होती है अतः अस्वतन्त्र होने पर उसकी शक्ति कैसी ?

६. मन्त्र किसके द्वारा प्रेरित होते हैं ?

प्रथम प्रश्न सतर्कता के साथ प्रस्तुत करते हुए देवी ने जिज्ञासा की है कि—

यदि मन्त्र शिवात्मक है तो उनकी व्यापकता और शून्यता में सन्देह नहीं। अतः क्रिया-करणहीन मन्त्रों में कर्तृता कैसे सिद्ध हो सकती है ? और अमूर्त होने के कारण उनमें कर्तृता का उपपादन नहीं किया जा सकता क्योंकि बिना शरीर के कोई कार्य नहीं कर सकता[2]।

---

१. मन्त्राः किमात्मकाः देव किंस्वरूपाश्च कीदृशाः।
किं प्रभावाः कथं शक्ताः केन वा सम्प्रचोदिताः ॥ १ ॥
एकविंश अधिकार

शिवात्मकास्तु चेद्देव व्यापकाः शून्यरूपिणः।
क्रियाकरणहीनत्वात् कथं तेषां हि कर्तृता ॥ २ ॥

२. अमूर्तत्वात्कथं तेषां कर्तृत्वं चोपपद्यते।
विग्रहेण बिना कार्यं कः करोति वद प्रभो ॥ ३ ॥
न दृष्टो ह्यशरीरस्य व्यापारः परमेश्वर।
शरीरिणो यतो बन्धः कथं बद्धस्य कर्तृता ॥ ४ ॥
एवं शिवात्मका मन्त्राः कथं सिद्धयन्ति वस्तुतः ॥ ५ ॥
अथ चेच्छक्तिरूपास्ते कस्य शक्तिस्तु कीदृशी।
शक्तिः किं कारणं देव कार्यं तस्याश्च कीदृशम् ॥ ६ ॥
यावन्न शक्तिमान् कश्चित् कस्य शक्तिर्विधीयते।
स्वतन्त्रा न प्रसिध्येत्त विना सिद्धेन केनचित् ॥ ७ ॥

यदि मन्त्रों को शरीरी माना जाय तो जो स्वयं मलिन अस्वतन्त्र और बंधा हुआ है वह दूसरे का क्या उद्धार करेगा ? कर्ता शक्तिहीन हो ऐसा उचित नहीं। इस प्रकार मन्त्र शिवात्मक है, यह कथन सिद्ध नहीं होता।

यदि शक्ति को मन्त्रों की आत्मा माना जाय तो यह प्रश्न उपस्थित होता है कि वह शक्ति किसकी है और उसका स्वभाव कैसा है ? उसके सहकारी कारण और कार्य के स्वरूप का भी निर्देश करना होगा। जब तक शक्तिमान् न हो तो वह शक्ति किसकी कही जायगी ? मन्त्र केवल शक्तिरूप हैं शैव तेज का उनमें स्पर्श नहीं है, यह कहना भ्रम मात्र है। क्योंकि बिना प्रसिद्ध अग्नि आदि धर्मी के दाहकत्व आदि धर्म नहीं देखे जाते, अतः स्वतन्त्र शक्ति सम्भव नहीं।

[1]यदि मन्त्रों को आणव—विग्रहाकार माना जाय तो वे भी जीव के सदृश मलिन होंगे और मलिन दूसरे को कैसे निर्मल बना सकता है। आगमों में कहा गया है तीनों—शिव, शक्ति और अणु तत्त्वों के बिना किसी वस्तु का अस्तित्व नहीं, अतः इस विषय में युक्तियुक्त उपपत्ति अपेक्षित है। अनुभव में तो यही आया है कि मन्त्रों में आर्तिनिवारण, सिद्धि तथा मुक्ति आदि सामर्थ्य वर्तमान रहता है। वे सुरों तथा असुरों से अपराजेय हैं। वे सर्वप्रद, सर्वत्रगामी तथा शिवस्वरूप है।

भगवान् का उत्तर निम्नांकित है—

[2]बिना तीनों तत्त्वों के किसी वस्तु और मन्त्र की सम्भावना नहीं। तत्त्व से हीन होकर यह सम्पूर्ण जगत् भी अपनी सत्ता को सिद्ध नहीं कर सकता।

शक्तिरूपास्तु ते मन्त्राः केवलास्तु विपर्ययः ॥

नेत्रतन्त्र

१. अथ चेदावणा मन्त्रा विग्रहाकाररूपिणः ॥ ९ ॥
आत्मस्वरूपा विख्याता मलिना बलिनो नहि।
मलिनो मलिनस्यैव प्रक्षालयति कस्य कः ॥ १० ॥
न सिद्धा ह्याणवा मन्त्रा केवलाः परमेश्वर।
तत्त्वत्रयं विनास्तित्वं विरुद्धं वस्तुसन्ततेः ॥ ११ ॥
दृश्यन्ते बलिनो मन्त्राः अप्रधृष्याः सुरासुरैः।
सर्वानुग्राहकत्वेन सर्वदाः सर्वगाः शिवाः ॥

२. तत्त्वत्रयं विना वस्तु मन्त्रो वक्तुं न युज्यते ॥ १६ ॥
शिवात्मकाः शक्तिरूपा ज्ञेया मन्त्रास्तथाणवाः।
तत्त्वत्रयविभागेन वर्तन्ते ह्यमितौजसः ॥ १९ ॥

नेत्रतन्त्र

जो कुछ दिखाई देता है तीन तत्त्वों से निर्मित है। अतः मन्त्र शिव, शक्ति और अणु स्वरूप हैं; वे अमित सामर्थ्यशाली हैं।

परतत्त्व सर्वात्मक, शुद्ध, अनादि कारण, ध्रुव आदि अनेक गुण-गणों का आश्रय है। अग्नि की ऊष्मा के सदृश उस शिवतत्त्व की एक पराशक्ति है जो उससे सर्वथा अभिन्न है। शक्ति को सानन्द और शिव को निरानन्द कहा जाता है क्योंकि निःशेष रूप से महासामरस्य विश्रान्त्यात्मक आनन्द उसमें वर्तमान रहता है। शिव[1] एक है और उसकी शाश्वती शक्ति भी एक ही है; वह शिव से अभिन्न और अद्वैत रूप में अवस्थित रहती है। शिव की सर्व-शक्तिमत्ता ही उसकी शक्ति है जिसके द्वारा वह सृष्टि, स्थिति, संहार, तिरोधान और अनुग्रहरूप पञ्चकृत्य करता रहता है।[2] आणव मल से संकुचित अणु रूप आत्मा अनन्त है। ये परमेश की परा इच्छा द्वारा अनुगृहीत हैं अर्थात् चित्प्रकाशस्वरूप हैं। इस प्रकार शिव, शक्ति और आत्मा ये तीन ही श्रेष्ठ तत्व हैं।[3] पूर्णकाम शिव अपनी उसी स्वातन्त्र्यात्मक शक्ति द्वारा चराचर जगत् की रचना करते हैं। शक्ति सबका उपादान कारण है।

इस प्रकार मन्त्र त्रितत्त्वज हैं। शिव, शक्ति और आत्मा इनके समुदित

---

१. एकः शिवस्तथैका तु शक्तिरेव हि शाश्वती।
अभिन्नाद्वैतसंस्थाना सैवैका समुदायिनी ॥ ३४ ॥
यत्तस्य सर्वशक्तित्वं सा शक्तिरुपचर्यते।
तया तु कुरुते सृष्टिं स्थितिं संहृतिमेव च ॥ ४२ ॥
करोति भगवान् सर्वं तिरोभावमनुग्रहम् ॥

नेत्रतन्त्र, २१ अधिकार

२. आत्माणवो ह्यनन्ताश्च मलेनैव निरोधिताः ॥ ४६ ॥
तेऽनुगृहीताः परया परमेशस्य चेच्छया ॥
शिवः शक्तिस्तथात्मा च त्रितत्त्वं चेत्यनुत्तमम् ॥ ४७ ॥

३. अकामतः सृजेत् सर्वं शक्त्या सर्वं चराचरम् ॥ ५६ ॥
एवमुक्तेन विधिना मन्त्राः सर्वे त्रितत्वजाः।
शिवाख्याः शक्तिरूपाश्च तथैवात्मस्वरूपकाः ॥ ५७ ॥
त्रिस्वभावा समुद्दिष्टाः सर्वत्र बलशालिनः।
भवन्ति सर्वदाः सर्वे सर्वगाः सर्वरूपिणः ॥ ५८ ॥
एवमाद्याः स्मृता मन्त्राः सर्वे ह्यमिततेजसः।
अधिकारं प्रकुर्वन्ति सर्वस्य जगतः प्रिये ॥ ७४ ॥

नेत्रतन्त्र, २१ अधिकार

रूप को ही मन्त्र की संज्ञा दी जाती है।[1] ये मन्त्र अमित तेजधारी, संसार से मोचन और शिवत्व की अभिव्यक्तिरूप अधिकार वाले होते हैं। मनन और त्राणधर्मा ये मन्त्र नित्य अनुग्रह करने वाले, शिव और शक्ति के प्रभाव से सम्पन्न भोग और मोक्ष के दाता हैं। सर्वज्ञता और सर्वशक्तिमत्ता ही उनका शिवत्व है और सर्वकर्तृता शक्तित्व।

प्रत्येक मन्त्र में वाच्य और वाचक नामक दो शक्तियाँ विद्यमान रहती हैं। वाच्यशक्ति मन्त्र की आत्मा अथवा सूक्ष्म शक्ति है। इसे ज्योतिर्मयी कहा जाता है। मन्त्र का वर्णानुपूर्वीमय स्थूल रूप ही मन्त्रमय वाचक देवता है। जिसके जागरण के बिना वाच्य का बोध नहीं हो सकता। शब्दब्रह्म ही परावाक् अथवा अखण्ड अद्वयशक्ति है और वाच्यवाचकात्मक मन्त्र उसी के एक संकुचित स्फुरणमात्र। शब्दब्रह्म-रूप अपर-ब्रह्म का अतिक्रमण करने पर शब्दातीत परब्रह्म की पदवी प्राप्त की जा सकती है।

मन्त्र और प्रार्थना में कहाँ तक साम्य और वैषम्य है इसका भी विवेचन आवश्यक है। इसमें सन्देह नहीं कि मन्त्र में वर्णों और पदों की आनुपूर्वी नियत रहती है और प्रार्थना में आनुपूर्वी वही रहे ऐसा नियम नहीं है। एक ही आशय भिन्न-भिन्न पदों द्वारा अभिव्यक्त किया जा सकता है और किया जाता है। प्रार्थना और मन्त्र में यह आधारभूत वैषम्य है। यहाँ यह प्रश्न अवश्य उपस्थित होता है कि यदि प्रार्थना की आनुपूर्वी भी नियत हो तो वह मन्त्र बन सकती है या नहीं? सत्य तो यह है कि समस्त वर्ण मन्त्रस्वरूप ही हैं और उनसे निर्मित पद मन्त्र नहीं होंगे यह नहीं कहा जा सकता। अतः नियत आनुपूर्वी से सम्पन्न प्रार्थना भी कालान्तर में मन्त्र पदवी प्राप्त कर सकती है इसमें कोई बाधा नहीं। कालान्तर का प्रयोग इसलिए समीचीन है क्योंकि उस प्रार्थना में नाना साधकों की प्रबुद्ध चेतना का आधान आवश्यक है। अथवा एक ही उत्कृष्ट कोटि के साधक की प्रबल तपश्चर्या से वह प्रार्थना जीवन्त हो गई हो तो दूसरों के लिए वह मन्त्र का कार्य करेगी इसमें संशय नहीं। पौराणिक स्तुतियों एवं सन्तों द्वारा रचित आधुनिक रचनाओं का जनता द्वारा निरन्तर पाठ किये जाने के मूल में यही तथ्य निहित है और सफलता प्रदान करने वाली अनुभूति भी इसकी साक्षी है।

स्तुतियों में अंशतः गुण-कीर्तन और अंशतः आशीः या कामनाओं का सन्निवेश हो सकता है और होता है। कुछ स्तोत्र ऐसे भी सम्भव हैं जिनमें केवल गुण-कीर्तन हो। इसीलिए कभी कभी स्तुति और प्रार्थना में अन्तर भी

१. द्रष्टव्य 'गारलैण्ड आफ लेटर्स', पृ० १४५

देखा जाता है। सन्तों की रचनाओं में भी ऐसा ही है। शास्त्रीय अथवा परम्पराप्राप्त मन्त्रों में भी ठीक ऐसी ही बात है।

मन्त्रात्मक शब्द में दो प्रकार के अर्थ देखे जाते हैं—एक तो देवता और दूसरा गुण-कीर्तन या आशीः। ये दोनों अर्थ वस्तुतः भिन्न नहीं हैं। जहाँ तक गुणकीर्तन का सम्बन्ध है वह तो देवता के स्वरूप की ही ख्याति है। और आशीः या प्रार्थना उसके सामर्थ्य का बोधक है। इस प्रकार मन्त्र के दोनों वाच्यार्थों में कोई पार्थक्य नहीं है।

कुछ लोग मन्त्र का अर्थ 'आमन्त्रण' करने के पक्ष में हैं। आमन्त्रण से तात्पर्य है धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष का आमन्त्रण। मन्त्र प्रबुद्ध होने पर उपर्युक्त चतुर्वर्ग को निकट लाने में समर्थ होता है। मन्त्र-प्रबोधन अथवा मन्त्र-चैतन्य किये बिना मन्त्र का सामर्थ्य प्रकट नहीं होता। साधक की अपनी शक्ति सक्रिय होकर मन्त्रशक्ति को जप के द्वारा प्रबुद्ध करती है। जीवगत या जैवी शक्ति मन्त्रशक्ति अथवा दैवीशक्ति से मिलकर एकाकार हो जाती है और तब उसके द्वारा साधक की कामनाओं की पूर्ति होती है।

मन्त्र अनेक प्रकार के होते हैं। उनकी नाना जातियाँ हैं। सबसे पहला भेद है मूलमन्त्र अथवा महामन्त्र। इतर मन्त्र इसी के गर्भ से जन्म लेते हैं; यही कारण है कि उसे उपर्युक्त आख्यायें प्रदान की गई हैं। अन्य भेद निम्नांकित हैं :—

१. पुं मन्त्र, स्त्री मन्त्र, नपुंसक मन्त्र।
२. सिद्ध, साध्य, सुसिद्ध, अरिमन्त्र।
३. पिण्ड, कर्तरी, बीज, मालामन्त्र।
४. सात्विक, राजस, तामस।
५. साबर, डामर।

पुं मन्त्र उन्हें कहते हैं जिनका देवता पुरुष होता है।[1] पुरुष देवता के मन्त्र सौर होते हैं, और स्त्री देवता से सम्बन्ध रखने वाले सौम्य। जिन मन्त्रों का देवता स्त्री होता है उन्हें 'विद्या' कहते हैं। सामान्यतया तो सभी को मन्त्र ही कहा जाता है।[2] कुछ सम्प्रदायविद्, जिन मन्त्रों के अन्त में 'हुँ'

---

१. सौराः पुं देवता मन्त्रास्ते च मन्त्राः प्रकीर्तिताः।
सौम्याः स्त्रीदेवतास्तद्वद्विद्यास्ते इति विश्रुताः॥
प्रयोगसार, शारदातिलक की राघवी टीका, पृ० ७९

२. पुंस्त्रीनपुंसकात्मानो मन्त्राः सर्वे समीरिताः।
मन्त्राः पुंदेवता ज्ञेया विद्याः स्त्रीदेवताः स्मृताः॥ ५८॥
शारदातिलकतन्त्र, २ पटल

और 'फट्' रहता है, उन्हें पुं मन्त्र और दो 'ठः' इस वर्ण से जिस मन्त्र की समाप्ति होती है, उसे स्त्री मन्त्र कहते हैं। इसके अतिरिक्त 'नमः' से समाप्त होने वाले मन्त्र नपुंसक हैं।[1] प्रयोगसार का मत इससे कुछ भिन्न है। वहाँ 'वषट्' और 'फट्' से समाप्त होने वाले मन्त्रों को पुरुष, 'वौषट्' और 'स्वाहा' से स्त्री तथा 'हुं' 'नमः' से समाप्त होने वालों को नपुंसक कहा गया है।

[2]सिद्धमन्त्र बान्धव, साध्य सेवक, सुसिद्ध पोषक और अरिमन्त्र घातक कहे गये हैं। कौन-सा मन्त्र सिद्ध है और कौन साध्य इसका निर्णय साधक के नाम के आदि वर्ण तथा राशि-चक्र के निर्दिष्ट वर्णों की अनुकूलता और प्रतिकूलता से जाना जाता है। इसका विस्तृत विवरण शारदातिलकतन्त्र के द्वितीय पटल और तन्त्रराजतन्त्र में उपलब्ध है।

[3]जिन मन्त्रों में केवल एक ही अक्षर होता है उन्हें पिण्ड मन्त्र कहते हैं, दो अक्षरों वाले कर्तरी कहलाते हैं। तीन वर्णों से लेकर नौ वर्णों तक बीज मन्त्र; और दश से बीस वर्ण पर्यन्त मन्त्र के ही नाम से कहे जाते हैं। इससे ऊपर संख्या वालों को मालामन्त्र कहते हैं। ये अपरिमित है, इनके भेदों की गणना नहीं की जा सकती।

साबरमन्त्रों की चर्चा प्रायः की जाती है। सुप्रसिद्ध तन्त्रों में 'योगिनी जालशम्बरम्' नामक एक ग्रन्थ था। सम्भव है शम्बर का ही अपभ्रंश रूप साबर हो। साबरमन्त्रों का शास्त्रीय रूप क्या था, नहीं कहा जा सकता।

पुं मन्त्रा हुम्फडन्ताः स्युर्द्विठान्ताश्च स्त्रियो मताः।
नपुंसका नमोऽन्ताः स्युरित्युक्ता मनवस्त्रिधा॥ ५९॥
शारदातिलकतन्त्र, २ पटल

१. वषट्फडन्ताः पुंलिङ्गा वौषट्स्वाहान्तगाः स्त्रियः।
नपुंसका हुंनमोऽन्ता इति मन्त्रास्त्रिधा स्मृताः॥
राघवभट्टीया, पृ० ८०

२. सिद्धार्णा बान्धवाः प्रोक्ताः साध्यास्ते सेवकाः स्मृताः।
सुसिद्धाः पोषका ज्ञेयाः शत्रवो घातका मताः॥ १३१॥
शारदा०, द्वितीय पटल

३. तदुक्तं नित्यातन्त्रे—
मन्त्रा एकाक्षराः पिण्डाः कर्तर्यो द्व्यक्षरा मताः।
वर्णत्रयं समारभ्य नववर्णावधि बीजकाः॥
ततो दशार्णमारभ्य यावद्विंशतिमन्त्रकाः।
तत ऊर्ध्वं गता मालास्तासु भेदो न विद्यते॥
सौभाग्यभास्कर, पृ० ९

विख्यात सन्त तुलसीदास ने रामचरितमानस में इनके उमा-महेश्वर द्वारा रचे जाने का उल्लेख किया है और साथ ही यह भी कहा है कि यद्यपि इन मन्त्रों के अक्षर बेमेल और अर्थहीन होते हैं फिर भी इनका प्रभाव देखा जाता है।[1]

डामरमन्त्र तत्काल सिद्धि प्रदान करते हैं। किन्तु उनका फल स्थायी नहीं होता। ये मन्त्र केवल चमत्कार दिखाने के काम आते हैं।

इसके अतिरिक्त मन्त्रों के निम्नांकित अन्य भेद भी होते हैं—

१. छिन्न[2]	१३. तिरस्कृत	२५. निस्त्रिंशक
२. रुद्ध	१४. भेदित	२६. निर्बीज
३. शक्तिहीन	१५. सुषुप्त	२७. सिद्धिहीन
४. पराङ्मुख	१६. मदोन्मत्त	२८. मन्द
५. उदीरित	१७. मूर्च्छित	२९. कूट
६. बधिर	१८. हृतवीर्य	३०. निरंश
७. नेत्रहीन	१९. हीन	३१. सत्त्वहीन
८. कीलित	२०. प्रध्वस्त	३२. केकर
९. स्तम्भित	२१. बालक	३३. बीजहीन
१०. दग्ध	२२. कुमार	३४. धूमित
११. भीत	२३. युवा	३५. आलिङ्गित
१२. मलिन	२४. प्रौढ़	३६. मोहित
		३७. क्षुधातुर

---

१. कलि बिलोकि जग हित हरगिरिजा। साबर मन्त्र जाल जिन सिरजा।
अनमिल आखर अरथ न जापू। प्रकट प्रभाव महेस प्रतापू॥
रामचरितमानस

२. छिन्नो रुद्धः शक्तिहीनः पराङ्मुख उदीरितः॥ ६४॥
बधिरो नेत्रहीनश्च कीलितः स्तम्भितस्तथा।
दग्धस्त्रस्तश्च भीतश्च मलिनश्च तिरस्कृतः॥ ६५॥
भेदितश्च सुषुप्तश्च मदोन्मत्तश्च मूर्च्छितः।
हृतवीर्यश्च हीनश्च प्रध्वस्तो बालकः पुनः॥ ६६॥
कुमारस्तु युवा प्रौढ़ो वृद्धो निस्त्रिंशकस्तथा।
निर्बीजः सिद्धिहीनश्च मन्दः कूटस्तथा पुनः॥ ६७॥
निरंशः सत्त्वहीनश्च केकरो बीजहीनकः।
धूमितालिङ्गितौ स्यातां मोहितश्च क्षुधातुरः॥ ॥ ६८॥
शारदातिलक, २ पटल

३८. [1]अतिदृप्त	४५. स्थानभ्रष्ट	५२. दारित
३९. अङ्गहीन	४६. विकल	५३. मूल
४०. अतिक्रुद्ध	४७. अतिवृद्ध	५४. नग्न
४१. समीरित	४८. निःस्नेह	५५. भुजङ्गम
४२. अतिक्रूर	४९. पीड़ित	५६. शून्य
४३. सव्रीड	५०. मीलित	५७. हत
४४. शान्तमानस	५१. विपक्षस्थ	

इनके सम्बन्ध में पृथक्-पृथक् विवरण शारदातिलकतन्त्र के द्वितीय पटल में देखना चाहिए। दूषित मन्त्रों के शोधन की भी अत्यन्त आवश्यकता होती है।[2] किन्तु यह शोधन काम्य कर्मों में ही अपरिहार्य माना गया है, मुक्त्यर्थ इनमें संस्कार की आवश्यकता नहीं समझी जाती। मन्त्रों के दश प्रकार के संस्कार प्रसिद्ध हैं—

१. जनन	४. बोधन[3]	७. आप्यायन
२. जीवन	५. अभिषेक	८. तर्पण
३. ताड़न	६. विमलीकरण	९. दीपन
		१०. गुप्ति

जनन—मातृकावर्णों के मध्य से मन्त्र का उद्धार ही जनन है। इसमें शुभ पीठ आदि में कुङ्कुम अथवा रोचना द्वारा मातृका-कमल की रचना

---

१. अतिदृप्तोऽङ्गहीनश्च अतिक्रुद्धः समीरितः।
अतिक्रूरश्च सव्रीडः शान्तमानस एव च ॥ ६९ ॥
स्थानभ्रष्टश्च विकलः सोऽतिवृद्धः प्रकीर्तितः।
निस्नेहः पीडितश्चापि..... ॥

शारदातिलक, २ पटल।

आदिशब्दात् मीलितविपक्षस्थदारितमूकनग्नभुजङ्गमशून्यहतादयो दोषा ज्ञेयाः। शा० ति० टीका, पृ० ९५, २ पटल।

२. काम्यकर्मस्वित्यनेन मुक्त्यर्थं मन्त्रजपे एतद्दोषाभावाद्दशसंस्कारा अपि न कर्तव्या।

शारदातिलक टीका, पृ० ९४

३. मन्त्राणां दश संस्काराः कथ्यन्ते सिद्धिदायिनः।
जननं जीवनं पश्चात् ताडनं बोधनं तथा ॥ ११२ ॥
अथाभिषेको विमलीकरणाप्यायने पुनः।
तर्पणं दीपनं गुप्तिर्दशैता मन्त्रसंस्क्रियाः ॥ ११३ ॥

वही

करके देय मन्त्र के एक-एक अक्षर का मातृकाब्ज से उद्धार किया जाता है।

जीवन—मन्त्र वर्णों को प्रणव से अन्तरित करके जप करना ही जीवन है। इस प्रकार मन्त्र की सौ आवृत्ति करनी चाहिए। पिङ्गला मत में इसे जीवन न कह कर 'बीजन' की संज्ञा दी गई है। प्रणव ही बीज है अतः उसके द्वारा अन्तरिक्ष मन्त्र बीजित कहा जाता है।

ताड़न—मन्त्र वर्णों को भूर्जपत्र पर लिख कर चन्दन के जल से वायु बीज (यं) का उच्चारण करते हुए सौ बार ताड़न करना चाहिए।

बोधन—लिखित मन्त्र को करवीर (कनेर) के पुष्पों द्वारा वह्निबीज का उच्चारण करते हुए ताड़न करना ही बोधन है।

अभिषेक—भूर्जपत्र पर लिखे हुए मन्त्र को एक सौ आठ बार पिप्पल के प्रवाल से अभिषिक्त करना ही अभिषेक है। मत-विशेष में अभिषेक की संख्या मन्त्रों के वर्णों के अनुसार समझनी चाहिए।

विमलीकरण—ज्योतिर्मन्त्र (प्रणव) के द्वारा मन में चिन्तित मन्त्र के सहज, आगन्तुक और मायीय मलों को जलाना विमलीकरण है।

आप्यायन—कुशोदक द्वारा एक सौ आठ बार मन्त्र का प्रोक्षण आप्यायन कहा जाता है।

तर्पण—देय मन्त्र का जल द्वारा एक सौ आठ बार तर्पण ही तर्पण है।

दीपन—तार, माया और रमा बीज से मन्त्र को युक्त करना दीपन कहलाता है।

गोपन—जपे जाने वाले मन्त्र को अप्रकाशित करना ही गोपन है।

मन्त्र ऋणी और धनी भी होते हैं। रुद्रयामल की प्रक्रियानुसार वर्ण-चक्र से उनके ऋणी अथवा धनी होने का निर्णय किया जाता है। ऋणीमन्त्र ही उत्तम होते हैं; उनसे शीघ्र सिद्धि प्राप्त होती है।

विगत पृष्ठों में मातृकाओं एवं मन्त्र सम्बन्धी जो व्यापक चर्चा की गई है उससे अचिन्त्य प्रभाव मन्त्रों की आकृति-प्रकृति तथा रहस्य हृदयङ्गम हो सकेगा, ऐसी आशा है।

उपसंहार

मन्त्र सम्पूर्ण तान्त्रिक-साधना का मूलाधार है। न्यास, अन्तर्याग, बहिर्याग आदि विभिन्न क्रिया-कलाप वहाँ मन्त्रचेतना को ही लक्ष्य करके प्रवृत्त होते हैं। मन्त्रों की यह परम्परा प्राग्वैदिक है अथवा वेदोत्तरकालिक इसकी चर्चा यहाँ अनावश्यक है; किन्तु इसमें सन्देह नहीं है कि तन्त्र-सम्मत मन्त्रविज्ञान का वैदिक मन्त्रविद्या की मूल-प्रकृति के साथ पूर्ण साम्य है।

वेदवादियों में प्रतीक विज्ञानात्मक द्रव्य यज्ञ के अतिरिक्त—जिसका उल्लेख ब्राह्मणग्रन्थों में एवं विशदीकरण आगे चलकर जैमिनि द्वारा हुआ था—ब्रह्मयज्ञ[1] (जपयज्ञ) को मान्यता देनेवाला एक पुरातन सम्प्रदाय विद्यमान था। इस मत में मन्त्रों का विनियोग विभिन्न प्रायश्चितों तथा अभ्युदय और निःश्रेयस की प्राप्ति के लिए होता था। शौनक ने इसी सम्प्रदाय का ऋग्विधान[2] में पोषण किया है। तान्त्रिकमन्त्रों का भी यही उद्देश्य है, यह सर्व विदित है। मन्त्र एवं वर्णगत देवताओं का जैसा तान्त्रिक विवरण मिलता है वेदों में उसका अंकुर स्फुट रूप में सुलभ है। ऋग्वेद में मन्त्रमय देवशक्तियाँ, अकार, उकार और मकार के देवता, भुवन, वेद तथा जन एवं तीनों वर्णों के समाहृत रूप ओङ्कार की परमाक्षरता, त्रिकालातीतत्व, वेदसारता, अमृतत्व और जगत्कारणता का निर्देश किया गया है—

ऋचो अक्षरे परमे व्योमन् यस्मिन् देवा अधि विश्वे निषेदुः।
यस्तन्न वेद किमृचा करिष्यति य इत्तद्विदुस्त इमे समासते॥

ऋ० १, मं० १६४, सू० ३९

'परमे व्योमन्—निरतिशय अधिष्ठान, अक्षरे—प्रणवरूप अविनाशी शब्दतत्त्व में, ऋचः—सम्पूर्ण ऋगुपलक्षित मन्त्र विद्यमान हैं तथा, यस्मिन्—जिन ऋचाओं अथवा प्रणव में, विश्वे देवा अधिनिषेदुः—सभी देव अवस्थित हैं, यः तत् न वेद—जो प्रणवाक्षर एवं उन मन्त्रों के उपर्युक्त तत्त्व को नहीं जानता, किमृचा करिष्यति—उसे ऋचाओं से क्या सिद्धि मिलेगी, ये इत् तत्विदुः—और जो लोग इस तत्व को जानते हैं, वे, इमे समासते—वे इन देवों के साथ तादात्म्य लाभ करते है।

यद्यपि इस मन्त्र के भिन्न-भिन्न अर्थ किये गये हैं फिर भी स्कन्द-स्वामी, दुर्गाचार्य, वेङ्कटमाधव, शाकपूणि, यास्क तथा ब्राह्मण और आरण्यक ग्रन्थ उपर्युक्त अर्थ की ही पुष्टि करते हैं[3]।

---

१. 'यत्स्वाध्यायमधीयीतैकामृचं यजुः साम वा तद् ब्रह्मयज्ञः।
तै० आ० १।१०।६

२. स्तेयं कृत्वा द्विजो मोहात् त्रिरात्रोपोषितः शुचिः।
सूक्तं जप्त्वास्यवामीयं क्षिप्रं मुच्येत किल्बिषात्॥
ऋग्विधान १।२६

उद्यन्नद्येति मन्त्रोऽयं सौरः पापप्रणाशनः।
रोगघ्नश्च विषघ्नश्च भुक्तिमुक्तिफलप्रदः॥ वही।

३. वेङ्कटमाधव—अथादित्यस्य यद्वाचकमक्षरं तत्स्तौति—यस्मादक्षरणस्वभावात् सर्वा ऋचो विनिर्गताः यस्मिंश्च सर्व एव। देवा ऋक्षु दृश्यमाना

परम व्योम, साक्षी चेतन अथवा ब्रह्म का निवास स्थान है, ऐसी वैदिक मान्यता है। 'योस्याध्यक्षः परमे व्योमन्' (नासदीय सूक्त) से यह बात

अन्ये च वर्तन्ते यः तदक्षरं न वेत्ति सः किं ऋचा करिष्यति ये एव तद्विदुः ते इमे नक्षत्ररूपेण दिवि आसते ओमिति प्रतिपद्यन्ते—'एतद्वै यजुः त्रयीं विद्यां प्रत्येषा वागेतत्परममक्षरम्। तदेतत् ऋचाभ्युक्तम्—ऋचो अक्षरे परमे व्योमन्।'—इति ब्राह्मणम्। (ऋगर्थदीपिका)।

स्कन्दस्वामी—एतदक्षरं, परमं चेदं व्योम स्थानम्। अग्न्यादिनानादेवतानां मन्त्राणां सर्वस्याश्च त्रय्याः तदध्ययनस्य चोङ्कारपूर्वकत्वात् अथवा परमेतज्जगतः। कथम् ? विमोतत्वात् (विविधं जगतामोतत्वात्)। इदं प्रणवाख्यं ब्रह्म जगतः कारणमित्युपनिषत्सु वर्णितम्। तस्य किलोमित्येतस्य ब्रह्मणः प्रथमायां मात्रायां पृथिव्यग्निर्ऋग्वेदः पृथिवीनिवासिनो जना इत्येतत्। द्वितीयायां मात्रायां अन्तरिक्षं वायुर्यजूंषि अन्तरिक्षनिवासिनो जना इत्येतत्। तृतीयायां द्यौरादित्यः सामानि द्युनिवासिनो जना इत्येतत्। तेनेदं जगतः परं व्योम अथवा परमं व्योम—'मृत्योर्बिभ्यतां देवानां—तदेतत् परस्मिन् पादे वक्ष्यते, तस्मिन्नेवं रूपे परमे व्योमन् लुक् सप्तम्याः'। देवा वै मृत्योर्बिभ्यतः त्रयीं विद्यां प्राविशन् ते छन्दोभिराच्छादयन्—तच्छन्दसां छन्दस्त्वम्। ते नु तत्र मृत्यर्यथा मत्स्यं उदके परिपश्येदेवं पर्यपश्यदृचि साम्नि यजुषि। ते न वित्त्वोर्ध्वा ऋचः साम्नो यजुषः स्वरमेव प्राविशन्। यदा वा ऋचमाप्नोति ओमित्येवं स्वरति एवं सामैनं यजुरेषः उ स्वरो यदेतदक्षरं एतदमृतमभयं तत् प्रविश्य देवा अमृता अभया अभवन्।'' छा० १।४।४।

तदेतदिहोच्यते यस्मिन् देवाः सर्वे मृत्योर्बिभ्यतोधिनिषण्णाः प्रविष्टा इत्यर्थः। अथवा ऋगादीनामध्ययनमोङ्कारपूर्वकत्वाद् ऋगादयः सर्वे मन्त्राः अत्र निषण्णाः। तेन च तेषां या देवताः ता अपि तद्वारेणात्र निषण्णाः इत्येतदभिप्रेत्यैतदुच्यते—देवरूपमक्षरं—सः, ताद्भाव्याप्राप्तेः। इच्छब्दस्तु शब्दस्यार्थे, ये तु, य एतदेवं विद्वान् अक्षरं प्रणौति एतदेवाक्षरं स्वरममृतमभयं प्रविशति। तत्प्रविश्य 'यदमृतास्तदमृतो भवति' छा० उ० १।४।५—यदमृता देवास्तदमृतो भवति इति पूर्वस्येतिहासस्योपसंहारश्रुतेस्तास्तादृभाव्यापत्त्या प्रणवविग्रहात्मानमनुप्रविश्य ब्रह्मणः साम्यमापन्ना इमे समासते। समित्येकीभावे, तेन सहैकीभूता आसते।

दुर्गाचार्य—विविधमस्मिन् शब्दजातमोतमिति व्योम। तस्मिन् तिसृषु मात्रासु अकारोकारमकारलक्षणासु उपशान्तासु यदवशिष्यते तदक्षरं परमं व्योम। अपरमाकाशमपेक्ष्य तत् परं व्योम। शब्दसामान्यमभिव्यक्तमित्यभिप्रायः। ओङ्कारमृते नह्यर्चयन्ति तस्याः। ऋगादिषु ये देवा ते मन्त्रद्वारेणाक्षरे निषण्णाः तस्य शब्दकारणत्वात्। अनया विभूत्याक्षरम् ऋगादिभिर्मन्त्रैः यस्त-

स्पष्ट है। इसके अतिरिक्त शब्दतत्त्व का भी यह बोधक है जो वैदिक वाक् तत्त्व से भिन्न नहीं है। "इस परमव्योम रूप शब्द अथवा वाक्तत्त्व को आधार बनाकर वसु, रुद्र, आदित्य आदि देवगण तथा कर्मदेव, आजानदेव, अभिमानीदेवता, नित्य देवता, जीवन धारण करते हैं; समस्त पशु, मनुष्य तथा गन्धर्व आदि इसी के द्वारा प्रतिष्ठित हैं। सम्पूर्ण भुवन भी इसी में समर्पित है। यह वाक् इन्द्रपत्नी है। अक्षर स्वरूप वाग्देवी का सर्वप्रथम प्रादुर्भाव हुआ। यह वेदों की माता तथा अमृत की नाभि है[1]।" तन्त्रों का शक्तितत्त्व यही है और इस पर अधिष्ठित ब्रह्म, शिवतत्त्व। 'यावद्ब्रह्म विष्ठितं तावती वाक्'

न्नाक्षरात्मना पश्यति। ते हि तत्परिज्ञानात् तादभाव्यमुपगताः प्रणवविग्रह-मात्मानमनुप्रविश्य समीकृता निर्वान्ति शान्तार्चिष इवानलाः इति।

आचार्य शाकपूणि—अपरे प्रकारान्तरेण प्रतिपादयन्ति—ऋचोक्षरे ऋगु-पलक्षितसर्ववेदसम्बन्धिन्यक्षरे प्रणवरूप ओङ्कार अविनाशिनि सर्ववेदेषु व्याप्तं वा प्रणवस्य सर्ववेदसारत्वं ब्राह्मणे श्रूयते—"तान् वेदानभ्यतपत् तेभ्योऽभितप्ते-भ्यस्त्रयो वर्णा अजायन्ताकार उकारो मकार इति तानेकधा समभरत् तदेतदो-मिति—(ऐतरेय ब्रा० ५।३२) परमे निरतिशये नहि प्रणवादधिकं किञ्चिन्मन्त्र-जातमस्ति त्रिकालातीतस्य ब्रह्मणः प्रतिपादकत्वात्।" यच्चान्यत्त्रिकालातीतं तदप्योङ्कार एव (वा० उ० १) "ओमिति ब्रह्म"—(तै० आ० ७।४) इत्यादि श्रुतेः। वेदानां प्रणवस्य स्थानप्रतिनिधिभावः सम्बन्धः। 'यः ऋचोऽधीते' इत्याद्युपक्रम्य यः प्रणवमधीते स सर्वमधीत ओमिति प्रतिपद्यत एतद्वै यजुस्त्रयीं विद्यां प्रत्येषा वागेतत् परममक्षरम् (तै० आ० २।२।४) यस्मिन् विश्वे सर्वे देवा अधिनिषेदुः। प्रणवस्य सर्वमन्त्रात्मकत्वात्, मन्त्रेषु सर्वदेवतानां निवासात्—सर्वदेवनिवासत्वम्। ब्रह्माधिष्ठानत्वाद्वा ब्रह्मणि सर्वदेवानां निवासात् शिष्टम-विशिष्टम्—अस्थवामीय सूक्त में सायण द्वारा उद्धृत।

ऋचां अक्षरं परमे व्यवने। यस्मिन् देवाः अधिनिषण्णाः सर्वे यस्तन्न वेद किं स ऋचा करिष्यति। य इत्तद्विदुः। त इमे समासते इति विदुषः उपदि-शति। कतमत्तदेतदक्षरं ओमित्येषा वागिति शाकपूणिः। ऋचश्च ह्यक्षरे परमे व्यवने धीयन्ते नाना दैवतेषु च मन्त्रेषु।

यास्काचार्य (निरुक्त० १३ अ०)

१. वाचं देवा उपजीवन्ति विश्वे वाचं गन्धर्वा पशवो मनुष्याः। वाचीमा विश्वा भुवनान्यर्पिता सा नो हवं जुषतामिन्द्रपत्नी। वागक्षरं प्रथमजा ऋतस्य वेदानां माताऽमृतस्य नाभिः।

तै० ब्रा० २।८।८।५।

ऋग्वेद (१० मं०, सू० ११४, मं० ८) के इस मन्त्र में शक्ति और शक्तिमान् का स्पष्ट निर्देश मिलता है।

"प्रत्यग्रूपा पराकाशा"—(ललितासहस्रनाम २०० श्लोक) 'पराकाशो ब्रह्माभिव्यक्तिस्थानं तद्रूपा' (सौभाग्यभास्कर, पृ० १५७) आदि अनेक तान्त्रिक[1] प्रकरणों में परमव्योम की शक्ति रूप में प्रसिद्धि देखी जाती है। व्याकरण दर्शन तथा तन्त्र में जिस पश्यन्ती वाणी का महत्वपूर्ण उल्लेख मिलता है वह उनकी अपनी उपज नहीं है। शतपथब्राह्मण में यह पश्यन्ती[2] वाक् अपनी सम्पूर्ण गरिमा के साथ पहले से ही विद्यमान है। पूर्वमीमांसादर्शन, जो कि वैदिक कर्मकाण्ड की व्याख्या के लिए प्रसिद्ध है, वर्णवाद को मान्यता देता है; और यह वर्णनित्यतावादी परम्परा प्राचीनकाल से ही चली आ रही है, ऐसा जैमिनि के औत्पत्तिक १।१।५ सूत्रीय साबरभाष्यगत 'गकारौकार-विसर्जनीया इति भगवानुपवर्षः" से पूर्णतया स्पष्ट है। तन्त्र जहाँ वर्णों को विशेष महत्व देता है वहीं वह उनके बाह्य अस्थिमात्र और आन्तर-प्राणीय रूप को भी स्पष्ट करने में पीछे नहीं है। वैदिकसाहित्य के—

तिस्रो मात्रा मृत्युमत्यः प्रयुक्ता
अन्योन्यसक्ता अनविप्रयुक्ताः।
क्रियासु बाह्याभ्यन्तरमध्यमासु
सम्यक्प्रयुक्तासु न कम्पते ज्ञः॥

प्रश्नोपनिषद्

'ओङ्कार की अकार, उकार और मकार ये तीनों मात्रायें संयुक्त अथवा पृथक्-पृथक् रूप में मृत्युमती हैं। हाँ, यदि उन्हें बाह्य, आभ्यन्तर और मध्यम क्रियाओं में अच्छी तरह प्रयुक्त किया जाय तो जानकार व्यक्ति विचलित नहीं होता।'

इस मन्त्र में भी तान्त्रिक मान्यता की पुष्टि की गयी है। मीमांसक वर्णों तक ही सीमित रहे किन्तु तान्त्रिकों ने वर्णों और सम्पूर्ण आहत नादों के अन्तराल में वर्तमान अखण्ड शब्दतत्व का भी निर्देश किया जो वैदिक मत का ही संवादी है।

---

१. यत्क्रियात्मशशिभानुमध्यगे खे चरत्यनलदृष्टिधाम्नि यः।
यत्तदूर्ध्वं शिखरं परं नभः तत्र दर्शय शिवं त्वमम्बिके॥
चिद्गगनच०, द्वितीय विमर्श ३२

२. सैषा त्रय्येव विद्या तपति। तद्धैतदविद्वांस आहुः—त्रयी वा एषा विद्या तपतीति। वाग्हैव तत्पश्यन्ती वदति।
शतपथब्रा० १०।५।४

उत त्वः पश्यन्न ददर्श वाचमुत त्वः शृण्वन्न शृणोत्येनाम् ।
उतो त्वस्मै तन्वं विसस्रे जायेव पत्य उशती सुवासाः ॥

ऋ० ८।२।२३

कोई तो भूधर आदि विवर्त रूप में स्थित वाणी[1] को देखकर भी नहीं देखते—"मैं इन विवर्तों में वाणी का ही साक्षात्कार कर रहा हूँ"—ऐसा अनुसन्धान नहीं कर पाते । भ्रान्तिवश रज्जु में सर्प की तरह वस्तुतः शब्द का दर्शन करके भी फलतः उसे नहीं देखते । तथा कोई अन्य, पूर्व-पूर्व ध्वनियों से प्रभावित अव्यक्त ज्ञानजन्य वासना से सम्पन्न उत्तरोत्तर ध्वनियों द्वारा क्रमशः स्फुट, पद-वाक्य-महावाक्य आदि को अखण्ड रूप से सुन कर भी व्यञ्जक ध्वनियों द्वारा आरोपित अनिवार्य भेदक्रम से भ्रान्त होकर वर्णों में ही उलझे रहते हैं । परिणामस्वरूप वे अखण्ड वाणी को सुनकर भी नहीं सुनते ।

मन्त्र में—देखकर न देखना—इस कथन से दृश्यमान पदार्थों की वाग्विषयता सिद्ध होती है । वस्तुतः वाणी, वर्णविपर्यास से अतीत अखण्ड वाक् तत्त्वात्मक है । समस्त वाग्व्यवहार में वह अनुस्यूत रहती है । जो लोग इस बात को नहीं जानते वे सुनकर भी नहीं सुनते । किन्तु जानकार व्यक्ति के समक्ष वाणी अपना अखण्डरूप सर्वतोभावेन व्यक्त कर देती है । वाणी का वर्ण रूप शरीर तो सबके लिए विवृत ही है । सुनकर भी न सुनने का एक तात्पर्य और हो सकता है—मनन के अभाव से सुनना न सुनना ही है और निदिध्यासन से रहित दर्शन भी अदर्शन ही माना जाता है । निदिध्यासन परायण के समक्ष ही वाणी अपने स्वरूप को अभिव्यक्त करती है । इस व्याख्या द्वारा भी वर्णातिरिक्त वाक्तत्त्व परिलक्षित होता है[2] ।

---

१. तत्र पश्यन्नपि वाचमिति वाचश्चक्षुर्विषयत्वोपदर्शनं परिदृश्यमानस्य पदार्थस्य वाग्विषयत्वे सति युज्यते । शृण्वन्नपि न शृणोति इति श्रवणाश्रवणे च सविपर्यासनिर्विपर्यासवागभिप्राये उपपद्येते । अन्यस्मै तनुं विवृणुत इत्येतदपि वर्णविपर्यासातीतवाक्तत्वाभिप्रायमेव सम्भवति, वर्णरूपायास्तन्वाः सर्वान् प्रति विवृतत्वात् ।

भरतमिश्र : स्फोटसिद्धि

२. अन्यस्मै तु निदिध्यासते स्वां तनुं विवृणुत इत्याश्रीयमाणे श्रवणमनन-निदिध्यासनान्यपि वर्णातिरिक्तवाग्विषयाणीति अस्मद्व्याख्यानादविशेष इति गतमेतत् ।

—स्फोटसिद्धि, आगम परिच्छेद

इस प्रकार संक्षेप में वैदिक और तान्त्रिक मन्त्र और वाक्तत्त्व सम्बन्धी विचारों में साम्य का निर्देश किया गया।

वर्ण अथवा वर्णसङ्घ का मन्त्रत्व, उसमें निगूढ़ चेतना को उद्बुद्ध करने में ही है। जप और नाद या देवता के सतत अनुसन्धान से ही यह कार्य सम्भव हो पाता है। आचार्य अभिनवगुप्त ने कहा है—'जिस प्रकार निरन्तर रँहट के वाहन की क्रिया विचित्र यन्त्र के रूप में उदित होती है वैसे ही मन्त्रोदय विषयक एकानुसन्धान द्वारा, तादात्म्यापन्न होने के कारण मन्त्र-देवता भी प्रयत्नान्तर के बिना मङ्गलकारी बन जाता है—

यथारघट्टचक्राग्रघटीयन्त्रौघवाहनम् ॥ ३ ॥
एकानुसन्धियत्नेन चित्रं यन्त्रोदयं भजेत्।
एकानुसन्धानबलाज्जाते मन्त्रोदयेऽनिशम् ॥ ४ ॥
तन्मन्त्रदेवतायत्नात्तादात्म्येन प्रसीदति।

तन्त्रालोक, आ० ७

परिशिष्ट १

रहस्यमयी तान्त्रिक स्तुतियों का संग्रह

प्रकृतिस्तोत्रम्

प्रपञ्चसारतन्त्र एकादश पटल

प्रसीद प्रपञ्चस्वरूपे प्रधाने प्रकृत्यात्मिके प्राणिनां प्राणसंज्ञे ।
प्रणोतुं प्रभो प्रारभे प्राञ्जलिस्त्वां प्रकृत्याप्रतर्क्ये प्रकामप्रवृत्ते ॥ ४९ ॥

स्तुतिर्वाक्यबद्धा पदात्मैव वाक्यं पदं त्वक्षरात्माक्षरं त्वं महेशि ।
ध्रुवं त्वां त्वमेवाक्षरैस्त्वन्मयैस्तोष्यसि त्वन्मयी वाक्प्रवृत्तिर्यतः स्यात् ॥

अजाद्योक्षजत्रीक्षणाश्चापि रूपं परं नाभिजानन्ति मायामयं ते ।
स्तुवन्तीशि तां त्वाममी स्थूलरूपां तदेतावदम्बेह युक्तं ममापि ॥ ५१ ॥

नमस्ते समस्तेशि बिन्दुस्वरूपे नमस्ते रवत्वेन तत्त्वाभिधाने ।
नमस्ते महत्त्वं प्रपन्ने प्रधाने नमस्ते त्वहङ्कारतत्त्वस्वरूपे ॥ ५२ ॥

नमः शब्दरूपे नमो व्योमरूपे नमः स्पर्शरूपे नमो वायुरूपे ।
नमो रूपतेजोरसाम्भः स्वरूपे नमस्तेस्तु गन्धात्मिके भूस्वरूपे ॥ ५३ ॥

नमः श्रोत्रचर्माक्षिजिह्वास्थनासास्यवाक्पाणिपत्पायुसोपस्थरूपे ।
मनोबुद्ध्यहङ्कारचित्तस्वरूपे विरूपे नमस्ते विभो विश्वरूपे ॥ ५४ ॥

रवित्वेन भूत्वान्तरात्मा दधासि प्रजाश्चन्द्रमस्त्वेन पुष्णासि भूयः ।
दहस्यग्निमूर्तिर्वहन्त्याहुतिं वा महादेवि तेजस्त्रयं त्वत्त एव ॥ ५५ ॥

चतुर्वक्त्रयुक्ता लसद्धंसवाहा रजसंश्रिता ब्रह्मसंज्ञां दधाना ।
जगत्सृष्टिकार्या जगन्मातृभूते परं त्वत्पदं ध्यायसीशि त्वमेव ॥ ५६ ॥

विराजत्किरीटा लसच्चक्रशङ्खा वहन्ती च नारायणाख्यां जगत्सु ।
गुणं सत्त्वमास्थाय विश्वस्थितिं यः करोतीह सोऽशोऽपि देवि त्वमेव ॥

जटाबद्धचन्द्राहिगङ्गा त्रिनेत्रा जगत्संहरन्ती च कल्पावसाने ।
तमः संश्रिता रुद्रसंज्ञां दधाना वहन्ती परश्वक्षमाले विभासि ॥ ५८ ॥

सचिन्ताक्षमाला सुधाकुम्भलेखाधरा त्रीक्षणार्द्धेन्दुराजत्कपर्दा ।
सुशुक्लांशुकाकल्पदेहा सरस्वत्यपि त्वन्मयैवेशि वाचामधीशा ॥ ५९ ॥

लसच्छङ्खचक्रा चलत्खड्गभीमा नदत्सिंहवाहा ज्वलत्तुङ्गमौलिः ।
द्रवद्दैत्यवर्गा स्तुवत्सिद्धसङ्घा त्वमेवेशि दुर्गापि सर्गादिहीने ॥ ६० ॥

पुरारातिदेहार्धभागा भवानी गिरीन्द्रात्मजात्वेन यैषा विभाति ।
महायोगिवन्द्या महेशा सुनाथा महेश्यम्बिका तत्त्वतस्त्वन्मयैव ॥ ६१ ॥

लसत्कौस्तुभोद्भासिते व्योमनीले वसन्तीं च वक्षःस्थले कैटभारेः ।
जगद्वल्लभां सर्वलोकैकनाथां श्रियं तामहं देव्यहं त्वामवैमि ॥ ६२ ॥

अजाद्रीड्गुहाब्जाक्षपोत्रीन्द्रकाणाम् महाभैरवस्यापि चिह्नं वहन्त्यः ।
विभो मातरः सप्त तद्रूपरूपाः स्फुरन्त्यस्त्वदंशा महादेवि ताश्च ॥ ६३ ॥

समुद्यद्दिवाकृत्सहस्राभभासा सदा सन्ततांशेषविश्वावकाशे ।
लसन्मौलिबद्धेन्दुलेखे सपाशाङ्कुशाभीत्यभीष्टात्तहस्ते नमस्ते ॥ ६४ ॥

प्रभाकीर्तिकान्ती दिवारात्रिसन्ध्याः क्रियाशा तमिस्रा क्षुधाबुद्धिमेधाः ।
धृतिर्वाङ्मतिः सन्नतिः श्रीश्च भक्तिस्त्वमेवेशि येऽन्ये च शक्तिप्रभेदाः ॥

हरे बिन्दुनादैः सशक्त्याख्यशान्तैर्नमस्तेस्तु भेदप्रभिन्नैरभिन्ने ।
सदा सप्तपातालललोकाचलाब्धिग्रहद्वीपधातुस्वरादिस्वरूपे ॥ ६६ ॥

नमस्ते समस्ते समस्तस्वरूपे समस्तेषु वस्तुष्वनुस्यूतशक्ते ।
श्रितस्थूलसूक्ष्मस्वरूपे महेशि स्मृते बोधरूपेप्यबोधस्वरूपे ॥ ६७ ॥

मनोवृत्तिरस्तु स्मृतिस्ते समस्ता तथा वाक्प्रवृत्तिः स्तुतिः स्यान्महेशि ।
शरीरप्रवृत्तिः प्रणामक्रिया स्यात् प्रसीद क्षमस्व प्रभो सन्ततं मे ॥ ६८ ॥

हृल्लेखाजपविधिमर्चनाविशेषानेतास्तां स्तुतिमपि नित्यमादरेण ।
योभ्यस्येत् स खलु परां श्रियं च गत्वा शुद्धं तद् व्रजति पदं परस्य धाम्नः ॥

इति हृल्लेखाविहितो विधिरुक्तः संग्रहेण सकलोऽयम् ।
योऽस्मिन्नियतमना मन्त्री योगी स्यात् स एव भोगी च ॥ ७० ॥

देशिकेन्द्रेण दुर्वाससा विरचितं

श्रीत्रिपुरसुन्दरीमहिम्नस्तोत्रम्

[1]श्रीमातस्त्रिपुरे परात्परतरे देवि त्रिलोकीमहा-
सौन्दर्यार्णवमन्थनोद्भवसुधाप्राचुर्यवर्णोज्ज्वलम् ।
उद्यद्भानुसहस्रनूतनजपापुष्पप्रभं ते वपुः
स्वान्ते मे स्फुरतु [2]त्रिलोकनिलयं ज्योतिर्मयं वाङ्मयम् ॥ १ ॥

आदिक्षान्तसमस्तवर्णसुमणिप्रोते वितानप्रभे
ब्रह्मादिप्रतिमाभिकीलितषडाधाराब्जकक्षोन्नते ।
ब्रह्माण्डाब्जमहासने जननि ते मूर्तिं भजे चिन्मयीं
सौषुम्णायतपीतपङ्कजमहामध्यत्रिकोणस्थिताम् ॥ २ ॥

वन्दे वाग्भवमैन्दवात्मसदृशं वेदादिविद्यागिरो
भाषा देशसमुद्भवाः पशुगताश्छन्दांसि सप्त स्वरान् ।
तालान्पञ्च महाध्वनीन्प्रकटयत्यात्मप्रसारेण[3] यत्-
तद्बीजं पदवाक्यमानजनकं श्रीमातृके ते परम् ॥ ३ ॥

त्रैलोक्यस्फुटमन्त्रतन्त्रमहिमा स्वात्मोक्तिरूपं विना
यद्बीजं व्यवहारजालमखिलं नास्त्येव मातस्तव ।
तज्जाप्यस्मरणप्रसक्त[4]सुमतिः सर्वज्ञतां प्राप्य कः
शब्दब्रह्मनिवासभूतवदनो नेन्द्रा[5]दिभिः स्पर्द्धते ॥ ४ ॥

---

१. काशी संस्कृत सीरीज, सङ्ख्या २१ में प्रकाशित पुष्पदन्तकृत महिम्न-स्तोत्र (१६२४ ई०) के साथ मुद्रित इसी स्तोत्र के प्रारम्भ में निम्नाङ्कित अतिरिक्त श्लोक मिलता है :—

मातस्ते महिमां वक्तुं शिवेनापि न शक्यते ।
भक्त्याहं स्तोतुमिच्छामि प्रसीद मम सर्वदा ॥ १ ॥

३ और ४ के मध्य में भी एक श्लोक अधिक है :—

या बालेन्दुदिवाकराक्षिमधुरा या रक्तपद्मासना
रत्नाकल्पविराजिताङ्गलतिका पूर्णेन्दुवक्त्रोज्ज्वला ।
अक्षस्रक्सृणिपाशपुस्तककरा या बालभानुप्रभा
तां देवीं त्रिपुरां शिवां हृदि भजेऽभीष्टार्थसिद्धयै सदा ॥

२. पाठान्तर—त्रिकोण । ३. प्रकाशेन । ४. प्रसक्ति । ५. सेन्द्रा ।

मात्रा यात्र विराजतेऽतिविशदा तामष्टधा मातृकां
शक्तिं कुण्डलिनीं चतुर्विधतनुं यस्तत्त्वविन्मन्यते ।
सोऽविद्याखिलजन्मकर्मदुरितारण्यं प्रबोधाग्निना
भस्मीकृत्य विकल्पजालमखिलं मातः पदं तद्व्रजेत् ॥ ५ ॥

तत्ते[1] मध्यमबीजमम्ब कलयाम्यादित्यवर्णं क्रिया-
ज्ञानेच्छादिसमस्त[2]शक्तिविभवव्यक्तिं व्यनक्ति स्फुटम् ।
उत्पत्तिस्थितिकल्पकल्पिततनु स्वात्मप्रसारेण यत्
काम्यं ब्रह्महरीश्वरादिविबुधैः कामं क्रियायोजितैः ॥ ६ ॥

कामान्कारणतां गतानगणितान्कार्यैरनन्तै[3]र्मही-
मुख्यैः सर्वमनोगतानधिगतान्मानैरनेकैः स्फुटम् ।
कामक्रोधसुलोभमोहमदमात्सर्यारिषट्कं च यद्
बीजं [4]भ्राजयतिप्रणौमि तदहं ते साधु कामेश्वरि ॥ ७ ॥

यद्भक्ताखिलकामपूरणचण[5]स्वात्मप्रभावं महा-
जाड्यध्वान्तनिवारणैकतरणिज्योतिः प्रबोधप्रदम् ।
यद्वेदेषु च गीयते श्रुतिमुखं मात्रात्रयेणोमिति
श्रीविद्ये तव सर्वराजवशकृत्तत्कामराजं भजे ॥ ८ ॥

यत्ते देवि तृतीयबीजमनलज्वालावलीसन्निभं
सर्वाधारतुरीय-[6]बीजमपरं ब्रह्माभिधाशब्दितम् ।
मूर्द्धन्यान्तविसर्गभूषितमहौकारा[7]त्मकं तत्परं
[8]संविद्रूपमनन्यतुल्यमहिम[9]स्वान्ते मम द्योतताम् ॥ ९ ॥

सर्वं सर्वत एव सर्गसमये कार्येन्द्रियाण्यन्तरा
तत्तद्दिव्यहृषीककर्मभिरियं संव्यश्नुवाना परा ।
वागर्थव्यवहारकारणतनुः शक्तिर्जगद्व्यापिनी [10]
यद्बीजात्मकतां गता तव शिवे तन्नौमि बीजं परम् ॥ १० ॥

अग्नीन्दुद्युमणिप्रभञ्जनधरानीरान्तरस्यायिनी
शक्तिब्रह्महरीशवासवमुखामर्त्यासुरात्मस्थिता ।

---

१. यत्ते । २. ज्ञानेच्छादिमनन्त । ३. अनेकैः । राजति सम्प्रणौमि तदहं ते कामराजाभिधम् । ५. पूर्णचरण । ६. शक्तिपरमब्रह्माभिधाशब्दितम् । ७. महोकारा । ८. सच्चिद्रूप । ९. भ्राजद्रूपमनन्यतुल्यमभितः । १०. जगद्रूपिणी ।

सृष्ट[1]स्थावरजङ्गमस्थितमहाचैतन्यरूपा च या
यद्बीजस्मरणेन सैव भवती प्रादुर्भवत्यम्बिके ॥ ११ ॥

स्वात्मश्रीविजिताजविष्णुमघवश्रीपूरणैकव्रतं
[2]यद्विद्याकवितावितानलहरीकल्लोलिनीदीपकम् ।
बीजं यत्त्रिगुणप्रवृत्तिजनकं ब्रह्मेति यद्योगिनः
शान्ताः सत्यमुपासते तदिह ते चित्ते दधे श्रीपरे ॥ १२ ॥

एकैकं तव मातृके परतरं संयोगि वा योगि वा
विद्यादिप्रकटप्रभावजनकं जाड्यान्धकारापहम् ।
यन्निष्ठाश्च महोत्पलासनमहाविष्णुप्रहर्त्रादयो
देवाः स्वेषु विधिष्वनन्य[3]महिमस्फूर्तिं दधत्येव तत् ॥ १३ ॥

इत्थं त्रीण्यपि मूलवाग्भवमहाश्रीकामराजस्फुर-
च्छक्त्याख्यानि चतुःश्रुतिप्रकटितान्युत्कृष्टकूटानि ते ।
भूतर्तुश्रुतिसङ्ख्यवर्णविदितान्यारक्तकान्ते शिवे
यो जानाति स एव सर्वजगतां सृष्टिस्थितिध्वंसकृत् ॥ १४ ॥

[4]नित्यं यस्तव मातृकाक्षरसखीं सौभाग्यविद्यां जपेत्
१४	कामधेनु (काव्यालङ्कारसूत्र-टीका)	गोपेन्द्रत्रिपुरहरभूपाल
१५	कामधेनुतन्त्र	हस्तलेख
१६	कामकलाविलास	पुण्यानन्दाचार्य
१७	गीतार्थसंग्रह (गीता की टीका)	अभिनवगुप्त
१८	चिद्गगनचन्द्रिका	कालिदास
१९	छान्दोग्य उपनिषद्	
२०	तत्त्वसन्दोह	राजानक आनन्दाचार्य
२१	तत्त्वसंग्रह	शान्तरक्षित
२२	तन्त्रसार	अभिनवगुप्त
२३	तन्त्रालोक	आचार्य अभिनवगुप्त
२४	तन्त्राभिधान-भूमिका	आर्थर अवलन
२५	तत्त्ववैशारदी (योगसूत्रभाष्य-टीका)	वाचस्पति मिश्र
२६	तात्पर्यदीपिका (सूतसंहिता टीका)	माधवाचार्य
२७	ताण्डच ब्राह्मण	
२८	तैत्तिरीय उपनिषद्	
२९	तैत्तिरीय आरण्यक	
३०	तैत्तिरीय ब्राह्मण	

३१	त्रिपुरामहिम्नस्तोत्रटीका	नित्यानन्द
३२	दीपिका (योगिनीहृदय-टीका)	अमृतानन्दयोगी
३३	दुर्गासप्तशती	
३४	देव्यथर्वशीर्ष उपनिषद्	
३५	नन्दिकेश्वरकाशिका	नन्दिकेश्वर
३६	नित्या षोडशिकार्णव (वामकेश्वर तन्त्रान्तर्गत)	
३७	निरुक्त	यास्काचार्य
३८	नेत्रतन्त्र	
३९	नेत्रतन्त्रोद्योत	क्षेमराज
४०	पञ्चस्तवी	कालिदास
४१	पदप्रकाश (वाक्यपदीय-टीका)	हेलाराज
४२	पदार्थादर्श (शारदा-तिलक-तन्त्र-टीका)	राघवभट्ट
४३	परशुरामकल्पसूत्र	परशुराम
४४	परात्रिंशिका	अभिनवगुप्त
४५	पाणिनीयशिक्षा	पाणिनि
४६	पूर्वपाणिनीयसूत्र	,,
४७	प्रकाश (वाक्यपदीय-टीका)	पुण्यराज
४८	प्रकारान्तरमन्त्राभिधान (तन्त्राभिधानान्तर्गत)	
४९	प्रश्नोपनिषद्	
५०	प्रपञ्चसारतन्त्र	शङ्कराचार्य
५१	प्रयोगक्रमदीपिका (प्रपञ्चसा० त० विवरण-टीका)	अज्ञातकर्तृक
५२	भास्करी-भूमिका	डा० के० सी० पाण्डेय
५३	मन्त्राभिधान	
५४	महार्थमञ्जरी	गोरक्षापरपर्याय महेश्वरानन्द
५५	महाभाष्य	पतञ्जलि
५६	महिम्नस्तोत्र	पुष्पदन्त
५७	मातृकाचक्रविवेक	
५८	मातृकानिघण्टु	
५९	मातृकाविलास	वंशीधर सङ्कलित
६०	मालिनीविजयोत्तरतन्त्र	
६१	मिताक्षरा	विज्ञानेश्वर
६२	यजुर्वेद (मा० सं०)	

६३ याज्ञवल्क्यस्मृति	
६४ योगसूत्र	पतञ्जलि
६५ योगिनीहृदय (वामकेश्वर तन्त्रान्तर्गत)	
६६ रघुवंश	कालिदास
६७ ललितासहस्रनाम (ब्रह्माण्डपुराणान्तर्गत)	
६८ लक्ष्मीधरा (सौन्दर्य-लहरी-टीका)	लक्ष्मीधर
६९ लोचन (ध्वन्यालोकटीका)	अभिनवगुप्त
७० वरिवस्यारहस्य	भास्करराय
७१ वरिवस्यारहस्यप्रकाश	,,
७२ वाक्यपदीय	भर्तृहरि
७३ वाचस्पत्यम् (कोष)	
७४ वायवीयसंहिता (शिवपुराणान्तर्गत)	
७५ वामकेश्वरीमतम्	
७६ वामकेश्वरीमतविवरण	राजानक जयरथ
७७ विवरण (प्रपञ्चसारतन्त्र-टीका)	पद्मपादाचार्य
७८ विवेक (तन्त्रालोक-टीका)	राजानक जयरथ
७९ विज्ञानभैरवतन्त्र	
८० विज्ञानभैरवविवृति	शिवोपाध्याय
८१ विज्ञानभैरवोद्योत	क्षेमराज
८२ वेदान्तपारिजात (ब्रह्मसूत्रभाष्य)	निम्बार्काचार्य
८३ वेददीप (माध्यन्दिन-संहिता-भाष्य)	महीधर
८४ बृहदारण्यक उपनिषद्	
८५ ब्रह्मसूत्र	बादरायण
८६ शक्तिमहिम्नस्तोत्र	क्रोधभट्टारक-दुर्वासा
८७ शतपथब्राह्मण	
८८ शारदातिलक तन्त्र	लक्ष्मणदेशिकेन्द्र
८९ शिवसूत्र	
९० शिवदृष्टि	सोमानन्दपाद
९१ शिवसूत्रवार्तिक	भट्टभास्कराचार्य
९२ शिवसूत्रविमर्शिनी	क्षेमराज
९३ श्रीकरभाष्य	श्रीपतिपण्डित
९४ श्रीकण्ठभाष्य	श्रीकण्ठ
९५ श्रीमद्भगवद्गीता	
९६ साम्बपञ्चाशिका	

९७	सांख्यप्रवचनभाष्य	विज्ञानभिक्षु
९८	सूतसंहिता	
९९	सेतुबन्ध (नित्याषोड० टीका)	भास्करराय
१००	सौभाग्यभास्कर (ललितास० टीका)	,,
१०१	सौन्दर्यलहरी	शङ्कराचार्य
१०२	स्वच्छन्दतन्त्र	
१०३	स्फोटसिद्धि	भरतमिश्र
१०४	स्पन्दकारिका	वसुगुप्त
१०५	स्पन्दसन्दोह	क्षेमराज

हिन्दी

१०६	रामचरितमानस	सन्तकवि तुलसीदास

अंग्रेजी

१०७	गारलैण्ड आफ लेटर्स	सर जान उडरफ
१०८	कश्मीर शैविज्म	जगदीशचन्द्र चटर्जी
१०९	ऋग्वेदिक कल्चर आफ दि प्रिहिस्टारिक इण्डस	स्वामी शङ्करानन्द

अनुद्धृत सहायक ग्रन्थों की सूची

संस्कृत

१ अजड़प्रमातृसिद्धि — उत्पलदेव
२ ईशानशिवगुरुदेवपद्धति — सं० गणपति शास्त्री
३ कुलचूड़ामणि तन्त्र
४ तन्त्रसमुच्चय
५ ताराभक्तिसुधार्णव
६ त्रिपुरारहस्य, ज्ञानखण्ड
७ प्राणतोषिणीतन्त्र — रामतोष भट्टाचार्य
८ महानिर्वाणतन्त्र
९ माहेश्वरतन्त्र
१० मेरुतन्त्र
११ मृगेन्द्रतन्त्र
१२ रुद्रयामल (उत्तरतन्त्र)
१३ शक्तिसङ्गमतन्त्र
१४ श्री दक्षिणामूर्तिसंहिता

हिन्दी

१५ तान्त्रिक दृष्टि (कल्याण-साधनाङ्क) — महामहोपाध्याय डा० गोपीनाथ कविराज
१६ शक्तिपात-रहस्य ,, — ,,
१७ शक्तिसाधना (कल्याण शक्ति अङ्क) — ,,
१८ शाक्ताद्वैतवाद ,, — पं० वीरमणिप्रसाद उपाध्याय
१९ श्रीयन्त्र का स्वरूप ,, — ललिताप्रसाद डबराल
२० शक्ति सम्बन्धी साहित्य (कल्याण शक्ति अङ्क) — दीवानबहादुर श्री नर्मदाशङ्कर देवशङ्कर मेहता

अंग्रेजी

२१ अभिनवगुप्त — डा० के० सी पाण्डेय
२२ हिन्दू मिस्टिसिज्म, भाग २ — सरजान उडरफ
मिस्टिसिज्म आफ दि तन्त्राज (आर्थर अवलन)
२३ इन्ट्रोडक्शन टु तन्त्र-शास्त्र — ,,

२४ इन्ट्रोडक्शन (त्रिपुरारहस्य)	पं० गोपीनाथ कविराज
२५ लाइट्स आन दि तन्त्राज	एम० पी० पण्डित
२६ महामाया : दि वर्ल्ड ऐज़ पावर : पावर ऐज़ कांशसनेस	सरजान उडरफ
२७ प्रिंसिपल आफ तन्त्र	प्रमथनाथ मुखोपाध्याय
२८ शक्ति एण्ड शाक्त	सरजान उडरफ
२९ दि सरपेण्ट पावर	,,
३० दि शाक्त पीठाज़	डी० सी० सरकार, एम० ए०, पी० एच० डी०

ग्रन्थकार-परिचयः

गङ्गाया गरिमाणं मौलिमुकुटसङ्घटितगिरिश्रेष्ठम् ।
गुरुणादरेण बिभ्रद्विलसत्यत्रोत्तरो देशः ॥ १ ॥

यत्रास्ते वैसवारावनिरखिलगुणखनिर्या जनिर्जित्वराणा-
माराद्धाराप्रसाराभिगतशतमहारातिमारान्तकानाम् ।
श्रीवेनीमाधवानां विसरदसिलतोद्यद्यशःसौरभाणां,
जृम्भन्तेऽद्यापि येषां रणरमणकथाश्चारु-रानाभिधानाम् ॥ २ ॥

यस्याङ्के शोभते ग्रामः श्रीसुमेरुपुराभिधः ।
पूर्वाञ्चले सदानीरा भाति लोननदी मुदा ॥ ३ ॥

दक्षिणस्यां च खरही पलाशवनसंवृता ।
प्रतीच्यां वहती चैव वर्षासून्मदकलेवरा ॥ ४ ॥

वशिष्ठस्य गणे जात उपमन्युर्महायशाः ।
गोत्रप्रवर्तकः कश्चिदासीच्छैवोत्तमो महान् ॥ ५ ॥

वशिष्ठ इन्द्रप्रमदो महर्षिश्च भरद्वसुः ।
अस्यैते पूर्वजा आसन् प्रवरा ऋषयस्त्रयः ॥ ६ ॥

तस्योपमन्योर्महतो गोत्रे जातो नरर्षभः ।
आसीत्प्रभाकरः श्रीमानस्माकं कोऽपि पूर्वजः ॥ ७ ॥

यद्विषये वंशजस्यैव कस्यचित्सूक्तिरीर्यते—

'न दक्षिणाशाप्यवलम्बिता क्वचित्
कृतोऽमुना नैव कदाप्यधः करः ।
तथापि लक्ष्मीं सुहृदे समर्पयन्
प्रभाकरोऽभूदपरः प्रभाकरः ॥'

तस्यावस्थीत्यन्ववायः प्रसिद्धो,
विद्यावृद्धः कान्यकुब्जद्विजेषु ।
उन्नावाख्ये मण्डले ग्रामउक्ते,
तस्मिन्वंशे सम्प्रसूतोऽहमस्मि ॥ ८ ॥

चन्द्रमती यस्याम्बा रामकुमारो भिषग्वरस्तातः ।
आवसथिककुलशैलः सततं प्राभाकरो जयति ॥ ९ ॥

साहित्ये कृतधीरधीतिनिपुणैरन्तेवसद्भिः सदा ।
संवीतो नवनीतिकौशलजुषी यस्याभवच्छेमुषी ॥
गीतागानचणः पितृव्यचरणो जैरामसंज्ञः सुधीः ।
वैदुष्यं हि वितीर्य मे सुरगिरो मामञ्जसान्वग्रहीत् ॥ १० ॥

श्रुत्यन्ते प्रथिता मतिः स्मृतिपुराणादौ च पूर्णा गति-
र्यस्याभूद्रघुवंश इत्यभिधया ख्यातः पितृव्यो गुरुः ।
संसत्सु प्रतिवादिवृन्दविभदीकारप्रकारे पटु-
र्मुम्बाया नगरे वसञ्शुचिधिया लेभेऽवदातं यशः ॥ ११ ॥

अष्टाध्यायी हि यस्याः स्मृतिसरणिमिता या क्रमव्युत्क्रमेण,
तस्या अङ्के स्वतातस्वसुरखिलमहो शैशवं येन नीतम् ।
कौमुद्याः फक्किकासु प्रणिहितहृदयः शेखरप्रोतचित्तः ।
ब्रह्मानन्दाभिधानः गुरुरपर इहाऽभूद्यस्य धन्यो पितृव्यः ॥ १२ ॥

सूर्यनारायणः शुक्लो वाराणस्यां गुरुर्मम ।
आसीज्ज्ञानरुचौ सूर्यनारायण इवापरः ॥ १३ ॥

नित्यं रसावसेकाज्जीवनधारां प्रपूरयन्ती या ।
श्रीरिव गेहे कलिता सा मे ललिता सती भाति ॥ १४ ॥

तत्तिग्मांशोर्दहरकुहरे चेतसालम्ब्य बिम्बं
तत्राम्बाया विरचितवता चारु पञ्चोपचारम् ।
नित्यं सक्तेन हि जपविधौ भूयसा वेदमातु—
रन्तर्यागप्रकटविधिनोत्थापिता नागकन्या ॥ १५ ॥

सिन्दूरारुणतरुणीं तरणीं भवजालजलधिहरीणाम् ।
करुणावीक्षणनिपुणामम्बामविलम्बमालम्बे ॥ १६ ॥

तान्त्रिक मुद्रा विज्ञान

वृहद् तान्त्रिक मुद्रा महाविज्ञान

आचार्य पं. राजेश दीक्षित



विद्या वारिधि दैवज्ञ वृहस्पति तन्त्र शिरोमणि

आचार्य पं. राजेश दीक्षित

द्वारा लिखित एवं सम्पादित

तन्त्र-साहित्य

१. हिन्दू तन्त्र शास्त्र

२. मुस्लिम तन्त्र शास्त्र

३. जैन तन्त्र शास्त्र

४. बौद्ध तन्त्र शास्त्र

५. शाबर तन्त्र शास्त्र

६. काली तन्त्र शास्त्र

७. तारा तन्त्र शास्त्र

८. षोड्षी तन्त्र शास्त्र

९. छिन्नमस्ता एवम् भुवनेश्वरी तन्त्र शास्त्र

१०. भैरवी एवम् धूमावती तन्त्र शास्त्र

११. मातंगी एवम् बगलामुखी तन्त्र शास्त्र

१२. कमलात्मिका तन्त्र शास्त्र

१३. सम्पूर्ण दस महाविद्या तन्त्र महाशास्त्र

१४. वृहद् तान्त्रिक मुद्रा महाविज्ञान

वृहद् तान्त्रिक मुद्रा महाविज्ञान

[विभिन्न देवी-देवता की उपासना, आवाहन, नित्य-पूजा, उपचार, जीवन्यास, कर-न्यास, मातृकान्यास, सन्ध्योपासना, बलिदान, होम, ध्यानावेश, शान्ति रक्षण, पंचतत्त्व, योग-साधना तथा अन्य कर्मों में प्रयुक्त होनेवाली विभिन्न मुद्राओं का सचित्र एवं सर्वाधिक संकलन-कोष]

विद्या वारिधि दैवज्ञ वृहस्पति तन्त्र शिरोमणि

आचार्य पं. राजेश दीक्षित

(विश्व में सर्वाधिक प्रकाशित पुस्तकों के लेखक)

(गिनीज बुक ऑफ वर्डरिकार्ड में नामांकित)

प्रकाशक

दीप पब्लिकेशन

कंचन मार्केट, हॉस्पीटल रोड, आगरा-३

❒ प्रकाशक :

दीप पब्लिकेशन

कंचन मार्केट
अस्पताल रोड, आगरा-3
Ph : 2261220, 2111145

❒ लेखक :

आचार्य पं. राजेश दीक्षित

❒ सर्वाधिकार : प्रकाशकाधीन

❒ तृतीय संस्करण :

❒ I S B N—81-87250-23-2

❒ मूल्य : 105/-

❒ लेजर टाइपसेटिंग : *सुमित कम्प्यूटर्स*, आगरा

❒ मुद्रक : *रामकृष्ण प्रेस*, आगरा

चेतावनी

भारतीय कापीराइट एक्ट के आधीन इस पुस्तक के सर्वाधिकार दीप पब्लिकेशन, आगरा के पास सुरक्षित हैं। अतः कोई सज्जन इस पुस्तक का नाम, अन्दर का मैटर, डिजाइन, चित्र व सैटिंग तथा किसी अंश का किसी भी भाषा में नकल या तोड़-मोड़ कर छापने का साहस न करें अन्यथा कानूनी तौर पर हर्जे-खर्चे व हानि के जिम्मेदार होंगे।

प्रकाशक

VRIHAD TANTRIK MUDRA MAHAVIGYAN

By: Acharya Pt. Rajesh Dixit

दो शब्द

❀ देव-देवी पूजन, न्यास, होम, बलि, संध्या-वन्दन तथा योग आदि की क्रियाऐं करते समय विभिन्न प्रकार की मुद्राओं के प्रदर्शन का विधान भी पाया जाता है। ये मुद्राऐं न केवल देवताओं को प्रसन्न करती हैं, अपितु उनकी कृपा दिलाने, वाह्याभ्यन्तर-शुद्धि, पाप-विनाश तथा मोक्ष-साधन में भी सहायक सिद्ध होती हैं। मुद्राओं के बिना किये गये उपचारों को देवता ग्रहण नहीं करते- अतः मुद्रा-प्रदर्शन का विशेष महात्म्य है।

❀ मुद्राओं का निर्माण हथेली तथा उसकी अंगुलियों द्वारा किया जाता है। विभिन्न ग्रंथों में उनके निर्माण की विधियाँ भी पाई जाती हैं, परन्तु सम्पूर्ण अथवा अधिकाधिक मुद्राओं का एकही स्थान पर सचित्र ध्यान कराने वाली कोई पुस्तक अभी तक उपलब्ध नहीं थी। प्रस्तुत संकलन उसी अभाव की पूर्ति हेतु किया गया एक प्रयास है। इसमें लगभग २५० मुद्राओं के विवरणों को विभिन्न ग्रंथों से संकलित कर, उनके चित्र भी तैयार कराये गये हैं। इस प्रकार हिन्दी में मुद्रा विज्ञान विषयक यह सबसे पहेली और बड़ी पुस्तक है। आशा है, मुद्रा-विज्ञानियों के लिए यह उपयोगी सिद्ध होगी।

❀ मुद्राओं के विवरण के आधार पर उनके चित्र तैयार कराने में यद्यपि सावधानी बरती गई है, तथापि कहीं कोई त्रुटि रह गई हो तो विज्ञजन उसकी सूचना देने की कृपा अवश्य करें ताकि पुस्तक के अगले संस्करण में उसका निराकरण किया जा सके।

❀ अन्त में, जिन ग्रंथों तथा अन्य सूत्रों से प्रस्तुत ग्रंथ के लिए सामग्री-संचय में सहायता प्राप्त हुई है, उन सभी के प्रति हम हार्दिक कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं

--राजेश दीक्षित

समर्पण

सुख संचारक कम्पनी, मथुरा के संचालक,

धर्मनिष्ठ, साहित्यानुरागी, अनुज-तुल्य, आत्मीय,

पं. कीर्तिपाल शर्मा

को

सस्नेह

विषय-सूची

क्रमांक		पृष्ठांक
मुद्राओं के विषय में		१३
(१)	**श्री विष्णु की मुद्राएँ** १. शंख, २. चक्र, ३. गदा, ४. पद्म, ५. वेणु, ६. श्रीवत्स, ७. कौस्तुभ, ८. वनमाला, ९. ज्ञान, १०. बिल्व, ११. गरुड़, १२. नारसिंही (१), १२. नारसिंही (२), १३. वाराह (१), १३. वाराह (२), १४. हयग्रीव, १५. धनु, १६. वाण, १७. परशु, १८. त्रैलोक्य मोहिनी, १९. काम	१७
(२)	**श्री शिव की मुद्राएँ** १. लिंग, २. योनि, ३. त्रिशूल, ४. अक्षमाला, ५. वर, ६. अभय, ७. मृगी, ८. खट्वांग, ९. कापालिकी, १०. डमरू	३९
(३)	**श्री गणेश की मुद्राएँ** १. दन्त, २. पाश, ३. अंकुश, ४. विघ्न, ५. परशु, ६. लड्डूक, ७. बीजपूर	५०
(४)	**श्री सूर्य की मुद्राएँ** १. पद्म	५८
(५)	**श्री शक्ति (दुर्गा) की मुद्राएँ** १. पाश, २. अंकुश, ३. वर, ४. अभय, ५. खड्ग, ६. चर्म, ७. धनु, ८. शर, ९. संरक्षिणी (मुशल), १०. दुर्गा (दौर्गी)	५९
(६)	**भगवती लक्ष्मी की मुद्राएँ** १. लक्ष्मी	६५
(७)	**महासरस्वती की मुद्राएँ** १. अक्ष (अक्षमाला), २. वीणा, ३. व्याख्यान, ४. पुस्तक, ५. वर	६६
(८)	**भगवती त्रिपुरा की मुद्राएँ** १. सर्व संक्षोभिणी, २. सर्व विद्राविणी, ३. सर्वाकर्षिणी, ४. सर्व वशंकरी, ५. उन्मादिनी, ६. सर्वमहांकुशा, ७. खेचरी, ८. बीज, ९. प्रथमयोनि, १०. त्रिखण्डा	७०

क्रमांक		पृष्ठांक
(९)	**अन्य देवियों की मुद्राएँ** १. महायोनि, २. मुण्ड, ३. भूतिनी, ४. धूमिनी, ५. लोलिहा।	८१
(१०)	**अग्नि की मुद्राएँ** १. सप्तजिह्वा, २. मत्स्य, ३ कूर्म।	८७
(११)	**अन्य देवताओं की मुद्राएँ** १. कुम्भ (प्रथम), २. कुम्भ (द्वितीय), ३. प्रार्थना, ४. वासुदेव, ५. कालकर्णी, ६. गालिनी, ७. विस्मय, ८. नाद, ९. विन्दु, १०. संहार	९१
(१२)	**आवाहनादि की मुद्राएँ** १. आवाहनी, २. संस्थापिनी, ३. सन्निधापिनी, ४. सम्बोधिनी, ५. सम्मुखीकरणी, ६. सकलीकरण, ७. अवगुण्ठिनी, ८. अमृतीकरण (धेनु), ९. परमीकरण।	१०३
(१३)	**षडङ्गन्यास की मुद्राएँ** १. हृदय, २. शिर, ३. शिखा, ४. कवच, ५. अस्त्र, ६. नेत्र, ७. नेत्रत्रय।	११३
(१४)	**कर-न्यास की मुद्राएँ** १. प्रथमा, २. द्वितीया, ३. तृतीया, ४. चतुर्थ, ५. पंचम ६. सम्पूर्ण करन्यास।	१२१
(१५)	**जीवन्यास की मुद्राएँ** १. बीज, २. लेलिहा, ३. त्रिखण्डा, ४. नाद, ५. बिन्दु, ६. सौभाग्य दण्डिनी।	१२३
(१६)	**मातृका न्यास की मुद्राएँ** १. पहली, २. दूसरी, ३. तीसरी, ४. चौथी, ५. पाँचवीं, ६. छठी, ७. सातवीं, ८. आठवीं, ९. नवीं, १०. दसवीं, ११. ग्यारहवीं, १२. बारहवी, १३. तेरहवीं, १४. चौदहवीं, १५. पन्द्रहवीं।	१२७
(१७)	**देवोपासना की मुद्राएँ** १. आवाहनी, २. स्थापनी, ३. सन्निधान, ४. सन्निरोधिनी, ५. सम्मुखीकरण, ६. अवगुण्ठनी, ७. अमृतीकरण (धेनु), ८. सकलीकरण, ९. परमीकरण।	१३५
(१८)	**उपचार की मुद्राएँ** १. गंध, २. पुष्प, ३. धूप, ४. दीप, ५. नैवेद्य, ६. आचमन, ७. ताम्बूल, ८. प्राण, ९. अपान, १०. व्यान, ११. उदान, १२. समान, १३. ग्रास	१४०

क्रमांक

	पृष्ठांक
(१९) नित्य-पूजा की मुद्राएँ १. प्रार्थना, २. अंकुश, ३. कुंत, ४. कुम्भ, ५. तत्त्व।	१४७
(२०) ध्यानावेश-प्रार्थना की मुद्राएँ १. विघ्नध्नी, २. विस्मय, ३. प्रार्थना, ४. अर्घ्य, ५. सूर्य प्रदर्शनी।	१५०
(२१) तत्वों की मुद्राएँ १. पृथ्वी, २. आम्भसी (जल), वैश्वानरी (तिज), ४. वायु, ५. आकाश, ६. अश्विनी, ७. पाशिनी, ८. काकी, ९. मातङ्गिनी, १०. भुजङ्गिनी, ११. रिपुजिह्वाग्रहा, १२. गालिनी, १३. क्षोभ, १४. तर्जनी, १५. क्रोध।	१५३
(२२) होम की मुद्राएँ १. अवगुण्ठिनी, २. सप्तजिह्वा, ३. ज्वालिनी, ४. मृग, ५. हंसी, ६. शूकरी, ७. आहुति, ८. आवशिष्टिका।	१६२
(२३) शांति-रक्षण की मुद्राएँ १. पद्म, २. पाश, ३. गदा, ४. खड्ग, ५. मुशल, ६. कुलिश(अशनि), ७. स्फोट, ८. शुभंकरी, ९. मुष्टि, १०. शक्ति, ११. पंचमुखी, १२. प्रार्थना, १३. संहार।	१६८
(२४) बलिदान की मुद्राएँ १. गणेश बलि, २. बटुक भैरव बलि, ३. क्षेत्रपाल बलि, ४. चौंसठ योगिनी बलि।	१७५
(२५) सन्ध्याकालीन मुद्राएँ १. सम्मुखी, २. सम्पुटी, ३. वितत, ४. विस्तृत, ५. द्विमुखी, ६. त्रिमुखी, ७. चतुर्मुखी, ८. पंचमुखी, ९. षण्मुखी, १०. अधोमुखी ११. व्यापक, १२. अंजलि, १३. शंकट, १४. यमपाश, १५. ग्रथित, १६. सम्मुखोन्मुख, १७. प्रलय, १८. मुष्टिक, १९. मत्स्य, २०. कूर्म, २१. वाराह, २२. सिंहाक्रान्त, २३. महाक्रान्त, २४ मुद्गर।	१७७
(२६) सन्ध्या के अन्त की मुद्राएँ १. सुरभि (धेनु), २. ज्ञान, ३. वैराज्ञ, ४. योनि, ५. शंख, ६. पंकज (कमल), ७. लिङ्ग, ८. निर्वाण।	१९०

क्रमांक		पृष्ठांक
(२७)	**योग-साधना की मुद्राएँ** १. मुकुल, २. पंकज, ३. व्याक्रोशी, ४. निष्ठुर, ५. योग, ६. महामुद्रा, ७. उड्डीयान, ८. महाखग, ९. जालंधर, १०. मूलबंध, ११. महावेध, १२. विपरीत करणी, १३. वज्रोली, १४. माण्डूकी, १५. शाम्भवी।	१९५
(२८)	**भोजन की मुद्राएँ** १. प्राण, २. अपान, ३. यान, ४. उदान, ५. समान।	२०४
(२९)	**विविध मुद्राएँ** १. सर्वोन्मादिनी, २. महांकुशा, ३. विद्राविणी, ४. सर्वविक्षोभ, ५. सर्वाकर्षिणी, ६. छोटिका, ७. प्रबोध, ८. खेचरी, ९. घण्टा, १०. मुण्ड, ११. जप, १२. पंचक, १३. पल्लव, १४. प्रलम्ब, १५. दन्त, १६. वज्र।	२०७
(३०)	**गायत्री देवी की मुद्राएँ** (१) सुमुखम् (२) सम्पुटम् (३) विततम् (४) विस्तृतम् (५) द्विमुखम (६) त्रिमुखम् (७) चतुर्मुखम् (८) पञ्चमुखम् (९) षष्मुखम् (१०) अधोमुखम् (११) व्यापकाञ्जलिकम् (१२) शकटम् (१३) यमपाशम् (१४) ग्रथितम् (१५) सम्मुखोन्मुखम् (१६) प्रलम्बः (१७) मुष्टिकः (१८) मत्स्य (१९) कूर्म (२०) वराहकः (२१) सिंहाक्रान्तम् (२२) महाक्रान्तम् (२३) मुद्गर (२४) पल्लव।	२२०

वृहद्
तान्त्रिक मुद्रा महाविज्ञान

मुद्रा-प्रशंसा

मोदनात् सर्वदेवानां द्रावणात् पापसन्ततेः।
तस्मान्मुद्रेयमाख्याता सवकामार्थ साधिनीम्।।
मुदं एतीति मुद्रास्यात् येनैका मुष्टिरेव तु।
स्वल्प भेदात् कोप हर्षो प्राणिनां जनयत्यतः।
तेनैव सर्वदेवानां मुद्रा हर्षप्रदा मता।।

-यामल तन्त्र

X X X X

मुद्राभिरेव तृप्यन्ति न पुष्पादिक पूजनैः।
महापूजा कृतातेन येन मुद्राष्टकं कृतै।।

-मेरू तन्त्र

X X X X

मुद्रा विना तु यज्जाप्यं प्राणायाम सुरार्चनं।
योगोध्यानासनं चापि निष्फलांनि तु भैरव।।

- कालिका पुराण

X X X X

नादीक्षितस्तु रचयेत् क्षुभ्यन्ति हि देवताः यस्मात्।
मुद्राः भवन्ति विफलाः सोऽपिरोगीदरिद्रःस्यात्।।

-मन्त्र दर्पणम्

X X X X

मुदं राति वदातीति मुद्रा।
अतएव तद्दर्शनेन देवता हर्षोत्पत्तिः।।

-राघव भट्ट

१. मुद्राओं के विषय में

मुद्राएँ– 'मुद्रा' शब्द का सामान्य अर्थ है– आकृति अर्थात् विभिन्न प्रकार की आकृतियों को मुद्रा कहा जाता है। ये आकृतियां धातु, प्रस्तर, काष्ठ, मृत्तिका अथवा अन्य किसी भी पदार्थ से निर्मित हो सकती हैं तथा मानव द्वारा स्व–अङ्गों से निर्मित स्थायी और अस्थायी भी। धातुओं के सिक्के अथवा कागज पर छपे हुए नोटों को भी मुद्रा कहा जाता है किसी प्रकार का चिन्ह अंकित करने वाली वस्तु को भी मुद्रा कहते हैं। चित्र मूर्ति आदि में अंकित विभिन्न प्रकार की भाव–भंगिमायें भी मुद्रा कहलाती हैं। परन्तु हमारा प्रतिपाघ विषय इन मुद्राओं से भिन्न है अर्थात् इस पुस्तक में जिन मुद्राओं का उल्लेख किया गया है, वे धार्मिक–कर्मकाण्ड अथवा तान्त्रिक–अनुष्ठान आदि करते समय हाथ और उसकी अंगुलियों द्वारा बनाई जाती है। कार्य–कारण तथा कामना के उद्देश्य से इन आकृतियों के अनेक स्वरूप निर्धारित किए गये हैं तथा उन्हें विभिन्न नामों से सम्बोधित किया जाता है।

आप्त–वचन– हाथ की अँगुलियों द्वारा प्रदर्शित की जाने वाली मुद्राओं के विषय में शास्त्रों में जो आप्त–वचन पाये जाते हैं उनका सारांश निम्नानुसार है–

मुद्रा–प्रदर्शन से देवता प्रसन्न होते हैं तथा इनके माध्यम से साधक को देवता का सामीप्य–लाभ मिलता है। केवल देवता ही क्यों, मुद्राएँ राक्षसों को भी अनुकूल बना देती हैं। मुद्राओं में मूर्छित व्यक्ति को चेतन्य तथा रोगी को स्वस्थ बनाने की सामर्थ्य पाई जाती है। इनके कारण 'पूजा' 'महापूजा' बन जाती है। इन्हें मोक्ष–प्राप्ति का एक सोपान भी माना गया है।

मुद्रा-रहित पूजन-अर्जन, जप, ध्यान, योग, प्राणायाम आदि की सभी क्रियाएँ निष्फल भी मानी जाती हैं।

पंचतत्त्व की प्रतीक- हाथ की पाँचों अँगुलियों को पंचतत्त्वात्मक माना जाता है। पहली अँगुली को तर्जनी, प्रवेशिका, प्रदर्शिनी तथा पितृ-पूजक कहा जाता है। दूसरी अँगुली को मध्या, मध्यमा तथा जप-करणी कहते हैं। तीसरी अँगुली को अनामा, अनामिका अथवा प्रान्तवासिनी नामों से संबोधित किया जाता है। चौथी अर्थात् अन्तिम सबसे छोटी अँगुली को कनिष्ठा-कनिष्ठिका, अन्तगा, अन्त्यजा, स्वल्पा, साध्वी एवं रत्नी कहते हैं। अँगूठे को ज्येष्ठा, वृद्धा, अङ्गुष्ठ तथा भू-पूजक नाम दिए गए हैं।

मणिबन्ध अर्थात् कलाई से कनिष्ठा तक के भाग को 'हाथ' कहा जाता है। इसके अग्रभाग को पाणि, शय, हथेली अथवा पंचशास्त्र कहते हैं। हाथ की अँगुलियों को सम्मिलित रूप में कर-शाखा अथवा कर-पल्लव की संज्ञा दी गई है।

हाथ की पाँचों अँगुलियों (चार अँगुली तथा एक अँगूठा) को पंचतत्त्व का प्रतीक कहा गया है। तर्जनी अँगुली वायुतत्त्व का, मध्यमा अग्नि तत्त्व का, अनामिका जल तत्त्व का तथा कनिष्ठा पृथ्वी (भू) तत्त्व का प्रतिनिधित्व करती हैं। अँगूठे को आकाश तत्त्व का प्रतिनिधि माना जाता है।

उक्त पंचतत्त्वात्मक अँगुलियों द्वारा प्रदर्शित की जाने वाली मुद्राओं द्वारा जब विभिन्न तत्त्वों का परस्पर संयोग होता है, तब उनसे सन्तुष्ट होकर देवतागण मुद्रा-प्रदर्शित करने वाले साधक को अपनी कृपा प्रदान करते हैं अत: मुद्राओं को देवता की प्रसन्नता का साधन कहना ही अधिक समीचीन है।

मुद्राओं से पाप-समूह नष्ट होते हैं, देवताओं का सान्निध्य प्राप्त होता है तथा आध्यात्मिक-उन्नति का मार्ग प्रशस्त होता है।

मुट्ठी और तीर्थ- जब सभी अँगुलियों को समेट कर हथेली में बन्द कर लिया जाता है, तब उसे 'मुष्टिका' अथवा 'मुट्ठी' कहा जाता है। जिस अँगुली में कनिष्ठा सहित सभी अँगुलियाँ हथेली में बन्द करली जाती हैं, उसे 'रत्नी' कहते हैं, परन्तु जिसमें कनिष्ठा अँगुली को बाहर रखते हुए अन्य सब अँगुलियों को बन्द किया जाता है उसे 'अरत्नी' कहते हैं।

हथेली को 'कर-तल' तथा हथेली के पृष्ठभाग को 'कर-पृष्ठ' कहा जाता है।

हथेली के प्रारम्भ में, अँगूठे के कुछ नीचे भाग में 'आत्मतीर्थ', हथेली के अन्त में अँगुलियों के ऊपर 'परमात्म-तीर्थ, हथेली के उत्तरी भाग में कनिष्ठा से थोड़ा नीचे 'देव-तीर्थ' तथा दक्षिणी भाग में तर्जनी एवं अँगूठे के मध्यम में 'पितृ-तीर्थ' की अवस्थिति मानी गई है।

सावधानी- मुद्राओं का प्रयोग यथाविधि करना आवश्यक है। गलत-मुद्राओं का प्रयोग लाभ के स्थान पर हानिकर सिद्ध होता है। उससे देवता प्रसन्न होने की बजाय रुष्ट भी हो सकते हैं। अत: इस संबंध में सावधानी बरतनी चाहिए।

अगले पृष्ठों पर विभिन्न मुद्राओं के वर्णन के साथ ही उनके चित्र भी दिए गए हैं। इनके माध्यम से मुद्राओं के उचित प्रयोग की जानकारी प्राप्त कर लेनी चाहिए। परन्तु केवल इतना ही पर्याप्त नहीं है। मुद्राओं के विषय में क्रियात्मक-जानकारी किसी ऐसे अनुभवी व्यक्ति से प्राप्त करना भी आवश्यक है, जो मुद्राओं के प्रयोग में निष्णांत है। 'गुरू-निर्देश के बिना किसी भी विषय का सम्यक् ज्ञान प्राप्त नहीं होता'- यह वाक्य सदैव स्मरण रखने योग्य है।

अगले पृष्ठों में क्रमश: विभिन्न देवी-देवताओं के पूजन-उपचार में प्रदर्शित

की जाने वाली तथा आवहनादि कर्म, न्यास, पूजा, उपासना, शान्ति-रक्षण, बलिदान, होम, सन्ध्या, योग, भोजन आदि के समय प्रयोग में आने वाली विभिन्न मुद्राओं का क्रमशः सचित्र उल्लेख किया गया है। कुछ मुद्राएँ ऐसी भी हैं जो एक से अधिक कर्मों में प्रयुक्त होती हैं। पाठकों की सुविधा के लिए उनकी प्रतिलिपियों को भी यथास्थान प्रदर्शित कर दिया गया है। अन्त में, कुछ ऐसी मुद्राओं का भी उल्लेख किया गया है जिन्हें यथा समय विभिन्न कर्मों में प्रयुक्त किया जाता है। कुछ मुद्राएँ ऐसी भी हैं जो नाम-रूप में एक जैसी अथवा मिलती-जुलती प्रतीत होती हैं। वर्गीकरण की दृष्टि से उनका उल्लेख भी यथा स्थान किया गया है।

इस ग्रंथ में अधिकाधिक मुद्राओं के विवरण तथा चित्र वर्गीकृत रूप में प्रस्तुत किए गए हैं। इनके अतिरिक्त अन्य विषयों से सम्बन्धित कुछ मुद्राएँ और भी हो सकती हैं। यदि कभी संभव हुआ तो उनका उल्लेख भी अगले संस्करण में किया जा सकेगा।

पद्म मुद्रा

गरुड़ मुद्रा



वनमाला मुद्रा

कौस्तुभ मुद्रा



उन्मादिनी मुद्रा

सर्व विद्राविणी मुद्रा

सर्वमहांकुशा मुद्रा

सर्वाकर्षिणी मुद्रा

त्रिखण्डा मुद्रा

व्याख्यान मुद्रा

लक्ष्मी मुद्रा

खड्ग मुद्रा



डमरू मुद्रा

चर्म मुद्रा

पाश मुद्रा

अंकुश मुद्रा

बीजपूर मुद्रा

लड्डूक (मोदक) मुद्रा

चक्र मुद्रा

नारसिंही मुद्रा

संरक्षिणी (मुशल) मुद्रा

दन्त मुद्रा



परशु मुद्रा

विघ्न मुद्रा

१. श्री विष्णु की मुद्राएँ

19 एकोनविंशतिर्मुद्रा विष्णोरुक्ता मनीषिभिः।
शंख चक्र गदा पद्म वेणु 'श्रीवत्स कौस्तुभाः।
वनमाला तथा ज्ञानमुद्रा बिल्वाह्वया तथा।
गरुणर्ख्या परा मुद्रा विष्णो सन्तोष दायकाः।
नारसिंही च वाराही हयाग्रैवी धनुस्तथा।
वाण मुद्रा' ततः पर्शुजगन्मोहिनिका च सा।

टीका-विष्णु की १९ मुद्राएँ कही गई हैं। उनके नाम निम्नानुसार हैं-
१. शंख, २. चक्र, ३. गदा, ४. पद्म, ५. वेणु, ६. श्रीवत्स, ७. कौस्तुभ, ८. वनमाला, ९. ज्ञान, १०. बिल्व, ११. गरुड़, १२. नारसिंही, १३. वाराही, १४. हयग्रैवी, १५. धनु, १६. वाण, १७. परशु, १८. जगन्मोहिनी अथवा त्रैलोक्य मोहिनी तथा १९.काम।
इन मुद्राओं का सचित्र वर्णन अगले पृष्ठों पर किया गया है।

(टिप्पणी-इनमें से कुछ मुद्राएँ एक से अधिक प्रकार से बनाई जाती हैं। उनका उल्लेख भी साथ ही कर दिया गया है।

विशेष-किन्ही ग्रंथों में 'काम मुद्रा' के स्थान पर 'परा मुद्रा' का उल्लेख पाया जाता है तथा किन्ही में 'घण्टा' मुद्रा को भी विष्णु-मुद्राओं के अन्तर्गत ही गिना गया है।

१. शंख मुद्रा

वामांगुष्ठं तु संग्रह्य दक्षिणेन तु मुष्टिना।
कृत्वोत्तानां ततोमुष्टि मंगुष्ठं तु प्रसारयेत्।।
वामांगुल्य स्तथाश्लिष्टाः संयुक्ताः स्युः प्रसारिताः।
दक्षिणांगुष्ठ संपृष्टा मुद्रैया शंङ्ख मुद्रिका।।



टीका-बाँये हाथ के अँगूठे को दाँई मुट्ठी में रखें, फिर दाँई मुट्ठी को ऊर्ध्वमुख रखते हुए उसके अँगूठे को फैलादें। अब बाँये हाथ की सभी अँगुलियों को एक दूसरी के साथ सटाते हुए फैलादें। तत्पश्चात् बाँये हाथ की फैली अँगुलियों को दाँई ओर घुमाकर दाँये हाथ के अँगूठे का स्पर्श करें। इस प्रकार बनने वाली मुद्रा को 'शंख मुद्रा' कहा जाता है।

२. चक्र मुद्रा

हस्तौ च सम्मुखी कृत्वा सन्नत प्रोथितांगुली।
तलान्तर्मिलितांगुष्ठौ सुभुग्नौ सुप्रसारितौ।।
कनिष्ठांगुष्ठकौ लग्नौ मुद्रैषा चक्र संज्ञिका।।

टीका-दोनों हाथों को सामने की ओर इस प्रकार रखें कि हथेलियाँ ऊपर रहें। फिर दोनों हाथों की अँगुलियों को मोड़कर मुट्ठियाँ बनालें। तदुपरान्त दोनों अँगूठों को झुका कर परस्पर स्पर्श करायें तथा दोनों हाथों की अँगुलियों को फैलादें। अँगूठे की भाँति दोनों कनिष्ठिकाएँ भी एक दूसरी का स्पर्श करती रहें। इसे 'चक्र मुद्रा' कहा जाता है।

३. गदा मुद्रा

अन्योन्याभिमुखौ हस्तौ कृत्वा तु ग्रथितांगुलीः।
अंगुष्ठमध्यमे भूयः संलग्ने संप्रसारिते।।
गदामुद्रेय मुदिता विष्णोः सन्तोष वर्द्धिनी।।



टीका-पहले दोनों हाथों की हथेलियों को मिलायें, फिर दोनों हाथों की अँगुलियों को परस्पर ग्रथित करें। इस स्थिति में दोनों अँगूठों को बीच में उनके सामने की ओर लगादें। इसे 'गदा मुद्रा' कहते हैं।

४. पद्म मुद्रा

हस्तौ तु सम्मुखौ कृत्वा संहत प्रोन्नतांगुलीः।
तलान्तर्मिलितांगुष्ठौ कृत्वैष्ण पद्म मुद्रिका।।

टीका-दोनों हाथों को सामने करके, अँगुलियों को ऊपर करें। इसके बाद दोनों अँगूठों को अँगुलियों के तल भाग से स्पर्श करायें। इसे 'पद्म मुद्रा' कहते हैं।

५. वेणु मुद्रा

ओष्ठे वामकरांगुष्ठे लग्नस्तस्य कनिष्ठिके।
दक्षिणांगुष्ठसंगर्गात्तत्कनिष्ठा प्रसारिता।।
तर्जनी मध्यमानामाः किञ्चित्संकोच्य चालिताः।
वेणुमुद्रा भवेदेषा सुगुप्ता प्रेयसी हरेः।।

टीका–बाँये हाथ के अँगूठे को होठ का तथा कनिष्ठा को दाँयें हाथ के अँगूठे का स्पर्श करायें। दाँये हाथ की कनिष्ठा को फैला रहने दें। दाँयें हाथ की शेष तीनों अँगुलियों (तर्जनी, मध्यमा तथा अनामा) को थोड़ा झुका कर, आगे–पीछे की ओर चलायमान करें। यह श्री कृष्ण को अत्यधिक प्रिय 'वेणु मुद्रा' है। यह मुद्रा गोपनीय है। इसी को 'वंशी मुद्रा' भी कहते हैं।

६. श्रीवत्स मुद्रा

अन्योन्य स्पृष्टकरयो र्मध्यमानामिकांगुलीः।
अंगुष्ठेन तु बद्धीयात् कनिष्ठामूल संस्थिते।।
तर्जन्यौ कारयेदशा मुद्रा श्रीवत्ससंज्ञका।।



टीका-दोनों हाथों की हथेलियों को आमने-सामने रखते हुए दोनों की मध्यमा तथा अनामिकाओं को थोड़ा झुका कर अँगूठों से दबालें। फिर दोनों हाथों की तर्जनियों को अपने-अपने हाथ की कनिष्ठिकाओं के मूल में लगायें। इसे 'श्रीवत्स मुद्रा' कहते हैं।

७. कौस्तुभ मुद्रा

अनामां पृष्ठ संलग्नां दक्षिणस्य कनिष्ठिकाम्।
कनिष्ठयान्ययाबध्य तर्जन्या दक्षया तथा।।
वामानामां च बध्नीयाद् दक्षिणां गुष्ठमूलकै।
अंगुष्ठ मध्यमे वामे संयोज्य सरला पराः।।
चतस्रोप्यग्र संलग्ना मुद्रा कौस्तुभ संज्ञिका।।



टीका-दाँये अँगूठे का स्पर्श करते हुए दाँई अनामिका तथा कनिष्ठिका को बाँई कनिष्ठिका से तथा दाँई तर्जनी को बाँई अनामिका से बाँधें। बाँये अँगूठे तथा मध्यमा से दाँये अँगूठे के मूल का स्पर्श करें। शेष अँगुलियों को सीधा रखें। दोनों हाथों की चारों अँगुलियाँ परस्पर स्पर्श करती रहनी चाहिए। इसे 'कौस्तुभ मुद्रा' कहते हैं।

८. वनमाला मुद्रा

स्पृशेत्कष्ठादिपादान्तं तर्जन्यांगुष्ठया तथा।
करद्वयेन मालावन् मुद्रेयं वन मालिका।।



टीका-दोनों हाथों को आपस में मिलाये हुए तर्जनी तथा अँगूठे द्वारा ग्रीवा से पाद पर्यन्त शरीर का स्पर्श करें। इसे 'वनमाला मुद्रा' कहते हैं।

६. ज्ञान मुद्रा

तर्जन्यंगुष्ठकौ सक्तावग्रतो हृदि विन्यसेत्।
वाम हस्ताम्बुजं वामे जानुमूर्द्धनि विन्यऐत्।।
ज्ञानमुद्रा भवे देषा रामचन्द्रस्य प्रेयसी।।



टीका-दाँये हाथ के अँगूठे तथा तर्जनी को एक दूसरे से मिलायें। शेष अँगुलियों को थोड़ा झुकाये रखें। इस भाँति अँगुलियों को संयोजित करके हाथ को हृदय [illegible] रखें। बाँये हाथ को बाँई जाँघ पर इस प्रकार रखें कि हथेली ऊपर की ओर रहे। यह रामचन्द्रजी की अत्यन्त प्रिय 'ज्ञान मुद्रा' है।

१०. बिल्व मुद्रा

अंगुष्ठं वाममुद्धाटित मितरकरांगुष्ठकेनाय बध्वा।
तस्याग्रं पीडयित्वांगुलिभि रपि च ता वाम हस्तांगुलीभिः।।
बध्वा गाढं हृदि स्थापयतु विमलधीर्व्याहरन्मारबीजं।
बिल्वाख्या मुद्रिकैषा स्फुटमिह कथिता गोपनीया विधिज्ञैः।।

टीका-बाँये हाथ के अँगूठे को सीधा खड़ा करके उसे दाँये हाथ के अँगूठे से पकड़ें, फिर बाँये अँगूठे को पकड़े हुए दाँये अँगूठे से दाँये हाथ की सभी अँगुलियों को (जो पहले से ही अँगूठे को पकड़े हुए हैं) पकडें। साथ ही साथ काम बीज 'क्लीं' का उच्चारण भी करें। ज्ञानियों द्वारा अत्यन्त गोपनीय कही गई यह 'बिल्व मुद्रा' है।

११. गरुड़ मुद्रा

हस्तौ तु विमुखौ कृत्वाग्रन्थयित्वा कनिष्ठिके।
मिथस्तर्जनिकेश्लिष्ठे श्लिष्टावंगुष्ठकौ तथा।।
मध्यमानामिका द्वै तु द्वौ पक्षाविव चालयेत्।
एषा गरुड़मुद्राख्या विष्णोः सन्तोषवर्द्धिनी।।



टीका-दोनों हाथों के पृष्ठभाग को एक दूसरे से मिलायें, तत्पश्चात् नीचे लटके हुए दोनों हाथों की तर्जनी तथा कनिष्ठिका को एक दूसरी के साथ ग्रथित करें। इसी स्थिति में दोनों हाथों की अनामा तथा मध्यमाओं को उल्टी दिशा में, किसी पक्षी के पंखों की भाँति ऊपर नीचे करें। श्री विष्णु का सन्तोष-वर्द्धन करने वाली इस मुद्रा को 'गरुड़ मुद्रा' कहते हैं।

१२. नारसिंही मुद्रा (१)

जानुमध्ये करौदत्त्वा चिबुकोष्ठौ समाकृतौ।
हस्तौ च भूमि संलग्नौ कम्पमानः पुनः पुनः।।
मुखं च विवृतं कुर्याल्लेलिहानां च जिह्विकाम्।
नारसिंही भवेदेषा मुद्रा तत्प्रीतिवर्द्धिनी।।

टीका-दोनों जाँघों के मध्य में हाथ रखते हुए उन्हें भूमि पर स्थापित करें। चिबुक तथा होठों को परस्पर स्पर्श कराना चाहिए। फिर पृथ्वी पर रखे हुए हाथों को बारम्बार कम्पायमान करते हुए, मुख को सामान्य स्थिति में लायें तथा जीभ को 'लेलिहाना मुद्रा' की भाँति बाहर निकालें। यह विष्णु की प्रीतिवर्द्धक 'नारसिंही मुद्रा' है।

(टिप्पणी-दूसरे प्रकार की नृसिंह (नारसिंही) मुद्रा का वर्णन अगले पृष्ठ पर किया गया है।)

१२. नारसिंही मुद्रा (२)

अंगुष्ठाभ्यां तु करयोरथाक्रम्य कनिष्ठिके।
अधौमुखीभिः सूर्याभिः मुद्रेयं नृहरेः स्मृताः।।



टीका-हथेलियों को अधोमुख करके, दोनों हाथ के अँगूठों तथा कनिष्ठिकाओं को नीचे की ओर फैलादें। यह 'नृसिंह मुद्रा' का दूसरा प्रकार है।

१३. वाराह मुद्रा (१)

दक्षोपरि करं वामं कृत्वोत्तानमधः सुधीः।
भ्रामयेदिति संप्रोक्ता मुद्रा वाराह संज्ञिका।।

टीका-दाँये हाथ के पृष्ठभाग पर बाँई हथेली को रखें। बाँये हाथ की अँगुलियों को इस तरह मोड़ें कि वे अधोमुख दाँये हाथ की हथेली का स्पर्श करने लगें। अब इस तरह घूमी हुई बाँये हाथ की अँगुलियों को दाँये हाथ की अँगुलियों से पकड़लें। इसे 'वाराह मुद्रा' कहते हैं।

(टिप्पणी-दूसरे प्रकार की 'वाराह मुद्रा' का वर्णन अगले पृष्ठ पर किया गया है।)

१३. वाराह मुद्रा (२)

दक्षहस्तं चोर्ध्वमुखं वाम हस्त मधोमुखम्।
अंगुल्यग्रं तु संयुक्तं मुद्रा वाराह संज्ञिका।।



टीका–बाँई हथेली को दाँये हाथ की हथेली पर इस प्रकार रखें कि दोनों हाथों की अँगुलियों का अग्रभाग आपस में स्पर्श करता रहे।
यह दूसरे प्रकार की 'वाराह मुद्रा' है।

१४. हयग्रीव मुद्रा

वामहस्ततले स्थित्वा दक्षांगुलि मधोमुखीम्।
संरोप्य मध्यमा नामेमुखस्याधो विकुञ्चयेत्।।
हयग्रीवप्रिया मुद्रा तन्मूर्तेरनुकारिणी।।



टीका-दाँयें हाथ की अँगुलियों को बाँये हाथ की हथेली के नीचे रखें। दाँये हाथ की अँगुलियाँ अधोमुख होनी चाहिये। तदुपरान्त अँगुलियों को उठा कर बाँये हाथ की मध्यमा तथा अनामिका से दाँये हाथ की अँगुलियों को उठाते हुए मुँह के समीप लाकर खोल दें।

हयग्रीवा के स्वरूप को व्यक्त करने वाली यह मुद्रा को 'हयग्रीव मुद्रा' अथवा 'हयग्रैवी मुद्रा' कहा जाता है।

१५. धनु मुद्रा

वामस्य मध्यभाग्रं तु तर्जन्यग्रेण योजयेत्।
अनामिकां कनिष्ठां च तस्यांगुष्ठेन पीडयेत्।।
स्पर्शये द्वामके स्कन्धे धनुमुद्रेयमीरिता।।



टीका-बाँये हाथ की मध्यमा को दाँये हाथ की तर्जनी से तथा बाँये हाथ की अनामिका को दाँये हाथ की कनिष्ठिका से मिलायें। इस भांति मिली हुई अनामिका तथा कनिष्ठा को अँगूठे से दवाकर, उनसे बाँये कंधे का स्पर्श करें।

इसे 'धनु अथवा 'धनुष मुद्रा' कहते हैं।

१६. वाण मुद्रा

दक्षमुष्टेस्तु तर्जन्या दीर्घया बाण मुद्रिका।।



टीका-दाँये हाथ की मुट्ठी बाँधकर उसकी तर्जनी को सीधी खड़ी करदें। इसे 'वाण मुद्रा' कहा जाता है।

१७. परशु मुद्रा

ततें तलं तु करयोस्तिर्यक्संयोज्य चांगुलीम्।
संहतां प्रसृतां कुर्यान् मुखद्रेयं पर्शु संज्ञिका।।

टीका-दोनों हथेलियों को मिलाकर, हाथ को ऊपर नीचे इस प्रकार करें, जैसे कुल्हाड़ी चला रहे हों।
इसे 'परशु मुद्रा' कहते हैं।

१८. त्रैलोक्य मोहिनी मुद्रा

ऊर्ध्वस्यांगुष्ठमुष्टी द्वै मुद्रा त्रैलोक्य मोहिनी।



टीका-पहले दोनों हाथों की मुट्ठी बाँध कर, मुट्ठियों को परस्पर मिलायें, तत्पश्चात् दोनों अँगूठों का परस्पर स्पर्श कराते हुए उन्हें ऊपर उठायें।

इसे 'त्रैलोक्य मोहिनी मुद्रा' कहते हैं। इसी मुद्रा का दूसरा नाम 'जगमोहिनी' भी है।

१६. काम मुद्रा

हस्तौ तु सम्पुटौ कृत्वा प्रसृतांगुलिकौ तथा।
तर्जन्यौ मध्यमा पृष्ठे ह्यंगुष्ठौ मध्यमाश्रितौ।।
काममुद्रेय मुदिता सर्वदेव प्रियङ्करी।।

टीका–दोनों हाथों को मिलाकर सम्पुट बनायें तथा अंगुलियों को फैली हुई रखें। तत्पश्चात् दोनों तर्जनियों को अपनी–अपनी मध्यमाओं के पीछे रखें तथा दोनों अँगूठों को भी अपनी–अपनी मध्यमाओं पर रखें।

यह 'काम मुद्रा' सभी देवताओं को प्रिय तथा आनन्द दायक है।

(टिप्पणी–इसे 'परा मुद्रा' भी कहा जाता है।

इति श्री विष्णु मुद्रा समाप्ताः

२. श्री शिव की मुद्राएँ

काममुद्रा पराख्याता शिवस्य दश मुद्रिका।
लिङ्गयोनि त्रिशूलाक्ष मालेष्टाभिर्मृगाह्वया।।
खट्वाङ्ग च कपालाख्या डमरू: शिव तोषिका।
महादेव प्रियाणां च कथ्यन्ते लक्षणान्यय।।

टीका-शिव की १० मुद्राएँ कही गई हैं। उनके नाम निम्नानुसार हैं-

१. लिंग मुद्रा, २. योनि मुद्रा, ३. त्रिशूल मुद्रा, ४. अक्षमाला मुद्रा, ५. वर मुद्रा, ६. अभय मुद्रा, ७. मृगी मुद्रा, ८. खट्वांग मुद्रा, ९. कपाल या कापालिकी मुद्रा तथा १०. डमरूक मुद्रा।

इन्हें सम्मिलित रूप में 'काम मुद्रा' भी कहा जाता है।

इन मुद्राओं का सचित्र वर्णन अगले पृष्ठों पर किया गया है।

१. लिङ्ग मुद्रा

उच्छितं दक्षिणां गुष्ठं वामांगुष्ठेन बन्धयेत्।
वामांगुली दक्षिणाभिरंगुलीभिश्च बन्धयेत्।।
लिङ्ग मुद्रायमाख्याता शिव सान्निध्य कारिणी।।



टीका-दाँये हाथ के अँगूठे को ऊपर उठाकर उसे बाँये अँगूठे से बाँधें। तदुपरान्त दोनों हाथों की अँगुलियों को परस्पर बाँधलें। यह शिवसान्निध्यकारक 'लिङ्ग मुद्रा' है।

२. योनि मुद्रा

मिथः कनिष्ठिके बध्वा तर्जनीभ्यामनामिके।
अनामिकोर्ध्व संश्लिष्टे दीर्घमध्यमयोरथ।।
अँगुष्ठागुद्वयं न्यस्येद्योनिमुद्रेय मीरिता।।



टीका-दोनों कनिष्ठिकाओं को बाँध कर तर्जनी तथा अनामिकाओं को बाँधें। अनामिका को मध्यमा से पहले थोड़ा सा मिला कर फिर उन्हें सीधा करदें। तत्पश्चात् दोनों अँगूठों को एक दूसरे पर रखें। इसे 'योनि मुद्रा' कहते हैं।

(टिप्पणी-'योनि मुद्रा' का एक अन्य प्रकार भी है, जिसे 'महायोनि मुद्रा' भी कहा जाता है। उसका उल्लेख आगे किया जायेगा।)

३. त्रिशूल मुद्रा

अँगुष्ठेन कनिष्ठां तु बद्ध्वा शिष्टांगुलि त्रयम्।
प्रसारयेत्त्रिशूलाख्या मुद्रैषा परिकीर्तिता।।

टीका-दोनों कनिष्ठिकाओं को दोनों अँगूठों से बाँध (दबा) कर शेष सभी अँगुलियों को सीधा करदें।
इसे 'त्रिशूल मुद्रा' कहते हैं।

४. अक्षमाला मुद्रा

अंगुष्ठ तर्जन्यग्रे तु ग्रंथयित्वांगुलि त्रयम्।
प्रसारयेदक्षमाला मुद्रेयं परिकीर्तिता।।

टीका-दोनों अँगूठों तथा तर्जनियों के अग्रभाग को मिलायें। फिर दोनों हाथों की शेष तीनों अँगुलियों को परस्पर ग्रथित करके सीधा करें अर्थात् फैलादें।

इसे 'अक्षमाला मुद्रा' कहते हैं।

५. वर मुद्रा

अधःस्थितो दक्षहस्तः प्रसृतो वरमुद्रिका।

टीका-दाँई हथेली को अधोमुख करके, हाथ को फैलादें। इसे 'वर मुद्रा' कहते हैं।

६. अभय मुद्रा

ऊदर्ध्वीकृतो वामहस्तः प्रसृतोभयमुद्रिका।।

टीका-बाँये हाथ को ऊपर की ओर उठायें तथा हथेली को खुली रखें।
इसे 'अभय मुद्रा' कहते हैं।

७. मृगी मुद्रा

मिलितानामि कांगुष्ठं मध्यमाग्रे नियोजयेत्।
शिष्टांगुल्युच्छ्रिते कुर्यान्मृग मुद्रेयमीरिता।।

टीका-अनामिका तथा अँगूठे को मिला कर उन्हें मध्यमा के अग्रभाग पर रखें तथा शेष दो अँगुलियों को ऊपर की ओर सीधी खड़ी करदें। इसे 'मृग मुद्रा' अथवा 'मृगी मुद्रा' कहते हैं।

८. खट्वाङ्ग मुद्रा

पञ्चांगुल्यो दक्षिणास्तु मिलिता द्वयूर्द्ध्वमूर्द्धता।
खट्वाङ्ग मुद्रा विख्याता शिवस्यातिप्रिया मता।।

टीका-दाँये हाथ की पाँचों अँगुलियों को मिलाकर ऊपर की ओर उठायें। यह शिवजी को अत्यन्त प्रिय 'खट्वाङ्ग मुद्रा' कहलाती है।

६. कापालिकी मुद्रा

पात्रवद्वामहस्तं च कृत्वाङ्के वामके तथा।
निधायोच्छ्रितवतत्कुर्यान् मुद्रा कापालिकी मता।।



टीका-बाँये हाथ को पात्र जैसा बनाकर, उसमें अपनी बाँई ओर से कुछ उठाकर रखा जाता है- ऐसा प्रदर्शित करने को 'कपाल मुद्रा' अथवा 'कापालिकी मुद्रा' कहा जाता है।

१०. डमरू मुद्रा

मुष्टिं च शिथिलां बद्ध्वा ईषदुच्छितिमध्यमाम्।
दक्षिणान्त्द्र्ध्वमुत्तोल्य कर्णदिशे प्रचालयेत्।।
एषा मुद्रा डमरूका सर्वविघ्नविनाशिनी।।

टीका-दाँये हाथ की कुछ हल्की मुट्ठी बाँध कर मध्यमा को थोड़ा सा ऊपर उठाकर दाँये कान तक ले जाकर थोड़ा सा हिलायें (प्रचालित करें) तो 'डमरू मुद्रा' बनती है।

इसे 'डमरूक मुद्रा' भी कहा जाता है।

इति श्री शिव मुद्रा समाप्ताः

३. श्री गणेश की मुद्राएँ

दन्तपाशांकुशाविघ्न पर्शु लड्डूक संज्ञका:।
बीजपूरोह्वया मुद्रा विज्ञेया विघ्नपूजने।।
ततो गणेशमुद्राणामुच्यन्ते लक्षणानि तु।।

टीका–गणेश की सात मुद्राएँ कही गई हैं। उनके नाम निम्नानुसार हैं–

१. दन्त, २. पाश, ३. अंकुश, ४. विघ्न, ५. परशु, ६. लड्डूक और ७. बीजपूर।

इन मुद्राओं का सचित्र वर्णन अगले पृष्ठों पर किया गया है।

१. दन्त मुद्रा

उत्तानोर्ध्वमुखी मध्या सरला बद्धमुष्टिका।
दन्तमुद्रा समाख्याता सर्वागम विशरदैः।।



टीका-दोनों हाथों की मुट्ठियाँ बाँध कर, उनकी मध्यमा अँगुलियों को सीधा करदें। सभी शास्त्रज्ञों ने इसे 'दन्तमुद्रा' कहा है।

टिप्पणी-यदि एक ही हाथ से यह मुद्रा प्रदर्शित करनी हो तो केवल दाँये हाथ की ढीली मुट्ठी बाँध कर, उसकी मध्यमा अँगुली को ऊपर की ओर सीधी कर देना चाहिए।

२. पाश मुद्रा

वाममुष्टेस्तु तर्जन्या दक्षमुष्टेस्तु तर्जनीम्।
संयोज्यांगुष्ठकाग्राभ्यां तर्जन्यग्रे समुत्क्षियेत्।।
एषा पाशाह्वया मुद्रा विद्वद्भिः परिकीर्तिता।।



टीका-दोनों हाथों की मुट्ठियाँ बाँध कर बाँई तर्जनी को दाँई तर्जनी से बाँधें। तदुपरान्त दोनों तर्जनियों को अपने-अपने अँगूठे से दबायें। फिर दाँई तर्जनी के अग्रभाग को थोड़ा अलग करदें।

विद्वानों ने इसे 'पाश मुद्रा' कहा है।

३. अंकुश मुद्रा

ऋज्वीं च मध्यमाकृत्वा तर्जनीं मध्यपर्वणि।
संयोज्या कुञ्चयेत्किञ्चित् मुद्रैषांकुश संज्ञिका।।



टीका-दोनों मध्यमा अंगुलियों को सीधा रखते हुए, दोनों तर्जनियों को मध्यपर्व के समीप परस्पर बाँधें। फिर दोनों तर्जनियों को थोड़ा झुकाकर एक दूसरी को खींचें।

इसे 'अंकुश मुद्रा' कहते हैं।

४. विघ्न मुद्रा

तर्जनी मध्यमा सन्धि निःसृतांगुष्ठ मुष्टिका।
अधोमुखी दीर्घरूपा मध्यमा विघ्ननामिका।।



टीका–दोनों हाथों की मुट्ठियाँ बाँध कर अँगूठों को तर्जनी तथा मध्यभाओं के बीच इस प्रकार से रखें कि अंगूठे का अग्रभाग थोड़ा सा बाहर निकला दिखाई दे।

इसे 'विघ्न मुद्रा' कहते हैं।

५. परशु मुद्रा

ततें तलं तु करयोस्तिर्यक् संयोज्य चांगुलीम्।
संहतां प्रसृतां कुर्यात् मुखद्रेयं पर्शु संज्ञिका।।



टीका-दोनों हथेलियों को मिलाकर, हाथ को इस प्रकार ऊपर-नीचे करें, जैसे कि कुल्हाड़ी चला रहे हों।

इसे 'परशु मुद्रा' कहा जाता है।

टिप्पणी-इस मुद्रा का सचित्र वर्णन विष्णु की मुद्राओं के अन्तर्गत संख्या १७ में पहले भी किया जा चुका है।

६. लड्डूक (मोदक) मुद्रा

पर्शुमुद्रा निगदिता प्रसिद्धा लड्डुमुद्रिका।।



टीका-पूर्वकथित 'परशु मुद्रा' ही 'लड्डूक मुद्रा' के रूप में भी प्रसिद्ध है।

विशेष-हाथ की सभी अंगुलियों को ऊपर की ओर उठाकर लड्डू जैसा आकार देने को 'लड्डूक मुद्रा' अथवा 'मोदक मुद्रा' कहा जाता है। इस मुद्रा का स्वरूप ऊपर के चित्र में प्रदर्शित है।

७. बीजपूर मुद्रा

बीजपूराह्वया मुद्रा प्रसिद्धत्वा दुपेक्षिता।।



टीका-बीजपूर मुद्रा अप्रसिद्ध होने के कारण उपेक्षित रही है।

विशेष-दोनों हाथों की अँगुलियों को अग्रभाग में मिला कर, उनके ऊपर अँगूठों को रखें। इस प्रकार बिजौरा नीबू की आकृति तैयार होगी। इसी को 'बीजपूर मुद्रा' कहा जाता है। इस मुद्रा के स्वरूप को ऊपर के चित्र में प्रदर्शित किया गया है।

इति श्री गणेश मुद्राः समाप्ताः

४. श्री सूर्य की मुद्राएँ

सूर्यस्यैकैव पद्माख्या।।

टीका- **सूर्य की केवल एक 'पद्म मुद्रा' है।**

टिप्पणी- 'पद्म मुद्रा' का सचित्र वर्णन श्री विष्णु की मुद्राओं के अन्तर्गत संख्या ४ में किया जा चुका है। पृष्ठ संख्या २१ पर देखलें।

५. श्री शक्ति (दुर्गा) की मुद्राएँ

पाशांकुश वराभीति खड्गचर्मधनुःशराः।
मौशली मुद्रिका दौर्गी मुद्रा शक्तेः प्रियंकरा।।
शाक्तेयीनां च मुद्राणां कथ्यन्ते लक्षणानितु।।

टीका-शक्ति (दुर्गा) की दश मुद्राएँ हैं। उनके नाम निम्नानुसार हैं-

१. पाश, २. अंकुश, ३. वर, ४. अभय, ५. खड्ग ६. चर्म, ७. धनु, ८. शर, ९. संरक्षिणी अर्थात् मुशली और दुर्गा अथवा दौर्गी।

पाश मुद्रा का पृष्ठ ५२ पर, अंकुश मुद्रा का पृष्ठ ५३ पर वर मुद्रा का पृष्ठ ४४ पर, अभय मुद्रा का पृष्ठ ४५ पर धनु मुद्रा का पृष्ठ ३४ पर तथा शर (वाण) मुद्रा का वर्णन पृष्ठ संख्या ३५ पर किया जा चुका है। अन्य मुद्राओं का सचित्र वर्णन अगले पृष्ठों पर किया गया है।

१. खड्ग मुद्रा

कनिष्ठानामिका बद्ध्वा स्वांगुष्ठेनैव दक्षतः।
मितांगुली च प्रसृते संस्पृष्टे खड्ग मुद्रिका।।



टीका- कनिष्ठिका तथा अनामिका अँगुलियों को एक दूसरी के साथ बाँधकर अँगूठों को उनसे मिलायें। शेष अँगुलियों को एक साथ मिला कर फैला दें।

उक्त प्रकार से 'खड्ग मुद्रा' बनती है।

२. चर्म मुद्रा

वामहस्तं तथा तिर्यक् कृत्वा चैव प्रसार्य च।
आकुंचितांगुलिं कुर्याच्चर्ममुद्रेयमीरिता।।



टीका-फैले हुए बाँये हाथ को थोड़ा मोड़कर अँगुलियों को भी थोड़ा सा मोड़ लेने से 'चर्म मुद्रा' बनती है।

३. संरक्षिणी (मुशल) मुद्रा

मुष्टिं कृत्वा कराभ्यां च वामस्योपरि दक्षिणम्।
कुर्यान्मुशल मुद्रेयं सर्वविघ्न विनाशिनी।।



टीका–दोनों हाथों की मुट्ठियाँ बाँधें। फिर दाँई मुट्ठी को बाँई के ऊपर रखें। यह समस्त विघ्नों को नष्ट करने वाली 'मुशल मुद्रा' है। इसी को 'मुशली मुद्रा' तथा संरक्षिणी मुद्रा' भी कहते हैं।

४. दुर्गा (दौर्गी) मुद्रा

मुष्टिं कृत्वा कराभ्यां च वामस्योपरि दक्षिणम्।
कृत्वा शिरसि संयोगाद् दुर्गामुद्रेयमीरिता।।



टीका–दोनों हाथों की मुट्ठियाँ बाँध कर दाँई मुट्ठी को बाँई पर रखें। फिर उन्हें शिर से मिलायें।

इसे दुर्गा अथवा 'दौर्गी मुद्रा' कहते हैं।

टिप्पणी–कुछ विद्वान् इसे 'दुर्ग मुद्रा' भी कहते हैं।

इति शक्ति (दुर्गा) मुद्रा समाप्ताः

५. विभिन्न देवियों की मुद्रायें

प्रमुख पंच देवों- १. विष्णु, २. शिव, ३. गणेश, ४. सूर्य तथा ५. शक्ति (दुर्गा) की मुद्राओं का सचित्र उल्लेख पिछले पृष्ठों में किया जा चुका है। अगले पृष्ठों में भगवती, लक्ष्मी, सरस्वती, श्यामा, त्रिपुरा आदि देवियों की पूजा में प्रयुक्त होने वाली विभिन्न मुद्राओं का सचित्र उल्लेख किया जाएगा।

स्मरणीय है कि कुछ मुद्राएँ कई-कई देवी-देवताओं की पूजा में प्रयुक्त होती हैं, अतः उन सबका उल्लेख भी यथास्थान कर दिया गया है।

६. भगवती लक्ष्मी की मुद्राएँ

१. लक्ष्मी मुद्रा

लक्ष्मीमुद्रार्चने लक्ष्म्याचक्रमुद्रां तथा
बद्ध्वा मध्यमेद्वे प्रसार्य च।
कनिष्ठिके तथानीय तदग्रे मुष्टिके क्षिपेत्।।
लक्ष्मीमुद्रा परा ह्येषा सर्वसम्पत्प्रदायिनी।।



टीका-लक्ष्मीकी अर्चना में केवल एक लक्ष्मी मुद्रा का ही प्रयोग किया जाता है।

पहले 'चक्र मुद्रा' बनायें (देखें- विष्णु मुद्रा संख्या २, पृष्ठ १९) फिर मध्यमाओं को फैलादें। तत्पश्चात् अनामिका और कनिष्ठिकाओं के बीच से अँगूठों को बाहर निकालें।

यह 'लक्ष्मी मुद्रा' सभी सम्पत्तियों को देने वाली है।

टिप्पणी-कुछ साधक 'चक्र मुद्रा' को भी लक्ष्मी की अर्चना मुद्रा मानते हैं।

७. महा सरस्वती की मुद्राएँ

अक्षमाला तथा वीणा
व्याख्या पुस्तक मुद्रिका।
वाग्वादिन्यास्तु पूजते।।

टीका–भगवती वाग्वादिनी (सरस्वती) की पूजा में १. अक्षमाला, २. वीणा, ३. व्याख्यान, ४. पुस्तक तथा ५. वर मुद्रा का प्रयोग किया जाता है।

इन मुद्राओं में जिनका वर्णन अन्यत्र नहीं किया गया है उनका सचित्र वर्णन अगले पृष्ठों पर किया गया है। अक्ष (अक्षमाला) मुद्रा का वर्णन पृष्ठ ४३ पर तथा वर मुद्रा का वर्णन पृष्ठ ४४ पर किया गया है।

१. वीणा मुद्रा

वीणावादनं वद्धस्तौ कृत्वा सञ्चालयेच्छिरः।
वीणामुद्रेय माख्याता सरस्वत्थाः प्रियङ्करी।।



टीका-जिस स्थिति में दोनों हाथों के माध्यम से वीणा बजाई जाती है, उसी स्थिति में दोनों हाथों को लाकर (जैसे-दोनों हाथ वीणा को लिए हुए हों) शिर का संचालन करें।

यह सरस्वती की प्रिय 'वीणा मुद्रा' है।

७. महा सरस्वती की मुद्राएँ

अक्षमाला तथा वीणा
व्याख्या पुस्तक मुद्रिका।
वाग्वादिन्यास्तु पूजते।।

टीका–भगवती वाग्वादिनी (सरस्वती) की पूजा में १. अक्षमाला, २. वीणा, ३. व्याख्यान, ४. पुस्तक तथा ५. वर मुद्रा का प्रयोग किया जाता है।

इन मुद्राओं में जिनका वर्णन अन्यत्र नहीं किया गया है उनका सचित्र वर्णन अगले पृष्ठों पर किया गया है। अक्ष (अक्षमाला) मुद्रा का वर्णन पृष्ठ ४३ पर तथा वर मुद्रा का वर्णन पृष्ठ ४४ पर किया गया है।

१. वीणा मुद्रा

वीणावादनं वद्धस्तौ कृत्वा सञ्चालयेच्छिरः।
वीणामुद्रेय माख्याता सरस्वत्थाः प्रियङ्करी।।



टीका-जिस स्थिति में दोनों हाथों के माध्यम से वीणा बजाई जाती है, उसी स्थिति में दोनों हाथों को लाकर (जैसे-दोनों हाथ वीणा को लिए हुए हों) शिर का संचालन करें।

यह सरस्वती की प्रिय 'वीणा मुद्रा' है।

२. व्याख्यान मुद्रा

दक्षिणांगुष्ठतर्जन्या बग्नलग्ने पराङ्मुखे।
प्रसार्य संहितोत्ताना ह्येषा व्याख्यान मुद्रिका।।

टीका-दाँये हाथ की तर्जनी अँगुली तथा अँगूठे के अनुभाग को मिलायें। शेष अँगुलियों को आपस में मिलाते हुए ऊपर की ओर उठायें।

यह 'व्याख्यान मुद्रा' है।

३. पुस्तक मुद्रा

वाममुष्टिं स्वाभिमुखीं कृत्वा पुस्तक मुद्रिका।।



टीका-बाँये हाथ की मुट्ठी बनाकर अपने सामने की ओर करने से 'पुस्तक मुद्रा' होती है।

८. भगवती त्रिपुरा की मुद्राएँ

दश मुद्राश्च समाख्याता स्त्रिपुराया प्रपूजने।
संक्षोभप्राविणाकर्षवश्योन्माद महांकुशा।
खेचरी बीजयो न्याख्या त्रिखण्डा परिकीर्तिता।।

टीका–भगवती त्रिपुरा के पूजन की दस मुद्राएँ हैं। उनके नाम निम्नलिखित हैं–

१. सर्व संक्षोभिणी, २. सर्व विद्राविणी, ३. सर्व आकर्णिनी, ४. सर्व वश्यकरी, ५. उन्मादिनी, ६. सर्व महांकुशा, ७. खेचरी, ८. बीज, ९. योनि और १०. त्रिखण्डा।

इन मुद्राओं का सचित्र वर्णन अगले पृष्ठों में किया जा रहा है।

टिप्पणी–कुछ विद्वान् 'त्रिखण्डा' को छोड़कर, शेष ९ मुद्राओं को ही भगवती त्रिपुरा की मुद्राएँ मानते हैं।

१. सर्वसंक्षोभिणी मुद्रा

मध्यमां मध्यमे कृत्वा कनिष्ठांगुष्ठरोधिते।
तर्जन्यौ दण्डवत्कृत्वा मध्यमोपर्यनामिके।।
क्षोभाभिधाना मुद्रेयं सर्वसंक्षोभकारिणी।।



टीका–मध्यमा को मध्य में रखते हुए अँगूठों और कनिष्ठिकाओं को मिलायें। तर्जनी को सीधा तथा अनामिका को मध्यमा के ऊपर रखें।

यह 'क्षोभ मुद्रा' अथवा 'सर्वसंक्षोभिणी मुद्रा' है। इसकी को 'सर्व संक्षोभकारिणी मुद्रा' भी कहते हैं।

२. सर्व विद्राविणी मुद्रा'

एतस्या एव मुद्राया मध्यमे सरले यदा।
क्रियेते परमेशानि तथा विद्रावणी यता।।



टीका-पूर्वोक्त 'सर्वसंक्षोभकारिणी मुद्रा' में जब मध्यमा अँगुली को ढीला (सरल) कर दिया जाता है तो वह परमेशानि वह 'सर्व विद्राविणी मुद्रा' बन जाती है।

इसी को 'विद्राविणी मुद्रा' भी कहते हैं।

३. सर्वाकर्षिणी मुद्रा

मध्यमा तर्जनीभ्यां च कनिष्ठानामिके समे।
अंकुशाकार रूपाभ्यां मध्यमे परमेश्वरिं।।
अंगुष्ठं तु नियुञ्जीत कनिष्ठानामिको परि।
इयमाकर्षिणी मुद्रा त्रैलोक्याकर्षणे क्षमा।।

टीका-कनिष्ठा, अनामिका, मध्यमा तथा तर्जनी को बराबर करके, मध्यमा को अंकुशाकार बनायें और उसे कनिष्ठा तथा अनामिका पर रखें। फिर उससे अँगूठे को मिलायें।

यह तीनों लोकों को आकर्षित करने वाली 'आकर्षिणी मुद्रा' है। इसी को 'सर्वाकर्षिणी मुद्रा' भी कहते हैं।

४. सर्ववशांकरी मुद्रा

पुटाकारौ करौ कृत्वा तर्जन्यावंकुशाकृती।
परिवर्तक्रमेणैव मध्यमे तदधोगते।।
क्रमेण देवि तेनैव कनिष्ठा नामिकादयः।
संयोज्या निविद्राः सर्वा अंगुष्ठा वग्रदेशतः।।
मुद्रेयं परमेशानि सर्ववश्यकरी मता।।



टीका–दोनों हाथों को मिला कर सम्पुट बनायें। फिर तर्जनियों को अंकुशाकार करें और मध्यमा, कनिष्ठा तथा अनामिकाओं को भी क्रमशः मोड़कर, सभी को अंगूठे के अग्रभाग से कस कर मिलादें। हे परमेश्वरी! यह 'सर्ववशंकरी' अथवा 'सर्व वश्यकरी मुद्रा' है।

५. उन्मादिनी मुद्रा

सम्मुखौ तु करौ कृत्वा मध्यमा मध्यगेंत्यजे।
अनामिकेतु सरले तद्वहिस्तर्जनीद्वयम्।।
दण्डाकारौ ततोंगुष्ठौ मध्यमा नख देशिकौ।
मुद्रैवोन्मादिनी नाम्ना क्लेदिनी सर्वयोषिताम्।।



टीका-दोनों हाथों को सामने करके मध्यमा को मध्यमा से तथा कनिष्ठिका को कनिष्ठिका से मिलायें। अनामिकाओं को सीधी रखकर आपस में मिलादें तथा दोनों तर्जनियों को बाहर रखें, ताकि अँगूठों को सीधे मध्यमाओं के नख पर रखा जा सके।

यह सभी स्त्रियों को क्लेदित करने वाली 'उन्मादिनी मुद्रा' है।

६. सर्वमहांकुशा मुद्रा

अस्यां त्वनामिका युग्ममधः कृत्वांकुशाकृति।
तर्जन्यावणि तेनैव क्रमेण विनियोजयेत्।
इत्यं महांकुशा मुद्रा सर्वकामार्थ साधनी।।



टीका–दोनों अनामिकाओं को अंकुशाकार अधोमुख करके मिलायें। फिर दोनों तर्जनियों को भी उसी प्रकार अंकुशाकार करके मिलादें।

यह समस्त कामनाओं को पूर्ण करने वाली 'महांकुशा मुद्रा' है। इसी को 'सर्वमहांकुशा मुद्रा' भी कहते हैं।

७. खेचरी मुद्रा

सव्यं दक्षिण हस्ते तु सव्य हस्ते तु दक्षिणम्।
बाहुं कृत्वा महादेवि हस्तौ संपरिवर्तयेत्।।
कनिष्ठानामिके देवि युक्ता तेन क्रमेण च।
तर्जनीभ्यां समाक्रान्ते सर्वोर्ध्वमणि मध्यमे।।
अंगुष्ठौ च महादेवि सरलावपि कारयेत्।
इयं सा खेचरी मुद्रा मुद्रा सर्वोत्तमोत्तमा।।

टीका-हे महादेवि! बाँये हाथ को दाँई ओर तथा दाँये हाथ को बाँई ओर रखलें। फिर इसी क्रम से कनिष्ठा तथा अनामिकाओं को मिलायें। दोनों तर्जनियों को एकं दूसरी के ऊपर रखें तथा दोनों मध्यमाओं को सबके ऊपर उठायें।

यह मुद्राओं में सर्वोत्तम 'खेचरी मुद्रा' है।

८. बीज मुद्रा

परिवृत्यकरौ स्पृष्टा वर्द्धचन्द्राकृती प्रिये।
तर्जन्यंगुष्ठ युगलं युगपत्कारयेत्ततः।।
अधः कनिष्ठावष्ट्ब्धे मध्यमे विनियोजयेत्।
तथैव कुटिले योज्ये सर्वाधस्तद नामिके।।
बीजमुद्रेयमचिरात् सर्वसिद्धि प्रदायिनी।।

टीका–दोनों हाथों को एक दूसरे से काटते हुए चन्द्राकार करें। फिर दोनों अँगूठों को अपनी–अपनी तर्जनियों से मिलालें, तत्पश्चात् नीचे से दोनों कनिष्ठिकाओं को मध्यमाओं से मिलायें। इसी भाँति अनामिकाओं को कुछ मोड़कर सबसे नीचे मिलादें।

यह समस्त सिद्धियों को देने वाली 'बीज मुद्रा' है।

६. प्रथम योनि मुद्रा

मध्यमे कुटिले कृत्वा तर्जन्युपरि संस्थिते।
अनामिका मध्यगते तथैव हि कनिष्ठिके।।
सर्वा एकत्र संयोज्य अंगुष्ठ परिपीडिता।
एषातु प्रथमा मुद्रा योनि मुद्रेति संज्ञिता।।



टीका-बीच से मुड़ी हुई मध्यमाओं को तर्जनियों के ऊपर रखें। फिर अनामिका तथा कनिष्ठिकाओं को भी मोड़कर, सबको जोड़ते हुए एक साथ अँगूठों से दबायें।

इसे 'प्रथमयोनि मुद्रा' कहते हैं।

१०. त्रिखण्डा मुद्रा

परिवृत्त करौ स्पृष्टा वंगुष्ठौ कारयेत्समौ।
अनामान्तर्गते कृत्वा तर्जन्यौ कुटिलाकृती।।
कनिष्ठिके नियुञ्जीत निजस्थाने महेश्वरि।
त्रिखण्डेयं समाख्याता त्रिपुराध्यान कर्मणि।।

टीका-दोनों हाथों को एक दूसरे से काटते हुए (दाँये को बाँई ओर तथा बाँये को दाँई ओर रखकर) पीठ पर रखें तथा अँगूठों को बराबर करके मिलायें। अनामिकाओं को भीतर की ओर फैला कर तर्जनियों को थोड़ा मोड़ें तथा कनिष्ठिकाओं को यथास्थान मिलायें।

त्रिपुर देवी के ध्यान में प्रयुक्त होने वाली यह 'त्रिखण्डा मुद्रा' है।

इति श्री त्रिपुरा मुद्रा समाप्ताः

६. अन्य देवियों की मुद्राएँ

भगवती महाकाली, श्यामा, तारा एवं भुवनेश्वरी आदि देवियों की पूजा में जिन मुद्राओं को प्रदर्शित किया जाता है। उनके विषय में निम्नानुसार समझना चाहिए।

महायोनिरिति ख्याता सर्वसिद्धि समृद्धिदाः।
शक्त्यर्चने महायोनिः श्यामादौ मुण्ड मुद्रिका।।

टीका- 'महायोनि मुद्रा' समस्त सिद्धियों तथा समृद्धि को देने वाली है। शक्ति की अर्चना में 'महायोनि मुद्रा' तथा श्यामा आदि के लिए 'मुण्ड मुद्रा' का प्रयोग किया जाता है।

भगवती महाकाली की अर्चना में १. महायोनि, २. मुण्ड तथा ३. भूतिनी का; भगवती तारा की पूजा में १. योनि, २. भूतिनी, ३. बीज, ४. धूमिनी तथा ५. लेलिहा का एवं भुवनेश्वरी की पूजा में १. पाश, २. अंकुश, ३. वर, ४. अभय, ५. पुस्तक, ६. ज्ञान, ७. बीज तथा ८. योनि मुद्रा का प्रयोग होता है।

इनमें से जिन मुद्राओं का वर्णन अन्यत्र किया जा चुका है, उनके अतिरिक्त अन्य मुद्राओं का सचित्र उल्लेख आगे किया जा रहा है।

१. महायोनि मुद्रा

तर्जन्यामिकामध्ये कनिष्ठाक्रम योगतः।
करयोर्योजयत्वेव कनिष्ठा मूल देशतः।।
अंगुष्ठाग्रे तु निःक्षिप्य महायोनि प्रकीर्तिता।।

टीका–दोनों हाथों की तर्जनी, मध्यमा, अनामिका तथा कनिष्ठिकाओं को एक दूसरी से मिलाकर, दोनों हथेलियों को इस प्रकार मिलायें कि उनका निचला भाग एक दूसरी को भली भाँति स्पर्श करता रहे। इसके बाद दोनों अँगूठों को अपनी-अपनीं कनिष्ठकाओं के मूल पर्वों पर रखें।

इसे 'महायोनि मुद्रा' कहते हैं। यह भगवती महाकाली की पूजा में प्रदर्शित की जाती है।

२. मुण्ड मुद्रा

पृष्ठे क्रोडान्तरें गुष्ठ मुष्टिं कृत्वा करस्य च।
मध्यमाग्रं तु दक्षस्य तथालम्ब्य प्रयत्नतः।।
मध्यमेनाय तर्जन्यामंगुष्ठाग्रे तु योजयेत्।
दर्शयेद्दक्षिणे भागे मुण्डमुद्रेय मुच्यते।।



टीका–अँगूठे को भीतर करते हुए बाँये हाथ की मुट्ठी बाँधें। फिर, दाँये हाथ की मध्यमा, अनामिका तथा कनिष्ठा को थोड़ा मोड़ें। दाँये अँगूठे को दाँई तर्जनी के मध्यपर्व पर लगायें। इस प्रकार संयोजित दाँये हाथ पर बाँई मुट्ठी को रखें। इस भाँति रखे हुए हाथों की दाँई ओर साधक अपनी दृष्टि को केन्द्रित करे।

इसे 'मुण्ड मुद्रा' कहते हैं। यह भी भगवती काली की पूजा में प्रदर्शित की जाती है।

३. भूतिनी मुद्रा

बध्वा तु योनि मुद्रां वै मध्यमे कुटिले कुरु।
अंगुष्ठेन तदग्रे तु मुद्रेयं भूतिनी मता।।



टीका–योनि मुद्रा बाँधकर, मध्यमाओं को मोड़ दें तथा अँगूठों के अग्रभाग को मध्यमाओं के अग्रभाग पर रखें।

इसे 'भूतिनी मुद्रा' कहते हैं। इसे भी भगवती काली की पूजा में प्रदर्शित किया जाता है।

४. धूमिनी मुद्रा

भगवती तारा की पूजा में १. योनि, २. भूतिनी, ३. बीज, ४. धूमिनी तथा ५. लेलिहा– इन पाँच मुद्राओं को प्रदर्शित किया जाता है।

योनि, भूतिनी तथा बीज मुद्राओं का उल्लेख किया जा चुका है। यहाँ 'धूमिनी' तथा 'लेलिहा' के विषय में लिखा जा रहा है।



विधि–अनामिका की पीठ पर कनिष्ठा को लगायें, अँगूठों द्वारा मध्यमाओं को बाँधें, अनामिकाओं को तिरछा करके अँगूठों के मूल से जोड़दें तथा तर्जनी को सीधी करके मिलादें।

इसे 'धूमिनी मुद्रा' कहते हैं। यह 'भगवती तारा' की पूजा में प्रयुक्त होती है।

५. लेलिहा मुद्रा

तर्जनी मध्यमानामाः समाः कुर्यादधोमुखीः।
अनामायां क्षिपेद्वृद्धामूर्द्ध्वं कृत्वा कनिष्ठिकाम्।।
लेलिहा नाम मुद्रेयं जीवन्यासे प्रकीर्तिता।।



टीका–तर्जनी, मध्यमा तथा अनामिका को बराबर करके अधोमुख करें एवं कनिष्ठा को सीधा रखें।

यह 'लेलिहा' अथवा 'लेलिहान' नामक मुद्रा है। इसका प्रयोग 'भगवती तारा' की पूजा के अतिरिक्त 'जीवन्यास' में भी होता है।

१०. अग्नि की मुद्राएँ

सप्तजिह्वाह्वया मुद्रा विज्ञेया वह्नि पूजने।
मत्स्य मुद्रा च कूर्माख्या लेलिहा मुण्ड संज्ञिका।।
मत्स्य कूर्म लेलिहाख्या सर्वसाधारणी मता।।

टीका-अग्नि, पूजन के लिऐ 'सप्तजिह्वा मुद्रा' का प्रयोग होता है। १. मत्स्य, २. कूर्म, ३. लेलिहा तथा ४. मुण्ड भी इनकी मुद्राएँ मानी जाती हैं। मत्स्य, कूर्म तथा लेलिहा-इन्हें साधारण मुद्रा कहा गया है।

टिप्पणी-उक्त मुद्राओं में लेलिहा तथा मुण्ड मुद्राओं का सचित्र वर्णन पिछले पृष्ठों में (क्रमशः पृष्ठ संख्या ८६ तथा पृष्ठ संख्या ८३) पर किया जा चुका है। अन्य मुद्राओं का सचित्र वर्णन अगले पृष्ठों में किया जा रहा है।

१. सप्तजिह्वा मुद्रा

मणिबन्धस्थितौ कृत्वा प्रसृतांगुलिकौ करौ।
कनिष्ठांगुष्ठ युगले मिलितां तां प्रसारयेत्।।
सप्तजिह्वाख्य मुद्रेयं वैश्वानर प्रियङ्करी।।



टीका–दोनों कलाइयों से हाथों को सीधा करके सभी अँगुलियों को ऊपर उठायें। तत्पश्चात् अँगूठे तथा कनिष्ठिकाओं के अग्रभाग को मिलाकर सामने की ओर फैलादें।

यह वैश्वानर (वह्नि, अथवा अग्नि) को अत्यंन्त प्रिय 'सप्तजिह्वा' नामक मुद्रा है।

२. मत्स्य मुद्रा

दक्षपाणिपृष्ठदेशे वामपाणितलं न्यसेत्।
अंगुष्ठौ चालयेत्सम्यङ् मुद्रेयं मत्स्य रूपिणी।।

टीका-बाँई हथेली को दाँये हाथ के पृष्ठभाग पर रखें, तदुपरान्त दोनों अँगूठों को, हथेली को पार करते हुए मिलायें।

इसे 'मत्स्य मुद्रा' कहते हैं।

३. कूर्म (कच्छप) मुद्रा

वामहस्तस्य तर्जन्यां दक्षिणस्य करस्य च।
वामस्य पितृतीर्थेन मध्यमानामिके तथा।।
अधोमुखैश्च तैः कुर्याद् दक्षिणस्य करस्य च।
कूर्म पृष्ठ समं कुर्याद् दक्षं पाणिं च सर्वतः।
कूर्ममुद्रेय माख्याता देवता ध्यान कर्मणि।।

टीका–बाँई तर्जनी को दाँई कनिष्ठिका से मिलायें, फिर दाँई तर्जनी को बाँये अँगूठे से मिलायें तथा दाँये अँगूठे को ऊपर उठादें। इसके पश्चात् बाँये हाथ की मध्यमा तथा अनामिका को दाँये हाथ की हथेली से लगायें तथा दाँये हाथ को कछुए (कच्छप) की पीठ जैसा बनायें।

यह देवता के ध्यान–कर्म में प्रयुक्त होने वाली 'कूर्म मुद्रा' है।

११. अन्य देवताओं की मुद्राएँ

श्री गोपालार्चने वेणुर्नृहरे नरिसिंहिका।
वराहस्य च पूजाया वराहाख्यां प्रदर्शयेत्।।
रामार्चने धनुर्बाणमुद्रे पर्शुस्तयार्चने।
परशुरामस्य विज्ञेया तथा परशु मुद्रिका।।
वासुदेवाह्वया ध्याने कुम्भ मुद्रा तु रक्षणे।
सर्वत्र प्रार्थनेचैव प्रार्थनाख्यां नियोजयेत्।।

टीका–श्री गोपाल जी के अर्चन में 'वेणु मुद्रा' का, नृसिंह की पूजा में 'नारसिंही मुद्रा' का, वराह की पूजा में 'वाराही मुद्रा' का, श्रीराम की पूजा में 'धनुष' और बाण का तथा परशुराम की पूजा में 'परशु मुद्रा' का प्रदर्शन करना चाहिए। वासुदेव के आवाहन तथा ध्यान में 'वासुदेव मुद्रा' का रक्षण–कर्म में तथा इन सब की प्रार्थना में 'प्रार्थना मुद्रा' का प्रयोग करना चाहिए।

टिप्पणी–उक्त मुद्राओं में से जिनका उल्लेख अन्यत्र नहीं हुआ है, उनका सचित्र वर्णन अगले पृष्ठों में किया जा रहा है।

१. ज्ञातव्य

अर्चने जयकाले च ध्याने काम्ये च कर्मणि।
स्नाने चावाह्ने शङ्खे प्रतिष्ठायां च रक्षणे।।
नैवेद्य च तथान्यत्र तत्तत्कल्प प्रकाशिते।
स्थाने मुद्राः प्रद्रष्टव्याः स्वस्वलक्षण संयुताः।।
कुम्भ मुद्राभिषेके स्यात् पद्म मुद्रासने तथा।
कालकर्णी प्रयोक्तव्या विघ्न प्रशम कर्मणि।
गालिनी च प्रयोक्तव्या जल शोधन कर्मणि।।

टीका–तत्तत्कल्पों में प्रकाशित अर्चन, जप, ध्यान, काम्य–कर्म, स्नान, आवाहन, शंख–वादन, देव–प्रतिष्ठा, सुरक्षा, नैवेद्य प्रदान करने में तथा अन्यत्र अपने–अपने लक्षणों से युक्त मुद्राओं का प्रदर्शन करना चाहिए।

अभिषेक में 'कुंभ मुद्रा', आसन के लिए 'पद्म मुद्रा' विघ्न–शमन हेतु 'कालकर्णी मुद्रा' तथा जल–शोधन–कर्म में 'गालिनी मुद्रा' का प्रयोग करना चाहिए।

उक्त मुद्राओं का सचित्र वर्णन आगे किया जाएगा।

१. कुम्भ मुद्रा (प्रथम)

दक्षांगुष्ठे परांगुष्ठे क्षिप्त्वा हस्तद्वयेन तु।
सावकाशामेक मुष्टिं कुर्यात्सा कुम्भ मुद्रिका।।



टीका-दाँये अँगूठे को बाँये के ऊपर रखें तथा इसी स्थिति में दोनों हाथों की मुट्ठियाँ बाँधे परन्तु दोनों मुट्ठियों के बीच थोड़ी जगह बनी रहे। इसे 'कुम्भ मुद्रा' कहते हैं।

कुम्भ मुद्रा का एक अन्य प्रकार अगले पृष्ठ पर वर्णित है।

२. कुम्भ मुद्रा (द्वितीय)

मुष्ट्योरूद्ध्वकृतांगुष्ठौ तर्जन्यग्रे तु विन्यसेत्।
सर्वरक्षाकरी ह्येषा कुम्भमुद्रेयमीरिता।।



टीका–दोनों हाथों को आपस में मिला कर एक ही मुट्ठी बनायें तथा दोनों अँगूठों को मिलाकर तर्जनी के अग्रभाग पर रखें।

यह 'द्वितीय कुम्भ मुद्रा' है, जो साधक की सब प्रकार से रक्षा करती है।

३. प्रार्थना मुद्रा

प्रसृतांगुलिकौ हस्तौ मिथः क्लिष्टौ च सम्मुखौ।
कुर्यात्स्व हृदये सेयं मुद्रा प्रार्थन संज्ञिका।।

टीका-दोनों हाथों को फैलाते हुए हृदय पर रखें। इसे 'प्रार्थना मुद्रा' कहते हैं।

टिप्पणी-इस मुद्रा का प्रयोग अन्य देवताओं की प्रार्थना में भी किया जा सकता है।

४. वासुदेव मुद्रा

अञ्जल्यञ्जलिमुद्रा स्याद्वासुदेवाभिधा न सा।।

टीका-दोनों हाथों को मिलाकर अंजलि बाँधने से 'वासुदेव मुद्रा' बनती है। यह मुद्रा भगवान् वासुदेव को प्रिय है। अतः इसे 'वासुदेव मुद्रा' कहा जाता है।

५. कालकर्णी मुद्रा

अंगुष्ठावुन्नतौ कृत्वा मुष्ट्योः संलग्नयोर्द्वयोः।
तावेवाभिमुखौ कुर्यान् मुद्रैषा कालकर्णिका।।



टीका-दोनों हाथों की बँधी मुट्ठियों को एक दूसरी से मिलाकर, दोनों अँगूठों को ऊपर उठायें। इस प्रकार हाथों को अपने सामने रखें। इसे 'कालकर्णी मुद्रा' कहा जाता है।

६. गालिनी मुद्रा

कनिष्ठांगुष्ठकौ सक्तौ करयोरितरेतरम् ।
तर्जनी मध्यमानामा संहता भुग्नवर्जिता: ।।
मुद्रैषा गालिनी प्रोक्ता शङ्ख कस्योपचालिता ।।



टीका–दोनों हथेलियों को एक दूसरी पर रखें तथा कनिष्ठिकाओं को इस प्रकार मोड़ें कि वे अपनी–अपनी हथेलियों का स्पर्श करती रहें। तर्जनी, मध्यमा तथा अनामिका अँगुलियाँ सीधी एवं परस्पर मिली रहनी चाहिए।

यह शंख बजाने की 'गालिनी मुद्रा' है।

७. विस्मय मुद्रा

दक्षिणा निविडा मुष्टिरनामार्पित तर्जनी।
मुद्रा विस्मय संज्ञा स्याद् विस्मया वेशकारिणी।।

टीका-दाँये हाथ को कस कर मुट्ठी बाँधें तथा उसकी तर्जनी अँगुली द्वारा अपनी नाक को हल्के से दबायें।

यह विस्मयावेश को व्यक्त करने वाली 'विस्मय मुद्रा' है।

८. नाद मुद्रा

मुष्टिंरूद्ध्वंकृतांगुष्ठा दक्षिणा नाद मुद्रिका।।



टीका-दाँये अँगूठे को बाँई मुट्ठी में बन्द करें।
यह 'नाद मुद्रा' है।

६. विन्दु मुद्रा

तर्जन्यंगुष्ठसंयोगाद् अग्रतो विन्दु मुद्रिका।।



टीका-तर्जनी और अँगूठे के अग्रभाग को मिलायें।
इसे 'विन्दु मुद्रा' कहते हैं।

१०. संहार मुद्रा

अधोमुखे वामहस्ते ऊद्ध्वंस्याददक्ष हस्तकम्।
क्षिप्त्वाङ्गलीरङ्गुलीभिः संग्रथ्य परिवर्तयेत्।।
एषा संहार मुद्रा स्याद् विसर्जन विधो स्मृता।।



टीका-अधोमुख बाँये हाथ को ऊर्ध्वमुख दाँये हाथ पर रखें। फिर दोनों हाथों की अँगुलियों को आपस में गूँथ दें। तत्पश्चात् उक्त प्रकार से संयोजित हाथों को घुमाकर एकदम उलट दें।

यह देवता के विसर्जन के समय प्रयुक्त होने वाली 'संहार मुद्रा' है।

इति देवोपासना मुद्रा समाप्ताः

१२. आवाहनादि की मुद्राएँ

आवाहनादिका मुद्रा नव साधारणी मता:।
प्रयोजयेदिमा मुद्रा देवताह्वान कर्मणि।।



टीका-सामान्यत: देवताओं के आवाहन आदि कर्म में ९ मुद्राओं का प्रयोग होता है। उनके नाम निम्नानुसार हैं-

१. आवाहनी मुद्रा, २. स्थापनी मुद्रा, ३. सन्निधापनी मुद्रा, ४. संबोधिनी मुद्रा, ५. सम्मुखीकरण मुद्रा, ६. सकलीकरण मुद्रा, ७. अवगुण्ठनी मुद्रा, ८. अमृतीकरण (धेनु) मुद्रा तथा ९. परमीकरण महामुद्रा।

टिप्पणी-उक्त मुद्राओं का सचित्र वर्णन अगले पृष्ठों पर किया जा रहा है।

१. आवाहनी मुद्रा

हस्ताभ्यामञ्जलिं बध्वानामिका मूलपर्वभिः।
अङ्गष्ठो निःक्षिपेत्सेयं मुद्रात्वावाहिनी मता।।

टीका–दोनों हाथों से अँजलि बाँधकर दोनों अँगूठों को अपनी–अपनी अनामिकाओं के मूल–पर्वों पर लगायें।
इसे 'आवाहनी मुद्रा' कहते हैं।

२. संस्थापिनी मुद्रा

अधोमुखी त्वियं चेत्स्यात्स्थापनी मुद्रिका स्मृता।।



टीका-पूर्वोक्त प्रकार से 'आवाहनी मुद्रा' बनाकर उसे अधोमुख कर देने से 'स्थापनी मुद्रा' बनती है।

इसी को 'संस्थापिनी मुद्रा' भी कहते हैं।

३. सन्निधापिनी मुद्रा

उच्छ्रिताङ्गुष्ठमुष्ट्योस्तु संयोगात्सन्निधापनी।।



टीका-दोनों हाथों की मुट्ठी बाँध कर दोनों अँगूठों को ऊपर की ओर खड़ा करदें।

इसे 'सन्निधापिनी मुद्रा' कहते हैं।

४. सम्बोधिनी मुद्रा

अन्तः प्रवेशिताङ्गुष्ठा सैव सम्बोधिनी मता।।



टीका-दोनों अँगूठों को दोनों मुट्ठियों के भीतर रखते हुए मुट्ठियों को उलट दें।

इसे 'सम्बोधिनी मुद्रा' कहते हैं।

५. सम्मुखीकरणी मुद्रा

उत्तानमुष्टि युगला सम्मुखीकरणी मता।।

टीका-पूर्वोक्त 'सम्बोधिनी मुद्रा' की मुट्ठियों को ऊपर की ओर घुमादें। इसे सम्मुखीकरण अथवा सम्मुखीकरणी मुद्रा कहते हैं।

६. सकलीकरण मुद्रा

देवतोङ्गषडङ्गानां न्यासः स्यात् सकलीकृति।।

टीका-देवताओं के षड न्यास् में 'सकलीकरण मुद्रा' को प्रदर्शित किया जाता है। इसे चित्र में दिखाये अनुसार करना चाहिए।

७. अवगुण्ठनी मुद्रा

सव्यहस्तकृता मुष्टिर्दीर्घाधोमुख तर्जनी।
अवगुण्ठन मुद्रेयमभितो भ्रामिता मता।।



टीका–बाँये हाथ की मुट्ठी बाँधकर, तर्जनी को अधोमुख करें, फिर उसे नियमित रूप से आगे-पीछे की ओर चलायें।
इसे 'अवगुण्ठन' अथवा 'अवगुण्ठनी मुद्रा' कहते हैं।

८. अमृतीकरण (धेनु) मुद्रा

अन्योन्याभिमुखौश्लिष्टौ कनिष्ठानामिका पुनः।
तथैव तर्जनीमध्या धेनुमुद्रा समीरिता।।
अमृतीकरणं कुर्यात् तया साधक सत्तम।।

टीका-दाँये हाथ की अँगुलियों को बाँये हाथ की अँगुलियों पर रखें तथा दाँई तर्जनी को मध्यमा के मध्य में लगायें। फिर बाँये हाथ की अनामिका को दाँये हाथ की कनिष्ठिका से तथा दाँये हाथ की अनामिका को बाँये हाथ की कनिष्ठिका से लगायें। इस भाँति सभी अँगुलियों को संयोजित करके हाथों को उलट देने से 'धेनु मुद्रा' बनती है।

श्रेष्ठ साधक उक्त विधि से 'धेनु मुद्रा' प्रदर्शित कर अमृत बीज 'वं' का उच्चारण करते हुए 'अमृतीकरण' करते हैं, अतः इसे 'अमृतीकरण मुद्रा' भी कहा जाता है।

६. परमीकरण महामुद्रा

अन्योन्यग्रथितांगुष्ठौ प्रसारित कराङ्गुलिः।
महामुद्रेय मुदिता परमीकरणे बुधैः।।



टीका-दोनों अँगूठों को एक दूसरे के साथ गूँथ कर, दोनों हाथों की अँगुलियों को फैलादें।

इसे 'परमीकरण' की महामुद्रा कहा जाता है।

इति श्री आवाहनादि मुद्रा समाप्ताः

१३. षडङ्गन्यास की मुद्राएँ

तथा षडङ्गमुद्राश्च सर्वमन्त्रेषु योजयेत्।।
अङ्गन्यास क्षमा मुद्रा स्तासां लक्षण मुच्यते।।

टीका–साधक को चाहिए कि वह सभी मन्त्रों में 'षडङ्गन्यास' की मुद्राओं की योजना करें। अब अङ्गन्यास की मुद्राओं के लक्षण बताते हैं।

षडङ्गन्यास की मुद्राओं के नाम निम्नलिखित हैं–

१. हृदय मुद्रा, २. शिरोमुद्रा, ३. शिखामुद्रा, ४. कवच मुद्रा, ५. अस्त्र मुद्रा और ६. नेत्र मुद्रा।

विशेष–नेत्र त्रय में न्यास करना हो तो 'नेत्रत्रय मुद्रा' का प्रयोग किया जाता है।

उक्त मुद्राओं का सचित्र वर्णन अगले पृष्ठों पर प्रस्तुत किया जा रहा है।

१. हृदय मुद्रा

अंगुष्ठा ऋजवो हस्तशाखा भवेन्मुद्रा हृदये।



टीका–अनामिका अँगुली तथा अँगूठे के अतिरिक्त शेष अँगुलियों को सीधा रखने से 'हृदय मुद्रा' बनती है।

२. शिरोमुद्रा

शीर्षके च।



टीका-'शिरोमुद्रा' भी पूर्वोक्त 'हृदय मुद्रा' की भाँति ही बनती है।

३. शिखा मुद्रा

अधोऽङ्गुष्ठा खलु मुष्टिः शिखाय।



टीका-दाँये हाथ की मुट्ठी बाँध कर अँगूठे को अधोमुख कर देने से 'शिखा मुद्रा' बनती है।

४. कवच मुद्रा

करद्वन्द्वांगुलयो वर्मणि स्युः।।

टीका-दोनों हाथों की अँगुलियों को फैला देने से 'कवच' अथवा 'वर्म मुद्रा' बनती है।

५. अस्त्र मुद्रा

नारामुष्टयुद्धृत बाहुयुग्मकांगुंष्ठ तर्जन्युदितोध्वनिस्तु।
विष्वक् विशक्तः कथिताऽस्त्रमुद्रा।।



टीका–दोनों हाथों को वाण की भाँति फैलाकर, तर्जनी तथा अँगूठे के घर्षण द्वारा चुटकी बजायें।

इसे 'अस्त्र मुद्रा' कहते हैं।

६. नेत्र मुद्रा

यत्राक्षिणी तर्जनि मध्यमे स्तः।



टीका-तर्जनी तथा मध्यमा-इन दो अँगुलियों से 'नेत्र मुद्रा' बनती है। इसमें तर्जनी तथा मध्यमा को सामने की ओर फैलादें तथा अनामिका एवं कनिष्ठा को नीचे की ओर मोड़दें। अँगूठे को उठा हुआ रखें।

७. नेत्रत्रय मुद्रा

नेत्रत्रयं मन्त्र भवेदनामा।।

टीका-नेत्रत्रय में न्यास करते समय तर्जनी तथा मध्यमा के साथ अनामिका को भी सम्मिलित कर लिया जाता है।
इसे नेत्रत्रय मुद्रा कहते हैं।

इति षड्न्यास मुद्राः समाप्ताः

१४. कर-न्यास की मुद्राएँ

'करन्यास' की ६ मुद्राएँ हैं। इनका सचित्र वर्णन आगे किया जा रहा है।

प्रथम मुद्रा

अँगूठे को अँगूठे से लगाएँ

द्वितीय मुद्रा



तर्जनी को तर्जनी से लगायें

तृतीय मुद्रा



मध्यमा को मध्यमा से मिलायें

चतुर्थ मुद्रां



अनामिका को अनामिका से मिलायें

पंचम मुद्रा



कनिष्ठा को कनिष्ठा से मिलायें

सम्पूर्ण करन्यास मुद्रा

हथेली को हथेली से मिलायें

इति करन्यास मुद्राः

१५. जीव-न्यास की मुद्राएँ

जीव-न्यास की ६ मुद्राएँ हैं-

१. बीज, २. लेलिहा, ३. त्रिखण्डा, ४. नाद, ५. विन्दु और ६. सौभाग्यदायिनी।

इन मुद्राओं का सचित्र वर्णन आगे किया जा रहा है।

१. बीज मुद्रा

विधि-दोनों हाथों को अर्द्धचन्द्र के आकार में बदलें। फिर दोनों तर्जनियों तथा दोनों अँगूठों को परस्पर मिलादें। उनके नीचे मध्यमा तथा कनिष्ठिका को जोड़ें तथा सबके नीचे अनामिका को लगायें। इसे 'बीज मुद्रा' कहते हैं।

यह मुद्रा सम्पूर्ण सिद्धियों की वृद्धि करने वाली है।

२. लेलिहा मुद्रा



विधि-तर्जनी, मध्यमा तथा अनामिका को समानरूप से अधोमुखी करके, अँगूठे को अनामिका में जोड़ दें तथा सीधी करें।

यह जीवन्यास की 'लेलिहा मुद्रा' कही जाती है।

३. त्रिखण्डा मुद्रा

विधि-दोनों हाथों को उलट-पुलट कर मिलायें। अँगूठों को सीधा करें। दोनों तर्जनियों को तिरछी करके अनामिकाओं को पकड़ें तथा कनिष्ठा से लगायें।

यह न्यास तथा ध्यान में सुखदायक 'त्रिखण्डा मुद्रा' है।

४. नाद मुद्रा

विधि-दाँये हाथ की मुट्ठी को ऊँचा करके उसके अँगूठे को खड़ा करदें तथा उस मुट्ठी को बाँये हाथ की मुट्ठी के ऊपर रखें।

यह 'नाद मुद्रा' है।

५. विन्दु मुद्रा

विधि-तर्जनी तथा अँगूठे को मिलाने से 'विन्दु मुद्रा' बनती है।

२. लेलिहा मुद्रा



विधि-तर्जनी, मध्यमा तथा अनामिका को समानरूप से अधोमुखी करके, अँगूठे को अनामिका में जोड़ दें तथा सीधी करें।

यह जीवन्यास की 'लेलिहा मुद्रा' कही जाती है।

३. त्रिखण्डा मुद्रा

विधि-दोनों हाथों को उलट-पुलट कर मिलायें। अँगूठों को सीधा करें। दोनों तर्जनियों को तिरछी करके अनामिकाओं को पकड़ें तथा कनिष्ठा से लगायें।

यह न्यास तथा ध्यान में सुखदायक 'त्रिखण्डा मुद्रा' है।

६. सौभाग्य दण्डिनी मुद्रा

विधि–बाँये हाथ की मुट्ठी बाँध कर तर्जनी को सीधा करें तथा उसे कान के समीप ले जाकर गोलाकार घुमायें।



यह 'सौभाग्य दण्डिनी मुद्रा' कहलाती है। कुछ विद्वान इसे 'सौभाग्य दायिनी मुद्रा' भी कहते हैं।

इति जीवन्यास मुद्रा समाप्ताः

१६. मातृकान्यास की मुद्राएँ

मात्रकान्यास की १५ मुद्राएँ होती हैं, जिनका सचित्र वर्णन आगे किया जा रहा है।

टिप्पणी- 'मातृकान्यास' प्राय: कर-स्पर्श से कियां जाता है, परन्तु गौतम के मतानुसार हाथ से स्पर्श करने की अपेक्षा वैसी क्रिया करने का मन ही मन ध्यान करलेना ही उचित है। इसके अतिरिक्त अँगूठे अथवा अनामिका अँगुली द्वारा भी अंगों का स्पर्श करके न्यास किया जा सकता है। पुष्प आदि के स्पर्श द्वारा भी न्यास करना उचित माना गया है। इससे भिन्न स्थिति में न्यास निष्फल कहा जाता है।

१. मातृका-न्यास मुद्रा

विधि-मध्यमा तथा अनामिका द्वारा भाल (ललाट) का स्पर्श करें।

२. मातृकान्यास मुद्रा

विधि-अँगूठे और अनामिका अंगुली से नेत्र का स्पर्श करें।

३. मातृकान्यास मुद्रा

विधि-हाथ की सम्पूर्ण संधियों से मस्तक तथा होठ का स्पर्श करें।

४. मातृकान्यास मुद्रा

विधि-मध्यमा अँगुली से पार्श्व का स्पर्श करें।

५. मातृकान्यास मुद्रा

विधि-अँगूठे द्वारा कान का स्पर्श करें।

६. मातृकान्यास मुद्रा

विधि-कनिष्ठिका अँगुली तथा अँगूठे द्वारा नासा-छिद्र का स्पर्श करें।

७. मातृकान्यास मुद्रा



विधि-तर्जनी, मध्यमा तथा अनामिका द्वारा मुख तथा कपोल का स्पर्श करें।

८. मातृकान्यास मुद्रा



विधि-अनामिका अँगुली द्वारा दाँत तथा जीभ का स्पर्श करें।

९. मातृकान्यास मुद्रा

विधि-कनिष्ठिका तथा अनामिका द्वारा पीठ का स्पर्श करें।



१०. मातृकान्यास मुद्रा

विधि-अँगूठे द्वारा नाभि का स्पर्श करें।

११. मातृकान्यास मुद्रा

विधि-मध्यमा द्वारा नाभि का स्पर्श करें।



१२. मातृकान्यास मुद्रा

विधि-अनामिका द्वारा नाभि का स्पर्श करें।

१३. मातृकान्यास मुद्रा

विधि-कनिष्ठिका द्वारा नाभि का स्पर्श करें।

१४. मातृकान्यास मुद्रा

विधि-चारों अँगुलियों द्वारा जठर (पेट) का स्पर्श करें।

१५. मातृकान्यास मुद्रा

विधि-हथेली द्वारा हृदय का स्पर्श करें।

इति मातृकान्यास मुद्राः समाप्ताः

१७. देवोपासना की मुद्राएँ

देवोपासना की ९ मुद्राएँ कही गई हैं। यथा-

१. आवाहनी, २. स्थापनी, ३. सन्निधापनी, ४. सन्निरोधिनी, ५. सम्मुखीकरण, ६. अवगुण्ठनी, ७. अमृतीकरण अथवा धेनु, ८. सकलीकरण तथा ९. परमीकरण।

इनका सचित्र विवरण आगे लिखे अनुसार है-

१. आवाहनी मुद्रा



दोनों हाथों की अनामिकाओं के मूल में अँगूठा मिली हुई अंजनी को दो बार ऊँची करके नीचे लाने से 'आवाहनी' मुद्रा होती है।

२. स्थापनी मुद्रा



विधि-पूर्वोक्त 'आवाहनी मुद्रा' की अंजली को उलटा कर देने से 'स्थापनी' मुद्रा होती है।

३. सन्निधान मुद्रा

विधि-दोनों हाथों की मुट्ठी मिलाकर अँगूठे को सीधा करने से 'सन्निधान' मुद्रा होती है।

इसी को 'सन्निधापनी मुद्रा' भी कहते हैं।

४. सन्निरोधिनी मुद्रा



विधि-दोनों हाथों की मुट्ठियों में अँगूठा दबाने से 'सन्निरोधिनी मुद्रा' होती है।

५. सम्मुखीकरण मुद्रा



विधि-दोनों मुट्ठियाँ ऊँची करने से 'सम्मुखीकरण मुद्रा' होती है।

६. अवगुण्ठनी मुद्रा



विधि-बाँये हाथ की तर्जनी को उलटी तथा दाँये हाथ की तर्जनी को सीधी (सुलटी) रखकर अधोमुख फिराने से 'अवगुण्ठनी मुद्रा' होती है।

दोनों अँगुलियों को मिलाकर अधोमुखी करना चाहिए।

७. अमृतीकरण (धेनु) मुद्रा

विधि-दोनों हथेलियों को मिला कर दाँई अनामिका को बाँई कनिष्ठिका से, बाँई अनामिका को दाँई कनिष्ठिका से, दाँई मध्यमा को बाँई तर्जनी से और बाँई मध्यमा को दाँई तर्जनी से आक्रान्त करें अर्थात् उक्त अंगुलियों को उलटी-सीधी मिलायें। इस प्रकार 'धेनु मुद्रा' बनती है। इसी का दूसरा नाम 'अमृतीकरण मुद्रा' है।

८. सकलीकरण मुद्रा

विधि-पूर्वोक्त मुद्रा की विधि से न्यास किया जाय तो वह 'सकलीकरण मुद्रा' होती है।

९. परमीकरण मुद्रा

विधि-दोनों हाथों को आपस में मिलाकर त्रिकोणरूप देने से 'परमीकरण मुद्रा' बनती है।

इति देवोयासना मुद्राः समाप्ता :

१८. उपचार की मुद्राएँ

उपचार की १३ मुद्राएँ कही गई हैं। उनके नाम इस प्रकार हैं-

१. गन्ध, २. पुष्प, ३. धूप, ४. दीप, ५. नैवेद्य, ६. आचमन, ७. ताम्बूल, ८. प्राण, ९. अपान, १०. ध्यान, ११. उदान, १२. समान, तथा १३. ग्रास।

इन मुद्राओं का सचित्र उल्लेख आगे किया जा रहा है।

१. गन्ध मुद्रा

विधि-मध्यमा, अनामिका तथा अंगुष्ठ-इन तीनों के सम्मिलित अग्रभाग से 'गन्ध' अर्पित करने को 'गन्ध मुद्रा' कहते हैं। इस मुद्रा के प्रयोग के साथ गंध लगाते समय देवता के मूल-मन्त्र का उच्चारण भी करना चाहिए।

टिप्पणी-लोकाचार में पहले अँगूठे अथवा अनामिका से बिन्दु लगाकर बाद में अँगूठे से तिलक किया जाता है।

२. पुष्प मुद्रा

विधि-अँगूठे तथा तर्जनी के संयोग से पुष्पादि ग्रहण कर देवतादि को निवेदित करने से 'पुष्प मुद्रा' होती है।



३. धूप मुद्रा

विधि-मध्यमा तथा अनामिका से मध्य पर्वों में धूप रखकर अँगूठे के अग्रभाग से निवेदित करने को 'धूप' मुद्रा कहा जाता है।

४. दीप मुद्रा



विधि-मध्यमा अँगुली के मूल में अँगूठे का मूलभाग लगाकर 'दीप दर्शयामि' कहते हुए दीपक दिखाने को 'दीपमुद्रा' कहते हैं।

५. नैवेद्य मुद्रा

विधि-प्रसाद को तीन भागों में बाँट कर, मूल-मन्त्र का उच्चारण करते हुए 'तत्त्वमुद्रा' द्वारा नैवेद्य निवेदित करने से 'नैवेद्य मुद्रा' होती है।

टिप्पणी- 'तत्त्वमुद्रा' का वर्णन आगे नित्यपूजा की मुद्राओं के अन्तर्गत संख्या ५ पर किया गया है। देखें पृष्ठ संख्या १४९.

६. आचमन मुद्रा

विधि-मूलमन्त्र का उच्चारण करते हुए आचमनीय-जल देने को 'आचमन मुद्रा' कहते हैं।

७. ताम्बूल मुद्रा

विधि-पूर्वोक्त 'तत्त्व-मुद्रा' द्वारा ताम्बूल समर्पित करने को 'ताम्बूल मुद्रा' कहा जाता है।

८. प्राण मुद्रा



विधि-अँगूठे को अनामिका तथा कनिष्ठिका के अग्रभाग में लगाने से 'प्राण मुद्रा' होती है।

९. अपान मुद्रा



विधि-अनामिका तथा मध्यमा से अँगूठा लगाने पर 'अपान मुद्रा' बनती है।

१०. व्यान मुद्रा

विधि-मध्यमा और तर्जनी से अँगूठा लगाने पर 'व्यान मुद्रा' बनती है।

११. उदान मुद्रा

विधि-तर्जनी तथा मध्यमा से अँगूठा लगाने पर 'उदान मुद्रा' बनती है।

१२. समान मुद्रा



विधि-तर्जनी, मध्यमा, अनामिका तथा कनिष्ठिका इन चारों अँगुलियों को एकत्र कर अँगूठा लगाने से 'समान मुद्रा' बनती है।

१३. ग्रास मुद्रा

विधि-दाँये हाथ की पाँचों अँगुलियों को परस्पर मिलाकर कुछ मुड़ी हुई रखने से 'ग्रास मुद्रा' बनती है।



इति उपचार मुद्राः समाप्ताः

१६. नित्य-पूजा की मुद्रायें

नित्य-पूजा की पाँच मुद्राएँ हैं। उनके नाम इस प्रकार हैं-
१. प्रार्थना, २. अंकुश, ३. कुन्त, ४. कुम्भ तथा ५. तत्त्व।
इन मुद्राओं का सचित्र उल्लेख आगे किया जा रहा है।

१. प्रार्थना मुद्रा

विधि-दोनों हाथों की दसों अँगुलियों को फैलाकर आपात में आमने-सामने मिलादें फिर उन्हें अपने हृदय के समीप रखें।

यह 'प्रार्थना मुद्रा' है।

२. अंकुश मुद्रा

विधि-दाँये हाथ की मुट्ठी बाँध कर तर्जनी को अंकुश के समान मोड़ दें।

यह त्रैलोक्य का आकर्षण करने वाली 'अंकुश मुद्रा' है।

३. कुन्त मुद्रा

विधि-दाँये हाथ की मुट्ठी को खड़ी करके, तर्जनी को सीधा करें तथा उसके अग्रभाग में अँगूठा लगादें।

यह सब प्रकार से रक्षा करने वाली 'कुन्त मुद्रा' अर्थात् 'भाला मुद्रा' है।



४. कुम्भ मुद्रा



विधि-दाँये अँगूठे को बाँये अँगूठे से लगा कर शेष अँगुलियों को मुट्ठी की भाँति नीचे-ऊपर लगादें तथा मुट्ठी को पोला रखें।

यह स्नान के समय की जाने वाली 'कुंभ मुद्रा' है। पूजन की मुद्राओं में वर्णित कलश मुद्रा भी ऐसी ही होती है।

५. तत्त्व मुद्रा

विधि-अँगूठे तथा अनामिकाओं के अग्रभागों को मिलाने से 'तत्त्व मुद्रा' बनती है।

इस मुद्रा का उपयोग स्नान करते समय, स्नान से पहले किया जाता है।

इति नित्य पूजा मुद्रा! समाप्ताः

२०. ध्यानावेश प्रार्थना की मुद्राएँ

ध्यानावेश प्रार्थना की ५ मुद्राएँ कही गई हैं। उनके नाम इस प्रकार हैं- १. विघ्नघ्नी, २. विस्मय, ३. प्रार्थना, ४. अर्घ्य तथा ५. सूर्य प्रदर्शनी। इन मुद्राओं का सचित्र वर्णन आगे किया जा रहा है।

१. विघ्नघ्नी मुद्रा



विधि-दोनों मुट्ठियों को अभिमुख (आमने-सामने) मिला कर, अँगूठों को खड़ा करें।

यह ध्यान की 'विघ्नघ्नी मुद्रा' है।

२. विस्मय मुद्रा

विधि–दाँये हाथ की मुट्ठी को कस कर बाँधें, फिर उसी की तर्जनी को नाक के अग्रभाग में लगायें।

यह 'विस्मय मुद्रा' विस्मय तथा आवेश करने वाली है।

३. प्रार्थना मुद्रा

विधि–दोनों हाथों की अँगुलियों को फैलाकर, परस्पर मिलादें, फिर उन्हें अपने हृदय के समीप सामने रखें।

यह 'प्रार्थना मुद्रा' है।

४. अर्घ्य मुद्रा

विधि–दोनों हाथों की अँजलि में गंध-पुष्पादि से युक्त जल लेकर उसे सूर्य आदि देवता के सम्मुख छोड़ें।

यह 'अर्घ्य मुद्रा' है।

५. सूर्य प्रदर्शनी मुद्रा

विधि-दाँये हाथ को उल्टा तथा बाँये हाथ को सीधा रखते हुए दोनों की अँगुलियों को आमने-सामने करें। तत्पश्चात् बाँई तर्जनी को दाँई कनिष्ठा से तथा दाँई तर्जनी को बाँई कनिष्ठा से पकड़लें।

इसी भाँति बाँई मध्यमा तथा अनामिका को दाँये अँगूठे से तथा दाँई मध्यमा और अनामिका को बाँये अँगूठे से बाँध कर सूर्य को देखें।

यह 'सूर्य प्रदर्शनी मुद्रा' है। इस मुद्रा को बाँध कर नित्य प्रति प्रातः काल सूर्य को देखने से आँखों की ज्योति में वृद्धि होती है।

इति ध्यानावेश प्रार्थना मुद्राः समाप्ताः

२१. तत्त्वों की मुद्राएँ

पंचतत्त्व-१. पृथ्वी, २. जल, ३. अग्नि, ४. वायु एवं ५. आकाश तथा इनसे सम्बन्धित विषयों की मुद्राओं की संख्या १५ है। उनके नाम इस प्रकार हैं-

१. पृथ्वी, २. आम्भसी (जल) ३. वेश्वानरी (तेज), ४. वायु, ५. आकाश, ६. अश्विनी, ७. पाशिनी, ८. काकी, ९. मातङ्गिनी, १०. भुजाङ्गिनी, ११. रिपुजिह्वाग्रहा, १२. गालिनी, १३. सर्व संक्षोभकारिणी, १४. तर्जनी और १५. क्रोध।



इन मुद्राओं का सचित्र वर्णन अगले पृष्ठों पर किया जाएगा।

१. पृथ्वी मुद्रा



विधि-पीतवर्ण 'लं' बीज, चतुष्कोण तथा ब्रह्मदेव को अपने हृदय कमल में विराजमान मानकर, ध्यान करते हुए, बहुत देर तक 'कुंभक' प्राणायाम करने से 'पृथ्वी मुद्रा' सम्पन्न होती है।

२. आम्भसी (जल) मुद्रा

विधि-शंख के समान श्वेत वर्ण चन्द्रमा के समान निर्मल, कुन्द पुष्प की भाँति श्वेत 'वं' बीज, विष्णुदेव तथा अमृत-तुल्य सुस्वादु जल-तत्त्व का ध्यान करते हुए, बहुत देर तक 'कुंभक' प्राणायाम करने से 'आम्भसी' अर्थात् 'जल मुद्रा' सम्पन्न होती है।

३. वैश्वानरी (तेज) मुद्रा



विधि-इन्द्रगोप (वीर बहूरी) के समान रक्तवर्ण, नाभिस्थान में 'रं' बीज, रुद्रदेव तथा तेज समूह का ध्यान करते हुए बहुत देर तक 'कुंभक' प्राणायाम करने से 'वैश्वानरी' अर्थात् 'तेज मुद्रा' सम्पन्न होती है।

४. वायु मुद्रा

विधि-धूम्रवर्ण, 'यं' बीज, ईश्वर देव तथा सत्वगुण युक्त वायु का ध्यान करते हुए बहुत देर तक 'कुंभक' प्राणायाम करने से 'वायु मुद्रा' सम्पन्न होती है।

५. आकाश मुद्रा



विधि-समुद्र के शुद्ध जल जैसे वर्ण, 'हं' बीज सदाशिव देव सहित आकाश का ध्यान करते हुए बहुत देर तक 'कुंभक' प्राणायाम करने से 'आकाश मुद्रा' सम्पन्न होती है।

६. अश्विनी मुद्रा

विधि-गुदा को बारम्बार भींचने तथा खोलने की क्रिया करते रहने से शक्ति-वर्द्धक 'अश्विनी मुद्रा' सम्पन्न होती है।

७. पाशिवनी मुद्रा

विधि-अपने दोनों पावों को गले के दोनों ओर ले जाकर पीठ पर रखने से 'पाश्विनी मुद्रा' सम्पन्न होती है।

८. काकी मुद्रा

विधि-होठों को कौए की चौंच जैसा बनाकर उनके द्वारा बाहरी -वायु को धीरे- धीरे जितना खींच सकें भीतर की ओर खींचें। इस विधि से श्वांस लेते हुए वायु-सेवन करने से सर्व रोग-नाशक 'काकी मुद्रा' सम्पन्न होती है।

९. मातङ्गिनी मुद्रा



विधि-कण्ठ तक डूब जाने की स्थिति में पानी में खड़े रहकर नाक से जल पियें तथा मुँह से उसे बाहर निकालते रहें। इस भाँति कई बार करने से 'मातङ्गिनी मुद्रा' सम्पन्न होती है।

१०. भुजङ्गिनी मुद्रा

विधि-मुँह को फैला कर वायु पीने से 'भुजङ्गिनी मुद्रा' सम्पन्न होती है।

११. रिपुजिह्वाग्रहा मुद्रा



विधि–अँगूठे को भीतर रखते हुए मुट्ठी बाँधने एवं अँगूठे के अग्रभाग को तर्जनी के समीप लाकर मुट्ठी से बाँधने अथवा मुट्ठी बाँधकर उसके ऊपर अँगूठा लगाने से 'रिपुजिह्वा' अथवा 'रिपुजिह्वा ग्रहा' मुद्रा सम्पन्न होती है।

१२. गालिनी मुद्रा



विधि–दाँये हाथ की कनिष्ठिका को बाँये हाथ के अँगूठे से तथा बाँये हाथ के अँगूठे को दाँये हाथ की कनिष्ठिा से मिलाकर तर्जनी, मध्य यमा और अनामिका का सहयोग करने से शंखोदकादि को शुद्ध करने वाली 'गालिनी मुद्रा' बनती है।

१३. क्षोभ (सर्वसंक्षोभ कारिणी) मुद्रा



विधि–मध्यमा अँगुली को दूसरी मध्यमा में लगायें, कनिष्ठिा को अँगूठे से पकड़ें तथा दोनों तर्जनियों को सीधी करके अनामिका और मध्यमा पर रखें, तो यह क्षोभ अथवा 'सर्वसंक्षोभकारिणी' प्रथमा मुद्रा होती है।

१४. तर्जनी मुद्रा

विधि–बाँये हाथ की मुट्ठी बाँध कर तर्जनी को सीधा करें। इस 'तर्जनी मुद्रा' का उपयोग तर्जन अथवा निषेध-कार्य में किया जाता है।

१५. क्रोध मुद्रा



विधि-मुट्ठी बाँध कर तर्जनी को अलग करदें तथा हाथ को सीधा रखें। यह 'क्रोध मुद्रा' भी तर्जनी मुद्रा जैसी ही है।

इति तत्त्व मुद्रा समाप्ताः

२२. होम की मुद्राएँ

होम (हवन) में यदि मुद्रा-हीन आहुति दी जाय तो देवता उसे ठीक उसी प्रकार से ग्रहण नहीं करते, जिस प्रकार कि मन्त्रहीन आहुति ग्रहण नहीं की जाती। अतः होम के समय विभिन्न मुद्राओं का प्रयोग करना आवश्यक है।

होम की ८ मुद्राएँ मुख्य हैं-

१. अवगुण्ठिनी, २. सप्तजिह्वा, ३. ज्वालिनी, ४. मृगी, ५. हंसी, ६. शूकरी, ७. आहुति तथा ८. अवशिष्टिका मुद्रा।

इनमें आहुति मुद्रा के अनेक भेद हैं। इन मुद्राओं का सचित्र वर्णन अगले पृष्ठों पर किया जा रहा है।

१. अवगुण्ठनी मुद्रा



विधि–बाँये हाथ की मुट्ठी बाँध कर उसमें से तर्जनी को अलग करदें अथवा दोनों हाथों की तर्जनियों को आपस में मिलाकर अग्नि के समीप घुमायें।

इसे 'अवगुण्ठनी मुद्रा' कहते हैं

२. सप्तजिह्वा मुद्रा



विधि–दोनोंमणिबंधों को मिलाकर अँगुलियों को फैलादें तथा दोनों कनिष्ठिकाओं से अँगूठे लगाकर हाथों को सीधा करदें।

दोनों हाथों की मध्यमा अँगुलियों तथा मूल में अँगूठे से लगी सम्मिलित कनिष्ठिकाओं को एक मानने से 'सप्तजिह्वा मुद्रा' बनती है।

३. ज्वालिनी (प्रज्ज्वालिनी) मुद्रा



विधि-पूर्वोक्त मुद्रा में अँगूठे से लगी हुई कनिष्ठिकाओं को अलग रखने से 'ज्वालिनी मुद्रा' बनती है।

इसी को 'प्रज्ज्वालिनी मुद्रा' भी कहते हैं।

४. मृग मुद्रा



विधि-कनिष्ठा और तर्जनी के संयोग से 'मृग मुद्रा' बनती है। यह होम की मुख्य मुद्रा है।

शक्ति तथा पुष्टि कर्म के लिए किए जाने वाले होम में इस मुद्रा का प्रयोग श्रेष्ठ फल देता है।

इसी को 'मृगी मुद्रा' भी कहा जाता है।

५. हंसी मुद्रा



विधि-कनिष्ठा को सब अँगुलियों से अलग रखने पर 'हंसी मुद्रा' बनती है।

शान्ति तथा पुष्टि कर्म में इस मुद्रा का प्रयोग भी उत्तम फलदायक माना गया है।

६. शूकरी मुद्रा

विधि-सभी अँगुलियों को एकत्र कर लेने से 'शूकरी मुद्रा' बनती है।

इस मुद्रा का प्रयोग अभिचार कर्म में किया जाता है।



७. आहुति मुद्रा



(१) दाह, ज्वर तथा अभिघात आदि कर्मों के लिए अनामिका तथा अँगूठे की मुद्रा बनाकर आहुति दें। विद्वेष, उच्चाटन तथा मारण कर्म के होम में भी इसी मुद्रा द्वारा आहुति देनी चाहिए।

(२) विघ्न-वाधा दूर करने के लिए तर्जनी तथा मध्यमा को मिला कर आहुति दें।

(३) भूतादि के भय की शान्ति हेतु तर्जनी, मध्यमा तथा अँगूठे के योग से आहुति देना उचित है।

(४) मोहन, उच्चाटन, क्षोभण तथा आकर्षण आदि कार्यों में कनिष्ठा, मध्यमा तथा अँगूठे के योग आहुति दें।

(५) मोहन, वशीकरण तथा प्रीतिवर्द्धन हेतु कनिष्ठा तथा प्रदेशिनी के योग से आहुति देनी चाहिए।

(६) आकर्षण तथा दूर देश वासी को बुलाने हेतु तर्जनी तथा अनामिका के योग से आहुति दें।

(७) आरोग्य-लाभ, नीति, स्नेह, मैत्री, पुष्टि, प्रभा आदि की प्राप्ति के लिए तर्जनी तथा अनामिका के योग से आहुति देने पर सफलता मिलती है।

शान्तिकरण में 'सुप्रभा', वशीकरण में रक्ता, स्तम्भन में 'सुवर्णा' विद्वेषण में 'गगना', उच्चाटन में 'अतिरिक्ता' मारण में 'कृष्णा' तथा अन्य सभी कर्मों में 'बहुरूपा' नामक अग्नि की जिह्वाओं का पूजन करना चाहिए।

८. आवशिष्टिका मुद्रा

विधि-सब प्रकार के होम में बची हुई सामग्री को पहले किसी शुद्ध पात्र में इकट्ठा करें, फिर उसे दोनों हाथों में लेकर अग्नि में छोड़ें। इस प्रकार की मुद्रा को 'आवशिष्टिका' तथा ऐसी आहुति को 'स्विष्टकृत्' होम कहा जाता है।

मुद्रा तथा मन्त्रों के योग से शास्त्रोक्त विधि से किया हुआ होम ही सब प्रकार के मनोरथों को सिद्ध करता है। मन्त्र हीन होम की भाँति ही मुद्रा-हीन होम की आहुति को भी देवता ग्रहण नहीं करते। मुद्राहीन होम अभीष्ट सिद्धि की हानि करता है।

इति होम मुद्रा समाप्ताः

२३. शान्ति-रक्षण की मुद्राएँ

शास्त्रास्त्र, निवारक, शान्ति लाभ तथा रक्षण सम्बन्धी मुद्राएँ १३ हैं, जिनके नाम निम्नलिखित हैं–

१. पद्म, २. पाश, ३. गदा, ४. खड्ग, ५. मुशल, ६. अशनि अथवा कुलिश, ७. स्फोट, ८. शुभङ्करी, ९. मुष्टि, १०. शक्ति, ११. पञ्चमुखी, १२. प्रार्थना और १३. संहार।

इन मुद्राओं का सचित्र वर्णन आगे किया जा रहा है।

१ पद्म मुद्रा

विधि-दोनों हाथों को आपस में मिलाकर सभी अँगुलियों को पुष्प की कली की भाँति ऊपर की ओर खड़ी करदें तथा दोनों अँगूठों को उनके तलभाग में लगादें।

यह 'पद्म मुद्रा' है।

२. पाश मुद्रा



विधि–दोनों हाथों की मुट्ठी बाँधकर, बाँयें हाथ की तर्जनी को दाँयें हाथ की तर्जनी में जोड़दें तथा अँगूठे के अग्रभाग को उनमें लगादें।

यह 'पाश मुद्रा' है।

३. गदा मुद्रा



विधि–दोनों हाथों को परस्पर सामने करके उनकी अँगुलियों को गूँथ दें तथा बीच में फैले हुए अँगूठे को उनमें लगादें।

यह 'गदा मुद्रा' है।

४. खड्ग मुद्रा



विधि–दाँयें हाथ की कनिष्ठिका एवं अनामिका को अँगूठे से दबाकर शेष अँगुलियों, मध्यमा तथा तर्जनी को सीधी फैला दें।

यह 'खड्ग मुद्रा' है।

५. मुशल मुद्रा

विधि–बाँये हाथ की मुट्ठी को दाँयें हाथ की मुट्ठी पर रखें।

यह सभी विघ्नों को नष्ट करने वाली 'मुशल मुद्रा' अथवा' मुशली मुद्रा' कही जाती है।

६. अशनि (कुलिश) मुद्रा



विधि–कनिष्ठा को अँगूठे के अग्रभाग से युक्त कर, अन्य तीनों अँगुलियों को सीधी रखें।

इसे 'कुलिश' अथवा 'अशान्ति मुद्रा' कहते हैं।

७. स्फोट मुद्रा



विधि–अँगूठे तथा तर्जनी को मिलाने से 'स्फोट मुद्रा' बनती है।

इसे 'छेटिका मुद्रा' भी कहते हैं।

८. शुभङ्करी मुद्रा



विधि–अँगूठे तथा मध्यमा अँगुली के योग से बनने वाली मुद्रा को 'शुभङ्करी' कहा जाता है।

९. मुष्टि मुद्रा

विधि–दाँये हाथ की मुट्ठी बाँधकर ऊँची उठायें।

यह विघ्न समूहों को तोड़ने वाली 'मुष्टि मुद्रा' है।

१०. शक्ति मुद्रा

विधि–दोनों हाथों की मुट्ठियाँ बाँधकर बाँयी मुट्ठी के ऊपर दाँई मुट्ठी को रखकर मस्तक से लगायें।

इसे 'शक्ति मुद्रा' कहते हैं।

११. पञ्चमुखी मुद्रा



विधि–दोनों हाथों के मणिबंध (कलाई) को मिलाकर, अँगुलियों के अग्रभाग को मिलायें तथा मिली हुई दो-दो अँगुलियों को कुछ दूरी पर (अगल) रखें।

इसे शिव-सान्निध्य-दायक 'पंचमुखी मुद्रा' कहाजाता है।

१२. प्रार्थना मुद्रा



प्रार्थना मुद्रा

विधि–दोनों हाथों की अंजलि बनाकर हृदय के समीप रखें तथा विनम्र भाव से मस्तक को झुकालें।

इसे 'प्रार्थना मुद्रा' कहते हैं।

१३. संहार मुद्रा

विधि–बाँये हाथ को ओंधा (उल्टा) करें तथा दाँये हाथ को सीधा कर के दोनों की अँगुलियों को परस्पर गूँथें तथा अदल-बदल करदें।

इसे 'संहार मुद्रा' कहते हैं।

इति शान्ति रक्षण मुद्रा समाप्ताः

२४. बलिदान की मुद्राएँ

बलिदान की ४ मुद्राएँ निम्नानुसार कही गई हैं-

१. गणेश बलि मुद्रा, २. बटुक भैरव बलि मुद्रा, ३. क्षेत्रपाल बलि मुद्रा एवं ४. चौंसठ योगिनी बलि मुद्रा।

१. गणेश बलि मुद्रा



विधि–मध्यमा अँगुली को कुछ टेढ़ी करके गणेशजी को बलि देनी चाहिए।



२. बटुक भैरव बलि मुद्रा

विधि–अँगूठे तथा तर्जनी को मिला कर बटुक भैरव को बलि देनी चाहिए।

३. क्षेत्रपाल बलि मुद्रा

विधि–दोनों हाथों की अनामिका तथा अँगूठे द्वारा क्षेत्रपाल को बलि देनी चाहिए।

४. चौंसठ योगिनी बलि मुद्रा

विधि–मध्यमा तथा अँगूठे को मिलाकर चौंसठ योगिनियों को बलि देनी चाहिए।



२५. सन्ध्याकालीन मुद्राएँ

सन्ध्या करते समय निम्नलिखित २४ मुद्राओं का प्रयोग किया जाता है–

१. सम्मुखी, २. सम्पुटी, ३. विंतत, ४. विस्तृत, ५. द्विमुखी, ६. त्रिमुखी, ७. चतुर्मुखी, ८. पञ्चमुखी, ९. षठमुखी, १०. अधोमुखी, ११. व्यापक, १२. आञ्जलिक, १३. शकट, १४. यमपाश, १५. ग्रथित, १६. सम्मुखोन्मुख, १७. प्रलय, १८. मुष्टिक, १९. मत्स्य, २०. कूर्म, २१. वाराह, २२. सिंहाक्रान्त, २३. महाक्रान्त तथा २४. मुद्गर।



इन मुद्राओं का सचित्र वर्णन अगले पृष्ठों में किया जा रहा है।

१. सम्मुखी मुद्रा



विधि–दोनों हाथों को ऊपर उठाकर, दोनों की सभी अँगुलियों के अग्रभाग को परस्पर मिलादें।

इसे 'सम्मुखी मुद्रा' कहते हैं।

२. सम्पुटी मुद्रा

विधि–दोनों हाथों को ऊपर उठाकर हथेलियों को एक दूसरी के आमने-सामने करके मिलायें तथा बीच में कुछ स्थान खाली रखें।

यह 'सम्पुटी मुद्रा' है।



३. वितत मुद्रा

विधि–दोनों हाथों को ऊपर उठाकर चित्र में प्रदर्शित स्थिति में लायें।

इसे 'वितत मुद्रा' कहते हैं।

४. विस्तृत मुद्रा



विधि–दोनों हाथों को ऊपर उठा कर दोनों को पूर्वोक्त 'वितत मुद्रा' की अपेक्षा, कुछ अधिक दूरी पर रखें (चित्र में दिखाए अनुसार)

इसे 'विस्तृत मुद्रा' कहते हैं।

५. द्विमुखी मुद्रा

विधि–दोनों हाथों को ऊपर उठाकर उनकी कनिष्ठा तथा अनामिकाओं के अग्रभाग को एक दूसरी से मिलायें तथा अँगूठा, तर्जनी एवं मध्यमा को ऊपर की ओर उठादें।

इसे 'द्विमुखी मुद्रा' कहते हैं।

६. त्रिमुखी मुद्रा

विधि–दोनों हथेलियों को आमने–सामने रखते हुए, उनकी कनिष्ठा, अनामिका एवं मध्यमा अँगुलियों के अग्रभाग को परस्पर मिलादें तथा तर्जनी एवं अँगूठों को ऊपर की ओर सीधा रखें।

इसे 'त्रिमुखी मुद्रा' कहते हैं।



७. चतुर्मुखी मुद्रा



विधि–दोनों हथेलियों को आमने–सामने रखते हुए उनकी चारों अँगुलियों के अग्रभाग को परस्पर मिलादें तथा अँगूठों को ऊपर की ओर खड़ा रखें।

इसे 'चतुर्मुखी मुद्रा' कहते हैं।

८. पञ्चमुखी मुद्रा



विधि–दोनों हथेलियों को आमने–सामने रखते हुए सभी अँगुलियों तथा अँगूठों के अग्रभाग को (चित्र में दिखाये अनुसार) परस्पर मिलाने से 'पंचमुखी मुद्रा' बनती है।

९. षष्मुखी मुद्रा



विधि–दोनों हथेलियों को आमने-सामने रखकर उनके अँगूठे, तर्जनी, मध्यमा तथा अनामिकाओं के अग्रभाग को परस्पर मिलायें तथा कनिष्ठिकाओं को अलग रखें।

इसे 'षठमुखी मुद्रा' कहते हैं।

१०. अधोमुखी मुद्रा

विधि–दोनों हथेलियों को उलटकर एक दूसरी के साथ सभी अँगुलियों को मिलायें तथा अँगूठों को अलग रखें।

इसे 'अधोमुखी मुद्रा' कहते हैं।

११. व्यापक (व्यापकांजलि) मुद्रा



विधि–चित्र में दिखाए अनुसार दोनों हथेलियों को परस्पर मिलाकर सभी अँगुलियों को आगे की ओर फैलादें।

इसे 'व्यापक' अथवा 'व्यापकांजलि मुद्रा' कहते हैं।

१२. अंजलि (आञ्जलिक) मुद्रा



विधि–दोनों हाथों की अंजलि बनाकर, परस्पर एक दूसरे से सटादें (चित्र में दिखाये अनुसार)।

इसे 'अंजलि' अथवा 'आञ्जलिक मुद्रा' कहते हैं।

१३. शकट मुद्रा



विधि–चित्र में दिखाये अनुसार दोनों हाथों के अँगूठों को एक दूसरे से मिलायें तथा अन्य सभी अँगुलियों को मोड़कर नीचे रखें।

इसे 'शकट मुद्रा' कहते हैं।

१४. यमपाश मुद्रा

विधि–दाँये हाथ की तर्जनी को खड़ा रखें तथा उस पर बाँये हाथ की तर्जनी को जमादें। अन्य सभी अँगुलियों को चित्र में प्रदर्शित स्थिति में रखें।

इसे 'यमपाश मुद्रा' कहते हैं।



१५. ग्रथित मुद्रा



विधि–दोनों हाथों की अँगुलियों को चित्र में दिखाये अनुसार एक दूसरी में गूँथ दें।

इसे 'ग्रथित मुद्रा' कहते हैं।

१६. सम्मुखोन्मुख मुद्रा



विधि–दोनों हाथों को एक दूसरे के ऊपर–नीचे रखते हुए उनकी अँगुलियों को सटालें तथा उनके अग्रभाग को चित्र में दिखाये अनुसार एक दूसरे से स्पर्श करायें।

इसे 'सम्मुखोन्मुख मुद्रा' कहते हैं।

१७. प्रलय मुद्रा

विधि–दाँये हाथ की अँगुलियों तथा अँगूठे को चित्र में प्रदर्शित स्थिति में लाने से 'प्रलय मुद्रा' बनती है।

१८. मुष्टिक मुद्रा

विधि–दोनों हाथों की अँगुलियों को मुट्ठियों की भाँति मोड़कर दोनों अँगूठे को उनके ऊपर चित्र में दिखाये अनुसार रखें।

इसे 'मुष्टिक मुद्रा' कहते हैं।



१६. मत्स्य मुद्रा

विधि–चित्र में दिखाये अनुसार दाँई हथेली को बाँई हथेली की पीठ पर रखें। अँगुलियाँ एक दूसरी से मिली रहे तथा अँगूठे इधर–उधर फैले रहें।

इसे 'मत्स्य मुद्रा' कहते हैं।

२० कूर्म (कच्छप) मुद्रा

विधि–चित्र में दिखाये अनुसार दोनों हाथों की अँगुलियों को रखें।

इसे 'कूर्म अथवा 'कच्छप मुद्रा' कहते हैं।

२१. वाराह मुद्रा

विधि–चित्र में दिखाये अनुसार दोनों हाथों की अँगुलियों को एक दूसरी के भीतर रखते हुए दोनों अँगूठों को ऊपर उठाकर एक दूसरे के आमने-सामने मिलादें।

इसे 'वाराह मुद्रा' कहते हैं।

२२. सिंहाक्रान्त मुद्रा

विधि–दोनों हाथों की हथेलियों को चित्र में दिखाये अनुसार ऊपर उठायें। अँगुलियां परस्पर मिली रहें।

इसे 'सिंहाक्रान्त मुद्रा' कहते हैं।

२३. महाक्रान्त मुद्रा

विधि–दोनों हथेलियों को ऊपर उठाकर उनकी अँगुलियों को कानों की ओर कुछ झुकी हुई स्थिति में (चित्र में दिखाये अनुसार) रखें।

इसे 'महाक्रान्त मुद्रा' कहते हैं।

२४. मुद्गर मुद्रा

विधि–बाँये हाथ की हथेली पर दाँये हाथ की कुहनी रखें तथा अँगुलियों की मुट्ठी बाँध कर उसे ऊपर की ओर उठादें।

इसे 'मुद्गर मुद्रा' कहते हैं।

इति सन्ध्योपासन मुद्राः समाप्ताः

२६. सन्ध्या के अन्त की मुद्राएँ

संध्या के अन्त में की जाने वाली मुद्राएँ ८ हैं। उनके नाम निम्नानुसार हैं-

१. सुरभि (धेनु), २. ज्ञान, ३. वैराग्य, ४. योनि, ५. शंख, ६. पंकज (कमल), ७. लिंग तथा ८. निर्वाण।

इनका सचित्र विवरण निम्नानुसार है-

१. सुरभि (धेनु) मुद्रा

विधि-दोनों हथेलियों को मिलाकर दाँई अनामिका को बाँई कनिष्ठिका से, बाँई अनामिका को दाँई कनिष्ठिका से, दाँई मध्यमा को बाँई तर्जनी से तथा बाँई मध्यमा को दाँई तर्जनी से आक्रान्त करें अर्थात् इन सभी अँगुलियों को उल्टी-सीधी मिलाने से 'सुरभि (धेनु) मुद्रा' बनती है।

(देखें देवोपासना की मुद्राएँ, पृष्ठ-१४६)

२. ज्ञान मुद्रा



तान्त्राक चित्र में दिखाये अनुसार पद्मासन से बैठें। बाँये हाथ को खुला हुआ बाँये घुटने पर रखें तथा दाँये हाथ की तर्जनी को अँगूठे से मिलाकर हृदय पर रखें।

यह 'ज्ञान मुद्रा' है।

३. वैराग्य मुद्रा



विधि–दोनों तर्जनियों से अँगूठों को मिलाकर पाँवों पर सीधा रखें तथा पद्मासन से बैठें।

इसे 'वैराग्य मुद्रा' कहते हैं।

४. योनि मुद्रा



विधि–दोनों कनिष्ठिकाओं को बाँधकर, तर्जनी तथा अनामिकाओं को बाँधें। अनामिका को मध्यमा से पहले थोड़ा सा मिलाकर, फिर उन्हें सीधा करदें। तदुपरान्त दोनों अँगूठों को एक दूसरे पर रखें। इसे 'योनि मुद्रा' कहते हैं।

५. शंख मुद्रा

विधि–बाँये हाथ के अँगूठे को दाँई मुट्ठी में रखें, फिर दाँई मुट्ठी को ऊर्ध्वमुख रखते हुए, उसके अँगूठे को फैलादें। अब बाँये हाथ की सभी अँगुलियों को एक दूसरी के साथ सटाते हुए फैलादें। तदुपरान्त बाँये हाथ की फैली अँगुलियों को दाँई ओर घुमाकर दाँये हाथ के अँगूठे का स्पर्श करें।

इसे 'शंख मुद्रा' कहाजाता है

६. पङ्कज (कमल) मुद्रा



विधि–दोनों हथेलियों को आमने-सामने खड़ी रखकर उनकी अँगुलियों को चित्र में दिखाये अनुसार ऊपर की ओर, कमल की पंखुड़ियों की भाँति फैलादें।

इसे 'पंकज' अथवा 'कमल मुद्रा' कहते हैं।

७. लिङ्ग मुद्रा



विधि–दाँये हाथ के अँगूठे को ऊपर उठाकर, उसे बाँये अँगूठे से बाँधें। तदुपरान्त दोनों हाथों की अँगुलियों को परस्पर बाँधलें।

इसे 'लिङ्ग मुद्रा' कहते हैं।

८. निर्वाण मुद्रा



विधि–उल्टे बाँये हाथ पर दाँया हाथ सीधा रखें। फिर अँगुलियों को परस्पर गूँथ कर दोनों हाथों को अपनी ओर से घुमादें तथा दोनों तर्जनियों को सीधी कान के समीप करें।

यह 'निर्वाण मुद्रा' है।

इति सन्ध्योपासनान्त मुद्राः समाप्ताः

२७. योग-साधना की मुद्राएँ

योग साधना में मुख्यत: १५ मुद्राओं का प्रयोग किया जाता है। उनके नाम निम्नानुसार हैं-

१. मुकुल, २. पंकज, ३. व्याक्रोशी, ४. निष्ठुर, ५. योग, ६. महामुद्रा, ७. उड्डीयान, ८. महाखग, ९. जालन्धर, १०. मूलबन्ध, ११. महावेध, १२. विपरीत करणी, १३. वज्रोली, १४. माण्डूकी तथा १५. शाम्भवी।

इन मुद्राओं का सचित्र विवरण अगले पृष्ठों पर दिया जा रहा है।

१. मुकुल मुद्रा



विधि–दोनों हाथों को आमने–सामने करके अँगुलियों को थोड़ा मोड़ दें।

इसे 'मुकुल (काली) मुद्रा' कहते हैं।

२. पंकज मुद्रा

विधि–पूर्वोक्त 'मुकुल मुद्रा' की अंगुलियों को थोड़ा फैला देने से 'पंकज' या 'कमल मुद्रा' बनती है।



३. व्याक्रोशी मुद्रा



विधि–पूर्वोक्त 'मुकुल मुद्रा' में से दोनों तर्जनियों को बाहर निकाल देने से 'व्याक्रोशी' मुद्रा बनती है।

४. निष्ठुर मुदा

विधि–'मुकुल मुद्रा' के दोनों अँगूठों को मोड़कर अपनी अँगुलियों में दवालें तथा उन्हें ऊँचा करके दोनों हाथों को आपस में मिलादें।

इसे 'निष्ठुर मुद्रा' कहते हैं।

५. योग मुद्रा



विधि–तर्जनी तथा कनिष्ठा अँगुलियों को थोड़ा मोड़ कर हथेली के मध्य में इस प्रकार रखें कि अधोमुख अँगुलियों के नख दिखाई देते रहें। शेष चारों मध्यमाओं तथा अनामिकाओं को पीठ में खड़ी करें तथा अँगूठों को एक करके खड़ा करें।

इस प्रकार 'योग मुद्रा' बनती है।

६. महा मुद्रा

विधि–मूल-द्वार (गुदा) को एड़ी से दबाकर दायें हाथ से पाँव की अँगुली पर रखदें तथा कण्ठ को मोड़ कर भौहों के मध्यभाग में देखें।

इसे 'महामुद्रा' कहते हैं।

७. उड्डीयान मुद्रा



विधि–पेट को भीतर की ओर धँसाने से 'उड्डीयान मुद्रा' बनती है।

८. महाखग मुद्रा



विधि–'उड्डीयान मुद्रा' की स्थिति में जब पेट भीतर को धँसा हो, तब उसे नाभि के ऊपर विश्राम देने से 'महाखग मुद्रा' होती है।

९. जालन्धर मुद्रा



विधि–कण्ठ को सिकोड़ते हुए ठोड़ी को हृदय से लगाने पर 'जालन्धर मुद्रा' बनती है।

१०. मूलबन्ध मुद्रा

विधि–बाँई एड़ी से गुदा को दबाकर मेरुदण्ड की गाँठ को दबायें तथा मूत्रेन्द्रिय को एड़ी से दबायें।

इसे 'मूल बन्ध मुद्रा' कहते हैं।



११. महावेध मुद्रा

विधि–उड्डीयान मुद्रा में 'कुंभक प्राणायाम' करने से 'महावेध मुद्रा' होती है।

यह मुद्रा योग सिद्धि देने वाली कही गई है।

१२. विपरीतकरणी मुद्रा



विधि–'सूर्य नाड़ी' अर्थात् दाँये नासा छिद्र से आने वाले श्वांस को ऊपर चढ़ावें (खींचें) तथा चंन्द्रनाड़ी अर्थात् बाँये नासा–छिद्र से श्वांस को नीचे लायें अर्थात् बाहर निकालें।

इसे 'विपरीतकरणी मुद्रा' कहते हैं।

१३. वज्रोली मुद्रा



विधि–दोनों हाथों की हथेलियों को पृथ्वी पर जमाकर दोनों पाँवों को ऊँचा करके आधे शरीर को ऊपर उठायें।

इसे 'वज्रोली मुद्रा' कहते हैं।

१४. माण्डूकी मुद्रा

विधि–मुँह को बन्द करके जीभ को तालु से लगायें तथा क्रमानुसार सहस्त्रार से निकलने वाले अमृत का पान करें।

इसे 'माण्डूकी मुद्रा' कहते हैं।

१५. शाम्भवी मुद्रा



विधि-दोनों भौंहों के मध्य भाग में दृष्टि को स्थिर करके आत्माराम को देखते हुए ध्यान करना ही 'शाम्भवी मुद्रा' है।

इति योग-साधन मुद्राः समाप्ताः

२८. भोजन की मुद्राएँ

भोजन की ५ मुद्राएँ कही गई हैं। उनकें नाम निम्नानुसार हैं-

१. प्राण अथवा प्राणाहुति, २. अपान अथवा अपानाहुति, ३. व्यान अथवा व्यानाहुति, ४. उदान अथवा उदानाहुति तथा ५. समान अथवा समानाहुति।

इनका सचित्र वर्णन आगे किया जा रहा है।

१. प्राण मुद्रा



विधि-कनिष्ठा एवं अनामिका अँगुलियों से अँगूठे को मिलाने पर 'प्राण' अथवा 'प्राणाहुति मुद्रा' बनती है।

२. अपान मुद्रा



विधि–तर्जनी, मध्यमा तथा अँगूठे को मिलाने पर 'अपान' अथवा 'अपानाहुति मुद्रा' बनती है।

३. व्यान मुद्रा



विधि–अनामिका तथा मध्यमा से अँगूठा युक्त करने पर 'व्यान' अर्थात् 'व्यानाहुति मुद्रा' बनती है।

४. उदान मुद्रा



विधि–बाहर निकाली हुई कनिष्ठिका अँगुली के अतिरिक्त अनामिका, मध्यमा, तर्जनी तथा अँगूठे के सहयोग से 'उदान' अथवा 'उदानाहुति मुद्रा' बनती है।

५. समान मुद्रा

विधि–किंचित् मुड़ी हुई तथा आपस में मिली हुई पाँचों अँगुलियों द्वारा 'समान' अथवा 'समानाहुति मुद्रा' बनती है।

विशेष–भोजन करते समय पहले से लेकर पाँचवें ग्रास तक को क्रमशः उक्त उक्त मुद्राओं द्वारा मुँह में रखने वाला मनुष्य भाग्यशाली तथा दीर्घजीवी होता है।

इति भोजन मुद्राः समाप्ताः



२६. विविध मुद्राएँ

पूर्व प्रकरणों में वर्णित मुद्राओं के अतिरिक्त कुछ अन्य मुद्राओं का सचित्र वर्णन आगे किया जा रहा है। ये मुद्राएँ विभिन्न कर्मों में प्रयुक्त होती हैं।

आगे वर्णित मुद्राओं के नाम क्रमशः इस प्रकार हैं-



१. सर्वोन्मादिनी, २. महांकुशा, ३. विद्राविणी, ४. सर्वविक्षोभ, ५. सर्वाकर्षिणी, ६. छोटिका, ७. प्रबोध, ८. खेचरी, ९. घण्टा, १०. मुण्ड, ११. जप, १२. पंचक, १३. पल्लव, १४. प्रलम्ब, १५. दन्त, १६. वज्र।

टिप्पणी-इनमें से कुछ मुद्राओं का उल्लेख प्रकारान्तर से अन्य प्रकरणों में भी हो चुका है तो कुछ मुद्राओं के स्वरूप में भिन्नता भी पाई जाती है।

१. सर्वोन्मादिनी मुद्रा

सम्मुखौ तु करौ कृत्वा मध्यमा मध्यमेनुजे।
अनामिकेतु सरले तदधस्तर्जनीद्वयं।।
दण्डकारी ततोङ्गुष्ठौ मध्यमान स्वदेश गौ।
मुद्रैषोन्मादिनी नाम क्लेदिनी सर्वयोषिताम्।।
दक्षिण हस्त कनिष्ठां वामहस्त मध्यमया।
बध्वा वामहस्त कनिष्ठां दक्षहस्त मध्यमया।।
बध्वा तयोर्नखदेशयोः अंगुष्ठौ निक्षिपेत्।।



टीका–दोनों हाथों को सामने करके मध्यमाओं द्वारा मध्यगत कनिष्ठाओं को पकड़ें, अनामिकाओं को सीधी रखें। उनके बाहरी ओर दोनों तर्जनियों को लगायें तथा अँगूठों को दण्डाकार ऐसा सीधा करें कि वे मध्यमा के अग्रभाग में रहें।

यह सभी युवतियों को क्लेदित करने वाली उन्मादिनी मुद्रा है।

२. महांकुशा मुद्रा

अस्यास्त्वनामिका युग्ममधः कृत्वां कुशाकृतिः।
तर्जन्या वपितेनैव क्रमेण विनियोजयेत्।।
इयं महांकुशा मुद्रा सर्वकामार्थ साधिनी।।



टीका–दोनों अनामिकाओं को नीचे झुकाकर थोड़ी टेढ़ी (कुशाकृति) करदें तथा तर्जनियों को क्रमशः उनके ऊपर लगादें।

३. विद्राविणी मुद्रा

क्षोभ मुद्रा लक्षणमुक्त्वोक्तम्।
एतस्या एव मुद्राया मध्यमे सरलायदा।
क्रियते परमेशानि तदा विद्राविणीमता।।



टीका–'क्षोभमुद्रा' (अगले पृष्ठ पर वर्णित 'क्षोभिणी मुद्रा) की क्रिया में केबल मध्यमा को भी सीधी करदेने से यह 'विद्राविणी मुद्रा' बनती है।

४. सर्वविक्षोभ मुद्रा

मध्यमां मध्यमे कृत्वा कनिष्ठाँगुष्ठ रोधिते।
तर्जन्यौ दण्डवत् कृत्वा मध्यमोपर्यनामिके।।
क्षोभाभिधानामुद्रेयं सर्वसंक्षोभकारिणी।।

टीका–एवं मध्यमा को दूसरी मध्यमा से लगायें, कनिष्ठा को अँगूठे से दबायें, तर्जनी को सीधा करें तथा मध्यमा पर अनामिका को लगायें। यह सब का संक्षोभ करने वाली 'सर्व विक्षोभ' मुद्रा है।

५. सर्वाकर्षिणी मुद्रा

मध्यमातर्जनीभ्यांतु कनिष्ठा नामिके समे।
अंकुशाकार रूपाभ्यां मध्यमे परमेश्वरी।।
इय माकर्षिणी मुद्रा त्रैलोष्धाकर्षणेक्षमा।।



टीका–मध्यमा तथा तर्जनी को ऊपर रखें तथा कनिष्ठा एवं अनामिका को नीचे रखते हुए अंगूठे से दबादें।

यह 'आकर्षणी' अथवा 'सर्वाकर्षिणी मुद्रा' कही जाती है।

६. छोटिका मुद्रा

अंगुष्ठ तर्जनी स्फोटं छोटिका मुद्रिका मता।।

टीका-अँगूठा और तर्जनी को चित्र में दिखाऐ अनुसार मिलायें। शेष सभी अंगुलियों को सीधा रखें।

यह 'छोटिका मुद्रा' है।

७. प्रबोध मुद्रा

ज्ञानमुद्रा संचालने प्रबोध मुद्रा।।

टीका–'ज्ञान मुद्रा' के संचालन को प्रबोध मुद्रा कहते हैं।

इस मुद्रा में पद्मासन से बैठकर, बाँये हाथ को बाँये घुटने पर रखा जाता है तथा दाँये हाथ को चित्र में दिखाए अनुसार हृदय के समीप रखा जाता है।

८. खेचरी मुद्रा

सव्यं दिक्षणहस्ते तु सव्यहस्ते तु दक्षिणं।
बाहूकृत्वा महादेवि हस्तौ सम्परिवर्त्य च।।
कनिष्ठानामिका देवि युक्ता तेन क्रमेण तु।
तर्जनीभ्यां समाक्रान्ते सवोर्ध्वमणि मध्यमे।
अँगुष्ठौ तु महादेवि सरलावपि कारयेत्।
इयं सा खेचरी नाम मुद्रा सर्वोत्तमोत्तमा।।

विधि–बाँये हाथ को दाँये हाथ में उल्टा रख कर कनिष्ठिकाओं तथा अनामिकाओं को तर्जनी द्वारा पकड़ें। मध्यमा के पूर्वार्ध को मिलायें तथा अँगूठे को सीधा करके ललाट से स्पर्श करायें।

यह सर्वोत्तम खेचरी मुद्रा है।

टिप्पणी- खेचरी मुद्रा के एक अन्यरूप का उल्लेख त्रिपुरा- मुद्राओं के अन्तर्गत भी किया जा चुका है।

९. घण्टा मुद्रा



विधि-यह मुद्रा तर्जनी तथा अँगूठे के संयोग से बनती है।

इसका प्रयोग देव-पूजन में होता है।

१०. मुण्ड मुद्रा

विधि-बाँयें हाथ के अँगूठे को मुट्ठी में दबाकर दाँये हाथ की मध्यमा तथा तर्जनी को अँगूठे के अग्रभाग में लगायें तथा दूसरी मुट्ठी को लम्बित करके स्पर्श किये रहें।

यह 'मुण्ड मुद्रा' है।



११. जप मुद्रा

विधि-अँगूठे तथा मध्यमा के मध्यपर्वों से मणियों को चलाते हुए माला फेरने से 'जप मुद्रा' बनती है।

१२. पंचक मुद्रा



विधि-दोनों हाथों के अँगूठे तथा अँगुलियों को मिला कर ऊपर की ओर करें।

इसे 'पंचक मुद्रा' कहते हैं।

१३. पल्लव मुद्रा

विधि–हथेली को ऊँचा उठाकर सभी अँगुलियों को फैलादेने से यह 'पल्लव मुद्रा' बनती है।

१४. प्रलम्ब मुद्रा

विधि–दोनों हाथों की सभी अँगुलियों को आपस में मिलाकर चित्र में दिखायें अनुसार आगे की ओर फैलादेने से 'प्रलम्ब मुद्रा' बनती है।



१५. दन्त मुद्रा

विधि–हाथ की मुट्ठी बाँध लें तथा केवल तर्जनी-अँगुली को बाहर निकालकर ऊँचा उठादें।

इसे 'दन्त मुद्रा' कहते हैं।

१६. वज्र मुद्रा



विधि–अँगूठे तथा कनिष्ठिका के अग्रभाग को एक दूसरे से स्पर्श करायें तथा शेष तीनों अँगुलियों तर्जनी, मध्यमा और अनामा को ऊपर उठादें।

यह 'वज्र मुद्रा' है।

इति विविध मुद्राः समाप्ताः

३० गायत्री देवी की विभिन्न मुद्रायें

देवी गायत्री की ३२ मुद्राओं का चित्रण किया जा रहा है। ये मुद्रायें इस प्रकार हैं–

(१) सुमुखम् (२) सम्पुटम् (३) विततम् (४) विस्तृतम् (५) द्विमुखम् (६) त्रिमुखम् (७) चतुर्मुखम् (८) पञ्चमुखम् (९) षष्मुखम् (१०) अधोमुखम् (११) व्यापकाञ्जलिकम् (१२) शकटम् (१३) यमपाशम् (१४) ग्रथितम् (१५) सम्मुखोन्मुखम् (१६) प्रलम्बः (१७) मुष्टिकः (१८) मत्स्य (१९) कूर्म (२०) वराहकः (२१) सिंहाक्रान्तम् (२२) महाक्रान्तम् (२३) मुद्गर (२४) पल्लव

अन्य ८ मुद्रायें इस प्रकार हैं –

(१) सुरभि (२) ज्ञानम् (३) वैराग्य (४) योनि (५) शङ्ख (६) पंङ्कजम् (७) लिङ्गम् (८) निर्वाणम्

(१) सुमुखम्



(२) सम्पुटम्

(३) विततम्

(४) विस्तृतम्



(५) द्विमुखम्

(६) त्रिमुखम्

(७) चतुर्मुखम्

(८) पञ्चमुखम्

(९) षष्मुखम्

मुखम्

(११) व्यापकाञ्जलिकम्

(१२) शकटम्



(१३) यमपाशम्

(१४) ग्रथितम्

(१५) सम्मुखोन्मुखम्

(१६) प्रलम्बः

(१७) मुष्टिकः

(१८) मत्स्य

(१९) कूर्म

(२०) वराहकः



(२१) सिंहाक्रान्तम्

महाक्रान्तम्

(२२)

(२३) मुद्गर

(२४) पल्लव

(१) सुरभि

(२) ज्ञानम्

(३) वैराग्य

(४) योनि

(५) शङ्ख

(६) पंङ्कजम्

(७) लिङ्गम्

(८) निर्वाणम्

'मुदं कुर्वन्ति देवानां मनांसि द्रावयन्ति च।

टीका- मुद्राएँ देवताओं को प्रसन्न करती हैं जिससे वे साधकों पर द्रवित होते हैं।

मुदं कुर्वन्ति देवानां राक्षसान् द्रावयन्ति च।

टीका- मुद्रायें देवताओं को प्रसन्न और राक्षसों को द्रवित करती हैं।

मुद्रा बन्धाद् विष प्रसुप्तस्योत्थाने कीदृशी युक्ति।

टीका- मुद्रा-बन्ध से विष द्वारा मूर्च्छित व्यक्ति भी स्वस्थ्य हो जाता है।

सम्पूर्ण दस महाविद्या तन्त्र महाशास्त्र

लेखक : तन्त्राचार्य पं. राजेश दीक्षित

विश्व जनमानस में देवी भगवती के दस पौराणिक स्वरूप प्रचलित हैं यथा काली, तारा, महाविद्या, (षोड्सी), भुवनेश्वरी, त्रिपुर भैरवी, छिन्नमस्ता, धूमावती, बगलामुखी, मातंगी-कमलात्मिक (कमला)। ये सभी भगवती के विभिन्न स्वरूप हैं। प्रस्तुत महाग्रन्थ में सभी देवियों के तान्त्रिक काम्य प्रयोग दिया गये हैं, जो सिर्फ महान सिद्ध योगियों को ही ज्ञात रहते हैं तथा वे किसी भी कीमत पर उन्हें नहीं बताते। साथ में सम्बन्धित मन्त्र यन्त्र पूजा, जप, साधनविधि, उपनिषद् सतजप, सहस्रनाम आदि विभिन्न विषयों को दिया गया है। देवी भक्तों को संकलन योग्य महान ग्रन्थ, सम्पूर्ण सुनहरी, ठप्पेदार कपड़ा वाइन्डिंग सहित सचित्र ग्रन्थ का मूल्य 450 रु. (चार सौ पचास रुपया) डाक खर्च 40 रु. अलग।

(1) काली तन्त्र शास्त्र, (2) तारा तन्त्र शास्त्र, (3) महाविद्या (षोड्सी) तन्त्र शास्त्र, (4) भुवनेश्वरी एवं छिन्नमस्ता तन्त्र शास्त्र, (5) बगलामुखी एवं मातंगी तन्त्र शास्त्र, (6) भैरवी एवं धूमावती तन्त्र शास्त्र, (7) कमलात्मिक (लक्ष्मी) तन्त्र शास्त्र।

मूल्य प्रत्येक पुस्तक 60 रु. डाक खर्च 20 रु. अलग।

दीप पब्लिकेशन, हॉस्पीटल रोड, आगरा-3

उच्चस्तरीय, प्रामाणिक

गहन अध्ययन हेतु विशिष्ट पुस्तकें

पुस्तक	लेखक	मूल्य
क्रियात्मक कुंडलिनी तंत्र–सहज अष्टांग योग सहित	महर्षि 'यतीन्द्र'	150/–
कुंडलिनी तंत्र रहस्य–साधना प्रक्रिया एवं प्राग्वेद महत्त्व	महर्षि 'यतीन्द्र'	90/–
धर्मतन्त्र के अद्भुत प्रश्नोत्तर–रहस्यात्मक प्रश्नों के वैज्ञानिक उत्तर	महर्षि 'यतीन्द्र'	75/–
इस्लामी तंत्र शास्त्र	जनाव असगर अली	60/–
बौद्ध तंत्र शास्त्र	आचार्य पं. राजेश दीक्षित	75/–
तांत्रिक मुद्रा विज्ञान	आचार्य पं. राजेश दीक्षित	105/–
हस्तरेखाएँ–आपका जीवन दर्शन	पं. विजय आनंद 'लोहट'	90/–
हिन्दू तंत्र शास्त्र	आचार्य पं. राजेश दीक्षित	60/–
जैन तंत्र शास्त्र पं. यतीन्द्र कुमार जैन एवम्	आचार्य पं. राजेश दीक्षित	60/–
शावर तंत्र शास्त्र	आचार्य पं. राजेश दीक्षित	90/–
श्री यंत्रम् साधना–सिद्धि	आचार्य वागीश शास्त्री	105/–
परम सिद्ध 121 चमत्कारी यंत्र	तांत्रिक औझा बाबा	75/–
कौतुक रत्न भाण्डागार–वृहद प्राचीन इन्द्रजाल	तांत्रिक औझा बाबा	60/–
सम्पूर्ण दस महाविद्या तंत्र महाशास्त्र	आचार्य पं. राजेश दीक्षित	450/–
काली तंत्र शास्त्र	आचार्य पं. राजेश दीक्षित	60/–
तारा तंत्र शास्त्र	आचार्य पं. राजेश दीक्षित	45/–
त्रिपुर सुंदरी (षोड्सी) तंत्र शास्त्र	आचार्य पं. राजेश दीक्षित	45/–
भुवनेश्वरी एवं छिन्नमस्ता तंत्र शास्त्र	आचार्य पं. राजेश दीक्षित	45/–
भैरवी एवम् धूमावती तंत्र शास्त्र	आचार्य पं. राजेश दीक्षित	60/–
बगलामुखी एवम् मातङ्गी तंत्र शास्त्र	आचार्य पं. राजेश दीक्षित	60/–
कमलात्मिका (लक्ष्मी) तंत्र शास्त्र	आचार्य पं. राजेश दीक्षित	60/–
शतक त्रयम्–भृर्तहरि रचित श्रृंगार, नीति, वैराज्ञ शतक मूल, गद्य–पद्य रूपांतर	गंगा सहाय 'प्रेमी'	75/–
क्रियात्मक वास्तु शास्त्र–बिना तोड़–फोड़ वास्तु निदान	जितेन्द्र गहराना, अर्चना कुलश्रेष्ठ	90/–
KUNDALINI YOGA (A Scientific Approach)	**Maharshi 'Yatindra'**	300/–
इन्टरनेशनल एक्यूप्रेशर	डॉ. वाई. डी. गहराना	120/–
रेकी (Reiki) स्पर्श चिकित्सा डॉ. या–टिन्ड्रा एवम्	डॉ. वाई. डी. गहराना	120/–
स्वर विज्ञान–स्वयम् सिद्ध विद्या	डॉ. वाई. डी. गहराना	75/–
मंत्र–यंत्र–तंत्र एवं अचूक साधनाएँ	पं. विजय आनंद लोहट	90/–
फलित ज्योतिष के अनुपम सूत्र	पं. विजय आनंद लोहट	45/–
जन्मपत्री निर्माण	डॉ. नीरज पाण्डे 'दादा'	75/–
कुण्डली फल विचार	डॉ. नीरज पाण्डे 'दादा'	150/–
ज्योतिष योग और उनका महत्व	डॉ. नीरज पाण्डे 'दादा'	120/–
गृह दृष्टि फल	डॉ. श्याम पाराशर	120/–

पुस्तक प्राप्ति स्थल

☎ 2261220
2111145

दीप पब्लिकेशन

हॉस्पीटल रोड, आगरा– 282 003

★ उच्चस्तरीय प्रामाणिक साहित्य ★













प्रत्येक पुस्तक पर डाक खर्च अलग।

दीप पब्लिकेशन हॉस्पीटल रोड, आगरा–3

पराविद्या गायत्री

(मुद्रा विज्ञान)



सद् गुरुदेव श्री श्री 1008
आचार्य श्री केशव देव जी
महाराज

मुद्राओं से गायत्री सिद्धि, गायत्री मुद्राओं का चमत्कार
ऋद्धि शक्ति सिद्धि दाता, व्यक्तित्व के उत्कर्षार्थ,
देवत्व प्राप्ति के लिये ऋतम्भरा ब्रह्मविद्या गायत्री

पराविद्या गायत्री
(मुद्रा विज्ञान)

सद्गुरु देव श्री श्री १००८
आचार्य केशव देव जी महाराज
संस्थापकः
विवेकानन्द प्रतिष्ठान परिषद्
पराविद्या रिर्सच फाउण्डेशन

प्रकाशक
आचार्य श्री एन्टरप्राईज़िज़

सर्वाधिकार प्रकाशक द्वारा सुरक्षित

ISBN NO. 81-87949-02-3

प्रथम संस्करण 2001

मूल्य: ६०/- रुपये मात्र

प्रकाशक :
आचार्य श्री एन्टरप्राईज़िज़
दिल्ली ५१

मुद्रक :
वन्दना एन्टरप्राईज़िज़
दिल्ली - ९२
दूरभाष : २२४२४७४, २४२८९८०

विषय सूची

क्र. सं.	विषय	पृष्ठ सं.
	परिचय	5
1.	गायत्री मुद्राओं का चमत्कार	7
2.	गायत्री उत्थानार्थ वेदों, पुराणों, उपनिषदों पर शोध की आवश्यकता	13
	चमत्कारी योग चक्र मूलाधार	16
3.	परमात्म दिव्यात्मा और ऋषि तथा रहस्यमय आत्माओं से मिलने का रहस्य गायत्री मंत्र	19
4.	महामंत्र गायत्री के द्वारा परमात्मा व परमात्व तत्व से भी साक्षात्कार संभव	24
5.	प्रकृति का सर्वोपरि आध्यात्मिक यंत्र मानव शरीर	25
	तत्व मुद्रा	30
6.	गायत्री मुद्राओं से शरीर रक्षा, रोग नाश और आरोग्यता प्राप्ति	31
7.	साधना शक्ति	35
8.	गायत्री से सूर्योपासना श्री सूर्यनारायण की महत्ता	38
	गायत्री मंत्र के देवता सूर्य का प्रभाव	38
9.	आदित्य का सूक्ष्म प्रभाव	40
	सूर्योपासना की विशेषताएं	42
10.	जीवन के सर्वतोमुखी विकास में सहायक सावित्री विद्या (गायत्री महाविज्ञान)	44
	गायत्री का दिव्य उद्‌बोधन	46
11.	सन्ध्या	47
12.	गायत्री उपासना का आनन्द	51
13.	गायत्री सिद्धि में मुद्राएं आवश्यक	54
	गायत्री जप विधि	55

प्राणायाम करने की विधि 57
प्राणायाम की अन्य वास्तविक विधि 58

14. न्यास विधि **63**
जप के पूर्व की जाने वाली 24 मुद्राएं 64
जप के पश्चात की जाने वाली आठ मुद्राएं 69

15. गायत्री महिमा **72**

16. साधना के रहस्य **75**

17. गायत्री का चमत्कार **79**
गायत्री जप लक्षणम् 81
गायत्री जप फलम् 82

18. गायत्री के 24 अक्षर और उनके देवता **83**

19. दृश्य से अदृश्य की ओर **84**

20. संकल्प समाधि क्या है? **88**
उच्चतम स्थिति 88
संकल्प समाधि के लाभ 88
चमत्कारी समाधि के प्रकार 91

21. ब्रह्मास्त्र एटम बम **94**
ब्रह्मदण्ड अस्त्र 95
ब्रह्मशिरस् महा अस्त्र 95

22. सूर्य विज्ञान **97**
आध्यात्मिक मंत्र शक्ति 98
जात्यन्तर परिणाम 99

23. मंत्र जाग्रत करने की विधि **104**
प्रकृति पाठ 105
विकृति पाठ 106

24. गायत्री उपनिषद **109**

25. गायत्री उत्पत्ति रहस्य **116**
गायत्री के 24 ऋषि 118
गायत्री की 24 शक्तियाँ 118
गायत्री के 24 अक्षरों के साथ 24 तत्व 118

पराविद्या गायत्री की शक्ति मुद्रायें



गायत्री जप से पूर्व 24 मुद्रायें और पश्चात में की जाने वाली आठ मुद्रायें सिद्धि शक्ति देती हैं।



गायत्री जागृति के लिए योग मुद्रायें अत्यन्त आवश्यक मंत्र मन और मुद्राओं के प्रयोग से सिद्धि

शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा का सामंजस्य स्थापित करने के लिए गायत्री की चमत्कारी विचित्र मुद्राओं का प्रयोग करें। ये मुद्रायें परम रहस्यमय अतुल शक्ति सामर्थ वाली है।इन मुद्राओं से सम्पूर्ण शरीर निर्मलता को प्राप्त होता है।

योग मुद्रायें गायत्री की कुन्जी हैं।

वेद माता गायत्री गायत्री का
चमत्कार ऋद्धि सिद्धि देने वाली
मेधा शक्ति को बढ़ाने वाली
संसार की सर्वोपरि विद्या गायत्री
ही ब्रह्म विद्या है।

आत्म ज्ञान का रहस्य ! गायजी।
विश्व विज्ञान की शक्ति ! गायजी।
विश्वामित्र की तपस्या का रहस्य ! गायजी।

गायत्री



विश्व का महाविज्ञान।
आन्तरिक उपासना की कुंजी।
ब्रह्मास्त्र (एटम बौम्म) का रहस्य।
गायत्री ही जानने योग्य।
गायत्री से आगे कुछ नही। गायत्री सर्वकालोपयोगी।
गायत्री यन्त्र तन्त्र की शक्ति है। प्रकृति का गुप्त खजाना गायत्री।
अनन्त दिव्य शक्तियों की दाता।
तपस्या की आदि शक्ति। वेदों का दिव्य रहस्य।
शब्द ब्रह्म का चमत्कार।
ऋषियों का दिव्य ज्ञान। दिव्य अस्त्रों की शक्ति।
गायत्री गीता और गंगा सबको पवित्र करने वाली है।
समस्त अशुभों को दूर करने वाली परम कल्याण कारिणी
दिव्य शक्ति।
गायत्री सर्वोत्तम महा शक्ति। ज्ञानघन विज्ञानमयी परमसत्य।
सम्पूर्ण अस्त्रों की कुंजी। गोपनीय गुरू मंत्र। उपनयन दिव्य
चक्षु, दात्री।

गायत्री मुद्राओं का चमत्कार

गायत्री मंत्र जप करने से पूर्व 24 मुद्राएं करने की ऋषियों ने विशेष आज्ञा की है। यह 24 मुद्रायें गायत्री मुद्रा के नाम से ही जानी जाती हैं। इनके वाकायदा नाम हैं। जो क्रमशः निम्न प्रकार हैं।

सुमुखं सम्पुटं चैव विततं विस्तृतं तथा।
द्विमुखं त्रिमुखं चैव चतुः पंच मुखं तथा॥
षण्मुखाऽधो मुखं चैव व्यापकाञ्जलिकं तथा।
शकटं यमपाशं च ग्रन्थितं चोन्मुखोन्मुखम्॥
प्रलम्बं मुष्टिकं चैव मत्स्यः कूर्मो वराहकम्।
सिहां क्रान्तं महाक्रान्तं मुद्गरं पल्लवं तथा॥

इन 24 मुद्राओं के चित्र भी उपस्थित हैं। इनके क्रमशः करने की ठीक-ठीक विधि शास्त्रों में विस्तार से दी गई हैं। शास्त्रों में इन मुद्राओं का गायत्री मंत्र के साथ प्रयोग केवल मात्र आध्यात्मिक, धार्मिक विधि-विधान के रूप में ही दिया गया है। वहाँ इनका महत्व तो अवश्य बताया गया है, किन्तु दो-चार शब्दों ही कुछ आवश्यक बताकर, उसकी इति श्री कर दी गई है।

गायत्री मुद्राओं पर कहीं भी और किसी ऋषि मुनि या विद्वान ने, मुद्राओं की विशेषता और इनके चमत्कारों पर कही कोई प्रकाश नहीं डाला, और न ही मुद्राओं से होने वाले किसी प्रकार के विशेष लाभ का ही वर्णन किया। जब कि गायत्री की सम्पूर्ण मुद्रायें, स्वयं में बड़ी चमत्कारी और प्रभावशाली हैं।

हमने स्वयं इन सम्पूर्ण गायत्री मुद्राओं पर बड़े विस्तार से और लम्बे समय तक अनुसंधान शोध कार्य करके इन मुद्राओं के विचित्र चमत्कारी प्रभाव को प्रत्यक्ष देखा है। यह सभी मुद्रायें शरीर विज्ञान और आयुर्वेद चिकित्सा शास्त्र के गहन अध्ययन करने से परम वैज्ञानिक सिद्ध हुई हैं। गायत्री जप के पूर्व की जाने वाली 24 मुद्रायें आयुर्वेद के एक रहस्यमय कथन के अर्थात पुरुष शरीर 24 ततव विशेष से बना है, से विशेष सम्बंध रखती हैं।

आयुर्वेदानुसार पाँच ज्ञानेन्द्रिय, पाँच कमेन्द्रिय, छः धातु, पंच महाभूत, मन, बुद्धि और चेतन्य आत्मा, इन 24 तत्व विशेष का सम्मिश्रण है, हमारा शरीर। ऋषियों को तीव्र वैज्ञानिक बुद्धि का चमत्कार स्थान-स्थान पर बड़ी विचित्रता के साथ दिखाई देता है।

प्राचीन ऋषियों की साहित्य और कथा लेखन शैली भी बड़ी विचित्र रहस्यपूर्ण है। उसके कितने ही भाव और अर्थ होते हैं। देखने में वह सीधी होती है। किन्तु उसकी गहराई में रहस्य अभिव्यक्त होते हैं।

सनातन धर्म के 24 अवतार, जैन धर्म के चौबीस तीर्थकर, आयुर्वेद में वर्णित पुरुष शरीर के चौबीस तत्व, गायत्री के चौबीस अक्षर और गायत्री जप से पूर्व की जाने वाली चौबीस मुद्रायें उपरोक्त चौबीस अवतारों की चौबीस मुद्रायें हैं। ऐसे ही जैन धर्म के चौबीस तीर्थकर भी चौबीस मुद्राओं से विशेष सम्बन्ध रखते हैं।

जैन तन्त्र शास्त्रों में स्थान-स्थान पर मुद्राओं का वर्णन काफी बड़े रूप में दिया गया है। ऐसे ही बौद्ध तन्त्र और योगोपासना में तो सबसे अधिक विस्तार और अत्याधिक विशालता के साथ योग मुद्राओं का वर्णन मिलता है।

बौद्ध काल में भगवान बुद्ध के दो-चार सौ वर्षों तक तो बौद्ध सिद्धों ने योग शास्त्र की इन विभिन्न मुद्राओं के चमत्कार भी देखें, किन्तु चिकित्सा की दृष्टि से वा तांत्रिक दृष्टिकोण से उस समय भी इन मुद्राओं पर विचार नहीं किया गया। गुरु गोरक्षनाथ आदि चौरासी प्रसिद्ध सिद्धों ने भी मुद्राओं का जबरदस्त प्रचार प्रसार किया।

हमने अपने जीवन में योग, ज्योतिष, आयुर्वेद, संगीत शास्त्र, नृत्यशास्त्र, तन्त्रशास्त्र और मन्त्र शास्त्र आदि का एक दूसरे के साथ समन्वयता के साथ, मुद्रा विज्ञान को प्रधान लक्ष्य मानकर, विशुद्ध अध्ययन अनुसंधान काफी लम्बे समय तक किए। उस गवेषणा के फलस्वरूप बड़े-बड़े चमत्कार सामने आए।

पूजा में, यज्ञ में, सन्ध्या में काम आने वाली प्राण-अपान, व्यान, उदान समान आदि मुद्रायें मंत्र शास्त्र के प्राणाय स्वाहा, अपानाय स्वाहा, व्यानाय स्वाहा, उदानाय स्वाहा, समानाय स्वाहा आदि पांचों मंत्र आयुर्वेद के पंच प्राण वायुओं से विशेष सम्बन्ध रखते हैं।

सिद्धांत है कि जब तक शरीर में उपरोक्त पंच प्राण सम स्थिति में हैं तब तक व्यक्ति पूर्ण स्वस्थ रहता है और जैसे ही इनमें से किसी एक की

भी स्थिति विकृति हुई तो हमारा यह पंच भौतिक शरीर रोगी हो जायेगा। शरीर को पुनः पूर्ण स्वस्थ करने के लिए कोई भी उपचार चिकित्सा करके स्वस्थ हुआ जा सकता है। जो कार्य औषधि के द्वारा शरीर को स्वस्थ करने के लिए सम्पादित किया जाएगा, वैसा ही प्रभाव मुद्राओं के द्वारा एक विशेष वैज्ञानिक योगिक ढंग से किया जा सकता है।

इन गायत्री को चौबीस मुद्राओं को नित्य, त्रिकाल सन्ध्या करते समय जाने अनजाने भी करते रहने से मानव शरीर के सूक्ष्म चौबीस तत्व, इन मुद्राओं के प्रभाव से सम स्थिति में रहेंगे। फलतः तत्वों की समस्थिति रहने से शरीर अधिकतर स्वस्थ रहेगा।

कहने का तात्पर्य है कि इन गायत्री मुद्राओं की जाने अनजाने करते रहने से भी हमें महत्वपूर्ण शारीरिक लाभ के साथ-साथ, विशेष आत्मिक आध्यात्मिक लाभ भी होता है।

मुद्राओं के द्वारा अनन्त उच्चकोटि के आध्यात्मिक लाभ निश्चय ही होते हैं, जिनका विस्तार इतना अधिक है कि शब्दों के द्वारा उनका पूरा-पूरा बखान नहीं किया जा सकता। वह तो अनुभव का, अनुसंधान का विषय है। उसे रहस्यमय आन्तरिक, बौद्धिक और आत्मिक अनुभूति को जो मुद्राओं के निरन्तर प्रयोग से सामने आती है, साधारण भाषा में बताना कैसे सम्भव हो सकता है। अतः कहना होगा कि मुद्राओं का प्रभाव चमत्कार रहस्य स्वयं में अति विचित्र और अद्वितीय अभूतपूर्व सिद्ध हुआ है। इसे तो जो करेंगे। वही अपनी साधना और श्रम के अनुसार ही अनुभव कर पाएंगे।

गायत्री मंत्र के जप से पूर्व चौबीस मुद्रा करने की आज्ञा है साथ ही गायत्री जप के पश्चात्य आठ और विशेष मुद्रायें करने की उपासक को आज्ञा की गई है। यह आठ मुद्रायें निम्न प्रकार हैं-

सुरभिर्ज्ञान वैराग्यं योनि शंखोऽथ पंकजम्।
लिंगं निर्वाणकं चैव जपान्तेऽष्टौ प्रदर्शयेत॥

गायत्री जप के बाद में की जाने वाली ये मुद्रायें भी स्वयं में रहस्यमय सिद्ध हुई हैं। ये उपरोक्त 24 के साथ मिलकर और अधिक चमत्कारी हो जाती हैं। इन 32 मुद्राओं का एक विशेष रहस्य है। जो मनुष्य के मेरुदण्ड के 32 गुरियों (टुकड़ों) के साथ विशेष रहस्यमय प्रकार से सम्बन्धित हैं।

चिकित्सा शास्त्र का एक और सिद्धान्त अर्थात रहस्य है कि हमारी रीढ़ की हड्डी के 32 भागों में जब विकार (विजातीय द्रव्य) एकत्र हो जाता

है तो हम रोगी हो जाते हैं। रीढ़ चिकित्सा के अनुसार रीढ़ के प्रत्येक भाग से हमारे शरीर के अलग-अलग भागों का सीधा सम्बन्ध है। यह एक लम्बा विषय है कि रीढ़ के कौन से टुकड़े में विकार आने से शरीर के कौन से भाग में रोग परिलक्षित होगा। रीढ़ चिकित्सक इसे अच्छी प्रकार समझते हैं। किन्तु इन गायत्री मुद्राओं का चमत्कार कुछ और ही है।

इन 32 मुद्राओं के करने से रीढ़ को सम्पूर्ण हड्डी पर प्रभाव होता है। मुद्राओं से उसके प्रत्येक भाग की शुद्धि होती है। फलतः साधक को स्वास्थ्य लाभ के साथ-साथ विशेष आध्यात्मिक लाभ भी होता है।

ये सम्पूर्ण गायत्री मुद्रायें हमारे बताने से भी कहीं बहुत अधिक रहस्यमय गहन गम्भीर और महत्वपूर्ण हैं। यह वास्तविकता है, अतिश्योक्ति नहीं। वेदोक्त विशुद्ध गायत्री मंत्र का स्वरूप-

तत्सवितुर्वरेण्यम् भर्गोदेवस्य धीमहि धीयो यो नः प्रचोदयात्।

इनके 24 अक्षर हैं। इनका सम्बन्ध 24 मुद्राओं से है। यदि सप्त व्याहृतियां इसके साथ लगा दी जाएं। एक ॐ मंत्र से भी पहले लगता है तो 32 अक्षर बन जाते हैं। ॐ और सप्त व्याहृतियों से युक्त गायत्री मंत्र ही सन्ध्या का प्राणायाम मंत्र है। यथा-

ॐ भूः। ॐ भुवः। ॐ स्वः। ॐ महः।
ॐ जनः। ॐ तपः। ॐ सत्यम्।।
ॐ तत्सवितुर्वरेण्यम्। भर्गो देवस्य धीमहि।
धियो योनः प्रचोदयात्।।
ॐआपो ज्योति रसोऽमृतम् ब्रह्मभूर्भुवः स्वरोम्।।

इसीलिए जप से पूर्व 24 मुद्राएँ और पश्चात् 8 मुद्रायें करने की शास्त्रोक्ति आज्ञा है। इन मुद्राओं को साधक जब त्रिकाल सन्ध्या के समय गायत्री जप के साथ नित्य निरन्तर अनुष्ठानित, संकल्पित और अनन्य श्रद्धा निष्ठा के साथ करेगा तो निश्चय ही साधक के शरीर में निवास करने वाली योग चक्र स्थित दिव्य शक्तियां क्रमशः जाग्रत होने लगती हैं।

इन मुद्राओं का चमत्कार सत्यनिष्ठा के साथ काफी समय तक कटिबद्ध होकर नित्य साधना करने से हो समाने आता है। एक बार इन्हें नित्य प्रति के अभ्यास में ले आवें फिर कुछ ही समय में इसका प्रभाव धीरे-धीरे साधक में परिवर्तन लाने लगेगा।

मुद्रा, मंत्र और मन का सामंजस्य एक बार युक्ति युक्त प्रकार से सिद्ध हो जाने से, साधना करने वाले का तीनों प्रकार से परिवर्तन प्रारम्भ हो जाता

है। ऐसी योग युक्त गायत्री साधना से, संकल्प सिद्धि अवश्य प्राप्त होती है। मुद्राओं के निरन्तर प्रयोग और साधना से अनजाने में ही एक बड़े महत्वपूर्ण प्रकार से, इस पंचभौतिक मानव शरीर में तात्विक दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण परिवर्तन, प्रत्यावर्तन, तत्वों का विघटन आदि आन्तरिक सूक्ष्म प्रकृति में प्रारम्भ हो जाता है और शरीर के समस्त तत्व अत्यन्त और सूक्ष्मतर स्थिति को, समता को प्राप्त हो जाते हैं। ऐसी तात्विक समता, संसार में किसी भी अन्य क्रिया, प्रक्रिया वा साधना से प्राप्त नहीं की जा सकती है। ऐसा तो केवल मात्र मुद्राओं के प्रयोग से ही संभव हो सकता है।

भगवान बुद्ध के सम्बन्ध में प्रसिद्ध है कि वे 24 घंटे में से अधिकांश समय किसी न किसी मुद्रा को करते ही रहते थे। उन्होंने मुद्राओं के प्रयोग को, अभ्यास को अपने जीवन में विशेष रूप से अपनाया था। वे सर्वाधिक ज्ञान मुद्रा को चलते-फिरते, सोते-जागते, वार्तालाप के समय में, उपदेश के समय पर भी करते रहते थे। इससे विशुद्ध ज्ञान का आलोक उनके मुख मण्डल तथा उनके चारो ओर दृष्टिगोचर होने लगा था। मुद्राओं के नित्य निरन्तर अभ्यास से और सत्य साधना से, उनके शरीर का रोम-रोम प्रभावित, प्रकाशित और प्रदीप्त हो उठा था।

मुद्रायें सीधा-सीधा समस्त स्नायुमण्डल और सूक्ष्म मन पर अपना दिव्य, रहस्यमय, सूक्ष्म प्रभाव डालती हैं। जिससे साधारण साधना करने वाला सरल साधक भी स्वल्प समय में ही प्रभावित हो जाता है। यह मुद्रायें मंत्र के साथ मिलकर तो और भी अधिक तीव्र प्रभाव दिखाने वाली सिद्ध होने लगती हैं।

मुद्रायें केवल बाह्य शारीरिक क्रियाओं से प्रयुक्त होती हैं। किन्तु बड़ी विचित्र बात है कि इनका प्रभाव केवल बाह्य न होकर आन्तरिक और आध्यात्मिक बन जाता है। शारीरिक क्रियाओं से विशुद्ध आध्यात्मिक योगिक रहस्यपूर्ण प्रभाव केवल मात्र मुद्राओं के प्रयोग से ही आज तक अनुभव में आ सका है। अन्य कोई शारीरिक क्रिया ऐसी नही है।

वस्तुतः मुद्रायें अत्यन्त अद्‌भुत, अद्वितीय और विलक्षण प्रभाव उत्पन्न करती हैं। इसीलिए मानव शरीर से मुद्राओं के द्वार बहुत कुछ किया जा सकता है। यदि एक-एक मुद्रा का नित्य निरन्तर विशेष अभ्यास करते हुए उन पर अनुसंधान किया जाए, लम्बी साधना के द्वारा मुद्राओं के सूक्ष्म प्रभाव को जानने का प्रयत्न किया जाए तो मानव शरीर और सूक्ष्म प्रकृति के कितने ही प्रकृति के गर्भ में लुप्त और छिपे हुए रहस्यों का पता लग सकेगा। जिनके

उदघाटित होने से संसार को भारतीय योग दर्शन साधना विज्ञान के सम्बन्ध में कितनी ही नई जानकारियों (खोजों) का दर्शन लाभ हो सकेगा और उसके द्वार संसार का कल्याण भी संभव हो सकेगा।

मुद्रायें स्वयं में अत्यन्त वैज्ञानिक और प्रकृति के सत्य सिद्धान्तों पर आधारित हैं। वस्तुत: यह गायत्री महाविज्ञान का एक परम सूक्ष्म भाग माना जाता है। मुद्रायें मंत्र चैतन्य को कुँजीकायें हैं। इन विचित्र तालिकाओं के अभाव में मंत्र विज्ञान की प्रतिभा क्रमश: समाप्त होती गई।

यदि पुन: गायत्री मंत्र का अर्थात गायत्री महा विज्ञान का चमत्कार देखना चाहते हैं तो मंत्रों के साथ मुद्रा और मुद्राओं से सम्बन्धित एक और प्रक्रिया है, जिसे न्यास कहते हैं। इन दोनों के सम्बन्ध में पूरी-पूरी जानकारी प्राप्त करके अपनी साधना में इनका प्रयोग प्रारम्भ करना होगा। अन्यथा इस भारतीय प्राचीन विज्ञान का रहस्य, पूर्णरूप से सामने नही आएगा। वह सर्वदा रहस्य ही बना रहेगा।

न्यास, मुद्रा और मंत्र के सम्मिलित प्रयोग से हमारे इस पंचभौतिक (पंच तत्वात्मक) मानव शरीर में सूक्ष्म और अति उच्च शक्ति की विद्युत तरंगे प्रवाहित होने लगती हैं। उससे साधक के अन्दर दिव्य प्रकाश उत्पन्न होता है। उसे आन्तरिक ज्ञान के सूर्य के दिव्य आलोक के दर्शन होने लगते हैं।

गायत्री उत्थानार्थ वेदों, पुराणों, उपनिषदों पर शोध की आवश्यकता

आज जगत को नया संदेश देने के लिए भारत के प्राचीन ग्रन्थों पर वैज्ञानिक शोध अनुसंधान की अत्यन्त आवश्यकता है। वेद आदि ग्रन्थों में बड़ा उच्च कोटि का ज्ञान विज्ञान पूर्ण वर्णन उपस्थित है। वेद पर प्राप्त आज का अनुवाद केवल शब्दार्थ के रूप में ही किया गया है। आज आवश्यकता उसके वास्तविक बहुमुखी वैज्ञानिक अर्थ करने की है।

बड़ा दुःख है कि देश विद्वान अपने देश के विशाल और वेदों के पूर्ण ज्ञान की उपेक्षा करके पाश्चात्य वैज्ञानिकों के पीछे दौड़ रहे हैं। जबकि आज रूस, जर्मन, अमेरिका के कितने ही विद्वान वैज्ञानिकों का ध्यान बहुत बड़े रूप में हमारे प्राचीन ग्रन्थों में आये, मानव कल्याण में समर्थ ज्ञान विज्ञान की ओर हो चुका है और कई पाश्चात्य देशों में तो नियमित रूप से शोध कार्य, वेद पुराण आदि में आये शस्त्र अस्त्र ज्ञान, नक्षत्र विज्ञान, चिकित्सा विज्ञान, भूगर्भ विज्ञान, परम शक्तिशाली विचित्र मंत्र विज्ञान, शब्द शास्त्र, दिव्य मानसिक शक्ति और भारत की परा अपरा विद्याओं पर अनुसंधान प्रारम्भ हो चुका है। भारतीय विद्वानों को भी समय रहते इस महान कार्य में अग्रसर होना चाहिए।

हमारे आगम ग्रन्थों में वेद और उपनिषदों में गायत्री विज्ञान (सावित्री विद्या, सूर्य विज्ञान) के सम्बन्ध में ऋचाओं के रूप में, सूत्रों की भाषा में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से पराविद्या गायत्री (सूर्य) विज्ञान का बड़ा विशद वर्णन, बहुत ही सारगर्भित ढंग से, जनसाधारण के विकास आनन्द और ज्ञान वर्धनार्थ उपस्थित किया गया है।

सम्पूर्ण आगम हिन्दू (आर्य) वाँगमय, गायत्री विज्ञान की सुविशाल, अत्यन्त विस्तृत परिधि के भीतर समाहित है। गायत्री विज्ञान, वेद और आगम शास्त्रों की कुंजिका मानी गई है।

गायत्री की साधना किए बिना, गायत्री को वैज्ञानिक रूप से जाने बिना और इस विज्ञान के रहस्य को अन्य शास्त्रोक्त विषयों के साथ ठीक से

समझे बिना, हमारे प्राचीन रहस्यमय परम शक्तिशाली विज्ञान को, संस्कृति को ठीक से समझना और उसकी वैज्ञानिक आणविक सामर्थ को कदापि नहीं जाना जा सकेगा। वस्तुतः गायत्री ही आधुनिक विज्ञान की सर्वोपरि शक्ति, अणु परमाणु आदि में आन्दोलन और विस्फोट उत्पन्न करने वाली अत्यन्त सूक्ष्म शक्ति है। प्राचीनकाल में भी अनगिनत वैज्ञानिक, ऋषि-महर्षियों ने इस पराविज्ञान पर विभिन्न प्रकार से उपासना साधना और महत्वपूर्ण शोध किया था। फलतः कितने ही आश्चर्यचकित कर देने वाले परिणाम संसार के वैज्ञानिक जगत के समक्ष उपस्थित हो सके।

प्राचीन काल में शास्त्रों और इतिहास में वर्णित परम शक्ति सामर्थ का प्रतीक आणविक अस्त्र, ब्रह्मास्त्र, नारायणास्त्र, अमोघ ब्रह्म शीर्ष अस्त्र और अतुल शक्ति का प्रतीक पशुपातास्त्र भी गायत्री विज्ञान की विचित्र देन है। गायत्री मंत्र के विभिन्न रूपों और प्रकारों को पराविद्या के नियमों के अनुसार लोम विलोम, अनुलोम, जटा, घन, प्राकृतिक, विक्रति आदि रूपों में प्रयोग करके विश्व की आन्तरिक और बाह्य प्रकृति में महत्वपूर्ण परिवर्तन किया जा सकता है।

गायत्री मन्त्र ही गायत्री विज्ञान का महत्वपूर्ण रहस्य सिद्ध हुआ है। गायत्री की शक्ति सामर्थ को जगाने जानने और देखने के लिए गायत्री मंत्र की विशेष 24 मुद्राओं को जानना होगा। मूल गायत्री मंत्र के 24 अक्षर माने गए हैं। मंत्र विज्ञान के अनुसार किसी मंत्र को चलाने व जाग्रत करने के लिये, प्रत्येक मंत्र में सिर और पैर- अर्थात पल्लव लगाना जरूरी होता है। यदि ऐसा नहीं किया जाएगा तो मंत्र की शक्ति प्रत्यक्ष नहीं होगी। इसके साथ 2 मंत्र जगाने के और भी कितने ही रहस्य हैं। जैसे मुद्रायें, न्यास, अंग न्यास, मातृका न्यास, करन्यास, बीजन्यास, ध्यान, दृढ़ संकल्प, मंत्र शास्त्र का वैज्ञानिक ज्ञान आदि। गायत्री महाविज्ञान मंत्र, ज्योतिष, योग आयुर्वेद, संगीत, छन्द और तन्त्र आदि शास्त्रों का सम्मिलित रहस्य है।

आयुर्वेद के सिद्धान्त के अनुसार, यह मानव पिण्ड रूप शरीर का निर्माण पांचों ज्ञानेन्द्रिय, पांचों कर्मेन्द्रिय पंच महाभूत, षट धातु, मन, बुद्धि और चेतन्यात्मा इन 24 से मिलकर हुआ। इधर गायत्री का निर्माण भी भाषा विज्ञान के अनुसार 24 अक्षरों से हुआ। उन अक्षरों में शक्ति के लिये उनके 24 देवता हैं। 24 मुद्रायें, गायत्री जप से पहले करने की मंत्र शास्त्रों में विशेष आज्ञा की गई है और कहा गया है :-

एता मुद्रा न जानाति गायत्री निष्फला भवेत।

इन मुद्राओं के रहस्य को जाने बिना गायत्री का रहस्य नहीं जाना जा सकेगा, अर्थात ये मुद्रायें कुछ विशेष महत्व रखती हैं। इनका गोपनीय तत्व क्या है? प्राचीन काल में ऐसी रहस्यमयी विद्याओं को अत्यन्त गोपनीय रखने की परिपाटी यही है। इस परिपाटी के कारण हमारी बहुत सी विद्याएं समय के साथ-साथ क्रमशः लोप होती जा रही हैं। कितनी ही विद्याओं के केवल नाम ही शेष रह गये हैं और कुछ के बारे में काफी कुछ विवरण आज भी यत्र तत्र उपलब्ध है। आज आवश्यकता है, अपनी उन तमाम लुप्त होती हुई विचित्र विद्याओं पर पुनः शोध कार्य, तपस्या साधना, अनुसंधान करके सामने लाने की।

यदि अब भी समय रहते भारतीय साधक, विद्वान, मनीषिगण इस अनुसंधान कार्य की ओर प्रवृत हो जाए तो बहुत कुछ हो सकता है।

यदि केवल मात्र एक गायत्री विज्ञान पर ही दृढ़ संकल्पित होकर कुछ साधक विद्वान जन तत्परता से कार्य करें तो इस एक विज्ञान का शोध करने से स्वतः ही अन्य साधना के विज्ञान के कई अत्यन्त गुप्त रहस्य सामने आ जाएंगे।

वस्तुतः गायत्री ही उस परा अपरा विद्याओं का वैज्ञानिक रहस्य है। गायत्री ही वेद आगम और उपनिषदों का अत्यन्त गोपनीय रहस्य माना गया है। भारतीय अस्त्र शस्त्र विद्या की कुंजी भी इसी विज्ञान में छपी हुई है। गायत्री साधना और विज्ञान जैसे 2 कम होते गये, वैसे ही हमारे योद्धाओं और ऋषियों गुरुओं में वह प्राचीन ग्रन्थों में वर्णित दिव्य आयुध शक्तियों का भी लोप होता गया।

खोज करने से ज्ञात हुआ है कि आज भी कुछ साधक और विद्वान ऋषिगण ऐसे साहित्य की मंत्रों और साधनाओं की विधियों को रक्षा कर रहे हैं। ऐसा बहुत सा साहित्य, कई विधियां और गायत्री मंत्र के विभिन्न स्वरूप प्राप्त हो चुके हैं, जिनके द्वारा आप साधकगण यदि कटिबद्ध होकर, परिश्रम पूर्वक अनुसंधान साधना करें तो कुछ ही समय और परिश्रम से ही इस क्षेत्र में कई नए आयाम जुड़ सकते हैं, कुछ नवीनता लाई जा सकती है।

देश के सभी साधक अपने देश और संस्कृति साहित्य के लिए वेदों शास्त्रों पर वैज्ञानिक शोध, साधना करने के लिये तैयार हो तो अब समय आ गया है इस सम्बन्ध में कुछ करके दिखाने का। आइये इस कार्य में सहयोग करें।

चमत्कारी योग चक्र मूलाधार योग का सर्वाधिक महत्वपूर्ण योग चक्र

मानव शरीर प्रकृति का अत्यन्त महत्वपूर्ण, सूक्ष्म, रहस्यमय, आश्चर्यचकित करने वाला विचित्र वैज्ञानिक यन्त्र सिद्ध हुआ है। आज के बड़े-बड़े वैज्ञानिक यन्त्रों की रहस्यमय पेचीदगी से भी कहीं बहुत अधिक जटिल इसका विज्ञान है। आज भी मानव शरीर के सूक्षातिसूक्ष्म विभिन्न भागों का बड़ी बारीकी से अध्ययन किया जा रहा है और इसके रहस्य क्षमताओं के बारे में नित नई-नई वार्तायें मालूम हो रही हैं। फिर भी मानव शरीर के बहुत थोड़े से रहस्य अभी तक जाने जा सके हैं। बड़े से बड़े और विभिन्न प्रकार के एक्सरे यंत्र भी इसकी बहुत सी जटिलताओं को व्यक्त करने में समर्थ नहीं हो पाते हैं।

किन्तु प्राचीन काल में वैज्ञानिक ऋषि मुनियों ने अपनी सूक्ष्म पराध्यान के द्वारा मानव शरीर के और इसमें निवास करने वाली जीवात्मा के सम्बन्ध में, अत्यन्त गोपनीय रहस्यों को जानकर, मानव कल्याण के निमित, सूत्रों की भाषा में, तथा उपनिषद आदि विभिन्न ग्रंथों में, उनमें से बहुत से रहस्यों को अभिव्यक्त किया। कितने ही रहस्यों को तो साधारण कथाओं, कहानियों के रूप में रखा गया। जिसे समझना भी साधारण बात नहीं हैं। उपनिषदों की उस परम सार गर्भित लेखन शैली में छः शास्त्रों, अनन्त दर्शनों, विद्या और योग विज्ञान के परम शक्तिशाली रहस्यमयी सरल और कठिन युक्ति या क्रियाएं बताई गई हैं।

उनमें सबसे महत्वपूर्ण पराविद्या अर्थात पराध्यान साधना (ब्रह्मविद्या) का वर्णन भी है। इस योग साधन का महर्षि पातंजलि ने भी अपने एक मात्र और परम दुर्लभ ग्रन्थ 'पातंजल योग सूत्र' में अत्यन्त गुप्त भाषा में, सूत्रों के रूप में अभिव्यक्त किया है। उनमें सम्पूर्ण सिद्धि सफलताओं का सिद्धि सूत्र है, 'त्रयम् एकत्र संयमः' जिस साधक ने सब कुछ छोड़कर इस परम गोपनीय शक्ति के प्रतीक सूत्र को, दृढ़ता, सत्यता और श्रद्धा के साथ, अपनी साधना में उतार लिया, आज तक केवल मात्र उन्हीं बुद्धिमान साधकों को अपने मार्ग में सफलता सिद्धि का स्पष्ट दर्शन हो सका।

यह विभूति पाद का तेजस्वी सूत्र है। वस्तुतः यह शेष सभी सूत्रों का पूरक है, सिद्धि है। साधना में इसके बिना गति नहीं है। यह तो रहस्यों की विचित्र जादू भरी कुंजी सिद्ध हुआ है।

मेरुदण्ड के सबसे निचले भाग में यानि स्थान में, गुदा मार्ग से कुछ ऊपर, योग मार्ग का पहला चक्र मूलाधार चक्र स्थित है। साधना आरम्भ करते ही सर्वप्रथम अपनी सम्पूर्ण शक्ति लगाकर उपरोक्त सिद्धि सूत्र का पूरी शक्ति, श्रद्धा, तन्मयता और लगन से इस मूलाधार चक्र पर ध्यान, पराध्यान साधना के रहस्य को जानकर करें और लम्बे समय तक सम्पूर्ण उत्साह के करते रहें। और तब तक कटिबद्ध होकर करते रहें, जब तक उसी स्थान पर आपको आन्तरिक समाधि प्राप्त हो जाए। जब ऐसा हो जाएगा तो इस रहस्यमय योगचक्र के विषय में नित्य नई-नई जानकारी उपस्थित होने लगेगी। इस चक्र की महिमा शक्ति और प्रभाव अनन्त हैं। जिन्होंने यह साधना अपनाई है, उन्हें इसका आनन्द अवश्य प्राप्त हुआ है।

इस चक्र पर निरन्तर ध्यान करने से ही साधक के बहुत से प्रश्नों का, जिज्ञासाओं का समाधान हो सकेगा। वैसे तो योग के सभी चक्र स्वयं में अत्यन्त महत्वपूर्ण माने गए हैं, किन्तु इस मूलाधार चक्र पर कठोर साधना किए बिना, उस योग मार्ग में कुछ सफलता प्राप्त करना कठिन ही होगा। यह हमारी शक्ति साधना का मूल आधार है। पहले इस पर साधना को ध्यान से दृढ़ करना होगा।

इस चक्र की साधना ही में सर्वाधिक सावधानी की आवश्यकता होगी। क्योंक इसी स्थान से प्राणों की गति ऊर्ध्वमुखी होनी आरम्भ होती है और यह वह स्थान है, जहाँ कि कुण्डलिनी महाशक्ति उल्टा मुख किये पड़ी है। योग अभ्यास से ही उस परा शक्ति की गति भी ऊर्ध्वमुखी होकर ऊपर की ओर अग्रसर होने लगती है और इस चक्र की साधना से साधक के प्राणों का स्पंदन बिल्कुल रुक जाता है। किन्तु इस क्रिया से हृदय गति रुक जाने के बाद भी, मृत्यु नहीं हो सकेगी। जब साधक की इच्छा होगी, पुनः हृदय गति, शरीर का सभी स्नायुमंडल, रक्त प्रकार पुनः चलने लगेगा। इससे स्पष्ट हो जाता है कि इस परा साधना ध्यान क्रिया से आपके शरीर में चमत्कार उपस्थित हो सकता है। इस प्रयोग से हर व्यक्ति अपनी मृत्यु को वर्षों आगे कर सकता है। यह तो आपके कर्म का खेल है जो जितना करेगा, उतना उसे अवश्य प्राप्त होगा। आप भी ऐसा संयम करके कछुवे की भांति, अपनी आयु को यथेच्छ लम्बी कर सकते हैं। साथ ही ध्यान क्रिया से, मन को भी पूर्ण रूप से शान्त किया जा सकता है। साधना मार्ग में मन के शान्त होने पर ही उन्नति, शक्ति प्राप्ति, सिद्धि, उच्च स्थिति और परम आनन्द आदि सब कुछ निर्भर करता है। मन का शान्त होना आपकी ठीक साधना

विधि पर और ठीक-ठीक साधन आपके शारीरिक अच्छे दिव्य स्वास्थ्य पर निर्भर करता है और अच्छा योगिक स्वास्थ्य उपरोक्त मूलाधार चक्र पर लगातार दृढ़संकल्प, दृढ़ भावना और अनन्य भाव के साथ ध्यान करने (संयम करने) से निश्चय ही प्राप्त हो सकता है।

मूलाधार चक्र पर महर्षि पातंजलि के अनुसार संयम (ध्यान) करने से ही दिव्य स्वास्थ्य प्राप्त किया जा सकता है। दिव्य स्वास्थ्य कैसा होता है, क्या होता है, कब और कैसे प्राप्त हो सकता है? यह एक रहस्य की बात है। वास्तव में आज साधक जन इस दिव्य स्वास्थ्य के सम्बन्ध में बिल्कुल नहीं जानते। जानना तो दूर रहा, वह उस दिव्य योगमय स्वाथ्य की कल्पना भी नहीं करते हैं, इसीलिए आज के योगी, साधक, उपासक साधना के उस दिव्य आनन्द से भी सर्वथा वंचित हैं। यदि आज का साधक वर्ग योग मार्ग, साधना पथ, परा ध्यान साधना में अपना पर्दापण करना चाहता है तो उसे मूलाधार चक्र को, ठीक-ठीक युक्ति रीति से, सच्ची साधना करके जगाना होगा।

एक बार मूलाधार चक्र पर पृथ्वी तत्व का **लं** बीज का, पीले चर्तुदल कमल में पूर्ण तत्परता और सतत लगन के साथ ध्यान, संयम करने से कुछ ही मास में विशिष्ट परिवर्तन स्वयं ही प्रकट होने लगेगा और साधक का सम्पूर्ण शरीर का अन्तर बाह्य महत्तानन्द से, पुलकित हो उठेगा। फिर तो उसके पास जो भी आवेगा, उसे भी उस दिव्यता का तत्काल आभास होने लगेगा और उसके सम्पर्क में आने वाले व्यक्ति, वातावरण, जड़ चेतन पर भी उसकी इस आन्तरिक सिद्धि का प्रभाव हुए बिना नहीं रहेगा। बस देर तो आपके इस दिव्य उपासना मार्ग का दृढ़ता के साथ अनुसरण करने की है। आइये उपासना के उस परम आनन्दमय दिव्य लोक में चलने का सत्य संकल्प लें और साथ ही कटिबद्ध होकर सत्य निष्ठा, दृढ़ निश्चय, उच्च सत्य कामना करते हुए, उस सत्य मार्ग पर परम लक्ष्य की प्राप्ति के निमित्त बढ़ चलें।

सत्य मानिये, निश्चय ही सफलता स्वर्णिम वरमाला लिए, किसी भी सत्य निष्ठ, दृढ़ निश्चयी, सत्य संकल्पी, दूरदर्शी, सत्यकाम, पवित्र हृदय, साहसी साधक का स्वागत करने को तत्क्षण आतुर खड़ी है।

परमात्मा दिव्यात्मा और ऋषि तथा रहस्मय आत्माओं से मिलने का रहस्य गायत्री मंत्र

ॐ भूर्भवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यम्।
भर्गो देवस्य धीमहि। धियो योनः प्रचोदयात्॥

गायत्री मंत्र के विभिन्न प्रयोग हैं। इस मंत्र का बहुत बड़ा कार्य और प्रभाव क्षेत्र है। वस्तुतः इसके कार्य प्रभाव और चमत्कारों के सम्बन्ध में सर्व साधारण को अभी तक पूरी तरह कुछ भी मालूम नहीं है। जो कुछ भी जन साधारण और साधकगण जानते हैं वह बहुत ही साधारण है। गायत्री मंत्र का प्रयोग जाने अनजाने में बहुतायत से समाज में काफी बड़े रूप में प्रचलित तो है। सभी द्विजमात्र, संध्या के समय गायत्री जप अवश्यक करते हैं। आर्य समाज का बहुत बड़ा वर्ग इस मन्त्र में विशेष श्रद्धा रखता है। किन्तु वे इस मन्त्र की शक्ति सामर्थ विधि निषेध आदि के सम्बन्ध में बहुत कम ज्ञान रखते हैं। गायत्री बाकायदा एक विद्या है, विज्ञान है। इस विद्या का विस्तार तीनों वेदों में उपस्थित है। उपनिषदों में गायत्री विज्ञान के बारे में बहुत बड़ा साहित्य उपस्थित है।

ऋषि महर्षियों ने महान तपस्या और परिश्रम करके इस विद्या से बड़े-बड़े लाभ उठाए हैं। इस मंत्र के जाप से गई हुई, अपने माता-पिता, दादा आदि सभी पितृ गणों की आत्मा को तृप्ति, शान्ति प्राप्त होती है। गायत्री जप के प्रभाव और प्रयोग से हम आप अपने दिवंगत पूर्वजों की सूक्ष्म आत्माओं से, बड़ी दिव्य आत्माओं, ऋषि आत्माओं से भी सम्बन्ध और आध्यात्मिक क्षेत्र में भी उनकी कृपा से विशेष और बहुत आगे बढ़कर, परमात्म शक्ति से भी सम्बन्ध बनाने में इस गायत्री मन्त्र की सहायता प्राप्त की जा सकती है। वस्तुतः इस विद्या की पूरी-पूरी जानकारी प्राप्त करके आप अपने जीवन के हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण परिवर्तन उन्नति प्राप्त कर सकते हैं।

सर्वप्रथम हमें इस मन्त्र का सन्ध्या के रूप में त्रिकाल, कम से कम 108

बार जप करने का अभ्यास करना चाहिए। क्रमशः धीरे-धीरे साधना को जप, हवन, ध्यान आदि के द्वारा बढ़ाना चाहिए। तत्पश्चात् अनुष्ठान करें, पुनः उच्चारण करें, तो इस क्रम से चलने पर क्रमशः साधक में शक्ति संचय होने लगेगा।

गायत्री मन्त्र की सहायता से गई हुई आत्माओं से सहायता भी ली जा सकती है। हमारे जीवन के हर क्षेत्र में, सभी प्रकार की सहायताएँ अपने पूर्वजों की पितृ आत्माओं से प्राप्त हो सकती हैं। भिन्न-भिन्न आत्माओं को बुलाने की अपेक्षा अपने बाप, दादा, दादी, नानी, भाई, पत्नी, पति, पुत्र आदि में से जो लोग इस लोक को छोड़कर चले गए हैं, उनकी आत्माओं को सरलता से बुलाया जा सकता है। उनमें भी, मरने से पहले जिन लोगों का आपके साथ घनिष्ठ सम्बन्ध रहा हो, उन गई हुई अपनी प्रिय आत्माओं को बुलाने में, अर्थात आह्वान करने में आपको सबसे अधिक सरलता हो सकती है, क्योंकि वह आत्माएँ भी आपसे मिलना चाहती हैं।

मेरे अनुभव के अनुसार इस लोक से गए हुए, अपने निकट सम्बन्धियों की आत्माओं से अच्छा सम्बन्ध बनाने के लिए साधक को सर्वप्रथम, उन आत्माओं के कल्याण व प्रसन्नता के लिए कुछ समय तक नियमित रूप से गायत्री मन्त्र का जप और हवन करना जरूरी है। गायत्री मन्त्र का जप व हवन करने के अनन्तर, हाथ में जल लेकर आप जिस आत्मा से सम्बन्ध करना चाहते हैं और जिनका कल्याण करना चाहते हैं, उनका नाम और गोत्र उच्चारण करके उनके निमित जल छोड़ दें। ऐसा करने से उन प्रिय आत्माओं को शान्ति प्राप्त होती है और धीरे-धीरे काफी समय तक आप नित्य ऐसा करते रहेंगे तो स्वाभाविक ही उन आत्माओं का आपकी तरफ रुझान हो जाएगा।

ऐसे सूक्ष्म आत्माओं को जल से तर्पण करने से अर्थात उनका नाम लेकर जल प्रदान करने से, वह पितृ आत्माएं बहुत प्रसन्न होती हैं। नित्य स्नान करने के पश्चात्, हर व्यक्ति को अपने पूर्वजों को उनका नाम और गोत्र उच्चारण करते हुए, साथ ही उनकी आकृति का ध्यान करते हुए, जल आदि के द्वारा तर्पण करने से, उन आत्माओं की बहुत अधिक तृप्ति होती है। आप इस लोक से गई हुई अपनी प्रिय सूक्ष्म आत्माओं को और अधिक तृप्त करने के लिए व प्रसन्न करने के लिए खाने योग्य सभी प्रदार्थों को भी दे सकते हैं। उससे वे अत्यन्त प्रसन्न होती हैं। चाहे जिस किसी दिन भी या उस गई हुई आत्मा की मरण तिथि विशेष को, उनके नाम से, किसी पण्डित व किसी

गरीब आदमी को भोजन देने से वह कार्य पूरा हो जाता है। उन आत्माओं की प्रसन्नता के लिए पशु पक्षियों को भी खाने योग्य पदार्थ प्रदान करने से भी उनकी सन्तुष्टि होती है।

इन उपरोक्त सभी कार्यों को करते रहने से वह आपकी प्रिय आत्माएं आपके और अधिक निकट आ जाती हैं। तत्पश्चात् साधक, नित्य रात्रि के निश्चित समय पर रोजाना, एक निश्चित स्थान पर बैठकर, उन आत्माओं का ध्यान, आह्वान करें तो निश्चय ही कुछ ही समय में वे आत्माए आपकी कई प्रकार से सहायता करने लगेंगी।

उपरोक्त गायत्री जप, विभिन्न तर्पण आदि विधियों को नित्य करते हुए, आप अपनी किसी सांसारिक आपत्ति, मुसीबत, कठिन समय में, उससे उद्धार पाने के लिए, रक्षा के लिए आप अपनी प्रिय आत्माओं से प्रार्थना करें, सहायता मांगें तो वे आपकी पितृ आत्माएं निश्चय ही आपके बुरे वक्त में, कई प्रकार से और अज्ञात रूप से आपकी सहायता अवश्य करेंगी। कई बार तो ऐसी सूक्ष्म आत्माएं आश्चर्यजनक रूप में सहायक सिद्ध होती है। साधक की मुसीबत के समय में वे गई हुई आत्माएं, कभी-कभी बिना सहायता मांगें भी स्वयंमेव कई बहुत बड़े कार्य कर देती है। जिसे जानकर आश्चर्य होता है। मेरे जीवन में भी कई मेरे ऐसे सम्बन्धियों की आत्माओं ने सूक्ष्म रूप से आकर बड़े ही साफ और स्पष्ट शब्दों में हमारा कठिन समय में हमें विशेष सांत्वना देकर विश्वास दिलाया कि आप बिल्कुल चिन्ता न करें, इस कठिन समय में आपको कोई हानि नहीं होगी और वास्तव में वह आपत्ति का समय बड़ी ही सरलता से निकल गया।

यदि दिव्य आत्माएं आपके व्यापारिक कार्यों में भी, प्रसन्न होने पर बहुत बड़ी सहायक सिद्ध हो सकती हैं। यदि कोई साधक आपनी किसी सहयोगी पितृ आत्मा की लगातार साधना करके सिद्ध कर ले तो अर्थात उस सूक्ष्म आत्मा से अधिक निकटतम सम्बन्ध बना लें तो बहुत अधिक लाभ उठाया जा सकता है।

हरियाणा प्रान्त के एक व्यक्ति ने अपने भाई की आत्मा से, अपने अच्छे सम्बन्धों के बारे में मुझे बड़े विस्तार से बताया। उस आदमी के जीवन में, उसके दिवंगत भाई की रहस्यमय आत्मा के द्वारा बार-बार छोटी-बड़ी आपत्तियों के समय में अपने परिवार के धन जन, की वहाँ पहुँचकर, प्रत्यक्ष रूप से आवाज देकर, सोते से जगाकर, रक्षा और सहायता की। उस व्यक्ति ने बताया कि एक रात्रि अपने घर में वह सोया हुआ था, घर में चोर घुस

आए। किन्तु वह व्यक्ति बेखबर था अर्थात गहरी नींद में सोया हुआ था। उसी समय उसके बड़े भाई की आत्मा सूक्ष्म शरीर के द्वारा उस स्थान पर आई और स्पष्ट रूप से सोए हुए छोटे भाई को जोर से दो तीन आवाज दी। उसकी आँख खुल गई और उसने देखा कि घर में चोर है। उसने लाठी ली, शोर मचाया, चोर भाग खड़ा हुआ। तत्पश्चात उसने घर के लोगों को बताया कि बड़े भईया ने आकर आवाज देकर जगाया। अगर वह न जगाते तो बहुत बड़ी हानि हो सकती थी। इससे सिद्ध होता है कि हमारी दिवंगत प्रिय आत्माऐं जी चाहे जब, हमारे आसपास चक्कर लगाती रहती हैं और हम सर्वसाधारण लोगों को साधारण रूप से उनके आने का आभास भी नहीं होता है। जिन आत्माओं को जिनसे अधिक प्यार होता है अर्थात अधिक मोह होता है, यदि वह व्यक्ति अपनी उन प्रिय आत्माओं के लिए नित्य कुछ दान पुण्य, भजन ध्यान, गायत्री जप आदि करें तो वह सूक्ष्म आत्मा निश्चय ही समय-असमय में उस पर अपनी कृपा बनाए रखेगी और विशेष अवसर पड़ने पर ज्ञात अज्ञात, प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से उसकी सहायता अवश्य करेगी। यदि हम सब भी इस लोक से गई हुई अपने प्रिय मित्र और सम्बन्धियों की आत्माओं से ऊपर बताई गई विधियों के अनुसार सम्पर्क, सम्बन्ध बनाऐं रखें तो निश्चय ही हमारे जीवन में उन आत्माओं के सहयोग से, बहुत बड़ा परिवर्तन उपस्थित हो सकता है।

ऐसे उच्च कोटि के ऋषि आत्माओं से सम्पर्क बनाऐ जा सकते हैं। इसी प्रकार प्रेत, यक्ष, गन्धर्व, राजस और तामस, देवी-देवता आदि से भी प्रार्थनाओं, यज्ञों और मन्त्रों के लगातार जप से और निरन्तर ध्यान के द्वारा, उपरोक्त आत्माओं को प्रसन्न करके, कितने ही प्रकार के लाभ उठाऐ जा सकते हैं। यह उच्च कोटि की शक्तिशाली आत्माऐं होती हैं। साधक के तप, ध्यान, दान और यज्ञ के द्वारा, इनकी निकटता प्राप्त की जा सकती है। कितने ही लोगों ने प्राचीनकाल में भी और वर्तमान में भी मन्त्रों के द्वारा विशेष प्रयोग करके भैरव, बेताल, यक्ष और यक्षिनियाँ आदि सिद्ध किए हैं और उनसे बहुत सारे कार्य भी सिद्ध कराए गए हैं।

आज से लगभग ढाई हजार वर्ष पूर्व चक्रवर्ती सम्राट महाराज विक्रमादित्य को वैताल सिद्ध था और विक्रमादित्य की वैताल पच्चीसी में विस्तार से उस अज्ञात शक्ति से सहयोग की वार्ताऐं उपस्थित हैं, जो स्वयं आश्चर्यचकित करने वाली हैं। आज भी कभी-कभी ऐसी छोटी बड़ी आत्माओं की सिद्धि वाले लोग कभी-कभी देखे जाते हैं। मुझे भी ऐसे कई लोगों से मिलने का

अवसर प्राप्त हुआ। किन्तु खेद है कि ऐसे लोग अपनी सिद्धियों और शक्तियों के बारे में ठीक-ठीक नहीं बताते। अपनी उस सिद्धि के सम्बन्ध में कुछ बढ़ा-चढ़ाकर और दूसरे रूप में उस सत्य को प्रदर्शित करते हैं जो ठीक नहीं है और उन मन्त्रों के बारे में ऐसे लोगों का ज्ञान बिल्कुल लुप्त होता जा रहा है। फिर भी प्राचीन मन्त्र शास्त्रों में ऐसे बहुत सारे छोटे बड़े, कठिन और सरल साक्ष्य और दुःसाध्य, लघु और विकट प्रयोग और मन्त्र उपस्थित हैं।

आज आवश्यकता है, कुछ ऐसे साधक और साधिकाऐं दृढ़ संकल्पित होकर इस मार्ग में उतरें और निरन्तर परिश्रम करके, इन दिव्य शक्तियों से सूक्ष्म आत्माओं से, देवताओं से सम्पर्क स्थापित करके उन शक्तियों के द्वारा संसार में कुछ करके दिखाएं। जब तक कुछ स्त्री-पुरुष कटिबद्ध होकर इस साधना में दृढ़ संकल्प के साथ नहीं लगेंगे, तब तक कुछ होने वाला नहीं। हमने बहुत सारे ऐसे प्रयोग, मन्त्र, अनुष्ठान और विधियाँ बड़े परिश्रम से निकाली हैं, जिनको करने से ऐसी छोटी-बड़ी दिव्य शक्तियों का आह्वान किया जा सकता है। पर ऐसा तभी सम्भव हो सकता है जब कुछ लोग दृढ़ निश्चय, पूर्ण आत्म विश्वास के साथ इस साधना में निरन्तर लग जाएं।

यदि एक बार किसी व्यक्ति के जीवन में ऐसी सूक्ष्म शक्तियों का, आत्माओं का और देवताओं का सहयोग प्राप्त हो गया व उनकी कृपा हो गई तो निश्चय ही उसका व उसके आसपास का सम्पूर्ण वातावरण नितांत परिवर्तन को प्राप्त हो सकेगा। उस साधक के सम्पूर्ण जीवन का एक नया अध्याय आरम्भ होगा। वस्तुतः उसका जीवन चमत्कारमय हो जाएगा। किन्तु बिना गायत्री साधना के यह सब सम्भव नहीं होगा।

आप सब गायत्री विद्या और गायत्री विज्ञान के सम्बन्ध में साधना करके प्रत्यक्ष ज्ञान, प्राप्त करें, अनुभव करें और देखें कि इस परा विद्या गायत्री में कितनी अतुल सामर्थ शक्ति विद्यमान है। गायत्री उपासना साधना, भजन से, समाज, देश, विश्व में नवीन जाग्रति कान्ति, उत्थान उपस्थित किया जा सकता है। आइये अपने तथा समाज देश और धर्म के उत्थानार्थ परा विद्या गायत्री की शरण चलें।

महामंत्र गायत्री के द्वारा परमात्मा व परमात्म तत्व से भी साक्षात्कार सम्भव

यह पराविद्या गायत्री परम पावन, परम पवित्र, अतुल शक्ति सामर्थ्यशाली दिव्य और अमोघ शास्त्र है। गायत्री के सम्बन्ध में प्राचीन काल में महर्षि विश्वामित्र ने सर्वाधिक अनुसंधान, मनन, खोज ध्यान, साधना, आराधना और घोर तपस्या करके समस्त त्रिलोकी को आश्चर्यचकित कर दिया था। वस्तुत: उस अति प्राचीन समय में महर्षि विश्वामित्र की गायत्री साधना में महर्षि विश्वामित्र की गायत्री साधना की समकक्षता करने वाला अन्य कोई नहीं था। महात्मा विश्वामित्र ने गायत्री भगवती की कठोर साधना और तपस्या से ही ब्रह्मत्व अर्थात ब्रह्मतेज को प्राप्त किया था।

परम तपस्वी विश्वामित्र जी ने गायत्री की कृपा से ही दूसरी सृष्टि रचने की महान दिव्य, सामर्थ, शक्ति प्राप्त कर ली थी। इतिहास इस बात का साक्षी है। वस्तुत: गायत्री विद्या स्वयं में सर्वोपरि है, सर्व शक्तिमान है। इसकी तुलना किसी से नहीं की जा सकती। गायत्री के द्वारा आप स्वयं को अर्थात आत्मा के वास्तविक स्वरूप को और उस परात्पर परब्रह्म को भी ठीक-ठीक जानने का प्रयत्न कर सकते हैं।

प्रकृति का सर्वोपरि आध्यात्मिक यन्त्र मानव शरीर

गायत्री विद्या बहुत उच्च कोटि का विज्ञान सिद्ध हुआ है। गायत्री साधना के प्रताप से मानव शरीर में कई विशेषताएं उपस्थित की जा सकती हैं। यदि योग साधना युक्त, गायत्री उपासना की जाए तो मानव शरीर रूपी तन्त्र की बहुत सी विशेषताओं को जाना जा सकता है।

प्राचीन काल में कुछ विशिष्ट तान्त्रिक व्यक्तियों के पास दिव्य दर्पण हुआ करता था। कुछ नाग कन्याओं, यक्षों के पास भी ऐसी दिव्य वस्तुएं ग्रन्थों और जनश्रुति के अनुसार हुआ करती थीं। इस प्रकार की दिव्य वस्तुओं के द्वारा कई प्रकार के असम्भव कार्य बड़ी सरलता से सम्पन्न हो जाते थे। बहुत दूर की वस्तु और जीवों को अपने ही स्थान पर तत्क्षण देखा सुना जा सकता है। उपरोक्त कई प्रकार के दिव्य यन्त्रों के द्वारा असम्भव दिखाई देने वाले कितने ही कार्य और चमत्कार किये जाने सम्भव थे।

इनके अलावा सबसे महत्वपूर्ण ऐसा व्यक्ति, ऐसा माध्यम, जिस पर आत्माएं सरलता से बुलाई जा सकती हैं। वास्तव में आत्माएं हर व्यक्ति पर नहीं आ सकती हैं। जो पात्र सीधे सच्चे सात्विक होते हैं, वही आत्माओं के आह्वान के लिये अच्छे माध्यम माने जाते हैं। जितना अच्छा उच्च कोटि का पात्र होगा, उस अच्छे पात्र पर ऊर्ध्व लोकों की अच्छी दिव्य आत्माएं सरलता से आ सकेंगी और सूक्ष्म ज्ञान प्राप्त होने में सहयोग मिल सकेगा। पुरुषों के साथ-साथ कुछ स्त्रियां इसके लिये अधिक योग्य सिद्ध होती हैं। यदि स्त्री साधक भी हो तो और भी अच्छी बात हो सकेगी।

मानव शरीर वस्तुतः संसार का व प्रकृति का सर्वोपरि यन्त्र है। इस मानव शरीर रूपी अति महत्वपूर्ण, वैज्ञानिक आध्यात्मिक सूक्ष्म दुनियां की अजीबोगरीब मशीन के सम्बन्ध में सर्व साधारण बहुत ही थोड़ा ज्ञान रखते हैं जो स्वयं में नगण्य ही है। शरीर के सम्बन्ध में ऐसे थोड़े से ज्ञान से कोई महत्वपूर्ण वार्ता सिद्ध नहीं की जा सकती है। उच्चकोटि की आध्यात्मिक व मानसिक उपलब्धि केवल मात्र मानव शरीर के द्वारा ही प्राप्त की जा सकती है। इस

मानव शरीर के सम्बन्ध में संसार में, सर्वाधिक जानकारी एक मात्र प्राचीन भारतीय ऋषियों के द्वारा महान तपस्या करके संसार के समक्ष उपस्थित की गई।

वैज्ञानिक ऋषियों के अनुसार, पिण्ड रूप मानव शरीर समस्त ब्रह्माण्ड का वास्तविक प्रतीक माना गया है। ऐसा वेद के अंड पिण्ड सिद्धांत के अनुसार सिद्ध किया गया है। इस वैज्ञानिक सिद्धांत के अनुसार इस बाह्य संसार में सूर्य, चन्द्र, नक्षत्र आदि दृश्य-अदृश्य, स्थूल सूक्ष्म, जड़चेतन, ज्ञान-विज्ञान जो भी दिखाई देता है, वास्तव में वह सब हमारे इस पिण्ड रूप छोटे से मानव शरीर में विद्यमान है। यह बात स्वयं में बड़ी विचित्र और अटपटी सी लगती है। वस्तुतः योग के वैज्ञानिक सूक्ष्म सिद्धांतों को गहराई से ठीक प्रकार जाने बिना, यह वार्ता नहीं समझी जा सकती है। इसको जानने के लिए पातंजल योग सूत्र के विभूतिपाद को अपनी साधना में, अपने जीवन में उतारना होगा, तब ही इसका रहस्य ठीक-ठीक समझा जा सकेगा।

प्राचीन पुराणों, उपनिषदों, वेदों और कितने ही अन्य ग्रन्थों में एक नहीं, सैंकड़ों नहीं ऐसी अनन्त कथा, सम्वाद, संदर्भ और आख्यान स्थान-स्थान पर उपस्थित है, जिनके द्वारा मानव शरीर के, परा अपरा प्रकृति के, ब्रह्माण्ड और संसार के विभिन्न रहस्यो का विचित्र और विशेष आध्यात्मिक, वैज्ञानिक रहस्यों, युक्तियों एवं आविष्कारों का वर्णन किया गया है। ऐसे ही कितनी ही उपनिषद की कथाओं में सत्य से युक्तियुक्त वास्तविक, वैज्ञानिक स्वरूप की व्याख्या की गई हैं। और कई आख्यानों में जीवन मृत्यु के परम गहन रहस्य को, बड़े विचित्र प्रकार से बताया गया है। इसी प्रकार मानव शरीर में स्थित योग चक्रों और कुण्डलिनी शक्ति का वर्णन साधारण ऋषि, ऋषि पत्नी और ऋषि पुत्रों के रूप में किया गया है। योग मार्ग में तीव्र गति से आगे बढ़ने के लिए, ब्रह्मचर्य व्रत के खण्डित होने के उपरान्त, पुनः पूर्ववत शक्ति कैसे प्राप्त की जाए, इस बात का रहस्य पुराणों में आई, महर्षि जमदग्नि उसकी पत्नी रेणुका और उनके पुत्रों भगवान परशुराम आदि की विचित्र कथा के रूप में अभिव्यक्त किया गया है। इस कथा का बहुत बड़ा विस्तार है। इसे समझने और समझाने के लिए बड़े ज्ञान और साधना की आवश्यकता है।

हमने इसके परम गोपनीय रहस्यमय ज्ञान की प्रत्यक्ष कर्म अभ्यास के द्वारा योग मार्ग की उच्च साधना में अनुभव किया है और इसका प्रयोग शत-प्रतिशत सही पाया गया। इस कथा के यौगिक रूप को अपनाकर ही

अर्थात इस रहस्य को अच्छी प्रकार जानने के कारण ही महर्षि विश्वामित्र की, देवलोक की अप्सरा के द्वारा, तपस्या भंग हो जाने के उपरान्त भी महर्षि ने इस कथा के द्वारा अभिव्यक्त विधि से, ब्रह्मचर्य व्रत के टूट जाने अर्थात तपस्या भंग हो जाने पर भी, पुनः वैसी ही योग शक्ति स्वल्प समय में और थोड़े से प्रयास से ही प्राप्त कर ली थी। किन्तु हर योगी, ऋषि, मुनि आदि प्राचीनकाल में भी पुराण की इस कथा का रहस्य नहीं जानता था। इसीलिए कितने ही अच्छे साधक और उच्च कोटि के तपस्वी, ऐसी स्थिति उपस्थित हो जाने के कारण अपना सब कुछ क्षण मात्र में समाप्त कर लेते हैं। आज देश और सम्पूर्ण समाज और विश्व में अनगिनत साधक आध्यात्मिक और योग मार्ग की ओर बड़े उत्साह से बढ़ते हैं किन्तु अपनी मन की कमजोर और संसार के चकाचौंध की ओर आकर्षित होते ही, उनका आगे बढ़ना बन्द हो जाता है और अपनी उपासना में कोई चमत्कार न देखकर निराश हो जाते हैं और उपासना छोड़ देते हैं।

आज आवश्यकता है कि उन साधकों के समक्ष मानव शरीर रूप इस महत्वपूर्ण यन्त्र की विशेषताऐं और इसमें दिव्य शक्तियों के पुनः आह्वान की विभिन्न विधि बता दी जाएं। आपका अपना शरीर ही महत्वपूर्ण यन्त्र मशीन माना जाएगा। मन, बुद्धि, प्राण इन्द्रियाँ और सर्वोपरि आत्मा यह इस पंच भौतिक मानव शरीर के अजीबोगरीब कलपुर्जे (स्विच) समझिएं। पातंजलि सूत्र के अनुसार जैसे सूर्य पर संयम करने से सम्पूर्ण लोकों का और चन्द्रमा पर अपने आपको संयमित अर्थात समाधिस्थ करने पर सम्पूर्ण नक्षत्रों की गतिविधि ठीक-ठीक ज्ञात हो जाती हैं। उसी प्रकार सम्पूर्ण मानव शरीर का ठीक-ठीक उपयोग आ जाने पर आपके जीवन में चमत्कार उपस्थित हो सकेगा। साधना के द्वारा इस यन्त्र की विशेषता ठीक-ठीक और अच्छी प्रकार वैज्ञानिक रूप से जानी जा सकती है।

बिनु सतसंग विवेक न होई।
राम कृपा बिनु सुलभ न सोई॥

आत्मा के साथ सतसंग करने पर ही ज्ञान प्राप्त हो सकता है और जब अन्तर आत्मा रूप राम की कृपा हो जाएगी तो आपका कल्याण हो सकेगा।

गायत्री मन्त्र की साधना विशेष के द्वारा प्रकृति के सूक्ष्मातिसूक्ष्म रहस्यों को जानने में बहुत बड़ी सहायता प्राचीन महात्माओं मुनियों ने प्राप्त की थी। कालान्तर में गायत्री साधना के रूप लघुता को प्राप्त हो गया। थोड़े रूप में तो गायत्री उपासना साधना से कोई चमत्कार कैसे हो सकता है। वह

गायत्री साधना, दृढ़ संकल्पित होकर, तपस्या के रूप में अनुष्ठानित होकर करनी होगी। गायत्री को तपस्या के रूप में आधुनिक काल में नहीं अपनाया जा रहा है इसीलिए कोई बड़ी शक्ति सामने नहीं आ रही है। आज हम साधारण साधना करते हैं तो बड़ी बात, बड़ा प्रभाव कैसे उत्पन्न हो सकता है। साधारण और सीधी-सीधी साधना उपासना व भजन करने से तो बस केवल थोड़ी सी शक्ति का ही अनुभव हो सकता है। आज सर्व साधारण सन्ध्या के रूप में ही केवल थोड़ी सी गायत्री साधना करते हैं। समाज में कुछ लोग तो केवल प्रातःकाल, केवल एक समय ही सन्ध्या करते हैं। कुछ लोग बहुत प्रयत्न करके दोनों समय प्रातः सायं गायत्री जप करते हैं और त्रिकाल सन्ध्या तो बहुत ही कम कुछ बिरले ही साधक होंगे।

गायत्री की त्रिकाल साधना न होने के कारण ही गायत्री मन्त्र की दिव्य शक्ति दृष्टिगोचर नहीं हो रही है। वास्तव में गायत्री मन्त्र की ठीक-ठीक बाह्य और आन्तरिक सूक्ष्म दोनों विधियों की जानकारी, साधकों को नहीं होने से गायत्री साधना का विकास बिल्कुल रुक गया है। गायत्री का ठीक से संकल्प करके, मुद्राओं के साथ न्यास करना जरुरी है। गायत्री न्यास में तत्व मुद्रा का प्रयोग जरूरी है। साथ ही अन्य अंगुलियों का उपयोग भी विधि के अनुसार करना सभी साधकों का कर्तव्य है। अन्यथा सिद्धि नहीं हो सकेगी।

गायत्री की महिमा बड़ी विशाल है। एक बार देवताओं ने वेदों को और गायत्री को तोला, तो वेदों की तुलना में गायत्री का भार ही अधिक निकला। यथा-

गायत्री चैव वेदांश्च तुलया समतोलयन्।
वेदा एकत्र सांगास्तु गायत्री चैकतः स्थिता॥

(कूर्म पुराण)

अतः सम्पूर्ण मंत्रों में गायत्री से अधिक शक्ति किसी में नहीं है। प्राचीन इतिहास और सम्पूर्ण वेदों, शास्त्रों पर दृष्टि पात करने से भी गायत्री की महिमा, शक्ति सामर्थ सर्व प्रकार अधिक सिद्ध होती है।

गायत्री विज्ञान स्वयं में, भारतीय सम्पूर्ण विद्याओं में अपना स्थान प्राचीन काल से ही विशिष्ट और अलग से बनाए हुए है। गायत्री ज्ञान ही नहीं, अपितु अस्त्र विज्ञान की विशेष कुंजी है। इस अस्त्र विज्ञान के रहस्य को आज साधक गण सर्वथा भूल चुके हैं। सम्पूर्ण रूप में इस शास्त्र के ज्ञाताओं का नितान्त अभाव दृष्टिगोचर हो रहा है। उदभट तपस्वी, दृढ़ संकल्पी,

साहसी साधकों की बहुत बड़ी कमी हो गई है। आज का कथित साधक सिद्धि तो तत्काल चाहता है और बात भी बहुत करता है। तरह-तरह के प्रश्न करता है, उच्चे-उच्चे स्वप्न देखता है। किन्तु तपस्या करना नहीं चाहता। सरलता से बिना परिश्रम किए और बिना कष्ट उठाए, शास्त्रों में वर्णित ऋषियों की बड़ी विचित्र आश्चर्यचकित कर देने वाली शक्तियाँ कैसे सम्भव हो सकती है।

महर्षि विश्वामित्र गायत्री विद्या, गायत्री विज्ञान के प्रधान तपस्वी, ऋषि और परम शक्तिमान और वह भी केवल गायत्री के द्वारा शक्ति सम्पन्न परमसिद्ध वैज्ञानिक थे।

उन्होंने केवल गायत्री मन्त्र पर शोध, साधना और तपस्या की थी। महर्षि विश्वामित्र गायत्री मन्त्र की घोर तपस्या में वर्षों तक लगे रहे। एक समय ऐसा आया कि तीनों लोक उनकी कठोर गायत्री तपस्या से कम्पित होने लगे। इन्द्र का आसन डोलने लगा। इन्द्र ने विश्वामित्र की तपस्या भंग करने के लिए मेनका आदि कई त्रैलोक्य सुन्दरियों को भेजा। किन्तु महर्षि तो बहुत पहुंचे हुए थे। इन्द्र के द्वारा भेजे गए उपरोक्त विघ्नों से उत्पन्न परिस्थिति से विश्वामित्र का महान पराक्रम, कुछ समय के लिए अवश्य रुक गया। किन्तु कुछ समय के अन्तराल से, इस महान तपस्वी गायत्री के परम सिद्ध पुरुष का लोहा, देवराज इन्द्र सहित सभी देवताओं और तत्कालीन समस्त ऋषि महर्षियों को मान लेना पड़ा था। विश्वामित्र जी की गायत्री तप की अनेकानेक कथाऐं इतिहास, पुराणों शास्त्रों में विस्तार के साथ वर्णित हैं। उन्हें पढ़कर, उनकी दिव्य शक्तियों और विचित्र विस्मयकारी अतुल सामर्थ को जानकर आश्चर्य होता है। प्रश्न उठता है कि क्या आज भी उन जैसी कोई सामर्थ प्राप्त की जा सकती है या नहीं।

निश्चय ही, उतना बड़ा तप करना ही आज के युग में असम्भव ही है तो फिर वैसी शक्ति सामर्थ कैसे प्राप्त की जा सकती है। वस्तुतः यह सामर्थ तो कर्म का खेल है। जो जितना करेगा, उतना उसे अवश्य मिलेगा।

आज और अब, हम साधकों से अनुरोध करते हैं कि हे सच्चे साधक और आध्यात्म पथ के सपूत उपासक आपका आह्वान किया जा रहा है। आईये सद्गुरु देव आचार्य केशवदेव जी के सहयोग और सान्निध्य में उपासना करें, उनका निर्देशन आप में शक्ति जाग्रत कर देगा और आप इस कलि काल में भी गायत्री आदि मन्त्रों की शक्ति का प्रत्यक्ष देख सकेंगे। आचार्य वर ने अपने तपोमय जीवन में त्रिकाल यज्ञ, हवन, वर्षों तक नित्य निरन्तर चलने

वाली साधना से सरल विचित्र और स्वल्प समय में ही अपना प्रभाव दिखाने वाली, मन्त्र जाग्रत करने वाली मुद्राएं, न्यास, ध्यान, विचित्र विधियां निकाली हैं। उनका अनुसंधान इस समय के साधकों के लिए वरदान सिद्ध हुआ है।

मंत्रों को जाग्रत करने के लिए एक परिमार्जित ध्यान विधि, आसन, मुद्रा, दिशा, न्यास आदि की खोज सामने आई है। इस वैज्ञानिक खोज (अनुसंधान) को मुद्राओं के रूप में साधक जगत के समक्ष उपस्थित किया है। इन्हें जानकर शरीर मन्त्र और प्रकृति के सम्बन्ध में साधकों का विशेष ज्ञान वर्धन होगा।

तत्व मुद्रा

अनामिका (तीसरी) अंगुली के अग्रभाग को, अंगुष्ठ के अग्रभाग से मिलाने पर तत्व मुद्रा बन जाती है। इस मुद्रा के करने से शरीर में पृथ्वी तत्व बढ़कर समता को प्राप्त होता है और इससे बहुत से विटामिन की कमी पूर्ण होती है। शरीर और मन में सात्विकता की वृद्धि होती है।

गायत्री मन्त्र के अंगन्यास करने में, इस मुद्रा का विशेष रूप से प्रयोग किया जाता है। गायत्री की सिद्धि और प्रभाव को देखने के लिए इसी तत्व मुद्रा का प्रयोग आवश्यक है। इस मुद्रा के न्यास अंगों को स्पर्श करने से शरीर में स्थित विशेष योग चक्रों में शक्ति उत्पन्न होती है। न्यास करते हुए जब नेत्रों को स्पर्श करने की बात आए तो मध्यमा और तर्जनी से नेत्रों का स्पर्श करना चाहिए। इसके बाद **अस्त्राय फट** के उपरान्त गायत्री को 24 मुद्राएं करें। पुनः गायत्री जप के बाद गायत्री को 8 मुद्राएं करना गायत्री सिद्धि के लिए जरूरी है।

गायत्री विज्ञान के अनुसार अणु परमाणुओं में भी प्रयोग विशेषों और कुछ रहस्यमय सूक्ष्म विधियों के प्रयोग से विस्फोटक आन्दोलन उत्पन्न किए जा सकते हैं। हमारे पास अति प्राचीन ब्रह्मास्त्र, नारायणास्त्र और ब्रह्मशिरष अस्त्र के विशेष गुप्त रहस्यमय मन्त्र उपस्थित हैं। जो गायत्री मन्त्र के ही लोम-विलोम, अणुलोम रूप हैं। इससे ज्ञात होता है कि गायत्री मन्त्र की शक्ति और महिमा का पारावार नहीं है।

गायत्री मुद्राओं से शरीर रक्षा, रोग नाश और आरोग्यता प्राप्ति

मुद्राओं सहित त्रिकाल गायत्री जप तथा ॐ कार ध्यान साधना से कैन्सर समाप्त

गायत्री की सम्पूर्ण मुद्राओं को बार-बार करने से जीवनी प्राण शक्ति का शरीर में नवीनता के साथ संचारण होता है और उससे नैगेटिव पोजेटिव शरीर के सेल्स का जुड़ना बन्द हो जाता है। उससे कैन्सर जैसे भयंकर रोग का उपचार और उसकी रोकथाम हो सकेगी।

साथ ही पराध्यान साधना के प्रयोग द्वारा ओंकार का जाज्वल्य मान दिव्य प्रकाश का सम्पूर्ण शरीर व रोग वाले स्थान विशेष पर निरन्तर ध्यान करने से और लगातार प्रवण स्वरूप ब्रह्मनाद का उच्चारण और श्रवण करते रहने से मानव शरीरस्थ नैगेटिव पॉजेटिव सैल्स जो रोग विशेष के कारण मर गए हैं वा निस्तेज हो गए हैं, वे इस उपरोक्त साधना से पुनः शक्ति प्राप्त कर लेते हैं, अथवा चार्ज हो जाते हैं। फलतः शरीर में शुद्ध जीवनी शक्ति प्राण वायु का संचरण होने लगता है और उससे बड़े-दुःसाध्य रोग क्रमशः समाप्त होने लगता है।

हमने कई ऐसे भयंकर दुसाध्य रोगियों को उपरोक्त साधना का प्रयोग बताया तो साधना करने पर उस रोग में क्रमशः सन्तोषजनक परिणाम सामने आए।

यदि रोगियों को ओंकार की गहर गम्भीर ध्वनि का लम्बा टेप, नित्य त्रिकाल वा और अधिक समय तक सुनाया जाए तो भी कैन्सर और स्नायु मंडल सम्बन्धित समस्त रोगों पर अत्याधिक शामक प्रभाव स्पष्ट दृष्टिगोचर होने लगता है।

ॐ की ध्वनि, रोगी की सहन शक्ति के अनुरूप कभी तेज, कभी बहुत मध्यम स्वर में, परिस्थिति के अनुरूप श्रवण कराना ही अधिक उपयुक्त होगा। कर्ण प्रिय ॐ ध्वनि वाद्य वन्द के सहित बजती रहे तो रोगी पर बहुत ही स्वल्प काल में आश्चर्यजनक प्रभाव करने वाली सिद्ध होगी।

यदि प्रातः मध्याह्न सायं काल और रात्रि के विभिन्न पहरों के अनुसार

विभिन्न राग, भैरव, भैरवी, आसावरी, वृन्दावनी सारग, पूरिया, कल्याण, यमन कल्याण, दुर्गा, भीमपलासी, मालकौस, चन्द्रकौस केदार, वसन्त बहार, दरबारी कान्डा, जयजयवन्ति और मध्यरात्रि में गाया जाने वाला राग हिण्डोल आदि के माध्यम से ॐ की ध्वनि को, समयानुसार ठीक-ठीक सुनाया जाए तो निश्चय ही चमत्कार पूर्ण परिणाम, सामने स्पष्ट रूप से अवश्य आएगा। कोई आश्चर्य नहीं, यह एक अपने प्रकार की आश्चर्यचकित कर देने वाली नई खोज सिद्ध होगी।

आज आवश्यकता है, इस पर अनुसन्धान करने की, परिश्रम करने की, जिससे संसार के समक्ष एक विचित्र रहस्य मन्त्र, शब्द ब्रह्म, संगीत और कभी क्षय न होने वाले अक्षर ब्रह्म का, ब्रह्मनाद का, अनन्तनाद का अनहतनाद का चमत्कार संसार के समक्ष उपस्थित हो सकेगा।

यदि ऐसे भयंकर रोग वाला व्यक्ति शान्त हृदय संयत मन और अनन्य विश्वास श्रद्धा के साथ त्रिकाल गायत्री जप, अपनी शक्ति के अनुसार, मुद्राओं और ध्यान सहित करे, तो सत्य मानिये जोरदार आशा से अधिक अच्छा परिणाम स्पष्ट रूप से सामने उपस्थित होकर रहेगा।

यदि रोगी अत्यधिक निर्बल, निसहाय स्थिति वाला हो तो उसे उपरोक्त मन्त्र का श्रवण और ॐ की ध्वनि का पूर्वोक्त प्रकार से श्रवण कराया जाने से भी अच्छे परिणाम सामने अवश्य आएंगे। वस्तुतः गायत्री मन्त्र और गायत्री मुद्राओं में अतुलनीय शक्ति विद्यमान है।

ऋषियों ने गायत्री साधना को बड़े विषद और गम्भीर प्रकार से, वैज्ञानिक रूप से अनुसंधान कर के अच्छी प्रकार समझकर नित्य और त्रिकाल साधना के रूप में जन कल्याणार्थ, सर्वसाधारण के समक्ष उपस्थित किया है। गायत्री साधना में बहुत सारी मुद्राओं को जप से पूर्व और जप के पश्चात् करना गायत्री विज्ञान के अनुसार, गायत्री का पूरा-पूरा लाभ उठाने के लिए, परम आवश्यक बताया गया है। जो साधक जप साधना के साथ तीनों काल में न्यास और मुद्रायें नहीं करते हैं अथवा उनका ज्ञान ही नहीं रखते हैं, शास्त्र के अनुसार उनके लिए उस साधना का कोई फल नहीं है, कहा है :-

एता मुद्रा न जानाति गायत्री निष्फला भवेत्॥

गायत्री विज्ञान के अनुसार गायत्री स्वयं में एक सम्पूर्ण साधना मानी गई है। गायत्री विज्ञान का रूप साधारण सा नहीं है। उसको जानने और समझने के लिए समय और कठोर परिश्रम एवं विशेष तपस्या की आवश्यकता होती है। बड़ी शक्तियां प्राप्त करने के लिए, नित्य नियमित रूप से संकल्प बद्ध

होकर योग साधना में संयमित जीवन व्यतीत करते हुए, एक विशेष साधना के रूप गायत्री अनुष्ठान करने पर ही, कुछ महत्वपूर्ण परिणाम सामने आएंगे। बिना कठोर परिश्रम किए हुए, आज तक किसी ने भी कुछ विशेष परिणाम नहीं प्राप्त किया। जिन तपस्वी लोगों को मंत्र विज्ञान के विशाल क्षेत्र में सिद्धि प्राप्त हुई है, उन्होंने वास्तव में दृढ़ संकल्पित और कटिबद्ध होकर, सम्पूर्ण मनोयोग के साथ परिश्रम करके, साधना के मंत्र, योग और तपस्या के दुर्गम मार्ग को पार किया। गायत्री सिद्धि शक्ति के सम्बन्ध में सबसे प्रमुख रूप से महर्षि विश्वामित्र का नाम ही विशेष रूप से अग्रण्य माना जाता है। प्राचीन काल से अब तक के सम्पूर्ण समय में, परम तपस्वी महर्षि विश्वामित्र ने ही, संसार के समक्ष गायत्री मंत्र साधना की, अर्थात गायत्री विज्ञान की अकाट्य और अदभुत शक्तियों को, तीनों लोकों के समक्ष, नि:शंक और निर्भय होकर प्रस्तुत किया।

आज तक ऐसा अद्‌भुत घोर तपस्वी, जिसने केवल गायत्री के सम्बन्ध में ही कुछ किया हो, विश्वामित्र को छोड़कर और कोई उनकी समकक्षता करने वाला उत्पन्न ही नहीं हुआ। इन्होंने गायत्री विज्ञान को, अति प्राचीन काल में ही, अपने महान परिश्रम के द्वारा सम्पादित किया और साथ ही साथ गायत्री साधना शक्ति का, समस्त संसार के सामने प्रत्यक्ष चमत्कार भी दिखाया। इस विकट तपस्वी ने गायत्री शक्ति के द्वारा कठिन से कठिन कार्यों को सफलतापूर्वक सिद्ध करने की शक्ति प्राप्त कर ली थी। गायत्री सिद्धि के द्वारा उन्होंने नवीन सृष्टि की रचना करने वाली शक्ति भी, ब्रह्म की भाँति प्राप्त कर ली थी। नवीन वा सम्पूर्ण सृष्टि की रचना केवल ब्रह्माजी के द्वारा ही हो सकती है, किन्तु महर्षि विश्वामित्र, इसके उपवाद सिद्ध हुए हैं। उन्होंने महाराज त्रशंकु को अपनी यज्ञ और गायत्री शक्ति के द्वारा स्वर्ग भेजने के क्रम में, देवताओं के विरोध करने पर, महर्षि ने अपनी गायत्री शक्ति के द्वारा नये स्वर्ग सहित, सम्पूर्ण नई सृष्टि की संरचना का कार्य प्रारम्भ कर किया था। वह आज भी आकाश मण्डल में देखे जा सकते हैं। इससे गायत्री मन्त्र की महा शक्ति का थोड़ा सा पता लगता है।

गायत्री साधना को, यदि थोड़े रूप में भी आप नियमित रूप से ठीक-ठीक विधि और ध्यान, न्यास एवं मुद्राओं के साथ साधना करते रहें, तो कुछ ही समय के अनन्तर आपमें अपने और दूसरों के साधारण कष्टों को दूर करने की शक्ति, समय के साथ, क्रमश: आती जाएगी। उस गायत्री साधना के द्वारा प्राप्त, अपनी मानसिक शक्ति से केवल, गायत्री मन्त्र से

अभिमन्त्रित जल से, रोगी का मार्जन करने मात्र से, बहुत से साधारण उपद्रवों को दूर करने की क्षमता साधक प्राप्त हो जाती है।

मन्त्र साधन, ध्यान की क्रिया और त्राटक अभ्यास, यदि मिलाकर एक साथ, इनका सामंजस्य स्थापित करते हुए, कुछ काल विशेष मनोबल और दृढ़ संकल्प के साथ साधन आरम्भ की जाए तो कई प्रकार की शक्तियां सिद्धियां साधक के अन्दर अवतीर्ण हो सकती हैं। मंत्र, ध्यान और त्राटक यह तीनों ही भिन्न रूप से बड़ी शक्तियां मानी गई हैं। इनमें से एक-एक की साधना स्वयं में बहुत बड़ा महत्व रखती है। इन में से प्रत्येक विधि के द्वारा आज तक शत सहस्त्र साधकों ने उपासना मार्ग में साधना करते हुए, अनेक चमत्कार देखे।

मंत्र विज्ञान का समाप्त न होने वाला अति विस्तीर्ण क्षेत्र समस्त विश्व के विभिन्न धर्मों में देखने को मिलता है। जिसमें सबसे अधिक मंत्र साहित्य का भण्डार, हिन्दू धर्म व प्राचीन आर्य जाति का माना गया है।

बहुत गहराई से देखने पर ज्ञात होता है कि गायत्री विज्ञान के अन्तर्गत मंत्र विज्ञान की बहुत बड़ी महिमा निहित है। वेद अनन्त मन्त्रों के भण्डार हैं और गायत्री को वेदमाता माना जाता है। इससे सिद्ध होता है कि गायत्री इस विचित्र शक्तिशाली मन्त्र विज्ञान की भी जननी है। कई स्थानों पर तो मन्त्र शास्त्री और ऋषियों ने ऐसा कह दिया कि गायत्री उपासना के बगैर अन्य मन्त्रों की सिद्धि होने में सन्देह रहेगा। अतः जो साधक त्रिकाल संध्या करते हैं। उन्हें मन्त्र साधना सिद्ध में सफलता प्राप्त होगी। यह बात अपने में, आज के परिपेक्ष में कुछ ठीक ही प्रतीत हो रही है। क्योंकि आज के समय में थोड़ी सी गायत्री साधना (त्रिकाल संध्या) करने वाले लोगों का एक प्रकार से अभाव ही दृष्टिगोचर हो रहा है और इसके साथ ही सिद्धि सम्पन्न लोगों का दिखाई देना बन्द हो गया। इस क्षेत्र में सिद्धि शक्ति सामर्थ प्राप्त करने के लिए गायत्री जप और प्रणय साधना के साथ-साथ त्रिकाल मुद्राओं का अभ्यास करें।

साधना शक्ति

सम्पूर्ण प्राचीन काल पर, दूर तक एक विहंगम दृष्टिपात करने पर, एक ही शक्ति विशेष का वर्चस्व विशेष रूप में दृष्टिगोचर होता है। ऋषियों, तपस्वियों, शस्त्रधारी ब्रह्मऋषियों तथा परम शक्तिशाली प्राचीन राजा महाराजाओं एवं राक्षसों में जो भी अतुल महान पराक्रम शक्ति उस समय में दिखाई देती थी, वह केवल उस पराविद्या गायत्री साधना का ही प्रभाव था।

इस साधना की प्रभाव शक्ति आध्यात्मिक व सांसारिक दोनों ही शक्तियों के रूप में देखने को मिलती है। वैसे तो पूर्व काल आध्यात्म प्रधान था। सतयुग, त्रेता, द्वापर आदि युगों में भौतिक शक्ति की अपेक्षा आत्म शक्ति अथवा अध्यात्म शक्ति का ही संसार में बोलबाला देखने, सुनने में आया है।

सूर्य विज्ञान, सावित्री विद्या एवं गायत्री महा शक्ति के सिद्धहस्त परम वैज्ञानिक ऋषि प्रातः स्मरणीय महर्षि विश्वामित्र थे। प्राचीन काल से अब तक अनगिनत शत सहस्त्र स्वनामधन्य परम शक्तिशाली ऋषि महर्षि हुए। किन्तु इस आत्मशक्ति साधन में महर्षि विश्वामित्र से आगे कोई भी न जा सके।

दूसरे विश्व की रचना महर्षि विश्वामित्र ने आरम्भ कर दी थी। ऐसा देवराज इन्द्र से विवाद हो जाने के कारण हुआ। महाराज त्रिशंकू को, विश्वामित्र सशरीर स्वर्ग भेजना चाहते थे। किन्तु इन्द्र का इसमें जोरदार प्रतिरोध था। इस पर महर्षि ने दूसरे स्वर्ग की संरचना तत्काल आरम्भ कर दी। सर्वप्रथम द्वितीय सौरमंडल के कुछ भाग की रचना ही कर पाये थे कि संसार की महाशक्तियों में खलबली मच गई। फलतः कुछ ऋषि-मुनी और विशिष्ट शक्तियाँ बीच में आई और बहुत लम्बे वार्तालाप के अनन्तर, महर्षि को द्वितीय स्वर्ग बनाने से बहुत समझा बुझा कर, विनय करके उस बहुत दुस्तर कार्य को बड़ी कठिनाई के साथ येन-केन प्रकारेण रोका गया।

फिर भी द्वितीय सौरमण्डल का कुछ भाग हमारे ही आकाश में, द्वितीय सप्त ऋषि मंडल और अन्य कई तारा मंडल के रूप में बन चुके थे। आज

भी रात्रि के समय हमारे तारा मंडल के समकक्ष उन्हें देखा जा सकता है। जो कि उस समय ऋषि द्वारा रचा गया था। इस प्रसंग का बड़े विस्तार से वर्णन हमारे प्राचीन ग्रन्थों में किया गया है। ऐसी शक्ति केवल गायत्री साधना के द्वारा ही विश्वामित्र जी महाराज में आई थी।

ब्रह्मर्षि भगवान परशुराम जी की महान शक्ति से कौन परिचित नहीं है? जिन्होंने ततकलीन क्षत्रिय राजाओं से एक देश को नहीं सम्पूर्ण पृथ्वी को, क्षत्रिय विहीन कर दिया था। ऐसा एक दो बार नहीं, इक्कीस बार किया गया। कैसी होगी उनकी वह विकट तेजस्वी शक्ति। वस्तुतः उस शक्ति के सम्बन्ध में प्राचीन शास्त्रों में कुछ पढ़कर केवल अनुमान ही लगाया जा सकता है। वास्तव में उनकी उस प्रबल शक्ति का कितना जबरदस्त वेग होंगा। यह जानना नितान्त असम्भव ही है। भगवान परशुराम की उस शक्ति का कुछ अंश भीष्म पितामह तथा दानवीर कर्ण में भी देखा गया था। महाभारत के विश्व युद्ध में इनकी शक्ति का कोई जोड़ नहीं था। उस समय में गुरु द्रोणाचार्य भी अपने में एक अद्वितीय शक्ति रखते थे। आचार्य द्रोण, गायत्री विज्ञान के परम मेधावी विद्वान, साथ ही बड़े गम्भीर शान्त सिद्ध पुरुष थे।

ब्रह्मास्त्र (अणु शक्ति अस्त्र) जो कि सावित्री विद्या के अन्तर्गत आता है। आचार्य द्रोण ने अर्जुन तथा अश्वथामा, केवल दोनों को ही उस समय सिखाया था। जिस का प्रयोग महाभारत युद्ध समाप्त होने के अनन्तर अश्वथामा ने पाण्डवों को बिल्कुल समाप्त करने के लिए किया था। प्रत्युत्तर में अर्जुन को भी ब्रह्मास्त्र का प्रयोग करना पड़ा था।

जहाँ दो ब्रह्मास्त्रों की टक्कर हो जाए वह बारह वर्षों तक वर्षा नहीं होती है। उस स्थान का वायुमण्डल बिल्कुल बदल जाता है। इसलिए उस समय अर्जुन और अश्वथामा दोनों के द्वारा छोड़े गए महान अस्त्रों की टक्कर से होने वाले विनाश को रोकने के लिए, उस समय के दो बड़े महर्षियों ने बीच में आकर उस महा विनाश को रुकवाया था। इस पर अर्जुन ने तो अपने अस्त्र को वापिस ले लिया, किन्तु अश्वथामा अपनी साधना की अपूर्णता के कारण ब्रह्मास्त्र को वापिस न कर सके थे। वह केवल उस अस्त्र का प्रयोग ही संकल्प द्वारा बदल सके और उन्होंने अपने अस्त्र को उत्तरा के गर्भ पर केन्द्रित कर पाण्डवों के वंश को समाप्त करने के लिए छोड़ दिया।

महाभारत युद्ध में विश्व के बहुत बड़े-बड़े योद्धा मारे गए। उस युग के उत्कृष्ट युद्ध अस्त्र-शस्त्र, जिसमें से बहुत से दिव्य अस्त्र शस्त्रों का प्रयोग महाभारत युद्ध में किया गया था। उन विचित्र आश्चर्यचकित कर देने वाले,

मंत्र शक्ति, आत्म शक्ति तथा दिव्य साधना शक्ति के साक्षात स्वरूप तपस्वी बब्रीक थे।

ऐसे ही माया शक्ति (सम्मोहन मंत्र शक्ति) के प्रतीक हिडम्बा राक्षसी से उत्पन्न भीमसेन के पुत्र राक्षस घटोत कच्छ थे। उन्होंने भी अपनी माँ हिडम्बा से राक्षसी माया, विद्या सीखी थी और महाभारत युद्ध में उसका प्रयोग किया था।

वस्तुतः बब्रीक (बब्रुवाहन) से अधिक तपस्वी और शक्ति रखने वाला दूसरा व्यक्ति नहीं था। वह एक ही मंत्र से अभिमंत्रित बाण के द्वारा युद्ध में उपस्थित व्यक्तियों के मर्मस्थलों का ज्ञान प्राप्त करके उन्हें मार देने की शक्ति रखते थे। ऐसे बहुत उदाहरण शास्त्रों में उन शक्तिशाली पुरुषों के तथा उसके द्वारा प्रयोग किए जाने वाले अस्त्र शस्त्रों के चमत्कारों का विस्तार से वर्णन मिलता है।

उल्लिखित समस्त वार्ता के पीछे साधना शक्ति कार्य कर रही है। आज आवश्यकता है, उस शक्तिशाली साधना विधि को ठीक-ठीक सुव्यवस्थित रूप में जिज्ञासु साधकों तक पहुँचाने की।

हमें अपनी पराविद्याओं का प्रचार प्रसार करना है और उसकी शक्ति का प्रदर्शन संसार के समक्ष करना होगा। ऐसा यदि आप चाहते हैं तो आज से ही गायत्री महाशक्ति की साधना को अपने जीवन में धारण करने का सत्य संकल्प करें।

निश्चय ही साधना (सावित्री विद्या) के द्वारा आपके जीवन में गायत्री शक्ति के दिव्य प्रकाश का दर्शन हो सकेगा।

ज्यों-ज्यों आप गायत्री की दिव्य साधना में अग्रसर होते जाएंगे। त्यों-त्यों आपका तेज क्रमशः विकसित होता रहेगा।

एक स्थिति ऐसी आ जाएगी, जब आपके चिन्तन से प्रवाहित तेज की सूक्ष्म किरणें, आपके आस-पास के वातावरण को भी प्रभावित करने लगेंगी और आपकी साधना की सात्विक गन्ध से सम्पूर्ण वातावरण सुर्भित हो उठेगा। जो भी उस सात्विक तेजस सम्पर्क में कुछ क्षणों के लिए भी आएगा, निश्चय ही वह उस साधना के आनन्द की दिव्य अनुभूति से अछूता नहीं रह पाएगा।

गायत्री से सूर्योपासना
श्री सूर्यनारायण की महत्ता

यह इतिहास से समर्थित है कि आर्यों के प्राचीन देवता सूर्यनारायण थे। उनकी उपासना सृष्टि के आदिकाल से होती चली आ रही है। भारतवासी जब तक सूर्य के उपासक रहे तब तक ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र में खिलाड़ियों की टीम की तरह सहयोग की भावना बनी रही। उनके ज्ञान, विज्ञान शौर्य और साहस का डंका विश्व में बजता रहा। कारण! सूर्य की उपासना, जाग्रत ब्रह्म की उपासना थी। जो उनमें नित्य नव चेतना फूंकता रहता था। अज्ञानवश उन्होंने सूर्य की ओर से मुख मोड़ लिया। फलतः वे दरिद्र, दुर्बल और अल्पायु हो गए हैं।

कोई उच्च लक्ष्य सम्मुख न होने के कारण, आज चारों वर्ण एक दूसरे के शत्रु हो गए हैं। इस दुर्दशा से छुटकारा पाने के लिए यह आवश्यक है कि भारतीयों के जीवन में सूर्य को पुनः प्रतिष्ठित किया जाए। इसके द्वारा उनमें विद्या, बुद्धि, बल और उदारता की वृद्धि होगी। वैदिक भाषा में सूर्य का एक नाम "भरत" है। सूर्य उपासकों का देश होने के कारण, इसका नाम भी "भारत" पड़ गया। यहाँ चारों वर्ण सूर्य का पूजन करते थे।

गायत्री मंत्र के देवता सूर्य का प्रभाव

सूर्य सत्य है, विज्ञानरूप हैं। सूर्य से उत्पन्न होने के कारण, इस भूमण्डल पर हर एक कण उसके प्रभाव से ओत प्रोत है। तीनों लोकों के ग्रहादि सूर्य के प्रभाव से अपने-अपने रूप में अवस्थित हैं।

आदित्यमूलमखिलम् त्रैलोक्यम्॥

पृथ्वी का सारा क्रिया-कलाप अथवा दुनिया रूपी कारखाने का संचालन, सूर्य से मिले हुए प्रकाश गर्मी और आकर्षण शक्ति के द्वारा ही हो रहा है। प्रकाश के बिना, सारी पृथ्वी अन्धकार में डूब जाएगी? ताप के अभाव में वह बर्फ से अधिक ठण्डी हो जाएगी, उस दशा में जीवन नाम की कोई वस्तु यहाँ पर नहीं होगी।

सूर्य आत्मा जगतस्तस्थुषश्च॥

सभी जानते हैं कि दिन-रात, मास और ऋतुओं का कर्ता सूर्य है। अतः उसका एक नाम "कालकर्ता" भी है। पृथ्वी पर होने वाली सभी दृष्टियों का वह सिरजन हार भी है।

सूर्य एवं हि वृष्टिनाम् सृष्टा समुपदिश्यते॥

सूर्य के प्रभाव की व्यापकता देखकर, भारतीय विद्वानों ने अपने सभी शास्त्रों का मेरुदण्ड सूर्य को माना है। वह चाहे ज्योतिष हो या कर्मकाण्ड, कृषि शास्त्र हो या काम शास्त्र। आधुनिक वैज्ञानिक भी उसकी ऊर्जा का प्रयोग कल कारखाने से लेकर उपग्रहों तक में कर रहे हैं।

आदित्य का सूक्ष्म प्रभाव

शरीर के अलावा मन और बुद्धि को भी सूर्य प्रभावित करता है। इसीलिए गायत्री मंत्र के द्वारा बुद्धि को सत्मार्ग की ओर प्रेरित करने की प्रार्थना भगवान सूर्य से की जाती है। वह संग्राम में विजय का और तपस्या में मोक्ष का दाता है। अपने भक्त की आत्मा को, वह परलोक में भी सही मार्ग दिखाकर भटकने से बचाता है।

प्रत्येह च परोबन्धुः॥

सृष्टि को चलाने के लिए परब्रह्म, जिस सगुण रूप को धारण करता है, वह सूर्य है। सूर्य की अव्यवहित पूर्वावस्था का नाम परब्रह्म है। अतः सूर्य को ब्रह्म कहते हैं। सूर्य जड़ नहीं हैं, चेतन है। उससे पैदा हुई पृथ्वी का भी एक-एक कण चेतन है। सूर्य से विलग होकर जिन-जिन अवस्थाओं को पार करके पृथ्वी वर्तमान रूप से आई है, अपनी आयु पूरी कर लेने पर, वह विलोम क्रम से उन अवस्थाओं को पुनः पार करती हुई, सूर्य में विलीन हो जाएगी। सभी ग्रहों का यही हाल होगा।

सारी सृष्टि को अपने उदर में समेट लेने के बाद सूर्यनारायण भी परब्रह्म में समाहित हो जाएंगे। परब्रह्म को जब पुनः सृष्टि चलानी होगी तो प्रथम सूर्यनारायण आविर्भूत होंगे। सृष्टि की उत्पत्ति और विनाश का यह क्रम कब से चला आ रहा है और कब तक चलता रहेगा, इसे कोई नहीं जान सकता है। जब वर्तमान सृष्टि का ही पूरा और सही ज्ञान, मनुष्य को नहीं हो पाता है तो अनन्त सृष्टिओं के ज्ञान की बात ही बेकार है। सृष्टि के आदि में विद्यमान रहने के कारण उन्हें "आदिदेव" कहा जाता है। पृथ्वी उनके नियंत्रण में है और वे उसका पालन करते हैं। अतः पृथ्वीपति कहलाते हैं।

आर्यों के सभी महापुरुषों और अवतारों ने भी 'सूर्योपासना' की है। सब शास्त्रों का निचोड़ इतना ही है कि मनुष्य को सूर्य की उपासना करनी चाहिए और वैदिक आचरण का पालन करना चाहिए। यह इतिहास में सिद्ध है कि म्लेच्छ, राक्षस, दैत्य, वानर आदि जातिओं में भी सूर्य की उपासना प्रचलित थी। 33 करोड़ देवी देवता, सूर्य नारायण की ही विभिन्न शक्तियां हैं और

उन सबका निवास सूर्य में है। अतः सभी सम्प्रदायों के साधक लोग अपने-अपने इष्ट देवता का ध्यान सूर्यमण्डल में किया करते हैं। कहा भी है कि–

सर्वदेवमयो रविः॥

यह मान्यता है कि केवल सूर्य के पूजन से, सभी देवताओं पूजन अपने आप हो जाता है।

अर्चितः सवितायेन तेन त्रैलोक्यमर्चितम।
नमस्कृतेन सूर्येण सर्वे देवाः नमस्कृताः॥

सभी देवी देवता बराबर हैं, कोई किसी से छोटा बड़ा नहीं है और न सूर्य से किसी का विरोध है। सूर्य उपासना करते हुए अपने-अपने इष्ट देवता का पूजन लोग कर सकते हैं। वस्तुतः सूर्य का पूजन कर लेने के बाद ही साधकों को इष्ट देवता के पूजन का अधिकार प्राप्त होता है। इसी लिए संध्या को प्रथम स्थान दिया गया है। वैदिक मंत्रों से की गई सूर्य की उपासना ही संध्या है। कहा भी है।

आदौ तस्य नमस्कारः॥

अतः सूर्य को अर्ध्य दिए बिना, जो धार्मिक-कार्य किए जाते हैं, उनका फल नहीं प्राप्त होता।

सूर्यार्घं बिना अन्यत् कृतं सर्वत्र निष्फलम् ॥

अति प्राचीन काल से लेकर बौद्ध काल तक, यहाँ से धर्म प्रचारक लोग विदेशों को जाते रहते थे। भारत के बाहर पाए जाने वाले सूर्य मन्दिर इसके प्रमाण हैं।

भारत के जगद्गुरु कहलाने में यह भी एक कारण था। आर्यों के तीन हजार सम्प्रदायों में विभक्त हो जाने से, प्राचीन परम्परा लुप्त हो गई। प्रसिद्ध लेखक एच. जी. वेल्स ने लिखा है कि भविष्य में वही धर्म विश्व के राष्ट्रों की आधारशिला बनेगा जो सरल, सुबोध और व्यापक होगा। बर्नार्डशा का कथन है कि सभ्यता के लिए धर्म ही प्राण है, उसका अभाव ही सभ्यता की मृत्यु है। सूर्योपासना और आर्य सदाचार तर्क पर प्रतिष्ठित हैं, उनमें उपर्युक्त सभी गुण हैं, केवल आवश्यकता प्रचार करने की है।

सूर्योपासना की विशेषताएं

1) सूर्य उपासना का द्वार हर स्त्री-पुरुष के लिए हमेशा खुला है। उसकी पूजा करके लाभ उठाने का अधिकार सभी को है।

2) सूर्य न हिन्दू है, न ईसाई है, न यहुदी है। अरब को भी वही रोशन करता है और अमेरिका में भी वही चमकता है। सूर्योपासना के लिए किसी को अपना पुराना धर्म बदलने की आवश्यकता नहीं है। अपने-अपने धर्म में रहते हुए भी सब लोग सूर्योपासना कर सकते हैं।

3) सूर्य उपासना से मन्दिर-मस्जिद के झगड़े समाप्त हो जाएंगे। अनन्त (आकाश) सूर्य का घर है, जिसे न कोई तोड़ सकता है और न नापाक कर सकता है।

4) सूर्य उपासना से न केवल भारत में बल्कि विश्वभर में भावात्मक एकता स्थापित होगी और ऊंच-नीच का भेद नष्ट होकर, सच्चे समाजवाद (समत्वयोग) का उदय होगा।

5) सूर्योपासना घर में, रेगिस्तान में, पहाड़ की चोटी पर और समुद्र, यात्रा में भी की जा सकती है। शर्त यही है कि उसे ठीक समय पर और नित्य किया जाए।

6) समय पर उपासना करने वाले को सूर्य नारायण बुद्धि, धन, पुत्र, पशु सम्पत्ति आदि सभी कुछ दे डालते हैं। सूर्य उपासक साहसी, तन्दुरूस्त और सुखी रहता है। जीवन के हर क्षेत्र में उसे सफलता मिलती है। उपासना से दिल का मैल धुल जाता है और स्वभाव में उदारता आती है।

सूर्योपासना का अन्तिम तथा परम शक्तिशाली विधान गायत्री उपासना विधि है। जिसकी विधिवत उपासना करने से अनेक प्रकार का लाभ प्राप्त होता है और साधक के जीवन का सर्वतोमुखी विकास सम्भव होता है।

जीवन के सर्वतोमुखी विकास में सहायक सावित्री विद्या (गायत्री महाविज्ञान)

सच्च मानिए! प्रत्येक मनुष्य में एक प्रकार की विद्युत शक्ति छिपी हुई है। किन्हीं व्यक्तियों में वह विद्युत शक्ति (ओरा), आत्म तेज स्वाभाविक रूप से अधिक मात्रा में होता है, जो पुण्यात्माओं मुख मण्डल के चारों ओर एक गोलाकार प्रकाश मण्डल के रूप में दिखा जाता है।

वस्तुतः इसी प्रकार का तेजस, आप सब के चारों ओर आपकी प्रभाव के रूप में, निश्चय ही उपस्थित है। यही आपका आत्म तेज है और इसकी कमी और अधिकता के अनुपात से हर मनुष्य में चुम्बकीय शक्ति होगी। यह आकर्षण शक्ति आपके अन्दर, जितनी अधिक होगी, आपको सांसारिक, व्यापारिक राजनैतिक तथा आध्यात्मिक क्षेत्रों में उतनी ही अधिक सफलता, उसी अनुपात में प्राप्त होगी।

जिस महापुरुष में जितना अधिक यह तेज चुम्बकीय शक्ति होगी वह उतने ही अधिक लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर सकेगा।

महात्माओं का तेजस, वस्तुतः उनकी वाणी मुद्रा तथा विचारों से प्रस्फुटित होकर, समस्त पृथ्वी के कोने-कोने तक सम्पूर्ण वायुमण्डल में व्याप्त होकर संसार में आनन्द प्रेम और शान्ति का वातावरण उपस्थित करता है।

इस चुम्बकीय मोहिनीशक्ति को, आप अब भी अपने में स्वल्प परिश्रम से विकसित कर, संसार के स्वः इच्छित क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

हमारे वैज्ञानिक ऋषि महर्षियों ने बड़े परिश्रम से, हमारे आपके जीवन को विजय श्री से विभूतिषत करने के लिए, आनन्द और वैभव से सम्पन्न बनाने के निमित्त, आपकी मोहिनी चुम्बकीय शक्ति को बढ़ाने वाली विधि को शास्त्रों में स्पष्ट उपस्थित वर्णित कर डाला है और वह है सावित्री विद्या। वास्तव में सावित्री विद्या एक दिव्य विद्या है। यह एक सिद्ध विज्ञान है। इस

सावित्री विद्या के अनुष्ठान, प्रयोग से निश्चय ही आपके जीवन में संकल्प सिद्ध उपस्थित हो जाएगी। आप का अन्तर और बाह्य तेजोमय, प्रकाशित और दिव्य आत्मतेज से आलोकित हो उठेगा। इससे आपके पास आने वाले को भी, स्पष्टतः उस छुपे हुए दिव्य तेज का आभास होने में देर न लगेगी। जो भी व्यक्ति, साधक, इस सिद्ध सावित्री विद्या का नित्य प्रति त्रिकाल प्रयोग सावधानी से करेंगे। उन्हें और उनके पास आने वाले व्यक्तियों को अवश्य ही उस चुम्बकीय शक्ति का आभास होता रहता है।

प्रसिद्ध वैज्ञानिकों के विचारानुसार, मानवीय तेज विभिन्न रंग और उपरंगों के प्रकार से भेद होता है। यह तेजस साधक की संकल्प शक्ति और भावनाओं के अनुसार परिवर्तित होता रहता है। परोपकारी अच्छे व्यक्ति का तेजस उज्जवल होता है। क्रोधी का तेजस गहरे लाल रंग की धारियां लिए होता है। द्वेषी तथा ईर्ष्यालु विचार वालों का तेजस रंग का होता है, लोभी का नारंगी रंग लिए होता है। अपवित्र दुष्ट भावना वालों का तेजस काले रंग का होता है। विद्वानों का तेज पीले रंग का होता है। आध्यात्मिक भक्ति भावना वाले का तेजस हल्का नीला रंग लिए हुए होता है।

मनुष्य के इस छुपे हुए तेजस को प्रत्यक्ष देखने के लिए, आज विदेशों में विशेष अनुसंधान करके एक विशेष प्रकार का यंत्र बना लिया गया है। जिससे स्पष्टतः ज्ञात हो जाता है कि किस व्यक्ति का ओरा (तेजस) किस प्रकार और कितना है और उससे स्पष्ट हो जाता है कि वह व्यक्ति किस विचार का है।

वास्तव में, आपका तेजस आपके विचारों के अनुसार बनता है और इसको अधिक से अधिक रूप में विकसित करने के लिए, प्राचीन भारतीय वैज्ञानिक ऋषियों ने शक्तिशाली तेजस का विकास करने वाली सबसे जोरदार वैज्ञानिक विधि का नाम, सावित्री विद्या रख दिया वस्तुतः यह विद्या भारतीय शब्द विज्ञान, मंत्र विज्ञान का ज्वलंत उदारहण है।

इसका नित्य नैमित्तिक रूप से उपयोग करना भारतीय साधना का एक आवश्यक अंग माना गया है। पूर्वकाल से ही, भारतीय मनीषियों ने यहाँ के जन-जीवन में, सूक्ष्म रूप से इसका समावेश बड़ी चतुराई से कर दिया था। जिससे अधिक से अधिक लोग, अनजाने में भी धार्मिक नित्य कर्म के रूप में, इस विद्या का उपयोग अपने जीवन में करते रहेंगे। फलतः उनमें इस दिव्य विद्या की अज्ञात शक्ति के कारण, एक प्रकार की आकर्षण शक्ति अथवा सभी क्षेत्रों में अबोध गति से आगे बढ़ जाने वाली शक्ति (स्टेमना) का

स्वाभाविक उदय हो जाता है और इस विद्या का ठीक प्रकार अनुष्ठान करने वाले मनुष्यों को, जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में इच्छित सफलता प्राप्त होती है।

भारतीय शास्त्रों, धर्म ग्रन्थों में वर्णित इसका अनुष्ठान, कुछ कठिन रूप में अवश्य उपस्थित किया गया है। किन्तु सम्पूर्ण प्राचीन भारतीय साहित्य संस्कृति पर इस पराविद्या का प्रभाव समग्र रूप से परिलक्षित होती है।

सम्पूर्ण सुविशाल वैदिक संस्कृति साहित्य इस पराविद्या गायत्री महाविज्ञान का शत सहस्त्र कण्ठों से गुणगान कर रहा है।

गायत्री का दिव्य उद्‌बोधन

गायत्री छन्दसामहम् ॥

(अ: १० ३५)

वेदों में गायत्री की प्रधानता विशेष रूप से उपस्थित है। वेद अनादि और शाश्वत है।

ॐ वेदोऽखिलोधर्ममूलम्॥

सम्पूर्ण धर्मों का मूल (जड़) वेद है।

हिन्दू की मातृ उपासनीय देवी गायत्री हैं।

इस जगत में जो कुछ दृष्टिगोचर हो रहा है। वह सब गायत्री का वाङमय है।

नाम, रूप, लीला, धाम के भेद से भिन्न नामोपाधि है। वह सब गायत्री लीला का वर्णन है। द्विजों की परम उपासनीय और अधिष्ठात देवी, गायत्री को ही माना गया है।

सन्ध्या

ब्रह्ममुहूर्त में ज्ञानी जन गायत्री का ध्यान करते हैं और उस समय को सन्ध्याकाल के नाम से जाना जाता है। वह भगवच्चिन्तन की बेला है, सन्ध्या शब्द की व्युत्पत्ति से ज्ञात होता है। जैसा कि सम् उपसर्ग ध्यै = चिन्तायाम् अर्थात् सम्यक् प्रकारेण ध्यायतेति नाम आता है और इसका बहुत ही बड़ा महत्व है। संध्याकाल को ऋषियों के द्वारा तीन प्रकार का बताया गया। प्रथमकाल सन्ध्या तारों से युक्त कही गई है जिसे हम उत्तम सन्ध्या कहते हैं। द्वितीय काल सन्ध्या तारा विलीन अर्थात् नक्षत्रों से रहित को, मध्यम सन्ध्या से अभिहित किया जाता है। तत्पश्चात् तृतीय सन्ध्या काल सूर्य उदय से लेकर दो मुहूर्त तक बताई गई है।

उत्तमा तारकोपेता मध्यमा लुप्त तारकाः।
कनिष्ठा सूर्य सहिता प्रातः सन्ध्या त्रिधा स्मृता॥

वस्तुतः प्राचीन ऋषियों ने काल (समय) की उपयोगिता को बड़े ही वैज्ञानिक ढंग से जानकर, सर्व साधारण के कल्यार्थ नित्य कर्मों में सन्ध्या काल के बारे में भी निर्णय किया गया है।

उत्तमा सूर्य सहिता मध्यमा लुप्त भास्करः।
अधमा तारकोपेता सायं सन्ध्या त्रिधा स्मृता॥

सन्ध्या से, गायत्री का मूलभूत सम्बन्ध हैं।

वेदा शाखा धर्म कर्मादि पत्रम्।
तस्मान्मूले यत्नतो रक्षणीया।
छिन्ने मूले नैव शाखा न च पत्रम्॥

संध्या काल में गायत्री का विस्तार पूर्वक विधि विशेष के अनुसार करने का प्रयोग बतलाया गया है।

सविधि कर्म न होने पर प्रायः न्यून फल होने से, कल्याण मार्ग में विलम्भकारक होता है। इससे साधक को गायत्री रहस्य तथा इसकी शक्ति का पता नहीं चल पाता।

यत्ने कृते यदि न सिध्यति कोऽत्र दोषः।

अर्थात जो कार्य हमारे द्वारा यत्न पूर्वक किए जाने पर भी सफलता प्राप्त न हो, तो समझना चाहिए कि हमारी सम्पादन विधि अथवा क्रिया में कोई दोष अवश्य है इसलिए सफलता अधूरी है। अतः एव मन्त्र जप में, त्रुटि का ध्यान पूर्ण रूप से साधक को रखते हुए, अनुष्ठान को सावधानी के साथ दोषरहित विधि के साथ, पूर्ण करने का प्रयत्न करें। मन्त्र उच्चारण में तनिक सी त्रुटि के कारण कुछ से कुछ घटित हो सकता है।

एक बार देवराज इन्द्र को मारने के लिए, वृत्रा सुर द्वारा अभिचार मांत्रिक प्रयोग, (अनुष्ठान पूर्वक) ब्राह्मणों से करवाना आरंभ किया। ब्राह्मणों के द्वारा मंत्र, अशुद्ध उच्चारण होने के कारण (स्वर दोष के कारण), यजन कर्त्ता वृत्रासुर का ही वध हुआ। जैसे लिखा गया है–

मंत्रों हीनो स्वरतो वर्णतो वा मिथ्या प्रयुक्तो न तमर्थमाह।
स वाग्वज्रो यजमानं हिनस्ति न चेन्द्र शत्रु स्वरतोऽपराधात्॥

मन्त्र भाग में **''इन्द्रस्य शत्रुः अवर्धस्व''** न प्रयोग करके, ब्राह्मणों ने **''इन्द्रस्य शत्रुर्वर्धस्व''** ऐसा अशुद्ध मन्त्र का प्रयोग करने के कारण, फल यह निकला कि स्वयं यजमान विनाश को प्राप्त हुआ।

गायत्री का अनुष्ठान परम सात्विक है, जिससे हम सरलता से अर्थ, धर्म, काम, मोक्ष की प्राप्ति कर सकते हैं।

आध्यात्मिक, आदि दैविक, आदि भौतिक सुखों को प्राप्त करने के लिए गायत्री अनुष्ठान परम कल्याणकारक है।

गायन्तं त्रायते इति गायत्री।

गायत्री की दो प्रकार की सत्ता है। निर्गुण और सगुण। निर्गुण मार्ग परम गहन है। सगुण मार्ग सहज ही वर्णन किया गया है। जब गायत्री की सगुण लीला में प्रवेश करते हैं तो गान का अवसर मिलता है। जब तक सगुण लीला में मानव प्रवेश नहीं, तब तक उसकी मानवी चेतना उद्‌बुध्य नहीं होती है। अर्थात् गान का आनन्द न तो मिलता है, न ही गायत्री सगुण लीला विभूति का चमत्कार ही दृष्टिगोचर होता है। अतः ये बातें पूर्ण रूप से विचारणीय है कि वेद अनादि, अक्षय, अव्यय, सत्य, सनातन और शाश्वत है तो पुनः उसके मन्त्र भी परमोत्कृष्ट गायत्री के लक्ष्यार्थक है और वेद गायत्री की स्मृतियाँ हैं। गायत्री के सगुण लीला धाम में पहुंचकर गान किया जा सकता है। यह अन्यथा विज्ञान नहीं हैं। क्योंकि लिखा गया है कि–

ब्रह्मनादमयम् ॥

श्री कृष्ण भगवान अर्जुन को दिव्य चक्षु देकर, विराट रूप दर्शन से अपने को सब कुछ बतलाया और कहा–

वेदानाम् सामवेदोऽहम्।।

मैं वेदों में सामवेद हूं अर्थात ध्वनि विद्या हूं। ध्वनि को अनेक लयों में उतारकर गान किया जाता है। परन्तु यह अत्यन्त गोप्यतम मन्त्र है, जिसका स्वरूप स्वतः सिद्ध है।

मननात् त्रायतेति मन्त्रः।

मन्त्र के अन्दर तीन प्रकार का स्वभावतः क्रम सें साधक को आभास होता है। शब्द, ध्वनि और अर्थ।

इन पर पूर्वापर विचार साधक का होता हैं। जिसे हम अनुसंधान कहते हैं। मन्त्र में तीन प्रकार से क्रम उच्चारण निर्देश किया गया है।

मानसिक, उपांशु, वाचिक

इन तीन प्रकार की विधियों में साधक को क्रम से चयन करना चाहिए। पहले अभ्यास बनाने के लिए वाचिक जप सर्वोत्तम है, पुनः क्रम से उपांशु और मानसिक जप स्वतः सिद्ध हो जाएगा। जैसे कि पातंजल योग दर्शन में कहा गया है।

अभ्यास वैराग्याभ्याम् तन्निरोधः।।

तो निरन्तर अभ्यास से मन शान्त हो जाता है, ये विधियां क्रम से उत्तम, मध्यम और अधम फल वाली कही गई हैं।

सबसे पहले गायत्री अनुष्ठान के पूर्व साधक को विशुद्ध वातावरण देश, काल, परिस्थिति का ध्यान रखना अनिवार्य है। इस प्रकार गायत्री में निर्हित देवों का विराट रूप दर्शन, साधक को स्वतः होने लगता है। जब तक मानव को अपने लक्ष्य का ध्यान नहीं रहता, तब तक वह कहीं भी फंस सकता है और यह भी देखा जाता है कि जब मानव का थोड़ा भी कल्याण हुआ, ज्यों ही अपने रास्ते को छोड़कर इतराने लगता है। फलतः पुनः जिस रास्ते को पकड़कर श्रेय मार्ग प्राप्त करता है, उन्हीं मार्गों से साधक की साधन क्रिया सम्पन्न की जाती है तो बार-बार लक्ष्य तक न पहुंचना ही दुख का अनुभव करता है। जब निरन्तर अपनी साधना में साधक लगा रहता है तो उसे क्रिया की सिद्धि प्राप्त होती है।

परमं पवित्रं गायत्री मन्त्रम्।।

गायत्री मन्त्र परम पवित्र कहा गया है। गायत्री, गंगा, गणेश, गौ, गया

तीर्थ ये पांच स्तम्भ कहे गए हैं। गायत्री मन्त्र से इन पांचों का लाभ होता हैं।

नास्ति तत्वं गायत्री मन्त्रम्।

गायत्री उपासना में गंगा का शीघ्र ही लाभ होता है। जब प्राणी का गायत्री ध्यान निरन्तर चलने लगता है तो गंगा प्रवाह स्वतः 'काकुदं अनुक्ष रन्ति' शब्दों का तारतम्य लगा रहता है। किसी भी अनुष्ठान की रक्षा गायत्री स्वयं करती है।

परात्परब्रह्म गायत्री गनेनायकं भूत्वा विचरति महीतले॥

साधक रक्षणार्थ अमृत रस प्रदान करने के लिए विचरण स्वेच्छानुसार करती है। विभिन्न शाखाएं गौ रूप में धर्म को धारण करती है। धर्म रूपी गौ की रक्षा के अभाव में, हमसे सम्पूर्ण पदार्थ सुदूर रहते हैं। न तो पुनः दुग्ध की प्राप्ति होती है और दुग्ध न रहने के कारण दही, मक्खन, घृत आदि कहां से प्राप्ति हो सकता है। पुण्य क्षेत्र गया धाम में पहुंचकर जीव आनन्द को प्राप्त करता है। आनंद क्षेत्र गायत्री का परम धाम है। पवित्र गायत्री रूपा गया धाम प्रवेश हेतु, गौ रूपी धर्म रक्षा का ध्यान, गायत्री स्वरूप गणेश की सर्वप्रथम पूजा और पूजनोपरान्त।

काकुदं अनुक्षरन्ति॥

गंगा प्रवाह का आजस्र गायत्री का निःसाधारण पुनः गायत्री एकपदा होने के कारण पूर्ण ब्रह्मांड को संचालन करती है।

द्विपदा होने के कारण नाशवान लोकों और दिव्य लोकों की अधिष्ठात्री जननी है। सप्त महा-व्याहृतियों में **'भूः भुवः स्वः महः जनः तपः सत्यम्'** नाशवान लोकों और दिव्य लोकों का वर्णन आता है। जिसमें से भू लोक भुवः लोक और स्वः लोक महः का आधा (भाग) लोक नाशवान् हैं। इसे अनित्य लोक कहा जाता है। महः लोक का आधा भाग जनः तपः सत्यम् अर्थात ये साढ़े तीन लोक नाश रहित है और इन्हें नित्य लोक की संज्ञा से पुकारा जाता है। त्रिपदा होने से गायत्री तीन लोकों को तृप्त करती हुई, उनसे भी परे है और समपूर्ण ब्रह्माण्ड सत्ता को अभिभूत करने की स्थिति में है। गायत्री चतुष्पदा कही गई जो कि चार चरणों से लोक को तृप्त कराती है। अर्थ, धर्म, काम, मोक्ष ये गायत्री उपासना का फल है।

गायत्री उपासना का आनन्द

गायत्री उपासना का आनन्द अनित्य अनिवर्चनीय, दिव्य तथा अकथनीय है। उपासना शब्द सामीप्य वाचक है। **उप = समीपे आस्थयीति उपासना।**

गायत्री के समीप जब साधक स्थित होता है, तो उसका स्वरूप गायत्री का ही हो जाता है और दिव्य दर्शनीय होता है। गायत्री का दर्शन परम अलौकिक आनन्द का स्रोत है। साधक को स्वयं अनुभव होने लगता है कि दिव्य आसन पर दिव्य साधक के द्वारा दिव्य धाम में साधना सिद्ध हो रही है। एक पदा गायत्री, सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड सत्ता को धारण करती है। द्विपदा होने से निर्गुण सत्ता सगुण सत्ता, का विकास करना गायत्री की अनंत सत्ताएं हैं। प्रत्येक सत्ताओं में अनेक रूपों में प्राकट्य, जैसे त्रिपदा गायत्री को हम ध्यान पूर्वक देखते हैं, तो पता चलता है कि वास्तविक रूप में गायत्री की ही विभूतियां हैं।

सरस्वती, महालक्ष्मी, महाकाली, ब्रह्मा, विष्णु, महेश।

जो कि विश्व को संचालन करने में तत्पर हैं। वही एकपदा गायत्री की त्रिपाद् सत्ता सृजन, पालन, संहार करती हैं। गायत्री माता पिता पूरे ब्रह्माण्ड की है। जल रूप से सृजन, रस रूप से पालन, ओला (हिम) रूप से जगत का संहार कार्य संचालन करती हैं। तीनों काल का प्रादुर्भाव गायत्री रूपा है। भूत, वर्तमान, भविष्यकाल की जननी है। त्रिपदा क्षेत्र में सन्त ऋषि लोग दर्शन करते हैं।

त्रिपदा क्षेत्र विस्तार पूर्वक वर्णन किया गया है। त्रिपदा का संगम एकपदा गायत्री में होता है। गायत्री दर्शन क्षितितल पर गंगा, यमुना, सरस्वती के समान लाभकारी है और त्रिपाद् विभूति से युक्त है।

एक बार पुनः दत्तात्रेय जैसे गुरु का मन्थन करके, ज्ञान घृत का दीपक जलाना पड़ेगा। क्या वास्तव में दत्तात्रेय जी ने चौबीस गुरु किए थे। यह कहा जा सकता है कि जब एक ही गुरु सब कुछ दिखलाने वाला होता है तो चौबीस गुरु की क्या आवश्यकता? अतः ध्यान पूर्वक देखा जाए तो यही आला है कि गायत्री चौबीस वर्णों वाली है। इन सम्पूर्ण वर्णों अक्षरों

के रहस्य को जानने वाले महर्षि दत्तात्रेय जी थे। सम्पूर्ण वर्षों से युक्त मुद्रा दर्शन उन्हीं के द्वारा हुए।

आज भी यदि गायत्री के द्वारा मानसिक, वाचिक कायिक शुद्धि पश्चात् पुनः गायत्री का विधान पूर्वक अनुष्ठान किया जाए तो साधारण पदार्थ ही नहीं, अपितु उस प्राणी को, सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड तक की वस्तु भी सुलभ हो सकती है, परन्तु हमारे ऋषियों महर्षियों को ज्ञान के अलावा, सांसारिक भोग पदार्थों में रूचि ही नहीं रही थी। क्योंकि वे उसे दुःख का कारण समझते हैं इसलिए उनकी सर्वदा ज्ञान की चाह रही है। गीता में भगवत वचन है कि–

नहि ज्ञानेन सदृशं पवित्रमिह विद्यते॥

गायत्री का मूल सम्बन्ध सविता से है, अर्थात सूर्य देव से है। जैसे सूर्य उदय होने पर, लोक में प्रकाश होता है और अन्धकार का विनाश होता है। उसी प्रकार गायत्री की जप प्रक्रिया सूर्य देव में स्थापित होती है और वह वायु देवता के द्वारा संचालन शक्ति प्राप्त करती है।

शब्दाश्रयत्वमाकाशत्वम्॥

जो शब्द प्रस्फुटित होता है, वह वायु के माध्यम से विक्षेप करके सूर्यदेव को अर्पण करते हैं। सविता देव के आश्रय से हमारे धार्मिक कृत्यों को क्रम से ऊर्ध्व लोकों में ले जाते हुए, परम धाम गायत्री को समर्पण किया जाता है। गायत्री जप में जन्म और मृत्यु बन्धनों को नष्ट करने का सामर्थ है। क्योंकि जप शब्द से ही ज्ञात होता है कि जैसे संध्या भाष्य में उल्लेख किया गया है।

गायत्री में ऋषियों का दिग्दर्शन स्वतः होने लगता है। वे ऋषि मन्त्र दर्शन में सहायक हैं। वे ऋषि मंत्र द्रष्टा कहे जाते हैं। वे गायत्री में दर्शन करते हैं और द्रष्टा होने के कारण उनका नामोच्चारण बहुत प्रधान बतलाया गया है। जैसे ब्रह्म ऋषि वशिष्ठ, विश्वामित्र, यमदग्नि, भारद्वाज, गौतम, अत्रि, कश्यप आदि। इन ऋषियों का ध्यान, अनुष्ठानकर्ता के द्वारा करना, प्रमुख बतलाया गया है। इन ऋषियों का अर्चण भी आवश्यक है। ऋषि अर्चन होने पर, अनुष्ठान में विघ्न होने की कोई आशंका नहीं होती। जैसे कि उपरोक्त ऋषियों का विनियोग किया गया है।

ऊंकारस्य ब्रह्म ऋषि देवी गायत्री परमात्मा देवता, सप्तव्याहृतीनां ब्रह्म वशिष्ठ, विश्वामित्र, यमदग्नि, भारद्वाज, गौतम, अत्रि, कश्यप ऋषीणाम्॥

13887

इत्यादि क्रम से कहे गए हैं। गायत्री सत्य स्वरूपा है, जो पदार्थ जाने जाते हैं, उन सबका आदि मूल गायत्री है। इस कलियुग जैसे, तामस युग में परिवर्तन का एक ही उपाय बतलाया गया है। जो कि गायत्री तीन चरणों में निहित है। जैसे **धियो यो नः प्रचोदयात्।**

इसके द्वारा मानव की इच्छा शक्ति बलवती हो जाती है। गायत्री कामधेनु के समान फल देने वाली है। इस फल को मानव जीवन में सद्यः प्राप्त किया जा सकता है। गायत्री की उपासना करने से अभिमान का नाश हो जाता है। आत्मा में आर्द्रता, गुण ग्रहण में पुरुषार्थ और अत्यन्त प्रीति का होना, ये स्वभावतः होता है। साथ ही साथ भौतिक पक्ष सबल होते हुए, आध्यात्मिकता का पूर्ण अनुभव होने लगता है। इसके लिए समर्थ अनुभवी गुरु के निर्देश द्वारा साधक, अपने मनोवांछित वस्तुओं को प्राप्ति करके, अभय पक्ष का आनन्द ले सकते हैं।

गायत्री का तृतीय चरण का सत्ता कलियुग के अनुसार चल रहा है। अतएव युगानुसार गायत्री को चार चरणों में विभाजन किया गया है। जिसका उद्देश्य यही ध्यान में रख कर किया गया है। वह आपको चार चरणों की व्याख्या भाग में देखने को मिलेगी। गायत्री की तृतीय चरण में इसी दिशा में बढ़ने की प्ररेणा दी गई है।

यदि हमारे, गायत्री के उपासक जन, इन बातों का ध्यान हृदयगम करके, साहस को बढ़ाने की कोशिश करेंगे तो गायत्री की अलौकिक विभूतियां दृष्टिगोचर होंगी और पुनः नए सिरे से आत्मिक बल और शक्ति का प्रादुर्भाव होगा और एक ही साथ युग परिवर्तन की दिशा चल पड़ेगी। लोक में अशान्ति और दुःख कम हो जाएगा। अतः ऋषियों ने कहा है कि–

गायत्र्यास्तु परं नास्ति शोधनं पाप कर्मणाम्।
महा व्याहृति संयुक्तां प्रणवेन च संजपेत्॥

गायत्री सिद्धि में मुद्राएं आवश्यक

आयुर्वेद के अनुसार मानव शरीर 24 तत्व विशेष के द्वारा बना हुआ है। चेतन्य आत्मा, मन, बुद्वि, षट्, धातु, पांचों ज्ञानेन्द्रियाँ, पांचों कर्मेन्द्रियाँ तथा पंच महाभूत इन 24 तत्वों का सम्मिश्रण है, यह पुरुष शरीर।

धर्म विज्ञान के वैज्ञानिक मनीषियों ने महत्वपूर्ण वैज्ञानिक तथ्यों का धर्म तथा उपासना की विधियों, मंत्रों तथा यन्त्रों के साथ बड़ी सूक्ष्मता के साथ समन्वय किया है और उन सूक्ष्म प्राकृतिक सिद्धान्तों का, मन्त्राक्षरों की संख्या विशेष, मुद्रायें वह भी संख्या विशेष में मंत्र जप के पूर्व और पश्चात करने का। वस्तुतः एक वैज्ञानिक आधार है। गायत्री के 24 अक्षर, गायत्री जप से पूर्व 24 मुद्राओं के करने का धर्मशास्त्र में विशेष विधान, आयुर्वेद में मानव शरीर के 24 तत्व का वर्णन, यह सब ऋषियों की सूक्ष्म बुद्धि का चमत्कार है।

गायत्री आदि सभी मन्त्रों के साथ मुद्राओं का प्रयोग शास्त्रों में परम आवश्यक कहा गया है। किन्तु कालान्तर में देश के अच्छे विद्वान, साधक और महात्मागण भी अपने सन्ध्यापासना, यज्ञ योग आदि, नित्य कर्मों में मुद्राओं का प्रयोग, शनैः शनैः भूलते गए और इस समय तो ऐसा लगता है कि लोग, इन महत्वपूर्ण सिद्धिदात्री मुद्राओं के सम्बन्ध में नितान्त ही ज्ञान शून्य हो गए हैं।

यदि हमें, अपने प्राचीन ऋषियों के उस चमत्कारी सिद्धिदाता मंत्र विज्ञान को पुनः प्रकाश में लाना है तो मानव शरीर, मन्त्र तथा यन्त्रों में चमत्कार उत्पन्न करने वाली विधियों को प्रकट करना होगा।

उन विशेष प्रक्रियाओं में ध्यान, भावातीत ध्यान, न्यास, मूलबन्ध तथा मुद्राएं अपना विशेष स्थान रखती हैं। आज साधक अधिकांशतः इनके सम्यकज्ञान से दूर हो चुका है इसलिए सिद्धि शक्ति के शून्य है। अतः गायत्री जप से पूर्व यह 24 मुद्राएं साधक, गायत्री उपासकों करणीय है और गायत्री जप के उपरान्त आठ मुद्राएं करनी परम आवश्यक हैं। मैंने स्वयं अनुभव किया है और गायत्री के परम उपासक नैष्ठिक ब्रह्मचारी श्री जीवन दत्त जी महाराज को परम पावन भागीरथी गंगा के सुरम्य तट पर गायत्री का न्यास तथा

मुद्राओं सहित सांगोपांग अनुष्ठान करते देखा है। वस्तुतः वे इस घोर कली काल में भी गायत्री के प्रत्यक्ष सिद्धि पुरुष थे। वे अहर्निश गायत्री साधन में जीवन पर्यन्त अनवरत लगे रहे, जिन लोगों ने उस दिव्य तपोमूर्ती का दर्शन किया, वस्तुतः वे धन्य हो गए।

गायत्री जप से इन 24 मुद्राओं को अवश्य करें।

गायत्री जप विधि

ब्रह्ममुहूर्त में, अर्थात 2 घण्टे रात जब शेष रहे तब उपासक को अपना शयन आसन का त्याग कर देना आवश्यक होता है एवं भगवत् चिन्तन करना चाहिए। तदनन्तर शौचादि क्रिया से निवृत्त होकर, शुद्ध कौशीय वस्त्र को धारण कर पूर्वाभिमुख या उत्तराभिमुख करके पद्मासन में बैठें। उपासक अपने दाहिने तरफ पंच पात्र रखें एवं इस प्रकार से जप विधि आरम्भ करें।

सर्व प्रथम इस मंत्र से अपने ऊपर कुशा से जल छोड़ें।

ॐ अपवित्राः पवित्रो वा सर्वावस्थां गतोऽपि वा।
यः स्मरेत्पुण्डरीकाक्षं स बाह्याभ्यन्तरः शुचिः॥

साधक पवित्र हो या अपवित्र, किसी भी अवस्था में हो, जो भगवान पुण्डरी काक्ष का स्मरण करता है, वह अंदर और बाहर से पवित्र हो जाता है।

फिर इस मंत्र से कुशासन पर जल छोड़कर कुशासन को स्पर्श करें।

ॐ पृथ्वी त्वया धृता लोका देवि त्वं विष्णुना धृता।
त्वं च धारय मां देवि पवित्रं कुरु चासनम्॥

हे देवी! तुमने समस्त संसार को धारण किया है एवं भगवान विष्णु तुम्हें धारण किए हैं। हे देवी! आप मुझे धारण करो, मेरे आसन को पवित्र करो।

इसके बाद श्रद्धानुसार भस्म, चंदन आदि का लेप करें।

मृतिका चन्दनं चैव भस्म तोयं चतुर्थकम्।
एभिर्द्रव्यैर्यथा कालमूर्ध्व पुण्ड्रं भवेत् सदा॥

अपने इष्ट देवता के अनुसार ऊर्ध्व पुण्ड या त्रिपुण्ड धारण करें। तदनन्तर इन तीनों मंत्रों को पढ़कर पवित्र जल से आचमन करें।

ॐ केशवाय नमः॥ ॐ माधवाय नमः॥ ॐ नारायणाय नमः

आचमन करते समय यज्ञोपवीत हाथ के भीतर ही रहना चाहिए। पूर्व ईशान या उत्तर दिशा का ओर मुख हो, आचमन के जल पीने का महत्व

इस प्रकार से है। ब्राह्मण इतना जल पीए कि हृदय तक पहुंच जाए, क्षत्रिय इतना जल पीए कि कण्ठ तक पहुंच जाए और वैश्य इतना जल लें कि तालु तक ही पहुंच सके। जब जल ग्रहण करो तो ओष्ठ बहुत अधिक नहीं खोलें, बड़े सोभ्य ढंग से, साध्य करना चाहिए। आचमन के अनन्तर

ॐ गोविन्दाय नमः ॥

इस मंत्र से हाथ धो लेना चाहिए।

इसके बाद दो बार अंगूठे के मूल से ओठ को पीछे फिर पवित्र जल से साधक को अपना हाथ धोना चाहिए। अंगूठे का मूल स्थान ब्रह्म तीर्थ माना गया है। तदनन्तर भीगी हुई अंगुलियों से मुख आदि का स्पर्श करें। इसका विधान इस प्रकार है। मध्यमा अनामिका से मुख को, कनिष्ठिका अंगुष्ठ से नाभि, तर्जनी अंगुष्ठ से नासिका, मध्यमा अंगूठे से आंख, अनामिका अंगूठे से कान, दाहिने हाथ को सभी अंगुलियों से दाहिनी भुजा और बाईं भुजा को स्पर्श करना चाहिए।

इसके पश्चात् हाथ में कुशाक्षत जल लेकर संकल्प पढ़कर जल नीचे गिरा देना चाहिए।

हरि ओम् तत्सद्यैतस्य श्री ब्रह्मणे द्वितीय परार्धे श्री श्वेत वाराह कल्पे जम्बूद्वीपे भारत वर्षे भरत खण्डे आर्यावर्तैक देशान्तर्गते पुण्य क्षेत्रे कलियुगे कलि प्रथम चरणे ..... अमुक संवत्सरे ..... अमुक मासे . ..... अमुक पक्षे ..... अमुक तिथौ ..... अमुक वासरे ..... अमुक गौत्रेत्पन्नः ..... अमुक शर्माऽहं ममोपात्त दुरित क्षय पूर्वकं श्री परमेश्वर प्रीत्यर्थं प्रातः सायं अथवा मध्याह्न संध्योपासनं करिष्ये।

फिर विनियोग पढ़ें।

ऋतं चेति ऋचस्य माधुच्छन्दसोऽघमर्षण ऋषिरनुष्टुप छन्दो भाववृतं दैवतमपामुपस्पर्शने विनियोगः।

तदनन्तर नीचे लिखे मन्त्र को पढ़कर एक बार आचमन करें।

ॐ ऋतञ्च सत्यञ्चाभीद्धातपसोऽध्यजायत।
ततो रात्र्य जायत ततः समुद्रो अर्णवः॥
समुद्रादर्णवादधि संवत्सरो अजायत।
अहो रात्राणि विदधद्विस्य भिषतो वशी॥
सूर्या चन्द्रमसौ धाता यथापूर्वमकल्पयत्।
दिवञ्च पृथ्वीञ्चान्तरिक्षमथो स्वः॥

''महाप्रलय के बाद एवं प्रथम कल्प के प्रारंभ में'' सभी तरह से अनन्त प्रकाशवान प्रभु से ऋतु अर्थात सत् संकल्प 'सत्यं' पदार्थ भाषण का प्रादुर्भाव हुआ, परमात्मा से ही दिन रात का अविर्भाव हुआ। जलमय समुद्र की उत्पत्ति के बाद, रात्रियों को धारण करने वाले, काल स्वरूप संवत्सरो का जन्म हुआ, जो कि स्थावर और जंगम प्राणियों को हमेशा अपने वश में रखने वाला है। तदनन्तर समस्त विश्व को धारण करने वाले परमेश्वर ने सूर्य, चन्द्रमा, स्वर्ग लोक, देवलोक, महालोक तथा पृथ्वीलोक आदि की सृष्टि की।

इसके पश्चात् प्रणव पूर्वक गायत्री मन्त्र को पढ़कर अपनी रक्षा के लिए चारों तरफ जल छिड़कें, फिर इस विनियोग को पढ़ें।

ॐ कारस्य ब्रह्म ऋषिर्देवी गायत्री छन्दः परमात्मा देवता सप्त व्याहृतीनां प्रजापति ऋषिर्गांयत्र्युष्णिगनुष्टुप ब्बृहती पंक्ति त्रिष्टुब्जगत्यश्छन्दांस्यग्नि वायु सूर्य बृहस्पति वरूणेन्द्र विश्वे देवा देवता तत्सवितुरिति विश्वामित्र ऋषि गायत्री छन्दः सविता देवता आपो ज्योतिरिति शिरसः प्रजापतिऋषि यजुश्छन्दो ब्रह्माग्नि वायु सूर्या देवताः प्राणायामे विनियोगः।

तत्पश्चात् जल छोड़ें।

तत्पश्चात् प्राणायाम करना चाहिए।

प्राणायाम करने की विधि :-



दाहिने हाथ के अंगूठे से नाक का, दाहिना छिद्र बन्द करना चाहिए एवं बायें छिद्र से पूरक करना चाहिए। नाभि प्रदेश में भगवान विष्णु का ध्यान करना चाहिए, हो सके तो प्राणायाम मन्त्र का तीन बार जप करें। यदि तीन बार न हो पाए तो एक बार ही कर लेना चाहिए। फिर मध्यमा और अनामिका से नाक का दूसरा छिद्र भी बन्द करना चाहिए, इसे कुम्भक कहते हैं। इस समय चतुर्मुखी ब्रह्मा का ध्यान करना चाहिए। इसके बाद नासारन्ध्र से अंगूठा हटाना चाहिए, इसे रेचक कहते हैं। इस समय भगवान शंकर का ध्यान करना चाहिए। ध्यान रहे तीन-तीन बार पूरक रेचक कुम्भक में प्राणायाम मन्त्र अवश्य ही पढ़ना चाहिए। इन तीनों को मिलाकर प्राणायाम मंत्र इस प्रकार है।

प्राणायाम की अन्य वास्तविक विधि :–

वास्तविक प्राणायाम में 1, 4, 2 की संख्या से पूरक, कुम्भक, रेचक करें। अर्थात मन ही मन एक बार ॐ बोलते हुए श्वास ले, 4 बार मन ही मन मंत्र ॐ बोलते हुए कुम्भक अर्थात श्वास रोकें और दो बार ओम् मन ही मन बोलते हुए, रेचक अर्थात श्वास निकाले। यह एक प्राणायाम होता है। ऐसे तीन बार करों। ॐ या किसी भी मन्त्र से 1-4-2 की संख्या में पूर्व विधि से पूरक, कुम्भक, रेचक युक्त प्राणायाम करना चाहिए।

ॐ भूः। ॐ भुवः। ॐ स्वः। ॐ महः।
ॐ जनः। ॐ तपः। ॐ सत्यम्।
ॐ तत्सवितुर्वरेण्यं। भर्गो देवस्य धीमहि।
धियो यो नः प्रचोदयात्।।
ॐ आपो ज्योतिरसोऽमृतंब्रह्म भूर्भुवः स्वरोम्॥

मैं उन परम पुरुष, जो स्थावर-जंगम एवं समस्त संसार का उत्पत्ति कारक योग क्षेम वहन करने वाला हैं, उनका ध्यान करता हूं। जो हमारी प्रज्ञा को सत्कर्म में चलने को प्रेरित करते हैं और जो भू, भूवर, स्वर आदि नामों से सारे जगत में प्रसिद्ध है। एवं जो त्रिगुणात्मक ब्रह्म है, उनका ध्यान करता हूँ। फिर पुनः जल लेकर, इस विनियोग को पढ़े।

सूर्यश्चमेति नारायण ऋषिः प्रकृतिश्छन्दः सूर्यमन्यु
मन्युपतयो रात्रिश्च देवता अपामुपस्पर्शने विनियोगः।

जल छोड़े। फिर इस मन्त्र को पढ़ कर एक बार आचमन करें।

ॐ सूर्यश्च मा मन्युश्च मन्युपतयश्च मन्युकृतेभ्यः पापेभ्यो
रक्षन्ताम्। यद्राञ्या पापमकार्षं मनसा वाचा हस्ताभ्यां
पद्भ्या मुदरेण शिश्ना रात्रिस्तदवलुम्पतु। यत्किंचिद्दुरितं
मयि इदमहं मामृत योनो सूर्ये ज्योतिषि जुहोमि स्वाहा।

"भगवान सूर्य क्रोध के स्वामी देवता हैं। अतः जो कुछ भी मैंने क्रोध में पाप किए हों, उनसे वे मेरी रक्षा करें, अर्थात किए हुए पापों को नष्ट करके, भविष्य के पापों से बचावें। रात्रि के देवता जो मैंने मनसा, वाचा, कर्मणा पाप किए हों वे नष्ट करें, अर्थात अभिमान के द्वारा त्रिकाल में कोई पाप किए होतो मैं उसे सूर्य स्वरूप हवन में अर्पण करता हूँ।

यह मन्त्र प्रातःकाल के जप का है। मध्याह्न और सायं काल के केवल आचमन मन्त्र, प्रातःकाल से भिन्न हैं।

मध्याह्न का विनियोग इस प्रकार है :-

ॐ आपः पुनन्त्विति नारायण ऋषिरनुष्टुप् छन्दः आपः पृथिवी ब्रह्मणस्पतिर्ब्रह्म च देवता अपामुपस्पर्शने विनियोगः।

इस विनियोग को पढ़कर नीचे लिखे मन्त्र से एक बार आचमन करें।

ॐ आपः पुनन्तु पृथ्वी पृथिवी पूता पुनातु माम् पुनन्तु ब्रह्मणस्पतिर्ब्रह्मपूता पुनातु माम् यदुच्छिष्टमभोज्यं च यद्वा दुश्चरितं मम् सर्व पुनन्तु मामापोऽसतां च प्रतिग्रहꣳ स्वाहा।

"जल से पवित्र पृथ्वी, मुझे पवित्र करें। वेदाधिपति मुझे शुद्ध करें। जो मैंने कभी अपवित्र अन्न भक्षण किया हो, उसे जल से पवित्र करें। मैं सम्पूर्ण अंगों से पवित्र हो जाऊँ।"

सायं काल का विनयोग इस प्रकार है :-

अग्निश्च मेति नारायण ऋषिः प्रकृतिश्छन्दोऽग्निमन्यु मन्युपतयोश्च आपो देवता अपामुपस्पर्शने विनियोगः।

इस विनियोग को पढ़कर फिर नीचे के मन्त्र द्वारा एक बार आचमन करें।

अग्निश्च मा मन्युश्च मन्युपतयश्च मन्यु कृतेभ्यः पापेभ्यो रक्षन्ताम् यदह्नापापमकार्ष मनसा वाचा हस्ताभ्यां पद्भ्यामुदरेण शिश्ना अहस्तद्वलुम्पतु। यत्किचिंद्दुरितं मयि इदमहममृत योनौ सत्ये ज्योतिषि जहोमि स्वाहा।"

"अग्नि क्रोध के स्वामि एवं अभिमान के देवता है। जो मैंने क्रोध में पाप किए हों, वे अपने तेज से भस्म करें एवं दिन में मैंने जो भी मन, वाणी, हाथ-पैर इन्द्रियों आदि से पाप किए हों, उन्हें दिन के अभिमानी देवता नष्ट करें। मैं अपने अहंकार एवं पाप को भस्म करता हूँ। इसका भली-भाँति हवन हो जाए।

इसके बाद इस विनियोग को पढ़े :-

आपो हिष्ठेति त्र्यचस्य सिन्धुद्वीप ऋषिर्गायत्री छन्दः आपो देवता मार्जने विनियोगः।

इसके बाद इन मन्त्रों से, सिर पर जल छोड़ें, नीचे लिखें आठवें चरण को पढ़कर जल पृथ्वी पर डाले, नवें को पुनः सिर पर ही डालना चाहिए। मार्जन मन्त्र इस प्रकार है।

ॐ आपो हिष्ठा मयो भुवः। ॐ तान ऊर्जे दधातन।
ॐ महेरणाय चक्षसे। ॐ यो वः शिवतमो रसः।
ॐ तस्य भाजयतेह नः। ॐ उशतीरिव मातरः।
ॐ तस्मा अरं गमामः वः। ॐ यस्य क्षयाय जिन्वथः।
ॐ आपो जनयथा च नः।

हे जलदेव! तुम सभी के कल्याण कारक हो बल वृद्धि एवं प्रभुदर्शन के लिए हमारी सहायता करो। जिस प्रकार माताएं पुत्र के प्रसन्नार्थ स्तन पान कराती हैं, उसी प्रकार मुझे अमृत रस का भागी बनाओ। हे जल! समस्त भू मण्डल के तुम जीवनाधार हो, सभी को अपने रस से तुष्ट रखते हो, अतः मुझे भी आप, उस पूर्ण रस की प्राप्ति कराएं। तुम उस रस पान का हमें भोक्ता बनाओं एवं छमता दर्शन प्रदान करो।

इसके बाद विनियोग पढ़ें।

द्रुपदा दिवेत्यस्य सरस्वतीन्द्रा ऋषयोऽनुष्टुप्छन्दो
आपो देवताः शिरस्सेके विनियोगः।।

फिर बायें हाथ में जल लेकर, दायें हाथ से ढक लें एवं नीचे लिखे मन्त्र से अभिमन्त्रित करके सिर पर छिड़के।

ॐ द्रुपदादिव मुमुचानः स्विन्नः स्नातो मलादिव।
पूतं पवित्रेणेवाज्यमापः शुन्धन्तु मैनसः।

जिस प्रकार पादुका से रहित मानव, उसके मल आदि से दूर हो जाता है, पसीने से युक्त स्नानोपरान्त पवित्र हो जाता है। उसी प्रकार, हे जल! आप, मेरे सभी पापों को दूर करें।

फिर इस विनियोग को पढ़ें।

ऋतञ्चेति ऋचस्य माधूच्छन्दसोऽधमर्षण
ऋषिरनुष्टुपछन्दो भाववृतं दैवतमघमर्षणे विनियोगः।

फिर दाहिने हाथ में जल लेकर नासिका में लगावें। नीचे लिखे मन्त्र को एक बार पढ़कर, मन में विचार करें कि इस जल ने नासिका छिद्र से घुसकर, मेरे अन्तःकरण को पवित्र कर दिया है। पापों को निकाल दिया है। फिर उस जल की ओर न देखकर, उसे अपने बाईं ओर फेंक दें।

मन्त्र इस प्रकार है :--

ॐऋतञ्च सत्यञ्चा भीद्धातपसोऽध्यजायत ततो रात्र्यजायत।
ततः समुद्रो अर्णवः समुद्रादर्णवादधिसंवत्सरो अजायत।
अहोरात्राणि विद्धद्विश्वस्य मिषतो वशी

सूर्याचन्द्रमसौ धाता यथापूर्वमकल्पयत्।
दिवञ्च पृथिवीञ्चान्तरिक्षमथो स्वः।

क्रमशः इसके बाद इस विनियोग को पढ़ें।

अन्तश्चरसीति तिरश्चीन ऋषिरनुष्टुप् छन्दः
आपो देवता अपामुपस्पर्शने विनियोगः।

फिर इस मन्त्र को पढ़कर एक बार आचमन करें।

ॐ अन्तश्चरसि भूतेषु गुहायां विश्वतो मुखः।
त्वं यज्ञस्त्वं वषट्कार आपो ज्योति रसोऽमृतम्।

हे जल रूप प्रभो! आप समस्त प्राणियों के हृदय में निवास करने वाले हो, तुम समस्त लोकों में व्याप्त हो। यज्ञ आदि एवं अमृत तुम्हीं हो।

इसके बाद इस विनियोग का पाठ करें।

ॐ कारस्य ब्रह्म ऋषिर्देवी गायत्री छन्दः परमात्मा देवता
तिसृणांमहा व्याहृतीनां प्रजापतिर्ऋषि गायत्र्युष्णिगनुष्टुप्
छन्दांस्याग्नि वायु सूर्या देवताः तत्सवितुरिति विश्वामित्र
ऋषिर्गायत्री छन्दः सविता देवता सूर्यार्घ्यदाने विनयोगः।

फिर सूर्य भगवान के सामने खड़े होकर पुष्प अक्षत से मिले हुए, जल से अर्घ्य देना चाहिए। अर्घ्य तीनों समय देना चाहिए।

ॐ भूर्भुवः स्वः। तत्सवितुर्वरेण्यं। भर्गो देवस्य
धीमहि। धियो यो नः प्रचोदयात्।

इस मन्त्र को पढ़कर सूर्य भगवान को अर्घ्य देना चाहिए।

इसके बाद पुनः नीचे लिखे विनियोग करें।

उद्वयमिति प्रस्कण्व ऋषिरनुष्टुप्छन्दः सूर्यो देवता उदुत्यमिति प्रस्कण्व
ऋषिर्निचृद् गायत्री छन्दः सूर्यो देवता चित्रमिति कुत्सांगिरस
ऋषिर्त्रिष्टुप्छन्दः सूर्यो देवता तच्चक्षुरिति दध्यङाऽथर्वण
ऋषिरेकधिका ब्राह्मी त्रिष्टुप्छन्दः सूर्यो देवता सूर्योपस्थाने विनियोगः।

तदन्तर प्रातः काल खड़े होकर, मध्याह्न में हाथों को उठाकर एवं सायं काल बैठकर सूर्योपस्थान करना चाहिए। तीनों समय में सूर्य भगवान की मन ही मन प्रदक्षिणा करनी चाहिए।

ॐ उद्वयं तमसस्परि स्वः पश्यन्त उत्तरम् देवं
देवत्रा सूर्यमगन्म ज्योति रुत्तमम्।

हम अन्धकार को त्यागकर, उत्तम लोक में रहने वाले, अनन्त ज्योति स्वरूप परमात्मा को प्राप्त करें।

ॐ उदुत्यं जातवेदसं देवं वहन्ति केतवः दृशे विश्वाय सूर्यम्।

उत्पन्न हुए समस्त प्राणियों के जानने वाले उन सूर्य देव को, छन्दोमय अश्व, सम्पूर्ण जगत को, उनका दर्शन कराने के लिए ऊपर ही ऊपर तीव्र गति से लिए जा रहे हैं।

ॐ चित्रं देवानामुदगादनेकं चक्षुर्मित्रस्य वरूणास्याग्नेः आप्राद्यावा पृथिवी अन्तरिक्षर्ठ् सूर्य आत्मा जगतस्तस्थुषश्च।

जो अनंत प्रकाशवान है। जो समस्त देवताओं के नेत्र है, वही सूर्य अन्धकार को विनाश कर प्रकाश करते हुए उदित हुए हैं।

ॐ तच्चक्षुर्देवहितं पुरस्ताच्छुक्रमुच्चरत् पश्येम शरदः शतं जीवेम शरदः शतंश्रुणयाम शरदः शतं प्रब्रवाम् शरदः शतमदीनाः स्याम शरदः शतं भूयश्च शरदः शतात्।

संपूर्ण जगत का हित करने वाले भगवान सूर्य, पूर्व दिशा से उदित हो रहे हैं। उसके आशीर्वाद से, हम सौ वर्ष तक देखते रहें, सौ वर्षों तक जीते न्यास करते रहें, सौ वर्षों तक सुनाते रहे, सौ वर्ष तक हममें बोलने की शक्ति हो।

इसके बाद–

तेजोऽसि शुक्रमस्यमृतमसि। धामनामासि प्रियं देवनां मनाधृष्टं देवयजनमसि सूर्य स्वरूपा गायत्री देवि॥

तुम अनंत तेजमयी हो, पवित्र हो, अमृत हो, परम धाम एवम् नाम रूपा हो, अजया हो, तुम देवताओं को प्रिय एवम् भूता हो। मैं तुम्हारा आह्वान करता हूं।

तत्पश्चात् इस विनियोग को पढ़ें।

गायत्र्यसीति विवस्वान ऋषिः स्वराण्महापंक्तिश्छन्दः परमात्मा देवता गायत्र्युपस्थाने विनियोगः।

इसके बाद इस मन्त्र से गायत्री को प्रणाम करें।

ॐ गायत्र्यस्यैकपदी द्विपदी त्रिपदी चतुष्पद्य पदसि नहि पद्यसे नमस्ते तुरीयाय दर्शताय पदाय परो रजसेऽसावदो मा प्रापत।

न्यास विधि

(**ॐ तच्चक्षु र्देवहितं**) इस मन्त्र के पढ़ने से अनन्तर निम्नलिखित गायत्री न्यास का विधान बताया हैं। किन्तु धर्माब्धिसार आदि ग्रन्थों में न्यास आदि कर्म को आविक्षित बताया गया है। किन्तु हमारे विचार से न्यास करना ही श्रेष्ठाकर है। जो लोग न्यास करना चाहें, उनकी सुविधा के लिए अंग न्यास की विधि उपस्थित है।

ॐ हृदयाय नमः। ॐ भूः शिरसे स्वाहा। ॐ भुवः
शिखायै वषट्। ॐ स्वः कवचाय हुम्। ॐ भूर्भुवः
नेत्राभ्यां वौषट्। ॐ भूर्भुवः स्वः अस्त्रयफट्।

उपर्युक्त छः मन्त्रवाक्य अंगन्यास के हैं।

इनमें से पहले वाक्य का उच्चारण कर, दाहिने हाथ की पांचों अंगुलियों से, हृदय का स्पर्श करें।

दूसरे वाक्य से मस्तक का स्पर्श करें।

तीसरे से शिखा का स्पर्श करें।

चतुर्थ वाक्य पढ़कर, दाहिने हाथ की अंगुलियों से दाये कंधे का स्पर्श करे।

पंचम वाक्य से दोनों नेत्रों का स्पर्श करें।

छटा वाक्य पढ़कर दाहिने हाथ को, बायी ओर से, पीछे की ओर ले जाकर, दाहिने ओर से आगे की ओर ले आवे और तर्जनी तथा मध्यमा अंगुलियों से बायें हाथ की हथेली पर ताली बजावें। जल लेकर इस विनियोग को पढ़ें।

ॐ अस्य श्री गायत्री मंत्रस्य सूर्या देवता विश्वामित्र ऋषि
गायत्री छन्द सविता देवता गायत्री जपे विनियोगः॥

फिर जल छोड़ दें। तदन्तर यथा संख्या, यथा समय गायत्री मंत्र का जप करें। कम से कम एक माला अवश्य करनी चाहिए।

जप से पूर्व 24 मुद्राएं करें।

जप के पूर्व की जाने वाली २४ मुद्राएं।



सुमुख मुद्रा

सम्पुट मुद्रा





वितत मुद्रा

विस्तृत मुद्रा





द्विमुखी मुद्रा

त्रिमुखी मुद्रा





चतुर्मुखी मुद्रा

पंचमुखी
मुद्रा

षणमुखी
मुद्रा



अधोमुख मुद्रा

व्यापकाञ्जलिक मुद्रा



शकट मुद्रा

यमपाश मुद्रा



ग्रन्थि मुद्रा

चौन्मुखोन्मुख
मुद्रा





प्रलंब मुद्रा

मुष्टिक मुद्रा





मत्स्य मुद्रा

कूर्म मुद्रा





वराही मुद्रा

सिंहाक्रान्त
मुद्रा

महाक्रान्त
मुद्रा



मुद्गर
मुद्रा

पल्लव
मुद्रा

गायत्री मंत्र –

ॐ भूर्भुवः स्वः। तत्सवितुर्वरेण्यं।
भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात्।

जप के पश्चात की जाने वाली आठ मुद्राएं।

सुरभिर्ज्ञान वैराग्यं योनिः शंखोऽथ पंकजम्।
लिंगं निर्वाणकं चैव जपान्तेऽष्टौ प्रदर्शयेत॥



सुरभि मुद्रा
(धेनु मुद्रा)



ज्ञान
मुद्रा

वैराग्य
मुद्रा

योनि मुद्रा



शंख मुद्रा
(सरोज मुद्रा)



पंकज मुद्रा



लिंग
मुद्रा

निर्वाण
मुद्रा
(प्रज्वालिनी)

एता मुद्रा न जानाति गायत्री निष्फला भवेत्॥
योनात्सर्व देवानां द्रावणात्पाप संहतेः।
तस्मान्मुद्रेति सा ख्याता सर्वकामार्थ साधिनि॥

मैं विश्व के सम्पूर्ण प्राणियों के उत्पति कारक अर्थात परमेश्वर का ध्यान करता हूँ। जो हमारी बुद्धियों को शुभ कार्य के लिए प्रेरित करते हैं। जो तीनों लोकों के सच्चिदानन्द परब्रह्म हैं।

गायत्री जप के अनन्तर, जितना गायत्री जप किया गया हो, उसका दसवां भाग हवन करें, तो महान तेज की प्राप्ति होती है।

हे यज्ञवेता यज्ञ देवताओं! आप लोग हमारे इस जप रूपी यज्ञ को पूर्ण हुआ जानकर, अपने गन्तव्य मार्ग को पधारें। हे चित्त के प्रवर्तक परमेश्वर! मैं इस जप यज्ञ को आपके अर्पण करता हूँ।

ऐसा विचार कर, हाथ में जल लेकर पृथ्वी पर छोड़ें।

इस मन्त्र से विसर्जन करें।

उत्तमे शिखरे देवी भूम्यां पर्वतमूर्धनि।
ब्राह्मणेभ्योऽभ्यनुज्ञाता गच्छ देवि यथा सुखम्॥
अनेन संध्योपासनाख्येन कर्मणा श्री परमेश्वर प्रीयतां न मम्।

गायत्री महिमा

जिस प्रकार आज का मानव, अपनी समस्त विकसित बौद्धिक शक्तियों का उपयोग करके, विज्ञान के माध्यम से एक से बढ़कर एक अन्वेषण करके, अत्यन्त उपयोग उपकरणों के आविष्कार से, मानव समाज की सेवा कर रहा है तथा उसकी अनेक समस्याओं को सुलभ कर रहा है, उसी प्रकार प्राचीन समय में भी ऋषि-मुनि, वैदिक वाड्मय रूपी समुद्र से, विभिन्न मन्त्र रूपी रत्नों का अन्वेषण करके, मानव समाज की सेवा करते रहे।

भिन्नता केवल इतनी रही कि आज मानव ने अपनी बौद्धिक शक्तियों का दुरुपयोग करके, जीव मात्र को विनाश के कगार पर लाकर खड़ा कर दिया, जबकि प्राचीन महर्षियों का कर्तव्य ही मानव को विकास की ओर अग्रसर करता था।

ये बात तो विश्व-विदित है ही कि संसार का सबसे प्राचीन साहित्य वैदिक साहित्य है। इसके रचना काल के सम्बन्ध में अनेक विद्वानों ने अन्वेषण किया। अन्त में अधिकांश विद्वानों को यही कहना पड़ा कि वेद अपौरुषेय है और नित्य है।

वेद का साहित्य अत्यन्त विस्तृत एवं गहन है। यदि इसे विश्व संस्कृति का सूत्रधार कहा जाए तो भी अतिश्योक्ति नहीं होगी। प्राचीन महात्मा, सिद्ध योगीजन, ऋषि, मुनि इस वैदिक साहित्य सागर का आजीवन मन्थन करते रहे तथा आज भी यह प्रक्रिया गतिशील है। अन्त में अधिकांश योगी जन एक ही निष्कर्ष पर पहुंचे तथा एक ही रहस्य पर टिक गए, वह एक रहस्य है और कुछ नहीं, एक ऐसा मन्त्र है, जिसका उल्लेख चारों वेदों के अन्तर्गत मिलता है। यहां तक की इसे चारों वेदों की जननी कहा गया है। शौनकीय ऋग्विधान के अनुसार तो इसे :-

प्रथम लक्ष गायत्री, सप्तव्याहृति सम्पुटाम्।
ततः सर्वैर्वेद मन्त्रै सर्वसिद्धिञ्च विन्दति॥

सवा लाख जप करने के बाद ही, समस्त वेद मन्त्रों की सिद्धि सम्भव है। यद्यपि वेदादि ग्रन्थों में अनेक ऐसे मन्त्र हैं जिनका आश्रय लेने से

मानव-वर्ग, लौकिक और पारलौकिक सुख सुविधाएं प्राप्त कर सकता है। तथापि गायत्री की महिमा सबसे बढ़कर बताई गई है। संवर्तस्मृति में लिखा है कि-

गायत्र्यास्तु परं नास्ति, शोधनम् पाप कर्मणाम्।
महा व्याहृति संयुक्ताम् प्रणवेन च संजपेत्॥

अर्थात गायत्री से बढ़कर पापों का प्रायश्चित करने का दूसरा कोई उत्तम उपाय नहीं है। अतः प्रणव सहित तीन व्याहृतियों युक्त गायत्री का जाप करना चाहिए।

आज के इस युग में द्रव्य, प्रभुत्व लोभी मनुष्यों का अन्तःकरण इतना दूषित हो चुका है कि वे आध्यात्मिक क्रिया-कलापों से अलग होते जा रहें है और भौतिकता में सिमटे जा रहें हैं। जब आज की पीढ़ी आध्यात्मिक ज्ञान, मनन, चिन्तन से इतनी दूर हट रही है तो कल की पीढ़ी की क्या स्थिति होगी। इसका सरल समाधान एक मात्र गायत्री साधना ही है।

गायत्री सैकड़ों मनुष्यों द्वारा अद्‌भुत तथा चमत्कारी उपाय सिद्ध हो चुका है। हालांकि प्राचीन समय में, गायत्री ही मनुष्यों का अमोघ अस्त्र था, तथा देवता, ऋषि मुनियों तक ही सीमित था। यदा कदा दैत्य भी, इसे प्राप्त करने में सफल हो जाते थे और इसकी अनवरत साधना से विजयी होते थे। परन्तु आज के युग में गायत्री का विस्तार तो जनमात्र में हो गया लेकिन उसकी साधना का उत्तरोत्तर ह्रास होता जा रहा है। प्रत्येक कार्य की सिद्धि अथक पुरुषार्थ से ही सम्भव है।

द्विज मात्र का तो विशेष रूप से गायत्री पर अधिकार है। परन्तु, आज इस अमोघ अस्त्र की साधना के संबंध में अधिकांश मनुष्य अनभिज्ञ हैं। गायत्री वह अलौकिक शक्ति है, जिसकी साधना से मनुष्य इच्छित पदार्थों को प्राप्त करता है। इसलोक तथा परलोक के मार्ग प्रशस्त कर सकता है, लेकिन जब साधक और साधना दोनों उचित अवस्था में हों, हमारे शास्त्रों में इसके प्रमाण भरे पड़े हैं तथा आज भी अनुभूत हैं। प्राचीन तपस्वियों की दीर्घायु का रहस्य गायत्री ही था। दैवीय शक्तियों से मुकाबला करने की शक्ति थी।

महर्षियों में प्राकृतिक नियमों को विपरीत दिशा में ढालने की शक्ति थी तथा असंभव को भी संभव करना, उनके लिए दुष्कर नहीं था। विश्वामित्र ने त्रिशंकु को सशरीर स्वर्ग प्राप्त कराने की योजना बनाई, अन्त में असफल होने पर उसे बीच में टांग दिया। आखिर, इन चमत्कार पूर्ण उदाहरणों के

पीछे क्या रहस्य अथवा क्या शक्ति थी। उन्होंने सही ढंग से सही विधान के महामन्त्र की उपासना करके ये अलौकिक शक्तियां हस्तगत की थी तो क्या आज वे शक्तियां नहीं हैं अथवा अप्राप्य हैं। इसके समाधान में स्वामी तुलसीदास का यह कथन अक्षरशः पदार्थ है-

सकल पदारथ है जगमाहीं, करम हीन नर पावत नाहीं॥

प्रत्येक वस्तु के लिए उपयुक्त पात्र अत्यावश्यक है। आज मानव समाज स्वतः इन अद्वितीय दैवीय शक्तियों से पृथक होता जा रहा है जबकि आधुनिक और आने वाले युग में यही शक्तियां सहायक हो सकती हैं।

जब जब मनुष्य ने किसी क्षेत्र में उन्नति की सीमा पार की, तब तब उन्हीं क्षेत्रों से विनाश होना प्रारम्भ हुआ। अन्ततः ईश्वरीय ताकत का आश्रय लेना ही लाभप्रद हुआ।

साधना के रहस्य

कोई भी वस्तु, मन्त्र, तन्त्र या यन्त्र अपना पूर्ण प्रभाव तभी दिखाएंगे, जब उनका प्रयोग व उनकी साधना सही तरीके से हो। त्रुटि युक्त साधना से परिणाम भी न्यून ही रह जाता है। साधना के क्षेत्र में आसन तथा मुद्राएं भी विशेष महत्व रखती हैं। इनके अभाव में, साधना अपना पूर्ण प्रभाव नहीं दिखा सकती। जिस प्रकार अनुभवी वैद्य द्वारा दी गई औषधि, उपयुक्त समय पर पथ्य के सहित सेवन करने से शीघ्र ही लाभकारी सिद्ध होती है। ठीक यही स्थिति साधना के क्षेत्र में भी है।

मन्त्र दाता निर्देशक गुरु का मन्त्र पर पूर्ण अधिकार हो, मन्त्र पूर्णतया शुद्ध हो, उसके अर्थ तथा विनियोग, मन्त्र द्रष्टा ऋषि से पूर्णतया अवगत हो तथा साधन क्षेत्र में भी लब्ध प्रतिष्ठा होने के साथ-साथ श्रद्धावान भी होना चाहिए, क्योंकि :-"**श्रद्धावान लभते ज्ञानम्**" इत्यादि वचनों के अनुसार श्रद्धा भी साधना का एक विशेष अंग है। अतः शिष्य स्वयं भी श्रद्धा से उपर्युक्त, योग्य विद्वान गुरु के निर्देश से गायत्री की उपासना तन्मयता से करें। कुछ ही दिनों में उसका प्रभाव दृष्टिगोचर होने लगेगा।

यदि कहीं कोई त्रुटि रह गई होगी तो भी वेदमाता गायत्री, उसका संकेत कर देगी। अतः साधक पुनः उसे सुधारकर अपनी साधना में तल्लीन हो जाए। अन्त में उस अलौकिक शक्ति का उसे अनुभव होगा। जिसका वर्णन बड़े सारगर्भित शब्दों में शास्त्रों में वर्णित है।

आसनों के सम्बन्ध में तो साधना के समय में सर्वोत्कृष्ट आसन पद्मासन ही हमारे द्वारा अनुभूत है। परन्तु, कुछ हद तक सिद्धासन का भी आश्रय लेना शास्त्र सम्मत है। नीचे आसन कुश अथवा ऊन निर्मित उत्तम माना गया है। व्याघ्रचर्म, मृगचर्म शास्त्रों के आदेशानुसार से भी उपयुक्त हैं। अतः इनका ग्रहण भी अनुचित नहीं होगा।

माला का प्रयोग तो केवल मन्त्र की गणना के लिए ही किया जाता है। इसके अभाव में भी साधना में किसी प्रकार व्यवधान नहीं पड़ता। इस स्थिति में योग मुद्रा अथवा ज्ञान मुद्रा का सहारा लेते हुए, भृकुटि मध्य में

तेज स्वरूपा भगवती गायत्री का ध्यान करते हुए मानसिक मन्त्रोच्चारण करें क्योंकि मानसिक जप सबसे उत्तम कहा गया है–

विधियज्ञाज्जपयज्ञो, विशिष्टो दर्शांमर्गुण।
उपांशुस्याच्छतगुण, सहस्त्रो मानसस्मृतः॥

अतः सामर्थ्यानुसा मानसिक जप ही को अथवा उपांशु रूप में जपें। उपांशु में ओष्ठ चलते हैं, लेकिन शब्द बाहर नहीं निकलता। जप से पूर्व, शरीर को स्नान, शौचादि से शुद्ध कर लें तथा शुद्ध वस्त्र धारण करके, प्राणायाम आदि क्रियाओं द्वारा मन को निश्चल करने के पश्चात् जप प्रारम्भ करें।

यह अक्षरशः सत्य है कि इस भौतिक युग में मानव मात्र का वास्तविक कल्याण दैवीय शक्तियां ही कर सकती हैं। जिस प्रकार धूप से त्रस्त मनुष्य को वृक्ष का आश्रय लेना पड़ता है, उसी प्रकार, नाना प्रकार की सांसारिक समस्याओं में ऊब कर, यथार्थ कल्याण की खोज के लिए, इस साधनों को उपयोग में लाना ही पड़ेगा। तभी मनुष्य अपना एवं अपने परिवार तथा समाज का कल्याण कर सकता है। लेकिन इस दैवीय शक्तियों की प्राप्ति के लिए, स्वयं को देव स्वरूप बनाना पड़ेगा।

गायत्री उपासना करने वाला साधक अपने मनोवाच्छित फल के प्राप्ति के साथ-साथ, अपने लिए परलोक का मार्ग प्रशस्त कर लेता है। गायत्री अपने साधक को सांसारिक सुख सुविधाएं भी उपलब्ध कराती हैं। साधना से जितना ही लाभ उठा सके उतना ही श्रेयप्रद होगा।

जिस प्रकार आज के मानव ने धातुओं को तोड़ मरोड़कर अपने उपयोग विविध साधनों का आविष्कार कर लिया, उसी प्रकार प्राचीन महर्षियों ने शरीर को योगाभ्यास, साधना, मुद्रा प्रयोगों के द्वारा, अनुकूल ढाल लिया था, तथा हम लोगों के कल्याण के लिए भारतीय साहित्य में अनेक मन्त्र, यन्त्र, तन्त्र आदि के प्रयोग अन्वेषण करके ग्रन्थों में रखे गए तथा उन्हें प्रयोग करने के अनेक साधन बताए गए हैं। लेकिन आज भौतिकता के महा अन्धकार में वे लुप्त प्राय होकर, केवल ग्रन्थों तक ही सीमित रह गए। आधुनिकता की चकाचौंध से भ्रमित मानव येन केन प्रकार अर्थापार्जन में तल्लीन है। मन्त्रों के अस्तित्व को भूलकर लक्ष्मी के अस्तित्व को सर्वोपरि समझते है। 'स्वर्ग नरक सब यहीं हैं' इत्यादि लोकोक्तियों को कहकर परलोक के अस्तित्व को भी कल्पना मात्र मानते हैं तथा उसका ह्रास करते हैं।

गायत्री मन्त्र में परमात्मा की स्तुति, ध्यान और प्रार्थना का समावेश है। इस प्रकार एक ही मंत्र में उक्त बातों का समावेश सर्वत्र नहीं मिलता है।

छन्द का नाम गायत्री होने से, इस मंत्र को भी गायत्री संज्ञा दी गई है। इसका अर्थ इतना गूढ़, गंभीर और अपरिमित है कि एक-एक अक्षर के अर्थ से ग्रन्थ बन सकता है। इसका एक-एक शब्द अनेक प्रकार मानव जीवन का पथ प्रदर्शन करता है। इस मंत्र में परमात्मा से सदबुद्धि की याचना की गई है। इसके श्रद्धापूर्वक जप से मनुष्य सांसारिक तथा मानसिक रूप से समृद्ध होकर तेजस्वी बनता है। इसका विशेष गुण, मनुष्य को हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त होता है। कठिन से कठिन कार्य गायत्री साधना से सुलभ हो जाते हैं। यह बात मेरे द्वारा स्वयं अनुभूत है।

मनुष्य यदि अत्यधिक मानसिक तनाव से मुक्ति पाने के लिए गायत्री साधना करे तो कुछ ही दिनों में, उसके मन में तनाव के स्थान पर एक विशेष प्रकार की आनन्दानुभूति होगी। जिससे उन्हें अभूतपूर्व सन्तोष मिलेगा तथा आपका मन निश्चित शान्त और सम्यक स्थिति में आ जाएगा।

गायत्री साधना से आपके बौद्धिक विकास में नई चेतना का स्फुरण होगा तथा अन्त:करण पवित्र एवं निर्मल हो जाएगा। शरीर कान्ति युक्त तथा स्फूर्तिमान होकर दर्शनीय बन जाएगा।

द्विजातियों के लिए नित्य प्रति त्रिकाल सन्ध्या का विधान है तथा सन्ध्या का एक मात्र उद्देश्य यही है कि सन्ध्या में लिखे वेद मन्त्रों से शरीर की शुद्धि करके, गायत्री को जपे। सन्ध्या के पश्चात् सूर्य उपस्थान का भी विधान है क्योंकि सूर्य को उदय और अस्त होते समय मनदेहा नामक राक्षस पीड़ा पहुँचाते हैं। अत: सन्ध्या के पश्चात् द्विजातीय गायत्री में अभिमंत्रित जल सूर्य की ओर फैकते हैं। वह जल वज्र होकर उन राक्षसों को सन्देहारूण द्वीप में जाने को मजबूर करता है तथा उस जल से संतुष्टि मिलती है। इस कथानक का हमारे स्वास्थ्य से सम्बन्धित एक वैज्ञानिक रहस्य है।

इस प्रकार गायत्री का रहस्य अत्यन्त गूढ़ एवं विस्तृत है, इसकी व्याख्या अब तक अनेक विद्वानों ने की है तथा अनेक पुस्तकें लिखी गई हैं। जिनमें गायत्री साधना के सम्बन्ध में विस्तृत उल्लेख है।

गायत्री वैदिक साहित्य सागर का वह अमूल्य रत्न है, जिसे कोई भी मनुष्य अपने प्रयोग में ला सकता है, तथा इससे इच्छित कार्य सम्पादन तथा वस्तु प्राप्त कर सकता है। रामायण में गोस्वामीजी ने लिखा है-

मंत्र महा मणि विषय ब्याल के।
मेटत कठिन कुअंक भाल के ॥

मंत्र शक्ति, विपरीत देव को भी अनुकूल करने में समर्थ है, मस्तक की रेखाओं को मिटा देता है, लेकिन तभी जब सही और सच्ची साधना से उसका प्रयोग किया जाए। मनुजी के अनुसार गायत्री मन्त्र में वह अमोघ शक्ति है, जो मनुष्य तीन वर्ष तक आलस्य रहित प्रतिदिन गायत्री मंत्र का जप करता है, वह मृत्यु के पश्चात, वायु के समान सूक्ष्म होकर आकाश की तरह व्याप्त होकर, अन्त में परब्रह्म की प्राप्ति करता है :-

योऽधीतेऽहन्यहन्येतास्त्रीणि वर्षाव्यतन्द्रितः।
स ब्रह्म परमभ्येति, वायु भूतः खमूर्तिमान्॥

यहां तक कि गायत्री का मनन, हृदय में चिंतन करने से मनुष्य बड़े से बड़े भय को पार कर जाता है।

गीता गंगा च गायत्री, गोविन्दो हृदि संस्थितः।
गकारपूर्वाश्चत्वारो, रक्षन्ति महतो भयान्॥

यद्यपि कोई भी मंत्र, शक्ति में न्यून तो नहीं कहा जा सकता, लेकिन महामंत्र गायत्री को हठात् यह कहना पड़ता है, यह सर्वोपरि मन्त्र विपुल शक्ति सम्पन्न एवं अपने में एक विशेष विलक्षणता रखता है।

प्राचीन ऋषि, मुनियों ने इसकी वास्तविक साधना से विचित्र सिद्धियां प्राप्त कर ली थी। उनकी आयु हजारों वर्ष की होती थी। वे अदृश्य होने में समर्थ थे। वे वचनों के ऐसे सिद्ध होते थे कि जिसे श्राप दे देते थे, उसकी रक्षा कोई नहीं कर सकता था। उन लोगों में, विश्व को उथल-पुथल कर देने का सामर्थ था। मृत्यु भी उनसे भय खाती थी। आखिर इन रहस्यों के पीछे क्या था अथवा कौन सी सिद्धि थी? उन ऋषियों के पास और कुछ नहीं, केवल गायत्री साधना का ही बल था। उन्होंने इस महती शक्ति की घोर साधना की थी। सांसारिक वैभव को उन्होंने तिरस्कार करने के पश्चात्, इस अमोघ शक्ति का आश्रय लिया तथा उसकी सान्निध्यता प्राप्त की थी।

गायत्री का चमत्कार

मूक होंहि वाचाल पंगु चढ़हिं गिरिवरगहन॥

हिन्दी कवि सन्त शिरोमणि तुलसी दास श्री रामायण का निर्माण करते समय विचार कर रहे हैं कि क्या मुझ जैसा मन्दमति, श्री राम यशोगाथा का वर्णन कर भी सकेगा? ब्रह्मादि देव भी जिन भगवान राम के यशोगान करने में असमर्थ हैं। उनकी चरित्र गाथा मेरे जैसा मूर्ख कैसे प्रकट कर सकता है?

सदैव प्रातः स्मरणीय श्रीराम ने अन्तः प्रेरक बनकर उन्हें अपनी दिव्य शक्ति के छोटे से अंश का आभास 'मूक होंहि वाचाल पंगु चढ़ेहिं गिरिवरगहन' इस उक्ति द्वारा प्रदान किया। श्री तुलसीदास जी ने विचार किया कि प्रभु कृपा से गूंगे भी बोलने लग जाते हैं और पंगु भी ऊंचे-ऊंचे पर्वतों पर चढ़ सकते हैं, तो मैं भी श्रीरामचरितमानस का निर्माण करने में अवश्य सफल हो सकूंगा। उनकी वह सफलता रामायण रूप में संसार दीर्घकाल से जानता आ रहा है और भविष्य में भी सदा जानता रहेगा। भगवत् कृपा असंभव को भी संभव बना देती है। संसार में ऐसी अनेकानेक घटनाएं हुई हैं और हो रही हैं। जिनसे पग-पग पर यह सिद्ध हो रहा है कि निश्चय ही एक अदृश्य शक्ति ऐसी है, जो असम्भव को सम्भव बना देती है।

मानव द्वारा संसार में जो भी महान कार्य किए गए हैं, उनके मूल में प्रभु कृपा ही है। किन्तु ऐसे अल्पक्ष प्राणियों की भी कमी नहीं है, जो उन महान चमत्कारों का कर्ता धर्ता अपने को ही मानते हैं। ऐसे बहुत से उदाहरण हैं, जिनमें मनुष्य अपनी विद्या, बुद्धि का परिचय देने के बाद भी उस कार्य में असफल रहा है, वह कार्य प्रभु कृपा से सम्पन्न हो गया है।

प्रयागराज के एक धनीमानी विशिष्ट व्यक्ति भयंकर रोग से पीड़ित थें। अच्छे से अच्छा उच्च कोटि का डाक्टर अपने प्रयत्न कर चुका था। अन्त में उनके पारिवारिक वैद्य ने उनके संबंधियों को बता दिया कि बाबूजी आज की रात हैं। यह बात सेठजी के कानों में पड़ गई। उन्होंने विचार किया कि जब मेरा अन्तिम समय आ ही गया तो क्यों न अपने आराध्य देव का चिन्तन किया जाए। ऐसा विचार करके, उन्होंने अपने सेवक को बुलाकर स्नान

की व अपने पूजा वाले कमरे में पूजा की व्यवस्था करने को कहा। सेवक को असमंजस में पड़े देखकर, बाबूजी ने दृढ़ता से उसे आज्ञा पालन के लिए कहा। सेवक उनके स्नान के लिए गंगाजल लाकर, पूजा का कमरा साफ करने लगा।

बाबूजी ने स्नान किया और शुद्ध वस्त्र धारण कर बेहोशी की सी हालत में पूजा के आसन पर बैठकर–

ॐ भूर्भुवः स्वः। तत्सवितुर्वरेण्यं।
भर्गो देवस्य धीमहि। धियो योनः प्रचोदयात्॥

मन्त्र का जाप करने लगे। प्रातः 4 बजे के लगभग उनकी बेहोशी की सी अवस्था समाप्त हो गई और उन्होंने अपने आपको स्वस्थ अनुभव किया।

उन्होंने सेवक को बुलाया और उसे आज्ञा दी कि नगर के समस्त ब्राह्मणों को सपरिवार भोजन का निमंत्रण देकर, भोज की व्यवस्था कराए। स्वयं गंगा स्नान के लिए चल पड़े। नाना प्रकार के व्यंजन बनाए गए। सेठ जी ने स्वयं अपने हाथ से श्रद्धापूर्वक ब्राह्मणों को भोजन कराया और अन्त में स्वयं भी चौकी पर बैठकर व्यंजनों से भरे थाल में से थोड़ा-थोड़ा चखा। संयोग से उनके पारिवारिक वैद्य भी उसी समय अपने मरीज का हाल जानने के लिए आए हुए थे।

पीतांबर पहने, मस्तक पर तिलक लगाए, व्यंजनों के भरे थाल में उठा-उठाकर विभिन्न पदार्थों का आनन्द लेते हुए बाबू जी को देखकर, वैद्य जी को अपनी आंखों पर विश्वास ही नहीं हो रहा था कि वे उसी मरीज को देख रहे हैं, जिसकी अन्तिम रात्री की उन्होंने घोषणा कर दी थी। बाबूजी ने सेवक को वैद्य जी के लिए भोजन लाने का संकेत दिया। अन्त में वैद्य से रहा न गया और बाबूजी से पूछ ही बैठा कि बाबूजी मैं स्वप्न देख रहा हूं या यह सत्य ही है! कि सेठ बाबू रामकिशोर जी ही, जीते जातगते मेरे सामने स्वस्थ बैठे हैं। बाबू जी ने रात्रि की घटना अक्षरशः सुना दी। जिसे सुनकर वह वैद्य भी भगवत् कृपा में परम विश्वास करने लगे।

महान को अणु और अणु को महान बना देना उस अदृश्य गायत्री शक्ति का एक साधारण खेल है।

बात उस दैवीय शक्ति की नहीं, अपितु उसकी दृष्टि की चल रही है। जिसकी कृपा दृष्टि से ही चीटी भी हाथी को मारने में समर्थ हो जाती है। उसकी अनुकम्पा से ही प्रहलाद के सामने खड़ा किया जाने वाला, तप्त लौह सतम्भ भी शीतल हो गया था। सत्य तो यह है कि यह मानव शरीर भी

भगवत् कृपा का ही फल है। इस शरीर को प्राप्त करके भी, जो जीव अपने समय का उपयोग भगवतचिन्तन में नहीं करता है, श्रुति स्मृति की आज्ञा पालन नहीं करता है, वह कालान्तर में प्रभु कृपा से वंचित रह जाता है। आज सामान्य जन तो क्या, अपने आपको धर्म का ठेकेदार मानने वाले, धर्म का आडम्बर रच, प्रभु कृपा द्वारा प्राप्त इस शरीर का दुरुपयोग कर रहे हैं।

संक्षेप में इतना ही कहना है कि मनुष्य को भगवत कृपा में परम विश्वास रखते हुए, साधना के लिए, अपनी संसार यात्रा को सुखमय बनाने के लिए, अधिकाधिक समय प्रदान करना चाहिए। यही सारे शास्त्रों का सार है।

आलोड्य सर्वशास्त्राणि विचार्यैव पुनः पुनः।
इदमेव सुसम्पन्नं ध्यायेत् नारायणः सदा॥

भगवान वेदव्यास जी कह रहे हैं कि सारे शास्त्रों को मथ कर, बार-बार विचार करके, यही बात सामने आई कि सदा भगवान का स्मरण करना चाहिए।

मूकं करोति वाचालं, पंगु लंघयते गिरिम्।
यत्कृपा तमहं वन्दे, परमानंद माधवम् ॥

यह एक सत्य घटना है कि जो आज से 15 वर्ष पूर्व प्रयागराज में बाबू रामकिशोर जी के जीवन में घटित हुई। गायत्री शक्ति के चमत्कार का प्रत्यक्ष उदाहरण, वहां के सैकड़ों लोगों के समक्ष घटित हुआ। उनका जीवन गायत्री का जीता जागता ज्वलन्त उदाहरण था।

बाबू श्री रामकिशोर जी वर्षों से त्रिकाल सन्ध्योपासना गायत्री जप समयानुसार किया करते थे। उन्होंने अपने जीवन में कई बार गायत्री अनुष्ठान, पुरश्चरण, गायत्री महा यज्ञादि करवाए थे। जिसके परिणामस्वरूप, असाध्य रोग में होने वाली अकाल मृत्यु से उनकी रक्षा हुई।

गायत्री जप लक्षणम्

सम्पुटां षडोंकारा गायत्री त्रिविधा मता।
तत्रैक प्रणवा ग्राह्या गृहस्थैर्ब्रह्मचारिभिः॥
गृहस्थो ब्रह्मचारी च प्रणवाद्यामिमां जपेत्।
अन्ते यः प्रणवं कुर्यान्नासौ वृद्धिमवाप्नुयात्॥
सम्पुटां च षडोंकारा गायत्री च जपेद्यतिः॥
गायत्री कल्पे पर्वभिस्तु जपेद्देवी माला काम्यजपे स्मृता।
गायत्री वेद मूला स्याद्वेदः पर्वसु गीयते।

आरभ्यानामिका मध्ये पर्वाण्युक्तान्यनुक्रमान्।
तर्जनीमूलषर्यन्त जपेद्दशसु पर्वसु।।
मध्यमांगुलिमूले तु यत्पर्वद्वितयं भवेत्।
तं वै 'मेरु' विजानीयाज्जपेत् नातिलंघयेत्।।

गायत्री जप फलम् :

सर्वेषामेव वेदानां गुह्योपनिषदां तथा।
सारभूता तु गायत्री निर्गता ब्रह्मणो मुखात्।।
(छन्दोगपरिशिष्टे)

गायत्री चैव वेदांश्च तुलया समतोलयत्।
वेदा एकत्र सांगास्तु गायत्री चैकतः स्मृता।।
(कूर्मपुराणे)

वेदाः सांगास्तु चत्वारोऽधीताः सर्वेऽथ वाङ्मया।
गायत्री यो न जानाति वृथा तस्य परिश्रमः।।
गायत्री मात्रसन्तुष्टः श्रेयान्विप्रः सुयन्त्रितः।
नाऽयन्त्रितस्त्रिवेदी च सर्वाशी सर्वविक्रयी।।

गायत्रीवर्ण देवताः योगियाज्ञवल्कयः।। अक्षराणांतु दैवत्यं सम्प्रदवक्ष्यामयतः परम्। आग्नेयं (तत्) प्रथमं ज्ञेयं वायव्यञ्च (स) द्वितीयकम्। तृतीयं (वि) सूर्यदैवत्यं चतुर्थ (तु) वैद्युतं तथा पंच्चमं (व) यमदैवत्यमं वारुणं (रे) षष्ठमुच्यते।। बार्हस्पत्यं सप्तमंतु (ण) पार्जन्यमष्टमं (यम्) विदुः। ऐन्द्रंतु नवमं (भ) ज्ञेयं गान्धर्व दशमं (र्गः) तथा।। पौष्णमेकादशं (दे) प्रोक्तं मैत्रावरुणं द्वादशम् (व)। त्वाष्ट्रं त्रयोदशं (स्य) ज्ञेयं वासवं तु चतुर्दशम् (धी)।। मारुतं पञ्चदशकं (म) सौम्यं षोडशकं (हि) स्मृतम्। सप्तदेशं (धि) त्वागिरसं वैश्वदेवाष्टादशं परम् (यः)।। अश्विनं चैकोनविंशं (यः) प्रजापत्यं तु विंशकम् (नः)। सर्वदेवमयं प्रोक्तमेकविंश (प्र) मतः परम्। रौद्रं द्वाविंशकं (चो) प्रोक्तं त्रयोविंशं तु (द) ब्राह्मकम्। वैष्णवं तु (यात्) चतुविंशमेता ह्याक्षरदेवता।।

जपकाले तु संस्मृत्य तासां सायुज्यतां व्रजेत्।
गायत्री वेदजननी गायत्री पापनाशिनी।
गायत्र्यास्तु परं नास्ति दिवि चेह च पावनम्।
हस्तत्राणप्रदा देवी पततां नरकार्णवे।।
तस्मात्तामभ्यसेन्नित्यं ब्राह्मणेहृदये शुचि
गायत्री निरतं हव्यकव्येषु विनियोजयेत्।
तस्मिन्न लिप्यते पापमब्बिन्दुरिव पुष्करे।
(याज्ञवल्क्य)

गायत्री के २४ अक्षर और उनका स्पष्टीकरण तथा देवता

अक्षर	देवता	स्पष्टीकरण
१) तत्	अग्नि	
२) स	वायु	१) ''अज्झीनं परेण संयोज्यम्''
३) वि	सूर्यः	तथा 'संयोगे गुरु' इस व्याकरण
४) तुः	विद्युत	से तथा छन्द शास्त्र के नियमानुसार
५) व	यमः	व्यञ्जनों की मात्र नहीं होती।
६) रे	वरुणः	परन्तु इन स्वर रहित व्यंजनों से
७) ण्	बृहस्पति	पूर्ववर्ति स्वर दीर्घ हो जाता है।
८) यम्	पर्जन्यः	
९) भ	इन्द्रः	
१०) र्गः	गन्धर्वः	
११) दे	पुषा	
१२) व	मित्रवरुण	
१३) स्य	त्वष्टा	
१४) धी	वसुः	
१५) म	मरुत	
१६) हि	सोम	६). वैदिक छंद शास्त्र के
१७) धि	अगिरस	नियमानुसार यण् संधि को
१८) यः	विश्वदेवाः	(इकोयणचि) प्रसारण कर
१९) यः	अश्विनिः	छंद पूर्ण करने का विधान है।
२०) नः	प्रजापतिः	
२१) प्र	विश्वरूपः (सर्वदेवमय)	
२२) चो	रुद्र	७). नंबर १ के नियम के समान
२३) द	ब्रह्मा	ही 'अयोगवाह' विसर्ग भी व्यंजन
२४) यात्	विष्णु	ही है। अतः वह अपने पूर्ववति
		स्वर का पूरक होगा।

दृश्य से अदृश्य की ओर

अगर कोई आपसे कहे, वहां पर योग साधना होती है तो आपका निश्चय ही यह विचार बनता है कि वहां आसन-प्राणायाम आदि कराया जाता है। आज बहुत जगह ऐसा हो रहा है, और यह थोड़े बहुत रूप में हजारों वर्षों से हो रहा है। कुछ लोग आसन और स्थूल मुद्राएं ही करके समझते हैं कि वे योग सीख व कर रहे हैं।

आसन और हठ योग की स्थूल मुद्राएं, अन्नमय कोष (क्रिस्टल बौडी) के लिए उपयोगी हैं। लेकिन एक बड़ा फर्क हैं, इनमें और अध्यात्म के ध्यान में। क्योंकि इसमें अन्नमय कोष का कोई महत्व नहीं होता। वह पूर्णतया गौण हो जाता है, यही कारण है कि एकाध सीढ़ी चढ़े साधक का शरीर भले कृष हो, पर उसकी भीतरी शक्ति प्रभावशाली, मुखाकृति तेजोमय होती है। इसलिए सतही तौर पर आसन आदि करने पर हमें यह ज्ञात ही नहीं होता कि शरीर को उसकी आवश्यकता है भी या नहीं। अगर शरीर को इसकी आवश्यकता नहीं है तो भी हानि की कोई संभावना नहीं होती तथा आवश्यकता होने अथवा उत्पन्न कर देने पर लाभ निश्चित है।

आवश्यकता उत्पन्न करके योग-आसन और मुद्रा करना, अध्यात्म तथा साधना का प्रथम चरण माना जा सकता है। यह आवश्यकता हमारे दो नं. के शरीर में उत्पन्न एवं ग्रहण की जाती है। यह दो नं. का शरीर 'मनोमय कोष' है। मनोमय कोष (स्त्रेण) स्त्रीलिंग, नारी रूपा है। जबकि अन्नमय कोष नर रूपी पुल्लिग है। यहां पर उल्लेख असंगत न होगा कि महा निर्वाण के लिए सातवें सूक्ष्म अथवा अदृश्य शरीर में पहुंचना होता है। यह भौतिक सत्य है कि स्थूल से सूक्ष्म तथा दृश्य से अदृश्य महाशक्ति युक्त होता है।

पंच तत्व का यह भौतिक शरीर, नर-नारी के गुण युक्त होता है। प्रत्येक का अपना महत्व और गुण होते हुए भी, प्राकृतिक तथा सामाजिक दोनों ही रूप में अपूर्ण होते हुए भी एक दूसरे के पूरक होते हैं। इस रूप में यह अपूर्णता, सन्तानोत्पत्ति के रूप में पूर्ण होती है। जबकि साधना के क्षेत्र में, साधक के अन्दर ही घटित होती है और नए शरीर के रूप में न होकर,

शक्ति के रूप में प्रकट होती है। उपरोक्त तथ्य साधक को विशेष सूक्ष्मता से हृदयंगम करने चाहिए। शक्तिपात और शक्ति ग्रहण की क्षमता का यह रहस्य नर-नारी की स्वाभाविक प्राकृतिकता है।

स्त्री प्राकृत रूप में ग्राहिका (Receiptive) है ग्रहण करने तथा रखने वाली है। इस प्रकार प्रथम शरीर द्वारा द्वितीय शरीर पर शक्तिपात होता है क्योंकि पुरुष का नैसर्गिक स्वभाव समर्पित नहीं है। वह समर्पण नहीं कर पाता जबकि इसके विपरीत नारी समर्पिता है और उसमें मांग पैदा की जा सकती है। ठीक शारीरिक समर्पण की भांति।

इस सिद्धान्त को सरलता से इस प्रकार भी समझा जा सकता है, जब हमें क्रोध आता है तो मुट्ठियां अनायास बंध हो जाती हैं, लेकिन मुट्ठियां बांध लेनें से क्रोध नहीं आता। भीतर क्रोध न होने पर हम मुट्ठियां बांधकर, केवल क्रोध का अभिनय कर सकते हैं। यह नाटकीयता स्पष्ट हो जाती है।

सफल अभिनेताओं का मन इतना संवेदनशील होता है कि अपने अन्तर्भाव और प्रदर्शन में एक तारतम्य, एक रूपता स्थापित करके दर्शकों की प्रशंसा के पात्र बन जाते हैं। अभिनय में वास्तविकता लाने के लिए अर्थात क्रोध दर्शाने के लिए मुट्ठी बांधना साहयक सिद्ध हो सकता है। क्रमशः एक आदमी हाथ की शान्ति की मुद्राएं बनाता है तो क्या उसका चित्त अनिवार्य रूप से शान्त हो होगा? यह निश्चित नहीं। हां फिर भी शरीर की विशेष स्थिति में चित्त को शान्त होने में सहायता मिलेगी, क्योंकि शरीर तो अपनी अनुकूलता प्रकट कर ही देगा कि हम तैयार हैं।

अगर चित्त को बदलना है तो बदल जाए। लेकिन फिर भी शरीर की अनुकूलता में चित्त नहीं बदलता। जिसका कारण यही है, चित्त तो आगे है, शरीर उसका अनुगामी है। इसलिए चित्त बदलता है तो शरीर स्वतः बदल जाता है। इसीलिए तो पतञ्जलि ने योग सूत्र **योगाश्चित्त वृत्ति निरोधः** कहकर योग की विशेष सूक्ष्म व्याख्या की है। पातंजल योग सूत्रों का, सावधानी से अवलोकन करने पर स्पष्ट हो जाता है कि वह पहले स्थूल और फिर क्रमशः धीरे-धीरे सूक्ष्म की ओर अपनी विचित्र गति से अग्रसर हो रहे हैं।

वस्तुतः पहले बाह्य क्रियाएं ही करते हुए, धारणा ध्यान आदि के द्वारा सूक्ष्म साधन किया जाता है। सिद्धि के लिए स्थूल से सूक्ष्म दृश्य से अदृश्य बाहर से अन्तर की ओर जाना ही होगा। वास्तव में हमें इस स्थूल पंच भौतिक शरीर में रहते हुए ही सूक्ष्म अदृश्य आत्म तत्व की ओर जाना होगा।

ऐसे ही इस संसार में रहते हुए, परात्पर परम तत्व परमात्मा को जाना जा सकता है।

सत्य तो यह है कि इस शरीर और संसार के द्वारा ही हम जीव अपना वास्तविक विकास कर सकते हैं। इस से अलग होकर परमात्म तत्व वा उसी के अंश आत्म तत्व को पाना बिल्कुल असंभव होगा। ऐसे ही सर्वप्रथम स्थूल गायत्री मन्त्र की बाह्य साधना, वाचिक जप आदि करने परम आवश्यक है अर्थात करने ही चाहिए। फिर धीरे से आशु जप पर आवे और तदनन्तर मन्त्र जप की मानसिक जप क्रिया को करने पर ही मन, मंत्र और देव तीनों का एकीकरण हो जाने के पश्चात् ही गायत्री की सिद्धि प्राप्त हो सकेगी। इस संबंध में एक रहस्यमय योग सूत्र है–

त्रयं एकत्र संयमः।

धारणा, ध्यान और समाधि इन तीनों के एकत्र होने पर ही, यौगिक संयम प्राप्त होता है और ऐसा प्रागढ़ संयम प्राप्त होने पर ही, दृश्य से अदृश्य शक्ति का साक्षात्कार सम्भव होने की निश्चयात्मक स्थिति प्राप्त होती है।

सभी प्रकार के मन्त्रों की सिद्धि प्राप्त करने में सर्वप्रथम गायत्री साधना करनी ही होगी। अन्यथा मेरे अनुभव से अन्य वेदोक्त वा तक्त्रोक्त मन्त्रों की शक्ति दृष्टिगोचर न हो सकेगी।

मन्त्र को जगाने के लिए साधकों को, उस मंत्र की सूक्ष्म प्रकृति को समझ कर प्रयोग करना होगा। मंत्र साधना में बाहर से अन्तर की ओर और दृश्य शक्ति से अदृश्य परा शक्ति की ओर, जाने के लिए मन्त्र जप के साथ-साथ यथा विभिन्न कर्मों में भिन्न-भिन्न मुद्राओं का प्रयोग।

अंकुश सरोज बोध प्रबाल संख वज्र मुद्रास्युः।
आकृष्टि वश्य शान्ति कविद्वेषणरोधवध समये॥
(भैरव पद्मावली कल्प)

आकर्षण कर्म में अंकुश मुद्रा, वशीकरण मन्त्र सिद्धि में (कमल) सरोज मुद्रा, शांतिक पोष्टिक मन्त्र जप यज्ञों में बोध (ज्ञान) मुद्रा, विद्वेषण मन्त्र जप यज्ञों में प्रबाल मुद्रा, उच्चाटन कर्म में पल्लव मुद्रा और मारण मन्त्र प्रयोगों में वज्र मुद्रा का प्रयोग करना चाहिए। मन्त्र सिद्धि के लिए आवश्यक विधि विधान ठीक प्रकार न किए जाने के कारण ही मन्त्र अपना प्रभाव दिखाने में असमर्थ होता है।

दिक्काल मुद्रासन पल्लवानां भेदं परिज्ञाय जपेतस मंत्री।

आदि करता रहे, सिद्धि नहीं हो सकेगी।

अधिकांशत: सभी मन्त्रों में दो चार मुद्राओं का ही प्रयोग होता है। किन्तु गायत्री मन्त्र जप में तो सर्वाधिक मुद्राओं के प्रयोग का विधान है। गायत्री जप से पूर्व 24 मुद्राएं तथा जप के उपरान्त 8 मुद्राएं करने की शास्त्रोक्त आज्ञा है।

इससे स्पष्ट होता है कि गायत्री मंत्र का, ऋषियों ने शरीर विज्ञान, आयुर्वेद शास्त्र तथा मन्त्र विज्ञान के साथ, युक्ति युक्त सामन्जस्य स्थापित किया है और गायत्री मंत्र जप के साथ न्यास, आसन, ध्यान, दिशा, मुद्रा आदि करने का विधान भी इसीलिए है कि मानव शरीर में स्थित आध्यात्मिक, मानसिक शक्तियां इन सूक्ष्म प्रयोग से जाग्रत हो सके।

वस्तुत: गायत्री संसार का गूढ़स्य रहस्य है। निश्चय ही गायत्री जप, आपको दृश्य से अदृश्य की ओर ले जाने का साधन बनेगा।

यदि गायत्री मन्त्र का और भी अधिक चमत्कार देखना है तो मन्त्र का जप समाधि स्थिति में पहुंचकर किया जाए। प्रत्येक मन्त्र समाधिस्थ होकर जप करने पर, तत्काल अपना पूर्ण प्रभाव प्रदर्शित करता है।

संकल्प समाधि क्या है?

उच्चतम स्थिति

समाधि एक मानसिक आध्यात्मिक उपलब्धि है मानव की, उसके विशिष्ट व्यक्तित्व की, जिसे बोधि-तत्व, आत्मबोध अथवा सैल्फ रियलाईजेशन कहते हैं। संसार के किसी भी धर्म में, समाधि के उच्चतर स्थिति की व्याख्या नहीं की गई है। समाधि आत्मा-परमात्मा के मिलन, विचारों की एकाग्रता, संकल्प की परिपक्वता व प्राण-अपान का संयोग है। आत्मा की परमात्मा में आहुति हैं। प्राण की अपान में या अपान की प्राण में आहुति है। अर्थात घुलन-मिलन-विसर्जन की तरह योग हैं। मन का पूर्ण रूपेण शान्त होना अथवा प्राणों का शान्त होना (हृदय की धड़कन ध्यान व संकल्प द्वारा शान्त कर लेना)। ऐसे ही कुण्डलिनी शक्ति का जाग्रत होना आदि समाधि की ही स्थितियां हैं।

स्वकीये हृदये ध्यायेदिष्ट देव स्वरूपकम्।
चिन्तयेद् भक्ति योगेन परमानदपूर्वकम्॥
आनन्दाश्रुपुलकेन दशाभाव प्रजायते।
समाधिरहम्भक्तेन सम्भवेच्च मनोन्मनि॥

संकल्प समाधि के लाभ

न गन्धं न रसं रूपं न च स्पर्श न निस्वनम्।
नात्मानं न पर वेत्ति योगी युक्तः समाधिना॥
बाध्यते न स कालेन लिप्यते न स कर्मणा।
साध्यते न च केनाऽपि योगी युक्तः समाधिना॥

समाधि अष्टांग योग का अन्तिम सोपान है। साधक की अन्तिम अवस्था समाधि है। समाधि प्रत्येक मानव के लिए उसी प्रकार आवश्यक है जैसे अन्य वस्तुएं। स्वामी विवेकानन्द के अनुसार तो पशु पक्षी भी समाधि लगाते हैं, ऐसा बताया गया है। समाधि के बाद साधक ब्रह्म में लीन हो जाता है। समाधि लग जाने पर साधक सृष्टि संहार स्वयं कर सकता है। प्रमाण विश्वामित्र ऋषि स्वयं हैं।

तदैवार्थ मात्र निर्भासं स्वरूपशून्यमिव समाधिः॥

जब साधक को केवल ध्येय मात्र की प्राप्ति होती है तो वह समाधि कहलाती है। जिस प्रकार एक संगीतकार उच्चतम कोटि के संगीत में अपने आपको भूल जाता है अर्थात समाधिस्थ हो जाता है। इसी तरह साधक की उच्चतम अवस्था समाधि है। इसी कारण से समाधि के अनन्त लाभ हैं। प्राणों का शान्त होना, हृदय की धड़कन अर्थात मन का परिपूर्ण रूपेण शान्त होना, कुण्डलिनी शक्ति का जागरण आदि सभी कार्य समाधि में ही सम्भव हैं। अगर आप व्यापारी हैं, अधिकारी हैं, वैज्ञानिक हैं, प्राध्यापक हैं, चिकित्सक हैं, अधिवक्ता हैं, पत्रकार हैं अथवा छात्र हैं, समाधि हर क्षेत्र में आपको लाभ देगी और समाधिस्थ व्यक्ति का संकल्प आपके जीवन में सुख सम्पदा, धर्म की दोलत भर सकता है। क्योंकि संकल्प के द्वारा ही सम्पूर्ण सृष्टि का निर्माण हुआ है और समाधिस्थ मानव संकल्प द्वारा कुछ भी कर सकता है। समाधि से आध्यात्मिक चेतना की जाग्रति व ऋषि मुनियों की प्राचीन संस्कृति का पुर्नजागरण होता है। समाधि विश्वास दिलाती है कि मनुष्य के अन्दर कितनी क्षमता है।

समाधि व्यवहारिक (Practical) है। सम्पूर्ण शारीरिक, मानसिक क्रियाओं को समाप्त कर हवा पानी के बिना रहना, इस हेतु विज्ञान केवल 3 मिनट का समय देता है। जबकि योगी सैकड़ों वर्ष अपनी गतिविधियों को समाप्त कर बैठे रहते हैं। समाज में कोई झूठा न कह सके इस कारण आज भी कई योगी उन्हें विश्वास दिलाने के लिए समाधि लगाते हैं।

समाधि तो गोपनीय विषय है। प्रदर्शन करना तो वर्जीत है। पर आज का युग विज्ञान का युग है। मानव की वैज्ञानिक उपलब्धियाँ चरमोत्कर्ष पर हैं। वह अपना अस्तित्व भूलकर यन्त्रों का गुलाम बन गया है। मानव को विश्वास दिलाता हूं कि विज्ञान तुम्हारी खोज है। उपयोग के लिए समाधि तुम्हारी धरोहर है। संकल्प शक्ति के लिए, आत्मा की अनुभूति के लिए, स्वयं की पहचान के लिए अगर आप मानव हैं तो मानव के सत्य धर्म को पहचानें।

पराध्यान साधना विधि का ज्ञान कर, समाधि स्थिति का अनुभव करें निश्चय ही परिवर्तन आ जाएगा। पराध्यान साधना अभियान, मानव कल्याण के लिए तथा विचारों में परिवर्तन के लिए है। सूर्य रश्मि और चन्द्र रश्मियों के माध्यम से अन्तरिक्ष की गतिविधियों को अनुकूल बनाकर, विज्ञान में परिवर्तन करने का साधन जुटाकर विश्व की मानवता का विकास करना है।

आप भी पराध्यान साधना विधि से सहज संकल्प समाधि की ओर अग्रसर हो सकते हैं। उपनिषदों के अनुसार समाधि के अनन्त लाभ हैं।

समाधिः समतावस्था जीवात्मा परमात्मनः।
यदि स्वेदहमुत्सृष्टुमिच्छा चेदुत्सृजेत्स्वयम्।
परिब्रह्मणि लीयन्ते न तस्योत्कान्तिरिष्यते॥

(योग तत्वोपनिषद्)

जीवात्मा और परमात्मा का मिलन ही समाधि है और इन्हीं की समतावस्था हो जाने पर योगी अपनी देह को इच्छानुसार छोड़ सकता है तथा सृजन कर सकता है। ब्रह्म में लीन होना ही समाधि है।

ध्यान विस्मृति समाधिः॥

(मण्डल ब्राह्मण)

ध्यान की विस्मृति हो जाना ही समाधि है।

१. तथा भ्रान्तेर्द्विधा प्रोक्तो ह्यात्मा जीवेश्वरात्मना।
नाहं देहे न च प्राणे नेन्द्रियाणि मनो नहि॥

२. सदा संक्षिप्त रूपत्वाच्छिव एवास्मि केवलः।
इति धीर्या मुनिश्रेष्ठाः स समाधिरिहोच्यते॥

३. साऽहं ब्रह्म न संसारी न मतोन्यः कदाचन।
तथा फेन तरंगादि समुद्रादुत्थितं पुनः॥

४. समुद्रे लीयते तद्वज्जगन्मयमनुलीयते।
तस्मान्मनः पृथक नास्ति जगन्माया च नास्तिहि॥

(जाबाल दर्शन)

जीवात्मा और परमात्मा दो स्वरूप हैं। जीवात्मा को जब यह आभास होने लगता है कि मैं न तो देह हूं और न प्राण हूं तथा न इन्द्रिय और न ही मन शेष रहा है। हमेशा शिव रूप ही ध्यान में रहता है। इस प्रकार का जो ध्यान धारण करता है, वह मुनि श्रेष्ठ समाधिस्थ हो जाता है। मैं वही ब्रह्म हूं सांसारिक नहीं। इस प्रकार से कभी भी जब अन्य मत नहीं आता है। जिस प्रकार समुद्र में फेन तरंगादि उठते हैं और समुद्र में ही लीन हो जाते हैं, इसी प्रकार यह जगत अपने सृष्टि आधार में लीन हो जाता है। जगत व माया कुछ भी नहीं हैं न ही इसकी कोई अलग सत्ता है। इस प्रकार का एकैत्य भाव समाधि में आता है।

समाधौ मोक्षमाप्नोति त्यक्त्वा कर्म शुभाशुभम्।

(योग चूड़ामणि)

संकल्प समाधि से मानव को निश्चय ही मोक्ष प्राप्त होता है एवं शुभ और अशुभ कर्म नष्ट हो जाते हैं।

शम्भव्याचवखेचर्या भ्रामर्यायोनि मुद्रया।
ध्यान नाद रसानंद लय सिद्धिश्चतुर्विधा॥
पंचसा भक्ति योगेन मनो मूर्च्छा च षड्विधा।
षड् विधोऽयं राजयोगः प्रत्येकमवधारयेत्॥

(घेरण्ड संहिता)

समाधि के निम्न 6 भेद है।

1) ध्यान
2) नाद
3) रसानंद
4) लय
5) भक्ति
6) राजयोग

इसमें ध्यान की सिद्धि शांभवी मुद्रा से, नाद की खेचरी से, रसानंद की योनी मुद्रा से भक्ति योग की मनोमूर्च्छा से और राजयोग की समाधि सिद्धि कुम्भक से प्राप्त होती है। इन सभी समाधियों में भक्ति योग समाधि अपने आप में विशेष स्थान रखती हैं। भक्तियोग समाधि में ही गायत्री साधना आदि आती हैं।

स्वाकीय हृदये ध्यायेदिष्टदेव स्वरूपकम्।
चिन्तयेद् भक्ति योगेन परमाह्लादपूर्वकम॥

अपने हृदय में इष्टदेव के स्वरूप का प्रसन्नता पूर्वक चिन्तन करने से आनन्द के अश्रु बहते हैं और शरीर पुल-कायमान हो जाता है, यह भक्तियोग समाधि है। संकल्प की सिद्धि समाधि के ही द्वारा होती हैं। आज का साधक समाधि (तदाकार, तनमय अवस्था) से बहुत दूर होने के कारण सिद्धि से भी दूर हैं। परा साधना विधि के द्वारा साधारण साधक भी समाधि सिद्धि के आनन्द का रसास्वादन थोड़े से सत् प्रयास से कर सकता है। परा साधना के द्वारा संकल्प समाधि का कठिन कार्य सरलता से सम्भव हो सकेगा।

चमत्कारी समाधि के प्रकार

समाधि दो प्रकार के होती है, जड़ और चेतन। चेतन समाधि योग का सर्वोपरि (सोपान) स्थिति है। इस अवस्था में योगी की अन्तलोकों का दर्शन होकर, ब्रह्म ज्योति का साक्षात्कार हो जाता है। साथ ही बाह्य जगत की

देश, काल परिस्थिति का पूर्ण ज्ञान रहता है, अर्थात योगी अपने आत्मचिन्तन, अर्न्तसाधना से हटकर समाधि स्थिति में होते हुए भी अपने बाह्य संसार में क्या कुछ हो रहा है, इस सबका पूर्ण ज्ञान कर सकने की सामर्थ्य रखता है।

जड़ समाधि में साधक के प्राण सुषुम्ना में प्रवेश के अनन्तर सुषुप्त स्थिति को प्राप्त हो जाते हैं। अर्थात् प्रगाढ़ निद्रित अवस्था में चले जाते हैं और योगी को किसी प्रकार का ज्ञान अथवा कोई शक्ति प्राप्त नहीं होती। यह अवस्था बिल्कुल प्राकृतिक है। प्रकृति के कुछ जीवों को भी जड़ समाधि प्राकृत रूप से सिद्ध होती है। विशेष रूप से मेंढक और कछुआ इसके प्रत्यक्ष उदाहरण हैं। तालाब आदि के सूख जाने पर, अथवा कुआं खोदने पर यह जीव दस-पांच फुट और इससे भी अधिक गहराई में भूमि खोदने पर प्राप्त होते हैं। वह महीनों और सालों तक भूगर्भ में हवा भोजन, जल आदि के बिना जीवित रहते हैं और उनका शरीर भी ठीक रहता है।

जड़ और चेतन दोनों समाधियों में ही शरीर बहुत काल तक पूर्ववत रहता है। समाधि स्थिति में छोड़े हुए शरीर को दीमक, चीटीं, मिट्टी, जल आदि भी नष्ट नहीं कर सकते। समाधिस्थ शरीर में रक्त संचार, हृदय गति आदि शान्त हो जाते हैं। प्राकृतिक कारणों से वह शरीर किसी प्रकार भी विकृत (खराब) नहीं हो सकता।

आज के कुछ योगी लोक भी समाधि लगाते हैं किन्तु वह जड़ समाधि ही होती है। वह जल में अथवा भूगर्भ में हो। चेतन समाधि वाले योगी की स्थिति और शक्ति सामर्थ्य वर्ण से बाहर की बात है। वस्तुतः चेतन समाधि वाले योगी आज दुर्लभ है। समाचार पत्रों में और प्रत्यक्ष रूप से कुछ विचित्र शवों को जानने का अवसर मिला। गोआ के एक बड़े गिरिजाघर के पादरी का पार्थिव शरीर बहुत लम्बे समय से एक शीशे की अलमारी में बन्द करके लोगों के दर्शनार्थ आज भी रखा हुआ है। हर वर्ष हजारों लोग इस पादरी के शव को देखते हैं।

वहां के प्रबन्धकों से जानकारी प्राप्त हुई कि इस शव पर किसी प्रकार की रसायनिक औषधि का प्रयोग नहीं किया गया है, इसके बावजूद भी आज तक इस शव में किसी प्रकार की दुर्गन्ध नहीं है। जैसा पहले दिन रखा गया था, उसे स्थिति में आज तक बना हुआ है। अपितु इस शव के बाल, नाखून आदि स्वाभाविक रूप से बढ़ते रहते हैं। इसी प्रकार का एक शव उत्तर प्रदेश में कानपुर से 20 मील दूर, बिठुर ग्राम में रखा हुआ है। 25

अक्टूबर 1978 को गंगा देवी नामक एक महिला की मृत्यु हो गई थी। जिनके पति का नाम सरजू प्रसाद मिश्र है। उन्होंने अपनी पत्नी के शव को आज तक सुरक्षित रख छोड़ा है। दूर-दूर से लोग उस शव को देखने आते हैं। पुलिस और जिले के बड़े अधिकारियों ने भी सर्व प्रकार इस शव के सम्बन्ध में पूरी-पूरी जानकारी प्राप्त कर ली है। वस्तुतः यह शव किसी तरह से भी विकृत (सड़ना और गलना) नहीं हो सका है। जैसा पहले दिन था वैसा ही आज तक पूर्ववत् है और लोगों के आश्चर्य का विषय बना हुआ है।

मेरे विचार से और यौगिक दृष्टिकोण से, इन व्यक्तियों की मृत्यु नहीं हुई अपितु इनके प्राण सुषुम्ना में प्रवेश कर गए हैं। फलतः प्राणों का स्पन्दन (हृदय गति) रुक गई है और जीव प्रगाढ़ निद्रित अवस्था में प्रवेश कर गया है। अर्थात जिनके ये शव हैं वह जीव जड़ समाधि में चले गए हैं। इसीलिए उनके शरीर विकृत नहीं हुए और अनन्त काल तक ऐसे ही पड़े रह सकते हैं। इस विषय पर शोध की आवश्यकता है।

ऐसी समाधि लगाने की विधि (टैकनीक) हमने खोज निकाली है। कोई भी व्यक्ति इस परासाधना विधि को अपनाकर समाधि स्थिति का आनन्द प्राप्त करने के योग्य हो सकता है।

यदि समाधि के सम्बन्ध में खोज की जाए तो बहुत से नये तथ्य और नये चमत्कार जिनसे कई प्रकार के लाभ हो सकते हैं। बड़े-बड़े रोगों को ठीक किया जा सकता है। समाधि में ले जाकर लोगों के विचारों में महत्वपूर्ण परिवर्तन लाया जा सकता है। समाधि में हमारा आमूलचूल परिवर्तन संभव हो सकता है। समाधि के अनन्त लाभ हैं। आज के इस वैज्ञानिक युग में भी समाधि के द्वारा अनगिनत महत्वपूर्ण लाभ उठाए जा सकते हैं।

यदि आज का साधक आध्यात्मिक जगत में कुछ महत्वपूर्ण, जोरदार कार्य करना चाहता है तो उसे समाधि के संबंध में अच्छी प्रकार ज्ञान प्राप्त करना ही होगा।

वस्तुतः मंत्र सिद्धि प्राप्ति के लिए समाधि में जाना ही होगा और वह भी जड़ समाधि में नहीं, चेतन समाधि में प्रवेश करना नितान्त आवश्यक है। मंत्र सिद्धि और मानसिक व्यक्तियों की प्राप्ति के निमित्त अष्टांग योग के इस अन्तिम पद के संबंध में विस्तृत ज्ञान, गुरु और साधक दोनों को ही समझना चाहिए। इस ज्ञान के बिना साधना का सम्पूर्ण क्षेत्र महा शमशान अथवा शून्यवत है।

ब्रह्मास्त्र एटम बम

वेदमाता गायत्री के सर्वोत्कृष्ट शक्तिशाली प्रयोग

श्रीमद् भागवत के एकादश स्कन्ध में जो कुछ भी विचित्रता के साथ कहा गया है, वास्तव में वह गायत्री का ही महाभाष्य है। इस ग्यारहवें स्पन्ध के 31 अध्यायों में से 28 अध्यायों में प्रणव, तीन व्याहृति और गायत्री के 24 अक्षरों का ही उपदेश योगेश्वर भगवान श्री कृष्ण ने दिया है।

संसार के आदिदैविक, आदिभौतिक और आध्यात्मिक रहस्य, कर्म की गहनतम गति महाकालात्मा की अकल कला और धर्म के गूढ़ातिगूढ़ सूक्ष्मतम रहस्यमय तत्व का मर्मोंदघाटन, वेदमाता गायत्री के रहस्यमय 24 अक्षरों के रहस्यमय तात्विक विवेचन से ही ज्ञात हो सकेगा। छान्दोग्योपनिषद में कहा गया है कि गायत्री की सर्वरूपता भारतीय साहित्य में वर्णित की गई है।

प्राचीनकाल के ब्रह्मास्त्र को आज का अणुबम कहा जा सकता है। गायत्री मन्त्र का स्वरूप ब्रह्मास्त्र के प्रयोग के समय इस प्रकार होगा :

मंत्र :-

ॐ द्याद चोप्र नो यो योधिहिमधी
स्यवदेर्गोभण्यरैर्वतुविस तद् स्वोवर्भुभूरोम्।

इस मन्त्र में महान शक्ति उत्पन्न करने के लिए आज भी साधक को प्राचीन काल के अर्जुन, कर्ण, द्रोणाचार्य, रावण, मेघनाद, विश्वामित्र, लव कुश आदि साधकों की तरह ही समाधिस्थ होकर, गायत्री की शक्ति का आह्वान करना होगा। ऐसा करने से ही वह अतुल शक्ति प्रकट होगी। उपरोक्त विलोम अनुलोम गायत्री मन्त्र को साधक समाधिस्थ होकर एक निखर्व संख्या में जपने के उपरान्त इसका प्रयोग ब्रह्मास्त्र के रूप में कर सकता है। यह मंत्र निसन्देह अपनी शक्ति दिखाने में समर्थ होगा।

उपरोक्त विलोम मंत्र के साथ नीचे वाले मन्त्र में जिस व्यक्ति का नाश करना हो उसका नाम अमुक शब्द के स्थान पर लगा कर कई लाख बार जप करने पर सिद्धि हो जाती है। फिर एक बार उच्चारण करते ही कार्य

करेगा। यह प्राचीन काल में पाशुपतास्त्र के नाम से जाना जाता था। यह अस्त्र प्रयोग किये जाने के उपरान्त वापिस भी किए जा सकते हैं। किन्तु प्रयोग कर्ता का संकल्प बल, अत्यन्त प्रबल होना परम आवश्यक है।

इस अस्त्र को वापिस करने के लिए साधारण गायत्री मन्त्र का उच्च एकाग्र स्थिति में जप तथा ध्यान ही करना होगा।

ब्रह्मदण्ड अस्त्र :-

इस महा अस्त्र का प्रयोग रावण ने यमराज पर किया था।

मन्त्र :

ॐ प्रचोदयान्नो यो धियो धीमहि देवस्य भर्गो
वरेण्यं सवितुस्तत् अमुकशत्रुं हन हन हुं फट्।

ब्रहमशिरस् महाअस्त्र :-

मन्त्र :-

ॐ धियो यो नः प्रचोदयात् भर्गो देवस्य धीमहि
तत्सवितुर्वरेण्यं शत्रून्मे हन हन हुं फट्।

इस मन्त्र का तीन लाख बार जप ध्यान की उच्च स्थिति में करने पर संकल्प सिद्ध होता है।

इन अस्त्रों का प्रयोग प्राचीन काल में अधिकांशतः धनुष बाण पर ही किया जाता था, अभाव में कुशा पर भी प्रयोग किया जाता था। आवश्यकता होने पर आज भी धनुष बाण के अभाव में कुशा को अभिमंत्रित करके प्रयोग किया जा सकता है।

उपरोक्त शक्तिशाली प्रयोग निश्चय ही आज भी अपना चमत्कार करने की शक्ति रखते हैं, देर है, केवल आपकी लगन और दृढ़ संकल्प की। यदि आप अथवा साधक कोई महत्वपूर्ण कार्य करना चाहते हैं तो उच्च, दृढ़ और सत्संकल्प के साथ अपनी साधना में तल्लीन हो जाइए।

आज तक जिन लोगों ने भी बड़े महत्वपूर्ण कार्य किए हैं, उनके जीवन के अध्ययन से यह स्पष्ट होता है कि उन्होंने अपने लक्ष्य की प्राप्ति के निमित्त अपनी आत्मिक, मानसिक और शारीरिक आदि सम्पूर्ण शक्तियों को अपने इच्छित लक्ष्य पर केन्द्रित कर दिया था। फलतः उन्हें महान शक्ति सफलता

और आनन्द की प्राप्त हुई। प्राचीन काल में रावण, विश्वामित्र, अर्जुन, बब्रीक आदि अनगिनत विशिष्ट आत्माएं उच्च साधना के ज्वलन्त उदाहरण रहे हैं।

इस कलिकाल में भी ऐसे ही सिद्ध सम्पन्न परम तेजस्वी आत्माओं का दर्शन जनसाधारण को हुआ। चैतन्य महाप्रभु, तुलसीदास, कबीरदास, रामानन्द, एकनाथ जी महाराज, सन्त ज्ञानेश्वर, मत्स्येन्द्रनाथ गोरक्ष नाथ आदि चौरासी सिद्ध, रामकृष्ण परमहंस आदि महान तपस्वी साधक योगी अपने चमत्कार पूर्ण जीवन के लिए चर्चित हैं।

निश्चय ही उपरोक्त महान आत्माओं के जीवन से प्रेरणा लेते हुए, हमें भी अपने जीवन को उस परम आनन्द और तेजोमय परम लक्ष्य की ओर अग्रसर होने का प्रयत्न करना चाहिए। सम्पूर्ण साधक गण, पुण्य आत्मा हैं। आप अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होने का तनिक सा प्रयत्न तो करें, देखिए वह कुछ ही दूर पर सिद्धि रूप सफलता आपका स्वागत करने को तत्पर है।

सूर्य विज्ञान

सूर्य के सम्बन्ध में हम सभी लोग सोचते हैं कि वह कोई निष्क्रिय प्रचण्ड अग्नि का गोला मात्र है। वस्तुतः ऐसा नहीं है। वह समस्त संसार का प्राण है। अत्यन्त सक्रिय तथा जीवन्त, अग्नि संगठन सिद्ध हुआ है। आज ऐसा आधुनिक वैज्ञानिकों ने भी अनुसंधान के द्वारा सिद्ध किया है। हर क्षण सूर्य की तरंगों में विशेष प्रकार के रूपान्तरण होते रहते है। सूर्य पर होने वाला तनिक सा रूपान्तरण, विस्फोट भी पृथ्वी और समस्त वातावरण को प्रकंपित करता है।

सूर्य पर होने वाली घटना, तात्विक परिवर्तन का प्रभाव तत्काल पृथ्वी पर पड़ता है। सूर्य ग्रहण के समय, ग्रहण आरम्भ होने से घन्टों पहले, पक्षी अपनी स्वाभाविकता को छोड़कर गाना चहचहाना बन्द कर देते हैं। एक रूसी वैज्ञानिक चीजेवस्की ने सूर्य पर होने वाले आणविक विस्फोटों के सम्बन्ध में एक लम्बे अनुसंधान के बाद महत्वपूर्ण तथ्य पाए।

हर ग्यारह वर्ष के बाद सूर्य पर तीव्र आणविक विस्फोट होते हैं और जब सूर्य पर ऐसा परिवर्तन होता है तो पृथ्वी पर फलतः युद्ध तथा क्रान्तियों का सूत्रपात होता है। वस्तुतः सूर्य सभी ग्रह नक्षत्रों में सर्वाधिक शक्तिशाली है। चन्द्र, मंगल, बुध, गुरु, शनि, राहु, केतु, हर्षल, यम, वरुण, चाप परिध आदि ग्रह उपग्रहों में से सूर्य में ही सर्वाधिक आकर्षण शक्ति विद्यमान है। ज्योतिष के द्वारा सिद्ध होता है कि समस्त ग्रह नक्षत्र अपने-अपने स्थान पर परिभ्रमण करते हुए, साथ-साथ एक विशेष आकाशीय आकर्षण व्यवस्था में बंधे हुए, सूर्य की परिक्रमा कर रहे हैं। अतः ज्ञात होता है कि सूर्य से ही सब कुछ संचालित हो रहा है।

ब्रह्माण्ड रसायन विज्ञान, कास्मिक केमिस्ट्री के द्वारा अनन्त प्रयोगों से सिद्ध हो रहा है कि सम्पूर्ण जगत एक पूर्ण शरीर है। एक आर्गेनिक यूनिटी है। इसका अर्थ है कि यदि मेरे पैर में रोग हुआ तो उससे न्यूनाधिक रूप में मेरा सारा शरीर प्रभावित होता है।

आपका हमारा शरीर और यह दृश्य, अदृश्य पूरा संसार एक आर्गेनिक

यूनिटी हैं, सूर्य उसका सबसे अधिक संवेदनशील, शक्तिशाली भाग है अर्थात सूर्य पर जब-जब आणविक आंधियां, विस्फोट होते हैं तो उसके प्रभाव से संसार का कण-कण आन्दोलित हो उठता है तो मनुष्य उससे कैसे अछूता रह सकता है?

एक जापानी शोधकर्ता चिकित्सक की हैरानी का उस समय पारावार नहीं रहा, जब उसने देखा कि हर ग्यारह वर्ष के अन्तर से जो सूर्य पर आणविक विस्फोट तूफान होने के कारण से पुरुषों का रक्त भी उस समय पतला, हल्का हो गया है। उस वैज्ञानिक के लिए यह बड़ी नई बात थी। स्त्री और पुरुषों के रक्त में एक मूलभूत अन्त वह वैज्ञानिक सिद्ध करने जा रहा था। स्त्रियों का रक्त पुरुषों के रक्त की तरह ही होता है किन्तु गर्भ काल और मासिक धर्म के समय स्त्रियों का रक्त स्वाभाविक ही पतला हो जाता है। इसकी अपेक्षा पुरुषों का रक्त सारे समय एक सा ही रहता है। किन्तु जब सूर्य में विशेष उत्ताप, आणविक विस्फोट आरम्भ हुए तो देखा गया कि पुरुषों का रक्त भी पतला हो गया था। इससे पहले कभी ऐसा नहीं देखा गया था। इससे सिद्ध होता है कि जब सूर्य पर हुए परिवर्तन का प्रभाव इतनी सूक्ष्मता के साथ रक्त पर पड़ता है तो निश्चय ही उसका प्रभाव संसार की हर स्थूल, सूक्ष्म, दृश्य और अदृश्य वस्तु पर पड़ता है। उससे कोई और कुछ बच नहीं सकता।

आध्यात्मिक मंत्र शक्ति

आध्यात्मिक मंत्र शक्ति और सम्पूर्ण सूर्य विज्ञान वस्तुतः गायत्री महाविद्या के अन्तर्गत ही आते हैं। गायत्री महाविज्ञान के क्षेत्र का प्रभाव सम्पूर्ण वेद विज्ञान तक फैला हुआ है।

किसी समय सूर्य विज्ञान का संसार में बड़ा प्रचार प्रसार था। बड़े-बड़े वैज्ञानिक व ऋषियों के द्वारा इस विज्ञान के चमत्कार जनसाधारण के समक्ष यदा कदा प्रदर्शित किए जाते रहे हैं। इस समय तो सूर्य विज्ञान के संबंध में साहित्य भी बहुत ही थोड़ी मात्रा में उपलब्ध है।

व्यवहार रूप से जिस वस्तु को आप जिस रूप से पहचानते हैं वह वस्तु वैसी ही है और वही है। ऐसा कुछ नहीं है। लोहे की छड़ लोहा ही है, सूर्य विज्ञान के अनुसार ऐसा नहीं है। उस लोहे में सम्पूर्ण प्रकृति अव्यक्त रूप से समाहित है। साथ ही लौह स्वरूप तत्व की प्रधानता है और अन्य सभी तत्व उस लौह भाव में विलीन होते हुए अदृश्य हैं। इस विज्ञान के

द्वारा जैसे स्वर्ण आदि किसी भी विलीन अदृश्य भाव को जाग्रत करके लोहे को सोना बनाया जा सकता है। नाथ सम्प्रदाय के बहुत से सिद्ध महात्मा इस विद्या में परांगत थे। बौद्ध सिद्ध नागार्जुन, गुरु गोरक्षनाथ, सिद्धनाथ तथा यवन काल के कुछ सन्त भी इस विज्ञान के सिद्धहस्त पुरुष गिने जाते थे।

मुगल बादशाह औरंगजेब के समय में एक सन्त हुए थे, जिन्हें भगवान दत्तात्रेय का अवतार कहा जाता था। उनके द्वारा इस पराविज्ञान के कितने ही चमत्कार दिखाकर, तत्कालीन जन-मानस में भारतीय आध्यात्म विज्ञान, योग विज्ञान तथा रसायन विज्ञान के प्रति रूचि, श्रद्धा, सम्मान उत्पन्न किया था। उनके मूत्र में दीपक जलता था। उन्होंने लोहे को, स्वर्ण में तत्क्षण परिवर्तित कर दिया था।

जात्यन्तर परिणाम

सूर्य विज्ञान द्वारा 'जात्यन्तर परिणाम' विधि के कारण लोहा, स्वर्ण रूप में दृष्टिगोचर होने लगता है। महर्षि पतंजलि के अनुसार प्रकृति के आपूरण द्वारा 'जात्यन्तरपरिणाम' संभव होता है। अर्थात गुलाब का फूल मोतिये के फूल के रूप में परिवर्तित हो जाता है। यह परिश्रम से प्राप्त होने वाला कौशल, प्रकृत विद्या है। इसके द्वारा असत् को सत् नहीं बनाया जा सकता है। आर्ष विज्ञान या योग से इस रहस्य को जाना जा सकता है। इस पराविज्ञान से व्यक्त को अव्यक्त और अव्यक्त को व्यक्त किया जाना संभव है। वास्तव में सत्यकार्यवाद में केवल सृष्टि की ही अभिव्यक्ति है। जो कभी था ही नहीं, वस्तुतः वह कभी होता भी नहीं

नासतो विद्यते भावो नाभावो विद्यते सतः॥

गीताकार ने परा प्रकृति के मूल सिद्धान्त को बड़ी कुशलता से उपस्थित किया है। निमित प्रकृति को प्रेरणा नहीं दे सकता, विकारों की ओर जाने की प्रकृति में स्वाभाविक प्रेरणा उपस्थित है। प्रकृति प्रतिबन्धतकता के कारण कार्य नहीं कर पाती है। इस वैज्ञानिक कौशल से इस प्रतिबन्धकता को केवल हटा दिया जाता है।

सभी तत्व इस वातावरण में उपस्थित हैं। वह व्यक्त नहीं हैं। किन्तु सूर्यकान्त मणि के द्वारा अग्नि को अव्यक्त से व्यक्त रूप में उपस्थित किया जा सकता है। यहां अग्नि तत्व को व्यक्त करने में सूर्यकान्त मणि निमित्त कारण बनी। वस्तुतः अग्नि तो यहां पहले ही सूक्ष्म अव्यक्त रूप में उपस्थित थी।

प्रकृति और परा प्रकृति बड़ी रहस्यमय है। विज्ञान के द्वारा इसे समझा जा सकता है और योग के बिना इस ज्ञान विज्ञान को प्राप्ति नहीं हो सकती है। इसी तरह ज्ञान-विज्ञान के समझे बिना योग शक्ति, सिद्धि प्राप्त करना नितान्त आवश्यक है।

वास्तव में योग पद पर आरोहण करना, अर्थात योगी बनना बहुत बड़ी बात है। यह सत्य है कि जो यथार्थ में योगी है, उसकी सामर्थ्य शक्ति के विस्तार की कोई निर्दिष्ट सीमा रेखा नहीं है। वह परम पिता परमेश्वर ही पूर्ण योगी है। उस महाशक्ति के संबंध में आदर्श योगी के सिवा कोई कुछ नहीं जानता और न ही कुछ जान सकता है।

जो भक्त साधक, ज्ञानी, योगी जितना अधिक शुद्ध चित्त, निर्मल बनकर, उस परा शक्ति गायत्री के साथ जितना युक्त हो जाता है, उसमें उतनी ही अद्‌भुत योग शक्ति का उदय सम्भव होता है। ऐसी स्थिति एकदम प्राप्त नहीं होती, यह मुक्त होना क्रमशः होता है। साधक की निर्मलता और शुद्धि के अनुपात के अनुरूप ही, उसमें शक्ति का स्फरण (उदय) भी न्यूनाधिक रूप में होता है। जब साधक को पवित्रता सम्यक प्रकार से सिद्ध हो जाती है तो ऊपर कही गई, योगी की शक्ति सामर्थ का उदय हो जाता है। जिसकी कोई सीमा नहीं है। ऐसे साधक के संकल्प मात्र के तनिक से निर्देश पर प्रकृति माया उसकी इच्छापूर्ण करती है।

योगी सूर्य रश्मि वर्णमाला को भली प्रकार जान जाता है। तब ही वह प्रकृति और पदार्थों में परिवर्तन विघटन या संघटन करने की सामर्थ प्राप्त कर पाता है। सूर्य विज्ञान के अनुसार सभी पदार्थ सूर्य रश्मि वर्णमाला के भिन्न-भिन्न प्रकार के सम्मिलन, संयोग से ही उत्पन्न होते हैं। ऐसे ही इच्छा शक्ति, संकल्प शक्ति के द्वारा भी सभी सृष्टि के पदार्थों का सृजन और संहार किया जाना संभव है।

सूर्य रश्मि के वर्णों का ज्ञान गायत्री उपासना की स्थिति में ही योगी साधक को चित्त के शुद्ध पवित्र हो जाने पर ही प्राप्त हो सकता है। गायत्री विज्ञान ही सूर्य विज्ञान है, गायत्री उपासना से ही उसका सम्यक बोध हो सकता है। वस्तुतः सूर्य विज्ञान अत्यन्त दुर्गम और जटिल विषय है। ऐसी लुप्त विद्याएं दीर्घकाल तक कठोर साधना करके ही प्राप्त की जा सकती हैं।

कई वर्ष पूर्व की बात है, मुझे उपासना के लिए निर्जन और शान्त प्रदेश की आवश्यकता के लिए घूमते-घूमते एक अति विचित्र शान्त व दुर्गम स्थान

का दर्शन हुआ। जहां तक दृष्टि की पहुंच थी वहां तक का संपूर्ण वातावरण विभिन्न प्राकृतिक रंग-बिरंगे खिले-अधखिले फूलों से आच्छादित दृष्टिगोचर हो रहा था। सारा स्थान विचित्र दैविक सुगन्ध से सुरभित होने के कारण हमारे मन की स्थिति को संसार की ओर से, बरबस हटाकर एक प्राकृतिक शुद्ध सात्विक आनन्द के सागर में डुबो रहा था।

हम पुर्वांचल की विस्तृत घाटियों के बीच तिकौने देवदार वृक्षों के सुन्दर वन में जा पहुंचे थे। घने रम्य वृक्षों की डाली पर लदे, फूलों की अनगिनत गुच्छे, वृक्षों से गिरे विभिन्न प्रकार के फूलों की ढेरों पंखुड़ियां प्राकृतिक रूप से हमारे मार्ग में बिछी हुई थीं। किसी रमते जोगी की जटाओं की तरह वहां वनस्पतियों से भरे भूरे-काली पहाड़ी ढलानों से, टेढ़ी-मेढ़ी पवित्र श्वेत पतले जल की कितने ही धाराएं जटागंगा की मुख्य धारा में विलीन होती जा रही थी। सारे वातावरण में 'हर-हर' 'कल-कल' शब्दों का मंद मंद नाद करती शिव प्रिय जटा गंगा की धारा प्रवाहित हो रही थी।

सामने देवदार के सघन वृक्षों को अंधेरे में जागेश्वर शिव के विचित्र कलात्मक मन्दिरों का समूह दिखाई दे रहा है। पास जाकर देखने पर तो मैं उस निर्जन क्षेत्र में, ऐसे विशाल कलात्मक अद्‌भूत मन्दिरों के समूह को देखकर अवाक खड़ा रह गया और सोचने लगा कि किस दिव्य आत्मा महापुरुष के सत्य संकल्प ने, इस हिमालय के महा शमशान को महामृत्युंजय, नाटेश्वर, पुष्टी देवी, कुबेर, जगन्नाथ बालेश्वर एवं चण्डीका आदि के दर्शनीय भव्य देवालयों में जाग्रत तीर्थ में परिवर्तित कर डाला। यहां अनेकानेक पर्वतीय प्राकृतिक सुगन्धित वनस्पतियों और घने चीड़, देवदार तथा अन्य वन वृक्षों लता पताओं के आगम्य वन मीलों तक फैले दिखाई दे रहे हैं।

सुगन्धित शीतल पवन, शान्ति, निरवता, हल्की धुंध में दूर तक चमकती हिमाछादित पर्वत श्रेणियां, सर्वथा अनदेखी प्राकृतिक सुषमा, अर्थचन्द्राकार रूप में बनी जटा गंगा की मनोरम धरा के सम्मोहित कर देने वाले दृश्य से मन स्वाभाविक ही एक दैवी प्रेरणा से प्रेरित होकर ध्यानस्थ होने लगा था।

इतने में कुछ ही दूर से शंखनाद का शब्द सुनाई देने लगा साथ ही डमरू का डडम-डडम-डडम-डिम-डिम निनाद और किसी का गहन गम्भीर शब्दों में बम्म-बम्म, शिव-शिव-हर-हर महादेव का घोष उसी शंखनाद वाली दिशा से आ रहा था।

सन्ध्या के प्रदोष काल के अनन्तर का हल्का झुक पुका अन्धकार उस सारी प्रकृति पर आच्छादित होता जा रहा था। थोड़े से प्रयास से ही मैं वहां



पहुंचा और देखा कि एक छोटा सा आश्रम है एक दो सन्त महात्मा पद्मासन लगाए ध्यानावस्था में तल्लीन हैं।

सारा आश्रमअगरु, गुगुल, जटामासी, तगर, छारछबिला, नागरमोथा, बालछड़, चन्दन आदि अष्टगन्ध के सुगन्धित धूम्र से सुर्भित हो रहा था। ओम (प्रणव) के उच्चारण का मन्द मन्द गम्भीर स्वर रह रह कर प्रस्फुटित, गुंजित हो रहा था। जिसके सम्पर्क में आते ही साधारण सांसारिक जीव भी पराध्यान साधना की मध्यमा, परा, पश्यन्ति आदि अवस्थाओं को विचित्र अनुभूतियों के परमानन्द का थोड़ा सा अनुभव करने लगता है और जिनका साधना मार्ग में थोड़ा भी पद है उन्हें तो निश्चय ही ध्यान की बैखरी आदि अवस्थाओं की ओर अग्रसर होने में देर नहीं लगेगी और हुआ भी ऐसा ही। मैं किसी अज्ञात शक्ति की प्रेरणा से तत्काल ध्यान करने के लिए वहीं पर बैठ गया।

उस स्थान के अलौकिक प्रभाव के कारण मन समस्त इन्द्रियों के साथ अध्यात्म साधन के लिए तत्पर हो चुका था। काम, क्रोध, लोभ, मोह, अंहकार आदि सभी विकार, मन मस्तिष्क को छोड़कर न जाने कहां पलायन कर चुके थे। शरीर पहले से ही तत्पर था, उस परम लक्ष्य की ओर अग्रसर होने के लिए। बस फिर क्या था मेरी सहज समाधि लग चुकी थी।

मैं भावातीत ध्यान के द्वारा पराध्यान साधना की परा, पश्यन्ति, मध्यमा आदि महत्वपूर्ण सूक्ष्म अवस्थाओं में स्वाभाविक ही पहुंचकर महत्वानन्द का रसास्वादन कर रहा था। ध्यान में बैठने के साथ ही हमने सर्वप्रथम संध्यावंदन की और गायत्री जप का संकल्प कर गायत्री ध्यान किया और जप से पूर्व की जाने वाली 24 मुद्राएं की तत्पश्चात जप प्रारम्भ किया।

जप आरम्भ करते ही वहां के अलौकिक प्रभाव से प्राणों की गति शनैः शनैः उर्ध्वमुखी हो चली। प्राण गति उर्ध्वगामी होने के कारण मूलबंध बिना प्रयास के स्वतः ही लग चुका था। धीरे-धीरे प्राण शान्त हो चले थे और कुछ ही समय के उपरान्त हटात् मन प्राण बिल्कुल स्थिर हो गए। मेरी हृदय गति थम चुकी थी। शरीर का रोम-रोम उस दिव्य स्थिति के कारण हर्षित, पुलकित हो रहा था। मेरे शरीर के रोम-रोम से गायत्री मंत्र अपने दिव्य तेज सहित प्रस्फुटित हो रहा था।

मेरा तन-मन अंतर और बाह्य सब कुछ एक परम प्रकाश से प्रकाशित हो गया था। मैं धीरे-धीरे गायत्री जप करता हुआ सहज समाधि की ओर अग्रसर हो गया था और न जाने कितना समय उन ध्यान की स्थिति में ऐसे ही व्यतीत हो गए। ऐसा ही उपासना का क्रम कुछ दिन तक उस दिव्य स्थान पर चला।

मन्त्र जाग्रत करने की विधि

हमारे मेधावी ऋषियों ने वेद मन्त्रों की अनन्त शक्ति को जगाने की अनोखी विधि शास्त्रों में उपस्थित की है। किन्तु अधिकांश विद्वान उसे कुछ और ही समझते रहे हैं। प्रत्येक वेद मंत्र के विभिन्न स्वरूप दिए गए हैं। जैसे : प्रकृति विकृति पाठ, लोम विलोम, अनुलोम, प्रतिलोम आदि। इन पाठों से मन्त्र की शक्ति अवश्य जाग्रत होती है और प्रयोग करने वाले की, इच्छा को शीघ्रतिशीघ्र पूर्ण करती है। ऐसे ही संहिता, पद, क्रम, जटा, क्रममाला, पुष्पमाला, शिखा, रेखा, ध्वज, दण्ड, रथ, धन, त्रिपदीधन, पंच सन्धि तथा गायत्री सामगान आदि पाठों के विचित्र शक्तिशाली प्रकार, वैज्ञानिक ऋषियों की महत्वपूर्ण खोज हैं।

वस्तुतः इन मन्त्र पाठों के विचित्र प्रकार तरीके शब्द विज्ञान के क्षेत्र में एक चमत्कार से कहीं अधिक हैं। शब्द शास्त्र में इस प्रकार की खोज एकमात्र भारतीय ऋषियों के द्वारा ही, विश्व के शब्द शास्त्रियों के समक्ष एक चुनौती के रूप में उपस्थित की गई है।

हमारे यहां प्रत्येक मंत्र के बीस-बीस या कम से कम सोलह-सोलह प्रकार के विचित्र वैज्ञानिक रूप उपस्थित हैं। सम्पूर्ण वेद मंत्रों की संख्या ही बहुत विशाल है और उसमें इस प्रकार के प्रकृति, विकृति, जटा, धन आदि पाठों के द्वारा बीस गुणा और वृद्धि हो जाने से, वेदमंत्रों की संख्या का बहुत विशाल भण्डार संसार के समक्ष उपस्थित हो जाता है। ग्रह योगों को देखते हुए अब समय आ पहुंचा है एक आध्यात्मिक क्रान्ति होने का। आने वाले समय में संसार में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन अवश्य आएगा। इस आने वाली रुहानी (आध्यात्मिक) क्रान्ति का आरम्भ भारतवर्ष के द्वारा ही हो रहा है। वस्तुतः आगामी 30 वर्ष समस्त विश्व के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण होंगे। आप सब बहुत ही भाग्यशाली हैं जो इस परम पावन परिवर्तकारी क्रांति की विचित्र बेला में जन्में हैं। हम में से बहुत से लोग शीघ्र ही होने वाले युग परिवर्तन का आनन्द ले सकेंगे।

इस समय में भारत में ही नहीं अपितु समस्त संसार के हर देश में पवित्र प्रदीप्त जाग्रत आत्माए अवतरित होने जा रही हैं। इस समय में दुनिया के

प्रत्येक भाग पर और भारत में विशेष रूप से महापुरुषों, दिव्य आत्माओं का प्राकट्य हुआ चाहता है। आगामी समय में वेद के सूक्ष्म अध्यात्म विज्ञान का बड़ी तीव्र गति से विकास होने जा रहा है। वस्तुतः मेरी बात इस समय तो बड़ी अटपटी लगेगी, किन्तु भारतीय योग विज्ञान की पैनी आंख से देखने पर, ऐसा स्पष्ट दृष्टिगोचर हो रहा है कि निकट भविष्य में बड़े देशों की सरकारें, अपने वैज्ञानिकों को संसार के प्राचीनतम भारतीय अध्यात्म विज्ञान पर विशेष रूप से, तीव्र अनुसंधान कार्य करने की विशेष प्रेरणा देगी। फलतः आधुनिक विज्ञान की बहुत बड़ी शक्ति इस खोज में शीघ्र ही तत्परता से लग जाएगी। विशुद्ध प्राकृतिक अध्यात्म विज्ञान की शक्तिशाली शान्ति-प्रदाता, कल्याणकारी स्वरूप विश्व के समक्ष उपस्थित हो सकेगा।

अचिन्तनीय व्यापक शक्ति है, जिसका कदापि नाश नहीं होता है और जिसके ही रूपान्तर तथा भावान्तर रूपसे तापशक्ति, ताडितशक्ति, चौम्बकशक्ति आदि अनन्त विकारप्राप्त अनन्त शक्तियोंका संसारमें आविर्भाव तिरोभाव होता रहता है। इतना कह कर अन्तमें हार्बार्ट स्पेन्सर तथा वालेस साहबने यह भी कह दिया है कि केवल शक्तिराज्यमें ही नहीं अधिकन्तु स्थूल भौतिक राज्यमें भी उक्त महाशक्तिका समावेश है अर्थात् स्थूल सूक्ष्म समस्त जगत् एक ही अद्वितीय शक्तिका घनीभाव मात्र है। इस प्रकारसे अनेक मनस्वी पाश्चात्य पण्डितोंने स्थूल सूक्ष्म वैचित्र्यपूर्ण सृष्टिके मूलमें अतिमहान् नित्य विभु एक अद्वितीय महाशक्तिके अस्तित्वका अनुमान किया है और उसके विषयमें कुछ भी जाननेकी शक्ति न होनेसे उस महाशक्तिको अज्ञेय, अचिन्तनीय कहकर छोड़ दिया है। यह एक अतीव आनन्द और विस्मयकी बात है कि जहाँपर पाश्चात्य दार्शनिक तथा वैज्ञानिक पण्डितोंने हताश होकर छोड़ दिया है वहींसे हमारे पूज्यपाद त्रिकालदर्शी, ज्ञानदर्शी, तत्त्वदर्शी महर्षियोंने अपनी गम्भीर गवेशणाको प्रारम्भ करके उस महिमामण्डित महाशक्तिका पूर्ण स्वरूप तथा जडचेतनात्मक समस्त जगत्में अपूर्व लीलाको करतलामलकवत् योग दृष्टि द्वारा प्रत्यक्ष करके जिज्ञासु तथा मुमुक्षु जनोंके लिये निःश्रेयस द्वार को उन्मुक्त कर दिया है। वह कैसे है सो नीचे क्रमशः बताया जाता है।

आर्यशास्त्रमें प्रकृतिको ब्रह्मशक्ति कहकर शक्तिसे शक्तिमान्का अभेद तथा अनन्त विश्वमें विविधरूपमें अभिव्यक्त विविध शक्तियोंका मूलकेन्द्र शक्तिमान् परमात्माको ही माना गया है। यथा श्रुतिमें—

"ब्रह्मणः सकाशान्नानाविचित्रजगन्निर्माणसामर्थ्यबुद्धिरूपा ब्रह्मशक्तिरेव प्रकृतिः।"

जिसमें विचित्रजगन्निर्माण सामर्थ्य है और जो ब्रह्मसे ही उत्पन्न होती है उस ब्रह्मशक्तिको प्रकृति कहते हैं। शक्ति और शक्तिमान्में अभिन्नता प्रतिपादनके लिये विष्णुपुराणमें कहा है:—

स एव क्षोभको ब्रह्मन क्षोभ्यश्च पुरुषोत्तमः।
स सङ्कोचविकाशाभ्यां प्रधानत्वेऽपि च स्थितः॥
शक्तिशक्तिमतोर्भेदं वदन्ति परमार्थतः।
अभेदं चानुपश्यन्ति योगिनस्तत्त्वचिन्तकाः॥

पुरुषोत्तम भगवान् प्रकृतिके सञ्चालक हैं और स्वयं भी क्षोभ्यरूपमें सञ्चालित होते हैं। सृष्टिकालीन सङ्कोचविकाशद्वारा प्रकृतिरूपमें परमात्मा ही अवस्थान करते हैं। लौकिक जन शक्ति और शक्तिमान्में भेद बताते हैं। परमार्थतः दोनोंमें अभेद सम्बन्ध है, जिसको तत्त्वदर्शी योगिगण अनुभव करते हैं। इस प्रकारसे शक्ति और शक्तिमान्की अभिन्नता बताकर शास्त्रमें अभिव्यक्त समस्त शक्तियोंके केन्द्ररूपमें शक्तिमान्को ही माना है। यथा योगवाशिष्ठमें—

चिच्छक्तिर्ब्रह्मणो राम! शरीरेषूपलभ्यते।
स्पन्दशक्तिश्च वातेषु दार्ढ्यशक्तिस्तथोपले॥
द्रवशक्तिस्तथाम्भःसु दाहशक्तिस्तथाऽनले।
शून्यशक्तिस्तथाकाशे नाशशक्तिर्विनाशिनि॥

जीवशरीरमें चेतनशक्ति, पवनमें स्पन्दशक्ति, प्रस्तरमें काठिन्यशक्ति, जलमें द्रवशक्ति, अग्निमें दाहिकाशक्ति, आकाशमें शून्यशक्ति तथा विनाशीमें नाशशक्ति ये सभी परमात्मासे स्वतः निर्गत मायाके आश्रयसे अभिव्यक्त शक्ति समूह हैं। इसी प्रकार गीतामें भी लिखा है यथा—

यदादित्यगतं तेजो जगद् भासयतेऽखिलम्।
यच्चन्द्रमसि यच्चाग्नौ तत्तेजो विद्धि मामकम्॥

जो तेज सूर्यमें स्थित होकर समस्त संसारको उद्भासित करता है, जो तेज चन्द्रमा तथा अग्निमें स्थित है, वे सभी मेरे तेज हैं। और भी गीतामें—

"तेजश्चास्मि विभावसौ"
"गामाविश्य च भूतानि धारयाम्यहमोजसा"
"जीवनं सर्वभूतेषु"
"अहं वैश्वानरो भूत्वा प्राणिनां देहमाश्रितः"

अग्निमें उत्तापरूपसे जो शक्ति है वह उन्हींकी है। पृथिवीमें जो शक्ति माध्याकर्षण रूपसे समस्त भूतोंको धारण कर रही है वह शक्ति उन्हींकी है। सकल भूतोंमें प्राणशक्ति तथा जीव देहमें स्थित अन्नपाचक वैश्वानर शक्ति उन्हींकी है। अतः यह सिद्धान्त हुआ कि जिस सर्वतोव्यापिनी महाशक्तिको हार्वर्ट स्पेन्सर आदि पाश्चात्य पण्डितोंने अचिन्त्य अज्ञेय कहकर छोड़ दिया था वही हमारी पूजनीया प्रकृति माता है जिनकी कणाकणा परिमित बहुधा विस्तृत

शक्तियोंको लेकर समस्त संसार शक्तिमान् हो रहा है। त्रिकालदर्शी महर्षियोंने इसी महाशक्तिमयी प्रकृतिमातासे ही ब्रह्माण्डकी उत्पत्ति बताई है।

सृष्टितत्त्वके विषयमें अनुसन्धान करनेसे आर्य्यशास्त्रमें प्रधानतः दो प्रकारके मत देखनेमें आते हैं—एक परमात्मासे ही आकाशादि क्रमसे सृष्टि और दूसरा प्रकृतिसे महत्तत्त्वादि क्रमसे सृष्टि। प्रथम प्रकारकी सृष्टिके विषयमें तैत्तिरीय श्रुतिमें लिखा है—

"तस्माद् वा एतस्मादात्मनः आकाशः सम्भूतः।
आकाशाद् वायुर्वायोरग्निः अग्नेरापः अद्भ्यः पृथिवी॥

परमात्मासे आकाशकी उत्पत्ति हुई, आकाशसे वायु, वायुसे अग्नि, अग्निसे जल और जलसे पृथ्वी, इस क्रमसे सृष्टिकी उत्पत्ति हुई। द्वितीय प्रकारकी सृष्टिके विषयमें अनेक प्रमाण मिलते हैं। यथा सांख्यदर्शनमें—

"प्रकृतेर्महान् महतोऽहंकारोऽहङ्कारात्पञ्चतन्मात्रा" इत्यादि।

प्रकृतिसे महत्तत्त्व, महत्तत्त्वसे अहंतत्त्व, उससे पञ्चतन्मात्रा इत्यादि क्रमसे सृष्टि होती है। विचारकर देखनेसे स्पष्ट सिद्धान्त होता है कि ये दोनों मत एक ही प्रकारके हैं। केवल ज्ञानभूमिके भेदानुसार प्रथम मत परमात्माके प्राधान्यसे और द्वितीय मत प्रकृतिके प्राधान्यसे माना गया है। वास्तवमें उन दोनोंमें कुछ भी भेद नहीं है क्योंकि शक्तिरूपिणी प्रकृति और शक्तिमान् परमात्मा दोनों अभिन्न हैं। इन भूमिभेदोंका रहस्य तथा अन्यान्य दार्शनिक भूमियोंके अनुसार सृष्टितत्त्वका विशद वर्णन आगे किया जायगा। अब ईश्वरभावके अभिनिवेश द्वारा प्रकृतिके परिणामसे तत्त्वतः ब्रह्माण्डसृष्टिका विकाश क्रमशः किस प्रकारसे होता है सो नीचे बताया जाता है।

महाप्रलयके समय परमात्माके जिस भावमें ब्रह्माण्डप्रकृतिका लय हो जाता है उस भावके साथ प्रकृतिविकारजनित क्रियाका सम्बन्ध न रहने से वह अन्तर्मुखीन आत्मसत्ता ब्रह्मभावयुक्त होती है। इस दशामें परमात्माकी दृष्टि प्रकृतिकी ओर नहीं होकर अपने ही भीतर होती है। इस समय सृष्टिके मूलकारणरूप सत्व, रजः तथा तमोगुणोंमें किसी प्रकारका स्पन्दन नहीं रहता है। तीनों गुण साम्यावस्थामें रहते हैं। अर्थात् उस समय प्रकृतिके तीनों गुण एक भावमें लय होकर अपने मूलके कारण ब्रह्ममें लय हो जाते हैं और उस समय ब्रह्मके अध्यात्म,

अधिदैव , अधिभूत भावत्रय अर्थात् सत् चित् और आनन्दभाव एक अद्वितीय भावमें स्थित हो जाते हैं। इसी दशाको प्रकृतिकी विलीनदशा अथवा पुरुष-की स्वस्वरूपदशा दोनों ही कह सकते हैं। इसी कारण महाप्रलय दशामें ब्रह्माण्ड-का स्थूलशरीर, सूक्ष्मशरीर कुछ भी नहीं रहता है और ब्रह्माण्डगत समस्त जीवोंके स्थूल सूक्ष्म दोनों शरीर ही नष्ट हो जाते हैं। केवल अविद्याग्रस्त समस्तजीव महाप्रकृतिके गर्भमें प्रच्छन्न रहते हैं और उनका समष्टिकर्म-संस्कार महाकाशमें स्थित रहता है जिसको अप् सलिल तथा कारणवारि करके समस्त शास्त्रमें वर्णन किया गया है। जबतक एक ब्रह्माण्ड जीवित रहता है अर्थात् उस ब्रह्माण्डके ब्रह्मा, विष्णु, महेशरूपी त्रिदेवकी आयु बनी रहती है तबतक वही एक कारण वारिरूपी संस्कार समुद्र ब्रह्मा विष्णु महेशकी योगनिद्रा और योगनिद्रासे जाग्रत होनेका कारण होता रहता है। और जब महाप्रलयमें एक ब्रह्मा विष्णु महेशका लय हो जानेपर दूसरे ब्रह्मा, विष्णु, महेशके सहित कोई दूसरा ब्रह्माण्ड प्रकट होता है तो उस लय प्राप्त ब्रह्माण्डके अथवा कई पूर्वसे लयप्राप्त ब्रह्माण्डोंके तितरे वितरे जीवोंके कारणभूत संस्कार समूह यथा नियम उस नवीन ब्रह्माण्डके कारणवारिके कारण बनते हैं। अब यदि सन्देह हो कि एक महाप्रलयप्राप्त ब्रह्माण्डके जीव दूसरे नवीन ब्रह्माण्डमें कैसे पहुँचते हैं तो इस शंकाका समाधान अति सुगम रीतिसे समझा जा सकता है। यथा—एक जीव जब मुक्त हो जाता है और उसका देह प्राणहीन हो मृत हो जाता है तो उस मृत्युप्राप्त जीवपिण्डके शरीरका जुवां यदि हट कर दूसरे जीवित जीव पिण्डको आश्रय करे तो ऐसा हो ही सकता है। ठीक इसी प्रकार महाप्रलय प्राप्त ब्रह्माण्डके रहे सहे जीव समूह पुनः नूतन ब्रह्माण्डको आश्रय किया करते हैं। जिस प्रकार बीजके भीतर चेतनशक्तिके रहनेसे बीज धीरे धीरे अङ्कुरोन्मुख होता है, उसी प्रकार आगामी ब्रह्माण्डसृष्टिके बीजरूप प्रलयविलीन जीवोंके समष्टि संस्काररूपी कारणवारिके भीतर समष्टि चेतनशक्तिरूप परमात्माके विराजमान रहनेसे वह भी समष्टि संस्कारराशि धीरे धीरे समस्त महाप्रलय काल पर्यन्त उपचय भावको प्राप्त होकर महाप्रलयानन्तर पुनः समष्टिजीवाङ्कुर उद्गमनके लिये प्रस्तुत हो जाती है। उसी समय ब्रह्मकी अन्तर्मुखीन दृष्टि ब्रह्माण्डप्रकृतिकी अभिमुखीन हो जाती है जिसको श्रुतिने—

"तदैक्षत बहु स्यां प्रजायेय"

परमात्माने प्रकृतिकी ओर ईक्षण किया और एकसे अनेक होनेकी इच्छा की, इस प्रकारसे वर्णन किया है। अतः सिद्धान्त हुआ कि, निष्क्रिय ब्रह्मभाव-में प्रकृतिके प्रति कालानुसार स्वतः अभिनिवेश उत्पन्न होना ही ईश्वरका ईक्षण तथा सिसृक्षा है और यह सृष्टिकी इच्छा उनकी अपनी मनोवृत्ति नहीं है; परन्तु प्रलयविलीन समष्टिजीवोंके सञ्चित समष्टि-संस्कारानुसार स्वतः इच्छामात्र है और ब्रह्म जब देखने लगते हैं तभी वे ईश्वर नामसे अभिहित होते हैं। इस प्रकारसे ईश्वरके साथ समष्टिजीवसंस्कारानुसार प्रकृतिका स्वतः सम्बन्ध स्थापित होते ही चेतनशक्तिसमन्वित अव्यक्त या अव्याकृत प्रकृतिमें गुणस्पन्दनकी सूचना हो कर अव्याकृतसे व्याकृतावस्थाकी ओर ब्रह्माण्ड-प्रकृतिकी गति होने लगती है और दूसरी ओर स्वरूपमय अद्वैत सच्चिदानन्द-भावके आनन्द-भावकी स्वतन्त्र अभिव्यक्ति हो जाती है तब निर्गुणब्रह्म सगुणब्रह्म हो जाते हैं और विलीन साम्यावस्था प्रकृति वैषम्या-वस्थाको प्राप्त होकर सृष्टि करने लगती है जिसको समस्त-शास्त्रमें बहुधा वर्णन किया गया है। यथा श्रुतिमें:—

"यः सर्वज्ञः सर्ववित् यस्य ज्ञानमयं तपः।
तस्मादेतद्ब्रह्म नाम रूपमन्नञ्च जायते॥"

पूर्वकृत सृष्टिविधिके ज्ञानसे युक्त होकर सर्वज्ञ सर्ववित् परमात्मा जब अव्यक्त प्रकृतिके प्रति दृष्टिपात करते हैं तभी उनकी चेतनशक्तिको पाकर प्रकृतिमें स्पन्दन होने लगता है जिससे नाम-रूपमय संसार तथा अन्नकी उत्पत्ति होती है। श्रीमद्भागवत्में लिखा है:—

"भगवानेक आसेदमग्र आत्मात्मनां विभुः।
आत्मेच्छानुगतावात्माऽनानामत्युपलक्षणः॥
स वा एष तदा द्रष्टा नापश्यद्दृश्यमेकराट्।
मेनेऽसन्तमिवात्मानं सुप्तशक्तिरसुप्तदृक्॥
सा वा एतस्य संद्रष्टुः शक्तिः सदसदात्मिका।
माया नाम महाभाग! यथेदं निर्ममे विभुः॥
कालवृत्त्या तु मायायां गुणमय्यामधोक्षजः।
पुरुषेणात्मभूतेन वीर्यमाधत्त वीर्यवान्॥

ततोऽभवन् महत्तत्त्वमव्यक्तात् कालचोदितात् ।
विज्ञानात्मात्मदेहस्थं विश्वं व्यञ्जँस्तमोनुदः ॥"

सृष्टिके पहले सकल जीवोंके आत्मस्वरूप विभु परमात्मा एकाकी थे। उस समय नानात्वका अभाव रहनेसे ईश्वरभावकी उपलक्षक कोई भी वस्तु नहीं थी और समष्टिजीवका संस्कार प्रलय-विलीन रहनेसे परमात्माकी सिसृक्षा भी आत्मगत ही थी, प्रकट नहीं थी। परमात्माके द्रष्टा होनें पर भी उस समय दृश्यके अभावसे उनका द्रष्टृत्व कार्यकारी नहीं था इसलिये वे अपनेमें ही मग्न थे। उनकी शक्तिरूपिणी सदसदात्मिका माया भी उस समय उनमें लीन थी। इसी मायाके द्वारा ही परमात्मा जगत्सृष्टि करते हैं। प्रलयके बाद कालकी प्रेरणासे मायाके त्रिगुणोंमें जब क्षोभ होने लगा तब परमात्माने भी अपना अभिनिवेश मायाके साथ स्थापित करके उसमें अपना चेतनशक्तिरूप वीर्याधान किया। इस प्रकारसे जड़ मायाके भीतर परमात्माकी चेतनशक्तिका समावेश होने पर त्रिगुणमयी माया चेतनवती हो अव्यक्तावस्थासे स्पन्दन-द्वारेण व्यक्तावस्थामें आ गई जिससे महत्तत्त्वादि-क्रमसे आधिभौतिक सृष्टिका विकाश हुआ। इस विषयको विष्णुपुराणमें निम्नलिखित-रूपसे वर्णित किया गया है:—

"गुणसाम्ये ततस्तस्मिन् पृथक् पुंसि व्यवस्थिते ।
कालस्वरूपरूपं तद् विष्णोर्मैत्रेय ! वर्त्तते ॥
ततस्तत्परमं ब्रह्म परमात्मा जगन्मयः ।
सर्वगः सर्वभूतेशः सर्वात्मा परमेश्वरः ॥
प्रधानं पुरुषञ्चापि प्रविश्यात्मेच्छया हरिः ।
क्षोभयामास सम्प्राप्ते सर्गकाले व्ययाव्ययौ ॥
यथा सन्निधिमात्रेण गन्धः क्षोभाय जायते ।
मनसो नोपकर्त्तृत्वात्तथाऽसौ परमेश्वरः ॥
विकाराणुस्वरूपैश्च ब्रह्मरूपादिभिस्तथा ।
व्यक्तस्वरूपश्च तथा विष्णुः सर्वेश्वरेश्वरः ॥
गुणसाम्यात्ततस्तस्मात् क्षेत्रज्ञाधिष्ठितान्मुने ! ।

गुणव्यञ्जनसम्भूतिः सर्गकाले द्विजोत्तम ! ॥"

महाप्रलयकालमें त्रिगुणोंकी समता रहनेके कारण पुरुष प्रकृतिसे पृथक् होकर निजभावमें ही रहते हैं। उस समय परमात्मामें ब्रह्मभावका अभिनिवेश रहता है। तदनन्तर सृष्टिकालमें विभु सर्वात्मा परमेश्वर अपनी ही इच्छासे प्रकृति और पुरुषके भीतर प्रविष्ट होकर दोनोंको क्षोभित करके सृष्टिक्रियोन्मुख करते हैं। परमात्माकी इस इच्छामें मनकी कोई भी क्रिया नहीं रहती है। परन्तु जिस प्रकार गन्धके निकटवर्त्ती होते ही मनमें चञ्चलता उत्पन्न होती है उसी प्रकार प्रकृतिके गर्भमें विलीन जीवोंके कर्मसंस्कारोंके फलाभिमुखीन होते ही परमात्मामें स्वतः ही सिसृक्षा उत्पन्न होती है। उस समय उन्हींकी सत्सत्ता तथा चित्सत्ताके आश्रयसे वैकारिक अणु तथा ब्रह्मादि-क्रमसे सृष्टिकी उत्पत्ति होने लगती है। यह विकाश निजशक्तिरूपिणी मायाके द्वारा परमात्माका अपना ही विकाश है। तदनन्तर समष्टिभूत क्षेत्रज्ञके अधिष्ठानसे साम्यावस्था प्रकृतिमें गुण-वैषम्य उत्पन्न होकर महत्तत्त्वादिक्रमसे सृष्टिका विकाश होता है।

जीवतत्त्व नामक अध्यायमें भलीभाँति दिखा चुके हैं कि प्रथम ही चिज्जड़ग्रन्थि उत्पन्न होकर चित्भाव सत्भावमें और पुरुष प्रकृतिमें फँसकर कैसा एक स्वतन्त्र केन्द्र बन जाता है और वही स्वतन्त्र जीव कहाता है तथा उसी केन्द्रका आधार पिण्ड कहाता है। उस विज्ञानके द्वारा पिण्डसृष्टि-का रहस्य भलीभाँति प्रतिपादित हुआ है। वही जीव जब मुक्त हो जाता है तो उसमेंका सत्भाव व्यापक सत्भावमें और उसमेंका चित्भाव व्यापक चिद्भावमें अर्थात् उसके अङ्गकी प्रकृति मूलप्रकृतिमें और उसमेंका घटाकाश-वत् चेतनभाव महाकाशवत् ब्रह्मभावमें विलीन हो जाता है। यही जीवकी मुक्ति कहाती है। ब्रह्माण्ड और पिण्ड समष्टि-व्यष्टिरूपसे समसम्बन्धयुक्त हैं। एक ब्रह्माण्ड जब महाप्रलयको प्राप्त होता है तो, उस ब्रह्माण्डके त्रिगु-णात्मक और त्रिभावात्मक अधिदैवरूपी ब्रह्मा, विष्णु, महेश जो पृथक् पृथक् ब्रह्माण्डमें पृथक् पृथक् होते हैं, ब्रह्मभावमें विलीन हो जाते हैं। पिण्डके महा-प्रलयमें जिस प्रकार जीवका जीवत्व ब्रह्मभावमें विलीन हो जाता है ठीक उसी प्रकारसे एक ब्रह्माण्डके भी महाप्रलय होते समय उस ब्रह्माण्डके अभिमानी अधिनायक ब्रह्मा, विष्णु, महेश ब्रह्मसत्तामें विलीन हो जाते हैं। दूसरे और एक पिण्डकी सृष्टि होते समय जिस प्रकार उस पिण्डका अभिमानी जीव

पिण्डकी उत्पत्तिके साथ ही साथ पिण्डमें प्रवेश करता है उसी उदाहरणके अनुसार समझ सकते हैं कि, एक नवीन ब्रह्माण्डकी सृष्टि होते समय जगत्-प्रसविनी ब्रह्मप्रकृति महामायाकी सुव्यवस्थाके अनुसार स्वतन्त्र ब्रह्मा, विष्णु, महेश प्रकट होकर उस नवीन ब्रह्माण्डके अधिनायकत्व-पदको अलङ्कृत करते हैं। और क्या उस ब्रह्माण्डकी स्थिति-दशा और क्या उसकी खण्डप्रलयदशा इत्यादि सभी दशाओंमें उस ब्रह्माण्डके अभिमानी अधिनायक-पदको अलङ्कृत करते हुए, उस ब्रह्माण्डकी महाप्रलयदशा तक बने रहते हैं तथा उस ब्रह्माण्ड-के महाप्रलयमें सबके मूलकारण ब्रह्मपदमें लय हो जाते हैं। यही पूर्वकथित पिण्डके प्रलयके अनुसार ब्रह्माण्डका प्रलय विज्ञानदृष्टिसे समझने योग्य है और महाप्रलयके अनन्तर जब नवीन देवत्रयके अधिनायकत्वमें ब्रह्माण्ड उत्पन्न होता है तो, उस ब्रह्माण्डको नवीन ब्रह्माण्ड ही कहना चाहिये एवम् एक जीव जैसे जन्म-मृत्युको पाता हुआ अपने पिण्डरूपी स्थूलदेहकी उत्पत्ति और मृत्यु कराया करता है उसी प्रकार ब्रह्मा, विष्णु, महेशरूपी त्रिदेव भी खण्डप्रलयमें योगनिद्रा पुनः पुनः प्राप्त करते हुए प्रत्येक ब्रह्माण्डमें खण्डप्रलय और उसकी पुनः पुनः सृष्टि, स्थिति और लय किया करते हैं।

श्रीभगवान् मनुजीने परमात्मासे सृष्टिभाव-विकाशके विषयमें अपनी संहितामें सुन्दर वर्णन किया है, जिससे महाप्रलयानन्तर सृष्टिविकाशका क्रम स्पष्ट अनुभवमें आता है। यथाः—

"ततः स्वयम्भूर्भगवानव्यक्तो व्यञ्जयन्निदम् ।
महाभूतादि-वृत्तौजाः प्रादुरासीत्तमोनुदः ॥
योऽसावतीन्द्रियग्राह्यः सूक्ष्मोऽव्यक्तः सनातनः ।
सर्वभूतमयोऽचिन्त्यः स एव स्वयमुद्बभौ ॥
सोऽभिध्याय शरीरात् स्वात्सिसृक्षुर्विविधाः प्रजाः ।
अप एव ससर्जादौ तासु बीजमवासृजत् ॥
तदण्डमभवद्धैमं सहस्रांशुसमप्रभम् ।
तस्मिन् जज्ञे स्वयं ब्रह्मा सर्वलोक-पितामहः ॥
यत्तत्कारणमव्यक्तं नित्यं सदसदात्मकम् ।
तद्विसृष्टः स पुरुषो लोके ब्रह्मेति कीर्त्यते ॥

तस्मिन्नण्डे स भगवानुषित्वा परिवत्सरम् ।
स्वयमेवात्मनो ध्यानात्तदण्डमकरोद्द्विधा ॥
ताभ्यां स शकलाभ्यां च दिवं भूमिं च निर्ममे ।
मध्ये व्योम दिशश्चाष्टावपां स्थानं च शाश्वतम् ॥"

महाप्रलयानन्तर इन्द्रियातीत स्वयम्भू परमात्माने महत्तत्त्वादि-क्रमसे सृष्टिविस्तारकी इच्छा करके अव्याकृत प्रकृतिमें गुणस्पन्दनजनित व्याकृतावस्थाकी प्रेरणा की। जो परमात्मा अतीन्द्रियग्राह्य, सूक्ष्म, अव्यक्त, सनातन, सर्वभूतमय और चिन्तातीत होकर ब्रह्मभावमें निमग्न थे, प्रलयविलीन समष्टि-जीवोंका संस्कार फलोन्मुख होते ही कालकी प्रेरणासे उन्होंने स्वयं ही ईश्वरभावको प्राप्त किया और अपनी सत्सत्ता तथा चित्सत्ताके विस्तारके द्वारा कार्यब्रह्मरूपमें प्रकट होने लगे। इस प्रकारसे अपने ही भीतरसे विविध जीव-सृष्टि करनेकी इच्छा जब परमात्मामें उत्पन्न हुई तो, प्रथमतः उन्होंने 'अप्' अर्थात् अव्याकृत प्रकृतिकी उत्पत्ति की। सकलजीवोंका आधार अव्याकृत प्रकृति उत्पन्न होनेपर उसमें जब व्याकृतावस्थाकी सूचना हुई तो परमात्माने उस व्याकृतावस्था-प्रकृतिके भीतर अपने चित्शक्तिरूपी बीजको अर्पण किया। जड़प्रकृतिमें इस प्रकार चेतन-बीजका संयोग होते ही समस्त ब्रह्माण्डप्रकृति चेतन-ज्योतिःसंयुक्त होकर ज्योतिर्मय सुवर्णनिर्मित अण्डकी तरह चमकने लगी। इसी चेतनशक्तिसे सम्पन्न व्याकृतावस्था प्रकृतिमें सर्वलोकोत्पत्तिकारी ब्रह्माजी प्रकट होते हैं। इस प्रकारसे महाप्रलयानन्तर ब्रह्माण्डसृष्टि-विकाशके पहले कारणब्रह्म सदसदात्मक परमात्मासे प्रथम पुरुष ब्रह्मा प्रकट होते हैं, जिसके विषयमें श्रुतिने कहा है:—

"ब्रह्मा देवानां प्रथमः सम्बभूव विश्वस्य कर्त्ता भुवनस्य गोप्ता।"
"हिरण्यगर्भं जनयामास पूर्वम्" "यो वै ब्रह्माणं विदधाति पूर्वम्।"

समस्त दैवी सृष्टिके पहले विश्वकर्त्ता भुवनगोप्ता ब्रह्मा प्रकट हुए। परमात्माने ब्रह्माको ही प्रथमतः प्रकट किया। अतःपर ब्रह्माजीने उसी चेतनशक्तिसे युक्त व्याकृतावस्था प्रकृतिपर अधिष्ठान करके अपनी क्रियाशक्तिके बहुधा संयोग द्वारा उसी अण्डको स्थूल-सूक्ष्मरूपसे द्विधा विभक्त किया जिससे स्वर्गलोक, भूलोक और बीचमें अन्तरीक्ष-लोकादि क्रमसे समस्त ब्रह्माण्डोंका विकाश हुआ। इस प्रकारसे सृष्टिके पहले ब्रह्माजी प्रकट होते हैं। निर्गुण

निष्क्रिय ब्रह्मभावमें प्रकृतिके विलीन रहनेसे महाप्रलयके समय गुणत्रयोंकी साम्यावस्था रहती है। इसलिये उस समय प्राकृतिक किसी गुणके साथ परमात्माका अभिनिवेश नहीं रहता है। यही कारण है कि, प्रलयकालमें त्रिगुणप्रेरक ब्रह्मा, विष्णु तथा रुद्रशक्ति ब्रह्मभावमें विलीन रहती है। परन्तु प्रलयानन्तर जिस समय प्राकृतिक प्रेरणासे ब्रह्मभावमें ईश्वरभावका समावेश होने लगता है उसी समय प्राकृतिक तीनों गुणोंके सम्पर्कसे परमात्मामें युगपत् त्रिशक्तिकी पृथक् पृथक् सत्ता प्रकट होने लगती है जिससे ब्रह्मा, विष्णु और रुद्र—तीनों ही एक साथ परमात्मासे उत्पन्न हो जाते हैं। क्रिया रजोगुणका धर्म है और सृष्टिके लिये प्रथम क्रियाशक्तिकी अभिव्यक्ति ही प्रयोजनीय है; इसलिये क्रियाशक्तिके केन्द्ररूप ब्रह्माका प्रकट होना प्रथम बताया गया है। परन्तु वास्तवमें ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र—ये तीनों शक्तियाँ ही साथ साथ उत्पन्न होती हैं, क्योंकि उत्पत्तिके साथ ही साथ स्थिति और लयकी क्रिया प्राकृतिक-रूपसे सम्मिलित है। केवल प्रथम दशामें उत्पत्ति क्रियाके ही अभिव्यक्त होनेसे पितामह ब्रह्माका प्रकट होना सर्व-प्रथम कहा गया है। जिस प्रकार शरीरके बीचमें स्थित होनेसे नाभि शरीरके ऊर्द्ध्वभाग तथा अधोभागकी समताका विधान करती है और सृष्टिका भी केन्द्रस्थान है, इसी प्रकार महाविष्णुके नाभिदेशसे उत्पन्न होनेके कारण ही ब्रह्माजीमें सृष्टि करनेकी शक्ति उत्पन्न हुई थी और वे उस अण्डको द्विधा विभक्त करके ब्रह्माण्ड-शरीरके ऊर्द्ध्व भाग तथा अधोभागको ठीक ठीक निर्म्माण तथा सामञ्जस्ययुक्त कर सके थे। यही नाभिसे ब्रह्माजीके उत्पन्न होनेका रहस्य है। इसी कारण ब्रह्माका ध्यान नाभिपद्ममें ही करनेका विधान महर्षियोंने किया है। इस प्रकारसे ब्रह्माजीने उत्पन्न होकर प्रथमतः महत्तत्त्वादि-क्रमसे स्थूल सूक्ष्म समष्टिभूतोंका निर्माण किया और तदनन्तर प्रजापतियोंके द्वारा समस्त जीवसृष्टि तथा दैवीसृष्टिका विस्तार किया। जैसा कि नीचे क्रमशः बताया जाता है:—

शास्त्रमें स्थूल-सृष्टि-वर्णन करते समय प्रकृतिसे प्रथमतः महत्तत्त्व, द्वितीयतः अहंतत्त्व और तृतीयतः पञ्च तन्मात्राओं या सूक्ष्म पञ्चतत्त्वोंकी उत्पत्ति मानी गई है। यथा सांख्यदर्शनमें:—

"प्रकृतेर्महान् महतोऽहंकारोऽहंकारात्पंचतन्मात्राण्युभयमिन्द्रियं तन्मात्रेभ्यः स्थूलभूतानि।"

त्रिगुणसमतारूपिणी प्रकृतिसे महत्तत्त्व, महत्तत्त्वसे अहंतत्त्व, अहंतत्त्वसे पञ्चतन्मात्राएँ अर्थात् सूक्ष्मपञ्चतत्त्व तथा एकादश इन्द्रिय और पञ्चतन्मात्राओं-से पृथ्वी आदि स्थूल पञ्चमहाभूत उत्पन्न होते हैं।

"अहंकारात्पञ्चतन्मात्राणि पञ्चतन्मात्रेभ्यः पञ्चमहाभूतानि" इत्यादि।

इस प्रकारसे श्रुतिमें भी वर्णन पाया जाता है। अतः ब्रह्माजीकी क्रियाशक्ति-के साथ इसका क्या सम्पर्क है, सो विचार करने योग्य है। परमात्माकी सृष्टि-विषयिणी इच्छाशक्तिके साथ प्रकृतिका सम्पर्क होते ही परवर्त्ती दशामें क्रिया-शक्तिसे सम्पर्क होना स्वाभाविक है। तदनन्तर ज्ञानशक्तिके साथ सम्पर्क होते ही क्रिया और ज्ञानकी सम्मिलित शक्तियोंके द्वारा सृष्टिकी उत्पत्ति होना स्वाभाविक है। अतः इच्छा, क्रिया तथा ज्ञान—इन त्रिविध शक्तियोंका प्रकृति-के साथ क्रमशः सम्बन्ध होनेसे सृष्टिकी उत्पत्ति होती है, यह सिद्ध हुआ। इच्छाशक्तिके सम्पर्कसे प्रलयविलीन साम्यावस्थायुक्त प्रकृतिमें वैषम्यकी सूचना, क्रियाशक्तिके सम्पर्कसे रजोगुणके अधिष्ठाता ब्रह्माकी उत्पत्ति और ज्ञानशक्तिके सम्पर्कसे समष्टिभूत महत्तत्त्वका विकाश स्वाभाविक है। अतः ब्रह्माजीके अधिष्ठानसे ही अव्यक्तप्रकृतिसे महत्तत्त्वका विकाश जो वेदादि शास्त्रोंमें लिखा है, सो ठीक है। सृष्टिविषयक ज्ञानकी उत्पत्ति होते ही सृष्टिविषयक अहंकार-की भी उत्पत्ति होना स्वाभाविक है। अतः महत्तत्त्वके बाद अहंतत्त्वकी ही उत्पत्ति होनी चाहिये। बाकी समस्त वैकारिक सृष्टिके इसी त्रिगुणमय अहं-कारका ही परिणामरूप जानना चाहिये। अतः सांख्यदर्शनोक्त अहंकारादि-क्रमसे सृष्टिधाराका विस्तार तथा वेदान्तदर्शनोक्त मायाभिमानी आत्मासे आकाशादि-क्रमसे सृष्टिधाराका विस्तार एक ही बात है, इसमें कोई भी सन्देह नहीं है क्योंकि, ईश्वरके साथ मायाका अभिनिवेश सम्बन्ध होते ही पूर्वकृत सृष्टिज्ञानरूपसे महत्तत्व और प्रजासृष्टिकी इच्छा-रूपसे अहंतत्त्वका सम्बन्ध प्रकृतिकी ओरसे ईश्वरमें हो ही जाता है और तदनन्तर सांख्योक्त पञ्चतन्मात्राओं या वेदान्तोक्त आकाशादि सूक्ष्म पञ्च-महाभूतोंका विकाश होना स्वतःसिद्ध और एक ही बात है। ब्रह्माजीकी प्रेरणा-से त्रिगुणोंमें वैषम्य उत्पन्न होकर राजसिक शक्तिका जब प्राधान्य हो जाता है तब सत्त्वगुण और तमोगुण दोनोंमें ही क्रिया होने लगती है। पञ्चतन्मात्राएँ या सूक्ष्म पञ्चतत्त्व इसी त्रिगुणात्मिका क्रियाके फल है। यथा—सत्त्वगुण प्राधान्य-से आकाश, रजःसत्त्वप्राधान्यसे वायु, रजःप्राधान्यसे अग्नि, रजस्तमःप्राधा-

न्यसे जल और तमः प्राधान्यसे पृथ्वी—इस प्रकारसे सूक्ष्म पञ्चतत्त्वोंका विकाश सृष्टिके आदिकालमें आत्मा या प्रकृतिसे होता है। इनके विकाशमें आत्माके त्रिगुणमय अहङ्कारका सम्पर्क रहनेपर भी यह महाभूत-सृष्टि स्थूलताकी ओर क्रम-परिणामको प्राप्त होती है इसलिये इसके साथ अहंतत्त्वके तामसिक विभागका ही सम्पर्क बताया गया है। यथा विष्णुपुराणमें:—

"गुणसाम्यात्ततस्तस्मात् क्षेत्रज्ञाधिष्ठितान्मुने ! ।
गुणव्यञ्जनसम्भूतिः सर्गकाले द्विजोत्तम ! ॥
प्रधानतत्त्वमुद्भूतं महान्तं तत् समावृणोत् ।
सात्त्विको राजसश्चैव तामसश्च त्रिधा महान् ॥
प्रधानतत्त्वेन समं त्वचा बीजमिवावृतम् ॥
वैकारिकस्तैजसश्च भूतादिश्चैव तामसः ।
त्रिविधोऽयमहंकारो महत्तत्त्वादजायत ॥
भूतेन्द्रियाणां हेतुः स त्रिगुणत्वान्महामुने ! ।
यथा प्रधानेन महान् महता स तथावृतः ॥
भूतादिस्तु विकुर्वाणः शब्दतन्मात्रिकं ततः ।
ससर्ज शब्दतन्मात्रादाकाशं शब्दलक्षणम् ।
शब्दमात्रंतथाकाशं भूतादिः स समावृणोत् ॥
आकाशस्तु विकुर्वाणः स्पर्शमात्रं ससर्ज ह ।
बलवानभवद् वायुस्तस्य स्पर्शो गुणो मतः ॥
आकाशं शब्दमात्रन्तु स्पर्शमात्रं समावृणोत् ।
ततो वायुर्विकुर्वाणो रूपमात्रं ससर्ज ह ॥
ज्योतिरुत्पद्यते वायोस्तद्रूप-गुणमुच्यते ।
स्पर्शमात्रं तु वै वायूरूपमात्रं समावृणोत् ॥
ज्योतिश्चापि विकुर्वाणं रसमात्रं ससर्ज ह ।
सम्भवन्ति ततोऽम्भांसि रसाधाराणि तानि च ॥
रसमात्राणि चाम्भांसि रूपमात्रं समावृणोत् ।

विकुर्वाणान्नि चाम्भांसि गन्धमात्रं ससर्जिरे ॥
संघातो जायते तस्मात्तस्य गन्धो गुणो मतः।
तस्मिंस्तस्मिंस्तु तन्मात्रा तेन तन्मात्रता स्मृता ॥
तन्मात्राण्यविशेषाणि अविशेषास्ततो हि ते।
न शान्ता नापि घोरास्ते न मूढाश्चाविशेषणाः ॥"

परमात्माके अधिष्ठान द्वारा साम्यस्थ प्रकृतिमें वैषम्य होकर महत्तत्त्व उत्पन्न हुआ। महत्तत्त्व सात्त्विक, राजसिक और तामसिक है। बीज जिस प्रकार त्वक् द्वारा आवृत रहता है उसी प्रकार साम्यस्थ प्रकृति अर्थात् प्रधान-तत्त्वके द्वारा महत्तत्त्व आवृत हो गया। महत्तत्त्वसे अहंतत्त्वकी उत्पत्ति होती है। अहंतत्त्व भी सात्त्विक, राजसिक, तामसिक भेदसे त्रिविध है। अहंतत्त्वके त्रिगुणात्मक होनेसे ही वह भूतेन्द्रियोंका उत्पत्तिकारण हो सकता है। जिस प्रकार प्रधानके द्वारा महत्तत्त्व आवृत होता है, उसी प्रकार महत्तत्त्वसे भी अहंतत्त्व आवृत हुआ। तामसिक अहंतत्त्वके क्षोभित अर्थात् क्रियोन्मुख होनेसे शब्द-तन्मात्रा और उससे शब्दगुण-विशिष्ट आकाशकी उत्पत्ति होती है। तामस अहंकार द्वारा आकाश आवृत होता है। आकाशके क्षोभित होनेसे स्पर्शतन्मात्रा और उससे स्पर्शगुणयुक्त वायुकी उत्पत्ति होती है। आकाश वायुको आवृत करता है। तदनन्तर वायुके क्षोभसे रूपतन्मात्रा और उससे रूपगुणविशिष्ट अग्निकी उत्पत्ति होती है। वायु अग्निको आवृत करता है। तदनन्तर अग्निके क्षोभसे रसतन्मात्रा और उससे रसगुणयुक्त जलकी उत्पत्ति होती है, अग्नि जलको आवृत करती है। तदनन्तर जलमें क्षोभ होनेसे गन्धतन्मात्राकी उत्पत्ति होती है जिससे गन्धगुणयुक्त पृथिवी उत्पन्न होती है जल पृथिवीको आवृत करता है। उल्लिखित पञ्च सूक्ष्म तत्त्वोंमें शब्दादि गुण-मात्रा रहनेसे उन गुणोंका नाम तन्मात्रा हुआ है। ये सभी तन्मात्राएँ तथा सूक्ष्मपञ्चतत्त्व अविशेष हैं जिनमें शान्त, घोर, मूढ़ नामक त्रिगुणसम्भूत कोई भी प्रकाशप्रवृत्तिमोहमूलक विशेषता नहीं है। विशेषता स्थूल पञ्चमहाभूतोंमें आती है, जिसका वर्णन आगे किया जायगा। तदनन्तर राजसिक और सात्त्विक अहंकारके परिणाम द्वारा सृष्टि तथा स्थूलमहाभूत-सृष्टिके विषयमें विष्णु-पुराणमें लिखा है:—

"भूततन्मात्रसर्गोऽयमहंकारात्तु तामसात्।

तैजसानीन्द्रियाण्याहुर्देवा वैकारिका दश ॥
एकादशं मनश्चात्र देवा वैकारिकाः स्मृताः ।
त्वक् चक्षुर्नासिका जिह्वा श्रोत्रमत्र च पञ्चमम् ॥
शब्दादिनामवाप्त्यर्थं बुद्धियुक्तानि वै द्विज ।
पायूपस्थौ करौ पादौ वाक् च मैत्रेय ! पञ्चमी ॥
विसर्गशिल्पगत्युक्तिः कर्म तेषांच कथ्यते ।
आकाशवायुतेजांसि सलिलं पृथिवी तथा ॥
शब्दादिभिर्गुणैर्ब्रह्मन् संयुक्तान्युत्तरोत्तरैः ।
शान्ता घोराश्च मूढाश्च विशेषास्तेन ते स्मृताः ॥"

तामसिक अहंकारसे भूततन्मात्रोंकी उत्पत्ति होती है। राजस अहंकारसे पञ्चकर्मेन्द्रिय और पञ्चज्ञानेन्द्रियोंकी उत्पत्ति होती है। सात्त्विक अहंकारसे दश इन्द्रियोंके दश देवता, मन तथा मनके देवता उत्पन्न होते हैं। त्वक्, चक्षु, नासिका, जिह्वा और श्रोत्र-ये पञ्चज्ञानेन्द्रिय शब्दादि ग्रहणार्थ बुद्धियुक्त हैं। पायु, उपस्थ, कर, पाद और वाक्-ये पाच कर्मेन्द्रिय हैं जिनके कार्य विसर्ग, शिल्प, गति और उक्ति हैं। ये ही सब राजसिक सात्त्विक अहंकारके परिणाम द्वारा उत्पन्न सृष्टि है। तदनन्तर पञ्चतन्मात्राओं या सूक्ष्म पञ्चतत्त्वोंसे स्थूल पञ्चमहाभूतोंकी उत्पत्ति होती है। उसमें आकाश, वायु, तेज, सलिल, पृथिवी उत्तरोत्तर शब्दादि गुणयुक्त हैं और शान्त, घोर, मूढ़-धर्मी होनेसे इनको विशेष भूत कहते हैं। इनके गुणोंके विषयमें मनुसंहितामें लिखा है:—

"आद्यादस्य गुणं त्वेषामवाप्नोति परः परः ।
यो यो यावतिथश्चैषां स स तावद्गुणः स्मृतः ॥"

पर परके महाभूत पूर्व पूर्वके महाभूतोंसे उनके गुणोंको प्राप्त करते हैं। प्रथम महाभूत एक गुणविशिष्ट, द्वितीय दो गुणविशिष्ट और तृतीय तीन गुण-विशिष्ट इत्यादि रूपसे महाभूतोंके गुण समझने चाहिये। इसी प्रकार श्रुतिमें भी लिखा है:—

"शब्दस्पर्शरूपरसगन्धाः पृथिवीगुणाः ॥
शब्दस्पर्शरूपरसा अपां गुणाः ॥

शब्दस्पर्शरूपाण्यग्नेर्गुणाः ॥
शब्दस्पर्शाविति वायुगुणौ ॥
शब्दमेकमाकाशस्य ॥"

आकाशका गुण केवल शब्द है, वायुके गुण शब्द और स्पर्श हैं, अग्निके गुण शब्द, स्पर्श और रूप हैं, जलके गुण शब्द, स्पर्श, रूप और रस हैं। पृथ्वीके गुण शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गन्ध हैं। श्रीमद्भागवत्में इन सब तत्त्वोंके विषयमें सुन्दर वर्णन मिलता है। यथाः—

"कालाद् गुणव्यतिकरः परिणामः स्वभावतः।
कर्मणो जन्म महतः पुरुषाधिष्ठितादभूत् ॥
महतस्तु विकुर्वाणाद् रजः सत्त्वोपबृंहितात्।
तमः प्रधानस्तत्त्वभवद्द्रव्यज्ञानक्रियात्मकः ॥
सोऽहंकार इति प्रोक्तो विकुर्वन् समभूत्त्रिधा।
वैकारिकस्तैजसश्च तामसश्चेति यद्भिदा ॥
द्रव्यशक्तिः क्रियाशक्तिर्ज्ञानशक्तिरिति प्रभो।
तामसादपि भूतादेर्विकुर्वाणादभून्नभः ॥
तस्य मात्रागुणः शब्दो लिङ्गं यद्द्रष्टृदृश्ययोः।
नभसोऽथ विकुर्वाणादभूत् स्पर्शगुणोऽनिलः ॥
परान्वयाच्छब्दवाँश्च प्राण ओजः सहोबलम्।
वायोरपि विकुर्वाणात् कालकर्मस्वभावतः ॥
उदपद्यत वै तेजो रूपवत् स्पर्शशब्दवत्।
तेजसस्तु विकुर्वाणादासीदम्भो रसात्मकम् ॥
रूपवत् स्पर्शवच्चाम्भो घोषवच्च परान्वयात्।
विशेषस्तु विकुर्वाणादम्भसो गन्धवानभूत् ॥
परान्वयाद्रसस्पर्श-शब्दरूपगुणान्वितः।
वैकारिकान्मनो जज्ञे देवा वैकारिका दश ॥
दिग्वातार्क-प्रचेतोऽश्विवह्नीन्द्रोपेन्द्रमित्रकाः।

तैजसात्तु विकुर्वाणादिन्द्रियाणि दशाभवन् ॥
ज्ञानशक्तिः क्रियाशक्तिर्बुद्धिः प्राणश्च तैजसौ ।
श्रोत्रं त्वग्घ्राणदृग्जिह्वावाग्दोर्मेढ्रांघ्रिपायवः ॥"

ईश्वराधिष्ठित कालसे गुणोंका क्षोभ, स्वभावसे परिणाम और कर्मसे महत्तत्त्वकी उत्पत्ति होती है। रजःसत्त्वगुणोंकी वृद्धिसे महत्तत्त्वमें विकार उत्पन्न हो कर तमःप्रधान द्रव्यज्ञानक्रियात्मक अहंतत्त्वकी उत्पत्ति होती है। अहंतत्त्व तमःप्रधान होने पर भी त्रिगुणमयी प्रकृतिका ही परिणाम होनेके कारण उसमें तीनों गुणोंका सम्बन्ध रहता है। अतः अहंतत्त्वभी सात्त्विक, राजसिक तथा तामसिक भेदसे त्रिधा विभक्त है। सात्त्विक अहंकार ज्ञानशक्ति-प्रधान है, राजसिक अहंकार क्रियाशक्ति-प्रधान है और तामसिक अहंकार द्रव्यशक्ति-प्रधान है। विकारप्राप्त तामसिक अहंकारसे आकाश उत्पन्न होता है, जिसका गुण शब्द है। विकृत आकाशसे स्पर्शगुणात्मक वायुकी उत्पत्ति होती है। आकाशके परवर्त्ती होनेसे वायुमें शब्दगुण भी है। देह धारण और इन्द्रिय, मन तथा शरीरकी पटुता वायुका कार्य है। विकारप्राप्त वायुसे रूपवान् अग्नि की उत्पत्ति होती है। आकाश और वायुके परवर्त्ती होनेसे अग्निमें शब्द और स्पर्श-ये दो गुण भी हैं। विकृत अग्निसे रसात्मक जल उत्पन्न होता है। इसमें पूर्वोक्त तीनों तत्त्वोंके गुण शब्द, स्पर्श और रूप भी हैं। विकारप्राप्त जलसे गन्धगुणयुक्त पृथिवीतत्त्वकी उत्पत्ति होती है। सकलतत्त्वके अन्तिम होनेसे पृथिवीमें शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गन्ध ये पाँचों गुण विद्यमान हैं। इस तरह से तमःप्रधान अहंतत्त्व द्वारा पञ्चतत्त्वोंकी उत्पत्ति होती है। तत्त्वप्रधान अहंतत्त्वसे अन्तःकरण तथा दशइन्द्रियाधिष्ठात्री देवताओंकी उत्पत्ति होती है, उनके नाम दिक्, वात, अर्क, प्रचेता, अश्विनीकुमार, वह्नि, इन्द्र, उपेन्द्र, मित्र और प्रजापति हैं। रजःप्रधान अहंतत्त्वसे पांच कर्मेन्द्रियों और पञ्च ज्ञानेन्द्रियोंकी उत्पत्ति होती है। सांख्यकारिकामें तीन गुणोंके लक्षणके विषयमें कहा है:—

"सत्त्वं लघु प्रकाशकमिष्टमुपष्टम्भकं चलं रजः, गुरुवरणक-
मेव तमः।"

सत्त्वगुण लघु और प्रकाशक है, रजोगुण प्रेरक और सक्रिय है, तमोगुण गुरु और आवरणकारी है। इसी कारणसे अहंतत्त्वमें सत्त्वगुणकी प्रधानता द्वारा लघु तथा प्रकाशक अन्तःकरणकी उत्पत्ति होती है, रजोगुण की प्रधानता

द्वारा प्रेरक तथा क्रियाशील इन्द्रियोंकी उत्पत्ति होती है और तमोगुणकी प्रधानता द्वारा परमाणुपुञ्जके समावेशसे गुरु अर्थात् भारी और आवरणशील पञ्चतत्त्वों तथा उनके भी पञ्चीकरणसे पृथिवी, अप्, तेज आदि पञ्चीकृत महाभूतोंकी उत्पत्ति हो कर सर्वत्र परिदृश्यमान स्थूल ब्रह्माण्डकी उत्पत्ति हो जाती है। यही समस्त आर्यशास्त्रके मौलिक सिद्धान्तानुसार भौतिकब्रह्माण्ड-सृष्टि-विस्तारका क्रम है। परमात्माकी इच्छाशक्तिसे उत्पन्न ब्रह्माण्डव्यापी हिरण्यगर्भ या ब्रह्मा प्राकृतिक रजोगुणपर अधिष्ठान करके तीनों गुणोंको जब प्रेरित तथा क्षोभित करते हैं तब स्पन्दनधर्मिणी प्रकृतिमें स्वाभाविक गुणविकारके द्वारा क्रमशः उल्लिखितरूपसे भौतिक सृष्टिका विस्तार हो जाता है।

अब इस सृष्टितत्त्वको वेदान्तशास्त्रमें किस प्रकारसे बताया गया है सो वर्णन किया जाता है। जिस प्रकार सांख्य शास्त्रमें महत्तत्त्व और अहंतत्त्वके सम्बन्धसे सूक्ष्म तन्मात्राओं तथा पञ्चतत्त्वोंकी उत्पत्ति बताई गई है उसी प्रकार, जैसा कि पहले ही बताया गया है, वेदान्तशास्त्रमें भी परमात्माके साथ प्रकृतिका अभिनिवेश सम्बन्ध बताकर महत्तत्त्व तथा अहंतत्त्वसे आकाशादि-क्रमसे त्रिगुणस्पन्दन द्वारा सूक्ष्म पञ्चतत्त्वोंकी उत्पत्ति बताई गई है। इस प्रकारसे दोनों शास्त्रोंने ही प्राथमिक पञ्चतत्त्वोंकी उत्पत्ति बताकर सांख्यशास्त्रने अहंकारके सम्पर्कसे इन्द्रियादिकोंकी उत्पत्ति बताई है और वेदान्तशास्त्रने पञ्चतत्त्वोंके सम्पर्कसे इन्द्रियादिकोंकी उत्पत्ति बताई है सो दोनों वर्णन ही परिणामविचारसे एक रूप हैं। वेदान्तशास्त्रमें पञ्चतत्त्वोंके सम्पर्कसे निम्न लिखितरूपसे इन्द्रियादिकोंकी उत्पत्ति बताई है। यथाः—

सत्त्वांशैः पञ्चभिस्तेषां क्रमाद्धीन्द्रियपञ्चकम्।
श्रोत्रत्वगक्षिरसन-घ्राणाख्यमुपजायते ॥
तैरन्तःकरणं सर्वैर्वृत्तिभेदेन तद्द्विधा।
मनोविमर्शरूपं स्याद्बुद्धिः स्यान्निश्चयात्मिका॥
रजोंऽशैः पञ्चभिस्तेषां क्रमात् कर्मेन्द्रियाणि तु।
वाक्पाणिपादपायूपस्थाभिधानानि जज्ञिरे ॥
तैः सर्वैः सहितैः प्राणो वृत्तिभेदात् स पञ्चधा।
प्राणोऽपानः समानश्चोदानव्यानौ च ते पुनः ॥"

आकाशादि पञ्च सूक्ष्मभूतोंके पृथक् पृथक् सत्त्वांशसे पञ्चज्ञानेन्द्रियोंकी उत्पत्ति होती है। यथा—आकाशके सत्त्वांशसे श्रवणेन्द्रिय, वायुके सत्त्वांशसे त्वगिन्द्रिय, अग्निके सत्त्वांशसे चक्षुरिन्द्रिय जलके सत्त्वांशसे रसनेन्द्रिय और पृथ्वीके सत्त्वांशसे घ्राणेन्द्रियकी उत्पत्ति होती है। पञ्च सूक्ष्मतत्त्वोंके मिलित सत्त्वांशसे अन्तःकरणकी उत्पत्ति होती है। उसमें मन सङ्कल्पविकल्पात्मक है, बुद्धि निश्चयात्मिका है, चित्त मनके ही अन्तर्भूत है और अहंकार बुद्धिके अन्तर्भूत है। आकाशादि पञ्च सूक्ष्मतत्त्वोंके पृथक् पृथक् रजोंऽशसे पञ्चकर्मेन्द्रियोंकी उत्पत्ति होती है। यथा-आकाशके रजोंऽशसे वागिन्द्रियकी उत्पत्ति होती है, वायुके रजोंऽशसे पाणि इन्द्रिय, अग्निके रजोंऽशसे पादेन्द्रिय जलके रजोंऽशसे उपस्थेन्द्रिय और पृथ्वीके रजोंऽशसे पायु इन्द्रियकी उत्पत्ति होती है। पञ्च सूक्ष्मतत्त्वोंके मिलित रजोंऽशसे सूक्ष्म प्राणकी उत्पत्ति होती है जो स्थान तथा कार्यभेदसे प्राण, अपान, समान, उदान, व्यान—इन पांच रूपोंमें प्रकाशित होता है और प्राणादि स्थूल दस वायुका सञ्चालन करता है। इस प्रकारसे प्रकृतिके रजोगुण सत्त्वगुणके परिणाम द्वारा समष्टि सूक्ष्म शरीरका समस्त उपादान उत्पन्न होनेके अनन्तर प्राकृतिक तमोगुणके प्रभावसे अपञ्चीकृत पञ्च सूक्ष्मतत्त्वोंमें और भी परिवर्त्तन होता है। तमोगुणका स्वभाव गुरु तथा आवरक होनेसे सूक्ष्म पञ्चतत्त्वोंमें तमोगुणका सम्पर्क होते ही उनके सूक्ष्म अणुओंमें पारस्परिक सम्बन्ध होने लगता है जिससे वे अपने अपने सूक्ष्म स्वरूपको छोड़कर स्थूल भाव अर्थात् अनुभवगम्य भावको प्राप्त हो जाते हैं। इसीको वेदान्तशास्त्रमें पञ्चीकरण कहा है। समस्त स्थूल भौतिक दृश्यमान संसार इसी पञ्चीकृत पञ्चमहाभूतोंके सामञ्जस्य द्वारा उत्पन्न हुआ है। अब अपञ्चीकृत पञ्च सूक्ष्मतत्त्वोंसे पञ्चीकृत स्थूल पञ्चमहाभूत कैसे उत्पन्न होते हैं सो बताया जाता है। यथा पैङ्गलोपनिषद्में:—

"तानि पञ्चतन्मात्राणि त्रिगुणानि भवन्ति। स्रष्टुकामो जगद्योनिस्तमोगुणमधिष्ठाय सूक्ष्मतन्मात्राणि भूतानि स्थूलीकर्त्तुं सोऽकामयत। सृष्टेः परिमितानि भूतान्येकमेकं द्विधा विधाय पुनश्चतुर्धा कृत्वा स्वस्वेतरद्वितीयांशैः पञ्चधा संयोज्य पञ्चीकृतभूतैरनन्तकोटिब्रह्माण्डानि तत्तदण्डोचितचतुर्दशभुवनानि तत्तद्भुवनोचित-

गोलकस्थूलशरीराण्यसृजत् ॥"

इसी प्रकार पञ्चदशीमें भी लिखा है:—

"तद्भोगाय पुनर्भोग्यभोगायतनजन्मने ।
पञ्चीकरोति भगवान् प्रत्येकं विषदादिकम् ॥
द्विधा विधाय चैकैकं चतुर्द्धा प्रथमं पुनः ।
स्वस्वेतरद्वितीयांशैर्योजनात् पञ्च पञ्च ते ॥
तैरण्डस्तत्र भुवनभोग्यभोगाश्रयोद्भवः ।
हिरण्यगर्भः स्थूलेऽस्मिन् देहे वैश्वानरो भवेत् ॥

सूक्ष्म पञ्चतन्मात्राएँ या पञ्चतत्त्व त्रिगुणमय होते हैं। इसलिये उनसे जीवभोगार्थ स्थूल-पञ्चभूतनिर्माणके समय परमात्मा तमोगुणपर अधिष्ठान करके अपञ्चीकृत महाभूतोंको पञ्चीकरणकी विधि द्वारा स्थूल इन्द्रियगम्य बनाते हैं। वह विधि यह है:—प्रथमतः आकाशादि पञ्च सूक्ष्म भूतोंमेंसे प्रत्येकको समान दो भागमें विभक्त करके तदनन्तर द्विधा विभक्त उस प्रत्येक अंशको भी चतुर्धा विभक्त करना चाहिये। तदनन्तर प्रथमोक्त अर्द्धांशके साथ द्वितीयोक्त चार भागोंके एक एक अंशकी योजना करनेपर पञ्चीकरण हो जाता है। इसमें प्रत्येक पञ्चीकृत महाभूतमें अपने अंशका अर्द्ध और बाकी चार भूतोंमेंसे प्रत्येकका अष्टांशरूपसे मिलित अर्द्धभाग—इस प्रकारसे भाग होता है। यथा, पञ्चीकृत पृथ्वीमें पृथ्वीका अर्द्धांश और बाकी जल, अग्नि, वायु और आकाश—इन चार भूतोंमेंसे प्रत्येकको अष्टमांश करके मिलित अर्द्धांश रहेगा। इसी प्रकार पञ्चीकृत जलमें जलका अर्द्धांश और बाकी चार भूतोंके मिलित अर्द्धांश होंगे। इसी प्रकार अन्य तीन पञ्चीकृत महाभूतोंका भी उपादान समझ लेना चाहिये। अनन्तकोटि ब्रह्माण्डोंसे लेकर चतुर्दशभुवनमय एक ब्रह्माण्ड तथा एक स्थूल-शरीररूपी पिण्डतक सभी इसी पञ्चीकृत पञ्च महाभूतोंके उपादान द्वारा निर्मित हुए हैं। समस्त स्थूल शरीर तथा भोग्यवस्तुएँ पञ्चीकृत महाभूतोंसे ही बनी हुई होती हैं और पञ्चीकृत महाभूतमय इस समष्टि-शरीर पर हिरण्यगर्भ अधिष्ठान करते हैं। यही त्रिगुण परिणाम द्वारा हिरण्यगर्भके अधिष्ठानसे उत्पन्न ब्रह्माण्ड-पिण्डमय भौतिक सृष्टि है जिसके स्थूल, सूक्ष्म और कारणरूप तीन विभाग किये जाते हैं और इन्हीं तीन विभागोंको पञ्चकोश नामसे पांच भागोंमें भी विभक्त किया जाता है। यथा पैङ्गलोपनिषद्में:—

"पृथिव्यादि-महाभूतानां समवायः शरीरम् । यत्कठिनं सा पृथिवी अस्थिचर्मनाडीरोममांसाश्रेति पृथिव्यंशाः । यद्द्रवं तदापः मूत्रश्लेष्मरक्तशुक्रस्वेदा अबंशाः । यदुष्णं तत्तेजः क्षुत्तृष्णाऽऽलस्यमोहमैथुनान्यग्नेः । यत्सञ्चरति स वायुः । प्रचारणविलेखनस्थूलाऽऽद्युन्मेषनिमेषाऽऽदि वायोः । यत्सुषिरं तदाकाशम् । कामक्रोधलोभमोहभयान्याकाशस्य ॥

"एतत्संघातं कर्मणि सञ्चितं त्वगादियुक्तं बाल्याऽऽद्यवस्थाऽभिमानास्पदं बहुदोषाऽऽश्रयं स्थूलशरीरं भवति ।

अन्नरसेनैव भूत्वाऽन्नरसेनाभिवृद्धिं प्राप्याऽन्नरसमयपृथिव्यां यद्विलीयते सोऽन्नमयकोशः । तदेव स्थूलशरीरम् ॥

कर्मेन्द्रियैः सह प्राणादिपञ्चकं प्राणमयकोशः ॥

ज्ञानेन्द्रियैः सह मनो मनोमयकोशः ॥

ज्ञानेन्द्रियैः सह बुद्धिर्विज्ञानमयकोशः ॥

एतत् कोशत्रयं लिङ्गशरीरम् ॥

बुद्धिकर्मेन्द्रियप्राणपञ्चकैर्मनसा धिया ।

शरीरं सप्तदशभिः सूक्ष्मन्तल्लिङ्गमुच्यते ॥

अशनायापिपासाशोकमोहजरामरणानीति षड्ऊर्मयः ॥

"कोशचतुष्टयसंसक्तं स्वकारणाऽज्ञाने वटकर्णिकायामिव वटवृक्षो यदा वर्त्तते तदाऽऽनन्दमयकोशः ॥

"स्वरूपाऽज्ञानमानन्दमयकोशस्तत्कारणशरीरम् ॥"

पृथवी, अप्, तेज, मरुत्, व्योम—इन पांच पञ्चीकृत महाभूतोंकी समष्टिसे ब्रह्माण्ड तथा पिण्डका स्थूलशरीर बनता है। उसमें जो कठिन अंश है सो पृथिवीका है; जैसा कि पिण्डशरीरमें अस्थि, चर्म, नाडी, रोम और मांस हैं। द्रव अंश अप्का है। यथा-पिण्डदेहमें मूत्र, श्लेष्मा, रक्त, शुक्र और स्वेद। उष्ण अंश तेजका है। यथा-पिण्ड देहमें क्षुधा, तृष्णा, आलस्य, मोद, मैथुन। सञ्चरणशील अंश वायुका है। यथा-पिण्डशरीरमें प्रचारण, विलेखन, उन्मेष,

निमेष आदि। अवकाशयुक्त अंश आकाशका है। यथा-पिण्ड शरीरमें काम, क्रोध, लोभ, मोह, भय आदि। इस प्रकारसे प्राक्तनकर्मोत्पन्न पञ्चभूतमय त्वगादियुक्त बाल्यादि अवस्थाओंके अभिमानका निदान अनेक-दोषाश्रय स्थूल शरीर होता है। अन्नरससे उत्पन्न होकर अन्नरसके द्वारा ही वृद्धि प्राप्त होकर अन्नरसमय पृथिवीमें ही लय हो जाता है इसलिये पञ्चभूतमय स्थूलशरीरको अन्नमयकोश कहा गया है। ब्रह्माण्डप्रकृतिमें भी जो पञ्चभूतमय स्थूल विभाग है वह ब्रह्माण्डप्रकृतिका स्थूलशरीर या समष्टि स्थूलशरीर है। इसको समष्टि-अन्नमयकोश भी कहते हैं। पञ्च कर्मेन्द्रिय और पञ्च प्राण मिलकर प्राणमयकोश कहलाता है—यह ब्रह्माण्ड पिण्ड—दोनोंमें ही व्याप्त है। पञ्चज्ञानेन्द्रिय और मन मिलकर मनोमयकोश कहलाता है यह ब्रह्माण्ड पिण्ड दोनोंमें ही व्याप्त है। पञ्चज्ञानेन्द्रिय और बुद्धि मिलकर विज्ञानमयकोश कहलाता है—यह ब्रह्माण्ड और पिण्ड दोनोंमें ही व्याप्त है। प्राणमय, मनोमय और विज्ञानमय इन तीनों कोशोंको मिलाकर लिङ्गशरीर या सूक्ष्मशरीर कहलाता है। पञ्च कर्मेन्द्रिय, पञ्च ज्ञानेन्द्रिय, पञ्चप्राण, मन और बुद्धि ये सप्तदश मिलकर सूक्ष्मशरीर या लिङ्गशरीर कहलाता है। यह ब्रह्माण्ड पिण्ड दोनोंमें ही व्याप्त है। अशन, पिपासा, शोक, मोह, जरा और मरण पिण्ड और सूक्ष्मशरीरमें ये छः तरङ्ग हैं। पूर्वोक्त चार कोशोंसे संयुक्त वटकर्णिकामें वटवृक्षकी तरह ब्रह्माण्ड-पिण्डसृष्टिका बीजरूप अविद्यामय जो कोश है उसे आनन्दमयकोश कहते हैं। आनन्दमयकोश ही कारणशरीर है जो ब्रह्माण्ड पिण्ड दोनोंमें व्याप्त है। विभु आत्माके साथ सिसृक्षा-सम्बन्धयुक्त विकृतिकी ओर अग्रसर होनेवाली जो समष्टि प्रकृति है वही ब्रह्माण्ड प्रकृतिका कारणशरीर है। इसी कारणशरीरमें ही ईश्वर प्रतिबिम्बित होते हैं जिससे ब्रह्माण्ड सृष्टि प्रारम्भ होने लगती है। इस प्रकारसे ब्रह्माण्डप्रकृति स्थूलसूक्ष्मकारणरूपी त्रिविध शरीर अथवा अन्नमय, प्राणमय, मनोमय, विज्ञानमय, आनन्दमय इन पञ्चकोशोंमें विभक्त है उसके समस्त पिण्डशरीरकी उपादानरूप होनेसे प्रत्येक पिण्डशरीरमें भी ये तीन शरीर अथवा पांच कोश होते हैं। इन सब विभागोंसे युक्त ब्रह्माण्डप्रकृति किस प्रकारसे चेतन जीवोंकी आश्रयदात्री बनती है, इसके विषयमें विष्णु-पुराणमें निम्नलिखित वर्णन है:—

नाना वीर्याः पृथग्भूतास्ततस्ते संहतिं विना।
नाशक्नुवन प्रजाः स्रष्टुमसमागम्य कृत्स्नशः॥

समेत्यान्योन्यसंयोगं परस्परसमाश्रयाः ।
एकसंघातलक्ष्याश्च सम्प्राप्यैक्यमशेषतः ॥
पुरुषाधिष्ठितत्वाच्च प्रधानानुग्रहेण च ।
महदाद्या विशेषान्ता ह्यण्डमुत्पादयन्ति ते ॥
तत्क्रमेण विवृद्धन्तु जलबुद्बुदवत् समम् ।
भूतेभ्योऽण्डं महाबुद्धे वृहत् तदुदकेशयम् ॥
प्राकृतं ब्रह्मरूपस्य विष्णोः संस्थानमुत्तमम् ।
तत्राव्यक्तस्वरूपोऽसौ व्यक्तरूपी जगत्पतिः ॥
विष्णुर्ब्रह्मस्वरूपेण स्वयमेव व्यवस्थितः ।
मेरुरुल्बमभूत्तस्य जरायुश्च महीधराः ॥
गर्भोदकं समुद्राश्च तस्यासन् सुमहात्मनः ।
साद्विद्वीपसमुद्रास्तु सज्योतिर्लोकसंग्रहः ॥
तस्मिन्नण्डेऽभवद् विप्र सदेवासुरमानुषः ।
वारिवह्न्यनिलाकाशैस्ततो भूतादिना बहिः ॥
वृतं दशगुणैरण्डं भूतादिर्महता तथा ॥
अव्यक्तेनावृतो ब्रह्मंस्तैः सर्वैः सहितो महान् ॥
एभिरावरणैरण्डं सप्तभिः प्राकृतैर्वृतम् ।
नारिकेलफलस्यान्तर्बीजं बाह्यदलैरिव ॥
जुषन् रजोगुणं तत्र स्वयं विश्वेश्वरो हरिः ।
ब्रह्मा भूत्वास्य जगतो विसृष्टौ सम्प्रवर्त्तते ॥
सृष्टञ्च पात्यनुयुगं यावत् कल्पविकल्पना ।
सत्त्वभुग् भगवान् विष्णुरप्रमेयपराक्रमः ॥
तमोद्रेकी च कल्पान्ते रुद्ररूपी जनार्दनः ।
मैत्रेयाखिल भूतानि भक्षयत्यतिभीषणः ॥

महत्तत्वसे लेकर महाभूत पर्यन्त समस्त तत्त्वोंका विकाश होनेपर भी

वे सब नानावीर्य तथा पृथक् पृथक् रहनेसे उनकी संहतिके बिना प्रजासृष्टि नहीं हो सकी। इसलिये प्रधानका अनुग्रह तथा पुरुषका अधिष्ठान उन सभोंपर हो गया जिससे अन्योन्य संयोग तथा परस्पर समाश्रयजन्य एकता-प्राप्त महदादि विशेषान्त समस्त तत्त्व मिलकर एक अतिवृहत् अण्डरूपमें परिणत हो गया। जलबुद्बुदकी तरह वर्त्तुलाकार, उदकेशय, भूतोंके द्वारा क्रमशः वर्द्धमान वही अण्ड परमात्माके अधिष्ठानका स्थान है, जहाँपर अव्यक्त ब्रह्म व्यक्त ईश्वरभावको प्राप्त होकर विराजमान होते हैं। मेरुपर्वत उनका गर्भवेष्टनचर्म, अन्यान्य महीधर उनका जरायु तथा समुद्र उनका गर्भोदक है। उसी अण्डमें सपर्वत द्वीप-समूह, समुद्र-समूह, देवता, असुर, मनुष्य तथा ज्योतिष्मान् लोकसमूह उत्पन्न होते हैं। अतःपर वह स्थूल अण्ड पूर्वसे दस दस गुण अधिक जल, अग्नि, वायु तथा आकाश द्वारा उत्तरोत्तर बहिर्भागमें आवृत होता है। समष्टि-पञ्चभूत पुनः महत्तत्त्व द्वारा आवृत होता है और महत्तत्त्व अव्यक्त प्रकृति द्वारा आवृत होता है। नारियलके भीतर स्थित बीज जिस प्रकार बाह्य आवरणोंसे आवृत होता है उसी प्रकार ब्रह्माण्ड भी उल्लिखित सप्त आवरणसे आवृत है। परमात्मा ईश्वर उस ब्रह्माण्डमें स्थित होकर रजोगुणके आश्रयसे ब्रह्मारूप होकर जीवोंकी सृष्टि करते हैं, सत्त्वगुणके आश्रयसे विष्णुरूप होकर कल्प कल्प तक जीवोंका पालन करते हैं और अन्तमें तमोगुणके आश्रयसे रुद्ररूप हो कर जीवोंको ग्रास करते हैं जिससे समस्त ब्रह्माण्डमें महाप्रलयका उदय होता है। सृष्टिके स्थूल-सूक्ष्म-भाव और ब्रह्माण्ड पिण्ड-सम्बन्धसे शास्त्रकारोंने सृष्टिके चार भेद कहे हैं। यथा-शिवसंहिता, देवीगीता तथा अन्यान्य तन्त्रोंमें:—

सृष्टिश्चतुर्विधा देवि! प्रकृत्यामनुवर्त्तते ।
अदृष्टाज्जायते सृष्टिः प्रथमे तु वरानने! ॥
विवर्त्तभावे सम्प्राप्ते मानसी सृष्टिरुच्यते।
तृतीये विकृतिं प्राप्ते परिणामात्मिका तथा ॥
आरम्भसृष्टिश्च ततः चतुर्थे यौगिकी प्रिये! ॥

प्रकृतिमें चार प्रकारकी सृष्टि होती है। प्रथम सृष्टि अदृष्टसे उत्पन्न होती है, द्वितीय मानसी सृष्टि विवर्त्तभावसे उत्पन्न होती है, तृतीय सृष्टि

परिणामात्मिका है और चतुर्थ सृष्टि आरम्भ सृष्टि कहलाती है। इनमेंसे अदृष्ट और आरम्भ ये दोनों जीवपिण्डसे सम्बन्ध रखती हैं और विवर्त्त तथा परिणाम ये दोनों ब्रह्माण्डसे सम्बन्ध रखती हैं। अदृष्ट सृष्टि जीवके पूर्वार्जित कर्मों द्वारा होती है जिससे जीवका शरीर उत्पन्न होता है और जिसके लिये जीव पराधीन है। आरम्भ सृष्टि जीवके नवीन कर्म द्वारा होती है जिसके लिये जीव स्वाधीन है। जैसा कि शास्त्रमें कहा है:—

त्रिभिर्वर्षैस्त्रिभिर्मासैस्त्रिभिः पक्षैस्त्रिभिर्दिनैः।
अत्युत्कटैः पापपुण्यैरिहैव फलमश्नुते ॥

पाप अथवा पुण्यकर्म अति उग्र होनेसे इसी जन्ममें तीन वर्ष, तीन मास, तीन पक्ष अथवा तीन दिनमें उसका फल मिलता है। दूसरी ओर विवर्त्त और परिणाम सृष्टि पुरुष और प्रकृतिसे सम्बन्ध रखती है; क्योंकि वह समष्टिरूप ब्रह्माण्डसम्बन्धीय है। आनन्द प्रकाशके लिये जो सृष्टिकी भावना होती है, जिसका वर्णन पहले हो चुका है, वही विवर्त्त सृष्टिका कारण है और त्रिगुणमयी प्रकृतिके स्वाभाविक परिणामके अनुसार सहज कर्मके द्वारा जो चिज्जड-ग्रन्थि बंधकर जीवसृष्टिका प्रवाह ब्रह्माण्डमें चलता रहता है वही परिणाम सृष्टि कहाती है। सृष्टिके ये चार भेद जब पिण्ड और ब्रह्माण्डके साथ मिलाकर देखे जाते हैं तो सृष्टिका स्वरूप स्पष्ट प्रकट हो जाता है। चार प्रकारके लयके साथ इन चारोंका किस प्रकार सम्बन्ध है सो आगे कहा जायगा।

अब ज्योतिःशास्त्रके सिद्धान्तानुसार स्थूल ब्रह्माण्डका कुछ वर्णन किया जाता है। प्रत्येक ब्रह्माण्डकी केन्द्रशक्ति सूर्य है। तदनुसार इस ब्रह्माण्ड-वर्त्ती सूर्य ही इस ब्रह्माण्डका केन्द्रस्थानीय है। समस्त ग्रह उपग्रह उसीकी आकर्षण-विकर्षणशक्तिके प्रभावसे उसीकी चारों ओर अनुक्षण प्रदक्षिण किया करते हैं। समस्त ब्रह्माण्डमें ज्योतिष्मान् कोई भी वस्तु नहीं है। समस्त ज्योतिके आधाररूप सूर्यसे ही ब्रह्माण्डके अन्तर्गत समस्त ग्रह उपग्रहमें ज्योतिका सञ्चार होता है। हमारे सूर्यपरिवारमें अबतक ऐसे २६८ ग्रह उपग्रह देखे गये हैं जो सूर्यका ज्योतिसे ज्योतिष्मान् होकर सूर्यकी चारों ओर घूमते हैं। ग्रहगण सूर्यको प्रदक्षिण करते हैं और उपग्रहगण ग्रहोंको प्रदक्षिण करते हैं और इन सब ग्रह उपग्रहोंको लेकर सूर्य भी ध्रुवकी चारों ओर प्रदक्षिण करते हैं। समस्त ग्रह-उपग्रहोंका स्थूलशरीर पृथ्वी जल आदि पञ्च-

भूतोंसे बना हुआ है। केवल किसीमें कोई भूत प्रधान है और किसीमें कोई भूत प्रधान है। समस्त ग्रह-उपग्रहोंमें ही नानाप्रकारके जीवोंका वास है। कोई भी जीवशून्य नहीं है। उल्लिखित २६८ ग्रह-उपग्रहोंमेंसे प्रधान ग्रह ८ हैं, क्षुद्र ग्रह २४० हैं और उपग्रह या चन्द्र २० हैं। पृथ्वी ग्रहका एक चन्द्र है, मङ्गलका दो, वृहस्पतिका ४, शनिका ८, यूरेनसका ४ और नेपचुनका एक—इस प्रकारसे २० चन्द्र हैं। आठ प्रधान ग्रहोंमेंसे बुधग्रह सूर्यके सबसे अधिक निकटस्थ है, वह ग्रह सूर्यसे प्रायः ३७०००००० मील दूरपर रहकर प्रति मिनिट १८०० मीलके हिसाबसे ८८ दिनोंमें एकवार सूर्यको प्रदक्षिण कर लेता है। अतः बुधग्रहवासी जीवोंका सम्वत्सर ८८ दिनोंमें ही पूर्ण होता है। बुधका व्यास ३१४० मील है और उसका आयतन पृथ्वीके एक तृतीयांश-तुल्य है। बुध ग्रहका दिन पृथ्वीके दिनसे बड़ा है और सूर्यज्योति तथा सूर्योत्तापका भी प्रभाव पृथ्वीसे बुधग्रहपर अधिक पड़ता है। बुधग्रहके बाद शुक्रग्रह है। यह ग्रह सूर्यसे प्रायः ६८००००००० मील दूर पर रहकर प्रति मिनिट १२६० मीलके हिसाबसे २२५ दिनोंमें सूर्यकी चारों ओर प्रदक्षिण करता है। इसका व्यास ७६६० मील है और आयतन पृथ्वीके आयतनके समान ही है। इसका दर्शन पृथ्वीसे सायंकाल तथा प्रातःकाल दोनों समयपर ही होता है, शुक्रग्रह सूर्यलोकसे बड़ा ही उद्भासित होता है। पश्चिमदेशीयशास्त्रमें रूप तथा प्रेमकी अधिष्ठात्री भिनस देवतारूपसे इसकी पूजाका वर्णन पाया जाता है। शुक्रग्रहके बाद पृथ्वी ग्रह है। यह ग्रह सूर्यसे ९२७००००० मील दूर पर रहकर प्रति मिनिटमें प्रायः १०८० मीलके हिसाबसे ३६५¼ दिनोंमें ५८३००००० मील पथके परिभ्रमण द्वारा एक वार सूर्यको प्रदक्षिण करता है। पृथ्वीका व्यास ७९१८ मील है और परिधि २४८७७ मील है। बुध और शुक्रग्रहका चन्द्र नहीं है परन्तु पृथ्वीग्रह एक चन्द्रके द्वारा आलोकित होता है। यह चन्द्र पृथ्वीसे २४०००० मील दूरपर रहकर प्रायः २८ दिनोंमें एक वार पृथ्वीको प्रदक्षिण करता है। चन्द्रका व्यास प्रायः २१६० मील है और परिधि प्रायः ६७८५ मील है। चन्द्र पृथ्वीसे बहुत छोटा है और इतना छोटा होनेसे ही पृथ्वी उसको लेकर सूर्यको प्रदक्षिण कर सकती है। पृथ्वीके बाद मङ्गलग्रह है यह ग्रह सूर्यसे प्रायः १४४००००० मील दूरपर रहकर प्रति मिनिट ९१६० मीलके हिसाबसे ६८७ दिनोंमें एक वार सूर्यको प्रदक्षिण करता है। मङ्गल-ग्रहका व्यास पृथ्वीग्रहके व्यासार्द्धसे कुछ बड़ा है।

अतः उसका आयतन पृथ्वीके आयतनसे बहुत ही छोटा है। मङ्गलग्रहका दिन-परिमाण प्रायः पार्थिव दिन परिमाणके समान ही है परन्तु पृथ्वीके दो वर्षमें मङ्गलका एक वर्ष होता है। पृथ्वी अपने कक्षमें जितने वेगके साथ भ्रमण करती है, मङ्गलका भ्रमणवेग प्रायः उसका आधा है क्योंकि वह सूर्यसे कुछ दूरपर है और इसलिये उसपर सूर्यकी आकर्षणशक्तिका प्रभाव भी कुछ कम पड़ता है। ज्योतिर्विद् पण्डितोंने निश्चय किया है कि मङ्गलग्रह ठीक पृथ्वीकी तरह जलस्थलपर्वतादिसे सुशोभित है इसलिये वहाँके निवासी जीव भी मनुष्योंकी तरह होंगे—ऐसा अनुमान बहुत लोग करते हैं। पृथ्वीका जिस प्रकार एक चन्द्र है, उस प्रकार मङ्गलके भी दो चन्द्र हैं। परन्तु उनकी ज्योति चन्द्रज्योतिकी तरह मधुर नहीं है। पाश्चात्य शास्त्रमें मङ्गलको रण-देवता करके वर्णन किया गया है। हिन्दूशास्त्रमें भी मङ्गलग्रहका ध्यान उसी प्रकार किया जाता है। यथाः—

धरणीगर्भसम्भूतं विद्युत्पुञ्जसमप्रभम् ।
कुमारं शक्तिहस्तं च लोहितांगं नमाम्यहम् ॥

बुध और शुक्रग्रह अन्तश्चर ग्रह हैं; क्योंकि सूर्य और पृथिवीके अन्तर्वर्त्ती स्थानोंमें ही वे भ्रमण करते हैं। बाकी मङ्गलसे लेकर सब ग्रह बहिश्चर हैं; क्योंकि इन सभोंका भ्रमणकक्ष पृथिवीके भ्रमणकक्षसे बाहर है। मङ्गलके बाद बृहस्पति ग्रह है। परन्तु इन दोनों ग्रहोंका कक्षमध्यवर्त्ती स्थान ३३८०-००००० मील परिमित है। सौरजगत्का यह मध्यवर्त्ती स्थान २४० छोटे छोटे ग्रहोंका भ्रमण स्थान है और वे सभी अपने अपने कक्षपर भ्रमण करते हुए तेजोनिधान सूर्यदेवको प्रदक्षिण करते हैं। वे सब ग्रह इतने छोटे छोटे हैं कि, इनमेंसे किसी किसीका व्यास ५० मीलसे भी कम है। इन सभोंके बाद बृहस्पतिका भ्रमण-स्थान है। बृहस्पति आर्यशास्त्रमें सुरगुरु कहे जाते हैं। पाश्चात्य शास्त्रमें भी जुपिटर कहकर इनकी पूजा होती है। यह ग्रह सब ग्रहोंसे बृहत् तथा विचित्र-शरीर है। इसका आयतन पृथिवीके आयतनसे प्रायः तेरह सौ गुना बड़ा है। इसका व्यास ८५००० मील है, परिधि २६७०-३६ मील है और जिस कक्षपर यह सूर्यको प्रदक्षिण करता है उसकी परिधि ३०८०००००००० मील है, इसका दिन-परिमाण पृथिवीका दस घण्टा है और वर्ष-परिमाण ४३३३ दिन अर्थात् पृथिवी-ग्रहके प्रायः १२ वर्ष हैं। यह ग्रह

सूर्यसे ४८४०००००० मील दूरपर रहकर प्रति मिनिट ४८० मीलके हिसाबसे प्रायः १२ वर्ष में एक वार सूर्यको प्रदक्षिण करता है। पृथिवीके एक चन्द्रकी तरह वृहस्पतिके चार चन्द्र हैं, उसका प्रथम चन्द्र एक दिन अठारह घण्टेमें द्वितीय चन्द्र तीन दिन तेरह घण्टेमें, तृतीय चन्द्र सात दिन तीन घण्टेमें और चतुर्थ चन्द्र सोलह दिन सोलह घण्टेमें वृहस्पतिग्रहको प्रदक्षिण करते हैं। वृहस्पतिपर सूर्यालोक विशेषरूपसे प्रतिफलित होता है, इस कारण उन सब स्वल्पज्योतिर्युक्त चन्द्रोंमें भी वृहस्पतिकी किरण पहुंचती है। चन्द्र-चतुष्टय-वेष्टित वृहस्पति ग्रहचतुष्टयवेष्टित सूर्यकी तरह प्रतीत होता है। वृहस्पति-ग्रहके बाद शनैश्चर ग्रह है। यह ग्रह वृहस्पतिसे कुछ छोटा होनेपर भी पृथिवी-ग्रहसे ७२१ गुना बड़ा है। इसका व्यास ७१००० मील है और परिधि २२३००० मील है। यह ग्रह सूर्यसे ८८४०००००० मील दूरपर रहकर प्रति मिनिट ३५८ मीलके हिसाबसे पार्थिव दिन परिमाणानुसार १०७५९ दिन अथवा साढ़े उनतिस वर्षमें सूर्यको एक वार प्रदक्षिण कर लेता है। शनैश्चर ग्रहका दिन-परिमाण साढ़े दस घण्टा है अर्थात् पृथिवीके दिन-परिमाणके आधेसे भी कम है। दूरवीक्षण यन्त्र-योगसे शनैश्चरकी बड़ी ही शोभमाना मूर्त्ति देखनेमें आती है। इस अपूर्व ग्रहमें अनेक रङ्गका विचित्र समावेश है। यथा–इसके दो प्रान्त अर्थात् उत्तर और दक्षिण मेरुके सन्निहित देश नीलाञ्जन-पुञ्जकी तरह प्रगाढ़ नीलवर्णमय हैं। इसके अन्यान्य स्थानमें तरल पीतवर्ण है। मध्यभाग श्वेतवर्णमय और समस्त शरीर ही पिङ्गल, नील, लोहित तथा रक्तवर्णसे रञ्जित है। पृथिवी-ग्रहको एक चन्द्र सुशोभित करता है; परन्तु शनैश्चरग्रह आठ चन्द्रकी सुशीतल किरणसे प्रफुल्लित रहता है। जिस समय आठ चन्द्र पूर्ण कलासे सुशोभित होकर शनि ग्रहपर अपने अपने किरणजालका विस्तार करते हैं उस समय शनैश्चरकी मूर्त्ति देवदुर्लभसुषमामण्डित हो जाती है। केवल इतनेहीमें शनैश्चरकी शोभासम्पत्ति समाप्त नहीं होती है। उसका चारुचित्रित मनोहर कलेवर परस्पर असंलग्न तीन अपूर्व आलोक-वलयके द्वारा वेष्टित रहता है। ये सब वलय इतने वृहदाकार हैं कि इनमेंसे प्रत्येकमें पृथिवी जैसे शत शत ग्रह पिण्डकी तरह टङ्गे रह सकते हैं। ज्योति-र्विद् पण्डितोंने निर्णय किया है कि ये सब वलय छोटे छोटे असंख्य चन्द्रोंके संयोग द्वारा निर्मित हैं। अष्टचन्द्र-सुशोभित शनैश्चर भी वृहस्पतिकी तरह अष्टग्रहसमन्वित सूर्यवत् प्रतीत होते हैं। शनैश्चरके परवर्त्ती ग्रहका नाम

यूरेनस है। इसका व्यास ३१७०० मील है और पृथिवीसे यह ग्रह प्रायः चौसठ गुना बड़ा है। यह ग्रह शनैश्चरके कक्षसे ९१६०००००० मील और सूर्यसे प्रायः १८००००००००० मील दूरपर रहकर ३०६८७ दिवस अर्थात् मनुष्य-मानके ८४ वर्ष २७ दिनोंमें सूर्यको प्रदक्षिण कर लेता है। अन्यान्य ग्रहोंकी तरह यूरेनस ग्रहके भी चार चन्द्र हैं। यूरेनसके बाद नेपचुन ग्रह है। इसका व्यास ३४५०० मील है। यह ग्रह पृथिवीसे बहुत बड़ा है और यूरेनससे भी बड़ा है। इसके पृष्ठसे सूर्य एक समुज्ज्वल तारेकी तरह दिखते हैं। नेपचुनका अभी तक एक चन्द्र आविष्कृत हुआ है। यह ग्रह यूरेनसके कक्षसे ९८०००००००० मील तथा सूर्यसे २७८०००००००० मील दूरपर रहकर प्रति मिनिट १२० मीलके हिसाबसे ६०१२६ दिन अर्थात् पृथिवीके प्रायः एक सौ पैंसठ वर्षोंमें एक बार सूर्यको प्रदक्षिण करता है। नेपचुनके आगे और कोई भी ग्रह अबतक आविष्कृत नहीं हुआ है। इसलिये यदि नेपचुनको ही सूर्यमण्डलका सीमाग्रह अर्थात् अन्तिमग्रह कहा जाय तो इस सौर जगत् अर्थात् ब्रह्माण्डका व्यास ५७२०००००००० मील और इसकी परिधि १७०००००-०००० मील होती है। यही अनन्त आकाशमें अविराम भ्रमणशील हमारे ब्रह्माण्डका आनुमानिक परिमाण है, जिसकी केन्द्रशक्ति तथा समस्त प्रकाशके एक मात्र आकर-रूपसे भगवान् भास्करदेव उल्लिखित परिधिके अन्तर्गत २६८ ग्रहोपग्रहमालाओंको स्वकीय अनुपम शक्तिजाल तथा किरणजालके द्वारा उद्भासित करते हुए अपने समस्त परिवार सहित द्रुततम वेगसे महासूर्यरूप ध्रुवकी चारों ओर निशि-दिन नियमित रूपसे प्रदक्षिण कर रहे हैं। सूर्यका व्यास ८५२३०० मील है और परिधि २६७९४७० मील है। अपने परिवार-स्थित समस्त ग्रहउपग्रहोंको साथ लेकर सूर्य भी प्रति सेकण्ड ४ मील अथवा प्रति घण्टा १४४०० मीलके हिसाबसे चक्रभ्रमण कर रहे हैं। यही पञ्चभूतमय स्थूल ब्रह्माण्ड है। ऐसे ही अनन्तकोटि ब्रह्माण्डों द्वारा श्रीभगवान्का विराट् स्थूल देह सुशोभित है। यही अनादि अनन्त आध्यात्मिक सृष्टिका मन-वचन-बुद्धिसे अगोचर लोकोत्तरचमत्कार स्वरूप है। अतःपर ब्रह्माण्डमें जीव-सृष्टि तथा दैवीसृष्टिका वर्णन किया जायगा।

परमात्मासे प्रकृति तथा समस्त जड़-चेतनात्मक सृष्टिकी उत्पत्तिके विषयमें श्रुतिने कहा है:—

"यतः प्रसूता जगतः प्रसूतिः"

"मायान्तु प्रकृतिं विद्यान्मायिनन्तु महेश्वरम् ।
तस्यावयवभूतैस्तु व्याप्तं सर्वमिदं जगत् ॥"
"तस्माच्च देवा बहुधा सम्प्रसूताः साध्या मनुष्याः पशवो वयांसि ।"
"एतस्माज्जायते प्राणो मनः सर्वेन्द्रियाणि च ।
खं वायुर्ज्योतिरापः पृथिवी विश्वस्य धारिणी ॥"

विश्वप्रसविनी प्रकृतिमाता परमात्मासे ही उत्पन्न होती है। प्रकृति माया और परमात्मा उसके प्रेरक मायी हैं। उन्हींके शरीरसे उत्पन्न अगणित जीवोंके द्वारा समस्त जगत् परिव्याप्त है। समस्त देवतागण, साध्यगण, मनुष्यगण तथा पशु पक्षी आदि चराचर समस्त जीव उन्हींसे उत्पन्न हुए हैं। पञ्चप्राण, अन्तःकरण, ज्ञानेन्द्रिय, कर्मेन्द्रिय, आकाश, वायु, अग्नि, जल और विश्वधात्री पृथिवी सभी उनसे उत्पन्न हुए हैं। महाभूतादि महत्तत्त्वान्त समस्त तथा आब्रह्मस्तम्बपर्यन्त सकल प्राणी किस आधारसे नवीन ब्रह्माण्ड-सृष्टिके समय प्रकृतिमें उत्पन्न होते हैं, इसके लिये श्रुति कहती है कि—

"यथापूर्वमकल्पयद्दिवं च पृथिवीञ्चान्तरीक्षमथो स्वः"

द्युलोक, पृथिवीलोक, अन्तरीक्षलोक तथा चराचर समस्त जीव पूर्व सृष्टिके अनुसार ही नवीन ब्रह्माण्ड सृष्टिके समय उत्पन्न होते हैं। महाभूतादि तो स्वाभाविकरूपसे पूर्वकी तरह उत्पन्न हो ही जाते हैं; एतदतिरिक्त मनुष्यादि समस्त जीव भी प्रलयके समय जो जिस दशामें जिन जिन कर्मोंके साथ लय हो गये थे, उन्हीं उन्हीं कर्मोंके वेगसे ठीक तदनुसार योनियोंको प्राप्त हो जाते हैं। पूर्व सृष्टिमें जो मनुष्य थे वह मनुष्य ही बनते हैं, जो देवता थे वह देवता ही बनते हैं, जो पशु थे सो पशु ही बनते हैं, जो उन्नत लोकके जीव थे वह उन्नत लोकमें ही उत्पन्न होते हैं, जो अधोलोकके जीव थे वह अधोलोकमें ही उत्पन्न होते हैं, यही श्रुत्युक्त 'यथापूर्व' शब्दका तात्पर्य है। श्रीभगवान् मनुजीने भी अपनी संहितामें लिखा है:—

यं तु कर्मणि यस्मिन्स न्ययुङ्क्त प्रथमं प्रभुः।
स तदेव स्वयं भेजे सृज्यमानः पुनः पुनः ॥
हिंस्राहिंस्रे मृदुक्रूरे धर्माधर्मावृतानृते ।
यद् यस्य सोऽदधात्सर्गे तत्तस्य स्वयमाविशत् ॥
यथर्तुलिङ्गान्यृतवः स्वयमेवर्तुपर्यये ।

स्वानि स्वान्यभिपद्यन्ते तथा कर्माणि देहिनः ॥
एवमेतैरिदं सर्वं मन्नियोगान्महात्मभिः ।
यथाकर्म तपोयोगात्सृष्टं स्थावरजङ्गमम् ॥

स्वभावके अनुसार जिस जीवका जो कर्म प्रथम उत्पन्न हुआ था प्रत्येक सृष्टिमें उसीके अनुसार उसकी चेष्टा तथा जन्म होता है। हिंस्र सिंहादि, हिंसाशून्य हरिणादि, मृदुप्रकृति ब्राह्मणादि, क्रूरप्रकृति क्षत्रियादि, धर्म, अधर्म, सत्य, मिथ्या—जिसमें पूर्व सृष्टिमें जो बातें थीं उसीके अनुसार सृष्टि होती है और ऐसी ही प्रकृति तथा प्रवृत्तिको जीव प्राप्त करते हैं। जिस प्रकार भिन्न भिन्न ऋतुओंके आगमनके समय प्रकृतिमें स्वतः ही तदनुसार वृक्षलतादिकोंका परिवर्त्तन हो जाता है ऐसे ही पूर्वकर्मानुसार स्वतः ही जीवोंका जन्म तथा उनमें भिन्न भिन्न प्रवृत्ति होने लगती है। श्रीभगवान् ब्रह्माकी आज्ञासे मरीचि अत्रि आदि प्रजापतिगण तपोनुष्ठान द्वारा स्थावर जङ्गमात्मक समस्त सृष्टि इसी प्रकारसे समष्टि जीवोंके प्राक्तनानुसार करते हैं। यह सब सृष्टि वैजी है या मानसी, इसके विषयमें आर्यशास्त्र कहता है कि, समस्त प्राथमिक सृष्टि मानसी ही हुआ करती है। श्रुतिमें लिखा है—

"मनसा साधु पश्यति मानसाः प्रजा असृजन्त"

सृष्टिके समय प्रजापति ब्रह्माजीने मनःसंयम द्वारा समष्टि-जीवोंके प्राक्तन कर्मोंको ठीक ठीक देखकर मानसी सृष्टि की। महाभारतमें लिखा है—

प्रजापतिरिदं सर्वं मनसैवासृजत् प्रभुः ।
तथैव देवान्ऋषयस्तपसा प्रतिपेदिरे ॥
आदिदेवप्रसूद्भूता ब्रह्ममूलाऽक्षयाऽव्यया ।
सा सृष्टिर्मानसी नाम धर्मतन्त्रपरायणा ॥

प्रजापति ब्रह्माने समस्त जीवों तथा देवताओंकी सृष्टि मनसे ही की थी और महर्षियोंने भी आदि कालमें तपस्याके द्वारा मानसी सृष्टि की थी। आदिदेव ब्रह्मासे जो अक्षय, अव्यय, वेदमूलक, धर्म्मतन्त्रपरायण सृष्टि हुई थी जो सनक, सनन्दन आदि सिद्ध, मरीचि अत्रि आदि प्रजापति तथा उनसे उत्पन्न आदि पुरुष ब्राह्मणगण थे। ये सब सृष्टि ब्रह्माजीकी मानसी सृष्टि थी। इन सब सृष्टियोंको आर्यशास्त्रमें दस भागोंमें विभक्त किया गया है। यथा श्रीमद्भागवतमें—

आद्यस्तु महतः सर्गो गुणवैषम्यमात्मनः ।
द्वितीयस्त्वहमो यत्र द्रव्यज्ञानक्रियोदयः ॥
भूतसर्गस्तृतीयस्तु तन्मात्रो द्रव्यशक्तिमान् ।
चतुर्थ ऐन्द्रियः सर्गो यस्तु ज्ञानक्रियात्मकः ॥
वैकारिको देवसर्गः पञ्चमो यन्मयं मनः ।
षष्ठस्तु तमसः सर्गो यस्त्वबुद्धिकृतः प्रभोः ॥
षडिमे प्राकृताः सर्गा वैकृतानपि मे शृणु ।
रजोभाजो भगवतो लीलेयं हरिमेधसः ॥
सप्तमो मुख्यसर्गस्तु षड्विधस्तस्थुषां च यः ।
वनस्पत्योषधिलतात्वक्सारा वीरुधो द्रुमाः ॥
उत्स्रोतसस्तमः प्राया अन्तःस्पर्शा विशेषिणः ।
तिरश्चामष्टमः सर्गः सोऽष्टाविंशद्विधो मतः ॥
अविदो भूरितमसो घ्राणज्ञा ह्यवेदिनः ।
गौरजो महिषः कृष्णः शूकरो गवयो रुरुः ।
द्विशफाः पशवश्चेमे अविरुष्ट्रश्च सत्तम ! ॥
खरोऽश्वोऽश्वतरो गौरः शरभश्चमरी तथा ।
एते चैकशफाः क्षत्तः ! शृणु पञ्चनखान् पशून् ॥
श्वा शृगालो वृको व्याघ्रो मार्जारः शशशल्लकौ ।
सिंहः कपिर्गजः कूर्मो गोधा च मकरादयः ॥
कङ्कगृध्रबकश्येनभासभल्लकबर्हिणः ।
हंससारसचक्राह्वकाकोलूकादयः खगाः ॥
अर्वाक्स्रोतस्तु नवमः क्षत्तरेकविधो नृणाम् ।
रजोऽधिकाः कर्मपरा दुःखे च सुखमानिनः ॥
वैकृतास्त्रय एवैते देवसर्गश्च सत्तम ! ।
वैकारिकस्तु यः प्रोक्तः कौमारस्तूभयात्मकः ॥
देवसर्गश्चाष्टविधो विबुधाः पितरोऽसुराः ।

गन्धर्वाप्सरसः सिद्धा यक्षरक्षांसि चारणाः ॥
भूतप्रेतपिशाचाश्च विद्याधाराः किन्नरादयः ।
दशैते विदुराख्याताः सर्गास्ते विश्वसृक्कृताः ॥

प्रकृतिके गुणवैषम्यसे प्रथम सृष्टि महत्तत्त्वकी है, द्वितीय सृष्टि अहंतत्त्वकी है, जो द्रव्यात्मक, क्रियात्मक और ज्ञानात्मक सृष्टिका उत्पन्न करने वाला है। तृतीय सृष्टि सूक्ष्मतत्त्व या सूक्ष्म तन्मात्राकी है जिसमें द्रव्य अर्थात् स्थूल पञ्चमहाभूत उत्पन्न करनेकी शक्ति है। चतुर्थ सृष्टि ज्ञानेन्द्रिय और कर्मेन्द्रियकी है। पञ्चम सृष्टि इन्द्रियाधिष्ठात्री देवता तथा मनकी है। षष्ठ-सृष्टि तम, मोह, महामोह, तामिस्र और अन्धतामिस्र नामक पञ्चपर्वा अविद्याकी है जो अबुद्धिपूर्वक स्वतः उत्पन्न होती है और आवरणविक्षेप धर्मी होती है। ये छः प्रकारकी सृष्टियाँ प्राकृतिक हैं। तदनन्तर विकृतिसे जो सृष्टि उत्पन्न होती है उसका वर्णन है। सप्तम सृष्टि स्थावर उद्भिज्जोंकी है जिसके छः भाग हैं। यथाः—वनस्पति, ओषधि, लता, त्वक्सार, वांस आदि कठिन लतावृक्ष और द्रुम (जिसमें फूलसे फल होता है)। उद्भिज्जोंके साधारण लक्षण ये हैं कि इनमें आहार सञ्चार नीचेसे ऊपरकी ओर होता है, ये अव्यक्तचैतन्य, अन्तःसंज्ञायुक्त और अव्यवस्थित परिणामादि अनेक भेदयुक्त होते हैं। यह सृष्टि ऊर्द्ध्व-स्रोत है। तदनन्तर तिर्यक्स्रोत जीवोंकी सृष्टि होती है जिसमें स्वेदज, अण्डज और जरायुज पशु अन्तर्निविष्ट हैं। तिर्यक् स्रोत जीव उसे कहते हैं जिसमें आहार सञ्चार वक्र भावसे होता है। इनके अट्ठाइस भेद हैं। अपने स्तनादिकी ज्ञानशून्यता, आहारादिमात्र-निष्ठा, घ्राणसे जान लेनेकी शक्ति और दीर्घानुसन्धानशून्यता—ये सब तिर्यक् स्रोत जीवोंके लक्षण हैं। इनके अट्ठाईस भेद इस प्रकारके हैं:—गौसे लेकर उष्ट्र पर्यन्त दो खुर वाले जीव नौ प्रकारके हैं। गधेसे चमरी तक एक खुर वाले छः प्रकारके जीव हैं। कुत्तेसे लेकर गोधा तक पञ्चनखवाले जीव बारह प्रकारके हैं। ये सत्ताईस भेद हुए। इसके सिवाय अट्ठाईसवेंमें मकरादि अण्डज जलजन्तु, गृध्र कङ्कादि अण्डज, खेचर पक्षी तथा मशक मत्कुणादि स्वेदज समझना चाहिये जिनमें तिर्यक्स्रोतके सब लक्षण मिलते हैं। अण्डज और स्वेदजके विषयमें मनुसंहितामें लिखा है:—

अण्डजाः पक्षिणः सर्पा नक्रा मत्स्याश्च कच्छपाः।
यानि चैवंप्रकाराणि स्थलजान्यौदकानि च ॥

स्वेदजं दंशमशकं यूकामक्षिकमत्कुणम् ।
ऊष्मणश्चोपजायन्ते यच्चान्यत्किंचिदीदृशम् ॥

जिसमें पहले अण्ड होकर पीछे जीव उत्पन्न होता है, ऐसे पक्षी, सर्प, मगर, मत्स्य, कच्छप, कृकलास, शङ्ख, शुक्ति आदि स्थलज जलज जीव अण्डज हैं। स्वेद, मैल अथवा उत्तापके कारण जो उत्पन्न हो जाते हैं ऐसे मशक, मक्षिका, मत्कुण आदि जीव स्वेदज कहलाते हैं। इसमें नाना प्रकारके कीटाणु (germs) भी शामिल समझे जायँ। सृष्टिक्रमके अनुसार उद्भिज्ज सृष्टिके बाद स्वेदज सृष्टि, तदनन्तर अण्डज सृष्टि और तदनन्तर पशुओंकी सृष्टि होना ऊपर कथित वर्णनोंसे समझना चाहिये। तदनन्तर नवम सृष्टि मनुष्योंकी है जो अर्वाक्स्रोत अर्थात् अधःस्रोत सृष्टि है। इसमें आहार सञ्चार ऊपरसे नीचेकी ओर होनेसे इसको अर्वाक्स्रोतसृष्टि कहा गया है। रजोगुणका अधिक होना, कर्म-प्रधानता होना तथा दुःखमें सुखज्ञान होना इस सृष्टिका लक्षण है। यही महत्तत्त्वसे लेकर मनुष्य पर्यन्त नवविध सृष्टिका क्रम है। इसके सिवाय एक दशम सृष्टि है जिसको दैवी सृष्टि कहते हैं। महत्तत्त्वादि सृष्टि जो छः भागोंमें विभक्त है सो प्राकृत सृष्टि है। उसके बाद सप्तम, अष्टम, नवम सृष्टि जिसमें उद्भिज्ज, स्वेदज, अण्डज, जरायुज पशु और जरायुज मनुष्य हैं ये सब विकृतिसे उत्पन्न वैकृत-सृष्टि हैं। दैवी सृष्टि जो दशम है उसमें कई प्रकार हैं। यथा, इन्द्रियाधिष्ठात्री देवतागण वैकारिक सृष्टिके अन्तर्गत हैं जिसका वर्णन प्राकृत सृष्टिके भीतर पहले ही किया गया है। सनक, सनन्दनादियोंकी सृष्टि वैकारिक वैकृत—उभयात्मक है; क्योंकि, वे सब मनुष्यसृष्टि होनेपर भी देवकोटिके मनुष्य हैं और अन्यान्य देवतागण इन्द्रियाधिष्ठात्री देवताओंसे न्यून होनेसे वैकृत सृष्टिसे ही सम्पर्क रखते हैं। तथापि देवयोनि होनेके कारण इनको वैकारिक सृष्टिके भी अन्तर्गत कर सकते हैं। वैकृत देवसृष्टि आठ प्रकारकी होती है। यथा, विबुध अर्थात् देवता और ऋषि, पितर और असुर ये तीन प्रकारकी सृष्टि, गन्धर्व और अप्सरा एक प्रकारकी, यक्षरक्ष एक प्रकारकी, भूत प्रेत पिशाच एक प्रकारकी, सिद्धचारण विद्याधर एक प्रकारकी और किन्नरादि एक प्रकारकी—इस प्रकारसे देवसृष्टि आठ प्रकारकी कही गई है। इन आठ प्रकारकी दैवीसृष्टियोंमें देवता, ऋषि, पितर और असुर—ये सृष्टियाँ प्रधान हैं। यही ब्रह्माण्डान्तर्गत चेतन-जडात्मिका दशविध सृष्टि है जिसके जीव चतुर्दशभुवनमय ब्रह्माण्डके भीतर निज निज कर्मानुसार

पृथक् पृथक् स्थानमें रहकर नियति-चक्रमें मुक्तिपर्यन्त परिभ्रमण करते रहते हैं। महदादि मनुष्यान्त सृष्टिके क्रमके विषयमें विष्णुपुराणमें निम्नलिखित वर्णन प्राप्त होते हैं। यथा—

सृष्टिं चिन्तयतस्तस्य कल्पादिषु यथा पुरा ।
अबुद्धिपूर्वकः सर्गः प्रादुर्भूतस्तमोमयः ॥
तमो मोहो महामोहस्तामिस्रो ह्यन्धसंज्ञितः ।
अविद्या पञ्चपर्वैषा प्रादुर्भूता महात्मनः ॥
पञ्चधावस्थितः सर्गो ध्यायतोऽप्रतिबोधवान् ।
बहिरन्तोऽप्रकाशश्च संवृतात्मा नगात्मकः ॥
मुख्या नगा यतश्चोक्ता मुख्यसर्गस्ततस्त्वयम् ।
तं दृष्ट्वा साधकं सर्गमसम्यग्दर्शनं पुनः ॥
तस्याभिध्यायतः सर्गं तिर्यक्स्रोताभ्यवर्त्तत ।
यस्मात्तिर्यक्प्रवृत्तः स तिर्यक्स्रोतास्ततः स्मृतः ॥
पश्वादयस्ते विख्याततमःप्राया ह्यवेदिनः ।
उत्पथग्राहिणश्चैव तेऽज्ञाने ज्ञानमानिनः ॥
अहंकृता अहम्माना अष्टाविंशद्वधात्मकाः ॥
अन्तः प्रकाशास्ते सर्वे आवृताश्च परस्परम् ॥

पूर्वकल्पकृत सृष्टिके विषयमें ब्रह्माके चिन्ता करते करते अबुद्धिपूर्वक तमोमोहादि पञ्चपर्वा सृष्टि प्रकट हुई। तदनन्तर सृष्टिके विषयमें ध्यान करते करते अज्ञानयुक्त, भीतर बाहर प्रकाशहीन, मूढस्वभाव स्थावरसृष्टि पञ्चधा प्रकट हुई। जीव-सृष्टिमें इसलिये स्थावर उद्भिज्जमयी सृष्टि ही मुख्य है। तदनन्तर इस सृष्टिको असम्पूर्ण जानकर ब्रह्माजीने पुनरपि ध्यान किया जिससे तिर्यक्-स्रोत स्वेदज, अण्डज तथा पश्वादिकी सृष्टि प्रकट हुई। यह सृष्टि तमः-प्रधान, ज्ञानलक्ष्य-शून्य, नियमित ऊर्द्धपथगामी, अज्ञानमें अभिमानयुक्त, अहंकृत, अभिमानी, अट्ठाईस प्रकारके वधसे युक्त और ऐसा होनेपर भी अन्तः प्रकाश और परस्परावृत हैं अर्थात् मनुष्यके नीचेकी जितनी सृष्टि है उन सब जीवोंमें पञ्चकोशोंका पूर्णविकाश न होनेसे उनमें आत्माकी कलाका पूर्ण विकाश न होनेपर भी उनके अन्तःकरणमें आत्माकी कला विद्यमान

रहती है। यही अन्तःप्रकाश शब्दका तात्पर्य है और परस्परावृत शब्दका तात्पर्य यह है कि मनुष्यमें जैसी स्वाधीनता (individuality) आजाती है वह भाव अन्य अन्य जीवोंमें नहीं है और अन्य सब जीवकी श्रेणियां एक एक देवता द्वारा चालित होनेसे आत्मसंघ (Group Soul) विशिष्ट हैं। यही परस्परावृतका तात्पर्य है। तदनन्तर कौन सृष्टि हुई, इसके विषयमें विष्णुपुराणमें लिखा है:—

तमप्यसाधकं मत्वा ध्यायतोऽन्यस्ततोऽभवत् ।
ऊर्द्ध्वस्रोतास्तृतीयस्तु सात्त्विकोर्द्ध्वमवर्त्तत॥
ते सुखप्रीतिबहुला बहिरन्तस्तवनावृताः ।
प्रकाशा बहिरन्तश्च ऊर्द्ध्वस्रोतोभवाः स्मृताः ॥
तुष्टात्मनस्तृतीयस्तु देवसर्गस्तु स स्मृतः ।
तस्मिन् सर्गेऽभवत् प्रीतिर्निष्पन्ने ब्रह्मणस्तदा ॥
ततोऽन्यं स तदा दध्यौ साधकं सर्गमुत्तमम् ।
असाधकाँस्तु तान् ज्ञात्वा मुख्यसर्गादिसम्भवान् ॥
तथाभिध्यायतस्तस्य सत्याभिध्यायिनस्ततः ।
प्रादुर्बभूव चाव्यक्तादर्वाक्स्रोतस्तु साधकम् ॥
यस्मादर्वाक् प्रवर्त्तन्ते ततोऽर्वाक्स्रोतसस्तु ते ।
ते च प्रकाशबहुलास्तमोद्रिक्ता रजोऽधिकाः ॥
तस्मात्ते दुःखबहुला भूयोभूयश्च कारिणः ।
प्रकाशा बहिरन्तश्च मनुष्याः साधकाश्च ते ॥

पश्वादि सृष्टिको भी असाधक जानकर पुनरपि ब्रह्माजीने ध्यान किया जिससे ऊर्द्धवासी ऊर्द्धस्रोता सात्त्विक सृष्टि प्रकट हुई। यह सृष्टि सुखप्रीति-युक्त बहिरन्तःप्रकाश देव सृष्टि है जिससे ब्रह्माजीको सन्तोष प्राप्त हुआ। तद-नन्तर इन सभीको असाधक जानकर एक साधक-सृष्टिके लिये ब्रह्माजीने ध्यान किया। सत्याभिध्यानशील ब्रह्माके ध्यान करनेपर अव्यक्तसे अर्वाक्स्रोत साधक मनुष्योंकी सृष्टि हुई। यह सृष्टि प्रकाशबहुल, तमोद्रिक्त, रजोधिक है। इसलिये मनुष्यगण दुःख-बहुल भूयोभूयः कर्मकारी, बहिरन्तःप्रकाश और साधक होते हैं। इस तरहसे जीव-सृष्टिका क्रम बताकर अन्तमें विष्णुपुराणमें कहा है—

प्रथमो महतः सर्गो विज्ञेयो ब्रह्मणस्तु सः।
तन्मात्राणां द्वितीयस्तु भूतसर्गस्तु स स्मृतः॥
वैकारिकस्तृतीयस्तु सर्ग ऐन्द्रियकः स्मृतः।
इत्येष प्राकृतः सर्गः सम्भूतोऽबुद्धिपूर्वकः॥
मुख्यसर्गश्चतुर्थस्तु मुख्या वै स्थावराः स्मृताः।
तिर्यक्स्रोतास्तु यः प्रोक्तस्तैर्यग्योन्यः स उच्यते॥
ऊर्द्धस्रोतास्ततः षष्ठो देवसर्गस्तु स स्मृतः।
ततोऽर्वाक्स्रोतसः सर्गः सप्तमः स तु मानुषः॥
अष्टमोऽनुग्रहः सर्गः सात्त्विकस्तामसश्च सः।
पञ्चैते वैकृताः सर्गाः प्राकृतास्तु त्रयः स्मृताः॥
प्राकृतो वैकृतश्चैव कौमारो नवमः स्मृतः।
इत्येते वै समाख्याता नव सर्गाः प्रजापतेः॥

प्रथम सृष्टि महत्तत्त्व, द्वितीय सूक्ष्म महाभूत, तृतीय इन्द्रिय-समूह हैं, जिनको प्राकृत सृष्टि कहते हैं और जो अबुद्धिपूर्वक स्वाभाविकरूपसे उत्पन्न होती है। चतुर्थ सृष्टि स्थावरोंकी है जो मुख्यसृष्टि कहलाती है। पञ्चम सृष्टि तिर्यक्-स्रोता पशु पक्षी आदियोंकी है। षष्ठ सृष्टि देवताओंकी है। सप्तम सृष्टि मनुष्योंकी है। अष्टम सृष्टिका नाम अनुग्रह है जो सात्त्विक और तामसिक है। पूर्वोक्त तीन सृष्टि प्राकृत और शेषोक्त पांच वैकृत हैं। सनक सनन्दनादिकी सृष्टि नवम है जो प्राकृत वैकृत-उभयात्मक है। यही नवधा सृष्टिका क्रमपर्याय है। असुर, देवता, पितर आदिके क्रमपर्यायके विषयमें पुनः विष्णुपुराणमें लिखा है:—

कर्मभिर्भाविताः पूर्वैः कुशलाकुशलैस्तु ताः।
ख्यात्या तया ह्यनिर्मुक्ताः संहारे ह्युपसंहृताः॥
स्थावरान्ताः सुराद्यास्तु प्रजा ब्रह्मँश्चतुर्विधाः।
ब्रह्मणः कुर्वतः सृष्टिं जज्ञिरे मानसास्तु ताः॥
ततो देवासुरपितॄन् मानुषाँश्च चतुष्टयम्।
सिसृक्षुरम्भांस्येतानि स्वगात्रानमयूयुजत्॥

युक्तात्मनस्तमोमात्रा उद्रिक्ताभूत् प्रजापतेः ।
सिसृक्षोर्जघनात् पूर्वमसुरा जज्ञिरे ततः ॥
उत्ससर्ज ततस्तान्तु तमोमात्रात्मिकां तनुम् ।
सा तु त्यक्ता ततस्तेन मैत्रेयाभूद् विभावरी ॥
सिसृक्षुरन्यदेहस्थः प्रीतिमाप ततः सुराः ।
सत्त्वोद्रिक्ताः समुद्भूता मुखतो ब्रह्मणो द्विज ॥
त्यक्ता सा तु तनुस्तेन सत्त्वप्रायमभूद्दिनम् ।
ततो हि बलिनो रात्रावसुरा देवता दिवा ॥
सत्त्वमात्रात्मिकामेव ततोऽन्यां जगृहे तनुम् ।
पितृवन्मन्यमानस्य पितरस्तस्य जज्ञिरे ॥
उत्ससर्ज पितॄन् सृष्ट्वा ततस्तामपि स प्रभुः ।
सा चोत्सृष्टाभवत् सन्ध्या दिननक्तान्तरस्थितिः ॥
रजोमात्रात्मिकामन्यां जगृहे स तनुं ततः ।
रजोमात्रोत्कटा जाता मनुष्या द्विजसत्तम ॥

जीव-समूह शुभाशुभ प्राक्तन कर्म द्वारा विजडित हैं इसलिये महाप्रलयके समय जीव-समूह प्रलय गर्भमें लवलीन होने पर भी प्राक्तन संस्कार जीवको परित्याग नहीं करता है। अतः सृष्टि-कालमें प्रलयविलीन इन्हीं संस्कारोंके अनुसार पितामह ब्रह्माजी सुरादि स्थावरान्त चतुर्विध प्रजाओंकी उत्पत्ति करते हैं। ये सभी सृष्टि मानसी सृष्टि है अर्थात् ब्रह्माके सङ्कल्प द्वारा ये सब सृष्टियाँ होती हैं, किसी प्रकार मैथुन-सम्बन्ध द्वारा नहीं। ऋषि-देवता, असुर, पितर और मनुष्य-सृष्टिका क्रम यह है कि सिसृक्षु ब्रह्माके सृष्टिकार्यमें शरीर-योजना करनेके समय प्रथमतः तमोमात्राका उद्रेक हुआ इसी कारण ब्रह्माके जघन-देश से प्रथमतः असुरगण उत्पन्न हुए। तदनन्तर उस तमोभावका परित्याग करनेसे, परित्यक्त वह तमोमात्रा रात्रि हो गई। पुनरपि सिसृक्षु ब्रह्माजीने अन्यदेहस्थ तथा सत्त्वभावमें भावित होकर प्रीति प्राप्त की इस कारण उनके मुखसे सत्त्वोद्रिक्त ऋषि और देवगण उत्पन्न हुए और उनके द्वारा परित्यक्त वह शरीर दिन हो गया। इसलिये असुरगण रात्रिमें और देवतागण

दिनमें बलवान् होते हैं। अनन्तर ब्रह्माजीने सत्त्वमात्रमय अन्य शरीर ग्रहण किया जिससे उनके पार्श्व-देशसे पितृगण उत्पन्न हुए। पितरोंकी सृष्टि करके उस तनुको त्याग करने पर परित्यक्त वह शरीर दिवा रात्रिके अन्तर्वर्त्ती सन्ध्या हो गया। इसलिये पितृगण सन्ध्याकालमें बलशाली होते हैं। तदनन्तर ब्रह्माजी ने रजोमात्रात्मक अन्य शरीर ग्रहण किया जिससे रजःप्रधान मनुष्यों-की उत्पत्ति हुई। परित्यक्त वह शरीर प्रातः काल हो गया। इसलिये मनुष्यगण प्रातःकालमें बलशाली होते हैं। इससे मनुष्यसृष्टिकी देवता-सृष्टिसे भी उन्नत दशा सिद्ध हुई क्योंकि मनुष्यसे ही देवता होते हैं और मुक्ति भी मनुष्य-योनिसे ही सम्भव है। यही दैवासुर-मनुष्यादि-सृष्टिका शास्त्रोक्त क्रम है। वेदमें भी—

"तत्र कानीयस्या देवा ज्यायसाश्चासुराः"

ऐसा वर्णन करके असुरको ज्येष्ठ और देवताओंको कनिष्ठ कहा है, सो पुराणोक्त सृष्टिके अनुकूल है। यही महत्तत्त्वसे लेकर स्थूल पञ्चमहाभूत पर्यन्त जड़सृष्टि और स्थावर उद्भिज्जसे लेकर देवतादि-क्रमसे मनुष्य पर्यन्त चेतन-सृष्टिका यथाक्रम शास्त्रोक्त वर्णन है जिस पर विचार करने से मुमुक्षु साधकको सृष्टि-रहस्यका सम्यक् परिज्ञान हो सकता है।

ब्रह्माण्ड-प्रकृतिकी गति चक्रावर्त्तकी तरह होनेके कारण व्यष्टि-सृष्टिका प्रवाह नीचेसे ऊपरकी ओर अर्थात् तमोगुणसे सत्त्वगुणकी ओर चलता है, परन्तु समष्टि-सृष्टिका प्रवाह ऊपरसे नीचेकी ओर अर्थात् सत्त्वगुणसे तमो-गुणकी ओर चलता है। इसलिये ब्रह्माण्ड-प्रकृतिमें सृष्टिके समय सत्त्वगुणमय सत्ययुग पहले आता है और क्रमशः रजोगुण और तमोगुणकी भी अभिव्यक्ति होकर सत्ययुगके बाद सत्त्वरजःप्रधान त्रेतायुग, तदनन्तर रजस्तमःप्रधान द्वापरयुग और तदनन्तर तमःप्रधान कलियुगका उदय होता है। इसी प्रकार चार युगोंका चक्र लाखों बार चलता रहता है और ब्रह्माण्ड-प्रकृति भी धीरे धीरे गुण-परिणाम द्वारा सत्त्वगुणसे तमोगुणकी ओर झुकती जाती है और अन्तमें तमोगुणका पूर्ण प्रभाव तथा रजःसत्त्वगुणकी पूर्ण अभिभूति होजानेसे समस्त ब्रह्माण्डप्रकृति पर घोर तमोगुण परिव्याप्त हो जाता है जिससे समस्त ब्रह्माण्डमय महाप्रलयका उदय होजाता है। यही ब्रह्माण्ड-प्रकृतिकी चक्रावर्त्त-गति है। इससे यह सिद्धान्त निश्चय होता है कि ब्रह्माण्डप्रकृतिमें प्रथमतः सत्त्वगुणका प्रकाश होनेसे सृष्टिकालमें प्रथम मानव पूर्णसत्त्वगुणमय होंगे और

दैवजगत्में उससे ठीक विपरीत होगा क्योंकि ब्रह्माण्डप्रकृतिकी गति नीचेकी ओर होनेसे उस गतिके सञ्चालक तामसिक-शक्ति असुर प्रथम उत्पन्न होंगे और तत्पश्चात् सत्त्वगुणके सञ्चालक देवतागण उत्पन्न होंगे। यही कारण है कि दैवसृष्टिमें प्रथम असुर और तत्पश्चात् देवता उत्पन्न होते हैं और मानवसृष्टिमें प्रथम पूर्ण पुरुष उत्पन्न होकर क्रमशः अधिकार तारतम्यानुसार सृष्टिप्रवाह नीचेकी ओर चलता है। यथा श्रीमद्भागवतमें—

भगवद्ध्यानपूतेन मनसाऽन्याँस्ततोऽसृजत् ।
सनकञ्च सनन्दञ्च सनातनमथात्मभूः ॥
सनत्कुमारं च मुनीन् निष्क्रियानूर्द्ध्वरेतसः ।
तान् बभाषे स्वभूः पुत्रान् प्रजाः सृजत पुत्रकाः ॥
ते नैच्छन्मोक्षधर्माणो वासुदेवपरायणाः ।

परमात्माके ध्यानसे पवित्रचित्त ब्रह्माजीने मनसे सनक, सनन्दन, सनातन और सनत्कुमार नामक चार पुत्र प्रथमतः उत्पन्न किये। ब्रह्माण्ड-प्रकृतिकी प्रथम अभिव्यक्ति होनेसे ये चार पुत्र ऊर्द्ध्वरेता और कर्ममार्गमें पूर्ण अनासक्त थे। इसलिये इनसे ब्रह्माजीने जब प्रजासृष्टि करनेको चाहा तो इन्होंने अस्वीकार किया और मोक्षधर्मपरायण हो परमात्मामें रम गये। यह पूर्ण सात्त्विक प्रथम सृष्टि है। इसके बाद कौन सृष्टि हुई थी, इसके विषयमें भागवतमें लिखा है—

अथाभिध्यायतः सर्गं दश पुत्रा प्रजज्ञिरे ।
भगवच्छक्तियुक्तस्य लोकसन्तान-हेतवः ॥
मरीचिरत्र्यङ्गिरसौ पुलस्त्यः पुलहः क्रतुः ।
भृगुर्वशिष्ठो दक्षश्च दशमस्तत्र नारदः ॥
उत्सङ्गान्नारदो जज्ञे दक्षोऽङ्गुष्ठात् स्वयम्भुवः ।
प्राणाद् वशिष्ठः सञ्जातो भृगुस्त्वचि करात् क्रतुः ॥
पुलहो नाभितो जज्ञे पुलस्त्यः कर्णयोर्ऋषिः ।
अङ्गिरा मुखतोऽक्ष्णोऽत्रिर्मरीचिर्मनसोऽभवत् ॥

परमात्माकी शक्तिसे युक्त होकर ब्रह्माजीने जब पुनरपि ध्यान किया तो

प्रजावृद्धि-कर दश पुत्र उत्पन्न हुए। उनके नाम मरीचि, अत्रि, अङ्गिरा, पुलस्त्य, पुलह, क्रतु, भृगु, वशिष्ठ, दक्ष और नारद हुए। ब्रह्माजीके अङ्गसे नारद उत्पन्न हुए, अङ्गुष्ठसे दक्ष, प्राणसे वशिष्ठ, त्वक्से भृगु, करसे क्रतु, नाभिसे पुलह, कर्णसे पुलस्त्य, मुखसे अङ्गिरा, चक्षुसे अत्रि और मनसे मरीचि उत्पन्न हुए। ब्रह्माण्डप्रकृतिकी गति निम्नाभिमुखिनी होनेसे इन दस मानस पुत्रोंकी इच्छा सृष्टि करनेकी ओर हुई। ये पूर्वोक्त चार पुत्रोंकी तरह पूर्ण-निष्काम नहीं हुए। इसलिये इनको प्रजापति कहते हैं। इन्होंने ब्रह्माजीकी आज्ञासे उनके द्वारा असृष्ट अनेक मानसी सृष्टि की। यथा-मनुसंहितामें—

एते मनुँस्तु सप्तान्यानसृजन्भूरितेजसः ।
देवान् देवनिकायांश्च महर्षींश्चामितौजसः ॥

इस प्रकारसे दस प्रजापतिओंमें ब्रह्माण्ड-प्रकृतिके द्वितीय स्तरमें उत्पन्न होनेके कारण शुद्ध सत्त्वगुण न होकर कुछ रजोगुणका भी सम्पर्क हुआ जिससे उनमें सृष्टि करनेकी इच्छा हुई। परन्तु परमतेजस्वी होनेके कारण उनको मैथुनी सृष्टि नहीं करनी पड़ी। उन्होंने मनके ही बलसे प्रलयविलीन जीवोंको प्राक्तन-कर्मानुसार त्रिविध-शरीर-युक्त करके यथादेश-काल संस्थापित कर दिया। उनके द्वारा ब्रह्माण्ड-प्रकृतिके तृतीय स्तरमें जो मानुषी सृष्टि हुई वह भी पूर्ण ब्राह्मणकी सृष्टि हुई; क्योंकि ब्रह्माण्डप्रकृतिके तृतीय स्तरमें भी सत्त्वगुणका विशेष प्रकाश और रजोगुणका स्वल्प प्रकाश रहनेके कारण सत्त्वगुण-प्रधान ब्राह्मणके लिये ही ब्रह्माण्ड-प्रकृतिका वह देशकाल अनुकूल था इसलिये उस सृष्टिमें ब्राह्मण ही उत्पन्न हुए, जैसा कि महाभारत-में कहा है—

"न विशेषोऽस्ति वर्णानां सर्वं ब्राह्ममिदं जगत्"

प्रथम सृष्टिमें चातुर्वर्ण्यकी पृथक्ता नहीं थी, समस्त जगत् ब्राह्मणमय ही था। तदनन्तर ब्रह्माण्ड-प्रकृति जितनी निम्नाभिमुखिनी होती गई उतना ही उसमें रजोगुणका तथा तमोगुणका प्राधान्य और सत्त्वगुणका अप्राधान्य होता गया और तदनुसार एक ही सत्त्वप्रधान ब्राह्मणजातिके स्थानमें रजःसत्त्व-प्रधान क्षत्रियजाति, रजस्तमः-प्रधान वैश्य-जाति और तमःप्रधान शूद्रजाति—इस तरहसे चार जातियाँ बन गईं, जिसका विवरण पहले ही वर्णधर्मके अध्यायमें सविस्तर कहा जा चुका है। इस प्रकारसे एक वर्णसे कर्मवैचित्र्यके कारण

चारवर्ण बन जानेपर भी उनमें वेद-विहित आर्यजातीय आचार बहुत वर्षोंतक बना रहा। पश्चात् प्रकृति जितनी जितनी निम्नाभिमुखिनी होती गई, उतनी उतनी इन चारों वर्णोंमें निज निज आचारके प्रति भी उपेक्षा होती गई जिससे आर्यभावविच्युत म्लेच्छभाव-प्राप्त अनेक जातियाँ इन चारोंमेंसे बन गईं और वे सब भिन्न भिन्न देशमें जाकर हूण, दरद, खश, चीन आदि अनेक जातियाँ बन गईं। यथा महाभारतमें—

इत्येतैः कर्मभिर्व्यस्ता द्विजा वर्णान्तरं गताः।
धर्मो यज्ञक्रिया तेषां नित्यं न प्रतिषिध्यते॥
इत्येते चतुरो वर्णा येषां ब्राह्मी सरस्वती।
विहिता ब्रह्मणा पूर्वं लोभात्त्वज्ञानतां गताः॥
ब्राह्मणा ब्रह्मतन्त्रस्थास्तपस्तेषां न नश्यति।
ब्रह्म धारयतां नित्यं व्रतानि नियमांस्तथा॥
ब्रह्म चैव परं सृष्टं ये न जानन्ति तेऽद्विजाः।
तेषां बहुविधास्त्वन्यास्तत्र तत्र हि जातयः॥
पिशाचा राक्षसाः प्रेता विविधा म्लेच्छजातयः।
प्रनष्टज्ञानविज्ञानाः स्वच्छन्दाचारचेष्टिताः॥

ब्रह्माण्ड-प्रकृतिके तृतीय स्तरमें उत्पन्न ब्राह्मणगण क्रमशः हीनवर्ण होकर ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र—इन चार वर्णोंमें विभक्त हो गये। तथापि इन चार वर्णोंके धर्मानुकूल आचार तथा यज्ञक्रियादि नष्ट नहीं हुई। वे अपने अपने अधिकारानुसार वैदिक क्रिया-कलापोंका अनुष्ठान करते रहे। परन्तु कुछ वर्षोंके बाद लोभके कारण उनमें भी बहुत अज्ञान फैल गया। उनमेंसे जो ब्राह्मणगण वेदानुसार व्रतनियमादिमें तत्पर रहे वे तो अपने वर्णमें स्थित रहे और जो पीछेसे कुछ लोग उनमें उत्पन्न हुए, वे सब आचारभ्रष्ट, वेदभ्रष्ट, नियमभ्रष्ट होनेके कारण अनेक प्रकारके अनार्य-जातीय बन गये। उन्हींकी पिशाच, राक्षस, म्लेच्छ आदि संज्ञा हुई। वे सब स्वच्छन्द आहार विहार करने वाले, ज्ञान-विज्ञान-शून्य, परमात्मासे विमुख, इन्द्रिय-परतन्त्र, आधिभौतिक सुखको ही सर्वस्व मानने वाले अनार्य अथवा म्लेच्छ-जातिके लोग हैं। जो भारतवर्षसे बाहर भी जाकर पृथ्वीमें सर्वत्र निवास करने लगे।

इनकी उत्पत्तिके विषयमें आर्यजाति नामक प्रबन्धमें पहले ही सविस्तार वर्णन किया गया है । इस प्रकारसे ब्रह्माण्ड-प्रकृति कालानुसार परमात्माके ईक्षण-से स्पन्दन-शालिनी होकर प्रथमतः गुणस्पन्दन द्वारा महदादि महाभूतान्त स्थूल सूक्ष्म दृश्य संसाररूपमें परिणामको प्राप्त हो जाती है और तदनन्तर यथापूर्वकल्प ऋषि, देवता, पितर, मनुष्य तथा मनुष्येतर जीवोंको प्रसव करके श्रीभगवान्‌की मधुर लीलाको प्रकट करती है। यही आर्यशास्त्रानुसार समष्टि ब्रह्माण्डका सृष्टितत्त्व है। ऋषि देवता पितरोंके विषयमें विशेष वर्णन परवर्त्ती स्वतन्त्र अध्यायमें किया जायगा।

सृष्टितत्त्वका वर्णन करके अब सृष्टिके विषयमें दार्शनिक मतोंका सामञ्जस्य-विधान किया जाता है। सृष्टिका मूलकारण ब्रह्म, विकाशकारिणी प्रकृति और भौतिक स्थूल उपादान, परमाणु होनेसे सृष्टि विषयमें समस्त मतवाद तीन भागोंमें विभक्त किये गये हैं। यथा आरम्भवाद, परिणामवाद और विवर्त्तवाद। न्यायवैशेषिक-दर्शनोक्त सृष्टि आरम्भवादके अन्तर्गत है। इसमें नित्य परमाणु ही सृष्टिका उपादान है-ऐसा माना गया है। सांख्यपातञ्जल दर्शनोक्त सृष्टि परिणामवादके अन्तर्गत है। इसमें दुग्धसे दधि आदि परिणामकी नाईं प्रकृतिके परिणामसे ही अनन्त वैचित्र्यमयी सृष्टिका विकाश माना गया है। तृतीयतः मीमांसादर्शनोक्त सृष्टि विवर्त्तवादके अन्तर्गत है। इसमें ब्रह्मको ही सृष्टिका मूल कारण मानकर ब्रह्म ही मायाके आश्रयसे जगत्‌रूपमें विवर्त्तित होते हैं, ऐसा कहा गया है। ये तीनों विभाग ही अपनी अपनी भूमियोंके अनुसार ठीक हैं। न्याय-वैशेषिकदर्शन निम्नभूमिके दर्शन होनेके कारण उनमें स्थूल विकृतिके अतिरिक्त सूक्ष्मप्रकृति तथा प्रकृतिके भी निदानभूत ब्रह्मसे सृष्टिका प्रकाश दृष्टिगोचर नहीं हो सकता है। इसलिये प्रकृतिकी तामसिक विकृति द्वारा उत्पन्न पञ्चीकृत महाभूतोंका अविभाज्य अंश जो परमाणु है उसीको नित्य मानकर उसीके कालानुरूप सम्मेलन द्वारा विश्वसंसारकी उत्पत्ति बताई गई है। न्यायवैशेषिकदर्शनोंकी दृष्टि भौतिक जगत्‌की ओर अधिक होनेसे इनमें भूतसंघातकी उत्पत्ति भौतिक दृश्यकी चरमसीमा परमाणुसे ही बताई जानी चाहिये। क्योंकि न्याय और वैशेषिक विज्ञानके अनुसार तत्त्व-ज्ञानी व्यक्ति केवल स्थूलराज्यका स्थूलकारण देख सकता है और उसके द्वारा केवल सूक्ष्म प्रकृतिपुरुष-सम्बन्धयुक्त सृष्टिका अनुमान मात्र कर सकता है तदनन्तर योग और सांख्यरूपी सांख्य-प्रवचनकी ज्ञानभूमिमें तत्त्वज्ञानी स्थूल-

राज्य और सूक्ष्मराज्य--दोनोंको प्रत्यक्ष करनेमें समर्थ होता है। परन्तु उसकी दृष्टि दोनों ओर ही बनी रहती है। सांख्य-पातञ्जल-दर्शनमें भौतिक विकृतिसे सूक्ष्म प्रकृतिकी ओर दृष्टि उन्नत हो जानेके कारण इसमें विकृतिके चरम परिणामभूत परमाणुको सृष्टिका कारण न मानकर विकृतिसे प्रकृतिकी ओर दृष्टि डालकर विकृतिहीन नित्या सूक्ष्म प्रकृतिको ही जगत्कारण करके माना गया है। इसलिये सांख्यदर्शनमें लिखा है—

"मूले मूलाभावादमूलं मूलम्"

संसारकी मूलकारणरूपिणी प्रकृतिके मूलमें और कोई मूलकारण न रहनेसे अमूला प्रकृति ही सृष्टिका मूलकारण है। सांख्यदर्शनोक्त इस मूल-प्रकृतिमें कोई क्रिया नहीं है; क्योंकि इसमें त्रिगुणोंकी समतावस्था है। इसलिये प्रलयकालमें समस्त दृश्य संसार इसी अव्याकृत सूक्ष्म प्रकृतिमें लय होकर रह जाता है और सृष्टिके समय इसी प्रकृतिके परिणाम द्वारा विलीन जगत्की अभिव्यक्ति होती है। इसके अनन्तर मीमांसा-दर्शनकी भूमि है। मीमांसा-दर्शनकी इस सर्वोच्च ज्ञानभूमिमें तत्त्वज्ञानीकी दृष्टि स्थूल और सूक्ष्म-राज्यसे हटकर एक बार ही कारणकी ओर पहुँच जाती है। उस समय स्थूल और सूक्ष्मका एक अद्वितीय मूलकारण अनुभवमें आजानेसे स्थूल, सूक्ष्म और कारण तीनों ही एक ही भावमें प्रतीत होने लगते हैं। इसमें विकृति और प्रकृति, दोनों भूमिसे ही दृष्टि ऊपर होनेके कारण न तो इसमें विकृतिकी चरमदशा-परमाणुसे ही सृष्टि मानी गई है और न प्रकृतिसे सृष्टिका परिणाम ही माना गया है। इसमें विकृति और प्रकृति, दोनों ही जिसमें लय हो जाती है, उस ब्रह्मसे जगत्की उत्पत्ति मानी गई है। यथा श्रुतिमें—

"यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते, येन जातानि जीवन्ति,
यं प्रयन्त्यभिसंविशन्ति"

ब्रह्मसे ही सृष्टिकी उत्पत्ति, उसीमें ही स्थिति और उसीमें लय होता है। इसमें न तो परिणाम है और न आरम्भ है, केवल ब्रह्मके ऊपर जगज्जालकी भ्रान्तिमात्र है। शास्त्रमें परिणाम अर्थात् विकार और विवर्त्तका लक्षण इस प्रकारसे किया गया है। यथा--

स तत्त्वतोऽन्यथा प्रथा विकार इत्युदीरितः।
अतत्त्वतोऽन्यथा प्रथा विवर्त्त इत्युदाहृतः॥

वस्तुके साथ जो अन्यथा प्रथा अर्थात् अन्यरूप ज्ञान है उसको विकार कहते हैं और वस्तुके न रहने पर भी जो अन्यथा प्रथा अर्थात् अन्यरूप ज्ञान है उसको विवर्त्त कहते हैं। परिणाम-वादमें कारण विकृत होकर कार्यरूपमें परिणत होता है। परन्तु विवर्त्त-वादमें कारण अविकृत रहने पर भी कार्यकी प्रतीतिमात्र होती है। दुग्धकी दधिभावप्राप्ति परिणामवादका दृष्टान्त है। और रज्जुमें सर्प-प्रतीति विवर्तवादका दृष्टान्त है। जिस प्रकार सर्प वास्तविक न होने पर भी भ्रान्तिवशात् रज्जुमें सर्प की प्रतीति होती है उसी प्रकार जगत्की सत्ता वास्तवमें न रहने पर भी ब्रह्मके ऊपर अनादि अविद्याकी भ्रान्ति द्वारा जगत्की प्रतीति हो रही है। यही विवर्तवादका लक्षण है। वेदान्तदर्शन अन्तिमभूमिका दर्शन होनेके कारण इसमें प्रकृति ब्रह्ममें विलीन हो जाती है। अतः इस दर्शनमें प्रकृति तथा विकृतिके द्वारा सृष्टि नहीं मानी जा सकती है। इसमें जो नित्य वस्तु ब्रह्म है उसीसे सृष्टि माननी चाहिये और वह भी सृष्टि मिथ्या माननी चाहिये; क्योंकि ब्रह्म-स्वरूपमें सृष्टिकी सत्ता नहीं रह सकती है। इसलिये वेदान्तदर्शनमें ब्रह्मको ही नित्य और सत्य मान कर मायाको भ्रमरूपिणी और अनादि-सान्ता कहा गया है और सृष्टिको भी भ्रमरूपिणी मायासे विवर्तित भ्रमरूप ही मानकर ब्रह्ममें उसका पूरा अभाव माना गया है। न्याय-वैशेषिकमें विकृतिमूलक सृष्टि, सांख्य-पातञ्जलमें प्रकृतिमूलक सृष्टि और मीमांसामें विकृति-प्रकृतिरहित सत्कारणविवर्त्तित सृष्टि-यही भूमित्रयभेदानुसार आरम्भवाद, परिणामवाद तथा विवर्त्तवादका सिद्धान्त है। न्यायवैशेषिक-दर्शन निम्नभूमिके दर्शन होनेके कारण इसमें जीवात्मा परमात्माका लक्षण ठीक ठीक नहीं बताया जा सका है। इसमें आत्माको अन्तःकरणगत सुख दुःखादि धर्मावच्छिन्न बताया गया है और इसमें मन, कर्मेन्द्रिय, ज्ञानेन्द्रिय, प्राण आदि सूक्ष्मशरीरके उपादानोंकी भी उत्पत्ति परमाणुके सूक्ष्म अंशके द्वारा ही बताई गई है। परमाणु चाहे कितना ही सूक्ष्म हो, वह पञ्चीकृत महाभूतोंका ही अभिभाज्य अंश है। इसलिये स्थूलभूतसे ही उसकी उत्पत्ति है। उसके सूक्ष्म अंशसे सूक्ष्मशरीरके उपादानोंकी उत्पत्ति बताना स्थूलदृष्टि न्याय-वैशेषिक-दर्शनोंकी भूमियोंके ही अनुकूल हो सकता है। क्योंकि सूक्ष्मशरीर अपञ्चीकृत महाभूतोंके उपादानसे ही उत्पन्न होता है, पञ्चीकृत महाभूतोंके उपादानसे नहीं। पञ्चीकृत महाभूतोंके उपादानसे स्थूल शरीर उत्पन्न होता है। श्रुतिमें जो कहीं कहीं अन्नसे मनकी उत्पत्ति बताई

गई है उसका मर्मार्थ मनके उपादानकी उत्पत्ति नहीं है परन्तु स्थूलशरीरके साथ सूक्ष्मशरीरका सम्बन्ध रहनेसे अन्नके द्वारा मनकी शक्ति वृद्धि होती है यही तात्पर्य है। न्याय वैशेषिक दर्शनोक्त परमाणुके लक्षणके विषयमें भागवतमें लिखा है—

चरमः सद्विशेषाणामनेकोऽसंयुतः सदा ।
परमाणुः स विज्ञेयो नृणामैक्यभ्रमो यतः ॥

कार्यावस्था तथा समुदायावस्था प्राप्तिके पहले कार्यांशका जो चरम अंश है उसको परमाणु कहते हैं। अर्थात् किसी सावयव पदार्थका अवयव विभाग करते करते जब सूक्ष्मसे सूक्ष्मतर, सूक्ष्मतम पर्यन्त विभाग होकर अन्तमें यह दशा हो जाय कि जिसका विभाग ही हो न सके उस अभेद्य, परम सूक्ष्म वस्तुका नाम परमाणु है। न्यायवैशेषिकके मतमें पृथ्वी, जल, अग्नि और वायु इन चारोंके परमाणु तथा आकाश ये पांच द्रव्य नित्य हैं। इसके अतिरिक्त द्व्यणुकादि महाभूत चतुष्टय अर्थात् पृथ्वी, जल, अग्नि और वायु अनित्य हैं। अनित्य द्रव्यसमूहकी सृष्टि तथा प्रलय निम्नलिखित रूपसे होता है। ब्रह्माके देहविसर्जनकालमें सकलभुवनपति महेश्वरके अन्तःकरणमें संहारकी इच्छा उत्पन्न होती है। उस समय प्रलयहेतुक अदृष्टके द्वारा सृष्टि-स्थितिहेतुक अदृष्ट प्रतिबद्ध हो जाता है जिससे शरीर और इन्द्रियोंके आरम्भक परमाणुओंमें विरुद्ध क्रिया उत्पन्न होकर शरीर और इन्द्रिय समस्त नष्ट हो जाते हैं, केवल तदारम्भक परमाणुमात्र ही अवशिष्ट रहता है। इस प्रकार पृथ्वीके आरम्भक परमाणुओंमें विरुद्ध क्रिया होकर प्रथमतः महापृथ्वी नष्ट हो जाती है। तदनन्तर क्रमशः उसी तरहसे पृथ्वीके बाद जल, जलके बाद तेज और तेज के बाद वायु नष्ट हो जाता है। उस समय चतुर्विध महाभूतोंके चतुर्विध परमाणुमात्र अवस्थान करते हैं और धर्माधर्म, आत्मसमूह तथा आकाशादि नित्य पदार्थसमूह अवस्थान करते हैं। यही न्यायवैशेषिकानुसार प्रलयदशा है। तदनन्तर प्रलयावसानमें प्राणिगणके भोगार्थ महेश्वरके हृदयमें सिसृक्षा उत्पन्न होती है। उस समय प्रलयहेतुक अदृष्टके द्वारा भोगप्रयोजक अदृष्ट निवृत्त नहीं हो सकता है इसलिये सृष्टिकालमें भोगप्रयोजक अदृष्ट फलोन्मुख होता है, उस अदृष्टसे संयुक्त आत्माके संयोगसे प्रथमतः पवनके परमाणुओंमें कर्मकी उत्पत्ति होती है। पवनपरमाणुओंके परस्पर संयोगसे द्व्यणुकादिक्रम द्वारा महान् वायु उत्पन्न होकर आकाशमें अवस्थित होता है। वायु-

सृष्टिके बाद तेजके परमाणुओंमें कर्मकी उत्पत्ति होकर द्व्यणुकादिक्रमसे महान् तेजोराशि उत्पन्न होती है और वायुके वेगसे कम्पित होकर वायुमें अवस्थान करती है। इस प्रकार जल और पृथ्वीकी भी उत्पत्ति होती है। तदनन्तर महेश्वरके सङ्कल्पमात्रसे ब्रह्मा और ब्रह्माण्डकी उत्पत्ति होती है और ब्रह्माजी उत्पन्न होकर प्राक्तन कर्मानुसार चराचर सकलजीवोंकी सृष्टि करते हैं। सृष्टिके गूढ़ रहस्य, परमात्माके साथ प्रकृतिका सृष्टिकालीन अपूर्व सम्बन्ध, रहस्यमय दैवी सृष्टि तथा जीवसृष्टितत्त्वके विषयमें न्याय और वैशेषिक दर्शनमें विशेष वर्णन नहीं आता है क्योंकि इन दर्शनोंकी भूमि भौतिकसृष्टिसमन्वित होनेसे इनमें स्थूलभूतोंकी सृष्टिका ही अधिक वर्णन होना चाहिये। आरम्भवादी न्याय वैशेषिक दर्शनोंने अपनी ज्ञानभूमिके अनुसार असत्कार्य वादको माना है। इनके मतमें जगत्के मूलकारणरूप चतुर्विध परमाणु ही सत् अर्थात् नित्य हैं। द्व्यणुकसे महावयवी पर्यन्त कार्यसमूह साक्षात् या परम्परा सम्बन्धसे सत् परमाणुके द्वारा ही उत्पन्न हैं। अतः कार्यसमूह उत्पत्तिके पहले नहीं थे इसलिये वे असत् हैं। अतः न्याय वैशेषिक दर्शनभूमियोंके अनुसार सत्कारणसे असत् कार्यकी उत्पत्ति हुई। इसीको असत्कार्यवाद कहा जाता है। स्थूलदृष्टि न्याय वैशेषिकके लिये इस प्रकार कहना ठीक है क्योंकि सूक्ष्मदृष्टि इस भूमिमें विशेष न होनेके कारण सत्कारणका कार्य दशामें विस्तार इस दर्शनमें नहीं देखनेमें आ सकता है। परन्तु सांख्य पातञ्जलदर्शनकी भूमि इससे ऊंची होनेके कारण इसमें सत्कारणका विस्तार कार्य दशामें भी देखा गया है। अर्थात् कार्य कारण का ही विलास या विकार मात्र है उससे भिन्न कोई असत् पदार्थ नहीं है ऐसा इस भूमिमें देखा जाता है। इसलिये सांख्यदर्शन असत्कार्यवादको न मानकर सत्कार्यवादको मानता है। सत्कार्यवादमें कार्य कारणसे भिन्न नहीं हैं, केवल कारणकी ही अभिव्यक्त अवस्थामात्र हैं। जो जगत् प्रलयकालमें अव्यक्त रहता है वही सृष्टिकालमें अभिव्यक्त होजाता है। अतः कारण भी सत् है और उसके परिणाम द्वारा उत्पन्न कार्य भी सत् हैं। यही सांख्यीय सत्कार्यवादका सिद्धान्त है। सांख्यदर्शन प्रकृतिवादप्रधान दर्शन है। इसलिये इस दर्शनभूमिकी दृष्टि प्रकृतिके चरम परिणामरूप स्थूलभूतोंसे लेकर प्रकृतिकी अतिसूक्ष्म अवस्था विकारहीन त्रिगुणसाम्यदशा तक पहुंची है और इसीलिये उसी विकारहीन प्रधानदशासे त्रिगुणस्पन्दन द्वारा दृश्य संसार की उत्पत्ति सांख्यदर्शनमें बताई गई हैं। सांख्यदर्शनानुसार प्रमेय पदार्थसमूह 'तत्त्व' नामसे अभि-

हित होते हैं। इसमें तत्त्व पचिस प्रकारके हैं यथा—मूलप्रकृति, महत्तत्त्व, अहंतत्त्व, पञ्चतन्मात्रा, पञ्चकर्मेन्द्रिय, पञ्चज्ञानेन्द्रिय, मन, पञ्चमहाभूत और पुरुष। इनमेंसे प्रथम चतुर्विंशति तत्त्व जडवर्ग हैं और पुरुष चेतन है। वे सब चार श्रेणीमें विभक्त होते हैं, कोई तत्त्व केवल प्रकृति है, विकृति नहीं है। कोई कोई प्रकृति विकृति उभयात्मक है। कोई कोई केवल विकृति है और कोई अनुभयात्मक है अर्थात् प्रकृति भी नहीं है और विकृति भी नहीं है। प्रकृति शब्दका अर्थ उपादान कारण है, विकृतिका अर्थ कार्य है। मूलप्रकृति या प्रधान जिससे समस्त जगत् की उत्पत्ति होती है उसका कोई कारण नहीं है। क्योंकि मूलप्रकृतिके कारणजन्य होनेसे, वह भी कारण कारणान्तरजन्य और वह कारणान्तर भी तृतीय कारणजन्य इस प्रकारसे अनवस्थादोष होजाता है। इसलिये मूलकारण उत्पन्नवस्तु नहीं है, परन्तु स्वतःसिद्ध है ऐसा मानना होगा। अतः सिद्ध हुआ कि मूलप्रकृति केवल ही प्रकृति है किसीकी विकृति नहीं है। महत्तत्त्व, अहंतत्त्व और पञ्चतन्मात्रा ये सात तत्त्व प्रकृति-विकृति उभयात्मक हैं। महत्तत्त्व मूलप्रकृतिसे उत्पन्न होनेके कारण उसकी विकृति है और महतत्त्वसे अहंतत्त्वकी उत्पत्ति होती है इसलिये यह अहंतत्त्वकी प्रकृति है। इस प्रकारसे अहंतत्त्व महत्तत्त्वकी विकृति और पञ्चतन्मात्रा तथा एकादशेन्द्रियकी प्रकृति है। पञ्चतन्मात्रा भी अहंतत्त्वकी विकृति और स्थूलपञ्चमहाभूतोंकी प्रकृति है। स्थूलपञ्चमहाभूत और एकादश इन्द्रिय किसी तत्त्वान्तरकी उपादान नहीं हैं। इसलिये वे विकृति हैं, प्रकृति नही हैं। पुरुष प्रकृति भी नहीं है और विकृति भी नहीं है। क्योंकि पुरुष कूटस्थ, अविकारी तथा असङ्ग होने से कारण भी नहीं है, और नित्य होनेसे कार्य भी नहीं है। इस प्रकारसे पुरुष अनुभयात्मक है। कूटस्थ पुरुषके अधिष्ठानमात्रसे ही प्रकृतिमें विकृति उत्पन्न होकर समस्त संसारकी उत्पत्ति होती है जैसा कि सृष्टितत्त्वमें पहले ही विस्तारितरूपसे कहा गया है। सांख्यदर्शन प्रकृतिप्रधान दर्शन होनेसे इसमें पुरुष या परमात्मासे सृष्टिका साक्षात् सम्बन्ध नहीं बताया गया है। इसमें सृष्टिक्रियाके लिये प्रकृतिका ही सर्वकर्तृत्व बताया गया है। और इसी लिये सांख्यभूमिमें परमात्माकी कूटस्थ सत्ता तथा ज्ञानमय निर्विकार सत्ता स्वीकृत होने पर भी, अद्वितीय विभुभावमय सत्ता स्वीकृत नहीं हो सकी और ईश्वर तथा ब्रह्मभावके साथ प्रकृतिके विकाश तथा विलयका क्या अपूर्व सम्बन्ध है सो भी नहीं बताया जा सका है। यही सांख्यीय सृष्टितत्त्वका निगूढ़ रहस्य है। इसके

वाद मीमांसाकी सर्वोच्च तृतीय भूमि है। इस तृतीयभूमिमें विज्ञानकी सूक्ष्मता-के विचारसे वेदान्तका सिद्धांत ही चरम सिद्धान्त है। इसमें असत्कार्यवाद भी नहीं और सत्कार्यवाद भी नहीं है, परंतु सत्कारणवाद है। इसमें कारणका ही निर्देश है कार्य का नहीं। इसमें कारणरूपी ब्रह्म ही सत् है, कार्यरूपी जगत् मृगमरीचिकावत् भ्रममात्र और कारण पर ही अविद्यामूलक विवर्तमात्र है। वेदांतभूमिके अनुसार सृष्टितत्त्वका वर्णन पहले ही किया गया है। इस भूमिमें प्रकृति लयाभिमुखिनी होनेसे इसमें सृष्टितत्त्वके स्थूल भावोंका विशेष वर्णन नहीं हो सकता है। क्योंकि वेदांत भूमि निर्गुण निष्क्रिय ब्रह्मपर भूमि है, उसमें प्रकृति नित्या, सत्या होकर अपने भावोंका विलास नहीं बता सकती, परन्तु ब्रह्मके निष्क्रिय शुद्धभावमें अपनेहीको लवलीन कर डालती है। इसलिये सांख्यदर्शनमें प्रकृति सत्या नित्या और न्यायदर्शनमें परमाणु नित्य होनेपर भी यहां पर माया अनित्या अर्थात् अनादिसान्त है जो बद्धजीवके लिये विलासमयी रहने पर भी तथा सत्यरूपिणी प्रतीत होने परभी ब्रह्मभावप्राप्त मुक्त पुरुषके लिये विलासशून्या, मिथ्या भ्रमरूपिणी बनकर ब्रह्महीमें लय हो जाती है। इस लिये वेदान्तभूमिमें ब्रह्मकी मुख्यता और मायाकी गौणता है। इसलिये वेदान्तदर्शनमें प्रकृतिसे महत्तत्त्व आदि परिणामक्रमद्वारा सृष्टि न मानकर, आत्मासे ही आकाशादि क्रमसे सृष्टिकी प्रतीति मानी गई और सृष्टिका विकार प्रकृतिसे न मानकर ब्रह्मपर ही विवर्त्त माना गया है। वेदान्तदर्शनमें आत्म-सत्ताकी मुख्यता रहनेके कारण ब्रह्म, ईश्वर तथा जीवभावका स्वरूप विवेचन उसमें सुन्दररूपसे किया गया है और सृष्टिके समय ब्रह्मभावमें ईश्वरभावका अभिनिवेश तथा अविद्या सम्पर्कसे जीवभावका विकाश किस प्रकारसे होता है इसका स्पष्टरूपसे विवेचन किया गया है जो कि अन्यान्य दर्शनभूमिमें नहीं पाया जा सकता है। इस प्रकारसे सप्त दर्शनोंने तीन प्रधान स्तरभेदा-नुसार सृष्टितत्त्वका वर्णन किया है जो अपनी अपनी भूमियोंके विचारसे केवल लौकिकदृष्टिमें भिन्नरूप प्रतीत होने पर भी तात्त्विकविचारसे एक ही रूप हैं। यही सृष्टितत्त्वके विषयमें आर्यदर्शनशास्त्रोक्त मतवादोंका सामंजस्य है। अतःपर सृष्टितत्त्वके विषयमें कुछ पाश्चात्य वैज्ञानिक मत तथा उपधर्मीय मतोंका वर्णन किया जायगा।

ज्ञान भगवान्का स्वरूप होनेके कारण चाहे किसी देशकालमें किसी अन्तःकरणके द्वारा वह ज्ञान प्रस्फुरित क्यों न हो उसमें स्फुरणतारतम्या-

नुसार भगवद्भावसम्बन्धीय तत्त्वका प्रकाश अवश्य होता है। इसलिये यद्यपि पूर्णज्ञानसम्पन्न, समाधिस्थ महर्षियोंके द्वारा करतलामलकवत् प्राप्त ज्ञान अपूर्ण-प्रज्ञ अन्यदेशीय वैज्ञानिक पुरुषोंने नहीं प्राप्त किया है और न अन्यदेशीय उपधर्मोंमें भी इसका पूर्णप्रकाश होसका है तथापि अपने अपने अधिकारके अनुसार उस ज्ञानकी ज्योति थोड़ी बहुत सभीको प्राप्त हुई है। इसलिये सृष्टितत्त्वके विषयमें पाश्चात्य वैज्ञानिक तथा अनेक उपधर्मके आचार्योंने जो कुछ मत प्रकट किये हैं उनमें कहीं कहीं आंशिक सत्यता अवश्य देखनेमें आती है। अब नीचे ऐसे कुछ मतोंका सन्निवेश करके उनमें आंशिक सत्यताके विषयमें विचार किया जाता है। बौद्ध धर्ममें भगवान् अङ्गीकृत न होने पर भी उसमें आर्यशास्त्रीय सिद्धान्तकी तरह किसी अलौकिक इच्छाशक्तिके साथ जगदुत्पत्तिका सम्बन्ध बताया गया है। इसके मतमें परमपुरुष महाशून्य अनादि और अनन्त हैं। उनमें ज्ञान और शक्ति दोनों ही पूर्ण हैं। पूर्णज्ञानरूपमें उनका नाम आदिबुद्ध है और पूर्णशक्तिरूपमें उनका नाम आदिधर्म या आदिप्रज्ञा है। ये दोनोंही अनादि और अनन्त हैं और परस्परके बीचमें सहायता रहने पर भी दोनों ही परस्पर भिन्न हैं। महाशून्यकी इच्छामात्र द्वारा आदिबुद्ध तथा आदिप्रज्ञाकी सहायतासे दैवशक्तिसम्पन्न बुद्ध उत्पन्न होते हैं। आदि बुद्ध चिरदिन ही निवृत्तिभावमें सुषुप्त हैं। जगत्सृष्टिके लिये पञ्चबुद्धोंको आत्मासे विस्फुरित करके ही वे शान्त होगये। वास्तवमें वे ही विश्वके मूलीभूत तथा प्रथम और प्रधान कारण होनेपर भी स्थूलतः पञ्चबुद्ध ही सृष्टिके कर्तारूपसे ग्रहण किये जाते हैं। ये पांच परस्पर भ्रातृभावसे सम्बद्ध हैं। परन्तु चतुर्थ भ्राता अमिताभसे ही वर्त्तमान विश्वके कर्त्ता बोधिसत्त्व पद्मपाणिकी उत्पत्ति हुई है। आदिबुद्धने प्रत्येकबुद्धको ही पुत्ररूपसे एक एक बोधिसत्त्व सृष्टि करनेकी शक्ति प्रदान की। तदनुसार पञ्चबुद्धोंने पांच बोधिसत्त्वोंकी सृष्टि करके और उनको अपनी अपनी ऐशी शक्तियोंको प्रदान करके आदिबुद्ध में लय प्राप्त किया। तबसे वे सब इसी लयावस्थामें विराजमान हैं। ब्रह्माण्डके साथ इनका कोई भी सम्बन्ध नहीं है। बोधिसत्त्वगण ही ब्रह्माण्डकी सृष्टिस्थितिप्रलयक्रिया सम्पादन करते हैं। यही बौद्धधर्मका संक्षिप्त मत है। इस पर विवेचन करनेसे निष्क्रिय ब्रह्मभाव और सृष्टिस्थितिलयकर्त्ता सक्रिय ईश्वरभावके साथ इसका आंशिक सम्बन्ध अनुभव होने लगता है।

ग्रीसदेशीय प्राचीन दार्शनिक पण्डितोंने सृष्टिके विषयमें दो मत निर्णय

किये हैं। प्रथम मतके अनुसार जगत्का स्वरूप और स्थिति दशा दोनों ही अनादि अनन्त है। जगत् जैसा वर्त्तमान कालमें है ऐसा ही बराबर रहेगा। पाश्चात्य दार्शनिक एरिस्टटल इस मतके प्रथम प्रवर्त्तक हैं। इनका यह सिद्धान्त है कि जिसका कारण अनादि अनन्त है वह स्वयं भी अनादि अनन्त है। अनादि अनन्त स्वयम्भूसे ही जगत्का स्फुरण हुआ है ऐसा उनका मत है। प्लेटोके मतमें अनन्त कालसे जो अपरिवर्त्तनीय भाव (idea) परिवर्त्तनशील पदार्थोंके साथ सम्मिलित है, जगत् उसीका अनादि अनन्त बहिःप्रकाशमात्र है। षष्ठ शताब्दीमें अलग्जान्द्रियामें जो निओप्लेटोनिष्ट नामक दार्शनिक सम्प्रदायकी उत्पत्ति हुई थी उनके मतमें ईश्वर और जगत् दोनों ही अनादि और अनन्त हैं। जेनोफेनिस आदिके मनमें ईश्वर और ब्रह्माण्ड दोनों एक तथा अभिन्न हैं। आजकल जर्मनी आदि किसी किसी देशमें इस मतका भी प्रचलन देखनेमें आता है। द्वितीय मतके अनुसार भी ईश्वर और जगत् दोनों अनादि अनन्त हैं। परन्तु जगत्का रूप समयाधीन है अर्थात् सदा एक रूप नहीं है। इस मतके अनुसार विश्व ब्रह्माण्ड प्रथमतः शृङ्खला तथा नियम रहित जडपिण्ड (chaos) की तरह था। हेसिअड्के मतमें उसी जड पिण्डसे वायु और दिनकी उत्पत्ति होती है। एपिकिऊरास आदि कुछ दार्शनिकोंने आणविक शक्तिकी तरह जड शक्तिसे संसारकी उत्पत्ति मानी है। फिनिसीयन्, इजिप्सीयन् आदियोंने भी जड पिण्डसे ही जगत्की उत्पत्ति मानी है।

पाश्चात्य तृतीय मतानुसार आदिमें केवल अद्वितीय भगवान् ही थे और उनके कहनेसे ही जगत्की उत्पत्ति हुई है। यथा उन्हींने कहा कि "प्रकाश होजाय" और उनके कहते ही प्रकाश होगया। इस मतके साथ ईश्वरीय सिसृक्षाका कथंचित् सम्बन्ध देखनेमें आता है। प्रथमतः द्रुयिदगण और पीछेसे रोमीयगण इस मतको मानने लगे थे। क्रिश्चियान या इसाई धर्म नामक उपधर्ममें भी इस मतका समर्थन किया गया है प्रथमतः जेनेसिसमें वर्णन मिलता है कि भगवान्की शक्तिमयी वाणीद्वारा "नास्ति" से "अस्ति" होगया उनकी आज्ञासे रूपविहीन जडपिण्डवत् पदार्थसे प्रथमतः प्रकाशकी सृष्टि होती है। परन्तु इस समय जैसा सूर्यमें वह प्रकाश केन्द्रीभूत है, आदिमें ऐसा नहीं था, आदिमें वह प्रकाश समस्त विश्वमें परिव्याप्त था। तदनन्तर आकाशकी सृष्टि करके उस जड पिण्डको भगवान्ने द्विधा विभक्त किया। एक भागको

आकाशके तल देशमें और अन्य भागको आकाशके ऊपर देशमें स्थापन किया। इस प्रकारसे पृथिवी तथा नक्षत्रोंकी सृष्टि हुई। तदनन्तर उन्होंने पृथिवीको जलस्थलमें विभक्त करके स्थल भागके ऊपर तृण, शाक, लता, वृक्ष आदिकी सृष्टि की और नक्षत्र लोकमें ग्रह, उपग्रह, नक्षत्र आदिकी सृष्टि की। तदनन्तर ब्रह्माण्डव्यापी उस प्रकाशको केन्द्रीभूत करके सूर्य बनाया गया। इस प्रकारसे जगत् जीवनिवासका उपयोगी बननेपर भगवान्की आज्ञासे क्रमशः उसमें मत्स्य आदि जलजन्तु तथा खेचर पक्षियोंकी उत्पत्ति हुई। तदनंतर चतुष्पद जंतु तथा सर्प आदिकी सृष्टि हुई, और सबके अंतमें सृष्टिके शीर्ष स्थानीय स्त्री और पुरुषकी आकृतिसे युक्त दोनों मनुष्योंकी उत्पत्ति हुई। इस आदि पुरुषका नाम आदम और स्त्रीका नाम इभ हुआ। इन दोनोंहीसे समस्त मनुष्यजातिकी उत्पत्ति हुई है। मनुष्योंसे ऊंचे और भगवान्से नीचे कुछ "एञ्जेल" नामक देवदूतोंका उल्लेख उन धर्मग्रन्थोंमें मिलता है। परन्तु उनका सृष्टि विवरण उन ग्रन्थोंमें नहीं पाया जाता है।

आधुनिक यहूदि (Jews) जातियोंके बीचमें सृष्टितत्त्वको लेकर अनेक मतवादकी उत्पत्ति हुई है। उनमेंसे किसी किसीका मत यह है कि सप्ताह जिस प्रकार सात दिनमें विभक्त है उसी प्रकार ब्रह्माण्ड भी सात हजार वर्ष तक विद्यमान रहता है, तत्पश्चात् पुरातन जगत् नष्ट होकर नूतन जगत् उत्पन्न होता है। द्वितीय मतानुसार जगत् अनादि अनन्त है। तृतीय पक्ष कहता है कि विश्व ब्रह्माण्ड ईश्वरका बनाया हुआ नहीं है, केवल उनका स्फुरण मात्र है। स्पेनदेशीय राबियोंमेंसे एक प्रधान व्यक्तिने सृष्टिके विषयमें यह मत प्रकाश किया है कि विश्वसृष्टिके पहले भगवान्ने सात वस्तुओंकी सृष्टि की थी-यथा अपना सिंहासन, देवमन्दिर, मेसायाका नाम, स्वर्ग, नरक, नियम और अनुताप। आकाश और नक्षत्र लोकोंके विषयमें उन्होंने कहा था कि वे सब भगवान्के गात्रावरणरूप आलोकसे विलसित हुए हैं। श्रीभगवान्की महिमासे उनके सिंहासनके नीचे कुछ बरफ जम गया था, जिससे उन्होंने पृथिवीकी सृष्टि की है। इसके अनन्तर जेनेसिसमें लिखित दोनों बातोंको लेकर दो सम्प्रदाय बन गये। एक सम्प्रदायने स्वर्ग उनका सिंहासन और पृथिवी उनका पादपीठ है इसी सिद्धान्तपर निर्भर करके पृथिवीके पहले नक्षत्र लोककी सृष्टि हुई है इस प्रकारका मत प्रचार किया और दूसरे सम्प्रदायने छत बननेके पहले भित्ति

बननी चाहिये ऐसा समझकर पृथिवी ही पहले हुई थी, ऐसा मत प्रचार किया। इसके अनन्तर यहूदियोंके गुरु मेमोनाईडिसने यह बताया कि सभी वस्तु एक साथ बन गई थीं, और पश्चात् सब श्रेणीबद्ध किये गये थे। यहूदियोंके कावाला ग्रन्थोंमें सृष्टितत्त्वके विषयमें ऐसा लिखा है कि समग्र विश्व ही भगवान्का स्फुरण मात्र है। पदार्थ सबसे दूरवर्त्ती होनेके कारण भगवान्से कम प्रकाश पाया हुआ है। श्रीभगवान्से प्रथमतः एक फौव्वारा विस्फुरित हुआ था, और उससे दस ज्योतिःस्रोत प्रवाहित हो गया। इस ज्योतिःप्रवाहपथमें भगवान्के प्रथम स्फुरणसे स्वर्गीय, आध्यात्मिक, दैव और पादार्थिक ये चार प्रकारकी वस्तुएं निकलीं जिससे चार भिन्न भिन्न लोकोंकी सृष्टि हो गई। प्रथम लोकका नाम आजिलुथ या स्फुरित लोक है। यह लोक आदि प्रकाशसे उत्पन्न हुआ है। निम्नतर लोकोंकी अपूर्णता इसमें नहीं है। द्वितीय लोकका नाम 'ब्राया' या सृष्टिसम्बन्धीय लोक है। इसमें प्रथम जगत्के सृष्टिरूप आध्यात्मिक जीवगण निवास करते हैं। तृतीय लोकका नाम जेट्सिया है, इसमें द्वितीय लोकके जीव आकर बसते हैं। चतुर्थ लोकका नाम आशिया अर्थात् दृश्यमान् पार्थिव लोक है। जिन वस्तुओंकी उत्पत्ति, आकार, गति और नाश हैं वे ही सब इस लोकमें रहते हैं। इसमें भगवच्छक्तिका निम्नतम स्फुरण मात्र है।

प्राचीन मिशर देशवासियोंके मतमें सृष्टिके पहले प्रगाढ़ अनन्त तमोमात्र विद्यमान था। उसको वे लोग आथर अर्थात् तमोमयी रात्रि कहते थे। पश्चात् ईश्वरकी शक्तिसे इसी अन्धकारके अन्तस्तलमें जल और सूक्ष्म तेज प्रविष्ट हो गये। इसके अनन्तर एक पवित्र ज्योतिका उदय हुआ और वाष्पीभूत ज्योतिः समूह घनीभूत होकर विश्वब्रह्माण्डरूपमें परिणत हो गये जिसमें देवताओंने स्थावर जङ्गमात्मक सृष्टिकी रचना की।

स्काण्डिनेभियान् जातियोंके शास्त्रमें सृष्टिके विषयमें निम्नलिखित वर्णन मिलता है। सृष्टिके पहले एक अपार गह्वर अर्थात् शून्यमात्र विद्यमान था। इसके उत्तर प्रान्तका नाम तुषार लोक था जिसमें रात्रि, बरफ और तुषार मात्र ही था। यहांपर जो एक गरम जलका प्रस्रवण था, उसमेंसे बारह नदी सदा प्रवाहित हुआ करती थीं। काल पाकरके किसी समय उस उष्णदेशसे एक प्रचण्ड उष्ण आँधि चल गई जिससे उत्तरदेशके बरफ गलकर जल हो गये और उसी जलसे मनुष्याकृति 'जमीर' नामक एक दैत्य उत्पन्न

हुआ। ठीक उसी समय 'आऊ धूम्ब्ला' नामक एक गौ भी उत्पन्न हुई, जिसके स्तनसे निकले हुए दूधको पीकर जमीर खूब हृष्ट-पुष्ट हो गया था। तदनन्तर लवण और गाढ़े कुहारसे ढके हुए प्रस्तरके खण्डको चाट-चाट कर उक्त गौने तीन दिनोंमें 'बुधि' नामक एक मनुष्याकार श्रेष्ठ जीवको उत्पन्न किया। बुधिके पुत्र 'बोर' ने एक दैत्यस्त्रीके साथ विवाह किया। जिससे 'ओदिन,' 'भिलि' और 'भि' नामक तीन देवता उत्पन्न हुए। इन तीनोंने मिलकर 'जमीर' दैत्यको मार दिया और उसके शरीरको लेकर उसी विशाल गुहामें प्रवेश किया। इसी समयसे सृष्टि-क्रिया बनने लगी। जमीर दैत्यके मांससे पृथिवी, रक्तसे समुद्र और नदी, हड्डीसे पर्वत, दाँतसे पहाड़, केशसे वृक्ष, मस्तिष्कसे मेद और भौंसे मनुष्य निवासका निर्माण किया। जमीरके मस्तककी खालसे आकाश-मण्डल बन गया। मनुष्य-सृष्टिके विषयमें कहा है कि, इन तीन देवताओंने एक दिन समुद्रके तटपर भ्रमणके समय देखा कि, दो काठके टुकड़े समुद्रमें तैर रहे हैं। ऐसा देखकर प्रथम देवताने उन काष्ठोंमें श्वास और जीवन, द्वितीय देवताने उनमें गति और आत्मा तथा तृतीय देवताने उनमें वाक्, दर्शन, श्रवण और सौन्दर्यका प्रदान किया। इस प्रकारसे आदि पुरुष और आदि स्त्रीकी सृष्टि हुई।

प्रायः सभी प्राचीन जातियोंने सृष्टिके पहले किसी प्रकारकी जलमय अवस्थाका वर्णन किया है। आर्यशास्त्रमें रहस्यपूर्ण 'कारण-वारि'का वर्णन तो है ही, इसके सिवाय ईसाई धर्मग्रन्थमें भी जलप्लावनका वर्णन मिलता है। बेबीलो-नियन जातिने भी ऐसे जलप्लावनका वर्णन किया है। आकाडेशीय लोग भी जलको ही जगत्की उत्पत्तिका मूल कारण कहते हैं। प्राचीन जापान देशीयलोगोंने भी जलको आदि कारण कह कर उसीसे मिट्टी आदिके क्रमसे जगत्की उत्पत्तिका वर्णन किया है। सृष्टिके विषयमें पृथ्वीशास्त्रके जानने वाले पण्डितोंकी सम्मति कुछ और ही है। इन्होंने वाष्पको ही जगत्का मूल कारण कह कर क्रमशः उसीसे जीव और जड़ जगत्की उत्पत्ति कही है। उनके मतमें पृथिवीका इतिहास, जीवजगत् तथा जडजगत्का क्रमिक विकास और पूर्णता आदि चार युगोंमें बँटे हुए हैं। प्रथम युगमें वाष्पसे क्रमशः विश्व ब्रह्माण्डका विकास हुआ है और पृथिवी जीवोंके रहने योग्य बन गई है। आगेके तीन युगोंमें पृथिवीकी अवस्थाके क्रमशः उन्नत होनेसे उन्नत जीवोंकी उत्पत्ति हुई है। द्वितीय युगमें मछली, वृक्ष, लता आदिकी उत्पत्ति हुई है। तृतीय युगमें सरीसृप (साँप, बिच्छू) आदि उत्पन्न हुए हैं और चतुर्थ युगमें स्तन पीनेवाले पशु आदि जीव और

मनुष्य-जातिकी उत्पत्ति हुई। पृथ्वी-शास्त्रकी चर्चाके पहले जीवसृष्टिके विषयमें यही धारणा प्रबल थी कि, सब प्रकारके जीव एक ही समयमें उत्पन्न हुए हैं। परन्तु भूतत्त्वके आलोचनके अनन्तर सृष्टिके विषयमें दो मत प्रकट हुए हैं—एकका नाम सृष्टिवाद और दूसरेका नाम विवर्त्तन-वाद है। विवर्त्तनवादिगण सृष्टिके चार युगोंके विषयमें कहते हैं कि, पिता और पुत्रके बीचमें जो सम्बन्ध है—भिन्न भिन्न युगोंके जीवोंके बीचमें भी वही सम्बन्ध है अर्थात् प्रथम युगमें उत्पन्न जीवोंके शरीरोंके क्रमशः बदलने तथा उन्नतिके फलसे क्रमशः अधिक उन्नत जीवोंकी सृष्टि होती-होती अन्तमें मनुष्यकी उत्पत्ति हुई। इस मतके प्रधान प्रवर्त्तक डारविन साहबने बन्दरसे ही क्रमशः मनुष्योंकी उत्पत्ति मानी है। परन्तु सृष्टिशास्त्र वादीलोग ऐसा कहते हैं कि, विभिन्न युगोंके जीवोंके बीचमें रक्त-मांसका कुछ भी सम्बन्ध नहीं है। मनुष्य-सृष्टिके लक्ष्यसे ही भगवान्ने पृथिवीकी सृष्टि की है और अन्यान्य जीवोंकी सृष्टि तथा पृथिवीका रूपान्तर होता-होता जब पृथिवी मनुष्योंके रहने योग्य होती है तभी इसमें मनुष्योंकी सृष्टि श्रीभगवान्के द्वारा होती है।

प्रसिद्ध पाश्चात्य दार्शनिक कांट (Kant) आदिने वर्त्तमान समयमें सृष्टि-विकाशके विषयमें एक सिद्धान्त निकाला है जिसको नैहारिक सिद्धान्त (Nebulous theory) कहते हैं। इस सिद्धान्तके अनुसार सृष्टिके आदिकालमें सूर्य, चन्द्र अथवा कोई भी ग्रह-उपग्रह नहीं थे। समस्त जगत् सर्वत्र व्याप्त नीहार(कुहार)के आकारमें विद्यमान था। जिन विशेष पदार्थोंसे ग्रह-नक्षत्रादिकी उत्पत्ति हुई है वे सब सर्वत्र व्याप्त किसी मूल पदार्थके विकार-मात्र हैं। वेही पदार्थ किसी गूढ़ कारणसे पहले भिन्नभिन्न खण्डोंमें बँट कर फिर भी विभक्त हो गये थे और उन्हीं विभक्त खण्डोंसे सूर्य-मण्डल तथा सौरजगत्की उत्पत्ति हुई है। आकर्षण और विकर्षण परमाणुओं-के भीतर ये दो शक्तियाँ हैं। आकर्षण-शक्तिके प्रभावसे परमाणु केन्द्रकी ओर चालित होते हैं और विकर्षण-शक्तिके प्रभावसे केन्द्रसे दूर चले जाते हैं। परमाणुओंकी उत्पत्ति कैसे हुई, इस विषयमें अभी तक कोई स्थिर सिद्धान्त पाश्चात्य विज्ञानमें निश्चित नहीं हुआ है। ईथरके आवर्त्तन (घुमावट)से परमाणुओंकी उत्पत्ति हुई है। लार्ड केलविन आदि कुछ दार्शनिक पण्डितोंकी यही सम्मति है। जडविज्ञानके अनुसार गति, सरल और वक्र(सीधी और टेढ़ी), इन दोनों भागोंमें विभक्त है। सरल गति ही स्वाभाविक गति है। विरुद्ध शक्तिसे बाधित न होनेसे वक्रगति उत्पन्न नहीं होती है। सरलगतिके वक्र होनेमें या

गतिके दूसरी ओर बदलनेमें विरुद्ध-शक्तिसे उत्पन्न बाधा ही कारण है। जगत्के विकाशकालमें आकर्षण-शक्तिके प्रभावसे परमाणु जैसे क्रमशः केन्द्रकी ओर चालित होने लगे, वैसे ही विकर्षण-शक्तिके प्रभावसे केन्द्रसे दूर भी जाने लगे। गणित-शास्त्रके नियमानुसार ये दो विरुद्ध गतियाँ सदा बाधा पाकर चक्रावर्त्त (गोलाकार) में परिणत हो जायँगी। यह सभी लोग जानते हैं कि, सब पदार्थ शीतल (ठण्डे) होते समय सिकुड़ जाते हैं और जब कोई घूमनेवाला पदार्थ सिकुड़ जाता है तो, उसकी गति बढ़ जाती है। गति जितनी बढ़ती है—केन्द्रसे हट जानेकी शक्ति भी उतनी ही बढ़ती है। इसी सिद्धान्तके अनुसार तीव्र वेगसे घूमनेवाले नीहारके गोलेका वेग अन्तमें इतना बढ़ गया कि, उसकी केन्द्रसे दूर ले जानेवाली शक्तिने केन्द्रकी ओर खींचनेवाली शक्तिको दबा दिया। इस दशामें उस नीहारके गोलेसे एक गोलाकार अति वृहत् खण्ड छिटक गया। आकुञ्चन(सिकुड़ना)-क्रियाका विराम नहीं है। अतः वेगकी वृद्धि भी अवश्यम्भावी है। अतः फिर भी वर्त्तुलाकार खण्डसमूह विच्छिन्न होने लगे। इस प्रकार गोलाकार खण्डसमूह परस्पर मिल नहीं सकते और वे सब अपनी अपनी कक्षामें अवश्य ही चक्ररूपसे परिभ्रमण करेंगे और जिस अक्षरेखा (कक्षा) पर मूल नीहार-संघात घूम रहा है उसीकी समान्तराल अक्षरेखा पर सभी छुटे हुए खण्डसमूह भ्रमण करेंगे और उन वृत्ताकार खण्डोंमेंसे जो सबसे बड़ा होगा वही सबका केन्द्र बन जायगा। इसी प्रकारसे आकर्षण-विकर्षण-शक्तिके वेगद्वारा नैहारिक अवस्थासे इस ब्रह्माण्डकी उत्पत्ति हुई है, जिसमें वृहत्तम (सबसे बड़ा) गोलाकार खण्ड केन्द्रस्थानीय सूर्य हुआ है और अन्यान्य खण्डसमूह ग्रह-उपग्रह बन गये हैं। यही नैहारिक सिद्धान्तानुसार सृष्टितत्त्व है। इस प्रकार से आभासज्ञानयुक्त पाश्चात्य दार्शनिकोंने अपनी अपनी बुद्धिके अनुसार सृष्टि-तत्त्वके विषयमें अनेक प्रकारकी कल्पनाएँ की हैं जिनमें महर्षियोंके तत्त्वज्ञानका कहीं कहीं कुछ कुछ आभासमात्र है और जिनके देखनेसे तथा जिसके साथ तुलना करनेसे पूज्यपाद त्रिकालदर्शी तत्त्वज्ञानी महर्षियोंकी सृष्टिकी सत्यदर्शिता और अलौकिक महिमाका पूर्ण परिचय मिलता है। पूज्यचरण महर्षियोंका तत्त्वान्वेषण केवल बुद्धिकृत न होकर समाधिमूलक-ज्ञानकृत होनेके कारण उनके द्वारा आविष्कृत सृष्टितत्त्व सर्वथा पूर्ण और सत्य हैं, जिनकी अच्छी तरह पर्यालोचनासे मुमुक्षु साधक प्रकृतिराज्यका समस्त रहस्य जानकर प्रकृतिराज्य से बाहर विराजमान पर-ब्रह्मपदका साक्षात्कार पा सकते हैं। पूज्यपाद

महर्षियोंका सृष्टितत्त्व स्थूल-सूक्ष्म-भावमय और सर्वाङ्गसे पूर्ण है और आधुनिक जड़वादी पदार्थ-विद्याके आचार्योंके द्वारा वर्णित सृष्टितत्त्व पूज्यचरण महर्षियों के ज्ञानसमुद्रके बुद्बुद् मात्र हैं।

(स्थिति-तत्त्व)

सृष्टितत्त्वका वर्णन करके अब स्थितितत्त्वके विषयमें कुछ पर्यालोचना की जाती है। आकर्षण-शक्ति रजोगुणमय है। वही आकर्षण-शक्ति काम-शक्तिमें परिणत होकर जीवसृष्टिका कारण बन जाती है। वह राग-मूलक है। द्वेषमूलक विकर्षण-शक्ति तमोगुणमय है। उसके द्वारा स्थूल और सूक्ष्म-राज्यमें प्रलयकी सहायता होती है। परन्तु इन दोनों शक्तियोंकी समन्वयरूपी जो धर्मशक्ति है वह सत्त्वगुणमय है और वही जगत्की स्थितिके करनेमें समर्थ है। जिस प्रकार सृष्टिकालमें ब्रह्माकी ब्रह्माण्डव्यापिनी शक्ति कार्यकारिणी होकर प्रलयमें विलीन समस्त जीवोंको प्रलयके अन्धकारसे सृष्टिके प्रकाशकी ओर आकर्षण करती है, उसी प्रकार स्थिति-कालमें विष्णुकी ब्रह्माण्डव्यापिनी शक्ति कार्यकारिणी होकर प्रजापतिके बनाए समस्त जीवोंकी रक्षा करती है और इसी प्रकारसे सृष्टिके समयसे ही ब्रह्माण्ड-व्यापिनी रुद्रशक्ति भी भीतर ही भीतर कार्यकारिणी होकर जडचेतनात्मक समस्त संसारको धीरे धीरे महाप्रलयके गर्भमें आकर्षण (खींचना) करती है। ये तीनों ही शक्तियाँ व्यापक हैं और इसलिये इनकी क्रिया अति सूक्ष्म परमाणुसे लेकर कीटसे देवतापर्यन्त विस्तृत रहती है। प्रत्येक जीवमें जो स्वाभाविकी मैथुनेच्छा तथा सृष्टिविस्तार करनेकी इच्छा रहती है वह इच्छा-शक्ति व्यापक ब्रह्माकी शक्तिके कारण ही जीवोंमें उत्पन्न होती है। इतना तक कि, सृष्टिके समय प्रत्येक परमाणुके भीतर जो आकर्षण-शक्ति प्रबल होकर परमाणुओंके सम्मेलन द्वारा द्व्यणुकादिकोंको उत्पन्न करती है—वह भी उसी व्यापक ब्रह्माकी शक्तिकी व्यापकताका ही फल मात्र है। इसी प्रकार ब्रह्माण्डकी स्थिति-दशामें एक चींटी तकमें जो आत्मरक्षाकी चिन्ता लगी रहती है, जिस कारण वह चींटी रात-दिन भोजनकी खोजमें लगी रहती है और किसी शत्रुका भय पाते ही भग जाती है, यह सब उसी रक्षाकारिणी विष्णुशक्तिकी व्यापकताके कारण ही हुआ करता है। इतना तक कि, अणु-परमाणुके भीतर आकर्षण-विकर्षणकी जो समता है, जिस समताके कारण चराचर समस्त दृश्य संसार नष्ट नहीं होता है, यह भी उसी व्यापक विष्णुशक्तिके कारण है। उसी प्रकार

रोग, शोक और जरारूपसे जो नाशशक्ति जीवको सदा ही प्रलयकी ओर खींचती है तथा जगत्की समस्त वस्तु ही जो नित्य परिणामका दास होकर नियत एक अवस्थासे अवस्थान्तरको प्राप्त किया करती है, सो सब ब्रह्माण्ड-भाण्डमें विभु (व्यापक) रुद्रशक्तिके अमोघ पराक्रम तथा कार्यकारिताका ही अवश्य-म्भावी फल-रूप है। इन तीनों महाशक्तियोंके सहयोगी तीन श्रेणीके देवतागण भी हैं जो इनके सृष्टिस्थितिप्रलयात्मक कार्यमें सदा ही सहायता किया करते हैं और ये ही देवता त्रिगुण-भेदानुसार सात्त्विक, राजसिक और तामसिक होते हैं। अब किस महाशक्तिकी सहायतासे विष्णुदेव स्थितिकालमें ग्रहोपग्रहोंसे युक्त अनन्त-जीव-निवास अपूर्व ब्रह्माण्डकी रक्षा करते हैं, सो नीचे क्रमशः बताया जाता है। बृहदारण्यकोपनिषद्में लिखा है:—

"ब्रह्म वा इदमग्र आसीदेकमेव तदेकं सन्न व्यभवत्। तच्छ्रेयोरूपमत्यसृजत क्षत्रं यान्येतानि देवत्रा क्षत्राणीन्द्रो वरुणः सोमो रुद्रः पर्जन्यो यमो मृत्युरीशान इति।..... स नैव व्यभवत्स विशमसृजत यान्येतानि देवजातानि गणश आख्यायन्ते वसवो रुद्रा आदित्या विश्वेदेवा मरुत इति। स नैव व्यभवत्स शौद्रं वर्णमसृजत पूषणमियं वै पूषेयं हीदं सर्वं पुष्यति यदिदं किञ्च। स नैव व्यभवत्तच्छ्रेयोरूपमत्यसृजत धर्मं तदेतत् क्षत्रस्य क्षत्रं यद्धर्मस्तस्माद्धर्मात्परं नास्त्यथ अबलीयान् बलीयांसमाशंसते धर्मेण यथा राज्ञैवं यो वै स धर्मः।"

प्रथम सृष्टिके समय सब ब्राह्मण थे, अन्य वर्ण नहीं था। उससे काम नहीं चला। इसलिये परमात्माने पालनादि कार्यके लिये क्षत्रिय-वर्ण की उत्पत्ति की, जो पृथिवीमें क्षत्रिय नामसे कहे गये और दैवजगत्में इन्द्र, वरुण, सोम, रुद्र, पर्जन्य, यम, मृत्यु और ईशान इत्यादि नामसे अभिहित हुए। फिर भी केवल ब्राह्मण और क्षत्रिय-वर्णसे भी काम पूरा न चला; क्योंकि, रक्षार्थ अर्थोपार्जनकी आवश्यकता हुई। इसलिये परमात्माने वैश्य-वर्णकी उत्पत्ति की; जो मनुष्य-लोकमें वैश्य कहलाते हैं वही और दैवजगत्में 'गण'नाम प्राप्त करते हैं। देवताओंमें वैश्य यथाः—अष्टवसु, एकादश रुद्र, द्वादश आदित्य,

त्रयोदश विश्वेदेवा और उनचास मरुत्गण। तदनन्तर उससे भी सब काम नहीं चला। तब सेवाके लिये परमात्माने शूद्रवर्णकी उत्पत्ति की, दैवलोकमें पोषणकारिणी पृथिवी इस वर्णके अन्तर्गत है और मनुष्यलोकमें शूद्रजाति है। इस प्रकारसे चार वर्णोंकी सृष्टि करनेपर भी व्यवस्था नहीं चली। यथेष्ट वृत्ति सबमें बनी रही, कोई किसीका सञ्चालक नहीं रहा। क्षत्रिय प्रबल होकर दुर्बल अन्य जातिको पीडित करने लगे। अन्य जातियोंमें भी यथेच्छाचार फैलने लगा। तब परमात्माने चार वर्णके ही सञ्चालक-रूपसे धर्मरूपी महाशक्तिकी उत्पत्ति की, जिसकी अधीनतामें रहकर चारों वर्ण ठीक ठीक अपना अपना कर्म करने लगे और संसारकी सब व्यवस्था ठीक ठीक हो गई। इस प्रकारसे श्रुतिने विश्वके चालकरूपसे धर्मकी ही महिमा वर्णित की है। धर्मके विषयमें पहले ही कहा गया है कि, धर्मके द्वारा ही जड़चेतनात्मक ब्रह्माण्डकी रक्षा होती है।

"धारणाद् धर्ममित्याहुर्धर्मो धारयते प्रजाः"
"धर्मेणैव जगत् सुरक्षितमिदं धर्मो धराधारकः"

इत्यादि धर्मकी विश्वरक्षिणी शक्तिके विषयमें अनेक प्रमाण पहले ही दिये गये हैं। ब्रह्माण्डकी स्थिति-दशामें धर्मकी यह महती शक्ति समस्त विश्वके सब विभागोंमें व्याप्त होकर सभीकी रक्षा किया करती है। समस्त स्थूल ब्रह्माण्डके पाञ्चभौतिक होनेसे पांच प्रकारके परमाणुओंके द्वारा ब्रह्माण्डके समस्त ग्रहोपग्रहोंका शरीर निर्मित है। प्रत्येक परमाणुके भीतर आकर्षण और विकर्षण नामकी दो शक्तियाँ विद्यमान रहती हैं। सृष्टिकालमें ब्रह्माकी प्राणशक्तिके बलसे समस्त परमाणुओंमें आकर्षणशक्ति प्रबल हो जाती है, जिससे अणुओंके संयोग द्वारा द्व्यणुकादिक्रमसे जल,,स्थल, वायु, और ग्रहोपग्रहादि बन जाते हैं। प्रलय-कालमें रुद्रशक्तिके बलसे विकर्षण-शक्तिका प्राबल्य हो जाता है जिससे समस्त मिलित परमाणु विच्छिन्न हो जाते हैं। ब्रह्माण्डकी स्थिति-दशामें न तो आकर्षणका ही प्राबल्य रहता है और न विकर्षणका ही। उस समय दोनोंका ही सामञ्जस्य रहता है। इसी सामञ्जस्यके द्वारा ब्रह्माण्डके समस्त पदार्थ निज निज आकारमें यथास्थित रह सकते हैं। इस प्रकार आकर्षण और विकर्षणकी समताके लिये दोनों शक्तियोंकी ही प्रेरक तथा दोनोंमें ही व्यापक एक तीसरी शक्तिका प्रयोजन है। धर्म ही वह महती शक्ति है जो परमाणुओंमें व्याप्त

होकर वस्तुगत आकर्षण तथा विकर्षण-शक्तिकी समता स्थापन करती है, जिससे स्थिति-दशामें जगत्के समस्त पदार्थ अपने अपने स्वरूपमें रह सकते हैं। प्रत्येक जड़ वस्तुकी त्रिविध अवस्थाएँ होती हैं। यथाः—कठिन, तरल और वायवीय। कोई वस्तु कठिन आकारमें रहती है, कोई तरल आकारमें, कोई वायवीय आकारमें। प्रस्तर आदि कठिन (solid) आकारमें जल आदि तरल (liquid) आकारमें और वाष्प आदि वायवीय (gaseous) आकारमें रहते हैं। उत्ताप अथवा शैत्य (शीतलता) के संयोगसे वस्तुके आकारमें परिवर्तन भी हो सकता है। यथाः—तरल जल शैत्य-संयोगसे कठिन बरफ हो सकता है और उत्तापके संयोगसे वायवीय वाष्प भी बन सकता है। इस प्रकारसे अन्यान्य भूतोंके विषयमें भी समझना चाहिये इस प्रकार त्रिविध आकारमें परिवर्त्तनशील भूतोंके कुछ साधारण धर्म और कुछ विशेष धर्म हुआ करते हैं। यथाः—स्थानव्यापकता (extension), स्थानावरोधकता (impenetrability), विभाज्यता (divisibility), सान्तरता (porosity), आकुञ्चनीयता (compressibility), स्थितिस्थापकता (elasticity), जडत्व (inertia) और गुरुत्व (gravity), ये सब जड़ वस्तुके साधारण धर्म हैं। काठिन्य (solidity), द्रवत्व (fluidity, दृढ़त्व (tenacity), तान्तवता (malleability) और वर्ण (colour), ये सब जड़वस्तुके असाधारण धर्म हैं। इस प्रकारसे साधारण तथा असाधारण धर्मसे संयुक्त जड़वस्तु आकर्षण-विकर्षण-शक्तियोंकी समता द्वारा अपने कठिन, तरल या वायवीय आकारमें यथावस्थित तभी रह सकती है जब जड़वस्तुगत परमाणुओंके भीतर ऐसी कोई विभु (व्यापक) महती शक्ति हो जो आवश्यकतानुसार जड़वस्तुके अन्तर्गत समस्त धर्मोंका सामञ्जस्य कर सके। वही समता करनेवाली शक्ति धर्मकी है जिससे ब्रह्माण्डस्थित समस्त वस्तु अपने अपने स्वरूपमें स्थित रहती है। जल अपने तरल आकारमें तभीतक रह सकता है जब तक जलके उपादानरूपी परमाणुओंके बीचमें आकर्षण-विकर्षण-शक्तिका ऐसा ही सामञ्जस्य रहे जिससे न तो जलीय परमाणु परस्पर अतिगाढ़ सन्निवेशसे तरल जलको कठिन बरफ ही न बना देवें और न अधिक दूरवर्त्ती सन्निवेश द्वारा जलकी तरलताको नष्ट करके उसे वायवीय वाष्प ही बना देवें। इसी प्रकारसे सभी वस्तुमें धर्मशक्तिकी कृपासे सामञ्जस्य बना हुआ है। प्रस्तर (पत्थर)में परमाणुओंका सन्निवेश ऐसा ही प्रगाढ़ है जिससे प्रस्तरका कठिन शरीर बन सकता है। स्वर्ण, रौप्य आदि धातुओंमें भी ऐसे अधिकारके

परमाणु इसी प्रकारसे सन्निविष्ट हैं, जिससे उनका शरीर तथा स्वरूप ऐसा मूल्यवान् हो सके। प्रत्येक ग्रह, उपग्रह, जल, स्थल, अग्नि, नक्षत्र ज्योतिष्क आदि सभीमें धर्मकी ही महती शक्तिके द्वारा इसी प्रकारसे आकर्षण-विकर्षण-शक्तिकी समता की गई है जिससे यह मनोरम संसार सबको नयनगोचर हो रहा है। पृथिवी, जल, अग्नि, वायु और आकाश—इन पांचों तत्त्वोंसे समस्त संसार बना हुआ है। परन्तु समस्त ब्रह्माण्ड-पिण्डमय शरीरोंमें इन पांचों तत्त्वोंका नियमित परिमाण है जिससे कोई भी तत्त्व किसी शरीरमें नियमित विभागसे अधिक या कम नहीं हो सकता है। परिमित पञ्चतत्त्वोंके परिमाणमें लाघव-गौरव (छोटाई-बड़ाई) होते ही ब्रह्माण्ड अथवा पिण्ड-शरीरका स्वास्थ्य भङ्ग हो जाता है। इससे ब्रह्माण्ड-शरीरमें अतिवृष्टि, अनावृष्टि, महामारी, दुर्भिक्ष, संग्राम आदि रोग और पिण्डशरीरमें वात-पित्त-कफके विकारसे ज्वर, विसूचिका (हैजा), श्लेष्मादि अनेक रोग उत्पन्न हो जाते हैं। यह धर्मकी ही महिमायुक्त महती शक्ति है जिस कारण पञ्चतत्त्वोंमें सामञ्जस्य रहकर ब्रह्माण्डपिण्डके जीवोंकी प्राणरक्षा, शान्तिरक्षा और स्वास्थ्यरक्षा होती है। अनन्त आकाशमें जो अनन्तकोटि ग्रह, उपग्रह, सूर्य, चन्द्र, नक्षत्र, धूमकेतु आदि अपनी-अपनी कक्षामें सदा घूमा करते हैं, इसपर विचार करनेसे यही सिद्धान्त होता है कि, केवल परस्परके आकर्षण-विकर्षणकी समताके द्वारा ही शून्यमें निराधार रहने पर भी इतने ग्रह-उपग्रह कोई भी कक्षाच्युत न होकर सभी शृङ्खलाबद्ध हो कार्य कर रहे हैं। सूर्य सभी ग्रहोंसे बड़े हैं और उनमें आकर्षण-शक्ति भी अधिक है; परन्तु अन्यान्य ग्रहोंके साथ सूर्यका इतनी दूरका सम्पर्क रक्खा गया है तथा बीचमें अन्यान्य ग्रहोंके विरुद्ध आकर्षण-शक्तिका ऐसा परिमाण रक्खा गया है जिससे न तो कोई ग्रह अधिक आकृष्ट होकर सूर्यके गर्भमें प्रवेश ही कर सकता है और न विकर्षणशक्ति द्वारा कक्षाच्युत होकर कहींसे कहीं जा ही सकता है। इस प्रकारसे आकर्षण-विकर्षणकी समता द्वारा अनन्त शून्यमें घूमती हुई अनन्त ज्योतिष्कमण्डलियाँ कालचक्रमें अनादि कालसे आवर्तन कर रही हैं। यह सब धर्मकी ही धराधारिणी शक्तिका फल है जिससे अनन्त शून्यमें भी विरुद्ध शक्तियोंकी शृङ्खला बनी हुई है और अनन्त विश्व यथावत् स्थित हैं। प्रत्येक भूतमें आवश्यकीय क्रियाकारिता तभी तक रह सकती है जब तक भूतोंको चलानेवाली उनके अन्तर्गत प्राणशक्तिमें समताकी रक्षा हो। भूत और शक्तिके बीचमें अनादि

कालसे ऐसा सम्बन्ध बना हुआ है जिससे भूतका भूतत्व (भूतपन) सिद्ध हो सकता है। जलमें जो शक्ति है, वायुमें जो शक्ति है, अग्निमें जो शक्ति है, पृथ्वीमें जो शक्ति है, आकाशमें जो शक्ति है और जितनी शक्तियाँ हैं, उनका अस्तित्व तथा परिमाण जब तक ठीक ठीक रहेगा तभी तक जल जल रहेगा और जीवनरूपसे जीवका कार्य कर सकेगा, वायु वायु रहेगा और ऋतुओंके अनुसार जीवकी स्वास्थ्यरक्षा और प्राणरक्षा कर सकेगा, अग्नि अग्नि रहेगी और उत्ताप तथा प्रकाश कर सकेगी, पृथ्वी पृथ्वी रहेगी और शस्य-समृद्धिशालिनी बनकर जीवोंके रहने योग्य होती रहेगी, आकाश आकाश रहेगा और शब्दोत्पत्ति आदि कार्य कर सकेगा। नहीं तो, भूत और शक्तिके बीचका सामञ्जस्य बिगड़ने पर कोई भी भूत अपनी सत्ताके रखनेमें समर्थ नहीं रहेगा और न उसके द्वारा निर्दिष्ट कार्य ही हो सकेगा। यह धर्मकी ही महिमा है जिससे ब्रह्माण्डकी स्थिति-दशामें भूत और शक्तिके बीचमें सामञ्जस्यकी रक्षा होती है जिससे यह महाप्रकृति अपनी महती लीलाओंको अनायास ही कर सकती है। इस प्रकारसे जड़जगत्में धर्मशक्तिके प्रभावसे ब्रह्माण्डके स्थितिकालमें सकल प्रकारकी व्यवस्थाएँ रहती हैं। अब चेतनजगत्की स्थितिके विषयमें नीचे बताया जाता है।

जडजगत्की तरह चेतनजगत्की स्थितिके लिये धर्मशक्ति ही कारणरूप होती है। उद्भिज्जसे लेकर जरायुजकी पशुयोनि पर्यन्त समस्त जीवोंके ब्रह्माण्ड-प्रकृतिके अधीन होनेके कारण ब्रह्माण्डप्रकृतिके प्राकृतिक धर्मको ही आश्रय करके संसारमें स्थिति तथा क्रमोन्नति प्राप्त करते हैं। प्रकृतिके समस्त धर्म धीरे धीरे उन जीवोंका आश्रय करते हुए उन्हें मनुष्ययोनिके योग्य बना देते हैं। आत्मरक्षामें तत्परता, स्नेहके साथ सन्तानपालन, ममता, प्रभुभक्ति, वीरता, प्रेम आदि सत्त्वगुणकी धार्मिक वृत्तियाँ यदि पश्वादियोनिके जीवोंमें न होतीं तो, संसारमें उनकी स्थिति तथा वंशवृद्धि कदापि नहीं हो सकती। तदनन्तर मनुष्ययोनिमें बुद्धितत्त्वके पूर्णविकाशके साथ साथ आनन्दमयकोषका विकाश होनेपर विस्तृत धर्माधिकार जीवोंको प्राप्त होता है। इसी धर्माधिकारके अनुसार अपने कर्त्तव्यका पालन करनेसे मनुष्य क्रमशः सात्त्विकप्रकृति पाकर अन्तमें परमानन्दमय निःश्रेयस (मोक्ष)का अधिकारी हो सकता है। श्रीभगवान्ने गीतामें कर्त्तव्यपालनको ही भगवत्पूजा कहकर वर्णन किया है। यथाः—

"स्वे स्वे कर्मण्यभिरतः संसिद्धिं लभते नरः।
स्वकर्मनिरतः सिद्धिं यथा विन्दति तच्छृणु॥

यतः प्रवृत्तिर्भूतानां येन सर्वमिदं ततम्।
स्वकर्मणा तमभ्यर्च्य सिद्धिं विन्दति मानवः॥"

अपने अपने वर्णाश्रमोचित तथा स्थितिके अनुकूल कर्त्तव्यका पालन करनेसे मनुष्य सिद्धि लाभ करता है। जिस अन्तर्यामी परमात्मासे भूतोंमें प्रवृत्तिकी उत्पत्ति हुई है और जो समस्त संसारमें व्याप्त है—कर्त्तव्यपालन द्वारा उसकी पूजा करके मनुष्यगण सिद्धि प्राप्त करते हैं। ब्रह्माण्डप्रकृतिके साथ पिण्डप्रकृतिके एकत्वका सम्बन्ध रहनेसे ब्रह्माण्डप्रकृतिके जिस सम्पर्क या अधिकारमें पिण्डप्रकृतिकी स्थिति है उसके अनुसार पिण्डप्रकृतिमें कुछ कर्त्तव्योंका उदय होता है। यदि पिण्डप्रकृतिधारी जीव उन कर्त्तव्योंका नियमित यथाशास्त्र पालन करता जाय तो उसका अपने अधिकारसे पतन न होकर उसको क्रमोन्नति ही प्राप्त होती रहती है। प्रत्येक वर्ण अथवा प्रत्येक आश्रमके लिये पूज्यपाद महर्षियोंने जिन अवश्य कर्त्तव्यों तथा नित्य कर्मोंका विधान किया है वे सभी इसी ब्रह्माण्डपिण्डमय प्रकृतिके एकत्वसम्बन्धके विचारके द्वारा ही किये गये हैं। त्रिवर्णोंमें नित्यकर्म वही कहलाता है जिसके द्वारा जीवकी व्यष्टिप्रकृति अपने अधिकारानुसार समष्टिप्रकृतिके साथ सम्बन्धको पूर्ण रख सकती है अर्थात् समष्टिप्रकृतिके साथ व्यष्टिप्रकृतिका सामञ्जस्य नित्यकर्मके द्वारा ही होता है। इसी लिये नित्यकर्मके अनुष्ठान द्वारा पुण्य नहीं होता है; परन्तु अनुष्ठान न करनेपर प्रत्यवाय (विघ्न) होता है; क्योंकि, नित्यकर्मका अनुष्ठान न करनेसे जीव समष्टिप्रकृतिके साथ अपनी व्यष्टिप्रकृतिका ऊपर उक्त सम्बन्ध स्थायी नहीं रख सकता है, जिससे उसका पतन हो जाता है। समष्टिप्रकृतिके साथ व्यष्टिप्रकृतिका सम्बन्ध स्थायी रखनेके लिये जीवको ब्रह्म, ब्रह्मशक्ति, ऋषिशक्ति, देवशक्ति, पितृशक्ति तथा व्यापक-शक्तिके साथ सदा ही सम्बन्ध रखना पड़ता है। नहीं तो, जीव कदापि शक्ति-सामञ्जस्य की विधिसे सर्वशक्तिमान् परमात्माकी ओर अग्रसर नहीं हो सकता है। इसी कारण महर्षियोंने तीनों वर्णोंके लिये नित्यकर्मके रूपसे सन्ध्या और पञ्चमहायज्ञका विधान किया है। नित्य सन्ध्योपासनाके द्वारा ब्रह्म और ब्रह्मशक्तिके साथ जीवकी एकता बनी रहती है। पञ्चमहायज्ञके नित्यानुष्ठान द्वारा अन्य चार शक्तियोंके साथ जीवकी एकता बनी रहती है। यथाः—ऋषियज्ञके द्वारा ऋषिशक्तिके साथ, दैवयज्ञके द्वारा दैवी शक्तिके साथ, पितृयज्ञके द्वारा पितृशक्तिके

साथ, नृयज्ञ और भूतयज्ञके द्वारा मनुष्य तथा मनुष्येतर जीवोंमें व्याप्त भगवान्‌की शक्तिके साथ मनुष्योंकी एकता बनी रहती है जिससे जीव कभी अपनी स्थितिसे नीचे गिर नहीं सकता है और व्यापक-शक्तिकी सहायतासे क्रमोन्नति प्राप्त करता है। इसका विस्तारित विवरण महायज्ञ नामक अध्यायमें पहले ही बताया जा चुका है। उसी प्रकार प्रत्येक वर्ण तथा आश्रममें जो कर्त्तव्य-कर्मकी आज्ञा की गई है उसके द्वारा ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र—सभी अपनी अपनी जातिकी कोटिमें पूर्णोन्नत होकर निःश्रेयसकी ओर अग्रसर हो सकते हैं। अन्यथा, ब्राह्मण यदि तपोनिष्ठ (तपस्वी) न होकर इन्द्रियलोलुप हो अपने वर्णोचित कर्त्तव्य की अवहेला (उपेक्षा) करें, क्षत्रिय राजा यदि प्रजापालनरूप अपने कर्त्तव्यको छोड़कर प्रजापीडन करें, वैश्य यदि धन द्वारा त्रिवर्णकी रक्षा करना भूल जायं और शूद्र अपने सेवाधर्मसे कुण्ठित (विमुख) हो जायं तो, ब्रह्माण्ड-प्रकृतिमें स्थितिके बदले भीषण नाशकी सूचना हो जायगी—इसमें कुछ भी सन्देह नहीं है। महर्षि याज्ञवल्क्यजीने कहा है:—

"प्रजापीडन-सन्तापात् समुद्भूतो हुताशनः।
राज्यं कुलं श्रियं प्राणाँश्चाऽदग्ध्वा न निवर्त्तते॥"

राजा यदि प्रजाकी रक्षा न करके उसको पीडित करे तो, प्रजापीडनरूपी सन्तापसे उत्पन्न अग्नि राज्य, कुल, श्री और राजाके प्राणतकको जलाए विना निवृत्त नहीं होती है। इसी प्रकार सकल वर्णों और सकल आश्रमोंके लिये ही धर्मानुकूल कर्तव्यका पालन ही रक्षा तथा उन्नतिका मूलमन्त्र है; अन्यथा नाश अवश्यम्भावी है। यही चेतन-जगत्में धर्मकी जगत्की रक्षा करनेवाली शक्तिका अनुपम कार्य है। जो शक्ति स्थूलजगत्में आकर्षण-विकर्षणरूपसे कार्य करती है वही शक्ति सूक्ष्मजगत् अर्थात् मनोजगत्में रागद्वेष-रूपसे कार्य करती है। जिसका विस्तारित विवरण 'त्रिगुणतत्त्व' नामक अध्यायमें किया जायगा। आकर्षण-शक्ति राग है, जिससे जागतिक (जगत्के) जीव तथा स्त्री-पुरुष परस्परमें आसक्त होकर संसारचक्रमें घूम रहे हैं और विकर्षण-शक्ति द्वेष है, जिससे जगत्के जीवोंमें परस्परके साथ शत्रुता और अप्रीति उत्पन्न होती है। यह राग-द्वेष जबतक जीवमें प्रबल हैं और इन दोनोंमें समता नहीं है तबतक संसारकी शान्तिमयी धार्म्मिक स्थिति कदापि सम्भव नहीं है। संसारमें अनुष्ठित (किये गये) समस्त पाप, व्यभिचार, हत्या, नृशंसता, कृतघ्नता, आत्महत्या आदि—सभी रागद्वेषके

ही फल हैं। रजोगुणमयी रागवृत्ति और तमोगुणमयी द्वेषवृत्ति—इन दोनोंको छोड़कर जिस समयसे जीवके अन्तःकरणमें रागद्वेषकी समता उत्पन्न होने लगती है उसी समयसे जीव धार्मिक बनने लगता है। उसी समय वह न तो रागमें ही अधीर और अशान्त (व्याकुल) होता है और न द्वेषकी अग्निमें ही जल कर दुःखका भोग करता है। जितनी ही मनुष्यमें रागद्वेषकी समता बनती जाती है उतनी ही दोनोंकी शक्ति घटती जाती है और उतना ही मनुष्य जीवभावको छोड़कर क्रमशः अधिक धर्मात्मा होता हुआ शान्तिमय शिवभावकी ओर अग्रसर होता जाता है और अन्तमें जब दोनोंमें समताकी पूर्णता होनेपर पुरुष रागद्वेषसे छुट जाता है तभी शिवभावकी भी पूर्णता प्राप्त करके जीव शाश्वत नित्यानन्दमय ब्राह्मी स्थितिको प्राप्त करता है। जैसा कि गीतामें:—

"विहाय कामान् यः सर्वान् पुमाँश्चरति निस्पृहः।
निर्ममो निरहंकारः स शान्तिमधिगच्छति ॥
एषा ब्राह्मी स्थितिः पार्थ! नैनां प्राप्य विमुह्यति।
स्थित्वास्यामन्तकालेऽपि ब्रह्मनिर्वाणमृच्छति ॥"

सकल कामनाओंका परित्याग करके रागद्वेषको छोड़कर जो महात्मा निस्पृह, ममताहीन तथा निरहंकार होकर विचरण करते हैं उनको परम शान्ति प्राप्त होती है। यही शास्त्रोक्त ब्राह्मी स्थिति है जिसको पाकर पुनः जीव मोहमें नहीं फँसता है और मृत्युके समय भी जिस स्थितिमें रहनेसे जीव निर्वाण मुक्तिके पदको प्राप्त कर लेता है। यही धर्मानुसार चेतन-जगत्की शान्तिमयी स्थिति और चरम परिणति है।

जड़ और चेतनजगत्की तरह दैवजगत्में भी शान्तिमयी स्थिति धर्मकी धराधारिणी (विश्वरक्षिणी) शक्तिद्वारा बनी रहती है। देवासुर-संग्राम जागतिक क्रियाका मूलमन्त्र है। इसलिये जबतक प्रकृति है तबतक दैवीशक्ति और आसुरी शक्तिमें संग्राम (युद्ध) अवश्य रहता है। परन्तु ब्रह्माण्डकी स्थितिदशामें सत्त्वगुणका प्रकाश रहनेके कारण दैवीशक्तिका बल अधिक रहता है। भागवत्में लिखा है:—

"एधमाने गुणे सत्त्वे देवानां बलमेधते।"

सत्त्वगुणकी वृद्धि होनेसे देवताओंका बल अधिक रहता है। इसलिये ब्रह्माण्डकी स्थितिदशामें आसुरी शक्ति दुर्बल रहती है और देवता तथा ऋषि

और पितृगण अपने अपने केन्द्रपर स्थित होकर ब्रह्माण्डका परिचालन करते हैं। इसका विस्तारित विवरण 'ऋषि' देवता और पितृतत्त्व' नामक प्रबन्धमें बताया जायगा। ऋषिगण आध्यात्मिक शक्तिके सञ्चालक हैं। इसलिये ब्रह्माण्डकी स्थितिदशामें देशकालपात्रानुसार ज्ञान और विज्ञानका सञ्चार करना उनका काम रहता है। किस देशमें, किस कालमें, किस जातिमें, किस प्रकारके ज्ञान, ज्ञानी तथा ज्ञानके आधार पुस्तकका प्रकाशन होना चाहिये—नित्य ऋषिगण इसका प्रबन्ध करते हैं। देवतागण जीवोंके कर्मोंके चालक होकर पुण्यपापानुसार जीवोंको उन्नत या अवनत योनियोंमें तथा स्वर्ग-नरकादि लोकोंमें भेजते हैं। इसी प्रकार पितृगण आधिभौतिक अंशकी व्यवस्था करते हैं। किस देशमें, किस कालमें, किस प्रकारके ऋतु आदिका विकाश होना चाहिये, किस ऋतुमें किस प्रकारकी वनस्पति, ओषधि तथा फल-फूलोंकी उत्पत्ति होनी चाहिये, किस देशमें किस प्रकारका स्वास्थ्य तथा देशवासी जीवोंमें वीर्य, बल आदि होना चाहिये—इसकी व्यवस्थाका भार पितरों पर रहता है। इस प्रकारसे विष्णुशक्तिके आधीन रहकर ब्रह्माण्डकी स्थितिदशामें समस्त दैवजगत्में भिन्न भिन्न दैवीशक्तियोंके द्वारा भिन्न भिन्न कार्य होते हैं और जड़चेतनात्मक समस्त विश्वमें विष्णुशक्तिके प्रभावसे किस प्रकारसे स्थितिकार्यकी परिचालना होती है सो पहले ही कहा जा चुका है। यही विष्णु भगवान्की अपार महिमा का कारण है; क्योंकि, उनके ही आधीन होकर सब ऋषि, सब देवता और सब पितृगण अपना अपना कार्य पूर्णरूपसे कर सकते हैं। यही ब्रह्माण्ड-प्रकृतिमें सृष्टितत्त्वके अनन्तर रहस्यमयी स्थितिकातत्त्व है जिसके ज्ञानके द्वारा जीव शाश्वत ब्राह्मी स्थितिको लाभ करके मुक्त हो सकता है।

(प्रलयतत्त्व।)

स्थितितत्त्वके अनन्तर अब प्रलयतत्त्वका वर्णन किया जाता है। श्रीभगवान्की साक्षात् शक्तिस्वरूपिणी ब्राह्मी शक्ति, वैष्णवी शक्ति और रौद्रीशक्तिके त्रिगुण सम्बन्धानुसार त्रिगुणमयी ब्रह्माण्डप्रकृतिमें एक बार ही कार्यशालिनी होनेसे सृष्टिक्रियाके साथ ही साथ प्रलयक्रिया भी मिली रहती है, ब्राह्मीशक्तिकी आकर्षण-क्रियाके साथ साथ रौद्रीशक्तिकी विकर्षण-क्रिया भी लगी रहती है और जितनी जितनी ब्रह्माण्डप्रकृतिकी आयु पूरी होती जाती है उतनी उतनी आकर्षण-शक्तिकी क्रिया मन्द होकर विकर्षण-शक्तिकी क्रिया प्रबल होती जाती है और अन्तमें समस्त ब्रह्माण्डमें विकर्षणशक्ति या रौद्री शक्ति बलवान्

होकर ब्रह्माण्डको महाप्रलयके गर्भमें विलीन कर देती है। यही सृष्टिस्थितिके अनन्तर प्रलयका तत्त्व है। इसी कारण ब्रह्माण्डप्रकृतिकी गति निम्नाभिमुखिनी है और इसी कारण सत्य, त्रेता, द्वापर, कलि—इस प्रकारसे ब्रह्माण्डप्रकृति सत्त्वगुणसे तमोगुणकी ओर जाती है और इस प्रकारसे चारों युगोंके चक्र चलते चलते भी ब्रह्माण्डप्रकृतिकी गति तमोगुणकी ओर ही होती है और उसीके अनुसार समष्टिजीवोंके संस्कार भी क्रियाकी ओर धीरे धीरे जाना छोड़कर लयकी ओर जाते हैं। अब ब्रह्माण्डप्रकृतिकी आयु तथा चार युगोंमें जीवप्रकृतिका विचार करते हुए प्रलयके प्रकार क्रमशः बताये जाते हैं। आर्यशास्त्रमें चार प्रकारके प्रलय बताये गये हैं। यथा विष्णुपुराणमें:—

"नैमित्तिकः प्राकृतिकस्तथैवात्यन्तिको द्विज !
नित्यश्च सर्वभूतानां प्रलयोऽयं चतुर्विधः ॥
ब्राह्मो नैमित्तिकस्तत्र यच्छेते जगतः पतिः ।
प्रयाति प्राकृते चैव ब्रह्माण्डं प्रकृतौ लयम् ॥
ज्ञानादात्यन्तिकः प्रोक्तो योगिनः परमात्मनि ।
नित्यः सदैव जातानां यो विनाशो दिवानिशम् ॥"

नैमित्तिक, प्राकृतिक, आत्यन्तिक और नित्य—ये चार प्रकारके प्रलय हैं। ब्रह्म-प्रलय अर्थात् खण्ड-प्रलयको नैमित्तिक प्रलय कहते हैं, जो ब्रह्माजीके एक दिनके बाद एक रात्रिके समय होता है, जिसमें ब्रह्माजी निद्रित होजाते हैं। प्राकृतिक प्रलय महाप्रलयको कहते हैं, जिसमें ब्रह्माण्ड महाप्रकृतिमें लय हो जाता है। ज्ञान द्वारा योगिगण जो ब्रह्ममें लय हो जाते हैं उसीको आत्यन्तिक प्रलय कहते हैं और उत्पन्न पदार्थोंका जो रातदिन नाश या क्षय हो रहा है उसको नित्य प्रलय कहते हैं। इन चारों प्रलयोंमेंसे नित्य और आत्यन्तिक प्रलय पिण्डके सम्बन्धसे होते हैं और नैमित्तिक तथा प्राकृतिक प्रलय ब्रह्माण्डके सम्बन्धसे होते हैं। इसलिये वर्तमान प्रबन्धका प्रतिपाद्य विषय नैमित्तिक और प्राकृतिक प्रलय ही है।

यहां एक विषय कह देना अवश्यकीय है। पूर्व कथित विवर्त्त-सृष्टि और परिणाम-सृष्टिके साथ एवं नैमित्तिक प्रलय तथा प्राकृतिक प्रलयके साथ ब्रह्माण्डका सम्बन्ध है। उसी प्रकार अदृष्ट-सृष्टि और आरम्भ-सृष्टिके साथ

एवं नित्य प्रलय तथा आत्यन्तिक प्रलयके साथ पिण्डका सम्बन्ध है। जीव अदृष्टसृष्टिके लिये परवश हो जाता है, देवतागण जीवको विवश बनाकर और अदृष्टसे उत्पन्न सृष्टि कराकर जाति, आयु और भोगका ह्रास अथवा स्वर्ग-नरकादि में उसको भेजकर शुभाशुभ फलका भोग अवश्य कराया करते हैं। आरम्भसृष्टि-के लिये जीव स्वाधीन है, जैसा पहले कहा गया है। इस सृष्टिमें देवताओंका अधिकार साक्षात् नहीं है। आरम्भसृष्टिमें जब जीव सृष्टिका कारण उत्पन्न कर लेता है तब ब्रह्माजीकी आज्ञासे देवतागण सृष्टिका प्रवाह उधर बहा देते हैं। ठीक उसी प्रकार नित्य प्रलय और आत्यन्तिक प्रलय जीव-पिण्डके सम्बन्धसे युक्त है। नित्य प्रलय जीवपिण्ड पर हर समय हो रहा है। जरा-मृत्यु उसके स्वरूप हैं। इसमें जीव विवश है। परन्तु आत्यन्तिक प्रलयमें जीव मुक्तिको प्राप्त करता है। इस प्रलयके लिये जीव स्वाधीन है। विषय-वैराग्य, सत्सङ्ग, गुरुसेवा आदिके द्वारा तत्त्वज्ञानका लाभ करके जीव मुक्त हो सकता है। इस विषयमें जीव अपनी इच्छाशक्ति और पुरुषार्थको स्वाधीनरूपसे काममें ला सकता है। ब्रह्माण्डके सम्बन्धमें पहले कही हुई विवर्त्तसृष्टि और परिणामसृष्टि स्वाभाविकी है। पुरुषका भावसे उत्पन्न स्वभाव और प्रकृतिका गुणसे उत्पन्न स्वभाव यथाक्रमसे इन दोनोंका कारण है। इसमें किसीका भी वश नहीं। दूसरी ओर नैमित्तिक प्रलय-रूपी खण्डप्रलय ब्रह्मा, विष्णु, महेशके अधिकारसे उत्पन्न और ब्रह्माजीके जागने और सोनेकी अवस्थाके साथ सम्बन्धसे युक्त है। इस प्रलय पर भी किसीका हाथ नहीं है; क्योंकि उक्त त्रिमूर्त्तियाँ अपना अपना काम करेंगी ही और ब्रह्माजीका जब जागना है तो सोना भी उनको पड़ेगा एवं आत्यन्तिक प्रलय भी स्वभावसे उत्पन्न है—इसमें सन्देह ही नहीं।

ब्रह्माण्डकी आयुके विषयमें आर्यशास्त्रमें जैसे गम्भीर, विशाल, अकाट्य सिद्धान्तका निरूपण किया गया है ऐसा और किसी शास्त्रमें आजतक नहीं हुआ है। बाइबल, कुरान आदि ग्रन्थोंके विश्वासिगण अब तक यही मानते थे कि, पृथिवीकी सृष्टि केवल तीन से चार हजार वर्षके भीतर ही हुई है। परन्तु अब विज्ञानशास्त्र की उन्नतिके साथ साथ उनके ये सब भ्रम धीरे धीरे दूर होने लगे हैं। भूतत्त्ववित् पण्डितोंने पृथिवीकी प्रस्तर-परीक्षा द्वारा यह सिद्धान्त कर लिया है कि, प्राकृतिक नियमके अनुसार उनमें ऐसा परिवर्त्तन लाखों वर्षोंमें हो सकता है। इस कारण बाध्य होकर वे बाइबल और कुरानके मत-को भ्रमपूर्ण समझने लगे हैं। आजकलके नानाशास्त्रोंके वेत्ता वैज्ञानिकगणने यह

निश्चय किया है कि, सूर्यगर्भसे पृथिवीकी उत्पत्ति और पृथिवीगर्भसे चन्द्रकी उत्पति हुई है, जिसमेंसे पृथिवीगर्भसे चन्द्रकी उत्पत्तिका प्रमाण वे ५०००००००० वर्ष अनुमान करते हैं और इसी रीति पर यदि सूर्यसे पृथिवी-सृष्टिका अनुमान किया जाय तो, संख्या बहुत कुछ बढ़ जायगी। अतः पश्चिमी वैज्ञानिकोंके इन अनुसन्धानों (खोजों) को देखकर अब कोई भी आर्यशास्त्रोक्त सृष्टिप्रमाणको मिथ्या नहीं मान सकता। अब आर्यशास्त्रीय सिद्धान्तानुसार ब्रह्माण्डकी आयुका निर्णय तथा ऊपर उक्त नैमित्तिक और प्राकृतिक प्रलयका काल और रहस्यका निर्णय किया जाता है। विष्णु-पुराणमें कालके विषयमें लिखा है:—

"काष्ठाः पञ्चदश ख्याता निमेषा मुनिसत्तम !
काष्टास्त्रिंशत्कलास्तास्तु त्रिंशन्मौहूर्तिको विधिः ॥
तावत्संख्यैरहोरात्रं मुहूर्तैर्मानुषं स्मृतम् ।
अहोरात्राणि तावन्ति मासः पक्षद्वयात्मकः ॥
तैः षड्भिरयनं वर्षं द्वेऽयने दक्षिणोत्तरे ।
अयनं दक्षिणं रात्रिर्दैवानामुत्तरं दिनम् ॥
दिव्यैर्वर्षसहस्रैस्तु कृतत्रेतादिसंज्ञितम् ।
चतुर्युगं द्वादशभिस्तद् विभागं निबोध मे ॥
चत्वारि त्रीणि द्वे चैकं कृतादिषु यथाक्रमम् ।
दिव्याब्दानां सहस्राणि युगेष्वाहुः पुराविदः ॥
तत्प्रमाणैः शतैः सन्ध्या पूर्वा तत्राभिधीयते ।
सन्ध्यांशकश्च तत्तुल्यो युगस्यानन्तरो हि सः ॥
सन्ध्यासन्ध्यांशयोरन्तर्यः कालो मुनिसत्तम !
युगाख्यः स तु विज्ञेयः कृतत्रेतादिसंज्ञितः ॥
कृतं त्रेता द्वापरं च कलिश्चैव चतुर्युगम् ।
प्रोच्यते तत्सहस्रञ्च ब्रह्मणो दिवसं मुने !
ब्रह्मणो दिवसे ब्रह्मन् ! मनवश्च चतुर्दश ।
भवन्ति परिमाणञ्च तेषां कालकृतं शृणु ॥

सप्तर्षयः सुराः शक्रो मनुस्तत्सूनवो नृपाः ।
एककाले हि सृज्यन्ते संह्रियन्ते च पूर्ववत् ॥
चतुर्युगाणां संख्याता साधिका ह्येकसप्ततिः ।
मन्वन्तरं मनोः कालः सुरादीनाञ्च सत्तम ! ॥
अष्टौ शतसहस्राणि दिव्यया संख्यया गतिः ।
द्वापञ्चाशत् तथान्यानि सहस्राण्यधिकानि च ॥
त्रिंशत्कोट्यस्तु सम्पूर्णाः संख्याताः संख्यया द्विज !
सप्तषष्टिस्तथान्यानि नियुतानि महामुने ! ॥
विंशतिश्च सहस्राणि कालोऽयमधिकं विना ।
मन्वन्तरस्य संख्येयं मानुषैर्वत्सरैर्द्विज !
चतुर्दशगुणो ह्येष कालो ब्राह्ममहः स्मृतः ।
ब्राह्मो नैमित्तिको नाम तस्यान्ते प्रतिसञ्चरः ॥
तदा हि दह्यते सर्वं त्रैलोक्यं भूर्भुवादिकम् ।
जनं प्रयान्ति तापार्त्ता महर्लोकनिवासिनः ॥
एकार्णवे तु त्रैलोक्ये ब्रह्मा नारायणात्मकः ।
भोगिशय्यागतः शेते त्रैलोक्यग्रासबृंहितः ॥
जनस्थैर्योगिभिर्देवश्चिन्त्यमानोऽब्जसम्भवः ।
तत्प्रमाणां हि तां रात्रिं तदन्ते सृज्यते पुनः ॥
एवं तु ब्रह्मणो वर्षमेवं वर्षशतञ्च तत् ।
शतं हि तस्य वर्षाणां परमायुर्महात्मनः ॥
एकमस्य व्यतीतन्तु परार्द्धं ब्रह्मणोऽनघ !
तस्यान्तेऽभून्महाकल्पः पाद्म इत्यभिधीयते ॥
द्वितीयस्य परार्द्धस्य वर्त्तमानस्य वै द्विज !
वराह इति कल्पोऽयं प्रथमः परिकीर्त्तितः ॥"

पन्द्रह निमेषोंमें एक काष्ठा होती है, तीस काष्ठाओंमें एक कला होती

है, तीस कलाओंमें एक घटिका और दो घटिकाओंमें एक मुहूर्त्त होता है। तीस मुहूर्त्तोंमें मनुष्य-लोकका एक अहोरात्र होता है और तीस अहोरात्रोंमें पक्षद्वयात्मक मास होता है; छः मासोंमें एक अयन और उत्तर, दक्षिण नामक दो अयनोंमें एक वर्ष होता है। दक्षिणायन देवताओंकी रात्रि और उत्तरायण देवताओंका दिन है। इस प्रकारसे दैव दिवा-रात्रिके हिसाबसे दैव द्वादश सहस्र वर्षोंमें सत्य, त्रेता, द्वापर, कलि—ये चार युग होते हैं। इनके विभाग इस प्रकारके हैं। सत्यादि चार युगोंका परिमाण यथाक्रम चार, तीन, दो और एक सहस्र वर्ष है। प्रत्येक युगके पूर्व सन्ध्याका परिमाण यथाक्रम चार, तीन, दो और एक सौ वर्ष है और सन्ध्यांश भी उतना ही है। सन्ध्या और सन्ध्यांशका मध्यवर्ती (बीचका) जो काल है वही सत्यादि चार युग हैं। इस हिसाबसे मानवीय परिमाणके अनुसार १७२८००० वर्षका सत्ययुग, १२९६००० वर्षका त्रेतायुग ८६४००० वर्षका द्वापरयुग और ४३२००० वर्षका कलियुग होता है। इन चार युगोंके सहस्रों बार होनेपर ब्रह्माका एक दिन होता है। ब्रह्माके एक दिनमें १४ मनु होते हैं। उनका कालपरिमाण इस प्रकार है। सप्तर्षिगण, सुरगण, इन्द्र, मनु और उनके पुत्र नृपगण—सब एक ही कालमें उत्पन्न और एक ही कालमें विनष्ट होते हैं। कुछ अधिक ७१ चतुर्युगोंमें मनु और सुरगणोंका काल है जिसको मन्वन्तर कहते हैं। दिव्य संख्यामें मन्वन्तरका परिमाण अष्ट लक्ष द्विषष्टिशत् सहस्र (८५२ ००) वर्ष है। मानुषी संख्यामें उसका परिमाण त्रिंशत् कोटि सप्तषष्टिलक्ष विंशति सहस्र (३०६७२०००००) वर्ष है। इस कालका चतुर्दश गुण एक ब्राह्म दिन है। इसके अन्तमें ब्रह्माकी रात्रि होती है जिसमें नैमित्तिक प्रलय हो जाता है। ब्रह्माकी जाग्रद्दशामें उनकी प्राणशक्तिकी प्रेरणासे ब्रह्माण्डका चक्र चलता है। इसलिये जैसे निद्राके समय इन्द्रियाँ निश्चेष्ट होजाती हैं वैसे ही ब्रह्माकी निद्राके समय समस्त ब्रह्माण्डमें क्रिया बन्द हो जाती है। इसीको नैमित्तिक प्रलय कहते हैं। उस समय 'भूर्भुवःस्वः' ये तीन लोक दग्ध हो जाते हैं और महर्लोकके निवासिगण तापसे पीड़ित होकर जनलोकमें चले जाते हैं। तदनन्तर त्रैलोक्यके जलमय होजाने पर ब्रह्माण्डव्यापी प्राणशक्तिको अपने भीतर भरकर ब्रह्माजी विष्णुके साथ शेषशय्यापर योगनिद्रामें सो जाते हैं। क्रियाके अनन्तर निष्क्रियता भी स्वाभाविक ही है। इसलिये महाप्रकृतिके स्वाभाविक नियमानुसार ही ब्रह्माजीमें इस प्रकारकी अन्तर्मुखीनता तथा निश्चेष्टता आ जाती है; जिस कारण ब्रह्माण्ड-शरीरमें भी निश्चेष्टता आ जाती है। केवल प्रलयमें भी

रहनेकी शक्ति रखनेवाले कुछ योगिगण जनलोकमें जीवित और ध्यान-परायण रहते हैं। जनलोकस्थ इन योगियोंके द्वारा चिन्त्यमान कमल-योनि ब्रह्मा इस प्रकारसे ब्रह्मदिवाके तुल्य ब्रह्मरात्रिको योगनिद्रामें बितानेके अनन्तर फिर ब्रह्म-दिवाके उदयमें जागकर समस्त ब्रह्माण्डकी सृष्टि करते हैं। इस प्रकार दिवा-रात्रिकी गणनासे सौ वर्ष ब्रह्माजीकी आयु है, जिसके अन्तमें ब्रह्माजी परब्रह्ममें विलीन होजाते हैं और प्राकृतिक प्रलयका उदय हुआ करता है। वर्त्तमान समयमें ब्रह्माकी आयुका एक परार्द्ध बीत चुका है। उस परार्द्धके अन्तमें पद्म नामक महाकल्प हो गया है। वर्त्तमान द्वितीय परार्द्धका यह प्रथम दिन अर्थात् प्रथम कल्प चल रहा है, जिसको 'वराह-कल्प' कहते हैं। इस वराह-कल्पमें भी कृष्णवराहकल्प, रक्त-वराहकल्प आदि कई कल्प बीत चुके हैं अब वर्त्त-मान समयमें 'श्वेतवराहकल्प चल रहा है। यही आर्य-शास्त्रके सिद्धान्ता-नुसार कालका विभाग है जिसके अनुसार ब्रह्माण्डप्रकृति महाकालके महान् चक्रमें अनादि कालसे घूम रही है।

नैमित्तिक तथा प्राकृतिक प्रलयके विषयमें सभी पुराणोंमें विस्तारित वर्णन मिलते हैं। उनमेंसे विष्णुपुराणके नैमित्तिक प्रलयका वर्णन नीचे दिया जाता है। यथा:—

"चतुर्युगसहस्रान्ते क्षीणप्राये महीतले।
अनावृष्टिरतीवोग्रा जायते शतवार्षिकी॥
ततो धान्यल्पसाराणि तानि सत्त्वान्यशेषतः
क्षयं यान्ति मुनिश्रेष्ठ! पार्थिवान्यत्र पीडनात्॥
ततः स भगवान् विष्णूरुद्ररूपधरोऽव्ययः।
क्षयाय यतते कर्त्तुमात्मस्थाः सकलाः प्रजाः॥
ततः स भगवान् विष्णुर्भानोः सप्तसु रश्मिषु।
स्थितः पिबत्यशेषाणि जलानि मुनिसत्तम!।
सरित्समुद्रशैलेषु शैलप्रस्रवणेषु च।
पातालेषु च यत्तोयं तत्सर्वं नयति क्षयम्॥
ततस्तस्यानुभावेन तोयाहारोपबृंहिताः।
त एव रश्मयः सप्त जायन्ते सप्त भास्कराः॥

अधश्चोर्द्ध्वञ्च ते दीप्तास्ततः सप्त दिवाकराः ।
दहन्त्यशेषं त्रैलोक्यं सपातालतलं द्विज ! ॥
दह्यमानन्तु तैर्दीप्तैस्त्रैलोक्यं द्विज ! भास्करैः ।
साद्रिनद्यर्णवाभोगं निःस्नेहमति जायते ॥
ततो निर्दग्धवृक्षाम्बु त्रैलोक्यमखिलं द्विज !
भवत्येका च वसुधा कूर्मपृष्ठोपमाकृतिः ॥
ततः कालाग्निरुद्रोऽसौ भूत्वा सर्वहरो हरिः ।
शेषनिश्वाससम्भूतः पातालानि दहत्यधः ॥
पातालानि समस्तानि स दग्ध्वा ज्वलनो महान् ।
भूमिमभ्येत्य सकलं दहत्यति वसुधातलम् ॥
भुवर्लोकं ततः सर्वं स्वर्लोकञ्च सुदारुणः ।
ज्वालामालामहावर्त्तस्तत्रैव परिवर्त्तते ॥
अम्बरीषमिवाभाति त्रैलोक्यमखिलं तदा ।
ज्वालावर्त्तपरीवारमुपक्षीणचराचरम् ॥
ततस्तापपरीतास्तु लोकद्वयनिवासिनः ।
कृताधिकारा गच्छन्ति महर्लोकं महामुने ! ॥
तस्मादपि महातापतप्ता लोकास्ततः परम् ।
गच्छन्ति जनलोकं ते दग्धावृत्या परैषिणः ॥
ततो दग्ध्वा जगत् सर्वं रुद्ररूपी जनार्दनः ।
मुखनिश्वासजान् मेघान् करोति मुनिसत्तम ! ॥
ततो गजकुलप्रख्यास्तडित्वन्तो निनादिनः ।
उत्तिष्ठन्ति तदा व्योम्नि घोराः संवर्तका घनाः ॥
वर्षन्तस्ते महासारैस्तमग्निमतिभैरवम् ।
शमयन्त्यखिलं विप्र ! त्रैलोक्यान्तरविस्तृतम् ॥
नष्टे चाग्नौ शान्तं नेऽपि वर्षाणामनिवारिताः ।

प्लावयन्तो जगत् सर्वं वर्षन्ति मुनिसत्तम ! ।
धाराभिरक्षमात्राभिः प्लावयित्वाखिलं भुवम् ।
भुवर्लोकं तथैवोर्ध्वं स्रावयन्ति दिवं द्विज ! ।
अन्धकारीकृते लोके नष्टे स्थावरजङ्गमे ।
वर्षन्ति ते महामेघा वर्षाणामधिकं शतम् ॥
सप्तर्षिस्थानमाक्रम्य स्थितेऽम्भसि महामुने !
एकार्णवं भवत्येव त्रैलोक्यमखिलं ततः ॥
मुखनिश्वासजो विष्णुर्वायुस्थान् जलदाँस्ततः ।
नाशयित्वा तु मैत्रेय ! वर्षाणामधिकं शतम् ॥
सर्वभूतमयोऽचिन्त्यो भगवान् भूतभावनः ।
अनादिरादिर्विश्वस्य पीत्वा वायुमशेषतः ॥
एकार्णवे ततस्तस्मिन् शेषशय्यास्थितः प्रभुः ।
ब्रह्मरूपधरः शेते भगवानादिकृद्धरिः ॥
एष नैमित्तिको नाम मैत्रेय ! प्रतिसञ्चरः ।
निमित्तं तत्र यच्छेते ब्रह्मरूपधरो हरिः ॥"

हजार बार चारों युगोंके अनन्तर महीतलके नष्ट हो जानेसे सौ वर्षों तक कठोर अनावृष्टि होती है, जिससे अल्पसार समस्त जीव नष्ट हो जाते हैं। तदनन्तर भगवान् रुद्ररूप धारण करके समस्त प्रजाको अपनेमें लय करनेका उद्योग करते हैं। रुद्ररूपी भगवान् प्रलयके लिये सप्तविध सूर्यकिरणोंमें रहकर समस्त जलको पी लेते हैं। इस प्रकारसे समस्त पृथिवीतलके सूखनेपर नदी, समुद्र, पर्वत, झरने और पातालमें जितना जल है सब शुष्क हो जाता है। जलपानसे पुष्ट सप्त किरणें सप्तसूर्यके रूपमें प्रकाशित होती हैं जिससे ऊपर नीचे—समस्त भुवन जलने लगता है इस प्रकारसे त्रिभुवनके शुष्क और उसके सभी वृक्षादिकोंके शुष्क होनेपर पृथिवी कूर्मपृष्ठकी तरह दिखने लगती है। इसके पीछे अनन्तदेवके निःश्वाससे उत्पन्न कालानल पाताल-समूहको भस्मसात् कर देता है और पातालको भस्मसात् करके पृथिवीतलको, भुवर्लोक और स्वर्लोकको भी भस्मसात् कर देता है। प्रखर कालानलके तेजसे नष्ट समस्त चराचर त्रिभुवन

उस समय एक भर्जनकटाह (भूननेकी कड़ाही) की तरह दिखने लगता है। उस समय लोकद्वयवासी महात्मागण अनल (अग्नि) के तापसे पीड़ित होकर महर्लोकका आश्रय करते हैं और वहां भी ठिकाना न पाकर जनलोकमें चले जाते हैं। तदनन्तर रुद्ररूपी भगवान् मुखनिश्वाससे मेघोंको उत्पन्न करते हैं। विद्युत् तथा वज्रकी ध्वनिसे युक्त गजाकार (हाथीके आकार) ये सब संवर्त्तक नामक मेघ आकाशको ढककर भीषणधारसे वृष्टि करके उन सब अनलोंको शान्त कर देते हैं। अनल-शान्तिके बाद शतवर्षतकके प्रचण्ड वर्षणसे समस्त जगत् बहने लग जाता है। तदनन्तर भुवर्लोक और स्वर्लोक भी उसी निरन्तर जलधारासे बह जाते हैं। उस समय समस्त लोक अन्धकारमय और स्थावर-जङ्गम-समस्त पदार्थ नष्ट हो जाते हैं तथा शतवर्षसे भी अधिक काल तककी धारासे जलवर्षण होता है। इस प्रकारसे जब सप्तर्षियोंके स्थानतक जलमय होजाते हैं तब सारा भुवन एक भयावने महा-समुद्रकी तरह दिखने लगता है। बाद ब्रह्माके रूपधारी परमात्माके मुखसे श्वासरूपमें निकला प्रचण्ड पवन समस्त मेघमालाको विनष्ट करके शतवर्षतक प्रवाहित होता है और उसी पवनका पान करके ब्रह्माजी शेषशय्या पर योग-निद्रामें शयन कर जाते हैं। इसीका नाम नैमित्तिक प्रलय है; क्योंकि, सृष्टिके निमित्तरूप ब्रह्माजी इसमें शयन करते हैं।

नैमित्तिक प्रलय तथा प्रलयानन्तर पुनः सृष्टि—इस प्रकारसे ब्रह्माण्ड-प्रकृतिकी गति नीचेकी ओर होती होती सहस्रों वार चतुर्युग बीत जाया करते हैं और जैसी कि पहले संख्या बताई गई है, उसके अनुसार दिवारात्रिके क्रमसे ब्रह्माकी आयु भी घटती जाती है। अन्तमें ब्रह्माकी आयु जब सौ वर्षोंमें पूर्ण हो जाती है तब समस्त ब्रह्माण्डप्रकृतिपर प्राकृतिक प्रलय अर्थात् महाप्रलय का उदय हो जाता है। यथा श्रीमद्भागवतके द्वादश स्कन्धमें:—

"द्विपरार्द्धे त्वतिक्रान्ते ब्रह्मणः परमेष्ठिनः।
तदा प्रकृतयः सप्त कल्पन्ते प्रलयाय वै॥
एष प्राकृतिको राजन्! प्रलयो यत्र लीयते।
अण्डकोशस्तु संघातो विघात उपसादिते॥
पर्जन्यः शतवर्षाणि भूमौ राजन्! न वर्षति।
तदा निरन्ने ह्यन्योन्यं भक्ष्यमाणाः क्षुधार्दिताः।
क्षयं यास्यन्ति शनकैः कालेनोपद्रुताः प्रजाः॥

सामुद्रं दैहिकं भौमं रसं सांवर्त्तको रविः ।
रश्मिभिः पिबते घोरैः सर्वं नैव विमुञ्चति ॥
ततः सवर्त्तको वह्निः सङ्कर्षणमुखोत्थितः ।
दहत्यनिलवेगोत्थः शून्यान् भूविवरानथ ॥
उपर्यधः समन्ताच्च शिखाभिर्वह्निसूर्ययोः ।
दह्यमानं विभात्यण्डं दग्धगोमयपिण्डवत् ॥
ततः प्रचण्डपवनो वर्षाणामधिकं शतम् ।
परं सांवर्तको वाति धूम्रं खे रजसावृतम् ॥
ततो मेघकुलान्यङ्ग ! चित्रवर्णान्यनेकशः ।
शतं वर्षाणि वर्षन्ति नदन्ति रभसस्वनैः ॥
तत एकोदकं विश्वं ब्रह्माण्डविवरान्तरम् ॥
तदा भूमेर्गन्धगुणं ग्रसन्त्याप उदह्लवे ।
ग्रस्तगन्धा तु पृथिवी प्रलयत्वाय कल्पते ॥
अपां रसमथो तेजःस्वालीयन्तेऽथ नीरसाः ।
ग्रसते तेजसो रूपं वायुस्तद्रहितं तदा ॥
लीयते चानिले तेजो वायोः खं ग्रसते गुणम् ।
स वै विशति खं राजन् ! ततश्च नभसो गुणम् ॥
शब्दं ग्रसति भूतादिर्नभस्तमनुलीयते ।
तैजसश्चेन्द्रियाण्यङ्ग ! देवान् वैकारिको गुणैः ॥
महान् ग्रसत्यहंकारं गुणाः सत्त्वादयश्च तम् ।
ग्रसतेऽव्याकृतं राजन् ! गुणान् कालेन चोदितम् ॥"

ब्रह्माजीकी आयुके दो परार्द्ध अर्थात् सौ वर्ष जब बीत जाते हैं तब ब्रह्माजी ब्रह्ममें विलीन हो जाते हैं। ब्रह्माजीके साथ साथ समस्त देवता, ऋषि तथा पितृगण भी ब्रह्ममें लीन हो जाते हैं। इसलिये उस सम ब्रह्माण्ड-प्रकृतिकी सञ्चालिनी समष्टि प्राणशक्तिका लय होने पर कार्यभूत ब्रह्माण्ड नहीं स्थित रह सकता है; क्योंकि, जिस प्राणशक्तिने ब्रह्माण्डके

स्थूल-सूक्ष्म शरीरको संयुक्त तथा धारण किया था उसीके लय होजानेसे प्राणनाशसे जीवके स्थूल देहकी तरह समस्त ब्रह्माण्ड-शरीर पृथक्-पृथक् होकर अदृश्य तथा निजकारणमें लयको अवश्य ही प्राप्त हो जायगा । इसीको प्राकृतिक प्रलय कहते हैं; जिसमें महत्तत्त्व और पञ्चतन्मात्राओंकी मूल समस्त प्रकृति नष्ट हो जाती है । इस प्रकार नाश कैसे होता है सो बताया गया है । सो यह है:—महाप्रलयका समय आनेसे प्रथमतः शत वर्षों तक जल नहीं बरसता है, जिससे अन्नहीन होकर भूखसे पीड़ित प्रजा परस्परको भक्षणकरके नाशको प्राप्त हो जाती है । तदनन्तर ' सांवर्त्तक ' रवि अपनी प्रचण्ड किरणोंसे समुद्र, देह और भूमिके सब रसोंको पी जाते हैं, जिससे समस्त विश्व रसहीन हो जाता है । तदनन्तर संकर्षणके मुखसे निकली संवर्त्तक अग्नि वायु-वेगसे प्रचण्ड होकर प्राणिहीन पृथिवी, पातालादि समस्त लोकको दग्ध कर डालती है । अग्नि और सूर्य की शिखाओंके द्वारा ऊपर, नीचे,—चारों ओर की दिशाओंके जल जानेसे समस्त ब्रह्माण्ड जलकर गोबर की कण्डी की तरह दिखने लगता है । तदनन्तर सांवर्तक प्रचण्ड पवन सौ वर्षसे भी अधिक काल तक बहने लगता है जिससे धूलिसे युक्त आकाश धूम्रवर्ण दिखता है । तदनन्तर विविध वर्णकी मेघमाला भीषण शब्दके साथ भीषणधारसे शत वर्षों तक वर्षण करती रहती है जिससे समस्त विश्व समुद्रसा होजाता है । उस समय सर्वत्र व्याप्त जल पृथिवीके गन्धगुणको ग्रास कर लेता है जिससे गन्धहीन पृथिवी नष्ट होजाती है । तदनन्तर जलका भी रस अग्निके द्वारा ग्रस्त होजाता है जिससे रसहीन जल नाशको प्राप्त हो जाता है । तदनन्तर तेज का रूप वायु ग्रास कर लेता है जिससे रूपहीन तेज वायुमें लीन हो जाता है । तदनन्तर वायु का भी स्पर्शगुण आकाश ग्रास कर जाता है और वायु आकाशमें लीन हो जाता है । तदनन्तर तामस अहंकार आकाशके शब्दगुणको ग्रास कर लेता है जिससे आकाश भी लय हो जाता है । तदनन्तर इन्द्रियोंको राजसिक अहंकार और इन्द्रियाधिष्ठाता देवताओं को सात्त्विक अहंकार ग्रास कर लेता है । तदनन्तर अहंकारको महत्तत्त्व ग्रास कर लेता है, महत्तत्त्वको त्रिगुण ग्रास कर लेता है और त्रिगुणको कालसे प्रेरित अव्याकृत (विकारहीन) प्रकृति ग्रास कर लेती है । इस प्रकारसे समस्त व्याकृत (विस्तृत) सृष्टि अव्याकृत प्रकृति द्वारा विलोम (उल्टी) विधिसे ग्रस्त हो जाती है । नैमित्तिक प्रलयमें स्थूल जीवोंका नाश नहीं होता है, केवल स्थूल देहधारी जीवोंके

स्थूललोकमें बदला हो जानेके कारण वे वहांसे चले जाते हैं। सूक्ष्म लोकोंके भी प्रथम चार लोक नैमित्तिक प्रलयदशामें अभिभूत होजाते हैं। परन्तु उस समय ब्रह्मा, विष्णु, महेश,-त्रिमूर्त्ति रहती है और ऊपरके तीन सूक्ष्मलोक अर्थात् जनलोक, तपोलोक और सत्यलोक यथावत् विद्यमान रहते हैं। परन्तु महाप्रलयके रहस्यका तात्पर्य यह है कि प्रत्येक ब्रह्माण्डमें महाप्रलयके होते समय उस ब्रह्माण्डमें जितनी रहने लायक भूमियाँ हैं उनमेंसे स्थूलदेहधारी जीवपिण्डोंका नाश हो जाता है। उसके अनन्तर जलके प्रकोपसे स्थूल पृथिवीका, अग्निके प्रकोपसे स्थूल जलका और इसी प्रकारसे सब स्थूल पञ्चभूतोंके अपने अपने कारणोंमें लीन हो जाने पर ब्रह्माण्डके स्थूल स्वरूपका लय हो जाता है। उसके अनन्तर सब ऋषि, देवता और पितरोंके साथ दैव लोकोंका अपने अपने कारणमें लय होते हुए पूर्वकथित रीतिके अनुसार विस्तृत व्याकृत प्रकृति अव्याकृत दशाको प्राप्त हो जाती है। उस प्रलीन ब्रह्माण्डके सृष्टिस्थितिप्रलयकर्त्ता ब्रह्मा, विष्णु और महेश तब मुक्त हो कर ब्रह्मीभूत हो जाते हैं। उस ब्रह्माण्डके अंशकी अव्याकृत मूलप्रकृति अदृश्य हो कर सर्वव्यापक ब्रह्मके उस अंशमें विलीन हो जाती है और तब अपने आप ही सर्वव्यापक निर्विकार निष्क्रिय ब्रह्मके जिस अंशमें यह सृष्टि थी उसी अंशकी प्रकृतिके उनमें अदृश्य हो कर विलीन हो जानेसे उनका सगुण और सक्रिय ईश्वर-भाव उनमें ही विलीन हो जाता है। केवल सगुणा प्रकृतिके आविर्भावसे ब्रह्म ही ईश्वरभावसे मायिक होकर प्रकट होते थे, सो अब इस प्रलयदशामें दृश्य प्रकृतिके अभावसे प्रकट नहीं होते हैं।

अव्याकृत प्रकृति तथा उसके प्रेरक ईश्वर कहाँ लय होते हैं, इसके विषय में विष्णुपुराणमें कहा है:—

"प्रकृतिर्या मयाख्याता व्यक्ताव्यक्तस्वरूपिणी।
पुरुषश्चाप्युभावेतौ लीयते परमात्मनि॥"

व्यक्ताव्यक्त प्रकृति और ईश्वर—दोनों ही निर्गुण निष्क्रिय ब्रह्मभावमें लीन हो जाते हैं। महाप्रकृतिके अन्तर्गत ब्रह्माण्डप्रकृतिके साथ मायी प्रकृतिके प्रेरक ईश्वरका जो बहिर्दृष्टिसे युक्त अभिमान-सम्बन्ध था उसके नष्ट होनेपर निष्क्रिय अन्तर्दृष्टिका भाव उनमें हो जाता है। यही प्रलय-दशामें ईश्वरभावमें ब्रह्मभावकी प्राप्ति है और यही अधिदैवसृष्टिरूप ब्रह्माण्ड

का महाप्रलय है। जितने दिनों तक ब्रह्माण्डप्रकृतिमें सृष्टि-स्थितिकी लीलाका विस्तार होता था—महाप्रलयके गर्भमें उतने ही दिनों तक ब्रह्माण्ड-प्रकृति रह जाती है। समष्टि स्थूलशरीर, समष्टि सूक्ष्मशरीर—दोनों ही अव्याकृत प्रकृतिमें लीन हो जाते हैं। समष्टि कारण-शरीर तथा प्रतिविम्बित चैतन्य-सहित अव्याकृत प्रकृति ब्रह्ममें विलीन रहती है। समष्टि जीवोंकी अनन्त कर्म-राशियाँ वटबीजमें वटवृक्षकी तरह महाकाशको आश्रय कर लेती हैं। यही लीलामय भगवान्के द्वारा बनाये हुए ब्रह्माण्डकी सृष्टि, स्थिति तथा प्रलयका अपूर्व रहस्य है जिसके ज्ञानसे जीव अनायास संसारसिन्धुके पार जा सकता है।

पञ्चम समुल्लासका चतुर्थ अध्याय समाप्त हुआ।

गायत्री साधना से
कुण्डलिनी जागरण



श्रीराम शर्मा आचार्य

गायत्री उपासना से कुण्डलिनी जागरण

पुराणों में ब्रह्मा जी के दो पत्नी होने का उल्लेख है। (१) गायत्री (२) सावित्री। वस्तुतः इस अलंकारिक चित्रण के पीछे परमात्मा की दो प्रमुख शक्तियों के होने का भाव दर्शाया गया है, पहली भाव चेतना या परा प्रकृति दूसरी पदार्थ चेतना या अपरा प्रकृति। सृष्टि में मन, बुद्धि, चित्त, अहंकार आदि की जो भी क्रियाशीलता दिखाई देती है, वह सब परा प्रकृति अथवा गायत्री विद्या के अन्तर्गत आती है। गायत्री उपासना से भावनाओं का विकास इस सीमा तक होता है जिससे मनुष्य ब्रह्माण्डीय चेतना–परमात्मा से सम्बन्ध जोड़ कर समाधि, स्वर्ग, मुक्ति का आनन्द लाभ प्राप्त करता है।

जगत की दूसरी सत्ता जड़ प्रकृति है। परमाणुओं का अपनी धुरी पर परिभ्रमण और विभिन्न संयोगों के द्वारा अनेक पदार्थों तथा जड़ जगत की रचना इसी के अन्तर्गत आती है। बाह्य जीवन प्रकृति परमाणुओं से अत्यधिक प्रभावित प्रतीत होने के कारण भौतिक जीवन में उसे अधिक महत्व दिया गया है। विज्ञान की समस्त धाराएँ इसी के अन्तर्गत आती हैं। आज की भौतिक प्रगति को सावित्री साधना का एक अंग कहा जा सकता है, पर उसका मूल अभी तक भौतिक विज्ञान की पकड़ में नहीं आया। इसी कारण अच्छे से अच्छे यंत्र बना लेने पर भी मानवीय प्रतिभा अपूर्ण लगती है। उसकी पूर्णता सावित्री उपासना से होती है।

योग विज्ञान के अन्तर्गत कुण्डलिनी साधना की चर्चा प्रायः होती है। कुण्डलिनी साधना वस्तुतः चेतन प्रकृति द्वारा जड़ पदार्थों के नियन्त्रण की ही विद्या है। भौतिक विज्ञान तो उपकरण और यंत्र साध्य होते हैं, पर परा और अपरा प्रकृति के संयोग से प्राप्त विज्ञान में ऐसी कोई जटिल प्रणाली आवश्यक नहीं होती। परमात्मा का बनाया हुआ सर्व समर्थ शरीर ही उन आवश्यकताओं को पूर्ण कर देता है। रेडियो ट्रांसमिशन में तो केवल संदेश–संप्रेषण की एकांगी व्यवस्था रहती है, पर शरीर एक

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

ऐसा समर्थ यंत्र है, यदि उसके पूरी तरह संचालन की जानकारी हो जाये तो मनुष्य ब्रह्माण्ड के किसी भी कोने की किसी भी शक्ति सत्ता से सम्पर्क स्थापित कर सकता है, हलचल और परिवर्तन प्रस्तुत कर सकता है । इन साधनों के अन्तर्गत जिस परमाणु शक्ति का नियंत्रण, प्रयोग प्रक्षेपण होता है । उसे 'प्राण' कहते हैं । प्राण वस्तुतः एक ऐसा आग्नेय स्फुल्लिंग है जिसे जड़ भी कह सकते हैं, चेतन भी । इस अर्द्धचेतन परमाणु को देखने जानने, विकसित करने, विस्फोट करने नियंत्रित करने, आदि की विद्या का साधना का नाम कुण्डलिनी साधना है ।

अतीत कालीन भारत को देखें तो पता चलता है कि हमारी प्रगति आत्मिक ही नहीं रही भौतिक दृष्टि से भी यह देश की समृद्धि और सफलता के उच्च शिखर तक पहुँचा है । इस जगत को माया, मिथ्या, भ्रम, जंजाल कहा गया, यह मध्य युग की देन है । दोनों अपेक्षाओं में संगति संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता कुण्डलिनी साधना द्वारा पूर्ण होती रही है । गायत्री उपासना द्वारा ऋतम्भरा प्रज्ञा का विकास और कुण्डलिनी साधना द्वारा भौतिक सिद्धियों सामर्थ्यों की उपलब्धि से यहाँ का जीवन क्रम परिपूर्ण बना रहा । लोक और परलोक दोनों में प्रत्यक्ष स्वर्ग की आनन्दानुभूति होती रही । इसीलिए गायत्री और सावित्री दोनों ही उपासनाओं को समान महत्व दिया गया । कुण्डलिनी साधना में इन दोनों का समन्वय है । इस विज्ञान का सहयोग लिए बिना आज का विज्ञान भी मानवता का कल्याण नहीं कर सकता ।

गायत्री और सावित्री दोनों परस्पर पूरक हैं । इनके मध्य कोई प्रतिद्वन्दिता नहीं । गंगा–यमुना की तरह ब्रह्म हिमालय की इन्हें दो निर्झरिणी कह सकते हैं । सच तो यह है कि दोनों अविच्छिन्न रूप से एक–दूसरे के साथ गुँथी हुई हैं । इन्हें एक प्राण दो शरीर कहना चाहिए । ब्रह्मज्ञानी को भी रक्त–मांस का शरीर और उसके निर्वाह का साधन चाहिए, पदार्थों का सूत्र संचालन चेतना के बिना सम्भव नहीं । इस प्रकार यह सृष्टि क्रम दोनों के संयुक्त प्रयास से चल रहा है । जड़–चेतन का संयोग बिखर जाय तो फिर दोनों में से एक का भी अस्तित्व शेष न रहेगा । दोनों अपने मूल कारण में विलीन हो जायेंगे । इसे सृष्टि के, प्रगति रथ के दो पहिए कहना चाहिए । एक के बिना दूसरा निरर्थक है । अपंग तत्वज्ञानी और मूढ़ मति नर–पशु दोनों ही अधूरे

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

हैं । शरीर में दो भुजाऐं, दो पैर, दो आँखें, दो फेंफड़े, दो गुर्दे आदि हैं । ब्रह्म शरीर भी दो शक्ति धाराओं के सहारे यह सृष्टि प्रपंच संजोये हुए है, इन्हें उसकी दो पत्नियाँ, दो धाराऐं आदि किसी भी शब्द प्रयोग के सहारे ठीक तरह वस्तुस्थिति को समझने का प्रयोजन पूरा किया जा सकता है । पत्नी शब्द अलंकार मात्र है । चेतन सत्ता का कुटुम्ब परिवार मनुष्यों जैसा कहाँ है ? अग्नि तत्व की दो विशेषताऐं हैं–गर्मी और रोशनी । कोई चाहे तो इन्हें अग्नि की दो पत्नियाँ कह सकते हैं । यह शब्द अरुचिकर लगे तो पुत्रियाँ कह सकते हैं । सरस्वती को कहीं ब्रह्मा की पुत्री कहीं पत्नी कहा गया है । इसे स्थूल मनुष्य व्यवहार जैसा नहीं समझना चाहिए । यह अलंकारिक वर्णन मात्र उपमा भर के लिए है । आत्मशक्ति को गायत्री और वस्तु–शक्ति को सावित्री कहते हैं । सावित्री साधना को कुण्डलिनी जागरण कहते हैं । उसमें शरीरगत प्राण ऊर्जा की प्रसुप्ति, विकृति के निवारण का प्रयास होता है । बिजली की ऋण और धन दो धाराऐं होती हैं । दोनों के मिलने से शक्ति प्रवाह बहता है । गायत्री और सवित्री के समन्वय से साधना की समग्र आवश्यकता पूरी होती है । गायत्री साधना का सन्तुलित लाभ उठाने के लिए सावित्री शक्ति को भी साथ लेकर चलना पड़ता है ।

समन्वयात्मक साधना का जितना महत्व है उतना एकांगी का, असंबद्ध का नहीं । प्रायः साधना क्षेत्र में इन दिनों यही भूल होती रही है । ज्ञान–मार्गी, राजयोगी, भक्तिपरक साधना तक सीमित रह जाते हैं और हठयोगी, कर्मकाण्डी, तप साधनाओं में निमग्न रहते हैं । उपयोगिता दोनों की है । महत्ता किसी की भी कम नहीं, (पर उनका एकांगीपन उचित नहीं) दोनों को जोड़ा और मिलाया जाना चाहिए । यह शिव–पार्वती विवाह का गणेश जैसा भावनात्मक वरदान और कार्तिकेय जैसे पदार्थात्मक अनुदानों की भूमिका प्रस्तुत कर सकता है ।

हम समन्वयात्मक साधना की उपयोगिता मानते रहे हैं और उसी का मार्गदर्शन करते रहते हैं । वैदिक योग साधना के साथ–साथ तान्त्रिक प्रयोगों को भी महत्व दिया है । गायत्री साधना को प्रमुखता देते हुए भी कुण्डलिनी जागरण की उपयोगिता को माना है । यही कारण है कि प्रथम पाठ पढ़ाने के बाद अब दूसरे पाठ की भी पृष्ठभूमि तैयार की जा रही है । इसे प्रकारान्तर न समझा जाय इसमें विरोधाभास न खोजा जाय । यह इकलौती सन्तान के बड़े होने पर उसका जोड़ा मिलाने,

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

विवाह करने का प्रयत्न मात्र है । यों गायत्री के देवता सविता को विष्णु या शिव मानते हैं और उनकी पत्नी अग्नि–लक्ष्मी काली को कुण्डलिनी का प्रतीक माना गया है । इस प्रकार सुगम युग्म एक प्रकार से नर–नारी का, शिव–पार्वती का विवाह ही हुआ । धनुष तोड़ने की प्रक्रिया पूरी करके इसे सिया–स्वयंवर, राम–जानकी का विवाह सम्पन्न करना कहा जा सकता है । पर यदि कोई कुण्डलिनी और गायत्री में भाषा की दृष्टि से एक ही लिंग देखता हो तो भी उसे कुछ अचम्भा नहीं करना चाहिए । अभी पिछले ही दिनों में दो नारियों ने परस्पर कानूनी विवाह किया है । कुछ दिन पूर्व दो पुरुष भी ऐसा ही समलिंगी विवाह कर चुके हैं ।

जीव और ब्रह्म दो पुल्लिंग होते हुए भी परस्पर विवाह करते हैं । साक्षी दृष्टा, ब्रह्म निष्क्रिय है, उसकी परा–अपरा प्रकृतियाँ दोनों परस्पर मिल–जुलकर ही अपने संयोग–संभोग से इस समस्त सृष्टि का सृजन कर संचालन कर रही हैं । यह कथन अलंकार भर हैं । वस्तुतः नर–नारी जैसा लिंग भेद सूक्ष्म जगत में कहीं है ही नहीं । गायत्री या कुण्डलिनी को स्त्री और ब्रह्म शिव को पुरुष मानना अपनी बात को चेतना का उदाहरण देकर समझाना भर है । तत्वतः इस उच्च शक्ति क्षेत्र में नर–नारी जैसा कोई भेद है ही नहीं । इस जगत में भी जिन ब्रह्मवादियों को तत्वज्ञान हो जाता है, वे नर–नारी के शरीर भेदों के अन्तर को भी सर्वथा भुला ही देते हैं । उन्हें सभी में एक लिंग, एक तत्व दिखाई पड़ता है । उनकी दृष्टि में न कोई नर है न नारी । अद्वैत ज्ञान में भेद बुद्धि समाप्त होते ही नर–नारी की भिन्नता भी समाप्त हो जाती है । कुण्डलिनी और गायत्री विद्याओं के सम्बन्ध में यदि विवाह, संयोग, समन्वय जैसी चर्चा अलंकारिक रूप से आ पड़े तो उसमें कुछ विस्मय न किया जाय, इसीलिए यह पंक्तियाँ लिखी गई हैं ।

तत्वदर्शियों ने गायत्री और कुण्डलिनी को परस्पर पूरक माना है । और एकात्म भाव में देखा है । इसके कुछ प्रकरण आगे देखिए–

कुण्डलिनी साधना के अन्तर्गत षटचक्र वेधन प्रक्रिया मुख्य है । यही इस साधना का प्रधान आधार है । गायत्री शक्ति भी वही प्रयोजन पूरा करती है । इस प्रकार मूलतः वे दोनों एक ही छड़ के दो सिरों की तरह अभिन्न ही हैं । षट्चक्र जागरण में कुण्डलिनी शक्ति को गायत्री का सहकार प्राप्त हो जाता है ।

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

गायत्री–मन्त्र का 'भू–कार' भू–तत्व या पृथ्वी–तत्व है । साधना के मार्ग में वह मूलाधार चक्र है । फिर जगन्माता के निम्नस्तर ब्राह्मी या इच्छा शक्ति–महायोनि पीठ में सृष्टि–तत्व है । 'भुवः' भुवर्लोक या अन्तरिक्ष तत्व । साधना की दृष्टि से यह विशुद्धि चक्र है और महाशक्ति के मध्यस्तर में पीनोन्नत पयोधर में, वैष्णवी या क्रिया–शक्ति पालन व सृष्टि तत्व है । 'स्वःकार' सुरलोक या स्वर्ग–तत्व । साधना के पथ में सहस्रार निर्दिष्ट चक्र एवं आद्यशक्ति के ऊर्ध्व या उच्चस्तर में गौरी या ज्ञान–शक्ति, संहार या लय तत्व है । यही वेदमाता गायत्री का स्वरूप तथा स्थान रहस्य है ।"

यों ज्ञान चेतना समस्त शरीर में संव्याप्त है पर उसका केन्द्र मस्तिष्क माना गया है । यों क्रिया शक्ति संपूर्ण शरीर में फैली पड़ी है, पर उसका केन्द्र स्थल जननेन्द्रिय है । नपुंसक व्यक्ति प्रायः सभी उच्चगुणों के अभिवर्धन और साहस भरे पुरुषार्थों के सम्पादन में असमर्थ रहते हैं । किसी को नपुंसक क्लीव कहना उसकी अन्तःक्षमता को अपमानित करना है । शरीर के अन्य अंग दुर्बल हों तो उसके बिना प्रगति रुकेगी नहीं पर नपुंसक से कुछ महत्वपूर्ण कार्य बन पड़ना कठिन है । सरकारी नौकरियों में भर्ती करते समय डाक्टरी जाँच में यह भी परीक्षा की जाती है कि वह व्यक्ति नपुंसक तो नहीं है । शारीरिक विशेषताओं का केन्द्र इसीलिए जननेन्द्रिय गह्वर के मर्मस्थल योनि केन्द्र को माना गया है ।

साधना के यही दो मर्मस्थल हैं । उन्हें ही कायपिण्ड के दो ध्रुव कहते हैं । यों विद्युत एक ही है पर उसे दो भागों में विभाजित किया गया है–एक धन (पोजेटिव) दूसरी ऋण (नेगेटिव) । मानवीय समान चेतना की धन विद्युत इस ज्ञान केन्द्र मस्तिष्क केन्द्र में केन्द्रित है–इस स्थल को अध्यात्म की भाषा में सहस्रार कहते हैं । दूसरी ऋण विद्युत–काय केन्द्र जननेन्द्रिय मूल में है–जिसे 'मूलाधार' कहते हैं । इन दो केन्द्रों में से ज्ञान केन्द्र को गायत्री का और काम केन्द्र को कुण्डलिनी का उद्गम केन्द्र कहा गया है । भौतिक क्षमताऐं–समृद्धियाँ, सिद्धियाँ कुण्डलिनी में प्रादुर्भूत होती हैं और आध्यात्मिक दिव्य विभूतियाँ, ऋद्धियाँ गायत्री के द्वारा विकसित होती हैं । दोनों का सम्मिश्रण साधक को समृद्धियों और विभूतियों से, ऋद्धियों और सिद्धियों से, ज्ञान और क्रिया से सुसम्पन्न बनाता है । इसलिए दोनों की सम्मिश्रित साधना का अवलम्बन करना ही समन्वयात्मक प्रवृत्ति के साधकों के लिए उपयुक्त है ।

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

सहस्रार कमल को ब्रह्म केन्द्र के रूप में–गायत्री गह्वर के रूप में विष्णु के क्षीर सागर या शिव के कैलाश के रूप में चित्रित किया गया है । इसके प्रमाण इस प्रकार मिलते हैं–

ब्रह्मरन्ध्रसरसीरुहोदरे नित्यलग्नमवदात्मतभुतम् ।
कुण्डली विवरकाण्ड मण्डितं द्वादशार्ण सरसीरुहं भजे ।।

–पादुका पेचक्र

मस्तक के मध्य अधोमुख सहस्त्र दल कमल है । उसके उदर में अद्भुत पथ गामिनी नाड़ी है, उसे कुण्डलिनी कहते हैं ।

इदं स्थानं ज्ञात्वा नियतनिजचित्तो नरवरो,
न भूयात् संसारे पुनरपि न बद्धस्त्रिभुवने ।
समग्रा शक्तिः स्यान्नियतमनसस्तस्य कृतिनः,
सदा कर्तु हर्तु खगतिरपि वाणी सुविमला ।।

–षट्चक्र निरुपणम् ४६

इस सहस्रार कमल की साधना से योगी चित्त को स्थिर कर आत्मभाव में लीन हो जाता है । भवबन्धन से छूट जाता है । समग्र शक्तियों से सम्पन्न होता है । स्वच्छन्द विचरता है और उसकी वाणी विमल हो जाती है ।

शिरःकपालविवरे ध्यायेद्दुग्धाम्होदधिम् ।
तत्र स्थित्वा सहस्रारे पद्मे चन्द्रं विचिन्तयेत् ।।

–शिव संहिता ५/१७९

कमल की गुफा में क्षीर सागर समुद्र का तथा सहस्र दल कमल में चन्द्रमा जैसे प्रकाश का ध्यान करे ।

सहस्रार चन्द्र की कैलाश पर्वत से तुलना करते हुए वहाँ की दिव्य परिस्थितियों का मत्स्य पुराण में वर्णन किया गया है । यह वर्णन तिब्बत स्थित कैलाश पहाड़ का नहीं वरन् विशुद्ध रूप से ब्रह्मरन्ध्र में अवस्थित सहस्रार ज्ञान केन्द्र का ही है । संवर्तक बड़वानल विद्युत का वहीं निवास है । महासर्पों का सरोवर उसी केन्द्र में है । साधना की सिद्धि इसी केन्द्र में तीव्र गति से होती है । यह तथ्य कैलाश पहाड़ पर लागू नहीं हो सकते ।

परस्परेण द्विगुणा धर्म्मतः कामतोऽर्थतः ।
हेमकूटस्य पृष्ठे तु सर्पाणां तत्सरःस्मृतम् ।
सस्वतीं प्रभवति तस्माज् ज्योतिष्ठती तु या ।
इत्येते पर्वताविष्टाश्चत्वारो लवणोदधिम् ।
छिद्रममानेषु पक्षेषु पुरा इन्दस्य वै भयात् । –मत्स्य पुराण

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

कैलाश पर्वत पर की हुई साधना से दूनी सिद्धि होती है । धर्म, अर्थ, काम तीनों ही प्राप्त होते हैं । वह हेम कूट पर्वत का सरोवर सर्पों का बनाया हुआ है । ज्योतिर्मान, प्रज्ञा वहीं उत्पन्न होती है ।

वहाँ संवर्तक नामक महा भयानक अग्नि जलती रहती है । वह उस सरोवर के जल को पी जाता है । यह अग्नि समुद्र को भी सुखा देने वाला वड़वा मुख है ।

मूलाधार को शक्ति का केन्द्र माना गया है । इसे अग्नि कुण्ड–शक्ति उद्गम काली पीठ तथा क्रिया शक्ति की अधिष्ठात्री कुण्डलिनी के रूप में चित्रित किया गया है । इसका संकेत अध्यात्म शास्त्र में इस प्रकार मिलता है–

आदेहमध्यकट्यन्तमग्निस्थानमुदाहृतम् ।
तत्र सिन्दूरवर्णोऽग्निर्ज्वलनं दशपञ्च च ।।

–त्रिशिखा १३७

कटि से निम्न भाग में अग्नि स्थान है । वह सिन्दूर के रंग का है । उसमें पंद्रह घड़ी प्राण को रोककर अग्नि की साधना करनी चाहिए ।

नाभेस्तिर्यगधोर्ध्व कुण्डलिनीस्थानम् । अष्टप्रकृति रूपाऽष्टधा कुण्डलीकृता कुण्डलिनी शक्तिर्भवति । यथावद्वायुसंचारं जलान्नादीनि परितः स्कन्धपार्श्वेषु निरुध्यैनं मुखेनैष समावेष्ट्य ब्रह्मरन्ध्रं योगकालेऽपानेनाग्निना च स्फुरति ।

–शाण्डिल्योपनिषद् ७/६

नाभि के नीचे कुण्डलिनी का निवास है । यह आठ प्रकृति वाली है । इसके आठ कुण्डल है । यह प्राण वायु को यथावत संचालित करती है । अन्न और जल को व्यवस्थित करती है । मुख तथा ब्रह्म रन्ध्र की अग्नि को प्रकाशित करती है ।

तडिल्लेखा तन्वी तपन शशि वैश्वानरमयी ।
तडिल्लता समरुचिर्विद्युल्लेखेन भास्वती ।।

बिजली की बेल के समान, तपते हुए चन्द्रमा के समान, अग्निमयी वह शक्ति दृष्टिगोचर होती है ।

इन सब तथ्यों पर दृष्टिपात करते हुए इसी निष्कर्ष पर पहुँचना पड़ता है कि गायत्री की ज्ञान शक्ति का और कुण्डलिनी की क्रिया शक्ति का परस्पर अन्योन्याश्रित सम्बन्ध है । दोनों के मिलने से ही परिपूर्ण

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

एवं समग्र उत्कर्ष की सम्भावना मूर्तिमान होती है । इन दोनों साधनाओं में विराधाभास नहीं माना जाना चाहिए और न प्रकारान्तर । वरन् यही समझना चाहिए कि साधना–क्रम में दोनों का समन्वय होने से भौतिक और आत्मिक दोनों ही सफलताओं का पथ प्रशस्त होता है । यह समन्वयात्मक साधना भुक्ति और मुक्ति दोनों प्रयोजनों को पूरा करती है । इसीलिए साधना विज्ञान के तत्ववेत्ता एकांगी साधना की अपूर्णता को ध्यान में रखते हुए उभय प्रयोजन पूरे करने वाली समग्र साधना का पथ प्रदर्शन करते रहे हैं । वही यहाँ भी किया जा रहा है ।

या देवता भोगकरी सा मोक्षाय न कल्पते ।
मोक्षदा नहि भोगाय त्रिपुरा तु द्वय प्रदा ।।

–त्रिपुरा तन्त्र

जो देवता भोग देते हैं वे मोक्ष नहीं देते जो मोक्ष देते हैं वे भोग नहीं देते, पर कुण्डलिनी दोनों प्रदान करती है ।

कुण्डलिनी के षट–चक्र और उनका वेधन

कुण्डलिनी साधना को अनेक स्थानों पर षट्चक्र वेधन की साधना भी कहते हैं । पंचकोषी साधना या पंचाग्नि विद्या भी गायत्री की कुण्डलिनी या सावित्री साधना के रूप है । एम. ए एक डिग्री है । इसे हिन्दी, अंग्रेजी, सिविक्स, इकानामिक्स किसी भी विषय से प्राप्त किया जा सकता है । उसी प्रकार आत्म–तत्व, आत्म–शक्ति एक है उसे प्राप्त करने के लिए वेवचन विश्लेषण और साधना विधान भिन्न हो सकते हैं । इसमें किसी तरह का विरोधाभाष नहीं है ।

तैत्तरीय आरण्यक में चक्रों को देवलोक एवं देव संस्थान कहा गया है । शंकराचार्य कृत आनन्द लहरी के ७७ वें श्लोक में भी ऐसा ही प्रतिपादन है ।

योग दर्शन समाधिपाद का ३६ वाँ सूत्र है–

विशोकाया ज्योतिष्मती ।

इसमें शोक सन्तापों का हरण करने वाली ज्योति शक्ति के रूप में कुण्डलिनी शक्ति की ओर संकेत है ।

इस समस्त शरीर को, सम्पूर्ण जीव कोशों को, महाशक्ति की प्राण

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

प्रक्रिया सम्भाले हुए है । उस प्रक्रिया के दो ध्रुव, दो खण्ड हैं । एक को चय प्रक्रिया एनाबॉलिक एक्शन तथा दूसरे को अपचय प्रक्रिया (कैटाबॉलिक एक्शन) कहते हैं । इसी को दार्शनिक भाषा में शिव एवं शक्ति भी कहा जाता है । शिव क्षेत्र सहस्रार तथा शक्ति क्षेत्र मूलाधार कहा गया है । इन्हें परस्पर जोड़ने वाली, परिभ्रमण शील शक्ति का नाम कुण्डलिनी है ।

सहस्रार और मूलाधार का क्षेत्र विभाजन करते हुए मनीषियों ने मूलाधार से लेकर कण्ठ पर्यन्त का क्षेत्र एंव चक्र संस्थान 'शक्ति' भोग बताया है और कण्ठ से ऊपर का स्थान 'शिव' देश कहा है ।

मूलाद्धाराद्धि षट्चक्रं शक्तिस्थानमुदीरतम् ।
कण्ठादुपरि मूर्द्धान्तं शाम्भवं स्थानमुच्यते ।।

—वराहश्रुति

मूलाधार से कण्ठपर्यन्त शक्ति का स्थान है । कण्ठ के ऊपर से मस्तक तक शाम्भव स्थान है । यह बात पहले कही जा चुकी है ।

मूलाधार से सहस्रार तक की, काम बीज से ब्रह्म बीज तक की यात्रा को ही महायात्रा कहते हैं । योगी इसी मार्ग को पूरा करते हुए परम लक्ष्य तक पहुँचते हैं । जीव सत्ता—प्राण शक्ति का निवास जननेन्द्रिय मूल में है । प्राण उसी भूमि में रहने वाले रजवीर्य से उत्पन्न होते हैं । ब्रह्म सत्ता का निवास ब्रह्मलोक में ब्रह्मरन्ध्र में माना गया है । यह द्युलोक, देवलोक, स्वर्ग लोक है । आत्मज्ञान का, ब्रह्म ज्ञान का सूर्य इसी लोक में निवास करता है । कमल पुष्प पर विराजमान ब्रह्माजी, कैलाशवासी शिव और शेषशायी विष्णु का निवास जिस मस्तिष्क मध्य केन्द्र में है—उसी नाभिक (न्यूकलियस) को सहस्रार कहते हैं । आत्म साक्षात्कार की प्रक्रिया यहीं सम्पन्न होती है । पतन के—स्खलन के गर्त में पड़ी क्षत—विक्षत आत्म सत्ता जब ऊर्ध्वगामी होती है तो उसका लक्ष्य इसी ब्रह्मलोक तक सूर्यलोक तक पहुँचना होता है । योगाभ्यास का परम् पुरुषार्थ इसी निमित्त किया जाता है । कुण्डलिनी जागरण का उद्देश्य यही है ।

आत्मोत्कर्ष की महायात्रा जिस राजमार्ग से होती है उसे मेरुदण्ड या सुषुम्ना कहते हैं । उसका एक सिरा मस्तिष्क का, दूसरा काम केन्द्र का स्पर्श करता है । कुण्डलिनी साधना की समस्त गतिविधियाँ प्रायः इसी क्षेत्र को परिष्कृत एवं सरल बनाने के लिए हैं । इड़ा पिंगला के प्राण

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

प्रवाह इसी क्षेत्र को दुहराने के लिए नियोजित किये जाते हैं । साबुन, पानी से कपड़े धोये जाते हैं । झाड़ू–झाड़न से कमरे की सफाई होती है । इड़ा–पिंगला के माध्यम से किये जाने वाले नाड़ी शोधन प्राणायाम मेरुदण्ड का संशोधन करने के लिए हैं । इन दोनों ऋणात्मक और घनात्मक शक्तियों का उपयोग सृजनात्मक उद्देश्य से भी होता है ।

इमारतें बनाने वाले कारीगर कुछ समय नींव खोदकर गड्ढा करते हैं इसके बाद वे ही दीवार चुनने के काम में लग जाते हैं । इसी प्रकार इड़ा पिंगला संशोधन और सृजन का दुहरा काम करते हैं । जो आवश्यक है उसे विकसित करने में वे कुशल माली की भूमिका निभाते हैं । यों आरम्भ में जमीन जोतने जैसा ध्वंसात्मक कार्य भी उन्हीं को करना पड़ता है, पर यह उत्खनन निश्चित रूप से उन्नयन के लिए होता है । माली भूमि खोदने, खर–पतवार उखाड़ने, पौधे की काट–छाँट करने का काम करते समय ध्वंस में संलग्न प्रतीत होता है, पर खाद पानी देने रखवाली करने में उसकी उदार सृजनशीलता का भी उपयोग होता है । इड़ा पिंगला के माध्यम से सुषुम्ना क्षेत्र में काम करने वाली प्राण विद्युत का विशिष्ट संचार क्रम प्रस्तुत करके कुण्डलिनी जागरण की साधना सम्पन्न की जाती है ।

मेरुदण्ड को राजमार्ग–महामार्ग कहते हैं । इसे धरती से स्वर्ग में पहुँचने का देवयान मार्ग कहा गया है । इस यात्रा के मध्य में सात लोक हैं । इस्लाम धर्म के सातवें आसमान पर खुदा का निवास माना गया है । ईसाई धर्म में भी इससे मिलती–जुलती मान्यता है । हिन्दू धर्म के भूः भुवः स्वः जनः तपः महः सत्यम् यह सात लोक प्रसिद्ध है । आत्मा और परमात्मा के मध्य इन्हें विराम स्थल माना गया है । लम्बी मंजिलें पूरा करने के लिए लगातार ही नहीं चला जाता । बीच–बीच में विराम भी लेने होते हैं । रेलगाड़ी गन्तव्य स्थान तक बीच के स्टेशनों पर रुकती, कोयला, पानी लेती चलती है । इन विराम स्थलों को 'चक्र' कहा गया है । चक्रों की व्याख्या दो रूपों में होती है, एक अवरोध के रूप में दूसरे अनुदान के रूप में । महाभारत में चक्रव्यूह की कथा है । अभिमन्यु उसमें फँस गया था । वेधन कला की समुचित जानकारी न होने से वह मारा गया था । चक्रव्यूह में सात परकोटे होते हैं । इस अलंकारिक प्रसंग को आत्मा का सात चक्रों में फँसा होना कह सकते हैं । भौतिक आकर्षणों की, भ्रान्तियों की, विकृतियों की चहार दीवारी

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

के रू प में भी चक्रों की गणना होती है । इसलिए उसके वेधन का विधान बताया गया है । रामचन्द्रजी ने बाली को मार सकने की अपनी क्षमता का प्रमाण सुग्रीव को दिया था । उनने सात ताड़ वृक्षों को एक वाण से बेधकर दिखाया था । इसे चक्रवेधन की उपमा दी जा सकती है । भागवत माहात्म्य में धुन्धकारी प्रेत का बांस की सात गाँठें फोड़ते हुए सातवें दिन कथा प्रभाव से देव देहधारी होने की कथा है । इसे चक्रवेधन का संकेत समझा जा सकता है ।

चक्रों को अनुदान केन्द्र इसलिए कहा जाता है कि उनके अन्तराल में दिव्य सम्पदायें भरी पड़ी हैं । उन्हें ईश्वर ने चक्रों की तिजोरियों में इसलिए बन्द करके छोड़ा है कि प्रौढ़ता, पात्रता की स्थिति आने पर ही उन्हें खोलने उपयोग करने का अवसर मिले । कुपात्रता, अयोग्यता की स्थिति में बहुमूल्य साधन मिलने पर तो अनर्थ ही होता है । कुसंस्कारी सन्तानें उत्तराधिकार में मिली बहुमूल्य सम्पदा से दुर्व्यसन अपनाती और विनाश पथ पर तेजी से बढ़ती हैं । छोटे बच्चों को बहुमूल्य जेवर पहना देने से उनकी जान जोखिम का खतरा उत्पन्न हो जाता है । धातुओं की खदानें जमीन की ऊपरी परत पर बिखरी नहीं होती उन्हें प्राप्त करने के लिए खुदाई करनी पड़ती है । मोती प्राप्त करने के लिए समुद्र में गहरे गोते लगाने पड़ते हैं । यह अवरोध इसलिए है कि साहसी एवं सुयोग्य सत्पात्रों को ही विभूतियों का वैभव मिल सके । मेरुदण्ड में अवस्थित चक्रों को ऐसी सिद्धियों का केन्द्र माना गया है, जिनकी भौतिक और आत्मिक प्रगति के लिए नितान्त आवश्यकता रहती है ।

चक्रवेधन, चक्रशोधन, चक्र परिष्कार, चक्र जागरण आदि नामों से बताये गये विवेचनों एवं विधानों में कहा गया है कि इस प्रयास से अदक्षताओं एवं विकृतियों का निराकरण होता है । जो उपयुक्त है उसकी अभिवृद्धि का पथ प्रशस्त होता है । सत्प्रवृत्तियों के अभिवर्धन दुष्प्रवृत्तियों के दमन में यह चक्रवेधन विधान कितना उपयोगी एवं सहायक है, इसकी चर्चा करते हुए शारदा तिलक ग्रन्थ के टीकाकार ने 'आत्म विवेक' नामक किसी साधना ग्रन्थ का उद्धरण प्रस्तुत किया गया है कि–

गुदलिंगान्तरे चक्रमाधारं तु चतुर्दलम् ।
परमः सहजस्तद्वदानन्दो वीरपूर्वकः ।।
योगानन्दश्च तस्य स्यादीशानादिदले फलम् ।
स्वाधिष्ठानं लिंगमूले षटपत्रञ्त्र क्रमस्य तु ।।

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

पूर्वादिषु दलेष्वाहुः फलान्येतान्यनुक्रमात् ।
प्रश्रयः क्रूरता गर्वो नाशो मूर्च्छा ततः परम् ।।
अवज्ञा स्यादविश्वासो जीवस्य धरतो ध्रुवम् ।
नाभौ दशदलं चक्रं मणिपूरकसंज्ञकम् ।।
सुषुप्तिरत्र तृष्णा स्यादीर्ष्या पिशुनता तथा ।
लज्जा भयं घृणा मोहः कषायोऽथ विषादिता ।।
हृदयेऽनाहतं चक्रं दलैर्द्वादशभिर्युतम् ।
लौल्यं प्रनाशः कपटं वितर्कोऽप्यनुतापिता ।।
आशा प्रकाशश्चिन्ता च समीहा ममता ततः ।
क्रमेण दम्भो वैकल्यं विवेकोऽहंवतिस्तथा ।।
फलान्येतानि पूर्वादिदलस्थस्यात्मनो जगुः ।
कण्ठेऽस्ति भारतीस्थानं विशुद्धिः षोडशच्छदम् ।।
तत्र प्रणव उद्गीथो हुँ फट् वषट् स्वधा तथा ।
स्वाहा मनोऽमृतं सप्त स्वराः षड्जादयो विषम ।।
इति पूर्वादिपत्रस्थे फलान्यात्मनि षोडश

(१) गुदा और लिंग के बीच चार पंखुरियों वाला 'आधार चक्र' है । वहाँ वीरता और आनन्द भाव का निवास है । (२) इसके बाद स्वाधिष्ठान चक्र लिंग मूल में है । उसकी छः पंखुरियाँ हैं । इसके जागृत होने पर क्रूरता, गर्व, आलस्य, प्रमाद, अवज्ञा, अविश्वास आदि दुर्गुणों का नाश होता है । (३) नाभि में दस दल वाला मणिपूर चक्र है । यह प्रसुप्त पड़ा रहे तो तृष्णा, ईर्ष्या, चुगली, लज्जा, भय, घृणा, मोह आदि कषाय-कल्मष मन में जड़ जमाये पड़े रहते हैं । (४) हृदय स्थान में अनाहत चक्र है । यह बारह पंखुरियों वाला है । यह सोता रहे तो लिप्सा, कपट, तोड़-फोड़, कुतर्क, चिन्ता, मोह, दम्भ, अविवेक अहंकार से भरा रहेगा । जागरण होने पर यह सब दुर्गुण हट जायेंगे । (५) कण्ठ में विशुद्धाख्य चक्र यह सरस्वती का स्थान है । यह सोलह पंखुरियों वाला है । यहाँ सोलह कलाऐं सोलह विभूतियाँ विद्यमान हैं । (६) भ्रूमध्य में आज्ञा चक्र है, यहाँ 'ॐ' उद्गीय, हूँ, फट, विषट्, स्वधा, स्वाहा, अमृत, सप्त स्वर आदि का निवास है । इस आज्ञा चक्र का जागरण होने से यह सभी शक्तियाँ जाग पड़ती हैं ।

श्री हडसन ने अपनी पुस्तक 'साइन्स आव सीयर शिप' में अपना मत व्यक्त किया है । प्रत्यक्ष शरीर में चक्रों की उपस्थिति का परिचय तन्तु

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

गुच्छकों के रूप में देखा जा सकता है । अर्न्तदर्शियों का अनुभव इन्हें सूक्ष्म शरीर में उपस्थित दिव्य शक्तियों का केन्द्र संस्थान बताता है । कुण्डलिनी के बारे में उनके पर्यवेक्षण का निष्कर्ष है कि वह एक व्यापक चेतना शक्ति है । मनुष्य के मूलाधार चक्र में उसका सम्पर्क तन्तु है जो व्यक्ति सत्ता को विश्व सत्ता के साथ जोड़ता है । कुण्डलिनी जागरण से चक्र संस्थानों में जागृति उत्पन्न होती है । उसके फलस्वरूप– पारभौतिक (सुपर फिजीकल) और भौतिक (फिजीकल) के बीच आदान–प्रदान का द्वार खुलता है । यही है वह स्थिति जिसके सहारे मानवी सत्ता में अन्तर्हित दिव्य शक्तियों का जागरण सम्भव हो सकता है ।

चक्रों की जागृति मनुष्य के गुण, कर्म, स्वभाव को प्रभावित करती है । स्वाधिष्ठान की जागृति से मनुष्य अपने में नव शक्ति का संचार हुआ अनुभव करता है । उसे बलिष्ठता प्रतीत होती है । श्रम में उत्साह और गति में स्फूर्ति की अभिवृद्धि का आभास मिलता है । मणिपूर चक्र से साहस और उत्साह की मात्रा बढ़ जाती है । संकल्प दृढ़ होते हैं और पराक्रम करने के हौंसले उठते हैं ; मनोविकार स्वयंमेव घटते हैं और परमार्थ प्रयोजनों में अपेक्षाकृत अधिक रस मिलने लगता है । अनाहत चक्र की महिमा हिन्दुओं से भी अधिक ईसाई धर्म के योगी बताते हैं । हृदय स्थान पर गुलाब के फूल की भावना करते हैं और उसे महाप्रभु ईसा का प्रतीक मानते हैं । भारतीय योगियों की दृष्टि में यह भाव संस्थान है । कलात्मक उमंग–रसानुभूति एवं कोमल संवेदनाओं का उत्पादक स्रोत यही है । बुद्धि की वह परत जिसे विवेकशीलता कहते हैं । आत्मीयता का विस्तार सहानुभूति एवं उदार सेवा सहकारिता के तत्व इस अनाहत चक्र से ही उद्भूत होते हैं । कंठ में विशुद्धि चक्र है । इसमें बहिरंग स्वच्छता और अन्तरंग पवित्रता के तत्व रहते हैं । दोष–दुर्गुणों के निराकरण की प्रेरणा और तदनुरूप संघर्ष क्षमता यहीं से उत्पन्न होती है । शरीर शास्त्र में थाइराइड ग्रन्थि और उससे स्रवित होने वाले हारमोनों के सन्तुलन–असन्तुलन से उत्पन्न लाभ–हानि की चर्चा की जाती है । अध्यात्म शास्त्र द्वारा प्रतिपादित विशुद्धि चक्र का स्थान तो यहीं है, पर वह होता सूक्ष्म शरीर में है । उसमें अतीन्द्रिय क्षमताओं के आधार विद्यमान हैं । लघु मस्तिष्क शिर के पिछले भाग में है । अचेतन की विशिष्ट क्षमताऐं उसी स्थान पर मानी जाती हैं । मेरुदण्ड के कण्ठ की सीध पर अवस्थित विशुद्धचक्र इस चित्त संस्थान को प्रभावित करता है । तदनुसार

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

चेतना की अति महत्वपूर्ण परतों पर नियन्त्रण करने और विकसित एवं परिष्कृत कर सकने के सूत्र हाथ में आ जाते हैं । नादयोग के माध्यम से दिव्य श्रवण जैसी कितनी ही परोक्षानुभूतियाँ विकसित होने लगती हैं ।

सहस्रार मस्तिष्क के मध्य भाग में है । शरीर संरचना में इस स्थान पर अनेक महत्वपूर्ण ग्रन्थियों से सम्बन्ध रैटिकुलर एक्टिवेटिंग सिस्टम का अस्तित्व है । वहाँ से जैवीय विद्युत का स्वंय भू प्रवाह उभरता है । वे धारायें मस्तिष्क के अगणित केन्द्रों की ओर दौड़ती हैं । इसमें से छोटी–छोटी चिन्गारियाँ तरंगों के रूप में उड़ती रहती हैं । उनकी संख्या की सही गणना तो नहीं हो सकती, पर वे हैं हजारों । इसलिए हजार या हजारों का उद्‌बोधक 'सहस्र' शब्द प्रयोग में लाया जाता है । सहस्रार चक्र का नामकरण इसी आधार पर हुआ है । सहस्र फन वाले शेषनाग की परिकल्पना का यही आधार है । यह संस्थान ब्रह्माण्डीय चेतना के साथ सम्पर्क साधने में अग्रणी है, इसलिए उसे ब्रह्म रन्ध्र या ब्रह्मलोक भी कहते हैं । रेडियो एरियल की तरह हिन्दू धर्मानुयायी इस स्थान पर शिखा रखाते हैं और उसे शिर रूपी दुर्ग पर आत्म सिद्धान्तों को स्वीकृत किए जाने की विजय पताका बताते हैं । आज्ञा चक्र को सहस्रार का उत्पादन केन्द्र कह सकते हैं ।

सभी चक्र सुषुम्ना नाड़ी के अन्दर स्थित हैं तो भी वे समूचे नाड़ी मण्डल को प्रभावित करते हैं । स्वचालित और ऐच्छिक दोनों ही संचार प्रणालियों पर इनका प्रभाव पड़ता है । अस्तु शरीर संस्थान के अवयवों को चक्रों द्वारा निर्देश पहुँचाये जा सकते हैं । साधारणतया यह कार्य अचेतन मन करता है और उस पर सचेतन मस्तिष्क का कोई बस नहीं चलता है । रोकने की इच्छा करने पर भी रक्त संचार रुकता नहीं और तेज करने की इच्छा होने पर भी उसमें सफलता नहीं मिलती । अचेतन बड़ा दुराग्रही है । सचेतन की बात सुनने की उसे फुर्सत नहीं । उसकी मन मर्जी ही चलती है । ऐसी दशा में मनुष्य हाथ–पैर चलाने जैसे छोटे–मोटे काम ही इच्छानुसार कर पाता है । शरीर की अनैच्छिक क्रिया पद्धति के सम्बन्ध में वह लाचार रहता है । ऐसी दशा में व्यक्तित्व को परिष्कृत करने वाली और शरीर तथा मनःसंस्थान में अभीष्ट परिवर्तन करने वाली आकांक्षा प्रायः अपूर्ण एवं निष्फल बनी रहती है । चक्र संस्थान को यदि जागृत तथा नियन्त्रित किया जा सके तो आत्म जगत पर अपना अधिकार हो जाता है । यह आत्म विजय

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

अपने ढंग की अद्भुत सफलता है । इसका महत्व तत्वदर्शियों ने विश्व विजय से भी अधिक महत्वपूर्ण बताया है । विश्व विजय कर लेने पर दूरवर्ती क्षेत्रों से समुचित लाभ उठाना सम्भव नहीं हो सकता, उसकी सम्पदा का उपभोग, उपयोग कर सकने की सामर्थ्य भी कहाँ है ? किन्तु आत्म विजय के सम्बन्ध में ऐसी बात नहीं है । उसका पूरा-पूरा लाभ स्वयं ही उठाया जा सकता है । उस आधार पर बहिरंग और अन्तरंग क्षेत्रों की सम्पदा का प्रचुर लाभ अपने आप को मिल सकता है ।

मेरुदण्ड को शरीर शास्त्री स्पाइनल कालम कहते हैं । स्पाइनल एक्सिस एवं वर्टिब्रल कॉलम-शब्द भी उसी के लिए प्रयुक्त होते हैं । मोटे तौर पर यह ३३ अस्थि घटकों से मिलकर बनी हुई पोली दण्डी भर है । इन हड्डियों को पृष्ठ वंश-कशेरुका या 'वर्टिब्रा' कहते हैं । स्थिति के अनुरूप इनका पाँच भागों में विभाजन किया जा सकता है ।

(१) ग्रीवा प्रदेश-सर्वाइकल रीजन-७ अस्थि खण्ड (२) वक्ष प्रदेश-डार्सल रीजन-१२ अस्थि खण्ड (३) कटि प्रदेश-लम्बर रीजन-५ अस्थि खण्ड (४) त्रिक या वस्तिगह्वर-सेक्रल रीजन-५ अस्थि खण्ड (५) चेंचु प्रदेश-काक्सीजियल रीजन-४ अस्थि खण्ड ।

मेरु दण्ड पोला है । उससे अस्थि खण्डों के बीच में होता हुआ यह छिद्र नीचे से ऊपर तक चला गया है । इसी के भीतर सुषुम्ना नाड़ी विद्यमान है । मेरुदण्ड के उपर्युक्त पाँच प्रदेश सुषुम्ना में अवस्थित पाँच चक्रों से सम्बन्धित हैं । (१) मूलाधार चक्र-चेंचु प्रदेश, (२) स्वादिष्ठान-त्रिक प्रदेश (३) मणिपूर-कटि प्रदेश (४) अनाहत-वक्ष प्रदेश (५) विशुद्धि-ग्रीवा प्रदेश, छठे आज्ञा चक्र का स्थान मेरुदण्ड में नहीं आता । सहस्रार का सम्बन्ध भी रीढ़ की हड्डी से सीधा नहीं है । इतने पर भी सूक्ष्म शरीर का सुषुम्ना मेरु दण्ड पाँच रीढ़ वाले और दो बिना रीढ़ वाले सभी सात चक्रों को एक ही श्रृंखला में बँधे हुए हैं । सूक्ष्म शरीर की सुषुम्ना में यह सातों चक्र जंजीर की कड़ियों की तरह परस्पर पूरी तरह सम्बद्ध हैं ।

यहाँ यह तथ्य भलीभाँति स्मरण रखा जाना चाहिए कि शरीर विज्ञान के अन्तर्गत वर्णित प्लेक्सस, बाडी गुच्छक और चक्र एक नहीं हैं । यद्यपि उनके साथ पारस्परिक तारतम्य जोड़ा जा सकता है । यों इन गुच्छकों की भी शरीर में विशेष स्थिति है और उनकी कायिक और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाली प्रतिक्रिया होती रहती है ।

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

शरीर शास्त्र के अनुसार प्रमुख नाड़ी गुच्छकों (प्लेक्ससेज) में १३ प्रधान हैं । उनके नाम हैं–(१) हिपेटिक (२) सर्वाइकल (३) ब्रांकियल (४) काक्सीजियल (५) लम्बर (६) सेक्रल (७) कार्डियल (८) इपिगेस्ट्रिक (९) इसोफैजियल (१०) फेरेन्जियल (११) पलमोनरी (१२) लिंगुअल (१३) प्रोस्टेटिक ।

इन गुच्छकों में शरीर यात्रा में उपयोगी भूमिका सम्पन्न करते रहने के अतिरिक्त कुछ विलक्षण विशेषताऐं भी पाई जाती हैं । उनसे यह प्रतीत होता है कि उनके साथ कुछ रहस्यमय तथ्य जुड़े हुए हैं । यह सूक्ष्म शरीर के दिव्य चक्रों के सान्निध्य से उत्पन्न होने वाला प्रभाव ही कहा जा सकता है ।

'चक्र' शक्ति संचरण के एक व्यवस्थित, सुनिश्चित क्रम को कहते हैं । वैज्ञानिक क्षेत्र में विद्युत, ध्वनि, प्रकाश सभी रूपों में शक्ति के संचार क्रम की व्याख्या चक्रों (साइकिल्स) के माध्यम से ही की जाती है । इन सभी रूपों में शक्ति का संचार, तरंगों के माध्यम से होता है । एक पूरी तरंग बनने के क्रम को एक चक्र (साइकिल) कहते हैं । एक के बाद एक तरंग, एक के बाद एक चक्र (साइकिल) बनने का क्रम चलता रहता है और शक्ति का संचरण होता रहता है । शक्ति की प्रकृति (नेचर) का निर्धारण इन्हीं चक्रों के क्रम के आधार पर किया जाता है । औद्योगिक क्षेत्र में प्रयुक्त विद्युत के लिए अन्तर्राष्ट्रीय नियम है कि वह ५० साइकिल्स प्रति सैकिण्ड के चक्र क्रम की होनी चाहिए । विद्युत की मोटरों एवं अन्य यन्त्रों को उसी प्रकृति की बिजली के अनुरूप बनाया जाता है । इसीलिए उन पर हार्सपावर, वोल्टेज आदि के साथ ५० साइकिल्स भी लिखा रहता है । अस्तु शक्ति संचरण के साथ 'चक्र' प्रक्रिया जुड़ी ही रहती है वह चाहे स्थूल विद्युत शक्ति हो अथवा सूक्ष्म जैवीय विद्युत शक्ति ।

नदी प्रवाह में कभी–कभी कहीं भँवर पड़ जाते हैं । उनकी शक्ति अद्भुत होती है । उनमें फँसकर नौकाऐं अपना सन्तुलन खो बैठती हैं और एक ही झटके में उल्टी डूबती दृष्टिगोचर होती हैं । सामान्य नदी प्रवाह की तुलना में इन भँवरों की प्रचण्डता सैकड़ों गुनी अधिक होती है । शरीरगत विद्युत प्रवाह को एक बहती हुई नदी के सदृश माना जा सकता है और उसमें जहाँ तहाँ पाये जाने वाले चक्रों की 'भँवरों' से तुलना की जा सकती है ।

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

गर्मी की ऋतु में जब वायुमण्डल गरम हो जाता है तो जहाँ–तहाँ छोटे–बड़े 'चक्रवात'–साइक्लोन उठने लगते हैं । वे नदी के भँवरों की तरह ही गरम हवा के कारण आकाश में उड़ते हैं । उनकी शक्ति देखते ही बनती है । पेड़ों को, छतों को छप्परों को उखाड़ते–उछालते वे बवण्डर की तरह जिधर–तिधर भूत–बेताल की तरह नाचते–फिरते हैं । साधारण पवन प्रवाह की तुलना में इन टारनेडो (चक्रवातों) की शक्ति भी सैकड़ों गुनी अधिक होती है ।

शरीरगत विद्युत शक्ति का सामान्य प्रवाह यों सन्तुलित ही रहता है, पर कहीं–कहीं उसमें उग्रता एवं वक्रता भी देखी जाती है । हवा कभी–कभी बाँस आदि के झुरमुटों से टकरा कर कई तरह की विचित्र आवाजें उत्पन्न करती है । रेलगाड़ी, मोटर और द्रुतगामी वाहनों के पीछे दौड़ने वाली हवा को भी अन्धड़ की चाल चलते देखा जा सकता है । नदी का जल कई जगह ऊपर से नीचे गिरता है –चट्टानों से टकराता है तो वहाँ प्रवाह में व्यतिक्रम, उछाल, गर्जन–तर्जन की भयंकरता दृष्टिगोचर होती है । शरीरगत सूक्ष्म चक्रों की विशेष स्थिति भी इसी प्रकार की है । यों नाड़ी गुच्छकों–प्लेक्सस में भी विद्युत संचार और रक्त प्रवाह के गति क्रम में कुछ विशेषता पाई जाती है । पवन प्रवाह पर नियन्त्रण करने के लिए नावों पर पतवार बाँधें जाते हैं उनके सहारे नाव की दिशा और गति में अभीष्ट फेर कर लिया जाता है । पनचक्की के पंखों को गति देकर आटा पीसने, जल–कल चलाने आदि के काम लिए जाते हैं । जल प्रपात जहाँ ऊपर से नीचे गिरता है वहाँ उस प्रपात तीव्रता के वेग को बिजली बनाने जैसे कार्यों के लिए प्रयुक्त किया जाता है । समुद्री ज्वार भाटों से भी बिजली बनाने का काम लिया जा रहा है । ठीक इसी प्रकार शरीर के विद्युत प्रवाह में जहाँ चक्र बनते हैं वहाँ उत्पन्न उग्रता को कितने ही अध्यात्म प्रयोजनों में काम लाया जाता है ।

चक्र कितने हैं ? इनकी संख्या निर्धारण करने में मनीषियों का मतभेद स्पष्ट है । विलय तंत्र में इड़ा और पिंगला की विद्युत गति से उत्पन्न उलझन गुच्छकों को चक्रों की संज्ञा दी गई है और उनकी संख्या पाँच बताई गई है । मेरुदण्ड में वे पाँच की ही संख्या में हैं । मस्तिष्क के अग्रभाग में अवस्थित आज्ञा चक्र को भी उनमें सम्मिलित कर लेने पर वे छः हो जाते हैं और हठयोग की गणना के अनुसार छः की संख्या पूरी हो जाती है ।

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

सानवाँ सहस्रार है । इसे चक्रों की बिरादरी में जोड़ने न जोड़ने पर विवाद है । सहस्रार–नाभिक है । उसे इसी बिरादरी में सम्मिलित रखने न रखने के दोनों ही पक्षों के साथ तर्क है । इसलिए जहाँ छः की गणना है वहाँ सात का भी उल्लेख बहुत स्थानों पर हुआ है ।

बात इतने पर ही समाप्त नहीं हो जाती । चक्रों की संख्या सूक्ष्म शरीर में बहुत बड़ी है । इन्हें १०८ तक गिना गया है । छोटे होने के कारण उन्हें उपत्यिका कहा गया है और जपने की माला में उतने ही दाने रखने की परम्परा चली है । इनमें से कितने ही लघु चक्र ऐसे हैं जिन्हें जागृत करने वालों ने प्रख्यात चक्रों से भी शक्तिशाली पाया है । चन्द्रमा की गणना ग्रहों में नहीं उपग्रहों में होती है । फिर भी अपनी पृथ्वी के लिए पूर्ण समझे जाने वाले ग्रहों में कम नहीं अधिक ही उपयोगिता है ।

तन्त्र ग्रन्थों में ऐसे चक्रों का वर्णन है जिनके नाम और स्थान षटचक्रों से भिन्न हैं । जहाँ उनकी संख्या पाँच बताई गई है वहाँ पाँच कोशों का नहीं वरन् भिन्न आकृति–प्रकृति के अतिरिक्त चक्रों का वर्णन है । (१) त्रिकूट (२) श्रीहाट (३) गोल्लाट (४) औट पीठ (५) अमर गुफा इनके नाम हैं । इनकी व्याख्या एवं स्वरूप हठयोग में वर्णित षट्चक्रों से भिन्न हैं ।

इसी तरह कहीं–कहीं तन्त्र ग्रन्थों में उनकी संख्या छः से अधिक कही गई है–

नवचक्रं कलाधारं त्रिलक्ष्यं व्योम पंचकम् । सम्यगेतन्न जानति स योगी नाम धारकः ।

–सिद्ध सिद्धान्त पद्धति

नव चक्र, त्रिलक्ष, सोलह आधार, पाँच आकाश, वाले सूक्ष्म शरीर को जो जानता है उसी को योग में सिद्धि मिलती है ।

अष्टाचक्रा नवद्वारा देवानां पूरयोध्या ।
तस्यां हिरण्मयः कोशःस्वर्गो ज्योतिषावृतः ।।

–अथर्ववेद

आठ चक्र, नव द्वार वाली यह अवोह या नगरी स्वर्ण कोश और स्वर्गीय ज्योति से आवृत्त है ।

शक्ति सम्मोहन तन्त्र में उनकी संख्या ९ मानी गयी है । कुण्डलिनी को 'नव चक्रात्मिका देवी' कहा गया है । नौ चक्र इस प्रकार गिनाये

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

गये हैं । (१) आनन्द चक्र (२) सिद्धि चक्र (३) आरोग्य चक्र (४) रक्षा चक्र (५) सर्वार्थ चक्र (६) सौभाग्य चक्र (७) संशोषण चक्र (८) शाप चक्र (९) मोहन चक्र । यह नामकरण उनकी विशेषताओं के आधार पर किया गया है । यह कहाँ हैं, इसकी चर्चा में मात्र तीन को षट्चक्रों की तरह बताया गया है और शेष अन्यान्य स्थानों पर अवस्थित बताये गये हैं ।

नौ के वर्णन में भी नाम और स्थानों की भिन्नता मिलती है । एक स्थान पर उनके नाम इस प्रकार गिनाये गये हैं । (१) ब्रह्म चक्र (२) स्वाधिष्ठान चक्र (३) नाभि चक्र (४) हृदय चक्र (५) कण्ठ चक्र (६) तालु चक्र (७) भ्रू चक्र (८) निर्वाण चक्र (९) आकाश चक्र बताये गये हैं । यह उल्लेख सिद्ध सिद्धान्त पद्धति में विस्तार पूर्वक मिलता है ।

संख्या जो भी मानी जाये उन सबका एक समन्वय शक्ति पुञ्ज लोगोज (LOGOS) भी है जिसकी स्थूल सूर्य के समान ही किन्तु अपने अलग ढंग की रश्मियाँ निकलती हैं । सूर्य किरणों में सात रंग अथवा ऐसी विशेषताऐं होती हैं जिनका स्वरूप, विस्तार, कार्यक्षेत्र सीमित है, पर इस आत्म–तत्व के सूर्य का प्रभाव और विस्तार बहुत व्यापक है । वह प्रकृति के प्रत्येक अणु को नियन्त्रित एवं गतिशील रखता है साथ ही चेतन संसार की विधि व्यवस्था को सँभालता सँजोता है । इसे पाश्चात्य तत्व वेत्ता सन्स आफ फोतह (Sons of fotah) कहते हैं और प्रतिपादित करते हैं कि विश्व–व्यापी शक्तियों का मानवीकरण इसी केन्द्र संस्थान द्वारा हो सका है ।

सामान्य शक्ति धाराओं में प्रधान गिनी जाने वाली (१) गति (२) शब्द (३) ऊष्मा (४) प्रकाश (५) संयोग (Cohesion) (६) विद्युत (७) चुम्बक यह सात हैं । इन्हें सात चक्रों का प्रतीक ही मानना चाहिए ।

कुण्डलिनी शक्ति को कई विज्ञान वेत्ता विद्युत द्रव पदार्थ (Electric Fluid) या नाड़ी शक्ति कहते हैं ।

इस निखिल विश्व ब्रह्माण्ड में संव्याप्त परमात्मा की छः चेतन शक्तियों का अनुभव हमें होता है । यों शक्ति पुञ्ज पर ब्रह्म की अगणित शक्ति धाराओं का पता पा सकना, मनुष्य की सीमित बुद्धि के लिए असम्भव है । फिर भी हमारे दैनिक जीवन में जिनका प्रत्यक्ष सम्पर्क संयोग रहता है उनमें प्रमुख यह हैं–(१) परा शक्ति (२) ज्ञान शक्ति (३) इच्छा शक्ति (४) क्रिया शक्ति (५) कुण्डलिनी शक्ति (६) मातृका शक्ति (७) गुह्य । इन सबके सम्मिलित शक्ति पुञ्ज को ईश्वरीय प्रकाश अथवा सूक्ष्म प्रकाश (Astral

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

Light) कह सकते हैं । यह सातवीं शक्ति है । कोई चाहे तो इस शक्ति पुञ्ज को उपरोक्त छः शक्तियों का उद्गम भी कह सकता है । इन सबको हम चैतन्य सत्ताऐं कह सकते हैं । उसे पवित्र अग्नि (Sacred fire) के रूप में भी कई जगह वर्णित किया गया है और कहा गया है कि उसमें से आग ऊष्मा तो नहीं पर प्रकाश किरणे निकलती हैं और वे शरीर में विद्यमान ग्रन्थियों ग्लैण्ड्स केन्द्रों (Center) और गुच्छकों को असाधारण रूप से प्रभावित करती है । इससे मात्र शरीर या मस्तिष्क को ही बल नहीं मिलता वरन् सम्पूर्ण व्यक्तित्व की महान सम्भावना को और अग्रसर करती है ।

इन सात चक्रों में अवस्थित सात उपरोक्त शक्तियों का उल्लेख साधना ग्रन्थों में अलंकारिक रूप में हुआ है । उन्हें सात लोक, सात समुद्र, सात द्वीप, सात पर्वत, सात ऋषि आदि नामों से चित्रित किया गया है । इसी चित्रण में यह संकेत है कि इन चक्रों में किन-किन स्तर के विराट् शक्ति स्रोतों के साथ सम्बन्ध है । बीज रूप से कौन महान सामर्थ्य इन चक्रों में विद्यमान है और जागृत होने पर उन चक्र संस्थानों के माध्यम से मनुष्य का व्यक्तित्व छोटे से कितना विराट और विशाल हो सकता है । टोकरी भर बीज से लम्बा-चौड़ा खेत हरा-भरा हो सकता है । अपने बीज भण्डार में सात टोकरी भरा-सात किस्म का अनाज सुरक्षित रखा है । चक्र एक प्रकार से शीत गोदाम-कोल्ड स्टोर हैं और इन पर ताला जड़ा हुआ है । इन सात तालों की एक ही चाबी है । उसका नाम 'कुण्डलिनी' । जब उसके जागरण की साधना की जाती है तो यह ताले खुलते हैं । बीज बाहर लाया जाता है । शरीर रूपी साढ़े तीन एकड़ के खेत में वह बोया जाता है । यह छोटा खेत अपनी सुसम्पन्नता को अत्यधिक व्यापक बना देता है । पुराण कथा के अनुसार राजा बलि का राज्य तीनों लोकों में था । भगवान् ने वामन रूप में उससे साढ़े तीन कदम भूमि की भिक्षा माँगी । बलि तैयार हो गये । तीन कदम में तीन लोक और आधे कदम में बलि का शरीर नाप कर विराट् ब्रह्म ने उस सबको अपना लिया । हमारा शरीर साढ़े तीन हाथ लम्बा है । चक्रों के जागरण में यदि उसे लघु से महान-अण्ड से विभु कर लिया जाय तो उसकी साढ़े तीन हाथ की लम्बाई-साढ़े तीन एकड़ जमीन न रहकर लोक-लोकान्तरों तक विस्तृत हो सकती है और उस उपलब्धि की याचना करने के लिए भगवान वामन रूप धारण करके हमारे दरवाजे पर हाथ पसारे हुए उपस्थित हो सकते हैं ।

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

षट्चक्र ब्रह्माण्ड व्यापी शक्तियों के रेडियो केन्द्र

बाँसुरी में सात छिद्र सात स्वर कहलाते हैं, जब उनमें से आरोह–अवरोह क्रम में वायु फूँकी और उन छिद्रों का व्यवस्थित संचालन किया जाता है, तो एक ऐसी मधुर स्वर लहरी का गुञ्जार होता है, जिसे सुनकर हर कोई मुग्ध हो जाता है । भगवान् श्रीकृष्ण की बाँसुरी के स्वर सुनकर समस्त ब्रज भाव विभोर हो उठता था । ऐसी ही एक बाँसुरी मनुष्य के शरीर में षट्चक्रों के रूप में भी विद्यमान है । सामान्य अवस्था में यह चक्र प्रसुप्त अवस्था में पड़े रहते हैं, किन्तु गायत्री उपासना से जब उनका जागरण होता है तो साधकों को एक ऐसा अनहद् नाद सुनाई पड़ता है जिससे वह आत्म–विभोर हो उठता है, उसे ऐसी तृप्ति के दर्शन होते हैं, जिसके आगे संसार की कोई भी नियामत तुच्छ लगती है ।

चक्र शब्द का अर्थ पहिया नहीं नियमित गति क्रम भी होता है । भाग्य चक्र, जीवन–मरण चक्र, सुदर्शन चक्र आदि संयुक्त नामों से यह अनुमान लगाया जा सकता है कि गाड़ी के पहिए की तरह जो भी वस्तु या स्थिति घूमने वाली हो, उसके लिए चक्र शब्द का प्रयोग किया जाता है । पृथ्वी सहित सौर मण्डल के ग्रह एक निर्धारित कक्षा में घूमते हैं, परमाणु भी अपने छोटे सौर मण्डल के साथ अपनी धुरी पर घूमते रहते हैं । दिन और रात की तरह शरीर में रक्ताभिषरण श्वाँस–प्रश्वाँस क्रिया में भी आवागमन का चक्र चलता रहता है । गति और प्रगति का जो क्रम संसार में सर्वत्र दीख पड़ता है, वही प्रकारान्तर से हमारे शरीर के विविध क्रिया–कलापों पर भी लागू होता है । ऐसे ही क्रिया–कलापों में एक विश्व–व्यापी प्राणशक्ति में से कुछ अंश शरीर में ग्रहण करने और छोड़ने का क्रम चलाने के शक्ति संस्थान विद्यमान हैं, जिन्हें योग की भाषा में चक्र कहा जाता है ।

नदी और नहरों के किनारे आटा पीसने की पनचक्कियाँ लगी होती हैं । बहता हुआ पानी जहाँ ऊपर से नीचे गिरता है वहाँ उस गिरने से उत्पन्न होने वाले दबाव से कुछ चक्के सम्बन्धित कर दिये जाते हैं और वे उस दबाव के कारण घूमने लगते हैं । इस घुमाव से चक्की के पहिए घूमने लगते हैं और आटा पीसने की मशीन अपना काम करने लगती है । विश्वव्यापी प्राणशक्ति का प्रवाह एक बड़ी नदी में बहने वाले जल

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

प्रवाह की तरह है । मनुष्य शरीर की तुलना प्रपात से की जा सकती है । शरीर में विद्यमान कुछ सूक्ष्म चक्र इस शक्ति प्रपात के साथ जुड़े रहने के कारण उस प्रवाह जन्य दबाव को अपने भीतर ग्रहण करते हैं और वे स्वयं घूमने लगते हैं । चक्रों का परिभ्रमण सूक्ष्म शरीर के सारे अन्तरंग क्रिया-कलाप को घुमाता है और हमारी आन्तरिक हलचलें अपना काम करने लगती हैं । विश्वव्यापी प्राणशक्ति की विद्युत भी हमारे सूक्ष्म चक्र ग्रहण करते हैं । जैसे बड़े बिजली घर से उत्पन्न होने वाली शक्ति को छोटे ट्रांसफार्मर अपने में ग्रहण कर लेते हैं और उससे अपने क्षेत्र की आवश्यकता पूरी करते हैं । उसी प्रकार हमारे सूक्ष्म शरीर में विद्यमान चक्र-विराट् प्राण चक्र से अपनी क्षमता के अनुरूप शक्ति प्राप्त करते हैं और उससे स्थूल, सूक्ष्म, कारण शरीरों को अन्नमय, प्राणमय, मनोमय, विज्ञानमय आनन्दमय, कोशों की गतिविधियाँ संचालित रख सकने की क्षमता प्राप्त करते हैं । इसी क्षमता से वे स्वयं विद्युत मोटरों की तरह घूमते हैं और शरीर सत्ता के विभिन्न घटकों को गति प्रदान करते हैं ।

सामान्यतया गति के तीन रूप हैं (१) चक्राकार-गोल (२) कुण्डल्याकार-पेच की चूड़ियों की तरह (३) तरंगाकार-लहरों की तरह । साधारण जीवन क्रम में हम बाह्य जगत की तरंग प्रक्रिया से लाभान्वित होते हैं । कानों में शब्द, त्वचा पर स्पर्श, जिह्वा पर रस, नाक में गन्ध, नेत्रों में रूप का अवगृहण तरंगों के रूप में ही होता है । हम प्रायः तरंगें ही फेंकते और तरंगें ही ग्रहण करते हैं । हमारी क्रियायें एवं विचारणाऐं अन्तरिक्ष में जो हलचलें उत्पन्न करती हैं वे तरंग रूप में ही आगे बढ़ती हैं और व्यक्तियों तथा वस्तुओं को प्रभावित करती हैं । इस प्रकार हम व्यापक शक्ति समुद्र में से एक-तिहाई का ही उपयोग कर पाते हैं । दो धाराऐं तो अछूती ही बनी रहती हैं जबकि उनकी क्षमता और भी अधिक है ।

दो तरंगें शरीर के अन्तःक्षेत्र में गतिशील रहती हैं । मूलाधार चक्र से मेरुदण्ड मार्ग में जो शक्ति प्रवाह चलता है वह पेच की चूड़ी की तरह कुण्डल्याकार होता है । इसलिए धारा को कुण्डलिनी कहते हैं । साधारण बन्दूको में तो ऐसे ही गोल छेद की पोली नली होती है, पर बढ़िया बन्दूकों का नली का भीतरी भाग चूड़ीदार होता है । गोली दागते समय उसे पेंचदार घुमाव की गति मिलती है फलतः वह लक्ष्य तक इसी गति से घूमती हुई पहुँचती है । जहाँ लगती है वहाँ छिद्र तो सामान्य होता है,

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

पर आगे वह अपनी पेचदार चाल के कारण बड़ा छिद्र कर देती है । मूलाधार से उठने वाले पेचदार प्रवाह भी ऐसे ही होते हैं और वे आगे बढ़ते–बढ़ते अधिकाधिक सशक्त होते जाते हैं ।

मस्तिष्क में उठने वाले विद्युत प्रवाह गोलाकार होते हैं । अस्तु उसे सूर्य, चन्द्र जैसे गोल ग्रह पिण्डों की उपमा दी जाती है, बूँदें भी गोल होती हैं । उसे उस प्रवाह के अमृत बिन्दुओं के समतुल्य माना जाता है और सोमरस से, स्वाति बूँदों से स्मरण किया जाता है । चातक की तृप्ति स्वाति वर्षा से होती है । स्वांति बूँदों से सीप में मोती, बाँस में वंश–लोचन, केला में कपूर होने की किम्वदन्तियाँ पदार्थ विज्ञान की दृष्टि से सही नहीं हैं । इस अलंकार में मस्तिष्क में झरने वाले प्रवाह को ही अमृत वर्षा के नाम से पुकारा गया है । सीप, चातक, केला, बाँस आदि– मूलाधार संस्थान की ओर इंगित किया गया है । मस्तिष्क और काम–बीज के बीच परस्पर आकर्षण तो है पर मिलन नहीं हो पाता । इस वियोग की अतृप्ति ही जीवन क्रम में विक्षोभ, असंतोष एवं अभाव भरे रहती है । यदि दोनों का मिलन हो सके तो इस संयोग का प्रतिफल आनन्द एवं उल्लास बनकर सामने आता है । यही स्थिति उत्पन्न करना कुण्डलिनी जागरण का उद्देश्य है ।

रेडियो यंत्र में लगी सुई को अलग नम्बरों पर लगा देने से उसमें लगे बैण्ड बदल देने से अलग–अलग ब्राडकास्ट स्टेशनों का सम्बन्ध बनता और बदलता है । रेडियो यन्त्र में ऐसी व्यवस्था है कि उसके विभिन्न पूर्जे थोड़ी फेर बदलने से अन्तरिक्ष में विभिन्न फ्रीक्वेन्सियों पर चल रहे शब्द प्रवाहों को पकड़ सकें । इसी व्यवस्था के आधार पर हम अपने रेडियो पर अभीष्ट प्रोग्राम सुन सकते हैं । मेरुदण्ड में अवस्थित चक्रों में ऐसी विशेषता है कि वे अनन्त आकाश में बह रही विभिन्न स्तर की चेतनात्मक शक्ति धाराओं के साथ सम्पर्क बना सकें । इन्हीं धाराओं को देवसत्ता कहते हैं । चक्रों के अधिपति विभिन्न देवता बताए गये हैं । इनका तात्पर्य है कि चक्रों के साथ चेतन जगत की महत्वपूर्ण फ्रीक्वेन्सियाँ सम्बन्धित हैं । उनका सम्पर्क एवं अनुदान प्राप्त कर सकना हर दृष्टि से मनुष्य के लिए उपयोगी ही सिद्ध हो सकता है ।

हमारा रेडियो यन्त्र ग्रहण करने का एक ही कार्य सम्पन्न कर पाता है । उसमें प्रेषण की, ब्राडकॉस्टिंग की क्षमता नहीं है । प्रेषण और ग्रहण का दुहरा काम कर सकने की क्षमता मेरुदण्ड स्थित चक्र संस्थान

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

में पाई जाती है । वे अन्तरिक्ष के विभिन्न क्षेत्रों एवं स्तरों के साथ सम्पर्क बनाने एवं आदान-प्रदान का द्वार खोलने में समर्थ हो सकते हैं । प्रसुप्त चक्र अविज्ञात एवं अनावश्यक स्थिति में उपेक्षित पड़े रहते हैं, पर यदि उन्हें जागृत किया जा सके तो जीवन विकास में महत्वपूर्ण उपयोग हो सकता है ।

संसार को परमाणुओं से बना हुआ एक खिलौना कहें तो अत्युक्ति न होगी । कुछ सीमित तत्वों के परमाणु ही विराट् जगत में परिभ्रमण करते और नाना प्रकार के ब्रह्माण्ड पदार्थ और परिस्थितियों की उत्पत्ति करते हैं । जीवन की सात अवस्थायें भी वस्तुतः इन परमाणुओं के संयोग से विनिर्मित सृष्टि क्रम ही है ।

पाश्चात्य अध्यात्मवेत्ता चेतना के सात शरीर मानते हैं । एक प्रत्यक्ष छः अप्रत्यक्ष । (१) भौतिक शरीर को वे (फिजिकल बॉडी) कहते हैं । इससे आगे के क्रमशः (२) आकाश शरीर (इथरिक बॉडी) (३) सूक्ष्म शरीर (एस्ट्रल बॉडी) (४) मनस् शरीर (मेन्ट बॉडी) (५) आत्म शरीर (स्प्रिचुअल बॉडी) (६) ब्रह्म शरीर (कॉस्मिक बॉडी) (७) निर्वाण शरीर इसे वे शरीर कहते हुए भी शरीर न कहकर "बीइंग एण्ड नोनबीइंग" की संज्ञा देते हैं । यह 'अनिर्वचनीय जैसा शब्द है ।

(१) मूलाधार (२) स्वाधिष्ठान (३) मणिपूर (४) अनाहत (५) विशुद्धि (६) आज्ञा चक्र-यह षट्चक्र वर्ग में आते हैं । सातवाँ सहस्रार इनका अधिपति एवं सूत्र सञ्चालक है । मानवीय काया में अवस्थित यही परम तेजस्वी सप्त ऋषि हैं । जिनकी पीठ पर-जिनके समर्थन में सात ऋषि होंगे, उन्हें किसी प्रकार का अनुभव न होगा । निद्रित स्थिति में तो मनुष्य भी मृत तुल्य पड़ा रहता है । ऋषियों का अस्तित्व आत्मसत्ता के अन्तर्गत होते हुए भी यदि वे प्रसुप्त स्थिति में पड़े हैं तो उनका समुचित लाभ मिल सकना सम्भव न होगा ।

आत्म सूर्य के सप्त अश्व प्रमुख चेतना केन्द्रों के रूप में वर्णन किऐ गये हैं-(१) प्राण (२) चक्षु (३) जिह्वा (४) त्वचा (५) कान (६) मन (७) बुद्धि इन सातों को अश्व संज्ञा दी गई है ।

दिव्य जीव सत्ता में इन सातों का वर्णन इस प्रकार मिलता है । (१) देव (२) ऋषि (३) गन्धर्व (४) पन्नग (५) अप्सरा (६) यज्ञ (७) राक्षस । वैदिक देवताओं में इन्हीं का दूसरे रूप में वर्णन

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

है–(१) प्रजापति (२) अर्यमा (३) पूषा (४) त्वष्टा (५) वरुण (६) इन्द्र (७) मित्र । छन्द शास्त्र की दृष्टि से इनका उल्लेख जिन सात छन्दों में किया गया है वे (१) गायत्री (२) उष्णिक् (३) अनुष्टुप (४) वृहती (५) पंक्ति (६) त्रिष्टुप और (७) जगती है ।

गान विद्या के सप्त स्वर प्रसिद्ध हैं–स, रे, ग, म, प, ध, नि के नाम से इन्हें संगीत शास्त्र के आरम्भिक छात्र भी जानते हैं । सूर्य की सात किरणें (१) बैंगनी (२) जामुनी (३) नीले (४) हरे (५) पीले (६) नारंगी (७) लाल रंग की है । इन्हीं रंगों के प्रभाव से पदार्थों और प्रणियों में तरह–तरह के उभार एवं उतार–चढ़ाव आते रहते हैं ।

आयुर्वेद के अनुसार अपने प्रत्यक्ष शरीर में सप्त धातुऐं हैं–(१) रस (२) रक्त (३) मांस (४) मज्जा (५) अस्थि (६) मेरु (७) शुक्र । इन्हीं के सहारे काया का क्रिया–कलाप चलता है । सूक्ष्म शरीर का ढाँचा भी सात आधारों पर ही खड़ा है । (१) पाँच तत्व (२) पाँच प्राण (३) पाँच ज्ञानेन्द्रिय (४) पाँच कर्मेन्द्रियाँ (५) पाँच तन्मात्राऐं (६) अन्तःकरण चतुष्टय (७) आकांक्षा संस्कार ।

स्थूल शरीर के आधारों को प्रत्यक्ष आँखों से देखा जा सकता है । सूक्ष्म शरीर के आधार भी सूक्ष्म होते हैं, अस्तु वे दृष्टिगोचर तो नहीं होते पर अस्तित्व उन सबका बना रहता है । भाप बनकर आकाश में उड़ जाने पर भी पदार्थ बना तो रहता है, पर उसका अस्तित्व दृष्टिगोचर नहीं होता । सूक्ष्म शरीर की सत्ता भूत–प्रेतों के रूप में, स्वप्न में, छाया पुरुष में, स्वर्ग–नरक भोगने में स्थूल शरीरधारियों की तरह ही काम करती है, पर उसका अस्तित्व स्पष्ट रूप से दृष्टिगोचर नहीं होता । दिव्यात्माऐं भी ऐसा ही सूक्ष्म कलेवर धारण करके इतना काम करती है जो स्थूल शरीर की तुलना में अत्यधिक होता है ।

षट्चक्रों का नाम भ्रामक है । वस्तुतः उन्हें सप्तचक्र ही कहना चाहिए । सहस्रार को इस चक्र श्रृंखला से अलग नहीं किया जा सकता । प्रत्येक चक्र भी सात आधारों से बना है । उसके स्वरूप निर्धारण की जो व्याख्या विवेचना है उसमें प्रत्येक के सात–सात विवरण दिये गये हैं– (१) तत्व बीज (२) वाहन (३) अधिदेवता (४) दल (५) यन्त्र (६) शब्द (७) रंग । इन्हीं विशेषताओं की भिन्नता से उनके अलग–अलग विभेद किये गये हैं । अन्यथा बाहर से तो उनकी आकृति एक जैसी ही है । उनकी क्षमताओं, विशेषताओं, और प्रतिक्रियाओं का

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

विवरण इन्हीं सात संकेतों के रूप में समझा जा सकता है ।

शरीर एक समूचा ब्रह्माण्ड है । जो कुछ इस विस्तृत ब्रह्माण्ड में है उसे बीज रूप से मानवी पिण्ड में सजो दिया गया है । साधना द्वारा इन बीजों को अंकुरित और पल्लवित किया जाता है । ब्रह्माण्ड और पिण्ड की सत्ता एक जैसी बताते हुए कहा गया है ।

ब्रह्माण्ड सत्तके देहे यथा देशं व्यवस्थितः ।

–शिव संहिता

यह शरीर ब्रह्माण्ड संज्ञक है । जो ब्रह्माण्ड में है वही इस शरीर में भी मौजूद है ।

नदी, पर्वत, समुद्र, द्वीप आदि भी सात–सात ही गिनाये गये हैं । भूगोल के हिसाब से इनकी संगति नहीं बैठती । संसार में हजारों नदियाँ हैं । इसी प्रकार पर्वत भी सैकड़ों हैं । पृथ्वी पर महाद्वीप पाँच हैं । छोटे द्वीपों की संख्या तो लाखों तक पहुँचेगी । समुद्र भी सात कहाँ हैं । इस प्रकार भौगोलिक गणना के आधार पर यह ब्रह्माण्ड विवरण सही नही बैठता । किन्तु पिण्ड ब्रह्माण्ड की प्रमुख शक्तियों को इन रूपकों के माध्यम से समझाने वाले अलंकारिक संकेत का रहस्य समझा जा सके तो यह सभी सप्तक सही बैठते हैं ।

सात पर्वत यह हैं–(१) विद्रुम (२) हिमिशैल (३) द्युतिमान (४) पुष्पवान (५) कुशेशय (६) हरिशैल (७) मन्दराचल ।

सात नदियों के नाम हैं–(१) जलधर (२) दैवत (३) श्यामक (४) उदक (५) अम्बिकेय (६) रम्य (७) केशरी ।

सात चक्रों का सप्त अग्नियों तथा सात सोम संस्थाओं के रूप में भी वर्णन हुआ है । सोम संस्थाओं के नाम ब्राह्मण ग्रन्थों में इस प्रकार गिनाये गये हैं–(१) आत्माग्नि स्टोम (२) उष्टवक्य (३) थोडसी (४) वाजपेयक (५) अति रात्र (६) आप्त (७) याम ।

अग्नि पुराण में सात चरु यज्ञ एवं सात हवि यज्ञों का वर्णन है । चरु यज्ञ हैं–(१) पुरोष्टक (२) पार्वण (३) श्रावणी (४) अग्रहायणी (५) चैत्र (६) अश्व (७) युजी ।

हवि यज्ञ भी सात हैं–(१) अग्न्याधेय (२) अग्निहोत्र (३) दर्श (४) पौर्णमास (५) चातुर्मास्य (६) आग्रहायण (७) निरुढ ।

सात अग्नियाँ हैं–(१) ब्रह्माग्नि (२) आत्माग्नि (३) योगाग्नि (४) कालाग्नि (५) सूर्याग्नि (६) वैश्वानर (७) आतप ।

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

मुण्डक उपनिषद के अनुसार अग्नि देव की सात जिह्वाऐं हैं–(१) काली (२) कराली (३) मनोजवा (४) लोहिता (५) धूम्रवर्णा (६) स्फुल्लिंगिनी (७) विश्वरुचि ।

सात समुद्रों और सात द्वीपों के नाम मार्कण्डेय पुराण में इस प्रकार गिनाये गये हैं ।

समुद्र–(१) लवण सागर (२) इक्षुसागर (३) सुरासागर (४) दुग्ध सागर (५) दधि सागर (६) घृत सागर (७) जल सागर ।

द्वीप–(१) जम्बूद्वीप (२) प्लक्ष द्वीप (३) शाल्मलि द्वीप (४) कुश द्वीप (५) क्रौच द्वीप (६) शाक द्वीप (७) पुष्कर द्वीप ।

इन सभी प्रतिपादनों में यह संकेत है कि हर स्तर की क्षमता बीज रूप में अपने भीतर विद्यमान है यदि उन्हें जागृत करने का प्रयत्न किया जाय तो व्यक्ति उच्चस्तरीय स्थिति तक निरन्तर बढ़ता चल सकता है और प्रगति के उच्चस्तर तक पहुँच सकता है । बीज का अस्तित्व और फल का परिणाम सुनिश्चित है । आवश्यकता उस कृषि कर्म की–बागवानी की रीति–नीति जानने अपनाने की है जिसे अध्यात्म की भाषा में साधना कहते हैं ।

अग्नि पुराण मन्त्र में गायत्री के साथ सात व्याहृतियों का प्रयोग होता है । भूः भुवः स्वः जनः तपः सत्यम् । यह सात व्याहृतियाँ हैं । इन्हें सात ऋषि एवं सात लोक भी कहा गया है । अग्नि पुराण में सात ऋषियों के नाम इस प्रकार गिनाये गये हैं–

वशिष्ठः काश्यपोऽत्थात्रिर्जमदग्निः स गौतमः विश्वामित्र भरद्वाजो मुनयः सप्त साम्प्रतम् ।

(१) वशिष्ठ (२) काश्यप (३) अत्रि (४) जमदग्नि (५) गौतम (६) विश्वामित्र (७) भारद्वाज ।

इन सातों की सत्ता सप्त चक्रों में विद्यमान हैं । इन सातों की शक्ति इन्द्रियों के रूप में दृष्टिगोचर होती है ।

प्राणाः वा ऋषयः । इमौ एव गौतम भरद्वाजौ । अयमेव गौतमः अयं भरद्वाजः । इमौ एव विश्वामित्र जमदग्नि । अयमेव विश्वामित्रः अयं जमदग्निः । इमौ एव वशिष्ठ कश्यपौ अयमेव वशिष्ठः अयं कश्यपः वागेवात्रिः ।

–श्रुति

सात प्राण ही सात ऋषि हैं । दो कान गौतम और भारद्वाज हैं ।

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

दो आँखें विश्वामित्र और जमदग्नि हैं । दो नासिका छिद्र वशिष्ठ और काश्यप हैं । वाक् अत्रि हैं ।

सात लोक आकाश में खोजना व्यर्थ है । वे किसी ग्रह–नक्षत्र के रूप में नहीं हैं, वरन् आत्म–सत्ता चक्रों के रूप में ही उनका अस्तित्व है । कहा गया है–

मूलाधारे तु भूर्लोको स्वाधिष्ठाने भुवस्ततः स्वर्लोको नाभि देशे च हृदये तु महस्तथा । जनः लोके कण्ठ देशे, तपो लोकं ललाटके । सत्य लोकं महरन्ध्रे इति लोका पृथक्–पृथक् ।

–महायोग विज्ञान

(१) भू–लोक मूलाधार में (२) भुवः लोक स्वाधिष्ठान में (३) स्वः लोक नाभि स्थान में (४) मह लोक हृदय में (५) जन लोक कण्ठ में (६) तप लोक ललाट में (७) सत्य लोक ब्रह्मरंध्र में विद्यमान है । जहाँ स्थान मात्र गिना दिये गये हैं । वहाँ उन स्थानों में अवस्थित चक्रों का ही संकेत समझा जाना चाहिए ।

उपनिषद्कार ने मानवी काया को 'छः अरे' एवं 'सात चक्र' लगा हुआ विलक्षण रथ कहा है–यह षट्चक्रों का सप्त चक्रों का ही संकेत है–

ऊधेमे अन्य उपरे विलक्षण सप्त चक्रे शब्दर आहुर्पितम् ।

अन्य लोक उस विलक्षण को सात चक्र और छै अरों वाला कहते हैं ।

पद्म पुराण में भागवत माहात्म्य वर्णन सन्दर्भ में धुन्धुकारी प्रेत की मोक्ष उस कथा श्रवण के फलस्वरूप होने का उल्लेख है । यह प्रेत बाँस की गाँठों को फोड़ता हुआ नीचे से ऊपर चला था और गाँठें तोड़कर प्रेत योनि से छूटा तथा परम पद का अधिकारी बना था । अध्याय ५ श्लोक ६४ में यह बाँसों की गाँठ बेधे जाने का रहस्योद्घाटन करते हुए इसे यौगिक ग्रन्थि भेद बताया है । कहा गया है–

जडस्य शुष्कं वंशस्यं यत्र ग्रन्थि विभेदनम् ।
चित्रं किम तदा चित्त ग्रन्थिभेदः कथा श्रवात् ।।

इसमें सूखे और जड़ बाँस की गाँठें फटने का तात्पर्य चित्त की ग्रन्थियों का खुलना बताया गया है ।

भागवत पुराण के स्कन्ध २, अध्याय २ के १९, २०, २१ श्लोकों में महर्षि शुक्राचार्य ने विहंगम मार्ग से ब्रह्म निष्ठ योगियों के प्राण त्याग का विधान बताया है । इसमें षट्चक्र वेधन विधान की प्रक्रिया है । छहों

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

चक्रों को वेधन करते हुए अन्त में सहस्रार चक्र में प्राण को लय करते हुए प्राण त्याग करने की विधि समझाई गई है ।

यह सप्त ऋषि जिस पर अनुग्रह करते हैं उन्हें सद्गुणों की सात विभूतियाँ प्रदान करते हैं । स्पष्ट है कि सद्गुण ही वे देव अनुग्रह हैं जिनके मूल्य पर भौतिक और आत्मिक, सम्पदायें सफलतायें खरीदी जा सकती हैं । यह भ्रान्तियाँ निरस्त की जानी चाहिए कि उपासना के फलस्वरूप सीधी सम्पदाऐं मिलती हैं । सच्ची साधना के फलस्वरूप अन्तरंग में उत्कृष्टता उभरती है और सज्जनोचित सद्भावों का विस्तार होता है । बहिरंग में सत्प्रवृत्तियाँ सक्रिय होती हैं और क्रिया-कलापों में महामानवों जैसी प्रतिभा व्यवस्था एवं शालीनता की मात्रा बढ़ती है । जहाँ आत्म-विकास का यह स्वरूप दृष्टिगोचर हो समझना चाहिए कि वहाँ सच्ची साधना की गई और उसके फलस्वरूप व्यक्तित्व के परिष्कार के रूप में देव अनुग्रह अवतरित हुआ । व्यक्तित्व निखरने के फलस्वरूप ही भौतिक और आत्मिक सफलताओं के, ऋद्धि-सिद्धि के रूप में वे प्रतिफल प्राप्त होते हैं जिनका माहात्म्य साधनाओं की सफलता के रूप में वर्णन किया गया है ।

न देवा दण्डमादाय रक्षन्ति पशुपालवत् ।
यस्तु रक्षितुमिच्छन्ति बुद्धया संयोजयन्तितम् ।।

—महाभारत

ग्वाला जिस प्रकार लाठी लेकर पशुओं की रक्षा करता है उस तरह देवता किसी की रक्षा नहीं करते । वे जिसकी रक्षा करना चाहते हैं, उसकी बुद्धि को सन्मार्ग पर नियोजित कर देते हैं ।

सप्त ऋषियों का अनुग्रह सात लोकों, सात द्वीपों, सात समुद्रों, सात पर्वतों, सात नदियों का स्वामित्व उपलब्ध होने के रूप में मिलता है । तात्पर्य यह हुआ कि ब्रह्माण्ड सत्ता का प्रतीक आत्म सत्ता पर अपना अधिकार आधिपत्य मिलता है । अपनी क्षमताओं को समझने, उन्हें उभारने और उपभोग करने का कौशल प्राप्त होता है । जिसे यह सफलता मिल सकी समझना चाहिए उसे ब्रह्माण्ड का आधिपत्य मिल गया ।

सात यज्ञ, सात अग्नि, सात सोम आदि की उपासना से जो प्रतिफल मिलते बताये गये हैं उन्हें भी उन्हीं सात ऋषियों के वरदान समझना चाहिए जो अपने आत्म सत्ता के हिमालय में निरन्तर निवास और तप करते हैं । इन्हीं शक्ति धाराओं को साधना विज्ञान में सात चक्र कह

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

गया है । प्रत्येक चक्र प्रत्येक ऋषि से एक–एक वरदान एक–एक सद्गुण के रूप में प्राप्त होता है । वे ही ऋद्धि–सिद्धियों के साथ में जीवन को देवोमय बनाते हैं और स्वर्गीय उपलब्धियों से सुसम्पन्न करते हैं ।

'यों पौराणिक गाथाओं में ऋषि, व्यक्ति–विशेष थे । महामानवों के रूप में योग और तप में निरत–स्व–पर कल्याण में संलग्न जीवनयापन करते हुए उनका वर्णन किया गया है । पर आत्म विज्ञान में ऋषि तत्व जागृत एवं प्रखर प्राण सत्ता को कहा गया है, वे सूर्य के समान एक कहे जा सकते हैं । अथवा सप्त किरणों के रूप में उनके सात नाम दिये जा सकते हैं और सुविधा के लिए सात वर्गों में विभाजित करके सात व्याख्याऐं की जा सकती हैं । सृष्टि के आदि में जब जीव सत्ता प्रकट हुई तो उसका स्वरूप 'ऋषि प्राण' के रूप में था । यह जीवात्मा का शुद्ध स्वरूप है । उसी स्थिति में पहुँचने पर आत्मा को देवात्मा एवं परमात्मा के रूप में परिष्कृत बनने का अवसर मिलता है । शतपथ में इस रहस्य का इस प्रकार उल्लेख हुआ है ।

असद्वा इदमग्न आसीत् तदाहुः कि तदसदासी दित्यृष्यों वा व तेऽमेऽ सदासीत तदाहुः के ते ऋषय इति, प्राणा वा ऋषय ।

–शतपथ ६/१/१/१

पहले सृष्टि से पूर्व में यह असत् था । तब कहा–वह असत् क्या था ? उत्तर–वे ऋषि ही थे । वे सृष्टि से पूर्व असत् थे । तब कहा–वे ऋषि क्या थे ? प्राण ही ऋषि थे ।

सप्त ऋषि मरते नहीं, वे आकाश में सात तारागणों की श्रृंखला के रूप में भी चमकते हैं और हमारी जीव सत्ता में भी सप्त चक्र बन कर विद्यमान हैं । जो इन ऋषियों के सान्निध्य में रहने की–उनका अनुग्रह प्राप्त करने की साधना करता है वह उन ऋषियों की तरह ही ब्रह्म वर्चस् सम्पन्न बन जाता है । अथर्व वेद इस तथ्य की साक्षी इस प्रकार देता है ।

तद्ब्रह्म च तपश्च सप्तऋषय उपजीवन्ति ब्रह्मवर्धस्युपजीव नायो भवति य एवं वेद ।

–अथर्व ८/१३, ९/१०/४

सप्त ऋषि तप और बल ब्रह्म के आधार पर जीवित रहते हैं, जो इस रहस्य को जानता है वह ब्रह्मवर्चस् और जीवन को प्राप्त करता है ।

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

सात चक्रों को सप्त प्राण केन्द्र कहा गया है । इन्हीं को, सात यज्ञ, सात समिधा, सात लोक आदि कहा गया है । ये सभी सात–सात अन्तर्गुहा में निहित हैं । इस रहस्य को मुण्डकोपनिषद् २/१/८ में प्रकट किया गया है ।

सप्त प्राणाः प्रभवन्ति तस्मात्,
सप्तार्चिषः समिधः सप्त होमाः ।
सप्त इमे लोका येषु चतन्ति प्राणाः,
गुह्याशया निहिताः सप्त सप्त ।।

–मुण्डक २/१/८

सात चक्रों में समस्त तीर्थ प्रतिनिधि रूप में विद्यमान हैं । इनका अवगाहन करने से समस्त तीर्थों का पुण्य फल साधक को प्राप्त होता है ।

ऐसे अनेक तथ्यों पर विचार करके तत्वज्ञों ने यह निष्कर्ष निकाला है कि कुण्डलिनी के चक्र एक प्रकार की फ्रीक्वैसियाँ हैं जो ब्रह्माण्ड व्यापी विशिष्ट शक्तियों से चेतना का सम्बन्ध जोड़ती हैं । इस संयोग का नाम ही सिद्धि है । वह शक्तियाँ ही देवता, ऋषि और लोक कहलाती हैं । उनकी उपलब्धि जंग लगे लौह जीवन को भी खरा कुन्दन, सामान्य मनुष्य को सम्राटों जैसा ऐश्वर्यवान बना देती है । सृष्टि में ऐसा कुछ भी नहीं शेष रहता जो इन चक्रों को जागृत कर लेने के बाद मिल न सकता हो ।

इन चक्रों के जागरण के लिए नियमित जप के अतिरिक्त पंचकोशों की अनावरण साधना का उच्चस्तरीय अभ्यास भी करना पड़ता है । यों सामान्य जप उपासना से भी उनका विकास होता है और शनैः शनैः इन चक्रों में सन्निहित शक्तियों का लाभ मिलता है, पर यदि उस शक्ति की अधिक मात्रा अभीष्ट हो तो उच्चस्तरीय साधना का विकास करना पड़ता है । वह अभ्यास कठिन तो है, पर उनसे साधक को वह शक्तियाँ मिलती हैं, जिन्हें पाकर वह इन्द्र जैसी सामर्थ्य, कुबेर जैसी सम्पन्नता और ऋषियों जैसी त्रिकालदर्शी सिद्धि का आनन्द लाभ प्राप्त करता है ।

कुण्डलिनी महाशक्ति का साक्षात्कार

कुण्डलिनी महाशक्ति का परिचय, स्थान और स्वरूप का वर्णन करते हुए कहा गया है कि वह मूलाधार चक्र के अग्नि कुण्ड में निवास करती है । अग्नि स्वरूप है । सुप्त–सर्पिणी की तरह सोई पड़ी है । स्वयंभू महालिंग से–शिव लिंग से लिपटी पड़ी है । इसी स्थिति की झाँकी शिव

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

प्रतिमाओं में कराई जाती है । योनि क्षेत्र में एक सर्पिणी शिवलिंग से लिपटी हुई प्रदर्शित की जाती है । शिव पूजा में इस प्रतिमा पर जल चढ़ाने का विधान है । रुद्राभिषेक में जल कलश के पेंदे में छिद्र करके उसे तीन टाँग की तिपाई पर स्थापित करते हैं और उसमें से एक-एक बूँद पानी शिव लिंग पर टपकता रहता है । यह कुण्डलिनी का ही सम्प्र स्वरूप है ।

सहस्रार चक्र को अमृत कलश कहा गया है । उससे सोमरस टपकने का उल्लेख है । खेचरी मुद्रा में इसे 'अमृत स्राव' बताया गया है । यह स्राव अधोमुख है । नीचे की दिशा में रिसता टपकता रहता है । कुण्डलिनी मूल तक जाता है ।

कुण्डलिनी महाशक्ति को ऊर्ध्वगामी बनाने और अमृत सोम का आस्वादन कराने का लाभ ब्राह्मी एकता के माध्यम से ही सम्भव है । यही कुण्डलिनी जागरण का उद्देश्य है । सुप्त सर्पिणी अग्नि कुण्ड में पड़ी-पड़ी विष उगलती रहती है और उससे जलन ही जलन उत्पन्न होती है । वासना की अग्नि शान्त नहीं हो सकती, वह शरीर और मन की दिव्य सम्पदाओं का विनाश ही करती रहती है । इसका समाधान अमृत रस को पान करने, सोम सम्पर्क से ही सम्भव होता है । यह तथ्य जन-साधारण को समझाने के लिए तीन टाँग की तिपाई पर कलश स्थापित करके शिवलिंग पर अनवरत जल धार चढ़ाने की व्यवस्था की जाती है और इस आध्यात्मिक आवश्यकता का परिचय कराया जा सकता है कि जलन का समाधान मानसिक एवं आत्मिक अमृत रस पीने से, बौद्धिक एवं भावनात्मक उत्कृष्टता का रसास्वादन करने से ही सम्भव हो सकता है ।

रुद्राभिषेक में जल कलश के नीचे जो तीन टाँग की तिपाई रखी जाती है, वह इड़ा, पिंगला और सुषुम्ना की प्रतीक है । इन्हीं तीन आधारों के सहारे कुण्डलिनी जागरण की पुण्य प्रक्रिया सम्पन्न होती है । अग्नि और सोम के मिलन की आवश्यकता और उसके फलस्वरूप उत्पन्न होने वाले देवत्व का ही प्रत्यक्षीकरण रुद्राभिषेक के कर्मकाण्डों में किया जाता है ।

कुण्डलिनी परिजप में स्थान-स्थान पर स्वयंभू लिंग की चर्चा है । बहुत स्थानों पर उसे 'कन्द' भी कहा गया है । यह क्या है ? इसे जानने के लिए स्थूल शरीर से सम्बन्धित शरीर शास्त्र और सूक्ष्म शरीर से

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

सम्बन्धित अध्यात्म शास्त्र का पर्यवेक्षण किया जा सकता है । शरीर में यह घटक सुषुम्ना का, मेरुदण्ड का, नीचे वाला अन्तिम छोर है । प्रत्यक्ष हलचलों की दृष्टि से इस संस्थान का इतना महत्व नहीं जितना कि वहाँ से निकलने वाली उस विद्युत शक्ति का जो इस समूचे क्षेत्र के अति महत्वपूर्ण संस्थानों को प्रभावित एवं अनुप्राणित करती है ।

कन्द का स्थूल शरीर में प्रतीक प्रतिनिधि तलाश करना हो तो दृष्टि 'कॉडा इक्वाइना' पर जाकर टिकती है । मेरुदण्ड मस्तिष्क से प्रारम्भ होकर चंचु प्रदेश की अन्तिम कशेरुका तक जाती है और उसके बाद रेशमी धागों की भांति शुण्डाकृति हो जाती है। उसके अन्त में अगणित पतले–पतले धागे से पैदा हो जाते हैं, जिनसे नाड़ी तन्तुओं का एक सघन गुच्छा तैयार हो जाता है । इसी गुच्छक को "कॉडा इक्वाइन" कहते हैं । सूक्ष्म शरीर के 'कन्द' का इसे प्रतिनिधि कहा जा सकता है । शरीर शास्त्र की दृष्टि से यही स्वयंभू लिंग है । मूलाधार चक्र में 'आधार' शब्द इसी स्थान के लिए व्यवहृत हुआ है । रीढ़ की अन्तिम चार अस्थियों के सम्मिलित समुच्चय को भी कई मनीषियों ने 'कन्द' बताया है । मलमूत्र छिद्रों के मध्य स्थान पर मूलाधार बताया गया है । उसे चमड़ी की ऊपरी सतह नहीं मान लेना चाहिए वरन् उस स्थान की सीध में ठीक ऊपर प्रायः तीन अंगुल ऊँचाई पर अवस्थित समझना चाहिए । मस्तिष्क में आज्ञाचक्र भी भ्रूमध्य भाग में कहा जाता है, पर वह भी ऊपरी सतह पर नहीं तीन अंगुल गहराई पर है । ब्रह्मरन्ध्र भी खोपड़ी की ऊपरी सतह पर कहाँ है ? वह भी मस्तिष्क के मध्य केन्द्र में है । ठीक इसी प्रकार मूलाधार को भी मल–मूत्र छिद्रों के मध्य वाली सीध पर अन्तःगह्वर में अवस्थित मानना चाहिए ।

यहाँ एक बात हजार बार समझ लेनी चाहिए कि अध्यात्म शास्त्र में शरीर विज्ञान में विशुद्ध रूप से सूक्ष्म शरीर का वर्णन है । स्थूल शरीर में तो उसकी प्रतीक छाया ही देखी जा सकती है । कभी किसी शारीरिक अंग को सूक्ष्म शरीर से नहीं जोड़ना चाहिए । मात्र उसे प्रतीक प्रतिनिधि भर मानना चाहिए । शरीर के किसी भी अवयव विशेष में वह दिव्य शक्तियाँ नहीं हैं जो आध्यात्मिक शरीर विज्ञान में वर्णन की गई हैं । स्थूल अंगों से उन सूक्ष्म शक्तियों का आभास मात्र पाया जा सकता है ।

मूलाधार शब्द के दो खण्ड हैं । मूल+आधार । मूल अर्थात् जड़ (बेस) आधार अर्थात् सहायक (सपोर्ट) जीवन सत्ता का मूल–भूत

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

आधार होने के कारण उस शक्ति संस्थान को मूलाधार कहा जाता है । वह सूक्ष्म जगत में होने के कारण अदृश्य है । अदृश्यों का प्रतीक चिन्ह प्रत्यक्ष शरीर में भी रहता है । जैसे दिव्य दृष्टि के आज्ञा चक्र को पिट्यूटरी और पीनियल रूपी दो आँखों में काम करते हुए देख सकते हैं । ब्रह्मचक्र के स्थान पर हृदय को गतिशील देखा जा सकता है । नाभिचक्र के स्थान पर यानि आकृति का गड्ढा तो मौजूद ही है । मूलाधार सत्ता को मेरुदण्ड के रूप में देखा जा सकता है । अपनी चेतनात्मक विशेषताओं के कारण उसे वह पद एवं गौरव प्राप्त होना हर दृष्टि से उपयुक्त है । प्राण का उद्गम मूलाधार पर उसका विस्तार, व्यवहार और वितरण तो मेरुदण्ड माध्यम से ही सम्भव होता है ।

मूलाधार के ऊपर और स्वाधिष्ठान से कुछ नीचे वाले भाग में शरीर शास्त्र के अनुसार 'प्रोटेस्ट, ग्लैण्ड' है । शुक्र संस्थान यही होता है । इसमें उत्पन्न होने वाली तरंगें काम प्रवृत्ति बन कर उभरती हैं । इसी से जो हारमोन उत्पन्न होते हैं, वे वीर्योत्पादन के लिए उत्तरदायी होते हैं । स्त्रियों का गर्भाशय भी यहीं होता है । सुषुम्ना के निचले भाग में लम्बर और सेक्रल प्लैक्सस नाड़ी गुच्छक हैं । जननेंद्रियों की मूत्र त्याग तथा कामोत्तेजन दोनों क्रियाओं पर इन्हीं गुच्छकों का नियन्त्रण रहता है । यहाँ तनिक भी गड़बड़ी उत्पन्न होने पर इनमें से कोई एक अथवा दोनों ही क्रियाऐं अस्त-व्यस्त हो जाती हैं । बहुमूत्र, नपुंसकता, अति कामुकता आदि के कारण प्रायः यहीं से उत्पन्न होते हैं ।

गर्भाशय की दीवारों से जुड़ हुए नाड़ी गुच्छक ही गर्भस्थ शिशु को उसके नाभि मार्ग से सभी उपयोगी पदार्थ पहुँचाते रहते हैं । इन गुच्छकों को यह पहचान रहती है कि कितनी आयु के भ्रूण को क्या-क्या पोषक तत्व चाहिए । गर्भाशय के सम्वेदनशील नाड़ी गुच्छक उस अनुपात का-मात्रा का पूरा-पूरा ध्यान रखते हैं और बिना राई रत्ती व्यतिक्रम किये शिशु की आवश्यकता पूरी करते रहते हैं ।

जीवन की आवश्यकता पूरी करने के लिए सबसे प्रथम और सबसे आवश्यक क्रिया चूसने की होती है । बच्चे में यह प्रवृत्ति (रिप्लेक्स) उसे माता का स्तन पान करने की उत्तेजना देता है । यही प्रवृत्ति प्रौढ़ता आने पर योनेच्छा (सेक्स रिप्लेक्स) के रूप में विकसित होती है । बिना किसी प्रशिक्षण के यह दोनों ही प्रवृत्तियाँ अपने-अपने ढंग से हर प्राणी में अन्तःप्रेरणा से ही उठती और प्रयोग में आती हैं । इन

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

जीवनोपयोगी प्रेरणाओं का केन्द्र यही स्थान है, जिसे कन्द, कुण्ड या काम बीज कहते हैं ।

कन्द का एक नाम कर्म भी है । इसे कच्छपावतार का प्रतिनिधि बताया गया है । उसके पैरों को सिकुड़ने–फैलने वाले वाहन को वहाँ से निसृत होने वाली शक्ति धाराओं की ओर संकेत किया गया है । कन्द की आकृति अण्डे के समान मानी गई है । उसे कछुए की उपमा भी दी गई है । समुद्र मंथन की कथा में रई मंदिराचल पर्वत की बनाई गई थी । उस पर्वत के नीचे भगवान कूर्मावतार के रूप में कच्छप बनकर बैठे थे और उस भार को अपनी पीठ पर उठाया था । यह कूर्म या कन्द की ही अलंकारिक व्याख्या है ।

नाड़ी गुच्छकों के अतिरिक्त कन्द की व्याख्या मेरुदण्ड की अन्तिम चार अस्थियों और उस स्थान पर बिखरे पड़े नाड़ी संस्थानों के रूप में भी की जाती है । इसे समझने के लिए मेरुदण्ड की अस्थि संरचना को समझना होगा ।

शरीर विज्ञान के अनुसार मेरुदण्ड छोटे–बड़े ३३ विरूपस्थि खण्डों या कशेरुओं–वर्ट्रीब्रा से मिल कर बना है । आकृति में वह सर्पाकार है । प्रत्येक दो कशेरु के मध्य में एक मांस निर्मित गद्दी–सी रहती है । जिस पर प्रत्येक कशेरु टिका और सूत्रों से कसा हुआ है । इसी कारण यह लचीला है और अपनी धुरी पर हर दिशा में घूम सकता है । उसे पाँच भागों में बाँटा जा सकता है ।

(१) ग्रीवा–सर्वाइकल–७ कशेरू (२) पीठ–थोरेक्स–१२ कशेरू (३) कटि प्रदेश–लम्बर–५ कशेरू (४) वस्तिगह्वर–त्रिक प्रदेश–सेक्रल–५ कशेरू (५) पुच्छिकास्थि–चंचु–कॉक्सीक्स–४ कशेरू । सब मिलाकर इन तेतीस खण्डों को तैंतीस देवता कहा गया है । इनमें से प्रत्येक में सन्निहित दिव्य क्षमता को देवता माना गया है ।

मेरु दण्ड पोला तो है पर ढोल की तरह खोखला नहीं । उसमें मस्तिष्कीय मज्जा भरी हुई है । प्रत्येक कशेरू के पिछली ओर दाँयें–बाँयें अर्ध वृत्ताकार छिद्र होता है, जिसमें से छोटे नाड़ी सूत्रों से निर्मित बड़ी नाड़ियाँ बाहर निकलती हैं । मेरुदण्ड का निचला भाग शंकु के आकार का है जिसे–फाइनम टर्मीनिल कहते हैं ।

चंचु प्रदेश के कशेरू जितने छोटे हैं, उतने ही चौड़े हैं । वे अन्दर से पोले भी नहीं हैं और एक–दूसरे से जुड़े हुए हैं । यह चार कशेरू

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

मिल कर अण्डे की आकृति वाला अथवा फूल की कली के सदृश आकार बनता है । इसे 'कॉक्सीक्स' कहते हैं । इस गोलक को कुण्डलिनी योग में 'कन्द' एवं स्वयंभू लिंग के नाम से पुकारा गया है । कुण्डलिनी शक्ति इसी के इर्द-गिर्द सर्पिणी की तरह लिपटी मानी गई है ।

नाड़ी गुच्छकों एवं मेरुदण्ड के निम्न भाग के अस्थि समूहों के 'ऊपर एक सूक्ष्म शक्ति छाई हुई है, उसी को मूलाधार का, नाभिक (न्यूक्लियस) समझा जाना चाहिए । उसी के प्रभाव से उस क्षेत्र में बिखरे पड़े अनेक संस्थान अपना-अपना काम करते और एक से एक बड़े-बड़े प्रभाव उत्पन्न करते देखे जा सकते हैं । कमर से लेकर पेडू और जननेन्द्रिय मूल तक का पूरा क्षेत्र दक्षिणी ध्रुव के समतुल्य माना गया है और वहाँ किसी भी क्षेत्र में जो कुछ होता है उस सब पर मूलाधार का प्रभाव आँका जा सकता है । नाभि, गुर्दे, मूत्राशय, यौन संस्थान, पौरुष ग्रन्थियाँ आदि की समस्त गतिविधियों को-प्रजनन प्रक्रिया को उसी दिव्य केन्द्र के अनुदान एवं चमत्कार कह सकते हैं । जीवनी शक्ति का, क्रिया शक्ति का, उमंग-उत्साह का केन्द्र इसी को कहा गया है । कन्द के स्वरूप और महत्व का वर्णन अध्यात्म शास्त्रों से इस प्रकार हुआ है-

कन्दोर्ध्वे कुण्डलीशक्ति शुभमोक्षप्रदायनी ।
बन्धनाय च मूढ़ानां यस्तां वेत्ति स वेदवित् ।।

-गोरक्ष पद्धति

मंगलमय मोक्ष प्रदायिनी कुण्डलिनी शक्ति 'कन्द' के ऊर्ध्व भाग में अवस्थित है । वही प्रसुप्त होने पर मूढ़मति लोगों को बन्धन में बँधे हुए है । इस मर्म को जो जानता है वही वास्तविकता को जानने वाला ज्ञानवान है ।

गुदाद्वय गुलतश्चोर्ध्व मेढ्रैकांगुलतस्त्वधः ।
एव चास्ति समं कन्दं समता चतुरंगुलम् ।।

-शिव संहिता

गुदा एवं शिशन के मध्य में जो योनि है वह पश्चिमाभिमुखी अर्थात् पीछे को मुख है, उसी स्थान में कन्द है और इसी स्थान में सर्वदा कुण्डलिनी स्थित है ।

तन्मध्ये लिंगरूपी द्रुतकनक-
कलाकोमलः पश्चिमास्यो ।

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

ज्ञानध्यानप्रकाशः प्रथम,
किसलयाकाररूपः स्वयम्भुः ।
विद्युत्पूर्णेन्दुविम्बुप्रकरकरचय-
स्निग्धसन्तानह्रसी काशो ।
वासी विलासी विलसति,
सरिदावर्त्तरूप प्रकारः ।।
तस्योद्धवे विसतन्तुसोदर-
लसत्सूक्ष्मा जगन्मोहिनी ।
ब्रह्मद्वारमुख मुखेनं मधुरं,
सछादयन्ती स्वयम् ।
शंखावर्तनिभा नवीनचपला-
मालाविलासास्पदा ।
सुप्ता सर्पसमा शिवोपरि,
लसत्सार्द्धत्रिवृत्ताकृतिः ।।

–षट्चक्र निरूपण

अर्थात्–त्रिकोण के भीतर स्वयंभू लिंग है जिसका वर्ण स्वर्ण के समान है और जिसका सिर नीचे की ओर है । उस नूतन किशलय के समान देव का प्रकाश ज्ञान–ध्यान द्वारा ही सम्भव है । विद्युत और पूर्ण चन्द्रमा के समान ही वह स्निग्ध सौन्दर्ययुक्त है । इस स्वयंभू लिंग पर कमल–तन्तु के समान अति सूक्ष्म कुण्डलिनी शक्ति सो रही है । वह जगत को मोहित करने वाली है और ब्रह्मद्वार के मुख को अपने मुख से ढके हुए है । शंख की चक्रवत् रेखाओं के समान उसकी चमकीली सर्पाकार आकृति शिवलिंग के चारों ओर साढ़े तीन फेरे लिए हुए है ।

कुण्डलिनी की तुलना तो विद्युत शक्ति, ऊर्जा एवं आभा से की गई है । "तडिल्लता समरुचिर्विद्युल्लेखेव "भास्वरा" सूत्र में उसे बिजली की लता रेखा जैसी ज्योतिर्मय बताया गया है । उसी प्रकार अन्यत्र उसका उल्लेख "तडिल्लेखा तन्वी तपनशर्शि वैश्वानरमयी" के रूप में किया गया है । उसे प्रचण्ड अग्नि शिखा एवं दिव्य वैश्वानर के समतुल्य कहा गया है ।

मूलाधारस्य ब्रह्मयात्म तेजो मध्ये व्यवस्थिता ।
जीव शक्तिः कुण्डलाख्या प्राणाकाराय तेजसी ।।

–योग कुण्डल्युनिषद्

मूलाधार के मध्य वह आत्म तेज, ब्रह्म तेज रूपी कुण्डलिनी निवास

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

करती है । वही जीव शक्ति, प्राण शक्ति है । वे तेज रूप है ।

आधार शक्त्यावधृतः कालाग्निरयमूर्ध्वगः ।
तथैव निम्नगः सोमः शिवशक्ति पदास्पदः ।।

—वृहज्जावालोपनिषद्

मूलाधार (चक्र) की शक्ति से धारण हुई यह कालाग्नि ऊर्ध्वगामी है और उसी प्रकार सौम निम्नगामी है, जो शिव शक्तिमय कहलाता है ।

मूलाधारस्थ वहवयात्म तेजो मध्ये व्यवस्थिता ।
जीवशक्तिः कुण्डलाख्या प्राणाकारण तैजसी ।।

—योग कुण्डल्युपनिषद्

कुण्डलिनी मूलाधार चक्र में स्थित आत्माग्नि तेज के मध्य में अवस्थित है । वह जीव की जीवनी शक्ति है, तेजस् और प्राणाकार है ।

मूलाधाराभिधं चक्रं प्रथमं समुदीरितम् ।
तत ध्येयं स्वरूप तु पावकाकारमुच्यते ।।
स्वाधिष्ठानाभिधं चक्र द्वितीयं चोपरिस्थितम् ।
प्रवालाङ्कुरं तुल्य तु तत्र ध्येयं निगद्यते ।।
तृतीयं नाभिचक्रे तु ध्येयं रूपं तड़ित्निभम् ।
तुर्ये हृदयचक्रे तु ज्योतिर्लिंगाकृतीर्य्यते ।।
पञ्चमे कण्ठचक्रेतु सुषुम्ना श्वेतवर्णिनी ।
ध्येय षष्ठे तालुचक्रे शून्यचित्तलयार्थकम् ।।
भ्रू चक्रे सप्तमे ध्येयंदापाङ्गुष्टप्रमाणकम् ।
आज्ञाचक्रेऽष्टमे ध्येयं रूपं धूम्रशिखाकृतिः ।।
आकाशचक्रे नवमे परशुः स्वोद्धर्व शक्तिकः ।
एव क्रमेण चक्राणि ध्येयरूपाणि विद्धि च ।।
अखण्डैकरसत्वेन ध्येयस्यैक्येऽप्युपाधितः ।
आकारा विविधायुक्ता नोपाधिश्चेतरः स्वतः ।।
विद्याशक्ति विलासेन पावकात् विस्फुलिंगवत् ।
अकस्मात् ब्रह्मणोऽखंडात् विविधाकृतयोऽभवन् ।।

—महायोग विज्ञान

मूलाधार चक्र में आत्म ज्योति अग्नि रूप दीखती है । स्वाधिष्ठान चक्र में वह प्रवाल अंकुर—सी प्रतीत होती है । मणिपूर में विद्युत जैसी चमकती है । नाभिचक्र में वह बिजली जैसी चमकती है । हृदय कमल के अनाहत चक्र में वह लिंग आकृति—सी प्रतीत होती है । कण्ठ चक्र में

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

वह श्वेत वर्ण, तालु चक्र में शून्याकार एकरस अनुभव में आती है । भ्रू चक्र में अँगुठे के प्रमाण जलती हुई दीप शिखा जैसी भासती है । आज्ञाचक्र में धूम्र शिखा जैसी और सहस्रार चक्रम में चमकते हुए परशु जैसी दीखती है ।

यह सभी ज्योतियाँ एक ही हैं । सभी आत्म ज्योति हैं । सभी परम आनन्ददायिनी हैं । विद्या शक्ति कुण्डलिनी की क्रीड़ा से एक ही अग्नि की अनेक चिनगाररियों की तरह यह अनेक तरह की प्रतीत होती हैं ।

अपाने चोर्ध्वगे याते संप्राप्ते वह्निमण्डले ।
ततोऽनलशिखा दीर्घा वर्धते वायुना हत्ता ।।
ततो यातौ वह्नयप्यानौ प्राणमुष्णस्वरूपकम् ।
तनात्यन्तप्रदीप्तेन ज्वलनो देहजस्तथा ।।
तेन कुण्डलिनी सुप्ता सन्तप्ता सप्रबुध्यते ।
दण्डाहतभुजंगीव निश्वस्य ऋजुतां ब्रजेत् ।।

—योग कुण्डल्युपनिषद् १/४३, ४४, ४५

उस अग्नि मण्डल में जब अपान प्राण जाकर मिलता है तो अग्नि की लपटें और तीव्र हो जाती हैं । उस अग्नि से गरम होने पर सोई कुण्डलिनी जागती है और लाठी से छेड़ने पर सर्पिणी जिस प्रकार फुसकार कर उठती है वैसे ही यह कुण्डलिनी भी जागृत होती है ।

प्राणस्थान ततो वह्नि प्राणापानौ च सत्वरम् ।
मिलित्वा कुण्डली याति प्रसुप्ता कुण्डलाकृतिः ।।
तेनाग्निना च सतप्ता पवनेनैव चालिता ।
प्रसाय स्वशरीर तु सुषुम्नाबदनान्तरे ।।

—योग कुण्डल्युपनिषद् १/६५, ६६

अग्नि स्थान में प्राण के पहुँचने से उष्णता से संतप्त कुण्डलिनी अपनी कुण्डली छोड़कर सीधी हो जाती है और सुषुम्ना के मुख में प्रवेश करती है ।

योगिनां हृदयाम्भोजे नृत्यन्तौ नित्यमञ्जसा ।
आधारे सर्व्वभूतानां स्फुरन्ती विद्युदाकृतिः ।।

—शारदा तिलक

वह कुण्डलिनी शक्ति योगियों के हृदय में नृत्य ही नृत्य करती है । बिजली की तरह स्फुरणा करती है । वही सम्पूर्ण प्राणियों का आधार है ।

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

मूलाधारे स्मरेद्दिव्यं त्रिकोणं तेजसां निधिम् ।
शिखा आनीय तस्याग्नेरथ उर्ध्वं व्यवस्थिता ।।
तस्याः शिखाया मध्ये परमात्मा व्यवस्थितः ।
स ब्रह्मा स शिवः सेन्द्रः सोक्षरः परमः स्वराट् ।।
स एव विष्णुः स प्राणः स कालोऽनिः चन्द्रमाः ।
इति कुण्डलिनी ध्यात्वा सर्वपापैः प्रमुच्यते ।।

—कलिकोपनिषद्

मूलाधार में दिव्य त्रिकोण तेज-पुञ्ज, ऊर्ध्वगामी तेज-शिखा के मध्य, परब्रह्म अवस्थित है । वह तेज ही ब्रह्मा, विष्णु, शिव, इन्द्र, अक्षर, काल, अग्नि, चन्द्रमा, प्राण आदि है । ऐसा कुण्डलिनी ध्यान करना चाहिए ।

ध्यात्वैतन्मूलचक्रान्तरविवरलसत्कोटिसूर्यप्रकाशं
वाचामीशो नरेन्द्रः स भवति सहसा सवविद्याविनोदी ।
आरोग्यं तस्य नित्यं निरवधि च महानन्दचित्तान्तरात्मा
वाक्यैः काव्यप्रबन्धैः सकलसुरगुरून् सेवते शुद्धशीलः ।।

—षटचक्र निरूपणम १४

मूलाधार चक्र में कोटि सूर्य जैसे प्रकाश से युक्त कुण्डलिनी शक्ति का ध्यान रखने पर वाणी की सिद्धि होती है, वह मनुष्यों का नेतृत्व करता है । विद्यावान बनता है । आरोग्य बनता है । चित्त में आनन्द रहता है । ऐसा शीलवान साधक देवताओं द्वारा पूजित होता है ।

निर्वाणाभ्यन्तरगता वह्नि रूपा निवोधिता ।
नारोऽव्यक्तस्त दुपरिक्रोट्यादित्य सन्निभा ।
अत्रैव कुण्डली शक्ति विहरेत् विश्वव्यापिनी ।।

—कौलामृत

वह कुण्डलिनी शक्ति अग्नि रूप है । कोटि सूर्य के समान चमकती है । वह परम शक्ति है । विश्व में विस्तृत विहार करती है ।

मूलाधारे मूल विद्यां विद्युत्कोटि सम प्रभाम् ।

—ज्ञानार्णव तंत्र

मूलघार चक्र में वह मूल विद्या कोटि विद्युत के समान चमकती है ।

कोटि सौदामिनीभासां स्वयंभू लिंग वेष्टिनाम् ।

—तन्त्रसार

स्वयंभू लिंग में लिपटी हुई वह कुण्डलिनी शक्ति कोटि विद्युत की तरह चमकती है ।

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

हिमाचल प्रदेश में ज्वालामुखी पर्वत पर निकलने वाली अग्नि शिखा को देवस्थान की शक्ति माना गया है । वहाँ आराधना उपासना के लिए दूर-दूर से भक्तजन जाते हैं । अग्नि ज्वाला को दैवी शक्ति मानने के पीछे यह कुण्डलिनी अग्नि का ही तारतम्य है । यज्ञाग्नि में अग्निहोत्र करने, घृतधारा चढ़ाने के पीछे भी अग्नि में सौम के संयोग की आवश्यकता का प्रतिपादन है । ब्रह्माग्नि के संयोग को कुण्डलिनी साधना कहा गया है ।

अग्नि की उत्पत्ति का स्कन्द पुराण में एक मनोरंजक उपाख्यान आता है । सनत्कुमार की अग्निजन्य जिज्ञासा का समाधान करते हुए महर्षि व्यास कहते हैं-प्रजापति ने सृष्टि के आदि में दिव्य शत वर्षों की अवधि तक महान तप किया । इसमें 'भूः भुवः स्वः शब्द उत्पन्न हुआ । इसका मन के साथ समावेश होने से अग्नि उत्पन्न हुई । वह नीचे गिरी तो भूमि जलने लगी, ऊपर उठी तो आकाश जलने लगा । वह शब्द रूप स्फुल्लिंगों से युक्त, स्वर्णिम आभा वाला परम दिव्य था ।

अग्नि ने ब्रह्माजी से कहा-' मैं भूख से स्वयं जला जा रहा हूँ । मुझे आहार दीजिए ।' ब्रह्माजी ने अपने शरीर के एक-एक करके सभी अवयव उसे खिला दिये । तो भी उसकी तृप्ति नहीं हुई और भूखा-भूखा ही चिल्लाता रहा । कोई और उपाय न देखकर ब्रह्माजी ने अग्नि से कहा-जो व्यक्ति कामुकता से अभिभूत हो तू उनकी देह में घुस जा और उनकी समस्त धातुओं का भक्षण किया कर ।

रोरूयमणि घाग्नौ तु पुनर्ब्रह्मा कृपान्वितः ।
आह कामाभि भूतानां भुंक्ष्वं त्वं देह धातवः ।
ते काले लब्ध कामस्य सावृत्तिः सम्प्रकल्पिता ।।

-स्कन्द पुराण

रुदन करते हुए अग्नि से ब्रह्माजी ने कृपा पूर्वक कहा तू कामुकों के शरीर में घुस कर उनके धातु संस्थान को खा लिया कर ।

अग्नि ऐसा ही करने लगा किन्तु तो भी उसकी तृप्ति न हुई । इस पर ब्रह्माजी ने उसे मुनियों और देवताओं के अन्तःकरण में प्रवेश करने के लिए कहा । तब कहीं अग्नि तृप्ति हुई और शान्ति मिली ।

ब्रह्मातमाहत्वमपि यथेष्टां वृत्तिमाश्रय ।
देवमध्ये वहिर्वापि मुनीनामश्रयेष च ।
इत्येव मुक्त स्तेनाशु वृत्तिमेताम् रोचयेत् ।।

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

तब ब्रह्माजी ने अग्नि से कहा–तू ऋषियों के आश्रम में रह । देवों के भीतर और बाहर निवास कर । इस आदेश को प्राप्त कर अग्नि प्रसन्न हुआ और सन्तोषपूर्वक रहने लगा ।

यही जीवन सत्ता में ओत–प्रोत प्राण शक्ति–कालाग्नि एवं कामाग्नि है । इसको अधोगामी बनाने से मनुष्य जलता और गलता है । किन्तु यदि उसे ऊर्ध्वगामी बना लिया जाय तो वही ब्रह्म तेजस बनकर प्रज्ज्वलित होती है । जीव को परम तेजस्वी बनाती है और उसे लौकिक, भौतिक एवं आत्मिक विभूतियों से सुसम्पन्न बनाती है । महाशक्ति कुण्डलिनी का स्तवन करते हुए शक्ति उपासक तत्ववेत्ता की अभिव्यक्ति है–

मेरुदण्डे वह्निनना शब्दात् पदं तेजोमयीति च ।
सिद्धिः प्राप्ति पदात् सिद्धिः सर्वकाम पदात् पुनः ।।
सर्वेशा परिपूरेति चक्र स्वामिनीत च ।
गुप्त योनिन्यनंगा च कुसुमेऽनंग मेखले ।
सर्व मन्त्रमयीत्युक्ता सर्व द्वन्द्व क्षयकारी ।
सर्व सौभाग्यदाधेति सर्व विघ्न निवारिणी ।
सर्वज्ञानमयीत्युक्तात्वा सर्व व्याधि विनाशिनी ।
सर्वानन्दमयी देवि, सर्व रक्षा स्वरूपिणी ।
महाशक्ते महागुप्ते ततश्चैव महा–महा ।
कुल कुण्डलिनी देवि, कन्दे मूले निवासिनी ।

–स्तोत्र समुच्चय

मेरुदण्ड में अग्नि रूप, शब्द पद, तेजमयी, सिद्धि प्रदान करने वाली, काम पद, सर्वव्यापक, चक्र संस्थानों की स्वामिनी, गुप्त योनि, काम शक्ति, अनंग मेखला, समस्त मंत्रों की शक्तियुक्त समस्त द्वन्द्वों का क्षय करने वाली, आनन्दमयी, संरक्षक, महाशक्ति, रहस्यमयी, महानतम कुण्डलिनी देवी, कन्द मूल में निवास करती है ।

उपरोक्त प्रतिपादन यह सुनिश्चित करते हैं कि कुण्डलिनी साधना एक प्रकार से शरीर में प्राण एवं संकल्प के आघात द्वारा परमाणु ऊर्जा उत्पन्न करने, उसे प्रखर बनाने और उसका नियंत्रण नियमन करने की विद्या का नाम है । परमाणु–भौतिकी की सैद्धान्तिक जानकारी वस्तुतः देश के अनेक विज्ञान के विद्यार्थी भी जानते होंगे किन्तु उसके विखण्डन का व्यावहारिक ज्ञान डा. भाभा, डा. मेघनाथ साहा जैसे थोड़े से वैज्ञानिकों को रहा है । क्योंकि यह अति दुस्तर और संकट भरा प्रयोग होता है ।

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

कुण्डलिनी साधना की स्थिति भी ऐसी ही है । उसके कई विधान तो इतने जटिल व कठिन हैं कि अनजान अभ्यासी भूल में पड़कर पागल हो सकता है । शरीर के किसी अंग का विस्फोट हो सकता है । मृत्यु तक हो सकती है । अतएव वह विधान चाहे जिसे बता देने, चाहे कहीं लिख देने की परम्परा नहीं है । ब्रह्मवर्चस् शान्तिकुञ्ज में इन साधनाओं के शिक्षण और अभ्यास की व्यवस्था की गई है और उस पर शोध का प्रबन्ध भी है ।

सैकड़ों साधक यहाँ आकर उनकी जानकारी प्राप्त करते हैं । इन साधनाओं में प्राण–संधान की क्रिया प्रमुख रहती है । इसलिए कुण्डलिनी साधना में प्राणायाम का विशिष्ट स्थान है । इसी श्रृंखला की गायत्री की प्राण प्रक्रिया पुस्तक में कुछ निरापद प्राणायाम तथा पंचकोशी साधनाओं में कुछ सरल अभ्यास बताये गये हैं वह घर पर रहकर भी किए जा सकते हैं । जो इन कठिन साधनाओं में प्रवेश करना न चाहें वे यदि नियमित गायत्री उपासना करते रहें तो भी वही अपेक्षायें पूर्ण होती हैं । सांसारिक जीवन इस विकास क्रम में कहीं भी बाधक नहीं होता ।

सोऽहम् जप, शक्तिचालिनी मुद्रा, त्राटक नाद योग विन्दु साधना आदि अनेक प्रकार के अभ्यास कुण्डलिनी जागरण के लिए किए जाते हैं । प्राणायाम में लोम–विलोम, सूर्य वेधन प्राणायाम का सर्वाधिक अभ्यास करना पड़ता है । इसमें एक बार बाँयें, एक बार दाँयें स्वर से वायु लेने और छोड़ने की क्रिया लगातार करनी पड़ती है । इस मंथन का 'प्रहार' मूलाधार में प्रसुप्त सर्पिणी पर करना पड़ता है । आक्सीजन के सहयोग में अग्नि भड़कती है । प्राण की अभीष्ट मात्रा प्रसुप्त अग्नि चिनगारी को मिलते रहने से उसके भड़कने और दावानल का रूप धारण करने में देर नहीं लगती । यही प्राण प्रहार प्रक्रिया सूर्य भेदन प्राणायाम का मुख्य प्रयोजन है ।

अग्नि और प्राण के संयोग एवं प्रहार क्रम को प्रहार प्रताड़ना आदि नाम दिये गये हैं । जागरण के इस प्रयोग का उल्लेख इस प्रकार मिलता है ।

चक्र मध्ये स्थिता देवाः कम्पतिवायु ताडनात् ।
कुण्डल्यपि महामाया कैलाशे सा विलीयते ।।

–शिव संहिता

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

प्राणवायु के आघात से चक्रों के मध्य रहने वाले देवता जागते हैं और महामाया कुण्डलिनी कैलाश पति शिव से जा मिलती है ।

योगाभ्यासेन मरुता साग्निना बोधिता सती ।
स्फुरिता हृदयाकाशे नागरूपा महोज्ज्वला ।।

—हत्रिशिखब्राह्मणोपनिषद्

योगाभ्यास द्वारा प्राण वायु तथा अग्नि से प्रदीप्त यह महासती कुण्डलिनी ऊपर उठकर हृदयाकाश में पहुँचती है और वहाँ अत्यन्त प्रकाशपूर्ण नाग के रूप में स्फुरित होती है ।

येन मार्गेण गन्तव्यं ब्रह्मस्थानं निरामयम् ।
मुखेनाच्छाद्यं तद्द्वारं प्रसुप्ता परमेश्वरी ।
प्रबुद्धा वह्निनयोगेन मनसा मरुता सह ।।
सूचिवद्गुणमादायं प्रजत्यूर्ध्व सुषुम्नया ।
उद्घाटयेत्कपाट तु यथा कुञ्चिकया हठात् ।।
कुण्डलिन्या तथा योगी मोक्षद्वारं विभैदयेत् ।।

—ध्यानबिन्दूपनिषद्

जिस मार्ग से ब्रह्मस्थान तक सुगमता से जाया जा सकता है, उस मार्ग का द्वार परमेश्वरी कुण्डलिनी अपने मुँह से ढँके सोयी हुई है । अग्नि तथा मन प्रेरित प्राणवायु के सम्मिलित योग से वह जागृत होती है और जैसे सुई के साथ धागा जाता है, उसी प्रकार प्राणवायु के साथ वह कुण्डलिनी सुषुम्ना पथ के ऊपर जाती है । जैसे कुञ्जी से हठात् द्वार खोल दिया जाता है, वैसे ही योगी कुण्डलिनी शक्ति से मोक्षद्वार को भेदते हैं ।

ज्वलनाघातपवना घादोरुन्निद्रितोऽहितोऽहिराट ।
ब्रह्मग्रन्थि ततो भित्वा विष्णुग्रन्थि भिनत्त्यतः ।
रुद्रग्रन्थि च भित्त्वैव कमलानि भिनत्ति षट् ।
सहस्रकमले शक्तिः शिवेन सह मोदते ।।
सैवावस्था परा ज्ञेवा सैव निर्वृतिकारणा ।।

—योगकुण्डल्युपनिषद

अग्नि और प्राणवायु दोनों के आघात से सुप्ता कुण्डलिनी जाग पड़ती है और ब्रह्मग्रन्थि, विष्णु ग्रन्थि, रुद्रग्रन्थि तथा षट्चक्र का भेदन करती हुई सहस्रार कमल में पहुँचती है । वहाँ यह शक्ति के साथ मिलकर आनन्द की स्थिति में निवास करती है । वही श्रेष्ठ परा स्थिति

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

है । यही मोक्ष का कारण है ।

प्राण स्थानं ततोवह्निः प्राणापानौ च सत्वरम् ।
मिलित्वा कुण्डली याति प्रसुप्ता कुण्डलाकृतिः ।
तेनाग्नाच संतृप्ता पवने परिचालिता ।
प्रसाय स्व शरीरे तु सुषुम्नावदनान्तरे ।

—योग कुण्डल्युपनिषद्

प्राण और अपान के संयोग से महाअग्नि दीप्तिवान होती है और कुण्डलिनी जगती है । प्राणवायु में तीव्रता आने से अग्नि भी तीव्र होती जाती है और अपना क्षेत्र विस्तार करती है ।

ततो वह्नि प्रतापेन प्राणसंघर्षणेन च ।
तेन कुण्डलिनी सुप्ता संतप्ता संप्रबुध्यते ।

—हठयोग प्रदीपिका

प्राणवायु के प्रहार से अग्नि शिखा प्रदीप्त होती है और उसकी गर्मी से प्रसुप्त कुण्डलिनी जाग पड़ती है ।

सूर्यविघन प्राणायाम द्वारा अग्नि उत्पन्न करने के जिन उपकरणों से रगड़ उत्पन्न करनी पड़ती है, वे इड़ा और पिंगला नामक दो प्राण प्रवाह हैं । जो सुषुम्ना के, मेरुदण्ड के मध्य में रहते हैं । सामान्यतया उनकी गतिशीलता इतनी ही रहती है कि शरीर निर्वाह के लिए जितनी आवश्यक है उतनी ऊर्जा उत्पन्न होती रहे । अधिक मात्रा में प्राण उत्पादन अभीष्ट हो तो इन प्रवाहों को अधिक सक्रिय करना पड़ता है । मन्दी आग पर कुछ पकाना हो तो चूल्हे में सामान्य गर्मी बनाये रहने से काम चल जाता है किन्तु यदि खौलने योग्य ताप की आवश्यकता हो तो अधिक ईंधन डालने तथा हवा धोकने का प्रबन्ध करना पड़ता है । इस प्रयोजन के लिए इड़ा और पिंगला को अधिक गतिशील बनाने के लिए सूर्यविघन प्राणायाम का आश्रय लिया जाता है । इड़ा, पिंगला का महत्व बताते हुए कहा गया है—

शक्तिरूपाः स्थितश्चन्दो वामनाडी प्रवाहकः ।
दक्षनाडी प्रवाहश्च शम्भुरूपो दिवाकरः ।।

—शिव स्वरोदय

वाम नाड़ी का प्रवाह करने वाला चन्द्रमा शक्तिरूप से और दक्षिण

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

नाड़ी का प्रवाहक सूर्य शिव रूप से स्थित रहता है ।

मरोर्बाह्यप्रदेशे शशिमिहिरशिरे सव्यदक्षे निषण्णे मध्ये नाड़ी सुषुम्णा त्रितयगुणमयी चन्द्रसूर्याग्निरूपा । धुस्तूरस्मेरपुष्प-ग्रथिततमवपुः कन्दमध्याच्छिरःस्था वज्राख्या मेढ्रदेशाच्छिरसि परिगता मध्यमेऽस्याज्ज्वलन्ती ।।

–षटचक्र निरूपणम्–२

मेरुदण्ड में बाहर की बाँई ओर चन्द्रमा के प्रकाश के समान इड़ा, सूर्य के प्रकाश के समान पिंगला नाड़ी है । इड़ा से शक्ति रूप और पिंगला से शिवरूप का बोध होता है । मेरुदण्ड के भीतर अग्नि रूप सुषुम्ना है । भ्रू मध्य भाग में इन तीनों का संगम होता है । यह तीनों नाड़ियाँ जननेन्द्रिय मूल में स्थित धतूरे के पुष्प के समान कन्द से उत्पन्न होकर ऊपर मस्तक तक जाती हैं ।

प्राणायाम में श्वांस को खींचना फेंकना भर ही नहीं होता वरन् उसके आवागमन की गति को नियन्त्रित रखना होता है । उनकी चाल एक जैसी रहनी चाहिए । कुम्भक के प्रहार रुकने का समय और वापसी की प्रवाह प्रक्रिया इन सब में समय एवं गति की क्रमबद्धता बनी रहनी आवश्यक है । अस्त–व्यस्तता से अनियमितता और नियंत्रण न रहने से प्राण योग का आधार ही नष्ट हो जाता है और वह मात्र गहरी साँस लेने की–डीप ब्रीदिंग की सामान्य व्यायाम परिपाटी मात्र बनकर स्वल्प फलदायक रह जाती है ।

तात्विकी प्राणायामों में श्वांस क्रिया की एक सुनिश्चित क्रम व्यवस्था बनाकर उसमें 'ताल' उत्पन्न किया जाता है । संगीत शास्त्र के जानकार समझते हैं कि 'ताल' किसे कहते हैं ? उसके आधार पर ही ताल वाद्य बजाने की शिक्षा दी जाती है और स्वर लहरी का सौन्दर्य निखरता है । ताल का ज्ञान न होने पर ढोलक, तबला, मजीरा, करताल आदि बजाये जायें तो उससे कर्ण कटु कर्कशता ही उत्पन्न होगी और सुनने वालों के कानों को अखरेगी । महत्वपूर्ण उद्देश्यों के लिए की गई प्राण योग की साधना में जहाँ श्रद्धा विश्वास भरी संकल्प शक्ति का समावेश करना है वहाँ उसकी ताल बद्धता का अभ्यास करना भी आवश्यक होता है ।

ताल से कितनी प्रचण्ड शक्ति उत्पन्न होती है उसे विज्ञान वेत्ता भली

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

प्रकार जानते हैं । पुलों पर से सेना को लेफ्ट–राइट करते हुए नहीं निकलने दिया जाता है । उन पर से गुजरते हुए वे चाल को अस्त–व्यस्त रखते हैं । ताल बद्ध कदम पड़ने से उत्पन्न सूक्ष्म तरंगें पुल में दरारें डाल सकतीं हैं । एक भारी गार्डर छत में लटका दिया जाय और उस पर कार्क जैसी हलकी वस्तु के तालबद्ध आघात पड़ते रहने की यान्त्रिक व्यवस्था कर दी जाय तो उन स्वल्प आघातों से भी उत्पन्न प्रचण्ड शक्ति के फलस्वरूप गार्डर में थरथराहट दृष्टिगोचर होने लगेगी ।

एक नियत गति से काँच के गिलास के पास ध्वनि की जाय तो वह उन आघातों से टूट जायगा । संगीत का शारीरिक और मानसिक प्रभाव होता है उसका स्वास्थ्य सम्बर्धन के लिए–रोग निवारण के लिए सफल प्रयोग हो रहा है । पशुओं का दूध और पक्षियों की प्रजनन क्षमता बढ़ाने में क्रमबद्ध संगीत के लाभ देखे गये हैं । पेड़–पौधों की कृषि उपज को बढ़ाने में भी संगीत का उत्साहवर्धक उपयोग होता है ।

'स्टोन हैव्स' के पुराने अवशेष में यह विशेषता है कि मध्यम स्वर लहरी के ध्वनि प्रवाह से वे काँपने लगते हैं । अस्तु उस क्षेत्र में न केवल बजाना वरन् गाना भी मना है । चेतावनी के रूप में वहाँ यह सूचना टँगी है कि ताल बद्धता इन अवशेषों को गिरा सकती है । इसलिए यहाँ वैसा कुछ न किया जाय ।

लोम विलोम प्राणायाम क्रम में यह ताल–प्रक्रिया विशेष रूप से उत्पन्न होती है । एक ही क्रम बना रहने से घुमावदार 'सर्किट' बनता है, पर उलट–पुलट का क्रम दुहराने से 'ताल' की उत्पत्ति होती है । सूर्यवेधन प्राणायाम में ताल बद्धता का उत्पन्न करना स्थूल शरीरगत ऊर्जा को एकत्रित, प्रज्ज्वलित और प्रखर बनाता है । संकल्प शक्ति के आधार पर खींचा हुआ दिव्य प्राण आत्मप्राण की मूलाधार स्थिति को प्रज्ज्वलित करता है । इसी आधार पर प्रसुप्ति जागृति में परिणति होती है और साधक को आत्म सत्ता के अन्तर्गत दिव्य ऊर्जा का अभिवर्धन दृष्टिगोचर होता है । योगशास्त्र में दिव्य प्राण को देवता–कुण्डलिनी अग्नि को दिव्य अग्नि कहा गया है और उसके जागरण से अनेकों दिव्य लाभ मिलने की बात कही गयी है ।

कुण्डलिनी योग की सिद्धि में प्राण शक्ति की प्रधान भूमिका सबने

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

मानी है । प्राणतत्व का इतना उच्चस्तरीय परिष्कार, उसमें असामान्य प्रखरता पैदा करने की क्षमता 'गायत्री' साधना में निश्चित रूप से है । गायत्री शब्द स्वयं इस तथ्य को घोषित करता है । 'गय' कहते हैं–प्राण को, त्री अर्थात् त्राण करना । गायत्री की प्राण प्रक्रिया का साक्षात्कार ही प्रकारांतर से कुण्डलिनी योग की सिद्धि है । साधक इस साक्षात्कार से आत्म विभोर हो उठता है । यह ऐसी दिव्य अनुभूति है, जिसका एक कण भी चखने को मिल जाय तो मनुष्य उसके लिए बड़े से बड़ा साम्राज्य भी त्याग सकता है ।

मुद्रक : युग निर्माण योजना प्रेस, मथुरा

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

आ ग म - शा स्त्र

अथवा

बुद्धोत्तर-वेदान्त

अनुवादक

भदन्त आनन्द कौसल्यायन

प्रकाशक

महाबोधि सभा, कलकत्ता

प्रकाशक :
देवप्रिय वलीसिंह
मंत्री,
महाबोधि सभा, कलकत्ता
● ● ●

मूल्य—
डेढ़ रुपया
● ● ●

मुद्रक :
मोहनलाल भट्ट
राष्ट्रभाषा प्रेस, वर्धा
● ● ●

श्रद्धा-मूर्ति

भरत सिंह उपाध्याय

को

प्रकाशकीय

प्राचीन दार्शनिक साहित्य में गौड़पादाचार्य्य कृत आगम-शास्त्र का एक अपना स्थान है। शंकराचार्य्य की विचार-सरणी को समझने के लिये और उनके विचारों की मूल उपादान सामग्री के स्रोत तक पहुँचने के लिये आगम-शास्त्र का अध्ययन अनिवार्य है।

हमें अपने पाठकों को यह सूचना देते विशेष हर्ष होता है कि भदन्त आनन्द कौसल्यायन ने ऐसे दुरूह ग्रन्थ का हिन्दी अध्ययन तैयार कर हमें उसे प्रकाशित करने का अवसर दिया है, जिसके लिये हम उनके कृतज्ञ हैं।

हम अपनी केन्द्रीय सरकार के भी उतने ही कृतज्ञ हैं कि जिसकी आर्थिक सहायता के बिना शास्त्रीय-ग्रन्थों तथा उनके अनुवादों को छापने की अपनी योजना को हम कभी कार्यान्वित न कर सकते।

हमें आशा है कि इस चार हजार रुपये के वार्षिक अनुदान की सहायता से हम आगे भी दूसरे शास्त्रीय-ग्रन्थ तथा उनके अनुवाद पाठकों की भेंट कर सकेंगे।

आशा है इस पवित्र कार्य्य में हमारे पाठक हर तरह से हमारे सहायक सिद्ध होंगे।

४ ए, बंकिम चटर्जी स्ट्रीट,
कलकत्ता

मंत्री
महाबोधि सभा

प्रस्तावना

इस से पहले कि माण्डूक्य उपनिषद् पर लिखी हुई 'आगम शास्त्र' नाम से प्रसिद्ध, श्रीमत् गौड़पादाचार्य्य की कारिकाओं की चर्चा की जाय, स्वयं माण्डूक्य उपनिषद् ही विचारणीय विषय ठहरता है।

यूं माण्डूक्य उपनिषद् 'ओं इत्येद् अक्षर' से आरम्भ करके 'य एवं वेद' तक की बारह छोटी-छोटी खण्डिकाओं को ही माना गया है। काफी प्राचीन समय से एक मत यह भी रहा है कि "आगम-शास्त्र" का प्रथम परिच्छेद भी 'माण्डूक्य उपनिषद्' का ही अंश है।

क्या ये छोटी-छोटी बारह गद्य खण्डिकायें ही माण्डूक्य उपनिषद् हैं, अथवा इन की व्याख्या मानी जाने वाली 'आगम-शास्त्र' के प्रथम परिच्छेद की २९ कारिकायें भी ? श्री विधुशेखर भट्टाचार्य्य ने इस प्रश्न का गम्भीर विवेचन करके यह निष्कर्ष निकाला है —

(१) "आगम-शास्त्र" के प्रथम परिच्छेद की कारिकायें 'माण्डूक्य-उपनिषद्' की व्याख्या नहीं हैं।

(२) यह माण्डूक्य-उपनिषद् ही उल्टा इन कारिकाओं पर आधारित है।

(३) यह माण्डूक्य-उपनिषद् "आगम-शास्त्र" के प्रथम परिच्छेद से भी पीछे की रचना है।*

अब प्रश्न पैदा होता है कि क्या "आगम-शास्त्र" के अन्तर्गत गिने जाने वाले चार परिच्छेद किसी एक शास्त्र के चार परिच्छेद हैं; अथवा चार भिन्न-भिन्न कृतियों को ही एक शास्त्र के अन्तर्गत संग्रह कर दिया गया है ? इन दोनों मतों में यह द्वितीय मत ही अधिक मान्य है कि ये चारों परिच्छेद गौड़पादाचार्य्य की चार भिन्न-भिन्न कृतियां हैं, जिन्हें एक ही 'आगम-शास्त्र' के अन्तर्गत संग्रहीत कर दिया गया है।

यह भी मानने के पर्य्याप्त कारण हैं कि आगम-शास्त्र की अनुश्रुति भी इस के कुछ अंशों को खा गई है, और नहीं तो इस के पाठ-भेदों में काफी हेर-फेर हुआ है।

---

* देखो विधुशेखर भट्टाचार्य द्वारा सम्पादित 'आगम-शास्त्र' की भूमिका पृष्ठ ४६।

यह 'आगम-शास्त्र' एक से अधिक नामों से विख्यात है। कोई कोई इसे 'माण्डूक्य-कारिका' कहते और मानते चले आये हैं। ऐसा मानने का कोई यथार्थ कारण प्रतीत नहीं होता। कोई इसे 'गौड़पाद कारिका' कहते हैं। यह 'आगम-ग्रन्थ' या 'उपदेश-ग्रन्थ' भी कहलाता ही है। कुछ अपेक्षाकृत लम्बे नाम-करण भी हैं जैसे माण्डूक्य-वार्तिक; माण्डूक्योपनिषद्-गौड़पद-व्याख्यान अथवा गौड़पदीय-कारिका। कभी-कभी संक्षिप्त नामकरण भी—गौड़पदीय। इसका एक नाम 'माण्डूक्य-शाखा' भी है ही।

और इसका एक नाम है "वेदान्त-मूल"। हमें यह नाम बहुत सार्थक जंचता है; शंकराचार्य्य के 'वेदान्त' की मूल उपादान-सामग्री इसी ग्रन्थ में व्यक्त विचारों से ग्रहण की गई प्रतीत होती है।

शंकराचार्य्य का निश्चित समय अज्ञात होने पर भी यह निश्चित ही है कि गौड़पादाचार्य्य शंकराचार्य्य से पूर्व हुए हैं। गौड़पादाचार्य्य का समय चतुर्थ-शताब्दी से पूर्व नहीं हो सकता और पांचवीं-शताब्दी के बाद नहीं। शंकराचार्य्य का समय सातवीं-आठवीं शताब्दी माना जाता है।

परम्परा गोविन्द को शंकराचार्य्य का गुरु और गौड़पादाचार्य्य को गोविन्द का गुरु मानती है। इस प्रकार गौड़पादाचार्य्य शंकराचार्य्यके दादा-गुरु ठहरते हैं। तीन सौ वर्ष के सुदीर्घ काल की ओर देखते हुए यह असम्भव प्रतीत नहीं होता कि इस गुरु-शिष्य-परम्परा की कोई कड़ी विलुप्त हो गई हो, अथवा परम्परा ने प्रधान आचार्य्य-त्रय की ही स्मृति बनाये रखना पर्य्याप्त समझा हो।

यद्यपि गौड़पादाचार्य्य को और भी कुछ ग्रन्थों के रचयिता होने का श्रेय दिया जाता है, किन्तु यथार्थ में यह 'आगम-शास्त्र' ही एक मात्र ऐसा ग्रन्थ है जो निश्चयात्मकरूप से गौड़पादाचार्य्य की कृति माना जा सकता है।

प्रश्न पैदा होता है कि गौड़पादाचार्य्य को अपने इस शास्त्र की सामग्री कहाँ कहाँ से प्राप्त हुई? तीन दिशाओं की ओर स्पष्ट अंगुलि-निर्देश किया जा सकता है (१) अनुश्रुति—वेद तथा उपनिषद् (२) आचार्य्य-गण अथवा आचार्य्य-वाद (३) बौद्ध ग्रन्थ।

जहाँ तक अनुश्रुति का सम्बन्ध है, हम वेदों की एक प्रकार से उपेक्षा ही कर सकते हैं, क्योंकि मात्र दो स्थलों पर वेदों का उल्लेख हुआ है। वह भी एक ही कारिकामें। तृतीय परिच्छेद की २४ वीं कारिका है—

नेह नानेति चाम्नायाद् इन्द्रो मायाभिरित्यपि ।
अजायमानो बहुधा मायया जायते तु सः ॥२४॥

[शास्त्र (= आम्नाय) के इस कथन से कि 'यहाँ नाना नहीं है,' और इस विरोधी-कथन से कि 'इन्द्र माया के द्वारा' यही [समन्वयात्मक अर्थ निकलता है कि वह 'अजन्मा' होने पर भी 'माया' के कारण जन्म ग्रहण करता (प्रतीत होता) है ॥३—२४॥]

इस कारिका में अनुश्रुति के जिन प्रमाणों की ओर संकेत हैं वे वेदों तथा उपनिषदों में दोनों में ही उपलब्ध होने के कारण यह कहना कठिन है कि वे वेदों से लिये गये हैं अथवा उपनिषदों से ?

फिर ऐसे उद्धरण भी अधिक नहीं हैं, जिन्हें हम निश्चयात्मक रूप से उपनिषदों से ही लिया गया कह सकें । कुछ इस प्रकार हैं—

(१) तृतीय परिच्छेद (कारिकायें १२, २४, २५, २६, ३६)

(२) तृतीय परिच्छेद (कारिकायें ११, २३)

कुछ अन्य स्थलों में भी उपनिषदों की ओर स्पष्ट संकेत है। जो बात विशेष ध्यान देने की है वह यह है कि आगम-शास्त्र के सब से बड़े परिच्छेद और सब से महत्वपूर्ण परिच्छेद अर्थात् चौथे परिच्छेद में एक भी वैदिक संकेत नहीं है ।

जहाँ तक आचार्य्य-गण या आचार्य्य-वादों की बात है, कुछ आचार्य्यों वा आचार्य्य-वादों की ओर निश्चयात्मक रूप से संकेत है, जो गौड़पादाचार्य्य के समय में काफी प्रतिष्ठा-प्राप्त रहे होंगे, किन्तु बाद में अप्रधान बन गये ।

अपने आगम-शास्त्र की उपादान-सामग्री के लिये गौड़पादाचार्य्य उपनिषदों में से विशेष रूप से एक मात्र बृहदार्ण्यक उपनिषद् के ऋणी हैं, अन्यथा ऐसा प्रतीत होता है कि उनके ग्रन्थ की लगभग सारी उपादान सामग्री बौद्ध-ग्रन्थों से ही ली गयी है ।

गौड़पादाचार्य्य बौद्ध विचारों से इतने अधिक प्रभावित रहे प्रतीत होते हैं कि उन्हें परम्परा से वैदिक मानकर भी हम विचारों की दृष्टि से 'बौद्ध' ही मान सकते हैं ।

लगता है कि शंकराचार्य्य भी एक हद तक इसी विचार-सरणी के अनुयायी रहे हैं और उन्हें अपने विचारों की मूल-उपादान-सामग्री गौड़पादाचार्य्य की ही विचार-परम्परा से हाथ लगी है ।

यहाँ विचारणीय-विषय गौड़पादाचार्य्य हैं, न कि उनके शिष्यानुशिष्य शंकराचार्य्य। इस लिये हम अपनी मर्य्यादा का अतिक्रमण अयोग्य मानते हैं।

गौड़पादाचार्य्य के 'आगम-शास्त्र' के चार परिच्छेद हैं, अथवा यह भी कह सकते हैं कि गौड़पादाचार्य्य की चार स्वतन्त्र कृतियों के समुच्चय का नाम 'आगम-शास्त्र' है। चौथा परिच्छेद 'अलात-प्रकरण' तो निश्चयात्मक रूप से एक स्वतन्त्र कृति प्रतीत होता है।

आगमशास्त्र का 'पहला प्रकरण' 'आगम' ही कहा गया है। उसमें केवल २९ कारिकायें हैं। 'आगम' का आरम्भ एक दम अकस्मात् सा हुआ प्रतीत होता है अथवा इस की आरम्भिक कारिकायें जाती रही हैं। इस 'आगम' में 'विभु,' 'तैजस' और 'प्रज्ञा' का भेद स्पष्ट किया गया है। शब्दावलि अबौद्ध होने पर भी इस विवेचन में कुछ भी अबौद्ध नहीं।

'विभु,' तैजस और प्रज्ञा के अतिरिक्त एक चौथी अवस्था का भी आगे चलकर उल्लेख किया गया है, जिसे 'तुर्य' कहते हैं।

आगे चलकर अ उ, म वाली 'ओंकार' की विश्लेषणात्मक व्याख्या है। माण्डुक्य-उपनिषद् इसी अंश का गद्यरूप प्रतीत होता है।

यह ग्रन्थ अथवा इस परिच्छेद की शब्दावली निश्चयात्मक रूप से वैदिक है और अद्वैतवादी-वैदिक है। इस 'आगम-प्रकरण' और 'माण्डुक्य-उपनिषद्' का कुछ अंश इतना समान है कि असन्दिग्ध रूप से दोनों को परस्पर एक दूसरे का गद्य-पद्य रूप कहा जा सकता है।

दूसरा प्रकरण पहले प्रकरण से कुछ अधिक लम्बा ही है। पहले प्रकरण में यदि केवल २९ कारिकायें हैं तो दूसरे प्रकरण में कुल ३८ कारिकायें हैं। इस प्रकरण में सभी वस्तुओं की "अयथार्थता" का उल्लेख होने से "वैतथ्य" की चर्चा होने से ही इसका नाम 'वैतथ्य' प्रकरण है।

इस प्रकरण की एक गाथा इस प्रकार है--

कल्पयत्यात्मनात्मानं आत्मा देवः स्वमायया।
स एव बुध्यते भेदान् इति वेदान्तनिश्चयः ॥२-१२॥

[आत्मा (देव) अपनी माया से स्वयं अपने-आपसे अपनी कल्पना करता है। वह ही वस्तुओं के अयथार्थ रूप को जानता है—यही 'वेदान्त' का निश्चय है।]

यह आत्मा कोई 'देव' तो नहीं ही है। तो क्या है? गौड़पादाचार्य्य अपनी एक कारिका में इसे स्पष्ट करते हैं—

अनिश्चिता यथा रज्जुरन्धकारे विकल्पिता ।
सर्पधारादिभिर्भावैस्तद्वदात्मा विकल्पितः ।।२–१७।।

[जिस प्रकार अन्धेरे में, रज्जु का निश्चित ज्ञान न होने पर सर्प तथा जल-धारा आदि के विकल्प पैदा होते हैं, उसी प्रकार यह 'आत्मा' की कल्पना है।]

वैदिक परम्परा का अनुसरण करने वाले वाङ्मय में 'आत्मा' शब्द का प्रयोग कहीं 'चित्त' के अर्थ में है, कहीं 'जीवात्मा' के अर्थ में है, कहीं, 'ब्रह्म' के अर्थ में है। उक्त गाथा में गौड़पादाचार्य्य ने 'आत्मा' शब्द का प्रयोग 'जीवात्मा' के अर्थ में किया है, और उसे एक 'कल्पना' मात्र बताया है। इस दृष्टि से न केवल गौड़पादाचार्य्य का सिद्धान्त बल्कि समस्त "वेदान्त" ही 'नैरात्मवादी' दर्शन है।

इस से आगे गौड़पादाचार्य्य ने 'आत्मा' के सम्बन्ध में नाना प्रचलित मतों की चर्चा की है। अन्त में वे इसी निष्कर्ष पर पहुंचे हैं—

भावैरसद्भिरवायं अद्वयेन च कल्पितः ।
भावा अप्यद्वयेनैव तस्माद् अद्वयता शिवा ।।२–३३।।

[अद्वय के आधार से ही असत् वस्तुओं (= भावों) के हिसाब से ही 'आत्मा' की कल्पना की गई है। अद्वय के आधार से ही वस्तुओं (= भावों)की कल्पना की गई है—इसलिये अद्वयता ही कल्याण कर है।]

अद्वैत-वाद से विशिष्ट करने के लिये सुगत-सिद्धान्त को अद्वय-वाद ही कहा गया है। लगता है गौड़पादाचार्य्य दोनों में कुछ विशेष भेद नहीं करते। इसीलिये उन्हों ने आगे चलकर अद्वय-वाद के ही अर्थ में 'अद्वैत-वाद' का भी प्रयोग किया है—

तस्माद् एवं विदित्वैनं अद्वैते योजयेत् स्मृतिं ।
अद्वैतं समनुप्राप्य जड़वल्लोकं आचरेत ।।२–३४।।

[इसलिये ऐसा जानकर अपनी स्मृति (= ध्यान) को अद्वय (= अद्वैत) में लगाये। अद्वय (= अद्वैत) को प्राप्त कर लोक के प्रति जड़वत् व्यवहार करे।]

इसी के आगे की कारिका है—

निस्तुतिर्निर्नमस्कारो निःस्वधाकार एव च ।
चलाचलनिकेतश्च यतिर्यादृच्छिको भवेत ।।२–३७।।

[न स्तुति करे, न नमस्कार करे, न स्वधा करे, अनिश्चित गृह वाला होकर, यति को यथा-रुचि भ्रमण करने वाला होना चाहिये ।]

यूँ तो इस प्रकरण की सभी कारिकायें बौद्ध-विचार-सरणी से अविरुद्ध ही नहीं, प्रभावित कारिकायें हैं, किन्तु कुछ तो स्पष्ट रूप से उपमा तथा शब्दावलि तक के लिये भी बौद्धग्रन्थों की ही ऋणी हैं। एक बहुत ही महत्वपूर्ण कारिका है—

स्वप्नमाये यथा दृष्टे गन्धर्वनगरं यथा ।
तथा विश्वं इदं दृष्टं वेदान्तेषु विचक्षणैः ।।२–३१।।

[जैसे स्वप्न दिखाई देता है, जैसे माया दिखाई देती है, जैसे गन्धर्वनगर होता है, उसी प्रकार 'वेदान्त' के अनुसार बुद्धिमान आदमियों को यह विश्व दिखाई देता है ।]

इस कारिका में 'वेदान्त के अनुसार' प्रयोग ध्यान देने योग्य है । किस 'वेदान्त' के अनुसार ? बुद्ध-पूर्व 'वेदान्त' के अनुसार अथवा बुद्धोत्तर 'वेदान्त' के अनुसार ?

आकाश-स्थित काल्पनिक गन्धर्व-नगर की कल्पना, बौद्धों की अपनी कल्पना है । बौद्ध-ग्रन्थों से पूर्व इसका कहीं पता नहीं । बौद्धग्रन्थों में बहुत उल्लेख है। उदाहरण के लिये माध्यमिक-वृत्ति (पृ०७८) में है—

गन्धर्वनगराकारा मरीचिस्वप्नसन्निभाः ।

इसी प्रकार लंकावतार सूत्र (पृ. २८३) में हैं—

गन्धर्वनगर स्वप्नमाया निर्माण सदृशः ।

इस से अगली कारिका भी महत्वपूर्ण है । इसे पीछे के कई उपनिषदों में उद्धृत किया गया है । कारिका है—

न निरोधो न चोत्पत्तिर्नबद्धो च साधक : ।
न मुमुक्षुर्न वै मुक्त इत्येषा परमार्थता ।।२–३२।।

[न विरोध है, न उत्पत्ति है, न बंधा हुआ है, न साधक है, न मोक्ष की कामना करने वाला है, न मुक्त है—यही परमार्थ सत्य है ।]

महायान सूत्रालंकार में है—

न सन् न चासन् न तथा न चान्यथा ।
न जायते व्येति न चावहीयते ।।
न वर्धते नापि विशुध्यते पुनः
विशुध्यते तत् परमार्थलक्षणं ।।

[न सत् है, न असत् है, न अन्यथा है, न उत्पत्ति है, न व्यय है, न ह्रास है, न वृद्धि है, न विशुद्धि है। जो पुनः विशुद्धि है, वह परमार्थ लक्षण है।]

इस से आगे की एक कारिका भी कम महत्वपूर्ण नहीं—

वीतरागभयक्रोधैर्मुनिभिर्वेदपारगैः
निर्विकल्पो ह्ययं दृष्टः प्रपंचोपशमोऽद्वयः ।।२—३५।।

[जो राग-भय-क्रोध से रहित हैं, जो वेद पार पहुंचे हैं, उन्होंने इस अद्वय, निर्विकल्प, प्रपंचोपशमन रूप तत्व को देखा है।]

इस कारिका में भी जो 'प्रपंचोशम' शब्द आया है, बौद्ध-युग पूर्व ब्राह्मणी-साहित्य में इसका कहीं प्रयोग नहीं मिलता। पीछे के कुछ गौण उपनिषदों में अवश्य है।

आचार्य्य नागार्जुन का प्रसिद्ध नमस्कार-श्लोक ही है—

अनिरोधं अनुत्पादं अनुच्छेदं अशाश्वतं ।
अनेकार्थं अनानार्थं अनागमं अनिर्गमं ।।
यः प्रतीत्यसमुत्पादं प्रपंचोपशमं शिवं ।
देशयामास सम्बुद्धः तं वन्दे वदतां वरं ।।

ब्राह्मणी-ग्रन्थों में प्रपंच का अर्थ सृष्टि का विस्तार हो गया है। इसका मूल अर्थ वाणी की अभिव्यक्ति-सामर्थ्य है। प्रपंचोपशम का अर्थ हुआ जहाँ वाणी का उपशमन होता है।

गौड़पादाचार्य्य की उक्त गाथा (२—३५) में आया "वेदपारगैः" शब्द भी ध्यान देने योग्य है। इसका मतलब 'वेद का पारंगत' अथवा 'वेद से परिचित' ऐसा कुछ नहीं। इसका मतलब है 'वेद के पार गया हुआ' अर्थात् 'वेद की सीमा लांघा हुआ'।

तीसरा परिच्छेद अथवा अद्वैत-प्रकरण दूसरे परिच्छेद से भी कुछ बड़ा अर्थात् २८ कारिकाओं का है।

अद्वैत-प्रकरण' में ब्रह्म' से पथक किसी आत्मा' या जीवात्मा' का अस्तित्व स्वीकार नहीं किया गया। ब्रह्म के लिये भी 'आत्मा' शब्द का प्रयोग होने से ही 'ब्रह्मवाद' को भी अनात्मवाद' कहना कठिन है, अन्यथा जहाँ तक आत्मा' या जीवात्मा' की कल्पना का सम्बन्ध है, गौड़पादाचार्य्य तथा तदनुयायी शंकराचार्य्य का 'ब्रह्मवाद' भी सुगत-शिक्षा के ही समान 'अनात्मवाद' है।

गाड़पादाचाय्य 'शास्त्र योनित्वात्' का भी अन्धा अनुसरण करने वाले प्रतीत नहीं होते। अद्वैत-प्रकरण की ही एक 'कारिका' है--

भूततोऽभूततो वापि सृज्यमाने समा श्रुतिः
निश्चितं युक्तियुक्तं च यत् तद् भवति नेतरत् ।।३-२६।।

[जहाँ तक 'श्रुति' की बात है, वहाँ कहीं तो भूत (=अस्तित्व) से सृष्टि मानी गई है, कहीं 'अभूत' से। जो निश्चित है, जो युक्ति-युक्त है, वही होता है, इस से इतर नहीं।]

श्रुति के विषय में वैमत्य होने पर येनकेन प्रकारेण श्रुति-वाक्यों की संगति बिठाते फिरने से यही युक्ति-संगत है कि जो मत युक्ति-युक्त हो, उसे स्वीकार कर लिया जाय।

निस्संदेह गौड़पादाचार्य्य की यह बुद्धि-परक प्रवृत्ति स्वागतार्ह ही है।

इस से आगे की कारिकाओं में गौड़पादाचार्य्य ने 'श्रुति' की ओर से भी निरपेक्ष होकर माध्यमिकों तथा विज्ञानवादियों के अजातिवाद (=अनुत्पत्ति-वाद) का समर्थन किया है।

'कार्य' से कारण और 'कारण' से फिर 'कार्य्य स्वीकार करने पर या तो अनवस्था दोष मानना पड़ता है।

'कार्य' की 'कारण में ही विद्यमानता मानने पर शास्वतवाद' स्वीकार करना पड़ता है।

कार्य' को 'कारण से सर्वथा पृथक मानने पर उच्छेदवाद' स्वीकार करना पड़ता है।

इसलिये माध्यमिकों तथा विज्ञान-वादियों ने अजातिवाद (अनुत्पत्ति-वाद) को स्वीकार किया है।

'अद्वैत-वाद-प्रकरण' में गौड़पादाचार्य्य ने अजातिवाद का समर्थन करने के अनन्तर चित्त की जिस विशेष स्थिति की 'ब्रह्म' कह कर प्रशंसा की है, उसका 'विज्ञान-वाद' से कुछ भी विरोध नहीं। कारिका है—

अकल्पकं अजं ज्ञानं ज्ञेयाभिन्नं प्रचक्षते।
ब्रह्मज्ञेयं अजं नित्यं अजेनाजं विबुध्यते ॥३—३३॥

[संकल्प-विकल्प-विहीन, ज्ञेय से अभिन्न ज्ञान (=मन) को अजन्मा कहा गया है। 'ब्रह्म' ज्ञेय 'नित्य' है, 'अज' है। इसलिये 'अज' का बोध होता है।]

यूं 'नित्य' और 'ध्रुव' शब्द पर्य्याय प्रतीत होते हैं, बौद्धों के लिये नित्य (=अपरिवर्तन-शील) कुछ भी नहीं, ध्रुव (=सदा रहने वाले) अस्तित्व से उन्हें इनकार नहीं।

इस से आगे की कारिका में भी ब्रह्मरूप चित्त के स्वरूप का वर्णन किया गया है—

लीयते हि सुषुप्ते तं निगृहीतं न लीयते।
तदेव निर्भयं 'ब्रह्म' ज्ञानालोकं समन्ततः॥

[सुषुप्ति अवस्था में मन 'लीन' हो जाता है, निगृहीत अवस्था में मन 'लीन' नहीं होता। उसी को निर्भय 'ब्रह्म' कहते हैं, वह चारों ओर से ज्ञान से आलोकित है।']

अंगुत्तर-निकाय की यह 'पाली' है—

पभस्सरं इदं भिक्खवे चित्तं संकिलिट्ठं आगन्तुकेहि किलेसेहि

[भिक्षुओ, चित्त प्रभास्वर है, आगन्तुक क्लेशों (=चित्त-मलों) से संक्लिष्ट है।]

विज्ञान-वाद इस के सर्वथा अनुकूल है—

प्रभाश्वरं इदं चित्तं प्रकृत्यागन्तवो मलाः।
तेषां अपाये सर्वार्थं तज्ज्योति अविनाश्वरं।

[यह चित्त प्रभास्वर है, प्रकृत्यागत मल आगन्तुक हैं। उनके दूर होने पर वह ज्योति अविनाशी सर्वार्थ अवस्थाको प्राप्त होती है।]

इसी चित्त के रूप को और भी स्पष्ट किया गया है—

अजं अनिद्रं अस्वप्नं अनामकं अरूपकं ।
सकृदविभातं सर्वज्ञं नोपचारः कथंचन ।।३-३६।।

[अज है, अनिद्र है, अस्वप्न है, अ-नामक है, अरूपक है, —एक बार ही प्रकाशित है, सर्वज्ञ है, इस समाधि में किसी भी तरह की 'उपचार' समाधि शेष नहीं रहती ।]

बौद्ध योगाभ्यास में समाधि की दो अवस्थायें हैं—उपचार, अर्पणा । यह 'उपचार' स्पष्ट रूप से बौद्ध योगाभ्यास का ही शब्द है ।

अगली कारिका भी देखिये—

सर्वाभिलापविगतः सर्वचिन्तासमुत्थितः ।
सुप्रशान्तः सकृज्ज्योतिः समाधिर्अचलोऽभयः ।।३-३७।।

[सभी अभिव्यक्तियों से परे, सभी प्रकार के चिन्तन से मुक्त, सुप्रशान्त, एक ही बार में प्रकाशित, अचल, अभय यह समाधि है ।]

बौद्ध योगाभ्यास में 'अचला' नाम की समाधी विशेष है । और इस से अगली कारिका भी—

ग्रहो न तत्र नोत्सर्गः चिन्ता यत्र न विद्यते ।
आत्मस्थं तदा ज्ञानं अजाति समतां गतं ।।३-३८।।

[वहाँ चिन्तन नहीं रहता, वहाँ न किसी वस्तु का ग्रहण होता है, न त्याग होता है, उस समय चित्त (= ज्ञान) अपने में स्थित रहता है, अजन्मा (= अजाति) होता है, समता को प्राप्त होता है ।]

उस कारिका में जो 'आत्मस्थ' शब्द है उसका मतलब किसी आत्मा-विशेष में स्थित नहीं, बल्कि अपने आप में, अपने चित्त-मात्र में, अपने विज्ञान-मात्रमें । विज्ञान वादियों की 'विज्ञप्ति मात्रता सिद्धि' का ठीक यही भावार्थ है ।

यह समाधी-प्रकरण ही है । गौडपादाचार्य्य कहते हैं—

लये सम्बोधयेच्चित्तं विक्षिप्तं शामयेत पुनः ।
सकशायं विजानियाच्छमप्राप्तं न चालयेत ।।३-४४।।

[जब चित्त लीन (= तन्द्रा) अवस्था को प्राप्त हो, तो उसे जाग्रत कर ले, जब विक्षोभ को प्राप्त हो तो उसे शान्त कर ले, अपने कशाय (= चित्त मलों) को जाने । शान्त-चित्त को फिर चञ्चल न होने दे ।]

इस कारिका की महायानसूत्रालंकार की इस कारिका के साथ कितनी अधिक एकरूपता है—

लीनं चित्तस्य गृहणीयाद् उद्धतं शमयेत पुनः ।
शमप्राप्तं उपेक्षेत तस्मिं नालम्बते पुनः ।।

इतना अधिक अर्थ-साम्य और शब्द-साम्य है कि पृथक अर्थ देने का कुछ भी प्रयोजन नहीं ।

अन्तिम दो कारिकाओं में 'अद्वैत' प्रकरण संक्षिप्त हो गया है—

स्वस्थं शान्तं सनिर्वाणं अकथ्यं सुखं उत्तमं ।
अजं अजेन ज्ञेयेन सर्वज्ञं परिचक्षते ।।३-४७।।

[अपने में ही स्थित, शान्त, सनिर्वाण, अकथ्य, उत्तम-सुख, अज, ज्ञेय अज' का पर्य्याय, जो चित्त है, वह सर्वज्ञ कहलाता है ।]

न कश्चिज्जायते जीवः सम्भवोऽस्य न गृहयते ।
एतत् तदुत्तमं सत्यं यत्र किञ्चिन्न जायते ।।३-४८।।

[कोई जीव (–आत्मा) जन्म ग्रहण नहीं करता, यह सम्भव ही नहीं है । यह कहीं किसी का जन्म न होने की जो स्थिति है, वही उत्तम सत्य है ।]

गौड़पादाचार्य्य का अद्वैत-प्रकरण बौद्धाचार्य्यो के अद्वय-वाद के इतना समीप है कि कुछ कहते नहीं बनता ।

लगता है कि प्रथम-प्रकरण के बाद, दूसरे और तीसरे प्रकरण में गौड़-पादाचार्य्य का बौद्ध झुकाव बढ़ता गया है । इस का इस से अधिक क्या प्रमाण होगा कि उन के 'आगम-शास्त्र का' चौथा और सब से बड़ा 'अलात-शान्ति' प्रकरण एक प्रकार से सर्वांश में बौद्ध ग्रन्थ ही है । उस में वैदिक ब्राह्मण-वाद का जैसे स्पर्श भी नहीं है । सर्व प्रथम मंगलाचरण की ही दो कारिकायें पढ़िये—

ज्ञानेनाकाशभिन्नेन धर्मान् यो गगनोपमान् ।
ज्ञेयाभिन्नेन सम्बुद्धस्तं वन्दे द्विपदां वरं ।।४-१ ।।

[ज्ञेय से अभिन्न, आकाश के समान विस्तृत ज्ञान से जिन्होंने गगनोपम धर्मों (=संस्कृत-धर्मों तथा असंस्कृत-धर्मों) का बोध प्राप्त किया उन द्विपदों में श्रेष्ठ तथागत (=बुद्ध) को मेरा नमस्कार है ।]

शंकराचार्य्य का कथन है कि गौड़पादाचार्य्य का यह नमस्कार 'नारायण' को है । उन्हें यह तो सोचना चाहिये था—

(१) कि यह द्विपदों में वर, किसी 'वरोत्तम' को ही नमस्कार है, न कि किसी नारायण को।

(२) इस कारिका में 'ज्ञान' को 'आकाशाभिन्न' कहा गया है और 'ज्ञेयाभिन्न' भी कहा गया है, जो एकमात्र विज्ञानवादी बौद्धों की ही दृष्टि है।

उक्त दोनों कारणों से यह स्पष्ट है कि गौड़पादाचार्य्यने अपना यह नमस्कार भगवान् तथागत को ही निवेदित किया है।

इस से आगे की दूसरी कारिका भी इस का समर्थन करती है—

अस्पर्शयोगो वै नाम सर्वसत्त्वसुखोहितः
अविवादोऽविरुद्धश्च देशितास्तं नमाम्यहं ।।४-२।।

[सभी प्राणियों के लिये सुखदायक तथा हितकर विवाद-रहित, विरोध, रहित, 'अस्पर्शयोग' नाम के योग का जिन्होंने उपदेश दिया उन तथागत (=बुद्ध) को मेरा नमस्कार है।]

यह 'अस्पर्श-योग' 'निरोध समापत्ति' का ही दूसरा नाम है, जिसके उपदेष्टा 'देव-मनुष्योंके शास्ता' बुद्ध ही थे। इस लिये यह पुनः नमस्कार भी उन्हीं को है।

अब हम इस 'अलात-शान्ति' प्रकरण में वर्णित विषय का ही विचार करें।

गौड़पादाचार्य्य ने विषय की भूमिका यह कह कर आरम्भ की है, कोई-कोई वादी कहते हैं कि भूत (=सत) से ही उत्पत्ति होती है, अन्य धीर (=जन) कहते हैं कि अभूत (=असत) से उत्पत्ति होती है—इस प्रकार वे परस्पर विवाद करते हैं। (४/३) ये दोनों सामान्य जनों के सामान्य मत नहीं है। दोनों ही श्रुति-सम्मत मत हैं। इन दोनों से विशिष्ट मत है अद्वय-वादियों अर्थात् बौद्धों का—

भूतं न जायते किञ्चिद् अभूतं नैव जायते ।
विवदन्तोऽद्वया ह्येवं अजातिं ख्यापयन्ति ते ।।४-४।।

[भूत (=सत) से कुछ उत्पन्न नहीं होता, अभूत (=असत) से कुछ उत्पन्न नहीं होता, इनके मत का खण्डन कर जो अद्वय-वादी अर्थात् बौद्ध हैं, वे अजाति (=अनुत्पत्ति) की ही बात कहते हैं।]

अद्वय-वाद और अद्वैत-वाद का भेद बहुतों को स्पष्ट नहीं। अद्वय-वाद का मतलब है वह वाद जिसमें दोनों अन्तों (=सिरें की बातों) अथवा दोनों आत्यन्तिक दृष्टियों का निषेध है और, अद्वैत-वाद का मतलब है वह वाद जिस में द्वैत का निषेध है।

भगवान् बुद्ध "महाकारुणिक अद्वयवादी" हैं और उन का सिद्धान्त अद्वय-वाद।

गौड़पादाचार्य्य के इस प्रकरण का प्रधान विषय 'अजाति-वाद' ही है। भारतीय दर्शनों की जितनी भी अबौद्ध परम्परायें हैं प्रायः सभी में कारण से कार्य की उत्पत्ति मानी गई हैं। बौद्ध ही हैं जो 'अजातिवाद' के समर्थक हैं।

गौड़पादाचार्य्य की विशेषता है कि वह स्वयं वैदिक-परम्परा के आचार्य्य होकर भी बौद्धों के 'अजाति-वाद' के समर्थक हैं। कारिका है—

ख्याप्यमानां अजातिं तैर्अनुमोदामहे वयं।
विवदामो न तै सार्धं अविवादं निबोधत ।।४-५।।

[उन (बौद्धों) का जो अजाति (=अनुत्पत्ति) विषयक कथन हैं उसका हम अनुमोदन करते हैं, हम उन के साथ विवाद नहीं करते। हमारे अविवाद का कारण सुनो।]

इस अनुत्पत्ति के सिद्धान्त को गौड़पादाचार्य्य ने ही नहीं आगे चलकर शंकराचार्य्य ने भी 'परमार्थ-सत्य' के रूपमें स्वीकार किया है।

गौड़पादाचार्य्य बौद्धों के इस सिद्धान्त के समर्थन में अनेक तर्क देते हैं। जैसे—

न भवत्यमृतं मर्त्यं न मर्त्यं अमृतं तथा।
प्रकृतेऽन्यथाभावो न कथंचिद् भविष्यति ।।४-७।।

[अमृत मृत नहीं होता, और मृत अमृत नहीं होता। प्रकृति (=स्वभाव धर्म) का अन्यथाभाव नहीं होता।]

नागार्जुन की माध्यमिक-कारिका की एक कारिका है—

यद्यस्तित्वं प्रकृत्या स्थान न भवेद अस्य नास्तिता।
प्रकृतेऽन्यथाभावो न हि जातूपपद्यते ।।१५-८।।

[यदि प्रकृति का 'अस्तित्व' हो तो उसका 'नास्तित्व' नहीं हो सकता। निश्चय से प्रकृति का अन्यथात्व नहीं हो सकता।]

अनेक तर्कों में एक तर्क यह भी है—

हेतोर्आदि फलं येषां आदि हेतुः फलस्य च।
तथा जन्म भवेत् तेषां पुत्रज जन्म पितुर्यथा ।।४-१५।।

[जिन के मत में 'फल' हेतु का आदि है और 'हेतु' फल का आदि है, उनके मत के अनुसार किसी भी वस्तुका जन्म वैसे ही हो सकता है जैसे पुत्र से पिता का जन्म।]

गौड़पादाचार्य्य की यह कारिका नागार्जुन कृत विग्रहव्यावर्तिनी की इस कारिका से कितनी मिलती है—

पित्रा यद्युत्पादयः पुत्रो यदि तेन चैव पुत्रेण।
उत्पाद्यः स यदि पिता वद तत्रोत्पादयति कः कं ॥५०॥

[यदि पिता से पुत्र की उत्पत्ति होती है, और वह पुत्र पुनः पिता की उत्पत्ति करता है, तो बताओ कौन किसे उत्पन्न करता है?]

'आगम-शास्त्र' के 'अलात शान्ति' प्रकरण की उक्त कारिका से आगे की कारिका है—

सम्भवे हेतुफलयो एषितव्यः क्रमस्त्वया।
युगपत् सम्भवे यस्माद् असम्बन्धो विषाणवत् ॥

[उत्पत्ति (= सम्भव) मानने पर हेतु फल का क्रम खोजना ही होगा। यदि कहो कि हेतु तथा फल दोनों युगपत हैं तो उन दोनों का परस्पर उसी प्रकार कोई सम्बन्ध नहीं जैसे (बैल के) सींगों का।]

नागार्जुन ठीक यही तो लिख गये हैं—

फलं सहैव सामग्र्या यदि प्रादुर्भवेत् पुनः।
एककालौ प्रसज्येते जनको यश्च जायते ॥म.का–२०/७॥

[यदि फल अपने कारण (= कारण-सामग्री) के साथ ही अस्तित्व में आता है, तो उत्पन्न करने वाले तथा उत्पन्न होने वाले का अस्तित्व एक ही समय में होता है।]

यही हाल इस से अगली एक कारिका का भी है—

यदि हेतोः फलात् सिद्धिः फल सिद्धिश्च हेतुतः।
कतरत् पूर्वं उत्पन्नं यस्य सिद्धिर्अपेक्षया ॥

[यदि 'फल' से 'हेतु' की उत्पत्ति (= सिद्धि) है और 'हेतु' से 'फल' की उत्पत्ति है, तो दोनों में कौन पूर्व है जिसकी अपेक्षा से दूसरे की उत्पत्ति होती है?]

अब नागार्जुन की माध्यमिक-कारिका की कारिका को लें—

यदींधनं अपेक्ष्याग्नि अपेक्षाग्नि यदींधनं ।
कतरत् पूर्वनिष्पन्नं यदेपक्ष्याग्निईन्धनं ।। [म. क. १०-८]

[यदि इन्धन की अपेक्षा से अग्नि है और अग्नि की अपेक्षा से ईंधन है, तो इन दोनों में से कौन पूर्व है जिसकी अपेक्षा से ईधन तथा अग्नि अस्तित्व में आते हैं ।]

इस से आगे गौड़पादाचार्य्य अजाति (= अनुत्पत्ति) के समर्थन में बौद्धों द्वारा दिये गये तीन तर्कों को ही दोहराते है। 'अशक्ति' होनेसे, 'अपरिज्ञान' होने से, 'क्रम' में गड़बड़ी होने से, इन्हीं तीन कारणों से बुद्धोंने 'अजाति' की देशना की है।]

तीनों कारणों की व्याख्या के अनन्तर गौड़पादाचार्य्य इसी परिणाम पर पहुंचते हैं—

स्वतो वा परतो वापि न किञ्चिद् वस्तु जायते ।
सद्सत् सद्सद् वापि न किञ्चिद् वस्तु जायते ।।४-२२।।

[न अपने में से ही कोई चीज उत्पन्न होती है, न पर (= अन्य) में से ही कोई चीज उत्पन्न होती है, न विद्यमान (= सत्) से कोई चीज उत्पन्न होती है, न अविद्यमान् (= असत्) से, न विद्यमानाविद्यमान (= सदसद) से कोई चीज उत्पन्न होती है।]

इस कारिका की पहली पंक्ति नागार्जून की ही उक्ति की पुनरावृत्ति है—

न स्वतो जायते भावः परतो नैव जायते ।
न स्वतः परतश्चैव जायते जायते कुतः ।। [म. क. २१-१३]

[न अपनेमें से ही कोई चीज (= भात्र) उत्पन्न होती है, न पर (अन्य) से; और न ही अपने तथा अन्य से। तब उत्पत्ति हो ही कैसे सकती है ?]

कारिका की दूसरी पंक्ति भी नागार्जुन की ही एक दूसरी कारिका की पुनरावृत्ति मात्र है—

न सन् नासन् न सदसन् धर्मो निर्वर्तते यदा ।
कथं निर्वर्तको हेतुर्एवं सति हि युज्यते ।।म. क. १/७।।

[जब न विद्यमान (= सत) न अविद्यमान (= असत्) न विद्यमाना-विद्यमान् (= सदसन्) से हो कोई चीज अस्तित्वमें आती है, तो यह कैसे कहा जा सकता है कि हेतु से फल की उत्पत्ति होती है ?]

'अजातिवाद' के समर्थन में जितना कुछ भी कहा जा सकता है वह सब कहकर आगे गौडपादाचार्य्य एक विज्ञानवादी बौद्ध की ही तरह कहते हैं--

जात्याभासं चलाभासं वस्त्वाभासं तथैव च ।
अजाचलं अवस्तुत्वं विज्ञानं शान्तं अद्वयं ।।४-४५।।

[जो विज्ञान (= चित्त) शान्त है, अद्वय है, वह अज (= अजन्मा) होने पर भी उत्पत्ति (= जाति) का आभास देता है, अचल (= स्थिर) होने पर भी अस्थिरता का आभास देता है, और इसी प्रकार अवस्तु होने पर भी वस्तु-रूप होने का आभास देता है।]

ध्यान देने की बात है, 'विज्ञान' को चित्त को **अद्वैत** नहीं कहा गया है, **अद्वय** ही कहा गया है।

इससे आगे मशाल के घुमाने से उत्पन्न होने वाले चक्र की उपमा की विस्तृत चर्चा की गई है और अन्त में यही निष्कर्ष निकाला गया है--

एवं न चित्तजा धर्माश्चित्तं वापि न धर्मजं ।
एवं हेतुफला जाति प्रविशन्ति मनीषिणः ।।

[इस प्रकार न तो धर्मों (= चित्त के विषयों) की ही उत्पत्ति चित्त से हुई है और न चित्त की ही उत्पत्ति धर्मों (= चित्त विषयों) से हुई है। इस प्रकार मनीषी जन हेतु-फल की अनुत्पत्ति (= अजाति) के सिद्धान्त में प्रवेश करते हैं।]

कुछ ही आगे चलकर गौड़पादाचार्य्य कहते हैं--

संवृत्या जायते सर्वं शाश्वतं तेन नास्ति वै ।
स्वभावेन ह्यजं सर्वं उच्छेदस्तेन नास्ति वै ।।

[व्यवहारिक (= संवृति) दृष्टिकोण से सभी कुछ पैदा होता है, इस लिये निश्चय से शाश्वत नहीं है। (दूसरी ओर) स्वाभाविक (= तात्विक) दृष्टि से सब कुछ अनुत्पन्न है (= अज) है, इसलिये निश्चय से उच्छेद नहीं है ।।४-५७।।]

इस एक ही कारिका में दो बौद्ध मतों की नितान्त स्वीकृति है। यह सर्व विदित है कि बौद्ध न तो 'शाश्वतवाद' को मानते हैं न **'उच्छेदवाद'** को। माध्यमिक-कारिका की ही एक कारिका है--

अनेकार्थं अनानार्थं अनुच्छेदं अशाश्वतं ।
एतत् तत् लोकनाथानां बुद्धानां शासनामृतं ।।म.का. १८-२।।

[एकार्थ-रहित, नानार्थ-रहित, उच्छेद-रहित, शाश्वत-वाद-रहित जो देशना है, वही लोकनाथ बुद्धों का शासनामृत है।]

इसी प्रकार दूसरा प्रसिद्ध बौद्ध मत माध्यमिक-कारिका की ही इस कारिका में व्यक्त हुआ है—

द्वे सत्ये समुपाश्रित्य बुद्धानां धर्मदेशना ।
लोकसंवृति सत्यं च सत्यं च परमार्थतः ।। म.का. १४-८।।

[संवृति-सत्य तथा परमार्थ सत्य—इन दोगों सत्यों को लेकर बुद्धों की धर्म-देशना है ।]

बुद्धघोषाचार्य्य का भी यही कहना है—

द्वे सच्चानि अक्खासि सम्बुद्धो वदतं वरो ।
सम्मुति परमत्थं च ततियं नूपलब्भति ।।

[सुमंगल विलासिनी]

[वाणी-श्रेष्ठ सम्बुद्ध ने दो सत्यों का उपदेश दिया है—सम्मुति (संवृति) सत्यका तथा परमत्थ (= परमार्थ) सत्यका—तीसरा सत्य नहीं हैं ।]

विधुशेखर भट्टाचार्य्य की स्थापना है कि ये दोनों 'सत्य' उपनिषदों में कहीं नहीं हैं । शंकराचार्य्य ने जो इन दोनों सत्यों को अपने दर्शन का मूलाधार बनाया है, वह गौड़पादाचार्य्य के माध्यम से बौद्ध-वाङ्मय से ही इन दोनों सत्यों को अपनाने का परिणाम है ।

क्योंकि अजातिवाद (= अनुत्पत्तिवाद) ही 'अलात शान्ति' प्रकरण का विशेष विषय है, इसलिये गौड़पादाचार्य्य बार बार इसी मत की स्थापना और समर्थन करते हैं—

न कश्चिज्जायते जीवः सम्भवोऽस्य न विद्यते ।
एतत् तद् उत्तमं सत्यं यत्र किञ्चिन्न जायते ।।७१-४।।

[किसी जीव (= आत्मा) का जन्म नहीं होता । इस की कोई सम्भावना नहीं । यही उत्तम सत्य है कि कहीं कुछ जन्म नहीं ग्रहण करता ।]

विषय-विमुख चित्त का उल्लेख करते हुए गौड़पादाचार्य्य कहते हैं—

निवृत्तस्याप्रवृत्तस्य निश्चला हि तदा स्थितिः ।
विषयः स हि बुद्धानां तत् साम्यं अजं अद्वयं ।।४-८।।

[जब चित्त एक बार (बिषयों से) निवृत्त होकर फिर उनमें प्रवृत्त नहीं होता ती वह निश्चल स्थिति कहलाती है । यह बुद्धों का विषय हैं—यह साम्य-तत्व, यह अज-तत्व, यह अद्वय-तत्व ।]

यही बौद्धों का 'निर्वाण' है और गौड़पादाचार्य्य के अनुसार यही उनका 'ब्रह्म' है । हम नहीं कह सकते कि उपनिषदों के 'ब्रह्म' से ठीक ठीक क्या समझा

जाय ? किन्तु यदि गौड़पादाचार्य्य का 'ब्रह्म' चित्त की यही निश्चित स्थिति, यही निरोध-समापत्ति है तो यह स्वीकार करना पड़ेगा कि गौड़पादाचार्य्य का 'ब्रह्म' उपनिषदों के 'ब्रह्म' से भिन्न और कदाचित् बौद्ध 'निरोध-समापत्ति' का ही पर्य्याय है।

इसी-निरोध समापत्ति के प्रति अत्यन्त आदर-बुद्धि होने से इसे भगवान् धर्म-धातु तक कहा गया है—

"जिस किसी धर्म (= चित्त-विषय) को (आसक्ति पूर्वक) ग्रहण करने में ही सुख सदा उघड़ा रहता है और दुःख ढका रहता है; जो मूर्ख है वह भगवान् (निर्वाण) को स्थिर मानने के कारण 'अस्ति' (= है), चल मानने के कारण नास्ति (= नहीं है), स्थिर तथा चल दोनों मानने के कारण अस्ति-नास्ति (है—नहीं है), और दोनोंका अभाव मानने के कारण नास्ति-नास्ति (नहीं है—नहीं है) कहकर ढकता है।

"इन चार कोटियों के आसक्ति-पूर्वक ग्रहण करने से भगवान् निर्वाण सदा ढका हुआ है। लेकिन वास्तव में वह इस से अस्पृष्ट है। जिस ने यह सत्य देख (= जान) लिया है, वह सर्वदृक (= सर्वज्ञ) है।" (४–८२, ८३, ८४)

निस्सन्देह उपनिषदाश्रित वेदान्त को इन चार कोटियों में से प्रथम कोटि मान्य ही नहीं; उसका आग्रह है—

अस्तीति ब्रुवतोऽन्यत्र कथं तद उपलभ्यते ।
अस्तेव उपलब्धव्यः ।

[कठ उपनिषद् ६–१२,१३]

इस सम्बन्ध में माध्यमिक-बौद्ध-मत भी उतना ही स्पष्ट है—

न सन नासन न सदसन न चाप्य अनुभयात्मकं ।
चतुष्कोटिविनिर्मुक्तं तत्त्वं माध्यमिका विदुः ।।

[न सत्, न असत्, न सदसत्, न उभय-स्थिति-रहित—इन चारों कोटियों से मुक्त तत्व को माध्यमिक जानते हैं।]

एक बात ध्यान देने की है। गौड़पादाचार्य्य ने इस प्रकरण में जहाँ कहीं भी किसी भी नाम से निर्वाण अथवा धर्म-धातु का संकेत किया है, वहाँ कहीं भी उसे 'अद्वैत' नहीं कहा, 'अद्वय' ही कहा है।

एक इस कारिका को भी लीजिये—

प्राप्य सर्वज्ञतां कृत्स्नां ब्राह्मण्यं पदं अद्वयं ।
अन्नापन्नादिमध्यान्तं किं अतः परं इहते ।।४–८५।।

[समस्त सर्वज्ञता, ब्राह्मण्य-पद, अद्वय-भाव, आदि-मध्यन्त-रहित भाव को प्राप्त कर, इस से बढ़कर और किस चीज की इच्छा करे ?]

इस कारिका में भी 'समस्त-सर्वज्ञता' को 'अद्वय' तो कहा ही गया है, साथ ही यह बात भी ध्यान देने योग्य है कि 'ब्राह्मण्य' शब्द में 'ब्राह्मण' शब्द का प्रयोग भी जाति वाचक न होकर गुण-वाचक ही है।

अगली एक (४--४०) कारिका में 'महायान' के अर्थ में ही अग्र-यान शब्द का प्रयोग हुआ है। गौड़पादाचार्य्य 'महायान' धर्म के प्रचारक की सी ही भाषा का प्रयोग करके कह रहे हैं--

हेयज्ञेयाप्यपाक्यानि विज्ञेयान्यग्रयानतः।
तेषां अन्यत्र विज्ञेयाद् उपलम्भः त्रिषु स्मृतः ॥४-९०॥

[जो हेय है, जो ज्ञेय है, जो प्राप्य है, जो पाक्य है—ये सब अग्रयान (= महायान) द्वारा ही जानने चाहिये। जो ज्ञेय (= विज्ञेय) है, उसे छोड़कर अन्य तीन की ही उपालम्भ (संज्ञा) मानी गई है।]

गौड़पादाचार्य्य की अनेक कारिकाओं में और महायान ग्रन्थों में आगत अभिव्यक्तियों में इतना अधिक साम्य है कि कहीं कहीं तो गौड़पादाचार्य्य ने छायानुवाद कर दिया मात्र प्रतीत होता है। स्थान की मर्य्यादा सभी का उल्लेख करने में बाधक ही है।

हमें यह याद रहे कि इस प्रकरण के आरम्भ में ही गौड़पादाचार्य्य ने 'ज्ञान' तथा 'ज्ञेय' की एकता का प्रतिपादन किया है; उसी से वे इस प्रकरण का अवसान भी कर रहे हैं--

क्रमते न ही बुद्धस्य ज्ञानं धर्मेषु तायिनः।
सर्वधर्मास्तथा ज्ञानं नैतद् बुद्धेन भाषितं ॥४-९९॥

[जो बुद्ध हैं, जो शिक्षक हैं उनके अनुसार ज्ञान धर्मों (= चित्त-विषय-पदार्थों) तक संक्रमण नहीं करता। सभी धर्म (= संस्कृत धर्म + असंस्कृत धर्म) तथा ज्ञान--ये बुद्ध की भी वाणी के विषय नहीं, अर्थात् ये स्वानुभव के ही विषय हैं।]

अपने 'आगम-शास्त्र' के इस चौथे प्रकरण में भी गौड़पादाचार्य्य ने एकाधिक स्थानों पर "बिषयः स हि बुद्धानां" (४--८०) आदि कहकर 'अजातिवाद' आदि सिद्धान्तों के बुद्ध-प्रतिपादित होने का उल्लेख किया है। तब ग्रन्थ की अन्तिम कारिकाओं में "नैतद् बुद्धेन भाषितं" (यह बुद्ध द्वारा नहीं कहा गया है) कहने का क्या अभिप्राय ?

यह ऊपर की कारिका नागार्जुन के इस कथन का ही एक रूप है—

सर्वोपलम्भोपशमः प्रपञ्चोपशमः शिवः।
न क्वचिद् कस्यचित् कश्चिद् धर्मो बुद्धेन देशितः ॥

[सभी उपालम्भों के शमन-स्वरूप, सभी प्रपञ्चों के शमन-स्वरूप कल्याणकारी धर्म का किसी को, कहीं भी तथागत ने उपदेश नहीं दिया है।]

वह उपदेश का विषय ही नहीं है। प्रत्येक बुद्धिमान द्वारा स्वयं अनुभव करने योग्य है।

अन्तिम कारिका लिखते समय गौड़पादाचार्य्य फिर एक बार तथागत को वा इस पद को नमस्कार करते हैं–

दुर्दर्शं अतिगम्भीरं अजं शाम्यं विशारदं।
बुद्धवा पदं अनानात्वं नमस्कुर्मो यथाबलं ॥४–१०० ॥

[इस पद का बोध प्राप्त करके जो दुर्दर्श है, जो अतिगम्भीर है, जो विषमता-रहित है, जो विशारद (=निर्भयता—युक्ता) है, जो नानात्व-विहीन है, हम (तथागत को वा इस पद को ?) यथाबल नमस्कार करते हैं।]

× × × ×

काफी समय से गौड़पादाचार्य्य का एक विनम्र अध्ययन करने की मेरी इच्छा थी। किसी भी ग्रन्थ का अनुवाद-कार्य्य उसे भली प्रकार समझने का सर्वोत्तम साधन है। इसी दृष्टि से मैंने यह अनुवाद-कार्य्य किया है।

श्री विधुशेखर महाचार्य्य ने बहुत वर्ष पहले गौड़पादाचार्य्य के 'आगम-शास्त्र' का एक अत्यन्त विद्वत्ता-पूर्ण अध्ययन कलकत्ता विश्व विद्यालय से प्रकाशित कराया था। अँग्रेजी के जानकारों के लिये वह हर दृष्टि से उपादेय है।

मेरे इस हिन्दी-अध्ययन की मूल कारिकायें भट्टाचार्य्य महाशय के उसी अध्ययन से ली गई हैं। अनुवाद-कार्य्य में भी उनका अध्ययन सहायक हुआ है। कहीं कहीं जैसा अपनी 'अल्प-बुद्धि' को भासित हुआ, वैसा भी है।

प्रस्तावना में बौद्ध-ग्रन्थों के जितने उद्धर्ण हैं, वे लग भग सभी भट्टाचार्य्य महाशय के अध्ययन से ही संकलित हैं। 'यह मेरा नहीं हूँ, यह मेरा आत्मा नहीं है'—यही सम्पूर्ण सत्य है।

हो सकता है कि यह अल्प-प्रयास गौड़पादाचार्य्य की तरह शंकराचार्य्य के विचारों की भी मूल उपादान सामग्री के अध्ययन का प्रेरक कारण बने। यदि ऐसा हुआ तो यह प्रयास सम्पूर्ण रूप से सफल होगा।

पुस्तक की पाण्डुलिपि प्रेस में जाने से पहले श्री महावीर बजाज ने दोहरा डाली थी, जिसके लिये सचमुच आभारी हूँ।

महाबोध सभा के मंत्री, श्री देवप्रिय वलीसिंह का तो मैं कृतज्ञ हूँ ही जिन्हों ने मेरे इस अध्ययन को अपनी महाबोधि 'मूल तथा अनुवाद' पुस्तकमाला में प्रकाशित करने का निश्चय किया।

धर्मराजिक विहार
कलकत्ता १२
२०–७–५७

आनन्द कौसल्यायन

आगम-शास्त्र

१

बहिष्प्रज्ञो विभुर्विश्वो ह्यन्तः प्रज्ञस्तु तैजसः ।
घनप्रज्ञस्तथा प्राज्ञा एका एव त्रिधा स्थितः ॥१॥

[जब बाहर का ज्ञान होता है, तब उसे ही विभु, विश्व कहते हैं, जब अन्दर का ज्ञान होता है तब उसे ही तैजस कहते हैं, जब एकाग्रता दृढ़ीभूत हो जाती है, तब उसे ही प्रज्ञा कहते हैं— एक ही प्रज्ञा की ये तीन स्थितियां हैं ॥ १ ॥]

२

दक्षिणाक्षिमुखे विश्वो मनस्यन्तस्तु तैजसः ।
आकाशे च हृदि प्राज्ञस्त्रिधा देहे व्यवस्थितः ॥२॥

[दाहिनी आँख के सामने विश्व है, मन के भीतर तैजस है, आकाश और हृदय में प्रज्ञा है— इस प्रकार एक ही प्रज्ञा तीन प्रकार से देह में स्थित है ॥ २ ॥]

३

विश्वो हि स्थूल भुं नित्यं तैजसः प्रविविक्तभुक ।
आनन्दभुक तथा प्राज्ञस्त्रिधा भोगं निबोधत ॥३॥

[विश्व नित्य स्थूल का भोग लगाता है, तैजस श्रेष्ठ का भोक्ता है तथा प्रज्ञा आनन्द का भोक्ता है । इस प्रकार तीन प्रकार के भोगों को जानना चाहिये ॥ ३ ॥]

४

स्थूलं तरपयते विश्वं प्रविविक्तं तु तैजसं ।
आनन्दश्च तथा प्राज्ञं त्रिधा तृप्ति निबोधत ।।४।।

[विश्व स्थूल से तृप्त होता है; तैजस श्रेष्ठ से तृप्त होता है, तथा प्रज्ञा आनन्द से तृप्त होती है । इस प्रकार तीन प्रकार की तृप्ति जाननी चाहिये ।। ४ ।।]

५

त्रिषु धामसु यद् भोज्यं भोक्ता यश्च प्रकीर्तितः ।
वेदैतद् उभयं यस्तु स भुञ्जानो न लिप्यते ।।५।।

[तीनों अवस्थाओं में जो भोज्य है और जिसे भोक्ता कहा गया है जो इन दोनों, भोज्य तथा भोक्ता को समझ लेता है, वह भोगता हुआ भी लिप्त नहीं होता है ।। ५ ।।]

६

प्रभवः सर्वभूतानां सतां इति विनिश्चयः ।
सर्वं जनयति प्राणाश्चेतोंशून पुरुषः पृथक ।। ६ ।।

[सत्पुरुषों का यह निश्चय है कि सभी वस्तुओं की उत्पत्ति होती है । कुछ (सत्पुरुषों) का कहना है कि प्राण, पुरुष (आत्मा) सब कुछ उत्पन्न करता है, चित्त की रश्मियों को पृथक-पृथक ।। ६ ।।]

७

विभूतिं प्रसवं त्वन्ये मन्यन्ते सृष्टिचिन्तकाः ।
स्वप्नमायास्वरूपेति सृष्टिर्न्यैर्विकल्पिता ।। ७ ।।

[सृष्टि के बारे में विचार करने वाले कुछ जनों का कहना है कि यह 'प्रसव' विभूति है । कुछ दूसरे सृष्टि-विचारक इसे स्वप्नवत् तथा मायावत् मानते हैं ।।७।।]

८

इच्छामात्रं प्रभो सृष्टिईति सृष्टौ विनिश्चिताः ।
कालात् प्रसूतिं भूतानां मन्यन्ते कालचिन्तकाः ।। ८ ।।

[सृष्टि के बारे में निश्चित मत रखने वालों में से कुछ का कहना है कि सृष्टि प्रभु की इच्छा मात्र है, और जो काल (समय) का विचार करने वाले हैं, उनका कहना है कि सृष्टि की उत्पत्ति काल से हुई है ।। ८ ।।]

९

भोगार्थं सृष्टिईत्यन्ये क्रीड़ार्थं इति चापरे ।
देवस्यैषा स्वभावोऽयं आप्तकामस्य का स्पृहा ।। ९ ।।

[कुछ लोगों का कहना है कि सृष्टि भोगने के लिये बनी है, कुछ का कहना है कि यह देव का स्वभाव है क्योंकि जिसकी सभी कामनायें पूरी हो गई हैं वह और क्या स्पृहा करेगा ?।। ९ ।।]

१०

निवृत्तेः सर्वदुःखानां ईषानः प्रभुरव्ययः ।
अद्वैतः सर्वभावानां देवस्तुर्यो विभुःस्मृतः ।। १० ।।

[विश्व, तैजस तथा प्रज्ञा के अतिरिक्त चतुर्थ देव को 'तुर्य' कहा गया है, जो सभी दुखों की निवृत्ति हैं, जो प्रकाशस्वरूप है, जो सर्व-व्यापक है, जो स्वामी है, जो अपरिवर्तनशील है और जो सभी वस्तुओं में अद्वितीय है ।। १० ।।]

११

कार्यकारणबद्धौ तावे इष्यते विश्वतैजसौ ।
प्राज्ञः कारणबद्धस्तु द्वे तु तुर्ये न सिध्यतः ।। ११ ।।

[विश्व अर्थात् बाहर का ज्ञान कार्य-कारण के नियम से बंधा है, तैजस अर्थात भीतर का ज्ञान भी कार्य-कारण के नियम से बंधा है, प्रज्ञा मात्र कारणाश्रित है; 'तुर्य' अवस्था में न कार्य है, न कारण ।। ११ ।।]

१२

नात्मानं न परांश्चैव न सत्यं नापि चांऋतं ।
प्राज्ञः किञ्चन संवेत्ति तुरीयः सर्वदृक सदा ।। १२ ।।

[प्रज्ञावान् न अपने को, न पर को, न सत्यको तथा न असत्य को जानता है, किन्तु तुरिय सदा सर्वदर्शी है ।। १२ ।।]

१३

द्वैतस्याग्रहणं तुल्यं उभयोः प्राज्ञातुर्ययोः ।
बीजनिद्रायुतः प्राज्ञः सा च तुर्ये न विद्यते ।। १३ ।।

['प्रज्ञा' तथा 'तुरिय' दोनों ही 'द्वैत' का ग्रहण न करने में तुल्य हैं। प्रज्ञा निद्रारूपी बीज से युक्त है, 'तुर्य' अवस्था में वह नहीं होता ।। १३ ।।]

१४

स्वप्ननिद्रायुतावाद्यौ प्राज्ञस्त्वस्वप्ननिद्रया ।
न निद्रां नैव च स्वप्नं तुर्ये पश्यन्ति निश्चिता : ।।१४।।

[आरम्भ के दो (विश्व तथा तैजस) स्वप्न तथा निद्रा से युक्त हैं, प्रज्ञा स्वप्नरहित निद्रा से युक्त है । तुर्य अवस्थामें पहुँचने पर निश्चित ज्ञानियों के लिये न निद्रा है और न स्वप्न है ।। १४ ।।]

१५

अन्यथा ग्रहणतः स्वप्नो निद्रा तत्त्वं अजानतः ।
विप्रयासे तयोः क्षीणे तुरीयं पदं अश्नुते ।।१५।।

[यथार्थ से अन्यथा ग्रहण स्वप्न का कारण होता है, तत्व का अज्ञान निद्राका । इन दोनों का विप्रयास (=उलटा-ज्ञान) नष्ट हो जाने से 'तुर्य' पद की प्राप्ति होती है ।। १५ ।।]

१६

अनादिमायया सुप्तो यदा जीवः प्रबुध्यते ।
अजं अनिद्रं अस्वप्नं अद्वैतं बुध्यते तदा ।। १६ ।।

[अनादिकालीन माया के प्रभाव से सोया हुआ जीव (=व्यक्ति) जब जागता है, तब वह अजन्मा, निद्रा-रहित, स्वप्न-रहित, अद्वैत का ज्ञान प्राप्त कर जाग्रत होता है ।। १६ ।।]

१७

प्रपञ्चो यदि विद्येत निवर्तेत न संशय : ।
मायामातरं इदं द्वैतं अद्वैतं परमार्थतः ।।१७।।

[यदि यह प्रपञ्च (संसार) वास्तव में हो तो इसका निवर्तन भी निसंशय होगा ही । किन्तु यह द्वैत-रूप तो माया-मात्र है । परमार्थ-रूप से तो यह अद्वैत ही है ।।१७।।]

१८

विकल्पो विनिवर्तेत कल्पितो यदि केनचित् ।
उपदेशादयं वादो ज्ञाते द्वैतं न विद्यते ।। १८ ।।

[यह विकल्प (=संसार) निवरतित होगा, यदि यह किसीकी कल्पना (=कृति) हो । यह विकल्प की बात केवल उपदेश देनेके लिये है । ज्ञान होने पर द्वैत नहीं रहता ।। १८ ।।]

१९

विश्वस्यात्वविवक्षायां आदि सामान्यं उत्कतं ।
मात्रासम्प्रतिपत्तौ स्याद् आप्तिसामान्यमेव च ॥ १९ ॥

[विश्व को 'अ' कहने के लिये 'आदि' को 'सामान्य-धर्म' करके कहा गया; मात्रा के ज्ञान के लिये 'आप्ति' तथा 'सामान्य' दोनों प्रकट हैं ॥ १९ ॥]

२०

तैजसस्योत्वविज्ञान उत्कर्षो दृश्यते स्फुटं ।
मात्रासम्प्रतिपत्तौ स्याद् उभयत्वं तथाविधं ॥ २० ॥

[तैजस को 'उ' जानने के लिये 'उत्कर्ष स्पष्ट ही है, मात्राके ज्ञानके लिये तथा-विध उभयत्व हैं ॥ २० ॥]

२१

मकारभावे प्राज्ञस्य मानसामान्यं उत्कतं ।
मात्रासम्प्रतिपत्तौ तु लयसामान्यमेव च ॥ २१ ॥

[प्रज्ञा को 'म' कहने के लिये 'मान' (=माप) को सामान्य-धर्म करके कहा गया । मात्रा के ज्ञान के लिये तो लय (=अन्तर्धान) होना तथा 'सामान्य-धर्म' प्रकट ही हैं ॥ २१ ॥]

२२

त्रिषु धामसु यस्तुल्यं सामान्यं वेत्ति निश्चितः ।
स पूज्यः सर्वभूतानां वंद्यश्चैव महामुनिः ॥ २२ ॥

[तीनों अवस्थाओं (=धामों) में जो तुल्य सामान्य-धर्म है, उसे जो निश्चित प्रकार से जानता है, वह महामुनि सभी प्राणियों का पूज्य तथा वन्द्य है ॥ २२ ॥]

२३

अकारो नयते विश्वं उकारञ्चापि तैजसं ।
मकारश्च पुनः प्राज्ञं नामात्रे विद्यते गतिः ॥ २३ ॥

['अ' विश्व को ले जाता है, 'उ' तैजस को ले जाता है, 'मैं' फिर प्रज्ञा-गामी है, मात्रा-रहित की 'गति' नहीं ॥ २३ ॥]

२४

ओंकारं पादशो विद्यात् पादा मात्रा न संशयः ।
ओंकारं पादशो ज्ञात्वा न किंञ्चिदपि चिन्तयेत ।।२४।।

[ओंकार को प्रत्येक 'पाद' के साथ जानना चाहिये, 'पाद' मात्रा हैं, इसमें संशय नहीं। ओंकार को प्रत्येक 'पाद' के साथ जान लेने से कुछ भी चिन्ता नहीं रहती ।। २४ ।।]

२५

युञ्जीत प्रणवे चेतः प्रणवो ब्रह्म निर्भयं ।
प्रणवे नित्ययुक्तस्य न भयं विद्यते क्वचित् ।।२५।।

[चित्त को 'प्रणव' में लगाये, प्रणव भय-रहित ब्रह्म है। जो नित्य प्रणव में नियुक्त है, उसे कहीं कोई भय नहीं ।। २५ ।।]

२६

प्रणवो ह्यपरं ब्रह्म प्रणवश्च परं स्मृतः ।
अपूर्वोऽनन्तरोऽबाह्योऽनपरः प्रणवोऽव्ययः ।।२६।।

[प्रणव ही अपर ब्रह्म तथा परं ब्रह्म कहा गया है। न 'प्रणव' से पूर्व कुछ है, न 'प्रणव' से अनन्तर कुछ है, न 'प्रणव' से बाह्य कुछ है, न 'प्रणव' से पर कुछ है और 'प्रणव' अव्यय है ।। २६ ।।]

२७

सर्वस्य प्रणवो ह्यादिमध्यं अन्तः तथैव च ।
एवं हि प्रणवं ज्ञात्वा व्यश्नुते तदनन्तरं ।।२७।।

['प्रणव' सब का आदि है, मध्य है और उसी प्रकार अन्त है। जो इस प्रकार 'प्रणव' को जान लेता है, वह उसे तुरन्त प्राप्त कर लेता है ।। २७ ।।]

२८

प्रणवं हीश्वरं विद्यात् सर्वस्य हृदि संस्थितं ।
सर्वव्यापिनं ओंकारं मत्वा धीरो न शोचति ।।२८।।

['प्रणव' को सबके हृदय में स्थित 'ईश्वर' माने। यह जानकर कि 'ओंकार' सर्व व्यापी है धीर-पुरुष शोक नहीं करता ।। २८ ।।]

२९

अमात्रोऽनन्तमात्रश्च द्वैतस्योपशमः शिवः ।
ओंकारो विदितो येन स मुनिर्नेतरो जनः ॥२९॥

[जिसने यह जान लिया कि 'ओं' अमात्रा है साथ ही अनन्त मात्रा है, द्वैतका उपशमन है तथा शिव (=कल्याणकारी) है, वही जन मुनि है, और कोई नहीं ॥२९॥]

यह गौड़पादीय आगम-शास्त्र का 'आगम' नामक
प्रथम प्रकरण समाप्त हुआ ।

द्वितीय प्रकरणम्

१

वैतथ्यं सर्वभावानां स्वप्न आहुर्मनीषिनः ।
अन्तस्थानात् तु भावानां संवृतत्वेन हेतुना ।।१।।

[बुद्धिमानों का कहना है कि स्वप्न की सभी वस्तुयें अयथार्थ होती हैं। कारण ? क्योंकि संवृतत्व के कारण सभी वस्तुयें शरीर के अन्दर स्थिर होती हैं ॥ १ ॥]

२

अदीर्घत्वाच्च कालस्य गत्वा देशान्नपश्यति ।
प्रतिबुद्धाश्च वै सर्वस्तस्मिन् देशे न विद्यते ।।२।।

[समय की कमी के कारण स्वप्न-द्रष्टा कहीं अन्यत्र जाकर उन उन स्थलों को नहीं देखता । फिर जाग्रत होने पर कोई भी स्वप्न-द्रष्टा अपने को उस देश में नहीं पाता ॥ २ ॥]

३

अभावश्च रथादीनां श्रुयते न्यायपूर्वकम ।
वैतथ्यं तेन वै प्राप्तं स्वप्न आहुः प्रकाशितम् ।।३।।

[(स्वप्न में देखे गये) रथ आदि की अयथार्थता न्याय-पूर्वक श्रुति में भी कही गई है। इसलिये स्वप्न में देखी गई उन वस्तुओं की प्राप्ति अयथार्थता स्पष्ट ही है ॥३॥]

४

अन्तःस्थानात् तु भेदानां तथा जागरिते स्मृतं ।
यथा तत्र तथा स्वप्ने संवृतत्त्वं न भिद्यते ।।४।।

[जाग्रत अवस्था में भी वस्तुओं की वही स्थिति कही गई है । भेदों (=वस्तुओं) की अन्तःस्थिति उसका कारण है । जैसे जाग्रत अवस्था में वैसे ही स्वप्नावस्थामें । संवृतत्त्व कहीं खण्डित नहीं होता ।। ४ ।।]

५

स्वप्नजागरिते स्थाने ह्येकं आहुर्मनीषिणः ।
भेदानां हि समत्वेन प्रसिद्धेनैव हेतुना ।।५।।

[बुद्धिमानों का कहना है कि स्वप्नावस्था तथा जाग्रतवस्था एक ही है । दोनों अवस्थाओं में वस्तुओं की समानता रही हैं, और उनके ऐसा होने का हेतु प्रसिद्ध ही है ।। ५ ।।]

६

आदावन्ते च यन्नास्ति वर्तमानेपि तत् तथा ।
वितथैः सदृशाः सन्तो वितथा इव लक्षिताः ।।६।।

[जो आदि में नहीं है, जो अन्त मे नहीं है, वह वर्तमान में भी नहीं है । अयथार्थ के सदृश होने के कारण सभी पदार्थ अयथार्थ ही प्रतीत होते हैं ।। ६ ।।]

७

सप्रयोजनता तेषां स्वप्नेऽपि प्रतिपद्यते ।
तस्माद् आद्यन्तवत्त्वेन मिथ्यैव खलु ते स्मृताः ।।७।।

[जिस प्रकार जाग्रत अवस्था में वस्तुओं की उपयोगिता दिखाई देती है, वैसी ही सप्रयोजनता स्वप्न में भी दिखाई देती है; इसलिये आदि तथा अन्त के समान ही वर्तमान में भी वस्तुओं का मिथ्यात्व कहा गया है ।। ७ ।।]

८

अपूर्वाः स्थानिधर्मा हि यथा स्वर्गनिवासिनां ।
तां अयं प्रेक्षते गत्वा यथैवेह सुशिक्षितः ।।८।।

[जैसे स्वर्ग-निवासियों की विशेषतायें विचित्र हैं वैसे ही स्वप्नलोक की विशेषतायें विचित्र हैं । उन विशेषताओं को यह सुशिक्षित यहां की तरह ही (परलोक) जाकर देखता है ।। ८ ।।]

९

स्वप्नवृत्तावपित्व अन्तश्चेतसा कल्पितं त्वसत् ।
बहिश्चेतोगृहितं सद् दृष्ठं वैतथ्यं एतयोः ।।९।।

[स्वप्न में भी जो अन्दर के चित्त से कल्पित किया जाता है वह असत् माना जाता है, जो बाहर के चित्त से गृहीत है वह सत्; किन्तु दोनों की अयथार्थता सिद्ध है ॥ ९ ॥]

१०

जागृद्वृत्तावपि त्व अन्तश्चेतसा कल्पितं त्वसत् ।
बहिश्चेतोगृहीतं सत् युक्तं वैतथ्यं एतयोः ।।१०।।

[जागृत अवस्था में भी जो कुछ अन्तःमन से कल्पित किया जाता है, वह असत् माना जाता है और जो कुछ बहिर्मन से गृहित किया जाता है वह सत्—इन दोनों की अयथार्थता सिद्ध है ॥१०॥]

११

उभयोपि वैतथ्यं भेदानां स्थानयोर्यदि ।
क एतान् बुध्यते भेदान् को वै तेषां विकल्पकः ।।११।।

[यदि उभय स्थानीय वस्तुओं की अयथार्थता स्वीकार की जाय, तो इन वस्तुओं की अयथार्थता का बोध किसे होता है, अथवा इनके सम्बन्ध में संकल्प-विकल्प करने वाला कौन है ? ॥११॥]

१२

कल्पयत्यात्मनात्मानं आत्मा देवःस्वमायया ।
स एव बुध्यते भेदान् इति वेदान्तनिश्चयः ।।१२।।

[आत्मा (देव) अपनी माया से स्वयं अपने-आप से अपनी कल्पना करता है । वह ही वस्तुओं के अयथार्थ-रूप को जानता है—यही वेदान्त का निश्चय है ॥१२॥]

१३

विकरोत्यपरान् भावान् अन्तश्चित्तेऽव्यवस्थितान् ।
नियतांश्च बहिश्चित्त एवं कल्पयते प्रभुः ।।१३।।

[जो चित्त में व्यवस्थित नहीं हैं, ऐसे अपर भावों (=रूपों) को और जो चित्त से बाहर के नियत भाव (=रूप) हैं उन सब की प्रभु (=चित्त) कल्पना करता है ॥१३॥]

१४

चित्तकालाश्च येन्तस्तु द्वयकालाश्च ये बहिः ।
कल्पिता एव ते सर्वे विशेषो नान्यहेतुकः ॥१४॥

[जो अन्तःस्थित भाव हैं, और जो चित्तक्षण भर विद्यमान रहते हैं, जो बहिस्थित हैं और जो उतनी ही देर रहते हैं जितनी देर ग्राह्य-ग्राहक का भेद बना रहता है, वे सभी केवल कल्पित हैं। इस विषय में किसी अन्य हेतु से कुछ भी विशेष नहीं हैं ॥१४॥]

१५

अव्यक्ता एव ये अन्तस्तु स्फुटा एव च ये बहिः ।
कल्पिता एव ते सर्वे विशेषस्त्विन्द्रियान्तरे ॥१५॥

[जो आन्तरिक (=मनके) अनुभव हैं वे अव्यक्त है; जो बाह्य (=इन्द्रियों के) अनुभव हैं वे स्पष्ट हैं; किन्तु ये दोनों प्रकार के अनुभव कल्पित ही हैं। उन दोनों में जो भिन्नता है वह इन्द्रियभेद के ही कारण है ॥१५॥]

१६

जीवं कल्पयते पूर्वं ततो भावान् पृथग्विधान ।
बाह्यान् आध्यात्मिकांश्चैव यथाविद्यास्तथास्मृतिः ॥१६॥

[पहले जीव (=आत्मा) की कल्पना करता है, तथा बाह्य तथा भीतरी नानाप्रकार के अस्तित्वों की कल्पना करता है। जैसा ज्ञान होता है वैसी ही स्मृति होती है ॥१६॥]

१७

अनिश्चिता यथा रज्जुरन्धकारे विकल्पिता ।
सर्पधारादिभिर्भावैस्तद्वदात्मा विकल्पितः ॥१७॥

[जिस प्रकार अन्धेरे में, रज्जु का निश्चित ज्ञान न होने पर सर्प तथा जलधारा आदि के विकल्प पैदा होते हैं, उसी प्रकार यह 'आत्मा' की कल्पना है ॥१७॥]

१८

निश्चितायां यथा रज्ज्वां विकल्पो विनिवर्तते ।
रज्जुरेवेति चाद्वैतं तद्वद् आत्माविनिश्चयः ॥१८॥

[जिस प्रकार रज्जु का निश्चित ज्ञान हो जाने पर विकल्पों का नाश हो जाता है; और यह निश्चय हो जाता है कि 'रज्जु' के अतिरिक्त और कुछ नहीं; उसी प्रकार यह 'आत्मा' का विकल्प नष्ट हो जाता है ॥१८॥]

१९

प्राणादिभिरनन्तैस्तु भावैरेतैर्विकल्पितः ।
मायैषा तस्य देवस्य ययायं मोहितः स्वयं ॥१९॥

[प्राण आदि अनन्त अस्तित्वों (=भावों) से इस 'आत्मा' की कल्पना की गई है। यह उस पुरुष (=देव) की अपनी माया है, जिससे वह स्वयं मोह-ग्रस्त (=मूढ़) बन गया है ॥१९॥]

२०

प्राणाति प्राणविदो भूतानीति च तद्विदः ।
गुणा इति गुणविदस्तत्त्वानीतिच तद्विदः ॥२०॥

['प्राणों' के जानकर 'प्राण' को ही 'आत्मा' समझते हैं, पंच 'महाभूतों' के जानकार पांच महाभूतों को ही 'आत्मा' समझते हैं तथा तत्त्वोंके जानकार तत्त्वोंको ही 'आत्मा' समझते हैं ॥२०॥]

२१

पादाति पादविदो विषयाति तद्विदः ।
लोकाति लोकविदो देवातिच तद्विदः ॥२१॥

[जो पादों के जानकार हैं, वे पादों (१/४) को ही आत्मा समझते हैं, जो विषयों (=इन्द्रियों के विषयों) के जानकार हैं, वे विषयों को ही आत्मा समझते हैं; जो लोकों के जानकार हैं, वे लोकों को ही 'आत्मा' समझते हैं तथा जो देवताओं के जानकार हैं, वे देवताओं को ही आत्मा समझते हैं ॥२१॥]

२२

वेदाति वेदविदो यज्ञातिच तद्विदः ।
भोक्तेति च भोक्तृविदो भोज्यंति च तद्विदः ॥२२॥

[जो वेदों के जानकार हैं, वे 'वेदों' को 'आत्मा' समझते हैं, 'जो यज्ञों के जानकार हैं, वे यज्ञों को 'आत्मा' समझते हैं, जो 'भोक्ता' के जानने वाले हैं वे 'भोक्ता' को 'आत्मा' समझते हैं तथा जो 'भोज्य' के जानने वाले हैं वे 'भोज्य' को 'आत्मा' समझते हैं ॥२२॥]

२३

सूक्ष्म इति सूक्ष्मविदः स्थूल इति च तद्विदः ।
मूर्त इति मूर्तविदो ऽमूर्त इति च तद्विदः ॥२३॥

[जो 'सूक्ष्म' के जानकार हैं, वे 'सूक्ष्म' को आत्मा समझते हैं, जो 'स्थूल' के जानकार हैं वे 'स्थूल' को आत्मा समझते हैं, जो 'मूर्त' के जानकार हैं वे 'मूर्त' को 'आत्मा' समझते हैं तथा जो 'अमूर्त' के जानकार हैं वे 'अमूर्त' को 'आत्मा' समझते हैं ॥२३॥]

२४

काल इति कालविदो दिशा इति च तद्विदः ।
वादा इति वादविदो भुवनानीति तद्विदः ॥२४॥

[जो 'काल' के जानकार हैं, वे 'काल' को 'आत्मा' समझते हैं, जो 'दिशा' के जानकार हैं वे दिशा को 'आत्मा' समझते हैं, जो 'वाद' के जानकार हैं वे 'वाद' को 'आत्मा' समझते हैं तथा जो 'भुवनों' के जानकार हैं वे भुवनों को 'आत्मा' समझते हैं ॥२४॥]

२५

मन इति मनोविदो बुद्धिईति च तद्विदः ।
चित्तं इति चित्तविदो धर्माधर्मौ च तद्विदः ॥२५॥

[जो 'मन' के जानकार हैं, वे 'मन' को 'आत्मा' समजझते हैं जो 'बुद्धि' के जानकार हैं वे 'बुद्धि' को 'आत्मा' समझते हैं, जो चित्त के जानकार हैं, वे 'चित्त' को 'आत्मा' समझते हैं, जो 'धर्म' के जानकार हैं वे धर्म को 'आत्मा' समझते हैं और जो 'अधर्म' के जानकार हैं वे 'अधर्म' को 'आत्मा' समझते हैं ॥२५॥]

२६

पञ्चविंशक इत्येके षड्विंश इति चापरे ।
एकत्रिंशक इत्याहुरनन्त इति चापरे ॥२६॥

[कुछ कहते हैं कि 'आत्मा' पच्चीस तत्त्वों की है, कुछ कहते हैं छब्बीस तत्त्वों की है, कुछ कहते हैं इकत्तीस तत्त्वों की हैं, कुछ कहते हैं अनन्त तत्त्वों की है ॥२६॥]

२७

लोकाँल्लोकविदः प्राहुराश्रमा इति तद्विदः ।
स्त्रीपुंनपुंसकं लैङ्गाः परापरं अथापरे ॥२७॥

[जो 'लोक' के जानकार हैं, वे 'लोक' को 'आत्मा' कहते हैं, जो 'आश्रमों' के जानकार हैं, वे 'आश्रमों' को आत्मा कहते हैं, जो 'लिङ्ग' के, जानकार हैं, वे स्त्रिलिङ्ग, पुलिङ्ग तथा नपुंसकलिंग को 'आत्मा' कहते हैं, और कुछ अन्य लोग 'पर' तथा 'अपर' को 'आत्मा' कहते हैं ॥२७॥]

२८

सृष्टिईति सृष्टिविदो लय इति च तद्विदः ।
स्थितिईति स्थितिविदः सर्व चेह तु सर्वदा ॥२८॥

[जो 'सृष्टि' के जानकार हैं, वे 'सृष्टि' को 'आत्मा' कहते हैं, जो 'लय' के जानकार हैं वे 'लय' को 'आत्मा' कहते हैं; जो 'स्थिति' के जानकार हैं, वे 'स्थिति' को 'आत्मा' कहते हैं—ये सब कल्पनायें यहां सर्वदा विद्यमान हैं ॥२८॥]

२९

यं भावं दर्शयेत् यस्य तं भावं स तु पश्यति ।
तं चावति भूतवासौ तद्ग्रहः समुपैति तं ।।२९।।

[जिसके सामने जो वस्तु (=भाव) आती है, वह उसी वस्तु को 'आत्मा' समझ बैठता है। वह उसे सन्तुष्ट करती है, उसकी आसक्ति उसे वही बना देती है ।।२९।।]

३०

एसैर्एषोऽपृथग्भावैः पृथगेवेति लक्षितः ।
एवं यो वेद तत्त्वेन कल्पयेत् सोऽविशङ्कितः ।।३०।।

[इन वस्तुओं (=भावों) के अपृथक रहते भी वह नाना प्रकार का भासता है। इस बातको जो यथार्थ रूपसे जानता है, वही असंदिग्ध होकर विचार कर सकता है ।।३०।।]

३१

स्वप्नमाये यथा दृष्टे गन्धर्वनगरं यथा ।
तथा विश्वं इदं दृष्टं वेदान्तेषु विचक्षणैः ।।३१।।

[जैसे स्वप्न दिखाई देता है, जैसे माया दिखाई देती है, जैसे गन्धर्व-नगर होता है, उसी प्रकार 'वेदान्त' के अनुसार (?) बुद्धिमान आदमियों को यह विश्व दिखाई देता है ।।३१।।]

३२

न निरोधो न चोत्पत्तिर्नबद्धो न च साधकः ।
न मुमुक्षुर्न वै मुक्त इत्येषा परमार्थता ।।३२।।

[न विरोध है, न उत्पत्ति है, न बन्धा हुआ है, न साधक है, न मोक्ष की कामना करने वाला है, न मुक्त है यही परमार्थ सत्य है ।।३२।।]

३३

भावैर्असद्भिरेवायं अद्वयेन च कल्पितः ।
भावा अप्यद्वयेनैव तस्माद् अद्वयता शिवा ।।३३।।

[अद्वय के आधार से ही तथा असत् वस्तुओं (=भावों) के हिसाब से ही 'आत्मा' की कल्पना की गई है। अद्वय के आधार से ही वस्तुओं (=भावों) की कल्पना की गई है—इसलिये अद्वयता ही कल्याणकर है ।।३३।।]

३४

नान्यभावेन नानेदं न स्वेनापि कथंचन ।
न पृथंनापृथक् किञ्चिद् इति तत्त्वविदो विदुः ।।३४।।

[यह जो 'आत्मा' के नाना रूप हैं, यह न तो अन्य-भाव की दृष्टि से हैं, न स्वकीय-भाव की दृष्टि से हैं, न पृथक हैं, न अपृथक् हैं—इसे यथार्थ तत्व के जानकार जानते हैं ।।३४।।]

३५

वीतरागभयक्रोधैर्मुनिभिर्वेदपारगैः ।
निर्विकल्पो ह्यं दृष्टः प्रपंचोपशमोऽद्वयः ।।३५।।

[जो राग-भय-क्रोध से रहित हैं, जो वेदपार पहुँचे हैं, उन्हों ने इस अद्वय, निर्विकल्प, प्रपंचोशमन रूप तत्वको देखा है ।।३५।।]

३६

तस्माद् एवं विदित्वैनं अद्वैते योजयेत स्मृतिं ।
अद्वैतं समनुप्राप्य जड़वल्लोकं आचरेत् ।।३६।।

[इस लिये ऐसा जानकर अपनी स्मृति (=ध्यान) को अद्वय (=अद्वैत) में लगाये । अद्वय (=अद्वैत) को प्राप्त कर लोक के प्रति जड़ वत् व्यवहार करे ।।३६।।]

३७

निस्तुतिर्निर्नमस्कारो निःस्वधाकार एव च ।
चलाचलनिकेतश्च यतिर्यादृच्छिको भवत् ।।३७।।

[न स्तुति करे, न नमस्कार करे, न 'स्वधा' करे, अनिश्चित गृह वाला होकर, यति को यथा-रुचि भ्रमण करने वाला होना चाहिये ।।३७।।]

३८

तत्त्वं आध्यात्मिकं दृष्ट्वा तत्वं दृष्ट्वा तु बाह्यतः ।
तत्त्वीभूतस्तदारामस्तत्त्वाद् अप्रच्युतो भवेत् ।।३८।।

[अपने भीतर यथार्थ तत्त्व की बात जानकर, अपने बाहर यथार्थ तत्त्व की बात जानकार, तत्त्वमय होकर, तत्त्वप्रसन्न होकर, उस तत्त्व-ज्ञान में स्थिर रहे ।।३८।।]

यह गौड़पादीय आगम-शास्त्र का 'वैतथ्य'
द्वितीय प्रकरण समाप्त हुआ ।

तृतीय परिच्छेद :

१

उपासनाश्रितो धर्मो जाते ब्रह्मणि वर्तते ।
प्रागुत्पत्तेर्अजं सर्वं तेनासौ कृपणः स्मृतः ।।१।।

[धर्म उपासनाश्रित है, और 'ब्रह्म' के पैदा होने पर पैदा होता है । ब्रह्म की उत्पत्ति से पूर्व सब कुछ अज (=जन्म-रहित) है । इस लिये 'धर्म' को "बिचारा" कहा गया है ।।१।।]

२

अतो वक्ष्यामि अकारपण्यं अजाति समतां गतं ।
यथा न जायते किञ्चिज्जायमानं समंततः ।।२।।

[इस लिये हम उस 'अकृपण-अवस्था' को कहेंगे, जहां जाति नहीं है, और जो सर्वत्र जाति-रहित है । जो कुछ चारों ओर जन्म ग्रहण करता (प्रतीत होता) है, वह वास्तव में कुछ भी जन्म ग्रहण नहीं करता ।।२।।]

३

'आत्मा' ह्याकाशवज्जीवैर्घटाकाशैईवोदितः ।
घटादिवच्च संघातैर्जातावेतं निदर्शनं ।।३।।

[जैसे आकाश से 'घटाकाश' होता है, (किन्तु उसका कोई वास्तविक अस्तित्व नहीं है,) उसी प्रकार अंगों के संघात से यह 'आत्मा' की कल्पना होती है, जिसका कोई वास्तविक अस्तित्व नहीं है ।।३।।]

४

घटादिसु प्रलीनेषु घटाकाशादयो यथा ।
आकाशे सम्प्रलीयन्ते तद्वज्जीवा इहात्मनि ॥४॥

[घडे आदिके नष्ट होने पर जिस प्रकार घटाकाश आदि आकाशमें 'लीन' हो जाते हैं, उसी प्रकार यह जीवआत्मा 'आत्मा में' लीन हो जाता है, ॥४॥]

५

यथैकस्मिन् घटाकाशे रजोधूमादिभिर्युते ।
न सर्वे सम्प्रयुज्यन्ते तद्वज्जीवा सुखादिभिः ॥५॥

[जिस प्रकार एक घड़े (=घटाकाश) को धूल या धुआं लगने से सभीको नहीं लगता, उसी प्रकार (क्योंकि) एक 'जीव' के 'सुखी' होने पर सब 'सुखी' और एक के 'दुखी' होने पर सब दुखी नहीं होते; (इस लिये 'आत्मा' का तात्विक अस्तित्व नहीं) ॥५॥]

६

रूपाकार्यसमाख्याश्च भिद्यन्ते तत्र तत्र वै ।
आकाशस्य न भेदोऽस्ति तद्वज्जीवेसु निर्णयः ॥६॥

[जिस प्रकार घड़ों (=वस्तुओं) के रूप, कार्य तथा नाम जहां तहाँ भिन्न भिन्न होने पर भी 'आकाश' में किसी प्रकार का भेद नहीं पड़ता उसी प्रकार जीवों के बारे में भी निर्णय है (इस लिये 'आत्मा' का तात्विक अस्तित्व नहीं ॥६॥]

७

नाकाशस्य घटाकाशो विकारावयवौ यथा ।
नैवात्मनः सदा जीवो विकारावयवौ तथा ॥७॥

[जिस प्रकार 'घटाकाश' 'आकाश' का न 'विकार' है न 'अवयव' है, उसी प्रकार जीव (=आत्मा), आत्मा (=ब्रह्म) का न 'विकार' है, न 'अवयव' है; अर्थात् 'आत्मा' है ही नहीं ॥७॥]

८

यथा भवति बालानां गगनं मलिनं मलैः।
तथा भवत्यबुद्धानां आत्मापि मलिनो मलैः ॥८॥

[जैसे मूर्खों को 'मल' से गगन भी मलिन प्रतीत होता है, उसी प्रकार मूर्खों को आत्मा (=ब्रह्म) भी मल से मलिन प्रतीत होता है ॥८॥]

९

मरणे सम्भवे चैव गत्यागमनयोर्अपि ।
स्थितः सर्वशरीरेषु आकेशेनैव लक्षणः ।।९।।

[मृत्यु होनेपर, जन्म होनेपर, जाना होनेपर, आना होनेपर, सर्व शरीरों में आकाशवत् 'ब्रह्म' ही स्थित है ।।९।।]

१०

सङ्घाताः स्वप्नवत् सर्वे आत्ममाया विसर्जितः ।
आधिक्ये सर्वसाम्ये वा नोपपत्तिर्हि विद्यते ।।१०।।

[ये जितने भी अंग-समूह (=व्यक्तित्व) हैं, ये सभी स्वप्न के समान हैं। ये 'माया' के परिणाम हैं। यहाँ न सभी संघातों की 'समानता' की कोई उपपत्ति है और न किसी की कमी–वेशी की ।।१०।।]

११

रसादयो हि ये कोषा व्याख्याता तैत्तिरीयके ।
तेषां 'आत्मा' परोजीवः स यथा सम्प्रकाशितः ।।११।।

[तैत्तिरीय उपनिषद् में जिन रस (=अन्नमय) आदि पांच कोषों का वर्णन किया है, वहाँ का जो 'जीव-आत्मा' है वह भी 'परो-जीव' अर्थात् 'ब्रह्म' ही है—मतलब 'आत्मा' (=जीव आत्मा) का अस्तित्व नहीं हैं ।।११।।]

१२

द्वयोर्द्वयोर्मधुज्ञाने परं ब्रह्म प्रकाशितं ।
पृथ्व्यां उदरे चैव यथाकाशः प्रकाशितः ।।१२।।

[मधु विद्या (बृहद्‌ारण्यक उपनिषद् के मधु-ब्राह्मण) में पृथ्वी तथा उदर आदि दो दो को लेकर 'आकाश' के समान 'ब्रह्म' को ही प्रकाशित किया गया है ।।१२।।]

१३

जीवात्मनोर्अनान्यत्वं अभेदेन प्रशस्यते ।
नानात्वं निन्द्यते यच्च तदेवं हि समञ्जसं ।।१३।।

[ब्रह्म से पृथक 'जीवात्मा' का अस्तित्व न मानने की जो प्रशंसा की गई है और मानने की जो निन्दा की गई ह, इन दोनों मतों में इसी प्रकार सामञ्जस्य हो सकता है ।।१३।।]

१४

जीवात्मनोः पृथकत्वं यत् प्रागुत्पत्तेः प्रकीर्तितं ।
भविष्यद् वृत्या गौणं तं मुख्यत्वं न हि युज्यते ।।१४।।

['जीवात्मा' का 'ब्रह्म' से जो पृथक अस्तित्व (सृष्टि की) उत्पत्ति के पूर्व स्वीकार किया गया है, वह भविष्यत-वृत्ति से है । उसे प्रधानता देना योग्य नहीं ।।१४।।]

१५

मृल्लोहविस्फुलिङ्गाद्यैः सृष्टिर्या चोदितान्यथा ।
उपायः सोऽवताराय नास्ति भेदः कथञ्चन ।।१५।।

[मिट्टी (से घड़ा) लोहे (से लोह-पात्र) और अग्नि-स्फुलिंग (से आग) की तरह जो सृष्टि की उत्पत्ति समझाई गई है, वह (सत्य का) बोध कराने के लिये उपाय भर है । 'ब्रह्म' से पृथक 'जीवात्मा' का कोई अस्तित्व नहीं है ।।१५।।]

१६

आश्रमास्त्रिविधा हीनमध्यमोत्कृष्टदृष्टयाः ।
उपासनोपदिष्टेयं तदर्थं अनुकम्पया ।।१६।।

[हीन, मध्यम तथा उत्कृष्ट दृष्टि से जो तीन प्रकार के 'आश्रम' हैं, उन्हीं पर अनुकम्पा करके 'उपासना' का उपदेश किया गया है; (अन्यथा वह निरर्थक है) ।।१६।।]

१७

स्वसिद्धान्तव्यवस्थासु द्वैतिनो निश्चिता दृढ़म ।
परस्परं विरुद्धयन्ते तैर्अयं न विरुद्धयते ।।१७।।

[अपने अपने सिद्धान्त के अनुसार 'आत्मा' का पृथक अस्तित्व मानने वाले द्वैत लोग अपने अपने मत में दृढ़ हैं । वे आपस में विवाद करते हैं । उन से हमारे इस मत का झगड़ा नहीं ।।१७।।]

१८

अद्वैतं परमार्थो हि द्वैतं तद्भेद उच्यते ।
तेषां उभयथाद्वैतं तेनायं न विरुद्धयते ।।१८।।

['द्वैत' मानने वाले 'यथार्थ' और 'व्यवहार' दोनों में द्वैत मानते है । हम अद्वैत-वादी मानते हैं कि अद्वैत (ब्रह्म से पृथक किसी 'आत्मा' के अस्तित्व का न होना ही परमार्थ (सत्य) है; और 'द्वैत' उसी का अेक भेद (=व्यवहार-सत्य) हैं; इसलिये हमारा उनका विरोध नहीं ।।१८।।]

१९

मायैषा भिद्यते ह्येतन्नान्यथाजं कथंचन ।
तत्त्वतो भिद्यमाने हि मर्त्यतां अमृतं व्रजेत् ।।१९।।

[यह जो 'जीवात्मा' का भिन्न अस्तित्व भासता है, यह 'माया' के कारण है; क्योंकि 'अज' का अन्यथात्व किसी भी तरह सम्भव नहीं। यदि तात्त्विक दृष्टि से 'ब्रह्म' से जीव-आत्मा का पृथक अस्तित्व हो जाये, तो अमृत मृतत्व को प्राप्त हो सकता है ।।१९।।]

२०

अजातस्यैव भावस्य जातिं इच्छन्ति वादिनः ।
अजातो ह्यमृतो भावो मर्त्यतां कथं इष्यति ।।२०।।

[जो विवाद-कामी हैं, वे 'अजात' को 'जात' बनाना चाहते हैं। जो 'अजात' है, वह तो 'अमृत' है; वह 'मृतत्व' को कैसे प्राप्त हो सकता है ?।।२०।।]

२१

न भवत्यमृतं मर्त्यं न मर्त्यं अमृतं तथा ।
प्रकृतेर्अन्यथाभावो न कथंचिद भविष्यति ।।२१।।

[अमृत मृत-भावको प्राप्त नहीं होता, उसी प्रकार 'मर्त्य' अमृत-भाव को प्राप्त नहीं होता, प्रकृति का अन्यथात्व किसी भी तरह नहीं होता ।।२१।।]

२२

स्वभावेनामृतो यस्य भावो गच्छति मर्त्यतां ।
कृतकेनामृतस्तस्य कथं स्थास्यति निश्चलः ।।२२।।

[जिसके मत के अनुसार 'अमृत' स्वभाव रूपसे ही 'मृत-भाव' को प्राप्त हो सकता है; उसके मत के अनुसार कृतक-अमृत किस प्रकार निश्चल रह सकता है ?।।२२।।]

२३

भूततोऽभूततो वापि सृज्यमाने समाश्रुतिः ।
निश्चितं युक्तियुक्तं च यत् तद् भवति नेतरत ।।२३।।

[जहां तक 'श्रुति' की बात है, वहां कहीं तो 'भूत' (=अस्तित्व) से 'सृष्टि' मानी गई है, कहीं 'अभूत' से। जो निश्चित है, जो युक्ति-युक्त है, वही होता है, उस से इतर नहीं ।।२३।।]

२४

नेह नानेति चाम्नायाद् इन्द्रो मायाभिरित्यपि ।
अजायमानो बहुधा मायया जायते तु सः ।।२४।।

[शास्त्र (=आम्नाय) के इस कथन से कि यहां 'नाना नहीं है' और इस विरोधी-कथन से कि 'इन्द्र माया के द्वारा' यही समन्व्यात्मक अर्थ निकलता है कि वह 'अजन्मा' होने पर भी 'माया' के कारण जन्म ग्रहण करता (प्रतीत होता) है ।।२४।।]

२५

सम्भूतेर्अपवादाच्च सम्भवः प्रतिसिद्धयते ।
कोन्वेनं जनयेत् इति कारणं प्रतिसिद्धयते ।।२५।।

[श्रुति द्वारा सम्भूति (=उत्पत्ति) का खण्डन होने से उत्पत्ति का निषेध होता है, और 'इसे कौन उत्पन्न करे' इस श्रुति-वाक्य से उत्पत्ति के कारण का भी निषेध होता है ।। २५ ।।]

२६

स एष नेति नेतीति व्याख्यातं निह्नुते यतः ।
सर्वं अग्राह्यभावेन हेतुनाजं प्रकाशते ।।२६।।

[क्योंकि श्रुति 'नेति नेति' कहकर जो व्याख्यात है, उसीका निषेध करती है, इसलिये सभी के अग्राह्य-भाव-हेतु के कारण 'अज' प्रकाशित होता है ।।२६।।]

२७

सतो हि मायया जन्म जुज्यते न तु तत्त्वतः ।
तत्त्वतो जायते यस्य जातं तस्य हि जायते ।।२७।।

[जो 'है' उस से फिर 'जन्म' होने की बात 'माया' की दृष्टि से ही ठीक मानी जा सकती है, तात्विक दृष्टि से नहीं । क्योंकि जिसके मत में तत्त्वतः जन्म होता है, तो फिर उसका यही मतलब है कि जो 'जात' है, उसीका जन्म होता है ।।२७।।]

२८

असतो मायया जन्म तत्त्वतो नैव युज्यते ।
वन्ध्यापुत्रो न तत्त्वेन मायया वापि जायते ।।२८।।

[जो 'नहीं है' उस से न 'मायावी जन्म' स्वीकार किया जा सकता है, न 'तात्विक-जन्म' । वन्ध्या-पुत्र न माया से सम्भव है, न तत्त्व से ।।२८।।]

२९

यथा स्वप्ने द्वयाभासं स्पन्दते मायया मनः ।
तथा जाग्रत द्वयाभासं स्पन्दते मायया मनः ।।२९।।

[जिस तरह से 'माया' के कारण स्वप्न में मन को द्वयाभास (द्रष्टा और दृश्य का आभास) होता है, उसी प्रकार माया के ही कारण जाग्रत अवस्था में भी मन को द्वयाभास (=द्रष्टा और दृश्य का आभास) होता है।।२९।।]

३०

अद्वयं च द्वयाभासं मनः स्वप्ने न संशयः ।
अद्वयं च द्वयाभासं तथा जागरन् न संशयः ।।३०।।

[इस में संशय नहीं कि स्वप्न में मन अद्वय को ही द्वय करके देखता है। इसी प्रकार इस में भी संशय नहीं कि जागरन में भी मन अद्वय को ही द्वय करके देखता है।।३०।।]

३१

मनोदृश्यं इदं द्वैतं यत् किंचित् सचराचरं ।
मनसो ह्यमनीभावे द्वैतं नैवोपलभ्यते ।।३१।।

[जितना भी यह सचराचर जगत है, इस का 'द्वैत' मानोमय है। जब मन अपना 'मनन' करने का धर्म छोड़ दे, तो 'द्वैत' नहीं रहता।।३१।।]

३२

आत्मसत्यानुबोधेन न सङ्कल्पयते यदा ।
अमनस्तां तदा याति ग्राह्याभावे तदग्रहात ।।३२।।

[जब ब्रह्म (=आत्मा) का साक्षात हो जाने पर मन संकल्प-विकल्प से मुक्त हो जाता है, तब वह अमनस-पन को प्राप्त हो जाता है, क्योंकि जब ग्रहण करने वाला नहीं रहा तो ग्राह्य भी कहां रहेगा ? ।।३२।।]

३३

अकल्पकं अजं ज्ञानं ज्ञेयाभिन्नं प्रचक्षते ।
ब्रह्म ज्ञेयं अजं नित्यं अजेनाजं विबुध्यते ।।३३।।

[संकल्प-विकल्प-विहीन ज्ञेय से अभिन्न ज्ञान (=मन) को अजन्मा कहा गया है। 'ब्रह्म' ज्ञेय 'नित्य' है, 'अज' से 'अज' का बोध होता है।।३३।।]

३४

निगृहीतस्य मनसो निर्विकल्पस्य धीमतः।
प्रचारः स तु विज्ञेयः सुषुप्तेऽन्यो न तत्समः ॥३४॥

[जो धीमान् है, जिसने अपने मन को जीत लिया है, जो संकल्प-विकल्प-रहित है, ऐसे (पुरुष) के मन की अवस्था (=प्रचार) ज्ञेय है। यह सुषुप्ति अवस्था से भिन्न होती है। यह उसके समान नहीं होती ॥३४॥]

३५

लीयते हि सुषप्ते तं निगृहीतं न लीयते।
तदेव निर्भयं 'ब्रह्म' ज्ञानालोकं समन्ततः ॥३५॥

[सुषुप्ति अवस्था में मन 'लीन' हो जाता है; निगृहीत अवस्थामें मन 'लीन' नहीं होता। उसीको निर्भय 'ब्रह्म' कहते हैं, वह चारों ओर से ज्ञान से आलोकित है ॥३५॥]

३६

अजं अनिद्रं अस्वप्नं अनामकं अरूपकं।
सकृद्विभातं सर्वज्ञं नोपचारः कथंचन ॥३६॥

[अज है, अ-निद्र है, अ-स्वप्न है अ-नामक है, अ-रूपक है—एक बार ही प्रकाशित है, सर्वज्ञ है; इस समाधि में किसी भी तरह की 'उपचार' समाधि शेष नहीं रहती ॥३६॥]

३७

सर्वाभिलापविगतः सर्वचिन्तासमुत्थितः
सुप्रशान्तः सकृज्ज्योतिः समाधिर्अचलोऽभयः ॥३७॥

[सभी अभिव्यक्तियों से परे, सभी प्रकार के चिन्तन से मुक्त, सुप्रशान्त, एक ही बार में प्रकाशित, अचल, अभय—यह—समाधि है ॥३७॥]

३८

ग्रहो न तत्र नोत्सर्गश्चिन्ता यत्र न विद्यते।
आत्मसंस्थं तदा ज्ञानं अजाति समतां गतं ॥३८॥

[वहां चिन्तन नहीं रहता, वहां न किसी वस्तु का ग्रहण होता है, न त्याग होता है; उस समय चित्त (=ज्ञान) अपने में स्थित रहता है, अजन्मा (=अजाति) होता है, समता को प्राप्त होता है ॥३८॥]

३९

अस्पर्शयोगो नामैषा दुर्दर्शः सर्वयोगिभिः ।
योगिनो बिभ्यति ह्यस्मादभये भयदर्शिनः ।।३९।।

[यह 'अस्पर्शयोग' नामक 'योग' है । सभी 'योगी' इस तक नहीं पहुंच सकते । अभय-स्थान में भी 'भय' देखने वाले योगी, इस से डरते हैं ।।३९।।]

४०

मनसो निग्रहायत्तं अभयं सर्वयोगिणां ।
दुःखक्षयः प्रबोधश्चाप्यक्षय शान्तिरेव च ।।४०।।

[सभी योगियों की निर्भयता, दुःख-क्षय, ज्ञान-प्राप्ति तथा अक्षय शान्ति मन के निग्रह के ही आधीन है ।।४०।।]

४१

उत्सेक उदधेर्यद्वत् कुशाग्रेणैकबिन्दुना ।
मनसो निग्रहस्तावद् भवेदपरिखेदतः ।।४१।।

[जिस प्रकार कुशा घास की नोक पर एक एक बून्द लेकर समुद्र का समाप्त करना असम्भव-प्राय है, उसी प्रकार बिना असाधारण प्रयत्न के मन का निग्रह करना असम्भव-प्रायः है ।।४१।।]

४२

उपायेन निगृहणीयाद् विक्षिप्तं कामभोगयोः ।
सुप्रसन्नं लये चैव यथा कामो लयस्तथा ।।४२।।

[काम (=कामना) तथा भोगों से विक्षुब्ध हुये चित्त को उपाय से काबू में लाये । उसी प्रकार लीन (=निद्रा) अवस्था में प्रसन्न चित्त को भी संभाले; क्योंकि कामनाओं का विक्षोम जैसे अवांछनीय है, वैसे ही लीनता (=मानसिक-निद्रा) भी ।।४२।।]

४३

दुःखं सर्वं अनुस्मृत्य कामभोगान्निवर्तयेत् ।
अजं सर्वं अनुस्मृत्य जातं नैव तु पश्यति ।।४३

['सब दुःख है' इसका पुनः पुनः स्मरण कर काम-भोगों से विरक्त हो । जब कोई पुनः पुनः स्मरण करता है कि 'सब अज (=अजन्मा) हैं', तो उसे जात (=उत्पन्न-कामभोग) दिखाई ही नहीं देते ।।४३।।]

४४

लये सम्बोधयेच्चित्तं विक्षिप्तं शामयेत् पुनः ।
सकशायं विजानियाच्छम प्राप्तं न चालयेत् । ४४।।

[जब चित्त लीन (=तन्द्रा) – अवस्था को प्राप्त हो, तो उसे जाग्रत कर ले, जब विक्षोभ को प्राप्त हो तो उसे शान्त कर ले; अपने कशाय (=चित्तमलों) को जाने । शान्त, चित्त को फिर चञ्चल न होने दे ।।४४।।]

४५

नास्वादयेत सुखं तत्र निःसङ्गः प्रज्ञया भवेत् ।
निश्चलं निश्चरच्चित्तं एकी कुर्यात् प्रयत्नतः ।।४५।।

[योग साधना के मध्य में जो 'सुख की' अनुभूति होती है, उसका 'मजा' न लेता रहे, अपनी प्रज्ञा से आसक्ति-रहित अवस्था को प्राप्त करे । यदि निश्चल चित्त चञ्चल हो जाय तो उसे फिर प्रयत्न से एकाग्र कर ले ।।४५।।]

४६

यदा न लीयते चित्तं न च विक्षिप्यते पुनः ।
अनिंगनं अनाभासं निष्पन्नं 'ब्रह्म' तत् तदा ।।४६।।

[जब चित्त लीन (=निद्रा)–अवस्थाको भी प्राप्त नहीं होता और पुनः क्षुब्ध भी नहीं होता; जब इंगन (=चञ्चल)–रहित अवस्था को प्राप्त हो जाता है; तथा जब आभास (=प्रतिछाया)–मुक्त हो जाता है, तब उसे 'ब्रह्म' कहते हैं ।।४६।।]

४७

स्वस्थं शान्तं सनिर्वाणं अकथ्यं सुखं उत्तमं ।
अजं अजेन ज्ञेयेन सर्वज्ञं परिचक्षते ।।४७।।

[अपने में ही स्थित, शान्त सनिर्वाण, अकथ्य, उत्तम-सुख, अज, ज्ञेय 'अज' का पर्य्याय, जो चित्त है वह 'सर्वज्ञ' कहलाता है ।।४७।।]

४८

न कश्चिज्जायते जीवः सम्भवोऽस्य न विद्यते ।
एतत् तदुत्तमं सत्यं यत्र किञ्चिन्न जायते ।।४८।।

[कोई जीव (–आत्मा) जन्म ग्रहण नही करता, यह सम्भव ही नहीं है । यह कहीं किसी का जन्म न होने की जो स्थिति है, वहीं उत्तम सत्य है ।।४८।।]

यह गौड़पादीय आगम शास्त्रका "अद्वैत" नामक
तृतीय प्रकरण समाप्त हुआ ।

चतुर्थ परिच्छेदः

१

ज्ञानेनाकाशकल्पेन धर्मान् यो गगनोपमान् ।
ज्ञेयाभिन्नेन सम्बुद्ध तं वन्दे द्विपदां वरं ॥१॥

[ज्ञेय-से-अभिन्न, आकाश के समान विस्तृत ज्ञान से जिन्होंने गगनोपम धर्मों (=संस्कृत तथा असंस्कृत धर्मों) का बोध प्राप्त किया उन द्विपदों में श्रेष्ठ तथागत (=बुद्ध) को मेरा नमस्कार है ॥१॥]

२

'अस्पर्शयोगो' वै नाम सर्वसत्त्वसुखोहितः ।
अविवादोऽविरुद्धश्च देशितास्तं नमाम्यहं ॥२॥

[सभी प्राणियों के लिये सुखदायक तथा हितकर, विवाद-रहित, विरोध-रहित 'अस्पर्श योग' नाम के योग का जिन्होंने उपदेश दिया उन तथागत (=बुद्ध) को मेरा नमस्कार है ॥२॥]

३

भूतस्य जातिं इच्छन्ति वादिनः केचिदेव हि ।
अभूतस्यापरे धीरा विवदन्तः परस्परं ॥३॥

[कोई कोई वादी कहते हैं कि भूत (=सत्) से ही उत्पत्ति होती है, अन्य धीर (–जन) कहते है कि अभूत (=असत्) से उत्पत्ति होती है—इस प्रकार वे परस्पर विवाद करते हैं ॥३॥]

४

भूतं न जायते किञ्चिद अभूतं नैव जायते ।
विवदन्तोऽद्वया ह्येवं अजातिं ख्यापयन्ति ते ।।४।।

[भूत(=सत) से कुछ उत्पन्न नहीं होता, अभूत (=असत्) से भी उत्पन्न नहीं होता; इन के मत का खण्डन कर जो अद्वय-वादी अर्थात् बौद्ध हैं, वे अजाति (=अनुत्पत्ति) की ही बात कहते हैं ।।४।।]

५

ख्याप्यमानं अजातिं तैर्अनुमोदामहे वयं ।
विवदामो न तै सार्धं अविवादं निबोधत ।।५।।

[उन (बौद्धों) का जो अजाति (=अनुत्पत्ति) विषयक कथन है, उसका हम अनुमोदन करते हैं, हम उनके साथ विवाद नहीं करते । हमारे अविवाद का कारण सुनो ।।५।।]

६

अजातस्यैव धर्मस्य जातिं इच्छन्ति वादिनः ।
अजातो ह्यअमृतो धर्मो मर्त्यतां कथं इष्यति ।।६।।

[मत-विशेष के आग्रही अजात (=अनुत्पन्न) से उत्पत्ति का प्रतिपादन करते हैं । अंजात तो अ-मृत है, वह, मृत्युपन को कैसे प्राप्त हो सकता है ? ।।६।।]

७

न भवत्यमृतं मर्त्यं न मर्त्यं अमृतं तथा ।
प्रकृतेऽन्यथाभावो न कथंचिद् भविष्यति ।।७।।

[अ-मृत मृत नहीं होता, और मृत अ-मृत नहीं होता । प्रकृति (=स्वभाव-धर्म) का अन्यथा भाव कभी नहीं होता ।।७।।]

८

स्वभावेनामृतो यस्य धर्मो गच्छति मर्त्यतां ।
कृतकेनामृतस्तस्य कथं स्थास्यति निश्चलः ।।८।।

[जिस मत के अनुसार अपनी स्वाभाविक अवस्था में भी अ-मृत मर्त्यता को प्राप्त हो जाता है, उसी मत के अनुसार अपनी कृतक-अवस्थामें अ-मृत स्थिर कैसे रह सकता है ? ।।८।।]

९

सांसिद्धिकी स्वाभाविकी सहजाप्यकृता च या ।
प्रकृतिः सेति विज्ञेय्या स्वभावं न जहाति या ।।९।।

[जो स्वयं-सिद्ध है, जो स्वाभाविक है, जो सहजा है, जो अकृता है, जो अपने स्वभाव को नहीं छोड़ती, उसी को 'प्रकृति' जानना चाहिये ।।९।।]

१०

जरा मरणनिर्मुक्ताः सर्वे धर्माः स्वभावतः ।
जरा मरणं इच्छन्ता श्च्यन्ते तन्मनीषया ।।१०।।

[सभी धर्म (संस्कृत धर्म+असंस्कृत धर्म) स्वभावतः जरा तथा मरण से परे हैं । जो जरा-मरण का होना मानते हैं, वे अपनी उसी मान्यता के कारण जरा मरण को प्राप्त होते हैं ।।१०।।

११

कारणं यस्य वै कार्यं कारणं तस्य जायते ।
जायमानं कथं अजं भिन्नं नित्यं कथं च तत् ।।११।।

[जिसके मत में कारण ही कार्य्य है, उसे यह स्वीकार करना होगा कि कारण जन्मता है । जो जन्मता है वह 'अजन्मा' (=अज) कैसे हो सकता है ? वह (अपने कार्य्य) से भिन्न कैसे हो सकता है ? और वह 'नित्य' कैसे हो सकता है ? ।।११।।]

१२

कारणात यत् अनन्यत्वं अतः कार्य्यं अजं यदि ।
जायमाद्हि वै कार्य्यात् कारणं कथं ध्रुवं ।।१२।।

[यदि आपका यह मत है कि कार्य्य भी अजन्मा (=अज) है क्योंकि उसकी कारण से भिन्नता नहीं है; तो आपके मत के अनुसार यह कैसे है कि कार्य्य के जायमान होने पर भी कारण ध्रुव है ? ।।१२।।]

१३

अजात् वै जायते यस्यं दृष्टान्तस्तस्य नास्ति वै ।
जाताच्च जायमानस्य न व्यवस्था प्रसज्यते ।।१३।।

[जिसके मत में अजन्मा (=अज) से उत्पत्ति होती है, उसका वह निश्चय से कोई दृष्टान्त नहीं दे सकता; और जायमान से ही उत्पत्ति मान लेने से अनवस्था-दोष पैदा होता है ।।१३।।]

१४

हेतोर्आदि फलं येषां आदिर्हेतुः फलस्य च ।
हेतोः फलस्य चानादिः कथं तैरुपवर्ण्यते ।।१४।।

[जिनके मत में 'फल' 'हेतु' का आदि कारण है, और 'हेतु' 'फल' का आदि-कारण है, वे 'हेतु' तथा 'फल' दोनों को अनादि कैसे कह सकते हैं ? ।।१४।।]

१५

हेतोर्आदि फलं येषां आदिर्हेतुः फलस्य च ।
तथा जन्म भवेत् तेषां पुत्रज जन्म पितुर्यथा ।।१५।।

[जिनके मत में 'फल' हेतु का आदि है और 'हेतु' फल का आदि है, उनके मत के अनुसार किसी भी वस्तु का जन्म वैसे ही हो सकता है जैसे पुत्र से पिता का जन्म ।।१५।।]

१६

सम्भवे हेतुफलयो एषितव्यः क्रमः त्वया ।
युगपत् सम्भवे यस्मात् असम्बन्धो विषाणवत् ।।१६।।

[उत्पत्ति (=सम्भव) मानने पर हेतु फल का क्रम खोजना ही होगा । यदि कहो कि हेतु तथा फल दोनों युगपत् हैं तो उन दोनों का परस्पर उसी प्रकार कोई सम्बन्ध नहीं जैसे (बैल के) सींगों का ।।१६।।]

१७

फलात् उत्पद्यमानः सन् न ते हेतुः प्रसिध्यति ।
अप्रसिद्धः कथं हेतुः फलं उत्पादयिष्यति ।।१७।।

[तुम्हारा जो 'हेतु' फल से उत्पन्न होने वाला है, वह कभी अस्तित्व में नहीं आ सकता । जब हेतु ही नहीं है तो वह 'फल' कैसे उत्पन्न करेगा ? ।।१७।।]

१८

यदि हेतोः फलात् सिद्धिः फलसिद्धिश्च हेतुतः ।
कतरत् पूर्वं उत्पन्नं यस्य सिद्धिर्अपेक्षया ।।१८।।

[यदि 'फल' से 'हेतु' की उत्पत्ति (=सिद्धि) है, और 'हेतु' से 'फल' की उत्पत्ति है, तो दोंनो में कौन पूर्व है जिसकी अपेक्षा से दूसरे की उत्पत्ति होती है ? ।।१८।।]

१९

अशक्तिर्अपरिज्ञानं क्रम-कोपोऽथवा पुनः ।
एवं हि सर्वथा बुद्धैर्अजातिः परिदीपिता ।।१९।।

['अशक्ति' होने से, 'अपरिज्ञान' होने से, 'क्रम' में गड़बड़ी होने से—इन कारणों से बुद्धों ने 'अजाति' की देशना की है ।।१९।।]

२०

बीजांकुराख्यो दृष्टान्तः सदा साध्यसमो हि नः ।
न च साध्यसमो हेतुः सिद्धौ साध्यस्य युज्यते ।।२०।।

[(तुम्हारा) बीजांकुर का इष्टान्त हमारे लिये साध्य के ही समान है। जो स्वयं साध्य के समान है ऐसा हेतु 'साध्य' की सिद्धि (=प्रमाण) में उपयुक्त नहीं ।।२०।।]

२१

पूर्वापरापरिज्ञानं अजातेः परिदीपकं ।
जायमानाद् धि वै धर्मात् कथं पूर्वं न गृह्यते ।।२१।।

[पूर्व (–कोटि) तथा पर (–कोटि) का अज्ञान 'अजाति' का समर्थक है। यदि धर्म उत्पन्न होते हैं, तो यह कैसे है कि उनकी पूर्व-कोटि का ज्ञान नहीं होता ?।।२१।।]

२२

स्वतो वा परतो वापि न किञ्चिद् वस्तु जायते ।
सदसत् सदसद् वापि न किंचिद् वस्तु जायते ।।२२।।

[न अपने में से ही कोई चीज उत्पन्न होती है, न पर (=अन्य) में से ही कोई चीज उत्पन्न होती है; न विद्यमान (=सत्) से कोई चीज उत्पन्न होती है, न अविद्यमान (=असत्) से, न विद्यमानाविद्यामान (=सदसद्) से कोई चीज उत्पन्न होती है ।।२२।।]

२३

हेतुर्न जायतेऽनादिः फलं वापि स्वभावतः ।
आदिर्न विद्यते यस्य तस्य जातिर्न विद्यते ।।२३।।

[जिसका 'आदि' नहीं, स्वाभाविक तौर से, उसका न 'हेतु' है, न फल है । जिसका 'आदि' नहीं, उसकी जाति (=जन्म) भी नहीं ।।२३।।]

२४

प्रज्ञप्तेः सनिमित्तत्वं अन्यथा द्वयनाशतः।
संकलेशस्योपलब्धेश्च परतन्त्रास्तिता मता ॥२४॥

[प्रज्ञप्ति (=किसी भी पदार्थ का नाम) के होने से उसका निमित्त (=यथार्थ वस्तु) भी सिद्ध होता है; अन्यथा दोनों का नाश सिद्ध होता है। इस प्रकार संल्केश (=चित्त का मैल) की उपलब्धि भी इस बात को सिद्ध करती है कि वह परतन्त्र है; अर्थात् जाति (=उत्पत्ति) सिद्ध होती है ॥२४॥]

२५

इस आपत्ति का निराकरण—

प्रज्ञप्तेः सनिमित्तत्वं इष्यते युक्तिदर्शनात्।
निमित्तस्यानिमित्तत्वं इष्यते भूतदर्शनात् ॥२५॥

[उक्त उक्ति के अनुसार यह इष्ट है कि 'प्रज्ञप्ति' का 'निमित्त' भी स्वीकार किया जाय, किन्तु यथार्थ-ज्ञान के अनुसार हमें यही कहना इष्ट है कि 'निमित्त'-वास्तव में 'निमित्त' नहीं ही है ॥२५॥]

२६

चित्तं न संस्पर्शत्यर्थं नार्थाभासं तथैव च।
अभूतो हि यतस्चार्थो नार्थाभासस्ततः पृथक ॥२६॥

[चित्त यथार्थ में किसी भी अर्थ (=वस्तु) का स्पर्श नहीं करता, उसी प्रकार किसी अर्थाभास (=वस्तु-छाया) का भी स्पर्श नहीं करता। जब अर्थ (=वस्तु) ही अभूत (=अयथार्थ) है, तो अर्थाभास का भी पृथक अस्तित्व नहीं ही है ॥२६॥]

२७

निमित्तं न सदा चित्तं संस्पर्शत्यध्वसु त्रिषु।
अनिमित्तो विपर्यासः कथं तस्य भविष्यति ॥२७॥

[चित्त (भूत, भविष्यत्, वर्तमान) तीनों कालों में किसी निमित्त (=वस्तु) का स्पर्श नहीं करता; जब निमित्त (=वस्तु) का ही अस्तित्व नहीं तो उसके विपर्यास (=मिथ्या-छाया) का अस्तित्व कहां से होगा ?॥२७॥]

२८

तस्मान्न जायते चित्तं चित्तदृश्यं न जायते।
तस्य पश्यन्ति ये जातिं खे वै पश्यन्ति ते पदं ॥२८॥

[इसलिये न तो चित्त की ही उत्पत्ति होती है और न चित्त के विषयों (=चित्त-दृश्य) की। जिन्हें चित्त की उत्पत्ति (=जाति) दिखाई देती है, उन्हें आकाश में चिह्न दिखाई देता है ॥२८॥]

२९

अजातं जायते यस्माद् अजातिः प्रकृतिस्तथा ।
प्रकृतेर्अन्यथाभावो न कथंचिद भविष्यति ।।२९।।

[क्योंकि उत्पत्ति (=जाति) मानने वालों के मत के अनुसार 'अजात' से ही 'उत्पत्ति' होती है इस से सिद्ध हुआ कि 'अजाति' ही स्वभाव (=प्रकृति) है। प्रकृति का परिवर्तन (=अन्यथाभाव) किसी तरह नहीं होगा ?।।२९।।]

३०

अनादेर्अन्तवत्त्वं च संसारस्य न सेत्स्यति ।
अनन्तता चादिमतो मोक्षस्य न भविष्यति ।।३०।।

[अनादि संसार का सान्त माना जाना संभव नहीं, उसी प्रकार जिस मोक्ष का आदि है उसका भी अनन्त माना जाना संभव नहीं ।।३०।।]

३१

आदावन्ते च यन्नास्ति वर्तमानेऽपि तत् तथा ।
वितथैः सदृशाः सन्तोऽवितथा इव लक्षिताः ।।३१।।

[जो न 'आदि' में है, न 'अन्त' मे है, वह वर्तमान में भी नहीं है; अवास्तविक के समान होने पर भी वास्तविक के समान प्रतीति होती है ।।३१।।]

३२

सप्रयोजनता तेषां स्वप्नेऽपि प्रतिपद्यते ।
तस्माद् आद्यन्तवत्त्वेन मिथ्यैव खलु ते स्मृतः ।।३२।।

[स्वप्न में होने वाले अनुभव भी निष्प्रयोजन नहीं होते; इसलिये उनका 'आदि' और 'अन्त' होने से वे मिथ्या ही माने गये हैं ।।३२।।]

३३

सर्वे धर्मा मृषा स्वप्ने कायस्यान्तर निदर्शनात ।
संवृतेऽस्मिन प्रदेशे वै भूतानां दर्शनं कुतः ।।३३।।

[शरीर के अन्दर स्वप्न में दिखाई देने वाले सभी दृश्य (=धर्म) मिथ्या होते हैं। इस सीमित-प्रदेश (शरीर) में दृश्य-पदार्थों का होना कहां सम्भव है ?।।३३।।]

३४

न युक्तं दर्शनं गत्वा कालस्यानियमाद् गतौ ।
प्रतिबुद्धाश्च वै सर्वस्तस्मिं देशे न विद्यते ।।३४।।

[चलकर जाने से (स्वप्न में) जो दर्शन होता है वह गमनमें समय की मर्य्यादा होने से योग्य (=तर्क-संगत) नहीं। आँख खुलने पर कोई भी अपने आपको उस प्रदेश में नहीं पाता ।।३४।।]

३५

मित्राद्यैः सह सम्मन्त्रय प्रबुद्धो न प्रपद्यते ।
गृहीतं चापि यत् किंचित् प्रतिबुद्धो न पश्यति ।।३५।।

[(स्वप्न में) जिन मित्रों आदि से मन्त्रणा करता है, जागने पर वे नहीं मिलते, और भी जो कुछ (स्वप्न में) ग्रहण करता है वह भी जागने पर दिखाई नहीं देता ।।३५।।]

३६

स्वप्ने चावास्तुकः कायः पृथक अन्यस्य दर्शनात् ।
यथा कायस्तथा सर्वं चित्तदृश्यं अवास्तुकं ।।३६।।

[स्वप्ने में जो शरीर दिखाई देता है, वह अवास्तविक है, क्योंकि अन्य शरीर का पृथक दर्शन होता है। जैसे शरीर उसी प्रकार सब चित्त-दृश्य भी अवास्तविक होते हैं ।।३६।।]

३७

ग्रहणाज्जागरित्वात तद्हेतुः स्वप्न इष्यते ।
तद्हेतुत्वाच्च तस्यैव सज्जागरितं इष्यते ।।३७।।

[(स्वप्न का) अनुभव जागरण के समान होने से ही, स्वप्न को जागरण का 'फल' (अथवा जागरण को स्वप्न का हेतु) कहा जाता है। जागरण के स्वप्न का हेतु होने के कारण जागरण स्वप्न-द्रष्टा के ही लिये वास्तविक (=सत) है ।।३७।।]

३८

असज्जागरिते दृष्ट्वा स्वप्ने पश्यति तन्मयः ।
असत् स्वप्नेऽपि दृष्ट्वा च प्रतिबुद्धो न पश्यति ।।३८।।

[जाग्रत अवस्था में अयथार्थ वस्तु (=असत) को देखने से, उसीका ध्यान रहने से स्वप्न में भी वह दिखाई देती है। स्वप्न में भी दिखाई देने पर, जाग्रत अवस्था में वह दिखाई नहीं देती ।।३८।।]

३९

विपर्यासाद् यथा जाग्रत अचिन्त्यान् भूतवत् स्पृशेत् ।
तथा स्वप्ने विपर्यासाद् धर्मांस्तत्रैव पश्यति ।।३९।।

[जैसे जाग्रत अवस्था में भी विपर्य्य होने से अचिन्त्य पदार्थ दिखाई दे सकते हैं, उसी प्रकार विपर्य्य होने से स्वप्न में भी नाना प्रकार के पदार्थ (=धर्म) वैसे ही दिखाई देते हैं ।।३९।।]

४०

उत्पादस्याप्रसिद्धत्वाद् अजं सर्वं उदाहृतं ।
न च भूताद् अभूतस्य सम्भवोऽस्ति कथंचन ।।४०।।

[उत्पत्ति का सिद्धान्त असमर्थित रहने से सर्वत्र अनुत्पत्ति (=अज) की ही चर्चा है । भूत (=विद्यमान) से अभूत (= अविद्यमान) की उत्पत्ति कभी सम्भव नहीं है ।।४०।।]

४१

नास्त्यसद्हेतुकं असत् सद् असद्हेतुकं तथा ।
सच्च सद्हेतुकं नास्ति सद्हेतुकं असत् कुतः ।।४१।।

[ऐसा 'असत्' नहीं है जिसकी उत्पत्ति 'असत्' से हुई हो; ऐसा 'सत्' भी नहीं है जिसकी उत्पत्ति 'असत्' से हुई हो; ऐसा 'सत्' भी नहीं है जिसकी उत्पत्ति 'सत्' से हुई हो; ऐसा 'असत्' कहाँ (होगा) जिसकी उत्पत्ति सत् से हुई हो ?।।४१।।]

४२

उपलम्भात् समाचाराद् अस्तिवस्तुत्ववादिनां ।
जातिस्तु देशिता बुद्धैर्अजातेस्त्रस्तां सदा ।।४२।।

[इन्द्रियों के सामान्य अनुभव तथा अभ्यास के अनुसार जो लोग वस्तुओं का 'अस्तित्व' मानते हैं, ऐसे अनुत्पत्ति (= अजाति) के ज्ञान से डर जाने वाले लोगों के लिये ही बुद्धने उत्पत्ति (= जाति) की देशना की है ।।४२।।]

४३

अजातेस्त्रस्तां तेषां उपलम्भाद् वियन्ति यें ।
जातिदोषा न सेत्स्यन्ति दोषोऽप्यल्पो भविष्यति ।।४३।।

[जो इन्द्रियों के सामान्य अनुभव के कारण भटक जाते हैं, उन अजाति (के ज्ञान) से भय मानने वालों को 'जाति' के दोष नहीं व्यापते, यदि 'दोष' व्यापे भी तो 'अल्प' ही होगा ।।४३।।]

४४

उपलम्भात् समाचारान् मायाहस्ती यथोच्यते ।
उपलम्भात् समाचाराद् अस्ति वस्तु तथोच्यते ।।४४।।

[जिस प्रकार इन्द्रियों के सामान्य अनुभव तथा अभ्यास के कारण माया-हस्ती का भी अस्तित्व माना जाता है, उसी प्रकार इन्द्रियों के सामान्य अनुभव तथा अभ्यास के कारण वस्तुओं का भी अस्तित्व माना जाता है ।।४४।।]

४५

जात्यभासं चलाभासं वस्त्वाभासं तथैव च ।
अजाचलं अवस्तुत्वं विज्ञानं शान्तं अद्वयं ।।४५।।

[जो विज्ञान (= चित्त) शान्त है, अद्वय है, वह अज (= अजन्मा) होने पर भी उत्पत्ति (= जाति) का आभास देता है; अचल (= स्थिर) होने पर भी अस्थिरता का आभास देता है; और इसी प्रकार अवस्तु होने पर वस्तु-रूप होने का आभास देता है ।।४५।।]

४६

एवं न जायते चित्तं एवं धर्मा अजाः स्मृताः ।
एवमेव विजानन्तो न पतन्ति विपर्यये ।।४६।।

[इस प्रकार 'चित्त' जन्म ग्रहण नहीं करता । चित्त के विषय (= धर्म) भी अजन्मा माने गये हैं । इस प्रकार जानने वाले भ्रम में नहीं पड़ते ।।४६।।]

४७

ऋजुवक्रादिकाभासं अलातं स्पन्दितं यथा ।
ग्रहणग्राहकाभासं विज्ञानं स्पन्दितं तथा ।।४७।।

[जिस प्रकार घुमाने पर मशाल (= अलात) सीधा या टेढ़ा आदि प्रतीत होता है, उसी प्रकार विज्ञान (= चित्त) स्पन्दित होने पर ग्रहण (= विषय) तथा (विषयों के) ग्राहक (= चित्त) के रूप में प्रतीत होता है ।।४७।।]

४८

अस्पन्दमानं आलातं अनाभासं अजं यथा ।
अस्पन्दमानं विज्ञानं अनाभासं अजं तथा ।।४८।।

[जिस प्रकार जो मशाल (= अलात) घुमाया नहीं जाता, उसका न आभास होता है न (उसके चक्र का) जन्म । उसी प्रकार स्पन्दन-रहित चित्त भी आभास-रहित तथा अज (= जन्म-रहित) होता है ।।४८।।]

४९

अलाते स्पन्दमाने वै नाभासा अन्यतोभुवः ।
न ततोऽन्यत्र निस्पन्दान् नालातं प्रविशन्ति ते ।।४९।।

[मशाल के घुमाने पर जो चक्र (= आभास) उत्पन्न होता है वह अन्यत्र कहीं से उत्पन्न नहीं होता है, और जब घुमाना रुक जाता है, तब भी वह कहीं अन्यत्र नहीं जाता, और न वह मशाल में ही प्रवेश करता है ।।४९।।]

५०

न निर्गता अलातात् द्रव्यत्वाभाव योगतः ।
विज्ञानेऽपि तथैव स्युर्आभासस्याविशेषतः ।।५०।।

[उन में 'द्रव्यत्व' न होने से, मशाल के चक्र मशाल से बाहर भी नहीं जाते। विज्ञान से उत्पन्न होने वाले आभास में भी कोई विशेषता न रहने से, विज्ञान से उत्पन्न भासित होने वाले आभास (= चित्त-विषय) भी विज्ञान से बाहर कहीं नहीं जाते ।।५०।।]

५१

विज्ञाने स्पन्दमाने वै नाभासा अन्यतोभुवः ।
न ततोऽन्यत्र विज्ञानान् न विज्ञानं विशन्ति ते ।।५१।।

[विज्ञान (= चित्त) के चञ्चल होने पर आभास (= चित्त-विषय) विज्ञान के अतिरिक्त अन्यत्र कहीं से उत्पन्न नहीं होते। जब विज्ञान (= चित्त) स्थिर होता है तब भी चित्त के अतिरिक्त ये अन्यत्र कहीं भी स्थित नहीं होते; और न ही वे 'विज्ञान' में प्रवेश करते हैं ।।५१।।]

५२

न निर्गतास्ते विज्ञानाद् द्रव्यत्वाभावयोगतः ।
कार्यकारणताभावाद् यतोऽचिन्त्याः सदैव ते ।।५२।।

[उन में 'द्रव्यत्व' न होने से वे 'विज्ञान' से बाहर भी कहीं नहीं जाते। क्योंकि कार्य-कारण भाव का भी अभाव होने से वे सदैव अचिन्त्य ही हैं ।।५२।।]

५३

द्रव्यं द्रव्यस्य हेतुः स्याद् अन्यद् अन्यस्य चैवहि ।
द्रव्यत्वं अन्यभावो वा धर्माणां नोपपद्यते ।।५३।।

[द्रव्य द्रव्य का हेतु हो सकता है, एक वस्तु दूसरी वस्तु का हेतु हो सकती है,किन्तु धर्मों (= चित्त-विषयों) का द्रव्यत्व वा परस्पर भिन्न-भाव युक्तिसंगत नहीं ।।५३।।]

५४

एवं न चित्तजा धर्माश्चित्तं वापि न धर्मजं ।
एवं हेतुफलाजातिं प्रविशन्ति मनीषिणः ।।५४।।

[इस प्रकार न तो धर्मों (=चित्त के विषयों) की ही उत्पत्ति चित्त से हुई है और न चित्त की ही उत्पत्ति धर्मों (= चित्त-विषयों) से हुई है । इस प्रकार मनीषी जन हेतु-फल की अनुत्पत्ति (= अजाति) के सिद्धान्त में प्रवेश करते हैं ।।५४।।]

५५

यावद्धेतुफलावेशः तावद्धेतुफलोद्भवः ।
क्षीणे हेतुफलावेशे नास्ति हेतुफलोद्भवः ।।५५।।

[जब तक हेतु-फल में आसक्ति है, तब तक हेतु-फल की उत्पत्ति है । जब हेतु-फल की आसक्ति क्षीण हो जाती है, तो हेतु-फल का उद्भव भी नहीं रहता ।।५५।।]

५६

यावद्धेतुफलावेशः संसारस्तावदायतः ।
क्षीणे हेतुफलावेशे संसारो नोपपद्यते ।।५६।।

[जब तक हेतु-फल में आसक्ति है, तब तक संसार का विस्तार है । जब हेतु-फल की आसक्ति क्षीण हो जाती है, तो संसार भी सम्भव नहीं रहता ।।५६।।]

५७

संवृत्या जायते सर्वं शाश्वतं तेन नास्ति वै ।
स्वभावेन ह्यजं सर्वं उच्छेदस्तेन नास्ति वै ।।५७।।

[व्यवहारिक (= संवृति) दृष्टि-कोण से सभी कुछ पैदा होता है, इस लिये निश्चय से शाश्वत नहीं है। (दूसरी ओर) स्वाभाविक (= तात्विक) दृष्टि से सब कुछ अनुत्पन्न (= अज) है, इसलिये निश्चय से उच्छेद नहीं है ।।५७।।]

५८

धर्मा येति जायन्ते संवृत्या ते न तत्त्वतः ।
जन्म मायोपमं तेषां सा च माया न विद्यते ।।५८।।

[जिन धर्मों (= चित्त-विषयों) के बारे में यह कहा जाता है कि उनका जन्म होता है, यह कथन व्यवहारिक (= संवृति) दृष्टिकोण से ही ठीक है, न कि तात्विक दृष्टिकोण से । उनका जन्म माया के समान है, और वह माया है ही नहीं ।।५८।।]

५९

यथा मायामयाद् बीजाज्जायते तन्मयोऽकुरः ।
नासौ नित्यो न चोच्छेदी तद्वद् धर्मेषु योजना ॥५९॥

[जैसे मायामय बीज से मायामय अंकुर पैदा होता है। वह अंकुर न नित्य होता है, न उच्छिन्न-स्वभाव होता है, उसी प्रकार सभी धर्मों (= चित्त-विषयों) की योजना है ॥५९॥]

६०

नाजेषु सर्वधर्मेषु शाश्वताशाश्वताभिधा ।
यत्र वर्णा न वर्तन्ते विवेकस्तत्र नोच्यते ॥६०॥

[जब सभी धर्म (= चित्त-विषय) अज (= अजन्मा) हैं तो किसी के भी शाश्वत अशाश्वत होने की बात ही नहीं बनती। जहाँ वाणी (वर्णों) की ही पहुंच नहीं, वहाँ विवेक (= भेद) करना नहीं बनता ॥६०॥]

६१

यथा स्वप्ने द्वयाभासं चित्तं चलति मायया ।
तथा जाग्रद् द्वयाभासं चित्तं चलति मायया ॥६१॥

[जिस प्रकार माया के वशीभूत होने से स्वप्नावस्थामें चित्त को ग्राहक तथा ग्राह्य द्विभाव का बोध होता है, उसी प्रकार माया के वशीभूत होने से जाग्रत अवस्था में चित्त को ग्राहक तथा ग्राह्य द्विभाव का बोध होता है ॥६१॥]

६२

अद्वयं च द्वयाभासं चित्तं स्वप्ने न संशयः ।
अद्वयं च द्वयाभासं चित्तं जाग्रन्न संशयः ॥६२॥

[इस में कुछ सन्देह नहीं है कि स्वप्न में अद्वय चित्त को ही (ग्राहक-ग्राह्य) द्विभाव का बोध होता है। (इसी प्रकार) इस में भी सन्देह नहीं है कि जाग्रत अवस्था में भी अद्वय चित्त को ही (ग्राहक ग्राह्य) द्विभाव का बोध होता है ॥६२॥]

६३

स्वप्नदृक प्रचरन् स्वप्ने दिक्षु वै दशसु स्थितान् ।
अण्डजान् स्वेदजान् वापि जीवान् पश्यति यां सदा ॥६३॥

६४

स्वप्नदृक् चित्तदृश्यास्ते न विन्द्यन्ते ततः पृथक ।
तथा तद्दृश्यमेवेदं स्वप्नदृक् चित्तं इष्यते ॥६४॥

[दशों दिशाओं में स्थित जिन अण्डज वा स्वेदज जीवों को स्वप्न देखने वाला सदा विचरते देखता है, वे सब स्वप्न में दिखाई देने वाले जीव चित्तको दिखाई देने वाले दृश्य मात्र हैं। चित्त से पृथक उनका अस्तित्व नहीं। इसी प्रकार जो इस (चित्त) को ही दिखाई देता है वह स्वप्न-द्रष्टा का चित्त ही मानना (= इच्छा करना) चाहिये ॥६४॥]

६५

चरं जागरिते जाग्रद् दिक्षु वै दशसु स्थितान् ।
अण्डजान् स्वेदजान् वापि जीवान् पश्यति यान सदा ।।६५।।

६६

जाग्रच्चित्तेक्षणीयास्ते न विद्यन्ते ततः पृथक ।
तथा तद्दृश्यमेवेदं जाग्रतस्चित्तं इष्यते ।।६६।।

[दशों दिशाओं में स्थित जिन अण्डज वा स्वेदज जीवों को जाग्रत अवस्था में देखने वाला सदा विचरते देखता है, वे सब जाग्रत अवस्था में दिखाई देने वाले जीव चित्त को दिखाई देते हैं, दृश्य-मात्र हैं । चित्त से पृथक उनका कोई अस्तित्व नहीं । इसी प्रकार जो इस (चित्त) को ही दिखाई देता है वह जाग्रत-अवस्था में देखने वाले का चित्त ही मानना (= इच्छित करना) चाहिये ।।६६।।]

६७

उभे ह्यान्योन्यदृश्ये ते किं तद् अस्तीति चोच्यते ।
लक्षणाशून्यं उभयं तन्मतेनैव गृह्यते ।।६७।।

[वे (चित्त तथा चित्त के विषय) दोनों अन्योन्याश्रित हैं, यह तो कहा है किन्तु यह भी कहना चाहिये कि वे दोनों क्या हैं ? वे दोनों लक्षण-रहित हैं । उनका ग्रहण उन से सम्बन्धित पूर्व-चेतना के ही कारण होता है ।।६७।।]

६८

यथा स्वप्नमयो जीवो जायते म्रियतेऽपि च ।
तथा जीवा अमी सर्वे भवन्ति न भवन्ति च ।।६८।।

६९

यथा मायामयो जीवो जायते म्रियतेऽपि च ।
तथा जीवा अमी सर्वे भवन्ति न भवन्ति च ।।६९।।

७०

यथा निर्मितको जीवो जायते म्रियतेऽपि च ।
तथा जीवा अमी सर्वे भवन्ति न भवन्ति च ।।७०।।

[जैसे स्वप्नभय जीव उत्पन्न भी होता है, मरता भी है, जैसे मायामय जीव उत्पन्न भी होता है, मरता भी है, उसी प्रकार ये सभी जीव (उत्पन्न) होते हैं और फिर नहीं रहते हैं । जैसे मन्त्र-बल आदि से निर्मित जीव उत्पन्न भी होता है, मरता भी है, इसी प्रकार ये सभी जीव (उत्पन्न) होते हैं और फिर नहीं रहते हैं ।।७०।।]

७१

न कश्चिज्जायते जीवः सम्भवोऽस्य न विद्यते ।
एतत् तद् उत्तमं सत्यं यत्र किंचिन्न जायते ।।७१।।

[किसी जीव का जन्म नहीं होता, इस की कोई सम्भावना नहीं। यही उत्तम सत्य है कि कहीं कुछ जन्म नहीं ग्रहण करता ।।७१।।]

७२

चित्तस्पन्दितं एवेदं ग्राह्यग्राहकवद् द्वयं ।
चित्तं निर्विषयं नित्यं असंगं तेन कीर्तितं ।।७२।।

[यह जो ग्राह्य ग्राहक का द्विभाव है, यह केवल चित्त-स्पन्दन मात्र ही है। इसलिये चित्त को निर्विषय, नित्य तथा असंग कहा गया है ।।७२।।]

७३

योऽस्ति कल्पितसंवृत्या परमार्थेन नास्ति असौ ।
परतन्त्रोऽभिसंवृत्या स्यान्नास्ति परमार्थतः ।।७३।।

[जिसका अस्तित्व कल्पित है, जो संवृति-सत्य मात्र है, उसका पारमार्थिक (= तात्विक) अस्तित्व नहीं ही है। जिसका अस्तित्व परतंत्र है संवृति-मात्र है, उसका पारमार्थिक (= तात्विक) अस्तित्व नहीं है ।।७३।।]

७४

अजः कल्पित संवृत्या परमार्थेन नाप्यजः ।
परतन्त्रोऽभिनिष्पत्त्या संवृत्या जायते तु सः ।।७४।।

[जो 'अज' कहा जाता है, वह भी 'कल्पित' है, वह भी 'संवृति' है, परमार्थ से, तात्विक-दृष्टि से वह 'अज' भी नहीं। क्योंकि जो परतन्त्र है वह अभिनिष्पत्ति से, संवृति से जन्म ग्रहण करता है ।।७४।।]

७५

अभूताभिनिवेशोऽस्ति द्वयं तत्र न विद्यते ।
द्वयाभावं स बुद्धवैव निर्निमित्तो न जायते ।।७५।।

[अविद्यमान (= अभूत) के प्रति आसक्ति (= अभिनिवेष) है, ग्राह्य-ग्राहक का द्विभाव वहाँ नहीं है। जब वह ग्राह्य-ग्राहक के द्विभाव के अभाव को जान लेता है, तो अभिनिवेष निमित्त (= कारण) रहित हो जाता है, और उसकी उत्पत्ति नहीं होती ।।७५।।]

७६

यदा न लभते हेतून उत्तमाधममध्यमान् ।
तदा न जायते चित्तं हेत्वाभावे फलं कुतः ।।७६।।

[जब उत्तम, अधम तथा मध्यम हेतुओं का अभाव हो जाता है तो चित्त की उत्पत्ति नहीं होती; क्योंकि हेतु का अभाव होने पर फल कहाँ ?।।७६।।]

७७

अनिमित्तस्य चित्तस्य यानुत्पत्तिः समाद्वया ।
अजातस्यैव सर्वस्य चित्तदृश्यं हि तद् यथा ।।७७।।

[इस कारिका का अर्थ अस्पष्ट है (अनु०) ।।७७।।]

७८

बुद्धवाऽनिमित्ततां सत्यां हेतुं पृथक अनाप्नुवत ।
वीतशोकं तदाऽकामं अभयं पदं अश्नुते ।।७८।।

[जब सत्य अनिमित्तता का बोध हो जाता है और चित्त का कोई पृथक हेतु नहीं रहता, तो वह शोक-रहित, कामना-रहित अभय पद को प्राप्त हो जाता है ।।७८।।]

७९

अभूताभिनिवेषाद्हि सदृशे तत प्रवर्तते ।
वस्त्वाभावं स बुद्धवैव निःसंगं विनिवर्तते ।।७९।।

[अविद्यमान (= अभूत) के प्रति अभिनिवेष होने से, उसके सदृश ही प्रवृत्ति होती है। जब वस्तु के (तात्विक) अभाव का बोध हो जाता है, तब चित्त निसंग होकर लौट आता है ।।७९।।]

८०

निवृत्तस्याप्रवृत्तस्य निश्चला हि तदा स्थितिः ।
विषयः स हि बुद्धानां तत साम्यं अजं अद्वयं ।।८०।।

[जब चित्त एक बार (विषयों से) निवृत्त होकर फिर उन में प्रवृत्त नहीं होता तो वह निश्चल स्थिति कहलाती है। यह बुद्धों का विषय है—यह साम्य (-तत्व), यह अज-तत्व, यह अद्वय-तत्व ।।८०।।]

८१

अजं अनिद्रं अस्वप्नं प्रभातं भवति स्वयं ।
सकृद् विभाति ह्येवैषा धर्मो धातुः स्वभावतः ॥८१॥

[अज (= जन्म-रहित), अनिद्र (= निद्रा-रहित), अस्वप्न (= स्वप्न-रहित), स्वयं प्रकाशमान, यह धर्म-धातु स्वभाव से ही (सदा के लिये) एक बार प्रकाशित होता है ॥८१॥]

८२—८४

सुरवं आव्रियते नित्यं दुःखं विव्रियते सदा ।
यस्य कस्य च धर्मस्य ग्रहेण; भगवान् असौ ॥८२॥
अस्ति नास्त्यस्ति नास्तीति नास्ति नास्तीति वा पुनः ।
चलस्थिरोभयाभावैर्वृणोत्येव बालिशः ॥८३॥
कोटयश्चतस्रेतास्तु ग्रहेर्यासां सदावृतः ।
भगवानाभिर्अस्पृष्टो येन दृष्टः स सर्वदृक ॥८४॥

[जिस किसी धर्म (= चित्त-विषय) को (आसक्ति-पूर्वक) ग्रहण करने से ही सुख सदा उघड़ा रहता है और दुःख ढका रहता है; जो सुख है वह भगवान् (निर्वाण) को स्थिर मानने के कारण 'अस्ति' (= है), चल मानने के कारण नास्ति (= नहीं है), स्थिर तथा चल दोनों मानने के कारण अस्ति-नास्ति (है—नहीं है), और दोनों का अभाव मानने के कारण नास्ति-नास्ति (नहीं है, नहीं है) कहकर ढकता है। इन चार कोटियों के आसक्ति-पूर्ण ग्रहण से भगवान् (निर्वाण) सदा ढका हुआ है। लेकिन वास्तव में वह इनसे अस्पृष्ट है। जिस ने यह सत्य देख (= जान) लिया है, वह सर्वदृक (= सर्वज्ञ) है ॥८२–८४॥]

८५

प्राप्य सर्वज्ञतां कृत्स्नां ब्राह्मण्यं पदं अद्वयं ।
अनापन्नादिमध्यान्तं किं अतः परमीहते ॥८५॥

[समस्त-सर्वज्ञता, ब्राह्मण्य-पद, अद्वय-भाव आदि-मध्यान्त-रहित भाव को प्राप्त कर, इस से बढ़कर और किस चीज की इच्छा करे ?॥८५॥]

८६

विप्राणां विनयो ह्येष शमः प्राकृत उच्यते ।
दमः प्रकृतिदान्तत्वाद् एवं विद्वान् शमं व्रजेत ।।८६।।

[यह बुद्धिमानों (= विप्रों) की विनय (= नियम उपनियम) है, यही स्वाभाविक शान्ति कहलाती है, यही इन्द्रियों (= प्रकृति) का दमन करने से 'दम' कहलाती है । इसी प्रकार जानकर शान्ति को प्राप्त हो ।।८६।।]

८७—८८

स वस्तु सोपलम्भं च द्वयं लौकिकं इष्यते ।
अवस्तु सोपलम्भं च शुद्धं लौकिकं इष्यते ।।८७।।
अवस्तवनुपलम्भं च लोकोत्तरं इति स्मृतं ।
ज्ञानं ज्ञेयं च विज्ञेय्यं सदा बुद्धैः प्रकीर्तितं ।।८८।।

[जहाँ वस्तु भी है और संज्ञा (= उपलम्भ) दोनों हैं, ऐसे ज्ञान को लौकिक ज्ञान कहते हैं । जहाँ वस्तु नहीं, किन्तु संज्ञा (= उपलम्भ) मात्र है, ऐसे ज्ञान को 'शुद्ध लौकिक' कहते हैं । जहाँ न वस्तु है, न संज्ञा (= उपलम्भ) है, ऐसे ज्ञानको लोकोत्तर' कहते हैं । यह सदा बुद्धों द्वारा कहा गया ज्ञान तथा ज्ञेय विज्ञेय है ।।८७–८८।।]

८९

ज्ञाने च त्रिविधे ज्ञेये क्रमेण विदिते स्वयं ।
सर्वज्ञता हि सर्वत्र भवतीह महाधियः ।।८९।।

[क्रमशः त्रिविध ज्ञान और ज्ञेय का बोध हो जाने पर जो महा बुद्धिमान् हैं उन्हें स्वयं सर्वत्र सर्वज्ञता प्राप्त हो जाती है ।।९०।।]

९०

हेयज्ञेयाप्यपाक्यानि विज्ञेयान्यग्रयानतः ।
तेषां अन्यत्र विज्ञेयाद् उपलम्भस्त्रिषु स्मृतः ।।९०।।

[जो हेय है, जो ज्ञेय है, जो प्राप्य है, जो पाक्य है—ये सब अग्रयान (= महायान) द्वारा जानने चाहिये । जो ज्ञेय (= विज्ञेय) है, उसे छोड़ कर शेष तीन का ही उपलम्भ (= संज्ञा) मानी गई है ।।९०।।]

९१

प्रकृत्याकाशवज् ज्ञेयाः सर्वधर्मा अनादयः ।
विद्यते न हि नानात्वं तेषां क्वचन किंचन् ।।९१।।

[सभी धर्म (= चित्त-विषय, पदार्थ) अनादि हैं । उन्हें स्वभाव से ही आकाशवत जानना चाहिये । उनका कहीं भी, कुछ भी नानात्व नहीं है ।।९१।।]

९२

आदिबुद्धाः प्रकृत्यैव सर्वे धर्माः सुनिश्चिताः ।
यस्यैवं भवति क्षान्तिः सोऽमृतत्वाय कल्पते ।।९२।।

[प्रकृति से ही सभी धर्म (= चित्त-विषय, पदार्थ) आदि-ज्ञान में (?) ही सुनिश्चित हैं। जिस के मत में ऐसी शान्ति है, वह अमृत के योग्य है ।।९२।।]

९३

आदिशान्ता ह्यनुत्पन्नाः प्रकृत्यैव सुनिर्वृताः ।
सर्वे धर्माः समाभिन्ना अजं साम्यं विशारदं ।।९३।।

[जितने भी धर्म (= चित्त-विषय, पदार्थ) हैं वे आदि से ही शान्त हैं, अनुत्पन्न हैं; प्रकृति से ही सुनिर्वृत हैं; समान हैं; अज (= अजन्मा) हैं, समान-भाव युक्त हैं तथा विशारद (= निर्भय) हैं ।।९३।।]

९४

वैशारद्यं तु वै नास्ति भेदे विचरतां सदा ।
भेदनिम्नाह् पृथग्वादास्तस्मात् ते कृपणाः स्मृताः ।।९४।।

[जो सदा भेद-भाव में ही विचरते रहते हैं, उन में वैशारद्य (= पण्डित-भाव) नहीं है। जिनका वाद पृथकभाव को लिये है, वे भेद-भाव की ही ओर झुके हुए हैं। इस लिये वे 'दयनीय' कहे गये हैं ।।९४।।]

९५

अजे साम्ये तु ये केचिद् भविष्यन्ति सुनिश्चिताः ।
ते हि लोके महाज्ञानास्तच्च लोको न गाहते ।।९५।।

[जो अज (= अजन्मा) है, जो विषमता-रहित (= साम्य) है, उसके विषय में जो निश्चित हो जाते हैं, वे ही इस लोक में महान् ज्ञानी हैं। सामान्य-जनों की गति नहीं है ।।९५।।]

९६

अजेषु अजं असंक्रान्तं धर्मेषु ज्ञानं इष्यते ।
यतो न क्रमते ज्ञानं असंगं तेन कीर्तितं ।।९६।।

[यह मान लिया गया है कि उत्पत्ति-रहित धर्मों तक उत्पत्ति-रहित ज्ञान का संक्रमण नहीं होता। क्योंकि ज्ञान का संक्रमण नहीं होता, इस लिये वह आसक्ति-रहित (= असंग) कहलाता है ।।९६।।]

९७

अणुमात्रेऽपि वैधर्म्ये जायमानेऽविपश्चितः ।
असंगता सदा नास्ति किं उतावरणच्युतिः ।।९७।।

[जो अविद्वान है उसके मन में अणुमात्र भी भेद-भाव (= वैधर्म्य) उत्पन्न होने पर कभी भी असंगता (= निर्लेप-भाव) नहीं रहती, आवरणच्युति (= पर्दे के हटने) का तो क्या ही कहना ।।९७।।]

९८

अलब्धावरणाः सर्वे धर्माः प्रकृतिनिर्मलाः ।
आदौ बुद्धास्तथा मुक्ता बुद्धयन्ते इति नायकाः ।।

[जितने भी धर्म (= चित्त-विषय, पदार्थ) हैं, वे सभी प्रकृति से निर्मल हैं तथा कारण-रहित हैं। वे आदि से ही ज्ञानरूप (= बुद्धा) हैं वैसे ही निर्वाण (= मोक्ष) में इस बात को बुद्ध (= नायक) जानते हैं ।।९८।।]

९९

क्रमते न हि बुद्धस्य ज्ञानं धर्मेषु तायिनः ।
सर्वधर्मास्तथा ज्ञानं नैतद् बुद्धेन भाषितं ।।९९।।

[जो बुद्ध हैं, जो शिक्षक हैं उनके अनुसार ज्ञान धर्मों (= चित्त-विषय, पदार्थों) तक संक्रमण नहीं करता। सभी धर्म (संस्कृत-धर्म+असंस्कृत धर्म) तथा ज्ञान—ये बुद्ध की (भी) वाणी के विषय नहीं अर्थात् ये स्वानुभव के ही विषय हैं ।।९९।।]

१००

दुदर्शं अतिगम्भीरं अजं शाम्यं विशारदं ।
बुद्धवा पदं अनानात्वं नमस्कुर्मो यथाबलं ।।१००।।

[इस पद का बोध प्राप्त करके जो दुदर्श है, जो अतिगम्भीर है, जो 'अज' है, जो विषमता-रहित है, जो विशारद (= निर्भयता-युक्त) है, जो नानात्व-विहीन है, हम (तथागत को वा इस पद को) यथाबल नमस्कार करते हैं ।।१००।।]

यह गौड़पादीय आगम-शास्त्र का 'अलात शान्ति' नामक चौथा प्रकरण समाप्त हुआ।

माण्डूक्य उपनिषद्

(१)

ओं इत्येतद् अक्षरं इदं सर्वं तस्योपव्याख्यानं भूतं भवद् भविष्यद् इति सर्वं ओंकार एव । यच्चान्यत् त्रिकालातीतं तद् अप्योंकार एव ।

[ओं यह अक्षर है। यह सब उसी का उपव्याख्यान है। भूत, वर्तमान, भविष्यत् यह सब ओंकार ही है। जो त्रिकालातीत है, वह सब भी ओंकार ही है।]

(२)

सर्वं ह्येतद् ब्रह्मायं आत्मा ब्रह्म सोऽयं आत्मा चतुष्पाद ।

[यह सब ब्रह्म है, आत्मा ब्रह्म है। यह आत्मा चतुष्पाद है।]

(३)

जागरितस्थानो बहिष्प्रज्ञः सप्ताङ्गो एकोनविंशतिमुखः स्थूल-भुग्वैश्वानरःप्रथमः पादः ।

[पहला पाद वैश्वानर है, जाग्रत अवस्था में क्रियाशील, बहिर्प्रज्ञ, सप्ताङ्ग उन्नीस-मुख; स्थूल-भोगी।]

(४)

स्वप्नस्थानोन्तःप्रज्ञः सप्तङ्ग एकोनविंशतिमुखः प्रविविक्तभुक तैजसो द्वितीयः पादः ।

[दूसरा पाद 'तैजस' है, स्वप्नावस्था में क्रियाशील, अंतःप्रज्ञ, सप्ताङ्ग, उन्नीसमुख, सूक्ष्म-भोगी।]

(५)

यत्र सुप्तो न कञ्चन कामं कामयते न कञ्चन स्वप्नं पश्यति तत सुषुप्तं सुषुप्तस्थान एकीभूतः प्रज्ञानघन एवानन्दमयो ह्यानन्दभुक चेतो मुखः प्राज्ञस्तृतीयः पादः ।

[जब सोया हुआ (आदमी) कोई कामना नहीं करता और कोई स्वप्न भी नहीं देखता, वह सुषुप्ति (–अवस्था) है।]

[तीसरा पाद 'प्रज्ञा' है। वह सुषुप्ति में स्थित रहता है, वह एकीभूत है, वह प्रज्ञा-घन है, वह आनन्दमय है, वह आनन्दभोगी है, वह चित्त-मुख है।]

(६)

एष सर्वेश्वर एष सर्वज्ञ एषोऽन्तर्याम्य एष योनिः सर्वस्य प्रभवाप्ययौ हि भूतानां ।

[यही सर्वेश्वर है । यही सर्वज्ञ है । यही अन्तर्यामी है । यही सब की योनि (= मूल) है, यही प्राणियों की उत्पत्ति और विनाश है ।]

(७)

नान्तःप्रज्ञं न बहिष्प्रज्ञं नोभयतः प्रज्ञं न प्रज्ञानघनं न प्रज्ञं नाप्रज्ञं अदृष्टं अव्यवहार्यं अग्राह्यं अलक्षणं अचिन्त्यं अव्यपदेश्यं एकात्मप्रत्ययसारं प्रपञ्चोपशमम् शान्तं शिवं अद्वैतं चतुर्थं मन्यन्ते । स आत्मा स विज्ञेयः ।

[न अन्तः-प्रज्ञ, न बही-प्रज्ञ, न उभय-प्रज्ञ, न प्रज्ञा-घन, न प्रज्ञा न अप्रज्ञा, अदृष्ट, अव्यवहार्य, अग्राह्य, अलक्षण, अचिन्त्य, अव्यपदेश्य (= अपरिभाष्य), एकात्मभाव का सार, प्रपञ्च (= वाणी द्वारा अभिव्यक्ति) का उपशमन, शान्त, शिव, अद्वैत-यह चौथा पाद माना जाता है । वह आत्मा है । वह विज्ञेय है ।]

(८)

सोऽयं आत्माऽध्यक्षरं ओंकारोऽधिमात्रं पादा मात्रा मात्राश्च पादा अकार उकारो मकार इति ।

[वही यह आत्मा अक्षर तथा मात्रा की दृष्टि से ओंकार है । पाद मात्रा हैं और मात्रा पाद; और वे हैं अ, उ, म ।]

(९)

जागरितस्थानो वैश्वानरोऽकारः प्रथमा मात्राप्तेर्आदिमत्वाद् वाप्नोति ह वै सर्वान्कामान् आदिश्च भवति य एवं वेद ।

[जाग्रत अवस्था में (क्रिया-शील) वैश्वानर पहली मात्रा 'अ' है, आप्ति (= प्राप्ति) के कारण अथवा प्रथम होने के कारण । जो यह जानता है, उसकी सब कामनायें पूरी होती हैं और वह प्रथम होता है ।]

(१०)

स्वप्नस्थानस्तैजस उकारो द्वितीया मात्रोत्कर्षाद् अभयत्त्वाद् वोत्कर्षतीह वैज्ञानसन्तति समानश्च भवति नास्याब्रह्मवित् कुले भवति य एवं वेद ।

[स्वप्नावस्था में (क्रिया-शील) 'तैजस' दुसरी मात्रा 'उ' है, उत्कर्ष के कारण अथवा दो के मध्यस्थ होनेके कारण । निश्चय से ज्ञान-सन्तति का उत्कर्ष होता है, वह समान होता है । जो यह जानता हैं उस का जन्म अब्रह्मविद् कुल में नहीं होता ।]

(११)

सुषुप्तस्थानः प्राज्ञो मकारस्तृतीया मात्रा मितेरपीतेर्वामिनोति हैवा इदं सर्वं अपीतिश्च भवन्ति य एवं वेद ।

[सुषुप्तावस्था में (क्रिया-शील) 'प्राज्ञ' तीसरी मात्रा 'म' है, मापने के कारण तथा नीचे जानेके कारण । जो यह जानता है वह यह सब मापता है, और उस में लय हो जाता है ।]

(१२)

अमात्रश्चतुर्थोऽव्यवहार्यः प्रपञ्चोपशमः शिवोऽद्वैत एवं ओंकार आत्मैव । संविशत्य आत्मनात्मानं य एवं वेद ।

[चौथा पाद अमात्र है, अव्यवहार्य है, वाणी (की अभिव्यक्ति का) शमन-स्वरूप, शिव, अद्वैत । इस प्रकार 'ओंकार' ही आत्मा है । जो यह जानता है वह 'आत्मा' से 'आत्मा' में प्रविष्ट होता है ।]

इति माण्डूक्योपनिषत् समाप्त ।

चतुर्थ अध्याय

मराठी संतकाव्य

घटक	अंतर्निहित घटक	पृष्ठ क्र.
	प्रस्तावना	183
4.0	मराठी संत काव्य — स्वरूप	183
4.1	मराठी संत काव्य की पृष्ठभूमि — राजनैतिक, सामाजिक, धार्मिक, साहित्यिक	184
4.2	मराठी संत काव्य की परंपरा	188
4.2.1	नाथ संप्रदाय,महानुभाव संप्रदाय, दत्त संप्रदाय, वारकरी संप्रदाय, समर्थ संप्रदाय	189
4.3	मराठी के प्रमुख संत—कवियों के काव्य में व्यक्त दार्शनिक दृष्टि	206
4.3.1	संत ज्ञानेश्वर— ब्रह्म, जीवात्मा जगत्, माया, मोक्ष	206
4.3.2	संत नामदेव— ब्रह्म, जीवात्मा जगत्, माया, मोक्ष	227
4.3.3	संत एकनाथ— ब्रह्म, जीवात्मा जगत्, माया, मोक्ष	241
4.3.4	संत तुकाराम— ब्रह्म, जीवात्मा जगत्, माया, मोक्ष	256
4.3.5	समर्थ रामदास— ब्रह्म, जीवात्मा जगत्, माया, मोक्ष	271
	निष्कर्ष	284

चतुर्थ अध्याय

मराठी संतकाव्य

प्रस्तावना :

उत्तर में नर्मदा और दक्षिण में कृष्णा तथा तुंगभद्रा नदियों तक के क्षेत्र को महाराष्ट्र माना जाता है। मराठी का राजनैतिक वर्चस्व देवगिरी के यादव राजाओं से प्रारंभ होता है। उसके पूर्व सातवाहनों, चालुक्य तथा राष्ट्रकूटों के शासन तक प्राकृतों तथा अपभ्रंशों का युग था। आज का प्राकृत साहित्य उपलब्ध है, वह मूलत: महाराष्ट्री प्राकृत में है। महाराष्ट्र की जनभाषा का विकास मराठी के रूप में हुआ है और 'साहित्यिक महाराष्ट्री' प्राकृतों के योग से काव्यभाषा के रूप में प्रयुक्त हुई है। जो साहित्य उपलब्ध है, वह महाराष्ट्र का नहीं, मानक प्राकृत का है।

4.0 मराठी संत काव्य — स्वरूप:

महाराष्ट्र के साहित्य का विकास देवगिरी के यादव राजाओं के युग से प्रारंभ होता है। यादव शासकों के काल में मराठी का पहला शिलालेख (1012) [1] ई. में मिलता है। इसके पूर्व जो शिलालेख मिले भी हैं, वे मराठी के नहीं हैं, क्योंकि उनके पूर्व अन्य राजाओं का शासन था। सातवाहन दक्षिण भारतीय होने से उनके शासनकाल में तेलगु का प्रभाव था। इसलिए मराठी का प्रारंभिक काल 12 वीं शती से ही उपलब्ध होता है। प्रारंभिक काल में मराठी में दार्शनिक रचनाएँ मिलती हैं, साथ ही कुछ (संस्कृत) रचनाओं के अनुवाद मिलते हैं। इस दृष्टि से मुकुंदराज का 'विवेकसिंधु' महत्वपूर्ण ग्रंथ है। [2] यह ग्रंथ गोरखनाथ के विचारों से प्रभावित है। इसलिए मराठी साहित्य का प्रारंभ भी नाथ सिद्धांत से ही माना जा सकता है। नाथ पंथ से वारकरी पंथ तक का साहित्य मराठी का प्रारंभिक साहित्य है, जिसमें भक्तिकाव्य की प्रधानता है। मराठी के प्राचीन साहित्य में संत काव्य की सुदीर्घ परंपरा प्रारंभ से 16 वीं शती तक मिलती है।

महाराष्ट्र में साधु–संतों की उज्ज्वल, समृद्ध एवं अखंड परंपरा के दर्शन होते हैं। इस परंपरा का प्रारंभ नाथ संप्रदाय से माना जाता है। ईसा की 12 वीं शती में नाथ संप्रदाय के गुरु गोरक्षनाथ का महाराष्ट्र में संचार हुआ। उस समय से लेकर वर्तमान काल तक महाराष्ट्र में संतों की अविच्छिन्न परंपरा दृष्टिगत होती है। नाथ, महानुभाव, दत्त, वारकरी और समर्थ आदि विभिन्न संप्रदायों में दीक्षित चक्रधर, नामदेव, ज्ञानेश्वर, एकनाथ, तुकाराम, रामदास आदि प्रमुख संतों ने लोकजीवन को प्रभावित कर महाराष्ट्र में धार्मिक एवं सामाजिक क्रांति की। महाराष्ट्र के धर्म जीवन में अध्यात्मिक अधिष्ठान निर्माण करने का कार्य मराठी संतों ने ही किया। उस समय की विभिन्न प्रवृत्तियों का समन्वय कर उन्होंने मराठी जनता में अध्यात्मनिष्ठा मानवतावाद की एक उदार एवं प्रगतिशील विचार प्रणाली प्रतिष्ठित की।

यद्यपि महाराष्ट्र में समय–समय पर विभिन्न धार्मिक संप्रदाय निर्माण हुए। तथापि इनमें से अधिकांश संप्रदायों का प्रभाव अधिक काल स्थिर नहीं हो सका। इनमें से केवल वारकरी संप्रदाय ही दृढ़मूल हुआ। फलत: समस्त महाराष्ट्र में वारकरी संप्रदाय का प्रभाव एवं प्रचार, व्यापक रूप में हुआ। इस संप्रदाय के देवता का अधिष्ठान 'पंढरपुर' महाराष्ट्र का प्रमुख धार्मिक केंद्र बना। समाज में किसी धार्मिक संप्रदाय का विकास केवल समाज की प्रवणता पर ही अधिनिष्ठित नहीं होता, अपितु राजनीतिक, आर्थिक एवं सामाजिक स्थितियों के प्रभाव पर भी निर्भर होता है। अत: मराठी संत–साहित्य के विकास का अध्ययन इन स्थितियों के संदर्भ में किया जाना आवश्यक हो जाता है।

4.1 मराठी संतकाव्य की पृष्ठभूमि :

राजनैतिक :

संत साहित्य के विकास का प्रारंभ सामान्यत: ईसा की 13 वीं शती से माना जाता है। [3] उस समय महाराष्ट्र में देवनागरी के यादवों की

राजसत्ता थी। विभिन्न क्षेत्रों की उत्कर्षावस्था एवं संपन्नता के कारण इस काल को महाराष्ट्र का 'सुवर्णयुग' कहा जाता था। यादवराजा रामदेवराय और उनके मंत्री हेमाद्रि कृष्णभक्त थे। परिणामत: कृष्ण के ही रूप विट्ठल की भक्ति पर आधारित वारकरी संप्रदाय का उन्होंने स्वाभाविक रूप से पुरस्कार किया। ईसा की 13 वीं शती के अंत में दक्षिण भारत के चालुक्य, क्लचुरी, यादव, होयसल, काक्तीय, पांड्य आदि राजाओं में पारस्परिक स्पर्धा निर्माण हुई। फलस्वरूप राजसत्ता शिथिल एवं दुर्बल होकर प्रांताधिकारी प्रबल हो गए। इस अवसर का लाभ उठाकर अल्लाउद्दीन और मलिक्कापुर ने दक्षिणा पथ पर आक्रमण किया। हिंदू राजा आपसी संघर्ष के कारण परधर्मीय आक्रमण का प्रतिकार नहीं कर सके। उनका सैनिकी संगठन भी दुर्बल बना था। अत: जनता में आत्मिक बल जगाकर परधर्मियों से स्वधर्म की रक्षा करने का कार्य प्रधान रूप से संतों को करना पड़ा। इन संतों ने परधर्मिय आक्रमणों से आंतकित प्रजा को भक्तिरस से प्लावित कर बड़ी सांत्वना प्रदान की।

सन 1336 ई. में दक्षिण के विजय नगर के हिंदू राज्य की स्थापना हुई [4] और वैष्णव धर्म को पुन: राजाश्रय प्राप्त हुआ। यद्यपि नर्मदा और कृष्णा नदियों के बीच मुसलमानों की बहमनी राजसत्ता थी, तथापि वह दक्षिण में विजयनगर के हिंदू राजाओं से और उत्तर में मुगल सम्राटों से सदैव आतंकित थी। परिणाम स्वरूप अपना अस्तित्व बनाए रखने के लिए बहमनी सुलतानों को अपनी हिंदू प्रजा पर निर्भर रहना पड़ा। उन्होंने हिंदुओं को सम्मान और अधिकार के पद दिए। उनकी सेना में हिंदू सैनिकों को स्थान प्राप्त हुआ। जब बहामनी राज्य खंडित हुआ तब विजापुर और अहमदनगर के सुलतानों ने मराठा सरदारों को ही प्राथमिकता दी थी। परिणामत: महाराष्ट्र में स्वराज्य के लिए अनुकूल मनोभूमि निर्माण हो गई। उसे मूर्त रूप देने का कार्य भोसला वंश के कुलदीपक महाराजा शिवाजी द्वारा संपन्न हुआ। शिवाजी महाराज ने 'गोब्राह्मण प्रतिपालक' उपाधि

स्वीकार कर महाराष्ट्र की 7 वीं शती के मध्य में स्वराज्य की स्थापना की। इससे स्पष्ट होता है कि महाराष्ट्र इ. स. 14 वीं शती से परधर्मियों से आक्रांत होता रहा तथापि समय–समय पर हिंदू राजसत्ताओं ने मुसलमानों के आक्रमण का सफल प्रतिकार किया।

सामाजिक :

राजनीति की भाँति तत्कालीन सामाजिक एवं आर्थिक स्थितियों का भी संत साहित्य पर प्रभाव दिखाई देता है। उस समय समाज में जाति व्यवस्थाएँ कठोर रूप धारण कर चुकी थीं। अनेक अनिष्ट रूढ़ियों के कारण समाज जीवन का प्रवाह दूषित–सा हो गया था। समाज के उच्च वर्ग के लोग प्रेरणाशून्य एवं गतानुगतिक बने थे। निम्न जातियों का मानसिक पतन होने लगा था। जाति संस्था के कठोर प्रभाव ने सामान्य जनता को असहाय बनाया। इस सामाजिक विषमता के कारण समाज जीवन की शांतिपूर्ण व्यवस्था विचलित हो चुकी थी। मराठी संत जन–साधारण की इस दुरवस्था से करुणार्द्र हुए। उन्होंने जनसाधारण को सांत्वना देने हेतु धार्मिक आंदोलन प्रारंभ किया, जिसने सामान्य जनता को अपेक्षाकृत रूप से आकर्षित किया।

धार्मिक :

संप्रदायों का कालखंड धर्मग्लानि का माना जाता है। साधारण जनता अज्ञान, भय और स्वार्थ से प्रेरित होकर मंगलाई, जोखाई, म्हसोबा, बहिरोबा आदि ग्रामदेवताओं की उपासना करने लगी। इस धार्मिक दुरवस्था के कारण मराठी भाषा का आश्रय लेकर महानुभाव, वारकरी, दत्त, समर्थ आदि संप्रदायों का प्रचलन हुआ।

नाथ संप्रदाय में बाह्याचार और योगाभ्यास पर जोर था। महानुभाव संप्रदाय की भक्ति निवृत्ति एवं संन्यास प्रधान थी। अत: उसका स्वीकार जनता के लिए संभव नहीं हो सका। दत्त संप्रदाय में आचार धर्म को अत्यधिक महत्व दिया गया। इस संप्रदाय की अंधश्रद्धा और चमत्कार जनता में आत्मीयता नहीं निर्माण कर सके। समर्थ संप्रदाय की चतुरस्रता,

विवेक, कार्यक्षमता, धैर्य, आक्रमणशीलता, लोकसंग्रह, संगठन आदि बातें यद्यपि तेजस्वी एवं स्फूर्तिदायक रहीं, तथापि उनसे केवल उच्चवर्णीय ही प्रभावित हुए। उनका प्रभाव जनमानस पर नहीं हो सका। वारकरी संप्रदाय ने जनता को मानसिक दासता से मुक्त कर दिया। शास्त्रप्रामाण्य तथा जातिव्यवस्था का विरोध न करते हुए भी स्त्री शूद्रादिकों के लिए भी आत्मविश्वास का मार्ग प्रशस्त किया।

वारकरी संप्रदाय ने सामाजिक, धार्मिक तथा आर्थिक विषमताएँ एवं संघर्षों को अत्यंत कुशलता से प्रभावित किया और जनता और जीवन में नया दृष्टिकोण, आश्वासन, सांत्वना, आत्मप्रतिष्ठा आदि निर्माण कर विशृंखलित, असहाय, पीड़ित समाज का पुनर्गठन किया।

साहित्यिक :

मराठी साहित्य में ज्ञानेश्वर आदि महान संतों के साथ वामन पंडित से लेकर मोरोपंत तक जिन्होंने ग्रंथ निर्मिति की उसके कारण मराठी साहित्य को संपन्नता, समृद्धता प्राप्त हुई। प्रारंभिक मराठी साहित्य मौखिक रूप में अधिक मात्रा में उपलब्ध होता है। यथा — नीतिकथा, बोधकथा, म्हणी, उखाणे आदि। तदनंतर धर्म संस्थापकों ने वर्णनचरित्र और आख्यायिकाएँ लिखीं। उस वक्त नल—दमयंती, रुक्मिणी स्वयंवर, रामायण कथा आदि सुलभ ग्रंथ रचना दिखाई देती है। मराठी साहित्य का आद्यकवि मुकुंदराज का 'विवेकसिंधु' ग्रंथ [5] अतिप्राचीन माना जाता है। उसके अतिरिक्त परमामृत, पवनविजय, मूलस्तंभ, पंचीकरण, गुह्यसप्तक आदि ग्रंथ भी उन्होंने लिखे। [6] उसमें 'परमामृत' ग्रंथ श्रेष्ठ माना जाता है। रामदेव राव यादव का मुख्य प्रधान हेमाद्रि पंडित ने मराठी साहित्य को प्रेरणा देते हुए नीतिबोध, चतुर्वर्गचिंतामणी, आयुर्वेद रसायण आदि ग्रंथरचना की। 12 वीं शतीं [7] में लिखे गए उस पंथ के सात महत्वपूर्ण ग्रंथ हैं। रुक्मिणी स्वयंवर, शिशुपालवध, एकदशस्कंध, वछाहरण, ज्ञानप्रबोध, सैहाद्रि—वर्णन और

ऋद्धिपुर वर्णन आदि। ज्ञानेश्वरजी ने ज्ञानेश्वरी, अमृतानुभव, चांगदेव पासष्टी, अभंग और हरिपाठ आदि ग्रंथरचना की। मराठी साहित्य की दृष्टि से 'ज्ञानेश्वरी' से ही भाषा की समृद्धता हो गई। ज्ञानेश्वरजी के समकालीन संत नामदेव की 'गाथा' प्रसिद्ध है। इन संतों ने की हुई काव्य रचना का प्रमुख विषय था 'विट्ठल भक्ति'। 14 वीं शती में संत एकनाथ के साहित्यिक कार्य का महत्व सिद्ध होता है। एकनाथ ने ज्ञानेश्वरी जैसे श्रेष्ठ ग्रंथ का पाठानुसंधान किया। शुद्ध मराठी में ग्रंथ रचना करके मराठी भाषा तथा साहित्य का न केवल पुनरूज्जीवन किया अपितु उसके विकास का मार्ग प्रशस्त किया। उनकी रचनाएँ हैं – चतु:श्लोकी भागवत, एकनाथी भागवत, रुक्मिणी स्वयंवर, भावार्थ रामायण आदि। साथ ही अभंग, भारुड, पद ऐसी अनेक छोटी–मोटी रचनाएँ कीं। इसी कालांतर्गत तुकारामजी की ग्रंथसंपदा भी दिखाई देती है। 'तुकारामांच्या अभंगाची गाथा' प्रसिद्ध ग्रंथ है। 15 वीं शती में समर्थ रामदास ने दासबोध, करुणाष्टके, चौदा ओवीशते, लघुरामायण, मनाचे श्लोक, करुणाष्टके तथा लघुकाव्य आदि ग्रंथरचना की। इन महत्वपूर्ण संतों ने मराठी साहित्य को संपन्न करने में योगदान दिया।

4.2 मराठी संत काव्य की परंपरा :

प्रस्तावना :–

महाराष्ट्र के समाज जीवन में आध्यात्मिक एवं धार्मिक जागृति बनाए रखने में तथा उसे विकसित करने में महाराष्ट्र में समय–समय पर निर्मित विविध संप्रदायों का बड़ा हाथ रहा है। यहाँ के संतों ने संप्रदायों के भीतर रहते हुए भी मराठी जनता में अध्यात्मनिष्ठ मानवतावाद की एक उदार एवं प्रगतिशील विचारधारा प्रतिष्ठित कर दी। महाराष्ट्र में विविध धर्मों तथा संप्रदायों का प्रचार हुआ। इन संप्रदायों ने विशिष्ट स्थिति तथा विशिष्ट समय में यहाँ की जनता को प्रभावित किया। परंतु अनेक कारणों से उसका प्रभाव मराठी जनता पर अंत तक नहीं रह सका। केवल 'वारकरी संप्रदाय'

जैसे सर्वव्यापक धर्म संप्रदाय का प्रभाव यहाँ की जनता पर प्रचुर मात्रा में रहा। अत: उसे महाराष्ट्र का प्रतिनिधि धर्म संप्रदाय माना जाता है। अन्य धर्मों, पंथों तथा संप्रदायों का प्रचलन यहाँ न्यूनाधिक मात्रा में हुआ है। महाराष्ट्र के प्रचलित धर्म संप्रदायों में प्रमुख हैं – नाथ संप्रदाय, महानुभाव संप्रदाय, वारकरी संप्रदाय, दत्त संप्रदाय, समर्थ संप्रदाय।

4.2.1 नाथ संप्रदाय

• **स्वरूप :—** भारत के अन्य प्रांतों की भाँति महाराष्ट्र में भी नाथ–संप्रदाय को काफी मान्यता मिली। महाराष्ट्र में इस पंथ का प्रचलन ज्ञानेश्वर के अर्थात ईसा की तेरहवीं शताब्दी के पूर्व से था। परंतु इसका वास्तविक संचार कब हुआ, इसके बारे में मतभेद है। मराठी के प्रथम ग्रंथ 'विवेकसिंधु' के रचनाकार मुकुंदराय नाथपंथी के अनुसार 12वीं शताब्दी के पूर्व यह संप्रदाय महाराष्ट्र में प्रतिष्ठा पा चुका होगा। तथापि इस संप्रदाय का संचार 12वीं शताब्दी से निर्धारित किया जाता है।

यदि गोरखनाथ के द्वारा महाराष्ट्र में नाथ मत प्रचलित हुआ है, तो उसका समय ईसा की 10 वीं और 11वीं शताब्दी हो सकता है। मराठी के प्रसिद्ध अनुसंधान कर्ता डॉ. रा. चिं. ढेरे महाराष्ट्र में इस पंथ की अविछिन्न परंपरा का वास्तविक श्रेय गोरखनाथ के शिष्य गहिनी अथवा गैनीनाथ को देते हैं।

नाथ संप्रदाय के लोगों को साधारणत: नाथ, जोगी, दर्शनी तथा कनफटा कहा जाता है। 'नाथ' शब्द के बारे में डॉ. हजारीप्रसाद द्विवेदी जी ने लिखा है – 'ना' का अर्थ अनादि, सम 'थ' का अर्थ है अनादि धर्म, जो भुवनत्रय स्थिति का कारण है। [8] श्री गोरखनाथ को इसी कारण नाथ कहा जाता है। फिर 'ना' शब्द का अर्थ नादब्रह्म, जो मोक्षदान में दक्ष है, उनका ज्ञान कराना। 'थ' का अर्थ है अज्ञात के सामर्थ्य को स्थगित करानेवाला,

चूँकी नाथ के आश्रयण से इस ज्ञात ब्रह्म का साक्षात्कार होता है और अज्ञात की माया अवरुद्ध होती है, इसलिए 'नाथ' शब्द का व्यवहार किया जाता है।

इन्हें जोगी इसलिए कहा जाता है कि ये लोग हठयोग की साधना करते हैं और दर्शनी इसलिए कहा जाता है कि ये कानों में भारी कुंडल धारण करते हैं। इनके कान फटे हुए होते हैं इसलिए ये कनफटे भी कहलाते हैं।

• **परंपरा :—** नौ नाथों के नाम भी नाथ संप्रदाय की सभी परंपराओं में एक—से नहीं हैं। किंतु सभी परंपराओं में आदिनाथ, मत्स्येंद्रनाथ, जालंधरनाथ, गोरखनाथ आदि के नाम समान रूप से पाए जाते हैं। संप्रदाय पर गोरखनाथ और गुरु मत्स्येंद्रनाथ का विशेष प्रभाव परिलक्षित होता है।

चौऱ्यांसी सिद्धों के नामों में भी एकरूपता नहीं दिखाई देती। कहीं तो उनकी संख्या भी पूरी नहीं हो पाती। ये नाम अनेक परंपराओं के सिद्ध, गुरु 'आदि' के नामों का एक सम्मिलित रूप है।

• **दार्शनिक चिंतन :—** गोरखनाथ की चिंतन परंपरा कश्मीरी शैव संप्रदाय से प्रभावित रही है। शिव—शक्ति के सामरस्य का विचार नाथ संप्रदाय में कश्मीरी शैव संप्रदाय से ही आया है। कश्मीरी शैव संप्रदाय का चिंतन सार इस प्रकार है— इंद्रिय गोचर, अनंत चेतन, अचेतन पदार्थों से व्याप्त इस विश्व के अविर्भाव के 'पूर्व सत्य' ही एकमात्र अद्वितीय तत्व है। इसी सत्य में शिव और शक्ति का सामरस्यात्मक अद्वैत समाया हुआ है। नाथ संप्रदाय इन्हीं विचारों से प्रभावित है। गोरखनाथ के अनुसार आदिनाथ शक्तियुक्त शिव है। वही अंतिम सत्य है। शक्ति, शिव से भिन्न नहीं है तो तत्वरूप में स्थित है। शिवशक्ति के परस्पर संबंध में गोरखनाथ का कथन है कि जिस प्रकार चंद्रमा से चाँदनी अभिन्न है, वैसे ही शिव—शक्ति अभिन्न हैं। शक्ति विश्वरूप में व्यक्त होती है। वास्तव में शिव ही विश्व का निर्माणकर्ता, नियंत्रक तथा संहारकर्ता होता है। जब शक्ति अव्यक्त होती

है, तब शिव शुद्ध, स्वयंप्रकाश, अद्वय स्वरूप होता है। शक्ति का व्यक्त रूप जब पूर्णत्व को प्राप्त करता है , तब उसका शिव के साथ ऐक्य भी पूर्ण रूप से प्रकट होता है। शिवशक्ति की एकरूपता का अनुभव लेने के लिए दूर जाने की जरूरत नहीं है। ब्रह्मांड को व्याप्त करनेवाली यह शक्ति मानव शरीर में कुंडलिनी में स्थित है। 'जो पिंड में है वह ब्रह्मांड में है।'

पिंडयुक्त ब्रह्मांड, भले ही वह व्यक्त है, अव्यक्त शक्ति से भिन्न नहीं है। अर्थात ब्रह्मांड शिवस्वरूप है, शिव से भिन्न नहीं है। कुंडलिनी जागरण के लिए योग साधना करनी पड़ती है। मंत्र, हठ, लय एवं राज आदि चार योगों के द्वारा कुंडलिनी जागृति हो सकती है। यह कुंडलिनी शक्ति मानव के शरीर में सुप्तावस्था में विद्यमान रहती है। मानवी मस्तिष्क में स्थित सहस्राकार चक्रों को भेदकर मस्तिष्क तक पहुँचती है, तभी साधक समाधि एवं परमानंद की प्राप्ति कर लेता है।

• **साहित्य :—** नाथ संप्रदाय के कुछ ग्रंथ संस्कृत में हैं, कुछ अपभ्रंश प्रभावित हिंदी भाषा में लिखे गए हैं। सामान्य लोगों की समझ में आने की दृष्टि से सिद्धांत और साधना पद्धति में नाथ संप्रदायियों द्वारा लोक—भाषा हिंदी का प्रयोग निश्चय एक क्रांतिकारी प्रयास है। 'सिद्धसिद्धांत पद्धति' और उसका आधार बनाकर लिखे दो ग्रंथ 'सिद्ध सिद्धांत संग्रह' और 'गोरख सिद्धांत संग्रह' संप्रदाय के प्रमाण ग्रंथ हैं।

गोरखनाथ ने साधारण लोगों के लिए लोकभाषा में भी ग्रंथ लिखे हैं। उनकी ग्रंथसंपदा इस प्रकार है— अमनस्क, अमरौध, शासनम्, अवधूत गीता, गोरक्षकला, गोरक्ष कौमुदी, गोरक्षगीत, गोरक्ष चिकित्सा, महार्थ मंजिरी आदि। इन संस्कृत ग्रंथों के अतिरिक्त हिंदी में चालीस ग्रंथों की रचना गोरखनाथ के नामपर कही जाती है। इन ग्रंथों का संपादन डॉ. पितांबर दत्त बडथवाल ने 'गोरखबानो' में किया है।

मत्स्येंद्रनाथ की ग्रंथ संपदा इस प्रकार है — कौल ज्ञान निर्णय, अकुलवीर तंत्र, दो पोथियाँ — ए एवंबी, कुलानंद आदि। ज्ञान कारिका, इनका प्रमुख ग्रंथ है। डॉ. कल्याणी मलिक ने 'सिद्धसिद्धांत पद्धति' के साथ 33 छंदों का एक संग्रह और 'मत्स्येंद्रनाथ का पद' आदि संपादित किए हैं।

- **अन्य विशेषताएँ :—**

- नाथ संपद्राय के साधक की वेशभूषा है — कानों में कुंडल, धंधारी, रूद्राक्षमाला किंकरी, मेखला, जनेऊ, सिंगी, कंथा, दंडा, खापरी एवं आधारी ।
- आचरण में सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य आदि दस यम तथा दान, तप, पूजन, सिद्धांत श्रवणादि दस नियमों का पालन।
- योग मार्ग का पुरस्कार, हठयोग का आग्रह।
- वर्णाश्रम, धर्म, रूढ़ि, परंपरा, कर्मठता, तीर्थयात्रा आदि आचारों का विरोध।
- अद्वैत — द्वैत के संघर्ष से ऊपर उठकर अपना समन्वयात्मक दृष्टिकोन विकसित करते हुए ईश्वराद्वैत तत्वज्ञान प्रचारित।
- साधना के लिए उपदेश एवं प्रचार—प्रसार के लिए लोकभाषाओं का माध्यम के रूप में प्रयोग नाथ—संप्रदाय की एक महत्वपूर्ण देन है।
- स्त्री—शूद्रादि भेद विरहित समस्त मानव जाति के लिए, मानव—मात्र के लिए 'धर्मसाधना' के मार्ग को मुक्त करने का श्रेय भी नाथ संप्रदाय का ही है।

- **प्रभावक्षीणता के कारण :—**

इस संप्रदाय की योग साधना सहज और सामान्यों के अनुकूल नहीं थी। ब्रह्मचर्य का पालन साधकों के लिए कठिन था। इसलिए नाथ संप्रदाय का प्रभाव क्षीण होता गया।

महानुभाव संप्रदाय

• **स्वरूप :—** महाराष्ट्र में नाथ—मत वारकरी—मत में विलीन हो रहा था, उसी समय ईसा की 13वीं शताब्दी में स्वामी चक्रधर द्वारा महानुभाव पंथ का उदय हो रहा था। इसे महानुभाव के अतिरिक्त मानभाव, महात्मा अच्युत, जयकृष्णी भटमार्ग, परमार्ग आदि नामों से अभिहित किया जाता है।

महानुभाव संप्रदाय ने नाथों के ज्ञान को अपनाया लेकिन ज्ञान से अधिक भक्ति को महत्वपूर्ण माना।

संप्रदाय को निरंजन माधव के कालखंड में 'महानुभाव' अभिधान प्राप्त हुआ। 'इस संप्रदाय को 'महात्मा' भी कहा जाता है। 'अच्युत पंथ', 'जयकृष्णी पंथ' आदि नाम भी प्रचलित रहे हैं। 'जयकृष्णी पंथ' नाम पंजाब में प्रचलित रहा है। नागदेवाचार्य 'भटोबास' नाम से परिचित थे। उनके सांप्रदायिक प्रभाव के कारण यह 'भट पंथ' भी कहलाता है। संप्रदाय के आधार पर इसका नाम 'परममार्ग' भी था ऐसा अनुमान विद्वानों ने लगाया है।

• **परंपरा :—** महानुभाव संप्रदाय में चार अवतारों की कल्पना स्वीकृत है। यथा कृतयुग में हंसावतार, त्रेतायुग में दत्तावतार, द्वापर युग में श्रीकृष्णावतार तथा कलियुग में श्री चक्रधर।

महानुभाव संप्रदाय की 'पंचकृष्ण संकल्पना' भी एक विशिष्ट संकल्पना है। जीवों की मुक्ति के हेतु परमेश्वर के सगुण अवतारों की संकल्पना इस संप्रदाय में प्रतिपादित की गई है। इसी क्रम से 'पंच—परमेश्वर' के नाम दिए गए हैं। इन पंचकृष्णों में संप्रदाय के आदि दैवत हैं — श्रीकृष्ण। श्रीकृष्ण के विषय में सर्वात्मभाव इस संप्रदाय में विद्यमान है। पंचकृष्ण का दूसरा अवतार है — दत्तात्रेय का। इस संप्रदाय के दत्तात्रेय 'एकमुखी' एवं चतुर्भुजाओं से मंडित हैं। 'चांगदेव चक्रपाणि' ये तीसरे अवतार हैं। पंचकृष्णों में चौथा अवतार है श्री गोविंद प्रभु का।

महानुभाव संप्रदाय के पाँचवें कृष्ण उसके संस्थापक चक्रधर स्वामी हैं। अवतारों के संबंध में महानुभाव संप्रदाय की मान्यता है कि वे तीन प्रकार के हैं —

- परदृष्यावतार — जिसमें मात्र पराशक्ति का स्वीकार किया है।
- अवरदृष्यावतार — जिसमें केवल आदिशक्ति का स्वीकार किया है।
- उभयदृष्यावतार — परा—अवर दोनों शक्तियों का स्वीकार है। उदा. श्रीकृष्ण, दत्तात्रेय, श्री चक्रधर। कतिपय प्रसंगों में दोनों शक्तियों का स्वीकार करने के बाद भी एक शक्ति का संकेत किया जाता है, तो वह 'आच्छादनीय अवतार' कहलाता है, जैसे कि श्री चक्रपाणि।

इन अवतारों के अतिरिक्त और तीन अवतार भी प्राप्त होते हैं। यथा

- गर्भावतार — माता के गर्भ से जन्म लेनेवाला 'गर्भावतार' उदा. श्रीकृष्णावतार।
- दवडण्याचा — माता के गर्भ से दूर करने अर्थात दूर हटाने का अवतार। उदा. गोविंद प्रभु।
- पतितावतार — किसी मृत व्यक्ति के शरीर में प्रवेश करके लिया हुआ अवतार — पतितावतार उदा. श्री चक्रधर।

श्री चक्रधर के निर्वाण के पश्चात संप्रदाय में चार प्रमुख आचार्य हुए— नागदेवाचार्य, बाई देवबास, कवीश्वरबास तथा परशराम बास।

• **दार्शनिक चिंतन :—** श्री चक्रधर स्वामी ने रामानुजाचार्य का चिंतन 'विशिष्टाद्वैत' और निंबार्काचार्य का चिंतन द्वैताद्वैत इन दो प्रणालियों से भिन्न 'द्वैत' चिंतन प्रणाली का स्वीकार और प्रचार किया। द्वैत चिंतन का केंद्रीय विचार है कि जगत यथार्थ है। जीवात्मा और परमात्मा में भेद है।

श्री चक्रधर के द्वैतवादी चिंतन में जीव, माया, प्रपंच एवं परमेश्वर इन चारों को स्वतंत्र पदार्थ माना गया है। ये चारों पदार्थ स्वतंत्र हैं,

अनादि अनंत हैं। किन्हीं दो पदार्थों का पूर्ण ऐक्य संभव नहीं है। इन चार पदार्थों को अनादि मानते हैं।

जीव मूलतः स्फटिक सदृश शुभ्र है, किंतु अन्यथा ज्ञान के कारण वह काला हो जाता है। अविद्या छेदन से 'पांच पिशी' – अनादि, अविद्या, अन्यथा, ज्ञान, जीवत्व एवं मल नष्ट हो जाते हैं।

परमेश्वर को सृष्टि रचना की वासना हो जाती है, तो माया जीवों को चेतना प्रदान करती है, सृष्टि रचना का आरंभ करती है। माया के पाँच नाम हैं – चैतन्य, माया, विदेह, परा एवं शक्ति। वह जीवों को मोह लेती है, उसमें अन्यथा ज्ञान निर्माण करती है इसलिए 'माया' है। वह विदेह है, परा है, वह ईश्वर की 'आद्यशक्ति' है, स्थूल, सूक्ष्म प्रपंच की कारण है।

महानुभाव चिंतन के अनुसार पंचमहाभूत, सत्व, रज, तम त्रिगुण से प्रपंच विस्तार है। कारण रूप प्रपंच एवं कार्यरूप प्रपंच आदि प्रपंच के दो रूप हैं। कारण रूप प्रपंच अव्यक्त है, कार्यरूप प्रपंच के संहार के बाद भी मायारूप में इसका अस्तित्व बना रहता है। कार्यरूप प्रपंच व्यक्त है, संहार के प्रसंग में यह नष्ट हो जाता है।

माया और ईश्वर को मिलाकर परमेश्वर बनता है। वह सत्, चित् और आनंद लक्षणों से युक्त है। शंकर वेदांत में भी ये तीनों लक्षण एक ही ब्रह्मा के लक्षण हैं। ब्रह्म उसका अंतिम सत्य रूप है। ईश्वर को ब्रह्मा का सोपाधिक रूप मानकर गौण स्थान दिया गया है। महानुभाव चिंतन में परमेश्वर को अंतिम सत्य मानते हुए 'ब्रह्म' को गौणत्व दिया है।

महानुभाव संप्रदाय की यही मान्यता है कि प्रेमभक्ति का मार्ग श्रेष्ठ मार्ग है। भक्ति से ईश्वर प्राप्ति होने पर आनंद के विचार से भक्त भी ईश्वर समान बनता है। महानुभावों के द्वैत प्रधान चिंतन से यह स्पष्ट होता है कि श्री चक्रधर स्वामी ने शास्त्रों का गंभीर अध्ययन, मनन, चिंतन किया था।

• **साहित्य :—** महानुभाव संप्रदाय का साहित्य विपुल एवं वैविध्यपूर्ण है। संप्रदाय में पवित्र माने गए सात ग्रंथ हैं —

दामोदर पंडित का 'वछाहरण' (वस्त्रहरण) / नरेंद्र का 'रुक्मिणी स्वयंवर' / भास्कर भट्ट बोरीकर का 'शिशुपाल वध' और उद्धव गीता / पं. विश्वनाथ बालापूरकर का 'ज्ञान प्रबोध' / खलोबास कृत 'सैह्याद्री वर्णन' / नारोव्यास बहालिए का 'ऋद्धिपुर वर्णन आदि।

• **अन्य विशेषताएँ :—**

- मानस में विकार उत्पन्न करनेवाली सारी वस्तुओं का त्याग करने और काले कपड़े पहनने की परंपरा।
- इस में विशिष्ट आचरण पद्धति का निर्धारण । आचार धर्म संन्यासपरक वृत्ति से निर्मित।
- परमेश्वर प्राप्ति के लिए भक्ति का आग्रह इस संप्रदाय की विशेषता।
- इस संप्रदाय ने सनातन वैदिक धर्म को समन्वयात्मक एवं सामावेश बुद्धि से स्वीकार कर अपना विकास किया।
- अपने विचारों को जनमानस तक पहुँचाने के लिए मराठी का पुरस्कार।
- वैदिक धर्म में विद्यमान चातुर्वर्ण्य व्यवस्था बनाए रखी।

• **प्रभावक्षीणता के कारण :—**

इस संप्रदाय में सांप्रदायिकों के लिए इतना नियमन था कि एक नया कर्मकांड ही अस्तित्व में आया। इस कारण संप्रदाय का प्रभाव धीरे–धीरे क्षीण होता गया।

वारकरी संप्रदाय

• **स्वरूप :—** महाराष्ट्र की धर्म परंपरा में भागवत मतानुयायी वारकरी संप्रदाय एक विशिष्ट संप्रदाय है। इस संप्रदाय ने समाज के उदात्तीकरण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वारकरी संप्रदाय — महाराष्ट्र के संतों का भागवत धर्म है। वैदिक धर्म का यह विकसित रूप है।

वारकरी को 'माळकरी' नाम से भी अभिहित किया जाता है। गले में तुलसी की माला पहनना इस संप्रदाय का एक चिह्न है। परंतु आज यह संप्रदाय 'वारकरी' नाम से प्रख्यात है।

'वारकरी' शब्द की व्युत्पत्ति — वारी करनेवाला इस रूप में की जाती है।[9] आषाढ, कार्तिक, माघ एवं चैत्र मास की शुक्ल एकादशी —ग्यारस को जो नियमत: पंढरपुर जाकर विठोबा —पांडुरंग के दर्शन करता है, वह पंढरपुर का वारकरी है। उसकी उपासना का जो मार्ग है वह वारकरी संप्रदाय है। वारी— शब्द का अर्थ है बार—बार चक्कर लगाना। इसी अर्थ में वारकरी शब्द इस संप्रदाय के लिए रूढ़ हो गया।

• **परंपरा :—** ज्ञानेश्वर ने इस संप्रदाय की नींव डाली और गठन किया है। फिर भी इस संप्रदाय के आद्य प्रवर्तक के रूप में भक्त पुंडलिक को ही माना जाता है, क्यों कि पुंडलिक के कारण ही पांडुरंग—विट्ठल पंढरपुर में आए और कमर पर हाथ रखकर पुंडलिक द्वारा दी गई ईंटपर युगों से खड़े रहे हैं। ऐसा कहा जाता है कि यह मूर्ति कन्नड से आई है।

डॉ. ट्रंप के अनुसार 'विट्ठल' की व्युत्पत्ति है — विष्ट —वीठल—विट्ठल है। इसका अर्थ है — दूर। इसका अर्थ है विट्ठल—मत पंढरपुर में दूर से लाया गया है।[10]

संप्रदाय का आरंभ पुंडलिक से ही माना जाता है। इस संप्रदाय की ऐतिहासिक परंपरा का विकास पाँच खंडों में हुआ है।

- ज्ञानेश्वर पूर्व पुंडलिक का कालखंड
- ज्ञानेश्वर एवं नामदेव का कालखंड
- संत भानुदास, एकनाथ का कालखंड
- संत तुकाराम का कालखंड
- संत तुकाराम के बाद लगभग 300—350 वर्षों का कालखंड।

• **दार्शनिक चिंतन :—** संत ज्ञानेश्वर की ग्रंथरचना में जीव, जगत और जगदीश्वर के विषय में अभिव्यक्त दार्शनिक चिंतन और परमतत्व की प्राप्ति के लिए बताया गया साधना मार्ग ही वारकरी संप्रदाय के लिए आधार बना है। संत ज्ञानेश्वर के चिंतन का मुख्य आधार उपनिषद है। उनके चिंतन में शास्त्रनिष्ठा तथा आत्मनिष्ठा का समन्वय परिलक्षित होता है। ज्ञानेश्वर के चिंतन में नाथ और भागवत संप्रदाय का चिंतन एकीकृत हो गया है। शंकराचार्य के अद्वैत चिंतन को आधारभूत मानकर गीता के आधार पर संत ज्ञानेश्वर ने चिन्मय परब्रह्म को सर्वजन सुलभ कर दिया। उनके अनुसार विश्व का नानाविध रूपात्म माया क्रीड़ा है, मिथ्या भास है। विश्व का नानारूपत्व चिद्वस्तु की एक क्रीड़ा है। यह भौतिक विश्व अविद्या के कारण ही परमात्मा से भिन्न प्रतीत होता है। अविद्या का परदा हटते ही दोनों की अभिन्नता स्पष्ट हो जाती है। संत ज्ञानेश्वर ने मायावाद और स्फूर्तिवाद का समन्वय स्थापित किया है। अज्ञात के कारण जिसका अस्तित्व अनुभूत होता है — वह है प्रकृति। उसके दो रूप हैं— परा और अपरा। परा प्रकृति जीव है और अपरा प्रकृति जगत है। संकल्प — विकल्प के कारण जीव अपने आपको परमात्मा रूप से भिन्न मानता है और संकल्प — विकल्प समाप्त होने पर परमात्म स्वरूप हो जाता है। प्रकृति, माया के कारण परमात्मा पर होनेवाली भ्रांति है। भ्रांति नष्ट होते ही जीव परब्रह्मस्वरूप को प्राप्त करता है। परमात्मा के पुरुषत्व के लिए प्रकृति ही कारण है, वह कर्त्री है। ज्ञानेश्वर प्रकृति—पुरुष के द्वैत का खंडन कर उसका अद्वैत सिद्ध करते हैं। इस संप्रदाय का दार्शनिक चिंतन कर्मयोग और भक्तियोग पर आधारित है।

• **साहित्य :—** वारकरी संप्रदाय में संत ज्ञानेश्वर के चार ग्रंथों को ही संप्रदाय के आधार ग्रंथ माना जाता है —

◦ ज्ञानेश्वरी — श्रीमद्भगवत् गीता की प्राकृत में की गई टीका है।

- अमृतानुभव — वेदांत का सार इसका प्रतिपाद्य है।
- चांगदेव पासष्टी — योगी चांगदेव को 'तत्वमसि' महावाक्य का बोध कराने के उद्देश्य से यह ग्रंथ निर्मित हुआ है। ज्ञानेश्वरजी ने इस ग्रंथ के द्वारा चिद्विलास या स्फूर्तिवाद की स्थापना की है।
- अभंगवाणी — इसमें एक आर्त भक्त के अंत:करण में विद्यमान उत्कट भावोंका अविष्कार हुआ है।

वारकरी संप्रदाय के अन्य संतों की ग्रंथसंपदा

- संत एकनाथ — चतु:श्लोकी भागवत, रुक्मिणी स्वंयवर, एकनाथी भागवत, भावार्थ रामायण।
- संत नामदेव — 'संत नामदेव की पदावली'।
- संत तुकाराम — 'तुकाराम की अभंग गाथा'

• **अन्य विशेषताएँ :—**

- नाम महिमा इस संप्रदाय की भक्ति का केंद्रबिंदु है।
- 'रामकृष्ण हरी' मंत्र का उद्घोष वारकरी संप्रदाय का प्रमुख आचार है।
- इस संप्रदाय की आचार संहिता है — सच बोलना, परस्त्री को रुक्मिणी के अनुसार मानना, हिंसा न करना, आषाढी कार्तिकी को पंढरपुर की वारी करना, एकादशी का व्रत रखना, रामकृष्ण हरी मंत्र का जप करना, गोपीचंद की मुद्रा धारण करना, मस्तक पर अबीर लगाना आदि।
- इस संप्रदाय ने लोकभाषा और लोकसाहित्य के रूपों का प्रयोग किया है।
- स्त्री—पुरुष समानता और सामाजिक एकता की दृष्टि से संप्रदाय का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है।

• **लोकप्रियता के कारण :—** ज्ञानेश्वर की नीतिमिमांसा का आध्यात्मिक आधिष्ठान समाज जीवन के लिए पोषक ही सिद्ध हुआ। वारकरी संप्रदाय ने महाराष्ट्र के धार्मिक—राजनीतिक अराजकता के कालखंड में स्फूर्ति देने

का कार्य किया। संतों के द्वारा प्रदीप्त स्वधर्म निष्ठा के कारण ही आज भी 'वारकरी संप्रदाय' अपना अस्तित्व बनाए हुए है ।

दत्त संप्रदाय

• **स्वरूप :—**

नाथ और महानुभाव संपद्रायों से श्री दत्तात्रेय की उपासना होती रही है। महाराष्ट्र में इसका सांप्रदायिक स्वरूप ईसा की 14 वीं शताब्दी में नरसिंह के अवतार कार्य से प्रकट हुआ है। सामान्यतया दत्तात्रेय का जन्मदिन मार्गशीर्ष पौर्णिमा को प्रदोष काल में संपन्न किया जाता है। सन 1000 ई. या उससे कुछ समय पहले विविध उपनिषदों में दत्तात्रेय का उल्लेख है। इस उल्लेख से दत्तात्रेय विषयक निम्न बातें स्पष्ट होती हैं—

- दत्तात्रेय अत्रि और अनुसूया के पुत्र हैं।
- अत्रि की तपश्चर्या से प्रसन्न होकर विष्णु ने दत्त रूप में उनके यहाँ पुत्र के रूप में जन्म लिया।
- दत्त, विष्णुरूप हैं इसलिए वह चतुर्भुज एवं एकमुख हैं।
- विष्णु स्वरूप होते हुए भी मुक्त रूप में विहार करनेवाले अवधूत योगी हैं।
- वह योग मार्ग का पुरस्कर्ता, उपदेशकर्ता हैं इसलिए सर्वोच्च स्थान अर्थात गुरुस्थान में विद्यमान हैं।

• **परंपरा :—** दत्त संपद्राय का प्रवर्तन श्री नरसिंह सरस्वती ने किया। उपासना मार्ग का प्रतिपादन करनेवाले प्रमुख सांप्रदायिक ग्रंथ के रूप में 'गुरुचरित्र' का निर्माण हुआ और इस प्रकार श्री दत्तात्रेय की उपासना को केंद्र बनाकर 'दत्त संप्रदाय' अस्तित्व में आया।

दत्त संप्रदाय के भावुक भक्त दत्तात्रेय के सोलह अवतार मानते हैं — जिनमें से प्रथम दो हैं — श्रीपाद श्री वल्लभ और नरसिंह

सरस्वती। इन सोलह अवतारों के अलावा दासोपंत, अक्कलकोट स्वामी महाराज, माणिक प्रभु आदि उपासकों के अवतारों की गणना की जाती है।

श्रीमद्भागवत के एकादश स्कंध में वर्णित दत्तात्रेय के 24 गुरु दत्त संप्रदाय में मान्य रहे हैं। दत्तात्रेय के शिष्यों में सहस्रार्जुन, कार्तवीर्य, भार्गव, परशुराम, यदु, अलर्क, अयु एवं प्रह्लाद आदि पुराणांतर वर्णित शिष्य हैं।

• **दार्शनिक चिंतन :—** दत्त संप्रदाय अद्वैत वेदांत का अनुसरण करता है। दत्त प्रबोधन ग्रंथ में दत्त—अनसूया संवाद के रूप में जीव, जगत् एवं ईश्वर के विचार प्रतिपादित हैं। अनसूया के ब्रह्म विषयक प्रश्न का उत्तर दत्तात्रेय ने दिया है, — ब्रह्म, अखिल, अभंग, निरूपाधिक कार्य करनेपर भी अकर्ता, भोग भोगकर भी अभोक्ता, शुद्ध शांतनिर्गुण निरामय, निःसंग नित्यानंद और गोचर ब्रह्मांड का निर्माता होता है वह इंद्रिय प्रेरक जगद्रूप में व्याप्त एवं ज्ञानगम्य है। प्रकृति के संबंध में कहा गया है कि परमात्मा अभिन्न इच्छा, शक्तिरूपा प्रकृति है। उससे त्रिगुणात्मक माया, भूतसृष्टि और तीनों लोक उत्पन्न हैं।

जीव के संबंध में कहा गया है कि जीव, परब्रह्म रूप है। परंतु भिन्न देह धारण करने के कारण भिन्न—भिन्न भासित होता है। ईश्वर के विषय में कहा गया है कि ब्रह्मा, विष्णु, महेश आदि ईश्वर के अनेक रूप हैं, किंतु ये एक ही ईश्वर के रूप हैं। ईश्वर केवल चैतन्यरूप है। वह किसी को दिखाई नहीं देता। विचारपूर्वक अहंभाव का त्याग करने पर जो शेष रहता है, जिसका त्याग नहीं किया जा सकता वही आत्मरूप है। ईश्वर और आत्मा भिन्न नहीं है। जगत् के स्वरूप के संबंध में संक्षेप में कहा जा सकता है कि दृष्टिगोचर जड़ जगत चैतन्य से भिन्न नहीं है। परमेश्वर ने अपनी इच्छा के अनुसार ब्रह्मांड का निर्माण किया। उसके संकल्प से जगत

का निर्माण होता है, वह बना रह सकता है और उसका लय भी हो जाता है। चैतन्य रूप आत्मा के बिना जगत का कोई अस्तित्व नहीं है।

• **साहित्य :—** सांप्रदायिक ग्रंथों में 'वेदांतसार', 'अवधूतगीता', 'प्रबोधनचंद्रिका' और 'स्वात्मसंवित्युपदेशः' आदि प्रमुख हैं। शक 1480 में सरस्वती गंगाधरजी ने लिखा हुआ 'गुरुचरित्र' ग्रंथ महाराष्ट्र में विशेष लोकप्रिय है। 'गुरुचरित्र' ग्रंथ के समान 'श्रीदत्तबोध' ग्रंथ का भी संप्रदाय में महत्वपूर्ण स्थान है।

• **अन्य विशेषताएँ :—**

- अद्वैत वेदांत का अनुसरण करते हुए भी व्यवहार—आचार के क्षेत्र में यह संप्रदाय सगुणोपासक, गुरु भक्ति प्रधान है।
- दत्तात्रेय के सगुण सालंकृत रूप के पूजन के साथ प्रतीक रूप में भी पादुकाओं का, चरण प्रतिमाओं का पूजन किया जाता है।
- मुसलमानों की संकुचित धार्मिक वृत्ति को उदारता में परिवर्तित करने का प्रयास दत्त संप्रदाय ने अवश्य किया है।

हिंदू धर्मांतर्गत विभिन्न पंथों के उपासना मार्गों के समन्वय में त्रिगुणात्मक मूर्ति की उपासना द्वारा दत्त संप्रदाय की स्थापना विशेष प्रशंसनीय है। उत्तर काल में अपनी कर्मठता के कारण यह संप्रदाय संकुचित हो गया।

समर्थ संप्रदाय

• **स्वरूप :—**समर्थ संप्रदाय के संस्थापक समर्थ रामदास रहे। ज्ञानेश्वरादि संत जिस भागवत परंपरा में विकसित, प्रतिष्ठित हुए थे, उसी भागवत धर्म का एक प्रवाह, संप्रदाय के रूप में संत रामदास ने प्रवर्तित किया, जो 'समर्थ संप्रदाय' के रूप में अधिक मान्य रहा है। उनकी यह अभिलाषा थी कि रामभक्ति को चरम ऊँचाई पर ले जाएँ। इसलिए समन्वय के अधिष्ठान

पर विकसित भागवत धर्म की परंपरा का दाय स्वीकार करते हुए उन्होंने 'संप्रदाय' का प्रवर्तन किया था।

उस वक्त महाराष्ट्र में मुसलमानों का शासन था। समाज विशृंखलित हो चुका था, विपन्न अवस्था में पहुँच चुका था। ऐसी अवस्था में स्वधर्म और स्वराज्य विषयक अपनी विचारधारा को प्रतिष्ठित करने के लिए समर्थ रामदासजी ने समर्थ संप्रदाय की स्थापना की ।

• **परंपरा :—** उनकी गुरु परंपरा इस प्रकार रही — आदनारायण—महाविष्णु—हंस—ब्रह्मा—वशिष्ट—श्रीराम। समर्थ रामदास के कोई मानवीय गुरु नहीं रहे। [11] प्रत्यक्ष राम ही उनके गुरु हैं।

• **दार्शनिक चिंतन :—** 'दासबोध' की रचना द्वारा समर्थ रामदास के दार्शनिक चिंतन का निचोड़ ही प्रस्तुत होता है। निर्गुण, निराकार, नि:संग ब्रह्म रूप शब्दों के माध्यम से समझा नहीं जा सकता। वह सद्गुरु ही श्रवणाभ्यास द्वारा प्राप्त करा देता है। ब्रह्म ही एक ऐसा तत्व है जिसके अतिरिक्त अन्य किसी में पारमार्थिक सत्ता नहीं है। ब्रह्म में एक समत्व भाव है। परब्रह्म की आत्मप्रतीति के कारण निर्मित समत्व दृष्टि समर्थ रामदास के दार्शनिक चिंतन के मूल में विद्यमान है। समर्थ रामदास प्रयत्नवादी या कर्ममार्गी हैं। दासबोध में आत्मज्ञान की प्राप्ति के बाद कर्म या नैष्कर्म्य के विवाद को खड़ा करते हुए समर्थ रामदास ने निष्क्रियता या मुक्तावस्था का विरोध किया है। उनके अनुसार ब्रह्मावस्था की प्राप्ति मुक्तावस्था नहीं है। सत्य ब्रह्म के संकल्प का तात्पर्य है 'हरि संकल्प'। मूल माया के दो रूप हैं — स्थूल से सूक्ष्म की ओर जानेवाली गुणमाया और अविद्या माया। गुण—माया शिव सापेक्ष है तो अविद्या माया जीव सापेक्ष है।

विश्व माया से निर्मित है। ब्रह्म घनरिक्त आकाश से भी विशाल, निर्मल एवं निश्चल है, निर्विकार है। उसमें एक संकल्प अद्भुत

होता है। ब्रह्म निश्चल है किंतु संकल्प चंचल होता है। यह संकल्प ही आदि नारायण मूल माया, जगदीश्वर, षडगुणेश्वर आदि नामों से जाना जाता है। अष्टविधा प्रकृति का वही मूल है। इसी से पंचमहाभूत निर्माण हुए हैं। आकाश ही अंतरात्मा है। उसी से वायु पैदा होती है, वायु से तेज– तेज से उष्णता और अग्नी का निर्माण हुआ है। इसी अग्नि से सूर्य की निर्मिति हुई है। मूल माया के उद्‌भव से ब्रह्म की निश्चलता विचलित नहीं होती। निर्गुण ब्रह्म को गुणत्व प्राप्त नहीं होता। सगुण भक्ति से निर्गुण भक्ति की प्राप्ति करा देने वाली नवविधा भक्ति के साथ कर्मयोग पर आधारित उनका दार्शनिक चिंतन रहा है।

• **साहित्य :—** समर्थ रामदास की ग्रंथसंपदा प्रचुर मात्रा में है।

◦ **ग्रंथराज दासबोध :—** यह सांप्रदायिक प्रमाण ग्रंथ के रूप में मान्यताप्राप्त ग्रंथ है।

◦ **इक्कीस समासी :—** यह 'पुराना दासबोध' नाम से जाना जाता है। साथ ही 125 श्लोकों का 'रामायण', 'चौदह ओवीशत', 'रामवरदायिनी', 'आनंदभुवन', 'मनोबोध', 'आत्माराम', करुणाष्टक, सोलह लघु काव्य, पुराण पुरुष, मानस पूजा आदि उनके ग्रंथ रहे हैं।

समर्थ की **'हिंदी पदावली'** हिंदी में लिखे गए पदों का संग्रह है।

संप्रदाय की अन्य विशेषताएँ :—

◦ संप्रदाय के साधक ब्रह्मचारी एवं गृहस्थी दोनों हैं। संप्रदाय की विशिष्ट वेशभूषा है बगल में कुबड़ी, गले में झोली, हाथ में करताल, बदन पर गेरूए रंग की कौपिन, भाल प्रदेश में राम मुद्रा और मुँह में मन प्रबोधन के श्लोक आदि। इस वेशभूषा से वैराग्य भाव की अभिव्यक्ति होती है।

◦ ग्यारह हुनमान मंदिरों की स्थापना और मठ स्थापना के द्‌वारा समर्थ रामदास ने प्रपंच और परमार्थ का समन्वय करना चाहा।

◦ समाज प्रबोधन करना संप्रदाय की प्रमुख विशेषता रही।

- संप्रदाय का उद्देश्य पारमार्थिक क्षेत्र में समत्व तथा उच्च मानवी नीतिमत्ता का भगवद् भक्ति के साथ समन्वय स्थापित करना था।
- इस संप्रदाय में धर्मक्षेत्र में कर्मकांड, मूर्तिपूजा, उसकी भावुकता इन बाह्यचारोंका विरोध किया गया है।
- 'मुख्य हरिकथा निरूपण। दूसरी राजनीति।
  तीसरी सो सावधानी। सर्वविषयक।' यह चतु:सूत्री सांप्रदायिक आचार की बुनियाद है। [12]
- दैनंदिन आचारों में स्नान, संध्यावंदन, देवता पूजन, तथा ग्रंथों के पठन का समावेश है। भिक्षा माँगना सांप्रदायिक के लिए एक अनिवार्य आचारधर्म है।

• **प्रभावक्षीणता के कारण :—** कालानुसार भिक्षा से उदर निर्वाह करने तक ही साधना सीमित हो गई और धीरे—धीरे संप्रदाय का प्रभाव क्षीण होता गया।

स्पष्ट है कि ईसा की दसवीं शती के पूर्व से महाराष्ट्र में आध्यात्मिक संप्रदायों का प्रचलन रहा है। इनमें से नाथ संप्रदाय सबसे प्राचीन रहा है और उससे न्यूनाधिक प्रभाव ग्रहण करते हुए महानुभाव, वारकरी, दत्त तथा समर्थ संप्रदाय का आविर्भाव हुआ है। इस सभी संप्रदायों ने अपने दार्शनिक विवेचन के साथ—साथ सामाजिक समन्वय की दृष्टि से भी प्रयत्न किए हैं। इन सभी संप्रदायों ने समाज प्रबोधन के हेतु लोकभाषा का प्रयोग किया है। इस अध्ययन के पश्चात हर संप्रदाय से जुड़े हुए संतों के दार्शनिक विचारों को देखने की आवश्यकता महसूस होती हैं। इसमें सबसे प्रथम आते हैं संत ज्ञानेश्वर, उसके बाद नामदेव, तुकाराम, एकनाथ, रामदास आदि।

4.3 मराठी के प्रमुख संत–कवियों के काव्य में व्यक्त दार्शनिक दृष्टि

4.3.1 संत ज्ञानेश्वर : ब्रह्म, जीवात्मा, जगत्, माया, मोक्ष :

संत ज्ञानेश्वरजी का जन्म पुण्यक्षेत्र आळंदी को (शके 1193 इ. स. 1275)[13] को हुआ। उनके पिता का नाम विट्ठलपंत तथा माता का नाम रखुमाबाई था। उनके बड़े भाई का नाम निवृत्तिनाथ था। छोटे भाई का नाम सोपान तथा बहन का नाम मुक्ताबाई था। ज्ञानेश्वर जी के पारमार्थिक गुरु उनके बड़े बंधु निवृत्तिनाथ ही थे। ज्ञानेश्वरजी पर शैवमत का प्रभाव विशेष रूप से था। उनके मुख्यत: ग्रंथ हैं – ज्ञानेश्वरी, भावार्थदीपिका, अमृतानुभव और चांगदेव पासष्टी। उन्होंने (शके 1215 इ. स. 1296) [14] कार्तिक मास में आळंदी में संजीवन समाधि ले ली थी।

ज्ञानेश्वर का दर्शन शांकर तत्वज्ञान की भाँति अद्वैतवादी है। यह अद्वैत सिद्ध करने के लिए उन्होंने शंकर के अनिर्वचनीय मायावाद का अथवा अज्ञानवाद का उपयोग तो किया परंतु उनके अतिरिक्त, गौडपादकारिका, योगवशिष्ठ, शैवाद्वैत और नाथपंथियों के अद्वैतसिद्धि के लिए प्रयुक्त युक्तिवाद को भी लिया है। ज्ञानेश्वरजी का निर्गुण निर्विशेष अद्वैत दर्शन एक ओर से शून्य और मायावादी है तो दूसरी ओर से विज्ञानवादी, दृष्टि–सृष्टिवादी और स्फूर्तिवादी बना है। उनका दर्शन वेदांत के अलग–अलग मतों की खिचड़ी नहीं है, न अनुवाद मात्र है, तो अनेक महर्षियों की पंक्ति में ससम्मान बैठने के लिए पर्याप्त है। चिद्विलासवाद का एक मौलिक तत्वज्ञान उन्होंने दुनिया को दे दिया। यहाँ ज्ञानेश्वरजी के दार्शनिक विचारों का नाथपंथ के विचारों के आलोक में अध्ययन किया गया है। तत्वज्ञान का विचार करते समय हमेशा ब्रह्म, जीव, जगत्, माया और मोक्ष का विचार किया जाता है।

ब्रह्म :

सिद्ध–सिद्धांत पद्धति में परब्रह्म को 'स्वसंवेद्य [15] और अनुभवगम्य [16] ही माना है। इसकी अनुभूति पुस्तक ज्ञान से या तर्क से नहीं होती। ज्ञानेश्वर जी मानते हैं कि यह विद्या अनुभव पर आधारित है इसलिए उन्होंने परब्रह्म को 'स्वसंवेद्य' कहा है। उसका खुद अनुभव करना चाहिए। वे कहते हैं कि इस अमृत अनुभव से विश्व के आनंद को भी अविर्चनीय आनंद मिलेगा। आनंद के द्वारा आनंद का अनुभव लिया जाएगा। ज्ञानेश्वर जी कहते हैं कि यह अनुभव अकथ है। बिना शब्दों के इससे संवाद करना चाहिए (शब्देविण संवादिजे)। ऐंद्रिय अनुभूति के बिना यह सुख भुगतना चाहिए, चर्चा करने से पहले ही तत्व का आस्वाद लेना चाहिए। यह अनुभूति अनिवेद्य है। वेद भी उस ब्रह्म का वर्णन नहीं कर सकते। वे भी मौन हो जाते हैं "येथे वेद मुके जाहले । मन पवन पांगुकले।"[17] ज्ञानेश्वरजी के मतानुसार अनुभूति पुस्तक ज्ञान से नहीं मिलती। मोर पंखोंपर आँखें होती हैं, लेकिन उनमें दृष्टि नहीं होती, उसी तरह बिना अनुभूति के ज्ञान, ज्ञान नहीं होता।

मोराचां आंगी असोसें। पिसे आहाति डोळसे।
परी एकली दिठी नसे। तैसे ते गा। [18]

ज्ञानेश्वरजी ने ब्रह्म का वर्णन निर्गुण, निराकार, अव्यक्त, अरूप, अनाम आदि विशेषणों से किया है। ब्रह्म का वर्णन करते समय उन्होंने दार्शनिक पारिभाषिक शब्दावली के साथ–साथ दृष्टांतों और उदाहरणों का प्रयोग किया है। ज्ञानेश्वर जी कहते हैं परब्रह्म का वर्णन नहीं किया जा सकता।

'म्हणोनी आथी नाथी हे बोली। जे देखोनि मुकी जाहली।
विचारासी मोडली। वाट तेथे।' [19]

वह सब अवस्थाओं में सब कालों में स्फुरित होता है।

उसको 'विश्वबाहु' 'विश्वांघ्रि' 'विश्वतश्चक्षु' कहा गया है। उस परमतत्व को हाथ, पैर, नेत्र कुछ नहीं हैं। ब्रह्म का विवेचन करते हुए ज्ञानेश्वर जी कहते हैं यह उत्तम पुरुष, जागृति, स्वप्न और सुषुप्ति इन तीन अवस्थाओं के परे होता है।

कां घ्राणा फुला दोहीं। दुती असे जे माझारिला ठायी।
ते न दिसे तरी नाही। ऐसे बोलों नये। [20]

अर्थात् यह नाक और फूल दोनों के दरम्यान होनेवाले सुवास के समान है, जो दिखाई नहीं देता, पर प्रतीत होता है। विश्रांति का का विश्राम, सुख का महासुख और महाशून्य का शून्य ऐसा क्षरक्षरातीत पुरुषोत्तम अनुपमेय है।

तैसे विश्वपणें काही होये। विश्वलोपी केहीं न जाये।
जैसा रात्री दिवसे नोहो। द्विधा रवि।। [21]

अर्थात् दिन और रात के भेद से सूरज जिस प्रकार द्विधा नहीं होता, उसी प्रकार विश्व की उत्पत्ति और लय से उसकी उत्पत्ति और लय नहीं होते। वह नित्य, अखंड और एक ही रहता है। निर्गुण निराकार रूप का वर्णन करते हुए ज्ञानेश्वर जी कहते हैं लोग मुझे मनुष्य समझते हैं, मुझपर मनुष्य धर्म का आरोप लगाते हैं। मुझ जैसे अनाम से नाम की, विदेही में देह की, अचक्षु में चक्षु की प्रतिष्ठापना करते हैं। सच देखा जाए तो निर्गुण ब्रह्म में मानुष धर्मों की कल्पना करना अज्ञान ही है। हरिपाठ में भी ब्रह्म का सर्वव्यापी माना है। 'सर्वाघटी राम देहादेही एक।' [22] ज्ञानेश्वर जी कहते हैं, बदनसीब लोग पत्थरों की पूजा करते हैं, तीर्थों की यात्रा करते हैं। वास्तव में परब्रह्म कुछ भी नाम रूप नहीं है। आत्मा देवता है और उसकी पूजा करना ही भक्ति है। परब्रह्म सर्वत्र व्याप्त है, देखने गए तो सूर्यप्रकाश में भी नहीं दिखाई देता, नहीं तो मच्छर में भी दिखाई देता है। इस प्रकार ज्ञानेश्वर जी ब्रह्म वर्णन नाथपंथ के अनुरूप है।

ज्ञानेश्वरजी का ब्रह्म निर्गुण, निराकार और सर्वव्यापी है। उन्होंने कहा है, 'जे जे भेटे भूत, ते ते मानिजे भगवंत' [23]

अर्थात् हर जीव को परमेश्वर समझो।

या उपाधिमाजी गुप्त। चैतन्य असे सर्वगत। ते तत्वज्ञ संत। स्वीकारिती। [24]

अर्थात् सब वस्तुओं में वही चैतन्यरूप परब्रह्म व्याप्त है। वे कहते हैं

तरी दोन्ही पालवेवरी। जैसा एक तंतू अंबरी।

तैसा मीवांचूनी चराचरीं। जाणती ना। [25]

अर्थात् जिस प्रकार वरू में एक छोर से दूसरे छोर तक एक ही धागा रहता है, उसी प्रकार चराचर में मेरे सिवा और कोई नहीं है।

आदि ब्रह्मा करूनी। शेवटी मशक धरूनी।

माजी समस्त हें जाणोसी। स्वरूप माझे। [26]

अर्थात् क्षूद्र कीटक से लेकर ब्रह्मा तक सब में मेरे सिवा और कोई नहीं है।

ज्ञानेश्वरजी को सद्गुरु की महत्ता मान्य थी। वे ब्रह्म को गुरुगम्य ही मानते थे। उन्होंने सद्गुरु को वसंत ऋतु की उपमा दी है। वसंत ऋतु जब तक आता नहीं, तब तक माली के लाख प्रयत्न करने पर फूल खिलते नहीं, उसी प्रकार लाख साधना करने पर भी जब तक गुरु कृपा नहीं होती, तब तक साधना सफल नहीं होती। इसलिए ज्ञानी और मुमुक्ष को गुरु की आवश्यकता है।

ज्ञानेश्वरी में विश्वरूप ब्रह्म का वर्णन प्राप्त होता है। वे कहते हैं कि विश्वरूप का तेज जितना है मानो आसमाँ में एक साथ करोडों सूर्य उदित हुए हैं। सब विद्युतों का समुदाय, प्रलयाग्नि की सब सामग्री और दस महातेज एकत्रित किए तो भी उस विश्वरूप के तेज की तुलना नहीं हो सकेगी। उस शरीर में सारा विश्व दिखाई देता है। उसमें देवताओं के साथ स्वर्ग है, ब्रह्मलोक है, कैलाश है। स्वर्ग, पाताल, पृथ्वी, सब दिशाएँ,

आकाश उसमें व्याप्त है। उस विश्वरूप के अनंत हाथ हैं, अनंत पैर हैं, चंद्र और सूर्य की दो आँखों से वह कृपा और क्रोध दिखाता है। प्रलयाग्नि के तेज के समान उसका मुँह है। जिस प्रकार चहुओं से दहकते हुए दावानल से परिव्याप्त पर्वत सी ज्वालाएँ निकलती हैं, उसी प्रकार उसके दाँत और दाढ़ों से उसकी जिह्वा ललकती है। उसके तेज से सारा विश्व झुलस रहा है। जो विश्वरूप अर्जुन देखना चाहता था, उसका वर्णन ज्ञानेश्वरी में किया गया है।

शब्द ब्रह्म या ॐकार की महिमा ज्ञानेश्वरजी ने भी गाई है। शब्द ब्रह्म को गणेश की सुंदर और निर्दोष देह मानी है।

अकार चरणयुगल। उकार उदर विशाल।

मकार महामंडल। मस्तकाकारें। [27]

अर्थात् ॐकार की पहली मात्रा ही गणेश के दो चरण हैं, दूसरी उकार मात्रा उसकी बड़ी तोंद है और तीसरी अकार मात्रा उसका मस्तक है।

हे तिन्ही एकवटले। तेथे शब्द ब्रह्म कवकले।

ते मिया गुरुकृपा नमिले। आदि बीजा। [28]

अर्थात् उन्हीं तीन मात्राओं से शब्द ब्रह्म तैयार होता है। ओंकार के ध्यान से ही ब्रह्मा में विश्व सृजन की क्षमता पैदा हुई है। ॐयह एकाक्षर ब्रह्म है। देह त्याग करते समय ओंकार का ध्यान किया तो साधक परमगति प्राप्त करता है। अभंगों में भी विश्व की उत्पत्ति ॐकार से मानी है। ज्ञानेश्वरजी ने शून्य को ब्रह्म का पर्यायवाची माना है।

सुखासि सुख जोडिले। जें तेज तेजासि सापडले।

शून्यही बुडालें। महाशून्यीं जिथे।। [29]

अर्थात् जो सुख का प्राप्त हुआ सौख्य है, जो तेज को मिला हुआ तेज है। जिसमें ब्रह्मरूपी महाशून्य में आकाशादि शून्य भी विलीन हुए, वही उत्तम पुरुष है, निर्गुण ब्रह्म है।

ज्ञानेश्वरजी ने 'शून्यलिंग' शब्द कुंडलिनी के अर्थ में भी प्रयुक्त किया है। जो निराकार शून्यस्वरूप परब्रह्म का निदर्शक शिवलिंग है और जो प्राणों की जन्मभूमि है वही कुंडलिनी हृदय में प्रवेश करती है।

आपुलिया साटोवाही। शून्य घेती उठाउती।

ते ही मातेंचि किरिटी। पावती ग। [30]

अर्थात् योगी की प्रगति और षट्चक्र भेदन का आलंकारिक वर्णन करते हुए ज्ञानेश्वर जी कहते हैं कि उन कष्टों के बदले में योगियों को तुरंत ही निराकार शून्य ब्रह्म की प्राप्ति होती है। अंत में वे मुझ में ही विलीन होते हैं। यहाँपर शून्य का यौगिक अर्थ है। ज्ञानेश्वरजी का शून्यवाद बौद्धों के शून्यवाद से भिन्न है। ज्ञानेश्वर जी ब्रह्म तत्व को द्वैताद्वैत विलक्षण मानते हैं।

ते तरी व्यक्त ना अव्यक्त। नित्य ना नाशवंत।

या दोन्ही भाव अतीत। अनादिसिद्ध। [31]

अर्थात् वह व्यक्त भी नहीं है, अव्यक्त भी नहीं है। वह नित्य भी नहीं है और नाशवंत भी नहीं है। वह दोनों भावों से अतीत और अनादिसिद्ध है। ज्ञानेश्वर जी कहते हैं कि आग लकड़ी को जलाकर खुद जलती है, उसी प्रकार ज्ञान अज्ञान का नाश करता है और साक्षात्कार के बाद वह ज्ञान भी नष्ट होता है। अर्थात् परमतत्व, ज्ञान और अज्ञान से परे है। वह द्वैत भी नहीं अद्वैत भी नहीं, तो द्वैताद्वैत विलक्षण तत्व है।

ज्ञानेश्वरजी के अभंगों में भी सगुण निर्गुणातीत रूप का वर्णन किया है। सगुण और निर्गुण दोनों एक गोविंद है।

'विरहिणी' में भी ज्ञानेश्वरजी ने द्वैताद्वैत का उल्लेख किया है। उसमें कहा है कि द्वैताद्वैत विरहित गोपियाँ अमृत का घड़ा लेकर आई है। ज्ञानेश्वरजी के साहित्य में सगुण का वर्णन है, लेकिन उनका अंतिम उद्देश्य निर्गुण भक्ति ही रहा है।

जीवात्मा :

ज्ञानेश्वरजी के आत्मतत्व पर वेदांत, उपनिषद और शंकराचार्य का प्रभाव दिखाई देता है। वे वेदांतियों की तरह आत्मा को स्वयंप्रकाश एवं ज्ञानरूप मानते हैं। उन्होंने आत्मतत्व को निर्गुण, निराकार, अजर, अमर, अकाटय, अच्छेद्य, अभेद्य और सर्वव्यापी कहा है। आत्मा और ब्रह्म में वे पूर्ण अद्वैत मानते हैं। ज्ञानेश्वर जी कहते हैं देह अनित्य है और आत्मा नित्य है।

सकल ना निष्कुल। अक्रिय ना क्रियाशीलु।
कृशु ना स्थूलु। निर्गुण पणे।। [32]

अर्थात् वह सकल भी नहीं और क्रियाशील भी नहीं है। वह अक्रिय भी नहीं है और क्रियाशील भी नहीं है। वह स्थूल भी नहीं और कृश भी नहीं। आत्मा अरूप होने के कारण वह दृश्य भी नहीं और अदृश्य भी नहीं है। वह प्रकाश सहित अथवा प्रकाश रहित भी नहीं है। वह थोड़ा भी नहीं और बहुत भी नहीं। वह शून्य रूप होने के कारण किसी से व्याप्त भी नहीं और किसी से रिक्त भी नहीं है। वह किसी वस्तु से सहित भी नहीं और विरहित भी नहीं है। वह साकार भी नहीं और निराकार भी नहीं है। आत्मा आत्मरूप होने के कारण आनंद सहित भी नहीं और आनंद रहित भी नहीं है। वह एक भी नहीं है और नाना आकार धारण करनेवाला भी नहीं है। वह मुक्त भी नहीं और बद्ध भी नहीं है।

अहोरात्रे जैशीं। येती जाती आकाशीं।
आत्मसले तैसी। देहें जाण।। [33]

अर्थात् जिस प्रकार आकाश में दिन और रात होती है और मिट जाती है, पर आकाश जैसा का वैसा रहता है, उसी प्रकार आत्मा पर देह की आकृतियाँ उत्पन्न होती हैं और मिट जाती हैं। पर आत्मा जैसी की वैसी रहती है। यह आत्मतत्व जानकर आत्मा में आत्मतत्व को और देह में धर्मों को जानना ही सच्चा आत्मज्ञान है।

ज्ञानेश्वर जी कहते हैं कि आत्मा का आविष्कार पहचानने का एकमात्र साधन देह है। आत्मा की अमरता को स्पष्ट करने के लिए उन्होंने अनेक दृष्टांत प्रस्तुत किए हैं।

पैं रखु डोलतु देखावा। तरी वारा वाजतु मानावा।
रखु नसे तेथे पांडवा। नाहीं तो गा।[34]

अर्थात् जब तक हवा चलती है, तब तक पेड़ हिलता डुलता है। पेड़ का हिलना डुलना बंद होने पर क्या हवा का अस्तित्व नहीं रहता?

कां परता के लिया अरसा। लोपु जाला तथा आभासा।
तरी आपणपें नाही ऐसा निश्चयो करावा।। [35]

अर्थात् जब तक आयना सामने है, तब तक हमारा अस्तित्व है और आयना हटाने के बाद हमारा अस्तित्व नष्ट नहीं होता। उसी प्रकार देह नष्ट होने के बाद आत्मा नष्ट नहीं होती।

जैसे जीर्ण वस्त्र सांडिजे। भग नूतन वढिजे।
तैसे देहांतरा ते स्वीकारिजे। चैतन्य नाथे।। [36]

अर्थात् जिस प्रकार फटा पुराना कपड़ा छोडकर हम नया कपड़ा पहनते हैं, उसी प्रकार आत्मा जीर्ण देह छोड़कर नई देह धारण करती है।

आत्मा को तर्क से नहीं जाना जा सकता। ध्यान भी उसको देखने के लिए लालायित है। वह मन के लिए दुर्लभ है और साधनाओं से भी दुष्प्राप्य है। जिसकी सीमा नहीं बताई जा सकती, ऐसा वह असीम पुरुषोत्तम है।

मन और बुद्धि के लिए आत्मा अगोचर है। उसके आकार धारण करने से उसकी निराकारिता खंडित नहीं होती। धारण किया हुआ आकार नष्ट होने से उसकी नित्यता में बाधा नहीं आती। अत: उसको अधर कहते हैं।

अमृतानुभव में ज्ञानेश्वर जी कहते हैं कि जिस प्रकार उज्ज्वलता, सुगंध और मार्दव तीनों से एक काफुर होता है। उसी प्रकार सत्चित् और आनंद इस त्रयी के परे हैं। आत्मतत्व या ब्रह्मतत्व संपूर्ण रीति से निरपेक्ष है। वहाँ थोड़ा भी सापेक्ष भाव नहीं है।

अमृतानुभव में आत्मा का वर्णन करते हुए ज्ञानेश्वर जी कहते हैं कि वेदों ने किन–किन विषयों का प्रतिपादन नहीं किया, पर आत्मतत्व का प्रतिपादन वह नहीं कर सका। सूरज सबको प्रकाशित करता है, लेकिन उसने आत्मतत्व को प्रकाशित नहीं किया। क्योंकि आत्मा गगन में व्याप्त होकर भी अवाशिष्ट है और सूरज गगनांतपाती है। नाथपंथ के समान ज्ञानेश्वरजी भी 'आत्मा' को ब्रह्म के समकक्ष और द्वैताद्वैत विलक्षण मानते हैं। उनके मतानुसार आत्मतत्व निर्गुण, निराकार, अव्यक्त, अजर, अमर, अकाट्य, अलक्ष्य और सर्वव्यापी तत्व है।

जगत् :

जगत् सत्ता के स्वरूप के बारे में दार्शनिकों में विविध मत प्रचलित हैं। ज्ञानेश्वरजी ने जगत का जो वर्णन किया है, उसमें पांडित्य है, सुसूत्रता है। वे जगत् की उत्पत्ति ब्रह्म से मानते हैं। सबसे पहले ब्रह्मतत्व था और बाद में सृष्टि का निर्माण हुआ। उनका चिद्विलासवाद का अपना अलग सिद्धांत है। फिर भी ज्ञानेश्वरी में उन्होंने सृष्टि को नश्वर, मादिक और स्वप्न कहा है। वे कहते हैं कि जिस प्रकार हम स्वप्न देखते हैं और स्वप्न में हम स्वप्न की बात मानते हैं लेकिन जागृति में स्वप्नों की बातों का अस्तित्व नहीं होता।

हे उपजे आणि नाशे। ते मायावशे दिसे।

येम्हवी तत्वता वस्तु। जे असे ते अविनापशति।। [37]

माया के कारण ही जग उत्पन्न और नष्ट होता दिखाई देता है।

यह जगत सोए हुए को दिखाई देनेवाले स्वप्न के समान है। सत् स्वरूप चैतन्य में माया के कारण जगत् आभासित होता है।

अश्वत्थवृक्ष के रूपक के द्वारा ज्ञानेश्वरजी ने सृष्टि की नश्वरता स्पष्ट की है। यह संसार रूपी अश्वत्थवृक्ष है। अश्वत्थ याने 'न श्व: तिष्ठति'। जो कल तक भी नहीं रह सकता। ज्ञानेश्वर जी उसका वर्णन करते हैं कि श्व: याने कल, तब तक भी यह प्रपंचवृक्ष टिकता नहीं, इसलिए उसको अश्वत्थ कहते हैं।

जैसे एक क्षण के भीतर ही मेघ अपना रंग बदलता है या बिजली क्षण के लिए आँखों को चौंधिया देती है, उसी प्रकार यह प्रपंचवृक्ष क्षण–क्षण से नष्ट होता है। इसलिए अश्वत्थ कहा है।

तैसी ययाची स्थिती। नासत जाय क्षणाक्षणाप्रती।
म्हणौनि ययातें म्हणती। अश्वत्थु हा।। [38]

परंतु ज्ञानेश्वरजी ने अमृतानुभव में सृष्टि को मायिक नहीं माना है। वे कहते हैं यह जगत् ब्रह्म का विलास है। यह चिद्विलास है। यहाँ नाथपंथ के समान ज्ञानेश्वर जी जगत को मिथ्या नहीं मानते, केवल उसका मायिक प्रतिबिंब मिथ्या मानते हैं। ज्ञानेश्वरजी ने सृष्टि की उत्पत्ति ओंकार से बताई है।

ॐकार का जप और ध्यान करने से ही विश्व निर्माण करने की योग्यता ब्रह्म में आ गई। ज्ञानेश्वर जी सृष्टि की उत्पत्ति माया से भी मानते हैं।

तैसे भूतजात सर्व। हे माझेनि कीर अवयव।
परि मायायोगे जीव। दशे आले।। [39]

अर्थात् विश्व में उत्पन्न सभी प्राणी मेरे ही अवयव हैं। केवल माया के कारण उनमें जीवत्व आ गया।

ज्ञानेश्वर जी सांख्या माया को ही प्रकृति मानते हैं। प्रकृति और पुरुष दोनों में पुरुष उदासीन है, घर में केवल पुरुष और प्रकृति दोनों ही हैं। पुरुष सोया हुआ है और यह प्रकृतिरूपी स्त्री पुरुष के संग के बिना ही संपूर्ण विश्व को जन्म देती है। जो इस पुरुष को जानता है, वह

यातायात से मुक्त होता है। प्रकृति पुरुष को ज्ञानेश्वरजी ने पत्नी पति की उपमा दी है। उनके संबंध में ज्ञानेश्वर जी कहते हैं

प्रकृतिपुरुषांची कुळवाडी। सांगता असंगडी।
जे आंबुली जोडी। आमुला खाय।। [40]

अर्थात् यहाँ पत्नी कमाती है और पति निकम्मा बैठकर खाता है

आमुलया आंबुलिये। संगती न सोये।
की आंबुली जग विये। चोज ऐकें।। [41]

अर्थात् दोनों का संग न होते हुए भी पत्नी (प्रकृति) विश्व को जन्म देती है। उस तरह ज्ञानेश्वर जी प्रकृति से विश्व की उत्पत्ति मानते हैं। ज्ञानेश्वरी में त्रिगुण, पंचतत्व, अष्टधा प्रकृति, सांख्यों के पचीस तत्व आदि का विवरण मिलता है। ज्ञानेश्वरी में ज्ञानेश्वरजी ने सृष्टि के विकास का क्रम बतलाया है।

तरी अवधारी गा धनंजया। हे महादादिक माझी माया।
जैसी प्रतिबिंबे छाया। निजागांची।। [42]

अर्थात् महत्वत्वादि मेरी माया है। जिस प्रकार अपने शरीर की परछाई होती है, उसी प्रकार माया मेरी परछाई है।

ज्ञानेश्वरजी ने प्रकृति आठ प्रकार की बताई है। इसी से त्रैलोक्य की निर्मिति होती है। ब्रह्म से अहंकार, अहंकार से बुद्धि, बृद्धि से मन, मन से आकाश, आकाश से वायु, वायु से अग्नि, अग्नि से जल, जल से पृथ्वी निर्माण होती है।

आप, तेज, आकाश, मही, मारुत, मन, बुद्धि और अहंकार प्रकृति के आठ भाग निर्मित है। ये आठ भाग एकत्रित होते हैं, वही मेरी प्रकृति है, उसी को जीव की संज्ञा दी जाती है।

या आठांची जे साम्यावस्था।
ते माझी परम प्रकृति पार्था।

तिथे नाम व्यवस्था। जीवु ऐसी।।

जे जडानें जीववी। चेतनेतें चेतवी।

मनाकरवीं मानवी। शोक मोहो।। [43]

अर्थात् वह प्रकृति जड़ों को चेतन बनाती है। चेतन को ज्ञानवान बनाती है और मन को शोक, मोह मनाने के लिए बाध्य करती है।

पैं बुद्धींचां अंगी जाणणें। ते जियेचिये जवळिकेंचे करणें।

जिया अहंकाराचेनि विंदाणे। जगचि धरिजे।। [44]

अर्थात् बुद्धि की जानने की शक्ति इसी से संबद्ध है और उसके अहंकार द्वारा कुशलता से जगत धारण किया है।

इस प्रकार ज्ञानेश्वरी में अन्यान्य स्थलों पर प्रकृति का विवेचन मिलता है सारांश में कह सकते हैं कि ज्ञानेश्वरजी का जगत वर्णन वेदांत और सांख्य प्रभाव से अछूता नहीं है।

चिद्विलास सिद्धांत :

विश्व में अंतर्भूत चैतन्य का विलास ही चिद्विलास है। चिद्विलास के सिद्धांत को 'स्फूर्तिवाद' भी कहा जाता है। बाह्यत: विविध नामरूपों में प्रतीत होनेवाला जगत् वस्तुत: बहुत्व रूप में सुसज्जित चैतन्य है, यह चिद्विलास की मूल धारणा है। आचार्य शंकर ने चिद्विलास तत्व का विवेचन करते हुए कहा है कि गुड़ की एक डली में जैसे सर्वत्र मिठास होती है, कर्पूर के एक खंड में भी सर्वत्र सुगंध होती है, इतना ही नहीं तो वृक्ष, पर्वतों, नगरों, आरामगृहों, चैत्यों आदि से एकत्रित विश्व एक रूप में आभासित होता है, वैसे ही एक चैतन्य ही सर्वत्र आत्मा में विकसित होता है।

संत ज्ञानेश्वर का चिद्विलास चिंतन :

'ज्ञानेश्वरी' की तुलना में 'अमृतानुभव' में ज्ञानेश्वरजी ने चिद्विलास सिद्धांत का हृदयंगम आविष्कार किया है। सृष्टि का निर्माण अथवा विलय परमसत्ता की प्रेममय क्रीड़ा या लीला–विलास है। परमतत्व

की चैतन्य शक्ति का यह विलास होता है। ब्रह्म और चैतन्य शक्ति का युग्म ही शिव–शक्ति का युग्म है। भगवान की अचिंत महाशक्ति उससे सर्वथा अभिन्न ही रहती है। सृष्टि का निर्माण प्रकृति पुरुष दो महत्–तत्वों से होता है। ये तत्व ही शिव–शक्ति के रूप में विद्यमान हैं। जगत् के जनन होने पर भी महत् तत्व उपाधिरहित है। वे स्वरूप में विलीन और एक रसात्मक है। सृष्टिकर्ता शिवशक्ति की अनंतरूपी में विलसित नित्यनूतन उन्मीलन अवस्था को ज्ञानेश्वरजी ने अमृतानुभव में स्पष्ट किया है। निद्राधीन व्यक्ति के करवट बदलने से केवल उसकी स्थिति में परिवर्तन होता है, व्यक्तित्व में नहीं। वैसे ही विश्वोत्तीर्ण अवस्था त्यागकर विश्वात्मक स्थिति में आ जाने पर शिव–शक्ति के मूल तत्वरूप में किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं होता। प्रियतम ही करवट बदलकर प्रियतमा बन जाते हैं। प्रियतमा रूपशक्ति प्रीति के आवेश में अनंतरूपों में विलसति होती है। प्रीति के आवेग में ही परमात्मा की शक्ति, ग्रहण करने पर सृष्टि का संकोच होता है। निजस्वरूप में विद्यमान आदितत्व में अनेकत्व की इच्छा जागृत होते ही पुनश्च सृष्टि का अविर्भाव होता है। विश्वात्मक सृष्टि की उत्पत्ति और संहार उसी एक पूर्ण–स्वरूप प्रेमतत्व का लीलाविलास है। इस लीला विलास का कण–कण आनंद से व्याप्त है। बहुविध होने पर भी शिव–शक्ति की एकात्मकता कभी खंडित नहीं होती।

ज्ञानेश्वरजी के मतानुसार संपूर्ण चराचर विश्व की उत्पत्ति करने पर भी शिव–शक्ति अपनी एकरसात्मता के प्रति इतने जागरूक हैं कि किसी अन्य वस्तु का स्पर्श नहीं होने देते। चित–स्वरूप कार्य–व्यापार में शिव–शक्ति अभिव्यक्त होते हैं। सत् एवं चित् का यह आविर्भाव आनंद की प्राप्ति के लिए है।

शिव–शक्ति दोनों परस्पर–निर्भर हैं। ज्ञानेश्वरजी ने शिव–शक्ति की पूर्ण रूपनिर्भरता का वर्णन करते हुए कहा है कि शिव के कारण शक्ति को पूर्णता प्राप्त हुई है और देवी के बिना देव का स्वामित्व

भी अर्थहीन है। शिव–शक्ति का मिलन अद्‌भुत और मधुर–मिलन है। दोनों इस संपूर्ण जगत् में भी नहीं समाते और परमाणु में भी सुचारू तथा आनंदमय रहते हैं।

ज्ञानेश्वरजी ने शिव–शक्ति का दर्पण रूप स्पष्ट करते हुए कहा है कि पति शिव की निद्रावस्था में शक्ति चराचर सृष्टि को जन्म देती है, उस शक्ति के स्थिर होने पर शिव का प्रतिरूप भी शेष नहीं रहता है। दोनों का परस्पर प्रेम इतना अद्‌भुत है कि शिव अपने आप को छिपाकर शक्ति को प्रदर्शित करते हैं। वे दोनों एक–दूसरे को प्रकाशित करने के लिए दर्पण हैं। प्रिया शक्ति ही शिव का शरीर है और प्रिय पति शिव ही शक्ति का सार–तत्व है। इस प्रकार दोनों घुल–मिलकर एक–दूसरे को भोगते रहते हैं।

इस प्रकार चिद्‌विलास–दर्शन का विवेचन करते हुए ज्ञानेश्वरजी ने जगत् के संबंध में यह विचार स्पष्ट किया है कि अपने–आप को द्रष्टा न करते हुए भी आत्मतत्व अपने स्वयं सिद्‌ध रूप में ही रहता है। रस्सी पर साँप का आभास होने पर भी निश्चय ही सत्य रूप में रस्सी रहती ही है, इसी प्रकार द्रष्टा–दृष्य में द्रष्टा ही सत्य है।

माया :

ज्ञानेश्वरजी के माया संबंधी विचार सांख्य और वेदांत से प्रभावित हैं। ज्ञानेश्वरजी ने माया को अनिर्वचनीय कहा है। ज्ञानेश्वर जी 15 वें अध्याय में अश्वत्थवृक्ष का वर्णन करते हुए कहते हैं कि इस संसार वृक्ष के मूल को माया कहते हैं।

तरी माया ऐसी ख्याती। नसतीच तया आधी।
का वांझेची संतती। वानणें जैशी।। [45]

अर्थात् जिस प्रकार बाँझ की संतति का वर्णन करना व्यर्थ है, उसी प्रकार माया का शब्दों में वर्णन करना व्यर्थ है, क्योंकि उसका अस्तित्व ही नहीं है।

जो सत् भी नहीं और असत् भी नहीं उसका अस्तित्व माना जाए तो विचारों से उसका बोध नहीं होता। उसका अस्तित्व न माना जाए तो जगत कार्य से उसका अनुमान किया जा सकता है। अत: वह अनादि और अनिर्वचनीय है। विचारों का नाम भी उससे सहा नहीं जाता।

ज्ञानेश्वरजी ने सांख्य दर्शन के अनुरूप माया का वर्णन इस प्रकार किया है।

तरी माझे हे गृहिणी। अनादि तरुणी।

अनिर्वाच्यगुणी। अविद्या हे।। [46]

अर्थात् ज्ञानेश्वर जी कहते हैं कि माया ब्रह्म की पत्नी है। वह हमेशा जवान रहती है। उसको अविद्या कहते हैं और उसके गुण अनिर्वचनीय हैं। इसके अस्तित्व का न होना ही इसका स्वरूप है। माया का आकार और व्याप्ति अमर्याद तथा असीम है। यह अविद्या माया आत्मस्वरूप में उदासीन लोगों के समीप रहती है और आत्मस्वरूप में जागृत लोगों से दूर भागती है। ज्ञानेश्वर जी माया को भ्रमरूप तथा आभासात्मक मानते हैं।

जिस प्रकार सपने में देखी हुई बात सपने में ही सत्य प्रतीत होती है, जागृत होने के बाद कुछ नहीं रहता, उसी प्रकार तुम यह सब माया समझो।

आत्मा पर विनाश की भ्रांति का आरोप न करते हुए, यह भ्रम है, को माया कहा है। ज्ञानेश्वरजी ने माया को त्रिगुणात्मिका कहा है।

तेथ चिद्वृत्ति पहिलें। महत्तत्व उमललें।

ते पान वाल्हें दुल्हें। एकनिघे।। [47]

अर्थात् पहले चिद्वृत्ति या माया का निर्माण हुआ। उस माया से पहले पहले महतत्व नाम का कोमल पन्ना निकल आया।

उस पन्ने से सत्व रजतमात्मकाजी तीन प्रकार का अहंकार है, वही अधोमुख तीन पन्नों का समुच्चय निकल आया है। उससे पंचमहाभूत, पंचतत्व, पंच तन्मात्राएँ उत्पन्न होती हैं। सत्व, रज, तम तीनों को गुण कहा करते हैं और प्रकृति उनकी जन्मभूमि है। ज्ञानेश्वरजी ने माया को प्रसवधर्मिणी कहा है। वे

कहते हैं कि महदब्रह्म के उदर में आठ विकारों से अष्टधा प्रकृति से जगद्रूप गर्भ बढ़ता है। माया और ब्रह्म के संयोग से बुद्धि तत्व ने जन्म पाया। वह रजोगुण से पूर्ण होने के बाद मन तैयार हुआ। मन की जवान स्त्री ममता अहंकार तत्व को जन्म देती है। उनसे पंचमहाभूत साकार होते हैं। उसके साथ–साथ विषय और इंद्रियाँ भी साकार होती हैं। आठ विकारों के व्यापार से त्रिगुणात्मक गर्भपिंड तैयार होता है। बाद में जीव उसमें प्रवेश करता है। तब अंडज, स्वेदन, उद्भिज्ज और जारज जीव पैदा होते हैं। इस प्रकार माया जगत को जन्म देती है। लेकिन जगत निर्माण करते समय माया को मेरे आधिष्ठान का आधार मिलता है। इस तरह ज्ञानेश्वर जी माया को प्रसवधर्मिणी और जगत का मूल कारण मानते हैं। ज्ञानेश्वर जी माया को परिवर्तनशील और क्षणिक मानते हैं।

हें उपजे हेआणि नाशे। तें मायावशे दिसे।
येऱ्हवीं तत्वता वस्तु जे असे। ते अविनाशचि।। [48]

अर्थात् माया के कारण ही विश्व उत्पन्न होता है और नष्ट होता है। यह उत्पत्ति और विनाश माया के कारण प्रतीत होते हैं, अन्यथा परमतत्व अविनाशी ही है। इसे स्पष्ट करने के लिए ज्ञानेश्वरजी ने दृष्टांत दिए हैं कि वायु के झोके से पानी पर लहरें उठती हैं तब कौन पैदा होता है? और वायु शांत होने से लहरें भी नष्ट होती हैं और पानी स्थिर रहता है। तब कौन नष्ट होता है? उसी प्रकार परमतत्व अविनाशी है और उत्पत्ति और विनाश माया के कारण प्रतीत होते हैं। संसार वृक्ष का नाम ही अश्वत्थ है। इस अश्वत्थवृक्ष का वर्णन करते समय ज्ञानेश्वरजी ने माया की परिवर्तनशीलता और क्षणिकत्व को स्पष्ट किया है। ज्ञानेश्वर जी माया को बंधन रूपा मानते हैं। उसके कारण हरिभक्ति में बाधा पहुँचती है। परमात्मा का चिंतन नहीं करने देती। नदी के रूपक के द्वारा ज्ञानेश्वरजी ने माया के बाधक स्वरूप को प्रस्तुत किया है। वे कहते है कि परब्रह्म रूपी पर्वत से निकलने वाली यह माया नदी पहले महत्वत्वादिकों का स्वरूप धारण करती

है। यह सृष्टि विस्तार रूप प्रवाह से काल को भी ग्रासित करनेवाली ताकद से बढ़ती हुई प्रवृत्ति और निवृत्ति दोनों किनारों का उल्लंघन करती है। गुण रूपी मेघों की वृष्टि से जिसमें मोह की बाढ़ आती है और यमनियमों के नगर उसमें बह जाते हैं। इसमें द्वेष के आवर्त हैं और मत्सरों के घुमाव हैं। इसमें जवान स्त्रियों के रूप में मछलियाँ चमकती हैं। रति के द्वीप पर काम की लहरें टकराती हैं और जीवरूपी फेन दिखाई देता है। इसमें अहंकार की धाराएँ हैं। उसपर धन, विद्या और कुल इन तीन मदों की उबाले उठती हैं। जिस नदी में विषय वासनारूपी अनेक तरंग उत्पन्न होते हैं। इसमें जन्म मृत्यु के गढ़ होते हैं और पंचमहाभूतात्मक शरीर के बुदबुद पैदा होते हैं और नष्ट होते हैं। यह माया नदी लाँघना अत्यंत कठिण है। इसके बारे में एक अचरज की बात है कि इसको पार करने का जो–जो उपाय अपनाया जाता है, वह उपाय ही बनता है। वेद, यज्ञ, दान आदि अनेक उपायों से भी यह नदी नहीं लाँघी जाती।

येथ एकचि लीला तरले। जे सर्वभावे मन भज ले।
तयां ले लीच थडिये सरले। माया जब।। [49]

लेकिन जो मेरी अनन्य भावना से भक्ति करते हैं, उनके लिए यह माया जल नदी पार करने से पहले ही सूख जाता है। ज्ञानेश्वर जी ने 14 वें अध्याय में माया को अव्यक्त कहा है।

आतां असो हे बहु बोली। ऐसे विश्व माया व्याली।
तेथ जांघु जाली। माझी सत्ता।। [50]

अर्थात् सर्व विश्व में, चराचर में वह व्याप्त है। ब्रह्म के अधिष्ठान से वह सारे विश्व को जन्म देती है।

ज्ञानेश्वरजी ने अविद्या और विद्या माया का वर्णन भी किया है। अश्वत्थ वृक्ष का वर्णन और माया नदी का रूपक ये दोनों वर्णन अविद्या माया के ही हैं। अविद्या माया के कारण जीव आत्मस्वरूप को नहीं जान सकता। जीव बंधनों में अटकता है। ज्ञानेश्वर जी माया को भी

बंधनकारक मानते हैं। जिस प्रकार देह को लगाए भस्म को झाड़ने पर भी वह सफेद कांति के रूप में रहता है। उसी प्रकार अविद्या नष्ट होने के बाद भी वह विद्या के रूप में रहती है। बंधन और मोक्ष ये अविद्या और विद्या माया के परिणाम है।

परि जिती न मेली। अविद्या हे जाकली।
बंध मोक्ष घाली। बांधोनिया।। [51]

शंकराचार्य के प्रभाव से ज्ञानेश्वरजी ने अविद्या माया का वर्णन तो किया है लेकिन अमृतानुभव में उन्होंने अज्ञान खंडन करते हुए अपना स्पष्ट स्वतंत्र मत दिया है। नाथपंथ के मतानुसार वे विद्या तथा अविद्या माया नहीं मानते। सारे विश्व को ब्रह्म का चिद्विलास मानते हैं यही उनका महत्वपूर्ण सिद्धांत है।

ज्ञानेश्वरजी ने माया को ब्रह्माश्रित माना है। वे कहते हैं कि परमेश्वर स्वमाया का पर्दा लगाकर अकेला ही सूत्रपालन करता है और बाहर चले पर्देपर चौरासी लक्ष योनियों का छायाचित्र दिखाई देता है। याने संसार एक छायाचित्र है। विश्व का संचालक एक परमात्मा तत्व है।

माया के सारे कार्यकलाप ब्रह्म के आधार से ही चलते हैं। उसका अलग अस्तित्व नहीं। ब्रह्म के अस्तित्व के कारण ही माया विश्व को जन्म देती है। जगत् को ब्रह्म का विलास या लीला मानना ही चिद्विलास वाद का तत्वज्ञान है।

संक्षेप में यह कह सकते हैं कि ज्ञानेश्वरजी ने शंकराचार्य के प्रभाव से माया को अनिर्वचनीय कहा है, सांख्य के अनुसार प्रकृति माना है, शैतान के समान उसको अध्यात्ममार्ग में बाधक समझा है। उसको भ्रमरूप और अज्ञान रूप समझकर विद्या और अविद्या माया का वर्णन किया है। चिद्विलासवाद की पृष्ठभूमि के रूप में ही उन्होंने मायावाद को अपनाया है।

मोक्ष :

ज्ञानेश्वरजी के मोक्ष संबंधी विचार नाथपंथ के विचारों से मिलते–जुलते हैं। नाथपंथ में द्वैताभाव नष्ट होने को, समरसीकरण को, पिंडसंवित्ति को या शिवत्व प्राप्त करने को मोक्ष कहा है। ज्ञानेश्वर जी पूर्णाद्वैती होने के कारण द्वैताभाव नष्ट होना ही उनके मत से मुक्त होना है। मुक्ति के लिए उन्होंने निर्वाण, परमपद, समरसीकरण, कैवल्य, ब्रह्मरूप होना आदि शब्दों का प्रयोग किया है। ज्ञानेश्वर जी खुद योगी होने के कारण मोक्ष संबंधी यौगिक क्रिया का वर्णन ज्ञानेश्वरी में मिलता है।

परि तेणें काया काज आपणयां। अवधारीं ऐसा धनंजया।
लोप आधी भूतत्रया। देहींचा देहीं।। [52]

अर्थात् योगी के शरीर के तीन महाभूत पृथ्वी, आप और तेज लोप हो जाते हैं।

पृथ्वी का अंश आप में, आपका अंश तेज में समा जाता है और तेज का अंश हृदय के पवन में प्रविष्ट हो जाता है। फिर अंत में अकेला पवन शेष रहता है। इस समय इस शक्ति का 'कुंडलिनी' नाम नष्ट हो जाता है और उसे 'मारूति' नामक नया नाम प्राप्त होता है। तथापि वह जब तक ब्रह्म स्वरूप में मिलता नहीं, तब तक उसमें शक्तिमत्ता बना रहता है। यह शक्ति जालंधर बंध छोडकर, काकीमुखी जो सुषुम्ना नाड़ी है उसका मुँह फोड़कर ब्रह्मरंध्र में प्रवेश करती है। इसके पश्चात ओंकार के पीठ पर पैर रखकर 'पश्यंती' की सीढ़ी लांघ जाती है। इसके उपरांत जिस प्रकार नदी समुद्र में प्रवेश करती है, उसी प्रकार कुंडलिनी अर्धमात्र पर्यंत (उकार से मकार तक) ब्रह्मरंध्र में घुसती है। तदुपरांत वह ब्रह्मरंध्र में स्थिर होती है और अपनी सोहं भावना की भुजाएँ फैलाकर बड़े आवेश से परब्रह्म को आलिंगन करती है। पंचमहाभूतों का आवरण हट जाता है और शक्ति और ब्रह्म की भेंट होती है। आकाश के साथ परब्रह्म से एक रस होकर लय

हो जाती है। पिंड के ग्रास करने की नाथपंथीय कल्पना ज्ञानेश्वरी में भी आई है।

पिण्डे पिण्डाचा ग्रासु। हा तो नाथ संकेतीचा दंशु।

परि दाऊनि गेला। उद्देशु। महाविष्णु।। [53]

इस ओवी में नाथपंथ के अनुसार ही ज्ञानेश्वरजी ने अपनी मोक्ष संबंधी कल्पना स्पष्ट की है। ज्ञानेश्वर जी अमृतानुभव के तीसरे अध्याय में कहते हैं कि आत्मा नित्यमुक्त है। जहाँ बंधन नहीं है, वहाँ मोक्ष की कल्पना की आवश्यकता ही क्या? एक ही शरीर को पकड़कर रहनेवाली अहंता जब इस ज्ञान से अच्छादित होती है कि सब मैं ही हूँ और सर्वत्र मैं ही भरा हुआ दिखाई देता हूँ। फिर यह कहना कहाँ तक उचित है कि मैं छिपा हुआ था। यदि छिपा हुआ था तो कहाँ? और प्रकट हुआ तो कहाँ से? न मैं कहीं छिपा था न कहीं से प्रकट हुआ।

आणि ज्ञानबंधु ऐसें। शिवसूत्राचिने मिसें।

म्हणितले असें। सदाशिवें।। [54]

ज्ञानेश्वरजी ने ज्ञानमार्गियों को मिलनेवाले मोक्ष का वर्णन रूपात्मक ढंग से बड़ी ही सुंदरता से किया गया है।

ज्ञानेश्वर जी श्रीकृष्ण के द्वारा कहते हैं कि तू अपनो को मद्रुपकर मेरे भजन में अनुराग धारण कर। सब ओर मेरा ही स्वरूप जानकर अकेले मुझको प्रणाम कर। यहाँपर ज्ञानेश्वरजी ने द्वैत भावना की ओर संकेत किया है। आठवें अध्याय में यही एकरूपता सरिता और सागर के से स्पष्ट की है।

पैं सरितेचोनि ओघें। सिंधुजळा मीनलें घोघें।

तें काय वर्तत आहे मागें। म्हणोनि पाहों येती।। [55]

अर्थात् नदी के प्रवाह के साथ सागर से मिला हुआ पानी क्या पीछे "क्या चला है?" यह देखने के लिए आता है?

ना तें समुद्रचि होऊन ठेलें। तेविं चित्ताचे चैतन्य जाहालें।

जेथ यातायात निमाले। घनानंद जे।। [56]

अर्थात् पानी जिस प्रकार समुद्र ही बनता है, उसी प्रकार चित्त चिद्रूप होने के बाद जन्ममृत्यु की यातायात नष्ट होती है। वह मुक्त होता है। क्योंकि वह चैतन्य ही घनानंद रूप बनता है।

ज्ञानेश्वरी के अठारहवें अध्याय में वह कहते हैं कि सद्गुरु की भेंट होने के बाद वैराग्य प्राप्त होता है और साधक नित्यानित्य विवेक करने लगता है। उस नित्यानित्य विवेक से यह अनुभूति दृढ़ होती है कि ब्रह्म ही केवल एकमात्र सत्य है और बाकी सब मिथ्या है, या भ्रांति है। वही ब्रह्म सर्वात्मक है और सर्वश्रेष्ठ है, जिस ब्रह्म की अनुभूति में मोक्ष का प्रयोजन भी नष्ट होता है। जो ब्रह्मज्ञान अपने पेट में जागृति, स्वप्न और सुषुप्ति तीनों अवस्थाओं को अंतर्लीन करता है वह ब्रह्मज्ञान भी जिस अवस्था में नष्ट होता है, ऐक्य की एकता भी जहाँ नहीं रहती और आत्मदर्शन के प्रथम आनंदकण का भी ब्रह्म स्वरूप में लय हो जाता है। कुछ शेष न रहने पर भी जो बचा रहता है, उस ब्रह्म में ब्रह्म होकर रहने की अवस्था साधना से कर्म से पाई जाती है।

तिथे ब्रह्मी ऐक्यपणे। ब्रह्मचि होऊनि असणे।

तें क्रमेंचि करुन तेणै। पाविने पै।। [57]

ज्ञानेश्वरजी ने जीवनमुक्त अवस्था का भी वर्णन किया है। वे कहते हैं कि जीवनमुक्त साधक की स्वार्थ भावना का लोप होता है और केवल कर्तव्यता बनी रहती है। उसमें रागद्वेष आदि विकार नहीं रहते। वह काम, क्रोध से मुक्त होकर इंद्रियों के विषयों के बारे में उदासीन रहता है और हमेशा आत्मानंद में तल्लीन रहता है। वह दुखों में खिन्न नहीं होता और सुखों में आसक्त नहीं रहता।

पार्था जयाचां गयीं। वैष्यम्याची वार्ता नाहीं।

रिपुमित्रां दोही। सरिसा पाडु।। [58]

अर्थात् उसके पास विषमता फटकती तक नहीं। वह शत्रु और मित्र से समान रूप से बर्ताव करता है।

जिस प्रकार अवकाश लिप्त नहीं होता, उसी प्रकार वह निंदा स्तुति से विचलित नहीं होता।

ज्ञानेश्वरजी ने विदेह मुक्त अवस्था का भी वर्णन किया है। विदेहमुक्त अवस्था जीवनमुक्त अवस्था से ऊँची होती है। इस अवस्था में साधक शरीरबद्ध रहते हुए भी शारीरिक बंधनों से मुक्त हो जाता है। ऐसे ही विदेह मुक्त साधक को 'परमहंस' कहते हैं। जिस प्रकार कमलदल पानी में रहकर पानी से अलिप्त रहता है, उसी प्रकार योगमुक्त कर्म करने पर भी कर्मबंधनों से अलिप्त रहता है। जैसे –

तो कर्मे करी सकळें। परी कर्मबंधा नाकळे।

जैसें न सिंपे जळीं जळे। पद्मपत्र।। [59]

ब्रह्म की अनुभूति के सिवा उसके लिए कुछ शेष नहीं रहता।

एवं तो बोले तें स्तवन। तो देखे ते दर्शन।

अद्वया मज गमन। तो चाले तेंचि।। [60]

अर्थात् वह जो बोलता है वही परमात्मा का स्तवन है। वह जो देखता है वह ब्रह्म का ही दर्शन है। यह तो 'सहज समाधि' की अवस्था है।

4.3.2 संत नामदेव – बह्म, जीवात्मा, जगत्, माया, मोक्ष

ज्ञानेश्वरजी के समकालीन नामदेवजी ने दर्जी जाति के परिवार में शके 1192 [61] प्रथम संवत्सर कार्तिक शुक्ल 11 रविवार को सूर्योदय के समय नरसी ब्राह्मणी ग्राम में जन्म लिया। नामदेवजी के पिता विट्ठलभक्त थे। प्रतिवर्ष पंढरपुर की वारी करते थे। अतएव बचपन से ही 'नामा' के मन में विट्ठलभक्ति का उदय हो गया था। नामदेवजी का मन घर–गृहस्थी में नहीं लगा। वे पंढरपुर जाकर विट्ठलसेवा में रहने लगे। वहीं उनकी भेंट

ज्ञानेश्वरजी से हुई और उनके संसर्ग से उन्होंने विसोबा खेचर से दीक्षा ली। बाद में वे महाराष्ट्र के बाहर उत्तर पंजाब की ओर चले गए। पंजाब में 'घुमान' नामक स्थान पर आज भी नामदेव का मंदिर विद्यमान है। उन्होंने 80 वर्ष की उम्र में सन 1350 में [62] पंढरपुर के विट्ठलमंदिर के महाद्वार पर समाधि ले ली। नामदेवजी की रचनाएँ इस प्रकार हैं –

श्री नामदेवाची गाथा – नामदेव के नाम से प्राप्त होनेवाले सभी मराठी पदों का यह अच्छा संग्रह है।

श्री नामदेव महाराज यांच्या अभंगाची गाथा – इसका संपादन त्र्यंबक हरी आवटे ने किया है। इस गाथा में नामदेवजी के मराठी अभंगों के अतिरिक्त उनके परिवार तथा समकालीन कुछ अन्य संतों के अभंग भी दिए हैं।

जीवन के उत्तरार्ध में उत्तर भारत की यात्रा करते हुए नामदेव जी ने हिंदी में कुछ पदों की रचना की। विविध हस्तलिखित प्रतियों में कुल 234 पद नामदेवजी के नामपर मिलते हैं। पुणे विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित 'संत नामदेव की हिंदी पदावली' नामक संकलन में संग्रहित किए गए हैं।

संत नामदेव वारकरी संप्रदाय के श्रेष्ठतम प्रचारक हैं। उनकी काव्यरचना ने न केवल मराठी की अपितु हिंदी साहित्य की श्रीवृद्धि की है। संतश्रेष्ठ नामदेवजी ने महाराष्ट्र से लेकर पंजाब तक उत्तर भारत में हरिनाम की वर्षा की। उन्होंने अपनी भक्तिरसभीनी अभंगरचना द्वारा साधारण जनों के हृदय पर भक्ति का अमिट प्रभाव डाला। संत नामदेवजी का महाराष्ट्र में वही स्थान है जो संत कबीर अथवा भक्त सूरदास का उत्तरी भारत में। संत नामदेव जी वारकरी संप्रदाय में दीक्षित हुए थे। वारकरी संप्रदाय के प्रमुख दार्शनिक तत्व हैं – अद्वैतभक्ति, ऊँच–नीच परिहार, समदृष्टि। ब्रह्म–जीव अंशी–अंश है, जिसकी अभिन्नता का विच्छेद अविद्या माया के कारण होता है। फलस्वरूप माया में ग्रस्त जीव घोर संसारी होकर वैसा

ही आचरण करता है। ऐसे समय यदि उसे भगवत्प्रेरणा हुई तो वह भक्ति की ओर उन्मुख हो उठता है, जिससे उसके अन्तस्तल की मलिनता धुल उठती है और आत्मा पवित्र हो जाती है। फलस्वरूप ब्रह्म से अन्यन्यता जुड़ने में उसे कोई बाधा नहीं पड़ती और वह ब्रह्ममय हो जाता है।

ब्रह्म :

नामदेवजी के ब्रह्म संबंधी विचार अद्वैतवेदांत पर आधारित हैं। वे मानते हैं कि ब्रह्म सर्वाधिपति और सर्वाधार है, जो चराचर में समान भाव से व्याप्त है।

सृष्टि में जो कुछ भी है, वह उससे ही उत्पन्न है, वह अपने स्वरूप में विराट है –

आउ कलंदत केसवा। / करि अबदाली भेसवा।।

.....

बीबी कउला सउ काझु तेरा निरंकार आकारै।। [63]

अर्थात् हे मदारी रूप केशवा, तुम एक विराट रूप धारण करके आ जाओ। चतुर्दिक प्रसरिक आकाश तुम्हारी टोपी और सप्त समुद्र अथवा सप्त लोक तुम्हारे पद–त्राण हैं। चर्मधारी समग्र जीव तुम्हारे मंदिर हैं। छप्पन करोड़ बादल तुम्हारे वस्त्र हैं और सोलह हजार गोपियाँ कमरबंद हैं। पृथ्वी पर उगनेवाली अठारह वनस्पतियाँ तुम्हारे मुग्दरों का भार है। मेरी देह ही मस्जिद और मन मौलाना है। तुम्हारी पत्नी कमला है, जिसके साथ तुम हमारे शरीरों में विद्यमान हो, तुम्हारे इस स्वरूप को मैं साकार मानूँ या निराकार। जब मैं तुम्हारे भक्ति में निमग्न था तभी मेरे हाथ से मंजीरा खिसक गए, मैं यह शिकायत करूँ तो किससे करूँ? नामदेव जी कहते हैं मेरा स्वामी अंतर्यामी है, जो देश–विदेश में समान रूप से घूमता है। नामदेवजी के अनुसार कुंजर, चींटी आदि विविध भाजन एक ही मिट्टी से बने हैं और जड़–जंगम आदि सभी ब्रह्म समान रूप से व्यापक है।

एकल माटी कुंजर चींटी, भाजन हैं, बहु नाना रे।

असधावर जंगम कीट पतंगम घटि घटि रामु समाना रे।। [64]

जब माँ न थी, न पिता था, न काया थी न हम थे, न तुम थे, तब इस चराचर की सृष्टि कैसे हो गई? इसपर नामदेव जी कहते हैं परमतत ही ब्रह्म–तत्व है, जिससे सृष्टि उत्पन्न हुई। ब्रह्म निर्गुण–सगुण दोनों है।

एक अनेक बिआपक पूरक जत देखउ तत सोई।

माइया चित्र विचित्र बिमोहित बिरला बूझै कोई।।[65]

अर्थात् ईश्वर एक है जो सर्वव्यापक और सर्वपूरक है, जिधर भी देखो वही दिखलाई पड़ता है।

कहत नामदेउ हरि की रचना देखहु रिदै बिचारी।

घट घट अंतरि सरब निरंतर केवल एक मुरारी।। [66]

अर्थात् हे मनुष्य, ईश्वर की सृष्टि को अपने हृदय में विचार कर देख, एक ईश्वर ही घट–घट और चराचर में समान रूप से व्याप्त है।

ठाकुर को स्नान कराने के लिए मैं जल से भरा घडा लाया, उस जल में बयालीस लाख जीव रहते हैं, जिनमें भगवान का निवास है, फिर भला मैं उन्हें कैसे स्नान कराऊँ? स्पष्ट है कि ईश्वर चराचर में व्याप्त है, उसे पाने के लिए बाह्याडंबर की जरूरत नहीं है।

पृथ्वी के जल, थल आदि सभी स्थानों में परमेश्वर व्याप्त हैं।

जिउ आकासै पंखअलो खोजु निरखिओ न जाई।

जिउ जल माझे माछली मारगु पेखणो न जाई।। [67]

भगवान को देख सकना वैसे ही कठिण है, जैसे आकाश में पक्षी का मार्ग अथवा जैसे जल के मध्य में मछली का मार्ग।

नामदेव जी कहते हैं कि ईश्वर समीप है, दूर नहीं है, जो हमारी आत्मा में व्याप्त है। ईश्वर का वर्णन करते हुए नामदेव जी कहते है कि एक गूँगा व्यक्ति अमृत रस का आस्वादन करे और पुछने पर बता न

सके। इस प्रकार ईश्वर का वर्णन करना कठिन है, वह तो सभी प्राणों में समाया हुआ है। ब्रह्म घट–घट वासी है, ज्ञान हो जाने पर उसका दिव्य प्रकाश छिपता नहीं है।

नामदेवजी ने ब्रह्म को सर्व शक्तिवान, सर्वव्यापक और सर्वोपरि सिद्ध किया है। इस प्रकार ब्रह्म संसार का सर्वस्व है।

ब्रह्म को प्राप्त करने के लिए जीव को प्रयत्न करना पड़ता है। गुरु, जीव और ब्रह्म के बीच की कड़ी है। नामदेवजी के हिंदी पद में गुरु का महत्व प्रतिपादित हुआ है। राग भैरउ के (11) में सभी पद गुरु की महत्ता दर्शाते हैं। जैसे –

जउ गुरदेउ त भउजल तरै।

जउ गुरदेउ त जनमि न मरै।। [68]

अर्थात् गुरु–कृपा से जीव का उद्धार हो जाएगा और उसे निर्वाण पद प्राप्त होगा। गुरु–कृपा से ही अपने अंतरमन की अमर ज्योति और अनाहद नाद से परिचित होने का सामर्थ्य होता है। पंढरीराय श्री विट्ठल वारकरी संप्रदाय के प्रमुख आराध्य है। नामदेवजी ने भी उनके मराठी अभंगों में विट्ठलका गुणगान किया है। संप्रदाय का भक्तितत्व आराध्य के अद्वैत रूप पर आधारित है। सच तो यह है कि भक्ति के बहाने विट्ठलरूप में निर्गुण ब्रह्म का वैभव स्थिर हो गया है।

ब्रह्म के निर्गुण रूप का वर्णन वह इस प्रकार करते हैं

निर्विकार निराकारू। नि:शून्य निरधारू।

निर्गुण अपरम्पारू। चिदानंद सांवले।। [69]

नामदेवजी ने अपने कीर्तन में वर्णन किया है कि जीवन और संसार के प्रत्येक क्षेत्र में उनको अपना आराध्य ही दिखाई देता है।

जीव विट्ठलआत्मा विट्ठल ।

परमात्मा विट्ठलविट्ठल ।।

जनक विट्ठलजननी विट्ठल ।

सोयरा विट्ठलसांगाती।। [70]

नामदेवजी का यह विश्वास था कि विट्ठल सगुण–निर्गुण से परे है। इसलिए उचित–अनुचित जैसी भी स्थिति हो उसका भजन करना कर्तव्य है।

निर्गुण सगुण नव्हे तें समान।

तैसें तेंहि जाण योगाभ्यासी।। [71]

विट्ठल सर्वपरि और सर्वव्यापक है। इससे उनके अद्वैत हो जाने के लिए उनके प्रति नामदेवजी की अनन्य निष्ठा और दृढ भक्ति है।

जीवात्मा :

नामदेवजी ने जीव को आत्मा कहकर उसका निरूपण गीता की शैली पर किया है। नामदेव जी कहते हैं, आत्मतत्व सारे संसार में व्याप्त है। उसी को लोग विश्वात्मा कहते हैं। आत्मा और विश्वात्मा मूलत: एक ही है। यह माया है जो आत्मा को पंचतत्वमय शरीर से आबद्ध करके अपने वश में कर लेती है। यथा –

बीहौ बीहौ तरी सबल माया, आगै इनि अनेक भरमाया ।।[72]

माया से आबद्ध आत्मा ही जीव के नाम से प्रसिद्ध है।

नामदेवजी के अनुसार ब्रह्म जीव में व्याप्त है। जीव एक ही मिट्टी के विविध पात्र हैं। वास्तव में स्थावर और जंगम सभी में वही राम व्याप्त है। जीव ब्रह्म की गति को नहीं जानता है। अत: वह उसके लिए अवर्णनीय है। जीव इस संसार में आता है और ईश्वर–भक्ति को भूलता है, वह अज्ञानी है, अपराधी है और कुसंगति में पड़कर कुत्सित कर्म करता है।

जीव की अपनी कोई भिन्न सत्ता नहीं है, वही एक होकर अनेक हो गया है।

मैं नहीं मैं नहीं मैं नहीं माधो तू है मैं नहीं है।

तू एक अनेक है बिस्तरयो मेरी चरम न साई हो।। [73]

जीव अज्ञान की निद्रावस्था में है, वह यह नहीं पुछता है कि मनुष्य को यहाँ से चार दिन व्यतीत करके प्रयाण करना है।

नामदेवजी के अनुसार जीव और ब्रह्म का संबंध जल और तरंग का है।

आपन देव बहुरा आपन आप लगावै पूजा।

जल ते तरंग तरंगें ते है जल कहन सुनन को दूजा।। [74]

अर्थात् जल से तरंगे और तरंगों से जल है, ऐसी स्थिति परस्पर ब्रह्म—जीव की है। भले ही कहने—सुनने में वे दो हो।

नामदेव जी जीव को ब्रह्म का अंश मानते हैं। वे कहते हैं कि हे माधवा! तुम मुझसे बाजी क्यों नहीं लगाते हो? (तुम बताओ कि तुझमें और मुझमे क्या अंतर है? अर्थात् कोई अंतर नहीं हैं।) भगवान से भक्त और भक्त से भगवान है। अद्वैत का यही खेल भक्त और भगवान के बीच चल रहा है। तुम्हीं देवता हो, तुम्हीं मंदिर हो, तुम्हीं पुजारी हो। हे भगवान! तुम्हीं गाते हो, नाचते हो और वाद्य बजाते हो। नामदेव जी कहते हैं — हे भगवान! तुम मेरे स्वामी हो। तुम्हारा भक्त अपूर्ण है, तुम पूर्ण हो।

नामदेवजी के अनुसार सभी जीवों की उत्पत्ति ब्रह्म से होती है। वह सब जीवों में समाया हुआ है। यह माया ही है जिसने सारे संसार को मोह लिया है। अन्यथा तुम घट—घट वासी हो। यथा —

जामैं सकल जीव की उतपति। सकल जीव मैं आप जी।

माया मोह करि जगत भुलाया। घटि—घटि व्यापक बाप जी।।[75]

अज्ञानी जीव को मोहिनी माया अपने पाश में जकड़ लेती है। ऐसे अज्ञानी जीव को चेतावनी देते हुए नामदेव जी कहते हैं —

हे जड़, तू सचेत हो जा। तुझे यह औघट घट पार करना है। नामदेव जी जीव का वर्णन करते हुए कहते हैं —

तेरी गति तू ही जाने। अल्प जीव गति कहा बषानै।

जैसा तू कहिए तैसा तूँ नाहीं। जैसा तूं है तैसा आछि गुसाई।।

लूण नीर थे नाऱ्है न्यारा। ठाकुर साहिब प्राण हमारा।।

साध की संगति संत सूं भेटा। प्रणवंत नांभा रांम सहेरा।। [76]

अर्थात् हे जीव, तेरी गति तू जानता है। मैं उसका क्या वर्णन करुँ? जैसे लवण पानी में द्रवित होने पर अलग नहीं किया जा सकता, उसी प्रकार मेरा और मेरे स्वामी का संबंध है। सत्संग से मुझे उसकी प्राप्ति हुई है। मैं प्रेमातिशय से उसकी वंदना करता हूँ। नामदेवजी ने जीव और ब्रह्म का संबंध इस प्रकार स्पष्ट किया है —

जहां तुम गिरीवर ताहां हम मोरा। जहां तुम चन्दा तहां मैं चकोरा।

जहां तुम तरुवर तहां मैं पंछी। जहां तुम सरोवर तहां मैं मच्छी।। [77]

इस प्रकार जीव अपने अस्तित्व के लिए ब्रह्म पर आधारित है, अन्य पर नहीं। जीवन को बंधन में डालनेवाले कर्म इस संसार में व्याप्त है, जीव जो भी कुछ करता है उसके लिए वह स्वयं उत्तरदायी है, अन्य नहीं।

मनुष्य अपना समय अहंकार में व्यतीत करके दुर्गति को प्राप्त करते हैं। अपनी क्षणभंगुर स्थिति में गर्व करना मूर्खता है। नामदेव जी कहते हैं, तुम अपनी जीवात्मा को चैतन्य प्रदान करो, इस प्रकार आत्मा एकाग्र होकर अमर हो जाएगी।

जगत् :

जगत् ब्रह्म का ही साकार रूप है। ब्रह्मस्वरूप विश्व का वर्णन नामदेवजी ने इस प्रकार किया हैं।

माधौ माली एक सयाना। अंतरिगत रहै लुकानां ।। टेक।।

.....

रचनहार विधि ऐसी रची है, प्रणवै नामदेव दासा।। [78]

अर्थात् माधव रूपी माली सयाना है। वह आप ही बगीचा है तथा आप ही माली है। वह आप ही पानी है और आप ही पवन है। वह अपने से प्रेम

करता है। वह स्वयं ही चंद्र तथा सूरज है। आप ही धरती तथा आकाश है। जिस सृष्टिकर्ता ने इस प्रकार सृष्टि की रचना की, नामदेव उसका दास है।

संत नामदेवजी के अनुसार जगत् हाट है जहाँ मनुष्य वस्तुओं का क्रय–विक्रय करते हैं। मूर्ख मनुष्य अपना मूल धन ही गँवा देता है।

यह संसार घर का लेखा। सब कोई बनिजहि आया।

जिन जस लाघा तिन तस पाया। मूर्ख मूल गंवाया।। [79]

मनुष्य संसार के प्रति आकृष्ट है अत: वह परमपद से दूर हो जाता है। समस्त संसार माया और मोह में भूला–भटका है। हरिनाम सत्य है बाकि समस्त संसार असत्य है।

सारा संसार नांव है, झूठा सब संसार।। [80]

संसार को नष्ट होने में देर नहीं लगती है। यह काल के ग्रास में एक क्षण में आता है। इस कारण हे मन–रूपी पक्षी, संसार के जाल में मत फँसो, यह मायां जाल है।

नामदेवजी ने संसार इस शब्द का प्रयोग करते हुए इसकी क्षणभंगुरता का प्रतिपादन किया है। संसार में अनासक्त रहकर भक्तिमार्ग का अवलंब करना चाहिए ऐसा उनका मत है। वे कहते हैं, इस जन्म–मृत्यु के चक्र से छुटकारा पाने के लिए भक्ति की आवश्यकता है। रामनाम लेने से ही भवसागर पार हो सकता है। विट्ठलपर दृढ विश्वास रखने से संसार से भय दूर हो जाता है।

कलीयुग में तारने की ताकद नामस्मरण में है।

आलेमो संसार सोडवणे करा। शरण जा उदारा पांडुरंगा।

प्रपंच न सरे कदा कल्पकोडी। वासनेची बेडी पडे पायी।

नामा म्हणे पाहा विचारुनि मनी। स्मरावा निर्वाणी पांडुरंग।। [81]

अर्थात् प्रपंच और वासना के बंधन से छुटकारा पाने के लिए विट्ठल भक्ति आवश्यक है।

जळीं बुडबुडे देखतां देखतां। क्षण न लागता दिसेनासी।

तैसा हा संसार पाहतां पाहतां। अंत:काळी हातां काय नाहीं।। [82]

अर्थात् संसार पानी के बुदबुदे के समान क्षणिक है। सपेरे के खेल की तरह क्षणभंगुर है।

वस्तुत: सर्व ब्रह्मरूप ही है किंतु मनुष्य मायामोह में अपनी स्थिति को भूल जाता है। नामदेव जी कहते हैं कि विट्ठल के साथ मन एकाग्र होने से सुखप्राप्ति हो सकेगी।

ईश्वर ने जो कार्यभार सौंपा है उसको सँभालते हुए भक्ति करनी चाहिए। नामदेवजी ने राहगीर की उपमा देकर संसार से अलिप्त रहने का उपदेश दिया है। संसार किस प्रकार होता है इस बात को एक अप्रतिम रूपक के साथ स्पष्ट किया है। यथा –

पक्षी अवचित अंगणात आला। घेऊनियां गेला सारा नेणे।

हाटकरी आम्ही हाटासी पैं गेलो। फिरुनियाँ आलो

गावामाजी।। [83]

अर्थात् पक्षी जिस प्रकार दाना चुभने के लिए आँगन में आते हैं उसी प्रकार मनुष्य सुख–दु:ख भोगने के लिए पुन: पुन: जन्म लेता है।

नामदेवजी कहते हैं कि जाति–भेद से कुछ प्राप्त होता तो साधुओं ने जाति का अभिमान त्यागा नहीं होता। उन्होंने निरहंकारी रहकर ईश्वरप्राप्ति की। संसार में कर्म करते हुए भी चित्त ईश्वर के समीप होना चाहिए। आसमान में पतंग उडानेवाले का ध्यान डोरी पर रहता है। सिर पर पानी के घड़े लेकर जानेवाली स्त्रियों के हाथ नीचे होते हैं परंतु उनका ध्यान उस घड़े पर केंद्रित रहता है। उसी प्रकार संसार में विविध कर्म करते हुए हमारा ध्यान परमेश्वर केंद्रित होना चाहिए। ऐसा कर्मयोग का उपदेश नामदेव जी देते हैं। जैसे –

वावडी दुरीच्या दुरी उडतसे अंबरी। हाती भले दोरी परि लक्ष तेथे।

दुडीवर दुडी पाण्या निघाली गुजरी। चाले मोकळया करि परि लक्ष तेथे।। [84]

नामदेवजी कहते हैं कि इन षड्रिपुओं के जाल में मनुष्य फँसता है, संसार से ऊब जाता है।

इस प्रकार नामदेवजी ने संसार मिथ्या है, प्रपंच क्षणभंगुर है इस बात को स्पष्ट करते हुए इनसे छुटकारा पाने के लिए भक्ति की आवश्यकता का प्रतिपादन किया है। संसार में रहकर भी शुद्ध अंत:करण से ईश्वर की भक्ति कर सकते हैं। नामदेवजी ने सहजता से परमार्थ का मार्ग सामान्य लोगों के सामने स्पष्ट किया है। एक स्थान पर वे कहते हैं — संसार दु:ख पूर्ण होते हुए भी नामदेव जी कहीं भी उसका त्याग करने के लिए नहीं कहते। उनके अनुसार प्रत्येक भक्त को उत्पादन श्रम करना चाहिए। प्रत्येक मानव को अपनी जीविका का काम करते समय हरि—भजन या नाम—स्मरण करते रहना चाहिए। नामदेवजी ने जीवन पर्यंत अपना पेशेवर कार्य (दर्जी) किया।

माया :

नामदेवजी के अनुसार माया जीव को ब्रह्म से विलग कर देती है, जिससे वह ज्ञानाभाव में भटकता हुआ कर्माश्रय लेता है। इस स्थिति में वह दुर्गुण और दुष्कर्म की ओर उन्मुख हो जाता है।

माया के विद्या और अविद्या दो विभेद हैं। प्रथम में ज्ञान और द्वितीय में कर्म—तत्व का प्राधान्य रहता है। अविद्या में कर्मानुष्ठान द्वारा जीव दुष्कर्मों एवं सांसारिक विकारों से रहित होकर निर्मल हो जाता है और भगवत्कृपा से मृत्युमय संसार से तर जाता है। विद्या में कर्म—साधन के साथ ब्रह्म—विषयक ज्ञानाभ्यास द्वारा वह उसका यथार्थ ज्ञान प्राप्त करता है। अनंतर परब्रह्म परमेश्वर के साक्षात दर्शन कर लेता है।

जीव का गर्भ में आना ही माया से ग्रस्त होना है, यदि वह उसमें बँधे नहीं तो वह मुक्त है और परमेश्वर के दर्शन का अधिकारी होता है। वस्तुत: यह परिस्थिति भगवत्प्रेरणा पर आधारित है। भगवत्कृपा होने पर ही परब्रह्म परमेश्वर को जाना जा सकता है, अन्यथा नहीं।

जीव का गर्भ योनी में आना ही माया है, यदि वह छूट सके तो भगवान के दर्शन हो सकते हैं। आगे चलकर वे कहते हैं, माया मुझसे नहीं लिपटेगी, मैं इस संसार से मुक्त हो जाऊँगा।

सभ तै उपाई भरम भुलाई। जिस तू देवहि तिसहि बुझाई।। [85]

अर्थात् इस संसार में उत्पन्न प्राणी माया—पाश के कारण अपने को भूल गए हैं। हे भगवान! जिस व्यक्ति को तुम ज्ञान देते हो वही तुमको जान पाता है।

माया वस्तुत: जीव मात्र को मुग्ध कर लेती है। इससे उसका रहस्य जान सकना कठिन है। इसी से माया अनिर्वचनीय कही जाती है। माया के विचित्र चित्रों से संसार मुग्ध है, कोई बिरला ही उसे जान पाता है।

रे मन पंछीया न परसि पिंजरे। संसार माया जाल रे।
येक दिन मैं नीन फेरा। तोहि सदा झंपै काल रे।। [86]

अर्थात् हे मनरूपी पंछी! तू संसार रूपी जाल को स्पर्श न कर। माया दिन में तीन फेरे लगाती है। काल तुझ पर झपट रहा है। अभिमानी मनुष्य को चेतावनी देते हुए नामदेव कहते हैं कि यह संसार धोखे की टट्टी है, मायाजाल है। धन, यौवन, पुत्र तथा स्त्री को तू अपना न समझ। ये बालू के मंदिर के समान नष्ट हो जाएँगे। इसी माया के मोह में समस्त जगत भटकता है।

संसार में मनुष्य अकेला ही आता है और अकेला ही जाता है।

अकेला आना, अकेला जाना, सब झूठी माया पसरी जू।। [87]

जीवन–मरण में कोई साथ नहीं देता। असत्यता के कारण माया छूट जाती है और मनुष्य अकेला ही मृत्यु प्राप्त करता है। चराचर के समान माया ब्रह्म–प्रसूत है, जो जीवात्माओं को भटकाती है। तथ्य यह है कि माया को प्राबल्य होने पर ब्रह्म और ब्रह्म को प्राबल्य हो जाने पर माया दृष्टिगोचर नहीं होती।

बीहू बीहू तेरी सबय माया। /अगे इनी अनक भरमाया।
माया के अंतर ब्रह्म न दीसई। / ब्रह्म के अंतर माया न दीसई।। [88]

नामदेव जी मन से कहते हैं कि रे मना! विषयरूपी संसार–सागर को तू भला कैसे तर सकेगा? तू तो झूठी माया को देखकर ही अपने को भूल गया है। माया हमें भ्रमित करती है। जैसे –
जैसे घड़े में आकाश होने का भ्रम है, वैसे ही मृगतृष्णा से युक्त जीव माया से भ्रमित है। माया निर्माण के तथ्य का समाधान निम्न पंक्तियों में है।

सृष्टि के पूर्व एक कमल उत्पन्न हुआ, उससे ब्रह्म, अनंतर सभी मानव–प्राणी प्रकट हुए, इसके अतिरिक्त माया दिग्–दिगंत तक फैल गई और वह सभी संसार को नचाने लगी। प्रथम ब्रह्म प्रकट हुआ, अनंतर उससे माया उत्पन्न हुई, ब्रह्म और माया का मिश्रण हो गया। संसार में सभी मानव, महि और सागर माया के वशीभूत होकर ऐसे नाचते हैं जैसे कृष्ण के समक्ष रास में गोपियों ने नृत्य किया था।

सच तो यह है कि जीव को माया के बंधन से बने रहना चाहिए, यह तभी संभव है यदि वह सर्वाधिपति के महत्व को समझ ले और सश्रद्ध नवधा भक्ति में प्रवृत्त हो। ईश्वरोपासना का मिथ्या स्वाँग भरनेवाले व्यक्तियों की अपेक्षा नवधा भक्ति का अनुयायी अधिक पुण्यात्मा और सफल है।

मोक्ष :

मोक्ष के बारे में नामदेवजी ने स्वतंत्र विचार स्पष्ट नहीं किए हैं। उनकी भक्ति में ही मोक्ष की भावना का उल्लेख मिलता है। उनका सिद्धांत है कि भक्ति बिना मोक्ष नहीं मिल सकता है। अपने गुरु विसोबा खेचर से निर्गुण परब्रह्म का अलौकिक अनुभव मिलने पर भी योगमार्ग का अनुसरण न करते हुए नामदेवजी ने भक्तिभावना को ही महत्व दिया है। विराट तत्व दर्शन के अलौकिक सुख पर आधारित भक्ति ही उनको 'व्रत' के समान दिखती है।

निर्गुणाचे वैभव आले भक्तिभिषे। ते हे विट्ठल वेषें उसावलें।
चोविसावेगळे सहस्त्राआगळें। निर्गुण निराळे शुद्धबुद्ध।। [89]

अर्थात् निर्गुण का वैभव विट्ठल मूर्ति के सौंदर्य रूप में साकार हुआ है। वह मूर्ति चोबीस नाम में वर्णित भगवान से अलग और विष्णुसहस्रनाम में वर्णित रूप से अलग नामदेव को भासित हुई।

मोक्षप्राप्ति से भी भक्ति का आनंद अवर्णनीय है। मोक्ष का आधार ही भक्ति है। जैसे —

भक्तीवीण मोक्ष नव्हे हा सिद्धांत। वेद बोले हात उभारोनी।।[90]

नामदेवजी के अनुसार भक्ति का मार्ग प्रवृत्ति मार्ग है। अत: नामदेवजी ने भक्ति को अधिक महत्व दिया। उन्होंने मुक्ति का निरादर किया और मुक्ति को मुक्ति से उच्चतर मूल्य माना। इसी से निष्काम कर्मयोग का सिद्धांत निकलता है। भाव–भक्ति को ही कर्म दृष्टि से निष्काम कर्मयोग कहा जाता है। नामदेव जी कहते हैं —

ऐके मोक्षाची मी कथा। तेणे भय वाटे चित्ता।।
नामा म्हणे अभयदान। देऊनि सांगे प्रेम खूण।। [91]

अर्थात् मैंने मोक्ष की कथा सुनी है। उससे मुझे भय लगता है। मैं केवल मोक्ष, समाधि अथवा स्वर्गसुख नहीं चाहता। हे पांडुरंगा! अभयदान देकर मुझे अपने प्रेम की निशानी दो। मैं उस मुक्ति को लेकर क्या करुँ? जिससे तेरा वियोग हो। वासना–रहित मन से तेरा स्मरण किया तो तू मुझे सायुज्य मुक्ति देगा। फिर हे वैकुंठनाथा, भक्ति का आनंद मुझे कैसे प्राप्त होगा? यथा –

मुक्ति पद मी गा अभिलाषी न चित्ती।।
झणी अंतरती पाय तुझे।। [92]

परमात्म ज्ञान की प्राप्ति के कारण नामदेवजी को मुक्ति तो मिल ही गई थी केवल ज्ञान के कारण प्राप्त होनेवाली (केवल परब्रह्म रूप होकर रहने की) कैवल्य मुक्ति वे नहीं चाहते थे। मुक्ति प्राप्त होने पर भी वे भक्त–सरिता में अवगाहन करना चाहते थे।

4.3.3 संत एकनाथ– ब्रह्म, जीवात्मा, जगत्, माया, मोक्ष

एकनाथ जी हिंदी के संत कवि तुलसी के समकालीन कवि हैं। उनका जन्म सन 1504[93] में पैठण में हुआ। एकनाथजी ने अपना भागवत ग्रंथ काशी में लिखा। एकनाथ जी मूल नक्षत्र में जन्मे। 13 वें वर्ष में एकनाथ देगवढ़ में जाकर जनार्दन स्वामी से मिले। वे ही उनके गुरु थे। अपने सब अभंगों के पदांत में एकनाथजी ने 'एका जनार्दन' कहा है। 'निवैर: सर्वभूतेष: आदर्श का आजीवन पालन करके 1599[94] में नाथ का निर्वाण हुआ। माधव गोविंद रानडे ने एकनाथजी के कार्य के विषय में कहा कि भागवत धर्म, एकनाथजी के प्राकृत ग्रंथों में जैसे स्पष्ट है वैसे अन्यत्र नहीं।

निरहंकारी रहकर भक्ति करने में प्रीति, मुक्ति, वैराग्य, सभी कुछ है। नाथ का भागवत पढ़कर हम शांति पाते हैं। सगुण–निर्गुण को समान मानने की उनकी वृत्ति है। वैसे एकनाथ जी कहते हैं कि जैसे सबेरे,

श्याम, मध्याह्न तीनों समयों में आकाश अलिप्त होता है, उसी प्रकार से उत्पत्ति–स्थितिरूप सृष्टि होती जाती है। परब्रह्म उससे अलिप्त है। जागृति का ज्ञान, स्वप्न का मिथ्याभान, सुषुप्ति के साक्षी पूर्ण वही नारायण है।

एवं परमात्मा परंज्योती। आत्मा हृदयस्थ त्रिजगती।

परंतु नाथ की रचनाओं के काल तक आकर निर्गुण धारा केवल मूलाधार के रूप में बची थी। सगुण ने जनमत को अधिक आकृष्ट कर लिया था।

एकनाथजी के ग्रंथों में सबसे लोकप्रिय और प्रसिद्ध ग्रंथ 'भागवत एकादश स्कंध', 'रुक्मिणी– स्वयंवर' और 'भावार्थ–रामायण' है। इन ग्रंथों के अतिरिक्त चिरंजीवपद 'स्वात्मबोध', 'आनंदलहरी' आदि अन्य कई छोटे मोटे ग्रंथ एकनाथजी ने लिखे हैं। इनके सभी ग्रंथों में ज्ञानोत्तरा पराभक्ति का अमृतरस लबालब भरा हुआ है।

ब्रह्म :

संत एकनाथजी ने ब्रह्म के निर्गुण रूप को स्वीकार करते हुए सगुण रूप का समर्थन किया है। वारकरी संप्रदाय में भक्ति और ज्ञान का अद्‌भुत सामंजस्य हुआ है। ये भक्ति को मूल और ज्ञान को फल मानते हैं। उपनिषद और वेदांत में ब्रह्म की व्याख्या करते हुए जो लक्षण दिए गए हैं, उन्हीं को निर्गुण ब्रह्म के लक्षण माना जाता है। डॉ. मोतीसिंह ने उपनिषद् और शंकराचार्य के निर्गुणवाद और अद्‌वैत के सूक्ष्म अंतर को स्पष्ट करते हुए लिखा है कि उपनिषदों में निर्गुणवाद और अद्‌वैतवाद का प्रतिपादन करते समय ज्ञान और कर्म का सामंजस्य अंतर्भूत था, किंतु शंकराचार्य प्रभूति दार्शनिकों ने जो सांप्रदायिक रूप दिया उसमें कर्म को ज्ञान से बहिर्गत कर दिया था। उनकी तर्कता और विवेचना केवल बुद्‌धिमान पर अवलंबित थी। संत कवि शांकर अद्‌वैत के समीप न होकर उपनिषद के अद्‌वैतवाद के समीप हैं, क्योंकि उन्होंने ज्ञान और कर्म, बुद्‌धि और हृदय दोनों के सामंजस्य का मार्ग अपनाया था। संत एकनाथजी ने उपनिषद और

शंकराचार्य दोनों से प्रेरणा ग्रहण की थी। अपने काव्य में उन्होंने दोनों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की है। उन्होंने अद्‌वैतबद्‌ध कर्मप्रधान भक्तिमार्ग को पुरस्कृत किया था। उनके काव्य में ब्रह्म के सगुण और निर्गुण का विवेचन पृथक–पृथक न होकर एकत्रित रूप में किया गया है। परबह्म के बारे में एकनाथी भागवत में कहा है –

जें वाचेंचें वदवितें। परी वाचा वदो ने शके ज्याते।

.....

ज्यासि जाणावयालागी येथे। आणिक जाण ते असेना।। [95]

अर्थात् जो वाणी को बोलने की शक्ति देता है, लेकिन वाणी उनके प्रति बोल नहीं सकती। जो मन, बुद्‌धि को संवेदित करता है, लेकिन मन और बुद्‌धि उसको नहीं जानती। जो नेत्र को रूपादि दिखाता है, पर नेत्र उसको देखता नहीं है। जो श्रवण और घ्राण को सुनने और सूँघने की शक्ति देता है, पर दोनों इंद्रियाँ उसको जानते नहीं। इस तरह वह सभी को जाननेवाला पर सभी को सबकुछ नहीं जाननेवाला परब्रह्म है। संत एकनाथजी के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण ही पूर्णब्रह्म है।

जिसने जगत् के उद्‌धार हेतु लीलया सगुण रूप धारण किया है, वस्तुतः वह अपूर्ण है, परंतु सर्व प्राणियों के लालन–पालन के प्रयोजन हेतु वह मूर्त रूप में उपस्थित हुआ है। उसके मूर्त रूप में भी अमूर्त ब्रह्म व्याप्त रहता है। ब्रह्म मूलतः सत्‌चित् आनंद का सम्यक रूप है। अनंत, अनादि, अद्‌वैत, अविनाशी, अविकारी, व्यापक, निर्गुण, निराकार, निर्विशेष, परम ज्योतिर्मय, अखंड, अगम्य, अगोचर, ज्ञानरूप, स्वयंप्रकाश, स्वतंत्र, सर्वज्ञ है। वह अकर्ता, अभोक्ता, निरूपाधिक, सुख स्वरूपानंद और चल–अचल, स्थूल–सूक्ष्म, दृश्य–अदृश्य आदि विरुद्‌ध धर्मों का आश्रय है। उन्होंने अनेक स्थलों पर ब्रह्म के गुणों का वर्णन किया है।

इस अजर, अमर, अरूप, अव्यक्त, अतर्क्य, अजन्मा, विलक्षण ब्रह्म का वर्णन करना स्वयंमेव एक कठिन कार्य है। आगम–निगम, श्रुति पुराण भी

उसका वर्णन न कर सके और अंत में उन्हें नेति–नेति शब्दों के द्वारा निषेध मूलक पद्धति से ब्रह्म के स्वरूप का वर्णन करना पड़ा।

एकनाथजी ने भी इसी रीति से ब्रह्म के अवर्णनीय, अतर्क्य एवं अनाकलनीय स्वरूप को समझाते हुए लिखा है –

नाहं जोगी, नाहं भोगी, नाहं जोगी, संन्यासी।

.....

नाहं पुरुषा, नाहं नारी, नाहं देही विदेही।। [96]

यही निर्गुण ब्रह्म भक्तों के लिए सगुण सुंदर अवतार ग्रहण करता है। एकनाथजी ने साकार साँवले विट्ठल को निर्गुण निराकार, परात्पर ब्रह्म का अवतार माना है। केवल निर्गुण रूप को महत्व देनेवालों के प्रति एकनाथजी ने तीव्र विरोध व्यक्त किया है। उनके विचार से सगुण ब्रह्म, निर्गुण ब्रह्म की तुलना में किसी भी प्रकार कम नहीं है। इसलिए दोनों को समान महत्व देने का वे आग्रह भी करते हैं।

ब्रह्म निर्गुण निराकार। विट्ठल सगुण साकार।

अवतरणे परात्पर। परब्रह्म सावळे।। [97]

ब्रह्म के निर्गुण और सगुण रूप की एकता के समझाने के लिए एकनाथजी ने कई दृष्टांत प्रस्तुत किए हैं। घृत और घृतकणिका, बीज और वृक्ष, चीनी और मिश्री, सुवर्ण और सुवर्णालंकार आदि में जिस प्रकार अभेद होता है उसी प्रकार निर्गुण और सगुण रूप में अभेद रहता है। यह रहस्य जानते हुए भी उन्होंने सुलभता, सुगमता एवं सहजता की दृष्टि से सगुण रूप को ही समाज के सम्मुख रखा। वे जानते थे कि साधारण जनता की दृष्टि में घृत की अपेक्षा घृत कणिका समूह, बीज की अपेक्षा वृक्ष, चीनी की अपेक्षा मिश्री, सुवर्ण की अपेक्षा सुवर्णलंकार का रूप–सौंदर्य ही अधिक मनोहर, मधुर एवं संतोषप्रद होता है। उनके मतानुसार मूलतः निर्गुण निर्विकार, सूक्ष्म ज्ञानरूप ब्रह्म ही अपनी रुचि के अनुरूप सुंदर, मनोहर, सगुण रूप में रूपायित होता है। एकनाथजी ने प्रमुखतः श्रीकृष्ण रूप विट्ठल को ही

परब्रह्म के सगुण रूप में देखा है। उसके श्यामल सुंदर रूप पर वे मोहित होते हैं। उसके समचरण सरोज, गले में वैजयंती माला, कटि पर पितांबर, पैरों में घुंगरु आदि की कमनीयता के कारण उसका साँवला तन अधिक ही चित्ताकर्षक हो जाता है। एकनाथजी के सगुण रूप का वर्णन दृष्टव्य है।

सुंदर तनु नंद नंदन लाल छे। गले शोभे वैजयंती माल छे।
पीत पीतांबर घुँगरिया छे। गोपाल नाचती गोरे साथ छे।। [98]

पंढरपुर में विट्ठल ब्रह्म नाम है। सर्व साधु–संत रात और दिन ध्यान करते हैं। वारकरी संप्रदाय के अनुसार एकनाथजी ने भी ईश्वर के प्रचलित सभी नामों का उल्लेख किया है। वे सभी ईश्वरावतारों में एक ही ब्रह्म की सत्ता देखते हैं। वे सभी को विट्ठल रूप में ग्रहण करते हैं। इसलिए उनकी रचना में विट्ठल, श्रीकृष्ण, गोविंद, शिव, राम, दत्तात्रय, जगदंबा, एकवीरा देवी आदि अनेक हिंदू देवी–देवताओं का ही नहीं अपितु मुसलमानों के अल्ला, पोरा आदि का भी समावेश हुआ है। उन्होंने सभी प्रतिष्ठित अवतारों को उसी निर्गुण, निर्विकार, परब्रह्म के ही विभिन्न रूप माने हैं। अत: सांप्रदायिक संकुचित दृष्टि छोड़कर उन्होंने व्यापक एवं उदार दृष्टिकोण अपनाया। उनके गुरु दत्त–संप्रदाय के थे और उनके कुल में परंपरा से विट्ठल भक्ति थी। उनकी कुलदेवी एकवीरा देवी थी और उनके आदर्श एवं वारकरी संप्रदाय के प्रतिष्ठापक संत ज्ञानेश्वर मूलत: नाथपंथ में दीक्षित थे। उनके गुरु जनार्दन स्वामी सूफी संतों के संपर्क में थे। इस प्रकार विभिन्न विचार धाराओं एवं संप्रदायों से संबंद्ध होने पर भी संत एकनाथ ने अपनी भक्ति में सांप्रदायिक संकोच नहीं आने दिया। अपितु उन सबको उन्होंने अपने विशाल एवं मानवतावादी वारकरी संप्रदाय की अद्वैत भक्ति में समाविष्ट किया है।

उपरोक्त विवेचन से ज्ञात होता है कि संत एकनाथ जी मूलत: ब्रह्म के निर्गुण, निर्विकार स्वरूप को स्वीकार करते हैं। परंतु बोधगम्यता की कठिनाई, मन, बुद्धि एवं वाचा के लिए भी उसकी अगम्यता, शास्त्रों तथा

वेदों का भी उसके रूप वर्णन में असमर्थ हो जाना आदि बातों के कारण उन्होंने हेतुत: ब्रह्म की सगुण रूप की उपासना जनता के सम्मुख रखी। वे सगुण के माध्यम से निर्गुण को परिचित कराना चाहते हैं और इसलिए सगुण का वर्णन करते हुए उन्होंने चैतन्यसागर, चिदानंदघन, अखंड, अविनाशी, ब्रह्म आदि विशेषणों का सार्थक प्रयोग किया है। वे इन बातों का स्मरण सदैव देते हैं कि यह सगुण ब्रह्म उसी निर्गुण ब्रह्म का रूप मात्र है। सगुण मूर्तियों में उस निर्गुण का आवाहन कर उसकी पूजा–अर्चा की जाती है। भक्त को सगुण साकार रूप के दर्शन की भूख रहती है। उसके बिना उसकी तृप्ति नहीं होती है। एकनाथजी ने योग की दुरुहता को समझाते हुए कहा है कि उसमें यह सगुण दर्शन की भूख कहाँ मिटती है।

जीवात्मा :

द्वैत रूप में जीव का स्वरूप क्या है? इसका उत्तर एकनाथजी के शब्दों में है कि पंचमहाभूतों को साकार करने के पश्चात साकार शरीर में, ईश्वर ही प्रकृति के द्वारा जीव के रूप में शरीर का चालक होता है। जीव और शिव दोनों उसके ही रूप हैं। ब्रह्मांड में प्रवेश करने पर वह चालक है, उसे शिव कहते हैं। शरीर का चालक बना तो वह जीव बनता है। माया के पाश में ईश्वर ही जीव–शिव रूप में प्रतिबिंबित है। ईश्वर ही जीव के मन–बुद्धि–चित्त और अहंकार है। मूलत: परिपूर्ण होते हुए भी जीव खुद को 'मैं शरीर' इस रूप में मानता है। इससे देहात्मभाव दृढ़ होता है और अपने निजस्वरूप को मतलब ब्रह्म को भूल जाता है। शरीर ही मैं हूँ का अहं निर्माण होने पर शरीर को जन्म–मृत्यु का बंधन रहता है। इस प्रकार संसार का कर्ता 'अहं ब्रह्म' का विचार होता है। इस अनुभव से ही चित्तांत चिन्मय आत्मा प्रकट होती है। जब तक विषयासक्ति होती है तब तक अहंकार रहता है। उसी कारण जीव बंधन में रहता है। जब अहंकार जाता है तब सिर्फ ब्रह्म का वास रहता है और मुक्ति का द्वार खुल जाता है।

आत्मा या ईश्वर सदा अलिप्त ही है। 'अहं' इस तादात्म्य भाव से सूक्ष्म लिंग–देह निर्माण होता है। इसमें विषयासक्ति होती है। स्थूल देह के बिना विषयासक्ति का अनुभव नहीं हो सकता। इसलिए इंद्रियों सहित स्थूल देह का निर्माण होता है। वह सुख–दु:ख भोगता है। यह आत्मा का स्वप्न होता है परंतु इस सुख–दु:ख में आत्मा नहीं होती, वह सदा अलिप्त रहती है। भास होता है कि जीव अनेक हैं। परंतु वह मिथ्या है। एक ही आत्मा प्रकृति के अनेक स्वरूप में प्रतिबिंबित होने से जीव की अनेकता स्पष्ट होती है। मूल बिंब एक ही है वह है आत्मा। जैसे सूर्य का प्रतिबिंब पानी में दिखने से वह विकृत दिखाई देता है, लेकिन मूलत: सूर्य को कुछ नहीं होता, उसी प्रकार शरीर को जिस सुख–दु:ख का अनुभव होता है उसका परिणाम आत्मा पर नहीं होता। अनेक जलाशय में अनेक प्रतिबिंब दिखाई दी, फिर भी सूर्य एक ही है, उसी प्रकार शिव एक है और जीव ही एक है और जो शिव वही जीव है। एकनाथी भागवत में विद्या का यथार्थ लक्षण स्पष्ट किया है।

देहाचे माया वर्णाश्रम। आश्रमांचे माथां कर्म।
त्या कर्माचा अभिमान परम। तो जीवधर्म देहबुद्धि।।
ते छेदोनि जीवाची बाधा। तो मेळविजे चिदानंदा।
ते नांव शुद्ध आत्मविद्या।। [99]

अर्थात् देह के मस्तक पर वर्णाश्रम है। आश्रम के माथे पर कर्म है, कर्म के अभिमान से ही जीव को देहबुद्धि उत्पन्न होती है। जीव की बाधा को तोड़कर चिदानंद में जो विलिन होती है, वही आत्मविद्या है।

संत एकनाथजी ने जीव को निर्गुण निराकार, सच्चिदानंद ब्रह्म का ही रूप माना है। मूलत: जीव और ब्रह्म में पार्थक्य नहीं होता। अविद्या माया के कारण जीव को अपने वास्तविक स्वरूप का ज्ञान नहीं होता। 'एकोहं बहुस्यामि' के अनुसार जब ब्रह्मरूप जीव इस जगत में प्रविष्ट होता है तब वह अविद्या माया के प्रभाव में आता है और अपने

आत्मस्वरूप को भूलकर देह–धर्म को ही भ्रमवश अपना धर्म समझ बैठता है। इस अज्ञान तथा भ्रम के कारण उसे अनेक दुख उठाने पड़ते हैं। जलतरंग न्याय से हवा से उत्पन्न लहर, जल से भिन्न प्रतीत होती है, परंतु हवा के शांत होने पर वह पानी में विलीन हो जाती है और उसकी पृथक सत्ता का आभास नष्ट हो जाता है। वह मूलत: जल ही का अभिन्न अंश था, जो तरंगासित होने से मूल जल से भिन्न भासित होता था। ब्रह्म और जीव की स्थिति भी इस प्रकार की होती है, जो मूलत: अभिन्न होते हुए भी पृथक प्रतीत होते हैं। ज्ञान–भक्ति के द्वारा यह प्रभाव हटाया जा सकता है, जिसके परिणाम स्वरूप जीव को वास्तविक चिन्मय स्वरूप का बोध हो जाता है। 'अहं ब्रह्मासि'यह ज्ञान ही जीव को मुक्त करा देता है। इस अद्वैत बोध के कारण जीव हर्षविभोर हो उठता है और सर्वत्र ब्रह्म ही के साक्षात्कार का अनुभव करता है। एकनाथजी ने इस अनुभूति को अभिव्यक्त करते हुए कहा है –

बद्धता छूटी मुक्त भये, ज्ञान से अज्ञान बाबा।

.....

एका जनार्दनी एकरूप सहज स्वानंदकैद है बाबा।। [100]

अविद्या जीव को विविध बंधनों में बाँध देती है परंतु ब्रह्मज्ञान की प्राप्ति से समस्त बंधन स्वयंमेव विछिन्न हो जाते हैं। देह का अहंकार पूर्णत: नष्ट हो जाता है। द्वैत भाव के स्थान पर अद्वैत की प्रतीति का वह अनुभव करता है। संत एकनाथ ने जीव को कबीर की भाँति 'हंस' कहा है और उसके रूपक द्वारा आत्माज्ञानानंद की अपूर्व स्थिति का उत्कृष्ट वर्णन किया है।

मन हंस गया चरने बोध सरोवर चारा।

.....

देह बुद्धि जात अंतरे छोडत नाही छूटा।। [101]

जीव ब्रह्म का ही अंशरूप होता है, जो ब्रह्म के समस्त गुणों से युक्त होता है। अविद्या माया का आवरण हट जाते ही देह–धर्म के प्रति उसकी आसक्ति नष्ट हो जाती है। वह अपने मूल स्वरूप की शक्ति एवं सुंदरता को भलि–भाँति जान लेता है। अंत में जीव अपने मूल स्वरूप ब्रह्म में विलीन होता है। अर्थात् अपने मूल स्वरूप को प्राप्त कर लेता है। आत्मज्ञान प्राप्त होने पर जीव को सर्वत्र अपना ही अर्थात् ब्रह्म का ही रूप दृष्टिगोचर होता है।

संत एकनाथ गोकुल का वर्णन करते हुए गोकुल तथा वहाँ की नर–नारियों में परब्रह्म श्रीकृष्ण के अतिरिक्त कुछ भी नहीं देखते हैं। उन्हें उनमें श्रीकृष्ण का ही स्वरूप दिखाई देता है।

गोकुल मांहि और न दिसे। / कृष्ण स्वरूप नर नारी रे।। [102]

संत एकनाथ ने मराठी और हिंदी दोनों रचनाओं में जीव और शिव, अर्थात् जीव और ब्रह्म की अभिन्नता सोदाहरण स्पष्ट की है। माया–जनित अबोध तथा अज्ञान को नष्ट करना प्रत्येक देहधारी जीव के लिए आवश्यक है। भक्ति के द्वारा यह कार्य सहजता से सिद्ध हो जाता है। प्रत्येक घट–घट में साई की उपस्थिति वे मानते हैं। अर्थात् प्रत्येक जीव ब्रह्म–स्वरूप ही होता है।

जगत् :

जीव की भाँति संत एकनाथ ने जगत् को भी ब्रह्म का ही रूप माना है। ब्रह्म ही ने अपनी क्रीड़ा के लिए जगत् का निर्माण किया है। सृष्टि की समस्त वस्तुओं में ब्रह्म ही ब्रह्म व्याप्त है। वहाँ कोई ऐसा स्थान नहीं है जहाँ अनंत ब्रह्म की सत्ता न हो। आदि, मध्य और अंत में सभी जगह पर ब्रह्म परमात्मा विद्यमान है। स्थूल, सूक्ष्म, चर, अचर सभी पदार्थों में चिदानंद शुद्ध ब्रह्म ही समाविष्ट रहता है।

ब्रह्म निर्गुण निर्विकार। ब्रह्म सगुण साकार।

.....

जहाँ देखो तहाँ पाया, मेरे राम है परिपूर्ण।। [103]

घट और मृत्तिका, पट और तंतु, सुवर्ण और अलंकार, अग्नि और ज्वाला आदि जिस प्रकार एकरूप रहते हैं, उसी प्रकार ब्रह्म और जगत् भी एकरूप रहते हैं। नाना रूपात्मक सृष्टि चित्स्वरूप परब्रह्म ही है। ईख, गुड़ तथा चीनी दृष्टि में यद्यपि भिन्न–भिन्न प्रतीत होते हैं, तथापि उन तीनों में निहित मिठास एक ही होती है। इसी प्रकार जगत् के पदार्थों में जो विविध आकार–प्रकार दिखाई देते हैं, उन सबमें निहित ब्रह्म एक ही है। मकड़ी जिस प्रकार अपने ही तंतुओं का जाल बुनती है और उनसे अलिप्त रहकर उसीपर क्रीड़ा करती है, उसी प्रकार इस जगत् में उत्पत्ति, स्थिति तथा लय की क्रीड़ा कर चिद् स्वरूप ब्रह्म उससे अलग रहता है। अपनी क्रीड़ा के लिए स्वयं ब्रह्म अनेक रूप ग्रहण करता है। उसके इस चिद्विलास में भिन्न प्रतीत होकर भी वह अभिन्न होता है। संधिवेला के मार्ग में पड़ी हुई डोरी को प्रकाश के अभाव में जिस प्रकार भ्रमवश सर्प समझा जाता है, उसी प्रकार इस जगत् को ज्ञानप्रकाश के अभाव में भ्रमवश सत्य समझा कर मनुष्य उसी के विषयों में आनंदानुभूति करने लगता है। वस्तुतः अविद्या माया के कारण जगत् के ब्रह्म–रूप को न जान लेने से मनुष्य जगत् तथा उसकी वस्तुओं को ही सत्य मान बैठता है। यदि आत्म–ज्ञान रूपी दीपक वह अपने हृदय में प्रज्वलित करेगा, तो उसके आलोक में उसे सत्य और मिथ्या का अंतर स्वतः ज्ञात होगा। संत एकनाथ एक स्थान पर क्षर में व्याप्त इस अक्षर ब्रह्म को जानने के लिए अचेत ज्ञानी मनुष्य को चेतना देते हैं तो दूसरे स्थान पर मुसलमानों की तसल्ली के लिए 'सल्लाल अल्ला' अर्थात् ब्रह्म ही के कारण जगत् प्रसार की बात कहते हैं।

क्षर म्याने अक्षर, अचेत चेतवे ज्ञानी।
दुःख कर जमा नहीं, वह सुख देखो नयनी।।
जिस रूप से जगत् पसारा, वही सल्लाह अल्ला।। [104]

इस प्रकार विभिन्न उदाहरणों से संत एकनाथ ने यह स्पष्ट किया है कि ब्रह्म ही जगत् का कर्ता है और भोक्ता भी है। जगत् और ब्रह्म में किसी भी प्रकार की पृथकता नहीं होती। परंतु इसी कथन के आधार पर यदि कोई जगत् को ही ब्रह्म समझकर केवल उसी का अस्तित्व स्वीकार करना चाहे तो यह संभव नहीं है। ब्रह्म ही के कारण जगत् की सत्ता है, ब्रह्म न होगा तो यह जगत् भी नहीं रहेगा।

संसार जैं संत होता। तैं ब्रह्मज्ञानेंही न नासता।

हा संतासंत नये म्हणता। अनिर्वाच्य कथा पैं याची।। [105]

अर्थात् यह संसार सच्चा होता तो ब्रह्म के ज्ञान से नाश न होता। इसलिए इसे सत्य तथा मिथ्या कहना मुश्किल है। इस बात को विभिन्न दृष्टांतों से उन्होंने समझाया है। शंकराचार्य की भाँति अन्वय–व्यक्तिरेक की पद्धति से भी एकनाथजी ने ब्रह्म और जगत् के पारंस्पारिक संबंधों का विवेचन कर उनके निरपेक्षत्व एवं सापेक्षत्व को स्पष्ट किया है। जिस प्रकार धूप का अस्तित्व अग्नि पर निर्भर रहता है। परंतु अग्नि का अस्तित्व धूप पर अवलंबित नहीं रहता। उसी प्रकार जगत् का अस्तित्व ब्रह्म पर निर्भर होता है, परंतु ब्रह्म का अस्तित्व जगत् पर अवलंबित नहीं रहता है। प्रतिबिंब के लिए मूलत: बिंब का अस्तित्व अनिवार्य होता है। बिंब के कारण ही प्रतिबिंब की स्थिति है। जब मूल बिंब ही नहीं रहेगा तो प्रतिबिंब कहाँ से होगा? परंतु प्रतिबिंब के नष्ट होने पर मूल बिंब का अस्तित्व रहता ही है। इसी प्रकार जगत् का लय होने पर भी मूल ब्रह्म का अस्तित्व रहता ही है। संत एकनाथ ने इसी तथ्य को सूर्य के बिंब–प्रतिबिंब को उदाहरण द्वारा स्पष्ट किया है।

रवि–बिंब घट भंगे फुटे, / तैसा भव बंधन को डिंभ।। [106]

अपनी समस्त रचनाओं में जीव, जगत के अभिन्न संबंध को स्पष्ट करने के लिए एकनाथजी ने दैनंदिन व्यवहारों के अनेक दृष्टांत प्रस्तुत किए हैं।

माया :

जीव और जगत् वस्तुत: परब्रह्म का रूप होते हुए भी जिस शक्ति के कारण उसमें पृथकता भासित होती है, उसे संत एकनाथ ने माया कहा है। यह माया परब्रह्म की ही शक्ति है, जो ब्रह्म और जीव के बीच आवरण के रूप में रहती है। एकनाथजी ने माया को मूल माया कहा है। उनके अनुसार यही मूलमाया 'शिव' अर्थात् ब्रह्म के रूप में 'योगमाया' होती है और जीव के रूप में 'अविद्या' कहलाती है। जैसे

शिवीं जे योगमाया विख्याती। जीवीं तीतें अविद्या म्हणती।
हेचि मायेची मुख्यत्वे भ्रांती। स्वप्नस्थिती संसारू।। [107]

आवरण और विक्षेप इस माया शक्ति के प्रधान अंग कह जाते हैं। आवरण के कारण ब्रह्म के यथार्थ स्वरूप के विषय में अज्ञान रहता है और इसी अज्ञान से ज्ञान मार्ग में रुकावट अर्थात् विक्षेप निर्माण होता है। यही अज्ञान परमात्मा के विषय में विपरीत धारणा उत्पन्न करता है। अविद्या माया के कारण जीवात्मा अपने मूल स्वरूप को नहीं पहचानता और देह को ही अपना धर्म समझता है, जो नाशवान होता है। माया जीव में द्वैत भाव उत्पन्न कर भासमान वस्तुओं में सत्य की प्रतीति कराती है। सुख–दु:ख की भावनाओं को एकनाथ जी ने मृगजल की भाँति मिथ्या एवं मायामय कहा है।

'एकोहं बहुस्याम प्रजायेय' की स्फूर्ति ही हरि की माया है। उसका स्वतंत्र अस्तित्व नहीं होता। जगत् की उत्पत्ति, स्थिति एवं लय में वही सहायक होती है। त्रिगुणात्मक होती है और जीव में अनेक प्रकार की भ्राँतियाँ पैदा करती है। अविद्या माया के कारण ही जीव देह के प्रति अहंकार करने लगता है। जिसके परिणामस्वरूप उसे भय, शोक, दु:ख आदि के कष्ट भुगतने पड़ते हैं।

मायाजनिक पदार्थों के प्रति आकर्षित होकर मनुष्य स्वत: विषधारी सर्प को हाथ में ग्रहण करता है

मीठा खेल लगा है निरधार, / मीठा छोड कर पकरा संसार।।

एक जनार्दन का बंदा, / हात मां काला साँप बाँधा।। [108]

इस प्रकार माया के मोहक खेल में फँस जाने से मनुष्य वास्तविक मधुर ब्रह्म को छोड़कर संसार ही को स्वीकार करता है और अपनी हानि कर लेता है। एकनाथजी के अनुसार जो वस्तुएँ साकार, इंद्रियगोचर हैं, वे सब मायामय हैं। जो पहले अस्तित्व में नहीं रहता, बीच ही में भासमान होता है और पुनः नष्ट हो जाता है, वह सब मायावी है। इसलिए उन्होंने अपनी रचनाओं में मनुष्य को झूठे मायाजाल से बचने का संदेश दिया है। घोड़े, रथ, हाथी, पालकी, सेना आदि समस्त ऐश्वर्य क्षणभंगुर है। वह माया का दो दिन का बाजार मात्र है।

हाथी, घोड़े, पालकी, सेना नहीं आवे सात।

.....

एका जनार्दनी बोले भाई, कोई न आवे सात।। [109]

माया के मोह में फँसकर मनुष्य को अनेक दुःख उठाने पड़ते हैं। इस संसार की नश्वर वस्तुओं के प्रति मनुष्य को अधिक आकर्षित नहीं होना चाहिए। ये समस्त माया से निर्मित एवं नाशवान हैं। मनुष्य को इस माया के प्रभाव से बाहर आना चाहिए। माया विभिन्न प्रलोभनों से जीवात्मा को आकर्षित करती है। माया का यह प्रभाव सामान्य मनुष्य तक सीमित नहीं रहता, अपितु प्रत्यक्ष अवतारी ब्रह्म तथा महान योगियों–तपस्वियों तक प्रसारित होता है। एकनाथजी ने पौराणिक उदाहरण प्रस्तुत कर स्पष्ट किया है कि मायाजाल में फँसकर उन लोगों का किस प्रकार अधःपतन हुआ है।

माया छांड़, सुनोजी, अच्छा भांड़ बनोजी।

.....

भिल्लिनी के पीछे लगा, करता तोबा तोबा।। [110]

इस प्रकार एकनाथजी ने माया तथा उसके प्रभाव का वर्णन प्रमुखत: शंकराचार्य के अनुसार ही किया है।

नाथ वाङ्मय में माया शब्द का प्रतिशब्द 'प्रकृति' कहा है। एकनाथ जी कहते हैं

जेवीं का नटाची रावो राणी। दोघे खेळती लटिकेपणी।
तेवीं प्रकृतिपुरुष उभवणी। मिथ्यापणी जो जाणे।।
जिस प्रकार नाटक में राजा–राणी झूठे होते हैं, उसी प्रकार
नामरूप क्षणिक व असत्य है। [111]

माया का नियंता ब्रह्म जिसके लिए पुरुष शब्द प्रयुक्त होता है और उसकी प्रकृति मतलब सृष्टि का आभास उत्पन्न करनेवाली माया। जिस प्रकार वस्तु के साथ छाया आती है वैसे ही ब्रह्म के साथ माया है। छाया जितनी सत्य उतनी माया सत्य।

इस माया का निरसन हरिनाम में है। हरि के नाम से माया भाग जाती है। माया नारायण से अंकित है। नारायण के चरण छूने से माया दूर होती है। भक्ति से ही माया का नाश हो सकता है। भक्ति का आचरण करने से हमें मुक्ति मिल सकती है। यथा –

भक्तिपाशीं नित्य तृप्ति। भक्तिपाशीं नित्य मुक्ति।
भक्तिपाशीं भगवत्प्राप्ति। मायानिवृत्ति हरिभजने।। [112]

सांसारिक दु:खों का मूल कारण अविद्या माया होने से एकनाथजी ने उसके दुष्परिणामों का वर्णन किया है। ईश्वर प्राप्ति में माया को ही बाधक तत्व माना है। समस्त सांसारिक पीड़ाओं एवं व्यवधानों की वास्तविक सूत्रधारिणी माया शक्ति है। अत: प्रत्येक साधक को माया के वास्तविक स्वरूप को पहचान कर उससे दूर रहने का प्रयत्न करना चाहिए।

मोक्ष :

नाशवान एवं दुखमूलक सांसारिक बंधनों को तोड़कर चिरंतन आनंद–प्राप्ति की अवस्था ही को मुक्ति अथवा मोक्ष कहा जाता है। मुक्ति

की कल्पना को लगभग सभी भारतीय दर्शनों ने स्वीकार किया है, परंतु उसके स्वरूप–भेद आदि के विवरण में अंतर दृष्टिगत होता है। सालोक्य, सामीप्य, सारूप्य तथा सायुज्य मुक्तियों में संत एकनाथ ने सायुज्य मुक्ति को प्रधानता दी है। यह सायुज्य मुक्ति जीव–शिव अर्थात् जीव और ब्रह्म के ऐक्य के रूप में वर्णित है। उनके मतानुसार इस मुक्ति के पाते ही शेष समस्त मुक्तियाँ स्वयंमेव प्राप्त हो जाती हैं। अविद्या के आवरण के कारण जीव को आत्मस्वरूप का वास्तविक ज्ञान नहीं होता। इसलिए इस मायावी आवरण को नष्ट करना आवश्यक होता है। एकनाथजी ने मुक्ति के साधनों में भक्ति के अतिरिक्त कर्म, ज्ञान तथा योग को भी स्वीकार किया है। फिर भी वे भक्ति को ही प्रधानता देते हैं। उनके मतानुसार भक्ति से ही मुक्ति प्राप्त होती है। मुक्ति का महत्व भक्ति के कारण है। वे मुक्ति को भक्ति की दुहिता मानते हैं।

भक्तीचे पोटी मुक्ति पै आली। भक्तीने मुक्तीतें वाढविलें।
भक्ति ते माता, मुक्ति ते दुहिता। जाणोनि तत्वता भजनी
करी।। [113]

मुक्ति को स्वीकार करते हुए भी एकनाथजी ने भक्ति की तुलना में उसे अधिक महत्व नहीं दिया। भक्ति और मुक्ति में से किसी एक का ही चयन करना हो तो वे मुक्ति की अपेक्षा भक्ति ही का चयन करना चाहते हैं। भक्ति के सम्मुख मुक्ति की वे पूर्णत: उपेक्षा करते हैं।

भक्ति के घर भगवत् आवे। मुक्ति पास कोऊ दुसरा जावे।

.....

एका जनार्दनी पायो राम। मुक्ति को कछु नहीं रे काम।। [114]

इस प्रकार संत एकनाथ ने मुक्ति की प्राप्ति के लिए आग्रह नहीं किया। अपितु ज्ञानोत्तर भक्ति का ही सर्वत्र समर्थन किया है। भक्ति के आनंद में ही वे तल्लीन हो जाते हैं और भक्ति ही में मुक्ति का आनंद पाते हैं।

मुक्ति से जो साध्य होनेवाला है, वह भक्ति से ही भी होता है। मुक्ति को भक्ति की दासी मानकर भक्ति की श्रेष्ठता बताई गई है।

एकनाथजी का तत्वज्ञान अद्‌वैतवाद पर आधारित है। इस अद्‌वैतवादी सिद्‌धांत को समझने के लिए उन्होंने उपयुक्त ऐसी भक्ति की व्यावहारिक नीतियाँ अपना कर उसे सहज बना दिया है। एकनाथजी के तत्वचिंतन पर ज्ञानेश्वरजी का प्रभाव दिखाई देता है। उन्होंने अद्‌वैत कर्मप्रधान भक्तिमार्ग का स्वीकार कर सगुण और निर्गुण परब्रह्म का हिंदी विद्‌वानों के समान अलग–अलग वर्णन न करते हुए एकत्रित किया है।

उपरोक्त विवेचन से स्पष्ट होता है कि संत एकनाथ का समस्त दार्शनिक चिंतन पूर्ववर्ती अनेक विचार–धाराओं के मंथन के परिणाम स्वरूप था। मानवतावादी उदात्व एवं विशाल दृष्टि को सम्मुख रखकर उन्होंने युगानुरूप अपने चिंतन की दिशा को निश्चित किया था। विभिन्न दार्शनिक मतों में से अपनी दृष्टि के अनुकूल अंश को स्वीकार कर अपनी अलौकिक प्रतिभा से एक समन्वित चिंतन–प्रवाह का प्रसार उन्होंने किया। ज्ञानेश्वर जी द्‌वारा प्रस्थापित महाराष्ट्रीय भागवत धर्म अर्थात् वारकरी संप्रदाय की दार्शनिक मान्यताओं का पुरस्कार कर उसे अपनी विविधांगी वाणी से अधिक पुष्ट करने तथा उसे गतिमान करने का महत्वपूर्ण कार्य एकनाथजी ने किया। उनकी चिंतन–धारा पर प्रमुखत: उपनिषद्, शंकराचार्य तथा ज्ञानेश्वरजी के ब्रह्माद्‌वैत सिद्‌धांत तथा उससे संबंद्‌ध माया विवर्त अजात आदि वादों का प्रभाव परिलक्षित होता है।

4.3.4 संत तुकाराम – ब्रह्म, जीवात्मा, जगत्, माया, मोक्ष

महाराष्ट्र के भागवत धर्म मंदिर की नींव निवृत्तिनाथ ने डाली। नामदेव, एकनाथ ने इस मंदिर को विशाल बनाया। तुकाराम जी इसी मंगल मंदिर के पवित्र कलश कहलाए। भागीरथी, इंद्रायणी के पावन तट पर किसी अलक्षित देहात में (देहू गाँव) मराठा कुणबी घराने में तुकारामजी का शक

संवत 1520 अर्थात सन 1987 ई.[115] में जन्म हुआ। इनके घर में विट्ठलोपासना चली आ रही थी। साहूकारी उनका पारंपारिक व्यवसाय था। देहू गाँव में भामनाथ की पहाड़ी पर उनको दिव्यानुभव की प्राप्ति हुई। पूर्ववर्ती संतों की काव्यरचना का आस्वाद लेकर तुकारामजी ने अपनी 'गाथा' की रचना की। उनके स्फुट अभंगों की संख्या 5000 के करीब है। वारकरियों की मान्यता है कि किसी साधु महात्मा बाबाजी चैतन्यजी ने तुकारामजी को 'रामकृष्ण हरी' का मंत्र स्वप्न में आकर दिया। उनकी अभंगवाणी पर ज्ञानेश्वर, नामदेव की पद रचनाओं का प्रभाव दिखाई देता है। तुकारामजी का महानिर्वाण काल शक संवत 1591 अर्थात सन 1649 [116] माना जाता है। विनय मोहन शर्माजी ने तुकारामजी के कुल 24 पद मुद्रित किए हैं। 'सकल संत गाथा' में तुकारामजी की कुल 62 हिंदी रचनाएँ दी गई हैं। इसके अलावा सांप्रदायिक भजन संग्रहों में भी तुकारामजी के दो हिंदी पर मुद्रित हैं। कुल 64 पदों के अतिरिक्त तुकारामजी के अमुद्रित पद आज तक अप्राप्य हैं। तुकारामजी ने अभंग रचना के साथ कुछ रूपक–भारुड–गीत भी लिखे हैं। तुकारामजी की उपलब्ध हिंदी रचनाएँ तीन विभागों में बाँटी जा सकती हैं।

1) गोपी–प्रेम (गौलण गीत)

2) पाखंड उद्घाटन

3) नीति और भक्तिपरक

संत तुकाराम की आध्यात्मिक एवं दार्शनिक विचारधारा पूर्णत: भारतीय वैदिक परंपरा सम्मत है। उनके ब्रह्म, जीव, जगत् और माया–विषयक दार्शनिक विचारों का अध्ययन करने से पूर्व यह स्पष्ट कर देना उपयुक्त होगा कि वह न कोई दार्शनिक थे और न ही कलाविद्, अपितु वह तो भक्त, केवल भक्त थे। तुकारामजी की दार्शनिक विचारधारा भारतीय वैदिक–दर्शन और परंपरा सम्मत जीवन प्रणाली का निचोड है।

यद्यपि उन्होंने वेदों का अध्ययन नहीं किया था। तथापि उन्हें वेदों का श्रुत–ज्ञान अवश्य था, यह तथ्य उनके अनेक अभंगों से प्रमाणित होता है। तुकारामजी के व्यक्तित्व में प्रवृत्तिमूलक और निवृत्तिमूलक जीवन दर्शन का अद्‌भुत संगम हुआ था। 'कर में काम पर मन में राम' के मूल मंत्र का उन्होंने सदा उपदेश दिया। समन्वयमूलक दृष्टिकोण को अपनाकर चलनेवाले तुकारामजी ने ज्ञान–योग को ईश्वर–प्राप्ति के लिए आवश्यक मानते हुए भी भक्ति पर विशेष रूप से बल दिया, परंतु इन सबसे अधिक उन्हें ईश्वर की कृपा पर अगाध विश्वास था।

उनकी वाणी में वैष्णव और नाथपंथी विचारधारा का मणिकांचन योग हुआ है। तुकारामजी के दार्शनिक विचारों के संबंध में एक बात उल्लेखनीय है कि शरीर और जगत् की नश्वरता घोषित करने पर भी व्यावहारिक क्षेत्र में उन्होंने कर्तव्य–कर्म अथवा निष्काम–कर्म का निर्देश किया है। उनका सुधारक रूप इसी जीवन–दर्शन का व्यावहारिक पक्ष है।

ब्रह्म :

संपूर्ण जगत् को एक रूप में अनुभव करते हुए उपनिषद् में संपूर्ण विश्व की उत्पत्ति, गति, पालन और स्थिति तथा इस समस्त जगत् के लय के कारण को ब्रह्म कहा है।

तुकारामजी ने ईश्वर को सृष्टि का कर्ता, पालक एवं संहारक सभी रूपों में देखा है। वह सर्वशक्तिमान, सर्वनियंता है। वह सर्वव्यापक प्रभु पूर्ण है। माया शक्ति से युक्त होने पर ब्रह्म को सगुण ब्रह्म अथवा 'ईश्वर' की संज्ञा से अभिहित किया जाता है। तुकाराम जी कहते हैं –

सगुण निर्गुण साक्ष श्रीमंत संतां। भगवाना भगवंता कालकृतांता।
उत्पत्तिपाळणपासुन संहारण सत्ता।। [117]

अर्थात् अव्यक्त–ब्रह्म धर्म की रक्षा हेतु एवं दुर्जनों के संहार–हेतु सगुण साकार रूप में प्रकट होता है।

आवडीसारिखें संपादिलें सोंग। अनंत हें मग जालें नाम।। [118]

अर्थात् भक्ति प्रेमामृत का पान करने हेतु अनंत—ब्रह्म नाना नामरूप धारण करता है।

निर्गुण ब्रह्म के निरूपण से जब तुकारामजी को आध्यात्मिक तृप्ति न हुई तो उन्होंने सगुण ब्रह्म का आश्रय ग्रहण किया। उनका ईश्वर सगुण—संपन्न है। वह अत्यंत दयालु, सर्वव्यापक, अनादि, अणु से भी सूक्ष्म, सर्वशक्तिमान, सर्वांतर्यामी है। संपूर्ण प्राणियों का सूत्रधार होने पर भी वह पूर्णत: अलिप्त है। [119] ईश्वर के गुणों का उल्लेख करते हुए उनका कथन है — मेरे प्रभु, यश, श्री, औदार्य, ज्ञान, वैराग्य एवं ऐश्वर्य इन छह गुणों से संपन्न हैं।

तुकाराम जी एकेश्वरवाद के समर्थक हैं। जैसे नदी, तालाब और पोखर के नामरूप में भेद होते हुए भी सब में एक तत्व जल ही विद्यमान है, उसी प्रकार नाना नाम और रूप धारण करने पर भी सगुण ब्रह्म का एकत्व खंडित नहीं होता।

अद्वय चि द्वय जालें चि कारण।
धरिलें नारायणें भक्तिसुख।। [120]

अर्थात् नारायण ने भक्ति—सुख की प्राप्ति—हेतु अद्वैत से द्वैत रूप धारण किया। तुकारामजी का ईश्वर धर्म का प्रत्यक्ष मूर्तिमंत रूप है। वह अनंत कला संपन्न है। उसकी महिमा अनंत है, उसकी सामर्थ्य का वर्णन करते चारों वेद, अठारह पुराण भी थक गए हैं। सहस्र मुख वाला शेषनाग भी उस ईश्वर की महिमा का गान करने में असमर्थ हो गया है।

जिस प्रकार नाद संपूर्ण ब्रह्मांड में व्याप्त है, उसी प्रकार गोविंद भी समस्त चराचर में वास करता है। तुकारामजी ने सगुण एवं निर्गुण का अद्भुत संमिश्रण किया है। अनंत, अरूप, अलक्ष्य, अच्युत, निर्गुण, सच्चिदानंद, सर्वोत्तम ये समस्त तेरे नाम हैं, परंतु हम भक्तों के लिए तू सीमित—रूप (सगुण—साकार) धारण करता है।

जया रूप न आकार। धरी नाना अवतार।

घेतली हजार। नांवे ठेवुनि आपणां।। [121]

अर्थात् जिसका न कोई रूप है, न आकार, वह अपने भक्तों के लिए नाना अवतार धारण करता है और सहस्रों नामों से अभिहित किया जाता है। यह ईश्वर सुख–दु:ख की अनुभूतियों से परे है।

यह हरि अत्यंत कुशल खिलाड़ी है। वह सभी को जन्म देनेवाला पालन करने वाला एवं संहार करने वाला है। फिर भी स्वयं सत्व, रज, तम तीनों गुणों से विलक्षण है। समस्त प्राणियों में निवास करने पर भी अदृश्य रहता है, मन, बुद्धि से वह अगोचर है, अगम्य है।

दूध, दही, घृत और नवनीत में नाम और रूप का भेद होते हुए भी मूल वस्तु एक ही है। नाना स्वर्णाभूषणों में मूलत: स्वर्ण ही सबमें व्याप्त है, मिट्टी के नाना घड़ों में वस्तुत: एक ही मिट्टी है, उसी प्रकार नाना रूप से भिन्न प्रतीत होते हुए भी वस्तुत: एक ही तत्व सबमें विद्यमान है।

स्फटिक शिला पर नाना रंगों के प्रतिबिंब पड़ने पर भी वह अलिप्त रहती है, उसी प्रकार सर्वकर्ता प्रभु कर्म करने पर भी उसमें लिप्त नहीं होता। यह प्रभु द्वैत, अद्वैत दोनों रूपों में सर्वत्र व्याप्त है।

न कळसी ज्ञाना न कळसी ध्याना।

.....

म्हणोनि विचार पडिला मज।। [122]

अर्थात् ईश्वर को जानना कठिन है। वह न तो ज्ञान के बल पर और न ही ध्यान धारणा से जाना जा सकता है। दर्शन ग्रंथ एवं आगम–निगम के अध्ययन करने पर भी उसकी अनुभूति संभव नहीं। वेद भी उसके स्वरूप का बखान करने में असमर्थ रहे। अत: तुकाराम जी यही निष्कर्ष निकालते हैं कि उसका कोई आदि अंत नहीं।

मेरुची लेखणी सागराची शाई। कागद हा मही न पुरेचि।

अनंत अपार आंपगिले भक्त। माझें चि संचित ओडवेना।। [123]

अर्थात् मेरु पर्वत की लेखनी को सागर रूपी स्याही में डुबोकर पृथ्वी रूपी फलक पर उसकी अनंत कीर्ति को लिखें तो भी कम है।

तुकाराम जी जानते हैं कि ईश्वर घट–घट में व्याप्त है। उसे पाने के लिए बाहर जाने की आवश्यकता नहीं। देह में उसका वास है। वह सबके हृदय में है परंतु मूर्ख मनुष्य उसे तीर्थ–क्षेत्रो में ढूँढ़ने जाता है। जैसे मृग नाभि की कस्तुरी को ढूँढ़ता है। सर्वव्याप्त होने के कारण ही वह सर्वज्ञ है। तुकारामजी के ईश्वर साक्षात सत्य–स्वरूप है। सत्य–रूप परमेश्वर को मैंने अपने मन में धारण कर दिया है। अभंग में उन्होंने कहा है। ईश्वर प्रकाश रूप है और उसके प्रकाश से ही हमारा अंत:करण दीप्त होता है। तुकाराम जी ईश्वर से यह विनती करते हैं कि अज्ञान–रूप तिमिर का नाश करने के लिए वह ज्ञान रूपी दीपक से उनके हृदय को आलोकित कर संसारपाश से मुक्त कर दे। यह इसी लिए संभव है कि तुकारामजी के ईश्वर सर्व–समर्थ हैं। वह निमिष मात्र में राई का पर्वत और पर्वत की राई बना सकता है। ईश्वर अत्यंत दयालु है और अपने भक्तों की रक्षा हेतु वह सदैव तत्पर रहता है। जिसका ईश्वर रक्षक हो उसका अनहित कोई नहीं कर सकता।

कोटि दुष्कर्म करनेवाला व्यक्ति यदि श्रद्धाभाव से उसके शरण में आ जाए तो उसे भी वह भवसागर के पार उतार देते हैं। निष्कर्ष में कह सकते हैं कि तुकारामजी का ईश्वर घट–घट में व्याप्त होने पर भी अलख है। जैसे काष्ठ में अग्नि सुप्तावस्था में विद्यमान रहती है, वैसे ही हरि का वास सब में है।

जीवात्मा :

जीव और ब्रह्म के एकत्व को उपनिषदों ने स्वीकार किया है। तुकारामजी के जीव संबंधी विचार शंकराचार्य के अद्वैतवादी सिद्धांतों के पर्याप्त निकट हैं। तुकारामजी ने आत्मा और जीव को एक ही माना है। तुकारामजी के मतानुसार जीव चैतन्य स्वरूप होने के कारण अमर है और

ईश्वर तथा आत्मा में अत्यंत निकट का संबंध है। परंतु अविद्या जनित माया से वेष्टित होने पर जीवात्मा का परमात्मा से वियोग हो जाता है। अविद्या के कारण ही शरीर के साथ संबंद्ध होने के कारण वह त्रिगुणमयी प्रकृति से प्रेरित होकर नाना प्रकार के कर्म पर आवागमन के चक्र में फँस जाता है। ज्ञान और भक्ति के शस्त्रों द्वारा इस मायावी आवरण को नष्ट कर देने से उसे सच्चिदानंद ब्रह्म के दर्शन हो जाते हैं और वह स्वयं को उस परमसत्ता से अभिन्न समझने लगता है।

तू माझा आकार। मी तों तूँच निर्धार।

.....

तुका म्हणे देवा। विपरीत ठायी नांवा।। [124]

अर्थात् आत्मबोध होने पर जीव यह अनुभव करता है कि नाम–रूपात्मक भेद तो केवल बाह्य है, ऊपरी है, वास्तव में दोनों ईश्वर और जीव एक है।

समुद्र का पानी सूर्य की गर्मी से बाष्प बनकर मेघ रूप धारण कर वर्षा के रूप में गंगा प्रवाह में मिल जाता है और गंगा अंततः समुद्र में विलीन हो जाती है और समुद्र का जल पुनः बाष्प बन मेघ–रूप धारण करता है, यह क्रम शाश्वत है। जिस प्रकार समुद्र और गंगा प्रवाह वस्तुतः एक ही हैं और मध्यावस्था उपाधि के समान है, उसी प्रकार जीव और ईश्वर में दिखाई देनेवाला भेद केवल बाह्य है, मध्यावस्था है, वस्तुतः दोनों अभिन्न हैं। सूर्य की किरणें जैसे सूर्य से भिन्न नहीं और चीनी की मिठास चीनी से भिन्न नहीं, उसी प्रकार जीवात्मा और परमात्मा दोनों एक है। जिस प्रकार पानी में नमक मिला देने पर लवण का पृथक अस्तित्व नहीं रहता, उसी भाँति तुकाराम जी कहते हैं कि साक्षात्कार के अनंतर मेरी आत्मा तुम में समाहित हो गई है और तुम्हारी तथा मेरी एक ही ज्योति हो गई है। उस परब्रह्म के साथ साक्षात्कार होने पर जीव निर्विकल्प ब्रह्म–स्थिति को प्राप्त कर लेता है। उस दिव्य क्षण में देशगत, कालगत और वस्तुगत सब भेद

नष्ट हो जाते हैं और जीव जगत् को मिथ्या, परब्रह्म को अंतिम सत्य और स्वयं को ब्रह्म रूप समझने लगता है। 'तत्वमसि' वह 'मैं ही हूँ' का बोध होने पर आत्मा ब्रह्मरस का पान करती है।

अब चारों ओर आनंद ही आनंद है।

तुका म्हणें आतां आनंदी आनंदु।

गोविंदी गोविंदु विस्तारला।। [125]

संत तुकारामजी ने बिंब–प्रतिबिंबवाद के आधार पर भी परमात्मा और आत्मा के संबंध को अभिव्यक्त किया है। परमात्मा असीम, सर्वनियंता और परमसत्य है। परंतु जीव ससीम और ईश्वर द्वारा शासित है। दोनों में अंशी–अंश अथवा स्वामी–सेवक संबंध है। जीव ईश्वर का उपकार्य है और ईश्वर उपकारक, जीव सक्रिय और भोक्ता है परंतु ईश्वर साक्षीमात्र है।

जगत् :

जगत् की सृष्टि का कारण 'ईश्वर की लीला' माना गया है। तुकाराम जी ईश्वर की आनन्देच्छा को ही सृष्टि सृजन का मूल कारण मानते हैं।

जीवशिवाचें भातुकें। केलें क्रीडाया कौतुकें। [126]

उसने लीलामयी स्वतंत्र इच्छावश, स्वसुख–हेतु, एक से अनेक होने के कौतुकवश जगत् का सृजन किया। जैसे दर्पण में दिखाई देनेवाले प्रतिबिंब को देखकर व्यक्ति हर्षित होता है, वैसे ही जगत् रूपी दर्पण में अपने प्रतिबिंब को देखकर वह ईश्वर आनंदित होता है।

नटनाट्य तुम्ही केलें याच साटीं। कवतुके दृष्टी निववावी।

तुका म्हणे रूप नाहीं दर्पणांत। संतोषाची मात दुसरे तें।। [127]

देहादि प्रपंच मिथ्या होने पर भी ईश्वर के सत्य होने का भास क्यों होता है? प्रश्न का समाधान तुकारामजी ने रज्जुसर्प का उदाहरण देकर किया है। अंधकार में रज्जु को देख सर्प की प्रतीति होती है परंतु प्रकाश होने पर भ्रम

मिट जाता है, उसी भाँति आत्मा और परमात्मा के मध्य स्थित अज्ञानरूपी आवरण के हट जाने पर, जीव को तत्वज्ञान प्राप्त हो जाने पर जगत मिथ्या प्रतीत होने लगता है।

मिथ्या आहे सर्व अवघें हे मायिक।
न कळे विवेक मज कांही।
सर्व बाजागिरी वाटती ही खरे।
पहातां येथे उरी कांही नाही।। [128]

इस जगत् के समस्त पदार्थ मायाजन्य होने के कारण भ्रमोत्पादक हैं। यह संपूर्ण प्रसार अनंत ईश्वर की बाजीगरी है। बाजीगर जादू के खेल दिखाकर दर्शक को भ्रम में डाल देता है, पर स्वयं इस भ्रम में नहीं पड़ता। इसी प्रकार सृष्टि की माया भी दो प्रकार की समझी जा सकती है, ईश्वर के लिए केवल लीला की इच्छा है, वह उस माया से मुग्ध नहीं होता परंतु जीव अज्ञानवश इस जगत् को सत्य मान लेता है। विद्यारूपी प्रकाश द्वारा अधिष्ठान का निश्चय होते ही स्पष्ट हो जाता है कि सर्वाधिष्ठान ब्रह्मसत्ता ही पारमार्थिक सत्य है और रज्जु में अध्यास्त सर्प के समान ब्रह्म में अध्यस्त जगत मिथ्या है। पंचमहाभूतों से निर्मित यह देह प्रारब्ध के अधीन है। इंद्रियगम्य सुख–दुख क्षणभंगुर है, केवल ईश्वर ही शाश्वत है। रूप और आकार ग्रहण करनेवाले जगत् के सभी पदार्थ अंततः नाश को प्राप्त हो जाते हैं।

यह संसार भूसे के समान निःसार है, सार–रूप तत्व तो केवल भगवंत है यह जगत् जीवात्मा का स्थायी वासगृह नहीं अपितु यह तो उसकी अनंत यात्रा का एक पड़ाव है। इस प्रकार अनेक उक्तियों द्वारा संत तुकारामजी ने जगत् की नश्वरता, क्षणभंगुरता एवं निस्सारता का वर्णन किया है। उनके मतानुसार यह जगत् जीवधारियों से सुसज्जित एक हाट है। अपने संचित कर्मों के आधार पर पूर्वजन्म के पाप, पुण्य और पापपुण्यामिश्रित कर्मानुसार जीव विभिन्न योनियों में जन्म लेते हैं। जीव भोक्ता है, ईश्वर नहीं, वह

संकल्प–विकल्परहित सत्ता तो साक्षीमात्र है। संचित और क्रियामाण शुभाशुभ कर्मों के फलस्वरूप जीव चौरासी लाख योनियों के चक्र में घूमते हुए आध्यात्मिक, आधिदैविक और आधिभौतिक इन तीन प्रकार के भोगों का भोक्ता बनता है।

पंचमहाभूतों से निर्मित देह अंततः नष्ट हो जाती है।

जीवा नाहीं कुडींचे लाहातें। ये भिन्न पंचभूतें।
रचतें खचतें संचितें। असार रितें फलकट।।
पुत्र पत्नी, सहोदर। मायाबाप गोताचा पसर।
मिळतां काष्ठें लोटता पूर। आदळीं दूर होती खळाळी।। [129]

अर्थात् पुत्र, पत्नी, बंधु, माता–पिता आदि सभी सगे–संबंधियों का नाता वैसे ही क्षणिक है, जैसे बाढ़ आने पर नदी में बहनेवाली लकड़ी के तिनके कुछ क्षणों के लिए परस्पर मिलते हैं परंतु लहरें शांत होने पर पुनः पृथक हो जाते हैं।

काल निरंतर इस जगत् को निगल रहा है। जिस प्रकार रहट के खाली डिब्बे भरते हैं, खाली होते हैं और पुनः भरते हैं, उसी भाँति यह जन्म–मरण की पुनरावृत्ति का चक्र शाश्वत है। यह जीवलोक स्वार्थ के अधीन है। यहाँ पर व्यक्तियों का पारस्परिक प्रीतिभाव भी पूर्णतया स्वार्थशून्य नहीं है। प्रत्येक मनुष्य अपने स्वार्थ–सिद्धि हेतु दूसरे से स्नेह करता है। संत तुकाराम जी अपने अभंग में कहते हैं कि जब तक स्वार्थ सिद्ध होता है, तभी तक इस जगत् के रिश्ते–नाते हैं। सुख के दिनों में भी सभी मीत हैं, परंतु दुःख और विपत्ति आने पर सब पीछे हट जाते हैं। काल इस जगत् का भक्षण कर रहा है। जिस प्रकार बीज से प्रस्फुटित होनेवाला अंकुर अंततः बीज में ही समाहित हो जाता है, उसी प्रकार कल्पांत होने के पश्चात संपूर्ण चराचर जगत् एक ही ईश्वर में विलीन हो जाता है। जल में पड़नेवाला सूर्य का प्रतिबिंब जल से पृथक नहीं किया जा सकता, परंतु जल में पड़नेवाले प्रतिबिंब को वास्तविक सूर्य मान लेना भी उचित नहीं।

रविबिंब नाहीं तुटत उदका।
छायेची ते नका सरी धरुं।
तुका म्हणे भय धरी रज्जूसाटी।
नाहीं साच पोटीं कळले तों। [130]

तुकाराम जी कहते हैं कि रज्जू को सर्प समझकर भय की भावना तभी तक रहती है, जब तक वास्तविक वस्तुस्थिति का बोध नहीं हो जाता। इस प्रकार तुकारामजी के अनुसार ज्ञान प्राप्ति होते ही जगत् का वास्तविक रूप स्पष्ट हो जाता है। इस माया–जनित संसार में प्रलोभनों एवं कर्म की दुर्गति से बचने का एकमात्र उपाय भगवद्भक्ति है।

माया :

माया आत्मा के कारण का बंधन है, यह उपाधिरूपा है, अत: जीव की आत्मस्वरूप प्राप्ति में बाधक है। यह सृष्टि की रचना का कारण है। तुकाराम जी संपूर्ण सृष्टि प्रपंच को मायावेष्टित मानते हैं।

जगत् के सब पदार्थ मायाजन्य होने के कारण भ्रमोत्पादक हैं। अवस्तु में वस्तु का आरोप होना मिथ्या ज्ञान है, यही आरोप कहलाता है और यही अध्यास है। शरीर को आत्मा समझ लेना, इंद्रियादि के आत्मा मान लेना, रज्जु को अंधकार में सर्प समझना आदि सब अध्यास है, मिथ्या ज्ञान है एवं भ्रम है। इसी अविद्या माया के अधीन हो जीव आवागमन के चक्र में बंधता है और ब्रह्म और उसके मध्य माया का आवरण विद्यमान होने के कारण उसे सत्य स्वरूप के दर्शन नहीं हो पाते। परंतु हरिनामरूपी अस्त्र द्वारा माया का आवरण नष्ट हो जाते ही परमानंदस्वरूप भगवान का आलिंगन करने पर द्वैत का आभास नष्ट हो जाता है। तुकाराम जी जीव और ब्रह्म में अभेद मानते हैं। व्यावहारिक रूप में आत्मा–परमात्मा के मध्य पृथकत्व की प्रतीति करानेवाली शक्ति 'माया' है। 'अविद्या–माया' के कारण ही जीव शरीर के साथ संबंद्ध होने पर त्रिगुणमयी प्रकृति से प्रेरित होकर नाना प्रकार के कर्म कर आवागमन के चक्र मे फंस जाता है, परंतु

आत्मभाव होने पर वह अनुभव करने लगता है कि यह नाना–रूपात्मक भेद तो बाह्य है, उपरी है, वस्तुत: दोनों जीव और ब्रह्म तो एक है।

समस्त सृष्टि और उसकी जननी माया अथवा अविद्या सत्–असत् से विलक्षण अनिर्वचनीय है। तुकारामजी के अनुसार माया स्वभाव से व्यभिचारिणी है।

मायारूपें ऐसे मोहिलेंसे जन। भोगिनी पतन नानाकमें।। [131]

अर्थात् माया ने हमको मोहित कर लिया है और हमें अशुभ कर्म करने के लिए प्रेरित करती है। सूक्ष्म रूप धारण कर यही तपस्वियों को भी छल सकने में समर्थ है।

माया पापिनी है। यह मनुष्य को बंधन में उलझाती है और इसी की वश हो वह दसों–दिशाओं में मारा–मारा भटकता है। सूक्ष्म रूप धारण कर यह काम, क्रोध, निंदा, हिंसा आदि के रूप में प्रकट होकर उसे नाना प्रकार के दुष्कृत्य करवाती है।

मायारूपी नटी सबको कठपुतली की भांति नचाती है और यही ऐहिक, अनित्य सुखों में शाश्वत सुख का आभास उत्पन्न करती है। माया निर्गुण–ब्रह्म की भांति असीम है, अत: इससे छुटकारा पाना अत्यंत कठिन है। केवल ईश्वर का अनुग्रह होने पर ही जीव इससे मुक्त हो सकता है। सृष्टि के सब जीव माया की चोट खाए हुए हैं परंतु तुकारामजी को यह देख आश्चर्य होता है कि अन्य घाव तो दिखाई दे सकते है परंतु माया द्वारा किया हुआ आघात दृष्टिगोचर नहीं होता। जैसे

मायेचा मारिला अंगी नाही घाव।
दु:खे तरी लव धडधडी।।
आपुलिया आंगे तोडी मायाजाळ।
ऐसे नाहीं बळ कोणापाशीं।। [132]

अर्थात् माया से सभी प्राणी भ्रमित है परंतु इतना सक्षम कोई नहीं जो स्वयं की सामर्थ्य से इस दुर्घट माया–जाल को काट सके।

हरि हरि तुम्ही म्हणा रे सकळ। तेणें मायाजाल तुटईल।। [133]

अर्थात् प्रभु की अनन्य भक्ति और अनवरत नाम–स्मरणादि अबोध साधनों के बल पर तथा ईश्वर का अनुग्रह होने पर जीव माया–बंधन को विदीर्ण करने से समर्थ हो सकता है। तुकारामजी को अपने प्रभु विट्ठल पर पूर्ण भरोसा है। अत्यंत दृढ़ निश्चय के साथ अभंग में कहते हैं कि मायापुरी से केवल ईश्वर ही बाहर निकाल सकता है।

मन तथा माया का परस्पर घनिष्ठ संबंध है, क्योंकि मन ही माया का स्थान है। मन के समस्त विकार–आशा, तृष्णा, काम, क्रोध, मोह, मत्सर की जननी माया ही है। इंद्रिय–भोग में मग्न रहनेवाला आशाबद्ध व्यक्ति परमेश्वर के सान्निध्य से प्राप्त होनेवाले परमसुख से सदा वंचित रहता है। आशा, तृष्णा एवं लोभादि विकार मिट जाने के पश्चात सांसारिक प्रपंचों में जीव उसी भाँति लिप्त नहीं होता।

तुका इच्छा मीटइ तो। काहा करे जट खाक।
मथीला गोला डार दिया तो। नहिं मिले फेस ताक।। [134]

अर्थात् दही–मंथन के पश्चात् निकला नवनीत पुनः छाछ में नहीं मिल सकता, ऊपर ही तैरता रहता है। संत तुकाराम जी कहते हैं कि मन पर अंकुश रखने पर कनक, कामिनी तथा अन्य विकारों से मुक्ति संभव है, परंतु अहंकार का त्याग अत्यंत दुष्कर है। इंद्र का वज्र कदाचित भंग हो सकता है परंतु मायाजाल को तोड़ना बहुत कठिन है।

तुकारामजी ने अपने अभंगों में माया का स्वतंत्र रूप से उल्लेख अधिक नहीं किया क्योंकि उन्होंने माया को प्रायः मन की चंचल इच्छा तथा एक विकार के रूप में ग्रहण किया है, इसलिए वह चित्त शुद्धि अथवा मानसिक शुचिता पर विशेष बल देते हैं।

तुकारामजी के माया संबंधी विचारों का विश्लेषण करने पर स्पष्ट हो जाता है कि उन्होंने माया को 'अविद्या' से अलग करके नहीं देखा। सामान्यतः उन्होंने अनित्य में नित्य के आभास को, भ्रमजन्य मिथ्या ज्ञान–रज्जु में सर्प

को प्रतीति की ही माया की संज्ञा दी है। इसके साथ ही उन्होंने मन के विकार—आशा, तृष्णा, लोभ, मोह आदि के साथ माया की गणना अनेक स्थलों पर की है।

मोक्ष :

तुकाराम जी भक्त कवि हैं, विट्ठल की अनन्य भक्ति और नामस्मरण के बल पर विषय—सुखों से चित्त निर्लिप्त करने के पश्चात वह साधना—पथ पर अग्रसर होते हैं। साधक के उत्तरोत्तर उच्च सोपानों पर अग्रसर होने पर अंततः वह ईश्वर का साक्षात्कार प्राप्त करते हैं। इस सोपान पर पहुँच आत्म—ज्योति, परमात्मा—ज्योति में लीन हो जाती हैं।

भक्ति की साधनावस्था में संत तुकाराम हरिभक्ति के सम्मुख मुक्ति—विदेह—मुक्ति को हेय मानते हैं। नाम सुख हेतु वह पुनः—पुनः जन्म धारण के लिए तत्पर हैं। इस अवस्था में उन्हें ईश्वर के साथ अभिन्न होने की आकांक्षा नहीं। एक अभंग में उनका कथन है —

नको ब्रह्मज्ञान आत्मस्थितिभाव।
मी भक्त तूं देव ऐसे करी।। [135]

अर्थात् मुझे आपका ब्रह्म—ज्ञान अथवा मोक्ष नहीं चाहिए। हम दोनों में अभेद होने की अपेक्षा प्रभु, तू देव और मैं भक्त यह नाता ही अखंड रहे। भगवान और भक्त, स्वामी और सेवक का भेद रहने पर भक्ति—सुख की अनुभूति संभव है क्योंकि क्या पानी स्वयं का पान कर सकता है? क्या वृक्ष अपने फलों की मिठास चख सकता है?

तूं स्वामी मी सेवक। उंच पद निच एक।
जळ न खाती जळा। वृक्ष आपुलिया फळा।। [133]

अतः भोग प्रदान करनेवाला और भोक्ता इन दोनों में भेद रहने पर ही आस्वाद—ज्ञान हो सकता है।

सांडुनि सुखाचा वाटा। मुक्ति मागे तो करंटा।

तुका म्हणे आतां। मज न लगे सायुज्यता।। [134]

अर्थात् भक्ति–प्रेमामृत के आनंद की अपेक्षा मुक्ति की अभिलाषा करनेवाला आभागा है। सायुज्य–मुक्ति भी इस आनंद के सम्मुख फीकी है। तुकाराम जी तो संत समागम में ही कैवल्यानंद का–सा अनुभव करते हैं। संतों का आलिंगन उन्हें सायुज्य–मुक्ति जैसा प्रतीत होता है। तुकारामजी ने मन की मुक्तावस्था को ही मोक्ष की संज्ञा दी है। चित्त की यह दशा सहज ही प्राप्त नहीं होती, इसके लिए काम, क्रोध, लोभ, मोह एवं सभी प्रकार की ममता–माया से पूर्ण विरक्ति की आवश्यकता है।

चित्त निर्मल होने पर देहादि वृत्ति और प्रपंचों का संकल्प मिट जाता है। ब्रह्मानंद की प्राप्ति होने पर विभेद की भावना तिरोहित हो जाती है तथा अंत में सर्वत्र आनंद ही आनंद व्याप्त हो जाता है।

तुकारामजी के मतानुसार शास्त्र–विहित नित्य–नैमित्तिक कर्म यथा व्रत, तीर्थयात्रा आदि के फलस्वरूप देहपतन के पश्चात ईश्वर मुक्ति–रूपी पोटली हाथ में पकड़ा देगा। वस्तुत: मोक्ष की कल्पना सापेक्ष है। जब जीव स्वभावत: मुक्त है, तो उसके लिए कैसा बंधन और कैसी मुक्ति? नाम–रूपात्मक त्रिगुणमयी माया के बंधन में आबद्ध होकर शुद्ध चिदानंदन रूप आत्मा अज्ञानवश अपने सच्चे स्वरूप को विस्मृत कर देती है। इंद्रिय नियंत्रण और मन को विषयों से मुक्त करने के पश्चात वह अपने उसी रूप–शुद्ध रूप में आ जाती है।

मुक्ति ईश्वर–प्रदत्त अथवा आकाश से मिलनेवाली कोई वस्तु नहीं है, अपितु यह तो चित्त का धर्म है –

नाहीं देवापाशी मोक्षाचें गाठोळे। आणूनि निराळे द्यावे हाती।

इंद्रियांचा जय साधुनिया मन। निर्विषय कारण असे तेथे।। [138]

ईश्वर के पास मोक्ष–रूपी थाती नहीं है। देह–भाव के नष्ट होने पर स्वयंमेव तुम में ही वह मुक्तावस्था प्रकट हो जाएगी। इस प्रकार जीव को बद्धावस्था से मुक्त होने के लिए चित्तशुद्धि, आत्म–संयम द्वारा अपने

वास्तविक रूप को जानना होगा। उपनिषद में आया है — यह आत्मा ही दर्शनीय, श्रवणीय, मननीय और ध्यान किए जाने योग्य है। हे मैत्रेयी! इस आत्मा के ही दर्शन, श्रवण, मनन एवं विज्ञान से इन सबका ज्ञान हो जाता है। आत्मा का ज्ञान प्राप्त हो जाना मुक्ति है।

जो धीर पुरुष हृदय–स्थित उस सत्ता को निरंतर देखते रहते हैं, उन्हीं को शाश्वत–सुख प्राप्त होता है, अन्य को नहीं। तुकारामजी ने हृदय–स्थित उस सत्ता को जाना था, अपने मुक्त शुद्ध रूप को प्राप्त कर लोकमंगल की भावना से प्रेरित हो आत्मभान का सर्वजन सुलभ के विवेचन अपने काव्यद्वारा किया। उनके काव्य में जीव की मुक्तावस्था एवं उसकी प्राप्ति के मार्ग–विषयक अनेक अनेक प्रसंग हैं, पर मूल–स्वर ऊपर वर्णित अंशों के समान ही है।

4.3.5 समर्थ रामदास — ब्रह्म, जीवात्मा, जगत्, माया, मोक्ष

सभी संत अपनी आध्यात्मिक भूमिका तथा आराध्य के कारण विशिष्ट बने रहे। परंतु इनका लक्ष्य एक ही था–लोकमंगल। इसमें समर्थ गुरु रामदास का स्थान अग्रणी रहा है। समर्थ गुरु रामदास का जन्म औरंगाबाद के आंबड तहसील में 'जाँब' नामक गाँव में सन 1608 में [139] (शके 1530) चैत्र शुद्ध नवमी अर्थात् रामनवमी के दिन हुआ। उनका कुलनाम ठोसर था। वे देशस्थ ब्राह्मण थे। ठोसर घराने में रामोपासना की एक विशिष्ट परंपरा थी। रामदास का बचपन का नाम 'नारायण' था। अत्यंत कुशाग्र बुद्धिमत्ता होने के कारण बचपन में ही उन्होंने वेदाध्ययन किया था। बचपन से ही इनको विश्व की चिंता ने अभिभूत किया था। अंतर्साक्ष्य के आधार पर उनकी गुरु–परंपरा इस प्रकार है — आदिनारायण — महाविष्णु — हंस — वशिष्ट — श्रीराम। माना जाता है कि उनके कोई मानवी गुरु नहीं थे। अत: छोटी उमर में नारायण ने हनुमानजी की उपासना की। हनुमानजी ने प्रसन्न होकर प्रभु रामचंद्रजी के दर्शन करवाए। विवाह के समय विवाह मंडप से

भागकर उन्होंने नाशिक के पंचवटी में आकर अपने आराध्य राम की शरण ली। 12 सालों का बचपन, 12 सालों की तपश्चर्या और 12 वर्षों का तीर्थाटन आदि से उनका जीवन निखर उठा। उनका लेखनकार्य महासागर के समान है। ओवीशते, स्फुट ओव्या, अष्टाक्षरी पाँच काव्य, अष्टाक्षरी प्रकरणे, ओवीबद्ध ग्यारह लघुकाव्य, श्लोकबद्ध काव्य, करुणाष्टके, मनोबोध और ग्रंथराज 'दासबोध', हिंदी पदे। ग्रंथराज 'दासबोध' यह प्राणभूत ग्रंथ है। महाराष्ट्र के लोगों का मार्गदर्शक ग्रंथ है। प्रभु राम नाम का गजर करके समर्थ गुरु रामदास ने माघ वद्य नवमी को (शके 1603) [140] में अवतार की समाप्ति की।

समर्थ गुरु रामदास के दार्शनिक विचार बहुतांशत: अद्वैतमत से प्रभावित हैं। फिर भी उन्होंने सगुण–भक्ति का जोरदार प्रतिपादन किया है। उससे यह स्पष्ट होता है कि वे मात्र अद्वैतमत का अनुसरण नहीं करते, कहीं–कहीं वे द्वैतवादी, कहीं विशिष्टाद्वैतवादी और कहीं द्वैताद्वैत के समर्थक प्रतीत होते हैं। अत: सरसरी निगाह से उन्हें अद्वैतवादी संत नहीं कहा जा सकता। इसके लिए उनके दार्शनिक विचारों का सूक्ष्म अवलोकन करना जरूरी हो जाता है। दार्शनिक विचारों का विवेचन छह मूलभूत तत्वों के आधारपर किया गया है।

ब्रह्म :–

समर्थ गुरु रामदासजी के ब्रह्म विषयक विचार अद्वैत मत से मिलते जुलते हैं। वे परमात्मा के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए सवाल करते हैं कि जगत का सृजनहार कैसा है? ढूँढ़ने पर भी वह नहीं मिल रहा है। हे राम, मुझे सृजनहार का दर्शन करा दो।

रे मोकुं, सुरीजन हार दिखाव।। धृ.।।
धुंडत धुंडत भूलि परि रे।। [141]

परमात्मा निर्गुण निराकार है, वह अनंत है, अखंड है। उसमें कोई परिवर्तन नहीं होता, वह सारी सृष्टि में व्याप्त है और सभी प्राणियों में वही एक है। उसके स्वरूप का वर्णन करते समय तर्क भी काम नहीं आता, इसलिए उसे अतर्क्य कहते हैं। वह न जन्म लेता है (अर्थात अनादि है) न मरता है (अर्थात अनंत है) वह न आता है न जाता है, वह न संसार में बद्ध होता है न उसकी मुक्ति होती है। परमात्मा सृष्टि में व्याप्त है। वह घट—घट में है। यथा —

सुरीज्यन हारे सकल घट है भगत कहे रे नहि।। [142]

भक्त सभी जगह परमात्मा को ढूँढ़ रहा है। ढूँढ़ते—ढूँढ़ते इसका जिया हरण हो गया है। लेकिन वह तो सर्व व्यापक है। परमात्मा के विविध रूप हैं। लेकिन आत्मा और परमात्मा एक ही है।समर्थ रामदासजी ने परमात्मा का वर्णन करते हुए लिखा है कि —

शस्त्रांचेनि तुटेना। अग्निचेनि जळेना।

उदकामध्यें कालवेना। स्वरूप माझें। [143]

अर्थात परब्रह्म पर अग्नि, पानी, वायु, शस्त्र किसी का भी परिणाम नहीं होता। वह त्रिकालाबाधित है।

इन पंचमहाभूतों में परब्रह्म है। जो ब्रह्मांड में है वही पिंड में भी है, लेकिन हम अपने में उसे देखते नहीं। खुदा को बाहर ढूँढ़ते रहते हैं। परमात्मा आकाशतत्व में है, चारों तरफ है। समर्थ जी कहते हैं —

नजीक देखता नहि रे। चौफेर सामने खुदा।।

आस्मान देख रे कैसा। वैसा वहि खुदा बड़ा।। [144]

समर्थ रामदासजी ने एक पद में 'पंछी' का रूपक बाँधा है। पंछी याने परब्रह्म है। समर्थ जी कहते हैं जो जीवन में कुछ जानता है वही उस पंछी को समझ सकता है। यथा —

बीरला जाणैने उस पंछीकु जीसकी पुरी कमाई।धृ.।। [145]

'निरंजन' के लिए समर्थजी ने राम, कृष्ण, मोहन, हरि, शंकर, नाथ, अल्ला, खुदा आदि अनेक नामों का प्रयोग किया है। उनके अनुसार हर कोई अपनी शक्ति के अनुसार इसे जान सकता है। ऐसे असंख्य नाम हैं, परंतु वह परेश नामातीत है। उसका निश्चित अर्थ करने के लिए ये ही नाम रखे गए हैं। यथा —

ऐसीं नामें असंख्यात परी तो परेश नामातीत।
त्याचा करावा निश्चितार्थ ठेविली नामें। [146]

वह विश्रांति का भी विश्राम है, आदि पुरुष और आत्माराम है — वह एक ही परब्रह्म है — दूसरा नहीं है। यथा

तो विश्रांतीचा विश्राम । आदि पुरुष आत्माराम ।
तो एकचि परब्रह्म। दुसरे नाहीं। [147]

समर्थ कहते हैं कि परमात्मा सबसे न्यारा है। वह ना ही हिंदू है, ना ही मुसलमान और ना ही इसाई।

समर्थ रामदास की हिंदी पदावली में निर्गुण ब्रह्म की सत्ता का संकेत स्थान—स्थान पर मिलता है। यथा —

आलख वो निरंजन कैसा हरो रे किसेहि सरिखा नहि।।
क्या कहुं रे नहि रंग ना रूप रेखा कछु हि।।
मुसेंहि कहेसा नहि वो ईलाहि।। [148]

रामदास के 'निरंजन' गुणातीत हैं, विलक्षण और अनिर्वचनीय हैं। रंग, आकार और उच्चार के आधारपर भी उनकी अभिव्यक्ति असंभव है। वह इंद्रियगम्य और भाषागम्य भी नहीं है। वह सर्व शक्तिमय, सर्व व्यापक और अखंड ज्योतिस्वरूप है। उसे जानने के लिए 'आत्मज्ञान' की आवश्यकता है।

आत्मज्ञान की खबर न ज्याने ।
और ध्यान जबक हुआ तो क्या जी।।

रामदास प्रभु आत्म रघुवीर।।

इस नैनन नहि छयाया तो क्या जी।।[149]

रामदासजी का विश्वास है कि आत्मज्ञान के आधारपर ही कोई भी भक्त 'अनाहत ध्वनि' सुन सकता है।

समर्थ जी कहते हैं कि परमात्मा शरीर के अंदर स्थित होता है। उसको प्रसन्न करने के लिए बाह्याड्बरोंकी आवश्यकता नहीं है।

समर्थजी के मतानुसार परमात्मा को हमारी चिंता रहती है, हमें उसपर विश्वार रखकर निश्चिंत रहना चाहिए। यथा—

देह धरी त्यागी तो अखंड वीतरागी।।

तो देह क्षेत्र पाळु तो करितो सांभाळु।।[150]

उनके अनुसार परब्रह्म सर्वत्र व्याप्त है। वह मनुष्यमात्र में विद्यमान है। उसे देखा नहीं जाता, उसकी आवाज सुनाई देती । वह मात्र अनुभूति से ही जाना जाता है। ब्रह्म के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए समर्थजी 'दासबोध' में लिखते हैं कि सभी प्राणिमात्रों में ईश्वर है। ईश्वर ही इंद्रियों के माध्यम से मनुष्य से काम करवाता है। उसकी केवल प्रतीति हो सकती है। जब देहबुद्धि के प्रभाव से मनुष्य मुक्त हो जाता है तभी उसे एहसास हो जाता है कि 'परब्रह्म एक सत्य है।' बह्म की सर्वव्यापकता को अपनाकर समर्थजी ने सभी मनुष्यमात्र को समान माना है। उनके मतानुसार यह तत्व स्त्री—पुरुष, छोटे—बड़े, ऊँच—नीच, अमीर—गरीब आदि सब में समान रूप से विद्यमान होता है। स्वरूप ज्ञान हो जाने पर सभी उस ब्रह्म के साथ एकरूप हो जाते हैं। समर्थ जी यह भी स्पष्ट करते हैं कि यह परमात्मा अनेक नामों से पहचाना जाता है परंतु वह नामातीत है। उसे विवेक से ही पहचानना चाहिए। इसी परमात्मा को रामदास जी 'राम' कहते हैं और लिखते हैं।

कोण है रे ऐसा कोण है रे।। धृ.।।

नाथ सिधारे सिला तारे।। / बंद खलास करे।। [151]

अर्थात राम के सिवा इस जगत के बंधनों से मुक्ति दिलानेवाला कोई नहीं है।

जीवात्मा :—

परमात्मा आत्मा के शरीर में व्याप्त रहता है। उसमें सत्,चिद् और आनंद ये तीन प्रमुख गुण हैं। आत्मा परमात्मा ही है और आनंदस्वरूप है। वह उत्पन्न नहीं होता और विनष्ट भी नहीं होता। साधु—सज्जनों का यह मत ग्राह्य होना चाहिए। परमात्मा सर्वव्यापक रूप में है। हर व्यक्ति की अंतरात्मा उस व्यक्ति का स्वरूप है। परमात्मा के साक्षात्कार का अनुभव विस्मयकारक (अज्यब) होता है। परमात्मा ही प्रत्येक प्राणी के बर्ताव का सूत्रधार होता है। समर्थ कहते हैं — आत्मा परमात्मा से मिलने का प्रयत्न करती है और उसे प्राप्त कर उसमें लय हो जाती है। इस अवस्था में आत्मा की जो पुकार है वह समर्थ गुरु रामदास ने स्पष्ट की है

तुज्य में है ही मज में है ही।। समज्यत कछु येक है ही।।

देव न ज्यानु भगत न ज्यानु।। अंतर ज्यानु री ।। [152]

देव और भक्त का द्वैतभाव अंतर्ज्ञान से नष्ट होता है। आत्मा अद्वैत का ही दूसरा नाम है। जिसमें द्वैत या अद्वैत का कोई विकल्प नहीं रहता वहाँ 'मैं' का अस्तित्व ईश्वर में विलीन हो जाता है।

जीव और शिव में द्वैतभाव रहा तो सद्गुरु इन दोनों में ऐक्य भाव स्थापित करते हैं। समर्थजी के मतानुसार आत्मा या जीव परमात्मा का ही रूप है और उसका साक्षात्कार करानेवाला सद्गुरु होता है। समर्थजी के कुछ पद ऐसे हैं जिसमें आत्मा—परमात्मा की अभेदता स्पष्ट की है।

कुछ लोग परबह्म और जीव में अंतर मानते हैं। लेकिन वे यह नहीं जानते कि आत्मा में ही परमात्मा रहता है। मूर्ख लोग आत्मा—परमात्मा में भेद करते हैं। यथा —

दास निरंज्यन जो ज्यन रंजन।। / अंतर भेद बखाने।। [153]

समर्थ जी कहते हैं जैसे बह्मांड में आकाश व्याप्त है और वही घट में भी व्याप्त है, उसी प्रकार आत्मा शरीर में व्याप्त है।

रामदास प्रभु सब घट व्यापक। / आंतर माई छे पाऊं ।। [154]

अंतर्मन में झाँककर देखने से समझ में आएगा कि सभी जगह परमात्मा का अस्तित्व है।

इस प्रकार आत्मा और परमात्मा दोनों अपने मूल रूप में एक हैं। इस विचार को समर्थ रामदास ने कई बार दोहराया है।

आत्मा का आधार शरीर है। शरीर के बिना आत्मा का अस्तित्व अनुभव ही नहीं किया जा सकता। अत: रामदासजी की दृष्टि में शरीर अत्यंत महत्वपूर्ण है। चौऱ्यासी लक्ष्य योनियाँ पार करने के बाद नरजन्म प्राप्त होता है। इसका उपयोग यदि आत्मज्ञान की प्राप्ति के लिए न किया जाए तो आत्मा पुन: जन्ममृत्यु के आवर्तन में फँस जाती है। समर्थ जी कहते हैं —

बहुतां जन्माचे अंतीं। होये नरदेहाची प्राप्ती।
येथें न होतां ज्ञाने सद्‌गती। गर्भवास चुकेना।। [155]

अर्थात नरदेह आत्मज्ञान के द्‌वारा सद्‌गति या मुक्ति प्राप्त करने का एकमात्र महत्वपूर्ण साधन है।

दासबोध में 'धन्य—धन्य यह नरदेह' [156] कहते हुए वे देह की प्रशस्ति करते हैं। इसी नरदेह के माध्यम से मनुष्य परमार्थ के मार्ग पर चलता है और सिद्‌धि प्राप्त कर सकता है। अन्य संतों ने देह को नश्वर, क्षणभंगुर, विषयों का पिटारा आदि कहा है। नश्वर शरीर के तिरस्कार की ही भावना उनके उपदेशों में दिखाई देती है। समर्थ रामदास एक ऐसे महान लोकनायक रहे कि जो मनुष्य मात्र को राष्ट्रोद्‌धार के काम में लगाना चाहते थे। इसलिए उन्होंने नरदेह की निंदा नहीं की है बल्कि, आध्यात्मिक तथा भौतिक उन्नति

के एक सर्वोत्तम साधन के रूप में उसके महत्व को रेखांकित किया है। ऐहिक दृष्टि से एक ओर नरदेह का महत्व है तो पारलौकिक दृष्टि से वह ज्ञानप्राप्ति का महत्वपूर्ण और संभवत: एक मात्र साधन है। देह जो आत्मज्ञान कराती है वही मनुष्य को जन्ममृत्यु के चक्र से मुक्तता देती है। समर्थ रामदास कहते हैं ' नरदेह दुर्लभ'। [157] अर्थात नरदेह दुर्लभ है किंतु साधक थोड़ा–सा संकल्प करें तो वह नरदेह के माध्यम से अत्यधिक लाभ प्राप्त कर सकता है। उसके लिए सद्गुरुरूपी कर्णधार के मार्गदर्शन एवं उपदेश की आवश्यकता है। सद्गुरु इसी के द्वारा शाश्वत सुख की अनुभूति प्राप्त करा देते हैं। समर्थ रामदास देह को ऐहिक वस्तुओं में सर्वोत्तम मानते हुए कहते हैं –

षड्दर्शनी तापसी। नरदेहींच झाले।
इसीलिए नरदेह श्रेष्ठ। नाना देहों में वरिष्ठ।। [158]

तात्पर्य सभी वस्तुओं में नरदेह उत्तम है, उसमें परमात्मा का वास्तव्य होता है। फिर भी आध्यात्मिक धरातल पर देह की नश्वरता की ओर संकेत करने से समर्थ रामदास नहीं चूकते। विश्व में जो पंचमहाभूत पृथ्वी, आप, तेज, वायु तथा आकाश के रूप में विद्यमान है, वे ही पाँच तत्व देह में भी हैं। इसके साथ सत्व, रज, तम ये तीन गुण भी देह में हैं। इस प्रकार देह, अष्टधा प्रकृति का ही विग्रह है। मृत्यु के द्वारा देह इन तत्वों को त्यागती है और उसके भीतर के तत्व विराट तत्वों में विलीन हो जाते हैं। फिर भी देह में स्थित आत्मा जैसी की वैसी ही रह जाती है। समर्थ जी कहते हैं – जिंदगी कफनी जैसी होती है। जो बदलती रहती है।

लते पांच्य कन्फि खुदाने बनाई।।
पवन के हि धागे च्यलाये सिलाई।। [159]

अर्थात हमारा शरीर (कन्फि) वस्त्र जैसा है। मृत्यु के पश्चात आत्मा दूसरा शरीर धारण करती है, मानो अपने वस्त्र बदलती है। यह शरीर पंचमहाभूतों

से निर्मित कफन जैसा है। शरीर वस्तुत: पंचमहाभूतों की पोटली है। उसमें एक मात्र ही तत्व शाश्वत है वह है आत्मा। शरीर खुद आत्मा नहीं है। आत्मा शरीर में व्याप्त होते हुए भी शरीर से भिन्न होती है।

इस प्रकार देह के बारे में समर्थ रामदासजी के विचार दो स्तरोंपर व्यक्त हुए हैं। व्यावहारिक धरातलपर उन्होंने देह का असाधारण महत्व प्रतिपादित किया है तो आधत्मिक धरातलपर देह की नश्वरता की ओर भी साधकों का ध्यान आकृष्ट किया है। समर्थगुरु रामदासजी ने नरदेह को श्रेष्ठ तो माना ही है। लेकिन नरदेह के महत्व के साथ बल की उपासना पर भी अधिक जोर दिया है। उनके विचारानुसार स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन रहता है और जहाँ मन स्वस्थ हो वहाँ आत्मा पवित्र होती है। पवित्र आत्मा में ही परमात्मा के दर्शन होते हैं। अत: उन्होंने शरीरोपासना पर बल दिया है। भक्त हनुमान बलभीम रहें रामदासजी ने शक्ति की पूजा का प्रसार करने हेतु वीर हनुमान का आदर्श समाज के सामने रखा। उसके लिए चाफळ के दास्य मारुति का अपवाद छोड़कर अन्य दस वीर हनुमान में मंदिरों की स्थापना की।

जगत :—

अद्वैत मतवादियों ने 'ब्रह्म सत्यं जगन्मिथ्या' कहते हुए बह्म को सत्य और जगत् को मिथ्या माना है। सृष्टि या जगत की नश्वरता की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए समर्थ रामदास कहते हैं — सृष्टि नष्ट होनेवाली है, किंतु उसके भीतर का ईश्वरी अंश शाश्वत है। समर्थ जी इस संसार को महासागर कहते हैं। जो इस सागर में उतरता है वह आमतौर पर बहता जाता है। कारण स्पष्ट है कि धन और यौवन के साथ वह परमात्मा को भूल जाता है। यथा —

मन रे काये भूल्यो संसार।।
येक घरी मोलकी ज्यावे।।

भुलि रहयो गव्हार।। धृ.।। [160]

समर्थ जी जगत का वर्णन इस प्रकार करते हैं।

गगन हमारि गुंफा अवधु ब्रह्मांड हमारि मेखळी।

जत हमारी कासोटी अवधु सत हमारि झोली बाबा।। [161]

दुनिया दोजख खाली पसारा' कहते हुए समर्थजी ने स्थान—स्थान पर संसार की असारता व्यक्त की है। अन्य पद में वे कहते हैं — दुनिया दो दिन की है, इस दुनिया से दूर रहना ही बेहतर है। समर्थजी कहते हैं कि यह दुनिया खोटी है, असत्य है, मिथ्या है। वे कहते हैं कि इस दुनियादारी के तालपर नाचते—नाचते मैं थक गया हूँ अब तुम ही ताल पकड़ा दो अन्यथा कालपुरुष अपना काम करेगा। यथा —

रामदास राम का मुढा नाचते देखे ख्याल।।

आये साहेब ताल सिकावे ।। हुवा काहा बेताल।। [162]

इस संसार—सागर को पार करने का उपाय एक है वह है 'रामभक्ति' —

रामदास कहे येक रामबीन।। / कोउ पार उतारे।। [163]

यह तो हुआ जगत संबंधी आध्यात्मिक पक्ष। किंतु तत्कालीन विदेशी शासकों से स्वाधीनता प्राप्त करने और जन्मभूमि की रक्षा करने की अनिवार्यता को देखते हुए सृष्टि या दुनिया असत्य है कहने से राष्ट्ररक्षा का कार्य बिगड़ जाने की संभावना थी। इसलिए व्यावहारिक धरातल पर यह बताना आवश्यक था कि लोग जिस दुनिया में रहते हैं, वह सत्य है और उसको स्वाधीन बनाने के लिए सबको जी—जान से कोशिश करनी चाहिए। समर्थ रामदासजी ने चतुराई से नश्वर संसार को सत्य का जामा पहनाया है। वे कहते हैं कि पूरी दुनिया चलानेवाला नियंता वही (राम) है, जो सत्य है, शाश्वत है। अणुरेणु में व्याप्त है। लोग इसको मानते ही नहीं।

इस प्रकार एक ओर समर्थ रामदास 'ब्रह्मं सत्यं जगन्मिथ्या' को स्वीकार करते हैं तो दूसरी ओर 'सर्वं खल्विदं ब्रह्मं' के आधारपर वह चरम सत्य

विश्व में व्याप्त होने का विश्वास भी दिलाते हैं। समर्थ रामदास राम–हीन दुनिया को असत्य मानते हैं किंतु साथ ही साथ उनका यह भी सुनिश्चित मत है कि जहाँ राम है वहाँ विश्व सत्य है और इसी लिए वह वंद्य भी है।

माया :–

भारतीय दर्शन माया का अस्तित्व मानते हैं। समर्थ भी माया के अस्तित्व को मानते हैं। माया के दो रूप हैं – अविद्या माया और विद्या माया। अविद्या माया इस विश्व का संचालन करती है। वह दीखती तो सत्य है किंतु वस्तुत: वह स्वयं भासमान है। विद्या माया साधक को स्वरूप ज्ञान कराने में सहायक बन जाती है। समर्थ रामदास नें माया के दो रूपों का वर्णन किया है। अविद्या माया देह के कार्य चलाती है। वही आँखों से सबकुछ दिखाती है। समर्थ गुरु रामदासजी ने माया की इस शक्ति का कई स्थानों पर उल्लेख किया है। उनके अनुसार वास्तविक परमात्मा हाथ नहीं लगता क्योंकि वह निर्गुण–निराकार है। इसलिए लोग उसको मूर्ति में पकड़ने की चेष्टा करते हैं। परंतु मूर्ति आभास मात्र होती है। उसी प्रकार जानते हैं कि माया आभास है। फिर भी उसी का सहारा लिए बिना सद्गुरु की महिमा का वर्णन नहीं किया जा सकता।

विद्या माया के बारे में समर्थ रामदास कहते हैं कि भवसागर को लांघने के लिए माया नौका बन जाती है और साधक को भवसागर के पार पहुँचा देती है। माया की सहायता के बिना मनुष्य मात्र का उद्धार हो ही नहीं सकता। यह दार्शनिक विचार अत्यंत गहन है। मुक्ति का मुख्य साधन है ज्ञान, किंतु स्वयं ज्ञान ही विद्यामाया का ही एक उत्कट आविष्कार है।

'दासबोध' में समर्थ गुरु रामदास ने माया का स्वरूप संक्षेप में समझाया है। उनकी दृष्टि में अध्यात्म का अर्थ है माया तथा ब्रह्म के

स्वरूप का ज्ञान। माया सगुण, साकार है। याने इस संसार में प्रत्यक्ष दिखाई देती है। विश्व में जिन पाँच भौतिक तत्वों का विकास दिखाई देता है, वह वस्तुत: माया का ही विकास है। माया मनुष्य में विविध विकार पैदा करती हैं। माया दृष्य है फिर भी भास मात्र है। ऐसी माया को ज्ञान के बल पर ही अलग किया जा सकता है। इस प्रकार माया के वास्तविक स्वरूप को बहुत ही प्रभावशाली ढंग से स्पष्ट किया है। समर्थ गुरु रामदासजी ने हिंदी पदावली में माया का वर्णन अलग ढंग से किया है। उनके माया संबंधी विचारों पर पूर्ववर्ती संतों की छाप दिखाई देती है। उनके विचार से जीव और ब्रह्म के बीच तादात्म्य होने में बाधक बननेवाली सबसे बड़ी शक्ति है माया। समर्थ जी कहते हैं कि लड़ना है तो माया के साथ लड़ो। 'रामनाम' से माया को भगाओ।

समर्थ रामदास माया को 'जुठी माया' कहकर 'सच्चाराम' की ओर अंगुली निर्देश करते हैं। यथा —

चतुरा राम ही साच्चा राम हि साच्चा केवळ राम।।

.....

मुरुख बपुरा काम हि घ्यावे अंतकाळ पछतावे।।[164]

अर्थात माया जीव को 'भरम करम' में फँसानेवाली है। यह माया दु:खरूप होती है, बंधनरूप होती है। परिणामस्वरूप रावण जैसे बलसंपन्न लक्ष्मीपुत्र की सारी संपत्ति नष्ट हो जाती है। रानी द्रौपदी को सारे गहने उतारकर पाँच पति होते हुए भी विधवा जैसा जीवन व्यतीत करना पड़ता है। पांडवों को वन जाना पडता है। काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार, मान—बड़ाई आदि माया के ही अनेक रूप हैं। मूर्ख लोग माया के इन विविध रूपों में फँस जाते हैं। माया से देवता तक नहीं बच सकते तो साधारण मनुष्य की क्या बात? इसलिए समर्थ जी उसे चतुर मानते हैं। जो माया को भरम करम मानता है वह उससे बच जाता है।

मोक्ष :—

दार्शनिक विचारों में एक महत्वपूर्ण तत्व है साधनामार्ग। साधक किस मार्गपर चलकर अपना लक्ष्य प्राप्त कर सकता है? इस प्रश्न के कई उत्तर हैं। हमारी दार्शनिक परंपराओं ने भगवान को प्रसन्न करने के लिए कई मार्ग प्रतिपादित किए हैं। इसमें ज्ञान, भक्ति, योग, कर्म आदि विविध साधनाओं का समावेश किया जाता है। साधक को यह भी छूट दी गई है कि वह अपनी रुचि तथा प्रकृति के अनुसार साधना मार्ग का चयन करें। यथा —

जैसे जयाचें भजन। तैसाचि देवहि आपण।
म्हणौन हें अवघें जाण। आपणासीं।। [165]

अर्थात जो जिस प्रकार परमात्मा की भक्ति करता है, उसी प्रकार परमात्मा के पास पहुँचता है। साधना में भक्ति का स्थान भी महत्वपूर्ण है। भक्तिमार्ग में रामभक्ति को महत्व देते हुए समर्थ जी कहते हैं —

भगती न करिये तो फीर फीर मरियें ।। [166]

अर्थात रामभक्ति के बिना मोक्ष नहीं मिलेगा। आगे वे कहते हैं कि 'रामनाम' से वैकुंठ दर्शन होते हैं। रामभक्ति से मनुष्य जन्म—मृत्यु के फेरे से छूट जाता है। यथा —

नहिं तो गई रे गई मौत भाई।।
कहे रामदासो लिज्यो पद वोहि।। [167]

उनके अनुसार जिनके जीवन में अल्ला है, उसका आना—जाना खतम हो गया है। समर्थजी ने साधक को साधना मार्ग चुनने की छूट दी है, फिर भी उन्होंने विशिष्ट साधनामार्ग पर चलने के संकेत भी दिए हैं। समर्थ गुरु रामदास सिद्धांत: अद्वैतमार्ग को अपनाते हैं। इसलिए उनकी दृष्टि में ज्ञानमार्ग ही मोक्षप्राप्ति का सर्वोत्तम साधन है। इसपर मार्गक्रमण करने का दिशानिर्देशन सद्गुरु करते हैं। इसलिए साधनामार्ग के चयन में सद्गुरु की

भूमिका भी महत्वपूर्ण होती है। समर्थजी के अनुसार ज्ञान, ग्रंथ पढ़कर प्राप्त नहीं होता। उसके लिए सद्‌गुरु की आवश्यकता होती है। अज्ञान के अंधकार को दूर करने के लिए जो ब्रह्मज्ञान का उपदेश कराता है, जीवात्मा और परमात्मा में ऐक्य स्थापित करता है, वही सद्‌गुरु है। यद्‌यपि सद्‌गुरु आत्मज्ञान कराते हैं, फिर भी उसमें स्थिरता लाने के लिए साधना की आवश्यकता है। साधना में भक्ति का स्थान महत्वपूर्ण है। समर्थ गुरु रामदास का यह दृढ़ विश्वास है कि सगुणोपासना के मार्ग पर चलते—चलते साधक निश्चित रूप से निर्गुण तक पहुँच सकता है। समर्थ गुरु रामदास कहते हैं कि सहजयोग की साधना का ज्ञान प्राप्त करने के लिए हठयोग का आश्रय लेना पड़ता है। इस योग साधना में प्रवृत्त होनेपर अनाहत ध्वनि सुनाई देती है। यथा —

सब है सो सुमिरन मे।। धृ.।।
ग्यान, ध्यान, तप, आसन, मुद्रा।। /जे कछु हय तन मे।।
धोती पोती और भुजंगी।। अनाहत ध्वनि में।।[168]

समर्थ गुरु रामदास की योग साधना का अंतिम लक्ष्य 'अनाहत—ध्वनि' ही है। साधना पद्‌धतियों में मुद्रा के कई अर्थ हैं। शारीरिक अंगों, उपांगों आदि की स्थितियों का इसमें सामावेश है। प्राय: आसक्त और विषयी मन मुद्रा के लिए आयोग्य माना जाता है। समर्थ जी अपनी साधना पद्‌धति में मुद्रा, आसन, ध्यान आदि में कुछ भेद नहीं मानते। सहज समाधि में साधक की हर क्रिया साधना में परिणत हो जाती है। इस ज्ञात साधना में श्रवण, नामस्मरण, आत्मनिवेदन आदि क्रियाएँ भी महत्वपूर्ण हैं।

निष्कर्ष :

मराठी के प्राचीन साहित्य में संत काव्य की सुदीर्घ परंपरा मिलती है। मराठी संत साहित्य के विकास पर तत्कालीन राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक एवं साहित्यिक स्थितियों का प्रभाव दिखाई देता है।

इन्हीं परिस्थितियों में कुछ अध्यात्मिक संप्रदायों का अविर्भाव हुआ। इसमें से नाथ संप्रदाय सबसे प्राचीन रहा है। उससे न्यूनाधिक प्रभाव ग्रहण करते हुए महानुभाव, वारकरी, दत्त तथा समर्थ संप्रदाय का अविर्भाव हुआ। इन सभी संप्रदायों ने अपने दार्शनिक विवेचन के साथ—साथ सामाजिक समन्वय की दृष्टि से भी प्रयत्न किए हैं। इन संप्रदायों से जुड़े संत ज्ञानेश्वर, नामदेव, तुकाराम, एकनाथ और रामदास के दार्शनिक विचारों का विवेचन हुआ है।

संत ज्ञानेश्वरजी का दर्शन शांकर तत्वज्ञान की भाँति अद्वैतवादी है। यह अद्वैत सिद्ध करने के लिए ज्ञानेश्वरजी ने शंकर के अनिर्वचनीय मायावाद अथवा अज्ञानवाद का उपयोग तो किया है, परंतु इसके अतिरिक्त योगवासिष्ठ, शैवाद्वैत और नाथपंथियों के अद्वैतसिद्धि के लिए प्रयुक्त युक्तिवाद को भी लिया है। ज्ञानेश्वरजी का निर्गुण निर्विशेष, अद्वैत दर्शन एक ओर से शून्यवादी और मायावादी है और दूसरी ओर से विज्ञानवादी और स्फूर्तिवादी है।

संत नामदेवजी का दर्शन अद्वैतवाद पर आधारित है। उनके विचार सर्वात्मवाद और अद्वैतवाद पर आधारित है। उनकी भक्ति का स्वरूप भी शुद्ध निर्गुण भक्ति का है। भक्ति के मार्ग को प्रवृत्ति मार्ग कहते हुए भक्ति में ही मुक्ति की कल्पना की है।

संत एकनाथजी की चिंतनधारा पर प्रमुखतः उपनिषद्, शंकराचार्य तथा ज्ञानेश्वरजी के ब्रह्माद्वैत सिद्धांत तथा उससे संबंद्ध माया विवर्तअज्ञान आदि वादों का प्रभाव परिलक्षित होता है। उन्होंने विभिन्न दार्शनिक मतों में से अपनी दृष्टि के अनुकूल अंश को स्वीकार कर अपनी अलौकिक प्रतिभा से एक समन्वित चिंतन—प्रवाह का प्रसार किया है।

संत तुकारामजी की दार्शनिक विचारधारा भारतीय वैदिक—दर्शन और परंपरा संमत जीवन प्रणाली का निचोड़ है। उन्होंने समन्वयमूलक दृष्टिकोण को अपनाकर ज्ञान और योग को ईश्वर की प्राप्ति के लिए आवश्यक मानकर भक्ति पर विशेष रूप से बल दिया है।

समर्थ गुरु रामदास के दार्शनिक विचार बहुतांशत: अद्वैतवाद से प्रभावित है। वे कहीं–कहीं द्वैतवादी, कहीं विशिष्टाद्वैतवादी और कहीं द्वैताद्वैत के समर्थक प्रतीत होते हैं। साथ ही उन्होंने सगुण–भक्ति का जोरदार प्रतिपादन किया है।

मराठी कवियों के दार्शनिक विचारों से स्पष्ट होता है कि जीव की कल्पना औपनिषदिक 'प्राण' पर आधारित है। वेदांतियों की भाँति जगत् को माया माना गया है। ब्रह्म को योगवशिष्ठ के परमरहस्यमय तत्व 'शून्य' की तरह माना गया है। नामदेवजी के दर्शन में निर्गुण ब्रह्म और साकार विठ्ठल एकाकार हो गए हैं। एकनाथजी की भक्ति ने एक और प्रौढ रूप लिया है किंतु 'भारूड' आदि में उन्होंने उलटवासियों को अपनाया है। मुक्ति की कल्पना बंधमोक्ष में की है। गुह्य–परम–अनुभव को संकेत शैली में वर्णित करते समय इन संतों ने संबंध पर विशेष बल दिया है। संत कवि समाज सुधारक होने के कारण उनके दार्शनिक विचार अत्यंत स्पष्ट, तर्काधारयुक्त, व्यावहारिक भाषा में प्रस्तुत हैं।

संदर्भ सूची

संदर्भ क्र.	किताबें	लेखक / लेखिका	पृष्ठ क्र.
01	भारतीय साहित्य	डॉ.लक्ष्मीकांत पांडेय डॉ. प्रमिला अवस्थी	186
02	वही	वही	186
03	वारकरी संप्रदाय के कवियों की हिंदी रचनाओं का अनुशीलन	वा. मा. औटी	2
04	वही	वही	3
05	प्राचीन मराठी वाङ्मयाचा परामर्श	म. पिंगे	9
06	वही	वही	13
07	वही	वही	30
08	वही	वही	60
09	वही	वही	42
10	हिंदी को मराठी संतों की देन	आचार्य विनय मोहन शर्मा	70
11	वही	वही	87
12	श्रीमत् दासबोध हिंदी (11.5.4)	डॉ. भवानी प्रसाद तिवारी	419
13	ज्ञानेश्वरी	संपा. शंकर वामन दांडेकर	3
14	वही	वही	12
15	संत साहित्य के क्षितिज कबीर और ज्ञानेश्वर	डॉ. कृ. ज्ञा. भिंगारकर	60
16	वही	वही	60
17	संत साहित्य के क्षितिज कबीर और ज्ञानेश्वर	डॉ. कृ. ज्ञा. भिंगारकर	61
18	सार्थ ज्ञानेश्वरी (13—835)	शंकर वामन दांडेकर	472
19	वही(13—871)	वही	474
20	वही(15—543)	वही	584
21	वही(15—554)	वही	586
22	हरिपाठ	ह. भ. प. बळवंत पांडुरंग दौंडकर	21
23	सार्थ ज्ञानेश्वरी(10—118)	शंकर वामन दांडेकर	296
24	वही(2—126)	वही	42
25	वही(9—220)	वही	254
26	वही(9—221)	वही	254
27	सार्थ ज्ञानेश्वरी(1—19)	शंकर वामन दांडेकर	6

28	वही(1—20)	वही	8
29	सार्थ ज्ञानेश्वरी(15—547)	शंकर वामन दांडेकर	584
30	वही(12—58)	वही	390
31	वही(8—175)	वही	218
32	वही(11—1108, 1110)	वही	494
33	वही(13—1116)	वही	11
34	वही (15—376)	वही	570
35	वही (15—377, 378)	वही	570
36	वही (2—144)	वही	44
37	सार्थ ज्ञानेश्वरी(2—105)	शंकर वामन दांडेकर	40
38	वही(15—114)	वही	548
39	वही(7—66)	वही	118
40	सार्थ ज्ञानेश्वरी(13—978)	शंकर वामन दांडेकर	482
41	वही(13—979)	वही	482
42	वही(7—15)	वही	184
43	वही(7—20)	वही	184
44	वही(7—21)	वही	184
45	सार्थ ज्ञानेश्वरी(15—80)	शंकर वामन दांडेकर	546
46	वही(14—87)	वही	508
47	वही(2—143)	वही	44
48	वही(14—115)	वही	510
49	वही(7—82)	वही	188
50	वही(7—97)	वही	190
51	वही(14—81)	वही	510
52	सार्थ ज्ञानेश्वरी(14—115)	शंकर वामन दांडेकर	210
53	वही(6—306)	व्ही	162
54	अमृतानुभव विवरण (9—15)	संपा. मुरलीधर महाराज धूत	725
55	वही(9—517)	वही	280
56	वही(8—784)	वही	210
57	वही(18—1001 से 1005)	वही	764
58	सार्थ ज्ञानेश्वरी(2—338)	शंकर वामन दांडेकर	62
59	वही(12—197)	वही	412
60	वही(5—50)	वही	122
61	हिंदी निर्गुण काव्य का प्रारंभ और नामदेव की हिंदी कविता	डॉ. श. के. आडकर	75

62	वही	वही	91
63	संत नामदेव गाथा (2158)	श्रीधर शेणोलीकर	105
64	संत नामदेव और हिंदी पद साहित्य (12)	रामचंद्र मिश्र	180
65	वही	वही	105
66	वही	वही	128
67	वही	वही	129
68	वही	वही	186
69	गाथा पंचक (अभंग 321)		67
70	गाथा पंचक (अभंग 322)	वही	67
71	गाथा पंचक (अभंग 361)	वही	67
72	गाथा पंचक (अभंग 505)	वही	67
73	वही(पद 14)	वही	6
74	वही(पद 112)	वही	56
75	हिंदी निर्गुण काव्य का प्रारंभ और नामदेव की हिंदी कविता	डॉ. श. के. आडकर	161
76	वही	वही	112
77	वही	वही	14
78	हिंदी निर्गुण संत काव्य दर्शन और भक्ति	डॉ. कृष्णा रैना	25
79	वही	वही	26
80	संत नामदेव की हिंदी पदावली	संपा. भगीरथ मिश्र	20
81	संत नामदेव गाथा	श्रीधर शेणोलीकर	32
82	वही	वही	37
83	वही	वही	40
84	वही	वही	45
85	संत नामदेव और हिंदी पद साहित्य	रामचंद्र मिश्र	140
86	वही	वही	128
87	संत नामदेव की हिंदी पदावली	संपा. भगीरथ मिश्र	21
88	वही(पद 192)	वही	98
89	संत नामदेव और हिंदी पद साहित्य	रामचंद्र मिश्र	141
90	वही	वही	141
91	हिंदी निर्गुण काव्य का प्रारंभ और नामदेव की हिंदी कविता	डॉ. श. के. आडकर	177

92	सकल संत गाथा—भाग 2	संपा. रामचंद्र ढेरे	124
93	मराठी संत काव्य में मानवतावाद एवं विश्वशांति की कामना	डॉ. रेणुका मोरे	12
94	वही	वही	12
95	श्री एकनाथी भागवत (3—674)	संपा. डॉ. र. रा. गोसावी	555
96	श्री एकनाथ महाराजांच्या अभंगाची गाथा (क्र. 2419)	संपा. तुकाराम तात्या	702
97	संत एकनाथ का जीवन और कार्य	डॉ. श्रीकृष्ण दिवाकर	86
98	श्री एकनाथी भागवत	संपा. डॉ. र. रा. गोसावी	575 576
99	श्री एकनाथी भागवत (19—507)	संपा. डॉ. र. रा. गोसावी	915
100	श्री एकनाथ महाराजांच्या अभंगाची गाथा (क्र. 572)	संपा. तुकाराम तात्या	258
101	वही (क्र. 2416)	वही	701
102	संत एकनाथ का जीवन और कार्य	डॉ. श्रीकृष्ण दिवाकर	89
103	वही	वही	89
104	श्री एकनाथ महाराजांच्या अभंगाची गाथा (क्र. 2011)	संपा. तुकाराम तात्या	537
105	संत एकनाथ का जीवन और कार्य	डॉ. श्रीकृष्ण दिवाकर	90
106	सार्थ श्री एकनाथी भागवत	डॉ. र. रा. गोसावी	108
107	संत एकनाथ का जीवन और कार्य	डॉ. श्रीकृष्ण दिवाकर	92
108	वही	वही	93
109	वही	वही	93
110	सार्थ श्री एकनाथी भागवत	डॉ. र. रा. गोसावी	876
111	वही (3—619)	वही	150
112	संत एकनाथ का जीवन और कार्य	डॉ. श्रीकृष्ण दिवाकर	94
113	श्री एकनाथ महाराजांच्या अभंगाची गाथा (क्र. 2396)	संपा. तुकाराम तात्या	697
114	वही (क्र. 2402)	वही	698
115	मराठी संत काव्य में मानवतावाद एवं विश्वशांति की कामना	डॉ. रेणुका मोरे	12

116	वही	वही	12
117	तुकारामबाबांच्या अभंगाची गाथा (क्र. 1574)	संपा. विष्णु परशुराम शास्त्री पंडित	532
118	वही (क्र. 1698)	वही	573
119	वही (क्र. 2936)	वही	203
120	वही (क्र. 3749)	वही	437
121	वही (क्र. 1976)	वही	663
122	वही (क्र. 3833)	वही	461
123	वही (क्र. 4131)	वही	544
124	वही (क्र. 2927)	वही	201
125	वही (क्र. 2670)	वही	128
126	तुकारामबाबांच्या अभंगाची गाथा (क्र. 354)	संपा. विष्णु परशुराम शास्त्री पंडित	113
127	वही (क्र. 1374)	वही	469
128	वही (क्र. 4454)	वही	639
129	वही (क्र. 634)	वही	236
130	वही (क्र. 3275)	वही	305
131	वही (क्र. 3930)	वही	488
132	वही (क्र. 2462)	वही	67
133	वही (क्र. 1261)	वही	437
134	वही (क्र. 1199)	वही	416
135	वही (क्र. 1022)	वही	362
136	वही (क्र. 997)	वही	354
137	वही (क्र. 3407)	वही	344
138	वही (क्र. 2325)	वही	28
139	कर्मयोगी समर्थ रामदास		23
140	समर्थ रामदास	शंकर अभ्यंकर	63
141	समर्थ रामदासांची हिंदी पदावली	प्रा. रा.तु.भगत	12
142	वही (क्र. 53)	वही	13
143	श्रीमत् दासबोध	अशोक कामत	213
144	समर्थ रामदासांची हिंदी पदावली	प्रा. रा. तु. भगत	68
145	वही (बा. क्र. 54)	वही	58
146	श्रीमत् दासबोध	अशोक कामत	173
147	वही (पद 7—2—53)	वही	173
148	वही (बा. क्र. 668)	वही	53
149	वही (बा. क्र. 1166)	वही	57

150	वही (स.गा.प.क्र. 935)	वही	56
151	समर्थ रामदासांची हिंदी पदावली	प्रा. रा. तु. भगत	9
152	वही (बा. क्र. 53)	वही	33
153	वही (बा. क्र. 51)	वही	51
154	वही (बा. क्र. 53)	वही	51
155	श्रीमत् दासबोध (पद 8—7—18)	अशोक कामत	213
156	श्रीमत् दासबोध (पद 1—10—1)	अशोक कामत	49
157	वही (पद 8—7—22)	वही	213
158	वही (पद 1—10—23)	वही	50
159	वही (बा. क्र. 668)	वही	45
160	समर्थ रामदासांची हिंदी पदावली	प्रा. रा. तु. भगत	39
161	वही (बा. क्र. 399)	वही	56
162	वही (बा. क्र. 1171)	वही	22
163	वही (बा. क्र. 53)	वही	39
164	वही(बा. क्र. 1)	वही	42
165	श्रीमत् दासबोध (पद 4—8—14)	अशोक कामत	114
166	समर्थ रामदासांची हिंदी पदावली	प्रा. रा. तु. भगत	19
167	वही (बा.क्र. 688)	वही	63
168	वही (बा.क्र. 1166)	वही	57